हिन्दी
विश्वकोष

बंगला विश्वकोषके सम्पादक
श्रीनगेन्द्रनाथ वसु प्राच्यविद्यामहार्णव,
सिद्धान्त-वारिधि, शब्दरत्नाकर, तत्त्वचिन्तामणि, एम, आर, ए, एस
तथा हिन्दीके विद्वानों द्वारा सङ्कलित ।

* * *

षोड़श भाग
[भवानन्द सिद्धान्तवागीश—मर्य्यादाबन्ध]

THE
ENCYCLOPÆDIA INDICA

VOL. XVI.

COMPILED WITH THE HELP OF HINDI EXPERTS

BY

NAGENDRANATH VASU, Prâchyavidyâmahârnava,
Siddhânta-vâridhi, Sabda-ratnâkara, Tattva-chintâmani, M. R. A. S.
Compiler of the Bengali Encyclopædia ; the late Editor of Bangiya Sâhitya Parishad
and Kâyastha Patrikâ ; author of Castes & Sects of Bengal, Mayurabhanja Archæological Survey Reports and Modern Buddhism ;
Hony. Archæological Secretary, Indian Research Society,
Associate Member of the Asiatic
Society of Bengal &c. &c. &c.

* * *

Printed by B. Basu, at the Visvakosha Press.
Published by
Nagendranath Vasu and Visvanath Vasu
9, *Visvakosha Lane, Baghbazar, Calcutta*

1928.

हिन्दी
विश्वकोष

षोडश भाग

भवानन्द सिद्धान्तवागीश नवद्वीपवासी एक प्रसिद्ध नैयायिक और वैयाकरण। आप कवानन्दनामा पण्डित विद्यानिवासके पिता और रुद्रतर्कवागीशके पितामह थे। भट्टाचार्य शतावधान राघवेन्द्र और जगदीश भट्टाचार्य आपके छात्र थे। ये ईसाकी १६वीं शताब्दीके शेष भागमें विद्यमान थे।

आपने अनेक ग्रन्थोंकी रचना की है; जैसे तत्त्वचिन्तामणि व्याख्या, तत्त्वचिन्तामणिदीधिति गूढार्थप्रकाशिका भवानन्दी वा शब्दार्थ सारमञ्जरी, अनुमानदीधिति सारमञ्जरी, अवयव, अवयवग्रन्थरहस्य, आख्यातवादटिप्पन, उदाहरणलक्षणटीका, उपनयलक्षणटीका उपाधिसिद्धान्त ग्रन्थ टीका, कारकवाद, कारकार्थनिर्णय, कारकाद्य, कारणतावादार्थ, केवलान्वयिग्रन्थ टीका, तृतीय चक्रवर्त्ति लक्षणटीका, तृतीय प्रगल्भलक्षण-टीका, दशलकार विचार, द्वितीय चक्रवर्त्तिलक्षणटीका, द्वितीय स्वलक्षणटीका, पक्षता ग्रन्थरहस्य, पक्षतापूर्वपक्षग्रन्थटीका, परामर्शग्रन्थरहस्य, पुच्छलक्षण टीका, पूर्वपक्षग्रन्थ टीका, प्रतिज्ञालक्षणटीका, प्रथमप्रगल्भलक्षण टीका, प्रामाण्यवादरहस्य, वादवृत्ति विचार, मिश्रलक्षण, लकारार्थवाद, व्याप्तिवाद, सङ्गति लक्षण, सत्प्रतिपक्षपूर्वपक्षग्रन्थटीका, सत्प्रतिपक्षसिद्धान्त ग्रन्थटीका, सव्यभिचारसिद्धान्तग्रन्थटीका, सहचार, सामान्यनिरुक्ति टीका, सिद्धान्तलक्षणटीका और हेत्वाभास आदि।

भवानी (सं० स्त्री०) भवस्य भार्या भव (इन्द्रवरुणभवशर्वेति पा ४।१।४९) इति स्त्रियां ङीप्, ततः आनुक्। भव पत्नी, दुर्गा।

भवानी मन्द्राजप्रदेशके नीलगिरि पर्वतकी कुन्दशाखावाही एक नदी। यह अक्षा० ११° ४' उ० तथा देशा० ७६° ३७' पू० समतल क्षेत्र पर गिर कर पूर्वकी ओर बह गई है। बादमें प्रायः १०५ मील स्थान तै कर भवानी नगरमें कावेरी नदीके साथ मिली है। शाखानदी इसके कलेवरको बढ़ाती है। कावेरी सङ्गम स्थानके भवानी नगरको छोड़ कर इसके किनारे मेट्टु पालयम, सत्यमङ्गलम्, अद्दानि, देनैकङ्कोटिया आदि कई एक प्रधान नगर अवस्थित हैं।

भवानी १ मन्द्राजप्रदेशके कोयम्बतूर जिलेके अन्तर्गत एक तालुक। यह अक्षा० ११° २३' से ११° ५७' उ० तथा देशा० ७७° ५१' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ७१५ वर्गमील है। इसके पूर्व और दक्षिणमें कावेरी तथा भवानी नदी बहती है। इसमें इसी नामका एक शहर

और ६१ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या डेढ़ लाखके करीब है। यहां कई जगह प्राचीन शिव-मन्दिर और दुर्गादिका ध्वंसावशेष देखा जाता है। इसके उत्तर पश्चिम पार्वतीय वन्यप्रदेशमें बन्यजातिका वास है।

२ उक्त तालुकका प्रधान नगर और सदर। यह अक्षा० ११° २७´ उ० तथा देशा० ७७° ४०´ पू०के मध्य विस्तृत है। जनसंख्या ८६३७ है। पहले यह स्थान मदुराराजके किसी सामन्तके अधिकारमें था। यहां कावेरी और भवानी नदीके ऊपर पुल बना हुआ है। यहां सङ्गमेश्वरका विख्यात शिव-मन्दिर विद्यमान है। प्रति वर्षके कार्त्तिक मासमें बहुतसे यात्री इकट्ठे होते हैं। इसके समीप ही एक प्राचीन दुर्गका ध्वंसावशेष देखा जाता है। शहरमें सुन्दर गलीचा और सूती कपड़े तैयार होते हैं।

भवानी—स्वनामख्याता हिन्दुदेवी, हिमाचलकी कन्या और महादेवकी स्त्री। शक्तिरूपणी भवानीकी शान्त और भयावह भेदसे दो प्रकारकी प्रकृति है। बहुधा इनकी शेषोक्त प्रकृतिकी ही पूजा होती है। शान्त प्रकृतिमें ये उमा, गौरी, पार्वती, हैमवती, जगन्माता और भवानी नामसे तथा भीमा प्रकृतिमें दुर्गा, काली, चण्डी, चण्डिका और भैरवी नामसे प्रसिद्ध है।

दक्षयज्ञत्यक्तप्राण सतीदेह विष्णुके द्वारा छिन्न होने पर उनके अङ्गविशेषसे एक एक देवीपीठ स्थापित हुआ था।

'स्थानेश्वरे भवानी तु विल्वके विल्वपत्रिका' (मत्स्यपु०)

चैत्रशुक्लाष्टमीको भवानीका जन्म हुआ था। इस उद्देशसे उस दिन भवानीव्रत किया जाता है। (व्रतप्रकाश)

सेवकसेविकाओंकी बुद्धिशक्ति और प्रकृतिके अनुसार हिंदूकी भवानीदेवी नानारूपमें पूजित होती हैं। हिंदूकी भवानीदेवीके साथ मिश्रदेशीय आइसिस और ग्रीक देवी जुमे, हिकेट, पोलस और मिनसकी सम्पूर्ण सदृशता देखी जाती है।

पार्वतीरूपमें इन्होंने ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरको प्रसव किया है अर्थात् अपनी शक्तिको त्रिधा करके ये उनको शक्तिरूपमें विराजित हैं। शैवगण लिङ्गरूपी शिव तथा योनिरूपिणी भवानीकी युगलमूर्त्तिकी पूजा करते हैं। नेपाल-राजधानी भातगांवनगरमें महाधूमधामसे भवानी पूजा-पद्धति बहुल परिमाणमें प्रचलित है। महाराष्ट्रोंके अधिकारकालमें भवानी पूजाका विशेष प्रचार था। यहांका तुलजाभवानीका मन्दिर जनसाधारणके निकट तीर्थक्षेत्रमें गिना जाता है। समस्त राजपूतानेमें विशेषतः मेवारमें महासमारोहसे नौ दिन तक भवानीकी पूजा होती है। महाराणा अपने प्रधान आमात्य और सामन्त राजाओंसे परिवृत्त हो इस पूजामें शामिल होते हैं।

कहते हैं कि भवानीसे आदिष्ट हो कर महाराष्ट्र केशरी शिवाजीने विजयपुरके सेनापति अफजल खांका 'भवानी' नामक खड्गसे संहार किया था। शिवाजीने देवीदत्त उस अस्त्रकी अर्चनाके लिये अपने राजमहलमें एक मन्दिर बनवाया था। अङ्गरेज अभ्युदयके प्राक्काल तक महाराष्ट्रपतिकी संतान उसकी पूजा करती थी।

भवानी—नाटोर राजकुललक्ष्मी, राजा रामकान्तकी महिषी। 'रानी भवानी' नामसे इनकी बंगालमें बहुत प्रसिद्धि है। ये साक्षात् अन्नपूर्णा रूपिणी ब्राह्मण प्रतिपालिनी और दीनदुःखियोंकी जननी थीं। बङ्गभूमिमें हिन्दूधर्म और ब्राह्मणरक्षा तथा अपने स्नेहाञ्चलसे दीन दरिद्रोंकी अश्रुधारा पोंछनेके लिए आप वास्तवमें भवानी रूपमें ही अवतीर्ण हुई थीं। इस समय उत्तर पश्चिम बङ्गमें ऐसा कोई भी ब्राह्मण न था, जिसने रानी भवानी द्वारा दी हुई भूसम्पत्ति या आर्थिक सहायता न ग्रहण की हो। बङ्गदेशसे ले कर सुदूर काशीधाम तक आपकी अक्षय पुण्यकीर्त्तियां उन्हींकी महिमा घोषित कर रही हैं। मुर्शिदाबादके समीपवर्ती बड़नगरमें अब भी इनकी अतुलनीय देवभक्तिका निदर्शन पाया जाता है। आखीरभागके तौर पर अपने साधु जीवनको अतिवाहित करनेके उद्देशसे आपने अपना प्रियतर वासभूमि बड़नगरमें ही जीवनका शेषभाग बिताया था। यहां पर सुरसरिता गङ्गाके पुण्यमय सलिलमें आपका जीवनप्रदीप सदाके लिए निर्वापित हुआ था।

बड़नगरके साथ रानीभवानीकी जीवनीका अधिक सम्बन्ध है। बड़नगर इनके अतिशय आदरकी वस्तु थी, इसलिए पहले इसकी शोभाका वर्णन किया जाता है। उन्होंने इस स्थानको देव मन्दिरोंसे परिपूर्ण कर

वाराणसीके समतुल्य बना दिया था। अब बड़नगरने अरण्य-रूप धारण कर लिया है, फिर भी सर्वत्र एक न एक देवमन्दिर नयनगोचर हुआ करता है। महारानी भवानी द्वारा स्थापित वहांकी भवानीश्वर शिव मूर्त्ति और राजराजेश्वरीकी प्रतिमा वाराणसीके विश्वेश्वर और अन्नपूर्णासे किसी प्रकार कम नहीं कही जा सकती। भवानीकी पुण्यवती कन्या तारादेवी द्वारा स्थापित गोपाल मूर्त्ति, बिन्दुमाधव और अष्टभुज गणेशने दुण्ढिराजका स्थान अधिकार किया है। इसके सिवा यहां और भी सैकड़ों देवालय विद्यमान हैं, इसे बङ्गालका एक तीर्थ स्थान समझना चाहिए।

नाटोर राजवंशके प्रतिष्ठाता राय रायां रघुनन्दनने मुर्शिदाबाद नवाब सरकारके यहां नायब कानून गोका कार्य करते हुए अपने भ्राता रामजीवनके नामसे जो जमींदारियां प्राप्त की थीं, रामजीवनकी पुत्रवधू रामकान्तकी पत्नी भारत विख्याता रानी भवानीने उनका सद्व्यय कर पुण्यश्लोक नाम अर्जन किया है। नाटोर देखो।

बं० सं० ११५७में राजा रामकान्तके परलोक सिधारने पर, राजवधू रानी भवानी उनकी समस्त सम्पत्तिकी उत्तराधिकारिणी हुईं। उस समय उनकी सारी भू सम्पत्ति से डेढ़ करोड़ रुपया कर वसूल होता था, जिसमेंसे करीब १० लाख रुपये सरकारको राजस्व स्वरूप दिये जाते थे।*

रानी भवानी राजशाही जिलेके अन्तःपाती छातिम ग्राम निवासी आत्माराम चौधरीकी कन्या थीं, उनकी माताका नाम कस्तूरीदेवी था¶। नाटोर राजसरकारके विश्वस्त कर्मचारी दयारामके× उद्योगसे यह अलोक-सामान्या ब्राह्मणकुमारी राजरानी हुई थीं। रामकान्तके सरलप्राण होने तथा जमींदारीके शासन और यथारीति राजस्व प्रदानमें असमर्थ होने पर नवाब अलीवर्दी खांने देवीप्रसाद पर राजशाही जमींदारीका भार अर्पण किया। दीवान दयाराम बालिका भवानी पर बहुत ही स्नेह करते थे। उन्हें साथ ले कर राजा और रानी मुर्शिदाबाद आ कर जगतसेठ फतेचंदके शरणापन्न हुए। जगतसेठके अनुरोधसे उनका राज्य वापस दे दिया गया था। स्वामीका लोकान्तर हो जाने पर रानी भवानीने अपने हाथमें राज्यभार ले लिया था। एकमात्र दयाराम ही उनके परामर्शदाता और राजकार्य-परिचालक थे।

अल्पावस्थामें वैधव्यदशा प्राप्त होने पर उन्होंने हिन्दू रमणीके लिए आवश्यक कर्तव्य ब्रह्मचर्यका अवलम्बन कर जीवनका शेष भाग बड़े आनन्दसे बिताया था। उस समय आप देवसेवा, ब्राह्मणसेवा, दीन हीन पालन, जलाशय खनन और वृक्ष प्रतिष्ठादि पुण्यकार्योंका अनुष्ठान किया करती थीं, जिससे जनसाधारण उनकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा करते थे। तारा नामक उनकी एक कन्या थी। यशोहर जिलेके अन्तर्गत खुरजाग्राम * निवासी रघुनाथ लाहिड़ी † नामक एक ब्राह्मणकुमारके साथ तारादेवीका विवाह हुआ था। परन्तु रघुनाथ थोड़ी उमरमें ही ताराको चिरब्रह्मचारिणी और रानी देवीके वक्षस्थल पर पहाड़ रख कर स्वर्गधाम-को सिधार गये। अगत्या रानी भवानीको दत्तकपुत्र ग्रहण करना पड़ा। यह गृहीत पुत्र ही बंगालके

---

* Holwell's Interesting Historical Events p. 152

¶ मतभेद पाया जाता है, कि इनकी माताका नाम जयदुर्गा था। उन्होंने मातृभक्तिके लिए छातिनाग्राममें अपने जन्मस्थान अर्थात् सूतिकागृहके ऊपर मंदिर बनवा कर वहां एक सुवर्णमयी प्रतिमा प्रतिष्ठित की थी। अद्यापि जयदुर्गाकी पूजा प्रचलित है। परन्तु अभी तक बहुसंख्यक स्तुतिस्तव-शिवलिङ्ग कस्तूरी-देवीके नामकी घोषणा कर रहे हैं।

× दीघापातिया राजवंशके आदिपुरुष। भवानीके विवाह-पत्रमें इनके हस्ताक्षर हैं।

* किन्हींके मतसे यह ग्राम राजशाही जिलेके नाटोरके पास है।

† बाहादुरचंदकी अधिकारिणी रघुनाथरायकी पत्नी रानी सत्यवती भवानीकी मातृष्वसा थीं। वे अन्तिम दशामें काशीवासिनी हो कर उक्त सम्पत्ति अपने भगिनीपुत्रको दे गई थीं। रामकान्तको मृत्युके बाद रानी भवानीने वह सम्पत्ति अपने जामाता रघुनाथको दे दी। रघुनाथकी मृत्युके बाद यह कुछ समयके लिए राजा गौरीप्रसादके पास और बादमें रानी भवानीके हाथ आई।

साधक-चूड़ामणि राजयोगी रामकृष्ण हैं। रामकृष्णके वयःप्राप्त होने पर रानी उनके हाथमें जमींदारीका भार सौंप दिया और स्वयं गङ्गातीरमें जा कर रहने लगीं। पहले कह चुके हैं कि, बड़नगरमें उनका निवास भवन था, बीच-बीचमें वे वहां जा कर भी रहती थीं। पीछे वे सांसारिक विप्लवोंसे मुक्त हो कर देव सेवामें लीन हो गईं। उनके प्रयत्नसे बड़नगर देवमन्दिरादिसे परिपूर्ण हो कर काशी-तुल्य हो गया था। माताके साथ तारादेवी * भी गङ्गावासिनी हो गई थीं।

रानी भवानीकी समस्त कीर्त्तिओंकी एक धारावाहिक तालिका बनाना कठिन है। अब भी काशी गया आदि तीर्थस्थानोंमें उनकी अक्षय कीर्ति यां देदीप्यमान हैं। बड़नगरमें रह कर वे नित्य प्रति जो पुण्य कार्य्य करती थीं, उनका स्मरण करने मात्रसे चमत्कृत होना पड़ता है। क्षुद्र रमणी हृदयमें इतना बल और अध्यवसाय रह सकता है, यह बात धारणाके परे है।

प्रतिदिन चार दण्ड रात्रि रहते रानी भवानी शय्या त्याग कर जप करने बैठ जाती थीं। अर्धदण्ड रात्रि रहते जप समाप्त करके वे अपने हाथसे पुष्प चयनार्थ उद्यानमें प्रवेश करती थीं। अन्धकार रात्रिमें प्रकाश करनेके लिए उनके आगे पीछे नौकर चाकर मशाल लिये फिरते थे। पुष्पचयनके बाद प्रातःकाल ही वे गङ्गास्नान करती थीं और दोनों सन्ध्या गङ्गातीर पर बैठ कर जप, गङ्गापूजा और शिवपूजा करती थीं। उसके बाद प्रत्येक देवालयमें पुष्पाञ्जलि दे कर, पुराण-पाठ का श्रवण, शिव पूजा और इष्टपूजामें लग जाती थीं। इस प्रकार करीब दोपहर हो जाता था। उसके बाद, अपने हाथसे भोजन बना कर दस ब्राह्मणोंको जिमाती थीं। फिर परिवारवर्ग अन्य ब्राह्मणोंके भोजनकी व्यवस्था कर स्वयं ढाई पहर बीते हविष्यान्न ग्रहण करती थीं। तदनन्तर दीवान दफ्तरमें कुशासन पर बैठ कर मुखशुद्धि पूर्वक कर्मचारीगणको राजकार्यकी आज्ञा देती थीं। कर्मचारीगण उनके आदेशानुसार आज्ञाएं लिख लेते थे। तीसरे पहर वे फिर बङ्गला भाषामें पुराणपाठ श्रवण करती थीं। दो दण्ड दिन रहते हुए उनका पुराण श्रवण समाप्त होता था। उस समय कर्मचारीगण उनके आदेशानुसार लिखी हुई आज्ञाओं पर हस्ताक्षर करा ले जाते थे। सन्ध्याके समय पुनः गङ्गादर्शन और गङ्गाके समीप तुलसीदीप प्रदानके उपरान्त वापस भवन आ कर चार दण्ड तक जप करती थीं। पश्चात् जल ग्रहण करके दफ्तर दीवानमें जा कर राजकार्यका पर्यवेक्षण कर यथायथ आज्ञा देती थीं। रात्रि एक पहरके समय वे प्रजाजनोंकी प्रार्थना सुन कर उसका विचार करती थीं। आश्रित परिजन कौन किस प्रकार हैं इस बातका तत्त्वानुसंधान कर रात्रि डेढ़ पहरके समय विश्राम शयन करती थीं।

रानी भवानीने बड़नगर और उसके निकटवर्ती देवालयोंके लिए प्रायः एक लाख रुपयेकी वृत्ति निर्दिष्ट कर दी थी, जो देवकार्यमें ही व्ययित होती थी। वे उसमेंसे एक दमड़ी भी अपने काममें न लाती थीं। उन्होंने अपने लिए और सहचारी विधवा मण्डलीके लिए भवमन्दिरसे वृत्ति पानेकी प्रार्थना की थी। ऐसे अतुल ऐश्वर्यकी अधिकारिणी हो कर स्वार्थत्याग पूर्वक, अङ्गरेजोंसे वृत्ति भिक्षा करना उनके कठोर ब्रह्मचर्यकी पराकाष्ठा है।

इस प्रकार कठोर ब्रह्मचर्य अवलम्बन पूर्वक देव-ब्राह्मण और दीनजनोंकी सेवा में आत्मजीवन उत्सर्ग कर रानी भवानीने ७९ वर्षकी अवस्थामें गङ्गातीर पर देहत्याग किया। वर्तमान समय रानी भवानी हिन्दू विधवाका आदर्श चरित्र दिखा गई हैं, इसमें सन्देह नहीं।

रानी भवानीके जीवनकालमें ही राजा रामकृष्णकी मृत्यु हो गई; इसलिए उनके पुत्र विश्वनाथ सम्पत्तिके अधिकारी हुए। विश्वनाथ [illegible] हो गये थे, इसलिए उनकी महिषी रानी जयमणि रानी भवानीके

---

* प्रवाद है, कि—भागीरथीनदीमें नौका-विहार करते समय सिराजने प्रासाद पर आलुलायितकेशा रूपलावण्यवती ताराको देखा और वे उस पर मुग्ध हो गये। उन्होंने ताराको हरण करनेके अभिप्रायसे बड़नगरको कई आदमी भेजे। रानी भवानीको यह दुःसंवाद मिलते ही उन्होंने उस पारके साधकबागमें [illegible] बाबाजीको समाचार भेजा। बाबाजीने सिराजके मनोरथको व्यर्थ करनेके लिए अनेक वैष्णवोंको भेजा था। कई कारणोंसे सिराजके नाम यह वाद असत्य ठहरता है।

निकट आ कर रहने लगी थीं। भवानी जयमणिको समस्त देवोत्तर सम्पत्ति दानपत्र सूत्रमें अर्पण कर गई*। इसके सिवा उनके नामसे एक वृत्ति थी, जो अब लुप्त हो गई है।

काशीमें रानी भवानी द्वारा स्थापित भवानीश्वर-मन्दिर है, उसके शिलालेखमें लिखा है कि

> "बाणाब्ध्यद्रिहिमांशुमिते शकवत्सरे ।
> निवासनगरे श्रीमद्विश्वनाथस्य सन्निधौ ॥
> परमेन्द्र-चन्द्रेन्द्र-मौलिभूमीन्द्र भामिनी ।
> निर्ममे श्रीभवानी श्रीभवानीश्वर मन्दिरम् ॥"

इससे मालूम होता है, कि काशीका भवानीश्वर मन्दिर (शक सं० १६७८में) स्थापित हुआ था। प्रवाद है, कि उसी एक ही समयमें बड़नगरमें भी भवानीश्वर मन्दिर निर्मित हुआ था। इसके सिवा बड़नगरमें राजराजेश्वरी-मन्दिर, करुणामयी मन्दिर, चार बङ्गला मन्दिर, जोड़बङ्गला आदि उन्होंने प्रतिष्ठित किये थे। कितने ही प्रधान प्रधान देव मन्दिर अब भी भग्नावस्थामें विद्यमान हैं। रानी भवानी राजप्रासादके नीचेवाले कमरेमें रहती थीं। अब वह राजप्रासाद भग्नावस्थामें पड़ा है। उसके दक्षिणमें दीवानखाना और दीवानखानाके दक्षिणमें रानी भवानीका ब्राह्मण-भोजनका स्थान है। वहां पर वे ब्राह्मणोंके लिए स्वयं अपने हाथसे भोजन बनाती थीं।

भवानी कवच (सं० क्ली०) पापग्रहादिके प्रकोपको निवारण करनेवाला देवीके नामका एक कवच। (श्यामल)

भवानीदास पञ्जाब-केशरी महाराज रणजित्‌सिंहके दीवान और सम्राट् अहमदशाहके मन्त्री ठाकुरदासके पुत्र। १८०८ ई०में मुसलमान राजा शाह सुजाकी सैनिकवृत्ति छोड़ देने पर, महाराज रणजित्‌सिंहने आपको अपना दीवान नियुक्त किया। राजस्व-सम्बन्धी कार्यमें आप विलक्षण पारदर्शिता रखते थे। महाराजके राजस्व और सेना विभागके आयव्ययका संस्कार कर आपने यथेष्ट कृतित्वका परिचय दिया था। १८०९ ई०में वे सेना ले कर जम्बू विजयके लिए गए। एक मास अवरोधके बाद जम्बू अधिकार कर इन्होंने वहांके विद्रोही सरदार देदूको राज्यसे बहिष्कृत कर दिया। १८१३ ई०में हरिपुरका पार्वत्य प्रदेश अधिकृत कर आप रणजित्‌सिंह द्वारा विशेष सम्मानित हुए थे। बादमें आप मुलतान, पेशावर और युसुफजई युद्धमें गये हुए थे। कार्याध्यक्ष मिश्र बेलीराम द्वारा आप पर खजानेकी चोरीका अभियोग लगाया गया, जिससे क्रुद्ध हो कर महाराज रणजित्‌सिंहने सभामें आपको म्यान सहित तलवार मारी और एक लाख रुपये जुर्माना किया था। उसके बाद रणजित्‌सिंहने उन्हें पार्वत्यप्रदेशमें एक नौकरी दे कर निर्वासित कर दिया। परन्तु राजकार्यमें उनकी विशेष पारदर्शिता और कर्मदक्षता देख कर महाराजने उन्हें फिर लाहौर बुला लिया। १८३४ ई०में भवानीदासकी जीवन लीला समाप्त हुई।

भवानीदास (सं० पु०) गौड़देशके एक अधिपति।

भवानीदास चक्रवर्त्ती ज्योतिषाङ्कुरके प्रणेता।

भवानीपति (सं० पु०) भवान्याः पतिः ६-तत्। महादेव। काव्यादिमें भवानीपति इस पदका प्रयोग करनेसे दोष होता है।

भवानीपाटना मध्यप्रदेशके सम्बलपुर जिलेके अधीन कालाहाण्डी सामन्तराज्यका प्रधान नगर।

भवानीपाठक वारेन्द्र भूमिवासी एक ब्राह्मण सन्तान। यह दस्यु सरदार कह कर जनसाधारणमें परिचित था। बचपनमें भलीभांति शास्त्रचर्चा करके ये जन्मभूमिके दुःखसे कातर हो गया। मुसलमानोंशासनसे स्वदेशीय दीनदुःस्थ प्रजावर्गोंका क्लेश दूर करनेके लिये यह छद्मवेशी संन्यासियोंकी सहायतासे मुसलमानोंका राजस्व अपहरण करता था और उस प्रकारसे प्रजाके हृदयमें शान्ति देता था। अंगरेजी शासनके प्रारम्भमें भवानी और देवीने रङ्गपुर अञ्चलमें आ अपना प्रभुत्व फैलाया

---

* पहले ही कहा जा चुका है, कि रानी भवानी देवोत्तर सम्पत्ति जयमणिको दे गई थीं। उस दानपत्रके लिखित प्रणाली-के दोषसे जयमणिके पोष्यपुत्रके साथ नाटोर-राजवंशका मुकदमा चला था। विचार-निष्पत्तिके बाद उक्त सम्पत्ति तीन भागोंमें विभक्त हो गई। नाटोर वंशीय राजराजेश्वरीके, बड़नगरके कुमार तथा तारादेवी द्वारा प्रतिष्ठित गोपालके और भवानीकेपुरोहितवंश शिवाजीके सेवक निर्दिष्ट हुए हैं।

था, वह इतिहासमें वर्णित है। यह घटना इतिहासमें १७७३ ई० का संन्यासी-विद्रोह नामसे मशहूर है।

प्रायः ५० हजार संन्यासी अनुचरोंसे परिवृत पाठकने प्रखर वेगवाली तिस्रोताकी जलराशि और तीरभूमिको आलोड़ित करके अंगरेजोंके हृदयमें आतङ्क उपस्थित कर दिया था। पाठकके एक और साथी था जिसका नाम मजनूशाह था। शास्त्रकुशली पाठकके दूरदर्शी परामर्शने देवो और मजनूके कराल कृपाणकी सहयोगिता पाई थी। इस समय एक तो देश दुर्भिक्षसे प्रपीड़ित था, दूसरे हेष्टिंस बहादुरका अमानुषिक अत्याचार। अनाहारसे प्रजा हाहाकार कर रही थी, पर कठोरतापूर्वक प्रजाके रक्तशोषणमें हेष्टिंस बहादुर तिलमात्र भी वञ्चित नहीं होते थे। यह सब देख कर निरीह शास्त्राध्यायी ब्राह्मणका शोणित उत्तप्त हो उठा। उसने अन्नवस्त्रहीन दुःखो प्रजाको 'राजाके दोषसे प्रजाका कष्ट' दिखला कर उत्तेजित किया। धीरे धीरे वे सबके सब दलपुष्ट हो कर विद्रोही-दलमें परिणत हुए। किन्तु अङ्गरेजोंकी कमानोंके सामने तलवार, तीर आदि ले कर बंगालो सेना कब तक ठहर सकती थी। जब वे अङ्गरेजोंका बल अधिक देखते थे, तब निविड़ अरण्यमें छिप कर आत्मरक्षा करते थे। अच्छा मौका देख कर ही वे अङ्गरेजों पर टूट पड़ते और उन्हें अच्छी शास्ति देते थे। इस प्रकार सेनापति टामस ससैन्य विद्रोहीके हाथसे यमपुर सिधारे। उक्त तीन व्यक्तियोंके उपद्रवसे अस्थिर हो कर रङ्गपुरके तत्कालीन कलेक्टर गुडलैड साहबने लेफ्टेनाण्ट ब्रेननको एक दल सिपाहीके साथ उन लोगोंके विरुद्ध भेजा। बहारबन्दमें ही भवानीपाठकके साथ ब्रेननका युद्ध छिड़ा। इस युद्धमें संन्यासियोंकी हार नहीं होने पर भी परिणामदर्शी भवानीपाठकने भावी अमङ्गलकी आशङ्का करके आत्मसमर्पण किया *।

भवानीपुर—१ कलकत्तेके दक्षिणांशवर्त्ती एक शहर। यह अक्षा० २१° ३२´ उ० तथा देशा० ७८° २३ पू० आदि गङ्गाके किनारे अवस्थित है। इसके पास ही अलीपुरकी पशुशाला और छोटे लाटका प्रासाद अवस्थित है। २ वारेन्द्रभूमके नाटोरसे तीन योजन उत्तरमें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। यहां सतीदेवीका अंगुलिपीठ है।

(देशावली)

भवानीप्रसाद—एक ग्रन्थकार। इन्होंने पूजामालिका और सारचिन्तामणि नामक दो ग्रन्थ लिखे हैं।

भवानीवल्लभ (सं० पु०) शिव।

भवानीशङ्कर—१ शुक्र भूदेवकृत धर्मविजय नामकके टीकाकर्त्ता। २ [illegible], चन्द्रचिंतामणि, [illegible] और स्वप्रकाशताविचार नामक चार ग्रन्थके प्रणेता।

भवानीशङ्कर सेतुपति—रामनाद्के सेतुवंशीय एक राजा। इन्होंने १८५४ १७२८ ई० तक राज्यशासन किया था।

सेतुपतिवंश देखो।

भवान्तकृत् (सं० पु०) अन्तं करोतीति कृ-क्विप्, भवस्य जन्मनः अन्तकृत् ६-तत्। १ वेधा, ब्रह्मा। ब्रह्माकी निद्रावस्थामें समस्त जगत् ध्वंस होता है। २ संसारनाशक ज्ञान। 'ज्ञानान्मुक्तिः।' ज्ञान होनेसे ही मुक्ति होती है, फिर उसको जन्ममृत्यु कुछ भी नहीं होती।

भवाभीष्ट (सं० पु०) भवस्य अभीष्टः। १ गुग्गुल। भवे अभीष्टः ७-तत्। (त्रि०) २ भवमें ईप्सित।

भवायन (सं० पु०) शिवका उपासक या भक्त, शैव।

भवायना (सं० स्त्री०) भवः शिव एव अयनमाश्रयकस्थानं यस्याः, शिवशिरसि स्थितत्वात्तस्यास्तथात्वं। गङ्गा। कोई कोई गौरादित्व-प्रयुक्त ङीप् करके 'भवायनी' यह पद निष्पन्न करते हैं। (त्रि०) २ शिवतत्पर, शैव।

भवास्य—चातुर्मास्य-प्रयोगके प्रणेता।

भविक (सं० क्ली०) भवः प्रभावः ऐश्वर्यादिकमित्यर्थः उत्पाद्यत्वेनास्त्यस्येति ठन्। मङ्गल। (त्रि०) २ मङ्गलयुक्त।

भविचारिन् (सं० त्रि०) आकाशचारी।

भवित (सं० त्रि०) भवा मङ्गलं जातोऽस्येति तारकादित्वादितच्। अतीतोत्पत्तिक, जो हो चुका हो।

भवितव्य (सं० त्रि०) भविष्यकाले कर्मणि भावे शक्यार्हे-

---

* सुनते हैं, कि बृटिश सरकार उन्हें कालापानीकी सजा दी थी। फिर किसी किसीका कहना है, कि ब्रेननके युद्धमें भवानीपाठक और उनके अधीनस्थ तीन सेनापति निहत, आठ आहत और ४२ बन्दी हुए थे।

प्रैष्यानुज्ञाप्राप्तकालार्थे च भू-धातोस्तव्यः । भवनीय, अवश्य होनेवाली बात, होनहार ।

"न भवद्भ्यामहं शोच्यो नागं राजागराज्यति ।
भवितव्यमनेनैव येनाहं निधनं गतः ।" (अग्निपु०)

भविष्यमें सुख वा दुःख अवश्यम्भावी है, जिसे खण्डन करनेका किसीका भी सामर्थ्य नहीं है। यही भवितव्य है ।

विधाता भी भवितव्यको बदल नहीं सकते । इसे भाग्य या अदृष्ट कहते हैं । भवितव्यके फलसे कब क्या होगा, उसका स्थिर करना कठिन है। भवितव्यका द्वार सभी जगह विद्यमान है।

भवितव्यता (सं० स्त्री०) भवितव्यस्य भावः तल् टाप् । १ भाग्य, अदृष्ट, किस्मत । २ भावी, होनहार ।

भवितृ (सं० त्रि०) भू शीलार्थे तृच् । भवनशील ।

भवित्र (सं० त्रि०) भुवन, अन्तरीक्ष और उदक ।

भविन (सं० पु०) भवाय काव्यादि प्रकाशाय इनः सूर्य इव ततः पृषोदरादित्वात् साधुः । काव्यकर्त्ता ।

भविपुला (सं० स्त्री०) छन्दोभेद ।

भविल (सं० पु०) भू (सलिकल्यनिमहिभडिभण्डिशण्डिपिण्डितुण्डिकुकिभूभ्य इलच् । उण् १।५५) इति इलच् । १ विट्, जार । २ भव्य, भविष्यत् ।

भविष्णु (सं० त्रि०) भू (भुवश्च । पा ३।२।१३८) इति इष्णुच्, भवते र्धातोश्छन्दसि विषये ताच्छील्यादिषु 'इष्णुच्' प्रत्ययो भवतीति काशिका । भवनशील, भविता ।

भविष्य (सं० त्रि०) भू लृटः सद्वेति शतृस्यट्च, ततो विभाषायां पृषोदरात् तस्य लोपः । १ भविष्यत्काल, आनेवाला काल । २ भविष्यत् कालसम्बन्धी । (क्ली०) ३ पुराणविशेष, भविष्यपुराण । ४ फलविशेष ।
पुराण देखो।

भविष्य—राष्ट्रकूटवंशीय एक राजा, देवराजके पुत्र ।
राष्ट्रकूटवंश देखो ।

भविष्यगङ्गा (सं० स्त्री०) शम्भलेश्वरतीर्थमें अवस्थित एक पुण्यतोया सरित् । (स्कन्दपुराण शम्भलमाहात्म्य)

भविष्यगुप्ता (सं० स्त्री०) कालके अनुसार गुप्ता नायिकाका एक भेद ।

भविष्यत् (सं० त्रि०) भू लृटः शतृस्यट् च । वर्त्तमान कालके उपरान्त आनेवाला काल, आगामी काल । पर्याय—अनागत, श्वस्तन, प्रगेतन, वर्त्स्यन् । वर्त्तिष्यमाण, आगामी, भावी ।

भविष्यत्ता (सं० स्त्री०) वर्त्तमान उत्तरणपूर्वक भविष्यन्मुखमें लीनता । (क्ली०) २ भविष्यत्व, भविष्यतका भाव ।

भविष्यदापेक्ष (सं० पु०) अवश्यम्भावी किसी भविष्यत् घटनाका अलङ्कारभेद ।

भविष्यद्वक्ता (सं० पु०) १ भविद्वाणी करनेवाला, वह जो होनेवाली बात पहलेसे ही कह दे ।

भविष्यपुराण (सं० क्ली०) अष्टादश महापुराणके अन्तर्गत पुराणभेद । इसके प्रतिपाद्य विषयादि नारदपुराण शब्दमें दिये गये हैं । विस्तृत विवरण पुराण शब्दमें देखो ।

भविष्यसुरतिगोपना (हिं० स्त्री०) भविष्यगुप्ता देखो ।

भविष्योत्तर (सं० क्ली०) पुराणभेद, भविष्योत्तरपुराण ।

भवीयस् (सं० त्रि०) अतिशयेन बहुः बहु ईयसुन्, बहोर्लोपो भूश्च बहोरिति भूरादेशः वेदेन ईलोपः । बहुतर ।

भवीला (हिं० वि०) १ भावयुक्त, भावपूर्ण । २ बाँका, तिरछा ।

भबुआ—१ शाहाबाद जिलेके अन्तर्गत एक उपविभाग । भू-परिमाण १३०१ वर्गमील है । भबुआ चाँद और मोहनीया ले कर १८६५ ई०में यह उपविभाग संगठित हुआ है ।

२ उक्त उपविभागका प्रधान नगर । यह अक्षा० २५° २' ३०" उ० तथा देशा० ८३° ३४' ३५" पू०के मध्य अवस्थित है ।

भवेश (सं० पु०) १ शिवका एक नाम । २ संसारका स्वामी ।

भवेश—एक हिन्दू राजा, सांख्यप्रवचनभाष्यके प्रणेता राजा हरसिंह देवके पिता ।

भवेश—एक ज्योतिर्विद् । इन्होंने श्रीपतिकृत जातक-पद्धतिकी टिप्पणी लिखी है ।

भवेशकवि—एक प्राचीन कवि । ये परिभाषाविवेक प्रणेता वर्द्धमानके पिता थे ।

भव्य (सं० क्ली०) भवतीति भूयते इति वा भू (भव्यगेयेति । पा ३।४।६८) इति यत् । भव्यादयः शब्दाः कर्त्तरि वा निपात्यन्ते इति काशिका । १ फलविशेष, भलता ।

पर्याय—भव, भविष्य, भावन, वक्त्रशोधन, लोमफल, पिच्छिलबीज। गुण—अम्ल, कटु, उष्ण। कच्चे फलका गुण—वात और कफनाशक। पके फलका गुण मधुराम्ल, रुचिकारक, श्रम और शूलनाशक। २ कर्मरङ्गवृक्ष, कमरख। ३ कारवेल्ल, करेला। ४ निम्बवृक्ष, नीमका पेड़। ५ शरीर धारण करनेवाला। ६ भवसिद्धक, वह जिसे लिङ्ग पदकी प्राप्ति हो। ७ मनु चाक्षुषके अन्तर्गत देवताओं के एक वर्गका नाम। ८ नवें मन्वन्तरके एक ऋषिका नाम। ९ पुराणानुसार ध्रुवके एक पुत्रका नाम। १० रसभेद। (त्रि०) ११ शुभ, मङ्गल सूचक। १२ जो देखने में भारी और सुंदर जान पड़े, शानदार। १३ सत्य, सच्चा। १४ योग्य, लायक। १५ भविष्यमें होनेवाला। १६ श्रेष्ठ, बड़ा। १७ प्रसन्न, खुश। (क्लो०) १८ अस्थि, हड्डी।

भव्यजीवन (सं० पु०) निर्युक्तिभाष्य नामक जैनग्रन्थके रचयिता।

भव्यता (सं० स्त्री०) भव्यस्य भावः तल्-टाप्। भव्यता का भाव वा धर्म।

भव्या (सं० स्त्री०) भव्य टाप्। १ उमा, पार्वती। २ गजपिप्पली, गजपीपल।

भव्यिराज—एक प्राचीन बौद्धराज-मन्त्री। ये अश्मकराजके प्रधान सचिव थे।

भशिरा (सं० स्त्री०) कन्दविशेष।

भष (सं० पु०) भषतीति भष कुक्कुरादि शब्दे, अच्। कुक्कुर, कुत्ता।

भषक (सं० पु० स्त्री०) भषतीति भष (क्वुन् शिल्पिसंज्ञयोर पूर्वस्यापि। उण् २।३२) क्वुन्। कुक्कुर, कुत्ता।

भषण (सं० क्ली०) भष ल्युट्। कुक्कुरशब्द, कुत्तेका भौंकना।

भषत् (सं० क्ली०) अन्तःकरण।

भषा (सं० स्त्री०) स्वर्णक्षीरी।

भषी (सं० स्त्री०) भष-स्त्रियां जातित्वात् ङीष्। शुनी, कुत्ती।

भसत् (सं० स्त्री०) बभस्तीति भस् (शृदृभसोऽदिः। उण् १।१२९) इति अदिः। १ काष्ठ, लकड़ी। २ अश्वमांस, घोड़ेका मांस। ३ जघन। ४ भास्कर। ५ योनि। ६ मांस। ७ [illegible]। ८ प्लव। ९ काल। १० हस्तिगण्ड।

भसद्य (सं० त्रि०) कटिप्रदेशभव, तत्सम्बन्धीय।

भसन (सं० पु०) बभस्तीति भस्-ल्यु। भ्रमर, भौंरा।

भसन्त (सं० पु०) बभस्तीति भस बाहुलकात् झच्। काल, समय।

भसन्धि (सं० पु०) भानां नक्षत्राणां सन्धिः। अश्लेषा, ज्येष्ठा और रेवती नक्षत्रोंके शेष अंशकी बादके नक्षत्रों का सन्धि।

भसमा (हिं० पु०) पीसा हुआ आटा। २ नीलकी पत्तीकी बुकनी। ३ एक प्रकारका खिजाब जिससे बाल काले किये जाते हैं।

भसमूह (सं० पु०) भानां नक्षत्राणां समूहः। नक्षत्रसमूह।

भसान (बं० पु०) काली या सरस्वती आदि मूर्तिकी पूजा के उपरान्त किसी नदीमें प्रवाहित करना।

भसाना (बं० क्रि०) १ किसी चीजको पानीमें तैरनेके लिये छोड़ना। २ किसी चीजको पानीमें डालना।

भसिंड (हिं० स्त्री०) कमलकी जड़, कमलनाल।

भसित (सं० क्ली०) भस-क्त। भस्म।

भसींड (हिं० स्त्री०) कमलनाल, मुरार।

भसुर (हिं० पु०) पतिका बड़ा भाई, जेठ।

भसूँड (हिं० पु०) हाथीकी सूँड।

भसूचक (सं० पु०) भानां नक्षत्राणां सूचकः। दैवज्ञ, ज्योतिषी।

भस्त्रका (सं० स्त्री०) भस्यते इति भस दीप्तौ ष्ट्रन् टाप्। चर्मप्रसेविका, आग सुलगानेकी भाथी।

भस्त्रा (सं० स्त्री०) भस्यतेऽनयेति भस (हुयामाश्रुभसिभ्यस्त्रन्। उण् ४।१६७) इति त्रन्, अजादित्वात् टाप्। १ अग्निधापक चर्मनिर्मित यंत्रविशेष, आग सुलगानेकी भाथी। पर्याय—चर्मप्रसेविका, भस्त्राका, भस्त्रका, भस्त्रा, भस्त्रिका। २ चामड़ेका, चमड़ेका थैला।

भस्त्राका (सं० स्त्री०) भस्त्रा, भाथी।

भस्त्रिक (सं० त्रि०) भस्त्रया हरति (भस्त्रादिभ्यः ष्ठन्। पा ४।४।१६) इति ष्ठन्। भस्त्रा द्वारा हरणकारी।

भस्त्री (सं० स्त्री०) भस्यते ऽनयेति भस-त्रन्, गौरादित्वात् ङीष् । भस्त्रा, भाथी ।

भस्त्रीय (सं० त्रि०) भस्त्रा उत्करादित्वात् छ (पा ४।२।९०) भस्त्राका अदूरदेशादि ।

भस्म (सं० क्ली०) भस्मन् देखो ।

भस्मक (सं० क्ली०) भस्म-संज्ञायां कन्, वा भस्म करोति कृ-ड । १ रोगभेद, भस्मकीटरोग ।

भावप्रकाशमें इस रोगके निदानादि लिखे हैं । अधिक और रूखी चीज खानेवाले व्यक्तियोंका कफ क्षीण तथा वायु और पित्तवर्द्धित हो कर जठराग्नि अत्यन्त वर्द्धित हो जाती है एवं वह वर्द्धित अग्नि वायुके साथ संयुक्त हो कर थोड़ी ही देरके अन्दर भस्मीभूत कर डालती है. इसीसे इसको भस्मकरोग कहते हैं । भस्मकरोगमें रक्तादि धातु परिपाक हो जाती है । सुतरां उसका उपेक्षा करना ही श्रेय है । पिपासा, घर्म, दाह और मूर्च्छा ये सब भस्मकरोगके उपद्रव हैं । भस्मकरोगमें यदि खाई हुई वस्तु जल्दी पच जाय और धातु परिपाक हो, तो समझना चाहिये कि रोगीका जीवन शीघ्र ही नष्ट होनेको है । (भावप्र० जठराग्निविकारा०) २ अतिशय बुभुक्षा, बहुत अधिक भूख । ३ स्वर्ण, सोना । ४ रूप । ५ विडङ्ग । ६ भार्गी । (वैद्यकनि०)

भस्मकाग्नि (सं० पु०) तदात्मक रोगविशेष, भस्मकीट-रोग ।

भस्मकारी (हिं० वि०) भस्मकरनेवाला, जलानेवाला ।

भस्मकूट (सं० पु०) कामरूपस्थित पर्वतभेद । इस पर्वत पर स्वयं शिवजी वास करते हैं ।

भस्मगन्धा (सं० स्त्री०) भस्मेन इव गन्धो यस्याः । रेणुका नामक गन्धद्रव्य ।

भस्मगन्धिका (सं० स्त्री०) भस्मगन्धोऽस्त्यस्या इति भस्मगन्ध (अत इनि ठनौ । पा ५।२।११५) इति ठन्, टाप् । रेणुकाख्य गन्धद्रव्य ।

भस्मगन्धिनी (सं० स्त्री०) भस्मनः इव बाहुल्येन गन्धोऽस्त्यस्या इति भस्मगन्ध इनि ङीप । रेणुका ख्य गन्ध द्रव्य ।

भस्मगर्भ (सं० पु०) भस्म गर्भ यस्य । तिनिशवृक्ष ।

भस्मगर्भा (सं० स्त्री०) भस्मगर्भ यस्याः इति टाप् । १ शीशम । २ रेणुका नामक गन्धद्रव्य । ३ तिनिशवृक्ष ।

भस्मजाबाल (सं० पु०) उपनिषद्भेद ।

भस्मता (सं० स्त्री०) भस्मनोभावः तल् टाप् । भस्मका भाव या धर्म ।

भस्मतूल (सं० क्ली०) भस्म तूलति तूलयति वेति तूल-क । १ ग्रामकूट । २ पांशु वर्षण । ३ उहिम, तुषार ।

भस्मन् (सं० क्ली०) बभस्तीति भस् भर्त्सनदीप्त्योः (सर्वधातुभ्यो मनिन् । उण् ४।१४४) इति मनिन् । १ दग्ध काष्ठादि-विकार, लकड़ी आदिके जलने पर बची हुई राख । २ चिताकी राख जिसे शिवजी अपने मस्तक पर लगाते हैं, मदनके भस्म होने पर महादेवने उस भस्मको अपने सर्वाङ्गमें लगाया था ।

"महादेवोऽथ तद्भस्म मनोभवशरीरजम् ।
आदाय सर्वगात्रेषु भूतिलेपं तदा करोत् ॥
तदशेषाणि भस्मानि समादाय तदा हरः ।
समयेऽन्तर्दधे काली विहाय विधि सम्मते ॥"

(कालिकापु० ४१ अ०)

भस्मको ललाटमें लगा कर तब शिवपूजा करनी होती है । भस्म, त्रिपुण्ड्रक, रुद्राक्ष धारण और बिल्वपत्रके बिना शिवपूजा करनेसे सम्यक् फल प्राप्त नहीं होता । इस पर कोई कोई कहते हैं, कि पूजाका फल बिलकुल नहीं होगा, सो नहीं, कुछ अवश्य होता है ।

"विना भस्मत्रिपुण्ड्रेण विना रुद्राक्ष मालया ।
पूजितोऽपि महादेवो न स्यादस्य फलप्रदः ॥"

(आह्निकत०)

भस्म धारण करके उसके ऊपर चन्दनादि धारण नहीं करना चाहिये । किन्तु चन्दनादिके ऊपर भस्म धारण किया जा सकता है ।

विधिपूर्वक जाबालोक्त मंत्रपाठ द्वारा भस्म धारण विधेय है । भस्म लगानेसे उसको आग्नेय स्नान कहते हैं । स्नान देखो ।

"आग्नेयं भस्मना स्नानं वायव्यं गोरजः स्मृतम् ।" (यामल)

कांसेके बरतनको राखसे मलने पर वह विशुद्ध होता है ।

२ अश्मरीविकार, एक प्रकारका पथरीरोग । अश्मरी देखो । (त्रि०) ४ जो जल कर राख हो गया हो, जला हुआ ।

भस्मप्रिय (सं० पु०) शिवका नामान्तर।

भस्ममेह (सं० पु०) मेहजनित अश्मरी रोगभेद।

भस्मरोहा (सं० स्त्री०) भस्मनि रोहतीति रुह-अच्-टाप्। दग्ध वृक्ष।

भस्मवेधक (सं० पु०) भस्म इव वेधकः। कर्पूर, कपूर।

भस्मसात् (सं० अव्य०) भस्म कात्स्न्र्येन सम्पन्नं करोति भस्मन्-साति। भस्माकारमें परिणत, छार खार कर डालना। २ सम्यक् भस्मीभूत, एकदम राख कर देना।

भस्मसूत (सं० पु०) १ रससिन्दूर। २ चूड़ामणिरस।

भस्मस्नान (सं० पु०) सारे शरीरमें राख मलना, राखसे नहाना।

भस्माकार (सं० पु०) भस्म करोतीति कृ (कर्मण्यण्। पा ३।२।१) इति अण्। रजक, धोबी।

भस्माग्नि (सं०पु) उदराग्निज रोगभेद।

भस्माङ्ग (सं०पु०) कपोत, कबूतर।

भस्माङ्गी—दाक्षिणात्यके महिसुर राज्यके तुमकुड़ जिलान्तर्गत एक पर्वत। इस पर्वतके शिखर पर भस्माङ्गेश्वर का मन्दिर अवस्थित है। पर्वतके चारों ओर गिरिदुर्ग स्थापित हैं। देख कर अनुमान किया जाता है, कि विधर्मियोंके हाथसे देवमन्दिर और देवमूर्त्तिको रक्षाके लिये ये सब दुर्गादि बनाये गये थे। यहां बेदार नामक पार्वतीय जातिका वास है।

भस्माङ्गेश्वर—दाक्षिणात्यस्थ भस्माङ्गी पर्वतका शिवलिङ्ग भेद।

भस्माचल (सं० पु०) कामरूपस्थित पर्वतभेद।

भस्माह्वय (सं० पु०) भस्म आह्वयते स्पर्द्धते इति आ-ह्वे-बाहुलकात्श। कर्पूर, कपूर।

भस्मासुर (सं० पु०) पुराणानुसार एक प्रसिद्ध दैत्य। इसकी तपस्यासे संतुष्ट हो कर शिवजीने इसे वर दिया था, कि जिसके शिर पर तुम हाथ रखोगे वह भस्म हो जायगा, एक दिन वह पार्वती पर मोहित हो कर शिवको हो जलाने पर उद्यत हुआ। शिवजी भागे। यह देख कर श्रीकृष्णने बटुका रूप धारण कर छलसे इसके सिर पर इसका हाथ फेरवा दिया जिससे यह स्वयं भस्म हो गया। शिवजीसे वर पानेके पहले इसका नाम वृकासुर था।

भस्मित (सं० त्रि०) १ जलाया हुआ। २ जला हुआ।

भस्मीभूत (सं० त्रि०) १ जो जल कर राख हो गया हो, बिलकुल जला हुआ। २ विनाशित, जिसका नाश किया गया हो।

भहराना (हिं० क्रि०) १ टूट पड़ना। २ झोंकसे गिर पड़ना, एकाएक गिरना। ३ फिसल पड़ना। ४ किसी काममें जोरोंसे लग जाना।

भहुँ (हिं० स्त्री०) भौंह देखो

भाँई (हिं० पु०) खरादनेवाला, कुनी।

भाँउर (हिं० स्त्री) भाँवर देखो।

भाँकरी (हिं० पु०) एक जंगली झाड़ जिसे हसक सिंघाड़ा भी कहते हैं। यह गोखरूसे मिलता जुलता होता है।

भाँग (हिं० स्त्री०) मादकताको उत्पन्न करनेवाला सनकी जातिका एक पौधा, जो गाँजेकी (Cannabis sativa) समश्रेणीका कहा गया है। गाँजा शब्दमें यह लिखा जा चुका है, कि गाँजेका पेड़ स्त्री पु०के भेदसे दो प्रकारका है। पु० वृक्ष फूल भांगके नामसे और स्त्री० वृक्ष फूल भांगके नामसे प्रसिद्ध है इनके फूलोंसे दानोंका पार्थक्य मालूम हो जाता है। पकने पर इसके पुष्प बीजकोष और पत्रादि समेत शाखाप्रशाखाओं कोमल पत्तोंको हाथसे दबा कर जो गोंद सा निकाला जाता है, उसे 'चरस' कहते हैं। जटा गाँजा है और पत्तोंको भांग कहते हैं। गाँजाकावृक्षकी समश्रेणीका एक प्रकारका छोटा वृक्ष देखनेमें आता है उसकी पकी पत्तियाँ ही भांग नामक मादक द्रव्य है। कोई कोई इसे वनसिद्धि या जंगली भांग कहते हैं। गाँजाकी जटासे झड़ी हुई पत्तियोंका नाम गाँजापत्ती भांग है। गाँजा देखो।

विभिन्न देशोंमें भांग शब्द गाँजा और भांग दोनोंके बदले व्यवहृत होता है। हिन्दी सब्जा, सब्जी, सिद्धि। बङ्गला सिद्धि, भांग। संस्कृत भङ्गा। पञ्जाबी भङ्गी, भांग, बिन्जा, सब्जा। काश्मीरी बङ्गी। मराठी भांग, भाङ्ग। दाक्षिणात्य सिद्धि, गाञ्जिक। भाङ्ग। तामिल भङ्गी इलाई। तेलगु भङ्गीआकु। कनाड़ी भङ्गी, भङ्गीगीड़। फारसी [illegible]। आरबी कंनबिन। सिन्धु सुक्खा सब्जा

इस वृक्षसे जगत्‌के लिए हितकर दो चीजें उत्पन्न होती हैं। वे दोनों ही मनुष्यके बड़े कामकी चीज हैं। जटा और पत्तसे जो गांजा और सिद्धि नामक मादक द्रव्य होता है, वह मादकता दोषसे दुष्ट होने पर भी भेषज गुणमें साधारणके लिए विशेष उपकारी कहा गया है। सुश्रुत, भावप्रकाश आदि वैद्यक ग्रन्थोंमें भङ्गके गुण लिखे हैं। भङ्गा और सिद्धि देखो।

हिन्दूधर्मके प्राचीन वेदादि ग्रन्थोंमें भी भांगका उल्लेख पाया जाता है। ऋग्वेद और अथर्ववेदमें इसे सोमके अङ्गभूत कहा गया है। यज्ञमें ऋषिगण सोमके बदले इसे ही पान करते थे। इसकी छालसे सन नामकी एक तरहकी रस्सी बनती है। सुप्राचीन वैदिकयुगमें इसका भी व्यवहार था। अथर्ववेदान्तर्गत कौशिकी ब्राह्मणका 'भङ्गाजाल' और 'भङ्गशयन' शब्द इस बातका परिचय दे रहा है। उक्त ग्रन्थोंमें भङ्ग शब्द स्त्रीलिङ्ग और पुंलिङ्ग में व्यवहृत हुआ है, इससे भी दो प्रकारके वृक्षोंका अस्तित्व सूचित होता है।

पुराणादिमें शिवके भङ्गपानसे मस्त होनेका उल्लेख है। दुर्गापूजाके विजया वरणके समय दुर्गादेवीके मुखमें भांग और पान दिया जाता है। यात्राकालमें सिद्धि प्रदान करती है, इससे इसका दूसरा नाम सिद्धि है। बङ्गालमें विजयादशमीके दिन इसे दुर्गाकी प्रसादी पवित्र द्रव्य मान कर सर्वसाधारण लोग पानीय रूपमें इसका व्यवहार करते हैं। उस दिन हिन्दूमात्र ही घरमें समागत बन्धु और कुटुम्बियोंको सिद्धि और मिष्टान्न भोजन करा कर शुभालिङ्गन करते हैं।

पहले गांजा और चरस शब्दमें इसके सेवनादिका विषय लिखा जा चुका है। भांग (सिद्धि) अनेक मसालोंके साथ घोट छान कर पीई जाती है। इसके सेवनसे शोणित और शरीर उष्ण, मस्तिष्क विकृत, मन एकाग्र, दुःखका ह्रास और स्फूर्तिका विकाश आदि मादकता लक्षणोंका क्रमशः विकाश होता है। मात्रानुसार सेवन करनेसे इससे पित्तादिदोष नष्ट होते और उदराग्निकी वृद्धि होती है।

साधारणतः काली मिर्च, सौंफ, छोटी इलायची, लवङ्ग, जावत्री, जायफल, पोस्ता, गुलाबके फूल, खीराके बीज, खरबूजाके बीज आदिके साथ भांग घोंटी जाती है। सुबह थोड़ी भांगको पानीमें भिगो कर, शामको करीब ४ बजे उसे अच्छी तरह मल कर धोना चाहिए। फिर उसे उपर्युक्त मसालोंके साथ सिल बटिया या पत्थरके इमामदस्तामें नीमके घोंटेसे घोंटना चाहिये और उसमें कच्चा दूध, मिसरी, नारियलका पानी आदि मिला कर सेवन करना चाहिए। उत्तर पश्चिम प्रान्तमें मुसलमानों और हिन्दुओंमें तथा मथुरा वृन्दावनमें चौबे आदि व्रजवासियोंमें काफी भांगका सेवन होता है, तथा राजपूताना और बंगालियोंमें भी भांग पीनेका प्रचार है।

भांगरा (हि० स्त्री०) किसी धातु आदिकी गर्द या छोटे छोटे कण।

भांज (हि० स्त्री०) १ किसी पदार्थको मोड़ने या तह करनेका भाव अथवा क्रिया। २ भांजने या घुमानेकी क्रिया या भाव। ३ वह धन जो रुपया, नोट आदि भुनानेके बदलेमें दिया जाय, भुनाई। ४ तानेका सूत।

भांजना (हि० क्रि०) १ तह करना, मोड़ना। २ मुग्दर आदि घुमाना। ३ दो या कई लड़ोंको एकमें मिला कर बटना।

भांजा (हि० पु०) भानजा देखो।

भांजी (हि० स्त्री०) वह बात जो किसीके होते हुए काममें बाधा डालनेके लिये कही जाय, शिकायत।

भांट (हि० पु०) १ भाट देखो। २ देशी छींटोंकी छपाईमें कई रंगोंमेंसे केवल काले रंगकी छपाई जो प्रायः पहले होती है।

भांटा (हि० पु०) बैंगन देखो।

भांड़ (हि० पु०) १ परिहासक, वह जो खूब हंसा सकता हो।

२ परिहास रसिक सम्प्रदाय विशेष। राजा और सम्भ्रान्त लोगोंकी सभामें नाना प्रकार अङ्गभङ्गी अथवा सुललित वाक्य विन्यास या हंसी-मजाक द्वारा उपस्थित व्यक्तियोंका मनोरञ्जन करना ही इनका प्रधान कर्म है। मुसलमान लोग इनके तमाशेको 'नकल' कहते हैं। प्राचीन संस्कृत नाटकोंके राजानुचर विदूषक वर्त्तमान भांड़ोंके अनुरूप थे। परंतु भांड़ोंसे विदूषकके कार्यमें बहुत प्रभेद देखनेमें आता है। प्राचीन हिंदू राजाओंके

विदूषक कालान्तरमें 'भांड़' नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। नवद्वीपके राजा महाराजा कृष्णचन्द्रको सभामें गोपाल भांड़ और सम्राट् अकबरशाहकी सभामें बीरवल अपना कृतित्व दिखा गये हैं।

मुसलमान राजाओंके समयमें भी भांड़ोंका आदर था। कहा जाता है कि मुगल-पति तैमूरलङ्गने पुत्रशोकसे विह्वल हो कर बारह वर्ष तक निरन्तर विलाप किया था। सैयद हुसेन नामक एक पारिषद्ने अरबी भाषामें एक सुललित हास्योद्दीपक ग्रन्थ बना कर उनके शोकको मिटाया। इसके लिए मुगल बादशाहने उन्हें "भांड़" की उपाधिसे विभूषित किया। ये सैयद हुसेन ही भांड़ सम्प्रदायके प्रतिष्ठाता थे। क्रमशः भांड़ोंने स्वतन्त्र व्यवसाय करना शुरू कर दिया, जिससे वे शाखा जातिके रूपमें परिगणित होने लगे। हुसेन सैयद वंशीय होने पर भी वर्त्तमान भांड़ लोग शेख या मुगलवंशसे उत्पन्न हैं। सिया और सुन्नी सम्प्रदायके भेदसे इनका विवाहादि होता है। आचार व्यवहारमें प्रायः ये मुसलमानोंके सदृश ही हैं, कोई कोई आचार हिन्दू जैसे भी हैं। भांड़ जाति चेंड़ और काश्मीरी नामको दो शाखाओंमें विभक्त हैं। अयोध्याके नवाब नसीरउद्दीनने काश्मीरी भांड़ोंको बुलाया था।

वर्त्तमान हिंदू भांड़ कैथेला (कापिष्ठली), बाह्मनिया, उजहार, बघेला, गूजर, जुनिया, कड़ा, पित्तरहङ्कर, बरहा, नखटिया और शाहपुरी आदि श्रेणियोंमें विभक्त हैं। फिर मुसलमानभांड़ोंकी निम्नलिखित श्रेणियां हैं– बरमा, भंदेला, बुड़दिया, देशी, गावखाणी, हमलपुरी, हरभाजरहा, जबोया, कैथला, कायस्थ, काशीवाल, काश्मीरी, काठिया, कतोला, कव्वाल, खा खारिया, खत्री, खेती, मोथरा, मुसल-मानी, नकल, नौमसलिक, पठान, पठुया, पुरबिया, रावत, सादिकी, शेख, तराकिया आदि।

इनके बारह या चौदह वर्षकी अवस्थामें ही विवाहका योग्यकाल समझा जाता है। विधवाएं अपने अपने स्वामीके वंशमें विवाह कर सकती हैं, अन्यत्र नहीं। स्त्रीके चरित्रमें सन्देह हो तो ये उसे घरसे निकाल देते हैं और वह स्त्री फिर कभी उस वंशमें विवाह नहीं कर सकती। मुसलमान रीत्यानुसार इनकी विवाहादिकी क्रियाएं होती हैं। लखनऊके भांड़ सिया सम्प्रदाय भुक्त हैं और अन्य मुसलमान भांड़ सभी सुन्नी-सम्प्रदाय के अन्तर्गत हैं।

लखनऊके भांड़ लोग पांचपीर (गाज़ीमियां) और सैयद हुसेनकी भक्ति करते हैं। ये पांचपीरकी मलीदा, सरबत और फूलमालासे पूजा करते हैं और सैयद हुसेनको हलुआ, मलीदा और मिठाईसे पूजते हैं। सब ई बरात उत्सवमें परलोकगत व्यक्तियों के लिए खाद्यद्रव्यादि चढ़ाये जाते हैं। चेंड़ लोग ढोलक और काश्मीरी लोग तबला और सारंगी बजाते हैं। भांड़ लोग आमोदके लिए प्रधान सहकारी हैं, इसमें सन्देह नहीं। पश्चिम और उत्तर भारतमें विशेषतः युक्तप्रान्त में अन्नप्राशनमें भांड़ लोग आ कर हास्यकर खेल दिखलाते हैं और विवाहादिमें तो अधिकतासे इनके तमाशे होते हैं। इस कार्यमें इन्हें काफी आमदनी होती है और दर्शकगण भी हास्य दृश्यको देख कर परम आनन्द उपभोग करते हैं।

भांड़ा (हि० पु०) १ पात्र, बरतन। २ बड़ा बरतन।

भांत (हि० स्त्री०) तरह, किस्म।

भांपना (हि० क्रि०) १ ताड़ना, पहचानना। २ देखना।

भांभा (हि० पु०) जूता सीनेवाला, चमार।

भांयं भांयं (हि० पु०) नितान्त एकान्त स्थान या सन्नाटेमें होनेवाला शब्द।

भांवता (हि० पु०) भावता देखो।

भांवना (हि० क्रि०) १ किसी चीज़को खराद या चक्कर आदि पर घुमाना, खरादना।

भांवर (हि० स्त्री०) १ चारों ओर घुमाना या चक्कर काटना, परिक्रमा करना। २ अग्निकी वह परिक्रमा जो विवाहके समय वर और वधू मिल कर करते हैं। ३ हल जोतनेके समय एक बार खेतके चारों ओर घूम जाना। (पु०) ४ भौंरा देखो।

भा (सं० स्त्री०) भा दीप्तौ (भिदादिभ्योऽङ् । पा ३।३।१०४) इत्यङ्, टाप्। १ प्रभा, चमक, प्रकाश। २ कान्ति, शोभा, छटा। ३ किरण, रश्मि। ४ बिजली, विद्युत्।

भाइ (हि० स्त्री०) प्रकार तरह। २ ढंग, चालढाल।

भाई (हि० पु०) १ किसी व्यक्तिके माता पिताके उत्पन्न

दूसरा पुरुष, सहोदर, भैया। भ्रातृ देखो। २ अपनी जाति या समाजका कोई व्यक्ति, बिरादरी। ३ संबोधन। ४ किसी वंश या परिवारकी किसी एक पीढ़ीके किसी व्यक्तिके लिये उसी पीढ़ीका दूसरा पुरुष।

भाईचारा (हिं० पु०) १ भाईके समान होनेका भाव। २ परममित्र या बंधु होनेका भाव।

भाईदूज (हिं० स्त्री०) कार्त्तिक शुक्ल द्वितीया, यमद्वितीया। इस दिन बहन अपने भाईको टीका लगाती और भोजन कराती है। भ्रातृद्वितीया देखो।

भाईपन (हिं० पु०) १ भ्रातृत्व, भाई होनेका भाव। २ परम मित्र या बंधु होनेका भाव।

भाईबंद (हिं० पु०) भाई और मित्र बंधु आदि, अपनी जाति और बिरादरीके लोग।

भाईबिरादरी (हिं० स्त्री०) जाति या समाजके लोग।

भाउ (हिं० पु०) उत्पत्ति, जन्म।

भाउदाजी बम्बई प्रदेशवासी एक प्रत्नतत्त्वविद्। कोङ्कण विभागके सावन्तवाड़ीके निकटस्थ किसी ग्राममें इनका जन्म हुआ था। अपनी धी-शक्तिके प्रभावसे इन्होंने विद्योपार्जन कर जनसाधारणमें अच्छा नाम कमा लिया था। ये एलफिन्सटन और ग्राण्ट मेडिकल कालेज नामक विद्यालयमें पाठाभ्यास करके कर्मक्षेत्रमें उतरे थे। इनके यत्नसे बम्बई शहरमें संस्कारसभा (Bombay Reform Association), शिक्षा समिति (Board of Education), जादूघर आदि स्थापित हुए थे। १९वीं शताब्दीके मध्य भागमें जन्म ले कर ये विद्वत्समाजमें प्रतिष्ठा लाभ कर गये हैं।

भाउसाहब प्रसिद्ध महाराष्ट्र-सेनापति। इन्होंने पानीपतकी ३री लड़ाईमें विशाल महाराष्ट्र-वाहिनीका ले कर अहमदशाहका मुकाबला किया था।

सदाशिव भाउ देखो।

भाऊ (हिं० पु०) १ प्रेम, स्नेह। २ भावना। २ स्वभाव। ४ वृत्ति, विचार। ५ महत्त्व, महिमा। ६ अवस्था, हालत। ७ रूप, शक्ल।

भाकर (सं० पु०) १ पुराणानुसार नैर्ऋत्यकोणमेंका एक देश। २ भास्कर, सूर्य।

भाकसी (हिं० स्त्री०) भट्ठी, भरसाईं।

भाकूट (सं० पु०) भया दीप्त्या कूटतीति कूट-क। मत्स्य-विशेष, एक प्रकारकी मछली। इसका सिर बहुत बड़ा होता है। इसका गुण मधुर, शीतल, वृष्य, श्लेष्मकारी और गुरु माना गया है।

भाकुरि (सं० पु०) भां कुर्वन्ति कुर्व-कि पृषोदरादित्वात् साधुः। दीप्तिकारक।

भाकूट (सं० पु०) भायुक्ताः कूटाः शिखराणि यस्य। १ पर्वतभेद। २ मत्स्यविशेष।

भाकोष (सं० पु०) भासां दीप्तीनां कोष इव। सूर्य।

भाक्त (सं० त्रि०) भक्तः गौण्यावृत्त्यागतमिति भक्ति-अण्। १ पारिभाषिक, औपचारिक। "भाक्तेन परन्तु सप्तमे मासि क्रियमाणस्य कथं षाण्मासिकत्वम्" (तिथितत्त्व) सप्तम मासमें जो मासिक श्राद्ध होता है, उसे किस प्रकार षाण्मासिक कह सकते हैं? यह श्राद्ध सप्तम मासमें होने पर भी उपचारवशतः उसे षाण्मासिक कहते हैं, यही भाक्त है। जहां पर उपचारवशतः अथवा लक्षणा शक्ति द्वारा अर्थकी प्रतीति होती है, उसे भाक्त कहते हैं। भक्तस्येदमिति अण्। २ भक्तसम्बन्धी। भक्तमस्मै दीयते नियुक्तमिति भक्त (भक्तादणन्यतरस्याम्। पा ४.४।६८) इत्यण्। ३ अन्न द्वारा पोष्य। ४ नियत अन्नदान। भक्ताय हितं अण्। ५ भक्त-सम्पादन-साधन तण्डुल।

भाक्तिक (सं० त्रि०) भक्तमस्मै नियुक्तं दीयते इति भक्त (भक्तादणन्यतरस्याम्। पा ४।४।६८) इति पक्षे ठक्। १ अन्न द्वारा पोष्य। २ अन्नदान।

भाक्ष (सं० त्रि०) भक्षा शीलमस्य छत्रादित्वाद् ण (पा ४।४।६२) भक्षणशील।

भाक्षालक (सं० त्रि०) भक्षालि-देशे भवः (धूमादिभ्यश्च। पा ४।२।१२७) इति वुञ्। भक्षालिदेश भवमात्र।

भाखर (हिं० पु०) पर्वत, पहाड़।

भाग (सं० पु०) भज्यते इति भज भागसेवयोः कर्मणि घञ्। १ अंश, हिस्सा। २ भाग्य, किस्मत। ३ पार्श्व, तरफ। ४ सौभाग्य, खुश-नसीबी। ५ भाग्यका कल्पित स्थान, ललाट। ६ एक प्राचीन देशका नाम। ७ ऐश्वर्य, वैभव। ८ प्रातःकाल, भोर। ९ पूर्व फल्गुनी नक्षत्र। १० तत्समसंख्या, एकादश संख्या। ११ किसी राशिको अनेक अंशों या भागोंमें बांटनेकी क्रिया, गुणनके विपरीत क्रिया।

जिस राशिके भाग किये जाते हैं उसे भाज्य और जिससे भाग देते अथवा जितने अंशोंमें भाग देते हैं उसे भाजक कहते हैं। भाज्यको भाजकसे भाग देने पर जो संख्या निकलती है उसे फल और जो शेष रह जाता है उसे भागशेष कहते हैं।

भाग दो प्रकारका है, मिश्र और अमिश्र। जब भाज्य और भाजक दोनों ही अनवच्छिन्न अथवा एक जातीय अवच्छिन्न संख्या हो, तो उसे अमिश्र भाग और जब भाज्य अथवा भाजक, दोनों ही नाना अंशोंकी अवच्छिन्न संख्या हो, तब उसे मिश्रभाग कहते हैं।

यदि ÷ ऐसा चिह्न किसी दो संख्याके बीचमें रहे, तो पहलेको दूसरी संख्यामें भाग करना होगा, इसका नाम विभक्त है। भागमें यदि भाज्य अवच्छिन्न और भाजक अनवच्छिन्न संख्या हो, तो भागफल अवच्छिन्न संख्या होगा। जैसे, ३० रु०में ६से भाग देनेसे ५ और ३०को ६से भाग देनेसे ५ होता है, अर्थात् ६ रु० ३० रुपयेमें ५ बार शामिल है।

अमिश्रभाग—भाज्य भाजकको इस प्रकार बैठाओ भाजक भागफल। भाज्यके अङ्कोंमें बाईं ओरसे ऐसे कितने अङ्क लो जो भाजककी अपेक्षा अधिक हों। पीछे पहाड़ा द्वारा देख लो, कि इस बाईं ओरकी अल्प संख्याके भीतर भाजक कितनी बार शामिल है। जितनी बार शामिल होगा उसे भागफलके स्थानमें रखो। इस अङ्कको भाजकके साथ गुणा कर गुणनफलको भाज्यके नीचे बैठाओ। अब घटा कर जो संख्या निकलेगी उसकी दाहिनी ओर भाज्यकी शेष संख्या बैठा कर पूर्ववत् क्रिया करते जाओ। यदि भाजक अवशिष्टकी अपेक्षा अधिक हो, तो भागफलमें शून्य बैठा कर भाज्यके दूसरे अंशको नीचे उतारो। इस प्रकार जब तक भाज्यके सभी अङ्क न उतर जांय, तब तक क्रिया करते रहो। आखिरमें यदि शेष कुछ भी न बचे तो केवल भागफल स्थिर हुआ और यदि शेष बचे तो भागफल और भागशेष स्थिर होगा।

यदि कोई गुणनफल उसके ऊपरके अङ्कोंकी अपेक्षा अधिक हो, तो भागफलके शेष अङ्कको घटा देना पड़ेगा और यदि अवशिष्ट भाजककी अपेक्षा अधिक अथवा उसके समान हो, तो भागफलके शेष अङ्कको बढ़ा देना होगा। यदि भाजक २०से अधिक न हो, तो भाग पहाड़े द्वारा सुगमतासे सम्पन्न हो सकता है।

उदाहरण २३३८२६८४में ६७५८का भाग दो।

```
६७५८ ) २३३८२६८४ ( ३४६
       २०२७४
       ------
        ३१०८६
        २७०३२
        ------
         ४०५४८
         ४०५४८
         ------
             ०        भागफल  ३४६
```

यहां पर भाजक छः हजार सात सौ अट्ठावन है और भाज्यके प्रथम पांच अङ्क तेईस लाख अड़तीस हजार दो सौ हैं, इसके भीतर भाजक ३०० बार है, तथा ६७५८ × ३०० = २०२७४००; किन्तु बनानेकी सुविधा के लिये शून्य न रख कर ४ को २के नीचे रखा तथा इस गुणनफलको घटानेसे ३१०८ निकला। अब नियमानुसार ६को नीचे उतारा। इस ६ में छः दश अथवा ६० समझा जाता है। किन्तु उपरोक्त कारणसे शून्य नहीं रखा गया। अब कुल संख्यामें तीन लाख दश हजार आठ सौ अड़सठ समझा जाता है। इसके मध्य भाजक ४० बार शामिल है, ६७५८ × ४० = २७०३२० पहलेकी तरह शून्य अलग कर २७०३२ को ३१०८६ में घटाया और घटावफल ४०५४ निकला इससे चालीस हजार पांच सौ चालीस समझा जाता है तथा नियमानुसार ८ उतारनेसे कुल संख्या चालीस हजार पांच सौ अड़तालीस हुई। इसके भीतर भाजक ६ बार है। नीचेकी प्रक्रिया देखो।

```
६७५८ ) २०२७४०० ( २७०३२० ( ४०५४८ ( ३०० ( ४०
       २०२७४००                          ( ६ ( ३४६
       -------
        २७०३२०
        २७०३२०
        ------
         ४०५४८
         ४०५४८
         -----
```

यदि भाजकके शेषमें शून्य रहे, तो प्रक्रियाको निम्नोक्त

नियम द्वारा घटा सकते हैं। भाजकमें जितने शून्य हैं, उन्हें एक चिह्नसे पृथक् करो, पीछे नियमानुसार भाग दो। जो भागशेष रहेगा उसके बाद भाज्यके पृथक् किये हुए अंकोंको बैठा देनेसे कुल अवशिष्ट निकल आवेगा।

भाज्य और भाजक दोनोंके शेषमें जब शून्य रहे, तब भी उक्त नियमानुसार किया करना होगा। यदि एक राशिको दूसरी राशिसे भाग करने पर शेष कुछ भी न बचे, तो दूसरी राशिको पहली राशिका उत्पादक वा गुणनीयक कहते हैं। यथा २का १२में भाग देनेसे शेष कुछ भी नहीं रहता है इसलिए २ १२ का उत्पादक वा गुणनीयक है।

मिश्रभाग एक मिश्रराशिका कुछ समान अंशोंमें विभक्त करने अथवा एक मिश्रराशिमें दूसरी मिश्रराशि कितनी बार शामिल है उसे जाननेके तरीकेको मिश्रभाग कहते हैं। जब भाजक अनवच्छिन्न संख्या हो, तब ऐसा किया जाता है।

अमिश्रभागमें भाज्य और भाजक जिस प्रकार रखा जाता है, यहां भी उसी प्रकार रखना होगा। पीछे भाजक भाज्यकी सर्वोच्च श्रेणीकी राशिमें कितना बार शामिल है, यह देखना होगा। जितनी बार शामिल होगा उसे भागफलकी जगह बैठाओ। अनन्तर सामान्य भागमें जिस प्रकार गुणा और घटाव किया जाता है उसी प्रकार करना होगा। यदि शेष कुछ बच रहे, तो उसे निम्न श्रेणीकी राशिमें परिणत करो और जो फल होगा उसे भाजक द्वारा भाग दो, इस प्रकार करते करते शेष पर्यन्त भाग करना होगा।

अलावा इसके एक और प्रकारका भाग है जिसे समानुपातिक भाग कहते हैं। जब किसी संख्यामें इस प्रकार भाग देना होगा कि अंश किसी निर्दिष्ट समानुपातानुसार हो, तब निम्नलिखित नियमानुसार करना होगा।

नियम—कुछको ऐसे भिन्नमें लाओ जिनका साधारण हर समस्त अनुपातकी समष्टि हो और अवयवोंके अलग अलग लव हो। पीछे प्रत्येक भिन्नको दी हुई संख्याका गुणा करो, गुणफल जो होगा वही निर्णीत अंश निकलेगा। (पाटीगणित)

भागक (सं० त्रि०) १ अंशभागसम्बन्धीय। (पु०) २ भाजक।

भागकर (सं० पु०) १ शिव। करोतीति कृ ट कर, भागस्य करः। २ भागकारक, विभाग करनेवाला।

भागजाति (सं० स्त्री०) भागस्य जातिः। विभागके चार प्रकारोंमेंसे एक। इसमें एक हर और एक अंश होता है, चाहे वह समभिन्न हो वा विषम भिन्न हो जैसे $\frac{२}{५}$, $\frac{१३}{६}$

भागड़ (हि० स्त्री०) भागने, विशेषतः बहुतसे लोगोंके एक साथ घबरा कर भागनेको किया या भाव।

भागण (सं० पु०) भानां गणः। १ सूर्यादिकी प्रभा। २ भागसम्बन्धी।

भागत्याग (हि० पु०) जहदजहल्लक्षणा देखो।

भागदा (सं० स्त्री०) भागं ददाति दा-अङ्। भागप्रदाता, भाग देनेवाला।

भागदुघ (सं० पु०) विभागप्रद।

भागध (सं० त्रि०) प्राप्य वस्तुका अंश प्रदान।

भागधेय (सं० क्ली०) भाग एव भागरूप नामस्यो धेयः। इति अभिधानात्स्वपुंसकत्वं। १ भाग्य, तकदीर। (पु०) भागेन धीयतेऽसौ वा कर्मणि यत्। २ राजदेयकर, वह कर जो राजाको दिया जाता है। ३ दायाद, सपिण्ड।

भागना (हि० क्रि०) १ किसी स्थानसे हटनेके लिये दौड़ कर निकल जाना, चटपट दूर हो जाना। २ पिण्ड छुड़ाना, कोई काम करनेसे बचना। ३ टल जाना, हट जाना।

भागनेय (सं० पु०) भागिनेय देखो।

भागफल (सं० पु०) वह संख्या जो भाज्यको भाजकसे भाग देने पर प्राप्त हो, लब्धि।

भागभाज् (सं० त्रि०) भागं भजते भज ण्वि। विभागकर्त्ता, बांटनेवाला।

भागमण्डल मन्द्राज प्रदेशके कुर्ग विभागान्तर्गत एक प्राचीन नगर। यह अक्षा० १२° २३´ उ० तथा देशा० ७५° ३९´ पू०के मध्य विस्तृत है। यहां एक प्राचीन दुर्गका ध्वंसावशेष देखा जाता है। टीपूसुलतानके साथ जब कुर्गराजका युद्ध छिड़ा था, उस समय इस स्थानने युद्धक्षेत्रमें परिणत हो कर ऐतिहासिक प्रसिद्धि लाभ की है। १७८५ ई०में हैदरके पुत्र टीपूने इस नगरको घेर

डाल कर अधिकार किया। उस समय उन्होंने प्रायः पांच हजार कुर्गवासियोंको महिसुरमें ला इस्लाम धर्ममें दीक्षित किया था। १७९० ई०में कुर्गराज दद्दवीर राजेन्द्रने फिरसे भागमण्डल दुर्ग पर कब्जा कर लिया। यहां एक बहुत पुराने समयका मन्दिर विद्यमान है। तीर्थयात्रिगण कावेरी नदीके उत्पत्ति-स्थानको देखनेकी मनशासे यहां आते हैं।

भागमातृ (सं० स्त्री०) भाग निकालनेकी एक प्रणाली।

भागरा (हिं० पु०) एक संकरराग जो किसी किसीके मतसे श्रीरागका पुत्र माना जाता है।

भागल (सं० पु०) भगलऋषिका गोत्रापत्य।

(सांख्यकारिका)

भागलक (सं० लि०) भगल अहोरणादित्वात् वुञ्। भगव्यापारादिसे निवृत्त।

भागलक्षणा (सं० स्त्री०) भागे लक्षणा ७ तत्। शक्यार्थांश के भेदका परित्याग कर इतरांशबोधक लक्षणभेद, जहत्, अजहत् और स्वार्थ लक्षणा। लक्षणा देखो।

भागलपुर—१ विहार और उड़िसा प्रदेशके अन्तर्गत एक विभाग। भागलपुर, सन्थाल परगना, मुङ्गेर और और पूर्णिया इन चार जिलाओंको ले कर यह विभाग संगठित है। पहले मालदह भी इसी बिभागमें शामिल था पर १९०५ ई०में बङ्गाल और आसाममें मिला लिया गया। यह अक्षा० २३° ४८´ से २७° १३´ उ० तथा देशा० ८५° ३६´ से ८८° ५३´ पू०के मध्य विस्तृत है। इसमें १४ शहर और १८६७० ग्राम लगते हैं। शहरोंमें भागलपुर शहर ही सबसे बड़ा है।

२ भागलपुर विभागका एक जिला। यह अक्षा० २४°२३´ से २६° ३४´ उ० तथा देशा० ८६° १९´ से ८७° ३१´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४२३६ वर्गमील है। इसके उत्तरमें नेपाल, उत्तर-पू०में पूर्णिया जिला, दक्षिण और पूर्वमें संथाल परगना तथा पश्चिममें दरभङ्गा जिला और मुङ्गेर है।

भागलपुर जिलेका प्राकृतिक सौन्दर्य विशेष मनोहारी नहीं होने पर भी स्वास्थ्यके लिये यहांका जलवायु सुखप्रद है। चारों ओर गण्ड शैलोंने वनमालाको अपने वक्ष पर धारण करके प्रान्तरभूमिको श्यामलभूषासे भूषित कर रखा है। उसके बीच बीचमें आम्रवन और महुएके वृक्ष सुमिष्ट फलफूलोंसे शोभित हो कर जगत्‌की सृष्टि कुशलताका परिचय दे रहे हैं।

यहां पर्वत और वनमालाको भेद कर पुण्यसलिला गङ्गानदी पूर्वकी ओर बह गई है और जिलेको दो भागोंमें विभक्त करती है। इसका उत्तरी विभाग तिरहुत जिले तक विस्तृत है। उसके मध्य भागमें हिमालयवाहिनी बहुत सी शाखानदियोंके बहनेके कारण उसका सौन्दर्य, स्वास्थ्य और उर्वराशक्ति बहुत कुछ बढ़ गई है। दक्षिण पूर्व भागमें भी असंख्य शाखा नदियां बह गई हैं जो जमीनकी उत्पादिका शक्ति और कृषिकार्यमें सहायता पहुंचाती हैं। गङ्गाके उपकूलदेशमें बाढ़का जल ही कृषिका प्रधान अवलम्बन है। कोशीनदीकी गति परिवर्त्तित हो जानेसे जिलेका उत्तर पूर्वांश श्रीहीन हो गया है। पहले जो निम्न तराई प्रदेश श्यामल धान्यक्षेत्रसे शोभित रह कर उर्वरताकी पराकाष्ठा दिखलाता था, अभी वह अरण्यमें पर्यवसित हो कर व्याघ्र महिषादिके आवासमें परिणत हो गया है। भागलपुर नगरके दक्षिणी भूभागने क्रमशः उन्नत हो कर पर्वताकार धारण किया है। महुए और आम्र काननको छोड़ कर यहां कटहलके वृक्ष भी देखे जाते हैं।

नदियोंमें गङ्गा ही सर्वप्रधान है। अलावा इसके उत्तरांशमें कोशी, तिलयुगा, बालो, धिमड़ा, गलवा, घरवाण, धूमान, कालीनी, लोरण, कटना, चीर और चानन आदि कई शाखा नदियां बहती हैं। दक्षिणांशमें एकमात्र चन्दन नदी ही उल्लेखयोग्य है। बड़ी बड़ी नदियोंमें बारहों महीने नावें आती जाती हैं।

यहां रेशमकी खेती होती है। खनिज पदार्थोंमें गन्धक, तांबा, लोहा आदि पाया जाता है।

इस स्थानका कोई प्राचीन इतिहास नहीं मिलता। यहांकी चम्पानगरी महाभारतोक्त अङ्गराज कर्णकी राजधानी थी। स्थानीय कर्णगढ़ पर्वत और अनेक कीर्त्तियां आज भी महावीर कर्णके गौरवकी घोषणा करती हैं। यूएनचुवंग (Hiuen Tsiang)के वर्णनसे मालूम होता है, कि जिस समय बौद्धोंकी प्रधानता थी उस समय यहां हजारों सङ्घाराम प्रतिष्ठित हुए थे

और ७वीं शताब्दीके प्रारम्भमें वे सभी नष्ट भ्रष्ट कर डाले गये। उस समय हीनयान मतावलम्बी प्रायः दो सौ बौद्धाचार्य धर्मालोचनामें व्यापृत थे। एतद्भिन्न यहां विभिन्न साम्प्रदायिक देवमन्दिर थे जिनमेंसे पथरघाटा पर्वतशिखरके मन्दिर ही उल्लेखयोग्य हैं।

शिलालिपि पढ़नेसे जाना जाता है, कि मगधके गुप्तवंशीय महाराजाधिराज परम भट्टारक आदित्यसेन देव और पालवंशीय राजा नारायण पालदेवने यहां अपना आधिपत्य फैलाया था।

मुसलमानी अमलदारीमें यह विहार प्रदेशके अन्तर्भुक्त था और चम्पा आदि स्थान सामान्य परगने रूपमें गिने जाते थे। १७६५ ई०में इष्ट इण्डिया कम्पनीको जब बङ्गालकी दीवानी मिली, तब यह जिला मुङ्गेर सरकारकी पूर्व सीमाके रूपमें गण्य हो कर मुसलमान नवाबके अधीन था। उस समय गङ्गाका दक्षिणांशवर्त्ती गै परगना भागलपुरसे पृथक् था। १७६९ ई० पर्यन्त यहांका राजस्वसंग्रह और शासनकार्यका भार किसी देशीय कर्मचारीके हाथ सपुर्द रहा। उसी सालके शेष भागमें राजस्व और प्रयोजनीय अन्यान्य विषयोंका विशेष विवरण जाननेके लिये राजमहलसे एक अङ्गरेज परिदर्शक नियुक्त हुए, किन्तु वे अच्छी तरह कृतकार्य न हो सके। १७७२ ई०में इस देशमें सुशासन स्थापित करनेके उद्देश्यसे कम्पनी बहादुरने स्वकीय असाधारण अध्यवसाय-गुणसे तथा स्थानीय जमींदारोंकी सहायतासे कलक्टर क्लिभलैण्ड द्वारा थोड़े ही दिनोंके अन्दर शासनशृङ्खला स्थापन कराई थी। इस समय इसके दक्षिण और पश्चिमांशमें भारी उपद्रव होता था। उन्होंने उक्त स्थानको पुनः पुनः आक्रमण और लूट करके ऐसा विपर्यस्त कर डाला था, कि उसकी शासन निर्देशक कोई सीमा निश्चित न रही। उसकी सीमा निर्देश करनेके लिये १७७४ ई०में एक स्वतन्त्र कर्मचारी नियुक्त किया गया।

राजस्वसंग्रह और दण्डविधि प्रतिष्ठाके साथ साथ यहांकी सीमाका कुछ परिवर्त्तन हुआ है। १७७७से १७७८ ई०के मध्य दस्युदलने प्रायः ४४ ग्राम लूट कर जला दिये। राजस्वसंग्राहक क्लिभलैण्डके यत्नसे (१७८० ई०में) यहांका दस्युप्रभाव जाता रहा। दस्युदलका प्रभुत्व जब बिलकुल खर्व हो गया, तब यहाँ कृषिवाणिज्यकी विशेष उन्नति हुई। १८६४ ई०में गङ्गाके उत्तर तीरवर्त्ती ७०० वर्गमील जमीन इस जिलेके अन्तर्भुक्त की गई और १८७४ ई०में खड़गपुर परगनेको भागलपुरसे पृथक् कर मुङ्गेर जिलेके अधीन किया गया।

यहांके विभिन्न स्थानमें अनेकानेक प्राचीन कीर्त्तियोंका निदर्शन पाया जाता है। भागलपुर नगरके सन्निकटस्थ दो मुसलमानतीर्थ वा मसजिद और जैन ओसवाल सम्प्रदायियोंके दो मन्दिर बहुत प्रसिद्ध हैं। कर्णगढ़ पर्वतके क्लिभलैण्डस्तम्भ और गुहादि देखने लायक हैं। एतद्भिन्न पथरघाटा, मायागञ्ज, कहलगांव आदि स्थानोंमें सैकड़ों हिन्दूमन्दिर और गुहादिका भग्नावशेष विद्यमान है। बङ्गके शेष स्वाधीन मुसलमान राजा महमूदशाहका कहलगांवमें देहान्त हुआ था। दक्षिणमें सुलतानगञ्ज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, बेलहर, अमरपुर, बाराहाट, जयपुर और बांका तथा उत्तरमें मधेपुरा, किशनगञ्ज, बनगांव, प्रतापगञ्ज, बिहपुर और सुपौल आदि स्थान यहांके वाणिज्यकेन्द्र समझे जाते हैं। गङ्गातीरवर्त्ती सुलतानगञ्जके दो गण्डशैलोंमेंसे एकके शिखर पर मसजिद और दूसरे पर गैबीनाथका मन्दिर प्रतिष्ठित है। यह मन्दिर गङ्गाकी बीच धारमें अवस्थित है। इस स्थानका दृश्य बड़ा ही मनोरम है। सुलतानगञ्ज देखो। इसी जिलेमें सिंहेश्वर नामक एक प्रसिद्ध स्थान है जहां प्रति वर्ष एक बड़ा मेला लगता है। इस मेलेमें बहुतसे हाथी बिकनेको आते हैं। यहांका मन्दार-पर्वत हिन्दूका एक पवित्र तीर्थ समझा जाता है। यहां प्रतिवर्ष तिलासंक्रान्तिमें एक भारी मेला लगता है, जिसमें दूर दूर देशके लोग समागम होते हैं। पर्वत प्रायः ७०० फुट ऊंचा है। इसके चारों ओर समुद्रमन्थनज्ञापक सर्प खोदित देखा जाता है। तीर्थमाहात्म्य छोड़ कर यहां प्रत्नतत्त्वविदोंके आदरणीय अनेक पदार्थ हैं। पर्वतके शिखर पर तथा पाददेशमें एक बृहत् पुष्करिणी है। इस पुष्करिणीमें उक्त उपलक्षको यात्रिगण स्नान करते हैं। कहते हैं, कि इसमें स्नान करनेसे सभी पाप जाते रहते हैं, इसीसे इसका

पापहरणी नाम-रखा गया है। यहां ध्वंसावशिष्ट दुर्गादि-व्यतीत बौद्धयुगके अनेक मन्दिरादिका निदर्शन पाया जाता है।

इस जिलेमें तरह तरहके धान और नीलकी खेती होती है। पहले यहां रेशम बहुल प्रमाणमें प्रस्तुत होता था, पर अभी उसका ह्रास हो गया। यहांका बाफ़्ता तमाम मशहूर है और दूर दूर देशोंमें उसकी रफ्तनी होती है। जिस विस्मयकर डेंगू ज्वरकी कथा आज भी वङ्गवासीके हृदयमें जागरूक है उसकी उत्पत्ति सबसे पहले इसी जिलेमें १७७२ ई०को हुई थी।

इस जिलेमें २ शहर और ३०६३ ग्राम लगते हैं। जन संख्या बीस लाखसे ऊपर है जिनमेंसे सैकड़े पीछे ८६ हिन्दूकी और १० मुसलमानकी संख्या है तथा शेष १में अन्यान्य जातियाँ हैं।

जिलेकी प्रधान उपज है धान, गेहूं, मटर, चना, मकई, ज्वार, तिल, अरहर और ईख। कोयले, लकड़ीके कोयले, रुई, मसाले, चने, रेशम और तम्बाकूकी दूसरे दूसरे देशों से आमदनी और यहांसे धान, चावल, गेहूं, चने, तेलहन और नीलकी रफ्तनी होती है। राजकार्यकी सुविधाके लिये यह जिला चार उपविभागोंमें विभक्त है, यथा भागलपुर, बांका, मधेपुरा और सुपौल। डिष्ट्रिक्ट् मजिष्ट्रेट-कलेक्टर तथा उनके सहकारी पांच डिपुटी कलक्टर और दो सब-डिपुटी कलक्टर द्वारा राजकार्य परिचालित होता है।

विद्याशिक्षामें यह जिला बहुत पीछे पड़ा हुआ है। सैकड़े पीछे ४ मनुष्य पढ़े लिखे मिलते हैं। पर अब यहांके अधिवासियोंका ध्यान इस ओर अधिक झुका है। प्रतिवर्ष नये नये स्कूल खोले जा रहे हैं। अभी कुल मिला कर १५१६ स्कूल है जिनमेंसे १ आर्ट स्कूल, २५ सेकण्ड्री, १०६२ प्राइमरी और १३१ स्पेशल स्कूल हैं। इनमेंसे तेजनारायण जुबली कालेज और कर्णगढ़की संस्कृत पाठशाला ही प्रधान है। स्कूलके अलावा २० अस्पताल हैं। जिलेकी आबहवा बहुत स्वास्थ्यप्रद है, पर गङ्गाके उत्तर कोशी किनारे अवस्थित किशुनगञ्ज इलाकेकी आबहवा बिलकुल खराब है। यहां अकसर मलेरियाका प्रकोप देखा जाता है। जिलेका ताप-परिमाण ६२° से ८६° और अप्रिल मासमें ९७° बढ़ आता है। वार्षिक वृष्टिपात ५१ इञ्च है।

३ भागलपुर जिलेका सदर उपविभाग। यह अक्षा० २५° ४ से २५° ३० उ० तथा देशा० ८६° ३६ से ८७° ३१ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ११३३ वर्ग मील और जनसंख्या छः लाखके करीब है। इसमें भागलपुर और कहलगाँव नामके २ शहर और ८१० ग्राम लगते हैं।

४ उक्त जिलेका प्रधान नगर। यह अक्षा० २५° १६ ३० तथा देशा० ८७° ० पू० गङ्गाके दाहिने किनारे अवस्थित है। कलकत्तेसे रेलवे द्वारा इसकी दूरी २६५ मील और नदी द्वारा ३२१ मील है। जनसंख्या अस्सी हजारके करीब है। यहां ई० आई० रेलवेकी लूप लाइनका एक स्टेशन है जहांसे इसकी एक शाखा लाइन बौंसी तक और दूसरी बी० एन० डबल्यूको बरारी तक दौड़ गई है। बरारीघाटमें फेरी स्टीमर द्वारा मुसाफिर पुण्यसलिला भागीरथी पार कर बी. एन. डबल्यूकी ही दूसरी गाड़ी पर सवार होते हैं। यहां गङ्गातटका दृश्य बड़ा ही मनोरम है। यहांके गङ्गातट पर अवस्थित बरारीके जमींदार ठाकुरजीकी प्रकाण्ड अट्टालिकाएं और मन्दिरादि इसकी शोभाको और भी परिवर्द्धित करते हैं। इनमेंसे 'हरिमन्दिर' उल्लेखयोग्य है। उक्त मन्दिर स्वर्गीय बाबू श्रीमोहनठाकुरकी अक्षयकीर्त्तिका परिचायक है। उक्त उदारचेता दयापरवश महाशयके धार्मिक सुपुत्र श्रीकेशवमोहन ठाकुर अपने पूज्य पिताकी अक्षय कीर्त्तिको अक्षुण्ण रखनेमें विशेष यत्नवान् हैं।

भागलपुर स्टेशनसे थोड़ी ही दूर उत्तर दो बड़ी बड़ी धर्मशालाएं हैं। शहर और शहरतलीमें मुसलमानोंकी कई एक मसजिदें और ओसवाल जैनोंके दो विख्यात मन्दिर हैं। इनमेंसे एक मन्दिर जगत्सेठ कर्तृक प्रतिष्ठित है। हिन्दूमन्दिरोंमेंसे 'बूढ़ानाथका मन्दिर' ही उल्लेख योग्य है। यह शहरके उत्तर गङ्गाके किनारे प्रतिष्ठित है।

पहले ही कहा जा चुका है, कि मुसलमानी अमलदारीमें यहांकी विशेष श्रीवृद्धि हुई थी। बङ्गालके अफगान शासन कर्त्ताओंका दमन करनेके लिये सम्राट अकबर शाहने १५७३ और १५७५ ई०में मुगल सेना भेजी।

दूसरी बारके युद्धमें मानसिंह परिचालित सेना दलने इसी नगरमें छावनी डाली थी। तभीसे यहां मुगलसेना-निवेश स्थापित हुआ था।

१५९२ ई०में मुगलसेनाके उड़ीसा विजयमें प्रेरित होने पर यह स्थान किसी फौजदारके शासनाधीन हुआ।

भागलपुरके राजस्व संग्राहक और सुशासन प्रतिष्ठाता मि० अगष्टस क्लिभलैण्ड साहबके स्मरणार्थ यहां दो स्मृति स्तम्भ विद्यमान हैं।

शहरसे उत्तर पूर्वमें अदालत पड़ती है। इसका अहाता बहुत लम्बा चौड़ा है। यहीं पर सब अदालत लगती हैं। इस स्थानसे थोड़ी ही दूर पूर्व सेण्ट्रल जेल से सटा हुआ 'आनन्दगढ़' नामक एक सुन्दर राजप्रासाद है। यह भवन वास्तवमें अपने नामको सार्थक बनाता है। यह कहनेमें अतिशयोक्ति नहीं होती, कि भागलपुर शहर भरमें तथा आसपासके स्थानोंमें इस जोड़का सुन्दर भवन नहीं है। इसके अभ्यन्तर भागमें सूक्ष्म शिल्प कार्य्य झकाझक चमक रहे हैं। सदर फाटकसे ले कर प्रासाद तक दोनों बगलमें कतारकी कतार तरह तरहके पेड़ लगे हैं। सच पूछिये, तो यहांकी शोभा मनको मोहती है। भवनके चारों ओर जो आमकी वाटिका है वह हृदयकी विचित्रताका सञ्चार करती है। इस सुरम्य अट्टालिकामें बरारीके जमींदार बाबू सूर्यमोहन ठाकुर रहते हैं। आप स्वर्गीय बाबू प्राणमोहन ठाकुरके कनिष्ठ पुत्र और स्टेटके तीन पट्टीदारोंमेंसे एक हैं। आपके चचा स्वर्गीय बाबू उग्रमोहन ठाकुर मरते समय अपनी जमींदारी जो करीब एक लाख रु० आयकी है, इन्हींके नामसे लिख कर गये हैं। बाल्यावस्थामें ही आप माता पिता हीन हो चुके हैं। आप अभी हैं तो नाबालिग, पर जमींदारी सम्बन्धी कार्यों में विलक्षण पारदर्शिता रखते हैं आपका स्वभाव बहुत हंसमुख है और प्रजाके दुःख सुखको सुननेके लिये सदैव तत्पर रहते हैं। आपकी दानशीलता बहुतोंके लिये आदर्शरूप है। आपने पैतृक सम्पत्तिके रूपमें धार्मिक प्रेमकी अभिरुचि प्राप्त की है।

आप सभी पट्टीदार स्वर्गीय बाबू मदनमोहन ठाकुरके वंशधर हैं। यहां पर यह कह देना अत्यावश्यक है, कि मदनमोहन ठाकुर एक उच्च दर्जेके वकील थे। वकालतसे उन्होंने अच्छा नाम कमा लिया था। 'बनैली-राज' शब्दमें जो लिखा गया है, कि वे बाबू वेदानन्दके यहां नौकरी करते थे, यह बात असत्य सी प्रतीत होती है। कारण, बरारी ष्टेटसे हमें जो विवरण मिला है, उसमें इसका कहीं भी जिक्र नहीं है, बल्कि साफ साफ लिखा है कि, 'ष्टेटके प्रतिष्ठाता बाबू मदन ठाकुर एक अच्छे वकील थे। उनका स्वतन्त्र कारोबार था और बहुत सी नीलकी कोठियां भी थीं, इत्यादि।' अतः इस विश्वस्त सूत्रसे उनका बनैलीराजके अधीन काम करना असत्य ठहरता है। बरारी देखो।

शहरकी जनसंख्या ७५७६० है जिनमेंसे हिन्दूकी संख्या सैकड़े पीछे ७०, मुसलमानकी २१ और शेष ९में ईसाई तथा जैन हैं। यहां १८६४ ई०में म्युनिसपलिटी स्थापित हुई है। यहांका टी. एन. जुबली कालेज स्थानीय जमींदार बाबू तेजनारायणसिंह द्वारा १८८७ ई०में स्थापित हुआ है। अभी यह कालेज शहरसे थोड़ी ही दूर पश्चिम नाथनगरके समीप एक विशाल भवनमें उठ कर चला गया है। इसमें छात्रावास भवन भी संलग्न है। उक्त कालेजके अलावा एक सरकारी, तीन सरकारी साहाय्य-प्राप्त हाई स्कूल, एक शिक्षक ट्रेनिंग स्कूल तथा कई एक मिडिल और प्राइमरी स्कूल हैं। ट्रेनिंग स्कूलके पास ही सरकारी अस्पताल और पुलिस ट्रेनिंग स्टेशन है। यहांके कारागारमें बहुत बढ़िया कम्बल कैदियों द्वारा तैयार होता है। इसीके पास ही स्थानीय जमींदार बाबू रमणीमोहन द्वारा प्रतिष्ठित एक मवेशी अस्पताल भी है। शहरकी आबहवा कुल मिला कर स्वास्थ्यप्रद है।

भागलपुर युक्तप्रदेशके गोरखपुर जिलान्तर्गत घर्घरा नदी तीरस्थ एक नगर। यह अक्षा० २६° १०´ ४०´´ उ० तथा देशा० ८३° ५२´ पू०के मध्य अवस्थित है। जन-साधारणका विश्वास है, कि जामदग्न्य परशुरामने यहां पर जन्मग्रहण किया था। यहां एक सुप्राचीन प्रस्तर स्तम्भ विद्यमान है। किसीके मतसे परशुराम और किसीके मतसे राजा भीमसिंह उस स्तम्भके स्थापयिता माने जाते हैं। अलावा इसके यहां बहुसंख्यक ध्वंसा-वशेषका निदर्शन है।

भागलि (सं० पु०) भगला अपत्यार्थे बाह्वादित्वात् इञ् (पा ४।१।९६) १ भगलका गोत्रापत्य। २ तन्नामक गोत्रप्रवर्त्तक ऋषि।

भागलेय (सं० पु०) भागलिका गोत्रापत्य।

भागवंत (हिं० वि०) भाग्यवान्, खुशकिस्मत।

भागवत (सं० क्ली०) भगवतो भगवत्या वेदं भगवत् 'तस्येदं' इत्यण्। अष्टादश पुराणके अन्तर्गत एक महापुराण।

> "यत्राधिकृत्य गायत्रीं वर्ण्यते धर्मविस्तरः ।
> वृत्रासुरवधोपेतं तद्भागवतमिष्यते ॥"
> "लिखित्वा तच्च यो दद्याद्धेमसिंहसमन्वितम् ।
> प्रौष्ठपद्यां पौर्णमास्यां स याति परमं पदम् ॥"
> (मत्स्यपु० पुराणदानप्रस्ताव)

जो इस महापुराणको लिख कर प्रोष्ठपदी पूर्णिमामें दान करते हैं, वे विष्णुके परमपदको प्राप्त होते हैं। यह ग्रन्थ वेदव्यास-प्रणीत है और इसमें अठारह हजार श्लोक हैं।

भागवत-ग्रन्थ वेदान्तकी टीका स्वरूप है। वेदान्तशास्त्रमें ब्रह्मका जो निगूढ़ तत्त्व प्रकट किया गया है, भागवतमें उसीकी विस्तृत रूपसे व्याख्या की गई है। यह भागवतग्रन्थ अमृत-स्वरूप है। भागवतके प्रारम्भमें ही लिखा है :—

> "निगमकल्पतरोर्गलितं फलं शुकमुखादमृतं द्रवसंयुतम् ।
> पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः ।"
> (भाग० १।१।३)

यह वाक्य यथार्थमें ही सत्य है। वेदान्तके प्रथमसूत्रमें "जन्माद्यस्य यतः" आदि सूत्र निविष्ट हैं। भागवतके भी प्रारम्भमें "जन्माद्यस्य यतोन्वयादितरतश्चार्थेष्वभिज्ञः स्वराट्" इत्यादि वर्णित हुआ है। सम्पूर्ण वेदान्त शास्त्र अध्ययन करनेके बाद भागवतका अध्ययन करनेसे वेदांतका मर्म अच्छी तरह समझमें आ जाता है। यह कहनेमें अत्युक्ति नहीं कि भागवतकी तरह भगवद्भक्तिप्रधान और वेदांतका तात्पर्य-बोधक ऐसा ग्रन्थ दूसरा नहीं है। भागवत महापुराण है या उपपुराण, इस विषयको ले कर बहुत मतभेद है। इस सम्बन्धमें नाना पुराणोंमें नानारूप मत पाया जाता है। कोई कोई इसको उपपुराण और देवी भागवतको महापुराण कहते हैं।

पुराण शब्दमें विस्तृत विवरण देखना चाहिये।

भागवत (सं० त्रि०) भगवान् हरिः भगवती दुर्गा वाऽस्य देवतेति भगवत् (सास्य देवता। पा ४।२।२४) इति अण्। भगवद्भक्त, जो भगवानका भक्त हो। लक्षण इस प्रकार कहा है—

> "सर्वदेवान् परित्यज्य नित्यं भगवदाश्रयः ।
> रतस्तदीयसेवायां स भागवत उच्यते ॥"
> (पाद्मोत्तरखं० ९९ अ०)

जो अन्य समस्त देवताओंको छोड़ कर भगवानका आश्रय लेते हैं और उन्हींकी सेवामें रत रहते हैं, वे ही भागवत हैं।

> "सर्वभूतेषु यः पश्येद्भगवद्भावमात्मनः ।
> भूतानि भगवत्यात्मन्येष भागवतोत्तमः ॥"
> (हरिभक्तिवि०)

जो सकल भूतमें अपना भगवद्भाव अवलोकन करते हैं और भगवान एवं आत्मामें सबको देखते हैं वे ही भागवत प्रधान हैं।

> "शिवे च परमेशाने विष्णौ च परमात्मनि ।
> समबुद्ध्या प्रवर्त्तन्ते ते वै भागवतोत्तमाः ॥" (हरिभक्तिवि०)

जो शिव, परमेश्वर, विष्णु और परमात्मामें समान बुद्धि रखते हैं, वे ही भागवत प्रधान हैं। इस श्लोकके साथ 'सर्वदेवान् परित्यज्य' इस श्लोकका विरोध है; क्योंकि पहले कहा गया है कि जो सम्पूर्ण देवताओंको छोड़ कर भगवानका आश्रय लेते हैं और यहां कहा है, कि जो शिव और विष्णु आदिको समान समझते हैं वे ही भागवत हैं। जरा ध्यानसे विचार किया जाय, तो यहां विरोध कुछ भी नहीं है। विष्णुकी भक्ति करो और अन्य देवताओंको निन्दा करो ऐसा अभिप्राय यहां नहीं है। अनन्य चित्तसे भगवानका भजन करना ही इसका तात्पर्य है। जिनके समीप सर्वदा भागवत रहता है जो इस शास्त्रको प्रतिदिन पूजा करते और वही जिनको सबसे अधिक प्रिय है, वे ही महाभागवत हैं।

> "येषां भागवतं शास्त्रं सदा तिष्ठति सन्निधौ ।
> पूजयन्ति च ये नित्यं ते स्युर्भागवता नराः ॥

येषां भागवतं शास्त्रं जीविकादधिकं भवेत् ।
महाभागवताः श्रेष्ठा विष्णुना कथिता नराः ॥"
(हरिभक्तिवि० १० वि०)

हरिभक्तिविलासके १०वें विलासमें भागवत (भगवद्भक्त)-का विस्तृत विवरण लिखा है, अति संक्षेपमें उस विषयकी यहां आलोचना की जाती है ।

जो तुलसी-काननको देख कर भक्तिके साथ नमस्कार करते हैं, तुलसीकाष्ठकी माला धारण करते हैं और तुलसीकी गन्धसे परम पुलकित हो जाते हैं, वे भागवत प्रधान हैं । जो सर्वदा विष्णुकी कथा श्रवण करते हैं विष्णुके माहात्म्यादि कीर्त्तन करते हैं, विष्णुकी कथामें जिन्हें परम प्रीति है, वे ही भागवत प्रधान हैं ।

जो सर्वदा यत्नपूर्वक विष्णुकी प्रार्थना करते हैं और शुभ विष्णुक्षेत्रमें विष्णुकी प्रतिमा बना कर उनकी पूजा करते हैं और मनवचनकायसे विष्णुपरायण हैं, वे ही भागवत हैं । जो ब्राह्मण तापादि पञ्चसंस्कारोंसे युक्त हैं, नव इज्या कर्मकारक हैं, अर्थपञ्चक-विशिष्ट हैं, वे ही भागवतप्रधान हैं । जो महाविपत्तिमें पड़ने पर भगवान विष्णुके प्रति अविचलित भक्ति रखते हैं, जिनका चित्त भगवान विष्णुके सिवा अन्यत्र निविष्ट नहीं होता, वे ही भागवतप्रधान हैं ।

"तापादिपञ्चसंस्कारी नवेज्या कर्मकारकः ।
अर्थपञ्चकविद्विप्रो महाभागवतो हि सः ॥
यस्य कृच्छ्रगतस्यापि केशवे रमते मनः ।
न विच्युता च भक्तिर्वै स वै भागवतो नरः ॥
आपद्गतस्य यस्येह भक्तिरव्यभिचारिणी ।
नान्यत्र रमते चित्तं स वै भागवतो नरः ॥"
(हरिभक्तिविलास, १० वि०)

भागवती (सं० स्त्री०) वैष्णवोंकी एक प्रकारकी कंठी जिसे वे गलेमें पहनते हैं और जिसके दाने बिलकुल गोल गोल होते हैं ।

भागवतोत्पल स्पन्दप्रदीप नामक तन्त्रग्रन्थके प्रणेता ।

भागवान (हिं० वि०) भाग्यवान देखो ।

भागविज्ञेय (सं० पु०) सांख्यकारिकाधृत दार्शनिकभेद ।

भागवित्त (सं० पु०) ऋषिभेद ।

भागवित्तायन (सं० पु०) भागवित्तिका गोत्रापत्य ।

भागवित्ति (सं० पु०) तूक्षनामक ऋषिभेद ।

भागवित्तिक (सं० पु०) भागवित्तेः कुत्सायां यून्यपत्ये वा ठक् । तदीय कुत्सित युवा अपत्य ।

भागवृत्ति (सं० स्त्री०) उणादिवृत्तिभेद ।

भागशस् (सं० अव्य०) भाग-वारार्थे शस् । भाग भागमें ।

भागसिंह पञ्जाबके एक अहलू-वालिया सरदार । इन्होंने जेसासिंहके बाद मिसलके अधिपति हो कर रामगढ़ियोंके साथ कई बार युद्ध किया था । १८०१ ई०में इनकी मृत्यु हुई ।

भागसिद्ध (सं० पु०) एक प्रकारका हेत्वाभास ।

भागहर (सं० त्रि०) हरतीति हृ-अच्, भागस्य हरः अंशग्राही, भाग या अंश लेनेवाला ।

भागहार (सं० पु०) भागस्य हारो हरणम् । गणितमें किसी राशिको कुछ निश्चित अंशोंमें विभक्त करनेकी क्रिया, भाग । भाग देखो ।

भागहारिन् (सं० त्रि०) भागं हरति हृ-णिनि । अंशग्राही ।

भागा पञ्जाबप्रदेशके कांगड़ा उपविभागके मध्य हो कर प्रवाहित एक गिरिनदी । यह गिरिसङ्कटके उत्तर-पश्चिम स्थित तुषारावृत हिमशिखरसे निकल कर जनशून्य पर्वत पर प्रायः ५० मील विचरण करती हुई लाहुल उपत्यकामें केलङ्ग ग्रामके निकट हो कर बह गई है । पीछे यह तण्डी नगरके समीप चन्द्र नामक शाखानदीमें मिल कर 'चन्द्रभागा' नामसे बजती है ।

भागापहारजाति (सं० स्त्री०) भग्नांशके जिस हर द्वारा समान किया जाता है अथवा योग या वियोग द्वारा किसी एक भग्नराशिको दूसरी राशिके साथ समान किया जाता है, ऐसा अङ्कप्रकरणविशेष ।

भागार्थिन् (सं० त्रि०) भागं अर्थयति अर्थ-णिनि । भागप्रार्थी ।

भागार्ह (सं० त्रि०) भागस्य अर्हः । जो भाग देने योग्य हो, विभक्त करनेके लायक ।

भागासुर (सं० पु०) पुराणानुसार एक असुरका नाम
। [illegible]

भागिक (सं० त्रि०) भाग (भागाद्यच्च । पा ५।१।४९

इति पक्षे ठन्। वृद्धिके लिये दत्त मुद्रादि, वह ऋण जो ब्याज पर दिया जाय।

भागिन् (सं० त्रि०) भज-घिनुण्। १ अंशविशिष्ट। (पु०) २ शिव। ३ हिस्सेदार, शरीक। ४ अधिकारी, हकदार।

भागिनेय (सं० पु०) भगिन्या अपत्यं भगिनी (स्त्रीभ्यो-ढक्। पा ४।१।१२०) इति ढक्। भगिनीपुत्र, बहनका बेटा, भानजा। पर्याय स्वस्त्रीय, स्वस्त्रिय। भगिनीपुत्र मुख्य प्रतिनिधि है अर्थात् प्रतिनिधि देनेमें भागिनेय ही सर्वापेक्षा श्रेष्ठ है। जिस प्रकार पुत्रादिका प्रतिपालन करना कर्त्तव्य है, उसी प्रकार भागिनेयका भी उचित है।

ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये लोग भागिनेयको गोद नहीं ले सकते, किन्तु शूद्रके लिये निषिद्ध नहीं है।

"दौहित्रो भागिनेयश्च शूद्रैस्तु क्रियते सुतः।
ब्राह्मणादित्रये नास्ति भागिनेयसुतः क्वचित्॥"

(दत्तकचन्द्रिका)

भागिनेयकी मृत्यु पर मामाको पक्षिणी अशौच होता है और मामाकी मृत्यु पर भी भागिनेयको उसी प्रकार अशौच होता है। (शुद्धितत्व)

भागिनेयी (सं० स्त्री०) भगिनी-ढक् स्त्रियां ङीप्। भगिनीकी कन्या, बहनकी लड़की, भानजी।

भागी (सं० पु०) भागिन् देखो।

भागीयस् (सं० त्रि०) अतिशयेन भागीय ईयसुन्, इनो-लोपः। अतिशय भागयुक्त।

भागीरथ (सं० पु०) भगीरथ देखो।

भागीरथभारती—एक परिव्राजक परमहंस। १८७४ ई०में ये विद्यमान थे। इन्होंने पैदल दक्षिणमें सेतुबन्ध रामेश्वर, पूर्वमें आसाम-सीमान्तवर्त्ती पर्वतमाला, पश्चिममें काबुल, कन्धार, हिङ्गुलाज और खोरासन तथा उत्तरमें हिमालय पर्वत पार कर भोटदेशके मध्य होते हुए पश्चिमकी ओर चीनतातारके अन्तर्गत यारकन्द नगर तक परिभ्रमण किया था। १८११ ई०में ये एकदङ्गली गोसांईके जहाज पर चढ़ कर अरबदेशके मसकट नगरमें पहुंचे। वहांसे फिर समुद्रपथसे मोरीसस द्वीप गये। मोरीसस द्वीपसे लौटते समय इन्होंने आदेन और मक्का नगरको पीछे छोड़ते हुए १७।१८ दिनके बाद भूमध्यसागरके पश्चिमोत्तर देशमें एक पर्वतके ऊपर ज्वालामुखीका दर्शन किया था।*

भागीरथी (सं० स्त्री०) भगीरथस्येयं अण् ङीप्। गङ्गा, जाह्नवी। राजाभगीरथ ही इस लोकमें गङ्गाको लाये थे। इसीलिये उसका यह नाम पड़ा।

"भगीरथेन सा नीता तेन भागीरथी स्मृता।
इत्येष कथितं सर्व गङ्गोपाख्यान मुत्तमम्॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० गङ्गोपाख्या०)

विशेष विवरण गङ्गा शब्दमें देखो।

भागीरथी वङ्गदेशमें प्रवाहित गङ्गानदीकी एक शाखा। यह मुर्शिदाबाद जिलेके सूती थानाके अन्तर्गत छापघाटी ग्रामके मूल नदीसे विच्छिन्न हो कर दक्षिणकी ओर दौड़ गई है। त्रिपुरहाके समीप मुर्शिदाबाद जिलेका परित्याग कर पलाशीके विख्यात युद्धक्षेत्र होती हुई नवद्वीपके निकट यह नदी जलङ्गीके साथ मिलती है। पीछे हुगली नामसे कलकत्ता राजधानीके सम्मुख हो कर बह गई है। जलङ्गीको छोड़ कर मुर्शिदाबाद जिलेके बांसलोई, पागला, मोर, द्वारका, अजय और खड़ी नामक छोटी छोटी स्रोतस्विनी इसके कलेवरको बढ़ाती है। जङ्गीपुर, मुर्शिदाबाद, जियागञ्ज, बहरमपुर, कटोवा, नवद्वीप, हुगली, कलकत्ता आदि नगर भागीरथीके किनारे अवस्थित हैं।

हिन्दू लोग इस पुण्यतोया भागीरथीको परम पवित्र मानते हैं। पुराणमें सगरवंशके उद्धारके लिये सूर्यवंशावतंस भगीरथ कर्त्तृक गङ्गा लानेकी जो किम्वदन्ती है, इस पवित्रसलिला शाखा नदीके ऊपर वही आरोपित हुई है। कहते हैं, कि भगीरथ वङ्गदेश हो कर गङ्गादेवीको ले गये थे, इसी कारण यहां पर देवनदीका भागीरथी नाम पड़ा है। भगीरथ जब कपिलके शापसे भस्मीभूत सगरवंशके प्रकृत पथको न दिखला सके। तब गङ्गा,

---

* परमहंसका कहना है, कि वह पर्वत रूमशाम देशके निकटवर्ती है। तुरुष्कका नाम रूम और सिरियाका नाम शाम है। सुतरां वह ज्वालामुखी सिसली द्वीपस्थ आत्नेगिरिके जैसा प्रतीत होता है।

सौ धाराओंमें विभक्त हो कर उनके अन्वेषणमें निकली। इसीसे भागीरथीका शतमुखी मुहाना नदीजालसे विजड़ित है। इस नदीके मुहाने और समुद्रके मध्यवर्त्ती सागरद्वीपमें सागरयात्रीगण सगरवंशकी लीलाभूमिके दर्शन करते हैं।

२ युक्तप्रदेशके गढ़वाल जिलेमें प्रवाहित गङ्गाकी अङ्गभूत नदीविशेष। यह गङ्गोत्तरी शिखरकी तुङ्गभूमिसे निकल कर गढ़वाल राज्यके पार्वतीय वक्षको जलसिक्त कर देवप्रयागके निकट अलकनन्दासे मिलती है। यहां पर इसका आकार छोटा होने पर भी हिन्दू लोग इसीको भागीरथसे लाई गई पवित्र वारिधारा मानते हैं। बहुतों का विश्वास है, कि यह भागीरथी अलकनन्दा सम्मिलन पर गुप्त भावमें गङ्गा नामसे प्रवाहित हो कर पुनः मुर्शिदाबादके निकट स्वतन्त्रता लाभ करके भागीरथी नामसे सागरसङ्गममें मिलती है। गङ्गा देखो।

भागीरथी युक्तप्रदेशके गढ़वाल राज्यके अन्तर्गत एक गिरिशृङ्ग। यह भागीरथीकी उत्पत्तिस्थान गङ्गोत्तरी शिखरके समीप ही अवस्थित है। इसकी ऊंचाई समुद्रपृष्ठसे २१३१० फुट है।

भागुरिमिश्र जलाशयप्रतिष्ठा और प्रसादप्रतिष्ठा नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भागुरि (सं० पु०) १ भागुरिस्मृतिके प्रणेता एक ऋषिका नाम। कमलाकरने इनका उल्लेख किया है। २ एक वैयाकरण और आभिधानिक। हलायुध, क्षीरस्वामी आदिने इनका नामोल्लेख किया है। ३ एक ज्योतिर्विद् (बृ० स० ४८।२) पर्याय शतक्रुम्पक।

भागोजीनायक महाराष्ट्र-देशवासी एक भील सरदार। भीलोंकी नायकता ग्रहण कर ये अंग्रेजोंके विद्रोही हुए थे। १८५७ ई०में जब उत्तर भारतमें सिपाही विद्रोह जारी था, तब ये दक्षिण-भारतमें वैर-निर्यातनके उद्देशसे हाथमें तलवार ले अंग्रेजोंके विरुद्धाचारी हो गये थे।

पहले यह भील सरदार अहमदनगरमें अंग्रेज गवर्मेण्टके अधीन पुलिसमें काम करते थे। १८५५ ई०में ये दङ्गामें पकड़े जानेके कारण कैद किये गये। उस समय पार्श्ववर्त्ती भील राज्यमें भी विद्वेषाग्नि प्रधूमित हो रही थी। कहीं निजाम राज्यसे भील लोग आ कर अहमदनगर पर चढ़ाई न कर दे, इस भयसे अंग्रेज लोग विशेष सतर्क हो रहे थे। उत्तर भारतके सिपाही विद्रोहके भावी फलकी आशङ्कासे ही अंग्रेजोंने सबको अस्त्र-त्यागका आदेश दे दिया। भागोजी कारामुक्त होनेके बादसे प्रतिहिंसानलमें जर्जरित हो रहे थे। महासाहसी भागोजीको यह आदेश अच्छा नहीं लगा। वे अपनी जन्मभूमि नान्दुर सिङ्गोट ग्राम छोड़ कर निकट ही पूनासे नासिक जानेके मार्गमें दल बल सहित अवस्थिति करने लगे। उनकी गम्भीर प्रकृति उनकी शक्तिकी परिचायक थी। एक दिनमें उनके छत्र तले प्रायः ५० आत्मीय आ उपस्थित हुए। वे सभी अंग्रेजोंसे बदला लेनेको तयार थे।

इस संवादको पा कर अंग्रेजोंकी तरफसे लेफ्टनेन्ट हेनरी थेचर मात्र ५० सेनाको ले कर उनके दमनार्थ अग्रसर हुए। दोनों दलोंके संघर्षसे एक खण्ड-युद्ध हो गया। उसमें भीलोंके हाथसे हेनरी आदि कितने ही अंग्रेज मारे गये। इस युद्धसे उत्साहित हो कर समग्र भील-जातिने आ कर इनका साथ दिया। इस प्रकार क्रमशः उनके अधीन ७ हजार भील इकट्ठे हो गये। उक्त युद्धके १४ दिन बाद (ता० १८ अक्टोबरको) आकोलाके अन्तर्गत समशेरपुर पर्वत पर भागोजीके साथ अंग्रेज-सेनापति मेकनगी द्वारा परिपालित २६ पदातिकोंका संघर्ष हुआ। इस युद्धमें अंग्रेज पक्षके लेफ्टनेन्ट ग्रेहम और मि० नैपमैन आहत हुए थे।

एक ओर भील विद्रोहके दमनके लिए अंग्रेज लोग जैसे व्यस्त थे दूसरी ओर विद्रोहीगण भी उसी प्रकार मत्तताके साथ नासिक, खानदेश और निजाम-राज्यमें युद्ध विग्रहादि द्वारा साधारणके हृदयमें आतङ्क उत्पन्न कर रहे थे। अब तक उन्होंने अहमदनगरमें पदार्पण नहीं किया था। १८५८ ई०में ग्रीष्मऋतुमें भागोजी और हरजी नामक भील सेनादलको ले कर अहमदनगर आ उपस्थित हुए। सङ्गमनेरसे ४ कोस दक्षिण-पूर्वमें अम्भोरादर नामक स्थानमें भील और अंग्रेजोंमें युद्ध हुआ। इस युद्धमें भीलपक्षके भागोजीके पुत्र यशवन्त मारा गया और कई एक घायल हुए।

फिर शीतके प्रारम्भमें भागोजीने भील दल एकत्र करके कोरहाला और कोपरगांव लूटा। इस संवादको

पा कर अंग्रेज-सेनापति नुटलने उनका पीछा किया। लगातार १४ दिन तक सह्याद्रिकी कन्दराओंमें घूमते हुए शत्रुकी आंखोंमें धूल झोंक फिर वे अहमदनगर आ पहुंचे। उसी वर्ष ११ नवम्बरको नासिक जिलेके अन्तर्गत सिन्नर उपविभागके मिठसागर ग्राममें भागोजीके साथ अंग्रेज-सेनापति सूटरके साथ युद्ध हुआ। इस युद्धमें भागोजी नायक दलबल-सहित मारे गये। उनकी मृत्युके बाद दो-एक भील-सम्प्रदाय उनके साथ मिलनेके लिए अग्रसर हुए थे, परन्तु उन्हें शीघ्र ही अंग्रेजों द्वारा उपयुक्त दण्ड मिल गया था।

भाग्य (सं० क्ली०) भज्यतेऽनेन इति भज (ऋहलोर्ण्यत्। पा ३।१।१२४) इति ण्यत् (चजोः कुघिण्ण्यतोः। पा ७।३।५२) इति कुत्वं। १ प्राक्तन, शुभाशुभकर्म। पर्याय दैव, दिष्ट, भागधेय,नियति, विधि, प्राक्तन-कर्म, भवितव्यता शुभाशुभ कर्म।

भाग्यका सिद्धान्त प्रायः सभी देशों और जातियोंमें किसी न किसी रूपमें माना जाता है। हमारे शास्त्रकारोंका मत है, कि हम लोग संसारमें आ कर जितने अच्छे या बुरे कर्म करते हैं, उन सबका कुछ न कुछ संस्कार हमारी आत्मा पर पड़ता है और आगे चल कर हमें उन्हीं संस्कारोंका फल मिलता है। इसी संस्कारको भाग्य या कर्म कहते हैं और इसीके द्वारा हम लोग सुख या दुःख पाते हैं। एक जन्ममें जो शुभ या अशुभ कृत्य किये जाते हैं उनमेंसे कुछका फल उसी जन्ममें और कुछका जन्मान्तरमें भोगना पड़ता है। इसी विचारसे यहां भाग्यके चार विभाग किये गये हैं, यथा—संचित प्रारब्ध, क्रियमाण और भावी। प्रायः लोगोंका यही विश्वास रहता है, कि संसारमें जो कुछ होता है, वह सदा भाग्यसे ही होता है और उस पर मनुष्यका कोई अधिकार नहीं होता।

> "समुद्रमन्थने लेभे हरिर्लक्ष्मीं हरो विषम्।
> भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्॥" (उद्भट)

भाग्यमें जो होगा उसकी अन्यथा करनेका किसीका साध्य नहीं है।

२ उत्तर-फल्गुनी नक्षत्र। (त्रि०) ३ भागिक, जो भाग करनेके योग्य हो।

भाग्यवत् (सं० त्रि०) भाग्य अस्त्यर्थे मतुप्, मस्य व। भाग्ययुक्त, भाग्यवान।

भाग्यभाव (सं० पु०) भाग्यविषयक शुभाशुभ विषय, तकदीर सम्बन्धी अच्छा या बुरा भाव। जातकके जन्म लग्नसे नवम स्थानमें भाग्यविषयक शुभाशुभ विचार किया जाता है। जातकाभरणमें लिखा है :

> "भाग्यस्थानं परं ज्ञेयं विहाय भवनान्तरम्।
> आयुर्विद्या यशो वित्तं सर्वं भाग्ये प्रतिष्ठितम्॥
> विहाय सर्वं [illegible] भाग्यालयं केवलमेव यत्नात्।
> आयुश्च माता च पिता च वंशो भाग्यान्वितेनैव
> भवन्ति धन्याः॥"

लग्न आदि अन्यान्य स्थान त्याग कर पहले भाग्य स्थानकी चिन्ता करना विशेषरूपसे आवश्यक है, क्योंकि आयु, विद्या, यशः और वित्त ये सभी भाग्याधीन हैं। इस कारण ज्योतिर्विद् पण्डितोंको अन्यान्य चिन्ता छोड़ कर यत्नके साथ भाग्य चिन्ता करनी चाहिए। भाग्यवान् व्यक्तिका जीवन, माता, पिता और वंश सब कुछ धन्य है।

लग्न और चन्द्रसे नवम स्थानको भाग्यभाव कहते हैं। उस स्थानके अधिपति शुभग्रह यदि उसी स्थानमें रहें, अथवा उस स्थानमें उक्त शुभग्रहकी दृष्टि रहे, तो मनुष्य स्वदेशोद्भव भाग्यफल भोग करता है। और यदि वह भाग्यस्थान अधिपतिके सिवा अपने उच्च गृहस्थ शुभग्रह द्वारा दृष्ट वा युक्त हो, तो मनुष्य देशान्तरमें भाग्यवान् होता है। परन्तु क्रूरग्रह द्वारा दृष्ट वा युक्त होनेसे भाग्यहीन हो कर विविध दुःख भोग करता है। भाग्येश्वर यदि बलवान हो कर भाग्यस्थानमें अथवा स्वगृहमें रहे, तो उस स्थानके ग्रह संस्थानका विचार कर शुभाशुभका विवेचन किया जाता है। जिसके जन्मकालमें लग्नस्थ तृतीयस्थ और पञ्चमस्थ बलवान् ग्रहकी नवम स्थानमें दृष्टि हो, वह व्यक्ति रूपवान विलासशील और बहु अर्थ युक्त होता है। जो जन्मकालमें नवमस्थ ग्रह स्वगृहस्थित हो कर शुभग्रह द्वारा लक्षित होता है, वह मनुष्य भाग्यशाली और कुलभूषण हुआ करता है। नवमस्थ रवि और मङ्गल यदि पूर्णेन्दुयुक्त और बलवान् हो, तो मनुष्य अपने वंशकी मर्यादाके अनुसार शुभग्रहकी दशामें राजमंत्री अथवा राजा होता है। यदि कोई ग्रह भाग्यस्थानमें

हो तथा गृह उसका उच्च स्थान हो तो वह मनुष्य ऐश्वर्यशाली होता है, और शुभग्रह द्वारा दृष्ट होनेसे मनुष्य बलवान् विलासशील और पति होता है। इसी प्रकार भाग्य-परीक्षा की जाती है। (जातकाभरण)

भाङ्ग भांग देखो।

भाङ्गक (सं० क्ली०) छिन्नवस्त्र, फटा कपड़ा।

भाङ्गड़माट बङ्गालके २४ परगने जिलान्तर्गत एक गण्ड ग्राम। यह अक्षा० २२´ ३१ उ० तथा देशा० ८८´ २८ पू०के मध्य भाङ्गड़ नामक खालके ऊपर अवस्थित है। प्रतिवर्ष यहांके मुसलमान साधुके उद्देशसे एक मेला लगता है।

भाङ्गा १ अयोध्याप्रदेशके बहराइच जिलान्तर्गत एक नगर। यह राप्ती और नाकला नदीके अन्तर्वेदीके ऊपर अवस्थित है। यहां एक विस्तीर्ण आम्रकानन है। २ फरीदपुरका एक उपविभाग।

भाङ्गासूरि (सं० पु०) ऋतुपर्णके वंशमें उत्पन्न एक राजाका नाम। (महा० ३ पर्व)

भाङ्गिन (सं० त्रि०) भङ्गाया भवनं क्षेत्रमिति (विभाषातिल माषोमा भङ्गाणुभ्यः। पा ५।२।४) इति पक्षे खञ्। भङ्गाक्षेत्र।

भाङ्गिल (सं० क्ली०) काश्मीरस्थ नगरभेद।
(राजतरङ्गिणी ७।४६४)

भाङ्गिलेय (सं० पु०) भाङ्गिलदेशजातमात्र।

भाचक (सं०पु० कान्तिवृत्त।

भाज बम्बई प्रदेशके पूना जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह कार्ली रेल-स्टेशनसे १ कोस दक्षिणमें अवस्थित है। निकटवर्ती शैलके ऊपर १७ गुहामन्दिर और चैत्यादि विद्यमान हैं। कहते हैं, कि ये सब बौद्धप्राधान्यके समय बनाये गये थे।

भाजक (सं० त्रि०) भज ण्वुल्। १ भागकारक, विभाग करनेवाला। (पु०) २ वह अंक जिससे किसी राशिको भाग दिया जाय।

भाजकांश (सं० पु०) भाजकोंऽशः। गुणनीयक, वह संख्या जिससे किसी राशिको भाग देने पर शेष कुछ भी न बचे।

भाजन (सं० क्ली०) भाज्यते इति भाज-पृथक् करणे ल्युट्। १ पात्र, बरतन। २ आधार। ३ योग्य, पात्र। ४ आढक नामकी तौल।

भाजनता (सं० स्त्री०) भाजनस्य भावः तल्-टाप्। भाजनत्व, पात्रता, योग्यता।

भाजित (सं० त्रि०) भाज्यते स्मेति भाज-क्त। १ पृथक् कृत, अलग किया हुआ। २ जिसको दूसरी संख्यासे भाग दिया गया हो। भावे क्त (क्ली०) ३ भाग।

भाजिन (सं० पु०) भज-सेवायां णिनि। सेवक, नौकर।

भाजी (सं० स्त्री०) भाज्यते इति भाज कर्मणि घञ्, भाज (जानपदकुण्डगोणस्थल भाजनागेति। पा ४।१।४२) इति ङीप्। १ व्यञ्जनविशेष, तरकारी, साग आदि। २ मांड़, पीच। ३ मेथी।

भाज्य (सं० त्रि०) भज्यते भज-कर्मणि ण्यत्। १ भजनीय, विभाग करनेके योग्य। (पु०) २ वह अंक जिसे भाजक अंकसे भाग दिया जाता है।

भाट निम्नश्रेणीकी एक ब्राह्मणजाति। श्राद्धादिमें दान-ग्रहण, राजाके आगमनकालमें स्तुति-पाठ आदि इनके कार्य हैं। श्राद्धमें दान-ग्रहण और स्तुतिवादके कारण ये निम्नश्रेणीके ब्राह्मणोंमें शामिल किये गये हैं। दक्षिण भारतके सिवा प्रायः समग्र भारतमें इनका वास है। इनकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें नाना प्रकारकी किम्वदन्तियां प्रचलित हैं। किन्हीं किन्हींका कहना है, कि क्षत्रिय पिता और विधवा ब्राह्मणी मातासे इनकी उत्पत्ति है। अन्योंका विश्वास है कि, ये मनु-वर्णित मागधजातिके ही वंशधर हैं। किसीके मतसे वैश्य पिता और कायस्थ मातासे इनकी उत्पत्ति है और कोई कोई विद्वान् ऐसा भी कहते हैं, कि महादेवने अपने वृष और सिंहकी रक्षाके लिए भाटोंकी सृष्टि की थी; परन्तु भाट अपनी दुर्बलता वश सिंहके पंजेसे वृषकी रक्षा करनेमें क्रमशः असमर्थ होने लगे। प्रतिदिन सिंह सांढ़ोंका प्राण-संहार करने लगा। यह देख शूलपाणिने अत्यन्त विरक्त हो कर भाटोंसे अधिक बलवान चारणोंकी सृष्टि की। तबसे सिंह वृषके संहार करनेमें अकृतकार्य हुआ। मतान्तर इस प्रकार भी है, कि ब्रह्माकी यज्ञाग्निसे दो पुरुषोंकी उत्पत्ति हुई थी। महाकालीने उन्हें पिपासातुर देख कर स्तन्य पान कराया, जिससे उनके जीवनकी रक्षा हुई। उनका नाम मागध और सूत था। इनका क्रमसे पूर्व

और पश्चिममें वासस्थान निर्दिष्ट हुआ। इन्हींकी सन्तति भाट नामसे प्रसिद्ध हुई।

किन्हींका मत है कि, कालीने राक्षसोंको निधन करते समय अपने अद्भुत कीर्त्तिकलापको मानव-समाजके समक्ष प्रकट करनेके लिए अपने स्वेदकणसे भाटोंकी सृष्टि की। किन्हींका ऐसा मत है कि, जो निकृष्ट ब्राह्मणगण राजसभामें तथा सेनाके साथ सर्वदा गमनागमन करके पूर्वपुरुषोंके कीर्त्तिकलापोंका कीर्त्तन पूर्वक राजा और सैनिकोंको उत्साहित और उल्लासित करते थे, वर्त्तमान भाटगण उन्हींके वंशधर हैं। महाभारतमें, कुरुक्षेत्रसे हस्तिना लौटते समय भाटोंके साथ युधिष्ठिर का साक्षात्कार हुआ था, ऐसा उल्लेख है। उक्त महाकाव्यमें ये ब्राह्मण कहे गये हैं। ऐसे अनेक प्रमाण पाये जाते हैं, कि जिनसे इन्हें ब्राह्मण ही प्रमाणित किया जा सकता है। ये यज्ञोपवीत धारण करते हैं, नीच जातिके लोग इन्हें महाराज कह कर पुकारते हैं। ये अपने अपने प्रभुको यजमान और अपनेको यज्ञयाजक कहते हैं। परंतु किञ्चित् विवेचना करने पर मालूम होता है कि राजपूत आदि जातियां व्यवसायके कारण भाट संज्ञाको प्राप्त हुई हैं और वे इन्होंमें मिल गई हैं।

चारणगण भाटोंके समान ही हैं। इनकी उत्पत्ति और कार्यादि भाटोंके सदृश हैं। (चारण देखो)

उपर्युक्त किम्वदन्तियों और भाटोंकी वर्त्तमान सामाजिक अवस्था पर विचार करनेसे मालूम होता है, कि ये उत्कृष्ट वर्णसे जातिच्युत हो कर निकृष्टत्वको प्राप्त हुए हैं, अथवा पूर्व-वर्णित मागधादि सङ्कर-वर्णसे राजवंशानुकीर्त्तन आदि द्वारा राजप्रासाद और प्रतिष्ठा प्राप्त करके ये क्रमशः उच्चवर्णका परिचय दे रहे हैं। कुछ भी हो, बङ्गालके भाटगण क्षत्रियके औरस और विधवा ब्राह्मणीके गर्भसे अपनी उत्पत्तिको स्वीकार नहीं करते। उनका कहना है कि, बङ्गालके आदिशूर द्वारा कनौजसे लाये गये पञ्च ब्राह्मणोंके वंशधरोंकी राढ़देशमें विस्तृतिसे पहले बङ्गालमें जिन यज्ञयाग-हीन ब्राह्मणोंका वास था, उनकी एकतम शाखा, जो घटकतावृत्ति द्वारा जीविका निर्वाह करती थी, उसीके ये वंशधर हैं। बल्लालसेनकी कौलीन्यमर्यादा ग्रहण करनेमें असमर्थताके कारण ये बंगालसे विताड़ित हुए थे। इस प्रकार राजानुग्रहसे वञ्चित होनेसे तथा बंगालके सामाजिक दशामें निरुपाय अवस्थामें आ पड़नेसे क्रमशः इनकी अवस्था विपरीत होने लगी और इस तरह ये क्रमशः श्राद्धादिका हेय दान ग्रहण करनेके लिए वाध्य हुए। यही कारण है, कि आज भाटगण इस प्रकार निकृष्ट वर्णत्वको प्राप्त हुए हैं।

वास्तवमें अब भी श्रीहट्टके राढ़ीय ब्राह्मणगण भाटोंके साथ एकत्र भोजन करते हैं। किन्तु ढाका और त्रिपुराकी तरफ ये अस्पृश्य समझे जाते हैं। वहां ये छत्रादि बना कर उदरपूर्त्ति करते हैं।

ये भरद्वाज, विरत, दसौंधि, ब्रह्मभाट, जाग, कैथिया, महापात्र, राय और राजभाट इन नौ शाखाओंमें विभक्त हैं। उपशाखाओंमें बुलन्द शहरके गयहर, मथुराके बड़वार, इटावाके आदभील और चन्द, कानपुरके लाहौर, इलाहाबादके गङ्गवार, गाजीपुरके बन्दीजन आजमगढ़के लखौलिया, उनाव और सीतापुरके कनौजिया, रायबरेलीके आमसोलिया, फैजाबादके आदभील, बन्दीजन दक्षिणवार और गङ्गावार, गोण्डाके बरसिया, सुलतानपुरके भाट, गङ्गवार, मधुरिया और राणा, प्रतापगढ़के गन्ध, गङ्गवार, और जुझहैत, तथा बाराबङ्कीके बरसिया आदि प्रसिद्ध हैं।

जातितत्त्वविद् इलियटका मत है कि भाट और जाग जाति एक ही है। कार्यकी विभिन्नतासे ये ब्रह्मभाट या जाग्गी, जाग भाट और राजभाट नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। किसी विशेष कार्यविभागमें पूर्वोक्त भाटगण नियोजित हुए थे। शेषोक्त भाटगण विवाह अथवा निमन्त्रणमें पूर्वपुरुषोंके कीर्त्तिकलाप गाते हैं और प्रत्येक वंशकी धारावाहिक तालिका रख देते हैं। ये दो या तीन वर्ष बाद अपने अपने यजमानोंके पास जाते हैं और उनके अज्ञातसारमें जो घटनाएं हुई हैं उन्हें तथा जन्ममृत्युका विशेष विवरण लिख कर यजमानोंके अवस्थानुसार रुपये, पशु और वस्त्रादि ले कर लौट आते हैं। राजपूताना और दिल्लीके सन्निकटस्थलोंमें, गङ्गापारवर्ती हस्तनगर और अयोध्याके उत्तरांशमें इनका प्रधान वासस्थान है। रोहिलखण्डमें गौड़ ब्राह्मण ही भाटोंका कार्य करते हैं। किसी किसीने इनका प्रधानतः आदभील, महापात्र, कैथिया,

मैनपुरीवाल, जङ्गिर, भट्टर और दशौन्धि इन सात श्रेणियोंमें विभक्त किया है। परन्तु इस प्रकार श्रेणि-विभाग करनेसे सौरानी जातीय आदि थोक किसी प्रकार भी इसके अन्तर्गत नहीं किया जा सकता।

जो भाट मुसलमानोंके प्रादुर्भावसे इसलाम धर्ममें दीक्षित हुए थे, वे तुर्कभाट या मुसलमान भाट कहलाते हैं। अब वे मुसलमानोंकी तरह क्रिया करते हैं, फिर भी उन्होंने पूर्वपुरुषार्जित वंशानुकीर्त्तन प्रथाको नहीं छोड़ा है।

विवाहपद्धति।—उच्च जातियोंकी भांति इनमें भी गोत्रानुसार विवाह प्रथा प्रचलित है। मिर्जापुर आदि स्थानोंमें बहनकी कन्या, फूफूकी कन्या, शालेकी लड़की और मामाकी लड़कीके साथ विवाह नहीं होता। स्त्रीकी बहन बची न हो तो उसके साथ विवाह हो सकता है। साधारणतः कम उम्रमें ही यथासाध्य यौतुक दे कर कन्याएं ब्याही जाती हैं। पिता गरीब होने पर कभी कभी ज्यादा उम्रमें भी कन्याका विवाह हुआ करता है। परन्तु उससे पिताकी निन्दा होती है। दरिद्र पिता यदि शुल्क ग्रहण करे, तो भी समाजमें यह अपवादजनक है। विधवा-विवाह और निःसन्तान भ्रातृजायाके साथ विवाह निषिद्ध है।

पुत्र उत्पन्न होने पर तथा कन्यादानके समय नान्दीमुख श्राद्ध किया जाता है। इनमेंसे हिन्दू कानूनके अनुसार उत्तराधिकारका अधिकार प्रचलित है। परन्तु बंगालमें घनिष्ठ ज्ञाति मौजूद होने पर दौहित्र उत्तराधिकारी नहीं हो सकता।

मुसलमान भाट 'तुर्कभाट'के नामसे प्रसिद्ध हैं। पूर्व भारतके मुसलमान भाटोंका कहना है, कि वे राजा नैन सिंहके अधीन कार्य करते थे। जोनाथन डनकान साहबने हिंसापरवश हो कर बलपूर्वक उन्हें मुसलमान बना लिया तथा पश्चिमदेशवासी भाटोंको साहबउद्दीन महम्मद घोरीने मुसलमान बनाया था। उनमें हिन्दू और मुसलमान दोनों जातिके आचार प्रचलित हैं। वे हिन्दुओंकी तरह विवाहके समय पुरोहित द्वारा हिन्दू-प्रथानुसार कन्यादानका कार्य सम्पादन कराते हैं। उसके बाद वे मुसलमान काजी द्वारा निकाह आदिका कार्य कराते हैं। मुसलमान भाट धनियोंके घर गा बजा कर जीविका-निर्वाह करते हैं। मिर्जापुरियोंमें राव, काकुरीगण, खावानी, राजभाट और बन्दीजन उपशाखाएं पाई जाती हैं। ये बालकोंकी सुन्नत कराते और मृतदेहको गाड़ते हैं, फिर भी हिन्दुओंकी श्राद्धादि क्रियाएं इनमें प्रचलित हैं।

हिंदू भाटगण धर्मनिष्ठ हैं तथा शैव और वैष्णव इन दो सम्प्रदायोंमें विभक्त हैं। प्रचलित हिंदू-देवदेवियोंके सिवा वे बड़वीर, महावीर और शारदाकी आराधना करते हैं। वैशाख संक्रान्तिमें रन्धनशालामें लड्डू और होम द्वारा गौरीपति अर्थात् शिवकी अर्चना की जाती है। वैशाखमासके मङ्गलवारमें घटस्थापन करके लड्डू, उपवीत, पुष्पमाला आदि द्वारा महावीरकी पूजा होती है। संक्रामक-रोगका प्रभाव होने पर ये भवानीकी आराधना करते हैं।

भाट (सं० पु०) १ वर्णसङ्कर जातिविशेष। २ स्तुति, पाठक। ३ राजदूत। ४ भाड़ा।

भाट (हिं० स्त्री०) १ वह भूमि जो नदीके दो करारोंके बीचमें हो, पेटा। २ नदीका किनारा। ३ नदीका बहाव, उतार। ४ बहावकी वह मिट्टी जो नदीका चढ़ाव उतरने पर उसके किनारों परकी भूमि पर या कछारमें जमती है।

भाटक (सं० पु० क्ली०) भाटयतीति भट पोषणे ण्वुल्। व्यवहारार्थं दत्तशकटादि लभ्य धन, भाड़ा।

भाटकल बम्बईप्रदेशके अन्तर्गत उत्तर कनाड़ा जिलेका एक प्राचीन शहर। यह अक्षा० १३' ५८' उ० तथा देशा० ७४' ३२' पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या सात हजारके करीब है। इसका प्राचीन नाम मणिपुर है। १४वीं शताब्दीसे १६वीं शताब्दी तक यह नगर बट्टिकल, बटिकुल आदि नामसे पाश्चात्य भ्रमणकारियोंके निकट विख्यात था।

पहले इस नगरमें चावल और चीनीका जोरों वाणिज्य चलता था। गोआ, अरमुज आदि स्थानोंके वणिक इस स्थानमें हमेशा वाणिज्यके लिये आया करते थे। १५०५ ई०में पुर्त्तगीजोंने इस नगरमें एक कोठी खोली। किन्तु गोआ नगर अवरोधके बादसे उन्होंने इस स्थानकी आशा एक तरहसे छोड़ दी थी। १६६८ ई०में अंगरेजोंने यहां पर दो एजेन्सी खोलनेकी कोशिश

को, पर किसी प्रकार वे कृतकार्य न हो सके। कप्तान हमिल्टनका कहना है, कि १८वीं शताब्दीके प्रारम्भमें यहां अनेक हिन्दू और जैन-देवमन्दिरोंका भग्नावशेष वर्त्तमान था।

भाटकुली—अमरावती जिलेका एक नगर। यह अमरावती शहरसे १० मील दूर अक्षा० २०° ५४´ उ० तथा देशा० ७७°३६´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण २७६७ है।

भाटनेर—हनुमानगढ़ जिलेका एक शहर। यह स्थानक गिरिदुर्ग इतिहासमें विख्यात है। राजस्थानके प्रणेता टाड तथा कप्तान पाउनेट आदि महाशयगण इस दुर्गकी भूरि भूरि प्रशंसा कर गये हैं। तारीख-इ-हिन्द नामक मुसलमान इतिहासमें लिखा है, कि सुलतान महमूदने १००१ ई०में भारत-चढ़ाईके समय इस दुर्ग पर अधिकार किया था। राजस्थानमें लिखा है, कि यह दुर्ग तैमुर लङ्गसे अधिकृत हुआ था। उन्होंने अपने वंशके किसी सम्भ्रान्त व्यक्तिके हाथ इस दुर्गका कुल भार सौंपा। किन्तु भट्टिगणके निकट परास्त हो कर मुगलोंने इस दुर्गको छोड़ दिया। १५२७ ई०में खेतसिंह कोन्धालत सदाछायल-राजपूतोंको परास्त कर भाटनेरको पुनः अपने अधिकारमें लाये। १५४६ ई०में हुमायूंके भाई कामराननें खेतसिंह और पांच हजार राजपूतोंको मार कर इस दुर्गको फतह किया। किन्तु थोड़े ही दिनोंके अन्दर वे बीकानेरके राजा जेत्सासे पराजित हो कर दुर्ग छोड़नेको बाध्य हुए। पीछे फिरोज छयालके पुनः इस दुर्गको हस्तगत करने पर राव जेत्साने अपने लड़केको उनके विरुद्ध भेजा। उन्होंने मुसलमानोंको परास्त कर दुर्ग पर अधिकार जमाया।

सम्वत् १८१६ अथवा १८१७ ई०में हासेन महमूद नामक एक भट्टिनेता इस नगरको जीतनेके कुछ समय बाद ही पराजित हुए। सम्वत् १८६१ ई०में बीकानेरकी सेनाने बड़े कष्टसे इस स्थानको जीता था। १८०० ई०में जार्ज टामसने इस दुर्ग पर दखल जमाया। किन्तु वे अधिक दिन तक इसे अपने अधिकारमें न रख सके। आखिरमें यह दुर्ग बीकानेर राज्यके अन्तर्भूत हुआ था यह शहर अभी हनुमानगढ़ नामसे प्रसिद्ध है।

भाटपुर—अयोध्याके अन्तर्गत हरसाहो जिलेका एक ग्राम। यह गोमती नदीके दाहिने किनारे पड़ता है।

भाटशोल (सं० क्ली०) जलजात तृणात्मक उद्भिद्विशेष। (Seselix nomene Paludosa)

भाटा (हिं० पु०) १ पानीका चढ़ावकी ओरसे उतारकी ओर जाना, चढ़ावका उतरना। २ समुद्रके चढ़ावका उतरना, ज्वारका उल्टा। ज्वारभाटा देखो। ३ पथरीली भूमि।

भाटि (भट्टि) राजपूत जातिविशेष। ये लोग चन्द्रवंशीय यदुकुल-सम्भूत हैं। प्रवाद है, कि भाटिगणने अति प्राचीन कालमें अपने आदिम स्थानका परित्याग कर समरकन्द और गजनीमें राज्य बसाया। पीछे रोमके बादशाह तथा खोरासनाधिपतिसे युद्धमें पराजित हो कर ये लोग पुनः सिन्धुनदको पार कर गये और पञ्जाबमें उपनिवेश बसाया। दुशाल और जयशाल नामक भाटिके दो पुत्र थे। जयशालसे जयशलमेर राज्यकी स्थापना हुई। दुशालने भट्टियानामें अपना वासस्थान कायम किया। जाट और बरू शाखा दुशालसे उत्पन्न है।

राठोर जातिके अभ्युदयके पहले जयशलमीरका राज्य बहुत दूर तक विस्तृत था। जयशलमीर राजगण भाटि वंशीय हैं। पञ्जाबमें प्रायः सब जगह इस जातिका वास देखा जाता है। किन्तु भट्टियानाके अन्तर्गत भाटनेर नगर इनका आदि वासस्थान कह कर प्रसिद्ध है।

जाट और भाटिगण अभी इस प्रकार मिश्रित हैं कि, उनके मध्य कोई पृथकता नहीं देखी जाती। इन लोगोंके मध्य भी बरू और जइसवर आदि उपशाखाएं हैं। भाटिगण हिन्दूधर्मावलम्बी हैं। मुसलमानी अमलदारीमें बहुतोंने मुसलमान धर्मग्रहण किया था। भाटिगण उच्चवंशीय राजपूतोंके साथ वैवाहिक सम्बन्ध करते हैं।

भाटि—सुन्दरवनका जो अंश हिजली परगना और मेघना नदीके मध्यवर्ती है, उसे मुसलमान ऐतिहासिकगण भाटि नामसे उल्लेख कर गये हैं। यह अक्षा० २०° ३०´ से २२° ३०´ उ० तथा देशा० ८८° से ९१° १५´ पू०के मध्य विस्तृत है। ज्वारके समय जलप्लावित होता है और भाटाके समय जल उतरता है, इसी कारण इसे भाटि कहते हैं। वर्त्तमान समयमें सुन्दरवनका जो अंश बाखरगञ्ज और खुलना जिलेमें अवस्थित है, वह भी भाटि कहलाता है।

भाटिया—राजपूत जातिकी एक शाखा। प्रधानतः मथुरा, सिन्धु, गुजरात, युक्तप्रदेश, बम्बई, कच्छ, पंजाब और बङ्गालके कई स्थानोंमें इनका निवास है। इनकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें नाना प्रकार किम्वदन्तियां प्रसिद्ध हैं। मथुराके भाटिया लोग भाटसिंहको अपना पूर्व पुरुष कहते हैं। पुराणोल्लिखित यदुवंश ध्वंसके समय ओध्र और वज्रनाभ नामके दो यादवोंने भाग कर आत्मरक्षा की थी। वज्रनाभ कुछ दिन राजा बानासुरके आश्रयमें रहे थे। उसके बाद महाराजाधिराज पाण्डवकुल तिलक परीक्षित् ने मातृगर्भमें श्रीकृष्ण द्वारा जीवनरक्षाके प्रतिदानस्वरूप, असहाय वज्रनाभको मथुरा और इन्द्रप्रस्थ राज्य प्रदान किया। वज्रनाभ और उनके वंशके अन्यान्य नरपतिगण निर्विघ्नतः राज्य करते रहे। यदुवंशीय शेष राजा जयसिंहके राजत्वकालमें गयानाके राजा अजयपालने मथुरा पर चढ़ाई कर जयसिंहको पराजित और निहत किया। विजयपाल, अजयराज और विजयराज नामक जयसिंहके तीन पुत्रोंने कन्नौज जा कर वहां एक राज्य स्थापित किया। उसके बाद ज्येष्ठ भ्राताके साथ दोनों भाइयोंका कलह उपस्थित हुआ, तो उन दोनोंने करौलीके निकटवर्ती एक भयानक जंगलमें जा कर देवी अम्बामाईकी आराधना की। देवीने सन्तुष्ट हो कर उन्हें जब वर देना चाहा, तो उन्होंने राज्यप्राप्तिका वर मांगा। इसके बाद देवीके आदेशसे अजयराजने भट्टिसिंह नाम रख कर जैसलमेर राज्य स्थापित किया। परंतु जैसलमेरकी प्रचलित किम्वदन्तीके साथ उल्लिखित मथुराके प्रवादमें कुछ पार्थक्य दृष्टिगोचर होता है। श्रीकृष्णकी मृत्युके बाद यादवगण चारों तरफ जाने लगे। उस समय श्रीकृष्णके दो पुत्रोंने सिन्धुके किनारे उपनिवास स्थापन किया था। इसके बाद उन लोगोंमें शालिवाहन नामक एक व्यक्तिने पञ्जाब जय कर वहां अपने नामानुसार एक नगर स्थापित किया। कालान्तरमें वे गजनीराज सुलतान महमूद द्वारा पराजित और विताड़ित हो कर जैसलमेरमें वास करने लगे।

इस प्रकार कहा गया है कि, भाटियाओंके पाश्चात्य वासस्थानको छोड़ कर मथुरा आ कर बसने पर राजपूतों ने उनके साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापन करना अस्वीकार किया। उसके लिए उन लोगोंने मुलतानमें एक सभा बुलाई और अनेक वादानुवादके बाद शास्त्रज्ञ ब्राह्मणोंके साथ परामर्श कर स्थिर किया कि, पात्र और पात्रीके पूर्वपुरुषोंमें ४६ पुरुषका व्यवधान होने पर परस्परमें विवाह हो सकता है। इस प्रकार वंश-व्यवधानसे उनमें स्वतन्त्र नुख या थोककी उत्पत्ति हुई थी। स्वगोत्रमें विवाह प्रचलित होने पर भी एक नुखमें नहीं हो सकता। उन थोकोंका नामकरण किसी किसी व्यक्ति या नगर अथवा व्यवसायके नामानुसार हुआ था। सब गोत्रमें कुल मिला कर ८४ नाम हैं।

भाटिया हिन्दूधर्मावलम्बी हैं और हिन्दू रीत्यानुसार ही इनकी विवाहादि क्रियाएं निष्पन्न होती हैं। इन लोगोंके विवाहमें कुलाचार्यकी आवश्यकता नहीं होती। वर कन्याके पिता अथवा अभिभावकगण ही विवाहकी बात चीत तय कर लेते हैं। कन्याके पिता मनोनीत भावी जामाताके पास कुछ शक्कर, एक रुपया और नारियल भेजेंगे। इसको 'सगुन' कहते हैं। ये चीजें उसके पिता, भाई और बन्धुवर्गोंके सामने उसे दी जाती हैं। इस प्रकार सगाई पक्की होने पर फिर विवाहमें कोई बाधा नहीं आ सकती। परन्तु यदि वर अथवा कन्याको कोई अङ्गहानि हो, तो विवाह नहीं होता। लड़कियोंका विवाह बारह वर्षसे पहले होता है। स्त्री वन्ध्या होने पर, रोगग्रस्त अथवा व्यभिचारिणी होने पर ही एक स्त्रीके रहते हुए पुरुष दूसरा विवाह कर सकता है, अन्यथा नहीं। असती स्त्री और पर दारासक्त पुरुषोंको समाजच्युत किया जाता है।

भाटियागण प्रायः व्यवसायी होते हैं। ये कृषिकार्य, नौकरी और दुकानदारी आदि द्वारा भी जीविका निर्वाह करते हैं।

२ दाक्षिणात्यका एक व्यवसायी सम्प्रदाय।

भाक्या देखो।

भाटियारा (भठियारा)* सेनावाहिनीकी पश्चाद्गामी खाद्यद्रव्य विक्रयकारी जातिविशेष, युक्तप्रदेशवासी मुसलमान। सराय आदिमें पाचकवृत्ति और तमाकू

---

* कोई कोई अनुमान करते हैं, कि संस्कृत भ्राष्ट्रकार शब्दके अपभ्रंशसे उनका वर्त्तमान नामकरण हुआ है।

आदि बेचना ही इनका जातीय व्यवसाय है। ये लोग अपनेको शेरशाहके पुत्र सलीमशाहके वंशधर बतलाते हैं। मुगल-सम्राट् हुमायूं द्वारा शेरशाहकी पराजयके बाद इन लोगोंने दैन्यदशामें पहुंच कर दास्यवृत्तिका अवलम्बन किया है। उक्त प्रवादके मूलमें चाहे कुछ भी क्यों न रहे, पर इन लोगोंमें शेरशाही और सलीमशाही नामक थोक अवश्य हैं। इसोसे अनुमान किया जाता है, कि इन लोगोंने उक्त प्रवादके अवलम्बन पर दो थोकोंका उद्भावन कर लिया है।

फिर दूसरी किंवदन्तीसे जाना जाता है, कि ये लोग हिन्दु भाटि जातिसे इसलाम-धर्ममें दीक्षित होनेके बाद वर्त्तमान संज्ञाको प्राप्त हुए हैं। इनमें भाटियारा और हरिचारा नामक दो स्वतन्त्र थोक हैं। वेशभूषाकी पृथक्तासे आपसमें स्वतन्त्रता देखी जाती है। विभिन्न स्थानमें रहनेके कारण इनके प्रायः ५२ श्रेणीविभाग हो गये हैं। आगे चल कर भाटि जाति अथवा अन्य श्रेणीके हिन्दू इनके साथ मिल गये थे, इसमें जरा भी सन्देह नहीं। भील, चौहान, जालक्षत्री मुखेरी, नामबाई आदि हिंदू नामधेय श्रेणी ही उसका प्रकृष्ट प्रमाण है।

ये लोग सभी सुन्नी-सम्प्रदायी मुसलमान हैं। गाजीमींया और पांचपीरके ऊपर इन लोगोंकी अचला भक्ति है। मृतदेह दफनाई जानेके बाद प्रेतात्माकी कुशल-प्रार्थनाके लिये ये लोग तीसरे दिन 'तीज' और चालीसवें दिन 'छेहलम्' नामक उत्सव मनाते हैं। विवाहका शुभ दिन निर्देश करनेके लिये ब्राह्मणका परामर्श लेते थे, पर अभी सभी कार्य मुसलमानी प्रथानुसार होते हैं। शेरशाही और सलीमशाही रमणियां व्यभिचार-दोषसे कलङ्कित हैं। सरायमें यात्रियोंका आदर-सत्कार करनेमें ये विशेष पटु हैं। मिर्जापुर प्रदेशके पश्चिमवासी भाठियागण 'महोगीर' कहलाते हैं। ये लोग मांस बेच कर अपना गुजारा चलाते हैं।

भाट्या (भाटिया) दाक्षिणात्यवासी वणिक्‌विशेष। भाटि-जातिसे इनकी उत्पत्ति है। ये लोग सर्वतोभावमें हिन्दू हैं, सभी निरामिषभोगी हैं, मद्य मांस या मत्स्य भोजन इनमें बिलकुल निषिद्ध है। इनमेंसे अधिकांश वैष्णव हैं, गोपाल, कृष्ण आदि विष्णुमूर्त्तिके उपासक हैं। देवद्विजमें इनकी विशेष भक्ति है। कृष्णादि सभी देवता विग्रहके प्रति ये लोग विशेष श्रद्धावान हैं।

भाठ (हिं० स्त्री०) १ वह मिट्टी जो नदी अपने साथ बहाव-में बहा कर लाती है और उसके समीप कछारोंमें छोड़ जाती है। यह मिट्टी नदके कछारमें भूमि पर जम जाती है और खादका काम देती है। २ भाटा देखो। ३ धारा, बहाव।

भाठा (हिं० पु०) १ भाटा देखो। २ गड्ढा।

भाठी (हिं० स्त्री०) पानीका उतार, भाटा।

भाड़ (हिं० पु०) भड़भूँजोंकी भट्ठी। इस भट्ठीमें वे अनाज भूननेके लिये बालू गरम करते हैं। इसका आकार एक छोटी कोठरी सा होता है जिसमें एक द्वार होता है और और जिसकी छत पर बहुतसे मट्टीके बरतन उलटकर मुंह करके गड़े होते हैं। इसकी दीवार प्रायः हाथ ऊँची होती है। इसके द्वारमें ईंधन डाला जाता है। आग की गरमीसे बालू लाल होता है जिसे अलग निकाल कर दूसरे बरतनमें दानोंके साथ रख कर भूनते हैं। दो तीन बार इस प्रकार गरम बालू डालने और चलानेसे दाने खिल जाते हैं।

भाड़भुन (भारभुत) बम्बई प्रदेशके भरोंच जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह नर्मदाके उत्तरी किनारे अवस्थित है। यहां भारभूतेश्वर महादेवके सामने हर बारहवें वर्ष एक मास तक मेला लगता है। इस समय लाखों मनुष्य इकट्ठे होते हैं। यहांके देवमन्दिरका खर्च गवर्मेण्टसे दिया जाता है।

भाड़ा (हिं० पु०) १ किराया। २ हाथ भर ऊँची एक प्रकारकी घास। यह निर्बल भूमिमें बहुतायतसे उगती है। पशु इसे बड़े चावसे खाते हैं। ३ वह दिशा जिस ओर को वायु बहती हो।

भाण (सं० पु०) भणनं इति भण भावे घञ्। नाटकादि दशरूपकके अन्तर्गत रूपकविशेष। यह एक अङ्कका होता है और इसमें हास्यरसकी प्रधानता होती है। इसका नायक कोई निपुण, पण्डित वा अन्य चतुर व्यक्ति होता है। इसमें नट आकाशकी ओर देख कर आप ही आप मानो कहानी उक्ति प्रत्युक्तिके रूपमें कहता जाता है, मानो वह किसीसे बात कर रहा हो। वह बीच बीचमें

हसता जाता और क्रोधादि करता जाता है। इसमें धूर्तके चरितको अनेक अवस्थाओं सहित वर्णन होता है। बीच बीचमें कहीं कहीं संगीत भी होता है। इसमें शौर्य और सौभाग्य द्वारा शृङ्गार रस भी सूचित होता है। संस्कृत भाणोंमें कौशिकी वृत्ति द्वारा कथाका वर्णन किया जाता है। यह दृश्यकाव्य है। नाटक देखो।

२ व्याज, मिस। ३ ज्ञान, बोध।

भाणक (सं० पु०) भाण एव स्वार्थे कन्। भाण।

भाणकस्थान (सं० क्ली०) रामकर्मसिद्धान्त वर्णित स्थान भेद।

भाणिका (सं० स्त्री०) भाण, एक अंकमें समाप्त होनेवाला हास्यरसप्रधान दृश्यकाव्य।

भाण्ड (सं० क्ली०) भण्यते भणति येन भन शब्दे (अमन्ताड्डः। उण्, १।११४) इति ड, ततः प्रज्ञादित्वादण्। १ पात्र, बरतन। मिताक्षरामें लिखा है, कि वाहकके दोषसे यदि भाँड़ फूट जाय, तो उसे क्षतिपूरण करना होगा। यदि दैवकृत वा राजकृत फूट जाय, तो कुछ भी नहीं देना होगा। (मिताक्षरा०) २ वणिक्का मूल धन, पूंजी। ३ भूषा। ४ अश्वभूषा। ५ भाण्डवृत्ति, भाँड़पन। ६ गर्दभाण्डवृक्ष।

भाण्डक मध्यप्रदेशके चान्दा जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २०° ७ उ० तथा देशा० ७९° ७ पू० चान्दानगरसे ६ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। नगरके पश्चिममें एक सुप्राचीन जङ्गल है जो गवालसे भरपत तक फैला हुआ है। प्रवाद है, कि यहां महाभारतोक्त भद्रावती नगरी स्थापित थी। भीमसेन यहां पर युवनाश्व राजके साथ युद्ध करके उनके सङ्गुण नामक यज्ञीय अश्वको हर ले गये थे। विजाला पर्वत पर आज भी भीमके पदचिह्न देखे जाते हैं।

भाण्डकके गुहामन्दिर तथा विजाला और विन्ध्यासन पर्वतके मन्दिरादि, गिरिदुर्ग, भद्रावतीके मन्दिर, राजप्रासादकी ध्वंसावशेषराशि, निकटस्थ हृदोपरिस्थ सेतु और सैकड़ों मन्दिरादिके ध्वंसावशेषसे यहांका प्राचीन समृद्धिका विषय जाना जाता है। अभी इसकी वह समृद्धि अपहृत हो गई है।

जैन हरिवंशमें इस प्राचीन नगरका उल्लेख है। यह प्राचीन कोशल-राज्यके अन्तर्भुक्त था। प्रत्नतत्त्वविद् कनिहमने इसे शिलालिपि कथित वाकाटक राज्य माना है। पूर्वोक्त ध्वंसावशेषको छोड़ कर यहां पार्श्वनाथ, बदरीनाथ और चण्डीदेवीका मन्दिर विद्यमान है। यहांके विन्ध्यासन पर आज भी अनेक सुप्राचीन बौद्धगुहामन्दिरका भग्नावशेष देखनेमें आता है।

भाण्डक (सं० क्ली०) क्षुद्र पात्रविशेष, छोटा भांड़।

भाण्डगोपक (सं० पु०) वह जो बौद्धसंघारामादिमें भाण्डादिकी रक्षा करते हैं, बौद्धभण्डारी।

भाण्डपति (सं० पु०) वणिक्, व्यवसायी।

भाण्डपुट (सं० पु०) भाण्ड पुटो यस्य। नापित, नाई।

भाण्डपुष्प (सं० पु०) सर्पविशेष। पर्याय कौक्कुटिकन्दल।

भाण्डप्रतिभाण्डक (सं० क्ली०) १ विनिमय, अदला बदला। २ लीलावतीयुक्त अङ्कविशेष। इसका नियम इस प्रकार है, विनिमय प्रक्रियाका फल त्रैराशिकके अनुसार और अपेक्षाकृत सहजमें जाना जाता है। अन्यान्य विषयोंमें बहुराशिकके साथ इस प्रक्रियाका सम्पूर्ण ऐक्य है। विशेषता केवल इतनी ही है, कि दोनों श्रेणीके फल और हरको विनिमयकी तरह इसमें मूल्यका भी परिवर्त्तन करना होता है।

नीचे इसका एक उदाहरण दिया जाता है,

यदि ३०० अनारका मूल्य १६ रु० और ३० आमका १ रु० हो, तो १० अनारके बदलेमें कितने आम मिलेंगे?

३००	३०	परिवर्त्तन	
१६	१	३००	३०
१०		१	१६
			१०
३०० ÷ ४८००		गुणनफल	

भागफल १६

अथवा ३०० अनारका दाम यदि १६ रु० हो, तो १० का दाम कितना होगा? इससे १० अनारका दाम $\frac{१६ \times १०}{३००} = ८\frac{८}{१५}$ आना जाना गया। फिर ३० आमका दाम १ रु० होनेसे एक आमका दाम २ पैसा हुआ। अब देखना चाहिये कि १ आमका दाम १० अनारके मध्य कितनी बार शामिल है;

८$\frac{८}{१५}$ आना ÷ २$\frac{२}{१५}$ = $\frac{१२८×४}{१५}$ × $\frac{१५}{३२}$ = १६

सुतरां १० अनारके बदलेमें १६ आम पाये जायंगे। (लीला ती)

भाण्डभाजक (सं० पु०) बौद्ध मठादिमें भाण्ड विभाग कारी।

भाण्डमूल्य (सं० क्ली०) १ भाण्ड ही मूलधन। २ भांड़का मूल्य।

भाण्डल (सं० त्रि० भाण्ड लाति ला-क। भाण्डग्राहक।

भाण्डव (सं० त्रि०) भाण्डोरदूरादि अण्। भण्डुसमीपादि।

भाण्डशाला (सं० स्त्री०) भाण्डानां शाला, भाण्डागार, भंडार।

भाण्डागार (सं० पु०) भाण्डानां पात्रादीनामागारः। गृहविशेष, भंडार।

भाण्डागारिक (सं० पु०) भाण्डागारे नियुक्तः (अगारान्ताट्ठन्। पा ४।४।७०) इति ठन्। भाण्डारी, वह जो भंडारघरमें नियुक्त हो।

भाण्डापुर (सं० क्ली०) नगरभेद

भाण्डायनि (सं० पु०) भाण्डर्षापिका गोत्रापत्य।

भाण्डार (सं० क्ली०) भाण्ड तदाकारमृच्छति ऋ-अण्, उपपद समास। गृहभेद, भण्डार घर।

भाण्डारा (भण्डार) नागपुर विभागके अन्तर्गत एक जिला। यह अक्षा० २०°४०´ से २१° ४७ उ० तथा देशा० ७९°२७´ से ८०° ४०´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ३९६५ वर्गमील है। इसके उत्तरमें सिवनी और बालाघाट, दक्षिणमें चाँदा, पूर्वमें रायपुर तथा पश्चिममें नागपुरजिला है। भंडारनगरमें जिलेका विचार विभाग स्थापित है।

इस जिलेका पश्चिमांश वेणगङ्गा तट तक विस्तृत है। यहां खेती बारीकी अच्छी सुविधा है। उत्तर और पूर्वदिशा निविड़ जङ्गलावृत गण्डशैलसे आच्छन्न है। गोंड़ आदि असभ्य अनार्य जातियां इस निभृत स्थानमें रह कर व्याघ्रादिकी अपेक्षा और भी हिंस्रतर हो गये हैं। उस दुर्द्धर्ष असभ्य जातिके भयसे कोई भी इस पार्वत्य वन्यभूमिमें पदार्पण करनेका साहस नहीं करते। एतद्भिन्न सतपुरा पर्वतमालाकी कुछ शाखा प्रशाखाओंने इसके दक्षिण विभागको समाच्छन्न कर रखा है। अम्बागढ़ वा सिन्दूरफार, बहाली, कलैरो और नवगांव आदि पार्वतीय दृश्यसे परिपूर्ण है।

यहां वेण गङ्गा, सरनो और बाघ नदीके किनारे तथा स्थानीय गिरिमाला पर नाना वर्णके पत्थर देखनेमें आता है। वेणगङ्गामें सभी समय जल रहता है, इसीसे उसके गर्भस्थित पत्थर नजर नहीं आते। चान्दननदी, बाघ, कन्हान, सूरनदी आदि अगणित पार्वत्य स्रोत वेणगङ्गामें गिरते हैं। किन्तु ग्रीष्म ऋतुके समय इनमें सब समय जल नहीं रहता। इस नदीमाला भिन्न यहां प्रायः ५ हजार छोटे छोटे हृद हैं। स्वभाव निम्न भूमि वक्ष पर अजस्र पार्वतीय जलधाराके संचित होनेसे हृदोंकी उत्पत्ति हुई है। कहीं तो बांध द्वारा [illegible] हो कर इस जलराशिने एक विस्तीर्ण स्थानको पूर्ण कर सुविस्तृत हृदाकार धारण किया है। नवगांव, [illegible] सिवनी आदि स्थानोंके हृद सबसे बड़े हैं तथा प्रायः ५॥ वर्गमील स्थान आवृत किये हुए हैं। इन सब हृदोंमें कहीं कहीं जो समुत्थित पर्वत खण्ड हैं वे निविड़ वनमालासे समाच्छादित हो कर श्यामायित स्निग्ध शोभासे परिवृत हैं और जनसाधारणके प्रीतिप्रद हो गये हैं।

वन्य विभागमें शाल, शाजन आदि गृहनिर्माण योग्य वृक्ष नहीं रहने पर भी एक जाति महुएके वृक्षसे समस्त जंगल भरा पड़ा है। यहांके लोग शराब वा शरबत बनानेके लिये महुएके फूलको जमा कर रखते हैं। एतद्भिन्न वनके मध्य गोंद, नाना प्रकारके सुमिष्ट फल और मेवादि पाये जाते हैं। गोंड़, ग्वाला, प्रधान और धामर आदि जातियां वनसे लाहको निकाल कर सुखाती और पीछे उसे बाजारमें बेचती हैं। बाघ, भालू और पार्वतीय विषधर सर्प यहांके अधिवासियोंका कृतान्त सदृश है। प्रतिवर्ष व्याघ्रके कवल वा सर्पाघातसे सैकड़ों मनुष्य भवलीलाको शेष कर लोकान्तरका पथ [illegible] मुक्त होते हैं।

इस जिलेका कोई प्राचीन इतिहास नहीं मिलता। ऐसा सुना जाता है, कि एक समय गौली लोगोंने यहां अपना आधिपत्य फैलाया था। आज भी वे लोग निकटवर्ती जंगलोंमें रह कर ग्राम वा नगरमें आते और

गोमेदादि अथवा तद्भजात द्रव्यादिको बेचते हैं। अनन्तर दाक्षिणात्यके मुसलमान राजाओंने इस स्थान तक राज्य सीमा फैलाई थी। १७वीं शताब्दीसे यहांका धारावाहिक इतिहास मिलता है। सम्राट् औरङ्गजेबके शासन कालमें देवगढ़ राजवंशके प्रतिष्ठाता गोंड़ राज बख्त बुलन्द इसलामधर्ममें दीक्षित हो कर मुगल सम्राट्के प्रेम भाजन बने। उन्हींके अधिकारकालमें राजपूत, लोधी, पोणवार, कोहरी, कला और कुम्बी जातिके बहुतसे लोग यहां आ कर वेणगङ्गाके किनारे बस गये। उन लोगोंके यत्न तथा कृषिकौशलसे पौणीके निकटवर्त्ती कृषिक्षेत्र थोड़े ही दिनोंके अन्दर धन धान्यसे परिपूर्ण हो गये। १७३८ ई०में रघुजी १म ने इस स्थानका अधिकार किया, किन्तु १७४३ ई०के पूर्व पर्यन्त यह स्थान नागपुरराजके शासनाधीन नहीं हुआ।

भोंसलोंके आधिपत्यकालमें मारवाड़ी, अग्रवाल, लिङ्गायत और मराठा कुणबी आदि जातियां इस जिलेमें आ कर बस गईं। ये लोग सैनिक वृत्ति अथवा वाणिज्य वृत्ति द्वारा जीविका निर्वाह करते थे। १८१७ ई०में अंगरेजोंके साथ जब अप्पा साहबकी लड़ाई छिड़ी, तब अप्पा अपने बालबच्चों और धनरत्नको ले कर भागे। पीछे नागपुर अंगरेजोंके हाथ आने पर वे भी सपरिवार अंगरेजी सेनासे परिवृत हो नागपुर लाये गये। दूसरे वर्ष कामठा और बढ़ ताल्लुकके भूम्याधिकारीने अंगरेजोंके विरुद्ध अस्त्रधारण किया। किन्तु उन्हें थोड़े ही दिनोंके अन्दर अंगरेजोंके पदाश्रित होना पड़ा। इस समयसे कप्तान विल्किन्सन (Captain Wilkinson) कामठामें अंगरेज प्रतिनिधि रूपमें रह कर राजकार्य चलाते थे। पीछे १८२० ई०में भण्डारामें विचार-विभाग लाया गया। १८३० ई०में राजा ३य रघुजीने बालिग हो कर राज्यभार ग्रहण किया और १८५३ ई०में अपनी मृत्यु पर्यन्त निर्विरोधसे इस स्थानका शासनकार्य चलाया था। १८५४ ई०में एलियट साहब (Captain Elliot) यहांके डिपुटी कमिश्नर नियुक्त हुए। विख्यात सिपाही विद्रोहके समय यहां कोई विप्लव नहीं हुआ। उस समय जो सब अंगरेजी-सेना भण्डारामें थी वे १८६० ई०में अन्यत्र हटाई गईं। तभीसे यहां और किसी राष्ट्रविप्लवका चिह्न भी नहीं देखा जाता है।

यहांके अधिवासीगण स्वभावतः ही स्थूलबुद्धि और दुःशील हैं। इधर जिस प्रकार उनका मानसक्षेत्र नष्ट प्रकृति और दुष्ट-प्रवृत्ति द्वारा कलुषित है उधर उसी प्रकार सरलता और साहसिकतादि सद्गुणोंसे विभूषित है। किन्तु ऐसा होने पर भी उनकी निष्ठुर-प्रकृति दूर नहीं होती। उनके मध्य एक और दो भिन्न प्रकृतिकी प्रवृत्ति विद्यमान है, १ गार्हस्थ्यधर्मका चरम निदर्शन 'सर्व भूतों पर समदया' और २ बुद्धिवृत्तिका चरमोत्कर्ष 'प्रवञ्चना'। गोंड़ और पोणवार आदि जातियोंके ऊपर सरल और सदय व्यवहार करनेसे उनकी कठोर प्रकृति कोमल हो जाती है। वे लोग अन्य जातिकी अपेक्षा परिश्रमी और कृषिजीवी हैं।

जातितत्त्वका विवरण गोंड़ आदि शब्दोंमें देखो।

भण्डारा, पौणी, तुमसर और मोहदी यहांके प्राचीन नगर हैं। उक्त पौणीनगरमें उत्कृष्ट सूती कपड़े तैयार होते हैं। नागपुरराजकी चेष्टासे पैठान, बुर्हानपुर आदि दाक्षिणात्यके प्राचीन शहरोंसे जुलाहे यहां आ कर बस गये हैं। ये लोग जनसाधारणमें 'कोष्ठी' नामसे प्रसिद्ध हैं। इनके बनाये हुए बारीक कपड़े तथा अन्यान्य जगहके पीतल और पत्थरके निर्मित पात्रादि भारतके नाना स्थानोंमें विक्रयार्थ भेजे जाते हैं।

२ उक्त जिलेका प्रधान नगर और विचार सदर। यह अक्षा० २१° १' २२" उ० तथा देशा० ७९° ४१' ४३" पू०के मध्य वेणगङ्गा नदीके किनारे अवस्थित है। यहां सूती कपड़े और लौह-निर्मित द्रव्यादिका विस्तृत व्यवसाय होता है।

भाण्डारिक भाण्डाराध्यक्ष, भण्डारी।

भाण्डारिन् (सं० पु०) भाण्डारोऽधिकारित्वेनास्त्यस्येति, भाण्डार इनि। भाण्डाराध्यक्ष, भण्डारी। निद्रित अवस्थामें किसीको भी निद्रा भङ्ग नहीं करनी चाहिये, किंतु भण्डारीको निद्रा भङ्ग करनेमें कोई दोष नहीं।

"क्षुधितस्तृषितः कामी विद्यार्थी कृषिकारकः।
भाण्डारी च प्रवासी च सप्तसुप्तान् प्रबोधयेत्॥"

(व्यवहारप्रदीप)

२ धान्य और रत्नादिके अधिकारी राज्यमन्त्रि-

परायण श्रीकृष्णके सेवक गणभेद। २ नापित जातिकी एक शाखा। नापित देखो।

भाण्डारिया—बम्बई प्रदेशके काठियावाड़ राज्यके अन्तर्गत एक सामन्तराज्य। यहांके सरदार गायकवाड़-राज और जूनागढ़के नवाबको कर देते हैं।

भाण्डि (सं० पु०) भडि-इन्, पृषोदरादित्वात् साधुः। नापितके क्षुरादिका आधार।

भाण्डिक (सं० पु०) १ भाण्डिल, हज्जाम। २ तुरही आदि बजा कर राजाओंको जगानेवाला मनुष्य।

भाण्डिजङ्घि (सं० पु०) भण्डिजङ्घका गोत्रापत्य।

भाण्डित (सं० पु०) भण्डितका गोत्रापत्य।

भाण्डितायन (सं० पु०) भण्डितका गोत्रापत्य।

भाण्डित्य (सं० पु०) भण्डितका गोत्रापत्य।

भाण्डिनी (सं० स्त्री०) १ पेटिका, पेटी। २ मञ्जूषा, छोटी पिटारी।

भाण्डिल (सं० पु०) भाण्डिरस्त्यस्येति भाण्डि-लच्। नापित, हज्जाम।

भाण्डिलायन (सं० पु०) भाण्डिलस्य गोत्रापत्यं अश्वादित्वात् फञ् (पा ४।१।११०) नापितका गोत्रापत्य।

भाण्डिवाह (सं० पु०) भाण्डिं क्षुराद्याधारं वहतीति वह-अण्। नापित, हज्जाम।

भाण्डिशाला (सं० स्त्री०) क्षौर गृह, वह स्थान जहां बैठ कर हजामत बनाई या बनवाई जाती है।

भाण्डीर (सं० पु०) भण्ड-ईरच्, पृषोदरादित्वात् साधुः। वटवृक्ष, बड़का पेड़। २ व्रजमण्डलके मध्य सोलह वटवनोंमेंसे दूसरा वटवन। ३ क्षुपविशेष।

भाण्डीरलतिका (सं० स्त्री०) मञ्जिष्ठा, मजीठ।

भाण्डीरवन—वृन्दावनके चौरासी वनोंमेंसे एक वन। श्रीकृष्णका लीलाक्षेत्र होनेके कारण यह एक पवित्र तीर्थक्षेत्र समझा जाता है। यहां सुदाम सखा और बलरामकी मूर्त्ति स्थापित हैं।

भाण्डेर—युक्तप्रदेशके झांसी जिलान्तर्गत एक प्राचीन शहर। यह अक्षा० २५° ४३´ ३० उ० तथा देशा० ७८° ४७´ ५५ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण २०८ एकड़ है। इस नगरकी प्राकृतिक शोभा अति मनोरम है। यह क्रम-निम्न समतल भूमिसे पर्वतके पाददेश तक विस्तृत है। पर्वतके ऊपर बौद्धसङ्घाराम, असंख्य मन्दिर, तड़ाग और कूपादिका चिह्न विद्यमान हैं। गान्धार और कुशानके अधिकारकालमें निर्मित एक [illegible] बौद्धकालिक अनेक पूर्व निदर्शन पाये जाते हैं। दुर्भिक्ष और प्लेगके कारण यह नगर क्रमशः जनशून्य होता जा रहा है। यहां मधुआ नामक वस्त्र और सफेद कम्बल तैयार हो कर [illegible], ग्वालियर, कालपी आदि स्थानोंमें भेजे जाते हैं।

भाण्डेश्वर—बिहार और उड़ीसाके हजारीबाग जिलान्तर्गत एक छोटा पर्वत। इसकी ऊंचाई १७५१ फुट है। यह पहाड़ दुरारोह और बसने लायक नहीं है। इसके चारों ओर बहुतसे छोटे छोटे पहाड़ हैं।

भात (सं० क्ली०) भा दीप्तौ क्त। १ प्रभात, सबेरा। २ दीप्ति, प्रकाश। (त्रि०) ३ दीप्तियुक्त, चमकीला।

भात (हिं० पु०) १ पानीमें उबाला हुआ चावल, पकाया हुआ चावल। भक्त देखो। २ विवाहकी एक रस्म जिसमें समधीको भात खानेके लिये कन्याके घर बुलाया जाता और उसे भात खिलाया जाता है। यह रस्म विवाहके दूसरे या तीसरे दिन होती है।

भातगांव—नेपालराज्यके अन्तर्गत एक प्राचीन शहर। यह अक्षा० २७° ४२´ ३० तथा देशा० ८५° ४२´ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या तीस हजारके करीब है। इसका प्राचीन संस्कृत नाम भक्तपुरी है। पहले यह नगर नेपालवासी ब्राह्मणोंका प्रियतर वास स्थान था। नेवार जातिके अभ्युदयसे यहां हिन्दूनिवासीकी संख्या अधिक है। गुरखाओंके आक्रमणके पहले यहां मल्लवंशीय राजा राज्य करते थे। १७६८ ई०में इसे गुरखाओंने पराजित किया था। यहां नेपालराज्यका एक सैना निवास है। यह नगर ८ मील लंबे काठके एक पुलसे राजधानी काठमण्डूके साथ संयोजित है। स्थानीय व्यवहारार्थ पीतल और तांबेके बरतन तैयार होते हैं। यहां एक अस्पताल है जिसका निर्माण १९०४ ई०में हुआ है।

नेपाल देखो।

भातगांव—मध्यप्रदेशके बिलासपुर जिलेकी एक जमींदारी। यह अक्षा० २१° ३१´ ३० उ० तथा देशा० ८२° ५१´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ६५ वर्गमील है। बीझा जातीय सामन्तगण यहांके अधिकारी हैं।

२ उक्त सम्पत्तिका प्रधान ग्राम और शिवनारायण तहसीलका सदर ।

भातगांव बिहार और उड़ीसाके पूर्णिया जिलेका एक शहर ।

भाता (हि० पु०) उपजका वह भाग जो हलवाहेको राशि मेंसे खलिहानमें मिलता है। पूर्वकालमें जब मासिक वेतन या दैनिक मजदूरी देनेकी प्रथा नहीं थी, तब हल जोतनेवालेको अन्नकी उपजका छठा भाग दिया जाता था और उसके बदलेमें वह वर्ष भर स-परिवार खेतीके सब काम काज करता था। यह प्रथा अब भी नेपालकी तराई में कहीं कहीं है।

भाति (सं० स्त्री०) भा क्तिन्। १ शोभा, कान्ति।

भाति (हि० स्त्री०) भांति देखो।

भातु (सं० पु०) भातीति भा (कमिमनिजनिगाभायाहिभ्यश्च। उण् १।७३) इति तु। १ सूर्य। २ दीप्त।

भातु निकृष्ट जातिविशेष। युक्तप्रदेश और दाक्षिणात्यमें इनका वास है। युक्तप्रदेशमें ये नारायण और बांसकी पूजा करते हैं। परन्तु दाक्षिणात्यके भातु मूर्तिपूजा करते ही नहीं। ये व्यायाम, कुश्ती और ऐन्द्रजालिक क्रीड़ा द्वारा अपनी जीविका निर्वाह करते हैं। ये संशीय, बेरीय, हाबुर, कोल्हाहाटी, दुम्ब, दुधेरबार आदि नामोंसे भिन्न भिन्न स्थानोंमें प्रसिद्ध हैं।

भातुड़िया १ एक प्राचीन गण्ड ग्राम, भातुड़िया जिलेका प्रधान नगर। इसके पश्चिममें महानन्दी और पुनर्भवा, दक्षिणमें गङ्गा, पूर्वमें करतोया और उत्तरमें दिनाजपुर तथा घोड़ाघाट है। मुसलमानी अमलदारीमें मालदहका पूर्वांश भातुड़िया नामसे प्रसिद्ध था: भातुड़िया राज कंस यहांके शासनकर्त्ता थे। पीछे ब्राह्मणवंशीय जमींदार रामकृष्णकी स्त्री शर्वाणीदेवीने इस सम्पत्तिका भोग किया। उनकी मृत्युके बाद यह स्थान नाटोरराजवंशके पूर्वपुरुष रघुनन्दनके हाथ लगा।

२ वर्द्धमान जिलेका एक गण्ड ग्राम। यह अक्षा० २३° २६´ उ० तथा देशा० ८८° २८´ पू०के मध्य अवस्थित है।

भातोड़ी बम्बई प्रदेशके अहमदनगर जिलेके अन्तर्गत एक गण्ड ग्राम। यह अहमदनगरसे ५ कोस उत्तर-पूर्व मेहकरी नदीके किनारे अवस्थित है। यहां ४र्थ निजामशाही राज मुर्त्तजा निजामशाह (१५६५-१५८८ ई०) के प्रधान मन्त्री सलावत खांका बनाया हुआ एक सुदृढ़ ह्रद है। १८७७ ई०में बृटिश-सरकारने इसका संस्कार कराया था। यहांका नरसिंह-मन्दिर शिल्पनैपुण्य-पूर्ण है।

भाथा (हि० पु०) १ चमड़ेकी बनी हुई लम्बी थैली। इसमें तीर भर कर तीर चलानेवाले पीठ पर या कटिमें बांधते हैं। इसे तरकश या तूणीर भी कहते हैं। २ बड़ी भाथी।

भाथी (हि० स्त्री०) १ चमड़ेकी धौंकनी जिससे लगा कर लोहार भट्ठीकी आग सुलगाते हैं। धौंकनी देखो।

भादर बम्बई प्रदेशके अहमदाबाद जिलेमें प्रवाहित एक नदी। रणपुरके निकट भादरगोमासङ्गम पर आजम खाँ नामक गुजरातके एक सूबादार द्वारा प्रतिष्ठित (१६३८ ई०) एक भग्नदुर्ग विद्यमान है। २ भाद्रमास।

भादू बंगालके अन्तर्गत बांकुड़ा और मानभूम जिलेमें रहनेवाली बाउरी जाति द्वारा अनुष्ठित एक उत्सव, जो भाद्रमासकी संक्रान्ति और उससे पहले दिन हुआ करता है। यह भादोंके महीनेमें होता है, इसीसे इसका नाम भादू पड़ा है। लगभग प्रत्येक बाउड़ीके घरमें, भाद्रमासके प्रारम्भसे ही स्त्रियां पद्मके ऊपर या एक चौकोन तख्त पर एक कुमारी मूर्त्ति स्थापन कर उसे देवीकी मूर्त्ति मान कर नाना अलङ्कारोंसे सुशोभित किया जाता है। उस मासमें प्रत्येक ग्रामकी वयोज्येष्ठा रमणी और बालिकाएं एकत्र हो कर उस देवीके चारों तरफ नृत्यगीतादि करती हुई प्रदक्षिणा देती हैं। मासके अन्तमें दो दिन तक रात्रि दिन नृत्यगीत और ढोल बजा कर बड़ी धूमधामसे इस उत्सवको पूरा करती हैं। इसे उनका व्रत समझना चाहिए।

भादों (हि० पु०) एक महीनेका नाम, सावनके बाद और क्वारके पहलेका महीना। भाद्र देखो।

भाद्र (सं० पु०) भाद्री पौर्णमास्यस्मिन्निति भाद्री। (सास्मिन पौर्णमासीति पा ४।२।२१) इत्यण्। वैशाख आदि बारह मासोंके अन्तर्गत एक मास। इस मासकी पूर्णिमा तिथिमें भाद्रपद नक्षत्रका योग होता है।

इसलिये इसका नाम भाद्र हुआ है। प्रथमतः यह मास दो प्रकारका है, सौर और चान्द्र। सूर्य और चन्द्र ले कर सौर और चान्द्र हुआ है। सिंहराशिमें जितने दिन सूर्य रहते हैं, उतने दिन सौरभाद्र है। चान्द्रमास भी मुख्य और गौणचान्द्रके भेदसे दो प्रकारका है। सिंहस्थ रव्यारब्ध शुक्ल प्रतिपदादि अमावस्या पर्यन्त मुख्य चान्द्र भाद्र है और सिंहस्थ रव्यारब्ध पूर्णिमा पर्यन्त गौणचान्द्र। (मलमासतत्त्व) पर्याय—नभस्य, प्रौष्ठपद, भाद्रपद। (अमर) इस मासमें जन्मग्रहण करने पर धीर, वराङ्गनाओंका प्रिय, रिपुसंहर्त्ता, कुटिल और सर्वदा हास्ययुक्त होता है।

"नभस्यमासे खलु जन्म यस्य धीरो मनोज्ञश्च वराङ्गनानाम्।
रिपुप्रमाथी कुटिलोऽतिमर्मा प्रपञ्चभर्त्ता स भवेत् सहासः॥"
(कोष्ठीप्र०)

यदि भाद्रमासमें किसीके घर गाय बियावे, तो उसकी ६ मासके भीतर मृत्यु हो जाती है। अतएव भाद्रमासमें गाय बियाने पर तुरत ही वह गाय ब्राह्मणको दान कर देना चाहिए। पश्चात् यथाविधान होम करना आवश्यक है। यहां भाद्रमाससे सिर्फ सौरभाद्र ही समझना चाहिए। चान्द्रभाद्रमें गाय बियावे तो कोई दोष नहीं है।

"भानौ सिंहगते चैव यस्य गौः सम्प्रसूयते।
मरणं तस्य निर्दिष्टं षड्भिर्मासैर्न संशयः॥
तत्र शान्तिं प्रवक्ष्यामि येन सम्पद्यते शुभम्।
प्रसूतां तत्क्षणादेव तां गां विप्राय दापयेत्॥"

होमादि शान्ति-विधान करनेकी आवश्यकता नहीं। संक्रान्तिमें इस पुण्यकालके बाद प्रसव होने पर शान्ति करना उचित है, गोदान अनावश्यक है।

संक्रमणोत्तरषोडशदण्डात्मक पुण्यकालाभ्यन्तरे गोः प्रसवे विप्रसम्प्रदानक-गोप्रदानपूर्वक शान्तिः कार्येति विशेषः तदतिरिक्तसिंहस्थरवौ गोःप्रसवे शान्तिमात्रं कर्त्तव्यं न गोः प्रदानम्।"
(निर्णयसिन्धु)

भाद्रमासमें कौनसे कर्म करना आवश्यक है, उसका विषय कृत्यतत्त्वमें इस प्रकार लिखा है,—श्रावणी पूर्णिमाके बाद भाद्र कृष्णाष्टमीव्रत सभीको करना चाहिए। जन्माष्टमी शब्दमें विशेष विवरण देखो।

भाद्रमासकी शुक्ला पञ्चमीको नागपूजा की जाती है। जो विधानानुसार कर्कटकादि नागपूजा करते हैं, उनको फिर सर्प्पसे कुछ भय नहीं रहता। इसीलिये इस भाद्रकी पञ्चमीको नागपञ्चमी कहा गया है।*

भाद्रमासकी शुक्ला एकादशीके दिन भगवान् विष्णुका पार्श्व परिवर्त्तन होता है, इसलिये पार्श्वपरिवर्त्तन एकादशी अवश्य करनी चाहिए। भाद्र शुक्ला द्वादशीके दिन सायं कालमें भगवान् विष्णुकी पूजा कर कृताञ्जलि हो इस मन्त्रका पाठ करना चाहिए।

"ॐ वासुदेव जगन्नाथ प्राप्तेयं द्वादशी तव।
पार्श्वेन परिवर्त्तस्व सुखं स्वपिहि माधव॥"

पश्चात् इस मन्त्रसे पूजा करनी चाहिए।

"त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम्।
प्रबुद्धे त्वयि बुध्येत जगत् सर्व्वं चराचरम्॥" (कृत्यतत्त्व)

भाद्रमासके उभय पक्षकी चतुर्थी तिथिको चन्द्र दर्शन नहीं करना चाहिए। दैवात् यदि चन्द्रदर्शन हो जाय, तो प्रायश्चित्त करना उचित है।†

भाद्रमासमें अगस्त्यको अर्घ्य देना सभीके लिए आवश्यक कर्त्तव्य है। यह गौर मासमें ही किया जाता है। संक्रान्तिके पहले तीन दिनोंमें प्रातःकालमें स्नानादि कर संकल्प करना चाहिए। "ॐ अद्य त्यादि सर्व्वाभिलषित सिद्धिकामोऽगस्त्यपूजनमहं करिष्ये॥" इस प्रकार

---

* "तथा भाद्रपदे मासि पञ्चम्यां श्रद्धयान्वितः।
समालिख्य नरो नागान् कृष्णवर्णादिवर्णकैः॥
पूजयेद्गन्धपुष्पैश्च सर्पिर्गुग्गुलपायसैः।
तस्य तुष्टिं समायान्ति पन्नगास्तक्षकादयः॥
आसप्तमात् कुलात्तस्य न भयं सर्पतो भवेत्।
तस्मात् सर्व्वप्रयत्नेन नागान् सम्पूजयेद् बुधः॥" (कृत्यतत्त्व)

† "भाद्रपदशुक्लचतुर्थ्यां निशाकरदर्शनात्।
मिथ्याभिदूषणं याति मनुष्यो नात्र संशयः॥
अतश्चतुर्थ्यां चन्द्रन्तु प्रमादाद्वीक्ष्य मानवः।
[illegible] प्राह [illegible] पुनः॥"

[illegible] मिथ्याभिवादविषयो [illegible] मनुष्यान पतेत्। तत्रैव प्राह [illegible] न्याय ॐ अद्य त्यादि सिंहार्क चतुर्थी चन्द्रदर्शनजन्य [illegible] भागवतीयाख्यानमहं पठिष्ये।" इत्यादि। (कृत्यतत्त्व भाद्रकृत्य)

संकल्प करके शालग्राम वा जलमें दक्षिणामुखसे अगस्त्यको पूजा करना चाहिए। बादमें सितपुष्पाक्षत युक्त जल शङ्खमें ले कर अर्घ देना चाहिए। मन्त्र इस प्रकार है,

"ॐ काशपुष्पप्रतीकाश अग्निमारुतसम्भव ।
मित्रावरुणयोः पुत्र कुम्भयोने नमोऽस्तु ते ॥"

पश्चात् इस मन्त्रसे प्रार्थना की जाती है,

"आतापिर्भक्षितो येन वातापिश्च महासुरः ।
समुद्रः शोषितो येन स मेऽगस्त्यः प्रसीदतु ॥"

(कृत्यतत्त्व)

भाद्रदारव (सं० त्रि०) भद्रदारु सम्बन्धीय ।

भाद्रपद (सं० पु०) भाद्रपदा नक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी भाद्रपदी सा यत्र मासे सः, भाद्रपदी अण् । भाद्रमास ।

भाद्रपदा (सं० स्त्री०) १ पूर्व भाद्रपदा नक्षत्र । २ उत्तर भाद्रपदा नक्षत्र । पर्याय प्रौष्ठपदा ।

भाद्रमातुर (सं० पु०) भद्रमातुरपत्यमिति भद्रमातृ (मातुरुत्संख्यासंभद्रपूर्वायाः । पा ४।१।११५) इति अण्, उकारश्चान्तादेशः इति काशिका । सती पुत्र, जिसका माता सती हो ।

भाद्रमौञ्ज (सं० त्रि०) भद्रमुञ्ज निर्मित मेखला ।

भाद्रवर्मण (सं० पु०) भद्रवर्माका गोत्रापत्य ।

भाद्रविक (सं० पु०) बोन-धान्य, नैना ।

भाद्रशर्मि (सं० पु०) भद्रशर्माका गोत्रापत्य ।

भाद्रसाम (सं० पु०) भद्रसामका गोत्रापत्य ।

भान (सं० क्ली०) भा भावे ल्युट् । १ प्रकाश, रोशनी । २ दीप्ति, चमक । ३ ज्ञान, प्रकाश । ४ प्रतीति, आभास ।

भान (हिं० पु०) १ भानु देखो । २ नुक्क नामक वृक्ष । नुक्क देखो ।

भानजा (हिं० पु०) बहिनका लड़का ।

भानपुर मध्यप्रदेशके इन्दौर राज्यके भानपुर तहसीलका प्रधान नगर । यह अक्षा० २४° ३१´ उ० तथा देशा० ७५° ४५´ पू०के मध्य रेवानदीके किनारे एक पाण्डुशैलके तटदेश पर अवस्थित है । जनसंख्या प्रायः ४६३६ है । समुद्रपृष्ठसे इसकी ऊंचाई १३४४ फुट है । नगर चारों ओर प्राचीरसे घिरा है । शहरके बीचमें यशोवन्तराव होल्करका असमपूर्ण प्रासाद और दुर्ग अवस्थित है । इस प्रासादमें यशोवन्तकी प्रस्तर-प्रतिमूर्ति विद्यमान है । १८११ ई०में भानपुरकी छावनीके मध्य यशोवन्तकी मृत्यु हुई थी । उनका भस्मावशेष जहां पर गिरा था, उसके ऊपर श्वेतप्रस्तर निर्मित छतरी बनाई गई है । शहरमें नायब सूबाका कार्यालय, स्कूल, कारागार, अस्पताल और डाकबंगला है ।

भानमती (हिं० स्त्री०) वह नटी जो जादूका खेल करती हो, जादूगरनी ।

भानरेर मध्यप्रदेशके जब्बलपुर जिलान्तर्गत एक गिरिश्रेणी । यह विन्ध्यपर्वतमालाकी दक्षिण पूर्व शाखा है और नरसिंहपुर जिलेके नर्मदा नदी तीरस्थ सङ्कलघाट पर्वतसे ले कर मैहिर उपत्यका तक विस्तृत है । यहांकी कालुमर नामक गिरिश्रेणी २५४४ फुट ऊंची है ।

भानवी (हिं० स्त्री०) यमुना ।

भानवीय (सं० त्रि०) १ भानु सम्बन्धीय । (क्ली०) २ दक्षिण चक्षु, दाहिनी आंख ।

भाना (हिं० क्रि०) १ मालूम होना, ज्ञान पड़ना । २ अच्छा लगना, रुचना । ३ शोभा देना, सोहना । ४ चमकाना ।

भानिकर (सं० पु०) किरणसमूह, आलोक ।

भानियर काश्मीरराज्यके पार्वत्यप्रदेशके अन्तर्गत एक गण्डग्राम । यह उरिसे नौसेरा जानेके रास्ते पर अवस्थित है । यहां विचित्र कारुकार्ययुक्त एक हिन्दू देवमन्दिर है ।

भानु (सं० पु०) भाति चतुर्दशभुवनेषु स्वप्रभया दीप्यते इति भा (दाभाभ्यां नुः उ ३।३२) इति नु । १ सूर्य । २ विष्णु । ३ किरण । ४ अर्कवृक्ष, मदार । ५ एक देवगन्धर्वका नाम । ६ कृष्णके एक पुत्रका नाम । ७ उत्तम मन्वन्तरके एक देवताका नाम । ८ राजा । ९ जैन ग्रंथोंके अनुसार वर्त्तमान अवसर्पिणीके पंद्रहवें अर्हत्‌के पिताका नाम । १० अङ्गिरः सुत तपसके एक पुत्रका नाम । ११ यादवविशेष । १२ प्रभाके एक पुत्रका नाम । १३ प्रभु, मालिक । (स्त्री०) १४ कृष्णकी एक कन्याका नाम । १५ दक्षकी एक कन्याका नाम । १६ धर्मकी एक पत्नीका नाम ।

भानु रामसहस्रनाम० प्रणेता ।

भानुक —सह्याद्रिखण्डवर्णित एक राजा।

(सह्याद्रि ३३।७८)

भानुकम्प (सं० पु०) ग्रहणादिके समय सूर्यके बिम्बका कांपना। फलित ज्योतिषमें यह अमङ्गलसूचक माना गया है।

भानुकर—एक कवि। पद्यामृत तरङ्गिणीमें इनका नामोल्लेख है।

भानुकेशर (सं० पु०) सूर्य।

भानुखेरा—बृन्दावनस्थित कुण्डविशेष। इस कुण्डका जल अति उपादेय है। इसके चारों ओर राजा वृषभानुकी गायें रहती थीं। (श्रीवृन्दावनलीलामृत, भक्तमाल)

भानुगुप्त —गुप्तवंशीय एक राजा।

भानुचन्द्र काव्यप्रकाशटीका और कादम्बरीटीकाके प्रणेता।

भानुचन्द्रगणि एक जैनपण्डित। इन्होंने मुगल सम्राट् अकबर जलालउद्दीन (१५१४-१६०५ ई०)की सभामें रह कर वसन्तराजकृत शकुनार्णव ग्रन्थकी टीका लिखी। इनके शिष्य सिद्धचन्द्रने इसका संशोधन किया है।

भानुचूड़ामणि औषधभेद। प्रस्तुत प्रणाली स्वर्ण, रससिंदूर, प्रवाल, वङ्ग, लौह, ताम्र, तेजपत्र, यमानी, कर्पूर, सैन्धवलवण, मिर्च, कुट, खैर, हरिद्रा, दारुहरिद्रा, रसाञ्जन और स्वर्णमाक्षिक इनके बराबर बराबर भागको जलमें घोंट कर दो रत्तीकी गोली बनावे। प्रतिदिन सबेरे इसका सेवन करनेसे सब प्रकारका ज्वर जाता रहता है।

भानुज (सं० पु०) भानोर्जायते जन-ड। १ यम। २ शनैश्चर। ३ कर्ण।

भनुजा (सं० स्त्री०) यमुना।

भानुजिदीक्षित —प्रसिद्ध वैयाकरण भट्टोजि दीक्षितके पुत्र। इन्होंने राजा कीर्त्तिसिंहदेवके अनुरोध करने पर व्याख्यासुधा वा सुबोधिनी नामक अमरकोषकी टीका लिखी है। स्वीय साधुजीवनके परिचयस्वरूप इन्होंने परवर्त्ती कालमें 'रामभद्राश्रम'की उपाधि पाई थी।

भानुजित्—खेचरभूषण नामक ज्योतिःशास्त्रके प्रणेता।

भानुतनया (सं० स्त्री०) यमुना।

भानुदत्त—१ एक वैयाकरण। देवराजने इनका नामोल्लेख किया है। २ कुमारभार्गवीय नामक दो ग्रंथके प्रणेता। ३ मुहूर्त्तसार नामक ज्योतिषग्रंथके रचयिता। ४ मिथिलावासी एक पण्डित, गणपतिनाथके पुत्र। ये अलङ्कारतिलक, रसतरङ्गिणी, रसमञ्जरी और शृङ्गारदीपिका नामक ग्रंथ लिख गये हैं।

भानुदत्ता संयतिकी एक पत्नीका नाम।

भानुदिन (सं० क्ली०) भानोर्दिनं। सूर्यका दिन, रविवार।

भानुदीक्षित गुरुबालप्रबोधिनी नामक अमरकोषटीका और लिङ्गभट्टीय नामक एक अभिधानके प्रणेता।

भानुजिद्दीक्षित देखो।

भानुदेव (सं० पु०) भानुरेव देवः। १ सूर्य। २ पाञ्चाल देशीय पाण्डव पक्षीय एक वीर। ये भारतयुद्धमें कर्णके हाथसे मारे गये थे। ३ राजपुत्रभेद। ४ गाङ्गाधिपति चन्द्रवंशीय एक राजा। आप १३५० शकमें विद्यमान थे। ५ उड़ीसाके एक राजा। इन्होंने चालुक्य राजकन्या आकलदेवीको व्याहा था। ६ एक राजवंशीय ५म नरसिंहदेवके पुत्र।

भानुनाथदैवज्ञ श्रीमालवंशीय वल्लभानन्दके पुत्र। इन्होंने भक्तिरत्न और व्यवहाररत्न नामक दो ग्रन्थ लिखे हैं।

भानुपण्डित (सं० पु०) १ रसमञ्जरीके प्रणेता। २ एक कवि। ये श्रीवैद्य भानुपण्डित नामसे प्रसिद्ध थे। शार्ङ्गधर पद्धतिमें इनका नामोल्लेख है।

भानुपाक (सं० पु०) औषध आदिको सूर्यकी गर्मी या धूपकी सहायतासे पकानेकी क्रिया। रसेन्द्रसारसंग्रहमें इसके पाकका विधान इस प्रकार लिखा है, लौह चूर्णको बार बार छान कर त्रिफलाके काढ़ेमें प्रक्षालन करे। सूख जाने पर सूर्यकी किरणमें पकावे। पाक स्थालीके समान त्रिफलाको त्रिगुण जलमें पाक कर चतुर्थ भागावशेष रहने उस काढ़ेको सूर्यकी गर्मीसे सुखा दे। इसीको भानुपाक कहते हैं (रसेन्द्रसार०)

भानुप्रताप (सं० पु०) रामायणके अनुसार एक राजाका नाम। यह कैकय देशके राजा सत्यकेतुके पुत्र थे। तुलसीकृत रामायणमें इनकी कथा इस प्रकार है एक दिन भानुप्रताप आखेटको बाहर निकले। जङ्गलमें एक

एक सूअर दिखाई दिया। इन्होंने घोड़ेको उसके पीछे छोड़ा। निविड़ जङ्गलमें जा कर सूअर कहीं छिप रहा और राजा जङ्गलमें भटक गये। इस प्रकार भटकते भटकते इन्हें एक तपस्वीका आश्रम मिला। यह तपस्वी और कोई न था, राजाका शत्रु था जिसका राज्य इन्होंने छीन लिया था। राजा बहुत प्यासे थे और उन्होंने तपस्वीको पहचाना न था। तपस्वीसे जब उन्होंने पानी मांगा तब उन्हें एक तालाब बतला दिया गया। राजाने वहां जा कर जल पी कर अपनी प्यास बुझाई। रात हो रही थी, तपस्वीने राजाको अपने आश्रममें ले गया। रातके समय दोनोंमें बात चीत हुई। तपस्वीने कपटसे राजाको अपनी मीठी मीठी बातोंसे वशीभूत कर लिया। तपस्वीकी बातोंमें पड़ कर राजा रातको वहीं सो रहे। अब तपस्वीने अच्छा मौका देख कर अपने मित्र कालकेतु राक्षसको बुलाया और वह क्षण भरमें राजाको उठा कर उनकी राजधानीमें पहुंचा आया तथा घोड़ेको घुड़सालमें बांध आया। राजाके पुरोहित साथ ही थे सो उस दुष्ट राक्षसने उन्हें भी उठा कर पर्वतकी एक गुफामें बंद कर दिया और आप पुरोहितका रूप धारण कर उनकी जगह पर लेट रहा। प्रातः काल जब राजा बिछावन परसे उठे, तब उन्हें मुनि पर विशेष श्रद्धा हुई। पुरोहितको बुला कर राजाने तीसरे दिन भोजन बनानेकी आज्ञा दी और ब्राह्मणोंको भोजनका निमन्त्रण दिया। कपटी पुरोहितने तरह तरहके मांसोंके साथ मनुष्यका मांस भी पकाया। जब ब्राह्मण लोग भोजन करने उठे और राजा परोसने लगे, इसी बीचमें आकाशवाणी हुई कि तुम लोग यह अन्न मत खाओ, इसमें मनुष्यका मांस है। ब्राह्मण लोग आकाशवाणी सुन कर उठ गये और राजाको शाप दिया, कि तुम परिवार सहित राक्षस हो। कहते हैं, कि वही राजा भानुप्रताप मरने पर दूसरे जन्ममें रावण हुए।

भानुफला (सं० स्त्री०) भानुरिव दीप्तिमत् फलमस्याः। कदली, केला।

भानुभट्ट (सं० पु०) एक ग्रन्थकार, नीलकण्ठ भट्टके पुत्र और शङ्कर भट्टके पौत्र। इन्होंने एक वस्त्रस्नानविधि, होमनिर्णय और द्वैतनिर्णयसिद्धान्तसंग्रह नामक अपने पितामह कृत धर्माद्वैतनिर्णय ग्रन्थका एक संक्षिप्त परिचय लिखा है।

भानुभट्ट प्रश्नार्णवके प्रणेता नारायणदास मिश्रके गुरु।

भानुमत् (सं० पु०) भानवः सन्त्यस्येति भानु मतुप्। १ सूर्य्य। २ कलिङ्गके एक राजाका नाम। ३ केशिध्वजके एक पुत्रका नाम। (भाग० ९।१३।२१) ४ भर्गका एक नाम। ५ कृष्णके एक पुत्रका नाम। (त्रि०) ६ दीप्तियुक्त, प्रकाशमान।

भानुमती (सं० स्त्री०) भानु मतुप् ङीप्। १ विक्रमादित्यकी रानीका नाम यह अत्यन्त रूपवती और इन्द्रजालविद्याकी जानकार थी। २ कृतवीर्य्यकी कन्या जो अहंयातिसे ब्याही थी। ३ अङ्गिरसकी पहली कन्याका नाम। ४ यादव भानुकी कन्या। ५ दुर्योधनकी पत्नी। ६ गङ्गा। ७ राजा सगरकी एक स्त्रीका नाम। ८ भानुमती।

भानुमय (सं० त्रि०) रश्मिसम्वलित आलोकमाला समाकीर्ण।

भानुमान (हिं० वि०) भानुमत् देखो। (पु०) २ कोशल देशके एक राजाका नाम। ये दशरथके श्वसुर थे। ३ भानुमत् देखो।

भानुमाली (सं० त्रि०) सह्याद्रिखण्डवर्णित एक राजा। (सह्याद्रि० ३३।१४८)

भानुमित्र (सं० पु०) १ राजा चन्द्रगिरिके एक पुत्रका नाम। (विष्णुपु०) २ गढ़ादेशाधिपति एक राजाका नाम। ३ एक प्राचीन राजाका नाम। ये मौर्यवंशीय पुष्यमित्रके बाद गद्दी पर बैठे थे।

भानुमिश्र एक कवि। पद्यामृततरङ्गिणीमें इनकी रचित कविता उद्धृत हुई है।

भानुमुखी (सं० पु०) सूर्यमुखी।

भानुरथ (सं० पु०) चन्द्रगिरिराजपुत्र।

भानुल (सं० पु०) १ भानुदत्तका नामान्तर। २ कार्त्तिक।

भानुवन (सं० क्ली०) भार्गवन नामक अरण्य।

भानुवर्म्म (सं० पु०) दाक्षिणात्यके अन्तर्गत पलाशिकाके कादम्बवंशीय एक राजाका नाम।

भानुवार (सं० पु०) भानोर्वारः। रविवार, एतवार। अमावस्या, द्वादशी, संक्रान्ति और रविवार इन सब दिनोंमें

स्नान, जप, होम, देवतापूजा और उपवास विशेष पुण्यकर है। (तिथितत्त्व)

भानुविक्रम—चेरवंशीय एक राजाका नाम, विवाङ्कोरराज वंशके प्रतिष्ठाता

भानुशक्ति—सेन्द्रकवंशीय एक राजा। ये कादम्बराज हरिवर्माके समसामयिक थे।

भानुसुत (सं० पु०) १ यम। २ मनु। ३ शनिश्चर। ४ कर्ण।

भानुसुता (सं० स्त्री०) यमुना।

भानुसेन (सं० पु०) कर्णके एक पुत्रका नाम।

भानेमि (सं० पु०) भानां प्रभाचक्राणां नेमिरिव सूर्य।

भान्त (सं० पु०) भायाः दीप्तेः पञ्चदशाह मध्ये अन्तो यस्य। शुक्ल और कृष्णपक्षके पञ्चदशाहके मध्य कान्तिका उपचय और अपचययुक्त चन्द्र। २ नक्षत्र और राशिका अन्त।

भान्द (सं० पु०) अग्निपुराण भेद।

भान्धुप—बम्बई प्रदेशके थाना जिलान्तर्गत समुद्रतीरवर्त्ती एक बन्दर। यह अक्षा० १९° ८´ ४५´´ उ० तथा देशा० ७२° ५६´ १५´´ पू०के मध्य विस्तृत है। यहां एक रेलवे ष्टेशन है।

भाप (हिं० स्त्री०) १ पानीके बहुत छोटे कण जो उसके खौलनेकी दशामें ऊपरको उठते दिखाई पड़ते हैं और ठंढक पा कर कुहरे आदिका रूप धारण करते हैं। विशेष विवरण वाष्प शब्दमें देखो।

भापना (हिं० क्रि०) भांपना देखो।

भापशाह—बम्बईप्रदेशके सतारा जिलान्तर्गत एक गण्ड शैल।

भाबर (हिं० पु०) हिमालय, राजपूताने, मध्य भारत दक्षिण आदिमें पहाड़ी प्रदेशोंमें मिलनेवाली एक प्रकारकी घास। यह रस्सी बनानेके काममें आती है।

भाभर—गुजरात प्रदेशके पालनपुर एजेन्सीके अन्तर्गत भाभर राज्यका प्रधान नगर। यह अक्षा० २४° ७´ उ० तथा देशा० ७१° ४३´ पू०के मध्य पालनपुरसे ५५ मीलकी दूरी पर अवस्थित है।

भाभर (हिं० पु०) १ वह जंगल जो पहाड़ोंके नीचे और तराईके बीचमें होते हैं। यह प्रायः साखू आदिके होते हैं। २ एक प्रकारकी घास। यह रस्सी बनानेके काममें आती है और पर्वतों पर उगती है।

भाभरी (हिं० स्त्री०) १ गरम राख, भूभल। २ [illegible] बांसोंमें भूल जा [illegible] होता है।

भाभी (हिं० स्त्री०) बड़े भाईकी स्त्री, भौजाई।

भाम (सं० पु०) भामनमिति भाम भावे घञ्। १ क्रोध, गुस्सा। २ प्रकाश, दीप्ति। ३ सूर्य। ४ भगिनीपति, बहनोई। ५ एक वर्णवृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें भगण, मगण और अन्तमें तीन सगण होते हैं।

भाम—बरारके वुन जिलेका एक जनशून्य शहर। यह अक्षा० २१° १३´ ३३´´ उ० तथा देशा० ७८° ३´ पू०के मध्य नेकलमलसे १६ मील दक्षिणमें अवस्थित है। यहां रघुजी भोंसलेके पितामहका भग्नावशेष वर्त्तमान है। कहते हैं, कि यहां किसी समय पांच हजार बैरागी वास करते थे। पहले यह नगर जंगलसे परिपूर्ण था।

भाम—बम्बई प्रदेशके पूना जिलान्तर्गत नदीविशेष। यह सह्यपर्वतसे निकली है।

भाम (हिं० स्त्री०) स्त्री।

भामक (सं० पु०) भाम एव स्वार्थे कन्। भगिनीपति, बहनोई।

भामकवि—षड्भाषाचन्द्रिकाके रचयिता।

भामचन्द्र—पूना जिलान्तर्गत एक गण्डशैल। इस पर भाम चन्द्र (शिव) का मन्दिर और सीताकुण्ड नामक जल प्रपात है। यह पर्वत चाकनसे ७ मील पश्चिम पड़ता है। उक्त शिवमन्दिर व्यतीत इस पर्वत पर अनेक गुहामन्दिर और स्तूप आदि बौद्धकीर्त्तियां मौजूद हैं।

भामण्डल (सं० क्ली०) भासां मण्डलं। १ रश्मिमण्डल। २ अद्भुत ऋषि या राजाके मुखका चतुर्दिकस्थ किरण माला।

भामता—जातिविशेष। इस जातिके लोग चोरी करके अपना गुजारा चलाते हैं। इनका आचार, व्यवहार और परिच्छद उच्च जातिके हिन्दुओं सा है। इनमेंसे प्रायः सभी [illegible]। भामटीय देखो।

भामती—षड्दर्शनटीकाकृत वाचस्पति मिश्रकृत वेदान्त सूत्रकी टीका। यह टीका अतिशय [illegible] है।

भामतीय दाक्षिणात्यकी भ्रमणशील जातिविशेष। इस जातिके लोग चोरी और ठगीसे जीविकानिर्वाह करते हैं। पूनाके पश्चिम भाम्बुर्दा, गणेशखण्ड आदि स्थानोंमें इनका वास है।

भामनी (सं० पु०) भामं नयति नी-क्विप्। १ परमेश्वर। (त्रि०) २ प्रकाशक। ३ मालिक।

भामह (सं० पु०) १ एक अलङ्कारशास्त्रके प्रणेता। २ राष्ट्रकूटवंशीय एक राजा।

भामह एक प्राचीन ग्रन्थकार। ये वररुचिकृत प्राकृत-प्रकाशकी मनोरमावृत्ति नामक टीका और एक अलङ्कार ग्रन्थ लिख गये हैं।

भामा (सं० स्त्री०) भामते इति भाम अच् टाप्। १ कोपना स्त्री, क्रुद्ध औरत। २ स्त्री, औरत।

भामिन (सं० त्रि०) भाम-णिनि। १ क्रोधयुक्त। २ तेजस्वी।

भामिनी (सं० स्त्री०) भामते इति भाम-णिनि ङीप्। १ कोपनास्त्री, क्रोध करनेवाली स्त्री। २ स्त्री, औरत। ३ सुनय नामक गन्धर्वकी दुहिता। (मार्कण्डेयपु० १९८।१७)

भामी (सं० त्रि०) भामिन देखो।

भामेर बम्बईप्रदेशके खान्देश जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। अभी यहां पूर्वतन नगरका ध्वंशावशेषमात्र रह गया है। यह निजामपुरसे ४ मील दक्षिण पड़ता है।

भामो उत्तर-ब्रह्मका एक जिला। यह अक्षा० २३° ३७´ से २४° ५२´ उ० तथा देशा० ९६° ३४´ से ९७° ४६´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४१४६ वर्गमील है। इसके उत्तरमें मैतकिना जिला, पूर्वमें चीनकी सरहद, दक्षिणमें मोङ्गमीतका शानराज्य और पश्चिममें कठा जिला है।

जिलेका नाम शान है। इसका प्राचीन इतिहास नहीं मिलता, पर इतना जरूर है, कि एक समय शान राज्य बहुत बड़ा चढ़ा था। सम्पेनगांमें इसकी राजधानी थी जिसका भग्नावशेष आज भी भामो शहरमें दृष्टिगोचर होता है। १८८५ ई०में वृटिश सरकारने इस पर अधिकार जमाया। जिलेमें इसी नामका १ शहर और ७८३ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या ८० हजारके करीब है।

विशेष विवरण ब्रह्म शब्दमें देखो।

२ उक्त जिलेका पूर्वी उपविभाग। यह अक्षा० २३° ४९´ से २४° ५२´ उ० तथा देशा० ९७° १´ से ७१° ४६´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण १७२३ वर्गमील और जनसंख्या ५७५७२ है। इसमें ५१८ ग्राम लगते हैं।

३ उक्त जिलेका सदर। यह अक्षा० २४° १५´ उ० तथा देशा० ९७° १५´ पू० इरावती नदीके किनारे अवस्थित है। चीनराज्यके साथ इस नगरका विस्तृत वाणिज्य होता है। पहलेसे यह नगर अभी उन्नत दशामें है। यहांकी जनसंख्या दश हजारसे ऊपर है।

भाम्बुर्दा बम्बईप्रदेशके पूना जिलान्तर्गत मुथातीरस्थ एक गण्डग्राम। यह ग्राम पूनासे सटा हुआ है और काठके एक पुलसे पूनानगरके साथ संयोजित है। यहां पशु क्रयविक्रयके लिये प्रति बुधवारको एक छोटा मेला लगता है। ग्रामके प्रान्तभागमें अङ्गरेजोंका वासभवन और विख्यात पाञ्चालेश्वर मन्दिर है। १८०१ ई०में विख्यात यशोवन्त राव होलकरके भाई विठोजी होलकर यहां पर बाजीरावसे पकड़े गये थे। बाजीरावने सिन्दे राजको प्रसन्न करनेके लिये विठोजीके हाथ पांव बांध कर उनकी हत्या करनेका हुकुम दिया था।

भाम्बोर बम्बईप्रदेशके कराची जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २४° ४०´ उ० तथा देशा० ६७° ४१´ पू०के मध्य अवस्थित है। अभी यह नगर ध्वंसावस्थामें पड़ा है। इसका प्राचीन नाम देवल है, पर किसी किसीका कहना है, कि मुसलमानोंके आक्रमणके पहले इस नगरका नाम महारा वा मानसार था।

भाय (हिं० पु०) १ भाई। २ अन्तःकरणकी वृत्ति, भाव। २ भांति, ढंग। ३ परिमाण। ४ दर, भाव।

भायजात्य (सं० पु०) कपिञ्जलका गोत्रापत्य।

भायप (हिं० पु०) भ्रातृभाव, भाईचारा

भाया (हिं० वि०) प्रिय, प्यारा।

भायावदर बम्बईप्रदेशके हलार जिलेका एक नगर। यह अक्षा० २१° ५१´ १५´´ उ० तथा देशा० ७०° १७´ १५´´ पू०के मध्य अवस्थित है।

भायिल १ राजमालवंशीय एक राजा। २ गृहनिर्माण।

भार १ कच्छदेशीय जातिविशेष। दिल्लीके सम्राट् जहांगीरके शासनकालमें उनके लड़के शाहजहांने इन लोगोंको परास्त किया था।

भार (सं० पु०) भ्रियते इति भृञ् भरणे (अकर्त्तरि च कारके संज्ञायां। पा ३।३।१९) इति घञ्। १ परिमाण जो बीस पसेरीका होता है। २ विष्णु। ३ गुरुत्व, बोझ।

भार (हिं० पु०) १ वह बोझ जिसे बहँगीके दोनों पल्लों पर रख कर कंधे पर उठा कर ले जाते हैं। २ रक्षा, संभाल। ३ किसी कर्त्तव्यके पालनका उत्तरदायित्व। ४ आश्रय, सहारा।

भारक (सं० पु०) भार नामकी तौल।

भारकी (सं० स्त्री०) भृ बाहुलकात् अकुन्। पोषणकर्त्री स्त्री, दाई।

भारङ्गी (सं० स्त्री०) एक प्रकारका पौधा। इसकी ऊँचाई मनुष्यके बराबर होती है। इसकी पत्तियां महुएकी पत्तियोंसे मिलती हुई गुदार और नरम होती हैं। लोग इन पत्तियोंका साग बना कर खाते हैं। इसमें सफेद फूल लगते हैं। इसकी जड़, डंठल, पत्ती और फल औषधके काममें आते हैं। इसके फूलका नाम गुलअसवर्ग है। इसकी पत्तियोंका प्रयोग ज्वर, दाह, हिचकी और त्रिदोषमें होता है। इसके मूलका गुण गर्म, रुचिकर, और दीपन माना गया है। इसका स्वाद कड़ुआ, कसैला, चरपरा और रूखा है।

भारण्ड (सं० पु०) उत्तरकुरुदेशज शकुनपक्षी।

भारत (सं० पु०) भारतान् भरतवंशीयानाधिकृत्य कृतो ग्रन्थ इत्यण्। १ ग्रन्थभेद, महाभारतका पूर्वरूप या मूल जो २४००० श्लोकका है। यह महर्षि वेदव्यास द्वारा रचा गया है। विशेष विवरण महाभारत शब्दमें देखो। २ वर्षभेद, जम्बूद्वीपके नववर्षके अन्तर्गत वर्षविशेष। भरतस्य मुनेरयं भरत-अण्। (पु०) ३ नट। ४ अग्नि। भरतस्य गोत्रापत्यमिति भरत-अण्। ५ भरतका गोत्रापत्य, भरतके गोत्रमें उत्पन्न पुरुष। ६ कथा, लंबा चौड़ा विवरण।

भारत—समरसारोदाहरणके प्रणेता।

भारतआचार्य—तत्त्वसारधृत एक तन्त्रग्रन्थकार।

भारतकर्ण—तत्त्वकणिकाके रचयिता।

भारतखण्ड (सं० पु०) भारतवर्ष देखो।

भारतचन्द्रराय—एक सुप्रसिद्ध बङ्ग-कवि। ये कालिका मङ्गल (अन्नदामङ्गल) लिख कर अपनेको वङ्गवासियोंके निकट चिरपरिचित कर गये हैं। ग्रन्थकी भाषा अश्लील होने पर भी उसकी रचना वैचित्र्य और कवित्व पूर्ण अतिमधुर सरल पदविन्यास देखनेसे चमत्कृत होना पड़ता है। साहित्य और काव्यादि साधारणतः सामयिक समाजचित्र सङ्कलित हो सकता है। कवि भारतचन्द्रने अपने अपने ग्रन्थके मध्य जिन सब असामाजिक रुचिका वाक्यविन्यास किया है, वह तत्कालीन सामाजिक विप्लवका परिचायक है। नवाबी अमलदारीमें मुसलमानोंके अत्याचार और सुखाभिलाषी जमींदारोंकी यथेच्छाचारितामें उस समय समाजमें एक विशेष उच्छृङ्खला उपस्थित हो गई थी। इस विलासिता और कामिनीकाञ्चन लालसामें पड़ कर उस समय सभी प्रायः आदिरसके अनुरागी हो गये थे। इसी कारण आदिरस सुखास्वादनोत्सुक नवद्वीपाधिपति महाराज कृष्णचन्द्रके आदेशसे कविवर भारतचन्द्र विद्यासुन्दरकी तरह आदिरस पूर्ण ग्रन्थके प्रणयनमें बाध्य हुए थे। जो कुछ हो, आप सामयिक रुचिके वशवर्त्ती हो कर अपना कवित्व शक्तिकः पराकाष्ठा दिखला गये हैं।

भारतमण्डल—जम्बूद्वीपके अन्तर्गत भारताख्य देशभेद। भारतवर्ष देखो।

भारतवर्ष—जम्बूद्वीपके अन्तर्गत एक क्षेत्र। हिन्दुस्तान कहनेसे भी भारतवर्षका ज्ञान होता है। ब्रह्माण्डपुराणमें लिखा है—

"भरणाच्च प्रजानां वै मनुर्भरत उच्यते।
निरुक्तवचनाच्चैव वर्षं तद्भारतं स्मृतम्॥"

(पूर्वभाग ४९।१०)

प्रजाओंका भरण करते थे, इसलिए मनु भरत नामसे आख्यात हैं और भरत नामक मनु परिपालित होनेसे इस वर्षका नाम भारतवर्ष हुआ। कोई कोई दुष्यन्तके पुत्र भरतके नामानुसार भारतवर्ष नामको निर्देश कर जाते हैं। कुमारिकाखण्ड और मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है, जम्बूद्वीपाधिपति आग्नीध्रके ज्येष्ठ पुत्र नाभिने हिमालयका आधिपत्य प्राप्त किया। नाभिके पुत्र ऋषभ और उनके पुत्र भरत थे। इन भरतने बहुत काल तक धर्मानुसार जिस वर्षका शासन किया था, वही उनके

नामानुसार भारतवर्ष कहलाया * । मार्कण्डेयपुराणके अनुसार, भरतके पिताने उन्हें यह राज्य दिया था इस लिए इस वर्षका नाम भारतवर्ष पड़ा† ।

पौराणिक सीमा और भूवृत्तान्त ।

ब्रह्माण्ड, मत्स्य, विष्णु आदि पुराणोंमें भारतवर्षकी जो सीमा निर्दिष्ट है, वह नीचे दी जाती है

“उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमवद्दक्षिणञ्च यत् ।
वर्षं तद्भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा ॥”

जो देश समुद्रके उत्तरमें और हिमालय पर्वतके दक्षिणमें है, उसका नाम भारतवर्ष है । यहांकी प्रजा भारती नामसे प्रसिद्ध है ।

पौराणिक विभाग ।

उक्त पुराणोंमें लिखा है,

“भारतस्यास्य वर्षस्य नवभेदाः प्रकीर्त्तिताः ।
समुद्रान्तरिता ज्ञेयास्ते त्वगम्याः परस्परम् ॥
इन्द्रद्वीपः कशेरुश्च ताम्रवर्णो गभस्तिमान् ।
नागद्वीपस्तथा सौम्यो गान्धर्वस्त्वथ वारुणः ॥
अयन्तु नवमस्तेषां द्वीपः सागरसंवृतः ।
योजनानां सहस्रन्तु द्वीपोऽयं दक्षिणोत्तरं ॥
आयतो ह्याकुमारिक्यादागङ्गाप्रभवाच्च वै ।
तिर्य्यगूर्द्धन्तु विस्तीर्णः सहस्रत्रयमेव च ।
द्वीपो ह्युपनिविष्टोऽयं म्लेच्छैरन्तेषु नित्यशः ।
पूर्वे किराता ह्यस्यान्ते पश्चिमे यवनाः स्मृताः ॥
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्या मध्ये शूद्राश्च भागशः ।
इज्यायुद्धवणिज्याद्यैर्वर्त्तयन्तो व्यवस्थिताः ॥”
(ब्रह्माण्डपुराण ४८।१२—२०)

इस भारतवर्षके नौ विभाग कहे गये हैं । इसका प्रत्येक भाग समुद्र द्वारा अन्तरित होनेसे परस्पर अगम्य है । इन नौ विभागोंके नाम ये हैं- इन्द्रद्वीप, कशेरु, ताम्रवर्ण, गभस्तिमान्, नागद्वीप, सौम्य, गन्धर्व और वारुण, इसके सिवा नौवां सागर वेष्टित द्वीप है । इस नौवें द्वीपका उत्तर-दक्षिणमें आयत सहस्र योजन है, किन्तु कुमारिकासे गङ्गा तक इसका उत्तर-दक्षिणमें वक्र-रूप विस्तार तीन सहस्र योजन है । इस नौवें द्वीपके प्रान्तभागमें सर्वदा बहुतर म्लेच्छ वास करते हैं । इसकी पूर्वसीमामें किरातों, पश्चिममें यवनों तथा मध्य भागमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णोंका, यज्ञ, युद्ध और वाणिज्यादि अवलम्बन पूर्वक वास है । वामनपुराणमें नवम द्वीप कुमारिद्वीप नामसे कहा गया है * । वामन पुराणके मतसे

“पूर्वे किराता यस्यान्ते पश्चिमे यवनाः स्मृताः ।
आन्ध्रा दक्षिणतो वीर तुरुष्काश्चापि चोत्तरे ॥”

अर्थात् इस कुमारद्वीपकी पूर्व सीमामें किरातराज्य, पश्चिममें यवनराज्य, दक्षिणमें आन्ध्रराज्य और उत्तरमें तुरुष्कराज्य है । यह कुमारद्वीप ही वर्त्तमानमें भारतवर्ष नामसे प्रसिद्ध है । इस नवम द्वीपके अतिरिक्त अन्य आठ द्वीप वर्त्तमान भारतवर्षके बाहर भारतमहासागरके मध्यमें अवस्थित जान पड़ते हैं । उनमें ताम्रवर्ण और नागद्वीप वर्त्तमान सिंहलद्वीपका अंश विशेष है, ऐसी प्रसिद्धि थी, इसके बहुत प्रमाण भी मिलते हैं । परन्तु इन्द्रद्वीपके प्राचीन नाम परिवर्त्तित होनेसे उनके वर्त्तमान अवस्थानका निर्णय करना एक प्रकारसे दुःसाध्य ही है ।

पुराणानुसार भारतीय अनुद्वीप ।

उक्त नौ द्वीपोंके अतिरिक्त ब्रह्माण्डपुराणमें और भी कई एक भारतीय अनुद्वीपोंका उल्लेख है । जैसे -

“अङ्गद्वीपं यवद्वीपं मलयद्वीपमेव च ।
शङ्खद्वीपं कुशद्वीपं वराहद्वीपमेव च ॥
अङ्गद्वीपं निबोध त्वं नानासत्त्वसमाकुलं ।
नानाम्लेच्छगणाकीर्णं तद्द्वीपं बहुविस्तरं ॥
हेमविद्रुमपूर्णानां रत्नानामाकरं स्थितं ।
नदीशैलवनैश्चित्रं सम्मितं लवणाम्भसा ॥
तत्र चक्रगिरिर्नाम नैकनिर्झरकन्दरः ।
तत्र सा तु दरी चास्य नानासत्त्वसमाश्रया ॥”

---

* “नाभेः पुत्रस्तु ऋषभाद्भरतोऽभवत्ततः ।
तस्य नाम्ना त्विदं वर्षं भारतं चेति कीर्त्यते ॥”
(कुमारिका ३९ अ०)

नारसिंहपुराण ३०वाँ अध्याय देखना चाहिये ।

† “हिमाह्वं दक्षिणं वर्षं भरताय ददौ पिता ।
तस्माच्च भारतं वर्षं —” (मार्कण्डेयपु०)

* अयन्तु नवमस्तेषां द्वीपः सागरसंवृतः ।
कुमाराख्यपरिख्यातो द्वीपोऽयं दक्षिणोत्तरः ॥”
(वामनपुराण)

भास्कराचार्यके गोलाध्यायमें यह नवम द्वीप ‘कुमारिका’ नाम से वर्णित हुआ है ।

स मध्ये नागदेशस्य नैकदेशो महागिरिः ।
कोटिभ्यां नाग-निलयं प्राप्तो नदनदीपतिं ॥
यवद्वीपमिति प्रोक्तं नानारत्नाकरान्वितम् ।
तत्रापि द्युतिमान्नाम पर्वतो धातुमण्डितः ॥
समुद्रगानां प्रभवः प्रभवः काञ्चनस्य तु ।
तथैव मलयद्वीपमेवमेव सुसंवृतम् ॥
मणिरत्नाकरं स्फीतमाकरं कनकस्य च ।
आकरं चन्दनानाञ्च समुद्राणां तथाकरं ॥
नानाम्लेच्छगणाकीर्णं नदीपर्वतमण्डितं ।
तत्र श्रीमांस्तु मलयः पर्वतो रत्नाकरः ॥
महामलय इत्येवं विख्यातो वर पर्वतः ।
द्वितीयं मन्दरं नाम प्रशिताग्रं सदा द्विजौ ॥
अगस्त्यभवनं तत्र देवासुरनमस्कृतं ।
तथा काञ्चनपादस्य मलयस्यापरस्य हि ॥
निकुञ्जैस्तु या गोमाङ्गै राश्रमं सिद्ध सेवितं ।
नाना पुष्प फलोपेतं रम्यादिभिः विशोभितं ॥
तथा त्रिकूटनिलयं नानाधातु विभूषितं ।
अनेकयोजनोत्सेधं विभ्रमानुदरीयुतं ॥
तस्य कूटतटे रम्ये हेमप्राकारतोरणा ।
निर्यूहवलभी चित्रा हर्म्यप्रासादमालिनी ॥
शतयोजनविस्तीर्णा त्रिंशद्योजनमायता ।
नित्यप्रमुदिता स्फीता लङ्का नाम महापुरी ॥
सा कामरूपिणां स्थानं राक्षसानां महात्मनां ।
आवासो बलदृप्तानां तद्विख्यातेन विश्रुता ।
मानुषाणामसम्बाधा दुर्गम्या सा महापुरी ।
तस्य द्वीपस्य वै पूर्वं तीरे नदनदीपतेः ॥
गोकर्णनामधेयस्य शङ्करस्यालयो महान् ।
तथैव राज्यं विज्ञेयं शङ्खद्वीपं समाश्रितं ॥
शतयोजनविस्तीर्णं नानाम्लेच्छ समाकुलं ।
तत्र शङ्खगिरिर्नाम पीतशङ्खदलप्रभः ॥
नानारत्नाकरः पुण्यः पुण्यकृद्भिर्निषेवितः ।
शङ्खनागा महापुण्या यस्मात् प्रभवते नदी ॥
यत्र शङ्खमुखो नाम नागराजकृतालयः ।
तथैव च कुशद्वीपं नानापुष्पोप शोभितम् ॥
नाना ग्रामसमाकीर्णं नानारत्नाकरं शिवम् ।
कामदा नाम विख्याता कुष्ठव्याधिनिवर्हणी ॥
[illegible] ।
तथा वराहद्वीपं च नाना [illegible]-कुलाकुलं ॥
नाना ग्रामसमाकीर्णं [illegible] ।
[illegible] ॥
नदीशैलवनैश्चैव [illegible] ।
वराहपर्वतो नाम [illegible] ।
अनेक [illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ॥

[illegible]

अर्थात् अङ्गद्वीप, यवद्वीप, मलयद्वीप, शङ्खद्वीप, कुश द्वीप और वराहद्वीप नामसे प्रसिद्ध बहुसंख्यक प्राणियोंसे पूर्ण नाना रत्नोंके आकर छः द्वीप हैं। जिसमें अङ्गद्वीपमें म्लेच्छजाति रहती है और इसमें सुवर्ण, प्रवाल तथा नाना प्रकारके रत्नोंकी खानें हैं। यह द्वीप अनेक प्रकार नदी पर्वत और वन द्वारा अलङ्कृत और लवण समुद्र द्वारा परिवेष्टित है। यहां चक्र नामका एक पर्वत है। उसकी गुहाएं अति विस्तृत और नाना प्रकारके प्राणियोंसे परिपूर्ण हैं। यह महागिरि नागदेशके मध्य भागमें अवस्थित है। इसके ऊपर बहुतसे प्रदेश हैं। पर्वतके दोनों प्रान्तभाग समुद्र तक फैले हुए हैं।

यवद्वीप नानाविध रत्नोंका आकर है। इसमें नाना धातुमण्डित द्युतिमान नामक एक पर्वत है। इस पर्वतसे अनेक नदियां उत्पन्न हुई हैं और इसमें नाना प्रकारके रत्न पाये जाते हैं।

मलयद्वीपमें बहुविध चन्दन, स्वर्ण, मणि और रत्न मिलते हैं। यहां बहुतसे म्लेच्छ वास करते हैं। इसमें अनेक नदियां और छोटे छोटे पर्वत अवस्थित हैं। बहुत भांतिके वन और उपवनों द्वारा परिशोभित होनेसे इस द्वीपकी प्राकृतिक शोभा अतिशय मनोहारिणी है। यहां एक रत्नाकर मलय पर्वत है, जो महामलय नामसे भी प्रसिद्ध है। मन्दार नामका और एक पर्वत है, जिस

पर देवासुर पूजित अगस्त्य मुनिका आश्रम प्रतिष्ठित है। पूर्वोक्त मलय पर्वतके स्वर्णमय पादमें मनोहर तृणादि निर्मित अति पवित्र एक आश्रम है। यह स्थान सर्वदा अनेक प्रकारके पुष्पों और फलोंसे अलंकृत रहता है, तथा प्रति पर्वमें यहां स्वर्ग अवतीर्ण हुआ करता है। यहां त्रिकूट निलय पर नाना धातु विभूषित अत्युच्च नाना प्रकार सानु और गुहा शोभित मनोहर शृङ्गों, प्राचीरों और तोरणयुक्त प्रासादोंसे शोभित लङ्कापुरी शोभित है। यह एक सौ योजन विस्तृत और ३०० सौ योजन लम्बी है। यहां सुरद्विषा कामरूपी महाबलशाली राक्षसगण निवास करते हैं। यह स्थान मनुष्योंके अगम्य होनेसे कभी भी मानवों द्वारा परिपालित नहीं होता।

इस द्वीपके पूर्वदिशामें समुद्रके निकट शङ्खद्वीप है। यहां गोकर्ण नामक महादेवका अति पुरातन आलय और शत योजन विस्तृत एक राज्य है। इसमें अनेक प्रकारकी म्लेच्छ जातियां अवस्थान करती हैं। यहां अनेक प्रकार रत्न परिपूरित शङ्खकी भांतिका शुभ्रवर्ण अति मनोहर एक शङ्ख नामक पर्वत है, जिस पर सत्कर्मशाली प्राणी वास करते हैं। इस पर्वतसे शङ्खनामा नामक एक पूत सलिला नदी प्रवाहित हुई है। इसी पर्वत पर शङ्खमुख नामक नागराजका आलय है।

नाना प्रकारके काननादिसे परिशोभित, बहुग्राम समाकीर्ण, नानारत्नाकर और बहुविध पुण्यवान् पुरुषोंसे परिपूर्ण कुशद्वीप भारतके प्रान्तभागमें अवस्थित है। यहांके मनुष्य दुर्गतिविनाशिनी महाभागा भगवती कामदा देवीकी पूजा करके अभीष्ट लाभ करते हैं।

वराहद्वीपमें अधिक संख्यक म्लेच्छोंका आवास है। यहां अन्यान्य जातियां भी हैं। यह द्वीप नाना प्रकारके धनधान्यसे पूर्ण है। इसमें अनेक नदियां, पुष्पफल शोभित वन और वराह नामक शिलामय अति रमणीय एक पर्वत है, जिससे निर्मलसलिला सरङ्गमयी नदी उत्पन्न हुई है। यहांके मनुष्य एकाग्रचित्तसे उस सर्वलोक प्रसवकारी अनन्त विष्णुको नमस्कार और पूजनादि करते हैं, अन्य देवताओंकी उपासना नहीं करते। इसी प्रकार दक्षिणदिशामें अनेक प्रकारके भारतद्वीप हैं।
(ब्रह्माण्डपु०)

ऊपर जिन छह भारतीय अनुद्वीपोंका विषय लिखा गया है, वे भारतमहासागरमें अवस्थित हैं। उनमेंसे अङ्गद्वीप अब अन्नम् वा कम्बोज नामसे (कम्बोज देखो।), यवद्वीप अब भी यवद्वीप नामसे, मलयद्वीप अब सुमात्रा नामसे ([illegible] देखो।); शङ्खद्वीप अब सम्बर नामसे और वराहद्वीप अब अष्ट्रेलिया नामसे प्रसिद्ध है। वर्त्तमान भौगोलिक गण भी भारतीय द्वीपपुञ्ज (Indian Archipelago) नामसे इसका उल्लेख किया करते हैं।

पौराणिक समय वा वर्त्तमान भारतवर्ष।

प्रायः प्रत्येक पुराणमें ही भारतवर्षका विषय अल्प विस्तररूपसे आलोचित हुआ है। अति संक्षेपमें उसकी यहां आलोचना की जाती है। मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है एकमात्र भारतवर्षके सिवा और कहीं भी पाप और पुण्यका फलभोग नहीं करना पड़ता। यहीं स्वर्ग है और यहीं अपवर्ग है। महेन्द्र, मलय, सह्य, शक्तिमान्, ऋक्ष, विन्ध्य और पारियात्र ये सात भारतवर्षके कुलपर्वत हैं। इन पर्वतोंके समीप और भी हजारों पर्वत हैं। इनके सानु विस्तृत, अविकृत, विपुलायत और मनोज्ञ हैं।

इस भारतवर्षमें कोलाहल, वैभ्राज, मन्दर, दर्दुर, वातस्वन, वैद्युत, मैनाक, स्वरस, तुङ्गप्रस्थ, नागगिरि, रोचन, पाण्डर, पुष्प, उज्जयन्त, रैवत, अर्बुद, ऋष्यमूक, गोमन्त, कूटशैल, कृतस्मर, श्रीपर्वत, कोर तथा और भी जो सैकड़ों पर्वत हैं, उनके द्वारा जनपद समूह म्लेच्छ और आर्य इन दो भागोंमें विमिश्रित हैं।

भारतवर्षमें गङ्गा, सरस्वती, सिन्धु, चन्द्रभागा, यमुना, शतद्रु, वितस्ता, ऐरावती, कुहू, गोमती, धूतपापा, बाहुदा, दृषद्वती, विपाशा, देविका, चक्षु, निश्चीरा, गण्डकी, कौशिकी ये नदियां हिमालयके पादांशसे समुद्भूत हुई हैं। आर्य और म्लेच्छगण इन नदियोंका जलपान करते हैं।

वेदस्मृति, वेदवती, वृत्रघ्नी, सिन्धु, वेण्वा, नन्दिनी, सदानीरा, मही, पारा, चर्मण्वती, तापी, विदिशा, वेत्रवती, शिप्रा और तरणा ये सब नदियां पारियात्र पर्वतकी आश्रित हैं। शोण, नर्मदा, सुरसा, अद्रिजा, मन्दाकिनी, दशार्णा, चित्रकूटा, चित्रोत्पला, तमसा, करमोदा, पिशाचिका, पिप्पला, श्रोणि, विपाशा, वञ्जुला, सुमेरुजा,

शुक्तिमती, शकुली, त्रिदिवा, क्रमु और वेगवाहिनी, ये नदियाँ ऋक्षपर्वतके पादोंसे निकली हैं। शिप्रा, पयोष्णी, निर्विन्ध्या, तापी, निषधावती, वेण्वा, वैतरणी, सिनीवाली, कुमुद्वती, करतोया, महागौरी, दुर्गा, अन्तःशिला ये नदियाँ विन्ध्यपर्वतसे निकली हैं और सबकी पुण्यसलिला तथा पवित्रकरनेवाली हैं। गोदावरी, भीमरथी, कृष्णवेण्या, तुङ्गभद्रा, सुप्रयोगा, बाह्या और कावेरी, ये नदियाँ तो सह्यपाद पर्वतसे हैं। कृतमाला, ताम्रपर्णी, पुष्पजा और उत्पलावती मलयाद्रिसमुद्भूता हैं। इन नदियोंका जल अत्यन्त शीतल है। पितृकुल्या, सामकुल्या, ऋषिकुल्या, इक्षुका, त्रिदिवा, लाङ्गूलिनी और वंशकरा आदि नदियाँ महेन्द्र पर्वतसे प्रकट हुई हैं। और ऋषिका, कुमारी, मन्दगा, मन्दवाहिनी, कृपा, पलाशिनी, ये शुक्तिमान पर्वतसे निकली हैं। हिमवान पर्वतसे निकली हुई सरस्वती और गङ्गा आदि नदियाँ परम पवित्र कहलाती हैं। इन महानदियोंके सिवा यहाँ हजारों छोटी छोटी नदियाँ भी हैं, जिनमें कोई कोई तो वर्षाकालमें प्रवाहित होती हैं और अधिकांश सदा ही प्रवाहित रहती हैं।

मत्स्य, अश्वकूट, कुल्य, कुन्तल, काशि, कोशल, अथर्व, कलिङ्ग, मलक, वृक, ये जनपद मध्यदेशमें अवस्थित हैं। जहाँ गोदावरी नदी है, सह्यपर्वतके उस उत्तर विभागोंमें जो देश हैं, वे सब परम रमणीय और सर्वोत्कृष्ट हैं।

महात्मा भरतका रमणीय गोवर्धनपुर, बाह्लीक, वाटधान, आभीर, कालतोय, अपरान्त, शूद्र, पह्लव, चर्मखण्डिक, गान्धार, यवन, सिन्धु, सौवीर, मद्रक, शतद्रुज, कलिङ्ग, पारद, हारहूण माठर, बहुभद्र, कैकेय, दशमालिक, क्षत्रियोपनिवेश, वैश्य और शूद्रकुल, काम्बोज, दरद, बर्बर, हर्षवर्धन, चीन, तुषार, बाह्यतो, आत्रेय, भरद्वाज, पुष्कल, कशेरुक, लम्पाक, शूलकार, चूलिक, जागुड, औपध, अनिभद्र, किरात, तामस, हंसमार्ग, काश्मीर, तङ्गण, शूलिक, कुहक, ऊर्ण, दर्व, ये समस्त जनपद उत्तर दिशामें अवस्थित हैं।

प्राच्य जनपद — अन्धवाक, मुद्गर, अन्तर्गिरि, प्रवङ्ग, वङ्गेय, मालद, मालवर्तिक, ब्रह्मोत्तर, प्रविजय, भार्गव, मल्लक, प्राग्ज्योतिष, मद्रक, विदेह, ताम्रलिप्त, मल्ल, मगध और गोमन्त, ये प्राच्य जनपद हैं। दक्षिणापथवासी जनपद — पुण्ड्र, केरल, गोलाङ्गूल, शैलूष, मूषिक, कुसुम, वनवासक, महाराष्ट्र, माहिषक, कलिङ्ग, आभीर, वैशिक्य, आटव्य, शबर, पुलिन्द, विन्ध्यमौलेय, वैदर्भ, दण्डक, पौरिक, मौलिक, अश्मक, भोगवर्धन, नैषिक, कुन्तल, अन्ध्र, उद्भिद और नलकारक, ये सब दक्षिणापथमें हैं।

अपरान्तदेशनिवासी जनपद — सूर्पारक, कालिवर्ण, दुर्ग, कालीतक, पुलिन्द, सुमीन, रूपप, स्वापद, कुरुमणि, कठाक्षर, नासिक्य, उत्तर नर्मद, भरुकच्छ, माहेय, सारस्वत, काश्मीर, सुराष्ट्र, आवन्त्य और आर्बुद, ये अपरान्त देश हैं।

सरज, करुष, केरल, उत्कल, उत्तमार्ण, दशार्ण, भोज, किष्किन्धक, तोशल, कोशल, त्रैपुर, वैदिश, तुम्बुर, तुम्बुल पटु, नैषध, अन्नज, तुष्टिकार, वीरहोत्र और अवन्ति ये जनपद विन्ध्यपृष्ठ पर अवस्थित हैं। नीहार, हंसमार्ग, कुरु, गुर्गण, खस, कुन्तप्रावरण, ऊर्ण, दार्व, त्रिगर्त मालव, किरात और तामस ये पार्वत्यदेश हैं। इन स्थानोंमें ही सत्य और त्रेता आदि चारों युगोंका विधान प्रचलित है। इस भारतवर्षके दक्षिण, पश्चिम और पूर्वमें महासागर है। हिमालय पर्वत इसके उत्तरमें, धनुर्गुणाकारमें अवस्थित है। केवल इस भारतवर्षमें ही मानव शुभाशुभ कर्मानुसार ब्रह्मत्व, इन्द्रत्व, देवत्व, मनुष्यत्व आदि प्राप्त करते हैं। यही एकमात्र कर्मभूमि है, संसारमें इसके अतिरिक्त द्वितीय कर्मभूमि नहीं है। देवगण भी देवत्वसे भ्रष्ट होकर यहाँके मनुष्यत्वको प्राप्त करनेके लिए सर्वदा अभिलाषा रखते हैं। मनुष्यगण यहाँ जो कुछ करते हैं, सुर या असुरगण भी वैसा नहीं कर सकते। (मार्कण्डेयपु० ५७ अ०)

विष्णुपुराणमें लिखा है — भारतवर्षका विस्तार नौ हजार योजनका है। भारतवर्ष स्वर्ग और मोक्षगामी पुरुषोंकी कर्मभूमि है। यहाँ महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान ऋक्ष, विन्ध्य और पारियात्र ये सात कुल पर्वत हैं। इस स्थानसे स्वर्गादि और पातालादि लोकमें गमन किया जा सकता है। अन्य किसी स्थानसे मनुष्योंके कर्मकी विधि नहीं है। इसके पूर्वमें किरातगण,

पश्चिममें यवन और मध्यमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र रहते हैं । शतद्रू और चन्द्रभागा आदि नदी हिमालयके मूलदेशसे निर्गत हुई हैं । नर्मदा और सुरसा आदि नदियां विन्ध्याचलसे, तापी और पयोष्णी आदि नदियां ऋक्षपर्वतसे, गोदावरी, भीमरथी और कृष्णवेणी आदि सह्य पर्वतसे, कृतमाला और ताम्रपर्णी आदि मलय पर्वतसे, त्रिसामा और ऋषिकुल्यादि महेन्द्र पर्वतसे तथा कुमारी आदि नदियां शुक्तिमान पर्वतसे उत्पन्न हुई हैं । इन नदियोंकी हजार हजार शाखा नदी और उपनदियां हैं । कुरु पञ्चाल वासिगण, मध्यदेशादि स्थानवासिगण, पूर्व देशवासिगण, पुण्ड्र, कलिङ्ग, मगध और सम्पूर्ण दाक्षिणात्यवासिगण तथा इनके सिवा अपरान्त, सौराष्ट्र, शूर, भीर, अर्बुद, कारुष, मालव और पारियात्रनिवासिगण, सौवीर, सैन्धव, हून, शाल्व और शाकल वासिगण उक्त नदियोंके तीर पर वास करते हैं तथा उनका जल पान करते हैं । (विष्णुपुराण)

पुराणोंमें भारतवर्षकी जैसी सीमा और जनपदादिका उल्लेख है, उससे मालूम होता है, कि प्राचीन भारतवर्षका आकार वर्त्तमान भारतकी आकृतिकी अपेक्षा कुछ वृहत् था । जिस समय पुराणादि सङ्कलित हुए थे, उस समय पश्चिममें यवननिवास आर्यानिया वा पारस्य, पूर्वमें पूर्वोपद्वीपके स्यामान्तस्थ कम्बोज वा आसाम, उत्तरमें तुर्किस्तान और दक्षिणमें सिंहलद्वीप पर्यन्त भारतवर्षके सीमान्तभुक्त था । वैदेशिकोंके आक्रमणसे इसका आयतन ह्रासको प्राप्त हो गया है ।

प्राकृतिक दृश्य और भूवृत्तान्त ।

भारतवर्षकी आकृति एक त्रिभुजकी भांति है । गिरिश्रेष्ठ हिमालय इसकी भूमि है तथा पूर्वघाट और पश्चिमघाट दो भुजाएं । यह अक्षा० ८°से ३५° ३० और देशा० ६६° ३८ से ९८° ३२ पूर्वके मध्य है । उत्तरमें हिमालय पर्वतका दुर्भेद्य प्राचीर पार होने पर तिब्बतकी मालभूमि पड़ती है । दक्षिणमें भारत महासागर है । भारत महासागरकी एक शाखा अरब-महासागर पश्चिममें कुछ दूर तक तथा द्वितीय शाखा बङ्गोपसागर पूर्वमें कुछ दूर तक विस्तृत है । उत्तरपश्चिमकोणमें हिमालयसे निकले हुए सालिमान और हाला पर्वतका प्राचीर पार करनेके बाद अफगानिस्तान और अंग्रेजों द्वारा रक्षित बलुचिस्तान पड़ता है । पूर्वमें हिमालयसे निकली हुई अनुच्च गिरिश्रेणी बङ्गोपसागरके किनारे निग्रेस अन्तरीप तक विस्तृत है । इस अलंघ्य गिरि-प्राचीरको पार कर अङ्गरेजोंने ब्रह्मदेश पर अधिकार कर उसे भारतके अन्तर्गत कर लिया है । उत्तरमें हिमालय पर्वतकी गोदमें प्रत्यन्त पर्वतके ऊपर पार्वतीय स्वाधीन राज्य नेपाल और भूटान तथा सिकिमदेश हैं ।

विन्ध्याचलने भारतवर्षके मध्यमें रह कर उसे दो भागोंमें विभक्त कर दिया है । उत्तरमें आर्यावर्त्त और दक्षिणमें दाक्षिणात्य है । आर्यावर्त्त चार भागोंमें विभक्त है । जैसे हिमालयप्रदेश, मध्यप्रदेश, प्राच्यप्रदेश और प्रतीच्यप्रदेश । दाक्षिणात्य भी चार विभागोंमें बंटा हुआ है, जैसे नर्मदाप्रदेश, गोदावरीप्रदेश, कृष्णाप्रदेश और कावेरीप्रदेश ।

नदियां । उत्तरमें तिब्बतकी तीन माइल ऊंची मालभूमि और दक्षिणमें दक्षिणापथकी आधी माइल ऊंची मालभूमिके मध्यमें आर्यावर्त्तका पूर्वपश्चिम विस्तारी निम्न क्षेत्र है । उत्तर और दक्षिणकी मालभूमीका जल-स्रोत नदियोंके आकारमें इस निम्न भूमि पर गिर रहा है, दोनों मालभूमियोंसे कर्दम ला कर उसने कितने ही समय इस प्रान्तरको आच्छादित किया है ; इस मृत्तिकाके कितने ही नीचे जाने पर पाषाण मिलता है । परन्तु दक्षिणमें मालभूमि पर कोमल मिट्टी नहीं जमी है, पाषाण निकला हुआ है । यही कारण है, कि आर्यावर्त्त जितना शस्यशाली है दाक्षिणात्य उतना नहीं । आर्यावर्त्तमें तीन बड़ी नदियां हैं । १ पश्चिममें सिन्धु, यह नदी हिमालयके उत्तरसे निकल कर उसके प्राचीरको भेदती हुई पञ्जाब क्षेत्रमें आ पहुंची है । शतद्रु, विपाशा, चंद्रभागा, इरावती और वितस्ता ये पांच नदियां क्रमशः सिन्धुमें आ मिली हैं । इस पञ्चनद विधौत प्रदेशका नाम पञ्चनददेश वा पञ्जाब है । पञ्जाबके बाद सिन्धु नदी सिन्धु प्रदेशकी मरुभूमिमें घुसी है । बलुचिस्तानकी मरुभूमि मनोहर हाला पर्वतको पार कर यहां तक आई है । उसके बायेंसे चल कर सिन्धु नदी

अरब सागरमें जा मिलते हैं। पश्चिममें जैसे सिन्धु है, वैसे ही, पूर्वमें ब्रह्मपुत्र। यह नदी भी हिमालयके उत्तरी भागमें उत्पन्न हुई है। पूर्वकी ओर बहती चल कर निकलती हुई यह नदी कुछ दूर तक पूर्वमुखी है। ब्रह्मपुत्र नदी इसमें हिमालयको काट कर आसाममें भूटान देश और दक्षिणमें बङ्गोपसागर तक विस्तृत इस पार्वत्य देशमें बहती हुई चली गई है। इस भागका नाम आसाम उपत्यका है। आसाम उपत्यकाको बङ्गालदेशका पूर्व द्वार समझना चाहिए। इस द्वारसे ब्रह्मपुत्रने बङ्गालकी सम भूमिमें प्रवेश कर दक्षिणकी तरफ जा गङ्गामें प्रवेश किया है। दोनोंके मिलित स्रोत बङ्गोपसागरमें प्रवाहित है।

३ मध्यमें गङ्गा है। गङ्गा हिमालयके दक्षिण ढाल से निकलती है। [illegible] भारतमें स्रोत संचय करती हुई हरिद्वारके निकट समतलमें आई और इसमें गङ्गाका स्रोत क्रमशः मन्द हो गया है। गङ्गा कुछ दूर तक दक्षिणमुखी गई है। प्रयागमें यमुनासङ्गमके निकट दक्षिण पथका मालभूमिका उच्च पाषाण देश सामने पड़ जानेसे आगे दक्षिणकी तरफ न जा सकनेके कारण गङ्गा पूर्वकी ओर प्रवाहित हुई है। दक्षिण मालभूमिका जल [illegible] नदियोंके आकारमें यमुनाका [illegible] बढ़ा रहा है। प्रयागसे राजमहल तक गङ्गा मालभूमिके किनारे किनारे पूर्वकी ओर प्रवाहित है। इस प्रदेशमें उत्तरमें हिमालयसे जो नदियाँ आ कर गङ्गामें मिली हैं, उनमें गोमती, सरयू, गण्डकी और कोशीकी ही प्रधान हैं। दक्षिणकी मालभूमिसे आगत नदीका जल भी इस धारामें आ मिला है। राजमहलके बाद गङ्गा दो धाराओंमें विभक्त है। प्रथम भागधारा भागीरथी दक्षिणवाहिनी है और दूसरी प्रबलधारा पद्मा पूर्वदक्षिणवाहिनी है। पद्माके साथ ब्रह्मपुत्रके संगमके बाद दोनोंका मिलित स्रोत दक्षिणकी ओर प्रवाहित है।

राजमहलसे ले कर बङ्गोपसागर पर्यन्त बङ्ग त्रिकोणाकार है। इसके दक्षिणमें बङ्गोपसागर और पश्चिममें भागीरथी है। भागीरथी पार होते ही छोटा नागपुरकी दक्षिणपथकी मालभूमिका प्रारम्भ कहा जा सकता है। पूर्वमें पद्मा और ब्रह्मपुत्रकी मिलित धारा है। इस धाराको पार कर कुछ दूर जाने पर त्रिपुराकी उच्च मालभूमि पड़ती है। दोनों ओरकी उच्च पाषाणमय मालभूमियोंके बीच यह प्रदेश किसी समय सागरके गर्भमें था। बङ्गोपसागर राजमहल तक विस्तृत था। गङ्गाके प्रवाहमें [illegible] धीरे धीरे सागर गर्भको पूर्ण कर, स्तर पर स्तर मिट्टी पर मिट्टी बिछा कर इस प्रदेशका निर्माण किया है। भागीरथी और पद्मासे निकली हुई असंख्य [illegible] जालकी भाँति इस भूमि पर विस्तृत हैं। क्योंकि समय समय प्रवाह बन्द हो जाता है और वर्षा [illegible] आने पर फिर जीवित हो जाता है। परन्तु समग्र प्रदेशकी भूमि पर मिट्टीका आवरण जमा रह जाता है।

गङ्गाके स्रोतके साथ जितना कंकड़ और मिट्टी बहता है, उतना और किसी भी नदीके स्रोतमें नहीं बहता। इस कारण देश निर्माण कार्यमें गङ्गा [illegible] है।

गङ्गा भारतवर्षमें हमारी जननी है। गङ्गाके द्वारा भारतका यह बहुभाग सागरके गर्भसे उत्थित और गठित है। बङ्गालके पश्चिमका देश गङ्गा और उसकी उपनदियों द्वारा प्रवाहित मिट्टीके द्वारा ही स्थिर और [illegible] परिणत हुआ है। बङ्गालमें गङ्गा [illegible] है। प्रतिवर्ष अपने प्रवाहके द्वारा नवीन मिट्टी बिछा कर भूमिकी उर्वरता और शस्य समृद्धि वृद्धि किया करती है। भारतके करोड़ों आदमी [illegible] इस अन्न [illegible] को पा कर प्राण धारण करते हैं। अन्यान्य देशोंमें शस्य उत्पादनके लिए कितना परिश्रम किया जाता है। परन्तु गङ्गामातृक देशोंमें कृषक केवल बीज बो कर ही फल प्राप्त करते हैं, बस इतना ही उनका परिश्रम है।

इसके सिवा, इस जलधारामें [illegible] नावमें लाद कर गङ्गाके स्रोतमें बहा दो, तब प्रदेशको सम्भवित गङ्गाके प्रवाहसे बिना बाधाके अन्य प्रदेशमें पहुँच जायगा। इस लिये, नाव पर चढ़ कर नावसे उत्तर देशसे हो [illegible] जाते हैं। आवागमनकी [illegible] के लिए प्रकृति निर्मित यह [illegible] है, इस [illegible] बाद [illegible] बाँध कर व्यापार करते हैं और गङ्गाके प्रवाहमें अपने अपने देशका पण्यद्रव्य बहा कर ले जाते तथा

विदेशसे नाना द्रव्य ले आते हैं। इस प्रकारसे गङ्गाके किनारे बड़े बड़े समुन्नतिशाली नगर निर्मित हो गये हैं। आर्यावर्त्तमें जितने भी बड़े बड़े नगर हैं, प्रायः सभी गङ्गाके किनारे या उसकी किसी शाखा नदीके किनारे बसे हुए दिखाई देंगे।

आर्यावर्त्त सिन्धु, गङ्गा और ब्रह्मपुत्र इन नदियोंसे शोभित विस्तृत समतट क्षेत्र है। इसके प्रदेशोंके नाम इस प्रकार हैं। १ पश्चिममें सिन्धुनदीके किनारे पञ्चनद-धौत पञ्जाब। २ उसके दक्षिणमें मरुभूमि सदृश सिन्धु-प्रदेश। ३ पूर्वमें यमुना तीर पर उत्तर पश्चिम प्रदेश। ४ उसका एकांश गोमती-धौत अयोध्या। ५ उत्तर पश्चिम प्रदेश पार हो कर विहार प्रदेश। ६ विहारके पूर्वमें बङ्गाल। ७ बङ्गालके पूर्वोत्तरकोणमें ब्रह्मपुत्र धौत आसाम-उपत्यका। इन सात प्रदेशोंके सिवा उत्तरमें हिमालयकी गोदमें कई पार्वत्य प्रदेश हैं, जिनमें काश्मीर, नेपाल और भूटान प्रधान हैं।

दक्षिणापथ। आर्यावर्त्तके दक्षिणमें उच्च पाषाणमय मालभूमिका नाम दक्षिणापथ है। यह मालभूमि त्रिकोणाकार है। उच्चता आधी माइल है। किसी समय यह भूमि और भी ऊँची थी, और उसका ऊपरी भाग इससे भी समतल था। लाखों वर्षोंकी वृष्टिकी धारासे और नदीके स्रोतसे मालभूमि अब क्षयको प्राप्त हो गई है। जो स्थान क्षयित नहीं हुए हैं, वे अब भी ऊँचे और पर्वत जैसे दीखते हैं। जिन स्थानोंमें नदियोंने बहुत समयसे रास्ता काट कर नहर सी बना दी है, वहां अब उपत्यका दिखाई पड़ती है। कहनेका मतलब यह है कि मालभूमिका ऊपरी भाग अब समतल नहीं रहा है। समग्र मालभूमि खण्ड विखण्ड, ऊँची नीची हो कर पर्वत और उपत्यकाओंमें बंट गई है। पर्वत कहीं कहीं तो श्रेणीबद्ध हो लगातार खड़े हैं, और कहीं कहीं अलग दीख पड़ते हैं। इस प्रकार उत्पन्न पर्वतश्रेणीने मालभूमिके त्रिभुजको तीन दिशाओंमें घेर रखा है।

पश्चिममें अरब सागरके किनारे एक पर्वतश्रेणी, जिसका नाम पश्चिमघाट या सह्याद्रिश्रेणी है, गुजरातसे ले कर कुमारिका तक चली गई है। समुद्रसे ये श्रेणीबद्ध पर्वत ठीक सीढ़ी-द्वार घाट जैसे मालूम देते हैं। पूर्वमें बङ्गोपसागरके किनारेसे भी एक पर्वतश्रेणी उड़ियासे कुमारीका तक गई है। जिसका नाम है पूर्वघाट। यह श्रेणी पश्चिम घाटके समान ऊँची नहीं है, और न वैसी अखण्ड या श्रेणीबद्ध ही है। बहुत सी नदियां इस श्रेणीको काट कर बङ्गोपसागरमें आ मिली हैं, जिनमें महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी प्रधान हैं। उधर पश्चिमघाटको कोई भी नदी काट नहीं सकी है, इसीलिये वह अखण्ड है। केवल उत्तरप्रान्तमें दो जगह नर्मदा और तापती नदी इसे भेद कर काम्बे-उपसागरमें प्रवाहित हुई हैं।

मालभूमिकी पश्चिम घाटश्रेणी, पूर्वसीमामें पूर्वघाटश्रेणी, कुमारिकासे प्रायः दोनों समुद्रके किनारे किनारे उत्तरकी ओर चली गई हैं। मालभूमिकी उत्तर सीमामें भी एक पर्वतश्रेणी है, जिसका नाम विन्ध्यश्रेणी है। परन्तु विन्ध्याचलको पर्वतश्रेणी कहना भूल है। यह पर्वत-प्राचीर सदृश नहीं मालूम देता। यह सर्वत्र ही खण्डित और छिन्न हो कर एक सुदीर्घ और विस्तृत पार्वत्यप्रदेशमें परिणत है। इस पार्वत्यप्रदेशका दैर्घ्य गुजरातसे भागीरथीके किनारे तक है और विस्तार एक तरफ नर्मदासे यमुनातीर तक और दूसरी ओर महानदीसे गङ्गातीर तक है। यह भू-भाग पर्वतसंकुल दुर्गमप्रदेश है। इस प्रदेशका कुछ विशेष विवरण देना आवश्यक है।

इस पार्वत्यप्रदेशकी पश्चिम-सीमामें आरावल्ली पर्वत गुजरातसे यमुनातीरमें दिल्ली तक विस्तृत है। गुजरातके निकट आरावल्लीका सर्वोच्च शृङ्ग 'आबू' या अर्बुद पर्वत जैन मन्दिरोंसे अलंकृत है। आरावल्लीके पश्चिमांश और पूर्वांशमें कुछ दूरमें राजपूताना-प्रदेश है। राजपूतानाके पश्चिमांशमें सिन्धुप्रदेशकी मरुभूमि प्रसारित है। पूर्वांश पर्वतमय है। इस पर्वतसे सटी हुई चर्मण्वती नदी उत्तरको जमुनाकी ओर प्रवाहित है। राजपूताना और नर्मदाके बीचकी मालभूमि मालवप्रदेश है और मालवके पश्चिममें उपद्वीप गुजरात है। राजपूताना और मालवके पूर्वमें पर्वतमय स्वदेशीय के अधीन मध्यभारत प्रदेश और अङ्गरेजों द्वारा अधिकृत मध्यप्रदेश है। इस प्रदेशसे उत्तरमुखी शोण नदी गङ्गाकी

तक और पूर्व मुखी महानदी बङ्गोपसागरकी ओर धावित हुई है। मध्यभारत और मध्य प्रदेशके पूर्वमें और भी दो प्रदेश हैं। एक पर्वतसंकुल छोटानागपुर भागीरथीके किनारे तक विस्तृत है। छोटा नागपुर प्रदेशमें पार्श्वनाथ-पर्वतका शिखर जैनमन्दिरोंसे शोभित हो कर मानो अर्बुद पर्वतका अनुकरण हो कर रहा है। दूसरा पर्वतसंकुल उड़िष्याप्रदेश बङ्गोपसागर सैकतमें समाप्त है। छोटा नागपुरका कुछ पानी तो ब्राह्मणी, दामोदर, कॉसाई, रूपनारायण आदि पार्वत्य नदियोंकी सृष्टि करता हुआ भागीरथीमें पहुंचता है और कुछ सुवर्णरेखा, वैतरणी आदि छोटी छोटी नदियोंके आकारमें उड़ीसा हो कर बङ्गसागरमें जाता है। महानदी भी उड़िष्यामें प्रवाहित है।

पार्वत्य प्रदेशके दक्षिणकी मालभूमि विशेष पर्वतसंकुल नहीं है। हां, सर्वत्र ऊंची नीची अवश्य है। दोनों घाटश्रेणियोंने दक्षिणमें एकत्र हो कर नीलगिरिकी सृष्टि की है। कहनेका तात्पर्य यह है, कि मालभूमिकी ढाल पश्चिमसे पूर्वकी ओर है। पश्चिम ऊंचा है और पूर्व नीचा। यही कारण है, कि नर्मदा और ताप्तीके सिवा अन्यान्य नदियां पश्चिमघाटसे उत्पन्न हो कर मालभूमि पार करती हुई बङ्गोपसागरमें जा मिलती हैं। नदियोंकी रफ्तार प्रायः एक-सी है। ऊंचेसे नीचे उतरते समय वेगसे चलती हैं, पर्वतके ढालको काट कर उतरते समय गर्जन करती हैं और समतलक्षेत्रमें धीरे धीरे बहती रहती हैं।

नर्मदा और ताप्ती मालभूमिको काटती हुई गई हैं। दोनोंके बीचमें पाषाणमय भूमि ऊंची हो कर पर्वतश्रेणी जैसी दिखाई देती है। इस श्रेणीका नाम सातपुरा-पर्वत है।

मालभूमि पर तीन बड़े प्रदेश देशीय राजाओंके अधिकारमें हैं, हैदराबाद, महिसुर और त्रिवाङ्कुर। इनके उत्तर-पूर्व और पश्चिममें अङ्गरेजोंका अधिकार है पूर्व भागको मन्द्राजप्रदेश कहते हैं। हैदराबादके उत्तरमें बरार है।

वर्त्तमान नाम।

वर्त्तमान भारतवर्षको पाश्चात्य लोग 'हिन्दुस्तान' कहते हैं। संस्कृत 'सिन्धु' शब्द भिन्न भाषामें 'हिन्दू' हो गया है। फिर यही 'हिन्दू' शब्द प्राचीन पारसोमें 'हिन्दवार' या 'इन्दकार' प्राचीन पारसिक, राजा दरायुसके शिलालिपिमें 'हन्दुश' भाषामें 'सिन्धु' या 'हेन्दु' नामसे तथा हिब्रू ग्रन्थोंमें 'हदू' विवरणक ग्रन्थोंमें 'हादु' पारसिक ग्रन्थोंमें 'हिन्दु' और अरबीमें 'हिन्द' नामसे उल्लिखित हुआ है। वैदिक आर्यगण पूर्वमें सिन्धुनद प्रवाहित पञ्जाब प्रदेशमें वास करते थे। उन्होंने "सप्त सिन्धव" नामसे इस स्थानका उल्लेख किया है। पारसिकोंके उच्चारणानुसार यही हिन्दूमें परिणत हुआ है। इस प्रकारसे पश्चिम एशियानिवासियोंमें सिन्धुवासी आर्यगण हिन्दु नामसे परिचित होनेके साथ साथ इनके वासस्थान उत्तर भारत या आर्यावर्त्त 'हिन्दुस्तान' नामसे प्रख्यात हुआ था, और इससे समग्र भारतवर्ष ही 'हिन्दुस्तान' कहलाया।

राजकीय विभाग।

वर्त्तमान भारतको चार राजकीय भागोंमें विभक्त किया जाता है। जैसे १ अंगरेजी राज्य, २ करद राज्य ३ स्वाधीन राज्य और ४ अन्य यूरोपीय जातियों द्वारा अधिकृत राज्य।

अंगरेजी राज्य।

अंगरेजों द्वारा शासित राज्य १५ प्रधान प्रादेशिक विभागोंमें विभक्त है। जैसे १ बङ्गाल, २ आसाम, ३ बिहार और उड़ीसा, ४ युक्तप्रदेश, ५ मध्यप्रदेश, ६ पंजाब ७ मद्रास, ८ बम्बई, ९ ब्रह्मप्रदेश, तथा १० कुर्ग [illegible] ११ अजमेर और मेरवाड़ा, १२ बरार, १३ अन्दमान और निकोबार, १४ ब्रिटिश बलूचिस्तान, और १५ सीमान्त-प्रदेश। इनमेंसे आदि ९ प्रदेश एक एक गवर्नरके अधीन हैं, और शेष ६ प्रदेश चीफ कमिश्नरों द्वारा शासित होते हैं। ये समस्त प्रदेश गवर्नर जनरल (वायसराय) के अधीन हैं। पहले ब्रह्मदेश भारतसे पृथक था, गवर्नर-जनरल लार्ड डफरिनने इसे भारतवर्षमें मिला लिया है।

(१) बङ्गालप्रदेश। इस प्रदेशकी राजधानी कलकत्ता है। इसके अधीन ५ विभाग और २८ जिले हैं। नीचे विभागोंका तदन्तर्गत जिलोंका और उनके नगरोंका उल्लेख किया जाता है।

(१) प्रेसिडेन्सी विभागमें ५ जिले हैं। जैसे १ चौबीस परगना सदर अलीपुर। २ नदीया, कृष्णनगर। ३ यशोहर, यशोहर। ४ खुलना, खुलना। ५ मुर्शिदाबाद, बरहम।

(२) राजशाही विभागमें ७ जिले हैं: १ दिनाजपुर, दिनाजपुर। २ राजशाही, रामपुर-बोयालिया। ३ रङ्गपुर, रङ्गपुर। ४ बोगड़ा, बोगड़ा। ५ पबना, पबना। ६ दार्जिलिंग, दार्जिलिंग। ७ जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी।

(३) ढाका विभागमें ४ जिले हैं: १ ढाका, ढाका। २ फरीदपुर, फरीदपुर। ३ बाखरगञ्ज, बारिसाल। मैमनसिंह, मैमनसिंह।

(४) चट्टग्रामविभागमें ३ जिले हैं: १ चट्टग्राम, चट्टग्राम। २ नोआखाली, नोआखाली। ३ त्रिपुरा, कुमिल्ला

(५) बर्द्धमान विभागमें ६ जिले हैं: १ हबड़ा, हबड़ा। ४ हुगली, हुगली। ३ बर्द्धमान, बर्द्धमान। ४ बाँकुड़ा, बाँकुड़ा। ५ बीरभूम, सिउड़ी। ६ मेदिनीपुर, मेदिनीपुर।

२। आसाम प्रदेश। यह प्रदेश १२ जिलोंमें विभक्त है। यथा १ ग्वालपाड़ा, धुबड़ी। २ कामरूप, गौहाटी। ३ दरंग, तेजपुर, ४ लक्ष्मीपुर डिब्रूगढ़। ५ शिवसागर, शिवसागर। ६ नौगां, नौगां, ७ नागापहाड़, कोहिमा। ८ खसिया और जयन्तिया, शिलं। ९ गारो पहाड़, तुरा। १० कछाड़, सिलचर। ११ श्रीहट्ट, श्रीहट्ट या सिलहट। १२ उत्तर और दक्षिण लुसाई पहाड़, लुंले।

३। बिहार और उड़िष्या प्रदेश। इस प्रदेशमें कुल ५ विभाग और २० जिले हैं। यहां की राजधानी पटना है।

(१ भागलपुर विभागमें ४ जिले हैं। १ भागलपुर, भागलपुर,। २ मुङ्गेर, मुङ्गेर। ४ पूर्णिया पूर्णिया। ४ संथालपरगना, नया दुमका।

(२) पटना विभागमें ७ जिले हैं १ पटना, बाकीपुर। २ गया, गया। ३ शाहाबाद, आरा।

(३) तिरहुत विभागमें ४ जिले हैं: १ दरभङ्गा, दरभङ्गा। २ मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर। ३ सारन, छपरा। ४ चम्पारन, मोतिहारी।

(४) उड़िष्याविभागमें ४ जिले हैं: १ बालेश्वर, बालेश्वर। २ कटक, कटक। ३ पुरी, पुरी। ४ अंगुल, अंगुल।

(५) छोटानागपुर विभागमें ५ जिले हैं १ हजारीबाग, हजारीबाग। २ लोहरदगा, रांची। ३ पालामू, डालटनगञ्ज। ४ सिंहभूमि, चाईबासा। ५ मानभूमि, पुरुलिया।

४। युक्तप्रदेश (आगरा-अवध) इस प्रदेशके गवर्नरके अधीन ९ विभाग और ४८ जिले हैं। राजधानी लखनऊ है।

(१) इलाहाबाद विभागमें ७ जिले हैं — १ इलाहाबाद, इलाहाबाद। २ फतेपुर, फतेपुर। ३ कानपुर, कानपुर। ४ बांदा, बांदा। ५ हमिरपुर, हमिरपुर। ६ झांसी, झांसी। ७ झालन, झालन।

(२) बनारस, विभागमें ५ जिले हैं: १ बनारस, बनारस या काशी। २ बलिया, बलिया। ३ गाजीपुर, गाजीपुर। ४ जौनपुर जौनपुर। ५ मिरजापुर, मिरजापुर।

(३) गोरखपुर विभागमें ३ जिले हैं: १ गोरखपुर, गोरखपुर। २ बस्ती, बस्ती। ३ आजमगढ़, आजमगढ़।

(४) आगरा विभागमें ६ जिले हैं १ आगरा, आगरा। २ एटा, एटा और कासगंज। ३ मैनपुरी, मैनपुरी। ४ फारुखाबाद, फारुखाबाद। ५ इटावा, इटावा। ६ मथुरा, मथुरा।

(५) मेरठ विभागमें ६ जिले हैं १ देहरादून, देहरादून। २ मेरठ, मेरठ। ३ अलीगढ़, अलीगढ़ और कोयल। ४ बुलन्दशहर, बुलन्दशहर। ५ मुजफ्फरनगर, मुजफ्फरनगर। ६ सहारनपुर, सहारनपुर।

(६) कुमायूं विभागमें ३ जिले हैं: १ अलमोड़ा, अलमोड़ा। २ नैनीताल, नैनीताल। ३ गढ़वाल, श्रीनगर।

(७) रोहिलखण्ड विभागमें ६ जिले हैं: १ शाहजहांपुर शाहजहांपुर। २ पीलीभींत पीलीभींत। ३ बरैली, बरैली ४ बुदाऊं, बुदाऊं। ५ मुरादाबाद, मुरादाबाद। ६ बिजनौर, बिजनौर।

(८) लखनऊ विभागमें ६ जिले हैं: १ लखनऊ, लखनऊ। २ सीतापुर, सीतापुर। ३ हरदोई। ४ उन्नाव, उन्नाव। ५ रायबरैली, रायबरैली। ६ खेरी, लखीमपुर।

(९) फैजाबाद विभागमें ६ जिले हैं: १ फैजाबाद, फैजाबाद। २ बराइच, बराइच। ३ गोंडा, गोंडा। ४ बार-बंकी, नवाबगंज। ५ सुलतानपुर, सुलतानपुर। ६ प्रतापगढ़, प्रतापगढ़।

५। मध्यप्रदेश। इस प्रदेशके अधीन ४ विभाग और १८ जिले हैं। राजधानी नागपुर है।

(१) नागपुर विभागमें ५ जिले हैं: १ नागपुर, नागपुर। २ भण्डारा, भण्डारा। ३ चांदा, चांदा। ४ वर्धा, हिंगनघाट। ५ बालाघाट, बूढ़ा।

(२) जबलपुर विभागमें ५ जिले हैं: १ जबलपुर, जबलपुर। २ सागर, सागर। ३ दमोह, दमोह। ४ सिवनी, सिवनी। ५ मण्डला, मण्डला।

(३) छत्तीसगढ़ विभागमें ३ जिले हैं: १ बिलासपुर, बिलासपुर। २ रायपुर, रायपुर। ३ सम्बलपुर, सम्बलपुर।

(४) नर्मदा विभागमें ५ जिले हैं: १ बैतूल, बैतूल। २ छिन्दवाड़ा, छिन्दवाड़ा। ३ होशंगाबाद, होशंगाबाद। ४ नीमाड़, खण्डवा। ५ नरसिंहपुर, नरसिंहपुर।

६। पञ्जाबप्रदेश। पञ्जाब गवर्नरके अधीन ६ विभाग और ३१ जिले हैं। भारतका प्रधान राजधानी दिल्ली है।

(१) दिल्ली विभागमें ७ जिले हैं: १ दिल्ली, दिल्ली। २ गुड़गांव, रिवाड़ा। ३ रोहतक, रोहतक। ४ हिसार, हिसार। ५ करनाल, करनाल। ६ अम्बाला। ७ शिमला, शिमला।

(२) जालन्धरमें ५ विभागमें ५ जिले हैं: १ जालन्धर, जालन्धर। २ होशियारपुर, होशियारपुर। ३ कांगड़ा, कांगड़ा। ४ लुधियाना, लुधियाना। ५ फिरोजपुर, फिरोजपुर

(३) लाहौर विभागमें ६ जिले हैं: १ लाहौर, लाहौर। २ अमृतसर, अमृतसर। ३ गुरदासपुर, गुरदासपुर। ४ मुलतान, मुलतान, ५ झङ्ग, झङ्ग ६ मण्टगोमरी, मण्टगोमरी।

४ रावलपिण्डी विभागमें ६ जिले हैं: रावलपिण्डी, रावलपिण्डी। २ झेलम, झेलम। ३ गुजरात, गुजरात। ४ शाहपुर शाहपुर। ५ गुजरानवाला, गुजरानवाला। ६ सियालकोट, सियालकोट।

डेराजात विभागमें ४ जिले हैं: डेरा इसमाइल खाँ, डेराइसमाइल खाँ। २ डेरा गाजी खाँ, डेरा गाजी खाँ। ३ बन्नू, बन्नू। ४ मुजफ्फरगढ़, मुजफ्फरगढ़।

(६) पेशावर विभागमें ३ जिले हैं: १ पेशावर, पेशावर। २ हजारा, हजारा। ३ कोहाट, कोहाट। किन्तु यह विभाग नवगठित सीमान्त प्रदेशके अन्तर्गत है।

७। मन्द्राज प्रेसिडेन्सी। मन्द्राज गवर्नरके अधीन ४ विभाग और २१ जिले हैं। राजधानी मन्द्राज है।

१ उत्तरविभागमें ७ जिले हैं: १ गञ्जाम, बहरमपुर। २ विज़ागापट्टम, विज़ागापट्टम। ३ गोदावरी, कोकनद (काकनाडा)।

(२) मध्य विभागमें ८ जिले हैं: १ कृष्णा, मछलीपट्टन। २ नेल्लूर, नेल्लूर। ३ चिङ्गलपट, सैदापेट। ४ उत्तर आरकाड, चित्तूर। ५ कड़ाप्पा, कड़ाप्पा। ६ कर्नूल, कर्नूल। ७ बेलारी, बेलारी। अनन्तपुर, अनन्तपुर।

(३) दक्षिण विभागमें ५ जिले हैं: १ दक्षिण आरकाड़, कडालुर। २ तञ्जोर, तञ्जोर। ३ मदूरा, मदूरा। ४ तिनेवेल्ली, पालमकोट। ५ त्रिचिनापल्ली, त्रिचिनापल्ली।

(४) पश्चिमविभागमें ५ जिले हैं: १ मलबार, कालीकट। २ दक्षिण कनाड़ा, मंगलोर। ३ कोयम्बतूर, कोयम्बतूर। ४ सेलम, सेलम। ५ नीलगिरि, उटकामण्ड।

८। बम्बई प्रेसिडेन्सी। बम्बई गवर्नरके अधीन ४ विभाग और २३ जिले हैं। बम्बई नगर इस प्रदेशकी राजधानी है।

(१) उत्तरविभागमें ६ जिले हैं: १ अहमदाबाद, अहमदाबाद। २ भड़ौच, भड़ौच। ३ खेड़ा, खेड़ा। ४ पञ्चमहल, गोधरा। ५ थाना, थाना। ६ सूरत, सूरत।

(२) मध्य विभागमें ६ जिले हैं: १ खानदेश, धूलिया। २ नासिक, नासिक। ३ अहमदनगर, अहमदनगर। ४ पूना, पूना। ५ सतारा, सतारा। ६ शोलापुर, शोलापुर।

(३) दक्षिण विभागमें ६ जिले हैं: १ कोलाबा, अलीबाग। २ धारवाड़, धारवाड़। ३ कनाड़ा, कनाड़ा। ४ रत्नागिरि, रत्नागिरि। ५ बेलगाम, बेलगाम। ६ बीजापुर, बीजापुर।

(४) सिन्धु विभागमें ५ जिले हैं: १ कराची, कराची। २ हैदराबाद, हैदराबाद। ३ शिकारपुर, शिकारपुर। ४ थर और पार्कर, अमरकोट। ५ उत्तर सिन्धुसीमा, जैकोबाबाद।

९। ब्रह्मप्रदेश (बर्मा)।—यह प्रदेश दो भागोंमें विभक्त है। एक उत्तर-ब्रह्म और दूसरा निम्न ब्रह्म।

(१) उत्तर-ब्रह्म (सानराज्य सहित) मन्दाले।

(२) निम्नब्रह्म ४ भागोंमें विभक्त है। १ आराकान आकायब। २ पेगू, पेगू। ३ तेनासेरिम, मौल्मीन। ४ इरावती, रंगून।

१०। कुर्ग।—मेरकरा वा महादेवपट्टनम।

११। अजमेर वा मेरवाड़ा।—अजमेर।

१२। बरार। अमरावती।

१३। अन्दामन और निकोबर। पोर्टब्लेयर।

१४। ब्रिटिश बलूचिस्तान। कोयेटा।

१५। सीमान्तप्रदेश। पेशावर, कोहाट।

करद और मित्र राज्य।

भारतवर्षमें करद और मित्र राज्योंकी संख्या छह सौसे भी ज्यादा होगी। उनमेंसे प्रधान प्रधान राज्योंके नाम लिखे जाते हैं:

निजामराज्य, सिन्धियाराज्य गायकवाड़ महिसुर, तिरुवाङ्कोड़ और काश्मीर राज्य प्रधान हैं। इनके सिवा राजपूताना एजेन्सीके अधीन १८ और मध्यभारतीय एजेन्सीके अधीन ७१ राज्य हैं। राजपूतानामें जयपुर, जोधपुर वा मारवाड़, भरतपुर, जैसलमेर, बीकानेर, कोटा, अलवर और धौलपुर तथा मध्यभारतमें रीवाँ, पन्ना, भूपाल और बुन्देलखण्ड ये राज्य प्रधान हैं।

बङ्गाल गवर्नमेण्टके अधीन कोचविहार और पार्वत्य त्रिपुरा, युक्तप्रदेशको गवर्नमेण्टके अधीन रामपुर और गढ़वाल, पञ्जाब गवर्मेण्टके अधीन पटियाला, झिन्द, नाभा, कपूरथला, बहावलपुर और चम्बा, बम्बई गवर्नमेण्टके अधीन कच्छ, काठियावाड़, काम्बे, सावन्तवाड़ी, कोल्हापुर, इन्दौर आदि प्रधान राज्य हैं।

स्वाधीन राज्य।

भारतमें स्वाधीन राज्य दो ही हैं। नेपाल और भूटान।

यूरोपीय अन्यान्य जातिका अधिकार।

चन्दननगर, पुंदिचेरी, माही, करिकाल और यनाम ये स्थान फरासीसियोंके अधिकारमें हैं तथा गोया, दमन और दीऊ ये स्थान पोर्तुगीजोंके अधिकारमें हैं

प्रत्येक प्रदेश व राज्यका विस्तृत विवरण उसी शब्दमें देखो।

जलवायु और ऋतु।

यह विशाल भारतभूमि नाना नद-नदियों, वन-उपवनों और ह्रद एवं गिरिमालाओंसे समाच्छन्न है। वन, पर्वत, नदी और शस्यक्षेत्रादिके प्राकृतिक समावेशके कारण स्थान-विशेषमें जलवायुका भी उत्कर्षापकर्ष देखनेमें आता है। उत्तरमें हिमालय पर्वतके तुषार-मण्डित शिखरोंका समूह गगनतलका स्पर्श कर रहा है। विशाल बाहु फैलाके गिरिराजने माता भारतके उत्तर पश्चिम और उत्तरपूर्व कोणोंको अवरुद्ध कर रखा है। मेघमाला-समन्वित इन पर्वतोंके वक्षस्थल पर बहती हुई वायु विभिन्न गतियोंसे इतस्ततः विचरण करती रहती है। इसलिए समतलक्षेत्र और हिमालयप्रदेशकी वायु-गति पृथक् पृथक् है।

इसकी पश्चिम, दक्षिण और पूर्व-सीमामें क्रमशः अरब उपसागर, भारतमहासागर और बङ्गोपसागर ये तीन प्रशान्त समुद्र अपने अपने विस्तीर्ण वक्षस्थलों पर ऊर्मिमाला धारण कर नाना रङ्गों और वायुतरङ्गोंमें क्रीड़ा कर रहे हैं। इन विशाल वारिधि-हृदय पर कर्कट और मकरक्रान्तियोंसे सूर्यके प्रखर रश्मिजालसे आन्दोलित हो वायुराशि एक प्रबल प्रवाहको प्राप्त होती है। जिसको कि साधारण समुदाय मौसमी वायु कहता है। इसफलतः सञ्चारमान भारतप्रवेशाभिमुख वायुराशि गिरि कन्दराओं और समतलक्षेत्रोंको अतिक्रम कर भारतके वक्षस्थल पर जो अपनी क्रीड़ा करता है, उसीसे तूफान, आंधी, वृष्टि और भूमिकी उत्पादिका शक्तियां एकत्र हो कर देशका एक महामङ्गल साधन करती हैं।

किस प्रकार इस क्रिया द्वारा भारतवासियोंका उपकार साधित होता है, यह बात बिना भारतभूमिका प्राकृतिक अवस्थान-निर्णयके नहीं जानी जा सकती। इसलिए यहां प्राकृतिक सौन्दर्यका एक संक्षिप्त चित्र खींचा जाता है।

उत्तरमें पृथिवीकी सर्वोच्च पर्वतमालाने विशाल बाहुओंको धारण कर भारतके पश्चिमसे उत्तर और पूर्व विभागको आच्छन्न कर दिया है। इसकी असंख्य

उपत्यकाएं', अधित्यकाएं', कन्दराएं', घाटियां और नदियां तथा स्वच्छ ह्रदाकार जलराशिका समूह इस सञ्चरमान वायुकी क्रीड़ाभूमि है। एशिया महादेशसे भारतसाम्राज्यका वियोजन करनेवाला यह हिमालय प्रदेश भारतका उत्तर विभाग कहलाता है। इससे उत्पन्न शतद्रु, सिन्धु, गङ्गा, यमुना, घर्घरा और शाखाप्रशाखा प्रमुख ब्रह्मपुत्र नद-प्रवाहित विस्तृत आर्यावर्त्त भूमि इसका मध्यविभाग है और उसके परवर्त्ती विन्ध्य पर्वतमालाके अधित्यका प्रदेशसे पूर्व और पश्चिम घाटपर्वतके श्रेणियोंके मध्यवर्त्ती, कुमारिका तक विस्तीर्ण, दाक्षिणात्य भूभाग भारत महादेशका तृतीय विभाग है। इस दक्षिण भारतमें नर्मदा, ताप्ती, महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी आदि नदियोंने, अपने अपने अववाहिकाभागोंसे प्रवाहित हो कर पार्श्ववर्त्ती उच्च भूमिसे समतलक्षेत्रोंको पृथक् कर दिया है।

वनराजि-समाच्छन्न पार्वत्यप्रदेशका विशाल शालवन और सेगुन, शीशम, पीपल, बबूल, महुआ, ताड़ आदि ऊँचे वृक्षोंके विस्तीर्ण प्रान्तर भाग तथा नदीमाला समाकीर्ण समतलक्षेत्रके आम्रकानन पवनकी सघन हिल्लोलोंसे आन्दोलित हो कर धान्यके उच्च वायु-प्रवाहसे फलभारावनत और चञ्चलताको प्राप्त हो रहे हैं। विस्तृतायतन शाखाप्रशाखावाले वट, अश्वत्थ, कदम्ब, सिलिकड़ी, बबूल आदि वृक्षोंके समूह फल फूलोंसे सुशोभित हो कर नदी-तीरवर्त्ती क्षेत्रोंमें विराज रहा है। प्रशस्त प्रान्तर देशमें उक्त पवनान्दोलित वृक्षोंकी शोभा बड़ी ही रमणीय है।

नदियोंके उत्पत्तिस्थानसे अवतरण कर धीरे धीरे जितना निम्नवर्त्ती त्रिकोणद्वीपोंमें उपनीत होंगे, उतना ही नूतन प्राकृतिक सौन्दर्य नयनगोचर होगा। नदियोंके जलसे प्लावित सैकतप्रदेशके विस्तीर्ण धान्यक्षेत्रोंके बीच बीचमें बांसोंके झाड़, नारिकेल, खर्जूर, सुपारी और ताड़ वृक्षोंके समूह उन्नत मस्तक हो कर मानों स्वभावकी समताको तोड़ रहे हैं। इस विशाल प्रान्तर देशकी निर्जनताको भेद कर स्थान स्थान पर जो ग्रामों वा पल्लियोंके समूह हैं, वे उस देशके अधिवासियोंके अत्यावश्यकीय कदली आदिके उपवनोंसे परिशोभित और समाच्छादित हो कर बहु मनोहर शोभा पाते हैं। ग्रामोंमें खड़े हुए बांसोंके झाड़ और नारिकेलके पेड़ स्वभावतः विशेष उपकारी हैं। इनसे रस्सी, तेल, खाद्य पदार्थ तथा और भी कामकी चीजें मिला करती हैं। जिन ग्रामोंमें बांस और नारिकेल आदिके वृक्ष अधिक संख्यामें रहते हैं, वहां तूफानका प्रकोप कम होता है। क्योंकि तीरवर्त्ती ग्राम वृक्षादि द्वारा समाच्छन्न न होनेसे सदा ही तूफानकी आशङ्कासे व्याकुल रहते हैं।

नदियां जितनी ऊँची भूमियोंको छोड़ कर नीचेकी तरफ जाती हैं, उतना ही प्राकृतिक दृश्योंमें भी परिवर्त्तन होते देखा जाता है। शुष्क और उच्च भूमि उत्तरभारतके गेहूं, जौ, मक्का, ज्वार और बाजरा तथा निम्न त्रिकोणद्वीपवर्त्ती क्षेत्रोंके धान्यादि इसके ज्वलन्त प्रमाण हैं। कृषकोंने अपनी अपनी प्राप्त भूमिके अभिलषित उपयुक्त स्थान पर उपयुक्त धान्य बोना सीख लिया है। इक्षु सूखी ऊंची मिट्टी पर और १० फुटके करीब नीचा दलदल जमीन पर भी होता है। बंगालके जलप्लावनदार आमनधान निर्विघ्न भी इसी तरहकी नीची दलदल भूमि पर पैदा होता है।

ईख, तिल, सरसों, अलसी, तमाकू, रुई, नील, जाफ़रान, कुसुम, हलदी, अदरक, धनिया, मिरच, जीरा आदि उत्कृष्ट मसाले और इनके पदार्थ जलवायुके गुणसे उत्तर और उत्तरपश्चिम भारत तथा निम्न बङ्गालमें उत्पन्न होते हैं। सुन्दरवन, आसाम आदि कृषि-क्षेत्रोत्पन्न पदार्थोंके सिवा वृक्षाच्छादित वनोंमें नाना प्रकारकी जड़ी बूटी पैदा होती है। रबर, गोंद, लोबान और औषधिव्यवसायके काममें आनेवाले नाना प्रकार गन्ध-द्रव्य घने जङ्गलों और पार्वत्य वनभूमिसे आ कर यहां वाणिज्यद्रव्यमें परिणत होते हैं। आसामकी उपत्यकामें उत्पन्न चाय, युक्तप्रान्तकी गङ्गाके किनारे उत्पन्न अफीम, निम्नबंगालमें पैदा होनेवाली रेशम, पाट, सन और जङ्गलोंमें उत्पन्न लाख और तसर सुसभ्य मानव जीवनके लिए आवश्यक सामग्री है। वनोंमें उत्पन्न होने वाला महुआ पार्वतीय असभ्य जातियोंका प्रधान आहार्य द्रव्य है और उससे बननेवाली मदिरा भी उस देशके

रहनेवालों'को एक प्यारी चीज है। बङ्गालमें झोपड़ियोंके ऊपर फलनेवाले पेठा-फल और विलायती कद्दू तथा आंगनों'में पैदा होनेवाले तरबूज, बैंगन आदि फल जलवायुके गुणसे श्रीवृद्धि प्राप्त करते हैं। साल, सीसम और तून नामक वृक्षों'के समूह नाना वर्णोंकी पुष्पलताओं' द्वारा वेष्टित हो कर वनकी शोभा बढ़ा रहे हैं। बीच बीचमें बड़ी बड़ी पुष्करिणी कमल, कह्लार और कुमुदमालाओं'से मंडित हो कर शोभाकी वृद्धि कर रही हैं। जिन उद्भिद् या वनस्पतियों'से भारतवासियों'का ग्रासाच्छादन, अङ्गाच्छादन और वैदेशिकों'का वाणिज्य चलता है, वे सब वनस्पतियां उन उन देशवासियों'के उपयोगितानुसार उन्हीं उन्हीं स्थानोंमें उत्पन्न होती हैं।

सिन्धुनदके उत्पत्ति स्थान हिमालयकन्दरसे ले कर ब्रह्मपुत्र पर्यन्त उच्च हिमालय भूमि पर कुछ गिरि संकटों'को छोड़ कर अन्यत्र कहीं भी नदीके अववाहिका चिह्न दृष्टिगोचर नहीं होते। कैलास शिखरसे निकली हुई एक मात्र शतद्रु नदी ही पार्वतीय उपत्यका-भूमिको विच्छिन्न करती हुई दक्षिणकी ओर बह गई है। इस पर्वत प्राचीरके १६।१७ फुट ऊंचे स्थान पर दिनमें निम्न अधित्यका-मुखी एक शुष्क उत्तरवायुका सञ्चार होता है। उस समय दक्षिणवाही कोई भी वायु पर्वत-भूमि पर नहीं चलती। परन्तु रात्रिको दक्षिण ढालू प्रदेशसे एक दक्षिणाभिमुखी शीतल वायु नदीके समतल प्रान्त तक प्रवाहित होती है। यह प्रभात-स्निग्ध शीतल पवन अधिकतर प्रखर मालूम देता है। समतलक्षेत्रसे पर्वतकी ऊंची शिखा तक बहनेवाले शीतल प्रवाहको पार्वतीय वायुका शीतकटिबन्ध कहा जा सकता है।

प्राचीन आर्य उपनिवेशको छोड़ कर हिमालयकी पादभूमिसे समुद्रतीर पर्यन्त विस्तृत दलदल-युक्त सिन्धु विभाग, कच्छकी लवणाक्त सैकतभूमि, जैसलमेर और बीकानेरका पर्वतसमाकीर्ण मरुप्रदेश और लूनाई नदीसे प्लावित उर्वर शस्यक्षेत्रों'में प्रायः वर्षा नहीं होती। इसके पूर्ववर्त्ती आरावली शिखरसे लगे हुए स्थानों'में तथा उत्तरपञ्जाब प्रदेशमें दक्षिण पश्चिमी मौसुमीवायु और उसके विपरीत मौसुम शीतऋतुमें बहुत वर्षा होती है। पञ्जाबके दक्षिणदिग्वर्त्ती मुलतान और सिरसा विभागमें वर्षाका परिमाण ७ इञ्च है।

वङ्गीय डेल्टा भागमें दो विस्तृत क्षेत्र देखनेमें आते हैं। उनमेंसे प्रथम आसाम-उपत्यका और ब्रह्मपुत्रके दलदलयुक्त अववाहिका प्रदेशको ले कर बना है। इसकी उत्तर सीमामें हिमालयपाद-प्रसूत गण्डशैलमाला और दक्षिणमें गारो, खसिया और नागा पर्वत हैं। दूसरा विभाग उक्त तीनों' पर्वतके निम्नभागमें अवस्थित झील और दलदलयुक्त स्थान त्रिपुरा और लुसाई राज्यसे विच्छिन्न है। इस प्रदेश का जलवायु साधारणतः जलसिक्त है। पर्वतमालाके दक्षिणदिशामें प्रबल वर्षा होनेके कारण स्थानीय स्वास्थ्यमें विशेष वैषम्य उपस्थित होता है। शिवसागर और सिलचर नामक स्थानकी त्रैकालिक वायवीय चापकी परिणति आवहविद्याविदों'के लिए एक आलोचनाकी वस्तु है।

आर्यावर्त्तके अनुगाङ्गप्रदेशको अतिक्रम करनेसे पुनः विन्ध्य और सातपुरा पर्वतमालाकी विस्तीर्ण अधित्यका भूमि दृष्टिगोचर होती है। इसके उत्तरमें कर्कटक्रान्ति, पूर्वमें सीमान्तप्रदेश, दक्षिणमें मध्यप्रदेश और पश्चिममें काम्बे-उपसागर है। भारतके वक्षस्थल पर स्थापित यह विस्तीर्ण अधित्यकाभूमि भूतत्त्वकी भौगोलिक आलोचनाके लिए विशेष उपयोगी है। इसकी प्रधान प्रधान अववाहिकाविधौत नदियां उत्तरमें गङ्गा और नर्मदामें तथा दक्षिणमें ताप्ती, गोदावरी, महानदी और अन्यान्य शाखास्रोतोंमें आ मिली हैं। सुदूर पश्चिममें नर्मदा और ताप्ती नदी प्रवाहित सीमान्तराल की उपत्यकाओंमें पूर्व पश्चिमाभिमुखी वायु चलती है। दक्षिण-पश्चिम मौसुमके समय यहां बहुत वर्षा होती है।

विन्ध्य गिरिमालाके विस्तीर्ण अधित्यका देशको पार कर उत्तरकी तरफ मालवा और बुन्देलखण्डको अधित्यकामें पहुंच सकते हैं। यह नर्मदा उपत्यकासे पूर्वमें शोण नदी तक विस्तीर्ण है। इसके अव्यवहित पश्चिमदेशमें आरावली पर्वत अहमदाबादसे दिल्लीके समीप तक गया है। वहां इस पर्वतमालाके रहनेसे स्थानीय और पूर्वदिग्वर्त्ती अजमेरप्रदेशको वर्षा

और वायु भिन्न गतिको प्राप्त हुई है। वायु पहाड़के पास्वर्त्ती स्थानमें वायु दक्षिणपश्चिम गतिमें प्रवाहित है। यहां जब दक्षिणपश्चिम मौसुमी वायु चलती है तो बहुत वर्षा होती है। आश्चर्यका विषय है कि इसके पश्चिमपार्श्वदेशमें थोड़ी दूरके मध्य पाल्नर पर्यन्त बिलकुल स्थानमें कभी वर्षा नहीं होती।

सातपुरा शैलमालाके दक्षिण दिशामें त्रिकोणाकार दाक्षिणात्य अधित्यका भूमि पश्चिममें सह्याद्रि (पश्चिम घाट), दक्षिणमें नीलगिरि और पूर्वमें पूर्वघाट पर्वत वेष्टित तटभूमि द्वारा संगठित है। यहां हमेशा दक्षिण पश्चिमी मौसुम वायु बहता रहनेसे वर्षाकी भी कमी नहीं रहती, परन्तु जब यह वायु पश्चिमघाटको हो कर घाट पर्वतोंके ऊपर चलती है, तब उसके निकटवर्ती पूना आदि स्थानोंमें वर्षाकी कमी हो जाती है। उस समय पूर्वदिग्वर्ती स्थानमें पर्याप्त वर्षा हुआ करती है। परन्तु पश्चिमघाट और सातपुरा पर्वतमालासे टकरा कर उधरसे लौटते समय यह बङ्गोपसागरमें प्रवाहित एक पूर्व वायुगतिके साथ मिल जाती है। फिर यह उत्तरकी ओर गङ्गानदीप्रदेशमें न बह कर पुनः दक्षिणपूर्व भारतके किनारे प्रवाहित होता है। यहां पहले दक्षिणपूर्व मौसुमी वायु कहलाती थी। (अब भी बहुतसे लोग इसे दक्षिण पूर्वी मौसुमी वायु कहते हैं।) यह उक्त दक्षिण-पश्चिम मौसुमी वायुकी एक भिन्न गति मात्र है। इससे वर्षा खूब होती है।

पूर्व और पश्चिम घाटके कोणाकार संयोग स्थलमें नीलगिरिकी अधित्यका प्रदेश है। इसके दक्षिणमें अन्नमलय, पालनी और त्रिवाङ्कोड़का पार्वत्यप्रदेश है। इन दोनोंके मध्यस्थलमें १५ माइल विस्तीर्ण पालघाट नामक गिरिसङ्कट है। यहांकी दक्षिणपश्चिम मौसुमी वायुकी क्रीड़ा अतीव रमणीय है। उस समय यहां बहुत वर्षा होती है, किन्तु उत्तरपूर्वी मौसुमके समय वेलोरके निकटवर्ती मालवर उपकूलमें प्रबल वेगसे तूफान होता है। सामुद्रिक वायुके स्वच्छन्द विहारके कारण यहांकी जलवायु उपत्यका साधारणके लिए विशेष स्वास्थ्यकर है। कप्तान न्यूबोल्डका कहना है कि, इस स्थानकी वायु पूर्वकी ओर निकल कर कभी कभी बङ्गोपसागरमें भीषण तूफान ला देती है।

इन दोनों घाटोंके मध्यवर्त्ती भारतोपकूल और पर्वत तट साधारणतः वनसे घिरा हुआ है। परन्तु वाणिज्य बन्दर स्थान, सूरते गजरातिसे परिपूर्ण है। यहां वर्षा ऋतुमें प्रबल वृष्टिपात होता है। इसलिए यहांकी वायु उष्ण होने पर भी अस्वाभाविक मालूम पड़ता है।

ब्रह्मदेशमें आवा नगरके समान तूफान एवं समय है। भूमिकम्पसे समय समय पर यहांका बहुत ही हानि होती रहती है। १८३९ ई०में आवा नगरी ध्वंसीभूत हो गई थी। पर्वत और उपत्यकादिके अवस्थानके भेदसे यहां किसी किसी स्थानकी वायुकी गतिमें भी बहुत कुछ परिवर्तन हो जाता है। वायुके रुखमें भिन्न मेघमालाकी गतिका पर्यवेक्षण करके डा० ब्लानफोर्डने निश्चय किया है कि, यहां भी हिमालय पर्वतकी तरह एक दक्षिणपश्चिम वायुगति विद्यमान है। इरावती नदीका उपत्यकाके नीचे अर्थात् पेगू विभागके समीपवर्त्ती प्रदेशमें प्रबल वर्षा होता है। यहांका जलवायु तथा बहुत ठण्ढा ही है और न विशेष गरम, स्वास्थ्यके लिए मनोरम है। परन्तु पेगूका उत्तरवर्ती उपत्यका विभाग शुष्क और तृणादि रहित मरुभूमि सदृश है। यहां वायुका प्रायः अभाव ही समझना चाहिए।

आवहविद्याविदोंने अनुसन्धित्सु हो कर वायुमान यन्त्रकी सहायतासे भारतके उच्च और निम्न स्थानोंमें वायुका उत्ताप और भाप ग्रहण कर जो सिद्धान्त निश्चय किया है, वह यथार्थ अवस्था-भेदसे वृष्टिपातके निर्धारणमें समर्थ है। नीचे उदाहरण स्वरूप कुछ स्थानोंके नाम, भाप, ताप और वृष्टिपातका नक्शा दिया जाता है।

स्थान	वायवीय ताप	भाप	वृष्टिपात
कलकत्ता	७९ ५°	५१'८५१	६६'२० इञ्च
बम्बई	७९ ८°	७१'८६६	६७ ,,
मन्द्राज	८२ ४°	७१'८५६	४४ ,,
दार्जिलिंग	५३ ३°	५४'०५८	११९'२५ ,,
शिमला	५४ ३° (जून)		७०'५५ ,,
दिल्ली	९४ ३° (जून)		२७'५ ,,
मुलतान	८५		७'११ ,,
पोर्टब्लेयर	८० ५°		११८'२५ ,,
सागरद्वीप	७९.५°		७९'८५ ,,
फौल्सपोयेंट	७०.२०°	५१'८५१	

ऊपरकी निर्दिष्ट परिमाण-सूची वार्षिक हिसाबके सामञ्जस्यानुसार उद्धृत की गई है। कभी कभी स्थान विशेषमें वृष्टिपात और तापनिर्दिष्ट संख्यासे द्विगुण भी हो जाता है। वायवीय ताप और चापके ऐसे उन्नमन और अवनमनको देख कर आवहविद्गण मेघ, वृष्टि और आंधीके तारतम्यको समझनेमें समर्थ होते हैं। इसीलिए मेघ-मण्डित आकाशमें घोर घनघटा और वारिस्निञ्चन-सहित साइक्लोन, टर्नाडो आदि भीषण झटिका-प्रवाह कभी कभी भारतभूमिको आलोड़ित कर दिया करता है। हिन्दूशास्त्रोंमें इसे एक प्रकारका दैव विपत्पात कहा गया है।

भारतवर्षीय आवहविद्याविद्गण वाह्य प्रकृतिके साथ वायुकी गतिविधिकी पर्यालोचना कर इस प्रकारके एक सिद्धान्तमें उपनीत हुए हैं।

वायुका चाप अधिक होनेसे शीतकालमें वृष्टि और और हिमालयके पश्चिमप्रदेशमें प्रभूत तुषारपात होता। साथ ही दक्षिण-पश्चिममें मौसुमी वायु भी चलती रहेगी, उस वायुका वेग क्षीण होनेसे किसी किसी जगह लगातार बार बार वृष्टिपात और कहीं कहीं दीर्घकाल-व्यापी अनावृष्टि हुआ करती है। अतएव दुर्भिक्षादि उपद्रव भी पीछे पीछे चलते हैं। बहुत ऊहापोहके साथ भारतवर्षके प्राकृतिक अवस्थानका पर्यवेक्षण करनेसे ज्ञात होगा कि वायु प्रवाहके इस नियमित कारणसे ही बङ्गाल और मालाबारकी अपेक्षा दाक्षिणात्य और उत्तर-भारतमें कृषिकार्यमें उपयोगी वृष्टिपातका अभाव हुआ करता है। चापके आधिक्यके कारण वायुके विपर्ययसे हो पहले इस शस्यपूर्ण भारतभूमि पर बहुत बार दुर्भिक्ष हो चुका है। दुर्भिक्षके प्राक्कालीन वायवीय परिवर्तनके समय सूर्यमें एक बिन्दुपात दिखलाई देता है। किसी भी एक समयसे दूसरे समय तक जो सूर्यमें उक्त प्रकारका बिन्दुपात होता है, वह सौरबिन्दु संवत्सर (Sun-spot Cycles) नामसे प्रसिद्ध है। १८९८ ई०के भारी भूकम्प और दुर्भिक्षके समय इस प्रकारका सौरबिन्दु और भानुकम्प दिखलाई दिया था। यह भावी दुर्घटना-सूचक एक दैवचिह्न है।

जलवायुके प्रभावसे ही कृषिकार्यकी उन्नति और अवनति होती है। प्रकृतिकी समता-रक्षापूर्वक वृष्टिपात और वायुप्रवाह अपने अपने कार्यमें तत्पर रहें तो भूमिकी उर्वरता बढ़ती है। अतिवृष्टि या अनावृष्टि विशेष अमङ्गलकारी है। स्थान विशेषमें १२ फुट नीचे जलगर्भसे धान्य उत्पन्न होता है, किन्तु लगातार वर्षा हो कर यदि वह धान्यको डुबो दे, तो धान्य नाशकी अधिक सम्भावना है। इसी प्रकार धान्य-वपनके बाद ऊँची सूखी भूमिमें भी अधिकवर्षा होनेसे जड़ सड़ कर धान्यकी विशेष क्षति करती है। इसीलिए किसान लोग स्वाभाविक आवश्यक वर्षा चाहते हैं। वृष्टिका अभाव होने पर नदी आदिसे नहर या बम्बा निकाल कर खेतोंमें पानी पहुंचाया जाता है। परंतु लगातार ५-६ वर्ष सूखा पड़नेसे नदीमें भी जलाभाव हो कर दुर्भिक्ष अनिवार्य हो जाता है। प्रशस्त मार्गादि तथा वाणिज्यकी सुविधा होनेसे अब भारतवर्षको स्थानीय दुर्भिक्षसे विशेष पीड़ित नहीं होना पड़ता है। दाक्षिणात्य भूमिके पार्वत्य विभागमें गमनागमनकी विशेष सुविधा न होनेसे वहां दुर्भिक्षका प्रकोप अधिक होता है। अनावृष्टिके कारण सुदूरव्यापी दुर्भिक्षसे तथा वाणिज्यके लिए भारतीय पण्यद्रव्य विदेशमें जानेसे भारतवासी विशेष क्षतिग्रस्त और दुर्भिक्ष पीड़ित हुआ करते हैं।

समग्र भारतवर्षमें करीब ६ करोड़ आदमी कृषिकार्य (खेती बारी) द्वारा जीविका निर्वाह करते हैं। ये श्रमजीवी किसान लोग अपनी अपनी भूमिकी अवस्थानुसार खाद दे कर तथा अन्यान्य उपायोंसे उर्वरता बढ़ाते हैं। उनसे साधारण जमीनकी अपेक्षा अधिक नाज पैदा होता है। जमीनमें बीज बोनेके पहले पहल जोतना पड़ता है। उसके बाद बीज फैला कर फिर उसे जोतनेसे अंकुर उत्पन्न होते हैं। धान्यकी खेतीकी प्रथा पृथक् है। उसमें पहले जोती हुई पनीली जमीन पर बीज बखेरे जाते हैं पीछे अंकुर निकल कर जब वे एक बित्तेके होते हैं, तब उन्हें दूसरे साफ खेतमें गाड़ देते हैं। भारतवर्षमें प्रधानतः धान्य, गेहूं, जौ, जुआर, बाजरा, उरद, अरहर, चना, मटर आदि अनाज तथा राई, सरसों, तीसी, रेंड़ी और तिल आदि तैलकबीज, बैंगन, आलू, गोभी, मूली, पियाज, लहसुन, गाजर, शकरकन्दी आदि शाकसब्जी, आम, केला, कटहर, दाड़िम, अमरूद, खरबूज,

फूट, ककड़ी, नीबू, आदि स्वादिष्ट सुमिष्ट और अम्लमधुर फल, सुपारी, नारियल, खजूर, ईख, तम्बाकू, चाय, अफीम, और पाट, सन, रेशम, रुई नील, लाख आदि द्रव्य उत्पन्न होते हैं। किसान लोग अपनी अपनी जमीन में पैदा हुई चीजोंको बेच कर जमीनकी मालगुजारी देते और अपने जीवन निर्वाहकी आवश्यक सामग्री संग्रह करते हैं। दक्षिणमें नीलगिरीसे लगाकर हिमालयके सानु प्रदेश तक तथा पूर्वमें आसिया पर्वतसे चटगांव तक और अन्य आदि स्थानोंमें चाय, आलू, गोभी और सिनकोना नामक वृक्षकी खेती होती है। इन पदार्थोंकी खेती बारीका विवरण उन उन शब्दोंमें लिखा गया है। अंगरेजों द्वारा शासित भारतके विभिन्न स्थानोंमें अधिकतर किस चीजकी कितनी जमीनमें खेती होती है, उसकी एक तालिका नीचे दी गई है :

उत्पन्न होनेवाले द्रव्य	मद्रास	बम्बई	सिन्धु	पञ्जाब	मध्यप्रदेश	निज़ामराज्य	माइसूर	आसाम।
धान्य (चावल)	४६०००००	११६५०००	५१५०००	४०००००	४५५००००	३५५५०००	५०००००	३१०००
गेहूं	१३०००	५३१०००	३५४००००	९००००००	३६०००००		११०००	५३५०००
क्षुद्रधान्य	१०३०००००	५८०००००	१३५००००	६००००००	५१४००००		३००००००	४३६००००
उड़द	१६०००००	८३००००	११५०००	३६०००००				१८००००
तैलकरबीज	८०००००	३६८०००	१८००००	८१००००	१३३००००	१५०००	१३००००	४३००००
रुई	१००००००	१३५००००	३००००	३३००००	८४००००	१००००	१५०००	३०८ ०००
तम्बाकू	६००००	३५०००	२०००	८००००	४८०००	१३००	११०००	१३०००
नील	१५००००	१४०००	१००००	११००००	..	३००		..
ईख	५१०००	५००००	४०००	३८००००	१००००००	४०००	१३०००	५०००

यह जमीनका परिमाण अन्दाजसे लिखा गया है। कहीं कहीं इससे भी कहीं अधिक जमीन जोती और बोई जाती है।

बंगालमें धान्य और पाटकी खेती मुख्य है। सारे बंगाल भरमें कितनी जमीन पर धान और पाटकी खेती होती है, इसका निर्दिष्ट विवरण उपलब्ध नहीं है। पाट, नील, इक्षु, तम्बाकू और तैलकर बीजोंका विवरण उन उन शब्दोंमें देखो।

इन खेतोंमें बैल, भैंसे, ऊंट और घोड़े आदि जोतने काम आते हैं। इन पशुओंकी सहायताके बिना जमीनका जोतना बिलकुल असम्भव है। अनाज और सब्जी पैदा करनेके लिए किसानोंमें जैसा उद्योग, परिश्रम और आग्रह पाया जाता है, वैसा वाणिज्यके अभिप्रायसे व्यवसाय विशेषमें पशुपालनकी आकांक्षा भी प्रबल हो उठी है। वे भी किसानोंकी तरह अपने अपने पशुओंका पालन और उनके बच्चे पैदा कर बेचा करते हैं। पञ्जाब और उसके पश्चिम प्रदेशमें युद्ध व्यवसायके लिए घोड़े और खच्चर, घीके लिए भैंसें, गाय और कृषिके लिए ऊंट बैलोंके लिए हाथी और ऊनके लिये बकरे और भेड़ें, चर्बी और मांसके लिए सूअर आदि पशु पाले जाते हैं।

लोभ और लाभके वशवर्ती हो कर गवर्मेण्टने जैसे मैमनसिंह राजवंशका हस्ति-विक्रय व्यवसाय छीन लिया, वैसे ही दक्षिण, मध्य और पश्चिम भारतके वन्य प्रदेशोंसे अर्थ सञ्चय करनेके अभिप्रायसे उन लोगोंसे देशीय सामन्तोंसे वन्य विभाग हस्तगत कर लिये। जिससे मूल्यवान साल, सेंगुन, शिरीष वृक्ष आदिके अङ्कुर प्रकृतिके अधीन रह कर पूर्ण कलेवरमें विद्यमान रह सकें तथा ग्रामवासियोंसे नष्ट न हो सकें इसके लिए गवर्नमेण्टने विशेष व्यवस्था की है। १८४४ और १८५६ ईमें बम्बई और मद्रास गवर्नमेण्टने वन्य विभाग अधिकार करनेके लिये प्रस्ताव किया था। उनके प्रस्तावित विषयमें अत्यावश्यक जान कर गवर्नमेण्टने १८६४ ईमें डा० ब्राण्डिसको वन्यविभागका प्रधान परिदर्शक (Inspector General of Forest) बनाया था। उसके दूसरे ही वर्ष वन-रक्षण सम्बन्धी एक कानून बना दिया गया। मद्रास

मेण्ट द्वारा अधिकृत समस्त वनभूमि साधारणतः रक्षित (Reserved) और मुक्त (Open) ऐसे दो प्रकार की है। रक्षित वन वन्य-विभागके कार्यकर्त्ताओं द्वारा, खास अधीनतामें स्थापित हैं। जंगलियों द्वारा आग लगाये जानेके भयसे उसके चारों तरफ सशस्त्र प्रहरी नियुक्त हैं। इनमें असभ्य पार्वत्य जातियां वास नहीं कर सकतीं। 'मुक्त' वनोंकी रक्षाके लिए किसी प्रकारका पहरा नहीं है। वन्य जातियां इच्छानुसार उनमें खेती-बारी कर सकती हैं, परन्तु उनमें भी जहां जहां सालके पेड़ हैं, वे रक्षित हैं। इन प्रदेशोंमें आबादीके लिए वन्य विभाग (Forest Department) में वार्षिक बहुत रुपये व्यय होते हैं, इसे तृतीय श्रेणी समझना चाहिए।

उत्तर पश्चिम सीमान्तदेश, आसाम, चट्टग्राम, आराकान, ब्रह्म, मध्यभारत और पश्चिमघाट आदि पर्वतमालाओंमें अनेक असभ्य जातियोंका वास है। वे स्वतन्त्र प्रथासे कृषिकार्य निर्वाह करते हैं। ब्रह्ममें 'तौङ्गया', उ० प० सीमान्तमें 'जूम', हिमालयमें 'कील', मध्यप्रदेशमें 'दह्या' और पश्चिमघाट पर्वतमालामें 'कुमारी' प्रथासे खेतीबारी होती है। इन स्थानोंमें हलसे खेत नहीं जोते जाते। कहीं वन्य भूमिको जला कर, कहीं खुरपासे मिट्टी छील कर और कहीं कुल्हाड़ी या कुदालोंसे खोद कर बीज बोये जाते हैं। वे एक जमीन पर लगातार दो वर्ष खेती नहीं करते। हर वर्ष जमीन बदल लिया करते हैं। वे जमीनमें किसी प्रकारका खाद नहीं देते और न शिक्षित किसानोंकी तरह कुछ उलट-फेर ही करते हैं। तथापि उनके खेतोंमें बहुतायतसे धान्यादि अनाज पैदा होता है।

वाणिज्य।

पण्यद्रव्यकी खरीद-बिक्रीका नाम वाणिज्य है। भारतीय प्रजाके परिश्रम और कृषि-कौशलसे उत्पन्न द्रव्यको ही 'पण्य' कहते हैं। वर्ष भर सरदी-गरमी, वर्षा और घाम सह कर कष्टसहिष्णु कृषकगण अपने अपने खेतोंमें जो फसल पैदा करते हैं उसमेंसे कुछ अंश अपने भरण-पोषण और आगामी बीजके लिए रख कर बाकी सब मालगुजारी आदि आनुषङ्गिक व्यय-भार वहनके लिए महाजनोंके हाथ बेच देनेको बाध्य होते हैं। कहीं कहीं पेशगी देनेवाले महाजन लोग उस बाकीके अंशसे भी ज्यादा माल ले लेते हैं, जिससे बेचारे किसानोंको अपने भरणपोषणमें भी अनेक कष्ट उठाने पड़ते हैं। इन अत्याचारोंसे कभी कभी प्रजा-विद्रोह आदि उत्पात तथा दुर्भिक्षादि भी दिखाई देने लगते हैं। बङ्गालकी नीलकी कोठीवालोंका अत्याचार, १७७३ ई०के संन्यासि-विद्रोह और १८३१-३२ ई०के कोल विद्रोह आदि उच्छृङ्खलताओंका कारण था। राजा प्रजाके कष्टों पर ध्यान नहीं देते थे, इसी कारण प्रजा ऐसे उद्धत भावको धारण करती थी।

प्रजागण अपने अपने परिश्रमसे उपार्जित धान्यादि महाजनोंके हाथ सौंप कर निश्चिन्ततासे पैर पसार कर सोते हैं। निरीहस्वभाव दीन दुःखी किसान लोग तो अपनी अपनी जमीनकी तरक्कीमें लगे रहते हैं, पर महाजन लोग लाभकी आशासे एक जगहकी चीज दूसरी जगह ले कर बेच देते हैं। फल यह होता है, कि जहां पैदावारी होती है, वहींके लोग कष्ट पाते हैं। उधर महाजन लोग शहरोंमें दूने भाव पर माल बेच कर मनमें फूले नहीं समाते।

भारतीय वाणिज्य साधारणतः चार प्रकारसे चला करता है। १ अर्णवयान द्वारा वैदेशिक राज्यके साथ, २ उपकूलवर्ती नगरोंमें, ३ हिमालयके उत्तर और पूर्व सीमान्तवर्ती राज्योंके साथ और ४ भारतसाम्राज्यके मध्य।

विस्तीर्ण समुद्रके बीचमें रहने पर भी भारतके उपकूलदेशोंमें वाणिज्यके लिए उपयोगी बन्दरगाह नहीं हैं। गङ्गा और ब्रह्मपुत्र नदीके समग्र अववाहिका प्रदेशमें उत्पन्न होनेवाले द्रव्यका वाणिज्य केवल कलकत्ताके मार्गसे ही होता है। इसके सिवा अन्य स्थानोंमें पैदा होनेवाली चीजें भी देशीय और वैदेशिक वणिक् सम्प्रदाय द्वारा अच्छी तरह बोरे आदिमें भरी जा कर गाड़ी, नाव या रे०से कलकत्ता बन्दरकी तरफ आती हैं। भारतकी चीजें भारतमें ही स्वदेशियोंके व्यवहारार्थ जो आती जाती हैं, वह अन्तर्वाणिज्य कहलाता है और जो द्रव्य वैदेशिकोंके जहाजोंमें भर कर सुदूर देशान्तरोंमें भेजा जाता है, उसका नाम सामुद्रिक-वैदेशिक वाणिज्य है। इसी तरह गुजरात, दाक्षि

प्रान्त और मध्यप्रदेशका तमाम अनाज बम्बई हो कर, सिन्धु प्रदेशका अनाज करांची हो कर और इरावती प्रवाहित निम्न ब्रह्मामें उत्पन्न होनेवाला माल रंगून हो कर समुद्रके मार्गसे नाना देशोंमें भेजा जाता है। यह भी सामुद्रिक वाणिज्य है और सड़कोंके सिवा इन चारों बन्दरोंमें माल पहुंचानेकी सुविधाके लिए रेलपथ भी विस्तृत है। इनके अतिरिक्त मालावार उपकूलमें गोआ, कोचीन, मङ्गलोर, कोल्लानोर और बेपुर तथा करमण्डल उपकूलस्थ मछलीपत्तन आदि छोटे छोटे बन्दरगाहोंमें भी भारतका औपकूलिक वाणिज्य होता है। मालावार उपकूलवर्ती वाणिज्य बन्दरगाहोंमें भी भारतका औपकूलिक वाणिज्य चलता है। मालाबार उपकूलवर्ती वाणिज्यबन्दरोंमें अथवा वहांकी नदियोंमें जहाज जा सकते हैं। परन्तु करमण्डल उपकूलवर्ती मन्द्राज आदि नगरोंमें प्रवेश करनेका मार्ग निरापद नहीं है। वैदेशिक जहाज मन्द्राजमें हो समुद्रमें ठहराये जाते हैं। वहांसे छोटे छोटे कश्तियों या नावोंके जरियेसे माल ला कर जहाजोंमें लादा जाता है। भारतीय सामुद्रिक वाणिज्यका चालीसवां भाग कलकत्ताके मार्गसे और तदनुरूप बम्बईके मार्गसे तथा षष्ठांश मन्द्राज, चतुर्थांश रंगून, द्वि-अंश करांची और शेष अष्टांश उपकूलवर्ती छोटे बन्दरोंसे होता है।

बहुत समयसे भारतमें वैदेशिक वाणिज्यका प्रभाव विस्तृत था। उस समय भारतीय वणिक् विभिन्न देशोंमें स्वदेशीय पण्य द्रव्य ले कर वाणिज्यके लिए गमन करते थे। चीन, यव, बालि आदि द्वीपों और अरब, इजिप्ट, रोम आदि सुदूर देशोंमें भारतीय धनरत्न और धान्यादि शस्यका विक्रय होता था। भारतमें उत्पन्न मुक्ता प्रवाल, मरकत, हीरा चुन्नी आदि मूल्यवान् पत्थरोंकी प्रसिद्धि समुद्र रोमसाम्राज्यमें भी परिव्याप्त थी। मिसर, बाबिल आदि स्थानोंमें इस प्राचीन भारतीय वाणिज्यके निदर्शन मिले हैं। इसके सिवा ऐतिहासिक और भ्रमणकारियोंके वृत्तान्त पढ़नेसे भी इस वाणिज्यकी उन्नति मालूम हो सकती है।

भारतवासियोंका यह वाणिज्य-गौरव अवनत होने तथा वर्त्तमानमें भारतीय (हिन्दू) वणिकोंका ध्यान वाणिज्य प्रसारकी ओर न रहने पर भी भारतीय वाणिज्यका किसी प्रकार ह्रास नहीं हुआ है। अब वैदेशिक वणिक-सम्प्रदाय भारतकी समस्त वाणिज्य शक्तिको हड़प रहा है। भारतमें हिन्दू राजाओंका लोप होने पर क्रमशः विधर्मी मुसलमानोंका शासन फैल गया। ११९३ ई०में महम्मद गोरीके आक्रमणके बाद उत्तर भारतमें मुसलमानोंका प्राधान्य विस्तृत हुआ। उस समय मुसलमान लोग भारतमें पैदा होनेवाली तरह तरहकी चीजें अफगानिस्तान, तुर्किस्तान आदिमें ले जा कर उसके बदले वहांके घोड़े, बकरे, रोम, शाल आदि भारतमें ला कर बेचते थे। अब भी मुसलमान और कुछ पञ्जाबी आदि वणिक अफगान सीमान्त और तुर्किस्तानमें रह कर पार्श्वस्थ वाणिज्यका प्रसार बढ़ा रहे हैं। अलाउद्दीन खिलजीके दाक्षिणात्य आक्रमणसे पहले दक्षिणापथमें राष्ट्रकूट, यादव, चालुक्य आदि राजवंश राजत्व करते थे। उस समय हिन्दू वणिकगण वाणिज्यकी उन्नतिमें दत्तचित्त थे। उस समय अरब आदि देशोंसे विदेशी वणिक लोग भारतमें आ कर पण्यद्रव्य खरीद ले जाते थे। मुसलमान बादशाह अकबरशाहके शासनकालमें दाक्षिणात्यमें मुगल और मुसलमानोंका प्रभाव मजबूत हो गया था, तबसे दाक्षिणात्यके करीब सभी वाणिज्य मुसलमान राजपुरुषोंके हस्तगत हो गये। अत्याचारी मुसलमानराजपुरुषोंके ऊपर क्रुद्ध होकर साधारणतः हिन्दू वणिकोंने मुसलमानोंकी वासभूमि अरब आदि देशोंमें जा पण्य द्रव्य बेचना बन्द कर दिया था। साथ ही इसलाम धर्मावलम्बी प्रचारी मुसलमानोंके कठोर शासनसे पीड़ित हो कर, [illegible] हो जाने जातिच्युतके भयसे, वे मुसलमानोंका सहवास छोड़नेके लिए सब तरहसे बाध्य हुए थे। यही कारण है कि इस प्रकार थोड़े ही समयके भीतर भारतवासी हिन्दुओंका वैदेशिक वाणिज्यका अन्त हो गया।

जिस प्रकार भारतीय पण्य द्रव्य किसी समय दूर देशोंके लिए भेजे जाते थे, उसी प्रकार वहांकी कोई न कोई चीज इस समय भारतवासियोंकी [illegible] बढ़ाती थी। [illegible] पथसे दाक्षिणात्यमें जिस प्रकार प्रवाल, मुक्ता आदि समुद्रज मूल्यवान् द्रव्य पहले भारतमें आते थे, उसी प्रकार सुदूर अष्ट्रेलिया द्वीपसे अब भी

मुक्ता, प्रवालादि भारतमें आया करते हैं। भारतमें यवन राजाओंके अधिकारकालमें नाना प्रकार अलङ्कार और अंगरखे आदिका प्रचार था। भास्कर शिल्पमय ग्रीक और शक सिक्कोंसे उसका पूरा आभास मिलता है।

भारतका प्राचीन वाणिज्यस्रोत क्षीण होने पर पुर्त्तगीज ओलन्दाज, फरासीसी, जर्मन और अंग्रेज वणिक्गण वाणिज्यके उद्देशसे एक एक कर भारतमें पदार्पण करने लगे। पुर्त्तगीजोंने वाणिज्यके अभिप्रायसे भारतमें आ कर भारत महासागरके किनारे कैसा प्रभुत्व विस्तार किया था, 'पुर्त्तगीज' शब्दमें उसका विस्तृत विवरण देखना चाहिए। जर्मन वणिकोंका अर्थ-पिपासाके कारण हो हो या परामर्शदाताओंके पारस्परिक विरोधके कारण, अकालमें ही समुद्रगर्भमें जलबुद्बुदवत् नाश हो गया था। ओलन्दाजोंने कुछ दिनके लिए भागीरथी तीरवर्ती श्रीरामपुर ग्राममें रह कर वाणिज्यकी उन्नतिकी चेष्टा की थी, परन्तु अंग्रेजों और फरासीसियोंके साथ प्रतियोगितामें पराङ्मुख हो कर वे श्रीरामपुरकी कोठी अंग्रेज वणिकोंके हाथ बेंच कर निम्न बंगालको वाणिज्याशा विसर्जित करनेके लिए बाध्य हुए। आखिरमें भारतमें दृढ़भित्ति स्थापनके लिए फरासीसी और अंग्रेज वणिकोंमें घोर प्रतिद्वन्द्विता आरम्भ हुई। दाक्षिणात्यमें फरासीसी और अंग्रेजोंका विरोध इतिहासमें ज्वलन्त अक्षरोंमें लिखा है। १७५७ ई०में फरासीसियों और आखिरमें नवाब सिराजउद्दौलाको पराजय कर अंग्रेज वणिकोंने लार्ड क्लाइवकी अधिनायकतामें बङ्गराज्यमें प्रभुत्व स्थापन किया। १८०३ ई०में महाराष्ट्र विजयके बाद समस्त दाक्षिणात्यमें अंग्रेजवणिकोंका प्रसार बढ़ने लगा। उसके बाद १८५७ ई०के प्रसिद्ध सिपाही विद्रोहके बादसे अंग्रेज-वणिक्-सम्प्रदायने अप्रतिहत प्रभावसे भारतमें सामुद्रिक वाणिज्यका विस्तार किया। अब अंग्रेज, फरासीसी, ग्रीक, जर्मन, हिन्दू, पुर्त्तगीज, यहूदी, पारसी, मुसलमान आदि नाना जातीय वणिक सम्प्रदायने भारतके वाणिज्य सूत्रको धारण किया है, परन्तु सभी अंग्रेजको शुल्क देते हैं।

वैदेशिक वणिक्समिति द्वारा भारतमें आने वाली चीजें ये हैं,—कपड़े, धुले हुए और छींट आदि नाना प्रकारके सूती वस्त्र, छतरी, कोयला, लोहेकी तमाम चीजें छुरा, कैंची, उस्तरे, आदि अस्त्रशस्त्र, कल कब्जे, अनेक प्रकारके मद्य, तांबा, लोहा सीसा, सोना, चांदी आदि धातुएं, नाना प्रकार खाद्यद्रव्य, रेलगाड़ीका असबाब, नमक, रेशम और उससे बनी हुई चीजें, गरम मसाले, चीनी, पशमी वस्त्र, नारियलका तेल और औषधादि नाना प्रकार उपकरण।

भारतसे विदेशको जानेवाली चीजें चाय, काफी, रुई, सूतीवस्त्र, सूत, नील और अन्यान्य रंग, धान्य, चावल, गेहूं, चना आदि अनाज, पशुचर्म, पटसन और बोरे, लाख, तैलादि, अफीम, सोरा, मसीना, तिल, राई, रेड़ी आदि तेलकर बीज, रेशम और उससे उत्पन्न गरदादिके वस्त्र, गरम मसाला, चीनी, साल और सेंगुनकी लकड़ी, तम्बाकू, ऊन और ऊनके वस्त्र आदि। इनके सिवा और भी बहुत सी चीजें विभिन्न देशोंको जाती हैं। विशेष विवरण उन्हीं शब्दोंमें देखो।

यह पहले ही लिखा जा चुका है कि वर्त्तमान युगमें एकमात्र अंग्रेज वणिकोंने जागतिक वाणिज्यका पूर्णाधिकार अपने हाथमें ले रखा है। उनके उत्साहसे प्राच्य देशोत्पन्न सभी प्रकारके पण्यद्रव्य इंगलैण्डकी राजधानी लण्डनमें लाये जाते हैं और वहांसे युरोपके विभिन्न देशवासी वणिक्गण प्रयोजनानुसार सन, ऊन आदि चीजें खरीद लिये जाते हैं। पहले दक्षिण अफ्रीकाके उत्तमाशा अन्तरीपको वेष्टन कर पण्यवाही जहाज युरोपमें पहुंचते थे। १८६९ ई०में स्वेज संयोजकसे नहर काटी जानेसे वाणिज्यका प्रसार बढ़ा और एक लम्बे रास्तेका भी आविष्कार हुआ। अब वणिक् वृन्दको विशेष कष्ट नहीं सहना पड़ता। भारतीय पण्य द्रव्यसे परिपूर्ण हो कर अर्णवपोत एक मासके भीतर ही सुदूर इंगलैण्डमें पहुंच जाते हैं।

भारतका आभ्यन्तरीण वाणिज्य भारतीय सभ्य जातियों द्वारा ही प्रचलित हुआ है। सुप्राचीन आर्ययुगमें जो लोग वाणिज्यकार्यमें नियुक्त थे, वे मनु द्वारा 'वैश्य' नामसे उक्त हुए हैं। अब भी उस वैश्यवर्णके बहुतसे लोग वाणिज्यकार्यमें लिप्त हैं। बम्बई प्रदेशके पारसी, गुजराती, बनिया और राजपूतानेके जैन मारवाड़ी

लोग वाणिज्य-व्यापारमें स्वाभाविक दक्ष हैं। दाक्षिणात्य, मन्द्राज और मैसूर विभागमें लिङ्गायत लोग, करमण्डल उपकूलमें शेट्टी और कामती लोग तथा अवन्तकोल गुजराती, मारवाड़ी, शेट्टी और लब्बुवा लोग समस्त वाणिज्यका विस्तार कर रहे हैं। [illegible] वाणिज्यका हस्तगत करनेके लिए बहुतसे जैन मारवाड़ी मुर्शिदाबादमें आ कर बसे हैं। ये उत्तरमें चीन सीमान्त और पूर्वमें [illegible] पर्यन्त तक आ कर वहांके लोगोंके साथ स्वच्छन्दता पूर्वक व्यापार करते हैं। युक्तप्रदेशका वाणिज्यकेन्द्र बनियोंके हाथमें है। समस्त पञ्जाबमें खत्री या क्षत्री कहलानेवाले वैश्यसम्प्रदायने वाणिज्य विस्तार कर रखा है। ये सब वणिकगण भारतसीमान्तवर्त्ती अफगानिस्तान, इसके निकटवर्ती पार्वत्य राज्य, काश्मीर लद्दाक, तिब्बत, नेपाल, भोट, आसाम [illegible] पार्वत्य प्रदेश, उत्तर और निम्न ब्रह्म तथा श्याम, कम्बोडिया आदि दूर देशोंमें जा कर अपना अपना वाणिज्य करते हैं।

प्रत्येक नगरस्थित बाजारोंमें अथवा गांवोंके हाट बजारोंमें स्थानीय एक एक छोटा वाणिज्य चला करता है। किसी किसी हाटमें कृषकोंके लाये हुए धान्यादि शस्योंका बहुत बड़ा कारोबार भी होता है। आढ़तिये महाजन लोग इन स्थानमें रह कर खरीद बिक्री किया करते हैं। देवोद्देशसे मेला या उत्सवादि होने पर उसमें भी कहीं कहीं इस प्रकारसे धान्यादि शस्य और गाय, बैल, घोड़ा आदि पशुओंका क्रयविक्रय होते देखा जाता है।

भारतमें रेल-पथके विस्तारके पहले रास्ता और नदियों द्वारा वाणिज्यकी वस्तुएं जगह जगह आया जाया करती थीं। कलकत्तासे उत्तर पश्चिम प्रदेशमें गमनकी सुविधाके लिए १६वीं शताब्दीमें अफगानके सम्राट् शेरशाहने वर्त्तमान ग्राण्ड ट्रंक रोड नामक सुविस्तृत मार्ग बनाया। बाद, लार्ड डेलहौसी बहादुरने इसका संस्कार कर वाणिज्यके मार्गका सुविस्तृत किया है। इस प्रकार पक्का मार्गोंसे कुछ सड़कें निकाल कर उत्तर पश्चिम भारतके प्रधान प्रधान नगरोंसे मिला दी गई। इन्हीं मार्गोंसे किसी समय वणिक लोग पेशावर तक आया करते थे। और [illegible], हिमालय, नीलगिरि और पश्चिमघाट आदि पर्वतमालाओंके ऊपरसे निकलकर हो कर भारतमें लाई हुई बैलगाड़ियां आया जाया करती थीं। अब भारतमें उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्यभारत प्रदेशमें रेलें हो गई हैं। इनमेंसे कुछ वणिक् सम्प्रदायके अधीन हैं। इसके सिवा अंग्रेज गवर्नमेण्ट और सामन्तराजों द्वारा परिचालित भी कई एक रेल हैं। इनमें इष्ट-इण्डियन, ग्रेट इण्डियन पेनिन्सुला, राजपूताना-मालवा, बम्बे बड़ौदा आदिका रेलपथ प्रधान हैं।

रेलसे दुर्भिक्ष-दमन।

पहले लिख चुके हैं कि, अनावृष्टि, अतिवृष्टि और ज्यादा [illegible] होने पर देशमें दुर्भिक्ष होता है। रेलें जब आई हैं यातायात और वाणिज्य परिचालनके लिए विशेष सुविधा हुई है सही, पर दुर्भिक्षका दुःख और अशान्ति दिन दिन बढ़ता जाता है। जहां रेल या गमनयोग्य मार्ग नहीं है कोई भी वणिक वहां जा कर व्यापार करनेको तयार नहीं थे, परन्तु अब रेलके कारण सुविधा हो जानेसे उन स्थानोंकी सभी चीजोंको व्यापारी वणिक लोग इच्छानुसार विभिन्न स्थानोंमें भेज देते हैं। पहले वे इच्छानुसार उन चीजोंका इस्तेमाल करते थे, पर अब वे अपने ही देशमें पैदा होनेवाली चीजोंसे खुद ही वञ्चित रह जाते हैं और इस तरह बड़ा कष्ट पाते हैं। इस पर ऊपरसे यदि जलवायुकी गड़बड़ी हो जाय या वर्षा न हो, तो ऐसी हालतमें दुर्भिक्ष होना स्वाभाविक ही है।

इतिहास देखनेसे मालूम होता है, कि १७६९-७० ई०में निम्न बङ्गप्रदेश (बङ्गाल)में एक महामारी उपस्थित हुई थी। १८०२-१८०३ ई०में होलकरराज [illegible] द्वारा लूटनेके बाद वहां दुर्भिक्ष हुआ था। महाराष्ट्र वासी इसका [illegible] नामसे जिक्र करते हैं। १८३३-३४ ई०में बहुकालव्यापी अनावृष्टिके कारण उत्तर-पश्चिम प्रदेशमें दुर्भिक्ष हुआ था। उस समय [illegible] बहादुरने दुर्भिक्षसे पीड़ित प्रजाओंकी सहायतार्थ कई एक तालाब आदि खुदवा दी थीं। इनमेंसे बहुतोंका पोखरा अब भी विद्यमान है। १८३७ ई०में और एक

बाद अंग्रेजोंने उस गोलाको खोल कर दरिद्रोंकी उदरपूर्त्ति की थी। १७९०-९२ ई०में मन्द्राजप्रदेशमें दो वर्ष तक महामारीका प्रकोप रहा था। उसके बाद १८६०-६१ ई०में पुनः भीषणमूर्त्ति धारण कर दुर्भिक्षने युक्तप्रदेशमें अपना प्रभुत्व जमाया था। उस समय दुर्भिक्षके कठोर प्रपीड़नसे प्रजावर्गको भारी कष्टोंका सामना करना पड़ा था। चारों ओर हाहाकार छा गया था और उसने भयानक रूप धारण किया था, जिसका आभास हमें तत्कालीन राज्यशासनकी शिथिलतासे विलक्षणरूपसे मिलता है *। १८६५-६६ ई०में पुनः उड़िष्याप्रदेशमें महादुर्भिक्ष आ धमका। उस समय लाखों उड़िष्यावासी भूखों मर गये। १८६४ ई०में, आश्विन मासके भीषण तूफान और बाढ़के कारण निम्न बङ्गाल बह गया था, जिससे स्थानीय शस्यभाण्डारकी विशेष क्षति हुई थी। उसी समयसे धान्यादिकी तेजी शुरू होने लगी। इसके २।३ वर्ष बाद बं० सन १२७४में तारीख २१ कार्त्तिक शुक्रवारके दिन 'कार्त्तिककी आँधी'' से बङ्गाल प्रदेश ऐसा तहस नहस हो गया कि तबसे धान्यादि शस्योंका मूल्य ही बढ़ गया। सुना जाता है, कि आश्विनकी आँधीसे पहले बङ्गालमें ।॥) आना मन चावल बिकता था और कार्त्तिककी आँधीके बाद ८) १०) मन चावल बिका था। उस समय बहुतेरे बंगवासी गरीब भाई भूखों मर गये थे और नाना प्रकारसे कष्ट सहे थे। १८६८-७० ई०में सूखा पड़ा जिससे युक्तप्रदेश और राजपूतानेमें दुर्भिक्षका सञ्चार हुआ। इसके बाद १८७३-७४ ई०में बिहार प्रान्तमें भयानक दुर्भिक्षने दर्शन दिये थे। उस समय गवर्नमेण्टने स्थानीय पीड़ित लोगोंके कष्ट दूर करनेका प्रयत्न किया था। इसके थोड़े ही दिन बाद १८७६ ई०में पुनः समग्र भारतमें एक दीर्घव्यापी दुर्भिक्षका सञ्चार हुआ। ऐसी लोमहर्षण दुर्घटना भारतके अदृष्टमें फिर कभी नहीं हुई। उस समय अनाहारसे और विसूचिका आदि रोगोंसे दक्षिणभारत प्रायः जनशून्य हो गया था। १८९८-९९ ई०में पुनः दक्षिणभारतमें दुर्भिक्षका प्रकोप दिखलाई दिया था। उस समय भारतके बड़े लाट लार्ड कर्जन और उनकी सहधर्मिणी महोदयाने कर्मक्षेत्रमें उपस्थित रह कर विभिन्न देशवासियोंसे अर्थ याचना की थी। उनकी प्रार्थनासे प्राप्त धनादिसे दीन दुःखी प्रजाकी उदरपूर्त्ति हुई थी। गवर्नमेण्टके राजकोषसे भी प्रजावर्गके दुःखनिवारणार्थ अर्थव्यय किया गया था। वर्त्तमान सदीमें १९०८, १९१०, १९२१, १९२४ ई०में भी जगह जगह अन्नकष्ट और जलकष्ट हो चुका है और उड़िष्या आदि प्रदेशोंमें प्रायः हुआ करता है।

शासन-प्रणाली।

अंग्रेजों द्वारा अधिकृत भारतवर्षका सुश्रृङ्खलासे शासन करनेके लिए विलायतकी पार्लियामेण्ट द्वारा पांच वर्षोंके लिए एक राजप्रतिनिधि नियुक्त किये जाते हैं जो गवर्नर जनरल कहलाते हैं। वे और उनकी मन्त्रिसभा भारतके लिए आवश्यक कानून बना कर शासन कार्य्य निष्पन्न करती है। किन्तु किसी किसी विषयमें बड़े लाट या गवर्नर जनरलको मन्त्रिसभासे बिना परामर्श लिये ही स्वमतानुसार कार्य्य करनेकी क्षमता प्राप्त है। उपरोक्त मन्त्रि सभामें बड़े लाट बहादुरके सिवा और भी छः सात सुदक्ष एवं विज्ञ अंग्रेज कर्मचारी हैं। निर्दिष्ट समयान्तरसे इस सभाका अधिवेशन हुआ करता है। भारतीय आईन और शासन-सम्बन्धी समस्त विचार तथा वैदेशिक राजनीतिकी आलोचना और मीमांसा करना इसका उद्देश है। इसके अलावा आईन बनानेके लिए पूर्वोक्त सभ्यों, बम्बई और मन्द्राजके शासनकर्त्ताओंके प्रतिनिधि, तथा कुछ मनोनीत देशीय और वैदेशिक सुयोग्य सभ्योंको ले कर एक सभा और भी संगठित है। जिस प्रदेशमें उस व्यवस्थापक सभाका अधिवेशन होता है, वहांके शासनकर्त्ता भी उस सभाके सभ्य समझे जाते हैं। इस सभाके कार्य्य विवरणको साधारण समुदाय भी जान सकता है, उसके लिए कोई बाधा नहीं।

---

* No useful lesson of administrative experience is to be learned from the long list of famines and scarcities which afflicted the several provinces of *India* at recurring periods during the first half of the present century. (W. W. Hunter 'India'.)

विचार-कार्यकी सुविधाके लिए बङ्गाल, बिहार, बम्बई, मन्द्राज, मध्यप्रदेश, युक्तप्रदेश और पञ्जाबमें "हाई कोर्ट" नामके एक एक सर्वोच्च विचारालय हैं। इनमें प्रदेशीय फौजदारी और दीवानी मामले मुकदमोंका फैसला किया जाता है। इसके सिवा प्रत्येक जिलेमें गवर्नर और प्रादेशिक शासनकर्त्ताओंका अधीनस्थ जज और सब-जज तथा प्रत्येक महकमामें २।३ मुन्सिफ विचार कार्यमें नियुक्त हैं।

सम्मिलित गवर्नर जनरल भारतके सर्वेसर्वा होने पर भी शासनमें वे स्वयं शासन कार्य नहीं करते। शासन-कार्यकी सुविधाके लिए अंगरेजों द्वारा अधिकृत भारत कई एक प्रदेशोंमें विभक्त है। प्रत्येक प्रदेशमें 'गवर्नर' या 'चीफ कमीश्नर' उपाधि-धारी एक एक शासनकर्त्ता नियुक्त हैं। वे 'गवर्नर जनरल'के कर्तृत्वाधीन में रह कर अपने अपने प्रदेशका शासन करते हैं। गवर्नर पार्लियामेण्ट सभासे और चीफ कमिश्नर सिविल सर्विससे मनोनीत हो कर भेजे जाते हैं।

शिल्प-जात द्रव्य।

अति प्राचीनकालसे भारतमें शिल्पकी चर्चा चली आ रही है। दो-तीन शताब्दियोंके पहले, भारतवर्ष शिल्प विद्यामें पृथिवीके अन्य किसी देशकी अपेक्षा हीन नहीं था परन्तु वर्त्तमानमें कोयलेके व्यवहार प्रभृति प्राकृतिक विज्ञानके अभिनव तत्त्वोंका आविष्कार होनेसे, यूरोप और अमेरिकाने शिल्प विद्यामें परमोत्कर्ष प्राप्त किया है। भारतवर्ष अब किसी प्रकार भी उनकी समकक्षता नहीं कर सकता। पूर्वके गौरवका आसन हुआ क्रमशः पीछे हटता जाता है। वाष्प-परिचालित यन्त्रोंकी शक्तियोंके साथ दैहिक बलकी प्रतियोगिता नितान्त असम्भव जान, भारतके शिल्प-जीवियोंने हताश हो कर अपनी अपनी जातीय वृत्तियां छोड़ दी हैं और वे अब कृषि-विद्याका आश्रय ग्रहण कर रहे हैं।

बहु प्राचीन समयसे ही भारतवर्षमें सर्वोत्कृष्ट सूती वस्त्र तयार हुआ करते थे। पूर्व पाश्चात्य वणिकगण भारतमें आ कर इस देशके सूती वस्त्रादि खरीदते थे और उन्हें अपने अपने देशमें ले जा कर बेचते और लाभ उठाया करते थे। सूक्ष्मता, चारुचिक्य और निर्माणकौशलमें भारतीय वस्त्र आज भी जगत्में अतुलनीय है। परन्तु मैनचेष्टरके वस्त्र अति सुलभ मूल्यमें बिकनेके कारण यह व्यवसाय दिनोंदिन क्षीण हो रहा है।

रेशमी वस्त्र प्रायः भारतके सभी स्थानोंमें प्रचलित हैं। आसाम और ब्रह्मदेशमें प्रायः सभी लोग रेशमी वस्त्र पहना करते हैं। वे वस्त्र स्त्रियां तैयार करती हैं, ब्रह्मदेशमें चीनसे रेशम आती है। आसाममें रेशमके कीड़ोंसे रेशम बनती है। बङ्गालमें भी प्रायः सर्वत्र रेशमका प्रचार है। पञ्जाब और सिन्धु प्रदेशके शहरोंमें तथा नागपुर, आगरा, हैदराबाद और दाक्षिणात्यके अनेक स्थानोंमें सूत मिला कर रेशमी वस्त्र बनाये जाते हैं। बनारस, मुर्शिदाबाद, अहमदाबाद और त्रिचिनापल्लीमें बहुतायतसे विशुद्ध रेशमी वस्त्र तयार होते हैं। [illegible] बम्बई आदि शहरोंमें भी रेशमी वस्त्र तयार करनेके लिए कोठियां स्थापित हुई हैं। बम्बईसे नाना प्रकारके रेशमी वस्त्र बन कर अन्य देशमें बिक्रयार्थ जाते हैं।

ढाका, पटना और दिल्लीमें प्रस्तुत वस्त्रों पर रेशमी सूतसे फूल काढ़े जाते हैं। यहां जरदोजीका काम भी होता है। गुजरातमें [illegible] चौकीपर लाहीका काम किया जाता है। शालदार उपवनों पर सलमा सितारेके कामदार मखमलके चंदवे, हाथीके हौदे, घोड़ेके साज और छतरी आदिका व्यवहार होता है। ये सब सूरतमें और औरङ्गाबादमें बनते हैं।

बङ्गालमें तथा भारतके उत्तरांशमें अनेक स्थानोंमें सतरंजी और दरी तयार होता है। काश्मीर, पञ्जाब, सिन्धु आदि प्रदेशोंमें तथा आगरा, मिर्ज़ापुर, जबलपुर, वरांगल, मालाबार और मसलीपट्टम आदि स्थानोंमें उत्कृष्ट गलीचे बनाये जाते हैं। काशी और मुर्शिदाबादमें मखमलके उम्दा कार्पेट, गलीचा बना करते हैं। लखनौ और मालदहमें रेशमके कार्पेट तयार होते हैं।

भारतके अनेक स्थानोंमें सोने और चांदीके उत्कृष्ट गहने और बरतन आदि तयार होते हैं। ढाका और कटककी चांदीकी चीजोंका काम कार्य विशेष प्रसिद्ध है। त्रिचिनापल्ली, दिल्ली, बनारस आदिकी सोने और चांदीकी जरी और साड़ी काम कार्यके लिए मशहूर

है। भारतवर्षकी प्राचीन राजधानियोंमें उत्कृष्ट लौह-निर्मित अस्त्र-शस्त्र प्रस्तुत होते हैं। तलवारोंकी म्यान भी यहां एकसे एक उमदा बनती हैं। पञ्जाबके अनेक स्थानोंमें बन्दूक बनती हैं और बहुत जगह स्थानीय व्यवहारोपयोगी तांबे और पीतलके बासन भी तयार होते हैं। बनारसके तांबे और पीतलके बरतन सबसे उत्तम होते हैं।

मुर्शिदाबादके खागराके बरतन बहुत मशहूर हैं। भारतके घण्टे बहुत ही सुन्दर और सुमधुर शब्दयुक्त होते हैं। सिन्धु-प्रदेशमें अनेक प्रकारके सुन्दर मिट्टीके बरतन बनते हैं।

बौद्धधर्मके प्रभावकालमें भारतमें जो प्रस्तर मूर्त्तियां और गुहामन्दिर खोदित हुए थे, उनके द्वारा भारतके शिल्प-नैपुण्यका विलक्षण परिचय मिलता है। भारतके अनेक स्थानोंमें काष्ठ-निर्मित गृहादिमें शिल्पकार्य्यका विलक्षण प्रभाव दीख पड़ता है। मुर्शिदाबाद, अमृतसर, काशी और त्रिवांकुरमें हाथीके दांतकी चीजें बनती हैं। कृष्णनगरके बने हुए मिट्टीके खिलौने बहुत ही खूबसूरत होते हैं।

खनिज पदार्थ।

भारतके प्रायः सर्वत्र लोहेकी खानें पाई जाती हैं। यहांका खनिज अपरिष्कृत लौह पृथ्वीके अन्यान्य स्थानोंमें प्राप्त लोहोंकी अपेक्षा बहुत विशुद्ध है। देशीय प्रथानुसार यहां खनिज धातुसे विशुद्ध धातु बनाई जाती है। परन्तु यह प्रथा बहुत ही व्ययसाध्य है। इसलिए भारतीय लौह विलायती लोहेके साथ प्रतियोगितामें अक्षम है। बङ्गालके अन्तर्गत रानीगंज और उसके आस-पास तथा मध्य प्रदेशके बरार और मोहपानीमें कोयले की खानें हैं। इनमें रानीगंजकी खान सबसे बड़ी है। रानीगञ्जकी कोयलेकी खानका आयतन ५०० माइल है। यहां छह यूरोपीय तथा अन्यान्य कम्पनियां भी व्यवसाय करती हैं। सन्थाल और बाउरी लोग यहांकी खानमें काम करते हैं। यूरोपीय कोयलेमें फी-सदी ३से ६ भाग तक परन्तु भारती कोयलेमें १४से २० भाग तक राख रहती है। देशी कोयलेमें बरोराका कोयला ही ऐसा है, जिसमें राख कमती होती है और वह करीब यूरोपीय कोयलेकी तरह साफ होता है।

करमण्डल उपकूलसे उड़िष्या पर्यन्त समुद्र तीरवर्ती स्थानोंमें समुद्रके पानीको जला कर नमक बनाया जाता है। राजपूतानाकी सांभर झीलके पानीसे भी नमक बनता है। पञ्जाब प्रदेशके पर्वतोंमें बहुतसी नमककी खानें हैं। दाक्षिणात्यमें स्थानीय नमक काममें लाया जाता है। उड़िष्यामें विलायती और सैन्धव लवणका प्रचार है। पूर्व-बङ्गमें विलायती नमक ही अधिकतासे प्रचलित है।

बिहारान्तर्गत तिरहुत, सारन, चम्पारन आदि जिलोंसे तथा युक्तप्रदेशके कानपुर, गाजीपुर, इलाहाबाद और बनारस जिलेसे प्रतिवर्ष १६०००० मन सोरा कलकत्तामें आता है। यहांसे यह सोरा विक्रयार्थ अमेरिका आदि देशोंको भेजा जाता है।

भारतके अनेक स्थानोंमें सोना भी पाया जाता है। पार्वत्य नदियोंसे भी अनेक स्थानमें सोना इकट्ठा किया जाता है। परन्तु इस तरीकेसे जो सोना प्राप्त किया जाता है, वह परिश्रमके मूल्यके बराबर भी नहीं होता। दार्जिलिंगसे पश्चिम कुमायूंके मध्यवर्ती हिमालय प्रदेशमें बहुतसी तांबेकी खानें हैं। उन खानोंसे नेपाली मजदूर लोग अग्नि-प्रस्तरोंको काट कर उससे विशुद्ध धातु बनाते हैं। छोटा-नागपुरके सिंहभूमि जिलेमें अपरिष्कृत तांबा बहुत मिलता है। पञ्जाबके सीमान्त प्रदेशमें सीसा उत्पन्न होता है। पञ्जाबके पार्वतीय सामन्त-राज्यमें तथा महिसुर और ब्रह्मदेशमें बहुत जगह मिट्टीके तेल (केरोसिन)-की खानें हैं। खासिया पहाड़का सिलहट-चूना तथा बांकुड़ाका कटनी चूना कलकत्ता तथा अन्यान्य स्थानोंमें बहुत जाता है। राजपूतानाके अन्तर्गत मकरानाके संगमरमर पत्थरसे आगरेका प्रसिद्ध ताज-महल बना है। बरण-कम्पनीकी रानीगंजकी टाली और अन्यान्य पत्थरकी चीजें काफी मशहूर हैं।

प्राचीनकालसे भारतवर्ष रत्नप्रसू नामसे इतिहासमें प्रसिद्ध है। किसी समय गोलकुण्डाका हीरा अत्यन्त

आदरकी और मूल्यवान वस्तु थी। परन्तु वर्तमानमें वहां हीरा दुष्प्राप्य है। कोई कोई कहते हैं कि, गोलकुण्डाका हीरा मन्द्राजके गञ्जाम और गोदावरी जिलेसे निज़ाम राज्यकी सीमा तक विस्तृत भूभागमें पाया जाता था। १८१८ ई० तक महानदी-तीरवर्ती सम्बलपुरमें हीरा मिलता था। आजकल सिर्फ एक पन्नाराज्यमें हीरा पाया जाता है।

प्राणि-तत्त्व।

पशुराज सिंह भारतके पशुओंमें प्रथम उल्लेखयोग्य है। वर्तमान समयमें गुजरातकी मरुभूमिमें यह अद्भुत जन्तु दिखाई देता है। परन्तु इन सिंहोंके केशर न होनेसे प्राणितत्त्वविद् पण्डितगण इन्हें वास्तविक सिंह नहीं मानते। हिंस्र पशुओंमें व्याघ्र प्रधान और अनिष्टकर है। प्रतिवर्ष भारतमें असंख्य मनुष्य और पशु इसके हाथसे अकालमें प्राण गंवाते हैं। हिमालयसे सुन्दरवन तक इस देशके प्रायः सर्व स्थानोंमें यह जन्तु देखनेमें आता है। यह करीब ८ हाथ तक लम्बा होता है। इसके सिवा, तरक्षु, चीता, धब्बा बाघ, मेघवर्ण और संगमरमरके रंगका वनविड़ाल आदि व्याघ्र जातीय जन्तु भारतके जङ्गलोंमें पाये जाते हैं। तरक्षु व्याघ्रके समान प्राणि हत्या करता है। इसकी लम्बाई करीब ५ हाथकी होती है। चीता दाक्षिणात्यमें ज्यादातर देखनेमें आता है। स्थानीय अधिवासीगण हरिणके शिकारके लिए इन्हें शिकारी कुत्तों की तरह शिक्षा दिया करते हैं। ये पूर्वोल्लिखित सम्पूर्ण पशुओंकी अपेक्षा द्रुतगामी होते हैं। भेड़िया, सियार, और जंगली कुत्ते आदि कुक्कुर जातीय प्राणि भी उल्लेख योग्य हैं। भेड़िया भेड़, बकरी आदिके छोटे छोटे बच्चोंका शिकार करता है और दाव मिलने पर छोटे छोटे लड़के को भी उठा ले जाता है। जंगली कुत्ते ही पाल जानेके बाद शिकारी कुत्ते हो जाते हैं। इसके बाद देशके बड़े बड़े जंगलों और पहाड़ोंमें काले भालू भी पाये जाते हैं। ये चिउंटी, शहद और फल खा कर अपना गुज़ारा करते और उत्तेजित होने पर कभी आदमियों पर भी आक्रमण कर बैठते हैं। पञ्जाबसे आसाम तक भारतके उत्तरांशमें भूरे भालू देखे जाते हैं।

भारतवर्षमें कुर्ग, मैसूर और आसामके पार्वत्य उपत्यकामें हाथी रहते हैं। आजकल हाथीका रोज़गार सर्व गवर्नमेण्टने अपने हाथमें ले लिया है। गवर्नमेण्टकी आज्ञा बिना कोई भी हाथी पकड़ या उसका शिकार नहीं कर सकता। इसके लिए १८७९ ई०का ६ठा आईन नामक एक स्वतन्त्र कानून बना हुआ है। यदि कोई गवर्नमेण्टकी अनुमतिके बिना हाथीका शिकार करे या पकड़े तो उसे कानूनन पहली बार ५००) जुर्माना और दूसरी बार ५००) जुर्माना और ६ मासकी कैदकी सजा दी जाती है। भारतीय हस्ती लगभग ८ हाथ ऊंचा होता है। साधारणतः हाथी 'खेदा' बना कर पकड़ा जाता है। उपयुक्त स्थान देख कर उसके चारों तरफ ५०० हाथ अन्तरसे बड़े बड़े शाल वृक्ष गाड़ दिये जाते हैं। इन पेड़ोंके सहारे चारों तरफ मज़बूत घिरावके वास्ते बहुतसे केलेके पेड़ गाड़ दिये जाते हैं, इस तरह खेदा बन जाने पर उसमें पाले हुए हाथीके ज़रिये जङ्गली हाथियोंको आबद्ध किया जाता है और फिर खानेकी कमीके कारण जब ये बहुत कमज़ोर हो जाते हैं तब पाले हुए हाथीकी सहायतासे उनके पैरोंमें सांकलें डाल दी जाती हैं। इसके बाद क्रमशः ये पालतू जैसे हो जाते हैं। भारतमें हस्तियोंकी संख्या दिनों दिन घटती ही जाती है।

भारतवर्षमें चार प्रकारके गण्डार (गैंड़ा) देखनेमें आते हैं। एक जातीय गैंड़ा ब्रह्मपुत्र नदीके किनारे तथा सुन्दरवनमें वास करते हैं। इनके कपाल पर एक एक खड्ग रहता है। इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त स्थानोंमें यवद्वीपीय गैंड़े भी दिखलाई दिया करते हैं। सुमात्रा, ब्रह्म श्याम और मलायद्वीपमें भी गैंड़े हैं। इन गैंड़ोंके कपाल पर दो दो खड्ग देखनेमें आते हैं।

जंगली सूअर भारतके सर्वत्र देखे जाते हैं। ये शस्यके लिए तो प्रधान अन्तराय रूप हैं। वराहजातीय एक प्रकारका क्षुद्र जन्तु नेपालकी तराई और सिक्किममें पाया जाता है। कुछ वर्ष हुए इस जातिका एक सूअर आसाममें मारा गया था। सिन्धु और कच्छ प्रदेशकी मरुभूमिमें प्रायः वन्य गर्दभ मिलते हैं। हिमालयके जंगलमें अनेक जातीय जंगली भेड़ और बकरियां देखनेमें आती हैं। ये करीब १२००० फुट ऊंचे रहती

हैं। गुजरात और उड़िष्याके उपकूलमें कृष्ण मृगोंके झुण्डके झुण्ड विचरण करते हैं। इनके प्रत्येक सारझुण्डमें एकसे अधिक नरमृग नहीं दीख पड़ता। स्थानीय हिन्दू लोग इनका मांस खाते हैं। हिन्दुस्तानमें गुजरातकी तरफ नीली गाय बहुत पायी जाती है। ये मृगजातीय होने पर भी इसका गाय जैसा आकार है और इसीलिए हिन्दू लोग इसे नहीं मारते और न इसका मांस ही छूते हैं। इसके अतिरिक्त साँभर, बारसिंहा, चिताल आदि अनेक जातिके मृग भारतमें पाये जाते हैं। साँभर मृग धूसरवर्ण होता है। इसके सिंहकी तरह एक प्रकारका केशर भी है। बारसिंहा बंगाल और आसामके जङ्गलोंमें रहता है। चिताल हरिण देखनेमें बड़ा खूबसूरत होता है। पूर्वघाट पर्वत, मध्यभारत, आसाम तथा ब्रह्मदेशमें गौर और गयाल आदि अनेक प्रकारकी जंगली गायें पायी जाती हैं। आसाम और ब्रह्मदेशके जंगली भैंसे बहुत प्रसिद्ध हैं। इसके सिवा भारतके अन्यान्य स्थानोंमें भी ये भैंसे देखे जाते हैं। भारतवर्षमें प्रायः सर्वत्र छोटे और बड़े बहुत तरहके चूहे पाये जाते हैं, जो जमीनके नीचे बिल बना कर रहते हैं। एक तरहका चूहा नारियलके पेड़ पर भी रहता है।

भारतवर्ष अनेक प्रकारके सुन्दर और बलिष्ठ पक्षियोंका वासस्थान है। मयूर, तोता, मैना, काकातुआ (सफेद सुआ), चन्दना, कबूतर, कोयल, आदि पक्षी पाले जाते हैं। श्येन, शकुनि, गृद्ध और विहङ्गम भी मांस द्वारा जीवन धारण करते हैं। बगुला आदि मछलीका शिकार करते हैं। हंस और अन्यान्य जलचर पक्षियोंकी संख्या भी काफी है।

सरीसृप जन्तु भारतमें अधिकतासे देखे जाते हैं। सर्प, गोह, गिरगिट, छिपकली आदि जन्तु इसी श्रेणीके अन्तर्गत हैं। वर्षाकालमें इस देशके सर्व स्थानोंमें, विशेषतः निम्न बंगालमें सर्पका अत्यन्त प्रादुर्भाव हुआ करता है। प्रति वर्ष बङ्गालमें सैकड़ों व्यक्ति सांपके काटेसे मर जाते हैं। विषधर सर्पोंमें गोखुरा, पातराज, शङ्खचूड़ आदि प्रधान हैं। सर्पके काटने पर 'आमोनिया' सेवन करनेसे बहुत कुछ उपशम होता है।

भारतवर्षीय समस्त जलाशयोंमें छोटी और बड़ी तरह तरहकी मछलियां पाई जाती हैं। 'रोहित' 'मृगोल' आदि मछली बड़ी होती हैं और 'श्रृङ्गी' 'चिंगड़ी' आदि छोटी। पार्वत्य नदियोंमें 'महशिर' या 'महासोल' नामकी एक प्रकारकी मछली देखनेमें आती है, जिसका वजन ३० सेर तक होता है। शुशुक भी मत्स्य जातीय जन्तु है। इस देशमें बहुत तरहके कीड़े मकोड़े भी पाये जाते हैं। मधुमक्षिका आदि कीड़ोंका निःस्वार्थ परिश्रम मनुष्यके हितके लिए होता है। मच्छर, चिउँटी, खटमल आदिका काटना बड़ा कष्टकर होता है। कई जातिके कीट और पतङ्ग नाना प्रकार विचित्र वर्णोंसे चित्रित होते हैं, जिन्हें देख कर विधाताके अद्भुत कौशलका पता लगता है।

उद्भिद्।

भारतवर्षमें अनेक तरहके उद्भिद् उत्पन्न होते हैं। उद्भिद् विद्याके प्रथानुसार श्रेणी-विभाग कर उनका नाम देनेसे ग्रन्थका कलेवर बहुत बढ़ जायगा। इसलिए इस देशके उद्भिदोंका स्थूल विवरण लिखा जाता है। कार्यकी सुविधाके लिए भारतवर्षको प्रधानतः चार भागोंमें विभक्त किया जाता है। जैसे—हिमालयप्रदेश, उत्तर-पश्चिमप्रदेश, पश्चिमभारत और आसाम। हिमालय प्रदेशमें चीनदेशीय वृक्ष और लता गुल्मादि उत्पन्न होते हैं। वहां यूरोपके देवदारुजातीय वृक्ष भी पाये जाते हैं। उत्तरपश्चिमविभागमें वृक्षादिकी संख्या भारतके अन्यान्य स्थानोंकी अपेक्षा बहुत कम है। यहां फारस, अरब और मिस्रदेशीय वृक्षादि उत्पन्न होते हैं। सिन्धु प्रदेशके अधिकांश वृक्ष अफरीकासे लाये हुए मालूम पड़ते हैं। पश्चिम भारतका खजूरका पेड़ प्रसिद्ध है। वहां नारियल और ताड़की खेती होती है, तथा तूण, साल, शीशा आदि बहुतायतसे पैदा होता है। आसाम-विभागमें मलय उपद्वीप-जात वृक्षलतादि उत्पन्न होते हैं।

शिक्षा-प्रणाली।

बहुत प्राचीन समयसे ही भारतमें विविध विद्याकी आलोचना होती रही है। शास्त्रविद्या, शस्त्रविद्या, कला-विद्या, आदिमें भारतवासी हिन्दूगण उन्नतिके उच्चतम सोपानमें चढ़ चुके थे। जिस समय पाश्चात्य सुसभ्य जातियोंके पूर्वपुरुष स्वभावके अनावृत वक्षमें, जङ्गल और

पर्वतकी कन्दराओंमें जीव जन्तुओंकी तरह वास करते थे, उस समय भारतवर्षमें आर्य सन्तानगण वेद, वेदान्त, उपनिषद्, पुराण, दर्शन, स्मृति, न्याय, अलङ्कार नाटक और विज्ञान आदि नाना प्रकार शास्त्रोंमें पारदर्शिता प्राप्त कर सभ्य-जगत्‌में शीर्ष स्थानीय थे। गणित, ज्योतिष, संगीत, भास्कर्य आदि वैज्ञानिक, शिल्प और कलाविद्या तथा नालिकादि युद्धास्त्र निर्माणके विषयमें भी उनका विशेष नैपुण्य दीख पड़ता था।

अङ्गरेजों द्वारा अधिकृत वर्त्तमान भारतमें शिक्षा-विभाग अङ्गरेज गवर्मेण्ट द्वारा परिचालित होता है। सुप्राचीन वैदिक युगमें वेद और उपनिषदादि ग्रन्थ मुनि ऋषियोंके आयत्त थे। वे इच्छानुसार शिष्य परम्परासे उनके मन्त्रार्थकी आवृत्ति किया करते थे। मन्त्रादि सङ्गीतके स्वरसे हृदयमें गूंथ देते थे। पीछे वैदिक ऋषियोंके अभावमें उनके वंशधर ब्राह्मणोंने उन ग्रन्थोंकी आलोचनाका भार अपने ऊपर लिया। वे स्वतः प्रवृत्त हो कर अध्यापना और अध्ययनकार्यमें लगे हुए थे। विद्याशिक्षामात्र ब्राह्मणोंका ही कार्य था। वे जबानी अथवा हस्तलिखित पोथियोंकी सहायतासे विभिन्न देशागत छात्रमण्डलीको शिक्षा दिया करते थे। इस तरह वंशानुक्रमसे छात्रशिष्यों द्वारा उक्त सुप्राचीन महामूल्य शास्त्रादि परिरक्षित और प्रचलित हुए। यद्यपि भारत बहुत दिनों तक नाना वैदेशिक आक्रमणोंसे प्रपीड़ित रहा, तो भी टोल, पाठशाला, मठ और सङ्घाराम आदि बहु प्रकारसे विद्याकी चर्चा यहां बनी ही रही है। बड़े बड़े ग्रामों और नगरोंमें तथा शूद्र और उच्च वंशीय वणिकोंको देशीय भाषामें आवश्यकीय विषयकी शिक्षा दी जाती थी। मुसलमान राजाओंके राज्यमें राज्य और राजसभाके पण्डितोंको ऐतिहासिक ग्रन्थ-रचनाके लिए उत्साहित किया जाता था। प्राचीन हिंदुओंमें धारावाहिक इतिहास लिखनेकी कोई सुव्यवस्था न थी। पौराणिक उपाख्यानों तथा महाभारत रामायण आदिमें जिन राजवंशोंका इतिहास लिखा गया है। उसकी आनुषङ्गिक बहुत सी घटनाएं रूपक वर्णित होनेसे राजोपाख्यान मूलतः अविश्वास्य हो गये हैं। परन्तु मुसलमानोंके आमलमें इतिहास लिखनेकी जो पद्धति चली है, वह समधिक उत्कर्षता प्राप्त है, इसमें सन्देह नहीं।

ईष्ट इण्डिया कम्पनीने पहले पहल भारतके विद्याप्रचार सम्बन्धमें कोई चेष्टा नहीं की। वारेन हेष्टिङ्गसने बङ्गालके शासनकर्तृत्वकालमें कलकत्ता-मद्रसा कालेजकी स्थापना कर अपनी उदारनीतिका परिचय दिया था। लार्ड आमहर्ष्टके शासनकालमें (१८२४ ई०में) कलकत्तामें संस्कृत कालेजकी स्थापना हुई। १८३५ ई०में वेण्टिङ्कके समयमें कलकत्ता मेडिकल कालेज स्थापित हुआ। १७९१ ई०में अङ्गरेजोंकी कृपासे बनारसमें आगरा कालेज प्रतिष्ठित होने पर उत्तरपश्चिमप्रदेशमें पाश्चात्य धर्म याजकोंने स्वधर्म-प्रचारके लिए देशीय भाषाकी शिक्षा प्राप्त कर तथा उन भाषाओंमें बहुतसे ग्रन्थ रच कर साधारणमें प्रचार किया था। कलकत्ताके पार्श्ववर्ती श्रीरामपुर ग्राममें 'बैप्टिस्ट मिशन' सम्प्रदायने विद्याशिक्षाकी उन्नतिके लिए पुस्तकादि मुद्रित की थीं। केरी, मार्शमैन आदि श्रीरामपुरके मुद्रण-यन्त्रोंमें कृत्तिवासी रामायण और 'समाचार चन्द्रिका' नामक साप्ताहिक पत्र छपा कर विद्याशिक्षाके प्रसारको बहुत कुछ वृद्धि कर गये हैं। विद्योन्नतिके विषयमें मिशनरियोंके प्रबल आग्रहको देख कर गवर्मेण्टने स्वतः प्रवृत्त हो कर शिक्षाविभागकी उन्नतिकी ओर ध्यान दिया। बहुत वादानुवादके बाद 'भारतगवर्मेण्ट १८५४ ई०में शिक्षा विस्तारके लिए यत्नशील हुई। उस समय कलकत्ता, बम्बई और मन्द्राजमें तीन विश्वविद्यालय स्थापित हुए। अङ्गरेजी शिक्षाके लिए प्रत्येक जिलेमें एक एक स्कूल खोला गया और बहुतसे विद्यालयोंको आर्थिक सहायता की गई। शिक्षाकार्य सुचारुरूपसे चले इसके लिए प्रत्येक विभागमें एक एक डिरेक्टर और कई परिदर्शक नियुक्त किये गये। बादमें विश्वविद्यालयकी परीक्षाओंमें छात्रोंको उनकी योग्यताके अनुसार निर्दिष्ट समयके लिए कुछ छात्रवृत्तियां देनेकी प्रथा भी प्रचलित हुई। इन छात्रवृत्तियोंके बल पर दरिद्र छात्रोंको अनायास बहु व्ययसाध्य अंग्रेजी शिक्षालाभका सुयोग प्राप्त हुआ है।

इतिहास ।

भारतका आदि इतिहास अतीत कालके गंभीर गह्वरमें निहित है। भारतके आदि ग्रंथ वेद और रामायण महाभारतादि नाना पुराणोंसे जो आदि वृत्तान्त प्राप्त होता है, वह इतना रूपक और कल्पनामिश्रित है कि, उससे निखालिस सत्य निकाल लेना एक तरहसे दुःसाध्य है।

कुछ भी हो, क्या देशीय और क्या पाश्चात्य, वर्त्तमान सभी पुराविद्गण एक वाक्यसे स्वीकार करते हैं कि, हमारी ऋक्संहिता जगत्का आदि ग्रन्थ है। इस आदि ग्रन्थसे हम समझ सकते हैं कि, पञ्चनद-तीरवासी वैदिक आर्यगणोंने जब अन्तर्भारतमें प्रवेश किया था, तब उनके साथ नाना स्थानोंमें कृष्णवर्ण दास या दस्यु जातिका युद्ध विग्रह चल रहा था।

आर्योंके पूर्ववर्ती भारतवासी।—यही कृष्णवर्ण दास या दस्युगण ही भारतके आदिम अधिवासी गिने जाते हैं। ऋक्संहितामें ये दस्यु या दासगण 'अनास' अर्थात् नासिका रहित, अक्रतु या यज्ञहीन, मृधी अर्थात् जल्पक, 'मृध्रवाक्' हिंसितवाक्, श्रद्धाहीन और बुद्धिशून्य इत्यादि विशेषणोंसे विशेषित किये गये हैं। (ऋक् ५।२९।१०, ७।६।३) ये लोग याग यज्ञादिको नहीं मानते थे, न करते थे, आर्योंसे इनकी सम्पूर्ण भिन्न प्रकृति थी, भिन्न कार्य्य थे। आर्यगण उन्हें मनुष्योंमें नहीं गिनते थे। (ऋक् १०।२२।७-८) तथापि उन लोगोंने बहुतसे ग्राम नगरादि बसाये थे, तथा उनके प्रयत्नसे अनेक दुर्भेद्य दुर्ग बने थे। वृत्र, नमुची, शम्बर, बल आदि दास या असुरगण उस आदिम जातिके अधिनायक थे। ऋक्संहितामें लिखा है कि, आर्योंके मुख्य देवता इन्द्रने उस दस्यु या दास जातिके प्रभावको नष्ट करके उन्हें अपने वशमें किया था। (ऋक् ६।१८।३) आर्योंके प्रभावसे दस्युगण पराजित हो कर कोई वन जङ्गलमें दूर देशोंको भाग गये थे, कोई आर्योंकी अधीनताको स्वीकार कर शूद्ररूपसे आर्यसमाजभुक्त हुए थे। अन्यव्रत नामसे उनका वर्णन किया गया है। उनका आचार व्यवहार आर्यजातिसे सम्पूर्ण भिन्न था। (ऋक् ८।७०।११) इसीलिए छान्दोग्योपनिषद्में लिखा है कि—"आज भी जो व्यक्ति दानहीन, श्रद्धाहीन या यज्ञहीन है, उसे असुर या असुरधर्मा कहा जाता है। असुरोंका यही सनातनधर्म है कि, वे शवदेहको अर्घ्य, वसन और अलङ्कारोंसे सजाया करते हैं। वे समझते हैं, कि इस प्रकारके कार्य करनेसे ही इहलोकका पुरुषार्थ सिद्ध हो जाता है*।" छान्दोग्योपनिषद्में असुर या दासजातिका विशेष लक्षण जैसा लिखा है, वर्त्तमान पार्वत्य या वन्य कोल, भील, शबर आदि अनार्य जातिके आचार व्यवहारमें उसका आभास पाया जाता है। आज भी आदिम जातियोंके मृतोद्देशसे निर्मित प्रस्तर-स्तम्भोंको खोद कर देखनेसे उसके नीचे पीतल तांबे या सोनेके एक प्रकारके अलङ्कार पाये जाते हैं। स्मरणातीत कालसे भारतकी आदिम जातियोंके दुर्भेद्य गिरि-गह्वरोंमें आश्रय लेने पर भी, वे इस प्राचीन प्रथाको न छोड़ सकी थीं। दुर्भेद्य पर्वत या अरण्योंमें ग्राम और नगरवासी सुसभ्य जातियोंसे संस्रव न रहनेसे इनका आदिभाव अब भी सम्पूर्णरूपसे परिवर्त्तित नहीं हुआ। वराहमिहिरने पर्णशबरके नामसे जिस प्राचीन जातिका उल्लेख किया है, उसकी 'पत्तुआ' नामक शाखा अब तक केवल पेड़के पत्तोंसे ही अपनी लज्जा-रक्षा करती थी। १८७२ ई०में अंग्रेज-सरकारकी कोशिशसे उन लोगोंने पहले पहल कपड़ा पहनना सीखा है। इस पार्वत्य या वन्य-जातिकी शाखाएं हिमालयसे नीलगिरि तक भारतके प्रायः समस्त पार्वत्यप्रदेशोंमें थोड़ी बहुत संख्यामें वास करती हैं। निर्जन गिरि-गह्वरोंमें उनकी दुर्भेद्य दुर्गरूपमें रक्षा होती रहनेसे और वैदेशिक संस्रव न होनेसे हजारों वर्षोंसे वे एक रीतिसे उसी तरह बस रही हैं। अब पाश्चात्य प्रभावके विस्तारके साथ साथ उनकी भी अवस्थाओंमें परिवर्त्तन हो रहा है और कालान्तरमें सभ्य जातिमें इनकी गिनती होने लगेगी इसके चिह्न भी इनमें दिखलाई दे रहे हैं।

ऋक्संहितामें उस आदिम जातिकी सभ्यताका परि-

---

* "तस्मादपि अद्य ह अददानं अश्रद्दधानं अयजमानं आहुरासुरो बतेति। असुराणां ह्येषोपनिषत् प्रेतस्य शरीरं भिक्षया वसनेन अलङ्कारेणेति संस्कुर्वन्त्येतेन ह्यमुं लोकं जेष्यन्तो मन्यन्ते।

(छान्दोग्योपनिषत् ८।८।५)

पता मिलता है। यह सभ्यता कहाँ गई? सम्भव है, आर्यजातिके प्रभावसे यह जाति दासत्वरूपमें गण्य होनेसे, दासत्वके सिवा अन्य कार्योंमें अधिकार न होनेसे तथा अधिकांशमें जंगलोंमें वास होनेसे, उन्नत न हो सकी। आर्यसमाजका प्रधान अङ्ग चातुर्वर्ण्य विभाग इनमें प्रचलित न था, किन्तु ये सभी एकता सूत्रमें आबद्ध थे। इनके सदृश एकप्राणता बहुतसी उच्च जातियोंमें भी नहीं पाई जाती। बङ्गाली भाषा, तुगड्डा, कोल आदि शब्दोंमें विस्तृत विवरण देखो।

आर्योंका प्रभाव। वैदिक ज्योतिषादिकी आलोचनासे स्थूल विचार किया गया है कि, ईसाके प्रायः ६००० वर्ष पहलेसे ही वैदिक आर्यसभ्यताने विस्तार प्राप्त किया था। इसलिए ८ हजारसे चली आई पञ्चनदकी आर्यसभ्यता क्रमशः ब्रह्मावर्त्तमें विस्तृत हुई थी। पञ्चनदके आर्यगण पहले अग्नि, इन्द्र, वायु आदिकी उपासना करते थे। 'आर्य' और 'वेद' देखो।

सरस्वती और दृषद्वती प्रवाहित ब्रह्मर्षिदेश ही भारतमें आगत आर्य सभ्यताके विस्तारका आदि स्थान है, यह बात बहुतोंने स्वीकार की है। वेद संहिताके प्रचारके समय आर्य सभ्यता इस ब्रह्मावर्त या ब्रह्मर्षिदेश तक सीमाबद्ध थी। यहीं पर आर्य ऋषियोंने वेदोंकी संहिताएं गाई थीं और यजुर्वेदका कर्मकाण्ड यहीं पर अनुष्ठित होता था। यहीं पर रुद्रकी पूजा प्रचलित थी। वेदके ब्राह्मण और आदि आरण्यकोंके प्रचारके समय आर्यजाति मगध अतिक्रम कर सदानीराके किनारे पहुंची थी। उसी समय शबर, पुण्ड्र, अन्ध्र, मुतिब आदि अनार्यजातियोंके साथ आर्योंका संस्रव हुआ था और तो क्या, ऐतरेय ब्राह्मणमें उन जातियोंको विश्वामित्रकी सन्तान कहा गया है। वैदिकसूत्र ग्रंथकी रचनाके समय आर्यगण दाक्षिणात्यमें प्रवेश कर रहे थे।

भारतीय आर्यसमाजका प्रधान विशेषत्व चातुर्वर्ण्य विभाग है। वर्तमान पाश्चात्य विद्वानोंका विश्वास है कि आदि वैदिक युगमें जिस समय आर्यगण पञ्जाबमें वास करते थे, उस समय उनमें चातुर्वर्ण्य विभाग संगठित नहीं था। परन्तु यह मत अब समीचीन नहीं समझा जाता। और सत्य भी है, क्योंकि किसी समाजकी सर्वादिम अवस्थामें जाति विभाग सम्भवपर नहीं हो सकता। परन्तु सभ्यता विस्तारके साथ सभी जातियोंमें अवस्थानुसार उच्च नीच भेद प्रथा अवश्यम्भावी है, अन्यथा किसी भी समाजकी रक्षा नहीं हो सकती। इस प्रकारका उच्च नीच विभाग केवल भारतीय आर्योंमें ही नहीं, किन्तु जो जातियां वर्तमानमें सभ्य समझी जाती हैं, उन सबोंमें भी परोक्ष या प्रत्यक्षरूपसे प्रचलित है। जब वैदिक आर्यगण पञ्चनदमें वास करते थे उस समय वे सभ्यतामें बहुत उन्नत हो गये थे। यह बात ऋक्संहितासे स्पष्ट ज्ञात होता है और इस ऋक्संहितामें ही जब चातुर्वर्ण्यका प्रसंग है, तो ऐसी दशामें निःसन्देह यह कहा जा सकता है, कि आर्य समाजमें बहुत पहलेसे ही वर्ण विभाग संगठित था। 'आर्य' और ऋक्संहिता देखो।

पुरातत्त्वविद्गण सभी इसी बातको मानते हैं कि मिसरकी सभ्यता ही जगत्में सर्वादिम है। किन्तु वहां पुरोहित और राजन्यका अधिकार एक हीके हाथमें न्यस्त होनेसे शक्तिका अपव्यय हुआ और इसीलिए मिसरीय सभ्यता स्थायी न रह सकी। परन्तु आर्यगण पुरोहित और राजन्यका अधिकार विभिन्न हाथोंमें रख कर सभ्यताके साथ स्थायी शक्ति विस्तारमें समर्थ हुए, यही आर्योंका विशेषत्व है।

जो लोग वेदके मन्त्रों द्वारा इन्द्रादि वैदिक देवोंकी स्तुति करते थे या वेद मंत्रोंका प्रकाश करते थे वे या उनके अपत्यगण ही वेदमें 'ब्राह्मण' नामसे अभिहित हुए हैं। और जो अपने बाहुबलसे राज्य विस्तारमें समर्थ हुए थे तथा वैदिक स्तोताओंकी रक्षामें तत्पर थे, वे तथा उनके अनुगामी वीरगण 'क्षत्रिय' नामसे परिचित हुए और उनके अनुगत प्रजा साधारण 'वैश्य' कहलाये, यह त्रिवर्ण ही वैदिक आर्यसमाजकी शक्ति है।* केवल भारतीय आर्य ही क्यों, सुदूर उत्तरमद्र, उत्तरपारस्य और शाकद्वीपीय आर्योंमें भी यह त्रिवर्ण ही समाजकी शक्तिरूपमें निर्दिष्ट हुआ है। पारसिकोंके आदि धर्मशास्त्र 'जन्द-अवस्ता'में इसका प्रमाण मिलता

---

* "बङ्गेर जातीय इतिहास" नामक बंगला पुस्तकका १म भाग, प्रथमांश, २७-२८ पृष्ठ देखो।

है। विजित अनार्यों और समाजभ्रष्ट कुछ अनधिकारी नीच आर्यों को ले कर ही शूद्रसमाजकी सृष्टि है। इस शूद्रसमाजसे पार्थक्य रखनेके लिए ही प्रथम त्रिवर्णका 'द्विज' कहा गया है और द्विजातिकी सेवा ही शूद्रका एकमात्र कर्त्तव्य बतलाया गया है। क्रमशः भारतवर्षमें आर्य्य-सभ्यताका विस्तार, विभिन्न जातियोंके संस्रवसे नाना मिश्र और सङ्कर जातियोंकी उत्पत्ति तथा नाना विप्लवोंके कारण धीरे धीरे भारतीय आर्य्यगणोंने दृढ़तर चातुर्वर्ण्य समाज संगठित किया। गृह्यसूत्र और नाना स्मृति ग्रन्थोंमें इसके प्रमाण विद्यमान हैं। हजारों वर्ष बीत चुके हैं, फिर भी नाना विधर्मियोंके प्रबल अनुक्रमणोंमें भी उस सुदृढ़ भित्तिका नाश नहीं हुआ है। गृह्यसूत्र और स्मृतियोंमें चातुर्वर्ण्यका जैसा कुछ विधि निषेधादि वर्णित है, आज भी हिन्दू समाज उसके अनुसार चल रहा है।

गृह्यसूत्र और धर्मशास्त्रोंका जिस समय प्रचार हुआ था, उस समय ब्राह्मणगण केवल वेदवेत्ता वा सामान्य पुरोहित रूपमें नहीं गिने जाते थे, बल्कि उस समय उनका राजा और प्रजा तथा अन्यान्य सभी जातियों पर प्राधान्य विस्तृत था। इसी समयमें काम्बोज, शक आदि भारतबहिर्वासी क्षत्रियजाति 'वृषल' नामसे परिचित हुई थी। इस ब्राह्मण प्राधान्यकालमें ही किसी किसी क्षत्रियने ब्राह्मण होनेकी चेष्टा की थी, यहां तक कि कोई कोई ब्राह्मण नामसे भी परिगणित हुए थे, जिनमें विश्वामित्र और देवापिका नाम उल्लेख योग्य है। इस ब्राह्मणप्राधान्यके चरमकालमें परशुरामका अवतार कीर्त्तित हुआ था। बहुत समय पीछे क्षत्रियाभ्युदयका सूत्रपात हुआ, उस समय रामचन्द्रके हाथसे परशुरामकी पराजय विघोषित हुई। परन्तु ब्राह्मणोंका सर्वप्रधान सम्मान ज्योंका त्यों बना रहा। उस समय यह स्थिर हो गया था कि ब्राह्मणोंकी ज्ञानचर्चा और वैदिक कर्मानुष्ठान ही प्रधान धर्म है, धर्माचरण द्वारा वे राजाधिराजोंकी अपेक्षा अधिक सम्मानित होंगे। कुरु पाण्डवोंके समयमें क्षत्रिय प्रभावका चरमोत्कर्ष देखा गया था। रामायणसे ज्ञात होता है, कि राजाकी मृत्युके बाद कुल-पुरोहित राज्य अधिकार करते थे और वे ही बादमें उपयुक्त अधिकारीको राज्य शासन करने देते थे। परन्तु महाभारतके समय राजाकी मृत्युके बाद कुल-पुरोहितका वह अधिकार नहीं था। महाभारतके कर्त्ताने "वीर्यश्रेष्ठाश्च राजानः" (आदिपर्व १२०।१६) कह कर क्षत्रियोंके श्रेष्ठत्वकी घोषणा की है। इसके बाद कुरुक्षेत्रके कुलक्षयकर महासमरसे ही क्षत्रिय-प्रभाव खर्व होने लगा और सीमान्त प्रदेशसे अन्य दुर्द्धर्ष जातियां भी भारतमें प्रवेश करने लगी। उसी क्षत्रिय प्रभावके ह्रासके साथ साथ वैदिक इन्द्रादि देवगण भी पूर्वसम्मान लाभसे वञ्चित हुए। उस समय पूर्व और दक्षिण भारतमें ब्राह्मण प्रभाव विस्तृत हो चुका था, तब भी उन प्रदेशोंमें अनार्य्योंका प्रभाव सर्वथा तिरोहित न हुआ था। पञ्चनद और ब्रह्मर्षिप्रदेशकी प्रशान्त प्रकृतिने पूर्व भारतमें विभीषिकामयी मूर्त्ति धारण की थी। गङ्गाके भीम प्रवाहमें जनपदोंके नित्य अवस्था परिवर्त्तन, नित्य तूफानोंका उत्पीड़न आदि प्रकृति विपर्य्यय तथा देश भेदसे मानवोंकी अवस्था और आचार पार्थक्यको पर्य्यालोचना करके पौराणिक ब्राह्मणगण ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन त्रिमूर्त्तियोंकी कल्पना और उसके साथ ही देश काल-पात्रोपयोगी नाना देव देवियोंकी प्रतिमाकी उपयुक्त पूजाका प्रचार करने लगे। उस समय एक ओर जैसे सरल निम्न श्रेणीके उपासकोंके लिए 'नाना मूर्त्तिपूजा प्रचलित हो रही थी, दूसरी ओर वैसे ही परमज्ञानी आर्य्य ब्राह्मणोंमें ज्ञानचेष्टाके साथ नाना दार्शनिक तत्त्व उद्भावित हो रहे थे। जिस समय यूरोपीय जगत् एक प्रकारकी वन्य सुषुप्तिमें निस्तब्ध था, उस समय भारतीय ब्राह्मणोंके हृदयमें उच्चतर दार्शनिकतत्त्वविकाशका होना कम गौरवका विषय नहीं है। और तो क्या, उसके शताब्दियों बाद, ईसासे ३ शताब्दी पहले यवनदूत मेगास्थनिस् भी ब्राह्मणोंको निर्जन उपवनोंमें जन्म मृत्युकी आलोचनामें लिप्त देख कर चमत्कृत हुआ था। वास्तविक आत्मसंयम और आत्मोत्कर्ष प्राप्तिका अनुराग ब्राह्मणोंमें जैसा प्रबल था, जगत्के इतिहासमें कहीं भी वैसा निदर्शन नहीं मिलता। दर्शन, वेदान्त, सांख्य आदि देखो।

आत्मसंयम और आत्मज्ञानके प्रभावसे ब्राह्मणगण जिस भाषातत्त्व और जिस विज्ञानचिकित्सा-शास्त्रादिका प्रचार कर गये हैं, वर्त्तमान सभ्य जगत् विस्मयोत्फुल्ल हृदयसे

उसकी भूयसी प्रशंसा कर रहा है। विज्ञान, भाषा, पाणिनि, आयुर्वेद आदि शब्द देखो। इन्हीं भारतीय आर्य ब्राह्मणोंने अङ्कशास्त्र और आयुर्वेदादि नाना शास्त्रोंका उद्भावन कर, उनके पश्चादनुसरणकारी पाश्चात्य गणोंको उन शास्त्रोंमें धन्य बना दिया है।

विविध दर्शनोंकी सृष्टिके साथ साथ नाना मतों और नाना सम्प्रदायोंकी उत्पत्ति होने लगी। प्रत्येक दार्शनिक सम्प्रदायने अपने अपने मतोंके प्राधान्यस्थापनके लिए प्रयत्न किया। परस्परकी दार्शनिक प्रतिद्वन्द्वितासे ब्राह्मण समाजकी एकताग्रन्थि शिथिल होने लगी। इस प्रकार अन्तर्विरुद्धसे ब्राह्मणशक्ति क्षय हो गई। पण्डित समाजकी ऐसी विश्रृङ्खलताको देख कर क्षत्रिय समाज प्राधान्य लाभकी चेष्टा करने लगा। इसी चेष्टाके फलसे कई एक शताब्दोंके बाद जैन और बौद्धधर्मका प्रचार हुआ।

जैन और बौद्ध प्रभाव। — ईसाके ७७७ वर्ष पहले तेईसवें जैनतीर्थंकर श्रीपार्श्वनाथ निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्होंने जिस चातुर्याम धर्मका प्रचार किया उसको ले कर ब्राह्मणसमाजमें महाविप्लव उपस्थित हो गया। यों तो छान्दोग्योपनिषद्के समयसे ही क्षत्रियगण ब्रह्मविद्यामें श्रेष्ठ हो चुके थे, यहां तक कि बहुतसे विज्ञ ब्राह्मण भी इस विद्याके लिए क्षत्रियोंके पास पहुंचा करते थे, उपनिषदादिमें इसका प्रमाण मिलता है। परन्तु महाभारतीय युगमें क्षत्रियोंकी पूर्ववत् ज्ञानचर्चा एक तरहसे उठ सी गई थी। महाभारतसे मालूम होता है कि क्षत्रियगण प्रधानतः हस्तिसूत्र, अश्वसूत्र, रथसूत्र, धनुर्वेद आदिकी शिक्षा ग्रहण करते थे। (महाभारत ७७।११०, १५०) परन्तु ब्राह्मणसमाजमें दार्शनिक संग्राम छिड़ने पर, उस आन्दोलनके समय क्षत्रियोंने भी ज्ञानचर्चाकी ओर ध्यान दिया। प्रारम्भमें ब्राह्मणसमाजके प्राधान्यको अवहेलना कर मस्तक उठानेका साहस किसीको भी न हुआ। श्रीपार्श्वनाथने ही सर्वप्रथम ब्राह्मण प्राधान्यका अस्वीकार किया; तथा कर्म और ज्ञानके प्रभावसे ही मानव समाज श्रेष्ठता प्राप्त कर सकता है, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ही मोक्षका मार्ग है, ऐसा उपदेश दिया।* परन्तु बहु संख्यक मानव-समाज उनके मतानुवर्ती हो गया, फिर भी उससे ब्राह्मणसमाजकी विशेष क्षति नहीं हुई थी।

इसके दो शताब्दी बाद महावीर और सिद्धार्थ नामके दो क्षत्रिय-कुमारोंने अपने असाधारण ज्ञान और तपके प्रभावसे, क्रमशः जैन और बौद्धधर्मका प्राधान्य स्थापन किया और वे सफलकाम हुए।

'जैनधर्म' 'महावीर' 'बौद्ध' आदि शब्द देखो।

जैन तीर्थंकर महावीरस्वामी और बौद्ध शाक्यसिंह, ये दोनों ही प्रायः समसामयिक थे। ईसाके ५२७ वर्ष पहले महावीर स्वामी मोक्ष गये हैं और ईसाके ५४३ वर्ष पहले शाक्यबुद्धने निर्वाणलाभ किया है। दोनों ही महापुरुष ब्राह्मणसे ले कर चाण्डाल तक सबको समान दृष्टिसे देखते थे। दोनोंके आत्मत्याग, जीवोंके प्रति अनुराग, सर्व साधारणकी मुक्तिकामना और विशुद्ध धर्मोपदेश आदि गुणों पर मुग्ध हो कर सभी जातिके लोग झुण्डके झुण्ड आ कर उनके पैरों पड़ने लगे और जैन तथा बौद्धधर्मके धर्मवीरोंके प्रभावसे ब्राह्मणादि अनेक त्रिजातियोंने भी वैदिक मार्गको छोड़ दिया था। जीवहिंसाकी प्रवृत्ति उनके हृदयसे धीरे धीरे दूर हो गई और धर्ममें सभी क्षत्रिय-प्राधान्यको स्वीकार करनेके लिए बाध्य हुए। इस से पहले शूद्रका किसी शास्त्रमें अधिकार न था, किन्तु अब शूद्रोंको भी ज्ञानचर्चा और धर्मचिन्ता करनेका अवसर मिला। इस समयसे, उन्हें अपेक्षाकृत उच्च धर्माधिकार प्राप्त होनेसे वे कट्टर पक्षपाती हो गये और जिस प्रकारसे उनका धर्म चिरस्थायी भावसे भारत भूमि पर प्रतिष्ठित हो, उसके लिए सभी विशेष यत्नवान् हुए।†

---

* प्राचीन जैनग्रन्थोंमें लिखा है, कि श्रीपार्श्वनाथसे पहले भी २२ तीर्थंकर और हो चुके थे। उन्होंने भी जैनधर्मका यथेष्ट प्रचार किया था।

† महावीरस्वामीके मतानुवर्ती जैनोंका कहना है कि, क्षत्रियोंसे ही ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति है। यही कारण है कि जहां क्षत्रियोंका अशौच ५ दिनका माना है, वहां ब्राह्मणोंका १० दिनका और वैश्योंका १२ दिनका माना गया है। यथा—

"क्षत्रियेषु कुमारेषु [illegible]।
कुमारो ब्राह्मणाः पश्चात् [illegible] ॥७।१८॥

जैनधर्म और बौद्धधर्ममें क्या पार्थक्य है, इसका परिज्ञान साधारण समुदायको नहीं है। पहले लोग मूलतः दोनोंको एकसा ही समझते थे। किन्तु दोनोंके धर्ममतको गवेषणापूर्वक देखनेसे उभय धर्मोंमें बहुत कुछ पार्थक्य मालूम होता है। यद्यपि लक्ष्य दोनोंका "मोक्ष" ही है, तथापि उसकी प्राप्तिके उपाय स्वरूप क्रिया-काण्ड और अज्ञान-विषयमें बहुत कुछ अन्तर है। जैनधर्म आत्माके बहुत्वको मानता है, उसके मतसे आत्मा अनंतानन्त हैं, किन्तु बौद्धधर्म आत्माके बहुत्वको स्वीकार नहीं करता। विशेष विवरण 'जैनधर्म' और 'बौद्ध' शब्दमें देखना चाहिये।

साधारण समुदायके समझने और विचारनेमें सुविधाके लिए इन महापुरुषोंने देश प्रचलित भाषामें जैन और बौद्धधर्मका प्रचार किया, तथा अपने शिष्योंको भी भविष्यमें तदनुवर्त्ती होनेके लिए आदेश दिया। यही कारण है कि गाथा और पालिभाषामें प्राचीन बौद्धग्रन्थ तथा मागधी और अर्द्धमागधी भाषामें प्राचीनतम जैनग्रन्थ लिपिबद्ध हुए हैं। पुरातत्त्वविदोंने बहुत आलोचनाके बाद स्थिर किया है कि, प्राचीनतम जैन और बौद्धधर्मशास्त्र ईसाके ३ से ४ शताब्दी पहले सङ्कलित हुए हैं। जैनधर्म, प्रियदर्शी और बौद्ध देखो।

क्षत्रियाणां सदाशौचमिष्यते पञ्च वासरान् ॥ ४।३९ ।
दशाहं ब्राह्मणानां स्याद्द्वादशाहं विशां भवेत् ।
शूद्राणामर्द्धमासं स्यात्तेनैवान्त्यवर्णिनाम् ॥ ४।४० ॥"

(चन्द्रप्रभसूरिकृत जिनसंहिता)

परन्तु यह श्वेताम्बराचार्यका मत है। प्रसिद्ध दिगम्बराचार्य श्रीमदकलंकस्वामीने लिखा है कि, जहां ब्राह्मणोंके लिए १० दिनका विधान है, वहां क्षत्रियोंके लिए ५ और वैश्योंके लिए १२ दिन अशौच कहा गया है।

इसके सिवा ब्राह्मणोंके पुराणोंमें ब्राह्मण परशुराम द्वारा इक्कीस बार पृथ्वी निःक्षत्रिय होनेकी कथा है, उसके उत्तरमें क्षत्रियोंके प्राधान्य-कालमें सहस्रार्जुनके पुत्र सुभौम द्वारा इक्कीस बार पृथ्वी अब्राह्मण करनेका प्रसङ्ग लिखनेमें भी श्वेताम्बर जैनग्रन्थकर्त्ता नहीं चूके हैं। परन्तु प्राचीन दिगम्बर जैनग्रंथकारोंने इसका कोई विशेष उल्लेख नहीं किया। पुराण देखो।

उक्त दोनों महापुरुषोंके उच्च उपदेश तत्कालीन राजन्यमण्डलीने ग्रहण किये थे, इसीलिए उक्त दोनों धर्मके प्रचारमें विशेष सुविधा हुई थी।

लगभग ईसाके ५१५ वर्ष पहले पारस्याधिप दरायुस (Dareios Hystaspes) विस्तास्पने सिन्धु नदके दक्षिणकूलमें अवस्थित गान्धार, सिन्धु, आर्कोत और हरबती पर अधिकार किया था। किन्हींका मत है कि, काइरस (Cyrus)के समयसे जरक्षेस (Xerxes)के समय तक उक्त अंश फारसके अधीन था। उस समय अजातशत्रु मगधके सिंहासन पर अधिष्ठित थे और शाक्योंका प्रभाव भी अक्षुण्ण था। परन्तु ईसासे ४७८ वर्ष पहले कोशलाधिप प्रसेनजित्के पुत्र विरुधकने शाक्यवंशका ध्वंस किया था। इसके कुछ समय बाद अजातशत्रुके शेष वंशधर महनन्दी आविर्भूत हुए। उसके बाद महापद्मनन्दका अभ्युदय हुआ। पुराणोंमें ये ही क्षत्रियान्तकारी बतलाये गये हैं। ईसासे ३७२ वर्ष पहले चाणक्यके कौशलसे नन्दवंशका मूलोच्छेद और चन्द्रगुप्तका राज्याभिषेक हुआ था।

श्रावणबेलगोलाके शिलालेखसे ज्ञात होता है कि, सम्राट् चन्द्रगुप्तने जैनोंके शेष श्रुतकेवली भद्रबाहुस्वामीका परम सम्मान किया था और उनके शिष्यत्व स्वीकार करनेमें भी वे पराङ्मुख नहीं हुए हैं। ईसासे ३४७ वर्ष पहले इन भद्रबाहुस्वामीने निर्वाण प्राप्त किया था। पाश्चात्य ऐतिहासिकगण नन्दवंश-ध्वंसकारी उक्त चन्द्रगुप्तको ही अलेकसन्दरके समसामयिक और Sandrokottos समझ कर भारतीय इतिहास भित्तिस्थापनमें अग्रसर हुए हैं। उनका कहना है कि, Sandrokottosके बिना वे भारतके प्राचीन इतिहासका जटिल ग्रन्थिको किसी भी तरह नहीं खोल सकते थे। परन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि, पाश्चात्य ऐतिहासिकोंने जिनचन्द्रगुप्तको ध्रुवतारा-लक्ष्य बना कर भारतीय इतिहास-समुद्रसे उत्तीर्ण होनेकी चेष्टा की है, वे वास्तवमें अलेकसन्दरसे पूर्ववर्ती हैं। ईसासे ३२६ वर्ष पहले अलेकसन्दर सिन्धु नद पार हो कर भारतमें आये थे। किन्तु चन्द्रगुप्तका राज्याभिषेक ईसासे ३७२ वर्ष पूर्वमें हुआ था, तथा ईसासे ३१६ वर्ष पहले उनके

पुत्र बिन्दुसारको राज्य समाप्ति हुई थी। (प्रियदर्शी देखो।)

अशोक प्रियदर्शी ही अनेकशासनके शिलालिपिमें उक्त युवक Sandrokottos नामसे परिचित हुए थे। यही युवक कालान्तरमें समस्त भारतका अधीश्वर बना था। पहले ब्राह्मणभक्त, फिर जैनधर्मावलम्बी और बौद्ध भक्त हुए थे। इन्हींके यत्नसे बौद्धधर्म सिर्फ भारतमें ही नहीं, बल्कि सुदूर यूरोपमें भी प्रचारित हुआ था। इनकी सभामें रह कर ग्रीकदूत मेगास्थेनिसने भारतके विवरण प्रकाश किया था। अशोकके बौद्धधर्म प्रचारके लिए अतीव यत्न और आग्रहप्रदर्शन करने पर भी उनके पौत्र दशरथने आजीवक नामक जैनोंके प्रति ही यथेष्ट अनुराग दिखाया था। बराबरके निकटस्थ नागार्जुनी पर्वत पर खोदित दशरथकी अनुशासनलिपि ही इस बातका प्रमाण है।

समस्त भारतवर्ष किसी समय मौर्यवंशका एक छत्राधीन था। मौर्यवंश विलोपके साथ ही पश्चिम सिन्धुप्रदेशमें यवन ग्रीक, उत्तरमें लिच्छविगण और दक्षिणमें पाण्ड्य और चोलराजगण प्रबल हो उठे। यहां तक कि, उस समय भारतभूमि बहुसंख्यक छोटे छोटे स्वाधीन राज्योंमें विभक्त हो गई। शुङ्गगण नाम मात्रके लिए राजचक्रवर्ती थे।

पुष्यमित्र अन्तिम मौर्यराज बृहद्रथके सेनापति थे। बृहद्रथको मार कर उन्होंने अपने पुत्र अग्निमित्रको मौर्य राज्य प्रदान किया था। उन्हींसे शुङ्गवंशकी प्रतिष्ठा हुई थी। (यवन, पुष्यमित्र, मौर्य आदि शब्द देखो।)

शुङ्गवंशीयगण विदिशामें अभिषिक्त थे, महाकवि कालिदासके नाटकसे इसका पता चलता है। इस समय समस्त कलिङ्ग खारवेल (ऐर, भिक्खुराज) नामक एक जैन नृपतिके अधीन था। उन्होंने लालकके पौत्र हस्तिसाहकी कन्याके साथ विवाह किया था और कुसुम्ब क्षत्रियोंकी सहायतासे मूषिक, सातकर्णि और राजगृहके राजाको पराजित किया था। इस समय दाक्षिणात्यमें सातवाहनवंशीय राजाओंका अभ्युदय हो रहा था। (सातवाहनराजवंश देखो।)

लगभग ईसासे १५५ वर्ष पहले मिनान्दर (Menander) नामक पञ्जाबके यवन नृपति अति प्रबल हो उठे थे। इन्होंने अयोध्याकी राजधानी साकेतनगरी तक जय कर लिया था। इनके समसामयिक महाभाष्यकार पतञ्जलि इस आक्रमणका आभास दे गये हैं। ईसाके १५० वर्ष पहले इनका राज्यकाल शेष हुआ था और शकोंने प्रधान स्थान लिया था।

(भारतमें शकाधिकार।) हरिवंश और अन्यान्य पुराणोंसे ज्ञात होता है कि, सगरके पिता बाहुराज शक, कम्बोज, पारद आदिके हाथसे हारे गये थे। उस समय इन शकोंने हैहय राजाओंके पक्षमें युद्ध किया था। पीछे सगरने हैहयोंका विनाश कर पितृराज्य प्राप्त किये पर, शक, कम्बोज आदि जातियोंने आ कर वशिष्ठका आश्रय लिया था। वशिष्ठके कहने पर सगरने शकोंका संहार नहीं किया, केवल उनके आधे शीश कटवा दिये। मनुसंहितामें (१०।४३-४४) लिखा है।

"शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः ।
वृषलत्वं गता लोके ब्राह्मणादर्शनेन च ॥
पौण्ड्रकाश्चौड्रद्रविडाः काम्बोजा यवनाः शकाः ।"

धीरे धीरे क्रियालोपके कारण तथा ब्राह्मणोंके अदर्शन होनेसे क्षत्रिय जातियां वृषलत्वको प्राप्त हुई थीं। जैसे पौण्ड्रक, उड्र, शक, यवन, काम्बोज, द्राविड़ आदि।

मनुसंहितासे ज्ञात होता है कि, शक यवन आदि बहुतसी जातियां पूर्व कालमें विशुद्ध क्षत्रिय समझी जाती थीं। पश्चात् क्रियाओंका परित्याग करनेसे और ब्राह्मणोंके न मिलनेसे वे वृषलत्वको प्राप्त हुए थे। सम्भव है, सगर या अन्य किसी प्रबल हिन्दू राजाके प्रभावसे भारतवासी शक, काम्बोज आदि क्षत्रिय जाति वृषलत्व प्राप्त और [illegible] हुई थी। जैसे अधिक विस्मयकी बात नहीं है, गौतमीपुत्र महाशातकर्णिने वैसा [illegible] ब्राह्मणके बालकोंके प्रति क्रूर हो कर ब्राह्मणोंके परामर्शसे उनका [illegible] अत्याचार बतलाया था, तथा गुरु और पुरोहितोंका वध करके उनको अति नीच समझा था। जिन देशोंमें आगत शक काम्बोज आदिके आगमनमें भी शायद ऐसा ही बना था।

मध्य एशियावासी शकजातियोंमें भी किसी समय वैदिक आर्यधर्म प्रचलित था, यह बात पारसके विवरण

स्पष्ट मालूम होती है। शाक, काम्बोज आदि मध्य-एशियावासी विभिन्न जातियोंने बहुत पूर्वकालमें भारतवर्षमें आ कर उपनिवेश स्थापन किया था; इसके भी अनेक प्रमाण पुराणोंमें मिलते हैं।

पहले जिस जातिको जहां अवस्थिति है, उसके नामसे उस जनपदकी प्रसिद्धि हुआ करती थी। गरुड़-पुराणसे जाना जाता है कि, किसी समयमें दक्षिणापथमें कर्णाटक और कम्बोजगण्ड तथा भारतके दक्षिण-पश्चिममें अम्बष्ठ, द्राविड़, लाट, काम्बोज, स्त्रीमुख, शक और आनर्त्त इन जनपदोंको अवस्थिति थी* । भारतके दक्षिण-पश्चिममें काम्बोज और शकजातिका वास था, यह बात पुराणोंके सिवा प्राचीन ग्रन्थों और शिलालेखोंमें भी वर्णित है।

हिरोदोतसने लिखा है कि, फारसके बादशाह दरायुसके अधीन भारतमें छत्रप राज्य (Satrapy) था, वह फारसके समस्त प्रदेशोंसे समृद्धिशाली था, तथा उससे कर ६०० तौल (talents) सोना प्राप्त होता था। दरायुसके समय पंजाब और सिन्धु प्रदेश फारसके अधीन पारस्य सम्राट्के अधीन यहां जो शकराज आधिपत्य करते थे वे 'छत्रप' (Satrap)† (प्राचीन शिलालेखोंमें क्षत्रप) नामसे प्रसिद्ध थे। माकिदनवीर अलेकसन्दरके साथ पारस्य-पतिका जो महासंग्राम छिड़ा था उसमें भारतीय शक प्रजा ही (Indo-Scythians) उनके दक्षिण हस्त स्वरूप थी। इन वीरोंसे 'सकसेन' (Sacasenae) नाम देखनेमें आता है। यवन-समरमें पारस्य सम्राट्के लिए इन लोगोंने अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया था।

राजपूत-इतिहास लेखक प्रसिद्ध टाडसाहबने लिखा है कि, "जिट (Indo-scythic Getes वा जाट), तक्षक और असि आदि शकगण ईसाके जन्मसे ६०० वर्ष पहले भारतमें आये थे। उसी समय शकोंने एशिया माइनर तक और बादमें स्कन्दनाभ (Scandinavia) तक जय किया था। इसके थोड़े ही समय बाद शकजातीय असि (अश्व) और तोखारी तुषारोंने बाक्त्रिया राज्यको विपर्यस्त किया था। बाल्टिकसागरके किनारेसे आनेवाली शकजातीय असि, काठी (Catthi) और कम्बरी* (Cimbri) लोगोंकी शक्ति रोमकोंको भी अच्छी तरह विदित हो गई थी†।

कुछ भी हो, पूर्व वर्णित ऐतिहासिक और पौराणिक विवरणोंसे ज्ञात होता है कि, बहु प्राचीनकालसे ही भारतके साथ शाक या शकजातिका संस्रव है¶।

अब देखना चाहिए कि, भारतके शकोंने किन किन स्थानोंमें और कैसे आधिपत्य विस्तार किया था।

फारसके अखमनीय वंशीय (Achaemenidae) राजाओंके समयमें शकोंके पञ्चनद प्रदेशमें आधिपत्य प्राप्त न करने पर भी उसी समयसे शक संस्रव हो रहा था। उस समयमें (ईसाके पूर्वको ५वीं शताब्दीमें पञ्चनद प्रदेशमें और खरोष्ठी अक्षर-युक्त मुद्राका प्रचलन तथा पारस्य स्थापत्यका निदर्शन देखनेमें आता है। कनिंगहम, डाक्टर बुल्हर आदि प्रत्नतत्त्वविदोंने निश्चय किया है कि, प्रसिद्ध मग पुरोहित अग्निपूजा-प्रवर्त्तक जरथुस्त्रका नाम ही उच्चारणभेदसे 'खरोष्ट्र' हो गया है। उस मग पुरोहित द्वारा प्रवर्त्तित अक्षर ही 'खरोष्ठी' नामसे प्रसिद्ध हुए थे, ऐसा अनुमान किया जा सकता है+। जहां तक सम्भव है, पञ्जाबमें उनके वंशधरों द्वारा ही यह लिपि प्रचलित हुई होगी।

---

* "कर्णाटाः कम्बोजघटा दक्षिणापथवासिनः।
अम्बष्ठा द्राविडा लाटाः काम्बोजाः स्त्रीमुखाः शकाः॥
आनर्त्तवासिनश्चैव ज्ञेयाः दक्षिणपश्चिमे॥" (५५।१५)

† छत्रप वा क्षत्रपसे ही परवर्त्तिकालमें 'छत्रपति' उपाधि प्रचलित हुई थी। सुप्रसिद्ध महाराष्ट्रवीर शिवाजी भी 'छत्रपति' उपाधिसे विभूषित हुए थे।

* राजस्थानमें जो 'शाकम्बरी' देवी है, टाड साहबका विश्वास है, कि वे प्रथमतः शाकोंकी अधिष्ठात्री देवी थीं। Tods Ragasthan. Vol. p. 63

† Tod's Rajasthan Vol. 1

¶ टाड साहबने अपने प्रसिद्ध इतिहास राजस्थानमें दिखाया है, कि अधिकांश राजकुलोंमें शक-रक्त प्रवाहित है। आश्चर्यका विषय है कि, फिर भी सबोंने सूर्यचन्द्रवंशीय क्षत्रियके नामसे परिचय देनेमें कुछ द्विविधा नहीं की है।

+ Cunningham's coins of Ancient India p. 36-37

पञ्जाबमें जो 'शाकल' नगर था, सम्भवतः शक या शाकोंके वासके कारण उसका नाम 'शाकल' पड़ा था। पहले ही कहा जा चुका है कि, माकिदन और अलेकसन्दरके साथ दरायुसके युद्धके समय दरायुसके अधीन भारतीय वीरोंने उनकी पार्श्वरक्षा की थी। इन वीरोंने भारतके किस अंशमें राज्य किया था, यह निश्चितरूपसे नहीं मालूम हो सका।

सम्भवतः उस समय पश्चिम पञ्जाब और सौराष्ट्र प्रदेशमें शक क्षत्रपोंने सामन्तभावसे आधिपत्य किया होगा। परन्तु यह ठीक है कि, अलेकसन्दरके अनुसार यवनोंके प्रभाव विस्तार और मौर्यवंशके अभ्युदयके साथ ही क्षत्रपोंका प्रभाव खर्व हुआ था। मौर्यराज अशोकके समयमें तुषास्फ नामक कोई एक यवनसौराष्ट्रमें क्षत्रप थे। सम्भवतः उसी समयमें या उससे कुछ पहले सौराष्ट्रमें यवनोंका प्रभाव विस्तृत हुआ था। शक सम्बन्धमें इस समयका और कोई उल्लेख नहीं मिलता। उसके बाद यवन प्रभाव लुप्त होने पर, शकोंका प्रभाव बढ़ा। मत्स्यपुराणमें भी देखा जाता है कि, ७ गर्दभिल, १८ शक, ८ यवन, १४ तुषार, १३ मुरुण्ड और ११ हूण राजाओंने भारतमें राज्य किया *। इनमें तुषार, मुरुण्ड और हूण ये तीन जातियां शकजातिकी ही शाखा समझी जाती हैं।

शकोंका पुनरभ्युदय ठीक किस समय हुआ था, यह बात भारतीय और ग्रीक ग्रन्थोंसे स्पष्ट नहीं मालूम पड़ती। चीनोंके प्राचीन ग्रन्थोंमें इसका सविस्तार वर्णन है। †

जिस समय वाह्लिक (Bactria) देशमें यवन राज्य प्रतिष्ठित हुआ था, उस समय चीनके दक्षिणांशसे 'सेक' (शक) जातिने आ कर तातारिस्थाना और काश्गरिस्थाना अधिकार किया था, उनके नामानुसार यह स्थान सेकस्थान या शकस्थान नामसे प्रसिद्ध हुआ था। ये शकगण ही किसी समय फारसके अक्षमनीषीय और पार्थिव नृपतियोंके साथ होनेवाले घोरतर संग्राममें लिप्त थे।

ईसासे १६० वर्ष पहले ये ही शकगण यूची ([illegible]) नामक अन्य एक जातिसे पराजय हो कर और सोगदियाना खो कर वाह्लिककी तरफ चालित हुए थे। वहां यवनोंके साथ शकोंका कुछ समय तक संग्राम हुआ था। इसी समयमें पार्थिव (पारद) लोग आ कर शकोंके साथ सम्मिलित हुए थे, इन दोनों जातियोंमें जैसी मित्रता थी वैसी ही शत्रुता भी मौजूद थी। कुछ भी हो, यह जाति अन्तमें [illegible] [illegible] आबद्ध हुई थी और बाहरमें एक ही जाति कहलाती थी।

शकजातिने पूर्णियांसे शकस्थानसे आ कर ईसासे १२० वर्ष पहले वाह्लिकदेश अधिकार किया, और यवन लोग भगाये जाने लगे। इसके कुछ ही समय बाद कुषन नामकी एक शकजातिने परोपनिसस (पौराणिक निषध गिरि) पार कर काबुल उपत्यकामें प्रवेश पूर्वक यवन शासनका चिह्न तक नष्ट कर दिया और इस तरह क्रमशः उत्तर भारतमें इनका आधिपत्य जम गया। किन्हीं विद्वानोंका अनुमान है कि शकोंके प्रभावसे अयोध्या प्रदेशका अधिकांश उस समय 'साकेत' नामसे प्रसिद्ध था।

शकाधिकारमें भारतके नाना स्थानोंसे जो शिलालेख, ताम्रशासन और मुद्रासमूह प्राप्त हुए हैं, उनमें मोआस या मोग नामक शकराजका प्रथम उल्लेख पाया जाता है। † किसी किसी पुराविद्का अनुमान है कि, इस मोग नामक शक राजाके राजत्वकालमें आराकोसिया (Arachosia) कन्धार गजनी और ड्राङ्गियाना

---

* "सप्त गर्दभिलाश्चापि शकाश्चाष्टादशैव तु ।
यवनाष्टौ भविष्यन्ति तुषाराश्च चतुर्दश ।
त्रयोदश मुरुण्डाश्च हूणा ह्येकोनविंशतिः ॥"
(मत्स्यपु० २७३ अ०)

† Drouin's Revue Numis 1888 p. 13

* शकोंकी जन्मभूमिको ग्रीक भौगोलिकोंने 'साकिताइ' Sakitai नामसे उल्लेख किया है। इस नामके साथ 'साकेत' शब्दका यथेष्ट सौसादृश्य है। पहले लिखा जा चुका है कि 'शाकद्वीप' नामसे ही यवनोंने यहां Sakita या Scythia का धारणा किया होगा।

† तक्षशिलासे आविष्कृत ताम्रफलकमें 'मोग' तथा उनके मिले सिक्कोंमें 'रजतिरजस महतस मोअस' नाम देखा जाता है।

Drangiana) प्रदेश 'शकस्थान'* नामसे प्रसिद्ध हुआ था, तथा सिन्धु और पञ्चनदका कुछ अंश शकराजमें सम्मिलित हुआ था।

मोगके बाद अजेस और अजिलेस उत्तराधिकारी (करीब ईसासे १०० वर्ष पहले) हुए। इनके साथ पार्थिव वा पारद (Parthian) राजाओंकी विशेष घनिष्ठता हो गई थी। इसी समयमें पार्थिवराज वोनोनेस और शकपति स्पलगदम† शकस्थानमें राज्य करते थे, तथा मोगके वंशधर अजेस सिन्धुनद प्रवाहित जनपदमें आधिपत्य करते थे। उस समय शकस्थानके पार्थिवराजने सिन्धुपतिका प्राधान्य स्वीकार किया था। मोगवंशीयोंकी तक्षशिला (पश्चिम पञ्जाब), शाकल (पूर्व पञ्जाब) और काबुलमें राजधानी थी। थोड़े ही समयमें इस मोगवंशका अधिकार पूर्वमें मथुरा और दक्षिणमें सौराष्ट्र तक विस्तृत हो गया था। शकराजकी अधीनतामें मथुरा, सौराष्ट्र और मालवमें एक एक क्षत्रप (Satrap) नियुक्त हुए थे। इन क्षत्रपोंकी क्षमता किसी पराक्रमी राजासे कम न होती थी। इनके उद्यम और बलवीर्यके प्रभावसे शकाधिकार बहुत कुछ विस्तृत हुआ था।

मथुरामें शकक्षत्रपवंश। —मथुराके शक-क्षत्रपोंमें रञ्जुबुल वा राजुबुलका नाम प्रथम है। पहले पहल ये ही क्षत्रप हुए थे और अन्तमें क्षमता और अधिकारवृद्धिके साथ साथ 'महाक्षत्रप' उपाधिको प्राप्त हुए थे। मथुराके सिंहस्तम्भमें इनका 'राजुल' नामसे उल्लेख है। इस सिंहस्तम्भमें लियककुसुलक नामसे और भी एक क्षत्रपका नाम पाया जाता है।

राजुबुलके बाद उनके पुत्र सोदास और हगमास तथा उनके सहयोगी हगानका नाम प्राचीन सिक्कोंमें मिलता है। मथुराके स्तम्भमें सोदासकी कहानी लिखी हुई है। तक्षशिलामें शकराज मोगके ७८ संवत्में उत्कीर्ण, लियक कुसुलकके पुत्र छत्रप कुसुलक पतिकका एक ताम्रशासन मिला है।

कुसुलकके पहले मनिगुल और उनके पुत्र जिहोनिस (ईसासे ८० वर्ष पहले) अपने अपने सिक्कोंमें 'छत्रप' उपाधिका व्यवहार किया। अलावा इसके मोगवंशके अजेसके सहयोगी इन्द्रवर्मा और उनके पुत्र अस्पवर्मा तथा विजयमित्रपुत्र नामक कई क्षत्रपोंके नाम उत्तरभारतमें आविष्कृत प्राचीन सिक्कोंमें निकले हैं। ये शकक्षत्रपगण शककुषन-राजाओंके पहले प्रबल हो गये थे।

शकजाति नाना शाखाओंमें विभक्त हो गई थी, जिनमें कुषन शाखा प्रधान है। शकराज मियउस वा हेरउसके सिक्कोंमें उन्होंने अपना परिचय 'शककुषन' नामसे दिया है। प्रसिद्ध शकाधिप कनिष्कने भी अपने सिक्कोंमें 'गुषनवंश-संवर्द्धक' लिखा है*।

चीन-इतिहासके अनुसार यिन-मो-फू नामक एक व्यक्तिने ईसासे ४८ वर्ष पहले किपिन (काबुल) अधिकार किया था। कोई कोई इतिहासज्ञ इस व्यक्तिको और मियउसको एक ही समझते हैं।

शककुषनवंश। —शकजातिकी युएचि श्रेणी फिर पांच शाखाओंमें विभक्त है, जिनमें कुषन एक है। ईसासे २५ वर्ष पूर्वमें कुषन-शाखाओंने अन्य चार शाखाओंमें प्रधानता प्राप्त की और कुषन दलपतिकी अधीनतामें पांचों शाखामें मिल कर काबुल प्रदेश अधिकृत किया। उस दलपतिका नाम कुजुलकस (Kujula kadphises) था। इनके सिक्कोंमें खरोष्ट्री लिपिमें इस प्रकार लिखा है— "कुजुलकसस कुषनयवुगस ध्रमठिदस"। अस्सी वर्षकी अवस्थामें लगभग ईस्वी सन् १०में इनकी मृत्यु हुई थी। उसके बाद कुजुलकर (Kujulakar Kadphises) नामक 'देवपुत्र' उपाधिधारी एक शक-कुषन राजका उल्लेख मिलता है। किन्हीका ख्याल है कि, ये कुजुलकसके पुत्र थे और इन्होंके समयमें भारतके

(Epigraphia Indica, vol iv, p. 54, Numismatic chronicle, for 1890, p. 103, Grundriss der Indo-Arischen philologie vol II part 3, p. 7)

'मोअस' नामके देखनेसे अनुमान होता है कि, पुराणमें 'मगस' नामक शाकद्वीपीय जातिका नाम वर्णित हुआ है।

* अब शकस्थानके कुछ अंश 'सेस्तान' नामसे परिचित हैं।

† खरोष्ट्रीलिपियुक्त सिक्कोंमें स्पलहोरपुत्रस ध्रमियस स्पलगदमस' अर्थात् स्पलहोरपुत्रस्य धर्मिकस्य स्पलगदमस्य ऐसा पाया जाता है।

* Indian Antiquary 1881, p. 122.

भारतवर्षमें कुषण-आधिपत्य प्रवर्त्तित हुआ था। उसके बाद हिम-कदफिसने (Hima Kadphises) ने उत्तर भारतमें आधिपत्य विस्तार किया था। वे परम शैव थे और इनके सिक्कोंमें त्रिशूलधारी शिवमूर्त्ति है तथा खरोष्ठीलिपिमें इस प्रकार उपाधि लिखी हुई है "मह रजस रजतिरजस सर्वलोग ईश्वरस महीश्वरस हिमकफिसस।" *

हिम-कदफिसके बाद प्रसिद्ध शककुषण-राज कनिष्कका पता मिलता है। राजतरङ्गिणीमें हुष्क जुष्क और कनिष्क इन तीनोंका ही "तुरुष्कान्वय" नामसे वर्णन किया गया है। इससे तुरुष्क भी शकवंशीय कहलाते हैं।

कनिष्क, हुविष्क और वासुदेव। किन्हींका विश्वास है कि, शककुषण-वंशीय कनिष्कसे ही शकसंवत् या शकाब्द प्रचलित हुआ है और बहुतोंका यह भी कहना है कि, यह बात विश्वासनीय नहीं है। पुराविद् कनिंहम साहबका मत है कि, प्रसिद्ध शक-क्षत्रप चष्टनने जो संवत् चलाया था, वही शकाब्द या शकसंवत्के नामसे प्रसिद्ध हुआ। शकसंवत्के पूर्वमें कनिष्कका अभ्युदय है।

कनिष्क कट्टर बौद्ध हो गये थे। बौद्धशास्त्र संग्रह करनेके लिये ही इनकी सभामें एक धर्मसङ्गीति हुई थी। बहुतसे बौद्ध पण्डितोंका विश्वास है कि, इन्हीं कनिष्ककी सेवासे नागार्जुन द्वारा महायान मत प्रवर्त्तित हुआ था। ये बौद्ध होने पर भी शाक, आवस्तिक और ब्राह्मणधर्मकी अवमानना नहीं करते थे। इनके सिक्कोंमें शाक, आवस्तिक और हिन्दू देव देवियोंकी मूर्त्ति रहनेसे यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। कनिष्कका राज्य उत्तरमें काश्मीर, पूर्वमें मथुरा, दक्षिणमें सिन्धु और पश्चिममें गान्धार पर्य्यन्त विस्तृत था। बौद्ध ग्रन्थोंके अनुसार, कनिष्कने समस्त भारतमें महायान मतका प्रचार किया था।

कनिष्कके बाद हुविष्कने राज्याधिकार प्राप्त किया। ये भी बौद्धधर्मानुरागी थे। इनके बाद शकाधिप वासुदेव सिंहासन पर बैठे। यद्यपि शकाधिप होने पर भी भारतमें ये शैव हो गये थे। इनके सिक्कोंमें त्रिशूलधारी शिवमूर्त्ति खुदी हुई है। वासुदेवके नामके साथ 'देवपुत्र' उपाधि रहनेसे कोई कोई उन्हें भारतीय हिन्दू समझते हैं, परन्तु भारतमें उनका जन्म और हिन्दूधर्ममें अनुराग होने पर भी शक-लिपियुक्त उनके सिक्कोंके देखनेसे यही ज्ञात होता है कि वे हिन्दूकुल जात नहीं थे। 'देवपुत्र' उपाधिके विषयमें प्रसिद्ध पुराविद् कनिंहम साहबका लिखना है कि, चीनके सम्राटने जैसे 'तम्पुत्र' * की जगह 'स्वर्गपुत्र' उपाधि ग्रहण की थी, यह 'देवपुत्र' उपाधि भी उसी तरहकी है। कनिंहम इन वासुदेव और पुराणोक्त काण्वायन द्विजवंशीय वासुदेव नामक राजाको एक ही समझते हैं। पुराणोक्त काण्वायन वासुदेवका जो समय निरूपित हुआ है, शकाधिप देवपुत्र वासुदेव भी ठीक उसी समयके हैं। काण्वायन वासुदेवने अपने प्रभु शुङ्ग वा मित्रवंशीय शेष राजा देवभूतिको मार कर सिंहासन अधिकार किया था। लगभग ईस्वी सन ७२में देवपुत्र वासुदेवका राज्याभिषेक हुआ था।

क्षहरात, आन्ध्र और मालवमें शकाधिकार तथा दाक्षिणात्यमें शकराज्य। जिस समय उत्तर भारतमें शककुषणगण अधिकारविस्तार कर रहे थे, उस समय भी दक्षिण भारतमें भिन्न भिन्न शक क्षत्रप निश्चेष्ट नहीं थे। ईसाकी पहली शताब्दीमें मालवा और राजपूतानामें चष्टनके पिता तथा पश्चिम भारतमें नहपानके पिता क्षत्रप थे। क्षहरात नहपान भी पहले सामान्य क्षत्रप थे, अन्तमें महाराष्ट्रका कुछ अंश, उत्तर कोंकण, गुर्जर, सुराष्ट्र आनर्त (काठियावाड़) और कच्छ प्रदेशमय जनपदोंको करायत्त कर अपने बाहुबलके प्रभावसे महाक्षत्रप हुए

---

* खरोष्ठीमें आकार लुप्त किया गया है। इसका संस्कृत रूप "महाराजस्य राजाधिराजस्य सर्वलोकेश्वरस्य माहेश्वरस्य हिमकफिसस्य"।

* यदि 'थ्यान् त्स' या 'त्यान् त्स' की जगह 'तियेन्त्स' व्यवहृत हुआ हो और [illegible] हो तो, [illegible] शाकद्वीपी ब्राह्मण है या नहीं, इस सम्बन्धमें भी आलोचना और अनुसन्धान करनेकी आवश्यकता है।

थे। इनके जामाता दीनीकपुत्र उषवदात (ऋषभदत्त) शककुलमें एक अति गण्य राजा हुए हैं। सुराष्ट्रसे नासिक तक उनका अधिकार विस्तृत था। शककुलमें जन्म होने पर भी द्विजातिमें उनकी प्रगाढ़ भक्ति और सद्धर्ममें यथेष्ट अनुराग था। उन्होंने उत्तमभद्र नामक क्षत्रियों के साथ कुटुम्बिता (सम्बन्ध) की थी और महाक्षत्रपके आदेशसे उनको सहायताके लिए मालयों को पराजित किया था। उनके शिलालेखके पढ़नेसे विदित होता है कि "वे ब्राह्मण भोजन कराते थे, प्रभासक्षेत्रमें उन्होंने बहुतसे ब्राह्मणों के विवाह कराये थे, और चातुर्मास्यके समय अनेक भिक्षुकों को अशन वसनादि प्रदान किये थे।" अधिकतः सम्भव है कि, ब्राह्मणानुरक्तिके कारण ही शकाधिपोंने सहजमें ही भारतवासियोंके हृदयों पर अधिकार कर लिया था, तथा इसी लिए शकराज्य विस्तृत और स्थायी हुआ था। कोई कोई शकक्षत्रप ब्राह्मणानुकूल्यके ही कारण विशुद्ध क्षत्रिय समझे गये थे। अन्यथा विदेशीय अहिन्दू राजाके लिए लाख ब्राह्मणों को भोजन कराना सहजसाध्य नहीं होता। अब भी किसी नीच जातिके घर भोजन करना ब्राह्मणोंको प्रकृतिके विरुद्ध है। ऐसी दशामें लगभग दो हजार वर्ष पहले लाख ब्राह्मणों का शकोंके यहां आहार करना, शकोंके नीच जातित्वका परिचायक नहीं हो सकता। डा० भाण्डारकरने लिखा है कि इन शक राजाओंने ब्राह्मणधर्म ग्रहण किया था [*]। इसलिए भी ब्राह्मणोंके निकट वे उच्च जातीय समझे गये थे, यह सम्भव है। शिलालेखसे जाना जाता है कि, शकराज नहपानके अयम नामक एक मन्त्री थे [†]।

उषवदात नहपानके जामाता होने पर भी वे श्वशुरके सिंहासन पर बैठे थे, इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता। प्रसिद्ध पुराविद् कनिंगहम साहबने शिलालेख और सिक्कों की सहायतासे लिखा है कि, नहपानवंशके राजत्वके बाद चष्टन मालवाके क्षत्रप हुए थे, और उन्होंने शक गौरवको स्थायी बनानेके अभिप्रायसे शकाब्दका प्रचार किया था [*]। पाश्चात्य भौगोलिक टलेमीने इसी राजाको Tiastanes नामसे उल्लेख किया है। उज्जयिनीमें उनकी राजधानी थी।

मत्स्यपुराणसे ज्ञात होता है कि मौर्यवंशीय राजा दशरथके पूर्व ही भारतमें शकाधिकार विस्तृत था। डा० भाण्डारकरके मतसे अन्ध्रभृत्य वा सातवाहनवंशीय राजा गौतमपुत्रके पूर्वसे ही शकोंने बारम्बार भारत पर आक्रमण कर सिन्धु और राजपूताना तक राज विस्तार किया था [¶]। प्राचीन ताम्रलेखादिमें जो शकराजाओंके समयका उल्लेख है सम्भवतः वह किसी महाप्रतापशाली शकविजेता द्वारा प्रचलित संवत् है। उन्होंने यहां स्थायी आधिपत्य प्राप्त किया था और उन्हींके अधीनतामें नहपान और चष्टन अथवा उनके पिताने पश्चिम-भारत और मालवामें क्षत्रप-पद प्राप्त किया था।

नहपानका शेषाब्द १२४ ई०में पड़ता है। उसके बाद गौतमी पुत्र वा पुलुमायीने महाराष्ट्र प्रदेश अधिकार किया था [†]।

कनिंगहमने उज्जयिनीपति चष्टनको नहपानसे बहुत परवर्ती कालका बतलाया है, परन्तु यह युक्तिसङ्गत नहीं दीखता। निम्नलिखित विवरणके पढ़नेसे

---

[*] Bhandarkar's Dekkan, p. 1..

[†] Archaeological survey of western India, junnar Inscriptions, no. 10.

[*] Cunningham's Coins of Mediaeval India.

'बृहद्रथस्तु वर्षाणि तस्य पुत्रश्च सप्ततिः ।
षट्त्रिंशत्तु समा राजा भविता शक एव च ।
सप्तानां दश वर्षाणि तस्य नप्ता भविष्यति ।
राजा दशरथोऽष्टौ तु तस्य पुत्रश्च सप्ततिः ।
इत्येते दशमौर्यास्तु ये भोक्ष्यन्ति वसुन्धराम् ॥"

(मत्स्य पु०, २७२।२२—२४)

[¶] शुङ्ग वा मित्रवंश और काण्वायनवंशके आचरणकी आलोचना करनेसे यही मालूम होता है कि, वे भी शाकद्वीपीय ब्राह्मण थे। अपने प्रभुकी हत्या कर राज्य ग्रहण करना, यह शकोंका स्वाभाविक विशेषत्व है। कुरुक्षेत्र महासमरके कुछ समय बाद ही शाकद्वीपी ब्राह्मणोंने भारतमें प्रवेश किया था। पुष्यमित्रादि की तरह इनकी भी मित्र उपाधि वंशगत थी।

[†] Bhandarkar's Dekkan, 2nd Ed. p 27.

नहपान और चष्टन समसामयिक मालूम होते हैं।

जैनोंकी कालकाचार्य कथाके पढ़नेसे मालूम होता है कि, उज्जयिनीमें ईसासे ७४ वर्ष पूर्वसे ५७ वर्ष पूर्व तक शकाधिकार था। उस समय प्रतिष्ठानमें सातवाहन वंशीय शातकर्णि राज्य करते थे। अधिकतर यही सम्भव है कि, विक्रमादित्य उपाधिधारी सातवाहन वंशीय किसी अन्य राजाने ही मालवामें शकोंको पराजित कर मालव विक्रमाब्द या विक्रमसंवत्‌का प्रचार किया है। परन्तु इस मालवराजका अधिकार स्थायी नहीं रहा था। वे परवर्त्ती शक नृपतियोंसे पुनः बार बार पराजित हुए थे। अन्तमें शक क्षत्रप चष्टन मालवामें प्रबल हुए थे।

उन्होंने शनैः शनैः सातवाहनोंके अधिकारभुक्त अनेक जनपदोंको अधिकृत कर 'महाक्षत्रप' उपाधि धारण की थी। सातवाहनवंश उस समय दक्षिणापथ का अधीश्वर समझा जाता था। उज्जयिनीपति चष्टनने सातवाहनवंशीय किसी राजाको समरमें पराजित कर उस घटनाको चिरस्मरणीय बनानेके लिए 'शकसंवत्' प्रचलित किया था। शकोंने बहुत पूर्वसे ही ब्राह्मण धर्म ग्रहण किया था। यहां तक कि स्वयं शकराज चष्टन दक्षिणापथके प्रसिद्ध व्यक्तियोंके साथ विवाह सम्बन्धमें आबद्ध थे। इस विवाह सूत्रसे चष्टनके वंशधरोंने 'शक' नाम त्याग कर 'हिन्दू' नाम ग्रहण किया था।

शकाधिपतिमें क्षहरात (खखरात) एक प्रसिद्ध कुल है। नहपान और चष्टन ये दोनों ही उसी कुलमें उत्पन्न हुए थे। नहपानने सम्भवतः चष्टनकी अपेक्षा ही पहले पश्चिम भारतमें आधिपत्य विस्तार किया था। यह भी असम्भव नहीं कि उन्होंने अथवा उनके जामाता उषवदातने उज्जयिनि पतिके शासनकी उपेक्षा कर 'महाक्षत्रप' उपाधि ग्रहण पूर्वक पश्चिम भारतमें सुवृहत् राज्य विस्तार किया था। उनके प्रभावसे उज्जयिनी पति शकराज म्रियमाण और उनके कुटुम्बी सातवाहनगण हीनप्रभा हो गये थे। लगभग ईसाके १२४ वर्षमें नहपानका राज्य समाप्त हो चुका था। उस समय उज्जयिनीमें चष्टनके पुत्र जयदाम राजत्व करते थे। वे सिर्फ 'क्षत्रप' ही समझे जाते थे। इसके कुछ ही समय पश्चात् सातवाहन कुलतिलक गौतमीपुत्र शातकर्णिने (लगभग ईसासे १२६ वर्ष पूर्वमें) क्षहरातवंशका ध्वंस कर पुनः दाक्षिणात्यमें सातवाहन गौरवकी प्रतिष्ठा की थी। शातकर्णिके प्रभावसे पश्चिम भारतीय शक क्षत्रपगण अधिकारच्युत हुए और राजपूतानेसे लेकर प्रायः समस्त दाक्षिणात्य शातकर्णिके एकच्छत्राधीन हो गया।

महाराज चष्टनवंशीय शक सेनानीने दाक्षिणात्यमें शातकर्णिसे पराजित हो कर सम्भवतः मालवाके राजाके निकट आश्रय ग्रहण किया था तथा उन्हींकी सहायतासे जयदामाके पुत्र रुद्रदाम पुनः पश्चिम भारतमें शकाधिकार विस्तार करनेमें समर्थ हुए थे। गिरनारके पास रुद्रदाम के सुवृहत् शिलालेखमें लिखा है,

"स्वेच्छापूर्वक समागत और अनुरक्त प्रजा पुञ्जकी जो विशेष आश्रय स्थान रहे हैं, पूर्व और पश्चिम आकरावन्ती (मालवादेश), अनूप (द्वारका प्रदेश), नीवृत्, आनर्त्त (काठियावाड़), सुराष्ट्र (सोरठ) श्वभ्र, मरुकच्छ (भरोच), सिन्धु, सौवीर (पञ्जाबका दक्षिणांश), कुकुर (राजपूतानाका कुछ अंश), अपरान्त (कोङ्कणदेश), निषाद (आरवलि प्रान्त) आदि जनपदोंका जिन्होंने अपने बलवीर्यके प्रभावसे उपार्जित और आधिपत्य विस्तार किया था, समस्त क्षत्रियों द्वारा असाध्यकल्पी 'वीर' उपाधिधारी यौधेयोंका जिन्होंने समूल उत्पाटन किया था, जिन्होंने दक्षिण पथपति शातकर्णिको पुनः पुनः पराजित करके भी उनके साथ सम्बन्ध होनेसे उत्पाटन न कर महायश लाभ किया था और राज्यच्युत अधिपतियोंको पुनः राज्य प्रदान किया था, जो स्वयंवर सभामें अनेक राजकन्याओं द्वारा वरण किये गये थे, उन्हीं महाक्षत्रप रुद्रदामने स्वधन व्यय कर गो-ब्राह्मणोंके हितार्थ और धर्म कीर्तिवृद्धिके लिए इस सेतु का पुनः निर्माण कराया है"।*

---

* आगर्भात् प्रभृत्यविहतसमुदितराजलक्ष्मीधारणागुणतः सर्व-वर्णैरभिगम्य रक्षणार्थं पतित्वे वृतेन . . . . [illegible] [illegible] स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तसर्वप्रकृतीनां पूर्वा-

उक्त प्रमाणसे स्पष्ट है कि, रुद्रदाम राजपुत्र होने पर भी महाक्षत्रप उपाधि उनके पिताको उपलब्ध नहीं थी। इन्होंने अनेकोंको आश्रय दिया था; सम्भव है, उन्हीं लोगों ने मुग्ध हो कर उन्हें अपना अधीश्वर बनाया था, उन्हीं के साहाय्यसे रुद्रदाम महाक्षत्रप हुए थे और पश्चनदसे कोङ्कण तक उनके अधिकारमें आ गया था। दक्षिणापथ पति शातकर्णिके साथ इनकी कुटुम्बिता थी, इसीलिए इन्होंने उनका राज्य नहीं लिया था। शातकर्णीके साथ उनका कैसा निकट सम्बन्ध था, यह बात शिलालिपिमें स्पष्ट नहीं है। सम्भव है, उन्होंने सातवाहन वंशीय किसी राजकन्याके साथ विवाह किया हो। इधर नासिक में प्राप्त शातकर्णि वंशीयोंके शिलालेखसे ज्ञात होता है कि—"गौतमीपुत्र शातकर्णि आसीक, अश्मक, मुरक, सुराष्ट्र, कुकुर, अपरान्त, अनूप, विदर्भ, आकर, अवन्ती, बन्ध्यावत्, पारियात्र, सह्य, कृष्णगिरि, मच, श्रीस्तन, मलय, महेन्द्र, श्रेष्ठगिरि और चकोर पर्वतके राजा कहलाते थे।" ¶

उक्त जनपदोंके स्थानकी आलोचना करनेसे मालूम होता है, कि उपर्युक्त जनपदोंमेंसे अधिकांश नहपान या उषवदातके ही अधिकारमें थ और गौतमीपुत्र शातकर्णिने शकाधिपको समरमें पराजित करके उनका उद्धार किया था। परन्तु यह विस्तीर्ण राज्य उनके वंशधरोंके अधिकारमें न रह सका। पहले जो रुद्रदामका शिलालेख उद्धृत किया गया है, उसके पढ़नेसे स्पष्ट ही मालूम पड़ता है कि, महाक्षत्रप रुद्रदामने दक्षिणापथ-स्थित जनपदोंके सिवा क्षत्रपाधिकार-भुक्त सुराष्ट्र आदि समस्त जनपदोंको अपने अधिकारमें मिला था और उनकी अधीनतामें सुविशाख नामक एक पह्लव सुराष्ट्रमें क्षत्रप हुए थे। परन्तु रुद्रदामने सह्य, कृष्णगिरि आदि दक्षिणापथ-स्थित जनपदों पर कब्जा नहीं किया था, वे स्थान उनके कुटुम्बी शातकर्णिके ही राज्यमें शामिल थे। शातकर्णिके प्रिय पुत्र वाशिष्ठी-पुत्र शातकर्णि (चतुरपन)-ने महाक्षत्रपकी कन्याका पाणिग्रहण किया था †। डा० भाण्डारकरका मत है कि वाशिष्ठीपुत्र पुळुमायीने १३०से १५४ ई० तक उनके गौतमीपुत्र यज्ञश्री शातकर्णिने १५४से १७२ ई० तक और उनके पुत्र वाशिष्ठीपुत्र शातकर्णि (चतुरपन)-ने १७२ से १९० ई० तक राज्य किया था†। इधर महाक्षत्रप रुद्रदामके शिलालेख और प्राचीन मुद्राओंके देखनेसे यह निश्चय होता है कि उन्होंने लगभग १३०से १७० ई० तक राज्यशासन किया था। ऐसी दशामें रुद्रदामके शिलालेखमें जिन शातकर्णिका उल्लेख है, वे यज्ञश्री शातकर्णि ही प्रतीत होते हैं। ज्यादातर यही सम्भव है कि उन्होंने महाक्षत्रप रुद्रदामसे युद्धमें पराजित हो कर रुद्रदामकी दुहिता मद्रीके साथ अपने पुत्र वाशिष्ठी-पुत्र चतुरपानका विवाह कराया हो। मालूम होता है, इसी सम्बन्धके कारण ही रुद्रदामने दाक्षिणात्य पर हस्तक्षेप नहीं किया था। वाशिष्ठीपुत्र चतुरपनके औरस और शक-राजकन्याके गर्भसे मद्रीपुत्र शकसेनका जन्म हुआ था। चतुरपनके बाद ये महाक्षत्रप-दौहित्र शकसेन ही दाक्षिणापथके अधीश्वर (१९०से १९७ तक) हुए थे।

शकाधिप रुद्रदामके पितामहने जिस शकाब्दका प्रचार किया था, आगे चल कर वही संवत् उनके और वंशीयोंकी चेष्टासे समस्त भारतमें प्रचलित हो गया।

नीचे रुद्रदाम-वंशीय महाक्षत्रप राजाओंकी वंशावली और राज्यकाल उद्धृत करते हैं।

पराकरावन्त्यनूपानीवृदानर्तसुराष्ट्र-श्वभ्रमरुकच्छसौवीर-कुकुरापरान्तनिषादानां समग्राणां तत्प्रभावात् सर्वक्षत्राविष्कृतवीरशब्दजातोत्सेकाविधेयानां यौधेयानां प्रसह्योत्सादकेन दक्षिणापथपतेस्सातकर्णेर्द्विरपि निर्व्याजमवजीत्यावजीत्य सम्बन्धाविदूरतया अनुत्सादनात् प्राप्तयशसा माद...त्वविजयेन भ्रष्टराजप्रतिष्ठापकेन स्वयमधिगत-महाक्षत्रप-नाम्नानरेन्द्रकन्या-स्वयंवरानेकमाल्यप्राप्तदाम्ना महाक्षत्रपेण, रुद्रदाम्ना वर्षसहस्राय गोब्राह्मणार्थं धर्मकीर्तिवृद्ध्यर्थं......सेतु विधाय सर्वतर-सुदर्शनतरं कारितं।"

Indian Antiguary, vii p. 262.

¶ "असिक-असक, मुळसुरठकुकुरापरंत अनुपविदभ आकरावंतिराजस विन्झछवतपारियातसहकणहगिरिमचसिरिटन मलयमहिद-सेटगिरिचकोरपवतपतिस।" (पुळुमयीका नासिकका शिलालेख)

† Bhandarkar's Dekkan, 2nd, ed p. 29.

" " " p. 39


१ चष्टन (७८ ई०)
२ जयदाम (११० – १३०)
३ महाक्षत्रप रुद्रदाम (१३० – १५० ई०)
४ दामजद श्री (१५० – १७५)
६ रुद्रसिंह (१८० – २००)
५ जीवदाम (१७५ – १८०)
८ सङ्घदाम (२२२ ई०)
७ रुद्रसेन (२०० – २२२)
१० दामसेन (२२२ – २३६)
९ पृथ्वीसेन (२२२ – २२५)
११ दामजदश्री (२३६ – २३९)
१४ विजयसेन (२३८ – २५५)
१२ वीरदाम (२३८)
१३ यशोदाम (२३८)
दामजदश्री (२५८)
१६ रुद्रसेन (२५८ – २७८)
१८ विश्वसिंह (२७९ ई०)
१९ भर्तृदाम (२७८ – २९५)
[illegible]
२० विश्वसेन (२९० – ३०४)
२१ जीवदाम (३०२ – ३०५)
२४ रुद्रदाम (३३६ – ३४४?)
२६ सत्यसिंह (३०५ – ३०८)
२२ रुद्रसिंह (३०५ – ३१५)
२५ रुद्रसेन (३४५ – ३७२)
(कन्या)
२७ रुद्रसिंह (३७८ – ३८०)
२३ यशोदाम (३१५ – ३२५)
२८ सिंहसेन (३८२ – ३८४)

इस वंशसूची और उपलब्ध मुद्राओंकी सहायतासे ज्ञात होता है कि पश्चिम भारतमें शकवंशीय २८ राजाओंने इस शकाब्दकी ३१० शकाब्द तक राज्य किया है। १४वें और १५वें क्षत्रपके मध्यवर्ती समयमें (लग भग २५५ ई०में) ईश्वरदत्त नामक एक व्यक्तिने शक शासनको नष्ट करनेकी चेष्टा की थी, परन्तु उसकी चेष्टा सफल नहीं हुई। २७वें क्षत्रप रुद्रसिंहने अपनी मुद्रामें 'क्षत्रप महाराज' लिख कर अपना परिचय दिया है।

आर्यावर्तमें गुप्त और दाक्षिणात्यमें मौर्य और चालुक्यों के अभ्युदयसे शकप्रभाव नष्ट हुआ था तथा कालान्तरमें आ कर राज्यभ्रष्ट हो शकवंशधरगण हिन्दूसमाजमें मिल गये थे और साथ ही पिछला शकजातिका नाम भी विलुप्त हो गया था।

राजस्थान इतिहासके लेखक टड साहबके अनुमानसे हो कर कहा जा सकता है कि शक राजवंशियोंने ही पश्चिमभारतमें आनेके बाद पर राजस्थानके मरुदेशका आश्रय लिया था और सूर्यवंशीय राजपूत कह कर अपना परिचय दिया था।

[illegible] जिस समय मथुरामें कुषणवंशीय वासुदेव और पश्चिम भारतमें महाक्षत्रप रुद्रसिंह शकराज्यका शासन करते थे, उस समय किदार नामक महाकुषणवंशीय एक व्यक्तिने पारोपनिषद् गिरिको पार कर कुषणोंके हाथसे गान्धार जय किया था। थोड़े ही समयके अन्दर इन्होंने तमाम काबुल उपत्यका और पञ्जाबका कुछ अंश जीत लिया। इस किदारवंशने ४५८ ई० तक राज्य किया था। ४५८ ई०में फारसके बादशाह [illegible] किदारवंशियोंको राज्यच्युत? पराजित किया था और इस तरह किदारवंशीय उनके अधीन हुए थे। उसके बाद ४७५ ई०में हूणोंने प्रबल हो कर गान्धारराज्य अधिकार किया।

हूणोंका वास भूमि [illegible] किया था। पहले ये आक्सस नदीके किनारे पर रहते थे। ये भी आदिमशक वंशसे उत्पन्न थे। भारतमें शकाधिकार विलुप्त होने पर इन लोगोंमें भी कोई कोई भारतमें आये थे, इसमें सन्देह नहीं; परन्तु पराक्रान्त कुषण और सासानवंशके अधिकार कालमें इन्होंने हिन्दूकुशको भी [illegible] था। ३८८ ई०में इधर पश्चिमभारतमें शकाधिपत्य विलुप्त हुआ था।

इस समय ४८४ [illegible] हूण लोग निश्चिन्त न थे। अपने सीमान्त प्रदेशको रक्षा करनेके लिए वे फारसके सासानवंशीय राजाओंके साथ पुनः पुनः युद्ध कर रहे थे। फिरोजके समय लगभग ४८४ ई०में सासान सेनाको पराजित कर हूणोंने भारतके सीमान्त प्रदेश पर अधिकार कर लिया। इसी समय वे भारत विजयकी भी चेष्टा कर रहे थे। तदनुसार क्रमशः

गुप्तके शिलालेखसे मालूम होता है कि, उन्होंने कई बार युद्धमें हूणोंको पराजित (४५२से ४८० ई०) किया था।

प्रत्नतत्त्वविद् कनिंघहम और रापसन आदिका मत है, कि हूणोंके दलपतिने किदारकुषनोंसे गान्धारराज्य जीत कर ४६५से ४७० ई०के भीतर शाकलमें राजधानी स्थापित की थी। चीन इतिहासमें ये 'लए लिहु' और प्राचीन मुद्राओंमें 'राजा लखन उदयादित्य' नामसे प्रसिद्ध हैं।

लखनके पुत्र महावीर तोरमानने काश्मीरसे राजपूताना तक हूणाधिकार विस्तृत किया था। (४८०-५१५ ई०)। उनके पुत्र सुप्रसिद्ध मिहिरकुल थे। इस मिहिरकुलके प्रतापसे काश्मीरसे विन्ध्याद्रि तक समग्र आर्यावर्त्त प्रकम्पित था और गुप्तसाम्राज्य अधःपतित हुआ था। अन्तमें यशोधर्म्मा, मालवाके राजा विष्णुवर्द्धन और मगधाधिपति नरसिंह गुप्त बालादित्यकी अधिनायकतामें समस्त हिन्दू राजाओंने एकत्र हो कर ५४४ ई०में मिहिरकुलको निर्वासित किया था और साथ ही हूणजातिका प्रबल प्रताप अस्तमित हुआ था। थोड़े ही समय बाद गान्धारके किदारकुषनवंशीय शाहिराजने हूणोंको सम्पूर्णतः पराजित कर अपने नष्टराज्यका पुनः उद्धार किया था। इस समयसे लगा कर ईस्वी १०वीं शताब्दी तक गान्धारराज्य कुषनवंशके ही अधिकारमें रहा। सुप्रसिद्ध मुसलमान ऐतिहासिक और ज्योतिर्विद् अलबेरुनीने गान्धारके किदारवंशीय राजाओंको कानिक (कनिष्क) राजाके वंशधर लिखा है। और फिर उन्होंने राजतरङ्गिणीकार कह्लनकी तरह इस किदारवंशको तुरुष्क वंशोद्भव और काबुलके हिन्दू-राजा बतलाया है। इधर ९५६ ई०में प्रसिद्ध मुसलमान भौगोलिक मसूदी कान्धारको (गान्धारको) राजपूतोंके राज्यान्तर्गत लिखा रहे हैं।

हम पहले ही लिख चुके हैं कि कनिष्क, वासुदेव आदि कोई कोई शकाधिप 'देवपुत्र' उपाधिका व्यवहार करते थे। वही 'देवपुत्र' कालान्तरमें आ कर 'राजपुत्र' हो गया है और उसीसे राजपूत शब्दकी उत्पत्ति है। पहले कई जगह कहा गया है कि शक राजाओंकी खरोष्ट्री-लिपिमें 'ा' कार छोड़ दिया गया है। बहुत जगह संस्कृत 'राजपुत्र'के स्थानमें खरोष्ट्री लिपिमें 'रजपूत' शब्दका प्रयोग हुआ है। अब भी राजपूतानाके रहनेवाले क्षत्रियगण अपनेको 'रजपूत' कहा करते हैं।

राजपूतानाके प्रसिद्ध ऐतिहासिक टाड साहबने भी लिखा है कि राजपूतानामें आनेसे पहले राजपूत लोग जाबुलिस्तान और गान्धारमें राज किया था*। ये शकवंश सम्भूत होने पर भी सभी हिन्दू क्षत्रिय कहलाते थे। टाड साहबने ईसाकी ५वीं शताब्दीका एक शिलालेख प्रकट कर दिया है कि, शक-राजपूतोंने यादवोंकी कन्याका पाणिग्रहण किया था और वे क्षत्रिय कहाते थे। अनेक जैनग्रन्थोंमें भी हूणोंको क्षत्रिय माना गया है। छत्तीस क्षत्रियकुलोंमें हूणजातिने भी स्थान पाया है।

गांधारके शेष किदार-राजके मंत्री कल्लर (कल्हर) नामक एक ब्राह्मण थे। अलबेरुनीने उनका लगतुरमान (अलकितोरमान) नामसे वर्णन किया है। इस ब्राह्मण मंत्रीने अर्थबलसे किदारराजके हाथसे गांधार राज्य छीन लिया था। ये "शाही" कहलाते थे। गांधारमें सैकड़ों वर्ष राज्य करनेके बाद, १०२६ ई०में इस राजवंशका राज्यावसान हुआ और मुसलमानोंका अधिकार बढ़ने लगा। इस राजवंशके साथ काश्मीरके क्षत्रिय राजाओंका अनेक प्रकारका संबंध था। राजतरङ्गिणीसे मालूम होता है कि, काश्मीरकी राजमहिषियोंमेंसे बहुतसी गांधार-राजवंशकी कन्याएं थीं। गांधार राजवंश जंजुह (जञ्ह) राजपूत भी समझे जाते थे। टाड साहबने लिखा है कि, गांधारकी शकवंशीय राजपूत शाखाने राजपूतानेमें आधिपत्य विस्तार किया था।

शक-संस्रव।—शकाधिकारका जो कुछ संक्षिप्त इतिहास कहा गया है, उससे सभी समझ सकते हैं कि शाकद्वीप और वहांके शकोंके साथ भारतवर्षका विशेष संबंध स्थापित हुआ था। पहले वे सभी सूर्योपासक थे। मगाचार्य जरथुस्त्र द्वारा अग्नि पूजाका प्रचार हुआ था और

---

* गान्धारसे आविष्कृत शक-मुद्राओंमें 'जबुल' उपाधि देखी जाती है। इसीसे शकोंकी वासभूमि जाबुलिस्तान नामसे प्रसिद्ध हुई।

पारस्याधिपतियों द्वारा उनके मतानुसार सौर शकगण अग्नि पूजक हुए थे। भारतमें जो शक मुद्रा उपलब्ध हुई हैं, उनमें सूर्योपासना और अग्निवेदी दोनोंके ही चिह्न हैं। भारतमें भी वे प्रथमतः सौर और अग्नि पूजक समझे गये थे। अब भी जो राजपूत अपनेको सूर्यवंशीय और अग्निकुलोद्भव बतलाते हैं उनका ऐसा कहना सम्भवतः उन्हीं पूर्वतन शकोंको धर्मपरिचायक क्षीण स्मृति मात्र है।

भारतमें जब पहले पहल शकाधिपत्य विस्तृत हुआ था, उस समय यहां बौद्ध और जैन ये दोनों ही धर्म प्रबल थे। परन्तु फिर भी ब्राह्मणोंमें शिवोपासना विलुप्त न हुई थी। शकाधिपतिगण पहले 'शैव' हुए थे। पीछे कनिष्कके समयसे इस वंशमें बौद्ध और जैनधर्मानुराग प्रबल हुआ। अन्तमें ब्राह्मणोंके प्रभावसे अधिकांश शकोंने हिन्दूधर्म ग्रहण कर ब्राह्मणोंका प्राधान्य स्वीकार किया था। भारतीय क्षत्रियोंके प्रभावसे बौद्ध और जैनधर्मका अभ्युदय हुआ था। सम्भवतः उस क्षत्रिय प्रभावको विलुप्त करनेके लिए ही नीतिकुशल ब्राह्मणोंने शक राजाओंका आश्रय लिया था। इस समय शक राजाओंने भी अपनेको गोब्राह्मण भक्त कह कर अपना आत्मगौरव प्रगट किया था। बौद्धधर्म जब तक विशेष प्रबल था, तब तक ब्राह्मणभक्त शक राजगण भी सामान्यतः बौद्ध भिक्षुओंको आश्रय देते थे। अन्तमें बौद्धानुरक्ति शकोंके हृदयसे बिलकुल ही लुप्त हो गई थी। वे नितान्त गोब्राह्मणभक्त हो गये थे। ब्राह्मणोंने भी उन्हें विशुद्ध क्षत्रिय मान लिया था। इन राजाओंके प्रभावसे ब्राह्मण्यधर्मका पुनरभ्युदय हुआ और पूर्वतन क्षत्रियप्राधान्य नष्ट होनेके साथ साथ बौद्ध और जैन धर्म भी हीन होने लगा।

शक राजा जब क्षत्रिय समझे जाने लगे, तब उनके भारतीयत्व और विशुद्ध क्षत्रियत्व प्रतिपादनार्थ ब्राह्मण और भट्टकवि समुदाय वशिष्ठ द्वारा अग्निकुलोत्पत्तिकी कथाका प्रचार करने लगे और यही पीछे जा कर राजपूत समाजमें प्रकृत विवरण समझा जाने लगा। अब कोई भी राजपूत अपनेको शकवंशीय नहीं समझते। कुछ भी हो, टाड साहबने नाना प्रमाणों द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि, अब भी राजपूतोंके आचार व्यवहार, रीति नीति और उत्सवादिमें पूर्वतन शक प्रभाव विद्यमान है।

शक और आन्ध्रों (सातवाहनों) के राजत्वकालमें काञ्चीपुरमें पल्लवोंका आधिपत्य था। (पल्लव देखो।) इस समय शकगण सौर और ब्राह्मण धर्मावलम्बी होने पर भी बौद्धधर्मका अनादर नहीं करते थे, उनके कुटुम्ब आत्मगण बौद्ध थे और उनके बनाये नासिक आदि स्थानोंमें बहुतर बौद्धकीर्तियां स्थापित हुई थीं। आन्ध्रोंका प्रताप नष्ट होने पर, शक, पह्लव और काम्बोजोंके प्रभावसे पुनः ब्राह्मण प्राधान्यका सूत्रपात हुआ। शकोंके शासनकालमें ईश्वरदत्त नामक त्रैकूटकवंशीय एक महाब्राह्मण कोंकणमें प्रबल हो उठे। उनके प्रभावसे शकाधिकार विचलित हो गया था। यह त्रैकूटकवंश ही बादमें कलचुरी या चेदि नामसे प्रसिद्ध हुआ है। किसी किसीका अनुमान है कि, इन्हीं महाब्राह्मण ईश्वरदत्तके राज्यारम्भसे ही त्रैकूटक या चेदि संवत् आरम्भ हुआ है। शकाधिपति चौरदामके पुत्र रुद्रसेनने पुनः शकोंके नष्ट गौरवका उद्धार किया था।

गुप्त प्रभाव। ईसाकी ४थी शताब्दीमें चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य शकके प्रभावका दमन कर आर्यावर्तके सम्राट् हुए थे। उनके पुत्र समुद्रगुप्तके समयमें, पश्चिम दक्षिण भारतमें शकाधिपत्य विलुप्त हुआ। समुद्रगुप्तने अश्वमेध यज्ञ करा कर भारतमें वैदिक धर्म स्थापित किया। गुप्त राजाओंमें अधिकांश वैष्णव और कोई कोई शैव थे। उनके राज्यमें ब्राह्मणोंको पूर्वसम्मान प्राप्त हुआ था। ईसाकी ५वीं शताब्दीके शेषमें चीन परिव्राजक फाहियान भारतमें आये थे और वे यहां बौद्ध एवं हिन्दूधर्मोंका प्रभाव समान देख गये थे। ४५५ ईमें पश्चिमभारतमें पुष्यमित्र नामक किसी एक राजवंशका अभ्युदय हुआ था। गुप्ताधिकारके शेषभागमें, ४७६ ईमें, कुसुमपुरमें सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद् आर्यभट्टने जन्मग्रहण किया। ४८५ ईमें सेनापति भटार्कके अभ्युदयसे सौराष्ट्रमें वलभीराजवंश प्रतिष्ठित हुआ। उसी समयमें गुप्तसम्राट् स्कन्दगुप्तकी मृत्यु होने पर, श्वेत हूण शाकलपति हूणराज तोरमाण मध्यभारत पर्यन्त अधिकार कर बैठे। परन्तु कुछ ही समय बाद वे गुप्तराज नरसिंह और वलभीपति भटार्ककी सम्मिलित सेनासे पराजित हो गये। तोरमाणके पराजय होने पर भी उनके पुत्र मिहिर

कुलने पुनः अपने पूर्वगौरवकी रक्षा की। उन्होंने गुप्त प्रभावका ध्वंस कर पश्चिम और मध्यभारत अधिकार कर लिया। ५३० ई०में कोरूरके रणक्षेत्रमें आर्यावर्त्तके राजाओंकी सम्मिलित शक्तिसे मिहिरकुल पराजित हुए। ५३३ ई०में मालवपति यशोधर्म्म अपने भुजवीर्य्य बलसे नाना स्थानोंको जीतकर भारतके सम्राट् हुए थे। उनकी सभामें सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद् वराहमिहिर रहते थे। उस समय सौराष्ट्रमें वलभी और वातापिपुर वा बादामीमें चालुक्यगण प्रबल हो गये थे। इधर उत्तर भारतमें मौखरिवंशने गुप्तोंके हाथसे पश्चिम मगध ले कर कान्यकुब्जमें अपनी राजधानी स्थापित की थी। वलभी, चालुक्य और मौखरि राजवंश देखो।

स्थाण्वीश्वरका वर्द्धनवंश। इस समय थानेश्वरमें वर्द्धनवंशने अपना मस्तक ऊँचा कर रखा था। वर्द्धनवंशीय चतुर्थ राजा प्रभाकरवर्द्धनने उत्तरमें हूण और दक्षिणमें गुर्जरोंको पराजित कर महाराजाधिराजकी उपाधि ग्रहण की थी। कान्यकुब्जके राजा ग्रहवर्म्मा उनके जामाता थे। प्रभाकरके ज्येष्ठ पुत्र राज्यवर्द्धन हूणोंके साथ युद्धार्थ उत्तरकी ओर भेजे गये थे। इसी समय प्रभाकरकी मृत्यु हो गई। राज्यवर्द्धनने सम्पूर्ण रूपसे हूणोंको परास्त किया और राजधानीमें लौट कर वे पितृसिंहासन पर आरूढ़ हुए और उस समय सुयोग देख कर मालवपतिने कान्यकुब्ज पर चढ़ाई कर दी और ग्रहवर्म्माको मार कर राज्य ले लिया। परंतु कुछ ही समय बाद राज्यवर्द्धनने उन्हें पराजित कर कान्यकुब्जका पुनरुद्धार किया था। इस युद्धयात्राके समय वे कर्ण-सुवर्णराज शशाङ्कका दमन करने आये थे। शशाङ्क अत्यन्त बौद्ध-विद्वेषी थे। बोधिद्रुम छेदन करनेके कारण ही राज्यवर्द्धनको उन्हें दमन करना पड़ा था। कपटाचारी शशाङ्क राजाने उनकी वश्यता स्वीकार कर ली और आमन्त्रणपूर्वक उन्हें अपने शिविरमें बुला कर विश्वासघातकताके साथ उनकी हत्या कर डाली। राज्यवर्द्धनके प्रियतम सहोदर हर्षवर्द्धनने भ्रातृ-हत्याका प्रतिशोध लेनेके लिए ससैन्य गौड़ आ कर शशाङ्कका राज्य ध्वंस कर दिया। कुछ ही समयमें हर्षवर्द्धन आर्यावर्त्तके सम्राट् हो गये थे। कान्यकुब्जमें उनकी राजधानी थी।

आर्यावर्त्त-जयमें समधिक मत्त हो कर उन्होंने दाक्षिणात्य विजयके लिए आयोजन किया था। वलभीपतिके उनके समक्ष पराजय स्वीकार करने पर भी, चालुक्यराज सत्याश्रय पुलिकेशि उनकी गति रोध करनेमें समर्थ हुए थे। हर्षवर्द्धनने पुलिकेशिसे पराजित हो कर दाक्षिणात्यकी जयाकांक्षा छोड़ दी। उन्हींके राज्यकालमें सुप्रसिद्ध चीन परिव्राजक यूएनचुयंग भारतमें आये थे। पुलिकेशिने भी उस समय 'महाराजाधिराज परम भट्टारक' उपाधि ग्रहण की थी। उनकी अपूर्व कीर्ति शिल्प नैपुण्यकी पराकाष्ठा इलोराके गुहामन्दिरमें खोदित और चित्रित है। प्रसिद्ध कवि बाणभट्ट, मयूर, दण्डी, दिवाकर और मानतुङ्गने जिस प्रकार हर्षदेवकी सभाको उज्ज्वल किया था, उसी प्रकार पुलिकेशिकी सभामें भी रविकीर्त्ति नामक एक प्रसिद्ध जैनकवि रहते थे, जो अपनेको कालिदास और भारविके समकक्ष समझते थे। ६२८ ई०में चापवंशीय राजा व्याघ्रमुखकी सभामें सुविख्यात ज्योतिर्विद् ब्रह्मगुप्त रहते थे। इसके २ वर्ष बाद सुविस्तृत चालुक्य-राज्य दो भागोंमें विभक्त हो गया। पूर्व भागमें विष्णुवर्द्धनने स्वाधीन नृपति हो कर वेङ्गीमें राजधानी स्थापित की। चालुक्य देखो। इसी समय सिन्धु प्रदेशके चच नामक एक ब्राह्मणने अपने प्रभुके हाथसे बलपूर्वक राज्याधिकार छीन लिया था। लगभग ६४८ ई०में हर्षदेवकी मृत्यु हुई। उसके बाद अर्जुन नामक उनके एक सेनापतिने कान्यकुब्ज अधिकार किया। परंतु चीनसे आई हुई बहुसंख्यक बौद्धसेनासे वे पराजित हो गये। इसके थोड़े समय बाद यशोवर्म्मदेवने कान्यकुब्ज पर कब्जा कर लिया। सुप्रसिद्ध महाकवि भवभूति उनकी सभाको उज्ज्वल किया करते थे।

इसी समयमें मगधमें अपना अपना प्राधान्य स्थापित करनेके लिए गुप्त और मौखरिवंशमें परस्पर महायुद्ध हुआ, जिसमें दोनों ही पक्ष हीनबल हो गये। इसी समय काश्मीरके राजा ललितादित्य मुक्तापीड़ दिग्विजयके लिए निकले थे और समस्त आर्यावर्त्तको उन्होंने विदलित किया था। कान्यकुब्ज, गौड़, गङ्ग आदि अनेक देशोंको उनकी अधीनता स्वीकार करनेके लिए

बाध्य होना पड़ा था। इसके कुछ दिन बाद मगधमें गोपालका और गौड़में जयन्तका अभ्युदय हुआ था।

हिन्दूधर्माभ्युदय। गौड़ाधिपति जयन्त अपने जामाता काश्मीरपति जयादित्यकी सहायतासे लगभग ७५० ई०में 'आदिशूर' उपाधि धारण कर पञ्चगौड़के अधीश्वर हुए थे, और कान्यकुब्जाधिपति यशोवर्माकी सभासे उन्होंने पांच ब्राह्मण और पांच कायस्थोंको बुला कर गौड़ मण्डलमें हिन्दू धर्मका विस्तार किया था। लगभग ७८० ई०में धर्मपालने आदिशूरके पुत्र भूशूरके हाथसे पौण्ड्रवर्द्धन राज्यका अधिकार ले लिया। महाराज भूशूर राढ़देशमें आ कर राज्य करने लगे। उस समयसे गौड़ आदि स्थानोंमें पालवंश तथा दक्षिणांश राढ़देशमें शूरवंशने बहुत दिनों तक राज्य किया था। पालवंशकी कीर्ति बङ्गालके नाना स्थानोंमें अब भी दिखनेमें आया करती है। वे बौद्ध होने पर भी हिन्दूधर्मका अनादर नहीं करते थे। उनकी शासननीतिके प्रभावकालमें बङ्गालमें बौद्ध और हिन्दूधर्म मिश्रित तान्त्रिक मत प्रचलित हुआ था। उस तान्त्रिकधर्मका प्रभाव अब बङ्गालसे विलुप्त नहीं हुआ है। पाल राजाओंके समयमें उनके द्वारा परिचालित नालन्दा-विहार ज्ञानचर्चाके लिए जगविख्यात हो गया था। चीन, तातार, जापान, श्याम आदि नाना दूरदेशोंसे सैकड़ों छात्र यहां विद्याध्ययनके लिए आते थे, दस हजार विद्यार्थी यहां बिना व्ययके विद्याभ्यास करते थे। ईसवी ७वीं शताब्दीमें चीन परिव्राजक भी नालन्दाके विश्वविद्यालयको समृद्ध देख गये थे। पीछे मुसलमानोंके प्रभावसे भारतका ज्ञान निकेतन नालन्दा विहार विध्वस्त हो गया। बिहारके निकट बड़गांव नामक स्थानमें उस विश्वविद्यालयके सामान्य स्मृति चिह्न अब भी मौजूद हैं।

शूरवंशका प्रभाव नष्ट कर सेनवंश पहले पहल राढ़देशमें ही प्रबल हुए। पीछे धीरे धीरे पालवंशको पराजित कर उन्होंने मिथिला, गौड़ और समस्त बङ्गाल पर अधिकार कर लिया। सेनवंशीय राजाओंमें महाराज बल्लालसेन देवका नाम बङ्गालमें प्रसिद्ध है। वे महातान्त्रिक थे। ब्राह्मण और कायस्थोंमें कुलीनप्रथाका प्रचलन कर वे चिरस्मरणीय हुए हैं। इनके पुत्र लक्ष्मणसेनके समयमें ही बङ्गाल मुसलमानोंके हाथमें जाने लगा था। सेनवंशीय परवर्ती राजाओंने पूर्वबङ्गाल और बङ्गद्वीपमें बहुत काल तक राज्य किया था, फिर भी उनका पूर्व प्रताप नष्ट हो चुका था।

'शूर' 'पाल' 'सेनराजवंश' और बङ्गदेश देखो।

मगध और गौड़में पालवंशके प्रभावके समय कान्यकुब्जमें यशोवर्म्मवंशीय चक्रायुध इन्द्रायुध आदि राजा राज्य करते रहे, इसके बाद भोज और राष्ट्रकूटोंका आधिपत्य विस्तृत हुआ। (भोज, राठौर और राष्ट्रकूट राजवंश देखो।) ईसवीके ८।९वीं शताब्दीमें, कालञ्जरमें चन्द्रात्रेय या चन्देल और नर्मदाके किनारे त्रिपुरी या तेवार नामक स्थानमें हैहय या चेदिवंश प्रतिष्ठित हुआ। प्रसिद्ध महमूद और पृथ्वीराजने चन्देलराज परमर्दिदेवको पराजित कर कालञ्जरादि दुर्ग अधिकारमें किया, तो भी हैहयवंशीय चेदिराजाओंने किसीकी भी वश्यता स्वीकार नहीं की। मुसलमानोंके अधिकारमें भी यह वंश अपनी स्वाधीनताकी रक्षामें समर्थ था। १७४१ ई०में महाराष्ट्र सेनापति रघूजी भोंसलेने हैहय राजधानी रतनपुरको अपने राज्यमें मिला लिया। अब भी रतनपुरका हैहयवंश मध्यप्रदेशमें विद्यमान है।

सिन्धुदेशमें हिन्दूराज्य। पहले लिख चुके हैं कि, ईसवी ८वीं शताब्दीमें सिन्धुदेशमें अरबाधिकार विस्तृत हुआ, परन्तु आक्रमणकारी उसे अधिक दिन तक भोग न सके। ७१२ ई०में महम्मद इब्न कासिमने सिन्धु पर चढ़ कर ब्राह्मणराज दाहिरको पराजित और निहत किया। उस समय खलीफाके अत्याचारसे सिन्धुप्रदेश विशेष उत्पीड़ित हो गया था। ७५० ई०में मुसलमानोंको भगा कर सोढा राजपूतोंने सिन्धुदेशमें अपना आधिपत्य जमाया। गुजरातके चालुक्योंने अनेक बार उनके राज्य पर आक्रमण किया था। ईसवीके ११वीं शताब्दीके अन्तमें सलारवृद्दीन सूमराने सिन्धुदेशका उत्तरांश जय किया और ३० वर्ष तक वे उसका उपभोग करते रहे। १३१५ ई०में उनकी मृत्यु होने पर 'जाम' उपाधिधारी समान राजपूतोंने उत्तर सिन्धु पर अधिकार किया। १३८० ई०में अन्तिम हिन्दू राजा फिरोजकी [illegible] मृत्यु हुई, उनके वंशधरोंने इस्लामधर्म ग्रहण

किया और उसके साथ ही साथ सिन्धुप्रदेशमें मुसलमान का प्रभाव फैल गया। सिन्धुप्रदेश देखो।

दिल्लीका हिन्दूराज्य।—किसी समय इन्द्रप्रस्थमें चन्द्रवंशीय क्षत्रिय नृपतिगण प्रबल प्रतापसे राज्य कर गये हैं। क्षेमकसे इस वंशका अवसान हुआ है। उसके बाद प्राचीन इन्द्रप्रस्थकी समृद्धि शकोंके हाथसे विध्वस्त हुई थी। बहुत कालके उपरान्त, लगभग ६३६ ई०में अनङ्गपालके प्रयत्नसे यहां तोमरवंशीयोंने राज्य विस्तार किया। इस वंशके १९ राजाओंके राजत्व करनेके बाद ११५१ ई०में अजमेरके राजा चाहमानवंशीय विशालदेवने दिल्ली पर अधिकार किया। इसी सूत्रसे तोमरवंशीय शेष राजा अनङ्गपालने अपनी कन्याका विवाह विशालदेवके पुत्र सोमेश्वरके साथ किया था और प्रतिज्ञा की थी कि सोमेश्वरका पुत्र दिल्ली सिंहासन पर बैठेगा। तदनुसार सोमेश्वरके पुत्र पृथ्वीराज दिल्ली और अजमेरके राजा हुए। यह चाहमानवंशीय वीर नृपति किसी समय समग्र आर्यावर्त्त पर अधिकार-विस्तारमें समर्थ होने पर भी, देशवैरी राठोरकुल-कलङ्क जयचन्द्रके षड्यन्त्रसे ११९१ ई०में मुसलमानोंके हाथ पराजित और निहत हुए, और उसके साथ ही आर्यावर्त्तसे हिन्दूसाम्राज्यका भी अन्त हो गया।

परमार, चाहमान, पृथ्वीराज और राजस्थान देखो।

दाक्षिणात्यमें हिन्दूप्रभाव।—ईसाकी १२वीं शताब्दीमें आर्यावर्त्तके मुसलमानोंके हस्तगत होने पर भी दाक्षिणात्यके हिन्दू राजागण तब भी स्वाधीन थे। अति प्राचीन समयसे ही अरब, मिश्र, ग्रीस और सिरियाके साथ दाक्षिणात्यके वाणिज्यका सम्बन्ध था। दाक्षिणात्य देखो। पहले लिख चुके हैं कि, ईसाकी १म शताब्दीसे ४र्थ शताब्दी तक पश्चिम भारतमें शकाधिपत्य विस्तृत था, और उस समय सातवाहन, पल्लव, पाण्ड्य, कादम्ब आदि राजगण नाना स्थानोंमें राज्य करते थे।

बौद्ध सातवाहनोंका प्रभाव विलुप्त होने पर हिन्दू कादम्बोंका प्रभाव फैला। उस समय महामति शङ्कराचार्य केरलमें आविर्भूत हुए। उन्होंने बौद्धदर्शन और वेदान्तके सारधर्मको ले कर मायावाद (अद्वैतवाद)का प्रचार किया, जिससे दाक्षिणात्यमें बौद्ध, जैन और विभिन्न तान्त्रिक प्रभाव निवारित हुआ। शङ्कराचार्य देखो।

सातवाहन, पल्लव, पाण्ड्य, आदि राजाओंका प्रभाव मन्द होने पर चालुक्य, राष्ट्रकूट, गङ्ग और चोल आदि क्षत्रिय राजाओंका प्रभाव विस्तृत हुआ। चालुक्योंके विषयमें पहले ही लिखा जा चुका है। मिताक्षराके रचयिता विज्ञानेश्वर चालुक्य-राजसभाके प्रधान पण्डित थे। मान्यखेटमें राष्ट्रकूटोंने, नेरमें (वर्तमान नेलम नामक स्थानमें), गङ्गोंने और काञ्चीमें चोल राजाओंने राजधानी स्थापित की थी। १२वीं सदी तक ये स्वाधीन राजा रहे और परस्परमें युद्ध विग्रह भी किया करते थे। चालुक्य, राष्ट्रकूट, गङ्गा, मौर्य, चोल, काञ्चीपुर शब्द देखो।

ईसाकी ११वीं शताब्दीमें सूर्यवंशीय राजेन्द्र चोलने सम्पूर्ण दाक्षिणात्यको अपने अधिकारमें करके राढ़, बङ्गाल, बिहार आदि नाना प्रदेशोंके राजाओंसे कर लिया था। गौड़ देखो।

११५७ ई०में चेदि-कुलोद्भव विज्जलदेवने चालुक्यराज ३य तैलपको परास्त कर चालुक्य राजधानी-कल्याण पर कब्जा किया था। उनके प्रधान मंत्री बासव लिङ्गायत सम्प्रदायके प्रतिष्ठाता थे। लिङ्गायत देखो। विज्जलदेवके वंशधरोंने केवल २० वर्ष राज्य किया। उसके बाद कर्णाटके होयशाल बल्लालवंशीय २य बल्लालने उनका राज्य अधिकार कर लिया। कुछ ही समय बाद चालुक्यवंशीय ४र्थ सोमेश्वरने अपने महासामन्त काकतीय राजाओंकी सहायतासे पितृ-राज्य उद्धार करनेकी चेष्टा की थी, परंतु महावीर २य बल्लालने उनकी सम्पूर्ण चेष्टाओंको व्यर्थ कर दिया था।

दाक्षिणात्यमें यादवराज्य।—बल्लालगण यादववंशीय थे, और सभी श्रीकृष्णके वंशधर कहलाते थे। इनका आदि निवास मथुरा था। इस वंशके दृढ़प्रहार नामक एक व्यक्तिने दाक्षिणात्यमें एक छोटासा राज्य स्थापित किया था। राष्ट्रकूट और चालुक्य राजाओंके अधीन महासामंत रूपमें उनके १८ सन्त वहीं बीते। उसके बाद ११वें राजा भिल्लमने ११८७ ई०में कल्याण अधिकार कर राज्यका विस्तार किया और देवगिरिमें राजधानी कायम की। होयसल बल्लालोंके साथ इनका तीन पुश्त तक विवाद चला, फिर यादवगण ही दाक्षिणात्यके सर्व प्रधान अधीश्वर हुए। सङ्गीतरत्नाकरके प्रणेता प्रसिद्ध

कायस्थ पण्डित सोढल और उनके बाद अनुभाविता मणिप्रधान मंत्री थे। प्रसिद्ध वैयाकरण बोपदेव भी इस यादवराजसभाके मुख्य पण्डित थे। यादवराजाओंके अधीन जितने भी महासामन्त थे, उनमें निकुम्भगण ही प्रधान थे। इसी निकुम्भ राजसभामें अग्रगण्य ज्योतिर्विद् भास्कराचार्य अवस्थान करते थे।

होयसल बल्लालगण भी यादववंशीय थे। पहले ये प्रायः चालुक्य राजाओंके अधीन महासामन्त समझे जाते थे। इस वंशके १म बल्लालने भी अपनेको स्वाधीन नृपति घोषित किया था। उनके वंशधर विष्णुवर्द्धनने १११४से ११३७ ई० तक राज्य किया था और उनका अधिकार बहुत विस्तारको प्राप्त हुआ था। सुप्रसिद्ध वैष्णव दार्शनिक रामानुज इसी समयमें आविर्भूत हुए और यादववंशीय विष्णुवर्द्धनने उनसे वैष्णव धर्म ग्रहण किया। चालुक्योंका सम्पूर्णतः अधःपतन होने पर, होयसल बल्लालोंने महिसूर तथा और भी बहुतसे प्रदेशों पर अपना अधिकार कर लिया। इस वंशके २य बल्लालने "सम्राट्" उपाधि ग्रहण की थी। उनके बाद इस वंशके ५ राजा और हुए। उसके बाद अलाउद्दीनके सेनापति मालिक काफूरने आ कर बल्लाल राज्यका ध्वंस कर डाला। यादववंश देखो।

किसी समय काकतीय राजगण चालुक्योंके अधीन थे और एक बार काकतीय-राज बेतमने चालुक्योंके प्रनष्ट गौरवके उद्धारके लिए भी चेष्टा की थी। परन्तु दैववश चालुक्योंका अधःपतन होने पर वे स्वाधीन हो गये। वर्तमान निजाम राज्यके अन्तर्गत ओरङ्गलमें स्वाधीन काकतीय राजाओंकी राजधानी थी। सुप्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ इस काकतीय राजसभामें विराजमान थे। अलाउद्दीनने काकतीय प्रतापरुद्रको नष्ट भ्रष्ट करनेकी बहुत कोशिशें कीं परन्तु वे कृतकार्य न हो सके। बाह्मणीवंशके साथ काकतीय राजाओंका शताब्दव्यापी घोर समर होता रहा था। अहमदशाह बाह्मणीके साथ होनेवाले युद्धमें काकतीय प्रतापरुद्रने अपना जीवन विसर्जन किया था, तथापि इस हिन्दू वीरवंशने १५० वर्ष तक ओरङ्गलमें अपनी स्वाधीनताकी रक्षा की थी। १४२४ ई०में ओरङ्गलराज्य बाह्मणीराजके अधीन हुआ। काकतीय देखो।

काकतीयवंशके अभ्युदयके साथ कलिङ्गमें गङ्गवंश भी प्रबल हो उठा था। चालुक्यराजके दौहित्र महावीर चोड़गङ्ग ९९९ शकमें कलिङ्गके सिंहासन पर अभिषिक्त हुए थे। इन्होंने उत्कल जय करके [illegible] रत्नवेदीके लिए जगन्नाथका पवित्र महामन्दिर और भुवनेश्वरके केदारगौरी आदि मन्दिरोंकी प्रतिष्ठा कराई थी। इस गङ्गवंशके राजाओंने लगभग ३०० वर्षसे अधिक समय तक उत्कलका शासन किया था।

गङ्गवंश देखो।

गङ्गराजगण चन्द्रवंशीय थे। इनके अवसानके बाद सूर्यवंशीय राजाओंने उत्कलका शासन किया। इस वंशके कपिलेन्द्रदेवका नाम अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने अपने बाहुबलसे दाक्षिणात्यके मुसलमान राजाओंको अनेक बार पराजित किया था। और तो क्या, दिल्लीश्वर तक उनके प्रतापसे विचलित हो गये थे।

कपिलेन्द्रदेव, उत्कल और पुरुषोत्तमपुर शब्द देखो।

इस वंशके प्रतापरुद्रके बाद उड़ीसामें विद्रोह उपस्थित हुआ। तैलिङ्गा मुकुन्ददेवने कौशलसे राज्याधिकार किया। इस समय हिन्दुओंके अन्तर्विवादसे उत्कलराज्य हीनबल हो गया था। सुयोग समझ कालापहाड़ने उड़ीसा आक्रमण कर १५६८ ई०में उसे बङ्गालके मुसलमान शासनमें सम्मिलित कर लिया।

भारतमें वैदेशिक विप्लव और मुसलमानोंका आगमन।

भारतमें आर्य उपनिवेशके बाद, विभिन्न देशवासियों का समागम हुआ। पाश्चात्य ग्रन्थोंके प्राचीन इतिहासोंकी आलोचना करनेसे विदित होता है कि, बहुत पूर्वकालमें इजिप्त देशीय ओसिरिस, सिसाव, रामसेस और असिरीय साम्राज्ञी सेमिरामिसने भारत सीमान्त पर चढ़ाई की थी। परंतु इस घटनाका कोई बहुत उपाख्यान लिपिबद्ध न होनेसे, इनके ऐतिहासिकत्वके विषयमें सन्देह रह जाता है। फिर भी पारस्यराज दरायुसके भारताक्रमणकी बात किसीसे छिपी नहीं है। उनके राजस्वका लगभग एक तृतीयांश भारतीय स्वर्णमुद्रासे संगृहीत होता था। विजेता पारस्यराजसिकन्दरके आगमनके समय पुनः पञ्जाब प्रदेशमें क्षत्रियोंका

प्राधान्य स्थापित हुआ। यही कारण है कि, ईसासे पूर्व की ४थी शताब्दीके शेषभागमें माकिदन-पति अलेकसन्दरके आक्रमणसे पश्चिम-भारतमें यवनराजवंशका समावेश पाया जाता है। अलेकसन्दरके साथ क्षत्रियराज पुरु और मौर्यराज अशोकने कैसी प्रतिद्वन्द्विता की थी, यह बात अन्यत्र लिखी गई है।

अलेकसन्दर, पुरु, प्रियदर्शी और यवन देखो।

यवन-राजवंशके अवसानके साथ साथ क्रमशः भारतमें शक और हूणजातिका प्रभाव विस्तृत हुआ। परन्तु इनमेंसे कोई भी भारतके एकच्छत्राधिपत्यको प्राप्त नहीं हो सके। इसके बाद भारतमें इसलामधर्मावलम्बी म्लेच्छोंका प्रादुर्भाव हुआ।

ईसाकी ६ठी शताब्दीके शेषभागमें और ७वीं शताब्दीके प्रारम्भमें भारतवर्षमें एक प्रबल सामयिक विप्लव संघटित हुआ। उस समय ब्राह्मण्य धर्मके पुनरभ्युत्थानके कारण बौद्ध प्राधान्य विलुप्त हो रहा था। जिस समय पवित्र चीन-परिव्राजक युएनचुयांग बौद्धधर्म-ग्रन्थोंके संग्रहार्थ कृतनिश्चय हो कर हिमालयके अत्युच्च प्रदेशको पार कर भारतमें विचरण कर रहे थे, ठीक उसी समय सुदूर पश्चिम-अरबमें इसलामधर्मके प्रवर्त्तक महम्मदकी मृत्यु हुई थी। महम्मदीय धर्मोन्मादसे मत्त मुसलमानोंने एक एक कर उत्तर अफरीका, रोमसाम्राज्य और पूर्वमें भारत पर्यन्त समस्त भूभाग हस्तगत कर लिया था। ६४७ ई०में ओसमानने थाना और भरोंच जय करनेके अभिप्रायसे सेना भेजी थी। ६६२ और ६६४ ई०में पुनः सिन्धुप्रदेश पर आक्रमणकी चेष्टा की गई। इसके उपरांत महम्मदकी मृत्युके लगभग ८० वर्ष बाद बोगदादके राजा खलीफा वालिदके महम्मदबीन कासिम नामक अरबी सेनापतिने ७११ ई०में बलूचिस्तानके मरुराज्यको पार कर सिन्धुप्रदेश पर चढ़ाई की। उस समय दाहिर नामक एक ब्राह्मण नरपति सिन्धुप्रदेशके अधिपति थे। उन्होंने उन्नत और उन्मुक्त कृपाण अरबी सेनाका सामना न कर सकनेके कारण अपना राज्य मुसलमानोंको दे दिया। युद्धके समय आलोर और ब्राह्मणाबाद नामके दो नगर नष्ट हो गये थे। कासिम और उसके वंशके मुसलमान यहां ज्यादा दिन राज्य नहीं कर सके। सौवीर-क्षत्रियोंने लगातार कई बार युद्ध करके मुसलमानोंके नाकोंदम कर दिया और आखिर सिन्धुराज्यसे उन्हें भगा कर ही दम ली।

इसी समयसे भारतमें क्षत्रियप्राधान्य समुपस्थित हुआ। मुसलमानों द्वारा पराजित होनेके बादसे सभी क्षत्रिय सन्तान आत्म-रक्षामें तत्पर होने लगीं। राजा हर्षवर्द्धनके राजत्वके बाद और कोई भी हिन्दू राजा भारतमें एकच्छत्राधिपत्य स्थापन नहीं कर सके थे। वङ्ग, मगध, कन्नौज, कालञ्जर, मालवा, रत्नपुर, गुजरात, सिन्धु, पञ्जाब, दिल्ली, अजमेर और समग्र दाक्षिणात्य प्रदेश छोटे छोटे राजाओं द्वारा शासित होते थे। इतिहास-प्रसिद्ध राष्ट्रकूट, चालुक्य, परमार, चौहान आदि क्षत्रिय राजवंशोंने स्वतन्त्र पताकाएं उड़ाई थीं। उनमें परस्पर ईर्षानल प्रज्वलित रहनेके कारण ऊपरसे सद्भाव होते हुए भी पारस्परिक एकता नहीं थी।

भारतकी ऐसी आभ्यन्तरिक विशृङ्खलताका अनुभव कर ९७७ ई०में गजनीके सिंहासन पर बैठनेके बादसे सबक्तगिन क्रमशः भारत-सीमान्तमें पदार्पण करनेकी चेष्टा करने लगे। भावी विपत्तिकी आशङ्का देख लाहोरके राजा जयपालने उनके विरुद्ध युद्धकी आयोजना की। उस समय दिल्ली, अजमेर, कालञ्जर और कन्नौज आदिके राजाओंने इनकी सहायता की थी; किन्तु दुर्भाग्यवश वे जयी न हो सके। सबक्तगिनने पेशावर प्रदेश अपने राज्यमें मिला लिया। उनके पुत्र महमूदने १००१ से १०२६ ई० तक १७ बार भारत पर चढ़ाई की थी, जिसके फलस्वरूप पश्चिममें पञ्जाब, दक्षिणमें गुजरात, पूर्वमें कन्नौज उत्तरमें काश्मीर पर्यन्त भूभाग उनके हाथमें चला गया। उन्हें भारतमें राज्य करनेकी आकांक्षा नहीं थी, बल्कि धन लूट कर वे परितुष्ट हुए थे। यही कारण है कि वे भारतमें मुसलमान-राज्य स्थापित न कर सके। १०३० ई०में महमूदकी मृत्युके बाद लाहोर और नागरकोट आदि स्थानोंमें हिन्दुओंने स्वाधीनताकी ध्वजा उड़ानेका प्रयास किया था। लाहोर कुछ दिनके लिए महमूद राजवंशके वैरामके शासनाधीन था। अफगानिस्तानमें घोर और गजनीवंशके पारस्परिक विरोधसे गजनीराजवंश उत्सादित हुआ और घोरराजवंश क्रमशः काबुलराज्यमें

प्रतिपत्ति विस्तार करता रहा। ११८६ ई० तक गजनी वंशने लाहोर राजधानीमें शासनकार्य चलाया था।

गोर राजवंशके प्रतिष्ठाता महम्मद गोरीने ११७६ ई०में लाहोर अधिकार किया। ११८६ ई०में वे खुसरू मालिकको पराजित और बन्दी कर लाहोर लाये और फिर उन्होंने समस्त पञ्जाब प्रदेशमें अपना प्रभुत्व फैलाया।

जिस समय अफगानिस्तानमें गजनी और गोर सरदारोंका परस्पर विरोध चल रहा था, ठीक उसी समयमें भारत-साम्राज्य छोटे राज्यखण्डोंमें विभक्त हो कर परस्परकी प्रतियोगितामें फंसा हुआ था। दिल्ली और अजमेरके राजा चौहान कुलोद्भव पृथ्वीराज और कान्यकुब्जाधिपति राठोरवंशीय जयचन्द्र इन दोनोंमें उत्तराधिकारको ले कर विरोध उपस्थित हुआ। गोरी राजधानी लाहोरके निकटस्थ राजाओंको परस्परमें विवदमान देख, ११९१ ई०में मौका पा कर महम्मद दिल्ली आक्रमणके लिए अग्रसर हुए। तिरौरीके युद्धक्षेत्रमें मुहम्मद गोरी पराजित हो कर भाग गये। परन्तु ११९२ ई०की थानेश्वर युद्धक्षेत्रमें पृथ्वीराज पकड़े गये। उनके साथ साथ भारतका हिन्दू शासन भी विलुप्त हो गया। चन्द्रवंशीय पाण्डवोंके वंशधरोंकी प्राय इन्द्रप्रस्थ राजधानी इतने दिनों बाद मुसलमान राजवंशके हाथमें चली गई।

दिल्ली नगरमें राजपाट स्थापन कर महम्मद गोरीने दूसरे ही वर्ष (११९४ ई०में) कन्नौज और बनारस पर चढ़ाई कर दी। इटावाके युद्धमें जयचन्द्र पराजित और निहत होनेके बाद उनका राज्य मुसलमान राज्यमें मिला लिया गया। बनारस और कन्नौज विजयके बाद अगणित धनरत्नको ले कर महम्मद गजनीकी तरफ चल दिये। जाते समय वे अपने विश्वस्त सेनापति कुतबुद्दीनको राज्य शासनके लिए प्रतिनिधि नियुक्त कर गये। कुतबुद्दीनने दिल्ली राजधानीसे शासन-सम्बन्धी सुव्यवस्था करके ११९५ ई०में ग्वालियर जय किया। उनके प्रसिद्ध सेनापति महम्मद-इ बख्तियारने ११९९ ई०में बङ्गालकी राजधानी नवद्वीप पर चढ़ाई की और बङ्गाल पर कब्जा कर लिया। अस्सी वर्षके वृद्ध राजा लक्ष्मणसेन राज-प्रासादको छोड़ कर विक्रमपुरकी तरफ भाग गये।

सबक्तगीनके अधिकारके समय (९७७ ई०) पेशावर प्रदेश अफगानिस्तान राज्यकी सीमामें शामिल था। महमूद उस सीमाको पञ्जाबके पश्चिमांश तक विस्तृत कर गये। उसके बाद महम्मद गोरीने सिन्धुके मुख से ले कर गङ्गाके मुहाना तक विस्तृत आर्यावर्त विभागमें मुसलमान प्रभुत्व स्थापन किया था।

उनकी मृत्युके बाद (१२०६ ई०) में प्रतिनिधि कुतबउद्दीन गजनीके अधीनता-पाशको छेदन कर स्वाधीन रूपसे दिल्ली राजधानीमें राज्य कर रहे थे, इसलिए उन्हें ही भारतवर्षके प्रथम मुसलमान सम्राट् समझना चाहिए। उनके राजत्वकालसे इब्राहिम लोदीके शासन काल (१२०६ से १५२६ ई०) तकके समयको पठानवंशका अधिकारकाल कहा जा सकता है।

गुलामवंश। कुतबउद्दीन पहले क्रीतदास थे, इसलिए उनके वंशके १० राजाओंको इतिहासमें 'गुलामराज' कहा है। कुतबद्दीनके शासनकालमें नासिरउद्दीन मुलतान और सिन्धु प्रदेशके तथा बख्तियार बङ्गाल और विहार प्रदेशके शासनकर्ता नियुक्त थे। अलतमश नामक इनके एक क्रीतदासको राजानुग्रहसे जामातृपद प्राप्त हुआ था। इसी व्यक्तिने कुतबउद्दीनके पुत्र आरामको राज्य च्युत कर दिल्ली सिंहासन अधिकार किया। उन्होंने मालवा जय कर राजपूतानाके सिवा समस्त आर्यावर्तमें मुसलमान प्राधान्य स्थापन किया था।

१२३६ ई०में अलतमशकी मृत्युके बाद उनके पुत्र रुकुनउद्दिन और फिर कन्या रजिया सिंहासन पर बैठी थी। रजियाके सिवा और कोई भी मुसलमान रमणी भारतके सिंहासन पर नहीं बैठी। एक क्रीतदासके प्रति अत्यन्त अनुरक्त होनेके कारण रजिया राज्यच्युत हुई। उसके बाद उनके भाई बहराम, रुकुनके पुत्र मसाउद और अलतमशके पुत्र नासिरउद्दीनने यथाक्रमसे राज्य किया। अलतमशके राजत्वकालमें तातार देशमें चङ्गेज खां नामक मुगलवंशका जो सौभाग्य सूर्य उदित हुआ था, उसीके प्रखरतर कर प्रसारणसे नसीरका भारत-साम्राज्य अस्ताभिमुख होनेको उन्मुख हो गया था। मुगल लोग भारत पर कई बार आक्रमण करके भी गुलामवंशको विशेष हानि नहीं कर सके थे। नसीरकी मृत्युके बाद

उनके बहनोई गयासउद्दीन बलबनखां सिंहासन पर बैठे। उनके राजत्वकालमें बङ्गालके नवाब तुग्रिलखां विद्रोही हो गये थे। गयासउद्दीनने अपने हाथसे उन्हें मार कर अपने पुत्र बगराखांको बङ्गालके सिंहासन पर बिठाया। उनकी मृत्युके बाद बगराखांके पुत्र कैकोबाद दिल्ली सिंहासन पर बैठे। परन्तु वे राज्य-रक्षामें असमर्थ होनेके कारण, खिलजीवंशीय पराक्रान्त अमात्योंने उन्हें मार कर जलालउद्दीनको दिल्लीका सिंहासन प्रदान किया।

गुलामवंशके राजाओंका सिंहासन पर बैठनेका समय इस प्रकार है।—

कुतबउद्दीन	१२०६	बहराम	१२३९
आराम	१२१०	मसाउद	१२४१
अलतमस	१२११	नसीरउद्दीन	१२४६
रुकनउद्दीन	१२३५	बुलबन	१२६६
सुलताना रजिया	१२३६	कैकोबाद	१२८६

खिलजीवंश।—कैकोबादको राज्य-च्युत करके खिलजी राजवंशके प्रतिष्ठाता जलालउद्दीन दिल्ली-सिंहासन पर बैठे। उनके उपयुक्त भ्रातुष्पुत्र अलाउद्दीनने बुन्देलखण्ड, मालवा और दाक्षिणात्य जय कर पितृव्यका शासन-सीमाका विस्तार किया। १२९४ ई०में उन्होंने सेना सहित विन्ध्यपर्वत अतिक्रम कर महाराष्ट्रके यादववंशीय राजा रामराज पर आक्रमण किया। इस प्रकार अचानक अतर्कित अवस्थामें आक्रान्त होनेके कारण वे राज्यकी रक्षा न कर सके, इसलिए उन्होंने अधीनता स्वीकार कर ली। जयोद्दृप्त अलाउद्दीन (१२९५ ई०में) राजधानीको लौट रहे हैं, सुन कर जलालउद्दीन उल्लसित मनसे उन्हें आलिङ्गन करनेके लिए अग्रसर होनेवाले थे कि इतनेमें क्रूरहृदय अलाउद्दीनने उन्हें मार डाला और स्वयं दिल्लीके सिंहासन पर अधिकार कर बैठे।

अलाउद्दीनके चित्तौर आक्रमणकी बात किसीसे छिपी नहीं है। राणा भीमसिंहकी पत्नी प्रथितनामा पद्मिनीदेवीने इसी युद्धमें चितानलमें आत्मविसर्जन किया था। दिल्लीश्वरके प्रसिद्ध सेनापति राजपूतवंशीय मालीक काफूर द्वारा परिचालित दाक्षिणात्य विजय वाहिनीने देवगिरि और द्वारसमुद्रके यादवराज तथा ओरङ्गलके काकतीयोंको पराभूत कर रामेश्वर तक दक्षिण भारतको तहस-नहस कर डाला था। उनके अन्यतम सेनापति उलघखांने १२९७ ई०में कर्णदेवको पराजित कर गुजरात अधिकार किया था। किन्तु अस्थिर-चित्तता और कर्तव्यहीनताके कारण दिल्लीश्वर ज्यादा दिन इस साम्राज्यसुखको न भोग सके। उनके अधीनस्थ मुसलमान शासनकर्त्ताओंके विद्रोह, कुतलूखां द्वारा परिचालित मुगल-सेनाके आक्रमण तथा चित्तोर, गुजरात और महाराष्ट्र प्रदेशके हिन्दू नरपतियोंके स्वाधीनता-लाभके प्रयासने अन्तिम जीवनमें उन्हें बहुत ही हैरान कर दिया था। १३१६ ई०में उनकी मृत्युके समय हरपालदेवने दाक्षिणात्यमें स्वाधीनताकी ध्वजा फहराई थी।

अलाउद्दीनकी मृत्युके बाद काफूरने सिंहासन-अधिकारकी चेष्टा की, परन्तु सम्राट्के तृतीय पुत्र मुबारकने उन्हें गुप्तभावसे मरवा कर वे खुद सिंहासन पर बैठे। राजपद पर अधिष्ठित हो कर उन्होंने अपने भाई और शत्रुपक्षीय अमात्योंको मरवा दिया। पश्चात् दाक्षिणात्यकी ओर अग्रसर हो कर हरपालदेवको पराजित और निहत किया। मालिक खुसरू नामक एक इसलाम धर्मावलम्बी हिन्दू उनका विशेष प्रियपात्र था। राजानुग्रहसे वह व्यक्ति राज्यका हर्त्ता-कर्त्ता हो गया था। दिल्लीमें मद्यपान-निरत और सुख-शय्यामें पड़े पड़े मुबारक जब अपने ऐश्वर्यका उपभोग कर रहे थे, तब उनके प्रियतम खुसरू दाक्षिणात्य और मालावार-उपकूलवर्त्ती प्रदेशोंको जीत कर उनकी समृद्धिको हड़पनेके लिए अग्रसर हुए और सेना-सहित वहांसे लौट कर उन्होंने मुबारककी हत्या की। परन्तु उनका सिंहासन-प्राप्तिका सुख-स्वप्न शीघ्र ही नष्ट हो गया। पञ्जाबके शासनकर्त्ता गयासउद्दीन तोगलकने सेना-सहित उपस्थित हो कर दिल्ली पर अधिकार कर लिया और साथ ही खुसरूका भी काम तमाम किया (१३२१ ई०में)।

खिलजीवंशका अधिकारकाल (१२८८-१३२१)

जलालउद्दीन	१२८८	मुबारक	१३१६
अलाउद्दीन	१२९५	खुसरू	१३२१

तुगलकवंश।—मालिक काफूर और मालिक खुसरूके द्वारा समग्र दाक्षिणात्य भूमि मुसलमान-शासनाधीन होने पर भी उस समय महाराष्ट्र भूमि हिन्दूराजाओंके

साम्राज्यमें पूर्ण थी, परन्तु गयासुद्दीनने उस देशको जीत कर हिन्दूशासनका उच्छेद कर दिया था। बिहार और ओरङ्गलके राजाओंको कर देने पर उन्हें छुटकारा मिला था। गियासउद्दीन सुवर्णग्राम जीत कर जब राजधानीको लौटे तो पुत्र जूनाखाँ (आलुगखाँ)के षड्यन्त्रसे वे भी मारे गये।

पुत्र पिताको मार कर 'महम्मद तुगलक' नाम ग्रहण पूर्वक आलुगखाँने १३२५ ईमें पठानराज-सिंहासन पर अधिरोहण किया। वे नाना शास्त्रोंमें सुपण्डित और नाना विद्याओंमें पारदर्शी होने पर भी उनकी एकमात्र अविमृश्यकारिता ही उनके समस्त अनर्थोंका कारण हो गई थी। दौलताबादमें राजधानीकी प्रतिष्ठा करनेके लिए उन्होंने दिल्लीके अधिवासियोंको जैसा निष्ठुर हुक्म किया था, उसी प्रकार दुराकांक्षितासे ही उनका चीन और पारस्यविजयाभियान अकालमें विफलताको प्राप्त हुआ। प्रचुर धन और असंख्य सेना नष्ट हो जानेसे राज्यमें घोर विशृङ्खलता उपस्थित हो गई। उन्होंने अपने राजकोषकी पूर्तिके लिए (सोनेकी तरह) ताम्रमुद्रा चलानेकी वृथा चेष्टा की थी। इस विषयमें असफलकाम होने पर, उन्होंने प्रजा पर असह्य कर लगा दिया, जिससे राज्यमें घोर विप्लव उठ खड़ा हुआ और उस विद्रोहके कारण दक्षिण और पश्चिम भारतके कुछ देश हिन्दू राजाओंके और स्वाधीन मुसलमान शासनकर्त्ताओंके हाथ लग गये।

महम्मदके कोई पुत्र सन्तान न थी। १३५१में उनका मृत्यु-संवाद दिल्ली पहुंचने पर, ख्वाजाजहानने एक ६ वर्षके बालकको राजा बना कर उसकी घोषणा कर दी। उस समय फिरोज तुगलक सेना-विभागमें नियुक्त थे, पर महम्मदके अन्तिम प्रार्थनानुसार उनके भतीजे फिरोजको सिंहासन पर बिठाया गया।

महम्मदने अपने शौर्य और बुद्धिबलसे जिस विशाल साम्राज्यकी प्रतिष्ठा की थी, शेष जीवनकी कुछ त्रुटियोंके कारण उसीका वे मूलोच्छेद कर गये। परवर्ती मुगल सम्राट् अकबरशाहने अपूर्व सैन्य कौशलसे जिस बृहत् अंचलमें साम्राज्यका विस्तार किया था, एक औरङ्गजेबकी धर्मान्धतासे उसकी दृढ़ता शिथिल हो गई थी। इसके सिवा उस समय पठान-सेनामें विभिन्न श्रेणीके मुसलमानोंका समावेश होनेसे भी राज्यमें विशृङ्खलताका सञ्चार हो गया। तुर्की, अफगानी, मुगल और हबशी अधिनायकगण हिन्दुस्तान आकर अपने अपने प्राधान्य स्थापनके लिये यत्नवान थे। इसलिए विभिन्न सम्प्रदायी सेनादल और शासनकर्त्ताओंमें परस्पर विरोध अवश्यम्भावी हो गया था।

फिरोज तुगलकने राजासन पर बैठ कर प्रथम ही दक्षिणापथ और बङ्गालके राजाओंको दिल्लीकी अधीनताके शृङ्खलमें आबद्ध किया और अपना उदार प्रकृतिके कारण [illegible] कर ले कर उन्हें स्वाधीनतापूर्वक अपने अपने राज्यको परिचालना करनेका आदेश दिया। फिरोजाबाद नगर स्थापन (जो कि आगरेके पास है), मसजिद, प्रासाद, विद्यालय, चिकित्सालय, सराय, पुल, मुसाफिरखाना, कुएं और कौन्सिलहाल आदिकी प्रतिष्ठा, शतद्रु, घग्गर और यमुनासे नहर निकालना, बांध और उससे तालाब आदि बनाना आदि इनके जीवनके प्रधान कार्य थे। राजकार्योंसे सम्बन्ध छोड़ कर उन्होंने १३८७ ईमें अपने पुत्र नासिरुद्दीन महम्मदके लिए राजसिंहासन त्याग किया। परन्तु इस बालकके अपने बुद्धि विपर्ययसे सरदारोंके विरोधी हो जानेसे दिल्लीमें महा हत्याकाण्ड हो गया। इस घटनाके बाद फिरोजने पुनः शासन भार अपने ऊपर ले लिया। १३८८ ईमें उनकी मृत्युके बाद पौत्र गयासुद्दीन सिंहासन पर बैठे। किन्तु सदा मद्यपानमें आसक्त रहनेसे उनके आत्मीयोंने उन्हें १३८९ ईमें, (५ मास राज्य भोगके बाद) मार डाला।

गयासको हत्या करनेके बाद [illegible] फिरोजके अन्यतम पौत्र अबूबकरने दिल्ली सिंहासन अधिकार किया। कुछ मास राज्य करनेके बाद उसी वर्ष नवम्बर मासमें फिरोजके अन्य पुत्र युवराज महम्मदके द्वारा अबूबकर राज्य-च्युत हुए। १३९० ईमें वे नासिरुद्दीन तुगलक नाम ग्रहण कर दिल्लीके सिंहासन पर बैठे। पीछे उन्हें अबूबकर और मेवाती राजपूतोंके विद्रोह दमनार्थ बहुत परिश्रम उठाना पड़ा। अबूबकरने उन्हें दिल्लीसे भगा दिया और मेवाती राजपूतोंने उनकी राजधानी लूट ली। दोनों युद्धके दारुण परिणाममें

वे रोगग्रस्त हो गये और उसीसे (१३९४ ई०में) उनकी मृत्यु हो गई ।

उनके पुत्र हुमायुं ४५ दिन राज्य करनेके बाद सहसा मृत्युके ग्रास बन गये । इसलिए सिंहासनको ले कर फिर विवाद उपस्थित हुआ । इसके बाद मृत राजा नसीरउद्दीन महम्मदके कनिष्ठ पुत्र महमूदको ही सिंहासन पर बिठाना निश्चित किया गया । पठान राजवंशके अधःपतनके प्रारम्भमें जो शासनकी विशृङ्खलता उठ खड़ी हुई, उसीने समग्र भारतमें व्याप्त हो कर स्वाधीन राज्योंका संगठन किया । बालक महमूदका राजत्व साधारणकी इच्छाके विरुद्ध था । एक दल महमूदको ले कर प्राचीन दिल्लीके प्रासादमें रहा और दूसरा दल फिरोज तुगलकके पौत्र नसरत खाँ को ले कर फिरोजाबाद पहुंचा और वहां उन्हें राजमुकुट पहनाया गया । अमात्योंके युद्धविप्लवसे दिल्ली नगरी जनशून्य होने लगी । ३ वर्ष लगातार रक्तपातके बाद, १३९६ ई०में इकबाल खाँ ने महमूदको हस्तगत करके नसरत खांको नगरसे भगा दिया । इस राष्ट्रविप्लवके समय बङ्गाल, मालवा, खानदेश, गुजरात आदि स्थानोंके शासनकर्त्तागण स्वाधीन हो गये । जगद्विख्यात मुगल-सम्राट् तैमूरलङ्गको समरकन्दमें रहते हुए इस पठान-विप्लवकी बात मालूम पड़ी । मौका देख कर वे अपनी विपुल सेनाके साथ दिल्लीकी ओर चल पड़े ।

१३९८ ई०के सेप्तम्बर मासमें सिन्धुनद पार कर वे पञ्जाब प्रदेशको लूटते हुए जनवरी महीनेमें पानीपतकी सड़क पकड़ कर फिरोजाबादके सामने आ पहुंचे । इस युद्धमें पराजित हो कर महमूदवजीर गुजरात प्रदेशको भाग गये । तैमूरने अपनेको भारत-सम्राट् घोषित किया और स्वदेशको लौटते वक्त वे सैयद खिजिर खाँ को लाहोर-राजधानीमें अपने प्रतिनिधि स्वरूप छोड़ गये । पहले नसरत खांने दिल्ली अधिकार करनेकी चेष्टा की, पीछे महमूद वजीरने भी इकबाल खांके सहयोगसे दिल्लीमें घुस कर राज्य नष्ट करनेकी कोशिश की । यहीं पर १४१२ ई०में महमूदकी मृत्यु हुई । उनके साथ ही तुगलक वंशका राज्य भी लुप्त हो गया ।

तुगलकवंशका राज्यकाल ।

गयासउद्दीन	१३२१ ई०
महम्मद तुगलक	१३२५ ई०
फिरोज तुगलक	१३५१ ई०
नसीरउद्दीन महम्मद	१३८७ (कुछ महीने)
फिरोज (पुनः)	१३८८ ई०
गयासउद्दीन	अक्टूबर १३८८ से फरवरी १३८९ तक
अबुबकर	फरवरी १३८९ से नवेम्बर तक
नसीरउद्दीन महम्मद (२य)	१३९०-१३९४ ई०
हुमायुं	४५ दिन मात्र
महमूद	१३९४ से १४१२ (बीचमें १३९९ ई०में ५ दिन तैमूरलङ्गने राज्य किया)

सैयदवंश । —महम्मदकी मृत्युके बाद अमात्योंके अनुरोधसे वजीर-प्रधान और सेनापति दौलत खाँ लोदी को सिंहासन पर अभिषिक्त किया गया । लाहोरके प्रतिनिधि खिजिरखांने उन्हें पराजित कर दिल्ली अधिकार किया । बन्दी अवस्थामें १४१६ ई० में दौलत खांकी मृत्यु हो गई । १४१६से १४२१ ई० तक खिजिरखांने बड़ी शानके साथ दिल्लीके पार्श्ववर्त्ती स्थानोंका शासन किया । १४२१ ई०में उनकी मृत्यु होने पर उनके पुत्र मुबारक दिल्लीके राजा हुए । १४३५ ई०में वे अपने वेतनभोगी हिन्दु-कर्मचारियों द्वारा मारे गये । उनके बाद सैयद राज महम्मद (१४३५-१४४५ ई०) और अलाउद्दीन (१४३५-१४७८ ई०)के राज्यकालमें विभिन्न शासनकर्त्ताओंके विद्रोह-दमनके सिवा और कोई उल्लेखयोग्य घटना न घटी । अलाउद्दीन सात वर्ष राज्य करनेके बाद १४५२ ई०में अपने भाईके लिए राजसिंहासनको छोड़ कर राजकीयकोलाहलसे अवसर ले, बदाऊंके निभृत निलयमें जा धर्मालोचनामें निरत हुए । उनके अवसर समयमें बहालोल लोदी नामक एक सम्भ्रान्तवंशीय अफगानी राजकार्यका पर्यवेक्षण करते थे । अलाउद्दीन उन्हींको अपना उत्तराधिकारी मनोनीत कर गये थे ।

लोदीवंश । —वाणिज्यके उद्देशसे भारतमें आ कर लोदीवंशीय अफगानी लोग क्रमशः अपनी उन्नति करने लगे । खिजिर खांके साथ तुगलकाधीन वजीर इकबाल खांका जो युद्ध हुआ था उसमें बहलोल लोदीके

चचाने अपने हाथसे इकबालका प्राण-संहार किया था। कृतोपकारके पारितोषिक-स्वरूप उन्हें सैयद्-प्रतिनिधि द्वारा सरहिन्दका शासनकर्त्तृत्व प्राप्त हुआ। उस व्यक्तिने भतीजे बहलोलके साथ अपनी कन्याका विवाह कर दिया। चचाकी मृत्युके बाद बहलोलको सरहिन्दका शासनकर्त्तृत्व प्राप्त हुआ। क्रमशः उनकी यशोभाति चारों ओर फैलने पर अलाउद्दीनकी दृष्टि आकृष्ट हुई। सैयद्-राजाने उन्हें वजीर पद दे कर विशेष सम्मानित किया। १४७८ ई०में सिंहासन पर बैठने पर भी, वास्तवमें १४५२ (किसी किसीके मतसे १४५०) ई०में ही अलाउद्दीनके बदाऊं चले जानेके बादसे ही बहलोलका दिल्ली-राजशासन काल समझना चाहिए। २६ वर्ष युद्धके बाद उन्होंने शर्किराजाओंसे जौनपुर छीन लिया। बहलोलने हिमालयसे ले कर बनारस तक विस्तृत राज्यको अपने पांच पुत्रोंको बांट देना चाहा था, किंतु अमात्यगणोंकी प्रार्थनाके अनुसार वे अपनी इस इच्छाको पूरी न कर सके थे। अमात्योंने उनके एक पौत्रको और बेगम साहबाने अपने पुत्र निजाम खांको सिंहासन देनेके लिए बादशाहसे अनुरोध किया। इसी बीचमें उनकी मृत्यु हो गई।

पौत्रको सिंहासन देनेके लिए बहलोल और उनके ज्येष्ठपुत्र बरबाक खांका अभिमत होने पर भी अमात्योंने युवराज निजाम खांको ही सिंहासन पर बिठाया। इन्होंने सिकन्दर लोदी नाम धारण कर दिल्ली सिंहासन पर बैठनेके साथ ही विरुद्धाचारी अपने ज्येष्ठ भ्राता बरबाकके विरुद्ध अस्त्रधारण किया और अन्तमें उन्हें जौनपुरके शासनकर्त्तृत्व पदसे ही उतार दिया। मालवा, बुन्देलखण्ड आदि स्थानोंके हिन्दूराजगण इनके हाथसे निगृहीत हुए थे। १५१७ ई०में इनकी मृत्यु होने पर उनके पुत्र इब्राहिम लोदी राजा हुए। इनका भ्रातृविरोध और इनके पिताका हिन्दू-विरोध इतिहासमें अतुलनीय है।

इनके राजत्वकालमें बिहारके शासनकर्त्ता बहादुरखां लोहानी और पञ्जाब-पति दौलतखां लोदीने दिल्लीके अधीनतापाशको तोड़ डाला। दौलतखांके सादर आमन्त्रणसे मुगलसम्राट् बाबरने सेनासहित काबुलसे आ कर पानीपतके रणक्षेत्रमें (१५२६ ई०में) इब्राहिमको पराजित और निहत कर दिल्ली-राजसिंहासन पर अधिकार किया। इब्राहिमके पतनके बादसे ही पठानवंशके निष्ठुर अत्याचार भारतसे लोप हो गये थे।

पानीपतका युद्ध समाप्त होने पर, मुगलोंकी सौभाग्य लक्ष्मी भारत-सिंहासन पर अधिष्ठित हुईं। यहां पर मुगलराजवंशके अधिष्ठानके पूर्वमें पठानशासनसे प्रपीड़ित हो कर जो सब मुसलमानवंश दाक्षिणात्यमें प्रतिष्ठा प्राप्त कर स्वाधीन भावसे शासन कर रहे थे उनका भी संक्षिप्त परिचय दिया जाता है।

महम्मद तुगलकका कठोर अत्याचार ही पठान-साम्राज्यकी अवनतिका मूल कारण है। उनके बादके पचास वर्षोंमें पठान राजवंशका सम्पूर्णतः अधःपतन हुआ था। इस पतनके साथ साथ कई जगह मुसलमान राज्यका अभ्युदय हुआ था। जिन हिंदू और मुसलमानोंने पठानोंकी अधीनता स्वीकार की थी, वे सभी राज कर देनेके लिए बाध्य थे, परंतु अन्यान्य सभी विषयोंमें वे स्वाधीनभावसे कार्य करते थे।

ये सब मुसलमान शासनकर्त्तागण समय समय पर हिंदू कर्मचारियों पर विश्वास स्थापन कर राजकार्य सम्पन्न करते थे, किन्तु जहां मुल्लाओंका प्रभाव था, वहीं पर हिंदूगण विशेषरूपसे निगृहीत होते थे। इन विदेशी म्लेच्छोंके उपद्रवोंसे काशी और पुरीधामके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र, प्रभास, वृन्दावन अयोध्या और गुजरातप्रदेशके नाना तीर्थक्षेत्र और मन्दिर आदि नष्ट हुए थे, तथा उनके स्थानमें मसजिद दरगाह आदि बनाई गई थीं। इस निग्रहके समयमें अनेक तेली, जुलाहा, कोरी, पटवा, शिकारी, पंजारी और पार्वतीय विभिन्न जातियां इसलाम धर्ममें दीक्षित हो गई थीं। हिन्दूशक्तिके अभावके कारण धर्म लोप होता देख ब्राह्मणोंने उस समय सामाजिक और पारिवारिक विधिनियम संस्कारके लिए स्मृतिसंग्रह करके हिंदूधर्मकी रक्षार्थ बहुत कोशिशें की थीं। यही कारण है कि, हिंदूधर्मद्वेषी मुसलमानोंके प्राधान्यकालमें भी हम माधवाचार्य, विश्वेश्वर भट्ट, चण्डेश्वर, वाचस्पति मिश्र, आचार्य चूड़ामणि, प्रतापरुद्र, रघुनन्दन और कमलाकर आदिको हिंदूधर्मकी रक्षामें तत्पर पाते हैं।

पठान संघर्षणके विरोध आन्दोलनसे हिन्दूसमाजमें

एक विशेष परिवर्त्तन हो गया था। मुसलमानोंकी एकेश्वर उपासनाका अनुकरण कर हिंदू भी एकेश्वरवादी धर्म प्रवर्त्तनमें संलग्न हुए थे। ईसासे पूर्वकी ५वीं और ६ठी शताब्दीमें जैसे जैन और बौद्धोंके प्रादुर्भावके समय ब्राह्मण, भिक्षु और आचार्योंके हाथसे धर्मविस्तारका मार्ग खुला था, ईसाकी १५वीं वा १६वीं शताब्दीमें भी उसी प्रकार ब्राह्मणोंके सिवा साधु संन्यासियोंके यत्नसे धर्मसम्प्रदायका प्रचार हुआ था। पूर्वोक्त समयमें पालि और मागधी आदि भाषाओंमें धर्म ग्रन्थ रचे गये थे, इस समयमें भी उसी प्रकार चैतन्य द्वारा बंगला, नानकसे पञ्जाबी, कबीरसे हिन्दी और तुकाराम द्वारा महाराष्ट्र भाषामें नाना ग्रन्थ प्रचारित हुए थे।

एक तरफ जैसे धर्म विप्लवसे भारतमें विभिन्न धर्म सम्प्रदायोंके समावेशके कारण भारतीय हिन्दुओंका धर्मप्राण उत्तेजित हुआ था, वैसी ही दूसरी तरफ राष्ट्रविप्लवके कारण भारतके नाना स्थानोंके खण्डराज्योंने अपना अपना स्वाधीन शासन विस्तार भी किया था। इससे दाक्षिणात्यमें कई हिंदू राज्य स्थापित होने पर भी मुसलमानोंके हिंदू-विद्वेषसे देशको नष्ट करनेवाले महान अमङ्गल हुए थे।

महम्मद तुगलककी शासनविश्रृङ्खलासे सुवर्णग्राम और गौड़के शासनकर्त्ता विद्रोही हो गये। अन्तमें गौड़ेश्वर सामसुद्दीन समग्र बङ्गाल अधिकार कर स्वाधीनभावसे राज्य करते रहे। फिरोज तुगलक इन्हें दमन न कर सकनेके कारण १३५७में ये स्वाधीन राजा समझे गये। इसके बाद दिनाजपुरके हिंदू राजा गणेश (कंस) सामसउद्दीनके पौत्रको मार कर १४०५ ई०में सिंहासन पर बैठे। उनके वंशधरोंने लगभग ४० वर्ष राज्य किया। १४४५ ई०में उनके वंशधरको राज्यच्युत कर पुनः सामसउद्दीनके वंशधर इलायसशाही राजाओंने ४२ वर्ष तक राज्य किया। उनके राजत्वके शेष समयमें खोजा और हबसियोंका विप्लव हुआ था। हबसी सरदार फिरोज पुरबीने (१४६१-६३ ई०में) विशेष दक्षताके साथ राजकार्य सम्हाला था। उनके पुत्रको राज्यच्युत कर मुजफ्फरने हबसी-सिंहासन अधिकार किया। परन्तु अमात्योंने १४६६ ई०में षड्यन्त्र करके उन्हें मार डाला और वजीर सैयद शरीफको सिंहासन प्रदान किया।

मन्त्रि प्रधान 'अलाउद्दीन हुसेनशाह' नाम धारण कर बङ्गालका शासन करते रहे। १४६४ ई०में उन्होंने खोजा हबसियोंको राज्यसे बहिष्कृत कर दिया। बालकालमें सुबुद्धिखां नामक एक कायस्थ राजकर्मचारीके अधीन कार्य करते समय वे हिन्दुओंके सौजन्यसे विशेष संतुष्ट थे। हिन्दुओंके प्रति श्रद्धा परवश हो कर उन्होंने रूप और सनातन नामक दो धार्मिक हिंदू प्रवरोंको राज्यकार्यमें नियुक्त किया था। उनके पुत्र नसरत शाह और महमूद शाहके राज्यके समय १५३६ ई०में महमूदको पराजित कर शेरशाह बङ्गालके सुलतान बन गये। उनके वंशीयगण दिल्लीसे भगाये जानेके बाद सामर्थ्यहीन हो गये। १५६३ ई०में करानीवंशके सुलेमानने उनसे बङ्गालका सिंहासन छीन लिया।

सुलेमानके हिंदूधर्मत्यागी प्रसिद्ध सेनापति कालापहाड़ने १५६५ ई०में मुकुन्ददेवको पराजित और जगन्नाथमूर्त्तिको जला कर बङ्गालमें आधिपत्य विस्तार किया। १५७२ ई०में सुलेमानकी मृत्यु होने पर उनके भाई दाउद खांको बङ्गालका सिंहासनप्राप्त हुआ। उनके साथ मुगल-सम्राट् अकबर शाहका विरोध उपस्थित होनेसे बङ्गालप्रदेश १५७५ ई०में मुगल-साम्राज्यमें शामिल कर लिया गया।

महम्मद तुगलकके शासनकर्त्ता मालिक उस शर्की (खोजा जहान) ने १३६४ ई०में जौनपुरमें स्वाधीन शासन विस्तार किया। उन्हींके वंशके ६ राजाओंने जौनपुर नगरीको नाना अट्टालिकाओंसे विभूषित किया था। सिकन्दर लोदी द्वारा जौनपुर विध्वस्त होने पर शर्किवंशका अंत हो गया। जौनपुर देखो।

तैमूरलङ्गके भारताक्रमणके समय (१४४३ ई०में) दिल्लीश्वरके मुलतानप्रदेशमें शासन-शृङ्खला स्थापनमें असमर्थ होने पर वहांके अधिवासियोंने शेख युसुफ नामक एक व्यक्तिको राजा मनोनीत किया। १४४५ ई०में लङ्गवंशीय राय शिहराने उन्हें मार कर मुलतान अधिकार किया। १५२७ तक लङ्गवंशीय राजगण यहां राज्य करते रहे। उनके बाद सिंधुप्रदेशके शासनकर्त्ता शाह हुसेन अरघुनने मुलतान

जय किया। सम्राट् अकबर शाहने कच्छके राजाको अपने शासनाधीन किया था। (गुजरात देखो।)

गुजरातके शासनकर्त्ता फरहत उल्मुल्क हिन्दुओंका पक्ष ले कर हिन्दू-मन्दिरादि निर्माण करा रहे हैं, सुन कर दिल्लीश्वरने १३९१ ईमें जाफर नामक एक विधर्मी राजपूतको शासनकर्त्ता नियुक्त कर गुजरात भेजा था। १०२६ ईमें महमूद द्वारा विध्वस्त सोमनाथ-मन्दिर भीमदेव द्वारा पुनः संस्कृत होने पर भी जाफरने उसे फिर तुड़वा दिया था। साथ ही अन्यान्य मन्दिर तथा तीर्थस्थान भी जाफर द्वारा कलुषित हुए थे। १३९६ ईमें जाफरने सुलतान मुजफ्फर शाह नाम ग्रहण कर राज्य शासन किया। उनकी मृत्युके बाद उनके पौत्र अहमदने (१४११ ईमें) अनहिलपत्तनसे राजधानी उठा कर अहमदाबादमें स्थापित की। मालवाके राजा हुशङ्ग शाह और खानदेशके फरुकी राजगण उनसे पराजित हुए थे। उनके पौत्र महमूद बिगाड़ाने जूनागढ़ और चम्पानेरके हिन्दू सामन्त राजा, तथा पुत्र मुजफ्फरने मालवा जय और पुर्तगीजोंको समुद्रके बीच पराजित किया था।

१५२६ ईमें बहादुरशाहने सिंहासन पर बैठनेके साथ ही मालवा पर चढ़ाई की। १५३१ ईमें मालवा राज्य उनके अधिकारमें आया था। चित्तौरके राणा संग्रामसिंहके मालवाको सहायता पहुंचानेके कारण १५३४ ईमें उन्होंने चित्तौर अवरोध किया था। संग्रामसिंहकी मृत्युके बाद उनके चित्तौर अधिकार करने पर राजपूत-कुलललनाएं चितामें जल कर भस्म हुई थीं। इस अवरोधके समय [illegible] पहले पहल तोपका व्यवहार हुआ था।

राणा संग्रामसिंहकी विधवा पत्नी रानी कर्णावतीने वैर-निर्यातनके वश हो मुगल सम्राट् हुमायूंकी शरण ली और 'राखी' भेज कर उन्हें [illegible] आहूत किया। तदनुसार हुमायूंने चित्तौर अधिकार कर गुजरात आक्रमण किया, जिससे बहादुरशाह दीउ टापूको भाग गये। पुर्तगीज लोग बहुत दिनोंसे वाणिज्यके लिए दीउद्वीपकी आकांक्षा कर रहे थे। हुमायूं द्वारा विताड़ित बहादुरशाहने जब पुर्तगीजोंका आश्रय ग्रहण किया, तब पुर्तगीजोंने उन्हें दुर्ग छोड़ देनेके लिए बाध्य किया। इसके बाद शेरशाहके दिल्लीमें हुमायूं सिंहासनच्युत होने पर ये स्वाधीन हो कर राज्य शासन करने लगे। जब ये पुर्तगीजोंके साथ सन्धिके अनुसार कार्यका प्रबन्ध करने लगे, तब पुर्तगीज सेनापतिने उन्हें निमन्त्रण दे कर बुलाया और वहां उनकी हत्या कर डाली। गुजरातके शेष राजा तृतीय मुजफ्फर अपना राज्य सम्राट् अकबरशाहको समर्पित कर १५७२ ईमें वे दिल्लीके बन्दी बन गये। अन्तमें उन्होंने दिल्लीसे भागनेकी चेष्टा की, किन्तु सफलता न मिलनेसे अन्तिम जीवन उन्होंने काठियावाड़के हिन्दू राजा [illegible] आश्रयमें बिताया।

(गुजरात देखो।)

दिल्लीश्वरकी ओरसे [illegible] नामक एक [illegible] दिलावर मुहम्मदके समयमें वे मालवाका शासनभार प्राप्त हुआ था। उन्होंने १४०१ ईमें अपनी स्वाधीनता घोषित कर धारनगरमें राजधानी कायम की थी। हुशङ्गशाहके [illegible] उनके पुत्र हुशङ्ग विशेष प्रसिद्ध थे। उनकी मृत्युके बाद महमूदने खिलजी शासन जय करनेके बाद गुजरात, [illegible] और राजपूताना पर अधिकार किया। इन खिलजी-वंशके समयमें मालवाकी बहुत कुछ उन्नति हो गई थी। १५१६ ईमें नासिरुद्दीन खिलजीके राज्यको संचालन शक्ति [illegible] के समय मालवाके राजा २य महमूद मेदिनीराय नामक एक राजपूत सरदारके परामर्शसे चलते थे। मुसलमानोंने हिन्दूराजपूतोंको राजासे अलग करनेके लिए गुजरातपति २य मुजफ्फरकी शरण ली। इसी समयसे चित्तौरके राजपूतोंके साथ गुजरातके सुलतानोंका युद्ध आरम्भ हुआ। युद्धमें आहत और बन्दी हो कर सुलतान महमूद मण्डूमें भेजे गये। उनकी मृत्युके बाद उनके पुत्रने गुजरातपति बहादुरशाहसे अपने पुत्रको भार सौंपा, १५३१ ईमें उन्होंने मालवा पर अधिकार किया था।

(मालवा देखो।)

१३९९ ईमें खानदेशके फरुकी राजा [illegible] असीरगढ़का दुर्ग ले कर स्वाधीनभावसे राज्यशासन करने लगे। बुरहानपुरमें उनकी राजधानी थी। १६०१ ईमें मुगलोंने उस पर अधिकार जमाया।

(खानदेश और फरुकि देखो।)

१३४७ ई०में जाफरखाँ नामक एक सेनापतिने दिल्ली-सैन्यको पराजित कर दाक्षिणात्यमें अपनी स्वाधीनता फैलाई। बाल्यकालमें ये गङ्गु नामक एक ब्राह्मणके दास थे। ब्राह्मणकी उक्तिके अनुसार ये राजा हुए थे। इस कारण उस ब्राह्मणके सदय व्यवहार और भविष्यत् उन्नति वचनकी सार्थकता देख कर कृतज्ञतावश उन्होंने 'हुसेन गङ्गु बाह्मणी' नाम ग्रहण कर अपने प्रभुके पवित्र नामसे बाह्मणी राज्य स्थापन किया था। ईसाकी १५वीं शताब्दीके मध्यभागमें बाह्मणीराज्य समृद्धिकी चरम सीमा तक पहुंच चुका था। उस समय दक्षिणमें तुङ्गभद्रा, पश्चिममें गोआ, उत्तरमें मालवा और उड़िष्या तथा पूर्वमें मछलीपत्तन तक दक्षिणार्द्ध उनके करतलगत था। वोरङ्गल और विजयनगरके हिंदू राजाओं और मुसलमानोंके साम्प्रदायिक विरोधसे बाह्मणी राज्यध्वंसको प्राप्त हुआ था। बाह्मणीराजवंश, कुलवर्गा और विदर देखो।

बाह्मणीराज्यके अधःपतनके बाद दाक्षिणात्यमें पांच स्वाधीन मुसलमान राज्योंका अभ्युत्थान हुआ था।

(१) आदिलशाहीवंश—१४८९ ई०में युसुफ आदिल शाहने इस राज्यकी स्थापना की थी। बीजापुरमें उनकी राजधानी थी। १६८८ ई०में मुगल-सम्राट् औरङ्गजेबने इस पर अधिकार कर लिया।

(२) कुतबशाहीवंश—१५१२ ई०में कुतबउल् मुल्कने विदरकी अधीनताको अमान्य कर गोलकुण्डामें स्वतन्त्र राज्यपाट स्थापित किया था। बादमें हैदराबादनगरमें राजधानी स्थानान्तरित हुई थी। वोरङ्गल, द्राविड़ और कर्णाटदेशके हिन्दू सामन्त राजाओंने कुतबशाहीकी अधीनता स्वीकार की थी। १६८८ ई०में यह मुगलोंके अधीन हो गया।

(३) निजामशाही वंश—बरार-वासी इसलाम धर्मावलम्बी ब्राह्मणाधम निजाम उल् मुल्क महमूद गवान द्वारा जुआरके शासनकर्ता नियुक्त हुए। उनके पुत्र अहमदने १४९० ई०में अहमदनगरमें राज्य स्थापन कर अपनेको स्वाधीन राजा घोषित किया। १६३६ ई०में शाहजहांने इसे मुगल साम्राज्यमें मिला लिया।

(४) इमादशाही वंश—हिन्दूकुलाधम इसलामधर्मावलम्बी फतेउल्ला इमादशाह महमूद गवान द्वारा बरार प्रदेशके शासनकर्ता नियुक्त हुए थे। उन्होंने १४८४ ई०में गाविलगढ़में और पीछे इलिचपुरमें राजधानी स्थापित की थी। १५७१ ई०में यह अहमदनगरके निजामशाही राज्यान्तर्भुक्त हो गया।

(५) बरिदशाही-वंश—बाह्मणीराज महमूदके मंत्री कासिमबरिद (१४९२ ई०) इस वंशके प्रतिष्ठाता थे। उनके पुत्र अमीर बरिदको १५२७ ई०में विदर राज्य प्राप्त हुआ था। उनके वंशधर अलीबरिदने 'शाह' उपाधि धारण कर स्वाधीनभावसे राज्यशासन किया था। इस वंशके राजाओंकी शासनविश्रृङ्खलताके कारण विदर राज्य शीघ्र ही बीजापुरके अधीन चला गया था। १६०४ ई० तक बरिदशाहीवंश विदरमें ही था। १६५७ ई०को यह मुगलोंके हाथ लगा।

पठान साम्राज्य शक्तिके अवसन्न होने पर, जिस समय उसमेंके मुसलमान शासनकर्त्तागण विद्रोही हो कर अपनी अपनी स्वाधीनताके लिए लड़ मर रहे थे, ठीक उसी समय विजयनगर, उड़िष्या, बघेलखण्ड, मेवाड़ आदि स्थानोंके राजपूतगण प्रभूत शक्ति संचयसे बलीयान हो कर मुसलमानोंका सामना करनेके लिए अवसर ढूंढ़ रहे थे। उस समय दाक्षिणात्य, उड़िष्या और राजपूतानाके वीरपुत्रगण अपने बलवीर्यके प्रतापसे स्वदेश और स्वजातिके गौरवकी रक्षामें तत्पर थे। हिन्दुओंने उन्नतमस्तक और वीरदर्पसे मुसलमान शासनकर्त्ताओंको विपर्यस्त कर दिया था, इतिहासमें इसके यथेष्ट प्रमाण पाये जाते हैं। उसी हिन्दू और मुसलमानोंके घोर विप्लवके समय पुर्त्तगीजोंने भारतमें पदार्पण किया था।

विजयनगर राज्य। अलाउद्दीनके सेनापति मालिक काफूर द्वारा द्वारसमुद्रके होयशल बल्लालोंके पराजय होने पर, मुसलमान शासनकर्त्ताओंके उपद्रवसे समग्र दाक्षिणात्य शासनशृङ्खलतासे शून्य हो गया था। उस समय विजयनगरमें एक स्वाधीन हिन्दू राजवंशका अभ्युत्थान हुआ। प्रतिष्ठाता बुक्करायने विजयनगरके सिंहासन पर अपना अधिकार किया। उनके पुत्र सङ्गम तथा पौत्र हरिहर और वीर बुक्करायने दोर्द्दण्ड प्रतापसे १३३६से १३७१ ई० तक दाक्षिणात्यका शासन किया। उनके अधिकार कालमें वैदिकधर्मकी पुनः प्रतिष्ठा हुई थी। सुप्रसिद्ध वेदभाष्य और दर्शनसंग्रहकार माधवा

चार्य और बुक्करायके प्रधान मन्त्री थे। सीमाके मुसलमानों और बाह्मणीवंशके राजाओंने इनके सामने पराजय स्वीकार किया था। १४७८ ई०में [illegible] राजपूत [illegible] राजाने विजयनगरको राजशक्तिको देखकर दंग रह गये थे। इस देवरायको शासन-शृङ्खलाके टूटनेसे प्रजावर्ग परस्पर विद्रोही हो गये और सुविधा पा नरसिंहने सिंहासन अधिकार कर लिया। समस्त दाक्षिणात्यने नरसिंहके पुत्र कृष्णदेवरायको (१५०९-१५३० ई०) अधीनता स्वीकार कर ली थी। उनके पुत्र अच्युतरायने १५३०से १५४२ ई० तक राज्य किया। उनके सदाशिव, रामराज और तिरुमल् नामके तीन पुत्र थे। इन तीनों पुत्रोंमें योग्यतम रामराजने ही मुसलमानोंकी प्रतियोगिता की थी। १५६५ ई०में दाक्षिणात्यके समस्त मुसलमान राजा एक साथ विजयनगरके विरुद्ध खड़े हुए। तालिकोटके युद्धमें रामराज मारे गये और उनकी राजधानी तहस नहस कर दी गई। मन्द्राजके बेल्लारी जिलामें तुङ्गभद्रा नदीके दक्षिणी किनारे पर विजयनगरके ध्वंसावशेष अब भी देखनेमें आता है।

रामराजके अधःपतनके बाद सदाशिव पेनाकोण्डामें भाई तिरुमलके पास गये। तिरुमलके पुत्र वेङ्कटपतिने वहांसे भाग कर चन्द्रगिरिमें राजधानी स्थापित की। उनके वंशमें उत्पन्न वेङ्कटपतिसे १६३९ ई०में अंग्रेज वणिकोंने मन्द्राजनगरमें स्थान प्राप्त किया था। आनागुण्डिके वृत्तिभोगी सरदार नरसिंह राजवंशमें ही उत्पन्न हुए थे। (विजयनगर देखो।)

रेवा वा रीवांराज्य। गुप्त राजवंशकी आनुपत्य शक्तिका ह्रास होने पर, बघेलाओंने इस देशमें शासन किया था। इस वंशकी एकतम शाखा बघेलखण्ड (बुन्देलखण्ड) में आ कर राज्य करने लगी। गौड़ और चेदिदेशको सहायतासे इन्होंने मध्यभारतमें यथेष्ट विस्तार किया था। सिकन्दर लोदी, बाबर और अकबरशाह इन लोगोंका विशेष समादर करते थे। अकबरके आश्रित प्रसिद्ध गायक मियां तानसेनने बघेलाराज रामचन्द्रदेवकी सभाको आलोकित किया था। रीवाँ नगरमें इस वंशके सरदार अब भी राज्य कर रहे हैं। (बुन्देलखण्ड और रीवां वा रेवा देखो।)

मेवाड़राज्य।—राजपूतशासन राजाओंमेंसे मेवाड़के राजवंशने कभी भी मुसलमानोंको आधिपत्य स्वीकार नहीं की। बप्पारावल, समरसिंह आदिने पहलेसे ही मुसलमानोंके विरुद्ध अस्त्रधारण किया था। अलाउद्दीनके चित्तौर आक्रमण और पद्मिनीके चितारोहणने इतिहासमें अमरत्व प्राप्त किया है। राजपूत कुलतिलक हम्मीरने मुसलमानोंसे चित्तौर अधिकार किया था। उनके वंशके महाराणा कुम्भ और संग्रामसिंह मुसलमानोंके विरुद्ध अस्त्र धारण करनेमें समर्थ हुए थे। मुसलमानोंके सदा अधिकार करने पर संग्राम द्वारा परिचालित राजपूत सेना बहुत भेजी गई थी। इन्होंने बाबरके सहायक हो कर इब्राहिम लोदीके विरुद्ध युद्ध किया था। बाबरको भारत साम्राज्य स्थापनकी चेष्टा देख कर १५२७ ई०में वे फतेपुर सिकरीमें मुगल सेनाके सम्मुखीन हुए। इस भीषण युद्धमें राजपूतगण हत बल हो गये थे। शेरशाह द्वारा हुमायूंके पराजित होने पर बहादुरशाहने चित्तौर आक्रमण कर उसे ध्वंस कर दिया। इसके बाद उदयपुरमें राजपूत राजधानी स्थापित हुई। इसके बाद हल्दीघाट विजयी महाराणा प्रतापसिंह अकबरशाहकी प्रतिद्वन्द्विता कर अक्षय यशःख्याति छोड़ गये हैं। (प्रतापसिंह देखो।)

उड़ीसा राज्य। [illegible] राज्यका इतिहास यथास्थानमें लिखा जा चुका है। कलिङ्गके [illegible] राजाके पुत्र चोड़गङ्गदेवने उत्कल विजय किया। उनके वंशके एक राजा अनङ्गभीमदेवने जगन्नाथ मन्दिरका संस्कार कराया। अलाउद्दीन खिलजीके राजत्वकालमें राजा नरसिंहदेवने बङ्गालके मुसलमानोंको विशेषरूपसे विध्वस्त किया था। प्रवाद है, उस समय हुगली जिलेके पश्चिम भाग त्रिवेणी घाट तक उड़ीसा राज्यकी सीमा विस्तृत थी। इस वंशमें राजा प्रतापरुद्रदेव चैतन्य महाप्रभुके शिष्यवर्गको उपासनामें रत हुए थे। प्रतापरुद्रको मृत्युके बाद उड़ीसामें विद्रोह उपस्थित हुआ। तैलिङ्गानाके निवासियोंने इस मौके पर मुकुन्ददेवको राजासन प्रदान किया। राजवंश-परिवर्त्तनके साथ उड़ीसाको राजशक्तिका ह्रास भी हुआ था। १५६५ ई०में कालापहाड़ने मुकुन्द उड़ीसापतिको पराजित कर उसका राज्य बङ्गालमें मिला लिया था

पहले ही लिखा जा चुका है कि, पठानराजवंशके अधःपतनके प्राक्कालमें पुर्त्तगीज नाविक भास्कोदगामा १४९८ ई०में उत्तमाशा अन्तरीपमें परिभ्रमण कर कालिकटमें सामरी राजके समक्ष उपस्थित हुए थे। उस समय अरबदेशीय वणिक् गण भारतमें वाणिज्य विस्तार कर रहे थे। उन लोगोंने पुर्त्तगीज सम्प्रदायके प्रति ईर्षान्वित हो कर मुसलमान शासनकर्त्ताओंको उत्तेजित करनेकी कोशिशें कीं। अरबियोंको वाणिज्यका घोर शत्रु जान कर पुर्त्तगीजोंने अपने देशसे भी सेना बुला ली। १५०७ ई०में बीजापुर, गुजरात और इजिप्टकी सम्मिलित मुसलमान सेना भी पुर्त्तगीजोंसे पराजित हो गई। गोआ आदि स्थानोंमें उपनिवेश स्थापन और भारतीय द्वीपपुञ्जोंमें वाणिज्य प्रभावका विस्तार आदि ऐतिहासिक घटनाएं यथास्थानमें लिखी गई हैं।

पुर्त्तगीज देखो।

चङ्गेजखां और तैमूरकुलतिलक बाबरशाहने, दौलतखां लोदीके आमंत्रणसे भारतमें आ कर १५२६ ई०में पानीपतके युद्धमें इब्राहिम लोदीको परास्त कर पश्चिम भारत अधिकार किया। जौनपुरमें दरियाव खाँ लोहानी स्वाधीनता-प्रयासी हो कर जब अफगान राज्य स्थापन करनेके लिए बद्धपरिकर हुए, तब बाबरशाहने उन्हें परास्त किया। बादमें उन्होंने बनारस और पटना अधिकार किया। १५२७ ई०में उन्होंने राणा संग्रामसिंहको फतेपुरसिकरीके युद्धमें बहुत मुगलसेनाका क्षय कर हतबल कर दिया था। बाबरशाह देखो।

मुगल राजवंश।—बाबरके पुत्र हुमायूंने पञ्जाब और अयोध्या प्रदेशको मुगल-साम्राज्यमें मिला लिया। मेवाड़की रानी कर्णावतीकी प्रार्थनासे उन्होंने गुर्जर-पति बहादुरशाहको परास्त किया था। इस समय दिल्ली-पूर्वदेशमें शेर खां नामक शूरवंशीय एक अफगान सरदार राज्य कर रहे थे। सिकन्दर लोदीके पुत्र महमूद लोदीके अधीन शेर खाँ काम करते थे। महमूदको पराजित कर बाबरशाहने दरियाव खांके पुत्र बालक जलालको राज-प्रतिनिधि नियुक्त किया। दाऊदखांके ऊपर राज्य परिचालनका भार सौंपा गया। शेरखांने दाऊदको वशीभूत कर बिहार, रोहता और चुनार दुर्ग पर आधिपत्य प्राप्त किया। शेरखांके भयसे डर कर बङ्गालके राजा महमूदने जब हुमायूंसे आश्रयकी प्रार्थना की, तो हुमायूंने सेना सहित आ कर पटना अधिकार कर लिया। वर्षा आने पर शेरखांने मुगल-सेनाको पराजित कर बिहार, बनारस, चुनार, कन्नौज, जौनपुर आदि स्थान जीत लिये। हुमायूंके आगराकी तरफ भागने पर बक्सरके रणक्षेत्रमें दोनों पक्षोंमें घोरतर युद्ध हुआ; इस युद्धमें हुमायूंने गङ्गामें कूद कर भागनेकी चेष्टा की। पानीमें डूबने पर एक भिस्तीने उनकी रक्षा की थी।

आगरा पहुंच कर हुमायूं युद्धका आयोजन करने लगे। कन्नौजके पास फिर मुगल और पठानोंमें युद्ध हुआ। इस युद्धमें पराजित हो कर हुमायूं सपरिवार भारत छोड़नेके लिए बाध्य हुए थे। उनके भाई कामरानने पञ्जाब दे कर शेरखांकी राज्यतृष्णा निवृत्त की। शेरखां द्वारा भारतमें पुनः पठान राजवंशकी प्रतिष्ठा हुई।

पठान राजवंश। १५४० ई०में शेरशाह नाम धारण कर शेर खांने दिल्लीके सिंहासन पर उपवेशन किया। पाश्चात्य लोगोंके आक्रमणसे अपने राज्यकी रक्षाके अभिप्रायसे उन्होंने रोहतास दुर्ग बनवाया। १५४१ ई०में मालवा प्रदेशको वशीभूत कर उन्होंने विश्वासघातकता पूर्वक रायसिंहके दुर्ग पर कब्जा किया। मारवाड़ राज्य अधिकार करनेके बाद उन्होंने कालञ्जर अवरोध किया। कालञ्जरके राजा कीर्त्तिसिंह असीम साहससे शेरशाहके साथ युद्ध करने लगे। १४४५ ई०में अवरोधके समय शत्रुपक्षीय एक जलता हुआ गोला शेरशाहके बारूदखानेमें आ गिरा जिससे उनकी मृत्यु हो गई। शेरशाहके पुत्र सलीमशाहके द्वारा कालञ्जर अधिकृत होने पर चन्देल राजवंशका अवसान हो गया। १५५३ ई० तक निर्विवाद राज्य करनेके बाद सलीमके परलोक सिधारने पर उनके साले मुबारिज खांने अपने भानजे फिरोजखांको अन्तःपुरमें ले जा कर निष्ठुरभावसे उसकी हत्या कर डाली और स्वयं 'महम्मदशाह' शूर नाम रख कर सिंहासन पर बैठे। साधारण लोग इन्हें आदिलि नामसे ही जानते थे। दिल्लीमें हिमू नामका एक हिन्दू दुकानदार था। राजकार्य सुचतुर और [illegible] होने पर हिमु

राजाका विशेष विश्वासपात्र हो गया। क्रमशः यही व्यक्ति राज्यका सर्वेसर्वा और राजा आदिल या महम्मदशाहका प्रधान परामर्शदाता हो गया था। हिमूने अपने पूर्वजीवनमें साम्राज्य-शासनमें विशेष पारदर्शिता दिखलाई थी।

राजाके व्यभिचारमें राजकार्य शून्य हो गया, जिससे अमात्योंको राज्यापहरणकी आकांक्षा बलवती हो उठी। इस कारण राज्यमें घोरतर विशृङ्खलता उपस्थित हो गई। चुनार विद्रोहसे अवकाश पा कर इब्राहिम खाँ नामक राजाके किसी निकटात्मीयने आगरा और दिल्ली अधिकार कर लिया। इधर राजाके साले सिकन्दरशाहने पञ्जाब प्रदेशमें अपना अधिकार जमा लिया। सिकन्दरके द्वारा पराजित हो कर इब्राहिम राजधानी छोड़ भाग गये। मार्गमें कालपीके पास चुनारसे लौटते हुए हिमूके साथ उनकी भेंट हुई। हिमूने पीछा कर उन्हें बयाना दुर्गमें अवरुद्ध कर लिया। बङ्गालके राजा महम्मदशाह सूरके विद्रोह दमनके लिए हिमू बयानाका अवरोध छोड़नेके लिए बाध्य हुए। बङ्गालमें उन्होंने विशेष सुव्यवस्था की थी।

पूरबमें हिमूको युद्ध कार्यमें लगा देख हुमायूँ पञ्जाब पर आक्रमण कर बैठे। सिकन्दरशाहके पराजित होने पर, १५५५ ईमें आगरा और दिल्ली मुगलोंके हाथ लगा। छह मास दिल्लीमें रहनेके बाद, शेर मण्डलकी सीढ़ीसे गिर कर हुमायूँकी मृत्यु हो गई। हुमायूँकी मृत्युका संवाद सुन कर हिमूने बड़े उत्साहके साथ आगरा अधिकार कर मुगल सेनाको दिल्लीसे भगा दिया और स्वयं महाराजाधिराज विक्रमादित्य नाम धारण पूर्वक दिल्लीके सिंहासन पर उपविष्ट हुए।

इस समय चौदहवर्षके कुमार अकबर अपने अभिभावक बैरामखाँके साथ पञ्जाबमें वास कर रहे थे। हिमू उनके दमनार्थ पञ्जाबकी ओर अग्रसर हुए। पानीपतमें दोनोंमें घोर संघर्ष हुआ। १५५६ ईमें पानीपतके रण युद्धमें हिमू कैद कर लिये गये और अकबरके सामने पेश हुए। बैरामखाँने अकबरके समक्ष ही शिरश्छेद कर मुगल कण्टक दूर किया। जिस समय मुगलोंके हाथसे हिमू मारे गये, उस समय आदिल चुनारमें थे। बङ्गालके विद्रोहदमन करनेमें आदिलकी मृत्यु हुई और साथ ही सूरवंशका लोप हो गया।

मुगलवंश। कन्नौजके युद्धमें शेरशाह द्वारा पराजित हो कर हुमायूँ जोधपुरकी तरफ भागे, पर वहाँ आश्रय न मिलनेसे उन्हें फिर अमरकोटके राजाके समीप जाना पड़ा। वहाँ १५४२ ईमें बालक अकबरका जन्म हुआ। अमरकोटके राजपरिवारके साथ विरोध उपस्थित होनेसे हुमायूँको फारस भागना पड़ा। जाते समय वे अपने भाई कन्धारके तत्कालीन शासनकर्त्ता हिन्दालके पास अपने शिशु पुत्र अकबरको छोड़ गये। बाल्यकालमें अकबरने अपने चचा कामरानके हाथसे दो बार निष्कृति पाई थी। पानीपतके युद्धके बाद, अकबर दिल्ली और आगराके अधीश्वर तो हो गये, पर वास्तवमें बैरामखाँ पर ही राज्य शासनका भार रहा। बैरामखाँ बड़े ही दुर्दान्त थे। उनके कठोर शासनसे सभी तंग हो गये। स्वयं अकबरशाह माताकी बीमारीका बहाना कर दिल्ली पहुँचे और बैरामखाँको अधीनता त्याग कर १५६० ईमें वे स्वयं राज्य शासन करने लगे। इसके बाद मक्का जाते समय गुजरातमें बैरामखाँ पठानों द्वारा मारे गये।

१५५६ ईमें हुमायूँकी अकस्मात् मृत्युके बाद, राज्यासनमें उपविष्ट हो कर अकबरशाहने १६०५ ई० तक भारत साम्राज्यका शासन किया था। पिताकी मृत्युके समय आप पञ्जाबके अफगान विद्रोहके दमनमें लगे हुए थे। राज्याधिकार प्राप्त करनेके बाद ७ वर्ष तक लगातार युद्ध करके इन्होंने अपने राज सिंहासनकी दृढ़ता सम्पादन की थी। इस समय जौनपुर, मालवा, गढ़मण्डल आदि स्थान स्वतन्त्र शासनाधीन हुए थे। पहले दिल्ली और आगराके पार्श्ववर्ती स्थानोंको अपने अधिकारमें करने बाद उन्होंने १५५८ ईमें चित्तौर और अजमेर, १५६० ईमें अयोध्या और ग्वालियर, १५७६ में गुजरात और बङ्गाल, १५७८ में उड़ीसा, १५८१ में काबुल, १५८६ में काश्मीर, १५९१ में सिन्धु और १५९४ ईमें कान्धाहार राज्य जय किया था। इनके जीवनकालोपान्त दाक्षिणात्य विजयमें अतिवाहित हुआ था। १५९५ ईमें अहमदनगर अवरोधके समय चाँदबीबीके साथ इनका घोरतर युद्ध हुआ। चाँदबीबीने अहमदनगरकी रक्षाके लिए उन्हें बरारप्रदेश दे दिया। अहमदनगर अवरोधके बाद उन्होंने खानदेश

राज्य पर अधिकार किया। १६०५ ई०में अकबरशाहकी मृत्यु हुई।

राजपूतोंके साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापन और हिन्दुओंके प्रति सदय व्यवहार ही उनकी साम्राज्य-भित्तिके दृढ़ीकरणका प्रधान अवलम्बन हुआ था। उनके ४१५ मनसबदारोंमें ५१ हिंदू थे। प्रजाकी हितकामनासे उन्होंने जिज़िया कर उठा दिया था। टोडरमल्लकी जरीब और राजस्व अवधारण उनके राजत्वकी एक प्रधान घटना थी।

अकबरशाह सिर्फ हिन्दुओंके ही पक्षपाती थे, सो नहीं, जैन, सिख, ईसाई, मुसलमान आदि विभिन्न सम्प्रदायके लोग उनके द्वारा सम्मानित होते थे। प्रसिद्ध धर्म-प्रचारक सेन्टजुवियरके भ्राता ईसाई धर्मके प्रचारार्थ भारतमें आये थे, तो वे भी अकबरशाहके सान्ध्यसम्मिलनमें समवेत और पूजित हुए थे। आबुलफजलके परामर्शसे और विभिन्न धर्मसम्प्रदायके साथ सामञ्जस्य रखते हुए उन्होंने इलाहीधर्मका प्रचार किया था। विश्वब्रह्माण्डमें मूलस्वरूप सूर्यदेव ही उनके द्वारा प्रवर्तित धर्ममें ईश्वरत्वका प्रधान अवलम्बन हैं। वे ही जगत् प्रकृतिके आधारभूत हैं, सुतरां परब्रह्म रूपमें प्रतिपादित हुए हैं।

वे संस्कृत और फारसी भाषामें विशेष पक्षपाती थे। जो व्यक्ति संस्कृतमें फारसी भाषामें रूपान्तर नहीं कर सकते थे, उनका राजकीय पद पर नियुक्त होना असम्भव था। रामायण, महाभारत, कथासरित्सागर आदि सुललित संस्कृत ग्रन्थ उन्हींके उत्साहसे फारसी भाषामें अनुवादित हुए थे। मियाँ तानसेनके सङ्गीतालापसे उनकी सभा प्रतिध्वनित होती थी। अबुलफजलके भाई फैजीने सबसे पहले संस्कृतभाषामें षड्दर्शनकी शिक्षा प्राप्त की थी।

१६०५ ई०से १६२७ ई० तक अकबरके पुत्र सलीमशाहने जहांगीर नामसे मुगल साम्राज्यका शासन किया। नूरजहांका विवाह, महब्बतका विद्रोह, इङ्गलैण्डके राजदूत सर टामसरोका मुगल-सभामें आगमन और सूरतमें अंग्रेजों द्वारा वाणिज्यके लिए कोठी स्थापन तथा पुर्त्तगीज वणिकों द्वारा अमेरिकासे ताम्रकूटका लाना, ये सब जहांगीरके राजत्वकी विशेष घटनाएं हैं।

जहांगीर और नूरजहां देखो।

१६२७से १६५८ ई० तक मुगल-सम्राट् शाहजहांने राजत्व किया था। मुगलवंशकी कुलप्रथाके अनुसार ये भी पितृविरोधी थे। १६३६ ई०में इन्होंने अहमदनगर जीत कर विद्रोही सेनापति खाँजहान लोदीको काफी सजा दी थी। निजामशाही राज्य-आक्रमणके समय महाराष्ट्र सेनापति शाहजी (शिवाजीके पिता)ने उनकी विशेष प्रतिद्वन्द्विता की थी। बादमें काबुल और बदाकस्तान जीत कर उन्होंने मुगलवंशका गौरव बढ़ा गया। अकबरशाह सुकौशलसे जिस साम्राज्यभित्तिकी स्थापना कर गये थे, जहांगीरके शासनकालमें उसकी पुष्टि और वृद्धि हुई थी। शाहजहां उसको सर्वाङ्गीनता सम्पादन कर गये। इस समय मुगलोंका सौभाग्य केन्द्र शीर्षस्थान तक पहुंच आ चुका था। ताजमहल, मोती मसजिद और मयूरासन मुगलगौरवके निदर्शन हैं।

अकबरके यत्नातिशयसे लब्ध जो मुगल साम्राज्य धीरे धीरे शाहजहांके समयमें शासन समृद्धिसे परिवर्द्धित हुआ था, दुरन्त कुटिल हृदय हिंदुविद्वेषी औरङ्गजेबके कठोर शासनके फलसे उसकी अवनतिका सूत्रपात हुआ। हिंदू और मुसलमानोंमें सद्भाव स्थापन कर अकबरशाहने जिस सौख्यतासूत्रका ग्रंथन किया था, औरङ्गजेबके बुद्धिविपर्ययसे उसका बन्धन शिथिल हो गया। औरङ्गजेब ऐसे विद्रोहरूप बीजका रोपण कर गये कि उस अनर्थकारी बीजने मुगल-साम्राज्यका विलोप ही कर दिया।

दाराशिकोह, शाहसुजा, मुराद और औरङ्गजेब, इस प्रकार शाहजहांके चार पुत्र थे। बड़े दाराशिकोह अकबरशाहके धर्ममतावलम्बी थे। उन्होंने एक उपनिषद् ग्रंथ फारसीभाषामें अनुवादित किया है। ज्येष्ठ पुत्र दाराके गुण और विद्यावत्तासे संतुष्ट हो कर सम्राट्ने उन्हें ही सिंहासन देनेका निश्चय कर लिया था। औरङ्गजेबने १६५८ ई०में आगरा रणक्षेत्रमें दाराको पराजित किया। उसके बाद अपने भाई मुराद और वृद्ध पिताको कैद कर उन्होंने शाहसुजाको आराकानमें निर्वासित किया था। १६५९ ई०में दाराशिकोह सिंधुप्रदेशमें पकड़े गये और बादमें औरङ्गजेब द्वारा मरवा दिये गये।

१६५८ ई०में भारत-साम्राज्यके अधीश्वर बन कर औरङ्गजेब प्रबल-प्रतापसे राज्यशासन करने लगे।

उनके अधिकारमें मुगलोंका सेनापति, सेनानायक, शीर्षस्थान पर अधिष्ठित थे, किंतु १७०७ ई०में उनकी मृत्युके साथ ही मुगलसाम्राज्यका अवसान हो गया। जिस समय औरङ्गजेब आत्मगौरवकी प्राबल्य राज्योंमें शासन विस्तारके लिए व्यस्त थे, उस समय दिल्ली राजधानीमें सत्नामी नामक एक हिन्दूसम्प्रदायके साथ मुगलोंका घोर विरोध उपस्थित हुआ। किसी सामान्यसूत्रसे एक सत्नामीके साथ एक मुगल पदातिक का विरोध ही इस संघर्षका कारण था। कई लड़ाइयोंके बाद सत्नामी सम्प्रदायकी विजय हुई। अवशेषमें सम्राट् ने स्वयं मुगल सेनाको उत्तेजित कर हिन्दुओंके विरोधका दमन किया था। इसके बाद अत्याचारसे हिन्दू सिक्ख पर्व मुगल सम्राट् औरङ्गजेबने सिक्खोंको अत्याचारसे हिन्दूधर्म मानका प्राण संहार किया। उनके स्त्री पुत्रादि दास रूपसे बिके थे। अनन्तर उन्होंने प्रत्येक हिंदू पर जिजिया कर लगाया। इसके सिवा दाक्षिणात्य विजय (गोलकुण्डा और बीजापुर अधिकार) तथा १६८१ ई०में राजपूत विद्रोह, महाराष्ट्रीय और सिक्ख शक्तिका अभ्युत्थान ये भी उनके राज्यके प्रधान घटनाएं हैं।

औरङ्गजेब देखो।

महाराष्ट्र अभ्युदय। जो राजपूतगण मुगलोंके चिर सहाय थे, औरङ्गजेबके चिढ़ पक्षपात: हो उन्होंने मुगल पक्ष छोड़ दिया। मुगलोंके विपक्षमें उदयपुरके राणा राजसिंहके विशेष रण नैपुण्यका परिचय दे गये हैं। इधर दाक्षिणात्यमें छत्रपति शिवाजीकी अध्यक्षतामें महाराष्ट्र भी विशेष दक्षताके साथ मुगलोंका सामना कर रहे थे। शिवाजी बीजापुर राजके अधीन पार्वत्य दुर्गके अधिनायक थे। उन्होंने साम, मैत्री, भेद और दण्डका अवलम्बन पूर्वक दाक्षिणात्यके मुसलमान शासनकर्ताओंको कठपुतलियोंकी तरह नचाया था। जिस चातुर्य और कौशलसे उन्होंने औरङ्गजेबके मनोरथको व्यर्थ किया था, वह महाराष्ट्र इतिहासमें स्पष्टतया लिखा है। उनकी बारम्बार और पुनः आक्रमण तथा बहुदिनपरिवेष्टित मुगलोंकी राजधानी दिल्लीसे भाग आना, उनके जीवनकी अद्भुत घटनाएं हैं। शिवाजी देखो।

१६८० ई०में शिवाजीकी मृत्यु होने पर उनके पुत्र शम्भाजीने महाराष्ट्र शक्तिका संचालन किया। उन्होंने कई बार मुगल सेनाका विध्वंस किया था। मुकर्बखाने औरङ्गजेबके उन्हें कारागारमें आबद्ध कर निहत करने पर १६८९ ई० महाराष्ट्र शक्ति कुछ दिनोंके लिए शिथिल हो गई।

शम्भाजीके निहत होनेके बाद उनके पुत्र शाहु (२य शिवाजी) राजा हुए। उनके पितृव्य राजाराम राजकार्यकी देख भाल करते थे। मुगलोंके रायगढ़ दुर्गमें शाहुको कैद करने पर, राजारामने सिंहगढ़दुर्गमें राजोपाधि ग्रहण की। १६९८ ई०में मुगल सेनापति जुल्फिकर खांके सिंहगढ़ आक्रमण करने पर, राजाराम सतारामें भाग गये। इसी समय महाराष्ट्र सेनामें गृहविच्छेद उपस्थित हुआ। सेनापति सान्ताजी घोरपड़े अपनी सेना द्वारा मारे गये। राजाराम और धनाजी यादव आदि महाराष्ट्र सरदारगण चौथसंग्रहमें मशगूल हुए थे। इसके प्रतिविधानके लिए सम्राट्ने जुल्फिकर खांको महाराष्ट्रोंके विरुद्ध भेजा। एक एक कर महाराष्ट्रोंके सभी दुर्गों पर आक्रमण होने लगे। १६९९ ई०में सतारा दुर्ग मुसलमानोंके हस्तगत हुआ। जुल्फिकर खांने राजारामको बन्दी करनेके लिए जिंजीतक पीछा किया। यहां दुर्घटनासे राजारामकी मृत्यु हो गई।

राजारामके बाद, उनके शिशुपुत्र ३य शिवाजी राजा हुए। इस बालककी तरफसे उनकी माता ताराबाई राजकार्यका पर्यालोचना करने लगीं। उस समय भी दाक्षिणात्यमें मुगलोंके साथ युद्ध चल रहा था। महाराष्ट्रसेनाके गुप्त युद्धों और लूटपाटसे औरङ्गजेब क्लान्त हो गये। अत्यधिक व्ययसे राजकोष प्रायः शून्य हो चला था। सेनापतियोंका वेतन चुकाना भी कष्टकर दिखाई देने लगा। इधर राजपूतोंके साथ युद्ध और आगराके जाटोंके विद्रोहसे आक्रान्त हो चुके थे, ऐसी अवस्थामें बाध्य हो कर सम्राट् औरङ्गजेबको महाराष्ट्रोंसे सन्धि करनेके लिए बाध्य होना पड़ा। महाराष्ट्रोंके द्वारा अद्भुत शर्तोंका प्रस्ताव रखे जाने पर सन्धिभङ्ग हो गई। अन्तिम औरङ्गजेब अहमदनगरमें महाराष्ट्रोंके उपद्रव सहते रहे और आखिर १७०७ ई०में अहमदनगरमें उनकी मृत्यु हो गई।

मृत्यु-समय पर्यन्त औरङ्गजेब दाक्षिणात्यमें मुगल-प्रभाव को अक्षुण्ण बनाये रखनेमें यत्नशील थे। उनके अधिकार कालमें मुगल-साम्राज्यकी सीमा सुदूर पर्यन्त विस्तृत हुई थी। इस प्रकार दीर्घवसाके साथ, काश्मीरसे कुमारिका तक साम्राज्य विस्तारमें कोई भी मुसलमान राजा आज तक समर्थ नहीं हुए थे।

औरङ्गजेबने अपने साम्राज्यको मुआजिम आजम और कामबक्स नामक अपने तीन पुत्रोंको बाँट देनेका आदेश दिया था। उनकी मृत्युके बाद तीनों भाई राज्यप्राप्ति के लिए परस्पर विरुद्धाचारी हो गये। अन्य भाइयोंके मारे जानेके बाद मुआजिम 'बहादुरशाह' (शाहआलम) इस नाम धारण कर दिल्लीके सिंहासन पर बैठे। १७०७ ई०से १७१२ ई० तक बहादुरशाहने राज्य किया।

महाराष्ट्रकेशरी शिवाजीके वंशधर शाहु युवराज आजिम द्वारा कारामुक्त हुए। शाहुके दाक्षिणात्यमें प्रवेश करने पर, उन्हें राज्यके वास्तविक उत्तराधिकारी समझ बहुतसे महाराष्ट्र सरदारोंने उनका पक्ष अवलम्बन किया। इधर ताराबाईने सिंहासनच्युतिके भयसे शाहु को जाली ठहरानेकी चेष्टा की। इसी सूत्रसे एक युद्ध भी हुआ। ताराबाईके पराजित होने पर, शाहु १७०८ ई०में सताराके राजा हुए। राजा शाहुके मंत्री बालाजी विश्वनाथसे महाराष्ट्र भूमि पर पेशवाका आधिपत्य विस्तृत हुआ। पेशवा देखो।

उदयपुर, जयपुर और जोधपुरके राजपूत राजाओंको स्वाधीनता प्रदान कर बहादुरशाहने मुगलसाम्राज्यमें शान्ति स्थापित की। राजपूतानाका और वहांकी राजधानियोंके नामानुसार उन्हीं शब्दोंमें विशेष विवरण देखना चाहिये।

सिख-अभ्युदय।—ईसाकी १५ शताब्दीमें पञ्जाबप्रदेशमें बाबा नानक द्वारा सिख धर्म प्रवर्तित हुआ। गुरु नानककी मृत्युके बाद कई एक गुरु चुपचाप मुसलमानोंके अत्याचार सहते हुए लाहोरके पास अवस्थान करते रहे। १६०६ ई०में खुसरूके विद्रोहमें साथ दे कर सिख-दल विशेष निगृहीत हुआ था। यहां तक कि उन्हें अपनी वास भूमि लाहोरको छोड़ कर शतद्रु और यमुनाके मध्यवर्ती पार्वतीय अन्तराल भूमिमें वास करनेके लिए बाध्य होना पड़ा था। दशवें गुरु गोविन्दने (१६८५ ई०) प्रतिहिंसा परवश हो कर सिखोंको शस्त्र-विद्याकी शिक्षा दी और मुसलमानोंके निष्ठुरताका प्रतिशोध लेनेके लिए वे कटिबद्ध हुए। मुसलमानोंने इस संवादको पाते ही क्रुद्ध हो सिखोंके दुर्गों पर कब्जा कर उन्हें कैद कर लिया और गुरु गोविन्द के परिवारवर्गको मरवा डाला तथा अन्यान्य सिखोंको विशेष बर्बर-व्यवहारसे उत्पीड़ित किया। स्वयं गुरु गोविन्द भी जब दाक्षिणात्यमें भेज कर मार डाले गये, तो सिख-सम्प्रदाय उन्मत्तप्राय हो उठा। उन लोगोंने बन्दा नामक एक संन्यासीकी अधिनायकतामें पञ्जाबके पूर्वभाग पर धावा मार कर मुसलमानोंकी मसजिदें तोड़ फोड़ डालीं और मुल्लाओंको मार डाला। ग्रामसे ग्रामान्तर आक्रमण करते और तलवारोंसे शत्रुओंका उच्छेद करते हुए वे सहारनपुर तक अग्रसर हुए। सरहिन्द सूबेदार इस समय विशेषरूपसे निपीड़ित हुए थे। बहादुरशाहने बन्दाके गिरि-दुर्गमें घेरा डाला, परंतु बन्दाने कौशल-पूर्वक भाग कर अपनी रक्षा कर ली। १७१२ ई०में लाहोरमें बहादुर शाहकी मृत्यु हो गई।

बहादुरकी मृत्युके बाद सिंहासनके पीछे उनके चार पुत्रोंमें विवाद उपस्थित हुआ। मंत्री जुलफिकर खांके षड्यन्त्रसे आजिम उस्-शान, खुजिस्ता आख्तर और रफि उल्-कादेर ये तीनों भाई मार डाले गये और बड़े भाई मैज उद्दीन जहानदारशाह सिंहासन पर बैठे। उक्त चारों पुत्रोंमें आजिम उस्-शान विशेष योग्य व्यक्ति थे। उनके एकमात्र पुत्र फर्रुखसियर बङ्गालमें थे, इस लिये वे बच गये।

विलासी जहांदार शाहको कठपुतली बना कर प्रभुत्व करनेकी मनशासे जुलफिकरने उनकी सहायता की थी। उमरावोंने उनके इस सगर्वव्यवहारसे फर्रुखसियरको बुला भेजा। बिहारके शासनकर्ता सैयद हुसेन अली और इलाहाबादके शासनकर्ता सैयद अबदुल्लाकी सहायतासे आगराके युद्धमें सम्राटको पराजित और राज्यच्युत कर फर्रुखसियरने सिंहासन अधिकार किया।

राजासन पर बैठ कर उन्होंने अब्दुल्ला और हुसेन अलीको वजीर और सेनापति पद पर नियुक्त किया। बादशाहीमें ये दो सैयद भाई ही राज्यके सर्वेसर्वा हो गये थे। सिख सरदारोंका दमन, १७१७ ई०को मराठाओंके साथ सन्धि, ईष्ट इण्डियाको परवाना पर बिना शुल्कके अङ्गरेजोंको वाणिज्य करनेकी आज्ञा और ३८ ग्रामोंका खरीदना, ये उनके राज्यकी प्रधान घटनाएँ हैं।

(फर्रुखसियर देखो।)

१७१९ ई०में फर्रुखसियरको मार कर सैयद भाइयोंने रफी-उद्-दराज और रफी-उद्-दौला नामक दो राजपुत्रोंको सिंहासन पर बिठा; परन्तु उनके अकालमें ही मर जानेसे रोशन अख्तर मुहम्मदशाहको सिंहासन दिया गया। इनके राज्यमें वजीर प्रधान चीन किलिच खाँ निजाम-उल्-मुल्क (आसफजाह) और सादत अलीने क्रमशः अपने अपने स्वाधीन राज्योंकी स्थापना की। हैदराबादमें निजामशाहीवंश और अयोध्यामें वजीर वंशकी प्रतिष्ठा हुई थी। (अयोध्या और निजाम देखो।) १७२०से १७४८ ई० तक मुहम्मदशाहने राज्य किया था। इस समय महाराष्ट्रोंकी पेशवाओंका प्रभुत्व पूरा हो गया था। प्रसिद्ध 'बर्गीयउपद्रव' अलिवर्दीके राजत्वकालमें बङ्गालमें संघटित हुआ था। १७३९ ई०में नादिरशाहने दिल्ली अधिकार किया। (नादिरशाह देखो।)

नादिरशाहकी मृत्युके बाद, उनके विख्यात सेनापति अहमदशाह अबदालीने १७४७ ई०में भारत आक्रमण किया। इस युद्धमें उनका मनोरथ सिद्ध नहीं हुआ।

मुहम्मदशाहकी मृत्युके बाद उनके पुत्र युवराज अहमदने १७४८से १७५४ ई० तक राज्य किया। १७५१ ई०के रोहिला-युद्धमें उन्हें सिन्धिया और होलकर राजाओंकी सहायता ग्रहण करनी पड़ी थी। अबदालीके द्वितीय आक्रमणमें उन्होंने पञ्जाबका स्वत्व छोड़ दिया, जिससे वजीरके साथ उनका मनोमालिन्य (१७५३ ई०) हो गया। इसके बाद आसफजाहके पौत्र गाजीउद्दीनने वजीर हो कर उनको हत्या कर डाली और औरङ्गजेबके वंशधर किसी एक राजपुत्रको द्वितीय आलमगीर नाम रख उन्हें सिंहासन पर बिठाया।

इन आलमगीरके राजत्वकालमें (१७५४-५९ ई०) वजीर गाजीउद्दीनकी विश्वासघातकतासे श्रीहीन हो कर अबदालीने दिल्ली आक्रमण और साथ ही उसका ध्वंस कर डाला। उसके बाद ही महाराष्ट्रोंने दिल्लीका पद ले कर युद्ध किया था। १७६१ ई०में पानीपतकी ३री लड़ाईमें मुगल और महाराष्ट्र शक्ति सम्पूर्ण छिन्न भिन्न हो गई। (पानीपत अबदाली देखो।)

१७५९ ई०में इन आलमगीरके मारे जाने पर, उनके पुत्र अली गौहर १७६० ई०में शाह आलमके नामसे दिल्लीके सिंहासन पर बैठे। १८०६ ई०में २य अकबर और १८३७ ई०में महम्मद बहादुरशाहको दिल्लीका सिंहासन प्राप्त हुआ। परन्तु इसी समयसे अंग्रेज वणिक् सम्प्रदाय ही वास्तवमें भारतका शासन कर रहा था। सिपाहीविद्रोहमें सम्मिलित होनेके अपराधमें ये अंग्रेजोंके विचारसे रङ्गूनमें निर्वासित हुए। उनकी पत्नी जिनतमहल और पुत्र जवानबख्त उन्हींके साथ हो लिये थे।

(मुगलोंकी वंशावली तालिका।)

बाबर १५२६ ई० हुमायूँ १५३० ई०

(सूरवंश।)

शेरशाह
सलीमशाह } १५४० - ५६ ई०
आदिल

(मुगलवंश।)

हुमायूँ	१५५५	रफी-उद्-दराज	१७१९
अकबर	१५५६	रफी-उद्-दौला	१७१९
जहांगीर	१६०५	मुहम्मदशाह	१७१९
शाहजहां	१६२७	अहमदशाह	१७४८
औरङ्गजेब	१६५८	आलमगीरशाह (२य)	१७५४
बहादुरशाह	१७०७	शाह आलम	१७५९
जहान्दारशाह	१७१२	अकबर (२य)	१८०६
फर्रुखसियार	१७१३	महम्मद बहादुर	१८३७

(मुगलोंकी शासनप्रणाली और धर्म सम्बन्धी आलोचना।)

बहु पूर्वकालसे ही भारतकी समृद्धि चारों ओर ख्यात हो गई थी। इसी प्राचीन समृद्धि पर लुब्ध हो कर मासिडनवीर अलेकसन्दरने भारत आक्रमण किया था। उसके परवर्ती यवन राजगण यथाशक्ति भारतीय

समृद्धिके संरक्षणमें यत्नवान् थे। उसी समयसे भारतमें उत्पन्न सभी चीजें सुदूर रोम साम्राज्यमें पहुंचा करती थीं और उसके बहुत पूर्वसे भी अरब, मिस्र, फिनिसिया, चीन और भारतीय द्वीपपुञ्जोंके साथ वाणिज्यका संस्रव था। मिस्रवासी और रोमकगण सबसे पहले इस देशमें आये। उनके द्वारा संगृहीत मणि मुक्तादिकी प्रसिद्धि सुदूर यूरोपमें भी हुई थी। धीरे धीरे ख्याति जब चारों ओर फैल गई, तब यूरोपीय राजाओंकी भी लोभ दृष्टि इस पर पड़ी; किन्तु 'क्रूसेड' युद्धसे उनकी वाणिज्य-कोठीमें विशेष अन्तराय पड़ा। यही कारण है कि, ईसाकी १५वीं शताब्दीके शेषभागमें स्थलपथके सिवा स्वतन्त्र मार्गके आविष्कारकी चेष्टा हुई। १४९२ ई०में नाविक कोलम्बस पथभ्रष्ट हो कर 'इण्डिया'के भ्रमसे अमेरिकामें जा पहुंचे और यह स्थान 'वेष्ट इण्डिया' नामसे प्रचारित हुआ। इसके बाद नाविक श्रेष्ठ भास्कोडिगामा १४९८ में कालिकटके राजा सामरीके समक्ष उपस्थित हुए। अलमिद्रा और अलबुकार्कके शासनकालमें पुर्त्तगीजोंने भारत, भारतीय द्वीपपुञ्ज, चीन और जापान आदि द्वीपोंमें उत्पन्न होनेवाली चीजों को ले कर लोहितसागरोपकूल, अफ्रिकाके पश्चिमकूल और अमेरिकाके ब्रेजिल राज्य तक विस्तृत स्थानमें वाणिज्य-सीमा और कहीं कहीं राज्य-सीमा परिवर्द्धित की थी। तात्पर्य यह है कि, वर्त्तमान समयमें अंग्रेजोंने पृथिवी पर जितने भी स्थानोंमें राज्य विस्तार किया है, उस प्राचीनकालमें पुर्त्तगीज दस्युओंने उतनी ही दूर तक सुविस्तृत स्थानमें आधिपत्य विस्तार किया था।

पुर्त्तगाल और पुर्त्तगीज देखो।

पुर्त्तगीजोंकी वाणिज्य समृद्धिको देख कर ईर्षान्वित हो ओलन्दाज वणिक् सम्प्रदाय भी पूर्व भारत (*East India*)में वाणिज्यके लिए १५९५ ई०में यव और सुमात्राद्वीपमें आ उपस्थित हुआ। कुछ समय बाद उन लोगोंने प्रबल हो कर पुर्त्तगीजोंसे बहुतसी कोठियां छीन लीं। गङ्गातीरवर्त्ती चुंचुड़ा नगरकी कोठी १७वीं सदीके अन्तमें दुर्गबद्ध हुई थी। १८२४ ई० तक चुंचुड़ा ओलन्दाजोंके अधिकारमें रहा। इसी वर्ष अंग्रेजोंने सुमात्राके एक स्थानके बदले चुंचुड़ा नगर प्राप्त किया। १६२३ ई०में आम्बयनामें हत्याकाण्ड हो जाने पर ओलन्दाजोंका वाणिज्य प्रभाव ह्रास हो गया।

ओलन्दाज देखो।

१६१२ और १६७० ई०में दो दिनेमार वणिक् सम्प्रदाय भारतमें आये। बङ्गालके गङ्गातीरवर्त्ती श्रीरामपुर ग्राममें और दाक्षिणात्यके ट्राङ्कुइवार नगरमें (१६१६ ई०) उनकी वाणिज्य कोठी स्थापित हुई थी। १८४५ ई०में अंग्रेजोंने श्रीरामपुर खरीद लिया। पोर्टोनोवो, पटौवा; हल्वेरी आदि स्थान भी उन्हींके अधिकार थे।

दिनेमार देखो।

बहु प्राचीनकालसे इंगलैण्डमें भी भारतागमनके मार्ग आविष्कारकी चेष्टा हो रही थी। कैबट, सिबास्टियन, विलोबी, चान्सलर*, फ्रबिसर, डेभिस, हडसन, बफिन और फ्रान्सिस ड्रेक उस पथके पथिक हुए थे। परन्तु उनमेंसे किसीका भी मनोरथ सिद्ध नहीं हुआ। १५७९ ई०में टामस् ष्टिफेन सालसेटो द्वीपके जेसुट् कालेजके अध्यापक हो कर भारत आये थे। उनके पिताके पास भेजे हुए पत्रको पढ़ कर (१५८३ ई०में) राल्फ फिच, जेम्स् न्युबेरी और लिड्स् नामके वणिकोंने स्थलपथसे भारत आनेकी चेष्टा की। पुर्त्तगीजोंने ईर्षावश उन्हें अरमज और गोआ नगरमें कैद कर लिया। न्युबेरीने गोआमें दुकान कर तथा लिड्सने मुगलोंके अधीन काम करके जीवनयापन किया था, परन्तु फिच् सिंहल श्याम, बङ्ग, पेगू और मलक्का आदि द्वीपपुञ्जोंमें परिभ्रमण कर स्वदेश लौट गये थे।

प्रसिद्ध 'अरमाडा' वाहिनीके अधःपतनसे (१५८८ ई०में) स्पेन और पुर्त्तगालोंकी मिलित शक्तिका ह्रास होने पर, अंग्रेजोंकी वाणिज्य आशा बलवती हो उठी। उस समय ओलन्दाजोंके मिर्च आदिकी कीमत दूनी कर देने पर विशेष आग्रहके साथ १६०० ई०में अंग्रेज वणिक् समितिने "इष्ट इण्डिया कम्पनी" नामसे

---

* उक्त महानुभाव उत्तर-महासागरके पथसे आ कर रूसियाके उत्तरस्थ श्वेतसागरोपकूलमें आर्कएञ्जेल बन्दरमें उतरे थे। वहांसे स्थलपथ द्वारा मास्को राजधानीमें पहुंचे। उन्हींके परामर्शसे भारत, पारस्य और रूसोंमें वाणिज्यके लिए [illegible] गठित हुई थी।

अपना संगठन कर डाला। उन लोगोंने पहले भारत महासागरस्थ द्वीपपुञ्जमें रह कर बाणिज्य किया था। १६२३ ई०के अम्बयनाके हत्याकाण्डके बाद अंग्रेज बणिक्-समिति समुद्र-पथ छोड़ कर भारतमें आनेके लिए बाध्य हुई। कोम्पनी और अंगरेज देखो।

१६०४ ई०में पहले फरासीसी "इष्ट इण्डिया कंपनी" संगठित हो कर भारतमें आई थी। उसके बाद और भी छः फरासीसी बणिक्-सम्प्रदाय बाणिज्यार्थ भारतमें आये थे। १६६४ ई०को सूरतमें, १६७४ ई०को पुंदीचेरीमें और १६८८ ई०को चन्दननगरमें उनकी बाणिज्य कोठियां स्थापित हुई थीं। कर्नाटक-युद्धमें फरासीसी और अंङ्गरेजमें घोरतर विवाद प्रारम्भ हुआ। फरासीसी सेनापति लालीकी अविमृष्यकारितासे फरासीशक्तिका अवसान हो गया। कर्णाटकयुद्धके बाद, १७६३ ई०में इन दोनों जातियोंमें सन्धि स्थापित होने पर, फरासीसियोंको चन्दननगर और पुंदीचेरी पुनः प्राप्त हुआ।

फरासीसी, डुप्ले, चांदसाहब, कर्णाटक, महाराष्ट्र शब्द देखो।

इसके बाद भारतमें वाणिज्यके लिए १६९५ ई०में स्कच्-कम्पनी और १७२७ ई०में अष्टेण्ड कम्पनी संस्थापित हुई। अष्टेण्ड कम्पनीको राज-सनद प्राप्त करते समय सात वर्षके लिए बाणिज्यसे निर्लिप्त रहनेका आदेश मिला। उस समय उसके कई एक कर्मचारी (१७३१ ई०में) 'सुइडिस कम्पनी' नामसे स्वतन्त्र सम्प्रदाय गठित कर बाणिज्य चलाते रहे। १७८५ ई०में अष्टेण्ड कम्पनी ऋणग्रस्त हो पड़ी। १७९३ ई०में उनका बाणिज्य-कार्य बिलकुल बन्द हो गया। १८०६-ई०में सुइडिस कम्पनीका नूतन बन्दोबस्त हुआ था। अब तो जर्मन, फरासीसी, पुर्त्तगीज, इटालीय, ओलन्दाज, सुइडिस, रूस, दिनेमार, स्पेनियार्ड, बेलजियम, सुइस और तुर्क आदि प्रायः सभी बणिक-सम्प्रदायोंने भारतमें बाणिज्यांश ग्रहण किया है। इनमें अङ्गरेजोंकी संख्या ही अधिक है।

१६१४ ई०में अंग्रेजोंने भारतमें कोठियां स्थापित करने पर भी वास्तविक प्रतिष्ठा नहीं पाई थी। १६३९ ई०में विजयनगर राजवंशीय चंद्रगिरिके अधिपतिके यहांसे अङ्गरेजोंने मन्द्राजकी अधिष्ठान-भूमिका स्वत्वाधिकार प्राप्त किया और यहीं पर सबसे पहले सेण्ट जार्ज दुर्ग स्थापित हुआ। मन्द्राज और कोम्पानी देखो।

१७४४ ई०में अङ्गरेजों और फरासीसियोंमें जब यूरोपमें युद्ध चल रहा था, तब अवसर देख कर अङ्गरेजोंने दाक्षिणात्यमें फरासीसियों पर चढ़ाई कर दी। १७४८ ई०में आइलासापेलको सन्धिके अनुसार दोनों पक्षका विवाद मिट गया। परन्तु निजाम सिंहासनके उत्तराधिकारके कारण दोनोंमें फिर झगड़ा उठ खड़ा हुआ। आर्कट और कर्णाटक युद्धका यही कारण था। आर्कट युद्धमें (१७५१-ई०में) क्लाइवके हाथसे पराजित हो कर फरासीसीगण विशेष अपदस्थ हुए। महमद-अलीको आर्कट-सिंहासन पर बिठा कर अङ्गरेजोंने बाणिज्य की वृद्धि की थी।

१६३३ ई०को पिप्पलीमें और १६५२ ई०को हुगलीमें कोठी स्थापित हुई। १६९१ ई०में जाब चार्नकने सूतानुटी, गोविन्दपुर और कालीघाट (कलकत्ता)-के लिए सनद प्राप्त कर ली। १६९६ ई०में फोर्ट 'विलियम' दुर्ग (कलकत्तेमें) स्थापित हुआ। कलकत्ता देखो।

नवाब सिराजउद्दौलाके शासनकालमें (१७५६ ई०) कलकत्तामें 'अन्धकूप हत्या' * की गई। इस संवादको पा कर क्लाइव और वाट्सन मंद्राजसे कलकत्ता आ पहुंचे। १७५७ ई०में पलाशीके रणक्षेत्रमें बङ्गालकी भाग्यलक्ष्मी इङ्गलैण्डके हाथ लगी। क्लाइव देखो।

इसी वर्ष मीरजाफरको सिंहासन पर बिठा कर अङ्गरेजी कम्पनीने २४ परगनाकी जमीन्दारीका स्वत्व अपने हाथ ले लिया। १७५८ ई०में क्लाइवके बङ्गाल-शासनके समय शाहआलमने पटना पर चढ़ाई की। १७६० ई०में क्लाइवके विलायत चले जाने पर वन्सीटार्ट बङ्गालके गवर्नर हुए। उस समय शाह आलम युद्धमें परास्त हो गये। मीरनकी मृत्यु होनेसे बङ्गेश्वरके ऋण-परिशोधकी कोई सम्भावना न देख वंसीटार्टने नवाबको पदच्युत कर उनके भाई मीरकासिमको सिंहासन पर बिठाया। मीरकासिमने सिंहासन-लाभसे उपकृत हो कर अङ्गरेजी कम्पनीको वर्द्धमान,

---

* कोई कोई ऐतिहासिक अन्धकूपके अस्तित्वके विषयमें सन्देह प्रकाश करते हैं। सिराजउद्दौला देखो।

मेदनीपुर और चट्टग्राम दे दिया। कम्पनीके कर्मचारी गण बिना शुल्कके वाणिज्य चला रहे थे, यह देख नवाबने अङ्गरेज कौन्सिलको खबर दी। कोई प्रतिकार न होने पर नवाबके साथ कम्पनीका विरोध उठ खड़ा हुआ। गिरिया और उधूआनालाके युद्धमें पराजित हो कर नवाब पटना भाग गये। वहां पर महताप जगत्सेठ, राजा रामनारायण, राजा राजवल्लभ और पटनाकी कोठीके अध्यक्ष एलिस साहबकी हत्या कर अंतमें उन्होंने बादशाह शाह आलम और नवाब सुजाउद्दौलाकी शरण ली। १७६४ ई०में बक्सरके युद्धमें मिलित मुगल-सेना पराजित हो गई। अयोध्या विजेताके पदोनत हो गई और मुगल सम्राट अनुग्रहाकांक्षी हो कर अंग्रेजोंके शिविरमें उपस्थित हुए।

कासिमको विद्रोही देख कर अंग्रेजोंने पुनः मीरजाफरको सिंहासन प्रदान किया। १७६५ ई०में उनकी मृत्यु होने पर उनके पुत्र नाजम उद्दौला नवाब बनाये गये।

१७६५ ई०में क्लाइव दूसरी बार शासन-कर्तृत्व ग्रहण कर भारतमें आये। उन्होंने सुजाउद्दौला और शाहआलमसे इलाहाबादमें साक्षात् किया। उनका राज्य उन्हें पुनः दे देने पर वे अंग्रेजोंके मित्र हो गये। सम्राट् शाहआलमने इस समय कम्पनीको बङ्गाल, बिहार और उड़िष्याका दीवानी-पद दे दिया। पलासीयुद्धके बादसे बङ्गालका राज्याधिकार अंग्रेजोंके करतलगत होने पर भी, सम्राट्की सनद प्राप्त करनेके बाद ही कानूनन उनका बङ्गाल पर अधिकार हुआ। अब वे वास्तवमें राज्य करनेके लिए प्रवृत्त हुए।

१७६७ ई०में क्लाइवके पुनः विलायत चले जाने पर वालेष्ट और कार्टियर (१७६९-७२ ई०) क्रमसे बङ्गालके शासनकर्त्ता हुए। उस समय (१७७० में) बङ्गालमें 'छिआत्तरिया मन्वन्तर' नामक काल-दुर्भिक्ष पड़ा, जिससे बङ्गवासियोंको कालका ग्रास बनना पड़ा। अन्नके अभावसे बङ्गालके लगभग तृतीयांश लोग मर गये। इस अन्न-कष्टके कारण ही बङ्गालमें संन्यासी विद्रोह उपस्थित हुआ था।

क्लाइवके बङ्गालमें रहते महिसुर राज्यमें हैदरअलीका अभ्युत्थान हुआ। हैदरने अपने अप्रतिहत प्रभावसे नाना स्थानों पर विजय पाई और उन स्थानों पर उनका अधिकार होता गया। अंग्रेजोंको हैदरके भयसे डर कर सन्धि करनेके लिए बाध्य होना पड़ा था। हैदरअली देखो।

१७७२ ई०में वारेन हेस्टिंग्स् बङ्गालके शासनकर्त्ता हुए। राजस्व-संग्रहकी सुव्यवस्था करनेके लिए उन्होंने सदर दीवानी और सदर निजाम अदालतोंकी प्रतिष्ठा की। राजस्व-संग्रहके कार्यमें अंग्रेजोंका अधीनस्थ कर्मचारीवर्ग प्रजा पर यथेच्छ व्यवहार करते थे। देवीसिंहकी अत्याचारकथा अब भी बङ्गालके घर घरमें प्रसिद्ध है।

१७७४ ई०का रोहिला-युद्ध, १७७५ में नन्दकुमारकी फांसी, चेतसिंहका निर्वासन, अयोध्याकी बेगमका धन लूटना, १म महाराष्ट्र युद्ध और २य महिसुर युद्ध, ये उनके शासनकालकी विशेष घटनाएं हैं। उन्होंने १७८५ में विलायतको प्रस्थान किया और फिर भी उन्हें छुटकारा नहीं मिला था। वाग्मिप्रवर बार्कने उनके इस अन्याय-अत्याचारके विषयमें वहां अभियोग उपस्थित किया। इस मामलेमें क्रमशः हेष्टिंग्सको सर्वस्वान्त हो कर गली गली घूमना पड़ा था। हेष्टिंग्स्, नन्दकुमार आदि शब्द देखो।

हेष्टिंग्सके शासनावसानके साथ ही भारतकी शासन-विशृङ्खला देख कर पार्लियामेण्ट सभामें घोर आन्दोलन उपस्थित हुआ था। तदनुसार राजमन्त्री पिटने शासनप्रणालीकी सुव्यवस्थाके लिए "इण्डिया बिल" बनाया था।

अंग्रेज गवर्नर-जनरलगण।—

वारेन हेष्टिंग्स् १७७२ ई०से १७७४ ई० तक बङ्गालके गवर्नर थे, बादमें वे भारतके गवर्नर-जनरल पद पर नियुक्त हो कर, रेगुलेटिंग् एक्ट (Regulating Act) सन् १७७३ ई० द्वारा निर्दिष्ट कौन्सिल सभाके साथ भारतकी शासन-विधिका परिचालन करते रहे।

उनके पदत्यागके बाद, सर जन मैकफार्सनने २० महीने तक गवर्नर-जनरलका कार्य किया। उसके बाद लार्ड कर्णवालिस् (१७८६-९३ ई०) उक्त पद पर नियुक्त रह कर भारतकी शासन-प्रणालीकी सुव्यवस्था कर गये। विचार-प्रणालीकी सुविधाके लिए वे प्राविन्सियल कोर्टें और प्रजाओंकी जमींदारोंके शोषण दायसे रक्षा करनेके लिए (१७९३ ई०में) 'दस साला बन्दोबस्त' कर गये।

तीसरे महिसुरके युद्धमें टीपू सुलतानके साथ उनकी सन्धि हुई, जिसके फलस्वरूप अंग्रेजोंको दिण्डिगल, बड़महल, सालम और मालाबारप्रदेश प्राप्त हुआ, तथा टीपूके दो पुत्र अंग्रेजोंके पास प्रतिभू स्वरूप रखे गये ।

लार्ड कर्नवालिसने जिन हितकर कार्यों का अनुष्ठान किया था, सर जान सोरने (लार्ड टेनमाउथ, १७९३-९८ ई०) उनकी सहकारिता की ।

सर जान सोर द्वारा टीपू सुलतानके प्रतिभू पुत्रद्वय छोड़ दिये गये । इसके बाद टीपू फिर युद्धकी योजना करने लगे । उनकी आशा थी, कि जगद्विख्यात फरासी वीर नेपोलियन अबकी बार उनकी सहायता करेंगे । मार्किस आव वेलिस्लीने (लार्ड मर्णिग्टन, १७९८-१८०५ ई०) १७९८ ई०में निजामके साथ सन्धि करके, उनकी सेनाकी सहायतासे फारसीसियोंको हतबल कर दिया । दूसरे वर्ष ४र्थ महिसुर युद्धमें टीपू दलबल सहित पराजित हुये और भगा दिये गये । इससे अंग्रेजोंका प्रभाव चारों ओर फैल गया । सुचतुर राजनीतिज्ञ गवर्नर वेलिस्लीने इसी सुयोगमें एक सामन्त-राज्य हथिया लिया । फोर्ट विलियम कालेज स्थापन, गङ्गासागर-सङ्गममें वर्षीयसीकी प्रथमोत्पन्न सन्तानका निक्षेपरूप कुप्रथा-निवारण, २य महाराष्ट्र युद्ध, होलकर और सिन्धियाका युद्ध, ये उनके समयकी विशेष घटनाएं हैं ।

वेलिस्लीके शासनकालमें युद्ध-विग्रहसे अंग्रेज कम्पनीको विशेष क्षति उठानी पड़ी थी । डिरेक्टरोंने भारतीय राजन्यवर्गके साथ वाद विवादमें उनकी इच्छा न होनेसे दूसरी बार लार्ड कर्नवालिसको फिर गवर्नर जनरल बना कर भेजा । करीब ३ महीने बाद वार्द्धक्यके कारण गाजीपुरमें उनकी मृत्यु हो गई ।

इस वर्ष सर जार्ज बार्लो डिरेक्टरसभा द्वारा सन्धि-स्थापनके लिए आदिष्ट हो कर भारतके गवर्नर जनरल-पद पर नियोजित हुए । १८०६ ई०में उन्होंने होलकरके साथ सन्धि की तो सही, पर वेल्लूर नगरके सिपाहियोंके विद्रोही हो जानेसे अंग्रेजोंको विशेष विचलित होना पड़ा था । डिरेक्टरोंने मन्द्राजकी शासनशृङ्खलाके लिए वहांके गवर्नर बेण्टिङ्कको पदच्युत कर उनके पद पर बार्लोको नियुक्त किया ।

१८०७ ई०में लार्ड मिण्टो गवर्नर हो कर कलकत्ता पधारे । कर्नवालिसकी तरह शान्ति स्थापन पूर्वक कार्य करनेका ही उनका उद्देश था; किन्तु कारणवश वे देशीय राजाओंके शासन-सम्बन्धी किसी किसी विषयमें हस्तक्षेप बिना किये रह न सके । फरासीसी और अंग्रेजोंका विरोध ज्यों का त्यों बना था ; यूरोपमें कुछ भी हो, भारतमें अंग्रेज लोग फरासीसियोंसे बहुत डरते थे । फरासीसियोंका भी भारत पर विलक्षण लोभ था । भारतमें फरासीसी अधिकार अंग्रेजोंको वाञ्छनीय न था, इसीलिए फरासीसी क्षमताके ह्रासके लिए ही निजाम, सिन्धिया और होलकर आदिके साथ अंग्रेजों का युद्ध हुआ था । उस समय यूरोपमें नेपोलियनके प्रबल हो जानेसे अंग्रेजोंकी आशङ्का और भी दूनी बढ़ गई । इसी आशङ्कासे उद्विग्न हो कर लार्ड मिण्टोको पञ्जाबपति राजा रणजित्‌सिंह तथा अफगानिस्तान और फारसके शाहके साथ सन्धि कर राजनैतिक बन्धनमें आबद्ध होना पड़ा ।

१८१३ ई०में मिण्टोके विलायत पहुंचने पर लार्ड मायरा (मार्किस आव् हेष्टिंग्स्) कलकत्ता आये । १८१४-१५ ई०का नेपालयुद्ध, सिगौलीकी सन्धि, १८१७ ई०का पिण्डारी युद्ध, और १८१७-१८का शेष महाराष्ट्र युद्ध, उनके समयकी प्रधान घटनाएं हैं ।

१८२३ ई०की १ली जनवरीको लार्ड मायराने स्वदेश-यात्रा की । उनकी पत्नीने इस देशमें अंग्रेजी शिक्षाके विस्तारके लिए बारकपुरमें एक अंग्रेजी विद्यालय और डेविडहेयरने कलकत्तामें 'हिन्दू-कालेज'की स्थापना की । श्रीरामपुरस्थ केरि, मार्शमैन आदि मिशनरियोंने चिन्सुरा, श्रीरामपुर आदिमें कई एक विद्यालय खोले थे । उनके प्रयत्नसे १८१८ ई०में "समाचार दर्पण" नामक एक बङ्गला संवादपत्र भी मुद्रित और प्रकाशित हुआ ।

लार्ड हेष्टिंग्स्के विलायत जाने पर मि० एडम नामक एक सिविलियनने कई मास तक शासनकार्य चलाया था ; बादमें लार्ड आमहर्ष्ट कलकत्ता आ पहुंचे । प्रथम ब्रह्म-युद्ध (१८२४-२६ ई०) और भरतपुर-अधिकार

(१८२७ ई०) उनके समयकी प्रसिद्ध घटना है। इसके सिवा उनके शासन-कालमें विद्याशिक्षाकी उन्नतिके लिए एक शिक्षा समिति और कलकत्ता "संस्कृत कालेज" प्रतिष्ठित हुआ।

१८२८ से १८३५ ई० तक लार्ड विलियम बेण्टिङ्कने कार्य-भार ग्रहण किया। ये ही पहले वेल्लूर-विद्रोहके समय मन्द्राजके गवर्नर थे। इनके ७ वर्षके राज्य-शासनकालमें इस आय-व्यय संस्कार, सतीदाह-निवारण, ठगोंका दमन, राजपूत जातिकी कन्यावध-प्रथाका निवारण, खन्द्जातिकी नरबलिका निषेध, शासनप्रणाली और शिक्षाविषयक संस्कार, भारतियोंको राजकार्यमें नियोजित व्यवस्था, महिसुरका शासन करनेका भार-ग्रहण और कुर्ग अधिकार आदि बहुतसे कार्य्य सम्पादित हुए थे।

लार्ड बेण्टिङ्कने दिल्लीके सम्राट्से साक्षात् करते समय कहा था कि, "अंग्रेज लोग ही अब भारतके वास्तविक अधीश्वर हैं, तैमूरवंशियोंको अब वे सम्राट् कहनेके लिए तयार नहीं हैं।" इससे क्षुब्ध हो कर सम्राट्ने सुप्रसिद्ध राजा राममोहन रायको वकील नियुक्त कर इंग्लैण्ड भेजा था। राममोहन राय देखो।

कम्पनीकी १८१३ ई०में मियाद खतम हो जानेसे, १८३३ ई० तक कम्पनीने नवीन सनद प्राप्त कर ली। तदनुसार कम्पनीको अपने अधिकृत राज्योंका भोगाधिकार प्राप्त हुआ और मन्त्रिसभामें अधिष्ठित गवर्नर-जनरल (Governor-General in Council) उन स्थानोंकी व्यवस्था करने लगे। बेण्टिङ्क देखो।

१८३५ से १८३६ ई० तक लार्ड मेटकाफका शासन-काल है। उन्होंने मुद्रणयन्त्रको स्वाधीनता प्रदान कर भारतीयोंको कृतज्ञतापाशमें आबद्ध किया है।

काबुलके सिंहासनको ले कर उत्तराधिकारियोंमें झगड़ा उपस्थित होने पर, उसके निवारणार्थ लार्ड आकलैण्ड १८३५ ई०में भारत आये। १८४१ ई०में काबुल युद्धकी दुर्गति देख कर डिरेकृरोंने १८४२ ई०में लार्ड एलेनबरा पर कार्य्यभार अर्पण किया।

अकलैण्ड, काबुल, दोस्तमहम्मद आदि देखो।

१८४२ ई०में अंग्रेजोंने वैर-निर्यातन-वश काबुल अधिकार और तबीयतके अनुसार काबुलियों पर अत्याचार किया था। इसके बाद १८४३ ई०में सेनापति नेपियर द्वारा सिन्धु प्रदेश-जय और ग्वालियर युद्ध समारब्ध हुआ। ग्वालियरके युद्धमें एलेनबरो स्वयं उपस्थित थे। निरन्तर युद्ध-विग्रहमें लगे रहनेसे डिरेकृरोंने लार्ड एलेनबराको पदच्युत कर लार्ड हार्डिञ्जको बड़ा लाट बना कर भारत भेज दिया।

लार्ड हार्डिञ्ज (१८४४-४८ ई०) इस देशमें पदार्पण करते ही सिख-युद्धमें व्यापृत हो गये थे। प्रसिद्ध वाटर्लू रणक्षेत्रमें उनका एक हाथ नष्ट हो गया, इसलिए सब कोई 'हतकटा-गवर्नर' कहते थे। हार्डिञ्ज, रणजित्सिंह और सिख युद्ध देखो।

हार्डिञ्जके विलायत चले जाने पर लार्ड डलहौसी (१८४८-५६ ई०) गवर्नर जनरल हो कर भारतमें आये। उनके शासनारम्भमें ही २य सिखयुद्ध, पञ्जाब अधिकार, २य ब्रह्मयुद्ध तथा अयोध्या, सतारा और नागपुर आदि स्थान अधिकृत हुए। कम्पनी की राज्य-सीमाकी वृद्धिके सिवा वे भारतयोंके भी हिताकांक्षी हो कर कई सत्कार्योंका अनुष्ठान कर गये, जिनमें रेलपथ-विस्तार * ताड़ितवार्त्तावह (Electric Telegraph) टेलीग्राफ, डाक-विभागका संस्कार † और शिक्षा विभागकी उन्नतिके लिए सहाय्य (Grant-in-aid)की दान प्रथाका प्रवर्त्तन आदि प्रधान हैं। इससे छोटे छोटे गांवोंके मदरसोंका विशेष सहायता और शिक्षा-कार्यका काफी विस्तार हुआ। इसी समय कौन्सिलके अन्यतम सदस्य महात्मा बेथुनने कलकत्तेमें एक बालिका विद्यालयकी स्थापना की, जो अब "बेथुन कालेज" के नामसे प्रसिद्ध है।

१८५६ ई०में लार्ड कैनिंग् कलकत्ता पधारे। उस समय फारस और चीनके साथ अंग्रेजोंका युद्ध

---

* १८५४ ई०में ता० १ सितम्बरसे हवड़ा स्टेशनसे रेलगाड़ी चलने लगी।

† पहले दूरीके अनुसार डाकमें भी महसूलका तारतम्य था। इनके प्रयत्नसे भारतमें सर्वत्र एक ही महसूल पर पत्र भेजनेकी प्रथा प्रवर्त्तित हुई।

हुआ। दोनों ही युद्धोंमें भारतीय सिपाही-दलने अंग्रेजोंके पक्षसे लड़ कर विपक्षियोंको पराजित कर दिया। १८५७ ई०में मुंहसे टोटा कतरनेके झगड़ेसे भारतमें सिपाही-विद्रोह संघटित हुआ। सिपाहीविद्रोह देखो।

दूसरे ही वर्ष इलाहाबाद दरबारमें महाराणी विक्टोरियाका घोषणा-पत्र पढ़ा गया, तबसे कम्पनीका राज्य महारानी भारतेश्वरी विक्टोरियाके शासनाधीन हुआ। उस समय लार्ड कैनिंग् बहादुरको राज-प्रतिनिधि (Viceroy वायसराय)की आख्या प्राप्त हुई। उनके समयमें 'इनकम टैक्स' और 'विश्वविद्यालय' स्थापित हुआ था। कैनिंग् देखो।

लार्ड एलगिन् १८६२ ई०में भारत आये। इनके समयमें सुप्रीम कोर्ट और सदर अदालतने मिल कर 'हाईकोर्ट' नाम पाया। दूसरे वर्ष नवेम्बर मासमें हिमालय प्रदेशमें धर्मशाला नामक स्थानमें एलगिन्‌की मृत्यु हो गई। उसके बाद पञ्जाब प्रदेशके शासनकर्त्ता सर जान लारेन्स राज-प्रतिनिधि हुए। १८६२ ई०में भूटानयुद्ध और दुआर अधिकार तथा १८६६ ई०में उड़िष्याका दुर्भिक्ष इनके समयकी प्रधान घटनाएं हैं। १८५७ ई०में लारेन्सके विलायत पहुंचने पर उन्हें लार्ड उपाधि प्राप्त हुई थी।

१८६९ ई०में लार्ड मेयो कलकत्ता आये। उस वर्ष उन्होंने अम्बालाके दरबारमें काबुलकी विशृङ्खलता निवारणके लिए अमीर शेरअलीको बुलाया। सीमान्तके बाद विसंवादको मिटानेके लिए उन्होंने अमीरको काबुलका अधिपति स्वीकार कर एक लाख रुपया वार्षिक सहायता और आवश्यकतानुसार अस्त्र पहुंचानेकी स्वीकारता थी। इसी समय महारानीके मध्यमपुत्र ड्यूक आव् एडिनबरा भारत देखनेके लिए आये थे। आन्दामन-द्वीपपुञ्जके पोर्टब्लेयर-द्वीपमें शेरअली नामक मुसलमानके हाथसे १८७२ ई०में लार्ड मेयो मारे गये।

लार्ड मेयोकी इस प्रकारसे आकस्मिक मृत्यु होने पर सर चार्लस् नेपियरने कई मास तक कार्य-भार ग्रहण किया था। बादमें लार्ड नार्थब्रुक राजप्रतिनिधि हो कर भारतमें आये। विहारका दुर्भिक्ष, बड़ौदाराज गायकवाड़की राज्य-च्युति और महरानीके ज्येष्ठ पुत्र (Prince of Wales) सप्तम एडवर्डका भारतमें पदार्पण उस समयकी प्रधान घटनाएं हैं।

१८७६ ई०में नार्थब्रुकके हाथसे लार्ड लिटनने कार्यभार ग्रहण किया। १८७७ ई०में दिल्ली दरबारमें महारानी "भारत साम्राज्ञी" (Empress of India) नामसे विघोषित हो गई। २य और ३य अफगान युद्ध और मन्द्राजका दुर्भिक्ष उनके शासन समयकी प्रधान घटनाएं हैं।

लार्ड लीटनके वापस जाने पर, १८८० ई०में लार्ड रीपनने वायसराय हो कर काबुल राज्यमें सुश्रृङ्खलता स्थापनके लिए पर्याप्त प्रयत्न किये। इन्होंने अमीर अबदुर रहमान खाँको अमीर रूपमें अङ्गीकार कर काबुल-युद्धका उपसंहार किया। शिक्षासमिति (Education Commission), स्वायत्तशासन (Self local Government) और सार्वजातीय महाप्रदर्शिनी (International Exhibition) इन्हींके समयमें अनुष्ठित हुई थी।

१८८४ ई०के दिसम्बर मासमें लार्ड डफरिनको कार्यभार दे कर लार्ड रीपन स्वदेशको गये। डफरिनके समयमें अफगान और रूसकी सीमाका निर्द्धारण, ३य ब्रह्मयुद्ध, ग्वालियर दुर्गका वापस करना, जुबिलि महोत्सव और आयकर प्रवर्त्तन आदि सम्पादित हुए।

१८८८ ई०में लार्ड लेन्सडाउनने आ कर कार्य भार ग्रहण किया। १८९१ ई०में मणीपुरका युद्ध और सम्मति-कानून (Consent Bill)का प्रवर्त्तन इन्हींके समयको घटना है।

१८९४ ई०में लार्ड लेन्सडाउनका कार्यकाल समाप्त होने पर एलगिन भारतमें आये। चित्राल-युद्ध और 'ग्रैण्ड जुबिलि' उन्हींके शासनकालमें अनुष्ठित हुआ था।

लार्ड एलगिनके विलायत पहुंचने पर लार्ड कर्जन भारतके वायसराय हुए। टीरा-युद्ध, भारत-साम्राज्ञी विक्टोरियाकी मृत्यु और युवराज प्रिन्स आव् वेल्स (सप्तम एडवर्ड)का राज्याभिषेक (१९०२ ई०) महोत्सव, ये इनके समयको प्रधान घटनाएं हैं।

१९०५ ई०में लार्ड कर्जनके पद त्याग करने पर पूर्वतन बड़े लाट लार्ड मिण्टोके वंशधर द्वितीय लार्ड मिण्टो प्रतिनिधि हो कर भारतवर्ष पधारे। विवाद-

कालमें अपनी मतिको स्थिर रख कार्य करके लार्ड मिण्टो असाधारण शक्तिका परिचय देने लगे। भारतके शासन व्यापारमें संस्कार साधन करके उन्होंने भारतवासियोंकी आशा आकाङ्क्षाके प्रति सहानुभूतिका परिचय प्रदान किया। उस समय लार्ड मार्ले भारत सचिव थे। लार्ड मिण्टोने उनके साथ परामर्श कर १९०९ ई०में इण्डिया काउन्सिलस ऐक्टको विधिबद्ध किया। लार्ड मिण्टोके शासनकालमें ही पहले पहल बड़े लाटके शासन परिषद्में एक और भारतसचिवकी कौंसिलमें भी दो भारतीय लिये गये थे। अतएव इस घटनाको भारतके वृटिश शासन-इतिहासमें नवयुग कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं होगी। बादमें लार्ड मिण्टोके समयमें जो प्रसिद्ध घटनाएं हुईं, वे ये हैं

१९०५ ई०के दिसम्बर मासमें युवराज (वर्त्तमान पञ्चम जार्ज) प्रिंस आव वेल्सका भारतपदार्पण, १९१० ई०में सम्राट् सप्तम एडवर्डकी मृत्यु और १९११ ई०के जून मासमें महासमारोहसे पञ्चम जार्जका राज्याभिषेक।

लार्ड मिण्टोके विलायत जाने पर लार्ड हार्डिञ्ज बड़े लाट हो कर भारतवर्ष पधारे। इनके समयमें पञ्चम जार्ज और साम्राज्ञी मेरी भारतवर्ष परिदर्शनको आई थीं। दिल्ली नगरमें एक विराट राजकीय दरबार बैठा। दरबारमें सम्राट्ने भारतशासन सम्पर्कमें कुछ परिवर्त्तनकी बातें घोषित कीं: (१) कलकत्तेसे भारतकी प्राचीन राजधानी दिल्लीमें वृटिश भारतकी राजधानी स्थानान्तरित हुई। (२) विहार, छोटानागपुर और उड़ीसाको बङ्गालसे अलग कर एक स्वतन्त्र विभागमें परिणत किया गया और इस नूतन प्रदेशका शासनभार कौंसिलके एक छोटे लाटके हाथ सपुर्द हुआ। (३) आसाम प्रदेशको स्वतन्त्र करके उसका शासनभार एक चीफकमिश्नरके हाथ सौंपा गया। अलावा इसके जर्मन और अङ्गरेजका विराट विश्वयुद्ध लार्ड हार्डिञ्जके ही समयमें १९१४ ई०के अगस्त मासमें छिड़ा था।

१९१६ ई०में लार्ड चेम्स फोर्डके हाथ कार्यभार दे कर लार्ड हार्डिञ्ज स्वदेशको गये। भारतके अङ्गरेजी शासनके इतिहासमें उनका शासनकाल चिरदिन स्मरणीय रहेगा, क्योंकि उन्हींके समयमें भारतका पहले पहल दायित्वमूलक स्वायत्तशासनाधिकारका प्रथम दफा प्रदान किया गया। १९१९ ई०की २३वीं दिसम्बरको इसी आईनके आधार पर गवर्मेण्ट आव इण्डिया ऐक्ट पास हुआ।

राजाभ्राता ड्यूक आव कनाटने राजाके प्रतिनिधि रूपमें भारतवर्ष आ कर संस्कार आइनका परिवर्त्तन किया। भारतीय मन्त्रीसमूह नियुक्त हुआ तथा विहार और उड़ीसामें एक भारतीय गवर्नर नियुक्त हुए। वे विशिष्ट बङ्गाली थे, सर सत्येन्द्र प्रसन्नसिंह उनका नाम था और 'लार्ड सिंह' उनकी उपाधि थी। उन्होंने ही भारतवासियोंके मध्य पहले पहल लार्डका पद पाया था और भारतसचिवके सहकारी पदको सुशोभित किया था। लार्ड चेम्सफोर्डका शिक्षा संस्कारकी ओर भी विशेष ध्यान था।

लार्ड चेम्सफोर्डके बाद १९२१ ई०में लार्ड रीडिंग भारतके बड़े लाट हो कर भारतवर्ष पधारे। वे पहले इङ्गलैण्डके प्रधान विचारपति थे और अपने अद्भुत प्रतिभाबलसे इतने बड़े विश्वस्त पद पर आसीन हुए। लार्ड रीडिंगके बड़े लाट होनेके कुछ ही समय बाद लार्ड लीटन बङ्गके गवर्नर हुए। विहार और उड़ीसाके लार्ड सिंहके बाद सर हेनरी होलर और आसाममें सर-जान कारके बाद सर विलियम मैरिसने शासनभार ग्रहण किया। लार्ड रीडिंगके कुछ समयके लिये छुट्टीमें विलायत जाने पर लार्ड लीटन अस्थायीभावमें बड़े लार्ड नियुक्त हुए थे। छः मासके बाद पुनः आ कर लार्ड रीडिंगने शासनभार अपने हाथ लिया। वे एक प्रसिद्ध राजनीतिक थे। उनके शासनकालकी उल्लेख योग्य घटना है "बङ्गाल आर्डिनेंस"। उक्त आईन बलसे बहुसंख्यक देशसेवक राजद्रोहिताके अपराध पर अनिर्दिष्ट समयके लिये पकड़े गये थे।

लार्ड रीडिंगके बाद १९२७ ई०में आरविन भारतके बड़े लाट हो कर आये। ये ही वर्त्तमान राजप्रतिनिधि हैं। इनके समयकी प्रथम प्रसिद्ध घटना है, शासनकार्यका तदन्त करनेके लिये "साइमन कमीशन"का भारतागमन। सात विज्ञ व्यक्तियोंको ले कर उक्त कमीशन संगठित हुआ उन सातोंमेंसे साइमन प्रधान थे।

उक्त कमीशनमें कोई भारतीय न लिये जानेके कारण भारत भरमें सनसनी फैल गई और जिस दिन (३री फरवरी १९२८ ई०) उक्त कमीशनने भारतमें प्रथम पदार्पण किया उस दिन समग्र भारतवर्षमें उसका प्रतिवाद करनेके लिये हड़ताल मनाया गया।

अंग्रेज-शासनकर्त्ताओंका अधिकारकाल।

क्लाइव १७५०-६० ई०	वन्सीटार्ट १७६०-६५ ई०
क्लाइव १७६५-६७	वर्लेष्ट और कार्टियार १७६७-७२
वारेन हेष्टिंगस् १७७२-८५	लार्ड कर्नवालिस १७८६-९३
सर जन शोर १७९३-९८	मार्किस आव् वेलेस्ली १७९८-१८०५
लार्ड कर्नवालिस १८०५	सर जार्ज बार्लो १८०५-०७
लार्ड मिण्टो १८०७-१३	लार्ड मायरा १८१४-२३
लार्ड आमहर्ष्ट १८२३-२८	लार्ड बेण्टिङ्क १८२८-३५
लार्ड मेटकाफ १८३५	लार्ड आकलैण्ड १८३६-४२
लार्ड एलेनबरो १८४२-४४	लार्ड हार्डिञ्ज १८४४-४८
लार्ड डलहौसी १८४८-५६	लार्ड कैनिंग १८५६-६२
लार्ड एलगिन १८६२-६३	लार्ड लारेन्स १८६४-६९
लार्ड मेयो १८६९-७२	लार्ड नार्थब्रूक १८७२-७६
लार्ड लीटन १८७६-८०	लार्ड रीपन १८८०-८४
लार्ड डफरिन १८८४-८८	लार्ड लैन्सडाउन १८८८-९४
लार्ड एलगिन १८९४-९८	लार्ड कर्जन १८९८-१९०५
लार्ड २य मिण्टो १९०५-१०	लार्ड २य हार्डिञ्ज १९१०-१६
लार्ड चेम्सफोर्ड १९१६-२१	लार्ड रीडिंग १९२१-२६
लार्ड लीटन (अस्थायी, सिर्फ ४ मास)	लार्ड आरविन १९२६ (वर्त्तमान राजप्रतिनिधि)

बङ्गाल, बम्बई और मन्द्राज आदि शब्दोंमें अन्य शासनकर्त्ताओंका विवरण देखना चाहिए।

भारताचार्य (सं० पु०) प्रसिद्ध महाभारत-टीकाकार अर्जुनमिश्रकी उपाधि।

भारतानन्द (सं० पु०) तालके साठ मुख्य भेदोंमेंसे एक भेदका नाम।

भारति (सं० पु०) १ सरस्वती। २ वाणी।

भारती (सं० स्त्री०) भृ अतच्, स्त्रियां ङीप्। १ वचन, वाक्य। २ सरस्वती। ३ एक पक्षीका नाम। ४ एक वृत्तिका नाम। इसके द्वारा रौद्र और बीभत्स रसका वर्णन किया जाता है। यह प्रायः संस्कृत भाषामें होती है। ५ ब्राह्मी। ६ संन्यासियोंके दश नामोंमेंसे एक, शङ्कराचार्यके शिष्य तोटकाचार्यके शिष्योंमेंसे एक शिष्यकी उपाधि। शङ्कराचार्यके शिष्योंके ज्ञानके तारतम्यानुसार गिरि पुरि भारती आदि उपाधि हैं। ब्राह्मणको छोड़ कर अन्य वर्णोंको यह उपाधि नहीं होती। भगवान् शङ्कराचार्यके चार प्रधान शिष्योंके नाम ये थे, पद्मपाद, हस्तामलक, मण्डन और तोटक। इन्हीं तोटकके तीन शिष्योंको उपाधि थी सरस्वती, भारती और पुरी। इनमेंसे भारती उपाधिका लक्षण

"विद्याभारेण सम्पूर्णः सर्वभारं परित्यजेत्।
दुःखभारं न जानाति भारती परिकीर्त्तितः॥"

([illegible])

जो विद्याभारसे परिपूर्ण हो कर सभी भारका परित्याग करते हैं और दुःखभार नहीं जानते, वे ही भारती हैं। यह जगत् दुःखमय है। आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक इन त्रिविध तापोंसे सभी निपीड़ित हैं। जो ज्ञानके द्वारा इसे जान कर वेदवेदाङ्गादिका अध्ययन करते हुए समस्त दुःखोंका परिहार करनेमें समर्थ हैं, वे ही 'भारती' उपाधिपानेके योग्य पात्र हैं।

महामति शङ्कराचार्यके प्रतिष्ठित चार मठोंमेंसे शृङ्गगिरिके मठमें पुरि, भारती और सरस्वती इन तीन श्रेणियोंके संन्यासी रहते थे। ये लोग शङ्कराचार्यके मतानुसार निर्गुण ब्रह्मके उपासक थे और इनसे पूछने पर भी वे अपनेको निर्गुण ब्रह्मोपासक बतलाते थे। किन्तु इनके विभूति आदि शैवचिह्न धारण, शिवालयमें अवस्थान, अपने गुरु शङ्कराचार्यके शिवावतार पर विश्वास, शिवमन्त्रग्रहण और महिम्नस्तव आदि प्रसिद्ध शिवस्तोत्र पाठादि करनेके कारण ये पूर्ण तथा शैव ही समझे जाते थे। किन्तु इनमेंसे बहुतेरे निर्गुणोपासक और आत्मज्ञानी भी थे, इसमें सन्देह नहीं। शङ्कराचार्यकी मायानुयायी वेदान्तचर्या और वेदान्त-प्रतिपाद्य आत्मज्ञान साधन ही इनका मुख्य धर्म था।

ये लोग संन्यासियोंकी तरह कौपीन धारण करते और मृत्युके बाद शवदेहको न जला कर गाड़ते अथवा

जलमें बहा देते हैं। इसे मृत्तसमाधि और जलसमाधि कहते हैं।

> "संन्यासिनो मृतं कायं दाहयेन्न कदाचन।
> सम्पूज्य गन्धपुष्पाद्यैर्निखनेदाप्सु मज्जयेत्॥"
>
> (महानि० तन्त्र ८)

संन्यासियोंकी मृतदेह कदापि न जलावे। उसे गन्धपुष्पादि द्वारा अर्चना करके मट्टीमें गाड़ अथवा जलमें बहा दे।

वर्त्तमान समयमें बहुतेरे केवल नाम धारण करते हैं, स्वधर्मोचित साधन और नियमानुष्ठान कुछ भी नहीं करते। वे लोग केवल तीर्थ भ्रमण और विजया धूमपान करके जीवन बिताते हैं। सरस्वती, पुरि और दशनामी देखो। ६ एक नदीका नाम।

> "भारती सुप्रयोगा च कावेरी मुर्मुरा तथा।"
>
> (भारत ३।२२२।२५)

भारतीकवि शार्ङ्गधरपद्धतिधृत कविभेद। आप काव्यप्रकाश और काव्यप्रकाशसूत्र लिख गये हैं।

भारती कृष्णाचार्य (सं० पु०) आचार्यभेद, धर्मवक्ता।

भारतीचन्द्र (सं० पु०) महादेशाधिपति एक राजा।

भारतीतीर्थ (सं० पु०) १ तीर्थभेद। २ पञ्चदशीके प्रणेता, सुविख्यात सायण और माधवाचार्यके गुरु। इन्होंने वेदान्ताधिकरणन्यायमालाविवरण-प्रमेयसंग्रह नामक ब्रह्मसूत्रभाष्य और व्रतकालनिर्णय तथा पञ्चभूतविवेक नामक ग्रन्थ प्रणयन किये हैं।

भारतीय (सं० त्रि०) भारतसंबन्धी, भारतका।

भारतीयति (सं० पु०) तत्त्वकौमुदीव्याख्याके प्रणेता, बौधायन यतिके शिष्य।

भारतीवत् (सं० त्रि०) भारती अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। १ भारती तुल्य। २ विशिष्ट। (पु०) ३ इन्द्र।

भारतीश्रीनृसिंह (सं० पु०) शङ्कराचार्यके मतावलम्बी एक प्रसिद्ध आचार्य।

भारतुला (सं० स्त्री०) वस्तु विद्याके अनुसार स्तम्भके नौ भागोंमेंसे पांचवां भाग जो बीचमें होता है।

भारतेय (सं० पु०) भारतका अपत्य।

भारतेश्वर (सं० पु०) १ भारतका अधीश्वर। २ राजा भरत।

भारतेश्वरसूरि एक जैन सूरि, शीलभद्रके शिष्य।

भारथ (सं० पु०) भारद्वाजपक्षी।

भारथी (हिं० पु०) योद्धा, सिपाही।

भारदण्ड (सं० पु०) १ एक प्रकारका साम। २ भारयष्टि, बहंगी।

भारदण्ड (हिं० पु०) एक प्रकारकी कसरत या दण्ड। इसमें दण्ड करनेवाला साधारण दण्ड करते समय अपनी पीठ पर एक दूसरे आदमीको बैठा लेता है। वह पुरुष उसके पैरोंकी नली पर पांव जमा कर हाथोंसे उसकी करधनी या बन्धन पकड़ कर झुका रहता है और दंड करनेवाला उसका बोझ संभाले हुए साधारण रीतिसे दण्ड करता जाता है।

भारद्वाज (सं० पु०) भरद्वाजस्य अपत्यं गोत्रापत्यमिति वा भरद्वाज (अनृष्यानन्तर्ये बिदादिभ्योऽञ्। पा ४।१।१०४) इति अञ्। १ द्रोणाचार्य। २ ऋषिभेद। इनका रचा हुआ श्रौतसूत्र और गृह्यसूत्र है। ३ अगस्त्य मुनि। ४ मङ्गलग्रह। ५ व्याघ्राट पक्षी। ६ बृहस्पति पुत्र। ७ देशभेद। ८ अस्थि, हड्डी। ९ बृहत्संहितोक्त एक ज्योतिर्विद्। १० उपलेखपञ्जिकाके रचयिता। (त्रि०) ११ भरद्वाज वंशीय, भरद्वाजके कुलमें उत्पन्न।

भारद्वाजक (सं० त्रि०) भरद्वाजसम्बन्धीय।

भारद्वाजायन (सं० पु०) भरद्वाजस्य गोत्रापत्यं भरद्वाज (अश्वादिभ्यः फञ्। पा ४।१।११०) फञ्। भरद्वाजका गोत्रापत्य।

भारद्वाजी (सं० स्त्री०) १ वनकार्पासी, वन कपास। २ नदीभेद। (भारत ६।९।१६)

भारद्वाजीपुत्र (सं० पु०) वैदिक आचार्यभेद।

भारद्वाजीय (सं० त्रि०) १ भारद्वाजसे आगत। (पु०) २ भारद्वाजप्रोक्त व्याकरण-मतावलम्बी।

भारभारी (सं० त्रि०) भारवहनकारी, बोझ उठानेवाला।

भारभूतितीर्थ (सं० क्ली०) प्राचीन तीर्थ जो अभी भरहुत नामसे प्रसिद्ध है।

भारभृत् (सं० त्रि०) भारं बिभर्त्ति भृ-क्विप्। १ भारधारक, बोझ ढोनेवाला। (पु०) २ विष्णु।

भारमेय (सं० त्रि०) भरमस्येदं सख्यादिभ्यो ढञ्। भरमसम्बन्धी।

भारय (सं० पु०) भां दीप्तिं रयते प्राप्नोतीति रय गतौ पचाद्यच्। भारद्वाज पक्षी, भरदूला।

भारयष्टि (सं० स्त्री०) भारस्य यष्टिः ६ तत्। भारवहन-दण्ड, बहङ्गी।

भारव (सं० क्ली०) भारं वातीति भार वा (आतोऽनुपसर्गे कः। पा ३।२।३) इति क। धनुर्गुण, धनुषकी रस्सी।

भारवत् (सं० त्रि०) भार अस्त्यर्थे मतुप्, मस्य व। भारयुक्त, बोझल।

भारवाह (सं० त्रि०) भारं वहतीति अण्, णिच् वा। १ भारिक, भार ढोनेवाला। २ बहँगी ढोनेवाला। (पु०) ३ गर्दभ, गदहा।

भारवाहक (सं० त्रि०) १ बोझ ढोनेवाला। (पु०) २ मोटिया।

भारवाहन (सं० क्ली०) भारस्य वाहनं। भारसम्बन्धी वाहन।

भारवाहिक (सं० क्ली०) भारस्य वाहन। भारसम्बन्धी वाहन।

भारवाहिक (सं० त्रि०) १ भारवहनकारी, भार ढोनेवाला। (पु०) २ मजदूर, मोटिया।

भारवाही (सं० स्त्री०) भारवाह गौरादित्वात् ङीष्। १ मोटी। (त्रि०) २ भारवाह, बोझ ढोनेवाला।

भारवि एक प्राचीन कवि। विख्यात किरातार्जुनीय नामक महाकाव्य इन्हींकी सुधारसवर्षिणी लेखनीसे निकला है। इस अमर कविवरके आविर्भावसे भारतभूमिका कौन स्थान अलंकृत हुआ था उसका अभी तक कोई पता नहीं लगा है। कहते हैं, कि ये अपने गुरुकी गौएं ले कर हिमालयकी तराईमें चराने जाया करते थे। हिमगिरिके निकुञ्जपुञ्ज आदिसे प्रकृतिकी अनुपम सौन्दर्यराशि देख कर धीरे धीरे उनके हृदयक्षेत्रमें कवित्व बीज अंकुरित होने लगा। क्रमशः इन्होंने कवित्वके उच्चासन पर दखल जमाया। एक दिन भारतीय इतिहासकी आलोचना करते करते द्वैतवन-निवासी युधिष्ठिरादि पञ्चपाण्डवकी कीर्तिकहानी उनके स्मृतिपथमें उदित हुई। तभीसे वे प्रतिदिन गौएं चरानेके बहानेसे निर्जन शैलकुञ्जमें जा कर बैठा करते थे और आपकी होमधेनु पास होमें स्वेच्छाहार और स्वैर-गमनादिका सुखानुभव करती थी। इधर आप हिमगिरिके मञ्जु रम्य निकुञ्जमें बैठ कर एक एक भोजपत्रके ऊपर तीन चार वा उससे अधिक श्लोकोंकी रचना करते थे। महाकवि भारविने इस प्रकार प्रतिदिनके रचित श्लोकोंको एकत्र संग्रह कर एक परमोपादेय महाकाव्य प्रकाशित किया। उसी काव्यका नाम किरातार्जुनीय है। उसका प्रथम श्लोक इस प्रकार है,

"श्रियः कुरूणामधिपस्य पालनीं प्रजासु वृत्तिं यमयुङ्क्त वेदितुम्।
स वर्णिलिङ्गी विदितः समाययौ युधिष्ठिरं द्वैतवने वनेचरः॥"

कविने इस महाकाव्यके प्रत्येक सर्गके शेष श्लोकको एक एक लक्ष्मी शब्द द्वारा परिशोभित किया है। इसकी शरद्वर्णना और हिमालयवर्णना आदि बड़ीही रमणीय है। पतद्भिन्न इसके अनेक श्लोक विविध अलङ्कार निकरसे अलङ्कृत और सर्वतोभद्र अर्द्धभ्रमक आदि नानाविध चित्रबन्धसे ग्रथित हैं। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर केवल एक उद्धृत किया जाता है,

दे वा का नि नि का वा दे।
वा हि का स्व स्व का हि वा॥
का का रे भ भ रे का का।
नि स्व भ व्य व्य भ स्व नि॥
(भारवि १५।२०)

कविने अपने ग्रन्थमें इस प्रकार अनेक पाण्डित्य दिखलाया है। पतद्भिन्न केवल एकाक्षर ले कर भी आपने अनेक श्लोकोंकी रचना की है। यथा

न नोननुन्नो नुन्नोनो नाना नानानना ननु।
नुन्नोऽनुन्नो ननुन्नेनो नानेना नुन्ननुन्ननुत्॥
(भार० १५।१४)

महाकवि भारवि एक असाधारण पण्डित थे। उन्होंने कितनी मात्रामें पाण्डित्य और कवित्वशक्ति ले कर जन्मग्रहण किया था, वह उनकी रचित सरस-मधुर-कवितावलीके प्रति लक्ष्य करनेसे ही मालूम हो सकता है। उनकी रचनाके मध्य प्रसादगुणका विशेष आदर है। प्रायः अधिकांश कविता पढ़ते ही सहृदय पाठकका हृदय-कन्दर आनन्दरससे प्लावित और शरीर पुलकित हो जाता है। उनकी कविता केवल प्रसादपूर्ण पदकदम्ब

द्वारा ही परिशोभित थी सो नहीं, अन्तर्निहित गभीर भावार्थोंके अपूर्व समावेशचातुर्यसे भी उनके कवित्वने अनन्य साधारणता लाभ की है। महाकवि भारविकी ललित मधुर रचनाने अर्थगौरवमें जो प्रधान स्थान अधिकार किया है, वह काव्यरस रसिक कोविदोंके निम्न लिखित वचनोंसे ही सहजमें प्रतिपन्न होता है। यथा

"उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
नैषधे पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥"

प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ भी एक श्लोकमें अन्तर रसपूर्ण नारिकेल फलके साथ भारवि कविकी उक्तिकी तुलना करके रसिकोंको इसकी सरस सारकथाका इच्छानुसार आस्वादन करने कह गये हैं। टीकाकारकृत श्लोक यों है,

"नारिकेलफलसम्मितं वचो भारवेः सपदि तद्विभज्यते।
स्वादयन्तु रसगर्भनिर्भरं सारमस्य रसिका यथेप्सितम्॥"

कविवर भारवि सम्भवतः ५वीं शताब्दीमें विद्यमान थे। उनका कवित्व सौरभ तत्परवर्ती कालमें चारों ओर फैल गया था। यही कारण है, कि हम लोग ५०७ शकमें उत्कीर्ण २य पुलकेशीकी शिलालिपिमें प्रसिद्ध कवि कालिदासके साथ उनका समावेश देख पाते हैं।

भारवी (सं० पु०) तुलसीवृक्ष।

भारवृक्ष (सं० पु०) सौराष्ट्रमृत्तिका, गोपीचन्दन।

भारशिव प्राचीन जातिविशेष।

भारशृङ्ग (सं० पु०) मृगविशेष।

भारसह (सं० त्रि०) सह अच् भारस्य सहः। भारसहनकारी।

भारसाधन (सं० त्रि०) कठिन व्यापारसाधनकारी।

भारहर (सं० पु०) हरतीति हृ-अच्, भारस्य हरः। भारवाहक।

भारहार (सं० पु०) भारं हरतीति हृ अण्। भारवाहक।

भारहारिक (सं० त्रि०) १ भारहरणकारी। २ भारवहनकारी।

भारहारिन् (सं० त्रि०) भारं हरतीति हृ णिनि। भारहरणकारी, भगवान् विष्णु। पृथिवी जब पापसे पराक्रान्त हुई तभी विष्णुने उनका भारहरण किया।

भाराक्रान्त (सं० त्रि०) भारेण आक्रान्तः ३ तत्। भारपीड़ित, बोझसे लदा हुआ।

भाराक्रान्ता (सं० स्त्री०) एक वर्णिक वृत्तिका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें न भ न र स और एक लघु और एक गुरु होते हैं और चौथे, छठे तथा सातवें वर्ण पर यति होती है।

भारावलम्बकत्व (सं० पु०) पदार्थोंके परमाणुओंका पारस्परिक आकर्षण। बहुतसे पदार्थोंको दोनों ओरसे खींचनेमें प्रतिबाधक होता है जिससे वह टूट नहीं सकते। इसी धर्मको भारावलम्बकत्व कहते हैं।

भारि (सं० पु०) इभस्य अरिः पृषोदरादित्वात् साधुः। सिंह।

भारिक (सं० पु०) भारोऽस्ति वाहनत्वेनास्य (अत इनिठनौ। पा ५।२।११५) इति ठन्। भारवाहक, वह जो भार ढोता हो।

भारिट (सं० पु०) पक्षिविशेष, पर्याय श्यामचटक, शैशिर, कणभक्षक।

भारिन् (सं० पु०) भारोऽस्त्यस्मिन् वेति, भार इनि। १ भारवाहक। (त्रि०) २ भारयुक्त।

भारी (हिं० वि०) १ गुरु, बोझिल। २ भीषण, कठिन। ३ विशाल, बड़ा। ४ अधिक, अत्यन्त। ५ असह्य, दुभर। ६ सूजा हुआ, फूला हुआ। ७ प्रबल। ८ गम्भीर, शान्त।

भारीपन (हिं० पु०) १ गुरुत्व, भारीका भाव। २ गरिष्ठता, भारी होना।

भारुचि (सं० पु०) धर्मशास्त्र और वेदान्तशास्त्रके प्रणेता। विज्ञानेश्वरने इनका नामोल्लेख किया है।

भारुजिक (सं० त्रि०) भरुज शृगालसम्बन्धीय। (पा ५।३।१०८)

भारुण्ड (सं० पु०) रामायणके अनुसार एक वनका नाम। यह पञ्जाबमें सरस्वति नदीके पास पूर्वमें था।

भारुण्ड (सं० पु०) १ उत्तरकुरुवर्णित पक्षिभेद, एक पक्षीका नाम जो उत्तर कुरुका रहनेवाला है। २ एक ऋषिका नाम। ये भारुण्ड सामके द्रष्टा थे। ३ सामभेद, एक प्रकारका साम।

भारू (हिं० पु०) धीरे धीरे चलनेके लिये एक संकेत। कहार लोग इस शब्दका व्यवहार करते हैं।

भारूप (सं० क्ली०) भा रूपमस्य। चिदात्मक, आत्मा।

भारोद्वह (सं० त्रि०) १ भारवाही, भार ले जानेवाला। (पु०) २ मोटिया, मजदूर।

भारोपजीवन (सं० क्ली०) भारवहन द्वारा जीविका निर्वाह करनेवाला।

भारौली—१ युक्तप्रदेशके रायबरेली जिलेका भरजातिका प्रतिष्ठित एक प्राचीन नगर। रायबरेली देखो।

२ झांसी जिलेके अन्तर्गत एक प्राचीन गण्डग्राम। यह भाण्डसे १॥० कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। यहां चन्देला राजाओंका प्रतिष्ठत एक सुप्राचीन शिव-मन्दिर विद्यमान है।

३ गोरखपुर जिलान्तर्गत एक प्राचोन ग्राम। यहां कर्णा जलधाराके निकट एक प्रचीन मन्दिरका ध्वंसावशेष देखा जाता है।

भारौली गङ्गातीर—युक्तप्रदेशके गाजीपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। यहां एक बौद्धविहारका ध्वंसावशेष और एक सुप्राचोन वट वृक्ष नजर आता है। चीन परिव्राजक फाहियान और यूएनचुवंग यहां आये हुए थे।

भारौही (सं० स्त्री०) भारं वहतीति वह-ण्वि, स्त्रियां ङीप्, वस्य ऊट्। भारवाहिका, बोझ ढोनेवाली स्त्री।

भार्ग (सं० पु०) भर्गस्य देशभेदस्य राजा अण्। भर्ग-देशके राजा।

भार्गभूमि (सं० पु०) आङ्गिरस भार्गवके एक पुत्रका नाम।

भार्गवेश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थविशेष।

भार्गव (सं० पु०) भृगोरपत्यं तद्गोत्रापत्यमिति भृगु-अण्। १ परशुराम। २ शुक्राचार्य। ३ गज, हाथी। ४ भारतवर्षके मध्य प्राच्यदेशान्तर्गत देशविशेष। (मार्कण्डेयपुराण) ५ भृगुके वंशमें उत्पन्न पुरुष। ६ मार्कण्डेय। ७ कुलाल, कुम्हार। ८ शौनक। ९ हीरक, हीरा। १० नीलभृङ्गराज, नीला भंगरा। ११ एक उपपुराणका नाम। १२ जमदग्नि। १३ चयवन। १४ सह्याद्रिवर्णित एक राजा। १५ संयुक्तप्रदेशमें रहनेवाली एक जाति। इस जातिके लोग अपने आपको ब्राह्मण कहते हैं, पर इनकी वृत्ति बहुधा वैश्योंकी सी होती है। कुछ लोग इन्हें दूसर बनिया भी कहते हैं। (त्रि०) १६ भृगुसम्बन्धी।

भार्गव—वाग्भूषणकाव्यके प्रणेता।

भार्गवआचार्य—नामसंग्रहनिघण्टुके रचयिता।

भार्गवन (सं० क्ली०) द्वारकास्थित बनभेद।

भार्गवपुर—युक्तप्रदेशके गोरखपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। यह घर्घरा नदीके बाएं किनारे अवस्थित है। इसका वर्त्तमान नाम भागलपुर है। इसके निकटवर्त्ती स्थानोंमें अनेक ध्वंसावशेष देखे जाते हैं।

भार्गवप्रिय (सं० पु०) भार्गवस्य प्रियः, शुक्राधिष्ठातृ-देवताकत्वात्। हीरक, हीरा।

भार्गवब्राह्मण—भरोचवासी ब्राह्मण जातिकी एक शाखा।

भार्गवराम—वर्णसङ्करजातिमालाके प्रणयनकर्त्ता।

भार्गवराम—एक महापुरुष। ये २य पेशवा वाजीरावके गुरु थे।

भार्गवी (सं० स्त्री०) भार्गव ङीप्। १ पार्वती। भृगोरपत्यं स्त्री भृगु-ङीप्। २ लक्ष्मी। ३ दूर्व्वा, दूब। ४ नील दूर्वा, नीली दूब। श्वेत दूर्वा, सफेद दूब। ६ भृगुवंशीय स्त्रीमात्र।

भार्गवी—पुरी जिलेमें प्रवाहित एक शाखा नदी। यह महानदीकी कोयाखाई नदीकी एक शाखासे निकल कर चिल्का झीलमें गिरती है।

भार्गवीय (सं० त्रि०) भार्गवसम्बन्धी।

भार्गायन (सं० पु० स्त्री०) भार्गस्य गोत्रापत्यं त्रैगर्त्ता-दित्वात् कञ् (पा ४।१।१११) भर्गका गोत्रापत्य।

भार्गि (सं० पु०) भर्गका गोत्रापत्य।

भार्गी (सं० स्त्री०) भृज् घञ्, भार्गोऽस्त्यस्या इति (ज्योत्स्ना-दिभ्य उपसंख्यानम्। पा ५।२।१०३) इत्यस्य वार्त्तिकोक्त्या अण् ततो ङीप्। वृक्षविशेष, भारंगी। भारंगी देखो।

भार्गीगुड़ (सं० पु०) श्वासाधिकारका औषधभेद। प्रस्तुत प्रणाली—भार्गी १२॥, दशमूल १२॥ सेर और हरीतकी एक सौ, इन सबके चतुर्गुणको ११६ सेर जल द्वारा पाक करके चतुर्थांश शेष रहते उतार ले। पीछे वस्त्र द्वारा छान कर उस क्वाथमें १२॥ सेर पुराना गुड़ और सिद्ध हरीतकी डाले और फिर धीमी आंचमें पकावे। ठंढा हो जाने पर तीन पाव मधु तथा सोंठ, पीपर, मिर्च, दारु-चीनी, इलायची और तेजपत्र प्रत्येक आध पाव और यव-क्षार चूर्ण एक छटाक छोड़ दे। प्रतिदिन यह हरीतकी

एक और लेह चार तोला करके सेवन करनेसे श्वास, पांच-प्रकारकी खांसी, अर्श, अरुचि, गुल्म, मलभेद और क्षयरोग जाता रहता है तथा स्वर, वर्ण और जठराग्नि उद्दीपित होती है। (भावप्र० श्वासाधिकार)

भार्ग्यादि (सं० पु०) विषम ज्वरका कषायभेद। प्रस्तुत प्रणाली,—भार्गी, अब्द, पर्पटक, पुष्कर, शृङ्गवेर, पथ्या, कणाह्व और दशमूल इनके समान भागको आध-सेर जलमें सिद्ध कर पीछे आध पाव रहते उतार लेनेसे यह कषाय बनता है। इसके सेवनसे विषमज्वर बहुत जल्द दूर होता है। (भैषज्यरत्ना० ज्वराधि०)

भार्द्वाजी (सं० स्त्री०) भारद्वाजी पृषोदरादित्वात् साधु। वनकार्पासी, वनकपास।

भार्म्य (सं० पु०) मुद्गलगोत्र नृपभेद।

भार्या (सं० स्त्री०) भरणीया इति। (भृञोण्यत्। पा ३।१।१२४) इति ण्यत्, टाप् वा भया दीप्त्या आर्या। वेद-विधान द्वारा विवाहिता स्त्री, शास्त्र-विधिसे विवाहित पत्नी। पर्याय—पत्नी, पाणिगृहीती, द्वितीया, सहधर्मिणी, जाया, दारा, धर्मचारिणी, दार, कलत्र, कलत्रक। (शब्दरत्ना०) सौ अपकर्म करने पर भी भार्याका भरण-पोषण करना उचित है।

"यस्य नास्ति सती भार्या गृहेषु प्रियवादनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥"
(ब्रह्मवै० पु० प्रकृ० खं० ५६ अ०)

जिसके घरमें प्रियवादिनी सती स्त्री नहीं है, उसको वनमें जा कर रहना चाहिए; क्योंकि उसके लिए जैसा घर है वैसा ही अरण्य, दोनों ही समान हैं।

मनुमें लिखा है, जिसपरिवारमें भर्त्ता और भार्यामें परस्पर नित्य सन्तुष्टि नहीं है, उस कुलका निश्चयसे अकल्याण होता है। वस्त्र और आभूषणादि द्वारा कान्तिमती हुए बिना स्त्री पतिको प्रमोदित नहीं कर सकती और न स्वामीकी प्रीतिके बिना सन्तानकी ही उत्पत्ति हो सकती है। भार्या यदि भूषणादि द्वारा सर्वदा मनोहर रूपमें सुसज्जिता रहे, तो सम्पूर्ण गृह शोभित होता है, और स्त्री यदि रुचिकर न हो, तो सम्पूर्ण गृह शोभाहीन होता है।

जिस कुलमें स्त्रियोंका समादर है, वहां देवतागण प्रसन्न रहते हैं—वह कुल सदा मङ्गलमय है। जिस परिवारमें स्त्रीगण सर्वदा दुःखित रहती हैं, वह कुल शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। अतएव जो श्रीवृद्धिकी कामना करते हैं, उन्हें चाहिए कि नित्य अशन, भूषण और वसनादि द्वारा स्त्रियोंको सन्तुष्ट रखें। (मनु ३ अ०)

भार्याके दोष।—भार्या यदि कुरूपा, कश्मला, कलहप्रिया, प्रतिवादकारिणी, कुक्रियासक्ता, लज्जाहीना और परगृहकाङ्क्षिणी हो, तो उसे वास्तवमें जरायुक्त समझना चाहिए। जैसे सर्प-युक्त गृहमें वास करनेवालाको सर्वदा प्राणनाशका भय रहता है, उसी प्रकार ईदृश भार्या जिसके गृहमें विद्यमान हो उसकी मृत्यु निश्चय है, अर्थात् प्रति मुहूर्त्तमें उसे मृत्युयन्त्रणा सताती रहती है। भार्या वास्तवमें अनुरागिणी है या नहीं, इस बातकी परीक्षा विभव क्षीण होने पर होती है*।

भार्याके गुण।—जो स्त्री गुणज्ञा, अल्प-सन्तुष्टा, पतिप्राणा, गृहकार्यमें दक्षा, सर्वदा प्रियवादिनी, नित्य स्नान करनेवाली, सुगन्ध युक्ता, स्वल्प-भाषिणी, धार्मिका, पितृ और देवप्रिया तथा सर्वसौभाग्य-वर्द्धिनी होती है, उसका पति मनुष्य होने पर भी स्वर्गाधिपति इन्द्रके समान है। इस प्रकारकी भार्या बहु पुण्यफल ही प्राप्त होती है। भार्या अर्द्धाङ्ग-स्वरूपा है, भार्या ही एकमात्र श्रेष्ठ सुहृद् और त्रिवर्गका एकमात्र मूल है।

"सा भार्या या गृहे दक्षा सा भार्या या प्रजावती।
सा भार्या या पतिप्राणा सा भार्या या पतिव्रता॥
अर्द्धं भार्या मनुष्यस्य भार्या श्रेष्ठतमः सखा।
भार्यामूलं त्रिवर्गस्य भार्यामूलं भविष्यतः॥"
(भारत १।७४ अ०)

---

* "यस्य भार्या विरूपाक्षी कश्मला कलहप्रिया।
उत्तरोत्तरवादास्यात् सा जरा न जरा जरा॥
यस्य भार्याश्रितान्यत्र परवेश्माभिकाङ्क्षिणी।
कुक्रिया त्यक्तलज्जा च सा जरा न जरा॥
दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्याश्चोत्तरदायकाः।
ससर्पे च गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥
आपत्सु मित्रं जानीयात् युद्धे शूरमृणे शुचिम्।
भार्याञ्च विभवे क्षीणे दुर्भिक्षे च प्रियातिथिम्॥"
(गरुड़पु० नीतिसा० १०८,१०६ अ०)

भार्या ही एकमात्र धर्मार्थकामका मूल है। अतएव जिससे भार्याको प्रीति उत्पन्न हो, ऐसा यत्न करना आवश्यक है। जिसके भार्या नहीं है, उसका गृह शून्य है, इसलिए 'भार्या' गृहपद वाच्य है।

"भार्याशून्या वनसमाः सभार्याश्च गृहा गृहाः।
गृहिणी च गृहं प्रोक्तं न गृहं गृहमुच्यते ॥"

(ब्रह्मवै० पु० ५६ अ०)

भार्या कदापि त्यज्य नहीं होती। यदि कोई संसारसे विरक्त हो कर अनपत्या युवती पतिव्रता पत्नीको त्याग कर संन्यास अवलम्बन करे, तो मोक्ष होना तो दूर रहा, वरन् उसे नरक जाना पड़ता है। यवती भार्याको दूर रख कर वाणिज्यादिके लिए प्रवासमें अधिक दिन रहना शास्त्र-सिद्ध नहीं है। इससे प्रत्यवाय भागी होना पड़ता है।

"अनपत्याञ्च युवतीं कुलजाञ्च पतिव्रताम्।
त्यक्त्वा भवेद्यः संन्यासी ब्रह्मचारी यतीति वा ॥
बाणिज्ये वा प्रवासे वा चिरं दूरं प्रयाति यः।
तीर्थाय तपसे वापि मोक्षार्थं जन्म खण्डितुम् ॥
न मोक्षस्तस्य भवति धर्मस्य स्खलनं ध्रुवम्।
अभिशापेन भार्याया नरकञ्च परत्र च ॥
इहैव च यशोनाश इत्याह कमलोद्भवः।"

(ब्रह्मवै० पु० श्रीकृष्ण ज० ११२ अ०)

कालिकापुराणमें लिखा है कि, परिणीता भार्याओंको सतत सन्तुष्ट रखना चाहिए, क्योंकि उनके सन्तोषसे मङ्गल और असन्तोषसे अमङ्गल हुआ करता है। जिस घर या वंशमें भर्त्ता वा भार्यामें विशेष प्रीति नहीं है, वहां सर्वदा ही अमङ्गल होता है। चन्द्रदेवने भार्याओंके प्रति अन्याय आचरण किया था, इसलिए उन्हें राजयक्ष्म रोगसे आक्रान्त होना पड़ा था। (कालिकापु० २० अ०)

पुरुषोंका सुख और धनागम सब कुछ भार्याके अधीन है। यज्ञादि धर्म कर्म भार्याके बिना नहीं होता। जहां भार्या है वहीं गृह है। भार्याको लेकर ही पुरुष गृही हुआ करता है।

"भार्याधीनं सुखं पुंसां भार्याधीनो धनागमः।
भार्याधीनो सुखोत्पत्तिः भार्याधीनः सुखोदयः ॥
यत्र भार्या गृहं तत्र भार्याधीनो गृहे वसेत्।
न गृहेन गृहस्थः स्यात् भार्यया कथ्यते गृही ॥"

(पराशरस्मृति)

भार्याट (सं० त्रि०) भार्यया अटति वर्त्तते इति अट गतौ पचाद्यच्। वह जो किसी दूसरेको भोगके लिये अपनी स्त्री दे।

भार्याटिक (सं० त्रि०) अट गतौ भावे घञ्, भार्याया आटौ गतिर्भ्रमणं वा अस्त्यस्येति भार्याट-ठन्। १ स्त्रैण, जो अपनी भार्यामें बहुत अनुरक्त हो। २ हरिणविशेष। ३ मुनिविशेष।

भार्यात्व (सं० क्ली०) भार्या भावे त्व। भार्याका भाव या धर्म।

भार्यापती (सं० पु०) भार्या च पतिश्च तौ, (राजदन्तादिषु परम्। पा २।२।३१) इति साधुः। योषितपती, स्त्री और स्वामी। यह शब्द नित्य द्विवचनान्त है। पर्याय—दम्पती, जम्पती, जायापती (अमर)

भार्याधिकारिक (सं० त्रि०) १ जिसमें भार्या सम्बन्धीय वक्तव्य विषय है। (पु०) २ वात्स्यायनकृत कामसूत्रके तद्विषयक अध्यायभेद।

भार्यारु (सं० पु०) भार्या ऋच्छतीति ऋ गतौ उण्। १ मृगभेद। २ पर्वतभेद। ३ क्रीड़ा द्वारा दूसरेकी भार्यामें पुत्रोत्पादक।

भार्यावत् (सं० त्रि०) भार्या विद्यतेऽस्य मतुप्, मस्य व। भार्यायुक्त, स्त्री सहित।

भार्यावृक्ष (सं० पु०) भार्यावत् प्रियो वृक्षः। पत्तङ्गवृक्ष।

भार्य्योढ (सं० पु०) ऊढ़ा भार्या येन, आहितादित्वात् वाहु० परनिपातः। ऊढ़भार्यक, विवाहित।

भाल (सं० क्ली०) भा दीप्तौ भावे क्विप्, भां लाति गृह्णातीति ला (आतोऽनुपसर्गे कः। पा ३।२।३) इति क। १ भंवोंके ऊपरका भाग, कपाल। पर्याय—ललाट, अलिक, गोधि। २ तेज।

भाल (हिं० पु०) १ भाला, बरछा। २ तीरका फल, तीरको नोंक। ३ भालू, रोछ।

भालकृत् (सं० पु०) गोत्रप्रवर्तक ऋषिविशेष।

भालचन्द्र (सं० पु०) भाले चन्द्रो यस्य। १ शिव। २ गणेश। (स्त्री०) ३ दुर्गा।

भालचन्द्राचार्य (सं० पु०) आचार्यभेद।

भालदर्शन (सं० क्ली०) भाले ललाटे दर्शनं यस्य। सिन्दूर सेंदुर।

भालदृश् (सं० पु०) भाले ललाटे दृक् नेत्र' यस्य। शिव, महादेव।

भालना (हिं० क्रि०) १ ध्यानपूर्वक देखना, अच्छी तरह देखना। २ अन्वेषण करना, तलाश करना।

भालनेत्र (सं० पु०) १ शिव, जिनके मस्तक पर एक तीसरा नेत्र है। २ (स्त्री०) दुर्गा।

भालन्दनक (सं० त्रि०) भलन्दनका गोत्रापत्य।

भालयानन्दाचार्य (सं० पु०) आचार्यभेद।

भाललोचन (सं० पु०) भाले लोचनं यस्य। भालनेत्र, शिव।

भालविभूषणसंज्ञः (स'० पु०) तिलक क्षुप, तिलका-पौधा।

भालवी (हिं० पु०) भालू, रीछ।

भाला (हिं० पु०) १ बरछा नामका हथियार, सांग।

भालाबरदार (हिं० पु०) बरछा चलानेवाला, वरछैत।

भालाङ्क (स'० पु०) भालस्येव अङ्को यत्र भाले अंको यस्येति वा। १ करपत्र नामक अस्त्र। २ शाकभेद, एक प्रकारका साग। ३ रोहित मछली। ४ महा-लक्षणसम्पन्न पुरुष, ऐसा मनुष्य जिसके शरीरमें बहुत अच्छे अच्छे लक्षण हों। ५ कच्छप, कछुआ। ६ शिव, महादेव। ७ ललाटचिह्न।

भालिया (हिं० पु०) वह अन्न जो हलवाहेको वेतनमें दिया जाता है। भाता।

भाली (हिं० स्त्री०) १ भालेकी गांसी या नोंक। २ शूल, कांटा।

भालु (स'० पु०) भृणाति रोगान् भृ उदसने उण् रस्य ल। आदित्य, सूर्य।

भालुक (स'० पु०) भलते हिनस्ति प्राणिन इति भल हिंसायां बाहुलकात् उक्, ततः प्रज्ञादित्वादण्। भल्लूक, भालू।

भालुकि (स'० पु०) १ एक संहिताकार। आप लाङ्गलक मुनिके शिष्य थे। (ब्रह्माण्डपु०) २ योगशास्त्र प्रवर्त्तक ऋषि। हठप्रदीपिकामें इनका नाम पाया जाता है। ३ वैदिकग्रंथप्रणेता। टोडरानन्दमें इनका नामोल्लेख है।

भालुकिन् (स'० पु०) आचार्यभेद।

भालुकीपुत्र (स'० पु०) आचार्यभेद।

भालुनाथ (हिं० पु०) जामवंत, जांववान।

भालुषणा—वम्बई प्रदेशके महीकांटा एजेन्सीके अन्तर्गत एक छोटा सामन्तराज्य। यह अक्षा० २३° ५०′ ३०″ उ० तथा देशा० ७२° ५०′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरि-माण ५९ वर्गमील है। इस स्थानके सामन्तराज जातिके कछुवन कोलि और हिन्दूधर्मावलम्बी हैं। ये इदरराजको वार्षिक ११६० रु० कर देते हैं। ठाकुर इनकी उपाधि है।

भालू (हिं० पु०) एक प्रसिद्ध स्तनपायी भीषण चौपाया। यह प्रायः सारे संसारके बड़े बड़े जंगलों और पहाड़ोंमें पाया जाता है। विशेष विवरण भल्लुक शब्दमें देखो।

भालूक (स'० पु०) भलते हिनस्ति जीवानिति भल (उलूकादयश्च। उण् ४।४१) इति ऊक ततः प्रज्ञादित्यादण्। भल्लूक, भालू।

भालेसुलतान—राजपूत जातिविशेष। इनके मध्य 'भाले-सुलतान'की जो उपाधि है, इस सम्बन्धमें नाना प्रकार-के प्रवाद प्रचलित हैं। सुलतानपुरमें प्रवाद है, कि अम्ब-रायके पुत्र वड़र राय दिल्ली वादशाहके अधीन वैदवंशीय सेनाके अधिनायक थे। एक दिन वादशाहने भाड़ोंका दमन करनेके लिये उन्हें भेजा। कृतकार्य हो कर उनके दिल्ली लौटने पर वादशाहने उनका 'आओ भाले सुल-तान' इस वाक्य द्वारा अभिनन्दन किया। तभीसे उक्त संज्ञा चली आ रही है। फिर किसीका कहना है, कि इन लोगोंने तिलकचांदसे यह उपाधि पाई थी। किसी किसी पण्डितके मतसे ये लोग वलभी वंशीय सौराष्ट्र पतियोंके वंशधर हैं। बुलन्दशहरके अधिवासी सिद्धराज जयसिंहको अपना आदिपुरुष मानते हैं। शाहबुद्दीन घोरीने पृथ्वीराजको परास्त करनेके बाद जयसिंहको 'भालेसुलतान'की उपाधि दी थी।

भाल्ल (सं० त्रि०) भल्ल सम्बन्धीय।

भल्लकीय (स'० त्रि०) भल्लकीसम्बन्धीय।

भाल्लपालेय (स'० त्रि०) भल्लपालके गोत्रापत्य।

भाल्लवि (सं० पु०) १ साम शाखाभेद। २ तदध्येता, उसके पढ़नेवाले।

भाल्लविन् (सं० पु०) भल्लविके शिष्य वा तन्मतानुवर्त्तक सम्प्रदाय।

भाल्लवेय (सं० पु०) १ भल्लविका गोत्रापत्य। २ इन्द्रप्रद्युम्नका नामान्तर। ३ आचार्य भेद।

भाल्लवेयोपनिषद्—उपनिषद्भेद।

भाल्लूक (सं० पु०) भालुक, भालू।

भावंता (हिं० पु०) भावी, होनहार।

भावंर (हिं० पु०) एक प्रकार घास जिससे कागज वनता है।

भाव (सं० पु०) भावयति चिन्तयति पदार्थानिति भू-णिच्, पचाद्यच्, भवतीति भू 'भवतेश्चेति वक्तव्यम्' इति काशिकोक्ते र्णो वा। १ नाट्योक्तमें विद्वान् नाट्योक्तिमें जहां भाव शब्दका प्रयोग होता है वहां उसका अर्थ विद्वान् समझना चाहिए। २ मानस विकार, मनकाविकार। ३ सत्ता। (गीता २।१६) ४ स्वभाव। ५ अभिप्राय। (रामायण २।२।१६) ६ चेष्टा। ७ आत्मा। ८ जन्म (अमर) ९ चित्त। (मनु ४।२२७) १० क्रिया। ११ लीला। १२ पदार्थ (रघु ३।४१) १३ विभूति। १४ वुध। १५ जन्तु। १६ रत्यादि भाव। १७ गौरवित। १८ अभिनयान्तर। (त्रिका०) १९ विषय। (हितोपदेश) २० पर्यालोचना। (मनु ६। ८०) २१ प्रेम। (गीता १०।१८) २२ योनि। २३ उपदेश। (धरणि) २४ संसार। (अनेकार्थकोष) २५ धात्वर्थ। (मुग्धबोध टीका) २६ नवग्रहकी शयनादि द्वादश चेष्टाएं।

सङ्केतकौमुदीमें द्वादश भावोंका विषय जिस प्रकार लिखा है, यहां संक्षेपमें उसका विवरण लिखा जाता है। कोष्ठी विचार करते समय ग्रहोंके भावों पर विशेष लक्ष्य रखना पड़ता है, कारण कौन-सा ग्रह किस भावमें है, उसमें फल देनेकी क्षमता है या नहीं, इस बातका निर्णय करके उसका फल निश्चय किया जाता है। द्वादश भाव इस प्रकार हैं,—

१ शयन, २ उपवेशन, ३ नेत्रपाणि, ४ प्रकाशन, ५ गमनेच्छा, ६ गमन, ७ सभावसति, ८ आगमन, ९ भोजन, १० नृत्यलिप्सा, ११ कौतुक और १२ निद्रा। ये द्वादश भाव हैं। निम्नलिखित प्रणालीके अनुसार इन भावोंका निर्णय किया जाता है।

रवि आदि नवग्रहोंके शयनादि द्वादशभावोंका निरूपण करना हो तो, उस समय ग्रहगण किस नक्षत्रमें अवस्थित हैं इसका निरूपण करके उस ग्रहमें अधिष्ठित नक्षत्र द्वारा ग्रहको पूरण करो और ग्रहगण स्वीय अधिष्ठित राशिके जिस नवांशभावमें अवस्थित है उस नवांश·परिमित अंक द्वारा उस पूरित अङ्कको गुणा करो, पीछे ग्रहोंको अपने अपने जन्मनक्षत्राङ्कको उस अङ्कमें जोड़ कर जन्मलग्न-संख्यक और उदयावधि जातदण्ड उसमें मिला दो, उसके वाद उन अङ्कोंका १२से भाग कर जो बचे उस अङ्कसंख्यामें द्वादश भाव ज्ञात होते हैं। यदि शेषाङ्क १ हो तो शयनभाव, २ हो तो उपवेशनभाव, इसी प्रकार अन्य भावोंका निश्चय किया जाता है।

रविग्रहको शयनादि भावगणना करते समय द्वादश हृतावशिष्ट अङ्कमें ५ जोड़ो, फिर चन्द्रग्रहके ३, मङ्गलके २; बुधके ३, बृहस्पतिके ५, शुक्रके ३, शनिके ३, राहुके ४ और केतुके ५ जोड़ कर भाव-विचार किया जाता है। युक्ताङ्क द्वादशसे अधिक होने पर पुनः उसे १२से भाग करो, जो बाकी बचे उससे भाव मालूम होगा। रविके १६ बिशाखा, चन्द्रके ३ कृत्तिका, मङ्गलके २० पूर्वाषाढ़ा, बुधके २२ श्रवणा, बृहस्पतिके ११ पूर्वफाल्गुनी, शुक्रके ८ पुष्या, शनिके २७ रेवती, राहुके २ भरणी और केतुके ७ अश्लेषा ये नक्षत्र ग्रहोंके जन्मनक्षत्र कहलाते हैं। पहले जिन ग्रहोंके जन्मनक्षत्रकी बात लिखी गई है, वह इस प्रकार समझनी चाहिए।

इस द्वादशभाव आनयनमें भी अनेक मतभेद हैं। किसीके मतसे—शयनादि द्वादशभावोंका विचार करना हो, तो रध्यादि ग्रहगण जिस राशिमें होंगे, उस राशिमित अङ्क द्वारा सूर्यादि ग्रहसंख्यक अङ्कका गुणा किया जाता है। पुनः उस अङ्कको ९९से पूर्ति कर जिस ग्रहकी भाव गणना की जायगी उस ग्रहके जन्मनक्षत्रको उसमें जोड़ना होगा। पश्चात् लग्नसंख्यक अङ्क, और जातदण्ड परिमित अङ्क इन दोनोंको उसमें जोड़ कर १२ से भाग देने पर जो बचेगा, उससे क्रमसे शयनादि भाव निर्णीत होंगे। किसीके मतसे—जिस राशिमें ग्रह हो, उस अङ्कोंको द्विगुण करके १५ से उसका गुणा करो, और जिस नक्षत्रमें ग्रह है उस

नक्षत्रपरिमित अङ्कको पूर्वगुणित अङ्कमें मिला कर १२-से भाग करने पर जो बचेगा, उससे भावोंका निर्णय होगा।

पहले ग्रहोंका वलावल विशेषरूपसे स्थिर किया जाना आवश्यक है। कारण, किस स्थानमें ग्रहका कैसा वल है, इस बातको पहले न जान कर भावोंका विचार करना निःप्रयोजन है। क्योंकि, वलका निश्चय किये विना केवल भाव द्वारा फलका निर्णय नहीं हो सकता, व्यतिक्रम हो जाता है; इसलिए वलावल पर विशेष दृष्टि रखना ज्योतिर्विदोंका अवश्य कर्तव्य है।

निद्राभावस्थित कोई पापग्रह जायास्थानमें रहे तो शुभदायक होता है, किन्तु पापग्रह द्वारा दृष्ट होनेसे कदापि शुभकर नहीं हो सकता। यदि अपने शत्रुगृहगत पापग्रह जायास्थानमें रह कर शत्रु द्वारा दृष्ट हो, तो पत्नीके साथ उसकी मृत्यु होती है। यदि उस स्थानमें शुभग्रह हो तथा वह शुभग्रह शुभाशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट हो, तो उसको प्रथमा स्त्रीकी मृत्यु होतो है। जायास्थानमें शयनभावका फल भी ऐसा हो अशुभ है।

कोई पापग्रह निद्रा वा शयनावस्थामें सुतस्थान पर हो, तो शुभदायक होता है, इसमें किसी प्रकारके विचारकी आवश्यकता नहीं। परन्तु वह पापग्रह यदि अपने उच्चस्थानमें या अपने गृहमें अथवा मूल त्रिकोणमें रह कर सुतस्थानगत हो, तो अवश्य ही सन्तानकी हानि होती है। निद्रा वा शयन-भावापन्न शुभग्रह द्वारा दृष्ट हो कर सुतस्थानमें हों' तो प्रथम सन्तानको विघ्न होता है।

निद्रा वा शयन-भावापन्न पापग्रह मृत्यु-स्थानमें हो तो राजा वा शत्रु द्वारा अपमृत्यु होती है। यदि वह पापग्रह शुभग्रहके साथ मिला हो अथवा शुभग्रह द्वारा दृष्ट हो, तो गङ्गातीरमें मृत्यु होगी।

शनि, मङ्गल वा राहु मृत्युस्थ होने पर अपमृत्यु वा शिरश्छेदन होता है, इसमें जरा भी सन्देह नहीं।

कर्मस्थानमें कोई पापग्रह शयन वा भोजन भावमें हो, तो उसे दरिद्रताके कारण समस्त भूमण्डलमें परिभ्रमण करना पड़ता है।

चन्द्रके कौतुक अथवा प्रकाश भावमें कर्मस्थान पर होने से प्रबल राजयोग होता है। यदि शुभग्रह पापग्रहके साथ अयुक्त हो कर २, १० ११, ६ वा ५म गृहमें रहे, तो महती सिद्धि प्राप्त हुआ करती है।

रवि शयन-भावमें होनेसे मन्दाग्नि-युक्त, पित्तशूल रोग, श्लीपद और अर्श वा भगन्दर रोग होता है। उपवेशन-भावमें रहनेसे शिल्पकर्मकारी, श्यामवर्ण देहविशिष्ट, उत्तम विद्या-रहित, दुःख-युक्त और पर-सेवामें रत होता है। यदि रवि नेत्रपाणि-भावमें रह कर लग्नके पञ्चम, नवम, दशम और सप्तम स्थानमें हो, तो सर्व प्रकारका सुख होता है; तथा इन स्थानोंके सिवा अन्य स्थानमें रहनेसे क्रूरप्रकृति और जलदोष रोगयुक्त होता है। प्रकाशन-भावमें रहे तो चक्षु-रोगयुक्त, अतिशय क्रोधो, परद्वेष्टा, धार्मिक और धनवान हुआ करता है। परन्तु त्रिकोण और सप्तम स्थानमें रहनेसे दाता, भोक्ता, मानी, राजतनय और धनाधिप होगा। रवि गमनेच्छाभावमें रहे तो निद्राभिलाषी, क्रोधी, नराधम, क्रूरप्रकृति, दाम्भिक, कृपण और परदार-रत होता है। रवि गमनभावमें हो तो प्रथमा स्त्रो और प्रथम पुत्र विनष्ट होता है; तथा सभावसतिभावमें रहनेसे भार्याप्रिय, मानी, अनेक गुणयुक्त, विद्या और विनयसम्पन्न; आगमभावमें रहनेसे मूर्ख, सर्वदा कर्मकुशल, मिथ्यावादी, कुत्सित-विद्यासम्पन्न, निर्दय और पर-निन्दक; भोजन-भावमें रहनेसे दाम्भिक, मत्स्यमाँसलोभी, शास्त्रवेत्ता और सदाचारी; नृत्यलिप्सा भावमें रहनेसे कर्णरोगी, नाना विद्या-कुशल, राजपूज्य और पण्डित, कौतुकभावमें रहनेसे उत्साहयुक्त, धन-धान्य-सम्पन्न, सर्वदा कौतुकपरायण, दाता, भोक्ता और शिल्पनिपुण; निद्राभावसे रहनेसे निद्रालु, व्याधियुक्त, प्रवासी, रक्तचक्षु, क्रोधी और परनिन्दक हुआ करता है।

इस प्रकारसे रविके शयनादि द्वादश भाव-फलोंका निर्णय करना चाहिये। चन्द्रका भावफल—चन्द्र शयन-भावमें रहे तो क्रोधी, दरिद्र, अतिशय लम्पट, गुह्यरोगी और आलसी होता है। चन्द्रके शुक्ल और कृष्ण पक्षके भेदसे फलोंमें तारतम्य हुआ करता है। चन्द्र उपवेशनभावमें रहे तो विद्वेष्टा, प्रवासी, पित्तशूलरोगी, धनहीन, कृपण और कुटिल; नेत्रपाणि-भावमें रहे तो

चक्षुरोगी, श्लीपदी, वाचाल, क्रूर, खल और वीर ; गमनेच्छा-भावमें रहे तो अस्थिरमति, मायावी; श्लीपदरोगी और धनहीन ; सभावसतिभावमें हो तो दाता, धार्मिक और पुरुषश्रेष्ठ ; आगमनभावमें हो तो वाचाल, प्रिय, शान्तप्रकृति, द्विपत्नीक, बहु सन्ततियुक्त, क्रोधी, महादुःखी; भोजनभावमें हो तो अतिशय लोभी, ज्ञातिगणसे परिपूरित, दाता, भोक्ता, अत्यन्त मानी, धनवान्, क्रूरकर्मा, चिररोगी, अतिशय कृश और नियत प्रवासी; नृत्यलिप्साभावमें हो तो गुणवान् धार्मिक, धनवान्, बहुपुत्रयुक्त और दाता; कौतुकभावमें हो तो सर्वसुखसम्पन्न विद्वान् और दाता; निद्राभावमें हो तो पापी, पुत्रशोकयुक्त, अतिशय दुःखी और नियत पृथिवीभ्रमणशील हुआ करता है।

मङ्गलका भावफल।—मङ्गल शयनभावमें होनेसे लम्पट, कृपण, सुखी, अतिशय क्रोधी, अत्यन्त निपुण और पण्डित; उपवेशनस्थानमें रहनेसे नराधम, धनवान्, क्रूरकर्मकारी, निष्ठुर और पापी; नेत्रपाणि भावमें होनेसे सर्वत्र सुख, पुत्र, दारा और धनयुक्त, देहमें किञ्चित् जड़ता, अङ्गसंधि वेदनायुक्त, व्याघ्र, अग्नि, सर्प और जलमें भययुक्त होता है। यह केवल लग्नके सिवा अन्य स्थलमें रहनेसे होगा। परंतु लग्नमें रहनेसे इसका फल अशुभ होगा। मङ्गल यदि प्रकाशनभावमें रहे तो धनवान्, क्षणिक सुखयुक्त ; वामनेत्रमें क्षतादि चिह्नयुक्त और ऊंचेसे पतन; गमनेच्छाभावमें रहे तो प्रवासशील, गुह्यरोगी, धनहीन और कुकर्मकारी ; सभास्थितभावमें रहे तो धार्मिक, बहुसन्ततिविशिष्ट, गुणवान्. दाता, शिरोरोगी; आगमनभावमें रहे तो खञ्ज, कर्णरोगी, पित्तशूल रोगाक्रांत, नराधम और धनवान्; भोजनभावमें रहे तो मांसलोभी, क्षुद्राकृति, क्रोधी, नियत उत्साहसम्पन्न और धनवान् नृत्यलिप्साभावमें रहे तो दाता, भोक्ता और सुखी; कौतुकभावमें रहे तो सुपुत्रयुक्त, धनी और दो पत्नी और बहुकन्यासन्तानयुक्त निद्राभावमें रहे तो मूर्ख, धनहीन, क्रोधी और नराधम होता है। लग्न, द्वितीय, तृतीय नवम और एकादश, इन स्थानोंमें रहनेसे उक्त प्रकार फल होता है। अन्य स्थानमें होने पर शुभफल हुआ करता है।

बुधका भावफल।—बुध शयनभावमें रहे, तो धनी, क्षुधित, खञ्ज तथा उसका अङ्गच्छेद होता है। अन्य स्थानमें रहनेसे दरिद्र और अतिशय लम्पट हुआ करता है। बुध उपवेशनभावमें हो, तो कवि, वाक्पटु, गौरवर्ण, और अत्यन्त विशुद्धाचारी होता है। उपवेशनभावस्थित बुध पापग्रहके साथ मिलित और शत्रुग्रह द्वारा दृष्ट होनेसे महापातक रोग होता है। परन्तु उक्तभावस्थ बुध स्वक्षेत्र वा मित्र ग्रहके साथ मिलित हो, तो नाना प्रकारके सुख प्राप्त होते हैं; नेत्रपाणिभावमें हो तो श्लीपदरोग, विद्याकी हीनता और पुत्रनाश होता है। इसी प्रकार प्रकाशनभावमें दाता, धार्मिक, धनवान्, गुणी और वेदपारग; गमनेच्छाभावमें लम्पट, स्त्रैण, दुष्ट भार्यासम्पन्न, बहुविध दुःखयुक्त और नित्य कलहकारी, बहुरोग विशिष्ट; गमनभावमें जलदोष रोग, वाणिज्य द्वारा धनलाभ सर्प, और सलिलभय, नाना दुःखभोग; स्त्री-नाश और अङ्गवैकल्य, सभावसतिभावमें मूर्ख, धनवान्, धार्मिक और चिररोगी; आगमनभावमें क्रूरप्रकृति, खल, अत्यन्त मूर्ख, पापशील, नराधम, अस्थिरमति, गुह्य और मूत्रकृच्छ्ररोगविशिष्ट; भोजनभावमें धनहीन, परद्वेष्टा, प्रवासी, रोगी, वामदेहमें क्षतादियुक्त, नृत्यलिप्साभावमें धनवान्, पण्डित, कवि, उत्साहान्वित, अतिशय क्रोधी और दो पत्नीयुक्त; कौतुक भावमें सर्वजनप्रिय, सन्तानविशिष्ट, अर्श, दद्रु और त्वक्‌रोगी; निद्राभावमें समस्त दुःखोंका एकमात्र पात्र, अल्पायु और विवादकारी होगा। लग्न वा दशम स्थानमें बुध निद्राभावमें रहे, तो ये फल होते हैं, अन्यथा शुभफल होंगे।

वृहस्पतिका भावफल।—वृहस्पति शयनभावमें हो, तो विद्वान्, धनसम्पन्न, नाना गुणोंका आश्रय और सुखी होता है, उपवेशनभावमें हो तो दुःखी, बहुभाषी, रोगी, किसी जीवके दन्ताघातसे पीड़ित, शिल्पकर्मवेत्ता और श्लीपदरोगी; नेत्रपाणिभावमें हो तो गौरवर्ण, शिरोरोगी और धनी तथा लग्नसे नवम, षष्ठ वा अष्टम गृहमें इसी भावमें रहे, तो शत्रुक्षय और गङ्गामें मृत्यु होती है। वृहस्पति लग्नमें वा दशम गृहमें रह कर यदि प्रकाशनभावस्थ हों तो वह सन्तान धनवान्, नाना

प्रकार रत्नयुक्त और राजमन्त्री होती है। गमनेच्छाभावमें लग्नमें रहनेसे पण्डित, अन्यथा लिङ्गमें रोग होता है। सभावसतिभावमें हो तो वक्ता, दाता, धनवान्, राजसेवान्वित, पण्डित; आगमनभावमें हो तो धार्मिक, पण्डित, मानी, नानातीर्थभ्रमणशील, उत्साहान्वित और अहंकारी; भोजनभावमें रहे तो नाना प्रकारसे सुखी, मांसलोभी, श्रेष्ठ, कामुक और प्रियभाषी; नृत्यलिप्साभावमें रहे तो पण्डित, धनवान्; सात्विक, अतिशय ऐश्वर्यशाली; कौतुकभावमें रहे तो सर्वदा धर्मपरायण, नियत उत्साहविशिष्ट और सुखी; निद्राभावमें हो, तो चक्षुरोगी, कृपण, वाचाल और दुःखित हो कर भूमण्डल परिभ्रमणशील होता है। निद्राभावस्थ गुरु यदि लग्नसे पञ्चम, सप्तम वा दशम गृहमें हों तो स्त्री पुत्रका नाश और लग्नमें हों तो दरिद्रता आती है।

शुक्रका भावफल।—लग्नके सप्तम वा एकादशस्थानमें शुक्र शयनभावमें हों, तो नानाविध सुख और अनेक सन्तान होती हैं। सप्तम और एकादशके सिवा अन्य स्थानमें रहनेसे भी सुखी पुत्रनाश होता है। उपवेशनभावमें हो तो धनवान् और धार्मिक; तथा नेत्रपाणिभावमें रहनेसे चक्षुरोग होता है। वही शुक्र यदि लग्न वा सप्तममें हो, तो निश्चय ही चक्षु नष्ट हो जाते हैं। एकादशमें होनेसे अतिशय दरिद्र होता है। शुक्र प्रकाशनभावमें द्वितीय, सप्तम वा नवमगृहमें रहे तो धनवान्, धार्मिक और विशुद्धाचारी होगा, इसके सिवा अन्य स्थानमें होनेसे रोगी, नियत विदेशवासी, दुःखभोगी और नृत्यकार्यमें रत रहता है। गमनेच्छाभावमें होनेसे मातृनाश, नित्य उत्साहविशिष्ट, शिल्पकार्यमें निपुण और तीर्थपर्यटनशील; सभावसतिभावमें होनेसे राजमन्त्री, धनेश्वर, समस्त कार्यमें दक्ष और शूलरोगी; आगमनभावमें होनेसे दुःखी, वहुभाषी, पुत्रशोकसन्तप्त और नराधम; भोजनभावमें होनेसे बलवान्, सर्वदा धर्मपरायण, वाणिज्य-लब्ध अथवा सेवा द्वारा लब्ध धनसे धनवान् होता है। शुक्र नृत्यलिप्सा भावमें रहे, तो वाग्मी, पण्डित और कवि होता है। यदि वह शुक्र नीच गृहस्थित हो तो मूर्ख; कौतुकभावमें हो तो धनवान्, सात्त्विक, सर्वदा आह्लादयुक्त और उत्तम वक्ता; तथा वही शुक्र नीचस्थ होने पर इसके विपरीत फल होता है। परन्तु निद्राभावमें होनेसे उपतापविशिष्ट, नियत क्लेशभागी, रोगी, दरिद्र और विकलाङ्ग हुआ करता है।

शनिका भावफल।—शनि शयनभावमें होनेसे क्षुधार्त्त विकलाङ्ग, गुह्यरोगी और कोषवृद्धि होती है। परन्तु वही शनि यदि लग्न, षष्ठ और अष्टम स्थानमें हो तो नियत विदेशवासी, दरिद्र, विकृत और स्थूलशरीरविशिष्ट होता है। पञ्चम, सप्तम, नवम वा दशममें हो तो धार्मिक और दाता होता है। उपवेशनभावमें होनेसे श्लीपद और दद्रुरोगी तथा नियत पीड़ा एवं धनका नाश होता है। शनि लग्नमें या दशमें उपवेशनभावमें होनेसे समस्त प्रकार दुःखभोगी; नेत्रपाणिभावमें होनेसे अवोधव्यक्ति भी पण्डित कह कर प्रसिद्ध, धनवान् धार्मिक और वहुभाषी; प्रकाशनभावमें रहनेसे राजमन्त्री, नानागुण-विभूषित और धार्मिक, गमनेच्छाभावमें रहनेसे वहुपुत्रविशिष्ट, विपुल धनवान्, पण्डित, दाता, और मानवश्रेष्ठ, गमनभावमें रहनेसे श्लीपदरोगी, दन्ताघात चिह्नयुक्त, अतिशय क्रोधी, कृपण और परनिन्दक; सभावसतिभावमें रहनेसे स्त्री-पुत्र युक्त, धनशाली और नानारत्नयक्त; आगमनभावमें रहनेसे अतिशय क्रोधी और रोगी तथा सर्पादि दंशनसे उसकी मृत्यु होती है। शनि भोजनभावमें हो तो मन्दाग्निविशिष्ट, अर्श, शूल और चक्षुरोगी; नृत्यलिप्साभावमें हो तो चिरकाल धनवान् और धार्मिक; कौतुकभावमें हो तो राजमन्त्री, विपुल धनवान्, दाता, भोक्ता, अतिशयकर्मकुशल, धार्मिक; पण्डित और विशुद्धाचारी; निद्राभावमें हो तो धनवान्, पण्डित, नेत्र और पित्तशूलरोग, द्विभार्या और वहुसन्तानयुक्त होता है।

राहुका भावफल।—राहु शयनभावमें हो तो क्लेश, अतिशय दुःख, श्लीपदरोग, नियत धननाश और राजपीड़ा होती है। उपवेशनभावमें रहनेसे कुष्ठादिरोगसे पीड़ित और राजा वा शत्रु द्वारा धननाश होता है। इसी प्रकार नेत्रपाणिभावमें निश्चय ही चक्षुरोगी, सर्प और व्याघ्रसे भयवान्, अधार्मिक, स्त्रैण, कुटिल, धैर्यगुणविशिष्ट और वहुभाषी; प्रकाशनभावमें धनवान्, नियत

धर्मपरायण, विदेशवासी, उत्साहान्वित, सात्विक और राजकर्मकर होता है। इस भावमें राहु कर्कट वा सिंहमें रहे तो शिरच्छेदयोग होता है। राहु गमनेच्छाभावमें हो तो बहुपुत्र-विशिष्ट, अतिशय धनवान्, पण्डित, गुणवान्, दाता और पुरुषश्रेष्ठ होता है। सभावसतिभावमें कृपण, धनवान्, नाना सद्गुणसम्पन्न, धार्मिक, पण्डित और विशुद्धाचारी; आगमनभावमें सबको दुःखदायक और नाना क्लेशयुक्त; भोजनभावमें अत्यन्त लोभी, मन्दाग्निरोगयुक्त, दुःखित, कृपण, क्रूर और कलहप्रिय, नृत्यलिप्साभावमें (लग्नमें रहनेसे) खञ्ज, कुष्ठव्याधि आदि द्वारा अभिभूत, चक्षुहीन और दुर्द्धर्ष होता है। कौतुकभावमें हो तो सम्पूर्ण गुणोंका आवासस्थल, धनवान् और पित्तशूलरोगसे पीड़ित, तथा निद्राभावमें रहे तो शोक और दुःखसे अभिभूत, नाना स्थानवासी, धनहीन और पुत्र रहित होता है।

(सङ्केतकौ०)

रवि आदि नवग्रहके शयनादि द्वादशभावोंका फल इस प्रकारसे स्थिर किया जाता है। इसके सिवा षड्भाव और नवभाव भी हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है,—

१ लज्जित, २ गर्वित, ३ क्षुधित, ४ तृषित, ५ मुदित, और ६ क्षोभित; ये षड्भाव हैं।

यदि कोई ग्रह लग्नसे पञ्चमगृहमें राहुके साथ अवस्थिति करे तो वह ग्रह, अथवा अन्य कोई भी ग्रह रवि, शनि और मङ्गलके साथ एकत्र अवस्थान करे, तो उसे लज्जित भाव कहते हैं। यदि कोई ग्रह अपने तुङ्गस्थानमें अथवा अपने मूल त्रिकोणमें अवस्थान करे, तो वह गर्वितभाव है। यदि कोई ग्रह शत्रुके साथ मिल कर रिपुगृहमें अवस्थित और रिपु द्वारा दृष्ट हो तो वह ग्रह, अथवा कोई भी ग्रह किसी भी स्थलमें शनिके साथ एक राशिमें अवस्थिति करे, तो वह क्षुधित और जलराशिमें कोई ग्रह रह कर शत्रु द्वारा दृष्ट न हो, शुभ ग्रह द्वारा नष्ट न हो तो तृषित भाव होता है। कर्काट, वृश्चिक और मीन वे जलराशि हैं; किसीके मतसे कुम्भ और मकर भी जलराशि है। यदि कोई ग्रह मित्रग्रह द्वारा हो कर मित्रके साथ मित्र भवनमें अवस्थान करे, तो वह ग्रह, और जो ग्रह वृहस्पतिके साथ मिलित है, वह ग्रह मुदितभावापन्न है। जो ग्रह रविके साथ एक राशिमें रह कर पाप ग्रह द्वारा दृष्ट होता है, और यदि उसमें निज शत्रु ग्रहकी दृष्टि हो, तो क्षोभितभाव होता है।

तन्वादि द्वादश भावोंमें समस्त ग्रह ही यदि क्षुधित और क्षोभित भावमें हो, तो जातकको दुःखका एकमात्र आश्रय समझना चाहिए। यदि तन्वादि द्वादश स्थानोंके किसी स्थानमें दो अथवा उससे अधिक ग्रह हों, तथा उनमें परस्पर विभिन्न भाव हो, अथवा एक ग्रह लज्जित और गर्वित इत्यादि भावद्वय, वा भावत्रय युक्त हो, तो उस भावका ग्रह-दत्त फल मिश्र होगा। ग्रह यदि दुर्बल हो, तो फलकी हानि और सबल हो, तो सम्पूर्ण फल होता है। कर्मस्थानमें लज्जित, तृषित, क्षुधित और क्षोभित ग्रह होनेसे दुःखभागी होता है। षड्भावोंमें मुदित और क्षोभितभाव ही प्रशस्त हैं।

दीप्तादि दशभाव।—१ दीप्त, २ दीन, ३ सुस्थ, ४ मुदित, ५ सुप्त, ६ प्रपोड़ित, ७ मुषित, ८ परिहीयमानवीर्य, ९ प्रवृद्धवीर्य, १० अधिकवीर्य; ये दशभाव हैं। स्वीय उच्चस्थ ग्रह दीप्त, नीचस्थ गृह दीन, स्वगृहस्थित ग्रह सुस्थ, मित्रगृहस्थित मुदित, शत्रुगृहस्थित सुप्त, गृहयुद्धमें पराजित ग्रह प्रपीड़ित, अस्तगतगृह मुषित, स्वीय निम्नस्थ गृहकी ओर गतिविशिष्ट गृह परिहीयमान वीर्य्य, स्वीय उच्च गृहकी ओर गतिविशिष्ट गृह प्रवृद्धवीर्य्य, और शुभगृहके क्षेत्रादि षड्वर्गस्थित गृह अधिक वीर्य्य कहलाता है। गृहगण दीप्तभावमें रहें तो उत्तम रूपसे कार्य्यसिद्धि होती है। दीनभावमें हों तो नरपति भी दीनताको प्राप्त होता है; सुस्थभावमें रहनेसे धन, लक्ष्मी, कीर्त्ति और सुख मिलता है; मुदित भावमें होनेसे आमोद और वाञ्छित फलकी प्राप्ति; सुप्तभावमें होनेसे सर्वदा विपद्; प्रपीड़ित भावमें शत्रु द्वारा पीड़ा; मुषितभावमें अर्थ-हानि; प्रवृद्धवीर्य्यमें हस्ती और घोटकादिकी प्राप्ति, तथा अधिक वीर्य्यभावमें राजसदृश और विपुल सम्पदा प्राप्त होती है।

दीप्तादि नवभाव।—१ दीप्त, २ सुस्थ, ३ मुदित, ४ शान्त, ५ शक्त, ६ प्रपीड़ित, ७ दीन, ८ विकल और ९ खल। गृहगण स्थानभेदसे नव प्रकार भाव धारण कर

स्व स्व दशाकालमें भिन्न भिन्न फल प्रदान करते हैं।

स्वीय उच्च राशि-गत ग्रहको दीप्त कहते हैं; इसी प्रकार स्वक्षेत्रगत ग्रहको सुस्थ, मित्रराशिगत ग्रहको मुदित, शुभक्षेत्रगतग्रहको शान्त, निम्न वा पापग्रह-गत ग्रहको हीन, शत्रुराशि-गतग्रहको दुःखित, पापग्रह-संयुक्त ग्रहको विकल, पराजित ग्रहको खल और सूर्य्यकिरणसे दग्ध ग्रहको कुपित कहा जा सकता है।

दीप्तग्रहके दशाकालमें मानवको राज्य, उत्साह, शौर्य्य, धन, वाहन, स्त्री, पुत्र, सुहृद्, सम्मान और राजसम्मान प्राप्त होता है। सुस्थग्रहके दशाकालमें सुस्थशरीर, राजासे धनकी प्राप्ति, सुख, विद्या, यश, आनन्द, महत्त्व, स्त्री, पुत्र, भूमि, अर्थ और धर्मका लाभ होता है। मुदित ग्रहके दशाकालमें मनुष्य वस्त्रादि, भूमि, गन्धद्रव्य, पुत्र, अर्थ और धैर्य्यको प्राप्त करता है तथा पुराणादि धर्म और गीत-श्रवण, दान, पेय और अलङ्कारादिका लाभ होता है। शान्तग्रहके दशाकालमें सुख, धैर्य्य, भूमि, पुत्र, कलत्र, यानादि, विद्या, आनन्द, बहुल अर्थ और राजसम्मानकी प्राप्ति होती है। हीनग्रहके दशाकालमें मनुष्यको बन्धुवियोग, स्थाननाश और कुत्सितवृत्ति द्वारा जीवनातिपात, जनसमाज द्वारा परित्यक्त और रोगनिपीड़ित होना पड़ता है। दुःखित ग्रहके दशाकालमें मनुष्य अपवादग्रस्त हो कर सर्वदा नानाविध दुःख, विदेशगमन, बन्धुवियोग आदिके कष्ट सहता और चौर, दस्यु और राजासे डरता रहता है। विकल ग्रहके दशाकालमें मानवको विकलता और मनोविकार तथा पितादिकी मृत्यु, वाहन और वस्त्राभाव, स्त्री, पुत्र और चौर द्वारा पीड़ित होना पड़ता है। खलग्रहके दशाकालमें मनुष्य कलह, विच्छेद और पितृवियोगजनित दुःख, शत्रुवृद्धि, धन और भूमिनाश तथा आत्मीयजनोंमें निन्दाजनित कष्ट सहता है। कुपितग्रहके दशाकालमें नाना प्रकारसे पापसञ्चय और विद्या, यश, स्त्री, धन, भूमिका नाश इत्यादि नाना प्रकार अमङ्गल होते हैं।

इस प्रकार भावफल और ग्रहोंके बलाबल पर विशेष रूपसे लक्ष्य करके फल निर्णय करना चाहिए।

(सारावली)

इसके सिवा तनु आदि द्वादश स्थानोंमें कौन-कौनसे ग्रह रहनेसे किस प्रकार फल होता है, यह विषय यहां वाहुल्यभयसे नहीं लिखा जा सका है। इन द्वादश स्थलोंको तन्वादि द्वादशभाव कहते हैं। द्वादशभाव देखो।

२७ स्त्रियोंके यौवनकालमें स्वभावज अट्ठाईस अलङ्कारोंमेंसे अङ्गज प्रथमालङ्कार है। स्त्रियोंके भाव, हाव और हेला; ये तीन प्रकार अङ्गज अलङ्कार हैं, जो सत्त्वज कहलाते हैं। (साहित्यद० ३ परि०)

निर्विकारात्मक-चित्तसे होनेवाली प्रथम क्रियाका नाम भाव है, जन्मसे ही कभी जिसके चित्तमें किसी प्रकारका विकार नहीं हुआ है, पश्चात् जो प्रथम विकार हुआ है, उसे 'भाव' कहते हैं।

"निर्विकारात्मके चित्ते भावः प्रथमविक्रिया।"
जन्मतः प्रभृति निर्विकारे मनसि उद्बुद्धमात्रो विकारो भावः॥

(साहित्यद० ३ परि०)

नायक और नायिकाके प्रथम दर्शनसे चित्तका जो प्रथम विकार है, वह भी भावपद वाच्य है। उदाहरण—

"स एव सुरभिः कालः स एव मलयानिलः।
सैवेयमवला किन्तु मनोऽन्यदिव दृश्यते॥"

(साहित्यद० ३प०)

वही सुरभिकाल है, वही मलयानिल है और वही स्त्री है, किन्तु केवल मन ही अन्य प्रकार मालूम देता है। इस स्थलमें जो मानस विकार है, वही भाव है। इसको प्रणय कहा जा सकता है। सब कुछ ठीक है, किन्तु मन विकृत हो गया है, यह मनकी विकृति ही 'भाव' है।

भावके अन्य लक्षण।—शरीर और इन्द्रियवर्गके विकारजनक विभावजनक जो चित्तवृत्ति है, उसीको भाव कहते हैं। पुराण और नाट्यशास्त्रमें रति और भाव दोनोंको एक ही कहा गया है।

सत्त्व, रजः और तमोमय चित्तविकारका नाम भाव है। भरतने भाव शब्दकी इस प्रकार व्युत्पत्ति की है,—"भावयति जनयति रसान् भावः।" नानाविध अभिनय सम्बन्धी रस उत्पन्न करता है, इसलिए नाटकोक्तिमें उसे भाव कहा गया है। यह भाव तीन प्रकारका है,—स्थायी, व्यभिचारी और सात्त्विक। (अमरटीका भरत)

स्थायी-भाव।—रति, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा और विस्मय, ये स्थायी-भाव हैं।

व्यभिचारि भाव ।—निर्वेद, ग्लानि, शङ्का, असूया, मद, श्रम, आलस्य, दैन्य, चिन्ता, मोह, धृति, व्रीड़ा, चपलता, हर्ष, आवेग, जड़ता, गर्व, विषाद, औत्सुक्य, निद्रा, अपस्मार, स्वप्न, विरोध, अमर्ष, उग्रता, व्याधि, उन्माद, मरण, त्रास और वितर्क ये व्यभिचारि-भाव है ।

सात्त्विक भाव ।—स्वेद, स्तम्भ, रोमाञ्च, स्वरभङ्ग, वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु और प्रलय, ये आठ सात्त्विक भाव हैं । (अमर टीका भरत) भगवद् विषयक चित्तानुरक्तिको भी भाव कहते हैं । (भक्तिरसामृतसि०)

२८ तन्त्रोक्त पश्वाचारादित्रय । दिव्यभाव, वीरभाव और पशुभाव । (तन्त्रसार)

इन तीन प्रकार भावोंमें दिव्य और वीर ये दो भाव उत्तम हैं और पशुभाव अधम । वैष्णव पशुभावमें परमेश्वरकी पूजा करते हैं, किन्तु दिव्य और वीर भावमें ही सत्त्वर उत्तमा सिद्धि प्राप्त होती है ।

विभिन्न भावोंका विषय उन्हीं शब्दोंमें देखो ।

२९ सङ्गीत सङ्कत पदार्थ-द्योतक हस्तादि चेष्टाभेद । ३० 'यस्य च क्रियया क्रियान्तरं लक्ष्यते स भावः' इति व्याकरणपरिभाषित पदार्थ । जिसकी क्रिया द्वारा क्रियान्तर लक्षित हो उसे भाव कहते हैं । इस भावमें सप्तमी विभक्ति होती है, इसलिए इसे भावे सप्तमी कहते हैं । ३१ उत्पत्ति-युक्त पदार्थ, षड्भाव विकार-युक्त पदार्थ । जीव मात्र ही षड्भाव विकारयुक्त है । जन्म-विशिष्ट, अस्तित्वयुक्त, वर्द्धनशील, क्षयशील, परिमाणशील और विनाशयुक्त, ये षड्भाव विकार प्रत्येक वस्तुमें हैं । "जायते, अस्ति, वर्द्धते, विपरिणमते अपक्षीयते नश्यति" ये छः षड्भाव विकार हैं । जीव जन्म ग्रहण करता है, अस्तित्वयुक्त होता है, क्रमशः वर्द्धित होता है, सर्वदा परिणत होता रहता है, क्षणकाल भी अपरिणत अवस्थामें नहीं रहता, क्रमशः क्षीण होता है, जीवकी जब तक मुक्ति न होगी, तब तक जीव इसी षड्भाव विकारमें पड़ा रहेगा । मुक्तिके बाद ये भावविकार न रहेंगे ।

सांख्यदर्शन और पुरुष देखो ।

३२ सांख्यमतसिद्ध धर्माधर्मादि बुद्धिधर्म ।

"संसरति निरूपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम् ।"

"भावैरधिवासितं धर्माधर्मज्ञानाज्ञान-वैराग्यावैराग्यैश्च यान्यैश्वर्याणि भावास्तदन्विता बुद्धिः तदन्वितञ्च सूक्ष्म शरीरमिति तदपि भावैरधिवासितं यथा सुरभिचम्पकसम्पर्काद्वस्त्रं तदामोदवासितं भवति तस्मात् भावैरधिवासितत्वात् संसरति ।" (तत्त्वकौमुदी)

धर्म, अधर्म, ज्ञान, अज्ञान, वैराग्य, अवैराग्य, ऐश्वर्य और अनैश्वर्य ये भाव, बुद्धि और सूक्ष्मशरीर भाव-युक्त हैं । इन भावों द्वारा अधिवासित होनेके कारण जन्म, जरा और मृत्यु हुआ करती है ।

"पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं महदादिसूक्ष्मपर्यन्तम् ।
संसरति निरूपभोगं भावैरधिवासितं लिंगम् ।"

(सांख्यकारिका ४०)

सृष्टिके समय प्रधानसे प्रत्येक आत्माके लिए एक एक सूक्ष्म शरीर उत्पन्न हुआ था । वह शरीर अव्याहत है अर्थात् कहीं भी उसका प्रतिरोध नहीं होता । यहां तक कि, वह शिलामें भी प्रवेश कर सकता है । यह आदि सृष्टिके समय उत्पन्न हो कर महाप्रलय तक विद्यमान रहता है, विध्वस्त नहीं होता । यह शरीर ही संसरण करता है, अर्थात् एक शरीरसे उत्क्रान्त हो कर अन्य स्थूल शरीर ग्रहण करता है । सूक्ष्म शरीर निरूपभोग है । स्थूल शरीरके बिना उस शरीरमें स्वतन्त्ररूपसे सुख दुःखादि भोग नहीं होते हैं । धर्म, अधर्म, ज्ञान, अज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य और अनैश्वर्य भावपद-वाच्य हैं । इन भावोंके संस्कार इस स्थूल शरीरकी विद्यमानतामें सूक्ष्म शरीरसे संलग्न होते हैं । जैसे चित्र आश्रयके बिना और छाया वृक्षादिके बिना अवस्थान नहीं कर सकती उसी प्रकार बुद्धि भी सूक्ष्म शरीरके बिना निराश्रय नहीं रहती । यह लिङ्ग-शरीर पुरुषके भोगापवर्गके उद्देशसे प्रकृति द्वारा प्रेरित होता है । परन्तु यह प्रकृतिके विभुत्वसे प्रकृतिके आश्रित हैं; और वाह्याभ्यन्तर भेदसे दो प्रकारके हैं । नटी जिस प्रकार नाना भेष बना कर हाव-भाव दिखलाती है, सूक्ष्म शरीर भी उसी प्रकार भाव-प्रेरणासे देव मनुष्यादि शरीर धारण करता है ।

"सांसिद्धिकाश्च भावाः प्राकृतिका वैकृतिकाश्च धर्माद्याः ।
दृष्टाः करणाश्रयिणः कार्याश्रयिणश्च कमलाद्याः ॥"

(सांख्यकारिका ४३)

धर्म, ज्ञान और वैराग्यादि भावपद-वाच्य हैं । यह भाव तीन प्रकारका है—सांसिद्धिक, प्राकृतिक और

वैकृतिक। स्वतःसिद्धको सांसिद्धिक कहते हैं; स्वाभाविकको प्राकृतिक और उपायानुष्ठान-प्रभावको वैकृतिक। गर्भमें शुक्र-शोणितका संयोग, प्रथमतः कलल, उसके बाद बुद्बुद, क्रमशः मांस, पेशी, कण्डरा, अङ्ग और प्रत्यङ्ग, फिर वाल्यादि अवस्था, ये सब वैकृतिक भाव हैं। भावके विना लिङ्गका और लिङ्गके विना भावका स्वरूप नहीं होता। इसलिए भाव और लिङ्ग नामसे दो प्रकारकी सृष्टि प्रवर्त्तित हुई है। लिङ्ग—तन्मात्र वा सूक्ष्म सृष्टि है, भाव—प्रत्ययसृष्टि है। इसका तात्पर्य इस प्रकार है,—पुरुषार्थ शब्दादि भोग्य पदार्थ और भोगायतन द्विविध शरीर (स्थूल और सूक्ष्म)-के विना सम्पन्न नहीं होता। भोगसाधन इन्द्रिय और अन्तःकरण इन दोनोंके विना भोगकी सम्भावना क्या है? भाव अर्थात् धर्माधर्मादिके विना इन्द्रियादिके रहनेकी वा होनेकी सम्भावना नहीं है, और मोक्षकारण विवेक ज्ञान तो होगा ही कहांसे? इसलिए भावसृष्टि और लिङ्ग-सृष्टि दोनों ही दोनोंके कारण हैं। (सांख्यका० ५२) 'सांख्यदर्शन' देखो।

३३ वैशेषिकोक्त षट्पदार्थ। पदार्थ दो प्रकारका है—भाव और अभाव। इनमें द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय; ये षट्पदार्थ भावपदवाच्य हैं। (भाषापरि०१४)

३४ प्रत्येक पदार्थासाधारण धर्म।

भाव—प्रेमभक्तिके उपासक वैष्णवोंकी चित्तविक्रियाविशेष ईश्वरके अर्पित चित्तके सम्मिलनाभासज्ञापक विकृत अवस्थाका वाह्यविकाश अथवा इष्ट वस्तुमें ऐकान्तिक आनुरक्तिके कारण तन्मयता और उनके प्रेम-रसास्वादन ग्रहण करने पर मानसिक अवस्थान्तर विघटनरूप चित्त विकार विशेष हो वैष्णव-सम्प्रदायमें 'भाव' कहलाता है। साधक मात्रको भाव प्राप्ति होती है। जो एकाग्र मनसे ईश्वर चिंतामें निमग्न होते हैं, उनके हृदयमें उस चिंताके अनुरूप प्रक्रियाएं समुपस्थित होती हैं। इस भावांतरकी चरमावस्थाका नाम है दशा-प्राप्ति। धर्मप्राण व्यक्ति मात्रके ही भक्ति विह्वलताके कारण भाववेश होता है। पृथक् रूपमें विभिन्न दशाप्राप्ति हुआ करती है। दशा देखो।

नायक-सम्मिलनमें नायिकाके हृदयगत प्रेमकी अपूर्व अभिव्यक्ति कुछ वहिरङ्गमें प्रकटित होती है। श्रीकृष्णप्रेमासक्त श्रीराधिकाके हृदयमें जो प्रेमभाव समुच्चय उदित होता था, उसका एक एक अन्तरङ्ग और वहिरङ्गका विकाशन ही भावलक्षण है। अलङ्कार, उद्भास्वर और वाचिक भेदसे अनुभाव रस तीन प्रकारका है।

भक्तिके प्राधान्यके कारण भक्तके हृदयमें प्रेमावेश आया करता है। ईश्वरमें प्रेमातिशय्यके कारण प्रेमिकके हृदयमें समय-विशेषमें भाव-विपर्यय उपस्थित होता है। वैष्णवोंने श्रीकृष्ण प्रेमानुरक्तिको पृथक् चित्रोंमें प्रकटित किया है। प्रेमिककी वाचिक वा मानसिक अवस्था पर लक्ष्य देनेसे उसके हृद्गत प्रेमका आभास मिलता है। हरिनाम-रूप अमृतास्वादनके समय हर्ष, रोमाञ्च, अश्रु, स्वरभङ्ग, आदि जो विकार लक्षण अनुभूत होते हैं, वे ही उनके भाव वा सुखदुःख सूचक अवस्थान्तर मात्र हैं।

भक्त अनुराग वश जब जिस भावमें इष्ट वस्तुके ध्यानमें निमग्न रहते हैं, तब चित्तकी एकाग्रताके कारण उनके हृदय क्षेत्रमें उसी प्रकार ध्यानका एक अनुभाव आ उपस्थित होता है। यही कारण है, कि साधकमात्र ही चित्तके विकार-हेतु मानो ईश्वर-प्रत्यक्ष अपनी भावनाके अनुरूप चित्र ही प्रकटित करते हैं। राधाकृष्ण प्रेम-अनुध्यायी श्रीचैतन्य महाप्रभुके हृदयमें सदा ही इस प्रकारका नायिकाप्रेमभाव जागरित होता था। कभी-कभी वे विरह-विधुरा श्रीराधाकी तरह "हा कृष्ण, हा कृष्ण" कह कर रोने लगते थे और कभी राधिकाकी चिन्तामें उन्मत्त हो कर "कहां है राई मेरी कहां है" कह कर इतस्ततः विह्वलकी तरह घूमा करते थे। यही उनके राधा और कृष्ण-भावका पूर्ण लक्षण है। कृष्ण-चिन्तामें उनके मूर्च्छा, कम्प आदि अन्यान्य भाव भी हुआ करते थे। कृष्णनाम-संकीर्त्तनमें वे आत्म-विह्वल हो कर नाना प्रकार प्रलापवाक्योंसे साधारणमें श्रीकृष्णप्रेम-विषयक नाना कथाओंकी अवतारणा करते थे। कभी कभी चित्तविकारके आतिशय्यके कारण मूर्च्छाभावको प्राप्त होते थे। उनके इस कृष्णप्रेमभावमें सर्वदा ही रमणी श्रेष्ठा राधिकाका नायिकाभाव और प्रेमिकाके अनुवेदनादि लक्षण दिखलाई देते थे, जिससे उनके धर्मानुयायी वैष्णवगण उनके मतके पक्षपाती हो कर नायिका-भावके

लक्षणोंको ही प्रेमधमकी पराकाष्ठा मानने लगे हैं।

प्रेम और भक्ति देखो।

इस हृदयविकार-जनित अभिव्यक्तिको भाव कहा गया है। इसमें अलङ्कारभाव सर्वप्रधान हैं। अलङ्कार जैसे—भाव, हाव और हेला अङ्गज; शोभा, कान्ति, दीप्ति, प्रगल्भ्य, औदार्य, माधुर्य और धैर्य अयत्नज, तथा लीला, विलास, विभ्रम, किलकिञ्चित, विच्छित्ति, विब्बोक, मोट्टायित, कुट्टमित, ललित और विकृति स्वभावज लक्षण हैं*।

जिस प्रकार प्रक्रियासे मनोवृत्तिके क्रीड़ारसास्वादन-विकाशक चिह्न उदित होते हैं उसे उद्भास्वर भाव कहते हैं†। आलापादि वाचिकभाव द्वादश प्रकारके हैं। इसके सिवा प्रेमरतिमें और भी अनेक प्रकारके भाव समुपस्थित हुआ करते हैं। उनमें १ सात्त्विकभाव, २ महाभाव, ३ सञ्चारिभाव, ४ व्यभिचारभाव, ५ परस्परवशीभाव, ६ स्थायिभाव, ७ प्रेमवैचित्त्य, ८ विप्रलम्भ, ९ दिव्योन्मादादि भाव उल्लेख-योग्य हैं। इन भावोंके आवेशमें बहुधा भक्तोंको दशाप्राप्ति ही हुआ करती है। दशा साधारणतः १० प्रकारकी कही गई है।

भावअर्हत (सं० पु०) एक प्रकारके तीर्थङ्कर।

भावउपनिषद्—उपनिषद्भेद।

भावक (सं० पु०) भाव एव स्वार्थे कन्। १ भाव। २ मानसविकार। (त्रि०) ३ भावपूर्ण, भावसे भरा। ४ भाव करनेवाला। ५ भक्त, प्रेमी। ६ उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला।

भावगति (हि० स्त्री०) इच्छा, इरादा।

भावगम्भीर (सं० त्रि०) भावेन गम्भीरः। भाव द्वारा गम्भीर, जिसका तात्पर्य्य कठिन है।

भावगम्य (सं० त्रि०) भक्तिभावसे जनाने योग्य, जो भावकी सहायतासे जाना जा सके।

भावग्राहिन् (सं० त्रि०) भाव-ग्रह-णिनि। भावग्रहण करनेमें समर्थ।

भावग्राह्य (सं० त्रि०) भक्तिसे ग्रहण करनेयोग्य, जिसे ग्रहण करनेसे पूर्व मनमें भक्ति-भाव लानेकी आवश्यकता हो।

भावचन्द्रसूरि—शांतिनाथचरित्रके रचयिता एक जैनसूरि।

भावज (सं० त्रि०) भावसे उत्पन्न।

भावज (हि० स्त्री०) भाईकी स्त्री, भाभी।

भावत (सं० त्रि०) भवत अयमिति भवत्-अण्। भवदीय।

भावता (हि० वि०) जो भला लगे। (पु०) २ प्रेमपात्र, प्रियतम।

भावताव (हि० पु०) किसी चीजका मूल्य वा भाव आदि, निर्ख।

भावत्व (सं० क्ली०) भावसम्बन्धीय।

भावदत्तदान (सं० पु०) वास्तवमें चोरी न करके चोरीकी केवल भावना करना जैनियोंके मतानुसार यह एक प्रकारका पाप है।

भावदया (सं० स्त्री०) किसी जीवकी दुर्गति देख कर उसकी रक्षाके अर्थ अन्तःकरणमें दया लाना।

भावदेवसूरि—कालिकाचार्यकथानकप्रणेता।

भावदेवी—एक प्राचीन स्त्री कवि।

भावन (सं० क्ली०) आम्रातकवृक्ष, आमड़ेका पेड़।

भावन—अयोध्याप्रदेशके रायबरेली जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २६° २६´ उ० तथा देशा० ८१° १८´ पू०के मध्य अवस्थित है। भावन नामक एक भर-सरदार अपने नाम पर इस नगरकी प्रतिष्ठा कर गये हैं। मुसलमानी अमलदारीमें भरजातिका अधःपतन होनेसे यह नगर मुसलमान शासनकर्त्ताके हाथ लगा। यहां एक भग्न दुर्ग का ध्वंसावशेष देखा जाता है।

भावनगर—बम्बईके काठियावाड़का एक करद मित्रराज्य। यह अक्षा० २०° ५९´ ३० से २२° १६´ ३०´´ उ० तथा देशा० ७१° १९ से ७२° २०´ ४५´´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण २८६० वर्गमील और जनसंख्या चार लाखके करीब है। यहां रूई और लवण बहुतायतसे मिलता है तथा तांबे और पीतलके बरतन दूसरे दूसरे स्थानोंमें भेजे जाते हैं। यहांके राजा गुहिलवंशीय राजपूत और ठाकुर उपाधिधारी हैं।

---

* उज्ज्वलनीलमणिके अनुभाव विवृति-प्रकरणमें इनका लक्षण विस्तृत रूपसे लिखा है; जिन्हें जानना हो, वहांसे जान सकते हैं।

† इन सबका विषय विस्तृतरूपसे उज्ज्वलनीलमणिमें कहा गया है। जिन्हें आवश्यकता हो वहींसे देख सकते हैं।

१२६० ई०में सेजक नामक सरदारके नेतृत्वाधीनमें गुहिल राजपूत यहां आ कर बस गये। उनके लड़के रणजी भावनगर राजवंशके प्रतिष्ठाता थे। १७२३ ई०में भावसिंहने भावनगरको बसाया। स्वयं भावसिंह और उनके लड़के रावल आखेड़जी तथा उनके पौत्र भक्तसिंहने जलदस्यु गणोंका दमन कर स्वदेशमें वाणिज्योन्नतिकी आशासे बम्बई गवर्मेण्टके साथ १७५० ई०में मेल कर लिया। वर्त्तमान राजाका नाम कृष्णकुमार सिंहजी है।

भावना (सं० स्त्री०) भू-णिच्, युच् टाप्। १ ध्यान, मनमें किसी प्रकारका चिन्तन करना। २ पर्यालोचना, साधारण विचार या कल्पना। ३ चित्तका एक संस्कार जो अनुभव और स्मृतिसे उत्पन्न होता है। ४ अधिवासन। विष्णुपुराणके मतसे भावना तीन प्रकारकी है, ब्रह्मभावना, कर्मभावना और ब्रह्मकर्म उभय भावना। सनन्दन आदि ऋषिगण ब्रह्म भावनायुक्त रहते हैं और देवतासे स्थावर तथा चर सबके सब कर्मभावना करते हैं। हिरण्यगर्भ आदिमें कर्म और ब्रह्म दोनों ही विषय भावना है। जिसे जैसा बोध और अधिकार है, उसकी वैसी ही भावना रहती है।

चित्त जैसा होता है भावना भी वैसी ही होती है। चित्तके निर्मल होनेसे ब्रह्मविषयक भावना होती है। इस कारण जिससे चित्त निर्मल हो, शास्त्रोंमें उसीका विधिव्यवस्था दिखलाई गई है। ५ बौद्धमतसिद्ध चार प्रकारकी भावना। ६ कामना वासना। ७ वैद्यकके अनुसार किसी चूर्ण आदिको किसी प्रकारके रस या तरल पदार्थमें बार बार मिला कर घोटना और सुखाना जिसमें उस औषधमें रस या तरल पदार्थके कुछ गुण आ जायं।

भावनामयशरीर (सं० पु०) सांख्यके अनुसार एक प्रकारका शरीर। इसे मनुष्य मृत्युसे कुछ ही पहले धारण करता है। यह शरीर उसके जन्म भरके किये हुए पापों और पुण्योंके अनुरूप होता है। जब आत्मा इस शरीरमें पहुंच जाती है, तभी मृत्यु होती है। जिस प्रकार जोंक जब तक दूसरी घासको पकड़ नहीं लेती तब तक पूर्वाश्रित घासको नहीं छोड़ती है, उसी प्रकार जीव भी कर्मानुरूप भावनामय शरीरको आश्रय किये विना पूर्वाश्रित देहका त्याग नहीं करता।

भावनाश्रय (सं० पु०) शिवका एक नाम।

भावनि—सह्याद्रिवर्णित एक राजा (सह्या० ३६।१०)

भावनिका (सं० स्त्री०) राजकन्याभेद। (कथासरित्सा० १०।१०२)

भावनीय (सं० लि०) चिन्ता वा विचारयोग्य।

भावपरिग्रह (सं० पु०) वास्तवमें धनका संग्रहन करना, पर धनके संग्रहकी मनमें अभिलाषा रखना।

भावपाद (सं० पु०) सारस्वताभिधान नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भावप्रकाश—वैद्यक ग्रन्थविशेष। यह ग्रन्थ श्रीमन् भाव मिश्र द्वारा विरचित है। यह एक संग्रह ग्रन्थ है और पूर्व, मध्य तथा उत्तर खण्डमें विभक्त है। इस ग्रन्थमें धन्वन्तरि, आत्रेय और चरकादिका प्रादुर्भाव, सृष्टिप्रकरण, शारीरतत्त्व, स्वास्थ्यवृत्ति, परिभाषा, द्रव्यगुण, धात्वादिका शोधन और मारणविधि, पञ्चकर्म, पञ्चनिदान तथा रोगोंके निदान और चिकित्सा आदि आयुर्वेदीय सभी विषय सविस्तार वर्णित हैं। यहां तक, कि सिर्फ यही एक ग्रन्थ पढ़नेसे आयुर्वेदीय सभी विषयोंसे जानकार होकर चिकित्साशास्त्रमें पारदर्शी हो सकते हैं। चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि जो कोई भी पुस्तक क्यों न पढ़ी जाय, उसमें दूसरे पुस्तककी आवश्यकता जरूर होगी पर भावप्रकाश मानो गागरमें सागर है। इसी एक ग्रन्थसे आयुर्वेदीय सभी ग्रन्थ पढ़नेका फल होता है। ग्रन्थकारने पुस्तककी समाप्तिमें इस प्रकार लिखा है—

"यावद्व्योमनि विम्वमम्बरमणेरिन्दोश्च विद्योतते।
यावत् सप्त पयोधराः सगिरयस्तिष्ठन्ति पृष्ठे भुवः॥
यावच्चावनिमण्डलं फणिपतेरास्ते फणामण्डले।
तावत् सद्भिषजः पठन्तु परितो भावप्रकाशं शुभम्॥"

जब तक अम्बरपथमें सूर्यमण्डल और चन्द्रमण्डल रहेंगे, जब तक सप्त समुद्र और पर्वत समूह पृथ्वी पर अवस्थान करेंगे और नागराजके फणमण्डल पर जब

तक पृथिवी अवस्थान करेगी, तब तक सद्वैद्यगण इस मङ्गलमय भावप्रकाश ग्रन्थको अध्ययन करेंगे। इस ग्रन्थमें ग्रन्थकारका विशेष परिचय नहीं मिलता है।

भावप्रधान (सं० पु०) भाववाच्य देखो।

भावबन्धन (सं० पु०) प्रेमरज्जु द्वारा ग्रन्थन, प्रेमपाशसे जोड़ना।

भावबोधक (सं० पु०) भावस्य रत्यादेर्बोधकः अनुभावकः। १ मुखरागादि, वह जिसके द्वारा भावबोध हो। २ मनोभावज्ञापक।

भावभक्ति (हिं० स्त्री०) १ भक्ति-भाव। २ सत्कार, आदर।

भावभट्टसङ्गीतराय—जनार्दन भट्टके पुत्र। इन्होंने अनूप सङ्गीतविलास, नष्टोद्दिष्टप्रबोधक ध्रौवपदटीका और मुरलीप्रकाश नामक तीन सङ्गीतशास्त्रसम्बन्धीय ग्रन्थ लिखे हैं।

भावमन (सं० पु०) पुद्गलोंके संयोगसे उत्पन्न ज्ञान।

भावमिश्र—१ भावप्रकाश और गुणरत्नमाला नामक ग्रन्थके रचयिता, मिश्र लटकनके पुत्र। २ शृङ्गारसरसीके प्रणेता। ३ नाट्योक्तिमें प्रभुसंज्ञावाचक महाशय व्यक्ति।

भावमृषावाद (सं० पु०) १ ऊपरसे झूठ नहीं बोलना पर मनमें झूठो बातोंकी कल्पना करना। २ शास्त्रके वास्तविक अर्थको दबा कर अपना हेतु सिद्ध करनेके लिये झूठमूठ नया अर्थ करना।

भावमैथुन (सं० पु०) मनमें मैथुनका विचार वा कल्पना करना।

भावय (हिं० पु०) वह व्यक्ति जो धातुकी चद्दर पीटनेके समय पासेको सँड़सेसे पकड़े रहता और उलटता रहता है।

भावयितव्य (सं० त्रि०) भू-णिच्-तव्य। चिन्ताके योग्य।

भावयितृ (सं० त्रि०) भू-णिच्-तृच्। १ मङ्गलाकांक्षी। २ प्रतिपालन और रक्षणावेक्षणकारी, पोसने पालने तथा देखभाल करनेवाला। ३ उद्भावनकर्त्ता।

भावयु (सं० त्रि०) भावमिच्छति क्यच्, उण्, वेदे निपातनात् साधु। भावेच्छु।

भावरत्न—सुबोधिनी नाम्नी ज्योतिर्विदाभरणव्याख्याके प्रणेता।

भावरामकृष्ण—एक प्राचीन पण्डित, विश्वनाथ दीक्षितके पिता। 'भाव' इनकी वंशोपाधि थी। (प्रबोधच० २ ख०)

भावरूप (सं० त्रि०) १ यथार्थ, प्रकृत। २ जिसके अस्तित्व है।

भावली (हिं० स्त्री०) जमींदार और असामीके बीच उपजकी बँटाई।

भाववचन (सं० क्ली०) व्याकरणोक्त भावविहित प्रत्ययान्त शब्द।

भाववत् (सं० त्रि०) भावयुक्त।

भाववाचक (सं० स्त्री०) व्याकरणमें वह संज्ञा जिससे किसी पदार्थका भाव, धर्म या गुण आदि सूचित हो।

भाववाच्य (सं० पु०) व्याकरणमें क्रियाका एक रूप। इससे जाना जाता है, कि वाक्यका उद्देश उस क्रियाका कर्त्ता और कार्य कोई नहीं है, केवल कोई भाव है। इसमें कर्त्ताके साथ तृतीयाको विभक्ति रहती है, क्रियाको कर्मकी उपेक्षा नहीं होती और वह सर्वदा एक वचन पुलिंग होतो है।

भावविकार (सं० पु०) भावस्य विकारः ६-तत्। यास्कके अनुसार जन्म, अस्तित्व, परिणाम, वर्द्धन, क्षय और नाश ये छः विकार। जोवको जब तक ज्ञान नहीं होता, तब तक उसे इस षड्भाव विकारके अधीन रहना पड़ता है।

भावविश्वेश्वर—शिवादित्यकृत सप्तपदार्थी ग्रन्थके टोकाके रचयिता।

भावविवेक (सं० पु०) एक शास्त्रविद् बौद्ध पण्डित। आप कपिल और नागार्जुनके मतानुसारो थे। धर्मपाल बोधिसत्त्वके बहुत-से मतका आप खण्डन कर गये हैं।

भाववृत्त (सं० पु०) भावः सत्ता वृत्तः प्रवृत्तोऽस्मादिति यद्वा भावः सृष्टिः, तत्र वृत्तः प्रवृत्तः। १ ब्रह्मा। (त्रि०) २ सृष्टिप्रकरण सम्बन्धीय।

भाववृहस्पति—सोमनाथ मन्दिरके एक पुरोहित। इन्होंने 'सोमनाथपत्तन' नामक ग्रन्थकी रचना की है।

भावव्यञ्जक (सं० त्रि०) भाव प्रकट करनेवाला, जिससे अच्छा वा अच्छी तरह भाव प्रकट होता हो।

भावशबलता (सं० स्त्री०) एक प्रकारका अलङ्कार जिसमें कई भावोंकी सन्धि होती है।

भावशवला (सं० स्त्री०) मनोवृत्तिका समन्वय ।

भावशर्मन्—कातन्त्रपरिभाषावृत्तिके प्रणेता ।

भावसन्धि (सं० स्त्री०) एक प्रकारका अलङ्कार । इसमें दो विरुद्ध भावोंकी संधिका वर्णन होता है ।

भावसत्य (सं० लि०) ऐसा सत्य जो ध्रुव न होने पर भी भावकी दृष्टिसे सत्य हो ।

भावसबलता (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका अलङ्कार । इसमें कई एक भावोंका अलङ्कार एक साथ वर्णन किया जाता है ।

भावसर्ग (सं० पु०) तन्मलाओंकी उत्पत्ति ।

भावसागर—एक जैनाचार्य, सिद्धान्तसागरके छात्र । इन्होंने १५१० सम्वत्में जन्मग्रहण किया था । काम्बेनगरमें जयकेशरी सूरिके निकट ये दीक्षित हुए थे । १५२० सम्वत्में ये इन्हें आचार्यपदसे विभूपित और १५८६ सम्वत्में पञ्चत्वको प्राप्त हुए ।

भावसार—शूद्रजातिविशेष । बम्बई प्रदेशके पूना जिलेमें इन लोगोंका प्रधानतः वास है । ये लोग बलराम, कृष्ण और हिङ्गला माताकी अर्चना करते हैं । मृत व्यक्तिको जलाते हैं और दश दिन तक अशौच मानते है । बालिकाओंका ग्यारहवें वर्षमें विवाह होता है । पुरुषगण बीससे पचीस वर्षके मध्य विवाह करते हैं । कन्याका पिता स्वयं मनोनीत वरके पिताके पास जा कर विवाह-सम्बन्ध स्थिर करता है । इनका आचार व्यवहार निम्नश्रेणीके हिन्दुओं-सा है ।

भावसिंह—१ राजामानसिंहका पुत्र और भगवानदासके पौत्र । उनके सभापण्डित रुद्रने उनके सम्मानके लिये भावविलासकी रचना की । २ मेदिनीराजके पुत्र । इनके आश्रयमें रह कर भट्टविनायक 'भावसिंहप्रक्रिया' लिख गये हैं ।

भावसिंहदेव—बघेलवंशीय एक राजा । आप हौतकल्पद्रुमके प्रणेता लक्ष्मणभट्टके प्रतिपालक थे ।

भावसेन—कातन्त्ररूपमाला और कौमारव्याकरणके प्रणेता ।

भावहिंसा (सं० स्त्री०) ऐसी हिंसा जो केवल भावमें हो, पर द्रव्यमें न हो ।

भावाकूत (सं० क्ली०) मानसिक चिन्ता वा कल्पनालहरी ।

भावागणेशदीक्षित—तत्त्वयाथार्थ्यदीपन-प्रणेता, भावविश्वनाथके पुत्र । इन्होंने विज्ञानभिक्षुके निकट शिक्षा पाई थी ।

भावाचार्य—गीतगोविन्द टीकाके प्रणेता ।

भावाट (सं० पु०) भावं भावेन वाटतीति अट्-अण् । १ भावक । २ साधु । ३ निवेश । ४ कामुक । ५ नट । ६ भावप्राप्ति ।

भावात्मक (सं० लि०) किसी विषयकी प्रकृत अवस्थाका सूचक ।

भावानुगा (सं० स्त्री०) भावं मूर्त्तपदार्थमनुगच्छतीति अनु-गम-ड, टाप् । १ छाया । (लि०) २ भक्त्यादि द्वारा अनुगत । ३ अभिप्रायानुगत ।

भावाभाव (सं० पु०) १ भाव और अभाव, होना और न होना । २ उत्पत्ति और क्षय या नाश ।

भावाभास (सं० पु०) एक प्रकारका अलङ्कार ।

भावार्थ (सं० पु०) १ वह अर्थ वा टीका जिसमें मूलका केवल भाव आ जाय, अक्षरशः अनुवाद न हो । २ अभिप्राय, तात्पर्य ।

भावालङ्कार (सं० पु०) एक प्रकारका अलङ्कार ।

भावालीना (सं० स्त्री०) भावेषु मूर्त्तपदार्थेषु आलीना । छाया ।

भाविक (सं० लि०) भावेन निर्वृत्तं ठक । १ भावसाध्य पदार्थ, वह अनुमान जो अभी हुआ न हो पर होनेवाला हो । २ अर्थालङ्कारभेद, वह अलङ्कार जिसमें भूत और भावी बातें प्रत्यक्ष वर्त्तमानकी भांति वर्णन की गई हों । (लि०) ३ मर्मज्ञ, जाननेवाले ।

भावित (सं० लि०) भाव्यते स्मेति भू-णिच् क्त । १ वासित, सुगंधित किया हुआ । २ प्राप्त, मिला हुआ । २ ३ विशोधित, शुद्ध किया हुआ । ४ चिन्तित, सोचा हुआ ५ मिश्रित, मिलाया हुआ । ६ समर्पित, भेंट किया हुआ । ७ सिक्त, जिसमें किसी रस आदिकी भावना दी गई हो । ८ बीजगणितोक्त अव्यक्त अनेक वर्ग समीकरण द्वारा व्यक्तिकरण ।

भाविता (सं० स्त्री०) भाविनो भावः तल-टाप् । भावित्व, भावीका भाव ।

भावित्र (सं० क्ली०) भवतीति भू-(भुवादिगृभ्यो णित्रन् ।

उणा॒ ४।१७०) त्रैलोक्य, स्वर्ग, मर्त्य और पाताल ।

भाविन् (सं० त्रि०) भविष्यतीति भू-(भुवश्च । उणा॒ ४।८) इति इनि, स च णिद्भवति । १ भविष्यत् काल, आनेवाला समय । २ भवितव्यता, अवश्य होनेवाली बात । ३ भाग्य, तकदीर ।

भावनी (सं० स्त्री०) भावः शृङ्गारचेष्टाविशेषो विद्यतेऽस्या इति ङीप् । १ स्त्रीविशेष । २ स्कन्द मातृगणकी अन्यतमा । (भारत ६।४३।११) ३ वर्त्तमान प्रागभाव प्रतियोगिनी ।

भावी (हिं० स्त्री०) भाविन् देखो ।

भावुक (सं० क्ली०) भवतीति भू (लषपतपदस्थाभूवृषेति । पा ३।२।१५४) इति उकञ् । १ मङ्गल, आनन्द । (पु०) २ नाट्योक्तिमें भगिनीपति । ३ सज्जन, भला आदमी । (त्रि०) ४ भावना करनेवाला, सोचनेवाला । ५ उत्तम भावना करनेवाला, अच्छी बातें सोचनेवाला । ६ जिस पर कोमल भावोंका जल्दी प्रभाव पड़ता हो ।

भावुक—गोकुलवासी एक ब्राह्मण । ये अपुत्रक होनेके कारण वात्सल्यभावमें श्रीकृष्णकी उपासना करते थे । निरन्तर पुत्रभावमें हरिभजन करते करते उनको भावसिद्धि हुई । पुत्ररूपमें श्रीकृष्णने उन्हें दर्शन दिये । पीछे उनके मनमें ऐश्वर्य भावका उदय होनेके कारण श्रीकृष्ण भगवान् अदृश्य हो गये । अनन्तर वह ब्राह्मण बड़े दुःखित हुए और रातदिन श्रीकृष्णके चरणमें रत रह कर अपना समय बिताने लगे । श्रीकृष्णने प्रसन्न हो कर परजन्ममें इन्हें फिर दर्शन दिये थे । (भक्तमाल)

भावोत्सर्ग (सं० पु०) क्रोध आदि बुरे भावोंका त्याग ।

भावोदय (सं० पु०) एक प्रकारका अलङ्कार । इसमें किसी भावके उदय होनेकी अवस्थाका वर्णन होता है ।

भाव्य (सं० क्ली०) भू-ण्यत् । १ अवश्य भवितव्य, अवश्य होनेवाला । २ भावना करनेके योग्य । ३ सिद्ध या साबित करनेके लायक ।

भाव्यता (सं० स्त्री०) भावस्य भावः तल् टाप् । भाव्यत्व, भावीका भाव या धर्म ।

भाव्यरथ (सं० पु०) एक राजा । (विष्णुपु०)

भाषक सं० त्रि०) वक्ता, बोलनेवाला ।

भाषज्ञ (सं० पु०) भाषाका ज्ञाता, भाषा जाननेवाला ।

भाषण (सं० क्ली०) भाष्-भावे ल्युट् । १ कथन, कहना । २ वक्तृता, व्याख्यान ।

भाषना (हिं० क्रि०) भोजन करना, खाना ।

भाषा (सं० स्त्री०) भाष्यते शास्त्र व्यवहारादिना प्रयुज्यते इति भाष् (गुरोश्च हलः । पा ३।३।१०२) इति अ प्रत्ययः, टाप् । १ रागिणीविशेष । २ वाक्य, बोली । भाषातत्त्व देखो । ३ वाग्देवता । पर्याय—ब्राह्मी, भारती, गिर, वाच्, वाणी, सरस्वती, व्याहार, उक्ति, लपित, भाषित, वचन, वचस् । (अमर)

४ शास्त्रीय अष्टादश भाषा । यथा,—१ संस्कृत, २ प्राकृत, ३ उदीची, ४ महाराष्ट्री, ५ मागधी, ६ मिश्रार्द्ध मागधी, ७ शकाभीरी, ८ श्रावस्ती, ९ द्राविड़, १० औड़ीय, ११ पाश्चात्य, १२ प्राच्य, १३ वाह्लीक, १४ रन्तिका, १५ दाक्षिणात्या, १६ पैशाची, १७ आवन्ती, १८ शौरसेनी । प्राकृत लङ्केश्वरमें इन सब भाषाओंके लक्षण और उदाहरण लिखे हैं । ५ किसी विशेष जनसमुदायमें प्रचलित बातचीत करनेका ढंग, बोली । ६ वह अव्यक्त शब्द जिससे पशु पक्षी आदि अपना मनोविकार या भाव प्रकट करते हैं । ७ वाणी, सरस्वती । ८ आधुनिक हिन्दी । ९ अभियोगपत्र, अर्जी दावा ।

भाषातत्त्व—मानवजातिके मुखसे उच्चारित शब्दपरम्पराके सुललित समावेश और मनोभावव्यञ्जक व्याकरण-समन्वय-साध्य पदावलीको भाषा कहते हैं । भाषा साधारणतः दो प्रकारकी है, १ कथित—जिसमें व्याकरण साध्य शब्द वा पद परम्पराकी आवश्यकता नहीं होती, केवल मात्र मुखोच्चारित शब्दविन्यास द्वारा वस्तु वा व्यक्ति विशेषका आनुषङ्गिक कार्यभाव व्यक्त किया जाता है वही कथित भाषा है (Spoken dialect) और जो व्याकरणसिद्ध पदपरम्परा द्वारा ग्रथित तथा मनोभाव विकाश करनेमें समर्थ है, उसीको भाषा (Language) कहते हैं । कालक्रमसे वर्णमालाका आविष्कार हो जानेसे वह शब्द परम्परा लिपिबद्ध हो कर लिखित भाषामें (Written language) परिणत हो गई है ।

मनुष्य-सृष्टि होनेके बाद भाषाकी सृष्टि नहीं हुई । पहले व्यक्त वा अव्यक्त किसी प्रकार शब्द संयोजनासे मानवगण अपना मनोभाव प्रगट करते थे । इस

विशाल जगद्वक्षमें विचरण करके मानवगण धीरे धीरे दर्शनज्ञान लाभ करने लगे। मानसिक उन्नतिके बलसे वे जितना ही ज्ञानमार्ग पर चढ़ते थे, उतना ही उनकी दृष्टिशक्तिने वृत्तिका विकाश पाया था। जब नित्य व्यवहार्य वस्तुवो बदलेमें किसी नैसर्गिक घटनाके ऊपर उनका लक्ष्य पड़ता था, तब उन्होंने ज्ञान और दूरदर्शिताके बल इन विषयके भावपरिज्ञापक शब्दमालाके आविष्कारकी चेष्टा की थी। वर्त्तमान अनुसन्धानसे इन सब विषयोंका प्रकृत प्रमाण पाया गया है। पर्वतकी निभृत गुहामें अथवा वनान्तरालके दुर्भेद्य प्रान्तमें लुक्कायित तथा प्रकृतिकी कोमल गोदमें लालित पालित असभ्य वनचारिगण ज्ञानके अतिरिक्त दूसरा कोई भी विषय अपनी कथित भाषामें व्यक्त नहीं कर सकते थे। कोल, भील, सन्थाल, शबर आदि असभ्य जातिके उन्नतशील जाति द्वारा आविष्कृत कोई अभिनव वस्तु देखनेसे वे उसका प्रतिरूप कोई भी अर्थबोधक शब्द प्रयोग नहीं कर सकते। क्योंकि, उस पदार्थके विषयसे वे बिलकुल अवगत नहीं हैं। किन्तु अंगरेज, जर्मन वा अन्य सुसभ्य जातिको दूसरेकी आविष्कृत वस्तु दिखानेसे ही वे उसी समय उसके अनुरूप एक शब्द प्रयोगकी आवश्यकता समझ कर भाषाके मध्य एक शब्दसंगठन कर लेते हैं। इस कारण कालक्रमसे बहुत-से विभिन्न जातीय शब्द अन्यान्य अनेक भाषाओंके साथ मिल गये हैं। इससे गठित (Coined) शब्द और अपर भाषासे गृहीत (Naturalised) शब्दकी उत्पत्ति हुई है*।

शब्दतत्त्वविदोंने शब्दसादृश्यके अनुसन्धान और आलोचना द्वारा दिखाया है, कि प्राचीन आर्यजातिके शब्दानुकरणसे वर्त्तमान सभ्य जगतकी भाषाकी सृष्टि हुई है। उन आर्यसन्तानोंके उन्नतिके चरममार्ग पर चढ़नेसे वे अपनी आवश्यकीय मन्तव्यसिद्धिके लिये नाना शब्दाविष्कारका उपाय निकालते हैं। जगत्का प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेदसंहिता पढ़नेसे ऐसे दुर्बोध्य आवश्यकीय बहुतसे शब्दोंका प्रयोग देखनेमें आता है। देवतत्त्व. भूतत्त्व, जलतत्त्व. ज्योतिस्तत्त्व आदि विषयोंमें उन्होंने पारदर्शिता लाभ करके उन सब विषयोंकी उपयोगिताके अनुसार तदनुरूप शब्दकी उद्भावना की है।

आर्यप्रवाहप्रसङ्गसे आर्यजातिकी वैदिक भाषा विभिन्न देशोंमें फैल गई है। यही कारण है, कि हम लोग आर्यभाषागत एक शब्दके अनुरूप संस्कृत, बङ्गला, ग्रीक, जर्मन, अङ्गरेज, फारसी आदि भाषामें देखते हैं।

विस्तृत विवरण शब्दतत्त्वमें देखो।

मनुष्यकी स्वभावसिद्ध सामाजिकता, एकत्र वसवासेच्छा, परस्परकी सहानुभूति वा सहायता आदि गुण रहनेसे तथा परस्परके आवश्यकतानुसार वैषयिक कथोपकथनकी सुविधाके लिये मानव बाध्य हो कर भाषाके उद्भवमें मनोयोगी हुए हैं। मानव जातिकी आदिम अवस्थाकी कल्पना करनेसे मालूम होता है, कि उसके जन्मकी प्रथम अवस्थासे ही मानवगण वस्तु वा व्यक्ति विशेषकी यावतीय अवस्था जाननेमें यत्नवान् थे अथवा उस तरहकी अवस्था द्वारा तत्तद्विषयाङ्ग समूहमें अभिज्ञता लाभ करनेमें चेष्टित होते थे। मानव जितनी ही अशिक्षित अवस्थामें क्यों न रहे, उसकी तात्कालिक अवस्थामें भी वह वाक्यपरम्परा द्वारा मनोभाव व्यक्त करनेमें समर्थ होता था। उस समय उसकी भाषा सुललित और प्राञ्जल नहीं होने पर भी दुर्बोध्य और असम्पूर्ण थी।

मानव-अवस्थाकी पर्यालोचना करनेसे उनमें दो विशेषत्व दिखाई देते हैं;—किशोर शिशु-स्वभाव और शिक्षासम्पन्न युवक मूर्त्ति। प्रकृतिके क्रोड़शायी शिशुकी आधारभूत शक्ति, इच्छाप्रवणता और ईश्वरदत्त शारीरिक और मानसिक शक्ति समुच्चयका प्रणिधान करनेसे अनुमान होता है, कि उसके उपयुक्त शिक्षा पानेसे अथवा उसकी हृदयनिहित स्वभावज वृत्तियोंके यथानियम कर्षित और स्फुरित होनेसे समय आने पर वह भी पूर्णमात्रामें विकशित हो सकती है। अपर शिक्षित युवक-सम्प्रदायका हृदयजात ज्ञान, सामाजिक आचार और पाण्डित्यानुशीलनकी अनुध्यावना करनेसे ज्ञात होता है, कि उसकी यह गुणपरम्परा पूर्वपुरुषके सुकृतिबलसे उसमें समर्पित हुई है। स्वभावज गुणसम्पन्न व्यक्तिमात्र

प्रायः प्रत्येक भाषामें विजातीय भाषासे गठित वा गृहीत शब्दोंका प्रयोग देखा जाता है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर उद्धृत नहीं किया गया।

शिक्षाके आतिशय हेतु उत्कर्षताको प्राप्त होते हैं। उसी प्रकार मानव मात्रको बाल्यावस्थासे उपयुक्त शिक्षा मिलने पर वह उन्नत अवस्थामें लाया जाता है। इस विषयमें उसकी पूर्व पुरुषार्जित ज्ञानवृत्तिकी अपेक्षा नहीं रहती। तात्पर्य यह, कि उसकी स्वाभाविक वृत्तियां आप ही आप स्फूर्त्ति पा कर भाषाज्ञानके उपयोगी होती हैं। फिर एक शिक्षित व्यक्तिकी शिशुसन्तानको प्रकृति-निर्जनस्थानमें रख देनेसे उसको कभी भी पूर्वपुरुषको तरह वाक्य-स्फूर्त्ति नहीं होगी और तो क्या वह शिक्षित सभ्यके गृहवासादिनिर्माणमें अथवा उन लोगोंके समान शिल्पविद्यामें पारदर्शी नहीं होगी। यथार्थमें वह सन्तान भाषाहीन मूककी तरह हो जायगी, किन्तु उसकी हृदयनिहित सच्चेष्टता बिलकुल दूर नहीं होती। उसको सहजात प्रकृति उसके हृदयक्षेत्रको शिक्षाबीज वपनके योग्य बना देती है।

मनुष्यको आदिम अशिक्षित अवस्थाकी कल्पना करनेसे मालूम होता है, कि वे वर्त्तमान उन्नतमानव-जाति और वानर-कुलके मध्यवर्त्ती थे। उस समय वे पश्वादिकी तरह श्रमसहिष्णु, कर्मठ और पक्ष्यादिको नीड़निर्माण-पटुताकी तरह शिल्पनिपुण थे। ये सब सहजात कौशल उनमें विद्यमान रहने पर भी यह अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा, कि वे सब उस समय प्राकृत भाषासे वञ्चित थे। किन्तु जीव जगत्के अस्फुट अव्यक्त स्वरकी तरह उनके भी जिह्वाग्रसे स्वरलहरीका अभ्युत्थान होता था। वह वाक्यावली मार्जित और सुश्राव्य नहीं होने पर भी मानवकी मौलिककथित भाषाकी तरह समझी जाती थी। उसमें भाषागत कोई नियम संयोजित नहीं रहने पर भी वही उन लोगोंको मनोभावज्ञापक थी। पहले वे लोग नित्य-व्यवहार्य कुछ विषयोंका भावप्रकाश करनेके लिये कितने शब्दोंको उद्भावन कर लेते हैं। पीछे लगातार अभाव-ज्ञापनमें पारदर्शिता हेतु मानसिक क्रियानिचयका विकाश, जल-वायु प्रकृष्टताहेतु दैहिक बल और वृत्तिशक्तिकी स्फूर्ति तथा अभिनव वस्तुओंमें चित्तके आकृष्ट होनेसे उन्हें नूतन स्वर संयोजनाकी आवश्यकता आन पड़ती है। इस प्रकार स्वभावजात मनुष्य नाना विषयोंमें शिक्षाप्रयासी हो कर भाषाकी उन्नतिके लिये शिक्षित और उन्नत मनुष्य-रूपमें गिने जा सकते हैं। उनको यह स्वभावसाध्य गुणलब्धशिक्षा जरा भी अपनोदित होनेको नहीं, वरं उन्नत शिक्षाप्रभावसे उनका मनुष्यत्व देवत्वमें परिणत हो सकता है।

मानव-जन्म ले कर मनुष्यत्वलाभ करनेके कितने दिन बाद मनुष्योंने परम्पराश्रुत-कथा और विषयविशेषके उपयोगी शब्दानुकरण द्वारा मनोभाव ज्ञापन किया था, उसका स्थिर करना कठिन है। उस अवस्थासे वर्त्तमान उन्नत अवस्थाका विभेद जाननेसे चमत्कृत होना पड़ता है।

प्रयोजनीयताके अनुसार अनुकारी शब्द ले कर पहले मानवजातिकी व्यक्त भाषाका संगठन हुआ। पीछे परम्पराश्रुत कथा और पुनरनुकारी शब्दसमुच्चय भाषाके सौष्ठवकी वृद्धि करता है। आगे चल कर वही परम्परा श्रुत कथा भाषामें रूपान्तरित हुई है।

जनसाधारण इस अनुकृतिवादको ही भाषाका उत्पत्ति-मूलक बतलाते हैं। कोई पदार्थ निःसृत शब्द, जन्तुका स्वतःप्रवृत्त रव अथवा इन्द्रियगोचर कोई पदार्थ देखनेसे हम लोगोंके मुखसे आप ही आप जो स्वर या शब्द निकलता है, उसके अनुकरणसे ही भाषाकी उत्पत्ति स्वीकार की जाती है। अनुकरणशक्ति मनुष्योंकी स्वभावसिद्ध है। यही कारण है, कि हम लोग बालकको बाँसुरी देखनेसे 'भोंभों', कुत्ता देखनेसे 'भौं भौं', गाय देखनेसे 'हम्बा', कबूतर देखनेसे 'बकबकम्' प्रभृति अनुरूप शब्दका प्रयोग करते देखते हैं। मनुष्यसृष्टिके प्रारम्भमें सम्भवतः इसी प्रकार अनुसृष्टिसे आर्य पूर्वपुरुषगण शब्दसृष्टि कर गए हैं।

सुप्राचीन संस्कृत भाषामें वैयाकरणोंके उपद्रवके हेतु अनेक रूपान्तर हुए हैं। सम्प्रति शब्द ले कर उसके मूलका निर्णय करना एक प्रकारसे असम्भव हो गया है। संस्कृत 'निष्ठीवन' शब्दमें अनुकृत-लक्षण छिपा हुआ है। विशेषरूपसे विपर्याय प्राप्त होनेसे अभी उसका वह रूप सहजमें अनुभूत नहीं होता। किन्तु उसका प्रकृतिप्रत्यय निर्देश करनेसे निष्ठीवन = नि + ष्ठीव् + ल्युट् इस प्रकार पद होगा। यह ष्ठीव् शब्द वा धातु (अर्थात् मूल शब्द वा root) शुद्ध अनुकरणात्मक है। निष्ठीवन

फेंकनेके समय मुखसे किंवा भूमि पर गिरनेसे जो शब्द निकलता है, वह संस्कृतमें ष्ठीव्, हिन्दीमें पिक् या पिच् और अंगरेजीमें स्पिट् (Spit) प्रभृति शब्दमें अनुकृत हुआ है।

निषेधवाचक दन्त्य 'न' शब्दकी उत्पत्ति भी इसी प्रकार है *। पुत्रपोषणेच्छु माता बच्चेको गोदमें ले कर जब बलपूर्वक दूध पिलानेको उद्यत होती है, तब बालक मुख बन्द कर 'नि नि रा लूँ उः' प्रभृति अव्यक्त स्वर उच्चारण करता है। पहले 'न' उच्चारण कर बालक निषेध-ज्ञापन करता है। बालककी शिक्षासे युवकका अभ्यास होता है। असभ्य आदिम मनुष्यने जो सीखा था, अभी सभ्य मनुष्यका वही अभ्यस्त हुआ है। आदिमका अनुकरण सभ्यका परम्परा-श्रुत हो गया है।

अपोगण्ड शिशुके इच्छाशक्ति नहीं रहना ही सम्भव है। सुतरां उसकी अनुकरणेच्छा बलवती नहीं हो सकती। उसका ऐसा काम केवल शारीरिक-अनुसृतिमूलक है।

वर्त्तमान भाषाविदोंके मध्य कोई कोई इस अनुकरणवादसे भाषाका अपौरुषेयत्ववाद और सम्मतिवाद तथा कोई कोई एक ही बातको उलट पलट कर भाषाको स्वभावजा और अनुकृतिलक्षणा बतलाते हैं।

व्याकरण-विपर्ययमें भाषाका जैसा परिवर्त्तन हो गया है देश और अवस्थाभेदसे भाषाका वैसा ही उच्चारणवैषम्य प्रतिपादित हुआ है। यही भाषाका विवर्त्तनवाद है। इसके अलावा एक ही देशमें क्षिप्र-प्रयोगवशतः शब्दका भी रूपान्तर हुआ करता है। इसीसे हम लोग सप्तसिन्धवकी जगह हप्तहिन्द और हिन्दो या 'हिन्दव'-की जगह 'इण्डिया' नामकी उत्पत्ति देखते हैं।

सभी जगह शहरकी भाषासे गांवकी भाषामें स्वातन्त्र्य देखनेमें आता है। गांवकी भाषा शिथिल, विरल ग्रन्थ और दीर्घावयवविशिष्ट तथा शहरकी भाषा साधारणतः दृढ़बद्ध, -अस्पष्ट और स्वल्पावयवविशिष्ट होती है। शहरवासिगण परस्परके मिलन और व्यवसाय वाणिज्यमें व्यस्त रहनेके कारण थोड़ी ही बातमें अपना मनोभाव प्रगट करनेको बाध्य हुए हैं।

पहले धातु (root)को शब्दका मूल या प्रकृति ले कर उसमें उपसर्ग (prefix और प्रत्यय (suffix) जोड़नेसे शब्दका लालित्य तथा अर्थवैचित्र्य संघटित होता है। आवश्यकतानुसार शब्दके रूपपरिवर्त्तनके लिए कई एक विभक्ति (affix) प्रवर्त्तित होनेसे भाषाकी अङ्गपुष्टि साधित हुई है। तदन्तर शब्दकी श्रुतिमधुरता बढ़ानेके लिये जनसाधारणका चित्त आकृष्ट हुआ था। इसी शब्दमाधुर्यको बदलनेमें भाषाका लालित्य और पुष्टि साधित हुई है।

क्रन्दनादि अव्यक्त स्वरके सिवा मनुष्यके एक व्यक्तस्वर (articulate sound) है जिसके द्वारा वे अपना मनोभाव प्रकाशित करनेमें समर्थ होते हैं। वर्णमालाके आविष्कार प्रसङ्गमें जब यह परम्पराश्रुत स्वरलहरी भाषामें प्रयोगजित हुई, तब उसमें स्वरवर्ण और व्यञ्जनवर्णके समावेशकी आवश्यकता आ पड़ी। वर्णमालाके उद्भवके पहले भाषा पूर्वापर श्रुतिविद्यामें परिणत थी। संसारके सर्व प्राचीन उन्नत आर्योंकी वेदभाषा परम्पराश्रुत हो चली आती थी; वर्णमालाका आविष्कार होनेसे अभी वह जनसाधारणके पाठ तथा उपलब्धिको उपयोगी हुई है। प्राचीन कालके मनुष्योंकी लिखित भाषा पक्षिचित्र या कोणाकार लिपिमें देखी जाती थी। अभी नाना सुसभ्य देशमें भिन्न भिन्न वर्णमालाका व्यवहार होने लगा है। वर्णमाला शब्द देखो।

भाषा और शब्दतत्त्वविद्गण आर्यजातिकी श्रुतगीतिको भाषातत्त्वका प्रथम आदर्श मानते हैं। उन्होंने उसी आर्यप्रोक्त भाषाको सभी भाषाओंकी जननी स्थिर कर इस प्रकार एक भाषावंशकी विस्तार कल्पना की है।



---

* संस्कृत—न, बंगला—ना, हिन्दी—नहीं, लैटीन—नि, अंगरेजी—नो प्रभृति।

आर्योंके पाश्चात्य उपनिवेशका अनुसरण कर यूरोपीय भाषाका पौर्वापौर्यनिर्णय करनेसे आर्यजातिके दूरान्तर गमनके कारण भाषाके परिवर्त्तन-तारतम्यका स्वीकार करना होता है। विभिन्न स्थानमें वास होनेके कारण आर्यजातिकी पाश्चात्यवाहिनी शाखाका भाषा-विपर्यय संघटित हुआ है, वर्त्तमान यूरोपीय और इन्दो-जर्मन भाषाके सिवा सेमितिक श्रेणीकी हिब्रु, फिनिकीय, आसिरीय, सिरीय, आरव्य और आविसिनीय प्रभृति भाषाने इतिहास तथा साहित्यमें उच्चस्थान अधिकार किया है। उत्तर अफ्रिकाकी वर्वर या लिबीय भाषा, मिस्रीय, कोप्तीय और इथियोपीय प्रकृति हामितिक श्रेणीगत है। दक्षिणपूर्व एशिया अर्थात् चीन, श्याम, ब्रह्म और तिब्बत प्रभृति देशीय भाषा एक पदारुढ़ है। यूराल अल्टेक विभागीय पार्वत्य प्रदेशकी भाषा मङ्गोलीय, तातार, तुर्की, हून, शक तथा तूराणीय प्रभृति विभागोंमें विभक्त है। इसके अलावा पृथिवीके अन्य स्थानोंमें आदिम असभ्यजातिके मध्य स्वतन्त्र स्वतन्त्र भाषा प्रचलित है। भारत महासागरस्थ मडागास्करसे ले कर मलय और पलिनेशिया द्वीपपुञ्ज प्रशान्त महासागरस्थ फिलिपाइन, फर्मोजा, जापान प्रभृति द्वीपावलिमें एक एक प्रकारकी भाषाका व्यवहार देखा जाता है। इसी तरह काकेशस पर्वत, अष्ट्रेलिया, इट्रुरिया एकेडिया, मेसोपाटेमिया, सुमिरीया, कमस्कटका, युकागीर, वस्क, बानटु, आलगोकिन, इरोके और दकोटा प्रभृति कई एक भाषा यूरोप, अफ्रिका तथा अमेरिकाके स्थानविशेषमें व्यवहृत थी। सम्प्रति उनमेंसे कई एक भाषा तद्देशवासी द्वारा परित्यक्त हो कर उसके बदले नूतन भाषा गृहीत हुई है।

प्राचीन आर्य संस्कृत भाषाके साथ जर्मन भाषाका धात्वर्थगत सौसादृश्य रहनेके कारण शब्दविदोंने इन्दो-जर्मनीय भाषाको आर्यभाषाके अन्तर्भुक्त रखा है। तदनुसार वे आर्यभाषासे १० स्वतन्त्र भाषाकी कल्पना करते हैं।

(१) भारतीय—वैदिक संस्कृत, प्राकृत, पालि प्रभृति।

(२) ईरानीय—मिदिया और पारस्यकी कथित भाषा, उसमेंसे प्राचीन पारसिक, जन्द (आवस्तिक), वाह्लिक, आकिमीय, कोणाकारलिपिलिखित भाषा, पह्लवी, शासनीय, पजन्द (पारस्य)-अफगान खुर्द प्रभृति।

(३) ग्रीक—ग्रीस और रोमकी विभिन्न भाषा।

(४) आलविय श्वेतद्वीपकी भाषा। यह यूरोपी आर्य भाषाकी अनुरूप है, किन्तु ग्रीकसे स्वतन्त्र है।

(५) आर्मेणीय—इस देशकी विभिन्न भाषा।

(६) इटालीय—लैटिन, फलिस्कान, आमब्रियान और ओस्कान।

(७) केल्टिक—बृटेन द्वीपकी प्राचीन भाषा। अब भी आयर्लैण्ड, स्काटलैण्ड और वेल्समें कहीं कहीं यह भाषा प्रचलित है।

(८) जर्मन या ट्यूटन—जर्मन, अंगरेजी, फरासी, ओलन्दाजी, डेनमार, स्कन्दनेवीय, स्वेडिस, नर्स, आइसलैण्डीय प्रभृति भाषा इसके अन्तर्भुक्त है।

(९) बाल्टिक—प्रुसिय, लिथुयनीय और लेटीय।

(१०) स्लावानिक—रूषीय, रुथेनीय, बुलगेरीय, सार्भीय, स्लावनीय, क्रोसीय, वोहेमिय और पोलीय।

पूर्ववाही आर्य उपनिवेशके मध्य भारतीय वैदिक और संस्कृत भाषा जनसाधारणका विशेष आदरणीय है। ऋग्वेदसंहिताके जैसा सुप्राचीन दुर्लभ ग्रन्थ संसारमें दूसरा नहीं है। इसीसे आर्यतत्त्व-अन्वेषणमें भारतीय संस्कृत भाषाका इतना अधिक आदर है। मार्कण्डेय कवीन्द्रकृत प्राकृतसर्वस्वमें भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाच * प्रभृति संस्कृत भाषाका विभेद देखने में आता है। संस्कृत पैशाच, प्राकृत, वङ्ग प्रभृति शब्द देखो।

ईरानीय प्रभृति भाषाका विवरण पहले ही दिया गया है। जन्द, अवस्ता और पारस्य प्रभृति शब्दके इतिवृत्तमें

---

* "महाराष्ट्री शौरसेनी प्राच्यावन्ती च मागधी।
इति पञ्चविधा भाषा युक्ता न पुनरष्टधा॥"
"शाकारी चैव चाण्डाली, शावर्याभीरिकी तथा।
शाक्कीति युक्ताः पंचैव विभाषा न तु षड्विधाः॥"
"नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः।
अपभ्रंशाः परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ्मताः॥"
कैकेयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा।
पैशाच्यो नागरा यस्मात्तेनाप्यन्या न लक्षिताः॥"

उनका प्राचीनत्व प्रमाणित हुआ है । तत्तत् शब्द देखो।

इसके अलावा इस विशाल भारतसाम्राज्यमें और भी नाना प्रकारकी भाषा प्रचलित हैं जिनमेंसे द्राविड़ीय, कोलकीय, तिब्बतीय ब्रह्म, खस, तै, मोन, आनाम तथा मलय भाषा सर्वप्रधान है।

द्राविड़भाषा ।—तामिल, तेलगु, कणाड़ी, मलयालम, तुलु, कोड़ग और सिंहली भाषा मार्जित तथा उन्नत है। दक्षिण भारतकी तोड़ा, कोटा, गोंड़, खण्ड, इरुलर, कोड़व, कुरुम्वर, वेद्दा और मध्य भारतकी भूंईया, भूईहार, विञ्जर, कौरव, कोच, माल, माले पहाड़ी, राजमहली, ओरावन तथा रौतिया प्रभृति जातिकी कथित भाषा अमार्जित है।

कोलरीय भाषा ।—असुर या आगरिया, भील, भिलल, भुई, भुईहार, भूमिया, भूमिज, भूञिया, विञ्झार, वीरहोड़, वयार, बागाचेरु, धांगड़, गड़वा, हो, झौङ्ग, कवर, खड़िया या देलकी, खरवार किषण, नागेश्वर वा नकासिया, कोल, कोड़ा, कोड़वा, मुयासी, मईर, मांझी, मेहतू, मीना, मुण्डा, नहर, सन्थाल, सावन्त, जौङ्ग और शवर प्रभृतिकी कथित भाषा ।

तिब्बतीय-ब्रह्मभाषा ।—इस विभागमें तिब्बतसे लेकर ब्रह्मदेश तक पार्वतय भूभागकी सभ्य तथा वन्य जातियोंकी लिखित और कथित भाषाकी तालिका दी जाती है। यथा—कछाड़ी या वोड़ो, मेछ, होजो, गारो, पानिकोच, देवीरा, छुटिया, त्रिपुर या मोरङ्ग, भोट, सर्प, भूटानी, लोपा, चङ्गलु, त्वङ्ग, गुरङ्ग, मुर्मि, तक्ष्य, नेवार, पहाड़ी, मगर, लेपछा, दफला, मीड़ी, अरब, लो, आका, मिसमी, चुलिकाटा, तैङ्ग, दिगरु, दिगरु, मिभु, ढिमला, सुनावर कणिव भाषा मिलचन, तोवरस्कद्, सुमचु। किरान्ती, लिम्बु, कुनावर, व्रमु, चेपङ्ग, वायु और कुसन्द, जातिकी भाषा। नागाजातिकी कथित भाषा—नमसङ्ग या जयपुरिया, वोनपाड़ा, मिठन, तब्लुङ्ग, मलङ्ग, खरी, नौगांव तेङ्गसा, लोटा, अङ्गामी, रङ्गमा, अरङ्ग, कुचा, लियङ्ग या करेङ्ग और मरुम। मिरी, सिंफो, जिली और ब्रह्म। कूकियोंकी कथित भाषा—थदो, लुसाई, हल्लमी, ख्येङ्ग, मणिपुरी, मरिङ्ग, खोइवू, कूपई, तंखूल, लुहुप, खुङ्गई, फदङ्ग, चरूफुङ्ग, खुपोम, तकैमी अन्द्र, सेङ्गमाई, चैरेल अनाल और नम्फु। कुमी, कामी, म्रु, वनयोगी या लुङ्ग-खे, पङ्खो, सेन्दु, पोई, शक और क्यो। केरनजातिकी कथित भाषा—स्कौ, वघाई, करेनी, प्वो, तरु, मोपघा गैखो, तोङ्गथु, लिसान । ग्यरुङ्ग, तकपा, मन्याक, थोञ्चू, होर्पा। खासी; तई, थई या श्यामी, लाव; शान, आहोम, खामतो, ऐतोन, तेवमो। मोनआनम, मोन, कम्बोजम, आनमी और पलौङ्ग।

संस्कृतादि व्यतीत भारतवर्षमें और भी कई एक भाषाका प्रचलन है जो गौड़ीय या मिश्र संस्कृतसे उत्पन्न हुई है। इसका उल्लेख नीचे किया जाता है। वङ्गाल, विहार और आसाम प्रदेशमें—वङ्गला, तिरहुती या मैथिली, आसामी और उड़िया। सभ्य उड़िष्याके वासियोंकी लिखित भाषा प्रायः वङ्गलाकी जैसी है, किन्तु उड़िसाके पार्वत्य प्रदेशवासियोंकी भाषा अपेक्षाकृत स्वतन्त्र है । विहार, युक्तप्रदेश, मध्य तथा गुजरात प्रदेशमें—हिन्दी, मैथिली, उर्दू, व्रजभाषा, भोजपुरी, पञ्जावी, मूलतानी, जाटकी, कश्मीरी, नेपाली, सिन्धी, थरेली, ठाकुराली, जिवोली, इरावती, मारवाड़ी, गुजराती, कच्छी, मराठी, कोङ्कणी प्रभृति प्रधान हैं।

भारतीय द्वीपपुञ्जके विभिन्न स्थानमें विभिन्न भाषा प्रचलित है जिनमेंसे अधिकांश कथित हैं। नीचे कुछ लिखित भाषाका प्रमाण दिया जाता है। जो जो जाति जिस जिस भाषामें बातचीत करती है, उनकी भाषाका भी प्रायः वही वही नाम रखा गया है। इस द्वीपपुञ्जमें लगभग डेढ़ सौसे भी अधिक जातिका वास है जिनके मध्य भाषागत विशेष पार्थक्य देखा जाता है। नीचे द्वीप वासी तथा उनकी भाषाका नाम दिया गया।

अदनमें	लूशों।	अगुतैनो	फिलीपाइन।
आलागातमें	,, ।	अलोमा	न्यूगिनी।
अनमरापु	,, ।	अपयो	लूशों।
अर्फाक	न्यूगिनी।	असब्लौ	वौरु।
अरु	,, ।	अहतियागो	अहतियागो।
आलोर	आलोर।	आसाहन	सुमात्रा।
वजुलाट	सिलेविस।	बशिश	मलाक्का।
वतुमेरा	आम्बयना।	वत्तर	सुमात्रा।

बेलों तिमोर।
वेत्सिलिव होभ।
विलोङ्ग मीनहस्स।
वीमा सम्बव।
बोनि सिलेबिस।
ब्रेजरक द० अष्ट्रेलिया।
वतुमेरा आम्बयना।
बुगी या बुजो सिलेबिस।
कलिङ्ग लूशों।
ददय तगलजाति।
दोरे न्यूगिनी।
घक बोर्णियो।
फेवलङ्ग फर्मोंजा।
गलेला गिलोलो।
गलेतेङ्ग सुन्द।
गरोन्तलो मीनहसस।
गाईमानि लूशों।
होतोन्तलो मोनहस।
इवालावा लूशों।
इदयन फिलीपाईन।
इफुगाव लूशों।
इड्नोस बोर्नियो।
इलोङ्गोते लूशों।
इताने ” ।
यव यवद्वीप।
जुरु मलक्का।
कपत्सि न्यूगिनी।
कवि यव और बालि।
कियात्त घकजाति।
केमा सिलेबिस।
कैयारी न्यूगिनी।
कोङ्ग सुन्द, फ्लोरिस।
कुबु सुमात्रा।
कुलो न्यूगिनी।
लस्प सुमात्रा।
लुबु ” ।

वेत्सिमिसाराका मड़ागास्कर।
विकोल फिलीपाईन।
विला मलाक्कानिग्रिटो।
विसय घकजातीय।
बोलाअङ्गो पापुया (सिलेबिस)
बोटंगे मीनहस्स (उ०सीलेबस)
वेत्त्वियान कैत्तया।
बुकिद फिलीपाईन।
चिमरो लूशों।
देदेले न्युगिनी।
दौमजल मिन्दोरो।
एन्दे फ्लोरिस।
गद्दन तगल (लूशों)।
गह सिरम (पापुयान)
गणि गिलोला।
गिलोलो हलमहेरा।
होङ्गोते फिलीपाईन।
होभ (ईवारा) मडागास्कर।
इनमग फिलीपाईन।
इगोरोबे ” ।
इक्कोलों न्यूगिनी।
इलोकनो लूशों।
इंसिनये ” ।
इतनेग ” ।
जकुन मलयप्रायद्वीप।
कनक मावरीतनाट।
कुरु न्यूगिनी।
कयन बोर्नियो।
केदा मलक्का।
किव फ्लोरिस।
कोईपतु न्यूगिनी।
कोरिञ्चि सुमात्रा।
कुलकलिजा न्यूगिनी।
कुपन तिमोर।
लेत्तो सर्वतीद्वीप।
मदङ्ग बोर्नियो।

मव न्यूगिनी।
मयसोल सिरम।
मालनेग फिलीपाईन।
मालो बोर्नियो।
मनटोटो तिमोर।
मन्दर सिलेबिस।
मङ्गरई फ्लोरिस।
मङ्गिनिस मिन्दोरो।
मावरा न्यूजीलैण्ड।
मेन्तवो पगाईद्वीप।
मिलनवी सारावक।
मिन्तिरा मलक्का।
मोतु न्यूगिनी।
नमन ” ।
माईफोड़ मानसनाम।
ननकौड़ी निकोबर।
एलो सुमात्र।
ओरङ्ग विनुया मलक्का।
ओरङ्ग क्लिङ्ग भारत।
” लौट सामुद्रिकदस्यु।
” सलन् ” ।
” उटङ्ग वन्यमानुष।
” दरत् कृषकजाति।
पलवरा न्यूगिनी।
पनयनो विषयजाति।
पापक न्यूगिनी।
परिगि मीनहस्स।
रेजङ्ग सुमात्रा।
रोवो यूल द्वीप और
न्यूगिनी।
शकलव मडागास्कर।
सम्पित बोर्नियो।
ससक लोम्बोक।
सियाक सुमात्रा।
सिलङ्ग मार्गुई।

मादुरी मलय और मदुराद्वीप
मतारेल्लो सिरम।
मलय द्वीपपुंजके प्रधान
प्रधान स्थान।
मल्लिकोलो ह्रिब्राईडिज
मममनुया फिलीपाईन
मन्दय फिलीपाईन।
मङ्कसस सिलेबिस
मनोवो मिन्दानाव।
मह्ना सिराम।
मारो शूकर और वन्याकद्वीप।
मिनकोपि अंडमन।
मिरियम तोरस प्रणाली
मुरङ्ग बोर्नियो।
मुरुतदान ” ।
तियोरम तबल्लो।
निग्रिटो फिलोपाईन।
तेतो तिमोर।
ओरङ्ग हिन्दी वईगियो।
ओरङ्ग कुबु सुमात्रा।
” मलय मलय।
” सिरणो पुर्त्तगीज मिश्र
” गुणोङ्ग पर्वतवासो।
” सकाई मलक्कानिग्रीटो।
पम्पङ्गो तगल।
पङ्गसिन तगल।
पापुयान न्यूगिनी प्रभृतिद्वीप।
कुईवो न्यूगिनी।
रोक फ्लोरिस और सुन्द।
सहोत गिलोलो।
सकरण वार्णियो।
सरवि सुमात्रा।
शोम-वलङ्ग निकोबर।
सिदेईया फर्मोंजा।
सिमङ्ग मलाक्कास-निग्रिटो।

सुफलिन	लूशों।	सुन्द	सुन्द।
तगल	सिन्दोरो और लूशों।	तलकावगो	मिन्दना जाति।
तङ्गुईयन	तलगजाति।	तौल	न्यूगिनी।

वर्त्तमान मर्दुमशुमारीसे अंग्रेजाधिकृत भारतमें विभिन्न भाषाकी जो तालिका दी गई है उससे भारतवासोकी विभिन्न जाति तथा जातिगत भाषाका परिचय मिलता है। जातियोंके मध्य कुछ तो एशियावासी और कुछ यूरोप तथा अमेरिकावासी हैं। नीचे उनके नाम और भाषा लिखी जाती है,—

अरब, अरबी, आराकानो, आर्माणि, आसामी, वड़ग, ब्राहुई, वर्ग्रि, वलूची, बङ्गला, भील, भूई, भूटानो, ब्रह्म, कणाड़ी, कछाड़ी, कैखड़ी, कमौनी, कणौजिया, करेन, करेनी, काश्मीरी, खामति, खन्द, खड़िया खस्मि, खईसी, कोंच, कोल, कोलिसया, कोङ्कणी, कुन, कोर्कु, कोतर, कुकी, कोड़गी, कच्छी, कुरुम्बर, चव, चेनत्सु, चिन, चनी, चौङ्गथा, दाफला, दैनेत, धाङ्गड़, दोगड़ी, गड़वा, गड़वाली, गारो, गयेती, गोयानिज, गोंड़, गुजराती, हजोङ्ग, हिब्रु, हिन्दू, हिन्दी, जापानी, जाटकी, जोनला, लाक्षाद्वीपो, लाड़, लाड़की, लहली, लालुङ्ग, लम्बड़ी, लम्बनी, लेपचा, लिम्बु, मराठी, मकाणि, मलय, मलयालम, मालेर, मणिपुरी, मारवाड़ी, मेछ, मिकिर, मिरि, मिशमो, मुधी, मुर्मि, नाग, नागर, नागपुरी, नेपाली, नेवारी, पहाड़ी, पञ्जाबी, पारसिक, पखतु, पुत्तुल, रभा, शक, सलोन, संस्कृत, शवर, शान, शान्दू, श्यामो, सैन्धवी, सिंहली, सिफो, संथाली, सोनतेङ्ग, तलैङ्ग, तामिल, तेलगू, भोट, त्रिपुरी, तोड़ा, तौङ्गथु, तुलु, तुर्क, वरावन, उड़िया, योविन, येनाड़ी, येर्काल और कोड़गकी, वन्यजातिकी अपूर्व भाषा एशिया, महादेशीय, कहलाती है। इसके अलावा मिस्र, वर्वर प्रभृति अफ्रिका देशीय केल्टिक, डेनमार, ओलन्दाज, अंगरेज, फरासोसी, जर्मन, फिनिस, फ्लेमिस, गेलिक, ग्रोक, हाङ्गेरीय, आइरिष, इटालीय, लाप, नौरवैजीय, पोलिय, पुर्त्तगीज, रोमनोय, रूष, क्रेभीय, स्पेनोय, स्कच स्वीस, स्वीडीस, सिरीय तथा वेल्स प्रभृति।

वर्णमालाके आविष्कारके बाद आर्यजातिकी वैदिक और संस्कृत भाषा लिखी गई हैं। ऐतिहासिक गवेषणा तथा शिलालिपि द्वारा जाना जाता है, कि विभिन्न समय में भाषाकी विभिन्नताके साथ साथ लिपिका भी पार्थक्य हुआ था। विख्यात पारस्यराज दरायुसके पुत्र जरक्षेसने अपने अधिकृत १२७ प्रदेशोंमें तत्तद्देशीय भाषाकी अनुज्ञालिपिका प्रचार किया था। जिनमेंसे समारितान, हिब्रु, फिनीकीय, ग्रोक, प्राचोन वाह्लिक (आवस्तिक), इजिप्ृकी दिमतिक, वहिस्तन-फलकलिपि, अक्कद और सुसार भाषाके सिवा और किसीका भी निदर्शन नहीं है। वाबिलोनियाके मृत्तिकानिहित पुस्तकालयमें प्राप्त मृत्फलकलिपि, इजिप्ृकी हाईरोग्लिफिक्स, सिरियाकी कोणाकार लिपि और भारतकी अशोकलिपि सर्व प्राचीन-सी प्रतीत होती है। भाषातत्त्वविद्गण अशोकलिपिके बाद फिनीकीय प्रभृति वर्णमालाकी उत्पत्ति कल्पना करते हैं। दक्षिण एशिया और भारतमें जिन सब वर्णमालामें शिलालिपि तथा ताम्रफलक पर भाषा लिखी थी, उसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है,—इलाहाबाद लाट और गुप्त अक्षर, अमरावती, अर्मिय, आर्य या वाह्लिक, बङ्गला, भिलसा, कालदीय पह्लवी या पार्थिव, देवनागरी, गुजराती फलक और वर्त्तमान लिपि, कृष्णा, कुफिक, कुटिल, लाट या भारतीय पालि, वर्त्तमान पह्लवी और शासनीय पह्लवी, ब्रह्मकी पालि तथा वर्त्तमान पालि, पामिराणी, पञ्जाबी, पार्थिय, फिनीकीय, प्यूनिक, सौराष्ट्रकी शाहराज-लिपि, सेमितिक, सिनाई, ५वीं शताब्दीकी सिरीय और वर्त्तमान सिरीय लिपि, तेलिङ्ग, भोट, पाश्चात्य गुहालिपि और जन्द वर्णमाला ही प्रधान हैं।

डाः प्रिन्सेपने संस्कृत भाषाकी वर्णमालाके रूपान्तरके समय इस प्रकार निर्द्धारण किया है;—१ बौद्धधर्मके अभ्युदयके समय ईस्वीसन् ५वीं शताब्दीके पूर्वकी संस्कृत लिपि। २ पश्चिम भारतीय गुहालिपि। ३ ईस्वीसन् ४थी शताब्दीके पहलेकी जूनागढ़की अशोकलिपि। ४ २री शताब्दीका गुजरात-ताम्रफलक। ५ ५वीं शताब्दीकी इलाहाबाद-गुप्तलिपि। ६, ७वीं शताब्दीकी संस्कृतके अनुकरणमें भोटलिपि। ९वीं तथा १०वीं शताब्दीकी कुटिललिपि और बङ्गला-वर्णमाला तथा इसके बाद देवनागरी और धीरे धीरे हिन्दीका

कायथी प्रभृति अक्षर और भाषाका उद्भव हुआ है।

११वीं शताब्दीके प्रारम्भमें महमूदके भारतवर्ष पर, आक्रमण करनेसे भारतीय भाषा समूहमें पारसिक और अरवी भाषाका समिश्रण आरम्भ हुआ। उस समय वजीर प्रधान अबुल अब्बास और अहम्मद मैमन्दि मुसलमान राजसरकारके सभी कागजात पारसिक भाषामें और चिरस्थायी नत्थीपत्र अरवी भाषामें लिखनेकी प्रथा चला गए। सुतरां उस समय भारतवासीको कर्त्तव्य जान कर अथवा वाध्य हो कर उक्त दोनों भाषा सीखनी पड़ी। इसी प्रकार क्रमशः विजातीय शब्द या पदनिचय भारतीय हिन्दी भाषाके साथ मिल कर १४वीं शताब्दीमें उर्दू भाषाकी उत्पत्ति हुई। हिंदीको इस अभिनव भाषाकी भित्ति कर उसमें अरबी, पारसिक, तुर्की, संस्कृत, द्राविड़, पुर्त्तगीज और कोलरीय भाषाका चलित शब्दसमूह संयोजित किया गया है। १६वीं शताब्दीके पहले डा० जन वर्थोक गिलक्राइटने इस भाषाका कलेवर बढ़ाया। यूरोपवासी वैदेशिक अथवा भारतके अन्य स्थानवासी सभी जातियां इसी उर्दू-हिंदी भाषाकी सहायतासे परस्परमें बातचीत करने लगीं। सारे यूरोपखण्डमें फरासी भाषा जिस प्रकार जनसाधारणमें परिगृहीत हुई है, उसी प्रकार भारतमें विभिन्न जातिकी भाषा जाननेके लिए हिन्दीभाषाका सीखना आवश्यक है। हिन्दी भाषा सभी भारतवासी जानते हैं। अङ्गरेज, फरासी या जर्मन द्वारा हिन्दीभाषामें पूछे जाने पर भारतवासी अनायास उसका उत्तर दे सकते हैं।

भाषापरिच्छेद (सं० पु०) महामहोपाध्याय विश्वनाथ न्याय पञ्चाननकृत न्यायशास्त्रका परिभाषाग्रन्थ। न्यायशास्त्र पढ़नेके पहले भाषापरिच्छेद पढ़ना होता है। इसमें न्यायदर्शनके सभी विषय संक्षेपमें अत्यन्त सुन्दर भाषामें वर्णित हैं। पण्डिताग्रणी विश्वनाथने स्वयं ही भाषापरिच्छेदकी सिद्धान्तमुक्तावली नामक टीका रची। यह टीका अत्यन्त सुन्दर और अशेष पाण्डित्यकी परिचायक है। सिद्धान्तमुक्तावलीकी पुनः दिनकरी तथा रौद्री प्रकृति टीका है। सिद्धान्तमुक्तावलीमें वे महामहोपाध्याय विद्यानिवास भट्टाचार्यके पुत्र कह कर परिचित हुए हैं। उक्त ग्रंथका पहला श्लोक यह है:—

"नूतनजलधररुचये गोपवधूटीदुकूल चौराय।
तस्मै नमः कृष्णाय संसार महीरुहस्यबीजाय॥"

भाषापरिच्छेदमें १६६ श्लोक हैं। इस ग्रंथमें निम्नलिखित विषय आलोचित हुए हैं;—पदार्थोद्देशकथन, द्रव्यगुण और कर्मविभाग सामान्य और विशेष निरूपण, समवायसम्बन्धकथन, अभावविभाग, सप्तपदार्थका साधर्म्य तथा वैधर्म्यकथन, कारणलक्षण, कारणविभाग, अन्यथासिद्धिलक्षण और विभाग, द्रव्यका समवायिकारणत्व कथन, असमवायिकारणका गुणकर्ममात्रवृत्तित्वकथन, पृथिवीनिरूपण, पृथिवीविभाग, देह, इन्द्रिय और विषय कथन, जल, तेज और वायुनिरूपण, आकाश काल दिक् और आत्मनिरूपण, अनुभूति तथा स्मृतिभेदसे बुद्धिका द्वैविध्यकथन, अनुभूति विभाग, प्रत्यक्षादि प्रमाणकथन, प्रत्यक्षविभाग, द्रव्याध्यक्षमें त्वङ्मनःसंयोगके कारणत्वकथन, सामान्य लक्षणादि भेद द्वारा अलौकिक सन्निकर्षमें भेदत्रयनिरूपण। अनुमितिव्युत्पादन, परामर्श लक्षण, व्याप्ति और पक्षलक्षण, हेत्वाभासविभाग, उपमितिव्युत्पादन, शाब्दबोधप्रकार-परिचय, शाब्दबोधकारणकथन, असत्तिलक्षण, योग्यता, आकांक्षा और तात्पर्य निरूपण, मनोनिरूपण, मनका अणुत्वप्रमाण, गुणनिरूपण, मूर्त्त, अमूर्त्त और मूर्त्तामूर्त्त-गुणकथन, विशेष और सामान्य गुणवर्णन, विभुविशेषगुणका अतीन्द्रियत्वादिकथन, रूपके द्रव्यादिके अध्यक्षमें कारणत्व, रस गंध तथा स्पर्शनिरूपणपत्रादि, स्पर्शान्तर पाकजत्वकथन, संख्या, परिमाण, पृथकत्व, संयोग, परत्व और अपरत्व तथा बुद्धिनिरूपण, अप्रमाविभाग, संशय लक्षण, संशयकारणकथन, अप्रमाकारणकथन, प्रत्यक्षादिमें गुणपरिचय, प्रमानिरूपण, व्याप्तिग्रहका उपायकथन, परकीय व्याप्तिग्रह प्रतिवन्धार्थ उपाधिनिरूपण, उपाधिकादूषकता वीजकथन, अनुमानविभाग, सुख तथा दुःख निरूपण, इच्छा और द्वेषकथन, यत्न और निरूपण विभाग, गुरुत्वकथन, गुरुत्वनिरूपण और विभाग, स्नेहनिरूपण, संस्कार निरूपण और विभाग, अदृष्टनिरूपण, शब्दनिरूपण और विभाग। यही सब विषय अत्यन्त संक्षेप तथा सुन्दर भावमें वर्णित हैं।

न्याय और वैशेषिक दर्शन देखो।

दर्शनशास्त्र पढ़नेमें पापरिच्छेद और सिद्धान्तमुक्तावलीको पढ़ लेना आवश्यक है ।

भाषापाद (सं० पु०) भाषायाः पादः । चतुष्पाद व्यवहारके अन्तर्गत प्रथम पाद । व्यहार देखो ।

भाषाबद्ध (सं० त्रि०) साधारण देश भाषामें वना हुआ ।

भाषासम (सं० पु०) शब्दालङ्कारभेद. काव्यमें केवल ऐसे शब्दोंको योजना जो कई भाषाओंमें समान रूपसे प्रयुक्त होते हैं ।

भाषासमिति (सं० स्त्री०) जैनियोंके अनुसार एक प्रकारका आचार जिसके अन्तर्गत ऐसो बातचीत आतो है। जिससे सब लोग प्रसन्न और सन्तुष्ट हों ।

भाषिक (सं० त्रि०) वेदादि परिभाषानिर्वृत ।

भाषिकस्वर (सं० पु० मन्त्रेतर वेदभागरूप ब्राह्मण ।

भाषित (सं० क्लो०) भाष-भावे क्त । १ कथन, बातचीत । (त्रि०) २ कथित, कहा हुआ ।

भाषितपुंस्क (सं० त्रि०) भाषितः पुमान् येन कप् । विशेषणत्व प्राप्त जो पुंलिङ्गादिमें अभिहित होता है ।

भाषितृ (सं० त्रि०) भाष-तृच् । भाषक, कथक ।

भाषिन् (सं० त्रि०) भाष-इनि । कथक, बोलनेवाला ।

भाष्य (सं० क्लो०) भाष्यते विवृततया वर्ण्यते इति भाष ण्यत् । १ सूत्रोंकी को हुई व्याख्या या टोका, सूत्रग्रन्थोंका विस्तृत विवरण या व्याख्या । २ किसी गूढ़ बात या वाक्यको विस्तृत व्याख्या ।

भाष्यकार (सं० पु०) भाष्यं चूर्णि करोतीति कृ-(कर्मण्यण् । पा ३।२।१) इत्यण् । महाभाष्यकर्त्ता मुनि। पर्याय—गोनर्दीय, पतञ्जलि, चूर्णिकृत् । (त्रिका०) पाणिनिके भाष्यकार पतञ्जलिमुनि ।

"अहञ्च भाष्यकारश्च कुशाग्रीयधियावुभौ ।
नैव शब्दाम्बुधेः पारं किमन्ये जड़ बुद्धयः ।" (दुर्गसिंह)

भाष्यप्रणय कर्त्ता मात्र । जैसे—वेदान्त सूत्रके शङ्कर, रामानुज आदि. योगसूत्रके वेदव्यास, सांख्यसूत्रके विज्ञानभिक्षु, गौतमसूत्रके वात्स्यायन, कणादसूत्रके प्रशस्त पाद, मोमांसासूत्रके शवरस्वामो इत्यादि ।

भाष्यकृत (सं० पु०) भाष्यं करोति कृ-क्विप् तुक् च । भाष्यकारक ।

भास् (सं० स्त्री०) भासते इति (भाजभासविद्युतोर्जिपृजुग्रावस्तवः क्विप्) १ प्रभा, किरण । २ इच्छा ।

भास (सं० पु०) भास्यते इति भास-भावे घञ् । १ दीप्ति, प्रकाश । भासते दीप्यते इति भास्-कर्त्तरि अच् । २ कुक्कुट, मुर्गा । ३ गृध्र, गीध । ४ स्वनामख्यात पक्षिविशेष, शकुन्तपक्षो । ५ पर्वतभेद । ६ प्रभाकी कन्या । ७ कविभेद । ८ सह्याद्रि वर्णित एक राजा । ९ मयूख, किरण । १० इच्छा, चाह । ११ गोशाला । १२ स्वाद, लज्जत । १३ मिथ्या ज्ञान ।

भासक (सं० त्रि०) १ प्रकाशक, द्योतक । २ मालविकाग्नि मित्र-धृत एक नाट्यकार ।

भासकर्ण (सं० पु०) रावणकी सेनाका मुख्य नायक जिसे हनुमानने प्रमदावन उजाड़नेके समय मारा था ।

भासता (सं० स्त्री०) भास पक्षीकी तरह स्वभावविशिष्ट, छल बल कौशलसे आहरण ।

भासद (सं० क्लो०) भसदः कटिदेशस्येदं अण् । नितम्ब, चूतड़ ।

भासन (सं० क्लो०) दीपन, प्रकाशन ।

भासना (हिं० क्रि०) १ प्रकाशित होना, चमकना । २ प्रतीत होना, मालूम होना । ३ देख पड़ना । ४ लिप्त होना, फंसना ।

भासन्त (सं० पु०) भासते इति भास् (तॄभूवहिवसिभासीति । उण् ३।१२८) इति झच् । १ सूर्य । २ चंद्रमा । ३ भास पक्षी । ४ नक्षत्र । ५ सुन्दराकार ।

भासमन्त (सं० त्रि०) चमकदार, ज्योतिपूर्ण ।

भासमान (सं० त्रि०) १ भासता हुआ, दिखाई देता हुआ ।

भासमान (हिं० पु०) सूर्य ।

भासर्वज्ञ—एक विख्यात नैयायिक । इन्होंने न्यायसार और न्यायभूषण नामक दो ग्रन्थ लिखे हैं ।

भासस् (सं० क्लो०) भास-आसस् । दीप्ति ।

भासाकेतु (सं० पु०) भासा दीप्तिस्तस्याः केतुः । दीप्तिकारक, उजेला करनेवाला ।

भासापुर (सं० क्लो०) वृहत्संहितोक्त पुरभेद ।
(वृहत्सं० १६।११)

भासिक (सं० पु०) १ दिखाई पड़नेवाला । २ लक्षित होनेवाला, मालूम होनेवाला ।

भासित (सं० त्रि०) तेजोमय, चमकीला ।

भासु (सं० पु०) सूर्य।

भासुर (सं० पु०) भासते इति (भञ्ज भासमिदो घुरच्। पां ३।२।१६१) इति घुरच्। १ कुष्ठौषध, कोढ़की दवा। (पु०) २ स्फटिक, बिल्लौर। ३ वीर, बहादुर। (लि०) ४ दीप्तियुक्त, चमकीला।

भासुरपुष्पा (सं० स्त्री०) भासुराणि पुष्पाण्यस्याः, टाप्। वृश्चिकालि।

भासुविहार—पौण्ड्रवर्द्धनके अन्तर्गत एक बौद्धसङ्घाराम। नागोर नदीके पूर्वी किनारे विहारग्राममें आज भी इसका ध्वंस-स्तूप देखा जाता है। चीन-परिव्राजक यूएनचुवंग यहांके ७ सौ महायान-सम्प्रदायी बौद्धयतिका शास्त्राध्ययन-विषय उल्लेख कर गये हैं।

भासुरानन्दनाथ—भास्कररायका नामान्तर।

भासुरि—सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

भासोक—एक प्राचीन राजा।

भास्कर (सं० क्ली०) भाः करोतीति कृ (दिवाविभानिशाप्रभाभास्करानन्तान्तादीनि। पा ३।२।२१) इति ट। १ सुवर्ण, सोना। (पु०) २ सूर्य। ३ अग्नि। ४ वीर, बहादुर। ५ अर्क वृक्ष, मदार। ६ सिद्धान्तशिरोमणि प्रभृति ज्योतिर्ग्रन्थके कर्त्ता। ७ महादेव। ८ युक्तप्रदेशवासी जातिविशेष। पत्थरके ऊपर चित्र और बेल बूटे आदि बनाना इनका जातीय व्यवसाय है। ये लोग जिस प्रणाली द्वारा पत्थरों पर चित्र अङ्कित करते हैं उसे भास्करविद्या वा स्थापत्य कहते हैं। अजण्टा, इलोरा, गाढ़पुरी पुरी, सांची आदि स्थानोंके मन्दिरादि इनके कृतित्वका अपूर्व निदर्शन है। ९ महाराष्ट्र ब्राह्मणकी एक प्रकारकी पदवी।

भास्कर—१ नागार्जुनके गुरु। २ अभिधानचिन्तामणिधृत एक ग्रन्थकार। ३ प्रभासतीर्थ निवासी एक कवि। भोज प्रबन्धमें इनका नामोल्लेख है। ४ एक शैव दार्शनिक। आप भेदाभेदवादी थे। ५ उन्मत्तराघवनाटकके प्रणेता। ६ काव्यप्रकाश टीका (साहित्यदीपिका)-के प्रणेता। ७ गायत्रीप्रकरणके रचयिता। ८ नानार्थरत्नमालाप्रणयनके कर्त्ता। ९ प्रायश्चित्तप्रदीपक, प्रायश्चित्तविधि, प्रायश्चित्तशतद्वयी और प्रायश्चित्त समुच्चय नामक ग्रन्थके प्रणेता। १० मधुराष्टक-काव्यके रचयिता। ११ शुद्धिप्रकाशकके प्रणेता। १२आयाजिभट्टके पुत्र। १३ स्पन्दसूत्रवार्त्तिकके रचयिता, दिवाकरके पुत्र और रामकण्ठभट्टके छात्र। १४ यशोवंत भास्करके प्रणेता। १५ सह्याद्रि-वर्णित एक राजा। १६ चंद्रवंशीय एक राजा, आसामराज वल्लभदेवके पूर्वपुरुष। १७ एक ज्योतिर्विद्, कवीश्वर महेश्वराचार्यके पुत्र। आप शाण्डिल्यगोत्रीय कविचक्रवर्ती त्रि-विक्रमके वंशधर थे।

भास्करआचार्य—१ ब्रह्मसूत्रभाष्य और ब्रह्मसूत्रभाष्य सागरके प्रणेता। आप एक दार्शनिक शैव और भेदाभेदवादी थे। संक्षेपशङ्करजय ग्रंथमें इनका उल्लेख है। २ वाक्यपञ्चाध्यायिके प्रणयनकर्त्ता। आप एक विख्यात ज्योतिषी थे। आपके पिताका नाम महेश्वर था। १११५ ई०में आपकी मृत्यु हुई। करणकुतूहल, ग्रहागम कुतूहल, ब्रह्मतुल्य करण कुतूहल, ब्रह्मतुल्य सिद्धान्तकरणकेशरी, गणितपदी, ग्रहगणित, ग्रहलाघव, ज्ञानभास्कर, रेखागणित, लिङ्गशास्त्र, विवाहपटल, सटीकासिद्धांत शिरोमणि और वासना भाष्य, श्रुतगणित सूर्यसिद्धांतव्याख्या और भास्कर दीक्षितीय नामक ग्रंथके प्रणेता। इन्होंने ११५१ ई०में सिद्धांत शिरोमणि और १८४८ ई०में करणकुतूहलकी रचना शेषकी। भास्कराचार्य देखो।

भास्करकण्ठ—चित्तांधबोधटीकाके रचयिता।

भास्करतीर्थ—शै तीर्थभेद ((शिव पु०)

भास्करदीक्षित—१ तप्तमुद्राविद्रावणके प्रणेता। २ रत्नतूलिका सिद्धांतसिद्धाञ्जनटीकाके रचयिता।

भास्करदेव—एक प्राचीन कवि।

भास्करदेव—कोण्डविडुके गजपतिराज विश्वम्भर देवके पुत्र।

भास्करद्युति (सं० पु०) भास्करे द्युतिरस्य। १ विष्णु। (स्त्री०) २ सूर्यकी द्युति, सूर्यकी किरण।

भास्करनृसिंह (सं० पु०) वाराणसीवासी एक भाष्यकार। इन्होंने व्रजलालके अनुरोध करने पर १७८८ ई०में वात्स्यायन कृत कामसूत्रका भाष्य लिखा है। ये सर्वेश्वर शास्त्रीय छात्र थे।

भास्करपन्त—एक महाराष्ट्रसेनापति। ये रघुजी भोंसलेके दीवान थे। बङ्गालमें १०४२ ई०को मुर्शिदकुलकी

पराजयके बाद उनके मन्त्री मीर हबीवने भास्करपन्तको कटक पर आक्रमण करनेके लिए बुलाया। किन्तु अलीवर्दी खाँकी सेनाके एकाएक पहुंच जानेसे उनका मनोरथ पूर्ण नहीं हो सका। मौका पा कर भास्करने बिहार पर आक्रमण किया और वहींसे मुर्शिदाबाद पर चढ़ाई करनेकी इच्छासे पांचेट राज्य तक अग्रसर हुए। यहां आ कर वर्गियोंने लूट पाट मचाना शुरू कर दिया। इस पर अलीवर्दी खाँ वर्गियोंके अत्याचारसे राज्यरक्षाके लिए आगे बढ़े। दोनों दलमें घोरतर युद्ध आरम्भ हुआ। नवाब सेनापति मीरहबीब महाराष्ट्रके हाथ बन्दी हुए। पहलेसे ही वे वङ्गेश्वरके ऊपर क्रुद्ध थे। इस बार उन्होंने महाराष्ट्रीय पक्षका अवलम्बन कर मुर्शिदाबाद पर आक्रमण तथा जगत्शेठ आलमचांदका यथासर्वस्व लूट लिया। उसी समय मेदनीपुरसे ले कर कंटोया तक प्रायः सभी स्थान महाराष्ट्रोंके हाथ लगे। गङ्गा नदीमें बाढ़ आ जानेके कारण वे दलबलके साथ पार हो कर मुर्शिदाबाद नहीं पहुंच सके। इधर अलीवर्दी अपना दलबल इकट्ठा करने लगे। नदी पार कर नवाबने महाराष्ट्रोंको बङ्गालसे भगा दिया। उसी समय कर्णाटसे लौट कर रघुजी भोंसले दलबलके साथ उनसे मिले। उनका दमन करनेके लिए सम्राट् महम्मद शाहने पेशवा बालाजी बाजीराव और अयोध्यापति सफदर जङ्गको भेजा। १७४३ ई०में कंटोया और वर्द्धमान तक पहुंच कर अन्तमें रघुजी भोंसले पराजित हुए और भास्करपन्तने दलबलके साथ उड़ीसाकी ओर भाग कर जान बचाई। रघुजीने बङ्गाल लूटनेकी इच्छासे १७४४ ई०में पुनः भास्करपन्तको भेजा। इस समय नवाब अलीवर्दी खांने सन्धिप्रस्तावका बहाना कर भास्कर पण्डितको निमन्त्रित किया। नवाबकी सेना हथियारके साथ छिप रही। भास्कर पण्डित दलबलके साथ मुसलमान शिविरमें पहुंचे और नवाबके आदेशानुसार एक अनुचरसे मारे गए।

भास्करप्रिय (सं० पु०) भास्करस्य प्रियः ६ तत्। पद्मरागमणि।

भास्करभट्ट (सं० पु०) १ केशवमिश्रकृत तर्कभाषाके तर्कपरिभाषा दर्पण नामक टीकाके रचयिता। २ तृयृचभास्करके प्रणेता। ३ भोजराजके सभापण्डित। शाण्डिल्यगोत्रीय कविचक्रवर्त्ती त्रिविक्रमके पुत्र। अपने प्रतिपालकसे इन्होंने विद्यापतिको आख्या पाई थी।

भास्करभट्टपण्डित—दत्तसिद्धान्तमञ्जरीके प्रणेता।

भास्करभट्टमिश्र त्रिकाण्डमण्डन—एक प्रसिद्ध सूत्रनिबंधकार, कुमार स्वामीके पुत्र। इन्होंने ज्ञानयज्ञ नामक तैत्तिरीय संहिताका भाष्य लिखा है। इस भाष्यमें इन्होंने भवस्वामीका नामोल्लेख किया है। एतद्भिन्न आप स्तम्बसूत्र, ध्वनितार्थकारिका, बौधायनसहस्रभोजनटीका, सूत्रनिबन्ध, यजुर्वेदाष्टकभाष्य, आरण्यकभाष्य, ऋग्वेदभाष्य, तैत्तिरीय ब्राह्मणकाठकभाष्य (काठकत्रयभाष्य), तैत्तिरीयोपनिषद्भाष्य और भट्ट भास्करीय नामक वेदभाष्य आदि ग्रंथ इनके बनाये हुए मिलते हैं।

भास्करभूपति—विजयनगर-राजवंशके एक राजा।

भास्करमिश्र (सं० पु०) पद्मनाभकृत सिद्धसारस्वतदीपिकोद्धृत एक ग्रंथकार।

भास्कररविवर्मा—त्रिवाङ्कोड़के एक हिन्दू राजा। इन्होंने यहूदी ईसायोंको कोचिनमें बसनेकी अनुमति दी थी। उनका दिया हुआ अनुज्ञापत्र आज भी गिर्जाध्यक्षके पास मौजूद है। वहांके यहूदियोंका कहना है, कि वह आज्ञापत्र ७७६ ई०में दिया गया था। किन्तु उसकी तामिल वर्णमाला देखनेसे वह लिपि तत्परवर्त्तीकालकी समझी जाती है।

भास्कर रस (सं० पु०) रसौषध विशेष। इसकी प्रस्तुत प्रणाली—विष, पारद, गन्धक, त्रिकटु, सोहागा और जीरा, प्रत्येक एक एक भाग, लोहा, शङ्खभस्म, अभ्र, कौड़ीकी भस्म प्रत्येक दो दो भाग, इन सबके समान लवङ्गचूर्ण। इन्हें बिजौरा नीबूके रसमें ७ दिन भावना दे कर दो रत्तीकी गोली बनावे। इस गोलीको प्रतिदिन पानके साथ चबा कर खानेसे अग्निकी तेजी होती है तथा शूलविसूचिका और अग्निमान्द्य रोगमें प्रयुक्त होनेसे विशेष उपकार होता है।

(भैषज्य रत्ना० अग्नि मान्द्याधि०)

भास्करराव—एक महाराष्ट्र प्रतिनिधि, रघुनाथरावके पुत्र।

गए थे। उनके पुत्र राजा सिंघणचक्रवर्त्तीके दैवज्ञवर चङ्गदेव थे। इन्हीं चङ्गदेवने भास्कराचार्यकृत शास्त्रसमूहका प्रचार करनेके लिए मठ प्रस्तुत किया था। भास्कर-रचित सिद्धान्तशिरोमणिप्रमुख ग्रंथावली और उनके वंशधरोंके रचित अन्यान्य ग्रंथ इस मठमें नियमितरूपसे पढ़े जाते थे।'

उक्त शिलालिपिसे जाना जाता है, कि भास्कराचार्यके पिताका नाम था महेश्वराचार्य। इन्होंने जिस वंशमें जन्म लिया था और इनसे जो वंश निकला था, उसमें अनेक विख्यात पण्डित प्रवर जन्मग्रहण कर गये हैं। भास्कराचार्यने स्वकृत गोलाध्यायके अन्तमें भी इस प्रकार परिचय दिया है,ः—

'आसीत् सह्यकुलाचलाश्रितपुरे त्रैविद्यविद्वज्जने।
नानासज्जनधाम्नि विज्जड़विड़े शाण्डिल्यगोत्रो द्विजः॥
श्रौतस्मार्त्तविचारसारचतुरो निःशेषविद्यानिधिः।
साधूनाम वधिर्महेश्वरकृती दैवज्ञचूड़ामणिः॥६१
तज्जस्तच्चरणारविन्दयुगलप्राप्त प्रसादः सुधीः
मुग्धोद्बोधकरं विदग्धगणकप्रीतिप्रदं प्रस्फुटम्।
एतद्व्यक्त सदुक्तियुक्तिवहुलं हेलावगम्यं विदां
सिद्धान्तगूथनं कुबुद्धिमथनं चक्रे कविर्भास्करः (प्रश्नाध्याय)

भास्कराचार्यकी निजोक्तिसे जाना जाता है, कि सह्याद्रिके पाददेशमें अवस्थित विज्जड़विड़ नामक ग्राममें दैवज्ञ चूड़ामणि महेश्वरके औरससे भास्कराचार्यने जन्म ग्रहण किया था।

सिद्धान्तशिरोमणिके टीकाकार मुनीश्वरके मतानुसार,—

'महाराष्ट्र देशके अन्तर्गत विदर्भके निकट गोदावरीसे थोड़ी दूर पर विड़ नामक ग्राम है। वहांसे पांच कोस दूर लीलावतीके मङ्गलाचरणमें 'गणेशाय नमो नीलकमलामलकान्तये' इत्यादि वर्णित उन गणेशकी कृष्णवर्ण प्रतिमा आज भी विद्यमान है। अह्मदनगरसे ४० कोस पूर्व भास्करकी जन्मभूमि उक्त विड़ ग्राममें अवस्थित है और वहांसे ६।७ कोस दूर लिम्ब नामक ग्राममें कृष्णप्रस्तरनिर्मित गणेशमूर्त्ति अब भी नजर आती है।

भास्करकी जन्मभूमि विड़ होने पर भी उनके वंशधरगण पाटनमें जा बसे थे। पाटनके निकटवर्त्ती बहाल-ग्राममें भी भास्करके भ्रातृवंशीय गणक अनन्तदेवके आदेशानुसार उत्कीर्ण शिलालिपि देखनेमें आती है।

भास्कराचार्यने अपने सिद्धान्तशिरोमणिके अन्तमें लिखा है,—"रसगुणपूर्णमही (१०३६) सम शक-नृपसमयेऽभवन्ममोत्पत्तिः। रसगुण (३६) वर्षेण मया सिद्धांतशिरोमणी रचितः॥" ५८

उक्त श्लोकानुसार १०३६ शकाब्दमें अर्थात् १११४ ई०को भास्कराचार्यने जन्म लिया और ३६ वर्षकी उम्र (११५० ई०)-में सिद्धांतशिरोमणि नामक पुस्तक रची। इनके 'करण कुतूहल' का रचनाकाल निर्देशस्थलमें भी १०७५ शकाब्द लिखा है।

इन्होंने सिद्धांतशिरोमणि, करणकुतूहल और वासनाभाष्यकी रचना की। इसके अलावा भास्कर-व्यवहार तथा भास्करविवाहपटल नामक दो छोटे ज्योतिर्ग्रंथ इन्हींके बनाये हुए हैं। भास्कर देखो।

उक्त ग्रंथोंके मध्य सिद्धांतशिरोमणि सर्वप्रधान है। यह चार खण्डोंमें विभक्त है,—१ला लीलावती या पाटीगणित (Arithmatic); २रा बीजगणित (Algebra) ३रा ग्रहगणिताध्याय (Astronomy) और ४था गोलाध्याय। इन्हीं चार खण्डोंमें भास्कराचार्यका यथेष्ट कृतित्व प्रकाशित हुआ है। यद्यपि उन्होंने मध्यमग्रहका बीज-संस्कार 'राजमृगराङ्क' से और मध्यमाधिकारका ग्रह-भागणादि मान और स्पष्टाधिकारका परिध्यंशादि सब प्रकारका परिमाण ब्रह्मसिद्धांतसे ग्रहण किया है; यहां तक कि अयनगति भी पूर्वाचार्योंके मतानुसार ही प्रदर्शित हुआ है, तथापि अनेक स्थल पर उन्होंने ऐसी गभीर गवेषणाका परिचय दिया है, कि उनकी एकमात्र सिद्धांत शिरोमणिकी आलोचना करनेसे ही भारतीय ज्योतिष शास्त्रका सम्यक् तत्त्व जाना जा सकता है। त्रिप्रश्नाधिकारमें इन्होंने नाना प्रकारकी अभिनव साधनप्रणाली और अपूर्व बुद्धिकौशल दिखलाया है। शंकुके विषयमें इष्टदिक्छायासाधन और उदयांतर संस्कारका भास्कराचार्यने ही पहले पहल आविष्कार किया है। पातसाधन तथा ग्रहोंके शर-सम्बन्धमें भी इन्होंने पूर्वाचार्योंकी बहुत कुछ गलती दिखाई थी। जिस माध्याकर्षणतत्त्व (Laws of gravitation)-का आविष्कार कर सर आइजक न्यूटन संसारमें प्रसिद्ध हो गये हैं, उन न्यूटनके जन्मग्रहणके लगभग आठ सौ वर्ष पूर्व भास्कराचार्य अपने गोलाध्यायमें माध्याकर्षणतत्त्व प्रकाशित कर गए हैं। यह कम गौरवकी बात नहीं है। इनके करणकुतूहल ग्रन्थके आधार पर ग्रहसाधनके लिए 'जगच्चन्द्रसारणी' नामक एक प्रकाण्ड सारणी प्रस्तुत हुई है। भास्कराचार्यरचित ग्रंथसमूहकी बहुत सी टीका मिलती हैं। यथा—

१ लीलावती टीका— नृसिंहपुत्र रामकृष्णकृत गणितामृतलहरी, नृसिंहनन्दन नारायणकृत पाटीगणित कौमुदी, गोवर्द्धनरचित गणितामृतसागरी, गणेशदैवज्ञकृत बुद्धिवलासिनी, धनेश्वर दैवज्ञरचित लीलाभूषण, महीदास और मुनीश्वरकृत लीलावतीविवृति, रामकृष्ण दैवज्ञ कर्त्तृक मनोरञ्जना, रामचन्द्र-विरचित लीलावती भूषण, सूर्यदास दैवज्ञकृत गणितामृतकूपिका, विश्वेश्वर और चन्द्रशेखर पटनायककी रचित यथाक्रम लीलावत्युदाहरण प्रभृति टीका उल्लेखयोग्य है। इसके अलावा दामोदर, देवीसहाय, परशुराम, रामदत्त, लक्ष्मीनाथ, वृन्दावन, श्रीधर प्रभृतिकी टीका भी पाई जाती हैं।

२ वीजगणितटीका—ज्योतिषीकृष्णरचित वीजनवांकुर, रामकृष्ण दैवज्ञका वीजप्रबोध, परमसुखरचित वीजवृत्तिकल्पलता।

३ ग्रहगणिताध्याय और ४ गोलाध्यायकी टीका। ग्रहलाघवकार गणेश दैवज्ञ तथा उनके प्रपौत्र द्वारा रचित शिरोमणिप्रकाश उल्लेखयोग्य है। इसके सिवा नृसिंह, मुनीश्वर और गोपीनाथकी रचित टीका मिलती है।

सूर्यदास 'सूर्यप्रकाश' नामक और रङ्गनाथ 'मितभाषिणी' नामक समग्र सिद्धान्तशिरोमणिकी टीका रच गए हैं।

भास्करानन्दस्वामी—काशीके एक साधु और योगी। वेदान्त शास्त्रमें इनकी अच्छी व्युत्पत्ति थी। इस सम्बन्धमें इनके बनाये हुए कई ग्रन्थ भी मिलते हैं। तैलङ्ग स्वामीके स्वर्गवासी होने पर इन्होंने काशीक्षेत्रमें प्रसिद्धि प्राप्त की थी।

भास्करावर्त्त (सं० पु०) सुश्रुतोक्त शिरोरोगभेद। इसका लक्षण—सूर्योदयकालमें चक्षु और भ्रु देश पर मन्द मन्द वेदना आरम्भ हो कर सूर्यकी प्रखरताके साथ साथ बढ़ती है और सूर्यके अस्त होने पर इसका भी ह्रास होता है। इसीको भास्करावर्त्त वा सूर्यावर्त्त रोग कहते हैं। यह त्रिदोषज रोग है। कभी शैत्य और कभी उष्ण क्रियासे इसका प्रशमन होता है। (सुश्रुत शिरोरोगाधि०)

भास्करामृताभ्र (सं० क्ली०) औषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—अड़ूसकी छाल, मोथा, श्वेत पुनर्णवा। विजबंद और शतमूली प्रत्येकके १ पल परिमित रसमें मार्जित करके सहस्र पुटित अभ्रको शतमूलीके रसमें भावना दे कर गोली बनावे। इसकी मात्रा और अनुपान रोगीके बलाबलके अनुसार स्थिर करना होगा। इस औषधका सेवन करनेसे सब प्रकारका शूल, अम्लपित्त, कमला और रक्तपित्त रोग जाता रहता है।

(भैषज्यरत्ना० अम्लपित्ताधि०)

भास्करि (सं० पु०) भास्करस्यापत्यं इञ्। १ वैवस्त मनु। २ कर्ण। ३ मुनिभेद। (भारत शान्तिप० ४७ अ०)

भास्करीय (सं० त्रि०) भास्कर सम्बन्धीय।

भास्करेष्टा (सं० स्त्री०) भास्करस्य इष्टा। आदित्यभक्ता लता।

भास्त्रायण (सं० क्ली०) भस्त्रा-फक् (पा ४।२।८०) भस्त्रा सम्बन्धीय।

भास्मन (सं० त्रि०) भस्मनो विकारः अण् मनन्तत्वात् न टिलोपः। भस्मविकार।

भास्मायन (सं० पु०) भस्मनो गोत्रापत्यं फञ्। भस्म ऋषिका गोत्रापत्य।

भास्वत् (सं० पु०) भासः सन्त्यस्येति भास् (तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्। पा ५।२।९४) इति मतुप् मस्य व। १ सूर्य। २ अर्क वृक्ष, मदारका पेड़। ३ दीप्ति, चमक। ४ वीर, बहादुर। (त्रि०) ५ दीप्तिविशिष्ट, चमकदार। ६ प्रकाशक, चमकनेवाला।

भास्वत्कविरत्न—सरोजकलिकाके प्रणेता।

भास्वती (सं० स्त्री०) भास्वत्-स्त्रियां ङीष्। १ नदीभेद। २ ऊधस्, गायका स्तन। ३ दीप्तिमती। ४ ज्योतिर्ग्रंथविशेष। इस ग्रंथके मतसे चन्द्र और सूर्यग्रहणकी गणना होती है।

भास्वर (सं० पु०) भासते इति भास् (स्थेशभासपिसकसो

वरच्। पा ३।२।१७५) वरच्। १ दिन । २ सूर्या । ३ सूर्याका अनुचरविशेष । इसे भगवान् सूर्याने ताराकासुरके वधके समय स्कन्दको दिया था। (स्त्री०) ३ कुष्ठौषध, कोढ़की दवा। (त्रि०) ५ दीप्तियुक्त, चमकीला।

भिःखराज (सं० पु०) काश्मीराधिपति कुलराजका भतीजा। (राजतरङ्गिणी ८।२३१६)

भिग (हिं० पु०) १ भृङ्गी नामका कीड़ा। इसका दूसरा नाम बिलनी भी है। २ भौंरा। (स्त्री०) ३ बाधा।

भिगराज (हिं० पु०) भृङ्गराज देखो।

भिगाना (हिं० क्रि०) भिगोना देखो।

भिगोरा (हिं० पु०) १ भृङ्गराज, भँगरा। २ भृङ्गराज पक्षी।

भिगोरी (हिं० स्त्री०) भृङ्गराज नामक पक्षी।

भिजाना (हिं० क्रि०) भिगोना देखो।

भिड़ा (हिं० पु०) बड़ी सड़क।

भिडि (हिं० पु०) ढेलबांस, गोफना।

भिडिपाल (हिं० पु०) एक प्रकारका छोटा डंडा जो प्राचीन कालमें फेंक कर मारा जाता था।

भिंडी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारके पौधेकी फली। इसकी तरकारी बनती है। फली चार अंगुलसे ले कर बालिश्त भर तक लंबी होती है। इसके पौधे चैतसे जेठ तक बोए जाते हैं। जब पौधे ६-७ अंगुलके हो जाते है, तब वे दूसरे स्थानमें रोपे जाते हैं। इसको फसलको खाद और निराईकी बहुत आवश्यकता होती है। इसके रेशोंसे रस्से आदि बनाये जाते हैं। एक प्रकारका कागज भी इससे बनता है। वैद्यकमें इसे उष्ण, ग्राही और रुचिकारक माना है। इसे कहीं कहीं रामतरोई भी कहते हैं।

भिंदियाल (हिं० पु०) भिंडिपाल देखो।

भिक्षण (सं० क्ली०) भिक्षाकरण, भिक्षा मांगनेकी क्रिया।

भिक्षा (सं० स्त्री०) भिक्ष् याचनादौ। (गुरोश्च हलः। पा ३।३।१२०) इति अ, ततष्टाप्। १ याचन, मांगना। पर्याय—याच्ञ, अर्चना, अर्दना, प्रार्थना।

"वाणिज्ये वसते लक्ष्मीस्तदर्द्धं कृषिकर्मणि।
तदर्द्धं राजसेवायां भिक्षां नैव च नैव च॥" (चाणक्य)

२ सेवा। ३ भृति। ४ भिक्षित वस्तु, मांगी हुई चीज। शातातपने 'ग्रासमात्रा भवेद् भिक्षा' ऐसा निर्देश किया है।

मनुमें लिखा है, :—

"कृत्वैतद्बलिकर्मैवमतिथिं पूर्वमाशयेत्।
भिक्षाञ्च भिक्षवे दद्या द्विधिवद् ब्रह्मचारिणे।

गृहीको चाहिए, कि बलिकर्म समाप्त करनेके बाद सबसे पहले अतिथिको भोजन करावें और भिक्षुक या ब्रह्मचारीको यथाविधि भिक्षा दें। उनका यह भिक्षादान बड़ा ही पुण्यजनक होता है।

ब्राह्मणादि तीन वर्णोंके उपनयनके बाद गुरुगृहमें अवस्थान करनेके पहले भिक्षा मांगनेसे जो कुछ मिलता है, वही गुरुको समर्पण कर उनके गृहमें रहना पड़ता है। मनुमें लिखा है, कि ब्रह्मचारियोंको सूर्यकी उपासनाके बाद तीन बार अग्निप्रदक्षिण कर यथाविधि भिक्षाचरण करना चाहिए।

उपनीत ब्राह्मण-ब्रह्मचारीको पहले 'भवत्' शब्द कह कर भिक्षा मांगनी चाहिए। अर्थात् 'भवति ! भिक्षां देहि।' पुरुष होनेसे 'भवन् भिक्षां देहि' ऐसा कहना चाहिए। क्षत्रियको भवत् शब्द बीचमें 'भिक्षां भवति देहि।' वैश्यको भवत् शब्द अन्तमें 'भिक्षा देहि भवति' ऐसा कह कर भिक्षा मांगनी चाहिए।

माता, भगिनी, मातृष्वस्र (मौसी) या जो स्त्री ब्रह्मचारीको विमुख न करें, उन्हींसे ब्रह्मचारी पहले भिक्षा मांगे। प्रतिदिन प्रयोजनानुरूप भिक्षा संग्रह कर अकपट मनसे गुरुको समर्पणपूर्वक उनके गृहमें वास करना चाहिये (मनु २ अ०)

याज्ञवल्क्यसंहितामें लिखा है, कि ब्रह्मचारीको गुरुगृहमें अपनी जीवनयात्रा निर्वाहके लिए विशुद्ध ब्राह्मणालयमें भिक्षा मांगनी चाहिए।

(याज्ञवल्क्य स० १।२८-३०)

स्वजाति अथवा सभी वर्णोंसे ब्रह्मचारी भिक्षा मांग सकते हैं, किन्तु पतित, वेदयज्ञादि-विहीन, गुरुकुल ज्ञातिकुल तथा बन्धु इन सबोंसे कदापि भिक्षा न मांगे। यदि किसीसे भी भिक्षा न मिले, तो इन सबोंसे भिक्षा मांग सकते हैं। ऐसा करनेमें कोई दोष नहीं है। किंतु पूर्वोक्तके निकट यदि भिक्षा मिलनेकी सम्भावना रहे और उनके निकट न जा कर इन्हींसे भिक्षा मांगी जाय, तो प्रत्यवायभागी होना पड़ता है।

भिक्षादान अवश्यकर्त्तव्य है। जिनके जैसा विभव हैं, उन्हें उसीके अनुसार भिक्षा देनी चाहिए। ग्रास भर भिक्षा देना उचित है।

"भोजनं हन्तकारं वा अग्रं भिक्षामथापि वा।
अदत्त्वा नैव भोक्तव्यं यथाविभवमात्मनः॥
ग्रासप्रदानाद्भिक्षा स्यात् अग्रं ग्रासचतुष्टयम्।
अग्राच्चतुर्गुणां प्राहुर्हन्तकारं द्विजोत्तमाः॥"

(आह्निकतत्त्व)

ब्रह्मचारीके सिवा जो कोई व्यक्ति भिक्षुकरूपमें उपस्थित हो, उन्हें भिक्षा अवश्य देनी चाहिए।

व्याधिग्रस्त, अन्नहीन, कुटुम्बविताड़ित तथा पथक्लान्त इन सबोंको भिक्षाचर्या करनी चाहिए।

"व्याधितस्यान्नहीनस्य कुटुम्बात् प्रच्युतस्य च।
अध्वानं वा प्रपन्नस्य भिक्षाचर्यं विधीयते॥" (विष्णुपु०)

गृहीके घर जिस दिन अतिथि या भिक्षुक न आवें; उस दिन भिक्षित वस्तु गायको खिला दे अथवा अग्निमें फेंक दे।

"भिक्षुकाभावे चाग्रं गोभ्यो दद्यात् अग्नौ वा क्षिपेत्॥"

(विष्णुसंहिता)

भिक्षाक (सं० पु०) भिक्षते इति भिक्ष् (जल्पभिक्षकुट्टलुण्ठवृङः षाकन्। पा ३।२।१५५) इति षाकन्। भिक्षुक, भीख मांगनेवाला।

भिक्षाकरगुप्त—रायमुकुटधृत एक ग्रंथकार।

भिक्षाकरण (सं० क्ली०) भिक्षायाः करणं। भिक्षाकार्य, भीख मांगना।

भिक्षाकी (सं० स्त्री०) भिक्षाक षित्वात् ङीष्। भिक्षुकी।

भिक्षाचर (सं० पु० स्त्री०) भिक्षां चरतीति भिक्षा-चर (भिक्षासेनादायेषु च। पा ३।२।१७) इति ट। १ भिक्षुक, भीख मांगनेवाला। २ काश्मीरराज स्वनामख्यात राजा भोजके पुत्र। (राजतर० ८।१७)

भिक्षाचरण (सं० क्ली०) भिक्षायाश्चरणम्। भिक्षाचर्य, भीख मांगना।

भिक्षाचर्य (सं० क्ली०) भिक्षायाश्चर्य्यं। भिक्षाचरण।

भिक्षाचार (सं० त्रि०) भिक्षाकार्य, भीख मांगना।

भिक्षाटन (सं० क्ली०) भिक्षार्थं मटनम्। १ भिक्षार्थगमन, भीख मांगनेके लिए इधर उधर घूमना। शाम और सवेरे भिक्षाके लिये फेरी नहीं देनी चाहिये। (कूर्मपु० उ० १५ अ०) २ शार्ङ्गधरपद्धतिधृत एक कवि।

भिक्षादि (सं० पु०) भिक्षा आदि करके पाणिन्युक्त शब्दगण। गण यथा—भिक्षा, गर्भिणी, क्षेत्र, करीष, अङ्गार, चर्मन, सहस्र, युवति, पदादि, पद्धति, अथर्वन्, दक्षिणामत, विषय और श्रोत्र। समूह अर्थमें इस गणके उत्तर अण् प्रत्यय होता है। (पाणिनि)

भिक्षान्न (सं० क्ली०) भिक्षालब्धमन्नम्। भिक्षा द्वारा प्राप्त अन्न, वह अन्न जो भीख मांग कर जमा किया गया हो।

भिक्षापात्र (सं० क्ली०) भिक्षाहरणार्थं पात्रं मध्यपदलोपि कर्मधा०। भिक्षाहरणार्थ पात्र; वह बरतन जिसमें भीखमंगे भीख मांगते हैं। २ भिक्षादानसम्प्रदान ब्रह्मचारी प्रभृति।

भिक्षाप्रचार (सं० पु०) भिक्षार्थं प्रचारः। भिक्षाके लिये गमन, भीख मांगनेकी फेरी।

भिक्षाभुज् (सं० त्रि०) भिक्षाभोजी, भिक्षा द्वारा निर्वाह करनेवाला।

भिक्षामानव (सं० पु०) भिक्षुकमानव।

भिक्षायण (सं० क्ली०) भिक्षार्थं भ्रमण।

भिक्षार्थी (सं० त्रि०) भिक्षा-अर्थ-इनि। भिक्षाप्रार्थी, भिक्षुक।

भिक्षावत् (सं० त्रि०) भिक्षा अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। भिक्षाकारी, भीख मांगनेवाला।

भिक्षावृत्ति (सं० त्रि०) भिक्षा वृत्तिर्जीविका यस्य। भिक्षुक, भीख मांग कर जीविकानिर्वाह करनेवाला।

भिक्षाशिन् (सं० त्रि०) भिक्षां अश्नातीति अश-णिनि। भिक्षुक, भीखमंगे।

भिक्षाशित्व (सं० क्ली०) भिक्षाशिनो भिक्षुकस्य भावः त्व। पैशुन्य, चुगलखोरी।

भिक्षाहार (सं० पु०) भिक्षालब्धः अहारः। भिक्षान्न।

भिक्षितव्य (सं० त्रि०) भिक्ष् तव्य। प्रार्थितव्य।

भिक्षिन् (सं० त्रि०) भिक्षाकारी तापस।

भिक्षु (सं० पु०) भिक्षु-याचने (सनाशंसभिक्षु उः। पा ३।२।१६८) इति उ। ब्रह्मचर्यादि चार आश्रमोंके अन्तर्गत चतुर्थाश्रमी, भिक्षा मांगनेवाला। यह आश्रम अन्तिम आश्रम है। यह भिक्षु शब्द धर्मी और धर्मपर है। पर्याय—परिव्राज्, कर्मन्दिन्, पाराशरिन्, मस्करिन्, परिव्राजक, पराशरी, व्रजक। ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ, वानप्रस्थ और भिक्षु यही चार आश्रम हैं। विष्णुपुराणमें इस आश्रमके लक्षणादिका विषय इस प्रकार लिखा है,—

तृतीय आश्रमके बाद पुत्र, कलत्र और सभी द्रव्योंसे स्नेहशून्य तथा मात्सर्यका परित्याग कर चतुर्थ आश्रममें प्रवेश करना चाहिए। भिक्षु व्यक्तिको धर्म, अर्थ और कामरूप त्रिवर्ग साधनसमुदाय तथा यागादिके अनुष्ठानका परित्याग करना उचित है। ये शत्रु, मित्र, क्षुद्र तथा वृहत् सभी प्राणीके समान मित्र हो जांय। वाक्य, मन या कर्म द्वारा जरायुज, अण्डज, प्रभृति किसी जीवका कदापि अभिद्राचरण न करें। सर्वदा योगरत रहें और सबोंका सङ्ग छोड़ दें। इन्हें गांवमें एक रात और नगरमें पांच रात तक रहना चाहिए। इससे अधिक काल तक रहना उचित नहीं। इसके सिवा वे ऐसे स्थानमें रहें, जहांसे न तो प्रीति ही उपजे और न द्वेष ही हो। जिस समय गृहस्थके पाकादिकी अग्नि बुझ जाय और सबोंका आहार समाप्त हो जाय, उसी समय भिक्षु भिक्षा मांगनेके लिए ब्राह्मणोंके घर उपस्थित होवें। जो आश्रममें शारीरिक अग्निको अग्निहोत्ररूपसे, अपने शरीरमें संस्थापन कर भिक्षान्नरूप हविः समूह द्वारा अपने मुखमें होम करते हैं, तथा चैतन्यरूप अग्नि द्वारा सभी कर्म दहन करनेमें समर्थ हैं, वे ही उत्तम लोक प्राप्त कर सकते हैं। (विष्णुपुराण ३।९ अ०)

मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है, कि ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ और वानप्रस्थ आश्रमके बाद भिक्षु नामक चमर आश्रम है। इस आश्रममें भिक्षुओंको सर्वसङ्गपरित्याग, ब्रह्मचर्य, कोपविसर्जन, इन्द्रियसंयम, एक आवासमें बहुत दिनका वासत्याग, कर्मत्याग, भिक्षाप्राप्त अन्नसे एक ही बार भोजन, आत्मज्ञानावबोधेच्छा तथा आत्मदमन इन सबोंका सर्वदा यत्नपूर्वक अनुष्ठान करना चाहिए। यही भिक्षुओंका सनातनधर्म है। सत्य, शौच, अनसूया प्रभृति वर्णाश्रमके साधारण धर्मके प्रति भी भिक्षुओंको विशेष ध्यान देना उचित है। (मार्कण्डेयपु० २८ अ०)

ब्राह्मण ब्रह्मचर्य-आश्रमके बाद भिक्षु-आश्रम ग्रहण कर सकते हैं। इस आश्रममें वे सुखदुःखरहित, आश्रयशून्य, जितेन्द्रिय, शम तथा दमगुणसम्पन्न, सबोंके प्रति समदृष्टि, भोगकामनाशून्य और निर्विकार-चित्त होवें। ऐसे धर्माचरणके बाद उन्हें ब्रह्मपद प्राप्त होता है।

(भा० भीष्म० वर्णाश्रम० प०)

निर्णयसिन्धुमें भिक्षुओंके धर्म तथा कर्मकी पद्धति इस प्रकार लिखी है,—भिक्षुगण प्रातःकाल उठ 'ब्रह्मणस्पते' यह मन्त्र जप कर दण्डादि रख देवें, बाद मलमूत्रका परित्याग करें। अनन्तर गृहस्थोंके लिये जैसा शौच विहित है, उससे चार गुणा उन्हें शौच करना उचित है। इसके बाद आचमन कर पर्व तथा द्वादशी दिनको छोड़ अन्य सभी दिनोंमें प्रणव द्वारा दन्तधावन और बहिःकटिप्रक्षालन कर जलतर्पणके अलावा स्नान करना चाहिए। तदनन्तर वस्त्रादि पहन कर केशवादिका तर्पण, 'ओं भूस्तर्पयामि' इत्यादि व्याहृति द्वारा तर्पण करें। बाद त्रिकालमें यथाविहित पूजा और जप होमादिका अनुष्ठान विधेय है। विस्तार हो जानेके भयसे पूरा पूरा नहीं लिखा गया। निर्णयसिन्धुमें विशेष विवरण देखो।

विष्णुसंहितामें चतुर्थ आश्रमका विषय इस प्रकार लिखा है,—ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ तथा वानप्रस्थ इन तीन आश्रमोंसे आसक्तिके निवृत्त होने पर प्राजापात्ययागके बाद सर्वस्व दक्षिणा दे कर आश्रम ग्रहण करना होता है। इस यागका विषय यजुर्वेदीय उपाख्यान ग्रंथमें लिखा है।

भिक्षु स्वयं अग्नि आरोपित कर भिक्षाके लिए ग्राममें प्रवेश और सात घरसे भिक्षाग्रहण कर सकते हैं। भिक्षा न मिलने पर उन्हें दुःखित नहीं होना चाहिए। वे भिक्षुकसे भिक्षा न मांगे। मनुष्योंके भोजन कर चुकने और जूठा बरतन धोए जानेके बाद भिक्षु मृण्मय पात्र, दारुमय पात्र या अलावूपात्र (लौका)-में भीख मांगे। भिक्षुकके ये पात्र जलसे ही शुद्ध होते हैं। भिक्षुकको परित्यक्त गृह या वृक्षके नीचे रात बितानी चाहिए। ग्राममें एक रातसे अधिक वास न करें। इन्हें कौपीन और बहिर्वासके

सिवा दूसरे वस्त्रका व्यवहार करना उचित नहीं। कदम बढ़ानेके समय रास्ता देख कर चलें। ये वस्त्रपूत-जल-ग्रहण, सत्यपूत-वाक्य प्रयोग तथा मनःपूत आचरण करें। इनको मरने या जीनेकी आकांक्षा नहीं करनी चाहिए। दूसरोंके अपमान करने पर उसे सह्य कर लेना उचित है। किन्तु स्वयं दूसरेका अपमान न करें। भिक्षुको चाहिए, कि वे किसी को आशीर्वाद या नमस्कार न करें। भिक्षुओंको प्राणायाम धारण और ध्यान-तत्पर होना उचित है। भिक्षु संसारकी अनित्यता, शरीरकी अशुचिता, जरा द्वारा रूपविपर्यय, शारीरिक और मानसिक, आगन्तुक और स्वाभाविक व्याधि द्वारा उपताप, गर्भमें मूत्रपुरीषके मध्य अवस्थिति, उससे शीतोष्ण-दुःखानुभव, उत्पन्न होनेके समय योनिसङ्कटनिर्गम तथा उस समय विशेष यन्त्रणा, बाल्यकालमें मूढ़ता, गुरुजनके अधीन अवस्थान, अध्ययनमें अत्यन्त क्लेश, यौवनमें विषय प्राप्तिके लिए विशेष आयास, असत् कार्य्य करके विषय लाभके बाद, उसका भोग करनेसे नरकगमन, अप्रियका संसर्ग, प्रियजनोंका विरह, नरकमें अत्यन्त दुःख तथा संसार अनित्यता, संसारमें तनिक भी सुख नहीं इत्यादि विषयकी आलोचना करें और सर्वदा ध्यान-निरत रहें। इन्हें ध्यानके समय दोनों पैरको दोनों जांघमें और दाहिना हाथको वांए हाथ पर रख कर स्थिर चित्तसे परमात्मचिन्तामें निरत रहना चाहिए। तब भिक्षु एकाग्र मनसे निर्भय तथा प्रशान्त चित्त हो चौबीस तत्त्वके अतीत, नित्य, इन्द्रियातीत, निर्गुण, सर्वज्ञ, सर्वतः पाणिपादान्त सर्वतोऽक्षिशिरोमुख परब्रह्मका ध्यान करें। ऐसा करनेसे परम पद लाभ होता है।

(विष्णुसंहिता ९५-९८ अ०)

हारीतसंहितामें लिखा है, कि चतुर्थ आश्रमका नाम भिक्षु या संन्यास है। श्रद्धापूर्वक इस आश्रमका अनुष्ठान करनेसे संसारबन्धनसे छुटकारा मिल सकता है। वानप्रस्थाश्रममें रह कर सब प्रकारके पापोंका ध्वंस कर सकने पर इस आश्रमका अधिकार होता है। वानप्रस्थाश्रममें रह कर पितरों, देवताओं तथा मनुष्योंके उद्देश्यसे दान और श्राद्ध कर एवं अपनी अग्नि क्रियाकी समाप्तिके बाद पूर्व अथवा उत्तर दिशाकी ओर लक्ष्य कर यह आश्रम ग्रहण करना होगा। यह आश्रम ग्रहण करनेके समय वैवाहिक अग्निको साथ लेना उचित है। इस आश्रमग्रहणके बाद स्त्री-पुत्रादिके साथ बातचीत नहीं करनी चाहिए। भिक्षु चार अंगुल परिमित कृष्ण गोबाल रज्जु द्वारा वेष्टित, समपर्व, प्रशस्त तथा रेणुनिर्मित त्रिदण्ड धारण करें। इन्हें आच्छादन वास, कौपीन, शीतनिवारणी कन्था और दो पादुकाके सिवा और वस्तु रखना उचित नहीं।

भिक्षु उक्त सभी द्रव्य ले कर संन्यास ग्रहणपूर्वक उत्तम तीर्थ गमन, मन्त्रपूत जलसे आचमन और बाद देवताओंका तर्पण करके सूर्यदेवको मंत्र पढ़ कर प्रणाम करें। अनन्तर पूर्वमुख बैठ कर यथाशक्ति गायत्री जपके बाद परब्रह्मके ध्यानमें निमग्न हो जांय। इन्हें प्रतिदिन अपने प्राण धारण निमित्त भिक्षा मांगनेके लिए जाना चाहिए। ये शामको ब्राह्मणोंके घर जा कर दाहिने हाथसे सम्यक् कवल मांगें। बायें हाथमें पात्र रख कर दाहिने हाथसे उसे संग्रह करना चाहिये। भिक्षु भक्षणोपयोगी अन्न संग्रह करें; बाद वह पात्र पवित्र स्थानमें रख कर समाहित चित्तसे चार अंगुल द्वारा ग्रासमात्र अन्न आच्छादन कर एक दूसरे पात्रमें रखें। अनन्तर उसे सूर्यादि भूत देवताओंको प्रदान कर दोनों या एक पात्रमें भोजन करें। शामको संध्या बन्दनादि कर देवगृहादिमें रात्रियापन करना चाहिए। उस समय वे हृदयपद्ममें ब्रह्मका ध्यान करें और ऐसा करनेसे ही उन्हें मुक्ति मिलेगी। (हारीतसं० ७ अ०)

हारीतके मतानुसार भिक्षु कुटीचर, बहूदक, हंस और परमहंस इन्हीं चार श्रेणीमें विभक्त हैं।

"चतुर्विधा भिक्षुवस्तु प्रोक्ताः सामान्यलिङ्गिनः।
तेषां पृथक् पृथग् ज्ञानं वृत्तिभेदात् कृतं श्रुतम्॥
कुटीचरो बहूदको हंसश्चैव तृतीयकः।
चतुर्थः परमोहंसो यो यः पश्चात् स उत्तमः॥ (हारीत)

उक्त चार श्रेणीके भिक्षु एक दूसरेसे श्रेष्ठ हैं। कुटीचर और हंस शिवलिङ्गकी अर्चना करते हैं तथा बहूदक देवपूजामें लगे रहते, केवल परमहंस ही प्रणव-रूप और ज्ञानानुशीलन करते हैं। सूतसंहिताके ज्ञानयोगखण्डमें इन चार श्रेणीके भिक्षुओंकी वृत्ति प्रभृतिका विषय इस

प्रकार लिखा है,—कुटीचर संन्यासग्रहण कर अपने घर या अपने वन्धुके घर रहें और भिक्षा मांग कर जीविकानिर्वाह करें। शिखाधारण, यज्ञोपवीत, त्रिदण्ड और कमण्डलु धारण, काषाय वस्त्रपरिधान तथा शुद्धाचारी हो कर रहें। इन्हें त्रिसंध्या गायत्रीका जप हमेशा करना उचित है। सर्वाङ्गमें भस्मलेपन, ललाटमें त्रिपुण्ड्रधारण तथा प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक शिवकी अर्चना करना आवश्यक है।

वहूदक—संन्यासाश्रमका अवलम्बन और वन्धुपुत्रादिका परित्याग करके सात घरसे भीख मांग कर जीविकानिर्वाह करें। एक ही घरका अन्न न लें। वे गोपुच्छ लोमकी रज्जु द्वारा वद्ध त्रिदण्ड, शिक्य, जलपात्र, कौपीन; कमण्डलु, गात्राच्छादन, कन्था, पादुका, छत्र, पवित्र चर्म, रुद्राक्षमाला, योगपट्ट, वहिर्वास, खनित्री और कृपाण धारण करें। इन्हें सर्वाङ्गमें भस्मलेपन और त्रिपुण्ड्र, शिखा और यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए। ये वेदाध्ययन और देवताराधनामें रत हो कर सर्वदा वाक्यपरित्याग और इष्ट देवताचिन्तनमें तत्पर रहें। सन्ध्याकालको गायत्रीरूप और स्वधर्मोचित क्रियानुष्ठानमें प्रवृत्त होवें।

हंस—भिक्षु, कमण्डलु, शिक्य, भिक्षापात्र, कंथा, कौपीन, आच्छादन, अङ्गवस्त्र, वहिर्वास और वंशदण्ड हमेशा यत्नपूर्वक धारण, अङ्गमें भस्मलेपन, त्रिपुण्ड्र धारण तथा शिवलिङ्ग पूजा करें। इन्हें प्रतिदिन आठ कवल अन्न खाना और शिखाके साथ साथ सभी केश कटा देना चाहिए। संध्याकालमें गायत्रीरूप तथा अध्यात्मचिंतन, तीर्थसेवा, कृच्छ्र चांद्रायणादि व्रतका अनुष्ठान करना आवश्यक है। ये एक ही रात तक गांवमें रह सकते हैं।

परमहंस—त्रिदण्ड, गोपुच्छ-लोम मिश्रित रज्जु, जल, पवित्र शिक्य, पवित्र कमण्डलु, अजिन, मृत्खण्डी कृपाण, शिखा, यज्ञोपवीत तथा नित्यकर्मका परित्याग करें।

इन्हें कौपीन, आच्छादनवस्त्र, शीतनिवारक कंथा, योगपट्ट, वहिर्वास, पादुका, छत्र, अक्षमाला और वंशदण्ड ग्रहण करना चाहिए। अग्नि इत्यादि मंत्र द्वारा अंगमें भस्मलेपन और तीन वार 'ओं' उच्चारण कर त्रिपुण्ड्र धारण करें।

अत्यंत भोजन और रिपुपरतंत्र होनेसे मनःसंयोग नहीं होता, इसीलिए भिक्षुओंको अपरिमित आहार और काम, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष विषाद प्रभृतिका परित्याग करना चाहिए। ये चार प्रकारके भिक्षु शौचाचार और ध्यानपरायण तथा सवके सव मोक्षाभिलाषी हैं। कुटीचर, वहूदक और हंस मोक्षलाभके उद्देशसे गायत्रीकी ही उपासना करें। तीनों वेद प्रणवमूलक हैं और प्रणवमें ही उनका पर्यवसान हैं; अतएव परमहंसको सर्वदा प्रणवका ही जप करना उचित है। परमहंस निर्जन स्थानमें समाहित तथा आनन्दपूर्वक वैठ कर यथाशक्ति समाधिका अवलम्बन करें।

उक्त चार प्रकारके भिक्षुकी अन्त्येष्टिक्रिया भी एक-सी नहीं है। निर्णयसिन्धुके मतसे कुटीचरको दाह, वहूदकको जलतारण, हंसको जलमें निक्षेप और परमहंसको मिट्टीमें गाड़ देनेकी व्यवस्था है। वायुसंहिताके मतसे परमहंसके सिवा अन्य तीन प्रकारके संन्यासीको मिट्टीमें गाड़ कर पीछे जला देना चाहिए।

विशेष विवरण तत्तद् शब्दमें देखो।

२ वह वौद्धसंन्यासी जो संसारमें लिप्त रह कर भिक्षावृत्तिका अवलम्बन करते हैं। वौद्ध शब्द देखो। ३ बुद्धभेद। ४ श्रावणी क्षुप। ५ कोकिलाक्ष।

भिक्षुक (सं० स्त्री० पु०) भिक्षुरेव, भिक्षु स्वार्थे कन्, वा भिक्षते इति भिक्ष-उक। भिक्षोपजीवी, भिखारी। पर्याय—मार्गण, याचनक, वनीयक, याचका अर्थी।

> "ब्राह्मणं भिक्षुकं वापि भोजनार्थं मुपस्थितम्।
> ब्राह्मणैरभ्यनुज्ञातः शक्तितः प्रतिपूजयेत्॥"
>
> (मनु ३।२४३)

ब्राह्मण अथवा भिक्षुकके उपस्थित होने पर यथाशक्ति उन्हें भोजन कराना उचित है। इससे अशेष पुण्य लाभ होता है।

ब्रह्मचारी, यति, विद्यार्थी, गुरुपोषक, अध्वग और क्षीणवृत्ति ये छः पारिभाषिक भिक्षुक हैं।

> "ब्रह्मचारि यतिश्चैव विद्यार्थी गुरुपोषकः।
> अध्वगः क्षीणवृत्तिश्च षडेते भिक्षुकाः स्मृताः" (अति)

भिक्षुकीपारक (सं० क्ली०) राजतरङ्गिणीवर्णित स्थान-भेद ।

भिक्षुणी (सं० स्त्री०) भिक्षुकी, बौद्धस्त्रीयतिभेद ।

भिक्षुरूप (सं० पु०) महादेव ।

भिक्षुसङ्घ (सं० पु०) भिक्षुकोंकी समिति वा संघ ।

भिक्षुसङ्घाटी (सं० स्त्री०) भिक्षुं संघटते इति भिक्षु-सम् घट अण् गौरादित्वात् ङीष् । चीवर, योगियों, संन्यासियों या भिक्षुकोंका फटा पुराना कपड़ा ।

भिखमंगा (हिं० पु०) भिक्षुक, भिखारी ।

भिखार (हिं० पु०) भीख मांगनेवाला ।

भिखारिणी (हिं० स्त्री०) भीख मांगनेवाली स्त्री ।

भिखारिन (हिं० स्त्री०) भिखारिणी देखो ।

भीखारी (हिं० पु०) भिक्षुक भीख मांगनेवाला ।

भिखासाहिव—वलियावासी राजपूत जातिका धर्मसम्प्रदायविशेष । प्रवाद है, कि मर्दनसिंह नामक एक हिन्दू सरदारको यहां खजाना बहुत बाकी पड़ गया था, इस कारण दिल्लीराजधानीमें ये कैद रखे गये । इस समय शाह महम्मद षाड़ि नामक एक मुसलमान फकीरकी कृपासे इन्होंने कारागारसे छुटकारा पाया । उक्त मुसलमान फकीरने इन्हें राममन्त्रमें दीक्षा लेनेका आदेश किया । इस मतके अवलम्बिगण साम्प्रदायिक चिह्नस्वरूप एक कंठी गलेमें पहनते थे । भिकुरापति मर्दनके भिखा नामक एक शिष्य था । वह जीवनके शेष समयमें वड़गांव नामक स्थानमें आ कर बस गये । तभीसे यहां उक्त समाजकी गद्दी स्थापित है । इन लोगोंके मध्य कुछ वैष्णवोंका और कुछ इस्लामियोंका आचार प्रचलित देखा जाता है ।

भिखिया (हिं० स्त्री०) भिक्षा देखो ।

भिखियारी (हिं० पु०) भिखारी देखो ।

भिखुराज—कलिङ्गके एक प्राचीन राजा ।

भिगाना (हिं० क्रि०) भिगोना देखो ।

भिगोना (हिं० क्रि०) किसी चीजको पानीसे तर करना, गीला करना ।

भिङ्गा—अयोध्याप्रदेशके बहराइच जिलेके अन्तर्गत एक परगना । राप्ती नदी इसको दो भागोंमें बांटती है । १४८३ ई०में इसका पूर्वांश पार्वत्यराज उदतसिंह और राजा संग्रामशाहके तथा पश्चिमाञ्चल इकौनाराजके अधिकारमें था । सम्राट् शाहजहान्के शासनकालमें १६५० ई०को इकौनाधिपति राप्तीको पार कर पूर्वदिग्वर्त्ती दङ्गपुन परगनेके ६२ ग्राम अधिकार कर बैठे । इस समय यहां बंजारडकैतोंका विशेष उपद्रव होनेके कारण तालुकदार गोंड़राजपुत्र भवानीसिंह-विषेणके नाम पर अपनी सम्पत्ति दान कर गये । वर्त्तमान तालुकदार उक्त भवानीसिंहसे सातवीं या आठवीं पीढ़ीमें होंगे । राप्ती और भाकूला शाखाके सङ्गमस्थलकी भूमि अधिक उर्वरा है । उत्तरकी निम्न तराई प्रदेशमें भी काफी धान उपजता है ।

२ उक्त परगनेका प्रधान नगर । यह अक्षा० २७´ ४२´ उ० तथा देशा० ८१´ ५६´ पू० राप्ती नदीके बाएं किनारे अवस्थित है । जनसंख्या ६ हजारके करीब है । कहते हैं, कि १६वीं शताब्दीमें इकौनाराजने इस नगरको बसाया । करीब ढाई सौ वर्ष हुए उन्होंने परगने समेत नगरको गोंड़राजवंशके हाथ समर्पण कर दिया । यहां राप्ती नदीके किनारे एक पुराना दुर्ग विद्यमान है । शहरमें दो स्कूल और एक चिकित्सालय है ।

भिङ्गार—बम्बईप्रदेशके अहमदनगर जिलेके अन्तर्गत एक नगर । यह अक्षा० १९´ ६´ उ० तथा देशा० ७४´ ४५´ पू०के मध्य अवस्थित है । जनसंख्या ५७२२ है । यहां कपड़े बुननेकी बहुत-सी कलें हैं । यहांका तैयार किया हुआ कपड़ा अन्यान्य देशोंमें भेजा जाता है । १८५७ ई०में यहां म्यूनिसपलिटी स्थापित हुई है ।

भिच्छा (हिं० स्त्री०) भिक्षा देखो ।

भिजवाना (हिं० क्रि०) किसीको भेजनेमें प्रवृत्त करना, भेजनेका काम दूसरेसे कराना ।

भिजवावर (हिं० स्त्री०) भजियाउर देखो ।

भिजाना (हिं० स्त्री०) भिगोना, तर करना, गीला करना ।

भिज्ञ (सं० लि०) जानकार, वाकिफ ।

भिटका (हिं० पु०) बमीठा, बामी ।

भिटना (हिं० पु०) छोटा गोल फल ।

भिटनी (हिं० स्त्री०) स्तनके आगेका भाग ।

भिटाशाह—सिन्धुप्रदेशके हैदराबाद जिलान्तर्गत एक नगर । इस नगरमें ज्यादातर मुसलमानोंका ही वास है ।

यहां वसन्द, सन्द, खस्केली और वग्राजातीय मुसलमानोंकी संख्या अधिक है तथा उन्होंकी प्रधानता देखी जाती है। उनमेंसे कुछ लोग स्थानीय प्रसिद्ध पीर-वंशोद्भव हैं। हिन्दुओंमें प्रधानतः लोहानो जातिका वास है। १७२७ ई०में शाह अबदुल लतीफने इस नगरको बसाया, इस कारण इसका यह नाम रखा गया है। प्रति वर्ष उक्त शाह लतीफके स्मरणार्थ एक मेला लगता है।

भिटासखेण्डो—मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत एक ग्राम। यह अक्षा० २६° ३७´ उ० तथा देशा० ८५° ५२´ पू०के मध्य मुर्हानदीके किनारे अवस्थित है। नेपाल राज्यके साथ यहां धान्यशस्यादिका वाणिज्य जोरों चलता है।

भिड़ (हिं० स्त्री०) बर्रें, ददैया।

भिडज (हिं० पु०) शूर, वीर पुरुष।

भिड़ज्जाँ (हिं० पु०) घोड़ा।

भिड़ना (हिं० क्रि०) १ एक चीजका बढ़ कर दूसरी चीजसे टक्कर खाना, टकराना। २ लड़ना, झगड़ना। ३ मैथुन करना, प्रसंग करना। ४ समीप पहुँचना, सटना।

भिण्ड (सं० पु०) भण्यते इति भण् ड, पृषोदरादि० साधुः। भिण्डाक्षुप, भिंडी।

भिण्डक (सं० पु०) भिण्ड-स्वार्थे-कन्। भिण्डा क्षुप।

भिण्डा (सं० स्त्री०) भिण्ड अजादित्वात् टाप्। क्षुपविशेष, भिंडी। पर्याय—भिण्डीतक, भिण्ड, भिण्डक, क्षेत्रसम्भव, चतुष्पद, चतुःपुण्ड सुशाक, अस्रुपुत्रक, करपण, वृत्तवीज। गुण—अम्लरस, उष्ण, ग्राही और रुचिकारक।

भिण्डीतक (सं० पु०) भिण्डी सती तकति हसतीति तक-अच्। भिण्डाक्षुप, भिंडी, रामतरोई।

भितरगांव—युक्तप्रदेशके कानपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह कानपुरसे १० कोस दक्षिणमें बसा है। भितरगांवका अर्थ है, ग्रामका मध्यभाग। इससे अनुमान किया जाता है, कि किसी प्राचीन समृद्धिशाली नगरके मध्यभागमें वर्त्तमान नगर संगठित हुआ है। स्थानीय प्रवाद है, कि प्राचीन फूलपुर नगरके मध्यभागसे ले कर यह ग्राम स्थापित है। अब भी इस नगरसे लगभग आध मील पूर्वमें जो एक प्राचीन नगरका ध्वंसावशेष नजर आता है वह बाहरगांव कहलाता है। यहांके लोग इन दो ग्रामोंको 'बाहरी-भीतरी' या प्राचीन फूलपुरका जीर्ण और संस्कृत विभाग कहा करते हैं।

इस ग्रामके पूर्व ओर आज भी एक बहुत बड़ा देवालय विद्यमान है। इसकी दीवार आठ फीट चौड़ी है। मन्दिर ४७ फीट लम्बा और ३६॥ चौड़ा है। इसकी ईंट १८″×६″३″ है।

मंदिरगात्रमें वराह-अवतार, दुर्गा, शिव और गणेश प्रभृति देवमूर्त्ति खोदित हैं। इसकी गठनप्रणाली देख कर प्रत्नतत्त्वविद्गण अनुमान करते हैं; कि ६ठी शताब्दीमें यह मंदिर बना था। उत्तर भारतके इष्टक-निर्मित प्राचीरके मध्य यह एक अपूर्व निदर्शन है।

इस देवालयसे लगभग ३५० हाथ दक्षिण झीझीनागका मन्दिर अवस्थित है जो ध्वंसप्राय स्तूपमें परिणत हो गया है। इसकी ईंटें देखनेसे मालूम पड़ता है, कि यह पूर्वोक्त देवालयके समकालमें बना हुआ है। इसके अलाव पार्श्ववर्त्ती पवौली, सिम्भुया, राड़, वेदावेदौना, खुर्दा, कांचलीपुर और शहर अमोली प्रभृति ग्राममें और भी कितने कारुकार्य्ययुक्त अपेक्षाकृत छोटे छोटे मन्दिर विद्यमान हैं।

भितरी—युक्तप्रदेशके गाजीपुर जिलांतर्गत एक गण्डग्राम। यह गङ्गानदीके बायें किनारे गाजीपुर नगरसे १० कोस पश्चिममें अवस्थित है। यहांके इष्टकस्तूपकी पर्यालोचना करनेसे देखा गया है, कि एक समय यह एक प्राकारपरिवेष्टित दुर्गरूपमें विराजित था। इसकी चूड़ा पर सम्प्रति एक इमामबाड़ा बनाया गया है। इसकी नींव डालते समय नीचेसे प्राचीन दुर्गवाटिका बाहर हुई थी। अभी भी उस रन्ध्रपथसे उसके भीतर जा सकते हैं। बहुत दिन तक उसकी ईंटें जनसाधारणके कार्यमें आनेसे मूलस्तूप विभिन्न अंशमें विभक्त हो गया है। इसका एक ईंट लगभग १६″×१२″×३″ है।

यहांकी एक मसजिदमें कारुकार्य्ययुक्त ३० स्तम्भ सज्जित हैं। उसका बुद्धचित्रादि देखनेसे मालूम होता है, कि बौद्धप्रधान्यके समय यहां दो एक बौद्धसंघाराम प्रतिष्ठित थे। इसके अलावा यहां ब्राह्मण्यधर्मके अनेक

निदर्शन पाये जाते हैं। मुसलमानी-अमलदारीमें यहांके ही दोनों निदर्शन मसजिद्गठन-कार्यामें नियोजित हुए थे।

उपर्युक्त ध्वंसावशेषसे-बौद्ध या ब्राह्मण्य धर्मका पौर्व्वापर्य्य निरूपण नहीं किया जा सकता। किंतु दोनोंके शिल्पनैपुण्यको उत्कर्षता देखनेसे अनुभव होता है, कि गुप्तवंशीय हिंदू और बौद्ध राजाओंमें मतभेद रहनेके कारण समय विशेषसे यहां हिंदू और बौद्धधर्मके प्रचारके लिये शिल्पचातुर्य्यकी परिपुष्टि साधित हुई थी।

मुसलमान-आधिपत्यमें भी यह ग्राम बहुत कुछ चढ़ा बढ़ा था। यद्यपि उन्होंने जातवैरताके कारण हिन्दू और बौद्ध-धर्मनाशका विशेष परिचय दिया था, तथापि हिंदूके ध्वंसप्राय मंदिर-कलेवरको मसजिदमें ला कर उन्होंने उन उन द्रव्योंके रक्षाविषयमें अन्यरूपसे पूर्वकोर्त्तिको रक्षा की है। सौभाग्यका विषय है, कि उन्होंने जातक्रोध हो कर उसे एकबारगी नष्ट नहीं किया है। गाङ्गी नदीका चार स्तम्भवाला प्रस्तरसेतु मुसलमान-कोर्त्तिका अन्यतम निदर्शन है।

पूर्वोक्त दुर्गके भीतर सम्राट् स्कंदगुप्तकी स्तम्भलिपि पाई गई है। उसकी अक्षरावलि कालक्रमसे अस्पष्ट हो गई है। उसमें स्कंदगुप्तकी मृत्यु और कुमारगुप्तका राज्यारोहण, विष्णुमूर्त्तिको प्रतिष्ठा इत्यादि विषय उत्कीर्ण हैं। उस स्तम्भके नीचे 'श्रीकुमारगुप्त' नामाङ्कित्त कई एक बड़ी बड़ी ईंटें और उसके निकट ध्वंसराशिमें (१८८५ ई०में) कुमारगुप्तके नामको चाँदीकी एक बादामी थाली पाई गई है। इसके अलावा मिट्टीके नीचे गुप्तराजाओंकी प्रचलित स्वर्ण, रौप्य तथा ताम्र प्रभृति मुद्रा मिली हैं। इससे विश्वास होता है, कि भीतरी-दुर्ग एक समय गुप्तराज कुमारगुप्तके अधीन था। चाहे वे स्वयं अथवा उनके अधीन कोई प्रिय सामन्त उसके अधिकारी थे।

भितल्ला (हिं० पु०) १ दोहरे कपड़ेमें भीतरी ओरका पल्ला, कपड़ेके भीतरका परत। (वि०) २ भीतरका, अन्दरका।

भितल्ली (हिं० स्त्री०) चक्कीके नीचेका पाट।

भितौली—१ अयोध्याप्रदेशके बारावांकी जिलान्तर्गत एक परगना। यह कौड़ियाला और चौका नदीके मध्य अवस्थित है। पहले यह स्थान राइकवाड़ सरदारके अधीन था। सिपाहीविद्रोहके समय जब वे अङ्गरेजोंके विरुद्ध खड़े हुए, तब अङ्गरेजोंने उनका अधिकार छीन लिया और कपूरथलाके महाराजको कृतज्ञता चिह्नस्वरूप यह सम्पत्ति प्रदान की। इसका भू-परिमाण ६२ वर्गमील है।

२ उक्त प्रदेशके उनाव जिलान्तर्गत एक नगर। यह सई नदीके किनारे अवस्थित है। प्रवाद है, कि छः सौ वर्ष पहले दो कायस्थकुलोद्भव व्यक्तियोंने इस नगरको बसाया। चारों ओर विस्तीर्ण आम्रकानन विराजित रहनेसे नगरकी शोभा बड़ी ही मनोरम है।

भितौर—युक्तप्रदेशके बरेली जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह पश्चिम फतेगञ्ज नामसे भी परिचित है। १७६४ ई०की २४वीं अक्तूबरको रोहिलयुद्धमें जो सब अङ्गरेजी सेना यहां मारी गई थी उनके स्मरणार्थ यहां एक प्रस्तरस्तम्भ स्थापित हुआ है। निकटवर्त्ती एक गण्डशैलके ऊपर उक्त युद्धनिहत रोहिलासरदार नाजिब खाँ और बलंद खाँका समाधिमंदिर विद्यमान है।

भित्त (सं० क्ली०) भिद्यते स्मेति भिद्-क्त (भित्तं शकलं। पा ८।२।५९) इति निष्ठातकारस्य नत्वाभावो निपात्यते। खण्ड, टुकड़ा।

भित्ति (सं० स्त्री०) भिद्यते इति-भिद्-क्तिन्। १ प्राचीर, दीवार। पर्याय—कूड्य, कुड्य, कुड्यक, भित्तिका। २ भय, डर। ३ खण्ड, टुकड़ा। ४ प्रभेद, अंतर। ५ सम्विभाग। ६ अवकाश। ७ प्रदेश। ८ चित्त खींचनेका आधार। ९ मूलभित्ति, नींव।

भित्तिका (सं० स्त्री०) भिद्यते भिनत्ति वेति भिद-विदारणे (कृतिभिदिलतिभ्यः कित्। उण् ३।१४७) इति डिकन् किच्च। १ कुड्य, दीवार। २ पल्ली, छोटा गाँव।

भित्तिखातन (सं० पु०) महामूषिक, बड़ा चूहा।

भित्तिचौर (सं० पु०) चोरयतीति चुर-अच्, चौर एव स्वार्थे अण्, चौरः भित्त्या कुड्यादि भेदेन चौरः। चौरविशेष, सेंधकटा। पर्याय—खानिन्, कुड्यच्छिद्।

भित्तिपातन (सं० पु०) पातयतीति पत-णिच् कर्त्तरि ल्यु, भित्तीनां पातनः। महामूषिक।

भिद् (सं० स्त्री०) भिद्यते इति भिद् क्विप्। १ प्रभेद, अन्तर। (त्रि०) २ भेदकर्त्ता, छेदनेवाला।

भिदक (सं० क्ली०) भिनत्तीति भिद् (बहुलमन्यत्रापि। उण् २।३७) इति क्वुन्। १ वज्र। २ खड्ग।

भिदनवाला—पञ्जाबप्रदेशके सर्हिन्द जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा० ३१° १०´ उ० तथा देशा० ७५° पू० शतद्रु नदीके बाएं किनारे अवस्थित है। शतद्रु और विपाशानदीके अन्तर्वेदी मुख पर अवस्थित रहनेके कारण यहां अच्छी फसल लगती है।

भिदना (हिं० क्रि०) १ पैवस्त होना, घुस जाना। २ छेदा जाना। ३ घायल होना।

भिदा (सं० स्त्री०) भेदनमिति भिद् (पिद्भिदादिभ्योऽङ्। पा ३।३।१०४) इति अङ्, टाप्। १ वस्त्रादिका विदारण, कपड़ा फाड़ना। पर्याय—विदर, स्फुटन। २ धन्याक, धनिया। ३ भेद। ४ विशेषकरण।

भिदादि (सं० पु०) पाणिन्युक्त शब्दगणभेद। यथा—भिदा, छिदा, विदा, क्षिपा, गुहा, श्रद्धा, मेधा, गोधा, आरा, हारा, कारा, क्षिपा, तारा, धारा, रेखा, चूड़ा, पीड़ा, वर्षा, मृजा, कृपा। भिदादिगणके उत्तर अङ् प्रत्यय होता है। (पाणिनि)

भिदापन (सं० क्ली०) भेदप्रापण।

भिदि (सं० पु०) भिनत्तीति भिद् (कृगशॄपॄकुटिभिदिच्छिदिभ्यश्च। उण् ४।१४२) इति इ, सच कित्। वज्र।

भिदिर (सं० क्ली०) भिनत्ति विदारयति भिद् (इषिमदिसुदिघिदिच्छिदिभिदिमन्दीति। उण् १।५२) इति किरच्। वज्र।

भिदु (सं० पु०) भिनत्ति विदारयतीति भिद् (पृभिदिव्यधिगृधिधृषिहृशिभ्यः। उण् १।२४) इति कु। वज्र।

भिदुर (सं० क्ली०) भिनत्तीति भिद् (विदिभिदिच्छिदेः कुरच्। पा ३।२।१६२) इति कुरच्। १ वज्र। (पु०) २ प्लक्षवृक्ष।

भिदुरस्वन (सं० पु०) १ असुरभेद। २ वज्रनिर्घोष। (त्रि०) ३ वज्रकी तरह शब्दकारी।

भिदेलिम (सं० त्रि०) भिद-कर्म-कर्त्तरि केलिम। स्वयं भिद्यमान।

भिद्य (सं० पु०) भिनत्ति कूलमिति भिद्-क्यप् (पा ३।१।११५) निपातितश्च। कूलभेदकारी नद।

भिद्र (सं० पु० क्ली०) भिनत्तीति भिद्-रक्। (स्फायितञ्चिवञ्चिशकिक्षिपिक्षुदिसृपितृपीति। उण् ४।१३) वज्र।

भिनकना (हिं० क्रि०) १ भिन्न भिन्न शब्द करना। २ किसी कामका अपूर्ण रह जाना। ३ घृणा उत्पन्न होना।

भिनभिनाना (हिं० क्रि०) भिन्न भिन्न शब्द करना।

भिनसार (हिं० पु०) प्रातःकाल, सवेरा।

भिनहीं (हिं० क्रि०) प्रातःकाल, सवेरे।

भिन्द—१ ग्वालियर राज्यका एक जिला। यह अक्षा० २३° ३३´ से २६° ४८´ उ० तथा देशा० ७८° ३३´ से ७९° ८´ पू०के मध्य अवस्थित है। भू-परिमाण १५५४ वर्गमील है। इसके उत्तर और उत्तर-पूर्वमें चम्बल नदी, पूर्वमें पहूज नदी, दक्षिणमें दतिया राज्य और झांसी जिला तथा पश्चिममें ग्वालियर गर्ड जिला है। जनसंख्या चार लाखसे ऊपर है। इसमें भाण्डर और भिन्द नामक दो शहर तथा ८१९ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त जिलेका एक शहर। यह अक्षा० २६° ३३´ उ० तथा देशा० ७८° ४८´ पू०के मध्य विस्तृत है। जनसंख्या प्रायः ८०३२ है। पहले यह नगर विशेष समृद्धिशाली और दुर्गादिसे परिशोभित था, किन्तु अभी श्रीहीन हो गया है।

भिन्दड़—राजपूतानेके उदयपुर सामन्तराज्यके अन्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २४° ३०´ उ० तथा देशा० ७४° ११´ पू० उदयपुर शहरसे ३२ मील पूर्व और दक्षिणमें अवस्थित है। यह चारों ओर प्राचीर और परिखासे परिवेष्टित है। जनसंख्या पांच हजारसे ऊपर है जिनमेंसे सैकड़े पीछे ६७ हिन्दू, १९ जैन और शेष १४ में अन्यान्य जातियाँ हैं। यहांके सामन्त सिसोदिया राजपूत उदयपुर राज्यके प्रधान अमात्य हैं और 'महाराजा' उनकी उपाधि है। आय ४८०००) रु०की है जिसमेंसे ३२००) रु० दरवारमें करस्वरूप देने पड़ते हैं।

भिन्दिपाल (सं० पु०) भिदि-इन् भिन्दि विदारणं पालयतीति पालि अण्। १ हस्तप्रमाण-काण्ड, नालिकास्त्र। नालिकास्त्र देखो। २ हस्तक्षेप्य लगुड़, वह छोटी लाठी जो हाथसे फेंकी जाय। पर्याय—मृग। यह आर्यहिन्दुओंका

भिद् (सं० स्त्री०) भिद्यते इति भिद् क्विप् । १ प्रभेद, अन्तर । (त्रि०) २ भेदकर्त्ता, छेदनेवाला ।

भिदक (सं० क्ली०) भिनत्तीति भिद् (बहुलमन्यत्रापि । उण् २।३७) इति क्वुन् । १ वज्र । २ खड्ग ।

भिदनवाला—पञ्जाबप्रदेशके सर्हिन्द जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम । यह अक्षा० ३१° १०´ उ० तथा देशा० ७५° पू० शतद्रु नदीके बाएं किनारे अवस्थित है । शतद्रु और विपाशानदीके अन्तर्वेदी मुख पर अवस्थित रहनेके कारण यहां अच्छी फसल लगती है ।

भिदना (हिं० क्रि०) १ पैवस्त होना, घुस जाना । २ छेदा जाना । ३ घायल होना ।

भिदा (सं० स्त्री०) भेदनमिति भिद् (षिद्भिदादिभ्योऽङ् । पा ३।३।१०४) इति अङ्, टाप् । १ वस्त्रादिका विदारण, कपड़ा फाड़ना । पर्याय—विदर, स्फुटन । २ धन्याक, धनिया । ३ भेद । ४ विशेषकरण ।

भिदादि (सं० पु०) पाणिन्युक्त शब्दगणभेद । यथा—भिदा, छिदा, विदा, क्षिपा, गुहा, श्रद्धा, मेधा, गोधा, आरा, हारा, कारा, क्षिपा, तारा, धारा, रेखा, चूड़ा, पीड़ा, वर्षा, मृजा, कृपा । भिदादिगणके उत्तर अङ् प्रत्यय होता है । (पाणिनि)

भिदापन (सं० क्ली०) भेदप्रापण ।

भिदि (सं० पु०) भिनत्तीति भिद् (कॄगॄशॄपॄकुटिभिदिच्छिदिभ्यश्च । उण् ४।१४२) इति इ, सच कित् । वज्र ।

भिदिर (सं० क्ली०) भिनत्ति विदारयति भिद् (इषिमदिमुदिखिदिच्छिदिभिदिमन्दीति । उण् १।५२) इति किरच् । वज्र ।

भिदु (सं० पु०) भिनत्ति विदारयतीति भिद् (पॄभिदिव्यधिगृधिधृषिदृशिभ्यः । उण् १।२४) इति कु । वज्र ।

भिदुर (सं० क्ली०) भिनत्तीति भिद् (विदिभिदिच्छिदेः कुरच् । पा ३।२।१६२) इति कुरच् । १ वज्र । (पु०) २ प्लक्षवृक्ष ।

भिदुरस्वन (सं० पु०) १ असुरभेद । २ वज्रनिर्घोष । (त्रि०) ३ वज्रकी तरह शब्दकारी ।

भिदेलिम (सं० त्रि०) भिद-कर्म-कर्त्तरि केलिम । स्वयं भिद्यमान ।

भिद्य (सं० पु०) भिनत्ति कूलमिति भिद्-क्यप् (पा ३।१।११५) निपातितश्च । कूलभेदकारी नद ।

भिद्र (सं० पु० क्ली०) भिनत्तीति भिद्-रक् । (स्फायितञ्चिवञ्चिशकिक्षिपिक्षुदिसृपितृपीति । उण् ४।१३) वज्र ।

भिनकना (हिं० क्रि०) १ भिन्न भिन्न शब्द करना । २ किसी कामका अपूर्ण रह जाना । ३ घृणा उत्पन्न होना ।

भिनभिनाना (हिं० क्रि०) भिन्न भिन्न शब्द करना ।

भिनसार (हिं० पु०) प्रातःकाल, सवेरा ।

भिनहीं (हिं० क्रि०) प्रातःकाल, सवेरे ।

भिन्द—१ ग्वालियर राज्यका एक जिला । यह अक्षा० २३° ३३´ से २६° ४८´ उ० तथा देशा० ७८° ३३´ से ७९° ८´ पू०के मध्य अवस्थित है । भू-परिमाण १५५४ वर्गमील है । इसके उत्तर और उत्तर-पूर्वमें चम्बल नदी, पूर्वमें पहूज नदी, दक्षिणमें दतिया राज्य और झांसी जिला तथा पश्चिममें ग्वालियर गर्ड जिला है । जनसंख्या चार लाखसे ऊपर है । इसमें भाण्डर और भिन्द नामक दो शहर तथा ८१९ ग्राम लगते हैं ।

२ उक्त जिलेका एक शहर । यह अक्षा० २६° ३३´ उ० तथा देशा० ७८° ४८´ पू०के मध्य विस्तृत है । जनसंख्या प्रायः ८०३२ है । पहले यह नगर विशेष समृद्धिशाली और दुर्गादिसे परिशोभित था, किन्तु अभी श्रीहीन हो गया है ।

भिन्दड़—राजपूतानेके उदयपुर सामन्तराज्यके अन्तर्गत एक नगर । यह अक्षा० २४° ३०´ उ० तथा देशा० ७४° ११´ पू० उदयपुर शहरसे ३२ मील पूर्व और दक्षिणमें अवस्थित है । यह चारों ओर प्राचीर और परिखासे परिवेष्टित है । जनसंख्या पांच हजारसे ऊपर है जिनमेंसे सैकड़े पीछे ६७ हिन्दू, १९ जैन और शेष १४ में अन्यान्य जातियाँ हैं । यहांके सामन्त सिसोदिया राजपूत उदयपुर राज्यके प्रधान अमात्य हैं और 'महाराजा' उनकी उपाधि है । आय ४८०००) रु०की है जिसमेंसे ३२००) रु० दरबारमें करस्वरूप देने पड़ते हैं ।

भिन्दिपाल (सं० पु०) भिदि-इन् भिन्दि विदारणं पालयतीति पालि अण् । १ हस्तप्रमाण-काण्ड, नालिकास्त्र । नालिकास्त्र देखो । २ हस्तक्षेप्य लगुड़, वह छोटी लाठी जो हाथसे फेंकी जाय । पर्याय—मृग । यह आर्यहिन्दुओंका

एक प्रकारका हस्तक्षेप्य युद्धास्त्र था। यह हाथ सवा हाथ लंबा होता था और प्राचीनकालमें शत्रुघाती आयुध पदातिक सेना इसका व्यवहार करती थी।

अग्निपुराणोक्त धनुर्वेदमें भिन्दिपाल-व्यवहारकी प्रणाली इस प्रकार लिखी है :—

> "संभ्रान्तमथ विश्रान्तं गोविसर्गं सुदुर्द्धरम्।
> भिन्दिपालस्य कर्म्माणि लगुड़स्य च तान्यपि ॥"

भिन्न (सं० त्रि०) भिद्यते स्मेति भिद्-क्त। १ भेद-विशिष्ट, कटा हुआ। पर्याय—दारित, भेदित, विदारित। २ सङ्गत। ३ अन्य, दूसरा। ४ फुल्ल, प्रस्फुटित, खिला हुआ। (पु०) ५ क्षतरोगविशेष। इसका लक्षण,—

> "कुन्तशक्तीषु खड्गाग्र-विषाणादिभिराशयः।
> हतः किञ्चिच्छ्रवेत्तु द्विध भिन्न लक्षणमुच्यते ॥"
>
> (सुश्रुतचिकि० २ अ०)

कुन्त, शक्ति, इषु, खड्गाग्र तथा विषाणादि द्वारा कोई आशय भेद हो कर जब उससे स्राव निकलने लगता है, तब उसे भिन्न कहते हैं। पक्काशय और मूत्राशय प्रभृति ७ आशय हैं। इनमेंसे कोई एक आशय भिन्न हो कर उसमें लेहू जमा होनेसे ज्वर और जलन पैदा होती है। मलमूत्रके रास्ते, मुंह और नाकसे लेहू गिरता है तथा मूर्च्छा, श्वास, तृष्णा, आध्मान, अरुचि, मलमूत्र और वायुरोध, घर्मनिःसरण, चक्षु रक्तवर्ण, मुखमें आमिषगन्ध, शरीरमें दुर्गन्ध, हृदय और पार्श्वमें शूल ये सब उपद्रव उत्पन्न होते हैं।

आमाशय भेद हो कर उसमें लेहू जमा होनेसे रक्त, वमन और अत्यन्त आध्मान तथा शूल होता है। पक्काशय भिद जानेसे वेदना, शरीर गौरव, नाभिका अधोभाग शीतल और कर्ण, नासिका तथा मुखसे लेहू गिरता है। आशय भेद न हो कर यदि अंत्रिभेद हो जाय तो सूक्ष्म पथसे वायु प्रविष्ट हो कर उसका भीतरी भाग भर जाता और आच्छन्न मुख बहुत भारी जान पड़ता है।

भिन्नकी चिकित्साका विषय इस प्रकार लिखा है—नाड़ी भेद करनेसे अकर्मण्य हो जाती है; किन्तु नाड़ी भिन्न न हो कर यदि लम्बित हो जाय, तो इस प्रकार उस नड़ीको हाथसे दबा कर यथास्थानमें घुसेड़ दे, कि जिससे शिरा आहत न होवे। घुसेड़नेके समय उस नाड़ीको पद्मपत्रमें रख कर हाथसे पकड़े। बकरीका घा, यज्ञडुम्बरका पत्ता, यष्टिमधु, नीलोत्पल, रक्तोत्पल, शुक्ल उत्पल, जीवक और ऋषभक इन सबोंको एक साथ पीस कर घृत पाक करना चाहिए। यह घी सब प्रकारकी आहत नाड़ीके लिए उपकारी है। पेटमें जो वार्त्तिके आकारका भेद है, वह निकल जानेसे शोना वृक्षको भस्म और चूर्ण उसके ऊपर बिछा कर सूतेसे बांधना और अग्नितप्त शस्त्रसे वहिर्गत भागको छेद देना चाहिये। बाद इस व्रणके मुंह पर मधु लेप कर बांध दे और पूर्वभुक्त अन्नके परिपाक हो जानेसे घी पिलावे। घृतके अभावमें दुग्ध भी पिला सकते हैं। किन्तु यह दूध या घी शर्करा, यष्टिमधु, लाक्षा, गोक्षुरी और चित्ता इन सबोंके साथ पाक करके देना चाहिए। इससे व्रणजन्य वेदना और जलन नहीं होती है। उक्त रूप छेदन नहीं करनेसे उदराध्मान शूल अथवा मृत्यु भी हो जा सकती है। त्वक्के नीचे शिरा प्रभृतिको भेद अथवा नहीं भेद कर शिराप्रभृतिके भीतर शल्यके कोष्ठमें घुस कर पूर्वोक्त उपद्रव होने और उससे कोष्ठमें रक्तसञ्चय, हस्त, पाद और मुख शीतल, चक्षु रक्त वर्ण तथा मलमूत्रका अवरोध हो जानेसे रोगीको परित्याग कर देना चाहिए।

जो स्थान भिन्न हो कर अंतड़ियां बाहर निकल आती हैं, उस व्रणका मुंह अल्प अथवा अधिक प्रसारित होना उचित है। यदि निर्गत अन्त्र उस हो कर न घुसाई जा सके, तो मुखको भी उतना ही प्रसारित करना उचित है। बाद उस अंत्रको यथास्थानमें स्थापित कर उसी समय सिलाई कर देनी होती है। यदि अन्त्र अपने स्थानसे अलग हो जाय, तो रोगीका श्वास रोक कर यथास्थान अन्त्र स्थापन करे और पट्ट द्वारा वेष्टन कर उसमें घी लेप दे तथा वायु और पुरीषके मृदु रेचनके लिए चित्रातैलसंयुक्त कुछ गरम घी पिला देवे।

विशेष विवरण व्रण रोगमें देखो। (सुश्रुत चिकि० २ अ०)

६ नीलमका एक दोष जिसके कारण पहननेवालेको पति, पुत्रादिका शोक प्राप्त होना माना जाता है। ७ वह संख्या जो एकाईसे कुछ कम हो।

भिन्नक (सं० पु०) भिन्न संज्ञायां कन्। वौद्ध ।

भिन्नकर्ण (सं० त्रि०) १ जिसके कान कुंडलादि पहननेसे कट गये हों। २ भिनकर्ण युक्त पशुभेद ।

भिन्नकूट (सं० क्ली०) कामन्दकीय नीतिशास्त्रोक्त वल-व्यसनभेद। हस्ती, अश्व, रथ और पदाति आदिका नाम वल है। इस बलके नाना प्रकारके व्यसन हैं भिन्नकूट उनमेंसे एक है।

भिन्नक्रम (सं० पु०) भिन्नः क्रमो यत्र। वाक्यजात उपक्रमराहित्यरूप भग्न प्रक्रमाख्य काव्यगतदोष।

भग्नप्रक्रम देखो।

भिन्नखुर (सं० पु०) अश्व-पादरोग भेद, घोड़ेके पैरका एक रोग।

भन्नगर्भ (सं० त्रि०) कामन्दको नीति-उक्त बलव्यसन-भेद।

भिन्नगात्रिका (सं० स्त्री०) भिन्नं गात्रमस्याः कप्, टाप्, अत इत्वं। कर्कटी, ककड़ी।

भिन्नगुणन (सं० क्ली०) लीलावती-उक्त पूरणभेद, एक प्रकारका गुणा।

भिन्नघन (सं० पु०) भग्नांशका घन परिमाण।

भिन्नजातोय (सं० त्रि०) पृथग् जातोय, भिन्न-भिन्न सम्प्रदायका।

भिन्नता (सं० स्त्री०) भिन्न होनेका भाव, अलगाव, भेद।

भिन्नत्व (सं० क्ली०) भिन्नस्य भाव वा त्व। भिन्नका भाव, जुदाई।

भिन्नदर्शिन् (सं० त्रि०) भिन्न-दृश्-णिनि। विभिन्न मतका देखनेवाला।

भिन्नदला (सं० स्त्री०) मूर्वालता।

भिन्नदृश (सं० स्त्री०) भिन्नं पश्यति दृश्-क्विप्। भिन्न-दर्शनकारी।

भिन्नपरिकर्मन् (सं० क्ली०) लीलावती-उक्त सच्छेदका सङ्कलन, व्यवकलनादिरूप अङ्क संस्काराष्टक।

भिन्नभागहर (सं० पु०) भग्नांशका भागहर।

भिन्नभिन्नात्मन् (सं० पु०) भिन्न भिन्न भेदयुक्त आत्मा यस्य। चणक, चना।

भिन्नयोजनी (सं० स्त्री०) भिन्न योजयतीति युज्-णिच् णिनि, ङोप्। पाषाणभेदकवृक्ष।

भिन्नलिङ्ग (सं० क्ली०) १ अलङ्कारभेद। जहां पर भिन्न वचन और भिन्न लिङ्ग द्वारा उपमा होती है, वहां यह अलङ्कार व्यवहृत होता है। २ पृथक् लिङ्ग, पृथक् चिह्न।

भिन्नवर्ग (सं० पु०) भग्नांशका वर्गमूल। २ भिन्न-जातीय।

भिन्नवर्चास (सं० त्रि०) भिन्नं वर्चाः यस्य। द्रवीभूत मलक।

भिन्नवर्ण (सं० क्ली०) १ पृथक् वर्ण, भिन्न रंग। २ ब्राह्मणादि विभिन्नवर्ण।

भिन्नवर्त्ती (सं० पु०) घोड़ेका शूलरोगभेद। इसका लक्षण—

> "अतीसारेण संयुक्तं शूलं यस्योपजायते।
> भिन्नवर्त्तिन्तु तं विद्यात्तुरङ्गं दीनचेष्टितम्॥"

(जयदत्त)

घोड़ेके अतिसारके साथ शूल होनेसे यह रोग होता है।

भिन्नवल्कल (सं० पु०) गुच्छकन्द।

भिन्नविट्का (सं० स्त्री०) भिन्ना विट् मलं यया। १ अलाबूलता। (त्रि०) २ द्रवीभूत मलक।

भिन्नविट्कता (सं० स्त्री०) पित्तजन्य मलभेदरोग।

भिन्नवृत्त (सं० त्रि०) विभिन्न छन्दोग्रथित।

भिन्नवृत्ति (सं० स्त्री०) विभिन्नरूप जीवनोपाय।

भिन्नव्यवकलित (सं० क्ली०) भग्नांशका व्यवकलन।

भिन्नसंकलित (सं० क्ली०) भग्नांशका सङ्कलन।

भिन्नाण्डन (सं० क्ली०) रसाञ्जन चूर्ण।

भिन्नार्थक (सं० त्रि०) भिन्नः अर्थो यस्य कप्। अन्य, दूसरा।

भियस् (सं० क्ली०) भी-बाहुलकात् कसुन्। भय, डर।

भिया (सं० स्त्री०) भीयते इति भी-(षिद्भिदादिभ्योऽङ्। पा ३।३।१०४) इति अङ् इयङ्, टाप्। भय, डर।

भिया (हिं० पु०) भ्राता, भाई।

भिरि—मध्यप्रदेशके वर्द्धमान जिलान्तर्गत एक प्राचीन गण्ड ग्राम। यहां प्रतिवर्ष जन्माष्टमीके उपलक्षमें एक मेला लगता है।

भिरिटिक (सं० पु०) वृद्ध शृगाल ।

भिरिल्टिक (सं० पु०) श्वेत गुंजा ।

भिरिया—सिंधुप्रदेशके हैदराबाद जिलांतर्गत एक नगर । यह अक्षा० २६°५५´ उ० तथा देशा० ६८° १४´ १५´´ पू०के मध्य विस्तृत है । म्युनिस्पलिटीके तत्त्वावधानमें नगरकी बहुत श्रीवृद्धि हुई है ।

भिलङ्ग—भागीरथीकी कलेवर-वर्द्धिनी पार्वतीय स्रोतस्विनीविशेष । यह युक्तप्रदेशके गढ़वाल जिलेसे निकल कर दक्षिण-पश्चिममें प्रायः २५ कोसका रास्ता तै कर भागीरथीके साथ मिलती है । यह हिंदूके निकट पुण्यसलिला समझी जाती है ।

भिलनी (हिं० स्त्री०) १ भील जातिकी स्त्री । २ एक प्रकारका धारीदार कपड़ा या चारखाना ।

भिलसा (विदिशा*)—मध्यभारतके सिंधु राज्यके अंतर्गत एक सुरक्षित प्राचीन नगर । भूपालराजधानीसे १३ कोस उत्तर-पूर्व वैत्रवती (वेत्वा) नदीके किनारे अक्षा० २३° ३१´ ३५´´ उ० और देशा० ७७° ५०´ ३६´´ पू० नदीतीरवर्त्ती १५४६ फीट उच्च गण्डशैलके ऊपर स्थापित है । भिलसा-दुर्ग सुदृढ़ प्राचीर और परिखा द्वारा परिवेष्टित है ।

ध्वंसावशेषके सिवा यहांका प्राचीन इतिहास नहीं मिलता । इसके समीप वेशमनगरका ध्वंसावशेष नजर आता है । महावंश पढ़नेसे जाना जाता है, कि सम्राट् अशोक यहां पधारे थे । कालक्रमसे वेशमनगर जब श्रीहीन हो गया तब भिलसा नगरकी ही समृद्धी जग उठी । भारतके निभृततम पार्वतीय प्रदेशमें अवस्थित रहनेके कारण भिलसाकी समृद्धिके ऊपर किसोकी दृष्टि न पड़ी । विभिन्न मतावलम्बी हिंदू-सम्प्रदाय अथवा विधर्मी मुसलमानोंमेंसे कोई भी विद्वेषवशतः इसका सुप्राचीन कीर्त्तिस्तम्भसमूह नष्ट करनेमें यत्नवान् न हुए । बौद्धप्राधान्यके समय यहां अनेक बौद्धस्तूप निर्मित हुए थे । उनमेंसे कितने तो सम्राट् अशोकके पहले और कितने उन्हींके राज्यकालमें बने थे । महामौद्गलायन और सारिपुत्र प्रभृति कई एक बौद्धाचार्यों का, जिन्होंने अशोकप्रवर्त्तित ३य महाबोधिसङ्घमें योगदान दिया था, स्मृतिचिह्न आज भी विद्यमान है । निकटवर्त्ती साची, अंधरा, सातधारा और भोजपुर नामक स्थानमें भी बड़े बड़े बौद्धस्तूप नजर आते हैं । इससे प्रतीत होता है, कि एक समय यह जनपद प्रसिद्ध बौद्धक्षेत्ररूपमें गिना जाता था ।

विभिन्न समयमें विभिन्न राजाओंके शासनाधीन रह कर यह नगर १५७० ई०में मुगलसम्राट् अकबर शाहके शासनाधीन हुआ । सम्राट् जहांगीरने १६॥० फीट लम्बी एक कमान द्वारा यह दुर्ग सज्जित किया था । इसका कारुकार्य्य देखनेसे चमत्कृत होना पड़ता है ।

यहां भारतका सबसे बढ़ियां तम्बाकू और गेहूं उपजता है । भूपालसे ले कर ललितपुर तक रेलवे लाइन होनेसे स्थानीय वाणिज्यकी विशेष सुविधा हुई है ।

वर्त्तमान समयमें यह स्थान एक तीर्थरूपमें गिना जाता है । वेत्वा (वेत्रवती) नदीके किनारे देवमंदिरादि और इधर उधर विक्षिप्त बौद्धस्तूप यात्रियोंके देखनेकी चीज है ।

भिलाला—मध्यभारतबासी भील जातिकी शाखाविशेष । ये लोग राजपूत-पिता और भील मातासे अपनी उत्पत्ति बतलाते हैं । विन्ध्य-पर्वतके भील-सरदार इसी भिलालावंशसे उत्पन्न हुए हैं । इनका साधारण 'भीलकी अपेक्षा अधिक सम्मान होता है । बहुतेरे 'ठाकुर' भी कहलाते हैं ।

भिलावां (हिं० पु०) एक प्रसिद्ध जंगली वृक्ष । यह सारे उत्तरी भारतमें आसामसे पंजाब तक और हिमालयकी तराईमें ३५०० फुटकी ऊंचाई तक पाया जाता है ।
भल्लातक देखो ।

भिलोदिया—बम्बईप्रदेशके रेवाकान्थाके अन्तर्गत एक छोटा राज्य । भूपरिमाण ६ वर्गमील है । यहांके सरदार 'ठाकुर' उपाधिधारी हैं । ये लोग गायकवाड़राजको कर देते हैं । पर्वतकन्दरादिसे परिशोभित होने पर भी यहांकी काली मट्टी बहुत उर्वरा है । उत्पन्न द्रव्योंके मध्य रुई, उड़द, सरसोंका वीज, ईख और धान प्रधान है ।

भिलोरा—बम्बई प्रदेशके महिकान्था जिलान्तर्गत एक ग्राम । यहांका श्रीचन्द्र प्रभुजीका मन्दिर समधिक विख्यात है ।

---

* शिलालिपिमें इसका भैलस्वामी नाम पाया गया है ।

भिलौरी—सतारा जिलेके भासगाँव उपविभागान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० १६° ५९' ३०" उ० तथा देशा० ७४° ३०' ४५" पू०के मध्य कृष्णा नदीके बाएं किनारे अवस्थित है।

भिल्ल (सं० पु०) भेलयति भिल-बाहुलकात् लक्। वन्य-जातिविशेष, भीलजाति। भील देखो।

भिल्लकेदार—हिमालयस्थ शिवलिङ्गविशेष। यह मन्दिर श्रीनगरसे १ मील पश्चिममें अवस्थित है। इन्द्रके परामर्शानुसार तृतीय पाण्डव अर्जुन भूतपति महादेवको खोजमें हिमालयदेशको गये थे। वहां पर भिल्ल (किरात)-मूर्त्ति धारण कर पार्वतीपतिने अर्जुनके साथ मल्ल-युद्ध किया था। (भारत वनपर्व) बहुतेरे इस भिल्लकेदार मूर्त्तिको 'विल्वकेदार' कहते हैं।

भिल्लगवी (सं० स्त्री०) भिल्लानां गवी। गवयी, नील गाय।

भिल्लग्राम—अयोध्याप्रदेशके हर्दोई जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। अभी यह बिल या बिल्वग्राम नामसे भी परिचित है। हर्दोई देखो।

भिल्लतरु (सं० पु०) भिल्लप्रियः तरुः। लोध्र पुष्प, लोध। भील लोग इस पुष्पके द्वारा अङ्गभूषणादि करते हैं। यह वृक्ष भीलोंको अतिशय प्रिय है इसीसे इसका नाम भिल्ल हुआ है।

भिल्लभूषण (सं० क्लो०) भिल्लं भूषयति भूषि भू ल्यु। गुञ्जावृक्ष।

भिल्लम—१ सेउणदेशाधिपति पांच यादववंशीयराजा। २ देवगिरिके यादववंशीय एक राजा।

यादवराजवंश शब्द देखो।

भिल्लमाल—गुर्जर जातिकी एक राजधानी। यह श्रीमाल नामसे भी प्रसिद्ध है। श्रीमाल देखो।

भिल्लवेश (सं० त्रि०) भिल्लरूपधारी। श्रीमालके राजा और ब्राह्मणादि सभी अधिवासी भीलकी तरह वेशभूषासे सज्जित हो कर तत्रत्य उत्सवमें आमोद उपभोग करते थे। (स्कन्दपु० श्रीमालमाहात्म्य ३२।४७।४८)

भिल्लादित्य—एक प्रतिहारराज भोटके पुत्र।

भिल्ली (सं० स्त्री०) भिल्ल-ङीप् भिल्लानां प्रियत्वादस्यास्तथात्वं। लोध्र, लोध।

भिल्लीनाथ—बालविवेकिनी नामक ग्रंथके प्रणेता।

भिल्लोट (सं० पु०) भिल्लप्रियमुटं पत्रं यस्य। लोध्र वृक्ष।

भिवन्दी—१ बम्बईके थाना जिलान्तर्गत एक तालुक। यह अक्षा० १९° १२' से १९° ३२' उ० तथा देशा० ७२° ५८' से ७३° १५' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण २४९ वर्गमील और जनसंख्या ८० हजारके करीब है। इसमें इसी नामका १ शहर और १९६ ग्राम लगते हैं। तालुकका पश्चिम विभाग पर्वतमय है, अन्यान्य सभी स्थानोंमें अच्छी फसल लगती है। स्थानीय कम्वाड़ी नदीका जल विशेष स्वास्थ्यप्रद है।

२ उक्त तालुकका प्रधान नगर। यह अक्षा० १९° १८' उ० तथा देशा० ७३° ३' पू० बम्बईसे २९ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। जनसंख्या १०३५४ है। शहरमें धान, सूखी मछली, कपड़े, घास और लकड़ीका वाणिज्य चलता है। यहां सब-जजकी अदालत, अस्पताल और पांच वर्नाक्युलर स्कूल हैं।

भिवानी—१ पञ्जाबके हिसार जिलेकी तहसील। यह अक्षा० २८° ३६' से २८° ५९' उ० तथा ७५° २९' से ७६° १८' पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ७५० वर्गमील और जनसंख्या प्रायः १२४४२९ है। इसमें इसी नामका १ शहर और १३१ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त तहसीलका एक नगर। यह अक्षा० २८° ४८' उ० तथा देशा० ७६° ८' पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या ३५९१७ है। जयपुर, जयशलमेर और बीकानेर आदि जनपदोंका विस्तृत वाणिज्य भिवानीके वाणिज्यकेन्द्रसे चलता है। शहरमें एक एङ्गलो-वर्नाक्युलर मिडिल स्कूल और एक अस्पताल है।

भिवापुर—मध्यप्रदेशके नागपुर जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २०° ४६' उ० तथा देशा० ७९° ३०' ३३" पू०के मध्य विस्तृत है। १५५० ई०में भीमसा नामक एक गोंड़-सरदारने इस नगरको बसाया। उनका बनाया हुआ दुर्ग आज भी भग्नावस्थामें पड़ा है। १८७० ई० तक उनके किसी अन्ध-वंशधरको बृटिश-सरकारकी ओरसे वेतन मिलता रहा था। नगर परिष्कार परिच्छन्न है। यहां सूती कपड़ेका बाणिज्य चलता है।

भिश्ती (अ० पु०) मशक द्वारा पानी ढोनेवाला व्यक्ति, सक्का।

भिषक् (सं० पु०) वैद्य।

भिषक्प्रिया (सं० स्त्री०) भिषजः प्रिया। गुड़ूची, गुड़ुच।

भिषग्जित (सं० क्ली०) भिषजा जितं। औषध, दवा।

भिषग्जिता (सं० स्त्री०) कन्द गुड़ुच।

भिषग्भद्रा (सं० स्त्री०) भिषजि औषधे वैद्ये वा भद्रा, शुभदायिका। भद्रदन्तिका।

भिषग्मातृ (सं० स्त्री०) भिषजां मातेव। अटरूष, अड़ूस।

भिषग्वरा (सं० स्त्री०) हरीतकी।

भिषङ्माता (सं० स्त्री०) अटरूष, अड़ूस।

भिषज (सं० पु०) विभेति रोगो यस्मादिति भीलि भीत्यां (भिषः षुक् ह्रस्वश्च । उण् १।१३७) इति अजिः षुगागमो ह्रस्वत्वञ्च। १ वैद्य। सुश्रुतादिमें वैद्यके लक्षण और गुणागुणका विषय इस प्रकार लिखा है,—धन्वन्तरिने अष्टाङ्ग आयुर्वेदका उपदेश दिया है। वैद्य इस अष्टाङ्ग आयुर्वेदमें विशेषरूपसे पारदर्शी हो कर चिकित्साकार्य करें। युद्धके समय भीरू व्यक्ति जिस प्रकार अवसन्न हो जाता है, चिकित्सा न सीख कर केवल शास्त्रज्ञानके बल पर चिकित्सा करनेवाले वैद्यको भी उसी प्रकार अवसन्न होना पड़ता है। सुतरां वैद्यको चिकित्सा और शास्त्र दोनों विषयका ज्ञान रहना आवश्यक है। जो वैद्य चिकित्साकार्यमें चातुर हो कर भी शास्त्रका अध्ययन नहीं करते, वे साधुओंके निकट मान्य नहीं हो सकते और राजाको चाहिए, कि ऐसे व्यक्तिको प्राण दण्ड दें। मूर्ख वैद्यके अमृत-सी ओषधि देने पर भी उससे कोई फल नहीं होता। वरन् वह शस्त्र, वज्र या विषकी नाईं अपकारक होती है। जो वैद्य शस्त्रक्रिया और स्नेहादि क्रिया नहीं जानते, वे लोभवशतः रोगीको मार डालते हैं। राजाके ध्यान नहीं देनेसे ही ऐसे कुवैद्यका प्रादुर्भाव होता है। रथ जिस प्रकार दो चक्रयुक्त होनेसे देखनेमें सुन्दर लगता है, उसी प्रकार वैद्य भी यदि चिकित्सा और शास्त्र दोनों ही जानते हो तभी वे चिकित्साकार्यमें पारदर्शी हो सकते हैं। शिष्यको गुरुके निकट आयुर्वेदका अध्ययन करना चाहिये। गुरु अपने ज्ञानानुसार शिष्यको उपदेश दें और शिष्य भी दत्तचित्तसे उसका अनुशीलन करें। वैद्यको हेतु, द्रव्य, रस, गुण, वीर्य, विपाक, दोष, धातु, मलाशय, मर्म, शिरा, स्नायु, संधि, अस्थि, गर्भ-सम्भूत द्रव्यका विभाग, अदृश्यशल्यका उद्धार, व्रणनिरूपण, विविध भग्नदोषका तथा साध्य, याप्य और असाध्य रोगका विचार इत्यादि विषयोंके प्रति विशेष लक्ष्य रखना चाहिए। सिर्फ एक ही शास्त्रका अध्ययन करनेसे शास्त्रका मर्म मालूम नहीं हो सकता, अतएव भिषजको अनेक शास्त्रोंका अध्ययन करना उचित है। जो गुरुमुखसे शास्त्र सुन कर उसका अभ्यास और तदनुसार काम करते हैं, वे ही भिषक् हैं। इसके अलावा सभी तस्कर (ठग) हैं। चिकित्साशास्त्रमें शल्यतन्त्र ही प्रधान है। औपधेनव, औरभ्र, सौश्रुत तथा पौष्कलावत ये सब ग्रन्थ इसके मूल हैं।

(सुश्रुत ३।४ अ०)

भावप्रकाशमें भिषक्के लक्षणादिका विषय इस प्रकार लिखा है,—जो चिकित्सा करते हैं, उन्हें भिषक् या वैद्य कहते हैं। उन्हें शास्त्रार्थमें विशेष व्युत्पन्न, दृष्टकर्मा, चिकित्सा-कुशल, सुसिद्धहस्त, शुचि, कार्यदक्ष, अभिनव औषध और चिकित्साके उपयोगी उपकरणोंसे सुसज्जित, शीघ्रतापूर्वक उपस्थितबुद्धि, धीशक्तिसम्पन्न, चिकित्साव्यवसायी, मिष्टभाषी सत्यवादी तथा धर्मपरायण होना चाहिए। उपर्युक्त गुणसम्पन्न भिषक् ही प्रशंसनीय हैं।

जो भिषक् कुत्सित वस्त्र परिधानकारी, अप्रियभाषी, अभिमानी, मनुष्यके साथ व्यवहारमें अनभिज्ञ और जो बिना बुलाये स्वयं आ कर उपस्थित होवें, ये पांच प्रकारके दोषयुक्त वैद्य धन्वन्तरि सदृश होने पर भी निन्दनीय हैं। ऐसे वैद्यसे चिकित्सा नहीं करानी चाहिए।

भिषक्का कर्म।—लक्षणादि द्वारा सम्यक्रूपसे रोग देखना और उसको दूर करना ही भिषक्का कर्त्तव्य है; किन्तु ये आयुर्दाता नहीं हैं। किसी किसीका कहना है, कि उत्तम रीतिसे केवल व्याधिका निर्णय और रोगको दूर करना ही वैद्यका काम नहीं, पर परमायु प्रदान करनेमें भी वैद्य समर्थ हैं। क्योंकि एक सौ

प्रकारको आगन्तुक मृत्यु वैद्यके द्वारा अपहृत होती है। धन्वन्तरिने एक सौ एक प्रकारकी मृत्यु बतलाई हैं जिनमेंसे कालकृत मृत्यु ही स्वाभाविक और अनिवार्य है। ऐसी मृत्यु निवारण करनेको किसीमें भी क्षमता नहीं। इस कालज मृत्युके अलावा अन्य एक सौ प्रकारकी मृत्युका निवारण करनेमें वैद्य समर्थ हैं। इसीलिए वे आयुःदाता हैं। (भावप्र०) विशेष विवरण वैद्य शब्दमें देखो। चिकित्सकका अन्न अभोज्य है। यदि कोई इनका अन्न खायें, तो उसे प्रायश्चित्त करना पड़ता है।* यदि कोई वैद्य औषध और मन्त्रको न जान कर चिकित्सा करें, तो उन्हें चोरकी तरह दण्ड देना चाहिए।

"अज्ञातौषधिमन्त्रस्तु यश्च व्याधेरतत्त्ववित्।
रोगिभ्योऽर्थं समादत्ते स दण्ड्यश्चौरवद्भिषक्॥"

२ औषध, दवा। ३ शतधन्वाके क्षेत्रज पुत्र। ४ विष्णु।

भिषज्जावर्त्त (सं० पु०) विष्णुका एक नाम।

भिष्टा (हिं० पु०) मल, गू।

भिष्मिका (सं० स्त्री०) दग्धान्न।

भिसज (हिं० पु०) वैद्य।

भिसटा (हिं० पु०) मल, गू।

भिसर (हिं० पु०) ब्राह्मण।

भिसि—मध्यप्रदेशके चाँदा जिलान्तर्गत एक नगर। यहाँ एक सुन्दर देवमन्दिर विद्यमान है।

भिसिणो (हिं० पु०) व्यसनी।

भिस्त (अ० स्त्री०) स्वर्ग, वैकुण्ठ।

भिस्मा (सं० स्त्री०) बभस्तीति भस् दीप्तौ बाहुलकात् स, छन्दसि बहुलमितीत्वम् ब्राह्मणभिस्मेति भाष्यप्रयोगाल्लोकेऽपि। अन्न, अनाज।

भिस्स (हिं० स्त्री०) कमलकी जड़, भंसीड़।

भिस्सट (हिं० पु०) पद्मकन्द।

भिस्सटा (सं० स्त्री०) भिस्सामन्नं टीकते इति टीक-गतौ अन्येभ्योऽपीति ड, ततः पृषोदरादित्वात् साधुः। दग्धान्न, जला हुआ भात। अमरटीकासारसुन्दरीमें इसका रूपान्तर भिस्मिटा, भिष्मिटा भिष्मटा और भिस्मिका ऐसा रूप देखा जाता है।

भिस्सा (सं० स्त्री०) अन्न।

भिस्साण्ड (सं० क्ली०) शालूक, कमलकी जड़।

भिस्सिटा (सं० स्त्री०) भिस्सामन्नं टीकते इति टीक-ड पृषोदरादित्वात् साधुः। दग्धान्न।

भींगना (हिं० क्रि०) भिगना देखो।

भींगी (हिं० पु०) १ अलि, भंवरा। २ एक प्रकारका फतिंगा। इसके विषयमें प्रसिद्ध है, कि वह किसी भी कृमिको अपने रूपमें ले आता है।

भींचना (हिं० क्रि०) १ खींचना, कसना। २ मूंदना, बंद करना।

भींजना (हिं० क्रि०) १ आर्द्र होना, गीला होना। २ लोगोंके साथ हेलमेल बढ़ाना। ३ पुलकित वा गद्गद हो जाना, प्रेममग्न हो जाना। ४ स्नान करना, नहाना। ५ समा जाना, घुस जाना।

भींट (हिं० पु०) भीट देखो।

भींत (हिं० स्त्री०) भीत देखो।

भी (सं० स्त्री०) भी भीत्यां सम्पदादित्वात् क्विप्। भय, डर।

भी (हिं० अव्य०) १ अवश्य, निश्चय करके। २ विशेष, ज्यादा।

भीक (सं० त्रि०) भीत, डरा हुआ।

भीकर (सं० त्रि०) भयकर, डरावना।

भीख (हिं० स्त्री०) १ किसी दरिद्रका दीनता दिखलाते हुए उदरपूर्त्तिके लिये कुछ मांगना, भिक्षा। २ भिक्षामें दी हुई चीज, खैरात।

भीखम (हिं० वि०) भयानक, डरावना।

भीगना (हिं० क्रि०) पानी या किसी तरल पदार्थके संयोगके कारण तर होना।

---

* "शूद्रान्नं ब्राह्मणो भुक्त्वा तथा रङ्गावतारिणः।
चिकित्सकस्य क्रूरस्य तथा स्त्री मृगजीविनां॥
शौण्डकान्नं सूतिकान्नं भुक्त्वा मासं व्रती भवेत्॥"

और भी—

"पूयश्चिकित्सितस्यान्नं पुंश्चल्यास्त्वन्नमिन्द्रियम्।
विष्ठावार्द्धुषिकस्यान्नं शस्त्रविक्रयिणो मलम्॥"

(प्रायश्चित्तवि०)

भीचर (हिं० पु०) वीर, वहादुर।

भीजना (हिं० क्रि०) भीगना देखो।

भीट (हिं० पु०) १ टीलेदार भूमि, उभरी हुई पृथ्वी। २ एक प्रकारकी तौल जो प्रायः मन भरके बराबर होती है। ३ वह ऊंची भूमि जहां पानकी खेती होती है, भीटा।

भीटन (हिं० स्त्री०) भीटा देखो।

भीटा (हिं० पु०) १ ऊँची या टीलेदार जमीन। २ वह बनाई हुई ऊँची और ढालुआँ जमीन जिस पर पानकी खेती होती है और जो चारों ओरसे छाजन या लताओं आदिसे ढकी हुई होती है।

भीटा (वीठा)—युक्तप्रदेशके इलाहाबाद जिलान्तगत एक प्राचीन गण्डग्राम। बौद्धप्राधान्यके समय यह स्थान उन्नतिकी चरम सीमा पर पहुंच गया था। भारतीय शक राजाओंकी प्रतिष्ठित बौद्ध-प्रतिमूर्त्ति खोदित लिपि, गुप्तवंशीय राजा कुमारगुप्त महेन्द्रकी स्थापित स्तम्भलिपि तथा बौद्ध मुद्रादिसे इसका विशेष प्रमाण मिलता है। बौद्धोंके अत्यन्त आग्रहसे यह स्थान 'विभाभयपत्तन' नामक शोभामयी नगरीमें पर्यवसित हुआ था।

वीठा, देवरिया, विकार, मानकुमार, पञ्चमुख और सारिपुत्त प्रभृति परस्पर संश्लिष्ट ग्रामोंकी वर्त्तमान ध्वंसावशिष्ट स्तूपराशिकी कहानी जाननेसे साफ साफ मालूम पड़ता है, कि एक समय ये सब सुप्राचीन वीठाभयपत्तन नगरीके कीर्त्तिकलापके मध्य गिने जाते थे।

इस प्राचीन नगरका कुछ अंश यमुनावक्षस्थ 'सुयशदेव' नामक गण्डशैलके ऊपर अब भी नजर आता है। यहां पहले एक हिन्दूमन्दिर था। सम्राट् शाहजहान्के सेनापति शाईस्ता खाँने १०५५ हिजरीमें उसे ध्वंस कर डाला। बाद हिन्दुओंने यहां पुनः एक लिङ्ग स्थापित किया है। प्रतिवर्ष कार्त्तिकके महीनेमें उक्त देवोद्देशसे एक मेला लगता है, जिसमें बहुतसे तीर्थयात्री इकट्ठे होते हैं। पार्श्ववर्त्ती दोरिया नामक ग्राममें अश्वघोष बोधिसत्त्वकी प्रतिमूर्त्ति शृङ्गारीदेवीके नामसे पूजित होती है। उक्त देवरियाके 'डिह' नामक स्थानमें एक प्राचीन दुर्गका निदर्शन पाया जाता है। मानकुमारके उत्तरपश्चिमकी ओर पञ्चपहाड़ नामक स्थानमें एक बौद्ध सङ्घारामका ध्वंसावशेष नजर आता है।

इधर उधर विक्षिप्त बौद्धस्तम्भमूर्त्तिके अलावा यहां हिन्दू प्राधान्यकी बहुत-सी स्मृतियां पड़ी हुई हैं। ९वीं शताब्दी (९०१ सम्वत)की उत्कीर्ण शिलालिपिसे ब्रह्मण्यधर्मविस्तारका आभास पाया जाता है। सीता कीरसोई नामक पर्वतगुहा, नरसिंह, शिव, नन्दी, विष्णुके अवतारकी मूर्त्ति, चण्डिकामाता, काली प्रभृति देवमूर्त्ति और पर्वतगात्रमें खोदित पञ्चपाण्डवमूर्त्ति यहाँके हिन्दूप्राधान्यका प्रकृष्टतम निदर्शन है।

भीड़ (हिं० स्त्री०) १ संकट, आपत्ति। २ एक ही स्थान पर बहुतसे आदमियोंका जमाव, जन-समूह

भीड़भड़क्का (हिं० पु०) भीड़-भाड़, बहुतसे आदमियोंका समूह।

भीड़भाड़ (हिं० स्त्री०) जनसमूह, भीड़।

भीड़ा (हिं० स्त्री०) १ भीड़ देखो। (वि०) २ संकुचित, तंग।

भीड़ी (हिं० स्त्री०) रामतरोई, भिंडी।

भीणी (सं० स्त्री०) कुमारानुचर मातृभेद।
(भारत शल्यप० ४७ अ०)

भीत (सं० क्ली०) भी-क्त। १ भय, डर। (पु०) २ मंत्रभेद। (त्रि०) ३ भययुक्त, डरावना।

भीत (हिं० स्त्री०) १ भित्तिका, दीवार। २ विभाग करनेवाला परदा। ३ चटाई। ४ छत, गच। ५ खण्ड, टुकड़ा। ६ स्थान, जगह। ७ छिद्र, दरार। ८ त्रुटि, कसर। ९ अवसर, मौका। (वि०) १० डरा हुआ, जिसे भय लगा हो।

भीतर (हिं० क्रि० वि०) १ अन्दर, में। (पु०) २ अंतःकरण, हृदय। ३ रनिवास, जनानखाना।

भीतरा (हिं० वि०) भीतर या जनानखानेमें जानेवाला, स्त्रियोंमें आने जानेवाला।

भीतरिया (हिं० पु०) १ वह जो भीतर रहता हो। २ वल्लभीय ठाकुरके वे प्रधान पुजारी आदि जो मंदिरके भीतर मूर्त्तिके पास रहते हैं।

भीतरी (हिं० वि०) १ भीतरवाला, अंदरका।

भीतरीटांग (हिं० स्त्री०) कुश्तीका एक पेंच।

भीति (सं० स्त्री०) भी-क्तिन्। १ भय, डर। २ कम्प।

भीति (हिं० स्त्री०) दीवार।

भीतिकर (सं० त्रि०) भयङ्कर, डरावना।

भीतिकारी (सं० त्रि०) भयानक, डरावना, खौफनाक।

भीतिकृत् (सं० त्रि०) भीतिं करोति कृ क्विप्। भयकारक, डरावना।

भीती (सं० स्त्री०) कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयकी एक अनुचरी या मातृकाका नाम।

भीनना (हिं० क्रि०) समा जाना, भर जाना।

भीनाल—राजपूतानेके अजमीर जिलान्तर्गत एक नगर। यहां भीनाल राज्यका प्रासाद अवस्थित है।

भीम (सं० त्रि०) विभेत्यस्मादिति भी-(भियः षुग्वा, उण् १।१४७) विभेतेर्मक् धातोर्वा षुगागमश्च इति मक्। १ भयहेतु। पर्याय—भैरव, दारुण, भीषण, भीष्म, घोर, भयानक, भयङ्कर, प्रतिभय। (पु०) २ भयानक रस। ३ शिव, महादेव। ४ विष्णु, भगवान्। ५ महादेवकी आठ मूर्त्तियोंमेंसे आकाशमूर्त्ति। "भीमाय आकाशमूर्त्तये नमः" (तिथित०) पार्थिव शिवपूजामें शिवकी आठ मूर्त्तिको पूजा करनी होती है। ६ गन्धर्वविशेष। ७ अम्लवेतस। ८ आङ्गिरस वह्निभेद, आङ्गिरस नामकी अग्नि। ९ दानवभेद, एक राक्षसका नाम। १० अमावसुवंशीय नृपभेद। ११ सात्वतवंशीय नृपभेद। १२ अष्टादशाक्षर मन्त्रभेद।

> "आदौ मध्ये तथा चान्ते चतुरसूयुतो मनुः।
> ज्ञातव्यो भीम इत्येष यः स्यादष्टादशाक्षरः॥" (तन्त्रसार)

१३ मध्यम पाण्डव भीमसेन। पर्याय—वीरवेणु, वृकोदर, वकजित्, कीचकजित्, किर्मीरजित्, जरासन्धजित्, हिड़िम्बजित्, कटव्रण, नागवल, गुणावल।

वायुके औरस और कुन्तीके गर्भसे भीमका जन्म हुआ। एक दिन पाण्डु शिकार खेलनेको वन गए। वहां उन्होंने मैथुन धर्ममें प्रवृत्त एक मृगरूपी ऋषिको मार डाला। इसी कारण ऋषिने पाण्डुको शाप दिया, 'तुम जब मैथुनमें प्रवृत्त होगे, तभी तुह्मारी मृत्यु होगी। इस प्रकार पाण्डु अभिशप्त हो कर अत्यन्त कष्टसे समय विताने लगे। अनंतर पाण्डुने एक दिन कुंतीसे कहा, 'मेरे द्वारा पुत्रोत्पन्न होनेको सम्भावना नहीं, अतएव तुम मेरे निमित्त पुत्रोत्पादन करो।' इस पर कुंतीने स्वामी नियोगानुसार दुर्वासाके वर-प्रभावसे धर्मसे परम धार्मिक एक पुत्र प्राप्त किया। पाण्डुने इस धर्मपरायण पुत्रको पा कर पुनः कुंतीसे कहा, 'पण्डित लोग क्षत्रियको वलश्रेष्ठ कहते हैं; अतएव तुम एक वलवान् पुत्रके लिये पार्थना करो।' वाद कुंतीने स्वामीकी यह वात सुन कर वायुका आह्वान किया। इस पर महावल वायुने मृगारूढ़ हो कुंतीके निकट आ कर कहा, 'तुम क्या चाहती हो?' कुंती लज्जित हो शिर नीचे कर वोली, 'मुझे महाकाय वलवान्, सर्वदर्पप्रभञ्जन एक पुत्र प्रदान करें।' अनन्तर वायुसे महावाहु भीमपराक्रम भीमने जन्मग्रहण किया। इस पुत्रके जन्म लेने पर ही आकाशवाणी हुई, कि वालक सभी वलवान व्यक्तियोंमें श्रेष्ठ होगा। वृकोदरके जन्म लेते ही एक अद्भुत घटना घटी। भीम माताकी गोदसे गिर गए और उनके गात्रस्पर्शसे वहांकी शिला चूर-चूर हो गई। जिस दिन भीमका जन्म हुआ था, उसी दिन दुर्योधनने भी जन्म लिया। भीम अत्यन्त बलशाली थे—दुर्योधनादि कोई भी उनकी बरावरी नहीं कर सकता था। अतः शुरूसे ही उनके ऊपर दुर्योधन क्रुध रहते थे। क्रमशः क्रोध और अवस्थाके वशीभूत हो कर दुर्योधनने विषान्न प्रयोगसे भीमको मार डालनेका विचार किया। वादमें हुआ भी वैसा ही। भीम विषाक्त अन्न खा कर बेहोश हो गए। दुष्ट दुर्योधनने मौका पा कर भीमको लतापाश द्वारा अपने ही हाथोंसे बांध कर जलमें फेंक दिया। भीम जलमें डूब कर नागभवनमें नागकुमारोंके ऊपर जा गिरे। सर्पगण चारों तरफसे भीमको डसने लगे जिससे उनके शरीरका विष उतर गया। अनंतर भीम वहां पर नागराज द्वारा रक्षित तथा अमृतपानसे परितृप्त हो दश हजार मतवाले हाथीके तुल्य बलवान् हो कर अपने घर लौटे और अपने भाइयोंके सामने दुर्योधनका सारा षड़यन्त्र कह सुनाया। तव युधिष्ठिरने भीमसे कहा, 'यह सब वृत्तान्त किसीसे भी न कहना। अबसे तुम लोग सचेत हो कर रहना। भीमकी मृत्यु नहीं हुई, देख कर दुर्योधनने पुनः भीमके भोजन द्रव्यमें जहरीला विष मिला कर दिया। इस वार भीमने अनायास ही उस विषको पचा डाला। बाद दुर्योधन, कर्ण और शकुनि तीनों मिल कर इन सबोंको

भीतिकर (सं॰ त्रि॰) भयङ्कर, डरावना।

भीतिकारी (सं॰ त्रि॰) भयानक, डरावना, खौफनाक।

भीतिकृत् (सं॰ त्रि॰) भीतिं करोति कृ-क्विप्। भयकारक, डरावना।

भीती (सं॰ स्त्री॰) कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयकी एक अनुचरी या मातृकाका नाम।

भीनना (हिं॰ क्रि॰) समा जाना, भर जाना।

भीनाल—राजपूतानेके अजमीर जिलान्तर्गत एक नगर। यहां भीनाल राज्यका प्रासाद अवस्थित है।

भीम (सं॰ त्रि॰) बिभेत्यस्मादिति भी-(भियः षुग्वा, उण् १।१४७) बिभेतेर्मक् धातोर्वा षुगागमश्च इति मक्। १ भयहेतु। पर्याय—भैरव, दारुण, भीषण, भीष्म, घोर, भयानक, भयङ्कर, प्रतिभय। (पु॰) २ भयानक रस। ३ शिव, महादेव। ४ विष्णु, भगवान्। ५ महादेवकी आठ मूर्त्तियोंमेंसे आकाशमूर्त्ति। "भीमाय आकाशमूर्त्तये नमः" (तिथित॰) पार्थिव शिवपूजामें शिवकी आठ मूर्त्तिकी पूजा करनी होती है। ६ गन्धर्वविशेष। ७ अम्लवेतस। ८ आङ्गिरस वह्निभेद, आङ्गिरस नामकी अग्नि। ९ दानवभेद, एक राक्षसका नाम। १० अमावसुवंशीय नृपभेद। ११ सात्वतवंशीय नृपभेद। १२ अष्टादशाक्षर मन्त्रभेद।

"आदौ मध्ये तथा चान्ते चतुरस्रयुतो मनुः।
ज्ञातव्यो भीम इत्येष यः स्यादष्टादशाक्षरः॥" (तन्त्रसार)

१३ मध्यम पाण्डव भीमसेन। पर्याय—वीरवेणु, वृकोदर, बकजित्, कीचकजित्, किर्मीरजित्, जरासन्धजित्, हिडिम्बजित्, कटव्रण, नागबल, गुणावल।

वायुके औरस और कुन्तीके गर्भसे भीमका जन्म हुआ। एक दिन पाण्डु शिकार खेलनेको बन गए। वहां उन्होंने मैथुन धर्ममें प्रवृत्त एक मृगरूपी ऋषिको मार डाला। इसी कारण ऋषिने पाण्डुको शाप दिया, 'तुम जब मैथुनमें प्रवृत्त होगे, तभी तुह्मारी मृत्यु होगी। इस प्रकार पाण्डु अभिशप्त हो कर अत्यन्त कष्टसे समय बिताने लगे। अनंतर पाण्डुने एक दिन कुंतीसे कहा, 'मेरे द्वारा पुत्रोत्पन्न होनेको सम्भावना नहीं, अतएव तुम मेरे निमित्त पुत्रोत्पादन करो।' इस पर कुंतीने स्वामी नियोगानुसार दुर्वासाके वर-प्रभावसे धर्मसे परम धार्मिक एक पुत्र प्राप्त किया। पाण्डुने इस धर्मपरायण पुत्रको पा कर पुनः कुंतीसे कहा, 'पण्डित लोग क्षत्रियको बलश्रेष्ठ कहते हैं; अतएव तुम एक बलवान् पुत्रके लिये प्रार्थना करो।' बाद कुंतीने स्वामीकी यह बात सुन कर वायुका आह्वान किया। इस पर महाबल वायुने मृगारूढ़ हो कुंतीके निकट आ कर कहा, 'तुम क्या चाहती हो?' कुंती लज्जित हो शिर नीचे कर बोली, 'मुझे महाकाय बलवान्, सर्वदर्पप्रभञ्जन एक पुत्र प्रदान करें।' अनन्तर वायुसे महाबाहु भीमपराक्रम भीमने जन्मग्रहण किया। इस पुत्रके जन्म लेने पर ही आकाशवाणी हुई, कि बालक सभी बलवान व्यक्तियोंमें श्रेष्ठ होगा। वृकोदरके जन्म लेते ही एक अद्भुत घटना घटी। भीम माताकी गोदसे गिर गए और उनके गात्रस्पर्शसे वहांकी शिला चूर-चूर हो गई। जिस दिन भीमका जन्म हुआ था, उसी दिन दुर्योधनने भी जन्म लिया। भीम अत्यन्त बलशाली थे—दुर्योधनादि कोई भी उनकी बराबरी नहीं कर सकता था। अतः शुरूसे ही उनके ऊपर दुर्योधन क्रुध रहते थे। क्रमशः क्रोध और अवस्थाके वशीभूत हो कर दुर्योधनने विषान्न प्रयोगसे भीमको मार डालनेका विचार किया। बादमें हुआ भी वैसा ही। भीम विषाक्त अन्न खा कर बेहोश हो गए। दुष्ट दुर्योधनने मौका पा कर भीमको लतापाश द्वारा अपने ही हाथोंसे बांध कर जलमें फेंक दिया। भीम जलमें डूब कर नागभवनमें नागकुमारोंके ऊपर जा गिरे। सर्पगण चारों तरफसे भीमको डसने लगे जिससे उनके शरीरका विष उतर गया। अनंतर भीम वहां पर नागराज द्वारा रक्षित तथा अमृतपानसे परितृप्त हो दश हजार मतवाले हाथीके तुल्य बलवान् हो कर अपने घर लौटे और अपने भाइयोंके सामने दुर्योधनका सारा षड़यन्त्र कह सुनाया। तब युधिष्ठिरने भीमसे कहा, 'यह सब वृत्तान्त किसीसे भी न कहना। अबसे तुम लोग सचेत हो कर रहना। भीमकी मृत्यु नहीं हुई, देख कर दुर्योधनने पुनः भीमके भोजन द्रव्यमें जहरीला विष मिला कर दिया। इस बार भीमने अनायास ही उस विषको पचा डाला। बाद दुर्योधन, कर्ण और शकुनि तीनों मिल कर इन सबोंको

मार डालनेके नाना उपाय ढूढ़ने लगे। पाण्डवगण इसे जान कर भी किसी प्रकारका विद्वेष प्रकाशित नहीं करते थे। ये सबके सब द्रोणाचार्यसे अस्त्रविद्या सीखते थे। भीमने गदायुद्धमें विशेष पारदर्शिता प्राप्त की। दुर्योधन भी गदायुद्धमें उन्हींके बराबर हो गये। बाद दुर्योधन उन पांचों भाइयोंको जतुगृहमें जला कर मार डालनेकी चेष्टा की। वारणावतनगरीमें जतुगृह बनाया गया। दुर्योधनने जतुगृहदाहके लिए पुरोचन नामक एक व्यक्तिको नियोग किया। पाण्डवगण लगभग एक वर्ष तक उसी जतुगृहमें रहे। एक दिन भीमने दुर्योधनके षड्यंत्रको ताड़ गये और जतुगृहमें आग लगा कर माता कुंती तथा भाईयोंके साथ वहांसे चल चले। कुंती और युधिष्ठिरादि थोड़ी दूर जा कर ही बहुत थक गए। इस पर भीम कुंती और भाइयोंको अपने कंधे पर बिठा बहुत दूर ले गए। जब वे निद्रासे बड़े ही व्याकुल हो गए, तब वे सबके सब एक वृक्षके नीचे सो रहे,—केवल भीमने जग कर रात भर पहरा दिया।

जहां पर वे सोये थे, वहांसे थोड़ी दूर पर हिड़म्ब नामक एक भयानक राक्षस रहता था। हिड़म्बने मनुष्यकी गन्ध पा कर अपनी बहन हिड़िम्बाको उनके निकट भेजा। हिड़िम्बा जब उनका विनाश करनेके लिए आई, तब वह भीमके सुकुमार रूपको देख मोहित हो गई। इधर हिड़म्ब बहनके लौटनेमें विलम्ब देख अत्यन्त क्रुद्ध हुआ और भीम पर टूट पड़ा। बाद भीमके साथ घोरतर युद्ध छिड़ा। युद्धमें भीमने उसे मार कर वनके भयको दूर कर दिया। कुन्ती तथा युधिष्ठिरके आज्ञानुसार हिड़िम्बाके साथ भीमका विवाह हुआ। हिड़िम्बा युधिष्ठिरकी आज्ञासे दिनमें ही भीमके साथ यथेच्छा विहार कर प्रतिदिन उन्हें पहुंचा जाती थी। उसके गर्भसे घटोत्कच नामक एक पुत्र हुआ जो कुरुपाण्डवके युद्धमें असाधारण वीरता दिखा कर अन्तमें कर्णके हाथ मारा गया। भीम माता तथा भाइयोंके साथ एकचक्रा नगर गये और वहां उन्होंने वक नामक राक्षसको मार कर उस नगरको उपद्रवरहित कर दिया।

अर्जुन पाञ्चालराज-नन्दिनी द्रौपदीको लक्ष्यभेद कर ले आए; माताके आज्ञानुसार पांचों भाइयोंने उनसे विवाह किया। बादमें युधिष्ठिर जब इन्द्रप्रस्थके राजा हुए तब राजसूययज्ञके लिए भीम पहले अर्जुन और कृष्णके साथ मगध गए। वहां जरासन्धको मार कर उन्होंने सब राजाओंको कारागारसे छुड़ाया। जरासन्ध देखो।

यज्ञके उपलक्षमें भीमने दिग्विजयार्थं पूर्वसे ले कर वंग देश तक जीत लिया। उनके वीरत्वसे पाञ्चाल, विदेह, दशार्ण, रोचमान, पुलिन्द, कुमार, कोशल, उत्तरकोशल, मल्लभूमि, भल्लाटदेश, काशी, मत्स्य, मलद, वत्स, भर्ग, भोगवान, शर्मक, वर्मक, शक, वर्वर, किरात, मगध, मोदागिरि, पुण्ड्र, कौशिकीक, ताम्रलिप्त, कर्कटक, वङ्ग और सुह्मदेश पाण्डवके शासनाधीन हुए। राजा दुर्योधनने राजसूययज्ञमें कपट द्यूतक्रीड़ासे युधिष्ठिरको पराभव तथा द्रौपदीको जीत कर उन (द्रौपदी)-का अपमान किया। द्रौपदी देखो। इस पर भीमने प्रतिज्ञा की "मैं सन्मुख समरमें दुर्योधनके सामने उनके अपरापर भाइयोंको मार कर दुःशासनके वक्षस्थलका रक्त पीऊंगा और अन्तमें गदायुद्धमें दुर्योधनका ऊरुदेश चूर चूर कर डालूंगा।

अनन्तर दूसरी बारकी द्यूतक्रीड़ासे पांचों पाण्डव तथा द्रौपदी बन गईं। भीमने बारह वर्ष बनवासके अभ्यन्तर किर्मीर और जटासुरका विनाश तथा यक्षोंके साथ युद्ध कर मणिमानका काम तमाम किया और कुबेरानुचरोंको विध्वस्त कर उन्हें शापसे छुड़ाया। एक समय वे वनमें भ्रमण करते हुए अजगररूपी नहुष द्वारा आक्रान्त हुए थे। नहुष और मणिमान देखो।

घोषयात्राके समय गन्धर्वगण जब दुर्योधनको हरण कर ले चले, तब भीमने युधिष्ठिरके आदेशसे अर्जुनका साथ कर गन्धर्वराज चित्रसेनको हराया और कर इस प्रकार दुर्योधनकी लाज रखा। जिस समय जयद्रथने द्रौपदीको हरण करनेकी चेष्टा की थी, उस समय उन्होंने अर्जुनके साथ मिल कर उसे यथोचित दण्ड दिया था। अज्ञातवासके समय वे वल्लभ नाम धारण कर सूपकाररूपमें (रसोइया) विराटके घर ठहरे थे। बाद कीचकने जब द्रौपदीके सतीत्वनाशकी चेष्टा की थी, तब रात्रिकालमें ही भीमने कीचक तथा उपकीचकोंका विनाश किया। भीमने अपने भुजबलसे त्रिगर्त्तपति सुशर्मासे विराट्राज्यका उद्धार किया था।

कुरुक्षेत्रयुद्धमें विशेष वीरता दिखा कर इन्होंने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। दुर्योधनादि सौ भाई उन्हींके हाथ मारे गए। युद्धावसान पर महाराज युधिष्ठिरके साथ इन्होंने राज्य सुखभोग कर महाप्रस्थान किया। महाप्रस्थानके समय वे युधिष्ठिरके साथ उपवासनिरत तथा योगपरायण हो क्रमगत उत्तरकी ओर हिमालय पर्वत पर गए। अनन्तर सुमेरु पर्वत पार कर यथाक्रम द्रौपदी, सहदेव, नकुल तथा अर्जुन कालके मुखमें पतित हुए। वाद थोड़ी दूर जा कर भीम पृथिवी पर गिर पड़े और उच्चैःस्वरसे धर्मराजको सम्बोधन कर कहा 'महाराज! मैं आपका बड़ा प्रिय था; आज न जानें किस पापसे मेरा पृथिवी पर पतन हुआ।'

इस पर धर्मराजने उनसे कहा,—तुम दूसरेको भक्ष्य वस्तु न दे कर स्वयं अपरिमित भोजन खा लेते थे और अपनेको अद्वितीय बलशाली बतला कर अहङ्कार करते थे, इस पापके कारण तुम भूतल पर पतित हुए।

१४ विदर्भाधिपति। महाभारतमें इनका विवरण इस प्रकार लिखा है,—भीम नामके विदर्भदेशमें एक अत्यन्त बलशाली राजा थे। बहुत दिन तक उनके कोई सन्तान न होनेके कारण वे सर्वदा दुःखित रहते थे। एक समय दमन नामक एक महर्षि उनके यहां आये। धर्मज्ञ भीमने महिषीके साथ अपत्यकाम हो कर महर्षिको सत्कार द्वारा सन्तुष्ट किया। महर्षिके वरप्रभावसे भीमके दम, दान्त और दमन नामक तीन पुत्र तथा दमयन्ती नामकी एक कन्या हुई। नल-दमयन्ती देखो।

१५ महर्षि विश्वामित्रके पूर्वपुरुष, अमावसुरके पुत्र और पुरूरवाके पौत्र। १६ कुम्भकरणके पुत्र, रावणका एक राक्षस सेनापति। १७ गन्धर्वका नाम। १८ पुरुवंशीय ईलिके पुत्र। १९ महादेव, शिव।

भीम—१ पद्यावलीधृत एक कवि। २ परिभाषार्थमञ्जरीकी परिभाषेन्दु शेखर नामक टोकाके रचयिता।

भीम—१ द्वारकाके एक हिंदूनरपति। ये १४३७ ई०में महमूद बैकाड़ासे पराजित हुए। २ चोलराजभेद। ३ सह्याद्रिवर्णित दो राजा। ४ जयशलमीरके महारावल वंशोद्भव एक राजा। ५ जम्बूके एक हिंदूराजा। ये १४२४ ई०में गक्कर-सरदार यशरतके हाथसे मारे गए। ६ शिलाहार वंशोय एक राजा, इन्द्रराजके पुत्र। कोङ्कणप्रदेशमें ये राज्य करते थे। ७ त्रिगर्त्त या कोट-काङ्ड़ाके अन्धपति। इनके पिताका नाम था राजा विजयराम।

भीम-आचार्य—नृसिंहस्तोत्रके प्रणेता।

भीमक (सं० पु०) एक प्रकारके गण जो पार्वतीके क्रोधसे उत्पन्न हुए थे। (हरिवंश १६८ अ०) २ भीम देखो।

भीमकलम्बक—मल्लारिमाहात्म्यटीकाके रचयिता।

भीमकुमार (सं० पु०) भीमसेनके पुत्र घटोत्कच।

भीमगढ़—सह्याद्रि शिखरस्थित एक दुर्ग। यह खानापुरसे ८ कोस दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है। यह दुर्ग उत्तर दक्षिणमें १३८० फुट लम्बा और पूर्वपश्चिममें ८२५ फुट चौड़ा। यह दुरारोह और अत्युच्च शिखर पर अवस्थित है। महाराष्ट्रपति शिवाजीने १६८० ई०में अपने मृत्युकाल तक इस दुर्गको अपने अधिकारमें रखा था। १७१९ ई०में १६ जिलाओंके साथ यह दुर्ग साहुके हाथ सपुर्द हुआ। १७८७ ई०में किसी किसी नेसर्गी-सरदारने वल्लभगढ़, गन्धर्वगढ़ और भीमगढ़दुर्गको कोल्हारपुर राजासे छीन लिया। इसके कुछ समय बाद ही विद्रोही आततायियोंको परास्त कर कोल्हारपुरराजने भीमगढ़ पर पुनः अधिकार जमाया। १८४४ ई०में बेलगांवकी विद्रोही सेनाओंका दमन करनेके लिये बृटिशसरकारने दुर्गको अपने हाथ ले लिया।

भीमगुप्त—काश्मीरके एक राजा। त्रिभुवनगुप्तकी मृत्युके बाद ये गद्दी पर बैठे, पर थोड़े ही दिनके बाद राक्षसी पितामही दिद्दाके षड्यन्त्रसे मारे गये (राजतर० ६ तर०)

भीमघोड़ा—युक्तप्रदेशके सहारनपुर जिलान्तर्गत एक हिन्दू-तीर्थ। यह अक्षा० २९°५८´ उ० तथा देशा० ७८°१४´ पू०के मध्य अवस्थित है। देहरादूनके दक्षिण पर्वतकन्दरके मध्य ३५३ फुट ऊंचे एक प्रलम्ब पर्वतशिखर पर अवस्थित है। एक छोटा कुण्ड ही इस तीर्थक्षेत्रका प्रधान स्थान है। गङ्गाकी गात्रवाहिनी एक छोटी स्रोतस्विनी इसके कलेवरको हमेशा बढ़ाती रहती है। प्रवाद है कि, द्वितीय पाण्डव भीमसेन घोड़े पर सवार हो गङ्गाकी गतिको रोक रहे थे। घोड़ेके खुरके आघातसे निकटस्थ पर्वतमें गुहा बन गई। जो सब तीर्थयात्री पाप खण्डनकी मनशासे उक्त कुण्डमें स्नान

करते आते हैं, वे इस घोड़ागुहा और स्थानीय देवमन्दिर दर्शन कर पवित्र देहसे घर लौटते हैं।

भीमचाण्डी (सं० स्त्री) एक देवीका नाम।

भीमचान्द्र (सं० पु०) राजपुत्रभेद।

भीमजानु (सं० पु०) यम-सभास्थित एक राजा।

भीमजी—कच्छके जाड़ेजावंशीय एक राजा, राजा अमरजीके पुत्र।

भीमटकलिञ्जरपति—५ नाटकके प्रणेता।

भीमता (सं० स्त्री०) भीमस्य भावः भीम-तल टाप्। भीमत्व, भयंकरता।

भीमताल—युक्तप्रदेशके कुमायुन जिलान्तर्गत एक छोटा ह्रद। यह अक्षा० २९° १९′ उ० तथा देशा० ७९° ४१′ पू० समुद्रपृष्ठसे ४५०० फुटकी ऊंचाई पर अवस्थित है। पर्वत पर होनेके कारण इसका प्राकृतिक सौन्दर्य अतीव मनोहर है। इसके गर्भसे निकली हुई जलराशिकी एक छोटी धारा रामगङ्गामें आ कर मिल गई है।

भीमतिथि (सं० पु०) भीमोपोसिता तिथिः मध्यपदलोपक०। भीम-एकादशी, माघमासकी शुक्ला एकादशी तिथि।

भीमथोड़ी—वम्बई प्रदेशके पूना जिलान्तर्गत एक उपविभाग भूपरिमाण १०३७ वर्गमील है।

भीमदास—धातुपाठके रचयिता।

भीमदासभूपाल—वाक्यसुधाटीकाके रचयिता।

भीमदेव (१म)—गुर्जराधिपति चालुक्यवंशीय एक राजा, दुर्लभराजके पुत्र। ये एक महावीर थे। सिन्धुप्रदेश पर इन्हें ससैन्य चढ़ाई करते देख मालवपति भोजदेवने गुर्जर पर आक्रमण किया और अनहिलवाड़पत्तनको जीता। पीछे चेदीराज कर्णकी सहायतासे इन्होंने मालवराजको निहत कर उनके धाराराज्यको अपने कब्जे कर लिया। चालुक्य राजवंश देखो।

भीमदेव (२य)—चालुक्यवंशीय एक दूसरा राजा। आप महाराजाधिराजकी पदवीसे गुर्जरका शासन करते थे।

भीमदेव (३) चालुक्यवंशीय अम्बराजके पुत्र। इन्होंने विक्रमादित्यको परास्त किया था।

भीमदेव (४)—१ कोण मण्डलाधिपति राजा सत्याश्रयके पुत्र। २ काबुलके चतुर्थ हिन्दू-राजा। आप ९५० ई०में विद्यमान थे।

भीमदेव—अनहिलवाड़के एक हिन्दू राजा। सोमनाथ आक्रमणके समय इन्होंने महमूद गजनीके साथ युद्ध किया था।

भीमदैवज्ञ—सर्वार्थ चिन्तामणि नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भीमद्वादशी (सं० स्त्री०) १ भीमोपोसिताद्वादशी, माघकी शुक्ला द्वादशी। २ व्रतभेद। भीमने इस द्वादशीके दिन व्रतका अनुष्ठान किया था, इसीसे यह नाम पड़ा। यह व्रत अशेष-पुण्यजनक है। हेमाद्रि-व्रतखण्डमें इस व्रतके विधान और व्यवस्थादिका विशेष विवरण लिखा है, विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ नहीं लिखा गया।

भीमनगर—त्रिगर्त्ताधिपति भीम द्वारा प्रतिष्ठित नगर, कोटकाङ्ड़ाकी अन्यतम राजधानी। राजा भीमने यहां पर एक दुर्ग बनवाया था। १००८-९ ई०में सुलतान महमूदने काङ्गड़ा चढ़ाईके समय इस दुर्गको तहस नहस कर डाला था। नागरकोट देखो।

भीमनरेन्द्र—सङ्गीतसुधा नामक ग्रन्थके रचयिता।

भीमनाथ—वम्बईप्रदेशके अहमदाबाद जिलांतर्गत एक गण्डग्राम। प्रवाद है, कि यहां हिड़िम्बा राक्षसी रहती थी। माताके साथ पांचो पाण्डव इस बनमें ठहरे थे। बिना शिवपूजा किये अर्जुन जल नहीं पीयेंगे, जान कर भीमने उन्हें प्रतारणापूर्वक जमीनमें एक पत्थर गाड़ दिया और अर्जुनसे शिवपूजा करनेको कहा। तदनुसार महामति अर्जुनने वहां जा कर कायमनोवाक्यसे शिवाराधना की और बादमें घर लौट भोजनादि किये। भीमने जब अपनी चातुराई बतला दी, तब कुंती आदि सबके सब वहाँ पहुंचे। भीमने जा कर वन्यपुष्पादिको हटा प्रस्तर-मूर्त्ति बाहर निकाली। यह शिव नहीं है, इसे प्रतिपन्न करनेके लिए ज्यों ही भीम दण्डाघात करनेको उद्यत हुए, त्यों ही प्रस्तरगात्रसे दूध निकलने लगा। ऐसा देख सबके सब बड़े ही आश्चर्यान्वित हुए और उसी समयसे उक्त मूर्त्ति भीमनाथ महादेव नामसे प्रसिद्ध हुई।

इन्हीं महादेवके नाम पर ग्रामका नाम भीमनाथ पड़ा है। १५३५ सम्बत्में महन्त माधवगिरि और बाद ईश्वरगिरि तथा बुद्धगिरि द्वारा स्थानीय मन्दिर और ग्रामकी बड़ी

ही उन्नति हुई। देवपूजा और सदाव्रत पालनके लिए यहांके महन्त महाराजको नौ ग्राम मिले हैं।

प्रत्येक वर्षके श्रावण मासकी शुक्लाद्वादशी, पूर्णिमा, कृष्णा षष्ठी और अमावस्याको यहां ब्राह्मण-भोजन होता है। अमावस्यामें यहां तीन दिन तक एक मेला लगता है। द्वारकायात्रिगण प्रायः भीमनाथके दर्शनके लिए यहां आते हैं। सबोंको देवोच्छिष्ट प्रसाद अथवा चावल आदि मिलता है।

यहांके महन्त विवाह नहीं कर सकते—वे अतिथि, वैरागी, गोसाईं प्रभृतिसे एक चेला बना लेते हैं। पूर्वोक्त माधवगिरिके परवर्त्ती महन्तोंके नाम मिलना दुर्लभ है। जो माधवगिरि यहांकी वनमाला काट कर बस्ती बसा गये हैं, उन्हींके परवर्त्ती अमृतगिरि, भावगिरि, आसनगिरि, गुमानगिरि, क्षेमगिरि, भगवान्‌गिरि, बुधगिरि तथा ईश्वरगिरि प्रभृतिके नाम पाये जाते हैं। शेषोक्त ईश्वरगिरि ही हैं। (१८६३-८५ ई०में) ८० हजार रुपये खर्च कर इस स्थानका संस्कार कर गये हैं।

भीमनाथ—रघुनन्दनके तिथितत्त्वोद्धृत एक पण्डित।

भीमनाद (सं० पु०) भीमो भैरवो नादो यस्य। १ सिंह, शेर। भीमो नादः कर्मधा०। २ भयानक शब्द। (त्रि०) ३ भयानकशब्दविशिष्ट।

भीमनायक (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

काश्मीर देखो।

भीमपराक्रम—एक पाण्ड्यराज। पाण्ड्यराजवंश देखो।

भीमपराक्रम (सं० त्रि०) भीमः पराक्रमो यस्य। १ भयानक पराक्रम। (पु०) २ विष्णु। ३ रघुनन्दनकृत मलमासतत्त्वधृत एक व्यक्ति।

भीमपलाशी (सं० स्त्री०) सम्पूर्ण जातिकी एक संकर रागिनी। इसके गानेका समय २१ दण्डसे २४ दण्ड तक है। यह धनाश्री और पूर्वीको मिला कर बनाई गई है। इसमें गान्धार, धैवत और निषद तीनों स्वर कोमल और बाकी शुद्ध लगते हैं। इसमें पंचम वादी और मध्यम संवादी होता है। कुछ लोग इसे श्रीरागकी पुत्रवधू भी मानते हैं।

भीमपाल—एक राजा। आप वृक्षायुर्वेदके रचयिता सुरपालके प्रतिपालक थे।

भीमपाल—१ पंचालराज्यके अन्तर्गत वदामयूताधिपति एक राजा, राष्ट्रकूटवंशीय देवपालके पुत्र। इनके पुत्र सुरपालने वृक्षायुर्वेद नामक ग्रन्थकी रचना की। २ काबुलाधिपति साहिवंशीय शेष हिन्दूराजा। १०२५ ई०में इनका देहान्त हुआ।

भीमपुर (सं० क्ली०) भीमस्य पुरं ६-तत्। विदर्भराजकी नगरी, कुण्डिनपुर।

भीमबल (सं० त्रि०) भीमः बलं यस्य। १ भयानक वीर्य। (पु०) २ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। ३ एक प्रकारकी अग्नि।

भीमभट्ट (सं० पु०) एक प्राचीन ग्रन्थकार। पुराण सर्वस्वमें इनका उल्लेख है।

भीममुख (सं० त्रि०) १ भयङ्कर मुखाकृतिविशिष्ट, डरावना मुंहवाला। (पु०) २ वाणभेद। (रामायण ४।४१।५)

भीमर (सं० क्ली०) युद्ध, लड़ाई।

भीमयू (सं० स्त्री०) आत्मनो भीमं वृषमिच्छति क्यच्, वेदे निपा निपातनादुन्। वृषभेच्छु स्त्रीगवी।

(ऋक् ५।५६।३)

भीमरथ (सं० पु०) भीमो भयानको रथोऽस्य। १ तामस मनु-कल्पमें उत्पन्न असुरविशेष। कूर्मरूपी हरिने इस असुरका वध किया था। २ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। ३ विकृतिके एक पुत्रका नाम। ४ धन्वन्तरिके एक पौत्रका नाम। ५ सत्यभामाके गर्भसे उत्पन्न श्रीकृष्णके एक पुत्रका नाम। ६ केतुमानके पुत्रका नाम। ७ पाण्ड्यवंशीय एक राजा।

भीमरथदेव—महाशिवगुप्तात्मज एक त्रिकलिङ्गाधिपति।

भीमरथी (सं० स्त्री०) १ मनुष्यकी अतिवृद्धावस्था।

"सप्तसप्ततिके वर्षे सप्तमे मासि सप्तमी।
रात्रिर्भीमरथीनाम नराणां दुरतिक्रमा॥" (शब्दमाला)

७७वें वर्षके सातवें मासकी सातवीं रातका नाम भीमरथी है। मनुष्यके लिये यह रात बहुत कठिन होती है और जो इसे पार कर जाता है वह बहुत पुण्यात्मा होता है। २ नदीभेद। यह सह्य पर्वतसे निकली है। इस नदीमें स्नानादि करनेसे सभी पाप नष्ट होते हैं।

"गोदावरी भीमरथी कृष्णावेण्यादिकास्तथा।
सह्यपादोद्भवा नद्यः स्मृताः पापभयापहाः॥"

(विष्णुपु० २।३।११)

भीमरथी—रोमक-सिधांत-वर्णित-देशभेद ।

भीमराज (हिं० पु०) कालेरंगकी एक प्रसिद्ध चिड़िया। इसकी टांगें छोटी और पंजे बड़े होते हैं। इसकी दुममें केवल १० पर होते हैं। यह प्रायः कीड़े मकोड़े खाती है और कभी कभी चिड़ियों पर भी आक्रमण करती है। भृङ्गराज देखो।

भीमराव नाड़गीर—एक महाराष्ट्र राजद्रोही। इसने १८५७-५८ ई०में अंगरेजोंके विरुद्ध खड़ा हो कर दम्बल राजकोषको लूटा और कोपल दुर्गको दखल किया। पीछे अंगरेज-सेनापति ह्यु जेस (Major Hughe)-ने उन्हें निहत कर कोपलदुर्ग दखल किया था।

भीमराज—१ सह्याद्रि वर्णित एक राजा। २ इदरके एक राजपूत राजा।

भीमरात्रि (सं० स्त्री०) भयानक रात्रि।

भीमरिका (सं० स्त्री०) सत्यभामाके गर्भसे उत्पन्न श्रीकृष्णकी एक कन्या।

भीमरोमक—जनपदविशेष। (मत्स्यपु० १२०।४७)

भीमल (सं० त्रि०) भियोमलः सम्बन्धो यतः। भयङ्कर, डरावना।

भीमलाट—मध्यप्रदेशके बालाघाट जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यहां भीमराज द्वारा प्रतिष्ठित एक लाट वा प्रस्तर-स्तम्भ विद्यमान है। यहां गोंड़ जातिका ही वास अधिक देखा जाता है। यहांका प्रशान्त छाया-विस्तारी वटवृक्ष दाक्षिणात्यके मध्य सर्वश्रेष्ठ है।

भीमवर्मा--१ पल्लववंशीय एक राजा। २ कौशाम्बीके अधिपति सम्राट् स्कन्दगुप्तका एक सामन्त।

भीमवल्लभराज—दाक्षिणात्यके एक हिन्दू राजा।

भीमबांध—विहार और उड़िसाके मुङ्गेर जिलान्तर्गत एक उष्ण प्रस्रवण। यह ऋषिकुण्डसे ८ कोस दक्षिण महादेव पर्वतके ऊपर अक्षा० २५° ४´ उ० तथा देशा० ८६° २´ पू०के मध्य अवस्थित है। मार्चमासमें इसका उत्ताप १४४°-१५०° (F) तक उठता है।

भीमविक्रम (सं० पु०) १ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। २ सह्याद्रि वर्णित एक राजा। (त्रि०) ३ भयानक विक्रमशाली।

भीमविक्रान्त (सं० पु०) भीमश्चासौ। विक्रान्तश्चेति। १ सिंह, शेर। (त्रि०) २ भयानक विक्रमविशिष्ट।

भीमवेग (सं० पु०) १ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। २ दानवभेद। (त्रि०) ३ भयानक वेगविशिष्ट।

भीमवेगरव (सं० पु०) द्रुतगामी विकट शब्द ।

भीमवेर—पञ्जावप्रदेशके गुजरात जिलान्तर्गत हिमालयके पादसे निकली हुई एक जलधारा। पार्वतीय उपत्यका और ग्रामको पार कर यह नदी चन्द्रभागाके साथ मिलती है।

भीमवेश (सं० त्रि०) १ भयानक वेशयुक्त । (पु०) २ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। ३ एक दानवका नाम।

भीमवेशवत् (सं० पु०) धृतराष्ट्रके पुत्रका नाम।

भीमशङ्कर—बारह प्रसिद्ध शिवलिङ्गोंमेंसे एक।

भीमशर (सं० पु०) १ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। २ भयानक शर। (त्रि०) ३ भयानक शरविशिष्ट।

भीमशासन (सं० पु०) भीमं शासनं यस्य। १ यम। २ कठोर शासनकारी। ३ कठोर शासन।

भीमशाह—एक राजा।

भीमशुक्र (सं० पु०) एक राजपुत्र।

भीमसाही—काश्मीरके एक राजा। महामन्त्री इन्द्रभानुने इनकी सभाको उज्ज्वल किया था।

भीमसिंह (सं० पु०) एक सुविज्ञ कवि। शार्ङ्गधरपद्धतिमें इनके रचित श्लोक उद्धृत हुए हैं।

भीमसिंह—१ मेवाड़के एक राजा। ये लक्ष्मणसिंहके चाचा थे। लक्ष्मणकी नवालिगीमें ये राजकार्यकी देख भाल करते थे। उस समय इनकी वीरता चारों ओर फैल गई थी।

इन्होंने चौहानवंशीय हमीरशङ्कको विख्यात कन्या पद्मिनीदेवीसे विवाह किया था। यही विवाह शिशोदीयकुलका काल हुआ था। पद्मिनीके अलोकसामान्य रूपलावण्यकी कथा धीरे धीरे दिल्लीश्वर अला-उद्दिनके कानमें पहुंची। चाहे राजपूत-शक्ति विनाशकी इच्छासे हो चाहे पद्मिनीके रूपलावण्य पर मुग्ध हो कर हो उन्होंने दलबलके साथ चित्तोर पर आक्रमण किया। बहुत दिनों तक घेरा डाले रहनेके बाद भी वे अकृतकार्य हुए। बाद उन्होंने यह घोषणा कर दी, कि पद्मिनीको पा कर ही वे चित्तोर छोड़ देंगे। इतना सुनते ही राजपूतगण और भी दूने उत्साहसे लड़ने लगे। दोनों दलके घमसान

युद्धमें बहुत-से लोगोंके मारे जानेके सिवा और कोई फल न निकला। अनन्तर पुनः अलाउद्दीनने सन्धिका प्रस्ताव कर कहा, कि सिर्फ एक ही बार आइनेमें उस अनुपमा मोहिनीको छाया देख कर ही वे चुपचाप स्वदेश लौट जांयगे। इस पर विश्वास कर भीमसिंह स्वयं अतिथिरूपी अलाउद्दीनके साथ बातचीत करते हुए दुर्गकी ओर आ ही रहे थे, कि इतनेमें कपटाचारीके गुप्त-सेना दल एकाएक राजपूतवीरको बन्दी कर शिविरमें ले चले। शत्रुको कपटजालमें जड़ीभूत कर दुराचार मुसलमानने हुकुम निकाला कि, मैं जब तक पद्मिनी न पाऊंगा, तब तक भीमसिंहको नहीं छोड़ सकता। यह भयावह सम्बाद चित्तोरमें पहुंचते ही सभी भग्नहृदय तथा हताश हो गए। स्वयं पद्मिनीदेवीने यवन-कवलित स्वामीको छुड़ानेका एक षड़यन्त्र रचा। अपना चचा गोरा तथा गोराके भतीजे वीरवर बादलके परामर्शानुसार पद्मिनीका आत्मसर्पण ही स्थिर हुआ। किंतु पद्मिनीके बदले छद्मवेशी सात सौ शिविकावाही राजपूत सेना मुसलमान छावनीमें भेजी गई। यवनराजने भीमसिंहको अपनी प्रियतमा पत्नीके साथ अंतिम मुलाकात करनेके लिए आध घण्टेका समय दिया। इतने हीमें भीमसिंह कोले कर कई एक शिविका चित्तोर राजधानीकी ओर चल चली। मूढ़ अलाउद्दीनने समझा कि, जो सब राजपूत-ललनाएं पद्मिनीके साथ चिरविदाई लेने आई थीं, वे ही अपनी अपनी शिविकामें बैठ चित्तोर जा रही हैं और उनकी सहवासिनगण शिविकामें ही हैं। क्रमशः जब आध घंटा बीत गया तब अलाउद्दीनके मनमें सन्देह हुआ। पत्नीके साथ भीमसिंहका सम्भाषण उन्हें अच्छा न लगा—उनके हृदयमें ईर्षा उत्पन्न हुई। उन्होंने तुरत ही शिविकाके कपड़े उतार लेनेका आदेश दिया। कपड़े उतार लिये गए और उससे सशस्त्र सेनादल निकल पड़ा। दोनों दलमें घोरतर युद्ध होने लगा।

इधर अलाउद्दीनके आदेशानुसार एक दलसेना शत्रुके पीछे दौड़ाई गई। भीमसिंह घोड़े पर सवार हो बहुत जल्द ही चित्तोरदुर्ग पहुंच गए। यहां गोरा राजपूत-राज भीमसिंहकी पत्नी तथा कुलकामिनियोंके सम्मानार्थ उन्मत्तकी तरह लड़े। इस युद्धमें चित्तोराधिष्ठात्री देवीके आदेशानुसार अरिसिंह, अजयसिंह प्रभृति राणाके ग्यारहों पुत्र मारे गए। इस बार राणा भीमसिंह देवीकी रक्त पिपासाशान्तिके लिए स्वयं आत्मविसर्जनमें कृतसंकल्प हुए। यह भयावह व्यापार काममें लानेके पहले 'जहर व्रत-का' अनुष्ठान हुआ। इसमें राजपूत-कुलकामिनीगण कुलमाहात्म्यरक्षामें समर्थ हुई थीं।

पद्मिनी देखो।

जहरव्रत उद्यापित होने पर राणा भीमसिंह लड़ाईकी तैयारी करने लगे। उन्होंने एकमात्र अवशिष्ट कनिष्ठ पुत्रको कैलवारा प्रदेश भेज कर निश्चिन्त मनसे समरानल प्रज्वलित किया। उनके अधीनस्थ सामन्तगण राजपूत-कुलकी गौरवरक्षार्थं उत्साह पूर्वक अग्रसर हुए। रणमदसे उन्मत्त तातारसैन्यके साथ रणकेशरी राजपूत वीरोंका घोर संघर्ष उपस्थित हुआ। इसी युद्धमें भीमसिंह मारे गए और चित्तोरनगर मुसलमानोंके हाथ लगा। बाद उन्होंने इसे तहस नहस कर डाला।

२ उक्त वंशके एक राजा, हामीरके पुत्र। ये १७७८ ई०में विद्यमान थे।

भीमसिंह (राव)—मारवाड़के एक अधिपति। ये मारवाड़पति विजयसिंहके पौत्र तथा भूमसिंहके पुत्र थे। राजा विजयसिंहको वार-वधूविलासमें आसक्त देख कर सामन्तोंने वीरप्राण भीमसिंहको सिंहासन देनेका सङ्कल्प किया।

सामन्तोंको एक साथ बैठे देख वृद्ध राजा विजयसिंह बड़े ही विचलित हो गये। वे उन्हें खुश करनेके लिए स्वयं सामन्त-शिविरमें पहुंचे। इधर राव भीमसिंह राउसके सामन्तराजके साथ मिल कर वारवधूका सब कुछ लूट नागरकी ओर अग्रसर हुए। वहीं पर उन्होंने छावनी डाली। यह सुन कर अन्य सभी सामन्तगण एकाएक उद्विग्न हो पड़े। इतने हीमें विजयसिंह सामन्त शिविरका परित्याग कर भीमसिंहके पास पहुंचे।

उन्होंने भीमसिंहको आश्वासनमें भुला सुजात और शिवयानी दुर्गका अधिस्वामी बना दिया। मारवाड़का सिंहासन न पा कर युवक भीमसिंह उसी छोटे प्रदेशको पा सन्तुष्ट रहे।

भीमसिंहको देशान्तर भेज कर राजा विजयसिंहने

अपने औरस-जात पुत्र जालिमसिंहको गढ़वाल प्रदेशका पूर्णाधिकार दे भीमसिंहको मारवाड़से निकाल देनेका आदेश किया। जालिमने पिताकी आज्ञा पालनार्थ भीमसिंह पर धावा मारा। घोरतर युद्धके बाद भीमसिंह परास्त हो कर प्राणभयसे जयशलमीरकी ओर भाग गये। उसी समय वृद्ध विजयसिंहने मानवलीला संवरण की। उनकी मृत्युके कुछ पहलेसे ही सामन्तविद्रोह उपस्थित हुआ था।

भीमसिंहने जयशलमीरमें ही रह कर पितामहकी मृत्युका सम्बाद सुना और तुरत ही अपने अनुचरोंके साथ योधपुर आ धमके। इधर राज्यके प्रकृत उत्तराधिकारी जालिमसिंह राज्यमें प्रवेश करनेके लिए मैरतनामक स्थानमें शुभमूहूर्त्तकी प्रतीक्षा करने लगे। चतुर भीमसिंहने उन्हें परास्त कर राजमुकुट अपने शिर पर धारण किया। जब भीमसिंहने सुना, कि जालिम सिंहासनलाभकी इच्छासे अग्रसर हुए हैं, तब उन्होंने जालिमको पकड़नेके लिए एक दलसेना भेजी। मिलारा नामक स्थान पर दोनों दलमें मुठभेड़ हुई। अन्तमें ज़ालिमने हार कर मेवारेश्वरकी शरण ली।

मारवाड़-सिंहासन पर बैठ कर राजा भीमसिंहने नरपिशाच सम्राट् औरङ्गजेबकी नाईं संहारमूर्त्ति धारण की। अपने राजसिंहासनको कण्टकस्वरूप जान कर उन्होंने पहले अपने चचाको तथा पालक पिताको मार डाला। पीछे अपने कुल चचाको मार कर उनके लड़कोंके ध्वंससाधनमें प्रवृत्त हुए। इसी प्रकार एक एक कर आत्मीय स्वजनको मार उन्होंने राठोरकुलको कलङ्कित किया था।

अन्तमें उन्होंने गुमानसिंहके पुत्र मानसिंहको मारनेकी इच्छासे झलावर दुर्ग घेर लिया। कई वर्ष अवरोधमें कृतकार्य न होनेके कारण भीमसिंह सेनानायकोंके ऊपर अवरोध-भार सौंप कर राजधानी लौटे। जब सामन्तगण मानसिहको बन्दी न कर सके, तब राजा भीमसिंहने उन सबोंको विशेषरूपसे लाञ्छित तथा तिरस्कृत किया। इस प्रकार अपमानित हो कर सामन्तोंने उनका आश्रय छोड़ दिया और स्वतन्त्ररूपसे विद्रोहाचरण करने लगे। सामन्तोंके ऐसे आचरण पर विरक्त तथा मानसिंहके बन्दीकरणसे हताश हो कर भीमसिंह वेतनभोगी विजातीय सेनाओंकी सहायता लेनेको बाध्य हुए।

इस सेनाको साथ ले उन्होंने उदावत्-सम्प्रदायके सामन्ताधिकृत निजामप्रदेश और दुर्ग तथा अन्यान्य सामन्तोंकी बहुत-सी भूवृत्ति अपना ली।

निजामजयसे स्पर्द्धित तथा उत्साहित हो कर वेतनभोगी सेनादलने पुनः भीमसिंहकी अधिनायकतामें झलावर नगर अधिकार किया, किन्तु थोड़े ही सेनाके साथ मानसिंह दुर्गमें अवरुद्ध रहे। लगभग ग्यारह वर्ष तक झलावर दुर्गमें अवरुद्ध रह कर मानसिंहने अन्न कष्टका सहन करते हुए आत्मरक्षा की थी। इसी अवरोधके समय भीमसिंहकी मृत्यु हुई। १७९२ ई०से ले कर १८०३ ई० तक उन्होंने बड़े उत्कण्ठाके साथ राज्यभोग किया था।

भीमसिंहपण्डित—शार्ङ्गधरपद्धतिधृत एक कवि।

भीमसेन—१ एक टीकाकार। इन्होंने १७२३ ई०में सुधासागर नामक काव्यप्रकाश टीका तथा हर्षदेवकृत रत्नावलोकी टीका रची। २ दुर्गामाहात्म्य टीकाके प्रणेता। ३ धातुपाठ तथा भैमी व्याकरणके रचयिता। रायमुकुट और पद्मनाभने इनका उल्लेख किया है। ४ वैद्यबोध संग्रह नामक वैद्यक ग्रन्थके प्रणेता। ५ सूपशास्त्र या पाकशास्त्रके प्रणयकर्त्ता। ये किरातनगर निवासी थे। ६ यक्षभेद। ७ एक तान्त्रिकाचार्य।

भीमसेन—१ एक प्राचीन नरपति। इन्होंने तोरमानके पहले भारतका शासन किया था। गुप्ताक्षरमें लिखा है, कि मयूरचित्राङ्कित उनकी प्रचलित मुद्रा पाई गई है। २ एक हिन्दू राजा। ये ५२ संवत्में विद्यमान थे।

भीमसेन (सं० पु०) १ मध्यम पाण्डव, भीम। भीम देखो। २ गन्धर्वभेद। ३ कर्पूरभेद। ४ जनमेजयके एक भाईका नाम। ५ पौरवप्राचीन जनमेजयके एक पुत्रका नाम।

भीमसेनकवि—दत्तसंग्रह नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भीमसेन ठप्प—नेपालके एक राजा।

भीमसेन-गदा—इलाहाबादमें जो ४ शिलालिपियुक्त सुप्राचीन प्रस्तरलाट विद्यमान हैं। उसे ही स्थानीय लोग 'भीमसेनकी गदा' कहते हैं।

भीमसेनी (हिं० पु०) १ भीमसेनी कपूर। (वि०) २ भीमसेन संबधी, भीमसेनका।

भीमसेनी एकादशी (हिं० स्त्री०) १ ज्येष्ठ शुक्ला एकादशी, निर्जला एकादशी। २ माघ शुक्ला एकादशी।

भीमसेनीकपूर (हिं० पु०) कपूर देखो।

भीमस्वामी—एक सुविज्ञ ब्राह्मण। राजा वर्मदेव इनके प्रतिपालक थे।

भीमहास (सं० क्ली०) भीमे ग्रीष्मादौ हासः प्रकाशः यस्य। इन्द्रतूल, गुड्डोकी डोरी।

भीमा (सं० स्त्री० भी मक्; स्त्रियां टप्। १ रोचनाख्य गन्धद्रव्य, रोचन नामका गन्धद्रव्य। २ कशा, चाबुक। ३ नदीविशेष। ४ दुर्गादेवी। चण्डीमें लिखा है, कि भगवती दुर्गाने हिमाचल पर भयानक रूप धारण कर मुनियोंके त्राणके लिये राक्षसोंका संहार किया था, इसी कारण उनका नाम 'भीमादेवी' पड़ा है।

"पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले।
रक्षांसि क्षययिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात्॥
तदा मां मुनयः सर्वे स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्त्तयः।
भीमादेवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति॥"
(मार्कण्डेयपु० देवीमा०)

भीमा—बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत एक नदी। यह सह्याद्रि पर्वतके अक्षा० १९° ४′ ३०″ उ० तथा देशा० ७३° ३४′ ३० पू० भीमाशङ्कर ग्रामके समीपमें निकल कर पूना, अहमदनगर, शोलापुर और कालादगी जिलेके मध्य होती हुई दक्षिण पूर्वकी ओर कृष्णानदीमें मिलती है।

भीमाकर (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा। इनके पुत्रका नाम इन्द्राकर था।

भीमाग्नि—मन्द्राजप्रदेशके अन्तर्गत एक गिरिसङ्कट। वेल्लरी जिलेसे सन्दूर जानेमें इसी राहसे जाना होता है। यह अक्षा० १५° ७′ उ० तथा देशा० ७६° ३′ पू०के मध्य विस्तृत है।

भीमादि (सं० पु०) भीम आदि करके पाणिन्युक्त शब्दगण। यथा—भीम, भीम, भयानक, वाह, चरु, प्रस्कन्दन, प्रपात, समुद्र, स्रुव, स्रुक्, दृष्टि, रक्षः, शंकु, सुक, मूर्ख, खलति। (पाणिनि)

भीमादेव (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।
(राजतर० ८।२१)

भीमार—राजपूतानेके योधपुर राज्यान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा० २६° १६′ उ० तथा देशा० ७१° ३३′ पू०के मध्य विस्तृत है। यहां चौहान राजपूतोंका वास है। पोकर्णसे वालम जानेके रास्ते पर अवस्थित होनेसे यहांके वाणिज्यकी उन्नति हुई है।

भीमावरम्—मन्द्राजप्रदेशके गोदावरी जिलान्तर्गत एक तालुक। भूपरिमाण ३२१ वर्गमील है। उन्दी, वेलपुर, छिन्नकापड़म्, गोष्ठा नदी और अकवीड़ु आदि खाल और प्रणाली इस तालुकके मध्य हो कर वह गई है, इस कारण खेतीवारीमें बड़ी सुविधा है। वीरवासरमनगर यहांका प्रधान स्थान है। एतद्भिन्न भीमावरम्, उन्दी, अकुवीड़ु और गुणुपुड़ी आदि नगरोंमें चावलका विस्तृत कारोबार है।

भीमावरम्—मन्द्राज-प्रदेशके नेल्लूर जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। शृङ्गार-आयकोण्डाके पवित्र देवतीर्थके खर्च वर्चके लिये यह ग्राम दान किया गया है। निकटवर्त्ती गण्डशैलके ऊपर अगस्त्यमुनि द्वारा प्रतिष्ठित एक विष्णु मन्दिर और एक गुहा विद्यमान है। इस गुहाके सामने एक भीषणाकार प्रस्तर-प्रतिमूर्त्ति दण्डायमान है। प्रतिवर्ष वैशाखमासमें यहां नरसिंह स्वामी विष्णुमूर्त्तिके उद्देशसे एक मेला लगता है।

भीमाशङ्कर—बम्बईप्रदेशके पूना जिलान्तर्गत एक शिवमन्दिर। यह पश्चिमघाट शैलके शिखर पर भीमानदीके किनारे अवस्थित है। दाक्षिणात्यमें यह एक प्राचीन तीर्थ समझा जाता है। यहांके प्राचीन भग्नमन्दिरके बदलेमें नानाफड़नवीशने महादेवका एक नया मन्दिर बनवा दिया था। उनकी विधवा पत्नी भी इस मन्दिरके शिखरको सुशोभित कर गई हैं। यहां दो कुण्ड हैं जिनमेंसे एक भीमा नदीका उत्पत्तिस्थान समझा जाता है।

इस तीर्थक्षेत्रके उत्पत्ति-सम्बन्धमें यहां पौराणिकी किंवदन्ती इस प्रकार प्रचलित है;—अयोध्यापति सूर्यवंशीय राजाने मृगयाकालमें अज्ञातवशतः हरिणरूपी दो ऋषियोंको मार डाला। राजा इस पापके प्रायश्चित्तके लिये महादेवको तपस्यामें लग गये। देवादिदेवने उनकी तपस्या पर मुग्ध हो कर उन्हें वर मांगनेको कहा।

अपने औरस-जात पुत्र जालिमसिंहको गढ़वाल प्रदेशका पूर्णाधिकार दे भीमसिंहको मारवाड़से निकाल देनेका आदेश किया। जालिमने पिताकी आज्ञा पालनार्थ भीमसिंह पर धावा मारा। घोरतर युद्धके बाद भीमसिंह परास्त हो कर प्राणभयसे जयशलमीरकी ओर भाग गये। उसी समय वृद्ध विजयसिंहने मानवलीला संवरण को। उनकी मृत्युके कुछ पहलेसे हो सामन्त-विद्रोह उपस्थित हुआ था।

भीमसिंहने जयशलमोरमें ही रह कर पितामहकी मृत्युका सम्वाद सुना और तुरत ही अपने अनुचरोंके साथ योधपुर आ धमके। इधर राज्यके प्रकृत उत्तराधिकारी जालिमसिंह राज्यमें प्रवेश करनेके लिए मैरत-नामक स्थानमें शुभमूहूर्त्तकी प्रतीक्षा करने लगे। चतुर भोमसिंहने उन्हें परास्त कर राजमुकुट अपने शिर पर धारण किया। जब भीमसिंहने सुना, कि जालिम सिंहासनलाभकी इच्छासे अग्रसर हुए हैं, तब उन्होंने जालिमको पकड़नेके लिए एक दलसेना भेजी। मिलारा नामक स्थान पर दोनों दलमें मुठभेड़ हुई। अन्तमें जालिमने हार कर मेवारेश्वरकी शरण ली।

मारवाड़-सिंहासन पर बैठ कर राजा भीमसिंहने नरपिशाच सम्राट् औरङ्गजेबकी नाईं संहारमूर्त्ति धारण की। अपने राजसिंहासनको कण्टकस्वरूप जान कर उन्होंने पहले अपने चचाको तथा पालक पिताको मार डाला। पीछे अपने कुल चचाको मार कर उनके लड़कोंके ध्वंससाधनमें प्रवृत्त हुए। इसी प्रकार एक एक कर आत्मीय स्वजनको मार उन्होंने राठोरकुलको कलङ्कित किया था।

अन्तमें उन्होंने गुमानसिंहके पुत्र मानसिंहको मारनेकी इच्छासे झलावर दुर्ग घेर लिया। कई वर्ष अवरोधमें कृतकार्य न होनेके कारण भीमसिंह सेनानायकोंके ऊपर अवरोध-भार सौंप कर राजधानी लौटे। जब सामन्तगण मानसिंहको वन्दी न कर सके, तब राजा भीमसिंहने उन सवोंको विशेषरूपसे लाञ्छित तथा तिरस्कृत किया। इस प्रकार अपमानित हो कर सामन्तोंने उनका आश्रय छोड़ दिया और स्वतन्त्ररूपसे विद्रोहाचरण करने लगे। सामन्तोंके ऐसे आचरण पर विरक्त तथा मानसिंहके बन्दीकरणसे हताश हो कर भीमसिंह वेतनभोगी विजातोय सेनाओंकी सहायता लेनेको वाध्य हुए।

इस सेनाको साथ ले उन्होंने उदावत्-सम्प्रदायके सामन्ताधिकृत निजामप्रदेश और दुर्ग तथा अन्यान्य सामन्तोंकी बहुत-सी भूवृत्ति अपना ली।

निजामजयसे स्पर्द्धित तथा उत्साहित हो कर वेतनभोगी सेनादलने पुनः भीमसिंहकी अधिनायकतामें झलावर नगर अधिकार किया, किन्तु थोड़े ही सेनाके साथ मानसिंह दुर्गमें अवरुद्ध रहे। लगभग ग्यारह वर्ष तक झलावर दुर्गमें अवरुद्ध रह कर मानसिंहने अन्नकष्टका सहन करते हुए आत्मरक्षा की थो। इसी अवरोधके समय भीमसिंहकी मृत्यु हुई। १७९२ ई०से ले कर १८०३ ई० तक उन्होंने बड़े उत्कण्ठाके साथ राज्यभोग किया था।

भीमसिंहपण्डित—शार्ङ्गधरपद्धतिधृत एक कवि।

भीमसेन—१ एक टोकाकार। इन्होंने १७२३ ई०में सुधासागर नामक काव्यप्रकाश टोका तथा हर्षदेवकृत रत्नावलोकी टीका रची। २ दुर्गामाहात्म्य टोकाके प्रणेता। ३ धातुपाठ तथा भैमो व्याकरणके रचयिता। रायमुकुट और पद्मनाभने इनका उल्लेख किया है। ४ वैद्यबोध संग्रह नामक वैद्यक ग्रन्थके प्रणेता। ५ सूपशास्त्र या पाकशास्त्रके प्रणयकर्त्ता। ये किरातनगर निवासी थे। ६ यक्षभेद। ७ एक तान्त्रिकाचार्य।

भीमसेन—१ एक प्राचीन नरपति। इन्होंने तोरमानके पहले भारतका शासन किया था। गुप्ताक्षरमें लिखा है, कि मयूरचिह्नाङ्कित उनकी प्रचलित मुद्रा पाई गई है। २ एक हिन्दू राजा। ये ५२ संवत्में विद्यमान थे।

भीमसेन (सं० पु०) १ मध्यम पाण्डव, भीम। भीम देखो। २ गन्धर्वभेद। ३ कर्पूरभेद। ४ जनमेजयके एक भाईका नाम। ५ पौरवप्राचीन जनमेजयके एक पुत्रका नाम।

भोमसेनकवि—दत्तसंग्रह नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भीमसेन ठप्प—नेपालके एक राजा।

भीमसेन-गदा—इलाहाबादमें जो ४ शिलालिपियुक्त सुप्राचीन प्रस्तरलाट विद्यमान हैं। उसे ही स्थानीय लोग 'भीमसेनकी गदा' कहते हैं।

भीमसेनी (हिं॰ पु॰) १ भीमसेनी कपूर। (वि॰) २ भीमसेन संबधी, भीमसेनका।

भीमसेनी एकादशी (हिं॰ स्त्री॰) १ ज्येष्ठ शुक्ला एकादशी, निर्जला एकादशी। २ माघ शुक्ला एकादशी।

भीमसेनोकपूर (हिं॰ पु॰) कपूर देखो।

भीमस्वामी—एक सुविज्ञ ब्राह्मण। राजा वर्मदेव इनके प्रतिपालक थे।

भीमहास (सं॰ क्लो॰) भीमे ग्रीष्मादौ हासः प्रकाशः यस्य। इन्द्रतूल, गुड्डोकी डोरी।

भीमा (सं॰ स्त्री॰ भी मक्; स्त्रियां टाप्। १ रोचनाख्य गन्धद्रव्य, रोचन नामका गन्धद्रव्य। २ कशा, चाबुक। ३ नदीविशेष। ४ दुर्गादेवी। चण्डीमें लिखा है, कि भगवती दुर्गाने हिमाचल पर भयानक रूप धारण कर मुनियोंके त्राणके लिये राक्षसोंका संहार किया था, इसी कारण उनका नाम 'भीमादेवी' पड़ा है।

"पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले।
रक्षांसि क्षययिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात्॥
तदा मां मुनयः सर्वे स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्त्तयः।
भीमादेवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति॥"
(मार्कण्डेयपु॰ देवीमा॰)

भीमा—बम्बई प्रदेशके अन्तर्गत एक नदी। यह सह्याद्रि पर्वतके अक्षा॰ १९° ४′ ३०″ उ॰ तथा देशा॰ ७३° ३४′ ३० पू॰ भीमाशङ्कर ग्रामके समीपमें निकल कर पूना, अहमदनगर, शोलापुर और कालादगी जिलेके मध्य होती हुई दक्षिण पूर्वकी ओर कृष्णानदीमें मिलती है।

भीमाकर (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजा। इनके पुत्रका नाम इन्द्राकर था।

भीमाग्नि—मन्द्राजप्रदेशके अन्तर्गत एक गिरिसङ्कट। वेल्लरी जिलेसे सन्दूर जानेमें इसी राहसे जाना होता है। यह अक्षा॰ १५° ७′ उ॰ तथा देशा॰ ७६° ३′ पू॰के मध्य विस्तृत है।

भीमादि (सं॰ पु॰) भीम आदि करके पाणिन्युक्त शब्दगण। यथा—भीम, भीष्म, भयानक, वाह, चरु, प्रस्कन्दन, प्रपात, समुद्र, स्रुव, स्रुक्, दृष्टि, रक्षः, शंकु, सुक, मूर्ख, खलति। (पाणिनि)

भीमादेव (सं॰ पु॰) काश्मीरके एक राजा। (राजतर॰ ८।२१)

भीमार—राजपूतानेके योधपुर राज्यान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा॰ २६° १६′ उ॰ तथा देशा॰ ७१° ३३′ पू॰के मध्य विस्तृत है। यहां चौहान राजपूतोंका वास है। पोकर्णसे वालम जानेके रास्ते पर अवस्थित होनेसे यहांके वाणिज्यकी उन्नति हुई है।

भीमावरम्—मन्द्राजप्रदेशके गोदावरी जिलान्तर्गत एक तालुक। भूपरिमाण ३२१ वर्गमील है। उन्दी, वेलपुर, छिन्नकापड़म्, गोष्ठा नदी और अकवीड़ु आदि खाल और प्रणाली इस तालुकके मध्य हो कर वह गई है, इस कारण खेतीवारीमें बड़ी सुविधा है। वीरवासरमनगर यहांका प्रधान स्थान है। एतद्भिन्न भीमावरम्, उन्दी, अकुवीड़ु और गुणुपुड़ी आदि नगरोंमें चावलका विस्तृत कारोबार है।

भीमावरम्—मन्द्राज-प्रदेशके नेल्लूर जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। शृङ्गार-आयकोण्डाके पवित्र देवतीर्थके खर्चवर्चके लिये यह ग्राम दान किया गया है। निकटवर्त्ती गण्डशैलके ऊपर अगस्त्यमुनि द्वारा प्रतिष्ठित एक विष्णु मन्दिर और एक गुहा विद्यमान है। इस गुहाके सामने एक भीषणाकार प्रस्तर-प्रतिमूर्त्ति दण्डायमान है। प्रतिवर्ष वैशाखमासमें यहां नरसिंह स्वामी विष्णुमूर्त्तिके उद्देशसे एक मेला लगता है।

भीमाशङ्कर—बम्बईप्रदेशके पूना जिलान्तर्गत एक शिवमन्दिर। यह पश्चिमघाट शैलके शिखर पर भीमानदीके किनारे अवस्थित है। दाक्षिणात्यमें यह एक प्राचीन तीर्थ समझा जाता है। यहांके प्राचीन भग्नमन्दिरके बदलेमें नानाफड़नवीशने महादेवका एक नया मन्दिर बनवा दिया था। उनकी विधवा पत्नी भी इस मन्दिरके शिखरको सुशोभित कर गई हैं। यहां दो कुण्ड हैं जिनमेंसे एक भीमा नदीका उत्पत्तिस्थान समझा जाता है।

इस तीर्थक्षेत्रके उत्पत्ति-सम्बन्धमें यहां पौराणिकी किंवदन्ती इस प्रकार प्रचलित है;—अयोध्यापति सूर्यवंशीय राजाने मृगयाकालमें अज्ञातवशतः हरिणरूपी दो ऋषियोंको मार डाला। राजा इस पापके प्रायश्चित्तके लिये महादेवकी तपस्यामें लग गये। देवादिदेवने उनकी तपस्या पर मुग्ध हो कर उन्हें वर मांगनेको कहा।

त्रिपुरासुरको युद्धमें पराजित करके महेश्वर उस समय श्रान्ति दूर कर रहे थे। उनके कपालभागको घर्माक्त देख कर भीमकने उस कपालदेशनिःसृत घर्मराशिसे सर्वलोक हितकर एक सरिद्वरके लिये प्रार्थना की। तदनुसार भीमानदी उत्पन्न हुई। प्रतिवर्ष शिवरात्रि-उपलक्षमें यहां एक यात्रा-उत्सव होता है।

भीमू (हिं० पु०) भीमसेन।

भीमेश (सं० क्लो०) शैवतीर्थभेद। यहां पर भीमेश नामक शिवलिङ्ग अवस्थित है।

भीमेश्वर (सं० क्लो०) शिवपुराणोक्त शैवतीर्थभेद।

भीमेश्वर तीर्थ—विदर्भराज भीम द्वारा स्थापित शैवतीर्थ-विशेष। यहां भीमेश्वर शिवलिङ्ग विद्यमान है।

(तापीखण्ड)

भीमेश्वरभट्ट—रससर्वस्व नामक अलङ्कार-ग्रथके प्रणेता। इनके पिताका नाम रङ्गभट्ट था।

भीमैकादशी (सं० त्रि०) भीमेन उपोसिता एकादशी, मध्यपदलोपी कर्मधा०। माघ मासकी शुक्ला एकादशी। यह एकादशी-व्रत सबोंको करना उचित है। इस-व्रतके करनेसे विष्णुका परमपद अनायास ही लाभ होता है। वैष्णवके मतानुसार जीवन भरमें यदि किसी प्रकारका धर्मानुष्ठान न किया जाय, तो शयन, उत्थान, पार्श्वपरिवर्त्तन और भीम एकादशी, शिवचतुर्दशी और महाष्टमी इन सब व्रतोंका अनुष्ठान करनेसे सभी पाप विनष्ट होते हैं और अन्तमें विष्णुपद प्राप्त होता है। दशमीके दिन संयम करके एकादशीके दिन उपवास और द्वादशीके दिन पारण करना होता है।

"ततः पुण्यामिमां भीमतिथिं पापप्रणाशिनीम्।
उपोष्य विधिनानेन गच्छेद्विष्णोः परं पदम्।
भीमतिथिं भैमीत्वेन ख्यातामेकादशीं ॥"

(एकादशीतत्त्व)

एकादशीको उपवास करके द्वादशीके दिन विष्णुपूजा करनी होती है, यह दिन भीमद्वादशी नामसे प्रसिद्ध है। इस व्रतका विधान मत्स्यपुराणमें सविस्तार लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ नहीं लिखा गया।

भीमोत्तर (सं० पु०) कुष्माण्ड, कुम्हड़ा।

भीमोदरी (सं० स्त्री०) उमा, दुर्गाका एक नाम।

भीमोरा—बम्बईप्रदेशके काठियावाड़ जिलान्तर्गत एक छोटा राज्य। यह अक्षा० २२° उ० तथा देशा० ७१° १६´ पू०के मध्य अवस्थित है। भीमोरा नगर इसकी राजधानी है।

भीम्राथली (हिं० पु०) घोड़ोंकी एक जाति।

भीर (सं० पु०) जातिविशेष। आभीर देखो।

भीर (हिं० स्त्री०) १ भीड़ देखो। २ कष्ट, दुःख। ३ सङ्कट, विपत्ति। (वि०) ४ भयभीत, डरा हुआ।

भीरा (हिं० पु०) १ मध्य भारत तथा दक्षिण भारतमें मिलनेवाला एक प्रकारका वृक्ष। इसको लकड़ियोंसे शहतीर बनते हैं और इसमेंसे गोंद, रंग और तेल निकलता है। (वि०) २ डरपोक, कायर।

भीराराय—भाटियाके एक हिन्दू राजा। १००६ ई०में गजनीपति महमूदने इन्हें युद्धमें मारा था।

भीरी (हिं० स्त्री०) अरहरका टाल।

भीरु (सं० त्रि०) बिभेतीति भी-भये (भियःक्रुक्लुकनौ। पा ३।२।१७४) १ भयशील, डरपोक, बुजदिल। पर्याय—त्रस्नु, भीरुक, भीलुक, भीलु। (स्त्री०) २ भयशीला स्त्री। ३ शतावरी। ४ कण्टकारी, भटकटैया। ५ शतपदिका। ६ अजा, बकरी। ७ छाया। (पु०) ८ शृगाल, गीदड़। ९ व्याघ्र, शेर। १० इक्षुभेद, ऊखकी एक जाति। ११ मल्लिका पुष्प, बेला फूल।

भीरुक (सं० क्ली०) भीरु-संज्ञायां कन्। १ वन, जंगल। २ पेचक, उल्लू। ३ इक्षुभेद, ऊखकी एक जाति। ४ मत्स्यभेद, एक प्रकारकी मछली। ५ रौप्य, चांदी। (त्रि०) ६ भययुक्त, डरपोक।

भीरुकच्छ (सं० पु०) भरुकच्छका पाठान्तर। भरोच-प्रदेश।

भीरुचेतस (सं० त्रि०) भीरु भयशीलं चेतो यस्य। १ भीरुहृदय, कायर। (क्ली०) २ भयशील चित्त। ३ हरिण।

भीरुण (सं० त्रि०) भयावह, डरावना।

भीरुता (सं० स्त्री०) भीरूणां भावः तल्-टाप्। १ भीरुत्व, डरपोकपन। २ भय, डर।

भीरुताई (हिं० स्त्री०) भीरुता देखो।

भीरुपत्नी (सं० स्त्री०) भीरूणीव पत्राण्यस्या, गौरादित्वात् ङीष्। शतमूली।

भीरुरन्ध्र (सं० पु०) १ भयजनक रन्ध्र। २ चूल्हा।

भीरुष्ठान (सं० क्ली०) भीरूणां स्थानं 'अम्बादेः स्थस्येति' षत्वं। भीरुओंका स्थान।

भीरुसत्त्व (सं० त्रि०) भयशील चित्तयुक्त।

भीरुहृदय (सं० पु०) भीरु हृदयं यस्य। हरिण, हिरन।

भीरू (सं० स्त्री०) भीरु (ऊङ् तः। पा ४।१।६६) इति ऊङ्। भयशीला नारी डरपोक औरत।

भील—मारवाड़की आदिमनिवासी वन्य तथा पार्वत्य जातिविशेष। राजपूतानेके अरबली पहाड़से ले कर सिन्धु और राजपूतानेकी मरुभूमि तक तथा खानदेश और अह्मदाबादके बन एवं तुङ्गशिखर पर इनका वास देखा जाता है।

बहुत-से मनुष्य इन भीलोंको भारतवर्षकी आदिम जातियोंमेंसे एक बतलाते हैं। संस्कृत साहित्यमें ये भिल्ल तथा किसीके मतानुसार भीर और आभीर भी कहलाते हैं। आभीर नाम सुन कर कोई ऐसा भी समझ सकते हैं, कि सम्प्रति जो 'अहीर' या ग्वाला कहे जाते हैं, वे ही आभीर हैं। अहीर शब्द देखो। पार्वत्य दुर्द्दान्त भीलगण उक्त जातिके नहीं हो सकने, किंतु साहित्यदर्पणके "आभीर शावरीचापि काष्ठपत्रोपजीविषु।" (अर्थात्) काष्ठजीव आभीरो तथा पत्रोपजीवीगण शावरी भाषामें बातचीत करते हैं। इससे जाना जाता है, कि पूर्व समयमें आभीरियोंकी वन्यकाष्ठसंग्रह करना ही उपजीविका थी और अब भी सभी जगह भीलोंकी यही वृत्ति है। किन्तु गोपजातीय अहीरोंके मध्य ऐसी प्रथा नहीं है। किसीका कहना है, कि कालक्रमसे आभीरोंने ही भीर और भीरस भील नाम प्राप्त किया है। यदुवंश-ध्वंसके बाद जब अर्जुन गुजरातसे कृष्णवनिताओंको साथ ले इन्द्रप्रस्थ आ रहे थे, उसी समय रास्तेमें आभीरदस्युने महावीर गाण्डीवधन्वासे उन कृष्णप्रेयसियोंको छीन लिया था। वही आभीरगण वर्त्तमान भीलोंके पूर्वपुरुष हैं। महाभारतके समय उनकी जैसी उपजीविका थी, अब भी वैसी ही है। किंतु प्राचीन हिंदू धर्मशास्त्रमें ये 'भिल्ल' नामक अन्त्यज जाति कह कर प्रसिद्ध हैं। भिल्ल देखो।

टलेमीने इन भीलोंका फिल्लितो (Phyllitae) नामसे उल्लेख किया है। द्राविड़ीय व्याकरण-रचयिता डा० काल्डवल साहबके मतानुसार द्राविड़ीय 'विल' अर्थात् धनुषसे इस भिल्ल शब्दकी उत्पत्ति हुई है।

पश्चिम भारतमें इस भीलके सम्बन्धमें नाना प्रकारके प्रवाद सुने जाते हैं। उनमेंसे एक यह है—एक दिन महादेव एक गहन वनमें घूमते घूमते बड़े ही थक गए। उसी समय एक अत्यन्त सुन्दरी युवती वहां आ उपस्थित हुई। उस मनोमोहिनीको देख कर ही महादेवके सभी रोग जाते रहे। उन दोनोंके पारस्परिक सहवाससे कई एक सन्तान उत्पन्न हुई जिनमेंसे एक देखनेमें बदसूरत थी। एक दिन उसने गुस्सेमें आ कर महादेवके प्रिय वृषको मार डाला। इसी कारण वह घने जंगल तथा जनहीन पर्वत पर भगा दिया गया। उसीकी सन्तान, समाज-बहिष्कृत भीलजाति है। वे अब भी 'महादेवके चोर' कह कर अपना अपना परिचय देते हैं।

इस वन्यजातिमें तीर चलानेकी असाधारण क्षमता है। प्रवाद है, कि महावीर द्रोणाचार्यने एक भीलराजका अपूर्व धनुचालन देख कर ईर्षापरवश हो उसकी और उसकी प्रजाओंके वृद्धाङ्गुष्ठ काट डालनेका आदेश दिया था।

पश्चिम तथा मध्य भारतके अनेक स्थानोंमें भील देखे जाते हैं। वे अपना आदिवास मेवाड़ या मरुदेश (योधपुर) बतलाते हैं। एक समय सारा राजपूताना इन्होंके अधिकारमें था। अब भी किसी किसी राजपूतराजके सिंहासनारोहणके समय जब तक भीलसरदार आ कर राजटीका नहीं देख लेता, तब तक उनका राज्याभिषेक सिद्ध नहीं होता है।

बहुत दिनोंसे दस्यु और क्रूर प्रकृतिवाले कहलाने पर भी ये साहसी, वीर और विश्वासी होते हैं। ये आततायीके ऊपर जैसे रंज होते हैं, वैसे ही शरणागत तथा आश्रयदाताके प्रति अनुरक्त भी रहते हैं,—यहां तक कि, प्राण दे कर भी आश्रितके मङ्गलविधानमें तत्पर रहते हैं। जिन सब घने जङ्गलोंमें लोग प्रवेश करनेसे डरता है, वे उन सब दुर्गम वनजङ्गलके कोने कोने तकका हाल जानते हैं, दुरारोह गिरिमालामें सुगम पथ ढूंढ निकालते हैं—ये दुर्गम पथ

तथा गिरिमालाके समीप देशोंमें अनायास विचरण या लङ्घन करनेमें समर्थ होते हैं। राजपूतगण इस जातिको वन्यपशुकी नाईं घृणाकी दृष्टिसे देखते हैं। किन्तु राजस्थानके इतिहासमें राजपूत प्रभुके लिए इस जातिके आत्मोत्सर्गका यथेष्ट प्रमाण मिलता है। दुर्दन्त, अवाध्य और महात्याचारी होने पर भी ये विश्वासघातक या दीनदुःखियोंके उत्पीड़क नहीं हैं। वरं ऐसा देखा गया है, कि भीलडाकू वड़े वड़े राजपुरुष धनी गृहस्थोंका वहुत-सा धन लूट कर दीन दरिद्रोंकी सेवामें व्यय करते थे।

पुरुषगण परस्वापहरण और दस्युतामें जैसा आमोद प्रमोद अनुभव करते हैं, इनकी रमणियोंका वैसा ही परोपकारमें अनुराग देखा जाता है। पुरुष जैसे निर्दय हैं, रमणियां वैसी ही दयामयी तथा मानमयी होती हैं। जव कोई भीलके करालकवलमें पतित होता है, तब भील रमणियोंकी कृपाभिक्षाके सिवा उसकी रक्षाका कोई उपाय नहीं है। भगवान्‌का सृष्टिरक्षाकौशल क्या ही अपूर्व है! सैकड़ों असहाय पथिक भीलोंके हाथसे करालकालके गालमें पतित होनेको प्रस्तुत भी हुए हैं, किन्तु भील रमणियोंकी करुणासे उन्होंने अनायास प्राणरक्षा पाई है—कभी कभी उनकी सहायतासे सुदूर दुर्गम पथ पथिकके लिए सुगम हो जाता है।

भीलोंका तीर और धनुष ही जातीय अस्त्र है। सरदार या प्रधान ही केवल तलवार धारण करते हैं। इनके बाल पीछे लटके रहते हैं और देह सदा अपरिष्कार रहती है। ये न तो अधिक लम्बे और न नाटे ही होते, अथच वलिष्ठ तथा कष्टसहिष्णु होते हैं। स्त्रियां खर्वाकार और देखनेमें कदर्य होती हैं। सम्भ्रान्त महिलाएं पैरसे ले कर घुटने तक पीतलके कड़े पहनती हैं। स्त्रीपुरुष दोनों ही मद्यप्रिय होते हैं। गो और शूकर मांसके सिवा दूसरा मांस खानेमें इन्हें कोई आपत्ति नहीं। किसी भी उत्सवके समय सबोंको प्रचुर मद्य और थोड़ा थोड़ा माँस होना ही चाहिए, अन्यथा कोई उत्सव सुसम्पन्न नहीं होता। मद्य ले कर अनेक समय उत्सवके आमोदमें महाविवादका सूत्रपात और दारुण रक्तपात हो जाता है। यह रणप्रिय जाति सामान्य उत्तेजनासे ही धनुर्वाण ग्रहण करती है। गोहरण तथा स्त्रीहरण होनेसे महाशास्ति देनेके लिए बहुत दिनों तक युद्धविग्रह चलता है। जब कोई भील वाग्‌दत्ता कन्याको ले कर भाग जाता है, तब कन्याके पितृपक्षके साथ दूसरे पक्षका घोर विवाद होता है। जब तक एक पक्षकी निवासभूमि भस्मराशिमें परिणत न होती और बहुत-से मनुष्योंके प्राण नष्ट न हो लेते, तब तक विवादकी शान्ति नहीं होती।

शीत और वर्षाके समय यह जाति बड़ी ही शान्त हो जाती है; किन्तु शस्याहरणके बाद और शस्यवपनसे पहले ग्रीष्मकालमें ये वड़े ही उद्धत स्वभावके होते और नशेमें मस्त हो कर भिन्न भिन्न गांवोंमें जा लूटपाट मचाते हैं। उस समय इस भैरवमूर्त्तिके सामने आना बडा ही दुश्वार हो जाता है। इस समय अनेक ग्राममें भीलगण लेहूकी धारा बहा देते हैं। किन्तु जो व्यक्ति शत्रुका दमन कर जयश्री प्राप्त करता है, भीलसमाजमें वही सम्मानित होता है और रमणी-समाजमें उसीके वीरत्वकी कहानी गाई जाती है। ऐसे वीर पुरुषको पानेकी प्रायः सभी भीलकुमारी इच्छा रखती है।

अनेक समय भीलकुमारीगण २०।२५ वर्ष तक अविवाहिता ही रहती हैं। माता पिता कन्याके विवाहके लिये कोई चेष्टा ही नहीं करते। अगर वे ऐसा करें, तो सभी उस कन्याके चरित्र पर सन्देह डालते हैं। कन्याके पिता या भाई ही घटक होते हैं। अकसर वरपक्षसे ही विवाहका प्रस्ताव उठता है। यदि कन्याके पिता उसे पसन्द कर लेते तो सम्मति दी जाती है। बाद वरके पिता दो वरतनमें मद्य ले कर एक वटवृक्षके नीचे अथवा ग्रामके बीच एक अच्छी जगहमें आ ठहरते हैं, वहीं पर कन्याके पिता और भाई आदि उनसे मिलते हैं। वरके पिता कन्याके पिताको कितना पण देंगे, वह वहीं पर स्थिर होता है। तीस रुपयेसे साठके भीतर ही पण देना पड़ता है। देना पावना चुकाने पर वरका पिता कई एक ढाकके पत्तोंका ठोंगा (पुरिया) बनाता है और उसमें दो आने रख कर उसे मद्य-पात्रके ऊपर ढक देता है। अनन्तर कन्याका भाई अथवा कोई दूसरा वालक पैसेको ले कर उस ठोंगेको उलट देता है।

इस प्रकार 'सगरी' या वाग्दान सम्पन्न होता है। बाद सब कोई पात्रस्थ मद पीते हैं। तदनन्तर कन्याका पिता एक बकरा काट कर वर और उसके पिताको खिलाता है। इसके बाद सभी अपने अपने घर चले जाते हैं।

वाग्दानके ५।६ महीने बाद विवाहका आयोजन होता है। वरकर्त्ता कन्याके लिए एक साड़ी, एक अंगरखा और एक कमरबन्द भेज देता है। कन्या भी उसे पहन कर सबोंको दिखाती फिरती है। कन्याका पिता धनी होनेसे एक भैंसा काटता है अन्यथा एक बकरा, और वर तथा वरपक्षीय एवं ग्रामवालोंको भोज देता है। बाद एक ब्राह्मण चार आने पैसे ले कर विवाहका शुभ दिन स्थिर करता है। वरकर्त्ता कुल रुपयेमेंसे आधा तो नकद और बाकी आधेमें एक बैल अथवा कोई दूसरी चीज कन्याकर्त्ताको देता है। निर्दिष्ट शुभ दिनमें वर उबटन लगा कर बन्धुबान्धव तथा आत्मीय कुटुम्बके साथ कन्याके घरकी ओर यात्रा करता है। कन्याकर्त्ता आत्मीय स्वजन और वाद्यकरादिको साथ ले गांवकी सीमा पर आता है और वरके कपालमें कुंकुमका 'तिलक' लगा कर वर तथा बरातीको सत्कार पूर्वक ले जाता है। गांवमें आ कर सभी एक छायादार वृक्षके नीचे अथवा किसी मनोहर स्थानमें विश्राम करते हैं। अनन्तर कन्याकर्त्ता घर जाता है और वरकर्त्ताको भी उस समय प्रथाके अनुसार कुछ खर्च करना पड़ता है।

विवाहके दिन तीसरे पहरको कन्याके पिताके घर महाभोज होता है। वर-कन्याके विवाहकी पहली रात बितानेके लिए एक स्वतन्त्र गृह निर्दिष्ट रहता है। वर तथा कन्यापक्षीय सभी अतिरिक्त मद्यपानसे मत्त रहते हैं। दूसरे दिन सुबहको कन्याका पिता यौतुक-स्वरूप कन्याको एक बैल अथवा उसके इच्छानुसार द्रव्य देता और वरके पिताको एक पगड़ी दे विदा करता है।

भीलोंके ६० श्रेणी या थोक हैं। अपनी अपनी श्रेणीके मध्य विवाह करना मना है।

इन लोगोंमें मृतकके उद्देश्यसे नाना प्रकारके कुलाचार प्रचलित हैं। स्वाभाविक मृत्यु होनेसे पहले एक सफेद कपड़ा शवके ऊपर ढंक दिया जाता है, उसकी बगलमें मैदा और चीनी दहीमें मिला कर रख देते हैं—यही उनके परलोक-यात्राकी खुराक है। शवदेह जला देनेके बाद वस्त्रादि निकटस्थ जलाशयमें और श्मसानके उद्देश्यसे एक पैसा फेंक दिया जाता है। तीन दिनके बाद चिताभस्मको भी जलमें फेंक देते हैं और मृतके स्मरणार्थ वहीं पर एक पत्थर खड़ा कर देना होता है। मृतकके उपस्थित आत्मीय कुटुम्बगण स्नान करनेके बाद भींगे कपड़ेको निचोड़ कर उसी पत्थर पर जल देते हैं। बारहवें दिन मृतके निकट तथा दूरसम्पर्कीय ज्ञाति कुटुम्बोंको भोज देना होता है। इस दिन कंधकटाओं बिना सिरके भूतोंको खिलाना पड़ता है। इसीलिए इस अन्त्येष्टि क्रियाका नाम है 'काट'। मृतका उत्तराधिकारी अवस्थापन्न होनेसे इस 'काट' के लिए दो तीन सौ रुपयेका मद्य खर्च करता है। इस दिन सुबहसे ले कर प्रायः सारा दिन 'अरद' नामक एक प्रकारका श्राद्धानुष्ठान किया जाता है। भोपा या गांवके डायनझाड़नेवाले ओझा आ कर एक पीढ़ी पर बैठते हैं और सामनेमें रिकाबसे ढंकी हुई मिट्टीकी एक खंजड़ी रखते हैं। दो भील ढाककी लकड़ीसे वह खंजरी बजाते और गाते हैं। इसी तरह बजानेसे भोपा (ओझा) के शरीरमें प्रेतावेश होता है। बाद प्रेतकी जो इच्छा होती है, वही मांगता है। स्वाभाविक मृत्यु होनेसे प्रेत प्रायः घी दूध आदि मांगता और वह जो बात कह कर मरा है, ओझाके मुंहसे वही बातें निकलती हैं।

मांगनेके साथ ही ओझाको वही चीज देनी पड़ती है। ओझा उसे सूंघ कर एक ओर फेंक देता है। किन्तु यदि अपघात या अस्वाभाविक उपायसे किसीकी मृत्यु हुई हो, तो भोपा अकसर तीर धनुक अथवा बन्दूक ही मांग बैठता है। कहीं पर जैसे आग लगाने अथवा महायुद्ध करने चला हो, उसी भावसे भोपा चिल्लाता और इधर उधर दौड़ता है। मृतके पूर्व पितरोंको भोपा आह्वान करता है और उनकी प्रीतिके लिए उपहार देता है। इस प्रकार भोपाके काममें ही सारा दिन बीतता है। सन्ध्याके समय भील-योगी आते और अनेक प्रकारके कौतुक करते हैं। पहले उन्हें बारह सेर आंटा और पांच सेर मकईका मैदा देना होता है। वह सब

मृतककी चारपाईके सामने रखा जाता है । योगी उस मैदे पर पीतलका एक घोड़ा, उसके चारों ओर बहुत-से पैसे और तीर गाड़ देता है। घोड़के सामने दो खाली घड़े जिनमेंसे एकको लाल और दूसरेको सफेद कपड़ेसे ढंक कर रखते हैं और घोड़ेको एक डोरीमें बांध देते हैं। अनन्तर योगी मन्त्रोच्चारण कर मृतकके पूर्व पुरुषोंको बुलाता है । योगीके आदेशानुसार मृतकके वंशधर-पितृपुरुषोंकी परितृप्तिके लिए उपहार दिया जाता है और उस योगीको एक गाय दी जाती है। उसके प्रार्थनानुसार योगी चरु प्रस्तुत कर एक गड़हेमें पितरोंके उद्देशसे दे देता है। बाद उसमें एक पात्र मद्य और एक पैसा दे कर उस गड़हेको बन्द कर देना पड़ता है । अनन्तर मुखाग्निदाता योगीको यथासाध्य उपहार देता है। मृतके आत्मीयगण भी यथाशक्ति मुखाग्निदाताको उपहारादि देते हैं । अन्तमें आत्मीय कुटुम्ब सभी मिल कर प्रचुर मद्यपान तथा नृत्यगीत आरम्भ करते हैं। दूसरे दिन गांववालोंमें भोज होता है। इस महाभोजको सुचारुरूपसे सम्पन्न करनेके लिए आत्मीय स्वजन कोई चावल, कोई घी और कोई अन्य द्रव्य देता है। मृतकके जामाताको एक भैंस देनी पड़ती है। उसके नहीं देनेसे मृतकके शाले या भाईको ही देनी पड़ती है।

मृतककी विधवा पत्नीसे पहले पूछा जाता है, कि तुम स्वामीके घर रहेगी या मैके जायगी अथवा सगाई या दूसरा पति करेगी। जब उसकी पत्यन्तर ग्रहणकी इच्छा रहती है, तब वह पिताके घर ही जाना पसन्द करती है। मृतकके छोटा भाई रहने पर उस विधवाको दूसरेके घर नहीं जाने देता । वह उस विधवाके निकट जाता और अपने कपड़ेसे उसका सिर ढक देता है। तभीसे वह अपने देवरकी स्त्री समझी जाती है और देवर भी उसे आदर पूर्वक अपने घर ले आता है। आठ दिनके बाद अशौच बीत जाने पर वह स्त्री हाथकी चूड़ी या बाला तोड़ डालती है और उसके बदले नवपतिकी दी हुई चूड़ी या बाला पहनती है। तभी 'नातरा' या पुनर्विवाह कहा जाता है। केवल स्वामीका छोटा भाई ही उस विधवाको रख सकता है, सो नहीं। पर मृत भ्राताका पत्नीग्रहण भीलोंमें सम्मानका चिह्न है, इसीलिए अल्पवयस्क देवर भी युवती भाभीको नहीं छोड़ता । देवर नहीं रहनेसे 'काट' समाप्त होनेके आठ दिन बाद, पिता या कोई आत्मीय आ कर विधवाको ले जाता है। दो एक महीने तक वह पिताके घर रहती है, अनन्तर पिताके आदेशानुसार अन्य किसी व्यक्तिके साथ सगाई करती है अथवा वह अपनी इच्छासे किसी युवाके साथ रहती है। भीलगण रमणीकी बड़ी ही कदर करते हैं। सुतरां जिसके घर युवती जाती है वह जीते जी उसका परित्याग नहीं कर सकता। विधवा तो अपने इच्छानुसार जिस किसी पुरुषको वर सकती है, पर पिताकी स्वश्रेणीमेंसे किसीको आत्मसमर्पण नहीं कर सकती।

यदि पिता विधवा कन्याका नातरा या दूसरेके साथ विवाह करा दे, तो विधवाके पूर्व स्वामीके वंशधरका उसके पिताके साथ विवाद खड़ा होता है और वह क्षतिपूर्त्ति मांगता है। पहले ही विधवाके पिता पर आक्रमण करता और उसका घर जला देता है। अनन्तर पञ्चायत बैठती है और उसके आदेशानुसार कन्याके पिताको ५० से २०० रुपये तक उत्तराधिकारीको देना पड़ता है। इधर विधवाका पिता 'नात' कारी जामातासे इस क्षतिपूरणके रुपयेका दावा करता है। इस पर यदि वह रुपये देनेमें आनाकानी करता है, तो पिता उस जामाताका घर जला देता है। जब तक पिता रुपये पा कर सन्तुष्ट नहीं होता तब तक घोरतर विवाद चलता रहता है—यहां तक, कि दोनों दलमें खून खराबी भी हो जाती है। किन्तु विधवा पिता अथवा आत्मीयकी सम्मति न ले कर यदि किसी अन्य पुरुषके पास चली जाय, तो मृतका उत्तराधिकारी उस पुरुष पर आक्रमण और उसीसे रुपये वसूल करता है।

यदि कोई अविवाहिता अदत्ता कन्या किसीके प्रेममें फंस जाय, तो तुरत ही उसके पिता या आत्मीय स्वजन इसका पता लगाते हैं—पता लगने पर उस युवकका फिर निस्तार कहां! कन्याका आत्मीय स्वजन उस पर आक्रमण करते और उसके घरमें आग लगा देते हैं। कभी कभी गांवके दूसरे घर भी

जलाये जाते हैं। इस पर ग्रामवासी भी इसका बदला चुकानेके लिए कमर कसते हैं। इसी तरह कुछ दिन तक दोनों दलमें भारी विरोध चलता है। अन्तमें पञ्चायत कायम होती है और वह पंचायत कन्याहरणकारीको लगभग एक सौ रुपये तक जुर्माना कर विवाद मिटा देती है। निष्पत्तिके समय पहले जमीनमें एक गड्हा खोदते हैं जिसमें जल भर दिया जाता है। बाद कन्याका पिता और पति दोनों ही उसमें एक-एक पत्थर फेंकते हैं और उसी समय झगड़ा तय लग जाता है। अन्तमें पञ्चायत उस जामाताके खर्चसे अपना पेट भरती है और मद्यपान कर सभी अपना अपना घर चले जाते हैं।

यदि कोई वाग्दत्ता कन्या किसी दूसरे पुरुषके साथ भाग जाय, तो जिसके साथ उसके विवाहकी पहले बातचीत हुई थी वह भावी पति तुरत ही तीर धनुक ले कर उस कन्याहरणकारीको मार डालता और उसका तथा कन्याके पिताका घर जला देता है। दोनों दलमें वर्षों तक विवाद चलता है। यहां तक, कि उभय पक्षीय ग्रामवासी सभी भील इकट्ठे हो कर परस्परमें ही एक दूसरे पर आक्रमण करते हैं। दोनों दलके बहुत-से मनुष्य मारे जाने पर वह विद्वेषवह्नि निर्वापित होती है। फिर भी, यदि कोई युवा किसी भीलकुमारीके रूप पर मुग्ध हो कर उसकी कामना करे और वह कुमारी यदि उसके साथ विवाह करनेमें राजी न हो, तो वह युवक गांवोंमें यह घोषणा करता है, 'मैंने अमुक कुमारीका पाणिग्रहण किया है और अब कौन अभागा उसे ले सकता है?' तब पञ्चायत बैठती है और इसका विचार होता है। कुमारी यदि विवाह करनेमें राजी होती है, तो पहले जो रुपये लगते, अभी उससे दूना पण ले कर कन्याका पिता उसी युवकके साथ कन्याका विवाह कर देता है।

यदि किसीकी स्त्री पतिका परित्याग कर अन्यत्र जा परपुरुषके साथ सहवास करे, तो उसके पति और पतिके बन्धुबांधवोंके क्रोधकी सीमा नहीं रहती। वे सबके सब मिल कर जिस गांवमें वह परस्त्रीगामी रहता है, उस गांवके सब घरोंको जला देता है। इस समय भी पञ्चायत बैठती है। विचारके समय पञ्चायतकी परितृप्तिके लिए परस्त्रीगामीको प्रचुर मद्यके साथ उपस्थित होना पड़ता है। पतिको अकसर स्त्री मिल जाती है; किन्तु वह परपुरुषकी औरसजात सन्तानको ग्रहण नहीं करता। जिसके औरससे वह पुत्र उत्पन्न हुआ है, वह उसीका पुत्र माना जाता है। यदि वह पुरुष उस प्रणयिणीको छोड़ना न चाहे, तो उसके पतिको लगभग दो सौ रुपये क्षतिपूर्त्ति-स्वरूप देने पड़ते हैं।

मृतपुरुषके स्मरणके लिए भीलगण एक प्रस्तर फलक प्रस्तुत करते हैं, उस फलकके हाथमें तलवार और बरछा ढाल सुशोभित एक अश्वारोहीकी मूर्त्ति बनाई जाती है—कभी कभी तलवार कवच-भूषित पदातिक मूर्त्ति भी देखी जाती है। जब किसी बालककी मृत्यु होती है, तब उसके स्मारक प्रस्तरफलकमें मनुष्यमूर्त्तिके बदले एक वृहदाकार चक्रधर सर्पमूर्त्ति अङ्कित होती है। मृत स्त्रियोंके लिए कोई मूर्त्ति नहीं बनाई जाती। गोके सिवा अन्य किसी भी पशुका मांस भीलगण अखाद्य नहीं मानते—यहां तक, कि मरे हुए ऊंटका मांस भी ये खानेसे बाज नहीं आते हैं। इनके कोई याजक या पुरोहित नहीं होता। जो अत्यन्त निम्न श्रेणीका ब्राह्मण है, वही इसका गुरु होता है। गुरु किसीको अपना चेला नहीं बनाते हैं, वे पुत्रपौत्रादिक्रमसे गुरु बनाते हैं। प्रधान गुरुकी आख्या है "कमरिय"। माताजी तथा देवीभवानी इनके प्रधान उपास्य देवता हैं। इनके मध्य अग्रु तथा गुगाजी नामक चौहान वीरकी पूजा भी प्रचलित देखी जाती है। गुगाजीकी भी कभी अश्वारोही और कभी सर्पमूर्त्तिकी पूजा होती है।

युक्तप्रदेश और बम्बईप्रदेशके भी किसी किसी जिलेमें भील देखनेमें आते हैं। ये राजपूतानेके मरुभूमि या पर्वतवासी भीलकी अपेक्षा बहुत कुछ शान्त या शिष्ट हैं। सभी वनसे लकड़ी तोड़ कर बेचते हैं। युक्तप्रदेशके भीलोंका कहना है, कि रोहिलखण्डमें उनके पूर्वपुरुष राज्य करते थे, राजपूतोंने उन्हें वहांसे भगा कर अपना अधिकार जमाया है। अहमदनगर और नासिकवासी भीलोंका आचार-व्यवहार ठीक मराठी कुनबियों-सा है,—वे ग्राम्य महत्तरके ही आज्ञानुवर्त्ती हैं। अपराधीके दण्डविधान तथा सामाजिक विवादकी मीमांसा

इत्यादि इसी महत्तरके हाथ है। ये सब हिन्दू देवदेवियोंको ही मानते हैं। महाराष्ट्र अञ्चलमें इनकी गिनती कुनबी जातिकी अपेक्षा निम्नश्रेणीमें है। मेवाड़के भीलोंमें रुद्र तथा कालीकी भीषण मूर्त्तिकी पूजा, पशुबलि और सुविधानुसार नरबलि भी प्रचलित है। राजपूतानेके किसी किसी स्थानमें 'पुलिन्ददेव' नामक इनके प्रधान उपास्य देवताकी प्रतिमा देखनेमें आती है। भीलोंके सरदार नायक या नायकड़ा नामसे परिचित हैं।

भील (हिं० स्त्री०) तालकी वह सूखी मिट्टी जो प्रायः पपड़ीके रूपमें हो जाती है।

भीलगढ़—मध्यभारतके ग्वालियर राज्यान्तर्गत एक नगर।

भीलड़ागढ़—गुजरातके अन्तर्गत एक प्राचीन नगर। यहां कच्छवाहा भीलोंकी राजधानी थी। किसी किसीका कहना है, कि भीलड़ीय वघेलोंने यहां अधिकार जमाया था। बाद यहां डाभीशाखाभुक्त राजपूतजातिकी प्रतिष्ठा हुई।

भीलवाड़ा—मध्यभारतके अन्तर्गत एक भूभाग। यह कई एक सामन्तराज्योंसे बना है। यही अङ्गरेजराज-निर्दिष्ट भील या भोपावर एजेन्सी है। भारतराज प्रतिनिधिके अधीन एक राजकीय कर्मचारी इसकी देख रेख करते हैं।

बिन्ध्यपर्वतके उत्तर स्थित यह पार्वत्य भूभाग धर, भक्तगढ़, झबुआ, अलीराजपुर, जोबाट, काठियावाड़, रत्नमल्ल, मठवार, दाही, निमखेरा, बडाबखेरा, छाटा बर्खेरा, कच्छी बरोदा, धाता, मूलतान, धनगांव और काली-बावरी नामक १७ सामन्त राज्य मिला कर बना था। पीछे वर्वाणी, यमुनिया, राजगढ़, कोटहिंदे, गढ़ही, छाटा कसराबाद, चिकितियावाड और भरुदपुर सामन्तराज्य तथा होलकर, सिन्ध और अङ्गरेजाधिकृत कई एक जिले उसमें मिलाये गए हैं। ये सब पहले भीलवाड़ाके अधीन (Deputy *B*hil Agency) थे। यहांके अधिवासी अकसर हिंदू ही हैं।

भीलबाड़ी—बम्बईप्रदेशके सतारा जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह कृष्णा नदीके बाएं किनारे बसा है।

भीला—दक्षिण ब्रह्मके मर्त्तवान उपसागरस्थित एक क्षुद्र द्वीप। यहांकी बौद्धकीर्त्ति और पगोदा (मन्दिर) समूह सम्राट् अशोककी कीर्त्ति कह कर प्रसिद्ध है।

भीलभूषण (सं० स्त्री०) भूषयतीति भूष कर्त्तरि ल्यु, टाप् भीलानां भूषण। गुञ्जा, घुंघची।

भीलु (सं० त्रि०) बिभेतीति भी-क्रु। भयशील, डरपोक।

भीलुक (सं० पु०) बिभेतीति भी-(भियः क्रुक्लुकनौ। पा ३।२।१७४) १ भीरु, भयशील। २ भल्लुक, भालू।

भीषक (सं० त्रि०) भीषयते भी-णिच् षुक् ण्वुल्। भयकारक, भयंकर।

भीषटाचार्य—एक आयुर्वेदशास्त्रके प्रणेता। रघुनन्दनने मलमासतत्त्वमें इनका नामोल्लेख किया है।

भीषण (सं० पु०) भीषयते इति भी-णिच् (भियो हेतु भये षुक्। पा ७।३।४०) इति षुक्, भीषिधातुस्ततो नन्द्यादित्वात् ल्यु। १ भयानक रस। (साहित्य) २ कुन्दुरुक, कुंदरू। ३ कपोत, कबूतर। ४ हिन्ताल, एक प्रकारका ताल वृक्ष। ५ शिव। ६ शल्लकी, सलई। ७ ब्रह्मा। (त्रि०) ८ भयानक, डरावना। ९ जो बहुत उग्र या दुष्ट हो।

भीषणक (सं० त्रि०) भयोत्पादक, डरावना।

भीषणता (सं० स्त्री०) भीषण होनेका भाव, डरावनापन

भीषणी (सं० स्त्री०) सीता की एक सखीका नाम।

भीषा (सं० स्त्री०) भी-णिच, युक अङ्। १ भयप्रदर्शन, डर दिखलाना। २ भय, डर।

भीषिदास (सं० पु०) लक्ष्मीदासके पुत्र। आप गीत गोविन्द टीका-प्रणेता नारायणके प्रतिपालक थे।

भीष्म (सं० त्रि०) बिभेत्यस्मादिति भी-मक् (भियः युग् वा उणा् १।१४७) इति-मक् वा षुगागमश्च। १ भयानक। (पु०) २ भयानक रस। ३ शिव। ४ राक्षस। ५ गाङ्गेय, शान्तनुराजपुत्र। इनका उत्पत्तिविवरण महाभारतमें इस प्रकार लिखा है,—

महाराज शान्तनुने गङ्गाको ब्याहा। बाद गङ्गाने शान्तनुसे इस प्रकार प्रतिज्ञा कराई, "मैं शुभ या अशुभ जो काम करूं उसमें आप मुझे हस्तक्षेप या अप्रिय वाक्य नहीं कह सकते। अगर कहें तो मैं पुनः अपने स्थान पर चली जाऊंगी।" इस प्रकार प्रतिज्ञाबद्ध हो दोनों सुखपूर्वक समय व्यतीत करने लगे। क्रमशः शान्तनुके औरस और गङ्गाके गर्भसे आठ पुत्र उत्पन्न हुए।

जिस समय जो पुत्र जन्म ग्रहण करता था, गङ्गा उसी समय उसको जलमें फेंक देती थीं। इस प्रकार उन्होंने सात पुत्र फेंक डाले। इस पर राजा शान्तनु बड़े ही दुःखित हुए। किंतु गङ्गा चली जायंगी, इस डरसे वे उन्हें कुछ कह भी नहीं सकते थे। अनन्तर आठवां पुत्र उत्पन्न हुआ। राजाने दुःखित हो कर अपने पुत्रको रक्षाके लिए गङ्गासे कहा, 'हे निष्ठुरे! पुत्रहत्या मत करो। तुम बड़ी ही निर्दयी हो—तुम कौन और किसकी कन्या हो?' यह सुन कर गंगाने उत्तर दिया 'राजन्! तुम्हारे पुत्रकी हत्या न करूंगी, तुमने जो प्रतिज्ञा की थी वह आज भङ्ग हुई, सुतरां मैं अब क्षण भर भी तुम्हारे साथ नहीं ठहर सकती। मैं जह्नुकी कन्या गङ्गा हूं, देवकार्य-सिद्धिके लिए मैंने तुम्हारे साथ सहवास किया था। तुम्हारे पुत्रगण महातेजा अष्टवसु थे, उन्होंने वशिष्ठके शापसे मनुष्य होकर जन्म लिया था। वसुओंके साथ मेरी यही प्रतिज्ञा थी, कि उनके जन्म लेते ही मैं उन्हें मानव जन्मसे मुक्त करूंगी। यही कारण है, कि मैंने उन्हें जलमें फेंक डाला। अब तुम अपने पुत्रका पालन करो। मैंने पहले ही तुम्हारे लिए वसुओंसे प्रार्थना की थी। इस पर उन्होंने कहा था,—केवल द्यु नामक वसु ही कर्मदोषसे बहुत दिन तक मनुष्यलोकमें वास करेंगे। अतएव यह वही द्यु वसु हैं, तुम्हारे पुत्ररूपमें उत्पन्न हुए हैं। ये कभी भी विवाह न करेंगे—ये धर्मात्मा, दृढ़प्रतिज्ञ तथा सर्वशास्त्रविशारद हो कर सर्वदा तुम्हारे प्रियानुष्ठानमें ही नियुक्त रहेंगे।'

इतना कह कर गङ्गा अन्तर्द्धान हो गईं। शान्तनुने पुत्रका नाम देवव्रत तथा गाङ्गेय रखा। धीरे धीरे देवव्रत पिताकी अपेक्षा सभी विषयोंमें विचक्षण निकले इस समय विद्यायशोगौरव या धनुर्वेदादिमें कोई भी इनकी बराबरी नहीं कर सकता था। राजा शान्तनु एक दिन यमुनाके किनारे गये और वहां एक दासकन्या पर उनकी दृष्टि पड़ी। कन्याकी देहसे लगभग एक योजन तक कमलकी-सी गन्ध निकलती थी। राजा उस अनुपम रूप लावण्यवती दासकन्याको देख कर काममोहित हो गए और उससे विवाह करनेके लिये उसके पितासे अपना अभिप्राय प्रकट किया। इस पर कन्याका पिता राजी हो गया। उसने कहा, "महाराज! आपको कन्या देनेमें मुझे कोई आपत्ति नहीं, किंतु पहले आपको इस प्रकार एक प्रतिज्ञा करनी होगी कि, 'मेरी कन्याके गर्भसे आपके यदि कोई पुत्र उत्पन्न होगा, तो सर्व प्रथम उसीको आप अपना राजसिंहासन प्रदान करें—आप अन्य पुत्रको राज्य पर अभिषिक्त नहीं कर सकते।"

राजा सहसा प्रतिज्ञापाशमें आबद्ध न हो कर भग्नमनोरथ हो घर लौटे। अनन्तर देवव्रतने यह सुनते ही दासराजाके पास जा कर प्रतिज्ञा की, 'मैंने आजसे जीवन पर्यन्त ब्रह्मचर्य अवलम्बन किया—मैं पुत्रहीन हो कर भी स्वर्गप्राप्त करूंगा। इस कन्याके गर्भजात पुत्र ही राजा होंगे।' देवव्रतकी ऐसी भीषण प्रतिज्ञा सुन कर आकाशसे देवतागण उनके ऊपर पुष्पवर्षण करने लगे। देवव्रतने अपनी सुदृढ़ प्रतिज्ञाका पालन किया था, इस कारण वे भीष्म नामसे विख्यात हुए। भीष्मने सत्यवतीको ला कर पिताको समर्पण किया। शान्तनुने भीष्मका किया हुआ यह दुःसाध्यकर्म सुन कर उन्हें इच्छामृत्युका वर दिया। इस भार्यासे शान्तनुके चित्राङ्गद तथा विचित्रवीर्य नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। शान्तनुकी मृत्युके बाद चित्राङ्गद राजतख्त पर बैठे। ये गंधर्वसे मारे गए और भीष्मने उनको अन्त्येष्टिक्रिया कर विचित्रवीर्यको कुरुराज्य पर अभिषिक्त किया।

भीष्म माता सत्यवतीके आदेशानुसार राज्यपालन करने लगे। बालक विचित्रवीर्य नाममात्रको राजा रहे। अनन्तर भीष्म काशीराजकन्याकी स्वयम्बरसभामें जा कर वहांसे अम्बा, अम्बिका और अम्बालिका नामक तीन कन्याओंको बलपूर्वक हरण कर अपने देशमें ले आये। उनमेंसे अम्बा भगदत्तके प्रति अनुरक्त थी, अतः उन्हें छोड़ कर शेष अम्बिका और अम्बालिका नामक दो कन्यासे विचित्रवीर्यका विवाह हुआ। विचित्रवीर्य पुत्रक अवस्था हीमें करालकालके शिकार बने। अनन्तर सत्यवतीने पुत्रशोकसे कातर हो दोनों पुत्रवधूके साथ विचित्रवीर्यकी अन्त्येष्टिक्रिया समाप्त कर भीष्मसे कहा, 'पुत्र! राजा शान्तनुका वंश, कीर्त्ति तथा पिण्ड सिर्फ तुम पर ही निर्भर है। तुम सर्व शास्त्रपार-

दर्शी हो, अतः मैं तुमसे अत्यन्त आश्वासयुक्त हो तुम्हें किसी कार्यमें नियुक्त करूंगी। आशा है, तुम इसमें असहमत न होगे। तुम्हारा प्रिय भ्राता मेरा पुत्र विचित्रवीर्य अपुत्रक अवस्थामें ही इस लोकसे चल बसा है। तुम्हारी भ्रातृजाया रूपयौवनसम्पन्ना तथा शुभलक्षणा हैं। ये पुत्रकामा हुई हैं। अतएव तुम मेरी वंश-परम्पराकी रक्षाके लिए मेरे नियोगानुसार इन दो स्नुषासे पुत्रोत्पादन कर धर्म-रक्षा करो और पितृराज्यमें अभिषिक्त हो कर धर्मानुसार राजकाज चलाओ।'

भीष्मने माता सत्यवतीकी यह बात सुन कर कहा, "मातः! आपने जो कुछ कहा, वह निःसन्देह युक्तिसङ्गत है। किन्तु मैंने जो प्रतिज्ञा की है, उसे आप भले प्रकार जानती हैं—यह प्रतिज्ञा केवल आपके लिए ही की गई थी। अब भी मैं उस सत्यको अक्षुण्ण रखनेके लिए प्रतिज्ञा करता हूं, कि मैं त्रैलोक्यका परित्याग कर सकता हूं—देवलोकका राजत्व छोड़ सकता हूं अथवा इससे भी जो अधिक हो सके उसे भी छोड़ सकता हूं पर सत्यको कभी भी नहीं छोड़ सकता। देवगण किंवा धर्मराज धर्मका भले ही त्याग कर दें पर मैं कदापि सत्यपथसे न डिगूंगा। आप धर्मके प्रति दृष्टि रखें हम सबोंको विनष्ट न करें। क्षत्रियका असत्याचरण नितान्त निन्दनीय है, अतएव मेरे द्वारा यह कार्य कदापि सम्पन्न न होगा। आप किसी विशुद्ध ब्राह्मणको नियोग कर यह कार्य सम्पादन करें।' सत्यवतीने भीष्मको इस प्रकार दृढ़प्रतिज्ञ देख कर उनसे और अनुरोध न किया। उन्होंने वेदव्यास द्वारा अम्बिका तथा अम्बालिकासे यथाक्रम धृतराष्ट्र और पाण्डु नामक दो पुत्र उत्पादन कराये। पाण्डुके पांच और धृतराष्ट्रके सौ पुत्र हुए। भीष्मने सबोंका प्रतिपालन किया था।

भीष्मने तीर्थभ्रमणके समय महर्षि पुलस्त्यसे अनेक उपदेशलाभ तथा भगवान् चित्रगुप्तकी पूजा द्वारा क्षत्रियोंका कर्त्तव्य-व्रत समाप्त किया था। कुरु-पाण्डवके युद्धमें इन्होंने कौरवपक्षका अवलम्बन कर यह प्रतिज्ञा की थी, कि मैं प्रति दिन दश हजार शत्रुसेनाका संहार करूंगा। भीष्म अपने प्रतिज्ञानुसार दश दिन तक घोरतर युद्ध कर अन्तमें अर्जुनसे आहत हो शरशय्या पर पड़ रहे—किन्तु उस समय दक्षिणायन होनेके कारण इन्होंने प्राणत्याग न किया। कुरुपाण्डवोंका युद्ध समाप्त होने पर युधिष्ठिरने इनसे धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्षविषयके अनेक उपदेश सीखे थे। ऐसा कोई भी दुरूह विषय न था जिसे भीष्मने युधिष्ठिरसे न कहा हो। समस्त शान्तिपर्वमें यही उपदेश वर्णित है। अनन्तर सूर्यकी गति उत्तरायण होने पर माघ महीनेकी शुक्लाष्टमीको भीष्मने प्राणत्याग किया। (महाभारत)

भीष्मक (सं० पु०) विदर्भाधिपति एक राजा। आप श्रीकृष्ण महिषी रुक्मिणीके पिता थे। (हरिवंश ९१ अ०)
रुक्मिणी देखो।

भीष्मकसुता (सं० स्त्री०) श्रीकृष्णकी स्त्री रुक्मिणी।

भीष्मकेशव (सं० पु०) काशीस्थित केशव मूर्त्तिभेद। (काशीख० ३३ अ०)

भीष्मगन्धक (सं० पु०) माधवीलता।

भीष्मगर्जित-घोषस्वरराज (सं० पु०) बुद्धभेद।

भीष्मजननी (सं० स्त्री०) भीष्मस्य जननी माता। गङ्गा।

भीष्मपञ्चक (सं० क्ली०) भीष्मेण कृतमुपदिष्टं वा पञ्चकम्। १ एकादशीसे ले कर पूर्णिमा तक पांच तिथि। इसे बकपञ्चक भी कहते हैं। २ इन पांच तिथियोंमें कर्त्तव्य व्रतभेद। इस व्रतके विधानके विषयमें गरुड़पुराणमें इस प्रकार लिखा है,—कार्त्तिकमासमें शुक्लपक्षकी एकादशीसे ले कर पूर्णिमा तक प्रतिदिन प्रातःकाल यथाविधि प्रातःकृत्यादि समाप्त कर कुरुपितामह भीष्मका तर्पण करना चाहिए। भीष्मतर्पणके बाद पितृपितामहोंका तर्पण कर भीष्मको निम्नोक्त मन्त्रसे अर्घ्य देना उचित है। मन्त्र यथा—

"वसूनामवताराय शान्तनोरात्मजाय च।
अर्घ्यं ददामि भीष्माय आजन्म ब्रह्मचारिणे॥"

उक्त पांचों दिन नियमपूर्वक रहना चाहिए। जो इस प्रकार नियम कर इस व्रतका अनुष्ठान करते हैं, उन्हें अनायास स्वर्ग प्राप्त होता है। गरुड़पुराणके १२३ अध्यायमें तथा हरिभक्तिविलासके १६वें विलासमें इसका विस्तृत विवरण लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ नहीं दिया गया। उक्त पांचों दिन

मांस मछली नहीं खानी चाहिए। कार्त्तिकमासमें आमिष खाना बिलकुल मना है। कोई अपारग हो कर कार्त्तिकमासमें आमिष भोजन कर सकता है पर उक्त पांचों तिथिमें भूल कर भी न करे।

"एकादश्यादिषु तथा तासु पञ्चसु रात्रिषु।
दिने दिने च स्नातव्यं शीतलासु नदीषु च॥
वर्जितव्या तथा हिंसा मांसभोजनमेव च।"

(कृत्यतत्त्व कार्त्तिककृत्य)

प्रवाद है, कि कार्त्तिकमासमें उक्त पांचों दिन बगला भी आमिष भोजन नहीं करता, इसीलिए इन पांच तिथिको वकपञ्चक भी कहते हैं।

उक्त पांचों दिन विष्णु भगवान्‌के उद्देशसे पूजा, जप तथा होमादि करना बड़ा ही पुण्यजनक है।

भीष्मपितामह—भीष्म देखो।

भीष्ममणि (सं॰ स्त्री॰) हिमालयके उत्तरमें मिलनेवाला एक प्रकारका सफेद रंगका पत्थर या मणि। इसे धारण करनेसे शुभ होता है। भीष्मरत्न देखो।

भीष्ममिश्र—१ खण्डनप्रणेता। २ एक मैथिली पण्डित। इन्होंने कुमारसम्भवटीका, गीतशङ्कर और वृत्तदर्पण नामक ग्रंथ लिखे हैं।

भीष्मरत्न (सं॰ क्ली॰) भीष्मं भयानकं रत्नं दुर्लभत्वात्। हिमालयके उत्तर प्रदेशमें होनेवाला शुक्लवर्णका प्रस्तर। भीष्मरत्नकी उत्पत्ति तथा परीक्षादिका विषय गरुड़पुराणमें इस प्रकार लिखा है,—

हिमालयके उत्तर प्रदेशमें यह मणि पाई जाती है। इसका वर्ण दूधसे भी ज्यादा सफेद होता और यह एक प्रकारके विषपत्थरमें गिना जाता है।

हिमालयके उत्तर प्रदेशमें देवद्वेषी असुरका वीर्य गिर पड़ा था। उसीसे उस देशमें भीष्मरत्नकी खान निकली है। यह रत्न कुछ तो शुभ्र वर्ण शङ्ख तथा पद्म तुल्य आभाविशिष्ट, अमलतास फूलके जैसा चमकीला और कुछ हीरकके समान प्रभायुक्त होता है।

जो भक्तिपूर्वक हिमालयदेशोत्पन्न विशुद्ध भीष्मरत्न गलेमें धारण करते हैं, उन्हें सब समय सब प्रकारकी सम्पत्ति लाभ होती है। विशेषतः यह मणिधारण करनेसे पृथिवी पर जितने प्रकारके विषय हैं उनके दोष जाते रहते हैं। भीषण अरण्यचर हिंस्र जंतु इस मणिको देख कर डरते हैं। जिसके पास यह मणि रहती है, हिंस्र जन्तु उसके निकट नहीं जा सकते। भीष्मरत्नके धारण करनेवालोंको किसी प्रकारका डर नहीं होता। गुणयुक्त भीष्ममणि तीन अंगुलियोंमें धारण कर पितृलोकके उद्देशसे तर्पण करनेसे वे बहुत दिनों तक तृप्त रहते हैं। इस मणिसे सर्प, वृश्चिक, अण्डज तथा चूहेका विष नष्ट होता है और भयङ्कर जल, शत्रु, अग्नि तथा चोरका बिलकुल भय नहीं रहता।

निन्दितमणि—शैवाल वर्ण, वक वर्ण, कर्कश, पीताभ, निष्प्रभ, मलिन तथा विवर्ण भीष्मरत्न निन्दित हैं। ऐसा भीष्मरत्न धारण करनेसे पद पदमें अनिष्ट होता है। विज्ञ व्यक्तिगण देश, काल और पात्रकी विवेचना कर मूल्यावधारण करें। दूरोत्पन्न होनेसे कुछ अधिक और समीपोत्पन्न होनेसे उससे कुछ कम मूल्य समझना चाहिए।

भीष्मसू (सं॰ स्त्री॰) भीष्मं सूते प्रसूते इति क्विप्। गङ्गा।

भीष्मस्तवराज (सं॰ पु॰) भीष्मदेवकृत श्रीकृष्णस्तव। महाभारतके भीष्मपर्व ४७वें अध्यायमें यह स्तव है।

भीष्मस्वरराज (सं॰ पु॰) बुद्धभेद।

भीष्माष्टमी (सं॰ स्त्री॰) भीष्मस्य अष्टमी, वा भीष्मनाशिका अष्टमी। माघ मासकी शुक्लाष्टमी। इस दिन भीष्मदेवने प्राण त्याग किया था, इसीलिए यह तिथि भीष्माष्टमी नामसे प्रसिद्ध हुई। भीष्मने आजीवन ब्रह्मचर्यका अवलम्बन कर प्राण छोड़ा था, इसीलिए भीष्माष्टमीके दिन सबोंको भीष्मके उद्देशसे तर्पण करना चाहिए। इस तिथिको उनका तर्पण करनेसे सम्वत्सरकृत पाप तत्काल विनष्ट होता है।

"शुक्लाष्टम्यान्तु माघस्य दद्याद् भीष्माय यो जलम्।
सम्वत्सरकृतं पापं तत्क्षणादेव नश्यति॥"

(तिथितत्त्व)

भीष्म क्षत्रिय थे, तथापि ब्राह्मणोंको उनके उद्देशसे तर्पण करना चाहिए। यदि कोई ब्राह्मण अपनेको वर्णश्रेष्ठ समझ भीष्मतर्पण न करें, तो उनका सम्वत्सरकृत पुण्य समूह बहुत जल्द विनष्ट होता है।

"ब्राह्मणाद्यास्तु यो वर्णा दद्युर्भीष्माय नो जलम् ।
संवत्सरकृतं पुण्यं तत्क्षणादेव नश्यति ॥" (तिथितत्त्व)

तर्पण करना सबोंका नित्य कर्त्तव्य है। किसी किसीका मत है, कि प्रति दिन तर्पणके समय भीष्मका तर्पण करना चाहिए। किन्तु विशेषरूपसे जाना गया है, कि भीष्माष्टमीमें भीष्मतर्पण अवश्यकर्त्तव्य है। प्रति दिन भीष्मतर्पण नहीं करनेसे बड़ा भारी दोष होता है।

ब्राह्मणको पितृतर्पण करनेके बाद भीष्मतर्पण करना चाहिये। किन्तु क्षत्रियादि वर्ण पितृतर्पण करनेके पहले ही ऐसा करें। तर्पण मन्त्र—

"वैयाघ्रपद्यगोत्राय साङ्कृतिप्रवराय च ।
अपुत्राय ददाम्येतं सलिलं भीष्मवर्मणे ॥
भीष्मः शान्तनवो वीरः सत्यवादी जितेन्द्रियः ।
आभिरद्भिरवाप्नोतु पुत्रपौत्राचितां क्रियाम् ॥

(तिथितत्त्व)

जो प्रतिदिन तर्पणके साथ साथ भीष्मतर्पण करते हैं, उनके सभी दोष दूर हो कर सुकृत होते हैं।

भुँइ (हिं० स्त्री०) पृथ्वी, भूमि ।

भुँइघरा (हिं० पु०) भुँइहरा देखो ।

भुँइफोर (हिं० पु०) वर्षाकालमें तालाबके आस पास मिलनेवाली एक प्रकारकी खुंभी । लोग इसे तरकारी बना कर खाते हैं।

भुँइयां—स्वनामख्यात भारतवासी जातिविशेष ।

मूँईया देखो ।

भुँइहरा (हिं० पु०) १ वह स्थान जो भूमिको खोद कर बनाया गया हो। २ पृथ्वीके नीचे बना हुआ कमरा, तहखाना ।

भुंगाल (हिं० पु०) तुरुही वा भोंपा । इसके द्वारा सैनिक नावों पर अध्यक्ष अपनी आज्ञाकी घोषणा करता है।

भुँजना (हिं० क्रि०) १ भूननेका अकर्मक रूप, भूना जाना । २ झुलसना ।

भुँडली (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका कीड़ा । इसे पिल्ला भी कहते हैं। इसके शरीर पर बाल होते हैं जो स्पर्श होते ही शरीरमें चुभ जाते हैं जिससे खुजलाहट होती है।

भुँडा (हिं० वि०) बिना सींगका, जिसके सींग न हों

भुँडी (हिं० स्त्री०) मूँछहीन एक प्रकारकी छोटी मछली। यह गिरईकी जातिकी होती है। गंवारोंका विश्वास है, कि इसके खानेसे खानेवालेको मूँछ नहीं निकलती ।

भुआ (हिं० पु०) सेमर आदिकी रुई जो फलके भीतर भरी रहती है और डोडेके सूखने पर बाहर निकलता है।

भुआल (हिं० पु०) राजा ।

भुंइआंवला (हिं० पु०) एक प्रकारकी घास। यह वर्षाकालमें प्रायः घरोंके आस पास उगती है ।

विशेष विवरण भूम्यामलकी शब्दमें देखो।

भुइकाँड़ा (हिं० पु०) एक प्रकारकी घास । इसकी पत्तियां लहसुनकी पत्तियोंसे चौड़ी होती हैं। इसकी जड़में प्याजकी तरह गोल गांठे पड़ती हैं। यह समुद्रके किनारे या जलाशयोंके पास होता है। इसमें लंबे फूल लगते हैं। इस घासका दूसरा नाम सफेद खस भी है।

भुइंडोल (हिं० पु०) भूकम्प, भूचाल ।

भुइंतरव (हिं० पु०) सनायकी जातिका एक पेड़। इसकी पत्तियां सनायके नामसे बाजारोंमें बिकती हैं। इसका पेड़ चकवंडसे मिलता जुलता है ।

भुइंदग्धा (हिं० पु०) १ वह कर जो भूमि पर चिता जलानेके लिये मृतकके सम्बन्धियोंसे लिया जाता है। २ वह कर जो भूमिका मालिक किसी व्यवसायीसे व्यवसाय करनेके लिये ले ।

भुइंधरा (हिं० पु०) आवां लगानेकी वह रीति वा ढंग जिसके अनुसार बिना गड्ढा खोदे ही भूमि पर बरतनों वा अन्य पकानेकी चीजोंको रख कर आग सुलगा देते हैं।

भुइंनास (हिं० पु०) १ किसी वस्तुके एक छोरको भूमिमें इस प्रकार दबा कर जमाना कि उसका कुछ अंश पृथ्वीके भीतर गड़ जाय। २ अनार। ३ बिना जड़का एक छोटा पौधा। यह प्रायः खेतोंमें उगता है। ४ किवाड़ोंकी सिटकिनी जो नीचेकी ओर पत्थरके गड्ढेमें बैठती है।

भुइंहार (हिं० पु०)) मिरजापुर जिलेके दक्षिण भागमें रहनेवाली एक अनार्य जाति । भूमिहार देखो ।

भुईं (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका कीड़ा । इसका दूसरा नाम पिल्ला भी है। भुँडली देखो ।

भुक (हिं० पु०) १ भोजन, खाद्य। २ अग्नि, आग।

भुकरहेरी—युक्तप्रदेशके मुजफ्फरनगर जिलान्तर्गत एक नगर।

भुक्कभूपाल (सं० पु०) दाक्षिणात्यके एक राजा।

भुक्खड़ (हिं० वि०) १ जिसे भूख लगी हो, भूखा। २ दरिद्र, कंगाल। ३ वह जो बहुत खाता हो और जिसे प्रायः भूख लगी रहती हो, पेटू।

भुक्त (सं० त्रि०) भुज-कर्मणि क्त। १ भक्षित, जो खाया गया हो। २ उपभुक्त, भोगा हुआ। भावे क्त (क्ली०) ३ भक्षण, खाना। ४ कृतभोग, वह जिसका भोग हो चुका हो। ग्रहोंकी स्फुट गणनामें भुक्त और भोग्यको स्थिर करके गणना करनी होती है।

भुक्ततिथि (सं० स्त्री०) वह तिथि जिसके अवस्थानकाल-का क्षय हुआ हो।

भुक्तपूर्वी (सं० त्रि०) पूर्वमनेन भुक्तं (सपूर्वा च्चा। पा ५।२।८७) इति इनि। पूर्वभुक्त वस्तु।

भुक्तभोग (सं० त्रि०) भुक्तःकृतः भोगो येन। कृतभोग।

"जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः।" (श्वेता० उ०)

प्रकृतिके भुक्तभोगा होनेसे पुरुषको मुक्ति होती है। जब तक प्रकृतिका भोग शेष नहीं होता, तब तक मुक्ति की सम्भावना नहीं।

भुक्तसमुज्झित (सं० त्रि०) आदौ भुक्तं पश्चात् समुज्झितं स्नातानुलिप्तवत् समासः। पहले भुक्त, पीछे त्यक्त। पर्याय—फेला, पिण्ड, फेलि।

भुक्तमात्र (सं० अव्य०) भोजनके ठीक बाद।

भुक्तवत् (सं० त्रि०) भुक्त इव, इवार्थे वतु। भुक्तकी तरह।

भुक्तवृद्धि (सं० स्त्री०) उदरगत भुक्तद्रव्यका उपचय।

भुक्तशेष (सं० क्ली०) उच्छिष्ट विशेष, जूठा।

भुक्ति (सं० स्त्री०) भुज-क्तिन्। १ भोजन, आहार। २ विषयोपभोग, लौकिक सुख। ३ धर्मशास्त्रानुसार चार प्रकारके प्रमाणोंमेंसे एक, कब्जा, दखल। ४ ग्रहोंका किसी राशिमें एक एक अंश करके गमन वा भोग।

भुक्तिपात्र (सं० क्ली०) भोजनपात्र, खानेका बरतन।

भुक्तिप्रद (सं० पु०) भुक्तिं भोगं प्रददातीति प्र-दा (आतश्चोपसर्गे कः। पा ३।१।१३६) इति क। १ मुद्ग, मूंग। (त्रि०) २ भोगदाता, भोग देनेवाला।

भुक्तिसुहित (सं० त्रि०) सुहितस्य भुक्तिः मयूरव्यंसकादित्वात् परनिपातः। सुतृप्तभोग।

भुक्तोच्छिष्ट (सं० क्ली०) भोजनावशिष्ट, जूठा।

भुखमरा (हिं० वि०) १ जो भुखों मरता हो, भुक्खड़। २ जो खानेके पीछे मरा जाता हो, पेटू।

भुखाना (हिं० क्रि०) भूखसे पीड़ित होना।

भुखामाता—राजपूतानेके उदयपुर नगरस्थित देवी प्रतिमा-विशेष। इस देवीचित्रमें मूर्त्तिमती दुर्भिक्षकी कल्पना-की गई है। देवीमूर्त्तिका गला नरमुण्डमालासे सुशोभित है, पार्श्व देशमें दुर्भिक्षके कठोर निष्पेषणसे निपीड़ित दो शवदेह रखी हुई हैं, सामनेमें एक शृगाल नरमांसलोलुप हो कर धीरे धीरे आगे बढ़ रहा है। इसकी डरावनी मूर्त्ति पर नजर पड़ते ही युगपत् भय, भक्ति और विस्मयका उदय होता है।

भुखालू (हिं० वि०) जिसे भूख लगी हो, भूखा।

भुगतना (हिं० क्रि०) १ भोगना, सहना। २ पूरा होना, निवटना। ३ वीतना, चुकाना।

भुगतान (हिं० पु०) १ निपटारा, फैसला। २ मूल्य वा देन चुकाना। ३ देना, देन।

भुगताना (हिं० क्रि०) १ पूरा करना, संपादन करना। २ दुःखं सहनेके लिये वाध्य करना। ३ बिताना, लगाना। ४ चुकाना, बेबाक करना। ५ दूसरेको भुगतानेमें प्रवृत्त करना, भोग कराना।

भुगाना (हिं० क्रि०) भोगनाका प्रेरणार्थकरूप, भोग कराना।

भुग्न (सं० त्रि०) भुज-मोटने क्त। (ओदितश्च। पा ८।२।४५ इति निष्ठा तस्य न। १ टेढ़ा, वक्र। २ रोगी, बीमारी।

भुग्ननेत्र (सं० पु०) एक प्रकारका सन्निपात। इसमें रोगीकी आंखें टेढ़ी हो जाती हैं और ज्वर बहुत बढ़ जाता है। उन्मादके कारण वह बकझक करता है और उसके अवयवोंमें सूजन आ जाती है। यह असाध्य रोग है और इसकी अवधि शास्त्रोंमें आठ दिन कही गई है।

भुच्चड़ (हिं० वि०) मूर्ख, बेवकूफ।

भुज (सं० स्त्री०) भुजति वक्रो भवतीति भुज (इगुपधज्ञेति।

पा ३।१।१३५) इति क, यद्वा भुज्यतेऽनेनेति भुज-(हलश्चेति। पा ३।३।१२१) इति घञ्, घञि गुणाभावः कुत्वाभावश्च (पा ७।३।६१) १ वाहु, भुजा। पर्याय—वाहु, प्रवेष्ट, दोस्, वाहः, बाहा, भुजा, दोष, दोषा, कर, हस्त। (मेदिनी) इसका शुभाशुभ लक्षण—

दोनों वाहुके मांसल, कुछ वक्र, सुमिलित, विशाल आजानुलम्बित, सुगोल, परिच्छन्न और पीवर होनेसे महाराज; अमांसल रोमयुक्त और छोटी होनेसे दरिद्र; लोमविहीन होनेसे सुखी और हस्तिशुण्डकी तरह प्रशस्त होनेसे प्रधान होता है। २ हस्तिशुण्ड, हाथीकी सूंड़। ३ ग्रहोंके स्पष्टीकरणके लिये तीन राशिसे ऊन केन्द्र ग्रहादि, ग्रहोंके स्फुट गणनाकालमें अर्थात् कौन ग्रह किस राशिके कितने अंश, कला और विकलामें अवस्थित है उसे जाननेके लिये भुज स्थिर कर लेना होता है।

४ कर, हाथ। ५ शाखा, डाली। ६ प्रान्त, किनारा। ७ त्रिभुजका आधार। ८ ज्यामिति वा रेखागणितके अनुसार किसी क्षेत्रका किनारा वा किनारेकी रेखा। ९ लपेट, फंदा। १० छायाका मूल वा आधार। ११ समकोणोंका पूरक कोण। १२ दोकी संख्याका बोधक शब्द-संकेत। १३ भूर्जपत्रवृक्ष, भोजपत्र।

भुजकोटर (सं० पु०) भुजस्य कोटर-इव। कक्ष, कांख।

भुजग (सं० पु०) भुजं वक्रं गच्छतीति गम्-ड, डित्, टिलोपः। सप, सांप। २ अश्लेषा नक्षत्र। ३ सीसक, सीसा। ४ सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

भुजगदारण (सं० पु०) भुजगं दारयतीति दारि-ल्यु। गरुड़।

भुजगनिसृता (सं० स्त्री०) एक वर्णिक वृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें नौ अक्षर होते हैं जिसमें छठां, आठवां और नवां अक्षर गुरु और शेष लघु होते हैं।

भुजगपति (सं० पु०) भुजगानां पतिः। वासुकि, अनन्त।

भुजगपुष्प (सं० पु०) भुजङ्ग इव पुष्प यस्य। पुष्प वृक्ष भेद।

भुजगराज (सं० पु०) भुजगानां राजा, टच् समासान्तः। शेष, अनन्त।

भुजगशिशुभृता (सं० स्त्री०) एक वर्णिक वृत्तिका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें नौ अक्षर होते हैं जिनमें पहले दो नगण और अन्तमें एक मगण होता है।

भुजगान्तक (सं० पु०) भुजगस्य अन्तकः। गरुड़।

भुजगाभोजी (सं० पु०) भुजगं आ सम्यक् प्रकारेण भुङ्क्ते इति भुजग आ-भुज-णिनि। मयूर, मोर।

भुजगाशन (सं० पु०) भुजगमश्नातीति अश-ल्यु। गरुड़।

भुजगी (सं० स्त्री०) सर्पिणी, सांपिन।

भुजगेन्द्र (सं० पु०) भुजगानामिन्द्रः। सर्पराज, वासुकि।

वामनपुराणमें लिखा है, कि अनन्तदेव दशमी तिथिमें शयन करते हैं।

> "दशम्यां भुजगेन्द्राश्च स्वपन्ते वायुभोजनाः।"
>
> (वामनपु० १७।१६)

भुजगेश्वर (सं० पु०) भुजगानामीश्वरः। भुजगेन्द्र, अनन्त।

भुजङ्ग (सं० पु०) भुजं वक्रं गच्छतीति गम-खच् मुम्। (खच्च डिद्वाच्यः। इति वार्त्तिकोक्त्या) डित्त्वपक्षे टिलोपः। १ सर्प, सांप। २ जार, स्त्रीका यार। २ सीसक, सीसा नामक धातु। ३ राजाका एक पार्श्ववर्त्ती अनुचर।

भुजङ्गकन्या (सं० स्त्री०) सर्पिणी, नागकन्या।

भुजङ्गघातिनी (सं० स्त्री०) भुजङ्गं सर्पं तद्विषं हन्तीति हन-णिनि, स्त्रियांङीप्। १ वृक्षविशेष, काकोली। पर्याय—सूरि, सर्पाक्षी, क्षुतकरी, स्पृहा। २ सर्पनाशिनी।

भुजङ्गजिह्वा (सं० स्त्री०) भुजङ्गस्य जिह्वेव आकृतिर्यस्याः। १ महासमङ्गा, कंगहिया। २ सर्पजिह्वा, सांपकी जीभ

भुजंगदमनी (सं० स्त्री०) भुजङ्गो दम्यतेऽनया दम-करणे ल्युट्, गौरादित्वात् ङीष्। नाकुलीकन्द।

भुजङ्गनायडू—कारवेरिनगराधिप एक सामन्तराज, रेड्डी-वंशीय राजा नरसिंह नायडूके वंशधर। आप पिताके स्वाधीनतागौरवकी रक्षा न कर सके थे। चालुक्यराज सोमेश्वरदेव इन्हें पराजित करके बन्दीरूपमें कल्याण नगर लाये थे। वहीं पर उनकी मृत्यु हुई।

भुजङ्गपर्णिनी (सं० स्त्री०) भुजङ्गस्तदाकार इव पर्णानि सन्ति यस्या इनि-ङीप्। नागदमनी।

भुजङ्गपुष्प (सं० पु०) भुजङ्ग इव पुष्पमस्य। १ क्षुपभेद। सुश्रुतके अनुसार एक क्षुपका नाम। २ एक फूलके पेड़का नाम।

भुजङ्गप्रयात (सं० क्ली०) भुजङ्गवत् प्रयातं गतिरिव भङ्गीमान्, शब्दविन्यासो यस्य। छन्दोभेद, एक वर्णिक छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें बारह वर्ण होते हैं जिनमें पहला, चौथा, सातवां और दशवां वर्ण लघु और शेष गुरु होते हैं अथवा प्रत्येक चरण चार यगणका होता है।

भुजङ्गभुज् (सं० पु०) भुजङ्गं भुङ्क्ते इति भुज-क्विप्। १गरुड़। २ मयूर, मोर।

भुजङ्गभोजी (सं० पु०) भुजङ्गं भुङ्क्ते भुज-णिनि। १ राजसर्प। २ गरुड़। ३ मयूर।

भुजङ्गम् (सं० पु०) भुज कौटिल्ये इगुपधेति क, भुजः कुटिली-भवन् गच्छतीति भुज-गम (गमेः सुपि वाच्यः। पा ३।१।३८८) इत्यस्य वार्त्तिकात् 'खच् डिद्वाच्यः' इति डिद्भावे टिलोपाभावः मुम् च। १ सर्प, सांप। २ सीसक, सीसा नामकी धातु।

भुजङ्गलता (सं० स्त्री०) भुजङ्गवत् कुटिला तत्प्रिया वा लता। नागवल्ली।

भुजङ्गविजृम्भित (सं० क्ली०) छन्दोभेद, एक वर्णिक छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें २६ वर्ण इस क्रमसे होते हैं—आदिमें दो मगण, फिर एक तगण, तीन नगण, रगण, सगण और अंतमें एक लघु और एक गुरु।

भुजङ्गसंगता (सं० स्त्री०) छन्दोभेद, एक वृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें नौ नौ वर्ण होते हैं जिनमें पहले सगण, मध्यमें जगण और अन्तमें रगण होता है।

भुजङ्गहन (सं० पु०) भुजङ्गं हन्तीति हन्-क्विप्। गरुड़।

भुजङ्गा (हिं० पु०) काले रंगका एक पक्षी। इसकी लम्बाई प्रायः डेढ़ बालिश्त होती है। यह पक्षी भारत, चीन और श्याम देशमें पाया जाता है। इसकी बोली बड़ी सुहावनी लगती है और प्रतिदिन प्रातःकालमें बोलता है। एक बारमें मादा चार अण्डे देती है।

भुजङ्गाक्षी (सं० स्त्री०) भुजङ्गस्येव अक्षि पुष्पं यस्याः (अदर्शनादर्शनात्। पा ५।४।७६) इति अच्, गौरादित्वात् ङीष्। रास्ना।

भुजङ्गाख्य (सं० पु०) भुजङ्गस्य आख्या इव आख्या यस्य। १ नागकेशर। (त्रि०) २ सर्पनाशक।

भुजङ्गान्तक (सं० पु०) १ मयूर, मोर। २ गृध्र, गीध।

भुजङ्गिका (सं० स्त्री०) वेशनदके उपकण्ठित एक अति प्राचीन ग्राम। इस ग्राममें एक समय बहुसंख्यक ब्राह्मणोंका वास था। १६ सौ वर्ष पहलेका इस स्थानकी समृद्धिका उल्लेख मिलता है।

भुजङ्गिनी (सं० स्त्री०) १ गोपाल नामक छन्दका दूसरा नाम। २ सर्पिणी, नागिन।

भुजङ्गी (सं० स्त्री०) भुजङ्ग स्त्रियां ङीप्। १ सर्पिणी, सांपिन। २ शक्तिमूर्त्तिभेद। ३ एक वर्णिक वृत्तिका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें ग्यारह वर्ण होते हैं जिनमें पहले तीन यगण आते हैं और अन्तमें एक लघु और एक गुरु रहता है।

भुजङ्गेन्द्र (सं० पु०) भुजङ्गानां इन्द्रः। सर्पराज वासुकि, अनन्त।

भुजङ्गेरित (सं० क्ली०) छन्दोभेद।

भुजङ्गेश (सं० पु०) भुजङ्गानामीशः। १ वासुकि। २ शेष। ३ पिङ्गल मुनिका नाम। ४ पतञ्जलिका एक नाम।

भुजज्या (सं० स्त्री०) सूर्यसिद्धान्तोक्त त्रिकोणक्षेत्रकी भुजजीवा।

भुजदण्ड (सं० पु०) बाहुदण्ड।

भुजदल (सं० पु०) हस्त, हथेली।

भुजनगर—बम्बईप्रदेशके कच्छराजको एक दुर्गसुरक्षित राजधानी। यह अक्षा० २३° १५´ उ० तथा देशा० ६०° ४८´ ३०´´ पू०के मध्य गण्डशैलके पाददेशमें अवस्थित है। बहु प्राचीन कालसे इस नगरकी समृद्धिका परिचय मिलता है। यहांके सुप्राचीन कीर्त्तिस्तम्भ प्रत्नतत्त्वालोचनाका प्रकृष्ट विषय है। जनसाधारणका विश्वास है, कि प्राचीन कालमें यह नगर अहिकुलदेवता भुजङ्गके उद्देशसे उत्सर्ग किया गया था। यहांके राव लोगोंका समाधिमन्दिर और भारमलजी प्रागमलजी

आदिकी छतरी १६वीं शताब्दीके पहलेकी बनी हुई मालूम होती है। एतद्भिन्न प्राचीन राजप्रासाद, नगरके भीतरकी मसजिद तथा सुवर्णराय, कल्याणेश्वर और स्वमण्डप आदि देवमन्दिर देखने योग्य हैं। १६वीं शताब्दीके प्रारम्भमें तथा शेष भागमें यहां जो दो बार भूमिकम्प हुआ था उससे नगरको महती क्षति हुई थी। अन्तिम वारके प्रवल भूकम्पसे यह राजधानी भूगर्भमें ला पता हो गई।

भुजपाश (सं० पु०) गलेमें हाथ डालना, गलबाँही।

भुजप्रतिभुज (सं० पु०) सरल क्षेत्रकी समानान्तर या आमने सामनेकी भुजाएं।

भुजफल (सं० क्ली०) भुजेन आनीतं फलं। सिद्धान्तशिरोमणि-उक्त भुज द्वारा आनीत फलभेद।

भुजबंद (हिं० पु०) १ भुजबन्ध देखो। २ बाजूबंद।

भुजबन्ध (सं० पु०) १ भुज वेष्टन। २ बाजूबंद। ३ अंगद।

भुजबल (सं० पु०) भुजस्य बलं। बाहुबल।

भुजबल—सुवर्णपुराधिपति। कलिङ्गाधीश्वर हैहयवंशीय प्रथम जाजल्लदेवने इन्हें परास्त किया।

भुजबल (हिं० पु०) शालिहोत्रके अनुसार एक भौंरो जो घोड़ेके अगले पैरमें ऊपरको ओर होती है। लोगोंका विश्वास है, कि जिस घोड़ेको यह भौंरी होतो है, वह अधिक बलवान होता है।

भुजबलगङ्ग—दाक्षिणात्यके होयशाल-बल्लालवंशोय एक राजा, राजा विष्णुवर्द्धनका नामान्तर। इन्होंने शाम्भल देवीको व्याहा था। गङ्गराजधानी तलकाड़ उनके अधिकारभुक्त था। अलावा इसके उन्होंने अपने भुजबलसे और भी अनेक स्थान जोते थे। प्रवाद है, कि रामानुजाचार्यने उन्हें वैष्णव धर्ममें दीक्षित किया था।

भुजबल भीम—एक धर्मशास्त्रके प्रणेता। रुद्रधरने श्राद्धविवेकमें तथा रघुनन्दनने मीमांसतत्त्वमें इनका नामोल्लेख किया है।

भुजमध्य (सं० क्ली०) भुजस्य मध्यं। १ भुजान्तर क्रोड़। २ कपूर, कपूर।

भुजमूल (सं० क्ली०) भुजस्य मूलं ६तत्। १ बाहुमूल, कांख। २ खवा, पक्खा।

भुजवा (हिं० पु०) भड़भूंजा।

भुजराम—अद्वैतदर्पणके प्रणेता। इनका दूसरा नाम भजनानन्द था।

भुजशालिन् (सं० त्रि०) प्रशस्तबाहुसम्पन्न।

भुजशिखर (सं० पु०) स्कन्ध, कंधा।

भुजशिर (सं० क्ली०) भुजस्य शिर इव। स्कन्ध, कंधा।

भुजा (सं० स्त्री०) भुज टाप्। बांह, हाथ।

भुजाकण्ट (सं० पु०) भुजायाः करस्य कण्ट इव हस्तनख, हाथका नाखून।

भुजागम (सं० पु०) वृक्ष, पेड़।

भुजाढकी (सं० स्त्री०) कलायविशेष, एक प्रकारको उड़द।

भुजाग्र (सं० पु०) भुजस्य अग्रः ६तत्। कर, हाथ।

भुजादल (सं० पु०) भुजाया बाहोर्दल इव। हाथका पंजा।

भुजान्तर (सं० क्ली०) भुजयोरन्तरं मध्यं। १ क्रोड़, गोद। २ वक्षः। ३ दो भुजाओंका अन्तर।

भुजाना (हिं० क्रि०) भुनाना देखो।

भुजामध्य (सं० क्ली०) बाहुका मध्यभाग, केहुनी।

भुजामूल (सं० क्ली०) स्कन्धाग्र, कांख।

भुजाली (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी बड़ी टेढ़ी छुरी। इसका व्यवहार प्रायः नेपाली आदि करते हैं। इसे कुकरी या खुखरी भी कहते हैं। २ छोटी बरछी।

भुजि (सं० पु०) भुनक्ति, भुङ्क्ते वा सर्वानिति भुज (भजेः किच्च। उण् ४।१४१) इति इ सच्च कित्, सर्वभक्षकत्वादस्य तथा त्वं। १ वह्नि, आग। २ भोग। ३ भोक्ता।

भुजिङ्ग (सं० पु०) देशभेद।

भुजिया (हिं० पु०) १ उबाला हुआ धान। २ उबाले हुए धानका चावल।

भुजिष्य (सं० पु०) भुङ्क्ते स्वाम्युच्छिष्टमिति भुज्यते इति वा भुज (रुचिभुजिभ्यां किष्यन्। उण् ४।१७८) इति किष्यन्। १ स्वतन्त्र। २ हस्तसूत्र, हाथका सूता। ३ दास, सेवक। ४ रोग।

भुजिष्या (सं० स्त्री०) भुजिष्य-टाप। १ दासी। २ गणिका, वेश्या।

भुजैल (हिं० पु०) भुजङ्गा नामक पक्षी।

भुज्यु (सं० पु०) भुज्यतेऽनेति भुज-भक्षणे (भुजि मृङ्भ्यां

भुक त्युकौ। उणा् ३।२१) इति भुक्। १ भाजन, पात्र। २ अग्नि, आग। ३ वैदिक कालके एक राजाका नाम। ये तुमुके पुत्र थे। अश्विनीकुमारने इन्हें समुद्रमें डूबनेसे बचाया था। (वि०) ४ रक्षक।

भुञ्जत (सं० वि०) भुज-शतृ। भोगकर्त्ता।

भुञ्जान (सं० पु०) भुज-शानच्। भोगकर्त्ता।

भुटिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी धारी जो डोरिए और चारखानेके बुननेमें डाली जाती है।

भुट्ट (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

भुट्टपुर (सं० क्ली०) भुट्टराजा कर्त्तृक निर्मित नगर।

भुट्टा (हिं० पु०) १ मक्केकी हरी बाल। मक्का देखो। २ ज्ुआर वा बाजरेकी बाल।

भुट्टेश्वर (सं० पु०) भुट्ट कर्त्तृक भुट्टपुरमें प्रतिष्ठित शिवमूर्त्ति विशेष।

भुठार (हिं० पु०) वह घोड़ा जो ऐसे प्रदेशमें उत्पन्न हुआ हो जहांकी भूमि बलुई वा रेतीली हो।

भुठौर (हिं० पु०) घोड़ोंकी एक जाति। इस जातिके घोड़े गुजरात आदि मरुस्थल देशोंमें होते हैं।

भुड़ली (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका फूल।

भुड़ारी (हिं० पु०) वह अन्न जो राशिके दाने पर बालमें डंठलके साथ लगा रहता है, लिड़ूरी।

भुणिक (सं० पु०) गोत्रप्रवरभेद।

भुन (हिं० पु०) अव्यक्त गुंजारका शब्द, मक्खी आदिका शब्द।

भुनगा (हिं० पु०) १ एक छोटा उड़नेवाला कीड़ा। यह प्रायः फूलों और फलोंमें रहता है और शिशिर ऋतुमें प्रायः उड़ता रहता है। २ कोई उड़नेवाला छोटा कीड़ा, पतिंगा। ३ बहुत ही तुच्छ वा निर्बल मनुष्य।

भुनगी (हिं० स्त्री०) ईखके पौधोंको हानि पहुंचानेवाला एक छोटा कीड़ा।

भुनना (हिं० क्रि०) १ भूननेका अकर्मक रूप। २ आगकी गरमीसे पक कर लाल होना। ३ रुपये आदिके बदलेमें अठन्नी, चौअन्नी आदिका मिलना।

भुनभुनाना (हिं० क्रि०) १ भुन भुन शब्द करना। २ मन-ही मन कुढ़ कर अस्पष्ट स्वरमें कुछ कहना, बड़बड़ाना।

भुनाना (हिं० क्रि०) भूननेका प्रेरणार्थक रूप। २ रुपये आदिको अठन्नी, चौअन्नी आदिमें परिणत कराना, बड़े सिक्के आदिको छोटे सिक्कों आदिसे बदलना।

भुनुगा (हिं० स्त्री०) भुनगा देखो।

भुवि (हिं० स्त्री०) पृथ्वी, भूमि।

भूमन्यु (सं० पु०) १ पौरव भरतपुत्र नृपभेद। २ तद्वंशीय प्राचीन धृतराष्ट्र पुत्रभेद।

भुमिया (हिं० पु०) भूमिया देखो।

भुरकना (हिं० क्रि०) १ सूख कर भुरभुरा हो जाना। २ भूलना। ३ चूर्णके रूपके किसी पदार्थको छिड़कना, भुरभुराना।

भुरका (हिं० पु०) १ बुकनी, अबीर। २ मट्टीका बड़ा कसोरा, कुज्जा। ३ मट्टी आदिका वह पात्र जिसमें लड़के लिखनेके लिये खड़िया मिट्टी घोल कर रखते हैं।

भुरकाना (हिं० क्रि०) १ भुरभुरा करना। २ छिड़कना, भुरभुराना। ३ भुलवाना, बहकाना।

भुरकी (हिं० स्त्री०) १ अन्न रखनेके लिये छोटा कोठिला, घुनकी। २ पानीका छोटा गड्ढा। ३ छोटा कुल्हड़ या कुज्जा।

भुरकुटा (हिं० पु०) छोटा कीड़ा या मच्छड़, छोटा मकोड़ा।

भुरकुन (हिं० पु०) चूर्ण, चूरा।

भुरकुस (हिं० पु०) चूर्ण।

भुरजी (हिं० पु०) भड़भूंजा।

भुरण्यु (सं० क्ली०) भुरण्य-उण्। १ भरण। २ क्षिप्र। (वि०) ३ तद्युक्त, तेज।

भुरत (हिं० पु०) बरसातमें होनेवाली एक प्रकारकी घास। यह आपसे आप उगती है। जब तक नरम रहती है, तब तक पशु इसे बड़े चावसे खाते हैं।

भुरता (हिं० पु०) १ दब कर वा कुचल कर विकृतावस्थाको प्राप्त पदार्थ। २ चोखा या भरता नामका सालन। चोखा देखो।

भुरभुर (हिं० स्त्री०) १ ऊसर या रेतीली भूमिमें होनेवाली एक प्रकारकी घास। (पु०) २ बुक्का।

भुरभुरा (हिं० वि०) जिसके कण थोड़ा आघात लगने पर भी बालूके समान अलग अलग हो जांय।

भुरभुरोई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी घास जो ऊसर और

रेतीली भूमिमें पजती है। इसे भुलनी या भुरभुर भी कहते हैं।

भुरली (हि० स्त्री०) १ भुड़ली, कमला। १ खेतीकी फसलको हानी पहुंचानेवाला एक कीड़ा।

भुरिज् स ं० स्त्री०) भरति सव धरतीति भृज् (भृज उच्च उण् २।७२) इति इजि, धातो रुकारान्तादेशः। १ पृथिवी। २ बाहु। ६ द्यावा पृथिवी, स्वर्ग और पृथिवी।

भुरुकी (हिं० स्त्री०) भुरका देखो।

भुरुण्ड (स ं० पु०) १ गोत्रप्रवर्त्तक ऋषिभेद। २ भारुण्ड पक्षी।

भुर्वणि (स ं० पु०) भुर्वं अनि न दीर्घः। १ कर्त्ता।

भुलना (हिं० पु०) १ एक प्रकारकी घास। इसके विषयमें प्रवाद है, कि इसके खानेसे लोग सब बातें भूल जाते हैं। २ भूलनेवाला व्यक्ति, वह जो भूल जाता हो।

भुलभुला (हिं० पु०) गरम राख, आगका पलका।

भुलवाना (हिं० क्रि०) १ भूलनेके लिये प्रेरणा करना, भ्रममें डालना। २ विस्मृत करना, विसारना।

भुलसना (हिं० क्रि०) गरम राखमें झुलसना, पलकेमें झुलसना।

भुलाना (हिं ० क्रि०) १ भ्रममें डालना, धोखा देना। २ विस्मृत करना, भूलना।

भुलावा (हिं ० पु०) धोखा, छल।

भुवंग (हिं ० पु०) सांप।

भुवंगम (हिं० पु०) सांप।

भुवः (हिं० पु०) १ वह आकाश वा अवकाश जो भूमि और सूर्यके अन्तर्गत है, अन्तरिक्षलोक। यह सात लोकोंके अन्तर्गत दूसरा लोक है। लोक शब्द देखो। २ सात महाव्याहृतियोंके अन्तर्गत दूसरी महाव्याहृति। मनुस्मृतिके अनुसार यह महाव्याहृति ओंकारकी उकार मात्राके संग यजुर्वेदसे निकाली गई है।

भुव (स ं० पु०) भवन्तीति भू-क। १ अग्नि, आग। २ भुवोलोक। भूरादि सात लोकोंके अन्तर्गत दूसरा लोक। लोक शब्द देखो।

भुवड़—गुजरातप्रदेशके कच्छ जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह भद्रेश्वरसे ३॥० कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। यहां जो भुवनेश्वर महादेवका भग्न मन्दिर विद्यमान है उसका कारुकार्य प्राचीन चित्रशिल्पकी उन्नतिका आभास देता है। मन्दिरमें १२२६ संवतमें उत्कीर्ण एक शिलालिपि है।

भुवद्वत् (स ं० पु०) भू शतृ, तुदादि भुवन्; धारयन, अस्त्यस्य मतुप् मस्य वः, तान्तत्वेऽपि पदत्वं। धारकयुक्त आदित्य।

भुवद्वसु (स ं० त्रि०) धनद।

भुवन (स ं० क्ली०) भवन्त्यस्मिन् भूतानिति भू (भू-सू-धू भुस् जिभ्यश्छन्दसि। उण् २।८०) इत्यत्र बहुलवचनाद्भाषायामपि प्रयुज्यते इति क्युन्। १ जगत्, संसार। २ सलिल, जल। ३ गगन, आकाश। ४ जन। ५ चतुर्दश संख्या, चौदहकी संख्या। ६ लोक। पुराणानुसार लोक चौदह हैं—सप्तसर्ग और सप्तपाताल। भू, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्य ये सात स्वर्ग लोक और अतल, सुतल, वितल, गभस्तिमत्, महातल, रसातल और पाताल ये सात पाताल हैं।

"पातालानाञ्च सप्तानां लोकानाञ्च यदन्तरम्।
शुषिरं तानि कथ्यन्ते भुवनानि चतुर्द्दश॥" (अग्निपु०)

७ भूतजात, सृष्टि। ८ एक मुनिका नाम।

भुवन—आसाम प्रदेशके कछाड़ जिलान्तर्गत एक गिरिश्रेणी। यह बराक और सोनाई नदीका अववाहिकाके मध्य अवस्थित है। इसकी ऊंचाई ७ सौसे ३ हजार फुट तक है। यह पर्वतभूमि जिलेकी पूर्वीसीमामें विस्तृत है। पर्वतके ऊपर जो शिवमन्दिर है, वह तीर्थक्षेत्रमें गिना जाता है। प्रतिवर्ष बहुत-से लोग यहां जुटते हैं।

भुवनकोश (स ं० पु०) भुवनस्य कोश इव। भूगोल, भूमण्डल। भागवत तथा विष्णुपुराणादिमें भुवनकोशका सविस्तार विवरण लिखा है, पर यहां अत्यन्त संक्षेपमें दिया जाता है—मैत्रेयके पराशरसे भुवनकोषका विषय पूछने पर उन्होंने कहा था, कि जम्बू, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौञ्च, शाक और पुष्कर ये सातों द्वीप यथाक्रम लवण, इक्षु, सुरा, सर्पि, दधि, दुग्ध और जल इन सात समुद्र द्वारा सर्वत्र समभावसे परिवेष्टित हैं। जम्बूद्वीप इन सबोंके बीचमें है। इसके मध्यस्थलमें स्वर्णमय सुमेरु पर्वत है। इसकी ऊंचाई चौरासी हजार योजन, तल भाग सोलह हजार योजन तथा ऊपरीभाग बत्तीस हजार

योजन विस्तृत है। इसके मूलका कुल चौड़ाई सोलह हजार योजन है। सुतरां सुमेरु पृथ्वीरूप पद्मको कर्णिका अर्थात् वोजकोश-स्वरूप संस्थित है। इसके दक्षिणमें हिमवान, हेमकूट और निषध तथा उत्तरमें नील, श्वेत और शृगो ये सब वर्षपर्वत भारतवर्षादिके सीमानिरूपक हैं। मध्यस्थित नोल और निषध ये दोनों पर्वत पूर्वपश्चिममें लक्षयोजन तक लम्बे हैं और वाकी दो उनका दशवां भाग है। मेरुके दक्षिणमें पहले भारतवर्ष, वाद किम्पुरुष वर्ष और तब हरि तथा उत्तरमें रम्यक; हिरण्मय और इसके उत्तरमें कुरुवर्ष है। इनमेंसे हर एक नौ हजार योजन तक विस्तृत हैं। इलावृत वर्ष भी मेरुके चारों ओर नौ हजार योजन तक फैला हुआ है—पूर्वमें मन्दर, दक्षिणमें गन्धमादन, पश्चिममें विपुल और उत्तरमें सुपार्श्व है। इन सब पर्वतों पर क्रमशः कदम्ब, जम्बू, पीपल, और वट चार वृक्ष हैं जो पर्वतकी ध्वजाके समान ऊंचे हैं। इस पर्वत पर जम्बू वृक्ष होनेके कारण ही इस द्वीपका ऐसा नाम पड़ा है। इस जम्बू वृक्षके महागजपरिमित फल पर्वत पर गिर कर विस्तीर्ण हो जाते हैं। उनकेरससे वहांकी विख्यात जम्बूनदी निकल कर गन्धमादनकी ओर वह गई है। यहांके अधिवासी इसी नदीका जल पीते हैं। इस जलमें स्वेद या दौर्गन्ध नहीं है। यह जल पोनेसे वहांके मनुष्योंकी जरा या इन्द्रियक्षय नहीं होता, वरन् अन्तःकरण निर्मल हो जाता है। इस नदीके किनारेकी मृत्तिका जम्बू नद सुवर्णरूपमें परिणत होती है। यह जाम्बूनदसुवर्ण सिद्धोंका भूषण है। मेरुके पूर्व भद्राश्व और पश्चिममें केतुमालवर्ष है तथा इनके बीच इलावृतवर्ष है। सुमेरुके पूर्वमें चैत्ररथ वन, दक्षिणमें गन्धमादनवन, पश्चिममें वैभ्राजवन तथा उत्तरमें नन्दनवन है। अरुणोद, महाभद्र, असितोद और मानस ये चार देवभोग्य सरोवर मेरुके चारों ओर अवस्थित है। शीतान्त, कमुञ्च, कुररी और माल्यवान् ये सब पर्वत मेरुके पूर्व ओरके केसर हैं। त्रिकूट, शिशिर, पतङ्ग और रुचक दक्षिण ओरके; शिखिवासा, वैदूर्य, कपिल और गन्धमादन पश्चिम ओरके हैं तथा शङ्खकूट, ऋषभ, हंस और नाग ये सब केसर पर्वत उत्तरकी ओर अवस्थित हैं।

मेरुके ऊपर अन्तरीक्षमें चारों ओर हजारों योजन तक ब्रह्माकी पुरी है। इसके चारों ओर तथा इन्द्रादि लोकपालोंके विख्यात पुर हैं। विष्णुपादोद्भवा गङ्गा चन्द्रमण्डलको चारों ओरसे प्लावित करती हुई अन्तरीक्षसे ब्रह्मपुरीमें गिरी हैं। वहां पर गिर कर गङ्गा चार भागोंमें विभक्त हुई हैं जिनका नाम सीता, अलकनन्दा, चक्षु और भद्रा हैं। उनमेंसे सीता पूर्व वाहिनी हो कर आकाशपथमें एक पर्वतसे दूसरे पर्वत पर बह गई है और बाद भद्राश्व नामक पूर्ववर्ष होती हुई समुद्रमें मिलती है। चक्षु भी पश्चिमकी ओर सब पर्वतोंको लांघती हुई केतुमाल नामक पश्चिमवर्ष हो कर सागरमें गिरी है। भद्रा उत्तरगिरि तथा उत्तर कुरुवर्ष अतिक्रम कर उत्तर समुद्रमें मिल गई है। माल्यवान् और गन्धमादनपर्वत उत्तर दक्षिणमें नील तथा निषध पर्वत तक लम्बा है। मेरु उन पर्वतोंके बीच कर्णिकाके रूपमें संस्थित है। मर्यादा पर्वतके मध्यवर्त्ती भारतवर्ष, केतुमालवर्ष, भद्राश्ववर्ष तथा कुरुवर्ष जम्बूद्वीपपद्मके पत्रस्वरूप हैं। जठर और देवकूट ये दोनों मर्यादापर्वत उत्तर और दक्षिणमें नील तथा निषध तक फैले हुए हैं। पूर्व और पश्चिममें आयत गन्धमादन और कैलास ये दोनों मर्यादा पर्वत अस्सी योजन तक लम्बे और समुद्रके भीतर घुस गये हैं। मेरुके पश्चिम आदि भागोंमें निषध और पारिपात्रादि मर्यादा पर्वत अवस्थित है।

मेरुके चारों ओर शीतान्त प्रभृति जिन सब केसर पर्वतोंका उल्लेख किया गया है, उन सब पर्वतोंके मध्य उत्तमोत्तम कन्दर हैं जहां सिद्धदेव गायकगण रहते हैं। इन सब कन्दरोंमें सुरम्यकानन तथा पुर हैं। इन सब पुरोंमें देवताओंके किन्नरसेवित सभी आयतन वर्ण हैं। ये सब स्थानभौम स्वर्ग कहलाते हैं। यहां धार्मिक मनुष्योंका वास है। पापिगण सैकड़ों जन्ममें भी यहां नहीं आ सकते। भगवान् विष्णु भद्राश्ववर्षमें हयशिरारूपमें, केतुमालवर्षमें वराहरूपमें और भारतवर्षमें कूर्मरूपमें अवस्थित हैं। सर्वेश्वर हरि विश्वरूपमें सर्वत्र ही विराजमान हैं।

किम्पुरुषादि जो आठ वर्ष हैं, वे शोक, श्रम, उद्वेग, क्षुधा तथा भयादि नहीं हैं। प्रजागण निरातङ्क और सर्व दुःखविवर्जित हैं। यहां पर्जन्यदेव वर्षण नहीं करते—

पार्थिव जल ही प्रचुर परिमाणमें मिलता है, इस कारण जलका कष्ट नहीं होता। इस स्थानमें सत्य और त्रेतादि युगनियम नहीं हैं। इन सब वर्षोंमें सात सात करके कुलाचल और सैकड़ों नदियां हैं। यही भुवनकोष है।
(विष्णुपु० २।२ अ०)

इस भुवनकोषका विषय भागवतके ५।१६।१७ १८ अध्यायमें और नृसिंह पुराणके ३०वें अध्यायमें विशेष रूपसे वर्णित है और इस प्रकार अन्य पुराणोंमें भी है। विस्तारके भय यहां नहीं दिया गया। पुराण देखो।

भुवनचन्द्र (सं० पु०) काश्मीरराज पृथिवि चन्द्रके पुत्र।

भुवनपति (सं० पु०) अग्निका भ्रातृभेद, अग्निके भाई एक देवता। भुनवस्य पतिः। २ भुवनका प्रभु, संसार का मालिक।

भुवनपाल—१ कच्छपघातवंशीय एक राजा। २ पञ्चाल-राज्यके अन्तर्गत वदामयूताके राष्ट्रकूटवंशीय एक राजा

भुवनपाल—छेकोक्ति विचारलीला नामक गाथाकोशकी टीकाके प्रणेता।

भुवनपावन (सं० त्रि०) भुवनस्य पावनः। भुवनको पवित्र करनेवाली गङ्गादेवी।

भुवनभर्त्तृ (सं० पु०) भुवनस्य भर्त्ता। भुवनपति, संसारका मालिक।

भुवनमति (सं० स्त्री०) काश्मीरराज कीर्त्तिराजकी कन्या।

भुवनमोहनविद्यारत्न—नवद्वीपवासी एक विख्यात नैयायिक। ये प्रसिद्ध नैयायिक श्रीरामशिरोमणिके पुत्र थे।

भुवनराज (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

भुवनशासिन् (सं० त्रि०) भुवन शास-णिनि। भुवनपति, संसारका शासन करनेवाला।

भुवनसद् (सं० त्रि०) भुवनस्थित।

भुवनसिंह—चित्तोरके एक गुहिलवंशीय राजा। इन्होंने चाहमानराज कितुङ्क और सुलतान अलाउद्दीनको परास्त किया था।

भुवनाद्भुत (सं० त्रि०) भुवनको विस्मय करनेवाला।

भुवनाधीश (सं० पु०) १ रुद्रभेद। २ त्रिभुवनके अधिपति।

भुवनाधीश्वर (सं० पु०) त्रिभुवनके अधिपति।

भुवनानन्द (सं० पु०) विश्वप्रदीपके प्रणेता।

भुवनेश (सं० पु०) १ शिवमूर्त्तिभेद। २ स्थानभेद।

भुवनेशानी (सं० स्त्री०) जगत्कर्त्री।

भुवनेशी (सं० स्त्री०) शक्तिमूर्त्तिभेद।

भुवनेशी यन्त्र—कृष्णानन्दकृत तन्त्रसारवर्णित शक्ति-पूजाका एक यन्त्र।

भुवनेश्वर—उड़ीसाप्रदेशके अन्तर्गत पुरी जिलेका एक श्रेष्ठ शैवक्षेत्र। यह अक्षा० २०°१५´ उ० तथा देशा० ८५° ५०´ पू० बङ्गाल-नागपुर रेलवेके 'भुवनेश्वर' नामक स्टेशनसे एक कोसकी दूरी पर अवस्थित है। यहांकी जनसंख्या ३०५३ है।

भुवनेश्वर वास्तवमें भुवनके मध्य एक द्रष्टव्य स्थान है। यहांके असंख्य शिवमन्दिर, हिन्दू शिल्पीके अपूर्व रचनाकौशल तथा यहांका नयनमोहन भास्करकार्य जिन्होंने एक बार स्थिर चित्तसे देखा है, वे मुग्ध हो गए हैं। प्रतिष्ठाताको अजस्र धन्यवाद दिये विना कोई रह नहीं सकता। हिन्दू, मुसलमान और अंगरेज पुराविद्गण इस पवित्र मन्दिरवृन्द-विभूषित प्राचीन भूमिका उल्लेख कर गए हैं।

प्रत्नतत्त्वविद् राजा राजेन्द्रलाल मित्रके मतसे इस पुण्यभूमिका प्रकृत नाम है 'त्रिभुवनेश्वर'। किन्तु उच्चारणको सुविधाके लिए केवल भुवनेश्वर नाम ही परिचित है। उन्होंने और भी लिखा है,—"उदयगिरिकी हाथीगुफासे उत्कीर्ण शिलालिपिमें जिस कलिङ्गनगरी का उल्लेख है, वही यह भुवनेश्वर है। बुद्धके समय कलिङ्गनगरी बौद्धधर्मका एक प्रधान स्थान गिना जाता था। बुद्धके निर्वाणलाभ करने पर, उनका पवित्र देहावशेष कई एक खण्डोंमें विभक्त हो कर प्रधान प्रधान राजाओंके हाथ लगा था, उनमेंसे कलिङ्गनगरीके अधिपतिको बुद्धदेवका पवित्र दन्त प्राप्त हुआ था। पहले वह दन्त कलिङ्गनगरी हीमें स्थापित हुआ। बाद यहांसे पिपलीके निकटवर्ती दन्तपुरी या दांतन नामक स्थानमें वह दन्त लाया गया। इस प्रकार ईस्वीसन् ६००के पहलेसे ही यह स्थान कलिङ्गनगरी कहलाता था।* उन्होंने

---

* Mitra's Antiquities of Orissa Vol, II, p, 61-62

हाथीगुफासे उत्कीर्ण शिलालिपिमें ऐरराज-प्रतिष्ठित एक सुवृहत् सरोवरका उल्लेख देख कर स्थिर किया है, कि यही सरोवर प्रसिद्ध विन्दुसागर था तथा भुवनेश्वरमें ही कलिगाधिपतिकी राजधानी थी* ।

ष्टार्लिं, हण्टर, कनिहम, राजा राजेन्द्रलाल प्रभृति ऐतिहासिकोंने मादलापञ्जीके ऊपर निर्भर कर एक वाक्यमें लिखा है, कि उड़ीसाके केशरिवंशके प्रतिष्ठाता ययातिकेशरीने ही भुवनेश्वरलिङ्गकी प्रतिष्ठा की और उसी समयसे यह स्थान 'भुवनेश्वर' नामसे प्रसिद्ध हुआ ।

ऊपर जो सब मत कहे गये हैं, यहांके पुरातत्त्वकी आलोचना करनेसे वे सब युक्तियां निरर्थक-सी जान पड़ती हैं । बुद्धदेवके समय भुवनेश्वरमें बौद्धोंका जो प्रधान अड्डा था, उसका कोई निदर्शन नहीं मिलता । खण्डगिरि तथा उदयगिरिमें बौद्धकीर्त्तिका जो निदर्शन देखनेमें आता है, वह बुद्धदेवके वहुत पीछेका बना हुआ है - इसका कुछ हिस्सा सम्राट् अशोकके समयमें प्रतिष्ठित हुआ है । विशेषतः भुवनेश्वर-अञ्चलमें ऐर नामक राजा किस समय राज्य करते थे, इसका प्रमाण नहीं मिलता । हाथीगुफासे उत्कीर्ण शिलालिपिमें जैनधर्मावलम्बी कलिङ्गाधिपति खारवेलकी यशःकीर्त्ति लिखी है । इनके साले हाथीसाहबके नाम पर तथा हस्तिमूर्त्तिसे हाथीगुफाका नाम पड़ा है । राजा राजेन्द्रलाल, कनिहम, हण्टर, प्रभृति पुराविदोंने जिस हाथीगुफाको बौद्धकीर्त्ति कह कर घोषणा की थी, अभी वह जैनकीर्त्ति-सी प्रमाणित हुई है । किन्तु उक्त जैनराज खारवेलने किस समय भुवनेश्वरमें राजधानी स्थापित की थी, उसका आज तक भी कोई प्रमाण नहीं मिला है । इधर ५वीं शताब्दीमें केशरि वंशके प्रतिष्ठाता ययाति द्वारा भुवनेश्वरकी प्रतिष्ठा कविकल्पना सी मालूम पड़ती है । कारण, उस समय अथवा बादमें उसके केशरिवंशके प्रतिष्ठातारूप ययातिकेशरीका नाम सामयिक लिपि या प्राचीन इतिहासमें वर्णित नहीं हुआ है । जगन्नाथ शब्दमें दिखाया गया है, कि उड़ीसाके वर्त्तमान ऐतिहासिकगण जो मादलापञ्जीकी दुहाई देते हैं, उसका प्राचीन अंश कल्पनामूलक है, ऐतिहासिकोंके निकट उसका कोई मूल्य नहीं । भुवनेश्वरकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें मादलापञ्जीका विवरणको भी उसी प्रकार काल्पनिक कह सकते हैं ।

काल्पनिक तथा आधुनिक रचित मादलापञ्जीके ऊपर निर्भर न कर प्राचीन ग्रंथसमूह और भुवनेश्वरके नाना स्थानमें उत्कीर्ण सामयिक शिलालिपिसे हमें जो यथार्थ इतिहास मिला है, मादलापञ्जीकी समालोचनाके साथ साथ वह नीचे लिखा जाता है । महाभारतके वनपर्व(११४अध्याय)में लिखा है,—

राजा युधिष्ठिरने गङ्गासागर संगम पर जा कर पांच सौ नदीमें स्नान किया और अपने भाइयोंके साथ समुद्रके किनारेसे कलिगकी ओर यात्रा की । लोमशने कहा, 'हे कुन्तीनन्दन ! ये सव देश कलिग नामसे प्रसिद्ध हैं । इस प्रदेशमें जहां पर धर्मने देवताओंके शरणागत हो कर यज्ञ किया था, वहीं बैतरणी नदी है । पर्वतसे सुशोभित हमेशा ऋषियोंसे युक्त तथा द्विजाति-निषेवित वह यज्ञभूमि बैतरणी नदीके उत्तर तीर पर है जो स्वर्गगामी व्यक्तिकी देवयानस्वरूप है । पूर्व समयमें ऋषि तथा अन्यान्य महात्माओंने वहीं पर यज्ञ किया था । हे राजेन्द्र ! इसी स्थान पर रुद्रदेवने यज्ञमें पशु ग्रहण किया था और कहा था, कि यही मेरा हिस्सा है । हे भरतर्षभ ! जब रुद्रदेवने पशुहरण किया, तव देवताओंने उनसे कहा, कि आप परस्व ग्रहण न करें—समग्र यज्ञीय भागके अभिलाषी न होवें । अनन्तर उन्होंने कल्याणस्वरूप वाक्यसे उनका स्तव करके इष्टि द्वारा सन्तुष्ट कर सम्मानित किया । इस पर रुद्रदेव पशुका परित्याग कर देवयानसे चले गये । हे युधिष्ठिर ! इस सम्बन्धमें रुद्रकी जो गाथा है, सो सुनिये । देवताओंने रुद्रके भयसे उन्हें सब भागोंमेंसे उत्कृष्ट सद्योजात भाग चिरकाल प्रदान करनेका सङ्कल्प किया । जो मनुष्य यहां पर यह गाथा गान कर स्नान करते हैं. उनका देवयान नयनपथमें प्रकाशित होता है ।' वैशम्पायनका कहना है, कि इसके बाद महाभाग पाण्डवोंने द्रौपदीके साथ वैतरणीमें उतर कर पितरोंका तर्पण किया । अनन्तर थोड़ी दूर आ कर युधिष्ठिर बोले 'मैं इस नदीमें स्नान कर मनुष्यभारसे

---

* Mitra's Antiquities of Orissa. Vol. 11 p. 69.

मुक्त हुआ। देखिये, 'मैं आपकी प्रसन्नताके हेतु संपूर्ण लोक देखता हूं। जयकारी महात्मा वानप्रस्थोंका स्वर सुना जाता है।' इस पर लोमशने कहा, 'हे राजन्! आप जो शब्द सुनते हैं, वह यहांसे तीस हजार योजनकी दूरी पर निकलता है। आप चुप रहें। हे राजेन्द्र! वह जो सामने वन दिखलाई पड़ता है, वही स्वयवम्भून है। यहीं पर प्रतापवान् विश्वकर्माने स्वयम्भू यज्ञ किया था। इस यज्ञमें उन्होंने कश्यपको दक्षिणास्वरूप गिरिकाननके साथ साथ सारी पृथिवी दान कर दी। हे कौन्तेय! उसी समय पृथिवी अवसन्न हो गई। उन्होंने क्रुद्ध हो कर लोकेश्वर प्रभुसे कहा, 'भगवन्! मुझे जो आपने मर्त्त्यके हाथ सौंपा, सो उचित नहीं—आपका दान वृथा हुआ। कारण, मैं रसातल अर्थात् दक्षिणकी ओर चली। इस पर कश्यपने पृथिवीको विपण्णा जान कर उन्हें प्रसन्न करनेके लिए तपस्या की। पृथिवी उनकी तपस्यासे सन्तुष्ट हुई और पुनः जलसे बाहर निकल कर वेदीरूपमें प्रकाशित हो गई। महाराज! वही संस्थान लक्षणा वेदी प्रकाशित होती है। आप उस पर आरोहण करनेसे वीर्यवान् हो जायंगे। हे राजन्! वह वेदी समुद्रका आश्रय लिये हुई है—इस पर जानेसे ही आपका मङ्गल होगा। वह वेदी छूनेसे ही समुद्रमें प्रवेश करती है। अतएव आप जिस किसी प्रकार उस पर जा सकें, उसीके लिए मैं स्वस्त्यन करूंगा। 'ओं विश्वगुप्त विश्वपर! आपको नमस्कार है। हे देवेश! आप इस समुद्रके लवणाक्त जलमें रहें। हे विष्णो! आप अग्नि, सूर्य तथा जलकी योनि हैं—आप वीर्य्य और अमृतकी नाभि हैं।' हे पाण्डव! यह सत्यवाक्य कह कर आप अति शीघ्र उस वेदी पर चढ़ जायं। 'हे विष्णो! अग्नि आपकी योनि है, इड़ा आपकी देह है। आप वीर्याधार तथा अमृतके साधन हैं। इस वेदवाक्यका जप कर आप नदीमें स्नान कीजिए। हे कुरुश्रेष्ठ! इसके अलावा देवयोनि समुद्रको कुशाग्रसे भी स्पर्श न करें। अनन्तर स्वस्त्ययनादि सम्पन्न कर महात्मा युधिष्ठिर सागरमें गए और लोमशके आदेशानुसार सब कार्य्य समाप्त कर उन्होंने महेन्द्र पर्वत पर जा रात बिताई।

उपरोक्त विवरणसे इन कई एक तीर्थों या पुण्यक्षेत्रोंका पता चलता है। १ला गङ्गासागर-सङ्गम, बाद कलिङ्गदेशमें वैतरणीतीर्थ तथा उसके किनारे देवयज्ञस्थान। यही यज्ञस्थान अभी याजपुर नामसे प्रसिद्ध है। विश्वकर्माका तपस्यास्थान स्वयम्भुवन, लवणसागरकी समीपवर्त्ती वेदी * जो अभी महावेदी या पुरुषोत्तम क्षेत्र कहलाती है, बाद महेन्द्राचल है। यह पर्वत गञ्जामप्रदेशमें अवस्थित है और परशुरामका स्थान कह कर आज भी विख्यात है।

महाभारतमें वनपर्वके उक्त पर्वाध्यायमें जिन जिन तीर्थोंमें पञ्चपाण्डव गए थे, अत्यन्त संक्षेपमें उन्हीं तीर्थोंका उल्लेख है। तीर्थ या पुण्यक्षेत्रके सिवा पाण्डवोंने जिन सब स्थानोंमें पदार्पण किया था, महाभारतकारने उन सबोंका उल्लेख अप्रासङ्गिक जान कर न दिया। अतः गङ्गासागरसे महेन्द्राचल सैकड़ों योजन दूर रहने पर भी उनके बीच बहुत-से स्थानोंका महाभारतमें कोई उल्लेख नहीं आया है।

जो कुछ हो, महाभारतके विवरणसे यह जाना जाता है, कि हम लोगोंका आलोच्य भुवनेश्वरक्षेत्र वनपर्वके उक्त पर्वाध्याय-रचनाकालमें विश्वकर्माका तपस्या स्थान स्वयम्भूवन† कह कर ही प्रसिद्ध था। उस समय यह स्थान द्वितीय काशी या एकाम्रकानन नहीं कहलाता था। एकाम्रकाननकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें जो सब पौराणिक आख्यान परवर्त्ती कालमें प्रचलित हुआ है, उसका भी कोई आभास नहीं मिलता।

सम्भवतः बुद्धदेवके अभ्युदयके समय यह पवित्र स्थान तपस्वियोंका प्रिय 'स्वयम्भूवन' कह कर परिचित

---

* गौड़ाधिप लक्ष्मणसेनके पुत्र विश्वरूपसेनके ताम्रशासनमें यह स्थान—"वेलायां दक्षिणाब्धेर्मूषलधरगदापाणिसंवासवेद्यां" अर्थात् दक्षिणसागरके किनारे बलराम तथा कृष्णकी अधिष्ठानवेदी वर्णित है। इस वेदीका अपरापर विवरण जगन्नाथ शब्दमें लिखा गया है।

† महाभारतके वङ्गानुवादकोंने स्वयम्भूवन का अर्थ "ब्रह्माका वन" लगाया है। किन्तु दुर्घटार्थप्रकाशिनि प्रभृति सुप्राचीन भारत-टीकामें स्वयम्भूका अर्थ शम्भु लिखा है।

था। उस समय इस निर्जन वन प्रदेशमें किसी मनुष्यका घर था या नहीं, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता। बहुत दिनोंसे यह स्थान कलिङ्गदेशके अन्तर्गत रहने पर भी यहां जो कोई राजधानी थी, उसका भी सबूत नहीं पाया जाता। गञ्जामप्रदेशमें चिकाकोलसे आठ कोस की दूर पर जो कलिङ्गपत्तन और उससे कुछ दूर मनफुर बन्दर है, वही एक समय सुविस्तृत कलिङ्गराज्यकी राजधानी कलिङ्गनगरी तथा भारत-प्रसिद्ध मणिपुर कहलाता था।

बौद्धप्राधान्यके समय खण्डगिरि पर बौद्धोंका समागम तथा धवलगिरि पर बौद्धधर्मानुरागी सम्राट् प्रियदर्शीका अनुशासन था सही, पर भुवनेश्वरमें किसी भी बौद्धप्रभावकी सूचना नहीं मिलती। सम्भवतः बहुत पूर्वसे ही इस स्वयम्भूवनमें निर्जन प्रिय हिन्दू-तपस्वियोंका तपःस्थान रहनेके कारण, अन्य मतावलम्बिगण इसके शान्तिभङ्गके अभिलाषी न हुए।

ईस्वी सन् २०० वर्ष पहले पाटलिपुत्र जयकारीसे पराक्रान्त जैनराज खारवेलने खण्डगिरिका अचलशैल भेद कर गुहा खोदी और पीछे अभूतपूर्व कीर्त्तिकी प्रतिष्ठा तो की, फिर भी निभृत स्वयम्भूवनके प्रति उनकी दृष्टि न पड़ी। उनके समयमें खण्डगिरि और उदयगिरि नामक गुहा पर्वतगात्रसे उत्पन्न मन्दिरादिके द्वारा भूषित होने पर भी स्वयम्भूवन उससे बहुत दिन बाद भी देवमन्दिरसे अलंकृत नहीं हुआ था। यहां तक कि, ७वीं शताब्दीमें चीन-परिव्राजक यूएनचुवङ्गने खण्डगिरि प्रभृति बौद्धकीर्त्तिका पता तो लगाया था, पर सुप्रसिद्ध भुवनेश्वरक्षेत्रका उन्होंने नाम भी सुना था या नहीं, इसमें सन्देह है। बाद उसके यह क्षेत्र "शाम्भवक्षेत्र" कहलाया। उत्कलखण्डमें लिखा है :—

"इत्थमेतत् पुरा क्षेत्रं महादेवेन निर्मितम्।
तत्र साक्षादुमाकान्तः स्थापितः परमेष्ठिना॥
यदेतच्छाम्भवं क्षेत्रं तमसो नाशनं परम्।" (१३ अ०)

प्राचीन कालमें महादेवने इस क्षेत्रका निर्माण किया। यहां ब्रह्मा द्वारा साक्षात् उमाकान्त स्थापित हुए हैं। इसीसे यह स्थान पापनाशकश्रेष्ठ सम्भवक्षेत्र कहलाता है यह शाम्भवक्षेत्र एकाम्रवन या एकाम्रक्षेत्रमें भी गिना जाता था। इस स्वयम्भू या एकाम्रवनमें बहुत दिनसे नाना मन्दिरादि शोभित नहीं रहने पर भी यह निर्जन प्रदेश वाराणसीके समान कोटिलिंगप्रतिष्ठित तथा अष्टतीर्थ समन्वित था। इसका पता ब्रह्मपुराणसे मिलता है। यथा—

"सर्वपापहरं पुण्यं क्षेत्रं परमदुर्लभम्।
लिङ्गकोटिसमायुक्तं वाराणसी समप्रभम्॥
एकाम्रकेति विख्यातं तीर्थाष्टकसमन्वितम्।"

इस स्वयम्भूवनका एकाम्रवन नाम क्यों पड़ा, इसका सविस्तार पौराणिक आख्यान एकाम्रशब्दमें लिपिबद्ध हुआ है। एकाम्र देखो। महाभारतोक्त स्वयम्भूवन ही इसका आदि नाम है। सुतरां इसे बौद्धयुगका बहुपूर्ववर्त्ती कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं। हिन्दूप्राधान्यके समय प्रचलित ब्रह्मपुराण तथा उत्कलखण्ड वर्णित एकाम्रवनमाहात्म्य रचित हुआ। उस समय सम्भवतः सभी महाभारतीय उपाख्यान भूल गए थे। किन्तु तब तक भी भुवनेश्वरके सुप्रसिद्ध मन्दिरका निर्माण नहीं हुआ था। भुवनेश्वरके वर्त्तमान लिङ्गराज, अनन्तवासुदेव प्रभृति मन्दिरसमूह बनाए जानेके बाद एकाम्रपुराणका उत्तरखण्ड कपिलसंहिता, एकाम्रचन्द्रिका, भुवनेश्वरमाहात्म्य, तथा स्वर्णाद्रिमहोदय प्रभृति पौराणिक ग्रन्थ रचे गये, यह उक्त ग्रंथ पढ़नेसे ही सहजमें जान पड़ता है। एकाम्रपुराण प्रभृतिके रचयिता विभिन्न देवमन्दिरादि उत्पत्तिका अति प्राचीनत्व स्थापन करनेमें यत्नवान् हुए थे, किन्तु मन्दिराभ्यन्तरस्थ शिलालिपि समूह तथा मन्दिरादिके रचनाकौशलने उनका उद्देश्य व्यर्थ कर दिया। यहां तक, कि इन सब समीचीन पौराणिक उपाख्यानमूलक ग्रंथोंकी रचना होनेके बहुत दिन बाद जो सब मादलापञ्जी सङ्कलित हुए हैं, वे भी अधिकांश काल्पनिकसे प्रतीत होते हैं, ऐसा पहले ही कहा जा चुका है। हम लोग क्यों कर ऐसा गुरुतर अभियोग उपस्थित करते हैं, क्रमशः उसका परिचय नीचे दिया जाता है।

बिन्दुसागर

भुवनेश्वर क्षेत्रमें आ कर यात्रीको सबसे पहले बिन्दुसागरमें स्नान करना पड़ता है। ब्रह्मपुराणके मतसे

यह विन्दुसर तीर्थ सब तीर्थोंके जलविन्दुसे प्रपूरित है। इसमें स्नान करनेसे सर्वतीर्थ स्थानका फल मिलता है। फिर पद्मपुराणके मतसे भगवान् पिनाकपाणिने सभी तीर्थोंका एक एक विन्दु जल ले कर यह सरोवर निर्माण किया है, इसीलिए इसका नाम बिन्दुसागर पड़ा। राजा राजेन्द्रलाल मित्रका कहना है, कि हाथी-गुफाकी शिलालिपिमें कलिङ्गराज कर्त्तृक जिस सरोवर प्रतिष्ठाका उल्लेख है वही सर यह विन्दुह्रद है। पुनः इस विन्दुसागर तीरवासी पण्डागण महाभारतके वन-पर्वका श्लोक पढ़ कर इस सरोवरको प्राचीनता तथा माहात्म्यकी घोषणा करते हैं। किन्तु महाभारतकी मुद्रित या हस्तलिखित किसी भी पुस्तकमें यह श्लोक नहीं मिलता।

अभी प्रश्न उठता है, कि क्या विन्दुसर यथार्थमें दो हजार वर्ष पहले विद्यमान था? किन्तु यह असम्भव सा जान पड़ता है। ब्रह्मपुराणमें जिस विन्दुसरतीर्थका उल्लेख है वह एक छोटी पुष्करिणी-सी प्रतीत होता है। अभी यह जितना लम्बा चौड़ा है, पूर्वकालमें उतना नहीं था। इस विन्दुसागरके किनारे प्राचीन अनन्तवासुदेवके मन्दिरमें भवदेवभट्ट रचित जो प्रशस्ति है, वह पढ़नेसे जाना जाता है,-कि:—

"प्रासादाग्रे स खलु जगतः पुण्यपुण्यैकवीथीं।
चक्रे वापी मरकतमणि स्वच्छ सुच्छायतोयां।
मध्ये वारिप्रतिकृतिमियाद्दर्शयन्तीव तादृग्।
विष्णोर्धामाद्भुतमहिकलस्याधिकं या चकासे॥"

भट्ट भवदेवने अनन्त वासुदेवके प्रासादके सामने जागतिक पुण्यका एक मात्र पुण्यस्वरूप तथा मरकतमणिके समान निर्मल सुच्छाय-जलशालिनी एक वापी या तड़ाग प्रस्तुत किया। उस जलके प्रतिविम्बमें मानो अहिकलनकारी विष्णुका अद्भुत धाम बड़ा ही सुन्दर दीखता था। सुतरां समसामयिक विवरणसे साफ साफ जाना जाता है, कि यहां का विन्दुसागर महात्मा भवदेवकी कीर्त्ति है। यह सुवृहत् सरोवर १३००० फीट लम्बा, ७०० फीट चौड़ा और १६ फीट गहरा है। इसके चारों ओर पत्थर का घाट बंधा हुआ है।

विन्दुसागरके बीच पत्थरका बना हुआ एक द्वीप है जिसका परिमाण १००×१०० फीट है। इस द्वीपके उत्तर पूर्व कोनेमें एक छोटा सा मन्दिर है। स्नानयात्राके समय यहां विष्णुमूर्त्ति लाई जाती है और मन्दिरके समीपस्थ फुहारेके जलसे देवकी अभिषेक क्रिया सम्पन्न होती है। स्नानयात्राके सिवा और दूसरे समय कोई भी इस द्वीपमें नहीं जाता। उस समय यहां बड़े बड़े कुम्भीर रहते हैं। आश्चर्यका विषय है, कि विन्दुसागरमें बहुत-से कुम्भीर रहने पर भी वे कदापि यात्रियोंका अनिष्ट नहीं करते। विना डर भयके सैकड़ों वालक इस सरोवरमें आनन्दसे तैरते हैं।

विन्दुसागरमें स्नान कर तीर्थयात्री अनन्त वासुदेवके मन्दिरमें जाते और विष्णुमूर्त्तिके दर्शन करते हैं।

अनन्त वासुदेव।

विष्णुसागरके मध्यघाटके सामने अनन्त वासुदेवका वृहत् मन्दिर है। इस मन्दिरकी लम्बाई १३१ तथा चौड़ाई ११७ फीट है। इसकी मुखशाली ६६ फीट लम्बी और २५ फीट चौड़ी है। मूल मन्दिरके साथ पहले मोहन, पीछे नाटमन्दिर और तब भोगमण्डप विद्यमान है। कलस पर्यन्त मन्दिरकी ऊंचाई ६० फीट है।

मूलमन्दिर, मोहन, नाटमन्दिर और भोगमण्डप की गठन प्रणाली भुवनेश्वरके अधिष्ठाता लिङ्गराजके चार भागमें विभक्त प्रधान मन्दिरकी जैसी है। इन चारों भागके बीच ही एक बड़ा दरवाजा है जिस हो कर भिन्न भिन्न अंशमें जाना होता है। मूल मन्दिर और मुहानेके के आस पास चारों ओर छोटी बड़ी बहुत-सी प्रस्तर-मूर्त्ति हैं। किन्तु नाटमन्दिरमें कोई मूर्त्ति नहीं है, सिर्फ भीतरमें काले पत्थरकी बनी एक सुन्दर गरुड़-मूर्त्ति विद्यमान है। मूलमन्दिरमें बलराम और कृष्णकी मूर्त्ति 'अनन्त' तथा 'वासुदेव' नामसे प्रसिद्ध हैं। इसीसे मन्दिरका नाम भी 'अनन्त-वासुदेव' हुआ है।

भुवनेश्वरके पण्डा लोगोंका कहना है कि इस अनन्त वासुदेवका मन्दिर ही एकाम्रकाननका सर्वप्राचीन मन्दिर है। इसीसे सर्वप्रथम अनन्त वासुदेवकी मूर्त्तिके दर्शन न कर तीर्थयात्री दूसरे किसी देवका दर्शन नहीं करते। यथार्थमें भुवनेश्वरमें अब भी जो सब मन्दिर तीर्थयात्रियोंके दर्शनीय हैं, उनमेंसे यह मन्दिर

ही सर्वापेक्षा प्राचीन है। यह सुविख्यात तथा सुप्राचीन मंदिर वङ्गराज हरिवर्माके मंत्री सर्वशास्त्रवित् राढ़ीय श्रोत्रिय ब्राह्मणप्रवर भवदेव भट्टकी कीर्त्ति है। भवदेव ही राढ़ीय ब्राह्मणकुलके पद्धतिकार थे। अनंत-वासुदेवके प्राचीरमें एक वृहत् शिलाफलक है जिसमें भवदेवके मित्र सुप्रसिद्ध कवि दार्शनिक वाचस्पति-रचित भवदेवकी कुलप्रशस्ति वर्णित है। उक्त शिलालिपिसे जाना जाता है, कि यह विख्यात मन्दिर और सम्मुखस्थ बिन्दुसागर महात्मा भवदेव भट्ट प्रस्तुत कर गए हैं।

सुप्रसिद्ध वाचस्पति मिश्रने ८९८ शक अर्थात् ९७६ ई०में न्यायसूचीनिवन्ध नामक ग्रंथकी रचना की। उस समय उनके प्रिय मित्र भवदेव भट्टका भी आविर्भाव होना असम्भव नहीं है। अतः अनंत-वासुदेवका मंदिर १०वीं शताब्दीमें बना होगा, ऐसा स्वीकार करना पड़ेगा।

लिङ्गराज भुवनेश्वर।

अनंत वासुदेवके दर्शन कर तीर्थयात्री लिङ्गराजके दर्शन करते हैं। भुवनेश्वरक्षेत्रमें लिङ्गराजका मंदिर ही सबसे बड़ा है। अपूर्व शिल्पनैपुण्य तथा भास्करकार्य समन्वित इस मंदिरके लिए आज भुवनेश्वर केवल हिंदूके नहीं, वरन् संसारके सुसभ्य जातिके ही देखने लायक है। किन्तु सागरके दक्षिण प्रायः ६०० हाथ दूर समुच्चय प्राचीरवेष्टित बड़े चबूतरेके मध्य यह महामन्दिर अवस्थित है इसकी लम्बाई ५२० और चौड़ाई ४६५ फीट है। इसके अलावा उत्तरकी ओर २८ फीटका बरामदा है। मुखशालीका परिमाण २३५ फीट है। प्राचीरकी मोटाई ७ फीट ५ इंच है। प्राचीरके चारों ओर बहुत बड़े बड़े प्रवेशद्वार हैं। पूर्वद्वार सबसे बड़ा है और यही सिंहदरवाजा है जिसके दोनों बगलमें दो बड़ी बड़ी सिंहमूर्त्ति हैं। प्राचीरके उत्तर-पूर्व कोनमें अथच प्राचीरके ऊपर नौवतखानाके जैसा पत्थरका बना हुआ एक छोटा घर है—यही भेटमण्डप है। लिङ्गराज भुवनेश्वर जब रथयात्रा कर लौटते हैं, तब इसी घरमें पार्वतीमूर्त्ति लाई जाती हैं। प्राचीरके भीतर २० फीट चौड़े और ४ फीट ऊँचे बराबर बराबर पत्थर गड़े हुए हैं। एक समय बाहरी शत्रुके हाथसे मन्दिररक्षाके लिए यह दुर्भेद्य प्रस्तरायतन बनाया गया था। सम्प्रति इसका कुछ अंश रसोईघरके रूपमें व्यवहृत होता है। इसीकी एक तरफ सुगठित काले पत्थरकी एक नृसिंहमूर्त्ति है। पश्चिमकी ओर चबूतरेके मध्य और भी बहुतसे छोटे छोटे शिवालय हैं। उनमेंसे एक मन्दिर २० फीट ऊँचा है, जो मूल मन्दिरकी अपेक्षा बहुत पुराना है। इसका भीतरी भाग चबूतरेके समतलसे ५॥ फीट नीचा है। यहीं पर आदिलिङ्गमूर्त्ति विराजमान है। शास्त्रके मतसे अनादिलिङ्ग स्थानान्तर करना निषिद्ध है। इसीसे मूलमन्दिर निर्मित होने पर भी यहांके आदिलिङ्ग स्वस्थान-च्युत नहीं होते। मूलमंदिर निर्माण होनेके समय चबूतरा कुछ ऊंचा कर दिया गया इसीसे आदि मन्दिर कुछ नीचा मालूम पड़ता है। ब्रह्मपुराणमें जिन सब लिङ्गोंका उल्लेख है, उनमेंसे इस क्षुद्र मन्दिरके लिङ्ग भी एक हैं और अन्यान्य प्राचीराभ्यन्तरस्थ बहुतसे छोटे छोटे हैं। मूल महामन्दिरका निर्माण हो जानेसे उन सब पुराणोक्त लिङ्गका पूर्वसम्मान ह्रास हो गया है।

पश्चिम तरफ एक कोनेमें भगवतीका मन्दिर है जिसमें तान्त्रिक वामाचारियोंका योनिचिह्न प्रतिष्ठित है। मादलापञ्जीके मतसे राजा विजयकेशरीने यह मन्दिर बनवाया था। किन्तु इस नामके किसी राजाने इस अञ्चलमें किसी समय राज्य किया था, उसका प्रमाण नहीं मिलता।

सिंहदरवाजा हो कर प्रवेश करनेसे पहले एक बहुत बड़ा पत्थरका चबूतरा देखनेमें आता है। इसकी एक ओर समतल छत पर गोपालिनीका मन्दिर है। पण्डागण कहते हैं, कि इन्हीं गोपालिनीने कृत्ति और वास नामक दो असुरोंको मार कर एकाम्रकाननमें शांति स्थापन की है। एकाम्र देखो।

इस गोपालिनीमन्दिरकी भूमि मूलमंदिरके चबूतरेसे बहुत ही नीची है, किंतु पूर्वोक्त आदिलिङ्ग मंदिरके समतल पर है। गोपालिनीमंदिरके पश्चिम छः पत्थरोंकी सीढ़ी बनी है जिसके ऊपर और लिङ्गराजके भोगमण्डपके नीचे ठीक बीचमें प्रवेशद्वारके दक्षिण लिङ्गराजकी वृषभमूर्त्ति बैठी है। इस वृषभका दर्शन कर लिङ्गराजके महामंदिरमें प्रवेश करना पड़ता है।

लिङ्गराजके महामंदिरके सामने भोगमण्डप, उसके पीछे में नाटमन्दिर, उसके पीछे मोहन और मोहनके भी पीछे मूलमन्दिर या देवल तथा उसके मध्य गर्भगृह अवस्थित है। इस महामन्दिरका आगा पीछा देखनेसे जान पड़ता है, कि देवल तथा मोहन सबसे पहले निर्मित हुए; बाद नाटमंदिर और भोगमण्डप बनाया गया।

पण्डितमण्डली वेदपाठ और भक्तवृन्द शास्त्रीय उपदेश सुनेंगे इसीलिए उक्त भोगमण्डप पहले पहल बनाया गया। यह मण्डप सुदृढ़ प्रस्तर भित्तिके ऊपर बना है। इसके चारों ओर २×३ फीट पत्थर गड़े हैं और उनके ऊपर भी सुडौल पत्थर बैठाये गये हैं। इसके चारों ओर अनेक नरनारी, पशुपक्षी, मंदिर तथा पुष्पगुच्छादिकी मूर्त्ति हैं। दालानके चारों तरफ भी कपोत, हंस, अश्व, हस्ती, गो, मेष, उष्ट्र प्रभृतिके सुगठित तथा सुदृश्य चित्र खोदित या प्रोथित हैं। भोगमण्डपके चारों ओर पांच पांच झरोखे हैं। पूरबकी तरफ बीचका झरोखा प्रवेशद्वार है। इन झरोखोंके रहनेसे इस मण्डपमें काफी रोशनी और हवा आती जाती है देखनेमें भी बड़ा ही खूबसूरत है। यह जिस उद्देश्यसे बनाया गया था, वह भी सम्पन्न होता था; किन्तु गठनविपर्ययसे ऊपरकी छत फट गई और स्तम्भादि उखड़ जानेके लायक हो गये। अतः पीछे वे सब झरोखे बंद कर दिये गए तथा छतकी रक्षाके लिए चतुरस्र ठोंस स्तम्भ निर्मित हुए। बीचके बड़े बडे झरोखेमें लोहेकी धूनी दे कर वे छोटे कर दिये गए, तथा खिलानकी रक्षाके लिए लोहेकी कपाली स्थापित हुई। इस प्रकार नई दीवारोंमें भी पत्थर काट कर अनेक मूर्त्ति अङ्कित हुईं सही, पर पहले शिल्पविद्याका जैसा सुंदर निदर्शन था, अभी उसके बदले विसदृश, असङ्गत और जैसी तैसी मूर्त्ति मालूम पड़ती है। पाठगृहके बदले अब यह अन्धकारगृह भोगका घर कहलाने लगा है। प्रतिदिन तीन बार यहां लिङ्गराजका अन्न भोगादि लाया जाता है।

राजा राजेंद्रलाल मित्रके मतसे यह भोगमण्डप ७९२से ८११ ई०के मध्य कमलकेशरीके राजत्वकालमें निर्मित हुआ है। किंतु इसका स्थापत्य देखनेसे ऐसा प्रतीत नहीं होता। लिंगराजके देवलके भीतरी प्रवेशद्वारके दक्षिण जो सुवृहत् शिलालिपि उत्कीर्ण है, उसे पढ़नेसे यह झलकता है, कि जो महापुरुष कोणार्कका सूर्यमन्दिर निर्माण कर भारतप्रसिद्ध हुए हैं। उसी गङ्गवंशीय राजा वीर नरसिंहदेवने अपने राज्यके २४वें वर्षमें उक्त भोगमण्डप प्रस्तुत किया था। किंतु उसके बहुत दिन बाद संस्कारकार्य तथा गवाक्षका निवद्धकार्य्य सम्पन्न हुआ है।

भोगमण्डपके पश्चिम नाटमंदिर है। देवताओंको संतुष्ट करनेके लिए इस नाटमंदिरमें ही नृत्यगीतवाद्यादि होता है। भूमिभाग चौकोन और चारों ओर ५२ फीट है। इस नाटमंदिरके उत्तरदक्षिण २ फीट चौड़े और ५ फीट ऊंचे कई एक पत्थर गड़े हैं। भोगमण्डपकी तरह इन पत्थरोंमें भी नाना प्रकारके कारुकार्य्य हैं, किंतु वे पृथक् पृथक् रूपके हैं। किवाड़की चौखटमें किसी जीव या मनुष्यकी मूर्त्ति नहीं है। बौद्ध चैत्यके जैसे मध्यभागमें नरमूर्त्तियुक्त मंदिरचित्रादि हैं। नृत्यशालाकी छत चार चौकोन खम्भे और कई एक लोहेकी कड़ियों पर है। घरके भीतर किसी प्रकारकी सजावट नहीं है। सिर्फ पश्चिमकी ओर बिचले दरवाजेके चारों ओर बहुत बढ़िया क्लोराइट पत्थरकी नाना मूर्त्तियुक्त धारी बनी है। जो मानो तस्वीरके फ्रेम-सी मालूम पड़ती है। इस प्रकारके सात फ्रेम हैं। फ्रेमके नीचे मनुष्यकी मूर्त्ति है। इस मूर्त्तिके ऊपर नाना मूर्त्ति तथा खोदितचित्रयुक्त स्तम्भ खड़े हैं। दरवाजेके सामने फ्रेमका जो अंश पड़ा है, उसका शिल्पकार्य और स्थापत्य और भी सुंदर है। इस दरवाजेके बायें किवाड़में उत्कीर्ण जो लिपि है उसे जान पड़ता है कि कर्णाटविजेता कलवरगजयी महाराज कपिलेंद्रदेवने भुवनेश्वरकी सेवाके लिए बहुत-सी जमीनका बंदोवस्त कर दिया था। किंतु नाटमंदिर कपिलेंद्रदेवके बहुत पहलेका बना है। राजा राजेंद्रलालने लिखा है, कि १०९९से ११०४ ई०के मध्य शालिनी केशरीकी रानीने उक्त नाटमंदिर बनवाया था। किंतु यह बात काल्पनिक है। देवलके अभ्यंतरस्थ प्रवेशद्वारके दक्षिण जो बृहत् शिलालिपि उत्कीर्ण है, उसे पढ़नेसे मालूम होता है, कि वीर

नरसिंहदेवने कोणार्कका सूर्यमंदिर तथा उसका अपूर्व क्रमबद्ध द्वार प्रस्तुत किया था। लिङ्गराजका उक्त नाटमंदिर और उसका क्रमबद्ध द्वार भी उन्हीं वीर गंगराजकी कीर्त्ति है। ११६४ शक (१२४२ ई०)-में यह नाटमंदिर निर्मित हुआ। उक्त शिलालिपिके ऊपर ही राजकुमारीका नाम रहनेसे अनुभव होता है, कि उक्त गङ्गराजकन्या ही इसका सूत्रपात कर गई है। जान पड़ता है, कि वही राजकन्या प्रवादवाक्यमें तथा आधुनिक मादलापञ्जीमें शालिमीकेशरीकी महिषी कह कर प्रसिद्ध हुई है।

नाटमंदिरकी पश्चिमवाली दीवारके गर्त्तमें हर-पार्वतीकी मूर्त्ति स्थापित है। नाटमंदिरके पश्चिम पार्श्वमें मोहन और उसके पश्चिममें लिंगराजका देवल है, दोनोंकी गठन एक-सी है और दोनों एक ही समयके बने हुए प्रतीत होते हैं। पाषाणमय उक्त मोहनका निर्माणकौशल, भास्करकार्य और शिल्पनैपुण्य देखनेसे चमत्कृत होना पड़ता है। महाभारतमें देखा जाता है, कि देवशिल्पी विश्वकर्मा यहां तपस्या करते थे। यथार्थमें यह नयनमोहन मोहन उन्हीं देवशिल्पीके तपस्या-प्रभावसे बना है। अत्यन्त क्षुद्र प्रतिमूर्त्तिसे सुवृहत पाषाण-प्रतिमा-अपरूप कौशलसे गठित है, मानों मानवजीवनका संसार चित्र सुस्पष्ट दिखाया गया है, प्रमोदावासका आनन्दमय चित्र क्या ही सुन्दर सन्निविष्ट हुआ है, प्रकृतिकी कल्पित लीलाभूमिने मानों शिल्पीके कौशलसे सजीवता प्राप्त की है फिर भी, उसके साथ अमानुषी तथा कविकल्पित अस्वाभाविक दृश्यका अभाव नहीं है। जिसने देखा है, वही जानता है। सैकड़ों पृष्ठ लिखने पर भी उसकी प्रकृत वर्णना करनेमें लेखनी समर्थ नहीं है।

मोहनकी छत भी भोगमण्डपकी छतकी तरह चूड़ाकार है। ऐसी बड़ी छत सिर्फ दीवारके आधार पर नहीं रह सकती, इस कारण ३० फीट ऊंचे चार सुवृहत् पाषाणस्तम्भ छतके अवलम्बन स्वरूप हैं। इसके दक्षिण-प्रवेशद्वारके निकट बाईं तरफ एक चौकोन घर है जिसकी कारीगरी पर ताज्जुब होना पड़ता है। किन्तु दुःखकी बात है, कि निर्माता इसका कारुकार्य समाप्त न कर सके। इस घरमें पीतलकी कई एक प्रतिमा रखी है। लिङ्गराजके उत्सवके समय लिङ्गके बदले ये ही प्रतिमा बाहर लाई जाती हैं। इसके सामने और कुछ दूरी पर एक छोटे बड़े मन्दिर नजर आते हैं। मोहनकी लम्बाई ६५ फीट और चौड़ाई ४५ फीट है। इसके बाद लिङ्गराजका देवल या महामन्दिर है। अभी चबूतरेसे ले कर कलस तक देवलकी ऊंचाई १६० फीट है। किन्तु देवलके गर्भगृह चबूतरेसे २ फीट नीचा होनेसे उस समय जो चबूतरा था, वह भी घरकी शहनसे लगभग २।३ फीट नीचा था, सुतरां पहले जब देवल बना उस समय इसकी ऊंचाई लगभग १६५ फीट थी। देवलका भूभाग मोहनके समपरिमाणका है, सिर्फ उसके दक्षिण ओरकी मुखशाली कुछ चौड़ी है। किन्तु पूर्व-पश्चिमका अंश कुछ छोटा है। प्रत्येक मुख-शालीके बीच एक बड़ा गर्त्त है। इसके ऊपर और पार्श्वमें छोटे छोटे गर्त्त हैं। दूरसे ये सब गर्त्त त्रितालके जैसे मालूम पड़ते हैं। मध्यमुख-शालीका सबसे बिचला गर्त्त बहुत बड़ा और बढ़िया है। इसमें मनुष्याकृतिसे भी बड़ी पाषाणमूर्त्ति रखी है। दक्षिण भागमें गणेशकी, पश्चिममें कार्त्तिककी और उत्तरमें देवी भगवतीकी मूर्त्ति है। मुखशाली जैसी अनेक शिल्पनैपुण्यकी परिचायक है, बाहिरशाली वैसी नहीं है, फिर भी कारीगरी तथा स्थापत्यमें हीन नहीं है। यहां भी नाना प्रकारकी पाषाणमूर्त्ति दिखाई पड़ती हैं। कोनेकी बाहरशालीके गर्त्त बहुत छोटे हैं—वे पूर्वोक्तके जैसे बड़े नहीं है। किन्तु इन छोटे गर्त्तोंमें दिक्पालकी मूर्त्ति है—पूर्वकी ओर इन्द्र, दक्षिणपूर्वमें अग्नि, दक्षिण-में यम, दक्षिणपश्चिममें निर्ऋति, पश्चिममें वरुण, उत्तर पश्चिममें मरुत्, उत्तरमें कुवेर और उत्तरपूर्वमें ईश है। मुखशाली, बाहरशाली और मूलमन्दिरकी दीवारमें बहुत से गर्त्त है जिनकी गठन सीधी सादी है। इन सब गर्त्तोंमें कई एक सिंह और ५ फीट ऊंची विभिन्न प्रकारकी पाषाणमूर्त्ति हैं। कहीं कहीं पर देवनर्त्तकी, कहीं श्रृङ्गार रसावेशमें नरनारीकी युगलमूर्त्ति है। ये युगलमूर्त्ति इतनी कुरुचिसम्पन्न और अश्लील हैं कि वह लिखा नहीं जा सकता। इन मूर्त्तियोंकी संख्या अधिक नहीं है। सुसभ्य अंगरेज राजाने ऐसी युगल

मूर्त्तिको वहांसे हटा दिया है और वहुत सी अङ्गहीन पड़ी हैं। किसी गर्त्तमें वाद्यकरका दल और किसीमें अनेक संसारचित्र हैं। ये सब मूर्त्ति लगभग एक फीट से अधिक ऊंची नहीं है।

मुखशाली और वाहरशालोके अलावा देवल (मन्दिर)-का आयतन लगभग ५५ फीट ऊंचा है। इसके ऊपर अनेक सिंहमूर्त्ति और छोटो वड़ी नाना प्रतिमूर्त्ति नजर आती हैं। हवा और रोशनी आने जानेके लिये ऊपरमें वहुत-से छोटे वड़े झरोखे हैं। कलसके अवलम्बस्वरूप नीचे १२ सिंहमूर्त्ति बैठी हैं और कलसके ऊपर सुवृहत् त्रिशूल गड़ा है।

देवल (मन्दिर)का पूर्वभाग मोहनमें लगा है। इधर किसी अलङ्कार या सजावटका आडम्बर नहीं है—भीतर और वाहर एक-सा है।

देवलके आयतनके जैसा गर्भगृहका आयतन भी घन या चतुष्काण है। यह घर भी दो-मंजिला है। नीचे अनादिलिङ्ग भुवनेश्वर विराजमान हैं। इनके ऊपर छतके साथ चांदनी लगी हुई है। इसी अनादि-लिङ्गके दर्शन करनेके लिये हजारों यात्री भुवनेश्वर आते हैं। पञ्चकोशी भुवनेश्वरक्षेत्रमें अव भी हजारों लिङ्ग वर्त्तमान हैं। किन्तु उक्त लिङ्ग ही सर्वप्रधान गिने जाते हैं, इसीलिये इनका नाम लिङ्गराज है। यहांके पौराणिक स्थानमाहात्म्यमें इनका नाम त्रिभुवनेश्वर और भुवनेश्वर लिखा तो है, पर इस लिङ्गमूर्त्तिका प्रकृत नाम है कृत्तिवास। मन्दिरके प्रतिष्ठाता कृत्तिवास ही इस लिङ्गका परिचय दे गए हैं।

राजा राजेन्द्रपालने लिखा है, कि मगधसे आ कर ययातिकेशरीने यवनोंको मार भगाया और वौद्धधर्मके ध्वंसावशेषके ऊपर पुनः हिन्दू-धर्म स्थापित किया। उन्होंने ४७४से ५२६ तक राजकाज चलाया। उन्हींके राज्यावसानके समय लिङ्गराजके देवल तथा मोहनका निर्माणकार्य आरम्भ हुआ। किन्तु वे इसे समाप्त न कर सके, उनके वंशधर सूर्यकेशरीने वहुत दिन तक राजत्व तो किया, किन्तु वे मन्दिरके लिए कुछ न कर सके। उनके उत्तराधिकारी अनन्तने मन्दिरका काम शुरू किया। अन्तमें ललाटेन्दुकेशरीके राजत्वकालके ५८८ शक (६६६ ई०)में इस महामन्दिरका निर्माणकार्य समाप्त हुआ।[*] जगन्नाथकी मादलापञ्जीसे मित्र महाशयने जो यह विवरण उद्धृत किया है, वह भी कवि-कल्पना है,—केवल इतिहासानभिज्ञ पण्डाओंके तीर्थक्षेत्रका प्राचीनत्व दिखलानेकी चेष्टा है। यथार्थमें केशरीवंशके कोई भी राजा मगधसे नहीं आये थे। ब्रह्मेश्वरसे आविष्कृत उद्योतकेशरीके शिलाफलकसे जाना जाता है, कि उनके प्रपितामह विचित्रवीरने तैलङ्गसे आ कर ओड़ राज्यभार ग्रहण किया और उन्होंके पूर्वपुरुष राजा जनमेजय त्रिलङ्गाधिप कह कर वर्णित हुए हैं।[†] यथार्थमें उद्योतकेशरीके सिवा इस वंशके दूसरे किसी राजाकी 'केशरी' उपाधि नहीं देखी जाती। इसके अलावा ब्रह्मेश्वरलिपिमें उद्योतकेशरी और उनके पूर्वपुरुष दीर्घरव, अपवार, विचित्रवीर, अभिमन्यु, चण्डीहर प्रभृति इन सब सोमवंशीय राजाओंका नामोल्लेख है[¶]। मादलापञ्जीमें इनमेंसे एकका भी नाम नहीं मिलता। अतः मादलापञ्जीके केशरिवंशकी कहानी पण्डाओंकी कल्पनामात्र है। लिङ्गराजके देवल और मोहनसे ही मन्दिरनिर्माणकालकी सम-सामयिक शिलालिपि वाहर हुई है। जिन्होंने देवल तथा लिङ्गराजमूर्त्तिके दर्शन किये हैं, उनकी दृष्टि अवश्य ही उन शिलालिपियों पर पड़ी होगी। इन्हीं शिलालिपियोंकी सहायतासे देवल और मोहनका निर्माणकाल मालूम होता है। जगन्नाथके पण्डागण जिस अनङ्ग भीमको पुरुषोत्तमके सुप्रसिद्ध मन्दिरनिर्माता वतलाते हैं वे ही अनीयङ्कभीम भुवनेश्वरके सुप्रसिद्ध मन्दिरनिर्माता कह कर शिलालिपिमें वर्णित हुए हैं। शिलालिपिमें अनीयङ्क

---

[*] इस सम्वन्धमें मित्र महाशयने अपने पिताके रोजनामचेसे निम्नलिखित श्लोक उद्धृत किये हैं :—

"गजाष्टेशुमिते जाते शकाब्दे कीर्त्तिवाससः।
प्रासादमकरोद्राजा ललाटेन्दुश्च केशरी॥"

जगन्नाथके मन्दिरनिर्माणके उपलक्षमें जिस प्रकार काल्पनिक श्लोक प्रचलित हुए हैं उसी प्रकार यह भी कल्पित श्लोक है। इसके मूलमें कुछ भी ऐतिहासिक सत्यता नहीं है।

[†] Mitra's Antiquities of Orissa, Vol, II, p,88

[¶] जगन्नाथ शब्द देखो।

भीमदेवका ३४वां अङ्क तथा प्रवहति-संवत्सर पाया गया है। चाटेश्वरकी शिलालिपि और २य नरसिंह देवके सुवृहत् ताम्रशासनमें अनङ्गभीम या अनीयङ्क भीम दोनोंके नाम मिलते हैं। १म अनङ्गभीम उत्कल विजेता जगन्नाथके चतुर्थ पुत्र थे। इन्होंने १० वर्ष तक राज्य किया था। २य व्यक्ति १म व्यक्तिके पौत्र तथा राजराजके पुत्र थे। इन्होंने चौंतीस वर्ष लगभग ११७५ शक (१२५३ ई०) तक राज्य किया। भुवनेश्वरकी शिलालिपिमें "राजराजतनुज" तथा अनीयङ्कभीमके ३४ राज्याङ्क रहनेसे हम लोग शेषोक्त अनीयङ्क या अनङ्गभीमदेवको भुवनेश्वरके महामन्दिर निर्माता मानते हैं। सम्भवतः गङ्गराजके राज्यारम्भमें महामन्दिरका निर्माणकार्य्य आरम्भ और उनके राज्यावसानके समय प्रायः सम्पूर्ण हुआ था। जो कुछ अंश बाकी था वह नाटमन्दिर तथा भोगमण्डपके साथ उनके पुत्र वीर नरसिंहके द्वारा सुसम्पन्न हुआ। चाटेश्वर देखो। किसी किसीका कहना है, कि देवलका गर्भगृह अर्थात् जहां भुवनेश्वरलिङ्ग अधिष्ठित हैं वह देवल और मोहनसे बहुत पुराना है। किन्तु इस गर्भगृहकी भीतरी दीवारमें उत्कीर्ण शिलालिपिकी वर्णमाला और अनीयङ्क भीमकी शिलालिपिकी वर्णमाला देखनेसे दोनों एक ही समयमें एक ही व्यक्तिसे लिखी हुई प्रतीत होती है। सुतरां गर्भगृह मय देवल तथा मोहनके कलिङ्गाधिपति गङ्गवंशीय अनीयङ्क भीमकी कीर्ति है। महाराज अनयङ्कभीमने 'कृत्तिवास' और 'कृत्तिवासेश्वर' नामसे ही लिङ्गराजका उल्लेख किया है यह शिलालिपिसे साफ साफ जाना जाता है। यही २य अनीयङ्क भीम कटक, पुरी तथा गञ्जाम जिलेके नाना स्थानोंमें सुवृहत् शिवमन्दिरकी प्रतिष्ठा कर चिरस्मरणीय हो गये हैं। चाटेश्वर और गांगेय शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

सहस्रलिङ्गसरः।

महामन्दिरकी प्रदक्षिणाके बाहर सिंहद्वारके सामने एक छोटा उद्यान और उसमें एक सरोवर है। इसी सरोवरका नाम सहस्रलिङ्ग है। इसके चारों ओर चार चार हाथ ऊंचे एक सौ आठ शिवालय हैं। अनेक शिवलिङ्ग प्रतिष्ठित रहनेके कारण उक्त सरोवरका नाम सहस्रलिङ्ग पड़ा है। किसी प्राचीन ग्रन्थमें या एकाम्रचन्द्रिकामें इस सरोवरका उल्लेख नहीं है. किन्तु स्वर्णाद्रिमहोदयमें इसका माहात्म्य वर्णित है।

तीर्थेश्वरका मन्दिर।

सहस्रलिङ्गसरसे विन्दुसागर जानेके रास्ते पर तीर्थेश्वरका मन्दिर अवस्थित है। इस मन्दिरमें विशेष शिल्प या कारुकार्य्यका परिचय नहीं है। किन्तु देखनेमें वह महामन्दिरसे यहां तक, कि अनन्त वासुदेवके मन्दिरसे भी पुराना लगता है। चरकपूजाके समय इस मंदिरकी सचलमूर्त्ति लाई जाती हैं।

कोटितीर्थेश्वर।

अनन्त वासुदेवके मन्दिरसे पूर्वोत्तर पाव भर जमीन जाने पर एक क्षुद्र आम्रवनमें ४० फीट ऊंचा मोहनयुक्त एक देवल (मन्दिर) है। इसीका नाम कोटितीर्थेश्वर है। मन्दिर देखनेसे ही प्राचीन-सा बोध होता है। राजा राजेन्द्रलाल मित्रके मतानुसार अति प्राचीन देवल तथा बौद्धचैत्यके मसालेसे यह देवायतन बना है। इस मन्दिरके पीछे पत्थरका बंधा हुआ एक अपरिष्कार सरोवर है जिसका नाम कोटितीर्थ है। यहां अनेक तीर्थयात्री स्नान करने आते हैं।

ब्रह्मेश्वर।

कोटितीर्थसे आध कोस पूर्व ऊंचे स्तूपके ऊपर एक सुन्दर, स्थल, नाना शिल्पयुक्त मंदिर तथा तदनुरूप मोहन है। यहां ब्रह्मेश्वरके नामसे प्रसिद्ध है। इसमें योनिचिह्नके सिवा ब्रह्मेश्वर नामक छोटा लिङ्ग भी प्रतिष्ठित है। एकाम्रपुराण (१४वें अध्याय)-में लिखा है, कि महादेवने ब्रह्मासे भुवनेश्वर क्षेत्रका सविस्तार माहात्म्य वर्णन कर मन्दिरसे ११०० धनुकी दूरी पर अपना विश्रामस्थान बतलाया था, तदनुसार ब्रह्माके आदेशसे विश्वकर्माने यहां ब्रह्मेश्वर मन्दिर बनाया। भक्तोंका विश्वास है, कि अभी जो ब्रह्मेश्वरका मन्दिर है, वह यही विश्वकर्म-निर्मित प्राचीन मन्दिर है। किंतु इस ब्रह्मेश्वरसे आविष्कृत शिलालिपिसे जाना जाता है, कि सोमवंशीयराजा उद्योतकेशरीकी माता कलावतीने यह मनोहर मंदिर बनवाया है। ११वीं शताब्दीमें राजा उद्योतकेशरी विद्यमान थे। उन्हींके समय यह विख्यात मंदिर बना। एकाम्रपुराणका उपाख्यान पण्डाओंका

स्वाकपोलकल्पित वर्णनामात्र है। मंदिरके पश्चिम एक बड़ा सरोवर है जिसका नाम ब्रह्मकुण्ड है। स्वर्णाद्रिमहोदय तथा एकाम्रपुराणमें मन्दिरस्थ लिङ्ग और कुण्ड दोनोंका ही माहात्म्य वर्णित है।

भास्करेश्वर ।

ब्रह्मेश्वरके उत्तर-पूर्व एक विस्तीर्ण प्रान्तमें भास्करेश्वरका मन्दिर अवस्थित है। एकाम्रपुराणमें लिखा है, कि स्वर्गवासी देवताओंने जब ब्रह्मासे समुद्र तीरवर्त्ती एकाम्रवनका माहात्म्य सुना, तब सबोंने सहस्रांशु सूर्य देवको यह कह कर भेजा कि, सूर्यदेवके ही सभी अनुवर्त्ती होंगे। सूर्यदेव यहां आये और इसकी शोभा देख विमोहित हुए। बाद उन्होंने विश्वकर्माको लिवा कर कृत्तिवासके महामन्दिरसे १५०० धनुकी दूरी पर एक सुरम्य हर्म्य प्रस्तुत कराया और उसमें एक लिङ्ग स्थापित कर नाना उपकरणसे कायमनोवाक्य द्वारा उसकी पूजा की। भगवान् कृत्तिवासने उनकी पूजासे संतुष्ट हो वर दिया, कि मैं स्वयं प्रतिदिन इसी लिङ्गमें रहूंगा।

(एकाम्रपुराण १६ अ०)

भक्तगण उक्त उपाख्यान पर भक्तिपूर्वक विश्वास करते हैं, किंतु ऐतिहासिकगण इसे अमूलक समझते हैं। राजा राजेंद्रलालका विश्वास है, कि भास्करेश्वरलिंग एक बौद्धकीर्त्तिस्तम्भ है। यह अशोकलाट भी हो सकता है, क्योंकि उसके साथ इसकी तुलना हो सकती है। हिन्दुओंने इस स्तम्भको ला कर लिङ्ग बना लिया है। यथार्थमें इस पाषाण लिङ्गके साथ भुवनेश्वरस्थ किसी लिंगका सौसादृश्य नहीं है इधर मन्दिरकी गठन और मालमसाला देखनेसे यह भुवनेश्वरको महामंदिरकी अपेक्षा प्राचीन सा प्रतीत होता है। बीच बीचमें चूना पोतनेसे उसकी प्राचीनता बहुत कुछ नष्ट हो गई है। एक समय यह मंदिर ५० फीट ऊंचा था, अभी कलस तथा आम्रशिला टूट गई है। इसकी भित्तिभूमि लगभग ४८।० फीट लम्बी, ४७॥० फीट चौड़ी और ११ फीट ऊंची है। इसके ऊपर मूलमंदिर और ११ फीट चौड़ा छोटा मोहन स्थापित है। मंदिरपार्श्वभागके गर्त्तमें एक एक मूर्त्ति रखी है। लिङ्गके समीप पत्थरकी सीढ़ी बनी है। उसी पर चढ़ कर पुजारी लिंगके ऊपर जल चढ़ाते और यथारीतिसे पूजा करते हैं।

राजारानी देवल

भास्करेश्वरके पश्चिम लगभग एक पावकी दूरी पर राजारानीका देवल (मन्दिर) है। सम्प्रति परित्यक्त तथा कण्टकवृक्षसे आच्छादित होने पर भी एक समय इसके चारों ओरके उपवनकी शोभा सबोंके चित्तको आकृष्ट करती थी। इसकी गठनप्रणाली भुवनेश्वरके मन्दिरसे सम्पूर्ण भिन्न है, इसका मोहन भी भिन्न प्रकारका है। किन्तु इसका कारुकार्य तथा शिल्प देखनेसे चमत्कृत होना पड़ता है। बाहर गर्त्तमें बड़ी ही सुडौल स्वाभाविक सौन्दर्यविशिष्ट नरनारीकी मूर्त्ति हैं जो अत्यन्त छोटी होने पर भी दो हाथ ऊंची मालूम पड़ती हैं। इन सब मूर्त्तिगठनमें शिल्पीने यथेष्ट योग्यताका परिचय दिया है। इस मन्दिरमें अनङ्गको जितनी मूर्त्ति हैं, दूसरेमें उतनी नहीं है। वे सब अश्लील अथच सुगठित मूर्त्ति देखनेसे आंखें बन्द कर लेनी पड़ती हैं। इसमें बहुतसी देव देवियोंकी मूर्त्ति है। अफसोस है, कि मन्दिरका प्रतिष्ठाकार्य पूरा न होने पाया, इसीलिए कोई लिङ्ग न रहनेके कारण यह मन्दिर बहुत दिनोंसे परित्यक्त है और यहांकी अयत्नरक्षित पाषाणमय अनेक प्रकारकी सुन्दर मूर्त्ति मानो जनसाधारणकी सम्पत्ति हो रही है। जनरल स्टूयार्ट और कर्नेल मैकेञ्जी इस मन्दिरको देख कर विमुग्ध हुए और इसकी अनेक सुन्दर मूर्त्ति उठा ले गए हैं। अब भी उनमेंसे कई एक कलकत्तेके जादूघरमें रखी हुई हैं। अङ्गहीन होने पर भी वे दर्शकोंके चित्तको आकृष्ट करती हैं। यह मन्दिर देवोद्देशसे क्यों नहीं उत्सृष्ट हुआ, इसका हाल कोई भी नहीं बतला सकते हैं। इसकी गठन प्रणाली तथा शिल्पकौशल बहुत कुछ ब्रह्मेश्वर मन्दिरके जैसे हैं। यह असम्भव नहीं, कि उद्योतकेशरीने अपनी माताके लिए ब्रह्मेश्वरमन्दिर बनवाया हो और उनके तथा उनकी स्त्रीके यत्नसे यह सुदृश्य देवल गठित हुआ हो। यही कारण है, कि इस राजारानीका देवल नाम पड़ा है।

महामन्दिरके दक्षिण ५।७ बीघा जङ्गल है। बहुतोंका विश्वास है, कि यहीं पर राजप्रासाद था। अब भी उस प्रासादका चिह्न और राजोद्यानका निदर्शन

पाया जाता है। सम्भवतः उसी प्रासादमें उद्योतकेशरी रहते थे। कलिङ्गाधिपति चोड़गङ्गके आक्रमणसे वे राज्य छोड़ कर भाग गये। उनके वहुत कोशिश करने पर भी यह देवल देवप्रतिष्ठाके अभावसे अङ्ग रहित रह गया। शत्रुके हाथसे उनका प्रासाद तहस नहस तो हो गया, पर देवांह् शसे वने हुए देवलने हिन्दूविजेतासे रक्षा पाई, किन्तु विजित नृपवंशकी कीर्त्ति होनेके कारण अङ्गहीन मन्दिरमें देवप्रतिष्ठा प्रतापशाली गङ्गराजगण अनावश्यक तथा हीनचित्तके परिचायक-से प्रतीत होते हैं।

उद्योतकेशरीके पूर्व पुरुषके प्रतिष्ठित रामेश्वरमंदिरका ध्वंसावशेष उक्त जङ्गलके निकट पड़ा हुआ है।

मेघेश्वर ।

भास्करेश्वरके पूर्व २०० हाथकी दूरी पर मेघेश्वरका प्रसिद्ध मंदिर है। उड़ीसाके प्रत्नतत्वमें राजा राजेंद्रलालने इस मंदिरका नाम तक भी उल्लेख नहीं किया। किंतु एकाम्रपुराण, स्वर्णाद्रि महोदय प्रभृति अनेक ग्रंथोंमें इस मेघेश्वरका माहात्म्य विस्तारपूर्वक वर्णित है। एकाम्रपुराणमें लिखा है,—आठ मेघने सिद्धिलाभकी इच्छासे एकाम्रक्षेत्रमें आनेके लिए देवराज इन्द्रसे प्रार्थना की। बाद उन्होंने इन्द्रकी आज्ञा पा कर एक साथ हो कल्प वृक्षसे १७०० धनुकी दूरी पर एक निर्मल शिलातल चून लिया और विश्वकर्माको कह कर वहां परिखा, तोरण, कुण्ड, गोपुरादि सर्वावयवयुक्त एक तुङ्ग प्रासाद बनवाया। वहां उनके दान, अर्चना, तप और यज्ञसे संतुष्ट हो कर महेश्वरने उन्हें दर्शन दिये और वर देना चाहा। मेघोंने प्रार्थना की, 'हम लोगोंने यह प्रासाद बनाया है। आप यहां अवस्थान करें'। इस पर महादेव बोले, 'मैं यहां मेघेश्वर नामसे वास करूंगा। इसका विमलजल युक्त ह्रद भी मेरा प्रीतिप्रद तथा सर्वपापनाशक होगा। (एकाम्रपु० ३८ अध्याय)

एकाम्रपुराण चाहे जो कुछ कहे पर मेघेश्वर मन्दिर उत्कलविजयी चोड़गङ्गके पुत्र राजराजके साले महावीर स्वप्नेश्वर देवकी कीर्ति है। मेघेश्वरमें पहले एक शिलाफलक था जो अभी अनन्तवासुदेवके मन्दिरमें भवदेवभट्टकी प्रशस्तिके पास रखा है। जनरल स्टूवार्ट द्वारा उक्त शिलाफलक हटाया गया था और मेजर किटोने उसे वर्त्तमान स्थान पर रखा है। इस शिलालिपिसे जाना जाता है, कि गौतमगोत्रमें राजपुत्र कुमारदेवने जन्म ग्रहण किया। उनके पुत्र मूलदेव, मूलदेवके पुत्र अहिरम और अहिरमके स्वप्नेश्वर नामक पुत्र तथा सुरमा नामकी एक कन्या थी। इसी सुरमासे चोड़गङ्ग-राजपुत्र राजराजदेवका विवाह हुआ। विवाहके सम्बन्धसे ही स्वप्नेश्वर गङ्गराजसभामें विशेष सम्मानित होते थे। इन्हीं स्वप्नेश्वर देवने वर्त्तमान मेघेश्वरका सुंदर मन्दिर बनवाया था। मन्दिरके समीप जो मेघकुण्ड है, वह भी उन्हींका बनाया हुआ है। स्वप्नेश्वरके भगिनीपति राजराज ११वीं शताब्दीमें विद्यमान थे। उस मंदिरकी जैसी शोभा थी, अभी वैसी नहीं है; फिर भी वह देखने लायक है।

मुक्तेश्वर ।

राजारानी-देवल (मंदिर)-से ६०० हाथकी दूरी पर एक आम्रवन था और वहां कई एक सिद्ध पुरुष रहते थे, इसलिये यह स्थान सिद्धारण्य नामसे विख्यात है। यहां कई एक शीतल प्रस्रवण भी हैं। अतः ऐसे मनोरम स्थानमें श्रेष्ठ देवालय क्यों न निर्मित हो? ऐसे सुरम्य निर्जन स्थानमें कौन रहना पसंद नहीं करता? उत्कलके भूपतिगण विभिन्न समयमें यहां मुक्तेश्वर, केदारेश्वर, सिद्धेश्वर और परशुरामेश्वर प्रभृतिकी सौधावलीकी प्रतिष्ठा कर चिरस्थायी कीर्त्ति छोड़ गये हैं। यहां जितने देवालय हैं, उनमेंसे मुक्तेश्वर या मुक्तीश्वर भूलने लायक नहीं है। उत्कल-शिल्पियोंने इस मंदिरमें अपनी गुणपणाकी पराकाष्ठा दिखलाई है। किन्तु मंदिरका वैसा दृश्य अभी न रह गया है—अभी वह अस्पष्ट, वर्णहीन तथा अङ्गहीन हो गया है। फिर भी वह अत्यन्त सुंदर विगत शिल्पनैपुण्यका मर्यादा-परिचायक है। देवल कुल ३५ फीट ऊंचा, मोहन २५ फीट, इसका सामनेवाला तोरण (मेहराव) १५ फीट है, किन्तु विभिन्न अंशका रचनाविन्यास, स्थाननिर्वाचन तथा परिमाण-पारिपाट्य देखनेसे शिल्पीके असाधारण कौशलका परिचय मिलता है। जो जहांके योग्य है, वह वहां ही सन्निविष्ट है—जहां जो रखनेसे सबोंका मन आकर्षित हो सकता है, शिल्पियोंने मानों दैवशक्तिप्रभावसे पत्थर ले कर वही खेल खेला है। सजावटकी क्या ही वहार है—कहीं

तो ढेरके ढेर पुष्पगुच्छ हैं, कहीं सुसज्जित तथा सुनियमित नरनारीमूर्त्तिं, कहीं गजवासिनी देवीमूर्त्ति असिवर्मावृत असुरको मारनेमें उद्यता, कहीं भगवती अन्नपूर्णा भोलानाथको अन्नभिक्षादानमें निरता, कहीं पञ्चशिरा भुजङ्गके चक्रके नीचे अर्द्ध सर्पाकृति रमणी, कहीं सिह हाथीके ऊपर, कहीं सिहके साथ हाथीका युद्ध और कहीं हाथीकी सूंड़में बंधा हुआ सिह है,—पुनः नर्त्तकियोंका हावभाव-युक्त नाना दृश्य, कोई नाचती हैं, कोई मृदङ्ग, वीणा अथवा तम्बुरा बजाती है, कोई प्रेमके आवेशमें प्रियतमका आलिङ्गन करती हैं ;—कोई बलिष्ठ राक्षसमूर्त्ति बोझ ढो रही है, सिद्धर्षिगण शिवपूजामें नियुक्त हैं, गुरु शिष्यको उपदेश दे रहे हैं, कोई पुस्तक पढ़ रहा है, कहीं छतके नीचे कोई नारी खड़ी हैं, कोई स्त्री दरवाजे पर सुग्गेको हाथमें लिये हुए हैं, कोई रमणी वृक्षके नीचे और कोई कच्छपके ऊपर शोभायमान हैं। रमणियोंके बालकी क्या ही बहार है। उनके शिरके कितने ही साज हैं :—फूलकी सजावट, लतापत्रोंका काम, तथा झाड़की बनावट क्या ही सुन्दर है। इसकी शोभा बड़ी ही अपूर्व है। यथार्थमें मन्दिरका शिल्पवैपुण्य लेखनी द्वारा प्रकाशित नहीं की जा सकती। जिन्होंने अपनी आंखों देखा है; वे ही जानते हैं—उत्कल शिल्पियोंको सैकड़ों धन्यवाद दिये बिना दर्शक कदापि नहीं लौटते। इतनी कारीगरी, ऐसा शिल्पचातुर्य जो मानों प्रकृतिके ही अनुकूल है। मंदिरमें जहां जहां जल रहनेसे सुंदर लगता है वहीं पर स्वभावजात प्रस्रवण शिल्पीके कौशलसे गृहायतनके अन्तर्गत वर्त्तमान है। वास्तविकमें इस निर्जन सिद्धारण्यमें मुक्तिदाता मुक्तेश्वरके मन्दिरमें जानेसे मन पुनः सांसारिक कार्य्यकी ओर नहीं आना चाहता। इच्छा होती है कि सदाके लिए वही रहें और उन्हीं भूतभावन भवानीपतिके उद्देश्यमें मनप्राण समर्पण करें।

मुक्तेश्वरके पार्श्वमें ही एक सरोवर है जिसकी लम्बाई और चौड़ाई यथाक्रम १०० और २५ फीट है। इसके तीन ओर पत्थरसे बंधे हैं और नागकेशरकी छायामें पत्थरकी सीढ़ी शोभित है। इस सरोवरमें कई एक प्रस्रवण हैं, इसी लिये कुण्डमें सब दिन स्वच्छ जल रहता है। यही जल कुम्भीराकृति मुख हो कर गौरीकेदार कुण्डमें गिरता है। यह कुण्ड भी ७० फीट लम्बा और २८ फीट चौड़ा है। इसके भी तीन घाट पत्थरसे बंधे हैं और दक्षिणांशमें २० फीट लम्बी तथा १० फीट चौड़ी पत्थर की सीढी है। इस गौरीकेदारका जल इतना परिष्कार है, कि १६ फीट गहरा होने पर भी इसका निचला भाग दिखलाई पड़ता है। ऐसा सुस्वादु तथा परिष्कार पानीय जल भुवनेश्वरम और कहीं भी नहीं मिलता। इस कुण्डके नीचे भी प्रस्रवण है। शिवपुराणके मतसे गौरीने स्वयं यह पुष्करिणी खोदी थी। यहां एक वर्ष तक स्थिर चित्तसे स्नान करनेसे सर्वकाम सिद्ध होता है *। कपिलसंहितामें लिखा है, कि कुण्डका जल पीनेसे पुनर्जन्म नहीं होता।†

कुण्डके घाट पर कई एक छोटे छोटे घर हैं जिनमेंसे एककी बाहरी दीवारमें ८ फीट ऊंची एक हनूमान मूर्त्ति और दूसरीमें सिहवाहनी दुर्गामूर्त्ति गड़ी हैं। इस देवीको जैसी सुन्दर मुखश्री भुवनेश्वरकी और किसी भी मूर्त्तिमें नहीं है। दोनोंकी पूजा प्रतिदिन होती है।

केदारेश्वर।

दुर्गादेवीके दक्षिण भागमें ४१ फीट ऊंचा केदारेश्वरका मन्दिर है। इस मन्दिरमें या इसके चौकोन माहनमें उतनी सजावट नहीं है। देखनेसे यह बहुत पुराना-सा मालूम पड़ता है। इसका गर्भगृह मूलमन्दिरसे बहुत

---

* मन्दिर तथा शिलालिपिके सम्बन्धमे विस्तृत बिवरण *Journal of Asiatic Soceity of Bengal*, Vol, Lxvi, pp, 11-22 पृष्ठ देखो।

* "तत्र साक्षात् स्वयं देवी गौरी त्रैलोक्यसुन्दरी।
स्वयमेवाकरोत् कुण्डं सर्वपापप्रणाशनम् ॥
स्नात्वा तस्मिन् महाकुण्डे संवत्सरसमाहितः।
कृत्तिवासोऽर्चनं तत्र सर्वकामफलप्रदम् ॥"

(शिवपुराण उत्तरखण्ड)

† "विन्दूद्भवे तनुत्यागात् त्रिसुद्मे पिण्डदानतः।
केदारे उदकं पीत्वा पुर्नजन्म न विद्यते ॥"

(कपिलसंहिता)

प्राचीन प्रतीत होता है। ब्रह्मपुराणमें केदारेश्वर लिङ्गका उल्लेख है। केदारेश्वरके दरवाजेकी चौखटको दाहिनी ओर एक अस्पष्ट शिलालिपि उत्कीर्ण है। उसे पढ़नेसे मालूम होता है, कि १००४ शकमें उत्कलविजेता चोड़गङ्गके आधिपत्य कालमें उक्त मन्दिर बना है। एकाम्रपुराण तथा कपिलसंहितामें भी इसका माहात्म्य वर्णित है।

केदारेश्वर मन्दिरके सामने ही गौरीमन्दिर है। शीतलाषष्ठीके दिन यहां भुवनेश्वरके सचललिङ्ग गौरीदेवीसे विवाह करने आते हैं।

सिद्धेश्वर।

मुक्तेश्वरसे १०० हाथ उत्तर-पश्चिम एक अत्यन्त प्राचीन भग्न मंदिर है एकाम्रपुराणमें लिखा है, कि विष्णुके आदेशानुसार विश्वकर्माने यह मन्दिर बनाया है। शिवकी उपासनासे विष्णु यहां सिद्धलाभ करते हैं, इसीलिए यहांके अधिदेवताका नाम सिद्धेश्वर है। इस मन्दिर की ऊंचाई ४७ फीट है। मन्दिरके दक्षिणमें चक्रेश्वर, शङ्करेश्वर, शक्रेश्वर, शक्त्येश्वर, वायव्येश्वर, वरुणेश्वर, धनदेश्वर, पावकेश्वर, चन्द्रशेखर, परशुरामेश्वर आदि बहुत से मन्दिर हैं। शेषोक्त परशुरामेश्वरका मंदिर लगभग ६० फीट ऊंचा है। इसका सर्वाङ्ग नाना शिल्पनैपुण्य युक्त हैं। राजा राजेन्द्रलालका विश्वास है, कि बौद्ध विहारके ढंग पर यह मन्दिर बनाया गया है। इसका कोई कोई अंश विलायतके शैक्सनोंके गिरजाघरके-से मालूम पड़ते है। जो कुछ हो, मंदिरकी गठन देखनेसे यह महामंदिरसे अत्यंत प्राचीन समझा जाता है। एकाम्रपुराणमें परशुरामेश्वर, 'दैत्येश्वर'के नामसे वर्णित हुए हैं।

अलाबुकेश्वर।

परशुरामेश्वरसे थोड़ी दूर उत्तर-पश्चिममें अलाबुकेश्वरका मन्दिर है। बहुतोंका विश्वास है, कि मंदिर-प्रतिष्ठाता अलाबुकेशरीके नाम पर ही इसका ऐसा नाम पड़ा है। किंतु पहले ही कहा जा चुका है, कि आलबुकेशरी नामके कोई राजा हुए थे या नहीं, इसका कोई प्रकृष्ट प्रमाण नहीं मिलता। एकाम्रपुराणके मतानुसार महादेवके अलाबू कमण्डलुसे ही इसका अलाबुकेश्वर नाम हुआ है। इस मंदिरसे २०० गज पश्चिममें नाकेश्वर नामक एक सुंदर अथच परित्यक्त मंदिर वर्त्तमान है।

उत्तरेश्वर।

बिंदुसागरके उत्तरी किनारे बहुत-से छोटे बड़े मंदिर हैं, जिनमेंसे उत्तरेश्वर प्रधान हैं। एकाम्रपुराणके मतसे, यहां महादेवने भीममूर्त्ति धारण की और देवी भगवतीने उन्हें लुभानेके लिए बहुत से रूप धारण किये थे। पृथिवीके मध्य यह स्थान सबोंकी अपेक्षा पुण्यप्रद माना जाता है। इसके निकट भीमेश्वर नामक एक मंदिर है। प्रवाद है, कि मध्यम पाण्डव भीमने यहां आ कर यह मंदिर निर्माण किया। किन्तु हम लोगोंका विश्वास है, कि भुवनेश्वर-मंदिराभ्यन्तरस्थ शिलाफलकोक्त राजा भीमदेव द्वारा सम्भवतः यह भीमेश्वरमंदिर स्थापित हुआ होगा।

उक्त स्थानके उत्तरपश्चिम आध मीलकी दूरी पर रामाश्रम अशोकवन दिखाई पड़ता है। यहां एक समय किसी केशरीराजका प्रासाद था, उसीके निकट रामेश्वरमंदिर तथा अशोकतीर्थ है अशोकतीर्थके चारों ओर अनेक देवालय हैं जिनमेंसे राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, हनूमान प्रभृतिके छोटे छोटे मन्दिर भी नजर आते हैं। इनके समीप ही गोसहस्रहृद और उसके किनारे गोसहस्रेश्वर मंदिर है। एकाम्रपुराणमें लिखा है, कि भगवतीने यहां गोचारणके समय लिङ्गमें-से दूध निकलते देखा था। गोसहस्रेश्वरके उत्तर-पूर्व ईशानेश्वर और इसके बाद यथाक्रम भद्रेश्वर, कुक्कुटेश्वर, परमेश्वर, पूर्वेश्वर, स्वर्णकूटेश्वर, वैद्यनाथ, सूक्ष्माम्रातकेश्वर, रुद्रेश्वर, बालकेश्वर, भीमेश्वर, उत्पलेश्वर, जटिलेश्वर, आम्रातकेश्वर, वैतालदेवल प्रभृति छोटे बड़े कई एक शिवालय हैं जिनमेंसे वैताल देवलकी बनावटमें कुछ विशेषता है। इसकी चूड़ा चौकोन और ऊपरमें तीन कलस हैं। दूरसे देखनेसे यह दाक्षिणात्यके गोपुर-सा प्रतीत होता है। मंदिरमें यथेष्ट कारुकार्य तथा शिल्पनैपुण्य नजर आता है।

सोमेश्वर।

वैताल देवलसे लगभग १००० हाथ दक्षिण सोमेश्वरका मंदिर है। इसे देखनेसे मन विमुग्ध हो जाता है।

इसका सौंदर्य और शिल्पनैपुण्य मुक्तेश्वरसे बहुत कुछ मिलता जुलता है। मंदिरकी ऊँचाई ३३ फीट है। इसके मोहनकी लम्बाई और चौड़ाई ३३×२१ फीट है। इसकी बगलमें ही पत्थरका बंधा हुआ एक बड़ा सरोवर है जिसका नाम है पापनाशिनी। प्रथमाष्टमीके समय यहां भुवनेश्वरकी सचलमूर्त्ति लाई जाती है।

सारी देवल।

महामन्दिरसे उत्तर तथा बड़ादण्ड और बिन्दुसागर जानेके रास्ते पर अनेक मंदिर हैं जिनमेंसे सारीदेवल उल्लेखयोग्य है। इसकी ऊँचाई ६३ फीट है। मंदिरकी भित्ति लगभग २६ फीट चौड़ी है और घरका भीतरीभाग १२×११ फीट है। मंदिर और मोहनमें यथेष्ट शिल्पनैपुण्य है। इसकी सजावटमें कुछ विशेषता है। भुवनेश्वरके प्रायः किसी भी मंदिरमें ऐसी सजावट नहीं देखी जाती। इसकी दीवारमें अनेक प्रकारकी मूर्त्ति चित्रित हैं।

कपिलेश्वर।

महामंदिरके सामने एक रास्ता उत्तरमें बड़ादण्ड होता हुआ आध कोस दक्षिण जा कर कपिलेश्वर ग्राममें मिल गया है। यहां बहुत-से ब्राह्मण रहते हैं, उनके वासगृह बड़े ही परिष्कार परिच्छिन्न तथा सुचित्रित हैं। ग्रामकी अन्तिम सीमा पर कपिलेश्वरका प्रसिद्ध मंदिर है। इसका चबतरा १७८×१७२ फीट है और चारों ओर ८ फीट ऊंचा दुर्भेद्य प्रस्तरका प्राचीर है। मध्यस्थलमें मोहन, नाटमंदिर और भोगमण्डपयुक्त देवल है। यह ४६ फीट ऊँचा है। सारे मंदिरमें ही साधारण शिल्पनैपुण्य नजर आता है। देखनेसे ही लिङ्गराजके महामंदिरकी अपेक्षा यह पुराना मालूम पड़ता है। इसका नाटमंदिर और भोगमण्डप मूलमंदिर तथा मोहनसे बहुत पीछे बना था। भोगमण्डपमें नाना प्रकारके सुंदर मण्डोदक चित्र देखे जाते हैं। मंदिरके दक्षिण प्रवेशद्वारके नीचे एक बड़ा सरोवर है। इसमें चिरस्थायी एक प्रस्रवण भी है, इसीलिये इसका जल बड़ा ही परिष्कार रहता है। ग्रामीण मनुष्य इसीका जल पीते हैं। शिवपुराण, एकाम्रपुराण, कपिलसंहिता, स्वर्णाद्रि महोदय तथा एकाम्रचन्द्रिकामें इसका माहात्म्य वर्णित हैं। बहुतसे यात्री कपिलेश्वरका दर्शन करने आते हैं। इनकी नित्य सेवादि भुवनेश्वर-सी होती है।

लिङ्गराज।

अन्यान्य शिवलिङ्गकी तरह लिङ्गराजकी भी पत्र, पुष्प, भङ्ग, दुग्ध, जल प्रभृति द्वारा पूजा होती है और जगन्नाथकी तरह यहां भी नित्य अन्नभोगका प्रबन्ध है। अन्य स्थानका शिवनिर्माल्य अग्राह्य है। किन्तु भुवनेश्वरका निर्माल्य कभी भी कोई परित्याग नहीं करते, यात्री परम भक्तिके साथ इसे ग्रहण करते हैं। जिस प्रकार जगन्नाथका अन्नभोग चण्डालसे ले कर ब्राह्मण तक सभी एक साथ बैठ कर आहार कर सकते हैं, लिङ्गराजका भोग भी उसी प्रकार ब्राह्मण शूद्र सभी जाति एकत्र भोजन करती है। नीच जातिके छूनेसे भी लिङ्गराजका भोग अपवित्र नहीं होता है।

नित्यसेवाके अलावा लिङ्गराजकी द्वादश यात्रा तथा उपयात्रा होती है।

द्वादश यात्रा यथा—१ली अगहन मासकी कृष्ण-जन्माष्टमीको प्रथमाष्टमी यात्रा, २री इसी मासकी शुक्लाषष्ठीको प्रावरणोत्सव, ३री पौष पूर्णिमाकी पुष्ययात्रा, ४थी मकर संक्रान्तिमें घृतकम्बलयात्रा, ५वीं माघसप्तमीयात्रा, ६ठीं शिवरात्रि, ७वीं चैत्रमासमें अशोकाष्टमी, ८वीं चैत्रमासकी शुक्ला चतुर्दशीको दमनभञ्जिका, ९वीं वैशाखमें अक्षयतृतीयाकी चन्दनयात्रा, १०वीं आषाढ़की शुक्ला अष्टमीको परशुरामाष्टमी यात्रा, ११वीं इसी मासमें शुक्ला चतुर्दशीको शयनचतुर्दशी यात्रा, १२वीं श्रावणकी शुक्ला चतुर्दशीको पवित्रारोपणयात्रा। इसके सिवा कार्त्तिकमासमें यमद्वितीया तथा उत्थानचतुर्दशीयात्रा होती है।

उपयात्रा—अग्रहायणमें धनुसंक्रान्ति, माघमें वसन्त पञ्चमी तथा भीमैकादशी, फाल्गुनमें कपिलयात्रा और दोलयात्रा, चैत्रमें वासंतीपूजाके समय नवपत्रिका, ज्येष्ठमें शीतलाषष्ठी, भाद्रमें जन्माष्टमी और गणेशचतुर्थी, आश्विनमें षाड़शदिनपर्व तथा दशहरा और कार्त्तिकमें कुमारोत्सव होता है। भुवनेश्वरके सम्बन्धमें अन्यान्य विवरण एकाम्र शब्दमें देखो।

भुवनेश्वरी (सं० स्त्री०) भुवनस्य ईश्वरी। दश महाविद्याके अंतर्गत देवीभेद।

"काली तारा महाविद्या षोड़शी भुवनेश्वरी।"

(तन्त्रसा०)

प्राणतोषिणीमें लिखा है—पुराकालमें भगवान् ब्रह्मा जब जगत्सृष्टि करनेके लिये तपस्यामें निमग्न थे, उस समय ये परमाशक्ति परमेश्वरी उनकी तपस्यासे संतुष्ट हो कर चैत्र मासकी शुक्ला नवमी तिथिको आविर्भूत हुई थीं।

"अथ श्रीभुवनां वक्ष्ये त्रैलोक्योत्पत्तिमातरम्।
पुरा ब्रह्मा जगत्स्रष्टुं तपोऽतप्यत दारुणं।
तपसा तस्य सन्तुष्टा शक्तिः सा परमेश्वरी।
चैत्र शुक्लनवम्यान्तु उत्पन्ना तारिणी स्वयं॥"

(प्राणतोषिणी)

ब्रह्मपुराणमें ये आङ्गिरसवंशधरोंकी कुलदेवी मानी गई हैं।

"दिदेशाङ्गिरसं वंशे स देवी भुवनेश्वरीं" (ब्रह्मपु० १८।४)

दशमहाविद्या महाविद्या और शक्ति शब्द देखो।

भुवनेश्वरी कवच (सं० स्त्री०) तंत्रसारोक्त धारणीय कवचभेद।

भुवनेश्वरी भैरवी (सं० स्त्री०) तंत्रोक्त भैरवीभेद।

भुवनेष्ठा (सं० पु०) मायातत्कार्यात्मके भुवने भूतजाते तिष्ठति उपहितः सन् वर्त्तत इति भुवने स्था विच्, तत्पुरुषे कृति बहुलमिति सप्तम्या अलुक् ततः षत्वं। सर्वव्यापी परमात्मा। (अथर्व २।१।४)

भुवनौकस् (सं० पु०) भुवने ओकः स्थानं यस्य। भुवनवासी।

भुवन्ति (सं० पु०) भुवं तनोति तन-बाहुति, मुम्। भूमण्डलविस्तारक।

भुवण्यु (सं० पु०) भवतीति (कन्युच क्षिपेश्च। उण् ३।५१) इति चकारात् भूतो रपि कन्युच्। १ सूर्य। २ अग्नि। ३ चंद्रमा। ४ प्रभु।

भुवपति (सं० पु०) १ अग्निके भ्रातृभेद, अग्निके भाई। २ भुवलोकपति।

भुवस् (सं० अव्य०) भवतीति भू (भूरञ्जिभ्यां कित्। उण् ४।२१६) इति असुन्, सच कित्। १ आकाश। २ महाव्याहृति भेद। भुवः देखो।

भुवर्लोक (सं० पु०) भुवश्चासौ लोकश्चेति। भूरादि सप्तलोकके अन्तर्गत द्वितीय लोक। अन्तरिक्षलोक।

"भूमिसूर्यान्तरं यच्च सिद्धादिमुनिसेविताम्।
भुवर्लोकस्तु सोऽप्युक्तो द्वितीयां मुनिसत्तमं॥"

(विष्णुपु० २।७ अ०)

भूमि और सूर्यके मध्यवर्ती जो स्थान है उसे भुवर्लोक वा द्वितीय लोक कहते हैं। इस लोकमें सिद्धादि और मुनिगण रहते हैं। पृथिवीका विस्तार और परिमण्डल जितना है, उतना ही भुवर्लोकका विस्तार और परिमण्डल है।

भुवस्पति (सं० पु०) भुवो लोकस्वामी।

भुवा (हिं० पु०) रुई, घूआ।

भुवार (हिं० पु०) भुवाल देखो।

भुवाल (हिं० पु०) राजा।

भुवि (हिं० स्त्री०) पृथिवी, भूमि।

भुविष्ठ (सं० त्रि०) भुवि तिष्ठति स्था-क, अलुक् स ततःषत्वं। भुवि स्थित, पृथिवीस्थित।

भुविस् (सं० क्ली०) भवतीति भवत्यस्मिन् रत्नादीनि वा भू (भुवः कित्। उण् २।११३) इति इसिन् सच कित्। समुद्र।

भुविस्पृश् (सं० त्रि०) भुवि स्पृशति स्पृश् क्विप्, अलुक् समास। पृथिवीके स्पर्श करनेवाले।

भुलेश्वर—भूलेश्वर देखो।

भुशुण्डा—१ पुराणवर्णित त्रिकालज्ञ काकविशेष। इनके विषयमें यह प्रसिद्ध है, कि ये अमर और त्रिकालज्ञ हैं तथा कलियुगमें होनेवाली सब बातें देखा करते हैं। कुरुक्षेत्रकी लड़ाईके बाद भगवान् श्रीकृष्णने जब भुशुण्डीसे रणवार्त्ता पूछी, तब उन्होंने उत्तरमें कहा था "सत्ययुगके शुम्भ-निशुम्भ युद्धमें हमने विना आयासके दैत्यरक्त पान और मांस भक्षण किया था। त्रेतायुगके राम-रावणयुद्धमें हमें थोड़ा परिश्रम उठाना पड़ा था। किंतु इस कुरुपाण्डव युद्धमें हमें भारी कष्ट भुगतना पड़ा।" इससे जाना जाता है, कि शुम्भसंहारके कारण देवदानवमें जो युद्ध चला था, वह जगतकी एक महती घटना है। राक्षसपति रावणनिधनव्यापारने सामरिक महाघटनाका दूसरा स्थान पाया है और यह तृतीय कौरवयुद्ध पहलेके दो युद्धोंकी अपेक्षा बहुत हीन है। योगवाशिष्ठ-रामायणके निर्वाणप्रकरणके पूर्वभाग (१५-२७ अ०)-में भुशुण्डाका उपाख्यान सविस्तार लिखा है।

"काली तारा महाविद्या षोड़शी भुवनेश्वरी ।"

(तन्त्रसा०)

प्राणतोषिणीमें लिखा है—पुराकालमें भगवान् ब्रह्मा जब जगत्सृष्टि करनेके लिये तपस्यामें निमग्न थे, उस समय ये परमाशक्ति परमेश्वरी उनकी तपस्यासे संतुष्ट हो कर चैत्र मासकी शुक्ला नवमी तिथिको आविर्भूत हुई थीं।

"अथ श्रीभुवनां वक्ष्ये त्रैलोक्योत्पत्तिमातरम् ।
पुरा ब्रह्मा जगत्स्रष्टुं तपोऽतप्यत दारुणं ।
तपसा तस्य सन्तुष्टा शक्तिः सा परमेश्वरी ।
चैत्र शुक्लनवम्यान्तु उत्पन्ना तारिणी स्वयं ॥"

(प्राणतोषिणी)

ब्रह्मपुराणमें ये आङ्गिरसवंशधरोंकी कुलदेवी मानी गई हैं।

"दिदेशाङ्गिरसं वंशे स देवी भुवनेश्वरीं" (ब्रह्मपु० १८।४)

दशमहाविद्या महाविद्या और शक्ति शब्द देखो ।

भुवनेश्वरी कवच (सं० स्त्री०) तंत्रसारोक्त धारणीय कवचभेद ।

भुवनेश्वरी भैरवी (सं० स्त्री०) तंत्रोक्त भैरवीभेद ।

भुवनेश (सं० पु०) मायातत्कार्यात्मके भुवने भूतजाते तिष्ठति उपहितः सन् वर्त्तत इति भुवने स्था विच्, तत्पुरुषे कृति बहुलमिति सप्तम्या अलुक् ततः षत्वं। सर्वव्यापी परमात्मा । (अथर्व २।१।४)

भुवनौकस् (सं० पु०) भुवने ओकः स्थानं यस्य। भुवनवासी ।

भुवन्ति (सं० पु०) भुवं तनोति तन-बाहुलकात् डति, मुम्। भूमण्डलविस्तारक ।

भुवन्यु (सं० पु०) भवतीति (कन्युच क्षिपेश्च । उण् ३।५१) इति चकारात् भूतो रपि कन्युच् । १ सूर्य । २ अग्नि । ३ चंद्रमा । ४ प्रभु ।

भुवपति (सं० पु०) १ अग्निके भ्रातृभेद, अग्निके भाई। २ भुवलोकपति ।

भुवस् (सं० अव्य०) भवतीति भू (भूरञ्जिभ्यां कित् । उण् ४।२१६) इति असुन्, सच कित् । १ आकाश । २ महाव्याहृति भेद । भुवः देखो ।

भुवर्लोक (सं० पु०) भुवश्चासौ लोकश्चेति । भूरादि सप्तलोकके अन्तर्गत द्वितीय लोक । अन्तरिक्षलोक ।

"भूमिसूर्यान्तरं यच्च सिद्धादिमुनिसेवितम् ।
भुवर्लोकस्तु सोऽप्युक्तो द्वितीयां मुनिसत्तमं ॥"

(विष्णुपु० २।७ अ०)

भूमि और सूर्यके मध्यवर्ती जो स्थान है उसे भुवर्लोक वा द्वितीय लोक कहते हैं। इस लोकमें सिद्धादि और मुनिगण रहते हैं। पृथिवीका विस्तार और परिमण्डल जितना है, उतना ही भुवर्लोकका विस्तार और परिमण्डल है।

भुवस्पति (सं० पु०) भुवो लोकस्वामी ।

भुवा (हिं० पु०) रुई, घूआ ।

भुवार (हिं० पु०) भुवाल देखो ।

भुवाल (हिं० पु०) राजा ।

भुवि (हिं० स्त्री०) पृथिवी, भूमि ।

भुविष्ठ (सं० त्रि०) भुवि तिष्ठति स्था-क, अलुक्स ततःषत्वं । भुवि स्थित, पृथिवीस्थित ।

भुविस् (सं० क्ली०) भवतीति भवत्यस्मिन् रत्नादीनि वा भू (भुवः कित् । उण् २।११३) इति इसिन् सच कित् । समुद्र ।

भुविस्पृश् (सं० त्रि०) भुवि स्पृशति स्पृश् क्विप्, अलुक समास । पृथिवीके स्पर्श करनेवाले ।

भुलेश्वर—मूलेश्वर देखो ।

भुशुण्डा—१ पुराणवर्णित त्रिकालज्ञ काकविशेष । इनके विषयमें यह प्रसिद्ध है, कि ये अमर और त्रिकालज्ञ हैं तथा कलियुगमें होनेवाली सब बातें देखा करते हैं। कुरुक्षेत्रकी लड़ाईके बाद भगवान् श्रीकृष्णने जब भुशुण्डीसे रणवार्त्ता पूछी, तब उन्होंने उत्तरमें कहा था "सत्ययुगके शुम्भ-निशुम्भ युद्धमें हमने बिना आयासके दैत्यरक्त पान और मांस भक्षण किया था । त्रेतायुगके राम-रावणयुद्धमें हमें थोड़ा परिश्रम उठाना पड़ा था। किंतु इस कुरुपाण्डव युद्धमें हमें भारी कष्ट भुगतना पड़ा।" इससे जाना जाता है, कि शुम्भसंहारके कारण देवदानवमें जो युद्ध चला था, वह जगतकी एक महती घटना है। राक्षसपति रावणनिधनव्यापारने सामरिक महाघटनाका दूसरा स्थान पाया है और यह तृतीय कौरवयुद्ध पहलेके दो युद्धोंकी अपेक्षा बहुत हीन है। योगवाशिष्ठ-रामायणके निर्वाणप्रकरणके पूर्वभाग (१५-२७ अ०)-में भुशुण्डीका उपाख्यान सविस्तार लिखा है।

इसका सौंदर्य और शिल्पनैपुण्य मुक्तेश्वरसे बहुत कुछ मिलता जुलता है। मंदिरकी ऊँचाई ३३ फीट है। इसके मोहनकी लम्बाई और चौड़ाई ३३×२१ फीट है। इसकी बगलमें ही पत्थरका बंधा हुआ एक बड़ा सरोवर है जिसका नाम है पापनाशिनी। प्रथमाष्टमीके समय यहां भुवनेश्वरकी सचलमूर्त्ति लाई जाती है।

सारी देवल।

महामन्दिरसे उत्तर तथा बड़ादण्ड और बिन्दुसागर जानेके रास्ते पर अनेक मंदिर हैं जिनमेंसे सारीदेवल उल्लेखयोग्य है। इसकी ऊँचाई ६३ फीट है। मंदिरकी भित्ति लगभग २६ फीट चौड़ी है और घरका भीतरीभाग १२×११ फीट है। मंदिर और मोहनमें यथेष्ट शिल्पनैपुण्य है। इसकी सजावटमें कुछ विशेषता है। भुवनेश्वरके प्रायः किसी भी मंदिरमें ऐसी सजावट नहीं देखी जाती। इसकी दीवारमें अनेक प्रकारकी मूर्त्ति चित्रित हैं।

कपिलेश्वर।

महामंदिरके सामने एक रास्ता उत्तरमें बड़ादण्ड होता हुआ आध कोस दक्षिण जा कर कपिलेश्वर ग्राममें मिल गया है। यहां बहुत-से ब्राह्मण रहते हैं, उनके वासगृह बड़े ही परिष्कार परिच्छिन्न तथा सुचित्रित हैं। ग्रामकी अन्तिम सीमा पर कपिलेश्वरका प्रसिद्ध मंदिर है। इसका चबतरा १७८×१७२ फीट है और चारों ओर ८ फीट ऊंचा दुर्भेद्य प्रस्तरका प्राचीर है। मध्यस्थलमें मोहन, नाटमंदिर और भोगमण्डपयुक्त देवल है। यह ४६ फीट ऊँचा है। सारे मंदिरमें ही साधारण शिल्पनैपुण्य नजर आता है। देखनेसे ही लिङ्गराजके महामंदिरकी अपेक्षा यह पुराना मालूम पड़ता है। इसका नाटमंदिर और भोगमण्डप मूलमंदिर तथा मोहनसे बहुत पीछे बना था। भोगमण्डपमें नाना प्रकारके सुंदर मण्डोदक चित्र देखे जाते हैं। मंदिरके दक्षिण प्रवेशद्वारके नीचे एक बड़ा सरोवर है। इसमें चिरस्थायी एक प्रस्रवण भी है, इसीलिये इसका जल बड़ा ही परिष्कार रहता है। ग्रामीण मनुष्य इसीका जल पीते हैं। शिवपुराण, एकाम्रपुराण, कपिलसंहिता, स्वर्णाद्रिमहोदय तथा एकाम्रचन्द्रिकामें इसका माहात्म्य वर्णित हैं। बहुतसे यात्री कपिलेश्वरका दर्शन करने आते हैं। इनकी नित्य सेवादि भुवनेश्वर-सी होती है।

लिङ्गराज।

अन्यान्य शिवलिङ्गकी तरह लिङ्गराजकी भी पत्र, पुष्प, भङ्ग, दुग्ध, जल प्रभृति द्वारा पूजा होती है और जगन्नाथकी तरह यहां भी नित्य अन्नभोगका प्रबन्ध है। अन्य स्थानका शिवनिर्माल्य अग्राह्य है। किन्तु भुवनेश्वरका निर्माल्य कभी भी कोई परित्याग नहीं करते, यात्री परम भक्तिके साथ इसे ग्रहण करते हैं। जिस प्रकार जगन्नाथका अन्नभोग चण्डालसे ले कर ब्राह्मण तक सभी एक साथ बैठ कर आहार कर सकते हैं, लिङ्गराजका भोग भी उसी प्रकार ब्राह्मण शूद्र सभी जाति एकत्र भोजन करती है। नीच जातिके छूनेसे भी लिङ्गराजका भोग अपवित्र नहीं होता है।

नित्यसेवाके अलावा लिङ्गराजकी द्वादश यात्रा तथा उपयात्रा होती है।

द्वादश यात्रा यथा—१ली अगहन मासकी कृष्ण-जन्माष्टमीको प्रथमाष्टमी यात्रा, २री इसी मासकी शुक्लाषष्ठीको प्रावरणोत्सव, ३री पौष पूर्णिमाकी पुष्ययात्रा, ४थी मकर संक्रान्तिमें घृतकम्बलयात्रा, ५वीं माघसप्तमीयात्रा, ६ठीं शिवरात्रि, ७वीं चैत्रमासमें अशोकाष्टमी, ८वीं चैत्रमासकी शुक्ला चतुर्दशीको दमनभञ्जिका, ९वीं वैशाखमें अक्षयतृतीयाको चन्दनयात्रा, १०वीं आषाढ़की शुक्ला अष्टमीको परशुरामाष्टमी यात्रा, ११वीं इसी मासमें शुक्ला चतुर्दशीको शयनचतुर्दशी यात्रा, १२वीं श्रावणकी शुक्ला चतुर्दशीको पवित्रारोपणयात्रा। इसके सिवा कार्त्तिकमासमें यमद्वितीया तथा उत्थानचतुर्दशीयात्रा होती है।

उपयात्रा—अग्रहायणमें धनुसंक्रान्ति, माघमें वसन्त पञ्चमी तथा भीमैकादशी, फाल्गुनमें कपिलयात्रा और दोलयात्रा, चैत्रमें वासंतीपूजाके समय नवपत्रिका, ज्येष्ठमें शीतलाषष्ठी, भाद्रमें जन्माष्टमी और गणेशचतुर्थी, आश्विनमें षाड़शदिनपर्व तथा दशहरा और कार्त्तिकमें कुमारोत्सव होता है। भुवनेश्वरके सम्बन्धमें अन्यान्य विवरण एकाम्र शब्दमें देखो।

भुवनेश्वरी (सं० स्त्री०) भुवनस्य ईश्वरी। दश महाविद्याके अंतर्गत देवीभेद।

पुरीधामके सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मन्दिरके समीप भुशुण्डी काककी प्रस्तरमूर्त्ति स्थापित है। उक्त मूर्त्ति चतुष्पद विशिष्ट है। जगन्नाथ देखो। (स्त्री०) २ एक अस्त्रका नाम। इसका प्रयोग महाभारतके कालमें होता था। यह चमड़ेका वनाया जाता था। इसके बीचमें एक गोल चंदवा होता था जिसे चमड़ेके कड़े तसमोंसे बांध कर दो लम्बी डोरियोंमें लगा देते थे। डोरी समेत इसकी लंबाई तीन हाथ होती थी। इस चंदवेमें पत्थर भर कर और डोरियोंको दाहिने हाथसे घुमा कर लोग शत्रु पर फेंकते थे।

भुषण्डी (सं० स्त्री०) पाषाण क्षेपणार्थ चर्ममय चन्द्र-रूप अस्त्रभेद। भुशुण्डी देखो।

भुस (हिं० पु०) भूसा

भुसावल—१ बम्बई प्रदेशके खानदेश जिलान्तर्गत एक उपविभाग। यह अक्षा० २०° ४७´से २१° १४´ उ० तथा देशा० ७५° ४१´से ७६° २४´ पू०के मध्य अवस्थित है। भू-परिमाण ५७० वर्गमील है। इसमें ३ शहर और १८० ग्राम लगते हैं। जनसंख्या १०६३१५ है। ताप्ती, पूर्णा, वाघर, पुर, भगवती और सुखी नदीके अलावा यहां खेतीवारीके लिये हजारों कूप हैं। नदीतीरवर्त्ती स्थान विशेषमें उर्वरता और शस्यकी प्रचुरता दिखाई देने पर भी अपरापर स्थान आम, बबूल आदि वनमाला से परिवेष्टित है। स्थानीय स्वास्थ्य उतना खराब नहीं है। केवल पूर्णासे सुखा नदीका पार्वत्य भूभाग स्थानों में रोगोंका प्रकोप देखा जाता है। रोगकी प्रवलता और मृतकी अधिकताके कारण यह स्थान जनशून्य हो गया है।

२ उक्त तालुकका एक प्रधान नगर। यह अक्षा० २१° ३´ उ० तथा देशा० ७५° ४७´ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या १६३६३ है। यहां पर ग्रेट इण्डियन पेनिनसुला रेलवेकी नागपुर शाखाका सङ्गम होनेसे स्थानीय वाणिज्यकी विशेष उन्नति हुई है। यहां १८८२ ई०में म्युनिस्पलिटी स्थापित हुई है। शहरमें सब जजकी अदालत, तीन अङ्गरेजी स्कूल, दो वर्नाक्युलर स्कूल और दो अस्पताल हैं।

भुसेहरा (हिं०) भुसौरा देखो।

भुसौरा (हिं० पु०) भूसा रखनेका स्थान।

भूंइमाली—पूर्ववङ्गवासी कृषिजीवी निकृष्ट जातिविशेष। पालकी वहन और दासवृत्ति इनकी प्रधान उपजीविका है। इनकी आकृति प्रकृति और कार्यादि पर गोर करनेसे अनुमान होता है, कि ये ही पूर्व समयमें बङ्गके आदिम निवासी थे। बाद इन्होंने हिंदूके क्रिया-कलाप और रीति नीतिको सीखा। दिनाजपुर आदि उत्तर-पूर्व वंगमें इनकी गिनती हाड़ीकी श्रेणीमें है। ढाकाके भूंइमालिगणका कहना है, कि एक समय ये सब क्षुद्र थे, वाद अपने कर्मफलसे ऐसा हीन हुए हैं। प्रवाद है, कि एक समय हरपार्वती दोनों ही भक्तोंकी परितुष्टिके लिये मर्त्यधाममें पधारे। सभी जाति देवोकी मनोमोहिनी मूर्त्ति दर्शन कर तृप्त हुई, केवल एक दुर्भाग्य भूंइमाली अस्फुट स्वरमें वोला था, 'यदि मैं ऐसी रूपवती युवती पाऊं तो सव प्रकारके निकृष्ट कर्म कर सकता हूं।' देवादिदेवने यह सुन उसे एक रूप-गुणवती भार्या प्रदान कर झाड़ूदाररूप निकृष्ट कर्ममें नियुक्त किये, उसी समयसे ये सब इस प्रकार निकृष्ट कर्म करते आ रहे हैं।

इनमें बड़ा भागिया और छोटा भागिया नामके दो स्वतन्त्र थोक हैं। इनमें पारस्परिक विवाहादि तथा सामाजिक आचार-व्यवहार प्रचलित नहीं है। प्रथमोक्त भूंइमालिगण कृषि, गीतवाद्य और पालकी-वहन आदि-कार्य करते हैं; किन्तु शेषोक्त श्रेणीके भूंइमालिगण विष्ठा फेंकनेका काम करते हैं। ये डोम, मेहतर या हलाल-खोर आदिके जैसा न आप ही निकृष्ट कार्य करते और न अपनी स्त्रीको ही ऐसा निकृष्ट कार्य करने देते हैं। त्रिपुरा-राज्यके सराइलवासी भूंइमालिगण सूअर पालते हैं। वे अन्यान्य भूंइमाली इन्हें अपनी श्रेणीमें शामिल नहीं करते हैं।

पूर्वोक्त दो श्रेणीके सिवा मिश्रसेनी वेहारा नामक उनका एक और थोक है। वे वल्लालसेनात्मज मित्रसेन निर्दिष्ट बंगालका आदिम वेहारा जाति कह कर अपना परिचय देते हैं। सम्भवतः वे सेन राजाओंके समयसे ही बेहारा का कार्य करते आ रहे हैं। उनमें अधिकांश मनुष्य कृषिजीवि हैं। अनेक हिन्दूपरिवार उन्हें अपना दास बनानेमें जरा भी सकोच नहीं करते। एक ही

ब्राह्मणके उनकी याचकता करने पर भी वड़ा भागियागण मितसेनीसे घृणा करते हैं तथा एक साथ भोजन भी नहीं करते।

कीर्त्तन और गीतवाद्यव्यवसाय छोड़ कर अभी ये गांव गांवमें चौकीदारी करते हैं। गाँवकी श्रीवृद्धिके लिये वहुत-से जमींदार या गांवकी पञ्चायत झाड़जंगल-परिष्कार, पथघाट-निर्माण, झाड़ूदार और शवदेहको गांवसे बाहर ले जानेके लिये इन्हें नियुक्त करती है। गांवमें पात्रका विवाह होने पर एक रुपया और पात्रीके विवाहमें ये आठ आने पाते हैं। विवाहके समय ये मसालचीका भी काम करते हैं। हिन्दू अपने घरमें भूंइमालीसे झाड़ नहीं दिलाते, कारण इनके घुसनेसे गृह आदि अपवित्र हो जाता है। किन्तु किसी किसीके यहां इनकी वालिका आंगन साफ करती और स्त्रियां साधारणतः धाईका काम करती हैं। कभी कभी ये गृहस्थके नित्यव्यावहार्य्य वरतन आदि भी साफ करती हैं।

हिन्दूके श्राद्धमें ये वेदी तैयार करते और दुर्गोत्सव आदि कार्योंमें आंगनको गोवरसे लीपते हैं। संध्या समय देवप्रदत्त वलिका भाग इनके सिवा दूसरा कोई नहीं पाता। वाहुपूजा और घर वनानेमें भी इनकी सहायता लेनी पड़ती है।

ढाका और ब्रह्मपुत्रनदके प्राचीन ख्यातवासी भूंइमालिगणके मध्य पराशर और आलम्यान गोत्र प्रचलित है। वे समगोत्रमें विवाह नहीं करते। विवाहमें निम्नश्रेणीके ब्राह्मण उनकी पुरोहिताई करते हैं। साधारणतः ये लोग वैष्णव हैं, श्रीकृष्ण ही उनके प्रधान उपास्य देवता हैं। वे प्रायः सभी हिंदू पर्व करते हैं। एतद्भिन्न खाजाखिजर और पीरवदरकी पूजा भी इनमें प्रचलित है। आषाढ़ मासके अम्बुवाचीमें वे तीन दिन तक भूमिकर्षणादि नहीं करते।

उच्चश्रेणीय हिन्दुओंके क्रियाकलाप आदिका अनुसरण कर शूद्रश्रेणी कह कर परिचित होनेकी चेष्टा करने पर भी वे गांवमें नहीं रहने पाते। अब भी वे जातिगत नीच वृत्ति कर जीवन धारण करते हैं। अन्यान्य निम्नश्रेणीके जैसा आज कल इन्होंने सूअरका मांस खाना एकदम छोड़ दिया है। पचास वर्ष पहले वे चाण्डालोंके साथ वैठ कर खाते थे; किन्तु अभी उच्च-समाजमें मिलनेकी प्रत्याशासे वे अपना साहचर्य परित्याग करनेको वाध्य हुए हैं।

भूंइया—स्वनामख्यात भारतवासी जातिविशेष। यथार्थमें यह 'भूंइया' शब्द जातिवाचक है अथवा नहीं, इस विषयमें जातितत्त्वविदोंके मध्य आन्दोलन उठ खड़ा हुआ है। पूर्वमें आसामसे पश्चिम राजपूताना तथा उत्तरमें युक्तप्रदेशसे दक्षिण मन्द्राज तकके विस्तीर्ण भूभागमें भूँइया जातिका वास है। राजपूतानेके भूंइया (भूमिया) गण राजपूत, विहारके भूँइया (भूमिहारी)गण वाभन तथा पूर्ववङ्ग और आसामके भूँइया (वारूँया)-गणोंके मध्य मुसलमान और हिन्दूजातिका समावेश रहनेके कारण वे अनुमान करते हैं, कि भूँइया शब्द जातिगत न हो कर वरं व्यक्तिगत था। पहले पहल जिन सब व्यक्तियोंने जंगल काट कर गांव वसाये वे स्थानीय जमींदार या राजासे भूमिका सत्त्व पा कर भूंइया कहलाने लगे। अब भी आसामके वहुत-से भूम्याधिकारी भूंइया कहलाते हैं।

इस प्रकार गाङ्गपुर और वोनाइ सामन्तराज्य, छोटानागपुर तथा मानभूममें, केंउझर तथा लोहारडागाका मुण्डा, ओरावन आदि अनार्यजातिके मध्य भी भूमिज या भूंइया उपाधि देखी जाती है। प्रवाद है, कि वर्त्तमान भूंइया नामधारी अनार्यजातिके पूर्व-पुरुषोंने यहां आ कर सबसे पहले वास किया था।

द्राविड़-शाखाभुक्त जिस अनार्य सम्प्रदायने इस प्रकार एकत्र वास किया है वे भी भूंइया नामधारी जाति रूपमें गण्य होते हैं। हिन्दू, मुसलमान आदि जाति या वंशके उपाधिधारी भूंइयाओंको छोड़ छोटानागपुर अधित्यकाके दक्षिणस्थ गाङ्गपुर, वोनाइ, केंउझर और वामड़ा आदि सामन्त राज्यवासी भूंइयाओंके जातितत्त्वकी आलोचना करने पर शेषोक्त जाति ही यथार्थमें भूंइया कहलाती है। सिंहभूम, हजारीवाग और दक्षिण-विहारमें मुसहर नामक भूंइयाकी प्रतिपत्ति देखी जाती है।

मिर्जापुरवासी भूंइयाओंके उत्पत्तिसम्बन्धमें जो एक प्रवाद प्रचलित है वह यों है—मोम और कुम्भनामक

ऋषियोंके यथाक्रम भद्र और महेश नामके दो लड़के थे। उनमेंसे भद्र मगधके विजन जंगलमें गये और वहां तपस्यामें नियुक्त हुए। महेश भी उनकी सेवाके लिये वनको चल पड़े। नित्यप्रति महेश वनमें जा फलमूल आहरण किया करते थे। जो कुछ फल मिलता था उसका आधा आपभक्षण करते और आधा भ्रातृसेवाके लिये रख छोड़ते थे। जिस निम्बवृक्षके तले भद्र ध्यानमें निरत थे एक दिन उसीकी छाल उन्होंने खा ली। तभीसे वे निम्ब ऋषि नामसे प्रसिद्ध हुए।

इस प्रकार कठोर तपस्यामें बारह वर्ष बीत गये। भगवान्‌ने उनको छलनेके लिये एक स्वर्ग-विद्याधरीको भेजा। निम्बऋषिने उसकी सेवा और रूपदर्शन पर कामाभिभूत हो उसके साथ सहवास किया। इस संयोगके फलसे उनके सात पुत्र उत्पन्न हुए। इन सात पुत्रोंके वंशसे मगहिया, तीरवाह, दण्डवार, घेळवार मुसहर, भूंइहार या भूंइयार जातिकी उत्पत्ति हुई। उक्त ऋषिसे उत्पत्ति हुई थी इस कारण भूंइया लोग अपनेको ऋषियान् भूंइया बतलाते हैं। मिर्जापुरी-भूँइयागण मुसहर और भूमिहारोंके साथ अपनी आत्मीयता स्वीकार करते हैं, किन्तु छोटानागपुरके भूँइयाके साथ कोई सम्पर्क नहीं रखते। शेषोक्त स्थानके भूँइयागण शम्बूकसे अपनी उत्पत्तिको कल्पना करते हैं। किसी किसी स्थानके भूँइयागण कोल, सन्थाल या खासिया जातिकी तरह अपनी उत्पत्ति-काहनी प्रकाश करते हैं।

गाङ्गपुर और बोनाईवासी भूंइया घोर कृष्णवर्ण, बलिष्ठ, सुगठित, मध्यमाकृति और कर्मठ होते हैं। कठिन परिश्रमसे भी वे नहीं उकताते। उनका चौखूंटा मुंह, नाक, गण्डास्थि, हनु, दन्त और चिबुकास्थि देखनेसे ये समतलवासीके जैसे मालूम होते हैं। फिर केंउझरवासी पार्वतीय भूंइया लोगोंकी आकृति बहुत कुछ तुराणी-से मिलती-जुलती है। उनके प्रशस्त मुख, पुष्ट अधरोष्ठ, छोटे कपाल और चक्ष प्रभृतिसे उसका विशेष प्रमाण मिलता है। पहलेके जैसा केंउंझरी भूंइयागण भी बलिष्ठ तथा क्षुद्राकार हैं। मिर्जापुरियोंके साथ केउंझरियोंका सादृश्य लक्षित होता है। सिंहभूमके दक्षिणस्थ भूंइयागण अपनेको 'पवनवंश' वा 'पवन-का पूत' बतलाते हैं। विहारके दक्षिणस्थ मुसहरसे ले कर लोहरडंगाके दक्षिण खण्डाइत-पाइक पर्यन्त सभी स्थानवासी भूंइया ऋषिमुनि या ऋषियासनको अपना कुलदेवता मानते हैं। ऋक्ष (भल्लुक) उन लोगोंका जातिनिर्वाचक था*। आजकल वह ऋक्ष देवता, मुनि या पूर्वपुरुषमें पूजित होता है। इस प्रवादमूलमें चाहे जो कुछ भी क्यों न हो, पर इतना अवश्य अनुमान किया जाता है, कि मिर्जापुर, सिंहभूम, गाङ्गपुर आदि सामन्तराज्य तथा विहार और लोहरडंगाके पार्वत्य अधित्यकावासी भूंइया एक श्रेणीमें निबद्ध थे। विभिन्न स्थानमें वास करनेके कारण उन लोगोंके मध्य अनेक विषयोंमें पृथकता तथा दूरनिबन्धता हो गई है।

बंगालके भूंइयाओंके सामाजिक अवस्थानका निर्णय करना कठिन है। स्थानविशेषमें अवस्था परिवर्त्तनके कारण वे स्वतन्त्र श्रेणीमें विभक्त हो गये हैं। उड़ीसाके सामन्तराज्यके भूंइया आपसमें आदान प्रदान करके पूर्वपुरुषार्जित भू-सम्पत्तिको अपने अधीन रखते हुए एक स्वतन्त्र दलयुक्त हो गये। उनमें किसी किसीके राजपूत कह कर अपना परिचय देने पर भी वे अपनी सामाजिक रीति-नीति नहीं छोड़ सकते। आज भी सर्दारके अधीनस्थ दलपतियोंसे युद्ध-विग्रहमें सहायता पानेकी इच्छासे सबोंको पूर्वप्रथाके अनुसार भूमि-दान करते हैं। इस प्रकार भूमि लाभ कर उड़ीसाके खण्डाइत-सम्प्रदाय दलबलसे पुष्ट हो समाजमें बहुत कुछ समुन्नत हुए हैं।

उड़ीसा-राजवंशकी उन्नतिके समय सैनिकवृत्ति अवलम्बन कर खण्डाइत आदिने सभ्यताके सोपान पर आरोहण कर समाजमें जिस प्रकार प्रतिष्ठालाभ किया है, विहारमें उनके सहयोगिगण उपनिवेश स्थापनके बाद उस प्रकार प्रशस्त क्षेत्र न पानेके कारण वन्यस्वभावसे ही चलते हैं। अभी वे सब भूमिलाभसे वञ्चित हो बामन और राजपूतोंके अधीन कृषि या अन्यान्य कर्म ग्रहण करनेको बाध्य हुए हैं। वे सब अनार्य रीतिके अनुसार चूहे पकड़ कर खाते थे। इसलिये हिन्दुओंमें मुसहर

---

* अब भी अनेक पार्वतीय वन्यजातिके बीच वृक्ष, पहाड़, मेढ़क, सूअर आदिसे जातीय नामकरण प्रचलित है।

नामसे परिचित हुए हैं। विदेश जा कर सामाजिक अवस्थामें हीन होने पर भी उन्होंने भूंइया नामका गौरव परित्याग नहीं किया, किन्तु खण्डाइत लोगोंने समाजमें प्रकृष्ट स्थान पानेकी आशासे घृणापूर्वक उस नामको छोड़ दिया है।

केंउझरके भूंइयाओंमें माल, दण्डसेन, खट्टी और राजकुली नामक आठ स्वतन्त्र थोक देखे जाते हैं। राजवंशके साथ संस्रव रहनेसे शेषोक्त थोकका नाम राजकुली पड़ा है। ऐसा सुना जाता है, कि प्रायः २७ पीढ़ी पहले भूंइयाओंने एक मयूरभंग राजपुत्रको अपहरण कर अपना राजा बनाया। उस राजपुत्रके औरस और भूंइया रमणीके गर्भसे जो पुत्र उत्पन्न हुए वही राजकुली कहलाये।

मिर्जापुरी भूंइयाओंके मध्य तीरवाह, मगहिया, दण्डवार, महतवार, महाठेक, मुसहर, भूंइहार या भूंइयार नामक आठ थोक हैं। उनमें लोहारडांगा और मानभूमिके प्रदेशमें दण्डवार, मगहिया, महतवार, तीरवाह और मुसहर शाखाभुक्त भूंइयाका वास देखनेमें आता है। इन आठ श्रेणीके नाम कार्य या जीवविशेषके नामसे अनुकृत हुए हैं। तीर द्वारा प्राप्त होनेके कारण तीरवाह, दण्ड-(व्यायाम)से दण्डवार, मगधमें वास करनेके कारण मगहिया, मूसा (चूहा) भक्षण करनेसे मुसहर तथा दलपति या मण्डलके पदस्थ होनेसे महतवार, ऐसा नाम पड़ा है। बंगालके मुसहरोंसे ऐसा सुना जाता है, कि करीब ३ या ४ पीढ़ी गुजरी, वे मगध राज्यका परित्याग कर इस देशमें बस गये हैं। उन लोगोंके विवाहादि सभी कार्य यहीं पर होते हैं। विहारवासी मुसहरोंके साथ उनका कुछ भी सम्पर्क नहीं है।

बंगालके तीरवाह, दण्डवार और महतवारोंमें परस्पर आदान-प्रदान प्रचलित है तथा मगहिया, महठेक, भूंइहार या भूंइयार और मुसहरगण परस्परमें पुत्र-कन्याका विवाह देते हैं। सभी समय यही नियम लागू है। कभी कभी वे अपने अपने थोकमें भी विवाह देते है।

हजारीबाग और सन्थाल परगनेके भूंइयागण तथा टिकाइत भूंइयागण जमींदार हैं। इसलिये समाजमें उन्होंने उच्चासन प्राप्त किया है। वे क्रमशः स्थानीय निम्नश्रेणीकी राजपूत जातिके साथ मिलनेकी चेष्टा करते हैं। एतद्भिन्न संथाल परगनेमें राय भूंइया और देशवाली तथा मानभूममें कातरा, मुसहर और धोरा भूंइया आदि कितने थोक हैं।

पहले ही लिखा जा चुका है, कि इन लोगोंके विवाह सम्बन्धमें विशेष विधिनिषेध नहीं है। एक श्रेणीके मध्य दो तीन पीढ़ी वीत जाने अथवा उस पूर्वतन सम्बन्धके स्मृतिपथसे अलग हो जानेसे पुनः उस परिवारके साथ विवाह शादी हो सकती है। पूर्व सम्पर्कके कारण कोई अड़चन नहीं रहती। पर विवाहके पहले जातीय पञ्चायत अवश्य बैठती है। विवाह या श्राद्धके समय जाति-कुटुम्बको भोज नहीं देने, स्वश्रेणीवहिर्भूत व्यक्तिके साथ खानपान करने तथा व्यभिचार-दोषदुष्ट होनेसे पञ्चायत उस व्यक्तिको सजा देती है। साधारणतः एक स्थानवासी भ्रातृवर्गको बकरा, शराब और अन्न खिलानेसे ही वह दोषसे मुक्त हो जाता है। इस जातीय पञ्चायतका दलपति महतो कहलाता है। यह पद भी उसके पितृपदानुसारी होता है। यदि कभी कोई बालक महतो दलपति हो, तो पञ्चायतसे सलाह ले कर कोई दूसरा व्यक्ति उसके वदलेमें काम कर सकता है।

इनके कन्यापुत्रके विवाहके लिये देशान्तरमें पात्र पात्रीकी तलाश नहीं करनी पड़ती। एक स्थानमें दलवद्ध हो कर जो सब भूंइया वास करते हैं वहीं पर सामाजिक विधिनिषेधकी रक्षा कर अपनेमेंसे ही पात्र या पात्रीको चुन लेते हैं। यदि कोई व्यक्ति समर्थ हो, तो वह एकसे ज्यादा पत्नी खरीद कर सकता है। ये पत्नियां स्वामीके घरमें विभिन्न प्रकोष्ठमें अथवा पित्रालयादिमें स्वेच्छासे रह सकती हैं। विवाहके पहले और पीछे स्त्रियोंकी स्वाधीन भ्रमणेच्छा बलवती देखी जाती है। यदि कोई अविवाहिता बालिका इस प्रकार स्वाधीन भावमें रहते समय अपनी श्रेणीके किसी युवकके प्रेममें आसक्त हो जाय, तो कन्याका पिता साधारण भोज दे कर उसीके साथ विवाह करा देता है। किन्तु यदि

वह अपर जातीय किसी पुरुषके साथ गुप्तप्रेममें फंस जाय, तो पञ्चायत उसको समाजसे निकाल बाहर करती है। पिता माताकी इच्छासे ही पुत्रकन्याका विवाह होता है। बालक-बालिकाका विवाहका समय बारह वर्ष तक निर्द्धारित है। धनी और निर्धनके पक्षमें कन्यापण पांच रुपये, ४ सेर चावल, २ सेर चीनी और १ सेर हल्दी है। विवाहके बाद वर कन्या यदि दोमेंसे कोई गूंगा, उन्माद, कुब्ज, ध्वजभङ्ग या भग्नाङ्ग हो जाय, तो विवाहबन्धन टूट जाता है।

स्वामी या स्त्रीको यदि एक दूसरेके चरित्र पर संदेह हो, तो विवाहबन्धन टूट जा सकता है, पर पञ्चायतको इस विषयमें प्रकृष्ट प्रमाण अवश्य दिखलाना होगा। स्वामीत्यागके बाद वह रमणी पुनः विवाह कर सकती है। सगाई-प्रथाके अनुसार वे विधवाविवाह कर सकती हैं; किन्तु उस समय स्त्रीके श्वशुरको केवल साड़ी और अपने घरमें स्वजाति भोजके सिवा और कुछ नहीं देना होता। यदि कनिष्ठ देवर ज्येष्ठ भाभीके साथ विवाह करना न चाहे तो वह विधवा रमणी किसी औरके साथ विवाह कर सकती है।

जो रमणी अपने देवरका परित्याग कर दूसरेसे विवाह करती है, उसे पूर्व स्वामीके औरसजात पुत्र या सम्पत्ति पर कुछ भी अधिकार नहीं रहता। वह बालक अपने चचाके अधीनमें प्रतिपालित हो, पितृसम्पत्तिका अधिकारी होता है। यदि देवर ज्येष्ठ भाभीके ग्रहण करे, तो उसे भतीजेका पालन अवश्य करना होगा तथा उसके बालिग होने पर यदि पृथक् पृथक् होना चाहे, तो सम्पत्तिका आधा आप और आधा भतीजेको देना होता है।

इन लोगोंके मध्य दत्तकग्रहणकी व्यवस्था स्वतन्त्र है। ये भतीजे या नातीको दत्तक ले सकते हैं; किन्तु भानजेको लेना एकदम निषिद्ध है। साधु पुरुषके सिवा रंडुआ, कोढ़ी अन्धा या ध्वजभंग आदि व्यक्ति दत्तकग्रहण कर सकते हैं। दत्तकग्रहणके समय उन्हें किसी विशेष नियमका पालन नहीं करना होता।

सन्तान पैदा होने पर एक चमारिन आ कर बच्चेकी नाड़ीको काटती है पीछे उस नाड़ीको उसी स्थानमें गाड़ देती है जहां शिशु भूमिष्ठ हुआ था। छः दिन तक प्रसूतिको सूतिका गृहमें रहना पड़ता है। शेष दिनमें षष्ठी पूजा होती है। इस दिन परिवारमें सबोंको क्षौरकार्य करना होता है और रसोई घरकी पुरानी हांड़ीको फेंक कर नई हांड़ीमें रसोई बना कर खाते हैं। धात्री, प्रसूति और बालकको स्नान करानेके समय ननद आ कर सूतिका-गृहको परिष्कार करती है।

जातबालकके पांचवें या छठें वर्षमें कर्णवेध होता है। विवाहके समय वरका पिता खुदसे कन्या पसन्द कर आता है। तदन्तर पात्रका मामा, जहतो और चार पांच मनुष्य कन्याके पितालय जाते हैं। विवाहकी बातचीत पक्की होने पर वरपक्षीय व्यक्तियोंको खिलाना होता है। दूसरे दिन सबेरे गृहस्थित आंगनमें मैदेका एक आसन तैयार कर उस पर कन्याको खड़ा किया जाता है। बादमें कन्या और वरपक्षके लोग आ कर कन्याको देखते तथा आशीर्वाद दे जाते हैं।

वागदान होने पर विवाहका दिन स्थिर होता है। उसके तीन दिन पहले माठमंगल उत्सव समाहित होता है। बादमें क्रमशः टीकादान, तेलहांड़ी, भातवान, परछन आदि क्रिया अनुष्ठित होती है।

बारातको ले कर वर कन्याके पितालयमें जाता है तथा निर्दिष्ट एक वृक्षके नीचे विश्राम करता है। कन्यापक्षीयगण उस जगह पर आ कर वरके पैर धुलाते और उसके बाद कन्याका पिता आ कर जामाताको घर पर ले जाते हैं। वहां जा कर वर कन्याको बल पूर्वक पकड़ विवाह मंडपसे बाहर लाता है। तदन्तर वृक्ष विवाह कर पहले उसमें सिन्दूर देता और तब कन्याके मांगमें सिंदूर देता है। यही विवाहबन्धनका एकमात्र नियम है।

उन लोगोंमें साधारणतः तीन प्रकारका विवाह प्रचलित देखा जाता है। १ बरहौवा या कुमारी-दान, २ सगाई या विधवाविवाह तथा ३ गुरावत या परिवर्त्त विवाह।

वे लोग रोगीको घरमें नहीं मरने देते। शेष समय आने पर उसे निकटवर्ती नदीके किनारे ले जाते हैं तथा प्राण-पखेरु उड़ने पर यथानियम दाह करते हैं। मुखमें अग्नि देनेकी प्रथा रहने पर भी कोई

मन्त्र नहीं है। सब विषयमें ये हिन्दूका अनुकरण करते हैं। जो निकटात्मीय मृतके मुखमें आग देता है वह दूसरे दिन सबेरे दाहस्थानसे अस्थिभस्म उठा कर नदीमें फेंक देता है। उनका अशौच दश दिन तक रहता है। इस समय यह हविष्यान्न पाक कर खाता है तथा प्रति दिन मृतकको एक पिण्ड देनेके बाद आप खाता है। दशवें दिन क्षौरकर्म समाप्त होने पर आत्मीय कुटुम्ब मृतके घर पर एकत्रित होते और प्रेतकी तृप्ति-लिये एक बकरा मार कर खाते हैं। बाद मद्यादि पान और मांस, अन्न आदि भोजनके बाद श्राद्धकार्य सुसम्पन्न होता है।

पहले ही कहा जा चुका है, कि हिन्दूप्रधानस्थानमें रह कर इन्होंने नाना विषयमें उनका अनुकरण करना सीख लिया है। विवाह, जातकर्म, शवदाह, तथा देव-पूजादि भी वे सब हिन्दूके जैसे करते हैं, किंतु दुःखका विषय है, कि पूर्वोक्त किसी भी कार्यमें उन्हें ब्राह्मणकी आवश्यकता नहीं होती। काली, परमेश्वर, पहाड़ीदेवी, धरित्रीमाता आदि उनके प्रधान उपास्य देवता हैं। अनन्तचतुर्दशी उनका एक महोत्सव है।

बोनाईवासी भूंइयाओंमें दसुमपत, बामोनीपत, कोई सरपत और बोरम नामक चार ग्राम्य देवताकी पूजा प्रचलित है। 'देवसारा' नामक ग्राम्यनिकुञ्जमें उनकी पूजा होती है। उनके मध्य 'देवरी' नामक सम्प्रदाय पुजारीका काम करता है।

भूंइयार—युक्तप्रदेशके मिर्जापुरके दक्षिणदिग्वासी अनार्य जातिविशेष। बेउंरा प्रथासे अर्थात् वन दखल कर उपयोगी कृषिकार्य सम्पन्न करनेके कारण इनकी बेउंरिह संज्ञा पड़ी। प्रवाद है, कि वे भौंड़ादह नामक स्थानसे यहां आ कर हिन्दूके आचार-व्यवहारका अनुकरण करने लग गये हैं। यहां तक, कि वे सन्निकटस्थ भूमिहार ब्राह्मण या क्षत्रियोंके नाम ग्रहण करनेमें जरा भी कुण्ठित नहीं होते। उन्होंने भूमिहारसे अपनेको भूंइहार कहलानेकी चेष्टा की थी तथा धीरे धीरे उसीसे भूंइहार संज्ञा भी प्राप्त कर ली है। उनकी आकृति अनार्योंसे मिलता जुलती है, इस कारण जातितत्त्वविदोंने उन्हें मुण्डा, भूंइय आदि जातिकी समश्रेणीमें शामिल किया है। जोनाथन डनकान साहब उन्हें 'बेआरिया' नामसे उल्लेख कर गये हैं।

मिर्जापुरी भूंइयारोंमें पन्द्रह थोक हैं जिनमेंसे खघोरिह, सूइदह, खटकरिह, देवहरिया और यारगोरिहा नामक पांच और पांच थोक वासभूमिके नामसे कल्पित हुए हैं। अलावा इसके भूंइहार, नापान, भसार, मझल, शिशिवुनवुन, कड़बाराय, दासपूत और भनिहा नाम विभिन्न विषयसे लिये गये हैं, ऐसा मालूम होता है।

अपने अपने थोकमें विवाह निषिद्ध होने पर भी पारस्परिक आदान प्रदानमें दोष नहीं समझते। ममेरा, चचेरा फुफेरा या मौसेरा प्रथासे विवाहमें कोई विशेष आपत्ति नहीं है। एक पीढ़ीके बाद पुनः पितृ और मातृकुलमें विवाह हो सकता है।

पञ्चायत सभासे सामाजिक झगड़ेकी निष्पत्ति होती है। बूढ़े मनुष्य ही मध्यस्थ हो कर मामलेका फैसला करते हैं। यदि पुरुष व्यभिचारी और परदारगामी हो, तो उसे दो वर्षके लिए जातिच्युत किया जाता है और यदि रमणियां अपरजातिके पुरुषके प्रेममें फंस गई हों, तो मद्यमांस देनेसे ही उन्हें रिहाई मिलती है।

इन लोगोंका विवाह बहुत कुछ अनार्यजाति सरीखा है। पुरुष एकसे अधिक विवाह कर सकता है, बशर्ते कि उनमें उनके भरण पोषणकी सामर्थ्य हो। विवाहके बाद यदि वर कुष्ठादिरोगसे ग्रसित हो जाय, तो कन्याका पिता पंचायतकी अनुमति ले कर देवरसे उसका विवाह करा सकता है। विधवा सगाई प्रथाके अनुसार विवाह कर सकती है। लेकिन इस समय अपने आत्मीयवर्गसे सलाह लेना आवश्यक है। यदि देवर उनसे विवाह न करना चाहे, तो वह विधवा किसी दूसरेको वर सकती है।

हिन्दूकी प्रथा देख कर इन लोगोंने भी दत्तक ग्रहण करना सीख लिया है। किन्तु ये किसी क्रियाकलापका अनुष्ठान नहीं करते। इनको जातिक्रिया बिलकुल नहीं है। चेचकसे अथवा कुंआरेमें यदि कोई मर जाय, तो उसे जमीनमें गाड़ देते हैं और जिसकी मृत्यु घरके भीतर हुई है उसकी मृतदेह जलाई जाती है। तीसरे दिन क्षौर कर्म करके ये लोग शुद्ध हो जाते हैं। प्रेतपूजा और उपदेवताकी पूजामें जीवबलि दी जाती है।

एतद्भिन्न ये लोग महादेव और धरित्री माताकी भी उपासना करते हैं। सेवनारिया नामक ग्राम्य देवताकी पूजा प्रचलित है। आश्विनके महीनेमें और फाल्गुनके होली-पर्वमें ये लोग आमोदप्रमोदमें मस्त रहते हैं।

भूँकना (हिं० क्रि०) १ कुत्तोंका भों भों या भौं भौं शब्द करना। २ व्यर्थ बकना।

भूँख (हिं० स्त्री०) भूख देखो।

भूँखा (हिं० वि०) भूखा देखो।

भूँचाल (हिं० पु०) भूकम्प देखो।

भूँजना (हिं० क्रि०) १ किसी वस्तुको आगमें डाल कर या और किसी प्रकार गर्मी पहुंचा कर पकाना। २ तलना, पकाना। ३ दुःख देना, सताना।

भूँजा (हिं० पु०) १ भूना हुआ अन्न, चबेना। २ भड़-भूँजा।

भूँडरी (हिं० स्त्री०) वह भूमि जो जमींदार नाऊ, बारी, फकीर, या किसी संबंधीको माफीके तौर पर देता है।

भूँड़िया (हिं० पु०) वह व्यक्ति जो मंगनीके हल-बैलोंसे खेती करता हो।

भूँडोल (हिं० पु०) भूकम्प देखो।

भूँभाई (हिं० पु०) वह मनुष्य जिसे गाँवका स्वामी किसी दूसरे स्थानसे बुला कर अपने यहाँ बसावे और उसे निर्वाहके लिये कुछ माफी जमीन दे।

भूँरो (हिं० पु०) भ्रमर, भौंरा।

भू (सं० पु०) भू-क्विप्। रसातल।

भू (सं० स्त्री०) भू-आधारे कर्त्तरि अपादाने वा क्विप्। १ पृथिवी, भूमि। २ स्थानमात्र, जगह। ३ यज्ञाग्नि। ४ सीताजीकी एक सखीका नाम। ५ सत्ता। ६ प्राप्ति।

भू (हिं० स्त्री०) भौंह।

भूआ (हिं० पु०) रूईके समान हलकी और मुलायम वस्तुका बहुत छोटा टुकड़ा।

भूक (सं० क्ली०) भवतीति भू-(सू-कू-भू-शुषि-मुषिभ्यः कक्। उण् ३।४१) इति कक्। १ छिद्र। २ काल। (पु०) ३ अन्धकार।

भूकदम्ब (सं० पु०) भुवि कदम्ब इव। १ अलम्बुषवृक्ष, मुंडी। २ महाश्रावणिका।

भूकदम्बक (सं० पु०) भू कदम्बसंज्ञायां कन्। यवानी, अजवाइन।

भूकदम्बा (सं० पु०) गोरक्षमुण्डी।

भूकन्द (सं० पु०) भुवः पृथिव्याः कंद इव। १ महाश्रावणिका। २ शूरण, ओल।

भूकपित्थ (सं० पु०) कपित्थ वृक्षभेद, कैथका पेड़ और उसका फल।

भूकम्प (सं० पु०) भुवः पृथिव्याः कम्पः। भूमिकम्पन, पृथिवीके ऊपरी भागका सहसा कुछ प्राकृतिक कारणोंसे हिल उठना। विशेष विवरण भूमिकम्प शब्दमें देखो।

भूकर्ण (सं० पु०) ज्योतिःशास्त्रमें निरक्षमण्डलका व्यासार्द्ध। Radius of the equator

भूकर्णि (सं० पु०) एक मुनि।

भूकर्वुदारक (सं० पु०) वृक्षविशेष, लिसोड़ा। पर्याय—क्षुद्रश्लेष्मान्तक, भूशेलु, लघुशेलु, लघुपिच्छिल, लघुशीत, सूक्ष्मफल, लघुभूतद्रुम, भूकर्वुदार। इसका गुण—मधुर, कृमि और शूलनाशक, वातप्रकोपण कुछ शीतल और स्वर्णमारक।

भूकल (सं० पु०) भुवः पृथिव्याः कलः। दुर्विनीताश्व।

भूकश्यप (सं० पु०) भुवि पृथिव्यां कश्यप इव, भुवः कश्यप इति वा। वसुदेव।

> "तदस्य कश्यपस्यांशस्तेजसा कश्यपोपमः।
> वसुदेव इति ख्यातो गोषु तिष्ठति भूतले॥"
>
> (हरिवंश ५६ अ०)

कश्यपके अंशसे वसुदेव उत्पन्न हुए इसीसे उनका यह नाम पड़ा।

भूकाक (सं० पु०) भुवि ख्यातः काकः। १ स्वल्पकङ्क, एक प्रकारका छोटा कंक या बाज। २ क्रौञ्च पक्षी। ३ नील कपोत, नीला कबूतर।

भूकुम्भी (सं० स्त्री०) भुवि कुम्भीव। भूपाटली।

भूकुष्माण्डी (सं० स्त्री०) भुवि कुष्माण्डीव। भूकुष्माण्ड, भुइं कुम्हड़ा।

भूकेश (सं० पु०) भुवः पृथिव्याः केश इव। १ शैवाल, सेवार। २ वटवृक्ष जिसकी जटाएं जमीन पर लटकती रहती हैं।

भूकेशा (सं० स्त्री०) भूकेश-टाप्। राक्षसी।

भूकेशी (सं० स्त्री०) भूकेश-स्त्रियां ङीप्। सोमराज नामक वृक्ष।

भूक्षित् (सं० पु०) भुवं क्षितिं क्षिणोतीति क्षिद्-क्विप्। शूकर, सूअर।

भूक्षीरवाटिका (सं० स्त्री०) काश्मीरकी एक नगरी।

भूख (हिं० स्त्री०) १ वह शारीरिक वेग जिसमें भोजनकी इच्छा होती है। क्षुधा देखो। २ आवश्यकता, जरूरत। ३ अभिलाषा, कामना।

भूखड़—दशनामी संन्यासि-सम्प्रदाय। ये लोग खप्पड़ ले कर भीख मांगते हैं।

भूखण्ड (सं० क्लो०) १ भूमिखण्ड। २ पद्म और स्कन्द पुराणके अन्तर्गत खण्डभेद।

भूखर (हिं० स्त्री०) १ क्षुधा, भूख। २ इच्छा, ख्वाहिश।

भूखर्ज्जूरी (सं० स्त्री०) भूसंलग्ना खर्ज्जूरी, शाकपार्थिवादित्वात् समासः। क्षुद्र खर्ज्जूरी, छोटी खजूर। पर्याय—भूयुक्ता, वसुधाखर्ज्जूरिका, भूमिखर्ज्जूरी। गुण—मधुर, शीतल, दाह और पित्तनाशक।

भूखा (हिं० वि०) १ क्षुधित, जिसे भोजनकी प्रबल इच्छा हो। २ दरिद्र, जिसके पास खाने तकको भी न हो। ३ इच्छुक, जिसे किसी बातकी इच्छा या चाह हो।

भूगन्धा (सं० स्त्री०) मुरा नामक गन्धद्रव्य।

भूगर (सं० क्लो०) भुवः पृथिव्याः गरं। विष, जहर।

भूगर्भ (सं० पु०) १ भवभूति कवि। भूः सर्वभूताश्रय भूता पृथ्वीगर्भे कुक्षौ यस्येति। २ विष्णु। ३ भूमिका अभ्यन्तर भाग, पृथ्वीका भीतरी हिस्सा।

भूगर्भगृह (सं० क्लो०) भूमध्यस्थित गृहं। १ भूमध्यस्थित गृह, तहखाना। २ तन्त्रोक्त यन्त्र वहिःस्थित रेखात्रय विशेषात्मक पदार्थ।

भूगर्भशास्त्र (सं० पु०) वह शास्त्र जिसके द्वारा इस बातका ज्ञान होता है, कि पृथ्वीका संघटन किस प्रकार हुआ है, उसके ऊपरी और भीतरी भाग किन किन तत्त्वोंके बने हैं, उसका आरम्भिक रूप क्या था और इसका वर्त्तमान विकसित रूप किस प्रकार और किन कारणोंसे हुआ है। इस शास्त्रमें पृथ्वी की आदिम अवस्थासे लेकर अब तकका एक प्रकारका इतिहास होता है जो कई युगोंमें विभक्त होता है और जिनमेंसे प्रत्येक युग की कुछ विशेषताओंका विवेचन होता है। बड़ी बड़ी चट्टानों, पहाड़ों तथा मैदानोंके भिन्न भिन्न स्तरोंकी परीक्षा इस शास्त्रके अन्तर्गत होती है और इसी परीक्षाके द्वारा यह निश्चित होता है, कि कौन-सा स्तर या भूभाग किस युगका बना है। इस शास्त्रमें यह भी रहता है, कि पृथ्वी पर जलवायु और वातावरण आदिका क्या प्रभाव पड़ता है।

भूगोल (सं० पु०) भूगोलो मण्डलमिव। भुवनकोष, भूमण्डल, गोलाकार मण्डल।

> "मध्ये समन्तादण्डस्य भूगोलो व्योम्नि तिष्ठति।
> बिभ्राणः परमां शक्तिं ब्रह्मणो धारणात्मिकाम् ॥"
>
> (सूर्यसि०)

जिस शास्त्रमें पृथ्वीके ऊपरीभागका विवरण वर्णित हो उसे भूगोल कहते हैं।

खगोल गोल, पृथिवी तथा भुवनकोष शब्द देखो।

ज्योतिषिक भूगोल।

भास्कराचार्य प्रभृति हिन्दू-ज्योतिर्विदोंके मतसे पृथिवी गोलाकार और अचल है। यह किसी मूर्त्त पदार्थका अवलम्बन कर अवस्थित नहीं है और न इसकी गति ही है। ग्रहगण और नक्षत्रमण्डल इसीके चारों ओर घूमते हैं। कदम्बकुसुम जिस प्रकार केशरकलापसे परिवेष्टित रहता है उसी प्रकार इस भूगोल पर पर्वत, चैत्य, मनुष्य, असुर तथा देवगण अवस्थित हैं।

(सिद्धान्तशिरोमणि गोलाध्याय)

आर्यभट्टके मतसे पृथिवी स्थिर नहीं है, वरन् हमेशा घूमती रहती है। ग्रह, नक्षत्र प्रभृति ज्योतिष्कमण्डली निश्चल है, पृथिवीकी गतिके अनुसार उनका उदय और अस्त होता है।

सिद्धान्तशिरोमणिकारने गणित तथा युक्ति द्वारा पृथिवीका गोलत्व साबित किया है।

> "भूमेः पिण्डः शशाङ्कज्ञ-कविरवि-कुजेज्यार्किनक्षत्रकक्षा-
> वृत्तैर्वृत्तोवृत्तः सन् मृदनिल-सलिल-व्योमतेजोमयोऽयम्।
> नान्याधारः स्वशक्त्यैव वियति नियतं तिष्ठतीहास्य पृष्ठे
> निष्ठं विश्वञ्च शश्वत् सदनुजमनुजादित्यदैत्यं समन्तात् ॥"
>
> (सिद्धान्तशिरोमणि)

यह परिदृश्यमान गोलाकार भूखण्ड चन्द्र, बुध, शुक्र, मङ्गल, वृहस्पति, शनि और नक्षत्रकक्षावृत्तसे परिवृत है तथा अन्य आधारकी अपेक्षा न कर अपनी शक्तिसे सर्वदा

आकाशमें अवस्थान करता है। उसी शक्तिसे दानव, मनुष्य तथा देवदैत्यादिके साथ विश्वसंसार अधिष्ठित है।

भारतीय ज्योतिर्विद्गण, पृथिवी गोल नहीं है, यह कल्पना करना भी असम्भव समझते थे। सिद्धान्त-शिरोमणिकारने गोलाध्यायमें कहा है, कि गोलानभिज्ञ गणक मानों राजा हीन राज्य, वक्ताहीन सभा तथा घृत हीन भोजनके समान हैं।

भास्कराचार्यने पौराणिक मतानुसार पृथिवीको समतल बतलाया है—

"यदि समा मुकुरोदरसन्निभा भगवती धरणी तरणिः क्षितेः।
उपरि दूरगतोऽपि परिभ्रमन् किमु नरैरमरैरिव नेक्ष्यते ॥"

पृथिवी यदि दर्पणोदरकी तरह समतल है, तो फिर इससे बहुत ऊँचे पर भ्रमणशील सूर्य मनुष्य तथा देवता द्वारा सर्वदा क्यों नहीं दिखलाई पड़ते?

पृथिवीको गोलाई साबित करनेके लिए प्राचीन ज्योतिर्विद् लल्लाचार्यका कहना है,—

"समता यदि विद्यते भुवस्तरवस्ताल-निभा बहूच्छ्रया।
कथमेव न दृष्टिगोचरं नुरहो यान्ति सुदूरसंस्थिताः ॥"

यदि पृथिवी समतल होती, तो तालके समान अत्यन्त उच्चे वृक्ष दूरसे क्यों नहीं नजर आते?

पृथिवीकी गोलाई हीसे दिन रात होती है, पौराणिक मतखण्डनकी जगह भास्कराचार्यने कहा है,—

"यदि निशाजनकः कनकाचलः किमु तदन्तरगः स न दृश्यते।
उदगयं ननु मेरुरथांशुमान् कथमुदेति स दक्षिणभागतः ॥"

यदि कनकाचल सुमेरु रात्रिका कारण हो, तो सूर्य डूबने पर वह स्वर्णमय सुमेरु क्यों नहीं दिखलाई पड़ता? उक्त पर्वत जब उत्तरकी ओर है, तब फिर अंशुमाली सूर्य दक्षिणमें क्यों उदित होते हैं?

पृथिवी तो गोल है, किन्तु देखनेमें यह समतल-सी ज्ञात पड़ती है, इसका कारण यह है,—

"अल्पकायतया लोकाः स्वस्थानात् सर्वतोमुखं।
पश्यन्ति वृत्तामप्येतां चक्राकारां वसुन्धरां ॥"

(सूर्यसिद्धान्त)

मनुष्य पृथिवीके आयतनके सामने अत्यन्त छोटे हैं, अतः यह वर्त्तुलाकार रहने पर भी चक्राकार समतल क्षेत्रकी तरह प्रतीत होती है।

"समो यतः स्यात् परिधेः शतांशः पृथ्वी च पृथ्वी नितरां तनीयान्।
नरश्च तत् पृष्ठगतस्य कृत्स्ना समेव तस्य प्रतिभात्यतः सा ॥"

(गोलाध्याय)

पृथिवी बहुत बड़ी है, अतः इसकी परिधिका शतांश भी उस पर स्थित मनुष्यको समतल ज्ञात पड़ता है।

पृथिवीका गोलत्व प्रमाणित होनेसे, अवश्य ही इसका ऊर्द्ध्वाधः मानना होगा। क्योंकि वर्त्तुलाकार पदार्थका एक भाग ऊपर और दूसरा नीचे रहता है। अतः नीचे रहनेवाले अधिवासियोंका मस्तक नीचेकी ओर रहनेसे वे गिर जा सकते हैं ऐसा ख्याल हो सकता है।

इस विषयमें सूर्य सिद्धान्तने कहा है,—

"सर्वत्रैव महीगोले स्वस्थानमुपरिस्थितं।
मन्यन्ते खे यतो गोलस्तस्य क्वोर्द्ध्वं क्व वाप्यधः ॥"

गोलाकार पृथिवी अनन्त आकाशमें स्थित है, सुतरां उसका ऊर्द्ध्व या अधः ही कहां है? सभी अपने अपने स्थानको ऊपर समझते हैं।

इस विषयमें भास्कराचार्यने और भी कहा है।

"यो यत्र तिष्ठत्यवनीं तलस्थमात्मानमस्या उपरिस्थितञ्च।
समन्यतेऽतः कुचतुर्थसंस्थामिथश्च ते तिर्यगिवामनन्ति ॥
अधः शिरस्का कुदलान्तरस्थाः छाया मनुष्य इव नीरतीरे।
अनाकुलास्तिर्य्यगधः स्थिताश्च तिष्ठन्ति ते तत्र वयं यथात्र ॥"

जो मनुष्य जहां रहता है वह वहीं पर रह कर पृथिवी तलको अपना पदतलस्थ तथा अपनेको उसके ऊपर स्थित समझता है। पृथिवीके चतुर्थ भागस्थ ९०° अंश अर्थात् प्राचीन महाद्वीपके मध्यस्थल पर मनुष्य मात्र ही धरामण्डलके ऊपर अधिष्ठित हैं, अतः वे इसे तिर्यग-भावमें बतलाते हैं। किन्तु जो विपरीत भाग पर (१८०° अंश अर्थात् नूतनमहाद्वीपमें) रहते हैं, वे हम लोगोंको जलाशयके किनारे खड़े मनुष्यके जलस्थ अधःशिरस्क प्रतिबिम्बके जैसे मालूम पड़ते हैं; किन्तु यह भ्रममात्र है।

कारण, यह अनन्त आकाश पृथिवीके चारों ओर है। सुतरां पृथिवी-वासी मनुष्यमात्रके मस्तकके ऊपर ग्रहनक्षत्रसे मण्डित आकाश और पदके नीचे वसुंधरा है। हमलोग जिस प्रकार यहां रहते हैं, वे भी उसी प्रकार वहां अवस्थान करते हैं।

भूमण्डलके गोलत्वके विषयमें गोलाअध्यायमें अनेक प्रमाण हैं—

"निरक्षदेशे क्षितिमण्डलोपगौ ध्रुवौ नरः पश्यति दक्षिणोत्तरौ ।
तदाश्रितं खे जलयन्त्रवत् तथा भ्रमद्भचक्रं निजमस्तकोपरि ॥"
"उदग्दिशं याति यथा तथा नरस्ताथ स्यान्नतमृक्षमण्डलं ।
उदग्ध्रुवं पश्यति चोन्नतं क्षितेस्तदन्तरे योजनजाःपलांशका ॥"
(गोलाध्याय)

निरक्षदेशस्थ मनुष्य दक्षिण और उतर ध्रुवको क्षितिमण्डलके साथ संलग्न तथा ध्रुवाश्रित राशिचक्रको अपने मस्तकोपरिस्थ आकाशमें जलयन्त्रके समान भ्रमणशील देखते हैं। निरक्षदेशसे मनुष्य जितना ही उत्तरकी ओर अग्रसर होंगे, उतना ही वे अपने मस्तकोपरिस्थ ऋक्षमण्डलको पीछेकी ओर अवनत तथा उत्तर ध्रुवको उत्तरोत्तर उन्नत देखेंगे । इसीसे पृथ्वीका गोलत्व साफ साफ प्रमाणित होता है।

पुराणमें भी पृथ्वीकी गोलाईका प्रकृष्ट प्रमाण मिलता है। यथा—

"उद्धृत्य पृथिवीच्छायां निर्मितो मण्डलाकृतिः ।
स्वर्भानोस्तु वृहत् स्थानं तृतीयं यत् तमोमयम् ॥"
(मत्स्य १२८।६० कूर्म ४०।१५)

यह विपुलायतना पृथ्वी शून्यमार्गमें उत्क्षिप्त शिलाखण्डकी तरह नीचे न गिर कर किसी शक्तिके वल शून्यमार्गमें अवस्थित है, ऐसा भी भास्कराचार्यके गोलाध्यायमें वर्णित है।

"आकृष्टशक्तिश्च मही तया यत् खस्थं गुरु स्वाभिमुखं स्वशक्त्या ।
आकृष्यते तत्पततीव भाति समे समन्तात् क्व पतत्वियं खे ॥"
(गोलाध्याय)

पृथ्वी अपनी आकर्षणी शक्तिसे शून्यमें स्थिर है और उसी आकर्षणी शक्तिके बलसे आकाशमें उक्षिप्त गुरु वस्तु इसकी ओर आकृष्ट होती है । भूपृष्ठ पर खड़े हो कर जिस प्रकार हम लोग समझते हैं, कि आकाश ऊपरमें अवस्थित है, उसी प्रकार भूमण्डलके चारों ओर स्थित मनुष्य आकाशको ऊपर ही देखते हैं। सुतरां सबोंके मतसे यदि पृथ्वी नीचेकी ओर पड़े, तो यह कहां अवस्थित होगी ? इसका कारण उद्धारसापेक्ष है। यथार्थमें ऊंचा नीचा कोई भी स्थान नहीं है, अतः पृथ्वी आकाशमें स्थिर है ।

पौराणिक मतसे भूगोलके वर्णनमें अनेक मतभेद देखनेमें आता है और सम्प्रति वे अब कल्पित जान पड़ते हैं । गोलाध्यायमें भूगोलपुरनिवेश इस प्रकार वर्णित हुआ है ।

"लङ्काकुमध्ये यमकोटिरस्याः प्राक्पश्चिमे रोमकपत्तनञ्च ।
अधस्ततः सिद्धपुरं सुमेरुः सौम्येऽथ याम्ये वड़वानलश्च ॥
कुवृत्तपादान्तरितानि तानि स्थानानि षड् गोलविदो वदन्ति ॥
लङ्कापुरेऽर्कस्य यदोदयः स्यात् तदा दिनार्द्धं यमकोटिपुर्यां ।
अधस्तदा सिद्धपुरेऽस्तकालः स्याद् रोमके रात्रिदलं तदैव ॥"

भूगोलके मध्यस्थलमें लङ्का, पूर्वमें यमकोटि, पश्चिममें रोमकपत्तन, अधःस्तलमें सिद्धपुर, उत्तरमें सुमेरु और दक्षिणमें वड़वानल है। (कुमेरु) गोलवित् पण्डितोंने उक्त छः स्थानको भूपरिधिके पादान्तरित अर्थात् चतुर्थांश समान अन्तरमें अवस्थित वतलाया है । लङ्कापुरमें जब सूर्योदय होता है, उस समय यमकोटिमें दो पहर दिन, सिद्धपुरमें अस्तकाल और रोमकपत्तनमे दोपहर रात रहती है।

ध्रुवोन्नति और अक्षांशके अभावसे भगोलका मध्यस्थल निर्णित होता है । गोल शब्द देखो।

"तेषामुपरिगो याति विषुवस्थो दिवाकरः ।
न तासु विषुवच्छाया नाक्षस्योन्नतिरिष्यते ॥"

विषुववृत्त उक्त चार पुरीके ऊपर हो कर गया है, अतः सूर्य जब उक्त विषुववृत्त हो कर जाते हैं, तब इन सब स्थानोंमें अक्षच्छाया तथा ध्रुवोन्नति नहीं रहती। इसी लिए उक्त वृत्तको निरक्षवृत्त कहते हैं। जिस दिन रातदिन बराबर होती है, उसी दिन सूर्य इस वृत्तके ऊपर हो कर जाते हैं। निरक्षवृत्त तथा विषुववृत्त परस्पर अभिन्न हैं। उत्तर और दक्षिणमेरुके आकाशमें दो ध्रुवतारे हैं। निरक्षदेशस्थ मनुष्य उक्त दोनों तारेको क्षितिज (Horizon) वृत्तमें मिला हुआ देखते हैं । इसीलिए निरक्ष वृत्तमें अवस्थित लङ्का प्रभृति चारों पुरीके ध्रुवोन्नति नहीं है, किन्तु निरक्षदेशसे जितना ही उत्तर बढ़ा जाय, ध्रुव उतना ही ऊंचा दिखलाई पड़ता है। अतः ध्रुवोन्नतिसे सभी स्थानोंका अक्षांश निरूपित होता है।

प्रमाण—

"मेरोरुभयतो मध्ये ध्रुवतारे नभःस्थिते ।
निरक्षदेशसंस्थानामुभये क्षितिजाश्रये ॥
अतो नाक्षोच्छ्रयस्तासु ध्रुवयोः क्षितिजाश्रयोः ।
नवतिर्लम्बकांशस्तु मेरावक्षांशकास्तथा ॥" (सूर्यसिद्धान्त)

निरक्षदेशका अक्षांश ०° और मेरुका निरक्षसे ९०° अंश है ।

बाद शिद्धान्तशिरोमणिग्रन्थके गोलाध्यायमें भूगोल या भुवनकोषका द्वीप और समुद्रसंस्थान तथा परिधि और पृष्ठफल इस प्रकार लिखा है,—

लवण-समुद्रके मध्यस्थ अर्द्ध भूमिभागको आचार्यगण जम्बूद्वीप कहते हैं । परार्द्ध दो द्वीपके दक्षिण लवण और क्षीरोद प्रभृति समुद्र अवस्थित है । पहले लवण-जलधि और पीछे दुग्धसिन्धु है । इसी दुग्धसिन्धुसे अमृत, अमृतांशु चन्द्र तथा लक्ष्मी उत्पन्न हुई थीं और वहीं पूजनीय ब्रह्मादि देवगण तथा वासुदेव वास करते हैं । बाद इसके दधि, घृत, इक्षु, सुरा और निर्मल जलमय समुद्र वर्त्तमान् हैं ।

'पातालके मनुष्योंका आवासस्थल बड़वानल स्वादुजलमय है और इस पाताल प्रदेशमें फणास्थित मणिकिरणमें समुज्ज्वलकान्ति फणिगण तथा असुरगण वास करते हैं और वहीं सिद्धगण उज्ज्वल सुवर्णमण्डितदेह दिव्य रमणियोंके साथ क्रीड़ा करते रहते हैं । इसके बाद शाक, शाल्मल, कौश (कुश), क्रौञ्च, गोमेदक तथा पुष्कर द्वीप दो दो समुद्रके अन्तर पर अवस्थित हैं ।

'लङ्का देशके उत्तर हिमगिरि, बाद हेमकूट और उसके बाद सिन्धु तक फैला हुआ निषधदेश है । सिन्धुपुरके उत्तर शृङ्गवत् शुक्लनीलवर्ष विद्यमान है और उसीमें द्रौणिदेश अवस्थित है । भारतवर्षके उत्तर किन्नरवर्ष, बाद हरिवर्ष, सिद्धपुर, कुरुवर्ष कुरुवर्षके बाद हिरण्मय और रम्यक वर्ष है । माल्यवान् पर्वत यमकोटिपत्तनसे तथा गन्धमादन रोमकपत्तनसे नीलशैल और निषध तक विस्तृत है । इन दोनों पर्वतोंके बीच इलावर्ष है । जलधिमध्यवर्ती मालाकी तरह जिसे पण्डितगण भद्रतुरग कहते है, गन्धमादन अवस्थित है और उसके मध्यवर्ती भू-भागको कलाज्ञ व्यक्तिगण केतुमाल वर्ष कहते हैं । इलावृतवर्ष देवताओंका लीलाक्षेत्र हैं ।

भास्कराचार्यने पौराणिक भूगोलका ही बहुत कुछ अनुसरण किया है । किस किस पुराणमें भूगोलका विवरण है, वह पुराणशब्दमें अठारहवें पुराणकी सूची पढ़नेसे जाना जाता है । विस्तारके भयसे वह यहां नहीं लिखा गया । पृथिवी, भुवनकोष प्रभृति शब्द देखो ।

किसी किसी पुराणके मतसे पृथिवी समतल बतलाई गई है । भास्कराचार्यने उन सब असमीचीन मतों तथा बौद्धजैनोंके सभी मतोंका गोलाध्यायमें युक्ति द्वारा खण्डन किया है । भास्कराचार्य प्रभृति वरेण्य ज्योतिर्विद्गण गणित ज्योतिषमें असाधारण पाण्डित्य प्रकाशित करने पर भी भौगोलिक देश, द्वीप, सागरादि संस्थान विषयमें पौराणिक मतकी ही पोषकता कर गये हैं ।

काव्यभावसुलभ भारतवर्षमें जन्मग्रहण कर उन्होंने अपने दुरूह गणित और ज्योतिषके वर्णनाकालमें भी कवित्व दिखलानेको नहीं छोड़े । वे मानससरोवरका नामोल्लेख करनेके समय कवित्व प्रलोभन नहीं भूल सके थे । इसी कारण लिखा है,—"सरःसु रामारमणाश्रमालकाः सुरा रमन्ते जलकेलिलालसाः ।" इससे स्पष्ट जान पड़ता है, कि वे भूगोलका यथार्थ स्थानका निरूपण करनेमें ध्यान न दे "पुराविदः समवर्णयन" ऐसा कह कर निश्चिन्त हुए हैं ।

भारतवासी बहुत पहलेसे ही भूगोलतत्त्व जानते थे । उन्होंने चाहे योगप्रभावसे हो अथवा अध्यवसायके गुणसे, अति प्राचीन कालसे चिरतुषारावृत उत्तरकुरु और सोमगिरि (Aurora Borealis)-का आविष्कार किया था । ऐतरेय-ब्राह्मणमें उत्तरकुरु तथा उत्तरमद्रका उल्लेख है । वाल्मीकिरामायणके किष्किन्धाकाण्डमें सीतान्वेषणके समय सुग्रीव द्वारा समुद्रके दूसरे किनारेके बहुत-से जनपदका जो विवरण मिलता है, उसे पढ़नेसे जान पड़ता है, कि भारतवासी अति प्राचीन कालसे भूमण्डलके बहुत दूर देशसे जानकार थे । महाभारतमें भी जम्बूखण्डके निर्माणप्रसङ्गमें भूवृत्तान्तसम्बन्धीय अनेक कथाएं लिखी हैं । पुराणकी कथा पहले ही वर्णित हो चुकी है ।

बौद्ध और जैनगण भी भूवृत्तान्तके सम्बन्धमें बहुत-सी बातें लिख गए हैं । जैनोंकी सूर्य-प्रज्ञप्ति, चन्द्र-प्रज्ञप्ति और क्षेत्रसमाससे भूगोलकी बहुत-सी बातें

मिलती हैं। विक्रमसागर, देशावलीविवृति, दिग्विजय प्रकाश प्रभृति बहुतसे संस्कृत ग्रंथोंमें नाना जनपदका भूवृत्तांत वर्णित है। भारतवासियोंने पूर्वकालसे ही जिस प्रकार ख-लोकका ध्रुवक तथा विक्षेप स्थिर किया था, उसी प्रकार वे भूगोलके भी नाना स्थानोंका अक्षांश स्थिर कर गए हैं। यंत्रराज नामक ग्रंथमें इसका बहुत कुछ आभास मिलता है।

पाश्चात्य भूगोल—विवरण।

जिस शास्त्रमें पृथिवीपृष्ठका विवरण है, उसे भूगोल (Geography) कहते हैं। अर्थात् भूपृष्ठस्थित देशादिके प्राकृतिक विभाग, नद, नदी, ह्रदपर्वतादिका वर्णन, जीव, उद्भिज्ज और उत्पन्न सामग्री तथा राजकीय शासनादिके विवरणविशिष्ट शास्त्रको भूगोल कहते हैं। भूगोल और इतिहास ये दोनों परस्पर सापेक्ष शास्त्र हैं।

पाश्चात्य जगत्में सुप्रसिद्ध ग्रीक-कवि होमरके काव्यमें सर्व प्रथम भूगोलका उल्लेख मिलता है। प्रसङ्गक्रमसे उक्त काव्यमें अनेक भौगोलिक विवरण दिये गये हैं। उस समय अर्थात् ईस्वी सन् ६०० वर्ष पहले होमरके परवर्त्ती ग्रंथकारगण भूगोलका उल्लेख करते आये हैं। होमरने पृथिवीको अण्डाकार और समतल तथा इसके चारों ओर एक अविरामवाही जलस्रोत बहता है, ऐसा वर्णन किया है। जो कुछ हो, होमरवर्णित भूगोलमें यूरोपके कई एक स्थान और एशिया तथा अफ्रिकाका नामोल्लेखमात्र है। ईस्वी सन् ८०० वर्ष पहलेसे भूगोलका कलेवर कुछ बढ़ा है और उसमें पाश्चात्य जगत्के अनेक स्थानका विवरण और नील नदीका तथा अफ्रीकाके दक्षिणखण्डवासी यूथोपियोंका उल्लेख देखा जाता है।

ईस्वी सन् ७०० वर्ष पहले फिनीकीय वणिक्गण अफ्रिका देखने आये। उन्होंने सबसे पहले समुद्रयात्रा की। अनन्तर पीथागोरा सेरके समय पृथिवीका गोलाकार होना साबित हुआ और इसके बाद प्लेटोके समयमें यह सिद्धान्तमें परिणत हुआ। उस समय वणिक्विद्याकी यथेष्ट उन्नति होनेके कारण बहुत-से नवीन स्थान आविष्कृत हुए और हिमिल्को नामक एक नाविकने ब्रिटिश द्वीपपुञ्जका आविष्कार किया।

होमरके समय पृथिवीके दो विभाग थे, अभी चार विभाग हुए—उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम। हीरोदोतस जैसे इतिहासके जनक थे, वैसे ही वे सर्वप्रथम भूगोलरचयिता भी थे। वे स्वयं बाबिलन और इजिप्ट प्रभृति अनेक स्थानोंका परिदर्शन कर सबोंका वर्णन लिख गए हैं।

पुनः आज तक ग्रीस्‌देशमें ज्योतिष-शास्त्रकी आलोचना नहीं देखी जाती। ईस्वी सन् ६०० वर्ष पहले दार्शनिक पण्डित थेलिस्‌ने सबसे पहले एक सूर्यग्रहणकी गणना की। इसके कुछ दिन बाद ग्रीक पण्डितगण अलेकजेण्ड्रयाके ज्योतिर्विदोंके अनुकरणसे अक्षांश तथा देशान्तरकी गणना द्वारा भूपृष्ठस्थ स्थान-समूहके दूरत्वनिर्णयमें सचेष्ट हुए थे।

इसके कुछ दिन बाद ग्रीक-पण्डित एराटोस्थिनिसने एक भूगोलकी रचना की। उनके प्रदत्त मानचित्रमें यूरोपके बहुतसे स्थान निर्दिष्ट हुए। उस समय ग्रीसमें ज्ञानकी अनेक वृद्धि हुई थी और पर्यटकगण नवीन देश देखनेमें उत्सुक हो कर पृथ्वीके बहुत-से स्थानोंमें घूमने लगे।

बाद एशिया-माइनर-निवासी ष्ट्रावोने पूर्वलब्ध विवरणावलीको एकत्र कर सुश्रृङ्खलाभावसे अपना भूगोल विवरण प्रकाशित किया।

जो पाश्चात्यदेशके प्रत्नतत्त्वकी खोजमें हैं उन्हें आज भी ष्ट्रावोकी सहायता लेनी पड़ती है।

जब ष्ट्रोवाने भूगोल रचा, उस समय रोमसाम्राज्यके सौभाग्यसूर्यकी उज्ज्वल किरणसे पृथ्वी चमक उठी थी। ष्ट्रावोका भूगोल उक्त रोमसाम्राज्यमें सभी जगह आदर पूर्वक पढ़ा जाने लगा। उस समय अलेकजेण्ड्रया ज्ञानका भण्डार कह कर संसारमें विख्यात था।

अलेकजेण्ड्रयाकी ज्योतिर्विद्याकी उस समय बहुत कुछ उन्नति हुई। उसी समय मिश्रके अन्तःपाती पिलुसियमनगरके सुप्रसिद्ध पाश्चात्य ज्योतिर्विद् टलेमीका जन्म हुआ। टलेमीने अलेकजेण्ड्रयाके विश्वविद्यालयमें शिक्षित हो कर खगोल और भूगोलके सम्बन्धमें अपूर्व ग्रन्थकी रचना की। उनकी बनाई हुई पुस्तकका नाम है

अलमेजिष्ट। ७वीं शताब्दीमें यह ग्रन्थ अरवी भाषामें अनुवादित हुआ। हारूण-अल-रसीद देखो।

जो कुछ हो, टलेमी ही प्राचीनकालके एकमात्र प्रसिद्ध भूगोल-प्रणेता थे।

टलेमीप्रकाशित भूगोलमें ग्रीक और रोमकगण भूमण्डलका हाल जहां तक जानते थे, सभी वर्णित है। टलेमीकी पुस्तक १४ सौ वर्ष तक पाश्चात्य जगत्‌में अप्रतिहतभावमें प्रचलित रही। १४वीं शताब्दी तक टलेमीके भौगोलिक ज्ञानभण्डारमें फिर एक भी रत्न सञ्चित न हुआ। अनन्तर रोमका सौभाग्यसूर्य जब असभ्य वर्वर-राहुकवलसे ग्रस्त हुआ तब फिर विज्ञान-चर्चा भी पाश्चात्य भूखण्डसे जाता रहा।

बाद १६वीं शताब्दीमें जब यूरोपमें विद्यालोचनाके नवयुगका उदय हुआ, तब शास्त्रचर्चाके विविध द्वार उद्घाटित हो नाना लुप्त रत्नोंका अनुसन्धान होने लगा। इसी समय स्पेनियार्डोंने जगत्‌के इतिहासका सौभाग्य-शीर्ष स्थान दखल किया। कलम्बसने अमेरिकाका पता लगाया। ओलन्दाजगण उत्तमाशाअन्तरीप घूमते हुए भारतवर्ष आ धमके और मेगेलन, ड्रेक, कप्तान कूक प्रभृति जगद्विख्यात नाविकोंने भूमण्डलका प्रदक्षिण कर भौगोलिकज्ञानकी चरमोन्नति की। इसके परवर्त्ती समयका भूगोल-विवरण आजकल शिक्षित व्यक्तियोंको विदित है तथा विश्वकोषके महादेश तथा देशादिकी वर्णनामें भी वे सब प्रकाशित हुए हैं और होंगे। अतः विस्तार और पौनरुक्तिके भयसे उन सबोंकी आलोचना नहीं की गई।

भूपृष्ठभागका विवरण।

पृथ्वीका ऊपरीभाग जल और स्थलभागमें विभक्त है। इसके तीन भाग जल और एक भाग स्थल है।

जलभाग—महासागर, सागर, उपसागर, प्रणाली, ह्रद, नदी, उपनदी प्रभृति नामसे कल्पित है।

जो विस्तीर्ण लवण-जलराशि पृथिवीको घेरे हुई है, वही महासागर है, भौगोलिकोंने सुविधाके लिए उसका स्वतन्त्र नामसे अवस्थान-निर्देश किया है। महासागर पुनः पांच भागोंमें विभक्त हैं,—(१) उत्तर (आर्कटिक) महासागर, (२) दक्षिण (एण्टार्कटिक) महासागर, (३) प्रशान्त (पैसफिक) महासागर, (४) अटलाण्टिक महासागर और (५) भारत (इण्डियन) महासागर।

१ उत्तरमहासागर—उत्तरमेरुप्रदेशमें। २ दक्षिण-महासागर—दक्षिण मेरुप्रदेशमें। ३ प्रशान्तमहासागर—एशिया और अमेरिकाके मध्य। ४ अटलाण्टिक महासागर—यूरोप और अफ्रीका तथा अमेरिकामें। ५ भारत-महासागर—एशियाके दक्षिणमें।

उक्त पांचों महासागरके मध्य प्रशान्तमहासागर सबोंकी अपेक्षा बड़ा और उत्तरमहासागर सबसे छोटा है। सम्पूर्ण जलभागका परिमाणफल प्रायः १४ करोड़ ५० लाख वर्गमील है।

महासागरकी अपेक्षा छोटे लवणमय जलभागका नाम सागर है। ऐसा जलभाग जो प्रायः चारों ओर स्थल द्वारा घिरा रहता है, वह उपसागर कहलाता है।

जो सङ्कीर्ण जलभाग दो बड़े बड़े जलभागको परस्पर मिलाता है अथवा जो दो स्थलभाग हो कर प्रवाहित होता है, उसे प्रणाली कहते हैं।

चारों ओर सम्पूर्णरूपसे स्थल द्वारा घिरे हुए स्वाभाविक जलभागका नाम ह्रद है। ह्रद बहुत बड़ा होनेसे सागर कहलाता है। जैसे, कैस्पियन सागर।

जो जलप्रवाह पर्वत, ह्रद या प्रस्रवणसे निकल कर सागरादिमें गिरता है, उसे नदी कहते हैं।

जो नदी पर्वतादिसे निकल कर किसी दूसरी नदीमें जा मिलती है, उसे उपनदी और जो नदीसे निकल कर किसी ओर बह जाती है, उसे शाखा नदी कहते हैं। जहां पर दो नदियां मिलती हैं, वह सङ्गम-स्थान कहलाता है। जिस स्थानसे नदी निकलती है वह नदीका उत्पत्तिस्थान और जहां पर नदी समुद्रमें या ह्रदमें जा मिलती है, उसको नदीमुख या मुहाना कहते हैं। नदीके मुहानेकी निकटस्थ त्रिकोणाकार भूमिका नाम डेलटा है।

वर्त्तमान भौगोलिकोंने भूपृष्ठको दो महाद्वीपमें विभक्त किया है, पूर्व या प्राचीन महाद्वीप और पश्चिम या नूतन महाद्वीप। इस महाद्वीपके अन्तर्गत जो जो विस्तीर्णभूखण्ड है, जिसमें अनेक देश हैं, उसको महादेश कहते हैं।

प्राचीन महाद्वीपमें—(१) एशिया, (२) यूरोप और (३) अफ्रीका। नूतन महाद्वीपमें—(१) उत्तर अमेरिका, (२) दक्षिण अमेरिका, यही पांच महादेश हैं।

अभी अवसीनिया (सामुद्रिक) नामक समुद्रगर्भस्थ बड़े बड़े द्वीपोंको ले कर भौगोलिकगण एक स्वतन्त्र महादेशकी कल्पना करते हैं।

महादेशोंके मध्य एशिया सबसे बड़ा और जनपूर्ण है। यूरोप सबसे छोटा होने पर भी उन्नत तथा सुसभ्य है। अमेरिकाकी जनसंख्या सबोंकी अपेक्षा थोड़ी है और अफ्रीका सबसे अनुन्नत और असभ्य है।

महादेशोंका विवरण उन्हीं सब शब्दोंमें देखो।

१४९२ ई०में विख्यात यूरोपीय नाविक कलम्बसने अमेरिकाका आविष्कार कर अपने पोताध्यक्ष अमेरिका मेस्पुचिके नामानुसार उस स्थानका नाम 'अमेरिका' रखा।

परिमाणफल—समूची पृथिवीका परिमाण साढ़े उन्तीस करोड़ वर्गमोलसे भी अधिक है जिसमेंसे जल भाग साढ़े चौदह करोड़से ऊपर है और स्थल भाग पांच करोड़ है। जनसंख्या लगभग डेढ़ सौ करोड़ है।

स्थलभाग साधाणतः महादेश, देश, द्वीप, उपद्वीप, अन्तरोप, योजक, उपकूल, पर्वत इत्यादि नामसे प्रसिद्ध है।

विस्तीर्ण भूमिखण्डको महादेश और उसके एक एक अंश को देश कहते हैं। चारों ओर जल द्वारा परिवेष्टित भूमिखण्डको द्वीप और ऐसे ही कई एक द्वीप एकत्र रहनेसे उसे द्वोपपुञ्ज कहते हैं। इसी प्रकार महादेशके समीपवर्त्ती प्रायः चारों ओर जल-परिवेष्टित कोई कोई भूमिखण्ड जो एक ओर स्थल द्वारा महादेशके साथ संलग्न है, वह उपद्वीप कहलाता है।

जो भूभाग क्रमशः सूक्ष्म हो कर समुद्रकी ओर चला गया है, उसके अग्रभागका नाम अन्तरीप है। वह सङ्कीर्ण भूमिखण्ड जो किसी दो बड़े भूमिखण्डको मिलाता है, योजक या डमरूमध्य कहलाता है। समुद्रके तीरवर्ती स्थानका नाम उपकूल है।

पृथिवीके ऊपर अत्यन्त ऊँचे प्रस्तरमय स्थानको शैल या पर्वत और बहुत दूर तक फैले हुए ऐसे पर्वतोंको पर्वत श्रेणी कहते हैं। छोटे छोटे पर्वत पहाड़ कहलाते हैं।

पर्वतके अग्रभागको शृङ्ग, चूड़ा या शिखर कहते हैं। यथा, काञ्चनजङ्घा।

जिस पर्वतके शृङ्गदेशस्थ छिद्रसे समय समय पर धूम, भस्म, अग्निशिखा इत्यादि निकलती है, उसका नाम आग्नेय या ज्वालामुखी पर्वत है।

दो पर्वतोंके बीच विस्तीर्ण प्रान्तरक्षेत्रको उपत्यका और पर्वतमय ऊँची भूमिको अधित्यका कहते हैं।

पार्वतीय ऊँची भूमिकी मध्यस्थित नदीका खात अववाहिका (basix) और दो अववाहिकाकी मध्यपार्वत्यभूमि जलवाध Water shed कहलाती है।

दो पर्वतके मध्यवर्त्ती सङ्कीर्णपथको गिरिवर्त्म, पास या घाटी कहते हैं।

जिस भूमिके ऊपरका भाग प्रायः समान और पर्वतादिविहीन रहता है, वह समतल भूमि कहलाता है।

वृक्षलतादि परिशून्य जलाशयादिविहीन विस्तीर्ण वालुकामय प्रान्तर भूमिको मरुभूमि कहते है। मरुभूमिकी मध्यस्थित उर्वरा भूमिका नाम मारवद्वीप या वेसिस है। यथा-फेजान।

भूपृष्ठ पर नाना जातीय मनुष्योंका वास है। वर्ण और गठनादिके भेदसे मनुष्य जाति तीन प्रधान श्रेणीमें विभक्त हैं। यथा—काकेशीय, मङ्गोलोय और निग्रो। मलय और आमेरिक इण्डियन ये दोनों जाति मङ्गोलीय जातिके अन्तर्गत हैं।

१ ककेशोय—इस श्रेणीके मनुष्योंका शरीरगठन और वर्ण सुन्दर होता है, किन्तु इनके बड़ी बड़ी दाढ़ी होती हैं। यूरोपमें, पश्चिम एशियामें कैसपियन सागरके दक्षिणसे दक्षिण-एशियामें भारतवर्ष तक और अफ्रीकाके उत्तर भागमें इस जातिका वासस्थान है।

२। मङ्गोलीय—इनका वर्ण पीला, वाल काले, आंखें छोटी, मुंह चिपटा और दाढ़ी थोड़ी होती है। एशियाके उत्तर पूर्व तथा मध्यप्रदेशमें इस जातिका वास है।

३। निग्रो—इनका चमड़ा काला, नाक चिपटी, होंठ मोटा ठुड्ढी लम्बी तथा बाल घुंघरीले और भेड़की तरहके होते हैं। ये अफ्रीकाके दक्षिण और मध्य स्थानमें रहते हैं।

४। मलय—ये मङ्गोलीय और निग्रो जातिके मध्यवर्त्ती

होनेके कारण उनसे बहुत कुछ मिलते जुलते हैं। मलय उपद्वीप और भारतद्वीप पुञ्जमें इनका वास है।

५। आमेरिक या लोहित इण्डियन—ये उत्तर और दक्षिण अमेरिकाके बहुत-से स्थानोंमें पाये जाते हैं। ये लोग ताम्रवर्णके हैं।

ये सब मनुष्य नाना सम्प्रदायमें विभक्त हैं। विभिन्न समयमें विभिन्न प्रवर्त्तकके अभ्युदयसे पृथिवी पर नाना धर्म प्रचलित हुए हैं जिनमेंसे हिन्दू, बौद्ध, मुसलमान, खृष्टान, यहूदी इत्यादि प्रधान हैं।

भूगोलविद्या (सं० स्त्री०) वह विद्या जिसके द्वारा पृथिवीकी आकृति, धर्म, विभाग, गति और सम्बन्ध आदि जाना जाय। (Geography)

भूघन (सं० पु०) शरीर।

भूचक्र (सं० क्ली०) १ पृथिवीकी परिधि। २ विषुवरेखा। ३ अयनवृत्त। ४ क्रान्तिवृत्त। ५ अक्ष और द्राघिम रेखा।

भूचणक (सं० पु०) वृक्षभेद, मुंगफली।

भूचम्पक (सं० पु०) भूमिचम्पकक्षुप, भूचम्पा।

भूचर (सं० पु०) भुवि चरतीति चर-ट। १ वह जो पृथ्वी पर रहता हो, भूमि पर रहनेवाला प्राणी। २ दीमक।

भूचरसिद्धि (सं० स्त्री०) तन्त्रोक्त सिद्धिभेद।

"तसोऽधिकतराभ्यासात् बलमुत्द्यते भृशम्।
येन भूचरसिद्धिः स्याद्भूचराणा जये त्तमः॥"

(दत्तात्रेयसं०)

तन्त्रशास्त्रमें जिन सब सिद्धियों या साधनाओंका उल्लेख है, भूचरसिद्धि उनमेंसे एक प्रधान गिनी जाती है। वास्तविकमें तन्त्रवाक्यकाममें ग्रहण कर यदि बे रोक-टोक इस अघटन-घटना-पटीयसी सिद्धिकी ओर मन निविष्ट किया जा सके, तो निश्चय ही इस सिद्धि या साधनाके प्रभावसे साधकको कोई भी वस्तु अप्राप्य, अगम्य या अप्रत्यक्ष नहीं रह जाती। उस समय करतलगत आमलक फलके समान अभीप्सित सभी विषय साधकके पास आपे आप आ जाते हैं।

किन्तु इस सिद्धिलाभमें सम्पूर्ण-रूपसे कृतकार्य होना बड़ा ही दुश्वार है। अनेक विघ्नबाधाओंको पार कर सुदृढ़ अभ्यासकी पूर्ण सहायतासे अधिकारी हो सकने पर इस सिद्धिरूप समृद्ध सौधशिखर पर चढ़ा जा सकता है। दत्तात्रेयसंहितामें लिखा है, कि योगी जब अभ्यासके बलसे इस साधनामें सिद्ध हो जाते हैं, तब उनकी अनुपम रूपमहिमाके कन्दर्पका दर्प खर्व हो जाता है और अनेक विघ्न आ उपस्थित होते हैं। यहां तक, कि रूपमुग्ध अङ्गनाएं अनङ्गपीड़ित हो उनके साथ सहवास करनेकी कामनासे आती हैं। सुतरां इस हालतमें योगी यदि उस अङ्गनाके आलिङ्गनमें लिप्त होवें, तो उनका अधःपतन बहुत शीघ्र हो जाता है। उस समय उनकी विन्दुपातवशतः आत्मा क्षीण हो जाती और जो कुछ भी शक्तिशामर्थ्य रहती है, सभी एकबारगी क्षयको प्राप्त होती है। अतएव ऐसी सिद्धिके अधिकारी होनेमें योगी व्यक्तिको कदापि रमणीका सङ्ग न करना चाहिए। हमेशा सब तरह उन्हें स्वीय विन्दु धारणमें लगा रहना उचित है। इस प्रकार इन्द्रियनिग्रहपूर्वक योगी जब सिद्धिके प्रयासी हों तब एक निर्जन स्थानमें जा कर उन्हें पूर्वार्जित पापराशिके विनाशके लिए पहले प्रणव जपका अनुष्ठान करना चाहिए। ऐसा करनेसे वे पवित्रता लाभ करेंगे और सभी विघ्नबाधाएं दूर हो जायंगी।

इसी अभ्यास-योगको भूचरसिद्धिकी प्रथमावस्था बतलाया गया है। योगी पहले इसी अभ्यासमें प्रवृत्त हो बाद वायु-अभ्यासले कुम्भक अवस्थामें जावें। चाहे दिनमें हो या रातमें, एक महीना तक प्रतिदिन एक बार कुम्भकका अवलम्बन कर इन्द्रियोंका जो प्रत्याहरण करते हैं, उसीका नाम प्रत्याहार है। कुम्भकावस्थामें उपनीत योगीके लिए उस समय प्रत्याहारका अनुष्ठान भी नितांत प्रयोजनीय है। योगावलम्बी साधक उस समय अपनी आंखोंसे जो देखेंगे, कानोंसे जो सुनेंगे, नाकसे जो गन्ध लेंगे, रसनासे जिस रसका आस्वाद लेंगे और त्वक् द्वारा जो स्पर्श करेंगे, उन सबोंकी आत्मासे ही भावना करनी चाहिए। इस प्रकार अतंद्रित हो योगी व्यक्ति जब यत्नपूर्वक प्रतिदिन एक पहर तक पूर्वोक्त विधानोंके अनुष्ठानमें लिप्त रहेंगे, तभी उनके एक अलौकसामान्य सामर्थ्य आ उपस्थित होगी। उस समय वे दूर-दृष्टि, दूरश्रुति प्रभृति अमानुषोचित क्षमता प्राप्त करेंगे।

उनके मुखसे जो बात निकलेगी वह उसी समय सिद्ध होगी, वे कामचरत्वलाभ करते हैं। उनके मलमूत्रादिका संस्पर्श करनेसे लोहा भी स्वर्णरूपमें परिणत हो जाता है। अधिक क्या, प्रतिदिन अभ्यासके बलसे वे खेचरत्व और इससे भी अन्य अधिकतर सामर्थ्यलाभके अधिकारी हो सकते हैं। किन्तु योगी जब अपनी इस अलौकिक सामर्थ्यका अनुभव करें तब वे बुद्धिबलसे इसे अपना अभ्युदय न समझ कर महासिद्धिका फल समझें। उस समय योगीको चाहिए, कि वे अपनी क्षमता किसीसे भी न कहें और न किसीको कुछ शिक्षा ही दें। वे अपनी सामर्थ्य छिपानेके लिए मनुष्यके सामने गूंगे, अन्धे, बहिरे और मूर्खकी तरह चुपचाप रह जांय; अन्यथा उनके कार्यमें बाधा पहुंचेगी। वे अपने अभ्यासयोगमें शिथिलप्रयत्न हो जांयगे और ऐसा होनेसे उन्हें साधारण मनुष्यकी नाईं हो जाना पड़ेगा। सुतरां उनके कोई सामर्थ्य नहीं रह जाती। इसीलिए योगी पुरुषको चाहिए, कि वे गुरुका वाक्य कदापि न भूलें और रातदिन यथाविहित अभ्यासके वशवर्त्ती होवें। इस प्रकार अभ्यासयोगसे ही क्रमशः योगी परिचयावस्थाको प्राप्त होते हैं। परिचयावस्था और तदनन्तर अनुष्ठेय विषयोंका अनुष्ठान करनेसे ही योगरत महापुरुष महासिद्धि लाभ कर कृतकृत्य हो जाते हैं।

इस विषयका विस्तृत विवरण दत्तात्रेयचन्द्रिका और रुद्रयामलके चौदहवें पटलमें देखो।

भूचरी (सं० स्त्री०) योग शास्त्रानुसार समाधि अंगकी एक मुद्रा। इसका निवास नाकमें है और इसके द्वारा प्राण और अपानवायु दोनों एकत्र हो जाती हैं।

भूचाल (हिं० पु०) भूकम्प, भूडोल।

भूचित्र (सं० क्ली०) भुवः पृथिव्याः चित्रं। पृथिवीका मानचित्र, मैप।

भूच्छत्र (सं० क्ली०) छत्राक, कुकुरमुत्ता।

भूच्छाय (सं० क्ली० स्त्री०) भुवश्छाया (विभाषा सेनासुराच्छायानिशानाम्। पा २।४।२५) इति तत्पुरुषे विभाषया नपुंसकं, छायाबाहुल्ये तु केवलं क्लीवत्वं। अन्धकार।

भूजन्तु (सं० पु० भुवो जन्तुरिव। उपरसविशेष, सीसा।

भूजम्बु (सं० क्ली०) भुवो जम्बुरिव सादृश्यात्। १ गोधूम, गेहूं। २ भूमिजम्बुवृक्ष, वनजामुन। ३ विकङ्कतवृक्ष।

भूटान—हिमालयकी पूर्वपाद भूमिमें अवस्थित एक पार्वतीय स्वाधीन सामन्त राज्य। यह अक्षा० २६° ४५′ से २८° ३० तथा देशा० ८९° से ९२° पू०में अवस्थित है। इसके उत्तरमें भोटराज्य, पूर्वमें अर्द्धसभ्य पार्वतीय स्वाधीन जातियोंकी वासभूमि; दक्षिणमें अंगरेजाधिकृत ग्वालपाड़ा, कामरूप और जलपाईगुड़ी जिला तथा पश्चिममें सिक्किम राज्य है।

श्यामल समतल शस्यक्षेत्रसमूहके नहीं रहने पर भी इस स्थानकी पार्वतीय शोभा अत्यन्त मनोरम है। कहीं तो नतोन्नत गिरिगण्डसमूह लतामण्डपकी नाईं श्यामभूषासे विभूषित है, कहीं बड़े बड़े पौधे तथा वृक्ष अत्यंत ऊंचे शिखर पर वर्त्तमान हैं मानों मुकुटधारी राजाके जैसे प्रशान्त पर्वतवृक्ष पर शासन करते हों। इन छोटे छोटे वृक्षोंकी शोभा इतनी मनोहारी है, कि समय समय पर पथिकगण दूरसे ही यह अपूर्व दृश्य देख कर मुग्ध और आत्मविस्मृत हो जाते हैं। हिमालय श्रेणीके तुषारधवलचित्तपट पर यह वृक्षराशि मानो अगणित सेनाकी तरह रणप्रतीक्षामें खड़ी है। उनके ऊपर मेघमालाकी क्रीड़ा बड़ी ही विस्मयोद्दीपक है—इसका माधुर्य वर्णनातीत है।

प्राकृतिक सौन्दर्यशालिनी यह पार्वत्य भूमि मुक्तमालाकी नाईं असंख्य स्रोतमालाको वक्षस्थल पर धारण कर विधाताकी सृष्टिकुशलताका परिचय दे रही है। गभीरपर्वत-कन्दरा और अत्युच्च शिखरभूमि हो कर धीरे धीरे बहती हुई अनेक स्रोतस्विनी उस भयावह निर्जन पार्वत्य प्रदेशको अतिक्रम कर दक्षिणकी ओर ब्रह्मपुत्रमें आ मिली हैं। कहीं कहीं यह जलराशि पर्वत कन्दर भेद कर प्रपाताकारमें गिरती है। भ्रमणकारी टार्नरने इस विषयका उल्लेख किया है, कि उक्त जलधारा इतने ऊंचे स्थानसे भूतल पर गिरती है, कि ऊपरसे देखनेमें ऐसा जान पड़ता है, मानो वह मध्यस्थलमें ही विलीन हो जाती है और नीचेसे एक सूक्ष्म जलधारा मृदु-मन्दगतिमें पर्वतगात्रसे निकलती हुई-सी जान पड़ती है। मानसाई यहांकी प्रधान नदी है। तासगांव पार

कर यह नदी ब्रह्मपुत्रमें मिलती है। यहां इसकी धारा इतनी प्रखर है, कि उसका पार करना बड़ा ही दुश्वार है। यहां जाने आनेके लिए एक पुल बना हुआ है। इसके अलावा यहां माछु, चिरुचु, तोर्सा, मालिचु, कुरुछु, घर्ला रायदक और साङ्काश आदि नदियां प्रधान हैं।

भूटियाका कहना है, पहले यहां तेफु नामक जातिका वास था। जनसाधारणका विश्वास है, कि वे कूचविहारस्थ कोच जातीय थे। दो शताब्दी पहले एक दल भोटसेनाने आ कर तेफुओंको हराया और वहां अपना दखल जमाया। राजकीय कार्य दो व्यक्तिके हाथ सौंपा गया, १ले धर्मराज या जातीय गुरु और २रे देवराज या सामयिक शासनकर्त्ता। पेनलोंके द्वारा प्रति तीन वर्षमें एक एक व्यक्ति देवराज पद पर अभिषिक्त होते हैं। राज्यशासनसंक्रान्त इन दोनों राजाओंको परिचालित करनेके लिए लेनोहन नामक एक स्थायी मन्त्रीसभा है। किन्तु यथार्थमें यहां कोई शासनशृङ्खला प्रचलित नहीं है निम्नतन राजकर्मचारी और दुर्गाध्यक्षगण यहांके प्रकृत अधीश्वर हैं। उनके कठोर शासन, बलपूर्वक करसंग्रह और यथेच्छ अत्याचारने राज्यमें शासन-विशृङ्खला तथा अराजकताका प्रभाव फैला दिया है। उनके राज्यकार्य परिचालक धर्मराज ईश्वरके अवताररूपमें कल्पित हैं। उनकी मृत्युके दो एक वर्ष बाद पुनः बालकरूपी धर्मराजका अभ्युदय होता है।

धर्मराजके बालकावतार साधारणतः किसी प्रधानतम राजकर्मचारीके घर जन्म लेते हैं। इस बालकके पूर्वतन धर्मराजका कोई निदर्शन दिखा सकने पर उनकी धर्मराजपदप्राप्ति कायम की जाती है। अनन्तर उसे मठमें रख कर विद्याशिक्षा दी जाती है। वयः प्राप्त होने पर वही व्यक्ति राजपद पर प्रतिष्ठित होता है। बाल्यावस्थामें उसके प्रभावकी जैसी प्रतिपत्ति रहती है इस समय उसकी उस शक्तिका बहुत कुछ ह्रास हो जाता है। देवराज जातीय सभा द्वारा राजपद पर निर्वाचित होने पर भी यथार्थमें वे पूर्व या पश्चिम भूटानस्थ दो शासन कर्त्ताओंमें-से बलवान्के हाथमें कठपुतलीकी तरह रहते हैं और उन्हींकी देखरेखमें नाम मात्रको राजा कह कर घोषित होते हैं।

१७७२ ई०से अंगरेजोंके साथ भूटानवासियोंका राजकीय संस्रव संघटित हुआ। उसी वर्ष भूटियाने कोचविहार पर चढ़ाई कर दी। कोचविहारके अधिपतिने अंगरेजोंसे सहायता मांगी। इस पर कप्तान जेमूसने भूटियोंको मार भगानेकी आज्ञा दी। अंगरेज कम्पनीके साथ युद्धमें भूटिया सेनादल हार कर स्वदेश लौट गया। तिब्बतराज-प्रतिनिधि तेसुलामाकी मध्यस्तथामें दोनों पक्षमें १७७४ ई०को सन्धि स्थापित हुई। १९८३ ई०में वाणिज्यकी उन्नति तथा विस्तृतिकी आशासे अंगरेजकम्पनीने कप्तान टार्नरको भूटानराजके पास भेजा। किन्तु कम्पनीकी आशा निराशामें परिणत हुई। अनन्तर १८२६ ई०में जब अंग्रेजोंने आसाम तक अधिकार कर लिया, उस समय भी भूटानके साथ उनका कोई विशेष राजाकीय संस्रव न हुआ। बाद भूटियाने पर्वतकी पाददेशस्थ 'द्वार' भूमि पर बलपूर्वक अधिकार जमाया और उसके लिए थोड़ा कर देना स्वीकार किया। अङ्गीकारानुसार कर न दे सकने पर भी वे अंगरेजोंकी अधिकार सीमा पार कर लूट पाट मचाने लगे। इस पर कप्तान पेम्बार्टन सुव्यवस्था स्थापन करनेके लिए भूटानराजके पास गये। दोनों पक्षमें सन्धिस्थापन और क्षतिपूर्त्ति होनेका भी कोई लक्षण न देख अंगरेजगवर्मेण्ट आसामका द्वारप्रदेश उनके हाथसे ले लेनेको बाध्य हुई और जिससे भूटियागण शान्तभाव धारण करभविष्यमें कोई उत्पात न मचावें, इसके लिए इन्होंने वार्षिक १० हजार रुपये भूटानराजको देना स्वीकार किया। किन्तु द्वारप्रदेशमें भूटियोंके बारम्बार अत्याचार और दौरात्म्यसे विरक्त हो कर अंगरेजोंने उनके राजाके पास आवेदनपत्र लिख भेजा। अन्तमें डर दिखा कर भी जब भूटियाको निरस्त न कर सके, तब १८६३ ई०में माननीय असल्यूडन अत्याचारके क्षतिपूरणकी आशासे भूटानराजके पास उपस्थित हुए। उस समय भूटियोंका अत्याचार चरम सीमा तक पहुंच गया था। वे दल बांध कर पार्वत्य देशसे नीचे उतर द्वारवासी प्रजाओंको बे हद सताते थे। लुण्ठन, ग्रामदाह, हत्या और उन्हें क्रीतदास रूपसे हरण कर उन्होंने द्वारविभागको तहस नहस कर डाला।

इडन साहव भूटान राजतन्त्रसे वड़े ही तंग हो गए। यहां तक, कि विवादी सम्पत्ति तथा अन्यान्य अनेक विषय भूटानराजको छोड़ देनेके लिए वे भूटान गवर्मेण्टसे एक सन्धिपत्र पर अपना दस्तखत देनेको वाध्य किये गये। अंगरेजराजकी विना अनुमतिके वलपूर्वक ऐसा अपमानकर हस्ताक्षर ग्रहण करनेके कारण भारतराज-प्रतिनिधि वहुत विगड़े और उक्त सन्धिकी शर्त्तको नामंजूर कर पूर्व संधिके शर्त्तानुसार द्वारप्रदेशका कर देना वन्द कर दिया। साथ साथ उन्होंने विगत पांच वर्षके मध्य जो सब द्वारवासी प्रजा भूटान लाई गई थी, उन्हें शीघ्र लौटा देनेकी आज्ञा दी। किन्तु भूटियाराजने एक भी न सुनी। इस पर अंगरेज-प्रतिनिधिने १८६४ ई०को १२वीं नवम्वरको ग्यारह पश्चिम द्वार अंगरेज साम्राज्यभुक्त करनेका आदेश दिया। उस समय तो भूटियाने अंगरेजोंसे कोई छेड़छाड़ न की, किन्तु दूसरे वर्ष जनवरीमें भूटियाने पर्वत परसे उतर कर एकाएक दीवानगिरिस्थ अंगरेज सेनादल पर चढ़ाई कर दी। अंगरेजी सेना इस प्रकार हठात् आक्रान्त होनेसे तंग तंग आ गई। वाद जनरल टुम्वसने अपनी सेना ले भूटियोंको हराया और उसी वर्षके नवम्वर महीनेमें पुनः सन्धि स्थापित हुई जिससे भूटानराज वंग और आसामके १८ द्वार विभागके साथ साथ अङ्गरेजोंकी हृत प्रजाको लौटा देनेको वाध्य हुए। इस द्वारविभागसे भूटानका अधिक राजस्व संगृहीत होता था, अतः अंगेरेजोंने भी देवराज तथा धर्मराजको वार्षिक २५ हजार रुपये देना स्वीकार किया और यह भी शर्त्त ठहरी, कि यदि वे अंगरेजोंके साथ सद्भाव रखेंगे, तो भविष्यमें ५० हजार रुपये दिये जायंगे। उसी समयसे भूटानराज अंगरेजोंके साथ सद्व्यवहार रखते आये हैं। सम्प्रति वहुत-से भूटिया ग्वालवाड़ाके निकट आ वसे हैं।

यहां हिमालयपर्वत पर नाना प्रकारके वृक्ष पाये जाते हैं। हाथी, वाघ, हरिण प्रभृति पशु तथा नाना जातीय पक्षियोंके अलावा यहां टङ्गास्थान नामक भूभाग में टङ्गान नामका एक प्रकारका घोड़ा देखनेमें आता है। वल और सुन्दरतामें यह अन्य अश्वजातिसे कहीं वढ़ा चढा है।

इस असभ्य तथा पार्वतीय वन्यदेशमें शिल्पविद्याकी विशेष उन्नति नहीं देखी जाती। स्थानीय मनुष्योंके व्यवहारोपयोगी कम्वल, कपासवस्त्र, वर्फसे ढंके स्थानमें चलने फिरनेके लिए महिषचर्मका जूता, काष्ठपात्र कागज, तलवार, तार, वर्छा और तांवेकी कड़ाही यहांका प्रधान वाणिज्य है। इसके अलावा यहां नीवू, मृगनाभि, पणीघोड़ा और रेशम भी पाया जाता है।

भूटानराज्यको अपना राज्य रक्षाके लिए अधिक सेनाकी जरूरत नहीं पड़ती। सिर्फ सीमान्त प्रदेशकी रक्षाके हेतु विभिन्न दुर्गमें थोड़ी सेना नियुक्त रहती है जो लगभग सात हजार होगी। किन्तु जव आक्रमणकारी शत्रुओंके विरुद्ध अस्त्रधारण करना पड़ता है, तव समग्र भोटियाजाति अस्त्र शस्त्र ले उनका सामना करती है। ये राजकोषके वेतनभोगी नहीं हैं।

पुनखा या तोजेन नगर भूटानकी राजधानी है। जो दार्जिलिङ्गसे ४८ मील पूर्वोत्तर, वुग्नी नदीके वाएं किनारे वसा हुआ है। आसामसे तिव्वतकी राजधानी लासा नगरी जानेके रास्ते पर तासिपेजोङ्ग, पारो, अङ्गदपोरङ्ग, तोङ्गसो नगर विद्यमान है। पुनखाकी आवहवा वड़ी अच्छी है और यहांके अधिवासीगण भी समधिक वलशाली होते हैं।

पार्वत्यविभागकी ऊंचाईके तारतम्यानुसार यहांके जलवायुमें भी विभिन्नता दिखाई पड़ती है। कहीं तो साइवीरियाका-सा कठोर शीत, कहीं अफ्रीकाका दारुण ग्रीष्म और कहीं इटलीका सुखकर वासन्तिक समीरण प्रवाहित होता है। दिन भरका रास्ता घूमनेसे भ्रमणकारी पथिक उक्त विषयका भलीभांति अनुभव कर सकेंगे। राजपुङ्गवके शैत्यवास पुनखाके अधिवासिवृन्द जिस प्रकार प्रखर सूर्यकिरणके उत्तापसे सन्तप्त होते है, उसी प्रकार उसके समीप ही घासा* नगरवासिगण हिमानीके तुषारपात और शीतकष्टसे दिन व्यतीत करते हैं। यहां प्रतिदिन वर्षा होती है और कभी कभी पर्वतगह्वरादिमें तूफान उठ कर पर्वतस्खलन स्वरूप भयानक दृश्य दिखला देता है।

यहांके अधिवासी भूटिया कहलाते हैं। भोटदेशसे

---

* यह नगर पुनखासे दिखाई पड़ता है।

आ कर इन्होंने भूटानप्रदेशमें वास किया है, अधिवासीवृन्द साधारणतः तीन भागोंमें विभक्त है,—१ला पुरोहित या धर्मयाजक, २रा पेनलो या सरदारगण, ये ही शासनकार्यमें नियुक्त हैं और ३रा निम्नश्रेणीके कृषिजीवीगण।

प्रजावर्ग साधारणतः परिश्रमी होते हैं। कृषिकार्यमें उनका विशेष ध्यान है; किन्तु स्थानीय भूभागके प्राकृतिक अवस्थान और राजपुरुषोंके दौरात्म्यसे सर्वस्व अपहरणके भयसे वे कृषिकार्यमें भी विशेष मनोयोगी नहीं हैं। निम्नश्रेणीके व्यक्तिवर्ग स्वभावतः दरिद्र और उच्चश्रेणी द्वारा सताये जाते हैं। किसी अवस्थापन्न व्यक्तिकी जब निगाह पड़ती है, तब दरिद्रकी और कहां रक्षा—उसकी विषयसम्पत्ति धनी छीन लेते हैं। राजकीय कर्मचारीके क्रीतदासकी अपेक्षा दरिद्र प्रजाकी किसी किसी विषयमें क्षमता है। उनमेंसे किसीको भी भूमिका अधिकार नहीं है। राजकर्मचारी जब चाहते तभी वे उसे देनेको बाध्य हैं। "जिसकी लाठी उसकी भैंस" यह कहावत भूटानके ही राजतन्त्रमें चरितार्थ होती है। राज्यविभाग या जिलाविशेषके शासनकर्त्ताओंको राजदरबारसे कुछ तनख्वाह नहीं मिलती। उन्हें जब जो आवश्यकता पड़ती है, उसी समय वे स्वच्छन्द रूपसे प्रजाका लेहू चूसते हैं। प्रजाका सर्वस्व अपहरण कर शासनकर्त्ता जो कुछ प्राप्त करते हैं, उससे कुछ अंश उन्हें राजदरबारमें देना पड़ता है, वे बलपूर्वक जितना ही अधिक कर संग्रह करेंगे और राजसरकारमें जितना ज्यादेसे ज्यादा देंगे, उनका उतना ही सम्मान और शासनकर्त्तृपद अक्षुण्ण रहेगा।

उच्चश्रेणी या राजकीय कर्म-चारिगण नाना दोषदुष्ट हैं। झगड़ा, कलह, विवाद तथा परश्रीकातरता उनका प्रधान अङ्ग है। वे निर्दय और लज्जाहीन भिखारी हैं। अवस्थापन्न होनेसे वे दूसरेकी चीज मांगनेमें जरा भी अपमान नहीं समझते। किन्तु यदि उन्हें मुहमांगा द्रव्य न दिया जाय, तो वे विशेष निष्ठुरताके साथ उनका प्राणनाश करनेमें जरा भी कुण्ठित नहीं होते। फिर निम्नश्रेणीके व्यक्ति अपेक्षाकृत सत् और सत्यवादी हैं। वे अपनेही परिश्रमसे कपासवस्त्र, ढीयावृक्षकी छालसे कागज और धान्यादिसे शराब प्रस्तुत कर उसका उपभोग करते हैं।

भूटियारमणी सतीत्त्वकी ओर तनिक भी ध्यान नहीं देतीं। ५ या ६ भाई स्वच्छन्दरूपसे एक ही स्त्रीका उपभोग कर सकते हैं। ऐसा करनेमें वे कुछ भी बुरा नहीं मानते। यही कारण है, कि स्त्रियां स्वभावतः दुःशीला तथा असद्भावा हैं। अनेक स्वामी रहनेके कारण उनका वंशाधिकार ठीक नहीं रहता। क्योंकि, गर्भज पुत्र किस वंशको उज्ज्वल करेगा, इसका निश्चय नहीं होनेसे ही प्रकृत उत्तराधिकारका ठीक ठीक पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए किसी धनवान् परिवारके कर्त्ताकी मृत्यु होनेसे उसकी सारी सम्पत्ति पुत्रकन्याके रहते भी देव या धर्मराजकी अधीकारभुक्त होती है।

भूटियोंके मध्य 'धर्मराज' बुद्धका अवतारस्वरूप कल्पित है। राज्यके प्रधान सरदारोंमें एकको देवराज चून लेना पड़ता है। राजकीय नियमानुसार देवराज तीन वर्षके लिए सिंहासनका अधिकारी होता है, किन्तु यथार्थमें जब तक उसके राजकार्य-परिचालनकी क्षमता रहती है तब तक वः राजसिंहासन पर आरूढ़ रहता है। देवराज और धर्मराजके सिवा १२ बौद्धयतियोंकी एक धर्मसभा और ६ जिमपे द्वारा एक भजनसभा गठित होती है। ये धर्माचार्यगण राजकीय कार्यके मन्त्र-दातारूपमें गिने जाते हैं। देवराजके अधीन पर-पिले, या पेमल्चे चिच्चु नदीके पश्चिम देशका और तोंगुपिलो पूर्व भागका शासन करते हैं। उन दोनोंके अधीन छह छह सूबा या कमिशनर नियुक्त हैं।

भूटियागण मोटे ताजे, साहसी और बलवान् होते हैं। यथार्थमें ऐसी सुगठन-प्रतिकृति और कहीं भी नहीं देखी जाती। उनके बलिष्ठ शरीर और भीमदर्शन मुखश्रीने कदर्य आचार व्यवहारमें और भी भीषण बना दिया है। मरूया और वेङ्ग नामक मद्य पीनेसे उनकी आंखें हमेशा रंगी रहती हैं। इसके सिवा उनकी वेशभूषा ऐसी है, मानों प्रकृतिके गम्भीर दृश्यको भीषणताके आच्छादनमें ढंक लिया हो। स्त्रियोंका पहरावा पुरुषका-सा ही है। केवल प्रभेद इतना ही है, कि वे पुरुषकी तरह जूता, अस्त्र और मस्तक पर टोपी नहीं पहनतीं।

शूकरादि विभिन्न मांस तथा चाय उनका प्रधान भोजन है।

उनके रहनेका घर बड़ा ही साफ सुथरा रहता है। झरोखा दरवाजा इत्यादि प्रस्तुत करनेमें वे विशेष शिल्पचातुर्य दिखाते हैं। किवाड़में कभी भी लोहेका कब्जा नहीं लगाते। अत्यन्त सुकौशलसे वे काठका कब्जा बना कर किवाड़ या झरोखेका किवाड़ लटका देते हैं।

बौद्धधर्मके कट्टर विश्वासी होते हुए भी वे छिपेरूपसे उपदेवताको पूजा और भूतयोनिकी तृप्तिके लिए बहुत-से मन्त्रपाठ भी करते हैं। पूजा या उत्सवमें शिङ्गा, शंख, करताल, ढोल, नगारा, बांसुरी आदि वाद्ययन्त्र बजाये जाते हैं। उनकी भाषा तिब्बती भोटभाषाकी जैसी है। तब स्थानभेदसे उसमें भी परिवर्त्तन देखा जाता है।

यहां प्रायः दो हजार घैलोङ्ग या लामा पुरोहित तथा सैकड़ों धर्मकुमारी हैं।

प्रत्येक ग्रामके समीप कृषिकार्य्यके लिए पार्वत्यभूमि परिष्कृत होती है जिसमें गेहूं, जौ, सरसों, लालमिर्चा, सलगम आदि उपजते हैं।

भूटानवासी लोपा नामक जाति बड़ी ही कलहप्रिय, भीरु और माया ममताहीन होता है। इनको छोटी आंखें, विरल कृष्णकेश और चिपटा मुख देखनेसे ये बहुत कुछ चीनवासीसे मिलते हैं। प्रौढ़ावस्थामें भी इनके अच्छी तरह मूंछ दाढ़ी नहीं निकलती।

इनमें चङ्गलो नामक एक स्वतन्त्र दल है। इनका वास उत्तरांशमें ही अधिक है, जिस भाषामें ये बातचीत करते हैं, वह चङ्गलो कहलाती है जो तिब्बतीय भाषासे बहुत कुछ मिलती जुलती है। ये सब अन्यान्य भूटियोंकी अपेक्षा दुबले, पतले और काले होते हैं।

भूटानी (हिं० वि०) १ भूटानसम्बन्धी, भूटानदेशका। (पु०) २ भूटानदेशका निवासी। ३ भूटानदेशका घोड़ा। (स्त्री०) ४ भूटान देशकी भाषा।

भूटिया—भूटानवासी जातिविशेष। भूटान देखो।

भूटिया बादाम (हिं० पु०) एक पहाड़ी वृक्ष। यह पांच हजारसे ले कर दश हजार फुटकी ऊंचाई तक पहाड़ों पर होता है। इसका आकार मझोला होता है, लकड़ी इसकी मजबूत और गुलाबी रंगकी होती है, मेज कुरसी आदि चीजें इससे बनाई जाती हैं। वृक्षका फल खाया जाता है।

भूड़ (हिं० स्त्री०) १ बालूमिश्रित भूमि, बलुई भूमि। २ कूएंका सोत, झिर।

भूडोल (सं० पु०) भूकम्प।

भूण (हिं० पु०) १ जलयात्रा, समुद्री सफर। २ जलभ्रमण, जल-विहार।

भूत (सं० क्ली०) १ न्याय। २ पृथिव्यादि भूतपञ्चक, वे मूल द्रव्य जो सृष्टिके मुख्य उपकरण हैं और जिनकी सहायतासे सारी सृष्टिकी रचना हुई है। पञ्चभूत और महाभूत देखो। ३ मृतशरीर, शव। ४ सत्य। ५ पिशाचादि। ६ जन्तु। ७ कुमार कार्त्तिकेय। ८ वस्तुतत्त्व। ९ सृष्टिका कोई जड़ वा चेतन, अचर वा चर पदार्थ वा प्राणी। १० प्राणी, जन्तु। यह चार प्रकारका है, योनिज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज। ११ अतीतकाल, गुजरा हुआ जमाना। अतीतकालके पर्याय—वृत्त, अधीत, ह्यस्तन, निभृत, गत। १२ वृत्त। १३ देवयोनिविशेष, पुराणानुसार एक प्रकारके पिशाच या देव। ये रुद्रके अनुचर हैं और इनका मुंह नीचेकी ओर लटका हुआ या ऊपरकी ओर उठा हुआ माना जाता है। ये बालकोंको पीड़ा देनेवाले ग्रह भी कहे जाते हैं। १४ योगीन्द्र। १५ कृष्णचतुर्दशी। १६ भूतनाशक औषध, वह औषध जिसके सेवनसे प्रेतों और पिशाचोंका उपद्रव शान्त होता हो।

"श्वेतापराजितामूलं पिष्टं तण्डुलवारिणा।
तेन नस्यप्रदानात् स्याद् भूतवृन्दस्य विद्रवः ॥
अगस्त्यपुष्पनस्यं वै समरीचत्तु शूलहृत् ॥" इत्यादि।

श्वेत अपराजिताके मूलको चावलके धोये हुए पानीमें पीस कर उसकी नस लेनेसे भूतका उपद्रव विनष्ट होता है। मिर्चके साथ अगस्त्यपुष्पका नस भी भूतनाशक है। १७ लोध्र, लोध। १८ कृष्णपक्ष। १९ पुराणानुसार पौरवीके गर्भसे उत्पन्न वासुदेवके बारह पुत्रोंमेंसे सबसे बड़े पुत्रका नाम। २० व्याकरणके अनुसार क्रियाके तीन प्रकारके मुख्य कालोंमेंसे एक, क्रियाका वह रूप जिससे यह सूचित होता हो, कि क्रिया

का व्यापार समाप्त हो चुका। २१ वे कल्पित आत्माएं जिनके विषयमें यह माना जाता है, कि वे अनेक प्रकारके उपद्रव करतीं और लोगोंको वहुत कष्ट पहुंचाती हैं। विशेष विवरण प्रेत शब्दमें देखो।

(त्रि०) २२ युक्त, मिला हुआ। २३ गत, बीता हुआ। २४ समान, सदृश। २५ जो हो चुका हो।

भूतक (सं० पु०) पुराणानुसार सुमेरु परके २१ लोकोंमेंसे एक लोक।

भूतकरण (सं० क्ली०) वैदिक व्याकरणोक्त संज्ञाविशेष।

भूतकर्त्तृ (सं० पु०) ब्रह्मा।

भूतकर्म (सं० पु०) मनुष्यभेद।

भूतकटि—१ वौद्धमतानुसार जीवलोकका सर्वोच्च स्थान। २ शून्यता।

भूतकला (सं० स्त्री०) भूतानां कला। पृथिव्यादि पञ्चभूतोंकी उत्पादिकादि शक्तिभेद, एक प्रकारकी शक्ति जो पंचभूतोंका उत्पन्न करनेवाली मानी जाती है।

भूतकाल (सं० पु०) भूतः कालः,। अतीतकाल, वीता हुआ समय।

भूतकालिक (सं० त्रि०) अतीतकाल सम्बन्धीय।

भूतकृत (सं० पु०) भूतानां पृथिव्यादीनां प्राणिनां वा कृत्, कर्त्ता। १ देवता। २ विष्णु।

भूतकेतु (सं० पु०) दक्ष सावर्णिके पुत्रभेद। २ बेताल भेद।

भूतकेश (सं० पु०) भूतस्य केश इव। १ स्वनामख्यात तृण, सफेद दूब। पर्याय—गोलोमी, भूतकेशी, अल्पकेशी, केशी। २ निर्गुण्डी, नीलसिंधुवारका पौधा। ३ इन्द्रवारुणी। ४ सफेद तुलसी। ५जटामांसी। ६ पुत्रजीवा। भूतानां केश इव भूतकेशः क्लीवञ्चेति केचित्। ७ स्त्रीचैतन्य।

भूतकेशी (सं० स्त्री०) भूतकेश-गौरादित्वात् ङीष्। १ भूतकेश। २ शेफालिका, निर्गुण्डी। ३ नीलसिन्धुवार।

भूतकेसरा (सं० स्त्री०) मेथिका, मेथी।

भूतक्रान्ति (सं० स्त्री०) भूतानां क्रान्तिः। भूतोन्माद, भूत लगना।

भूतगण (सं० पु०) भूतानां गणः। भूतसमूह।

भूतगन्धा (सं० स्त्री०) भूतः मर्दनं विनापि प्रकटितो गन्धोऽस्याः। मूरा नामक गन्धद्रव्य।

भूतखाना (हिं० पु०) बहुत मैला कुचैला या अंधेरा घर।

भूतग्राम (सं० पु०) भूतानां ग्रामः समूहः। भूतसमूह।

भूतघ्न (सं० पु०) भूतं हन्तीति हन-टक्। १ उष्ट्र, ऊंट। २ लहसुन। ३ भोजपत्रका पेड़। (त्रि०) ४ भूतनाशक, भूतका नाश करनेवाला।

भूतघ्नी (सं० स्त्री०) भूतघ्न ङीप्। १ तुलसी। २ मुण्डितिका।

भूतचतुर्दशी (सं० पु०) भूतप्रिया भूतोद्देशेक्रिया कर्त्तव्या वा चतुर्दशी, मध्यपदलोपि कर्म। गौण कार्त्तिक मासकी कृष्णा चतुर्दशी। इस चतुर्दशीको यमचतुर्दशी भी कहते हैं।

भूतचतुर्दशीके दिन यमपूजा या यमतर्पण अवश्य कर्त्तव्य है। इस दिन अरुणोदयकालमें स्नान करना होता है। अरुणोदयकालके बाद यदि कोई स्नान करे, तो उसका संवत्सरकृत पुण्य विनष्ट होता है। उस दिन चन्द्रोदयकालमें स्नान करनेसे नरकका भय नहीं रहता। कृष्णचतुर्दशीके दिन अरुणोदयकालमें ही चंद्रोदय हुआ करता है। पिताके जीवित रहते यमतर्पण और भीष्म तर्पण करना निषिद्ध है। उन्हें अरुणोदयकालमें केवल स्नान ही करना चाहिये। इस दिन यदि मङ्गलवार और चित्रा नक्षत्र पड़े, तो शिवपूजा करनेसे शिवपुरको गति होती है। इस चतुर्दशी और अमावस्याके दिन प्रदोषकालमें दीपदान करना चाहिये। दीपदान करनेसे यममार्गका अन्धकार दूर हो जाता है।

"अमावस्याश्चतुर्दश्याः प्रदोषे दीपदानतः।
यममार्गान्धकारेभ्यो मुच्यते कार्त्तिके नरः॥"

(तिथितत्त्व)

इस दिन अरुणोदयकालमें स्नानके बाद अपमार्गपल्लव मस्तकके ऊपर निम्नलिखित मन्त्र पढ़ कर घुमाना चाहिये। मन्त्र यथा—

"शीतलोष्णासमायुक्त सकण्टकदलान्वित्।
हर पापमपामार्ग! भ्राम्यमाणः पुनः पुनः॥"

स्नानके बाद निम्नलिखित मन्त्रसे यमतर्पण करना चाहिये। मन्त्र यथा—

“यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चान्तकाय च।
वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च।
उडुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने।
वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः॥”

इस चतुर्दशीके दिन १४ प्रकारका शाक खाना चाहिये। इससे प्रेतलोककी गति नहीं होती है।

चौदह शाक ये सब हैं—ओल, केमुक, वास्तुक, सर्षप, काल, निम्ब, जया, शालिञ्ची, हिमलोचिका, पटोल, शौलफ, गुडूची, भण्टाकी और शुपुनिया। तिथितत्त्व)

भूतचारिन् (सं० पु०) महादेव।

भूतचिन्ता (सं० स्त्री०) पदार्थविषयिणी चिंता वा अनुशीलन। (सुश्रुत)

भूतजटा (सं० स्त्री०) भूतस्य जटेव तत्सदृशत्वात्। जटामांसी।

भूतज्योतिस् (सं० पु०) सुमतिपुत्र राजभेद।

भूतडामर (सं० क्ली०) तन्त्रभेद।

भूततत्त्व (सं० क्ली) भूतानां भावः त्व। १ पञ्चभूतका भाव वा धर्म। २ वह जिसमें भूतनामधेय अपदेवताकी पूजा और उनको अस्तित्वविषयिणी कथा लिपिबद्ध हुई हो।

भूततन्त्र (सं० क्ली०) १ भूतधर्म। २ अष्टाङ्गहृदयका षष्ठभाग। इस भागमें भूतधर्म संबन्धीय विशेष विवरण लिखा है।

भूततृण (सं० पु०) १ विषभेद। २ गन्धद्रव्यविशेष।

भूतत्व (सं० क्ली०) भूतका भाव या धर्म।

भूतत्त्व (सं० क्ली०) भू-विषयक तत्त्व।

भूतत्त्वविद्या (सं० स्त्री०) पृथिवीके अभ्यन्तरस्थित पदार्थोंका निर्णयात्मक शास्त्र (Geology)।
भूविद्या देखो।

भूतद्राविन् (सं० पु०) भूतान् पिशाचान् द्रावयतीति द्रु-णिच्, णिनि। भूताङ्कुश वृक्ष, लाल कनेर।

भूतद्रुम (सं० पु०) भूतप्रियो द्रुमः। श्लेष्मान्तक वृक्ष।

भूद्रुह् (सं० त्रि०) भूतद्रुह क्विप्। प्राणिहिंसक।

भूतधात्री (सं० स्त्री०) भूतानि धरतीति धृ-तृच् ङीप। पृथिवी।

भूतधामन् (सं० पु०) इन्द्रके एक पुत्रका नाम।
(महाभा० १ प०)

भूतधाविनी (सं० स्त्री०) पृथिवी।

भूतनाथ (सं० पु०) भूतानां नाथः। १ शिव। २ भूतपति राम।

भूतनाथ—एक कवि। ये प्रज्ञाभूतनाथ नामसे प्रसिद्ध थे।

भूतनायिका (सं० स्त्री०) भूतानां नायिका नियामिका। दुर्गा।

भूतनाशन (सं० क्ली०) भूतानि प्राणिजातानि नाश्यन्तेऽनेनेति नश्-णिच्-ल्युट्। १ रुद्राक्ष। (पु०) २ भल्लातक, भिलावाँ। ३ सर्षप, सरसों।

भूतनिचय (सं० पु०) भूतानां निचयः। भूतसमूह।

भूतन्त्रविद् (सं० पु०) भूतत्त्वज्ञ।

भूतपक्ष (सं० पु०) भूतः प्रियः पक्षः। कृष्णपक्ष।

भूतपति (सं० पु०) भूतानां पतिः। १ महादेव। २ कृष्ण तुलसीवृक्ष, काली तुलसी।

भूतपत्री (सं० स्त्री०) भूत इव कृष्णं पत्रं यस्याः, ङीष्। तुलसी।

भूतपादप (सं० पु०) भव्यफल वृक्ष।

भूतपाल (सं० पु०) भूत-प्रतिपालक विष्णु।

भूतपुर (सं० पु०) जनपदविशेष और जनपदवासी।

भूतपुष्प (सं० पु०) भूतयुक्तं प्राणिविशिष्टं पुष्पं यस्य। श्योनाक वृक्ष।

भूतपूर्णिमा (सं० स्त्री०) भूतानां पूर्णिमा। आश्विनी पूर्णिमा, शरद्-पूर्णिमा। पर्याय—शरदा, कौमुदी, अश्वयुजी, शतपर्वा, रङ्गभूति, कोजागरी।

भूतपूर्व (सं० त्रि०) भूतः पूर्वः। वर्त्तमानसे पहलेका, इससे पहलेका।

भूतप्रकृति (सं० स्त्री०) भूतादिकी मूलप्रकृति।

भूतप्रतिषेध (सं० पु०) भूतविताड़न, भूत झाड़ना।

भूतबाल—एक वैयाकरण। जैनेन्द्र व्याकरणमें इनका उल्लेख है।

भूतब्राह्मण (सं० पु०) भूतात्मनो ब्राह्मणः। देवल, पुजारी।

भूतभर्त्तृ (सं० पु०) भूतानां भर्त्ता। भूतपति, शिव।

भूतभव्य (सं० पु०) विष्णु।

भूतभावन (सं० पु०) भूतानि क्षित्यादीनि भावयति जनयतीति भू-णिच्-ल्यु । १ विष्णु । २ महादेव । (त्रि०) ३ भूतपालक ।

भूतभाषा (सं० स्त्री०) पैशाचिक भाषा । पैशाची देखो ।

भूतभाषित (सं० क्ली०) पैशाच भाषा ।

भूतभृत् (सं० पु०) भूतानि बिभर्त्तीति भृ-क्विप् तुगागमश्च । १ विष्णु । (त्रि०) २ भूतधारक ।

भूतभैरव (सं० पु०) १ भैरवकी एक मूर्त्तिका नाम ।

भूतभैरवरस (सं० पु०) रसौषधविशेष । इसकी प्रस्तुत प्रणाली—हरताल १५ भाग, गन्धक ६ भाग, नई इमली ८७ भाग इन्हें सीज और अकवनके दूधमें भावना दे कर रोहित जटाके रसमें भावित पारद आध भाग उसमें मिला दे और बादमें गोली बनावे । इस औषधका विशुद्ध जल, कर्पूर और ताम्बूलके साथ सेवन करके सुखसे सो रहे । इससे बातव्याधि और अठारह प्रकारके कुष्ठ, कुष्ठजनित उपद्रव, उग्रज्वर और दाह जाते रहते हैं । (रसेन्द्रसा० कुष्ठचि०)

भूतभौतिक (सं० त्रि०) भूत और भूतजात ।

भूतमय (सं० त्रि०) भूतयुक्त ।

भूतमहेश्वर (सं० पु०) विष्णु ।

भूतमातृ (सं० स्त्री०) भूतानां माता । गौरी और पद्मादि मातृगण, ब्राह्मी और माहेश्वरी आदि मातृगण ।

भूतमात्रा (सं० स्त्री०) भूतानां मात्रा । शब्दादि पञ्चतन्मात्र, शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध यह पञ्च तन्मात्र ही भूतमात्रा है ।

(मनु० १२।१७ अ०)

भूतमारि (सं० क्ली०) भूतानि मारयतीति भूत मृ-णिच्-णिनि । चोड़ा नामक गन्ध-द्रव्य ।

भूतयज्ञ (सं० पु०) भूतार्थो यज्ञः भूतानि काकादि प्राणिजातानि तान्युद्दिश्यो यो यज्ञ इति वा । गृहस्थके लिये कर्त्तव्य पञ्चयज्ञमेंसे एक यज्ञ । इसे बलिवैश्य भी कहते हैं ।

पञ्चयज्ञ और बलिवैश्व देखो ।

भूतयोनि (सं० स्त्री०) भूतानां आकाशादीनां योनिकारणम् । आकाशादि भूतके उत्पत्तिकारण परमेश्वर ।

मानवजगत्में भूत वा उपदेवतादिकी उपद्रवकथा घर घर सुनी जाती है । मानवके भूतावेश और उसकी प्रतिषेध क्रिया तथा भौतिक व्यापारोंकी विस्तृत आलोचना भौतिककाण्डमें की गई है।

भौतिककाण्ड देखो ।

भूतरय (सं० पु०) मन्वन्तरीय देवभेद । (भाग०८।५।३)

भूतराज् (सं० पु०) भूताधिपति शिव ।

भूतरूप (सं० त्रि०) भूतकी आकृति ।

भूतरूपस्थान (सं० क्ली०) भूतमय शरीर ।

भूतल (सं० क्ली०) भुवस्तलं । १ पृथिवी, संसार । २ पृथिवीका ऊपरी तल, धरातल । ३ पृथिवीका निचला तल, पाताल ।

भूतलिका (सं० स्त्री०) भूतलं पृथ्वीतलं आधारत्वेन अस्त्यस्या इति भूतलं ठन् टाप् । पृक्का, असवर्ग ।

भूतलिपि (सं० पु०) भूतानां लिपिः । भूतदैवत वर्णभेद ।

भूतलोन्मथन (सं० पु०) दानवभेद । (हरिवंश २४ अ०)

भूतवत् (सं० त्रि०) पूर्ववत्, पहलेके जैसा ।

भूतवर्ग (सं० पु०) भूतसमूह ।

भूतवादिन् (सं० त्रि०) यथार्थभाषी ।

भूतवास (सं० पु०) भूतानां वासो यत्र । १ कलिद्रुम । २ महादेव । ३ विष्णु ।

भूतवाहन (सं० पु०) शिवका एक नाम ।

भूतवाहनसारथि (सं० पु०) शिव ।

भूतविक्रिया (सं० स्त्री०) भूतानामिव विक्रियाऽस्याम् । अपस्माररोग ।

भूतविज्ञान (सं० क्ली०) भूतयोनि नामक अपदेवता निराकरण विषयक शास्त्रज्ञान ।

भूतविद् (सं० त्रि०) सर्वज्ञ, गुजरी बातजानेवाला ।

भूतविद्या (सं० स्त्री०) भूतादि-निवारणार्थो या विद्या । आयुर्वेदके अष्ट विभागका एक । सुश्रुतमें लिखा है, कि इस विभागमें देव, असुर, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, पितृलोक, पिशाच, तक्षकादि नाग, सूर्यादि नवग्रह और स्कन्दादिग्रह आदिके प्रभावसे उत्पन्न होनेवाले मानसिक रोगोंका निदान और उपाय होता है । यह उपाय बहुधा ग्रहशान्ति, पूजा, जप, होम, दान, रत्न पहनने और औषधसेवनके रूपमें होता है । (सुश्रुत सूत्रस्था० १ अ०)

"गूहभूतपिशाचाश्च शाकिनी डाकिनी गूहाः।
एतेषां निगूहः सम्यक् भूतविद्या निगद्यते॥"
(वैद्कस० २ अ०)

भूतविनायक (सं० पु०) भूताधिपति, शिव।

भूतविष्णु (सं० पु०) दशगीतिसूत्रभाष्यके प्रणेता।

भूतवीर (सं० पु०) जातिभेद।

भूतवृक्ष (सं० पु०) १ शाखोट वृक्ष, सिहोरका पेड़। २ श्योनाक वृक्ष।

भूतवृक्षक (सं० पु०) श्लेष्मान्तक वृक्ष।

भूतवेशो (सं० स्त्री०) भूतानामिव वेशोऽस्याः गौरादित्वात् ङीष्। १ श्वेत शेफालिका, सफेद निर्गुण्डी। २ निर्गुण्डी।

भूतब्रह्मन् (सं० पु०) भूतः पिशाच इव ब्रह्मा। देवल,पुजारी

भूतशुद्धि (सं० स्त्री०) भूतानां देहारम्भकपृथिव्यादि पञ्च भूतानां शुद्धिः शोधनं। तन्त्रप्रसिद्ध देहारम्भक चौबीस तत्त्वोंके भावनाविशेष संस्कार द्वारा देवरूपता सम्पादन, पूजादिमें वीज विशेष द्वारा वामकुक्षिस्थित पाप पुरुषका दहन कर शरीरशोधन। किसी देवता विशेष की पूजा करनेसे पहले भूतशुद्धि करनो होती है। भूतशुद्धिके विना पूजा करनेका अधिकार नहीं है। भूतशुद्धि द्वारा शरीरस्थित पापपुरुषके दग्ध होने पर पुनः चन्द्रगलित सुधाको नूतन देह निर्माण कर पूजा करनी पड़तो है। भूतशुद्धिका व्यापार बड़ा ही कठिन है।

भूतशुद्धिके सम्बन्धमें नाना प्रकारकी व्यवस्था है। उनमेंसे साधारणतः पूजा पद्धति आदिमें जिसका प्रयोग देखा जाता है, पहले वही दी जाती है। संयतचेता पुरुष किसी देव या देवीको पूजा आरम्भ कर आसनशुद्धि प्रभृति विहित विधानोंके अनुष्ठानके वाद देहारम्भ पृथिव्यादि पांच भूतोंका शोधन या देहारम्भक चौबीस तत्त्वोंके भावन संस्कार द्वारा देवरूपता प्राप्त करते हैं।

पूजा पद्धतिमें लिखा है, पहले "रम्" इस बोचमन्त्रसे जल धारा दे कर वह्निप्रकारको चिन्ता करते हुए दोनों हाथ अपनी गोदमें उत्तान भावसे रखने चाहिए। वाद 'सोऽहम्' इस भावना द्वारा हृदयस्थ दीपकलिकाकृति जीवात्माको मूलाधारस्थित कुलकुण्डलिनोके साथ सुषुम्नापथमें मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा नामक छह चक्र भेद कर मस्तकावस्थित अधोमुख सहस्रदलशाली कमलकर्णिकाके अन्तर्गत परमात्मामें संयोजित करना उचित है। अनन्तर इस परमात्मामें पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द, नासिका, जिह्वा, चक्षु, त्वक्, श्रोत्र, वाक्, पाणि, पाद, वायु, उपस्थ, प्रकृति, मन, बुद्धि, अहङ्कार तथा रूप ये चौवोस तत्त्व विलीन हैं, ऐसा सोचते हुए "यम्" इस धूम्रवर्ण वायु वीजका वामनासापुटमें चिन्तापूर्वक सोलह वार जप कर वायु द्वारा अपनी देह परिपूरित करनी चाहिए। फिर दोनों नासापुट धारण कर उक्त वायुवोजका पुनः चौसठ वार जप और इसके वाद कुम्भक कर वामकुक्षिस्थित कृष्णवर्ण पापपुरुषके साथ शरीरका संशोधन कर उचित है। शरीरके संशोधित होनेसे पुनः इस वीजका वत्तीस वार जप कर दक्षिण-नासा द्वारा वायु निकालनी चाहिए। अनन्तर 'रम्' इस वह्निवीजका रक्तवर्ण ध्यान और सोलह वार जप कर वायु द्वारा देह परिपूरित करनी होतो है। फिर दोनों नासापुटका धारण करके इस वीजका चौसठ वार जप कर कुम्भक करे। कुम्भकके वाद मूलाधार स्थित वह्नि द्वारा पापपुरुषके साथ शरोर दग्ध कर पूर्वोक्त वह्निवीजका वत्तोस मरतबे जप कर भस्मके साथ वाम नासारन्ध्र द्वारा वायु निकाले। इस प्रकार वामनासामें "ठम्" इस वीजका शुक्लवर्ण ध्यान कर सोलह वार जप द्वारा चन्द्रको ललाट पर ला कर पुनः दोनों नासापुट धारणपूर्वक 'वम्' इस वरुण-वोजके चौसठ वार जप द्वारा उस चन्द्रसे विगलित मातृकावर्णमय पीयूषधारामें समस्त देह विरचित कर 'लम' पृथ्वोवीजके वत्तीस वार जपसे देहको सुदृढ़रूपसे भावना कर दक्षिण नासा द्वारा वायु निकालनी चाहिए।

अनन्तर "हंस" यह वीज हृदयमें ला कर कुलकुण्डलिनी और पृथिवी प्रभृतिको यथायथ स्थानमें स्थापित करना होता है।

शक्तिमें विशेषता यह है, कि 'हंस' बीज द्वारा जीव प्रभृतिको परम शिव पर संयोजित कर पुनः उनको "सोऽहम्" मंत्रसे यथास्थान पर लाना पड़ता है।

"सोऽहमेवं समाभाष्य जीवं हृदि समानयेत्।" (तंत्रसार)

ज्ञानार्णवमें लिखा है, कि प्राणप्रतिष्ठाक्रमके बाद जीवको देहमें संस्थापित और क्रमानुसार अपनी देह स्थिर करनी चाहिए।

"प्राणप्रतिष्ठया पश्चाद् जीवं देहे निधापयेत् ।
मुखवृत्तं समुच्चार्य हंसस्तु विपरीतकः ॥
उद्धरेत् परमेशानि ! बिद्य यं त्र्यक्षरी मता।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोऽयं सर्वकर्माणि साधयेत्।
तेनैव विधिना देवि ! स्थिरीकुर्यान्निजा तनुम् ॥"

(ज्ञानार्णव)

वाराहीतन्त्रमें उल्लिखित हुआ है:—भूतशुद्धिकी जगह 'हंस' मन्त्र शूद्रको स्मरण करनेका अधिकार नहीं है। यदि करे, तो उसकी दीक्षा विफल हो जाती है और अन्तमें वह नरकमें जाता है।

"हंसाख्यं न स्मरेत् शूद्रो भूतशुद्धौ कदाचन।
स्मरणान्नरकं याति दीक्षा च विफला भवेत् ॥"

(वाराहीतन्त्र)

शारदातिलकमें लिखा है,—जीवको तेजोमय ध्यान कर पुनः 'नमः' मंत्रसे संयोजित करना चाहिए।

"जीवं तेजोमयं ध्यात्वा नमोमंत्रेण योजयेत्।"

(शारदातिलक)

यह हुई विस्तृत भूतशुद्धि। अन्य ग्रन्थमें संक्षेपमें भी इसका वर्णन किया गया है। पुरश्चरणचन्द्रिकामें संक्षेप भूतशुद्धिका विषय इस प्रकार लिखा है,—ज्ञानी साधक अपने हृदय-कमलको धर्मरूप कन्दसे उत्पन्न, ज्ञानरूप नाल द्वारा परिशोभित, ऐश्वर्यरूप अष्टदलसे युक्त और वैराग्यरूप कर्णिकासे समन्वित, इस प्रकार ध्यान कर बाद उसे प्रणव द्वारा विकाशित करें। अनन्तर कर्णिकास्थित प्रदीपकलिकानिभ जीवात्माका हृदयमें ध्यान कर मूलमंत्रसे कुण्डलीकी चिन्तापूर्वक सुषुम्नापथमें आत्माको परमात्मासे योजित करें।

विशुद्धेश्वरमें लिखा है, कि अव्ययब्रह्मके साथ संयोगके हेतु शरीराकार-स्वरूप भूतोंका विधान ही भूतशुद्धि है।

"शरीराकारभूतानां भूतानां यद्विशोधनं।
अव्ययब्रह्मसंयोगात् भूतशुद्धिरियं मता ॥" (विशुद्धेश्वर)

भूतसंसार (सं० पु०) जगत्, विश्वब्रह्माण्ड।

भूतसंक्रामिन् (सं० त्रि०) भूतप्राप्त।

भूतसङ्घ (सं० पु०) भूतसमूह।

भूतसञ्चार (सं० पु०) भूतस्य सञ्चारः। भूतोन्मादरोग। पर्याय—आवेश, चतक्रांति, ग्रहागम। (राजनि०)

भूतसञ्चारिन् (सं० पु०) भूतेषु सञ्चरति इति भूत सम्-चर-णिनि। दावानल।

भूतसन्ताप (सं० पु०) दानवभेद।

भूतसंप्लव (सं० पु०) प्रलय।

भूतसर्ग (सं० पु०) सृज्यते इति सृज-भावे घञ् भूतानां सर्गः। अग्निपुराणमें लिखा है, कि यह भूतसृष्टि चौदह प्रकारकी है,—ब्राह्म, प्रजापतीय, सौम्य, ऐन्द्र, गान्धर्व, कौवेर, रक्षः. पैशाच, मानुष, स्थावर, पाशव, मार्ग, सार्प और शाकुनिक। (अग्निपु०)

भूतसाक्षिन् (सं० पु०) सृष्ट पदार्थोंका साक्षिरूप।

भूतसाधनी (सं० स्त्री०) भूतानि प्राणिनः साधयति अत्र आधारे ल्युट्, ङीप्। भूमि, पृथिवी।

भूतसार (सं० पु०) भूतः गतः सारो यस्य। १ श्योणाकप्रभेद। २ खदिर सार।

भूतसिद्ध (सं० पु०) तांत्रिकोंके अनुसार वह जिसने भूत प्रेत आदिको सिद्ध और वशमें कर लिया हो।

भूतसूक्ष्म (सं० क्ली०) भूतादितन्मात्र, पञ्चतन्मात्र।

भूतस्थ (सं० त्रि०) भूतावस्थित विष्णु।

भूतस्थान (सं० क्ली०) जीवोंका अवस्थान स्थान।

भूतहत्या (सं० स्त्री०) जीवहत्या।

भूतहन् (सं० पु०) भूर्जवृक्ष, भोजपत्रका वृक्ष।

भूतहन्त्री (सं० स्त्री०) भूतानि हन्तीति हन-तृच्, ङीप्। १ वन्ध्या कर्कोटकी, बांझ ककोड़ो। २ नील दूर्वा, नीली दूब।

भूतहर (सं० पु०) भूतानि हरतीति हृ-अच्। गुग्गुल।

भूतहारी (सं० क्ली०) भूतानि हरतीति हृ-णिनि। १ देवदारु, देवदार। २ रक्तकरवीर, लाल कनेर।

भूतहास (सं० पु०) सन्निपात ज्वर-विशेष। इसमें इन्द्रियां अपना काम नहीं करतीं, रोगी व्यर्थ बकता है और उसे बहुत हंसी आती है।

भूता (सं० स्त्री०) भत-टाप्। कृष्णा चतुर्दशी।

भूतांश (सं० पु०) १ ऋषिभेद। २ काश्यप ऋषि। ३ भूतसमूहका अंश।

भूताङ्कुश (सं० पु०) भूतानामअंकुश इव निवारकत्वात्। स्वनामख्यात वृक्षविशेष, गावजुवान। गुण—तीव्रगन्ध, उत्कट, उष्ण, कटु, भूत और ग्रह आदि-दोषनाशक तथा कफवात-निकृन्तन। (राजनि०)

भूताङ्कुशरस (सं० पु०) रसौषध विशेष। प्रस्तुत प्रणाली पारा, लौह, ताम्र, मुक्ता, हरिताल, गन्धक, मनःशिला, तूतिया, रसाञ्जन, समुद्रफेन, सौरीराञ्जन, और पञ्चलवण प्रत्येक एक भाग, हीरक अष्टमांश, भृङ्गराज, चिता और थूहरका दूध प्रत्येकको ६ वार भावना दे कर वन्द कर रखे। पीछे गजपुटमें पाक करे। भलीभांति पाक हो जाने पर दो रत्तीकी गोली बनावे। इसका अनुपान अदरकका रस है। इसका सेवन करनेसे भूतोन्माद जल्द जाता रहता है। इस औषध सेवनकारीके लिये पिप्पली और दशमूलका कषाय पान, स्वेद, तितलौकी, तीक्ष्ण और रूखी वस्तु खाना विशेष निषिद्ध है। दूध, भैंसका घी और गुरु भोजन तथा सरसोंका तेल लगा कर स्नान करना विशेष उपकारक बतलाया गया है।

(रसेन्द्रसारस० उन्मादरोगाधि०)

अन्यविध—शुद्ध पारा १ भाग, गन्धक २ भाग, ताम्र ३ भाग, मिर्च १० भाग, अवरककी भस्म ४ भाग, विष १ भाग, सफेद सरसों १ भाग इन सब द्रव्योंको एकत्र अम्लरस द्वारा भावना दे कर गोली बनावे। अनुपान रोगीके बलाबलके अनुसार स्थिर करना होगा। इसके सेवनसे कासरोग प्रशमित होता है। (रसकौ०)

भूतात्मक (सं० पु०) भूत सम्बन्धीय भूतमय भूतजात।

भूतात्मा (सं० पु०) भूतानामात्मा। १ देह। २ परमेश्वर। ३ शिव। ४ युद्ध। ५ विष्णु। ६ जीवात्मा।

भूतादि (सं० पु०) भूतानामादिः। १ परमेश्वर। २ सांख्यमतसिद्ध अहङ्कारतत्त्व। अहंतत्त्वसे ही पञ्चभूत हुआ है, इसीसे वह तत्त्व भूतसमूहका आदि है।

भूताधिपति (सं० पु०) भूतनाथ, शिव।

भूतान्तक (सं० पु०) भूतानामान्तकः षष्ठीतत्। १ यम। २ रुद्र।

भूतायन (सं० पु०) भूतानामयनमाश्रयः षष्ठीतत्। नारायण।

भूतारि (सं० क्ली०) भूतानामरिः तन्निवारकत्वात् क्लीवत्वं। हिंगु, हींग।

भूतार्त्त (सं० क्ली०) भूतेन ऋतः ३तत्। भूताविष्ट, भूतग्रस्त।

भूतार्थ (सं० पु०) भूतः सत्यभूतः अर्थो यस्य। यथार्थ।

भूताली (सं० स्त्री०) भूतानामालीव। १ भूपाटली। २ मुषली।

भूतावास (सं० पु०) १ विभीतक वृक्ष, वहेड़ेका पेड़। २ शाखोट, सहोरेका पेड़। ३ शरीर, देह। ४ विष्णु। ५ संसार, दुनियां।

भूताविष्ट (सं० त्रि०) भूतेन आविष्टः। १ पिशाचग्रस्त, जिसे भूत या पिशाच लगा हो। भूत लगने पर निम्न लिखित चक्रधारण करनेसे शुभ होता है। भोजपत्र पर इस चक्रको लिख कर कवच धारणकी प्रणालीके अनुसार धारण करना होता है।

भूतनाशक चक्र।

१	८	१८	२३
२०	२१	३	६
७	२	२४	१७
२२	१९	५	४
५०	५०	५०	५०

ज्योतिस्तत्त्वमें इसका विशेष विवरण लिखा है। २ भूताक्रान्त, जो भूतों आदिके प्रभावसे रोगी हुआ हो।

(भूतावेश (सं० पु०) भूतानामावेशः। भूतसञ्चार, भूत लगना।

भूति (सं० स्त्री०) भवत्यनयेति भू (क्तिच क्तौ च संज्ञायाम। पा ३।३।१७४) इति क्तिच्। १ महादेवको अणिमा आदि आठ प्रकारकी सिद्धियां। २ शम्भुधृत भस्म; वह राख जिसे शिवजी लगाते हैं। ३ भस्म, राख। ४ सम्पत्ति, वैभव, ऐश्वर्य। ५ हस्तिशृङ्गार, हाथीका

मस्तक रंग कर उसका श्रृङ्गार करना । ६ जाति । ७ पितृगणभेद । ८ लक्ष्मी । ६ वृद्धिनामकी औषधि । १० रोहिषतृण, रूसा घास । ११ भूतृण । १२ उत्पत्ति । १३ सत्ता । १४ पक्क मांस । १५ विष्णु ।

भूतिक (सं० क्ली०) भू-क्तिच्, संज्ञायां कन् । १ भूनिम्ब, चिरायता । २ कटफल, कटहल । ३ यमानी, अजवायन । ४ रोहिष तृण, रूसा । ५ चन्दन ।

भूतिकर्म (सं० क्ली०) गार्हस्थ संस्कार ।

भूतिकाम (सं० पु०) भूतिं कामयते इति कम (कर्मण्यण् पा ३।२।१ इत्यण्) १ राजमन्त्री । २ वृहस्पति (त्रि०) ३ जिसे ऐश्वर्यकी कामना हो ।

भूतिकील (सं० पु०) भूतेः शस्यादिसम्पत्तेः कील इव जलदत्त्वात् । भूखात, गड्ढा ।

भूतिकृत् (सं० त्रि०) भूतिं करोति कृ-क्विप् । शिव ।

भूतिकृत्य (सं० क्ली०) गार्हस्थ संस्कार ।

भूतिगर्भ (सं० पु०) भूतिः कवित्व-सम्पत्तिगर्भे अन्तर्यो-यस्य वा भूति शब्द उपाधि नाम्नोऽन्तर्यस्य । भवभूति कवि ।

भूतितीर्था (सं० स्त्री०) कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेय की एक मातृकाका नाम ।

भूतिद (सं० पु०) भूतिं ददातीति दा-क । शिव, महादेव ।

भूतिदा (सं० स्त्री०) भूतिद टाप् । गङ्गा ।

(काशीखण्ड २६।१३०)

भूतिनि (हिं० स्त्री०) भूतिनी देखो ।

भूतिनिधान (सं० क्ली०) निधीयतेऽस्मिन्निति नि-धा-अधिकरणे-ल्युट्, भूत्या निधानं । धनिष्ठा नक्षत्र ।

भूतिना (स्त्री० वि०) १ भूतयोनीमें प्राप्त स्त्री । २ शकिनी, डाकिनी आदि ।

भूतिमत् (सं० त्रि०) भूतिरस्त्यस्य मतुप् । ऐश्वर्ययुक्त ।

भूतिया—सतारा जिलावासी निम्नश्रेणीकी जातिविशेष । ये लोग मराठीसे बहुत कुछ मिलते जुलते हैं, पर इनकी वेशभूषा अति कदर्य्य है । गलेमें कौड़ीकी माला पहन कर ये घर घर भीख मांगते हैं । भिक्षा ही इनकी एकमात्र उपजीविका है । बहुतेरे भूत-प्रतिषेध मन्त्र द्वारा ओझाकी तरह भूत चढ़ाते और उतारते हैं । इसी कार्य्यके तथा कदर्य परिच्छदके कारण इनका नाम भूतिया पड़ा है । जन्मसे ले कर मृत्यु तक सभी संस्कार तथा देवदेवीकी पूजा और उपवासादि ये लोग कुणवियोंकी तरह करते हैं ।

भूतियुवक (सं० पु०) पुराणानुसार कूर्मचक्रके एक देशका नाम । २ इस देशका निवासी ।

भूतिराज—१ एक जैनपण्डित, सोचुकके पुत्र और इन्दुराजके पिता । २ हेलराजके पिता ।

भूतिलय (सं० पु०) तीर्थभेद । (भारत वनप० १२६ अ०)

भूतिवर्द्धन—सह्याद्रिवर्णित एक राजा ।

भूतिवर्म (सं० पु०) १ प्राग्ज्योतिषपुरके अधिपति । २ राक्षसभेद ।

भूतिवाहन (सं० त्रि०) शिवका एक नाम ।

भूतिसित (सं० क्ली०) रौप्यधातु, चाँदी ।

भूतिस्टज् (सं० त्रि०) १ ऐश्वर्यकारी । २ ऐश्वर्यवान् ।

भूती (हिं० पु०) भूतपूजक ।

भूतीक (सं० क्ली०) भूतिक, पृषोदरादित्वात् साधुः । १ भूनिम्ब, चिरायता । २ यमानी, अजवायन । ३ भूतृण, रूसा नामकी घास । ४ कत्तृण । ५ कपूर, कपूर ।

भूतीबानी (हिं० स्त्री०) भस्म, राख ।

भूतीश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद ।

भूतृण (सं० क्ली०) भुवस्तृणम् । गंधतृण । पर्याय—रोहिष, गोमयप्रिय, रामकर्पूर, सत्तृण, शर, श्यामक, ध्यामक, पौर, देवजग्धक । २ भूस्तृण, रोहिसघास । पर्याय—रोहिप, भूति, भूतिक, कुटुम्बक, मालातृण, समालम्बी, छत्र, अतिछत्रक, गुहवीज, सुगंध, गुच्छाल, पुंस्त्वविग्रह, वधिर, अतिगन्ध, श्रृङ्गरोह, करेन्दुक । गुण—कटु, तिक्त, वातसमूह, भूतग्रहावेश और दारुण विषदोषनाशक ।

भूतेज्य (सं० त्रि०) भूतयज्ञ उपदेवताओंके लिये याग ।

भूतेन्द्रियजयी (सं० त्रि०) १ जिसने पञ्चभूत और इन्द्रियोंको जीता हो । २ योगी, संन्यासी ।

भूतेश (सं० पु०) भूतानां प्राण्यादीनां प्रमथादीनां बालग्रहाणाञ्च ईशः । १ शिव । २ परमेश्वर । ३ स्कन्द ।

भूतेश्वर (सं० पु०) १ शिव । २ तीर्थभेद । ३ सह्याद्रिवर्णित एक राजा । ४ हिमालय पर्वतस्थित शिवलिङ्गभेद ।

भूतेष्टका (सं॰ स्त्री॰) इष्टकाभेद।

भूतेष्टा (सं॰ स्त्री॰) १ कृष्ण तुलसी। २ आश्विन कृष्ण चतुर्दशी। ३ उपदेवताकी अभिलषित कृष्णचतुर्दशी।

भूतोदन (सं॰ क्ली॰) ओदनविशेष।

भूतोन्माद (सं॰ पु॰) भूतकृतः उन्मादः। पिशाचकृत उन्माद, वह उन्माद रोग जो भूतों या पिशाचोंके आक्रमणके कारण हो।

भूतोपदेश (सं॰ पु॰) प्रकृत उपदेश, यथार्थ विषयमें शिक्षादान।

भूतोपमा (सं॰ स्त्री॰) जीवके साथ उपमा, प्रकृत उपमा।

भूत्तम (सं॰ क्ली॰) भुवि उत्तमम्। सुवर्ण, सोना।

भूदराश्रया (सं॰ स्त्री॰) भूषिककर्णी; मूसाकानी।

भूदरोभवा (सं॰ स्त्री॰) भूदर्यां भूविले भवतीति भू-अच् टाप्। आखुपर्णी।

भूदर्या (सं॰ स्त्री॰) भूषिककर्णी, मूसाकानी।

भूदार (सं॰ पु॰) भुवं दारयतीति दॄ (कर्मण्यण। पा ३।२।३) इत्यण्। शूकर, सूअर।

भूदारक (सं॰ पु॰) शूर, वीर।

भूदेव (सं॰ पु॰) भुवो भुवि वा देवः। ब्राह्मण। स्वधर्मनिरत वेदज्ञ ब्राह्मण हो इस मर्त्यधाममें देवताके समान पूजित होते हैं। इसी कारण उन्हें भूदेव कहते हैं।

भूदेवदेव—कत्यूरोवंशीय एक राजा। ये कुमायुन जिलेके व्याघ्रेश्वर मन्दिरके खर्च बर्चके लिये ग्राम दान कर गये हैं।

भूदेवपण्डित—नोलकण्ठकृत काशिकातिलक-टीकाके रचयिता।

भूदेवमुखोपाध्याय—वङ्गालके एक असाधारण प्रतिभाशाली ब्राह्मणसन्तान और प्रसिद्ध ग्रन्थकार। इनके पिताके नाम था विश्वनाथ तर्कभूषण। इनका निवासस्थान तो खानाकुलकृष्ण-नगरमें था, किन्तु ये सदा कलकत्तेमें रहते थे। यहीं पर १७४७ शक (१८२५ ई॰)की २री फाल्गुनको इनका जन्म हुआ।

ये जब आठ वर्षके थे तभी संस्कृत कालेजमें भर्त्ती हुए और तीन ही वर्षमें मुग्धवोध नामक व्याकरण पढ़ लिये। वाद इन्हें अंगरेजी पढ़नेकी इच्छा हुई। दो वर्ष इधर उधर पढ़ कर इन्होंने छह वर्ष हिन्दूकालेजमें पढ़ा जहां इन्हें सर्वोच्च श्रेणीकी छात्रवृत्ति मिली।

शिक्षाविभागके कर्तृपक्षगण भूदेवकी विद्या और बुद्धिमत्ताका परिचय पा कर वड़े ही सन्तुष्ट हुए। उन्होंने उस समय किसी उच्च पदप्राप्तिकी इच्छा प्रकट न की, वरन् अपने वन्धुओंके साथ मिल कर शेयाखाला, चन्दननगर, श्रीपुर आदि कई एक स्थानोंमें स्कूलकी स्थापना कर आप ही शिक्षकका काम करने लगे। किन्तु अर्थाभावसे यह काम वहुत दिनों तक न चल सका। अन्तमें ये ५०) रु॰ मासिक पर मद्रास कालेजके २य अङ्गरेजी शिक्षक नियुक्त हुए। इनके कामसे सन्तुष्ट हो कर शिक्षाविभागके कर्त्ताने इन्हें १५०) रु॰ मासिक पर हवड़ा गवर्मेण्ट स्कूलका प्रधान शिक्षक बनाया। उसी समय हवड़ाके मजिष्ट्रेट और उक्त स्कूलके सम्पादक हजसन प्राट साहवके साथ भूदेवका परिचय हुआ। उक्त साहव जब वङ्गालके स्कूल-इन्सपेक्टर हुए, तव वे अक्सर इन्होंकी सलाह लिया करते थे। भूदेवका वङ्गला भाषा पर वड़ा ही अनुराग था। प्राट साहवके कथनानुसार इन्होंने "शिक्षाविषयक" नामक एक पुस्तकका प्रचार किया। उसी समय इनका ऐतिहासिक उपन्यास प्रकाशित हुआ।

हुगलीमें नार्मल विद्यालयके स्थापित होने पर भूदेव ३००) रु॰ वेतन पर उसके सुपरिण्टेंडेण्ट (तत्त्वावधायक) नियुक्त हुए। उनकी ही चेष्टासे उक्त विद्यालयकी खूब उन्नति हुई। भूदेवने वालकोंकी शिक्षाकी सुविधाके लिए प्राकृतिक विज्ञान १ला और २रा खण्ड, पुरावृत्तसार, इङ्गलैण्डका इतिहास; रोमका इतिहास और यूक्लिड़की ज्यामितिका ३रा भाग प्रकाशित किया।

१८६२ ई॰के जून मासमें जब मेडलिकट साहव प्रतिनिधि स्कूल-इन्सपेक्टर हुए, तब भूदेव भी ४००) रु॰ मासिक पर सहकारी परिदर्शक नियुक्त किये हुए। १८६३ ई॰में ये स्कूल-समूहके एडिशनल इन्सपेक्टर बने। वे हिन्दुओंकी प्राचीन शिक्षाप्रणालीके पक्षपाती थे। १८६४ ई॰के वैशाख महीनेसे इन्होंने अपने कनिष्ठ

पुत्रके नामसे दो आने मूल्यका शिक्षा-दर्पण नामक एक मासिक पत्र निकाला। किन्तु दुःखका विषय था, कि १८६६ ई०में वह पुत्र इस लोकसे चल बसा।

ये गवर्मेण्ट द्वारा उत्तर-पश्चिम प्रदेश तथा पञ्जाबकी शिक्षाप्रणालीके परिदर्शनार्थ भेजे गए। इन सब प्रदेशोंकी शिक्षाप्रणाली देख कर अङ्गरेजी भाषामें इन्होंने जो सुवृहत् मन्तव्य प्रकट किया, उससे उनके भूयोदर्शन और दोषगुणविचारकी असाधारण क्षमता प्रकाशित हुई और धीरे धीरे ये शिक्षाविभागकी प्रथम श्रेणी पर पहुंच गए। १८६६ ई०को ये 'नार्थ सेन्ट्रल' नामक नवप्रतिष्ठित विभागके डिभिजनल इन्सपेकृर (विभागीय परिदर्शक)-के पद पर नियुक्त हुए, कुछ दिन बाद प्रधान परिदर्शक बने।

१८७७ ई०में इन्होंने महाराणी भारतेश्वरीसे G. I. E. की उपाधि प्राप्त की और १८८२ ई०में ये छोटे लाटके बङ्गीय व्यवस्थापक सभाके एक सदस्य बने। १८८३ ई०के कुछ पहले इनका "पुष्पाञ्जलि" और फिर कुछ दिन बाद "पारिवारिक' प्रवन्ध प्रकाशित हुआ। पारिवारिक प्रवन्ध ही उनके जातीय जीवनकी विशाल कीर्त्ति है। अङ्गरेजीमें उच्च शिक्षित और अङ्गरेजराजपुरुषोंके साथ विशेष संलिप्त रहने पर भी ब्राह्मण सन्तान भूदेवने अपनी जातीयता नहीं छोड़ी। जिस समय उच्च शिक्षित बङ्गीय समाज अङ्गरेजी शिक्षाके प्रभावसे अङ्गरेजी रीति नीति और आदर्शके पक्षपाती था, उस समय भी स्वजातिप्रिय तथा स्वधर्मानुरागी भूदेव ब्राह्मणत्व-रक्षामें अत्यन्त यत्नवान् थे। अपने 'आचारप्रबन्ध'में वे अपना मनोभाव इस प्रकार प्रकाशित कर गये हैं—

"जातीयता साधनके लिए हिन्दू समाजको आत्मप्रकृतिके अनुसार चलना चाहिए। भारतवर्षका एकतासाधन अङ्गरेजकी अधीनतामें ही सम्भव है,—अतएव अङ्गरेजोंके प्रति सम्यक् बन्धु-बुद्धि तथा राजभक्ति दिखलाना चाहिये। किन्तु प्रत्येक विषयमें अङ्गरेजोंका अनुकरण परित्यज्य है। अङ्गरेजोंकी प्रकृतिके साथ हिंदूकी प्रकृति नहीं मिलती। अंग्रेज कार्य्यकुशल, अहङ्कारी तथा लोभी, किन्तु हिंदू श्रमशील, सुबोध, नम्रस्वभाव और संतुष्टचित्तके होते हैं। अङ्गरेज आत्मसर्वस्व और हिंदू परार्थपर हैं। अङ्गरेजोंसे हिंदूको सिर्फ कार्य्यकुशलता सीखनी चाहिए और कुछ भी सीखनेका प्रयोजन नहीं।" भूदेव कट्टर हिंदू, यथार्थ स्वदेश प्रेमिक जन्मभूमिके उन्नतिसाधनमें बड़े ही चिन्ताशील थे। इन्होंने हिंदूजातिको सत्त्वगुणसम्पन्न करनेके लिए "आचारप्रबन्ध" प्रकाशित किया। इस प्रबन्धको उपक्रमणिकामें उन्होंने लिखा है-—"सदाचार ही मूल धर्म है, धर्मअर्थसे शास्त्रीयविधिका प्रतिपालन करना चाहिए। यहां विधिप्रतिपालनको प्रतिबन्धक पांच वस्तु देखी जाती हैं,—(१) विधि-विषयक अज्ञता, (२) विधिके प्रति श्रद्धाहीनता। (३) विजातीय अनुकरणका आतिशय्य; (४) स्वेच्छाचारिताका प्राबल्य (५) स्वाभाविक आलस्य।"

भूदेवको इस बातका बड़ा ही दुःख था, कि उपयुक्त संस्कृत शिक्षाके अभावसे आज ब्राह्मण पण्डित इतने घृणित हो गए हैं, इसीलिए हिन्दूसमाज भी उत्पन्न हो पड़ा है। यही कारण है, कि ब्राह्मण प्रवर भूदेवने जातीय चिकित्साशास्त्र, धर्मशास्त्र प्रभृतिकी भले प्रकारसे अध्यापनाके लिए अपने पिताके नाम पर "विश्वनाथ चतुष्पाठी' की स्थापना और उसके खर्चके लिए एक लाख साठ हजार रुपये दान कर गये। अन्तमें इस चरित्रवान् उदार महापुरुषने १३०१ सालमें मानवलीला संवरण की।

भूदेवशुक्र—आत्मतत्त्वप्रदीप और उसकी टीका, धर्मविजय नाटक और रसविलास नामक ग्रन्थके प्रणेता।

भूधन (सं० पु०) भुवो धनं यस्य। राजा।

भूधर (सं० पु०) धरतीति धृ-पचाद्यच्, भुवां धरः। १ पर्वत, पहाड़। २ यन्त्रभेद, भूधरयन्त्र। मूषामें पारा रख कर उसे बालूसे ढक दे, पीछे उसके चारो ओर ओपले सजा कर उसे आगमें पकावे। इसी यन्त्रको भूधरयन्त्र कहते हैं। ३ शेषनाग। ४ विष्णु। ५ राजा। ६ वाराह अवतार।

भूधर—१ काम्पिल्यनिवासी एक ज्योतिर्विद्, भरद्वाज गोत्रीय देवदत्तके पुत्र। आप सूर्यसिद्धान्तविवरण और नरपतिजयचर्या-मञ्जरी नामक दो ग्रन्थ लिख गये हैं। २ शङ्कराचार्यकृत साधन पञ्चक-टीकाके रचयिता। ३ सह्याद्रिवर्णित दो राजा।

भूधरता (सं० स्त्री०) भूधरस्य भावः तल-टाप्। भूधरका भाव या धर्म, भूधरणशक्ति।

भूधरदास—आगरेके रहनेवाले एक खंडेलवाल जैन कवि। इन्होंने जैनशतक और १६८९में पार्श्वपुराण नामक एक जैनग्रन्थ लिखा जिसकी जैनधर्ममें पुराणोंकी भांति पूजा होती है।

भूधरदुर्ग—बम्बईप्रदेशके कोल्हापुर जिलान्तर्गत एक दुर्ग। १८४४ ई०के विद्रोहके बाद अंगरेजोंने इसे तहस नहस कर डाला था।

भूधरेश्वर (सं० पु०) भूधराणामीश्वरः। हिमालय, पर्वतोंका राजा।

भूधात्री (सं० स्त्री०) भूलग्ना धात्री। भूम्यामलकी, भुंई आंवला।

भूध्र (सं० पु०) भुवं धरतीति ध्रृ (मूलविभुजादित्वात्। पा ३।२।५) इत्यस्य वार्त्तिकोक्त्या कः। पर्वत, पहाड़।

भूनना (हिं० क्रि०) १ अग्निमें रख कर पकाना, आग पर रख कर पकाना। २ गरम घी वा तेल आदिमें डाल कर कुछ देर तक चलाना जिससे उसमें सोंधापन आ जाय। ३ बहुत अधिक कष्ट देना, तकलीफ पहुंचाना। ४ गरम बालूमें डाल कर पकाना।

भूना (सं० स्त्री०) रोमक-सिद्धान्तवर्णित चन्द्रविभागान्तर्गत देशभेद।

भूनाग (सं० पु०) भुवि नाग इव। उपरसविशेष। पर्याय—क्षितिनाग, भूजन्तु, रक्तजंतुक, क्षितिज, क्षितिजंतु और रक्ततुण्डक। गुण—वज्रमारक, नानाविज्ञानकारक और रसजारण।

भूनिम्ब (सं० पु०) क्षुपविशेष, चिरायता। पर्याय—अनार्यतिक्त, कैरात, रामसेनक, किराततिक्त, हैम, कांततिक्त, किरातक, कटुतिक्त। गुण—वातिक, तिक्त, कफ और पित्तज्वरनाशक, पथ्य, व्रणसंरोपक, कुष्ठ, कण्डूति तथा शोफनाशक।

भूनिम्बादिकषाय (सं० पु०) ज्वररोगमें कषायभेद। इसे भूनिंबादिपाचन भी कहते हैं। प्रस्तुत प्रणाली—चिरायता, गुड़ची, मोथा, नागर प्रत्येक द्रव्य दो तोला इन्हें आध सेर जलमें सिद्ध कर आध पाव रहते उतार ले। इसका सेवन करनेसे ज्वर बहुत जल्द दूर हो जाता है।

(वाभट चि० १ अध्याय)

भूनिम्बादिक्वाथ (सं० पु०) क्वाथौषधभेद। प्रस्तुत प्रणाली—चिरायता, अतीस, लोध, मोथा, इन्द्रजौ, गुड़ची, अतिवला, धनिया और बेलकी छाल इन सब द्रव्योंका एक साथ काढ़ा बना कर मधुके साथ सेवन करनेसे मलभेद, श्वास, कास, रक्तपित्त और ज्वर दूर होता है।

(भावप्र० ज्वराधिका०)

भूनिम्बाद्यष्टादशाङ्ग (सं० पु०) कषायौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—चिरायता, देवदारु, दशमूल, कचूर, मोथा, कटकी, इन्द्रजौ, धनियेका चावल और गजपिप्पली कुल मिला कर २ तोला, जल ३२ तोला, शेष ८ तोला। इस कषायका सेवन करनेसे तंद्रा, प्रलाप, कास, अरुचि, दाह, मोह और श्वासादि उपद्रवोंके साथ सब प्रकारका ज्वर नष्ट होता है। (भैषज्यरत्ना० ज्वराधि०)

भनीप (सं० पु०) भूमिलग्नो नीपः शाकपार्थिवादिवत् समासः। भूमिकदम्ब।

भूनेता (सं० पु०) भूवो नेता नायकः। राजा।

भूप (सं० पु०) भुवं पाति रक्षतीति (आतोऽनुपसर्गे कः पा ३।२।३) इति क। राजा।

भूपञ्जर (सं० पु०) भुवः पञ्जरः। पृथिवी-देहका क्रमविभाग। पृथिवीपृष्ठका जो भाग हम लोगोंके परीक्षाधीन है, वही भूपञ्जर कहलाता है। बहुतोंने देखा है, कि कुंआ खोदनेके समय विभिन्न प्रकारकी मिट्टी निकलती है। एक एक प्रकारकी मिट्टी २ या ४ हाथ अथवा इससे भी अधिक परिमाणमें मिलती है। यह मिट्टी एक ही समयमें गठित नहीं हुई है। जलाशय अथवा नदीके धीरे धीरे भर जानेसे विभिन्न प्रकारका मृत्तिकास्तर बन जाता है।

ऐसा मालूम होता है, कि इस परिदृश्यमान वसुन्धराके किसी भी अङ्गप्रत्यङ्गका परिवर्त्तन नहीं होता। किन्तु पृथिवी-पृष्ठ पर बहुत दिन बाद भूपञ्जरका रूपान्तर हो जाता है। पृथिवीकी आभ्यन्तरिक शक्तिके प्रभावसे कभी धीरे धीरे अथवा कभी बहुत जल्द भूपञ्जरका परिवर्त्तन हो जाया करता है। जो स्थान एक दिन महासमुद्रकी तरङ्गके अभ्यन्तर था, वही आज अभ्रभेदी शैलश्रेणीमें विराजमान है और जिस उत्तुङ्ग पर्वतशृङ्ग पर कादम्बिनीका विश्रामनिकेतन था, वहां आज समुद्रका

कल्लोल-कोलाहल बारम्बार ध्वनित होता है। भूतत्त्वविदोंने पृथिवीके जीवनकी पर्यालोचना कर इसे चार युगोंमें विभक्त किया है,—१ला आर्कियानयुग (Archian Era), इसके पूर्ववर्त्ती दो विभागका नाम Laurentian Period और Huroman Period। २रा पेलिओजोइक युग (Paleozoic Era) इस युगके Silurian, Devonian और carboniferous विभागमें यथाक्रम कशेरुकास्थिविहीन जीव, मत्स्य, वृक्षलता तथा शम्बुकादिका उद्भव होता है। ३रा मेसोजोइक युग (Mesozoic Era)-के Triassic, Jurassic and Cretaceous विभागमें विराटदेह सरीसृपका प्राधान्य देखा जाता है। इस समय वासुकि-सदृश प्लिसिसोरस और इकथिसोरस प्रभृति प्रकाण्डकाय अजगर भूपृष्ठ पर विचरण करते थे, किन्तु अभी वे एकबारगी निर्वंश हो गये हैं। ४था सिनोजोइक (Cenozoic Era) युगके Tertiary और quarternary विभागमें स्थूल चर्म स्तन्यपायी जीव तथा मनुष्य जातिकी उत्पत्ति हुई है।

उक्त चार युगोंमें पृथिवीके कितने वर्ष बीत चुके हैं, उसका निरूपण करना मनुष्यके लिये दुःसाध्य है। जो कुछ हो, इस अपरिमित कालमें पृथिवीपृष्ठका कितना परिवर्त्तन हुआ है, वही निरूपण करना भूविद्याका उद्देश्य है। पृथिवीकी प्राचीन अवस्थामें जो सब जीव या उद्भिद् विद्यमान थे, अभी उनका अस्तित्वमात्र भी नहीं है—केवल किसी किसी पर्वतस्तरमें उनका प्रस्तरीभूत कङ्काल उनके अस्तीत्वका परिचय देता है। पार्वत्यअञ्चलमें प्रस्तरगात्रावलम्बी विभिन्न स्तरावलीकी अवस्थाकी पर्यालोचना कर भूतत्त्वज्ञोंने अनेक विस्मयकर तत्त्वोंका निरूपण किया है। पहले ही कहा जा चुका है, कि कुंआ खोदनेके समय विभिन्न प्रकारकी मट्टी स्तरस्तरमें सज्जित है।

कोई पललमय मृत्तिकापूर्ण, कोई सुदृढ़ कृष्णवर्ण मृत्तिकामय, कोई बालुकामय और कोई शङ्ख शम्बुकादिके कङ्कालसे पूर्ण स्तर है। कई वर्ष पहले कलकत्तेके किलेके मैदानमें एक अत्यन्त गभीर कूप खोदा गया था। उसमें देखा गया, कि १०० फीट नीचे एक बहुत बड़े वृक्षके काण्ड अक्षतभावमें विद्यमान है। खिदिरपुरका "डग" खोदनेके समय बहुत नीचेसे नाना जातीय प्राणियोंका कङ्काल और वृक्षका ध्वंसावशेष निकला था। इससे स्पष्टतया प्रमाणित होता है, कि वह भूभाग पृथिवीकी आभ्यन्तरिक शक्तिके प्रभावसे भूगर्भमें जा छिपा है। वर्षाकालमें जब नदीका पङ्क मिला हुआ पानी निकलता है, तब जहां तहां पङ्क पड़ जाता है—वह भी एक प्रकारका स्तर है। क्रमशः अन्यान्य पदार्थोंके साथ मिल कर वह स्तर मोटा हो एक नवीन मृत्तिकामें परिणत होता है।

मृत्तिका ही कालक्रमसे पृथिवीकेआभ्यन्तरिक शक्ति तथा रासायनिक संयोगसे शैलस्तरमें परिणत होती है। जिस समय किसी स्थानकी मृत्तिका भूमण्डलकी भूत्क्षेपक तथा अवक्षेपक शक्तिसे उन्नत या भूगर्भमें प्रोथित हुई थी, उसी समय वहांके वासी उद्भिज्ज और जीवजन्तुगण अपनी अधिष्ठानभूत पृथिवीके साथ भूगर्भमें विलीन हो गये थे, किन्तु उनकी अस्थि प्रस्तरके साथ स्तरीभूत हो कर विद्यमान है।

पर्वतके उच्च प्रदेशमें बहुत-से शम्बूकादिके कङ्काल नजर आते हैं। इससे साफ साफ मालूम होता है, कि पर्वतगात्रस्थ उक्त स्थल एक समय जलचर जीवोंका वासस्थान था और पीछे भूगर्भकी शक्तिसे ऊपर उठ गया है।

पर्वत पर बहुत दिन पहले प्रोथित जीवदेह और उद्भिज्जादिकी प्रस्तरीभूत अस्थि मिलनेके कारण भूविद्याकी यथेष्ट उन्नति हुई है। इन सब कङ्कालपूर्ण स्तरमालाओंका पर्यवेक्षण करनेसे कौन देश कितना प्राचीन और कौन कितना समीचीन है, वह अनायास निर्णीत होता है। इन सब प्रस्तरभूत कङ्कालको भूतत्त्व (Geology)में Fossil remains कहते हैं। इन्हीं सब प्रस्तरास्थिकी परीक्षा द्वारा पृथिवीका अतीत इतिहास मनुष्योंका अधिगम्य हुआ है। जब भूपञ्जरके मध्य एक प्रकारके स्तरीभूत शैलखण्ड पर एक जातिका कङ्काल देखते हैं, तब ऐसा अनुमान किया जाता है, कि उक्त सभी प्रस्तर एक समय उत्पन्न हुआ है और एक समय एक जातीय जीव तथा उद्भिज्ज उक्त शैलस्तर पर विद्यमान थे। वह भूपञ्जर-मृत्तिका जब शैलस्तरमें परिणत हुई थी, तब उस परके रहनेवाले

जीवगण और उद्भिज्जादि भी साथ ही साथ प्रस्तरीभूत हो गए हैं।

पाश्चात्य भूतत्त्वज्ञोंने पृथिवीके विभिन्न देशोंकी शैलस्तरावलीकी पर्यालोचना कर भूपञ्जरका जो गठनकाल निरूपण किया है, वही पर्वत कहलाता है ।

अपेक्षाकृत प्राचीनतर स्तरमें अतिकाय जीव तथा उद्भिज्जका भग्नावशेष देखनेमें आता है। उसमें पौराणिक सत्ययुगका चित्र वैज्ञानिक सत्यताको बहुत कुछ प्रमाणित करता है । हम लोग उच्च पर्वतके शृङ्गसे सुगभीर खनिमध्यस्थ १ मील तक स्थानका पर्यवेक्षण कर सकते हैं। इसी परीक्षाधीन स्तरसमष्टिको भूपञ्जर कहते हैं। विस्तृत विवरण पर्वत, प्रस्तर, पृथिवी और समुद्र शब्द देखो ।

भूपति (सं० पु०) भुवः पतिः । १ राजा, नृप । राजाको न्यायपरायण हो कर अपनी सन्तानकी तरह प्रजापालन करना चाहिये । राजन् और राजधर्म शब्द देखो । २ वटुक भैरव । ३ हनुमतके मतसे एक राग जो मेघरागका पुत्र माना जाता है।

भूपति—गणितामृतके प्रणेता ।

भूपति—एक भाषा कवि। ये अमेठोके महाराज थे । इनका जन्म सं० १६०३ में हुआ था । इनका असली नाम था गुरुदत्तसिंह बन्धल । इनके यहां कवियोंका खूब मान था। कवीन्द्र आदि कवि इनकी ही सभामें रहते थे।

भूपतिपाल—पालवंशोय एक राजा ।

भूपतिराय—बङ्गालके नवाब मुर्शिदकुली खाँका सहकारी। यह इलाहाबादसे मुर्शिदकुलीके साथ आया था। इसकी मृत्युके बाद पुत्र गुलाबराय राजकार्यसे बिलकुल अनभिज्ञ रहनेके कारण दर्पनारायणने कार्यभार ग्रहण किया ।

भूपद (सं० पु०) भुवि पदानि मूलान्यस्य । वृक्ष, पेड़ ।

भूपदी (सं० स्त्री०) भूपद गौरादित्वात् ङीष् । मल्लिका, चमेली ।

भूपनारायण—एक कवि । इनका घर कानपुर जिलांतर्गत काकूपुर गांवमें था। ये जातिके भाट थे। इनका जन्म सं० १८५६ ई०में हुआ था। इन्होंने शिवराजपुरके चंदेले क्षत्रिय राजाओंकी वंशावली बनाई ।

भूपपुत्र (सं० पु०) राजपुत्र ।

भूपरा (हिं० पु०) सूर्य।

भूपरिधि (सं० पु०) भुवः परिधिः । पृथिवीकी परिधि, व्यास ।

भूपलाश (सं० पु०) भुवि पलाशमस्य । वृक्षभेद ।

भूपवित्र (सं० क्ली०) गोमय, गोबर।

भूपसमुद्र—मन्द्राजप्रदेशके वेल्लरी जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम । पहले यह ग्राम क्रियाशक्तिपुर नामसे मशहूर था। यहां १४८० शकको शिलालिपियुक्त एक आञ्जनेय-मन्दिर विद्यमान है।

भूपसिंह—एक राजा। दानरत्नाकरके प्रणेता रामभट्टके प्रतिपालक ।

भूपाटली (सं० स्त्री० भुवि जाता पाटलीव । वृक्षविशेष। पर्याय—भूकुम्भी, भूताली, रक्तपुष्पिका। गुण—कटु और उष्ण ।

भूपाल (सं० पु०) भुवं पालयतीति पालि रक्षणे (कर्मण्यण् । पा ३।२।१) इत्यण् । १ राजा। २ काश्मीरराज सोमपालके पुत्र । ३ भोजराजका नामान्तर ।

भूपाल—मध्यभारतके मालवके अन्तर्गत एक प्रसिद्ध मुसलमानी राज्य। यह अक्षा० २०° २६′ से २३°५४′ उ० तथा देशा० ७६° २८′ से ७८° ५१′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ६६०२ वर्गमील है। इसके उत्तर-पश्चिममें सिन्धिया राज्य, पूर्वमें सौगर जिलेका मध्यप्रदेश, दक्षिणमें नर्मदा नदी और होलकर राज्य हैं। यहांकी नदियोंमें बेतवा और पार्वती नदी प्रधान हैं।

सम्राट् औरङ्गजेबके अफगान सेनापति दोस्त महम्मद इस राजवंशकी प्रतिष्ठा कर गये हैं। इस व्यक्तिने सम्राट्की मृत्युके बाद विद्रोही हो कर निकटवर्त्ती स्थान पर दखल जमाया और अपनेको स्वाधीन राजा बतला कर तमाम घोषित कर दिया।

यह राजवंश बहुत दिनोंसे अंगरेजोंका आनुगत्य है और उनके साथ सद्भाव करता आ रहा है। १७७८ ई०में सेनापति गोडर्डके साथ मित्रता करके ये अंगरेजोंके प्रेमभाजन हुए थे। १८०६ ई०में भूपालराजने सिन्देराज और रघुजी भोंसलेके आक्रमणसे आत्मरक्षाके लिए अंगरेजोंसे सहायता मांगी थी। अंगरेज सेनापति उस

समय महाराष्ट्रशक्तिका ह्रास करनेकी कोशिशमें तो थे, पर इस समय अंगरेजोंका वलक्षय करना उनकी बिलकुल इच्छा न थी। इस कारण भूपालराजको सहायता दी गई। जब अंगरेजोंसे सहायता नहीं मिली, तब भूपालराजने पिण्डारियोंसे मेल कर लिया। उस सेनादलको ले कर उन्होंने रघुजी भोंसले और सिन्दे राजके सेनादलको विमुख करनेकी चेष्टा की। दोनों दलको बेशुमार खूनखराबी हुई। आखिर अंगरेजराजने रणक्षेत्रमें उतर कर दोनोंको निरस्त किया। १८१७ ई०में पिण्डारी-युद्धमें अंगरेजोंने भूपालराजसे सहायता पाई थी। पिण्डारी-दस्युदल भूपालके नवाबका दाहिना हाथ था। इन्हींके अदम्य वीर्यबल पर वे सिन्दे राज और नागपुरपतिके विरुद्ध अस्त्रधारण करनेमें समर्थ हुए थे। स्वयं दस्युके अत्याचारदमनमें अपनेको असमर्थ देख कर उन्होंने अंगरेजोंसे मेल कर लिया। पिण्डारी देखो।

१८१८ ई०की सन्धिके अनुसार नवाब अंगरेजोंको ६ सौ पदातिक सेनासे सहायता देनेके लिए राजी हुए और युद्धव्ययके लिये अंगरेजोंसे उन्हें मालवके अंतर्गत ५ जिले मिले।

इसके कुछ समय बाद ही एक बालककी पिस्तौलसे नवाबकी मृत्यु हुई। मृत-नवाबकी कन्या सिकेन्दर बेगमके साथ उनके भतीजेका विवाह दे कर उन्हींको भूपालके सिंहासन पर बिठाया गया। किंतु उन्होंने राजपद और राजकन्यासे नफरत करके अपने भाई जहांगीर महम्मदके लिये सिंहासन छोड़ दिया।

विधवा नवाबपत्नीने राजकार्यका कुल भार अपने हाथ लिया। राज्य भरमें अशान्ति फैल गई। अनेक तर्क वितर्कके बाद १८३७ ई०में अङ्गरेज बहादुरने बीचमें पड़ कर जहांगीर महम्मदको सिंहासन पर बिठाया। १८४४ ई० तक राज्यशासन करके उनका देहान्त हुआ। पीछे उनकी पत्नी सिकेन्दर बेगमने राजतख्त पर बैठ कर १८६८ ई० (मृत्युकाल) तक प्रजापालन किया था। सिपाही-विद्रोहके समय अङ्गरेजोंका पक्ष ले कर अपनी सन्तानकी तरह प्रजापालन करके बेगम साहबा अच्छा नाम कमा गई हैं।

माताकी मृत्युके बाद शाहजहान बेगम सिंहासन पर बैठ कर वंशमर्यादाको अक्षुण्ण रखनेमें समर्थ हुई थीं। १८६७ ई०में प्रथम स्वामीसे उनका वियोग हुआ। इस समय सुलतान जहान बेगम नामकी उनके एक कन्या थी। १८१७ ई०में जब तक उनकी दूसरी सादी न हुई तब तक वे पर्देसे बाहर आ कर ही राजकार्य चलाने लगीं। बादमें मौलवी महम्मद सादिक होसेनसे विवाह हो जाने पर वे फिर पर्दानशीन हो गईं। किंतु अन्तःपुरमें रह कर स्वयं सभी काम करती थीं। उनके स्वामी नवाबकी उपाधिसे भूषित होने पर भी उन्हें राज्यसंक्रांतकी कोई क्षमता न थी। १८७२ ई०में बेगमकी राज्यपरिचालन-शक्ति और राजभक्तिके परितोषिकस्वरूप बृटिशसरकारने उन्हें G. C. S. I.-की उपाधि दी। १८७४ ई०में उनके प्रथम स्वामीसे उत्पन्न कन्या सुलतान जहान बेगमका शुभविवाह हुआ। उनके स्वामी अहमद अली खाँ उन लोगोंकी तरह मीरजाईखेल शाखाभुक्त अफगान थे। इस रमणीके गर्भसे दो पुत्र और एक कन्याने जन्म लिया। शाहजहान् बेगमको राजकार्यमें विलक्षण पारदर्शिता थी। १८८० ई०में होसङ्गाबादसे भूपाल तक जो रेललाइन खुली वह उन्हींके यत्नसे। उसका कुल खर्च उन्होंने ही अपने कोषसे दिया था। १८८१ ई०में नमक पर जो शुल्क लगता था उसे बन्द कर दिया। १९०१ ई०में उनकी मृत्यु हुई। पीछे उनकी एकमात्र कन्या सुलतान जहान बेगम उत्तराधिकारिणी हुई। ये ही वर्त्तमान शासक हैं और नवाब मुहम्मद नासिर उल्ला खाँकी सहायतासे राजकार्य चलाती हैं। इनके दो पुत्र हैं, बड़ेका नाम है, साहिबजादा उबैद उल्ला खाँ और छोटेका हमीदउल्लाखाँ। १९०४ ई०में बेगमको जी० सी० आई० ई०-की उपाधि मिली है। इन्हें बृटिशसरकारसे १९ सलामी तोपें मिलती हैं।

इस राज्यमें ५ शहर और २०७३ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या सात लाखके करीब है जिनमेंसे हिन्दूकी संख्या ही ज्यादा है। यहां पच्छिमी हिन्दी, मालवी, और उर्दू भाषा प्रचलित है। खरीफ अनाजमें ज्वार, मकई, उड़द मूंग, कोदो, और बाजरा तथा रब्बीमें गेहूं, चना, जै, पोस्तबीज, अलसी और ईख प्रधान है।

राजकार्यकी सुविधाके लिये यह राज्य पांच जिलोंमें

विभक्त है। किसीको प्राणदण्ड देनेमें वृटिश-सरकारकी अनुमति नहीं लेनी पड़ती। विचारकार्यमें अंगरेजोंका कुछ भी अधिकार नहीं है। विद्याशिक्षाकी ओर वेगम साहवाका विशेष ध्यान रहता है। विद्याशिक्षाके प्रचारके लिये शाहजहान् वेगमने अपने राज्यमें घोषणा कर दी थी, कि जिनके पास किसी प्रकारकी सार्टिफिकेट नहीं है, वे राजकार्यमें कदापि भर्त्ती नहीं किये जायंगे। फलतः बहुत-से कृषिगण अपने वाल बच्चेको कामोंसे छुड़ा कर स्कूलमें भर्त्ती कराने लगे। क्रमशः वहुतसे स्कूल भी खोले गये। पहले स्कूलोंकी संख्या राज्य भरमें सिर्फ ९३ थी, अभी तीन सौ हो गई है। इनमेंसे "सुलेमान हाई स्कूल" जो भूपाल शहरमें है, प्रधान है। बालिकाओंको सिलाई तथा नक्काशी काममें शिक्षा देनेके लिये भी एक स्वतन्त्र स्कूल है। उक्त सभी स्कूलोंमें निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। स्कूलके अलावा १८५४ ई०में 'सिकन्दर बेगम' अस्पताल खोला गया है। १८९१ ई०को सेहोरमें एक कुष्ठाश्रम भी स्थापित हुआ है।

२ मध्यभारतके उक्त सामंतराज्यका प्रधान नगर। यह अक्षा० २३° १६′ उ० तथा देशा० ७७° २५′ समुद्रपृष्ठसे १६५२ फुट ऊँचेमें अवस्थित है। नगर चारों ओर ईंटोंकी दीवारसे घिरा है। उसके मध्यभागमें एक दुर्ग है। नगरके दक्षिण पश्चिमांशमें एक गण्डशैलके ऊपर फतेगढ़ दुर्ग और राजप्रासाद अवस्थित है। इसके दक्षिण पश्चिममें एक सुदीर्घ दीर्घिका है। नगरवासिगण उसका जल पीते हैं। राजा उदयादित्य परमारकी रानीने ११८४ ई०में जो सभामण्डल नामक विशाल मंदिर बनवाया था, अभी उस पर खुदसिया वेगमकी जुमा मसजिद खड़ी है। १८१२-१३ ई०में नागपुर और ग्वालियरकी मिलित शक्तिने उस नगर पर चढ़ाई कर उसके प्राचीरको तहस नहस कर डाला। पीछे १९वीं शताब्दीमें नजर महम्मदने उसका संस्कार कराया। सिकन्दरबेगमने अपने शासनकालमें नगरकी अच्छी उन्नति की, सड़क बनाई गई और उसके किनारेमें तमाम रोशनीका प्रवन्ध किया गया। शाहजहान् बेगमने बहुत-सी अट्टालिकाओंका निर्माण कर नगरकी शोभाको बढ़ाया। उन सब अट्टालिकाओंमें ताजमहल, वाड़ा महल, ताजउल-मसजिद, लाल कोठी, प्रिंस आव वेल्स नामक अस्पताल, लेडी लैन्सडौनी नामक जनाना अस्पताल और नया कारागार उल्लेखयोग्य है। १८८५ ई०में ग्रेट इण्डियन पेनिनसुला रेलवे, और १८९५ ई०में भूपाल उज्जैन-शाखा-लाइनके खुल जानेसे नगर उन्नत दशामें है और जनसंख्यामें भी वृद्धि हुई है। अभी जनसंख्या ८० हजारके करीब है जिनमेंसे हिन्दूकी संख्या सैकड़े पीछे ४३; मुसलमानकी ५४ और शेषमें जैन लोग हैं।

१९०३ ई०में म्युनिसपलिटी स्थापित हुई है। शहरमें चार स्कूल हैं। जिनमेंसे एकमें सिर्फ ष्टेटके सरदारके लड़के पढ़ते हैं। प्रिंस वेल्स और लेडी लैन्सडौन नामक अस्पतालमें डाक्टरी और धात्रीविद्या भी पढ़ाई जाती है।

भूपालएजेन्सी—भारतके बड़े लाटके मध्य भारतीय एजेन्टके भूर्त्तृत्वाधीनमें परिचालित एक सामन्तराज्य। यह अक्षा० २२° १९′ से २४° २१′ उ० तथा देशा० ७६° १२′ से ७८° ५१′ पू०के मध्य अवस्थित है। इसके दक्षिण और पूर्वमें मध्यप्रदेश, उत्तरमें राजपूताना एजेन्सी और ग्वालियर राज्य तथा पश्चिममें कालीसिन्द है। भूपरिमाण ११६५३ वर्गमील और जनसंख्या १० लाखसे ऊपर है। इसके प्रधान शहर ये सब हैं—भूपाल, सिहोर, नरसिंहगढ़, सारङ्गपुर, राजगढ़, खिलचीपुर और वेरासिया।

भूपालगढ़—सतारा जिलेके थानापुर उपविभागस्थ एक गिरिदुर्ग। स्थानीय प्रवाद है, कि भूपाल नामक एक राजाने इस दुर्गको बनवाया। महाराष्ट्रकेशरी शिवाजीने अपने राज्यकी पूर्तीसीमारक्षार्थ यहां पर सैन्यस्थापन किया था। मुगलसेनापति दिलावर खांने शम्भूजीको पिताके विरुद्ध खड़े होनेके लिये उभाड़ा। मुगलसेनासे सहायता पा कर शम्भूजीने विद्रोही हो कर इस दुर्ग पर अधिकार किया था।

भूपालपत्तन—मध्यभारतके चांद जिलान्तर्गत एक भूसम्पत्ति। भूपरिमाण ७०० वर्गमील है। यहांके सरदार गोंड़जातिके हैं।

भूपाल साही (सं० पु०) गढ़ादेशाधिपति एक राजा ।

भूपालसिंह—नेपालके एक अधिपति, शक्तिसिंहके पुत्र ।

भूपाली (सं० स्त्री०) एक रागिनी । इसके विषयमें आचार्य्योंमें भिन्न भिन्न मत देखा जाता है। कुछ तो इसे हिंडोलरागकी रागिनी, कुछ मालकोशकी पुत्रवधू, कुछ संकर रागिनी मानते हैं । कुछ लोग इसे सम्पूर्ण जातिकी, कुछ ओड़व जातिकी मानते हैं । उनका मत है, कि यह कल्याण, गोंड़ तथा बिलावलके मेलसे बनी है। कुछ लोग इसे हास्यरसकी रागिनी कहते हैं, कुछ लोग इसे धार्मिक उत्सवों पर गानेके लिये उपयुक्त बताते हैं। इसके गानेका समय रातको ६ दण्डसे १० दण्ड तक कहा गया है। इसका स्वरग्राम इस प्रकार है—सा, ग, म, ध, नि, सा । अथवा—रि, ध, सा, रि, ग, म, प ।

भूपालेन्द्रमल्ल—नेपालके एक राजा ।

भूपुत्र (सं० पु०) भुवः पुत्रः । १ मङ्गल । २ नरकासुर । (स्त्री०) ३ जानकी, सीता ।

भूपुर (सं० क्ली०) भूरिव पुरम् । यन्त्रबहिःस्थित रेखासन्निवेशयुत भूम्याकार स्थान ।

भूपेष्ट (सं० पु०) भूपानामिष्टः । १ राजादनीवृक्ष, खिरनीका पेड़ । (त्रि०) २ राजाओंके अभिलषित ।

भूप्रकम्प (सं० पु०) भुवः प्रकम्पः । भूमिकम्प ।

भूफल (सं० पु०) मुद्गभेद, हरा मूंग ।

भूबदरी (सं० स्त्री०) भुवि ख्याता बदरी । क्षुद्रबदरीविशेष, एक प्रकारका छोटा बेर ।

भूबल (सं० क्ली०) नरपतिजय-चर्य्योक्त जयसाधनोपाय बलभेद । राजाको चाहिये, कि वे स्वरोदयचक्रमें भूबलका शुभाशुभ स्थिर करके युद्धयात्रा करें । स्वरोदय देखो ।

भूबिम्ब (सं० क्ली०) भूच्छाय ।

भूभट्ट (सं० पु०) अङ्गदनाटकके प्रणेता ।

भूभर्त्तृ (सं० पु०) भुवो भर्त्ता । पृथिवीपति ।

भूभल (हिं० स्त्री०) गर्म राख या धूल, गर्म रेत ।

भूभाग (सं० पु०) भुवो भागः । भूमिभाग ।

भूभुज (सं० पु०) भुवं भुनक्ति पालयतीति भुज्-क्विप् । राजा ।

भूभृत् (सं० पु०) भुवं बिभर्त्तीति भृ-क्विप् , (ह्रस्वस्य पितिकृति तुक् । पा ६।१।७१) इति तुगागमः । १ राजा । २ पर्वत ।

भूम (सं० क्ली०) भूमि, पृथिवी ।

भूमक-तृतीया (सं० स्त्री०) व्रतविशेष । (भविष्यपुराण)

भूमण्डल (सं० क्ली०) भुवो मण्डलम् । मण्डलाकार भूमिभाग ।

भूमन् (सं० पु०) बहोर्भावः बहु-इमनिच्, बहोर्भू । १ बहुत्व २ अतिशय बहु । ३ विराट् पुरुष ।

भूमय (सं० त्रि०) भू-मयट् । मृदात्मक । स्त्रियां ङीष् । छाया, सूर्यपत्नी ।

भूमवक्रेश्वर—बङ्गालके वीरभूम जिलास्थित वक्रेश्वरक्षेत्र और तीर्थ । वक्रेश्वर देखो ।

भूमानन्द सरस्वती—एक विख्यात योगी । ये ब्रह्मविद्याभरणप्रणेता अद्वैतानन्दके गुरु थे ।

भूमि (सं० स्त्री०) भवन्ति भूतान्यस्यामिति भू-(भुवः कित् । उणा ४।४५) इति मि, सच कित् । पृथिवी । पर्याय—भू, भूमि, पृथिवी, पृथ्वी, मेदिनी, वसुधा, अवनी, क्षिति, उर्वी, मही, क्षौणी, क्ष्मा, धरा, कु, वसुन्धरा । भूमिके गुण—

“भूमेः स्थैर्यं गुरुत्वञ्च काठिन्यं प्रसवार्थता ।
गन्धो गुरुत्वं शक्तिश्च सङ्घातः स्थापना धृतिः ॥”
(भारतमोक्षध०)

स्थिरता—अचाञ्चल्य, गुरुत्व—पतनप्रतियोगीगुण, काठिन्य, प्रसवार्थता—धान्यादिकी उत्पत्तिक्षमता, गन्धशक्ति—गन्धग्रहणसामर्थ्य, संघात—श्लिष्टावयवत्व, स्थापना तथा मनुष्याद्याश्रय, धृति (पाञ्चभौतिक मतसे धृत्यंश) ये सब भूमिके गुण हैं ।

सब प्रकारके दानकी अपेक्षा भूमिदान श्रेष्ठ है। जो भूमिदान या भूमि-प्रतिग्रह करते हैं वे दोनों ही स्वर्गलोकको जाते हैं *।

---

* “सर्वेषामेव दानानां भूमिदानमनुत्तमम् ।
यो ददाति महीं राजन ! विप्रायाकिञ्चनाय वै ॥
अङ्गुष्ठमात्रमथवा स भवेत् पृथिवीपतिः ।
न भूमिदानसदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
भूमिं यः प्रतिगृह्णाति भूमिं यश्च प्रयच्छति ।
उभौ तौ स्वर्गमापन्नौ नियतं स्वर्गगामिनौ ॥

जो अंगुष्ठमात्र भूमिदान करते हैं, वे पृथिवीपति होते हैं। इस संसारमें भूमिदानके समान और दूसरा कोई दान ही नहीं है। अतः थोड़ा या बहुत जो कुछ भी क्यों न हो, भूमिदान स्वर्ग और मोक्षप्रदायक है, इससे सभी अभीष्ट सिद्ध होते हैं।

भूमिदानमें जितना पुण्य है, भूमिहरणमें उतना ही पाप है। जो भूमिहरण करते, वे नरकमें विष्ठाकृमि हो कर पितरोंके साथ वास करते हैं। जो दत्तभूमिकी रक्षा करते हैं, उन्हें दातासे भी अधिक पुण्य होता है। आध अंगुलके बराबर भूमिहरण करनेसे उसका तब तक नरकमें वास होता है, जब तक चन्द्र और सूर्य रहते हैं। अतएव भूमिहरण कदापि नहीं करना चाहिये।✻

भूमिका नाम प्रियदत्ता तथा इसके अधिष्ठाता देव विष्णु हैं। भूमिदान या भूमिपूजामें "प्रियदत्तायै भुवे नमः" इस प्रकार प्रियदत्ताका नामोल्लेख कर पूजा करनी चाहिए। भूमिदाता और गृहीता दोनों ही प्रियदत्ताका नामोच्चारण कर दान वा ग्रहण करे।

"नामास्याः प्रियदत्तेति गुह्यं देव्याः सनातनम्।
दाने वाप्यथ वादाने नामास्याः परमं प्रियम् ॥"
(तिथितत्त्व)

आह्निकतत्त्वमें लिखा है,—प्रातःकाल बिछावनसे उठ कर पृथिवी पर पैर रखनेके समय पहले 'प्रियदत्तायै भुवे नमः' कह कर भूमिको प्रणाम करना चाहिए। बाद दहिना पैर रखना उचित है। भूमि दो प्रकारकी है,—अशुद्धा और शुद्धा। पुनः अशुद्धा भूमि भी तीन प्रकार की है,—अमेध्या, मलिना और दुष्टा। अमेद्या भूमिका लक्षण,—

"प्रसूते गर्भिणी यत्र म्रियते यत्र मानुषः।
चाण्डालैरुषितं यत्र यत्र विन्यस्यते शवः॥
विन्मूत्रोपहतं यत्तु कुणपो यत्र दृश्यते।
एवं कश्मलभूयिष्ठा भूरमेध्येति लक्ष्यते ॥"
(तिथितत्त्व)

जिस भूमि पर गर्भिणी सन्तान प्रसव करती है जहां मनुष्यकी मृत्यु होती है अथवा जहां मृतक और विष्ठामूत्रादि फेंके जाते हैं, वहा भूमि अमेध्या है। ऐसी भूमि पर रह कर किसी शुभ कार्यका अनुष्ठान नहीं करना चाहिए। दुष्टा भूमि,—

"कृमिकीटपदक्षेपै दूषिता यत्र मेदिनी।
द्रप्सापकर्षणैः क्षिप्तैवान्तैश्च दुष्टतां व्रजेत् ॥"
"द्रप्सा घनीभूतश्लेष्मा" (तिथितत्त्व)

जहां पर कृमि कीड़ाका वास हो और श्लेष्मादि मल जम जाय, वही दुष्टभूमि कहलाती है। मलिना भूमि,—

"नखदन्ततनूजत्वक्तुषपांशुरजोमलैः।
भस्मपङ्कतृणैर्वापि प्रच्छन्ना मलिना भवेत् ॥"
(तिथितत्त्व)

नख दन्त आदि शरीरकी मैल, तुष, धूलि, भस्म, पङ्क और तृणादि द्वारा आवृत भूमिको मलिना भूमि कहते हैं।

उक्त तीनों प्रकारको अशुद्ध भूमि ही त्याज्य है। ऐसी भूमिका विना शोधन किये उस पर कोई शुभकर्म करना उचित नहीं। उक्त अशुद्ध-भूमि निम्नलिखित प्रकारसे शोधन की जाती है।

"दहनं खननं भूमेरुपलेपनवापने।
पर्जन्यवर्षणाच्चैव शौचं पञ्चविधं स्मृतम् ॥"
'वापनं मृदन्तरेण पूरणं' (तिथितत्त्व)

दहन, खनन, उपलेपन, वृष्टिवर्षण, अथवा अन्य मृत्तिका द्वारा पूरण इन्हीं पांच उपायोंसे भूमि विशुद्ध होती है। अन्य प्रकारसे,—

यत् किञ्चिद्भूमिदानन्तु सर्वदानोत्तमोत्तमम्।
महीपते नरः कोऽपि भूमिदो भूमिमाप्नुयात् ॥
भूमिदानसमं दानं नास्त्यत्र पृथिवीतले।
तस्मादल्पमलञ्चैव भुक्तिमुक्तिसुखप्रदम् ॥
(पाद्मोत्तरखं० ४६ अ०)

✻ "स्वदत्तादधिकं पुण्यं परदत्तानुपालनम्।
स्वदत्तां परदत्तां वा यत्नाद्रक्ष युधिष्ठिर ॥
स्वदत्तां परदत्तां वा यो हरेत वसुन्धराम्।
स विष्ठायां कृमिर्भूत्वा पितृभिः सह पच्यते ॥
गामेकं स्वर्णमेकं वा भूमेरप्यर्द्धमंगुलम्।
हरन्नरकमाप्नोति यावदाहूतसंप्लवम् ॥" (महाभारत)

"सम्मार्जनेनाञ्जनेन सेकेनोल्लेखनेन च ।
गवाञ्च परिवासेन भूमिः शुद्ध्यति पञ्चधा ॥"

'सम्मार्जनं तृणाद्यपनयनं, अञ्जनं गोमयेनोपलेपनं, सेको जलेन प्रक्षालनं, उल्लिखनं तक्षणं, परिवासः गवापस्थापनं'

(शुद्धिनिर्णय)

अशुद्ध भूमिसे तृणादिका अपनयन, उसमें गोमयलेपन, जल द्वारा प्रक्षालन, तक्षण तथा गाभिस्थापन इन पांच प्रकारके कर्म द्वारा भूमि विशुद्ध होती है।

पृथ्वी पर अक्षर नहीं लिखना चाहिए। यदि कोई मोहप्रयुक्त लेपन या वृथा रेखादि खींचे, तो वह जन्म जन्मान्तर तक मूर्ख होता है।

"न भूमौ विलिखेद्वर्णं मन्त्रं न पुस्तके लिखेत् ।
भूमौ तिष्ठति देवेशि जन्मजन्मसु मूर्खता ।
तदा भवति देवेशि ! तस्मात् तत् परिवर्जयेत् ॥"

(योगिनीतन्त्र तृतीयभा० ७ पः)

ज्योतिषके मतसे भूमिके शुभाशुभका विषय मङ्गल ग्रह द्वारा स्थिर करना होता है।

हम लोगोंके वास्तुशास्त्रमें भूमिके सम्बन्धमें अनेक कथाएं मिलती हैं। विश्वकर्मा प्रकाशमें लिखा है,—

"श्वेता रक्ता तथा पीता कृष्णा वर्णानुपूर्वशः ॥२४
सुगन्धा ब्राह्मणी भूमी रक्तगन्धा तु क्षत्रिणी ।
मधुगन्धा भवेद्वैश्या मद्यगन्धा च शूद्रिणी ॥२५
मधुरा ब्राह्मणी भूमिः कषाया क्षत्रिया मता ।
अम्ला वैश्या भवेद्भूमिस्तिक्ता शूद्रा प्रकीर्त्तिता ॥२६
गम्भीरा ब्राह्मणो भूमिर्नृपाणान्तुङ्गमाश्रिता ॥३२
वैश्यानां समभूमिश्च शूद्राणां विकटा स्मृता ।
सर्वेषां चैव वर्णानां समभूमिः शुभावहा ॥३३
शुक्लवर्णा च सर्वेषां शुभा भूमिरुदाहृता ।
कुशकाशयुता ब्राह्मी दूर्वा नृपति वर्गगा ॥३४
फलपुष्पलता वैश्या शूद्राणां तृणसंयुता ।
नदीघाताश्रितां तद्वन्महापाषाणसंयुताम् ॥३५
पर्वताग्रेषु संलग्नां गर्त्तविवरसंयुताम् ।
वक्रां शूर्पनिभां तद्वल्लकुटाभ्यां कुरूपिणीम् ॥३६
मुशलाभां महाघोरां वायुना वापि पीड़िताम् ।
वल्लभल्लकसंयुक्तां मध्ये विकटरूपिणीम् ॥३७
श्वश्रृगालनिभां रुक्षां दन्तकैः परिवाहिताम् ।
चैत्यश्मशान वल्मीकधूर्त्तकालयवर्जितां ॥३८
चतुष्पथमहावृक्षदेवमन्त्रिनिवासतः ।
दूराश्रितां श्वभ्रगर्त्तायुक्तांश्चैव विवर्जयेत् ॥३९ (१ अ०)

उजली, लाल, पीली और काली यथाक्रम यही चार प्रकारकी भूमि होती है। सद्गन्धयुक्त मृत्तिका ब्राह्मण, शोणितगन्धयुक्त जमीन क्षत्रिय, मधुगन्धयुक्त वैश्य और मद-सी गन्धयुक्त भूमि शूद्र है। इसी प्रकार ब्रह्मभूमि मधुर, क्षत्रभूमि कषाय, वैश्यभूमि अम्ल और शूद्रभूमि तिक्त होती है। फिर भी, ब्रह्मभूमि गम्भीर, क्षत्र भूमि तुङ्ग, वैश्यभूमि समतल और शूद्रभूमि विकट या असमतल है। सभी वर्णोंमेंसे समभूमि तथा शुक्लवर्णकी भूमि ही शुभदायक होती है। जिस जमीनमें कुशकाश जन्मता है, वह ब्राह्मी अर्थात् ब्राह्मणके लिये उपयुक्त है, इसी प्रकार दूर्वायुक्त भूमि क्षत्रियोंके लिये, फलपुष्पलतायुक्त भूमि वैश्योंके लिये तथा तृणयुक्त भूमि शूद्रोंके लिये उपयुक्त है। जिस जमीन हो कर नदीकी धारा बहती है अथवा जो जमीन पथरीली, किसी पहाड़के समीप, गर्त्त और विवरयुक्त, वक्र, बल्मीकयुक्त, देखनेमें खराब, मूषलाकार, वाहुपीड़ित, वल्ल और भल्लकयुक्त, कुत्ते और सियारकी वासयुक्त, रुक्ष तथा दन्तकाष्ठसे आच्छादित, चैत्य, जहां श्मशान, बल्मीक और धूर्त्तोंका वास हो, जहां बड़का पेड़, देव और मन्त्रकारीका वास तथा जो छिद्रगर्भयुक्त हो उस भूमिका परित्याग करना चाहिए।

शुश्रुतमें भूमिपरीक्षाके विषयमें इस प्रकार लिखा है—जो भूमि शर्करा, प्रस्तर, बल्मीक, श्मशान, देवायतन और बालुका प्रभृति द्वारा दूषित अथवा जो छिद्रविशिष्ट, लोणा या भंगुर नहीं हो, किन्तु स्निग्ध, वृक्षलतादिकी अंकुरविशिष्ट, कोमल, स्थिर, समतल, कृष्ण, गौर या लोहित वर्ण हो, ऐसी ही भूमिसे ओषध संग्रह करनी चाहिए। जो भूमि स्निग्ध, शीतल, जलके समीप, शस्य और तृणविशिष्ट, कोमल वृक्ष पूर्ण तथा श्वेतवर्णकी होती है, उसमें जलीयगुण अधिक परिमाणमें रहता है। जो भूमि विविध वर्ण और लघु प्रस्तर पाण्डुवर्ण तथा अल्पवृक्षांकुरविशिष्ट है उसमें अग्निगुण अधिक रहता है। रूक्ष, भस्मराशिकी वर्णविशिष्ट, अल्परसयुक्त वृक्ष द्वारा

पूर्ण भूमिमें वायुगुण अधिक पाया जाता है। जो भूमि मृदु, समतल और छिद्रविशिष्ट, श्यामवर्ण, स्वादहीन जलयुक्त, सर्वत्र असार वृक्ष तथा महापर्वतपूर्ण है, उस भूमिमें आकाशगुण अधिक परिमाणमें रहता है।

यह सब विषय पार्थिव और जलीय प्रभृति गुणविशिष्ट भूमिके सम्बन्धमें कहा गया। इनमेंसे जिस भूमिमें पार्थिव तथा जलीय ये दोनों गुण अधिक पाये जाते हैं, उससे विरेचन द्रव्य ग्रहण करना चाहिए। जिस भूमिमें अग्नि, आकाश तथा वायु ये तीनों गुण अधिक परिमाणमें रहते हैं, उससे वमन तथा विरेचन दोनों गुणविशिष्ट द्रव्य और जिस भूमिमें आकाशगुणकी अधिकता रहती है, उससे संयमनीय द्रव्य ग्रहण करना विधेय है।

(सुश्रुत सूत्रस्था० ३७ अ०)

२ योगियोंकी एक अवस्था।

"निरुद्धे चेतसि पुरा सविकल्पसमाधिना।
निर्विकल्पसमाधिस्तु भवेदत्र त्रिभूमिकः॥
व्युत्तिष्ठते स्वतश्चाद्ये द्वितीये परवोधितः।
अन्ते व्युत्तिष्ठते नैव सदा भवति तन्मयः॥"

(गीतागूढ़ार्थदीपिकामें मधुसूदनसरस्वती)

पहले सविकल्प समाधि द्वारा चित्त निरुद्ध होनेसे त्रिभूमिक निर्विकल्प समाधि होती है। पहले व्युत्थान, बाद परिबोधित और तब सर्वदा तन्मयता, यही योगियोंकी त्रिभूमिक अवस्था है। चित्तके क्षिप्तादि राजसिक परिणामका नाम व्युत्थान, और केवल विशुद्ध सत्त्व परिणामका नाम परिबोधित है। इन दोनोंके अभिभूत होनेसे तन्मयता रूप निर्विकल्प समाधि होती है। पातञ्जलदर्शनमें लिखा है,—"तस्य भूमिषु विनियोगः।" संयम सीखनेके समय भूमिक्रमसे अर्थात् सीढ़ी पर चढ़नेकी भांति पूर्व पूर्व अवस्था जीत कर पीछे उत्तरोत्तर सूक्ष्म अवस्था या सूक्ष्म सूक्ष्म आलम्बनका प्रयोग करना चाहिए। इसका तात्पर्य यह, कि संयमाभ्यासके सम्बन्धमें उत्तम उपदेश यों है,—योगी पहले स्थूल स्थूल विषयका संयमप्रयोग करनेको सीखें। जिस प्रकार किसी कोठे अटारी पर चढ़नेके पहले नीचेकी सीढ़ियोंको ही एक एक करके पार कर ऊपर जाना होता है; उसी प्रकार स्थूल आलम्बन जीत कर सूक्ष्म आलम्बनमें मनःसमाधि करनी पड़ती है। स्थूल आलम्बनका परित्याग कर एकाएक सूक्ष्म ग्रहण करनेसे संयम अभ्यस्त होना तो दूर रहे, उसकी धारणा भी नहीं होती। सुतरां उसे भूमिक्रमानुसार ही सीखना चाहिए, इसीलिए सूत्रकारने "तस्य भूमिषु विनियोगः।' ऐसा सूत्र निर्देश किया है। सवितर्क, निर्वितर्क, सविचार तथा निर्विचार यही चार संयमशिक्षाकी पूर्वापर भूमि है। पहले सवितर्क भूमि जीत कर बाद निर्वितर्क भूमि और इसी प्रकार क्रमशः चारों भूमि अतिक्रम कर सकने पर निर्विकल्प समाधि लाभ होती है।

क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, निरुद्ध तथा एकाग्र इन पांच प्रकारकी चित्तकी अवस्थाको भी पञ्चभूमि कहते हैं।

३ स्थानमात्र, जगह। ४ जिह्वा, जीभ। ५ वासस्थान। ६ क्षेत्र। ७ आधार। यथा—विश्वासभूमि। ८ रोगियोंकी एक अवस्था।

भूमिकदम्ब (सं० पु०) भूमिजातः कदम्बः शाकपार्थिवादित्वात् समासः। कदम्बविशेष। पर्याय—भूनीप, भूमिज, भृङ्गवल्लभ, लघुपुष्प, वृत्तपुष्प, विषघ्न, व्रणहारक। गुण—कटु, उष्ण, वृष्य, दोषहर, हिम, कषायतिक्त, पित्तवर्द्धक और वीर्यवृद्धिकर।

भूमिकदम्बिका (सं० स्त्री०) मुण्डारीवृक्ष। (राजनि०)

भूमिकन्दली (सं० स्त्री०) लताभेद।

भूमिकम्प (सं० पु०) भूमेः कम्पः ६-तत्। क्षितिचलन, धरतीका डोलना, भूडोल। वृहत्संहितामें भूमिकम्पके लक्षणादि इस प्रकार लिखे हैं,—'भूमिकम्पके सम्बन्धमें बहुत मतभेद देखा जाता है। किसी किसी पण्डितका मत है, कि यह जलमध्य-निवासी वृहत्प्राणिकृत है। फिर कोई कोई कहते हैं, कि भूभार-धारण क्लिष्ट दिग्गजोंका विश्राम ही इसका कारण है। किसीका कहना है, कि वायु द्वारा वायु निहत और पतित हो कर शब्दपूर्वक भूमिकम्प होता है। फिर कोई इसे अदृष्टकारित बतलाते हैं। किसी किसी आचार्यका कहना है, कि पूर्वकालमें पृथिवी प्रपतन और उत्पतनशील पर्वतोंके उड़ने और गिर जानेसे कम्पित हो कर ब्रह्माके पास गई और प्रार्थना की, "भगवन्! आपने मेरा नाम अचला रखा है। किन्तु अभी मैं सचल तथा अचल पर्वतों द्वारा कांपती हूं जो मेरे लिए असह्य

है। आप कृपया मुझे इस दुःखसे बचावें।" ब्रह्माने पृथिवीकी बात सुन कर इन्द्रसे कहा, 'तुम पृथिवीका शोकहरण करने और पर्वतोंके पर काटनेके लिए वज्र फेंको।" इस पर इन्द्रने सहमत हो कर पृथिवीसे कहा, 'तुम्हें अब कोई डर नहीं; किन्तु वायु, अग्नि, इन्द्र और वरुण दिवारातके पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे याममें सत् तथा असत् फल जाननेके लिए तुम्हें कम्पित करेंगे।'

पहले उत्तरफल्गुनी, हस्ता, चित्रा, स्वाती, रेवती, मृगशिरा और अश्विनी नक्षत्र ये ही वायव्यमण्डल हैं। इस वायव्यमण्डलके होनेसे आकाश धूमावृत हो जाता है, हवा बड़े जोरसे बहती है और सूर्य छिप जाते हैं। इस वायव्यमण्डल द्वारा भूमिकम्प होनेसे शस्य, जल और वनौषधियोंका क्षय होता है तथा वणिकोंको श्वयथु, श्वास, उन्माद, ज्वर और कामजात पीड़ा होती है। सुन्दर पुरुष, अस्त्रधारी, वैद्यगण, स्त्री, कवि, गन्धर्व और पण्यशिल्पीगण सौराष्ट्र, कुरु, मगध, दशार्ण तथा मत्स्यदेश पीड़ित होता है। यही वायुकृत कम्पन है।

पुष्या, आग्नेय, विशाखा, भरणी, पित्र, अज तथा भाग्य संज्ञक नक्षत्रमें आग्नेय वर्ग होता है। आग्नेयवर्ग होनेसे सात दिन तक तारका और उल्कापातावृत आकाश मानो दिग्दाहयुक्त और कुछ दीप्त-सा हो जाती है तथा शप्तशिख अग्नि हवाकी सहायता लेकर विचरण करती है। इस आग्नेय वर्गमें भूमिकम्प होनेसे मेघनाश, जलाशयशोषण, राजद्वेष तथा दद्रु, विचर्चिका, ज्वर, विसर्पिका और पाण्डुरोग एवं अङ्ग, वाह्लीक, कलिङ्ग, वङ्ग और द्रविड़देश तथा नाना प्रकारके शबरगण पीड़ित होते हैं। यह अग्निकृत कम्पन है।

अभिजित्, श्रवणा, धनिष्ठा, प्राजापत्य, ऐन्द्र, वैश्व, और मैत्र नक्षत्रमें ऐन्द्रवर्ग है। इसमें वृष्टि खूब होती है। ऐन्द्रवर्गमें भूमिकम्प होनेसे राजाका नाश और अतिसार, गलग्रह, वदनरोग, सर्दिप्रकोप तथा खांसी, युगन्धर, पौरव, किरात, कीर, अभिसार, हल, मद्र, अर्बुद, सुवास्तु और मालवदेश पीड़ित होता है। यही इन्द्रकृत भूकम्प है।

पौष्ण, आप्य, आर्द्रा, अश्लेषा, मूला, अहिर्बुध्न और वारुण नक्षत्रमें वारुणवर्ग होता है। इसमें अनेक जलदगण अंकुशधारसे वर्षा करते हैं। इस वायव्यमण्डलमें भूमिकम्प होनेसे गोनर्द, चेदि, कुक्कुर, किरात और विदेहवासियोंका अनिष्ट होता है। यह वायुकृत कम्पन है।

वायु, अग्नि, इन्द्र तथा वरुण इन चारसे ही भूमिकम्प होता है। भूमिकम्पके दलपाकका समय छह मासके मध्य है। बिना मेघके वृष्टि, अग्निकी विस्फुलिङ्गशिखा, वन्यप्राणियोंका ग्राममें प्रवेश, रातमें इन्द्र धनुदर्शन इत्यादि प्रकृतिकी विपरीत गति होनेसे भूमिकम्प प्रभृति नाना प्रकारके दुर्लक्षण उपस्थित होते हैं।

ऐन्द्रमण्डल यदि वायव्यमण्डलको या वायव्यमण्डल ऐन्द्रमण्डलको विनष्ट करे और इसी प्रकार यदि वारुण तथा आग्नेयमण्डल एक दूसरेको निहत करे, तो उसे वेलानक्षत्रजात कंप कहते हैं। आग्नेय तथा वायव्यमण्डलका परस्पर अभिघात होनेसे राजाकी मृत्यु या पृथिवी पर दुर्भिक्ष, मरक, अनावृष्टि प्रभृति अकल्याण होते हैं। वारुण और ऐन्द्रमण्डलके अभिघातसे सुभिक्ष, कल्याण, वृष्टि तथा प्रीति बढ़ती है, गाएं प्रचुर दुग्धसंपन्न होतीं और राजागण निवृत्तवैर हो रहते हैं। वायुवर्ग दो सौ योजन, अग्निवर्ग एक सौ दश, वारुण वर्ग एक सौ अस्सी और ऐन्द्रवर्ग साठसे कुछ ज्यादा योजन तक विचलित करता है। भूमिकम्पके बाद तीसरे, चौथे और सातवें दिन अथवा महीने पक्षमें या तीन पक्षमें यदि पुनः भूकम्प हो जाय, तो प्रधान राजाका विनाश होता है। (बृहत्सं० ३२ अ०)

वराहमिहिरने और भी कहा है,—

"उल्का हरिश्चन्द्रपुरं रजश्च।
निर्घातभूकम्पककुप्प्रदाहाः॥
वातोऽतिचण्डो ग्रहणं रवीन्द्वो।
र्नक्षत्रतारागण वैकृतानि॥" (३२।२४)

उल्का, गन्धर्वपुर, रज, निर्घात, भूकम्प, दिग्दाह, प्रचण्ड वायु और सूर्यचन्द्रका ग्रहण, नक्षत्र तथा ताराओंकी विकृतिका कारण होता है।

भूमिकम्पके सम्बन्धमें इस प्रकार प्रवाद प्रचलित है,—वासुकि अपनी सहस्र फणाके ऊपर पृथिवीको धारण किये हुए हैं। जब किसी फणाको विश्राम

करनेकी जरूरत होती है, तव वे उसे झुकाते हैं जिससे भूमिकम्प होता है। एक ही समय सभी देशोंमें भूमिकम्प नहीं होता। इसका कारण यह है, कि वे जिस फणा को झुकाते हैं, उसी पर स्थित देशसमूह कम्पित होता है, दूसरा नहीं होता। इस प्रवादको सत्यताके सम्बन्धमें कोई शास्त्रीय प्रमाण नहीं मिलता।

अद्भुतसागरमें भूमिकम्पके विषयमें इस प्रकार लिखा है,—

"मेषे वृश्चिकभे गजः प्रचलति व्यासादिभिः कथ्यते।
चापे मीनकुलीरभे च वृषभे सत्यं चलेत् कच्छपः।"
यूके कुन्तधरे मृगेन्द्रमिथुने कन्यामृगे पन्नग-
स्तेयामेकतमो यदि प्रचलति क्षौणी तदा कम्पते ॥"

मेष और वृश्चिक राशिमें गज, धनु, मीन, कर्कट और वृष राशिमें कच्छप तथा तुला, कुम्भ, सिंह, मिथुन, कन्या और मकरमें पन्नग चलते हैं, इन गजादिके चलनेसे ही भूमिकम्प होता है। व्यासादिने भूमिकम्पका यही कारण वतलाया है। कच्छप और पन्नगके चलनेसे जब भूमिकम्प होता है, तब बहुत-से मेंढ़क और पन्नग भूमिकम्पमें बड़े ही सुखस्वच्छन्दसे रहते हैं।

"कच्छपे मरणं ज्ञेयं मरणञ्चापि पन्नगे।
सर्वत्र सुखदञ्चैव पृथिव्यां चलिते गजे ॥" (ज्योतिस्तत्त्व)

वर्त्तमान वैज्ञानिक तथा भूतत्त्वविदोंमें भी मतभेद देखा जाता है। वहुतोंने भूगर्भके स्थान विशेषके स्वाभाविक कम्पनको ही भूमिकम्प बतलाया है। वहुतोंके मतसे आग्नेय गिरिका संस्रव ही भूमिकम्पका मूलकारण है। जिस कारणसे आग्नेय गिरिसे आग निकलती है, उसी प्रकार आभ्यन्तरिक कारणसे ही भूमिकम्प होता है। जिस प्रकार एक वृहत् लौहखण्ड पर एक ओर भारी हथौड़ी द्वारा खूब जोरसे आघात करनेसे लौहके आघातित अंशसे ले कर दूसरी ओर तक स्पन्दन उत्पन्न होता है, उसी प्रकार इस निरेट पृथिवीसे भी आणविक स्रोत या स्पन्दन उत्पन्न हो कर भूमिको प्रकम्पित करता है। भूगर्भके बहुत नीचे कम्पनजनित शिलोच्चयके घर्षणसे पृथिवीका जो जो स्थल कांप उठता है, उसी स्थलमें थोड़ा बहुत भूकम्प अनुभव होता है। किसी-किसी भूतत्त्वविदोंका विश्वास है, कि इस सचल पृथिवीसे नित्यप्रति आणविकस्रोत निकलता है, किन्तु वह क्षीण स्पन्दन सामान्यतः इन्द्रिय द्वारा अनुभूत नहीं हो सकता। वैज्ञानिक यन्त्र द्वारा इसका वहुत कुछ स्थिर हुआ है, कि भूगर्भस्थ स्थितिस्थापक वाष्पराशि आभ्यन्तरिक वहुव्यापी तापकी सहायतासे शब्दपूर्वक विक्षिप्त हो कर अकस्मात् भूमिकम्प करती है।

प्रतिवर्ष १०।१२ वार पृथिवीके नाना स्थानमें भूकम्पकी कथा सुनी जाती है। कहीं कहीं पर इस प्रकार अनर्थाकर कम्पनसे सैकड़ों ग्राम और नगर तहस नहस हो गए हैं—सैकड़ों प्राणी अकालमें कालके मुख पतित हुए हैं। यह सब बात सुन कर शरीर रोमाञ्चित हो उठता है।

भूमिकम्पकी तालिका देखनेसे जान पड़ता है, कि एशियाके पूर्व और दक्षिण अंशमें ही भूमिकम्पका कुछ ज्यादा प्रभाव है। कप्तान स्मिथ साहवने गणना कर लिखा है, कि १८००—४२ ई० अर्थात् ४२ वर्षमें इस अंशमें १६२ वार उल्लेख योग्य भूकम्प हुआ है। यह सब भूमिकम्प गाङ्गेयमें ही ज्यादा अनुभूत हुआ था। पारस्यके राजचिकित्सक थलजानने आरब्य और पारस्य इतिहाससे ७वींसे १७वीं शताब्दीमें जो सब भूकम्प हुआ था, उसकी तालिका संग्रह की है। उन्होंने यह दिखलाया है, कि इतने दिनोंके मध्य १११ वार प्राणनाशके भीषण भूमिकम्प हो गया है जिससे केवल वस्ती और घर ही नहीं, वरन् वहु जनाकीर्ण सैकड़ों नगर अधिवासियोंके साथ भूमिसात् हो गए हैं। एक एक स्थानमें भूमिकम्प सिर्फ एक ही वार हो कर नहीं रह जाता। ६४४ ई०में खुरासानमें वहुदिनव्यापी घोर भूमिकम्प हो गया है। इन सव भूमिकम्पके पहले आकाश मानो एक विशेष भाव धारण करता था, प्रचण्ड वायु चलती थी और ववंडर हवा भी बड़े जोरसे वहने लगते थे। ७से १७वीं शताब्दीके मध्य पारस्यमें भी ऐसे ही ५२ वार भूकम्पका उल्लेख मिलता है जिससे पारस्यके साथ सीरिया, मेसोपटेमिया, इजिप्त, तुर्किस्तान, इराक और खुरासान भी कम्पित हुआ था। यह सब भूमिकम्प कभी कभी इजिप्ट तक फैल गया था, किन्तु पारस्यके जैसा इजिप्टमें अनिष्टकर भूकम्प नहीं हुआ है।

फिर निकटवर्त्ती देशोंमें भूकम्प होनेसे भी १३वींसे ले कर १७वीं शताब्दी तक सीरिया और जूडियामें कुछ भी भूमिकम्प न हुआ। अफगानिस्तानमें अकसर भूकम्पकी बात सुनी जाती है। काबुलमें प्रति वर्ष १०।१२ बार भूमिकम्प होता है। १८४१ ई०में जब अंगरेजोंने जलालाबाद पर आक्रमण किया था, उस समय भूकम्पसे जलालाबादका प्रत्येक प्राचीर कंप उठा था।

निम्न वङ्गमें विशेषतः सुन्दरवनमें अनेक बार भूमिकम्प हुआ है, जिससे सुन्दरवनका बहुत कुछ अंश समुद्रके नीचे चला गया है और यही कारण है, कि प्राचीन मनुष्योंके घरका चिह्न तक विलुप्त हो गया है। यहां तक कि, बङ्गोपसागरके पूर्वतीरवर्त्ती निग्रेस अन्तरीपसे ले कर अकयाव तक सभी स्थान ध्वंस कर बहुत नीचे चला गया है। फिर आराकानके उपकूलवर्त्ती छोटा द्वीप और शैलमाला रखाङ्गके समतलक्षेत्रसे बहुत ऊपर उठ गई है। आराकानके निकटवर्त्ती द्वीपसमूहके भूतल मध्य जो आभ्यन्तरिकअग्नि विराजमान है, भूतत्त्वविदोंने उसका भी पता लगाया है।

जापानियोंके मध्य एक अद्वितीय भूकम्पतत्त्वज्ञकी कथा सुनी जाती है। उन्होंने पुरावृत्त आलोचना द्वारा दिखलाया है, कि २८५ ई०को निफोनद्वीपमें एक असाधारण भूकम्प हुआ था जिससे एक रातमें ७२॥ मील लम्बा और १२॥ मील चौड़ा एक ह्रद बन गया था। ८६३ ई०को भारतमें एक भूकम्प हुआ था जिससे प्रायः दो लाख प्राणी एकबारगी कालके मुखमें पतित हुए थे। इस प्रकार १०४० और ११३९ ई०में भूकम्पसे यथाक्रम पारस्यके ताब्रिजन नगरमें पचास और गौसनामें दश हजार मनुष्योंकी मृत्यु हुई थी। १५०५ ई०में भूकम्पसे काबुल प्रायः तहस नहस हो गया था। १५९६ ई०को जापानमें जो भूमिकम्प हुआ था, उससे भी अनेक शहरोंका अस्तित्व विलुप्त हो गया है। किन्तु १७०३ ई०के जापानके भूमिकम्पसे एक शहरमें ही दो लाख मनुष्योंके प्राणनाशकी कथा सुननेमें आती है। १७३१ ई०को भी जापानमें भूकम्प हुआ था, किन्तु उससे कुछ विशेष हानि नहीं हुई थी। उस समय चीनकी प्रसिद्ध राजधानी पेकिन शहरमें लाखसे भी अधिक मनुष्य मरे थे।

१७३७ ई०की ११वीं और १२वीं अक्तूबरकी रातको भारी तूफानके साथ प्रचण्ड भूमिकम्पसे गङ्गासागरसे ले कर सभी गाङ्गेय द्वीप प्रायः ६० कोस तक स्थान आलोड़ित हुआ था। उस भूकम्पसे सिर्फ कलकत्तेमें ही लगभग २०००० जहाज और नाव डूब गई थीं। उससे गङ्गाके जलने प्रायः ४० फीट ऊंचा हो कर करीब तीन लाख प्राणियोंका नाश किया था।

चेदुवा द्वीपमें १००से २०० हाथ तक ऊंचे दो कर्दम-आग्नेयगिरि हैं। इस गिरिकी बदौलत भूकम्प होनेवाले द्वीपका कोई कोई स्थान पूर्वसमतलसे कहीं १२ फीट, कहीं १४ फीट और कहीं १६ फीट ऊंचा उठ गया है। १७५० या १७६० ई०में भूकम्पके साथ साथ ऐसा ही उत्संस्थान आरम्भ हुआ। इसी प्रचण्ड भूकम्पनसे ब्रह्मकी राजधानी आवानगरी भी कंप उठी थी।

१७५४ ई०की १ली नवम्बरको पुर्त्तगालकी राजधानी लिसवन शहरमें जो भूमिकम्प हो गया है, यूरोपके इतिहासमें क्षणकालमें वैसी मनुष्यनाशक व्यापारकी कथा सुननेमें कहीं नहीं आती। यह भूमिकम्प सिर्फ छह मिनट तक था जिससे लिसवन शहर विध्वस्त और साठ हजार मनुष्योंकी अकस्मात् मृत्यु हुई थी। भूकम्पनके अवश्यम्भावी परिणाम समुद्रके जलोच्छ्वाससे गृहसमूहकी भित्ति भी जलमग्न हो गई थी। जिन्होंने प्राणरक्षाके लिए अपनी वासभूमिका परित्याग कर अन्य स्थानमें आश्रय लिया था, उन्होंने भी इस भीषण तरङ्गाघातसे अपने प्राण खोये थे ऐसा भूकम्प यूरोपमें और कभी भी नहीं हुआ था।

पहले ही कहा जा चुका है, कि एशियाके पूर्वांशमें ज्यादा भूमिकम्प होता है। सुनते हैं, कि १६८६ ई०को जापानमें एक भयानक भूकम्प हुआ था जिससे सारा जापान कंप उठा था। जापानके अन्तर्गत शांकजा प्रदेशसे ले कर मियाको तक सारा भूभाग ४० दिन पर्य्यन्त कांपता रहा था। इससे बहुतसे स्थान अग्निमें जल गये और कोई कोई स्थान सागरगर्भशायी हुए थे।

१७१० से १८७२ ई० तक फिलिपाइन द्वीपमें अनेक बार भूकम्प हुआ था। उसमेंसे ४ बजे दिनके समय ४०

सेकेण्डव्यापी कम्पनसे महानर्थ हुआ था। द्वीपके मध्य जहां जहां आग्नेयगिरि था, उनमें-से आग निकलती थी—वहुत-से स्थानसे गरम जल और वालू निकलते थे, किसी किसी स्थानसे तोपकी आवाजकी तरह भयानक शब्द सुनाई पड़ता था।

१७६२ ई०की २री अप्रेलको चट्टग्राममें भयानक भूकम्प होनेके कारण वहुत-से स्थानोंसे जल और गन्धयुक्त कीचड़ निकला था। इससे वर्द्धवान नामक एक वड़ी नदी एकबारगी सूख गई थी और समुद्रनिकटस्थ बड़छेरा नामक ग्राम बहुत-से जीवजन्तुके साथ भू-गर्भशायी हुआ था। सुननेमें आता है, कि इस भूकम्पसे चट्टग्रामके उपकूलवर्त्ती लगभग ६० वर्गमील स्थान अकस्मात् दव गया था और शेषलंतुम नामक मगपहाड़का एक अंश एकबारगी अन्तर्हित हुआ तथा एक दूसरी शाखा इतनी नीचे चली गई थी, कि सिर्फ उसकी चूड़ा ही नजर आती है। उसी समय सीताकुण्ड पहाड़में दो पर्वत दिखाई पड़े। जिस समय चट्टग्राम नोचे दवा जाता था, ठीक उसी समय रामड़ी, रेंगुयान और चेदुवाद्वीपका अनेकांश भूपृष्ठसे ऊपर उठा गया था।

सुमात्राके पश्चिम कूल पर सीमो नामक एक छोटा द्वीप है। चैत्रमासमें वहां एक वार महाभूकम्प हुआ था जिससे आधेसे अधिक द्वीपवासी मृत्युमुखमें पतित हुए थे। सन्ध्याके कुछ पहले वह भूकम्प हुआ था। सभी घर डोलते हैं और छत गिर रही है, देख कर अधिवासिवृन्द खुले मैदानमें जा खड़े हुए, किंतु वहां भी उनका निस्तार नहीं। समुद्रसे तालवृक्ष प्रमाण उपर्युपरि तीन तरंग आ कर उन्हें वहा ले गईं। भाग्यवश जिन्होंने रक्षा पाई, उन्होंने देखा कि भूकम्पके वाद ही मानों हजारों तोपकी आवाजका-सा शब्द करता हुआ समुद्र बड़े बेगसे आ रहा है।

मनिलामें अनेक बार भूमिकम्प हुआ था। उनमेंसे १८६३ ई०में जो भूकम्प हुआ, उससे मनिलाद्वीप तहस नहस हो गया था। यहांका सभी घर मिट्टीमें मिल गया। अधिकांश अधिवासी क्षण भरमें ही इनके मेहमान बने।

भारतवर्षमें भूकम्प विरल नहीं है, जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है। उनमेंसे १८१९ ई०की १६ जूनको दक्षिण-पश्चिम भारतमें और १८९७ ई०के जूनमासमें पूर्व भारतमें जो भूकम्प हो गया है। उसको याद आनेसे हृदय कांप उठता है दक्षिण पश्चिम भारतमें इस भूकम्पनका केन्द्रस्थल कच्छप्रदेश है। दो तीन मिनट-स्थायी इस महाकम्पनसे कच्छकी राजधानी भुजनगरी चरम दुर्दशाको प्राप्त हुई थी, सभी घर गिरकर भुजनगरी समतल हो गई थी और दो हजारसे भी अधिक मनुष्यों की अकाल मृत्यु हुई थी। १ली जुलाई तक प्रति दिन दो एक वार कम्पन होता ही रहा। पूर्वभारतके कम्पनकी जो कथा कही गई है, वह भी सामान्य नहीं है। इस भूकम्पनसे सारे वङ्ग और आसामकी यथेष्ट क्षति हुई है। कलकत्तेके वहुत-से घर तहस नहस हो गये, ढाका राजशाही, दिनाजपुर और रङ्गपुरकी सभी वड़ी वड़ी अट्टालिकाएं प्रायः विदीर्ण अथवा समतल हो गई हैं। रङ्गपुरके अनेक स्थान भेद कर गरमजल, वाष्प तथा कीचड़ निकलता था—वहुत-सी छोटी छोटी नदियोंकी गति परिवर्त्तित हो गई। इस भूकम्पसे वंगदेशकी अपेक्षा आसामकी ही ज्यादा हानि हुई थी। ब्रह्मपुत्रके अनेक स्थानोंकी गतिके साथ साथ जलवायुका भी परिवर्त्तन हुआ है। कछाड़की सभी अट्टालिकाएं भूमिसात् हो गईं—वहुत जीवजन्तु अकालमें करालकालके गाल फंसे। १६०२ ई०के जुलाई मासमें पारस्यके बन्दर-अब्बासमें जो भूकम्प हुआ था, वह भी सामान्य नहीं। इससे भी अनेक गृह विध्वस्त और वहुत-से जन्तुओंकी मृत्यु हुई थी।

भारतवर्षमें जहां तहां उष्ण प्रस्रवण हैं, भूतत्त्वविद्गण उन सबोंको भूकम्पनसम्भूत वतलाते हैं। भारतमें ऐसे प्रस्रवणकी भी कमी नहीं है। भूमिकम्प यहां भी प्रायः हुआ करता है, पर वैसे प्रचण्ड भूकम्पकी संख्या ज्यादा नहीं है।

भूमिकम्पन (सं० क्ली० भूमेः कम्पनं। भूकम्प।

भूमिका (सं० स्त्री०) भूमिरिव कायतीति कै-क, स्त्रियां टाप्, यद्वा भूमिरेव स्वार्थे कन् टाप्। १ रचना, वनावट। २ वेशान्तर परिग्रह, दूसरा भेष धारण करना। ३ ग्रन्थका आभास। ग्रन्थ बना कर पहले जो उसका सामान्य आभास रहता है, उसीको भूमिका कहते हैं।

४-वक्तव्य विषयकी सूचना। भूमिरेव स्वार्थे कन् टाप्। ५ वेदान्तके मतसे चित्तकी एक अवस्था। क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध यही पांच प्रकारकी चित्तकी अवस्था है।

अत्यन्त संक्षेपरूपमें उन पांचोंकी भूमिकाके विषयकी आलोचना की जाती है।

क्षिप्त—मनकी अस्थिरता अर्थात् चञ्चलताका नाम क्षिप्तावस्था है। मन स्थिर नहीं रहता,—एक ही विषयमें नहीं लगा रहता। यह हो वह हो ऐसा कह कर हमेशा अस्थिर होता है। यह जोंककी तरह एक आधार छोड़ कर दूसरा ग्रहण करने और सर्वदा वाह्यवस्तुकी आकांक्षामें अस्थिर रहता है। यही क्षिप्तावस्था है।

मूढ़—मन सर्वदा कर्त्तव्याकर्त्तव्यको अग्राह्य कर कामक्रोधादिके वशीभूत और निद्रातन्द्रादिके अधीन होता है—आलस्यादि विविध तमोमय या अज्ञानमय अवस्थामें निमग्न रहता है। तभी मूढ़ावस्था कहलाती है।

विक्षिप्त भूमिका—विक्षिप्त अवस्थाके साथ पूर्वोक्त क्षिप्तावस्थाका बहुत थोड़ा प्रभेद है। वह यह है, कि चित्तकी पूर्वोक्त प्रकारकी चञ्चलतामें क्षणिक स्थिरता अर्थात् मन चञ्चलस्वभावका होने पर भी बीच बीचमें स्थिरता ही विक्षिप्तभूमिका है। चित्त जब दुःखजनक विषयका परित्याग कर सुखजनक वस्तुमें स्थिर होता है—चिराभ्यस्त चाञ्चल्यका परित्याग कर थोड़े समयके लिए निरवलम्बतुल्य होता अथवा केवलमात्र सुखास्वादमें निमग्न रहता है, वही मनकी विक्षिप्तावस्था है।

एकाग्रभूमिका—एकाग्र और एकतान ये दोनों शब्द एक ही अर्थमें प्रयुक्त होते हैं। चित्त जब किसी एक वाह्यवस्तु अथवा आभ्यन्तरीण वस्तुका अवलम्बन कर निर्वातस्थ निश्चल निष्कम्प दीपशिखाकी नाईं स्थिर या अविकम्पितभावसे रहता है अथवा चित्तकी रजस्तमोवृत्तिसे अभिभूत हो कर केवलमात्र सात्त्विकवृत्ति उदित और प्रकाशमय तथा सुखमय सात्त्विकवृत्तिमात्र प्रवाहित रहती है, तभी एकाग्रावस्था जाननी चाहिए।

निरुद्ध भूमिका—पूर्वोक्त एकाग्र अवस्थामें निरुद्धावस्थाका बहुत प्रभेद है। एकाग्र अवस्थामें चित्तका कोई न कोई अवलम्बन रहता ही है, किन्तु निरुद्धावस्थामें ऐसा नहीं होता। यह निरुद्धभूमिका अभ्यस्त होनेसे चित्त अपनी कारणीभूत प्रकृतिको प्राप्त कर कृतकृतार्थकी तरह निश्चेष्ट रहता है। सुतरां उस समय उसके किसी भी प्रकारसे विसदृश परिणाम नहीं रहता। यही निरुद्धावस्था है।

चित्तकी इन पांच प्रकारकी भूमिकाके मध्य प्रथमोक्त तीन अवस्थाके साथ योगका कोई सम्पर्क नहीं है। योगमें सुख होता है, ऐसा सुन कर विक्षिप्तचित्तसे कदाचित् योगसञ्चार हो भी सकता है; किन्तु वह स्थायी नहीं है। अतएव वह भी योगकी अयोग्य भूमि है। एकाग्र और निरुद्ध इन्हीं दो प्रकारकी भूमिकासे योग होता है। उनमें निरुद्ध अवस्थाको ही योग शब्दका प्रकृत या मुख्य अर्थ जानना चाहिए। इस अवस्थाको प्राप्त करनेके लिए योगीको पहले उपाय द्वारा क्षिप्त, मूढ़ तथा विक्षिप्त अवस्था दूर कर एकाग्र और निरुद्ध अवस्था स्थापित करना उचित है। (वेदान्त और पात॰द॰)

भूमिकालिका (सं॰ स्त्री॰) गोधूमिकाशाक।

भूमिकुष्माण्ड (सं॰ पु॰) भूमिजातः कुष्माण्डः मध्यपदलोपि कर्मधा॰। भुइंकुम्हड़ा।

भूमिखण्ड (सं॰ क्लो॰) १ भूभाग। २ पद्मपुराणका खण्डभेद।

भूमिखर्जूरिका (सं॰ स्त्री॰) भूमिजाता खर्जूरिका। क्षुद्र खर्जूरिका, एक प्रकारकी छोटी खजूर। पर्याय—स्वाद्वी, दुरारोहा, मृदुच्छदा, स्कन्धफला, काककर्कटी, स्वादुमस्तका। गुण—शीतवीर्य, मधुररस, मधुरविपाक, स्निग्ध, रुचिकारक, हृदयग्राही, क्षत और क्षयनाशक, गुरु, तृप्तिकर, रक्तपित्तनाशक, विष्टम्भी, शुक्रवर्द्धक, बलकारक तथा कोष्ठगत वायु, वमि, कफ, ज्वर, अतीसार, क्षुधा, तृष्णा, कास, श्वास, मत्तता, मूर्च्छा, वातपैत्तिक और मदात्ययरोगनाशक। इसके रसका गुण—मत्तताजनक, पित्तकारक, वातघ्न, कफनाशक, रुचिजनक, अग्निप्रदीपक, बलकर और शुक्रवर्द्धक। (भावप्रकाश)

भूमिखर्जूरी (सं॰ स्त्री॰) भूमिजाता खर्जूरी। भूमिखर्जूरी, एक प्रकारकी खजूर।

भूमिगम (सं॰ पु॰) उष्ट्र, ऊंट।

भूमिगर्त्त (सं॰ पु॰) भूमिविवर, बिल।

भूमिगुहा (सं० स्त्री०) भूमिस्थ गह्वर, सुरंग।

भूमिगृह (सं० क्ली०) भूमिस्थित गृह, तहखाना।

भूमिचम्पक (सं० पु०) भूमिजातश्चम्पकः। पुष्पवृक्ष-विशेष, भुइंचंपा। पर्याय—ताम्रपुष्प, सन्धिबन्ध, द्रुघण। क्षत वा व्रणमुख पर इसके मूलका प्रलेप देनेसे व्रण बहुत जल्द पक जाता है।

यह सुदीर्घ पत्रयुक्त छोटा गुल्म उष्णप्रधान भारतकी तथा ब्रह्मकी दलदल भूमिमें पाया जाता है। सिंहल, यव और कोचिन-चीनमें भी इसकी खेती होती है। इसके पुष्पकी सुगन्ध और पत्रकी कमनीयताकी शोभा देखनेके लिये लोग बहुत परिश्रमके साथ इसे आंगनमें अथवा वाटिकामें लगाते हैं। ग्रीष्मकालमें जब इस दण्डहीन वृक्षके पत्रादि झड़ जाते हैं, तब एकमात्र गन्धपुष्प ही इस वृक्षकी शोभाको बढ़ाता और मानवजातिके मनको मोहता है। इसकी गंधख्याति तमाम प्रसिद्ध है।

आयुर्वेदशास्त्रमें इसकी उपकारिताके सम्बन्धमें नाना प्रकारकी कथाएं लिखी हैं। इसके रेशेको चूर कर क्षतस्थानमें लगानेसे भारी उपकार होता है। अलावा इसके उदरी रोगमें भी इसके रेशे बड़े फायदेमन्द हैं। कुचिला, जायफल और वत्सनाभके साथ इसके कन्दचूर्णका प्रयोग करनेसे गलगण्ड विनष्ट होता है।

इसके कन्दका रंग कुछ पीला होता है। पुष्पसे ले कर रेशे पर्यन्त इसके सभी अंश सुगन्धित होते हैं।

भूमिचल (सं० पु०) भूकम्प। भूमिकम्प देखो।

भूमिचलन (सं० क्ली०) भूमेश्चलनम्। भूमिकम्प।

भूमिचारी (सं० स्त्री०) आखुकर्णीलता, मूसाकानी।

भूमिज (सं० क्ली० भूमेर्जायते इति जन ड। स्वर्ण, सोना। । २ नरकासुर। ३ भूमिकदम्ब। ४ भूमिज गुग्गुल। ५ भूनाग, सीसा। ६ यवक्षार, सोरा। (त्रि०) ७ भूमिजात, जो जमीनसे पैदा हुआ हो।

भूमिज—मानभूम, सिंहभूम आदि पश्चिमवङ्गवासी अनार्य जातिविशेष। इनका आचार, व्यवहार, कार्यकलाप तथा भाषागत सादृश्य देख कर जातितत्त्व विद्वगण अनुमान करते हैं, कि ये लोग सम्भवतः कोलरीय शाखाभुक्त तथा मुण्डा नामक जातिके समश्रेणीगत हैं। सुवर्णरेखाकी दोनों पार्श्ववर्त्ती पार्वतीय अरण्यभूमि—छोटानागपुरकी अधित्यकासे ले कर पूर्वमें अयोध्यापर्वत तक फैले हुए भूभागमें इनका वासस्थान है। यहां पर मुण्डाओंकी तरह उनका भी समाधिस्तम्भ विद्यमान है। पश्चिमांशवासियोंकी कथित भाषा मुण्डाओंकी भाषासे बहुत कुछ मिलती जुलती है। देवपूजा, शवदाह, अस्थिसमाधि तथा प्रेतकृत्यादि सभी कामोंमें वे मुण्डाओंकी ही नकल करते हैं।

अयोध्या-गिरिश्रेणीके समीपदेशवर्त्ती पूर्वाञ्चलवासी भूमिजगण वङ्गालियोंके साथ रह कर वङ्गला भाषा ही बोलते हैं। हिन्दू वङ्गवासियोंने यहां आ कर पहले इस अनार्य जातिको इस भूमिभागका अधिकारी देखा। भूइंया, या भूंइहार प्रभृतिकी तरह हिन्दूगण भूमिका आदिम अधिकारी समझ कर उन्हें भूमिज कहने लगे। अभी ये लोग पूर्वश्रेणी हिन्दूके आचार व्यवहार और क्रिया-कलापका अनुष्ठान कर हिन्दूके समश्रेणीभुक्त होनेकी चेष्टा करते हैं।

इस जातिकी उन्नतिके सम्बन्धमें अनेक ऐतिहासिक आख्यान मिलते हैं। जङ्गलमहालके चारों ओर स्थानसमूहमें अत्यन्त निष्ठुरताके साथ दस्युवृत्ति करनेके कारण ये 'चूयाड़' कहलाये। अङ्गरेज शासनभुक्त होनेके पहले इन्होंने समय समय पर जातीय औद्धत्यका परिचय दिया था। १७७८ ई०में राजस्वदायमें पांचेटराज-सम्पत्ति बिक जाने पर इन्होंने विद्रोही हो राज्यमें बड़ा ही गोलमाल मचाया। जब तक इस सम्पत्तिकी नीलाम रद न हुई और जब तक अंगरेजोंने यह स्वीकार नहीं किया था, कि भविष्यमें कोई दूसरी सम्पत्ति नीलाम न करेंगे, तब तक वे शान्तिपूर्वक न रहे। जितनी ही बार अङ्गरेज गवर्मेण्ट जङ्गलमहाल पर शासन करनेमें प्रयासी हुए, उतनी ही बार अङ्गरेजोंके साथ भूमिजोंका विवाद चला था। जब धलभूराजने अङ्गरेजशक्ति फैलनेमें बाधा डाली, तब अङ्गरेज गवर्मेण्ट उसके विरुद्ध खड़ी हुई। अन्तमें उसको राजच्युत कर अङ्गरेजोंने उसके विपक्षियोंके साथ सद्भाव स्थापित किया।

वराहभूममें भी राज्याधिकार ले कर ऐसा ही गोलमाल उठा। राजा विवेकनारायणकी मृत्युके बाद

पटरानीने अपने वयःकनिष्ठ पुत्रके बदले सर्वाग्रज मध्यमापत्नीके पुत्रको ही सिंहासन पर अभिषिक्त करनेको गवर्मेण्टसे कहा। किन्तु भूमिजोंको ऐसी न्यायपरता अच्छी न जंची, अतः वे विशेष विरक्तिके साथ अङ्गरेजोंके विरुद्ध खड़े हुए। यह विद्रोह अन्तमें बडा ही विपत्तिकर हो उठा। यही १८३२ ई०का गङ्गानारायण या चूयाड़-विद्रोह कहलाता है।

पूर्वोक्त पटरानीके पुत्र लक्ष्मणसिंह सिंहासनलाभकी आशामें अपने बड़े भाईके विरुद्ध खड़े हुए। उपर्युपरि ऐसे उपद्रवसे विरक्त हो कर राजाने उन्हें कैद कर लिया। कारागारमें लक्ष्मणसिंहकी मृत्यु हुई। उनके एकमात्र पुत्र गङ्गानारायण पिताके प्रति किये गये अत्याचारका प्रतिशोध लेनेके लिये बच रहे।

अनन्तर राजा रघुनाथसिंहकी मृत्युके बाद सुप्रिम कोर्टके विचारानुसार पुनः पटरानीके कनिष्ठ पुत्र माधवसिंहको छोड़ मध्यमा पत्नीके ज्येष्ठ पुत्र सिंहासन पर बिठाये गये। जब माधवसिंहने देखा, कि अङ्गरेज सरकारको मना करने पर भी कोई फल न निकला, तब वे अपने भाग्य पर ही निर्भर रहे। अन्तमें भ्रातृराज्यमें दीवान या प्रधान मन्त्रिपद पर नियुक्त हो कर उन्होंने अपना चित्त स्थिर किया। इस काममें रह कर वे व्यवसायी तथा कृषिजीवियोंको रुपये कर्ज लगा कर बहुत सूद लेने लगे। अतः समस्त प्रजामण्डली उनके अत्याचारसे तंग तंग आ गई। गङ्गानारायण इतने दिनोंसे उनके दोषकी खोजमें ही थे। ऐसे अत्याचारी माधवरायके विरुद्ध उद्धत प्रजामण्डलीको खड़ा करना सहज जान कर वे उन्हें उत्तेजित करने लगे। एक एक कर सैकड़ों मनुष्योंने उनका साथ दिया। सभी एक स्वरसे कहने लगे, कि जब तक ऐसे दुष्ट व्यक्ति राजसंसारसे न निकाल दिये जांय, तब तक चैन नहीं। ऐसा निश्चय करके घटवाल सरदारोंने गङ्गानारायणके साथ जा कर माधवसिंह पर चढ़ाई कर दी और उन्हें पकड़ कर एक पर्वतके समीप ले जा एक सुतीक्ष्ण तीरसे उनका काम तमाम कर दिया।

माधवसिंहकी हत्याके बाद वराहभूममें फिरसे लूट पाट होना शुरू हो गया। लोभके वशीभूत हो कर धीरे धीरे सारा चूयाड़सम्प्रदाय एकत्रित हुआ। अनन्तर चतुष्पार्श्वस्थ सामन्तराज्यवासी अन्यान्य चूयाड़ भी उनके दलमें आ मिले। इस प्रकार दलपुष्ट हो कर गङ्गानारायणने बड़ाबाजारका राजप्रासाद, मुनसफ-कचहरी और पुलिसखाना पर चढ़ाई की और उन्हें लूटा। किन्तु सिर्फ दो ही सिपाही उनके हाथसे मारे गये, बाकी सबके सब भागे।

उस समय सारा जङ्गलमहाल गङ्गानारायणके हाथ आया। उस विशृङ्खलताके समय वे ही एक हर्त्ता कर्त्ता थे। उस समय लुण्ठनयोग्य ऐसा कोई भी स्थान न था जिसने उनका कठोर निष्पीड़न सह्य न किया हो। १८३२ ई०के अप्रेलसे नवम्बर तक गङ्गानारायण बिना किसी रोक टोकके विद्रोहाचरण करनेमें समर्थ हुए। अनन्तर उनका दमन करनेके लिये अङ्गरेजोंने ३ दल पदाति सेना और ८ कमान भेजी। पहले कई एक छोटी छोटी लड़ाईमें तो अङ्गरेज हार गए; किन्तु गोलेके सामने अधिक देर तक न ठहर सकनेके कारण वे पर्वत पर भाग चले।

किन्तु अङ्गरेजीसेनाने उनका पीछा नहीं छोड़ा और अन्तमें गङ्गानारायण दलबलके साथ सिंहभूम प्रदेश लाये गये। यहां उन्होंने दुर्द्दमनीय लर्खा जातिको अपने दलमें लानेकी चेष्टा की। उसी समय खर्सावानके ठाकुर सरदारके साथ उनका विरोध चलता था। उन्होंने गङ्गानाराहणसे कहा, कि यदि वे खर्सावानका दुर्ग अधिकार कर उनके किये हुए अपमानका बदला दे सकें, तो वे सबके सब उन्हींके जैसे वीरके हाथ आत्मसमर्पण कर सकते हैं। किन्तु दुर्ग पर आक्रमण करनेके समय गङ्गानारायणकी मृत्यु हो गई। खर्सावानराजने उनका सिर अङ्गरेज सेनापति यूलकिनसनके पास रिशवत भेज दी।

खर्सावानपतिने गङ्गानारायणका सिर भेजनेके समय अङ्गरेज सेनापतिको जो पत्र भेजा था, उसमें इन भूमिजोंका सामाजिक इतिहास वर्णित है। उन्होंने लिखा है, कि भूमिजोंके इस देशमें आनेका कोई प्रसङ्ग नहीं है। छोटानागपुरके मुण्डाओंके साथ इनका कोई विशेष पार्थक्य देखनेमें नहीं आता। विवाह, एक साथ भोजन या उपवेशन प्रभृति विषयमें उनका कोई भेदाभेद नहीं

है। पूर्वाञ्चलवासी भूमिजगण हिन्दुओंके साथ रह कर ऐसे उन्नत हो गए, कि वे अपनेको उनके सम्पर्कीय बोलनेमें भी घृणा मानते हैं। धलभूमके भूमिजगण अपनेको स्थानीय आदिम अधिकारो वतलाते हैं। वे मुण्डा, हो या सन्थाल प्रभृतिके साथ कोई संस्रव स्वीकार नहीं करते।

बङ्गालके अधिकांश पार्वत्य प्रदेशोंमें ये ही लोग पाये जाते हैं। बाघमण्डीके राजाके सिवा दूसरे सभी अपनेको राजपूत या क्षत्रियवंशसम्भूत वतलाते हैं। अपना क्षत्रित्व प्रतिपादनरूप उद्देश्यसिद्धिके लिए उन्होंने किसो विशिष्ट वंशमें न जा कर स्वतन्त्र वंशकाहिनी प्रचार की है। वराहभूमका राजवंश-विवरणीसे पता चलता है, कि नाथवराह और केशवराह नामक दो विराट राजपुत्र पितासे लड़ाई कर राजा विक्रमादित्यके आश्रयमें पहुंचे। राजा विक्रमादित्यने कनिष्ठ केशवराहके आचरणसे रंज हो कर उसको आरेसे चीर देनेका आदेश दिया और स्वयं उसके लेहूसे वड़के सिरमें राजटीका तथा राजछत्र प्रदान किया। वाद उन्होंने नाथबराहसे कहा, "एक दिन रातमें तुम घोड़े पर चढ़ कर जितनी दूर जा लौट आवोगे, उतनी दूर तकका मैं तुम्हें अधिकारी बनाऊंगा।" उसी समयसे बराहभूमराज्यकी उत्पत्ति हुई। बराभूम देखो।

दो एकको छोड़ कर सिंहभूम और मानभूमके अधिकांश घटवाल इसी भूमिजजातिके हैं। धलभूमके राजवंश अपनेको क्षत्रिय बतलाते हैं, किन्तु उनकी वंशकहानीसे प्रकृत विवरण झलक जाता है। प्रवाद है, कि पांचेट राज्यसे रङ्किनी नामक कालीमूर्त्ति प्रस्थानके समय एक धोबीके घर ठहरी। देवी उस धोबी पर बड़ी प्रसन्न हुई और अपने परिवार-देवताओंमेंसे एक योगिनी ब्राह्मणीके साथ उसका विवाह करा दिया। उसी स्त्रीके गर्भसे धलभूमराजवंशकी उत्पत्ति हुई है*।

इस जातिके मध्य बहुत-से मनुष्य धनी देखे जाते हैं। सरदार घटवालगण छोटे छोटे जमींदार या तालुकदारकी तरह हैं। सरदार अधिकृत भूमि बन्दोवस्त ले कर जो सब घटवाल उक्त सरदारके अधीन रहते हैं, वे जोतदार कहलाते और साधारणतः कृषिविद्या द्वारा जीविका निर्वाह करते हैं। इनका आचार व्यवहार तथा रीति नीति बङ्गालियोंसी बहुत कुछ मिलती जुलती है। कोल, मुण्डा, सन्थाल और हो प्रभृति जातिकी अपेक्षा ये परिच्छन्नस्वभावके हैं। किन्तु दुःखकी बात है, कि अब भी किसी काममें वे अपनी पूर्वतन अनार्य रीतिका ही अनुसरण करते हैं।

इनमें असंख्य थोक पाये जाते हैं, उनमें स्थान विशेषसे कई एक प्रधान और दूसरे सभी अप्रधान गिने जाते हैं। एक स्थानके भूमिजगण दूसरे स्थानमें जा बस जाने पर भी वे पूर्व ग्रामी कह कर ही अपना परिचय देते हैं। इस प्रकार उनमें अनेक दल हो गये हैं।

स्वगोत्र या श्रेणीमें ये विवाह नहीं कर सकते, किन्तु निकटात्मीय सम्बन्धमें ३ या ५ पीढ़ी छोड़ कर विवाह करनेमें कोई बाधा नहीं है। अभी बालिकाविवाह प्रचलित होने पर भी ये युवती कन्याके साथ विवाह करना भी अनुचित नहीं समझते। अविवाहिता कन्याके ऋतुमती होने पर भी वे इसकी परवाह नहीं करते। विवाहके

---

* इससे यह अनुमान किया जाता है, कि धलभूमके किसी भूमिज-सरदारने ब्राह्मणको ठग कर पुरुलियाके निकटवर्त्ती पारा ग्रामसे पांचेट राजकुलदेवी रङ्किनीको हरण कर अपनी राजलक्ष्मीके रूपमें प्रतिष्ठा की। धलभूमवासी सभी श्रेणीके लोग इस देवीमूर्त्तिकी उपासना करते हैं। मनुष्य-रक्तसे देवी तृप्त होती थीं, अतः प्रतिवर्ष विन्ध्यपर्वत पर मनुष्य अबोध बच्चेको भुलावेमें डाल कर देवीके सामने वलि देते थे। लगभग १८६५ ई० तक यहां नरवलिस्रोत प्रवाहित रहा। इसके साथ साथ विन्ध्यपर्वत पर अनुष्ठित एक दूसरे नृशंस व्यापारका भी लोप हो गया। उस समय अधिवासिगण दो जंगली भैंसेको खदेड़ कर निर्दिष्ट वेष्टनीके निकट (काष्ठप्राचीर-परिवेष्टित एक रङ्गभूम) लाते थे। उसके चारों ओर मचान पर राजा और राजपरिवारस्थ व्यक्ति बैठ रहते थे। यथाविहित पूजादि अनुष्ठानके बाद राजा और राजकुलपुरोहित सबसे पहले वलके उद्देश्यसे दोनों भैंसोंके ऊपर तीर फेंकते थे। बाद इसके वहां बैठे हुए दूसरे भी एक एक कर उक्त दोनों भैंसों पर तीर चलाते थे और वे भैंसे मारे दुःखके बड़े जोरसे चिल्लाते और धीरे धीरे बेहोश हो जाते थे। बादमें सभी नीचे उतरते और कुठाराघातसे उन्हें मार देते थे।

पूर्व यदि किसी पुरुषके संस्रवसे युवती गर्भिणी हो जाय, तो उसी पुरुषको उसके साथ विवाह करना पड़ता है। इनमें बहुत विवाह और विधवाविवाह भी प्रचलित है। स्त्रीका चालचलन खराब होनेसे उसे छोड़ देनेकी विधि है। बड़ा लड़का ही पितृसम्पत्तिका अधिक भाग पाता है और बाकी दूसरेको थोड़ा थोड़ा मिलता है।

काली या महामायाकी पूजामें ये विशेष भक्ति दिखलाते हैं। सिङ्गबोङ्गा या धर्म नामक वे शस्यदाता सूर्यकी भी पूजा करते हैं। ये लोग शवदेहको जलाते हैं। मुखाग्निके बाद मुखाग्निदाता पुरुष घर लौट जाता है और मृतकी पत्नी तथा परिवारस्थ अन्य स्त्रियां वहां कलसीमें जल ला उपस्थित होती हैं। चिताग्नि जल जाने पर स्त्रियां कलसीके पानीसे आग बुझा देतीं और बाद सबके सब घर लौटती हैं। ये दशवें दिन क्षौरकर्म और ग्यारहवें दिन श्राद्ध करते हैं। घटवाल भूमिजोंमेंसे अनेक सैनिकके काम भी करते हैं।

भूमिज-गुग्गुलु (सं० पु०) भूमिजो गुग्गुलुः। आशापुर गुग्गुल। पर्याय—दैत्यमेदज, दुर्ग्राह्य, आशापुरसम्भव, मज्जार, मेदज, महिषासुरसम्भव। गुण—तिक्त, कटु, कफवातनाशक, मेध्य, भूतघ्न और सुगन्धप्रद। (राजनि०)

भूमिजम्बु (सं० स्त्री०) भूमिजाता जम्बुः। क्षुद्र जम्बु, छोटा जामुन। पर्याय—नादेयिका, नादेयी, भूजम्बु, भूमिजम्बुका, काकजम्बु, शीतपल्लवा, ह्रस्वफला, भृङ्गवल्लभा, ह्रस्वा, भ्रमरेष्टा, पिकभक्षा, काष्ठजम्बु। गुण—कषाय, मधुर, श्लेष्मपित्तनाशक, रुचिकर, संग्राहक, हृदय और कण्ठदोषनाशक, वीर्यकर और पुष्टिवर्द्धक। (राजनि०)

भूमिजम्बु (सं० स्त्री०) भूमिजाता जम्बुरिति मध्यपदलोपिकर्मधा०। भूजम्बु, छोटा जामुन।

भूमिजम्बुका (सं० स्त्री०) स्वनाम-प्रसिद्ध वृक्षभेद। हिमालय पर्वतके पाददेश कुमायुनसे ले कर भूटानपर्यन्त विस्तृत स्थानोंमें तथा दक्षिणभारतमें यह वृक्ष देखनेमें आता है। इसकी जड़का काढ़ा बातरोगमें विशेष उपकारी है।

भूमिजा (सं० स्त्री०) भूमिज टाप्। सीता।

भूमिजीविन् (सं० पु०) भूम्या तत्कर्षणादिना जीवतीति जीव-णिनि। १ वैश्य। २ कृषिजीवी, खेतिहर।

भूमिञ्जय (सं० पु०) राजा विराटके एक पुत्रका नाम।

भूमिडुम्बुर (सं० क्ली०) स्वनाम प्रसिद्ध एक प्रकारका छोटा क्षुप। ग्रीष्मप्रधान भारतके नदी-किनारे, सिंहलमें तथा ब्रह्मके आवासे तेनासेरिम पर्यन्त विस्तृत स्थानमें यह वृक्ष पाया जाता है। संस्कृतमें इसे त्रायमाणा कहते हैं। इसके कच्चे रेशेका रस सेवन करनेसे शूलवेदना जाती रहती है। पत्तेका रस दूधके साथ मिला कर पीनेसे उदरामय नष्ट होता है। धनियेके साथ तिक्त रेशेको छालका काढ़ा कासरोगग्रस्त रोगीको पिलानेसे भारी उपकार होता है।

भूमितल (सं० क्ली०) भूतल, पृथ्वीका ऊपरी भाग।

भूमितुण्डिक (सं० पु०) जनपदभेद।

भूमित्व (सं० क्ली०) भूमेर्भावः त्व। भूमिका भाव या धर्म।

भूमिदण्ड (हिं० पु०) साधारण दण्ड या डंड नामकी कसरत जो दोनों हाथ जमीन पर टेक कर और बार बार उन्हीं हाथोंके बल झुक और उठ कर की जाती हो।

डंड देखो।

भूमिदण्डा (सं० स्त्री०) मल्लिका पुष्पवृक्ष, चमेली।

भूमिदाड़िम्ब (सं० क्ली०) स्वनाम प्रसिद्ध लोहितवर्ण गुल्मभेद। (Careyaherbacea) कुमायुनके तराईप्रदेशसे ले कर आसाम और चट्टग्रामके पहाड़ीप्रदेशमें तथा बङ्गाल। अयोध्या और मध्य प्रदेशके समतल क्षेत्रमें फाल्गुन और चैत्रमासमें यह वृक्ष उत्पन्न होते देखा जाता है।

भूमिदान (सं० क्ली०) हिन्दूशास्त्रोक्त दानभेद। श्राद्धादि कर्ममें तथा व्रतविशेषमें ब्राह्मणको भूमिदान करनेकी विधि है। धान्यपूर्ण क्षेत्रदान महापुण्यजनक है।

(भूमि शब्द देखो।

भूमिदुन्दुभि (सं० पु०) चर्माच्छादित भूगर्त्त। (वैदिक)

भूमिदेव (सं० पु०) भूमौ देव इव, भूम्या देवो वा। १ ब्राह्मण। २ राजा।

भूमिधर (सं० पु०) धरतीति धृ-अच्। भूम्या धरः। १ कुल-पर्वत। २ पर्वतमात्र।

भूमिप (सं० पु०) भूमिं पाति रक्षतीति पा-(आतोऽनुपसर्गे कः। पा ३।२।३) इति क। राजा, भूपति।

भूमिपक्ष (सं० पु०) भूमिः पक्ष इव यस्य । वाताश्व ।

भूमिपति (सं० पु०) भूम्याः पतिः । भूमिनाथ, राजा ।

भूमिपतित्व (सं० क्ली०) भूमिपतेर्भावः, त्व । भूपतिका भाव या धर्म ।

भूमिपाल (सं० पु०) भूमिं पालय-तीति पालि-अण् । राजा ।

भूमिपाल—उमाङ्गाधिपति चन्द्रवंशीय एक राजा । विहार प्रदेशके उमगा नगरमें उनकी राजधानी थो ।

भूमिपालक—सह्याद्रिवर्णित एक राजा ।

भूमिपाश (सं० पु०) वृक्षभेद ।

भूमिपिशाच (सं० पु०) भूमौ पिशाच इव, तद्वदाकृतिमत्वात् । तालवृक्ष, ताड़का पेड़ ।

भूमिपुत्र (सं० पु०) भूम्याः पुत्रः । १ मङ्गलग्रह । २ नरकासुर । ३ श्योणाक वृक्ष ।

भूमिपुत्री (सं० स्त्री०) सीता, जानकी ।

भूमिपुरन्दर (सं० पु०) १ राजा । २ दिलीपका एक नाम ।

भूमिप्रविभाग (सं० पु०) भूम्याः प्रविभागः । सुश्रुतोक्त औषधाङ्ग भूमिविभाग । किस भूमिसे कैसी औषध संग्रह करनी होगी, सुश्रुतमें इसका विशेष विवरण लिखा ~~है~~। भूमि शब्द देखो ।

भूमिभाग (सं० पु०) भूम्यंश, स्थान, जगह ।

भूमिभुज (सं० पु०) भुमिं भुनक्ति भुज-क्विप् । राजा ।

भूमिभृत् (सं० पु०) भूमि-भृ क्विप, तुक् च । १ राजा । २ पर्वत ।

भूमिभेदिन् (सं० त्रि०) १ भूमिभेदकारक । २ भूमिसे पृथक्-कारी ।

भूमिमण्ड (सं० पु०) भूमिं मण्डयति भूषयतीति मड़ि-अण् । अष्टपादिका लता ।

भूमिमण्डन—सह्यादिवर्णित एक राजा ।

भूमिमण्डपभूषणा (सं० स्त्री०) भूमि मण्डपं भूषयतीति भूषि-ल्यु टाप् । माधवी लता ।

भूमिमत् (सं० त्रि०) भूमि अस्त्यर्थे मतुप् । भूमियुक्त, जिसे भूमि हो ।

भूमिमित्र (सं० पु०) मित्रवंशीय राजभेद ।

भूमिया (हिं० पु०) १ भूमिका अधिकारो, भूमिका असल मालिक । २ ग्रामदेवता । ३ जमींदार । ४ किसी देशके प्राचीन और मुख्य निवासी ।

भूमिरक्षक (सं० पु०) रक्षतीति रक्ष-ण्वुल्, भूमे रक्षकः गमनकाले भूमेरुपरि पादा-प्रदानात् तथात्वं । १ वाताश्व । २ भूमिरक्षाकारी ।

भूमिरुह (सं० पु०) भूमि-रुह-क । वृक्ष ।

भूमिलग्ना (सं० स्त्री०) शुक्ल गोकर्णी, सफेद फूलकी अपराजिता ।

भूमिलता (सं० स्त्री०) १ शङ्खपुष्पीलता । २ किञ्चुलुका ।

भूमिलवण (सं० क्ली०) मृत्तिकालवण, सोरा ।

भूमिलाभ (सं० पु०) भूमे र्लाभोऽत्र । १ मृत्यु । २ भूमिप्राप्ति, भूमिका लाभ ।

भूमिलेपन (सं० क्ली०) भूमिर्लिप्यतेऽनेनेति लिप- ल्युट् । १ गोमय, गोवर । २ भूमिका लेपन ।

भूमिलोक (सं० पु०) पृथिवीलोक ।

भूमिवर्द्धन (सं० पु० क्ली०) भूमि वर्द्ध्यतेऽनेनेति वृध-णिच् ल्युट् । मृत शरीर, शव ।

भूमिवल्ली (सं० स्त्री०) मार्कण्डिका लता, भुइंआँवला ।

भूमिशय (सं० पु०) भूमौ शेते शी-अच् । १ वालक । २ वनचटक । ३ भूमिशयन ।

भूमिशय्या (सं० स्त्री०) भूमिरेव शय्या । भूमिरूपशय्या, मृत्तिकाशय्या ।

भूमिष्ठ (सं० त्रि०) भूमौ तिष्ठति स्था-क, अम्बादित्वात् षत्वं । १ प्रणत । २ भूमि पर पतित, पृथिवी पर गिरना । ३ जात, उत्पन्न ।

भूमिसत्र (सं० क्ली०) भूमिदान-रूपं सत्रं, मध्यपदलोपि-कर्मधा० । भूमिदानरूपी यज्ञ । महाभारतमें लिखा है—

> "इक्षुभिः सहितां भूमिं यवगोधूमशालिनीम् ।
> गोऽश्ववाहनपूर्णां वा बाहुवीर्यादुपार्ज्जिताम् ॥
> निधिगर्त्तां ददद् भूमिं सर्वरत्नपरिच्छदाम् ।
> अक्षयान् लभते लोकान् भूमिसत्रं हि तस्य तत् ॥"
>
> (भारत अनुशासनप० ६२ अ०)

बाहुवीर्य द्वारा उपार्जिता शस्यशालिनी भूमिदान

करनेका नाम ही भूमिसत्र है। इस यज्ञके करनेवाले अक्षय लोकको प्राप्त होते हैं।

भूमिसे वस्त्र, रत्न, पशु और धान्य तथा यव आदि शस्य उत्पन्न होते हैं। अतएव इहलोकमें भूमिदानकी अपेक्षा उत्कृष्ट दान और कोई भी दान नहीं है। भूमिदाता बहु काल तक समृद्धिशाली हो परमसुखसे कालयापन करते हैं।

जिनने पूर्वजन्ममें भूमिदान किया है, वे ही परजन्ममें भूमिभोग कर सकते हैं। भूमिदान करनेसे तपस्या, यज्ञ, विद्या, सुशीलता, अलोभ, सत्यवादिता, देवार्चना, गुरु शुश्रुषा तथा स्वर्ण, रजत, वस्त्र और मणिमुक्ता आदि विविध धनदानका फल होता है। अनुशासनपर्वके ६२वें अध्यायमें भूमिदानका विशेष विवरण लिखा है, विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुल नहीं लिखा गया।

भूमिसम्पुट (सं० पु०) शराबादि।

भूमिसम्भवा (सं० स्त्री०) भूमेः सम्भव उत्पत्तिर्यस्याः। सीता।

भूमिसर (सं० पु०) श्यामाक तृण।

भूमिसव (सं० पु०) व्रात्यस्तोम यज्ञभेद।

भूमिसुत (सं० पु०) भूमेः सुतः। १ मङ्गल। २ नरकासुर। ४ वृक्ष, पेड़। ४ कौञ्च, केवाँच।

भूमिसुता (सं० स्त्री०) सीता, जानकी।

भूमिसुर (सं० पु०) ब्राह्मण।

भूमिसेन (सं० पु०) दशममनुके एक पुत्रका नाम।

भूमिस्तोम (सं० पु०) एकाहसाध्य यज्ञभेद, एक दिनमें सम्पन्न होनेवाला एक प्रकारका यज्ञ।

भूमिस्नु (सं० पु०) भूमिकीट।

भूमिस्पृश् (सं० पु०) भूमि स्पृशतीति स्पृश् (स्पृशोऽनुदके क्विन्। पा ३।२।५८) इति क्विन्। १ मनुष्य। २ वैश्य। ३ चौरविशेष। ४ अन्ध। ५ खञ्ज।

भूमिस्पर्श (सं० पु०) उपासनाके लिए बौद्धोंका एक आसन। इसे वज्रासन भी कहते हैं।

भूमिस्पर्शमुद्रा (सं० स्त्री०) भूमिस्पर्श देखो।

भूमिहार—विहारप्रदेशवासी एक श्रेणीके ब्राह्मण। ये लोग भूंइहार, जमींदार, बाभन, मघहिया ब्राह्मण, अयज्ञक ब्राह्मण और चौधरी नामसे जनसारधाणमें प्रसिद्ध हैं। इस जातिकी उत्पत्ति-कथासे (१) इनका नीचजातित्व कल्पित होने पर भी शारीरिक गठन और उदारप्रकृति देखनेसे इन्हें नीचवंशोद्भव नहीं कहा जा सकता। पर हां, इतना जरूर है, कि ये लोग बहु कालसे ब्राह्मणकी यजनयाजनादि वृत्तिका परित्याग कर भूमिरक्षा और कृषिकार्यादि द्वारा कालयापन करते आये हैं। समय समय पर ये लोग क्षत्रियोचित युद्धविग्रहादि द्वारा अपने अधिकारको कायम रखनेके लिये भी विशेष चेष्टा करते हैं। वङ्गालके 'बारभूंया' नामक प्रसिद्ध राजा वा जमींदारोंने एक समय बड़ी वीरतासे मुसलमान राजाओंका मुकावला किया था। भूमिवृत्तिसे उन लोगोंका जिस प्रकार 'भौमिक' नाम पड़ा, बिहारमें ये लोग भी उसी तरह 'भूंइहार' बामन या बाभन नामसे पूर्व ब्राह्मण नामका परिचय देते हैं। वाराणसी, बेतिया और मगधके अन्तर्गत टिकारीके ब्राह्मण राजवंश इसी वाभनवंश सम्भूत हैं।

अरापे, अधिमिश्र, चौबे, चौधरी, दीक्षित, दूबे, मवार, मिश्र, ओझा, पञ्चोबे, पाण्डे, पाठक, राय, सिंह, श्रोत्री, ठाकुर, तिवारी और उपाध्याय प्रभृति इनकी वंशोपाधि हैं। इन लोगोंके मध्य तीन प्रकारके गोत्र

---

(१) इनकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें तरह तरहकी कथाएँ सुनी जाती हैं। परशुरामने पृथिवीको निःक्षत्रिय करके जिन ब्राह्मणोंको राज्यशासनका भार सौंपा था, उन्हींके वंशधरोंने धीरे धीरे जातीयवृत्तिका परित्याग कर भूम्याधिकारित्व ग्रहण किया। किसी किसीका कहना है, 'कि पुत्रहीन अयोध्यापति अम्बरीषके यज्ञमें जिस शुनःशेफको विश्वामित्र ऋषिने दयापरवश हो उत्सर्गसे बचाया था, वही ब्राह्मण-वंशधरगण ब्रह्मभावहीन हो बाभन कहलाये। बहुतोंका कहना है, कि मगधपति जरासन्धके यज्ञमें जब लाख ब्राह्मणोंकी उपस्थिति आवश्यक हुई, तब राजदीवान (एक अम्बष्ठ कायस्थ)-ने कुछ निम्नश्रेणीके लोगोंको यज्ञोपवीत दे कर राजाका अभिलाष पूर्ण किया। राजा इन लोगोंके असदृशभावको देख कर दीवान पर बड़े बिगड़े। इस पर दीवानने उनके हाथकी रसोई खा कर राजाका संदेह दूर किया। ये ही लोग पीछे ब्राह्मण-समाजमें नहीं लिये जाने पर बाभन या वामन नामक स्वतन्त्र समाजभुक्त हुए।

प्रचलित हैं (२) जिनमेंसे कुछ तो ऋषिके नाम पर, कुछ कार्य वा व्यक्तिगत (३) और कुछ देशगत (४) हैं। इन लोगोंमें सगोत्रमें विवाह नहीं होता। यहां तक, कि कन्याकी माता और वरको माताका एक गोत्र हो, तो भी विवाह सम्बन्धमें वाधा पहुंचती है। किन्तु युक्तप्रदेशके भूमिहारोंमें ऐसी अवस्थामें कोई वाधा नहीं है। इन लोगोंमें वाल्यविवाह ही प्रचलित है। वालक यदि जवान हो जाय, तो कोई दोष नहीं, पर वालिकाके युवती होने पर दोष लगता है। एक पुरुष दो वा दो से अधिक विवाह कर सकता है। विवाह-प्रथा प्रायः मैथिल, कनोजिया आदि उच्च श्रेणीके ब्राह्मणों-सी है। सिन्दूरदान होनेसे ही विवाह सिद्ध होता है। ये लोग शवदेहको जलाते हैं। १० दिन तक अशौच रहता है, ११वें दिन श्राद्ध होता है। कनोजिया ब्राह्मण और कहीं मैथिल ब्राह्मण भी इनके पुरोहित होते हैं।

उच्च श्रेणीके ब्राह्मणके जैसे ये लोग धर्मकर्म करते हैं। इनमें वैष्णव, शाक्त और शैव साम्प्रदायिक उपासना प्रचलित है। सांप्रदायिक क्रियाकलापमें अभिनिविष्ट रहने पर भी ये लोग कालोमाता और शीतलाकी पूजामें छाग वलि देते हैं तथा प्रति मङ्गलबारको हनुमानकी पूजा करते हैं।

स्थान विशेषमें इन लोगोंकी सामाजिक अवस्था विभिन्न है। दक्षिण-पूर्व विहारमें ये लोग कायस्थसे हीन समझे जाते हैं। शाहावाद, सारण और युक्तप्रदेशमें ये लोग राजपूत जातिके समान हैं। पटना और गयाके अम्बष्ठ कायस्थ इनके हाथकी कच्ची रसोई खाते हैं, पर अन्य श्रेणीके कायस्थ नहीं खाते। उच्च श्रेणीके ब्राह्मणके साथ ये लोग एकत्र जल वा धूमपान नहीं करते हैं। राजपूतगण इनके हाथसे मट्टीके वरतनमें पानी पीने और खाद्यादि भक्षण करते हैं, किन्तु स्थलविशेषमें इसमें भी वैलक्षण्य देखा जाता है। ये लोग ब्राह्मणके हाथको कच्ची पक्की दोनों तथा राजपूतोंके हाथकी पक्की रसोई खाते हैं। ये लोग अपने वालकोंको विहित मन्त्र द्वारा उपनयन-संस्कार देते हैं। शैव और शाक्तगण मछली खाते हैं, किन्तु वैष्णव निरामियाशी हैं। मद्यपान शास्त्रविरुद्ध है।

वाराणसी, वेतिया, टिकारी, हतोया, तमोखी शिवहर और मधुवनके जमींदार भूमिहार हैं। एतद्भिन्न और भी कितने भूम्याधिकारी ब्राह्मण देखनेमें जाते हैं।

भूमिहारक—ब्रह्मखण्ड-वर्णित जातिविशेष।

भूमी (सं० स्त्री०) भूमि पक्षे ङीष्। भूमि।

भूमीन्द्र (सं० पु०) भूम्यामिद्र इव, भूमेः इंद्र ईश्वरो वा। राजा।

भूमीरुह (सं० पु०) भूमग्रां रोहतीति रुह-क। वृक्ष, पेड़।

भूमिसह (सं० पु०) भूमेः सहते उत्सहते उत्पद्यते इति सह-अच्। वृक्षविशेष। पयाय—द्वारदातु, वरदातु, खरच्छद। गुण—शीतल और रक्तपित्त-प्रसादन।

भूम्यनन्तर (सं० पु०) भूमेरन्तरः। राजशत्रु।

भूम्य (सं० त्रि०) भूमिमर्हति यत्। धरार्ह, पृथ्वी पर होने योग्य।

भूम्याङ्गुल्य (सं० क्ली०) स्वनामख्यातक्षुप। गुण—तिक्तरस, ज्वर, कुष्ठ, आम और सिध्महर।

भूम्याफली (सं० स्त्री०) अपराजिता-लता।

भूम्यामलकी (सं० स्त्री०) भूमिलग्ना आमलकी, शाकपार्थिवादित्वात् समासः। क्षुपविशेष, भुइंआँवला, पर्याय—वहुपुष्पी, जड़ा, अध्यण्डा, तालि, तामलकी, अजटा, सूक्ष्मफला, क्षेतामलकी, वितुन्नक, झटा, अमला, अज्झटा, ताली, शिवा, झाटा, मला, झटामला, अमलाज्झटा, भूम्यामलकिका, शिवामलकी, वहुपुत्रा, वहुफला, वहुवीर्या, भूधात्री, गुण—वातकारक, तिक्त, कषाय, मधुर, हिम, पिपासा, कास, पित्त, अस्रक, कफ, पाण्डु और क्षतनाशक।

राजनिघण्टुके मतसे पर्याय—तमाली, ताली, तमालिका, उच्चटा, दृढ़पादी, वितुन्ना, वितुन्निका, भूधात्री,

---

(२) अग्निहोत्र, आथर्व, वाशिष्ठ, भरद्वाज, गर्ग, गौतम, हारीत, काश्यप, कौण्डिन, कौशिक, पराशर, सावर्ण, शाण्डिल्य और वात्स्य।

(३) भूष्वरात, चौभाइया, एकसेरिया, जलेवार, कोदारिया और पांचभाइया।

(४) यह प्रायः १६२ गोत्र है। यथा—ऐलवार, अम्बारिया, गौड़, शोणभदरिया, गंभारिया, चौसा प्रभृति।

चारटी, वृष्या, विषघ्नी बहुपत्रिका, बहुवीर्या, अहिभयादा, विश्वपर्णी, हिमालया, अजझटा, वीरा। गुण—कषाय, अम्ल, पित्त, मेह और दाहनाशक, शीतल तथा मूत्ररोध नाशक। (राजनि०)

यह ठंढे स्थानमें प्रायः घरोंके आस पास होती है। इसकी पत्तियां छोटी छोटी एक सींकेमें दोनों ओर होती हैं और इसी सींकेमें पत्तियोंको जड़ोंमें सरसोंके बराबर छोटे छोटे फूलोंको कोठियां लगतो हैं जिनके फूल फूलने पर इतने छोटे होते हैं, कि उनकी पँखड़ियाँ स्पष्ट नहीं दिखाई देतीं। जब फूल झड़ जाते हैं, तब राईके बराबर छोटे छोटे फल लगते हैं। यह घास ओषधिके काममें आती है। अजीर्ण, दौर्बल्य और यक्ष्माकास रोगोंमें यह विशेष उपकारी है। इसके फलके बीजसे एक प्रकार का तेल निकलता है।

भूम्यामलो (सं० स्त्री०) भूम्या आमलते आत्मानं धारयतीति आ-मल-अच् ङीष्। भूमग्रामलकी।

भूम्यालीक (सं० पु०) धरती सम्बन्धी मिथ्या भाषण, किसीकी जमीनको अपना बताना।

भूम्याहुली (सं० स्त्री०) अपराजिता-लता।

भूम्याहुल्य (सं० क्ली०) भूमिमाहोलति आच्छादयतीति आ-हल-क, ततो यत्। क्षुपविशेष। पर्याय—कुष्ठकेतु, मार्कण्डीय, महौषध। गुण—तिक्त, कटु, ज्वर, कुष्ठ और आमनाशक।

भूम्युदराश्रया (सं० स्त्री०) मूषिककर्णीलता, मूसाकानी।

भूयस्— चालुक्यवंशीय एक प्राचोन राजा। कान्यकुब्जके निकटवर्त्ती काञ्चनकटकपुरमें उनकी राजधानी थी।

भूयस् (सं० त्रि) अयमनयो रतिशयेन बहुरिति बहु (द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ। पा ५।३।५७) इति ईयसुन् (बहोर्लोपो भू च बहोः। पा ६।४।१५८) इतीयसुन् ईलोपः भुरादेशश्च। बहुतर, अधिक।

भूयस् (सं० अव्य०) भुवे भावाय यस्यति यतते इति-भूयस्-क्विप्। १ पुनः, फिर। २ बहुत, ज्यादा।

भूयण (हि० स्त्री०) पृथ्वी।

भूयशस् (सं० अव्य०) भूयस् वीप्सार्थे शस्, सलोपः। बहुश, बहु प्रकार।

भूयस्कर (सं० त्रि०) भूयो बहुतरं करोति कृ-अण्। बहुतरकारक।

भूयस्थत् (सं० त्रि०) भूयो बहुवारं करोतीति कृ-क्विप्। पुनः पुनः कारक।

भूयस्तराम् (सं० अव्य०) अतिशय बार बार।

भूयस्त्व (सं० क्ली०) भूयो भावः त्व। पुनः पुनस्त्व, बहुका भाव या धर्म।

भूयस्विन् (सं० त्रि०) पौनपुन्यविशिष्ट।

भूयिष्ठ (सं० त्रि०) अयमेषामतिशयेन बहुरिति बहु इष्ठन् (इष्ठस्य यिट् च। पा ६।४।१५९) इति यिड़ागमो बहोःस्थाने भूरादेशश्च। बहुतर, प्रचुर।

भूयिष्ठभाज् (सं० त्रि०) भूयिष्ठं भजते भज्-ण्वि। प्रचुर भजनाकारी।

भूयिष्ठशस् (सं० अव्य०) बहु बारमें, कई दफेमें।

भूयुक्ता (सं० स्त्री०) भुवा युक्ता। भूमिखर्जुरी, भुईंखजूर।

भूर् (सं० अव्य०) भू-रुक्। अन्तरीक्ष लोकसे अधःस्थित चरणसञ्चारयोग्य स्थान, लोक।

भूर (हि० वि०) १ बहुत, अधिक। (पु०) २ बालू।

भूर—अयोध्या प्रदेशके खेरी जिलान्तर्गत एक परगना। भूपरिमाण ३७६ वर्गमील है। यहांका चौकानतीरवर्त्ती विस्तीर्ण भूभाग अधित्यकाकी तरह ऊँचा है। इसके ऊपरी भाग पर बहुत-से समृद्धिशाली ग्राम हैं। आम्र, अमरूद, बेर आदि असंख्य भक्ष्यफलोंका कानन इसकी शोभाको बढ़ाता है। यह स्थान समधिक उर्वरा और प्रचुर शस्यशाली है। एतद्भिन्न यहांके गणियार नामक निम्न समतलक्षेत्र पर भी अच्छी खेती बारी होती है। शरतकालकी वृष्टिसे नदीमें इतनी बाढ़ उमड़ आती है, कि आसपासके सभी स्थान बह जाते हैं। पीछे पानीके हट जानेसे जमीन पर जो पंक पड़ जाता है उससे जमीनकी उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इस परगनेके अन्तर्गत अलीगञ्ज, शादपुर, बड़िया, खेरा और जगदीशपुर ग्राममें बहुसंख्यक दुर्ग, पुष्करिणी आदिका ध्वंसावशेष दृष्टिगोचर होता है। स्थानीय अधिवासिगण इसे वेणराजाकी कीर्त्ति बतलाते हैं।

२ उक्त परगनेका एक प्राचीन ग्राम। निकटवर्त्ती

शालवन नदीके किनारे जो इधर उधर इष्टकराशि पड़ी है तथा जगह जगह जो बड़े बड़े कूप आदि देखे जाते हैं उनसे अनुमान किया जाता है, कि एक समय यह स्थान जनतापूर्ण था। उनमेंसे कुछ स्तूप बौद्ध-स्तूप समझे जाते हैं।

भूरज (हि० पु०) १ भोजपत्रका पेड़ । २ पृथ्वीकी धूलि, गर्द ।

भूरजपत्र (हि० पु०) भोजपत्र ।

भूरति (सं० पु०) कृशाश्वके एक पुत्रका नाम ।

भूरथ—सह्याद्रिवर्णित एक राजा ।

भूरला (हि० पु०) वैश्योंकी एक जाति ।

भूरलोखरिया (हि० स्त्री०) बलुई मट्टी जिसमें लोमड़ी मांद बनाती है ।

भूरसीदक्षिणा (हि० स्त्री०) १ वह थोड़ी थोड़ी दक्षिणा जो किसी बड़े दान यज्ञ या दूसरे धर्मकृत्यके अन्तमें उपस्थित ब्राह्मणोंको दी जाती है। २ वे छोटे छोटे खर्च जो किसी बड़े खर्चके बाद होते हैं ।

भूरा (हि० पु०) १ मट्टीका-सा रङ्ग, धूमिल रङ्ग। २ यूरोप देशका निवासी, गोरा । ३ कच्ची चीनी, खांड़ । ४ चीनी । ५ एक प्रकारका कबूतर जिसकी पीठ काली और पेट पर सफेद छींटे होते हैं । ६ वह चीनी जो कच्ची चीनीको पका कर और साफ करके बनाई जाती है । (वि०) ७ मिट्टीके रङ्गका, खाकी ।

भूराकुम्हड़ा (हिं० पु०) सफेद रंगका कुम्हड़ा, पेठा ।

भूरागढ़—युक्तप्रदेशके बांदा जिलान्तर्गत एक दुर्ग । यह बाँदा नगरसे १ मील पश्चिम भरेण्डी ग्रामके पार्श्वदेशमें केन नदीके किनारे अवस्थित है । १७४७ ई०में जैतपुर-राज गुमानसिंहने इस दुर्गको बनवाया था । दुर्ग-भग्नावस्थामें पतित होने पर भी ग्रामकी अवस्था उतनी खराब नहीं है ।

भूरि (सं० क्ली) भवति भूयते वेति भू-(अदिशदिभूशुभिभ्यः क्रिन् । उणा् ४।६५) इति क्रिन् । १ स्वर्ण, सोना । (पु०) २ विष्णु । ३ ब्रह्मा । ४ शिव । ५ इन्द्र । ६ सोमदत्तके एक पुत्रका नाम । ७ सह्याद्रिवर्णित एक राजा । (त्रि०) ८ प्रचुर, अधिक । ९ बड़ा, भारी ।

भूरिक (सं० पु०) १ गायत्री छन्दका एक भेद । (स्त्री०) २ पृथ्वी।

भूरिकर्मन् (सं० त्रि०) भूरि-प्रचुरं कर्म यस्य । प्रचुर कर्मयुक्त ।

भूरिगन्धा (सं० स्त्री०) भूरि प्रचुरो गन्धोऽस्याः, तत-टाप् । १ मुरा नामक गन्धद्रव्य ।

भूरिगम (सं० पु०) भूरिभिर्भारै र्गच्छतीति भूरि-गम (ग्रह वृदनिश्चिगमश्च । पा ३।३।५८) इति अप् । गर्दभ, गधा ।

भूरिज् (सं० स्त्री०) भरति सर्वं धरतीति भृ- (भृजा उच्च । उणा् २।७२) इति इजि, सच कित्, धातो-रुकारान्ता-देशश्च, पृषोदरादित्वात् साधुः । पृथ्वी ।

भूरिज (सं० त्रि०) भूरि-जन-ड । जो एक समयमें बहुत-सा उत्पन्न होता हो ।

भूरिजन्मन् (सं० त्रि०) भूरि जन्म यस्य । बहुजनन, बहुविधजनन ।

भूरिज्येष्ठ (सं० पु०) विचक्षुके पुत्र चन्द्रवंशीय एक राजा । (मत्स्य पु० ४९ अ०)

भूरिता (सं० स्त्री०) भूरि-भावे तल्-टाप् । भूरित्व, ज्यादती ।

भूरितेजस् (सं० त्रि०) भूरि-प्रभूतं तेजो यस्य । १ अतिशय तेजस्वी । (पु०) २ सुवर्ण, सोना । ३ अग्नि, आग ।

भूरिद (सं० त्रि०) भूरि ददातीति दा-क । प्रभूत-दानकारी, बहुत दान करनेवाला ।

भूरिदक्षिण (सं० त्रि०) भूरिर्दक्षिणा यस्य । १ बहुत दक्षिणा-दानयुक्त । (पु०) २ विष्णु ।

भूरिदा (सं० त्रि०) बहुत बड़ा दानी, बहुत देनेवाला ।

भूरिदात्र (सं० त्रि०) बहुविध आयुधयुक्त ।

भूरिदावन् (सं० पु०) भूरि ददाति यो भूरि-दा-वनिप् । प्रचुर दाता, बहुत दानी ।

भूरिदुग्धा (सं० स्त्री०) भूरीणी दुग्धानि यस्य निर्यासा यस्याः । वृश्चिकाली ।

भूरिद्युम्न (सं० पु०) भूरि द्युम्नं यस्य । १ नवम मनुके एक पुत्रका नाम । २ चक्रवर्त्ती राजा जिनका नाम मैत्र्युपनिषद्में आया है ।

भूरिधन (सं० त्रि०) भूरि प्रभूतं धनं यस्य । प्रभूत धनयुक्त, बहुत धनवान् ।

भूरिधामन् (सं० पु०) १ नवम मनुके एक पुत्रका नाम। (त्रि०) २ प्रभूत तेजोयुक्त, बहुत प्रभावशाली।

भूरिधायस (सं० त्रि०) बहुकार्यके कर्त्ता, बहुत काम करनेवाला।

भूरिधार (सं० त्रि०) बहुधार।

भूरिनिष्कम (सं० क्ली०) स्वर्ण, सोना।

भूरिपत्र (सं० पु०) भूरीणि पत्राणि यस्य। उषरतृण।

भूरिपलितदा (सं० स्त्री०) भूरि-पलितं केशपाकं दायति शोधयति इति दैप्-क, टाप्। पाण्डुरफली।

भूरिपानि (सं० त्रि०) बहु हस्तयुक्त, जिसके बहुत-से हाथ हों।

भूरिपाश (सं० त्रि०) प्रभूत बन्धनसाधनपाशोपेत मित्रावरुण।

भूरिपुष्पा (सं० स्त्री०) भूरीणि पुष्पाण्यस्याः। शतपुष्पा।

भूरिपोषिन् (सं० त्रि०) भूरि-पुष-णिनि। बहुपालक, बहुतोंका पालन करनेवाला।

भूरिप्रयोग (सं० पु०) पद्मनाभदत्तरचित एक संस्कृत अभिधान।

भूरिप्रेम (सं० पु०) भूरिः प्रेमा यस्य प्रेयस्त्वं यस्य। चक्रवाक।

भूरिफली (सं० स्त्री०) पाण्डुरफली।

भूरिफेना (सं० स्त्री०) भूरयः फेना यस्याः। १ सप्तलावृक्ष। २ नागूदानेका पेड़।

भूरिबला (सं० स्त्री०) भूरि बलं यस्याः। १ अतिबला, ककही। (पु०) २ धृतराष्ट्रके एक पुत्रका नाम। (त्रि०) ३ प्रचुर बलयुक्त, बहुत ताकतवर।

भूरिभार (सं० त्रि०) भूरिः भारो यस्य। प्रभूत भारयुक्त, बोझल।

भूरिभट्ट—निम्बार्क सम्प्रदायके एक धर्मगुरु। आप माधवभट्टके गुरु और श्रवणभट्टके शिष्य थे।

भूरिमञ्जरी (सं० स्त्री०) श्वेततुलसीवृक्ष।

भूरिमल्ली (सं० स्त्री०) भूरि मल्लते इति मल्ल-अच्, ङीष्। अम्बष्ठा, ब्राह्मणी वा पाढ़ा नामकी लता।

भूरिमाय (सं० पु० स्त्री०) भूरी माया यस्य। १ शृगाल, गीदड़। (त्रि०) २ प्रभूत मायावी।

भूरिमूल (सं० त्रि०) बहु मूलयुक्त। भूरिमूलिका देखो।

भूरिमूलिका (सं० स्त्री०) भूरीणि मूलानि यस्याः कप्, टापि अत इत्वं। अम्बष्ठा, पाढ़ा।

भूरिरस (सं० पु०) भूरो रसः यस्य। १ इक्षुवृक्ष, ऊख। त्रि०) २ प्रभूतरसयुक्त।

भूरिरेतस् (सं० त्रि०) भूरि प्रभूतं रेतः यस्य। अतिशय रेतोयुक्त।

भूरिलग्ना (सं० स्त्री०) श्वेत अपराजिता।

भूरिवर्पस् (सं० त्रि०) बहुविध रूपयुक्त, पार्थिव वैद्युतादि बहुविध रूपयुक्त।

भूरिवीर्य (सं० पु०) पुराणानुसार एक राजाका नाम।

भूरिशस् (सं० अव्य०) भूरीणि इति वीप्सायां शस्, वा भूरि-चशस्। भूरि भूरि, अनेक बार।

भूरिशृङ्ग (सं० त्रि०) १ बहु कर्त्तृक आश्रयनीय। २ अत्यन्तोन्नत्युपेत।

भूरिश्रवस् (सं० पु०) भूरि श्रवो यज्ञादिजनितं यशो यस्य। चन्द्रवंशीय सोमदत्त राजपुत्र। ये कौरवोंकी ओरसे महाभारतमें लड़े थे। युद्धमें अर्जुनने इनके हाथ और सात्यकिने सिर काट डाला था।
(महाभारत)

काशी रामनगरके पास भुइली नामक गांवमें इनकी राजधानी थी, ऐसा सुना जाता है। अभी उस गांवमें टूटे फूटे खंडहर वर्त्तमान हैं जिससे स्पष्ट ज्ञात होता है, कि किसी समय यहां किसी बलशाली राजाकी राजधानी थी। अभी तक उक्त स्थानमें हनुमानजीकी एक विशाल मूर्त्ति है जिसके विषयमें जनसाधारणका विश्वास है, कि उक्त मूर्त्ति भूरिश्रवा द्वारा ही जीत कर लाई गई थी।

(त्रि०) २ बहुयशोविशिष्ट।

भूरिश्रवा—१ सह्यान्द्रि वर्णित एक राजा। (सह्या० ३३।२६) २ भूरिश्रवा देखो।

भूरिश्रेष्ठिक (सं० पु०) भूरयः श्रेष्ठिनो यत्र। गौड़देशस्थित पुरभेद।

भूरिषेण (सं० पुं०) मनुभेद (भाग०२।७।४४)

भूरिसेन—सह्याद्रिवर्णित एक राजा। (सह्या० ३३।१७४)

भूरिसाह (सं० त्रि०) भूरि-सह-ण्वि। प्रभूत भारवहनकारी।

भूरिस्थात्र (सं० त्रि०) वहुभावमें अर्थात् प्रपञ्चात्मरूपमें अवतिष्ठमान ।

भूरिहन् (सं० त्रि०) भूरिन् हन्ति हन्-क्विप् । १ वहुतर नाशक । (पु०) २ असुरभेद ।

भूरुण्डी (सं० स्त्री०) भुवं पृथिवीं रुणद्धि भुवि रोहतीति वा भू-रुध वा रुह-क, पृषोदरादित्वात् नकारडकारौ, गौरादित्वात् ङीष् । १ श्रीहस्तिनी वृक्ष, हाथीसूड़ नामका पेड़ । २ महाकरञ्ज ।

भूरुह (सं० पु०) भूवि रोहति प्रादुर्भवतीति भू-रुह-क । १ वृक्ष, पेड़ । २ अर्जुनवृक्ष । २ शालका वृक्ष ।

भूरुहा (सं० स्त्रि०) १ मांसरोहिणी । २ दूर्वा, दूव ।

भूरोह (सं० पु०) किञ्चुलुक कें चुआ ।

भूर्ज (सं० पु०) ऊर्ज घञ्, भुः ऊर्जो वलं यस्य, भुवि ऊर्जायते इति भृ-ऊर्ज-अच् वा । स्वनामख्यात वृक्षविशेष, एक प्रकारका पेड़, भोजपत्र । पर्याय—वल्कद्रुक, भूर्ज, सुचर्मा, भूर्जपत्रक, चित्रत्वक्, विन्दुपात्र, रक्षापत्र, विचित्रक, भूतघ्न, मृदुमत्र शैलेन्द्रस्थ, भूर्जपत्रक, चर्मी, वहुलवल्कल, छत्रपत्र, शिव, स्थिरच्छद, मृदुत्वक्, पत्रपुष्पक, भुज, वहुपाठ, वहुत्वक्, मृदुत्वच् ।

इसका गुण—वलकारक, कफरक्तनाशक, कटु, कषाय, उष्ण, भूतरक्षाकर, त्रिदोषशमन, पथ्य, कर्णरोग, पित्त, राक्षस, मेद और विषनाशक है ।

तन्त्रोक्त यन्त्र तथा कवचादि भूर्जपत्रमें लिख कर धारण करना चाहिए । कवच लिखनेके समय वाणको छोड़ देना आवश्यक है । भोजपत्रके मध्य जो सव रेखाएँ रहती हैं उन्हें वाण कहते हैं । इस वाणके ऊपर लिख कर धारण करनेसे अशुभ फल होता है । किन्तु यन्त्र लिखनेमें बाणको नहीं छोड़ना होता है ।

भूपृष्ठसे १४००० फीट ऊँची हिमालय शैलमाला पर यह वृक्ष पैदा होता है । यह वहुत वड़ा नहीं होता और न अधिक दिन तक ठहरता ही है ।

इस पेड़की छाल ही 'भूर्जपत्र' नामसे प्रसिद्ध है । अत्यन्त प्राचीन समयसे भारतवर्षमें धर्मग्रन्थ तथा मन्त्रकवचादि लिखनेके लिए भूर्जपत्र ही व्यवहृत होता है । इस वृक्षको भीतरी छालसे ही लिखने लायक भूर्जपत्र पाया जाता है । काश्मीरमें इसीको आजकलको तरह पुस्तकाकारमें सजा कर प्राचीन ग्रन्थ प्रस्तुत होते थे । सुश्रुतके वैद्यकग्रन्थ, कालिदासके नाटक और वराहमिहिरकेकेज्योतिर्ग्रन्थमें इस भूर्जपत्रका उल्लेख आया है । इस देशके पण्डितोंका विश्वास है, कि लिपिसृष्टिके साथ साथ आर्योंने इसी भूर्जपत्रमें लिखना सीखा है । फिलहाल काश्मीर और हिमालयप्रदेशके नाना स्थानोंमें दूकानदार लोग इसी पत्रका व्यवहार करते हैं—वे कागजको काममें नहीं लाते । उनका विश्वास है, कि कागजकी अपेक्षा भूर्जपत्र अधिक दिन चलता है । लेख्यकार्यके सिवा इस पत्रसे वृष्टिनिवारणके लिए घरकी छौनी, कोई चीज बांधनेके लिए पुड़िया और हुक्केकी कोमल नली तैयार होती है । भारतमें प्रायः सभी जगह भूर्जपत्रका व्यवहार होता है । परन्तु काश्मीर और हिमालय प्रदेशमें कुछ विशेषकर । अब भी काश्मीरके वाजारमें प्रति दिन १५ १६ नावें भूर्जपत्रसे लद कर आती हैं । इसके वड़े वड़े पत्तोंसे छाता भी वनाया जाता है ।

अकवर वादशाहकी चेष्टासे सभी जगह कागज प्रचलित हुआ । उसी समयसे भूर्जपत्रका पहलेके जैसा आदर तथा व्यवहार वहुत कुछ घट गया है ।

भूर्जपत्रको अत्यन्त पवित्र मान कर हिमालयवासी हिंदूगण शवदाहके समय इसे आगमें फेंकते हैं । काश्मीरमें अमरनाथके दर्शनके लिए जो सव यात्री जाते हैं, उनमेंसे कितनेही पूर्ववस्त्रका परित्याग कर पवित्र भावमें इस भूर्जपत्रसे सर्वाङ्गको ढक कर देवदर्शन करते हैं । इसकी हरी कच्ची छाल अच्छी गन्धयुक्त तथा पचननिवारक है । किसी विषैले जन्तुके काटे हुए स्थानमें इसका रस वड़ा ही उपकारी है । पत्रका क्वाथ वातघ्न और हिष्टिरिया रोगमें फलदायक तथा वृक्षका पत्ता गवादि गृहपालित पशुका खाद्य है ।

भूर्जकण्टक (सं० पु०) वर्णसङ्कर जातिविशेष ।

> "ब्रात्यात्तु जायते विप्रात् पापात्मा भूर्जकण्टकः ।"
> (मनु १०।२१)

ब्रात्यब्राह्मण और ब्राह्मणीके संयोगसे जिस जातिकी उत्पत्ति होती है उसे ही भूर्जकण्टक कहते हैं । यह जाति देशविशेषमें आवन्त्य, वाटधान, पुष्पध और शैख इन चार नामोंसे प्रसिद्ध है । यह जाति अतिशय पापकारी समझी जाती है ।

भूर्जग्रन्थि (सं० पु०) भूर्जस्य ग्रन्थिः ६-तत् । १ भोजवृक्षकी गांठ । २ प्रदाहविशेष ।

भूर्जपत्र (सं० पु०) भुवि उर्जस्वलेभ्यः उपदेवजातिभ्यः पत्राण्यस्य। १ भूर्जवृक्ष, भोजपत्र। २ भोजपत्रके पेड़का छिलका।

भूर्जपत्रक (सं० पु०) शाखोटवृक्ष, सिहोरका पेड़।

भूर्णि (सं० स्त्री०) बिभर्त्ति सर्वमिति भृ-(घृणि पृश्नि पार्ष्णि चूर्णिः भूर्णिः। उणा् ४।५२) इति नि, निपातनादूत्वञ्च। १ पृथिवी। २ मरुभूमि, रेगिस्तान। ३ जगतका भर्त्ता।

भूर्भुव (सं० पु०) १ व्याहृतिभेद। २ ब्रह्माके एक मानसपुत्रका नाम।

भूर्भुवकर (सं० पु०) कुक्कुर, कुत्ता।

भूर्भुवतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

भूर्भुवेश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) भृगुकच्छके अन्तर्गत तीर्थविशेष। (शिवपुराण)

भूर्यक्ष (सं० त्रि०) १ प्रभूत चक्षुविशिष्ट। २ अति तेजस्वी।

भूर्योजस् (सं० त्रि०) बहुबल, बहुत ताकतवर।

भूर्लोक (सं० पु०) भूः संज्ञको लोकः, शाकपार्थिवादिवत् समासः। अन्तरीक्षसे अधोलोक, मर्त्त्यलोक।

> "पादगम्यञ्च यत् किञ्चित् वस्वस्ति पृथिवीमयम्।
> स भूर्लोकः समाख्यातो विस्तारोऽस्य मयोदितः॥"
> (विष्णु पुराण २।५ अ०)

जहां तक पादगम्य है अर्थात् पदसञ्चारके योग्य पार्थिव वस्तु रहती है, वहां तक भूर्लोक है। चन्द्रमा और सूर्यको किरणसे जहां तक आलोकित होता है तथा समुद्र, नदी और पर्वतयुक्त स्थान ही भूर्लोक कहलाता है। भूर्लोक और भुवर्लोकका विस्तार तथा परिमण्डल एक-सा है। पृथिवी भूगोल और भुवनकोष देखो।

भूल (हिं० स्त्री०) १ गलती, चूक। २ भूलनेका भाव। ३ दोष, अपराध। ४ अशुद्धि, गलती।

भूलग्ना (सं० स्त्री०) भुवि लग्ना। शङ्खपुष्पी।

भूलता (सं० स्त्री०) भुवि लता इव। किञ्चुलुक, केंचुआ नामका कीड़ा।

भूलना (हिं० क्रि०) १ विस्मरण होना, याद न रखना। २ गलती करना। ३ गुम कर देना, गलती करना। ४ विस्मृत होना, याद न रहना। ५ धोखेमें आना। ६ अनुरक्त होना, आसक्त होना। ७ गुम होना, खो जाना। (वि०) ८ जिसे स्मरण न रहता हो, भूलनेवाला।

भूलभुलैयां (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी घुमावदार और चक्करमें डालनेवाली इमारत। इसमें एक ही तरहके बहुत-से रास्ते और बहुत-से दरवाजे आदि होते हैं। इसके भीतर जानेसे फिर बाहर निकल नहीं सकता। २ बहुत घुमाव-फिरावकी बात या घटना, बहुत चक्करदार और पेचीली बात। ३ चकाबू।

भूलोक (सं० पु०) पृथिवीलोक, भूर्लोक।

भूलोकमल्ल—एक राजा।

भूलोटन (हिं० वि०) पृथ्वी पर लोटनेवाला।

भूल्लेखिन् (सं० पु०) भू-उत्-लिख-णिनि। एक प्रकारका पक्षी जो मट्टी खोद कर आहारकी तलाश करता है।

भूवदरी (सं० स्त्री) भूलग्ना बदरी, शाकपार्थिवादित्वात् समासः। क्षुद्रकोली, झड़बेर। पर्याय—क्षितिबदरी, बल्ली-बदरी, बदरवल्ली, बहुफलिका, लघुबदरी, बदरीफली, सूक्ष्म-बदरी। गुण—मधुराम्ल, कफ और बातविकारहारक, पथ्य, दीपन पाचन, किञ्चित पित्ताम्लकारक और रुचिकर।

भूवलदेव—एक हिन्दूराजा। आप १८वीं शताब्दीके मध्यभागमें वाराणसीके अन्तर्गत बलदी नामक स्थानका शासन करते थे।

भूवलय (सं० क्ली०) भूर्वलय-मिव। भूमिपरिधि।

भूवल्लभ (सं० पु०) राजा।

भूवशङ्कर—सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

भूवा (हिं० पु०) १ रूई। (स्त्री०) २ बूआ देखो। (वि०) रूईके समान उजला, सफेद।

भूवाक्—एक गृह्यकारिकाके प्रणेता, विशाख भट्टके पुत्र।

भूवायु (सं० पु०) पृथ्वी परकी हवा, पवन।

भूवारि (हिं० पु०) वह स्थान जहां हाथी पकड़ कर रखे या बांधे जाते हैं।

भूविद्या (सं० स्त्री०) भूतत्त्व, भूदर्शन (Geology)। इस शास्त्रका अध्ययन करनेसे पृथिवीके अभ्यन्तरसंस्पृष्ट पदार्थ निचयका सभी तत्त्व जाना जाता है।

हम लोगोंकी अधिष्ठानभूता परिवर्त्तनमयी परिदृश्यमान पृथिवीका तत्त्व निरूपण करना ही भूतत्त्वका

उद्देश्य है। पौराणिक कल्पनासे पृथिवीके मधुकैटभदैत्यके मेदसे उत्पन्न होनेके कारण इसका दूसरा नाम मेदिनी पड़ा है। किन्तु पाश्चात्य वैज्ञानिकोंने इस नद-नदी-ह्रदसागर-समन्विता देश-महादेश-प्रान्तर-अरण्यपर्वत-मण्डिता सागराम्बरा वसुधाको उस पौराणिक कल्पनाका परित्याग करके पर्यवेक्षण तथा परीक्षा द्वारा पृथिवीकी तत्त्वालोचना कर जो सिद्धान्त और मीमांसा की है, वही भूविद्या नामसे प्रसिद्ध है। सुतरां भूविद्या-विषयक शास्त्र आधुनिक और पाश्चात्य गवेषणामूलक है।

प्रत्यक्ष परिदृश्यमान विशाल निसर्गराज्यके इतिहासका वर्णन करना ही पार्थिव विज्ञानका उद्देश्य है। पार्थिव विज्ञान या प्राकृतिक इतिहास (*Natural History*) विविध विज्ञानमें विभक्त है। यथा—भू-तत्व या भूविद्या (अर्थात् पृथिवीकी अतीत युगको स्तरावली और तन्निहित प्रस्तरीभूत जीवोद्भिज्जकी प्रकृति तथा कालनिरूपण द्वारा वर्त्तमान युगका क्रमोन्नति निर्णय), भूगोल, उद्भिद्विद्या, प्राणिविद्या और रसायन। इसका प्रत्येक विज्ञान ही पृथिवीसंक्रान्त एक एक प्राकृतिक विभागकी गवेषणामें निवद्ध है।

जिन सब विभिन्न स्तरावली और विभिन्न धातुसे पृथिवी गठित है, उनका परस्पर सम्बन्ध-निर्णय, प्रकृति और गठनपर्यालोचना तथा जिस शक्तिसे उनका परिवर्त्तन हुआ है और होता है, उन सबोंका निर्द्धारण करना ही भूविद्याका उद्देश्य है।

भूविदोंका कहना है, कि पृथिवीकी विशाल देहमें युगयुगमें बहुत परिवर्त्तन हो गया है। जो सब परिवर्त्तन हो गया है, पृथिवी पर आज भी उसका जाज्वल्यमान निदर्शन वर्त्तमान है। उन सब परिवर्त्तनोंको लक्ष्य कर हम लोग पृथिवीके अतीत जीवनका विवरण स्पष्टरूपसे जान सकते हैं। वे कहते हैं, कि पृथिवीकी स्थितिकी तुलनामें मनुष्यगण हालकी सृष्टि हैं, किन्तु इस अल्प दिनकी सृष्ट मानवजातिके तत्त्वनिरूपणमें, मनुष्यके वयसनिर्द्धारणमें कोई भी मानवतत्त्ववित् (Anthropologist) आज तक सूक्ष्म विचार नहीं कर सके हैं। सुतरां विविध भूतधात्री पृथिवीका वयस निर्द्धारण करना वृद्धावस्थामें उत्पन्न मानवसन्तानके लिए वड़ा ही कठिन है, किन्तु वसुधावक्ष पर विहार करनेवाले मानवशिशुने जननीकी उम्र स्थिर करनेमें यथासाध्य चेष्टा की है और करता भी है।

वैज्ञानिक सृष्टितत्त्व देखनेसे पता लगता है, कि मनुष्य ही पृथिवीकी सर्वकनिष्ठ सन्तान है। किन्तु कनिष्ठ होने पर भी मनुष्य ही विश्वसृष्टिके गरिष्ठ जीव हैं। सृष्टि शब्द देखो।

पौराणिक प्राणिसृष्टिमें देखा जाता है, कि कश्यपकी पत्नियोंके गर्भसे दैत्य, आदित्य, दानव, मनुष्य, पक्षी, सर्पादि जीव एक ही समय उत्पन्न हुए थे। उस हिसावसे मनुष्य तिर्य्यग्जातिके वैमात्रेय भाई और समकालिक हैं। किन्तु पाश्चात्य भूविदोंका निःसन्देह कहना है, कि सरीसृपादि मनुष्यकी अपेक्षा इतने वयोज्येष्ठ हैं, कि उसे अङ्क द्वारा निर्णय करना भी कठिन है। भूतात्त्विक पण्डितोंने पृथिवीके प्राचीनतम शैलस्तरमें प्रस्तरीभूत वहुत वड़े सरीसृपादिका सुस्पष्ट निदर्शन पाया है।

पौराणिक कल्पनासे पता चलता है, कि भगवान्‌ने युगयुगमें अवतार लिया है। कारणवारिके अतल जलधितलमें प्रथम अवतार मत्स्य, वाद कूर्म और वराह प्रभृति हुआ। वैज्ञानिक गवेषणासे यह सिद्ध हुआ है, कि पृथिवीके पुराकालिक भिन्न भिन्न युगमें भिन्न भिन्न खण्ड प्रलयरूप भूविप्लव हुआ था। उन्हीं सब भूविप्लवोंसे पृथिवी युगयुगान्तमें रूपान्तरित हुई है। भूमण्डलके मानचित्रमें हम लोग अभी जो जल और स्थल सन्निवेश देखते हैं वह अधिक दिनका नहीं है। आज जहां अभ्रभेदी गिरिराज हिमाचल सगर्व खड़ा है, वहां एक दिन अतलस्पर्शी विशाल वारिधिका तरङ्गहिल्लोल फेनिल कलेवरमें चन्द्रसूर्यका विराट दर्पणस्वरूप वना था। जहां आज कृशानूकणकल्प स्तूपीकृत वालुकाराशि समीर तरङ्गमें भैरव क्रीड़ा करती थी, वहां उस विशाल सहारेकी मरुस्थली एक दिन रत्नाकरके गभीर गर्भमें प्रोथित थी। आज जहां महासमुद्रका करालतम कल्लोलकोलाहल अर्णवयात्रिकके हृदयमें भयङ्कर गाम्भीर्यका छायापात करता है, वहां एक दिन सुसज्जित चित्तरञ्जन पण्यश्रेणीपरिपूर्ण पण्यवीथिका-नगरवासी हजारों नरनारियोंके हृदयमें आनन्द प्रदान करता था।

भूविद्गण स्पष्टरूपसे दिखा देते हैं, कि ऐसा विस्मयकर परिवर्त्तन इतिहासके अधिगम्यकालमें भी बहुत हो गया है। लगभग दो हजार वर्ष हुए, हार्किलेनियम और पम्पिया नामक दो जनपूर्ण सुरम्य नगरी नेपलसके भिसुभियस् पर्वतके अग्न्युत्पातसे भूगर्भमें ध्वंस गई हैं। सम्प्रति भूतत्त्वविदोंने भूगर्भ खोद कर उक्त दोनों नगरीके बहुत कुछ अंशोंका पता लगाया है। इसके अलावा बहुतसे छोटे बड़े परिवर्त्तन इस पृथिवी पर प्रतिदिन हुआ करते हैं। पृथिवीके भीतरी तापसे भूपञ्जर परिचालना द्वारा भी बहुत जगह अभावनीय परिवर्त्तन हुआ है। प्रवल भूमिकंपके वाद किस प्रकार भूभागका परिवर्त्तन होता है, प्रायः सवोंको मालूम हुआ होगा। भूमिकंपसे अनेक स्थानोंमें नदी भिन्नमुखी हो जाती, नगर या जनपद समुद्रगर्भमें प्रवेश करता, किसी स्थानका भूभाग ऊँचा हो जाता और कहीं प्रकाण्ड ह्रदकी उत्पत्ति होती है।

पृथिवीके आभ्यन्तरिक कार्यके सिवा वृष्टिपात, जलप्लावन, नदीका गतिपरिवर्त्तन तथा शीतातप प्रभृति कारणोंसे भूपृष्ठका प्रतिदिन बड़ा ही परिवर्त्तन होता है। सभी जानते हैं, कि वर्त्तमान हुगलीके समीप सरस्वतीके किनारे सप्तग्राम १६वीं शताब्दीमें समृद्धिशाली राजधानी था, वह आज जंगलमय हो रहा है। गौड़ और पांडुयाकी कथा ऐतिहासिकोंसे छिपि नहीं है। भागीरथी और पद्मानदीके बीच द्वीपाकार भूखण्ड भूविदोंके मतसे अत्यन्त आधुनिक है। कलकत्ते और अन्यान्य स्थानोंमें गभीर कूपखननके समय इसका साफ साफ निदर्शन पाया जाता है।

भूविदोंका कहना है, कि पृथिवीकी आभ्यन्तरिक शक्तिसे सभी पर्वत निकले हैं। पर्वत देखो। हिमालय पर्वतसे हजारों फीट ऊँचे स्थान पर अनेक जलचरजीवकी अस्थि पाई जाती है। शिवालिक पर्वतश्रेणी पर बहुत बड़े कूर्मका कङ्काल नजर आता है। इससे अनुमान होता है, कि इन सब पर्वतमालाओं पर एक दिन समुद्रकी लहरें उठती थीं, वाद भूगर्भस्थ शक्तिसे ये उद्भूत हुई हैं। पृथिवी पर जितने पर्वत हैं वे सभी पृथिवीकी आभ्यन्तरिक शक्तिसे उत्पन्न हुए हैं। हिमालय पर्वत जो समुद्रतरङ्गमें अवगाहन कर सुशोभित होता था, वह कालिदासकी हिमालय-वर्णना पढ़नेसे जाना जाता है, "पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः" अर्थात् हिमालय पूर्व और पश्चिम तोयनिधिमें अवगाहन कर पृथिवीके मानदण्डकी तरह अवस्थित है। भूतात्त्विक पण्डितोंने परीक्षा कर स्थिर किया है, कि हिमालय पर्वत समुद्रगर्भमें निहित था। वे प्राचीन महाद्वीपका पर्वतसंस्थान देख कर कहते हैं, कि प्राचीन महाद्वीपके सभी पर्वत हिमालयकी शाखा-स्वरूप हैं। पश्चिममें पुर्त्तगालसीमान्त पिरिनिजश्रेणीसे ले कर पूर्वमें अल्टाई श्रेणी तक एक ही पर्वतश्रेणीने दोनों ओर दो महासमुद्रमें अवगाहन किया है। अथवा कालिदासने हिमालयको जो मानदण्ड बतलाया है, उसका प्रकृष्ट प्रमाण यह है, कि हिमालयकी स्तरावलीके सन्निवेशसे पृथिवीका वयस निर्द्धारण करनेकी सुबिधा हुई है। हिमालयगात्रसे आविष्कृत प्रस्तरीभूत अस्थिसे विगत युगके मृत्तिकास्तरकी प्राचीनता स्वीकार करने पर साफ साफ मालूम होता है, कि भूविप्लवसे युगयुगान्तरमें पृथिवीके जलस्थलविभागका सविशेष परिवर्त्तन हुआ है, इसमें कोई सन्देह नहीं। इस भूविप्लवयुगमें शायद पर्वतके पर थे, पीछे गोत्रभित् कर्त्तृक उनके पर काटे जाने पर पृथिवी मानवजातिके रहने लायक हो गई है।

पृथिवी शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

भूशक्र (सं० पु०) भुवि शक्र इव। भूमीन्द्र, राजा।

भूशमी (सं० स्त्री०) भूलग्ना शमी, शाकपार्थिवादित्वात् कर्मधा०। लघुशमी, छोटी सेम।

भूशय (सं० पु०) भुवि शेते इति भू-शीङ् (अधिकरणे-शेतेः। पा ३।२।१५) इति अच्। १ नेवला, गोध आदि बिलमें रहनेवाले जानवर। इस वर्गके जन्तुओंका मांस गुरु, उष्ण, मधुर, स्निग्ध, वायुनाशक और शुक्रवर्द्धक माना गया है। २ विष्णु।

भूशय्या (सं० स्त्री०) भूरेव शय्या, रूपक कर्मधा०। १ भूमिशय्या, भूमि पर सोना। २ शयन करनेकी भूमि।

भूशर्करा (सं० स्त्री०) भुवि ख्याता शर्करा, शाकपार्थिवादित्वात् कर्मधा०। कन्दभेद।

भूशायी (हिं० वि०) १ पृथ्वी पर सोनेवाला। (पु०) पृथ्वी

पर गिरा हुआ। ३ मृतक, मरा हुआ।

भूशूर—वङ्गाधिपति आदि शूरके पुत्र। शूरवंश देखो।

भूशेलु (सं० पु०) भुवि ख्याता शेलुः शाकपार्थिवादिवत् समासः। भूकर्बुदारक, लिसोड़ा।

भूषण (सं० क्ली०) भूष्यतेऽनेनेति भूष करणे ल्युट्। १ अलङ्कार, आभरण, गहना, वह जिसके द्वारा शरीर भूषित हो। कचधार्य, देहधार्य, परिधेय और विलेपन यही चार प्रकारका भूषण है।

> "कचधार्यं देहधार्यं परिधेयं विलेपनम्।
> चतुर्धाभूषणं प्राहुः स्त्रीणामन्यच्च दैविकम्॥"

उक्त चार प्रकारके भूषणके सिवा स्त्रियोंके और भी अन्य प्रकारके भूषण हैं जो केवल सौन्दर्यवर्द्धक हैं।

कालिदासने शकुन्तलामें स्पष्ट कहा है,—सुन्दर आकृतिके सभी भूषणस्वरूप हैं।

कालिकापुराणके ६८वें अध्यायमें देवताके उद्देश्यसे देय भूषणका विषय इस प्रकार लिखा है,—

> "भोग्यभूषोत्तमं नित्यं भूषणानि शृणुष्व मे।
> किरीटञ्च शिरोरत्नं कुण्डलञ्च ललाटिका॥" (इत्यादि)

किरीट, शिरोरत्न, कुण्डल, ललाटिका, तालपत्र, हार, ग्रैवेयक, ऊर्मिका, प्रालम्बिका, रत्नसूत्र, उत्तुङ्ग, ऋक्षमालिका, पार्श्वद्योत, नखद्योत, अंगुलीच्छादक, कटिलग्न, मानवक, मूर्द्धतारा, नलन्तिका, अङ्गद, बाहुवलय, शिखाभूषण, इङ्गिका, प्रागण्डबन्ध, नाभिपुर, मालिका, सप्तकी, शृंखल, दन्तपत्र, वर्णक, ऊरुसूत्र, नीवी, मुष्टिबन्ध, पादाङ्गद, हंसक, नूपुर, क्षुद्रघण्टिका और सुखपट्ट प्रभृति भूषण देवीको अत्यन्त प्रिय हैं। इन्हें अर्चित कर देवताके उद्देशसे दान करनेसे सभी प्रकारके अभीष्ट सिद्ध होते हैं।

किरीट प्रभृति मस्तकके सभी भूषण सुवर्णनिर्मित, ग्रैवेयसे हंसक प्रभृति भूषण सुवर्ण या रजतनिर्मित कर देना चाहिए। अन्य धातुनिर्मित द्रव्य भूषण-पदवाच्य नहीं हैं। किन्तु विशेषता यही है, कि ये सब भूषण तांबेके हो सकते हैं, क्योंकि तांबा सभी जगह सोनाके तुल्य है। ताम्रमें सभी देवगण अवस्थित हैं, अतः ताम्रभूषण धारण और दान बड़ा उपकारी है। मनुष्योंको अपने सामर्थ्यानुसार भूषण बनाना चाहिये, किन्तु गलेके ऊपर चांदीका भूषण पहनना एकदम मना है। जिनकी जैसी शक्ति हो उन्हें उसी परिमाणमें भूषणदान करना चाहिये। भूषण हमेशा चतुर्वर्गप्रद, सौख्यदानकारी तथा नित्यतुष्टि और पुष्टिदायक है। अतएव देवताको भूषणदान यथाशक्ति विधेय है। (कालिकापु० ६८ अ०)

भावप्रकाशमें दिनचर्याकी जगह भूषणधारणको विशेष हितकर कहा गया है।

> "भूषणं भूषयेदङ्गं यथायोग्य विधानतः।
> शुचिसौभाग्यसन्तोषदायकं कांचनं स्मृतम्॥" (भावप्र०)

अनुलेपनके बाद यथायोग्य विधानानुसार शरीरको भूषित करना आवश्यक है। क्योंकि, स्वर्णभूषण पवित्रकारक, सौभाग्यवर्द्धक और सन्तोषजनक है। रत्नभूषण ग्रहदोष तथा दुःस्वप्नविनाशक है। नवग्रहकी दोषशान्तिके लिए सूर्यको माणिक्य, चन्द्रको मुक्ता, मङ्गलको प्रवाल, बुधको मरकतमणि, वृहस्पतिको पुष्पराग, शुक्रको हीरक और शनिको नीलकान्तमणि, राहु तथा केतुको गोमेद और वैदुर्य्यमणि इन्हींका भूषणधारण उपकारक है। इन सब द्रव्योंका भूषणधारण करनेसे नवग्रहका दोष रहने नहीं पाता। (भावप्र०)

पहले भूषण धारण करनेमें शुभ दिनका विचार करना उचित है। ज्योतिषमें दिनके इस विषयमें इस प्रकार लिखा है,—पुष्या, हस्ता, पुनर्वसु, मघा, अनुराधा, मृगशिरा, धनिष्ठा, उत्तरफल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभाद्रपद, रोहिणी और चित्रानक्षत्रमें हरिशयनके सिवा दूसरे समयमें, शुभतिथि, शुभकरण तथा शुभयोगमें भूषणधारण करना प्रशस्त है। रमणिगण स्वामीके कल्याणके लिए उत्तरफल्गुनी, उत्तराषाड़ा, उत्तरभाद्रपद, रोहिणी, पुष्या, पुनर्वसु और आर्द्रा नक्षत्रको छोड़ कर भूषण धारण करें। इसमें भी चन्द्र ताराका विचार करना उचित है, क्योंकि चन्द्र और तारेकी शुद्धि रहनेसे यदि कोई दोष रहे, तो वह विनष्ट होता है। (ज्योतिःसारसंग्रह) (पु०) भूषयति भक्तवृन्दमिति भूष्यते ऽनेनेति वा भूष-ल्यु वा ल्युट्। २ विष्णु। ३ राजविशेष, एक राजाका नाम।

भूषण—सह्याद्रिवर्णित कई एक राजोंके नाम।

भूषण—छिन्दवंशीय एक राजा। ये च्यवनकुलजात

बैरवर्गके पुत्र थे। देवल नामक स्थानमें थे राज्य करते थे।

भूषणकवि—कान्यकुब्ज ब्राह्मणकुलोद्भव एक विख्यात कवि। कानपुर जिलान्तर्गत टिकमापुर गांवमें आपका निवासस्थान था। आपके पिताका नाम था रत्नाकरजी। रत्नाकरजी भगवतीके उपासक थे तथा नित्यप्रति निकटस्थ देवीमन्दिरमें दुर्गापाठ करने जाते थे। देवीका नाम था 'बनकी भूंइया'। एक दिन भगवती उनकी उपासनासे प्रसन्न हुईं और चार भक्तोंके मुण्ड दिखा कर बोलीं; 'ये ही तुम्हारे चार पुत्र होंगे।' देवीकी वाणी अक्षरशः सत्य निकली। कुछ दिन बाद रत्नाकरजीके चार पुत्र उत्पन्न हुए जिनके नाम क्रमशः चिन्तामणि, भूषण, मतिराम और जटाशंकर या नीलकण्ठ थे।

पहले भूषण कविताके विषयमें एकदम अनभिज्ञ थे। आपके ज्येष्ठ भ्राता चिन्तामणिजी दिल्लीपति औरङ्गजेबके दरवारी-कवि थे। बादशाहके दरवारमें उनकी खूब चलती थी। चिन्तामणिकी ही कमाईसे आपका भी भरण-पोषण होता था। एक दिन आपकी भौजाईने अपने स्वामीकी कमाईका गौरव कर आपको कुपूत होनेका बड़े तीक्ष्ण शब्दोंमें ताना दिया। वे ताने भूषणजीके लिये असह्य थे। सुनते ही आप घरसे निकल पड़े और कुमायूं नरेशके दरवारमें पहुंचे। इसी बीच आप कविता पूरे तौरसे रचने लगे थे। आपकी कविता पर प्रसन्न हो कर कुंमायू-नरेशने आपको लाख रुपये नकद दिये और कहा,—'तुम्हें मेरे जैसा दानी कहीं नहीं मिलेगा।' यह शब्द क्या था, मानों लहकता हुआ अंगार। आपने भी नरेशको खुले शब्दोंमें जवाब दिया,—आप जैसे दाता तो बहुत हैं परन्तु मुझ जैसा त्यागी याचक भी आपको नहीं मिलेगा। ऐसा कह कर भूषणजीने प्राप्त रुपयेको तृण समान फेंक दिया और अपनी राह ली।

पन्नाके महाराज छत्रसालके दरवारमें भी आप छः महीने तक रहे थे और उन्हींके नाम पर आपने "छत्रसाल दशक" की रचना की। बादशाह औरङ्गजेब हिन्दी कविताका बड़ा प्रेमी था तथा उसे डर था, कि बिना इनकी सहायताके मेरे अत्याचार छिप नहीं सकते। इनके दरवारके कवि खुशामदी टट्टू थे। बादशाह औरङ्गजेबने एक दिन अपने कवीश्वरोंसे कहा, "तुम लोग हमेशा मेरी बड़ाई ही किया करते हो, क्या मुझमें कोई दोष नहीं है जो तुम लोग नहीं कहते। जो मेरे दोषोंको प्रकाश करेगा उसीको मैं सत्यवादी तथा स्पष्ट वक्ता समझूंगा।" बादशाह इस प्रकार भी अपने निन्दकोंका पता लगाया करता था। कवि भूषण अपने ज्येष्ठ भ्राता चिन्तामणिके साथ दरवारमें आया जाया करते थे। सब कवियोंको बादशाहके प्रश्नोंका जवाब न देते देख खुद ही उठ खड़े हुए और बोले 'जहांपनाह! खुशामद खुदाको भी प्यारी है इसी कारण आपके दोषोंको प्रकाश न कर केवल आपके गुणोंको बखानते हैं। परन्तु यदि आपकी आज्ञा सत्यताप्रकाश करनेको कहती है तो कहनेमें जरा भी डर नहीं। यदि आप सुनना चाहते हैं तो सुनें। अगर आपमें अपनी निन्दा और मेरी सत्यता सुननेको कुछ भी शक्ति है तो सुनें।'

इतनी लम्बी चौड़ी वक्तृता सुन बादशाह सचमुच डर गया और सोचने लगा। पर कह चुका था इसलिये बोला,—इसी समय मेरी सच्ची तारीफ करो। भूषणने कहा "बादशाह सलामत! आप अपने इस वचनको तोड़ दें। कारण निश्चय है, कि आप अपनी निन्दा सुन कर आगबबूले हो जांयगे और मेरा सिर उड़ाने पर उद्यत होंगे। अतः मेरा बध न करनेका फरमान लिख दें और सब दरवारी अमीरोंकी उस पर गवाही लिखवा दें।" इस पर भूषणने कहा,—

किबलेकी ठौर बाप बादशाह शाहजहां,
हाथों तसवीह लिये प्रात उठि बन्दगीको।

यह श्रवण करते ही बादशाह व्याकुल हो उठे और कवीश्वरोंने इसे अनुमोदित किया। इससे बादशाहकी क्रोधाग्निमें मानो घृताहुति पड़ी। बादशाह स्वयं तलवार खींच कर मारने पर उद्यत हुआ पर न्यायी मुसाहब और सरदारोंने ऐसा करनेसे मना किया। आप वहांसे वापस आये। फिर एक समय बादशाहसे आपकी भेंट हुई थी, उस समय भी आपने बादशाहको खूब छकाया था। अन्तमें आपको वहांसे भी भागना पड़ा था। आप शिवाजीकी हमेशा प्रशंसा किया करते थे। वहांसे

भागते भागते आप जंगली और पहाड़ी मार्गोंसे रायगढ़ पहुंचे। नगरके वाहर एक देवी-मन्दिरके पास विश्राम करनेके लिये घोड़ेसे उतरे। उसी समय आपको शिवाजीके सेनापतिसे मुलाकात हुई। आपने अपनी सव रामकहानी सेनापतिको कह सुनाई और शिवाजीकी प्रशंसा करते हुए यह कवित्त पढ़ा—

"इन्द्र जिमि जम्भ पर वाडव सुअंभ पर,
रावण सदम्भ पर रघुकुलराज है।
पौन वारिवाह पर शंभु रतिनाह पर
ज्यों सहस्रवाह पर राम द्विजराज है॥
दावा द्रुम दुण्ड पर चीता मृग झुण्ड पर
भृखन वितुण्ड पर जैसे मृगराज है।
तेज तिमिरंश पर कान्ह जिमि कंस पर
त्यों म्लेच्छ वंश पर सेर शिवराज हैं॥"

यह सुन कर सेनापतिका हृदय वीरत्वसे फूल गया तथा बार बार पढ़नेको कहा। अन्तमें पढ़ते पढ़ते थक जाने पर सेनापतिने आपको दरबारमें आने कहा।

दूसरे दिन आप दरबारमें पहुंचे, वहां आपने उस सेनापतिको वहुत ढूंढ़ा पर कुछ पता न चला। अन्तमें शिवाजीको राजसभामें आपने कवित्त पढ़े। सारो सभा मुग्ध हो गई। शिवाजी ने आपकी भूरि भूरि प्रशंसा कर उच्च आसन पर बैठनेकी प्रार्थना की और कितनो कविता सुनाने पर शिवाजी प्रसन्न हो बावन गांव हाथी आदिको आपको खिल्लत दी। भूषण कवि शिवाजीके साथ स्वयं युद्धमें जाते थे और वीरोंके उत्साह बढ़ाते थे। आपका पूर्वनाम कुछ और था। चित्रकूट नरेश सोलङ्की महाराजने आपको 'कवि-भूषण' की उपाधि दी, आपके 'शिवराजभूषण' से ऐसा पता लगता है। महाराज छत्रसालने आपकी पालकी कन्धे पर ढोई थी। भूषण हजारा, भूषण उल्लास और दूषण उल्लास ये तीन ग्रन्थ और आपके बनाये मिलते हैं। आपकी गिनती तोष कवियोंमें होती है।

भूषणदेव—१ एक प्राचीन कवि।

भूषणभट्ट—१ गायत्रीपद्धतिके प्रणेता। २ कादम्बरी उत्तरार्द्धके रचयिता। ये बाणके पुत्र थे।

भूषणता (सं० स्त्री०) भूषणस्य भाव, तल-टाप्। भूषणत्व, भूषणका भाव या धर्म।

भूषणेन्द्र प्रभ (सं० पु०) किन्नर राजभेद।

भूषा (सं० स्त्री०) भूष भावे अ टाप् च। १ अलंकृत करनेकी क्रिया, सजानेकी क्रिया। २ आभूषण; गहना।

भूषित (सं० त्रि०) भूष-क्त। २ अलंकृत, गहना पहने हुआ। २ सज्जित, सजाया हुआ।

भूष्णु (सं० त्रि०) भू-ग्स्नु। १ भवनशील। पर्याय—भविष्णु, भविता। २ साधुभवनशील।

भूष्य (सं० त्रि०) भूष-यत्। भूषणीय; अलङ्कार पहनाने या सजानेके योग्य।

भूसंस्कार (सं० पु०) भुवः संस्कारः ६-तत्। यज्ञ करनेसे पहले भूमिको परिष्कृत करने, नापने, रेखाएं खींचने आदिकी क्रियाएं।

भूसना (हिं० क्रि०) कुत्तोंका बोलना, भूंकना।

भूसा (हिं० पु०) तुष, भूसी।

भूसी (हिं० स्त्री०) १ भूसा। २ किसी प्रकारके अन्न या दानेके ऊपरका छिलका।

भूसीकर (हिं० पु०) अगहनके महीनेमें होनेवाला एक प्रकारका धान। इसका चावल सालों रह सकता है।

भूसुत (सं० पु०) भुवः पृथिव्याः सुतः। १ मङ्गलग्रह। २ वृक्ष, पेड़। ३ नरकासुर। (त्रि०) ४ जो पृथ्वीसे उत्पन्न हों।

भूसुता (सं० स्त्री०) सीता, जानकी।

भूसुर (सं० पु०) भुवि सुर इव। ब्राह्मण।

भूस्तृण (सं० क्ली०) भूलग्नं तृणं भुवस्तृणमिति वा, पारस्करादित्वात् सुट्। भूतृण, एक प्रकारकी घास।

भूस्थ (सं० त्रि०) भुवि तिष्ठतीति स्था-क। १ पृथिवीस्थित, जमीन परका। (पु०) २ मनुष्य। ३ गण्डूपदी, केंचुआ।

भूस्पृश् (सं० पु०) भुवं स्पृशतीति स्पृश-क्विन्। मनुष्य।

भूस्वर्ग (सं० पु०) भुवि स्वर्ग इव अमरलोक-धारणात्। सुमेरुपर्वत।

भूस्वेद (सं० पु०) घनाश्म द्वारा स्वेदविशेष।
स्वेद देखो।

भ्रूकुंश (सं० पु०) कुसि-अच् कुसो भावदीपनं पृषोदरादित्वात् सस्य शत्वं, भ्रुवा कुशो भावप्रकाश इङ्गितज्ञापनं

यस्य, निपातनात सम्प्रसारणम्। स्त्रीवेशधारी नट-पुरुष।

भृकुंस (सं० पु०) चुरादौ पटपुटेत्यादि दण्डकोक्तः कुसिर्भासार्थः, स्त्रीवेशं धारयित्वा भ्रुवः कुसयति पुरुषत्वामिति संज्ञात्वादुकारस्य अकारः, ह्रस्वश्य वा, कुसि अच्, यद्वा भ्रुवा कुंस इङ्गितप्रकाशो यस्य निपातनात् संप्रसारणम्। स्त्रीका वेश धारण करनेवाला नट।

भृकुटी (सं० स्त्री०) कुट कौटिल्ये इति कुट-इन्, भ्रुवः कुटिः, कौटिल्यं निपातनात् वा संप्रसारणम्। भ्रूकुटी, भौंह।

भृगमालिक (सं० पु०) भृगमालिक।

भृगवाण (सं० लि०) १ भृगुसदृश। २ दीप्यमान।

भृगु (सं० पु०) तपसा भृज्ज्यते पञ्चतपादिभिर्वेति भ्रस्ज (प्रथि भ्रादिं भ्रह्जां सम्प्रसारेणं सलोपश्च। उण् ३।२६) इति कु, सम्प्रसारणं सलोपः न्यङ्क्वादित्वात् कुत्वञ्च, यद्वा भृज्जतीति क्विप, भृक् ज्वाला तया सहोत्पन्न इति उ। १ मुनिविशेष, एक मुनिका नाम। महाभारतमें इस प्रकार लिखा है—पूर्वकालमें भगवान् रुद्रने वारुणिमूर्त्ति धारण कर एक यज्ञका अनुष्ठान किया। इस यज्ञको देखनेके लिए मूर्त्तिमान् तप, यज्ञ, व्रत, दीक्षा, दिक्पतियोंके साथ दिक् समुदाय, देवपत्नी, देवकन्या तथा देवजननीगण सभी प्रसन्न चित्तसे वहां पधारे। उस समय ब्रह्मा वहिर्यज्ञमें दीक्षित हो कर प्रज्वलित हुतासनमें आहुति प्रदान करते थे। अतः देवकन्याको देखते ही उनका वीर्यास्खलन हो गया। तब सूर्यने अपनेहाथसे उस वीर्यको ग्रहण कर हुताशनमें फेंक दिया। अनन्तर फिरसे भगवान् प्रजापतिका रेतःस्खलन हुआ। तब उन्होंने स्वयं उस शुक्रको स्रुव द्वारा ग्रहण कर हवनीय द्रव्यकी तरह मंत्रोच्चारण-पूर्वक अग्निमें आहुति प्रदान की।

अग्निमें ब्रह्माका वीर्य आहुत होते ही पहले उसकी शिखासे भृगु, सधूम अङ्गारसे अङ्गिरा तथा निर्धूम अङ्गारसे कविकी उत्पत्ति हुई। इस प्रकार भृगु प्रभृतिकी सृष्टि होनेसे वारुणीमूर्त्तिधारी महादेवने देवताओंको सम्बोधन कर कहा, 'मैंने इस यज्ञका अनुष्ठान किया है—मैं ही इसका कर्त्ता हूं। अतएव जो तीन पुत्र उत्पन्न हुए वे मेरे ही पुत्र हैं।' इस पर अग्निने उत्तर दिया,—ये तीनों पुत्र मुझे ही आश्रय कर मेरे अङ्गसे उत्पन्न हुए हैं, सुतरां वे मेरे ही अपत्य हैं। महादेव कदापि इनके अधिकारी नहीं हो सकते। इतना कह कर अग्नि चुप हो गई। तब भगवान् ब्रह्मा बोले, "मेरे ही वीर्यसे ये तीनों पुत्र उत्पन्न हुए हैं, अतएव ये मेरी ही सन्तान हैं। कारण शास्त्रानुसार बीज बोनेवाले ही फलभोगी होते हैं।" इस प्रकार तीनों आपसमें झगड़ने लगे। तब देवताओंने मध्यस्थ हो कर उक्त तीनों पुत्रको तीनोंमें बांट दिया। तेजस्वी भृगु महादेवके, अङ्गिरा अग्निके तथा कवि ब्रह्माके पुत्ररूपमें कल्पित हुए। अनन्तर धीरे धीरे भृगु, अङ्गिरा तथा कविके वंशजात प्रजासमूहसे जगत् परिपूर्ण हुआ है। वारुणामूर्त्तिधारी महादेवके यज्ञसे ये उत्पन्न हुए थे, अतः इनके वंशसमुदायका नाम वारुण पड़ा। किन्तु भृगुसे जो वंश उत्पन्न हुआ है, वह भार्गव नामसे प्रसिद्ध हैं। (भारत अनुशासनप० ८५ अ०)

इसी भृगुवंशमें परशुरामने जन्मग्रहण किया। विष्णुपुराणमें लिखा है, कि भृगु ब्रह्माके मानस पुत्र थे। ये दश प्रजापतियोंमेंसे एक हैं। दक्षकन्या ख्यातिके साथ इनका विवाह हुआ। इस ख्यातिके गर्भसे विष्णुपत्नी लक्ष्मी तथा धाता और विधाता नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। महात्मा मेरुकी आयति और नियति नामक दो कन्याके साथ दोनोंका विवाह हुआ। उनके पुत्र मृकण्डु और प्राण हुए। धीरे धीरे इनका वंश विस्तृत हो कर भार्गव नामसे प्रसिद्ध हुआ। भृगु धनुर्वेदविद्याके प्रवर्त्तक थे। (विष्णुपुराण) रामायणमें लिखा है,—किसी समय जब असुरोंने भृगुपत्नीका आश्रय ग्रहण किया, तब असुरोंके नाशार्थ फेंके गये विष्णुके चक्रसे भृगुपत्नीका मस्तक कट गया। इस पर भृगुने भगवान् विष्णुको शाप दिया। इस शापसे भगवान् विष्णुको रामावतारमें पत्नीवियोग-दुःख भोगना पड़ा था। इन्होंने किसी समय क्षत्रिय वीतहव्यको ब्राह्मणत्व प्रदान किया था।

भृगु सप्तर्षिमेंसे एक हैं। प्रति दिन तर्पण करनेके समय भृगुके उद्देशसे तर्पण करना चाहिए। भगवान् विष्णुने गीतामें कहा है,—मैं महर्षियोंके मध्य भृगु हूं। २ शिवका दूसरा नाम। इन्हींके वर-प्रभावसे सगर

राजाने पुत्रलाभ किया था। सगर देखो। ३ शुक्रग्रह। ४ सानु। ५ जमदग्नि। ६ अरण्यकण्टकव्याप्त गिरिपार्श्वोच्च देश। निरवलम्बन पर्वतादिके जिस स्थलसे गिरनेसे कोई अवलम्बन नहीं रहता; वही भृगुदेश है।

पर्याय—प्रपात, अतट, दरद, पतनस्थान।

भृगु—सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

भृगु—एक प्राचीन ज्योतिर्वित्। केशवार्क, वसन्तराज आदि ज्योतिर्ग्रन्थोंमें इनका नाम आया है। भार्गवमुहूर्त्त, भार्गवसूत्र और भृगुसंहिता नामक कई ग्रन्थ इनके बनाये हुए मिलते हैं। २ आयुर्वेदज्ञ एक प्राचीन ऋषि। ३ भृगुस्मृति नामक एक धर्मशास्त्रकार।

भृगुक (सं० पु०) कूर्मचक्रके दक्षिण पार्श्वस्थित देशभेद। (मार्कण्डेयपु० ५८ अ०)

भृगुकच्छ (सं० क्ली०) नर्मदाके उत्तरतटस्थित तीर्थक्षेत्र, आधुनिक भड़ौच जो प्राचीनकालमें एक प्रसिद्ध तीर्थ था। भरोच देखो।

भृगुकेशव (सं० पु०) भृगुस्थापितं केशवः मध्यपदलोपिक, काशीस्थित भृगुस्थापित केशवमूर्त्तिभेद। (काशीख० ३३ अ०)

भृगुक्षेत्र—प्राचीन तीर्थविशेष। भृगुक्षेत्रमाहात्म्यमें विस्तृत विवरण लिखा है।

भृगुज (सं० पु०) भृगोर्जायते जन-ड। १ भृगुके वंशज, भार्गव। २ शुक्राचार्य्य।

भृगुतनय (सं० पु०) भृगोस्तनयः। भृगुतनय, शुक्राचार्य्य।

भृगुतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

भृगुतुङ्ग (सं० क्ली०) हिमालयकी एक चोटीका नाम। यह एक पवित्र तीर्थस्थान माना जाता है।

भृगुदेव—प्रवराध्यायके प्रणेता।

भृगुनन्दन (सं० पु०) परशुराम।

भृगुनायक (सं० पु०) परशुराम।

भृगुपति (सं० पु०) भृगूणां तद्वंशीयाणां पतिः। परशुराम।

भृगुपथ—हिमालयस्थित केदारनाथ तीर्थके समीपका एक तीर्थ।

भृगुप्रस्रवण (सं० पु०) हिमालयसन्निहित पर्वतविशेष।

भृगुभूमि (सं० पु०) भार्गवपुत्रभेद।

भृगुराम (सं० पु०) परशुराम देखो।

भृगुरेखा (सं० स्त्री०) विष्णुकी छाती परका वह चिह्न जो भृगुमुनिके लात मारनेसे हुआ था।

भृगुलता (सं० स्त्री०) भृगुमुनिके चरणका चिह्न जो विष्णुकी छाती पर है।

भृगुवल्ली (सं० स्त्री०) भृगुणाऽधीता वल्ली। तैत्तिरीय उपनिषद्की तीसरी वल्ली जिसका अध्ययन भृगुमुनिने किया था।

भृगुणास्पति (सं० पु०) भृगूणां पतिः अलुक्स०। परशुराम।

भृगूपनिषद् (सं० स्त्री०) उपनिषद्भेद।

भृग्वङ्गिरस् (सं० पु०) अथर्ववेदके कुछ सूक्तके ऋषि।

भृग्वङ्गिरोविद् (सं० त्रि०) अथर्ववेदवित्।

भृग्वीश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

भृङ्ग (सं० क्ली०) विभर्त्तीति भृञ् भरणे (भृञः कित् नुट् च। उण् १।१२४) इति गन्, सच कित्, नुडागमश्च। १ त्वच्, दारचीनी। २ अभ्रक, अबरक। (पु०) ३ भ्रमर, भौंरा। ४ कलिङ्गपक्षी, काले रंगका एक प्रसिद्ध पक्षी जो प्रायः सारे भारत, बरमा, चीन आदि देशोंमें पाया जाता है। इसे भीमराज भी कहते हैं। इसका मांस मधुर, स्निग्ध, कफ और शुक्रवर्द्धक माना गया है। ५ भृङ्गराज। ६ भृङ्गार, भंगरैया। ७ भृङ्गरोल। ८ एक प्रकारका कीड़ा। इसके विषयमें यह प्रसिद्ध है, कि यह किसी कीड़ेके ढोलेको पकड़ कर ले आता है और उसे मिट्टीसे ढक देता है। पीछे उस पर बैठ कर और डंक मार मार कर इतनी देर तक और इतने जोरसे 'भिन्न भिन्न' शब्द करता है कि वह कीड़ा भी इसीकी तरह हो जाता है।

भृङ्गक (सं० पु०) भृङ्ग-संज्ञायां कन्। भृङ्गराजपक्षी।

भृङ्गचुल्ली (सं० स्त्री०) भृङ्गाह्वा। इसका गुण कटु, उष्ण, तिक्त, दीपन और रोचन माना गया है।

भृङ्गज (सं० क्ली०) भृङ्ग इव जायते इति जन-ड। अगुरुकाष्ठ।

भृङ्गजा (सं० स्त्री०) भृङ्गज-टाप्। भार्गी, भारङ्गी।

भृङ्गिपर्णिका (सं० स्त्री०) भृङ्ग इव कार्ण्यात् भृङ्गवर्ण

पर्णमस्या इति ङीष्। स्वार्थे कन्-टाप अत इत्वञ्च इकारस्य ह्रस्वत्वं। सुक्ष्मैला, छोटी इलायची।

भृङ्गप्रिय (सं० पु०) धूलीकदम्ब।

भृङ्गप्रिया (सं० स्त्री०) भृङ्गाणां प्रिया, प्रचुरमधुत्वात्। माधवी लता।

भृङ्गवन्धु (सं० पु०) भृङ्गाणां बन्धुरिव प्रियत्वात्। १ कुन्दवृक्ष। २ कदम्बवृक्ष।

भृङ्गमारि (सं० स्त्री०) कोङ्कण-देशप्रसिद्ध केविका पुष्प-वृक्ष। इसका गुण मधुर, शीतल, दाह, पित्त, वातश्लेष्म और सर्दी नाशक माना गया है। (राजनि०)

भृङ्गमूलिका (सं० स्त्री०) भृङ्गस्य भृङ्गराजस्येव मूलमस्याः क, अजाति वचनत्वात् टाप्, कापि अत इत्वं। भृङ्गाह्वा, भ्रमरमाली।

भृङ्गमोहिन् (सं० पु०) १ चम्पक वृक्ष। २ स्वर्णचम्पक, कनकचंपा।

भृङ्गरज (सं० पु०) भृङ्गान् रञ्जयतीति अन्तर्भूतण्यर्थाद् रञ्जो अच्, पृषोदरादित्वात् न लोपः। भृङ्गराज।

भृङ्गरजस् (सं० पु०) रजयतीति अन्तर्भूतण्यर्थात् रञ्जे (सर्वधातुभ्योऽसुन। उण् ४।१८८) ततो (रजेश्च। पा ६।४।२६) इति न लोपः ततो भृङ्गाणां रजाः रञ्जकः, अथवा भृङ्ग इव कृष्णवर्णं रजः परागोऽस्य। भृङ्गराज।

भृङ्गरा (सं० स्त्री) भृङ्गराज, भङ्गरैया।

भृङ्गराज—स्वनाम-प्रसिद्ध एक पक्षी जो कृष्णवर्ण होता है। (Dicrurus ater) इस पक्षीका वर्ण चोंचसे ले कर पूंछ तक घोर काला है। बीच बीचमें दो एक पर कुल चमकदार काले होते हैं, जिससे यह पक्षी देखनेमें सुहावना मालूम होता है। किसी किसीके दो एक सफेद पर भी देखे जाते हैं। बच्चोंके पंख और पूँछ फीकी और पंखोंके नीचेका भाग सफेद होता है। विभिन्न स्थानोंमें वासके कारण इस पक्षिजातिमें आवयविक अनेक विभिन्नता पाई जाती है। अफगानिस्तानसे आसाम और हिमालयसे लगा कर सिंहल तक विस्तीर्ण भारतसाम्राज्यमें तथा चीन, श्याम और कोचीन चीन आदि खण्डराज्योंमें इनका वासस्थान है। यह शीतऋतुको अधिक पसन्द करता है, इसीलिए स्थान विशेषमें शीतके समय इनका भी शुभागमन हुआ करता है। यह साधारणतः १२से १२॥ इञ्च तक लम्बा होता है जिनमें पुच्छभाग लगभग ७ इञ्च है। चोंच, पैर और पंजे काले होने पर भी आंखोंके चारों तरफ ललाई होती है।

आकृतिकी विभिन्नताको देख कर पक्षितत्त्वविदोंने इनके मध्य श्रेणीविभाग किया है। D. ater पक्षी बंगालमें—फिङ्गा भीमराज; पञ्जाबमें—जपाल, कालचित्; दाक्षिणात्यमें—कोलसा, बोजङ्ग वा बुचङ्ग; सिन्धुप्रदेशमें—कुणिछ, काल-कालची; युक्तप्रदेशमें थमपल तेलगूमें—जति इन्ता; तामिलमें—कुड़ी कुरुम; सिंहल और तामिलमें—कुड़ी कुरबी एच; अंग्रेजीमें—Drongo Shrike नामसे परिचित है।

कृष्णवर्ण देख कर बहुत-से तो इसे "कौओंका राजा' कहते हैं। गांवोंमें यह मैदान और बबूलके पेड़ों पर स्वच्छन्दतासे विचरण करते देखा जाता है। मैदानोंमें घूमते हुए वा पेड़ों पर बैठे बैठे ये अपनी पूंछ हिलाया करते हैं। घास पर बैठे हुए कीड़े मकोड़ोंको चट कर जाते हैं। कभी कभी एक जगह बैठ कर खाना इसे पसन्द नहीं, एक दो कीड़े खा कर झट दूसरे स्थानको उड़ जाता है।

मादा साधारणतः वैशाखसे आषाढ़ तक अण्डे देती है। पेड़ों पर घने पत्तोंकी ओटमें इनकी घोंसले छिपी रहते हैं। घोंसला बनानेमें इसके विलक्षण शिल्प मिलता है। यह लगभग ४से ले कर ५ तक अण्डे देती है, जिनमें कुछ तो सफेदसे और कुछ लाल छींटे-से होते हैं।

D. longicaudatus वा Indian Ashy Drongo पक्षीको बंगलामें—नीलाफिङ्गा, लेपचामें—सहिम-फो, भूटानमें-चेचुम, तामिलमें—एराटु-बलन-कुरुवी कहते हैं। ब्रह्मपुत्रके उत्तरमें राजपूताना, सिन्धु, गुजरात और हजाराकी तरफ इसका वास है। इसके अण्डे अपेक्षाकृत छोटे होते हैं। इसके सिवा तेनासेरिम प्रदेशमें nigrescens सिंहल और हिमालयमें D. Caerulescens (पेट सफेद, धौली), सिंहलमें D. leucopygialis (कबूदा पणिका) तथा श्याम, ब्रह्मा और कोचीनराज्यमें *D.* leucogenys.

(मुंह सफेद) और D. ceneraceens नामक भीमराज प्रधानतः देखनेमें आता है।

यह सुमधुर स्वरमें गान कर सकता है । श्यामा, बुलबुल और कोकिलकी तरह बहुत-से लोग भीमराजको भी पालते हैं। सिर्फ सुरीली तान सुना कर ही यह मनको मोहित नहीं करता, वल्कि अन्यान्य पक्षियोंसे लड़ कर भी यह मनुष्योंके हृदयमें आनन्द पैदा करता है। बुलबुल, मुरगा, तीतर, आदि पक्षियोंकी तरह यह भी लड़नेमें पटु होता है। यह आपसमें भी लड़ता है।

भृङ्गराज (सं० पु०) नेत्ररोगाधिकारोक्त तैलौषध विशेष। प्रस्तुत प्राणाली—तिल तैल ४ पल, भृगराजका रस ४ सेर; कल्क यष्टिमधु १ पल, नियमपूर्वक इस तेलका पाक करना होगा। इस तेलकी नस लेनेसे दृष्टिशक्तिकी वृद्धि होती और दृष्टिदोष जाता रहता है। एक मास तक इस तेलका व्यवहार करनेसे वलिपलितादि दोष भी दूर होता है।

भृङ्गराज (सं० पु०) भृङ्ग इव राजते इति भृङ्ग-राज-अच्। १ भीमराज, भंगरैया। २ पक्षिविशेष, भीमराज। ३ भ्रमर, भौंरा। ३ यज्ञभेद। ४ दारुचीनी।

भृङ्गराजक (सं० पु०) भीमराज पक्षी।

भृङ्गराजघृत (सं० पु०) क्षुद्र रोगाधिकारमें घृतौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—घृत १ सेर, भीमराजका रस ४ सेर, कल्कार्थ मयूर पित्त १६ तोला। यथानियम इस घृतका पाक करे। सात दिन तक इस घृतको नस लेनेसे वालोंका असमयमें पकाना बंद हो जाता है।

(भैषज्यरत्ना०)

भृङ्गराजादिचूर्ण (सं० पु०) रसायनाधिकारोक्त चूर्णऔषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—भृङ्गराजचूर्ण १ भाग, तिलतैल ॥० आध भाग और आमलकी ॥० आध भाग इन सब द्रव्योंको भलीभांति चूर्ण कर एक साथ मिलावे। पीछे चीनी और गुड़के साथ सेवन करनेसे जरा तथा विविध रोगकी शान्ति होती है। (भैषज्यरत्ना०)

भृङ्गरिटि (सं० पु०) भृङ्ग, इव रटति इति भृङ्ग-रट-इन्, पृषोदरादित्वादिकारागमः। १ शिव-द्वारपाल, शिवजीके द्वाररक्षक।

भृङ्गरीट (सं० पु०) भृङ्गरिटि पृषोदरादित्वात् साधुः। १ शिवद्वारपाल। २ लौह।

भृङ्गरोल (सं० पु०) भृङ्ग इव रौति, भृङ्ग-रु-वाहुलकात् ओलच् अस्य भृङ्गतुल्यशब्दत्वात्तथात्वं। कीटविशेष, एक प्रकारका कीड़ा। पर्याय—विषभृङ्गा, वरोल, तृणषट्पद। इसके काटनेसे वहुत पीड़ा होती है। २५ या ३० यदि एक साथ काटे, तो मृत्यु हो जा सकती है। इसके काटे स्थान पर प्याजका रस लगानेसे वहुत फायदा होता है।

भृङ्गवल्लभ (सं० पु०) भृङ्गाणां वल्लभः प्रियः। धाराकदम्ब, भूमिकदम्ब।

भृङ्गवल्लभा (सं० स्त्री०) भृंगाणां वल्लभा। १ भूमिजम्बु। २ तरणीपुष्प वृक्ष।

भृङ्गवृक्ष (सं० पु०) भृङ्गराजवृक्ष, भंगरैया।

भृङ्गसुहृद (सं० पु०) भृङ्गाणां सुहृद इव प्रियत्वात्। मन्दपुष्प वृक्ष।

भृङ्गसोदर (सं० पु०) भृंगाणां सोदरस्तुल्यः। केशराज।

भृङ्गाधिप (सं० पु०) भृंगाणामधिपः। १ भृंगोंका अधिपति। २ भीमरूल।

भृङ्गानन्दा (सं० स्त्री०) भृंगाणामानन्दो, यस्याः भृङ्गाणां आनन्दा, आनन्दकरी वा। यूथिका, जूहि नामका फूल।

भृङ्गाभीष्ट (सं० पु०) भृंगाणां अभीष्टः प्रियः मधुवाहुल्यात्। आम्रवृक्ष, आमका पेड़।

भृङ्गार (सं० क्ली०) भृ-धारणपोषणायोरिति (भृङ्गारश्भृङ्गारौ उण् ३।१३६) इति आरन् निपातनात् नुम् गुक् च वा भृंग जलमियर्त्त्यनेनेति भृङ्गं-ऋ-करणे घञ्। १ लवंग, लौंग। २ सुवर्ण, सोना। ३ सुवर्णनिर्मित वारिपात्र, सोनेका बना हुआ जल पीनेका वरतन। पर्याय—कनकालुका, गुड़ुक, गड़ुक। ४ जलपात्रभेद, जल भर कर अभिषेक करनेको झारी। यह पात्र आठ प्रकारका होता है, यथा सौवर्ण, राजत भौम, ताम्र, स्फाटिक, चान्दन, लौहज और शार्ङ्ग। राज्याभिषेक देखो।

भृङ्गारक (सं० पु०) भृंगार स्वार्थे कन्। भृङ्गार।

भृङ्गारि (सं० स्त्री०) भृङ्गं भृंगवद्वर्णं ऋच्छतीति ऋ-इन्। केविका पुष्प, केवड़ा।

भृङ्गारिका (सं० स्त्री०) भृङ्ग-ऋ-(कर्मण्यण् । पा ३।२।१)

इति अण् भृङ्गार-कन्-टाप् अत इत्वं। झिल्लिका कीट, झिल्ली नामका कीड़ा।

भृङ्गारी (सं० स्त्री०) भृङ्गार-गौरादित्वात् ङीष्। झिल्ली-कीट।

भृङ्गार्क (सं० पु०) भृङ्गराज-वृक्ष।

भृङ्गाह्व (सं० पु०) भृंगमाह्वयते स्पर्द्धते इति आ-ह्वे-क। १ जीवक। २ भृंगराज।

भृङ्गाह्वा (सं० स्त्री०) भृंगह्वा-स्त्रियां टाप्। भ्रमर-च्छली।

भृङ्गि (सं० पु०) बिभर्त्तीति भृ-बाहुलकात् गिक् नुट् च। भृंगी, शिवजीका एक द्वारपाल।

भृङ्गिरिटि (सं० पु०) भृंगरिटि, शिवका एक पारिषद या गण।

भृङ्गी (सं० स्त्री०) भृंगि स्त्रियां ङीष्। १ अतिविषा, अतीस। २ बिलनी नामका कीड़ा। यह और कीड़ोंको भी अपने समान रूपवाला बना लेता है। ३ भौंरो। ४ सिद्धि, भांग। ५ वटवृक्ष। ६ इन्द्रगोपकीट, बीरबहूटी नामका कीड़ा।

भृङ्गी (सं० पु०) भृङ्गः भृङ्गवद्वर्णोऽस्यास्तीति इनि। १ वटवृक्ष, बड़का पेड़। (राजनि०) २ शिवजीका एक द्वारपाल। पर्याय—भृङ्गरिटि, भृंगरीट्, शल, नाड़ीदेह, अस्थिविग्रह। (भूरिप्र०)

कालिकापुराणमें शिवानुचर भृंगीके विषयमें इस प्रकार लिखा है,—इन्द्रादि देवोंने तारकासुर-वधके लिए महादेवसे उमाके गर्भ और हरके औरस-से एक पुत्रकी प्रार्थना की। महादेवने उसे स्वीकार कर देवों-द्वारा प्रार्थित पुत्रके लिए उमाके साथ महासुरत क्रीड़ा प्रारम्भ की। देखते देखते ३२ वर्ष बीत गये। इस समय वसुधा निरन्तर कांप रही थी और देवगण सभी अत्यन्त आकुल थे। पश्चात् इन्द्र देवोंके साथ ब्रह्माके पास पहुंचे और बोले कि—"ब्रह्मन्! महादेवकी सुरतक्रीड़ासे समस्त जगत् आकुलित हो उठा है, विशेषतः मैं अत्यन्त भयभीत हो गया हूं, कारण हरगौरीके सङ्गमसे जो पुत्र उत्पन्न होगा, वह अवश्य ही मुझे अतिक्रम करेगा, अतएव तारकासुरसे भी बढ़ कर मुझे इस पुत्रसे भय है। आप मुझे इस महाभयसे उद्धार कीजिए।" ब्रह्मा इन्द्र और देवोंके साथ महादेवके पास गये और सब मिल कर उनका स्तव करने लगे। महादेवने देवोंके स्तवसे सन्तुष्ट हो कर उमाका सङ्ग त्याग दिया और देवोंसे आनेका कारण पूछा। इन्द्रने कहा—"आपकी महासुरत-क्रीड़ासे समस्त जगत् कांप रहा है, तमाम नद-नदियां और सागरादि उथल-पुथल हो रहे हैं। देव और दिगपालगण निरन्तर अशान्ति भोग रहे हैं। अतएव आप महामैथुन त्याग कर केवल रति मात्रका अवलम्बन कीजिए।" महादेवने सम्पूर्ण बातें सुन कर कहा—"मेरी यह महा-मैथुन प्रवृत्ति आप लोगोंके हितके लिए है, इसे त्याग कर रति मात्र ग्रहण करनेसे उमाके गर्भसे पुत्र नहीं होगा, इसीलिए मेरा यह उद्यम है। कुछ भी हो, आप लोगोंके प्रार्थनानुसार मैं महामैथुनका परित्याग कर रहा हूं। परन्तु आप एक काम कीजिए, मेरे इस महा मैथुन-प्रसूत तेजको धारण कर सके, ऐसे एक देवताको आदेश दीजिए।" तब देवोंने अग्निको तेज धारण करने कहा, अग्निसे स्वीकार करा लिया। तब महादेवने मैथुन-सम्बन्धी स्वकीय तेज अग्निमें छोड़ा।

अग्निमें छोड़े हुए महादेवके तेजमेंसे परमाणुद्वय-परिमित तेज गिरिसानुमें पतित हुआ, गिरनेके साथ हो उसमेंसे दो पुत्र उत्पन्न हुए। उनमें एक भृङ्गसदृश कृष्ण-वर्ण था, इसलिए ब्रह्माने उसका नाम भृङ्गी रखा और दूसरा मर्दित-अञ्जन जैसा अत्यन्त कृष्णवर्ण था, उसका नाम 'महाकाल' रखा। शङ्करने उन दोनोंका प्रमथादि-गण समूह द्वारा प्रतिपालन कराया और अपर्णाने भी विशेष यत्नसे उनका पालन किया। पश्चात् महादेवने इन दोनोंको गणाधिपति बना कर द्वार पर नियुक्त किया। (कालिकापु० ४५)

वामनपुराणमें लिखा है,—अन्धकासुरके साथ जब महादेवका घोरतर युद्ध हुआ था, उस समय अन्धकने उस युद्धमें मुह्यमान हो कर महादेवका स्तव किया था। आशुतोषने स्तवसे सन्तुष्ट हो कर उन्हें वर दिया कि, "तुम पाप-विमुक्त हो कर मेरे पार्श्वचर गणपति भृङ्गी होगे।" महादेवके इस वरसे अन्धकने भृङ्गीके रूप-में जन्मग्रहण किया था। (वामनपुराण ४४, ४५ और ६७ अध्याय) भौतिकतत्त्व देखो।

भृङ्गीगृह (सं० क्ली०) भृङ्ग्याः गृहं आवासस्थानं। भृंगी नामक कीड़ेका घर।

भृङ्गीफल (सं० पु०) भृंग्याः अतिविषयोः फलमिव फलं यस्य। आम्रातकवृक्ष, अमड़ाका पेड़।

भृङ्गीमलय (सं० पु०) भारतका प्राचीन जनपद और उस देशके अधिवासी।

भृङ्गीश (सं० पु०) भृंगिणो भृंगेर्वा ईशः। महादेव, शिव।

भृङ्गेरिटि (सं० पु०) भृंगे भृंगविषये रिटति अभिलषतीति भृंगेरिट्-कर्त्तरि इ, अलुकस०। भृङ्गी।

भृङ्गेष्टा (सं० स्त्री०) भृङ्गाणामिष्टा। १ घृतकुमारी, घीकुआर। २ भार्गी, भारंगी। ३ तरुणी, युवती स्त्री। ४ काकजम्बु।

भृजायन (सं० पु०) गोत्रप्रवरभेद।

भृज्जन (सं० पु०) भृज्यते तण्डुलादयोऽस्मिन्निति भ्रस्ज् (भू-सू-धू-भ्रस्जिभ्यश्छन्दसि। उण् २।८०) इति क्युन्। अम्बरीष, मट्टीका वह वरतन जिसमें भड़भूंजा गरम बालू डाल कर दाना भूनते हैं।

भृण्टिका (सं० स्त्री०) भिरिण्टिका पृषोदरादित्वात् साधुः। श्वेतगुञ्जा, सफेद घुँघची।

भृण्डि (सं० स्त्री०) तरंग, लहर।

भृत (सं० त्रि०) भृ-क्त। १ पुष्ट, पाला हुआ। २ पूरित, भरा हुआ। (पु०) ३ भृत्य, दास। ४ मिताक्षराके अनुसार वह दास जो बोझ ढोता हो। ऐसा दास अधम कहा गया है।

भृतक (सं० पु०) भ्रियते इति भृ-कर्मणि क्त, ततः स्वार्थे कन्, यद्वा भृतेन वेतनेन उपजीवतीति कन्। वेतनोपजीवी, वह जो वेतन ले कर काम करता हो। पर्याय—भृतिभुज्, कर्मकर, वैतनिक।

भृति (सं० स्त्री०) भ्रियतेऽनयेति भृ-क्तिन्। १ वेतन, तनख्वाह। २ मूल्य, दाम। ३ भरण पोषण, पालन पोसन करना।

> “कालमानं त्रिधा ज्ञेयं चान्द्रं सौरञ्च सावनम्।
> भृतिदाने सदा सौरं चान्द्रं कौसीदवृद्धिषु॥”
>
> (शुक्रनीति)

सौर, चान्द्र और सावन ये तीन प्रकारके समय कहे गये हैं जिनमेंसे वेतन विषयमें सौर मास ही कहा गया है। सूर्यकी एक राशिसे अन्य राशि तक गमनकाल ही सौरमास है। ४ नौकरी। ५ मजदूरी।

भृतिका (सं० स्त्री०) वेतन, तनख्वाह।

भृतिभुज् (सं० पु०) भृत्या भुङ्क्ते, उपजीवतीत्यर्थः, भुज् कर्त्तरि क्विप्। वेतनोपजीवी, नौकर।

भृत्य (सं० पु०) भ्रियते इति भृ-(भृञोऽसंज्ञायाम्। पा ३।१।११२) इति क्यप् (ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्। पा ६।१।७१) इति तुक्। दास, नौकर। पर्याय—परिकर्मा, परिचर, सहाय, परिचारक, प्रेष्य, उपस्थाता, सेवक, अभिषव, अनुग।

गरुणपुराणमें लिखा है कि—वेतनभोगी कर्मचारीमात्र ही भृत्य है। भृत्यके तीन भेद हैं—उत्तम, मध्यम और अधम। गुण-अवगुण पर विचार कर भृत्य रखना चाहिए। जिस प्रकार स्वर्णके घर्षण, छेदन, तापन आदिसे परीक्षा की जाती है, उसी प्रकार भृत्यकी भी शास्त्रज्ञान, शील, कुल और कर्मकी परीक्षा करके उसे रखना चाहिए।

किस प्रकार गुणसम्पन्न होने पर उसे कैसा काम दिया जा सकता है, गरुड़में उसका विषय इस प्रकार आलोचित हुआ है। कुल, शील और सकलगुणयुक्त, सत्यधर्मपरायण और सुरूप व्यक्तिको राज्याध्यक्ष; मूल्य और रूपपरीक्षा करनेमें समर्थ होने पर रत्नपरीक्षक; जो वलावलके ज्ञानमें विशेष दक्ष हों, उन्हें सेनापति; जो इंगित और आकार देख कर समस्त तत्त्वको समझ सकें तथा वलवान् प्रियदर्शन और प्रमादशून्य हों, उन्हें प्रतीहार वनाना चाहिये। जो मेधावी, वाक्पटु, प्राज्ञ, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, सर्वशास्त्रद्रष्टा और साधुप्रकृति हैं, उन्हें लेखक; जो बुद्धिमान्, परचित्तोपलक्षक, क्रूर और यथोक्तवादी हों, उन्हें दूत; समस्त शास्त्रोंके मर्मज्ञ, जितेन्द्रिय और शूरवीरको धन्याध्यक्ष; सत्यवादी, आचारपूत और शास्त्रदर्शीको सूपकार; समग्र आयुर्वेद अध्ययनकारी और प्रियदर्शन तथा उत्तम स्वभावयुक्त व्यक्तिको वैद्य; वेदवेदान्तादि सम्पूर्ण शास्त्रपारदर्शी, जप और रोमपरायण तथा सर्वदा आशीर्वाद देनेमें मंगलविधायक व्यक्तिको राजपुरोहितका कार्य सौंपना उचित है।

पूर्वोक्त रूप और गुणोंसे भूषित व्यक्तिको ही राजा

कार्य प्रदान करें। नियमितरूपसे उन्हें वेतन देना आवश्यक है। जो जिस योग्य हैं उन्हें उसी प्रकारका वेतन देना उचित है। कभी भी वेतनमें शठता नहीं करनी चाहिये। (गरुड़पुराण ११२ अ०)

शुक्रनीतिमें भृत्यके विषयमें इस प्रकार लिखा है—विचारके साथ भृत्यकी परीक्षा करनी चाहिए। भृत्यका केवल जाति वा कुल ही परीक्षणीय नहीं है, वल्कि उसके कर्म और स्वभावकी भी परीक्षा करना उचित है। विवाहादि कार्योंमें केवल जाति कुल देखा जाता है, किन्तु भृत्यमें जाति वा कुल द्वारा श्रेष्ठत्व नहीं आता उसका एकमात्र कार्यकुशलता और स्वभावसे ही आदर हुआ करता है। भृत्यको सुशील और निरलस हो कर प्रभुका कार्य सम्पादन करना चाहिए। अपने कार्यमें जैसा प्रयत्न किया जाता है, प्रभुके कार्यमें उससे कहीं अधिक और चौगुना प्रयत्न करना आवश्यक है। भृत्यके सर्वदा परितुष्ट, मृदुभाषी, कार्यदक्ष, शुचि और दूसरेके उपकारमें कुशल और अपकारसे पराङ्मुख होना चाहिए; सत्कार्यमें अदीर्घसूत्री और असत्कार्यमें दीर्घसूत्री होना आवश्यक है, अर्थात् मालिक अगर कोई अच्छे कामके लिए कहे, तो उसे तुरत हो कर दे, और अगर किसी बुरे कामके लिए आज्ञा दे, तो उसे जितना हो सके देर करके करे।

असद्भृत्यके लक्षण।—शठ, कातर, लोभी, समक्षमें प्रियवादी, मत्त, व्यसनयुक्त, आर्त्त, घूसखोर, जुआड़ी, नास्तिक, दाम्भिक, असत्यवादी, असूयाकारी, अपमानकारक, असद्वाक्य द्वारा मर्म-पीड़क, शत्रुका सेवक और अधार्मिक, इन लक्षणोंसे युक्त भृत्य निन्दनीय है। ऐसे भृत्योंको निन्दित भृत्य कहते हैं।

भृत्यको रात्रिके शेषमें उठ कर गृह-कार्यादिकी चिन्ता करके प्रातःकृत्यादिका अनुष्ठान करना चाहिए। डेढ़ मुहूर्त्त अर्थात् लगभग तीन दण्ड समयमें ही अपना काम समाप्त कर कर्मक्षेत्रमें जाना उचित है। वहां जा कर विशेष मनोयोगके साथ प्रभुका कार्य सम्पादन करे। भृत्यको सर्वदा अनुद्धत वेशमें और प्रभुके पास प्रञ्जलि हो कर रहना चाहिए। जो जिस कार्यमें नियुक्त हों, उन्हें ध्यान पूर्वक उस कार्यको समाप्त करके दूसरे काममें हाथ डालना चाहिए। किसी भी व्यक्ति पर असूया भृत्यके लिए विशेष अनिष्टकर है। भृत्यको उचित है कि प्रभुके रहस्य-विषयको कदापि प्रकट न करे। भृत्य यदि अप्रधान हो और अच्छी तरहसे मालिककी सेवा करे, तो समय पर कभी वह प्रधान हो सकता है; और जो प्रधान हैं, वे अपने काममें लापरवाही करनेसे समय पर अप्रधान हो जाते हैं। (शुक्र २ अ०)

अग्निपुराणमें भृत्यके कर्त्तव्यका विषय इस प्रकार लिखा है—भृत्यको शिष्यकी तरह प्रभुकी आज्ञा पालना चाहिए, कभी भी उनके आदेशका उल्लङ्घन न करे। अनुकूल प्रिय वाक्योंका प्रयोग करे, हितकर वाक्य अप्रिय होने पर भी निर्जनमें अवश्य करे। कदापि वित्तहरण वा प्रभुका अपमान न करे। मालिकके समान वेशभूषा धारण करना भृत्यके लिए निषिद्ध है। मालिक किसी कामके लिए यदि दूसरेको आज्ञा दें, तो उसे तुरत ही वह काम खुद कर देना चाहिए। स्वामीके दिये हुए वस्त्र, अलङ्कार और रत्न आदिको सर्वदा धारण करना उचित है। भृत्य विना आज्ञाके द्वारमें प्रवेश न करे। मालिकके सामने कभी भी अयोग्य स्थानमें न बैठे। प्रभुके समक्ष जृम्भा, निष्ठीवन, हास्य, कोप, भ्रुकुटी, उद्गार आदि वर्जनीय है। शठता, नास्तिकता, क्षुद्रता, और चपलता आदि दोष राजसेवाके समय त्याग देना चाहिए। भृत्यको उचित है, कि वह सर्वदा ऐसा ही काम करे जिससे मालिक प्रसन्न रहे। उसे विरक्ति त्याग कर सर्वदा अनुरागके साथ काम करना चाहिए केवल आपत्तिकालमें मालिकके हितके लिए इसके विपरीत करना दोषावह नहीं है। कोई गुह्यविषय में आदेश पाने पर किसी प्रकारका सन्देह वा भय करना उचित नहीं। इन लक्षणोंसे युक्त भृत्य ही सद्भृत्य कहलाता है। इसके विपरीत आचरण करनेवाला कुभृत्य है। (अग्निपुराण २२१ अ०)

भृत्यता (सं० स्त्री०) भृत्यस्य भावः तल टाप्। भृत्यका भाव या धर्म।

भृत्या (सं० स्त्री०) १ दासी। २ वेतन, तनख्वाह।

भृत्रिम (सं० त्रि०) भरणाज्जातः भृ त्रिमप्। भरणसे जात।

भृमि (सं० पु०) भ्रमति भ्राम्यति वेति भ्रम् भ्रमेः (संप्रसारणञ्च। उण् ४।१२०) इति इन् कित्, सम्प्रसारणञ्च। १ वायुविशेष, ववंडर। २ जलादि भ्रमण, पानीमें का भंवर या चक्कर। ३ वीणाविशेष, वैदिक कालकी एक प्रकारकी वीणा। (त्रि०) ४ भ्रमणशील, घूमनेवाला।

भृम्यश्व (सं० पु०) भृमय इव अश्वाः यस्य। ऋषिभेद, एक प्राचीन ऋषिका नाम।

भृश (सं० क्ली०) भृश्यति प्राचुर्येण वर्त्तते इति भृश् क। अत्यधिक, बहुत अधिक।

भृशक—शकवंशीय एक राजा। युक्तप्रदेशके विजनौर जिलेमें उनके नामकी अङ्कित मुद्रा पाई गई है।

भृशङ्क्षव (सं० पु०) नासारोगभेद।

भृशपत्रिका (सं० स्त्री०) महानीली।

भृशत् (सं० पु० स्त्री०) पाषाण।

भृशम् (सं० अव्य०) भृश-वाहुलकात् कमु, मान्तमव्ययम्। १ मुहु, वार वार। २ शोभन।

भृशादि (सं० पु०) भृश-आदि करके पाणिनि-उक्त शब्द गण। यथा—भृश, शीघ्र, चपल, मन्द, पण्डित, उत्सुक, सुमनस्, दुर्मनस्, अभिमनस्, उन्मनस्, रहस्, रोहत्, वेहत्, तृपत्, शश्वत्, भ्रमत्, वेहत्, शुचिस्, शुचिवर्चस्, अन्तरवर्चास्, ओजस्, सुरजस्, अरजस्।

भृष्ट (सं० त्रि०) भ्रस्ज-क्त। अग्नि संयोग द्वारा पक्व, भूना हुआ।

भृष्टकार (सं० पु०) भड़भूंजा।

भृष्टकुलत्थ (सं० पु०) भर्जित कुलत्थक, भूनी हुई कुलथी।

भृष्टचणक (सं० पु०) भर्जित चणक, भूना हुआ चना। इसका गुण रुचिकर, वातनाशक, रक्तका दोषजनक, उष्णवीर्य, लघु, कफ और शैत्यनाशक माना गया है। (राजनि०)

भृष्टतण्डुल (सं० पु०) भर्जित तण्डुल, भूना हुआ चावल।

भृष्टतण्डुलान्न (सं० क्ली०) भर्जित तण्डुलका अन्न, भूना हुआ चावल।

भृष्टमत्स्य (सं० पु०) भर्जित मत्स्य, भूनी हुई मछली।

भृष्टमांस (सं० क्ली०) घृतादि द्वारा भर्जित मांस, भूना हुआ मांस। इसका गुण विदाही तथा रक्त और वातादिदोषनाशक माना गया है।

भृष्टमृत् (सं० स्त्री०) अग्नि भर्जन द्वारा दग्ध मृत्तिका, जली हुई मट्टी। स्त्रियां गर्भावस्थामें इस मिट्टीको वहुत पसन्द करती हैं।

भृष्टयव (सं० पु० ; भृष्टश्चासौ यवश्चेति। भर्जनविशिष्ट यव, भूना हुआ जौ।

भृष्टान्न (सं० क्ली०) भृष्टं अन्नं। भृष्ट तण्डुल, मूढ़ी। पर्याय—कुहर, न्याख्या।

भृष्टि (सं० स्त्री०) भ्रस्ज-भावे क्तिन्। १ भर्जन, भूनना। २ शून्यवाटिका, सूना वगीचा।

भृष्टिमत् (सं० त्रि०) भृष्टि-अस्त्यर्थे मतुप्। १ अश्रियुक्त वज्र, वज्र अष्टाश्रियुक्त। (पु०) २ ऋषिभेद।

भेंट (हिं० स्त्री०) १ मिलना, मुलाकात। २ उपहार, नजराना।

भेंटना (हिं० क्रि०) १ मुलाकात करना, मिलना। २ आलिङ्गन करना, गले लगाना।

भेंटाना हिं० क्रि०) १ मुलाकात होना, मिलना। २ किसी पदार्थ तक हाथ पहुंचाना, हाथसे छुआ जाना।

भेंड़ (हिं० स्त्री०) भेड़ देखो।

भेंवना (हिं० क्रि०) भिगोना, तर करना।

भेक (सं० पु०) विभेति इति भी (इन भीकापाशल्यतीति ; उण् ३।४३) इति कन्। जन्तुविशेष, मेढ़क, बेंग। पर्याय—मण्डूक, वर्षाभू, शाल्हूर, प्लव, दर्दुर, वृष्टिभू, साल्हूर, प्लवङ्गम, व्याङ्ग, प्लवग, शल्ह, नन्दन, गूढ़वर्चा, अजिह्व, जिह्वमोहन, नन्दक, कृतालय, रेक, मण्ड, हरि, लुलुक, शालूक, कटुरव। इसके मांसका गुण सद्यबलकर, श्रम, तृष्णा, दाह, प्रमेह, कुष्ठ और छर्द्दिनाशक माना गया है। (राजनि०) २ कृष्णाभ्र, काला अबरक। ३ मेघ, वादल।

भेक—स्वनाम-प्रसिद्ध उभचर जीवविशेष (Frog) मण्डूक, मेढ़क। भेकतत्त्वकी आलोचना करके प्राणितत्त्वविदोंने इसे जल और स्थलचर सरीसृप Amphibious rcptiles में शामिल किया है। उनमें भी उन्होंने पुच्छहीन Anourous और सपुच्छ urodeles इस प्रकार दो भेद करके भेकजातिको प्रथमोक्त श्रेणीमें शामिल किया है।

भारत, सिहल, चीन, ब्रह्म, अमेरिका और यूरोपके नाना स्थानोंमें भेकजातिका वास है। उनके विभिन्न श्रेणीके नामोंका मिलना दुष्कर है। मेढ़कको फरासीसी भाषामें—Grenouille, जर्मनीमें—Frosch इटलीमें—*R*anocchia, स्पेनीमें—Rana, अंग्रेजीमें—Frog और लैटिनमें—Batrachia salicuta कहते हैं। परन्तु आकृतिगत प्रभेद इनमें सर्वत्र ही पाया जाता है।

आकृतिगत पार्थक्य और विभिन्न स्थानोंमें अस्थिसमावेशके विपर्य्यय पर लक्ष कर प्राणितत्त्वविदोंने भेकजातिमें तीन स्वतंत्र श्रेणियां निर्दिष्ट की हैं। उक्त तीन श्रेणियोंके श्रोणीफलककी अस्थियोंके ossa ilii और os innominata दैर्घ्य, विस्तृति और सङ्कोचावस्थासे इनका पार्थक्य निर्द्धारित हुआ करता है। १ Rana वा जलविहारी भेक हमारे देशके सुनहरे मेढ़कके (Rana palutris) समान है। इसका मुंह नुकीला, आखें करोटिके पार्श्वदेशमें ऊंची, तथा श्रोणी-सन्धानमें पिछले पैरों तक ४ सन्धिस्थान हैं। सामनेके पैर मनुष्यके हाथके समान तीन ग्रन्थियोंसे युक्त हैं तथा सामनेके पैरोंमें ४ और पीछेके पैरोंमें ५ उंगलियां हैं। पीछेके पैरोंकी उंगलियां हंसकी भांति चर्मपट्ट द्वारा जुड़ी हुई हैं। २ Tree Frogs वा Hyla bicolor देखनेमें कुछ कुछ बंगालके आसापा-मेढ़कके समान है। यह पेड़ों और भीतों पर चढ़ सकता है। बंगालका आसापा मेढ़क सफेद और छोटा होता है, और देखनेमें भिन्न जातीय जीव मालूम पड़ता है। दक्षिण-अमेरिकाके Hyla bicolor की Oxyrhynohus bicolor श्रोणीफलकास्थि अपेक्षाकृत छोटे आकारकी होती है। यह स्वभावतः कृशकाय और इसके पीछे और सामनेके पैरोंकी अंगुलियोंके अग्रभागमें गोलाकार मांसपिण्ड होता है। ३ बंगालके 'कोला' श्रेणीके मेंढ़कोंमें जिनकी श्रोणीफलकास्थि छोटी (Bufo vulgaris) होती है, वह Bufo और जिनकी वह अस्थि छोटी होने पर भी प्रशस्त है, वह (Pipa monstrata) *P*ipa नामसे परिचित है।

साधारणतः भेकजातिके नीचेकी डाढ़ोंमें दांत नहीं होते। किन्तु अमेरिकामें Ceratophyrs granosa शाखाके मेढ़कोंकी डाढ़ोंकी हनू अस्थियां ऐसी ऊंची होती हैं कि वे हर समय दांतोंका काम देती हैं। Bufonidae श्रेणीके मेढ़कोंके तो दांत होते ही नहीं, पर *H*yladactylus शाखाके मेढ़कोंके नाककी हड्डीमें तथा Sclerophrys श्रेणीके मेढ़कोंके ऊपर और नीचेके हनूमें दांत देखा जाता है। कोई चीज लीलते समय उन दांतोंसे छोटी मछलियां, पानीके अन्य कीड़े मकोड़े आदि चाब जाते हैं। कभी कभी ये जिह्वाग्र द्वारा पिपीलिका आदि पकड़ कर लील जाया करते हैं। उसके लिए चर्वणकी आवश्यकता नहीं। *P*ipa श्रेणीके और बड़े 'कोला'-मेढ़कोंका मुंह ऐसा चौड़ा होता है कि, वे आसानीसे कसेरू जानवरको लील जाते हैं। परन्तु मुख्यतः ये कीट, पतंग आदि ही भक्षण करते हैं। इनके ओंठ कोमल मांसल नहीं होते, दोनों डाढ़ोंके सामनेका हिस्सा मछली और सर्पादिकी तरह उपास्थि द्वारा गठित और सूक्ष्म चर्म-द्वारा आच्छादित है। इसी कारण ये अनायास ही प्रस्तरादि कठिन पदार्थों पर बैठे हुए कीट पतंगादिको ग्रहण करनेमें समर्थ होते हैं।

जिह्वा ही इनके खाद्यादि आहरणकी प्रधान प्रसाधक है। अन्यान्य जन्तुओंकी तरह इसके जिह्वामूलमें हड्डी नहीं होती। नीचेकी दोनों डाढ़ोंके संयोगस्थानके गह्वरसे वह जिह्वा निकली है। जब यह मुंह बन्द किये रहता है, तब इसकी जिह्वा वायु-नलीके छिद्रके मुंह पर रहती है। परन्तु जब यह शिकार पानेकी आशासे जीभको फैलाता है, तब मालूम होता है कि मानो वह जोर लगा कर जीभको निकाल रहा है। शिकारको पकड़ कर जब वह मुंहमें ले जाता है, तब जीभको इस ढंगसे घुमाता है कि उसका निचला हिस्सा ऊपर और ऊपरका हिस्सा नीचेकी ओर चला जाता है, फिर वह जीभ मुंहमें जाने पर पूर्ववत् दिखलाई देता है। शिकार ग्रहण करते समय यह अपनी जीभको ऐसी जल्दीके साथ फैलाता और समेटता है कि पलक मारते मारते काम खत्म हो जाता है। इसकी जीभके आगे एक प्रकारका गोंद जैसा पदार्थ होता है। जीभके फैलाते ही कीटादि उसमें सट जाते हैं और फिर उन्हें वह लील लेता है।

मांसपेशियोंके संस्थानके विषयमें आलोचना करके

इतना मालूम हुआ है कि इनके लिये कूदना, तैरना और चलना फिरना विशेष उपयोगी है। पीछेके पैरोंको जड जांघें और पेटकी पेशियां कूदने और तैरनेमें सहायता देती हैं तथा सामनेके पैर उसकी रक्षामें समर्थ होते हैं। पीछेके पैरों पर जोर दे कर यह अपनी देहको उठता है और बैठते समय पहले अगले पैरोंको ज़मीन पर टेकता है। १० हात तक ऊंचे स्थानसे गिरने पर भी इसके अङ्ग-प्रत्यंगोंको कोई हानि नहीं पहुंचती। मेढ़कको सामकी तरफ लगभग १०-१२ हाथ तक उछलते देखा गया है। वर्षा ऋतुमें हमारे देशमें दलदल जमीन और तालावोंमें मेढ़कोंकी उत्पत्ति होती है। गांवों और शहरोंके शैतान लड़के ढेले मार मार कर भेकोंको स्वभावतः तंग किया करते हैं; क्योंकि उससे मेढ़क कूदते, और तैरते फिरते हैं, जिससे उन्हें मजा आता है। वास्तवमें बरसातके बादलोंसे घिरी हुई नोरव रात्रिमें बड़े बड़े 'कोला' मेढ़कोंका लगातार टिर-टिर शब्द और पानीमें जोरोंसे कूदना पथिकोंके लिए एक भयावह विषय है। उस निस्तब्ध रात्रिमें मेघ-गर्जनके साथ साथ भेकोंके शब्द गोया सचमुच ही उस स्थानमें भीतिका अनिष्टनिनाद घोषित करता है। बंगालमें तो माताएं लड़कोंको शान्त करनेके लिए 'कोला' मेढ़कका नाम ले कर उन्हें डरा दिया करती हैं।

दिनको चारों तरफ कर्मजगतकी क्रिया प्रारम्भ हो जानेसे भेकोंका गभीर शब्द स्पष्ट सुनाई नहीं देता सही, पर उनकी जलक्रीड़ा और लम्फनादि देखनेकी चीज है, सन्देह नहीं। उनकी उत्तोलनकारी मांसपेशी और अस्थिशक्तिके आधिक्य तथा निम्न देहभागके पुष्ट गठनकी उत्कर्षताके अनुसार ही कूदनेमें ये समर्थ होते हैं। आकृतिके परिमाणानुसार ये शून्य मार्गमें २० गुने और सामनेकी तरफ एक कुदानमें ५० गुने तक अधिक उछल जाते हैं।

ये श्वासनालीसे वायु खींच कर फुसफुसमें ले जाते हैं। शीतऋतुमें जब ये गड्ढोंमें छिपे रहते हैं, तब वायु ही इनके लिए विशेष आहार्यरूपमें ग्रहणीय होती है। इनकी पाकस्थली अन्यान्य मांसाशी जन्तुओंके सदृश है। उदरस्थ पदार्थोंकी परिपाक-क्रियाकी वृद्धिके लिए एक स्वतन्त्र अन्त्र (अंतड़ी) है। छोटी छोटी मेढ़कियां जब तालावोंमें रह कर शैवालादि उद्भिज्ज-द्वारा प्राणधारण करती हैं, तब वह शिरा दीर्घाकार रहती है। पीछे जब वे प्रकृष्ट भेकाकार धारणपूर्वक कीटादि खाने लगती हैं, तब वह शिरा प्रायः ५ भागमेंसे ४ भाग घट जाती है। यकृतांश तीन गोलाकार पिण्डोंमें विभक्त है। उनमेंसे एकमें पित्तकोष रहता है। प्लीहा गोलाकार और छोटी हो जाती है। जननेन्द्रिय भी यकृतके बीचमें रहती है।

भेकोंकी आयु अधिक होती है। अण्डोंसे वाहर निकलने पर उन्हें बेंगची कहते हैं। बेंगचीकी पूंछ गिर जाने पर उसकी देहका पुनर्गठन होता है। उस समय छोटी छोटी मेढ़कियां इधरसे उधर कूदती फिरती हैं। उसके वाद बहुत धीरे धीरे देहकी पुष्टिके साथ उनकी आकृतिका परिवर्त्तन होते देखा जाता है। मेढ़क विना मारे अपने आप जल्दी नहीं मरता। अति वृद्धावस्थामें भी यह बहुत दिनों तक भूखों रह कर जीता है।

भेकजातिके गठनपरिवर्त्तनके तारतम्यानुसार रक्तचालन-क्रियाका भी रूपान्तर घटा करता है। बेंगची अवस्थामें मत्स्यादिकी तरह इनके भी हृत्पिण्डसे रक्तका संचालन हुआ करता है; परन्तु जब ये पूर्ण भेकरूपको प्राप्त कर लेते हैं, तब इनमें एक सम्पूर्ण दैनिक परिवर्त्तन हो जाता है। उस समय वे अपने फुसफुसकी सहायतासे श्वासक्रिया करते हैं, और बेंगची अवस्थामें जो उनके रक्त बहानेकी नाली और गह्वर था, वह भी बहुत कुछ क्षयको प्राप्त हो जाता है। इसके शरीरमें तीन प्रधानतम शिराएं होती हैं,—एकसे मस्तिष्कमें, दूसरीसे देहके निम्नभागमें और तीसरीसे कोषाकार हृत्पिण्डमें रक्त सञ्चालित होता है। इन तीनों शिराओंसे अन्यान्य शिराओंमें रक्त प्रवाहित होता है।

पशुका वा पञ्जरास्थिका अभाव होने पर भी इनकी श्वासक्रियामें विशेष हानि नहीं पहुंचती। यहां तक, कि ये वृद्धावस्थामें सिर्फ वायु-सेवनसे ही जीवन धारण करते हैं। वर्षाके प्रारम्भमें तालावके आस पास नर और मादोंका सङ्गम होता है। गर्भिणी मेढ़कीके पेट

फूल जानेसे उसकी श्वासक्रियामें व्याघात पहुंचता है। जब तक कि इनका फुसफुस वृद्धिको प्राप्त हो कर श्वास लेनेके काबिल नहीं हो जाता, तब तक इनके गलेमें रंगीन-सा कुछ दिखाई पड़ता है। गर्भिणी एक समयमें १३से १४ तक अण्डे देती है। अण्डेमें हरे रंगकी अण्ड-राल रहती है, जो जल्दी जमती नहीं। अण्डेमेंकी राल क्रमशः भ्रूण-रूपमें परिणत और उदरभागका क्षत-चिह्न नाभिमें पर्यवसित होता है। कभी कभी एक अण्डेमें दो जीवोंकी उत्पत्ति देखनेमें आती है और कभी दो सिर, छह पैर और दो पूंछवाले भयानक जीवकी उत्पत्ति भी देखी गई है। बेंगचीकी पूंछ छूने पर भी उससे अन्यान्य क्रियाओंमें कोई बाधा नहीं पहुंचती। ये दांतोंसे शैवालादि उद्भिज्ज पदार्थोंका विश्लेषण कर सकती हैं। उस समय इनकी श्वासक्रिया भी पूर्ववत् अक्षुण्ण रहती है।

प्राणितत्त्वविद्गण इनकी श्वासशक्तिको देख कर चमत्कृत हुए हैं। स्थानीय वायवीय तापके आधिक्यके कारण इनकी श्वासक्रियामें आतिशय्य देखा जाता है। M. Delaroche ने देखा है, कि ४२° से ४७° डिग्री (F) उत्तापमें रखे हुए भेककी अपेक्षा ८०° F वायवीय उत्तापमें रखा हुआ भेक ४ गुणा अधिक आम्लजन ग्रहण करता है। पानी समेत कांचके गिलासमें तथा गहरी बहती हुई नदीमें जाल डाल कर कई मास तक मेढ़कोंको रोक कर रखा गया है, उससे मालूम हुआ कि यह ज्यादा दिनों तक जीता है। उनकी यह वायु-ग्रहण शक्ति उन्हें दीर्घ समय तक जिलाये रखती है। किसी पत्थरके छिद्रमें प्रविष्ट हो कर यदि मेढ़क किसी कारणसे निकलने न पावे, तो वहीं वह वायु खा कर जीनेके लिये मज़बूर होता है। क्रमशः वर्षों बीत जाने पर जलवायुके गुणसे वह प्रवेश-पथ प्रस्तरकी स्वाभाविक वृद्धिसे आबद्ध हो जाता है। तब उसमें वायु वा आहार्य्य प्रवेशके लिए किसी प्रकारका छिद्र नहीं रहता। प्राकृतिक परिवर्त्तनसे प्रस्तर-छिद्रके अवरोधको देख कर अनुमान किया जाता है, कि वह मेढ़क शताब्दियोंसे उसमें रखा हुआ था, परन्तु आश्चर्य्यका विषय है, कि तब भी वह जीवित और पुष्ट-देहयुक्त है। पत्थर तोड़ते समय ऐसे जीवित मेढ़क भीतरसे निकलते देखे गये हैं। डा० बकलैण्डने इस बातको प्रमाणित करनेके लिये १८२५ ई०में कई एक पत्थरके गोलाकार कोष बना कर उनमें हरएकमें एक एक बड़ा मेढ़क छोड़ कर उनके मुंह बन्द कर दिये थे। ये छिद्र पहले कांच और उस पर पत्थर दे कर सिमेण्टसे मूंदे गये थे। अन्तमें उन्हें १३ महीने तक मिट्टीमें गाड़ कर रखा गया। बाद निकालने पर कई एक तो आकृतिमें पुष्ट देखे गये और कईका शारीरिक ह्रास।*

ये जल और वायुका शोषण (अर्थात् तैरते समय जलग्रहण और श्वासप्रश्वास क्रिया) जिस प्रकारसे करते हैं उसका अनुधावन करनेसे आश्चर्यान्वित होना पड़ता है। ये जितना पानी पीते हैं, उसका कुछ अंश तो पचा डालते हैं और कुछ शरीरके छिद्रोंसे निकल जाता है। शरीरगत जलीय पदार्थ चर्मद्वारसे निकल जाता है, इसलिये ये अधिक उत्तापमें भी जीते रहते हैं। १०४० (F) डिग्री उत्तप्त पानीमें मेढ़क २ मिनट तक जी सकता है, पर उतनी ही गरम वायुमें यह ४ या ५ घण्टे तक जी सकता है। जिस परिमाणमें यह शरीराभ्यन्तरस्थ जलीय पदार्थको निकाल कर गात्रचर्म शीतल रख सकते हैं, तभी तक यह बाह्यताप सह कर जीवन-रक्षामें समर्थ होता है।

जीव-जगत्‌में रह कर इस क्षुद्राकार जीवने थोड़ा बहुत सभी विषयोंमें भगवच्छक्ति प्राप्त की है। वृक्षकोटर वा प्रस्तरपिण्डके भीतर निरुद्ध अवस्थामें जीवनयापन

---

* प्रवाद है, कि पत्थरके भीतर रखे हुए ये मेढ़क प्रलयके पूर्ववर्ती युगके थे (Antediluviantoads) डा० बकलैण्डके प्रमाण देनेसे वह भ्रम दूर हो गया है। १७१७ ई०की विज्ञान-विवरणीमें (Memoirs of the Academy of Sciences) प्रकाशित हुआ है कि एक प्राचीन एल्म-वृक्षके भीतर तथा १७३१ ई०में नैण्टज् नगरके एक पुराने ओकवृक्षके भीतर एक मेढ़क बन्द था। उसके प्रवेशपथका नामोनिशान भी न था। वृक्षकी आकृति और अवस्थाको देख कर अनुमान होता था कि कमसे कम एक शताब्दी पहले वह मेढ़क वृक्षकोटरमें प्रवेश कर पीछे उसमें रह गया था।

Eng, *Cyclo*, Nat, Hist. Vol, *I*, p, 159,

एकमात्र ईश्वर कृपाके सिवा और क्या हो सकता है? योगीगण जिस प्रकार चित्तवृत्तिका निरोध करके युग-युगान्तर पर्यन्त विद्यमान रहनेमें समर्थ होते हैं, इस भेक जातिने भी उसी प्रकार किसी अपूर्व कौशलसे निरुद्ध हो कर आत्मरक्षामें सम्यक् पारदर्शिता प्राप्त की है।

ईश्वरकी अलौकिक सृष्टिमें यह जीव अद्भुत क्षमता-सम्पन्न है। उसका मस्तिष्क, स्नायविक देह तथा चक्षु, कर्ण, नासिका, जिह्वा और त्वक् ये पांचों इन्द्रियां अपनी अपनी अवस्थामें क्रियाशील हैं। हां, श्रवण, आघ्राण आदिकी अपेक्षा इनकी दर्शन-शक्तिका प्राखर्य्य अधिक देखनेमें आता है। जिस ढंगसे यह सूक्ष्मरूपसे शिकारको लक्ष्य कर उस पर कूद पड़ता है, उसे देख कर दांतों उंगली दबानी पड़ती है। दर्शनके बाद इसकी स्पर्श-शक्ति उल्लेखयोग्य है। एकमात्र ताप-सहिष्णुता ही इनके स्पर्शज्ञानका परिचय देता है।

भेकोंके शरीरमें एक प्रकारका विष विद्यमान रहता है। यह विश्वास क्या भारतीय और क्या यूरोपीय सभीमें पाया जाता है। वह रस जहां कहीं भी लग जाता है; वहीं घाव पैदा कर देता है। यह विष देहकी चमड़ी, मस्तक, कंधा और पैरोंमें तथा शरीरांशके कोष-विशेषमें मौजूद रहता है। मेढ़कको मसकनेसे वह रस जोरोंसे निकल पड़ता है।

महावंशके २०वें अध्यायमें लिखा है कि, सम्राज्ञी अशोक-पत्नीने भेक-विषसे मगधस्थ महाबोधि वृक्षको दहन करनेका निश्चय किया था। लगभग ईसाके पूर्व-४थी शताब्दीसे इनके विषका प्रभाव भारतवासियों-के हृदयमें जागरुक है।

यूरोपवासी सुसभ्य जातिमात्र ही तथा ब्रह्मवासी, चीनवासी और भारतवासी निम्नश्रेणीके व्यक्ति भेकका मांस खाते हैं। दक्षिण-भारतमें यूरोपसे आई हुई ईसाई स्त्रियां प्रति शुक्रवारको भेकमांस खाती हैं। चीनदेशमें भेकमांसका ज्यादा आदर है। क्षुद्र ह्रद वा जलाशयोंके किनारे और धान्यक्षेत्रोंमें अधिकतासे मेढ़क देखे जाते हैं। चीनके लोग भेकबहुल स्थानमें जा कर उनका शिकार किया करते हैं। वे एक बंसीमें पतिंगा या छोटी मेढ़कीको लगा कर उसे तालाब वगैरहमें डालते हैं। किसी बड़े मेढ़ककी दृष्टि उस पर पड़ते ही वह उस पर झपटता है और मुंहमें ले लेता है। डोरीमें खिचाव पड़ते ही शिकारी उसे झटकेसे खींच लेते और टोकनीमें भर कर उन्हें बाजारमें बेच आते हैं।

चीनके बासिन्दा जिस निर्दयताके साथ मेढ़कोंकी हत्या करते हैं, उसे देख कर हृदयतन्त्री व्यथित हो जाती है। वे मेढ़कोंसे भरी हुई टोकरी या टब ले जा कर बाजारमें बैठते हैं और खरीददारकी रुचिके माफिक उन्हें काट कर साफ कर देते हैं। पहले वे पैनी छुरीसे उसका सिर उड़ा देते और फिर तमाम चमड़ी उधेड़ डालते हैं। इस तरह जिन्दे जानवरकी सबके सामने चमड़ी उधेड़ कर उसे तौल कर बेचा करते हैं।

फरासीसियोंमें भेकमांस उपदेय और मूल्यवान् खाद्य समझा जाता है। उसे खाद्योपयोगी करनेके लिये मेढकोंको वे बड़े यत्नसे पालते हैं।

हमारे देशमें भेककी उपकारिताके विषयमें कई एक प्रवाद प्रचलित है। विकारग्रस्त रोगीकी मृत्युसे कुछ पहले उसकी आंखोंकी ज्योति घट जानेसे उसे मृत्युका पूर्वलक्षण समझ कर घरकी स्त्रियां खपरेके सरवाका काजल आंखोंमें देती है, उस समय कभी कभी वे मेढ़कके सिरसे जरा-सा रस निकाल कर रोगीके कपाल पर लगा देती है। उनका विश्वास है, कि भेकके विषसे रोगीकी आंखोंमें पड़ी हुई जाली अच्छी हो जाती है। इसके प्रयोगसे उपकार होता है सही, पर समय पर वह फलप्रद नहीं होता। रोगविशेषमें भेक-मांसका झोल खिलाया जाता है। पदार्थविद्याविदोंने भेक-शरीरमें ताड़ितशक्तिकी सञ्चालन-क्षमता स्पष्टरूपसे दिखला दी है। बाइबिलमें भी फेरो राजाकी भेक-विपत्तिका उल्लेख है।

भेकजमुक्ता (सं० स्त्री०) वह मुक्ता रूप पत्थर जो मेढ़कके मस्तक पर पाया जाता है। भावप्रकाशकके मतानुसार यह मणि भुजङ्गमणि सरीखा है।

मुक्ता शब्दमें विशेष विवरण देखो।

भेकट (सं० पु०) भेक इव टलति भेक-टल ड। मत्स्य-विशेष, एक प्रकारकी मछली।

भेकनि (सं० पु०) मत्स्यविशेष। इसका गुण—मधुर, शीतल, वृष्य, श्लेष्मकर और गुरु।

भेकपर्णी (सं० स्त्री०) भेकाकृति पर्णमस्याः ङीष्। मंडूकपर्णी।

भेकभुज् (सं० पु०) भेकं भुङ्क्ते इति भुज्-क्विप्। सर्प, सांप।

भेकमूत्र (सं० क्ली०) भेकस्य मूत्रं। भेकका मूत्र, बेंगका मूत।

भेकराज (सं० पु०) भेकानां राजा, टच् समासं। १ महाभेक, बड़ा बेंग। २ भृङ्गराज, भंगरैया।

भेकासन (सं० क्ली०) रुद्रयामलोक्त पूजाङ्ग आसनभेद। अपनी छाती पर मस्तकको रख कर दोनों पैरको कंधेके ऊपर और फिर उसके ऊपर दोनों हाथ रखो। इसीका नाम भेकासन है। इस प्रकार आसन करके इष्ट देवका ध्यान करनेसे बहुत जल्द सिद्धिलाभ होता है।

भेकी (सं० स्त्री०) भेक (जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्। पा ४।१।६३) इति ङीष्। १ भेकप्रिया, मेढ़की। पर्याय—शिली, गण्डुपदी, वर्षभी। २ मण्डकपर्णीवृक्ष।

भेकुरि (सं० स्त्री०) अप्सरोरूप नक्षत्र।

भेख (हिं० पु०) वेष देखो।

भेखज (हिं० पु०) भेषज देखो।

भेज (हिं० स्त्री०) १ वह जो कुछ भेजा जाय। २ लगान। ३ विविध प्रकारके कर जो भूमि पर लगाये जाते हैं।

भेजना (हिं० क्रि०) किसी पदार्थके एक स्थानसे दूसरे स्थान तक जानेका आयोजन करना।

भेजवाना (हिं० क्रि०) भेजनेके लिए प्रेरणा करना, भेजनेका काम दूसरेसे कराना।

भेजा (हिं० पु०) १ सिरके अंदरका मग्ज। २ चन्दा, बेहरी।

भेजाबरार (हिं० पु०) एक प्रथा। इसके अनुसार देहातोंमें किसी दरिद्र या दिवालियेका देन चुकानेके लिये आसपासके लोगोंसे चन्दा लिया जाता है।

भेट (हिं० स्त्री०) भेंट देखो।

भेटना (हिं० क्रि०) १ भेंटना देखो। (पु०) २ कपासके पौधेका फल, कपासका ढोंडा।

भेड़ (हिं० स्त्री०) १ बकरीकी जातिका, पर आकारमें उससे कुछ मोटा एक प्रसिद्ध चौपाया। यह बहुत ही सीधा होता है और किसको किसी प्रकारका कष्ट नहीं पहुंचाता। विशेष विवरण मेष शब्दमे देखो।

भेड़ा (हिं० पु०) भेड़ जातिका नर, मेढ़ा।

भेड़—१ सह्याद्रिवर्णित एक राजा। २ एक आभिधानिक।

भेड़ागिरि—राजतरङ्गिणीवर्णित एक पर्वत। यह भेर भृण्डु नामसे जनसाधारणमें मशहूर है।
(राजतरङ्गिणी १।३५)

भेड़िया (हिं० पु०) एक प्रसिद्ध जङ्गली मांसाहारी जन्तु। यह प्रायः बस्तियोंके आस पास झुण्ड बांध कर रहता है और गांवोंमेंसे भेंड़, बकरियों, मुरगों अथवा छोटे छोटे बच्चों आदिको उठा ले जाता है। यह अपने शिकारको दौड़ा कर उसका पीछा करता है और बहुत तेज दौड़नेके कारण शीघ्र ही उसको पकड़ लेता है। रातके समय यह बहुत शोर मचाता है।

भेड़ी (सं० स्त्री०) भेड़-स्त्रियां ङीष्। १ स्त्री मेष, मादा भेड़। इसका दुग्ध-गुण—लवण, स्वादु, स्निग्ध अथच उष्ण, अश्मरीनाशक, अहृद्य, तर्पण, केशका हितकर, शुक्र, पित्त और कफवर्द्धक। यह कास और बायुरोगमें हितकर है। २ निम्न भूमिके चारों ओरका बांध।

भेड़ (सं० पु०) भेड़-पृषोदरादित्वात् साधुः। मेष।

भेतरगाँव—अयोध्याप्रदेशके रायबरेली जिलान्तर्गत एक नगर। यह रायबरेली नगरसे ६ कोस दूर कानपुर जानेके रास्ते पर अवस्थित है। यहां अन्नदा देवीके उत्सवपर्वमें प्रतिवर्ष एक मेला लगता है।

भेतव्य (सं० त्रि०) भी तव्य। भयार्ह, भयके योग्य।

भेत्तृ (सं० त्रि०) भिनत्तीति-भिद् तृच्। भेदकर्त्ता।

भेद (सं० पु०) भिद्-घञ्। प्राचीन राजनीतिके अनुसार शत्रुको वशमें करनेके चार उपायोंमेंसे तीसरा उपाय। साम, दान, भेद और दण्ड ये ही चार उपाय हैं। जिस उपायके द्वारा शत्रु दलमेंसे किसीको बहका कर अपने दलमें मिला लिया जाय उसीका नाम भेद है। पर्याय—उपजाप, पृथक्करण, विश्लेष।

मत्स्यपुराणमें लिखा है कि जो परस्पर विद्विष्ट, क्रुद्ध भीत और अपमानित हैं, उन्हींके प्रति भेदका प्रयोग करना चाहिये ; क्योंकि वे भेदसाध्य हैं। जिस दोषसे मनुष्य भय

खाते हैं उन्हें वह दोष दिखा देना उचित है। प्रवल शत्रुके प्रति यदि भेद उत्पन्न न करा सकें, तो उन्हें पराजय करना दुःसाध्य हो जायगा। इसी कारण शत्रुके साथ भेद उत्पन्न कराना नितान्त आवश्यक है। २ अन्तर, फर्क। ३ तात्पर्य, मर्म। ४ रहस्य, भीतरी छिपा हुआ हाल। ५ प्रकार, किस्म।

भेदक (सं० त्रि०) १ विदारक, छेदनेवाला। २ रेचक, दस्तावर।

भेदकर (सं० पु०) भेदं करोतीति कृ ट, भेदस्य करः। भेदकारक, भेद करनेवाला।

भेदकारिन् (सं० त्रि०) भेदं करोति कृ-णिनि। भेदक, भेदनेवाला।

भेदकारिशयोक्ति (सं० स्त्री०) एक अर्थालङ्कार।

भेदड़ी (हिं० स्त्री०) खड़ी।

भेदधिक्कारन्यक्कारनिरूपण—वेदान्तमतावलम्बो प्रसिद्ध धर्मग्रन्थ। नरसिंहदेवने इस ग्रन्थमें रामानुजमतका खण्डन किया है।

भेदन (सं० क्ली०) भिद्यतेऽनेनेति भिद-ल्युट्। १ विदारण, छेदना। २ अमलबेतस, अमलवेत। ३ हिंगु, हींग। ४ शूकर, सूअर। (त्रि०) ५ भेदकारक, भेदनेवाला। ६ विरेचनकारक, दस्त लानेवाला।

भेदन (बसईकेला)—१ मध्यप्रदेशके अन्तर्गत एक प्राचीन गोंड़राज्य। अभी यह सम्बलपुर जिलेके अन्तर्गत है। एक समय यहांके गोंड़-सरदारका ६० वर्गमील स्थान पर आधिपत्य था। प्रवाद है, कि सम्बलपुरके प्रथम चौहानराज बलरामदेवने प्रायः तीन शताब्दी पहले इस सम्पत्तिको शिशाराय गोंड़को प्रदान किया। उक्त शिशारायसे ही यहांके सरदार-वंशकी प्रतिष्ठा हुई। १८५७ ई०में यहांके सरदार मनोहर सिंह विद्रोही सुरेन्द्रके साथ मिल गये थे, इस कारण युद्धक्षेत्रमें वे मारे गये। पीछे उनके नाबालिग पुत्र वैजनाथ गद्दी पर बैठे। बालकराजके राजत्वकालमें राजपरिबारके मध्य विशेष विशृङ्खलता उपस्थित हुई। यह देख कर बृटिश-सरकारने १८७८ ई०में इसका शासनभार अपने हाथ ले लिया।

२ उक्तराज्यका प्रधान स्थान। यह अक्षा० २१° १२′ उ० तथा देशा० ८३° ४७′ ३०″ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां धान, उड़द, तैलकर बीज और ईखको चीनीका विस्तृत कारबार है।

भेदनीय (सं० त्रि०) भिद्-अनीयर्। भेदनयोग्य, भेद करने लायक।

भेदबुद्धि (सं० स्त्री०) एकताका नाश या अभाव, फूट।

भेदभाव (सं पु०) अन्तर, फर्क।

भेदवादिन् (सं० त्रि०) भेदं वदति वद-णिनि। १ भिन्न मतावलम्बी। २ वह जो एक ब्रह्ममें भिन्न रूपत्व वा भेदज्ञानकी कल्पना करते हैं। इसी भेदबुद्धिसे द्वैत और अद्वैत मतकी सृष्टि हुई है।

द्वैत, अद्वैत और ब्रह्म शब्द देखो।

एकमात्र वेदान्तशास्त्रमें ही ब्रह्म प्रतिपन्न हुए हैं। अलावा इसके वैशेषिक, सांख्य, पातञ्जल, चार्वाक आदि दर्शनकारगण भेदवादकी आलोचना ले कर भारी आन्दोलन कर गये हैं। वैशेषिक प्रभृति दर्शन शब्द देखो।

न्यायशास्त्रके मतसे,—वस्तु-विशेषके मध्य आपसका विभिन्नता द्योतक जो अप्रत्यक्ष ज्ञान है, वही भेदबुद्धि है। एकमें दूसरेकी प्रकृतिका अस्तित्वभाव देख कर स्वभावतः ही मनमें जो वैषम्य ज्ञानको उत्पत्ति होती है, उस वैपरीत्यका लक्ष्य कर उस विषयकी पृथकताको दूर करनेके लिये नैयायिकोंने जिन विशेष मतोंको अवतारणा की है, उसीके आलोचना पर व्यक्तिमात्र हैं।

पुराणवर्णित ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरादि उपास्य देवताविशेषमें जो भेद समझते हैं, वे ही भेदवादी हैं। देवतामें भेद माननेवालोंको विशेष निन्दनीय बतलाया गया है।

"यस्तु नारायणं देवं ब्रह्मरुद्रादिदैवतैः।
समत्वेनैव वीक्षेत स पाषण्डी भवेद् ध्रुवम्॥"

(पद्मपु०)

रामानुज, कबीर और श्रीचैतन्य महाप्रभुके प्रवर्त्तित वैष्णव-धर्म एक होने पर भी उनमें मतभेद देखे जाते हैं। वे प्रकृत भेदवादी नहीं हैं, फिर भी दूसरी तरहसे भेदवादी हैं। संक्षेपशङ्करजय पढ़नेसे जाना जाता है कि, भास्कर भेदाभेदवादी, अभिनव गुप्त शाक्त, नीलकण्ठ भेदवादी, प्रभाकरगुरु और मण्डनमिश्र भट्टमतानुयायी थे। (संक्षेपश० ५।५०)

सभी धर्ममतमें उपासना भेदसे भेदभाव दिखलाया गया है। पौत्तलिकता, आस्तिक्यवाद और नास्तिक्य वाद उसका कारण है। मूर्त्तिगत उपासना और 'एकमेवा द्वितीय' रूप परब्रह्मकी आराधनामें भेदभाव लक्षित होता है। ईसाई, ब्राह्म आदि मूर्त्तिगत उपासनाके प्रकृष्ट विरोधी हैं, अतएव वे ही यथार्थमें पौत्तलिक हिन्दूकर्मके घोर द्वेषी हैं। बुद्धदेव इस जगत्में 'अहिंसा परमोधर्मः' प्रचार कर गये हैं। उन्होंने जब सुना, कि राजा विम्बिसार शक्तिपूजामें छागकी बलि देते हैं, तब वे बड़े कातर हुए थे। उन्होंने हिंसाप्रवण पौत्तलिक हिन्दूधर्ममूलमें कुठाराघात करनेकी चेष्टा की थी। यही कारण है, कि उनके मतावलम्बी बौद्धगण हिन्दूधर्मके भेदवादकी कल्पना कर गये हैं।

भेदवादिन्—भागवतपुराण टीकाके प्रणेता।

भेदसह (सं० त्रि०) भिन्न करनेमें समर्थ।

भेदित (सं० त्रि०) भिद्-णिच् कर्मणि क्त। १ भिन्न, विदारित। (पु०) २ तन्त्रके अनुसार एक प्रकारका मन्त्र जो निन्दित समझा जाता है।

भेदित्व (सं० क्ली०) भेदिनो भावः त्व। भेदकका भाव या धर्म।

भेदिन् (सं० त्रि०) भेत्तुं शीलमस्येति भिद्-णिनि। १ भेदकर्त्ता, भेद करनेवाला। (पु०) २ अम्लवेतस, अमलवेत।

भेदिनी (सं० त्रि०) १ भेदकारिणी, भेद करानेवाली। (स्त्री०) २ तन्त्रके अनुसार एक प्रकारकी शक्ति। इसकी सहायतासे योगी लोग षट्चक्रको भेद सकते हैं और इस शक्तिके साधनसे वहुत श्रेष्ठ हो जाते हैं।

भेदिनीवटी (सं० स्त्री०) प्लोहा-यकृताधिकारमें प्रयोग करने वाली एक प्रकारकी दवा। प्रस्तुत प्रणाली—गोक्षुर, थूहरके दूध और पीपलको एक साथ घोंट कर गोली बनावे। इसका सेवन करनेसे विरेचन हो कर सब प्रकारकी प्रबल पीड़ा शान्त होती है।

भेदिया (हिं० पु०) १ भेद लेनेवाला, गुप्तचर, जासूस। २ गुप्त रहस्य जाननेवाला।

भेदिर (सं० क्ली०) भिदुर, वज्र।

भेदी (हिं० पु०) १ गुप्त हाल बतानेवाला, जासूस। २ गुप्त हाल जाननेवाला। ३ भेदिन् देखो।

भेदीसार (सं० पु०) बढ़इयोंका एक यन्त्र। इससे वे काठमें छेद करते हैं। इसका दूसरा नाम बरमा भी है।

भेदुर (सं० क्ली०) भिदुर पृषोदरादित्वात् साधुः। भिदुर, वज्र।

भेद्य (सं० त्रि०) भिद्-ण्यत्। १ भेदन करने योग्य, जो भेदा या छेदा जा सके। (पु०) २ शस्त्रों आदिकी सहायतासे किसी पीड़ित अंग या फोड़े आदिको भेदन करनेकी क्रिया। व्रणपीड़ा देखो।

भेन (हिं० स्त्री०) बहिन। इसका शुद्ध रूप प्रायः भैन है।

भेना (हिं० क्रि०) भिगोना, तर करना।

भेभम (हिं० पु०) एक प्रकारका बहुत छोटा और पतला बांस जो हिमालयमें होता है। इसका दूसरा नाम रिंगाल वा निगाल भी है।

भेय (सं० क्ली०) भयभीत, डरसे इधर उधर भागना।

भेयपाल (सं० पु०) राजपुत्रभेद।

भेर (सं० पु०) विभेत्यस्मादिति भी (ऋज्रेन्द्राग्रवज्रेति। उण् पा २।२८) इति रन्। १ पटह। २ भेरी। ३ दुन्दुभी।

भेरव—सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

भेरवा (हिं० पु०) भारतके प्रायः सभी गर्म देशोंमें मिलनेवाला एक प्रकारका खजूर। इसके पत्तोंके रेशोंसे रस्सियां बनती हैं। इसे पाछनेसे एक प्रकारकी ताड़ी भी निकलती है। इसका व्यवहार बंबई और लंकामें बहुत होता है।

भेरा—१ पञ्जाब प्रदेशके शाहपुर जिलान्तर्गत एक तहसील। यह अक्षा० ३१° ५५′ से २२° ३८′ उ० तथा देशा० ७२° ४३′ से ७३° २३′ पू०के मध्य अवस्थित है। भू-परिमाण ११७८ वर्गमील और जनसंख्या दो लाखके करीब है। इसके उत्तरमें झेलम नदी और दक्षिण-पूर्वमें चनाब नदी बहती है। इस तहसीलमें १ शहर और २६४ ग्राम लगते हैं। यहांके विज्झी ग्रामके समीप एक बड़ा भग्न स्तूप देखा जाता है। इसमें पञ्जाब प्रदेशके प्राचीन ग्रीक समृद्धिके अनेक निदर्शन मिलते हैं। इससे अनुमान किया जाता है, कि एक समय यह बहुत समृद्धिशाली नगर था।

२ उक्त तहसीलका प्रधान नगर। यह अक्षा० ३२°

२८' उ० तथा देशा० ७१' ५६' पू० झेलम नदीके बाएं किनारे अवस्थित है। झेलम नदीके किनारे स्थापित होनेके कारण यहांकी वाणिज्यसमृद्धिकी दिनों दिन वृद्धि देखी जाती है। नगरका प्राचीन अंश आज भी नदीतट पर देखा जाता है। मुगल-सम्राट् बाबरके आक्रमणकालमें यहांके नगरवासियोंने २ लाख रुपये नगद दे कर मुगल-आक्रमणसे आत्म-सम्मानकी रक्षा की थी। पीछे वह निकटवर्त्ती पार्वतीय अधिवासियोंके द्वारा तहस नहस कर डाला गया। जोबनाथ नगरके ध्वंसावशेषको डा० कनिहमने माकिदन-बीर अलेकसन्दरके समसामयिक ग्रीकराज्य सोफाइटिसकी राजधानी बतलाया है। १५४० ई०में किसी मुसलमान-पीरकी समाधि मसजिदके चारों ओर वर्त्तमान नगर बसाया गया। सम्राट् अकबरशाहके शासनकालमें यह एक राजस्व वसूलका केन्द्रस्थान समझा जाता था।

१७५७ ई०में अफगानराज अहमदशाहके सेनापति नूर उद्दीनने इस स्थानको लूटा और तहस नहस कर डाला। भङ्गी सरदारोंके यत्नसे यहां पुनः लोग आ कर बस गये जिससे नगरकी शोभा बढ़ गई। जबसे यह अंगरेजोंके दखलमें आया, तबसे इसकी श्रीवृद्धि हुई है। विख्यात आमेरिक-युद्धके समय यहां रुईका कारबार जोरों चलता था। आज भी घी, देशी और विलायती कपड़े, कम्बल, रेशमी, पशमीने, तलवार, छुरी, लोहे और ताम्रपात्रादि तथा चावल, चीनी और गुड़ आदिका वाणिज्य होते देखा जाता है।

भेरा (हि० पु०) एक प्रकारका पेड़ जो मध्य तथा दक्षिणी भारतमें पाया जाता है। इससे लकड़ी, गोंद, रंग और तेल इत्यादि पदार्थ मिलते हैं। इसकी लकड़ी मेज, कुर्सी, खेतीके औजार और तस्वीरोंके चौखटे आदि बनानेके काममें आती है, पर जलानेके कामकी नहीं होती। क्योंकि इससे धूआं ज्यादा निकलता है। इसे भीरा भी कहते हैं।

भेरि (सं० स्त्री०) बिभ्यति शत्रवोऽस्या इति भी (वङ्क्यादयश्च। उणा् ४।६६) इति क्रिन् बाहुलकात् गुणः। बृहड्ढक्का, बड़ा ढोल या नगारा। पर्याय—आनक, दुन्दभि, भेरी, आनकदुन्दुभि, आनकदुन्दभी।

भेरी (सं० स्त्री०) भेरि कृदिकारादिति पक्षे ङीप्। बृहड्ढक्का, बड़ा ढोल या नगारा।

भेरी—१ मध्यभारत एजेन्सीके बुन्देलखण्डके अन्तर्गत एक सामन्त राज्य। भूपरिमाण ३० वर्गमील है। यहांके सरदार पुयारवंशीय राजपूत हैं। वे बृटिश सरकारके इकरारनामा और सनदके अनुसार शासन करते हैं। सामन्तराजको गोद लेनेका अधिकार है। इन्हें २५ अश्वारोही और १२५ पदाति सेना है।

२ उक्त राज्यकी राजधानी। यह बेतवा (वेत्रवती) नदीके बाएं किनारे अवस्थित है।

भेरीकार (हि० पु०) भेरी बजानेवाला।

भेरीस्वनमहास्वना (सं० क्ली०) कुमारानुचर मातृभेद।

भेरुण्ड (सं० क्ली०) १ गर्भधारण। (त्रि०) २ भयानक।

भेरुण्डा (सं० स्त्री०) भेरुण्ड-टाप्। १ देवताविशेष। २ यक्षिणीभेद।

भेरेन—मध्यप्रदेशके सम्बलपुर जिलान्तर्गत एक भू-सम्पत्ति। भूपरिमाण २० वर्गमील है।

भेल (सं० पु०) १ एक प्राचीन ऋषिका नाम। २ भेलक, बेड़ा। (त्रि०) ३ भीरु, डरपोक। ४ चञ्चल। ५ मूर्ख, बेवकूफ।

भेल—आयुर्वेद प्रचारक एक प्राचीन महर्षि। आत्रेय आदि भेलके और आप पुनर्वसुके शिष्य थे। चरकसे यह बात प्रमाणित होती है, कि भेल ऋषि-प्रणीत चिकित्साशास्त्र इसके पहले प्रचलित था।

भेलक (सं० पु० क्ली०) भेल-स्वार्थे कन्। नद्यादि-तरणसाधन वस्तु, नदी आदि पार करनेका बेड़ा। पर्याय—प्लुव, कोल, उड़ुप, तरण, तारण, तारकण्व, तरीष। (जटाधर)

भेला (हि० पु०) बड़ा गोल या पिण्ड।

भेली (हि० स्त्री०) १ गुड़ या और किसी चीजकी गोल बट्टी या पिण्डी। २ गुड़।

भेलुपुरा (सं० स्त्री०) वाराणसीधामके अन्तर्गत एक गण्डग्राम।

भेश (हि० पु०) वेष देखो।

भेष (हि० पु०) वेष देखो।

भेषज (सं० क्ली०) भिषजो वैद्यस्येदमित्यण्; निपातनादेत्वं, वा भेषं रोगं जयतीति जि-ड। १ औषध, दवा। औषध सेवनके कालादिका विवरण भावप्रकाशमें इस प्रकार लिखा है—

प्रातःकाल ही औषध सेवनका उत्तम समय है, विशेषतः क्वाथऔषध सुबह ही खानी चाहिये। चरकादिमें औषधसेवनके ५ समय निर्दिष्ट हुए हैं, जैसे—सूर्योदयकाल, दिवाभोजनके पहले और बाद, सायंकालीन आहारके बाद, मुहुर्मुहु और रात्रिकाल।

प्रथमकाल।—पित्त और कफके प्राबल्यसे तथा विरेचन वमन और कर्षणके लिये प्रातःकालमें अन्नभोजनसे पूर्व ही औषध सेवन करना उचित है।

द्वितीयकाल।—अपान वायु कुपित होने पर भोजनके पहले औषधिका प्रयोग करना प्रशस्त है। अरुचिरोगमें नाना प्रकारके मनोहर और रुचिकारक द्रव्यमिश्रित भोज्य पदार्थके साथ औषधप्रयोग हितकर है। समान वायुके प्रकोपमें और मन्दाग्निमें भोजनके अन्दर अग्निप्रदीपक औषध देना विशेष उपकारी है। व्यानवायुके प्रकोपमें भोजनके उपरान्त औषध देनी चाहिये। हिक्का, आक्षेप और कम्प उपस्थित होने पर भोजनके पूर्व और पश्चात् औषध सेवन की जा सकती है।

तृतीयकाल।—स्वरभंग आदि रोगजनक उदानवायु कुपित होने पर सायंकालमें भोजनके प्रत्येक ग्रासके साथ औषध सेवन करना हितकर हैं। प्राणवायु दूषित होने पर हितकर भोजनके बाद ओषधि खाना ठीक होगा।

चतुर्थकाल।—तृष्णा, वमन, हिक्का और श्वासरोग तथा गरदोषमें अन्नके साथ मुहुर्मुहुः औषध देनी चाहिये।

पंचमकाल।—लेखनक्रिया, वृंहण, तथा पचनमें रात्रिको अन्नभोजन न करा कर औषध प्रयोग करना चाहिए। अन्न खानेके पहले औषध सेवन करनेसे औषधका वीर्य प्रवल होता है इसलिए शीघ्र ही रोग नष्ट हो जाता है। परन्तु बालक, वृद्ध, युवती, स्त्री और कोमल शरीरविशिष्ट रोगियोंको आहारके पहले औषध देना ठीक नहीं, क्योंकि उससे उनका बल घटता है। अन्नके साथ औषध सेवन करनेसे वह शीघ्र पच जाता है, औषध सेवन करके उसके पचे बिना ही भोजन करनेसे तथा खाये हुए भोजनके बिना पचे ही औषध सेवन करनेसे व्याधिका उपशम नहीं होता, बल्कि और और रोग उत्पन्न हो जाते हैं। औषध पच जाने पर वायुका अनुलोम, शरीरकी सुस्थता, क्षुधा और तृष्णाका उद्रेक, मनको प्रफुल्लता, शरीरका लघुत्व, इन्द्रियों की प्रसन्नता और उद्गारकी शुद्धि होती है। औषध न पचे, तो क्लान्ति, दाह, शरीरकी अवसन्नता, भ्रान्ति, मूर्च्छा, शिरोरोग, ग्लानिबोध तथा बलका ह्रास होता है।

भक्षणविधि।—देवता, गुरु और ब्राह्मणोंको प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद ले भक्तिके साथ औषध सेवन करना चाहिए। औषध सेवन करनेसे पहले गुरुजनोंको इस प्रकार आशीर्वाद देना चाहिए, कि जिस तरह ऋषियोंके लिए रसायन, देवोंके लिए अमृत और नागोंके लिए सुधा उपकारी है उसी प्रकार यह औषध तुम्हारे लिए उपकारी होवे। ब्रह्मा, दक्ष, अश्विनीकुमार आदि तुम्हें रोगसे मुक्त करें। पश्चात् रोगीको प्रशान्तभावसे बैठ कर आत्मीयजनोंके समक्ष औषध सेवन करना चाहिए। स्वर्ण, रौप्य वा मृण्मय पात्रमें औषध सेवन करना उचित है। (भावप्र० द्वितीय भा०)

सुश्रुतमें लिखा है—औषध संग्रह करना हो, तो भूमि और उपयुक्त कालादिका विषय देखना चाहिए।

भूमि देखो।

अष्टाङ्ग हृदयसंहितामें भेषज-संग्रहका स्थान इस प्रकार निर्दिष्ट है:—

"धन्वसाधारणे देशे समे सन्मृत्तिके शुचौ।
श्मशानचैत्यायतनश्वभ्रवल्मीकवर्जिते॥
मृदौ प्रदक्षिणजले कुशरोहिषसंस्तृते।
अफालकृष्टेऽनाक्रान्ते पादपैर्बलवत्तरैः॥
शस्यते भेषजं जातं युक्तं वर्णरसादिभिः।
जन्त्वजग्धं दवादग्धमविदग्धं च वै कृतैः॥
भूतैश्छायातपाम्बाद्यैर्यथाकालं च सेवितं।
अवगाढमहामूलमुदीचीं दिशमाश्रितम्॥"

(अष्टाङ्गहृ० ५।६।१-४)

ओषधि स्थानविशेषमें और यथासमय संगृहीत होने

पर भिषग्‌को चाहिए, कि निर्दिष्ट परिमाणके अनुसार उसे विभिन्न औषधादिमें प्रयोग करें अथवा रोगके तारतम्यानुसार रोगीको सेवन करावें।

औषधसंग्रहका काल।—औषध संग्रह करते समय उपयुक्त काल पर लक्ष्य रखना आवश्यक है। प्रावृट्‌कालमें मूल, वर्षाकालमें पत्र, शरत्‌कालमें त्वक्, हेमन्तकालमें क्षीर, वसन्तकालमें सार और ग्रीष्मकालमें फलग्रहण करना चाहिए। परन्तु यह सर्ववादि-सम्मत नहीं है। सौम्य अर्थात् शीतल वा स्निग्ध औषध सौम्यकालमें; वर्षा, शरत् और हेमन्तको सौम्यकाल कहते हैं। रुक्ष वा तीव्र औषधियां आग्नेय ऋतुमें संग्रह करना चाहिए। क्योंकि जगत्‌के पदार्थ साधारणतः सौम्य और आग्नेय इन दो भागोंमें विभक्त है। सौम्यऋतुमें भूमिका सौम्यगुण अधिक बढ़ा रहता है, इसलिए उस समय जो जो सौम्य औषधियां उत्पन्न होती हैं, वे सौम्य-गुण-विशिष्ट द्रव्य ही विशेष उपकारक हैं। इसी प्रकार आग्नेय औषधोंके सम्बन्धमें समझना चाहिए।

गोपालक, तापस, व्याध, वनचारी वा मूलाहारियोंके पास द्रव्योंकी खोज करनी चाहिए। पत्र और लवण आदि द्रव्योंके सम्पूर्ण अंश ही ग्रहण किये जा सकते हैं। इन संग्रहोंमें कालाकालका विधान नहीं है। मधु, घृत, गुड़, पीपल और विड़ङ्ग ये पुराने हों तो अच्छे। इसके अलावा और सब चीजें नयी होनी चाहिए। सरस औषधमात्र ही वीर्यवान् होती हैं इसलिये सरस द्रव्य ग्रहण करना चाहिए। सरस द्रव्यके अभावमें संवत्सरके भीतर जो द्रव्य संगृहीत हुआ है, उसीसे काम चलाना उचित है। औषधगृह पवित्र और प्रशस्त रखना चाहिए।

भेषज कषाय, मन्थ, कल्क, चूर्ण, क्वाथ और अवलेह आदि भेदोंसे नाना प्रकार है। (सुश्रुत सूत्र० ५, ६ अ०)

इनका विवरण उन्हीं शब्दोंमें देखो।

ज्योतिषके अनुसार भेषजकरण और सेवन दोनों ही उत्तम दिन देख कर करना चाहिए। इसका विषय इस प्रकार लिखा है,—द्व्यात्मकलग्नमें, शनि और मङ्गलवारके सिवा दूसरे वारमें; शुभचन्द्र और शुभ तिथिमें; पूर्वफल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वभाद्रपद, मघा, भरणी, अश्लेषा, विशाखा और आर्द्राके सिवा अन्य नक्षत्रमें; जन्मनक्षत्र और विष्टिभद्रादि रहित दिनमें भेषजकरण तथा कृत्तिका, मृगशिरा, धनिष्ठा, स्वाती, रेवती, पुष्या, श्रवणा, पुनर्वसु, चित्रा, मूला, ज्येष्ठा, उत्तरफल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभाद्रपद, हस्ता, अनुराधा और अश्विनी नक्षत्रमें और शुभवारमें भेषज भक्षण प्रशस्त है।

(ज्योतिः-सा०)

२ जल, पानी। ३ सुख। (पु०) ४ विष्णु।

(विष्णु स०)

भेषजचन्द्र (सं० पु०) राजभेद।

भेषजागार (सं० क्ली०) भेषजस्य अगारं। औषध बनानेका घर।

भेषजाङ्ग (सं० क्ली०) भेषजस्य औषधस्य अङ्गमवयव इव। अनुपान।

भेषज्य (सं० त्रि०) स्वास्थ्यप्रद आरोग्ययोग्य।

भेस (हिं० पु०) १ बाहरी रूप रंग और पहनावा आदि। २ वह बनावटी रूप रंग और नकली पहनावा आदि जो अपना वास्तविक रूप या परिचय छिपानेके लिये धारण किया जाय।

भेसज (हिं० स्त्री०) औषध, दवा।

भैंस (हिं० स्त्री०) १ गायकी जाति और आकार-प्रकारका पर उससे बड़ा चौपाया। लोग इसे दूधके लिये पालते हैं। इसके नरको भैंसा कहते हैं। विशेष विवरण महिष शब्दमें देखो। २ पंजाब, बंगाल तथा दक्षिण भारतकी नदियोंमें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली। इसकी लंबाई तीन फुट होती है। इसका मांस खानेमें स्वादिष्ट होता है पर उसमें हड्डियां अधिक होती हैं। ३ एक प्रकारकी घास।

भैंसरोरगढ़—राजपूतानेके उदयपुर राज्यान्तर्गत एक नगर और गिरिदुर्ग। यह अक्षा० २४° ५८´ उ० तथा देशा० ७५° ३६´ पू० भामनी और चम्बल नदीके संगमस्थान पर एक गण्डशैलके ऊपर अवस्थित है। इसके दुरारोह उत्तर पार्श्वको छोड़ कर और तीनों ही ओर नदी है। इस कारण शत्रुसेनाका दुर्ग पर चढ़ाई करना एक प्रकारसे असम्भव है। दिल्लीके पठानराज अलाउद्दीन (१२९५-१३१५ ई०)-ने इस दुर्गको अधिकार किया था। हारा-

वती और मेवार नगरके वाणिज्यद्रव्यादि इसी नगर हो कर लाये जाते हैं। उदयपुर राज्यके एक प्रधान सामन्त यहां रहते और आधिपत्य करते हैं। यहांसे तीन कोस पश्चिम वरोलीका सुप्राचीन ध्वंसावशेष समूह दृष्टिगोचर होता है। इस प्राचीन नगरका नाम भद्रावती है। हूण-राजाओंके शासनकालमें इसकी यथेष्ट श्रीवृद्धि हुई थी। वर्त्तमान भैंसरोरगढ़के चारों ओर जो ध्वंसराशि और स्तूराजि वही उसका निदर्शन है। महात्मा टाड साहब यहांके भग्नप्राय शिवमन्दिरका अत्याश्चर्य शिल्पनैपुण्य देख गये हैं।

भैंसवाल—युक्तप्रदेशके मुजफ्फरनगर जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह यमुना नदीके पूर्व खालके ऊपर मुजफ्फर नगरसे १३॥० कोस दूरमें अवस्थित है। इस ग्रामके ठीक मध्यस्थलमें स्थापयिता पीर घाइवका २० फुट ऊंचा एक समाधिस्तूप है।

भैंसा (हिं० पु०) भैंस नामक पशुका नर। यह प्रायः बोझ ढोने और गाड़ियां आदि खींचनेके काममें आता है। पुराणानुसार यह यमराजका वाहन माना जाता है। महिष देखो।

भैंसाव (हिं० पु०) भैंस और भैंसेका जोड़ खाना।

भैंसासुर (हिं० पु०) महिषासुर देखो।

भैंसौरी (हिं० स्त्री०) भैंसका चमड़ा।

भैक्ष (सं० क्ली०) भिक्षाणां समूह इति भिक्षा (भिक्षादिभ्योऽण्। पा ४।२।७८) इत्यण्। १ भिक्षासमूह। २ भिक्षा मांगनेकी क्रिया। ३ भिक्षा मांगनेका भाव। ४ भिक्षा, भीख। ५ भिक्षावृत्तिपादक ग्रन्थव्याख्यान।

भैक्षचर्या (सं० स्त्री०) चर भावे क्यप् टाप्, भैक्षस्य चर्या। भिक्षाचरण, भीख मांगनेका काम।

भैक्षजीविका (सं० स्त्री०) भैक्षेण जीविका। भिक्षा द्वारा जीवनोपाय। पर्याय - पैण्डिन्य।

भैक्षभुज् (सं० त्रि०) भैक्षं भुङ्क्ते यः भुज्-क्विप्। भिक्षाशी, भिक्षान्न भोजनकारी।

भैक्षव (सं० क्ली०) भिक्षुकाणां समूहः खण्डिकादित्वात् अञ्। भिक्षुसमूह।

भैक्षवृत्ति (सं० स्त्री०) भैक्षेण वृत्तिः जीविका। १ भिक्षा द्वारा जीवनोपाय। (त्रि०) २ जिनकी भिक्षा ही उपजीविका है।

भैक्षाकुल (सं० क्ली०) अतिथिशाला, वह स्थान जहांसे बहुत-से लोगोंको भिक्षा मिलती है।

भैक्षान्न (सं० क्ली०) भैक्षं यदन्नं। भिक्षालब्ध अन्न।

भैक्षाशिन् (सं० त्रि०) भैक्षं अश्नाति अश-णिनि। भिक्षाभोजी।

भैक्षाहार (सं० त्रि०) भिक्षालब्ध द्रव्योपजीवी।

भैक्षुक (सं० क्ली०) भिक्षुकमण्डली।

भैक्ष्य (सं० क्ली०) भिक्षाणां समूहः ष्यञ्। १ भिक्षासमूह, भीख। २ चतुराश्रममें करने योग्य एक वृत्ति।

भैचक (हिं० वि०) विस्मित, चकित।

भैजन (हिं० वि०) भयप्रद, भय उत्पन्न करनेवाला।

भैदा (हिं० पु०) भयप्रद, डरावना।

भैदिक (सं० त्रि०) भेदं नित्यमर्हति छेदादित्वात् ठञ्। नित्यभेदनार्ह।

भैन (हिं० स्त्री०) बहिन।

भैना (हिं० स्त्री०) १ भगिनी, बहन। २ जंगई नामक पक्षी।

भैनी (हिं० स्त्री०) भगिनी, बहन।

भैने (हिं० पु०) बहिनका पुत्र, भानजा।

भैम (सं० त्रि०) भीमस्य नृपस्येदं अण्। १ भीमनृपसम्बन्धी, भीमका। (पु०) २ राजा उग्रसेन।

भैमगव (सं० पु०) एक गोत्रका नाम।

भैमरथ (सं० पु०) भीमरथमधिकृत्य कृतो ग्रन्थः। भीमरथाधिकार द्वारा कृत ग्रन्थ।

भैमसेन्य (सं० पु०) भीमसेनस्यापत्यं कुरुत्वात् अणि प्राप्ते वार्त्तिकोक्त्या ञ्य। भीमसेनका अपत्य।

भैमायन (सं० पु० स्त्री०) भीमसेनस्यापत्यं युवा, इञन्तात् फक्। भीमका युवा अपत्य।

भैमि (सं० पु०) भीमका अपत्य।

भैमी (सं० स्त्री०) भीमेनोपासिता भीमस्य इयं वेति भीम-अण् ङीप्। १ भीमएकादशी। यह एकादशी बाल, आतुर और वृद्धको छोड़ कर और सभीको करनी चाहिये। इस एकादशीके दिन उपवास करके द्वादशीके दिन षट्-तिलाचार करनेसे सभी प्रकारका पाप जाता रहता है। तिलस्नान, तिलोद्वर्त्तन, तिलहोम, तिलोदकपान, तिलदान और तिलभोजन यही षट्-तिलाचार है। यह षट्तिला-

चरण करनेसे कभी भी अवसन्न होना नहीं पड़ता है। भीमैकादशी देखो। भीमस्य राज्ञः अपत्यं अण् ङीष। २ भीमराज-नन्दनी दमयन्ती। ३ भीमसम्बन्धिनी। ४ भीमसेन-प्रणीत व्याकरण।

भैम्यकादशी (सं० स्त्री०) एकादशी व्रतविशेष। भीमैकादशी देखो।

भैयंस (हिं० पु०) सम्पत्तिमें भाइयोंका हिस्सा, भाइयोंका अंश।

भैया (हिं० पु०) १ भ्राता, भाई। २ बराबरवालों या छोटोंके लिये संबोधन शब्द। ३ नावकी पट्टी या तख्ती।

भैयाचार (हिं० पु०) भाईचारा देखो

भैयाचारी (हिं० पु०) भाईचारा देखो।

भैयादोज (हिं० स्त्री०) कार्त्तिक शुक्ल द्वितीया, भाईदूज।

भैयाभट्ट—धर्मरत्नके प्रणेता, भट्टारक भट्टके पुत्र।

भैरव (सं० त्रि०) भीरोरिदं त्रासकृत्, भीरु-अण्। १ भयानक, जिससे भय हो।

"सव्येन च कटीदेशे गृह्य वाससि पाण्डवः।
तद्रक्षो द्विगुणं चक्रे रुवन्तं भैरवं वरम्॥"
(भारत १।१६४।२७)

(पु०) भीर्भयङ्करो रवो यस्य। इति भीरव, ततः स्वार्थे अण्। २ शङ्कर, महादेव। (मेदिनी) ३ भयानक रस। (अमरटीका भरत) ४ नदविशेष, एक नद। (शब्दरत्ना०) ५ रागभेद, एक प्रकारका राग। यह राग ६ रागोंमेंसे एक है। इसका ध्यान इस प्रकार है—

"गंगाधरःशशिकातिलकस्त्रिनेत्रः।
सर्पैर्विभूषिततनुर्गजकृत्तिवासाः॥
भास्वत्त्रिशूलधर एष नृमुण्डधारी।
शुभ्राम्बरो जयति भैरवरागराजः॥" (संगीतरत्ना०)

रागविरोधके मतसे इसका सरगम इस प्रकार है—

ध नि सा ऋ ग म प - : :

मतान्तरसे—

ध नि सा ऋ ग म ० : :

गायकगण इसे भैरों कहा करते हैं। ब्रह्माके मतसे इसकी पत्नियां ये हैं—मालश्री, त्रिवणी, गौरी, केदारी, मधुमाधुवी और पहाड़ी। भरतके मतसे—बंगाली, भैरवी, मध्यमा, सिन्धुवी, मधुमाधवी और बिरारी; हनूमनके मतसे—वराटी, मध्यमादि, भैरवी, सैन्धवी और बंगाली। भैरवरागके पुत्र ये हैं—देवशाक, नट, विभास, श्याम, ढोल, अजयपाल। पुत्रवधु—योगिआ, रेखव, अशिरी, रेवा, वहना और भेटियाल। इसके सखा कलंड़ा, सखी और सुहा हैं।

यह राग हनूमनके मतसे छः रागोंमेंसे पहला राग है, और महादेवके मुखसे निकला है। इसकी जाति उड़व है। धैवत, निषाद, षड्ज, गान्धार और मध्यम इन पांच स्वरोंके मिलने पर जो राग होता है, उसे उड़व कहते हैं। इसका ग्रह धैवत स्वर है। शरदृऋतुमें प्रातःकाल ही इसके गानेका समय है। यह आकारमें महादेवकी भांति अर्थात् सुन्दर संन्यासी, भस्ममृक्षित वदन, मस्तकमें जटाभार, जटासे गङ्गाजल गिर रहा है, हाथोंमें कङ्कण भूषण, ललाट पर अर्द्धचन्द्र, त्रिनयन, सर्प द्वारा स्कन्ध और बाहुवेष्टित, भाल पर तिलक, कंधे पर हस्तिचर्म, व्याघ्रचर्म पर आसीन, गलेमें मुण्डमाला, हाथोंमें त्रिशूल, वृषभ पार्श्वदेशमें अवस्थित है, यही भैरवरागकी प्रकृत मूर्त्ति है।

इसकी रागिणियां पांच हैं—भैरवी, वैराटी, मधुमाधवी, सिन्धवी और बङ्गाली। आठ पुत्र हैं—हर्ष, तिलक, पुरीय, माधव, सूह, वलनेह, मधु और पञ्चम।

कल्लिनाथके मतसे भैरव चौथा राग है। इसकी रागिणियां छः हैं—भैरवी, गुर्जरी, भाषा, वेलावती, कर्णाटी और रगतंसा। किसीके मतसे रगतंसा स्थलमें बड़हंसी है। इस मतसे भी पुत्र पूर्वोक्त आठ ही हैं।

सोमेश्वरके मतसे रागिणी छः हैं—भैरवी, गुर्जरी, रेवा गुणकली, बङ्गाली, और बहुली। इस मतसे रागिणीके साथ इसके गानेका समय ग्रीष्मऋतु है।

भरतके मतसे इसकी रागिणी पांच हैं—मधुमाधवी, ललिता, वरारी, बाहाकली और भैरवी। पुत्र ८ हैं, यथा—देवशाख, ललित, हर्ष, विलावल, माधव, बङ्गाल, विभास और पञ्चम। भैरवरागकी ८ स्त्रियां हैं—सूहा, वेलावली, सोरठी, कुम्भारी, आन्दाही, बहुलगर्जरी, पटमञ्जरी, मिरवी। मतान्तरसे भार्या—भैरवी, बङ्गाली, वरारी, मध्यमा, मधुमाधवी और सिन्धवी। पुत्र—

कोशक, अजयपाल, श्याम, खरताप, शुद्ध और ढोल। पुत्रवधू—अष्टी, रेवा, बहुला, सोहिनी रम्भेली, सूहा। किसीके मतसे सूहाकी जगह शोभा है। (नारदपु०)

गिर्जाखाँके मतसे यह ऋषभ और पञ्चमवर्जित है।

६ शिवावतार तद्गणभेद। भैरवगणकी उत्पत्तिका विवरण इस प्रकार है,—पुराकालमें अन्धकासुरके साथ जब महादेवका घोरतर युद्ध हुआ था, तब अन्धकने महादेवके मस्तक पर पदाघात किया था, जिससे उनके मस्तकसे चार भागोंमें विभक्त हो कर रक्तधारा बहने लगी। उन्हीं शोणित-धाराओंमेंसे भैरवगणोंकी उत्पत्ति हुई। पूर्वदिशाकी रक्तधारासे हुताशन-सदृश, चन्द्रहारशोभित गलगण्ड, विद्याराज नामक एक भैरव आविर्भूत हुआ। दक्षिणदिशाकी धारासे कामराज नामक एक प्रेतमण्डित अञ्जन-सदृश कृष्णवर्ण भैरव उत्पन्न हुआ। पश्चिम-धारामेंसे पत्रभूषित भैरव हुआ, जिसका वर्ण अतसी कुसुम सदृश था और नाम नागराज। उत्तर-धारासे शूलधारी भैरवकी उत्पत्ति हुई, जो देखनेमें अञ्जन-सदृश था। महादेवके क्षतज समस्त रुधिरसे एक फलभूषित भैरव उत्पन्न हुआ था, जिसका नाम था लम्बितराज।

(वामनपु० ६७ अ०)

शारदीय दुर्गापूजा-पद्धतिमें ८ पूजनीय भैरवोंका उल्लेख देखनेमें आता है। इनके नाम हैं, महाभैरव, संहारभैरव, असितांगभैरव, रुरुभैरव, कालभैरव, क्रोधभैरव, कपालभैरव और रुद्रभैरव।

(ब्रह्मवैवर्त्त प्रकृतिखण्ड ६१ अ०)

तन्त्रसारके मतसे आठ भैरव इस प्रकार हैं—असितांग, रुरु, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त, कपाली, भीषण और संहार। (तन्त्रसार)

नन्दी, भृंगी, महाकाल और बेताल ये शिवगणाधिपति भैरव हैं। (कालिकापुराण ४४ अ०) ७ करवीरपुरके राजा चन्द्रशेखरकी रानी तारावतीके गर्भसे उत्पन्न एक पुत्र। पहले ये भृंगी थे, पीछे वानरमुख हो कर भैरव नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। विस्तृत विवरण कालिकापुराणमें ४४-४६ अध्यायमें देखो।

जिन स्थानोंमें काली तारा आदि महाविद्याएं प्रतिष्ठित हैं, वहां उनके अधिष्ठाता एक एक भैरव विद्यमान हैं।

८ दक्षिणकालिकादेवीका भैरव महाकाल। पीठ और महाविद्या देखो। ९ नागभेद। (भारत १।५७।१६) शङ्कराचार्य बटुकनाथ और भैरवने उपासनाविधिका प्रचार किया था।

भैरव (सं० पु०) ब्रह्मपुराण-वर्णित यक्षभेद।

भैरव—१ फेत्कारिणीतन्त्रके प्रणेता। २ काठकवह्निप्रयोग वा सावित्रचयनप्रयोग और कौकिली सौत्रामणिप्रयोग नामक ग्रन्थके रचयिता। ३ गोप्रदानविधि नामक ग्रंथके प्रणेता।

भैरवगङ्गा—कालिकापुराणवर्णित भैरवसरोवर तीर्थ।

भैरवझम्प—हिमालय पर्वत पर केदारनाथतीर्थके समीपवर्त्ती एक पर्वतचूड़ा।

भैरवत्रिपाठिन्—क्रमदीपिकाटिप्पनीके प्रणेता।

भैरवदत्त—ब्रह्मचन्द्रिका, भैरवदत्तार्कि और यज्ञोपवीतपद्धति नामक ग्रन्थके रचयिता। २ उड्डायप्रदीपके प्रणेता, हरिरामशर्माके पुत्र।

भैरवदीक्षित—एक विख्यात वैदान्तिक। ये तिलकभैरव नामसे परिचित थे। इन्होंने १७६२ ई०में आरुणकेतुकप्रयोग और १७६८ ई०में ब्रह्मसूत्रतात्पर्य-विवरण लिखा है।

भैरवदेव—तीरभुक्तिके एक राजा, पुरुषोत्तमदेवके पिता। इनकी पत्नी जयादेवी द्वैतनिर्णयके प्रणेता वाचस्पतिमिश्रकी प्रतिपालिका थीं।

भैरवदैवज्ञ—मुहूर्त्तभैरवके प्रणेता विख्यात ज्योतिर्विद् गङ्गाधरके पिता। इन्होंने स्वयं पराशरपद्धति और प्रश्नभैरवकी रचना की।

भैरवभट्ट—होमपद्धतिके प्रणेता।

भैरवमस्तक (सं० पु०) तालके साठ मुख्य भेदोंमेंसे एक।

भैरवमिश्र—एक प्रसिद्ध वैयाकरण, भवदेवमिश्रके पुत्र। आप कारकटीका, गदापरिभाषेन्दुशेखर टीका, चन्द्रकला-लघुशब्देन्दुशेखरटीका, चन्द्रकलाकारकचन्द्रकला-निर्णय, परिभाषावृत्ति बृहतीपरीक्षा, वैयाकरणसिद्धान्त टीका, भैरवीय-पञ्चसन्धि, शब्दरत्नटीका और भैरवमिश्रीय नामक व्याकरण ग्रन्थ लिख गये हैं।

भैरवरस (सं० पु०) उपदंश रोगनाशक रसौषधविशेष,

आतिश या गरमीकी बीमारीकी एक दवा जो रसोंसे बनाई जाती है। इसके बनानेकी विधि इस प्रकार है,—सोधा हुआ पारा १०० रत्ती और चीनी ३०० रत्ती, इनको इकट्ठा मिला कर एक लोहेके बरतनमें नीमके डण्डेसे १ पहर तक घोंटो, फिर उसे १०० रत्ती खदिरके साथ मिला कर काजलकी तरह बना लो। उसे २० गोलियां बना कर गेहूंके चूरके साथ रख दो। देह पर जब उपदंशके विषजन्य व्रण या चट्टे पूरी तरह निकल आवें तब यह औषध सेवन करना चाहिए। पहले तीन दिन तक रोज तीन गोलियां सेवन करो। चौथे दिनसे एक एक गोला रोज देनी चाहिये। १४ दिनमें ये गोलियां पूरी हो जांयगी और साथ ही रोग भी आरोग्य हो जायगा। पथ्य—चानी और कम घीका गरम अन्न। पानी पीना या पानी छूना बिलकुल ही वर्जनीय है। असह्य प्यास लगने पर ईख या दाड़िमका रस सेवन करना चाहिये। मल त्यागनेके बाद गरम पानीमें शौच करके उसी वक्त साफ कपड़ेसे पानी पोंछ लेना चाहिये। वायु, आगकी गरमी और घामसे बचना चाहिए। वर्षा या शीतऋतुमें इस औषधके सेवन करनेका उपयुक्त समय है। इसके सेवनसे यदि मुंह पर सूजन आ जाय, तो उसके लिये दूसरी औषध लेनी चाहिए। इसमें परिश्रम करना, ज्यादा चलना फिरना, भार उठाना, पढ़ना लिखना, दिनको सोना और रातको जगना बहुत ही हानिकारक है। सर्वदा कपूर आदिसे सुगन्धित पान खाते रहना चाहिए। इससे कफको नष्ट करनेवाली और पित्तके अनुकूल क्रियायें होंगी। नमक, खटाई खाना और स्त्रियोंका मुंह देखना बहुत ही अनिष्टकर है। इस प्रकार दो सप्ताह बिता कर पीछे गरम पानीसे नहा कर पथ्य लेना चाहिए। परन्तु जब तक पूर्ववत् प्रकृति न हो जाय, तब तक व्यायाम करना उचित नहीं। इन सब नियमोंका पालन करते और जितेन्द्रिय रहते हुए औषध सेवन करनेसे उपदंश और उसके निमित्तसे हुए पीड़कादि प्रशमित हो कर तेज और बलकी वृद्धि और हड्डियोंकी मजबूती होती है।

भैरवराज—दाक्षिणात्यके एक हिन्दूराजा।

भैरवशाह—नवरत्नके प्रणेता, प्रतापके पुत्र।

भैरवसिंह—एक प्राचीन राजा, नरसिंहके पुत्र। आप अनर्घराघव टीकाके प्रणेता रुचिपतिके प्रतिपालक थे।

भैरवस्थान—हिमालयस्थ शैवतीर्थभेद।

भैरवाचार्य—श्रीहर्षचरितोक्त आचार्यभेद।

भैरवाञ्जन (सं० पु०) आंखोंमें लगानेका एक प्रकारका अंजन।

भैरवी (सं० स्त्री०) भैरव-ङीप्। महाविद्या मूर्त्तिभेद, चामुण्डा।

"चामुण्डा चर्चिका चर्ममुण्डा मार्जारकर्णिका।
कर्णमोटि महागन्धा भैरवी च कपालिनी॥" (हेम)

तन्त्रसारमें भैरवीका विषय इस प्रकार लिखा है। भैरवी ये हैं, जैसे—त्रिपुरभैरवी, सम्पत्प्रदा भैरवी, कौलेश भैरवी, सकलसिद्धिदा भैरवी, भयविध्वंसिनी भैरवी, चैतन्यभैरवी, कामेश्वरी भैरवी, षट्कुटा भैरवी, नित्या भैरवी, रुद्र भैरवी, त्रिपुरबाला भैरवी, नवकूटा भैरवी और अन्नपूर्णा भैरवी।

"वियद्भृगुहुताशस्थो भौतिको विन्दुशेखरः।
वियत्तदादिकेन्द्राग्निस्थितं वामाक्षिविन्दुमत्॥
आकाश भृगुवह्निस्थो मनुः सर्गेन्दु खण्डवान्।
पञ्चकूटात्मिका विद्या वेद्या त्रिपुरभैरवी॥" (तन्त्रसार)

भैरवीके मन्त्र अनेक प्रकारके हैं, उनमेंसे त्रिपुरभैरवी आदि यथाक्रमसे मन्त्र और पूजा आदि लिखी जाती है।

'हसरैं हसकलहरीं हसरौः' इस बीजमन्त्रसे त्रिपुरभैरवीकी पूजा की जाती है। पूजाक्रम इस प्रकार है,—पहले सामान्य पूजापद्धतिक्रमसे प्रातःकृत्यादि प्राणायामान्त समस्त कार्य करके मूलके लिखित मन्त्रोंसे पीठन्यास, पीठशक्तिन्यास, पीठमनुन्यासादि करके मूलपूजा करें। देवीका ध्यान इस प्रकार है—

"उद्यद्भानुसहस्रमरुणाक्षौमां शिरोमालिकां।
रक्तालिप्तपयोधरां जयवटीं विद्यामभीतिं वरम्॥
हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविलसद्रक्तारविन्दश्रियं।
देवीं बद्धहिमांशुरत्नमुकुटां बन्दे समन्दस्मिताम्॥"

नवोदित सहस्र भानु-किरण सदृश रक्तवर्ण क्षौमवसन पहने, गलेमें मुण्डमाला, स्तनद्वय रक्तसे लिप्त, पद्माभकर चार करोंमें जयमाला, पुस्तक, अभयमुद्रा और

वरमुद्रा तथा कपालमें शशिकला, रक्तपद्मकी भांति श्रोविशिष्ट, तीन चक्षु, मस्तकमें रत्न किरोट और मुख पर ईषद् हास्य छटा विराज रही है। इस प्रकारसे देवीका ध्यान करके पूजा करनी चाहिए। इस पूजामें विशेषता इतनी है, कि नैवेद्यदानके बाद वलिचतुष्टय अर्पित की जाती है। दस लाख मन्त्र जप करनेसे इस देवीका पुरश्चरण होता है। १२ हजार पलाश-पुष्पों द्वारा होम किया जाता है।

सम्पद्प्रदा भैरवी।—सम्पद्प्रदाभैरवीकी पूजादि भी त्रिपुरभैरवीके समान है। केवल प्रभेद इतना ही है, कि वीजमन्त्र 'हसरैं हसकलरीं हसरौं' है, इसी मन्त्रसे पूजाकी जाती है। ध्यान—

आताम्रार्कसहस्राभ्यां स्फुरच्चन्द्र कलाजटाम्।
किरीटरत्न विलसच्चित्रचित्रित मौक्तिकाम्॥
स्रवद्रुधिरपङ्काढ्यमुण्ड माला विराजिताम्।
नयनत्रयशोभाढ्यां पूर्णेन्दुवदनान्विताम्॥
मुक्ताहारलताराजत् पीनोन्नत घटस्तनीम्।
रक्ताम्बरपरीधानां यौवनोन्मत्त रूपिणीम्॥
पुस्तकञ्चाभयं वामे दक्षिणे चाक्षमालिकाम्।
वरदानप्रदां नित्यां महासम्पद् प्रदांस्मरेत्॥"

इस ध्यानसे पूजाके नियमानुसार पूजा की जाती है। तीन लाख जप इस मन्त्रका पुरश्चरण है और उसका दशांश होम। अन्य तन्त्रोंमें लिखा है, कि एक लाख जप और उसका दशांश होमसे इस मन्त्रका पुरश्चरण होता है।

कौलेशभैरवी—कौलेशभैरवीकी पूजादि भी सम्पद्प्रदाभैरवीके समान है, सिर्फ 'सहरैं सहकलरीं सहरौं' इस वीजमन्त्रसे पूजा करना विधेय है।

सकलसिद्धिदा भैरवी—इनकी भी पूजा कौलेशभैरवीके सदृश है, केवल 'सहैं सहकलरीं सहौं' यह बीजमन्त्र-मात्र भिन्न है।

भयविध्वंसिनी भैरवी—इनकी पूजा 'हसैं हसकलरीं हसौं' इसबीजमन्त्र द्वारा सम्पदप्रभा-भैरवीके समान की जाती है।

चैतन्यभैरवी—'सैहं सकलह्रीं सहरौंः' इस बीजमन्त्रसे पूजा करो। इनका ध्यान—

"उद्यद्भानुसहस्राभां नानालङ्कारभूषिताम्।
मुकुटाग्रलसच्चन्द्ररेखां रक्ताम्बरान्विताम्॥
पाशाङ्कुशधरां नित्यां वामहस्ते कपालिनीम्।
वरदाभयशोभाढ्यां पीनोन्नतघनस्तनीम्॥"

इस ध्यानसे पूजा की जाती है। इसका पुरश्चरण है, एक लाख जप और दस हजार होम।

कामेश्वरीभैरवी—"सैहं सकलह्रीं नित्यक्लिन्ने मदद्रवे हेसौंः' इस बीजमन्त्रसे इनकी पूजा की जाती है। ध्यान और पूजादि चैतन्यभैरवीके सदृश है।

षट्कूटाभैरवी—की पूजा 'डरल कसहैं, डरल कसहैं' इस वीजमन्त्रसे की जाती है। कोई कोई इसका पाठान्तर 'डरलकसह्रीं डरलकसहौंः' इस प्रकार कहा करते हैं। इसका ध्यान—

"बालसूर्यप्रभां देवीं जवाकुसुम सन्निभाम्।
मुण्डमालावलीरम्यां बालसूर्य समांशुकाम्॥
सुवर्ण कलसाकारपीनोन्नतपयोधराम्।
पाशाङ्कुशौ पुस्तकञ्च तथा च जपमालिकाम्॥"

नित्याभैरवी—'हस कल रडैं, हस कलरडीं, हस कलरडौं' इस वीजमन्त्रसे षट्कूटाभैरवीके समान इनकी पूजा होगी।

रुद्रभैरवी—'हस खफ्रें हसकलरीं हसौंः' यह बीजमन्त्र है; इसी मन्त्रसे पूजा की जायगी। ध्यान—

"उद्यद्भानुसहस्राभां चन्द्रचूड़ां त्रिलोचनाम्।
नानालङ्कारसुभगां सर्ववैरिनिकृन्तनीम्॥
वमद्रुधिरमुण्डाली कलितां रक्तवाससीम्।
त्रिशूलं डमरुं खड्गं तथा खेटकमेव च॥
पिनाकञ्च शरान् देवी पाशांकुश युगं क्रमात्।
पुस्तकञ्चाक्षमालाञ्च शिवसिंहासनस्थिताम्॥"

एक लाख जप इसका पुरश्चरण है और दस हजार होम।

भुवनेश्वरी भैरवी—की पूजा 'हसैं हस कलह्रीं हसौंः' इस वीजमन्त्रसे की जाती है। ध्यान—

"जवाकुसुमसङ्काशां दाड़िमीकुसुमोपमाम्।
चन्द्ररेखां जटाजूटां त्रिनेत्रां रक्तवाससीम्॥
नानालङ्कारसुभगां पीनोन्नतघनस्तनीम्।
पाशांकुशवराभीतिधायन्तीं शिवाश्रयाम्॥"

चैतन्यभैरवीकी पूजाके अनुसार ही इनकी पूजा की जाती है।

त्रिपुरबालाभैरवी—'ऐं क्लीं सौः इस मन्त्रसे त्रिपुराभैरवीको पूजापद्धतिके अनुसार इनकी पूजा होगी। तीन लाख जप इस मन्त्रका पुरश्चरण है।

नवकूटाभैरवी—'ऐं क्लीं सौः हसकलरीं हसौः हसरं हसकलरीं हसरौं, यही वीज नवकूटाका मन्त्र है, 'हसैं हसकलह्रीं हसौं' यह सर्वदोषरहित नवाक्षर मन्त्र और ह्रं ह रैं द्रीं ह कलरं ह्रीं ह्रीं हरौं' मन्त्र, ये तीनों वीज नवकूटाके मन्त्र हैं। भैरवी-पूजा-पद्धतिके अनुसार पूजा करनी चाहिए। १ लाख जप इस मन्त्रका पुरश्चरण है।

"वद वद वाग्वादिनि हेसरीं क्लिन्ने क्लेदिनि महामोक्षं कुरु क्लीं हेसौं" यह दीपनी मन्त्र है। यह मन्त्र पहले ६ वार जप कर पश्चात् पूजादि प्रारम्भ करना चाहिए।

अन्नपूर्णा भैरवी—ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' इस विंशत्यक्षर मन्त्रसे अन्नपूर्णेश्वरीभैरवीकी आराधना की जाती है। इस मन्त्रके कामवीजको छोड़ देनेसे 'ऊँ ह्रीं श्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' यह ऊनविंशाक्षर मन्त्र होता है। इस मन्त्रका जप और पूजा करनेसे धनधान्यादि ऐश्वर्यकी वृद्धि होती है। सामान्य पूजापद्धतिके नियमानुसार पूजाकी जाती है। ध्यान इस प्रकार है—

"तप्तकाञ्चनवर्णाभां बालेन्दुकृत शेखराम्।
नवरत्न प्रभादीप्तमुकुटां कुङ्कुमारुणाम्॥
चित्रवस्त्रपरीधानां सफराक्षी त्रिलोचनाम्।
सुवर्णकलसाकारपीनोन्नतपयोधराम्॥
गोक्षीरधामधवलां पञ्चवक्त्रां त्रिलोचनीम्॥
प्रसन्नवदनां शम्भुं नीलकण्ठविराजितम्॥
कपर्दिनं स्फुरत्सर्पभूषणं कुन्दसन्निभम्।
नृत्यन्तमनिशं हृष्टं हृष्टानन्दमयीं परां॥
सानन्दमुखलोलाक्षीं मेखलाढ्य नितम्बिनीम्।
अन्नदानरतां नित्यां भमि श्रीभ्यामलङ्कृताम्॥"

इस ध्यानसे यथाविधि पूजा की जाती है। इसका पुरश्चरण है एक लाख जप, उसके पश्चात् घृताक्त अन्नसे उसका दसवां अंश अर्थात् १० हजार होम।

(तन्त्रसार)

२ तीर्थस्थानमें शिव और शिवाणीके जो अनुचर और अनुचारियां रहती हैं, उन्हें भैरव और भैरवी कहते हैं।

३ रागिणी-विशेष। यह रागिणी भैरव रागकी पत्नी है। किसी किसीके मतसे भैरवी मालवरागकी पत्नी है।

"धानसी मालवी चैव रामकीरी च सिन्धुड़ा।
आशावरी भैरवी च मालवस्य प्रिया इमाः॥"

(संगीतदामो०)

हनूमन्के मतसे यह रागिणी सम्पूर्ण जातिकी है, इसके सप्तस्वरविन्यासका क्रम इस प्रकार है—मध्यम, पञ्चम, धैवत्, निषाद, षड्ज, ऋषभ और गान्धार। इसका ग्रह मध्यमस्वर है। शरत्ऋतुके प्रभातमें यह रागिणी गायी जाती है। ध्यान—

"सरोवरस्था स्फटिकस्य मन्दिरे सरोरुहैः शङ्करमर्च्चयन्ती।
तालप्रयोग प्रतिबद्धगीति गौरी तनुर्नारदभैरवीयम्॥"

(संगीत दामो०)

रागमालाके मतसे इसका स्वरूप—अल्प वयस्का, सुरूपा, सुनेत्रा, विस्तारवदना, केश पिङ्गलवर्ण, अङ्ग अतिसुकोमल, वर्ण जवाकुसुम-सदृश, परिधान श्वेतवसन, गलेमें चम्पकमाला सुशोभित, प्रफुल्ल पद्मयुक्त, पर्वतगुहामें शिवपूजापरायण और सर्वदा मञ्जीर बजा कर गान करती हैं। कल्लिनाथ, सोमेश्वर और भरतके मतसे भी इसका स्वरूप ऐसा ही है। ((सङ्गीतदा०)

यह रागिणी टोरी और बरारीके मिश्रणसे उत्पन्न हुई है। इसका सरगम इस प्रकार है—

स ऋ ग म प ध नि
म प ध नि सा ऋ ग

इसका मध्यम वादी और धैवत संवादी है। (सङ्गीतरत्ना०)

भैरवी—कालिकापुराण-वर्णित पुण्यतोया नदीभेद।

(कालिकापु० १८ अ०)

भैरवीकवच—तन्त्रसारोक्त देवीमन्त्रयुक्त धारणीय कवचभेद।

भैरवीचक्र (सं० क्ली०) भैरव्याः पूजनार्थं चक्रं। १ तान्त्रिकों या वाममार्गियोंका वह समूह जो कुछ विशिष्ट तिथियों, नक्षत्रों और समयोंमें भैरवीदेवीका पूजन करनेके

लिये एकत्र होता है। इसमें सब लोग एक चक्रमें बैठ कर पूजन और मद्यपान आदि करते हैं। इसमें केवल दीक्षित लोग ही सम्मिलित होते हैं और वर्णाश्रम आदिका कोई विचार नहीं रखा जाता। २ मद्यपों और अनाचारियों आदिका समूह।

भैरवीभूमि (सं०स्त्री०) ज्योतिषोक्त भूवल-सन्निवेशकी प्रक्रियाविशेष। राजा इसके द्वारा चारों प्रकारके संग्राममें विजयी हो सकते हैं।

भैरवीयाचना (हि० स्त्री०) पुराणानुसार वह याचना जो प्राणियोंको मरते समय उनकी शुद्धिके लिये भैरवजी देते हैं। कहते हैं, कि जब इस प्रकारकी यातनासे प्राणी सब पातकोंसे शुद्ध हो जाते हैं, तब शिवजी उसे मोक्षप्रदान करते हैं।

भैरवीशैल—हिमालयस्थित तीर्थभेद।

भैरवीय (सं० त्रि०) १ भैरवसम्बन्धीय। २ भयानक।

भैरवेन्द्र (सं० पु०) १ एक राजा। भैरवदेव देखो। २ शिशुबोधिनी सप्तपदार्थी टीकाके प्रणेता। इनके पिताका नाम लक्ष्मीरमण था।

भैरवेश (सं० पु०) शिव।

भैरा (हि० पु०) बहेड़ा देखो।

भैरू (सं० पु०) भैरव देखो।

भैरो (सं० पु० भैरव देखो।

भैरिक (सं० पु०) भेरि वाद्यकारी, दुन्दुभि बजानेवाला।

भैरी (हि० स्त्री०) बहरी देखो।

भैली—वाराणसीके दक्षिणमें अवस्थित एक परगना। वर्त्तमान चुनारनगर और दुर्ग इसके अन्तर्भुक्त है।

चुनार देखो।

भैवाद (हिं० पु०) १ भाईचारा, भाईपना। २ बिरादरी।

भैषज (सं० क्ली०) भेषजमेव संज्ञायां स्वार्थे वा अण्। १ लावक पक्षी, लवा चिड़िया। २ भेषज, औषध। १ वैद्यके शिष्य आदि।

भैषज्य (सं० क्ली०) भेषजमेवेति भेषज (अनन्तावसथेतिह भेषजाञ्ञ्यः। पा ५।४।२३) इति ञ्यः। औषध, दवा।

भैषज्यरत्नावली—एक वैद्यकग्रन्थ। वैद्य महामहोपाध्याय गोविन्ददास विशारदने इस ग्रन्थका प्रणयन किया है। लगभग सवा सौ वर्ष हुए इस ग्रन्थका संग्रह हुआ है। ग्रन्थकारने प्रारम्भमें ऐसा लिखा है—

"नत्वा सद्भिषजां मुदे गुणावतीं गोविन्ददासोऽधुना।
नाना ग्रन्थमहोदधेर्वितनुते भैषज्यरत्नावलीम्॥
यदि प्रियतमा नस्याद्वृद्धाणां भिषजामियम्।
तथापि नव्या नव्यानामानुकूल्यं विधास्यति॥"

यद्यपि यह वृद्धोंको बहुत प्रिय न होगी, तथापि नव्योंको इससे विशेष अनुकूलता होगी, इसमें सन्देह नहीं। इसमें इस देशमें प्रचलित सारकौमुदी, रसेन्द्रचिन्तामणि, चक्रदत्त रसेन्द्रसारसंग्रह आदि ग्रन्थोंसे औषधियां संगृहीत की गई हैं। औषधोंकी शिक्षा प्राप्त करनी हो, तो उसके लिए भैषज्यरत्नावली ही सबसे श्रेष्ठ है। इसमें अधिकारक्रमसे औषध बनाने और सेवन करनेके नियम लिखे गये हैं। वर्त्तमान समयमें भैषज्यरत्नावली ही एकमात्र साधारण वैद्योंके लिये उपायस्वरूप है। इस संग्रहसे विशेष उपकार हुआ है।

भैषज्यराज (सं० पु०) बोधिसत्त्वभेद।

भैषज्यसमुद्गत (सं० पु०) बोधिसत्त्वभेद।

भैष्णज (सं० पु०) भिष्णजो गोत्रापत्यं गर्गादित्वात् यञ्, तस्य छात्राः अण् यलोपः। भिष्णग्गोत्रापत्य छात्रसमूह। यह शब्द बहुवचनान्त है।

भैष्णज्य (सं० पु० स्त्री०) भिष्णजो गोत्रापत्यं गर्गादित्वात् यञ्। तद्गोत्रापत्य।

भैष्मकी (सं० स्त्री०) भीष्मकस्यस्त्रापत्यं, इञ् ङीप्। भीष्मककी कन्या रुक्मिणी।

भों (हि० स्त्री०) भों भों-का शब्द।

भोंकना (हि० क्रि०) बरछी, तलवार या इसी प्रकारकी और कोई नुकीली चीज जोरसे धंसाना, घुसेड़ना।

भोंगरा (हि० पु०) एक प्रकारकी बेल या लता।

भोंगाल (हि० पु०) एक बड़ा भोंपा। इसका एक ओरका मुंह बहुत छोटा और दूसरी ओरका बहुत अधिक चौड़ा तथा फैला हुआ होता है। इसका छोटे मुंहवाला सिरा जब मुंहके पास रख कर कुछ बोला जाता है, तब उसका शब्द चौड़े मुंहसे निकल कर बहुत दूर तक सुनाई देता है। इसका व्यवहार प्रायः भीड़ भाड़के

समय बहुतसे लोगोंको कोई बात सुनानेके लिये होता है।

भोंचाल (हिं० पु०) भूकम्प देखो।

भोंड़ा (हिं० वि०) १ कुरूप, भद्दा। (पु०) २ जुआरकी जातिकी एक प्रकारकी घास। पशु इसे बड़े चावसे खाते हैं। इसमें एक प्रकारके दाने लगते हैं जो गरीब लोग खाते हैं।

भोंड़ापन (हिं० पु०) १ भद्दापन। २ बेहूदगी।

भोंड़ी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी भेड़। इसकी छाती परके रोएं सफेद और बाकी सारे शरीरके रोएं काले होते हैं।

भोंतरा (हिं० वि०) कुंद धारवाला, जिसकी धार तेज न हो।

भोंदू (हिं० वि०) १ मूर्ख, बेवकूफ। २ सोधा, भोला।

भोंपू (हिं० पु०) एक प्रकारका बाजा। यह तुरहीकी तरहका पर बिलकुल सीधा होता है। यह फूंक कर बजाया जाता है। इसका व्यवहार प्रायः वैरागी साधु आदि करते हैं।

भोंसले—महाराष्ट्र राजन्यगणकी वंशोपाधिविशेष। जगत्प्रसिद्ध महाराष्ट्र-केशरी छत्रपति शिवाजी, सामन्त-प्रधान रघुनाथराव और वर्त्तमान तञ्जोरके राजगण इसी भोंसले वंशके हैं। वास्तवमें देखा जाय, तो छत्रपति शिवाजीके अभ्युत्थानसे ही इस भोंसले वंशकी ख्याति और सम्मान वर्द्धित हुआ था। प्रसिद्ध अहमदनगर-राजवंशके अधःपतनके बाद इस भोंसलेवंशने प्रतिष्ठा प्रारम्भ किया था।

इस वंशके आदिपुरुष भोंसाजीसे ही भोंसलेवंशकी नींव पड़ी है। उन्हींके समयसे यह विवरणी प्रकटित हुई थी, कि राजपूतानेके उदयपुर राज्यके एक राजदायादसे भोंसाजीका जन्म हुआ। वे किसी खास कारणसे दाक्षिणात्यमें वास करने लगे। उन्हींके वंशधरोंने कालांतरमें महाराष्ट्रक्षेत्रमें विजय-वैजयन्ती उड़ाई।

१५७७ ई०में मालोजी भोंसले नामक उक्त वंशके एक प्रथितनामा व्यक्तिको हम इतिहासगगन आलोकित करते पाते हैं। आप भोंसाजीके वंशधर बाबाजीके पुत्र थे। बाबाजीने फलतनके देशमुख जगपालराव नायक निम्बालकरकी बहन दीपाबाईके साथ अपने पुत्रका विवाह किया था। १५७७ ई०में ही लाखजी यादवराव के प्रयत्नसे वे २५ वर्षकी अवस्थामें मर्त्तजा निजाम शाहके अधीन सिलेदारके पद पर नियुक्त हुए। इस सामान्य पद पर काम करते हुए वे अपने अध्यवसाय गुणसे जनसाधारणके निकट परिचित हो उठे और क्रमशः अपनी अश्वारोही सेनाको वृद्धि करते हुए राजसरकारके विशेष प्रीतिभाजन हो गये। तब वे कई गांवके पटेल बनाये गये। १५९५ ई०में मुगल-सेनाने अहमदनगर पर आक्रमण किया, तो २य बहादुर निजाम बड़े आफतमें पड़ गये। उपायान्तर न देख उन्हें मालोजीकी अधिनायकता ग्रहण करनेको बाध्य होना पड़ा। इस युद्धमें उन्होंने महाराष्ट्र सेनापति मालोजी भोंसलेको राजाकी उपाधि और पूना एवं सुपा जागीर दे कर उन्हें विशेष सम्मानित किया। उसके बाद मालोजी सिवन और चाकन प्रदेशमें दुर्गाध्यक्षके पद पर नियुक्त हो कर विशेष पदमर्यादाको प्राप्त हुए। बेरुल और इलोरा नगरमें उनका निवास होता था।

इस प्रकार अहमदनगर-राजसरकारमें क्रमशः उनका महत्व प्रसारित होने लगा। १५९९ ई०में एक दिन वे होलीके त्योहार पर अपने पुत्र शाहजीको साथ ले कर अपने प्रतिपालक महाराष्ट्र-पुङ्गव लाखजी यादवरावके साथ भेंट करने गये। उन्होंने सर्वसुलक्षण पञ्चमवर्षीय बालक शाहजीको प्रीतिकी निगाहसे देख कर बड़े प्रेम और स्नेहसे अपनी तीन वर्षकी कन्या जिजयाको बगलमें बिठा दिया। बालक और बालिका दोनों एक आसन पर बैठे खेलने लगे। यह देख कौतूहल-वश यादवरावने अपनी लड़कीसे हंस कर कहा—"लल्ली, तू इसके [illegible] ब्याह करेगी?" यह सुन कर वहां बैठे हुए और लोग हंसने लगे, पर मालोजीने इस विवाहके प्रस्तावका गाम्भीर्यके साथ अनुमोदन किया और लाखजीसे अपने मनकी बात कही। मानिश्रेष्ठ यादवराव और उनकी पत्नी इस प्रस्तावसे मालोजी पर बड़े विरक्त और क्रुद्ध हुए, परन्तु मालोजी अपनी बातको कार्यरूपमें परिणत करनेके लिए विशेष चेष्टित और अविचलित रहे।

इस घटनाके बाद वे अपने निवास-स्थानमें पहुंचे। वहां भवानीदेवीकी कृपासे उन्हें बहुतसा गुप्तधन हाथ लगा और भाईके परामर्शानुसार उस धनसे उन्होंने बहुत-से देवमन्दिर और सरोवर इत्यादि बनवाने लगे, जिससे जनसाधारणमें उनका बहुत ही सम्मान होने लगा। क्रमशः उनके धनागमकी बात चारों तरफ फैल गई, परन्तु उनके कोई राजमर्यादा न होनेसे यादवरावने उनके यहां कन्या देना स्वीकार नहीं किया। उधर उन्होंने भी यादवरावके साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित करनेकी आशा नहीं छोड़ी।

अहमदनगर जैसे पतनशील राज्यमें अर्थ और शक्ति क्या न कर सकती थी? उन्होंने अर्थ और भुजबलसे राजाको सहज ही वशमें कर लिया। १५९९ ई०में मुगल-सेनाके साथ युद्ध करनेसे उनकी वीरत्व-गाथा चारों तरफ फैल रही थी। वे पांच-हजारी अश्व-सेनाका नायक बनाये गये और राजाकी उपाधि दी गई। साथ ही पूर्वोक्त दुर्गाधिकार और जागीरके भी वे ही मालिक हुए। तब यादवरावको कोई उज्र करनेकी गुंजाइश नहीं रही। इधर १६०४ ई०में स्वयं राजाने उन्हें कन्या ब्याहनेके लिए अनुरोध किया। वे सुलतानकी बात टाल न सके और स्वीकारता दे दी। उसी वर्ष महा समारोहके साथ शाहजी और जिजियाबाईका विवाह हो गया। स्वयं सुलतानने इस विवाह-मण्डपमें उपस्थित रह कर दम्पतियोंका सम्मान बढ़ाया था।

ये शाहजी ही भारत-प्रसिद्ध महाराष्ट्रकेशरी छत्रपति शिवाजीके पिता थे। १६२७ ई०में जुन्नरके निकटवर्ती सिवनके दुर्गमें शाहजीकी पत्नी जिजियाबाईने शिवाजी-रत्नको प्रसव किया। शिवाजीके बाद उनके पुत्र शम्भाजी और पौत्र शाहूने पूना और सताराके राजछत्रकी रक्षा की थी। महाराष्ट्र, शिवाजी, शाहजी आदि शब्द देखो।

शिवाजीके अभ्युदयसे महाराष्ट्र राज-शक्तिने जैसा प्रचण्डमार्त्तण्ड-तेज धारण किया था, उनके स्वर्गवासके साथ ही पूर्वकी वह रश्मिमाला क्षयको प्राप्त होने लगी। शिवाजीने भोंसलेवंशको जो सुख्याति अर्जन की थी, महाराष्ट्रशक्तिके अधःपतनके साथ उसका प्रभाव अस्तमित हो गया। उस समय पार्श्वजी नामक एक महाराष्ट्र-सरदार बरार प्रदेशमें पहुंच कर महाराष्ट्रशक्तिकी पुनः प्रतिष्ठाके लिए बद्धपरिकर हुए। इसी व्यक्तिसे बरार राज्यमें भोंसले वंशकी प्रतिष्ठा हुई।

वास्तवमें पार्श्वजी भोंसलेवंशके थे या नहीं; इस विषयको ले कर घोर आन्दोलन हुआ है। सतराके निकटवर्ती स्थानमें वे एक अश्वारोही सेनापतिके पद पर नियुक्त थे। भोंसले-वंशगौरव शिवाजी-वंशका अधःपतन होने पर, उन्होंने इस वंशके विनष्ट गौरवके पुनरुद्धारक उद्देशसे इस स्थानमें भोंसलेवंशकी प्रतिष्ठा की थी।

राजा शाहुजीके राजत्वकालमें पार्श्वजीने ऊंचा सम्मान प्राप्त किया था। शाहुके कार्यमें उनका उन्नतिपथ सुविस्तृत हुआ था। दिल्लीसे लौटनेके बाद वे राजशाहुके द्वारा बरार प्रदेशके सम्पूर्ण महाराष्ट्रीय राजकर वसूल करनेके कार्यमें नियुक्त हुए। पूर्वदिशाका वन्य-विभाग भी उन्हींके अधीन रखा गया।

पार्श्वजीके भाई रघुजी भोंसले राजा शाहुके विशेष प्रियपात्र थे। राजाकी सालीके साथ विवाह करनेके कारण दोनोंमें एक प्रणय-सम्बन्ध स्थापित हो गया। पार्श्वजीकी मृत्युके बाद रघुजी ही बरार प्रदेशके राजस्व-संग्राहक हुए। १७३४ ई०में रघुजीने सेनासाहब-सूबाके पद पर नियुक्त हो कर महाराष्ट्र वाहिनीका नेतृत्व ग्रहण किया।

१७४५ ई०में इस वंशने समग्र गोण्डवाना प्रदेशमें आधिपत्य विस्तार कर लिया। १७८८ ई०में २य रघुजी पितृसिंहासन पर बैठे। १८१६ ई०में उनकी मृत्युके बाद उनके पुत्र पार्श्वजी सिंहासनके अधिकारी हुए। परन्तु उनका चरित्र कलुषित होनेके कारण वेङ्काजीके पुत्र मुधाजीने विशेष प्रतिवाद करके और अपना नाम अप्पा साहब रखके राजकार्यकी परिचालनाका भार स्वयं अपने हाथमें ले लिया। उनके आदेशसे १८१७ ई०में पार्श्वजी नागपुरमें गुप्तचरों द्वारा मरवा दिये गये। अब एकमात्र अप्पा साहब ही राज्यके अधिकारी रहे, इसलिए उन्हें ही नागपुरका सिंहासन दिया गया।

अप्पा साहब ऊपरसे अङ्गरेजोंके मित्र थे, परन्तु भीतर ही भीतर उन्होंने अङ्गरेजोंके साथ शत्रुता करनेमें

कसर नहीं छोड़ी । सीतवलदी और नागपुरका युद्ध इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन दोनों युद्धोंमें वे अङ्गरेजोंसे पराजित हो कर आत्मसमर्पण करने और सन्धिकी शर्तके अनुसार सम्पूर्णरूपसे अङ्गरेजोंके अधीन रहनेके लिए वाध्य हुए। १८१८ ई०में अङ्गरेजोंसे राज्य प्राप्त करके भी वे उनके विरुद्धाचारी रहे। उनको विश्वासघातकतासे नराज हो कर अङ्गरेजोंने २य रघुजीके पौत्र रघुजीको नागपुरका राज्य समर्पित किया।

१८१८ ई०में अप्पा साहव अङ्गरेजोंकी दी हुई जागीर छोड़ कर सिख-राज्यमें भाग गये। योधपुरमें १८४० ई०को उनकी मृत्यु हुई थी।

नावालिग रघुजीके सिंहासन पर बैठने पर अङ्गरेज ही पहले पहल राजकार्यकी देखभाल करते रहे। पीछे जब राजा वालिग हो गये, तव अङ्गरेज-गवर्मेण्टने उन्हें राज्यभार दे कर सेनाका खर्च चलानेके लिए वरार-राज्यके कई एक प्रदेश अपने हाथमें रख लिये। उसके बाद १८२९ ई०में उन प्रदेशोंको पुनः राजाके हाथ सौंप कर उसके बदले वृटिश-गवर्मेण्ट देशीय सेनाके व्यय-वहनार्थ वार्षिक ८ लाख रुपये लेने लगी। वेरार देखो।

भोइका—बम्बई प्रदेशके काठियावाड़ विभागके अन्तर्गत झलवार जिलेका एक सामन्तराज्य। यहांके सरदार अङ्गरेज और जूनागढ़के नवाबको कर देते है।

भोई—बम्बई प्रदेशमें रहनेवाली एक धीवर-जाति। नदी आदिसे मछली पकड़ कर बेचना और डोली, पालकी आदि ढोना इनका जातीय काम है।

ये साधारणतः मालभोई, मराठाभोई, काचीभोई और परदेशीभोई इन चार श्रेणियोंमें विभक्त हैं। इन चारों थोकोंमें परस्पर विवाह-सम्बन्ध नहीं होता। इसके सिवा भोकरे, चवान, डोंगरे, गुलवन्त, घाटमल, झाटे, कासीद, काठवेत, खटमाले, महुलकर, निर्मल, सिंदे, सिंगार और तिले गोत्रके भोई लोग स्वगोत्रमें विवाह आदि नहीं करते।

इनकी आकृति, प्रकृति वेशभूषा और भाषा मराठोंके समान है। वलिष्ठ होनेसे इनमें कर्मठता विशेष पाई जाती है। स्वभावतः ये साफ सुथरे और सादगीसे रहते हैं। आतिथेयी होने पर भी इनमें मद्य पीनेकी प्रथा है, किन्तु कभी भी कमाईसे ज्यादा खर्च नहीं करते। दस वर्षसे ज्यादा उम्रके लड़के और लड़कियां अपने घर के काम-काजमें लग जाती है।

एकादशी आदि हिन्दुओंके पर्वदिनमें तथा दशहराके समय ये अपना काम वन्द रखते हैं। ये अपनेको मराठी कुनवियोंसे नीचा समझते हैं। धर्ममें ये विशेष आस्था रखते हैं। वहिरोवा, तुलजाभवानी और खण्डवा आदि देवताओंको ये अपना कुलदेवता समझते और आदरके साथ उनकी पूजा करते हैं। इसके अलावा स्थानीय देव-देवी और महादेव, मारुती एवं विठोवाकी पूजाके लिए भी इनमें विशेष आग्रह पाया जाता है। आलन्दी, माधी, पण्ढरपुर और तुलजापुर आदि स्थानोंमें ये कभी कभी तीर्थ-वन्दनाके लिए जाया करते हैं।

सिमगा, संवत्सरपर्व, अक्षयतृतीया, नागपञ्चमी, दशहरा और दिवालीके दिन ये नियमानुसार उत्सव मनाते हैं। प्रत्येक सोमवार, आषाढ़ और कार्तिककी एकादशियों तथा शिवरात्रके दिन ये उपवास करते हैं।

विवाह और श्राद्धादि कर्ममें स्थानीय ब्राह्मण इनकी याजकता करते हैं। कानफटा गुसाँई या कोई निष्ठावान् ब्राह्मणके पास जा कर ये दीक्षा ग्रहण करते हैं। उपदेवता, डाइन और भविष्यवाणी पर इनको विश्वास है। भूताविष्ट व्यक्तियोंको चंगा करनेके लिए ये देव्रुषी नामक ओझाको बुलाते हैं।

वाल्यविवाह और विधवाविवाहके लिए इनके यहां कोई विरोध नहीं है। जातकर्म, चूड़ाकरण, विवाह और मृत्यु ये चारों संस्कार निम्नश्रेणीके हिन्दुओंके समान होते हैं। वच्चा पैदा होनेके वाद ५वें दिन ये षट्वाई देवीको पूजा करते हैं। ११ दिन तक प्रसूतिके अशौच रहता है, पश्चात् १२वें दिन तक आंगनमें ५ पत्थर गाड़ कर फिरसे षष्ठी-पूजा होती है। उसके वाद वच्चेका नाम रखा जाता है। पांचवें वर्षमें वालकका चूड़ाकरण होता है और उस अवसर पर ज्ञाति कुटुम्बको भोज दिया जाता है।

विवाहके समय कन्या अपने घरमें घट स्थापन करनेके वाद गेहूंका एक आसन वनाती है, फिर उस पर एक सुपारी रख कर गणेशकी पूजा करती है। वरका

पिता आ कर पुत्र-वधूको पहरने ओढ़नेके कपड़े दे कर तथा माथे पर सिन्दूर लगा कर विवाह-कार्य सम्पन्न करता है। उसके बाद वर और कन्या पर तेल चढ़ा कर उन्हें नहलाया जाता है। १से ले कर ५ दिन तक तेल चढ़ाये जानेकी रिवाज है। तदनन्तर कन्याके घरमें बने हुए एक आसन पर वर और वरके पिताको बिठाया जाता है। कन्या-पक्षकी स्त्रियां इकट्ठी हो कर उसके चारों कोनोंमें रखे हुए मिट्टीके घड़ों पर कलाव (रंगीन सूत) लपेटती रहती है। इसके बाद कन्या और वरके गठजोड़ा बांध कर उनके हाथोंमें पांच पल्लव और कुठार दे दी जाती है और फिर निकटवर्त्ती मारुतिके मन्दिरमें जा कर नवदम्पत्तिको मंगलकामनाके लिए पूजा की जाती है।

दुलहिनके साथ जब दूल्हा अपने घर वापस आता है, तब फिर पुरोहित आ कर प्रकृत विवाहका अनुष्ठान करता है। यहां होमके बाद पाणिग्रहण, कन्या दक्षिणा, चिकसा और झालका काम पूरा करके विवाह-कार्य समाप्त किया जाता है।

ये मृत-देहको गाड़ते हैं। पहले गरम पानीसे धो कर मुर्देको खाट पर सुलाते और सफेद कपड़ेसे ढक देते हैं। सधवा स्त्री मरने पर उसे हरा कपड़ा पहनाते हैं, फिर माथे पर सिन्दूर और फूल तथा आंखोंमें काजल दे कर उसे दाह-स्थानमें ले जाते हैं। विधवा रमणियोंको ऐसा सौभाग्य नहीं मिलता। विधवाओंको पुरुषोंकी तरह नदीके किनारे समाधिस्थ किया जाता है।

ये मात्र १० दिनका अशौच मानते हैं। दसवें दिन क्षौरकर्मके बाद अशौचधारी व्यक्ति प्रेतात्माके लिए पिंडदान देता है। प्रवाद है, कि काक यदि उस पिण्डको न ले तो समझना चाहिए कि मृत व्यक्ति प्रेतयोनिको प्राप्त हो कर उसी स्थानमें विचरण कर रहा है। इसके लिए वे कुशका काक बना कर उससे पिण्डको छुआ देते हैं। तेरहवें दिन श्राद्धका भोज होता है। प्रति वर्ष महालयाके पक्षमें ये प्रेतात्माके लिये तर्पण किया करते हैं।

भोकरीदिगर—बम्बईप्रदेशके खान्देश जिलान्तर्गत सावडे तालुकका एक प्राचीन बड़ा ग्राम। यहां ओङ्कारेश्वर शिव-मन्दिर विद्यमान है। मन्दिरमें ११६६ सम्बत्‌की खोदी हुई एक शिलालिपि है। स्थानीय धर्मशाला अहल्याबाई होलकरने बनवाई थी।

भोकसा—युक्तप्रान्तके पार्वत्य प्रदेश-वासी एक जाति। भौतिक क्रियाओंसे रोग-निराकरण करना हो इनका जातीय व्यवसाय या काम है। जातीयताके विषयमें ये अनेकांशमें निकटवर्त्ती थारुओंके समान हैं। पूर्वमें तराई और पीलीभीत जिलेके बाभरसे ले कर पश्चिममें गङ्गातीरस्थ चांदपुर तक विस्तीर्ण स्थानमें इनका वास है।

ये साधारणतः तीन स्वतन्त्र श्रेणियोंमें विभक्त हैं। रामगङ्गा और सरदारके मध्यवर्त्ती स्थानमें रहनेवाले पुरबी कहलाते हैं तथा रामगङ्गाके पश्चिम और गङ्गाके मध्यवासीगण पछिमी। गङ्गा और यमुनाके मध्यमें रहनेवालोंको ले कर एक स्वतन्त्र थोक चला है। विभिन्न श्रेणीके लोग परस्पर एक दूसरेको घृणाकी दृष्टिसे देखते हैं ; कोई भी किसीके साथ आहार-व्यवहार या विवाह सम्बन्ध नहीं करता।

ये स्वभावतः खर्वाकार, दृढ़काय और सीधे-सादे होते हैं। देहका रंग और अङ्गोंका गठन प्रायः कृषकोंके समान होता है। आंखे छोटी, नीचेके ओठ मोटे, गरदनकी हड्डी चौड़ी, हनू विलम्बित और अधरोष्ठ गुम्फश्मश्रु-विहीन होते हैं। ऐसी मूर्त्ति देखते ही अनुमान कर लेना चाहिए कि वह भोकसा है। इनकी स्त्रियां मरदों जैसी दीखती हैं।

ये अपनेको परमार-वंशीय राजपूत बतलाते हैं; और इस प्रकार अपने वंशका विवरण सुनाते हैं—"धारा नगरके राजा जयदेवने अपने भाई उदयादित्यको उसके आचरणसे विरक्त हो कर घरसे निकाल दिया था। उदयादित्य अपने दलबलके साथ सारदा नदीके किनारे बनवास नगरमें आ कर रहने लगे। अपने दलके वे ही सरदार या नायक थे। इसके कुछ ही दिन बाद कुमायूं राज्यमें शत्रुकी सेना आ पहुंची। कुमायूंके राजा अपनी रक्षाके लिए सरदार उदयादित्यके शरणापन्न हुए। धीरे धीरे उदयादित्यकी परमार-सेनाने आ कर पार्श्ववर्त्ती आक्रमणकारी राजाओंको पराजित कर भगा दिया। राजाने परमार-सेनाकी सहायता पर खुश

हो कर कृतज्ञताके चिह्नस्वरूप उनके रहनेके लिए कई स्थान दिये। तदनुसार वे अपनी पहलेकी वास भूमिको छोड़ कर यहां आ कर बसे" परन्तु दुःखकी बात है, कि यह वंशकी कथा सबके मुंहसे एक-सी सुननेमें नहीं आती। स्थानविशेषमें विभिन्न किम्वदन्तियां भी प्रसिद्ध हैं। कोई कहता है, कि वे दिल्लीसे यहां आ कर बसे हैं और कोई कहता है, कि महाराष्ट्रियों द्वारा भगाये जाने पर उन्हें यहां आ कर रहनेके लिए बाध्य होना पड़ा है। महड़ा या देहरादुनो शाखाके भोकसाओंका कहना है, कि उन्होंने देहलीके राजा सुखदेवके आमन्त्रणसे गङ्गाके उस पारसे आ कर देहरादूनमें उपनिवेश स्थापन किया था। राजाके शिकारके काममें वे जङ्गली रास्ताके परिदर्शक नियुक्त थे। पांच सात पीढ़ी हुई हैं, तबसे वे यहांके अधिवासी समझे जाते हैं।

इनमें २० गोत्र हैं, जिनमें यदुवंशी, पंवार, पुत्तेजा, राजवंशी, तुंयार, बड़गूजर, तबारी, वरहनिया, जलवार, अधोई, दुगुगिया, राठोर, नागौरिया, जलाल, उपाध्याय, चौहान और दुनबारिया नामकी १७ शाखाएं प्रधान हैं तथा ढिमार, राठोर, धांगड़ा और गोली ये अप्रधान। नीचेकी तीन शाखाओंसे इस जातिके राजपूत और ब्राह्मण साङ्कर्यका परिचय पाया जाता है। ये इच्छानुसार भिन्न गोत्रोंमें शादी-ब्याह कर सकते हैं। परन्तु कीलपुरी और सबना-वासी लोग थारुओंके साथ वैवाहिक सम्बन्ध करते हैं। पूर्वोक्त उदयादित्यका एक सहचरवंश है, जो भोकसाओंके भाट कहलाता है। वे जङ्गल हीमें रहते हैं। कभी कभी यजमानोंके यहां भी जाते हैं। उक्त उदयादित्यके एक कनौजिया ब्राह्मण सहचार-वंशके लोग इनका पौरोहित्य करते हैं।

देहरादून-वासी महढ़ा लोग भिन्नगोत्र होने पर भी मातृगोत्रमें दो पीढ़ीके बाद विवाह-सम्बन्ध कर लेते हैं। वहुविवाह इनके यहां निषिद्ध नहीं है। यदि किसीकी कन्या विवाहसे पहले पर पुरुषके साथ अवैध प्रणयमें आसक्त हो जोय, तो कन्याका पिता ही जातीय-सभा द्वारा दण्ड पाता है। वह प्रणयी यदि नीच वर्णका हो, तो कन्याको जातिच्युत किया जाता है; अन्यथा स्वजातिका होने पर जुरमाना देनेके बाद उसे अपनी जातिमें विवाह करनेकी अनुमति दी जाती है। परन्तु यदि वह कन्या किसी उच्चश्रेणीके पुरुषके साथ प्रणायासक्त हो, तो उसीको १०) रु० जुर्माना देना पड़ता है।

बारह वर्षसे कम उम्रके लड़केका विवाह करनेका नियम नहीं है। लड़कियोंका विवाह बड़ी होने पर ही होता है। विधवाएं 'करव' प्रथाके अनुसार विवाह कर सकती है। द्वितीय विवाहसे उत्पन्न पुत्र अपने पिताकी सम्पत्तिका उत्तराधिकारी होता है। पहले विवाहसे उत्पन्न पुत्र अपने पितृव्यके अधीन रहते हैं। विधवाएं अपने देवरके साथ विवाह कर सकती हैं, परन्तु साधारणतः स्वामिके कुलको छोड़ कर दूसरोंके साथ ही विवाह करती हैं।

देहरादूनके पूर्वांशमें रहनेवाले महड़ा लोग हिन्दू-क्रिया पद्धतिके ही अनुकरणकारी हैं। उनके विवाह और श्राद्ध-कार्यमें गौड़ब्राह्मण पौरोहित्य करते हैं। अपनेको राजपूत कहने पर भी इनमें सूअर, मुरगी आदिका निन्दित मांस-भोजन और मद्यपानकी प्रथा है।

बच्चा पैदा होने पर इनके यहां विशेष कोई क्रियानुष्ठान नहीं होता। छठे दिन प्रसूति सौवरमें ही बिवाई-देवीकी पूजा करती है। उस दिन आत्मीय कुटुम्बियोंको भोज दिया जाता है तथा घर वगैरह साफ किया जाता है। दूसरे दिन प्रसूति किसी ब्राह्मणके यहांसे गङ्गाजल ला कर, उसे दूसरे पानीमें मिला कर स्नान करती है। एक मास बाद बच्चेकी मुण्डनक्रिया और ज्ञाति-भोजन होता है। विधवा-विवाह करनेवालेके यदि पुत्र न हो तो वह अपनी स्त्रीकी पहलेकी सन्तानको दत्तक रख सकता है।

इनकी विवाह-प्रथा साधारण हिन्दूप्रथाके समान है। विशेषता इतनी ही है, कि ये विवाहके दिन घरके आंगनमें एक 'माड़ो' या मण्डप बनाते हैं, जिसमें नवग्रहक पूजा होती है। उसके बाद घरमें होमाग्नि जलाई जाती है, जिसके चारों तरफ नव-दम्पतिको पांच बार प्रदक्षिण करना पड़ता है।

मुर्देको ये लोग जला देते हैं। कभी कभी गङ्गाके किनारे जा कर उसकी भस्म या हड्डी गाड़ आते हैं। श्राद्धादि प्रेतकर्ममें इनका विशेष विश्वास नहीं है।

किसीके मरनेके बाद ये तेरह दिन तक रोज किसी गायको एक पिष्टक खिला कर फिर आप भोजन करते हैं। तेरहवें दिन ब्राह्मणको चावल, दाल और तैजसादि पात्र दान करके शुद्ध होते हैं। प्रेतात्माकी परितृप्तिके लिये ये प्रति वर्ष आश्विनमासमें कन्यापक्षीय कुटुम्बियोंको भोजन कराते हैं। यही इनकी श्राद्धक्रिया है।

पूरबी लोग पछांहके महड़ाओंसे अनेकांशमें भिन्न हैं। ये सत्यवादी, मद्यपायी और उपधर्मसेवी होते हैं। स्वभावतः इन्हें बुरी जगह और गन्दे घरोंमें रहना पसन्द है। इसी कारण इन्हें समय समय पर स्थान बदलने पड़ते हैं। ये खेती-बारीके सुभीतेके लिए खेतोंमें पानी देना भी नहीं जानते, यहां तक कि अपने पीनेके लिए पानीका इन्तजाम भी नहीं कर सकते। सामान्य खेती-बारीके सिवा पशु-शिकार और तालाबोंसे मछली पकड़ना इनकी उपजीविका है। इनका खान-पान और धर्म-कर्मादि अधिकांश पछांहके लोगों जैसा है।

ये विवाहादि कार्यमें भी गौड़-ब्राह्मणोंको नियुक्त करते हैं। बहुतसे तो गुरु नानक-प्रवर्तित सिख-धर्मके माननेवाले हैं। जिसने सिख धर्म स्वीकार किया है उसके बाल-बच्चे सब सिख-धर्मको ही मानते हैं। नानकमठ, देधुरा और श्रीनगर इनके प्रधान तीर्थस्थान हैं।

देव देवियोंमें ये प्रधानतः भवानी और कालिकादेवीकी ही विशेष भक्ति करते हैं। इसके सिवा सरबार-लाखी (लाखदाता) और कालू सैयद (कालूराज) इन दोनों साधु-पुरुषोंको भी ये विशेष अनुरागके साथ पूजते हैं। डेरागाजीखां जिलेके नागहा नामक स्थानमें तथा शिवालिक पर्वतके पावलीदून नामक स्थानमें सरबार-लाखीका अस्ताना है। वहांके रहनेवाले हर एक आदमी उक्त साधु तीर्थकी पूजा करते हैं।

इन्द्रजाल या भौतिक विद्यामें ये विशेष पटुता रखते हैं। साधारण लोगोंका विश्वास है कि ये पशुका रूप धारण करके शत्रुका विनाश कर सकते है। वृक्ष चालन, मारण और स्तम्भनादि विद्यामें विशेष पारदर्शी देख कर राजा सुदर्शन शाहने इन्हें समूल नष्ट करनेकी विशेष कोशिश की थी। अपने उद्देश्यकी सिद्धिके लिए एक दिन राजाने इन्हें निमन्त्रण दिया था और कहा कि 'यदि तुम लोग आ कर मेरे अभीष्टकी सिद्धि कर सकोगे तो तुम्हें यथोचित पुरस्कार दिया जायगा।' तदनुसार ये अपने अपने ग्रन्थ ले कर दरबारमें पहुंचे। राजाने इन्हें हाथ पैर बांध कर नदीमें फेंक देनेका आदेश दिया। राजाके आदेशानुसार यन्त्र और ग्रन्थादि समेत नदीमें फेंक दिये जानके कारण इनके विद्याका गौरव जाता रहा।

भोकार (हि० स्त्री०) जोर जोरसे रोना।

भोक्तव्य (सं० त्रि०) भुज-कर्त्तरि-तव्य। १ भोजनीय, खाने लायक। २ कर्मजन्य अनुभवनीय। शुभ वा अशुभ प्रारब्ध कैसा भी क्यों न हो, उसका अवश्य भोग करना होगा।

भोक्ता (सं० त्रि०) भोक्तृ देखो।

भोक्तृ (सं० त्रि०) भुज्-कर्त्तरि-तृच्। १ भोजनकर्त्ता, खानेवाला। स्नानके बाद विशुद्ध शुक्ल वस्त्र पहन कर, हाथ पांव धो कर आत्मीय बन्धुबान्धवके साथ भोजन करना चाहिये। भोजन देखो। २ सुख दुःखादिका भोगकर्त्ता, सुख और दुःखादिका भोग करनेवाला। न्याय और वैशेषिक मतसे जीवात्मा ही भोक्ता हैं अर्थात् सुख और दुःखादिका भोग जीवात्माके ही होते हैं। सांख्यके मतानुसार उपचारक्रममें पुरुष-भोक्ता और प्रकृत पक्षमें प्रकृति ही भोक्ती है। (पु०) भुङ्क्ते जीवरूपेणेति, भुनक्ति, पालयतीति वा भुज्-तृच्। ३ विष्णु। ४ भर्त्ता, पति। ५ एक प्रकारका प्रेत।

भोक्तृत्व (सं० क्ली०) भोक्तृर्भावः त्व। भोक्ताका भाव या धर्म।

भोक्तृशक्ति (सं० स्त्री०) बुद्धि।

भोग (सं० पु०) भुज्यतेऽसौ भुज्-घञ्। १ सुख, आराम। २ दुःख, तकलीफ। ३ सुख-दुःखादिका अनुभव। ४ स्त्री आदिकी भृति, रखेली स्त्रियोंका वेतन। आदि शब्दसे हाथी, घोड़ा, लुहार आदिका वेतन भी समझा जाता है। ५ भाटकमात्र, भाड़ा, किराया। ६ सर्प, सांप। ७ सांपका फण। (अमर) ८ धन, दौलत। "हिरण्मयसुतभोग" (ऋक् ३।३४।९) 'हिरण्मयं सुवर्णमयं भोगं धन' (सायण) ९ पालन। १० अभ्यवहार। (मेदिनी) ११ भोजन। १२ देह। १३ मान। (शब्दरत्ना०) १४ पुण्यपाप-जनन-योग्य काल।

"अतीतानागतो भोगो नाड्यः पञ्चदश स्मृतः ।"

(तिथितत्त्व)

सुख-दुःखादिके अनुभावका नाम भोग है। सांख्य-दर्शनमें इसका लक्षण इस प्रकार लिखा है,—"चिदवसानो भोगः' (सांख्यसू० १।१०४) प्रमाज्ञान पुरुषाश्रित होने पर भो पुरुषके विकार वा परिमाण नहीं होता। चित् अर्थात् चैतन्य पुरुषका स्वरूप, उसमें बुद्धिवृत्तिका अवसान अर्थात् प्रतिविम्ब-पात होना ही भोग है। प्रकृति और पुरुषके संयोगसे जव संसार होता है, तभी उपचार-वश पुरुषके भोग हुआ करता है। प्रमेय वस्तु और तदाकार मनोवृत्ति द्वारा पुरुषमें प्रतिविम्वरूपमें भासता है। शास्त्रोंमें इसोको भोग कहा गया है। प्रतिविम्वके द्वारा विम्वका अणुमात्र भी विकृत नहों होता। जैसे एकके पैदा किये हुए अन्नमें दूसरेका भोग सिद्ध होता है, उसो प्रकार बुद्धि-कृत कर्ममें अकर्त्तृ-पुरुषके भी भोग हुआ करता है।

पुरुषके भोग होता है—पुरुष भोग करता है, यह वात अविवेक-वशतः उपचरित हुआ करता है। पुरुष कर्म करता है, इसलिए पुरुष ही फलाफल भोग करता है, यह अनुभव भी अविवेक-वश हुआ करता है। वस्तुतः पुरुष अकर्त्तृस्वभाव है। बुद्धि ही कर्त्तृधर्मवत्ती है, उसके अविवेकसे पुरुषमें आरोपित भोग अङ्गीकृत हुआ करता है। परन्तु वास्तवमें विवेचना-पूर्वक देखा जाय तो भोग पुरुषके नहीं होता, प्रकृति ही एकमात्र भोक्त्री है। (सांख्यद०)

पातञ्जलदर्शनमें लिखा है,—भोगमें परिणाम-दुःख, ताप-दुःख और संस्कार-दुःख भरा हुआ है।

"परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च सर्वमेव दुःखंविवेकिनः" (पातञ्जलद० २।१५)

मोहान्ध वा अविवेकी लोग उसके परिणामको न समझ कर भोगके लिए ही लालायित होते हैं, किन्तु जो समझ चुके हैं प्रत्यक्ष कर चुके हैं, वे कभी भी उसके पास नहीं जाते। अविवेकी उसको दुःख समझते हैं। जो परिणाम, ताप और संस्कार-दुःखमें फंसा हुआ है, वह केवल मनका विकारमात्र है। जो केवल सत्त्वगुणके कलुष परिणामके सिवा और कुछ भी नहीं हैं, वह सुख नहीं, वल्कि सुखनामक दुःख है। जरा ध्यानसे विचार करनेसे यह वात स्पष्ट मालूम हो जाती है, कि भोगमें सुख नहीं है, प्रत्येक भोगके साथ साथ परिणाम-दुःख, ताप-दुःख और संस्कार-दुःख भोगना पड़ता है। इसके लिए एक उदाहरण देना काफी होगा; कोई आदमी दिव्याङ्गनासे संयुक्त हुआ, उस समय उसके जो मनोविकार पैदा हुआ, उसीको उसने सुख माना; जव तक मनोविकार रहा तभी तक सुख मालूम हुआ, परन्तु उसके दूसरे ही क्षणमें दुःखका दुःख ही रह गया। उस कार्यके करनेमें जो आयु क्षय हुई, उसके लिये प्रकारान्तरसे दूसरा एक दुःख हुआ। और भो देखो, वह मनोविकार वा सुख भी स्थायी नहीं रहा, शीघ्र ही नष्ट हो गया। सुख नहीं रहा, नष्ट हो गया, यह सोच कर और भी एक प्रकारका दुःख हुआ। उस मनोविकारको अत्यल्प कालके लिये सुख मान लिया था, उसके प्रभावसे दूसरे दिन फिर उसीके पानेके लिये लालायित होनेसे और एक प्रकारका दुःख हुआ। भोगको वृद्धि करनेसे रोग होता है, अतः भोगके साथ रोग-भय भी है। अत्यन्त भोग करनेसे रोग होगा ही होगा, उसमें भी दुःख है। अतएव प्रत्येक भोगका परिणाम दुःखमय है, यह कहना विलकुल ठोक और सत्य है। जरा-सा विचार कर देखनेसे यह वात प्रत्यक्ष हो जाती है, कि भोगका परिणाम दुःखमय हो है। यही परिणामदुःख है। वर्त्तमानकालमें अर्थात् भोगकालमें सैकड़ों दुःख हुआ करते हैं। कहीं यह नष्ट न हो जाय, किस तरह यह स्थायो हो सकता है, कैसे उसे बढ़ाया जा सकता है इत्यादि चिन्ताएं आ कर उपस्थित होती हैं। इसके सिवा उसकी आनुषङ्गिक विविध पापमनोवृत्तियां अर्थात् राग, द्वेष और क्रोध आदि उदित हो कर भीतरमें विविध भविष्यत्-दुःखके वीज अंकुरित करते रहते हैं। अतएव इसे स्थिर सिद्धान्त समझना चाहिए कि सुखभोगके साथ साथ ही विविध ताप वा दुःख भोगने पड़ते हैं। इस विषयमें और भी एक विशेष वात है, वह यह कि सुख-भोग करनेके साथ हा चित्तमें उसका संस्कार आवद्ध हो जाता है। इसीलिये पूर्वानुभूत सुखके तुल्यरूप सुख भोग करनेकी इच्छा होती है। जव तक वह

नहीं मिलता, तब तक चित्त व्याकुल रहता है। अतएव सुखभोगका संस्कार भी दुखजनक है। भोग क्या है? विवेचना करके देखनेसे मालूम होगा कि भोग एक प्रकारका मानसिक विकारमात्र है और कुछ नहीं। सुतरां क्षणपरिणामी सत्त्व, रजः और तमोगुणके क्षणिक परिणामरूप क्षणभंगुर भोगमात्र ही दुःख है। इन सब कारणोंसे अर्थात् प्रत्येक भोगमें परिणाम, ताप और संस्कार ये त्रिविध दुःख होनेके कारण तथा परस्पर विरोधी गुणपरिणाम विद्यमान रहनेसे योगी और विवेकीके लिए सभी दुःख है। कभी भी वे उसे सुख नहीं मानते। जो भी शुभ वा अशुभ कर्म पूर्वमें अनुष्ठित हुए हैं, उसका भोग नहीं होनेसे वह किसी भी प्रकार नष्ट नहीं होगा। इस प्रकारसे कर्म करना चाहिए जिसमें संस्कार न हो। संस्कार वासना वा अदृष्ट जनमने पर भोग करना ही पड़ता है। किसी प्रकार योग वा यत्न द्वारा उसे नष्ट नहीं किया जा सकता।

(पातञ्जलदर्शन)

१६ पुर। 'नव यदस्य नवतिञ्च भोगान्' (ऋक् ५।२९।६) 'भोगान् पुराणि' (सायण) १७ भूमि आदिका भोग। जमीन-जायदाद वगैरह अपने दखलमें रहे तो उसे भी भोग कहते हैं। (व्यवहारतत्त्व) १८ विभवभेद। १९ व्यूह-भेद। भोगव्यूह पांच प्रकारका होता है।

(कामन्दकी १९।५८)

२० रवि आदिका राशिस्थिति-काल। रवि आदि ग्रह एक राशिसे दूसरी राशिमें जब तक गमन नहीं करते, उतना समय उस राशिका भोगकाल है।

भोग—देवमन्दिरादिमें देवताके उपभोगके लिए चढ़ाया हुआ नैवेद्य आदि। देवदेवियोंके लिए प्रदान किया हुआ अन्नादिको भोग कहते हैं। साधारणतः देवीदेवताओंके सामने भोग रखा जाता है। देवताओंके दिव्य चक्षुओंसे भोग दर्शन करनेके बाद, वह प्रसाद कहलाता है। प्रसिद्ध पुरीधामके जगन्नाथदेवके भोगके लिए जहाँ अन्नव्यञ्जनादि रखे जाते हैं, वह स्थान भोगमण्डप नामसे प्रसिद्ध है। भोगके समय पण्डा लोग नारायणकी भोगमूर्त्ति चारों तरफ घुमाया करते हैं। उस मूर्त्तिको वे पृथक् स्थानमें रखते कभी भी क्षेत्र नहीं ले जाते। तामिलदेशमें नववर्षके प्रथम दिनमें एक उत्सव और इन्द्रपूजा होती है। साधारण लोग उससे आनन्द उपभोग करते हैं, इसलिए वह दिनभोगी पण्डितवाई नामसे प्रसिद्ध है।

भोगक (सं० त्रि०) भोग संज्ञायां कन्। भोग-कालीन।

भोगगुह (सं० क्ली०) वह धन जो सम्भोगार्थ वेश्याको दिया जाता है।

भोगगृह (सं० क्ली०) भोगार्थं गृहं। वासगृह, रहनेका घर।

भोगग्राम (सं० पु०) प्राचीन ग्रामभेद।

भोगत्व (सं० क्ली०) भोगस्य भावः त्व। भोगका भाव या धर्म।

भोगदा (सं० स्त्री०) शक्तिगणभेद।

भोगदाबाड़ी—बङ्गालके रंगपुर जिलान्तर्गत एक नगर। यहां शस्यादिका अच्छा वाणिज्य चलता है।

भोगदेव (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

भोगदेह (सं० पु०) भोगहेतुको भोगसाधको वा देहः। स्वर्ग वा नरक-भोगके लिए सूक्ष्म देह। देहके विना भोग नहीं होता, इसलिए पाप या पुण्य भोगके लिए एक देह हुआ करती है, उसीको 'भोगदेह' कहते हैं।

"कृते सपिण्डीकरणे नरः संवत्सरात् परम्।
प्रेतदेहं परित्यज्य भोगदेहं प्रपद्यते ॥" (श्राद्धतत्त्व)

मनुष्य सपिण्डीकरणके बाद प्रेतदेह त्याग कर भोगदेहको प्राप्त होता है। एक वर्ष बाद सपिण्डीकरण है, इसलिए एक ही वर्ष बाद भोगदेह हुआ करती है। यदि किसीके संवत्सरमें हा अपकर्ष सपिण्डीकरण हो, तो उससे उसके वर्षके भीतर भोगदेह होगी या नहीं? यह प्रश्न जरा ध्यानसे विचार करनेसे उक्त श्लोकसे ही हल हो जाता है। सपिण्डीकरणके बाद भोगदेह होगी, इतना कह देनेसे ही काम चल जाता है, क्योंकि सपिण्डीकरण प्रायः संवत्सरके बाद ही हुआ करता है; 'संवत्सरात् परं' इस पदके देनेकी कोई आवश्यकता न थी। इससे समझना चाहिए, कि वर्षके भीतर सपिण्डीकरण होने पर भी, जब तक वर्ष समाप्त न हो जाय, तब तक भोगदेह नहीं होगी। एक वत्सर बीत गया है, सपिण्डीकरण भी नहीं हुआ है, तो उसके भी

भोगदेह नहीं होगी। जब तक कि सपिण्डीकरण नहीं होता, तब तक भोगदेह नहीं होगी, प्रेतदेह रहेगी ऐसा ही शास्त्र-प्रणेताओंका मत है

जीव जो बार बार षाट्‌कौषिक शरीर ग्रहण करता और बारबार उसे छोड़ता है, वही जीवका इह और परलोक-सञ्चरण है। दृश्यमान स्थूल शरीर शास्त्रीयभाषामें षाट्‌कौशिक कहलाता है। षाट्‌कौशिक शरीर शुक्र और शोणितके परिणामसे उत्पन्न है। सूक्ष्म शरीर वैसा नहीं है। सूक्ष्म-शरीर अन्तःकरण अर्थात् बुद्धीन्द्रिय-निचयकी समष्टि है वा उनके द्वारा रचित है इसीलिए वह अत्यन्त सूक्ष्म है। वह अछेद्य, अभेद्य, अदाह्य और अक्लेद्य है। अतएव नरकादि भोगके समय यह ज्वलदग्निमें भस्म नहीं होती, पानीमें नहीं डूबती और न इस देहकी किसी प्रकार विकृति ही होती है। हां, केवल यन्त्रणाका अनुभव हुआ करता है।

(ब्रह्मवैवर्त्त पु० प्रकृति ख०)

वृद्धागुंष्ठ जो जीव पुरुष है वही भोगदेह धारण करके स्वर्ग वा नरकादि भोग करता है। इस शरीरमें किसी एक विषयका निरन्तर ध्यान करके शरीर त्यागनेसे वह किसी न किसी समय पुनरूदित होता है। वह उदयका वीज है, अनुष्ठित ज्ञानकर्मका संस्कार है। वह संस्कार सूक्ष्म शरीरमें रहता है और बादमें उसीके बलसे उद्बुद्ध होता है। स्थित संस्कार उद्बुद्ध होनेसे स्मरण और प्रत्यभिज्ञान नामक ज्ञान उत्पन्न होता है। उसके साथ मनोभाव और अवस्थाका भी परिवर्त्तन होता है। इहजन्ममें जो जन्मान्तरीय संस्कारोंका उद्बोध होता है, वह इहलोकमें स्वभाव और प्रकृति इत्यादि कहलाता है मरण-समयमें स्थूल-देह पड़ी रहती है, परन्तु उस देहके अर्जित संस्कार सूक्ष्म-शरीरमें विद्यमान रहते हैं, वृथा नष्ट नहीं होते। इसीलिए मृत्युके बाद उस देहके अर्जित ज्ञान और कर्म अर्थात् धर्मधर्मादि अपने अभिनव अवस्थाको उपस्थापित किये रहते हैं।

जीवने समस्त जीवनमें जो कार्य किये हैं, जैसा ध्यान किया है, मृत्यु-समय उसीके अनुरूप एक नूतन परिवर्त्तन, एक नूतन भावना उपस्थित होती है। शास्त्रीय भाषामें उसे भावनामय शरीर कहते हैं।

"योनिमध्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः।
स्थाणुमन्येऽनुसंयान्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्॥" (स्मृति)

भवानामय देहका दूसरा नाम आतिवाहिक है। आतिवाहक देह थोड़े दिनों तक रहती है, उसके बाद पूर्व प्रज्ञाके अनुसार षाट्‌कौषिक भोगदेह उत्पन्न हुआ करती है, कोई तो मानव-देह पाता है, कोई तिर्यग्‌देह और कोई देवदेह। पुण्याधिक्य होनेसे पुण्य शरीर अर्थात् दिव्यादि शरीर, पापाधिक्य होनेसे तिर्यक्‌शरीर और पापपुण्यका बल बराबर होनेसे मानवशरीर उत्पन्न होता है। जब तक स्थूल शरीर उत्पन्न नहीं होता तब तक भावनामय शरीरमें अर्थात् आतिवाहिक भावदेहमें सुख दुःखका भोग करता रहेगा। वह भोग स्वप्नभोगकी तरह अस्पष्ट है।

चैतन्य-विम्बित सूक्ष्मदेह अर्थात् जीवात्मा षाट्‌कौषिक शरीरसे निकल कर पहले आतिवाहिक शरीरमें 'आकाशस्थो निरालम्बो वायुभूतो निराश्रयः' हो कर रहता है। पीछे यथासमय वह जन्म ग्रहण करता है। जो अत्यन्त पापाचारी हैं, वे मरणके बाद इस पृथ्वीमें आतिवाहिक शरीरमें कुछ दिन रह कर पीछे तमःप्रधान वृक्षलतादि जड़ शरीर धारण करते हैं। जो ऋषि तपस्वी और ज्ञानी हैं, वे देवयानके मार्गसे ऊर्द्ध्वलोकमें और क्रमशः ब्रह्मलोकमें जन्मग्रहण करते हैं। जो सत्कर्मनिष्ठ हैं, वे पितृयाणके मार्गसे उर्द्ध्वगामी हो कर पितृलोकमें उत्पन्न होते हैं। अनन्त सुखभोग करनेके बाद वे पुनः पितृयाण पथके व्युत्क्रमसे इहलोकमें अवतरण कर कर्मानुसार मानव शरीर प्राप्त करते हैं (सांख्यद०)

साधारणतः इतना कहा जा सकता है, कि जिस देहमें सुख, दुःख वा नरकका भोग होता है, वही भोगदेह है। स्थूल देहसे सुख दुःखका भोग होता है, इसलिए उसे भी भोगदेह कहा जा सकता है। मृत्यु शब्द देखो।

भोगना (हिं० क्रि०) १ सुख दुःख या शुभाशुभ कर्मफलों का अनुभव करना, भुगतना। २ सहन करना, सहना। ३ स्त्री प्रसंग करना।

भोगनाथ (सं० पु०) सायणाचार्यके भाई एक पण्डित। इनके पिताका नाम मायण था।

भोगनीपुर—१ युक्तप्रदेशके कानपुर जिलान्तर्गत एक

तहसील । यह अक्ष° २६° ५´ से २६° २५´ उ० तथा देशा० ७९° ३१´ से ८०° २´ पू०के मध्य अवस्थित है। भू-परिमाण ३३८ वर्गमील और जनसंख्या ड़ेढ़ लाखके करीब है। इसमें मूसा नामका एक शहर और ३६८ ग्राम लगते हैं। तहसीलके दक्षिण यमुना नदी बह गई है।

२ उक्त विभागका प्रधान नगर और विचार सदर। यह कानपुरसे २०॥ कोस दूर कालपी राजपथके ऊपर अवस्थित है। करीब चार सौ वर्ष हुए, भोगचांद नामक एक कायस्थ इस नगरको बसा गये हैं। आज भी उनके वंशधर इस स्थानका भोग करते आ रहे हैं। स्थानीय भोगसागर नामक विस्तीर्ण जलाशय उन्हीं भोगचांदकी कीर्त्ति है।

भोगपति (सं० पु०) १ भोगके अधिपति। २ किसी नगर या प्रान्त आदिका प्रधान शासक या अधिकारी।

भोगपात्र (सं० क्ली०) भोगस्य पात्रं। वह पात्र जिसमें देवताके उपभोग नैवेद्यादि रखे जाते हैं।

भोगपाल (सं० पु०) भोगं भोगसाधनमश्वादिकं पालयतीति भोग-पालि-अण्। १ अश्वरक्षक। (त्रि०) २ भोगरक्षक।

भोगपिशाचिका (सं० स्त्री०) भोगे पिशाचिका इव तद्वद्-तृप्तत्वात्। क्षुधा, भूख।

भोगपुर—मन्द्राजप्रदेशके अन्तर्गत एक प्राचीन नगर। यहां बहुत-से प्राचीन मन्दिरादिका ध्वंसावशेष है।

भोगप्रस्थ (सं० पु०) १ उत्तरस्थित देशभेद। (बृहत्संहिता १४ अ०) २ उस देशके अधिवासी।

भोगबन्धक (सं० पु०) बंधक या रेहन रखनेका एक प्रकार। इसमें उधार लिये हुए रुपयेका ब्याज नहीं दिया जाता। उस ब्याजके बदलेमें रुपया उधार देनेवालेको रेहन रखी हुई भूमि या मकान आदि भोग करने अथवा किराए आदि पर चलानेका अधिकार प्राप्त होता है।

भोगभट्ट (सं० पु०) १ योधपुरके प्रतिहारवंशीय एक राजा। ये ब्राह्मणकुमार हरिचंद्रके औरस और भद्रानाम्नी एक क्षत्रियकन्याके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। २ शार्ङ्गधर-पद्धतिधृत एक कवि।

भोगभूमि (सं० स्त्री०) भोगार्थैव भूमिः न कर्मार्था। सुखस्थान, वह स्थान जहां सिर्फ भोग ही होता है, कर्म नहीं होता, भारतवर्षके अतिरिक्त वर्ष।

भोगभृतक (सं० पु०) वह जो केवल वेतनके लिये काम करे।

भोगमण्डप (सं० क्ली०) १ वह स्थान जो देवादिके उपभोग्य द्रव्यादि प्रस्तुत करनेके योग्य हो।

भोगमोक्षप्रदा (सं० स्त्री०) १ सुख और मोक्षप्रदायिनी। २ गङ्गा। ३ भैरवीभेद।

भोगराय—बालेश्वर जिलेके सन्निकटस्थ एक बड़ा बांध। यह सुवर्णरेखा नदीके मुहानेके समीप है। पहले मराठोंने बाढ़को रोकनेके लिये नदीके किनारे यह बांध बनवाया था। पीछे बृटिश-सरकारने जनताकी भलाईके लिये १८७० ई०में इसके पश्चाद्भागमें एक दूसरा बांध बनवा दिया।

भोगलदाई (हिं० स्त्री०) खेतमें कपासका सबसे बड़ा पौधा। इसके आस पास बैठ कर देहाती लोग उसकी पूजा करते हैं।

भोगलाभ (सं० पु०) सुखभोगादि प्राप्ति।

भोगलिप्सा (सं० स्त्री०) व्यसन, लत।

भोगलियाल (डिं० स्त्री०) कटारी नामका शस्त्र।

भोगली (हिं० स्त्री०) १ छोटी नली, पुपली। २ नाकमें पहननेका लौंग। ३ कानमें पहननेका एक प्रकारका गहना। इसे टेटका या तरकी भी कहते हैं। ४ एक प्रकारका सलमा जो चपटे तार या बादलेका बना होता है। इससे दोनों किनारोंके बीचकी जंजीर बनाई जाती है।

भोगवत् (सं० त्रि०) भोगः फणः कायं वा भूत्वा अस्त्यस्येति, भोग-मतुप्, मस्य च वत्वं। १ सर्प, सांप। २ नाट्य। ३ गान, गीत। (त्रि०) ४ भोगविशिष्ट।

भोगवती (सं० स्त्री०) भोगवत् स्त्रियां ङीन् (शार्ङ्गरवाद्यञो ङीन्। पा ४।१।७३) १ पातालगङ्गा। २ नागपुरी, नागोंके रहनेका स्थान। ३ नागपत्नी नागोंकी स्त्री। ४ नदीभेद, महाभारतके अनुसार एक प्राचीन नदीका नाम। ५ गङ्गा। ६ तीर्थभेद, पुराणानुसार एक तीर्थका नाम। ७ कुमारानुचर मातृभेद, कार्त्तिकेयकी

एक मातृकाका नाम । ८ सह्याद्रिपर्वतके वालाधाट पर्वत से निकली हुई एक नदी।

भोगवर्द्धन (सं० पु०) देशभेद ।

भोगवर्मन (सं० पु०) १ मौखरि-राजवंशके एक राजा। २ राजा शूरसेनके पुत्र। इनकी माता भोगदेवी नेपालराज अंशुवर्माकी बहिन थीं।

भोगवस्तु (सं० क्ली०) उपभोग्य द्रव्य, नैवेद्य सामिग्री।

भोगवान् (सं० पु०) भोगवत् देखो।

भोगवाना (हिं० क्रि०) भोगनेमें दूसरेको प्रवृत्त करना, भोग कराना।

भोगविलास (सं० पु०) आमोद प्रमोद, सुख चैन।

भोगसद्मन् (सं० क्ली०) भोगार्थं उपभोगार्थं सद्म। १ वासगृह । २ अन्तःपुर।

भोगसेन (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

भोगस्थान (सं० क्ली०) भोगार्थं स्थानं। भोगभूमि। २ सुखदुःखादि भोगात्मक शरीर। ३ रमणी-गेह।

भोगस्वामिन् (सं० पु०) एक शास्त्रवित् पण्डित। भुजङ्गिका नामक स्थानमें इनका वास था।

भोगाई—आसामप्रदेशके गारोपहाड़से निकली हुई एक छोटी नदी। क्रमशः पश्चिमकी ओर बह कर यह ब्रह्मपुत्र नदीमें मिल गई है।

भोगादित्य—एक प्राचीन हिन्दू राजा।

भोगाना (हिं० क्रि०) भोगनेमें दूसरेको प्रवृत्त करना, भोग कराना।

भोगान्तराय (सं० पु०) वह अन्तराय जिसका उदय होनेसे मनुष्यके भोगोंकी प्राप्तिमें विघ्न पड़ता है।

भोगारमन्दर—पञ्जाब प्रदेशके हजारा जिलान्तर्गत एक पार्वतीय उपत्यका। यह अक्षा० ३४° ३०´ से ३४° ४८´ १५´´ उ० तथा देशा० ७३° १४´ १५´´ से ७३° २४´ ३०´´ पू०के मध्य अवस्थित है। भू-परिमाण ७७४१८ एकड़ है जिनमेंसे ७॥ हजार एकड़ जमीनमें खेतीवारी होती है। इस स्थानका प्राकृतिक सौन्दर्य अतीव मनोहर है। चारों ओर झाऊके जंगल हैं। अधिवासिगण गो-महिषादिका लालन पालन करके उन्हींके द्वारा अपना गुजारा चलाते हैं। ग्रीष्मऋतुमें यह स्थान बहुत ही मनोरम दीखता है किंतु यहां जाड़ा बहुत पड़ता है। गुजर और स्वातीगण यहांके प्रधान अधिवासी हैं।

भोगायतन (सं० क्ली०) भोगस्य आयतनम्। स्थूलदेह। इस स्थूलदेहमें सुख दुःखादिका भोग होता है, इसीसे इसको भोगायतन कहते हैं।

भोगार्ह (सं० क्ली०) भोगमर्हति अर्ह-अण्, उपपदस०। १ धान्य। (त्रि०) २ भोग्यवस्तु मात्र।

भोगार्ह्य (सं० क्ली०) भोगाय अर्ह्यते इति अर्ह (ऋहलोर्ण्यत्। पा ३।१।१२४) इति ण्यत्। धान्य, धान।

भोगावली (सं० स्त्री०) भोगानां आवली श्रेणिर्यस्यां। १ स्तुतिपाठककी स्तुति। २ नागपुरी, नागोंके रहनेका स्थान। ३ स्तुतिपाठक। ४ भोगश्रेणी। ५ स्तुति।

भोगावास (सं० पु०) आवसत्यस्मिन् आ वस-अधिकरणे घञ्, भोगार्थो वा आवासः। वासगृह।

भोगिक (सं० पु०) भोगे अश्वभोगे नियुक्त इति भोग वाहुलकात् ठन्। अश्वरक्षक।

भोगिकान्त (सं० पु०) भोगिनां कान्तः प्रियः। वायु, हवा।

भोगिगन्धिका (सं० स्त्री०) भोगिनः सर्पस्येव गन्धो यस्याः कप्, टापि अत इत्वं। १ सर्पगन्धा वृक्ष। २ लघुमंगुष्ठ वृक्ष।

भोगिन् (सं० पु०) भोगी देखो।

भोगिनी (सं० स्त्री०) भोगिन्-स्त्रियां ङीष्। १ राजाका उपपत्नी, राजाकी रखेली स्त्री।

भोगिभुज् (सं० पु०) भोगिनं सर्पं भुङ्क्ते भुज्-क्विप्। मयूर, मोर।

भोगिवर्मन्—काश्मीर देशीय एक कवि।

भोगिवल्लभ (सं० क्ली०) भोगिनां वल्लभं प्रियम्। चंदन।

भोगी (सं० पु०) भोगोऽस्यास्तीति भोग-इनि। १ सर्प, सांप। २ नृप, राजा। ३ नापित, हज्जाम। ४ अश्लेषा नक्षत्र। ५ शेषनाग। ६ भोगनेवाला, वह जो भोगता हो। ७ जमींदार। (त्रि०) ८ सुखी। ९ इन्द्रियोंका सुख चाहनेवाला। १० भुगतनेवाला। ११ विषयासक्त। १२ आनन्द करनेवाला, विलासी। १३ विषयी, व्यसनी। १४ खानेवाला।

भोगीन (सं० पु०) १ इन्द्रिय-सुखनिरत वा उदरसर्वस्व व्यक्ति। २ राजा वा राजपुत्र। ३ ग्रामपति। ४ नापित।

भोगीन्द्र (सं० पु०) भोगिना मिन्द्रः । १ अनन्तदेव । २ पातञ्जलिका एक नाम ।

भोगीश (सं० पु०) भोगिनामीशः । अनन्तदेव ।

भोगेश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद ।

भोग्य (सं० क्ली०) भुज्-ण्यत् । १ धन । २ धान्य । ३ भोगबन्धक । (त्रि०) ४ भोगने योग्य, काममें लाने लायक । ५ जिसका भोग किया जाय । ६ खाद्य ।

भोग्यतिथि (सं० स्त्री०) तिथि आदिका भोगयोग्य-काल ।

भोग्यत्व (सं० क्ली०) भोगस्य भावः त्व । भोग्यका धर्म वा भाव ।

भोग्यभूमि (सं० स्त्री०) १ विलासकी भूमि, आनन्दका स्थान । २ वह भूमि जिसमें किए हुए पाप-पुण्योंसे सुख दुःख प्राप्त हो, मर्त्यलोक ।

भोग्या (सं० स्त्री०) भोग्य-टाप् । १ वेश्या । २ भोगके योग्य भूमि ।

भोचन—बम्बईप्रदेशके कच्छसामन्त राज्यका एक नगर ।

भोज (सं० पु०) भोजस्येदमिति भोज (तस्येदं । पा ४।३।१२०) इत्यण्, अणो लोपः । १ स्वनामख्यात देश, भोजपुर । २ धारानगरके एक राजा, भोजराज । भोजराज देखो । ३ चन्द्रवंशियोंके एक वंशका नाम । ४ पुराणानुसार शान्तिदेवीके गर्भसे उत्पन्न वसुदेवके एक पुत्रका नाम । ५ महाभारतके अनुसार राजा द्रुह्यु के एक पुत्रका नाम । ६ श्रीकृष्णके सखा एक ग्वालका नाम ।

भोज—१ प्राचीन जनपदविशेष और उस देशके अधिवासी । २ कच्छके अन्तर्गत स्थानभेद । अभी यह स्थान भुज और यहांके अधिवासी भोजदे कहलाते हैं ।

भोज—१ एक आभिधानिक । २ आयुर्वेदशास्त्रकार कोई पण्डित । आप वृद्धभोज नामसे जनसाधारणमें परिचित थे । ३ हेमचन्द्रधृत एक प्रसिद्ध वैयाकरण । ४ द्रव्यानुयोग तर्कणटीका नामक श्वेताम्बर जैनियोंका साम्प्रदायिक ग्रन्थ ।

भोज—१ गुहिलवंशीय एक राजा, बाप्पाके पौत्र । २ कन्नौजके एक राजा । ३ राजा सिलहनके पुत्र । ये राज्यसे निकाले जाने पर दरद राज्यमें गये और वहां दरदोंकी सहायतासे काश्मीर सिंहासन पर बैठनेकी चेष्टा करने लगे । (राजतर० ८।२७०६) ४ कोल्हापुरके शिलहर-वंशीय दो राजा । ये दोनों क्रमशः १०९८ और ११६० ई०मे विद्यमान थे । ६ सह्याद्रिवर्णित तीन राजा ।

(सह्या० ३१।२९, ४३ और ३२।४)

भोज (हिं० पु०) १ बहुतसे लोगोंका एक साथ बैठ कर खाना पीना, जेवनार । भोज्यपदार्थ, खानेकी चीज । ३ ज्वार और भाँगके योगसे बनी हुई एक प्रकारकी शराब । यह शराब विशेषतः पूनेकी ओर मिलती है ।

भोजक (सं० त्रि०) भोजयति भुज् णिच्-ण्वुल् । १ भोजन बनानेवाला । भुज् ण्वुल । २ भोजनकर्त्ता, खानेवाला । ३ भोग करनेवाला, भोगी । ४ विलासी, ऐयाश । (पु०) ५ विप्रभेद । भोजकब्राह्मण देखो ।

भोजक—जैनपुरोहित ।

भोजकट (सं० पु०) १ भोजदेश । (क्ली०) २ रुक्मिनिर्मित पुर । ३ एक प्राचीन जनपद । यह प्राचीन वाकाटक राज्यके अन्तर्भुक्त था ।

भोजकटीय (सं० त्रि०) भोजकटे भवः, भोजकट-छ । भोजकटदेशोद्भव ।

भोजकब्राह्मण—भारतमें आये-हुए एक प्रकारके शाकद्वीपीय ब्राह्मण । मग नामसे भी इनकी प्रसिद्धि है । किस प्रकार इनकी उत्पत्ति हुई ? इस सम्बन्धमें कोई एक पौराणिक उपाख्यान मिलते हैं । भविष्य-पुराणमें ११७वें अध्यायमें इस प्रकार लिखा है,—

"सूर्यदेवने अरुणको सम्बोधन करके कहा—'महामति महीपति प्रियव्रत-तनय शाकद्वीपके अधीश्वर थे । उन्होंने अपने राज्यमें मेरी प्रतिमूर्ति प्रतिष्ठित करनेके लिए पहले एक विमानप्रतिम परम रमणीय शिलामय गृह निर्माण करके, फिर उसमें एक सर्वसुलक्षण-युक्त हैम-प्रतिमा संस्थापित की । धर्मपरायण नरपति यथाविधि सुन्दर गृह और हेममयी प्रतिमा निर्माण कर इस प्रकार चिन्ता करने लगे, कि मैंने यह सर्वोत्तम गृह और रमणीय हैम-प्रतिमा तो बनवा ली, पर इसमें भगवान् सूर्यदेवको प्रतिष्ठापित कौन करेगा ? इस प्रकार चिन्ता करते हुए राजा आखिर मेरे शरणमें आये । मैंने नरपतिकी अचला भक्ति देख कर उसी क्षण उनके सामने आविर्भूत हो कर कहा, 'राजेन्द्र ! तुम किस लिए और किस विषयकी चिन्ता

कर रहे हो। तुम्हारी चिन्ताका कारण क्या है? मुझसे कहो। मैं तुम्हारी सब इच्छा पूरी करूंगा। राजन्! तुम निश्चय समझना, कि तुम्हारा कार्य अत्यन्त दुस्साध्य हो, तो भी मेरे द्वारा वह अवश्य ही हो जायगा।'

'हे खग! मेरे इस प्रकार कहने पर राजाने मुझसे कहा--हे देवदेव! मैं इस द्वीपमें आपकी प्रतिमूर्त्ति स्थापित करनेके लिए एक गृह और प्रतिमा बनवाई है; परन्तु किस व्यक्तिके द्वारा मैं उसकी प्रतिष्ठा कराऊं, कुछ समझमें नहीं आता। इस द्वीपमें यद्यपि बहुसंख्यक क्षत्रियादि तीनों वर्णोंके मनुष्य वास करते हैं परन्तु उनमेंसे कोई भी उस मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा वा अर्चना करनेको राजी नहीं होता और न इस स्थानमें कोई ब्राह्मण ही है। अतएव हे जगन्नाथ! मैं इसी कारणसे अत्यन्त चिन्तित हुआ हूं, आप मुझे कोई उपाय बतलाइए।

'हे वैनतेय! मैंने राजाके इस कथनको सुन कर उनसे कहा, कि हे राजन्! तुमने जो बातें कहीं हैं, वे सब सत्य हैं, इस द्वीपके रहनेवाले क्षत्रियादि त्रिवर्णको मेरी प्रतिमूर्त्ति प्रतिष्ठा वा अर्चना करनेका अधिकार नहीं है। अतएव तुम्हारे मङ्गलके लिए मैं शीघ्र ही मग नामके अनुपम ब्राह्मणकी सृष्टि करता हूं। हे खगसत्तम! मैं नरवरको यह बात कह कर उनकी कार्यसिद्धिके लिए कुछ देर विचारता रहा। चिन्तामें निविष्ट होने पर सहसा मेरे शरीरसे ८ महाबल ब्राह्मण प्रादुर्भूत हुए। वे ब्राह्मण कुन्देन्दुके समान अत्यन्त शुभ्रकान्ति थे, काषाय वसन पहने हुए थे, हाथोंमें करण्ड और कमल शोभित था और सभी साङ्गोपनिषद् चतुर्वेदके पाठमें निरत थे। हे खग! उस समय मेरे शरीरसे निकले हुए उन आठों ब्राह्मणोंमें दो मेरे ललाटसे, दो पैरोंसे, दो वक्षस्थलसे, और दो चरणोंसे उत्पन्न हुए थे। उत्पन्न होनेके साथ ही उन्होंने प्रणाम कर पिता कहके मुझे सम्मानित किया और कहा, हे तात! जगत्पते! आपने किस लिए हम लोगोंको अपनी देहसे पैदा किया है? आप आदेश दीजिये, हम सब उसका पालन करेंगे। हम सब आपके पुत्र हैं और निःसन्देह आप हमारे पिता हैं।'

इस पर मैंने कहा, हे पुत्रगण! यह जो प्रियव्रत-तनय शाकद्वीपमें राज्य कर रहे हैं, तुम लोग उनका आदेश पालन करो। मैंने अपने शरीरसे उत्पन्न ब्राह्मणोंको इतना कह कर राजाकी तरफ दृष्टिपात किया और कहा, राजन्! ये सर्वोत्तम ब्राह्मणगण तुम्हारे लिए अर्चनीय हैं और ये ही मेरी मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा करेंगे। तुमने जो मेरा प्रतिविम्ब और मन्दिर बनवाया है, उसे इन ब्राह्मणोंके हाथ सौंप दो। ये ही मेरी प्रतिष्ठा और पूजादि किया करेंगे। तुम धन-धान्य-गृहक्षेत्रादि जो कुछ भी चीज इन भोजक-ब्राह्मणोंको दो उन्हें फिर वापस न लेना। ये भोजकब्राह्मण ही मेरी पूजा करनेके एकमात्र अधिकारी हैं। इसलिये तुम मेरे लिए ग्राम-नगरादि जो कुछ दान करोगे, उन सबोंमें इन भोजकब्राह्मण के सिवा अन्य किसीका भी अधिकार न रहेगा। हे पतग! राजाने मेरे कथनानुसार सब काम किये थे।

'सूर्यने कहा, भोजकगण सर्वदा सदाचारमें निरत रह कर काय-मन-वाक्यसे मेरी ही आज्ञा पालन करेंगे। वे प्रथमतः वेदाध्ययन, फिर दार परिग्रह करेंगे। प्रातदिन त्रिसन्ध्या स्नान करके दिवारात्रमें पांच वार मेरी पूजा करेंगे। मेरे सिवा उनके और कोई उपास्य-देवता न होगा। भोजकगण देवता, ब्राह्मण और वदवाक्यकी निन्दा, अन्नादिनिवेदन करके एकाकी भोजन, शूद्रगृहमें गमन करके शूद्रान्न ग्रहण वा उनके उच्छिष्टका स्पर्शन इत्यादि निषिद्ध कार्योंका सावधानीसे परित्याग करेंगे। मेरे लिए चढ़ाया गया नैवेद्य ही उनकी परम वृत्ति निरूपित हुई है। अभोज्य भोजन नहीं करेंगे और प्रातदिन मुझे ही भोजन करायेंगे, इन दो कारणोंसे ये 'भोजक' और मगध्यानमें निरत होनेसे 'मगध' नामसे प्रसिद्ध होंगे। ये यत्न-पूर्वक पवित्र अव्यङ्ग धारण करेंगे। जो व्यक्ति अव्यङ्गहीन हो कर मेरी पूजा करेगा, उस पर मैं कभी भी प्रसन्न न होऊंगा और उसका वंश लोप हो जायगा।'

भविष्यपुराणमें अन्यत्र (१३९ अ०) मग-ब्राह्मणकी उत्पत्ति इस प्रकार लिखी है,—

'गौरमुखने कहा था, देवी निक्षभा सूर्यके शापसे मानसीका शरीर पाया था। मिहिरगोत्रमें ऋजिश्वा नामक एक श्रेष्ठ ऋषि थे। निक्षभाने उन्हींके यहां

कन्यारूपमें जन्मग्रहण किया। यह कन्या जगत्‌में हावनी नामसे प्रसिद्ध थी। निक्षुभाने पिताके आदेशानुसार विधिपूर्वक अग्निदेवके साथ विहार करती रहीं। एक दिन सूर्यदेव उन्हें देख कर कामातुर हो उठे। सूर्यदेव उनके रूप-लावण्य पर मोहित हो कर उन्हें पानेके लिए चिंता करने लगे। पश्चात् उन्होंने अग्निका रूप धारण करके निक्षुभाको बनमें ले जा कर उनके साथ विहार किया। अग्नि इस घटनासे बड़े ही क्रुद्ध हुए। उन्होंने निक्षुभाका हाथ पकड़ कर कहा, 'निक्षुभे! तुमने देव-विधिके विरुद्ध चल कर मुझे लङ्घन किया है, इस कारण मेरे औरससे तुम्हारे अब पुत्र नहीं होगा। इस गर्भसे उत्पन्न पुत्र 'मग' नामसे और मग-वंशकी कीर्त्तिके कारण 'जरशास्त्र' नामसे प्रसिद्ध होगा। मग-गण अग्निजातीय, द्विजातिगण सोमजातीय और भोजकगण आदित्यजातीय हैं। ये सभी श्रेष्ठ हैं। अग्निरूपी भगवान् सूर्यदेव इतना कह कर अन्तर्धान हो गये।

'अनन्तर महर्षि ऋजिश्वाने ध्यान योगसे अपनी कन्या निक्षुभाके गर्भसे प्रजा-सृष्टिके विषयको जान लिया और क्रोधमें आ कर उन्होंने अभिशाप दिया कि उस गर्भसे उत्पन्न सन्तान अपूज्य और पतित समझी जायगी। कन्याने पिताके शापको सुन कर उनसे बहुत अनुनय-विनय किया, परन्तु ऋजिश्वा किसी प्रकार भी प्रसन्न न हुए। तब मुनि-कन्याने निरुपाय हो कर सूर्यदेवसे ही अपने पुत्रकी शाप-मुक्तिके लिए प्रार्थना की। सूर्य हावनीके कातरवाक्यसे करुणार्द्र हुए। उन्होंने उसी समय अग्निका रूप धारण करके ऋषि-कन्याके सामने आ कर कहा, 'अयि साधुशीले! यह देखो, अपने पिता ऋजिश्वाको, ये अपने तपके प्रभावसे परमैश्वर्यके अधिश्वर हुए हैं। ये सर्व विषयोंसे वीतराग हो कर प्रतिनियत धर्माचरणमें प्रवृत्त हुए हैं। इसलिए मुझमें इतनी शक्ति नहीं, कि मैं इन जैसे अमोघवाक्य तेजस्वी पुरुषके वाक्यको अन्यथा कर सकूं। परन्तु हां, मैं अब कार्यानुरोधसे तुम्हें और एक योग्य पुत्र प्रदान करता हूं। मेरी कृपासे तुम्हारा यह पुत्र वेदविद्यामें पारदर्शी होगा और इसकी वंश-परम्परा जगत्‌में विलक्षण प्रतिष्ठा प्राप्त करेगी। इनके वंशधर वशिष्ठादि ब्रह्मवादी महात्माओंको मेरा ही अंश समझना। वे निरन्तर मुझमें ही अनुरक्त हो कर मेरा ही नाम गाया करेंगे। प्रतिदिन तपस्यामें निरत हो कर मेरा ही ध्यान और पूजा करेंगे। इस प्रकार मेरे प्रति उनको ऐकान्तिक भक्ति होनेसे मैं उन श्मश्रु और अव्यङ्गधारी वीरकालयाजी ब्राह्मणों पर प्रसन्न हो कर अन्तमें उन्हें अपने अङ्गमें आश्रय दूंगा। जो दाहिने हाथमें पूर्णक और बांये हाथमें वर्शमा धारण करके, पतिदान द्वारा वदन मण्डल ढक कर, शुद्धभावसे मद्गतचित्तसे वाग्यत हो कर भोजन करेंगे तथा जो व्याकुल चित्तसे विधि उलङ्घन करके भी मेरी पूजामें निरत रहेंगे, वे स्वर्गसे विच्युत वा क्लान्त होने पर भी मेरे प्रसादसे सूर्यके पास ही विहार कर सकेंगे। तुम निश्चय समझना, मैंने जैसा कहा है, तुम्हारे पुत्र वैसे ही होंगे। वे भूतलमें मग-वंशमें उत्पन्न हो कर सम्पूर्ण वेद विद्याका अध्ययन करके महापुरुष नामसे प्रसिद्ध होंगे।' भास्कर निक्षुभा देवीको इस प्रकार आश्वासन दे कर उसी समय अन्तर्धान हो गये और देवी भी अत्यन्त पुलकित हुईं। इस प्रकार भोजकोंकी बादमें उत्पत्ति हुई है। ये आदित्य और नैक्षुभ नामसे प्रसिद्ध हो कर लोकमें पूजित हुए हैं।

भविष्यपुराणमें एक जगह १४० वें अध्यायमें ऐसा भी लिखा है,—नारदने कहा, कृष्ण-नन्दन! मैं तुमको मग-ब्राह्मणोंका चरित सुनाता हूं, सो सुनो। ये मग-ब्राह्मण वेद-विद्यामें पारदर्शी हैं और इनमें अधिकांश क्रियाकाण्डमें रत हैं। ये विपरीत-क्रमसे वेदाध्यन करते थे, इसलिए मग और मगु दोनों नामसे प्रसिद्ध हुए हैं। भगवान् ब्रह्मा, तपोधन ऋषि और पवित्र-मूर्त्ति सूर्य ये सभी कूर्च धारण करते हैं इसलिए मगगण भी अपने पास दीर्घ कूर्च रखा करते हैं। नियम-स्थित ऋषिगण मौनावस्थामें रहते हैं, इस कारण ये भी मौनी हो कर भोजनादि करते हैं। इस प्रकार शाकद्वीपीय प्रायः सभी ब्राह्मण मुनिवृत्तिका पालन करते हैं। इसलिए सिद्धिके अभिलाषी समस्त मगुओंको चाहिए, कि वे मौन-पूर्वक भोजन करें। मगुगण वचको ही सूर्य और वचकोही कारणरूपमें जान कर प्रतिदिन उन्हींकी अर्चना करते हैं। इनके वचार्चा नामसे प्रसिद्ध होनेका

यही कारण है। ये भोज-कन्याके गर्भसे उत्पन्न हुए थे, इस कारण ये भोजक कहलाये। ब्राह्मणोंके जैसे ऋक्, साम, यजु और अथर्व नामसे चार वेद हैं, वैसे इनके भी विद्, विश्वरद, विदाद और आङ्गिरस नामसे चार वेद प्रसिद्ध हैं। इन चारों वेदोंको पूर्वकालमें स्वयं प्रजापतिने मगोंके लिए व्यक्त किया था। मगगण वेदाध्ययन करते हैं, इसलिए उन्हें वेदज्ञ कहा जाता है। सर्व प्राणियोंके लिए प्रीतिकर गेय नामका एक महानाग है। यह महानाग सूर्य-किरणके साथ अपने निर्मोकको छोड़ता है जो अमाहक नामसे प्रसिद्ध है। मग लोग प्रतिदिन अस्त्र-मन्त्र उच्चारणपूर्वक इस अमाहककी वन्दना करते हैं। जैसे पूजाके समय द्विजगण पुष्पमाल्य दान करते हैं, वैसे ही मगगण पूजाके समय अमाहक दान करते हैं। जिस प्रकार ब्राह्मणोंमें संस्कारादि समस्त कार्योंमें दर्भकी आवश्यकता होती है, उसी प्रकार इनमें भी आवश्यकीय यागयज्ञादिमें पवित्र वर्श्माकी जरूरत पड़ती है। शाकद्वीपके मग वहुधा वर्श्मा द्वारा ही पूजा करते हैं। जो सूर्यकी पूजामें निरत हो कर शौचाचार पूर्वक सर्वदा सूर्यमन्त्रका जप करते हैं, उन पर सूर्यदेव अत्यन्त प्रसन्न रहते हैं। मगगण प्रतिदिन जिस वेदमन्त्रका पाठ करते हैं, वही उनके यहां सावित्री मन्त्र माना गया है। परन्तु हे यदुश्रेष्ठ! हमारे यहां सावित्री-मन्त्र वैसा नहीं है। हम लोग व्याहृतिपूर्वक सावित्री उच्चारण करते हैं। शाकद्वीपीय ब्राह्मण मौनावलम्बी हो कर अमाहक द्वारा ही स्वर्गगति प्राप्त करते हैं। ये कदापि मृत वा रजस्वला स्त्रीका स्पर्श नहीं करते। जैसे ब्राह्मणगण यागयज्ञादिमें मन्त्र द्वारा संस्कृत सुराको पान करनेसे दूषित नहीं होते, वैसे ही मद्य इनके लिये पानीय हुआ करता है। इस मद्यको विधिपूर्वक मन्त्रसंस्कृत करके पान करनेके कारण ये प्रकृत मद्यपानके दोषी नहीं होते। शाकद्वीपीयगण इसे हविः समझते हैं। जैसे ब्राह्मणोंका अग्निहोत्र प्रसिद्ध है, वैसे ही इनके लिए 'अचषु' नामसे अध्वरहोत्र विहित है। ये सिद्धिकी कामनासे प्रतिदिन त्रिसन्ध्या दिवाकरको पञ्चप्रकार धूप दान करते हैं, इत्यादि।

फिर १३९वें अध्यायमें लिखा है, कि शाकद्वीपीय ब्राह्मण सूर्यके तेजसे विश्वकर्मा द्वारा सृष्ट हुए हैं।

इस प्रकार शाकद्वीपी ब्राह्मणोंके विषयमें हम एक ही भविष्यपुराणमें कई प्रकारके प्रमाण पाते हैं। १म तो यह कि सूर्यके स्व-शरीरसे निःसृत और शाकद्वीपाधिपति द्वारा प्रतिष्ठित सूर्यपूजामें नियुक्त आठ व्यक्ति, २य विश्वकर्मा द्वारा सूर्यशरीरसे निर्मित एक श्रेणी, ३य अग्निजातीय, ४र्थ सोमजातीय और ५म भोजक वा आदित्यजातीय। इन पांचों प्रकारके ब्राह्मणोंमें सूर्यशरीरसे उत्पन्न आठ ब्राह्मण ही सर्वश्रेष्ठ हैं और वे ही सम्भवतः अन्यत्र विश्वकर्मा द्वारा निर्मित कहे गये हैं, क्योंकि विश्वकर्माने ही सूर्यकी देह छील कर नाना खण्डोंमें विभक्त कर दी थी। सम्भव है, इसी कारणसे ब्राह्मणगण सूर्यांशसम्भव कहे गये हैं। ये ही शाकद्वीपके आदिब्राह्मण समझे जाते हैं। इसी ब्राह्मणवंशमें सम्भवतः ऋजिश्वा ऋषिकी उत्पत्ति हुई थी। ग्रीक ऐतिहासिक दिओदोरसके विवरण पढ़नेसे मालूम होता है, कि पूर्वकालमें शाकद्वीपमें 'अरि-अस्प' नामकी एक श्रेणी वास करती थी। हम इस श्रेणीको 'आर्याश्व' समझते थे। संस्कृत 'ऋजु' धातु और ग्रीक 'अरि' एकार्थबोधक है। ऐसी दशामें ऋजिश्वाके वंशधर ही सम्भवतः ग्रीक ग्रंथकारों द्वारा 'अरिअस्पा' कहलाये।

हमने प्रैयव्रतराज द्वारा सूर्यप्रतिष्ठाका प्रसङ्ग जो पहले उद्धृत किया है, उसके पढ़नेसे मालूम होता है, कि अति प्राचीनकालमें शाकद्वीपमें क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र, ये तीन ही वर्ण थे, ब्राह्मण नहीं थे। शाकद्वीपके राजाके आवाहनसे सम्भवतः अन्य देशसे प्रथमतः आठ ब्राह्मण आये और वे सूर्यकी सेवामें नियुक्त किये गये तथा उन्होंने ही अपनेको शाकद्वीप-वासियोंकी विशेष भक्तिश्रद्धाके कारण 'सौर' वा सूर्यपुत्र कह कर अपना परिचय दिया। प्राचीन ग्रीक भौगोलिक और ऐतिहासिकोंने भी लिखा है, कि शाकद्वीपवासी वीरोंने नाना देश अधिकार कर पूर्वकालमें सौरमतियों (Sauromatian)-को अरक्षेसके तीर पर प्रतिष्ठित किया था। पूर्वोक्त सौर वा सूर्यपुत्र ही सम्भवतः 'सौरमतीय' नामसे प्रसिद्ध हुए थे।

कालान्तरमें इन्हीं सौरमतियोंका प्रभाव रूससे इजिप्त तक विस्तृत हुआ था। अवस्था और विश्वासके

अनुसार उनमें भी कई एक सम्प्रदायोंकी सृष्टि हुई थी। सम्प्रदायिकताके प्रभावसे भविष्यमें उनमें भी परस्पर संघर्ष हुआ था। सम्भवतः उसीके फलसे अग्निकुल, सोमकुल और सूर्यकुल ये त्रिकुल कल्पित हुए हैं।

भविष्यपुराणसे और भी ज्ञात होता है, कि अग्निकुल, सूर्यकुल और सोमकुल इन तीन कुलोंके होनेसे पहले ऋषि ऋजिश्वा 'मिहिर' गोत्रके थे। ब्राह्मणोंमें उनके आदिपुरुषसे ही 'गोत्र' प्रवर्त्तित हुआ करता है। इसलिये ऋजिश्वा ऋषि मिहिर वा सूर्यवंशीय ही थे, ऐसा मालूम होता है।

पाश्चात्य शब्दशास्त्रविदोंका कहना है, कि वैदिक 'मित्र' और आवस्तिक 'मिथ्'से ही 'मिहिर' शब्दकी उत्पत्ति हुई है।¶ बड़े आश्चर्यकी बात है, कि महाभारतादि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थोंमें 'मिहिर' शब्द सूर्यके नामान्तररूपमें व्यवहृत होने पर भी किसी भी वेदमें 'मिहिर' शब्दका उल्लेख नहीं है।

भोजकोंका वेद और विभिन्न कुलोंकी उत्पत्ति।

वेद सर्वादिम ग्रन्थ है। किसी भी जातिका आदितत्त्व जाननेके लिए पहले उस जातिके वेद वा आदि ग्रन्थका आश्रय लेना होता है। भविष्य पुराणोक्त श्लोकोंके आधार पर मालूम हुआ है, कि शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके भी चार वेद थे, उनका नाम था विद, विश्वरद, विदाद्व और आङ्गिरस। परन्तु इन चारों वेदोंमेंसे भारतमें केवल आङ्गिरस वा अथर्ववेदका ही सन्धान मिलता है, अन्य वेदोंका चिह्न तक नहीं मिलता। बहुत-से प्रमाण इस बातके मिले हैं, कि शाकद्वीपके ब्राह्मण ही पूर्वतन पारस्य-सम्राटोंका पौरोहित्य करते थे; इस कारण पारस्यदेशमें शाकद्वीपीय वेदोंका होना सम्भव और अनुसन्धेय है।

पारस्यके मग-पुरोहितोंके प्राचीनतम अवस्ता शास्त्रकी आलोचना करके हम उक्त वेदचतुष्टयोंका कुछ कुछ अनुसन्धान पाते हैं। अवस्ता ग्रन्थोंके प्रसिद्ध समालोचक हाग साहब बहुत गवेषणाके बाद इस निर्णय पर पहुंचे हैं—

“अवस्ता शब्दका मूल आविस्ताक है। वि = पह्लवी भाषामें आप। आवस्तिक 'विस्त्' = विद् धातुसे उत्पन्न। वेद कहनेसे जिसका बोध होता है, अविस्त (अवस्ता) कहनेसे भी उसीका बोध होता है।*

हिन्दू-शास्त्रानुसार सर्वादि कालमें एकमात्र वेद ही था, वही तीन मतान्तरमें चार भागोंमें विभक्त हुआ है। अधिकतः यही सम्भव है, कि शाकद्वीपीय सौर और अग्निपूजकोंका ऐसा ही कोई वेद था, भाषाविपर्ययसे वही 'अविस्त' नामसे प्रसिद्ध हुआ। भारतीय वेदकी अनेक शाखायें लुप्त होने पर भी अब भी चार वेद पाये जाते हैं, किन्तु मगोंका वह सुप्राचीन वेद वा 'अविस्त' ग्रन्थका अधिकांश ही लुप्त हो गया है।† अब षोड़ाशांशका एकांश भी है या नहीं, इसमें सन्देह है। जो है, उसमें हम शाकद्वीपीय चतुर्वेदका इस प्रकार आभास पाते हैं—

१ विद—यही सम्भवतः अविस्त शास्त्रका आदि नाम है। किसीका मत है, कि यह आवस्तिक यश्न है।

२ विश्वरद—अभी विस्परद (Visparad) नामसे प्रसिद्ध है।

३ विदाद्व—मूल नाम 'वकूदेव-दाद्' है और अब 'वंदीदाद' नामसे प्रसिद्ध है।

४ आङ्गिरस—भारतमें अथर्वाङ्गिरस वा अथर्ववेदके नामसे ही विख्यात है। परन्तु यह नाम अब पारसिक मगोंके प्राचीनतम ग्रन्थमें नहीं मिलता। अवस्ताके यश्न-ग्रन्थमें (४३।१५) 'अंग्र' वा अङ्गिराके प्रति भक्ति-प्रदर्शन और उनकी स्तुतिका प्रसङ्ग है। 'आथर्वण' शब्द भी अवस्तामें 'आथ्व' रूपमें कहा गया है। आवस्तिक आथ्व शब्दका अर्थ है अग्नि-पुरोहित। ऋग्वेदके मतसे अथर्वाने ही सर्वप्रथम अग्नि उत्पन्न की थी। मुण्डक उपनिषद्के मतसे उन्होंने पहले ब्रह्मविद्या प्राप्त कर पीछे अङ्गिराको सिखाई थी। अथर्वा और अङ्गिराने उक्त वेद प्रकाश किया था, इसलिए उसका नाम अथर्वाङ्गिरस वा ब्रह्मवेद है। यह वेद आर्यजातिका एक प्राचीन ग्रन्थ होने पर भी शतपथ ब्राह्मण (४।६।७।१), छान्दोग्योपनिषद् (४।१।७१) और मनुसंहिता

---

* Hang's Parsis, p, 202. 273

* Haug's Essays on the *Parsis*, p, 121,

† अथर्ववेदमें विद शब्दका उल्लेख है—“सर्वेभ्योऽङ्गिरोभ्यो विदगणेभ्यः स्वाहा।” (अथर्ववेद २।२२।१८)

(१।२३)-में केवल ऋक्, यजुः और साम इन तीन ही वेदोंका प्राधान्य स्वीकार किया गया है; अथर्ववेद नहीं लिया गया। इसलिए बहुतोंकी धारणा है, कि अथर्ववेद म्लेच्छोंका वेद है, अतः पूर्व कालमें ब्राह्मणगण इसका आदर नहीं करते थे। वास्तवमें अथर्ववेदको म्लेच्छोंका नहीं कहा जा सकता। पाणिनि और महाभारतादि ग्रन्थोंमें अथर्ववेदका आर्यवेदत्व स्थिर हुआ है; परन्तु शान्तिक, पौष्टिक और अभिचारादि कर्म इसमें विशेषतासे प्रतिपादित हुए हैं, इसलिए यह वेद यज्ञमें अनुपयुक्त माना गया है। इसके सिवा इसमें व्रात्यकी प्रशंसा देखी जाती है। ब्राह्मणादि वर्णत्रय यथा-समय उपनीत न होने पर व्रात्य समझे जाते हैं। मन्वादि संहितामें व्रात्य निन्दित कहे गये हैं, किन्तु अथर्ववेदका १५वां काण्ड विद्वान् व्रात्योंकी प्रशंसासे भर पड़ा है। इत्यादि कारणोंसे अथर्ववेदको कुछ विशेषता रक्षित हुई है। इधर आवस्तिक यष्त समूह और वन्दीदादके बहुत अंशोंके साथ अथर्ववेदका यथेष्ट सौसादृश्य पाया जाता है। भविष्यपुराणमें भी अथर्वाङ्गिरसको सौरवेद कहा गया है।

ऊपर भविष्यपुराणकी उक्ति उद्धृत करके दिखाया गया है, कि शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण विपर्ययक्रमसे वेदोच्चारण करते थे। इस क्रमविपर्ययसे ही सम्भवतः शाकद्वीपीय वेद इस देशके वेदोंसे भिन्न समझा गया था। हम यास्कके निरुक्तमें पाते हैं कि, पूर्व कालमें कम्बोजमें (वर्त्तमान फारसके निकटवर्ती) वैदिक संस्कृत भाषा प्रचलित थी। बहुत सम्भव है, कि फारसके उत्तरांशमें अक्सास नदीके किनारे (शाकद्वीपमें) आर्योंमें बहुत पूर्वकालमें किसी समय सुप्राचीन वैदिक भाषा ही प्रचलित थी और उसी भाषा में शाकद्वीपीय वेद प्रचारित हुए थे।

शाकद्वीपीय अग्नि-पूजकोंके हजारों शास्त्र विलुप्त हुए हैं, माना, पर अब तो आदिम आवस्तिक भाषामें उसका जो अति सामान्य निदर्शन मिलता है, उसीसे शाकद्वीपीय वेदका कुछ कुछ आभास पाया गया है। परन्तु उन आदि ग्रन्थोंने अपना प्राचीनत्व बहुत-कुछ खो दिया है। अब जो अवस्ताशास्त्र मिलता है, वह मजदधर्म वा जरथुस्त्र-मतका परिपोषकग्रन्थ है। भविष्यपुराणमें उक्त रूपकाख्यान है। पाश्चात्य पुरातत्त्वविदोंकी तरह आलोचना करनेसे निःसन्देह कहा जा सकता है कि, मजद्-धर्मके अभ्युदयसे बहुत पहले मित्र वा सौरधर्म प्रचलित था। उस सौरधर्मसे ही मजद् धर्मकी उत्पत्ति है। मजद्धर्मके माहात्म्य प्रचारार्थ जो मन्त्र वा स्तव रचे गये थे, उनमें यश्नकी गाथा ही सबसे प्राचीन है। इस गाथामें उस प्राचीनतम मित्रधर्मका आभास पाया जाता है[*]। परन्तु गाथाकार मित्रके स्थान पर मजद्व्रा (वरुण)-को बिठानेमें अग्रसर थे। हमने जगतके आदिग्रन्थ ऋक्-संहितामें मित्रावरुण अर्थात् सूर्य और वरुण देवताकी उपासना देखी है। शाकद्वीपीयगण केवल मित्रकी उपासनामें अनुरक्त हुए थे और अन्यान्य देवताओंको मित्रके अधीन वा उनसे उत्पन्न समझते थे। परन्तु जरथुस्त्र मित्रके स्थानमें उन्होंने अहुरमज्द (असुरमेधा) वा वरुणको बिठाया था। उनके मतसे असुरमेधा ही सर्वशक्तिमान और सर्वदेवासुरेश्वर है। उन्हींसे मङ्गलमय जगत्की सृष्टि हुई है। वे सत्स्वरूप हैं और जो कुछ भी असत् है, वह सब अंग्रमैन्युकी सृष्टि है। इस द्वैतवादके लिए उन्होंने जो मत प्रचार किया है, उसे पाश्चात्य विद्वानोंने एकेश्वरवाद माना है।

जरथुस्त्रने अपने मत प्रचारके लिए अपने पूर्व पुरुषोंके ग्राह्य वेदको ग्रहण किया था; परन्तु उसमें अपने मतका प्रचार कर पूर्वमतको दवा दिया है। यदि अविस्ताका अधिकांश विलुप्त न होता, तो प्राचीन शाकद्वीपीय सौरधर्मका कुछ परिचय मिल जाता। अलेकसन्दर द्वारा पारसिकोंके समस्त प्राचीन शास्त्र भस्ममें

---

[*] अवस्ता शास्त्रके गाथा-अंशके अनुवादक मि० मिल साहबने लिखा है—' as the mithra-worship undoubtedly existed previously to the Gathik period and fall into neglect at the Gathic period, it might be said that the greatly later inscriptions represent [illegible] rship as it existed among the ancestors ot Zarathustrians in a pre-Gathic ageeven Vedicage," *Max Muller's Sacrod Books* of t l e East, Vol, *XX*x1, p: XXX,

परिणत हो जानेसे, पारसिक पुरोहितोंका श्रुतिकी सहायतासे उसका बहुत थोड़ा हो उद्धार हुआ है। जिन्होंने अवस्ताशास्त्रके कुछ अंशका उद्धार किया है, वे सभी मजद् वा जरथुस्त्रमतावलम्बी हैं। ऐसी दशामें उन्होंने अपने अभिप्रेत जरथुस्त्रीय मत और उसके परिपोषक प्राचीन मन्त्रोंके संग्रह करनेकी कोशिश की होगी, इसमें सन्देह ही क्या? अतएव यह निश्चय है, कि अवस्तामें शाकद्वीपीय वैद्यके नामके सिवा तथा गाथासे सौरोंके थोड़े बहुत आचारव्यवहारके सिवा और कुछ नहीं मिल सकता।

अब देखना चाहिए, कि शाकद्वीपियोंके ध्वंसावशिष्ट वेद अर्थात् अवस्ता और इस देशके वेदपुराणादिसे आदि आर्यसमाजका कैसा परिचय मिलता है।

भारतीय वेद और अवस्ताकी गाथाकी* आलोचना करनेसे यह बात हृदयङ्गम होती है; कि अति प्राचीनकालमें वैदिक ऋषि वा आर्यगण अति शीतप्रधान देशमें वास करते थे। कवि वा सोम-पुरोहितगण उनके अग्रणी थे, वृत्रहा (इन्द्र), मित्र (सूर्य), वरुण, अग्नि आदि उनके उपास्य थे। उस सुप्राचीन कविवंशमें असुर-गुरु काव्य उशनाका (शुक्राचार्यका) आविर्भाव हुआ था। उस आदिवासस्थानका नाम ऋग्वेदमें 'प्रत्नौकस्' अवस्तामें 'ऐर्जनवाएजा' अर्थात् आर्यावास और भविष्यपुराणमें 'आर्यदेश' कहा गया है। बहुत खोजके बाद निश्चय किया गया है कि, वेदोक्त 'सरपस्' वा आर्यभूमि प्राचीन ईरानके अन्तर्गत वर्त्तमान सरीकुल नामक ह्रदके किनारेकी पुण्यभूमि थी। मध्य-एशियाके सर्वोच्च भूभागमें पामीर (वैदिक, आवस्तिक और पौराणिक ग्रन्थोक्त)-में यह स्थान अवस्थित है। अवस्तामें 'हरोवेरेजइति' अर्थात् सरस्वती नामसे भी उक्त स्थानका उल्लेख है। सरसप् वा सरीकुल ह्रद ही पुराणोंमें विन्दूसर नामसे वर्णित हुआ है और इस विन्दुसरसे ही सरस्वती, गङ्गा, इक्षु, वक्षु आदिकी उत्पत्ति है। सरस्वती, गङ्गा आदिके उत्पत्ति-स्थान विन्दुसरके निकटवर्त्ती चिरतुषारावृतमें आर्योंका आदिवास था। देव और असुर-पूजकगण पहले वहां विना किसी प्रकार विवादके वास करते थे। तब भी देवासुरके आसन भिन्न भिन्न निर्दिष्ट नहीं हुए थे। यहां तक, कि ऋग्वेदमें भी असुर उपाधिसे भूषित इन्द्र (ऋक् १।५।४।३), वरुण (ऋक् १।२।४।१४), अग्नि (ऋक् ४।२।५, ७।२।६), सविता (ऋक् १।३५।७), रुद्र वा शिव (५।४२।११) आदि देवोंके स्तोत्र पाये जाते हैं। तब भी वैदिक आर्योंके हृदयमें 'असुर' हेय नहीं समझे जाते थे, देव और असुर पूजक लोग ही एक समझे जाते थे।

अनेक पुराणोंमें यह बात लिखी है कि—उक्त विन्दुसरसे ही इक्षु वा वंक्षुनदी निकल कर उत्तरसागरमें जा मिली हैं। महाभारतमें यह नदी शाकद्वीपमें प्रवाहित चक्षुःवर्द्धिनिका नामसे प्रसिद्ध हैं और अभी Oxus नामसे सर्वत्र परिचित है। अधिकतः यही सम्भव है, कि उक्त चक्षुनदीमें हो कर वैदिक आर्योंकी एक शाखा शाकद्वीपमें गई थी और वहांके राजाओंके पौरोहित्यकार्यमें नियुक्त हो कर उन्होंने महासम्मान प्राप्त किया था। ये सूर्यभक्तगण 'श्रोष' वा देवदूत नामसे प्रसिद्ध हुए थे। अवस्ता और भविष्यपुराण (७६।१८)में श्रोषोंकी प्रशंसा है*। उस समय भी मग-पुरोहित जरथुस्त्र (भविष्यपुराणीय जरशस्त्र) नामक ऋषिदौहित्रका जन्म नहीं हुआ था।

इधर पवित्र आर्यावासमें अग्निपूजक मघवाके साथ इन्द्रपूजक आर्योंके संघर्षका सूत्रपात हो रहा था। ऋग्वेदसे मालूम होता है, कि इन्द्रने (इन्द्रपूजक आर्य) कवासख नामक मघवाको स्थानच्युत किया था। (ऋक् ५।३४।३) और अग्निपूजक मगोंके आदि यश्नग्रंथमें लिखा है, कि 'जरथुस्त्रने पूर्वकालमें मगोंको स्वर्गराज्यमें

---

* प्राचीन गाथा पर शाकद्वीपियोंका यथेष्ट अनुराग था, भविष्यपुराणमें उसका प्रमाण मिलता है—

"यस्मिन् गाथां प्रगायन्ति ये पुराणविदो जनाः।
सत्राजिते महावाहौ कृष्णधात्रीं समाश्रिते॥
यावत् सूर्य उदेति स्म यावच्च प्रतितिष्ठति।
सत्राजितन्तु तत् सर्वं क्षेत्रमित्यभिधीयते॥"

(भविष्यपु० ११६।९-१०)

* भविष्यपुराणमें कार्त्तिकेय 'श्रोष' वा 'स्रोष' नामसे पूजित हुए हैं। (भविष्यपु० १४२।२४)

प्रतिष्ठित किया था।' (यश्न ५१।१५) ये जरथुस्त्र अवस्ताशास्त्रके प्रचारक स्पितम जरथुस्त्र न थे, उनके पूर्वपुरुष थे। अवस्तामें लिखा है, कि 'जरथुस्त्रने अहुर मजदावसे* भेंट की थी और उन्होंने ही अग्निपूजाका प्रवर्त्तन किया था। सम्भवतः ये ही वेदोक्त मघवा और आवस्तिक मगव वा मगुओंके आचार्य्य वा नेता हुए थे। वैदिक आर्योंके साथ विरोध हो जानेके कारण वे जन्मस्थानको छोड़ कर चले गये थे और वैदिक ऋषि वा उनके वंशधरगण शीतप्रधान उत्तर भारतमें आ कर उपस्थित हुए थे। दोनों दल एक पिताकी सन्तान और एक स्थानमें उत्पन्न होने पर भी स्थान और मतभेदके साथ परस्परमें दारुण विद्वेषाग्नि जल उठी थी। इसीलिये हम परवर्त्तीकालमें वेदपुराणादिमें असुर प्रभावसे देवके पराजयके प्रसङ्गमें असुरनिन्दा और उससे परवर्त्ती अवस्ताशास्त्रमें यथेष्ट देवनिन्दा देखते हैं। यहां तक, कि पुराणादिके 'असुर' शब्दसे जैसा एक देवद्वेषी जघन्य भावका बोध होता है, वैसे ही अवस्तामें भी 'दएव' या 'देव' शब्दसे भूत वा उपदेवतारूप निकृष्टयोनित्वका भाव झलकता है।

देवोपासक और असुरोपासकके संग्रामको ही वेदके ब्राह्मण और पुराणादि ग्रंथोंमें देवासुरका युद्ध कहा गया है†। आर्य्य जाति असुरको जब देवेश्वर जान कर पूजा करती थी, उसी समय यजुर्वेदीय 'गायत्री आसुरी', 'उष्णिक् आसुरी', 'पंक्ति आसुरी' आदि छन्दोंकी सृष्टि हुई थी। इधर अवस्ताके यश्नमें भी वे छन्द पाये गए हैं‡। इससे भी बहुत-तेरे अनुमान करते हैं, कि देवासुर-पूजकोंके एकत्र रहते समय वेदका अधिकांश भाग प्रकाशित हुआ था और उस प्राचीन कालमें अवस्ताकी भी कोई कोई प्राचीन गाथा रची जा चुकी थी। कोई कोई आर्य्य ऋषि उस समय शाकद्वीपमें पहुंच चुके थे, इसलिए वे इस विद्वेषाग्निको साथ न ले जा सके थे। यही कारण है, कि शाकद्वीपियोंके विवरणमें देव-विद्वेष देखनेमें नहीं आता। वे जिस धर्म और मतको साथ ले गये थे, वह अवस्ताशास्त्रकी गाथाओंमें पाया जाता है। उन गाथाओंके रचयितागण ही सम्भवतः कवि वा श्रोष नामसे स्तुत हुए हैं। जरथुस्त्रने जिस मतका प्रचार किया था उसमें सूर्य्यदेवका प्राधान्य स्वीकृत नहीं हुआ; अवस्तामें मित्र (सूर्य्य) एक मध्यम देव माने गये हैं, परन्तु ऋग्वेदकी भांति अवस्ताकी आदि गाथामें मिथ् (मित्र)-का श्रेष्ठत्व लक्षित होता है, जो सौर कवियोंकी उक्ति है। मिहिरयष्‌तमें उस पूर्व श्रुतिका चिह्नमात्र रक्षित हुआ है।

भविष्यपुराणमें अग्निकुल, सोमकुल और सूर्य्यकुल इन तीन कुलोंकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें जो उपाख्यान वर्णित है, वह कुछ कुछ रूपक और साथ ही ऐतिहासिक मालूम पड़ता है। शाकद्वीपीय ऋषि मिहिरगोत्र ऋषिश्वाका अग्निपूजामें अनुराग मालूम देता है, इसीलिए हावनी वा आहवनीयाग्नि उनकी कन्यारूपमें वर्णित है। यहां तक कि उन्होंने सूर्य्यदेवकी उपभोग्य सामग्री अग्निदेवको अर्पण करनेमें भी इतस्ततः नहीं किया, जब कि उनके वंशीयोंने इसका अनुमोदन नहीं किया, बल्कि उनके प्रदर्शित मार्गमें सौरोंने जारजत्वका आरोप तक कर डाला है। सम्भवतः ऋषि ऋजिश्वाने जो अग्निपूजाका बीज बोया है, उसीके फलसे जरथुस्त्र वा जरशस्त्रकी उत्पत्ति हुई है। परन्तु शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंने मूल पर दोष न दे कर फल पर दोषारोपण किया। तात्पर्य्य यह कि, अग्निपूजा उनके पूर्वपुरुषोंसे ही प्रवर्त्तित होने पर भी वह उनका पुरुषार्थ नहीं है, पुरुषार्थ सिद्धिका उपाय सूर्य्यपूजा ही है।

हम ऋग्वेदमें देखते हैं, कि अग्निपूजक लोग 'मघवा' नामसे प्रसिद्ध थे। शाकद्वीपमें यह नाम 'मगव' 'मगु' और 'मग' इस प्रकार कई तरहसे प्रसिद्ध था, प्राचीन ग्रन्थ अवस्ता और भविष्यपुराणसे यह बात स्पष्ट प्रमाणित हो जाती है। जो आठ श्रेष्ठ व्यक्ति शाकद्वीपमें जा कर सूर्य्यपूजामें नियुक्त हुए थे, वे भी पहले अग्निपूजक

---

* अहुरमज्दाव संस्कृत भाषामें 'असुरमेधा' है। शाकद्वीपाधिपति भी पुराणोंमें 'मेधातिथि' नामसे वर्णित हुए हैं। इन मेधातिथिके साथ पूर्वोक्त मेधाका क्या कोई रूपक सम्बन्ध है? भविष्यपुराणमें (७५।१३) नारद भी 'मेधाःपुत्र'-के नामसे कहे गये हैं।

† ऐतरेय-ब्राह्मणमें (१।२३) यज्ञके प्रसंगमें देवासुरकी युद्धकथा विस्तृतरूपसे वर्णित है।

‡ Hang's Essays on Parsis p, 271

'मग' नामसे ही प्रसिद्ध थे। सौर वा सूर्यपूजाके अनुरागी होने पर भी उनका आदि नाम कोई भी न छोड़ सके थे। परन्तु जब जरथुस्त्रने अग्निपूजाके प्रचारके लिए सूर्यदेवका श्रेष्ठत्व अस्वीकार किया, तब उसी समय सौर मगोंके हृदयमें दारुण विद्वेषाग्नि जल उठी। ईरानके सभी अग्निपूजकगण शाकद्वीप-कुलोद्भव जरथुस्त्रके अनुयायी हो गये। परंतु तूरानके सौर ब्राह्मणगण अपने इष्टदेवकी अवमानना न सह सके। जरशस्त्रके द्वारा शाकद्वीपीय कीर्त्ति बहुत देशोंमें घोषित होने पर भी वे स्वयं शाकद्वीपके सौरगणोंके समक्ष पातित्य दोषसे दूषित समझे गये। एक वंश होने पर भी वे जरशस्त्रके वंशीय वा उनके अनुयायियों अग्निपुरोहितोंको 'अग्निजात्य' अर्थात् अग्निकुल कहते थे और अपनेको 'आदित्यजात्य'* या सूर्यवंशीय। सोमयाजी वैदिक आर्य्यगण, जिन्होंने भारतवर्षमें आधिपत्य विस्तार किया था और उनके वंशीय जिन्होंने ईरान और तूरानमें प्रधानतः सोमयागमें समय बिताया था, सौरोंके द्वारा सोमजात्य सोमकुलके कहे जाते थे। भविष्यपुराणमें उन तीनों कुलोंका उल्लेख पाते हैं।

अग्निके सर्वप्रधान आचार्य्य वा पुरोहित ही जरथुस्त्र नामसे प्रसिद्ध हुए थे। बहुतसे राजा और सम्पत्तिशाली व्यक्तियोंने उन महापुरोहितका शिष्यत्व ग्रहण किया था और तो क्या, किसो किसी जगह जरथुस्त्रके धर्मके साथ राजनैतिक शासन भी प्रवर्त्तित हुआ था। इस समय शाकद्वीपीय सौरगण क्रमशः हतमान और हीन बल हुए जा रहे थे। अन्तमें स्पितम जरथुस्त्रके अभ्युदयसे और पुरातन अग्निपूजाके साथ मज्द्‌धर्म वा एकेश्वरवादका प्रचार होनेसे ईरान और तूराणमें युगान्तर उपस्थित हुआ था। छोटेसे ले कर बड़े तक सब इस नवधर्मके अनुगामी हुए थे और थोड़े ही समयके अन्दर एकेश्वरवादमूलक अग्निपूजन ईरानसाम्राज्यका राजकीय धर्म घोषित हुआ। इस समय मित्रधर्म लुप्त प्राय हो गया था; जिन जिन स्थानोंमें जरथुस्त्रका प्रभाव था, उन उन स्थानोंसे सौर ब्राह्मणगण भगा दिये गए थे। सम्भवतः इसी समय कुछ भक्त सौर ब्राह्मणोंने भारतमें आ कर आश्रय लिया था और उन्हींकी कोशिशसे सौरधर्म भारतमें प्रचलित हुआ था।

लिदीयवासी प्रसिद्ध और प्राचीन ग्रीक-पण्डित जानथोसने ४७० खृष्ट-पूर्वमें लिखा है कि, जरथुस्त्र ट्रय-युद्धसे लगभग ६०० लर्ष पहले आविर्भूत हुए थे। आरिष्टटल् और यूडोक्ससने प्लेटोके ६००० बर्ष पहले जरथुस्त्रका समय निरूपण किया है। प्रसिद्ध ऐतिहासिक प्लिनिका मत है, कि ट्रय-युद्धके ५०० वर्ष पहले जरथुस्त्र आविर्भूत हुए थे। इधर बाबिलोनके प्रसिद्ध ऐतिहासिक बेरोसस् लिखते हैं कि, जरथुस्त्र किसी समय बाबिलोनके अधीश्वर हुए थे और उनके वंशने वहां २२०० खृष्ट-पूर्वसे २००० खृष्ट पूर्व तक राज्य किया था।

हम पहले लिख चुके हैं कि, जरथुस्त्र एक ही नहीं हुए हैं, बल्कि कई हुए हैं। सम्भवतः भिन्न भिन्न जरथुस्त्रोंके आविर्भूत होनेसे अग्निपूजक मगोंमें भिन्न भिन्न काल अवधारित हुए थे। इसीलिए शायद एकका समय स्थिर करनेमें भिन्न भिन्न यवन पण्डितोंने भिन्न भिन्न मत प्रकट किये हैं। उनमें प्रसिद्ध ऐतिहासिक बेरीसस्का मत ठीक समझा गया। उनके मतानुसार प्रसिद्ध मगाधिपति जरथुस्त्र अबसे करीब ४१३२ वर्ष पहलेके आदमी मालूम होते हैं। आदि जरथुस्त्र वा जरशस्त्र उनसे भी पहलेके हैं।

स्पितम जरथुस्त्रके समयमें मगोंमें जो सदाचार, रीतिनीति, विश्वास और धर्ममत प्रचलित थे, वे सब एकबारगी त्याग न सके थे। उस प्राचीन भित्ति पर उन्होंने अपना नव विधान स्थापित किया था, इसीलिए हम शाकद्वीपीय मगोंके आचार-व्यवहार और पूजापद्धतिकी बहुतसी बातें जरथुस्त्र द्वारा प्रचारित अवस्तामें भी पाते हैं। उन्होंने जिस भाषामें अवस्ता शास्त्रका प्रचार किया था, उसका अब निदर्शन भी नहीं मिलता। उस भाषाके साथ हमारी वैदिक भाषाका सादृश्य था। इस कारण पाश्चात्य पण्डितोंमेंसे बहुतोंका कहना है, कि अवस्ताकी आदि-भाषा वेदकी सहायताके बिना नहीं समझी जा सकती। और अवस्ता कहनेसे जिन्दभाषाके जिस भाष्यका बोध होता है, वह भी बिना संस्कृत जाने सहजमें नहीं समझमें

---

* ये ही भोजक नामसे प्रसिद्ध थे।

आता[*]। इस मामूली तौर पर निश्चय किया जा सकता है कि, मध्य एशिया वा पञ्चनदवासी प्राचीनतम आर्यऋषियोंने जिस भाषामें 'वेद' प्रकाश किया था, उसी भाषामें शाकद्वीपीय भी श्रुतिवद्ध हुए थे और उसीके सारसंग्रहका छिन्ननिदर्शन अवस्ताके प्राचीन अंशमें पाया जाता है।

अवस्ताशास्त्र आलोचना करके निश्चय किया गया है, कि अवस्ताकी भाषा किसी समय भी फारस या ईरानकी भाषा नहीं समझी गई थी और न इसका ही कुछ संधान मिलता है, कि वह किसी दिन फारसमें प्रचलित थी या नहीं। फारसमें जव अवस्ता शास्त्र प्रचलित हुआ तव साधारण लोग पह्लवी भाषामें अवस्ताका अनुवाद पढ़ते थे। इसीलिए अवस्ताके सभी आदिग्रन्थ पह्लवी अक्षरोंमें लिखे पाये जाते हैं।

अवस्ताका भाष्य ज़िन्द जिस भाषामें रचा गया है, उसका कुछ निदर्शन उत्तर मद्र (Media) और कास्पीयसागरके तीर पर मिलता है। इस पर यह कहा जा सकता है, कि भारतमें जैसे किसी समय संस्कृत कथित भाषारूपमें प्रचलित थी, उसी प्रकार शाकद्वीपमें भी किसीसमय 'ज़िन्द' भाषा बोली जाती थी। यहांकी तरह उनके भी वेद सुप्राचीन वैदिक भाषामें ही ग्रथित थे, क्रमविपर्याय और उच्चारणभेदसे कालांतरमें भारतीय वेदोंसे जो उसका पार्थक्य हो गया है, उसका कुछ निदर्शन हम अवस्तामें पाते हैं[*]।

किसी किसी पुराविद्का कहना है कि, मगाचार्य जरथुस्त्रने मिदीय वा उत्तर-मद्रमें जन्मग्रहण किया था और एकेश्वरवादका प्रवर्त्तन भी। इस उत्तरमद्रमें वहुत पूर्वकालसे ही आर्यसंस्रव संघटित हुए थे; ऋग्वेदके ऐतरेय ब्राह्मण (८।१४)में इसका प्रमाण मिलता है। इस ऐतरेयब्राह्मणसे ही मालूम होता है कि, वहां पर वैदिक यज्ञादि अनुष्ठित होते थे[†]।

उत्तर-मद्र शाकद्वीपके अन्तर्गत था, पारस्यके अन्तर्गत नहीं। उत्तरमद्रके शाकद्वीपीय ब्राह्मण-वंशमें ही जरथुस्त्रका जन्म हुआ था। वेदव्यासने जिस प्रकार नाना वेद-मन्त्रोंको संग्रह कर उन्हें भिन्न भिन्न नामोंसे प्रचारित किया था, शाकद्वीपमें जरथुस्त्रने भी उसी प्रकार पूर्वतन मन्त्रोंका एकत्र संग्रह कर आवश्यकतानुसार अपना सत् और असत्-रूप द्वैतवाद भी उसके साथ चला दिया था। जैसे यहां एक ही वेदकी नाना शाखाएं हो गई थीं, उसी प्रकार शाकद्वीपमें भी पूर्वमें श्रोष वा श्वसदों तथा जरथुस्त्रके प्रभावसे वहुत-सी शाखाएं फैल गई थीं, इसमें सन्देह नहीं। अवस्ता शास्त्रकी अलोचना करके अध्यापक डर्मे-ष्टे टने लिखा है,—

'That the Avesta contains two series of documents, the one from the Magi of Ragha, and the other from the *Magi* of Artopatene," Zend-Avesta, intro. p. XXII.) कुछ भी हो, पहले सर्वसाधारणका विश्वास था कि अवस्ता पारसिक मगोंका आदि शास्त्र है। अव वह सन्देह दूर हो गया[†]।

भारतमें शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका आगमन।

अव यह देखना है, कि किस कारण और किस समयमें शाकद्वीपीय ब्राह्मण भारतमें आये? इस विषयको ले कर भविष्यपुराणमें ऐसा उपाख्यान मिलता है,—

---

[*] The Zend *Avasta* translated by G. Darmesteter (in the Sacred Books of the East, vol. vi, p. xxvi,

[†] 'तस्मादेतस्मामुदीच्यां दिशि ये के च परेण हिमवन्तं जनपदाः उत्तरकुरव उत्तरमद्रा इति वैराज्याय तेऽभिषिच्यन्ते। विराडित्येतान् अभिषिक्तान् आचक्षते।" (ऐतरेयब्रा० ८।१४) हिमवान्के उस पार उत्तर दिशामें उत्तरकुरु और उत्तरमद्र नामके दो देश हैं, वहांके आदमी वैराज्यमें अभिषेक करते हैं। इस प्रकारसे जो अभिषिक्त होते हैं, उन्हें विराड् कहते हैं।

[†] "We are now able to understand how it was that the sacred books of Persia was written in a non-Persian dialect, it had been written in the language of its composers, the Magi, who were not *P*ersains. Between the priests and the people there was not only a difference of calling, but also a difference of race, as the sacerdotal caste came from a non-Persian province" (*S*acred *B*ooks of the East. Vol, iv, p, xvi.)

'द्वादश आदित्योंमें एकमत विष्णु हैं। इन विष्णुके औरससे जाम्बवतीके गर्भसे अनुपम रूपवान् साम्बने जन्म-ग्रहण किया। साम्ब युवावस्थामें इतने रूपगर्वित हो गये, कि फिर वे किसी की तरफ देखते भी न थे। एक दिन दुर्वासा ऋषि द्वारकामें घूमने आये। साम्बने उनकी रुक्ष, शुष्क और कृशमूर्त्तिका देख कर मुंह सिकोड़ा था, जिससे दुर्वासाने अत्यन्त क्रुद्ध हो कर 'तेरे कोढ़ होगा' ऐसा अभिसम्पात दिया और चले गये।

कुछ दिन बाद नारद द्वारकापुर पहुंचे। किसी बातचीतके प्रसङ्गमें उन्होंने श्रीकृष्णसे कहा कि, स्त्रियोंका विश्वास नहीं करना चाहिए और तो क्या, आपकी महिषियां भी रूपवान् पर-पुरुषको देख कर लोभमें पड़ जाती हैं। श्रीकृष्णने नारदकी बात पर विश्वास नहीं किया, इसलिए नारद फिर एक दिन आये। इस समय कृष्णकी महिषियां मद्यके नशेमें चूर हो कर रैवतशेखरमें जलक्रीड़ा कर रही थीं। उसी समय नारद साम्बको ले कर वहां पहुंचे। मद्यपानसे रमणियां आपेसे बाहर हो रही थीं। रुक्मिणी, सत्यभामा और जाम्बवतीके सिवा और सभी रमणियां चञ्चल हो उठीं, पद्मपत्रमें उनका रेतःस्खलित हो गया। नारदने श्रीकृष्णको दिखा दिया। तब द्वारकानाथने उन रमणियोंको सम्बोधन करके कहा, 'जब पुत्र स्थानीयका मुंह देख कर तुम लोभको वशमें नहीं रख सकती, तो इस पापसे तुम सब दस्युयोंके हाथ पड़ेगी और साम्बसे भी कहा, कि तुम्हारे जिस रूपको देख कर तुम्हारी माताओंका जो चित्तचाञ्चल्य हुआ है, तुम्हारा वह रूप कुष्ठरोगसे पीड़ित होगा।

साम्बको कुष्ठरोगसे पीड़ित होना पड़ा, ऋषि-वाक्य भी पूरा हो गया। साम्ब बड़े कष्टमें पड़े और आखिर उन्होंने नारदकी शरण ली। बड़े करुण-स्वरसे नारदसे बोले—'हे मेधाके पुत्र! मुझ पर प्रसन्न होवें, मेरे आरोग्य होनेका उपाय बतलाइये।' इन्द्र, धाता, पर्जन्य, पुषा, त्वष्टा, अर्यमा, भग, विवस्वान्, अंशु, विष्णु, वरुण और मित्र ये द्वादश आदित्य हैं।

नारदके उपदेशसे साम्ब इन बारह आदित्योंमेंसे मित्रकी तपस्यामें निरत हुए। उससे मित्रदेव प्रसन्न हुए। मित्रके अनुग्रहसे साम्बका रोग दूर हो गया। जहां साम्बने मित्रकी उपासना की थी, वह स्थान मित्रवनके नामसे प्रसिद्ध हुआ था। साम्बने वहां मित्रदेवकी साङ्गोपाङ्ग मूर्त्ति बनाई थी। जब मित्र नामक सूर्यमूर्त्ति बन चुकी, तब साम्ब बड़ी समस्यामें पड़े कि किससे तो इनकी प्रतिष्ठा करावें और किससे पौरोहित्य? नारदने कहा—"लोभी देवल ब्राह्मणोंसे सूर्यकी पूजा नहीं हो सकती। देवस्व ग्रहण करके पीछे कहीं पतित न हो जाय, इस डरसे सद्ब्राह्मण भी इसी कामके लिए तयार न होंगे। तुम अपने कुल पुरोहितसे उपयुक्त ब्राह्मण ठीक कर लो।' साम्बने कुल-पुरोहित गौरमुखके पास जा कर यह बात कही। गौरमुखने कहा, "सूर्य-पूजा और सूर्योद्देशसे दान किया हुआ द्रव्य जिन्हें लेनेका अधिकार हो, ऐसे ब्राह्मण यहां नहीं हैं। शाकद्वीपमें निक्षुभाके गर्भजात सूर्यपुत्रगण हैं, वे ही सूर्यपूजाके अधिकारी हैं परन्तु कैसे उन्हें ला सकते हो, यह मैं नहीं कह सकता। सूर्यदेव ही कह सकते हैं।' तब साम्बने सूर्यका आश्रय लिया। सूर्यदेवने साम्बको दर्शन दे कर कहा, "जम्बू द्वीपके बाद शाकद्वीप है, उस शाकद्वीपमें मेरे अंशसे उत्पन्न मग, मसग, मानस और मन्दग ये चार जातियां वास करती हैं। मेरे अंशको ले कर विश्वकर्माने उन्हें बनाया है। उनमें मग नामक ब्राह्मण ही हमारी पूजाके अधिकारी हैं; तुम उन मगोंको मेरी पूजाके लिए शीघ्र ही शाकद्वीपसे यहां ले लाओ। तुम मेरी बात मानो, कुछ भी इतस्ततः मत करो। शीघ्र ही गरुड़ पर चढ़ कर उन्हें लानेके लिए शाकद्वीपकी तरफ चल ही दो।' भगवान् दिवाकरके कहनेके साथ ही जाम्बवती-नन्दन साम्ब उनकी आज्ञा सिरोधार्य कर तुरत ही द्वारका पहुंचे। वहां अपने पिता श्रीकृष्णसे भास्करके दर्शन लाभादिकी समस्त घटनाका वर्णन करके पितृ-प्रदत्त गरुड़ पर सवार हो शाकद्वीपकी तरफ चल दिये। वे गरुड़की सहायतासे बहुत ही जल्द शाकद्वीप पहुंचे। वहां जा कर देखा, कि बहुसंख्यक तेजस्वी मगब्राह्मणगण धूप दीपादि विविध उपचारोंसे सर्वदा प्रखरकर प्रभाकरकी पूजामें निरत हैं। जाम्बवतीतनय उन सूर्य-सेवक ब्राह्मणोंके दर्शन करके हृष्टचित्तसे भक्तिपूर्वक उन्हें नमस्कार, प्रदक्षिण, अनामय प्रश्न और भूयसी प्रशंसा

करके बोले—"हे द्विजेन्द्रगण ! आप सब कोई विशुद्ध भावसे भगवान् मरीचिमालीकी उपासना करनेमें लगे हुए हैं। मैं आप लोगोंके पास ही आया हूं। मेरा नाम साम्ब है और मेरे पिताका विष्णु। मैंने चन्द्रभागा नदीके तट पर भगवान् सूर्यदेवकी प्रतिमूर्त्ति प्रतिष्ठित की है। सूर्यदेवने स्वयं ही मुझे भेजा है। अतएव आप लोग अब विलम्ब न करें। भगवान्‌का पूजाकार्य निर्वाह करनेके लिए शीघ्र आप लोग मेरे साथ चलें" इस पर मगोंने कहा—"हे साम्ब ! तुमने जो कहा सो ठीक है। क्योंकि कुछ समय पहले भगवान् दिवाकर स्वयं आ कर हम लोगोंके समक्ष यह बात प्रगट कर गये हैं। इसलिये हम अब देर नहीं कर सकते। यहां जो हमारे १८ कुल हैं, सभी तुम्हारे साथ चलेंगे।'

मगोंके स्वीकार करने पर साम्बने यत्नपूर्वक उन्हें गरुड़ पर बिठाया और तुरत हो वे अभीष्ट स्थान पर पहुंच गये। सूर्यदेव इससे बहुत प्रसन्न हुए, उन्होंने कहा—"साम्ब तुम जिन्हें शाकद्वीपसे यहां लाये हो, वे प्रशान्त हृदय शान्तिप्रद मग-ब्राह्मण हो विधिके अनुसार मेरी पूजा कर सकते हैं। अतएव हे यदुवंशावतंस ! तुम अब निश्चिन्त होओ, मेरी पूजाके विषयमें भविष्यमें तुम्हें कोई चिन्ता करनेकी जरूरत नहीं।"

इस प्रकार साम्बने शाकद्वीपसे मगब्राह्मणोंको ला कर चन्द्रभागा नदीके किनारे एक मनोरम पुरी बनवाई। वह पुरी बादमें साम्बपुर नामसे प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने इस पुरके भीतर दिवाकरकी मूर्त्ति स्थापित करके उनकी पूजाके लिए विविध धनरत्नादि रख दिये और भोजकोंको उन सबका अधिकारी बना दिया। सदाचारी मग-गण वेदविहित कर्मानुष्ठानसे सूर्यदेवकी पूजा करने लगे। साम्ब भी निश्चिन्त और सन्तुष्ट हुए। वे फिर सूर्यसे वर प्राप्त करके कृतकृत्य-मनसे उन्हें और मगोंको प्रणाम कर द्वारका चले गये। साम्ब द्वारा प्रतिष्ठित मग लोग तभीसे सूर्यपूजामें निरत हो कर यहां वास करने लगे और धीरे धीरे बहुत-सी भोजकन्याओंका उन्होंने पाणिग्रहण भी किया। सूर्यने (किसी समय) कहा था, 'साम्ब ! ये भोजकगण मग नामसे परिचित और मेरे बड़े प्रिय होंगे। इनमें मन्दग नामके जो आठ शूद्र हैं, वे भी मेरे परिचारक हैं।" साम्बने यह सुन कर उन्हें प्रणाम किया और शाकद्वीपसे आये हुए उन मगोंका यथेष्ट सम्मान किया। मगोंमें जो दश ब्राह्मण थे, उन्होंने दस भोजकन्याओंसे और बाकीके आठ जो शूद्र थे, आठ दासकन्याओंसे विवाह किया था। उनमेंसे जो ब्राह्मणके औरस और भोजकन्याके गर्भसे उत्पन्न हुए, वे ही मग (भोजक) नामसे प्रसिद्ध हुए और जो शूद्रके औरसऔर दासकन्याके गर्भसे उत्पन्न हुए, वे मन्दग कहलाये। ये मन्दग शूद्र लोग उस समय सूर्यके परिचारक हो कर पुत्रादिके साथ साम्बके बसाये हुए पुरमें वास करने लगे तथा मग-ब्राह्मण भी अव्यङ्गादि धारण करके नाना प्रकार वैदिक मन्त्रों द्वारा सूर्य पूजामें निरत हो कर वहां वास करने लगे।

भविष्यपुराणके जैसा साम्बपुराणमें भी लिखा है, कि साम्बने मित्रवनमें सूर्यकी आराधना की थी और गरुड़ पर चढ़ कर शाकद्वीपी ब्राह्मणोंको यहां लाये थे।

दोनों पुराणोंके अनुसार चन्द्रभागा नदी तट पर मित्रवन है और भी मालूम होता है, कि वहां साम्बने अपने नाम पर साम्बपुर बसाया था। यह 'साम्बपुर' शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका आदि उपनिवेश है। पञ्जावके प्रसिद्ध मुलतान शहरको ही बहुतोंने प्राचीन साम्बपुर मान लिया है। ईसाकी ७वीं शताब्दीमें चीन-परिव्राजक यूएनचुवङ्गने 'मूल-साम्बपुर'के (मू-लो-सन्-फू-लो) नामसे इस स्थानका उल्लेख किया है, उसके बाद 'मूलस्थानपुर' तथा उससे 'मुलतान' नाम पड़ा है। भविष्यपुराणसे ज्ञात होता है कि साम्बने यहां सुवर्णका मन्दिर और उसमें सुवर्णकी सूर्यमूर्त्ति प्रतिष्ठित की थी। ईसाकी ७वीं शताब्दीमें प्रसिद्ध चीनपरिव्राजक यूएनचुवङ्ग यहांकी सुवर्णमयी सूर्यमूर्त्ति देख गये थे। उसके बाद आबूरिहानने ईसाकी १०वीं शताब्दीमें भी यहांकी प्रसिद्ध सूर्यमूर्त्तिका उल्लेख किया है, परन्तु उस समय वह मूर्त्ति काष्ठमयी थी*। उनके समयमें इस स्थानका और एक नाम था 'आद्य स्थान'। अरबी भौगोलिकोंने

---

* Al Beruni's *India*, translated by E, Sachau, Vol 1 p, 121,

भी 'सुवर्ण-मन्दिर'-के नामसे इस स्थानका उल्लेख किया है[†] ।

माकिदन-वीर अलेकज़न्दरने जिस समय पञ्जावमें पदार्पण किया था, उस समय उन्होंने यहां हर (Hercules) और मगेश (Bacchus) वा सूर्य मूर्त्तिकी पूजा देखी थी । स्ट्राबोने मेगेस्थिनिसकी जिक्र छेड़ कर लिखा है कि, भारतके नीचे भूभागके लोग हरकी पूजा करते और पार्वतीय भूभागके लोग मगेशकी । इससे आभास पाया जाता है, कि अलेकसन्दरके समयमें (ईसाके पहलेकी ३री शताब्दीमें) सूर्य प्रतिमाकी पूजा प्रचलित हुई थी और मित्र-पुरोहित शाकद्वीपीय मग-ब्राह्मण भी पञ्जावमें मौजूद थे । अलेकजन्दरके बादके यवन और शक राजाओंके सिक्के में भी हमने मित्र-मूर्त्ति देखी है । पूर्व-कालमें शकराजाओंमें बहुतसे मित्रोपासक थे और मग-ब्राह्मण उनके पुरोहित थे परन्तु यवन राजाओंके सिक्कोंमें मित्र कहांसे आये ? अधिकतः यही सम्भव है, कि उनके बहुत पहले ही पञ्जाबमें मित्रपूजा सर्वत्र प्रचलित थी, यवन राजाओंने भी जनसाधारणके अनुवर्त्ती हो कर उस मित्रपूजाके चिह्नकी रक्षा की थी ।

अलेकजन्दरके आनेसे बहुत पहले पञ्जाब और पश्चिम-भारतमें शाकोंका अभ्युदय हुआ था । भारतवर्ष देखो । और साथ ही शाकोंके साथ मग-पुरोहितोंका प्राधान्य भी बढाया था ।

प्राचीन शिलालेखोंकी सहायतासे राजस्थान-इतिहासके लेखक टाड साहबने सिद्ध किया है, कि शक राजपूतोंके साथ यादवोंका वैवाहिक सम्बन्ध हुआ था । इधर भविष्यपुराणसे भी मालूम होता है कि, आदित्य-ज्ञातीय मग-ब्राह्मणगणोंके यादव या भोजकन्याका पाणिग्रहण करनेके कारण, उनकी सन्तति 'भोजक' नामसे प्रसिद्ध हुई । दाक्षिणात्यसे मिले हुए प्राचीन शिलालेखोंको आलोचना करनेसे मालूम होता है कि, भोज और महाभोज नामक पराक्रान्त सामन्त राजगण दाक्षिणात्यके नाना स्थानोंमें आधिपत्य करते थे, तथा कोई कोई 'परमसौर' कहलाये थे । यह भी असम्भव नहीं कि, उनके सौरपुरोहितगण 'भोजक' नामसे प्रसिद्ध हुए थे । भोजकोंका आदि नाम 'मग' ही था और जरथुस्त्रके मतानुवर्ती अग्निपुरोहित ही 'मग' नामसे प्रसिद्ध थे । शेषोक्त अग्निपुरोहितोंके साथ भी बहुत दिनोंसे भारतवासियोंका संस्रव था और पूर्वकालमें कोई कोई भारतवासी भी जरथुस्त्रधर्ममें दीक्षित हुए थे, जिनमें धैओ पण्डित, जेसल पण्डित और उनके भाई गोपाल पण्डितका नाम सुना जाता है । [*] उन्होंने अवस्ता-ग्रन्थका संस्कृत भाषामें प्रचार करनेका प्रयत्न किया था, पर यह नहीं कह सकते कि उनका उद्देश कहां तक सफल हुआ था । नैरिओसिंहने यश्नका संस्कृत अनुवाद प्रकट करके उनका उद्देश सिद्ध किया था । अधिकतः यही सम्भव है, कि मज़्दपूजक मगोंसे मित्र-पूजक मगोंने स्वातन्त्र्य रक्षाके लिये मग नामके बदले 'भोजक' नाम ग्रहण किया था ।

आगमनकाल और उसका कारण ।

भविष्यपुराण, साम्बपुराण और ग्रहयामलसे भी मालूम होता है कि, शाकद्वीपीय ब्राह्मण श्रीकृष्णके आविर्भावके समय साम्बमन्दिरमें उपस्थित हुए थे । राजतरङ्गिणी और वराह-मिहिरकी वृहत्संहिताके अनुसार, ६५३ कलि-गताब्दमें अर्थात् अबसे ४३५० वर्ष पहले कुरुपाण्डवका जन्म हुआ था और उसी समयमें श्रीकृष्णका आविर्भाव । यह बात महाभारत और पुराणोंके पढ़नेवालोंसे छिपी नहीं है । पहले ही हमने आभास दिया है कि जरथुस्त्रके अभ्युदयसे मित्र पूजाकी अवनति हुई थी, तथा मज़्द-पूजाके प्रचारके साथ साथ मित्र-पूजक मग लोग निगृहीत हो कर भारतमें आये थे । बैबिलनके प्रसिद्ध ऐतिहासिक बेरोससका मत उद्धृत करके भी दिखाया है कि ईसाके जन्मसे दो हजार दो सौ वर्ष पहले (अर्थात् अबसे ४१३० वर्ष पहले बाबेरुके राजा जरथुस्त्र आविर्भूत हुए थे । उनसे बहुत पहले आदि जरथुस्त्र होते हैं । अब यवन और भारतीय ग्रन्थोंकी आलोचनासे मालूम होता है कि, जिस समय भगवान् श्रीकृष्ण भारतभूमिमें अपूर्व गीताधर्मका प्रचार कर रहे

[†] Cunningham's Ancient Geography of India p, 233,

[*] Zend Avesta, par Anquetil du Perron, tome 11, 132.

थे, उसी समय पारस्य और शाकद्वीपमें मगाचार्य जरथुस्त्र मज़्द-धर्मके प्रचारमें लगे हुए थे। जिस समय गीताके निष्काम धर्मको सुनाकर आर्यावर्त्तमें नवयुग प्रवर्तित हुआ था, करीब करीब उसी समय शाकद्वीप और फारसमें जरथुस्त्रने एकेश्वरवाद का प्रचार करके भारी आन्दोलन खड़ा कर दिया था। उस धर्म-संग्राममें सुप्राचीन मित्र-धर्मके पराजित होने पर मज़्दधर्मका अभ्युत्थान हुआ। यह संघर्ष सिर्फ इष्ट-देवताको ले कर नहीं हुआ, बल्कि जरथुस्त्र सामाजिक संस्कारमें भी अग्रसर हुए थे, जिसमें प्रधान संस्कार था अन्त्येष्टि क्रिया। पहले जमानेमें शाकद्वीपी लोग शवको जलाते या समाधिस्थ करते थे, पर जरथुस्त्रने प्रचार किया कि जलानेसे अग्नि और समाधिसे पृथ्वी अपवित्र होती है, इसलिए ये दोनों कार्य बन्द कर देने चाहिए। उनके नियमानुसार मृत देहको किसी स्थानमें फेंक देना ही ठिक है। परंतु जिन्होंने मज़्द-धर्म स्वीकार नहीं किया था, वे (मित्र-पूजक लोग) शवदेहको मिट्टी पर फेंकना पापकार्य समझते थे। इधर जनता जरथुस्त्रके पक्षपाती हो गई थी। भविष्यपुराणमें लिखा है कि, साम्ब जब ब्राह्मण लानेके लिए शाकद्वीपको गये थे, उस समय वहां सिर्फ १८ घर कुलीनोंके थे। इस वर्णनको यदि रूपक समझा जाय, तो इतना कहा जा सकता है, कि सिर्फ १८ घर कुलीन अर्थात् पूर्वमतावलम्बियोंके थे और बाकी सबोंने जरथुस्त्र का मत स्वीकार कर लिया था। भविष्यपुराणके कथानुसार, ये ही १८ कुल भारतमें आये थे। परन्तु ग्रहयामलके मतसे, सब नहीं आये थे, सिर्फ ८ ब्राह्मण आये थे। कुछ भी हो, उक्त विवरणसे मामूली तौर पर इतना समझमें आता है कि करीब चार हजार वर्ष हुए जब शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण मुलतान आये थे। यही नगर भारतमें शाकद्वीपियोंका 'आद्यस्थान' है और इसीलिए पहले 'मूलस्थान' फिर मुलतान इसका नाम पड़ा होगा।

नाम और गोत्र।

ग्रहयामलमें लिखा है,—मार्कण्ड, माण्डव, गर्ग, पराशर, भृगु, सनातन, अङ्गिरा और जह्नु ये आठ मुनि शाकद्वीपमें थे। उनके पुत्रगण प्रतिदिन ग्रहचालना करते थे। देवदेव श्रीकृष्णके आदेशसे गरुड़ जब उन्हें वहांसे ले आये तब उन्होंने साम्बपुरमें प्रवेश किया। उनके नाम इस प्रकार थे—वराह, सोम, ईशान, शान्ति, भृगु, धनञ्जय, दनु और वसुन्धर। ये आठों ही ब्राह्मण ग्रहदान लेते थे। ग्रहदान लेनेके कारण इनका नाम 'ग्रहविप्र' पड़ गया। वराह, सूर्य और वृहस्पतिका दान ग्रहण करते थे; सोम सोमका, ईशान मङ्गलका, शांति बुधका, भृगु शुक्रका, धनञ्जय शनिका, दनु राहुका और वराह केतुका दान ग्रहण करते थे। उनमें वराह काश्यपगोत्रीय थे, सोम कौशिक, ईशान, गौतम, शान्ति वात्स्य, भृगु, भरद्वाज, धनञ्जय पराशर, दनु शाण्डिल्य और वसुंधर मौद्गल्यगोत्रीय थे [*]

आचार-व्यवहार।

भारतमें आ कर वास, यादवकन्याके साथ विवाह और भारतवासियोंके साथ घनिष्ठताके कारण शाकद्वीपियोंका आचार-व्यवहार भारतीयोंके सदृश हो गया था। यहां तक कि कई पीढ़ियोंके बाद सूर्यपूजा और तदुपयोगी अनुष्ठानादिके सिवा अन्य किसी समयमें उनका शाकद्वीपी भाव नहीं मालूम होता था।

सूर्यपूजाके समय दर्भके बदले वर्श्म (आवस्तिक वेरेश्म[¶]) और अव्यङ्ग (जिन्दभाषामें ऐव्यांहन) धारण[÷],

---

[*] इस देशके शाकद्वीपीय ब्राह्मणों के कुलग्रन्थमें भी आठ ब्राह्मणों के आगमनकी कथा लिखी हुई है।

[¶] बम्बईप्रदेशके अग्निपूजक पारसी पुरोहितगण अभी इसे Barsom कहते हैं। अवस्ताशास्त्रके जानकार मि॰ हौग कहते हैं, कि—

'A bundle of twigs (beresma nowadays barsom) which are tied togather by means of reed. Without these implements, which are evidently the remnants of sacrifices agreeing to a cartain extent with those of the Brahmans, no Ijashne can be performed by the priest Haug's parsis, p, 140

[÷] The aiwyaanhanem is the girdle or tie with which the Barsom is to be tied together. It is prepared from a leaflet of a date palm, which

पूजाके समय मित्र-भक्तके पत्तिजाल वा पतिदानसे मुखाच्छादन, पूजामें सर्पनिर्मोक व्यवहार, श्रोष (आवस्तिक 'स्रोष्')की पूजा, श्वसतों (आवस्तिक 'सोष्यन्त' अर्थात् अग्निपुरोहित')के प्रति भक्ति, इत्यादि अनुष्ठानोंमें वही आदि शाकद्वीपीय प्रथा ज्योंकी त्यों मौजूद थी। विशेषतः भविष्यपुराणसे भी मालूम होता है, कि भारतवासियोंके अध्वरहोत्रका तरह शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके लिए 'अचषु' नामक होत्र अवश्य प्रतिपाल्य समझा जाता था। वर्त्तमान अग्निपूजक पारसी पुरोहित लोग 'इजष्ने' नामक जिस यज्ञको करते हैं, उसीका अवस्तामें 'अचष्न' और भविष्यपुराणमें 'अचषु' नामसे वर्णन है।* भविष्यपुराणसे मालूम होता है, कि सूर्यके साथ उनकी पत्नी निक्षुभा वा हावनीकी पूजा की जाती है। इन हावनीकी बात अवस्तामें भी कही गई है। अग्निपुरोहितोंके आदि कृत्यका नाम भी हावनो था¶। इसके सिवा और सब पूजाङ्ग तथा विधिव्यवस्था सारी भारतीय आर्योंके समान थी। परन्तु वर्त्तमान शाकद्वीपी ब्राह्मणोंमें अब यह विशेषत्व ढूंढे भी नहीं मिलता। यह कहना शाकद्वीपीय अत्युक्ति नहीं, कि शाकद्वीपीय प्रथा एक प्रकारसे लुप्त हो गई है।

शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका जो विशेषत्व दिखलाया गया है, उसके साथ पारसिक अग्निपूजकोंके भूजाङ्गका सादृश्य होनेसे यह न समझ लेना चाहिए, कि बम्बईप्रदेश वासी पारसिक और शाकद्वीपीगण एक ही सम्प्रदायके हैं। बंबई प्रदेशके अग्निपूजकगण जरथुस्त्र-मतावलम्बी थे और उनके पूर्वपुरुषगण ईसाकी दशवीं शताब्दीमें मुसलमानोंके अत्याचारसे भारतमें भाग आये थे ¶। परन्तु सौर शाकद्वीपीगण जरथुस्त्रके विरुद्धवादी थे तथा हजारों वर्ष पहले भारतमें आये थे *। शाकद्वीपकी अति प्राचीन प्रथाएं दोनों संप्रदायोंमें प्रचलित होनेसे दोनों एक ही मालूम देते हैं परन्तु फिर भी यह मानना पड़ेगा कि दोनों सम्प्रदायोंमें बहुत पूर्वकालसे ही कोई संबन्ध नहीं रहा है।

भारतमें शाकद्वीपियोंका वंश-विस्तार।

आदित्यकी उपासना भारतमें वैदिक युगसे प्रचलित है। परन्तु शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके आगमनसे पहले सूर्यकी प्रतिमा नहीं बनाई जाती थी, न इस देवताकी मूर्त्तिविशेषको पूजा ही होती थी। मित्रके प्रतिमूर्त्तिका बनना और उसकी पूजाका प्रचार, ये दोनों ही शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका प्रधान लक्ष्य था। उनकी कोशिशसे हजारों वर्ष पहले सम्पूर्ण सभ्य-जगत्में मित्रपूजा प्रचलित हुई थी। भारतमें जहां कहीं जितनी भी सूर्यकी मूर्त्तियां प्रतिष्ठित हुई हैं, उन सबको प्रतिष्ठा इन शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके प्रभाव वा प्रादुर्भावसे ही हुई है।

मुलतानमें शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका आदि उपनिवेश होने पर भी पञ्जाबके अन्तर्गत शाकल नामक स्थानमें बहुपूर्वकालसे उनका बास था। सम्भवतः इसीलिए वह स्थान 'शाकल' नामसे प्रसिद्ध हुआ था। अब भी भारतमें सर्वत्र ही शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण अपनेको 'शाकल द्विज' कहते हैं। किसी समय शाकलद्वीपीयगण भारतमें बहुत स्थानोंमें विस्तृत और गणनीय हुए थे, इस बातका आभास ब्रह्मजामलसे मिलता है। ब्रह्मजामलके १४वें अध्यायमें लिखा है—

शरद्वीपमें वदाग्नि, शाकद्वीपमें सिद्ध, भूमध्यमें

---

is cut from the tree by priest after he has poured consecrated water over his hand, the knife the leaflet." Haug's Parsis, p. 396. भविष्यपुराणमें 'अव्यंगोत्पत्ति' नामका एक स्वतन्त्र अध्याय ही है।

* यह 'अचषु' होत्रकी प्रक्रिया Haug's Essay on Parsis, p. 443-447 में देखना चाहिए।

¶ इनके पुरोहित 'दस्तुर' नामसे प्रसिद्ध हैं। दस्तुर लोग अधिकांशमें हमारे यहांके ब्राह्मणोंके समान हैं। उनके उपनयनादि संस्कार होते हैं। एकमात्र पुरोहितवंशके सिवा दस्तुर लोग अन्य वंशमें विवाह सम्बन्ध नहीं कर सकते और न पुरोहित वंशके सिवा अन्य पौरोहित्य ही कर सकता है।

* भविष्यपुराण, साम्बपुराण और गृहयामलमें शाकद्वीपसे साम्बपुरमें जो ब्राह्मणागमनका प्रसंग है, उसे कल्पित उपाख्यान कह कर उड़ाया नहीं जा सकता। पुराणोंके सिवा शाकद्वीपी ब्राह्मणोंमें भी ओरसे यह किम्बदन्ति चली आ रही है। यहां तक कि हजार वर्ष पहलेके शिलालेखमें भी यह विवरण पाया गया है। देखो बंगलाका "वंगेर-जातीय इतिहास" ब्राह्मणकांड ४ थांश।

ब्रह्मचारी, द्वारकापुरमें दैवज्ञ, द्राविड़ और मैथिलमें ग्रहविप्र, धर्माङ्गदेशमें धर्मवक्ता, पञ्चालमें शास्त्री, सारस्वतप्रदेशमें शुभमुख, गान्धारमें चित्रपण्डित, तिरहुतमें तिथिवित्, नाटकाचलमें (कामरूपमें) ऋक्ष-सूचक, रुद्रालयमें ज्योतिषी, ब्रह्मदेशमें विधिकारक, वम्राटमें योगवेत्ता, नेपालमें देवपूजक, राढ़देशमें उपाध्याय, गयामें तन्त्रधारक, कलिङ्गमें ज्ञान और गौड़देशमें आचार्य नामसे प्रसिद्ध हैं।

ग्रीक-राजदूत मेगास्थनीजने पाटलिपुत्रमें रहते हुए उस प्रान्तमें पार्वत्य-भूभागमें सूर्य पूजा देखी थी। प्राचीन पालि-ग्रंथमें भी पाया जाता है, कि बुद्धदेवके समयमें ज्योतिषी शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण विशेष प्रवल थे। ब्रह्मजालसूत्र नामक पालिग्रंथमें बुद्धदेव उन ब्राह्मणोंकी निन्दा करते पाये जाते हैं। इससे इस बातकी सम्भावना होती है, कि शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण बुद्धप्रचारित धर्मके विरुद्धवादी थे इसीलिए बौद्धोंके सूत्रग्रंथमें दैवज्ञ ब्राह्मणोंकी विशेष निन्दा पाई जाती है।

पहले शाकराजगण भारतमें आ कर बुद्धके माहात्म्यको सुन कर बौद्धधर्ममें दिक्षित हुए थे, परन्तु अपने अपने पितृपुरुषानुष्ठित सुप्राचीन मित्रपूजाको छोड़नेके लिए कोई भी तयार न हुए थे, उनके सिक्कोंमें मित्रपूजाका निदर्शन मौजूद है*। शाकराजाओंके सिक्कों पर मित्र 'मिहिर' नामसे उत्कीर्ण है†। यह मित्रपूजा उस समय एकमात्र शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके पौरोहित्यमें ही सम्पन्न होती थी। इसलिए शाकराजगण बौद्धमतावलम्बी होने पर भी, उनके पुरोहित शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका प्रभाव एकबारगी विलुप्त नहीं हुआ था। अधिकतः यही सम्भव है, कि इन शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके प्रभावसे ही परवर्त्ती समयमें लगभग सभी शकराजाओंने हिंदूधर्म ग्रहण किया था और गो-ब्राह्मणके कट्टर भक्त हो गये थे। यदि ऐसा न होता तो उषवदात जैसे एक विशुद्ध शकाधिप अपनेको गो-ब्राह्मणभक्त कहनेमें गौरव नहीं समझते*।

मित्रभक्त शाकद्वीपीय ब्राह्मण लोग 'मित्र' और 'मिहिर' उपाधिका व्यवहार करते थे। प्राचीन शिलालेख और प्राचीन ज्योतिर्ग्रन्थोंमें इस बातका प्रमाण मिलता है। किसी किसी पुराणमें शुङ्ग और उनके बादके काण्वायन राजा 'द्विज' कहलाये हैं। प्रसिद्ध प्रत्नतत्त्वविद् कनिंहाम साहवने शकराज वासुदेवको काण्वायनवंशीय प्रथम राजा सिद्ध किया है और फिलट साहवने, जो कि पुरातत्त्वविद् हैं, काण्वायनवंशीय ३य राजा नारायणको 'तुषार' वंशीय बताया है†। ऐसी दशामें ये काण्वायन ही शाकद्वीपी द्विज सिद्ध होते हैं। 'शुङ्गमित्र'के नामसे किसी प्राचीन जैन-ग्रन्थमें भी इनका वर्णन है। इन शुङ्ग और काण्वायनोंमें वहुतोंकी 'मित्र' उपाधि पाई जाती है। सम्भवतः मित्रभक्त शुङ्ग और कण्वायनोंके समय ही शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका प्रभाव भारत व्यापी हुआ था। उसके वाद अन्ध्रराजाओंने प्रवल हो कर काण्वायन-राज्यका ग्रास किया और वहुकाल शकोंके साथ संग्राममें लिप्त रहने पर भी अन्तमें वे शकराजाओंके साथ वैवाहिक सम्बन्धमें आवद्ध हुए थे। इसलिए शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंको इससे फायदाके सिवा नुकसान नहीं हुआ।

शक राजाओंका प्रभाव भारतमें वहुत विस्तृत हुआ था और वहुत समय तक रहा था, यह पहले ही कहा जा चुका है¶। वे शक राजा प्रधानतः 'मित्र' नामक सूर्यभक्त थे, इसलिए उनका 'मैत्रक' नाम भी पड़ा था। वलभीराजोंके ताम्रलेखोंमें मैत्रकगण 'अतुलवलसम्पन्न' कहलाये हैं, और ईसाकी ५वीं शताब्दीमें इन मैत्रकोंको संग्राममें पराजित करके ही सुराष्ट्रके वलभीराजवंशके स्थापयिता

---

* Indian Antiquary 1888 p 91.

† ये मित्र-पूजक लोग 'मिहिर' 'मिहिरकुल' वा 'मिहिरगोल' भी समझे जाते थे। अब भी जरथुस्त्र मतावलम्बी बहुतसे पारसी-पुरोहितवंश मिहिर उपाधि धारण करते हैं, जिनके पूर्वपुरुषगण मिहिरके उपासक थे।

* अवस्तांके यश्नमें अषवदात नामके एक ऋषिका उल्लेख है। उसीके अनुकरणसे यह उषवदात नाम हुआ होगा।

† Fleet's Corpus Inscriptionum indicarum vol. 111 p. 279.

¶ भारतवर्ष शब्द देखो।

सेनापति भट्टार्कोका सौभाग्य उदित हुआ था। उनके वंशधर महाराज धरपट्ट 'परमादित्यभक्त' के नामसे प्रसिद्ध हुए* और तो क्या, सम्राट् हर्षवर्द्धनके पितामह आदित्यवर्द्धन और प्रपितामह राज्यवर्द्धन दोनोंने ही अपने ताम्रलेखमें 'परमादित्यभक्त' उपाधिका व्यवहार किया है।

ईसाकी ५वीं शताब्दीमें मैत्रक शकोंका प्रभाव विलुप्त होने पर भी उस समय शकोंकी हूण नामकी एक शाखा भारतमें अपना प्रभाव विस्तार कर रही थी। उनके अभ्युदयसे गुप्तसाम्राज्य कंप उठा था। गुप्त-सम्राट् स्कन्धगुप्तकी शिलालिपिसे मालूम होता है, कि वे हूणोंके प्रभावको दमन करनेके लिए बद्धपरिकर हुए थे। उनके समयमें भी देखा जाता है कि, इन्दौर और मगधमें सूर्यमन्दिर प्रतिष्ठित हुआ। सभी हूण 'मिहर' वा सूर्यभक्त थे। उनके प्रधान अधिपतिने तोरमानके पुत्र 'मिहिरकुल'के नामसे अपना परिचय दिया है। इस मिहिरकुलके प्रभावसे गुप्तसाम्राज्य चूर्ण विचूर्ण हो गया था। अन्तमें भारतके समस्त राजाओंने मिल कर मिहिरकुलका निपात किया था। इस मिहिरकुलने अपने नामानुसार 'मिहिरेश्वर' नामक एक वृहत् सूर्यमन्दिरकी प्रतिष्ठा की थी।

हमें भविष्यपुराणमें शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका 'मिहिरगोत्र' मिला है। फिर हूण-राजा मिहिरकुलके बाद शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंमें बहुतोंकी 'मिहिर' उपाधि देखी जाती है, जिनमें बोधगयाके वसुमिहिर‡ और भारतके सर्वप्रधान ज्योतिर्विद बराहमिहिरका नाम उल्लेखयोग्य है। जिन मालवके राजा यशोवर्म्माने मिहिरकुलको पराजित करके 'विक्रमादित्य' की उपाधि अर्जन की थी, बड़े ही आश्चर्यकी बात है कि, बराहमिहिरने उन्हींकी सभाको आलोकित किया था और फिर यशोवर्माके सहयोगी मिहिरकुल-हन्ता गुप्त-सम्राट् बालादित्य मगधके 'मित्र' उपाधिधारी भोजक (शाकद्वीपी) ब्राह्मणोंको सम्मानित करके मगधको सूर्यसेवाके लिए भूमिदान की थी। हमें वृहत्संहितासे पता लगता है, कि बराहमिहिरके समयमें भी सूर्यपूजा एकमात्र शाकद्वीपी ब्राह्मणोंके ही अधिकारमें थी। बराहमिहिरने लिखा है—

> विष्णुके पूजक भागवत हैं, सूर्यके पूजक मग, शिवके भस्मधारी द्विज, मातृगणके मातृमण्डलविद् ब्राह्मण, ब्रह्माके विप्र, सर्वहित शान्तमना बुद्धके शाक्यब्राह्मण और जिनोंके उपासक दिगम्बर लोग हैं। इस प्रकार जो जो जिन-जिन देवोंके उपासक हैं उन्हें अपने नियमानुसार अपने अपने देवोंकी पूजा करनी चाहिए।
>
> (वृहत्संहिता ४०।१६)

बराहमिहिरके बहुत पीछे ईसाकी १०वीं सदीमें आबूरिहानने भारतमें एकमात्र शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंको सूर्यपूजाका अधिकारी पाया था।

शिलालेखोंकी सहायतासे विदित होता है कि, अबसे १४०० वर्ष पहले मगधमें शाकद्वीपीय भोजक विप्र पुरुषानुक्रमसे सूर्य पूजाके अधिकारी थे। शाहाबाद जिलेके देववरणार्क ग्रामसे प्राप्त मगध राज २य जीवितगुप्तके शिलालेखमें लिखा है कि, देववरुणार्क ग्राममें अति प्राचीनकालसे भोजक विप्रोंका वास था। यहांके वरुणार्क नामक सूर्यदेवकी सेवाके व्यय-निर्वाहके लिए मगध-पति बालादित्य देवने भोजक सूर्यमित्रको यह ग्राम दानमें दिया था। गुप्तराजका अधिकार लुप्त होने पर उस प्रान्त पर वर्मभूपालोंका अधिकार हो गया। उन लोगोंने भी भोजक विप्रोंके देवस्वमें हस्तक्षेप नहीं किया; प्रत्युत समय समय पर इस ग्रामको ब्रह्मोत्तर समझ कर भोजकोंको माफ कर दिया था। उनमेंसे महाराज सर्ववर्माने पहले पहल भोजक हंसमित्रको गांव दिया था। उनके बाद भोजक ऋषिमित्रने अवन्तिवर्मासे प्राप्त किया। इसी प्रकार मगध-राज २य जीवितगुप्तने भी भोजक दुर्द्धरमित्रको उक्त गांव दिया था*।

---

* Fleet's Inscriptions of the Gupta kings, Vol, 111 p, 168

‡ R, *Mitra's* Buddha Gaya, p, 185.

* २य जीवितगुप्तका शिलालेख ईसाकी ७वीं सदीमें खुदा हुआ है। उसके अन्तमें लिखा है—"विज्ञापित श्रीवरुणावासि भट्टारक प्रतिवद्ध-भोजक-सूर्यमित्रेण उपरिलिखित...ग्रामादिसंयुत परमेश्वर श्रीबालादित्यदेवेन स्वशासनेन भगवच्छ्री-वरुणावासी भट्टारक...परिवाहक...भोजकहंसमित्रस्य समापत्या यथाकालाध्यासिभिश्च एवं परमेश्वर श्रीसर्ववर्म...भोजक ऋषिमित्र-यतकं एव

मगधमें भोजक वा मग ब्राह्मणोंका प्रभाव क्रमशः वृद्धिको प्राप्त हो रहा था। ईसाकी १०वीं शताब्दीमें यहां मान-राजवंश प्रबल हो उठा। शाकद्वीपी ब्राह्मणोंने इन मान-राजाओंसे भी सम्मान पाया था। उनमेंसे कोई शास्त्री, कोई सभा-पण्डित, कोई प्राड़्विवाक आदि राजकीय उच्च पदों पर नियुक्त हुए थे। गया जिलेके अन्तर्गत गोविन्दपुर ग्रामसे १०५९ शकाब्दकी खुदी हुई एक शिलालिपि मिली है, उसमें मान राजवंश और शाकद्वीपोय किसी प्रसिद्ध पण्डितवंशका परिचय दिया गया है।

धीरे धीरे शाकद्वीपीय ब्राह्मणगण समग्र भारतमें नाना शाखाओंमें विभक्त हो गये थे। कृष्णदासरचित मगव्यक्ति नामक ग्रन्थसे ज्ञात होता है कि, शाकद्वीपी विप्रगण विभिन्न स्थानोंमें वासके कारण २४ पुर, १२ आदित्य, १२ मण्डल और ७ अर्क इन ५५ शाखाओंमें विभक्त हुए थे। मगव्यक्तिके विवरणसे मालूम होता है कि, उत्तरमें हिमालय, दक्षिणमें निज़ामराज्य, पश्चिममें पञ्जाब और पूर्वमें गौड़ और उत्कल तक प्रायः सर्वत्र शाकद्वीपीय भोजक विप्र फैल गये थे। जिन जिन स्थानोंमें पूर्वकालसे सूर्य मूर्त्ति प्रतिष्ठित थी, उन उन नगरों वा ग्रामोंके नामानुसार 'आर' या पुर, मण्डल, आदित्य और अर्क नामकी विभिन्न शाखाएं कल्पित हुई थीं। मगव्यक्तिमें जिन सप्ताकोंका उल्लेख है, उनमेंसे वरुणार्क भो एक है। इस स्थानसे प्राप्त ७वीं शताब्दीमें उत्कीर्ण शिलालेखसे भोजक विप्रोंका जो परिचय मिला है, वह पहले ही लिखा जा चुका है। काशीखण्डमें लोलार्कके परिचयमें और साम्बपुराणमें कोनार्कके माहात्म्य प्रसङ्गमें शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंके आगमनकी बात विस्तृतरूपसे लिखी है। ईसाकी ११वीं सदीके प्रारम्भमें आबूरिहानने साम्बपुराणका उल्लेख किया था। ऐसी दशामें ईसाकी ११वीं सदीसे भी बहुत पहले उत्कलमें शाकद्वीपी ब्राह्मणोंका आना सिद्ध होता है, इसमें सन्देह नहीं। कोणार्क देखो।

बंगालमें भोजकब्राह्मणोंका आगमन।

गौड़में किस समय शाकद्वीपोय ग्रहविप्र आये थे इस बातका ठीक ठीक पता लगाना कठिन है, कोई वास्तविक प्रमाण नहीं मिलता। कृष्णदासके मगव्यक्तिमें पुण्ड्रार्क और तदन्तर्गत पुण्डरीकार्कका प्रसङ्ग पाया जाता है। जिस समय गौड़की राजधानी पुण्ड्र वा पुण्ड्रवर्द्धनमें थी, पुण्ड्रवर्द्धनके उस समृद्धिकालमें ही सम्भवतः यहां शाकद्वीपी ब्राह्मणोंका आगमन हुआ था। राजतरङ्गिणोसे भो हमें ईसाकी ८वीं सदीमें, गौड़ाधिप जयन्तके अधिकारकालमें, पुण्ड्रवर्द्धनकी यथेष्ट समृद्धिका परिचय मिलता है। पाल राजाओंके समयमें भी पुण्ड्रवर्द्धनकी समृद्धि यथेष्ट थी। राजाबल्लालसेनके गौड़नगरमें ईसाके १२वीं सदीके प्रारम्भमें राजधानी स्थापन करने पर पुण्ड्रवर्द्धनकी समृद्धि विलुप्त हो गई। ऐसी स्थितिमें अनुमान होता है कि, राजा बल्लालसेनके बहुत पहले ही शाकद्वीपी विप्र पौण्ड्रवर्द्धनमें पहुंच गये थे। वे यहांके पुण्डार्क नामक सूर्यमूर्त्तिकी सेवामें नियुक्त रह कर सम्भवतः 'पुण्डार्का' नामकी एक पृथक् शाखामें शामिल हुए थे। ये 'पुण्डार्क' शाखावाले गौड़के प्रथम शाकद्वीपी द्विज मालूम होते हैं। पुण्ड्रार्कोंको हम मामूली तौर पर वारेन्द्र शाकद्वीपी समझ सकते हैं, परन्तु दुःखका विषय है, कि इस वारेन्द्रश्रेणीके ग्रहविप्रोंके आदि कुलका परिचय देनेवाला ऐसा कोई ग्रन्थ ही नहीं मिलता, जिससे हम इस पर जोर दे सकें।

राढ़ोय और नदीयाबङ्ग-समाजके ग्रहविप्रोंके कुछ कुल-ग्रंथ उपलब्ध हुए हैं, उनसे हमें बङ्गीय शाकद्वीपी ब्राह्मणोंका कुछ कुछ परिचय मिलता है।

राढ़ोय बालि-समाजके ग्रहविप्रोंकी कुल-पञ्जिकामें लिखा है—शाकद्वीपमें मार्कण्ड, माण्डव्य, गर्ग, पराशर, भृगु, सनातन, अङ्गिरा और जह्नु ये आठ मुनि थे। उनके वंशधर महाशक्तिके प्रभावसे प्रति दिन ग्रह-चालना करते थे। ग्रह-सम्बन्धी दानग्रहण करनेसे वे ग्रहविप्र कहलाये। गरुड़ शाकद्वीपमें जा कर उन्हें ले आये, जिनके नाम इस प्रकार थे—बराह, सोम, ईशान, शान्ति, शुक्र, धनञ्जय,

---

परमेश्वर श्रीमदवन्तिवर्मणा पूर्वदत्तकमवलम्ब्य...एवं महाराजाधिराज परमेश्वर...शासनदानेन भोजक दुर्द्धरमित्रस्यानुमोदित...तेन भुज्यते।" (Fleet's *I*nscriptions of the Gupta kings, p, 217.)

दनु और वसुन्धर ये आठों ही ग्रहविप्र थे, जिनमें बराह काश्यपगोत्री, सोम घृतकौशिक, ईशान गौतमगोत्र शान्ति वात्स्यगोत्री, भृगु (शुक्र) भरद्वाज, धनञ्जय पराशर, दनु शाण्डिल्य और वसुन्धर मौद्गल्य गोत्री थे। इन आठोंके वंशधर पृथु, नृसिंह, विष्णु, लोकनाथ, जनार्दन, केशव, कृत्तिवास, नारायण, दण्डपाणि और महानन्द ये दश व्यक्ति मध्यदेशसे गौड़देशमें आये। इनकी उपाधियां बृहज्ज्योषी, काशपटि, ओझा, आचार्य, घटक, पाठक, मिश्र, उपाध्याय, जमदग्नि और आलम्यान थीं। इनमेंके वृहज्ज्योषीके काश्यपगोत्रको ले कर तथा काशपटिके घृतकौशिक, ओझाके गौतम, आचार्यके मौद्गल्य, घटकके भरद्वाज, पाठकके वात्स्य, मिश्रके शाण्डिल्य, उपाध्यायके पराशर, जामदग्न्य और आलम्यमानको ले कर दश जनोंके दश गोत्र प्रसिद्ध हुए। राढ़ीय ग्रहविप्र इन्हीं दश व्यक्तियोंकी सन्तान हैं।

(राढ़ीय शाकलदी०)

नदिया-वङ्गसमाजकी कुलपञ्जिकामें भिन्न भिन्न व्यक्तियोंके नाम और उनके आगमनके कारण इस प्रकार लिखे हैं : —

'फूल और फलोंसे परिपूर्ण नाना वृक्षोंसे शोभित रमणीय सरयू नदीके तट पर वेदवेदाङ्गके पारगामी नाना शास्त्रोंमें कुशल जपयज्ञपरायण ब्राह्मणगण वास करते थे। किसी समय गौड़देशाधीश्वर नृपतिश्रेष्ठ धर्मात्मा शशाङ्क ग्रहवैगुण्यके कारण रोगमें पड़ और कष्ट पाने लगे। वैद्योंके अच्छी तरह चिकित्सा करने पर भी उन्हें शांति न मिली जिससे उन्होंने स्वस्त्ययन करनेको निश्चय किया। राजाके आदेशानुसार मन्त्रियों द्वारा प्रेरित दूतगण सरयूके तट पर जा कर कुछ ब्राह्मणोंको ले आये।

'विष्णु, सनातन, सुयज्ञ, शङ्कर, देवधर, सुशर्मा, वासुदेव, प्रजापति, चतुर्भुज, लोकेश चक्रपाणि और माधव ये दश ब्राह्मण गौड़देशके राजा शशाङ्क द्वारा बुलाये जाने पर गौड़मण्डलमें आये। राजाने उन महात्मा विप्रोंके ग्रहज्ञानको जान कर उन्हें अपने भवनमें बुलाया और ग्रहयज्ञ कराया। ग्रहयज्ञमें जिन्होंने भाग लिया था, उनके गोत्र इस प्रकार हैं:—विष्णुका काश्यप, सनातनका कौशिक, सुयज्ञका वात्स्य, वासुदेवका शाण्डिल्य, सुशर्माका मौद्गल्य, देवधरका पराशर, शङ्करका गौतमगोत्र, चतुर्भुजका जामदग्नि, चक्रपाणिका गर्ग और माधवका आलम्यमान। सुशर्मा तन्त्रधारके कार्यमें, प्रजापति होतृकार्यमें, विष्णु-ब्रह्मकर्ममें और शंकर सदस्यकर्ममें, सूर्यके जपकर्ममें सुयज्ञ नियुक्त हुए। चन्द्रके जपकर्ममें सनातन, मङ्गलके जपमें चतुर्भुज, बुधके जपमें चक्रपाणि, बृहस्पतिके जपमें देवधर, शुक्रके जपमें लोकेश और राहुकेतुके जपकर्ममें सधोवर माधव गौड़ेश्वर द्वारा नियोजित हुए। ये भूदेवगण यथाविधि राजाके ग्रहयज्ञको सम्पन्न कर राजाके आदेशसे परिवार-सहित गौड़देशमें ही रहने लगे। उनके ज्योतिःशास्त्रपरायण पुत्रगण ग्रहोंका दान-ग्रहण करनेके कारण ग्रहविप्र कहलाये। स्थान-भेदसे इनमें कई समाज हो गये हैं। उपाध्याय, पाठक, आचार्य, मिश्र, वृहज्ज्योषी और दीक्षित ये उनकी वंशोपाधियां हैं।'

(उमेशचन्द्र शर्माधृत महादेवकारिका)

इससे मालूम होता है, कि गौड़देशीय शशाङ्क नृपति किसी समय रोगसे पीड़ित हुए थे। रोगसे छुटकारा पानेके लिए उन्होंने सरयू-तीरसे कई ब्राह्मण बुला कर उनसे यज्ञ कराया। उन्हींकी सन्तान गौड़देशमें बसी और ग्रहविप्र या आचार्य नामसे प्रसिद्ध हुई।

बालि वा मध्यराढ-समाज और नदीया-वङ्गसमाजके कुलग्रन्थसे ज्ञात होता है कि, पूर्वोक्त समाजके आदिपुरुषगण मध्य-प्रदेशसे राढ़देशमें आये थे और शेषोक्त समाजके पूर्वपुरुष गौड़के राजा शशांककी सभामें ग्रहयज्ञके लिए बुलाये गये थे। उत्तरमें हिमालय, दक्षिणमें विन्ध्यगिरि, विनशन वा सरस्वतीके अन्तर्धान-प्रदेशसे पूर्वमें तथा प्रयागके पश्चिममें मध्यदेश अवस्थित है। (मनुसं०) सरयू-तीर इस सीमाके बाहर है। इसलिए दोनों समाजोंके पूर्वपुरुष विभिन्न स्थानोंसे आये प्रतीत होते हैं। दोनों समाजके कुल-ग्रन्थोंकी आलोचना करनेसे भी यही मालूम होता है कि, दोनों ही समाज विभिन्न शाखाओंसे उत्पन्न और विभिन्न समयमें गौड़में आये थे। देवज्ञ, ग्रहविप्र, कोणार्क, शाकद्वीपी आदि शब्द देखो।

भोजक—जैन पुरोहित।

भोजकवि—१ चरखारीके रहनेवाले एक भाट-कवि। इनका जन्म सम्बत् १६०१में हुआ था। इनका दूसरा नाम था विहारीलाल बन्दीजन। ये चरखारीके महाराज रतनसिंहके दरबारी-कवि थे। इनकी कविता असाधारण होती थी। इनका बनाया 'भोजभूषण' और 'रसविलास' ग्रंथ उत्तम है। ये शरफो नामकी एक वेश्या पर आशक्त थे।

२ एक ब्राह्मण-कवि। इनका जन्म सं० १७८१में हुआ था। इनकी 'मिश्र' की उपाधि थी। ये महाराव बुद्ध वून्दोके दरवारमें रहते थे। इनका बनाया 'मिश्रशृङ्गार' नामक एक ग्रन्थ है।

भोजखेरि—मध्यभारतके इन्दोर राज्यान्तर्गत एक ठाकुरात-सम्पत्ति।

भोजदुहितृ (सं० स्त्री०) भोजस्य दुहिता। भोजपुत्री, भोजकन्या।

भोजदेव (सं० पु०) भोजो देव इव। भोजराज।

भोजराज देखो।

भोजदेव—कच्छके एक राजा, भारमल्लके पुत्र। आप धर्मप्रदीप नामक धर्मग्रन्थ बना गये हैं।

भोजदेव—१ कन्नोज राज रामभद्रदेवके पुत्र। आदिवराह उनकी पदवी थी। २ महोदयाधिपति महेन्द्रपालदेवके पुत्र। ३ जयशलमीरके एक महारावल। ४ परमारराज सिन्धुराजके पुत्र। ये मालव और गोपगिरिके अधिपति थे। अपने बाहुबलसे इन्होंने महाराजाधिराजकी उपाधि अर्जन की थी। ये प्रसिद्ध भौगोलिक आल्वारुणीके समसामयिक थे। ५ एक प्रतिहार राजा नागभट्टके पुत्र। ६ शिलालिपि-वर्णित एक प्राचीन हिन्दूराज।

भोजराज देखो।

भोजदेश—प्राचीन कीकट-राज्यके अन्तर्गत देशभेद। यहां एक समय व्याघ्रेश्वर शिवमन्दिर प्रतिष्ठित था।

भोजन (सं० क्ली०) भुज् ल्युट्। (ल्युट् च। पा ३।३।११५) भक्षण, कठिन पदार्थोंका गलेसे निगलना। पर्याय—जग्ध, जेमन, लेप, आहार, निघस, न्याद, जमन, विघस, अभ्यवहार, प्रत्यवसान, अशन, स्वदन, निगर। (राजनि०)

यह स्थूल शरीर अन्नाधार पर ही अवलम्बित है। यह भोजन मिलनेसे पुष्ट और न मिलनेसे क्षीण होता रहता है। धर्मशास्त्र अथवा वैद्यक इन दोनोंमें ही भोजनके विषयकी आलोचना प्रत्यालोचना देखी जाती है। भावप्रकाशमें लिखा है,—

“शरीरे जायते नित्यं वांछा नृणाञ्चतुर्विधा।
बुभुक्षा च पिपासा च सुपुप्सा च रतस्पृहा॥
भाजनेच्छाविघातात् स्यादंगमर्दऽ रुचिः श्रमः।
तन्द्रालाचन दौर्व्वल्यं धातुदाहो बलक्षयः॥”

(भावप्रकाश)

प्रत्येक मनुष्यको स्वभावतः नित्य चार प्रकारकी अभिलाषा उदित होती है। जैसे,—भोजनेच्छा, पानेच्छा, निद्राभिलाष और कामकामना। किन्तु इन सब इच्छाओंको रोक कर भूखके समय भोजन न करनेसे आलस, अरुचि, थकावट, तन्द्रा, नेत्रोंकी दुर्बलता, रसरक्तादि धातुओंकी जीर्णता तथा बलकी हानि होती है। प्यास लगने पर पानी न पीनेसे तालू और कण्ठ सूख जाता है। साथ ही श्रवणेन्द्रियमें रुकावट पैदा हो जाती, रक्त सूखने लगता तथा हृदयमें दर्द उत्पन्न हो जाता है। इसी तरह निद्राको रोक देनेसे भोजन की हुई वस्तुका ठीक तरहसे परिपाक नहीं होता। सिवा इसके तन्द्रा आदि कई दोष उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे जलानेके लिये कोई चीज न मिलने पर आग स्वयं मन्द पड़ जाती उसी तरह जठराग्निको भी भोग्य-वस्तु प्राप्त न होनेसे वह मन्द पड़ जाती है। जिसे हम मन्दाग्निका रोग कहते हैं। जठराग्नि पहले भोजन की हुई वस्तुको पचाती है, जब उसको कुछ नहीं मिलता, तब वह शरीरके कफ आदि दोषोंको तथा इसके बाद रसरक्तादि धातुओंको जलाने लगती है। इसके बाद वह अन्तमें प्राणवायु तकको भी जला डालती है। इसलिये भोजन प्रीतिउत्पादक, बलकारक, शरीररक्षक और स्मरणशक्ति, परमायु, वीर्य्य, वर्ण आदिको बढ़ानेवाला है।

“यथोक्त गुणसम्पन्नं नरः सेवेत भोजनम्।
विचार्य दोष कालादीन् कालयोरुभयोरवि॥
सायं प्रातो मनुष्याणामशानं श्रुतिरोधितम्।
नान्तराभोजनं कुर्य्यादग्निहोत्रसमो विधिः॥

याममध्ये न भोक्तव्यं यामयुग्मं न लङ्घयेत् ।
याममध्ये रसोत्पत्तिर्यामयुग्माद् बलक्षयः ॥ (भावप्र०)

मनुष्यको चाहिए कि, वह नियमतः जैसा कि शास्त्रोंमें कहा गया है, दोषकाल आदि और प्रातःसन्ध्याका विचार कर भोजन करे। अग्निहोत्रियोंके दैनिक हवन-विधिकी तरह मनुष्यको भी सवेरे और रात्रिको एक पहर बाद और दूसरे पहरके भीतर भोजन कर लेना चाहिए। सिवा इस समयके अन्य समयमें भोजन करना मना है। अतः एक पहरके भीतर तथा दोपहरके बाद दिन या रातके समय भोजन न करना चाहिए। क्योंकि एक पहरके भीतर भोजन कर लेनेसे रसकी उत्पत्ति तथा दूसरे पहर बिता कर भोजन करनेसे वीर्यकी हानि होती है।

वैद्यक मतसे दिनको नौ बजेके बाद और बारह बजेके भीतर तथा रातको भी नौ बजेके बाद तथा बारह बजेके भीतर भोजन करना युक्तिसङ्गत है। किन्तु धर्मशास्त्रमें इस समयका कुछ व्यतिक्रम देखा जाता है।

"याममध्ये न भोक्तव्यं त्रियामन्तु न लङ्घयेत्।
याममध्ये रसस्तिष्ठेत् त्रियामे तु रसक्षयः ॥
प्रागुक्त दक्षवचनात् तत्रापि पञ्चमयामार्द्धो मुख्यकालः ॥"
(आह्निकतत्त्व)

सारांश यह है, कि पहले पहरके भीतर कभी भोजन करना उचित नही। फिर तीसरा पहर भी बिता कर भोजन करना विधिसंगत नहीं। अतएव पञ्चम यामार्द्ध ही भोजनके लिये उपयुक्त समय है। बारह बजेके बाद डेढ़ बजेके भीतरवाले समयको पञ्चमयामार्द्ध कहते हैं। आयुर्वेद तथा धर्मशास्त्र दोनोंने नौ बजेके पहले भोजन करनेको मना किया है। वैद्यक मतसे नौ बजेके बाद बारह बजेके पहले और धर्मशास्त्र मतसे बारह बजेके बाद डेढ़ बजेके भीतर भोजन करनेको कहा गया है।

कुछ आदमियोंका कहना है, कि जिस समय मल और दोषका परिपाक हो कर भूख उत्पन्न हो, वही भोजन करनेका उपयुक्त समय है।

"क्षुत् सम्भवति पक्वेषु रसदोषमलेषु च ।
काले वा यदि वाकाले सोऽन्नकाल उदाहृतः ॥"
(भावप्रकाश)

रसदोष-मलका परिपाक हो जाने पर मलमूत्रादिका वेग होना, शरीरका हलकापन बोध होना, पिपासा और भूखका उदय होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। जब ऐसे लक्षण दिखाई दें तो समझना चाहिये, भोजन किया हुआ पदार्थ उत्तमरूपसे जीर्ण हो गया है। मनुष्यको चाहिये, कि वह भोजन और मलमूत्र-त्यागको क्रिया नित्य सम्पादन करता रहे। क्योंकि इन दोनों कार्य्योंसे ही शरीरको अति वृद्धि होती है। किन्तु यह दोनों काम एकान्तमें करना चाहिये। क्योंकि खुले स्थानमें बैठ कर भोजन करने या मलमूत्र त्याग करनेसे श्रीहानि होती है।

भोजनके समय शुभाशुभ दृष्टि—आहार करते समय पितामाता, सुहृद, चिकित्सक, रसोइयां, हंस, मयूर, सारस और चकोर पक्षीकी दृष्टि शुभ है। दरिद्र व्यक्ति, खोटे मनुष्य, भूखे मनुष्य, पापी, रोगी, पाषण्डी, कुत्ते, मुर्गे आदिकी दृष्टि अशुभ है।

सुवर्ण-पात्रमें भोजन करनेसे त्रिदोषका नाश होता तथा दर्शन शक्ति बढ़ती है। चांदीके पात्रमें भोजन करना आंखके लिए परम लाभदायक है। सिवा इसके इससे पित्त, कफ और वायुका नाश होता है। कांसेके बरतनमें भोजन करनेसे बुद्धि बढ़ती है, साथ ही भोजनमें रुचि बढ़ती तथा रक्त-पित्त शान्त होता है। पीतलके पात्रमें खानेसे वायुकी वृद्धि होती, रुक्ष, उष्ण, कृमि तथा कफका नाश होता है। भोजनके लिये लौह और कांचका बर्त्तन सिद्धिदायक, बलकारक तथा रोगनाशक है। पत्थर और मिट्टीके बरतनमें खानेसे रुचि बढ़ती, अग्नि तेज होती तथा विष और पापका नाश होता है। स्फटिक तथा वैदूर्यमणिका बना बरतन शीतल तथा पवित्र है।

"ताम्रपात्रे न भुञ्जीत भिन्नकांस्ये मलाविले ।
पलाशे पद्मपत्रेषु गृही भुक्त्वेन्द वञ्चरेत् ॥" (आह्निकतत्त्व)

धर्म-सिद्धान्तके अनुसार ताम्र या तांबेके बर्त्तन तथा टूटे फूटे बर्त्तनमें भोजन नहीं करना चाहिये। कांसेके बर्त्तनमें केवल वही मनुष्य भोजन करे, जो उसमें नित्य करता आता हो। दूसरा उसमें भोजन न करे।

"अर्कपात्रे तथा पृष्ठे आयसे ताम्र भाजने ।
करे कर्पटके चैव भुक्त्वा चान्द्रायणञ्चरेत् ॥"
"पृष्ठे—कदली पत्रादि पृष्ठे"

गृहस्थको पलासके पत्ते में तथा पद्मपत्र (पुरइनो) में भोजन करना बिलकुल निषिद्ध है। गृहस्थ यदि आकके पत्ते, तांबे और लोहेके बरतनमें और कदलीपत्रकी पीठ पर भोजन करे, तो उसे चान्द्रायण व्रत करना होता है।

> "तैजसानां मणीनाञ्च सर्वस्याश्ममयस्य च।
> भस्मनाद्भिर्मुदा चैव शुद्धिरुक्ता मनीषिभिः ॥"

(आह्निकतत्त्व)

सोना, चांदी, पत्थर, शङ्ख और स्फटिकके बने बरतनमें भोजन करना उत्तम है। ये सब पात्र अपवित्र होने पर राख तथा जलसे मल देने पर पवित्र हो जाते हैं।

गोबरसे लीप-पोत कर समभूमिमें मण्डलरेखा खींच कर उस पर भोजनका पात्र रख भोजन करना चाहिये। यह मण्डल ब्राह्मणको चौकोन, क्षत्रियको त्रिकोण, वैश्यको गोलाकार और शूद्रोंको अर्द्ध चन्द्राकार खींचना चाहिये। जो लोग मण्डल न बना कर भोजन कर लेते हैं, उनका भोज्य-पदार्थ यक्ष-राक्षस बलपूर्वक हरण कर लिया करते हैं।

> "आसने पादमारोप्य यो भुङ्क्ते ब्राह्मणः क्वचित।
> मुखेन चान्नमश्नाति तुल्यं गोमांस भक्षणैः ॥"

(आह्निकतत्त्व)

भोजनके समय ब्राह्मणको धरती पर पैर रख कर भोजन करना चाहिये। आसन पर पैर रख कर भोजन करनेसे वह भोजन गो-मांस-भक्षण-तुल्य हो जाता है।

दोनों पैर धो कर और भूमिमें रख कर पूर्वकी ओर मुंह कर ब्राह्मणको भोजन करना चाहिये।

> "आर्द्रपादस्तु भुञ्जीत प्राङ्मुखश्चासने शुचौः।
> पादाभ्यां धरणीं स्पृष्ट्वा पादेनैकेन वा पुनः ॥"

(आह्निकतत्त्व)

जो कुछ भोजन किया जाये वह अपने इष्टदेवको अर्पण कर भोजन करना शास्त्रसङ्गत है।

पैर फैला कर भोजन करना मना है। भोजन करनेके पहले अन्नको देख प्रणाम करना चाहिये। इसके बाद नीचेके मन्त्रसे प्रार्थना करना चाहिये।

> "अन्नं दृष्ट्वा प्रणम्यादौ प्राञ्जलिः प्रार्थयेत्ततः।
> अस्माकं नित्यमस्त्वेतदिति भक्त्याथ वन्दयेत् ॥"

(आह्निकतत्त्व)

भोजनके समय बैठने पर पहले नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनञ्जय इन पांचों वाह्य वस्तुओंको पृथ्वीमें अन्न दे कर पीछे भोजन करना चाहिये।

> "नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनञ्जयः।
> वहिस्था वायवः पञ्च तेषांभूमौ प्रदीयते ॥"

(आह्निकतत्त्व)

मौन हो कर भोजन करना चाहिए। पूर्व ओर मुख कर भोजन करनेसे आयु; दक्षिण ओर मुंह कर भोजन करनेसे यशः और प्रत्यङ्मुख भोजन करनेसे श्रीवृद्धि या धनकी वृद्धि होती है। उत्तर ओर मुख कर भोजन करना उचित नहीं है। दक्षिण मुख हो कर वह व्यक्ति भोजन न करे जिसका पिता-माता जीवित हों। कुछ लोगोंका कहना है, कि केवल पिता जीवित रहनेसे ही दक्षिण ओर मुख कर भोजन न खाना चाहिये, माताके सम्बन्धमें कोई नियम नहीं है। किन्तु माता और पिता दोनोंके ही जीवित रहनेसे दक्षिण मुंहका भोजन निषेध है। भोजनसे पहले दोनों हाथ दोनों पैर और मुंह खूब धो कर भोजन करना चाहिये। इसको पञ्चार्द्र कहते हैं, जैसे—

> "पञ्चार्द्रो भोजनं कुर्य्यात् प्राङ्मुखो मौनमास्थितः।
> हस्तौ पादौ तथैवास्यमेषुपञ्चार्द्रता यता ॥"

वैद्यक शास्त्रमें लिखा है कि, सबसे पहले नमकीन तथा अदरखवाली वस्तु ही भोजन करना चाहिए। ये हितजनक, अग्निवर्द्धक, रुचिकर और जिह्वा तथा कण्ठशोधक हैं। इसके सम्बन्धमें कुछ लोग कहते हैं, कि नमक पित्तजनक, अदरख और कटुरस भोजन पित्तजनक है, भूखे मनुष्यका पित्त स्वाभाविक रूपसे ही बढ़ा रहता है। ऐसी दशामें नमकीन और अदरख मिश्रित भोजन कैसे युक्तिसंगत हो सकता है? इसकी मीमांसा इस तरह लिखी हुई है, कि आयुर्वेदमें कहे हुए लवणके स्थानमें सैन्धव और चन्दनके स्थानमें रक्तचन्दन आदिका बोध होता है। सैन्धव या नमक त्रिदोषनाशक, इसलिये पित्तवर्द्धक नहीं है। 'द्रव्यगुण'में लिखा है, सैन्धव, नमक मधुररस, अग्निप्रदीपक पाचक, ल

चिकना, रुचिकर, शीतवीर्य, शुक्रवर्द्धक, सूक्ष्म नेत्र सुखकर और त्रिदोषनाशक है। अदरख कटुरस होने पर भी पित्तवर्द्धक नहीं है और विपाक होने पर मधुर हो जाता है। अतएव भोजनसे पहले नमक या नमकीन वस्तु तथा अदरख या अदरखकी बनी वस्तु भोजन करना चाहिये। ये विशेष उपकारक हैं।

भोजनसे पहले दृष्टिदोष-निवारणके लिये ब्रह्मा आदिका स्मरण करना चाहिये, अर्थात् भोजनके पहले ऐसा समझना चाहिए कि भोजनकी सामग्री, ब्रह्मा, भोजनके छः रस विष्णु तथा भोजन करनेवाले शङ्कर हैं। यह याद कर लेने पर भोजन करनेसे दृष्टिदोष नहीं होता। अञ्जनिसुत महावीरका नाम स्मरण करनेसे भी नेत्रविकार नहीं होता।

"अन्नं ब्रह्मा रसो विष्णुर्भोक्ता देवो महेश्वरः।
इति सञ्चिन्त्य भुञ्जानं दृष्टिदोषो न बाधते॥
अञ्जनागर्भसम्भूतं कुमारं ब्रह्मचारिणम्।
दृष्टिदोषविनाशाय हनुमन्तं स्मराम्यहम्॥"

(भावप्रकाश)

भोजनके समय सबसे पहले रसोंमें मधुररस, इसके बाद खट्टे और चरपरे पदार्थ, नमकीन चीजें, फिर कड़वी, इसके उपरान्त तीता और कषाय रसयुक्त वस्तु भोजन करना चाहिये। भोजनके पूर्व दाड़िम या अनार खाना युक्तिसंगत बतलाया गया है, किन्तु केला या कर्कट फल भोजनसे पहले कभी भोजन न करना चाहिये। कमलकी डण्डी, ईख या कन्द यदि खाना हो, तो भोजनके पहले खा लेना चाहिये, भोजनके बाद नहीं।

गुरुपाक भोजन जैसे पुरि सोहारी आदि भूना हुआ अन्न तथा चिउड़ा आदि भोजन कर लेनेके बाद कभी भोजन न करना चाहिये। यदि परम आवश्यकता हुई, तो बहुत थोड़ा भोजन कर सकते हैं।

भोजन करते समय पहले घी आदि गुरुपाक या कठिन पदार्थ भोजन करना चाहिये। आहारके अन्तमें दही, दूध, आदि द्रव पीना अच्छा है। इस नियमके साथ भोजन करनेसे बल और स्वास्थ्य स्थिर रहता है। भोजनकी सामग्रियोंमें इच्छापूर्वक एकके बाद दूसरी चीज रुचिके अनुसार खानी चाहिये।

स्वादु और रुचिकर भोजन मनको आनन्ददायक, बलकारक,पुष्ट, उत्साह तथा परमायुवर्द्धक है; अरुचिकर भोजन इनके विपरीत गुणवाला होता है। अतिशय उष्ण अन्न बलनाशक है। वासी भोजन तथा सूखा हुआ भोजन ठीक नहीं। इसलिए भोजन ऐसा ही करना चाहिये जो न अधिक ठण्डा हो और न अधिक गर्म।

बहुत तेजीसे भोजन करनेसे भोजनकी वस्तुका गुण और दोष जानना कठिन हो जाता है। देरसे भोजनकी सामग्री ठण्डी तथा स्वादुहीन हो जाती है। इसीलिए बहुत जल्दसे तथा बहुत देरसे भोजन करना उचित नहीं।

भोजनमें तीन प्रकारके गुरुद्रव्य होते हैं:—मात्रागुरु, स्वभावसे गुरु, और संस्कारसे ही गुरु, ये तीन प्रकारके द्रव्य गुरुपाक होते हैं। मन्दाग्निवाले मनुष्य इन तीनों प्रकारके भोजनको त्याग करेंगे। इनमेंसे मात्रामें गुरु मूंग आदि अन्न हैं जो अधिक परिमाणमें भोजन करनेसे गुरु हो जाते हैं। किन्तु उड़द आदि अन्न स्वभावसे गुरुपाक हैं और फिर विविध प्रकारकी चीजोंके साथ मिल जानेसे यह और गुरुपाक हो जाते हैं।

आहारीय द्रव्य छः तरहका होता है। चूसनेवाला, पीनेवाला, चाटनेवाला भोजन और चबानेवाला। ये क्रमसे गुरु हैं। चूसनेवाली चीजें,—ईख, अनार आदि। पीनेवाली—पानी, चीनीका शरबत आदि। चाटनेवाली चीजें—मधु आदि। गीली तथा गाढ़ी भोजनकी वस्तुएं भात, दाल आदि। भक्ष्यवस्तु लड्डू पेड़ा आदि जो ग्रास ग्रास खाया जाता है। चबानेवाली चीजोंमें चना चबेना तथा चिउड़ा आदि है। गुरु और लघुकर, रुचि और तृप्तिके अनुसार ही भोजन करना चाहिये। उड़दकी बनी चीजोंको आधी मात्रामें भोजन करना चाहिये और ऐसे ही आटे मैदेकी चीजोंको भी। मूंग आदिकी बनी चीजें स्वाभाविक ही लघु हैं, उन्हें पूर्ण मात्रामें भोजन करना चाहिये। पीनेवाली तरल चीजें और तक्र आदि अधिक मात्रामें मिश्रित भात आदि प्रयोजित होने पर भी उन्हें गुरु नहीं कह सकते। इसीलिये पीनेवाली वस्तुएं सब तरहसे लघुगुणान्वित हैं।

पीनेवाली और लेह्य वस्तु—दोनों ही क्रमसे गुरु

हो सकती हैं। किन्तु अधिक गुरु चबानेवाली ईख वस्तु है। इसलिये पीनेवाली चीजें सबकी अपेक्षा लघुगुणान्वित हैं। तरल-द्रव्यमिश्रित सूखी चीज भी उत्तमरूपसे परिपाक होती है। किन्तु तरल पदार्थके बिना मिलाये सूखी चीज भोजन करनेसे उसका उत्तमरूपसे परिपाक नहीं होता। क्योंकि तरलताके बिना वह भोजन कर लेने पर भी पिण्डीका आकार धारण कर लेता है। सूखी चीज चिउड़ा आदि, दूध, मछली एक साथ भोजन कर लेने पर तथा चना चबेना आदि वस्तुएं जठराग्निको मन्द कर देती है।

ठीक समय पर अधिक मात्रामें भोजन कर लेने पर अथवा अ-समयमें अधिक या कम भोजन करनेको ही 'विषमाशन' कहते हैं। अधिक अन्न भोजन करने पर आलस्य, सामर्थ्य रहते हुए भी अनुत्साह, शरीरमें भारीपन, पेटका कड़ा हो जाना तथा गड़ गड़ शब्द करना आदि लक्षण दिखाई हैं। मात्रासे कम अन्नभोजन करनेसे शरीर कृश तथा बलक्षय होता है। भूख न लगने पर भी अन्नभोजन कर लेने पर सामर्थ्य-विहीन बना देता है और शिरमें दर्द, कभी कभी तो हैजा आदि रोग भी हो जाते हैं। भूख मार कर भोजन करनेसे जठराग्नि वायु द्वारा ताड़ित हो कर भोज्य-वस्तुको देरसे परिपाक करती है और फिर दूसरी बार भोजनकी रुचि नहीं होती।

भोजनके समय पेटके चार भागमें दो भाग अन्नसे भरना चाहिये, एक भाग पानीसे और एक भाग वायुके सञ्चालित होनेके लिये खाली रखना उचित है। इस तरह भोजन करने पर भोज्य वस्तुके परिपाक होनेमें देर नहीं होती।

आहारीय पदार्थोंके रससे पहले (रसनेन्द्रिय) जीभ तृप्त होती है, पर पीछे बारम्बार आहार करने पर आस्वाद नहीं आता। फलतः थोड़ी देर बाद कुछ जल पी लेना उचित है। क्योंकि पानी पीनेसे जीभ धुल जाती और रसास्वाद मिलने लगता है। बीच बीचमें जलपान करनेसे अन्नका परिपाक भी उत्तमरूपसे होता है। अत्यन्त जल पीनेसे अन्नका ठीक तरहसे परिपाक नहीं होता, फिर भोजनके साथ बिलकुल जल न पीनेसे भी पाचनक्रियामें गड़बड़ी हो जाती है। इसीसे वृद्ध-चाणक्यने कहा है,—'भोजनस्यामृतवारि'। इसलिये भोजनके समय जठराग्निको जगानेके लिये बीच बीचमें थोड़ा थोड़ा पानी पी लेना युक्तिसंगत है। भोजनसे पहले जल पी लेनेसे शरीर कृश तथा मन्दाग्नि उत्पन्न हो जाती है। भोजनके बीचमें जल पीनेसे अग्नि प्रदीप्त होती है। भोजनके पीछे जल पान करनेसे शरीर स्थूल हो जाता और कफकी वृद्धि होती है। वाग्भटमें भी लिखा है,—भोजनके मध्यमें जल पीनेसे शरीर स्थूल अथवा कृश नहीं होता, वह समभावमें दृढ़ रहता है।

पिपासित व्यक्तिके लिये भोजन तथा क्षुधातुर व्यक्तिके लिये पानी—ये दोनों ही हानिकारक हैं, क्योंकि भूखे मनुष्यके जल पी लेनेसे जलोदर रोग तथा पिपासित मनुष्यके अन्न खा लेनेसे गुल्मरोग या प्लीहा आदि उदररोग हो जाते हैं।

कुछ लोग ऐसा प्रश्न कर बैठते हैं, कि नीतिज्ञ पुरुष भी भोजनके अन्तमें दूध पी लिया करते हैं सो यह कैसे युक्तिसंगत हो सकता है ? क्योंकि भोजनका समय तीन भागोंमें विभक्त है। इनमें पहला भाग वायुका, दूसरा भाग पित्तका और तीसरा कफका प्रकोपकाल है। इसीलिये भोजन करनेके समय तन्मन हो कर पहले मधुर-रसयुक्त द्रव्य, भोजनके मध्यमें खट्टी और नमकीन चीजें और अन्तमें कड़वे और तिक्त पदार्थ भोजन करनेकी विधि है। भोजन करते समय पहले मधुररस भोजन करनेसे भोजन करनेवाले मनुष्यको वायु और पित्त प्रशमित हो जाता है। भोजनके बीचमें खट्टे नमकीन आदि पदार्थोंके खानेसे पाचन करनेवाली अग्निकी वृद्धि होती है और भोजनके अन्तमें कड़वी और तिक्त तथा कषाययुक्त पदार्थ भोजन करनेसे कफ नष्ट हो जाता है। अब यह संशय होता है कि, भोजनका अन्त काल कफके प्रकोपका समय है। अतः कफके प्रकोप-समयमें कफ बढ़ानेवाला दूध किस तरह भोजन-संगत हो सकता है ? इसका उत्तर यह है, कि मनुष्य अन्न पानी जो सब द्रव्य पदार्थ भोजन करते हैं, उनके दोषको दूध भोजनके अन्तमें पीनेसे प्रशमित करता है। ब्रह्मपुराणमें भी कहा गया है, कि भोजनके बाद दूध पीना उचित है। किन्तु भोजनके

अन्तमें दही पीना बिलकुल मना है। नमकीन, खट्टा, कड़वा, गर्म और जो सब विदाही द्रव्य भोजन किया जाता है आहारान्तमें दूध पान करनेसे वे सब दोष शान्त हो जाते हैं। इसलिये भोजनके अन्तमें दुग्धपान युक्तियुक्त हैं। अतएव समझना होगा, कि भोजनके बाद दुग्धभोजनजनित वृद्धित कफ नमकीन, खट्टा और कटु आदि भोजन-जनितवर्द्धित पित्तको विनष्ट करता है। अतः पित्त विनष्ट हो जाने पर कफ बढ़ानेवाली शक्तिका ह्रास हो जाता है। इसलिये कफ बढ़ नहीं सकता। इस कारण अग्निमान्द्य आदि रोग उत्पन्न नहीं होते। इसलिये भोजनके बाद दुग्धपान अवश्य कर्त्तव्य है।

मनुष्यको चाहिये, कि वह भोजन कर चुकनेके बाद दन्त-छिद्रोंमें लगे हुए अन्न-कणको तृणखण्ड द्वारा निकाल डाले। इसके बाद जलसे अच्छी तरह कुल्ली कर मुखको साफ कर ले। ऐसा न करनेसे दांतोंमें सटा अन्न सड़ जाता और उससे बदबू निकलने लगती है। कुल्ला कर लेने पर दोनों नेत्रोंको भी जलसे धो डालना चाहिए। इससे नेत्रोंको बड़ा लाभ पहुंचता है। इसके बाद नित्य भोजन उत्तमरूपसे पच जानेके लिये अगस्त्यादि महात्माओंका नाम इस तरह स्मरण करना चाहियेः—विष्णु आत्मा हैं, विष्णु अन्न हैं और विष्णु परिपाक करनेवाले हैं, इसलिए विष्णु मेरे किये हुए भोज्य पदार्थको उत्तमरूपसे परिपाक करें। अगस्ति, अग्नि और बडवानल ये सब मेरे किये हुए भोजनको ठीकसे पचावें और मुझे परिपाक सुखसे सुखी बना कर मेरे शरीरको निरोग रखें।

अङ्गारक, अगस्त्य, वैश्वानर, सूर्य और अश्विनीकुमार इन पांच नामोंका प्रत्येक दिन भोजनके बाद स्मरण करना चाहिये। क्योंकि इन नामोंके स्मरण करनेसे भोजन किया हुआ पदार्थ शीघ्र ही परिपाक होता है। इन नामोंके स्मरण करते हुए पेट पर हाथ फेरना चाहिए। भोजनके बाद तुरत ही सो जाना उचित नहीं। क्योंकि ऐसा करनेसे जठराग्नि मन्द पड़ जाती है और कफ कुपित हो जाता है। भोजनके बाद पान खाना भी विशेष उपकारक है। (भावप्रकाश)

स्मृतिमें लिखा है, कि भोजनके बाद बैठ कर बायें हाथसे पेट पर हाथ फेरना चाहिये। मन्त्र यह है,—

"ॐ अग्निराप्याययत्वन्नं पार्थिवं पवनेरितः।
दत्तावकाशो नभसा जरयत्वस्तु मे सुखम् ॥
अन्नं बलाय मे भूमेरपामग्न्यनिलस्य च।
भवत्वेतत् परिणतो ममास्त्व व्याहितं सुखम् ॥
प्राणापानसमानानामुदान व्यान योस्तथा।
अन्नं तुष्टिकरञ्चास्तु ममास्त्वव्याहतं सुखम् ॥
अगस्तिरग्निर्बड़वानलश्च भुक्तं ममान्नं जरयत्वशेषम्।
सुखं ममै तत् परिणामसम्भवं यच्छत्वरोगं मम चास्तु देहे ॥
विष्णुः समस्तेन्द्रियदेहदेहि प्रधानभूतो भगवान् यथैकः।
सत्येन तेनान्नमशेषमेतदारोग्यदं मे परिणाममेतु ॥
विष्णुरत्ता तथैवान्नं परिणामश्च वै यथा।
सत्येन तेन मद्भुक्तं जीर्य्यत्वन्नमिदं तथा ॥"

यही मन्त्र पाठ कर सौ कदम टहलना चाहिये। इसके बाद बाईं करवट जरा लेट जाना चाहिये। इसके बाद पान खाना चाहिये।

भोजनके दोषसे अग्निमान्द्य हो कर नाना तरहके रोग उत्पन्न होते हैं। इसीलिए भोजनके सम्बन्धमें शास्त्रमें भोजनके त्रिविध दोष वर्णित हैं,—दृष्टद्वारक, अदृष्टद्वारक और दृष्टादृष्टद्वारक। मछली खानेके बाद दूध पीना दृष्टद्वारक स्मृतिमें जो वर्जित है, वह अदृष्टद्वारक तथा स्मृति और आयुर्वेद दोनोंमें वर्जित है वह दृष्टादृष्टद्वारक है। ये तीनों निषिद्ध भोजन कभी न करना चाहिए। इन्हीं तीनोंके कारण शरीरमें कई तरहके रोग हो जाते हैं। अतएव भोजनके प्रति विशेष लक्ष्य रखना चाहिये। (आह्निकतत्त्व)

सुश्रुतमें भोजनके सम्बन्धमें लिखा है,—मधुररस पहले, लवणरस मध्यमें और अन्यान्य रस अंतमें भोजन करना चाहिये। पहले अनार, इसके बाद पानीय-पदार्थ तथा इसके उपरान्त भोज्य पदार्थ भोजन करना चाहिए। कुछ लोग इसके विपरीत कहते हैं। उनका कहना है,—गाढ़ पदार्थ सबसे पहले भोजन करना चाहिये। भोजनके प्रारम्भमें हो या मध्यमें या अन्तमें, फलोंमें स्वास्थ्यवर्द्धक तथा दोषनाशक फल आंवला ही भोजन करना चाहिये। मृणाल वा कमलकी डंडी, शालू, कन्द,

ऊख आदि भोजन करनेसे पहले ही खा लेना या चीभ लेना चाहिये। भोजनके बाद कभी न भोजन करना चाहिये।

भूखे मनुष्य ठीक समय पर उच्च आसन पर सम-भावसे बैठ कर भोजनके परिमाण आदिका विचार कर अपने स्वभावके अनुसार स्निग्ध, द्रव्य, प्रधान, लघु और उष्ण-द्रव्य जल्द-जल्द भोजन करना चाहिए। इस तरह ठीक समय पर भोजन करनेसे तृप्ति होती है और भोजन करनेवाले मनुष्यको पीड़ादायक नहीं होता लघु पदार्थ शीघ्र ही परिपाक हो जाता है। जल्द भोजन करनेसे भोज्य-पदाथ एक साथ ही परिपाक होता हैं। दोषशून्य प्रधान भोजन सहज ही पच जाता है। नियमतः किया हुआ भोजन धातुओंको बराबर भाग विभाजित करता है। जिन ऋतुओंमें रात बड़ी होती है, उन ऋतुओंमें ऋतुदोषको मिटानेवाली चीजोंका नित्य प्रातःकाल सेवन करना चाहिये। फिर जिन ऋतुओंमें दिन बड़े होते हैं, उन दिनोंमें तत्कालिक वस्तुओंको नित्य अपराह्नमें भोजन करना चाहिये। जिस ऋतुमें दिन-रात बराबर होती हैं, उस ऋतुमें अहोरात्र बराबर भागोंमे बांट कर ठीक समय पर भोजन करना चाहिये। भूख न रहने पर या भूख मर जाने पर कभी भोजन नहीं करना चाहिये। नियमित समय पर भोजन करना उत्तम है। भूख न रहने पर भोजन कर लेने पर शरीरमें कई तरहके रोग उत्पन्न हो जाते हैं। क्योंकि उस समय शरीर हलका नहीं रहता और तो क्या, मृत्यु तक हो जा सकती है। भूख बीत जाने पर जठराग्नि वायुसे भरी रहती है। अतएव उस समय भोजन करनेसे भोज्य-अन्न कठिनतासे परिपाक होता है। फिर दूसरी बार भोजन करनेकी इच्छा नहीं होती। अल्प भोजन करनेसे सन्तोष नहीं होता और बलक्षय होता है। अधिक खा लेने पर शरीर आलसी, भारी और सुस्त हो जाता है। अतएव दिन रातका समय और दोषादिका विभाग कर दोषशून्य गुण सम्पन्न सुन्दर परिपक्व भोजन करना चाहिये।

निःसार, दोषयुक्त, जूठा करंड-पथर, धूली धूसर तथा बासी अन्न कभी भी भोजन न करना चाहिये। अधिक सिद्ध तथा कच्चा अन्न और अत्यन्त गर्म तथा अधकच्चा भोजन करना वर्जित है। ठण्डे भोजनको फिर गर्म कर भोजन करना और भी हानिकारक है भोजनके बीच बीचमें तथा भोजनके शेषमें पानी पी लेना हानिकारक नहीं है।

भोजन करने पर भोजन करनेका श्रम जब तक विदूरित न हो, तब तक राजाकी तरह बैठा रहना चाहिये। इसके बाद सौ कदम चल कर बाईं करवट लेटना उचित है। भोजनोपरान्त अभिलषित शब्द सुनना, स्पर्श करना और रूप-रस-गन्धका सेवन करना अत्युत्तम है। अप्रिय कर्णकटु शब्द सुनना या अस्पर्श आदिका छूना और अपवित्र अन्न भोजन करनेसे या भोजनके बाद अधिक हसनेसे कै हो जानेका डर रहता है। इसलिये उपयुक्त कार्य नहीं होने चाहिये। गीले वा पानीय पदार्थ अधिक और अन्न कम भोजन कर बैठना या सोना न चाहिये। भोजनके बाद आग तापना, तैरना, सवारी पर चढ़ कर घूमना फिरना उचित नहीं। एक बार केवल एक रस वा एक साथ ही कई रसोंका भोजन करना युक्तिसंगत नहीं। एक बार भोजन करके जब तक वह उचित रूपसे पच न जाये तब तक फिर भोजन न करना चाहिये। उलटी खट्टी डकारें आना, हियका जलना तथा जी मिचलाना अपरिपक्वताका द्योतक है। अतः ऐसी दशामें दुबारा भोजन करनेसे अग्निमान्द्य हो जाता है। उड़द आदिके बने बरे आदि गरीष्ठ भोजन तथा अधिक भोजन न करना चाहिये। मिष्टान्न भोजन नहीं करना चाहिये, या थोड़ा-सा खा कर दूने तीगुने जल न पी लेना चाहिये। क्योंकि ऐसा करनेसे भी अग्नि मन्द पड़ जाती है।

गुरुपाक भोजन थोड़ा ही खाना हितकर है। किन्तु लघुपाक भोजन पेट भर खाया जा सकता है। अत्यन्त द्रव पदार्थ कितना ही भोजन कर लेने पर भी गुरुपाक नहीं होता।

पिण्डी या असम्यकरूपसे थकावट रहने पर भोजन करनेसे अन्नवाही नलिकामें पित्त जमा रहने पर या अन्य किसी 'विदाही' अन्नका भोजन करने पर अन्न विदग्ध हो जाता है। सूखा, जला हुआ, कठोर अन्न भोजन करने

पर अग्निका नाश होता है। कच्चा, जला और विष्टब्ध अन्न वात, पित्त और कफके साथ अजीर्ण रोग उत्पन्न करता है। बहुत अधिक जलपान करनेसे, असमयमें भोजन करनेसे, मलमूत्रका वेग रोकनेसे, समय पर न सोनेसे, लघु और स्वाभाविक अन्न भोजन करनेसे भी उचितरूपसे परिपाक नहीं होता।

हिताहितका विचार कर जो भोजन किया जाता है उसको समशन कहते हैं। अधिक हो या थोड़ा हो, असमय परका भोजन विषमाशन तथा एक बारका किया हुआ भोजन अच्छी तरहसे परिपाक न होने पर भी भोजन करना अध्यशन कहलाता है। समशन, विषमाशन और अध्यशन ये तीनों अहिताचार द्वारा जीवन क्षय होता है अथवा नाना प्रकारकी पीड़ायें उत्पन्न होती हैं। अन्न विदग्ध होने पर शीतल जल पीनेसे वह परिपाक होता है। शीतलता द्वारा पित्तका नाश होता है तथा अन्न कुछ पच कर नीचेकी ओर जाता है। भोजन करते ही यदि हृदय, कण्ठ और गला जलने लगे तो अदरख, छोटी हर्रे तथा छोटी हर्रेकी बुकनी या चूर्ण मधुके साथ मिला कर चाटना चाहिये। ऐसा करनेसे विशेष उपकार होगा। (शुश्रुत)

भोजनसे उत्पन्न अजीर्ण होने पर रोगाधिकारमें लिखे हुए नियमानुसार औषध सेवन करना उपयुक्त होगा। अजीर्ण देखो। शास्त्रमें भोजनके सम्बन्धमें विशेष रुकावटें हैं। क्योंकि केवल भोजनसे भी मनुष्यका स्वभाव बदल जाता है। विष्णुपुराणमें भोजनके सम्बन्धमें यों लिखा है—

> "स्नातो यथावत् कृत्वा च देगर्षि पितृ तर्पणम्।
> प्रशस्त रत्नपाणिस्तु भुञ्जीत प्रयतो गृही॥"
>
> (विष्णुपुराण ३।११।७४)

गृहस्थको स्नानके बाद यथाविधि देवर्षि तथा पितृतर्पण करना उचित है। इसके बाद रत्नकी अंगूठी पहन कर भोजन करना चाहिये। पहले अतिथि, ब्राह्मण, गुरु और अपने आश्रित व्यक्तियोंको भोजन करा कर सबसे पीछे आप भोजन करे। भोजन करते समय हाथ मुंह धो कर उत्तर या पूर्वको ओर मुंह कर भोजन करना उत्तम है। भोजनके समय उलटङ्ग तथा उदास होना उचित नहीं। विदिङ्मुख अर्थात् दो कोनोंके बीचकी दिशाकी ओर मुख करके न बैठना चाहिये। पहले अन्नको जल द्वारा वेष्ठित करना चाहिये। निन्दित या बुरे आदमीके लाये हुए भोजन और जो अधकचा तथा अशुद्ध है, ऐसा भोजन न खाना चाहिये। अन्नका कुछ भाग शिष्य तथा भूखे मनुष्यको दे कर विशुद्धपात्रमें भोजन करना उचित है। तिपाई पर थाली रख कर, बुरे और तंग स्थानमें या असमयमें भोजन करना उचित नहीं। अन्नका अग्रभाग अग्निको दिये बिना भोजन न करना चाहिये। फल, मांस और शाकसब्जी—ये सब सूख जाने पर अभोज्य हैं। बासी अन्न कभी भी न खाना चाहिये। सूखा बेर और सूखा पकान्न कभी न भोजन करना चाहिये। बुद्धिमान् पुरुषको मधु, दधि, खट्टा, घृत और सत्तूके सिवा कोई भी वस्तु निःशेषरूपसे न खा लेनी चाहिये। तन्मय हो कर भोजन करना चाहिये। पहले कटु तीत, बीचमें नमकीन और खट्टे तथा अन्तमें मीठे पदार्थ खाने चाहियें। जो मनुष्य पहले द्रव पदार्थ बीचमें कठिन और अन्तमें फिर द्रव पदार्थ चीजें खाते हैं, उनके शरीरका बल नहीं घटता तथा उनका स्वास्थ्य नहीं बिगड़ता है। इसी तरह नियमसे अनिन्दित भोजन करना आवश्यक है। प्राणादि पञ्चवायुकी तुष्टिके लिये भोजन करते समय मौनावलम्बी रहना चाहिये। जो पदार्थ भोजन कर लिया गया, उसकी निन्दा करना सर्वथा वर्जित है। भोजनके प्रथम पांच ग्रासमें महामौनी होना चाहिये और तो क्या हुङ्कार आदि भी करे। भोजनके अन्तमें आचमन कर पूर्व या उत्तर मुंह हो कर दोनों हाथोंको ऊपरसे धो डालना चाहिये। इसके बाद फिरसे आचमन करना उचित है।

भोजनके बाद बैठ कर यह प्रार्थना करे, कि वायु द्वारा वर्द्धित अग्नि आकाश द्वारा दत्तावकाश मेरे अन्नको पचावें। अन्न पच जानेके बाद इसी अन्नसे मेरे शरीरके पार्थिव परिपुष्ट हो कर मेरे सुखकी वृद्धि हो। यह अन्न प्राण, अपान, समान, उदान, और व्यान इन पांचों प्राणोंको पुष्ट करके मेरे स्वास्थ्यको बढ़ावे।

गृहस्थको प्रतिदिन स्वेच्छानुसार अन्न पृथ्वी पर

अशेष प्राणियोंको दे कर इस तरह चिंता करनी चाहिये,—देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, सिह, यक्ष उरग, दैत्य, प्रेत, पिशाच, वृक्ष और अन्यान्य जो सब जीव मेरे अन्नके इच्छुक हैं और चीटियां, कीड़े, पतङ्ग आदि जो कर्मबंधनमें आवद्ध हैं और भूखे हैं, मैं उन लोगोंके लिये यह अन्न पृथ्वी पर छोड़ता हूं। इससे सभी परितृप्त और सुखी हों। जिनके माता, पिता और बंधु नहीं हैं और भोजन तय्यार करनेका कोई उपाय नहीं है तथा तय्यार करनेके लिये अन्न भी नहीं है, मैं उनको तृप्तिके लिये पृथ्वी पर अन्न छोड़ता हूं। वे इस अन्न द्वारा तृप्त तथा हर्षान्वित हों। निखिल जीव, यह अन्न और मैं, सभी विष्णुस्वरूप हैं। क्योंकि विष्णुके सिवा जगत्में और कुछ नहीं है। मैं समस्त जीव स्वरूप हूं इसीलिये मैंने समूचे प्राणियोंकी तृप्तिके लिये अन्न प्रदान किया। अब सभी सन्तोष लाभ करें। गृहस्थको चाहिये, वह इसी तरह मन्त्र पाठ कर श्रद्धाके साथ भूतोंके उपकारके लिये पृथ्वीमें अन्न दें। क्योंकि गृहस्थ ही सभी आश्रमों तथा प्राणियोंका आश्रयस्थल है। इसके बाद कुत्ता, चाण्डाल, पशुपक्षी, पापी और अपात्र मनुष्यको तृप्तिके लिये भी पृथ्वी पर अन्न छोड़ना अत्यावश्यक है।

इन सब कामोंके बाद गृहस्थको भोजन करना चाहिये। (विष्णुपुराण ३।११ अध्याय) प्रायः सभी पुराणोंमें भोजनके सम्बन्धमें विस्तृत रूपसे वर्णित है। स्थानाभावसे अधिक वर्णन नहीं दिया जा सका।

भोजनमें वर्जित वस्तुएं—

"ताम्रपात्रे पयः पानमुच्छिष्टे घृतभोजनम्।
दुग्धे च लवणं दद्यात् सद्यो गोमांसभक्षणम्॥
यः शूद्रेण समाहूतो भोजनं कुरुते द्विजः।
सुरापश्च स विज्ञेयः सर्वधर्मवहिष्कृतः॥
स्नानं रजकतीर्थेषु भोजनं गणिकालये।
शयनं पूर्वपादे च ब्रह्महत्या दिने दिने॥"

(कर्मलोचन)

तांबेके बरतनमें दूध पीने, जूठमें घी और दूधमें नमक खानेसे गोमांसभक्षणका पातक लगता है। जो ब्राह्मण शूद्र द्वारा आमन्त्रित हो भोजन करता है, वह सुरापानका दोषी बन सब धर्मोंसे वहिष्कृत होता है। रजक तीर्थस्थान या 'धोबीघाट' पर स्नान करने या वेश्याके यहां भोजन करने पर और पूर्वकी ओर पैर फैला कर सोने पर उसे नित्य ब्रह्महत्याका पाप लगता है।

अन्नप्राशन शब्द देखो।

भोजनके तीन भेद हैं,—सात्त्विक, राजसिक और तामसिक।

सात्त्विक भोजन—जिस आहारसे आयु, सत्त्व, बल, आरोग्य, उत्साह, सुख और प्रीति उत्पन्न हो और रस तथा स्नेहयुक्त, दीर्घकालका स्थायी रहनेवाला मनोहर भोजनको सात्विक भोजन कहते हैं।

राजसिक भोजन—वहुत कड़वा, वहुत खट्टा, अधिक नमकीन, वहुत गर्म, वहुत तेज, विदाही तथा रोग और शोकको वढ़ानेवाला भोजन राजसिक भोजन कहा जाता है।

तामसिक भोजन—तैयार होनेके वाद सूखा, वासी, जूठा, गन्धयुक्त भोजनको तामसिक भोजन कहते हैं। ये तीन प्रकारके भोजन सात्त्विक, राजसिक और तामसिक प्रकृतिवाले लोगोंके लिये क्रमसे प्रिय हैं।

सात्त्विक प्रकृतिवाले पुरुष तामसिक भोजन करते करते तामसिक प्रकृतिवाले वन जाते हैं। इसलिये जो पुरुष इहलौकिक और पारलौकिक कल्याणको कामना करते हैं; उनको सदा भोजनके प्रति सतर्क रहना चाहिये। भगवान् मनुने भी कहा है—

"आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युर्विप्रान् जिघांसति॥"

आलस्य और अन्नदोषसे ही मनुष्य अकाल मृत्युको प्राप्त होते हैं। इसलिये प्रत्येक बुद्धिमान्का कर्त्तव्य है, कि वे अपने भोजनके प्रति विशेष दृष्टि रखें।

भोजनकाल (सं० पु०) भोजनस्य कालः। भोजनका समय।

भोजनगर (सं० क्ली०) भोजस्य नगरं। भोजदेशस्थित नगर, धारापुर।

भोजनत्याग (सं० पु०) भोजनस्य त्यागः ६-तत्। भोजनपरित्याग, भोजन छोड़ कर उठ जाना। एक पंक्तिमें भोजन करनेवालोंमें यदि कोई उठ जाय तो उस पंक्तिके सभी लोगोंको भोजन त्याग करना ही विधेय है।

(स्मृति)

भोजनपात्र (सं॰ क्ली॰) भोजनस्य पात्रं। भक्ष्यद्रव्याधार, वह पात्र जिसमें भोजन किया जाता है। भोजन देखो।

भोजनभट्ट (हिं॰ पु॰) वह जो बहुत अधिक खाता हो, पेटू।

भोजनभाण्ड (सं॰ क्ली॰) भोजनस्य भाण्डं। भोजनका भाण्ड, भोजनपात्र।

भोजनरेन्द्र (सं॰ पु॰) १ काश्मीरके एक राजा। (राजतर॰ ७।२५९) २ भोजराज।

भोजनवृत्ति (सं॰ स्त्री॰) १ भोजन-व्यवसाय। २ खाद्य।

भोजनवेला (सं॰ स्त्री॰) भोजनस्य वेला। भोजनकाल, खानेका समय।

भोजनव्यग्र (सं॰ पु॰) भोजने व्यग्रः। भोजनविषयमें व्यग्र, पेटू।

भोजनशाला (सं॰ स्त्री॰) पाकशाला, रसोईघर।

भोजनाच्छादन (सं॰ पु॰) अन्न वस्त्र, खाना कपड़ा।

भोजनाधिकार (सं॰ पु॰) भोजने अधिकारः। भोजन-विषयमें अधिकार।

भोजनानन्द—अद्वैतदर्पणटीकाके रचयिता।

भोजनार्ह (सं॰ क्ली॰) शालिधान्य।

भोजनालय (सं॰ पु॰) पाकशाला, रसोईघर।

भोजनीय (सं॰ त्रि॰) भुज्-अनीयर्। भोजनयोग्य, खाने लायक।

भोजनृपति (सं॰ पु॰) भोजदेव। भोजराज देखो।

भोजपति (सं॰ पु॰) भोजानां भोजवंशीयानां पतिः। १ कंसराज। २ भोजराज, भोजदेशाधिपति।

भोजपत्र (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका मझोले आकारका वृक्ष। भूर्जपत्र देखो।

भोजपरीक्षक (सं॰ पु॰) रसोईकी परीक्षा करनेवाला।

भोजपुर (सं॰ क्ली॰) भोजस्य भोजराजस्य पुरम्। १ स्वनामख्यात-देश, राजा भोजका नगर। २ प्राचीन मगधके अन्तर्गत देशभेद। प्रवाद है, कि जरासन्धकी राजधानी राजगृहमें आते समय श्रीकृष्णने यहां पदार्पण किया था। यहांके अधिवासियोंकी भाषा भोजपुरी कहलाती है जो मागधी प्राकृतसे बिलकुल स्वतन्त्र है।

भोजपुर—मध्यभारतके भूपाल राज्यका एक ग्राम। यह अक्षा॰ २३° ६′ उ॰ तथा देशा॰ ७०° ३८′ पू॰के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या २३७ है।

भोजपुर—१ युक्तप्रदेशके मुरादाबाद जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा॰ २८° ५७′ उ॰ तथा देशा॰ ७८° ५२′ पू॰ मुरादाबाद नगरसे ४ कोस उत्तरमें अवस्थित है।

२ बङ्गालके शाहाबाद जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा॰ २५° ३५′ ८″ उ॰ तथा देशा॰ ८४° ६′ ४८″ पू॰के मध्य अवस्थित है।

३ बम्बईप्रदेशके नासिक जिलान्तर्गत एक नगर। यहांके गिरिदुर्गमें खण्डोबाका गुहा-मन्दिर विद्यमान है।

भोजपुरिया (हिं॰ पु॰) १ भोजपुरका निवासी, भोजपुरका रहनेवाला। (वि॰) २ भोजपुर संबंधी, भोजपुरका।

भोजपुरी (सं॰ स्त्री॰) १ भोजराजकी राजधानी। २ भोजपुरकी भाषा। (पु॰) ३ भोजपुरका निवासी। (वि॰) ४ भोजपुर संबंधी, भोजपुरका।

भोजभद्र—विदर्भके राजा। आपका जन्म ईसवी सन्के ५६ वर्ष पहले हुआ था। आपने नागार्जुनकी वक्तृता और धर्मव्याख्या सुन कर बौद्धधर्म ग्रहण किया था।

भोजयितृ (सं॰ त्रि॰) भुज्-णिच् कर्त्तरि तृच्। भोजन-कारयिता, भोजन करानेवाला।

भोजयितव्य (सं॰ त्रि॰) भुज्-णिच् तव्य। भोजन करानेके योग्य।

भोजराज—कान्यकुब्ज आधुनिक नाम कन्नौजके एक विख्यात राजा। ये महाराजाधिराज रामभद्रदेवके पुत्र थे। प्राचीन समयमें एक बार समग्र उत्तर-भारत इन्हीं महाराजाधिराजके अधिकारमें था। राजतरङ्गिणीसे मालूम होता है, कि एक समय इन्होंने काश्मीर तक अधिकार स्थापित किया था। महोबा, ग्वालियर और देवगढ़के शिलालेखोंसे मालूम होता है, कि इन्होंने ८६२ से ८८३ ई॰ तक राज्य किया था। इनकी उपाधि थी आदिवराह। इसी नाम आदिवराहसे मुद्रा भी उसी समय प्रचलित होती थी यह बात सीयडीनीके शिलालेखसे प्रकट होता है। इनके पुत्र तथा उत्तराधिकारी महाराजधिराज महेन्द्रपाल थे।

भोजराज—मालवाके परमारवंशी एक सुप्रसिद्ध राजा। यह राजा विद्वानोंसे पूजित होता था। इसका

नाम धाराधीश्वर प्रसिद्ध था। कीर्त्तिकौमुदी, सुकृत संकीर्त्तन, मेरुतुङ्गके प्रबन्धचिन्तामणि और बल्लाल पण्डितके भोजप्रबंधसे विद्योत्साही भोजराजाका कुछ कुछ परिचय मिलता है।

भोजप्रबंधमें लिखा है—धारा नाम्नी नगरीमें सिंधुल नामका एक राजा और सावित्रि नामकी उसकी एक रानी थी। बुढ़ापेमें राजाको एक लड़का उत्पन्न हुआ। इसी लड़केका नाम भोज हुआ। जिस समय राजा सिंधुलका अंतिम काल उपस्थित हुआ, उस समय भोजकी उम्र कुल पांच वर्ष की थी। पांच वर्षके इस बालकको किस तरह राज्यभार सौंपा जाये, राजा इसीकी चिन्तामें मग्न था। अन्तमें उसने निश्चय किया, कि राज-काज का भार मुञ्जको ही देना चाहिये। यदि राजा ऐसा नहीं करता तो सम्भव था, कि मुञ्ज-राज्यके लोभमें बालक भोजको मार डालता।

उपर्युक्त भोजप्रबन्धमें मुञ्जको सिंधुलका सहोदर छोटा भाई बताया गया है किन्तु पद्मगुप्तके नवसाहसाङ्कचरितमें लिखा है—

दिवं यियासुर्मम वाचि मुद्रामदत्त यां वाक्पतिराज देवः।
तस्यानुजन्मा कविबान्धवस्य भिनत्ति तां सम्प्रति सिन्धुराजः॥

(नवसाहसाङ्कचरित १।८)

इससे साफ मालूम होता है, कि मुञ्ज वाक्पति सिन्धुराजका सहोदर बड़ा भाई था। उसके मरनेके बाद सिन्धुराजको राज्य मिला। इन राजाओंकी राज-सभाके पद्मगुप्त राजकवि था। इस राज-कविका दोनों राजाओं द्वारा बड़ा सम्मान होता था। यहां इस कविकी बात पर ही विश्वास करना पड़ता है।

उदयपुर तथा नागपुरके भोजके ताम्रशासन तथा नवसाहसाङ्कचरितमें 'सिन्धुराज' नाम रहने पर भी भोजप्रबन्ध, प्रबन्धचिन्तामणि इत्यादि ग्रन्थोंमें राजा भोजका ही नाम दिखाई देता है। राजा भोजकी दो उपाधियां थीं,—नवसाहसाङ्क और कुमारनारायण। यह बात पद्मगुप्तके लिखे नवसाहसाङ्कचरितके पढ़नेसे स्पष्ट जानी जाती है।

मेरुतुङ्गने प्रबन्धचिन्तामणिमें लिखा है, कि सिन्धुल बड़ा ही बदमाश था। इसीसे मुञ्ज वाकपतिको उस पर कठोर शासन करना पड़ता था। एक बार सिंधुलसे तङ्ग आ कर मुञ्जने उसे देशसे निकाल दिया था। उस समय सिंधुल गुजरातके कासहृदके समीप रहने लगा था। यह स्थान अहमदाबादके करीब कासिन्द्र पालड़ी नामसे विख्यात है। कुछ दिनोंके बाद वह मालवा लौट आया था। मालवा लौटने पर मुञ्जवाक्पतिने अपने भाईका आदर किया। परन्तु उसका स्वभाव अब तक भी नहीं बदला। सिंधुलकी आंखें निकाल ली गईं और वह जेलखानेमें डाल दिया गया। इसी जेलखानेमें ही भोजराजका जन्म हुआ था। एक दिन एक ज्योतिषिने कहा था, कि यह लड़का एक दिन तुम्हारे राज्यका अपहारक होगा। यह बात सुन मुञ्ज बहुत चिन्तित हुए और तुरंत ही भोजको मार डालनेका हुक्म दे दिया। इस समय राजा भोज कुछ सयाने थे और कुछ पढ़ा लिखा भी था। राजाका हुक्म सुन कर उसने एक श्लोक बनाया और उसे राजाके पास भेज दिया। राजाने श्लोक पढ़ कर अपना विचार बदल दिया। इसके बाद ही भोज युवराज पद पर प्रतिष्ठित किया गया।

भोजप्रबन्धमें यह कहानी दूसरे ढङ्गसे ही लिखी गई है। उसमें लिखा है,—"मुञ्ज राजा हुआ सही परंतु वह सदा चिंतित रहा करता था। सोचने लगा कि अंतमें जब भोज ही राजा होगा तब मेरे जीनेसे क्या लाभ? खूब सोच विचार कर इसने बङ्गालके राजवत्स राजको लिवा लानेके लिये अपने अंगरक्षकको भेजा। महाबल वत्सराज धाराधीश्वरके यहां आया। परस्पर परामर्श हो चुकनेके बाद वत्सराजने भोजराजके मार डालनेका भार अपने ऊपर लिया। वत्सराजने भोजको पाठशालासे बुला महामायाके मन्दिरमें ले गया। महामायाके सामने भोजको बलि चढ़ा देना उसका उद्देश्य था। यहां भोजराजाने वटवृक्षके दो पत्ते तोड़ लिये। भोजने एक चाकूसे अपने जंघेको चीर डाला और रक्तसे उन पत्तों पर कुछ लिख उसने वत्सराजको दिया और कहा, महोदय! इन पत्तोंको आप राजाको दे दीजियेगा। यह कहकर वह मरनेके लिये तय्यार हुआ। इस समय उसके मुखकी कांति चमकने लगी। उसके मुखकी कांति देख वत्सराजके छोटे भाईने अपनी

बड़े भाईसे कहा, 'भाई ! मरनेके साथ संसारसे मनुष्यके साथ यदि कुछ जाता है, तो वह केवल धर्म है। पिता हों या माता या पुत्रकलत्र कोई भी मृतव्यक्तिके साथ नहीं जाता। यह सब इसी संसारके नातेदार हैं। मृत आत्माका यदि कोई साथी है, तो केवल वह धर्म है, दूसरा कोई नहीं। तुम्हारा हृदय वज्रके समान है। देखो, मृत्यु जाति, उम्र, रूप आदि हरण कर लेती है किंतु धर्मको हरण कर नहीं सकती। यह ज्ञान सुन कर भी तुम्हें भय नहीं होता।' छोटे भाईकी यह बात सुन कर वत्सराजको वैराग्य उत्पन्न हो गया। फिर उनको भोजके प्रति तलवार उठानेकी हिम्मत न हुई। बल्कि उसने आदरके साथ भोजको अपने वासस्थानमें छिपा रखा और चतुर शिल्पियों द्वारा भोजकी आकृतिका एक मुण्ड खूनसे तर बतर कर राजाको दिखला दिया। भतीजेका मृत मुण्ड देख कर राजाका हृदय कांप उठा। उसने वत्सराजसे पूछा, कि बताओ कि मरनेके पूर्व मेरे भतीजेने मुझसे कहनेके लिये तुमको कुछ कहा था? वत्सराजने कहा—"महाराज! उसने मुंहसे तो कुछ न कहा परन्तु इन पत्तोंको मुझे आपको देनेके लिये दिये हैं, सो लीजिये। राजाने पत्रको हाथमें ले लिया। वत्सराजके हाथसे उन पत्तोंको ले कर राजा पढ़ने लगा—

"मान्धातेति महीपतिः कृतयुगेऽलङ्कारभूतो गतः।
सेतुर्येन महोदधौ विरचितः क्वासौ दशास्यान्तकः॥
अन्ये चापि युधिष्ठिर प्रभृतयो यावद्भवान् भूपते।
नैकेनापि समं गता बसुमती मन्ये त्वया यास्यति॥"

इन पत्तों पर लिखे श्लोकोंके पढ़ते ही राजा मूर्छित हुए। फिर होशमें आ उसने भोजके लिये बहुत रोया गाया। अन्तमें उसने भोजका वियोग न सह सकनेके कारण आत्महत्या कर लेनेका दृढ़ संकल्प कर लिया। समूचे राज्यमें कुहराम मच गया। दूसरे दिन राजा दरबारमें आया। आज उसके प्राणत्याग करनेका दिन था। कुछ क्षणके बाद दरबारमें एक कापालिक आ पहुंचा। उसने कहा,—महाराज! आप क्यों शोकाकुल हो रहे हैं। आपके भतीजेको मैं जीवित कर ला सकता हूं। आप श्मशानमें मेरी कही हुई सामग्री भेजिये। कापालिकके कहनेके मुताबिक श्मशानमें होमकी सामग्री भेज दी गई। कुछ देरके बाद वह कापालिक भोजको साथमें ले कर राजसभामें गया। यह कापालिक आदिका भेजना, होम आदिका आडम्बर केवल वत्सराजकी चालें थीं। जीवित कुमारको आते हुए देख कर मुञ्जको अपार आनन्द हुआ। बुड्ढे मुञ्ज फिर राजसिंहासन पर बैठ न सके। यथासम्भव शीघ्र भोजको राजपाटका भार अर्पण कर आप अपनी रानीके साथ जङ्गलकी ओर चले। (भोजप्रबन्ध)

इन लेखोंमें मुञ्जके बाद भोजके राजा होनेकी बात यद्यपि दिखाई देती है, तथापि यह यथार्थ या सम्भव मालूम नहीं होती। क्योंकि पद्मगुप्तके नवसाहसाङ्कचरितमें तात्कालिक जिन सब बातोंका उल्लेख है इस प्रबन्धमें ठीक उसका विपरीत है। पहले ही कहा गया है, कि कवि पद्मगुप्त, मुञ्ज-वाक्पति और उसके छोटे भाईने सिन्धुराजकी सभाको सुशोभित किया था। इस कविने लिखा है, "वाक्पति राज्य-भार सिन्धुराजके हाथ सुपुर्द कर अम्बिकापुर चले गये थे। (११।९८) सिन्धुराजने कोशलाधिपति, बागड़, लाट और मुरलोंको जीता था। (१०-१८-२०) सिवा इसके सिन्धुराजने रत्नवतीके राजा वज्रांकुशको मार कर स्वर्णकमलके साथ नागराजकन्या शशिप्रभाको हर लाया था। रत्नवती नर्मदासे ५५ कोस दूर पर अवस्थित है। उदयपुर प्रशस्तिमें लिखा है, कि सिन्धुराजने हूण राजाको भी हराया था।

सिन्धुराजका बड़ा भाई मुञ्ज-वाक्पति कब मरा और सिन्धुराज कब राजा हुआ, इसका कहीं भी उल्लेख नहीं है। मेरुतुङ्गने लिखा है, कि प्रधान मन्त्री रुद्रादित्यकी सलाहसे वाक्पतिराजने तैलप पर चढ़ाई की थी। गोदावरी पार कर जब वह तैलपके राज्यमें पहुंचे, तब तैलपने उसको गिरफ्तार कर उसे कैद कर लिया। बहुत दिनों तक जेलमें रहनेके बाद उसने जेलखानेसे भागनेकी चेष्टा की और पकड़े जाने पर वह मार डाला गया। चालुक्यराज द्वितीय तैलपके शिलालेखोंमें भी मुञ्जवाक्पतिकी पराजयकी बात लिखी है। अमितगति-शुभासित रत्नसन्दोहग्रंथके उपसंहारमें लिखा है, कि १०५० विक्रमाब्द तदनुसार सन् ९९३ और ९४ ई०में मुञ्जके राजत्वकालमें ही इस ग्रंथकी रचना हुई। इधर चालुक्य

वंशपरिचयसे मालूम होता है, कि दूसरे तैलपका ९१९ शकाब्द या सन् ९९७-९८ ई०में देहान्त हुआ था। ऐसी दशामें सन् ९९५से ९९७ तक वाक्पतिकी मृत्यु और सिन्धुराजके सिंहासनलाभका समय माना जा सकता है।

सिन्धुराजके विक्रम तथा बहुतेरे देशों पर अधिकार स्थापित करनेकी बातोंको पढ़ कर यह अनुमान किया जा सकता है, कि सात आठ वर्ष तक ही उसका राज्य था।

कविवर पद्मगुप्तने सिन्धुराजके पराक्रम और राज्य-समृद्धिकी बहुतसी बातोंका प्रकट किया; परन्तु भोजराजका नाम तक भी उसने उल्लेख नहीं किया है, सम्भव है और खूब सम्भव है, कि उस समय तक भोजराजका जन्म ही न हुआ हो, अथवा जन्म हुआ हो और बालक रहनेके कारण उसके नामोल्लेख करनेकी उसे कोई आवश्यकता न दिखाई दी हो।

उदयपुरकी प्रशस्तिमें भोजके शौर्य्य, वीर्य तथा प्रताप और विद्वत्ताका परिचय मिलता है, इस प्रशस्तिमें लिखा है—"कविराज भोजकी मैं क्या प्रशंसा करूं? उसने जो साधन या विधान किया है या जो लिखा है या वह जितना जानते हैं, उतना कौन जान सकता है? चेदिराज इन्द्ररथ, तोगगल और भीम आदि कर्णाट, लाट, गुजरातके राजा और तुर्क-मुसलमान जिसके नौकरसे पराजित हुए थे, जिसके मौलशूरगण एक एक महारथी थे, जिसकी सैन्यसंख्या अगणित थी; जिसने केदार, रामेश्वर, सोमनाथ, सुण्डी, काल, अनल और रुद्र आदि देवालयोंको स्थापित किया था, उसने यथार्थ ही 'जगती' नामकी रक्षा की थी।

कल्याणके चालुक्यराज तीसरे जयसिंहके ९४१ शकाब्द तदनुसार सन १०१९-२०में लिखे शिलालेखोंसे पता चलता है, कि भोजराजने कर्णाट पर चढ़ाई की थी। किन्तु इस शिलालेखमें राजा भोजके हार जानेकी भी बात लिखी है। प्रायः १०११ ई०में यह युद्ध हुआ था। प्रबन्धचिन्तामणिमें भी लिखा है, कि गुजरातके राजा चौलुक्यभीमके साथ (सन् १०२१-६३ ई०) राजा भोजका युद्ध हुआ था। मेरुतुङ्गने लिखा है कि, "जब भीम सिंधुको जीतनेमें लगे थे, उसी समय राजा भोजने कुलचन्द्र नामके एक दिगम्बरजैनीको आदिलवाड़में सैन्यके साथ युद्ध करनेके लिए भेजा था।

राजधानी पर कब्जा हो गया। फिर कुलचन्द्र विजय पत्र ले कर उज्जैन लौट आया। महाकवि विलहणने विक्रमाङ्कदेवचरित नामक एक ऐतिहासिक काव्यमें लिखा है, कि विक्रमाङ्कके पिता दूसरे सोमेश्वरने (सन् १०४६से १०६८ और ६९ ई०) शीघ्रतापूर्वक धारानगरी पर अधिकार कर लिया। राजा भोजको बाध्य हो कर भागना पड़ा था (९।९१-९४)

भोजकन्या भानुमतीके साथ विक्रमादित्यका विवाह होनेका प्रवाद प्रचलित है। बहुतोंका ख्याल है, कि यह विवाद भोजराजके पराजित होनेके बाद हुआ था।

सुलतान महमूदकी सोमनाथ मन्दिरको चढ़ाई इतिहासमें प्रसिद्ध है। परमशैव भोजराजने उस मन्दिरकी रक्षाके लिये महमूदके साथ घोर युद्ध किया था। लेखोंमें इसी युद्धको मुसलमानोंके साथ भोजके युद्धका वर्णन आया है।

भोजराज पराक्रमी देवभक्त और पराक्रान्त राजा तो था ही, सिवा इसके वह सुकवि भी था। यह अपने पिता और बड़े चाचासे कहीं बढ़ कर कवि हो गया था। कवि ही नहीं वरं महापण्डित और विद्वानोंका पृष्ठपोषक भी था। भोजप्रबोधमें दिखाई देता है, कि सैकड़ों विद्वान् राजा भोजकी सभाकी शोभा बढ़ाते थे। भोजराज कविता सुन कर प्रत्येक श्लोकके लिये एक एक कविको एक एक लाख दीनार या तात्कालिक मुद्रा प्रदान करता था। उसकी सभामें रामदेव, हरिवंश, शङ्कर, कलिङ्गकर्पूर, विनायक, मदन, विद्याविनोद, कोकिल, तारेन्द्र, लक्ष्मीधर, रामेश्वर आदि कवि तथा विद्वानोंके सिवा कितनी ही कवि और विदूषी स्त्रियां भी थीं। इन स्त्रियोंमें सीता ही प्रधाना थी। भोजप्रबन्धके लेखकने लिखा है, भोजकी प्रधान रानी लीलावती भी बड़ी विदूषी थी। यादव सिंघनके समयके शिलालेखोंको पढ़ कर हमें मालूम होता है, कि सुप्रसिद्ध ज्योतिषी भास्कराचार्यके वृद्ध पिता भास्करभट्टने भोजराज द्वारा विद्यापतिकी उपाधि प्राप्त की थी।

भोजराजकी सभामें ज्योतिष, काव्य, धर्मशास्त्र, दर्शन अलङ्कार आदि सभी शास्त्रोंकी आलोचना प्रत्यालोचना होती थी। वहांके बहुतेरे विद्वानोंका विश्वास है, कि इस भोजराजकी सभामें सर्व शास्त्रों पर कितने ही भाष्य-निबन्धादिकी रचना हुई थी। उनमें कामधेनु ग्रन्थ ही प्रधान है। अब तक भी महाराजाधिराज भोजके रचे सरस्वतीकण्ठाभरण, राजमार्त्तण्ड नामके योगसूत्र-भाष्य, राजमार्त्तण्ड, राजमृगाङ्ककरण और विद्वज्जन-वल्लभ नामक ज्योतिषशास्त्र, समराङ्गण नामक वास्तुशास्त्र और श्रृङ्गारमञ्जरी कथा नामक खण्डकाव्य आदि बहुतेरे ग्रन्थ मिलते हैं।

सिवा इसके भोजराजके नामसे निम्न लिखित ग्रन्थ प्रचलित हैं,—आदित्यप्रतापसिद्धान्त (ज्योतिष), आयुर्वेदसर्वस्व (वैद्यक), चम्पूरामायण, चारुचर्य्या (धर्मशास्त्र), तत्त्वप्रकाश (शैव), नाममालिका (कोष), युक्तिकल्पतरु, विद्याविनोद (काव्य)-विद्वज्जनवल्लभ प्रश्नचिन्तामणि, विश्रान्तविद्याविनोद (वैद्यक), व्यवहारसमुच्चय (धर्मशास्त्र), शब्दानुशासन. शालिहोत्र, शिवदत्तरत्नकलिका, समराङ्गण सूत्रधार, सिद्धांत-संग्रह (शैव) और सुभाषितप्रबंध आदि। कितने ही विद्वानोंका ख्याल है, कि उपर्युक्त ग्रंथ समूह राजा भोजकी सभाके विद्वानोंके रचे हुए हैं।

केवल बहुतेरे ग्रंथ ही राजा भोजके नामसे प्रचलित नहीं वरं तात्कालिक कितने ही विद्वान् अपने-अपने रचित ग्रंथोंमें भोजका मत अथवा श्लोकोंको उद्धृत कर उसका नाम चिरस्मरणीय कर गये हैं। इनमें शूलपाणि, दशवल, अल्लाड़नाथ और स्मार्त्त रघुनन्दन द्वारा भोजराज निबंध-कारके रूपमें भावप्रकाश और माधवके रुग्विनिश्चयमें वैद्यक ग्रंथकाररूपमें केशवार्क द्वारा ज्योतिषशास्त्रकाररूपमें और स्वामी, सायण और महीप द्वारा अभिधान रचयिता और वैयाकरणरूपमें और चित्तप, देवश्वर, विनायक क्षीरसरस्वतीकुटुम्बदुहिता आदि कवियों द्वारा कवि-रूपमें प्रशंसित हो गया है। प्रसिद्ध दार्शनिक वाचस्पति मिश्र अपने तत्त्वकौमुदी ग्रंथमें 'भोजराजवार्त्तिक' कह कर भोजराजकी प्रशंसा की है।

वल्लालपण्डितके सिवा मेरुतुङ्ग आचार्य, राजवल्लभ, वत्सराज वल्लभ, मुनिसुन्दरशिष्य, शुभशील आदि पण्डितोंने भोजप्रबंध लिख कर भोजराजकी चरित्रगाथा गाया है। इन सब लेखोंमें भोजराजकी कीर्त्ति तथा माहात्म्य विशेषरूपसे वर्णित होने पर भी ऐतिहासिकोंके सामने इन सब ग्रंथोंका कुछ विशेष मूल्य नहीं है।

उदयपुर, नागपुर और बड़नगरकी प्रशस्तियोंको, कीर्त्तिकौमुदी, सुकृत संकीर्त्तन और प्रबंधचिंतामणिकी आलोचना करने पर मालूम होता है, कि चेदिराज कर्ण और गुजरातके राजा चौलुक्यभीमके एक साथ आक्रमण करने पर भोजराज मारा गया था और धारा नगरी शत्रुओंके हाथ आ गई थी। उदयपुरकी प्रशस्तिमें लिखा है, कि भोजराजका योग्य पुत्र उदयादित्यने अपने पिताके खोये हुए नष्ट गौरव और नष्टराज्यलक्ष्मीको पुनः प्राप्त किया था। प्रायः १०१० ई०से १०४२ ई० तक भोजराजने धारानगरी और मालवाका शासन किया था। कितने ही लोगोंका विश्वास है, कि यही भोज भोजविद्याका प्रवर्त्तक है।

भोजराजचौरकवि—शार्ङ्गधरपद्धतिधृत एक कवि। चौरकविकृत पद्यावली उक्त ग्रंथमें उद्धृत है।

भोजराय—बूंदीके शासनकर्त्ता। ये सम्राट् अकबरशाहके राजत्वकालके बीसवें वर्षमें इस पद पर आसीन हुए। इनके पिता राय सुरजन हाड़ा चितोर-राजके अधीन रणस्तम्भगढ़के सामन्त थे। अकबरशाहके चित्तोर पर चढ़ाई करने पर रणस्तम्भगढ़ इनके हाथ लगा। तभीसे पिता-पुत्र मुगलसम्राट्की आश्रय-भिक्षा करनेको बाध्य हुए। दोनों ही वीर और योद्धा थे। भोजराय उड़ीसाके अफगान युद्धमें मानसिंहके और दाक्षिणात्यके मुगल अभियानमें शेख अबुल फजलके सहकारीरूपमें गये थे।

इन्होंने मानसिंहके पुत्र जगत्सिंहके साथ अपनी कन्याको व्याहा था। जहांगीरने पितृसिंहासन पर अधिष्ठित हो कर इस कन्याका पाणिग्रहण करना चाहा, किंतु मुगलोंको कन्या देनेसे भोजराय बिलकुल इनकार चले गये। इस पर जहांगीर बड़े बिगड़े और इसका प्रतिशोध लेनेके लिये तैयार हो गये। इस समय भोजराय

काबुलमें थे। जब उनको इस बातका पता लगा, तब १०१६ हिजरीमें उन्होंने आत्महत्या कर ली। दूसरे वर्ष उनकी दौहित्रीके साथ सम्राट् जहांगीरका शुभविवाह सम्पन्न हुआ।

भोजराजीय (सं० त्रि०) भोजराज सम्बन्धीय।

भोजवदर—बम्बईप्रदेशके काठियावाड़ विभागके गोहेलवाड़ जिलान्तर्गत एक छोटा सामन्तराज्य। यहांके सरदार गायकवाड़राज और जूनागढ़के नवावको कर देते हैं।

भोजवर्मन्—कालञ्जरके चन्देल्लवंशीय एक सुप्रसिद्ध राजा। चन्द्रात्रेय-राजवंश देखो।

भोजवाजी—ऐन्द्रजालिक क्रीड़ा। व्यायाम आदिमें चतुर और कौतुकनिपुण मनुष्य अपने अत्याश्चर्यजनक क्रीड़ाओं द्वारा जो रहस्यपूर्ण तमाशादि दिखाते हैं, उसीको भोजवाजी या इन्द्रजाल खेल कहते हैं। जो काम सहजमें होनेवाला नहीं, उसको वातकी वातमें कर दिखाना उसका कौशल्य है। ऐसी ही उनको शिक्षा दी जाती है, जिससे वह असम्भवको सम्भव कर दिखाते हैं। जैसे सूतेको रेशम बना देना, एकाएक बहुत सांपोंका द्रश्य, रुपये हाथसे गायब कर देना, या मट्टीसे रुपया बना देना, कोयलेको हीराके रूपमें दिखाना, अपनी जीभको छेद देना, हत्या, पुनः जीवनदान, एकाएक नदी तय्यार कर दिखा देना इत्यादि तमाशे सहज हीमें दिखला सकते हैं। अवश्य ही यह मानना होगा, कि मृत-सञ्जीवनीविद्याके विना जाने कोई मनुष्य किसी मृत शरीरमें प्राणवायुका सञ्चार कर सकता है। अङ्गरेजोंके इस तरहके कठोर शासनमें कभी भी क्रीड़ादिखलानेमें नर हत्या नहीं हो सकती। किन्तु जादूगर जो क्रीड़ा कौतुक दिखलाते हैं, वह केवल नजरवन्दीका कारण है। नजर बांधनेमें वह बहुत निपुण होते हैं।

फिर हम जरूर कहेंगे, कि वेद, पुराण और डामर तन्त्रोंमें इस तरहके कई मन्त्र देखे जाते हैं, जिससे बहुत असम्भवकी बात असम्भव होने पर भी सम्भव हो सकती है। इन सब कामोंमें द्रव्यगुण ही प्रधान आधार है और कितने ही कामोंमें मन्त्र आदिकी भी जरूरत होती है और कितने ही कामोंके लिये केवल अभ्यासकी जरूरत है। किन्तु प्रायः सब कामोंमें उत्तम गुरुकी दीक्षाकी परम आवश्यकता है। अन्यथा पुस्तकोंमें लिखे मन्त्रोंका कुछ भी प्रभाव नहीं हो सकता। जिस प्रक्रिया द्वारा मन्त्र सिद्ध करनेका नियम है, उसी प्रक्रियासे सिद्ध करना आवश्यक है।

यह भोजवाजीगर अंग्रेज जगलर (Juggler) या वाजीगरोंसे बहुत मिलने जुलते हैं। इनके वाजीकरके कामोंमें अधिक मन्त्र तन्त्रोंकी आवश्यकता नहीं होती। अभ्यास ही उनका मूलमन्त्र है। इनका कहना है, कि जैसे A. B. या क, ख, से अभ्यास कर अंग्रेजी हिन्दी भाषामें पारंगत हो सकते हैं उसी तरह अभ्याससे ही एक छोटे सांपसे ले कर 'धुथूर' मोटे मोटे वा 'गेहुअन' या करैत आदि विषैले सांप तक पकड़नेमें समर्थ हुआ जा सकता है। अभ्याससे फुर्त्ती हाथ चला कर दूसरे एक हाथका रुपया गायब कर दूसरे हाथमें ले सकते और नेत्रके कोनमें तीन इञ्चका शलाका घुसेड़ सकते हैं इत्यादि।

हमारे देशमे आजकल भोजवाजीगर जो तमाशे दिखलाते हैं, उसमें द्रव्यगुण, मन्त्र, व्यायाम तथा क्रीड़ा कौतुककी कार्यकुशलता अधिक देखी जाती है। कभी कभी तो वे निराधार रस्सी पर अपना बोझ रख (Rope-Dancing) आकाश मार्गमें आते जाते हैं। कभी दोनों हाथ नीचे टेक कर और पैरोंको आकाशमें खड़ा कर यानी शिर नीचे और पैर ऊपर कर हाथोंके बलसे मोर (Peacock)की तरह चलते हैं। कभी कभी द्रव्योंके गुण दिखा कर अपनेको अभ्यास नैपुण्यका परिचय देते हैं। जैसे कपड़ेमें चावल रख कर उसको भूज देना, आमकी गुठली जमीनमें रोप तुरन्त पौधेको अंकुरित करना और पौधा और वृक्ष उत्पन्न कर फल पैदा करा देना या जलमें कमलकी सृष्टि कर देना इत्यादि जिन चीजोंसे यह क्रीड़ादि बनाया जाता है, उसको भोजवाजी कहते हैं। भोजविद्या देखो।

बाजीगर इसी खेलको भानुमतीका पेटारा कहा करते हैं। लोगोंका अनुमान है, कि राजा भोजकी कन्या भानुमतीने इस 'बाजी' या खेलको उत्पन्न किया था। साधारणका विश्वास है, कि वे मन्त्र द्वारा तुंवड़ी वजा कर लोगोंकी दृष्टिको बांध देते हैं। खेलके प्रारम्भमें वे लाग लाग भेलकी लाग मामीकी माकी खेल देख यह पद कई बार पुनः पुनः उच्चारण करते हैं। यह तुमड़ी खेल रुचिकर तथा आश्चर्य्यजनक है।

भोजविद्या—ऐन्द्रजालिकविद्या, जादूगरी। बहुतोंका विश्वास है, कि भारत-प्रसिद्ध भोजराजने इस कुहक-विद्याका प्रवर्त्तन किया है। इसीलिए इस अघटन-घटना-पटु विज्ञानका नाम उनके नामानुसार प्रसिद्ध हुआ है। प्रवाद है, कि विद्यानुरागी भोजराजने इस अपूर्व माया विद्याकी उन्नतिके लिए विशेष प्रयत्न किया था। उन्हींके आश्वास और आश्रयमें इस विद्याकी विशेष उन्नति देख कर पण्डित-मण्डली उसकी उन्नतिके लिए बद्धपरिकर हुई थी। उसीका फल है कि, अथर्ववेद, पुराण और तन्त्रादिसे अभिचार मन्त्रोंको उद्धृत कर उसे एक स्वतन्त्र विज्ञान वा विद्यारूपमें परिणत कर दिया गया है। मारण, उच्चाटन, बशीकरण, स्तम्भन, रोगनिवारण, भूतप्रसाधन, आकर्षण, मोहन, विद्वेषण आदि नैसर्गिक क्रियाकाण्ड इसी विद्याके अन्तर्गत कर दिया गया है। किस प्रकार और किस रूपमें वह सम्भव हो सकता है इसका समावेश निर्णय करना इस विद्याका प्रधान उद्देश्य है। किस द्रव्यमें क्या गुण है और दूसरे किस द्रव्यके साथ उसे मिलानेसे रासायनिक प्रयोगसे क्या फल हो सकता है, इस बातके समन्वय साधन द्वारा जो अत्याश्चर्य गुण-परम्परा उपलब्ध होती है, उसीका नाम भोजविद्या है।

एक किम्बदंति है, कि राजा भोज द्वारा प्रवर्त्तित इस अद्भुत कला-विद्यामें उनकी रूपगुणवती कन्या विक्रमादित्यकी पत्नी भानुमती विशेष पारदर्शिनी थीं। भानुमतीकी इन क्रीड़ा कुशलताकी कहानी सर्वत्र प्रसिद्ध है। यह भी प्रसिद्ध है कि, भानुमतीने एक दिन अपनी जादू-विद्यासे प्रान्तर समुद्रकी सृष्टि कर विक्रमादित्यकी गति रोक दी थी। 'बत्तीस सिंहासन' नामकी पुस्तकमें बत्तीस पुतलियोंके जो कथन हैं, वह भोजविद्या-कुशलताका निदर्शनमात्र है।

यह भोजविद्या अधिकांशमें अङ्गरेजी मैजिक (*Magic*) सदृश है। फिलहाल हमारे देशमें भोजविद्याकी जैसी सङ्कीर्ण अर्थोत्पत्ति हुआ करती है, अङ्गरेजी *Magic* शब्दसे भी वैसी ही अर्थका बोध होता है। 'भोजविद्या' कहनेसे जैसे अब सिर्फ भौतिक क्रीड़ा कौशली बाजीगरोंके कार्य्यमात्रका बोध होता है, वैसे ही अङ्गरेजीमें magic कहनेसे अब छायाबाजी समझमें आती है।

पहले पहल कागज पर प्रतिमूर्त्ति काट कर उसीसे छायाबाजी दिखलाई जाती थी। पहले एक अंधेरी कोठरीके एक कोनेमें बत्ती रख कर कपड़ेसे उसे इस तरह घेर दो, जिससे वह आलोकान्धकारसे विच्छिन हो जाय। पीछे उस अंधकार गृहांशमें दर्शक मण्डलोको बिठा कर, आलोकभागसे कपड़ेके पास कागजका जैसा चित्र दिखलाया जायगा, उसकी सुस्पष्ट छाया भींगे कपड़ पर पड़ेगी। उस चित्रको जितना ही आलोकके पास ले जाओगे, छाया उतनी ही बड़ी दीखेगी। पीछे जब (magiclantern) भौतिक-प्रदीपका आविष्कार हुआ, तब इस क्षुद्रतर भोजविद्याकी और भी उन्नति हो गई। यह आलोकदण्ड इस तरकीबसे बनाया गया है, कि उसकी आलोक-रश्मि सिर्फ एक ही छिद्रसे निकलती है। उस छिद्रक मुंह पर एक मोटे पेटका कांच रहता है। उसके अधिश्रयण (Focus) स्थानमें आलोक-किरणोंका समूह एकत्रित हो कर ऐसे विस्तृतरूपमें फैलता है, कि जिससे उसके अन्दरके काँच पर खींची हुई चित्रावली दर्शक-मण्डलीके सामने स्पष्टरूपसे और बड़े आकारमें प्रतिभासित होती रहती है।





ऊपर भौतिक-प्रदीपका चित्र दिया जाता है। 'क' से 'ख' तकका स्थान एक गोलाकार नल है। 'क' के मुंह पर पूर्वकथित मोटे-पेटका कांच है, 'ग' मार्गचित्र-प्रसारणका स्थान है। 'घ' प्रदीपके अन्दरकी बत्ती है, 'घ'के पीछे जो ऐसा है वह दीप्ति-प्रसाधक (Reflector) है और 'ङ' धुआं निकलनेका मार्ग है। च, छ, झ, भीगे कपड़े पर पड़ा हुआ अक्स या चित्र है।

इस भौतिक छाया-प्रदर्शिनी द्वारा जो चित्र दिखलाए जाते हैं वे काँच पर नाना वर्णोंमें चित्रित और ऐसे शिल्प-नैपुण्यपूर्ण होते हैं, कि लोग उसकी छायाको देख कर यही समझने लगते हैं जैसे वह सजीव चित्र हो। भौतिकप्रदीपके 'क' चिह्नके अधिश्रयण स्थानमें आलोकमाला संयुक्त होने पर 'ग' मार्गमें प्रविष्ट चित्र साफ-साफ दिखलाई देता है। अधिश्रयण ठीक करनेके लिए नलको घटाया बढ़ाया जा सकता है।

अब जो सीनोमा या बायस्कोप (Bioscope) नामकी चित्र-प्रदर्शिनी निकली है, वह भी एक प्रकारकी भौतिक छायबाजी ही है। इसके सिवा भोजाबाजीकी तरह फिलहाल अंग्रेजी magic शब्दसे और एक प्रकारकी खेल दिखाया जाता है। इसकी क्रियाओंमें ऐन्द्रजालिक खेलोंकी तरह हाथ चलानेका अभ्यास करना पड़ता है। बिना एक शिक्षक सहयोगीके यह काम करना असम्भव है। ताशके खेलमें उनकी सजावट जैसी आश्चर्य-जनक है, उसी प्रकार सजधज और आड़म्बरमें ही अंग्रेजीप्रथासे magic दिखलाई जाती है। दूसरेका रूमाल ले कर सबके सामने फाड़ते समय उसे इस ढंगसे दुबका लेना पड़ेगा कि किसीको उसका आभास भी न हो। पीछे अपने रूमालको फाड़ कर उसे आगमें जला दो और दर्शकका रूमाल अपने सहकारीको दे कर उसे एक फ्रेममें अच्छी तरह रखवा लो। फिर यथासमय उस फ्रेमको दर्शकोंके सामने रंगमञ्च पर रक्खो। इधर एक बन्दूकमें उस फटे जले रूमालको भर कर उसका घोड़ा दाब दो। यह बंदूक भी मामूली नहीं होती, बल्कि खेलके लिए विशेष ढंगसे बनाई जाती है। बन्दूककी उस नलीके बगलमें वैसी ही एक दूसरी नली रहती है, जिसमें वह फटा हुआ रूमाल इस तरकीबसे रखा जाता है, कि घोड़ा दाबने पर आवाज तो होती है, पर रूमाल नहीं निकलता। दर्शकोंको इसका कुछ भी पता नहीं रहता। फिर फ्रेम खोल कर दिखलाते हैं। इसलिए यह सजानेकी कुशलताका परिचयमात्र है। इसी प्रकार वे और भी बहुत-से अनैसर्गिक खेल दिखलाते हैं, अत्यन्त आश्चर्यकारी आर हास्योद्दीपक होते हैं। Mesmerism द्वारा ज्ञानहरण करके वे मुंहसे भूतावेशकी तरह अभूतपूर्व वाक्योंका उद्भावना अथवा Ventriloquism रूप विभिन्न स्वर-विन्यासमे भूतप्रेतादि योनियोंकी अवतारणा

और उनके साथ नाना विषयकी वार्त्तालाप करते हैं । जिसे हम अधिकांशमें भोजविद्या वा Magical Art-के अनुसाररूप कह सकते हैं, परंतु पहलेके अंग्रेजी साहित्य या बाईबिल धर्मग्रंथमें Magic शब्दका जैसा प्रयोग देखनेमें आता है, वह इससे स्वतन्त्र अर्थमें ही व्यवहृत हुआ है। उक्त ग्रंथमें उपदेवता (Evil spirits) वा प्रेतात्मा पर शक्ति-सञ्चारक ज्ञानको भौतिकविद्या कहा गया है। *Balaam* और Rab mag आदि भोजविद्याके विशारद थे। पूर्वतन ईसाई, कल्दीय बैबिलोनीय, इज़िप्टीय आदि लोग भोजविद्यामें अभ्यस्त थे।

पूर्वतन इस्राइल और मिश्रदेशके लोग भौतिकविद्यामें पारदर्शी थे, यह बात बाइबिलके पढ़नेसे मालूम हो जाती है (Exod. vii, 11) हेङ्गष्टे नवर्गने लिखा है—'इजिप्टीय पुरातत्त्वकी आलोचना करनेसे मालूम होता है, कि उस देशमें भोजविद्या-विशारदोंकी एक श्रेणी रहती थी। वे प्रायः दो प्रकारके कार्य करते थे। देवमन्दिरोंमें उपासना और आराधना तथा भोजविद्या रूपविज्ञानकी परिचर्या। जो इस विद्यामें पारदर्शी होते थे वे सर्वत्र संन्यासीकी तरह पूजित और सम्मानित होते थे। बहुधा वे भविष्यद्वक्ताकी तरह देवोपदेश सुना दिया करते और कभी कभी पवित्र मन्त्रोंको पढ़ कर रोगीके मनमें ऐसी भक्तिका उद्रेक करा देते थे, कि उससे बहुत ही जल्दी उसका रोग दूर हो जाता था। ये लोग साधारण ज्ञानके परे अर्थात् पूर्णमात्रामें दिव्यज्ञान प्राप्त थे। ये साधुहृदय महात्मा लोग ज्ञानयोगसे मनुष्यके ज्ञानके परेकी वस्तुओंको भी देख सकते थे। उसकी इस मैजिक (magic) विद्याको दूरदर्शिता और बहुज्ञान सञ्चयका फल कहा जा सकता है। अथवा यों कहना चाहिए, कि वे योगबलसे अलोक-सामान्य वस्तुओंको साधारणके समक्ष रख दिया करते थे।

हमारे देशमें मृत्युमुखमें पड़े हुए कठिन रोगग्रस्त व्यक्तिकी रोग-शान्तिके लिए जैसे ग्रहशान्ति, नारायणको तुलसीदान और स्वस्त्ययनादिकी व्यवस्था है, ईसाइयोंमें भी वैसी ही व्यवस्था थी। पूर्वोक्त ज्ञानी पुरोहितगण, चिकित्सकोंकी व्यवस्थाके साथ-साथ पवित्र मन्त्र पढ़ कर रोग दूर करनेकी कोशिश करते थे। कभी वे रोगीके शरीरगत सामुद्रिक चिह्नकी पर्यालोचना और ग्रहादिकी परिचालना करके रोगीकी साध्यासाध्यताका निरूपण कर दिया करते थे। इसके सिवा वे स्वप्नादिका भी फलाफल बता देते थे। जब कभी किसी स्थानमें महामारी आदि फैलती दिखाई देती, तो ये पुरोहितगण अपनी-अपनी अभ्यस्त भौतिकविद्याके प्रभावसे उसे दूर करनेका प्रयत्न करते थे। लूसियन Lucian ग्रन्थमें 'इजिप्टीय' भोजविद्याका आभास पाया जाता है। उक्त ग्रन्थमें लिखा है, 'इजिप्टीय' भोजविद्या-पारदर्शी एक मेम्फीने २३ वर्ष तक पाताललोकमें वास करके आइसिस (Isis)-के पास भोजविद्या सीखी।

इज़िप्ट और बैबिलन राज्य किसी समय भोजविद्या-विशारद पुरोहितोंका केन्द्र था। उसके बाद यहूदियोंने इस विद्याका अभ्यास किया। उन्होंने भी मन्त्रों द्वारा प्रेतात्माका आह्वान, भूतादिकी अवतारणा और उसके प्रतिषेध तथा सलोमनके नामसे मन्त्रोच्चारण कर रोग दूर करना प्रारम्भ किया। जेसेफासकी विवरणी पढ़नेसे इस विषयका सविस्तार इतिवृत्त ज्ञात हो जाता है।

'सेफेर टोल्दाथ् जेसू' नामक ग्रन्थमें ईसामसीहकी अलौकिक क्रियावलीके अभिनय सम्बन्धमें इस प्रकार एक उपाख्यान दिया गया है,—डेविड्ने जेरुसलेमके पवित्र मन्दिरकी नीवँ डालते समय एक पत्थर पर विश्वपाताके ज्ञानका द्योतक एक मन्त्र अङ्कित देखा। बादमें कहीं कुतूहल-परवश अज्ञ युवकगण उस मन्त्रको पा कर अत्यद्भुत कार्य (*Miracles*) करके जगत्का महा अमङ्गल न कर बैठें, इस ख्यालसे उन्होंने उस मंत्रको गर्भगृहके पीठस्थानमें रख दिया। अन्य कोई उस मंत्रको न पढ़ सकें, इसलिए तत्कालीन साधुचेता मनीषियोंने उस पवित्र पीठ (Holy of the Holus) प्रवेशद्वार पर दो सिंहमूर्त्तियां स्थापित कर दीं। प्रवाद है, कि यदि कोई व्यक्ति मन्दिरमें प्रवेश कर उस मंत्र द्वारा ज्ञानचक्षु प्राप्त करके मंदिरके बाहर आना चाहता, तो वे दोनों सिंह विकट गर्जन करते जिससे वह उस मंत्रको वहांका वहीं भूल जाता। एक दिन स्वयं ईसामसीहने अपनी अलौकिक भोजविद्या और मंत्रादिके प्रभावसे

पुरोहितोंसे छिप कर उस मंत्रका उद्घाटन किया और उसे एक पार्चामेण्ट कागज पर लिख लाये। पीछे अपने शरीरके चमड़ेको छेद कर उसमें उस लेखनीको घुसा दिया। मंदिरसे बाहर आते समय सिंहके गर्जनसे वे उस मंत्रको भूल गये, परन्तु उनके शरीरके अन्दरकी लिपिने उन्हें फिर उस ज्ञानालोकमें ला कर रख दिया। उस मंत्रके प्रभावसे ही उन्होंने अलौकिक कार्य सम्पादन किये थे।

ईसामसीह और ईसाई साधुगण जिन अलौकिक क्रियाओंका सम्पादन कर गये हैं, उनमेंसे किसी किसीमें भोजविद्याका आभास पाया जाता है। प्राचीन हिदेन लोग तथा पिथागोरस आदि ग्रीक दार्शनिकगण भोजविद्याका अभ्यास रखते थे। इफेसस् एक भोजविद्याविशारद थे। (Acts, Xix 9) उनके शक्ति सञ्चारक गुप्त-लिपियुक्त कवचके धारण करनेसे लोगोंको विशेष लाभ पहुंचता है। स्वयं ईसामसीहने अपनी शिष्यमण्डलीके लिए कई एक भोजविद्या सम्बन्धी निबन्ध लिखे थे। सेलसस् आदिने लिखा है कि, हमारे त्राणकर्त्ताने इज़िप्टसे भोजविद्या सीखी थी। पहले यह भोजविद्या सर्वसाधारणकी आदरणीय वस्तु थी। ज्ञानवान् व्यक्तिमात्र तथा दार्शनिकगण प्राकृतिक घटनाओंके समन्वय, ग्रहादिके संस्थान और उनके सञ्चार-जन्य सुखदुःखादिके अनुभवकी आलोचना करते थे। वे भौतिक जगत्की क्रियाओंको लक्ष्य करके उसीके अनुशीलनकारी हो गये थे। यह भौतिकविद्या उस समय magic नामसे कही जाती थी। उसके बाद वह तीन श्रेणियोंमें विभक्त हो गई—१ Natural वा स्वाभाविक—पार्थिव पदार्थोंके सहयोगसे अपूर्व घटनाओंका समन्वय-साधन; २ planetary वा ग्रहविषयक—ग्रह-विशेषकी सञ्चार-शक्ति और ग्रहादिमें अवस्थित प्रेतात्माओंका मनुष्यके कार्यादि पर कैसा प्रभाव हो सकता है, उसका निर्णय और प्रतिकार; ३ Diabolical वा भूतविद्या—मन्त्र द्वारा भूतादिका आवाहन और उनके द्वारा अलौकिक क्रियाओंका सम्पादन। इसके सिवा पूर्वोक्त Miracle (अघटन-घटन) और Oracle of Dilphi-की भांतिकी ऐशिक-शक्ति द्वारा कथित भावी-वाक्योंका कुछ अंश भी भोजविद्यामें परिस्फुट हैं।

अब मालूम होता है, कि हमारे देशकी भोजविद्या और यूरोपीय Magic एक ही विज्ञान है। जो विद्या हमारे देशमें बहु प्राचीनकालसे प्रवर्त्तित हो कर बादमें भोजविद्या कहलाई, वही विद्या ईसाके जन्मके बहुत पहले इजिप्ट, ग्रीस, वैबिलौन और कालदीय राज्यमें विस्तृति प्राप्त करके Magic वा भौतिकविद्याके नामसे प्रथित हुई है।

आलोचना करके देखने पर मालूम होता है, कि यह विद्या पहले एक स्थानमें विस्तृति और उन्नति प्राप्त करके पीछे विभिन्न देशवासियों द्वारा गृहीत हुई है। पुराणोंकी खोज करनेसे विदित होता है, कि शाकद्वीपवासी भोजकब्राह्मण ग्रहादि चालना, सूर्य-पूजा, स्तव और स्वस्त्ययनादि द्वारा रोग-शान्ति आदि अलौकिक कार्य सम्पादनमें समर्थ थे। साम्बको कुष्ठरोगसे मुक्ति भोजकों द्वारा ही हुई थी। भोजकगण भौतिकविद्या जानते थे, इसमें सन्देह नहीं। भोजकब्राह्मण देखो।

जिन शाकद्वीपी ग्रहविप्रोंने भारतमें आ कर भोजकसंज्ञा प्राप्त की थी, उन्हींकी अन्यतम शाखा मग वा मगि नामसे फारस और मिड़िया राज्यमें बहु पूर्वकालसे पौरोहित्यका कार्य करते थे। ऐतिहासिक गवेषणासे ज्ञात हुआ है कि, ये मगब्राह्मणगण उस प्राचीन युगमें बहुतर शास्त्रोंकी आलोचना करते थे। मगि (Magi) ब्राह्मणोंकी यशःख्याति सुदूर तक विस्तृत थी उनके द्वारा उद्भावित और अभ्यस्त गोप्य ग्रहविद्या कालान्तरमें जनसाधारणकी आलोचनाका विषय हो गया था। इस मगविद्याकी आलोचना करनेवाली जनता क्रमशः एक दार्शनिक सम्प्रदायरूपमें गठित हो गई थी। आकाशस्थ ग्रहोंके बलाबलका पर्य्यवेक्षण करना ही उनकी शिक्षाका उद्देश था। यह सम्प्रदाय मगीय (Magians) नामसे प्रसिद्ध था। उस समय ज्ञान-चर्चामें उनके समान उन्नत और कोई भी जाति नहीं थी। मिडियावासी महात्मा दानिएल दरायुस द्वारा काल्दीय और वैबिलौनको ज्ञानी-मण्डलीके अध्यक्ष बनाये गये थे। वे उस समय ग्रहविद्यातत्पर दार्शनिक सम्प्रदायमें श्रेष्ठ व्यक्ति थे। साबियान्सम्प्रदायके अभ्युदयमें क्रमशः मगीय-सम्प्रदायका लोप हो रहा था। पश्चात् दरा

विस्तास्पके राज्यकालमें जरथुस्त्रके अभ्युदयसे पुनः मगी-सम्प्रदायका प्रसार वृद्धिगत हुआ। स्वयं राजा दरायुसने इस मगीय धर्मकी पोषकता की थी। अवस्ता ही उनका प्रधान धर्मशास्त्र था। पारस्य वा फारस देखो।

महम्मद द्वारा इसलामधर्मका प्रचार होने पर मगि-धर्मकी अवनतिका सूत्रपात हुआ। अभी तक फारसमें गवर (Guebres) और भारतमें पारसी (Parsees) इन दो सम्प्रदायोंकी भग्नशाखाएं वर्त्तमान हैं, परन्तु अब ये अपने पूर्व-पुरुषों द्वारा उद्भावित भौतिकविद्याका अनुशीलन नहीं करते बल्कि निरीह भावसे रहते हैं।

मग-पुरोहितों द्वारा उद्भावित यह विद्या उनके वंशधरों द्वारा अनाहत और परित्यक्त होने पर भी भारत वा यूरोपमें वह वृथा अपव्ययित नहीं हुई। शाकद्वीपवासी मग-पुरोहितोंको यह ग्रहज्ञानविद्या भारतमें लाये हुए भोजकब्राह्मणोंके नामानुसार भोजविद्या कहाई और वही पश्चिम एशिया तथा यूरोपखण्डमें मगोंके नामानुसार मगीय विद्या Magianism वा Magic नामसे प्रसिद्ध हुई।

यह प्रवादोक्त भोजराजकी विद्या नहीं है। जिन शाकद्वीपी भोजकोंने अपनी भोजविद्याके प्रभावसे साम्बके कुष्ठरोगको दूर कर दिया था। उनके वंशधरगण भारतमें भोजविद्याकी उन्नतिके लिए आलोचनापूर्वक जिन गूढ़ तत्त्वोंका उद्भावन कर गए हैं, उनका पर्यावेक्षण करनेसे चमत्कृत होना पड़ता है। उस एक ही ग्रहाचार्योंकी पश्चिम देशाभिमुखी शाखाने पश्चिम-एशियाके काल्दीय, बैबिलोन, इजिप्ट आदि देशोंमें अपनी अपनी मगीयविद्याका विस्तार किया था। प्राचीन ग्रन्थादिसे इस बातका विशेष प्रमाण पाया जाता है।

हिन्दू पुराणोंमें भोजविद्याका जैसा परिचय है, ग्रीक पुरातत्त्व और बाइबिल ग्रन्थमें भी उसका काफी निदर्शन पाया जाता है। मारीचका मायामय हरिण, मायारूप सीता-वध, कालनेमिका माया-आश्रम, श्रीकृष्णका गोवर्द्धन-धारण और कालीयदमन तथा हर्किडलिस और इडलिससके वीरत्वकी कथा, इन सबको कोई कोई भोजविद्या प्रसूत समझते हैं।

यह बात पहले ही लिखी जा चुकी है, कि पार्थिव पदार्थ, ग्रह और भूतयोनिके आवाहन (चण्डुनामान) को ले कर यूरोपियोंकी Magic विद्या संगठित हुई थी। हमारे देशमें भी उक्त तीन विषयोंको ले कर भोजविद्याकी पुष्टि हुई है। अब हम इस देशकी भोजविद्या वा इन्द्रजालमें कौन कौनसे विषय आलोचित हुए हैं तथा उनके द्वारा कौन कौनसे गुण प्राप्त किये जा सकते हैं, इस विषयकी आलोचना करते हैं।

भोजविद्यामें शान्तिकर्म, वशीकरण, स्तम्भन, विद्वेषण, उच्चाटन और मारण ये षट्कर्म ही प्रधान हैं। जिस कर्म द्वारा रोग, कुकृत्या और ग्रहादि दोष शान्त होते हैं, उसे शान्तिकर्म और जिससे प्राणिगण वशीभूत होते हैं, उसे वशीकरण कहते हैं। जिस प्रक्रियासे प्राणीकी प्रवृत्ति रुकती है, उसका नाम है स्तम्भन, जिससे परस्पर प्रणयी व्यक्तियोंका प्रणय भञ्जन होता है, उसे कहते हैं विद्वेषण; जिस कर्म द्वारा किसी व्यक्तिको अपने देशादिसे भ्रष्ट किया जा सकता है, उसे उच्चाटन और जिससे प्राणियोंका विनाश किया जाता है, उसे मारण कहते हैं। इस सब कार्योंमें देवता, दिक् और कालादिको समझ कर कार्य करनेसे सफलता प्राप्त होती है।

शान्ति-कार्यकी देवी रति है, वशीकरणकी वाणी, स्तम्भनकी रमा, उच्चाटनकी दुर्गा और मारणकी देवी भद्रकाली है। कर्मकी आदिमें यथाक्रमसे इन देवियोंकी विधिवत् पूजा करके कार्यारम्भ करना चाहिए।

उसके बाद दिङ्नियमका पालन करना उचित है। जिस दिशामें जो कार्य प्रशस्त है, उस कार्यको उसी दिशामें करना चाहिए। यथा—शान्तिकर्ममें ईशानदिशा, वशीकरणमें उत्तरदिशा, स्तम्भनमें पूर्वदिशा, विद्वेषणमें नैर्ऋत, उच्चाटनमें वायु और मारणमें अग्निदिशा प्रशस्त है। सूर्योदयसे दश-दश दण्डके अन्तरमें दिन और रात्रिको वसन्तादि छह ऋतु हुआ करती हैं, अर्थात् सूर्योदयके बाद प्रथम दश दण्ड तक वसन्त ऋतु, उसके बाद ग्रीष्म, फिर दश दण्ड वर्षा, दश दण्ड शरत्, दश दण्ड हेमन्त और शेष दश दण्डमें शिशिर ऋतु होती है। मतान्तरमें ऐसा भी है, कि दिवसका पूर्वभाग वसन्त है, मध्याह्न भाग ग्रीष्म, अपराह्न वर्षा, प्रदोष शिशिर, मध्यरात्र शरत् और उषा हेमन्त। ऋयार्थीकी इस प्रकारसे

समय निरूपण करके षट्कर्म सम्पादन करना चाहिए।

हेमन्त ऋतुमें शान्तिकार्य, वसन्तमें वशीकरण, शिशिरमें स्तम्भन, ग्रीष्ममें विद्वेषण, वर्षामें उच्चाटन और शरत् ऋतुमें मारण कार्यका अनुष्ठान करना विधेय है। इसके अतिरिक्त तिथि, वार और नक्षत्रादिका भी ध्यान रखना चाहिए। द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी और सप्तमी तिथिमें तथा बुध, वृहस्पति, शुक्र और सोमवारमें शान्तिकर्म करना प्रशस्त है। वृहस्पति अथवा सोमवार-युक्त षष्ठी, चतुर्थी, त्रयोदशी, नवमी, अष्टमी अथवा दशमी तिथिमें पुष्टिकर्म करना उचित है। जिस कर्मसे धनजनादिकी वृद्धि होती है, उसे पुष्टिकर्म कहते हैं। दशमी, एकादशी, अमावस्या, नवमी वा प्रतिपद् तिथिमें तथा रवि अथवा शुक्रवारमें आकर्षण कार्य्य करना चाहिए। विद्वेषण कार्य्यमें शनि अथवा रविवार युक्त पूर्णिमा तिथि ही प्रशस्त है। षष्ठी, चतुर्दशी और अष्टमी तिथिमें तथा शनिवारमें उच्चाटन कार्य्य प्रशस्त है। विशेषतः प्रदोष समयमें ही उच्चाटन कार्य्य करना चाहिए। कृष्णपक्षीय चतुर्दशी, अष्टमी अथवा अमावस्या तिथिमें तथा शनि मङ्गल वा रविवारको मारण कार्य्य किया जाता है। बुध अथवा सोमवारको तथा पञ्चमी, दशमी अथवा पूर्णिमा तिथिमें स्तम्भन कार्य्य विधेय है।

शुभग्रहके उदयमें शान्ति पुष्टि आदि शुभ कर्म तथा अशुभ ग्रहके उदयमें अशुभ कार्य्य करने चाहिए। विद्वेषण और उच्चाटन आदि क्रूर कार्य्य रविवार, रिक्ता तिथिमें तथा मारणकार्य्य मृत्युयोगमें किया जाता है।

अब किस-किस नक्षत्रमें कौन कौनसे कार्य्य करनेसे कार्य्य सिद्धि होती हैं, यह बात कही जाती हैं। स्तम्भन, मोहन और वशीकरण ये त्रिविध कर्म माहेन्द्र और वारुणके मध्यगत नक्षत्रमें प्रारम्भ करनेसे सिद्धि होती है। ज्येष्ठा, उत्तराषाढ़ा, अनुराधा और रोहिणी नक्षत्र माहेन्द्रमण्डलस्थित होता है और उत्तर भाद्रपद, मूला, शतभिषा, पूर्वभाद्रपद और अश्लेषा नक्षत्र वारुणमण्डल मध्यगत इन नक्षत्रोंमें जो कार्य्य किये जाते हैं, उन कार्य्योंमें सफलता मिला करती है। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रमें भी उक्त कार्य्य अनुष्ठित होने पर सिद्धी होती है।

विद्वेषण और उच्चाटन कर्म वह्नि और वायुमण्डलस्थित नक्षत्रमें होता है। स्वाती, हस्ता, मृगशिरा, चित्रा, उत्तरफाल्गुनी, पुष्या और पुनर्वसु वह्निमण्डल मध्यस्थित नक्षत्र हैं। तथा अश्विनी, भरणी, आर्द्रा, धनिष्ठा, श्रवणा, मघा, विशाखा कृत्तिका, पूर्वफाल्गुनी और रेवती नक्षत्र वायुमण्डल मध्यस्थित हैं। इन नक्षत्रोंमें पूर्वोक्त कार्य यथायथ सम्पन्न होने पर वह सिद्धिप्रद हुआ करते हैं।

पहले जैसे तिथि और नक्षत्रकी बातें लिखी गई हैं, उसी प्रकारके लग्न और कालमानके निर्देशसे इन कार्य्योंका अनुष्ठान करना उचित है। दिवसका पूर्वभाग, जैसे वसन्त कहा गया है, वशीकरणके लिए प्रशस्त काल है। मध्यभाग विद्वेषण और उच्चाटनके लिए शेषभाग शान्ति और पुष्टिकर्मके लिए तथा सायंकाल मारणकर्मके लिए उत्तम है। सिंह वा वृश्चिक लग्नमें स्तम्भन, कर्कट वा तुला लग्नमें विद्वेषण और उच्चाटन, मेष, कन्या, धनु वा मीन लग्नमें वशीकरण, शान्ति और पुष्टिकर्म करना चाहिए। मारण, उच्चाटन और शत्रु-निराकरणादि कर्म भी मेष, कन्या, धनु और मीन लग्नमें प्रशस्त है। इसके बाद उक्त षट्कर्मके भूतोदयको देखना चाहिए। जलतत्त्वके उदयमें शान्तिकर्म, वह्नितत्त्वके उदयमें वशीकरण, पृथ्वीतत्त्वके उदयमें स्तम्भन, आकशातत्त्वके उदयमें विद्वेषण, वायुतत्त्वके उदयमें उच्चाटन और पृथ्वी अथवा वह्नितत्त्वके उदयमें मारणकार्य करना चाहिए। इस प्रकार तत्त्वोदयका विचार करके कार्य करना उचित है। परन्तु शत्रुभय वा अन्य किसी प्रकारका महाभय उपस्थित होने पर उसके निवारणार्थ कालाकालका विचार नहीं करना चाहिए। जब कभी ऐसी विपत्ति उपस्थित हो, तभी उसकी शान्ति करनी चाहिए।

इन छह प्रकारके कर्म साधनके लिए देवताविशेषकी आराधना करनेकी बात पहले ही कही जा चुकी है। वशीकरण, क्षोभाण और आकर्षण कार्यमें रक्तवर्ण देवीको चिन्ता करनी चाहिए। विष-निवारण, शान्तिकरण और पुष्टिकार्यमें श्वेतवर्ण, स्तम्भनमें पीतवर्ण, उच्चाटनमें धूम्रवर्ण, उन्मादकरणमें रक्तवर्ण तथा मारणकार्यमें कृष्णवर्ण देवीका ध्यान करना चाहिए। इसके सिवा कार्य्यकालमें शयन, उत्थान और उपवेशनादि अवस्थान की भी

चिता करनेकी विधि है। मारणकार्यमें देवीकी उत्थानावस्थामें चिंता करनी चाहिए। उच्चाटनमें सुप्त और अन्यान्य कार्योंमें उपविष्ट अवस्थामें ध्यान किया जाता है। सात्त्विक कार्यमें उपविष्ट और श्वेतवर्ण, राजसकार्यमें पीत, रक्त अथवा श्यामवर्ण तथा तामस कार्यमें यानमार्ग स्थित और कृष्णवर्णका ध्यान होता है। मोक्षकामी व्यक्तिको सात्त्विक कार्य करना उचित है। राज्याभिलाषी व्यक्ति राजस कार्य कर सकता है। शत्रुनाश और सर्व रोग-निवारण तथा सर्व प्रकारके उपद्रवोंको शांत करनेके लिए तामस कार्य करना उचित है।

उपर्युक्त कर्मोंके साधनके लिए एक एक मन्त्र हैं। कर्म विशेषके मंत्रमें हूं, फट्, वौषट् और नमः इत्यादि शब्दोंका प्रयोग कहा गया है। बन्धन, उच्चाटन और विद्वेषण कार्यमें 'हुँ' मन्त्र जपना पड़ता है। छेदनमें फट्, ग्रह रिष्टि निवारणके लिए हुँ फट्, पुष्टिकार्य और शान्तिकरणके लिए वौषट् तथा अग्निकार्यमें अर्थात् होमादिमें स्वाहा मन्त्रसे कार्य करना चाहिए।

सर्व प्रकारकी पूजाओंमें नमस् शब्दका प्रयोग ही विधिविहित है। शान्ति और पुटिकार्यमें स्वाहा, वशीकरणमें स्वधा, विद्वेषणमें वौषट् आकर्षणमें हुं, उच्चाटनमें वौषट् और मारणमें फट् मंत्रका जप किया जाता है। इसके सिवा वशीकरण, आकर्षण और ज्वर संताप निवारणके स्वाहा, क्रोध निवारन, शांतिकार्य और प्रीतिवर्द्धनमें नमः, सम्मोहन, उद्दीपन, पुष्टिकार्य और मृत्युनिवारणकार्यमें वौषट् अन्धीकरणमें वौषट् तथा मंत्रोद्दीपन और लाभालाभ कार्यमें भी वौषट् मंत्रका स्मरण करना चाहिए।

इस मंत्रके साधारणतः दो भेद हैं, योजन और पल्लव जिस मंत्रकी आदिमें नाम रहता है उसे पल्लव कहते हैं और जिसके अन्तमें नाम होता है उसे योजन। मारण, संसाह, ग्रहभूतादि निवारण, उच्चाटन और विद्वेषण कार्यमें पल्लव मन्त्र ही प्रशस्त होता है तथा शान्ति, पुष्टि, वशीकरण, प्रायश्चित्त, मोहन, स्तम्भन, उच्चाटन और विद्वेषण-कार्यमें योजन मंत्र। नामके आदि मध्य वा अन्तमें मन्त्र हो, तो वह रोधमंत्र है। अभिमुखीकरण, सर्वरोग-निवारण, ज्वरग्रह-विषपीड़ादि शान्ति और सम्मोहन कार्यमें रोधमंत्र कार्यकारी होता है। जिसमें नामके एक एक अक्षरके बाद मंत्र रहता है, उसे संपुट मंत्र कहते हैं। इस मंत्रसे कीलक कार्य होता है। स्तम्भन, मृत्यु-निवारण और रक्षादि कार्य इससे अच्छे होते हैं। मन्त्रके दो दो अक्षर और साध्य नामके दो दो अक्षर क्रमशः पढ़नेसे सविदर्भ मन्त्र होता है, जो वशीकरण, आकर्षण और पुष्टिकार्यमें प्रशस्त है।

इन मन्त्रोंका पन्द्रह अधिष्ठात्री देवियाँ निर्दिष्ट हैं—रुद्र, मङ्गल, गरुड़, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, सर्प, किन्नर, पिशाच, भूत, दैत्य, इन्द्र, सिद्ध, विद्याधर और असुर। मंत्रोंके वर्ण और संख्याके भेदसे विभिन्न नाम हुए हैं। एकाक्षर मन्त्र—कर्त्तरी, द्व्यक्षर मन्त्र—सूची, त्र्यक्षर मन्त्र—मुद्गर, चतुरक्षर मन्त्र—मुषल, पञ्चाक्षर मन्त्र—क्रूर, षड़क्षर मन्त्र—शृङ्खल, सप्ताक्षर मंत्र—क्रकच, अष्टाक्षर मंत्र—शूल, नवाक्षर मंत्र—वज्र, दशाक्षर मंत्र—शक्ति, एकादशाक्षर मंत्र— परशु, द्वादशाक्षर मंत्र—चक्र, त्रयोदशाक्षर मन्त्र—कुलिश, चतुर्दशाक्षर मंत्र—नाराच, पञ्चदशाक्षर मंत्र—भुषुण्डी और षोड़शाक्षर मंत्र—पद्म नामसे कहा जाता है। अब, इन षोड़श प्रकारके मंत्रोंमें कौन किस कार्यमें प्रशस्त है यही दिखलाया जाता है। मंत्रच्छेदनमें कर्त्तारी, भेदकार्यमें सूची, भञ्जनमें मुद्गर, क्षोभणमें मुषल, बन्धनमें शृङ्खल, छेदनमें क्रकचा, घातकार्यमें शूल, स्तम्भनमें वज्र, बंधनमें शक्ति, विद्वेषणमें परशु, सर्वकार्यमें चक्र, उन्मादकरणमें कुलिश, सैन्यभेदमें नाराच, मारणमें भुषुण्डी और शांति पुष्टि आदि कार्योंमें पद्ममन्त्र प्रशस्त हैं। इन सब शान्त्यादि कर्मोंको वामाचार विरोधी समझना चाहिए।

मंत्रोंमें लिङ्गभेद भी है, जैसे पुं, स्त्री और नपुंसक। जिस मंत्रके अंतमें स्वाहा शब्द है वह स्त्री-संज्ञक है। मनः शब्द-युक्त मंत्र नपुंसक तथा हुं फट् शब्द-सहित मंत्र पुरुष नामसे कहा गया है। वशीकरण और शांति आदि अभिचार-कार्योंमें पुरुष मंत्र, क्षुद्र क्रियादिके विनाशके लिए स्त्रीमंत्र तथा अन्यत्र नपुंसक मंत्र काममें लाना चाहिए। इसके सिवा मंत्रके दो भेद और हैं, आग्नेय और सौम्य। मंत्रके अंतमें ओं शब्द हो तो वह

आग्नेय मंत्र है। इन्दु और अमृताक्षर-युक्त मंत्रको सौम्य कहते हैं। आग्नेय मंत्रके अंतमें नमः शब्द हो तो सौम्य और सौम्यमंत्र पल्लवित हो तो आग्नेय कहलायेगा। वाम नासामें श्वास बहनेके समय मंत्रकी निद्रावस्था है और दक्षिण नासासे श्वास लेते समय जाग्रत अवस्था। मंत्रके निद्राकालमें जप करनेसे वह जप फलप्रद नहीं होता। दक्षिण नासामें श्वास वहनकालमें आग्नेय मंत्र तथा वाम नासामें श्वास वहनकालमें सौम्य मंत्र प्रबुद्ध रहता है। दोनों नाड़ियोंमें वहनकालमें सभी मंत्र प्रबुद्ध रहते हैं। प्रबुद्ध मंत्रसे किया हुआ जप सिद्ध होता है।

इन षट्कर्मोंके अनुष्ठान-कालमें विभिन्न आसन कहे गये हैं। पुष्टिकर्ममें पद्मासन, शान्तिकार्यमें स्वस्तिकासन, आकर्षण और विद्वेषणमें कुक्कुटासन, उच्चाटनमें अर्द्ध स्वस्तिकासन, मारण और स्तम्भनमें विकटासन तथा वशीकरणमें भद्रासन ही प्रशस्त है। वशीकरणमें मेषचर्म, आकर्षणमें व्याघ्रचर्म, उच्चाटनमें उष्ट्रचर्म, विद्वेषणमें घोटकचर्म, मारणकार्यमें महिषचर्म, मोक्षसाधनमें गजचर्म तथा समस्त कर्ममें रक्तवर्ण कम्बलास पर बैठ कर कार्य करना चाहिए। अनन्तर शांति-कार्यमें पद्ममुद्रा, वशीकरणमें पाशमुद्रा, स्तम्भनमें गदामुद्रा, विद्वेषणमें मुषलमुद्रा, उच्चाटनमें वज्रमुद्रा तथा मारणमें खड्ग मुद्राका विन्यास कर कार्य करना उचित है। इसके प्रत्येक कर्ममें पृथक् पृथक् कुण्ड बनानेकी विधि है। विद्वेष-कार्यमें त्रिकोण कुण्ड बनाया जाता है। वह कुण्ड एक हातका होना चाहिए। शत्रुपक्षके उच्चाटनके लिए नैर्ऋत कोणमें तथा देवोच्चाटनके लिए मण्डपके वायुकोणमें कुण्डका मुख रखा जाता है।

शत्रुतापन कार्यमें योनिकुण्ड ही प्रशस्त है। मण्डपके अग्निकोणमें यह कुण्ड बनाया जाता है। शत्रु-मारणमें मण्डपके दक्षिणमें अर्द्धचन्द्र कुण्ड करो। शत्रुके रोगवर्द्धनके लिए मण्डपके नैर्ऋत कोणमें त्रिकोण कुण्ड करके कार्य करो। विद्वेषण कार्यमें अग्निकोणमें पूर्णचन्द्र सदृश अथवा चतुरस्र कुण्ड बना कर कार्य करना उचित है। चतुरस्र कुण्डमें वशीकरण, त्रिकोण कुण्डमें आकर्षण, स्तम्भन और उच्चाटन तथा षट्कोण कुण्डमें मारणकार्य किया जाता है।

पुष्टिकार्यमें मण्डपकी उत्तर दिशा, शांतिकर्ममें पश्चिमदिशा, उच्चाटनकर्ममें वायुकोण तथा मारणकर्ममें दक्षिण दिशामें कुण्ड बनाना उत्तम है। अभिचारकर्ममें कुण्डके परिमाणमें न्यूनाधिकता होने पर कोई विशेष दोष नहीं माना जाता, परन्तु कार्यकालमें उनको सर्व सुलक्षणान्वित करके कर्म करना चाहिए।

अथर्ववेदविद् एक परमज्ञानी ब्राह्मणको बहुत धन और नाना रत्नभूषणादिसे संतुष्ट करके विधानानुसार वरण करो। ब्राह्मणको व्रती हो कर उत्सव और यत्नके साथ सर्व प्रकार रक्षा-विधान करके कृतीकी हितकामनाके लिए मरणकार्यका अनुष्ठान करना चाहिए। अभिचारकार्यमें वित्तकी शठता न करनी चाहिए। यदि अर्थ-व्ययकी शठताके कारण कार्यका किसी प्रकारसे अङ्गभङ्ग हो जाय, तो कर्मकर्त्ताके पुत्र, आयु, धन और यशका नाश होता है। देश-रक्षाके लिए अभिचार करनेसे राजा वा कर्मकर्त्ता पापके भागी नहीं होते। नीचे उदाहरणस्वरूप संक्षेपमें कुछ मंत्र दिये जाते हैं,—अथर्वणोक्त ज्वरशांतिमंत्र अगस्त्य ऋषिरनुष्टुप्छन्दः कालिका देवता जरस्य सद्यः शान्त्यर्थे विनियोगः। ॐ कुबेरन्ते मुखं रौद्रं नन्दिमानन्दिमावहन्। ज्वरं मृत्युभयं घोरं ज्वरं नाशयते ध्रुवम्।

ॐ कुबेरन्ते मुखं रौद्रं इत्यादि मंत्रको सहस्र वा दश सहस्र वार जप कर आम्रपत्र द्वारा होम करनेसे निश्चय ही ज्वर-शांत होता है।

'ओं नमो भगवति मृतसञ्जीवनि अमुकस्य शान्तिं कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्रका जप करनेसे सब प्रकारके उपद्रव नष्ट हो जाते हैं। हारीतमें ज्वर शांतिके लिए बहुत-से मंत्र लिखे हैं, उक्त ग्रंथके ज्वरहारावलिके विषयमें इस प्रकार लिखा है—

'ओं ह्रीं क्लीं ठः ठः भो भो ज्वर श्रृणु श्रृणु हन हन गर्ज गर्ज ऐकाहिकं द्व्याहिकं त्र्याहिकं चतुराहिकं साप्ताहिकं मासिकं आर्द्धमासिकं वार्षिकं वार्षिकं द्वैवार्षिकं मौहुर्त्तिकं नैमेषिकं अट अट भट भट हुं फट् अमुकस्य ज्वरं हन हन मुञ्च मुञ्च भूम्यां गच्छ गच्छ स्वाहा।'

'ओं अद्येत्यादि अमुकगोत्रस्य अमुकस्य उत्पन्नज्वर-

क्षयाय तन्नक्षत्राय एष रचितपुत्तलकवलिरमः। इत्युत्सृज्य निमज्जयित्वा उत्तरस्यां दिशि पुत्तलकविसर्जनं कर्त्तव्यम्।'

पहले ओं ह्रीं क्लीं इत्यादि मंत्रसे वलिप्रदान करो। ज्वरायुक्त व्यक्तिकी नव मुष्टि परिमित तन्दुलोंसे वलिपिण्ड पाक किया जाता है। उसके बाद तण्डुल-चूर्ण द्वारा एक ज्वरको मूर्त्ति बना कर उसे हल्दीसे रंगो और उसके चारों तरफ हरिद्राक्त चार ध्वजाएं लगा कर हरिद्रा-रसपूर्ण चार पुटपात्र स्थापन कर उससे उस पुत्तलिकाको गन्धपुष्प द्वारा भूषित करके बलिप्रदान पूर्वक विसर्जन करो। इस प्रकार तीन दिन बलि प्रदान करने पर ज्वरकी शांति होती है। ज्वर-मूर्त्ति उत्सर्ग करके उत्तर दिशामें विसर्जन की जाती है। गर्गादिमें यही प्रथा भिन्न रूपमें वर्णन की गई है। वाहुल्य-भयसे यहां उन्हें उद्धृत न कर सके।

मृतसञ्जीवनी मन्त्र—'ह्रों ओं जुं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे। सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनं उर्वारुकमिव वन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतां ह्रौं ओं जुं सः।

शूलरोग-प्रतिकार,—ओमद्येत्यादि अमुक गोत्रस्य श्रीअमुकदेवशर्म्मणः शूलरोगप्रतिकारकामनया ओं मिढ़ुष्टमः इत्यादि पिनाकं विभ्रदागाहि इत्यन्तं मन्त्रं सहस्रं अयुतं लक्षं वा जपमहं करिष्यामि इति संकल्प्य शिवलिङ्गे त्र्यम्बकविधानेन संपूज्य इमं मन्त्रं जपेत्। 'ॐ मिढ़ुष्टमः शिवतमः शिवोनः सुमना भव परमे व्रह्म आयुधन्निधाय कृत्ति वसान आचर पिनाकं विभ्रदागहि।' इति जप्त्वा दक्षिणां कुर्यात्।

गर्भजननोपाय,—'ॐ मुक्तापाशाविपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्तसर्वभयाद् गर्भ त्रह्येहि मारीच स्वाहा।' इस मन्त्रसे जलको आठ बार अभिमन्त्रण करके गर्भिणीको दो, इससे सुखपूर्वक प्रसव होगा।

निगड़वन्धन,—'ॐ नमस्ते निर्ऋते तिग्मतेजो यन्मयं विव्रेता वन्धकेयं यमेन दत्तं तस्यसंविदानोत्तमेनाके अधिरोहयैनं। अस्य निगड़भञ्जनमन्त्रस्य प्रजापतिर्ऋषि निर्ऋतिदेवता त्रिष्टुप् छन्दो वन्धनादि व्यसनपरिहारार्थे विनियोगः।' अयुत जपसे निगड़ादि स्खलन होता है।

वृष्टिकरण,—'ॐ पुष्करावर्तकैर्म्मेघैः प्लावयन्तं वसुन्धरां। विद्युद्गर्जित-सन्नद्धतोयात्मानं नमाम्यहं। यस्य केशेषु जीमूतो नद्यः समुद्राश्चत्वारस्तस्मै तोयात्मने नमः इति ध्यात्वा वाह्य वरुणमुपचारैः पूजयित्वा मूलमन्त्रं जपेत्। प्रजापतिर्ऋषिस्त्रिष्टुपछन्दो वरुणदेवता एतद्राज्यमभिवाप्य सुवृष्ट्यर्थं जपे विनियोगः। मन्त्रस्तु वँ गुरुमुखाज्ज्ञेयः नाभिमात्रजले स्थित्वा जपेन्मन्त्रं प्रसन्नधीः। बहुसहस्रं जपेन्मन्त्रं त्रिदिनं व्याप्य यत्नत अथवा षट्सहस्र जपेन्मन्त्रं तदा वृष्टिर्भवेद् ध्रुवम्।

इन सब कार्योंके अभ्यासके लिए एक गुरुकी सहायता आवश्यक है। गुरु द्वारा मंत्र संज्ञाका यथार्थ मर्म समझे बिना कर्मकर्त्ता किसी भी कार्यको सुलभतासे नहीं कर सकता। ये कार्य इतने गुह्य हैं, कि ग्रंथसे उसका प्रकृष्ट परिचय मिलना दुष्कर ही नहीं, विड़म्बनामात्र है।

अब मन्त्रांशको छोड़ कर पार्थिव पदार्थोंके समन्वय गुण कहे जाते हैं। कई पदार्थोंके संमिश्रणसे ऐसी एक अभावनीय वस्तुका उद्भावन होता है, कि जिसकी गुणावली भौतिककाण्डसे उत्पन्न मालूम देगी। यूरोपमें किसी समय एक दार्शनिक सम्प्रदायकी काफी प्रतिष्ठा थी। उन लोगोंने द्रव्यगुणसे अन्यान्य धातुओंको सोना चांदी बना डालनेकी कोशिश की। उनकी निकाली हुई उस किमीयविद्या (Alchymy)-से कालांतरमें रसायन विज्ञानकी उत्पत्ति हुई है।

हमारे देशके भोजविद्या-विद्गण इस द्रव्यगुणका अन्वेषण करते करते एक अभिनव विद्यामें जा पहुंचे, जो हमारे यहां भोजविद्याके नामसे प्रसिद्ध है। नीचे द्रव्यादिके संमिश्रण गुणसे वशीकरणादिके विषयमें जो कुछ फल पाया गया है, उसीका वर्णन किया जाता है।

वशीकरण।

वशीकरण-विज्ञानसे पुरुष और स्त्री दोनोंको वशीभूत किया जा सकता है। लज्जालु लता, अपामार्गकी जटा, बहेड़ा, अपराजिता और चाण्डालीलताको इकट्ठा करके दूधके साथ कर्दमवत् पीसो। पीछे उस कर्दमको एक पट्टवस्त्र पर लेपन कर उससे वर्त्तिका बनाओ। फिर उसे पद्मनालमेंके सूतसे वेष्टन करो और एकरंगकी गायके

दूधसे बने हुए घीमें उस वर्त्तिकाको भिगो लो। अनन्तचतुर्दशीकी रातको भैरवकी पूजा करके उस वर्त्तिकाको जला कर उसके धुआंसे काजल पारो। उस काजलसे स्त्री, पुरुष यहां तक कि जिसको चाहो उसको वशीभूत किया जा सकता है।

मन्त्र द्वारा भी वशीकरण होता है। साधक 'ॐ ह्रीं मोहनि स्वाहा' इस मन्त्रके जपमें सिद्ध होने पर चन्दन, पुष्प, वस्त्र अथवा किसी भी प्रकारका उत्तम फल, उक्त मन्त्रसे एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित करके जिस किसीके भी हाथमें देगा वही उसके वशीभूत हो जायगा।

'ओं चिटि चिटि चाण्डालि महाचाण्डालि अमुकं मे वशमानय स्वाहा' इस मन्त्रका सात दिन तक जप करनेसे राजाको भी वशमें किया जा सकता है। ताड़पत्रमें इस मन्त्रको लिख कर उस ताड़पत्रको दुग्धमिश्रित जलमें डाल कर पाक करो। उस मन्त्रमें जिसका नाम रहेगा, वह व्यक्ति अवश्य ही वशीभूत होगा, मतान्तर ऐसा भी है, कि विल्व-कण्टक द्वारा ताड़पत्र पर मन्त्र लिख कर दुग्धके साथ पाक करके तीन दिन तक उसे कर्दममें गाड़ रखो उसके बाद उसे निकाल कर दुर्गोत्सव मण्डपके द्वार पर गाड़ दो। ऐसा करनेसे अवश्य ही वशीकरण होता है। षट्कर्मदीपिका, क्रियोड्डीश, शावर और उड्डीश आदि ग्रन्थोंमें मन्त्र और प्रक्रियाकी बहुतायत देखी जाती है।

स्त्रियोंको वश करनेके लिए द्रव्यसङ्घके गुणागुण नीचे लिखे जाते हैं। रविवारको काले धतूरेके फूल, लता-शाखा, पत्ते और जड़को पीसो। पीछे उसके साथ कपूर, कुंकुम और गोरोचन मिला कर कपाल पर उसका तिलक लगाओ। उस तिलकको देखते ही हर एक स्त्री तुम्हारे वशमें आ जायगी। १ चिताभस्म, वच, कुड़ और तगर-पुष्पको इकट्ठा करके किसी स्त्रीके माथे पर लगानेसे वह उसी समय वशीभूत होगी। २ जिह्वामल, दन्तमल और नाशामलको ताम्बूलके साथ खिला देनेसे भी स्त्री वशमें हो जाती है। ३ ब्रह्मदण्डी और चिताभस्मको कोई भी पुरुष किसी भी स्त्री पर क्यों न फेंके वह स्त्री अवश्य ही उस पुरुषके वशमें हो जायगी। ४ ताम्बूलके रसमें हरताल और मनःशिला पीस कर मङ्गलवारके दिन ललाट पर उसका तिलक लगानेसे देखने-मात्रसे स्त्री वशीभूत होगी। ६ गायके दांत और मनुष्यके दांतको एकत्र तेलके साथ पीस कर कपाल पर उसका तिलक लगानेसे कान्ता अपने प्रणयीके अत्यन्त वशमें आ जायगी। ७ यवचूर्ण, हरिद्रा, गोमूत्र, घृत और श्वेत सर्षप इनको एकत्र पीस कर मुंह पर मलनेसे पद्मकी भांति मुंहकी कांति होती है और वह पुरुष स्त्रियोंका और राजकुलका प्रियपात्र होता है। ८ गोरोचन और पद्मपत्र पीस कर कपाल पर उसका तिलक लगानेसे स्त्री वशीभूत होती है। ९ मालती पुष्प ले कर पट्टसूत्रसे उसकी वर्त्तिका बना कर अण्डीके तेलसे प्रदीप जलाओ। उस पर शुक्रवारके दिन नृकरोटीमें काजल पार कर उस काजलको आंखमें लगानेसे उसे जो कोई भी स्त्री देखेगी वही उसके वशमें हो जायगी। १० 'ऊँ नमः कामाख्यादेवि अमुकी मे वंशकरा स्वाहा, इस मंत्रको १०८ वार जपनेसे सिद्धि होती है।

सिद्धनागार्जुन-कक्षपुटमें स्त्रियोंको वश करनेके उपाय लिखे हैं। 'ऊँ नमो महायक्षिणि पति मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा' इस मन्त्रका १०८ वार जप करो, सिद्ध होने पर विधानानुसार क्रियाएं सम्पन्न करो, इससे पति वशमें हो जायंगे।

इनके सिवा और भी असंख्य मुष्टियोग कहे गये हैं, जिन्हें अश्लीलताके कारण छोड़ देते हैं। अब राज-वशीकरणका उपाय बतलाया जाता है।

१ कुंकुम, रक्तचन्दन, कर्पूर और तुलसीपत्र इनको एकत्र गायके दूधके साथ पीस कर कपाल पर उसका तिलक धारण करनेसे राजाको भी वश किया जा सकता है। २ हाथमें श्वेत बेंड़लाकी जड़ बांधनेसे राजाका प्रियपात्र बन जा सकता है तथा हरताल, अश्वगंधा, कपूर और मनःशिला इनको बकरीके दूधमें पीस कर उसका तिलक लगानेसे भी राजा वशमें हो जाते हैं। ३ पुष्यानक्षत्रमें श्वेत बेंडलाकी जड़ ला कर उसे कर्पूर और तुलसीपत्रके साथ पीस कर वस्त्र पर लेपन-पूर्वोक्त अपराजिता बीजके तैलसे वर्त्तिका बनाओ। रातको शुचि अवस्थामें उस वर्त्तिकाको

जला कर उस पर काजल पारो। उस काजलको आंखोंमें लगानेसे राजा वशीभूत होते हैं। पुष्यानक्षत्रमें अपामार्गका बीज ला कर उसे खाद्य वा पानीय द्रव्यके साथ राजाको सेवन करा देनेसे भी फल दिखाई देता है। इन सब कार्योंमें 'ओं नमो भास्कराय त्रिलोकात्मने अमुक महीपति मे वशी कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्रका १०८ बार जप करके उसमें सिद्धि पाना आवश्यक है।

ब्रह्मदण्डी, वच और कुड़ इन्हें इकट्ठे पीस कर ताम्बूलके साथ जिसे भी दिया जायगा वह व्यक्ति वशमें आ जायगा। वटकी जड़ पानीमें घिस कर विभूति मिला कर ललाट पर तिलक लगानेसे सब ही वशीभूत होते हैं। पुष्यानक्षत्रमें फिर जड़ उखाड़ कर सात बार मंत्र पढ़ कर उसे हाथमें रखनेसे कार्य्य-सिद्धि होती है। अपामार्गकी जड़ कपिलाके दूधके साथ पीस कर तिलक लगानेसे अथवा उसकी जड़को छायामें सुखा कर, बादमें उसके चूर्णको ताम्बूलके साथ खिलाया जाय, तो त्रिजगत् वशीभूत हो सकता है। गोरोचन और अपामार्गकी जड़, अथवा यज्ञडुम्बुरकी जड़ पीस कर उसका तिलक लगानेसे भी फल होता है। देवदानी और श्वेत सर्षपको एकत्र पीस कर गुटिका बनाओ, गुटिकाको मुंहमें डालने तथा कुंकुम, तगरकाष्ठ, कुड़, हरताल और मनःशिला इनको अनामिकाके रक्तमें मिला कर तिलक लगानेसे कोई भी वशमें हो सकता है। गोरोचना, पद्मपत्र, प्रियंगु और रक्तचन्दन इन्हें एकत्र पीस कर उसका नेत्रोंमें अञ्जन करने तथा श्वेत कूँचकी छायामें सुखा कर कपिला गायके दूधमें मिला कर उसका तिलक देनेसे कार्योद्धार होता है। श्वेत दूर्वाको कपिला गायके दूधमें मिला कर शरीरमें लेपन करनेसे अथवा सफेद अकवनकी छायामें सूखी हुई जड़को कपिलाके दूधमें माड़ कर तिलक लगानेसे कार्य निष्फल नहीं होता। विल्वपत्र और मातुलङ्गको बकरीके दूधमें पीस कर तथा घृतकुमारीके मूल और भांगके बीज इन्हें एकत्र पीस कर उसका तिलक करनेसे वशकार्य्य सफल होता है। हरताल, अश्वगन्धा, सिंदूर और कदलीवृक्षके रसको एकत्र माड़ कर तिलक लगानेसे; अपामार्गके बीज बकरीके दूधके साथ पीस कर शरीर पर लेपन करनेसे ; हरताल और तुलसीपत्र पीस कर कपिलाके दूधके साथ मिला कर उसका तिलक देनेसे तथा अश्वगंधा और मनःशिलाको आँवलेके रसमें भावना दे कर उसका तिलक करनेसे सर्वलोक वशीभूत होताहै। इन सबोंमें 'ओं नमः सर्वलोकवशङ्कराय कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्रको १०० बार जप कर सिद्धि प्राप्त करनी चाहिए।

स्तम्भन।

मेढ़कको चर्बीको रक्त घृतकुमारीके रसमें पीस कर सर्वाङ्ग शरीरमें लेपन करनेसे अग्नि स्तम्भन होता है, अर्थात् उस व्यक्तिका शरीर अग्निसे दग्ध नहीं होता। सफेद अकवनको रक्त-घृतकुमारीके रसमें पीस कर शरीरमें लगानेसे अग्निताप दूर होता है। कदलीवृक्षके रस और रक्तवस्त्रको घृतकुमारीके रसमें एकत्र मिश्रित कर शरीरमें लेपनेसे अग्निदग्ध नहीं होता। मेढ़कको चर्बी और कपूर दोनोंको एक साथ मिला कर शरीरमें लगानेसे अग्निका उत्ताप नहीं लग सकता। घृतकुमारीके मूल और कदलीवृक्षके मूलको एकत्र पीस कर शरीरमें उसका प्रलेप देनेसे अग्नि दग्ध होनेकी सम्भावना नहीं। पिप्पली, मिर्च और सोंठ तीनोंको एक साथ मिला कर चबानेसे जलता हुआ अंगार खाया जा सकता है। शर्करा और घृतको पी कर सोंठ चबानेसे मुखमें तप्त लौह यदि रखा जाय, तो भी मुख नहीं जलता। 'ॐ नमो अग्निरूपाय मम शरीरे स्तम्भनं कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्रको एक सौ आठ बार जप कर सिद्धि होनेसे अग्निस्तम्भनकार्यमें प्रवृत्त होना चाहिए।

चर्मकारके कुण्डको अर्थात् चमार जहां चमड़ेको भिगो रखता है वहांकी मट्टीको मादा चटक पक्षीके रक्तसे युक्त कर जिसके सामने फेंका जाय, उसीका आसन स्तम्भित होगा अर्थात् वह व्यक्ति जहां रहेगा वहांसे दूसरी जगह नहीं जा सकता।

एक मनुष्य-मस्तककी खोपड़ीमें मट्टी रख कर उसमें सफेद घुंघचीका बीज वपन करो और प्रतिदिन उसे दूधसे सींचते रहो। बादमें उस बीजसे निकले हुए पौधेकी शाखा, मूल वा काण्ड जिसके सामने फेंकोगे, उसमें फिर दूसरी जगह जानेकी शक्ति न रह जायगी।

इन सब कार्योंमें प्रवृत्त होनेसे पहले 'ओं नमो दिगम्बराय अमुकासनस्तम्भनं कुरु कुरु स्वाहा' एक सौ आठ बार जप द्वारा इस मंत्रसे सिद्धि लाभ करनी होती है

पेचककी विष्ठाको छायामें सुखा कर उसे पानके साथ किसीको खिलानेसे उसकी बुद्धि स्तम्भन हो रहती है। सफेद सरसोंको भृङ्गराजके रसमें भावना दे कर उसे अच्छी तरह पीस लो, बादमें कपाल पर तिलक धारण करो, बुद्धिस्तम्भन होगा। सफेद बहेड़े और अपामार्गके मूलको लौहपात्रमें खरल कर जिसके कपाल पर तिलक दोगे, उसकी बुद्धि स्तम्भन होगी। 'ओं नमो भगवते शत्रूणां बुद्धिं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा' इस मंत्रको जप कर सिद्ध होनेसे बुद्धिस्तम्भनकार्य सिद्ध होता है।

रविवारको पुष्यानक्षत्रमें सफेद अपराजिताके मूलको संग्रह कर मुख और मस्तक पर रखनेसे शत्रु द्वारा फेंके गये अस्त्रसे उसका कोई अपकार नहीं होता। जातीवृक्षके मूलको मुखमें रखनेसे बाघ, राजा और शत्रुका भय नहीं रहता।

सुदर्शनाके मूलको हाथमें और केतकीमूलको मस्तकमें बांधनेसे अस्त्रस्तम्भन होता है। तालमूलको मुखमें और खजूरके मूलको हाथमें धारण करनेसे खड्गस्तम्भन होता है। सुदर्शना, खजूर और केतकी तीनोंके मूलको चूर कर घीके साथ पान करनेसे शत्रुका अस्त्र स्तम्भित हो जाता है। पुष्यानक्षत्रमें अपामार्गके मूलको संग्रह कर शरीरमें लेपन करनेसे तथा मुखमें खजूरमूल, कटिमें केतकीमूल और बाहुमें अकवनका मूल धारण करनेसे सब प्रकारके अस्त्र स्तम्भित हो जाते हैं। रविवारको पुष्यानक्षत्रमें सफेद घुंघचीकी लताका मूल उखाड़ कर जिस व्यक्तिके हाथमें दोगे उसे फिर अस्त्रका भय नहीं रहता। रविवारको कोमल बिल्वपत्र संग्रह कर उसे पद्ममृणालके साथ एकत्र पीस कर अङ्गमें प्रलेप देनेसे अस्त्र स्तम्भित होता है। 'ओं अहो कुम्भकर्ण महाराक्षस नैकषगर्भसम्भूत परसैन्यस्तम्भने महाभगवान् स्वाहा' इन मंत्रसे एक सौ आठ बार जप कर सिद्ध होनेसे शत्रुस्तम्भन कार्य करना उचित है।

'ओं नमो विकरालरूपाय महाबलाय पराक्रमाय अमुकस्य भुजबलं बन्धय बन्धय दृष्टिं स्तम्भय स्तम्भय पातय पातय महीगे हूँ।' एक सौ आठ बार इस मंत्रजप द्वारा सिद्ध हो कर सफेद अपराजिताके बीजसे तेल निकाले। पीछे उस तेलको किसी बरतनमें रख कर उसमें विष, भल्लातकका तेल। अफीम, धतूरे बीजका चूर, तालका रस, गंधक और मैनसिल मिलावे। बादमें पांच रत्तीको गोली बनावे। उस गोलीका अस्त्रमें प्रलेप देनेसे उस अस्त्र द्वारा युद्धस्थानमें शत्रुका अस्त्र खण्ड खण्ड हो जाता है। उस अस्त्रके देखते ही शत्रु भयभीत हो भाग जाते हैं।

'ओं नमः कालरात्रि त्रिशूलधारिणी मम शत्रुसैन्यस्तम्भनं कुरु कुरु स्वाहा' एक सौ आठ बार इस मंत्रजप द्वारा सिद्ध हो कर सफेद घुंघचीके फलको श्मशानमें गाड़ दे। पीछे उसके ऊपर एक खण्ड पत्थर रख कर रौद्री, माहेश्वरी, वाराह, नारसिंही, वैष्णवी, कौमारी, महालक्ष्मी और ब्राह्मी इन अष्ट योगिनीकी अर्चना करे तथा गणपति, बटुक और क्षेत्रपालकी अलग अलग पूजा करे। अनन्तर बलिदान दे कर मांस और मद्य द्वारा उन सब देवताओंको फिरसे पूजा करनेसे शत्रुसेना स्तम्भित होती है।

'ओं नमो भयङ्कराय खड्गधारिणे मम शत्रुसैन्यं पलायिनं कुरु कुरु स्वाहा' इस मन्त्रजपसे सिद्ध हो कर मङ्गलवारको काक और पेचक पक्षी पकड़े। बादमें भोजपत्रमें गोरोचन द्वारा उक्त मन्त्र लिख उसके गलेमें बांध उड़ा दे। ज्यों ही वे दोनों पक्षी शत्रुके सामने पहुंचेंगे, त्यों ही शत्रुसेना छत्रभङ्ग हो कर भाग जायगी तथा राजा, प्रजा और गजाश्वादि वाहकगण पक्षीको देखते ही भयभीत हो जायेंगे।

श्मशानसे भस्म ला कर उससे एक मट्टीके बरतनके मध्यभागको लेप दे। अनन्तर उसके ऊपर उक्त मन्त्रके साथ शत्रुका नाम लिख कर एक नीला तागा उस बरतनमें बांध दे। पीछे उसे जमीनमें गाड़ कर ऊपरसे एक खण्ड पत्थर दबा दे। यह योगशत्रुस्तम्भनमें बहुत काम करता है।

गोशालाके चारों तरफ ऊंटकी हड्डी गाड़ देनेसे गोमेहषादि स्तम्भित होंगे अथवा ऊंटके लोम जिस किसी पशु पर फेंकोगे, वही पशु स्तम्भित हो जायगा।

रजस्वला स्त्रीके वस्त्रको गोरोचनके साथ शत्रुका

नाम उच्चारण करते हुए किसी एक घड़ेमें रख छोड़ो। इससे शत्रु स्तम्भित होता है।

दो खण्ड ईंटको श्मशानके अङ्गारसंपुटमें रख कर किसी निर्जन अरण्यमें रखनेसे मेघस्तम्भन होता है।

वृहतीके मूल और यष्टिमधुको एक साथ पीस कर नस लेनेसे निद्रा स्तम्भित होती है।

पञ्चाङ्गुल परिमित क्षीरिवृक्ष (अश्वत्थ वटादि)-के कीलकको नाव पर फेंकनेसे उसी समय वह नाव स्तम्भित हो जायगी।

'ओं नमो भगवते रुद्राय जलं स्तम्भय स्तम्भय ठः ठः ठः'; इस मन्त्रको एक सौ आठ बार जप कर पद्मकाष्ठचूर्णको कूप और पुष्करिणी आदिमें फेंकनेसे जलस्तम्भन होता है।

'ओं गर्भ स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा' एक सौ आठ बार इस मन्त्र जप द्वारा सिद्ध हो कर ऋतुस्नानके बाद अंडीके बीज खा कर धतूरेका मूल कटिमें बांधनेसे गर्भस्तम्भन होता है।

मतान्तरसे स्तम्भन, [मोहन और] वशीकरणादिका विषय लिखा जाता है।

भूमिकुष्माण्ड और वटके मूलको जलसे पीस कर विभूतिके साथ कपालमें तिलक लगावे। ऐसे व्यक्तिको देखते ही त्रिलोक वशीभूत हो जाता है।

पुष्यानक्षत्रमें पुनर्नवाके मूल और रुद्रदन्तीके मूलको उखाड़ कर उसके साथ जौके बीजको हाथमें बांधे। बांधते समय 'ओं ऐं पुरं क्षोभय भगवति गम्भीरय ब्लुं स्वाहा' इस मन्त्रसे सात बार अभिमन्त्रित कर दे। यह प्रक्रिया करनेके पहले उक्त मन्त्र बीस हजार बार जप कर सिद्ध हो लेना होगा। इस साधना द्वारा साधक सर्वत्र पूजित होते हैं।

वातोत्क्षिप्त पत्र, मञ्जिष्ठा, अर्जुनवृक्ष और तगरकाष्ठ इनका बराबर बराबर भाग जिसे खिलाओगे अथवा जिसके शरीरमें स्पर्श कराओगे वह व्यक्ति अवश्य वशीभूत होगा।

पुष्यानक्षत्रमें कण्टकारी (भटकटैया) मूल उखाड़ कर कटिमें बांधनेसे वह व्यक्ति सबोंका प्रियपात्र बन जाता है तथा कृष्णपक्षकी चतुर्दशीको रातको श्मशानस्थित महानील वृक्षके मूलको उखाड़ कर नरतैल द्वारा अञ्जन करनेसे जगत् वशीभूत किया जा सकता है। श्मशानजात महानील वृक्षके मूलको निज शुक्रके साथ पीस कर अञ्जन करनेसे जिसको चाहो, वशीभूत कर सकते हो। जो उक्त मूलको हाथमें बांधता है, वह सबोंका प्यारा होता है।

पुष्यानक्षत्रमें इड़ा-नाड़ी वहनके समय ब्रह्मदण्डीका मूल उखाड़ कर जिस किसीको खिलाया जायगा, वह वशीभूत होगा। पेचकके हृदय, घृतकुमारी और गोरोचन इनका समान भाग ले कर आँखमें अञ्जन करनेसे त्रिभुवनको वश्य किया जा सकता है। 'ओं नमो महायक्षिणी अमुक मे वशमानाय स्वाहा।' इस मन्त्रको दश हजार बार जप करके पूर्वोक्त सभी प्रक्रिया करनी होती है।

कुल मन्त्रोंकी जपसंख्या अलग अलग दी गई है। जिस मन्त्रकी जितनी संख्या कही गई है उस मंत्रका उतनी ही संख्यामें जप करना चाहिये। फिर जहां कोई संख्या निर्णीत नहीं है वहां एक अचुत अर्थात् दश हजार जप करनेकी विधि है।

मृगशिरानक्षत्रमें लाल कनेरकी जड़ उखाड़ कर उसकी नौ उँगलीकी कील बनावो। पीछे उसे 'ओं ऐं स्वाहा' इस मंत्रके द्वारा सात बार अभिमंत्रित करके जिसका नाम उल्लेख करते हुए जमीन खोदोगे वह मनुष्य अवश्य वशीभूत हो जायगा। 'ओं ऐं स्वाहा' यह मन्त्र पहले दश हजार बार जप कर सिद्ध हो जानेके बाद कार्यमें हाथ डालना होगा।

अपामार्गके मूलकी कील सात बार अभिमन्त्रित करके जिसके घरमें फेंकी जायगी, वही व्यक्ति वशीभूत होगा। 'ओं मदनकामदेवाय फट् स्वाहा' इस मन्त्रसे एक सौ आठ बार जप कर सिद्ध हो ले, तब काममें हाथ डाले। अपामार्गके मूलका कपालमें तिलक लगानेसे वशीकरण होता है।

किसी कपड़ेमें स्वयम्भु कुसुम बांध कर उसे त्रिमुहाने रास्ते पर शनिवार वा मङ्गलवारको जलावे। पीछे उस वस्त्रदग्ध भस्मका 'ओं नमो भैरवीतरे आज्ञाकाले कमल मुखे राजमोहने प्रजावशीकरणो स्त्रीपुरुषरञ्जनि लोकवश्य

मोहिनि मे सोऽहं ओं गुरुप्रसादेन' इस मंत्रसे कपाल पर तिलक लगावे। इससे दूसरेकी बात तो दूर रहे, राजा भी वशीभूत हो जाते हैं । कृष्णपक्षीय चतुर्दशीकी रातको ईषालाङ्गलिया वृक्षके मूल, नरतैल, मधु और हरिताल ये सब द्रव्य एकत्र कर कपालमें लगानेसे सभी मनुष्य वशीभूत किये जा सकते हैं।

'ओं अश्वकर्णेश्वरि दुर्वले आइकेशिक जटाकलापे ढक्कार फेत्कारिणि स्वाहा' इस मंत्रसे कामिनीवृक्षके मूल और हरितालको एकत्र पीस कर गोली बनावे। वह गोली मुंहमें रख कर जिससे जो मांगोगे वह उसी समय दे देगा। वटपत्र और मयूरशिखासमान भाग ले कर तिलक करनेसे सभी लोक वशीभूत होते हैं। कृष्णअपराजिता, भृङ्गराजके मूल, गोरोचन, विजवन्द और श्वेत अपराजिताके मूलको एक साथ पीस कर कुमारीकन्याके हाथमें लेपन करे। पीछे उस लिप्तवस्त्रको जलके साथ घर्षण कर तिलक करनेसे सर्वलोक वशीभूत होगा। लाल कनेरके पुष्प, कुट, सफेद सरसों, सफेद अकवनका मूल, तगर, सफेद घुंघची और गोपालकर्कटीके मूल इन्हें पुष्यानक्षत्रयुक्त कृष्णपक्षीय अष्टमी अथवा चतुर्दशी तिथिको एकत्र पीस कर तिलक लगावे। इससे सभी मनुष्य वशीभूत किये जा सकते हैं।

'ओं नमो वरजालिनी सर्वलोकवशङ्करी स्वाहा' इस मंत्रको १०८ बार जप कर सिद्ध हो ले। पीछे अपामार्गके मूल और गोरोचनाको एकत्र पीस कर कपालमें तिलक लगानेसे भी जगत् वशीभूत किया जा सकता है।

पेचकका चक्षु ला कर उसमें गोरोचन मिला दे। पीछे वह जिस व्यक्तिको जलके साथ खाने दिया जायगा वही व्यक्ति वशीभूत होगा।

पेचकके दो कान और चटक पक्षीके चक्षु इन्हें एक साथ चूर्ण करे। पीछे उस चूर्णका कपालमें तिलक लगावे, जगत् वशीभूत हो जायगा । फिर वह चूर जिसी व्यक्तिको उसके भक्ष्यद्रव्य और जलके साथ खिलाने अथवा गंधद्रव्य और पुष्पके साथ सुंघनेसे अथवा किसीके मस्तक पर रखनेसे वह उसी समय वशीहो जायगा । 'ओं ह्रीं हूं ह्रीं त्रः हेः फट् नमः' यह मन्त्र हजार बार जप कर पेचकके मांस, कुंकुम, अगुरु, रक्तचन्दन और गोरोचन इनके वरावर वरावर भागको एक साथ पीस कर खिलाने अथवा फलके साथ पिलानेसे त्रिजगत् वशीभूत होता है। इससे स्त्री और पुरुष दोनों ही वशीभूत हो जाते हैं।

पूर्व दिन उपवास रह कर गोपालककेंटीके मूलको उखाड़ो। पीछे उत्तराभिमुखी हो कर उस मूलको ऊखलमें कूटो। वह चूर जितना होगा उतना ही त्रिकटु अर्थात् मिर्च, पीपल और सोंठ ले कर वकरीके दूधमें पीसो। बाद छायामें सुखा कर गोली वनाओ। अनन्तर उस गोलीको रक्तचन्दनके साथ घोंट कर अपनी उंगलीमें लगा करके जिसका स्पर्श करोगे वही वशीभूत होगा। अथवा उस गोलीको समान भाग देवदारु और श्वेतचन्दनके साथ जलमें पीस कर जिसके अंगमें लगाया जायगा वही वशीभूत होगा। 'ओं नमः शची इन्द्राणी सर्ववशङ्करी सर्वार्थसाधिनी स्वाहा' यह मन्त्र हजार बार जप कर उक्त गोली और गोरोचनको जलमें पीस कर कपालमें तिलक लगानेसे सभी जगह जयलाभ होगा।

कृष्णपक्षीय चतुर्दशी अथवा अष्टमी तिथिमें उपवास रह कर देवताको वलि दे। पीछे विजवन्दका मूल उखाड़ कर उसे चूर्ण करे। वह चूर्ण पानके साथ मिला कर जिसे खानेको दोगे, वही वशीभूत होगा। विजवंद और गोरोचनको एक साथ पीस कर तिलक लगाने तथा मैनसिल और विजवन्दको पीस कर अञ्जन देनेसे समस्त लोक वशीभूत हो सकता है। बिजवन्दके मूलका सात दिन तक पानके साथ प्रयोग करनेसे राजा भी वशीभूत होते हैं, 'ओं नमो भगवति मातलेश्वरी सर्वमुखरञ्जनि सर्वेषां महामाये मातङ्गि कुमारिके लेप लघु लघु वशं कुरु स्वाहा' इस मन्त्रको जप कर निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा कार्यको सिद्धि करनी होती है। विजवन्दके मूलचूर्णको मस्तक पर रखनेसे सभी मनुष्य वशीभूत होते हैं तथा उस मूलको मुखमें डाल कर अथवा कटिमें बांध कर जिस नारीकी कामना करे, वही उसके वशीभूता हो जाती है।

श्मशानके अङ्गार और शृगालके रक्तको एकत्र कर जिसके मस्तक पर फेंका जायगा वही वशीभूत होगा । मयूरके पित्त, गोरम्भा, जातिपुष्प और गोरोचन इन्हें

एकत्र कर कुमारी द्वारा पिसवावे। पीछे उसको स्पर्श वा पान करनेसे त्रिजगत् वश किया जा सकता है। चंद्रग्रहणकालमें सफेद अपराजिताका मूल उखाड़ कर उसका अञ्जन करने अथवा तिलक लगानेसे सर्वलोक वश्य होता है। कटकरञ्जाका मूल मुखमें रखनेसे लोग वशीभूत होता, प्रातवादी मूक बन जाता अथवा कहीं भाग जाता है। कृष्णपक्षीय चतुर्दशी तिथिमें सफेद घुंघचीका मूल उखाड़ कर पानके साथ जिसे खिलाओगे, वही मनुष्य वशीभूत हो जायगा। मैनसिल, गोरोचन और सफेद अपराजिताके मूलको जलके साथ पीस कर कपाल पर तिलक लगानेसे जिसके साथ बात चीत की जायगी, वही वश हो जाता है।

स्वर्णवेष्टित श्वेत अपराजिताके मूलको मूद्रामें रख कर जो व्यक्ति धारण करेगा, उसके वाक्यसे सभी वशीभूत हो जायंगे। 'ओं वज्रकिरणे शिवे रक्ष रक्ष भगवति ममादि अमृतं कुरु कुरु स्वाहा।' सहस्र बार इस मन्त्र-जप द्वारा सिद्ध हो श्वेतअपराजिताके मूलको चबा कर उसका तिलक लगावे। नर अथवा नारी जो कोई उस तिलकको देखेगा वही वशीभूत हो जायगा।

पुष्यानक्षत्रयुक्त कृष्णपक्षकी अष्टमी तिथिको साधक उपवास रह कर पुष्प, धूप, वलि और घृतप्रदीप प्रदानपूर्वक 'ओं श्वेतवर्णे सितपर्वतवासिनी अप्रतिहते मम कार्य कुरु कुरु ठः ठः स्वाहा।' इस मन्त्रको १०८ बार जपे। पीछे सफेद घुंघचीके फल और उस जगहकी मिट्टी ले कर उस फलको घृत द्वारा लेपन करे। अनन्तर उसके बीज और मट्टीको एक उत्तम नये बरतनमें रख कर कृष्णपक्षीय चतुर्दशी अथवा अष्टमी तिथिमें जमीनके अन्दर गाड़ दे। पीछे जब तक उस बीजसे पौधे उग कर उसमें फल न लगे, तब तक 'ओं श्वेतवर्णे सितवासिनि श्वेतपर्वतनिवासिनी सर्वकार्याणि कुरु कुरु अप्रतिहते नमो नमः स्वाहा' इस मन्त्रसे जल सींचाते रहे फल लग जानेसे फिरसे शुचिपूर्वक उपवासी हो धूपादि उपहार प्रदानपूर्वक 'ओं श्वेतहृदयाय नमः। ओं पद्ममुखे शिरसे स्वाहा। ओं नमः सर्वज्ञानमये शिखायै वषट्। ओं नमः सर्वशक्तिमत्यै कवचाय हुं। ओं नमः नेत्रत्रयाय वौषट् 'ओं परमन्त्रभेदने अस्त्राय फट। सर्वाण्यङ्गानि ओं नमोऽनन्तादिनि' इत्यादि मन्त्रसे न्यास करे; पीछे 'ओं नमो भगवति ह्रीं श्वेतवासे नमो नमः स्वाहा' इस मंत्रको पढ़ कर उस सफेद घुंघचीके मूलको उखाड़े। बाद वशीकरण प्रक्रियामें प्रवृत्त होनेके पहले 'ओं नमो भगवति' इत्यादि मन्त्रका दश हजार बार जप तथा घृतमिश्रित तिल और श्वेत दूर्वा द्वारा सहस्र बार होम करना होगा। उक्त श्वेत घुंघचीके मूल और श्वेतचन्दनको पीस कर अथवा मधुके साथ घिस कर शरीरमें लगानेसे सभी वशीभूत होते हैं।

मैनसिल पूर्वोक्त प्रकारके श्वेतगुञ्जा (घुंघची)के मूल और श्वेत चन्दनको पीस कर कपाल पर तिलक लगानेसे सभी वशीभूत होते हैं। पूर्वरूपसे श्वेत गुञ्जाके मूल, श्वेत सर्षप और प्रियंगु इनका समान समान भाग ले कर चूर्ण करे। पीछे उस चूर्णको 'ओम् नमः श्वेतपाले सर्वलोकवशङ्करि दुष्टान् वशं कुरु कुरु मे वशमानय स्वाहा' एक सौ आठ बार इस मंत्रजपसे सिद्ध हो कर जिसके मस्तक पर फेंकोगे वही वशीभूत होगा।

अड़ूसके मूल, प्रियंगु, कुट, इलायची, नागकेशर और श्वेतसर्षप इन्हें एकत्र कर जिसके अङ्गमें धूप प्रदान करोगे वही वशीभूत होगा। 'ओं कामिनि माधवि माधवि नमः' इस मन्त्रसे धूपको सौ बार अभिमंत्रित कर लेना होगा। उक्त मंत्रसे सौ बार अभिमंत्रित करके एक पुष्प जिसके हाथमें दिया जायगा, वही वशीभूत होता है। अथवा उक्त मंत्रसे अन्नको अभिमंत्रित करके जिसका नामोल्लेख करते हुए प्रतिदिन सात ग्रासके हिसाबसे सात दिन तक भोजन करेगा, वह व्यक्ति अवश्य ही वशीभूत होगा। 'ओं कटं कटे घोर रूपिणि ठः ठः' इस मंत्रको उक्त प्रक्रियाके पहले हजार बार जप कर कार्य्य करनेसे कार्य्यकी सिद्धि होती है।

'ओं घण्टा कर्णाय नमः।' इस मंत्रको दश हजार जपनेके बाद फिर उस मन्त्रसे पत्थरके एक टुकड़ेको अभिमंत्रित करे। अनन्तर उसे ग्राम अथवा पुरीके मध्य फेंक दे अथवा उस ग्रामके किसी वृक्षमें उस पत्थरसे आघात करें, तो उस ग्रामकी जिस किसी वस्तु की इच्छा करेगा, वही प्राप्त होगी।

'ओं जनके स्वाहा।' साधक इस मंत्रको दो लाख बार

जप कर घृताक्त गुग्गुल द्वारा बीस हजार होम करे, तो देवी सौभाग्य प्रदान करती है तथा साधक जो स्पर्श करेगा वह उसी समय वशीभूत हो जायगा।

'ओं महायक्षसेनाधिपतये मालिभद्राय अप्रार्थितमन्नं देहि स्वाहा' इस यज्ञमंत्रसे क्षीरीवृक्षमें (जिस वृक्षसे दूध निकलता हो) सात बार ताड़न और इक्कीस बार अभिमंत्रित करे तथा उस वृक्षकी एक लकड़ी दाहिनी हाथमें रखे तो अप्रार्थित अन्न भी लाभ होता है।

'ओं नमो भूतनाथाय यं भूपाल वशं कुरु कुरु भुवनक्षोभक सर्वलोकान् क्षोभय क्षोभय स्कें ब्लीं व्लीं व्लुं स्वाहा।' रक्तवस्त्र पहन कर यह मंत्र दश हजार बार जप करनेसे सभी नरनारी क्षोभित होती हैं।

'ओं ऐं अमुकं रञ्जय ह्रीं स्वाहा।' इस मंत्रको दश हजार बार जप कर शर्करा, मधु और दुग्धमिश्रित पद्मकेशर द्वारा एक हजार होम करनेसे सभी लोक वशीभूत किया जा सकता है। जो कोई व्यक्ति उसे देखेगा उसे संतोष उत्पन्न होगा।

'ओं उच्छिष्टचाण्डालि वाग्वादिनि राजमेहनि प्रजामोहन स्त्रीमोहन आन् आन् वेवे वायु वायु उच्छिष्टचाण्डालि सत्यावादिनि की शक्ति फुरै।' साधक निर्जन स्थानमें बैठ कर उच्छिष्ट मुखसे इस मंत्रको दश हजार बार जपे। बाद उस मन्त्र द्वारा किसी द्रव्यका स्मरण करनेसे वह उसी समय सामने आ जाता है।

'ओं नमो भूतनाथाय समस्तभुवनभूतानि साधय हं।' इस मंत्रका जप करनेसे महादेव प्रसन्न होते हैं और साधक जिसका स्मरण करेंगे, वह उसी समय वशीभूत हो जायगा।

'ओं क्लीं सः अमुकं मे वशं कुरु कुरु स्वाहा।' इस मंत्रको दश हजार बार जपे तथा कुंकुम, रक्तचन्दन, गोरोचन और कर्पूर इन सब द्रव्योंका बराबर बराबर भाग ले कर गायके दूधके साथ मिलावे। पीछे उक्त मन्त्र द्वारा सात बार अभिमन्त्रित करके ललाट पर तिलक लगावे। इससे राजा वशीभूत होते हैं।

'ओं सुदर्शनाय हुं फट् स्वाहा।' इस मन्त्रको हजार बार जप कर हस्तानक्षत्रमें पिठवनका मूल उखाड़ कर हाथमें धारण करो। इससे राजद्वारमें पूजनीय होता है तथा विवादमें जय होती है।

मञ्जिष्ठा, कुंकुम, यमानी, घृतकुमारी, चिताकी भस्म और शरीरका रक्त इन सब द्रव्योंको एकत्र कर अपने शुक्र द्वारा भावना दो। पीछे पुष्यानक्षत्रमें गोली बनाओ। यह गोली जिसे खिलाई अथवा जलके साथ मिला कर पिलाई जायगी वह निश्चय ही वशीभूत हो जायगा। उक्त गोली राजाको स्पर्श करानेसे चण्ड-मन्त्रके प्रभावसे राजा भी वशीभूत होते हैं।

'ओं ह्रां रक्तचामुण्डे कुरु कुरु अमुकं मे वशमानय स्वाहा' इस मन्त्रबलसे चन्द्रग्रहणके समय उखाड़ी हुई श्वेतअपराजिताकी जड़ अपने मालिकको खिलानेसे वे वशीभूत हो जायँगे। उत्तरफल्गुनी, उत्तराषाढ़ा अथवा उत्तरभाद्रपद नक्षत्रमें सवेरे अश्वत्थवृक्षका मूल उखाड़ कर हाथमें धारण करनेसे राजदरबारमें जयलाभ होता है। भरणीनक्षत्रमें आम्रवृक्षके मूल और पूर्वफल्गुनी नक्षत्रमें दाड़िमके मूलको उखाड़ कर हाथमें पहननेसे देवराज इन्द्र भी वशीभूत होते हैं। अश्लेषा नक्षत्रमें नागकेशरके मूलको उखाड़ कर हाथमें बांधनेसे राजा वशीभूत होते हैं। कटु तैल द्वारा रक्तचन्दन और श्वेत सर्षपका सहस्र होम करनेसे तथा रातको अपने घरमें छागरक्तके साथ सर्षप द्वारा सहस्त्र होम करनेसे राजा निश्चय ही वशीभूत होते हैं।

परवादिजय।

पुष्यानक्षत्रमें गोजिह्वा और अपामार्गके मूलको उखाड़ कर मुखमें अथवा मस्तक पर धारण करनेसे विवादमें जयलाभ होता है। अगहनकी पूर्णिमाको अपामार्गका मूल उखाड़ कर बाहु अथवा मस्तक पर धारण करनेसे विवादमें जयी हो सकते हैं। उक्त मूलको शिखामें बांधनेसे बन्धनसे छुटकारा मिलता है। नटिया सागके मूलको चांदीके कवचमें भर कर मुखमें रखनेसे विवादी व्यक्ति मूक होता है अर्थात् कहीं भाग जाता है। कृष्णा चतुर्दशीको रातको श्मशानजात महानीलिवृक्षके मूलको ला कर हाथमें धारण करनेसे विवादमें जयी होता है। सफेद घुंघची वृक्षके मूलको मुखमें रखनेसे दुष्ट व्यक्तिके वाक्य रोध होता है। चण्डमन्त्र द्वारा ही ये सब कार्य करने होते हैं। 'ओं नमो भस्मि जय धूलि धूसरि अररणि जय बागध्य यन्तु स्वाहा' जिस व्यक्तिके मस्तक पर

हाथ रख कर तीन दिन शामको इस मन्त्रका जप किया जायगा, वह विवादमें जयलाभ करता है।

दुर्वृत्त दमन।

शुक्लपक्षमें पुष्यानक्षत्रको गुञ्जका मूल उखाड़ कर मस्तक वा शय्या पर रखनेसे चोरका भय जाता रहता है। अश्लेषा नक्षत्रमें आमलकी वृक्षके मूलको उखाड़ कर हाथमें धारण करनेसे चोर, बाघ और राजाका भय नहीं रहता। आर्द्रानक्षत्रमें बाँसकी जड़ उखाड़ कर कानमें बांधनेसे निःसन्देह विवादमें शत्रुकी हार होती है। आकोंड़ फलके तेलके साथ अमराफलचूर्ण मिला कर हाथीके शरीरमें लगानेसे मतवाला हाथी वशीभूत हो जाता है। हस्ता नक्षत्रमें छुछूंदरको मार कर उसका चूर्ण करे। पीछे उक्त चूर्ण द्वारा शरीरलेपन करनेसे हाथी उसे देखते ही सिर झुकाये भागता है। विल्वपुष्प और छुछूंदरको एक साथ पीस कर अङ्गमें लगानेसे हाथी जान ले कर भागता है। अपामार्गके मूलको बाहु और मस्तक पर धारण करनेसे दुष्ट हाथी तथा समरादिका भय जाता रहता है। श्वेतअपराजिताके मूलको हाथमें बांधनेसे हाथीका भय निवारण किया जाता है तथा श्वेत वृहतीके मूलसे व्याघ्रभय नहीं रहता।

'ओं चित्त चित्तलो वृच्छे आवे कुरु कुरु कुरुजि पुच्छ ड़ोलोके ऽसे चले तरि मुहि भावे गौरिकार्त्ता महादेव वृणजाल आहावाधीं पूताकिजे महारा उत्तराजे इह तु भूमि छदंजे तारितैप्युनूधरु कोजै विवाह जपै सा पुटालै भुजै मोविहिस्काल' थे ऽनुमण्डकी आज्ञा।' इस मन्त्र द्वारा अपने शरीरसे एक बुंद रक्त निकाल कर बाघके शरीर पर फेंकनेसे बाघ दूर भाग जाता है। किसी ग्राममें, नगरमें वा वनमें यदि कोई बाघ उपद्रव मचावे, तो इस मन्त्रको हजार बार जप कर एक शूकरको पोसे। पीछे इस मन्त्र प्रभावसे बाघ स्वयं उस जगह पर आ शूकर खा जायगा और उस स्थानको सदाके लिये छोड़ देगा।

वशीकरणप्रकार।

कबूतरके चक्षु और हृदय तथा निज देहरक्त, गोरोचन और जिह्वाके मलको एकत्र कर अञ्जन लगानेसे स्त्री वशीभूत होती है। गोरोचन, चिताभस्म, नरतैल और निज शुक्रको एकत्र पीस कर जिस रमणीको दिया जायगा वह वशीभूत होती है। चिताभस्म, चर्बी, कुट, तगरकाष्ठ और कुंकुम इनका बराबर बराबर भाग ले कर चूर्ण करे। पीछे उस चूर्णको स्त्रीके मस्तक वा पुरुषके पद पर निक्षेप करे, तो वह रमणी वा पुरुष जिन्दगी भर वशीकारका दास होता है। तीस चना, सोलह इन्द्रजौ, गोदन्त और नरदन्त इन्हें तेलके साथ पीस कर ललाट पर तिलक लगानेसे रमणीमात्र हो वशभूता होती है। सोहागा, यष्टिमधु, गोरोचन, चिताभस्म और काकजिह्वा, बराबर बराबर भाग ले कर मधुके साथ मिलावे। पीछे उसका तिलक धारण करनेसे तथा पुष्यानक्षत्रमें काले धतूरेके फूल, भरणीनक्षत्रमें फल, मूलानक्षत्रमें पत्रको तोड़ कर कुंकुम गोरोचन और कपूरके साथ अच्छी तरह पीस कर तिलक लगानेसे जिसको चाहो वशीभूत कर सकते हो। काकजङ्घा, वच, कुट, विल्वपत्र, कुंकुम और अपने रक्तको एक साथ मिला कर कपाल पर तिलक लगानेसे रमणीमात्र वशीभूत होती है।

काकजङ्घा, वच, कुट, शुक्र और शोणित इन्हें एकत्र कर जिस स्त्रीको खिलाओगे वह ऐसी वशीभूत हो जायगी कि, उस पुरुषके मरनेके बाद वह श्मशान जा कर रोयेगी। चटक पक्षीका मस्तक, उतना ही श्वेत अकवनका मूल, मञ्जिष्ठा और खदिर जिसे खिलाया जायगा वही वशीभूत होता है। सांपकी केंचुल, अनारकी लकड़ी और अण्डीका तेल, इनका बराबर बराबर भाग ले कर धूप प्रदान करनेसे रमणी वशीभूत होती है। अश्विनीनक्षत्रमें पलाशवृक्षके फूलको संग्रह कर हाथमें बांधनेसे नारी तुरत वशीभूत हो जाती हैं। यज्ञडुमरके मलको मृगशिरा नक्षत्रमें उखाड़ कर अपने हाथमें बांधो। पीछे उसका जिसके अङ्गमें स्पर्श कराओगे वही कामिनी वशीभूत होगी। धनिष्ठानक्षत्रमें शिरीषवृक्षके मूल, अश्विनी नक्षत्रमें पलाशमूल और स्वाति नक्षत्रमें धातकीवृक्षके मूलको उखाड़ कर हाथमें बांधनेसे स्त्रीगण वशीभूत होती हैं। रेवती नक्षत्रमें वटकी कौड़ीको संग्रह कर हाथमें बांधनेसे तथा मूलनक्षत्रमें बदरीमूलको उखाड़ कर स्त्रियोंको खिलानेसे वह अवश्य वशीभूत होगी। स्वर्णपात्रमें कुन्दवृक्षके मूलको घिस कर स्त्रियोंकी पीठमें

लगा देनेसे तथा अगहनकी पूर्णिमाको अपामार्गके बीज उखाड़ कर स्त्रियोंको खिलानेसे वह वशीभूत होती है। ये दोनों कार्य चण्डमन्त्रसे सिद्ध हो कर करने होंगे।

सफेद घुंघचीके मूल और पञ्चमल अर्थात् दन्त, जिह्वा, कर्ण, नासा और चक्षुके मलको एकत्र कर यदि स्त्रीको खिला सके, तो वह निश्चय ही वशीभूता होगी। 'ओं नमः क्षिप्रं अमुकीं मे वशमानय हुँ फट् स्वाहा।' सबेरे दांतको साफ कर अभिलषित रमणीका नामोल्लेख करते हुए इस मन्त्रसे सप्तगण्डूष जलको सात बार अभिमन्त्रित करके पान करनेसे वह स्त्री वशीभूत हो जाती है। नागकेशरके पुष्प, प्रियंगु, तगरकाष्ठ, पद्मकेशर, वच और जटामांसी इन्हें एक साथ चूर कर जो व्यक्ति 'ओं मूलि मूलि महामूली रक्ष रक्ष सर्वासां क्षेत्रयेभ्येः परेभ्यः स्वाहा।' इस मन्त्रका पाठ करते हुए उक्त चूर्ण द्वारा अपने शरीरमें धूप लगावेगा, उसे कामदेवके सदृश जान कर रमणियां उसके वश हो जाती हैं।

'ओं नमः सवायै नमः सवान्यै च अमुकीं मे वशमानय स्वाहा।' इस मन्त्रसे अभिमन्त्रित सुराके साथ जिह्वा, दन्त, नाशा और कर्णमल अथवा 'ओं नमो चाचाट पथ पथ हिटि द्रावहि स्वाहा।' इस मन्त्रसे सात बार अभिमन्त्रित करके बिजबन्दका मूल खिलानेसे स्त्री वशीभूत होती हैं।

अपामार्गवृक्षके मध्यभागके चार अंगुल परिमित काष्ठको 'ओं द्राविणी स्वाहा ओं हमिले स्वाहा' इस मन्त्रसे सात बार अभिमन्त्रित करके वेश्याके घर फेंकनेसे वह उसके अधीन हो जाती हैं। पेचकके चक्षु और मांस, रक्तचन्दन, गोरोचन, कुंकुम, मत्स्यतैल इन्हें एकत्र कर तथा 'ओं ह्रों ह्रों प्लुं प्लं फट् नमः' इस मन्त्र द्वारा अपने शरीरमें अभ्यङ्ग करनेसे स्त्री वशीभूत होती हैं। गिरगिटके दाहिने पैरको मुखमें रख कर रतिक्रिया करनेसे रमणी वशमें आ जाती है। गिरगिटके वाम नेत्रको मधु और तेलके साथ अञ्जन देनेसे जिस स्त्रीके प्रति दृष्टिपात किया जायगा वही वशीभूत होगी। 'ओं आनन्द ब्रह्म स्वाहा ओं ह्रीं क्लीं प्लां कालि कपालि स्वाहा' मन्त्र द्वारा उक्त प्रक्रिया करनी होती है।

'ओं पूजिताय स्वाहा' मन्त्रसे सिद्ध हो कर गिरगिटके दाहिने चक्षुको कांजी और मधुके साथ मिला कर अञ्जन लगा कर 'ओं नमः कामदेवाय सहकल सहदश, सहयम सहालिमे वह्ने धूनन जनं मम दर्शनं उत्कण्ठितं कुरु कुरु दक्ष दण्डधर कुसुमं वाणेन हन हन स्वाहा।' इस मन्त्रको तीन शाम तक सौ सौ बार जप करे। सात दिन तक ऐसा करनेसे नारी उसे देखते ही वशीभूता हो जाती है। रातको कामाक्रान्तचित्तसे जिसका नामोल्लेख करते हुए 'ओं स हवल्लीं वल्लीं करवल्लीं कामपिशाच अमुकीं कामं ग्राहय स्वप्नेन ममरूपेण नखैर्विदारय द्रावय स्वेदेन बन्धय श्री फट्।' इस मंत्रका जप करोगे वह निश्चय ही वशमें आ जायगी। लवण, तिल, दुग्ध, मधु और घृत अथवा सर्षप, लवण, दुग्ध, और घृत ले कर सात दिन होम करनेसे रूपगर्विता नारी भी वशीभूत होती है। महानिम्बके पुष्पके साथ प्रति दिन घृत द्वारा 'ओं ह्रीं चामुण्डे तुरु तुरु अमुकीं मे वशमानय स्वाहा।' इस मन्त्रसे सात दिन होम करनेसे कार्यकी सिद्धि होती है। मनुष्य-मस्तकके मध्यभागको गर्दभके मस्तिष्कसे भर कर भृङ्गराजके रसमें सात दिन भावना दे। अनन्तर रुईकी बत्ती बना कर उस मज्जापात्रमें दे प्रदीप बाले। शनिवारको उस प्रदीपकी शिखासे मनुष्यकी खोपड़ीमें घिस कर काजल बनावे। पीछे उस काजलको आंखमें लगा कर जिस औरतके प्रति नजर उठाओगे वही वशीभूता और अनुगामिनी होती है।

मैनसिल, हरिताल, स्वीयवीर्य, आकोंड़ फलका तेल, हस्तिगण्डका मद इन सबको एक साथ मिला कर कपाल पर तिलक लगानेसे रमणी सहजमें वशीभूत होती है। मैनसिल, प्रियङ्गु, नागकेशर और गोरोचन इन्हें एक साथ मिला कर आंखमें अंजन देनेसे कामिनी वशमें आती हैं। प्रियंगु, वच, तेजपत्र, गोरोचन, रसाञ्जन और रक्तचन्दन द्वारा प्रस्तुत अञ्जनको आंखमें लगा कर जिस किसी स्त्रीके प्रति दृष्टिपात करोगे, वही वशीभूता होगी। सोमराजी और अकवनके मूलको कटिमें बांधनेसे स्त्री-पुरुष दोनों ही वशीभूत होते हैं। कृष्णपक्षकी अष्टमी अथवा चतुर्दशी तिथिको उखाड़ा हुआ पीले धतूरेका मूल, कुट और देवदारु इनके बराबर बराबर भागको

एक साथ चूर करके, पीछे उसे स्त्री अथवा पुरुषके मस्तक पर फेंकनेसे वशीकरण होता है।

जलके साथ आमलकीके मूलको घिस कर आंखमें लगाने अथवा कपालमें तिलक धारण करनेसे स्त्री वा पुरुष वशीभूत होता है। गोपालककर्कटीके मूलको पुष्यानक्षत्रमें नंगी अवस्थामें उखाड़ कर उसके साथ मिर्च, पिप्पली और सोंठ मिलावे। पीछे गायके दूधमें उसे पीस कर गोली बनावे। उस गोलीको रक्तचन्दनके साथ मिला कर तिलक करनेसे स्त्रीगण वशीभूत होती हैं। स्वातीनक्षत्रमें वर्वटीके मूल और अनुराधानक्षत्रमें वदरीके मूलको उखाड़ कर हाथमें बांधनेसे फललाभ होता है। ऊद्र्ध्वपुष्पी, अधःपुष्पी, लज्जावती और अपराजिताके पुष्पको सात दिन तक निज शुक्रमें भावना दे कर जिह्वामल, नासामल, कर्णमल और दन्तमलके साथ मिलावे। उसे किसी स्त्रीको भक्ष्यद्रव्यके साथ खिलाने वा जलके साथ पिलानेसे रमणी वशमें आ जाती है। श्वेत अकवन, लाङ्गलिया, वच, लज्जावतीमूल इन्हें चूर कर कुत्तीके दूधके साथ मिलावे। पीछे उसे धतूरेके फलमें रख कर किसी औरतको खिलानेसे इच्छानुरूप फल प्राप्त होता है।

सप्तवार जलाञ्जलि प्रदानपूर्वक 'ओं विश्वावसुर्नाम गन्धर्वाः कन्यकानामधिपतिः सुरूपां सालङ्कारां देहि मे नमस्तस्मै विश्वावसवे स्वाहा।' यह मन्त्र एक मास तक जपनेसे अभिलषित कन्या प्राप्त होती है।

स्तम्भन-प्रकार।

हल्दी अथवा हरताल द्वारा भोजपत्रके ऊपर अभिलषित व्यक्तिके मूर्त्तिरूप चन्द्र लिख कर उसे हरिद्वर्ण सूत्र द्वारा वेष्टनपूर्वक किसी शिलामें बांध रखनेसे गति स्तम्भन होता है। चर्मकार और रजकके कुण्डमेंसे मैलको ला कर उसे चाण्डाल-पत्नीके ऋतुवासमें बांध रखो। उस पोटलीको जिसके सामने रखोगे उसमें फिर उठनेकी शक्ति नहीं रहती।

जहां पर गाय, भैंस, मेष, घोड़े और हाथी रहते हैं। उसके चारों कोनेमें ऊंटकी हड्डी गाड़ देनेसे उक्त गोमहिषादिकी गति स्तम्भन हो जाती है।

मनुष्यकी खोपड़ीमें पीली मिट्टी रख कर कृष्णपक्षीय चतुर्दशीकी रातको उसमें सफेद घुंघचीका वीज बोओ और तीन दिन तक वहां जागते रहो तथा प्रतिदिन जलसे उसे सींचो। अनन्तर 'ओं गुरुभ्यो नमः। ओं वज्राय नमः। ओं वज्रकिरणे शिवे रक्ष रक्ष भवेद्गाधि अमृतं कुरु कुरु स्वाहा' इस मन्त्रसे पूजा और जप कर उक्त वीजोत्पन्न वृक्षसे शाखा और लताको तोड़ लो। पीछे शुभ नक्षत्रमें उसे अभिमन्त्रित कर जिसके आसनके तले रखोगे वही व्यक्ति स्तम्भित होगा। हल्दीके रससे तालपत्रमें पद्म और 'ओं सहचाख दशायि अमुकस्य मुखं स्तम्भय स्वाहा'। यह मन्त्र लिख कर उसे चबूतरेके मध्य गाड़ देनेसे स्तम्भन होता है। भोजपत्रमें कुंकुम द्वारा शत्रुके नामके साथ एक पद्म अङ्कित करो। पीछे उस भोजपत्रको नीले तागेसे लपेट दो, शत्रु उसी समय स्तम्भित हो जायगा। भृङ्गराज, अपामार्ग, सर्णाग, विजवन्द, वच और कण्टकारीका रस निकाल कर लोहेके बरतनमें रखो। दो दिन बाद उसका तिलक लगानेसे शत्रुको बुद्धि स्तम्भन होती है। नदीमें पैठ कर 'ओं नमो भगवते विश्वामित्राय नमः सर्वमुखिभ्यां विश्वामित्राय विश्वामित्रोद्दापयति शक्त्या आगच्छतु।' मंत्र द्वारा जिसके नामसे सौ बार तर्पण किये जायेंगे, उसका मुख स्तम्भित हो जाता है।

'ओं नमो ब्रह्मवेशरि रक्ष रक्ष ठः ठः' इस मन्त्रको पढ़ते हुए सात छोटे छोटे पत्थरके टुकड़ोंको उठा ले। इनमेंसे तीनको कमरमें बांधने तथा चारको मुट्ठीमें रखनेसे चोरकी गति स्तम्भ होती है।

आकोंड़का फल, विजवन्द, कण्टकारी, सर्पाक्षी, अपामार्गका मूल, कृष्णापराजिता, शिवजटा, नील, सोनापाठा और श्वेत अपराजिता इनके मूलको रविवार पुष्यानक्षत्रमें उखाड़ कर मुख वा मस्तक पर धारण करनेसे शत्रुका अस्त्र स्तम्भित होता है तथा इसके द्वारा अग्नि, मूषिक, व्याघ्र, राजा, चोर और शत्रुका भय जाता रहता है। सफेद घुंघचीके मूलको उत्तर-भाद्रनक्षत्रमें उत्तरमुखी हो उखाड़ कर मुखमें धारण करनेसे शत्रुपक्षका वाण स्तम्भन होता है। शुक्लपक्षकी त्रयोदशी तिथिको अपामार्ग, घृतकुमारी और बिजबंदके मूल उखाड़ एक साथ पीस कर गोली बनावे। उस गोलीको मस्तक वा बाहुमें धारण करनेसे शत्रुका भय दूर होता है। गोजिह्वा,

हठली, द्राक्षा, वट, श्वेतअपराजिता, कृष्णअपराजिता, हस्तिकर्णी और श्वेतकण्टकारी इन सब पौधोंके मूलको रविवार पुष्यानक्षत्रमें उखाड़ कर कदलीवृक्षके सूत्रसे लपेट दे। पीछे उसे हाथमें कङ्कण वत धारण करने तथा अकवन, रुद्रजटा, श्वेता, शरपुङ्खा और श्वेतगुञ्ज नामक पौधोंके मूलको रविवार पुष्यानक्षत्रमें संग्रह कर मुखमें रखनेसे रणक्षेत्रमें शत्रु स्तम्भित हो रहते हैं। गंभारी अथवा दन्तीमूलको रविवार पुष्यानक्षत्रमें उखाड़ कर तण्डुलोदकके साथ पीसे। अनन्तर तीन दिन उसे पीनेसे शत्रुभय जाता रहता है।

केतकीवृक्षके मूलको मस्तक और नेत्रमें, तालमूलीको मुखमें तथा खजूरके मूलको चरण और हृदयमें धारण करनेसे शत्रुवर्गका खड्ग स्तम्भित होता है। उक्त तीनों प्रकारके मूलको चूर कर घीके साथ पान करनेसे जीवन भर उसे किसी प्रकारका हथियार चोट नहीं पहुंचा सकता।

रविवार पुष्यानक्षत्रमें शिरीषवृक्षके मूलको उखाड़ कर जलमें पीसे। उस जलमेंसे आधा अर्द्धक भोजन करने पर और आधा भोजन कर चुकने पर पी ले। इस प्रकार जब तक उस औषधका सेवन किया जायगा, तव तक उसका शरीर अस्त्रसे विद्ध नहीं हो सकता। उक्त मूल यदि किसी मेढ़के गलेमें बांध दिया जाय, तो वह खड्गसे भी नहीं कट सकता। पुष्यानक्षत्रमें आकन्दवृक्षके मूलको उखाड़ कर एक कौड़ीमें भर दे। पीछे उस कौड़ीको किसी पके फलमें रख कर मुखमें डालनेसे शत्रुका शस्त्र-स्तम्भन होता है।

सूर्यग्रहणकालमें मन्त्रपाठपूर्वक शरपुङ्खके मूलको उखाड़े और उसे मुखमें डाल कर मौनी हो कर रहे। वह व्यक्ति कभी भी शत्रुखड्गसे विद्ध नहीं हो सकता। 'ओं कुरु कुरु स्वाहा' मन्त्रपाठपूर्वक मूल, पत्र और शाखाके साथ अपराजिताकी लताको चूर करो। पीछे उसे तेलमें पका कर शरीरमें लगानेसे अस्त्र भय नहीं रहता। गिरगिटके बाएं पैरको हरितालसे लेप कर उसे ताम्रके वने हुए कवचमें भर दो। उस कवचको मुखमें रखनेसे शत्रुको सहजमें जीत सकते हो। यह कार्य 'ओं चामुण्डे भयचारिणि स्वाहा' मन्त्रसे करना होता है।

'ओं अहो कुम्भकर्ण महाराक्षस केशीगर्भसम्भूत परसैन्यभञ्जन महारुद्रो भगवान् आज्ञा अग्निं स्तम्भय ठः ठः' दश हजार इस मन्त्र-जप द्वारा सिद्ध हो कर हीरा, सोना, अवरक, चाँदी, पारा और गन्धक इनको वरावर वरावर भागको जंवीरी नीबूके रसमें खरल कर गोली वनावे। पीछे किसी वंध्या वा जीववत्सा रमणी द्वारा यज्ञडुमरके वीज, कपासके वीज और सरसोंको पिसवा कर उसमें उक्त गोली रख दे। अनन्तर सात वार गजपुट द्वारा दग्ध कर उस गोलीको मुहमें रखनेसे शत्रुस्तम्भन होता है। तरह तरहके रोग और जरा मृत्युमें भी यह गोली विशेष उपकारी है।

"ओं तता तता अङ्गारि मे भयमथ वन्धकुमारो मूह्य सिद्धि शालायासलं सद्रुशो गौरी महादेवकी आज्ञा ओं नमोयकय तुज लुली रुतिकार्मा कुजले वले प्रज्वले प्रमाद्धु चण्डे श्रीमहादेवकी आज्ञा पावे पायुशले। ओं अग्नीधतीकाधरै धयोसै गल हजुवाजु मायापेत्तकी ये मास्थियो हनूमन्तजले य प्रज्वले जुदजे जुड़मे वेष्ट ईश्वर महादेवको पूजा वावेपाल पुशालाहु अग्नि ज्वलन्ती मैधरी जलहना दित्योहु मुहु मैवैश्वानरुधा मवियो देये नारायणा शारु लो अग्नि उपाइक्रदौ हरिमै युहुं जुज्जुजायोच्छन्द दलीवाह्लि बुह्लि बुज्जीवीजले प्रज्वले इं कामिले आज्ञया पूजा पापुटाले श्रीसूर्यकी आज्ञा। अहो सूर्य आवादावी दिदोमुञ्जा याज्ञाहौ कायाम महत्यारुद् अग्निकुण्ड ब्रह्माण्ड ज्वालां तपुर आणौ पाणि, लिरेप्ला आनिदे वैश्वानर नाय मे ह्रिह्रिनी धारा धाकेश पूष्म रोजी महामदी। ओं गुरु मदिशा डुकुकल्का महादुर्गं विहन्ति।

इस महेशमन्त्र, हनूमंत्र, नारायणमंत्र, सूर्यमंत्र और ब्रह्ममंत्रको दश हजार वार जप कर जलती हुई आगमें प्रवेश करनेसे आग उसे दग्ध नहीं कर सकती। उक्त मंत्र एक सौ आठ वार जप करते हुए श्वेत एरण्डदण्डको अभिमंत्रित कर उसमें फेंक दे। पीछे अग्निस्तम्भन मंत्र जप कर निर्भयचित्तसे मंत्रपाठ करते हुए अग्निकुण्डमें प्रवेश करो, अग्नि कुछ भी अनिष्ट नहीं कर सकती।

घृतकुमारी और ओलको एक साथ पीस कर यदि हथेलीमें लेप दो और ऊपरसे जलता हुआ अंगार वा

लोहा रख छोड़ो, तो हाथ कुछ भी नहीं जलेगा। अकवनके मूलको घीके साथ पीस कर हाथमें लगानेसे आग जरा भी नुकसान न पहुंचा सकती। पेचक, मेढ़क, मेढ़की चर्बी अथवा मेढ़ककी चर्बी और नीमकी छाल इन्हें एकत्र पीस कर शरीरमें लगानेसे नहीं जलेगा। उक्त दोनों योगमें 'ओं नमो भगवति चन्द्रकान्ते शुभे व्याघ्रचर्मनिवासिनी चलमाणि स्वाहा।' यह मंत्र बतलाया गया है। मेढ़ककी चर्बीके साथ नीमको छाल पीस कर शरीरमें लगानेसे अग्नि स्तम्भन होती है। स्त्रीपुष्प, गदहेका मूत और बगलेकी चर्बी इन्हें एक साथ पका कर शरीरमें लगानेसे तप्त लोहा भी उसका शरीर नहीं जला सकता। जोंक, अकवनका मूल और शैवालकुसुम इन तीनोंको बेंगकी चर्बीके साथ पोस कर जिस अंगमें लेपन करोगे वह अंग नहीं जलेगा। 'ओं अग्निबलवन्ती मैधरी मलीयै हनूमैवेश्वन रथमिजौ गौरी महेश्वर साधु।' मन्त्रोच्चारणपूर्वक घृतकुमारी और तैल इन्हें एक साथ पोस कर हाथमें लेपनेसे जलता हुआ लोहा भी कुछ अनिष्ट नहीं कर सकता। 'ओं नमो भगवति चन्द्रकान्ते शत व्याघ्रचर्म परिनद्धवसने चमालय स्वाहा।' मंत्रसे मेढ़कका चर्बी और जोंक एकत्र पोस कर विलेपन करनेसे अग्नि स्तम्भन होती है।

मेढ़ककी चर्बीके साथ उद्भ्रान्तपत्र, बिल्वपत्र एरण्डपत्र और निम्बपत्र इन्हें धीमी आंचमें पका कर पादप्रलेपन करनेसे प्रज्वलित अङ्गारके ऊपर भ्रमण किया जा सकता है। 'ओं नमो भगवते चंद्ररूपाय विकलां त्विहन्ति तत्क्रमस्तम्भत्वन चन्द्ररूपेण अग्निपुत्र वरं कट्ट ठः ठः।' मंत्रसे जौंके पौधेको मेढ़ककी चर्बीके साथ पोस कर गोली बनावे। पीछे उस गोलीको अग्निमें डाल कर अग्निमें प्रवेश करनेसे शरीरमें ताप नहीं लगेगा। गिरगिटके बायें पैर और बायें हाथको मोमसे तथा गिरगिटके बाएं पैरको पारेके साथ मर्दन करके पानके पत्तेसे लपेट कर मुखमें रखनेसे अग्निका तेज लुप्त हो जाता है। उक्त दोनों कार्य 'ओं अमृताय इड़ पिङ्गले स्वाहा' मन्त्रसे करने होते हैं। भृङ्गराज, कदलीमूल और बेंगकी चर्बी इन्हें धीमी आंचमें पका कर पादतलमें प्रलेप देनेसे बिना क्लेशके अग्निमें चल सकते हो। 'ओं वज्रकिरणे अमृतं कुरु कुरु स्वाहा।' मंत्रसे सफेद घुंघचीका रस सर्वाङ्गमें विलेपन करके जलते हुए अंगारमें पैर रखो, तो पैर नहीं जलेगा।' 'ओं हिमाचलस्योत्तरे भागे मरीचोनाम राक्षसः तस्य मूत्रपुरीषाभ्यां हुताशं स्तम्भयामि स्वाहा।' यह मन्त्र गृहदाहके समय सात बार जाप जप कर भूमि पर ताड़न करनेसे अति प्रचण्ड अग्नि भी बुझ जाती है। गायके लोम, जलशूक और बेंगकी चर्बी एकत्र पीस कर किसी कपड़ेमें तमाम लगा देनेसे वह नहीं जलेगा। अंडी और शिरीषके पत्तोंके रसको पका कर मस्तक पर लगावे और नरतैलाक्त एक खण्ड कम्बल मस्तक पर रखे। पीछे उस कम्बलके ऊपर अग्नि रखनेसे मस्तक नहीं जलेगा।

तिलतैलाक्त सूत्र द्वारा बन्धन कर एक कांसेके बरतनमें यदि दूध और चावलकी खीर पकावे, तो वह सूत्र नहीं जलेगा। अधिकन्तु उक्त खीर खानेसे कमलारोग आराम होता है। भोजपत्र अथवा कदलीपत्रको पुड़िया बना कर उसमें तेल डाल दो। पीछे तेल और गोबरसे बाहरी भाग लेप कर उस पुड़ियाके मुख पर एक सच्छिद्र बरतन रखो। अनन्तर चूल्हेके ऊपर उसे रख कर रसोई पका सकते हो, बरतन नहीं जलेगा। एक वार्त्तकीको कांजीसे भिगोए हुए सूतसे लपेट कर आगमें जलाओ, तो वार्त्तकी ही जलेगा सूत ज्योंका त्यों रहेगा, घृतकुमारीके रस द्वारा सूतमें सात बार भावना दे कर योगपट्ट अर्थात् योगियोंका वस्त्र बनाओ, वह अग्निमें नहीं जलेगा।

सूअरके दूधमें सूतको भिगो कर यज्ञोपवीत प्रस्तुत करनेसे वह नहीं जलता, 'ओं नमो महामाये वह्नि रक्ष स्वाहा' मन्त्रसे सफेद घुंघचीके मूलको अभिमन्त्रित कर अग्निमें डाल दो। पीछे अग्निमें रसोई करनेसे एक महीनेमें भी चावल सिद्ध नहीं होगा। उक्त मन्त्रसे पहले मिर्च और पिप्पलका चूर्ण चबा कर पीछे जलता हुआ अंगार चबाओ तो मुख नहीं जलेगा। तुलसी अथवा शाल्मलीकी लकड़ीके अंगारको गदहेके मूतसे सिंचन कर उक्त अंगारको फिरसे प्रक्षालन करनेसे उससे कोई भी कार्य नहीं होता।

'ओं नमो भगवते जलं स्तम्भय वः पः' मन्त्रसे पद्मक

नामक द्रव्य ला कर बहुत महीन चूर करो, उसे पुष्करिणी, कूप और दीर्घिकाके जलमें फेंक देनेसे जलस्तम्भन होता है। सभी प्रकारके जलस्तम्भन कार्यमें यही प्रयोग करना होता है। 'ओं नमो भगवते रुद्राय वलस्य दिद्रव कलहप्रिये कलहंसाध्वनि तह्ये हि स्वाहा' इस मन्त्रसे वकपुष्पका निर्यास और भैंसका दूध पी कर जो व्यक्ति भैंसका मक्खन खाता है, उसे जल और अग्निका डर नहीं रहता। जो व्यक्ति 'ओं अग्नये उद् स्वाहा' मन्त्रोच्चारणपूर्वक गिरगिटके दाहिने पैरको त्रिलौहसे वेष्टन कर मुखमें रखता है, वह समुद्रमें भी नहीं डूब सकता। पुष्यानक्षत्रमें सफेद घुंघचीके मूलको कुसुम्भपुष्पके रसमें पीस कर एक खण्ड वस्त्र रंगावे। पीछे उस वस्त्रको शरीरमें लपेट कर जब तक चाहे अथाह जलमें रह सकता है, जलमग्न नहीं होता। पूर्वोक्त गुञ्जा मन्त्रसे गुञ्जामूल उखाड़ना होता है। अलावूचूर्ण और पक्व घोषाफल इन्हें एक साथ पीस कर उंगली भर मोटा एक टुकड़े चमड़ेमें लेप दो, पीछे उस चमड़ेको सुखा लो। अनन्तर उस चमड़े पर बैठ कर नदी वा ह्रद आदि पार कर सकते हो, डूबनेका भय बिलकुल नहीं रहता। घोषाफल और अलावूको एकत्र पीस कर पादुका निर्माण करके गोसांपके चमड़ेसे उसे लपेट दो। उस पादुका पर बैठ कर जलके ऊपर विचारण कर सकते हो।

घोषाफलचूर्णको रातमें पुष्करिणी, कूप और दीर्घिका आदि जलाशयमें फेंक देनेसे जल स्तम्भित होता है। उक्त जलमें लवण डालनेसे जलस्तम्भन निवारित होता है। 'ओं नमो भगवते रुद्राय जलं स्तम्भय स्तम्भय वः वः व वः ठः ठः ठः।' इस मन्त्रसे मिट्टीका घड़ा बना कर उसमें घोषाफलके चूर्णका उंगली भर मोटा लेप दो पीछे प्रलेपके सूख जाने पर उसे जलसे भर दो। कुछ समय बाद उस घड़ेके फूट जाने पर उसमेंका जल पूर्ववत रहेगा, विचलित नहीं होगा।

मकर, शृगाल और बेजीकी चर्बी तथा जलसर्पके मस्तकको हरिणके तेलमें पका कर नाक और कानमें प्रलेप देनेसे बहुत समय बिना कष्टके जलमें रह सकते हो। लाल धतूरेका मूल और उसका फल, घुंघचीका मूल, मकड़ा और छछूंदर इन्हें एक साथ पीस कर अस्त्रमें लेप दे। पीछे उस अस्त्रसे लाल धतूरेका फल काटे, तो शत्रुसेना विनष्ट होती है। हलाहल विष, स्थावर विष, विच्छू, छछूंदर, गिरगिट, कृष्णसर्प, नेवलेका मस्तक, षड्विन्दु कीट, करवीफल, मदनफल इन सब द्रव्योंके चूरको ऊंटके दूधमें एक साथ पीसनेसे राजशत्रु विनाश होता है। कृष्णसर्पका मस्तक आठ, उतना ही चिताका मूल, दोनोंके बराबर हलाहल विष, हरिताल ४ पल, पद्मकाष्ठ तीन पल, पलाश फल १६ पल, लाङ्गलिया ३ पल और नागकेशर ३ पल इन्हें एकत्र चूर्ण कर गदहेके दूधमें पीसे। किसी हथियारमें उसका लेप चढ़ा कर शत्रुको स्पर्श करानेसे उसका अवश्य नाश होता है। उक्त द्रव्योंके चूर्णको जलाशयादिमें डालनेसे उसका जल ऐसा दूषित हो जाता है, कि पीनेके लायक नहीं रहता, जो कोई वह जल पीता है, उसको मृत्यु अवश्य होगी।

मोहन।

कृष्णसर्प और भैंसके रक्तमें चूनकी भावना दे कर उसमें जड़ समेत कृष्ण-धतूरेके पोधेको मिला दो। बाद उसका धूप देनेसे मनुष्यको मोहित किया जा सकता है। गुड़, करञ्जबीज और धूनका चूर इन्हें एक साथ पीस कर पिलाने अथवा धूप देनेसे मोहन होता है। हथनी और भैंसके खूरका मल ले कर उसका अपामार्गके फलके साथ धूप देने तथा विष, धतूरेका फल, मूल, पत्र, पुष्प, छाल तथा भैंसका रक्त, पिप्पली और गुग्गुल इन्हें एकत्र कर रातको धूप देनेसे मनुष्य मोहित होता है। मुर्गीका डिम्ब और मस्तक, प्रियंगु, हरताल, वच, धतूरा और चिताकाष्ठ इन सब द्रव्योंका धूप प्रस्तुत कर किसी व्यक्तिके शरीरमें देनेसे वह मोहित हो जाता है। प्रियंगु, विष, धतूरेका मूल और मयूरकी विष्ठा बराबर बराबर भाग ले कर अथवा गोरोक्षककँटी, चिता, मनःशिला, चूर्ण, लाङ्गलिया, अपमार्गकी जटा इनके समान भागका धूप प्रस्तुत करनेसे मनुष्यमात्रको ही मोहित किया जा सकता है। छछूंदर, सर्पमुण्ड, वृश्चिकका कण्टक और हरिताल इन्हें एकत्र कर धूप देनेसे मनुष्यमात्र ही मोहित होते हैं।

घूनका चूर, विष, कुंदरू मोहिनी (त्रिपुरमाली-

पुष्प) पिप्पली, गोरक्षकर्कटी, धतूरेका बीज, सरसों, मैनफल, लाल कनेर बराबर बराबर भाग ले कर चूर्ण करे। पीछे अकवनके फल रुईसे बत्ती बना कर उसमें उक्त चूर्ण मिला दे। बादमें कुसुम्भ-सूत्र द्वारा मायावीजमें उसे बांध रखे। अनन्तर धतूरेके पत्तोंके रसमें सात बार भावना दे कर उसे सुखा ले। पीछे जलसर्पकी चर्बीसे वह बत्ती लेप कर प्रदीप बाले। जो व्यक्ति दूरसे उस द्वीपकी रोशनी देखेगा, वह अवश्य मोहित होगा।

उच्चाटन।

एक शिवलिङ्ग बना कर उसमें ब्रह्मदण्डी और चिता भस्मका प्रलेप दे तथा उसके साथ सफेद सरसों मिला कर शनिवारकी रातको जिसके घरमें फेंकोगे, वह उच्चाटन होगा। सफेद सरसों और बिल्वपत्रको एकत्र कर जिसके घरमें गाड़ दोगे, उसका उच्चाटन होगा।

दूध, सक्कड़ और आकोंड़का फल इन्हें एक साथ मिला कर मोहित व्यक्तिको पिलानेसे स्वास्थ्य लाभ करता है। सोया घृत, दुग्ध और श्वेत अकवनका मूल एकत्र पान करने तथा गव्य घृत और धूपको मिला कर उसका धूंआं लेनेसे मोहित व्यक्ति चैतन्य लाभ कारता।

रविवारकी रातको घरमें कौवेका पंख गाड़ने, पेचककी विष्ठा और सफेद सरसोंके चूरको शरीर पर फेंकने और मङ्गलवारकी रातको घरके भीतर पेचकका पङ्ख गाड़नेसे उच्चाटन होता है। 'ओं नमो भगवते रुद्राय दंष्ट्राकरालाय अमुकं सपुत्रबान्धवैः सह हन हन दह दह पच पच शीघ्रं उच्चाटय उच्चाटय हुं फट् स्वाहा ठं ठः।' एक सौ आठ बार इस मन्त्रको जप कर सिद्ध होनेसे उच्चाटन-कार्यमें हाथ डालना चाहिये।

उक्त मंत्रका पाठ करते हुए काक और पेचकका पंख ले कर जिसके नामसे १०८ बार होम किया जायगा, उसका उच्चाटन होता है। कबूतरकी चर्बीसे ले कर मंत्रोच्चारण करते हुए उस व्यक्तिके घरमें फेंकने अथवा चार अंगुल परिमिति घनुष्यकी हड्डीको उक्त मन्त्रसे अभिमन्त्रित करके शत्रुके घरमें गाड़ देनेसे उच्चाटन होता है। मध्याह्नकालमें जहां गदहा लेटता है वहांकी उत्तर तरफकी धूलको उत्तराभिमुखी हो मन्त्रोच्चारण करते हुए बाम हाथसे उठा कर जिसके घरमें फेंका जायगा वही उच्चाटित होता है।

गृहद्वार पर गुञ्जाके मूलको अथवा मूला नक्षत्रमें खदिरकाष्ठके मूलको शत्रुके दरबाजे पर गाड़नेसे उच्चाटन होता है। आमलकी फलके चूर्णको आकोंड़ फलके तैलमें भावना दे कर मस्तक पर लेपने और बादमें स्नान और दुग्धपान करनेसे उच्चाटन दोषकी शांति होती है। ब्रह्मदण्डी, चिताभस्म, बिल्लीकी हड्डी, सूअरका मांस और कछुएका सिर सबका बराबर बराबर भाग ले कर मनुष्यकी खोपड़ीमें रख जिसके घरमें गाड़ आवोगे, वह परिवार सहित उच्चाटित होता है। नरमांस, शूकरमांस, गृध्रिनीकी अस्थि, विष, गोका पाद, महिषीका पाद और पेचकका पंख इन्हें एक साथ मिला कर शत्रुके घरमें गाड़नेसे तथा ब्रह्मदण्डी, चिन्ताभस्म, चितावृक्षका मूल, रक्त, विष, शूकरका रोम, तितलौको और निम्बबीज इन्हें एकत्र कर शत्रुके नामसे सात दिन तक होम करे, तो शत्रु उच्चाटित होता है। पूर्वोक्त गुञ्जादियोगसे 'ओं नम भगवते उड्डामरेश्वराय उच्छादय उच्छादय उच्चाटय उच्चाटय हन हन ठः ठः' इस मन्त्रसे कार्य करना होगा।

रविवारको काकपक्ष ले कर सांपके केंचुल द्वारा उसे लपेट दे। ऊपरसे कुसुम्भ सूत्र द्वारा पुनः पुनः वेष्टन करे। अनन्तर निम्बपत्रमें शत्रुका नाम लिख कर उसे भी उसमें चिपका दे। बादमें ऊपरसे यथाक्रम चिताभस्म और मृत् व्यक्तिका वस्त्र ढक दे। इस प्रकार बार बार वेष्टितद्रव्य जिसके दरबाजे पर गाड़ा जायगा, वही उच्चाटित होता है।

रविवारको गृध्रिनीके चर्बी, काककी चर्बी, चिताकी लकड़ी और सरसों एकत्र कर ग्रामके वहिर्भागमें दग्ध करके उसकी भस्म ले ले। उस भस्मको शत्रुके मस्तक पर फेंकनेसे शत्रुका उच्चाटन होता है। शरीरमें गोबर लेप कर स्नान करनेसे उक्त दोषकी शान्ति होती है। एक गिरगिटको मार कर उसे स्नान और सफेद वस्त्र पहना कर पूजा करे। पीछे हत्याजन्य रोदन करना उचित है। इसके बाद चाण्डालगृहके निकटस्थ काककी चर्बी ला कर श्मशानकी अग्नि द्वारा उक्त दोनों वस्तु जला दे। उस भस्मको कपड़ेमें बांध कर जिसके घरमें फेंका जायगा, वह बंधुबांधव समेत उच्चाटित होता है। निम्बवृक्षस्थित काककी चर्बीको ब्रह्मदण्डीके साथ दग्ध कर उसकी भस्म

संग्रह करे। पीछे ब्राह्मण, चाण्डाल और म्लेच्छकी चिताभस्मको ले कर भूमधूच्छिष्ट (मोम)-के साथ चार गोली बनावे। नदीके जलमें अथवा शत्रुके मस्तक पर उस गोलीको फेंकनेसे शत्रुका उच्चाटन होता है। 'ओं नमो भगवते उड्डामरेश्वराय द्रंष्ट्राकरालाय कपिलरूपाय अमुकं सपुत्रपशुवान्धवं हन हन दह दह मथ मथ शीघ्रमुच्चाटय हुं फट् ठः ठः।' मन्त्रसे उक्त दोनों योग करने होते हैं।

मारण।

चतुर्दशी तिथिको काककी चर्बी दग्ध कर उस भस्मको एक उंगलीसे उठा ले। पीछे 'ओं नमो भगवते रुद्राय मारय मारय नमः स्वाहा।' इस मन्त्रको पढ़ते हुए उक्त भस्म शत्रुके मस्तक पर अथवा शत्रुके घरमें फेंकनेसे शत्रु वा उसका कुल नाश होता है। अश्विनीनक्षत्रमें चार अंगुल परिमित घोड़ेकी हड्डीको 'ओं सुरे सुरे स्वाहा।' मन्त्रोच्चारणपूर्वक शत्रुके घरमें गाड़नेसे शत्रुके कुटुम्बवर्गका विनाश होता है। एक अंगुल परिमित सांपकी हड्डीको 'ओं जय विजयति स्वाहा।' मंत्रसे सात वार अभिमन्त्रित करके अश्लेषानक्षत्रमें शत्रुके घर पर फेंक देनेसे शत्रुकी सभी संतान विनष्ट होती है।

नीबूका बीज, षड़विन्दु नामक कीट, शूकसिम्बिफलका रोम, हिंगु और बिजवन्दका फल इनका वरावर वरावर भाग ले कर चूर्ण करे और उस चूर्णको शत्रुके शय्या और आसनादिके नीचे रख दे। इससे शत्रुके सर्वाङ्गमें चित्ता-सा पड़ जायगा और दश दिनके अन्दर उसकी मृत्यु होगी। तिल, कुमुद, रक्तचन्दन, कुट और मुरगेका पित्त प्रत्येक आठ तोला ले कर अच्छी तरह पीसे। बादमें वह शरीरमें लगानेसे पूर्वोक्त स्फोटकादिका प्रतिकार होता है।

एक स्वर्णकेश (पार्वतीय जन्तुविशेष)-को पकड़ कर उसके मस्तक पर शत्रुका गात्रमल रख दे और ऊपरसे रक्तसूत्र द्वारा वेष्टन करे। पीछे भल्लातक फलके साथ उसको मिट्टीमें गाड़ देनेसे शत्रुका मरण होता है। जलसेक द्वारा उस भल्लातक बीजसे वृक्ष उत्पन्न होने पर शत्रुकी जीवनरक्षा हो सकती है। शत्रुके स्नान और मूत्रस्थानकी मिट्टीको सांपके मुखमें डाल कर उसे काले तागेसे लपेट दे। पीछे राहमें औंधेमुंह करके उसे गाड़ देनेसे शत्रुका मरण अनिवार्य है, किन्तु उसे उठा लेनेसे दोषकी शान्ति होती है।

केंकड़ेके वाईं ओरके नीचेका दाँत ले कर वाणका फल तथा गोशिराकी रज्जु बनावे। अनन्तर मिट्टी द्वारा शत्रुकी प्रतिमूर्त्ति गढ़ कर उक्त धनुर्वाण ले 'ओं नमो भगवते रुद्राय यमरूपिणे कालं संशयावर्त्ते संहारे शत्रुं अमुकं हन हन धुन धुन पाचय घातय हुं फट् ठः ठः ठः' इस मन्त्रको पढ़ते हुए उक्त मूर्त्तिको छेद डाले। ऐसा करनेसे शत्रुकी उसी समय मृत्यु हो जाती है।

गोसर्पकी पूंछ, गिरगिटका मस्तक, इन्द्रगोपकीट, वांसकी जड़, हाथीका मूत और हड्डी तथा हलाहल विष इनका वरावर वरावर भाग ले कर नरमूत्रके साथ पीसे। पीछे शत्रुके शरीरमें उसे स्पर्श करानेसे चित-से निकल आते हैं और अन्तमें उसकी मृत्यु आ जाती है।

मङ्गलवार भरणी नक्षत्रमें मृतव्यक्तिका भस्म ले कर शत्रुविष्टाके साथ मिलावे। पीछे उसे एक ढक्कनमें रख कर दूसरे ढक्कनसे ऊपरसे ढक दे। जितने दिनोंमें उस ढक्कनमें-का पुरीष सूख जायगा, उतने दिनोंमें शत्रुकी मृत्यु होती है। श्वेतअपराजिताका मूल, कुट, लवण, विष तथा शशक, शूकर, मयूर और गोसोंप इनका पित्त और महानिम्बका पत्र इन्हें एकत्र कर सात दिन तक होम करनेसे महाशत्रुका भी निपात होता है। 'ओं नमो भगवते उड्डामरेश्वराय मम शत्रुं गृह्ण गृह्ण स्वाहा इस मन्त्रसे कार्या करना होता है।

रक्तकरवीर काष्ठ द्वारा निर्मित वाण, कुक्कुटास्थि निर्मित धनु और मृतव्यक्तिके केश द्वारा रज्जु बनावे। पीछे सिन्दूर द्वारा त्रिकोणाकार सप्तमण्डल बना कर उनमेंसे एकमें शत्रुके नामसे कुक्कुट स्थापना करे। अनन्तर १से ले कर ६ठे मण्डलमें धनुषकी पूजा करके 'ओं हस्त्युख गगुम कुखुगुम कुखुकमलुगु रुसमालुल गगात् अरितानि मारमारुहीना तु सिन्धु वीरुचा नारसिहबीर प्रचण्डकाण्ड काण्डकी शक्ति लेलेले जिसिलावो तिसुजगुजि सुच्छु प्रयाति सुच्छाइत्' इस मन्त्रसे

उक्त कुक्कुटको पूर्वकल्पित धनु द्वारा वेध डाले। ऐसा करनेसे दूरस्थ शत्रुका भी नाश होता है।

विद्वेषण ।

काक, पेचक, गर्दभ और घोटकका मस्तक किसीके घरमें गाड़ देनेसे उस घरमें हमेशा कलह होता है। ब्रह्मदण्डीके मूल और काकपक्षीके मस्तकको सात दिन तक जातीपुष्पके रसमें भावना दे कर उसके साथ मयूरपुच्छ और सांपकी केंचुलको मिला कर धूप देनेसे विद्वेष उत्पन्न होता है। मूषिक, बिड़ाल, ब्राह्मण और संन्यासी इनके रोम ले कर धूप देनेसे पति पत्नी और पिता पुत्रमें विद्वेष भाव हो जाता है। पेचकको जिह्वाको भूमिकुष्माण्डके रसमें भावना दे कर धूप देनेसे भ्रातृविरोध होता है।

सोमबारके दिन अधःपुष्पी वृक्षको सूतसे लपेट कर आमन्त्रण कर रखो। मङ्गलवारको वह वृक्ष उखाड़ कर दो खण्ड कर डालो, जिस स्त्रीका नाम ले कर वह वृक्ष नदीमें फेंकोगे वह स्त्री अवश्य ही पतिका त्याग करेगी।

भैंस और बकरेकी चर्बी तथा घीको एकत्र कर प्रदीप बाले और उस प्रदीपकी शिखासे कज्जल बनावे। पीछे उस कज्जलको आंखमें लगा कर जिसकी ओर दृष्टिपात करोगे, उसमें एक दूसरेके मध्य विद्वेषभाव उत्पन्न होगा। पलासकी सूखी लकड़ीको आरेसे छेद कर चूर्ण करो। पीछे वह चूर्ण जिन दो व्यक्तिके मध्य फेंकोगे, इन्हींमें कलह पैदा होगा।

जिन दो व्यक्तियोंके बीच विद्वेष खड़ा करना हो, उनकी पादधूलि, मार्जार और इन्दुरकी विष्ठा ले कर दो पुत्तलिका बनावे। पीछे उस पुत्तलिकाके ऊपर एक सौ बार मन्त्रपाठ कर उसे एक खण्ड नील वस्त्र द्वारा लपेट रखे। ऐसा करनेसे भ्रातृगणमें और पितापुत्रमें विरोध पैदा होता है। सर्पदण्ड, बिल्लीका लोम और चिताभस्म ले कर गोली बनावे। जिनका नाम ले कर उस गोलीको मन्त्रपाठ करते हुए उद्यानमें गाड़ आवोगे, उनमें तत्क्षणात् विद्वेष पैदा होता है बिल्लीके लोम और कृष्ण सर्पकी केंचुलका तथा कुक्कुरके लोम और मार्जारके नखका धूप देनेसे विद्वेष खड़ा होता है। मयूरकी विष्ठा और सांपके दांतको एकत्र कर अथवा हाथीके दांत और सिंहके दांतको मक्खनके साथ पीस कर जिस जिस व्यक्तिके कपाल पर टीका लगावोगे, उनमें अवश्य विरोध उत्पन्न होगा। घोड़े और भैंसेके लोमको एकत्र कर धूप देनेसे विद्वेष होता है। सीजका कांटा जिसके दरवाजे पर गाड़ा जायगा उसके घरमें रोज कलह हुआ करता है। 'ओं नमो नारायणाय अमुकं अमुकेन् सह विद्वेषं कुरु कुरु स्वाहा।' इस मन्त्रसे होम और जपसिद्धि करके विद्वेषण कार्य करने होते हैं।

आकर्षण ।

कृष्ण धतूरेके पत्तोंके रस और गोरोचन द्वारा करवीरमूलकी लेखनीसे भोजपत्र पर 'ओं नम आदिपुरुषाय अमुक आकर्षणं कुरु कुरु स्वाहा' मन्त्रोच्चारण करते हुए नाम लिख कर जलते हुए खैरकी लकड़ीके अंगारमें तापित करो। वह व्यक्ति यदि सौ योजन दूर भी रहे, तो भी वह आकृष्ट हो आयेगा।

अनामिकाके रक्त द्वारा मन्त्रके साथ जिसका नाम भोजपत्र पर लिख कर मधुके मध्य रखोगे, वह व्यक्ति आकृष्ट होगा।

मृतमनुष्यकी खोपड़ीमें जिसका नाम उक्त मन्त्र द्वारा लिख कर तीन शाम तक खैरकी लकड़ीकी आग पर तापित करोगे, वह व्यक्ति अवश्य आकृष्ट होगा। शेषोक्त दोनों कार्यमें पूर्वोक्त मन्त्र प्रयोज्य है। १०८ बार मन्त्र-जपसे कार्यकी सिद्धि होती है।

गुरुदत्त अपने इष्टमन्त्रको १० हजार बार जप कर आकर्षण कार्यमें हाथ डालना चाहिये। पहले आकर्षणीय व्यक्तिका स्मरण कर देवताका रूप ध्यान करे। पीछे आकर्षणीय व्यक्तिके गलेमें पाश और मस्तक पर ज्वलित अंकुश ध्यानमें रखते हुए तीनों शाम 'ओं ह्रीं रक्तचामुण्डे तुरु तुरु अमुकीं आकर्षय ह्रीं स्वाहा।' यह मन्त्र दश हजार बार जपे। इस प्रकार इक्कीस दिन ध्यान और मन्त्रका जाप करनेसे त्रिभुवन भी आकर्षित किया जा सकता है।

रक्तवस्त्रमें लाक्षारस और रक्तचन्दन द्वारा यन्त्रको अङ्कित कर उस मन्त्रके ऊपर देवताकी पूजा करे। अनन्तर उस यन्त्रको वृक्षके मूलमें गाड़ कर प्रतिदिन

तीनों वक्त तण्डुलोदक द्वारा सिंचन करे। तीन सप्ताहके बाद निगड़बद्धा नारी भी आकृष्ट होती है।

अश्लेषानक्षत्रमें अर्जुन-वृक्षका मूल उखाड़ कर बकरीके मूतमें पीसे। पीछे वह औषध जिसके मस्तक पर फेंकी जायगी वह आकृष्ट होगा।

जोंक और कृष्णसर्पको मार कर पहले धूपमें अच्छी तरह सुखा कर बादमें चूर्ण करे अनन्तर जंबीरी नीबूकी लकड़ीकी आगसे उस चूर्ण द्वारा धूप देनेसे आकर्षण होता है। जिसे आकर्षण करना होगा, उसके वामपाद-स्थित मिट्टी और गिरगिटके रक्त दोनोंको मिला कर एक प्रतिमूर्त्तिके वक्षःस्थल पर गिरगिटके रक्त द्वारा आकर्षणीय व्यक्तिका नाम लिखे। इसके बाद उस प्रतिमूर्त्तिको मूत्रस्थानमें गाड़ कर उसके ऊपर पेशाब कर दे। इससे जो रमणी सात योजन दूर रहेगी, वह भी आकृष्ट होगी। इसमें भी मंत्रसिद्ध होना आवश्यक है।

रतिकार्य्यमें निरत दो भ्रमरको ला कर अलग अलग दग्ध करे। पीछे उस विभक्त जलराशिको दो कपड़ेके टुकड़ेमें अलग अलग बांध रखे। एक पोटलीको किसी बकरीके सींगमें बांध कर छोड़ दे और दूसरी पोटलीको अपने हाथमें रखे। वह बकरी जिसके निकट पहुंचेगी, वही व्यक्ति आकृष्ट हो कर आयेगा। यदि इससे भी कार्य्य सिद्ध न हो, तो फिरसे बकरीके सींगमें दूसरी पोटली बांध दे अथवा उस पोटलीमें-की भस्मको अभिलषित कामनीके मस्तक पर फेंके। 'ओं कृष्णवर्त्ताय स्वाहा।' इस मंत्रको दश हजार बार जपे तथा भस्मराशिको उक्त मंत्रसे अभिमंत्रित करे।

अलावा इसके आकर्षण-विषयमें और भी बहुतसे योग कहे गये हैं। विस्तार हो जानेके भयसे तथा प्रक्रियाकी कठिनता देख कर उनका उल्लेख नहीं किया गया।

निधिदर्शन।

शिरीषवृक्षका मूल, बल्कल, पत्र, फल और पुष्प इन्हें कटुतैलमें पका कर उसके साथ विष, धतूरेका बीज, करवीरका मूल, बल्कल, पत्र, पुष्प और फल तथा श्वेतगुञ्जा, ऊंटकी विष्ठा, गन्धक और मैनसिल इन्हें एकत्र कर जहां धनरत्नादि रहता हो वहां धूप दे तथा 'ओं नमो विघ्नविनाशाय निधिग्रहणं कुरु कुरु स्वाहा।' इस मन्त्रका जप करे। इससे निधिस्थानसे राक्षस, वेताल, भूत, देव, दानव और सर्पादि भाग जाता है अनायास ही निधि हाथ लगती है।

वन्ध्या-गर्भधारण।

एक पलाशपत्रको किसी गर्भिणीके दूधसे भिगो कर ऋतुस्नानके बाद ७ दिन तक सेवन करानेसे वन्ध्यानारी पुत्र प्रसव करती है। इस समय उस रमणीका पथ्य है—दूध, शालिधान्यका भात और मूंगकी दाल। औषधसेवन कालमें उसे उद्वेग, भय और शोकका वर्जन कर देना चाहिये।

एक रुद्राक्ष और दो तोला सर्पाक्षी इन्हें एकवर्णा गायके दूधमें पीस कर खिलानेसे वन्ध्यानारी पुत्रवती होती है। कदम्बका पत्र और श्वेतवृहतीका मूल बराबर बराबर भाग ले कर बकरीके दूध अथवा गोक्षुरबीज या सम्हालूके रसमें पीस कर तीन या पांच रात पान करानेसे निश्चय ही पुत्र लाभ होता है।

मृतवत्सापुत्रकी जीवन-रक्षा।

ककोड़ेवृक्षके मूलको कदलीरसमें पीस कर ऋतुकालमें सात दिन तक सेवन करनेसे दीर्घजीवी पुत्र लाभ होता है। शुभनक्षत्रमें अपामार्गके मूल और लक्ष्मणामूलको उखाड़ कर एकवर्णा गाभीके दूधमें पीसे। पीछे उसका पान करानेसे वह स्त्री दीर्घजीवि पुत्र प्रसव करती है।

अनाहार।

गिरगिटका हृदय और मज्जा तथा करञ्जबीज इकट्ठे पीस कर गोली बनावे। पीछे उस गोलीको त्रिलौह मध्यगत करके मुखमें धारण करनेसे भूख प्यास कुछ भी नहीं लगती। पानके बीजको बकरीके दूध अथवा अपामार्गके बीजके साथ पीस कर घृत और दूधके साथ खीर पकावे। वह खीर खा कर बारह दिन यों ही रह सकता है। कोकिलाक्षाका बीज, सिन्धिबीज, तुलसीबीज और पानकी लताका मूल इनके बराबर बारबर भागको बकरीके दूधमें पीस कर गोली बनावे। उस गोलीको सबेरे खानेसे भूख और प्यास बन्द हो जाती है।

पद्मबीज, अपामार्गका बीज, तुलसीबीज और आमलकी

बीज इकट्ठे पीस कर गोली बनावे। गोली खानेके बाद दूध पी लेनेसे भूख-प्यास जाती रहती है।

अत्याहार।

धातकी पत्र और मिश्री १ पल ले कर घृतके साथ भक्षण करे, तो मनुष्य भीमसेनकी तरह भोजन करता है। जो मनुष्य कुत्तेके दांतको कटिमें बांधता है उसका अहार पहलेसे दूना तीगुना बढ़ जाता है। गिरगिटके अधरको शिखास्थानमें धारण करनेसे मनुष्य पवननन्दनके समान भोजन कर सकता है।

केशरञ्जन।

अपराजिताके फूलको अंडी तेलमें पका कर बालोंमें लगानेसे सफेद बाल काले हो जाते हैं। हरीतकी, आमलकी और विजबंद तथा लौहचूर्ण इकट्ठे जलमें पीस कर उसे उतने ही तेलमें मिलावे और धीमी आंचमें पाक करे। पाककालमें तेलके बराबर भृङ्गराजका रस डाल कर जब तक वह रस सूख न जाय, तब तक पाक करते रहे। जब देखो, कि सिर्फ तेल बच गया तब उसे स्निग्ध पात्र में डाल कर मिट्टीमें गाड़ रखो। एक मास बीत जाने पर उसे बाहर निकालो और केलेके रसमें मिला कर बालोंमें लगाओ। अनन्तर सात दिन त्रिफलाके साथ और सात दिन रुद्रजटाके साथ उस तेलको बालोंमें लगानेसे तीन सप्ताहके अन्दर बाल भौंरेके समान काले हो जायंगे।

काकोलीके पत्र और मूल, पीतझिण्टी और केतकीके मूलको छायामें सुखा कर भृङ्गराज और त्रिफलाके रसमें मिला कर तेलमें डाल दे। पीछे उस तेलको लौहपात्रस्थ करके मिट्टीमें गाड़ रखे। एक मासके बाद वह तेल बालोंमें लगानेसे काशाकुसुमके सदृश काले हो जाते हैं।

केशपतन।

घोषाफलके बीजसे निकाला हुआ तेल जहां पर लगाया जायगा, वहां फिर बाल नहीं होते। आमलकी, पलाशबीज, विडङ्ग, चिता, शतमूली, गोक्षुर और हरीतकी इन सब द्रव्योंको मधु, शर्करा और घृतके साथ चाटे तथा सबेरे बिछावन परसे उठ कर फिरसे उस औषधका सेवन करे, वृद्ध, कुष्ठ, जीर्ण और बलहीन व्यक्ति भी तरुण हो जाता है।

भूतग्रह-निवारण।

रातको शिरीषवृक्षके पत्र और पुष्पको संग्रह कर पेचककी विष्ठा, ऊंटके रोम, कुक्कुरकी विष्ठा, बिड़ालकी विष्ठा गोमय, गन्धक और श्वेतगुञ्जा इकट्ठे तेलके साथ पाक करे। इस तेलका धूप देते हुए 'ओं नमः श्मशानवासिने भूतादिपालनं कुरु कुरु स्वाहा' मन्त्रका जप करे। यह धूप देखते ही भूतादि दोष जाता रहता है तथा राक्षस, भूत, बेताल, पिशाच, देव, दानव, डाकिनी और प्रेतनी डरके मारे भाग जाती हैं।

ग्रहदोष-पीड़ा-निवारण।

अकवनका मूल, धतूरेका बीज, अपामार्गका मूल, दूर्वामूल, वटमूल, शमीमूल, आम्रपत्र और उडुम्बरके पत्र इन्हें एकत्र कर दूध और घृतके साथ मिट्टीके बरतनमें रख छोड़े। पीछे चावल, चना, मूंग, गेहूं, तिल, गोमूत्र, सफेद सरसों, कुश और चन्दन मिला कर शनिवारकी शामको अश्वत्थमूलमें गाड़ दे 'ओं नमो भास्कराय अमुकस्य सर्वग्रहाणां पीड़ानाशनं कुरु कुरु स्वाहा' इस मन्त्रका जप कर कार्य करनेसे ग्रहदोष शान्ति तथा दारिद्र्यदोष और महापातक नाश होती है। जिस व्यक्तिकी भलाईके लिये यह कार्य किया जाता है, वह चिरजीवी होता है।

सर्पभय-निवारण।

शयनकालमें मुनिराज अगस्तको बारम्बार प्रणाम कर शयन करनेसे सर्पभय नहीं रहता। रविवार पुष्यानक्षत्रमें गुलञ्चका मूल उखाड़ कर उसकी माला गलेमें धारण करनेसे सांप स्पर्श नहीं कर सकता। श्वेत करवी और बिल्वमूल हाथमें रहनेसे सांपका बिलकुल भय नहीं।

सिंहव्याघ्रादि-भयनाशन।

सामनेमें सिंह देख कर 'ओं नमः अग्निरूपाय ह्रीं नमः' इस मन्त्रको बार बार जपनेसे सिंह भाग जाता है। पुष्यानक्षत्रयुक्त रविवारको सफेद अकवनका मूल दाहिने हाथमें बांधनेसे सिंहका भय नहीं रहता। शुभनक्षत्रमें बांधनेसे व्याघ्रका भय नहीं होता है। अपामार्गके मूलको शुभनक्षत्रमें कान पर रखनेसे बिच्छूका भय नहीं रहता।

अग्नि-भय-निवारण।

"उत्तरस्याञ्च दिग्भागे मारीचोनाम राक्षसः। तस्य मूत्रपुरीषाभ्यां हुतोवह्निः स्तम्भः स्वाहा।" इस मन्त्रको सात बार पढ़ कर सात अञ्जलि जल अग्निमें डाल देनेसे अग्नि बुझ जाती है। रविवारको श्वेत करवीकी जड़ उखाड़ कर दाहिने हाथमें धारण करनेसे भी अग्नि-भय दूर होता है।

व्याधि-जनन।

विल्वकाष्ठसे एक करण्डक और निम्बकाष्ठसे उसका एक ढकन बना कर उसमें शत्रुकी प्रतिमूर्त्ति चित्त करके रक्खो। उसके बाद शत्रुकी प्राणप्रतिष्ठा करके वक्षःस्थलमें मोमबत्ती रक्खो। फिर उस बत्तीको जला कर शत्रुकी मूर्त्तिको कण्टक द्वारा विद्ध करके उस कण्टकको मिट्टीमें गाड़ दो। इससे शत्रु शीघ्र ही रोगग्रस्त हो जायगा।

भिलावा, श्वेतमुञ्जा और मकड़ीका जाल, इनको इकट्ठा पीस कर रातको किसीके भी अङ्ग पर छोड़ दो, उसके कोढ़ हो जायगा। कृष्णपक्षीय अष्टमी तिथिको भृङ्गराजकी जड़ उखाड़ कर जिसे किसीको पिलाई वा खिलाई जायगी, उसके ज्वरातिसार रोग हो जायगा। अश्वगन्धकी जड़ खानेसे यह रोग दूर हो सकता है।

शत्रुके चबाये हुए ताम्बूल और दन्तकाष्ठको सर्पके मुंहमें डाल देनेसे वह रोगग्रस्त हो जायगा। इसी तरह शत्रुके मूत्र-स्थानकी मिट्टी काले सांपके मुंहमें डाल कर काले धागेसे सर्पका मस्तक बाँध देनेसे शत्रुका मूत्र रुक जाता है। गोंखरी, सोंठ, शूकरका मल और श्वेतगुञ्जाकी जड़, इनको इकट्ठा कर पाकस्थानमें गाड़ देनेसे पाकशालाके पाकपात्र फट जाते हैं। जलपूर्ण पात्रमें गन्धक-चूर्ण डाल कर उस जलको पौधोंपर छोड़ा जाय, तो पौधे आदि नष्ट हो जाते हैं।

षण्डीकरण।

मनुष्य जिस स्थान पर पेशाब करता है, उस स्थानमें काले बिच्छूका कांटा गाड़ देनेसे वह मनुष्य षण्डत्वको प्राप्त होता है। हल्दी और षड्बिन्दुकीट चूर्ण कर छागमूत्रमें भावना दो, उस चूर्णको जिसे खिलाया जायगा या जिसके आसन पर फेंक दिया जायगा, वह व्यक्ति क्लीव हो जायगा। तिल और गोखरूके चूर्णको दूध और मधुके साथ चाटनेसे उक्त दोष नष्ट हो जाते हैं।

वाजीकरण।

आमकी छालको पानीसे भरे घड़ेमें रख कर उसे कपड़ेसे ढक दो। दूसरे दिन सुबह दूधके साथ उस औषधका सेवन करनेसे मनुष्य कामदेवके सदृश हो जाता है तथा उसके शरीरमें धातु-वृद्धि हो कर बल बढ़ाती है। है। घृतकुमारीकी जड़ दूधके साथ पीस कर खानेसे बलकी वृद्धि, शरीरकी पुष्टि और धातु उत्पन्न होती है। रविवारको नहा-धो कर शुद्धता-पूर्वक मंजीठ लो और उसे छायामें सुखाओ। उसका चूर्ण, अश्वगंधा, तालमूली, गोंखरू और भांगके बीज इनको समान भागसे पीस कर एक रंगकी गायके दूधके साथ सेवन करनेसे धातु पुष्ट होती है। अभिमन्त्रित गुलञ्चमूल रविवारको उखाड़ कर शक्करके साथ खानेसे मनुष्य बलशाली होता है।

भोजविद्याका रहस्य।

भोजविद्यामें विशेष पारदर्शी होनेके लिए इष्टमन्त्र-दीक्षा, साधना और सिद्धिलाभकी आवश्यकता है। योग विशेषमें निर्द्धारित संख्यानुसार जप करके उस विषयमें निगूढ़ मर्म उद्घाटन-पूर्वक कार्यमें प्रवृत्त होना चाहिए। जिस व्यक्तिको जपकी सिद्धि नहीं हुई है, उसके कार्यमें वैसी सफलता नहीं होती जैसी कि होनी चाहिए। ऊपर जिन विषयोंका वर्णन किया गया है, वह द्रव्यगुण और दैवबल-साध्य है। दैवबलसे बलीयान् न हो, तो मनुष्य अपनी सामान्य शक्ति और बुद्धिसे कदापि सफलता नहीं पा सकता। जिन ग्रह और देवतत्त्वदर्शी भोजकोंने इस साम्प्रदायिक तत्त्वावलीकी आलोचना की है, उन्हें भी दिव्यचक्षुके प्रभावसे भोजविद्या-विषयक योगविशेषके सम्पादन करनेमें देवशक्तिका आभास प्राप्त हुआ था। यही कारण है, कि वे प्रत्येक कार्यमें देवशक्तिके मौलिकत्त्वको स्वीकार कर गये हैं।

जैसे मनुष्यादि जीव-शरीर ग्रह-नक्षत्रादिकी शक्तिसञ्चारके कारण सुख दुःखादिका अनुभव करते हैं, उसी प्रकार उद्भिज्जगत्में भी नक्षत्रादिके समावेशके कारण उत्कर्षापकर्षता हुआ करती है। बाँसके पेड़ पर स्वातीनक्षत्रका पानी गिरनेसे जैसे वंशलोचनकी उत्पत्ति

होती है, उसी प्रकार किसी किसी वृक्षमें विशिष्ट दिन और विशिष्ट नक्षत्रके आवेशसे गुणाधिक्य देखा जाता है। यही कारण है, कि पूर्वतन वेद और ग्रहविद् ब्राह्मण-गण उत्कृष्ट फल-प्राप्तिकी आशासे वृक्ष-विशेष पर ग्रह-नक्षत्रादिके सञ्चारको लक्ष्यमें रख उसके गुण और बल-का निर्द्धारण कर लेते थे।

पार्थिव पदार्थके विशेषतः उद्भिज्जादिके गुणागुणका निर्णय जिस प्रकार ग्रहवल-सापेक्ष है, उसी प्रकार इन्द्र-जालादि भौतिक क्रियाएं भी द्रव्यबल और यक्षिणी साधन रूप आधिदैविक और आधिभौतिक ज्ञानाधिबलका अपेक्षा रखती हैं। इन्द्रजाल और उसकी सहगामी रासायनिक क्रियावलीमें जो भौतिक रहस्य हैं, उसके द्वारोद्घाटनके लिए आलोचना-परायण हो कर उस विद्वन् मण्डलीने यक्षिणी-साधन और इष्टमन्त्रकी सिद्धि करनेके लिए व्यवस्था दी है। क्योंकि मनुष्य मन्त्र-सिद्धि द्वारा दैव-शक्ति बिना प्राप्त किये कदापि कोई अलौकिक कार्य नहीं कर सकता। दत्तात्रेय तन्त्रके बारहवें पटलमें योगिनी-साधनका विषय कहा गया है। उनमेंसे उदाहरण स्वरूप दो एक बातें उद्धृत की जाती हैं :—

यज्ञडुम्बर वृक्ष पर चढ़ कर 'ओं ह्रीं श्रीसारदायै नमः' इस मन्त्रको दस हजार बार जपनेसे ग्रन्थसिद्धि होती है और साधकको चौदह विद्याएं प्राप्त हुआ करती है।

श्वेतगुञ्जा वृक्षके पादमूलमें बैठ कर स्थिर चित्तसे 'ओं जगन्मात्रे नमः' इस मन्त्रका दस हजार बार जप करनेसे यक्षिणी सिद्ध होती है और वाञ्छित फल प्रदान करती है। (दत्तात्रेयतन्त्र, १२।१० और १२)

रसायन।

गोमूत्र, हरताल, गन्धक और मनःशिला इनको समान भागसे अच्छी तरह पीस और सुखा कर शुद्ध स्थानमें रखो। पीछे ग्यारह दिन बीत जाने पर धूप, दीप और नैवेद्यादि नाना उपचारोंसे यक्षिणीकी पूजा करो। फिर 'ओं नमो हरिहराय रसायनं सिद्धिं कुरु कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्रको १० हजार बार जपो। सिद्धि होने पर उन पिसी हुई चीजोंकी गोली-सी बना कर कपड़ेमें लपेट कर उस पर मिट्टी लपेटो। फिर उसे किसी गड्ढेमेंक पलाश-काष्ठ पर रक्खो और ऊपरसे पलाशकाष्ठ ढक कर, उस पर आठ पहर तक अग्नि जलाओ। उसके बाद उस भस्मको उठा कर रख दो। अनन्तर किसी ताम्र-पात्रको आगमें अच्छी तरह गरम करके (लाल हो जाने पर) उसमें एक चुटकी भस्म डाल देनेसे उसी समय वह तांबेका पात्र स्वर्णमय हो जायगा। इस रसायन-प्रक्रियाके करनेसे पहले किसी सिद्धक्षेत्रमें बैठ कर एक लाख गायत्री जप करना चाहिए, अन्यथा कार्य-सिद्धि नहीं होगी।

घोड़ेके खुर तथा मूषिक और वककी अस्थिसे ताम्रको अच्छी तरह गलाया जा सकता है। स्वयम्भू-कुसुम द्वारा पारेकी भस्म अच्छी तरह बनाई जा सकती है। यथार्थमें पारेकी भस्म हुई या नहीं, इस बातकी परीक्षा करनी हो, तो एक रत्ती पारद भस्मको गलित ताम्रमें डाल दो, अगर वह उसी समय सोना हो जाय, तो समझ लो ठीक है।

अदृश्यकरण ।

बेड़लाका मूल और ताल-पञ्चाङ्ग अर्थात् ताड़वृक्ष-की जड़, छाल, फल, फूल और पत्र इनको एकत्र करके सोनेके ताबीजमें भर कर उसे धारण करनेसे; जो आदमी उस व्यक्तिको देखेगा, उसकी दृष्टि बन्द हो जायगी। वचको सात दिन तक अंकुलीतैलमें रख कर त्रिलौह वेष्टनपूर्वक गुटिका बनाओ। उस गुटिकाको मुंहमें रखनेसे उस व्यक्तिको कोई भी न देख सकेगा। साधक-को चाहिये, कि हरताल, काली भैंसका दूध और अंकुल तैल इकट्ठा करके शरीर पर मालिस करें, फिर वह किसीके दृष्टिमें न आयेगा। उहरकरञ्जबीजके तेलमें सफेद सेमरकी रुईकी बत्ती डाल कर उसे जलाओ। उसकी लौसे सिद्ध-पत्र पर काजल पार कर उसे आंखमें लगानेसे अदृश्य हुआ जा सकता है।

वृत्तोत्पत्तिकरण।

मयूरको एक सप्ताह तक मयूरशिखाका चूर्ण खिला कर हाथमें लेपन करसे हाथमें नाना प्रकारकी चीजें दीखने लगती हैं। अङ्कोलीके बीजको चूर्ण करके एक सप्ताह तक तिलके तेलमें भावना दे कर सुखाओ। पश्चात् उसे बार बार पीसो और सुखाओ। फिर उसमें तेल

निकालो। यह अङ्कोली तैलके नामसे प्रसिद्ध है। इससे किसी भी वृक्षको अभिषिक्त करनेसे उसी समय उसमें फल उत्पन्न हो जायंगे। जलज अथवा स्थलज किसी भी बीजचूर्णको अङ्कोलीतैलमें मिला कर जल या स्थलमें डाल देनेसे उसी समय उस वृक्षमें फलपुष्पादि लग जायंगे। सर्जवक्षके रसमें पलीता भिगो कर तेलमें डाल कर जलाओ, फिर उसे पानीमें फेंक दो वह बुझेगा नहीं।

पादुका-साधन।

एक हलके-से काठके टुकड़ेको गुञ्जापिष्टसे लेपन कर पानीमें बहा दो, फिर उस वहते हुए काठ पर तैरो, डुबेगा नहीं। अङ्कोलीतैल और श्वेतसर्षपको पीस कर हाथ-पैरों या ऊंटके चमड़ेसे बनी हुई अपनी पादुका पर उसका लेप करनेसे वह उसे पहन कर बहुत दूर तक चल सकता है। निशिन्दावृक्षकी जड़, कबूतरकी बीट, पलाशके वीज, लाल अकवनादि फल और पेचकके हृदयको ठंढे पानीमें पीस कर उससे पादलेपन करनेसे सौ योजन भ्रमण किया जा सकता है।

भिन्न-रूप-दर्शन।

सहंजनके वीजका तेल, कबूतरकी बीट शूकरकी बसा और अपामार्गकी जड़, इन्हें समभागमें पेषण करके कपाल पर तिलक लगानेसे पञ्चवदन-विशिष्ट दीखोगे। कृष्ण-चतुर्दशीकी रात्रिके मयूरके मुंहमें वामनहाटीके बीज और काली मिट्टी इकट्ठी मिला कर उसे मट्टीमें गाड़ रखनेसे उस बीजसे प्रस्तुत रज्जु द्वारा किसी पुरुषको बांधनेसे वह मयूर जैसा दीखने लगेगा। स्त्रीकी खोपड़ीमें रक्त-गुञ्जाकी बीज रख कर उसे मिट्टीमें गाड़ देनेसे जो वृक्ष उत्पन्न होगा, उसका फल मुंहमें रखनेसे वह स्त्री सदृश दिखाई देगा। हरताल और मनःशिलाका चूर्ण, इनको अङ्कोलीतैलके साथ मिला कर मुंह या मस्तकमें लेपन करनेसे वह अग्निपुञ्जके समान दीखने लगेगा।

भोजबाजी।

छोटे छोटे कौतुक।—वारिमक्षिकाके साथ जल पीनेसे अधोवायु निःसृत होती है। नदीकी शैवालको जला कर उसे भैंसके दूधके दहीके साथ माड़ कर एक पहर तक रख दो, मेढ़क पैदा हो जायगा। मत्स्यके पित्तके साथ मत्स्यडिम्ब रख दो, मछली उत्पन्न हो जायगी। अगस्त्य-पुष्पके रसमें अञ्जन घस कर आंखमें लगाओ, दिनमें आसमानके तारे दीखने लगेंगे। मेढ़कका तेल आंख पर मलनेसे रातको सर्प और दिनको नक्षत्र दिखाई देंगे। क्षीरीवृक्षके दूधको भावना दे कर उसकी बत्ती बनानेसे वह पानीमें जलती रहती है।

सर्प बनाना।—काली अरईकी कलगी १, श्वेतविम्वाकी जड़ १, जवा पुष्प २, लाल शाकका डंठल १ और दण्डोत्पल १ लो। काली अरई और जड़ इन दोनोंके ऊपर लाल शाकके टुकड़े-टुकड़े करके रखो, ऊपरसे एक कपड़ा ढक कर "ॐ सिद्धिः स्वयं देवी काराकाम्, आ देवी हंसरात, आई देवी हुहुङ्कारे, इसी क्षणसे जीव सञ्चारे, ॐ भीलि सर्प वल वल स्वाहा। चल सर्प महाभारसे तुम्हें चलाया देवीके वरसे, ब्रह्माण्डगिरिकी आज्ञा।" इस मन्त्रको १००८ बार जप करनेसे अमावस्यामें सर्पोत्पत्ति होती है।

भ्रम-दर्शन।—मङ्गलवारको कपासके बीजको सर्पके मुंहमें डाल कर जमीनमें गाड़ दो। उस बीजसे उत्पन्न वृक्षकी रुईसे बत्ती बना कर अण्डीके तेलसे प्रदीप जलाओ। रातको जिस घरमें यह प्रदीप रहेगा, उस घरमें चारों ओर सर्प ही सर्प दिखाई देंगे। इसी प्रकार बिच्छूके मुंहमें बीज डाल कर उपर्युक्त प्रकारकी क्रिया करनेसे रातको बिच्छू ही बिच्छू दिखाई देने लगेंगे। अण्डीका तेल, शमीपुष्प, सर्पकी केंचुली और मेढ़ककी चरबी, इनको इकट्ठा करके रातको प्रदीप जलानेसे सर्वत्र सर्प ही सर्प नजर आयेंगे।

वृहस्पतिवारको हाथीके मुंहमें तथा रविवारको घोड़ेके मुंहमें अङ्कोलीबीज डाल कर पीछे उसे मिट्टीमें गाड़ कर पानी सींचो। उससे जो वृक्ष उत्पन्न होगा, उसके फलके बीजको त्रिलौहसे वेष्टन करके मुंहमें धारण करनेसे वह पराक्रमशाली हस्ती या अश्व हो सकता है। इसी तरह बैल, सिंह, मयूर, कुक्कुर इत्यादि स्थलज तथा मगर मच्छ इत्यादि जलज प्राणियोंकी मूर्त्ति धारण की जा सकती है।

कृकलासके रक्तसे दर्पणका अर्द्धभाग लेपन करके पर्वतादि उच्च स्थानमें चढ़ कर उस दर्पणको आंखों पर

रख कर चन्द्र वा सूर्यके चारों तरफ देखनेसे सूर्य या चन्द्रग्रहण दिखलाई पडे़गा।

हमारे देशके ऐन्द्रजालिकगण तथा यूरोपीय वर्त्तमान मेजिसियन लोग जो खेल दिखलाते हैं, उनकी नैपुण्य और कौशल इतना सफाईको लिये हुए हैं, कि देखनेसे एक साथ आश्चर्य और कुतूहल होने लगता है। आम्रवृक्षके फलादिकी उत्पत्ति-क्रिया नीचे लिखी जाती है।

यह पहले ही कहा जा चुका है, कि साज-सरंजाम ही ऐन्द्रजालिक क्रियाकी मुख्य चीज है। आम्रवृक्ष दिखलानेके पहले आम्र-मुकुल और फल, कच्चे और पक्के फल संग्रह कर लेने चाहिए। यथासमय फल और कुकुलादिकी निखालिस मधुमें डुबो कर रख दो। इससे वे फलादि १ वर्ष ज्योंके त्यों बने रहेंगे। मैजिक दिखलानेके लिए एक विशेष वस्त्रगृह बनाया जाता है, जिसके सामने और भीतर भी काले परदे पडे़ रहते हैं। पीछेके परदेकी ओटमें मैजिक दिखलानेका सामान रखा रहता है। उसमें एक आमकी गुठली, एक नया पौधा और एक मय टहनियों और पत्तोंके आमका पेड़ छिपा रहता है। दिखलाते समय पहले तो बाजे-आजेका आडम्बर करना चाहिए। पीछे लोगोंके मनमें विश्वास पैदा करनेके लिए मंत्र आदि करना चाहिए जैसा माने। मन्त्रके प्रभावसे ही भौतिक क्रियाएं हो रही हों। उसके बाद मिट्टीसे भरे हुए गमलेमें आमकी गुठली गाड़ दो और दर्शकोंसे कह दो, कि अब इसका पौधा बनाते हैं। फिर उसे काले कपड़ेसे ढक कर पीछेकी ओर रख दो। थोड़ी देर तक बाजा बजाते रहो, इतनेमें सहकारी व्यक्ति उसमें बीज सहित पौधा गाड़ देगा। फिर परदा हटा कर दिखला दो, कि यह पौधा बन गया। इसी तरह और भी लीची आदिके खेल दिखाये जाते हैं। असलमें सिवा हाथकी सफाईके और इसमें कुछ भी नहीं है। हां, सफाई ऐसी वैसी नहीं होनी चाहिये। इसके लिए वर्षों अभ्यासकी आवश्यकता है।

भानुमती-कथित आम्रवृक्षकी उत्पत्ति (इन्द्रजाल-ग्रन्थमें) अन्य प्रकार है :—स्नूही (मनसा) वृक्षके दूधमें पके आमकी गुठलीको इक्कीस बार डुबो कर इक्कीस ही बार सुखाओ। खेल दिखलाते समय उस सूखी हुई गुठलीको मिट्टीमें गाड़ कर थोड़ा पानी छिड़को। २॥ दण्ड बाद उससे अंकुर, पत्ते, टहनियां आदि सहित आमका पौधा पैदा हो जायगा।

हाथमें अंगारा रखना।—अण्डीके पेड़के रसमें धतूरेके बीज, हर्रेके बीज और अङ्कोली इन्हें एक साथ पीस कर हाथमें मलनेसे आगसे हाथ नहीं जलता, जलता अंगारा हाथमें रखा जा सकता है। इसी प्रकार सम्भारी, नमक, कतीला, अफीम, फिटकरी, पारा और कुक्कुटाण्डके छिलकाको सिरकाके साथ अच्छी तरह पीस कर हाथमें रखनेसे भी हाथ नहीं जलता।

पानीमें आग जलाना।—क्षीरिकावृक्षके दुग्धमें भावितवर्त्तिकाको जला कर पानीमें छोड़ दो, जलती रहेगी। इसी प्रकार जलता हुआ कपूर भी पानीमें छोड़ देने पर जलता रहता है।

अंधेरे घरमें उजाला।—एक लोहेके चमचेमें गन्धक गला कर, जलना कम होने पर, उसमें ताम्रचूर्ण छोड़ देनेसे अंधेरे घरमें उजाला हो जाता है।

बिना आगके रांधना।—नीचेके पात्रमें आध सेर सद्योदग्ध चूर्ण रख कर उसमें उतना ही पानी डाल कर ऊपरके पात्रमें चावल डाल दो, शीघ्र ही वह उबलने लगेगा।

कपड़े आदि जलाना।—कागज या कपड़े पर 'स्पिरिट' डाल कर उसे आग पर रखनेसे उसकी स्पिरिट मात्र जल जाती है, कागज या कपड़े नहीं जलती।

कांटेदार पौधा चबाना।—जम्बूपत्रका चर्वण करके उसका रस मुंहमें रखो; फिर कांटेदार पौधा चबा डालो, कुछ न होगा।

कांच चबाना।—पतले कांचको आगमें जला कर अदरकके रसमें बुझा लो, फिर उसे मुंहमें डाल कर चबाओ, कुछ भी न होगा।

हाथमें गरम तेलका डालना।—हाथकी हथेली और डालियोंमें अच्छी तरह पानी और नमक मलो। पीछे तेलमें भीगी हुई बत्ती जला कर उससे जलता हुआ तेल हथेली पर टपकाते रहो, जलेगा नहीं। परन्तु उससे पहले दोनों हथेलियोंको अच्छी तरह रगड़ लेना जरूरी है।

अग्निउत्पादन ।—क्लारेट-आफ्-पटाशके चूर्णमें चीनी मिला कर गन्धकद्रावक डाल देनेसे आग जल उठती है। एक भाग चीनो और तीन भाग फिटकरीको एकत्र मिला कर सुखाओ। पीछे एक लोहे या पत्थरके बरतनमें भर कर उसे आगमें जलाओ। जब उस बरतनमेंसे नीली लौ निकलने लगे, तब उसे आग परसे उठा लो। उस मिश्रित द्रव्यको खुली जगहमें रख दो, हवा लगते हो वह अपने आप जलने लगेगा। एक कागजके टुकड़े को तारपीन तेलमें डुबो कर उसे क्लोरिन वाष्प पर थामनेसे उसी समय कागज जलने लगेगा।

कागजके बरतनमें रांधना—पहले कागजका ठोंगा बना कर उसमें थोड़ा-सा साफ तेल डाल कर चूल्हे पर रख दो। उसमेंका तेल जब खौलने लगे, तब उसमें बेंगन डाल कर मजेमें भूंज लो।

मुंहमें बिजलीका प्रकाश ।—ओठ और सामनेके दातोंके बीचमें एक जस्तेका टुकड़ा रख कर जिह्वाग्रस्थ गिन्नीका सोना उसमें छुआ देनेसे मुंहमें बिजली जैसा प्रकाश दिखाई देगा।

आगका खम्भा ।—कांचके गिलासमे आधा हिस्सा प्रस्फुरक उसमें पांच हिस्सा पानी डालो। उसके बाद उसमें दानेदार जस्ता १ भाग और तीव्र गन्धकाम्ल ३ भाग मिला दो उसमेंसे उज्ज्वल बिम्बके आकारमें वाष्प उठती रहेगी। एक कांचके पात्रको भर कर उसमें फस्-फरेट आफ लाइम एक बूंद छोड़ देनेसे पानी ऊपर फस्फोरेटेड् हाइड्रोजन वाष्पका बिम्ब उठेगा। उसमें हवा लगते ही आग जलने लगेगी।

आगका झरना ।—एक कांचके पात्रमें ५ या ६ औन्स पानी रख कर उसमें १ औंस गन्धकाम्ल और ग्रान्यूलेटेड जिङ्क और दो टुकड़े प्रस्फुरकके डाल दो। थोड़ी देरमें तमाम पानी आलोकमय हो जायगा।

पानीमें आगका पहाड़ ।—बारूद, सोरा और फूल-गन्धक प्रत्येकका ३ औन्स हिस्सा ले कर अच्छी तरह पीसो। बादमें उसे कपडेमें छान कर एक पोष्टबोर्ड या कागजकी गोलाकार थैलीमें भर कर उसका मुंह बन्द करके पानीमें छोड़ दो जब तक वह मिश्रित द्रव्य थैलीके अन्दर रहेगी, तब तक वह पानोके भीतर जलती रहेगी।

जलती कड़ाहीसे चिड़िया उड़ाना ।—आटेकी एक थाली या डिब्बा बना उसमें एक छोटी-सी चिड़िया रख दो। श्वास-प्रश्वासके लिए ऊपर एक नली-सी बना देनी चाहिए, नहीं तो वह मर जायगी। पीछे उस डिब्बेके चारों तरफ घृतकुमारीका गोंद अच्छी तरह लगा दो। फिर आटेका बड़ा डिब्बा बना कर उसमें घृतकुमारीका गोंद लगाओ और पहलेवाले डिब्बाको उसके अन्दर रख कर मोड़ दो। उसके बाद उस डब्बेकी ऊपरकी नलीमें डोरा बांध कर उसे खौलती हुई घीकी कड़ाहीमें सीधा सेकते रहो। फिर उसे उठा कर तोड़ डालनेसे चिड़िया उड़ जांयगी।

बरफमें अग्नि उत्पन्न करना ।—आतिशी शीशेके आकारका निर्मल, वायुबुद्बुद्-रहित एक बर्फके टुकड़ेको सूर्य-किरणके सामने बारूदके ऊपर रखनेसे तत्क्षणात् वह जलने लगेगा।

गुप्त-लिपि ।—दूध, नीबू, पलाण्डु आदिके रससे सफेद कागज पर लिखनेका विषय लिखो। पढ़ते समय उस पर आगकी गरमी देनेसे अक्षर साफ पढ़े जा सकेंगे। माजूफलको तोड़ कर उसे एक दण्ड तक पानीमें भिगो कर उससे नाम लिखो। सूखने पर अक्षर अदृश्य रहेंगे। पढ़ते समय उस पर तूतियेका पानी डाल कर पढ़ो, साफ पढ़नेमें आवेगा।

फूलोंका रंग बदलना ।—गन्धकके धुएं पर लाल फूल रखनेसे वह सफेद-सा हो जाता है, पीछे फिर उसे पानीमें भिगा देनेसे लाल हो जाता है।

कृत्रिम भूकम्प और आग्नेयगिरि—गन्धकचूर्ण २ सेर और फौलालका चूर २ सेर इन्हें पानीसे अच्छी तरह मिला कर गाड़ दो, ८ से १२ घंटेके भीतर भूकम्प हो जायगा। यदि वायु उत्तप्त हो, तो जमीन फूलती या फट जाती है और उसमेंसे आगकी लौ धुआँ और धूल उड़ती है।

कांचके गिलाससे शिला उठाना ।—एक चौरस पत्थरके टुकडे पर सूजीका लेप करो, फिर जलते हुए प्रदीपकी लौ पर एक कांचका गिलास औंधा दो गिलासका भीतरी भाग अच्छी तरह गरम हो जाने पर शीघ्र ही उसे सूजीके लेप पर जमा कर बिठा दो। यह ख्याल रखना चाहिए, कि गिलासकी गरम वाष्प जरा भी निकलने

न पावे और न वाहरकी ठंडी हवा उसमें घुसने पावे। जब वह गिलास ठंडा हो जाय, तो उसे पकड़ कर उठाओ, साथमें पत्थर भी उठ आयेगा।

ऊपर जो कुछ भोजबाजीका प्रकरण लिखा गया है, वह अंग्रेजी मैजिक और देशीय बाजीगरोंकी भोजबाजीसे संगृहीत है। भोजबाजी या Magic और देशीय भोजबाजी दोनों एक ही प्रथामें अन्यान्य उपायों द्वारा संशोधित हुई हैं।

अंग्रेजी मैजिक या Black Art उक्त भोजबाजीसे पृथक् है। वह बहुत अंशोंमें मारण उच्चाटनादि इन्द्रजाल वा भोजविद्याके अनुरूप है। *Mr.* Sibily लिखित फलित-ज्योतिष विषयक ग्रन्थके पढ़नेसे मालूम होता है, कि किसी समय यूरोपमें इस मैज़िक-विद्याका बहुत प्रचार था। भूतसाधन, कवच, चक्र और यन्त्र चिह्नादि धारण द्वारा उपदेवताओंका प्रभाव वा आवेश दूर करना आदि भौतिकतत्त्व (*Black Art*) के विषय वहांके मगीय विद्या-विशारदों (Magicians) द्वारा विशेषरूपसे आलोचित होते थे। प्रसिद्ध अंग्रेज-भूतत्त्वविद् Edward kelly और उनके सहयोगी Dr, Dee-ने किस पद्धतिसे इन्द्रजाल और भौतिकतत्त्वकी अलोचना की है, यह बात उनके ग्रन्थ पढ़नेसे ही मालूम पड़ सकती है।

विशेष विवरणके लिये 'भौतिकविद्या' देखो।

भोजाधिप (सं० पु०) भोजस्य अधिपः। कंसराज।

भोजान्ता (सं० स्त्री०) नदीभेद।

भोजिक (सं० पु०) ब्राह्मणभेद।

भोजिन् (सं० त्रि०) भुज-णिनि। भोजनकर्त्ता खाने वाला।

भोजी (सं० पु०) भोजिन् देखो।

भोजेश (सं० पु०) १ भोजराज। २ कंस।

भोज्य (सं० त्रि०) भुज्यते इति भुज-कर्मणि ण्यत् (भोज्यं भक्ष्ये। पा ७।३।६९) इति निपातनात् न कुत्वं। भोजन योग्य, खाने लायक।

"भोज्यं भोजनशक्तिश्च रतिशक्तिर्वराः स्त्रियः।
विभवो दानशक्तिश्च नात्यल्पतपसः फलम्।"

(चाणक्यशतक ५१)

भावप्रकाशके मतसे पेच इत्यादि आहार छः प्रकारका है। इनमेंसे 'भोज्यं भक्तसूपादि' भात और व्यञ्जनादिका नाम ही भोज्य है।

"आहारं षड्विधं चुष्यं पेयं लेह्यं तथैव च।
भोज्यं भक्ष्यं तथा चर्व्यं गुरू विद्यात् यथोत्तरम्" ॥ (भावप्र०)

२ श्राद्धानुकल्पमें पितरोंकी तृप्तिके लिये देय अन्नादि स्त्रियोंको पार्वणश्राद्धके अधिकार नहीं है। अतः उन्हें उस श्राद्धके बदलेमें भोज्योत्सर्ग करना चाहिये। पुरुष जहां पर श्राद्ध नहीं कर सकते, वहां उन्हें भी भोज्योत्सर्ग करना चाहिये। पितृ वा देवकार्यका भोज्योत्सर्ग कर्त्तव्य है। पिता और माताके आद्यकृत्यके समय षोड़स वा अन्न जल दानके बाद तदनुकल्प भोज्योत्सर्ग करना होता है।

श्राद्धतत्त्वमें भोज्यदानकी कर्त्तव्यता इस प्रकार लिखो है, 'ओं अद्यामुके मासि अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकगोत्रस्य पितुरमुकदेवशर्मणः एकोऽद्दिष्टविधिकसाम्वत्सरिकश्राद्धवासरे अमुकगोत्रस्य पितुरमुकदेवशर्मणः अक्षयस्वर्गकामः सघृतसोपकरणमान्न-भोज्यमर्च्चितं श्रीविष्णुदैवतं यथासम्भवगोत्रनाम्ने ब्राह्मणायाहं ददानि, ततो दक्षिणा, ततः कृतैतत् सघृतसवस्त्रोपकरणामान्न-भोज्यदानकर्माच्छिद्रमस्तु।' (श्राद्धतत्त्व) भोज्य विशुद्ध ब्राह्मणको दान करना चाहिये।

भोज्यकाल (सं० पु०) भोज्यस्य भोज्यदानस्य कालः। भोज्यदानका समय।

भोज्यता (सं० स्त्री०) भोजस्य भावः तल्-टाप्। भोज्यका भाव या धर्म।

भोज्यमय (सं० त्रि०) खाद्यपूर्ण।

भोज्यसम्भव (सं० पु०) सम्भवत्यस्मादिति सम्भव उत्पत्तिकारणं, भोज्यं सम्भवोऽस्य। शरीरस्थित रसधातु, शरीरका वह धातु जो भोजन उत्पन्न होता हो।

भोज्या (सं० स्त्री०) १ भोजन योग्या। २ भोजवंशीय राजकन्या।

भोज्योष्ण (सं० त्रि०) उष्ण खाद्यद्रव्य।

भोट (हिं० पु०) १ भूटानदेश। २ एक प्रकारका बड़ा पत्थर। यह प्रायः २॥ इञ्च ५ फुट मोटा और १॥ फुट चौड़ा होता है।

भोट—भोटदेश (तिब्बत)-वासी जातिविशेष। ये साधारणतः

भारत और तिब्बतके मध्यवर्त्ती हिमालयके तट पर वास करते हैं। प्राचीन संस्कृत ग्रन्थादिसे चीनराज्य-प्रान्त तिब्बतभूमि भोटदेश नामसे उक्त हुआ है। इस भोटदेशमें किसी समय बौद्धधर्मका स्रोत बहता था। उसी समयसे भारतीय संस्रव घनिष्ठ हुआ। वाणिज्य व्यवसाय या अन्यान्य नाना कारणोंसे भोटोंने स्वदेश छोड़ भारतमें विचरण किया। इसी प्रकार एक समय भूटानराज्यमें भोट-दस्युके घोर विप्लवके वाद उस देशमें एक भोट-सरदारवंशकी प्रतिष्ठा हो गई।

मध्य-तिब्बतवासीसे ये लोग जाति-अंशमें, आचार-व्यवहारमें और सामाजिकतामें वहुत भिन्न हैं। ये लोग चार श्रेणीमें विभक्त हैं, यथा—जोचो, लोनपा, छजङ्ग और लोवान।

कुमायूं जिलावासी भोटगण अपनेको राजवंशी राजपूत और नेपालवासी भूतवालवंशके वंशधर कह कर अपना परिचय देते हैं। अयोध्याराज नवाब आसफ-उद्दौलाके राजत्वकाल (१७७५-९१)में भारतमें आ कर इन्होंने वास किया है। यहां आ कर इन्होंने ब्राह्मण्यधर्मके अनेक आचार-व्यवहारोंका अनुकरण करना सीखा है। विवाहादि कार्य्यमें अभी ये लोग हिन्दूओं जैसा गोत्र-प्रवरादिका अनुसरण करते हैं, किन्तु बहुत जगह इनमें पार्वत्य रीतिका भी अनुष्ठान देखा जाता है।

इनका विवाहोत्सव ठीक हिन्दूओं जैसा होता है। जब वर कन्याके घर जाता है तब 'चारहाना' वा दर्वाजा-चारका उत्सव होता है। वाद उसके वर और कन्या विवाह मंडपमें लाई जाती है। इस समय एक ब्राह्मण पुरोहित यथायथ मन्त्रपाठ कर विवाहकार्य करता है। सम्प्रदान हो जाने पर कन्याका भाई आकर नव-दम्पतिके सिर पर चावल छींट देता है जिसको 'लाईभूजुया' कहते हैं। तदनन्तर मिट्टी पर कुछ धान छींट कर उसके ऊपर वरको एक पत्थरका टुकड़ा गाड़नेके लिये दिया जाता है। इसीको 'पाथरकी लकीर' उत्सव कहा जाता है।

वाद उसके गंठबन्धन, पासासार (अलङ्कार बदलना), भनवारी (होमाग्निका प्रदक्षिण), वासी खिलाना (वर-भोजन) और जाति कुटुम्बका भोज होता है। विवाहके वाद मौर नदीमें बहा दिया जाता है। कन्या पालकी पर ससुराल लाई जाती है तथा देवदेवीको पूजाके वाद स्वामीके घर प्रविष्ट कराई जाती है। घर आकर वर अपनी पत्नीके हाथ चावल, रुपया वा सोना देता है। पश्चान्तरमें कन्या उन सब चीजोंको नाइनको दान कर देती है। इसको 'खर्ज्जाना भरना' कहते हैं।

ये बहु-विवाह कर सकते हैं। प्रथमा स्त्री २य, ३य वा ४र्थकी अपेक्षा दशांश अधिक स्वामीकी सम्पत्ति पानेकी अधिकारिणी है। वह स्वामीके जीवनकाल तक गृहकर्त्री समझी जाती है। साधारणतः पन्द्रह वर्षसे कम उम्रवाली वालिकाका ही विवाह होता है। किन्तु कभी कभी अधिक उम्रमें ब्याह होते देखा जाता है। देवर-विवाह निषिद्ध नहीं है। इनमें पति-पत्नी-विच्छेदकी प्रथा नहीं है। यदि कोई पुरुष वा रमणी अवैध प्रणयमें आसक्त हों तो दोनों जातिच्युत हो जाते हैं। वाद पञ्चायतको भोज देनेसे फिर वह समाजमें ले लिये जाते हैं।

इनका विवाह तीन प्रकारसे होता है, यथा—१ उच्च अङ्गका विवाह, जो शास्त्रोक्त ब्राह्म-विवाहके ऐसा अनुष्ठित होता है। २ पैरपुजा वा निम्नश्रेणीका विवाह, जिसमें वरके घर पर ही विवाहका सब कार्य होता है। ३ घरौआ वा अविवाहित पत्नी रक्षा-जो बूढ़े होने तक विवाह नहीं करते वे इस प्रकार एक पत्नी ग्रहण करती हैं।

विसूचिका, सर्पाघात या शिशु-सन्तानकी मृत्यु होने पर गाड़ देते तथा अन्यान्य रोगमें मृत्यु होनेसे जलाते हैं। शवको कबरगाहमें देनेके लिये इनका कोई निर्दिष्ट समाधिस्थान नहीं है। धनी मनुष्य किसी पुण्यतोया नदीमें बहा देनेके लिये शवकी भस्म रख लेते तथा अन्य व्यक्ति उस भस्मको गाड़ देते हैं। अन्त्येष्टिक्रियाके वाद ये निकटवर्त्ती किसी जलाशयके किनारे एक तृण गाड़ते तथा दश दिन तक उसके ऊपर पानी डालते हैं।

इस तरहके कार्यों में ब्राह्मण ही उनका पौरोहित्य करते हैं। शक्तिरूपादेवी उनकी प्रधान उपास्य-देवता हैं। पूजामें ये बकरे तथा वन्य-शूकरादिकी वलि देते हैं। वाद प्रसादी मांस अपनेसे ही रांध कर खाते हैं। हिन्दू-

पर्वोत्सवोंमें भी इनकी विशेष आस्था देखी जाती है। 'बरसाती अमावस' वा ज्येष्ठ-अमावस्याके दिन रमणियां नाना उपचारसे ग्राममें वटवृक्षकी पूजा करती हैं। उनका विश्वास है कि वटके पूजनसे स्वामीकी आयु-वृद्धि होती है । नारायण रूपी वटको वे स्वामी जान भक्ति श्रद्धा करती हैं । अथवा नारायण उन पर प्रसन्न होंगे और उनके स्वामीको चिरजोवी बनायेंगे, उस उद्देश्यके वशवर्त्ती होकर वे पूजा करनेको वाध्य होती हैं। भाद्रतृतीया और कार्त्तिकी पञ्चमीमें उपवास करना महापुण्यजनक मानती हैं। नागदेवता और महादेवपूजा वे बड़े आदरके साथ सम्पन्न करती हैं।

ये शालगम भक्षण नहीं करते। धोबी, भंगी, चमार और कोड़ी प्रभृति जातिको ये अस्पृश्य समझते हैं। शूकर, गाय आदिका मांस-भक्षण साधारणतः निषिद्ध है; किन्तु देवोपहारमें प्रदत्त शिशु-शूकरका मांस निषिद्ध नहीं है। भङ्ग वा गांजा पीनेमें कोई बाधा नहीं, किन्तु शराब पीनेसे जातिच्युति होते हैं ।

भोटदेश—हिमालय पर्वतके उत्तरस्थित देशभेद। इसका वर्त्तमान नाम है तिब्बत। बहुत पहले यहां बौद्ध-धर्म प्रसारित हुआ था। यहांके अधिवासो उसी सौम्यमूर्त्ति शाक्यबुद्धकी उपासना करते हैं। गृहस्थ-गण सामाजिक आचारसे हिन्दुओंके अनुकरणशील हैं। बौद्ध यति लामागण योगि-ऋषियों जैसा अपने धर्ममें निरत रह काल क्षेपण करते हैं।

प्राचीन संस्कृत ग्रन्थादिमें वर्णित भोट या महाभोट राज्य कहां तक विस्तृत था, इसकी प्रकृत सीमाका निर्देश करना कठिन है।

भोटराज्यका इतिवृत्त, भौगोलिक संस्थान और प्रत्नतत्त्वादिका विषय 'तिब्बत' शब्दमें यथास्थान विवृत हुआ है। मञ्जुश्री आदि बहुतसे बौद्ध-महारथी इस प्रदेशमें धर्मलोकका प्रचार कर गये हैं। तिब्बत देखो।

भोटमारी—रङ्गपुर जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा० २६˚ १´ उ० तथा देशा० ८९˚ १३´ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां पटसन, तमाकू, और चावलका जोरोंसे बाणिज्य चलता है।

भोटवर्मदेव—एक हिन्दू राजा। पञ्जाबके अन्तर्गत चम्बा-(चम्पका) नगरीमें इनकी राजधानी थी।

भोटाङ्ग (सं० पु०) भोटस्तज्जातिरङ्गमस्य। देशविशेष, भूटान देश। भूटान देखो।

भोटिया (हिं० पु०) १ भोट वा भूटानदेशका निवासी। (स्त्री०) २ भूटानदेशकी भाषा। (वि०) ३ भूटानदेश-सम्बन्धी, भूटानका।

भोटियाबादाम (हिं० पु०) १ आलुबुखारा। २ मूंगफली।

भोटी (हिं० वि०) भूटान देशका।

भोटीय (सं० त्रि०) भोटदेशजात, भूटानदेशमें उत्पन्न।

भोटीया—तिब्बत और भूटान-देशवासी।

तिब्बत और भोट देखो।

भोट्या—सिन्धुदेशवासी क्षत्रिय जातिकी एक शाखा।

भोडर (हिं० पु०) १ अभ्रक, अबरक। २ एक प्रकारका मुश्क बिलाव। ३ अबरकका चूर जो होली आदिमें गुलालके साथ उड़ाया जाता है, बुका।

भोडल (हिं० पु०) अबरक।

भोडागार (हिं० पु०) भंडार।

भोडेश्वर—बम्बई प्रदेशके सिन्धु-विभागके अन्तरगत एक नगर। यह पार्करसे २ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। यहां राजा भोज परमार द्वारा निर्मित एक दिग्गी और शिव-मन्दिर है। शिव-मन्दिरके समीप एक प्राचीन मस-जिद भी विद्यमान है।

भोण (हिं० पु०) गृह, घर।

भोणगांव (भौगाँव)—युक्तप्रदेशके मैनपुरी जिलेको एक तहसील। यह अक्षा० २६˚ ५८´ से २७˚ २६´ उ० तथा देशा० ७९˚ १´ से ७९˚ २६´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४५९ वर्गमील और जनसंख्या ढाई लाखके करीब है। इसमें इसी नामका एक कसबा और ३६० ग्राम लगते हैं। यहां अरिन्द और ईशान नदी तथा गङ्गाकी एक नहर बहती है।

२ उक्त तहसीलका प्रधान कसबा। यह अक्षा० २७˚ १६´ उ० तथा देशा० ७९˚ ११´ पू०के मध्य विस्तृत है। जनसंख्या प्रायः ५५८२ है प्रवाद है, कि राजा भोमसेन इस नगरको बसा गये हैं। वे स्थानीय मन्दिरके सामनेवाली झीलमें स्नान करके कुष्ठरोगसे मुक्त हुए थे। मुगलोंकी अमलदारीमें यहां एक दुर्ग बनाया गया था। यहां एक स्कूल है।

भोणिङ्गदेव—एक हिन्दू राजा। ये कलचूरि-वंशीय हैहय-राज रामदेवके हाथसे मारे गये थे।

भोपतगढ़—बम्बई प्रदेशके थाना जिलान्तर्गत शाहपुर तालुकका एक दुर्ग।

भोपा—भैरवोपासक साधु सम्प्रदाय-विशेश। इस सम्प्रदायके लोग प्रतिमूर्त्तिको गढ़ कर उनकी पूजा करते है। सभी बड़े बड़े बाल और मूंछें रखते हैं तथा ललाट पर सिन्दूर लगाते हैं। कोई कोई कमरमें घुंघरू और कोई पैरोंमें पैंजनी बांध कर नाचते और भैरवका गुण-कीर्त्तन करते हुए भिक्षा मांगने निलकते हैं। युक्तप्रदेश-में इनका वास अधिक देखा जाता है। इनके मध्यम गृहस्थ और उदासीन दोनों ही सम्प्रदाय हैं।

भोपा—सिन्धुप्रदेश-वासी जातिविशेष। मातादेवीकी पुरोहिताई करनेके कारण इनका यह नाम पड़ा है। कहीं कहीं ये रैवारी भी कहलाते हैं।

ये लोग साधारणतः गो, महिष और उष्ट्रादिका पालन करते है। इनकी स्त्रियां उन मवेशियोंके पशम-संग्रह करनेमें व्यापृत रहती हैं। ये लोग मारवाड़से सिन्धुप्रदेशमें आ कर बस गये हैं। इनकी मुखाकृति इन्हें पारस्य देशीय सरीखा बतलाती है। ये लंबे और बलिष्ठ होते तथा मुख सुगठित और नाक तिलपुष्प-सी होती है। कभी कभी ये लोग सिर्फ ऊंटका दूध पी कर सात सात दिन तक यों ही रह जाते हैं।

भोपा (हिं० पु०) १ एक प्रकारको तुरही या फूंक कर बजाया जानेवाला बाजा। २ मूर्ख, बेवकूफ।

भोबरा (हिं० पु०) एक प्रकारकी घास। इसे भेरन भी कहते हैं।

भोभो (सं० अव्य०) सम्बोधन।

भोम (हिं० स्त्री०) पृथ्वी।

भोमरागुड़ी—आसाम प्रदेशके दरांग जिलान्तर्गत एक रक्षित वन-विभाग। भूपरिमाण ३८६७ वर्गमील है।

भोमर्षि—सह्याद्रि-वर्णित एक ऋषि।

भोमी (हिं० स्त्री०) पृथ्वी।

भोर—बम्बई प्रदेशके सतारा राजकीय एजेन्सीके अधीनस्थ एक सामन्त राज्य। यह अक्षा० १८´से १८´ ४५´ उ० तथा देशा० ७३´१४´से ७३´१५´ पू०के मध्य विस्तृत है। भूपरिमाण ९२५ वर्गमील है। इस राज्यके चारों ओर पर्वत है। १६९७ ई०में शिवाजीके लड़के राजारामने पुरस्कार-स्वरूप यह स्थान शङ्करजी नारायण पन्थ सचिवको प्रदान किया। ये जातिके ब्राह्मण हैं। वृटिश-सरकारसे इन्हें दत्तक ग्रहणका अधिकार है। ज्येष्ठ पुत्र ही राजसिंहासन-के एकमात्र अधिकारी हैं। सामन्तकी उपाधि जागीर-दार और पन्थसचिव है। दाक्षिणात्यमें भोरके सामन्त-राजा सर्वश्रेष्ठ समझे जाते हैं। १९०३ ई०के दिल्ली दरबारसे इन्हें ९ तोपोंकी सलामी मिलती है।

इस राज्यमें भोर नामका १ शहर और ४८३ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या डेढ़ लाखके करीब है। वृटिश शासनप्रणालीके अनुसार शासनकार्य चलता है। दीवानी और फौजदारी मामलेका विचार स्वयं सामन्त करते हैं। राजस्व चार लाख रुपयेका है। राज्य भरमें कुल ४३ स्कूल और एक अस्पताल हैं।

२ उक्त सामन्तराज्यका प्रधान नगर। यह अक्षा० १८´ ९´ उ० तथा देशा० ७३´ ५२´ पू० पूना शहरसे २५ मील दक्षिणमें अवस्थित है। जनसंख्या चार हजारसे ऊपर है। यहां राजप्रासाद अवस्थित है।

भोर (हिं० पु०) १ प्रातःकाल, सबेरा। २ एक प्रकारका बड़ा पक्षी। इसके पर बहुत सुन्दर होते हैं। यह हरियालीको बहुत पसन्द करता है, इसका प्रधान खाद्य है फल फूल तथा कीड़े मकोड़े। खेतोंकी फसलको यह बहुत हानि पहुंचाता है। रातके समय ऊंचे वृक्षों पर विश्राम करता है। ३ खमी नामक सदाबिहार-वृक्ष। (वि०) ४ धोखा, भूल।

भोरघाट—बम्बईप्रदेशके पश्चिमघाट पर्वतमालाके मध्य-स्थित एक गिरिसङ्कट। यह बम्बई और पूना नगरके मध्य-स्थलसे प्रायः बीस कोशकी दूरी पर अक्षा० १८´ ४६´ ४५″ उ० तथा देशा० ७३´ २३´ ३०″ पू०के मध्य अवस्थित है। इस गिरिसङ्कट पर्यन्त रेलपथका विस्तार शिल्पविद्या (Enginearing)का अद्भुत निदर्शन है। २०२७ फीट ऊंचे विस्तृत पथमें टानेल, सेतु और खिलान द्वारा ऐसा वर्त्म-निर्माण भारतमें और कहीं नहीं देखा जाता। यह काम सम्पन्न करनेमें प्रायः साठ लाख रुपये खर्च हुए थे। १८६१ ई०में पांच वर्ष बाद इसका काम समाप्त हुआ।

महाराष्ट्र-अधिकारके समय दाक्षिणात्यमें यह द्वाररूपमें गिना जाता था।

१८०४ ई०में अङ्गरेज-सेनानी वेलेस्लीने बम्बईसे अश्वारोही सेनादलके साथ दाक्षिणात्यजाने आनेकी सुविधाके लिये भोरघाटका रास्ता पूना तक विस्तृत और सुगम कर दिया। बाद उसके १८३० ई०में बम्बईप्रदेशके शासनकर्त्ता सर जान मैकम बहादुरने उसे यानवाहनके लिये उपयोगी बनाया। वे स्वयं लिख गये हैं, कि इस प्रशस्त पथविस्तारमें कोङ्कण और दाक्षिणात्य प्रदेशका एक मन्दिर भग्न हो गया है। सेना-परिचालन और वाणिज्यमें बहुत सुविधा हो गई है। यहां तक कि दाक्षिणात्यवासी किसी भी मनुष्यको अब द्रव्यादिके अभावसे कष्ट नहीं उठाना पड़ेगा।

भोरपी—दाक्षिणात्यवासी निकृष्ट जातिविशेष। ये लोग नाना देशोंमें घूम घूम अभ्यस्त व्यायामक्रीड़ा और कौतुक जनसाधारणको दिखा कर अपना जीवन-निर्वाह करते हैं। ये बहुत अंशमें कुनबियोंसे मिलते-जुलते हैं। साधारणतः ये दृढ़काय, बलिष्ठ और कष्टसहिष्णु हैं। मद्य और गो-शूकरादिका निन्दित मांस खानेमें ये आपत्ति नहीं करते।

ये साधारणतः व्यायाम ही करते हों, सो नहीं, अनेक मनुष्य इधर उधर भिक्षा भी मांगते हैं। कोई कोई द्वार द्वार गीत गा कर या नाट्यरहस्यादि दिखा कर जनसाधारणमें प्रीतिउपादान करते एवं उस प्रकारसे लब्ध अर्थ द्वारा परिवारका प्रतिपालन करते हैं। इसके सिवा कोई कोई अर्थवान् व्यक्ति गो-मेषादि भी पालते हैं। बालकगण युवा या प्रौढ़गणके साथ गाय चराने जाते और स्त्रियां वनमें रन्धनोपयोगी काष्ठ और गोयठा चुनती हैं।

ये स्मार्त्तमतानुसार धर्मकर्म करते हैं। पूर्व दिन ये स्नान कर पुष्पचन्दनादि ले कर स्थानीय वाहरोवा, जनाई और खानहोवा आदि देवमूर्तिकी पूजा करते, उसके बाद भोजन करते हैं। देवदेवीके प्रति इनकी विशेष भक्ति रहती है। विवाह और श्राद्धादिमें ये ब्राह्मणको पौरोहित्यमें नियुक्त करते हैं। जातीय और सामाजिक विभ्राटकी निष्पत्ति पञ्चायत-सभा द्वारा होती है।

भोरा (हिं० पु०) युक्तप्रांत, मद्रास और ब्रह्मदेशको नदियोंमें मिलनेवाली एक प्रकारकी मछली जो प्रायः फुट भर लम्बी होती है।

भोराई (हिं० स्त्री०) भोलापन, सिधाई।

भोराना (हिं० क्रि०) १ भ्रममें डालना, बहकाना। २ भ्रममें पड़ना, धोखेमें आना।

भोरानाथ (हिं० पु०) भोलानाथ देखो।

भोरी (हिं० स्त्री०) अफीमका एक रोग।

भोलन झा—दरभङ्गा-निवासी एक मैथिल ब्राह्मण। आप मिथिला भाषामें हरिवंश नामक एक पुस्तक लिख गये हैं।

भोला (हिं० वि०) १ सरल, सीधा-सादा। २ मूर्ख बेवकूफ।

भोलानाथ (सं० पु०) शिव, महादेव।

भोलापन (हिं० पु०) १ सरलता, सिधाई। २ मूर्खता, नादानी।

भोलाभाला (हिं० वि०) सरल चित्तका, सीधा-सादा।

भोलि (सं० पु०) उष्ट्र, ऊंट।

भोस् (सं० अव्य०) भा डोसि, निपातनात् सिद्ध। १ सम्बोधन। २ प्रश्नविधान।

भोस—सतारा जिलेके तासगांव तालुकके अन्तर्गत एक गण्ड ग्राम। यह अक्षा० १६' ५१' उ० तथा देशा० ७४' ४६' पू० तासगांव नगरसे साढ़े चार कोस दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है। इस ग्रामके पार्श्वस्थ शैलमें महादेवका गुहामन्दिर अवस्थित है। इस मन्दिरमें जानेके लिये पटवर्द्धन सामन्तोंके व्ययसे निर्मित एक पथ है।

यहांकी शक सं० ६११में उत्कीर्ण एक शिलालिपिमें कौशल्यापुरके राजा श्रृङ्गणका नाम मिलता है। प्रत्नतत्त्वविदोंका विश्वास है, कि उक्त राजा श्रृङ्गण सम्भवतः देवगिरिके यादवराज सिंघन होंगे एवं उनके द्वारा ही कुण्डल और मालकेश्वरका मन्दिर निर्मित हुआ होगा। स्थानीय प्रवादसे जाना जाता है कि कौण्डल्यपुरमें हिंगनदेव नामक एक राजा रहते थे। वे महादेवकी प्रीतिके लिये बहुत यागयज्ञ किया करते। कोई कोई इन्हीं शैवप्रधान हिंगनदेवको ही श्रृङ्गणराज कहा करते हैं। इसके सिवा यहां कनाड़ी भाषामें उत्कीर्ण

एक और आधुनिक शिलालिपि पाई जाती है। शिवमूर्त्तिके अलावा इस गुहामन्दिरमें अष्टभुजा भवानी, नन्दी और वीरभद्रमूर्त्ति प्रतिष्ठित हैं। समग्र गुहामन्दिर ५८ फीट लम्बा और ३६ फीट चौड़ा है। इसका कारुकार्य उतना खराब नहीं है। प्रति श्रावण-सोमवारमें यहां बहुत लोगोंका समागम होता है।

भोसर (हिं० वि०) मूर्ख, बेवकूफ।

भोस्कार—सम्बोधनके लिये विनीत वाक्यप्रणाली।

भोहर—शार्ङ्गधर-पद्धति-धृत एक कवि। कोई कोई इन्हें डोहर भी कहते हैं।

भौं (हिं० स्त्री०) आंखके ऊपरके बालोंकी श्रेणी, भौंह।

भौंकना (हिं० क्रि०) १ भौं भौं शब्द करना, कुत्तोंका बोलना। २ निरर्थक बोलना, बक बक करना।

भौंगर (हिं० पु०) छत्रियोंकी एक जाति।

भौंचाल (हिं० पु०) भूकम्प देखो।

भौंड़ी (हिं० स्त्री०) छोटा पहाड़, पहाड़ी।

भौंतुवा (हिं० पु०) १ खटमलके आकारका एक प्रकारका काले रंगका कीड़ा। यह प्रायः वर्षा ऋतुमें जलाशयों आदिमें जलतलके ऊपर चक्कर करता हुआ फिरता है। २ एक प्रकारका रोग। इसमें बाहुदंडके नीचे एक गिलटी निकल आती है। ३ तेलीका बैल जो सबेरेसे ही कोल्हूमें जोता जाता है और दिन भर घूमा करता है।

भौंर (हिं० पु०) १ भौंरा, चंचरीक। २ आवर्त्त, नांद।

भौंरकली (हिं० स्त्री०) भँवरकली देखो।

भौंरा (हिं० पु०) १ काले रंगका उड़नेवाला एक पतंगा। भ्रमर देखो। २ बड़ी मधुमक्खी, सारंग। ३ हिंडोलेकी एक लकड़ी। यह मयारीमें लगी रहती है और इसमें डोरी वा डंडी बंधी रहती है। ४ लट्टूके आकारका एक खिलौना। इसमें कील वा छोटी डंडी लगी रहती है। इसी कीलमें रस्सी लपेट कर लड़के इसे भूमि पर नचाते हैं। ५ काला वा लाल भड़। ६ रहटकी खड़ी चरखी जो भंवरीको फिराती है। ७ गाड़ीके पहियेका वह भाग जिसके बीचके छेदमें धुरेका गज रहता है और जिसमें आरा लगा कर पहियेकी पुट्ठियां जड़ी जाती हैं। ८ पशुओंका एक रोग जिसे चेचक कहते हैं। ९ पशुओंकी मिरगी। १० एक प्रकारका कीड़ा जो ज्वार आदिकी फसलको हानि पहुंचाता है। ११ वह कुत्ता जो गड़रियोंकी भेड़ोंकी रखवाली करता है। १२ मकानके नीचेका घर तहखाना। १३ वह गड्ढा जिसमें अन्न रखा जाता है।

भौंटाना (हिं० क्रि०) १ परिक्रमा करना, घुमाना। २ विवाहकी भांवर दिलाना, विवाह कराना। ३ चक्कर काटना, फेरी लगाना।

भौंरी (हिं० स्त्री०) १ पशुओं आदिके शरीरमें रोआं या बालों आदिके घुमावसे बना हुआ वह चक्र जिसके स्थान आदिके विचारसे उनके गुण-दोषका निर्णय होता है। २ भंगा कड़ी, बाटी। ३ आवर्त्त, तेज बहते हुए जलमें पड़नेवाला चक्कर। ४ विवाहके समय वर-बधूका अग्निकी परिक्रमा करना।

भौंह (हिं० स्त्री०) भृकुटी, भौं।

भौ (हिं० पु०) जगत्, संसार।

भौका (हिं० पु०) बड़ी दौरी, टोकरा।

भौगिक—भोगकका गोत्रापत्य।

भौगोलिक (सं० त्रि०) भूगोल संबंधी, भूगोलका।

भौचक (हिं० वि०) जो कोई विलक्षण बात या आकस्मिक घटना देख कर घबरा गया हो, हक्का बक्का।

भौचाल (हिं० पु०) भूकम्प देखो।

भौज (हिं० स्त्री०) भाईकी पत्नी, भौजाई।

भौजकट (सं० त्रि०) भोजकट-देशसम्बन्धीय।

भौजाई (हिं० स्त्री०) भ्रातृबधू, भाभी।

भौजि (सं० पु०) भोजदेशे भवः इञ्। भोजदेशमें उत्पन्न।

भौजीय (सं० त्रि०) भौजे भोजदेशे भवः, गहादित्वात् छ। भोजदेशभव, भोजदेशमें होनेवाला।

भौज्य (सं० पु०) वह राज्यप्रबंध जिसमें प्रजासे राजा लाभ उठाता हो पर प्रजाके सत्वोंका कुछ विचार न करता हो।

भौठा (हिं० पु०) छोटा पहाड़, टीला।

भौत (सं० पु०) भूतानि प्राणिनोऽधिकृत्य प्रवृत्तः अण्। बलिकर्म। यह पञ्चयज्ञके अन्तर्गत है। भोजनके पहले प्राणियोंके उद्देशसे जो बलि दी जाती है उसे भौत कहते हैं। २ देवल, पुजारी। भूत-भिक्षादिभ्योऽण्। ३ भूतसङ्घ। (त्रि०) भूत-तस्येदमित्यण्। ४ भूतसम्बन्धी।

भौतिक (सं० क्ली०) भूतानां विकारः ; इति ठक्। १ मुक्ता मोती। २ सृष्टिविशेष।

"अष्टविकल्पो दैवस्तैर्यग्यौनश्च पञ्चधा भवति।
मानुष्यश्चैकविधः समासतो भौतिकः सर्गः ॥"

(सांख्यका० ५३)

भौतिकसृष्टि।—ब्राह्म, प्राजापत्य, ऐन्द्र, पैत्र, गान्धर्व, यक्ष, राक्षस और पैशाच ये आठ प्रकारकी देवयोनि हैं ; पशु, मृग, पक्षी, सरीसृप और स्थावर ये पांच तिर्यग्योनि और मनुष्ययोनि हैं ; एक तरहसे संक्षेपमें यही भौतिक सृष्टि है। चैतन्यके उत्कर्षापकर्षके अनुसार भौतिक सृष्टिके ऊद्ध्‌र्व, अधः और मध्य यह तीन विभाग कल्पित हुए हैं। इनमेंसे उद्ध्‌र्वलोक अर्थात् पश्वादि स्थावरान्त तिर्यक् शरीर हैं। रजोबहुल मध्यलोक, देवलोक सत्त्व-बहुल, तमोबहुल अधोलोक अर्थात् मानवयोनि है। उद्ध्‌र्वतम ब्रह्मासे ले कर स्तम्ब पर्यन्त सभी भौतिक सृष्टि है।

जब तक लिङ्गदेहकी निवृत्ति नहीं होती, तब तक कोई भी शरीर उत्पन्न होवे, उसमें लिङ्गशायी चेतनको जरामरणादि-जनित दुःख प्राप्त होगा। दुःख वस्तुतः प्राकृतिक है, किन्तु प्राकृतिक लिङ्गके साथ अभेद अध्यास रहनेके कारण आत्मा उस प्राकृतिक लिङ्गस्थ दुःखको अपनेमें अध्यास करती हैं। अतएव भौतिक सृष्टि ही दुःखका कारण है। (सांख्यदर्शन)

३ भूत सम्बन्धि गुणविशेष। दर्शनशास्त्रमें इस भौतिकगुणका विषय इस प्रकार लिखा है—अग्नि, वायु, जल, आकाश और मृत्तिका ये पांच भूत हैं। विशेष विशेष गुण देख कर वस्तुका पार्थक्य और उसका लक्षण निर्द्धारित होता है। अन्वय और व्यतिरेक इन दो प्रकारकी परीक्षाओं द्वारा देखा गया है कि आकाशका विशेष गुण शब्द, वायुका विशेष गुण स्पर्श, तेजका विशेष गुण रूप, जलका विशेष गुण रस और पृथिवीका विशेष गुण गन्ध है।

वस्तु व्यवहारके कुछ काल्पनिक भाव हैं, वे भी गुण कहलाते हैं। यथा—संख्या, परत्व और अपरत्व आदि इस जातिके गुण व्यवहारमूलक और उपाधिपक्षपाती हैं। जो पारिमाणिक गुण है वह दो प्रकारका है ; सांसिद्धिक और नैमित्तिक। जो स्वतःसिद्ध है, आश्रय वस्तुके रहनेसे रहता है और नहीं रहनेसे नहीं रहता, जो आश्रयके साथ एकत्र उत्पन्न है, एकत्र अवस्थित है और एकत्र विध्वस्त होता है, वह सांसिद्धिक गुण है। जिस प्रकार अग्निकी उष्णता और जलका द्रवत्व।

जो आगमापायी अर्थात् निमित्तवशतः उत्पन्न होता है, वह नैमित्तिक है ; जैसे जलका काठिन्य और वायुका शैत्य।

चक्षु जिसे ग्रहण करता है और जो श्वेत, पीत, लोहित इत्यादि शब्दोंसे उल्लिखित होता है, वह शब्दका अभिधेय है। इसी प्रकार यह कहीं वर्ण और कहीं रंग कहलाता है; जैसे श्वेतवर्ण, रक्तवर्ण, सफेद रंग, काला रंग इत्यादि। वर्ण अनेक प्रकार होने पर भी मूलवर्ण केवल तीन ही हैं, इससे ज्यादा नहीं ; श्वेत, लोहित और कृष्ण। इन तीन वर्णोंका नामान्तर अमिश्रवर्ण है। इसके सिवा जो मिश्रणसे प्रस्तुत होता है, वह मिश्रवर्ण कहलाता है। मूलवर्ण तीनसे कम नहीं हैं और न ज्यादा ही। इसका कारण यह है कि वर्णगुण भौतिक है। आकाश और वायुभूतके कोई वर्ण नहीं है, केवल पृथिव्यादि तीन भूतोंके ही वर्ण है। किस भूतसे कौन वर्ण होता है, उसका सिद्धान्त इस प्रकार है—पृथिवीसे कृष्ण, जलसे श्वेत और अग्निसे लौहित।

"यदग्ने रोहितं रूपं तत्तेजसः यच्छुक्लं तदपां
यत् कृष्णां तदन्नस्य" (छान्दोग्य उप०)

इन तीन वर्णोंसे विशेष विशेष वर्णोंकी उत्पत्ति हुआ करती है।

गुरुत्व।—गुरुत्व गुण क्षिति और जल उभयवर्त्ती है। अन्य किसी वस्तुमें इसकी सत्ता नहीं है। यही कारण है, कि पृथ्वीकी ओर पार्थिव और जलमय वस्तुकी गति होती है। उस गतिका नाम पतन और स्यन्दन है। तेज और वायुभूतमें बिलकुल गुरुत्व नहीं है, इन दोनोंमें गुरुत्वके विपरीत लघुत्व ही है। इसीसे उनकी और उनसे उत्पन्न पदार्थोंकी गति विपरीत और ऊद्ध्‌र्व की ओर होती है। इस गतिका नाम उत्पतन है। कभी कभी अन्यान्य तेजोमय वस्तुको जो पृथिवीकी ओर आते देखते हैं, वह गुरुत्व-प्रेरित नहीं, बल्कि वेग-प्रेरित है। अधःसंयोग अर्थात् पृथिवीमें संलग्न होनेके लिये ऊपरकी

वस्तुकी जो गति होतो है, उसीका नाम पतन है। पतनमें दो प्रकारके कारण हैं, यथा—गुरुत्व और वेग। उल्का और वज्राग्नि प्रभृति जो पृथ्वी पर आती हैं, उसका कारण वेग है, गुरुत्व नहीं। गुरुत्व गुण अतीन्द्रिय है, किन्तु वल्लभाचार्यके मतसे स्पर्श अर्थात् त्वगिन्द्रियके द्वारा भी गुरुत्वानुभव हो सकता है।

क्षिति, जल, और तेज इन तीन भूतोंमें द्रवत्व अवस्थित है। द्रवत्व दो प्रकारका है, सांसिद्धिक और नैमित्तिक। जलमें सांसिद्धिक द्रवत्व है और शेष दोमें नैमित्तिक द्रवत्व। नैमित्तिक अर्थात् निमित्तवशतः उत्पन्न। स्यन्दन द्रवत्व गुणका ही कार्यान्तर है। सत्तू आदि द्रव्य जो जल मिलनेसे पिण्डाकृति हो जाता है, वह स्नेहसंयुक्त द्रवत्वका प्रभाव है।

पञ्चभूत और महाभूत शब्द देखो।

(पु०) ४ महादेव, शिव। ५ उपद्रव। ६ आधि-व्याधि। ७ आँख नाक आदि इन्द्रियां। ८ शरीरादि। ९ बौद्धविशेष। (त्रि०) १० पञ्चभूतसम्बन्धी। ११ पार्थिव, पांचों भूतोंसे बना हुआ। १२ भूतयोतिसे संबंध रखनेवाला।

भौतिककाण्ड (सं० क्ली०) भूत-सम्बन्धिनो क्रिया।

भौतिकविद्या देखो।

भौतिकतत्त्व (सं० क्ली०) भूतजगत्की आलोचना-विषयक विद्याविशेष। भौतिकविद्या देखो।

भौतिकविद्या—भूत, प्रेत, दानव, दैत्य, पिशाच, पिशाची, डाकिनी, योगिनी, और नायिका आदिका परिचय, अमानुषिक घटना वा भौतिककाण्ड जिस विद्यासे मालूम होता है, उसको भौतिकविद्या कहते हैं। हमारे शास्त्रोंके अनुसार, जो निशाचर दिव्यभाव प्राप्त करके भी हिंसापरायण हैं, उन्हींको भूत कहते हैं। जिस विद्यासे भूतकी संज्ञा और स्वभावादि जाना जाता है, उसीको भूतविद्या कहते हैं।*

पृथ्वीकी सभी सभ्य और असभ्य जातियोंमें भूत, प्रेत, डाकिनी आदिका अस्तित्व तथा विश्वास है। इसके कष्टोंसे बचनेके लिये सब जातियोंमें 'ओझा' झाड़ फूंक करनेवाले मौजूद हैं। उन्नीसवीं शताब्दीके उन्नतिशील कितने ही वैज्ञानिक भूत-प्रेतमें अविश्वास प्रकट करते थे। किन्तु अब इस बीसवीं शताब्दीके प्रारम्भमें अमेरिकाके वैज्ञानिक भूत प्रेतमें विश्वास करने लगे हैं। 'थिओसौफी'-का विस्तार इसका एकमात्र कारण है। ऐसा मालूम होता है।

हिन्दुओंका विश्वास।

भारतवर्षमें केवल असभ्य और अनार्य्य जातियोंमें ही नहीं; बल्कि सुसभ्य आर्य हिन्दुओंका बहुत पुराने समयसे भूत-प्रेतमें विश्वास चला आता है। अथर्ववेदमें यातुधान, दुर्म्मति आदि दुर्देवोंकी भी स्तुति दिखाई देती है। उस समय लोगोंका यह विश्वास भी था, कि दुर्देव मनुष्यको कष्ट पहुंचाया करते हैं। किन्तु ऋक्, यजु और साम-संहितामें ऐसे दुर्देवोंके भयकी कोई बात नहीं लिखी है। मृत्युके भयके साथ ही अथर्ववेदके कालमें आर्य्योंके हृदयमें दुर्देवोंका भय हुआ करता था, किन्तु उसकी उत्पत्तिकी कोई बात अथर्ववेदमें नहीं लिखो है। पुराणकालमें भूतप्रेतों पर लोगोंका पूर्णरूपसे विश्वास जम गया था।

मार्कण्डेयपुराणमें बालकोंकी रक्षाके लिये (चेचक) माताओंके साथ साथ भूतोंको भी पूजाका विधान है।

"विक्षिपेज्जुहुयाश्चैवानलं मित्रञ्च कीर्त्तयेत्।
भूतानां मातृभिः सार्द्धं बालकानान्तु शान्तये॥"

(मार्कण्डेयपु० ५१।५३)

भागवतमें लिखा है—दुर्योगके समय महादेवके अनुचर तथा भूत विचरण किया करते हैं।

"एषा घोरतमा वेला घोराणां घोरदर्शना।
चरन्ति यस्यां भूतानिभूते शानुचराणि च॥

(भागवत ६।१४।२९)

परन्तु इन सब भूतोंकी उत्पत्ति कैसे हुई, किसी पुराणमें भी इसका विशेष विवरण नहीं मिलता। फिर भी विष्णुधर्मोत्तरमें लिखा है—"मृतकके दाहादि-कार्य कर चुकनेके बाद उसकी आतिवाहिर देह हो जाती है। यह

---

* "हिंसाविहारा ये केचिद्दिव्यं भावमुपाश्रिताः।
भूतानीति कृता संज्ञा तेषां संज्ञा प्रवक्तृभिः॥
ग्रहसंज्ञाभिभूतानि यस्माद्वेत्त्यनया भिषक्।
विद्याया भूतविद्यात्वमत एव निरुच्यते॥"

केवल मनुष्योंके ही होता है; दूसरे किसी जीवके नहीं होता। इसके बाद मृतात्माके लिये पिण्ड देने पर प्रेतको भोग-देह मिलती है। प्रेत-पिण्ड नहीं देनेसे मृतात्माकी मुक्ति नहीं होती है। वह आकाशमें शीत, वायु और तापकी असीम यातना भोगा करता है। सपिण्डीकरणके बाद उसे दूसरी भोग-देह मिलती है। इसके बाद वह अपने कर्मानुसार स्वर्ग या नरक जाता है। प्रेत देखो।

'मृतकको चिताकार्य हो जाने पर प्रेतयोनि प्राप्त होती है। कुछ लोग कहते हैं कि चितामें देनेके बाद ही प्रेतत्व प्राप्त हो जाता है, फिर कुछ शास्त्रवेत्ताओंका कहना है कि जब प्रेतके नामसे पिण्ड-दानादि किया जाता है तभी मृतात्माको प्रेतत्व प्राप्त होता है। प्राण निकल जाने पर पहला पिण्ड श्मशान ले जाते समय, दूसरा पिण्ड आधे रास्तामें और चितारोहणके समय तीसरा पिण्ड दे देने पर शवमें कोई दोष नहीं रह जाता। प्रथम दिन जैसा पिण्ड देना चाहिये, उसी तरहका पिण्ड दशों दिन देते रहना चाहिये। पहले दिनके पिण्डसे मूर्द्धा, दूसरे दिनके पिण्डसे गरदन और स्कन्ध, तीसरे दिनके पिण्डसे हृदय, चौथे दिनके पिण्डसे हाथ, पांचवें दिनके पिण्डसे नाभि, छठे दिनके पिण्डसे कटि, सातवें दिनके पिण्डसे गुह्य, आठवें दिनके पिण्डसे उरुद्वय, नौवें दिनके पिण्डसे घुटने और दोनों पैर तथा दशवें दिन प्रेत वायुदेह धारण करता तथा अत्यन्त क्षुधातुर हो जाता है। इसी दिन आमिष पिण्ड देनेकी विधि है। ग्यारहवें और बारहवें दिन प्रेत खाने लगता है। इसी दिन दीप, अन्न, जल, वस्त्र और जो कुछ दिया जाता है, वह 'प्रेत' उच्चारण करके दिया जाता है। इसी पिण्डजनक देह प्राप्त होने पर यमदूत प्रेतको महापथमें ले जाते हैं। इसी तरह यमदूतों द्वारा मार खाते और नाना तरहकी यातनाओंको सहते हुए 'असिपत्र' वनको पार कर भूख प्याससे छटपटाता जीव यमलोकको जाता है। और अठारहवें दिन यमके पूर्वपुरमें आ कर पैंतालिस दिन तक पुत्रका दिया हुआ अन्न-जल खाता पीता है। इसके बाद भयंकर आपदपूर्ण, वन्यभूमिमें अवस्थित सुरेन्द्र नरकमें आ कर जीव रोता रहता है। यहां यमदूतोंकी ताड़नामें दो महीने तक रहता है। तीसरे महीनेमें गन्धर्वनगरमें आ कर पुत्रके दिये हुए पिण्डको खाता है। चौथे मासमें शैलागमपुरमें लाया जाता है। यहां प्रेतोंके पीठ और सर पर बड़े बड़े पत्थर गिरा करते हैं। इस समय प्रेत-पुत्र आदिके दिये हुए श्राद्धके अन्नसे तृप्त होता है। इसके बाद पांचवें महीनेमें क्रूरपुरमें तथा छठे महीनेमें चित्रनगर लाया जाता है। इस समय प्रेत क्षण-क्षण भूख प्याससे कातर होता रहता है। इसको यहां बड़ा दुःख होता है। छठे महीनेके दिये पिण्डसे कुछ तृप्ति-लाभ करता है। इसके बाद प्रेत चार सौ वर्षकी रक्त या श्लेष्मापूर्ण वैतरणीमें लाया जाता है। यहां भयंकर यमदूतोंके द्वारा विताड़ित हो प्रेतको २४७ योजन मार्ग नित्य तैरना पड़ता है। आठवें मासमें पिण्ड खा कर अति दुःखद नगरमें तथा नवें महीनेमें नानाक्रान्तपुरमें लाया जाता है। वहां नवें मासका पिण्ड पा कर प्रेत नानाक्रन्दपुर और तप्तपुरमें आता है। पीछे दशवें महीनेमें सुतप्तनगर ग्यारहवें महीनेमें रुद्रस्थान और बारहवां मीहना पूर्ण हो जाने पर 'शतिपुर'-में लाया जाता है और सब स्थानोंमें क्रमानुसार मासिक पिण्ड भोजन करता है। इसके बाद विचारके लिये यमराज तथा चित्रगुप्तके समीप लाया जाता है। बिचारके बाद उसको स्वर्गका सुख तथा नरकका दुःख भोगना पड़ता है।'

(गरुणपुराण उ० ख० प्रेतकल्प)

प्रेत होनेका कारण।

किस तरहके मनुष्यको प्रेतकी योनि मिलती है। इसके सम्बन्धमें गरुड़पुराण (उत्तरखण्ड १२ अ०)-में लिखा है—

'जो सदा पाप करता है, जो कुआं बाग उपवन, (परती) देवालय जलशाला, अच्छे अच्छे वृक्ष, भोजनगृह और पितृपितामहका धर्म विक्रय करता है, लोभके वशीभूत गोचारण स्थान; ग्रामसीमा, तड़ाग, उपवन और गुहा आदि पर अधिकार कर ले, चाण्डालके हाथसे मारा जाय, जलमें गिरनेसे मृत्यु हो जाय सर्पके दंशसे, ब्राह्मणसे, बिजली गिरनेसे, डंसनेवाले जन्तुओंसे और पशुओंके आघातसे, बन्धनसे आत्महत्यासे, विष और

शस्त्रादिके आघातसे, हैजासे, आगसे जल जानेसे, महारोग तथा पापरोगसे, डाकुओंके हाथसे मर जाय, जिसका संस्कार न हुआ हो उसकी मृत्यु हो जानेसे, आचरणहीन व्यक्तिको मरने पर वृषोद्सर्गादि क्रिया और मासिक पिण्डादि लुप्त करनेवाले मृत आत्माको, जो शूद्र द्विजोंको अग्नि, तृण, काष्ठ और घृत आदि अपहरण कर ले उसके, तथा पर्वत परसे गिर, रजस्वला आदि दोषसे मरने, जमीन पर मरनेसे या एकान्तमें मृत्यु होनेसे, विष्णु-नामसे वंचित मृत्यु होनेसे, सूतकादि रहनेसे तथा अन्यान्य अपमृत्युओंसे मनुष्य प्रेतयोनि पाता है। इसके सिवा जो ब्राह्मणों तथा देव और गुरुकी वस्तुओंकी चोरी करता है, जो कन्या बेचता है, जो बिना अपराधके माता, बहिन, स्त्री, पुत्रवधू और कन्याका परित्याग करता है; न्यासापहारी, मित्रद्रोही, परस्त्री-गामी, विश्वास-घातक, गो-हत्याकारी, मद्य पीनेवाला, गुरु-पत्निसे सम्भोग करनेवाला, कुलका मार्ग छोड़नेवाला, सदा झूठ बोलनेवाला, सुवर्ण और भूमि हरण करनेवाला ये सब मनुष्य भी मृत्युके बाद प्रेत हुआ करते हैं। इसके उपरान्त यह भी लिखा है कि जो तापसी, स्वगोत्री और अगम्या स्त्रीके साथ सम्भोग करते हैं, वे महाप्रेत होते हैं। (गरुड उ० खं०)

गरुड़पुराणके उत्तरखण्ड (अध्याय ३०)-में प्रेतकी एक और विशेषता लिखी है—

'जो ब्राह्मण भूखे रह कर मर जाते हैं, जो हिंसक जन्तुओंके चोटसे मरते हैं और जो गलेमें फांसी लगा कर मरते हैं, एकाएक कठोर चोटसे मरनेवाला, बाघ, अग्नि और विष अथवा हैजासे मरनेवाला, आत्मघाती, गिरनेसे, बन्धनसे, जलमें डूबनेसे, म्लेच्छके हाथसे, कूदनेसे, महारोग अथवा स्त्रीके पापसे या चाण्डाल, जल, सर्प रजस्वला, अपवित्र रजकादि अछूतोंके छू देनेसे जो मनुष्य मरता है, वह नरकभोग कर चुकनेके बाद प्रेत या भूत होता है।

प्रेतके लिये श्राद्ध करनेकी जरूरत है। यदि श्राद्ध आदि क्रिया नहीं हो, तो उस प्रेतकी पिशाचकी-सी गति होती है। फिर जिसके सन्तान आदि नहीं हैं, वे सौ वर्ष तक घोरतर नरक भोग कर यमदूत हुआ करते हैं।

पद्मोत्तरखण्डमें लिखा है, सत्ताईस युग तक दारुण नरक यातना भोग करनेके बाद पिशाच होता है।

प्रेत शब्द देखो।

पिशाचोंका रूप अत्यन्त विवर, फिर भी कराल दीनभावापन्न और भीतिप्रद, आंखें भीतरको धसी हुईं पोली, केश उलटे हुए, शरीर काला, पतली जिह्वा, बड़े बड़े होंठ, लम्बी जांघ और बाहु, सूखा मुंह और रूप यमदूतोंकी तरहका होता है।

गरुड़पुराणके अनुसार प्रेत अपने कर्म्मोंके अनुसार वायुरूप शरीर युक्त और अत्यन्त क्षुधातुर होता है। फिर दूसरी जगह लिखा है, भूतगण दिग्वासी होते हैं।

"पिशाचा राक्षसा यक्षा ये चान्ये दिशि वासिनः।"

(प्रेतकल्प ५।३५)

एक प्रेत अपने रूपका वर्णन इस प्रकार करता है:—

"इतवाक्या वयं सर्वे नष्टसंज्ञा विचेतसः।
न जानीमो दिशं तात विदिशं चातिदुःखिताः॥
गच्छामः कुत्र वै मूढ़ाः पिशाचाः कर्मजा वयं।
न माता न पितास्माकं प्रेतत्वं कर्मभिः स्वकैः॥
प्राप्ताः स्म सहसा तद्वै दुःखोद्वेगसमाकुलम्॥"

(प्रेतकल्प १२ अध्याय)

हम लोग सभी मूक हैं, बोल नहीं सकते, नाम भी नहीं है और चेतना-रहित हैं, हमें दिशाओंका भी कुछ ज्ञान नहीं, इसीसे हम लोग बड़े दुःखसे जीवन बिता रहे हैं। हम लोग मूढ़ हैं और अपने कार्योंके द्वारा पिशाचयोनिमें आये हैं। हम लोगोंके न पिता हैं और न माता, अपने कर्मके अनुसार ही यह दुःख भोग रहे हैं।

गरुड़पुराणमें और भी लिखा है—

"कलौ प्रेतत्वमाप्नोति तार्क्ष्याशुद्धक्रियापरः।
कृतादौ द्वापरं यावन्नप्रेतो नैव पीड़नम्॥" (१०।१७)

कलिकालमें अशुद्धक्रियाशील मनुष्यगण प्रेतत्वको प्राप्त होते हैं। किन्तु सत्य, त्रेता और द्वापरमें न प्रेत होते थे और न प्रेत-पीड़ा ही होती थी।

प्रेतका विचरण-स्थान।

जो कोई प्रेतयोनि पाता है, वह कहां रहता है? प्रेतलोकसे छूट कर कहां जाता तथा किस तरह पाप भोगता है। प्रेत चौरासी लाख नरकोंका भोग करता

है ? वहां रात दिन सहस्रों प्रहरी उनकी रक्षा करते हैं। इस तरह पहरेमें रह कर वे किस तरह नरकसे बाहर निकल कर पृथ्वी पर विचरण करते हैं ? इसका उत्तर भी गरुड़पुराणमें ही लिखा है,—

'दूसरेका धन अपहरण करनेवाला, और परस्त्रीगामी मनुष्य मरने पर भूत होकर बिना शरीरके ही विचरण करता है। ऐसे भूत या प्रेत भूख प्याससे व्याकुल रहा करते हैं। बन्दीगृह छोड़ कर पशु जैसे घूम कर मर जाता है, प्रेत भी उसी तरह अपने सहोदरोंका वध कर स्वयं ध्वंस हो जाते हैं। ये पितृमार्गका उच्छेद करनेवाले और पितृ-द्वारको रोकनेवाले होते हैं। डाकू जैसे पथिकोंका धन लूट लिया करते हैं, उसी तरह प्रेत भी पितृभागको ग्रहण किया करते हैं। यह सुयोग पाकर अपने घरमें आकर मलमूत्र त्याग करनेके स्थानमें वास करते हैं। वहां रहकर रोगी और दुःखी लोगोंके प्रति दृष्टिपात किया करते हैं। जूठा फेंकनेकी जगहमें आकर किसीको एक दिन बाद कर और किसीको कभी ज्वर चढ़ा दिया करते हैं। ये भूत जातिसे रक्षित होकर जूठे पानी और अन्नको खाया करते हैं। प्रेत अपने कुलको बहुत दुःख देते हैं; मौका पाने पर औरोंको भी तंग करते हैं। जीवितकालमें जिसके साथ उसका विशेष स्नेह रहता है, प्रेत उसीको अधिक दुःख दिया करते हैं।

(गरुड़पुराण प्रेतकल्प)

प्रेतांश होने पर मनुष्यमें कैसे लक्षण दिखाई देते हैं, इसके सम्बन्धमें भी गरुड़पुराणमें लिखा है—'प्रेतोंसे किसीको सुख और किसीको दुःख हुआ करता है। किसीके प्रेतसे पुत्र उत्पन्न होता, और किसीका पुत्र मर भी जाता है। किसीके नसीबमें कभी पुत्र लाभ होता ही नहीं। भाई भाईमें विरोध, सन्तान हो हो कर मर जाना, पशुओंकी मृत्यु, द्रव्यनाशजनित कष्ट, प्रकृतिके विपरीत कार्य, अकस्मात् विपत्तिका आना, नास्तिकता आ जाना, व्रतलोप, घमण्ड, नित्य कलह, माता पिताकी हिंसा, देव-निन्दा, अच्छे ब्राह्मणोंकी निन्दा, हत्याका दोष, नित्यकर्म और जप तप न करना, दूसरेका धन अपहरण करना, तीर्थमें जाकर परायेसे आसक्त होना, नित्यक्रियाको छोड़ देना, धर्मकर्ममें अनिच्छा होना, अच्छे समयमें खेतीको हानि हो जाना, सद्व्यवहारका न होना, सबसे कलह करना, पथमें चलने पर वायुमण्डलसे कष्ट पाना, हीन जातिके साथ मित्रता, नीच कर्मोंमें प्रवृत्ति, अधर्ममें रुचि, व्यसनोंमें धनका अपव्यय, कार्यके आरम्भमें हानि, चोर, राजा और अग्नि द्वारा अनिष्ट होना, महारोगोंकी उत्पत्ति, अपने शरीर या अपनी पत्नीकी पीड़ा, श्रुतिस्मृति, पुराण और धर्मकर्ममें मानसिकविरक्ति, सदा अभावका होना, देवका तीर्थ और द्विजातियोंको सुहृदयतासे न देखना, प्रत्यक्ष या पीछे देव ब्राह्मणोंका दोष वर्णन करना, स्त्रीका गर्भपात, मासिकधर्मका न होना, बालकोंकी मृत्यु, भार्य्याके साथ विरोध, शुद्धरूपसे वार्षिक श्राद्ध न करना, कलह, व्याघात, पुत्रोंके साथ शत्रु सदृश बर्त्ताव करना, प्रीति और सुखका अभाव, सदा घरकी कलह, भोजनके समय क्रोधित हो जाना, परायेसे द्रोह करना, पिताकी आज्ञा न मानना, अपनी पत्नीके साथ सहवास न करना और दूसरी स्त्रियोंके साथ सहवास करना आदि सभी काम प्रेतांशके लक्षण हैं। क्रियाविहीन, जीवितावस्थामें दुष्टोंका साथ, मरने पर वृषोत्सर्गादिका न होना, (सांढ़का न दागा जाना) अकाल मृत्यु, भूतकी दाह्य-क्रियादिका लोप होना यह सब प्रेत-लीला है।

प्रेतावेश।

गरुड़पुराणमें प्रेतावेशके लक्षण इस तरह लिखे हैं;

'प्रेत पिशाचयोनि प्राप्त कर जो काम करते हैं, उनके स्वरूप और चिह्नका वर्णन करते हैं,—ये बिना शरीरके होते हैं और भूख प्याससे जर्ज्जरित हो कर वायुवेगसे अपने अपने घरोंमें प्रवेश करते हैं और अपने व्यक्तियोंको चिह्नोंसे पहचानते हैं। हाथी, घोड़े, बैल अथवा कुरूप मुख बना कर अपने पुत्र, भार्या और भाइयोंके पास जाते हैं। जो एकाएक सोतेसे उठकर करवट बदलता है अथवा आत्माकी बिपरीतता देखता है, वह मनुष्य प्रेतसे दुःख पाता है। यदि कोई अपनेको बंधा तथा हर तरहके बन्धनसे बंधा हुआ समझे, स्वप्नमें अन्न, मांगे, और अपने आप पाप करता है, स्वप्नमें जो अपना या भोजनके बाद दूसरेका अन्न लेकर भागता है और तृष्णातुर व्यक्तियोंका जल पान कर लेता है, स्वप्नमें अपनेको बैल

परचढ़ता देखे, अथवा वृक्षके साथ जो चले, कूद कर जो आकाशमें चढ़ना चाहे, भूखे रह तीर्थमें जाय, जो अपनी भार्या, पुत्र, भाई, पति और प्रभुको जीवित रहते ही मृत्यु अवस्थामें देखे, उस मनुष्यको प्रेतका अंश जरूर समझना चाहिये। स्वप्नमें भूख और प्याससे दुःखी हो, जो जल और अन्नकी आकांक्षा करता हो, उसके भी भूतावेश समझना चाहिये, ऐसी अवस्थामें तीर्थमें जाकर पिण्डदानादि करना चाहिये। प्रेताविद्ध व्यक्ति स्वप्नमें देखता है, कि उसका पिता, पुत्र, भ्राता, स्त्री, सभी घरसे वाहर जा रहे हैं।

हमारे वैद्यकशास्त्रमें भी भूत तथा भूतावशका विस्तार रूपसे वर्णन है, यहां संक्षेपमें लिखते हैं,—

"गुह्यानागतविज्ञानमनवस्था सहिष्णुता।
क्रिया वाह्यमानुषी यस्मिन् स ग्रहः परिकीर्त्त्यते॥
असङ्ख्येया ग्रहगणा ग्रहाधिपतयास्तु ये।
व्यज्यन्ते विविधाकारा भिद्यान्ते ते तथाष्टधा॥"

जो प्राणी गुह्य और अनागत-विज्ञान यानी किसी तरहसे भी जो नहीं देखते और जिनके रहनेका कोई नियत स्थान नहीं तथा जिनका कार्य सदा अमानुषिक हुआ करता है, उनको ही भूत या ग्रह कहते हैं। ग्रहगण और ग्रहाधिपति असंख्य है और इनके आकार भी नाना तरहके हैं। यह सभी जगह आठ श्रेणियोंमें वांटे गये हैं। जैसे—

"देवास्तथा शत्रुगणाश्च तेषां गन्धर्वयक्षाःपितरो भुजङ्गाः।
रक्षांसि या चापि पिशाचजातिरेयोऽष्टधा देवगणाग्रहाख्यः॥"

देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, पितृग्रह प्रेत), भुजङ्ग, राक्षस और पिशाच ये आठ प्रकारके भूत या ग्रह मनुष्योंको तंग किया करते हैं। इनकी साधारण संज्ञा देवग्रह है।

उक्त आठ प्रकारके भूताधिष्ठित व्यक्तियोंके लक्षण अलग अलग हैं। जिसके प्रति देवग्रहका आभास होता है वह व्यक्ति सन्तुष्ट, शुद्ध, गन्धमाल्य-प्रिय, तन्द्रा-हीन, असम्बन्ध-संस्कृत-भाषी, तेजस्वी, स्थिरनेत्र, वरदाता होता और उसमें ब्रह्मतेज दिखाई देता है।

जिसके प्रति दानवोंका आवेश होगा, उसके शरीरमें पसीना निकलता रहता है तथा वह द्विज, गुरु और देवताके दोष कहता रहता है और उसकी आखें टेढ़ी होती हैं, निर्भय हो जाता और इधर उधर ताकता रहता और अन्नपानादिसे असंतुष्ट और दुष्टात्मा हो जाता है।

गन्धर्व-ग्रहसे पीड़ित मनुष्य सन्तुष्ट चित्त, उपवन या उद्यान-सेवी, अपने काममें मस्त और गीत तथा गन्ध-माल्यप्रिय होता है। यह कभी नृत्य करता, कभी हंसता और कभी मनोरम और प्रिय वचन वोलता है।

यक्षग्रहके वशीभूत मनुष्यकी आंखें लाल रंगकी हो जाती हैं, यह व्यक्ति फीका लाल रंगके कपड़े पहननेवाले व्यक्तिसे प्रेम करता है और गम्भीर्यशील, तीक्ष्ण वुद्धि, सहिष्णु और तेजस्वी होता है। थोड़ा वोलता और जो कुछ वोलता प्रिय वोलता है और कहता रहता है कि किसको मैं क्या दूं?

"प्रेतेभ्यो विसृजति संस्तरेषु पिण्डान्
शान्तात्मा जलमपि चापसव्यवस्त्रः।
मांसेप्सुस्तिलगुड़पायसाभि काम-
स्तुद्भक्तोभवति पितृग्रहाभिभूतः॥"

जिस मनुष्य पर प्रेतावास होता है, वह दाहिने कंधे पर चद्दर डालकर कुशा लेकर मृतव्यक्तिको पिण्डदान करता और गंभीरचित्त, मांसलिप्स, तिल, गुड़ और पायसाभिलाषी होता है।

जो मनुष्य भुजङ्गम-ग्रहसे पीड़ित होता है, वे कदाचित् सर्पकी तरह भूमि पर चलता है और जीव द्वारा ओठोंको चाटता रहता है और वहुत सोनेवाला तथा गुड़, मधु और क्षीर-भोजी होता है। राक्षस-ग्रहाभिभूत मनुष्य मांस, रक्त, विविध मद्य-विकार-लिप्सु, निर्लज्ज, अति निष्ठुर, अति वीर, क्रोधशील, विपुल वलशाली, निशाविहारी और अपवित्र रहा करता है।

"उद्धस्तः कृशपरुषश्चिरप्रलापी
दुर्गन्धो भृशमशुचिस्तथातिलोलः।
वह्वाशी विजनहिमाम्बुरात्रिसेवी
व्याचेष्टं भ्रमति रुदन् पिशाचजुष्टः॥"

पिशाच-ग्रहसे अभिभूत व्यक्ति ऊर्द्ध्व-हस्तयुक्त कृश (पतला-दुवला), कठोर-हृदय, वकवादी, मैला-कुचैला, अपवित्र, अत्यन्त चञ्चल और वहुत खोनेवाला होता है; तथा एकान्त स्थान, ओस, जल और रात्रि-सेवी तथा

चेष्टा-रहित हो कर भ्रमण करता और रोया करता है।

"देवग्रहः पौर्णमास्यामसुराः सन्ध्ययोरपि ।
गन्धर्वः प्रायशोऽष्टम्यां यक्षाश्च प्रतिपद्यथ ॥" इत्यादि ।

मनुष्यके शरीरमें पूर्णिमाके दिन देवग्रह, प्रातःसन्ध्या और सायंसन्ध्याके समय असुर, अष्टमीको गन्धर्व, प्रतिपदाको यक्ष, कृष्णपक्षमें पितृग्रह, पञ्चमीको भुजङ्गम, रातको राक्षस और चतुर्दशीको पिशाच प्रवेश करता है। जैसे दर्प आदि स्वच्छ वस्तुओंमें छाया, प्राणि-शरीरमे शीतोष्णता, सूर्यकान्तमणिमें सूर्यकिरण और देहमें प्राण प्रवेश करता है, वैसे ही ग्रह अदर्शित-रूपसे मनुष्यके शरीरमें प्रवेश करता है।

"तपांसि तीव्राणि तथैव दानं व्रतानि धर्मो नियमश्च सत्यम् ।
गुणास्तथाष्टावपि तेषु नित्या व्यस्ताः समस्ताश्च यथा प्रभावम् ॥"

तीव्र तपस्या, दान, व्रत, धर्मनियम, सत्यवादिता और आठ प्रकारके गुण उनके नित्यधर्म हैं। किसी किसी ग्रहमें यह सभी गुण होते हैं, और किसी ग्रहमें इन गुणोंमें कमी भी रहती है। यह बात ग्रहोंके प्रभावके अनुसार जानी जाती है।

"तेषां ग्रहाणां परिचारका ये कोटीसहस्रायुतपद्मसंख्याः ।
असृग् वसामांसभुजाः सुभीमा निशाविहाराश्च तमाविशन्ति ॥"

पूर्व-कथित ग्रहोंमें किसीके पास करोड़, किसीके पास सहस्र और किसीके पास दश हजार सेवक रहते हैं। ये सभी परिचारकरक्त, मांस, और वसा भक्षण किया करते हैं। इनका रूप भयंकर है और ये रातको विहार या विचरण किया करते हैं। ये ही परिचारक भूत या चुड़ेलके नामसे कभी कभी मनुष्योंके शरीरमें प्रवेश कर उन्हें तंग किया करते हैं।

उपर्युक्त ग्रहोंमें जो देवोंमें सम्मिलित हैं, देवोंके संगसे उनका आचरण देव सदृश्य हो गया है। अतएव ये सब 'ग्रह'-के नामसे पुकारे जाते हैं। इनको देवताकी तरह पूजा तथा प्रणाम करना चाहिये। देवताओंसे जैसे वरकी प्रार्थना की जाती है, वैसे ही इनसे भी वरकी याचना करनी चाहिये। गृहदेवता या गृहदेवियां जैसे शुद्धाचारयुक्त हैं, वैसे ये भी शील और शुद्धाचारसम्पन्न हैं।

ग्रहपीड़ित मनुष्योंकी चिकित्सा नियमपूर्वक जप और होम करना है। ग्रहशान्तिके लिये लाल रंगका गन्ध युक्त पुष्पहार और सब तरहके आहारीय द्रव्यकी बलि देनी चाहिये। यही भूतोत्पातके शमन करनेका सामान्य साधन है। वस्त्र, मद्य, मांस, क्षीर, रुधिर आदि चीजें, ग्रहोंके अनुरूप, दे कर उनको सन्तुष्ट करना चाहिये। जिस जिस दिन, जिस जिस समय ग्रह मनुष्योंके शररीमें प्रवेश करते हैं, उसी उसी दिन तथा उसी उसी समय भूतोत्पातकी शान्तिके लिये ग्रहोंकी पूजा करना आवश्यक है। देवालयमें अग्निकी स्थापना कर होम और देवोंको बलि देना चाहिये। कुशा, अरवा चावल, आटा, घृत, छाता और खीर आदि चीजें गामोंके चबतरों पर दान करना चाहिये। चौराहे पर या भयङ्कर वनमें राक्षसोंको बलि देना चाहिये।

शास्त्रोंमें कहे हुए मन्त्रसे भूतोंकी बलि देना आवश्यक है। केवल बलि द्वारा ही भूतका उत्पात शान्त नहीं होता, उसकी दवा भी करनी चाहिये।

औषध—बकरी, भालू, सेहिया, पेचक (उल्लू) इनके चमड़े और बाल तथा हिंगू और बकरीका मूत्र, इन सब वस्तुओंको इकट्ठा कर धूंआर देनेसे ग्रहदोषकी शान्ति होती है। गजपिप्पलीका मूल, शोंठ, मिर्च, पिप्पल, आंवला और सरसों, ये सब चीजें इकट्ठी कर गो, सर्प, बिल्ली और भालू-पित्तमें भावना देना चाहिये। ये दवा सूंघने, देहमें मालिश कराने तथा भूताधिष्ठान निराकृत करनेके लिये बड़ा हितकर है।

गदहा, घोड़ा, उल्लू, हाथीका बच्चा, कुत्ता, सियार, (शृगाल), गृधिनी, काग और सूअर, इन सब जन्तुओंको विष्ठा (मल) बकरीके मूतमें पीस कर तेलमें पकाना चाहिये। यह तेल भूत लगे हुए मनुष्योंके लिये बड़ा ही हितकर है। सिरीसका बीज, लहसुन, शोंठ, सफेद सरसों, बच, मजीठ, हल्दी, ये सब वस्तुएं कूट कर चूर्ण बना कर बकरीके मूतमें मिला दो और उसकी बत्ती बना लो इस बत्तीको छायामें सुखा कर इसका अञ्जन आंखमें लगानेसे भूतका आवेश दूर हो जाता है। करञ्जकी जड़, पिप्पल, मिर्च और शोंठ, त्रिकटु, सोनामूल, बेलकी जड़, हल्दी और दारुहल्दी, ये सब चीजें एकत्र कूट कर बत्ती बना लेनी चाहिये। इस बत्तीसे काजल तयार कर आंखमें लगानेसे भूत भाग जाता है।

जो भूत अन्य देवताओं और उपचारोंसे नहीं भागते, वे इस अञ्जनसे भाग जाते हैं। सैन्धव (नमक सेंधा) त्रिकटु (पीपल, मिर्च और शोंठ) हिङ्गु, हरितकी (छोटी हर्र) और वच, इन सब चीजोंको कूट कर वकरीके मूत तथा मछलीके पित्तमें अच्छी तरह पीस कर वर्त्ती बनाने पर इससे काजल तय्यार करे और आंखमें यह काजल करनेसे भूत भाग जाता है। पूराना घी, लहसुन, हिङ्गु, सफेद सरसों, वच, सादी दूब, अजलोमी, शेफालिका शिवजटा, सेमलवृक्ष, लवङ्ग, कर्णविषाणिका, शूकशिम्बी, छोटी हर्र, कांकड़ाशिङ्गी, मोहनवल्ली, आकन्दमूल, त्रिकटु, लताञ्जन, स्रोतोऽञ्जन, अर्जुनवृक्ष नैपाली, हरताल, सादी सरसों और सिंह, शेर, चोता, भालू, विल्ली, घोड़ा, गो, कुत्ता, भेड़, गो-सर्प, ऊँट, न्योला और सेहिया इनकी विष्ठा (मल), चमड़ा, वाल, भेजा, मूत, रक्त, पित्त और नख,—इन सब वस्तुओं द्वारा तेल और घी पका कर सुंघाने और खिलाने तथा अञ्जन करनेसे भूत भागता है ।

उपर्युक्त औषधियोंका अञ्जन बनानेके लिए सवको पीस डालना चाहिये, और बटिका वना लेना चाहिये, इसी बटिकाको घिस कर आंखमें अञ्जन लगाना चाहिए। खाने और सेवन करनेके लिये क्वाथ वना कर खाना और सेवन करना चाहिये। शरीरमें लगानेके लिये इन्हें पीस कर शरीरमें मलना चाहिये, इससे पका तेल और घी सेवन करनेसे शीघ्र ही भूत भागता है। भूतको दूर करनेके लिये किसी तरहकी अयोग्य औषधियोंका प्रयोग न करना चाहिए, देव-गृहकी तरह इसकी शान्ति करनो चाहिये। मकानके जिस कमरेमें गृह-देवता हों उसी कमरेमें यह शान्ति कराना चाहिये। पिशाच-प्रतिक्रियाके सिवा कभी भी कोई प्रतिकूल आचरण करना उचित नहीं। भूताधिष्ठानके प्रतिकूल आचरण करनेसे भूत उस मनुष्यको तथा वैद्यको बहुत तंग करता है। और तो क्या, कभी कभी दोनोंकी जान खतरेमें पड़ जाती है। अतएव वैद्यको सावधान होकर हिताहितका ध्यान रख कर कार्य करना उचित है। (वैद्यक)

पहले जिन सब भूतोंके उत्पातका वर्णन कर चुके हैं, वह अधिक उम्रके पुरुषोंके लिये है। इसके सिवा वालकों पर आक्रमण करनेवाले कई ग्रह और हैं। सुश्रुत आदि वैद्यक ग्रन्थोंमें नौ प्रकारके ग्रहोंका उल्लेख है। इनके नाम इस तरह हैं:—स्कन्द, स्कन्दापस्मार, शकुनि, रेवती, पूतना, अन्धपूतना, शीतपूतना, मुखमण्डिका और नैगमेश इसके सिवा अनेक वैद्यक ग्रन्थमें भूतरूपिणी नन्दना, सुनन्दा, मुखमण्डिका, कटपूतना, शकुनिका, शुष्करेवती, अर्यका, भूसूतिका, निऋता, पिलिपिच्छिका और कामुका इन ग्यारह माताओंके उपद्रवोंकी वात भी लिखी है।

धात्री या नौकरनोकी असावधानता तथा माताके पहलेके किये हुए अपकार तथा मङ्गलाचारके न होनेसे तथा शुद्धि न रखनेके कारण ही वालकोंको भूतकी हवा लग जाती है। वालकको भूतकी हवा लग जानेसे वह कभी भयसे चिहुक उठता है, तथा चमक उठता है और कभी वालक हंसता या रोने लगता है। पूजाके लिये भूत वालकोंकी प्रतिहिंसा किया करते हैं। भूतोंको वलि देनेसे वे संतुष्ट होते हैं। फिर वालक भी आरोग्य हो जाते हैं।

नवग्रह और वालग्रह देखो ।

पुराण और तन्त्रोक्त भूत ।

उपर्युक्त भूतोंके सिवा पुराण, विशेषतः तन्त्रशास्त्रमें भी नाना भूत प्रेतोंका वर्णन दिखाई देता है। इनमें भैरव ही प्रधान हैं। अग्निपुराणके ३२२वें अध्यायमें शाकिनी, क्षेत्रपाल और वैतालकी चर्चा है। स्कन्दपुराण दक्षखण्डमें दक्षयज्ञ विनाशके लिये डाकिनी आदिकी उत्पत्तिकी वात लिखी हुई है। किन्तु प्राचीन पुराणोंमें इन सब भूत-भूतनियोंका कोई विशेष परिचय नहीं मिलता। तान्त्रिकताके प्रभावसे भूतका विश्वास भी दृढ़तर होता गया साथ ही भूत भूतनियोंकी असंख्य मूर्त्तियोंकी कल्पना होने लगी। पुराणोंमें गणपति या गणेश ही भूतोंके मालिक बतलाये गये हैं। स्कन्दपुराणके ब्रह्मखण्डमें भूत गणपति मन्दिरके द्वारपालरूपसे पुकारे गये हैं। (अध्याय ११) किन्तु तन्त्रशास्त्रमें भैरवी ही भूतोंमें श्रेष्ठ गिनी जाती हैं। देवताओंके अनुसार इनकी भी पूजाका विधिविधान लिखा हुआ है। पीछे तान्त्रिकगण निम्नश्रेणीकी भूत-पूजामें भी विशेष रत होने लगे। इसोलिये शारदा तिलकमें बटुकभैरवके साथ

डाकिनी, राकिणी, लाकिनी, काकिनी, शाकिनी, हाकिनी और मालिनी तथा इनकी सन्तानोंकी पूजाभी दृष्टिगोचर होती है।

दुर्गोत्सवके समय यह भूत-भूतनी दुर्गादेवीकी सहचरीरूपसे भी पूजा पाया करती हैं।

शाकिनी, हाकिनी आदिकी मूर्त्ति या सूरत किस तरहकी है, यह तन्त्रमें स्पष्टरूपसे वर्णित नहीं है। किन्तु इसका आभास जरूर मिलता है कि उनकी मूर्त्ति अत्यंत भयङ्कर है। भैरवतन्त्रमें छिन्नमस्ता, वामपार्श्वस्थ डाकिनी, दक्षिणी वर्णिनीका रूप इस तरह वर्णित है।

वर्णिनीका रूप—बहुत लाल, फिर भी सुन्दर, पीले रङ्गके बाल, नग्न शरीर, बायें हाथमें मुर्देकी खोपड़ी और दाहिने हाथमें कटार, गलेमें सांपका जनेऊ, मुखमें चमक मानो अग्निकी तरह जल रही हो, शरीर छोटा और हाड़की माला आदि आभूषणोंसे ढका, किन्तु उम्र केवल बारह वर्षकी है।

डाकिनीका रूप बड़ा भयङ्कर होता है। देखनेसे मालूम होता है कि कहांका प्रलयकालीन सूर्य उदय हो गया ; माथेमें जटा, मानो बिजली चमकती हो, आंखें तीन, दशन पंक्ति बगुलेकी पांखकी तरह सफेद, किन्तु मुखविवर कैसा है—अति प्रचण्ड और विकट मुख, स्तन या पयोधर बहुत पतले किन्तु लम्बे, पीले बाल, लकलक जीभ, मुण्डमालासे भूषित, बायें हाथमें चौड़ी और दाहिने हाथमें कटार, कैसा भयप्रद रूप है? चौड़ीसे छिन्नमस्ताके गलेसे गिरते हुए रक्तको पी रही है।

हिन्दूशास्त्रमें यह साफ लिखा हुआ है कि भूतांश होनेसे ऐसा न समझना चाहिये कि भूत मनुष्योंके हृदयमें आश्रय ग्रहण करते हैं। क्योंकि भूत मनुष्योंके साथ वसोवास नहीं कर सकता, अथवा कभी मनुष्य शरीरमें प्रवेश नहीं करता। जो भूतविद्याको नहीं जानते वही ऐसा कहा करते हैं। इस देशके कितने ही लोगोंका ऐसा ख्याल है, कि भूतकी दृष्टि पड़ने पर अथवा भूतकी हवा लगने पर भूतावेश हुआ करता है।

भूतको दूर करना।

भूतकी हवा लगने पर ऐसे कई तरहके मन्त्र और यन्त्र हैं, जिनके द्वारा भूत भगाये जाते हैं। किस तरह भूतकी हवा लगी, इसका निबटारा उसके लक्षण देखनेसे किया जा सकता है जिस मनुष्यको भूत लगा हो। जैसे अग्निपुराणमें लिखा है—"यक्षांशो भूषणप्रियः"

"गन्धर्वांशोऽति गीतादिभीमांशो राक्षसांशकः।
दैत्यांशः स्याद् युद्धकार्य्यो मानी विद्याधरांशकः॥
पिशाचांशो मलाक्रान्तो मन्त्रं दद्यान्निरीक्ष्य च।"

भूतावेशमें यक्षांश रहने पर मनुष्य आभूषण-प्रिय, गन्धर्वांशमें गाने बजानेका शौकीन, राक्षसांश रहने पर राक्षस-प्रकृति, दैत्यांश रहने पर युद्धकी प्रकृति, विद्याधरके अंशमें अत्यन्त गर्वयुक्त और पिशाचांशमें मनुष्य म्लेच्छ-भावापन्न हो जाता है। यह सब देख, सुन कर मन्त्रका प्रयोग करना चाहिये।

गरुड़पुराणमें प्रेतसे छूटनेका उपाय इस तरह लिखा है,—सुवर्णको मूर्त्ति बनाना, उसे सब तरहके गहनेसे भूषित करना, यह मूर्त्ति पीले वस्त्रोंसे ढकी रहनी चाहिये और अगरुचन्दनसे चर्चित कर तथा तिलक आदि कर नारायणकी देवमूर्त्तिकी कल्पना करनी चाहिये। पीछे इसी मूर्त्तिको विविध प्रकारके जलसे अभिषिक्त कर प्रतिष्ठा तथा पूर्वकी ओर श्रीधरका, दक्षिणमें मधुसूदन, पश्चिममें बामन, उत्तरमें गदाधर और बीचमें ब्रह्मा और महेश्वरकी पूजा करनी होगी पीछे इस मूर्त्तिकी प्रदक्षिण कर अग्निमें देवताओंके लिये तथा घृत, दधि और क्षीर द्वारा विश्वदेवताओंके लिये तर्पण करना चाहिये। इसके बाद स्नान कर विनीत भाव और शान्तचित्तसे जपमें मग्न हो कर पहले नारायणकी विधिवत् और्ध्वदेहिक क्रियासम्पन्न करनी होती है। विनीत भावसे और क्रोध-लोभशून्य हो कर कार्य आरम्भ करना चाहिये। सब तरहकेश्राद्ध हो जाने पर वृषोत्सर्ग किया जाता है। इसके बाद सत्रह ब्राह्मणोंको अन्न, पादुका, अंगुठी, रत्न, पात्र, आसन और भोग्य पदार्थ प्रदान करना चाहिये। प्रेतके मङ्गलके लिये अन्नजल पूर्ण कलस और शय्या घट आदि दान करना चाहिये। अन्तमें नारायणके नामसे सम्पूट कर मन्त्रोचारण करना चाहिये।

विधिपूर्वक इस तरह कार्य्य करनेसे हाथोहाथ शुभ फल प्राप्त होता।

उड्डीश, डामर, शाबर आदि बहुतेरे ग्रन्थोंमें भूत भाड़नेके मन्त्र, यन्त्र, चक्र, कवच (तावीज) औषध तेल, वत्ती, अञ्जन, नस्य आदि बहुतेरे उपाय बतलाये गये हैं। नीचे दो एक प्रक्रियाओंका उल्लेख करेंगे।

बन्धन मन्त्र—भूत भाड़े जानेसे पहले ओझा धरती बांधते हैं, (अमर) बंधनका यह मन्त्र है—‘ॐ अइई क्रों पुरु पुरु सिद्धेश्वरि अवतर स्वाहा। ॐ दशाङ्गुलि भिन्दलि विरुन्तहारी भैरुन्त भैरवी विप्राराणी, रोणावन्ध, मुष्टिबन्ध, कृत्यबन्ध, रुद्रबन्ध, भैरवबन्ध, ग्रहबन्ध, प्रेतबन्ध, भूतबन्ध, राक्षसबन्ध, कङ्कालबन्ध, वैतालबन्ध, पातालबन्ध, आकाशबन्ध, पूर्व-पश्चिम उत्तर-दक्षिण सर्व दिशाबन्ध, वे आच कह कह इस इस अवतर, अवतर अवतर दशाविप्राराणी दशांगुली शतास्त्रवन्धिनी वन्धासि फट स्वाहा।”

उपर्युक्त मन्त्र द्वारा चारों ओर रेखा खींच कर उसके बीचमें बैठ जाने पर भूतोंका उपद्रव नहीं होता।

‘हूं हूं अमिनिया मच्छीबन्ध, निमिनाथपते नमानिकं स्वाहा”

इस मन्त्रसे डाकिनी बांधो जाती है। डाकिनीका मुण्ड बांधनेके लिये “ॐ मरालं सरालं करे ॐ स्वाहा” यह मन्त्र पढ़ना चाहिये।

भूतको दमन करनेके लिए यह मन्त्र है—“ॐ ह्रों कुरु कुरु स्वाहा” इस मन्त्रसे डाकिनी और राक्षस भागता है।

“ॐ नमो भगवते महानीलोत्पल नल-जाम्बुवत्-बालि-सुग्रीवाङ्गद-हनुमन्तसहिताय वज्रहस्तेन शाकिनीनां हन हन दम दम मारय मारय भेदय भेदय छेदय छेदय सर्वदोषाद्‌ आकर्षय ओं ह्रीं ह्रों ह्रूं फट् स्वाहा” इस मंत्रसे शाकिनी-दमन होता है। ‘‘ॐ अघोरे अघोरेश्वरे घोरमुखि चामुण्डे उर्द्ध्वकेशि ह्रीं चीं हुं स्वाहा” इस मंत्रको पढ़ सरसों मारना चाहिये।

भाड़नेवाला मंत्र,—

“तेलिनीके तेलका पसार चौरासो सहस्र डाकिनीका तेल, इस तेलका भार मैंने तेल पढ़ दिया, अमुकके अंगमें अमुकका भार। आड़दलशूले यक्षा यक्षिणी दैत्य दैत्यानी, भूता भूती प्रेता प्रेती दानवा दानवी निशाचौरा, सूचीमुखा गाभूरडलवम् वारहभइया लाड़ी भोगाई चामी पिशाची अमुकके अङ्गमें घाउ कालजटाका माथा खाउ, ‘ह्रीं फट् स्वाहा’ सिद्धि गुरुचरण राढ़की कालिका चण्डीको आज्ञा॥” यह मंत्र पढ़ कर सरसोंका तेल पढ़ कर मारे तब भूत भाग जायगा। इसी तरह कई मंत्र और भी हैं।

जल पढ़नेका मंत्र,—

“ॐ आं क्रीं ह्रूं मार हस्त गां ह्रीं कारे समस्त दोषान् हर हर विगर विगर हुं फट् स्वाहा” इस मन्त्रसे जल परोर कर भूतसे सताये हुए मनुष्यको पिला देना चाहिये और कुछ उसको देह पर भी छींट देना चाहिये। उस समय कच्चे नीमकी पत्तोका धूंआ देना चाहिए। ऐसा करनेसे दैत्यदानवादि भाग जाते हैं।

भूत शान्तिकी दवा—(१) सादा अपराजित्‌की जड़, चालनीके जलसे पीस कर उसका नस लेनेसे भूत छोड़ कर भाग जाता है। (२) मिर्चके साथ वक फूल रख कर सूंघिये। (३) सांपका केचुल, हिंगु, नीम-पत्ती, यव और सादा सरसों एक साथ पीस कर उसको मालिश करना चाहिये। (४) गोरोचन, मिर्च, पीपल, नमक और शहदमें मिला कर उसका अञ्जन बना कर आंखमें लगाना चाहिए। वच, त्रिकटु (पिपली, मिर्च, सोंठ) डहरकरञ्ज, देवदारु, मजीठ, त्रिफला, कण्टकारी (सादा), सिरीश, हल्दी, दारु हल्दी, मजीठ, त्रिफला (हर्र, बहेड़ा, आंवला) और नीम गोमूत्रमें पीस कर नस लेना चाहिए और शरीरमें मालिश करना, स्नान करना और उसके द्वारा गात्र मार्जन करना चाहिये। इत्यादि तरह तरहके उद्योगसे भी भूत भागता है।

भूतके भयसे बचनेके लिये कितने ओझा यन्त्र दिया करते हैं। यहां एक यन्त्रके चित्रका उल्लेख करते हैं।

दो वृत्त खींच कर उसमें चार मायावीज लिखना चाहिये। उसके बहिर्भागमें दो चौकोन खींच कर यह परहनेसे फिर डाकिनी आदिका कुछ भय नहीं रह जाता और तो क्या, इससे मृतवत्सा रोग दूर हो कर स्त्रियोंको पुत्र उत्पन्न होता है।

कवच—भूत-प्रेत आदिका भय भगानेके लिये तरह तरहके कवच या तावीज भी हैं, ऐसी तावीजें भोजपत्र पर लिखी जाती है। इन कवचोंमें नृसिंहकवच ही सबसे उत्तम कवच है। कितने ही लोगोंका विश्वास है कि

कवच विशुद्ध तथा साधु और फकीर द्वारा दिये जाने पर उसके पहननेसे मनुष्यको भूत, प्रेत, पिशाच दैत्य, दानव आदिका स्पर्श नहीं हो सकता है। कवच देखते ही सब भाग जाते हैं। और तो क्या, इस कवचसे मृतवत्सा तथा काकवन्ध्या आदि जन्मवन्ध्याओंके भी पुत्र हुआ करता है। भोजपत्र पर श्लोकादि लिख कर इस नृसिंहकवचको धारण करनेसे पहले पञ्चगव्यसे शुद्ध और उसकी पूजा कर लेनी चाहिये। जैसे,—

नारदका कथन।

अथ नृसिंहकवचं। ॐ नमो नृसिंहाय॥
इन्द्रादिदेववृन्देश तातेश्वर जगत्पते।
महाविष्णोर्नृसिंहस्य कवचं ब्रूहि मे प्रभो।
यस्य प्रपठनाद्विद्वान् त्रैलोक्यविजयी भवेत्।

ब्रह्माका कथन।

शृणु नारद वक्ष्यामि पुत्रश्रेष्ठ तपोधन।
कवचं नरसिंहस्य त्रैलोक्यविजयाभिधम्॥
यस्य प्रपठनाद्वाग्मी त्रैलोक्यविजयी भवेत्।
स्रष्टाहं जगतां वत्स पठानाद्धारणाद्यतः॥
लक्ष्मीर्जगत्त्रयं पाति संहर्त्ता च महेश्वरः।
पठनाद्धारनाद्देवा वभूवुश्च दिगीश्वराः॥
ब्रह्ममन्त्रमयं वक्ष्ये भूतादिविनिवारकम्।
यस्य प्रसादाद्दुर्वासास्त्रैलोक्यविजयी मुनिः॥
पठनाद्धारणाद् यस्य शान्तश्च क्रोधभैरवः।
त्रैलोक्यविजयस्यापि कवचस्य प्रजापतिः॥
ऋषिश्छन्दोऽस्य गायत्री नृसिंहो देवता विभुः।
क्ष्रौं वीजं मे शिरः पातु चन्द्रवर्णो महामनुः॥
उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्व्वतोमुखम्।
नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥
द्वात्रिंशदक्षरो मन्त्रो मन्त्रराजः सुरद्रुमः।
कण्ठं पातु ध्रुवं क्ष्रौं हृद्भगवते चक्षुषी मम॥
नरसिंहाय ज्वालामालिने पातु मस्तकं।
दीप्त दंष्ट्राय तथाग्निनेत्राय च नासिकां॥
सर्वरक्षोघ्नाय सर्वभूतविनाशाय च सर्व्वज्वरविनाशाय
दह दह पच पच द्वयं।
रक्ष रक्ष वर्म्म चास्त्र स्वाहा पातु मुखं मम॥
तारादिरामचन्द्राय नमः पायाद्गुदं मम।
क्लीं पायात् पार्श्वयुग्मञ्च तारो नाम पदं ततः॥
नारायणाय पार्श्वञ्च आं ह्रीं क्रौं क्ष्रौं ञ्च हुं फट्।
षड़क्षरः कटिं पातु ॐ नमो भगवते पदं॥
वासुदेवाय पृष्ठं क्लीं कृष्णाय क्लीं उरुद्वयम्।
क्लीं कृष्णाय सदा पातु जानुनी च मनुत्तमः॥
क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलाङ्गाय नमः पायात् पदद्वयम्।
क्ष्रौं नृसिंहाय क्ष्रौंच सर्व्वाङ्गं मे सदावतु॥
इति ते कवचं वत्स सर्वमन्त्रौघविग्रहम्।
तव स्नेहान्मयाख्यातं प्रवक्तव्यं न कस्यचितः॥
गुरुपूजां विधायाथ गृह्णीयात् कवचं ततः।
सर्वपुण्ययुतो भूत्वा सर्वसिद्धियुतो भवेत्॥
शतमष्टोत्तरञ्चापि पुरश्चर्य्याविधि स्मृतः।
हवनादीन् दशांशेन कृत्वा तत् साधकोत्तमः॥
ततस्तु सिद्धकवचः पुण्यात्मा मदनोपमः।
स्पर्द्धामुद्धूय भवने लक्ष्मीर्वाणी वसेत्ततः॥
अपि वर्षसहस्राणां पूजायाः फलमाप्नुयात्।
भूर्जे विलिख्य गुलिकां स्वर्णस्थां धारयेद् यदि॥
कण्ठे वा दक्षिणे वाहौ नरसिंहो भवेत् स्वयम्।
योषिद्वामभुजे चैव पुरुषो दक्षिणे करे॥
विभृयात् कवचं पुण्यं सर्वसिद्धियुतो भवेत्।
काकवन्ध्या च या नारी मृतवत्सा च या भवेत्॥
जन्मवन्ध्या नष्टपुत्रा वहुपुत्रवती भवेत्।
कवचस्य प्रसादेन जीवन्मुक्तो भवेन्नरः॥
त्रैलोक्य क्षोभयत्येव त्रैलोक्यविजयी भवेत्।
भूतप्रेताः पिशाचाश्च राक्षसा दानवाश्च ये॥
तं दृष्ट्वा प्रपलायन्ते देशाद्देशान्तरं ध्रुवम्।
यस्मिन् गृहे च कवचं ग्रामे वा यदि तिष्ठति॥
तं देशन्तु परित्यज्य प्रयान्ति चातिदूरतः॥"

इसके सिवा भूतके शान्तिके लिये वा भूतोंके भयसे बचनेके लिये विविध प्रकारके स्तोत्र भी देखे जाते हैं। इन स्तोत्रोंमें वटुकभैरवस्तोत्र और विपरीत-प्रत्याङ्गिरास्तोत्र प्रधान है। भूत पिशाचकी शान्तिके लिये वनदुर्गा, द्वादश दानव (बारह भाई) और रणयक्षिणीकी पूजाकी व्यवस्था भी है।

वनदुर्गाकी पूजा।

पवित्र स्थानमें एक वेदी बना कर उसके चारों ओर केलेका खम्भा गाड़ना चाहिये। तमालपत्र पर आठ

कमलोंको मण्डलाकार रख कर उस पर सिन्दूरसे विभूषित घटकी स्थापना करनी चाहिये। पहले शुद्धासन पर बैठ हाथमें कुश ले आचमन कर स्वस्तिवाचन कर यह मन्त्र पढ़ना चाहिये—

"सूर्य्यः सोमो यमः कालः सन्ध्ये भूतान्यहः क्षपा।
पवनो दिकपतिर्भूमिराकाशं खचरामराः॥
ब्राह्मं शासनमास्थाय कल्पध्वमिह सन्निधिम्।"

इसके बाद फल फूल और जलपूर्ण ताम्रपत्र ले विष्णुरोमद्येत्यादि अमुक गोत्रः श्रीअमुकदेवशर्म्मा वनदुर्गाप्रीतिकामः कृष्णकुमारादिसहित वनदुर्गादेवी-पूजनमहं करिष्ये।" इसी तरह सङ्कल्प कर अपनी शाखाके कहे हुए सूक्त पाठ करना चाहिये, पीछे आसन शुद्ध कर नीचे लिखे मन्त्रका पाठ करना चाहिये—

"ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥"

इस मन्त्रसे भूतापसरण कर सामान्यर्घ्य स्थापन पूर्वक 'गों हृदयाय नमः' इत्यादि क्रमसे अङ्गन्यासादि करना चाहिये। इसके बाद "खर्वं स्थूलतनुं गजेन्द्रवदनं लम्बोदरं सुन्दरं" इत्यादि मन्त्रसे गणपतिका ध्यान और बाहरीपूजा कर "एकदन्त" इत्यादि मन्त्रसे प्रणाम करना उचित है। और शिवादि पञ्चदेवता, आदित्यादि नवग्रह, इन्द्रादि दश दिक्पाल, मत्स्यादि दश अवतार, ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर, गङ्गा, यमुना, लक्ष्मी और सरस्वतीदेवीके नामसे पहले 'ॐ' और नामके अन्तमें नमः जोड़ कर पाद्यादि द्वारा पूजा और नमस्कार करना चाहिये। भूतशुद्धि और प्राणायाम कर ऋष्यादिन्यास और कराङ्गन्यास कर गुरुपंक्ति नमस्कार कर कूर्ममुद्राक्रमसे फूल हाथमें ले कर इस तरह ध्यान करना चाहिये—

"ॐ देवीं दानवमातरं निजमदाघूर्णनमहालोचनाम्।
दंष्ट्राभीममुखीं जटालिविलसन्मलीं कपालस्रजाम्॥
बन्दे लोकभयङ्करीं घनरुचिं नागेन्द्रहारोज्ज्वलां
सर्पाविद्धनितम्बबिम्बविपुलां बाणान् धनुर्बिभ्रतीम्।"

इसका ध्यान कर अपने शिरमें फूल छुआ कर मानसोपचारसे पूजा, विशेषतः अर्घ्य दान, पीठपूजा, पुनः अङ्गन्यास कराङ्गन्यासादि कर फिर ध्यान करना चाहिये और घड़ेमें फूल डाल कर देवीका आह्वान करना उचित है।

'ॐ दुर्गे दुर्गे रक्षणि स्वाहा' इस मन्त्रसे आसन, 'ॐ ह्रीं वनदुर्गाय नमः' इत्यादि क्रमसे षोडशोपचार द्वारा यथासम्भव पूजा कर प्रणाम करना चाहिये। इसके अनन्तर 'ॐ क्षं क्षाँ क्षिँ क्षीं क्षुँ क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षः क्षेत्रपालाय नमः' इस मन्त्रसे पाद्यादि द्वारा पूजा करना चाहिये। पीछे न्यासादि कर यथाविधि 'द्वादशदानव' बारहभइया और उनकी बहन रणयक्षिणीकी पूजा करनी चाहिये।

द्वादशदानव ये हैं—कृष्णकुमार, पुष्पकुमार, रूपकुमार, हरिपागल, मधुभाङ्गर, रूपमाली, गाभूण्डलन मोचरासिंह, निशाचौर, सूचीमुख, महामल्लिक और बलिभद्र।

कृष्णकुमारका ध्यान—

"ॐ कृष्णवर्णं महाकायं खड्गखट्वाङ्गधारिणं।
श्वेताश्ववाहनं दैत्यं रक्तमाल्यानुलेपनम्॥
स्मेरास्यं सुन्दरस्कन्धं पिङ्गाक्षं पिंगकेशकम्।
बन्दे कृष्णकुमारञ्च भयदं पीतवाससम्॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ कां कीं कूं कैं कौं कः कृष्णकुमाराय नमः।'

पुष्पकुमारका ध्यान—

"ॐ पुष्पहस्तं महाकायं पुष्पचापकरं परम्।
पुष्पमालाधरं कान्तं दिव्यगन्धानुलेपनम्॥
रक्ताश्ववाहनं क्रूरं रक्तास्यं रक्तवाससम्।
तप्तकाञ्चनवर्णाभं वन्दे पुष्पकुमारकम्॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ पुष्पाय पुष्पहस्ताय स्वाहा। ॐ पुष्पकुमाराय नमः।"

रूपकुमारका ध्यान—

"ॐ वन्दे काञ्चनवर्णाभं द्विभुजं शूलहस्तकम्।
सुन्दरात् सुन्दरं कान्तं नानापुष्पविहारिणं॥
रक्तनेत्रं रक्तवस्त्रं रक्तमाल्यानुलेपनम्।
ध्यात्वैवं पूजयेद्धीमान् दैत्यं रूपकुमारकम्॥"

पूजाका मन्त्र—'रूपकुमाराय नमः।'

हरिपागलका ध्यान—

"ॐ उन्मत्तवेशं करपङ्कजाभ्यां धृतं लगुड़ं परशुं सपाशम्।
आघूर्णितं निजमदैः स्खलितं सुकान्तं यजेन्महान्तं
हरिपागलाख्यं॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ ह्रीं हुँ हरिपागलाय नमः ।'

मधुभांगरका ध्यान—

'ॐ रक्तास्पनेत्रं पिशुनस्यभावं सदा जयन्तं परिपूर्णवक्त्रम् ।
आघूर्णितं निजमदैः स्खलिताग्रपादं ध्यायेत् सुदैत्यं
मधुभांगराख्यम् ॥"

मधुभांगरकी पूजाका मन्त्र—'ॐ मां मां मीं मीं मौं मः मधुभांगराय नमः ।'

रूपमालीका ध्यान—

''रूपमालाधरं श्वेतं रुक्मवस्त्रं चतुर्भुजम् ।
शूलवज्रशरांश्चापं धारिणं सुमनोहरम् ॥
कृष्णाश्ववाहनं कान्तं कुमारं रूपधारिणम् ।
दीर्घहस्तं दीर्घकायं पाशखट्वांगधारिणम् ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ रां हुं फट् रूपमालिने नमः ।'

गाभूरडलनका ध्यान—

''ॐ दीर्घहस्तं दीर्घकायं पाशखट्वाङ्गधारिणम् ।
कृष्णवर्णं रक्तनेत्रं लम्बकर्णं कृशोदरम् ॥
रक्तवस्त्रधरं क्रूरं रक्तगन्धानुलेपनम् ।
गाभूरडलनं वन्दे सर्वलोकभयङ्करम् ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ गाभूरडलनाय नमः ।'

मोचरासिंहका ध्यान—

"ॐ रक्तांगनेत्रो भयदो जनानां शूलं सपाशं करपङ्कजेन ।
रक्तास्यहस्तः पिशुनस्वभावः सदा जराभीममुखो विभाति ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ मां मोचरासिंहाय नमः ।'

निशाचौरका ध्यान—

"ॐ कृष्णवर्णं रक्तनेत्रं निशाचौरं भयानकम् ।
शक्तिहस्तं दीर्घजङ्घं विकटास्यं दिगम्बरम् ॥
करालवदनं भीमं शुष्कदेहं कृशोदरम् ।
ध्यायेत् सदा क्रोधयुतं घण्टाघर्घवादिनं ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ नां नीं निशाचौराय नमः ।'

सूचीमुखका ध्यान—

"दीर्घास्यनेत्रः पिशुनस्वभावः सदा कृशांगो भयदो जनानाम् ।
सुरंगवक्तो विरसः प्रमादी खट्वागहस्तो विमुखो वभासे ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ सां हुं सूचोमुखाय नमः ।'

महामल्लिकका ध्यान—

"ॐ विशालनेत्रः परिपूर्णवक्तो
रक्तैःसमांसैर्भयदो जनानाम् ।
करालदंष्ट्रः कमलासनस्थः कदम्बमाली कुटिलः कृशांगः ॥
श्रीमन्महामल्लिक एष भाति गोमायुरावी द्विभुजो जटोचः ।
खट्वांगधारी नृकपालमाली शार्दूलचर्म्मावृतसर्वगात्रः ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ मां महामल्लिकाय नमः ।'

बलिभद्रका ध्यान—

"ॐ कृष्णांगवक्त्रः स्फटिकांगयष्टिः सक्रोधनेत्रः कपिलाक्षकेशः ।
खट्वांगहस्तः खरगृध्ररावी स बालिभद्रः पशुसिंहकायः ॥"

रणायक्षिणीका ध्यान—

"ॐ दीर्घांगी दीर्घनेत्रा गुरुकुचयुगला घोरदंष्ट्रा कराला ।
रक्ताक्षी कृष्णवर्णा रुधिरचसकहस्ता मुण्डमालावृतांगी ॥
घण्टाखट्वांगपाशं करयुगविधृता द्वीपचर्म्मापिनद्धा ।
नित्यं मांसास्थिभक्षा चलतुरगगता यक्षिणी दीर्घवक्त्रा ॥"

पूजाका मन्त्र—'ॐ ह्रीं ह्रीं रणायक्षिण्यै नमः ।'

पञ्चोपचारसे पूजा, यथाशक्ति प्राणायाम, बलिदान, होम और दक्षिणा दे कर पूजा खतम करनी चाहिये ।

पहले इस देशमें जैसे ओझा थे, वैसे अब इस समय नहीं दिखाई देते । पहलेके ओझा डाइनोंको तथा भूतोंको प्रत्यक्ष नचा देते थे । पाश्चात्य हवाके लगने तथा उत्तरोत्तर योग्य गुरुके अभावमें इस विद्याका ज्ञान प्रायः लोप हो रहा है । बालकपनमें हमने जैसे गुणी ओझा देखे हैं, उसका अब नाममात्र सुनाई देता है ।

तिब्बतमें भूतविद्या ।

तिब्बत और चीनमें वहांके लोग भूतसे बहुत डरते हैं । उनके धर्मग्रन्थोंमें ३६ तरहके भूत प्रेतोंका उल्लेख है ।

हिन्दुओंकी तरह तिब्बतके लोग भी मनुष्यके मरने पर प्रेतकी प्राप्ति स्वीकार करते हैं । उनका विश्वास है, कि यमलोक और नरकमें तथा राजगृहीके निकट सितवनमें भूतप्रेतोंका लोक विद्यमान है । इहलोकमें जो अर्थलोलुप, कृपण, परधनहरण करनेवाले तथा पेटू होते हैं, वही मरने पर भूत प्रेत हो भूख प्याससे व्याकुल हुआ करते हैं । हिन्दुओंमें जैसे पिण्डदानादि और श्राद्ध करनेसे प्रेतोंके तृप्त होनेका विश्वास है, उसी तरह तिब्बतवालोंका भी विश्वास है । महालयाके दिन जैसे हिन्दू-पितरों तथा प्रेतोंकी तृप्तिके लिये पिण्ड तर्पण आदि क्रिया करते हैं, उसी तरह तिब्बतीय भी याजकों द्वारा उत्तम भोजन और पानीय द्रव्य प्रेतोंके सन्तुष्टिके लिये

प्रदान किया करते हैं। उन लोगोंका विश्वास है कि इस दिन (महालयाके दिन) उत्तम उत्तम भोजन और पानीय द्रव्य प्रदान करनेसे प्रेत मुक्त हो कर स्वर्ग जाते हैं।

प्रेतरानी हारिती।

हिन्दू तन्त्रमें भूत-शान्तिके लिये जैसे रणयक्षिणी-की पूजाका विधान है, वैसे ही बौद्धोंके रत्नकूटसूत्रमें हारितो नामकी एक यक्षिणीकी भी पूजाका विधान दिखाई देता है। यह यक्षिणी भूखे प्रेतोंकी रानी है। इसका भी प्रज्वलित मुखमण्डल और ५०० सन्तानें हैं। हारिती अपनी सन्तानोंको जीवित शिशु पकड़ कर खिलाती थी। एक दिन बुद्धमहामुद्गल-पुत्र हारितीके घर गये। उन्होंने यक्षिणीके पुत्र शिशु पिङ्गलको अपने कमण्डलुमें छिपा लिया। अपने शिशुको न देख हारिती छटपटाने लगी। अन्तमें वह सर्वज्ञ महामुद्गल-पुत्रके समीप जा कर शिशुके लिये रोने लगी। तब बुद्धने कहा,—बड़े ही आश्चर्यका विषय है, अपनी ५०० सन्तानोंके साथ वर्षमें कितनी ही मानव सन्तानोंको खा जाती हो, तब तुम्हें जरा भी कष्ट नहीं होता, किंतु आज इतनी संतानोंके रहते हुए भी तम्हारा एक लड़का खो गया तो तुम्हे इतना कष्ट हुआ है और तुम बार बार रो रही हो। इस समय हारितीने प्रतिज्ञा की कि यदि मैं अपने इस प्रियतम पुत्रको पाऊंगी तो फिर कभी मनुष्यके शिशुको नहीं खाऊंगी। तब बौद्धने यक्षिणीके पुत्र पिङ्गलको प्रकट कर दिया। उन्होंने कहा, प्रत्येक बौद्धयति तुम्हारे लिये भोजन करते समय एक एक ग्रास निकाल देंगे।

नेपाल, तिब्बत, चीन आदि स्थानोंमें बौद्धमन्दिरके दरवाजे पर हारितीकी मूर्त्ति रहती है। इसकी पूजा करनेसे भूत-प्रेतकी कोई आशङ्का या डर नहीं रहता।

डाकिनी और मातृका।

तिब्बतीय बौद्धशास्त्रोंमें नाना नाथ (गों-पो), कई तरहकी डाकिनी (स्कन्दो-मा)और माताओंका उल्लेख है। एक एक डाकिनी एक एक नाथ या डाकिनीकी स्त्री है। नाथ भी महाकालीकी एक सेनानी है। डाकिनियोंमें सिंहकी गरदनवाली डाकिनी प्रधान है। लास्या (गेग्-मो-मा), माला (प्रें-वा-मा), गीता (लूमा), नृत्या (गरमा), पुष्पा (मे-तोग-मा) धूपा, (दुग-पोसमा) दीपा (नेङ्ग-सल-मा) और गंधा (द्रिचा-मा) ये आठ माताएं हैं। इनके सिवा हयग्रीव (तम्-दिन) और महाकाल बहुत करके भूतोंका राजा कह कर पूजा जाता है। भूतोंमें प्रेत (यि-द्-वग्), कुम्भाण्ड (ग्रुल्-चुम), पिशाच (सा-जा), भूत (ब्युं-पो), पूतना (श्रुल-पो) कटपूतना (लूस्-श्रूल-पो), उन्माद (म्यो-ग्येद्), स्कन्द (क्येम-येद्), अपस्मार (ब्रजेद् येद्), यक्ष (ग्नोद् सेन), रक्षः (स्त्रिन् पो) रेवती (नम्-ग्रु-हि-दोन्), शकुनी [illegible], ब्रह्मराक्षस (ब्रम्-जेहि-स्त्रिन-पो) प्रभृति बहुतेरे अपदेवताओंके उत्पातको बातें भी वे स्वीकार करते हैं।

सिद्ध।

इस देशमें जैसे ओझा हैं, तिब्बतमें भी उसी तरहके 'ग्रुव्-चेन्' या सिद्ध हैं। यहांके ओझा उतने सम्मानकी दृष्टिसे नहीं देखे जाते हैं, किन्तु तिब्बतमें सिद्ध बड़े सम्मानकी दृष्टिसे देखे जाते हैं। प्रत्येक लामाके एक एक सिद्ध सहायक या सहचर रहते हैं। भूत पिशाच सिद्ध और भूतोंके साथ इनका विशेष सम्बन्ध रहनेसे लोग इनसे डरते तथा इनकी भक्ति करते हैं। अधिकांश सिद्धमूर्त्ति दिगम्बर और उनके लंबे बाल रहते हैं। अब तक जितने सिद्ध हो चुके हैं, उनमें पद्मसम्भव ही प्रधान थे। ये ही लामा मतके प्रवर्त्तक हैं, पद्मसम्भवके सिवा शर्वरा (सा-प-रि-पा), राहुलभद्र या शरभ (सरह-पा), मत्स्योदर (लू-ई-पा), ललितवज्र, कृष्णाचार्य या कालाचारी (नग्-पो-स्योद्-पा), तिलोपा और नारो भी प्रधान हैं। तिलोपा और नारो अधिक दिनके सिद्ध नहीं। ये सब सिद्ध भूतोंके छुड़ाने तथा अलौकिक काण्ड करनेमें कुशल थे।

भौतिक नाच और चड़क।

तिब्बतके भौतिक नाचकी (Devil dance) बात बहुतोंने सुनी होगी। प्रायः यह उत्सव वर्षमें एक बार हुआ करता है। भूटान, सिकिम, लादाख, हिमिस आदि जगहोंमें इस उत्सवमें लामा साथ दिया करते हैं। यह उत्सव कहीं 'लो-सि-स्कु-रिं' और कहीं चोड़ या चोड़ग नामसे प्रसिद्ध है। यह चोड़ग-उत्सव वर्षमें जब चार दिन बाकी रहते हैं, तब आरम्भ होता है। उत्सवके आरम्भमें दूर

दूरके लोग आकर इसमें सम्मिलित होते हैं। किसी बड़े मठके सामनेके मैदानमें मण्डप तय्यार होता है। तिब्बतीय लामाओंमें यही सबसे बड़ा उत्सव है। इस उत्सवका उद्देश्य यह है कि लामा इस उत्सवको करके वहांके जनसाधारणको यह दिखाते हैं कि वे भूत-पिशाचके स्वाभाविक उपद्रवोंसे बचाते रहते हैं। इस समय वे देवी, नाथ, धर्मराज, हयग्रीव, क्षेत्रपाल, महाकाल, जिनमित्र, डाकिराज आदि तरह तरहकी मूर्त्तियोंके साथ रणक्षेत्रमें अभिनय किया करते हैं। इस देशमें रामलीलाके समय तरह-तरहके नकाब मुंह पर डाल कर विकट मूर्त्ति दिखाते हैं, उसी तरह लामा भी नकाब मुंह पर डाल कर विकट मूर्त्ति बनाया करते हैं और दर्शकोंसे भय-भक्ति आकर्षित किया करते हैं। इसी चोड़ या चोड़गको भारतमें चड़क कहते हैं। बंगालमें आजकल चड़क या 'गाजन' यहांके डोम चण्डाल आदि जाति ही विशेषरूपसे गाया करती है। ये नीच जातीय होने पर भी यज्ञोपवीत धारण कर सन्यास ग्रहण कर हिन्दुओंके भी प्रियपात्र होते रहते हैं। इस चड़क उत्सवका हमारे हिन्दूशास्त्रमें कहीं जिक्र तक नहीं आया है। यह बौद्धकाण्ड है। जब यहां बौद्धोंका प्राधान्य था, तब तिब्बतीय लामाओंकी तरह इस देशके श्रमण ही यह उत्सव करते थे। क्योंकि उस समयके बौद्ध राजा इसे बड़े चावसे देखा करते थे। श्रमण रङ्ग विरङ्ग साजोंसे सुसज्जित हो तरह तरहका अभिनय किया करते थे, जैसे लामा आज कल करते हैं। यहां भी महासमारोहसे धर्मराज और महाकालकी पूजा होती थी। तिब्बतमें अब तक भी उसका नमूना विद्यमान है। यह स्पष्ट है कि बङ्गालकी चड़क पूजा या स्वांग और अन्यान्य घटनायें उसी प्राचीन बौद्ध उत्सवोंकी रही सही स्मृतिमात्र हैं। यहां चड़क-पूजामें जो कृत्य किये जाते हैं, वे सभी और पूर्णरूपसे तिब्बतमें देखे जाते हैं। यहां चड़क-पूजाके पुजारी संन्यासी भूतनाथ और भूतका रूप धारण कर नाचते कूदते हैं, किन्तु तिब्बतमें ऐसा नहीं होता। केवल निर्द्धारित उत्सवके मण्डप या पण्डालमें ही वे ऐसा कर सकते हैं। तिब्बतमें राजासे ले कर रङ्क तक अपने स्थानोंमें बैठ यह उत्सव बड़े चावसे देखा करते हैं। तिब्बतीयोंका विश्वास है कि इस उत्सवके भीषण बाजाके शब्दोंसे भूत देशसे भाग जाते हैं। यहां चड़कमें संन्यासियोंका प्रचण्ड ताण्डव नृत्य होता है। तिब्बती लोगोंमें भी यह नाच प्रचलित है। वे इसे 'मरे भूतका नाच' कहा करते हैं। *

भूतोंकी शान्ति।

हिन्दुओंके समान तिब्बत, चीन, जापान, ब्रह्म, श्याम आदि सब देशोंके बौद्ध-समाजमें भूत-शान्ति या भूतके भयसे बचनेके लिये विविध प्रकारके यन्त्र, तावीज आदि पहनते तथा व्यवहार करते हैं।

हिन्दुओंमें जैसे भूतोंके भय दूर करनेके लिये एकान्त स्थानमें या वनमें जा कर पुष्कर आदिकी शान्तिकी व्यवस्था है, उसी तरह उपर्युक्त देशोंके बौद्धोंमें भी यह बातें दिखी जाती हैं। इन सब अनुष्ठानोंमें वे हिन्दुओंकी तरह "ओं नमो तथागत अभिक्षित समय श्रीहुम् नमः चन्द्रवज्रक्रोध अमृत हुम् फट्" जैसे कितने ही तान्त्रिक मन्त्र उच्चारण करते रहते हैं।

मुसलमानोंका विश्वास।

सभी जगहके मुसलमान जिन्द या भूतोंमें विश्वास करते हैं। आबू हुरायरीकी लिखी हुई सुराईबुखारी नामक पुस्तकमें लिखा है,—ईश्वरने जैसे क्षिति और अप (जल)-से हमारी सृष्टि की है उसी तरह जिन्द भी मरिज यानी तेज और वायुसे उत्पन्न हुए हैं। जिन्द जहन्नममें रहते हैं, यह अपने इच्छानुसार हर तरहके रूप धारण कर सकते हैं, किन्तु दिखाई नहीं देते। कुछ लोग कहा करते हैं कि जिन्दोंकी देह होती है; किन्तु दिखाई नहीं देते, इसीसे वे जिन्द या अन्तर्यामी कहलाते हैं। जैसे बाबा आदम तथा हवा मानव-जातिके माता पिता हैं उसी तरह 'जान' और 'मरिजा' जिन्दोंके माता पिता हैं। स्वभाव, आकार और भाषामें जिन्द मनुष्योंसे बिलकुल पृथक् हैं। इनमें जो सत्कार्य करते हैं, वे 'जिन्द' और

---

* Waddell's Buddhism in Tibet, (p. 528) नामक पुस्तकमें भूतोंके नाचके चित्र देखने चाहिये।

जो सदा असत् और अन्यान्यपूर्ण कार्य करते हैं, वे 'शैतान' कहलाते हैं। जिन्द कभी मनुष्योंकी बुराई नहीं करना चाहते; किन्तु ओझाओंके मन्त्रसे मनुष्योंकी बुराई करने पर तय्यार हो जाते हैं। ये अस्थिभुक् और वायुभुक् हैं। जिन्दोंमें जो ईश्वरके अत्यन्त प्रिय हैं, वे हूरा नामसे प्रसिद्ध हैं। जानके पुत्र सुमास, सुमासके पुत्र तार्णुस, और उनके पुत्र हुलियानुस हैं। इसी हुलियानुसके पुत्रका नाम शैतान है। यह महाक्रूर तथा मानवसे द्वेष करनेवाला है।

तफसिर इ-बैंजावी नामक कुरानकी टीकामें और तवारीख-ई-रौजत्-उस-सफा नामक पुस्तकमें है कि शैतान जिन्दके पुत्र होने पर ईश्वरने दया कर जिब्राइल, मिकाइल, इस्राइल आदि देवदूतोंकी तरह उसे आजाइल यानी पतित देवदूतकी उपाधि प्रदान की। बावा आदमके सामने सर नीचा न करने तथा ईश्वरकी आज्ञाको उलङ्घन करने पर शैतान ईबलिस् अर्थात् दयाका पात्र न बन सका। शैतानके चार खलीफा हैं—(१) अलिकाका पुत्र मलिका, (२) जनूसका पुत्र हामूस, (३) वल्लावतका पुत्र मरलुत, (४) यासिफका पुत्र युसूफ। शैतानकी स्त्रीका नाम अब्बा है। उसके पुत्र नौ हैं,—(१) जलवायसून (२) वासिन, (३) आवान, (४) इफफन, (५) मरा, (६) लाकिस, (७) मसबूत, (८) दासिम, (९) दलहान।

(१) जलवायसून—अपने नौकरोंके साथ बाज़ारमें रहता है। बाज़ारमें जितने बुरे काम होते हैं; उसीके द्वारा होते रहते हैं। (२) वासिन—इसके द्वारा दुःख और दुश्चिन्ता परिचालित होती है। (३) आवान—राजाओंके दरबारी हैं। (४) इफ्फान—मद्यपायी लोगोंके उत्साह देनेवाला है। (५) मरा—नाच गानका नायक है। (६) लाकिस—अग्नि-पूजकोंका राजा है। (७) मसबूत—हरकारोंका मालिक है। (८) दासिम्—घरका मालिक है। कुछ लोगोंका कहना है कि यह रसोई घरका मालिक है। जो बहुत दूर घूम कर घरमें आते हैं और आ कर ईश्वर (खुदा) का नाम नहीं लेते, अथवा भोजन करते समय विश्मिल्ला नहीं कहते, यह सब दासिमकी चेष्टा है। (९) दलहान—नमाजके स्थानमें या भोजनालयमें रहता है। उत्तम काममें तरह तरहका विघ्न किया करता है।

उपर्युक्त नौ शैतान मनुष्योंके घोर शत्रु हैं। ये मनुष्योंको पापमें फँसानेकी चेष्टा किया करते हैं।

जिन्दोंका राजा मल्लिक गतसान हैं, काफपर्वत पर रहता है। इसी पहाड़के पश्चिममें उसके ३ लाख कुटुम्बीजन रहते हैं। पश्चिमांशमें उसका दामाद अब्दुल रहमन ३३००० सेवकोंके साथ राज करता है।

जिन्दोंके राजाओंकी पदवियां अलग अलग हैं। मुसलमान होनेसे 'नुस्', जैसे—तारनुस, हुलियानुस, अग्निपूजक होनेसे 'दुस', जैसे,—सिदुस; यहूदी होनेसे नास्, जैसे—जतुनास् और हिन्दू होनेसे 'तस्', जैसे—नकतस्। हिन्दू होने पर भी नकतस्ने शिस् नामक पैगम्बरके कार्यमें नियुक्त हो कर मुसलमान-धर्म ग्रहण कर लिया है।

मुसलमान जिन्द या भूतोंमें कितने ही इज़ाम् भी हैं। उनके नाम हैं—आबूफर्दा, मसूर, दरवाग, कलिस और आबूमालिक।

तफसीर इ-कबोर नामक ग्रन्थमें लिखा है,—जिन्द चार तरहके होते हैं, (१) फलकिउ—आकाशमें विचरण करनेवाला, (२) कुनविउ (उत्तरके केन्द्रमें जिसका वास हो), (३) ब्रह्मिउ (मर्त्यलोकमें रहनेवाला) और (४) फर्दुसीउ (स्वर्गवासी)।

'तफसीर-ई-नियाविड' नामक पुस्तकमें लिखा है,—जिन्दके बारह दल होते हैं, जिनमें ६ दल रूम (टर्की) राज्य—यूनान (ग्रीस) यूरोप (फिरङ्ग) रूस, बाबल और सह्लतानदेशमें तथा (६) दल मग (कालमर्कोंका देश) मगग (शाकद्वीप) तथा नौब (निउबिया), जङ्गवर (जाञ्जीवर), हिन्द (हिन्दुस्थान) और सिन्ध (सिन्धु)-प्रदेशमें वास करते हैं। इन सब जिन्दोंका रूप ९ का १० भाग हवाका और १ का १० भाग मांसका है।

मुसलमान भी भूतकी शान्तिके लिये या भूत भगानेके लिये नाना प्रकारके मंत्र, तंत्र, चक्र, कवच, तावीज, पलीता आदिका व्यवहार करते हैं। यन्त्र और चक्र आदि विविध रंगोंसे गोमयसे और कोयलेसे लिखा करते हैं। भूत लगे हुए मनुष्यको यन्त्रों या चक्रोंके बीचमें बैठा कर मन्त्र पढ़ा करते हैं। उन चक्रों तथा यन्त्रोंके चारों ओर ताड़ी और कई तरहके मद्य भी रखते हैं।

उसके चारों तरफ फल, फूल, पान, सुपारी भी रखते हैं। कुछ लोग तो एक भेड़की हत्या कर उसका मुण्ड भी उसके निकट रहते हैं। उससे निकले हुए रक्तकी धारा जमीन पर दिया करते हैं। उस पर दीवर रख कर अभिमन्त्रित किया हुआ पलीता जलाते हैं। कुछ लोग भेड़की जगह मुर्गी ही मारा करते हैं। जिससे यह सब काम नहीं होता, वे भूत लगे हुए आदमीके हाथमें उसके बदले दो तीन रुपये रख देते हैं, इसके बाद झाड़नेवाला अरबी मंत्र पढ़ता हुआ चित्कार किया करता तथा हाथ मांजा करता है। उस समयका अङ्ग-परिचालन देखने लायक होता है।

मंत्र—"आजमतो आलेकुम, फथनु फथनु, हव्विवायका, हव्विवायका आलमीन आलमीन, सक्किका, आकाइसन् आकाइसन, बल्लिसन् वलिसन्, तलिसन् तलिसन्, सुरदन सुरदन, कहलन कहलन, महलन् महलन्, सखिबन् सखिबन्, सदिदन् सदियन्, नविअन् नविअन्, वायहके खातिमाइ सुलेमान बिन दाऊद (आली हिम् मुस् सलम) ओझायरू, मिन् जानायविल, मसारायकाय, बल्मगराय वायबो मिन् जानेबिल इ, मन्ने बल् इ सर रो।'

अन्तमें झाड़नेवाला रोगीसे पूछता है कि तुमको कोई नशा तथा अङ्गका टूटना होता है या नहीं? सरमें दर्द या मनमें किसी तरहका भय सञ्चार तो नहीं होता या पीछेसे उसका सर पकड़ कर कोई दूसरा तो नहीं हिलाता? भूत लगे मनुष्यकी अवस्था देख कर ओझा जान जाते हैं, कि भूतने शरीर छोड़ा या नहीं। मनुष्योंके शरीरमें भूत डाला जाता तथा शरीरसे भूत भगाया भी जाता है। अरबी और फारसी तथा हिन्दीमें लिखे विविध प्रकारके ग्रंथोंमें भूत भगानेके लिये मन्त्र मुसलमान ओझाओंके पास हैं। वे इनसे सीखे भी जा सकते हैं।

कुछ शैतान ऐसे हैं जो मनुष्योंके शरीरमें प्रवेश करने पर उसके शरीरको दो एक सप्ताहके लिये अचल या गुमसुम बना देते हैं। वह उस समय कोई बात ही नहीं करता। किसीके साथ बातचीत नहीं करता। ऐसे भूतको पकड़नेके लिये ओझा कुरानमेंसे—"इन्नूमा आमराहु, इजा आरादुशैम अन् इउ कुल्ला लहु कुन्-फुई आयकुना क सुभान ल्लज़ी वे एउद्दे हिल् मल्लकुतो कुल्ल शैन व इल्लउ तुर्जायना" यह आयत तीन बार पढ़ता है।

कभी कभी मुसलमान ओझे भूत लगनेवाले व्यक्तिके कानमें यह कहते हैं—"या सम्मिओ तस्मम्माता बिस् सम्मे बस् सम्मे कि सम्मे सभूका या सम्मिओ" यह मन्त्र जोरोंसे फूंकते हैं।

जब भूत अच्छी तरह आसन जमा कर बैठ जाता है, तब उस भूताविष्ठ व्यक्तिका रूप प्रचण्ड हो जाता है। कभी बड़ा पलीता ले कर चिराग जलाता, कभी जलते हुए पलीतेको मुंहमें डाल कर बुझा देता है। कोई तो मुर्गीका शरीर दांतोंसे काट कर ताजा रक्त पीता है। जब वह अर्थशून्य बातें बकता रहता है, तब ओझा उस भूतका नाम, निशान, धाम, बंधा या खुला, और कब वह जाना चाहता है तथा उस व्यक्तिके शरीरको वह क्या करना चाहता है, इत्यादि बातें पूछ लेता है। भूत यदि उचित उत्तर दे तो अच्छा ही है. उत्तर नहीं देने पर ओझा जोर जोरसे मन्त्र पढ़ने लगता है। उसे मारता भी है। अन्तमें भूत सभी बातें उचितरूपसे बतानेको बाध्य होता है। भूतको पहचान लेने पर ओझा बारंबार यह पूछने लगता है, कि तुम क्या ले कर यहांसे जाओगे। इस पर भूत जो चीज मांगता है, उसको एक बरतनमें रख उस बरतनको ओझा मन्त्र पढ़ कर भूत लगे हुए मनुष्यके शरीर पर फेरता है। इसके बाद उस चीजको किसी वृक्षके नीचे तथा नदी किनारे ले जा कर प्रेतके लिये गाड़ देते हैं या ब्राह्मणों वा याचकोंको दे देते हैं।

इस पर ओझा भूतको भाग जानेको कहता है और कहता है, कि तुम यहांसे चले जाओ और फटे जूते तथा सर पर पत्थर ले जाओ। इत्यादि।

इसी समय वह मनुष्य जिसको भूत लगा रहता है। वह बड़े जोरोंसे भागता है। कभी कभी तो ४ या ५ मनका पत्थर ले कर भागता है और जब कहीं गिर पड़ता है, तब भूत उसके शरीरसे निकल जाता है। किन्तु ओझा उसकी चोटी पकड़े हुए उसके साथ ही जाता है और जब वह गिर जता है, तब छोड़ता है। गिरते ही प्रायः वह मनुष्य बेहोश हो जाता है। इस

समय ओझा कुरानकी "आयत उल कुरसी" इत्यादि पढ़ता है। इसके साथ ही लोहेका चिमटा या गज जमीनमें ठोंकता रहता है। ज्यों ही वह मनुष्य जमीन पर गिरता है त्यों ही उसके सरसे दो एक बाल नोच कर एक बोतलमें बन्द कर देते हैं। लोगोंका विश्वास है कि ऐसा करनेसे भूत सदाके लिये कैद हो जाता है। पीछे बोतलको मट्टीमें गाड़ देते हैं। ऐसा करनेसे भूत फिर नहीं आता।

भूतके चले जाने पर वह मनुष्य होश संभालता है। इसके बाद उसका मुंह और आंखें अच्छी तरह धुलवा दी जाती हैं। फिर ओझा "आतमख् आतमख् तन्माख तन्माख, तरसिहि कल कस्मसे कानहु जस्माल-लातिन सफरिन् ओटिक ओटिक" यह मन्त्र तीन बार पढ़ता है फिर "लाहोबल बो लाकुब्-वता इल्ला बिल्ला हिल् आलि उल् आजिम्" इस मन्त्रसे पानी पढ़ कर पीनेको देते हैं। यह जल पीते ही वह मनुष्य कुछ स्वस्थ होता है। इसके बाद उसकी बांहमें या गलेमें भूत-शान्तिका तावीज या कवच बांध दिया जाता है।* मुसलमान जिस तरहके मन्त्र और चक्रका व्यवहार करते हैं, उनका चित्र नीचे दिया जाता है,—

भौतिक चक्र।



भूत नष्ट करनेवाला यन्त्र।



२	४	६	८
८	६	४	२
४	२	८	६
६	८	२	४

दूसरा एक चक्र।



भूताविष्ट शब्दमें चक्र देखो।

पाश्चात्य देश-वासियोंका विश्वास।

प्राचीनकालमें यूनानी तथा रूमी लोग जगत्के अन्यान्य लोगोंकी तरह जिन्द और शैतानमें विश्वास करते थे। इन लोगोंका यही विश्वास था कि जिन्द या देवग्रहगण मनुष्यका मङ्गल और भूत प्रेत या शैतान मनुष्योंका अनिष्ट या बुराई करते रहते हैं।

सुग्रह।—मुसलमानोंके यहां जिन्द, यूनानियों और यहूदियोंके यहां एञ्जिल या देवदूत कह कर पुकारे जाते हैं। यहूदियोंके तालमूद नामक प्रधान धर्मशास्त्रमें लिखा है कि नित्य ही एञ्जिलकी पैदाइश होती है और उत्पन्न होते ही वे भगवान्का गुण गान कर अपनी इहलीला संवरण कर देते हैं। फिर कहीं कहींके एञ्जिल जड़जीव और विराट्काय हैं। और तो क्या, सौ वर्षमें जितना लम्बा

---

* तफसीर-इ-कबीर, जवाहर-इ-खमसा, सुराई बुखारी आदि ग्रन्थोंमें विशेष विवरण देख सकते हैं।

सफर किया जायगा, किसी किसी एञ्जिलका उतना ही लम्बा शरीर है। कोई जलसे, कोई हवासे, कोई अग्निसे उत्पन्न हुआ है। यहूदियोंके धर्मग्रंथमें लिखा है कि भगवान्‌ने सृष्टिके पहले दिन एञ्जिलको उत्पन्न किया था। दूसरे लोगोंका कहना है कि सृष्टिके पांच दिन बाद एञ्जिलको पैदाइश हुई। सृष्टिके कार्यमें किसीने भगवान्‌को सलाह दी थी और किसीने मना भी किया था। बाईबिलमें लिखा है, भगवान्‌के मुंहसे निकले हुए प्रत्येक शब्दसे एक एञ्जिल उत्पन्न हुआ था। (Psalm *XXXIII* 6,)

राबियोंके ग्रन्थमें सत्तर एञ्जिलोंका उल्लेख है; बाबल नगरके बनाते समय ये ७० एञ्जिल ७० जातियोंके इष्टदेवताके नामसे विख्यात हुए थे। इनमें कितने ही ज्योतिःमय देव-दूत हैं औरकितने ही काले-कलूटे पिशाच। जगत्‌के सारे पदार्थ, तृण आदिमें एक एक एञ्जिल 'मासाल-इष्ट-देव या क्षेत्रपाल-रूपसे मौजूद है। भगवान्‌ने इनमेंसे इस्राइलको सबसे बड़ा बनाया था। इसके सिवा आकतरी-एल, मेतात्रोन और सौदालकोन इन तीन एञ्जिलोंके नाम मिलते हैं। हिब्रु जातिके बाबुलमें कैद होनेसे पहले एञ्जिलका नाम कोई नहीं जानता था। इसी जातिमें बाबुलनमें एञ्जिलका नाम सुना था। रफायल, मिकायल, जबरियल और उरिमल, इन कई एञ्जिलोंके नाम उनकी पुस्तकोंमें मिलते हैं। बाइबिलके नये विधानमें सिर्फ मेकायल और जबरियलकी बात विशेषरूपसे वर्णित है।

यूरोपवासी अब एञ्जिल शब्दसे ईश्वर-दूतका अनुमान करते हैं, किन्तु प्राचीन यूनानी तथा रूमी जिन्द और अपदेवता समझते थे।

बाइबिलमें लिखा है कि पहले एञ्जिल प्रायः सभी सच्चरित्र और इमानदार थे। उस समय वे ईश्वरके साथ स्वर्गमें रहते थे। किन्तु पीछे लोग लोभ और मोहके वशवर्त्ती हो कर पापके भागी हुए। साथ ही स्वर्गसे भी पतित हुए। साधु-स्वभाव सदाके लिये विलुप्त हुआ। भयानक भाव धारण कर पापपङ्कमें लिप्त हुए। वे सब पापको पुण्य और पुण्यको पाप समझने लगे। हिंसा, द्वेष, पापप्रवृत्ति भयङ्कर क्रोधने उनके हृदय-साम्राज्य पर अधिकार किया। इसोलिये बाईबेलमें वे '*E*vil angel" वा "Unclean spirit" कहे गये हैं। इनके मालिक शैतान हैं। वे सब मनुष्य-शरीर पर अपनी शक्तिका दुरुपयोग किया करते हैं। बाइबिलमें यह भी लिखा है, कि शैतान भूतोंके नाश करनेके लिये ही ईशाका जन्म हुआ था।

यहूदियोंके धर्म-ग्रन्थ तालमुदमें यह लिखा है,—"इन भूतोंके उत्पातके मारे कोई मनुष्य टिक नहीं सकता। मनुष्य संख्यासे उनकी संख्या अत्यधिक है। जैसे कि खेत या बागके चारों ओर कांटा और झाड़ियोंसे घेर दिया जाता है, उसी तरह मानव-समाजके चारों ओर भूतोंका वास रहता है। यदि आप भूतलीला देखना चाहते हैं, तो कुम्हारके आबेकी राख चालनीसे अपने बिछौनेके चारों ओर छीट रखिये। सबेरे उठ कर आप देखेंगे कि उस पर कुत्तेका पद-चिन्ह अङ्कित हुआ है। यदि आप अपनी आंखोंसे भूत देखना चाहते हैं तो काली बिल्लीकी जरायु लेकर आगमें जला दिजिये, पीछे उसको पीस कर उसका किञ्चिन्मात्र आंखमें लगा दीजिये, फिर आपको अनायास ही भूत दिखाई देगा।

भूत झाड़ना।

पहले यूरोपकी प्रायः सारी जातियां भूत मानती तथा भूत झड़वाया करती थीं। रूमियों तथा यूनानियोंके पादड़ियोंमें भूत छुड़ानेका गुण अब भी दिखाई देता है। पहले किसी व्यक्तिको खृष्टीय-धर्मकी दीक्षा देते समय वहांके पोप भूत झाड़ लेते थे। दीक्षा ग्रहण करनेवालेको यह स्वीकार करना पड़ता था कि हम शैतान भूत पिशाचको नहीं मानते। बाइबिलमें यह स्पष्ट मालूम होता है कि ईसामसीह भूत झाड़नेमें समर्थ थे। और तो क्या, लोगोंको विश्वास हो गया था कि ईसामसीहका नाम लेते ही भूत भागता है। भूत झाड़ना तीसरी शताब्दी तक था। पादरी ही भूत झाड़ा करते थे। भूत झड़वानेके पहले और पीछे भूत लगे हुए मनुष्यको कई नियमोंका पालन करना पड़ता था। जैसे—उपवास स्तोत्रपाठ, घुटने टेक कर प्रणाम करना, सर पर हाथ फेरना, जूता खुलवाना, कपड़े बदलवाना, पश्चिम-मुख बैठना, त्रितयका Trinity नाम ले कर दीक्षा लेनेवाले व्यक्तिके माथे पर दो तीन बार फूंक मारना। ईसामसीहके जन्मके पहलेसे

तीसरी शताब्दी तक पादरी या पूजारी ही भूत झाड़ते थे। ई० ३री शताब्दीके बाद इस कार्यके लिये अलग कर्मचारी नियुक्त किये गये। रोमी खृष्टानोंकी आनुष्ठानिक पद्धतिमें (Rituale Romanum) प्रायः तीस पन्नोंमें भूत छुड़ानेकी प्रक्रिया लिखी है। पागलपन और भूतावेशमें कुछ प्रभेद है। इसके बारेमें पद्धति-ग्रन्थमें इस तरह लिखा है,—

'जिसको भूत लगता है, वह अंटसंट बकता, और सब समझता है। जो अद्भुत बात मनुष्य नहीं जानता वह उसके मुंहसे निकल पडती है। जब उपर्युक्त चिह्न दिखाई दे, तो समझना चाहिये कि भूतका अंश जरूर है।' इस देशमें जैसे ओझा, मुसलमानोंमें सयने, तिब्बतियोंमें सिद्ध भूत झाड़ते हैं, वैसे ही रोम-साम्राज्यके खृष्टानोंमें Exorcist भूत उतारनेका काम करते हैं। हमारे देशकी तरह वहां भी भूतका नाम धाम आदि पूछते हैं। भूत झाड़नेके लिये गिरजेके एक कोनेमें उसे घुटने टेक कर बैठनेको कहते हैं और क्रूशसे झाड़ते हैं। इसके बाद उसके माथे पर पवित्र जलका छींटा दिया जाता है। इसके बाद तरह तरहके मन्त्र स्तोत्र पाठ किया करते हैं। पीछे भूतका नाम पूछते हैं। इसके बाद भूत छुड़ानेका मन्त्र पढते हैं, जिसका तात्पर्य इस तरह है—

> "*I* exorcise thee, unclean spirit, in the name of Jesus Christ, tremble, *O* Satan thou enemy of the faith, thou foe of mankind, who has brought death into the world; who hast deprived men of life, and hast rebelled against Justice; thou seducer of mankind, thou root of all evil, thou source of avarice, discord and envy"

यदि इन सब बातोंसे भी भूत भागना नहीं चाहता, तो झाड़नेवाले भूतोंके प्रति कठोरता आरंभ करते हैं और भयङ्कर आवाजके साथ क्रूशसे मारते हैं। इस तरह तीन चार घण्टे भूत उतारनेमें लग जाते हैं। किन्तु अन्तमें भूत भाग जाता है।

हिन्दुओंमें जैसे ओझा जलको मन्त्रपूत कर उससे देह बांधते, घर बांधते तथा स्थान बांधते हैं, रोमी भी वैसे ही किया करते हैं। भूत छुड़ानेके समय वे पेटर नाष्टर (Pater Noster) और आवेमरिया (Ave Maria)-का नाम लिया करते हैं।

यूनानी दूसरी तरहसे भूत झाड़ते हैं। जिस मनुष्यको भूत लगता है, उसको यूनानी एक खूंटेसे बांध देते हैं। गिर्जाकी पोशाक पहन कर कई याजक उसके पास पहुंचते हैं। प्राय छः घण्टे तक वे बाइबिलके अंश (Gospels) पढ़ते रहते हैं। इनको एक दिन पहले उपवास करना पड़ता है। दूसरे दिन भी उपवासी हो कर भूत झाड़ना पड़ता है। तीसरे दिन यह पाठ खतम होता है। पाठ करते समय भूताविष्ट मनुष्य भगवान्को मानव जाति पर क्रोध प्रकट कर तरह तरहकी बेहूदी बातें बोला करता है; किन्तु भूत झाड़नेवाले इसकी जरा भी परवाह नहीं करते। जब पाठ करते हैं, तब यह बड़ी विशुद्धता रखते हैं, उच्चारणमें एक भी भूल नहीं हो सकती। पाठ खतम होने पर शुद्धाचारी गुणी याजक आ कर बासिल (St *Basil*) नामक एक सिद्धका मन्त्रपाठ सुन भूत चकित हो जाता है। उस समय झाड़नेवाला भूतको कठोरताके साथ गाली दिया करता है। भयभीत हो कर भूतको भागना पड़ता है। भूतके छोड़ते ही वह मनुष्य बेहोश हो जमीन पर गिर पड़ता है।

अब भी रोमी ओझा दिखाई देते हैं। प्रत्येक समाजमें एक एक ओझा एक एक कर्मचारीकी तरह नियत किये गये हैं

उपसंहार।

ऊपर सभ्य-समाजका विश्वास और अनुष्ठान लिखा गया है। किन्तु सभ्य-समाजकी अपेक्षा असभ्य जंगली जातियोंमें ही भूतका भय अत्यधिक है। भूतोंके भयसे बचनेके लिये वे तरह तरहके उपाय किया करते हैं। इस देशमें भूतचतुर्दशीके दिन भूत-निवारण और भूत भगानेके लिये अपामार्गकी शाखाका चारों ओर घुमाना और चौदह तरहके शाकका भक्षण करना, आग जला कर गांवका प्रदक्षिणा करना आदि जैसी शास्त्रीय बातें दिखाई देती है, वैसी दक्षिणकी असभ्य जातियोंमें भी है। एक दिन

कुछ लोग एकत्र हो कर संध्या समय आग जला कर [illegible] कोलाहल कर भूत भगाया करते हैं।

कोल, भील आदि शब्दोंमें असभ्य जातिका विश्वास देखना चाहिये।

भौतिकसृष्टि (सं० स्त्री०) आठ प्रकारकी देवयोनि, पांच प्रकारकी तिर्यग्योनि और मनुष्ययोनि, इन सबकी समष्टि।

भौती (सं० स्त्री०) भूतानां भूतयोनीनामियमिति भूत-अण्, ङीप्, तस्यां भूतानामधिकारित्वविद्यमानत्वात्तथात्वं। रात्रि।

भौनो (हिं० स्त्री०) एक बालिश्त लंबी और पतली लकड़ी जिसकी सहायतासे तानेका चरखा घुमाते हैं।

भौत्य (सं० पु०) भूतेरपत्यं पुमान्, भूति-अपत्यार्थे ष्यञ्। भूतिमुनिकेपुत्र, चौदहवें मनु।

भूति मुनिके औरससे भौत्य नामक मनु पुत्ररूपमें उत्पन्न हुए। इस मन्वन्तरमें चाक्षुष, कनिष्ठ, पवित्र, भ्राजिर और धारावृक ये पांच देवगण आविर्भूत होंगे। शुचिको इस मन्वन्तरमें इन्द्रत्व-पद प्राप्त होगा। वे अन्यान्य इन्द्रोंकी तरह सभी गुणोंसे अलंकृत थे। अग्नीध्र, अग्निबाहु, शुचि, मुक्त, माधवशत्रु और अजित ये सात सप्तर्षि तथा गुरु, गभीर, ब्रध्न, भरत, अनुग्रह, स्त्रीमानी, प्रवीर, विष्णु, संक्रन्दन, तेजस्वी और सुबल, ये उनके पुत्र हैं। (मार्कण्डेयपु० १०० अ०) मनु देखो।

भौनकवि—नरहरिवंशी एक बन्दी। इनका जन्म-सम्वत् १८८१में हुआ था। बेती जिला रायबरेलीमें इनका वासस्थान था। ये महान् कवि शृङ्गाररसके वर्णनमें बड़े सत्कवि और सिद्धहस्त लेखक थे। इनका 'शृङ्गाररत्नाकर' ग्रंथ अत्युत्तम है। दयाल-कवि इन्हींके पुत्र थे।

भौम (सं० पु०) भूमेरपत्यं भूमि-शिवादित्वात् अण्। १ मङ्गलग्रह। २ नरकराज। ३ अम्बर। ४ रक्तपुनर्णवा। ५ आसनभेद। ६ वह केतु या पुच्छल तारा जो दिव्य और अन्तरिक्षके परे हो। (त्रि०) ७ भूमिसम्बन्धो, [illegible]िका। ८ भूमिसे उत्पन्न।

भौम[illegible]व (सं० पु०) ललितविस्तरके अनुसार प्राचीनकालकी एक प्रकारकी लिपि।

भौमचार (सं० त्रि०) ज्योतिषोक्त मङ्गलग्रहका सञ्चारविशेष। मानव-प्रकृतिमें जो सब परिवर्त्तन होता है वह मङ्गलके प्रकोपसे ही होता है।

भौमजल (सं० क्ली०) भूमि-अण्, भौमं जलं। भूमिसम्बन्धी जल।

भौमजल तीन प्रकारका है,—जाङ्गल, आनूप और साधारण। जो देश अल्प जल और अल्प वृक्षसे भरा है और जहां रक्तपित्तका प्रकोप है, उसे जाङ्गलदेश और वहांके जलको जाङ्गलजल; जिस देशमें जल बहुत मिलता, जहां वृक्ष भी काफी हैं और जहां अकसर वातश्लेष्म रोगका प्रकोप देखा जाता है उसे आनूपदेश और वहांके जलको आनूपजल तथा जहां आनूप और जाङ्गल दोनों ही देशके लक्षण दिखाई देते हैं उसे साधारण देश और वहांके जलको साधारण जल कहते हैं।

जाङ्गलजल—रूक्ष, लवणरस, लघु, पित्तघ्न, अग्निवर्द्धक कफकारक, हितकर और अनेक प्रकारके विकारका उत्पादक है। आनूपजल—अभिष्यन्दी, मधुररस, स्निग्ध, गाढ़, गुरु, अग्निवर्द्धक, कफकारक, हृदयग्राही और बहुविकारजनक है। साधारण जल—मधुररस, अग्निप्रदीपक, शीतल, लघु, तृप्तिकारक, रुचिकर और पिपासा, दाह तथा त्रिदोषनाशक माना गया है।

भौमन (सं० पु०) आदिसर्गे भवतीति भू कर्त्तरि मन्, भूमा ब्रह्मा, तस्यापत्यं अण्, मनन्तत्वात् न टेर्लोपः। विश्वकर्मा।

भौमपाल—ग्वालियरके कच्छवाह-वंशीय एक राजा।

भौमप्रदोष (सं० पु०) वह प्रदोष जो मङ्गलवारको पड़े। इस प्रदोषका माहात्म्य साधारण प्रदोषको अपेक्षा कुछ विशेष माना जाता है।

भौमरत्न (सं० क्ली०) भूभौ जातं, भूमि-अण्, तादृशं रत्नं। प्रवाल, मूंगा।

भौमराशि (सं० स्त्री०) मेष और वृषकी राशियां।

भौमवती (सं० स्त्री०) भौमासुरकी स्त्रीका नाम।

भौमवार (सं० स्त्री०) मङ्गलवार।

भौमासुर (सं० पु०) नरकासुर नामका असुर।

नरकासुर देखो।

भौमिक (सं० त्रि०) भूमिमधिकरोति यः भूमि-ठन्। १ भूम्याधिकारी; जमींदार। २ भूमिस्थित। ३ भूमिसम्बन्धीय।

भौमी (सं० स्त्री०) भूम्यां जाता भूमि-अण्, स्त्रीत्वात् ङीष्। सीता।

भौमेन्द्रपाल—ग्वालियरके कच्छवाहवंशीय एक राजा।

भौर (सं० पु०) भूरिका गोत्रापत्य।

भौरिक (सं० पु०) भूरिसुवर्णमधिका रोतीति ठक्। कनकाध्यक्ष।

भौरिकि (सं० पु० स्त्री०) भूरिकस्य ऋषेरपत्यमिञ्। भूरिक ऋषिका गोत्रापत्य।

भौरिकादि (सं० पु०) पाणिन्युक्त शब्दगण, यथा—भौरिकि, भौलिकि, चौपयत, चैटयत, काणेय, वाणिजक, वालिकाज्य, सैकयत, बैकयत।

भौलिकि (सं० पु० स्त्री०) भौरिकि वाहुलकात् रस्य ल। भौरिकि देखो।

भौलिङ्ग (सं० पु० स्त्री०) भूलिङ्गस्य खगभेदस्यापत्यं अण्। १ भूलिङ्ग खगापत्य। २ राजपूतानाके अरावल्ली पर्वत और मरुभूमि-मध्यवर्त्ती स्थानभेद।

भौलिया (हिं० स्त्री०) वजरेकी तरहकी पर उससे कुछ छोटी एक प्रकारकी नाव जो ऊपरसे ढकी रहती है।

भौवन (सं० त्रि०) भुवन-सम्बन्धीय।

भौवनायन (सं० पु०) भुवनका गोत्रापत्य।

भौवादिक (सं० पु०) भ्वादौ गते पठितः ठक्। भ्वादिगणमें पठित धातु।

भौवायन (सं० त्रि०) भुव नामक अग्निका अपत्य।

भौसा (हिं० पु०) १ भीड़भाड़, जनसमूह। २ हो हुल्लड़, गड़बड़।

भ्रंगारी (हिं० पु०) झींगुर।

भ्रंगी (हिं० पु०) एक प्रकारका गुंजार करनेवाला पतिंगा।

भ्रंश (सं० पु०) भ्रन्श-भावे घञ्। १ अधःपतन, नीचे गिरना। २ नाश, ध्वंस। ३ भागना। (त्रि०) ४ भ्रष्ट, खराब।

भ्रंशकला (सं० अव्य०) हिंसा।

भ्रंशथु (सं० पु०) भ्रंश अथुच्। भ्रंश, अधःपतन।

भ्रंशन (सं० त्रि०) अधःपतन।

भ्रंशिन् (सं० त्रि०) भ्रंश-इनि। भ्रंशयुक्त, नाशविशिष्ट।

भ्रकुंश (सं० पु०) भ्रुवा कुंसो भाषणं यस्य, पृषोदरादित्वात् साधुः। स्त्री-वेशधारी नर्त्तकपुरुष, वह नाचनेवाला पुरुष जो स्त्रीका वेष धर कर नाचता हो।

भ्रकुंस (सं० पु०) भ्रुवा कुंसो भाषणं शोभा यस्य वासः; "भ्रकुंसादिनामकारो भवतीति वक्तव्य" इति वार्त्तिकोक्त्या उकारस्यात्वं। स्त्रीवेशधारी नर्त्तकपुरुष। पर्याय—भ्रुकुंस, भ्रुकुंश, भ्रूकुंश, भ्रकुंश।

भ्रकुटि (सं० स्त्री०) भ्रुवोः कुटिः कौटिल्यं "भ्रुकुंसादीनामकारो भवतीति वक्तव्यं" इति वार्त्तिकोक्त्या उकारस्यात्वं। १ क्रोधादि द्वारा भ्रूका कौटिल्य, क्रोधके मारे भौंहका सिकुड़ना। २ भृकुटी, भौंह।

भ्रत (हिं० पु०) दास, सेवक।

भ्रदु (हिं० पु०) हाथी।

भ्रम (सं० पु०) भ्रमु अनवस्थाने इति घः। १ मिथ्याज्ञान। पर्याय—भ्रान्ति, मिथ्यामति। (अमर)

न्याय मतसे अप्रमादोषका नाम भ्रम है। एक प्रकारकी वस्तुमें दूसरी तरहकी वस्तुका ज्ञान होना भ्रम कहलाता है। जिसमें जो गुणदोष नहीं हैं और उसमें उन गुणदोषोंका देखना ही भ्रम कहलाता है। जैसे, पण्डितको मूर्ख और पाखण्डीको विद्वान् जान लेना। रस्सीको सांप और सांपको रस्सी समझ लेना भ्रम है।

दर्शन आदि शास्त्रोंमें भ्रमकी उत्पत्ति तथा निवृत्तिका कारण और अवान्तरभेदका भी निर्णय किया गया है। सांख्य और वेदान्तका कहना है,—भ्रमज्ञान स्वयं मिथ्या है, परन्तु उसका फल सत्य है। जैसे,—रस्सीमें सर्पज्ञान होनेसे भय और शरीर कम्पित हो जाता है, तृष्णातुर मनुष्य मृगतृष्णाके भ्रममें पड़ कर इधर उधर दौड़ा करता है। यद्यपि भ्रममात्र ही असद्वस्तु-अवगाही है, तथापि उसका कुछ न कुछ फल अवश्य है; अर्थात् इससे जीवके निवृत्ति प्रवृति उत्पन्न होती रहती है। खोजने पर पता लगता है कि भ्रमके भिन्न-भिन्न प्रभाव हैं और फल भी पृथक् पृथक् हैं। यह जान कर शास्त्रकारोंने भ्रमज्ञानकी कई श्रेणियोंकी कल्पनायें की हैं। पहले सोपाधिक और निरुपाधिक इसके दो प्रकार हैं, इसके बाद संवादी, विसंपवादी, आहार्य और औपाधिक तथा आहार्य्य ये चार प्रकार बताये गये हैं।

सोपाधिकभ्रम।—यदि दो या इससे अधिक वस्तु एक जगह रहती हो, और एक जगह रहनेसे एक वस्तुका गुण या रंग दूसरी वस्तुमें आ गया हो, तो जिस वस्तुका गुण दूसरी वस्तुमें आया है, उस वस्तुको उपाधि और जिसमें गुण आया हो, उसको उपहित कहते हैं। जब उपर्युक्त प्रकारसे उपाधिके संगसे एक तरहके स्वभावकी वस्तुमें दूसरी तरहका स्वभाव दिखाई दे, तो उसे सोपाधिकभ्रम जानना होगा। जैसे—स्फटिकका स्वभाव स्वच्छ है और रंग सादा है, किन्तु कभी कभी रंगीन चीजोंके साथ रहनेसे यह लोहित तथा पीले रंगकी दिखाई देता है। स्फटिकमें रक्तवर्णकी प्रतीति सोपाधिकभ्रम है।

निरुपाधिकभ्रम।—जब किसी तरहसे भी मिश्रित होनेकी सम्भावना नहीं है फिर भी एक वस्तुका अन्य वस्तु हो जाना निरुपाधिभ्रम कहा जाता है। जैसे नीला-आकाश है, किन्तु इसका कोई रंग नहीं; फिर भी यह गाढ़ा नीला दिखाई देता है। आकाशका नील रंग होनेका जो भ्रम होता है, वह निरुपाधिभ्रम है।

संवादी और विसंवादीभ्रम।—यह जानी हुई बात है कि जिसको किसी बातका भ्रम हो गया है, उसको उस बातमें कोई सफलता नहीं मिल सकती। किन्तु कभी कभी भ्रमज्ञानसे भी फल होता है। जिस भ्रमज्ञानसे कुछ फल होता है, उस भ्रमका नाम संवादी है और जिस भ्रमसे कुछ फल नहीं होता उसे विसंवादी कहते हैं। प्रायः लोगोंको विसंवादीभ्रम ही अधिक होता है। विसंवादीभ्रम कभी कभी हुआ करता है।

मान लो, किसी एक मनुष्यको दूरसे कुहासेको देख कर धूएंका भ्रम हो गया। इसके बाद उसको यह ज्ञान हुआ कि जहां धूआं है वहां अग्निका होना आवश्यक है, क्योंकि विना अग्निके धुआं दिखाई ही नहीं देता। यह समझ अग्निके लिये वहां गया और वहां धूआं न होने पर भी अग्नि प्राप्त हो जाय, तो उस मनुष्यको जो भ्रम हुआ वह संवादीभ्रम है। यदि वहां अग्नि नहीं मिलती तो उस भ्रमको विसंवादीभ्रम कहते। यही भ्रम अधिक हुआ करता है। अथवा दो मनुष्योंको दो प्रकाश देख कर एकको दीपका, दूसरेको मणिका भ्रम हुआ। जब वे लेने गये तो जिसको मणिका भ्रम हुआ उसे मणि मिल जाय, तो संवादीभ्रम और दूसरेको विसंवादीभ्रम हुआ समझो।

"दूरे प्रभाद्वयं दृष्ट्वा मणिबुद्ध्याभिधावतोः।
प्रभायां मणिबुद्धिस्तु मिथ्याज्ञानं द्वयोरपि॥
न लभ्यते मणिर्दीपप्रभां प्रत्याभिधावता।
प्रभायां धावताऽवश्यं लभ्यते च मणिर्मणेः॥"

आहार्य और औपाधिक आहार्यभ्रम।—चेष्टा करके एक तरहकी वस्तुओंमें दूसरी वस्तुओंका ज्ञान सम्पादन करना आहार्यभ्रम कहलाता है। यदि उपाधि अवलम्बनसे यह कार्य सम्पादित किया गया हो तो वह उपाधिक आहार्यभ्रम होगा। चन्द्र एक वस्तु है; किन्तु आंखको उंगलीसे कुछ बन्द करके देखनेसे कई दिखाई देते हैं। छोटी वस्तुको मेग्निफाइङ्ग (Magnifing glass)-से देखने पर बड़े आकारमें देख सकते हो या बड़ी वस्तुको कांच द्वारा छोटी देखना आहार्यभ्रम कहलायेगा।

ऐन्द्रियिकज्ञान हो या यौक्तिकज्ञान, चाहे औपदेशिकज्ञान हो, सभी ज्ञानोंके भीतर कहे गये सैकड़ों भ्रम छिपे पड़े हुए हैं। जितने दिन तक यह भ्रम मिट नहीं जाते तब तक मोक्षकी आशा करना मृगतृष्णाके समान है।

भ्रम उत्पन्न होनेका कारण और उसके निवारणका उपाय—भ्रमोत्पत्तिके तीन कारण हैं, दोष, सम्प्रयोग और संस्कार। इनमें दोष कई तरहके हैं निमित्तगत कालगत और देशगत। इन्द्रियें जो प्रत्यक्षकी जननी हैं, उनमें दोष हो जाना, यह निमित्तगत दोष है। नेत्र प्रत्यक्ष देखनेवाले हैं। उन नेत्रोंमें यदि पित्तदोष उत्पन्न हो, तो अधिक उजली वस्तु भी पीली दिखाई देती है। सन्ध्या समयमें धुंधलापन देखना कालदोष और दूरका निकट तथा निकटका दूर देखना देशगत दोष है।

सम्प्रयोग।—सम्प्रयोग शब्दका अर्थ यहां ऐसा समझना होगा कि जिस वस्तुमें भ्रम पैदा हो, उस वस्तुका समूचा न दिखाई देना अर्थात् उसके किञ्चितांश पर ही प्रकाश पड़ना।

संस्कार।—संस्कार शब्दसे यहां सदृश वस्तुका स्मरण

समझना होगा। किसी मतमें ऐसा कहा गया है, कि संस्कारके बदले सादृश्य ही भ्रमोत्पत्तिका कारण है। उस मतका अभिप्राय यह है कि जो वस्तु दूसरी वस्तुसे मिलती-जुलती नहीं यानी दूसरी वस्तुसे सादृश्य न होने पर किसी वस्तुमें भ्रम उत्पन्न नहीं होता। रस्सीमें सर्पका भ्रम होता है; किन्तु किसी चौकोन वस्तुमें सर्पका भ्रम नहीं हो सकता। अतएव यह निश्चय है कि किसी सादृश्यवान् वस्तुमें ही दोष या सम्प्रयोगवश भ्रम उत्पन्न होता है।

एक जगह बहुत लोग एकत्र हैं, सन्ध्या समीप है, ऐसे समय उनमें एकाएक मनुष्य 'वह चांदी है' कह कर वहांसे दौड़ा। अन्यान्य मनुष्योंने देखा कि जिस चीजके लिये वह मनुष्य दौड़ा है, वह चांदी नहीं वरन् सीपका टुकड़ा है। उसकी चमकसे ही उस दौड़े हुए मनुष्यको चांदीका भ्रम हुआ है। उस व्यक्तिके चांदीके भ्रमकी तरह अन्यान्य पदार्थोंमें भ्रमकी बात समझना चाहिये। जिस समय सीपके टुकड़ेमें चांदीका भ्रम हुआ था, उस समय उसके समुदितज्ञान बिलकुल न था। पहले सीपके टुकड़ेमें दृष्टि निक्षेपके बाद किसी वस्तुके आकारका ज्ञान, उसके बाद चांदीका ज्ञान हुआ। उसमें 'वह' इत्याकारका ज्ञान तथा उसके अनुरूप वाक्य और उसकी संलग्नताके रूपमें चांदीका ज्ञान या उसके अनुरूप वाक्य एक अभिन्न संसर्गसे उत्पन्न हुआ था। दृष्टि जब सीपके टुकड़ेकी ओर गई थी तब उस देखे हुए पदार्थके सर्वांशका ग्रहण नहीं किया। उसकी बाहरी चमकको ही उसने ग्रहण किया था और केवल उस चमकके ग्रहण करनेसे उस वस्तुका ज्ञान हो आया, जो हृदयमें बहुत दिनोंसे बैठी थी; यानी चांदी तो स्मृतिपथमें पहलेसे अपना घर बना चुकी थीं, झट उस चमकीली वस्तुको देखते ही उस (चांदी) का भ्रम हो गया। वह स्मरणात्मक चांदीका ज्ञान 'यह' सम्मुग्ध (पहले उत्पन्न होनेवाले भ्रमज्ञानको सम्मुग्ध कहते हैं) ज्ञानके साथ मिल जानेका कारण यह है कि प्रायः सभी तरहके ज्ञान किसी भी वस्तुके बाह्य-विशेषणको ही पहले ग्रहण करते हैं पीछे विशेषण विशेष्यरूपमें समा जाता है इसीसे उस मनुष्यने सीपके टुकड़े की चमक यानी उस वस्तुके विशेषणको ग्रहण कर उसके विशेष्यकी जगह पर एक कल्पित विशेष्य चांदीका संयोग किया था, पीछे इसका विलोप हो गया और असली विशेष्य सीपका टुकड़ा दृष्टिगत हुआ। चमकीले सीपके टुकड़ेकी जगह उसका ज्ञान न हो कर चमकदार चांदीका ज्ञान हुआ था। इसीलिये यह झूठ ज्ञान था। एक आहार्य्यभ्रमको छोड़ कर प्रायः सभी तरहके भ्रमोंकी यही प्रणाली है। इस प्रणालीके अनुसार सब जगह एक भावापन्न वस्तु दूसरी भावापन्न वस्तुके रूपमें दिखाई दिया करती है। ऐसे भ्रमोंका ध्वंसोपाय केवल उसका समुचित-परिदर्शन है। यानी जिस वस्तुमें भ्रम उत्पन्न हुआ है, उस पर सम्पूर्णरूपसे जब तक प्रकाश नहीं पड़ता तब तक उस भ्रमका लोप नहीं होता। सांख्यदर्शनमें इस तरहका भ्रम 'अन्यथा-ख्याति' कहा गया है।

शङ्कराचार्यका कहना है कि भ्रमोत्पत्तिका मूल अज्ञान है। अज्ञान अनिर्वचनीय तथा दोष-स्थानीय है। दोषस्थानीय अज्ञानका स्वभाव यह है कि यदि किसी वस्तुके सर्वांश या किञ्चिदंश पर उसका अधिकार हो जाता है, तो वह दोष उस वस्तुमें उसी वस्तुके सदृश कोई दूसरी उसके विपरीत वस्तु उत्पन्न कर देगा। सीपके टुकड़ेके कुछ अंश पर अधिकार होने पर अज्ञानने चांदीकी सृष्टि की थी। केवल एक अज्ञानका ही ऐसा भाव नहीं है, अन्य वस्तुएं भी दोष, दुष्ट होने पर विपरीत वस्तुको उत्पन्न करती हैं। दावानलसे जला हुआ बेंतका बीज बेंतका अंकुर उत्पन्न न कर कदली (केला) वृक्षको उत्पादन करता है। दोष क्या कर सकता है और क्या नहीं, यह कोई नहीं कह सकता। दोषके कारण ही सैकड़ों तरहकी वस्तुओंकी सृष्टि होती रहती है।

मीमांसकोंका कहना है कि ज्ञान मात्रही सत्य अर्थात् सद्वस्तु-विषयक है। संसारमें कोई झूठी वस्तु नहीं और न कोई असत्य ज्ञान ही है। सीपके टुकड़ेमें चांदी दिखाई देना केवल प्रवाद ही है। उस समय उस सीपमें सीपका और चांदीका ही ज्ञान हुआ था। दोष और सम्प्रयोग घटनावलीसे उन दोनों ज्ञानका पार्थक्य नहीं

हुआ, केवल इतना ही फर्क है। दोनों ज्ञानोंमें पार्थक्य न होने पर भी भ्रमकी उत्पत्ति होती है। संसारमें कहे अनुसार भ्रमके सिवा झूठी वस्तुका ग्रहण मिथ्या ज्ञानात्मक भ्रम नहीं है। जो हो, भ्रमप्रणालीमें पार्थक्य रहते हुए भी भ्रमके अस्तित्वमें प्रायः सभी एकमत देखे जाते हैं।

निर्दिष्ट लक्षणान्वित भ्रमके कई अवान्तर भेद हैं। उन प्रभेदोंके पृथक् पृथक् नाम भी हैं। जैसे,—सादि-अध्यास और अनादिअध्यास है। इन दोनोंके अवान्तर प्रभेद तदात्म्याध्यास और संसर्गाध्यास है। सारूप्य प्राप्त जो अध्यास है, वह तदात्म्याध्यास। जो सम्बन्धमात्रका अध्यास है, वह संसर्गाध्यास है। लोहा और अग्नि दोनों एकमें मिल कर एक रूप हो जाते हैं। यहां लोहेमें अग्निका अध्यास है। जिस अध्यासके बलसे मनुष्य लोहेको जला देता है, उसी अध्यासको तदात्म्याध्यास कहते हैं। शरीरमें किसी तरहकी पीड़ा उपस्थित होने पर मनुष्य 'मैं मरा' 'प्राण गये' आदि कह कर जो दुःख प्रकट करता है, वह तदात्म्याध्यासका ही फल है। मेरा पुत्र, मेरी स्त्री, इत्यादि स्थलोंमें पुत्र और स्त्रीमें वास्तविक आत्मत्व या अपनापन न रहने पर भी आत्मसंबन्ध अध्यास किया जाता है। अतएव संसर्गाध्यासकी महिमा है। जगत्में जितने तरहके अध्यास-प्रभेद हैं, प्रायः सभी वाह्यपदार्थोंकी तरह अध्यात्म पदार्थमें विद्यमान हैं। कभी हम इन्द्रियोंके साथ एकीभूत हो कर कहते हैं,—मैं करता हूं, मैं अंधा हूं, मैं लंगड़ा हूं इत्यादि किन्तु यथार्थमें अंधापन आदि धर्म हममें नहीं है। कभी कभी हम इस दृश्य शरीरमें आत्मत्व आरोपित करते हैं, मैं मोटा हूं, मैं पतला हूं, इत्यादि। मैं जो हूं उसमें न मोटापन है और पतलापन ही है। मोटापन तथा पतलापन शरीरसे सम्बन्ध रखता है, आत्मासे नहीं। हम किस प्रकारके हैं, यह कोई नहीं जानता। यदि हम जानते, तो हमारा व्यवहार आ-जीवन एक समान ही चलता, किन्तु ऐसा नहीं होता, वह प्रतिक्षण बदला रहता है।

यह सभी अध्यास कभी एक साथ मिल कर प्रकाशित होते हैं, कभी केवल सम्बन्ध सूचित करते हैं। वाह्यजगत्में और आत्मराज्यमें उपर्युक्त लक्षण-सम्पन्न अनेक अध्यास विराजमान हैं, मनुष्य यह जान कर भी जान नहीं सकता। कभी कभी वाह्य अध्यासकी निवृत्ति हो जाती है सही, किंतु किसीका अध्यासत्मिक अध्यासकी निवृत्ति होते नहीं देखी गई।

अध्यास-निवृत्तिका उपाय क्या है? कपिल आदि दार्शनिकोंने इसके उत्तरमें अधिकरणका स्वरूप देखना भ्रम-निवृत्तिका उपाय कहा है। जिस जगह भ्रम होता है या जिस वस्तुमें भ्रम होता है, उसके यथार्थ रूपका ज्ञान होते ही उस भ्रमका विनाश होता है। वस्तुके स्वरूप देखनेका उपाय है विशेष दर्शन। विशेष दर्शन एक जगह एक तरहका नहीं अर्थात् स्थलविशेषसे यह कई तरहका है। कहीं बारम्बार दर्शन, कहीं उपर्युक्त परीक्षा प्रयोग, जिसके द्वारा दोषकी उत्पति होती है, सम्प्रयोग विदरित हो जाता है, वही परीक्षा शब्दका अभिधेय है। उस परीक्षाके प्रयुक्त होते ही दोषादिका लोप हो जाता है, और इसके बाद सत्यज्ञानका आविर्भाव होता है। दोषादिसे हम उत्तीर्ण हुए कि नहीं, इसकी परीक्षा नही है। न होनेका कारण यह है कि यथार्थ ज्ञान प्राप्त होने पर वहां यथार्थ ज्ञान ही दोषादिसे पार होनेको गवाही देता है।

बुद्धि सत्य-पक्षपाती है।—'तत्त्व पक्षपातो हि धियां स्वभावः' बुद्धिका खिचाव सत्यकी है। बुद्धिके इसी गुणके कारण भ्रमनिवृत्तिके बाद 'अब ज्ञान हुआ' 'मालूम हो गया' आदि चित्तमें F फूर्त्ति उत्पन्न होती है तथा इससे आत्माकी परितृप्ति होती है।

अध्यासनिवृत्तिके और भी कई नियम हैं। जैसे,—गुप्त भ्रम, प्रकटित भ्रम या ऐन्द्रियक भ्रम। भ्रम युक्ति तथा उपदेशसे नहीं दूर होता। प्रकटितभ्रमके लिये साक्षात्कार ही आवश्यक है। दिग्भ्रम जिनको होता है, उनको लाख उपदेश दो या नाना युक्ति तर्कसे समझाओ, किन्तु उससे उनका भ्रम दूर नहीं होता। औपदेशिक भ्रम होने पर उपदेश या युक्तिसे निवारण हो सकता है। हमारे आध्यात्मिक बहुतेरे भ्रम हुआ करते हैं, उन सब भ्रमोंको दूर करनेके लिये शास्त्रोंमें श्रवण, मनन, निदिध्यासन नामक विशेष दर्शनोंके उपदेश भरे पड़े हैं। अनादिकालके आध्यात्मिकभ्रम दूर करनेके

लिए साक्षात्कार, युक्ति और उपदेश, तीनों प्रकारकी परीक्षाओंके प्रयोगकी आवश्यकता होता है। केवल एक-से इस आध्यात्मिक भ्रमके दूर होनेकी सम्भावना नहीं है। श्रवण और मनन ये दोनों औपदेशिक उपाय हैं। निदिध्यासन प्रत्यक्ष श्रेणीका है। जैसे भीतरके रोग दुःखसुखादि अपने मनके अनुभव करनेकी चीज है, वैसे ही आत्मा भी साधनसे संस्कृत मनका ज्ञातव्य है। मन अत्यन्त निर्मल होनेसे उस पर आत्माका यथार्थ प्रतिविम्ब पड़ता है, अर्थात् उसी समय अपना अनध्यस्तरूप दिखाई देता है, इसके पहले नहीं।

सत्यके अधिकारसे असत्य या भ्रमका अधिकार ही अधिक विस्तृत है। भ्रान्ति पद पद पर सम्भव है किन्तु सत्य कभी कभी। प्रति क्षण जीवकी दृष्टिमें श्रवणादि प्रत्यक्ष और मनकी कल्पित युक्ति द्वारा अज्ञातरूपसे सौ सौ भ्रान्ति प्रवेश कर रही है। मनुष्य देख कर भी देख नहीं पाता, जान कर भी समझ नहीं सकता, यह भ्रान्तिका विशेष गुण है। भ्रम-विज्ञान अत्यन्त दुरावगाह है। जादूगरोंका जादू, ऐन्द्रजालिक तमाशा आदि सभी भ्रान्तिके मूलसूत्रसे उत्पन्न हुए हैं।

जितने प्रकारके बनावटी या सच्ची भ्रान्ति हैं, उन सभीके मूलमें दोष, सम्प्रयोग तथा दुष्टसंस्कार इन तीनोंका रहना अनिवार्य है।

"अति दूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानात्।
सौक्ष्म्यात् व्यवधानादभिभवात् समानाभिहाराच्च ॥"

(सांख्यका० ७)

निम्न लिखित भी कईएक भ्रमके कारण हैं,—अधिक दूर, अत्यन्त निकट, इन्द्रिय-वैगुण्य, मनकी अस्थिरता, सूक्ष्मता, व्यवधान, अविभव और समानाभिहार। इन सब बन्धनोंसे छूटने पर भ्रम नहीं होता, आकाशका उड़ता हुआ पक्षी बहुत दूर निकल जाने पर इन नेत्रोंसे दिखाई नहीं देता। आंखोंका काजल या अञ्जन तथा नाक अति निकट रहनेके कारण दिखाई नहीं देती। आंखोंकी पुतली या इन्द्रियमें किसी तरहकी चोट लगने पर ज्ञानको भी चोट लगती है। उन्मना या विमना अवस्थामें भी दृष्टिज्ञान नहीं रहता। परमाणु बहुत सूक्ष्म होनेकी वजहसे दिखाई नहीं देता। सूर्यके प्रकाशमें तारे परिव्याप्त रहते हैं, इससे दिनको तारे और ग्रह आदि दिखाई नहीं देते। एकजातीय दो वस्तुओंके एकत्र होने पर एकका अदर्शन हो जाता है, काठमें अग्नि है, दूधमें दही और घी है सही, किन्तु जब तक मनुष्य द्वारा जलाया या मथा नहीं जाता तब तक दिखाई नहीं देता। ये सब बातें देख यह भ्रमका कारण कहा जाता है। (सांख्यदर्शन)

भाषापरिच्छेदमें इसका लक्षण है,—"अतस्मिन् तद्ग्रहः" प्रभा और ज्ञान देखो। अवस्तुमें वस्तु ग्रहणका नाम भ्रम है। (क्लि०) २ भ्रमणशील।

"अधभ्रमस्त उर्व्विया विभाति" (ऋक् ६।६।४) 'भ्रमः भ्रमणशीलः' (सायण) । ३ रोगविशेष। इसका लक्षण,—

"मूर्च्छा पित्ततमः प्रोय रजःपित्तानिलाद भ्रमः।
चक्रवद् भ्रमतो गात्रं भूमौ पतति सर्वदा ॥
भ्रमरोग इति ज्ञेयो रजःपित्तानिलात्मकः ॥"

(माधवनिदान)

पित्त और तमोगुणकी अधिकतासे मूर्च्छाकी है तथा पित्त, वायु और रजोगुणकी अधिकतासे भ्रमरोगकी उत्पत्ति होती है। इससे शरीर चाककी तरह घूमता रहता है और मनुष्य इस रोगसे जमीन पर गिर पड़ता है।

इसकी चिकित्सा यह है—भ्रम-निवारणके लिये 'दुरालभाका क्वाथ या हरीतकीका क्वाथ घीके साथ पीना चाहिये। आंवलाके रसमें घी मिला कर पीनेसे भ्रमरोग मिट जाता है। सोंठ, पीपल, शतमूली और हरीतकी प्रत्येक १ पल और गुड़ ६ पल, इन औषधियोंसे मोदक तय्यार कर सेवन करनेसे भ्रम मिट जाता है। दुरालभाके क्वाथके साथ घृत और मारित ताम्र एकत्र कर पान करनेसे भ्रम शीघ्र ही दूर होता है। (भावप्र० मूर्च्छाधिकार)

३ मुर्च्छा। ४ खोदनेका हथियार (लिका०) ५ जलनिकलनेवाली मोरी। ६ कुम्हारका चाक।

भ्रमकारी (हिं० वि०) भ्रम उत्पन्न करनेवाला, शकमें डालनेवाला।

भ्रमण (सं० क्ली०) भ्रम-भावे ल्युट्। १ गमनविशेष, घूमना फिरना। २ आना जाना। ३ यात्रा, सफर। ४ मंडल, चक्कर।

भ्रमणी (सं० स्त्री०) भ्राम्यत्यनयेति भ्रम-करणे ल्युट्, ङीप्।

१ कारण्डिका, सैर या मनोविनोदके लिये चलना । २ जलौका, जोंक ।

भ्रमणीय (सं० त्रि०) भ्रम-अनीयर् । भ्रमार्ह, घूमने या चलने फिरनेवाला ।

भ्रमत्कुटी (सं० स्त्री०) भ्रमन्ती चलन्ती कुटी क्षुद्रगृहमिव । तृणादिच्छत्र । पर्याय—कावारी, जङ्गलकुटी ।

भ्रमत्व (सं० क्ली०) भ्रमस्य भावः त्व । भ्रमका भाव या धर्म ।

भ्रमना (हिं० क्रि०) १ धोखा खाना, भूल करना ।

भ्रममूलक (सं० त्रि०) जिसका आविर्भाव भ्रमके कारण हुआ हो ।

भ्रमर (सं० पु०) भ्रमति प्रतिकुसुमं (अर्तिक मीत्यादिना । उण् ३।१३२) इति अर् वा भ्राम्यन् सन् रौति पृषोदरादित्वात् साधुः । कीटविशेष । पर्य्याय—मधुव्रत् मधुकर, मधुलिट्, मधुप, अलि, द्विरेफ, पुष्पलिह्, भृङ्ग, षट्पद, अली, कलालाप, शिलीमुख, पुष्पन्धय, मधुकृत, द्विप, भसर, चञ्चरीक, सुकाण्डी मधुलोलुप, इन्दिन्दिर, मधुमारक, मधुपर, लम्ब, पुष्पकीट, मधुसूदन, भृङ्गराज, मधुलेटिन्, रेणुवास । (शब्दरत्नाकर)

स्वनाम प्रसिद्ध कीटविशेष । यह देखनेमें कुछ नीलापन लिये काला है । इसका कालापन तथा मधुलोलुपता देख कर प्राचीन कवि इसको कृष्णसे तुलना करते हैं । कहीं कहीं तो वे रसास्वादी सुप्रेमीको भी काला भ्रमर कहनेमें नहीं चूकते । काव्यसंसारमें इसीसे इसका इतना आदर है ।

जिस भ्रमर या भौंराके रूप और उसके गुञ्जनसे कवि गण मोहित हुए थे, वह क्या नीलकृष्ण भ्रमर कीट था अथवा मौहारकी तरहका और कोई कीड़ा ।

सदासे हम दो तरहके हो भ्रमर देखते आते हैं । (१) नीलकृष्णवर्ण बड़े आकारका कीड़ा । यह छः पैरवाला है, किन्तु मक्षियोंकी तरह बारीक पर रहने पर भी उसके ऊपर एक चिकना और कठिन आवरण लगा रहता है । एक पुष्पका मधु लेकर जब दूसरे पुष्प पर जाना चाहता है तब यह पहले उस कठिन आवरणको ही खोलता है । इसके पंख फैला कर उड़ जाता है । इसका भन-भन शब्द विशेष आनन्दप्रद नहीं । इसका डंक बिच्छूके डंककी तरह कष्टप्रद होता है । इनके काटे हुए स्थान पर पियाजका रस मल देनेसे बड़ा लाभ होता है ।

मधुमक्खियोंकी तरह इनको छात्ता तय्यार करते नहीं देखा गया है । ये पुष्पसे मधुसञ्चित करते हैं सही; किन्तु मधुछाता नहीं बनाते । साधारणतः आमके पेड़में जो छिद्र या खोखला रहता है, उसीमें यह रहते देखे जाते हैं । फिर गृहस्थोंके घर सूखे बांसोंके टुकड़ोंमें भी यह देखे जाते हैं । इनके सिवा सुन्दर पके हुए आमके फलमें इस जातिके छोटे भौंरे भी देखे जाते हैं । ये उसमें समा जाते हैं, जिसका कुछ भी चिह्न दिखाई नहीं देता ; मानों आमके फलमेंसे ही इनको उत्पत्ति हो गई हो । किन्तु आमके छिलका उतारते ही वह दिखाई देता है । (२) भृङ्गराज या छोटा भौंरा—इसका सब अङ्ग काला होने पर भी पूंछ पर पीले रंगका एक दाग दिखाई देता है । इनके डंसने पर वह स्थान जलने लगता है । एक साथ ही बीस या पचीस भंवरोंके काटने पर मनुष्यकी मृत्यु भी हो सकती है । ये मधुछाता तैयार कर पुत्रोत्पादन करते हैं । इनके दिये अण्डेसे मछलियां भी पकड़ी जाती हैं । पहले कहे हुए भौरोंकी तरह पंखके ऊपरका कठोर और चिकना आवरण इनमें नहीं होता । वृन्दावनचारी बनमाली भ्रमरकृष्ण थे और नायिका-उपभोगमें पुष्पके साथ गोपियोंकी तुलना देख प्राचीन कवियोंने इसकी कृष्णके साथ तुलना की है । २ कामुक । (मेदिनी)

भ्रमर—चम्पाअरण्यके अन्तर्गत एक देश ।

भ्रमरक (सं० पु०) भ्रमर इवेति भ्रमर (इवे प्रतिकृतौ । पा ५।३।९६) इति कन् । १ ललाटलम्बित चूर्णकुन्तल, माथे पर लटकनेवाले बाल । २ भृङ्ग । ३ बालमूषिक । ४ अम्बुभ्रम । ५ बेधनयन्त्रविशेष ।

भ्रमरकरण्डक (सं० पु०) क्षुद्रकीटविशेष । चोर इसके मध्य भ्रमरकीट भर देते हैं और चोरी करनेके समय उस कीटको छोड़ देते हैं, जिससे घरके दीपक बुझ जाते हैं ।

भ्रमरकीट (सं० पु०) भ्रमर इव कीटः । कीटविशेष ।

भ्रमरकुण्ड (सं० क्ली०) कामरूपमें नीलपर्वतस्थ पुष्पतोया नदीविशेष ।

भ्रमरच्छली (सं० स्त्री०) भ्रमरान् छलयतीति छलि-अच्, गौरादित्वात् ङीष्। लताविशेष। इसके पत्ते बादामके पत्तोंके समान होते हैं। इसमें बहुत पतली पतली फलियां लगती हैं। इसकी लकड़ी सफेद रंगकी और बहुत बढ़िया होती है और प्रायः तलवारकी म्यान बनानेके काममें आती है। वैद्यकमें यह चरपरी, गरम, कड़वी, रुचिकारक, अग्निदीपक और सर्वदोषनाशक मानी जाती है।

भ्रमरदेव—एक प्राचीन कवि।

भ्रमरपदक (सं० क्ली०) छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति पादमें १२ अक्षर होते हैं।

भ्रमरप्रिय (सं० पु०) भ्रमरस्य प्रियः। धाराकदम्ब।

भ्रमरमाली (सं० स्त्री०) भ्रमरान् मारयति गन्धोत्कर्षेण व्याकुलयतीति भृ-णिच् अण् गौरादित्वात् ङीष्। मालवदेशप्रसिद्ध पुष्पवृक्षविशेष। इसमें सुन्दर और सुगंधि फल लगते हैं। पर्याय—भ्रमरादि, भृङ्गमारी, मांसपुष्पिका, कुष्ठादि, भ्रमरी, यष्टिलता। इसका गुण—तिक्त, पित्त, श्लेष्म और ज्वरनाशक, शोथ, कण्डूति, कुष्ठ, व्रणदोष और त्रिदोषनाशक।

भ्रमरवर—उत्कलाधिप राजा कपिलेन्द्रदेवकी उपाधि। कपिलेन्द्रदेव देखो।

भ्रमरविलासिता (सं० स्त्री०) एक वृत्तका नाम। इसके प्रति पादमें ११ अक्षर रहते हैं।

भ्रमरहस्त (सं० पु०) नाटकके चौदह प्रकारके हस्त विन्यासोंमें-से एक प्रकारका हस्तविन्यास।

भ्रमरा (सं० स्त्री०) भ्रमर-अजादित्वात् टाप्। भ्रमरच्छली।

भ्रमरातिथि (सं० पु०) भ्रमरः अतिथिरभ्यागतो यस्य। चम्पकवृक्ष, चम्पाका पेड़।

भ्रमरानन्द (सं० पु०) मधुबाहुल्यात् भ्रमराणां आनन्दो यस्मात् सः। २ बकुल, मौलसरी। २ अतिमुक्तक। ३ रक्ताम्लान।

भ्रमरालक (सं० पु०) भ्रमर इव अलति भूषयतीति अल-ण्वुल्। ललाटस्थित चूर्णकुन्तल, माथे पर लटकनेवाले बाल।

भ्रमरालम्ब (सं० पु०) भूतृण।

भ्रमरावली (सं० स्त्री०) १ एक वृत्तका नाम। इसे नलिनी या मनहरण भी कहते हैं। इसके प्रत्येक पादमें पांच सगण होते हैं। २ भंवरोंकी श्रेणी।

भ्रमरी (सं० स्त्री०) भ्रमर-ङीप्। १ जतुका, जतु नामकी लता, पुत्रदात्री। २ मिरगीरोग। ३ पार्वती। ४ भौंरेकी मादा, भौंरी।

भ्रमरेष्ट (सं० पु०) भ्रमराणामिष्टः। श्योणाकभेद।

भ्रमरेष्टा (सं० स्त्री०) भ्रमराणामिष्टा। १ भार्गी, भारंगी। २ भूमिजम्बू, भुईं जामुन।

भ्रमरोत्सवा (सं० स्त्री०) भ्रमराणां उत्सवः प्रमोदो यस्यां। माधवी।

भ्रमवात (सं० पु०) आकाशका वह वायुमण्डल जो सर्वदा घूमा करता है।

भ्रमात्मक (सं० त्रि०) जिससे अथवा जिसके सम्बन्धमें भ्रम उत्पन्न होता हो।

भ्रमासक्त (सं० पु०) भ्रमे भ्रमणे आसक्तः युक्तः। १ शस्त्रमार्जक, वह जो हथियार साफ करता हो। (त्रि०) २ भ्रमान्वित।

भ्रमि (सं० त्रि०) भ्रम-बाहुलकात् इ। भ्रमण। पर्याय—भ्रम, भ्रमी। २ मण्डलाकार गति। ३ मण्डलाकार सैन्यरचना। ४ घूर्णजल, भंवरी। ५ कुलालचक्र, कुम्हारका चक्र। ६ मूर्च्छा।

भ्रमिका (सं० स्त्री०) धातुकीपुष्प।

भ्रमिन् (सं० त्रि०) भ्रमो विद्यतेऽस्येति इनि। १ भ्रमविशिष्ट। जिसे भ्रम हुआ हो। २ चकित, भौंचक।

भ्रमित (सं० त्रि०) १ जिसे भ्रम हुआ हो, शङ्कित। २ घूमता हुआ।

भ्रमितनेत्र (सं० त्रि०) ऐंचाताना।

भ्रमी (सं० स्त्री०) १ भ्रमण, घूमना, फिरना। २ चक्कर लगाना, फेरी देना। ३ सेनाकी वह रचना जिसमें सैनिक मण्डल बांध कर खड़े होते हैं। ४ तेज बहते हुए पानीमें-का भौंर, नांद।

भ्रशिमन् (सं० पु०) भृशस्य भावः, अतिशये वा इमनिच्, ऋतो रः। १ भृशत्व। २ अतिशय भृश।

भ्रशिष्ठ (सं० त्रि०) भृशस्य अतिशयः अतिशये इष्ठन्। अतिशय भृश।

भ्रष्ट (सं० त्रि०) भ्रश-कर्त्तरि-क्त। १ च्युत, पतित। २ जो खराब हो गया हो, बहुत बिगड़ा हुआ। ३ दूषित, जिसमें कोई दोष आ गया हो। ४ दुराचारी। जिसका आचरण खराब हो गया हो।

भ्रष्टा (सं० स्त्री०) पुंश्चली, छिनाल।

भ्राज (सं० क्ली०) सामभेद। यह साम गवानयन सत्रमें विषुव नामक प्रधान दिनमें गाया जाता था।

भ्राजक (सं० क्ली०) वैद्यकके अनुसार त्वचामें रहनेवाला पित्त। तैलमर्दन, अवगाहन, आलेपन आदि क्रिया द्वारा जो सब स्नेह शरीरमें लगा रहता है, उसका परिपाक भ्राजक पित्त द्वारा ही होता है। पित्त देखो। २ दीप्तिशील।

भ्राजथु (सं० पु०) भ्रस्ज अथुच्। १ दीप्ति। २ सौन्दर्य।

भ्राजद्दृष्टि (सं० त्रि०) २ शाणित अस्त्र, शान चढ़ाया हुआ हथियार। २ मरुद्भेद।

भ्राजन (सं० क्ली०) दीपन, चमक दमक।

भ्राजस् (सं० क्ली०) तेज, दीप्ति।

भ्राजस्वत् (सं० त्रि०) भ्राजस्-मतुप्-मस्य वः। दीप्तियुक्त, शोभायमान।

भ्राजिन् (सं० त्रि०) भ्राज-अस्त्यर्थे इनि। दीप्तियुक्त, शोभायमान।

भ्राजिर (सं० पु०) पुराणानुसार भौत्य-मन्वन्तरके एक देवता। (मार्क पु० १०० अ०)

भ्राजिष्णु (सं० त्रि०) भ्राज्-इष्णुच्। १ अलङ्कारादि द्वारा दीप्तियुक्त। (पु०) २ विष्णु।

भ्राजिष्णुता (सं० स्त्री०) भ्राजिष्णुका भाव या धर्म, दीप्तिशीलत्व।

भ्राता (सं० पु०) सहोदर, सगा भाई। भ्रातृ देखो।

भ्रातुष्पुत्र (सं० पु०) भ्रातुः पुत्रः षष्ठ्यां अलुक्। भ्राताका पुत्र, भतीजा।

भ्रातुष्पुत्री (सं० स्त्री०) भ्राताकी कन्या, भतीजी।

भ्रातृ (सं० पु०) भ्राजते इति भ्राज् (नप्तृ नेष्टृत्वष्टृ होत्रिति। उण् २।९६) इति तृण, निपातनात् साधुः। भाई, सहोदर। पर्याय—सहोदर, समानोदर्य, सोदर्य, सगर्भ, सहज, सोदर।

ज्येष्ठ भ्राता पितृतुल्य हैं, पिताकी मृत्युके बाद वे कनिष्ठ भ्राताओंके प्रतिपालक होते हैं।

> “ज्यैष्ठो भ्राता पितृतुल्यो मृते पितरि शौनक।
> सर्वेषां स पिता हि स्यात् सर्वेषामनुपालकः॥
> कनिष्ठस्तेषु सर्वेषु समत्वेनानुवर्त्तते।
> समोपभोगजीवेषु तथैव तनयस्तथा॥”

(गरुड़पु० ११४ अ०)

ज्येष्ठ भाईकी स्त्री माताके समान है, इस कारण माताके समान उनकी भक्ति करना उचित है। उन्हें हरण करनेसे मातृहरणके समान पातक और सैकड़ों ब्रह्महत्याके समान पाप होता है।

> “भ्रातृजायापहारी च मातृगामी भवेन्नरः।
> ब्रह्महत्यासहस्रञ्च लभते नात्र संशयः॥”

(ब्रह्मवैवर्त्त पु० प्रकृतिखं० ५३ अ०)

पिताको मृत्युके बाद भाई भाई भिन्न होनेसे उनके धर्मको वृद्धि होतो है।

> “भ्रातॄणां जीवतोः पित्रोः सहवासो विधीयते।
> तदभावे विभक्तानां धर्मस्तेषां विवर्द्धते॥
> भ्रातॄणां यस्तु नेहेत धनं शक्तः स्वकर्मणा।
> स निर्भाज्यः स्वकादंशात् किंचिद्दत्त्वोपजीवनम्॥”

(व्यास)

पितृसम्पत्तिके जितने भाई अधिकारी हैं उन्हें बराबर बराबर हिस्सा मिलना चाहिये।

भ्रातृक (सं० त्रि०) भ्रातुरागत इति भ्रातृ (ऋतष्ठञ्। पा ४।३।७८) इति ठञ्। भ्रातासे आगत धनादि, वह धन आदि जो भाईसे मिलता हो।

भ्रातृज (सं० पु०) भ्रातुः सहोदरात् जायते इति जन- (पञ्चम्यामजातौ। पा ३।२।९८) इति ड। भ्राताका अपत्य, भाईका लड़का। पर्याय—भ्रातृव्य, भ्रातृ-पुत्र।

भ्रातृजाया (सं० स्त्री०) भ्रातुर्जाया ६ तत्। भ्रातृभार्या, भाभी। पर्याय—प्रजावती।

भ्रातृत्व (सं० क्ली०) भ्रातुर्भावः त्व। भ्राताका भाव या धर्म।

भ्रातृद्वितीया (सं० स्त्री०) भ्रातृमङ्गलार्था भ्रातृभोजनार्था वा द्वितीया, मध्यपदलोपि कर्मधा०। यमद्वितीया, कार्त्तिक शुक्लद्वितीया। इस दिन यम और चित्रगुप्तकी पूजा करनी होती है। दिनमानको ८ से भाग दे कर उसके पांचवें भागमें अर्थात् १२ से १॥ के भीतर यह पूजा की जाती

है। तिथि यदि दोनों दिन पञ्चमयामव्यापिनी हो, तो युग्मादर-वशतः दूसरे दिन यह कार्य करना होगा।

"यमञ्च चित्रगुप्तञ्च यमदूतांश्च पूजयेत्।
अर्घ्यश्चात्र प्रदातव्यो यमाय सहजद्वयैः॥"

(निर्णयसिन्धु)

यमद्वितीयाके दिन यम, चित्रगुप्त और यमदूतोंकी पूजा करके यमको अर्घ्य देना चाहिए।

कार्त्तिक मासकी शुक्ला द्वितीयाको यमुनाने यमकी निजगृहमें पूजा करके भोजन किया था, इस कारण इसका नाम यमद्वितीया हुआ है। इस दिन अपने घरमें भोजन नहीं करना चाहिये। इस दिन वहनके हाथसे भोजन करना और वहनको नाना प्रकारकी दानसामग्री तथा स्वर्णालङ्कार आदि देने चाहिए। इस प्रकारका कार्य अशेष मङ्गलजनक माना गया है।

यदि सगी वहन न हो, तो चचेरी, मौसेरी आदि वहनके हाथसे भोजन करना विधेय है।*

ब्राह्मणपुराणमें लिखा है—जो नारी इस तिथिमें ताम्बूलादि द्वारा भाईकी पूजा करती है, उसे फिर वैधव्य-यन्त्रणाका भोग नहीं करना होता। जो ऐसा नहीं करती हैं, उसके भाईको आयु क्षय होती है।

"या तु भोजयते नारी भ्रातरं युग्मके तिथौ।
अर्चयेच्चापि ताम्बुलैर्न सा वैधव्यमाप्नुयात्॥
भ्रातुरायुःक्षयो राजन्! न भवेत्तत्र कर्हिचित्॥"

(निर्णयसिन्धुधृत ब्रह्माण्डपुराण)

कृत्यतत्त्वमें इसकी पूजाका विधान इस प्रकार लिखा है। यमद्वितीयाके दिन प्रातःकालमें प्रातःकृत्यादि करके निम्नोक्त रूपसे स्वस्तिवाचन और संकल्प करना चाहिये। संकल्प, यथा—"ओं तत्सदित्युच्चार्य अद्येत्यादि अमुकगोत्रः अमुक देवशर्मा स्वरक्षणकामः यमादिपूजनमहं करिष्ये।" इस प्रकार संकल्प करके शालग्राम शिला वा घटादिमें पूजाके विधानानुसार पूजा करे। पीछे इस मन्त्रसे अर्घ्य देवें।

मन्त्र—"एह्येहि मार्त्तण्डज पाशहस्त यमान्तकालोकधरामरेश।
भ्रातृद्वितीयाकृतदेवपूजां गृहाण चार्घ्यं भगवन्नमस्ते॥"

'इदमर्घ्य यमाय नमः।' पूजाके वाद इस मन्त्रसे प्रणाम करना होगा।

"धर्मराजनमस्तुभ्यं नमस्ते यमुनाग्रज।
पाहिमां किङ्करैः सार्द्धं सूर्यपुत्र नमोऽस्तु ते॥"

पीछे चित्रगुप्त और यमदूतोंकी पूजा करके यमुनाकी पूजा करनी होती है।

"यमस्वसर्नमस्तेऽस्तु यमुने लोकपूजिते।
वरदा भव मे नित्यं सूर्यपुत्रि नमोऽस्तुते॥"

इस मन्त्रसे यमुनाको प्रणाम कर, पीछे दक्षिणा-अच्छिद्रावधारणादि करके पूजा शेष करनी होगी।

इस दिन वहन भाईके भोजनकालमें अन्नादि दे कर इस मन्त्रका पाठ करे,—

"भ्रातस्तवानुजाताहं भुङ्क्ष्व भक्तमिदं शुभम्।
प्रीतये यमराजस्य यमुनाया विशेषतः॥" (कृत्यतत्त्व)

वहन अगर वड़ी हो तो 'तवानुजाताहं'की जगह 'तवाग्रजाताहं' मन्त्र कहे।

कहीं कहीं देशकी प्रथानुसार वहन प्रतिपद्के दिन भाईके कपालमें तिलक लगाती और द्वितीयाके दिन भाईको भोजन कराती है। प्रतिपदामें तिलकके विषयका उल्लेख किसी भी शास्त्रमें देखनेमें नहीं आता।

भ्रातृपत्नी (सं० स्त्री०) भ्राता पतिर्यस्या इति भ्रातुः पत्नीति वा 'ऋन्नेभ्यो ङीप्, इति ङीप्, ततः 'नित्यं सपत्न्यादिषु' इति नान्तादेशः। भ्रातृजाया, भाभी।

भ्रातृपुत्र (सं० पु० स्त्री०) भ्रातुः पुत्रः। भ्रातृज, भतीजा।

भ्रातृवल (सं० त्रि०) भ्राता अस्त्यस्य वलक्। १ भ्रातृयुक्त। (क्ली०) २ भ्राताका वल।

भ्रातृवधू (सं० स्त्री०) भ्रातुः-वधू। भ्रातृजाया, भाभी।

भ्रातृभगिनी (सं० स्त्री०) भ्राता और भगिनी, भाई और वहन।

भातृभाव (सं० पु०) भ्रातुर्भावः। पैदा हुए बालकका लग्न पर्यन्त तृतीय भाव। इस भावको भ्रातृस्थान कहते हैं। ज्योतिष मतसे भ्राताके शुभाशुभकी चिन्ता इसी भावसे की जाती है। यह भाव शुभ होनेसे भ्रातृभाव शुभ होता है, अशुभ होनेसे यह भाव अशुभ समझना चाहिये।

---

* "कार्त्तिके शुक्लपक्षस्य द्वितीयायां युधिष्ठिर।
यमो यमुनया पूर्वं भोजितः स्वगृहेऽर्च्चितः॥"

इसके सम्बन्धमें ज्योतिषशास्त्रमें जो बातें कही गई है, उनकी संक्षेपमें आलोचना कर देखना चाहिए।

“भातृस्थानं पञ्चमञ्च नवमेकादश सप्तमम् ।
तत्तादीशदशायाञ्च भ्रातृलाभो भवेन्नृणाम् ॥
भ्रातृस्थानेशतद्दर्शितद्भावस्थद्युचारिणाम् ॥
मध्ये बलसमे तस्य दशा सोदरवृद्धिदा ॥” (पारिजात)

लग्नस्थानसे तीसरा, पांचवां, सातवां, नौवां या ग्यारहवां स्थान भ्रातृस्थान कहलाता है। इन सब स्थानोंके स्वामी ग्रहोंके दशाभोगकालमें जातकके भाईका जन्म होता है। इनमें भाईके स्थानके स्वामी, भाईके स्थानको देखने और भ्रातृभावापन्न ग्रहोंमें जो बलवान् होते हैं, उन्हींके दशाभोगके समय भाईका जन्म होता है।

बहुभ्रातृ-सुखयोग—यदि वृहस्पति और तीसरे घरके स्वामी अपने घरमें यानी तीसरे स्थानमें ही हों, तो उत्पन्न हुए बालकसे सुख प्राप्त होता है। शुभग्रहके साथ तीसरे घरमें स्वामी यदि लग्नस्थानमें चौथे, सातवें और दशवें घरमें हों, अथवा शुभक्षेत्रमें रह कर शुभनवांशगत हों, तो उस लड़केके कई भाई होते हैं। तीसरे घरके स्वामी या भ्रातृकारक ग्रह शुभयुक्त और शुभ-दृष्ट होने पर अथवा भातृभावराशि पूर्णबल रहने पर बहुत भाई होते हैं। सातवें यदि मङ्गल हो, आठवें शुक्र और नौवें रवि होने पर सहोदर अल्पायु होते हैं। किन्तु भ्रातृस्थानमें शुभग्रहके योग और दृष्टि रहने पर सहोदर दीर्घायु होते हैं। तीसरे स्थानमें पापग्रहके योग और दृष्टि रहने पर भ्राताको हानि होगी।

“षष्ठे च भवने भौमः सप्तमे राहुसम्भवः ।
अष्टमे च यदा सौरिर्भ्राता तस्य न जीतति ॥
विलग्नस्थो यदा जीवो धने सौरिर्यदा भवेत् ।
राहुश्च सहजस्थाने भ्राता तस्य न जीवति ॥” (पारिजात)

छठवें मङ्गल, सातवें राहु और आंठवें शनि रहने पर भ्राता जीवित नहीं रहता। लग्नमें वृहस्पति दूसरे शनि और तीसरे राहु रहने पर भ्राताका नाश होता है, भ्रातृभावसे केंद्र और त्रिकोण स्थानमें पापग्रह रहने पर भ्राताका नाश होता है और शुभग्रह रहने पर भाईकी वृद्धि होती है और शुभाशुभ-ग्रह रहने पर शुभाशुभ फल हुआ करता है।

तीसरे घरमें रवि हो और उसको पापग्रह देखता हो, तो ज्येष्ठ भ्राता तथा पाप-दृष्ट शनि भी तीसरे स्थानमें हो तो, उसके बाद पैदा हुआ भाई और मङ्गल तीसरे स्थानमें रहनेसे उसके बाद पैदा हुए सभी भाइयोंका विनाश होता है। इससे सम्बन्धमें एक और विशेषता है कि रवि तीसरे स्थानमें रहनेसे बडा भाई, शनि रहनेसे छोटा भाई और मङ्गलके रहनेसे छोटे बड़े सभी भाइयोंका विनाश होता है। इसमें पाप और शुभग्रहोंके देखनेकी कोई बात नहीं। तीसरे घरके स्वामी और भ्रातृकारक ग्रह नीच घरोंमें या नीच नवांश घरमें, पापक्षेत्रमें पापसंयुक्त या क्रूर षष्ठांशगत होने और तृतीय घरके स्वामी और भ्रातृकारक ग्रहपाप मध्यगत होनेसे भ्राताका नाश हुआ करता है।

भ्रातृहीन योग—तीसरे घरका स्वामी चंद्र यदि छठे, आठवें या बारहवें हो तो उसके बाद उसका कोई भाई नहीं पैदा होता। तीसरे और चौथे घरके स्वामी चौथेमें रहनेसे उसके भाई न होनेकी ही आशङ्का है, किंतु उपयुक्त तीसरे और चौथे घरके स्वामीके साथ मङ्गल हो, तो उक्त फल नहीं होता। तीसरे घरमें शनिका रहना भ्रातृनाश करनेवाला है। तीसरे घरमें यदि राहु हो तो उसके भाईकी वृद्धि होगी।

बड़े और छोटे भाईकी संख्या निर्देश—कुण्डलीके लग्नस्थानसे ग्यारहवें और बारहवें स्थानके ग्रह-संख्याको गिन कर बड़े भाईकी और दूसरे तथा तीसरे ग्रहकी संख्यासे छोटे भाईकी संख्या बतानी चाहिये। तीसरे घरके स्वामी, भाईको बढ़ानेवाला, भाईका स्थान देनेवाला और भाईका स्थानयुक्त ग्रह—इनमें जो ग्रह बलवान् हो उसी ग्रह-संख्या द्वारा भाईकी संख्या बतानी चाहिये। उक्त चार तरहके ग्रह यदि नीचेके शत्रुगृहमें अथवा पापाक्रान्त या अस्तगतादि दोषसे मूढ़भावापन्न हो, तो उसके, भाईका नाश होता है और सबके बलवान् होने पर भाई दीर्घजीवी होते हैं। उक्त चार तरहके ग्रहोंमें यदि आधे बलवान् और आधे बलहीन हों, तो जितने भाई होंगे उसके आधे जीवित रह सकेंगे। इस तरह यह ठीक करना होता है, कि कितने भाई जीवित रहेंगे। उक्त चार तरहके ग्रह स्त्री-ग्रह हो कर बुरे स्थानमें हों, तो उससे छोटे भाईयोंकी संख्या कम होती है। तीसरे घरके

स्वामी यदि नवांशमें हों, तो भी उस नवांशकी ग्रहसंख्यासे भी भाईकी संख्या बतलाई जा सकती है। सूक्ष्मतः विचार करनेसे तीसरे घरका स्वामी, भाई उत्पन्न करनेवाला, भ्रातृस्थानको देखनेवाला और भ्राताके स्थानमें स्थिर, इन चारों ग्रहोंकी स्फुट गणना कर स्फुटराशि आदिका जोड़ करना होगा। उसके नवांशकी संख्यासे भाईकी संख्या स्थिर करनी चाहिये। इनमें यदि किसी ग्रहके नीचराशि-अंश या शत्रु नवांश हो, तो उक्त फल पूर्ण नहीं होता। और यदि उच्चराशि-अंश हो तो उक्त फलसे दूना फल होता है। इन चारों ग्रहोंकी अपनी-अपनी दशा और अन्तर्दशा भोगके समय उनकी अनुकूलता तथा प्रतिकूलताके अनुसार भाईके शुभाशुभका विचार करना होगा।

अन्य मतसे भाईकी संख्याका निरूपण—मङ्गलके अष्टवर्ग-चक्रमें मङ्गलस्थित राशिके तृतीय स्थानमें जितनी फल रेखायें होंगी, उतने ही भाई होंगे। किन्तु उस मङ्गलका तीसरा स्थान मङ्गलके नीचगृह या शत्रुगृह होने पर उक्त फल नहीं होगा। भाई आदिको संख्या निरूपणके विविध स्थल आने पर बलवान् ग्रहसे भी फलकी कल्पना करनी होगी।

भ्रातृभावका स्वामी और भ्राताका एक ग्रह, इन दोनोंमें जो ग्रह बलवान् होगा, उसी ग्रहसे भ्रातृसंख्या बतलानी होगी।

भाई-बहन—यदि तीसरे घरका स्वामी ओजो राशिमें हो अर्थात् पुं ग्रहके क्षेत्रमें पुं ग्रह यदि देखता हो या पुं ग्रहके साथ हो तो भ्राता और तीसरे घरका स्वामी युग्म राशिमें हो पर अथवा चन्द्र या शुक्र उनको देखें या उनके साथ ही हों, तो बहन होती है।

सुखी और दीर्घायु भाईका योग—केन्द्रमें या त्रिकोणमें तीसरे घरका स्वामी शुभग्रहके घरमें हो, या शुभ ग्रहसे देखा जाता हो, या उसके साथ ही मौजूद हो तो उसका भाई सदा सुखी और लम्बी आयुवाला होता है। इस भाईसे वियोग नहीं होता।

माताके गर्भमें ही भाईके नाशका योग—शनिके तीसरे रहने पर माताके गर्भमें दो भाईयोंका नाश होता है।

वृहस्पति, शुक्र या बुध तीसरे रहने पर तीन भ्राता उत्पन्न होते हैं। उक्त ग्रह पापग्रहोंसे देखे जाने पर या पाप ग्रहोंके साथ रहने पर दो भाईयोंकी मृत्यु होती है। लग्न-स्थान या मङ्गलसे तीसरे शनि और नवें बुध रहने पर या मङ्गलसे तीसरे राहु स्थित हो और शुभग्रह उसे देखता हो या शुभग्रहके साथ हो, तो तीन बहिनोंका नाश होता है और उत्पन्न हुए लड़केको भुजा और पेटमें बहुतेरे चिह्न देखे जाते हैं। तीसरे घरमें बुध, चन्द्र तीसरे घरके स्वामीके साथ और भ्राता देनेवाला ग्रह शनिके साथ रहने पर बड़ी बहन, एक छोटा भाई और तीसरे भाईका नाश होगा। यदि तीसरा पति नीचस्थ और भ्रातृकारक राहुके साथ हो, तो तीन बड़े भाई होते हैं तथा छोटाभाई और बहन नहीं होती। केन्द्रके तीसरे घरके स्वामीके नवें और पांचवें स्थानस्थित भ्रातृकाग्रह वृहस्पतिके साथ उच्च स्थानमें रहने पर सहोदर होते हैं। इन बारहोंमें पहला, तीसरा, चौथा, सातवां, नवां और बारहवां भ्राता तथा इस योगमें उत्पन्न होनेवाला बालक मर जाता है। बाकी पांच भाई बड़ी आयुवाले होते हैं। इन बारह सहोदरोंके छः यमज होते हैं। वृहस्पति या चन्द्रके युक्त मङ्गल व्ययपतिके साथ हो कर तीसरे स्थान पर होनेसे ७ सहोदर होते हैं। इनमें दोकी मृत्यु हो जाती है। यदि लग्नके स्वामी और तीसरे घरके स्वामी आपसमें शत्रु या मित्र हों, तो छोटे भाईसे शत्रुता या मित्रता हुआ करती है। जिस-जिस भावपतिके साथ लग्नपतिकी शत्रुता और मित्रता होती है उसी-उसी भावसे ही शत्रुता और मित्रता होती है।

भाईके वियोग होनेका योग—बलहीन लग्नके स्वामी और तीसरे घरके स्वामी अथवा भ्राता होनेवाला ग्रह आपसमें शत्रु बन कर तीसरे या कष्टकर स्थानमें जाने पर उसी ग्रहकी दशामें और अन्तर्दशामें भ्राताके साथ झगड़ा तकरार और वियोग तथा उसके लिये धनका अपव्यय तथा भाईकी मृत्यु होती है।

भ्राताकी मृत्युका निरूपण—लग्नके स्वामीके स्फुट राशि आदिको छोड़ जो बाकी बचेगा उसी राशि-अंश आदिसे जो नक्षत्र हो, उस नक्षत्रमें यदि शनि आजाय तो भाईकी मृत्यु हो जाती है। लग्नके स्वामीके स्फुटसे

दशवें घरके स्वामी और मङ्गलके स्फुटको छोड़ जो बाकी बचेगा उस राशि-अंश पर या लग्नस्फुट, सहजस्फुट, दशमस्फुट और मङ्गलस्फुटको जोड़ देने पर जो जो लब्ध होगा उस स्फुटांशमें यदि शनि आ जाय, तो भ्राताकी मृत्यु होती है। ये चार स्फुटांश निर्दिष्ट नक्षत्र घटित जिस ग्रहकी दशा निरूपित होगी उस ग्रहकी दशा और अन्तर्दशामें भ्राताको सुख-सम्पद् प्राप्त होता है। मङ्गलके स्फुटसे राहुस्फुटको छोड़ कर और राहुस्फुटसे मङ्गलस्फुटको निकाल कर जो बाकी बचेगा, उस राशि-अंशसे पांचवें और नवें घरके स्वामीके उतने ही अङ्क अंश पर वृहस्पतिके आने पर भ्राताकी मृत्यु होती है।

तीसरे गृहके स्वामी रविके साथ हो, तो बालक धीर होता है। चन्द्रके साथ रहने पर मानसिक धैर्य्यशाली, मङ्गलके साथ रहने पर दुष्ट, जड़, क्रोधी, बुधके साथ रहने पर सच्चे स्वभाव, वृहस्पतिके साथ रहनेसे धीरता गुण-युक्त और सर्वशास्त्र जाननेवाला, शुक्रके साथ रहने पर कामातुर, विलासी और कलहमें पटु, शनिके साथ रहनेसे जड़, राहुयुक्त होनेसे डरपोक और केतुके साथ होने पर पीड़ादायक होता है।

बलवान तीसरे घरके स्वामी शुभषड्वर्गमें स्थित होनेसे सच्चे स्वभावका बालक होता है और तीसरे घरके स्वामीके नीचस्थ, विनष्ट, शत्रु-क्षेत्रगत वा पापग्रह-युक्त होनेसे बालक असात्विक होता है। भ्रातृभावमें रवि आदि नवग्रह हों तो निम्न-लिखित फल होता है। रविके भ्रातृस्थानमें रहने पर लड़का बलवान्, प्रतापी, विक्रमशाली, सहोदरसे भयभीत, तीर्थ-पर्य्यटक और युद्धमें शत्रुविजयी तथा राजाका अति प्रियपात्र हुआ करता है। दूसरे मतसे, रवि तीसरे रहने पर सहोदरकी मृत्यु और दूसरे ग्रह द्वारा विघ्ननाश, धनवान्, स्त्री-सुखपूर्ण गुणवान्, धैर्यशील, प्रियजनका हितचिन्तक और सहनशील हुआ करता है। पूर्णचन्द्रके तीसरे भावमें रहने पर बालक अपने बाहुबलसे धन उपार्जन करता तथा सुन्दर उत्तमा पत्नी प्राप्त करता है। वह बालक दयाशील और अनेक नौकरोंके साथ तथा सहोदरोंसे सुखी होकर विशेष सुखसे जीवन बिताता है।

पापक्षेत्रगत तृतीय भावस्थ क्षीणचन्द्र बालककी बहिनका नाश करता है। शुभक्षेत्र-गत तृतीय भावापन्न पूर्णचन्द्र सुन्दर बहिन देनेवाला होता है। जातकाभरणके मतसे चन्द्रके तीसरे रहने पर बालक हिंसक, घमंडी, कंजूस, कम बुद्धिवाला, भाईयोंके आश्रयमें रहनेवाला, निर्दय और रोगशून्य होता है।

मङ्गल तीसरे स्थानमें रहनेसे बालक अपने बाहुबलसे कमानेवाला, भाईके लिये दुःखी और तपश्चरणमें विफल हुआ करता है। उच्चस्थानका मङ्गल तीसरे भावापन्न होनेसे बालक खेतोंके धनसे सौभाग्यशाली और विलासी होता है तथा नीचस्थानमें या शत्रुके घर रहनेसे धन-सुख-विहीन और निन्दित घरमें रहनेवाला होता है।

बुधके तीसरे भावमें रहने पर बणिकोंसे मित्रता और उत्पन्न हुआ बालक बाणिज्य वृत्तिवाला होता है और अपने बुद्धिबलसे अत्यन्त निरंकुश व्यक्तिको भी अपने अधीन कर लेता है। यह बहुत विनीत होता है। यह बालक बहुत भाईवाला तथा उनके आश्रयमें रहते हुए यौवनकालमें सम्पत्ति-सुखके सम्भोगमें बहुत लवलीन रहता और वृद्धावस्थामें संसार-त्यागी हो कर धर्ममें रत होता है। पापग्रहोंके साथ और अस्तगत बुधके तीसरे रहनेसे बहिनकी हानि होती है और शुभग्रहोंके साथ शुभ ग्रहोंके देखे जाने पर तथा उदित रहने पर भ्राता और बहिनके लिये शुभ हुआ करता है।

वृहस्पतिके तीसरे भावमें रहने पर बालक छोटा पराक्रमहीन और निर्बल होता है। किन्तु यह बालक भाईके सुखसे सुखी, कृतघ्न और मित्र द्वारा सम्मानित तथा उपकृत होने पर भी उनके प्रत्युपकारकी इच्छा नहीं करता। भाग्योदय होने पर भी इसको उतना धन नहीं मिलता। यह बालक सुजनता-रहित, कंजूस, पुत्र-कलत्र-सुखसे वञ्चित, धनवान होने पर भी निर्द्धन तथा अग्निमान्द्य रोगसे पीड़ित और अधिक कुटुम्बवाला होता है।

शुक्रके तीसरे भावमें रहने पर बालक स्त्री-प्रेमी और मित्र-रहित होता है। इसको स्त्री अल्प-प्रसूता मिलेगी, इससे सन्तान-सुखकी लालसा पूर्ण नहीं होगी। यह बालक डरपोक और क्रूर स्वभावका, धन रहने पर भी खर्च

करनेमें कञ्जूस, पतला, दुवला, कामी साधुओंसे द्वेष करनेवाला और रूपवती वहिनवाला होता है।

शनिके तीसरे भावमें रहने पर बालकका हृदय गर्म होता है अर्थात् यह बालक सदा मानसिक सन्ताप भोगा करता है। यह बालक विशेष उद्योगी होता है। इसका भाग्योदय कभी भी निर्विघ्न नहीं होता। यह बालक अग्रशोची, अति दुर्मुख, राजद्वारमें सम्मानित, सवारी पर चलेनेवाला, गांवमें श्रेष्ठ, पराक्रमशील, वहुत लोगोंका पालन करनेवाला, भाईके दुःखसे दुःखित, विदेशवासी, नीचोंका संग-साथ रखनेवाला और अधर्मी होता है तथा इसकी भुजामें रोग रहता है।

राहुके तीसरे भावमें रहने पर बालक वाहुवलशाली और मल्लयुद्ध-विद्यामें निपुण होता है। इसका भाई नहीं जीता ; यदि जीता भी है, तो अङ्गभङ्ग हो कर। यह वालक धनवान, वीरभावापन्न, स्त्री-पुत्र और मित्रादिके सुखसे सुखी होता है। दूसरे गृहरिष्ठ कुछ नुकसान नहीं पहुंचाते। राहुतुङ्गी होने पर इसके पास हाथी घोड़े और वहुतेरे नौकर चाकर हुआ करते हैं।

केतुके तीसरे भावापन्न होने पर बालक शत्रुनाश करता है। इस बालकके धन, भोग, विवाद, ऐश्वर्य और तेज अधिकतासे वढ़ता है। उसके मित्रोंका नाश या उसके मित्र रोगपीड़ित रहते हैं। उसको सर्वदा भय, विकलता और चिन्तासे चिन्तित होना पड़ता है। इसके हाथमें रोग, सुन्दर स्त्रीसे सम्भोग करनेवाला, मानसिक दुःखसे दुःखित और मित्रसम्बन्धीय दुःखसे सदा दुःखी रहता है।

यदि तीसरे घरमें पापग्रह हो और वह उसीमें रहता हो तो उसके सहोदर भाई नहीं उत्पन्न होते। इसके विपरीत होनेसे विपरीत फल भी होता है, यानी तीसरे घरमें यदि शुभग्रह हो ,उसमें शुभग्रहोंका ही वास हो, तो उसके कई सहोदर भाई होते हैं। यही भ्रातृस्थान शुभग्रहोंका घर हो और उसमें सभी शुभग्रह रहते हों या इस घरको शुभग्रह देखते हों, तो भी सहोदरोंकी वढ़ती ही रहती है। किन्तु पापग्रह तथा शुभग्रहका मिलान होनेसे शुभाशुभ फल भी हुआ करता है।

तीसरे घरके जितने भी नवांश चन्द्र और मङ्गल द्वारा देखे जाते हैं, उतने ही भ्राता और वहिनें होती हैं। किन्तु इन चन्द्र और मङ्गलके शुभाशुभ ग्रहके दृष्टिके अनुसार फल जानना होगा। यदि शनि शरीरस्थानमें रहे और मङ्गल उसको देखता हो, तो उसके सभी सहोदर मर जाते हैं। यदि यह शरीरमें स्थित शनि, वृहस्पति और शुक्र द्वारा देखा जाता हो, तो निश्चय ही सहोदरोंका मङ्गल होता है। शरीरस्थित शनिको यदि मङ्गल या वुध देखता हो, तो सब सहोदरोंका नाश हो जाता है।

यदि तीसरा घर चन्द्रका क्षेत्र हो, और यदि मङ्गल देखता रहे तो उसके सभी भाई रोगी होते हैं। यदि रवि अपने घरमें हो, और यह घर यदि धर्मस्थान हो, तो सहोदरके जीनेमें संशय होता है। किन्तु एक भाई दीर्घजीवी तथा राजतुल्य होता है। यदि तीसरे भावमें चन्द्र हो, वह चन्द्र किसी पाप ग्रहसे तीसरा न हो और उस पर किसी शुभग्रहकी दृष्टि न पड़ती हो, तो उसकी माताकी मृत्यु होती है। यदि तीसरे घरमें रवि हो तो वड़े भाईकी, शनि हो तो छोटे भाईको मृत्यु होती है और मङ्गल हो तो वड़े छोटे दोनों भाइयोंको मृत्यु हो जाती है।

ज्योतिष पण्डित भाईके स्थानमें सहोदर, नौकर, अनुजीवी और पराक्रमका विचार किया करते हैं।

(जातकाभरण, कल्पतरु, वृहज्जातकादि)

भ्रातृमत् (सं० त्रि०) भ्राता विद्यतेऽस्य मतुप्। भ्रातृयुक्त।

भ्रातृव्य (सं० पु०) भ्रातुरपत्यमिति (भ्रातुर्व्यच। पा ४।१।१४४) व्यत्। भ्रातृपुत्र, भतीजा।

भ्रातृश्वशुर (सं० पु०) पत्युर्ज्येष्ठभ्राता श्वशुर इव पूज्यत्वात्। पतिका वड़ा भाई, जेठ। पर्याय—श्वशुरक। भ्रातुः श्वशुरः। २ भ्रातृपत्नीका पिता, भाभीका वाप।

भ्रात्र (सं० क्ली०) भ्रातुरिदं, शिवादित्वादण्। भ्रातृसम्वन्धी।

भ्रात्रीय (सं० पु०) भ्रातुरपत्यं पुमानिति भ्रातृ (भ्रातुर्व्यच। पा ४।१।१४४) इत्यत्र चकाराच्छश्च इति काशिकोक्तेः छ। १ भ्रातृपुत्र, भतीजा। (त्रि०) २ भ्रातृसम्वन्धी।

भ्रान्त (सं० त्रि०) भ्रम-कर्त्तरि-क्त (अनुनासिकस्येति। पा

६।४।१५) इति दीर्घः । १ भ्रान्तिविशिष्ट, जिसे भ्रान्ति या भ्रम हुआ हो । २ व्याकुल, घबराया हुआ । ३ उन्मत्त । ४ घुमाया हुआ । (पु०) ५ भ्रमण, घूमना फिरना । ५ घूर्णायमान । ६ मत्तहस्ती, मस्त हाथी । ७ राजधुस्तुर, राज-धतूरा । ८ तलवारके हर हाथोंमें-से एक । इसके द्वारा दूसरेके चलाये हुए शस्त्रको व्यर्थ किया जाता है ।

भ्रान्तापह्नुति (सं० स्त्री०) एक काव्यालङ्कार । इसमें किसी भ्रान्तिको दूर करनेके लिये सत्य वस्तुका वर्णन होता है ।

भ्रान्ति (सं० स्त्री०) भ्रम-क्तिन् (अनुनासिकस्य क्विझलोःक्ङिति । पा ६।४।१५) इति दीर्घः । १ भ्रम, धोखा । २ संशय, संदेह । ३ भ्रमण । ४ पागलपन । ५ आवर्त्त, भंवरी । ६ भूलचूक । ७ मोह, प्रमाद । ८ एक प्रकारका काव्यालङ्कार । इसमें किसी वस्तुको दूसरी वस्तुके साथ उसकी सामानता देख कर भ्रमसे उसे दूसरी ही वस्तु समझ लेना वर्णित होता है।

भ्रान्तिमत् (सं० त्रि०) भ्रान्तिरस्त्यस्य मतुप्, मस्य व । १ भ्रमज्ञानयुक्त । (पु०) २ अर्थालङ्कारभेद ।

इसका लक्षण—

"साम्यादतस्मिंस्तद्बुद्धिर्भ्रान्तिमान प्रतिभोत्थिता ।"

(साहित्यद० १०।६८१)

साम्यविषयमें एक वस्तुमें अन्य वस्तुका ज्ञान होनेसे यह अलङ्कार होता है, परन्तु यह ज्ञानप्रतिभाबलसे उत्पन्न होना चाहिये ।

भ्रान्तिहर (सं० पु०) भ्रान्ति हरतीति हृ-कर्त्तरि पचाद्यच् । १ मन्त्री । मन्त्रणा द्वारा भ्रान्ति दूर होती है, इसीसे मन्त्रीको भ्रान्तिहर कहते हैं । (त्रि०) २ भ्रमनाशक ।

भ्राम (सं० त्रि०) भ्रम-कर्त्तरि ज्वलादित्वात् ण । १ भ्रमयुक्त । (पु०) २ सह्याद्रिवर्णित एक राजा ।

भ्रामक (सं० पु०) भ्रामयति भ्रमं जनयतीति भ्रम-णिच्, (ण्वुल्तृचौ । पा ३।१।१३३) इति ण्वुल् । १ शृगाल, गीदड़ । २ सूर्यावर्त्त । ३ प्रस्तरभेद, चुंबक पत्थर । ४ कान्ति लोहा । (त्रि०) ५ भ्रममें डालनेवाला, बहकानेवाला । ६ सन्देह उत्पन्न करनेवाला । ७ चक्कर दिलानेवाला, सन्देह उत्पन्न करनेवाला । ८ धूर्त्त, चालवाज ।

भ्रामर (सं० क्ली०) भ्रमरैः कृतं सम्भूतमिति भ्रमर (क्षुद्राभ्रमर वटरपादपादञ् । पा १।१।११६) इति अञ् । १ मधु, शहद । इसका गुण—रक्तपित्तनाशक, मूत्रजाड्यकर, गुरु, स्वादुपाक, अभिष्यन्दी । मधु देखो । २ नृत्यविशेष, एक प्रकारका नाच । इसमें बहुतसे लोग मंडल बना कर नाचते हैं । पर्याय—रास, मण्डलनृत्य, हल्लीश । ३ प्रस्तरविशेष, चुम्बक पत्थर । ४ अपस्माररोग । ५ दोहेका दूसरा भेद । इसमें २१ गुरु और ६ लघु मात्राएं होती हैं । (त्रि०) ६ भ्रमरसम्बन्धी, भ्रमरका ।

भ्रामरिन् (सं० त्रि०) भ्रमरं भ्रमरस्येव घूर्णनवत्त्वात् रूपमस्य, इनि । अपस्मार-रोगयुक्त, जिसे अपस्मार रोग हुआ हो ।

भ्रामरी (सं० स्त्री०) भ्रमरस्यायं भ्रामरो भ्रमरवद् वर्णः सोऽस्या अस्तीति, अर्शआद्यच् ङीप् । १ पार्वती । भगवतीने कहा था,—अरुणाक्ष नामक महासुरके विघ्न उत्पादन करने पर, मैं जगत्की शान्तिके लिये षट्पदविशिष्ट भ्रमरमुर्त्ति धारण कर उस महासुरका संहार करूंगी । इस कारण मेरा नाम भ्रामरी होगा । २ पुत्रदात्री-लता ।

भ्रश्य (सं० क्ली०) आयुध, हथियार ।

भ्राष्ट्र (सं० क्ली०) भ्रस्ज-ष्ट्रन् । १ आकाश । २ पात्रविशेष, वह बरतन जिसमें भड़भूंजे अनाज रख कर भूनते हैं ।

भ्राष्ट्रकि (सं० पु०) गोत्रप्रवर्त्तक ऋषिभेद ।

भ्राष्ट्रज (सं० त्रि०) भूना हुआ ।

भ्राष्ट्रवती (सं० पु०) गोत्रप्रवर्त्तक ऋषिभेद ।

भ्राष्ट्रेय (सं० पु०) वंश या जातिभेद ।

भ्रास्त्रिक (सं० पु०) शरीरकी एक नाड़ीका नाम ।

भ्रुकुंस (सं० पु०) भ्रुवः कुंस्यति एरच्, प्रत्ययः, ह्रस्वश्च वा । स्त्री-वेशधारी नर्त्तक पुरुष, वह जो स्त्रीका वेशधारण करके नाचता हो ।

भ्रुकुटी (सं० स्त्री०) भ्रुवं कुटिकौटिल्यमिति षष्ठीसमासः, 'अभ्रुकुमुसादीना' मिति वा ह्रस्वः । १ क्रोधादि द्वारा भ्रूकौटिल्य, क्रोधके मारे भौंह चढ़ाना । २ भृकुटी, भौंह ।

भ्रुकुटीमुख (सं० क्ली०) १ भ्रूभङ्गियुक्त मुख । २ सर्पभेद, एक प्रकारका सांप ।

भ्रुभङ्ग (सं० पु०) भ्रुवो भ्रूभङ्गं ह्रस्वश्च। भङ्ग, भौंह चढ़ाना।

भ्रू (सं० स्त्री०) भ्राम्यति नेत्रोपरि इति भ्रम (भ्रमेश्च डूः। उण् २।३८) इति डू। आँखोंके ऊपरके बाल, भौंह। पर्याय—चिल्लिका। शुभाशुभ लक्षण—भ्रूके विशाल और उन्नत होनेसे सुखी तथा विषम होनेसे दरिद्र होता है।

"विशालोन्नाता सुखिनिदरिद्रा विषमभ्रुवः।
धनी दीर्घा संसक्त भ्रूर्बालेन्दून्नतसम्भ्रुवः॥"

(गरूड़पु० ६६ अ०)

तन्त्र मतानुसार भ्रूके मध्य षट्चक्रके अन्तर्गत आज्ञा नामक चक्र है। यह ह, क्ष दो वर्णसे युक्त द्विफल पद्माकार है। इसके बीचमें मन अवस्थित है।

भ्रूकुंस (सं० पु०) भ्रू-कुंस-अच्। स्त्रीवेशधारी नर्त्तक पुरुष, वह नट जो स्त्रीका वेष धारण करके नाचता है।

भ्रूकुटी (सं० त्रि०) भ्रुवः कुटिः कौटिल्यं। क्रोधादि द्वारा भ्रूका कौटिल्य।

भ्रूक्षेप (सं० पु०) भ्रूवक्षेपः। भ्रूभङ्ग संकेत जतानेके लिये भौंह तिरछी करना। २ भूविलास।

भ्रूजाह (सं० क्ली०) भ्रूमूल।

भ्रूण (सं० पु०) भ्रूण्यते आशस्यते इति भ्रूण-घञ्। १ बालकको उस समयकी अवस्था जब कि वह गर्भमें रहता है। २ स्त्रीका गर्भ।

भ्रूणघ्न (सं० त्रि०) भ्रूणं हन्ति भ्रूण-हन्-क। भ्रूणहत्याकारी, गर्भके बालककी हत्या करनेवाला।

भ्रूणहति (सं० स्त्री०) हन्-क्तिन् हतिः हननं, भूणस्य हतिः। भ्रूणहत्या।

भ्रूणहत्या (सं० स्त्री०) हननं हत्या, हन भावे क्यप्, भ्रूणस्य हत्या ६-तत्। गर्भस्थ बालक-हनन, गर्भके बालककी हत्या।

भ्रूणहन् (सं० स्त्री) भ्रूणं हन्तीति भ्रूण-हन् (ब्रह्मभ्रूणवृत्तेषु। पा ३।२।८७) इति क्विप्। गर्भस्थ-बालकहन्ता, गर्भस्थ शिशुकी हत्या करनेवाला। भ्रूणहत्या करनेसे महापातक होता है। यह महापातक प्रायश्चित्त द्वारा दूर होता है। प्रायश्चित्तविवेकमें लिखा है, कि भ्रूण यदि पुरुष हो, तो पुंवध प्रायश्चित्त और यदि स्त्री हो तो स्त्रीवध-प्रायश्चित्त करना आवश्यक है। यदि भ्रूणका पुंसत्व वा स्त्रीत्व न मालूम हो, तो पुंवध प्रायश्चित्त करना विधेय है। भ्रूण ब्राह्मणादि जिस वर्णका होगा, प्रायश्चित्त भी उसी वर्णके अनुसार करना होगा। भ्रूहत्या यदि ज्ञानकृत हो, तो पूर्ण प्रायश्चित और यदि अज्ञानवशतः हो तो उसका आधा प्रायश्चित्त करना होता है। ज्ञानकृत ब्राह्मणभ्रूणहत्या करनेसे द्वादशवार्षिक व्रत, क्षत्रियको करनेसे त्रैवार्षिक व्रत, वैश्यको करनेसे सार्द्ध वार्षिक व्रत और शूद्रकी भ्रूण हत्या करनेसे नवमासिक व्रत करना चाहिये। इससे सभी पाप जाते रहते हैं। प्रायश्चित्त देखो।

भ्रूप्रकाश (सं० पु०) एक प्रकारका काला रंग। इसे शृङ्गार आदिके लिये भौंहें बनाते हैं।

भ्रूभङ्ग (सं० पु०) भ्रुवो भङ्गः। भ्रूकौटिल्य, क्रोध आदि प्रकट करनेके लिये भौंह चढ़ाना।

भ्रूभेद (सं० पु०) भ्रुवो भेदः। भ्रूभङ्ग, भ्रूविकार।

भ्रूभेदिन् (सं० त्रि०) भ्रूभेदः अस्यास्तीति इनि। भ्रूभेदयुक्त, भ्रूभङ्गयुक्त।

भ्रूविकार (सं० पु०) भ्रुवो विकारः। भ्रूभङ्ग, भौंह चढ़ाना।

भ्रूविक्षेप (सं० पु०) भ्रुवो विक्षेपः। भ्रूभङ्ग, नाराजी दिखाना।

भ्रूविचेष्टित (सं० पु०) भ्रुवो विचेष्टितं। भ्रूक्षेप, त्योरी बदलना।

भ्रूविलास (सं० पु०) भ्रुवो विलासः। भ्रूका विलास, भ्रूभङ्ग।

भ्रेष (सं० पु०) १ नाश। २ गमन, चलना। ३ भय, डर।

भौणघ्न (सं० त्रि०) भ्रूणहत्याकारी-सम्बन्धीय।

भ्रूणहत्य (सं० क्ली०) भ्रूणहत्या।

भ्रूलवेय (सं० त्रि०) भ्रुव इदम्, भ्रूवो वुक्च इति टक् बुकच। भ्रूसम्बन्धीय।

भ्वासर (हिं० वि०) मूर्ख, बेवकूफ।

म

म—हिन्दी वर्णमालाका पचीसवां व्यञ्जन और-पवर्गका अन्तिम वर्ण। इसका उच्चारण-स्थान होठ और नासिका है। जिह्वाके अगले भागका दोनों होठोंसे स्पर्श होने पर इसका उच्चारण होता है। इस शब्दके उच्चारणमें आभ्यन्तरप्रयत्न है, अतएव यह वर्ण स्पर्शवर्ण और अनुनासिक है। इसके उच्चारणमें संवार, नाद घोष और अल्पप्राण प्रयत्न लगते हैं। इसका स्वरूप—

"मकारं शृणु चार्वङ्गि स्वयं परमकुण्डली।
तरुणादित्यसङ्काशं चतुर्वर्गप्रदायकम्॥
पञ्चदेवमयं वर्णं पंचप्राणमयं सदा॥" (कामधेनुतन्त्र)

यह वर्ण साक्षात् परमकुण्डली-स्वरूप, तरुणसूर्य सदृश और चतुवर्गप्रदायक, पञ्चदेवमय और पञ्चप्राणमय है। इस वर्णके अधिष्ठाता देवताका ध्यान—

"कृष्णां दशभुजां भीमां पीतलोहितलोचनाम्।
कृष्णाम्बरधरां नित्यां धर्मकायार्थमोक्षदाम्।
एवं ध्यात्वा मकारन्तु तन्मत्रं दशधा जपेत्॥"
(वर्णोद्धारतन्त्र)

इस प्रकार ध्यान करके दश बार जप, पीछे प्रणाम करना उचित है। प्रणामका मन्त्र—

"त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिविन्दुसहितं सदा।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं हृदिस्थं प्रणमाम्यहम्॥"
(वर्णोद्धारतन्त्र)

इसके वाचक शब्द—काली, क्लेशित, काल, महाकाल, महान्तक, वैकुण्ठा, वसुधा, चन्द्री, रवि, पुरुषराजक, कालमद्र, जया, मेधा, विश्वधा, दीप्तसंज्ञक, जठर, भ्रमा, मान, लक्ष्मी, माता, उग्रबन्धनी, विष. शिव, महावोर, शशिप्रभा, जनेश्वर, प्रमत्त, प्रियसू, रुद्र, सर्वाङ्ग, वह्निमण्डल, मातङ्गमालिनी, विन्दु, श्रवणा, भरथ, षिवय, (वर्णाभिधानतन्त्र)

मातृकान्यासमें इस वर्णका जठरमें न्यास करना होता है। काव्यके आदिमें इस वर्णका प्रयोग करनेसे दुःख होता है।

म (सं० पु०) माति निर्माति जगदिति मा-क। १ शिव। २ चन्द्रमा। ३ ब्रह्मा। ४ यम। ५ समय। ६ विष। ७ मधुसूदन।

मई (हिं० स्त्री०) १ मयजातिकी स्त्री। २ ऊंटनी।

मई (अं० स्त्री०) अङ्गरेजी पंचवां महीना। यह सदा ३१ दिनका होता और प्रायः वैशाखमें पड़ता है।

मउर (हिं० पु०) फूलोंका बना हुआ वह मुकुट या सेहरा जो विवाहके समय दूल्हेके सिर पर पहनाया जाता है, मौर।

मउरछुड़ाई (हिं० स्त्री०) १ विवाहके बाद मौर खोलनेकी रस्म। २ वह धन जो वरको मौर खोलनेके समय दिया जाता है।

मउरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका तिकोना छोटा मौर। यह कागजका बना होता है और विवाहके समय कन्याके सिर पर रखा जाता है।

मउलसिरी (हिं० स्त्री०) मौलसिरी देखो।

मउसी (हिं० स्त्री०) मौसी देखो।

मंखी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गहना जिसे बच्चोंके कंठमें पहनाते हैं।

मंगता (हिं० पु०) भिक्षुक, भिखमंगा।

मंगन (हिं० पु०) भिक्षुक, भिखमंगा।

मंगनी (हिं० स्त्री०) १ मांगनेकी क्रिया या भाव। २ वह पदार्थ जो किसीसे इस शर्त्त पर मांग कर लिया जाय कि कुछ समय तक काम लेनेके उपरान्त फिर लौटा दिया जायगा। ३ इस प्रकार मांगनेकी क्रिया या भाव। ४ विवाहके पहलेकी एक रस्म। इसके अनुसार वर और

कन्याका सम्बन्ध निश्चित होता है। साधारणतः वरपक्षके लोग कन्या पक्षवालोंसे विवाहके लिये कन्या मांगा करते हैं और जब वर तथा कन्याके विवाहकी बातचीत पक्की होती है, तब उसे मंगनी कहते हैं। इसके कुछ दिनोंके बाद विवाह होता है। मंगनी सिर्फ सामाजिक रीति है, कोई धार्मिक कृत्य नहीं। अतः एक स्थान पर मंगनी हो जाने पर सम्बन्ध छूट सकता है और दूसरी जगह विवाह हो सकता है।

मंगलामुखी (हिं० स्त्री०) वेश्या, रंडी।

मंगली (हिं० वि०) जिसकी जन्मकुण्डलीके चौथे, आठवें या बारहवें स्थानमें मंगलग्रह पड़ा हो।

मंगवाना (हिं० क्रि०) किसीको मांगनेमें प्रवृत्त करना, मांगनेका काम दूसरेसे कराना।

मंगाना (हिं० क्रि०) १ विवाहकी बातचीत पक्की करना, मंगनीका सम्बन्ध करना। २ मंगवाना देखो।

मंगेतर (हिं० वि०) १ जिसकी किसीके साथ मंगनी हुई हो, किसीके साथ जिसके विवाहकी बातचीत पक्की हो गई हो।

मंगोल—मध्यएशिया और उसके पूरबकी ओर बसनेवाली एक जाति। मङ्गोल देखो।

मंजूर (अ० वि०) स्वीकृत, जो मान लिया गया हो।

मंजूरी (हिं० स्त्री०) स्वीकृति, मंजूर होनेका भाव।

मंझा (हिं० पु०) १ सूत कातनेके चरखेमें वह मध्यका अवयव जिसके ऊपर माल रहती है। इसे मुँडला भी कहते हैं। २ अटेरनके बीचकी लकड़ी, मँझेरू। ३ चौकी। ४ पलंग, खाट। (स्त्री०) ५ वह भूमि जो गोयंड और पालोंके बीचमें हो। (पु०) ६ वह पदार्थ जिससे रस्सी या पतंगकी डोर मांजी जाती है, मांझा।

मंडना (हिं० क्रि०) मर्दित करना, दलित करना।

मँड़रना (हिं० क्रि०) मंडल बांध कर छा जाना, चारों ओरसे घेर लेना।

मंडराना (हिं० क्रि०) १ मंडल बांध कर उड़ना, चक्कर देते हुए उड़ना। २ किसीके आस-पास ही घूम फिर कर रहना। ३ परिक्रमण करना, किसीके चारों ओर घूमना।

मंडरी (हिं० स्त्री०) पयालकी बनी हुई गोंदरी या चटाई।

मंडलाना (हिं० क्रि०) मंड़राना देखो।

मंड़वा (हिं० पु०) मण्डप।

मंड़ा (हिं० पु०) १ भूमिका एक मान जो दो विस्वेके बराबर होता है। २ एक प्रकारकी बंगला मिठाई।

मंडार (हिं० पु०) गड्ढा।

मँड़ियार (हिं० पु०) झरबेरी नामक कँटीली झाड़ी।

मंडी (हिं० स्त्री०) १ थोक बिक्रीकी जगह, बड़ी हाट। २ भूमि मापनेका एक मान जो दो विस्वेके बराबर होता हो।

मंडुआ (हिं० पु०) एक प्रकारका कदन्न।

मंढा (हिं० पु०) कमख्वाब बुननेवालोंका एक औजार। यह नकशा बनानेमें काम आता है। यह लकड़ीका बना होता है जिसमें दो शाखें-सी निकली होती हैं। डंडा लगानेके लिये सिरे पर एक छेद होता है।

मदऊ (हिं० पु०) घोड़ेका एक रोग। इसमें उसके गलेके पासकी हड्डीमें सूजन आ जाती है।

मंदधूप (हिं पु०) काली धूप, काला डामर।

मंदरा (हिं० वि०) नाटा, ठिंगना।

मंदरा (हिं० पु०) एक प्रकारका बाजा।

मंदरी (हिं० स्त्री०) खाजेकी जातिका एक पेड़। इसकी लकड़ी मजबूत होती है और खेतीके सामान तथा गाड़ियां बनानेके काममें आती है। छालसे चमड़ा सिझाया जाता है, फल खाए जाते हैं और पत्तियां पशुओंके चारेके काम आती हैं। इसकी जातिका एक और पेड़ होता है जिसे गेंड़ली कहते हैं। जब इसके पौधे छोटे रहते हैं, तब इसकी छाल पर कांटे होते हैं, पर ज्यों ज्यों यह बड़ा होता है, छाल साफ होती जाती है। इसकी लकड़ी बहुत दिनों तक रहने पर भी खराब नहीं होती। यह विशेषतः खेरी, गोरखपुर, अजमेर और मध्यप्रान्तके जंगलोंमें होती है। इसके बीज बरसातमें बोए जाते हैं।

मंदान (हिं० पु०) जहाजका अगला भाग।

मंदा (हिं० स्त्री०) भावका उतरना, महंगीका उलटा।

मंदील (हिं० पु०) एक प्रकारका सिरबंद जिस पर काम बना रहता है।

मंसना (हिं० क्रि०) १ मनमें संकल्प करना, इच्छा करना। २ मनसना।

मंसव (अ० पु०) १ पद, स्थान। २ कर्त्तव्य, काम। ३ अधिकार।

मंसा (हिं० स्त्री०) १ अभिरुचि, इच्छा। २ संकल्प। ३ अभिप्राय, आशय।

मंसूख (अ० वि०) काटा हुआ, खारिज किया हुआ।

मंसूबा (हिं० पु०) मनसूबा देखो।

मंहनेष्ठ (सं० त्रि०) भागप्रदानमें वर्त्तमान।

मंहयु (सं० त्रि०) दानेच्छु।

मंहिष्ठ (सं० त्रि०) अतिशय वृद्धियुक्त।

मक्क (सं० पु० क्ली०) म इव कायति, कै-क। शिवादितुल्य,।

मकई (हिं० स्त्री०) ज्वार नामक अन्न।

मकक (सं० पु०) जीवभेद।

मकड़ा (हिं० पु०) १ बड़ी मकड़ी। २ बहुत शीघ्रतासे बढ़नेवाली एक प्रकारकी घास। यह पशुओं और विशेषतः घोड़ोंके लिये बहुत पुष्टिकारक होती है। यह दश वर्ष तक सुखा कर रखी जा सकती है। कहीं कहीं गरीब लोग इसके बीज अनाजकी भांति खाते हैं।

मकड़ी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारका प्रसिद्ध कीड़ा जो सारे संसारमें पाया जाता है। विशेष विवरण लूता शब्दमें देखो।

मकतब (अ० पु०) पाठशाला, मदरसा।

मकता (हिं० पु०) मगधदेश। आईन-अकबरीमें मगधका यही नाम दिया है।

मकदूर (अ० पु०) सामर्थ्य, ताकत।

मकनातीस (अ० पु०) चुम्बक पत्थर।

मकफूल (अ० वि०) रेहन किया हुआ, गिरवी रखा हुआ।

मकबरा (अ० पु०) समाधि, रौजा।

मकबूजा (अ० वि०) अधिकृत, कब्जा किया हुआ।

मकर—(सं० पु०) कृणातीति कृ हिंसायां कृ-अच्, ततः मनुष्याणां करः हिंसकः, वा मुखं किरतीति मुख कृ-क, उभयत्रापि पृषोदरादित्वात् साधुः। १ जलजन्तुविशेष, एक पानीका जानवर। भावप्रकाशके अनुसार यह पादिगणके अन्तर्गत जलजन्तु हैं।

"कुम्भीरकुर्म्म नक्रश्च गोधामकरशङ्कवः।
घण्टिकः शिशुमारश्चेत्यादयः पादिनः स्मृताः॥"

(भावप्रकाश पूर्वखण्ड द्वितीय भाग)

मछलियोंमें मकर या मगर ही सर्वश्रेष्ठ जन्तु हैं। इसके निम्नलिखित गुण हैं—दीपन, वातनाशन, रुचिप्रद, शुक्रकर, ग्राही, उष्ण और विकारघ्न, मूत्ररोग, अश्मरी, गुल्म और अतिसार-रोगनाशक। (हारीत १ स्थान ११ अ०) खास कर मगर गङ्गा-नदीमें दिखाई देता है। यह गङ्गाका बाहन है। कामदेवकी ध्वजाका चिह्न मकर है।

२ मेषादि बारह राशियोंमेंसे दशवीं राशि। इसके इष्टदेव मृगास्य मकर हैं। उत्तराषाढ़ा नक्षत्रके अन्तिम तीनों पाद, समूचे श्रवणा नक्षत्र और धनिष्ठाके पूर्वपादद्वय इन नौ पादोंको मिला कर मकर राशिकी सृष्टि होती है। यह राशि पृष्ठोदय, भूमिराशि, अर्द्धशब्दकर, दक्षिण दिशाकी स्वामिनी है। यह पिङ्गलवर्ण, भूमिचारी, शीतलस्वभाव, अल्पसन्तान, अल्प स्त्री-संग, वातप्रकृति, वैश्यवर्ण और इसके अङ्ग सब शिथिल है।

मकरराशिमें जन्म होने पर मनुष्य परदाराभिलाषी, स्वप्राप्त धनका भोगी, राजतुल्य प्रतापान्वित, अति प्रवीण, कुदेहवाला, अत्यन्त कुशाग्रबुद्धि, मित्रोंसे आनन्द पानेवाला और वीरस्वभावका होता है। (कोष्ठीप्र०) ३ लग्नभेद, मकर लग्न। मकर लग्नमें जन्म होने पर मनुष्य सम्पूर्ण कर्मोंमें निपुण होता है। अतिधीर, विनयी, उपकारी और स्वेच्छाविहारी, अत्यन्त मुखर, दानी, अहङ्कारी और विशुद्ध चित्त होता है। इस मनुष्यके दांत, ओष्ठ और मुख बहुत पुष्ट होते हैं। इस मकरलग्नको षड्वर्ग अर्थात् होरा, द्रेक्कोण, सप्तांश, नवांश, द्वादशांश, और तीस अंशमें विभक्त करके फलका निर्णय करना चाहिये।

मकरके प्रथम होरामें जन्म होने पर मनुष्य काला होता है। हरिणकी तरह बड़े बड़े नेत्र होते हैं। यह सुप्रसिद्ध, स्त्रीजित्, सौम्यमूर्त्ति, शठ, धनी, मिष्टभोजी, ऊँची नाकवाला, उत्तम-वस्त्र-परिधायी होता है। मकरके द्वितीय होरामें जन्म लेने पर मनुष्यकी आंखें लाल, और वह आलसी, गुरुभारयुक्त, शरीर लम्बा, काले काले बालवाला, साहसी और रौद्र कार्य्य करनेवाला होता है।

मकरके प्रथम द्रेक्काणमें जन्म होने पर मनुष्यकी विशालबाहु, काला, पृथुलोचन, शठ, कमनीय, मितभाषी, स्त्रीविजयी और मध्य-मेधावाला होता है।

दूसरे द्रेक्काणमें पैदा होनेवाला पुरुष काला, शठ, मितभाषी, परस्त्री तथा परधनापहारी होता है। तीसरे द्रेक्काणमें लम्बे ललाटवाला, पापात्मा, दुबला, लम्बा और विदेशवासी हुआ करता है।

मकरराशिका नवांश-फलः—मकरके प्रथम नवांशमें जन्म होनेसे कमजोर दांतवाला, काला, झूठा, बलवान, अनेक स्त्री-गामी, बहुत बोलनेवाला और युद्धप्रिय होता है। तीसरे नवांशमें गाने बजानेका शौकीन, गोरा, लाल आखें और नखवाला होता है। इसकी नाक बहुत सुन्दर होती है। इसके बहुत मित्र होते हैं। यह अभिमानी और इष्टकर्मका करनेवाला होता है। चौथे नवांशमें जन्म होने पर मनुष्य काला, गोल गोल आखेंवाला, चौड़े ललाटवाला, लम्बे केश और विरल दांतवाला होता है। पञ्चम नवांशमें जन्म होने पर मनुष्य क्रोधी, सुन्दर नाकवाला, उत्तम भोक्ता, सुन्दर स्कन्ध, काला, तथा छाती और बाहें उसको छोटी होती हैं। षष्ठ नवांशमें होने पर सुन्दर वेशधारी, स्वेच्छाविहारी, वक्ता और चौड़े ललाटका होता है। सातवें नवांशमें काला, आलसी, सुवक्ता, कुञ्चितकेशवाला, सुशील होता है। आठवें नवांशमें गम्भीरदृष्टि, कुत्सितप्रकृति, शरीरका लम्बा और सुशील तथा नवें नवांशमें जन्म होने पर मनुष्य बड़ी आंखों और हृदयवाला होता है। यह मेधावी. गानेबजानेमें मस्त और साधुस्वभाव होता है। (कोष्ठीप्रदीप)

बारहवें अंश और तीसवें अंश आदिके अधिपतिके अनुसार फल हुआ करता है। मकरराशिमें रवि आदि ग्रहोंके रहने पर निम्नलिखित फल हुआ करता है।

मकर राशिमें रवि रहनेसे मनुष्य लोभी, वेश्यासक्त, बुरा काम करनेवाला, डरपोक, चञ्चलचित्त, भ्रमणशील, सब तरहकी सम्पत्तियोंका विनाश करनेवाला और विलासी होता है। मकरराशिमें बैठे रविको यदि चन्द्र देखता हो तो वह मायावी (छली), चपल, वेश्याओंके फेरमें पड़कर सारी सम्पत्तिका नाश करनेवाला होता है। यदि मङ्गल देखता हो, तो रोगी और शत्रुद्वारा पीड़ित होता है। बुधके देखने पर शूर, पशुप्रकृति, परधनापहारी और निन्दित देहवाला होता है, वृहस्पतिके देखने पर शुभ और सुन्दर काम करनेवाला, बुद्धिमान् सबका आश्रयदाता कीर्त्तिमान् और मनस्वी होता है। शुक्रके देखने पर शङ्ख, प्रवाल और मणिद्वारा जीवन धारी और वेश्याके धनसे धनी होता है। शनिके देखने पर मनुष्य शत्रुविनाशकारी, राजा द्वारा सम्मानित होता है।

मकर राशिमें चन्द्रका फलः—मकर राशिमें चन्द्रके रहनेसे मनुष्य नीतिज्ञ, कुछ डरपोक, ऊँची देह वाला, प्रसिद्ध, अल्पक्रोधी, काम-भयभीत, निर्घृण, निर्लज्ज, सत्कवि और अत्यन्त लोभी होता है। मकर राशिका चन्द्र रवि द्वारा देखे जाने पर मनुष्य दुःखी, भ्रमणशील, दूसरेका काम करनेवाला, मैला और कुत्सित विषयोंका मालिक और कम बुद्धिवाला होता है। मङ्गल द्वारा देखे जाने पर मनुष्य अत्यन्त विभाव-सम्पन्न, सुन्दर पत्नीवाला, सौभाग्यशाली, धनवान् तथा वाहन पर चलनेवाला होता है। बुधके देखने पर मूर्ख, विदेशमें रहनेवाला, स्त्री-रहित, उग्रस्वभाव तथा दुःखी रहता है। वृहस्पति द्वारा देखे जाने पर राजा, अत्युत्तम वीर्य्यसम्पन्न, नृपगुणयुक्त, सुन्दरदेह, अनेक पत्नी, पुत्र और मित्रवाला होता है। शुक्र द्वारा देखे जाने पर उत्तम युवती, धन, वाहन, भूषण और अधिक मानवाला होता है। शनि द्वारा देखे जाने पर मनुष्य आलसी, मलिन देहवाला, धनहीन, कामार्त्त, पर-स्त्रीगामी और झूठ बोलनेवाला होता है।

मकरराशिके मङ्गलका फलः—मकरराशिमें मङ्गल रहनेसे मनुष्य पुण्यवान्, धन पैदा करनेवाला, सुख भोगी, मजबूत शरीरवाला, श्रेष्ठतम, विख्यात, सेनापति या राजा, उत्तम पत्नीवाला, अपने मित्रोंसे युक्त, सर्वदा स्वतन्त्र, रक्षक, सुशील और अनेक उपचारवाला होता है। मकरराशि ही मङ्गलका उच्चस्थान है, द्वादशराशियोंमें मकर वा मङ्गल जैसा बली होता है, वैसी अन्य राशियां नहीं होतीं।

मकरराशिके बुधका फलः—मकरराशि पर बुधके रहने पर मनुष्य नीच, मूर्ख, पशुस्वभाव, दूसरेका काम करनेवाला, कलादिगुण-विहीन, नाना दुःखसे दुःखी, शीघ्रविहारी, बहुत शीलवान्, दुष्ट, असत्य चेष्टावाला, मित्र-रहित, मलिन-मूर्त्ति, भयसे चकित और निद्राविहीन होता है।

मकरराशिके वृहस्पतिका फलः—मकरराशिमें वृहस्पतिके रहने पर मनुष्य अल्पबलवान्, बहुश्रम करने और दुःख सहनेवाला होता है, उसका आचार खोटा, मूर्ख, अपत्यविहीन, शत्रुका दास, माङ्गल्य, दया, पवित्र और धर्महीन, दुर्बल शरीर, डरपोक, विदेशवासी और झगड़ालू होता है। मकरराशिका वृहस्पति नीच और अति दुर्बल है।

मकरराशिके शुक्रका फल—मकरराशिमें शुक्र रहने पर मनुष्य व्यायामसे परिश्रान्त रहता है, इसके देह दुर्बल, वेश्यासक्त, खांसीका रोगी, धनका लोभी, नामर्द, मूर्ख और दुःख सहनेवाला होता है।

मकरराशिस्थित शनिका फलः—मकरराशिमें शनि रहने पर मनुष्य पराये बलसे बली, शिल्पी, मुखियों द्वारा सम्मानित, स्नान ध्यानमें रत, विदेशमें रहनेवाला, कठोर, दानो और शौर्यसम्पन्न होता है।

(कोष्ठीप्र०)

मकरराशिमें इन ग्रहोंके रहने पर पूर्वोक्त फल होता है। इसके विपरीत होनेसे इस फलमें व्यतिक्रमभी होता है। इन ग्रहों पर जैसी दृष्टि होगी, उसीके अनुरूप फल भी हुआ करता है।

मकरकर्कट (सं० पु०) क्रान्ति वृत्तकी वह सीमा जहांसे सूर्य उत्तरायण वा दक्षिणायण होकर लौट आता है।

मकरकुण्डल (सं० क्ली०) कुण्डलं मकर इव इत्युपमितसमासः। मकराकृति कण्ठभूषण, मकरकी आकृतिका एक गहना जिसे गलेमें पहनते हैं।

मकरकेतन (सं० पु०) मकरेण चिह्नतं केतनं ध्वजो यस्य। कन्दर्प, कामदेव।

मकरतार (हिं० पु०) बादलेका तार।

मकरध्वज (सं० पु०) मकरेण चिह्नितो ध्वजा यस्य। १ कामदेव।

"शरीरिया जैत्रशरेया यत्र निःशङ्कमूषे मकरध्वजेन॥"

(माघ ३।६१)

२ रसौषधि-विशेष, रस-सिन्दूर। इसकी बनानेकी विधि—पारा ८ तोला, गन्धक ८ तोला, इन दोनोंको विधिपूर्वक कज्जली बना कर वटके क्राथमें तीन दिन भावना देना होगा; पीछे यह एक बोतलमें रख वस्त्रसे मिली हुई मट्टीके हांड़ीमें रख, चार पहर तक आंच देने पर यह रससिन्दूर तय्यार होता है। अनुपानके अनुसार इसका सेवन करनेसे इससे बहुतेरे रोग दूर होते हैं।

दूसरी विधि—पारा, गन्धक, निशादल, भूल और स्फटिक, प्रत्येकका समभागमें कागजी निम्बूके रसमें एक पहर तक घोंट कर बोतलमें रख पत्थरके टुकडे से उसका मुह बन्द कर सन्धिस्थलमें पूर्वोक्त मिट्टीसे लेपन करना चाहिये, पीछे समूची बोतल पर भी लेप करना होगा, पीछे एक छिद्रवाले मट्टीके बरतनमें रखकर उस बरतनके गले तक भर कर फिर उसका धोमी, मध्यम- और तेज आंचकी गरमीसे चार पहर तक पाक करना चाहिये। पीछे उसे उतार लो, ठण्डा होने पर बोतलमें लगे गन्धकको छुटा कर फेंक दो होगा और जो बचे, उसका सब तरहके रोगोंमें अनुपानके साथ सेवन करना चाहिये।

साधारणतः रससिन्दूर ही मकरध्वजके नामसे विख्यात है। रससिन्दूर देखो।

मकरध्वज तय्यार करनेकी विधिः—स्वर्ण, वङ्ग, लौह, जायत्री, जायफल, रौप्य, कांसा, रससिन्दूर, मूंगा, कस्तूरी, कपूर, और अभ्र प्रत्येकका एक तोला और स्वर्णसिन्दूरका चार भाग, सबको एकत्र कर खरलमें खल करना होगा। अच्छी तरहसे खरल हो जाने पर यह तय्यार हो जायगा। इसके सेवन करनेसे सब रोग आरोग्य होते हैं। इसकी अपेक्षा अधिक उत्तम औषधि दूसरी नहीं है। सब तरहकी प्रकृतिके लोगोंके हितके लिये स्वयं महादेवने इस औषधिकी सृष्टि की है।

दूसरी विधि—स्वर्ण ८ तोला, पारा १ सेर, गन्धक दो सेर, लाल कपासके फूलका रस और घृतकुमारीके रसमें क्रमशः घोंट कर बोतलमें रखना होगा। पीछे इस बोतलको कपड़ा और मट्टीसे बन्द कर इसके ऊपर लेप करना होगा, फिर इसे तीन दिन तक वालुकायन्त्रसे पकाकर पारेको निकाल लेना होगा। नवविंश सितपल्लवोंकी तरह इसका रङ्ग हो जायेगा। यह ८ तोला, कपूर, जायफल, मिर्च और लवङ्ग प्रत्येक ३२ तोला, कस्तुरी आधा तोला, ये सब चीजें एकत्र कर अच्छी तरहसे खरल करके १० रत्तीकी बटिका तय्यार करो। यह औषधि चन्द्रोदय-मकरध्वजके नामसे

प्रसिद्ध है। अनुपान—पानका रस, इन्द्रयव, लवङ्ग या कपासके फूलका रस। यह औषधि मदोन्मत्ता सैकड़ों स्त्रियोंके गर्वको चूर्ण करनेवाली है। यह जरामरणनाशक, वयःस्थापक, सर्वरोगनिवारक, शुक्रवर्द्धक और मृत्युजयकारक है। (रसेन्द्रसारसं० वाजीकरणाधि०)

भैषज्यरत्नावलीमें मकरध्वजरस और स्वल्पचन्द्रोदय मकरध्वज तथा हृदयचन्द्रोदय मकरध्वज नामक औषधियोंको तय्यार करनेकी अलग अलग विधि देखी जाती है। यथा—

मकरध्वजरस बनानेकी विधि—शोधित सूक्ष्म स्वर्णपत्र १ पल, पारा ८ पल, गन्धक २४ पल, इन्हें लाल कपासके फूल और घृतकुमारी (घीकुआरी)-के रसमें मिला कर वृहत्‌चन्द्रोदय मकरध्वजकी पाक प्रणालीके अनुसार पाक करना होगा। बोतलके मुंह पर लगे हुए रस १ तोला, कपूँर, लवङ्ग, मिर्च और जायफल प्रत्येक चार तोला और कस्तूरी ३ माशा, इन सबको एकत्र कर अच्छी तरह खरल कर दो रतीके परिमाणकी गोली बना लेनी होगी। अनुपान पानका रस। पथ्य चिकनी, मीठी चीजें, कोमल मांस, चीनी मिला हुआ दूध और गायका घी आदि। इसके सेवन करनेसे अग्निकी वृद्धि होती, स्मरण शक्ति तेज होती और कामोद्दीपन होता है। यह कामिनियोंके दर्पका नाश करनेवाला होता है। (भैषज्यरत्ना० वाजीकरणाधि०)

स्वल्पचन्द्रोदय मकरध्वज बनानेकी विधि—जायफल, लवङ्ग, कपूँर, मिर्च प्रत्येक १ तोला, स्वर्ण दो आने भर, कस्तुरी दो आने भर, रससिन्दूर ४ तोला, इन सबको खूब मिला कर गोली बांध लेना चाहिये। ४ रत्तीकी गोली होनी चाहिये। इसके सेवनसे तरह तरहकी पीड़ा शान्त होती तथा यह बलवीर्य्य बढानेवाली होती है।

वृहत्‌चन्द्रोदय मकरध्वजकी विधि—सूक्ष्म स्वर्णपत्र १ पल और शोधित पारा ८ पल, इन दोनोंको एकत्र कर मिला देना चाहिये। इसके साथ गन्धक १३ पल मिलाना होगा, पीछे लाल कपासके फूल और घृतकुमारी (घीकुआरी)-के रसमें भावना दे कर खूब मिला कर और सुखा कर समतल पेंदीवाली बोतलमें रख बोतलके मुंहको एक खड़िया मट्टीके टुकडे से दबा कर बालूसे पूर्ण हंडीमें बोतलको सीधी करके रखना होगा। बोतलके गले तक बालू रहनी चाहिये। इसके बाद क्रमसे तीन दिन आंच देनी होगी। इससे बोतलके मुख पर जो लाल पदार्थ जम जायगा, उसे खुरच लेना होगा। यह औषधि १ पल, कपूँर ४ पल, जायफल, त्रिकटु (मिर्च, सोंठ और पिप्पली), लवङ्ग और कस्तुरी, प्रत्येक ४ माशा, इन सबको एकत्र कर खूब मिला कर ५ रत्तीके बराबर गोली बांधनी होगी। पानके साथ सेवन करना चाहिये। पथ्य—घृत, गाढ़ा दूध, मांस, आटा आदि। यह नवोढ़ा उन्मत्ता नारियोंके गर्वको चूर्ण विचूर्ण करनेवाला है और उनकी तृप्तिके लिये अमोघ औषधि है। इसके सेवनसे सभी रोग दूर होते हैं। (भैषज्यरत्नावली ध्वजभङ्गाधि०)

मकरन्द (सं० पु०) मकरमपि अन्दति बध्नाति धारयतीति वा आदि बन्धने अण्, ततः शकन्ध्वादित्वात् साधुः। १ पुष्परस, फूलोंका रस जिसे मधुमक्खियां और भौंरे आदि चूसते हैं। २ कुन्दपुष्पवृक्ष, कुन्दका पौधा। ३ किञ्जल्क, फूलकी केसर। ४ एक वृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें सात जगण और एक यगण होता है। इसे राम, माधवी और मञ्जरी भी कहते हैं।

मकरन्द—१ एक प्राचीन कवि। २ गणकतरङ्गिणीके प्रणेता एक ज्योतिर्विद्। इन्होंने १३६० शकमें प्रतिष्ठा लाभ की थी।

मकरन्दकण (सं० पु०) पुष्परसकणिका।

मकरन्दवती (सं० स्त्री०) मकरन्दस्तत्समूहोऽस्या अस्तीति मकरन्द-मतुप्, मस्य व ङाप्। १ पाटलापुष्प। (त्रि०) २ मधुविशिष्ट।

मकरन्दवास (सं० पु०) धूलिकदम्ब।

मकरन्दशर्मा (सं० पु०) एक धर्मप्रवर्त्तक।

मकरन्दिका (सं० स्त्री०) छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति चरणमें १६ अक्षर रहते हैं।

मकरपति (सं० पु०) १ कामदेव। २ ग्राह।

मकरम्बल्ली—बम्बईप्रदेशके धारवाड़ जिलान्तर्गत एक गण्ड ग्राम। स्थानीय देवालयमें विजयनगरराज २य हरिहरकी शिलालिपि देखी जाती है।

मकरविभूषणकेतन (सं० पु०) मकरकेतन, कामदेव।

मकरव्यूह (सं० पु०) मकरः मकराकारः व्यूहः। मकराकार सैन्यविन्यास, एक प्रकारका व्यूह या सेनारचना जिसमें सैनिक मकरके आकारमें खडे किये जाते हैं।

मकरसंक्रान्ति (सं० स्त्री०) मकरे राशौ संक्रान्तिः ७-तत्। १ मकरराशिमें रविका संक्रमण। २ हिन्दुओंका एक पुण्य-दिन। मकरसंक्रान्तिका दिन विशेष पुण्यका दिन है। इस दिनके स्नान-दानसे अजस्र पुण्य लाभ होता है और पापक्षय होता है। मकरसंक्रान्तिसे आरम्भ कर समूचा माघमास गङ्गा-स्नानकी विधि है।

यह हिन्दुओंका एक महापर्व दिन है। इसी दिन सूर्य मकरराशि पर संक्रामित होते हैं। हिन्दू पञ्चाङ्गके गणनानुसार बंगला ता० २९ पौष या पौषके अन्तिम दिनको रवि मकरराशि पर आता है। इसी दिनसे सूर्यकी गति उत्तरायण होती है। किन्तु वर्त्तमान यूरोपीय तथा विविध ज्योतिषियोंने अपने गणनानुसार ता० ९ या १० पौषसे उत्तरायण गति स्थिर किया है। यथार्थमें इसी दिनसे सूर्य धीरे धीरे अपनी गति उत्तरायण करता है। यह हम अच्छी तरह जानते हैं कि १०वीं पौषको ही सूर्यकी उत्तरायण गति हो जाती है। और कवियोंने भी लिखा है—'मकरे प्रखरो रविः।'

दक्षिणायनकालमें कोई भी शुभकर्म करना अच्छा नहीं। क्योंकि हिन्दूशास्त्रने उसकी निन्दा की है। माघमें मकरसंक्रान्तिके बाद उत्तरायण होने पर सभी शुभकर्म होते रहते हैं। कुरुक्षेत्र (महाभारत)-के महासमरमें जब भीष्म पितामहको पराजित हो कर शर-शय्या पर लेटना पड़ा था, उस समय भी वृद्ध पितामहने इस मरणके लिये इसी उत्तरायणकी प्रतीक्षा की थी और जब मकरसंक्रान्तिका दिन आ गया तो उन्होंने इस नश्वर शरीरको त्याग स्वर्गधाम पधारे थे।

हिन्दू शास्त्रमें मकरसंक्रान्ति महापुण्यजनक कही गई है। इसी दिन स्वर्गका द्वार खुलता है। इस दिन तीर्थका स्नान-दान और श्राद्ध शुभफलप्रद होता है। अनेक हिन्दू इस समय गङ्गासागर-सङ्गम तीर्थमें जा कर स्नान और दानादि करते हैं। हिन्दू स्त्रियां इस दिन गङ्गासागर-सङ्गम स्थलमें अपनी सन्तानको बहा देती थीं। भारतके अंग्रेज शासक मार्कुइस आफ वेलेसलीने इस प्रथाको बन्द किया था। भारतवर्ष देखो।

इस दिन तिलका तैल लगा कर ही स्नान करना चाहिये। यही शास्त्रीय विधान है। स्नानके बाद भोज्य उत्सर्ग और श्राद्धादि करना कर्त्तव्य है। अन्तमें ब्राह्मणभोजन और दक्षिणा दान करना होता है। इसके सिवा हिन्दू रमणी सोदो व्रत किया करती हैं। इस व्रतका नारायणकी पूजा और नाव चलाना ही उद्देश्य है। किन्तु यथार्थमें किस उद्देश्यसे यह व्रत किया जाता है, वह ईश्वर ही जानें। किन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि वङ्ग-महिलायें अपनी सन्तानकी भलाईके लिये ही यह व्रत किया करती है।

मकरसंक्रान्तिमें होनेवाले सोदो व्रत किस तरहसे किया जाता है? केलेके वृक्षसे एक छिलकेकी नाव तय्यार की जाती है। इस नावको फूलोंसे अच्छी तरह सजा कर उसमें एक जोड़ी केलेकी, एक जोड़ी बेर, एक जोड़ी सेम और एक जोड़ी छेमी तथा घीकी बत्ती रखी जाती है। पीछे नारायणकी पूजा आदि कर सन्ध्या समय लड़के लोग निकटके किसी जलाशयमें बत्ती जला क उस केलेकी नावको जलमें तैराते हैं। नाव तैराते समय लड़के "सोदो बहता, माका पूत हंसता" यह बात ऊंचे स्वरसे कहता और अपने अपने घरको आते हैं।

इस दिन यानी मकर संक्रान्तिको सभीके घरमें भोज आदि करनेकी भी व्यवस्था होती है। ब्राह्मणोंके भोजन करानेकी भी व्यवस्था है। प्रातःकाल लड़के गङ्गाकी बन्दन कर गङ्गास्नान करने जा नाचते गाते हैं। यह उत्सव बंगालमें 'बन्दमाता' नामसे विख्यात है। प्रसिद्ध शिशुबोधकार-कृत 'बन्दमाता सुरधुनी, पुराणकी महिमा सुनि' छन्दसे परिपूरित गङ्गाकी बन्दनासे मकरसंक्रान्तिके उत्सवका नाम 'बन्दमाता' हुआ है।

मकरसप्तमी (सं० स्त्री०) माघमासकी शुक्लासप्तमी तिथि। सूर्यदेव माघमासमें मकरराशिमें उदित होते हैं, इसीसे मकरसप्तमी कहनेसे माघमासकी सप्तमी समझी जाती है, इस दिनका गङ्गास्नान अशेष पातकनाशक माना गया है।

स्नान अरूणोदयकालमें करना आवश्यक है। यह सप्तमी तिथि यदि दोनों दिन अरुणोदय काल तक रहे, तो दूसरे दिन सप्तमी कृत्य अर्थात् स्नान-दानादि होगा।

इस दिन अरुणोदयकालमें यथाविधि सङ्कल्प करके बेर और अकवनके सात सात पत्ते सिर पर रख कर निम्नोक्त मन्त्रसे गङ्गा-स्नान करे। मन्त्र—

"यद्यज्जन्मकृतं पापं मया सप्तसु जन्मसु।
तन्मे रोगंच शोकंच माकरी हन्तु सप्तमी ॥"

मकरसप्तमीमें स्नान करनेसे सप्तजन्म-कृत पाप और रोग-शोक जाता रहता है। स्नानके वाद सात बेरके फल और सात अकवनके पत्तों द्वारा श्रीसूर्यको अर्घ्य देना चाहिये। अर्घ्यमन्त्र—

"ओं जननी सर्वभूतानां सप्तमी सप्तसप्तिके।
सप्तव्याहृतिके देवि नमस्ते रविमण्डले ॥"

इसके वाद प्रणाम करना चाहिये। प्रणाम मन्त्र—

"ओं सप्तसप्तिवह प्रीत सप्तलोकप्रदीपन।
सप्तभ्यां हि नमस्तुभ्यं नमोऽनन्ताय वेधसे ॥"

(कृत्यतत्त्व)

मकरा (हिं० पु०) १ मड़ुवा नामक अन्न। २ भूरे रंगका एक कोड़ा। यह दीवारों और पेड़ों पर जाला बना कर रहता है। इसकी टांगें वड़ी वड़ी होती हैं। २ हलवाइयोंकी एक प्रकारकी घड़िया या चौघड़िया। यह सेव बनानेके काम आता है। इसका आकार चौकी-सा होता है जिसमें चालनीकी तरह छेदवाला लोहेका एक पात्र जुड़ा होता है। इसी पात्रमें घोला हुआ वेसन भर कर ऊपरसे एक हाथसे दवाते हैं जिससे नीचे सेव वन कर गिरते जाते हैं।

मकराकर (सं० पु०) मकराणामाकरः ६-तत्। समुद्र।

मकराकार (सं० पु०) मकरस्येवाकारो यस्य। १ षड्ग्रन्थ, कण्टककरञ्ज। (त्रि०) २ मकर या मछलीके आकारका।

मकराकृत (सं० त्रि०) मकर या मछलीके आकारवाला।

मकराक्ष (सं० पु०) खरका पुत्र और रावणका भतीजा। कुम्भ और निकुम्भके मारे जाने पर यह रावणके कहनेसे युद्धमें गया था और रामके द्वारा मारा गया था।

मकराङ्क (सं० पु०) मकरस्तदाकारोऽङ्कश्चिह्नं यस्य। १ कामदेव। मकराऽङ्कोऽस्य। २ समुद्र। ३ मनुभेद।

मकरानन (सं० पु०) शिवानुचर-भेद, शिवके एक अनुचरका नाम।

मकराना—राजपूतानेका एक प्रदेश। यहांका संगमरमर वहुत प्रसिद्ध होता है।

मकरायण (सं० त्रि०) मकर-सम्बन्धीय।

मकराटाई (हिं० स्त्री०) कालो राई।

मकरालय (सं० पु०) आलीयतेऽस्मिन्निति आलयः, मकराणामालयः। समुद्र।

मकरावास (सं० पु०) मकरस्य आवासः। समुद्र।

मकराश्व (सं० पु०) मकर पर सवार होनेवाला, वरुण।

मकरासन (सं० क्ली०) रुद्रयामलोक्त पूजाङ्ग आसनभेद। तान्त्रिकोंका एक आसन जिसमें हाथ और पैर पीठकी ओर कर लिये जाते हैं।

मकरिन् (सं० पु०) मकरोऽस्यास्तीति इनि। १ समुद्र। २ सन्निपात ज्वरविशेष।

मकरिका (सं० स्त्री०) मकराकार पत्रावली।

मकरिकापत्र (सं० पु०) मछलीके आकारका वना हुआ चन्दनका चिह्न। इसे प्राचीन कालमें स्त्रियां अपनी कनपटियों पर वनाती थीं।

मकरी (सं० स्त्री०) १ मगरकी मादा, मगरनी। २ एक प्रकारका वैदिकगीत। ३ चक्कीमें लगी हुई एक लकड़ी। यह करीव करीव आठ अंगुलकी होती है और किल्लेकी नोंक पर रख कर तथा इसके दोनों सिरों पर जोतो लगा कर जुएसे वांधी रहती है। इस जोतीमें दोनों ओर छोटी २ लकड़ियां लगी होती हैं। उन लकड़ियोंके घुमानेसे ऊपर का पाट आवश्यकतानुसार ऊपर उठाया या नीचे गिराया जा सकता है। जव इसे ऊपरकी ओर करते हैं, तव चक्कीके ऊपरका पाट भी कुछ ऊपर उठ जाता है जिससे आटा कुछ मोटा और हरदरा होने लगता है। जव इसे घुमा कर कुछ नीचे करते हैं, तव आटा महीन होने लगता है। ४ जहाजमें फर्श या खंभों आदिमें लगा हुआ लकड़ी या लोहेका चौकोर टुकड़ा। इसके अगले दोनों भाग अंकुसके आकारके होते हैं और उनमें रस्सा आदि वांध कर फंसा देते हैं।

मकरीपत्र (सं० क्ली०) मकरिकापत्र देखो।

मकरीप्रस्थ (सं० पु०) मकर्या उपलक्षितः प्रस्थः। मकरी सम्बन्धीय प्रस्थ।

मकरीलेखा (सं० स्त्री०) चित्रभेद।

मकरूह (फा० वि०) १ अपवित्र, नापाक। २ घृणित, जिसे देख कर घृणा उत्पन्न हो।

मकरेड़ा (हिं० पु०) ज्वार या मक्केका डंठल।

मकरौरा (हिं० पु०) एक प्रकारका छोटा कीड़ा। यह अकसर आमके दरख्तों पर चिपटा रहता है।

मकलई (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका गोंद जो आदनसे बम्बईमें आता है। यह सफेद या लाली लिये पीले रंगका होता है और इसके गोल गोल दाने होते हैं। मकालिया नामक बन्दरगाहसे आनेके कारण इसे मकलई कहते हैं।

मकवन्—पश्चिम वङ्गवासी एक पहाड़ी जाति।

मकष्ट (सं० पु०) ऋषिभेद।

मकसद (अ० पु०) १ मनोरथ, मनोकामना। २ अभिप्राय, तात्पर्य।

मकसूद (अ० वि०) १ उद्दिष्ट, अभिप्रेत। (पु०) २ अभिप्राय, मतलब। ३ मनोरथ।

मकां (फा० पु०) गृह, घर।

मकाई (हिं० स्त्री०) बड़ी जुन्हरी, ज्वार।

मकान (फा० पु०) १ गृह, घर। २ निवासस्थान, रहनेकी जगह।

मकाम (फा० पु०) मुकाम देखो।

मकार (सं० पु०) म-स्वरूपे कार। १ म-स्वरूपवर्ण। मकारादिवर्णं आद्यक्षरेऽस्त्यस्य अच्। २ मद्य, मांस, मत्स्य, मैथुन और मुद्रारूप मकारादि वर्णयुक्त तन्त्रोक्त पदार्थपञ्चक।

मकु (हिं० अव्य०) १ चाहे। २ वरन्, बल्कि। ३ कदाचित, शायद।

मकुआ (हिं० पु०) बाजरेके पत्तोंका एक रोग।

मकुट (सं० क्ली०) मङ्क्तेऽनेनेति मकि-भूषणे बाहुलकात् उट्, आगमशास्त्रस्यानित्यत्वात् न नुम्। मुकुट, शिरोभूषण। मुकुट देखो।

मकुति (सं० स्त्री०) मकि उति, पृषोदरादित्वात् साधुः। शूद्रशासन।

मकुना (हिं० पु०) १ वह नर हाथी जिसके दांत न हों अथवा छोटे दांत हों। २ बिना मूछोंका मनुष्य।

मकुनी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी कचौड़ी जो आटेके भीतर बेसन या चनेकी पीठी भर कर बनाई जाती है। २ एक प्रकारकी बाटी या लिट्टी। यह चनेका बेसन औ गेहूंका आटा एकमें मिला कर उसमें नमक, मेथी, मंगरैला आदि मिला कर बाटीकी भांति भूअलमें बनाई जात है।

मकुन्दपुर—बिहार नदी-तीरवर्ती एक प्राचीन गण्ड ग्राम यहां आज भी पूर्व-समृद्धिके अनेक निदर्शन इधर उध पड़े नजर आते हैं। प्रवाद है, कि राजा मकुन्द व मुचुकुन्दने इस नगरकी प्रतिष्ठा की थी। उनकी पत्नी रानी रूपमतीकी बनाई हुई रूपसागर नामक दिग्गी आज भी विद्यमान है। उसके चारों ओर सीढ़ियां लगी हुई है, किनारे पर कई एक शैव और विष्णुमन्दिर प्रतिष्ठित हैं। अभी भी अष्टभुज प्रभृति विभिन्न शिवमूर्त्ति, गणेश, पार्वत अष्टशक्ति, नवग्रह, गरुड़ासन, विष्णु और कल्की अवतार नारायणमूर्त्ति प्रभृति नाना स्थानोंमें पड़ी हुई हैं। यहांके भास्कर शिल्प पर लक्ष्य करके प्रत्नतत्वविद्गण इन्हें ९वीं शताब्दीके पहलेका बना हुआ अनुमान करते हैं।

एतद्भिन्न यहां एक दुर्गवेष्टित राजप्रासाद नजर आता है। उसकी दीवार खाई और प्राकारादि उतने सुदृढ़ और दुर्भेद्य नहीं हैं। उनके अनेकांश वर्त्तमान ढंग पर बने हुए हैं। कहते हैं, कि स्थानीय शेष हिन्दूराजाके दीवानने उक्त दुर्ग बनवाया था।

मकुर (सं० पु०) मङ्क्यते इति मकि- (मकुरदर्दुरौ। उण्१।४१) इति उरच्। १ कुलालदण्ड, कुम्हारका डंडा जिससे वह चाक घुमाता है। ३ दर्पण, शीशा। ४ मुकुल, कली। ५ बकुलवृक्ष, मौलसिरी।

मकुल (सं० पु० क्ली०) मङ्क्यते भूषयति वृक्षं मकि-बाहुलकादुलच्। १ बकुल, मौलसिरी। २ मुकुलकली।

मकुलक (सं० पु०) दण्डीवृक्ष।

मकुष्टक (सं० पु०) मकि-भूषायां-उ, पृषोदरादित्वात् साधु मकुः। मकुं भूषां स्तकति प्रतिहन्तीतिस्तक-पचाद्यच्। वनजात मुद्ग, मोठ नामक अन्न। पर्याय--मयष्ट, वनमुद्ग, क्रमीलक, अमृत, अरण्यमुद्ग, वल्लीमुद्ग। गुण—कषाय, मधुर ; रक्तपित्त, ज्वर और दाहनाशक, पथ्य, रुचिकर और सर्वदोष जयकारक। (राजनि०)

भावप्रकाशके मतसे इसका गुण—वातवर्द्धक, ग्राहक, कफ-पित्तनाशक, लघु, वमननाशक, क्रमिवर्द्धक और ज्वरनाशक।

मकुष्ठ (सं॰ पु॰) मङ्कते मङ्क्यते इति वा वाहुलकात् उ, मकुः तिष्ठतीति स्था-क स्थ, मकुश्चासौ स्थश्चेति (पूर्व-पदादिति। पा ८।३।१०६) इति षत्वं। १ व्रीहिभेद, एक प्रकारका धान। २ वनमुद्ग, मोठ नामक अन्न। (त्रि॰) ३ मन्थर, मट्ठर।

मकुष्ठक (सं॰ पु॰) मकुष्ठ-स्वार्थे कन्। वनमुद्ग, मोठ नामक अन्न।

मकूलक (सं॰ पु॰) मकि-मण्डने पिच्छादित्वादुलच्, बाहुलकादनुषङ्गलोपः, स्वार्थे कन्। मुकूलक, दन्ती-वृक्ष।

मकूनी (हिं॰ स्त्री॰) मकुनी देखो।

मकूला (अ॰ पु॰) १ कहावत, कहनूत। २ वचन, कथन ।

मकेरा (हिं॰ पु॰) वह खेत जिसमें ज्वार या वाजरा वोया जाता है।

मकेरुक (सं॰ पु॰) कृमिरोग, चरकके अनुसार एक प्रकारका रोग। इसमें मलके साथ कोड़े निकलते हैं।

मको (हिं॰ स्त्री॰) मकोय देखो।

मकोइचा (हिं॰ पु॰) मकोई देखो।

मकोइचा (हिं॰ वि॰) मकोयके रंगके समान, ललाईको लिये पीला।

मकोई (हिं॰ स्त्री॰) जंगलो मकोय जिसमें कांटे होते हैं।

मकोड़ा (हिं॰ पु॰) कोई छोटा कोड़ा।

मकोय (हिं॰ स्त्री॰) १ एक प्रकारका क्षुप। इसके पत्ते गोलाई लिये लम्बोतरे होते हैं। इसमें सफेद रंगके छोटे फूल लगते हैं। फलके विचारसे यह क्षुप दो प्रकारका होता है। एकमें लाल रंगके और दूसरेमें काले रंगके बहुत छोटे छोटे फल लगते हैं। इसकी पत्तियों और फलोंका व्यवहार ओषधिके रूपमें होता है। इसे कावेया भी कहते हैं। २ इस क्षपका फल। ३ एक प्रकारका कंटीला पौधा। यह प्रायः सीधा ऊपरकी ओर उठता है। सुपारीके आकारके इसमें फल लगते है। जब ये फल पकते हैं, तब कुछ ललाई लिये पीले रंगके होते हैं। ये फल एक प्रकारके पतले पत्तोंके आवरणमें बंद रहते हैं। फल खट-मिट्ठा होता है और उसमें एक प्रकारका अम्ल होता है जिसके कारण वह पाचक होता है। ४ इस पौधेका फल, रसभरी।

मकोसल (हिं॰ पु॰) एक प्रकारका ऊंचा वृक्ष जो सर्वदा हरा-भरा रहता है। इसकी लकड़ी अन्दरसे लाल और वहुत कड़ो तथा दृढ़ होती है। यह इमारतके काममें आती है। आसाममें इससे नावें भी बनाई जाती हैं।

मकोहा (हिं॰ पु॰) लाल रंगका एक प्रकारका कीड़ा। यह करीव करीव एक इञ्च लंबा होता है। यह प्रायः अनावृष्टिके समय होता है और फसलको बहुत हानि पहुंचाता है।

मक्कर (हिं॰ पु॰) १ छल, कपट। २ नखरा।

मक्कल्ल (सं॰ पु॰) मक्कं गमनं आत्यन्तिकगतिं मरणं लाति आदत्ते योजयतीति ला-क, पृषोदरादित्वात् लकारागमे साधुः। एक प्रकारका स्त्री-रोग। इसमें प्रसवके अनन्तर प्रसूता स्त्रीकी नाभिके नीचे, पसलीमें, मूत्राशयमें वा उसके ऊपर वायुकी एक गांठ-सी पड़ जाती है और पीड़ा होती है। इस रोगमें पक्वाशय फूल जाता है और मूत्र रुक जाता है।

मक्का—मुसलमानोंका पवित्र और सर्वप्रधान प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र। अरबके हेजाज-वंशीय राजाओंकी राजधानी। यह अक्षा॰ २१° ३०´ उ॰ तथा देशा॰ ४° २०´ पू॰में अवस्थित है। इस नगरमें इसलाम-धर्मके सुविख्यात वीर महम्मदका जन्म हुआ था। महम्मदके अभ्युत्थानके वहुत पहलेसे ही ग्रन्थोंमें इस नगरकी प्रसिद्धि पाई जाती है।

लोहितसागरके किनारेसे पैंतीस कोसकी दूरी पर पहाड़ी भूमिमें मुसलमानोंका यह पवित्र तीर्थ मक्का नगर विद्यमान है। नगरकी जड़ पहाड़ी चौरस भूमिमें स्थापित होने पर भी उसके निकटके पहाड़ोंमें कितने ही मकान दिखाई देते हैं। नगरके चारों ओर २०० से ४०० फीट ऊंची पहाड़ी चहारदीवारी है, यहां एक भी वृक्ष लतादि दिखाई नहीं देती।

तीर्थके यात्रियोंके सुभीतेके लिये यहांके पथ वड़े चौड़े बनाये गये हैं। दोनो ओरके घर पत्थरके बने हुए दिखाई देते हैं। इसकी निर्म्माण-प्रणाली वहुत कुछ पश्चिमी सभ्यताके अनुसार ही है। पथ चौड़े होने पर भी उस पर पत्थर नहीं जोड़े गये हैं। गर्मीके दिनोंमें चलने तथा उत्तप्त वायुसे परिचालित बालूकी छीटोंसे मनुष्यको जैसा दुःख होता है, वैसे ही बरसात

कीचड़का दुःख भी भोगना पड़ता है। हजके समय जानेवाले मुसाफिरोंकी इतनी भीड़ मक्काकी गलियोंमें दिखाई देती है कि जिसकी हद नहीं। शायद ही ऐसी भीड़ और कभी दिखाई देती हो।

यहां जलकी बड़ी कमी रहती है। कुएं आदिका जल सब नुनखरा है मानो समुद्रके जलकी तरह लवणाक्त है। केवल मक्काकी मसजिदके पास ही 'जमजम' नामका एक कुआं है, जिसका जल स्वादु-विहीन होने पर भी लोग पीते हैं। सिवा इसके साधारण लोगोंके पानी पीनेके लिये कहीं कहीं तो वर्षाका जल सञ्चित किया जाता है और आरफत पहाड़से एक नल निकाल कर मक्केमें जल लाया जाता है। यह आरफत पहाड़ मक्केसे ६-७ घण्टेकी राह है।

नगरके दो स्थानोंमें यह नल खोला जाता है। इसके सिवा नलके भीतर ही से कहीं कहीं फव्वारा हैं। इन फव्वारोंसे जलकी पतली धारा निकलती रहती है। प्रत्येक फव्वारेके पास नगर राजकर्मचारी रहता है। वह गुलामों या पानी ढोनेवाले भिस्तियोंसे प्रत्येक मसकके लिये कुछ कर वसूल किया करता है। नगरके धनी मनुष्योंके सिवा अन्य साधारण लोगों के मकानोंमें किराये पर उठानेके लिये भी कमरे बनाये जाते हैं। ये मकान एकसे चार मञ्जिल तक बनाये जाते हैं। इनकी बनावट अत्यन्त सुन्दर है। इनमें अपने रहनेके बाद जो कमरे बचते हैं, उनको लोग यात्रियोंके लिये सुसज्जित कर रखते हैं, उसमें यात्रियोंके व्यवहारोपयोगी वस्तुओंका संग्रह रहता है। पासमें ही रसोई घर भी रहता है। मकान-मालिकोंको यात्रियोंसे जो किराया मिल जाता है, उससे ही उनका वर्ष दिन तक निर्वाह हो जाता है। साधारण अट्टालिकाओंमें पांच नगरके राजाकी हैं, दो विद्यालय हैं और मुख्य मसजिद।

पहले ही कहा जा चुका है कि, समूचा नगर पहाड़ी भूमिमें बसा हुआ है। यूनानके पुराने यूनानी महम्मद साहबके जन्मसे बहुत पहले भी लोग इस स्थानके बारेमें जानते थे। वे इसे मकबरा कहते थे।

नगरके आस पास किसी तरहकी फसल पैदा नहीं होती। वहांके रहनेवाले दूसरे देशसे आये अन्न-वस्त्र से ही अपना गुजारा करते हैं। नगरकी रक्षाके लिये नगरके समीप ही एक किला बना हुआ है।

इस समय नगरके आधेसे अधिक मकान खाली पड़े हैं। इससे यहांकी जनसंख्या भी कम हो गई है। महम्मदके पूर्वपुरुष हुसैनने इस नगरकी बहुत उन्नति की थी। वे सीरिया आदि देशोंसे हर वर्ष नाना प्रकारकी बेचनेकी चीजें मक्केमें लाते थे।

महम्मदके मरनेके बाद उनके वारिसोंने खलीफाकी पदवी धारण की। इन्होंने निकटके कई राज्यों पर आक्रमण कर अपना अधिकार जमा लिया और उन राज्योंमें इसलाम धर्मका प्रचार कर मक्काका प्राधान्य स्थापित किया। महम्मदके दूसरे उत्तराधिकारी ओमरने मिस्रराज्य के अलेकजेण्ड्रिया नगरके पुस्तकालयमें आग लगा कर विधर्मीकी विद्वेषिताका चिरकलङ्कका टीका लगा लिया था।

खलीफा वंशके अधःपतनके बाद मक्काकी राजधानी तुर्कोंके हाथ लगी। उसी समयसे यह मक्का तुर्कोंके अधीन है। मक्कामें काबा या परमेश्वरका आलय नामक साधना-मन्दिर अत्यन्त प्रसिद्ध है। कुछ आदमी इसे बेइतुल्लाका प्रसाद या एलहारम भी कहते हैं। यह काबा चौकोन है। इसके चारों ओर स्तम्भ लगे हुए हैं। पूर्व ओर चार चार और बाकी सब ओर तीन तीन स्तम्भ या खम्भे लगे हुए हैं। ये खम्भे आपसमें जुटे हुए हैं। चार चार खम्भों पर एक एक बुर्ज बना हुआ है। वहां जानेवाले मुसाफिरोंसे मालूम हुआ है कि उसमें साढ़े चार सौ ले कर पांच सौ तक खम्भे लगे हुए हैं और १५२ बुर्ज मौजूद है।

यह काबा जमीनसे नीचे दिखाई देता है। इसमें प्रवेश करनेके सात दरवाजे हैं। हर एक दरवाजेके समीप नीचे उतरनेके लिये सुन्दर सीढ़ियां बनी हुई हैं। इन सीढ़ियांसे धीरे धीरे मसजिदके फर्शको पार कर तब 'काबा' में जाना पड़ता है। धर्म-मन्दिरके ठीक बीचमें काबा मौजूद है। यह अन्दाज ४४ फीट लम्बा, ३५ फीट चौड़ा और ४० फीट ऊंचा है। नीचे लगे हुए पायेदार खम्भोंपर छत पाटी हुई है। इसके भीतर सैकड़ों झाड़ फानुस लटके दिखाई देते हैं।

कावाके सम्बन्धमें वहांके लोगोंका कहना है कि, इब्राहिमने खुदाकी आज्ञासे इसे वनाया था। यही उनका उपासना मन्दिर था। दूसरे लोगोंका कहना है, कि सृष्टि-रचनाके दो हजार वर्ष पहले स्वर्गमें या वहिश्तमें यह वना था, किन्तु वावा आदमने इसे इस धरती पर ला कर इस की स्थापना की। इस वातकी सचाई सावित करनेके लिये ये जो कहानी कहते हैं, उसको हम यहां लिख देते हैं:—

"जगत्‌के आदि सृष्टिकर्त्ता वावा आदम और हवा ईश्वर (खुदा)-की आज्ञाकी अवहेलना करनेके कारण धरती पर गिरा दिये गये। इनमें एक वावा आदम लङ्कामें किसी पहाड़ पर गिरे और हवा अरवमें। वावा आदम हवासे बिलग हो कर बहुत दुःखित हुए। उनकी चञ्चलता और विकलता इतनी बढ़ी कि उन्होंने हवासे मिलनेके लिये ईश्वरसे वन्दना करने लगे। ईश्वरने उनको अपने किये अपराधके दण्ड भोगते हुए दुःखित देख 'जिब्राइल' नामक दूतको उनके पास भेजा। दो सौ वर्षके वाद जिब्राइलकी मददसे अराफत पहाड़ पर हवा और वावा आदमका सम्मिलन हुआ। इसके वाद ईश्वरसे वावा आदमने उपासना-मन्दिर वनानेके लिये प्रार्थना की। आदम पर खुश हो कर ईश्वरने अपने कई कारीगरोंको मेघ-मन्दिर तय्यार करनेके लिये भेजा। वही कावा आज अरवमें मौजूद दिखाई देता है। वावा आदम इस मन्दिर-की सात वार परिक्रमा करते थे। उनकी मृत्युके वाद यह मन्दिर फिर स्वर्गमें चला गया। इसके वाद उन्हीं आदमके लड़के शेखने पत्थर और गिलावेके संयोगसे एक मन्दिर तय्यार किया। यह भी महाप्रलयमें नष्ट हो गया।

"बहुत दिनोंके वाद इब्राहिमकी स्त्री हेगर और पुत्र इस्माइल अपने मालिक द्वारा देशसे निकाल दिये गये। ये दोनों घूमते घामते चले जा रहे थे। प्याससे ये मृतप्राय हो रहे थे। ऐसे समय एक देवदूतने मेघ-मन्दिरके निकटके उस 'जिमजिम' कुएं को दिखा दिया। ये दोनों वहीं रह कर थकावट दूर करने लगे। कुछ ही समय बाद 'अमलिकत' वंशके दो आदमी अपने भगे हुए ऊंटको खोजते खोजते वहां आ निकले। घूमते घूमते यह बहुत थक गये थे और ज़ोरके प्यासे थे। 'जमज़म' कुंआ देख कर उन दोनोंकी जानमें जान आई। कुएंका जल पी कर शान्त होने पर इस्माइल और उसकी माता से उनका परिचय हुआ। इस्माइल और हेगरकी सहकारितासे उन दोनों आदमियोंने मक्काशरीफ को वनाया। कुछ दिनोंके वाद ईश्वरकी आज्ञासे इस्माइलने कावाको वनवाया। इस्मायलने इसके वनानेमें अपने पितासे बहुत मदद ली थी। इस्माइल जिस पत्थर पर खड़े हो कर कावाकी चहारदीवारीकी ईंट जोड़ते थे, वह पत्थर आज भी वहां रखा हुआ है। दीन ईमानके माननेवाले मुसलमान इस पत्थर पर इस्माइलके पैरोंका निशान देख सकते हैं, किन्तु दुःखका विषय है कि इब्राहिम तथा उनके पुत्र इस्माइलके पदचिह्नित वह पत्थर कावाकी तरह सम्मानित नहीं होता।"

दूसरे लोग कहते हैं, कि इब्राहिम और इस्माइल कावाको वना रहे थे, कि 'जिब्राइल' नामक एक स्वर्गीय दूतने उन लोगोंको पत्थरका टुकड़ा दिया। इस पत्थरके टुकड़के विषयमें एक दन्तकथा सुनाई देती है.— "जब वावा आदम स्वर्गमें थे, तव उनके शरीर-रक्षकके रूपमें एक देवदूत नियुक्त था। धीरे धीरे पापकर्मों में रत हो कर उसके परिणाम-स्वरूप ईश्वर द्वारा दण्डित हो कर पत्थर वन गया। इब्राहिम तथा इस्माइलने इस पत्थरको आदरके साथ कावेमें रखा। यह गिरी हुई हालतमें शुभ्रवर्ण उज्ज्वल दीप्तिमान् मणि था। धीरे धीरे पापियों कर-स्पर्शसे यह काला हो गया है।"

कावाके चारों ओर चांदी मढ़ी हुई है। इसकी एक कोठरीमें दो खम्भे लगे हुए हैं। इन खम्भों पर श्रेणीबद सोनेके चिराग जला करते हैं। कावाके निक ही ३२ चोबोंकी एक चाँदनी है। इन सब चोबोंमें सा साथ चिराग जलते हैं। रातको यह कावा अपू शोभा धारण करता है। कावाका निचला हिस्सा तथ छतको छोड़ कर सभी हिस्से हर साल काल किमखावसे ढक दिये जाते हैं। हजके उत्स के समय ये कपड़े तुर्क राजाओं द्वारा मिस्र राजधा कायरोमें तय्यार होते हैं। इसके सिवा दीवारों त खम्भोंमें भी रङ्गीन मारकीन लपेटी हुई है। तु

राजाओंकी जब गद्दीन शीनी होती है, तब इन खम्भोंका कपड़ा बदला जाता है। ठीक चौकोन आंगनमें कावा-मन्दिर कपड़ेसे ढका हुआ है, इसलामी यात्रियोंके हृदयमें इसे देख कर स्वभावतः भक्तिकी धारा बहने लगती है। उस एकान्त देवालयमें देवका रहना निश्चय जान धार्म्मिक मुसलमानोंके हृदयमें ईश्वर-प्रेमका तूफान उठने लगता है। इस पर जब मृदुमन्द वायुके झकोरोंसे इसका काला कपड़ा हिल जाता है, तब मुसलमान-यात्रियोंको ईश्वरका न होनेका सन्देह तिल भर भी नहीं रह जाता। धार्म्मिक मुसलमान अपने अन्ध-विश्वासके कारण कहा करते हैं, कावाको रक्षाके लिये कितने ही देवदूत नियुक्त किये गये हैं, उन्हींके कारण सदा कावाका कपड़ा उड़ा करता या हिलता रहता है। लगभग ७० हजार देवदूत कावाकी रक्षा करते है। कयामतके दिन जब ईश्वरकी बुलाहट होगी, तब ये देवदूत इस कावाको स्वर्ग (वहिश्त)-में ले जायेंगे।

इसलामधर्मी यात्रिगण कावामें पहुंच कर अपना सर मुड़वा देते है। इसके बाद 'जमजमा' कुएंका जल उनको भरपेट पिलाया जाता है। उसके बाद वह कावाकी प्रदक्षिणा करते हैं और कावाका काला वस्त्र चूमते हैं। ऐसा करनेसे उनका पाप छूट जाता है और न करनेसे पापसे मुक्त होनेकी कोई सम्भावना नहीं।

महम्मदके जन्मसे पहले इस कावामें यात्रियोंको नङ्गा हो कर (दिगम्बर-रूपमें) प्रवेश करना पड़ता था। महम्मदने ही इस कुरीतिको निकाल बाहर किया था। अब भी जब यात्री जाते हैं, तो कावाके निकट अपने सब कपड़े उतार देते हैं और नङ्गे हो जाते हैं, लज्जा बचानेके लिये कमरमें एक लंगोटी बांध लेते है। इसी हालतमें एक बार सुप्रसिद्ध खलीफा हारुन्-अल-रसीद अपनी बेगमके साथ बगदादसे पैदल चल कर मक्का आये थे। चलते चलते जब थक गये तब राहमें अपने-आप कालीन और गलीचे बिछा गये।

अलसफी, अलहनीफा, मालिक आदि मुसलमान लेखकोंने जो बातें लिखी हैं, उनसे मालूम होता है, कि शक्तिशाली प्रत्येक मुसलमानका मक्का जाना अवश्य कर्त्तव्य है। इन लेखकोंने अपनी विवरणीमें ऐसा लिखा है, कि धनी मानी मुसलमान मुसलमानिन सभीको मक्का जाना चाहिये।

सन् १५०३ ई०में लोडोभिको, सन् १६७८ ई०में जोसेप-पिट, सन् १८१४ ई०में जान लूई बुर्खार्ड, सन् १७५३ ई०में लेफ्टनण्ट रिचार्ड बर्टन, सन् १८७७-७८ ई०में, हाफिजके अनुवादक हर्मन बिकनेल और टी० एफ० कीन आदि खृष्टान पादरी भी केवल देखने-सुननेके लिये अरब पहुंचे थे। इन लोगोंका कहना है कि मक्कामें कभी कभी ४० हजारसे अधिक लाखों तककी भीड़ हो जाती थी।

लोग कहा करते हैं कि, मुसलमान मक्केमें दूसरे धर्मवालोंको नहीं जाने देते। जिनको कावा देखनेकी इच्छा है, उनको अपना धर्म त्याग कर मुसलमान बनना पड़ेगा। यह बात वास्तविक सत्य है। स्वयं बिगनेल साहबको कायरोसे मुसलमान बन कर मक्का आना पड़ा था। अरबी भाषासे अनभिज्ञ नाविक युवक कीन अपना नाम अबदुल महम्मद रख कर मक्कामें जाना चाहते थे। किन्तु जब उन्हें मालूम हुआ कि यह नाम मुसलमान नहीं रख सकते, तब उन्होंने महम्मद अमीन नाम रख कर मक्का प्रवेश कर सके थे।

मक्का-मन्दिरके बीचमें एक वेदी पर 'कुरान'-की एक प्रति रखी हुई है। यह ग्रन्थ मुसलमानोंके लिये परम-माननीय ग्रन्थ है। सिवा इसके अरबी भाषामें लिख कर कविताओंकी सात तख्तियां लटकाई गई हैं। इन सबोंका नाम है,—'मुआलकत'।

इस मन्दिरके सामने दूसरा भी एक मन्दिर दिखाई देता है। इसके बाद ही प्रसिद्ध जमजम कुंआ है। यह दोनों विशाल अट्टालिकाओंसे घिरे हुए हैं। इनके चारों कोने पर चार बड़े बड़े खम्भे खड़े किये गये हैं। इसके कुछ ही दूर पर एक चहारदीवारी है, जो सब मन्दिरोंको घेरे हुए हैं। मुसलमानोंके लिये ये सब स्थान बड़े ही पवित्र और रमणीक हैं। प्रत्येक मुसलमानका विश्वास है कि, यह स्थान स्वर्ग या बहिश्त है। मुसलमानोंमें कई फिरके हैं। इनमें मत-पार्थक्यके कारण एक बार कावाके काले पत्थरको तहस-नहस करनेके लिये देवविरोधी मिस्रके राजाने अपनी सेना भेजी थी, किन्तु

भगवान्की कृपासे इस पत्थरकी रक्षा हुई। उसी समयसे धातुकी चहारदीवारी लगी हुई है। यह जमीनसे ४ फीट ६ इञ्च ऊंचा है।

हरएक वर्ष हजके समय एक महोत्सव होता है। इस अवसर पर एक मेला लगता है, जिसमें भारत, इंग्लैण्ड, चीन, जापान आदि देशोंसे चीजें बिकने आती हैं। इस समय इतनी भीड़ होती है कि लोगोंको स्वच्छ जलके लिये बड़ी कठिनाई होती है। वहांके नगर-मालिक या शरीफ इन यात्रियोंके कष्टों पर जरा भी ध्यान नहीं देते थे। यह देख विख्यात खलीफा हारुन्-अल-रसीदकी बेगम जोबेइदाने आराफत पहाड़से वह जलका नल, जिसका वर्णन ऊपरमें किया गया है, बैठा कर मक्का शरीफके जलका कष्ट दूर किया था।

उत्सवके दिन वहांके पूजारी एक ऊंट पर चढ़ कर काबाकी प्रदक्षिणा करते हैं। साथ ही आप लोगोंको धर्मसम्बन्धीय व्याख्यान भी सुनाते हैं। इसलाम-धर्मके प्रवर्त्तक महम्मदने अपनी बीमारीकी हालतमें ऊंट पर चढ़ कर इस मन्दिरकी परिक्रमा की थी। तभीसे यह प्रथा चली आती है। जिस पहाड़ पर इब्राहिमने प्राण त्याग किया था, उसको आराफा या सत्यलोक कहते हैं।

पहले कह आये हैं कि, इस्माइल और उसकी माताकी पिपासा शान्त होनेसे उसी कुएंके पास बस्ती होने लगी। उसी समयसे यह मक्का नगर आबाद होने लगा था। उस मरु-प्रान्तमें एकमात्र जमजम कुआं था। इसलिये इसका विशेष आदर था। अन्तमें पत्थरकी एक चहारदीवारीसे घेर दिया गया था। इस कुएंके सिवा उस प्रान्तमें चार छः कोस तक कोई जलाशय दिखाई नहीं देता।

मक्काके अधिवासियोंमें अधिकांश अरबके मुसलमान हैं। इनके सिवा दूसरे देशके भी मुसलमानोंकी वहां बस्ती देखी जाती है। जो मुसलमान मसजिद-उन्-नवाबी या जियारातको देख जाते हैं, वे हाजीके नामसे पुकारे जाते हैं। वहांके सब स्थानोंमें काबा जियारात और मसजिद-उल-हारम ही प्रधान हैं। मुसलमानोंकी धार्मिक पुस्तकोंमें मक्काके कोई २६ नाम दिखाई देते हैं। जैसे,—उम-एल-कोरा, बलाद-एल-अमीन आदि।

भारतमें विशेषतः बङ्गालमें यह कहा जाता है कि मक्कामें मक्केश्वर महादेवका शिवलिङ्ग मौजूद है।* इसलाम-धर्मके प्रवर्त्तक महम्मद साहबके पहले वहां जब अग्निपूजकोंका दौरादौर था, तब भारतवासी हिन्दू बाणिज्य तथा तीर्थयात्राके लिये मक्का जाते थे। जब वहां मुसलमानोंका प्राधान्य हुआ तब हिन्दूद्वेषी मुसलमानोंने उनका आना जाना रोक दिया। कहते हैं कि, हिन्दुओंके मक्केश्वरको मक्काकी मसजिदमें छिपा दिया था। आज काबामें रखे काले पत्थरको ही लोग मक्केश्वर समझते हैं।

लोगोंसे सुना जाता है, कि शिवरात्रिको यदि कोई धार्मिक हिन्दू बेलपत्र तथा गङ्गाजल चढ़ा दे, तो राजा हो जायगा। इस दिन मन्दिरसे 'बम बम' की अवाज सुनाई देती है। वास्तवमें हवामें उड़ते हुए काबाके वस्त्रोंसे ऐसा ही शब्द हुआ करता है।

मक्कार (अ० वि०) मक्र करनेवाला, छली।

मक्कारी (अ० स्त्री०) छल, धोखेबाजी।

मक्कुल (सं० क्ली०) मक्क-उलच्। शिलाजतु, सिलातीत।

मक्कोल (सं० क्ली०) मक्क बाहुलकात् ओल। खटिका, खड़िया।

मक्खन (हिं० पु०) दूधमेंकी, विशेषतः गौ या भैंसके दूधमेंकी, वह चरबी या सार-भाग जो दही या मट्ठेको मथने पर अथवा और कुछ विशिष्ट क्रियाओंसे निकाला जाता है और जिसे तपानेसे घी बनता है।

विशेष विवरण नवनीत शब्दमें देखो।

---

* यह अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि, जब हिन्दुओंका प्राधान्य था, तब औपनिवेशिक वणिक्गण या अन्य हिन्दुओं द्वारा यह शिवलिंग स्थापित हुआ था। जब म्लेच्छों के प्राधान्यमें तुर्कों के राज्यमें हिन्दू-मन्दिर विद्यमान हैं तब अरबमें क्यों नहीं रहेगा? सम्भवतः हिन्दुओंसे द्वेष करनेवाले मुसलमानोंने इस मक्केश्वर मूर्त्तिको काबामें छिपा रखा था और हिन्दुओंको वहां न जाने देनेका इन्तजाम किया था।

मक्खा (हिं० पु०) १ बड़ी जातिकी मक्खी। २ नर-मक्खी।

मक्खी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रसिद्ध छोटा कीड़ा जो प्रायः सारे संसारमें पाया जाता है। यह साधारणतः घरों और मैदानोंमें सब जगह उड़ती फिरती है। इसके छः पैर और दो पर होते हैं। मक्षिका देखो।

मक्खीचूस (हिं० पु०) घी आदिमें पड़ी हुई मक्खी तकको चूस लेनेवाला व्यक्ति, भारी कंजूस।

मक्खीमार (हिं० पु०) १ एक प्रकारका बहुत छोटा जानवर। यह प्रायः मक्खियाँ मार मार कर खाया करता है। २ एक प्रकारकी छड़ी। इसके सिरे पर चमड़ा लगा होता है और जिसकी सहायतासे लोग प्रायः मक्खियां उड़ाते हैं। ३ बहुत ही घृणित व्यक्ति।

मक्खीलेट (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी जाली। इसमें बहुत छोटी छोटी बूंटियाँ होती हैं।

मक्दूर (अ० पु०) १ सामर्थ्य, ताकत। २ वश, काबू ३ समाई, गुंजाइश,। ४ दौलत, धन।

मक्सी (हिं० पु०) १ वह सब्जा घोड़ा जिस पर काले फूलके दाग हों। २ बिलकुल काले रंगका घोड़ा।

मक्बुल मालिक—दिल्लीश्वर महम्मद इब्न तुगलकका एक सहकारी सेनापति। मालिक कबीरकी मृत्यु होनेके बाद इसने १३५० ई०में दिल्लीश्वरके प्रतिनिधि नियुक्त हो कर राज्यशासन किया। पीछे वजीरके पद पर बैठ कर १३६० ई०में इस लोकसे चल बसा।

मक्राई—मध्यप्रदेशके होशङ्गाबाद जिलान्तर्गत एक छोटा सामन्तराज्य। भूपरिमाण २१५ वर्गमील है। पहले कालीभीत और चर्वा विभाग इसके अन्तर्गत रहनेके कारण राज्यसीमा भी बढ़ी चढ़ी थी। पीछे पेशवा और सिन्दे राजने इसके अनेक अंश दखल कर लिये। यहांके सरदार गोंड़ जातिके हैं। ये लोग राजाको किसी प्रकारका कर नहीं देते, सम्पूर्णरूपसे अंगरेजोंके आज्ञाधीन हैं। दीवानी, फौजदारी और राजकीय कार्यावली सामन्तके ही हाथ है। ज्येष्ठ पुत्रको ही गद्दी मिलती है। गेहूं, चना, चावल, गोंद और महुआ, यहांका प्रधान पण्यद्रव्य है।

२ उक्त राज्यका प्रधान नगर। यह अक्षा० २२° ४ उ० तथा देशा० ७७° ७′ ३०″ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां एक गिरिदुर्गके मध्य राजप्रासाद अवस्थित है।

मक्ष (सं० पु०) मक्ष-घञ्। १ स्वदोषाच्छादन, अपने दोषको छिपाना। २ क्रोध, गुस्सा। ३ समूह, ढेर।

मक्षवीर्य (सं० पु०) मक्षं निविड़ं वीर्यमस्य प्रियालवृक्ष, पियार नामका पेड़।

मक्षिका (सं० स्त्री०) मशति शब्दायते इति मश-(हनिमशिभ्यां सिकन्। उण् ४।५३) १ कीटविशेष, साधारण मक्खी। पर्याय—मक्षीका, भन्त, माचिका, गन्धलोलुपा, पतङ्गिका, पत्तिका, अमृतोत्पन्ना, वमनीया, पलङ्कषा, निला, वर्वणा। (अमर) मक्खी प्रायः कूड़े करकट और सड़े गले पदार्थों पर बैठती, उन्हींको खाती और उन्हीं पर बहुतसे अंडे देती है। इन अंडोंमेंसे बहुधा एक ही दिनमें एक प्रकारका ढोला निकलता है। यह ढोला बिना सिर पैरका होता है और दो सप्ताहमें पूरा बढ़ जाता है। बादमें किसी सूखे स्थानमें पहुंच कर अपना रूप परिवर्त्तित करने लगता है। प्रायः १०-१२ दिनमें वह साधारण मक्खीका रूप धारण कर लेता है और इधर उधर उड़ने लगता है। मक्खीके पैरोंमेंसे एक प्रकारका तरल और लसदार पदार्थ निकलता है जिसके कारण वह चिकनीसे चिकनी चीज पर पेट ऊपर और पीठ नीचे करके भी चल सकती है। २ शहदकी मक्खी।

मक्षिकामल (सं० क्ली०) मक्षिकाणां मधुमक्षिकाणां मलम्। सिक्थ, मोम।

मक्षिकासन (सं० क्ली०) मक्षिकाण्यामासनम्। मधुमक्षिकाका आसन, शहदकी मक्खीका छत्ता।

मक्षीका (सं० स्त्री०) मक्षिका पृषोदरादित्वात् दीर्घः। मक्षिका, मक्खी।

मक्षु (सं० क्ली०) मक्ष-उन्। १ शीघ्र। (त्रि०) २ शीघ्रगतियुक्त।

मक्सूदाबाद—बङ्गालकी मुसलमान-राजधानी, मुर्शिदाबादका एक नाम।

मक्सूदनगढ़—मध्यभारतकी भूपाल एजेन्सीके अन्तर्गत एक छोटा सामन्त राज्य। यह ग्वालियरके शासनाधीन है। भूपरिमाण ८१ वर्गमील है। यहांके सरदार खिचि-वंशीय राजपूत हैं। १८८० ई०में यह राज्य

अंगरेजोंकी देख-रेखमें आया। सामन्तकी उपाधि राजा है। यहांकी जनसंख्या १५ हजारके लगभग हैं। राजस्व ३७०००) रु० है।

२ उक्त राज्यका एक प्रधान नगर। यह अक्षा० २४° ४′ उ० तथा देशा० ७७° १८′ पू०के मध्य अवस्थित हैं। जनसंख्या ढाई हजारके लगभग है। यहांका किला १७३० ई०में रघुगढ़के राजा विक्रमादित्यने बनवाया था। शहरमें स्कूल, अस्पताल, कारागार और सरकारी डाकघर हैं।

मख (सं० पु०) मखन्ति गच्छन्ति देवा अत्र ति मख सर्पणे (हलश्च। पा ३।३।१२७) इति घञ्, संज्ञापूर्वकत्वात् न वृद्धिः वा पुसीति, घ। याग, यज्ञ।

मखक्रिया (सं० स्त्री०) मखस्य क्रिया। यज्ञ-विषयक कार्य्य।

मखघ्न (सं० त्रि०) मखं हन्ति हन-टक्। यज्ञनाशक।

मखजन (अ० पु०) भण्डार, कोष।

मखतल (हिं० पु०) काला रेशम।

मखतूली (हिं० वि०) काले रेशमका, काले रेशमका बना हुआ।

मखत्राता (सं० पु०) त्रायतेरक्षतीति कर्त्तरि तृच्, मखस्य त्राता, विश्वामित्रमखरक्षणात्तथात्वं। १ रामचन्द्र। इन्होंने विश्वामित्रके यज्ञकी रक्षा की थी। (त्रि०) २ यज्ञरक्षक, यज्ञकी रक्षा करनेवाला।

मखदूम (अ० पु०) १ वह जिसकी सेवा की जाय। २ स्वामी, मालिक। (वि०) ३ पूज्य, सेवाके योग्य।

मखद्विष् (सं० पु०) मखाय द्वेष्टि द्विष्-क्विप्। राक्षस। २ यज्ञद्वेषिमात्र।

मखद्वेषी (सं० पु०) यज्ञविघ्नकारी राक्षस।

मखधारी (हिं० पु०) यज्ञ करनेवाला, वह जो यज्ञ करता हो।

मखान (हिं० पु०) मक्खन देखो।

मखानपुर—युक्तप्रदेशके कानपुर जिलान्तर्गत एकगण्डग्राम। यह अक्षा० २६° ५४′ उ० तथा देशा० ३०° १′ २०″ उ० कानपुरसे फतेगढ़ जानेके रास्ते पर पड़ता है। यहां कादर नामक एक मुसलमान साधुका समाधिमन्दिर विद्यमान है। होलीउत्सवमें यहां एक मेला लगता है। इस मेलेमें सैकड़ों घोड़े गाय बिकनेको आती हैं और अनेक तीर्थयात्री भी इकट्ठे होते हैं। २ मैनपुरी जिलेका फिरोजाबादके निकटवर्ती एक ग्राम।

मखाना (हिं० पु०) मकुना देखो।

मखनाथ (सं० पु०) यज्ञके स्वामी, विष्णु।

मखनिया (हिं० पु०) १ मक्खन बनाने या बेचनेवाला। (वि०) २ जिसमेंसे मक्खन निकाल लिया गया हो।

मखनी (हिं० स्त्री०) मध्यभारतकी नदियोंमें मिलनेवाली एक मछली। यह प्रायः एक बिलश्त लंबी होती है।

मखप्रभु (सं० क्ली०) वृहत्सोमलता।

मखमय (सं० पु०) मख स्व-रूपे मयट्। यज्ञस्वरूप विष्णु।

मखमल (अ० स्त्री०) १ एक प्रकारका बहुत बढ़िया रेशमी कपड़ा। यह एक ओरसे रूखा और दूसरी ओरसे बहुत चिकना और अत्यन्त कोमल होता है। २ एक प्रकारकी रंगीन दरी। इसके बीचो-बीच एक गोल चंदोआ बना रहता है।

मखमली (अ० वि०) मखमलका बना हुआ। २ मखमलकी तरहका, मखमलका-सा।

मखमित्र (सं० पु०) विष्णु।

मखराज (सं० पु०) यज्ञोंमें श्रेष्ठ, राजसूय यज्ञ।

मखलूक (अ० पु०) ईश्वरकी सृष्टि, परमेश्वरके बनाये हुए प्राणी आदि।

मखवत् (सं० त्रि०) मख-अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। यज्ञयुक्त, यज्ञ करनेवाला।

मखवल्क्य (सं० पु०) याज्ञवल्क्य।

मखवह्नि (सं० पु०) मखस्य वह्नि मखाराध्यो वह्निरिति यावत्। यज्ञाग्नि।

मखशाला (सं० स्त्री०) यज्ञशाला, यज्ञ करनेका स्थान।

मखसूस (अ० वि०) जो किसी विशेष कार्यके लिये अलग कर दिया गया हो, खास तौर पर अलग किया हुआ।

मखस्वामी—द्राह्यायणसूत्र-भाष्यके प्रणेता। रुद्रास्कन्दने इनका नामोल्लेख किया है।

मखस्वामी (सं० पु०) यज्ञके स्वामी, विष्णु।

मखांशभाज् (सं० त्रि०) मखांशभज-ण्वि। यज्ञांशभोजी, यज्ञका हिस्सा खानेवाला।

मखाग्नि (सं० पु०) मखसंस्कृतः अग्निः। यज्ञाग्नि। वह अग्नि जो यज्ञमें होमादिके लिये स्थापित की जाती है। पर्याय—मखानल, महावीर।

मखाना (हिं० पु०) तालमखाना देखो।

मखान्न (सं० क्ली०) मखे मखकाले भोज्यमन्न। खाद्यबीजभेद, तालमखाना। पर्याय—पद्मबीजाभ। यह तालमें उत्पन्न होता और पद्मबीजके समान होता है। तालमखाना देखो। २ यज्ञीय अन्न।

मखालय (सं० पु०) यज्ञशाला।

मखासुहृद् (सं० पु०) मखस्य दक्षयज्ञस्य असुहृत् शत्रु नाशक इत्यर्थः। शिव। इन्होंने दक्षयज्ञ विनाश किया था। इसीसे इनका मखासुहृत् नाम पड़ा।

मखी—अयोध्या प्रदेशके उनाव जिलान्तर्गत एक नगर यह उनाव नगरसे ४॥ कोस उत्तरमें अवस्थित है। प्रायः हजार वर्ष पहले मखी नामक किसी लोध-सरदारने इसे वसाया था। उन्हींके नामानुसार यह स्थान आज भी मखीनगर नामसे चला आ रहा है। चार शताब्दी पहले मैनपुरीपति राजा ईश्वरसिंहने लोधोंको परास्त कर यह स्थान दखल किया। तभीसे यह स्थान उन्हो के वंशधरोंके अधिकारमें चला आ रहा है।

मखेश (सं० पु०) राजसूययज्ञ।

मखोना (हिं० पु०) एक प्रकारका कपड़ा।

मख्दुम अब्दुल रहमान—एक मुसलमान साधु। सिन्धु प्रदेशके शिकारपुर जिलेमें इनका समाधिमन्दिर विद्यमान है।

मख्दुम फजलशाह करेशी—एक मुसलमान साधु। वे पीर फजलशाह नामसे प्रसिद्ध थे। सिन्धुप्रदेशस्थ इनके समाधिमन्दिरमें जो शिलाफलक उत्कीर्ण है उससे जाना जाता है, कि इनका हि० १२६६ जेलहज्जमें इनका देहान्त हुआ।

मख्दुमनूह—एक मुसलमानी तीर्थ। यह सिन्धुप्रदेशके हालनगरमें अवस्थित है। पीर महम्मद जामनने १२०५ हिजरीमें मख्दुमनूहका मन्दिर वनाया। मख्दुम् मीर महम्मदके स्मरणार्थ यहां १२१० हिजरीमें पुनः एक समाधिमन्दिर और १२२२ हिजरीमें एक मसजिद वनाई गई।

मख्दुम जहानिया—एक मुसलमान साधु। कन्नोज नगरमें इनके स्मरणार्थ एक समाधिमन्दिर और मसजिद निर्मित है। मसजिदमें ८८१ हिजरीकी लिखी हुई जो शिलालिपि है, उससे जाना जाता है कि सैयद जलाल मख्दुम् जहानिया उक्त समयके पहले विद्यमान थे। मसजिदका वहुत कुछ अंश हिन्दू-मन्दिरका अंशविशेष ले कर वनाया गया है। इसमें अनेक हिन्दूमूर्त्ति और ११६३ सम्वत्में उत्कीर्ण शिलालिपि देखी जाती है।

मग (हिं० पु०) १ राह, रास्ता। २ मगद्देश। मगध देखो। ३ एक प्रकारके शाकद्वीपी ब्राह्मण। भोजक ब्राह्मण और मगी देखो। ४ मगधका निवासी। ५ पिपुलीमूल।

मग (मघ)—आराकानवासी जातिविशेष। जातियोंके जानकारोंका विश्वास है कि, यह इण्डोचीन सम्मिलित जातिके हैं। इस मग जातिकी कई श्रेणियां हैं। जैसे—मारमगरी, भूंइयामग, वरुआमग, राजवंशी मग, मार्मा या मैम्मा मग, रोयाङ्ग मग और थोङ्गोथा या जुमिया मग इत्यादि।

इस समय इनकी सात श्रेणियोंमें तीन ही श्रेणियां वन गई हैं। पहली श्रेणीमें केवल 'जुमिया' दूसरीमें मार्म्मा, म्यामा, रोयाङ्ग या रखियाङ्ग और तीसरी श्रेणीमें मारमुग्री या राजवंशी, वरुआ और भुंइया मग हैं। मग जाति स्थानविशेषके कारण ही इन सात या तीन श्रेणियोंमें विभक्त है। अवसे वहुत पहले यह जाति चट्टग्राम तथा आराकान आदि पहाड़ी देशोंकी आदिम जाति कहलाती थी। धीरे धीरे जुमिया और रोयाङ्गगण चट्टग्रामके समतल मैदानमें आ कर वस गये हैं। इससे यह इस समय कुछ उन्नत हो गये हैं। इन जातियोंके लोगोंका प्राकृतिक गठन सुदृढ़ और मजबूत है। इनका चेहरे पर चीनियोंकी तरह झलक दिखाई देती है, इनके क्षीण चौड़े और चपटे मुख, उच्च तथा फैले हुए गाल, नाक मोटी और चिपटी, आंखें लाल लाल और छोटी छोटी देख कर मोगलियोंका स्मरण आता है। यह कहना कठिन है कि, यथार्थमें इनकी उत्पत्ति किस जातिसे है। साधारणतः पहाड़ी जातियोंमें जैसा

रूप रंग देखा जाता है, वैसा ही इनका रूप रंग दिखाई दिखाई देता है। फिर ब्रह्मदेशके समीप होनेसे इनमें जलवायुके प्रभावसे यह अलगाव दिखाई देता है। मरमगरो या राजवंशी मगोंकी उत्पत्ति और नामोंके सम्बन्धमें कुछ आदमियोंका कहना है, कि वङ्गालका पूर्वी प्रान्त, नोआखाली और चट्टग्रामके आदिम अधिवासी तथा छोटी जातियोंके साथ ब्रह्मवासियोंका विवाह संस्कार होनेसे एक सङ्कर-जाति उत्पन्न हुई है। फिर कुछ लोग कहते हैं, कि मगधके राजाका यहां राज्य था। इसी समय मगधियोंकी यहां अधिकता हुई थी। उसी समयसे इस जातिका नाम मग हुआ।

आराकानके राजवंश निश्चय ही विहार-राजवंश-सम्भूत मालूम होते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं, कि उस समय वहां हिन्दुओंका आवास था। ब्रह्ममें बौद्ध-धर्म प्रचार करने तथा समुद्रके किनारे वाणिज्य व्यवसायके लिये कितने ही वङ्गाली तथा विहारी जा कर चट्टग्राम तथा इसके निकटके स्थानोंमें बस गये। आसाम कूचविहार आदि प्रान्तोंमें जैसे युक्तप्रदेशवासी राजवंशी आदि कई श्रेणीके मनुष्योंका वास था, वैसे ही आराकानके प्रान्तोंमें इनका विस्तार हुआ। इन्हीं लोगोंमेंसे ही किसीने वहांकी आदिम जातियोंसे विवाह कर लिया होगा, उसीसे इन जातियोंकी सृष्टि हुई है।

मगोंके तीन जातियों या श्रेणियोंमें चौवीस गोत्र हैं। वंशके ये नाम नदियोंके नामसे ही कल्पित किये गये हैं। यहांके लोग ममेरी वहनसे भी विवाह कर सकते हैं।

मारमगरी जाति बाल-विवाहकी विशेष पक्षपाती है। किन्तु सामाजिकतामें दूसरी जातिसे उन्नत देखी जाती है। फलतः उपयुक्त वरको कन्या समर्पण करनेमें जरा भी देर नहीं करती। मार्म्मा या चोङ्गचा जाति सयाने लड़कोंका विवाह अधिक पसन्द करती है। इन लोगोंमें विवाहसे पूर्व भी वर-कन्यामें प्रेम उत्पन्न करनेके लिये उनके एक साथ रहनेका भी आयोजन कर देते हैं। किन्तु साधारणतः इनके विवाहकी प्रथा अन्य जातियोंसे पृथक् है।

१७ या १८ वर्षका बालक विवाहके लिये उपयुक्त है। पुत्रके पिता अपने पुत्रका विवाहके लिये उपयुक्त कन्याकी तलाश करता है। पात्री ठीक होने पर वरका पिता अपने या अपने किसी खास व्यक्तिको भेज कर विवाह पक्का करता है। कन्या पक्षके घर जानेसे पहले कन्याके अभिभावकको बुला कर हाथ जोड़ कर प्रणाम कर 'ओगोत्सा' शब्द उच्चारण करना पड़ता है। इस शब्दका अर्थ यह है, आपके तीर पर एक नाव आ कर लगी है, आप उसको बांधेंगे या छोड़ देंगे। इस पर यदि कन्या-पक्षसे सन्तोषजनक उत्तर मिलता है, तब उसके घरमें प्रवेश करते हैं, नहीं तो उलटे पांव उनको लौट आना पड़ता है। घरमें जा कर वह पूछता है,—"इस घरके खूंटे तो मजबूत हैं?" इसके उत्तरमें यही शब्द मिले, कि 'हां मजबूत हैं'. तब तो विवाहकी बात चलाई जाती है।

विवाह-सम्बन्ध पक्का हो जाने पर वह लौट आता और वरके अभिभावकसे कहता है। इसके बाद इस विवाहके फलाफलको देखनेके लिये बड़ी उत्सुकतासे कन्या तथा वर-पक्षके अभिभावक एकान्तमें एक मुर्गाका वध करते हैं और उसकी जीभ काट कर विवाहका शुभाशुभ निर्णय करते हैं। वर-कन्या या घरके कोई व्यक्ति भी इस फलाफलको नहीं जान सकता। उस रातको वरका अभिभावक कन्याके घर सो जाता है और उस रातको जो वह स्वप्न देखता है, उस पर भी इस विवाह-सम्बन्धके फलाफलका विचार हुआ करता है। यदि मङ्गलजनक हुआ, तो वरका अभिभावक कन्याके पिताके सामने सर नीचा करके बैठता है और आते समय अंगूठी तथा कुरता वस्त्र आदि पुरस्कार दे आता है।

इसके बाद ज्योतिषी बुला कर ग्रहकी देख-भाल करते हैं। इसी समयसे दोनों पक्षसे विवाहकी तैयारी होने लगती है। शूकर, मद्य, चावल, मसाले आदि तरह तरहकी चीजें एकत्र कर विवाह-भोज हुआ करता है। विवाहके दो दिन पहले ही यह अपने कुटुम्बोंको निमन्त्रण भेजा करते हैं। कुटुम्बवाले सभी एक एक मुर्गी भेज देते हैं। जो मुर्गी नहीं भेज सकते, वह पैसा भी भेज सकते हैं।

विवाहके दिन रातको वरात (जिसमें स्त्री पुरुष दोनों रहते हैं) कन्याके घर आती है। यह इस दिन नाना रंगके रंगरूप बना कर बाजेके साथ आते हैं। वरात जब कन्याके ग्राममें पहुंचती है, तब कन्या पक्षीय स्त्रियां पहले बांससे रोकती हैं और सौभाग्यवृद्धिके लिये वरको शरावका एक प्याला देती हैं। यह प्याला वर मुंहसे छुआ कर फेंक देता है। यदि कन्या-पक्षीय स्त्रियां मजबूत होती हैं, तब वरातको तीन चार जगह रोकती हैं।

विवाहके पहले वरात आ कर कन्या-पक्षीय ग्रामसे कुछ दूर पर ही विश्राम करनेके लिये ठहर जाता है। ठहरनेका स्थान बांससे घिरा रहता है और लतापल्लवसे सुसज्जित रहता है। इसी तरह एक चांदनीके भीतर अलग भोजनका प्रबन्ध होता। ग्रामवासी यहां ही वर देखनेके लिये आते हैं और तरह तरहके खेल तमाशे किया करते हैं। कन्याके घरमें भी इसी तरहकी चांदनीमें स्वजन कुटुम्बके लोग एकत्र होते हैं, इनके बीच कन्या बैठा दी जाती है। इस समय गांवके छोकड़े आ कर दोनों पक्षके लोगोंको तंग करने लगते हैं। दिनमें ही इस तरहका आमोद-प्रमोद हुआ करता है। रातको किसी तरहका कोई खेल तमाशा या उपद्रव नहीं हुआ करता।

सन्ध्या हो जाने पर वरको कन्याके घर ले जाते हैं। जब वर कन्याके घर पहुंचता है तब नाना प्रकारके बाजे बज उठते हैं। इसके बाद वर-कन्याको मण्डपमें ला कर एक सूतसे उन्हें छेद देते हैं। इसके बाद 'फुङ्गी' पुरोहित आ कर मन्त्रोच्चारण करते और वर कन्याको सात ग्रास भात खिलाते हैं। इसके बाद कन्याका बायां हाथ पकड़ कर वरके दाहने हाथमें रखते हैं और मन्त्रोच्चारण-पूर्वक विवाह-कार्य्य सम्पन्न करते हैं। इसके बाद वर कन्याका हाथ पकड़ कर वहां खड़े गुरुजनोंको प्रणाम कर अपने स्थानमें बैठ जाते हैं। नियम-पूर्वक गंठ-बन्धनके बाद उपस्थित जन-मण्डली शक्ति अनुसार पुरस्कार देती है। इसके बाद आमोद-प्रमोद नाच-गानेमें दिन बितते हैं।

मगोंमें कन्याको पण देनेकी प्रथा है। थोङ्गचा तथा मार्म्मा ३०) रुपये और धनवान् मार्म्मा लोग ६०) रुपये पण कर दिया करते हैं। वरके हाथमें कन्याका हाथ रख कर कन्यादान तथा सिन्दूर-दान ही विवाह-बन्धनका मूल कारण है। मार्मा थोङ्गचोंके अनुसार विवाह-कार्य सम्पन्न करते है। इनमें सिन्दूर-दानकी प्रथा नहीं है। विवाहके बाद सात दिन तक सात सात बार वर कन्याको एक थालीमें भोजन करना पड़ता है। इनके भोजनसे जो जूठा बचता है, वह एक हण्डीमें रखते जाते हैं। किन्तु एक साथ सोते नहीं, इन सात दिनों तक वरको नदी पार नहीं करना होता। आठवें दिन हण्डीके कीड़े देख कर विवाहके शुभाशुभका विचार हुआ करता है।

बहु-विवाह और विधवा-विवाह भी इनमें प्रचलित है। अवस्थानुसार ये दो या दोसे अधिक पत्नी रख सकते हैं। किन्तु पहली पत्नी ही सर्वापेक्षा श्रेष्ठ और आदरणीय होती है। विधवायें अपनी इच्छाके अनुसार अपना वर चुन लेती हैं। इस विधवा-विवाहमें किसी क्रियाकी अवश्यकता नहीं होती। व्यभिचार तथा अनवरत झगड़ा तकरार होते रहने पर पञ्चायतके आज्ञानुसार विवाह सम्बन्ध विच्छेद भी हो सकता है। पीछे इसका विवरण लिख कर वहांके मजिष्ट्रेटको देना होता है। छोड़ी हुई स्त्री विधवाकी तरह विवाह कर सकती है।

हीनयन मतसे मग (Southern School) बौद्धधर्मावलम्बी हैं। वे तिब्बतीय बौद्धोंको यथार्थ धर्माचारी नहीं कहते। थोङ्गचा आदि पहाड़ी जातियोंमें अब भी उपदेवता आदिकी पूजा होती देखी जाती है। वे गाय, भैंस, भेड़े, तथा शूकरोंकी बलि पर्वत तथा नदी आदिकी पूजामें दिया करते हैं और चावल, फल, फूल, नैवेद्य आदि भी चढ़ाया करते हैं। मारमगरीलोग वहांके हिन्दुओंका ही अनुकरण करते हैं। इस समय इनकी अधिकांश पूजाविधि तान्त्रिक ही हुआ करती है। सिवा इसके यह शिव और दुर्गाकी पूजामें अधिक भक्ति दिखाते हैं।

यह बौद्ध फुङ्गी तथा रावलियोंको अपना पुरोहित मानते हुए भी ब्राह्मणोंसे राग-द्वेष या असद्भाव

नहीं रखते। विवाह आदि शुभकार्यों के दिन नियत करने तथा शिव आदिकी पूजामें ब्राह्मणोंकी सहायता लिया करते हैं। थोङ्गचों में एकमात्र घरकी बुढ़ियां ही व्रतक्रियादिकी अधिकारिणी है। इस कार्यमें वह बुढ़िया ही उस यज्ञकी पुरोहित हैं ऐसी वृद्धा स्त्रियां 'लेर्दामा' कही जाती हैं।

मग अपने मृत-देहको जला दिया करते हैं। जब कोई मनुष्य मर जाता है, तब उसके घर और कुटुम्बके लोग एकत्र हो कर अन्त्येष्टि-क्रियाके लिये गाजे बाजे का प्रवन्ध करते हैं। स्त्रियां रोती रहती है, किन्तु पुरुष मृतकके अन्त्येष्टि-कार्य्यमें लगे रहते हैं। लकड़ी बटोर कर वांसकी रथी तय्यार कर मृतकको श्मशान-घाट ले जाते हैं। धनी और स्त्रियोंको चार पहियेकी गाड़ी पर श्मशान ले जाते हैं। मृत्युके बाद जलानेमें २४ घण्टा समय लग जाता है। पहले गेरुआ वस्त्रधारी पुरोहित शिष्योंके साथ हाथमें पंखा ले कर श्मशान पहुंचते हैं। इसके बाद घरके दो-दो व्यक्ति कपड़े और भोजन-सामग्री ले कर मृतके पास आते हैं। बाद शवको उठा कर उसके कुटुम्बके लोग, उसके बाद, गांवकी स्त्रियां आती हैं। इसके बाद सब क्रियायें हिन्दूमतसे ही होती हैं। जलानेके बाद स्नान कर लोग मृतकके घर लौट आते हैं और भोजन आदि करते हैं। यदि घरके मालिककी मृत्यु हुई हो, तो दरवाजेकी सीढ़ीके पहले चढ़ावको काट डालते है और पीछेसे दीवार काट कर भीतर प्रवेश करते हैं।

पुरोहित या किसी धनी व्यक्तिके मरने पर उस मृत-देहको बड़े यत्नसे रक्षा करते हैं। पीछे अवस्थाके अनुसार अन्त्येष्टिका पूर्ण रूपसे आयोजन हो जाने पर उस रक्षित मृत देहको जलाते हैं। प्रायः १ली वैशाखको ही ऐसी रक्षित मृत देहोंके जलानेका कार्य हुआ करता है। इस तरह मृत-देह रक्षित रखनेके लिये वांससे घेर कर एक पैगोडा या मठ निर्माण करते हैं। इस मठको नाना तरहके रंग विरंगे कागजोंसे सुसज्जित करते हैं। कभी कभी इस मठमें शवदेह लानेके पहले वांसका धनुष बना कर तीर छोड़ा करते हैं। इस समय कभी कभी स्त्री पुरुष, कभी-कभी अविवाहित स्त्री-पुरुष और विवाहित स्त्री-पुरुषका हंसी-मजाकमें रस्सीका युद्ध (Tug of war) होता है। सात दिनके बाद प्रेतकी शान्तिके लिये पुरोहित मृतकके घर भोजन किया करते हैं। आठवें दिन वे पिण्ड-दानकी तरह भोजन दानादिका आयोजन करते हैं, फिर इसी दिन वे वार्षिक-श्राद्ध भी किया करते हैं।

इसमें अधिकांश हिन्दू या बौद्ध होने पर भी यह जाति सामाजिक अवस्थामें उन्नत नहीं दिखाई देती। सच्चे हिन्दू उनके हाथका छुआ पानी नहीं पीते। ये गो, शूकर, मुर्गा मांस, सब तरहकी मछलियां मोटे मोटे चूहे आदिको भी खाया करते हैं। स्त्री पुरुष दोनों ही मद्य सेवन करते हैं। थोङ्गचागण अपनी प्रथाके अनुसार खेती-वारीका काम किया करते हैं। प्रत्येक मनुष्य अपने हाथमें एक दवा रखता है।

शिक्षित वरुआ मग कहते हैं कि, हम ही यथार्थ राजवंशी हैं। क्योंकि वह मगधके किसी राजाके वंशजात हैं। मुसलमानोंके आक्रमणोंको सहन न कर सकने पर यह चटगांवकी तरफ भाग आये थे। इन्हींके वंशज मग नामसे परिचित हैं। दूसरी एक कहानीसे मालूम होता है कि, वे वहांके प्रतापशाली बौद्धधर्मी राजाके वंशधर हैं।

आराकानके बौद्धोंने उनको महरामगरी नाम दिया था और उन्हें गुलामोंको तरह घृणाकी दृष्टिसे देखते थे। पहाड़ी बौद्ध मग इन्हें भूंइयां-मग कहते हैं।

वरुआ मगोंमें साधारणतः तीन उपाधियां दिखाई देती हैं। सभी वरुआ पदवी धारण करते हैं। इनके पूर्वजोंने अपने सुन्दर कामोंसे मुत्सुद्दी और चौधुरीकी उपाधि प्राप्त की थी। ये उपाधियां इनमें आज भी विद्यमान है।

वरुआ एक शङ्कर-जाति मालूम होती है। क्योंकि उनमें निम्नश्रेणीके हिन्दुओं, मुसलमानों, पहाड़ी और पुर्त्तगालोंका रक्त दिखाई देता है। इस समय वे हिन्दुओंकी तरह ही अपना क्रिया-कलाप करते हैं। वे दुर्गा और काली मूर्त्तिके सामने बकरे और भेड़े आदिकी बलि दिया करते हैं। आधुनिक वायुमण्डलके अनुसार सुधार-प्रेमी हो कर बलि आदिकी प्रथा उठा देने

पर भी वे निम्न देव-देवीकी पूजामें वहुत श्रद्धा रखते हैं—(१) शनिग्रहकी पूजा, (२) अश्विनीकुमारकी पूजा या कात्यायनी-व्रत, जिसमें कार्त्तिक मासकी १ले दिनसे व्रतानुष्ठान करनेसे पुत्रकी प्राप्ति होती है, (३) ज्वाला-कुमारी या विसूचिका (हैजे)-की अधिष्ठात्री देवी, (४) दुर्गापूजा, (५) लक्ष्मीपूजा, (६) वारवारी काली पूजा, (किसी दुर्भिक्षके समय यह पूजा हुआ करती है), (७) सत्यनारायण या सत्यपीर पूजा, (८) ईश्वराली व्रत या सूर्य्यपूजा (९) सरस्वती पूजा।

शनिपूजामें ज्योतिषी पौरोहित्य करते हैं। रावली या ठाकुर उपाधि-प्राप्त पुरोहित इस कार्यमें पुरोहितो नहीं करते। क्योंकि यह वौद्ध-धर्मके विरुद्ध वात है। ज्वालाकुमारी और काली पूजामें वे कोई मूर्त्ति नहीं वनाते, किन्तु देवीकी सन्तुष्टिके लिये वकरे और भेड़े, आदि पशुओंकी वलि दिया करते हैं। कभी कभी वे हिन्दू-मन्दिरमें जाकर काली-मूर्त्तिके सामने वकरे आदि-की वलि दिया करते हैं। अन्यान्य देवीदेवताओंकी पूजामें घटस्थापनादि ही करते हैं। सिवा इसके मगधेश्वरीकी पूजामें भी वे वकरेकी वली चढ़ाया करते हैं।

प्रत्येक गांवमें मगधेश्वरीकी पूजाके लिये नियत स्थान है। इस समय शिक्षित वरुओंने मूर्त्ति आदिका विसर्जन कर वौद्ध-धर्मके विस्तारमें मन लगाया है। वे हरि-सङ्कीर्त्तनके रूपमें ढोलक और झाल वजा वजा कर बुद्ध-सङ्कीर्त्तन करने लगे हैं। इनके वौद्ध पुरोहित ब्रह्मचर्य व्रतका पालन किया करते हैं। यह मस्तक मुण्डन कराते और पीले रंगका वस्त्र पहनते हैं इनके परिधेयवस्त्र ६० खण्डोंमें ग्रथित होते हैं। वे नित्य १२ वजेसे पहले पान तथा तम्वाकूके सिवा और कुछ नहीं खाते। प्रति वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा तक शय्या साफ न करके यों ही सोया करते हैं।

वरुआ मग दीक्षाके समय एक सप्ताह तक संयम करते हैं। कभी-कभी तो गुरु-गृहमें वर्ष दिन तक ब्रह्मचर्य-पूर्वक विता देते हैं। पीछे पीला वस्त्र त्याग कर गार्हस्थ जीवन आरम्भ कर विवाह-वन्धनमें वंध जाते हैं। इस समय वे 'लोठक' कहे जाते हैं। रावली (पुरोहित) अपने घर न रह कर भजनालयमें रहा करते हैं, उनके भजनालयका नाम 'कियां' है। प्रत्येक ग्रामवासियोंके खर्चेसे एक-एक 'कियां' या भजनालय तयार होता है।

रावली पुरोहितोंमें चार श्रेणियां दिखाई देती हैं—१ महाथेरो (महास्थविर), २ कामथेरो (कामस्थविर), ३ पञ्जयस (उपसम्पद), ४ मइसाङ्ग या 'शमनेर' रह गुरुसे शिक्षा प्राप्त कर या शास्त्रअनुशीलन कर और ज्ञानोन्नति कर मनुष्य क्रमशः महाथेरो पद पाते हैं।

वरुओंके कई प्रसिद्ध देवमन्दिर हैं। इन सव मन्दिरोंमें माघीपूर्णिमा तथा विषुव-संक्रातिके दिन वड़ा मेला लगता है। वहांके हिन्दू और मुसलमान वहां चिराग जला दिया करते हैं। नीचे थाना, ग्राम, देवमूर्त्ति और उत्सव लिखे जते हैं,—

थाना	ग्राम	देवता	त्योहार दिन
पटिया	वोगाहरा	वूढ़ागोसाईं	माघीपूर्णिमा
„	चक्रशाला	फराचीन,	चैत्रसंक्रान्ति
„	उनाइनपुर	बुद्धपद	फाल्गुणीपूर्णिमा
राउजान	पहाड़तली	महामुनि, शाक्यमुनि और चइन्दामुनि	चैत्रसंक्रान्ति
पटिया	अहल्या	सत्यसिंह	वैशाखीपूर्णिमा
राउजान	दांना	चूलमणि	माघीपूर्णिमा

पहाड़तलीके तीन मन्दिरोंमें शाक्यवुद्धकी वड़ी वड़ी मूर्त्तियां स्थापित की गई हैं। इनमें एक मूर्त्ति माणिकचेरीके सामन्त राजाने और दूसरी दो मूर्त्तियां वरुआ कुलके कालीचरण मुत्सद्दी और मोहनसिंह सूबेदारने तय्यार कराई है। साधारण लोगोंका विश्वास है कि चक्रशालामें वुद्धका आगमन हुआ था। इसीलिये कितने ही फराचीन तीर्थमें वुद्धपद दर्शनके लिये आया करते हैं। कुछ लोग चन्द्रनाथ शैल पर भी सीताकुण्डके वुद्धपद-दर्शनके लिये आते हैं। दूसरे तीर्थ सभी अपेक्षाकृत आधुनिक समयके हैं।

माघीपूर्णिमा और विषुवसंक्राति उनके लिये विशेष पुण्यका समय है। इसी समय वरुआ-मग दीक्षा लिया करते हैं। श्रीपञ्चमीके दिन यह सरस्वतीपूजा

किया करते हैं। इसी दिन सात वर्षकी बालिकाओंका कर्णवेध होता है।

बरुओंकी विवाह प्रथा प्रायः पूर्वोक्त रूप ही है। फिर भी इनके विवाहमें हिन्दूपन बहुत दिखाई देता है।

इनमें कन्याको वरके घर ला कर उसका विवाह कर दिया जाता है। विवाहके समय पुरोहितके पञ्चशील तथा मङ्गलपाठ करने पर वरकन्या उसकी पुनरावृत्ति करते हैं। कन्या दानके समय सदा स्त्रियां हर्षध्वनि किया करती हैं। पुत्रवती विधवा दूसरा विवाह नहीं करती।

अधिक उम्रके मृतकको जलाते और छोटे-छोटे बच्चोंको मिट्टीमें गाड़ दिया करते हैं। धनी मृतकको जिस गाड़ीमें सुला कर श्मशान ले जाते हैं, उस गाड़ीको हंसोंका रथ कहते हैं। उक्त रथके दोनों मुख हंसकी आकृतिके होते हैं।

यह रथ खींचे जानेके पहले इसमें दोनों ओर रस्सी बांधी जाती है। इकट्ठे हुए गाँवके लोग दो दल हो कर दोनों ओरसे रथ खींचते हैं। इसमें एक दल यमदूत तथा एक दल विष्णुदूत कहलाता है। दोनों दलोंमें खैंचातानी होनेके बाद विष्णुदूतोंकी ही जय-प्राप्ति होती है। इसके बाद शवदेहको उत्तरकी ओर ले जा कर श्मशानमें चिता पर सुलाते हैं। मुखमें अग्नि देते समय भी पञ्चशील मन्त्र तथा मङ्गलसूत्र पाठ किया जाता है। साधारण मनुष्योंको एक ही जगह जलाते हैं। किन्तु धनी और पुरोहितोंके जलानेके बाद वहां एक 'जादी' या समाधि-मन्दिर बनाया जाता है। अतएव अन्य धनी व्यक्तिको बाध्य हो कर दूसरी जगह जलाना पड़ता है। मृत्युके सात दिन बाद श्राद्ध और पीछे पिण्डदान और १५ दिनके बाद जाति-कुटुम्बका भोज होता है। प्रथम वर्ष वे प्रत्येक मासमें श्राद्ध करते हैं। किन्तु दूसरे वर्षसे वार्षिक-श्राद्ध किया करते हैं।

धनी मनुष्योंकी चिता पर समाधि-मन्दिर बनवाया जाता है। इसको 'जादी' कहते हैं। मन्दिरमें किसी शुभ दिनको वे मृत व्यक्तिको प्रेतात्माकी तृप्तिके लिये कुछ भोजनकी चीज रख आते हैं। गर्भिणी स्त्रीकी मृत्यु विशेष रूपसे अमङ्गल-सूचक है। उनका विश्वास है कि इस तरह गर्भिणीकी मृत्यु होने पर मृत आत्मा भूत-प्रेतकी योनि प्राप्त करती है। इनकी आत्माकी सद्गतिके लिये वे गयामें पिण्डदान किया करते हैं।

गर्भिणीको जलानेसे पहले उसका पेट चीर कर गर्भस्थ बालकको निकाल लिया करते हैं। इस भ्रूण शिशुको मिट्टीमें गाड़ कर तब पीछे उस स्त्रीको जलाते हैं।

भूतयोनिमें उनका दृढ़ विश्वास है। किसीकी अस्वाभाविक रूपसे मृत्यु होने पर उसकी आत्मा प्रेतयोनि प्राप्त करती है। 'ओझा' मन्त्रों द्वारा भूतोंको हटाया करते हैं।

विसूचिका (हैजा), चेचक आदि रोगोंका प्रादुर्भाव होने पर वे ज्वालाकुमारी तथा शीतलादेवीकी पूजा करते हैं। कभी-कभी बुद्ध-सङ्कीर्त्तन तथा रक्षा-काली की भी पूजा किया करते हैं। गाय आदि पशुओंको बीमारी होने पर सत्यनारायणकी पूजा किया करते हैं।

वे अधिकतर कृषि, पुलिसका काम और सूखी मछलियोंका विक्रय तथा रसोईका काम कर अपना जीवन-निर्वाह किया करते हैं। कुछ लोग शिक्षा प्राप्त कर कलर्की आदि भी करते हैं। बूढ़ी स्त्रियां और कुछ वृद्ध व्यक्ति औषधोपचार तथा चिकित्सा आदि किया करते हैं। इनमें एलोपैथिक चिकित्सा भी देखी जाती है।

इनके पुरुष और स्त्री हिन्दुओंकी तरह धोती और साड़ी पोशाक पहना करते हैं। कभी-कभी स्त्रियोंको वस्त्र और ओढ़नीका व्यवहार करते भी देखा जाता है। स्त्रियां अलङ्कार आभूषणादि बहुत पसन्द करती हैं। बाजू तथा नथियाके सिवा जड़ाऊ गहने भी पहनना पसन्द करती है। इस समय ये अपना नाम बङ्गाली ढंगके धरने लगे हैं। इनमें दो एक आराकानी नाम भी देखे जाते हैं।

मगज (अ० पु०) १ मस्तिष्क, दिमाग। २ गूदा, गरी।

मगजचट (हिं० पु०) वह जो बहुत बकता हो, बकवादी।

मगजचट्टी (हिं० स्त्री०) बकवाद, बकबक।

मगजपच्ची (हिं० स्त्री०) किसी कामके लिये बहुत दिमाग लड़ाना, सिर खपाना।

मगजी (हिं० स्त्री०) कपड़ेके किनारे पर लगी हुई पतली गोट।

मगण (सं० पु०) कविताके आठ गणोंमेंसे एक। इसमें

३ गुरुवर्ण होते हैं। इसका छन्दके आदिमें आना शुभ माना जाता है। कहते हैं, कि इसका देवता पृथ्वी है और यह लक्ष्मीदाता है।

मगद (हि० पु०) मूंगके आटे और घीसे बनाई हुई एक प्रकारकी मिठाई।

मगदर (हि० पु०) मगदल देखो।

मगदल (हि० पु०) एक प्रकारका लड्डू। यह मूंग वा उड़दके सत्तूमें चीनी मिला कर घीमें फेंट कर बनाया जाता है।

मगदा (हि० पु०) मार्ग-प्रदर्शक, रास्ता दिखलानेवाला।

मगदी—महिसुरके बंगलोर जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० १२° ५०´ से १३° १२´ उ० तथा देशा० ७७° ४´ से ७७° २७´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ३५९ वर्गमील और जनसंख्या ६५ हजारके करीब है। इसमें इसी नामका १ शहर और ३६४ ग्राम लगते हैं। इसके दक्षिण-पूर्व भागमें अर्कवती नदी बहती है। स्थानीय सावन-दुर्ग और भैरव-दुर्ग नामक दोनों गिरिशिखर बहु प्राचीनकालसे ही दुर्ग द्वारा सुरक्षित थे। चोल-राजवंश, विजयनगर-राजगण और गौड़ सरदारोंने क्रमानुसार इस सम्पत्तिका भोग किया था।

२ उक्त तालुकका सदर। यह अक्षा० १२° ५७´ २०´´ उ० तथा देशा० ७७° १६´ १०´´ पू०के मध्य अवस्थित है। ११३९ ई०में किसी चोलराजने इस नगरकी प्रतिष्ठा की थी। १६वीं शताब्दीमें बङ्गलूरके गौड़ सरदार हम्मड़िकम्पे गौड़ने इस नगरको जीत कर यहां अपने रहने योग्य एक प्रासाद बनवाया था। १७२८ ई०में महिसुरके हिन्दू राजा गौड़-सरदारको पराजित और वन्दी कर श्रीरङ्गपत्तन ले गये और उन्होंने वहां अपनी शासन-सीमा फैलाई। नगरके उत्तरमें गण्डशैलके ढालू देश पर एक दुर्ग है। किम्पे गौड़ द्वारा प्रतिष्ठित सोमेश्वर आज भी भग्नावस्थामें विद्यमान है।

मगध (सं० पु०) मगि-अच् पृषोदरादित्वात् साधुः, मगं दीघ दधाति धा-क, वा कण्ड्वादि मगध-अच्। प्राचीन जन पदका भेद। महाभारतमें लिखा है,--इस देशके अधिवासी बड़े इशारेबाज थे।

“इङ्गितज्ञाश्च मगधाः प्रेक्षितज्ञाश्च कोशलाः।
अर्द्धोक्ताः कुरुपाञ्चालः शाल्याः कृतस्नानुशासनाः॥”

(भारत ८।४५।४८)

वर्त्तमान विहार प्रदेश मगध नामसे विख्यात था। ऋग्वेदमें इसको ‘कीकट’ कहा गया है अथर्ववेदमें मगध नाम विद्यमान है। भगवान मनुके समयमें यहां तीर्थ-यात्राके सिवा आना मना था।

इसकी सबसे प्राचीन नगरीका नाम गिरिव्रज था। कुशात्मज वसुने इस नगरीकी स्थापना की थी। यह स्थान गङ्गा और सोनभद्रके सङ्गम-स्थानके निकट बसा हुआ था। गिरिव्रज देखो। राजा जरासन्धने इस नगरीको अपनी राजधानी बनाया था।

जरासन्धके बाद उनके उत्तराधिकारी बार्हद्रथोंने बहुत दिनों तक गिरिव्रजका राजत्व किया। इसके बाद इस पर शुनकवंशियोंका अधिकार १२८ वर्ष तक रहा। इसके उपरान्त शैशुनागवंशका ३६० वर्ष तक यहां राजत्व था। इसी वंशके विंबिसार राजाके शासनकालमें बुद्धदेवका आविर्भाव हुआ। उनके विशुद्ध उपदेशको सुन कर मगधके राजा विंबिसार विमुग्ध हुए। उनके पुत्रने बौद्धधर्म ग्रहण किया। उस समय विंबिसारकी राजधानी राजगृह थी। यह गिरिव्रजके निकट ही था। राजगृह देखो। नन्दवंशके समय पाटलिपुत्र राजधानी थी। पाटलिपुत्र देखो।

पुराणोंके अनुसार नन्दवंश १०० वर्ष, उसके बाद मौर्य्यवंश १३७ वर्ष, फिर ११० वर्ष शुङ्गवंश, उसके बाद कण्व वंशने ४५ वर्ष राज्य किया था।

जिस समय प्रसिद्ध वीर अलेकसन्दर या सिकन्दरने भारतके पञ्जाब पर आक्रमण किया था, उस समय यह मगध ‘प्राच्य’ (Prasii) राज्य कहलाता था और इसकी धन-दौलतकी चर्चा संसार भरमें फैल गई थी। यह सुन कर ही मगधको जीत लेनेके लिये सिकन्दरके मुंहसे पानी टपक पड़ा था। इसीलिये उन्होंने भारत पर चढ़ाई कर दी थी। किन्तु अपनी फौजकी इच्छा स्वदेश लौटनेकी थी इससे वहां तक पहुंच न सके।

अलेकसन्दर और प्रियदर्शी देखो।

गुप्तवंशीय राजाओंने भी मगधका राजत्व किया

था। पुष्पपुरमें उनकी राजधानी थी। ई० सन् ४ से ६ शताब्दी तक इसका शासनदण्ड उनके हाथमें था। हूणराजा तोरमाण और पीछे मालवाके राजा यशोधर्मके अद्भुत तेजसे गुप्तवंशका अन्त हुआ था। कान्यकुब्ज या कनौजके सम्राट् हर्षवर्द्धनके समयमें मगधमें माधवगुप्त मित्र बन कर राज्य करते थे। किन्तु जब हर्षवर्द्धनका देहावसान हुआ, तब माधव गुप्तके पुत्र आदित्यसेन सम्राट् हुए। किन्तु इसके बाद ही मगध-राज्य दो भागोंमें विभक्त हो गया। पश्चिमका राज्य मौखरि तथा पूर्वका राज्य गुप्तवंशके हाथ आया; किन्तु ये दोनों सामान्य राजाकी तरह राज्य करने लगे। इसके बाद ८वीं शताब्दीमें गौड़ आदिशूरका अभ्युदय हुआ। मगध इनकी ही अधीनतामें आ गया। किन्तु इनकी अधीनतामें यह बहुत दिनों तक टिक न सका। इन्हींके राजत्वकालमें पालवंशके पहले राजा गोपालने प्रजाकी सहायतासे मगध पर अधिकार जमाया। इसी समयसे मगध विहार नामसे प्रसिद्ध हुआ। बारहवीं शताब्दी तक पालवंशने विहार पर राज्य किया था। पालवंशके अन्तिम राजा गोविन्द पालके बाद वल्लालसेनने विहार पर अधिकार किया था। इनके पुत्र लक्ष्मणसेनके हाथसे हो विहार मुसलमानोंके हाथमें गया। मुसलमानोंके राजत्वके पहले मानवंशीय राजाओंने मगधमें जगह जगह राज्य किया था। इन राजाओंके यहां शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंका प्राधान्य था। यह उस समयके शिलालेखसे मालूम होता है। विहार देखो।

मगधमें हिन्दुओंका प्रधान तीर्थ गयाक्षेत्र है। बुद्धके आविर्भाव होनेसे पहले यहां हिन्दुओंका प्राबल्य था।

बुद्ध भगवान् तथा उनके शिष्योंके उद्योगसे यहां बौद्ध-धर्मका प्रचार हुआ। यद्यपि नन्दवंशीय राजा तथा उनके पीछेके चन्द्रगुप्त हिन्दू तथा जैनधर्मके पक्षपाती थे, तथापि मौर्य्यवंशीय सम्राट् अशोकके समय बौद्धधर्म राजधर्मके रूपमें यहां विद्यमान था। फिर अशोकके पुत्र दशरथके समय यहां जैनधर्मका कुछ आदर हुआ। गुप्तवंशीय राजाओंके समय वैदिक-धर्मका फिर प्रचार हुआ था; सम्राट् समुद्रगुप्त अश्वमेधयज्ञ इस बातका समर्थन कर गये हैं। गुप्त राजाओंके समयमें यहां सौर-धर्म भी था। पाल राजाओंके समय यहां बौद्धधर्मने प्रधानता पाई थी। इन्हींके समयमें विहार या मगधमें बौद्ध यतियोंके लिये नालन्द नामक विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था। मुसलमानोंने आकर भी इस बौद्ध-प्रभावको देखा था और इन्हींके कारण यहांसे बौद्ध-धर्मका लोप हुआ।

मगधमें गया, पुन-पुन नदी, च्यवनका आश्रम और राजगृह वन, आदि पवित्र तथा पुण्य-स्थान हैं। इसीलिये इनका हिन्दू, बौद्ध तथा जैनी आदर करते आ रहे हैं।

> "कीकटेषु गया पुण्या नदी पुण्या पुनःपुनः।
> च्यवनाश्रमं पुण्यं पुण्यं राजगृहं वनम्।"

मुसलमानोंने मगध पर अधिकार जमा कर इसके प्रसिद्ध नगर राजगृहमें ही अपना स्थान जमाया। इससे यह एक मुसलमानोंका भी तीर्थ होगा। आज भी मुसलमान वहां मकदूम-दर्शनके लिये जाया करते हैं।

राजगृह शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

भविष्य-ब्रह्मखण्ड नामक पौराणिक ग्रन्थमें लिखा है कि, मगधकी उत्तरी सीमा पर गण्डकी नदी बहती है, जहां हरिहरनाथ विराजमान हैं। दक्षिण विहारकी बगलमें शिव नदी है, पश्चिममें चारल गांव। यह गांव भोजदेशके सीमा पर मौजूद है। पूर्व-सीमा पर गङ्गा तथा दक्षिणांशमें सूर्यपुर मौजूद है। कलिमें यहांके मनुष्य आचार हीन होंगे। शाकद्वीपी ब्राह्मण कृष्ण-पुत्र शाम्बका कुष्ठरोग आराम करनेको मगधमें आकर बस गये थे। ये लोग आयुर्वेदज्ञ थे तथा सर्वसाधारण 'इनका आदर-मान करते थे। जीविका-निर्वाहके लिये ये लोग नाना देशोंमें तितर-बितर हो गये। ये लोग अगहन सुदी अष्टमीको सूर्यनारायणका व्रत करते हैं। इस जातिके सिवा कुरमी जातिकी बस्ती अधिक है। ये क्षार तय्यार किया करते हैं। मगधमें चना आदि रब्बी अन्न बहुत पैदा होता है।

कलिकालमें कुछ दिनों तक मुसलमानोंका प्राधान्य रहेगा। इसके बाद समुद्रग्रामी अग्निवर्ण जाति आ कर मगध पर कब्जा करेगी। इनके उद्योगसे गङ्गाके किनारे कितनी ही अट्टालिकायें तय्यार होंगी।

मगधमें प्रायः तीन हजार ग्राम हैं, इनमें सात ही मुख्य हैं—पांच पूर्वमें सात पश्चिममें आठ दक्षिणमें और सात उत्तरमें। इनमें गङ्गाके दक्षिण किनारे नीलकण्ठ-विराजित वैकुण्ठ, फुल्कार, गण्डकीके किनारे सरस, गङ्गाके समीप जाफर, कसार, विजयपुर, सेरपुर, नवीनाबाद, नरला, त्रिफुला, साहाज, फुल्लारी, लौहबन्धन, चिराय, गुणया श्रृङ्गिया, नरहन, रामपुर, हाजीपुर, भगु, गन्धार और लालगञ्ज हैं। मगधकी राजधानीका नाम पाटलिपुत्र है।

यह कहनेकी अवश्यकता नहीं कि आज भी पटना या पाटलीपुत्र मगधमें विद्यमान है और सबसे श्रेष्ठ नगर है। पाटलीपुत्र देखो।

(२) मगध देशके रहनेवाले मनुष्य। (३) पीपलामूल (वैद्यकनि०)

मगधजा (सं० स्त्री०) पिप्पली।

मगधजाफल (सं० क्ली०) पिप्पली।

मगधा (सं० स्त्री०) मगधस्तन्नामा देश उत्पत्तिस्थानत्वेनास्त्यस्या इति 'अर्श-आदिभ्योऽच्' स्त्रियां टाप्। पिप्पली।

मगधीय (सं० त्रि०) मगधे भवः गहादित्वात् छ। मगधदेशोद्भव।

मगधेश (सं० पु०) मगधदेशका राजा, जरासन्ध।

मगधेश्वर (सं० पु०) मगधस्य तदाख्यदेशस्य ईश्वरः। १ जरासन्ध राजा। २ मगधदेशके अधिपतिमात्र।

मगधोद्भवा (सं० स्त्री०) मगधे उद्भवो यस्याः। १ पिप्पली। (त्रि०) २ मगधदेशजात, मगधदेशमें होनेवाला।

मगना (हिं० पु०) कागज बनानेमें उसके लिये तैयार किये हुए गूदेको धोनेकी क्रिया।

मगर—नेपालका योद्धृ-सम्प्रदाय वा जातिभेद। ये लोग अपनेको हिन्दू बतलाते हैं, सही, पर आज भी बहुतेरे तिब्बतीय भाषाका व्यवहार करते हैं और तिब्बतीय रस्म रिवाज तथा लामाके उपदेश पर विश्वास रखते हैं। इनकी आकृति प्रकृति भी उन्हींसे मिलती जुलती है। पर हां, नेपालमें शेष सभी जातिके साथ ये स्थानीय भाषामें ही बोलचाल करते हैं। तिब्बतीय भाषाका व्यवहार करने पर भी सभी भारतीय अक्षरोंमें लिखना पढ़ना सीखते हैं, ब्राह्मणको अपना पुरोहित बनाते और गो-मांस छूते तक नहीं हैं। ये लोग पहले सिक्किममें रहते थे, वहांसे लेपचा जाति द्वारा मेची और कुशीनगरके पश्चिममें, फिर वहांसे लिम्बू जाति द्वारा पश्चिममें अरुण और दुद्कुशीके उस पार भगा दिये गये। अभी कालीनदीके दोनों किनारे पर इन लोगोंका वास है। इन लोगोंमें १२ थोक हैं, अपने थोकमें वैवाहिक आदान-प्रदान नहीं चलता।

मगर (हिं० पु०) १ घड़ियाल नामक प्रसिद्ध जलजन्तु। २ मीन, मछली। ३ एक प्रकारका गहना जो मछलीके आकारका होता और कानमें पहना जाता है। (अव्य) ४ लेकिन, परन्तु।

मगरतलाव—कराची जिलेका उष्ण प्रस्रवण युक्त एक बड़ा सरोवर। मुसलमानोंके यहां यह 'मगरपीर' वा 'पीर मङ्घ' नामसे मशहूर है। यह कराचीसे प्रायः साढ़े तीन कोस उत्तरमें अवस्थित है। इसकी लम्बाई १५० गज और चौड़ाई प्रायः ८० गज होगी। इसमें दो सौसे अधिक मगर रहते हैं, इसी कारण इसका मगरतलाव नाम पड़ा है। स्थानीय लोगोंका विश्वास है कि महिषको छोड़ कर और सभी जीव इन मगरोंका खाद्य है। सरोवरके किनारे जीवहत्या करनेसे ये सब मगर झुंडके झुंड आते और उसे खाते हैं। इस समय ये आपसमें खूब लड़ते झगड़ते हैं। मांस खा लेने पर वे सबके सब जलमें अन्तर्हित हो जाते हैं।

सरोवरके किनारे पीरमङ्घकी मसजिद है। सिन्धु प्रदेशवासी हिन्दू-मुसलमान मात्र ही इस पीरकी भक्ति करते हैं। बहुतोंका विश्वास है कि यहां शवको दफ़नानेसे भारी पुण्य होता है। इस कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों मनुष्य यहां पर दफ़नाने आते हैं।

मगरधर (हिं० पु०) समुद्र।

मगरब (अ० पु०) पश्चिम।

मगरबाँस (हिं० पु०) कोङ्कन और पश्चिमीघाटमें आधिकतासे होनेवाला एक प्रकारका काँटेदार बाँस।

मगरमच्छ (हिं० पु०) १ मगर या घड़ियाल नामक प्रसिद्ध जलजन्तु। २ बड़ी मछली।

मगरा—वङ्गालके हुगली जिलेका एक नगर। यह अक्षा० २२° ५६´ उ० तथा देशा० ८८° २२´ पू० मगरा-खाल पर अवस्थित है। जनसंख्या लगभग एक सौ है। यहां ईष्ट-इण्डिया-रेलवेका एक स्टेशन है। स्थानीय उत्पन्न द्रव्यके वाणिज्यके लिये यह स्थान बहुत मशहूर है। यहांकी वालू घर वनानेमें विशेष उपयोगी है। और यह 'मगराकी बालू' नामसे मशहूर है।

मगराहाट—वङ्गालके २४ परगने जिलेका एक गण्ड ग्राम। यह अक्षा० २२° १५´ उ० तथा देशा० ८८° २३´ पू०के मध्य विस्तृत है। जनसंख्या साढ़े चार सौके करीब है। यहां ई. वी. आर. रेलवेका एक स्टेशन है। यहां चर्च-मिशनरी-सोसाइटीका एक गिर्जाघर है।

मगरूर (अ० वि०) अभिमानी, घमंडी।

मगरूरी (हि० स्त्री०) अभिमान, घमंड।

मगेरा (हि० पु०) नदीका ऐसा किनारा जिसमें वालूके साथ कुछ मिट्टी मिली हो और जो जोतने बोनेके योग्य हो गया हो।

मगरोसन (अ० स्त्री०) नसवार, सुंघनी।

मगल (सं० पु०) गोत्र-प्रवर्त्तक ऋषिभेद।
(प्रवराध्याय)

मगलीएरंड (हि० पु०) रतनजोत भागवेरंडा।

मजलूव (फा० पु०) १ चौवीस शोभाओंमेंसे एक। (वि०) २ पराजित, जो जीत लिया गया हो।

मगस (हि० पु०) १ पेरे हुए ऊंखोंकी सीठी, छोई। २ शाकद्वीपकी एक प्राचीन योद्धाजातिका नाम।

मगसिर (हिं० पु०) अगहन मास।

मगह (हिं० पु०) मगधदेश।

मगहपति (हिं० पु०) मगधदेशका राजा, जरासन्ध।

मगही (हिं० वि०) १ मगध-सम्बन्धी, मगधदेशका। २ मगहमें उत्पन्न। (पु०) ३ एक तरहका पान।

मगानन्द—पञ्जावप्रदेशके सिरमूर राज्यस्थ शिवालिक पर्वतका एक गिरिसङ्कट। यह अक्षा० ३०° ३२´ उ० देशा० ७७° १६´ पू०के मध्य विस्तृत है। १८१५ ई०के गुरखा-युद्धके समय इस गिरिसङ्कटके पार्श्ववर्त्ती नाहून नामक स्थानमें अङ्गरेजी-सेनाने छावनी डाली थी।

मगी—आर्य, शक, वाह्लिक, पारस्य, चारिश्म आदि जातिके पुरोहित 'मग' वा 'मगी' कहलाते हैं। ये लोग सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, अग्नि, जल और वायुकी पूजा करते थे। हिरोदोतसने इन्हें पर्वतके ऊपर, जूपिटर वा इन्द्रकी उपासना करते भी देखा था। वे लिख गये हैं, कि असुरों (Assyrians)-से इन्होंने वीणापाणि (Venus) और वरुण (Uranus) की उपासना करना सीखा है।

स्ट्रावोने लिखा है कि, पारसिक पुरोहित पूजाके लिये किसी देव-प्रतिमा वा वेदीका निर्माण नहीं करते थे। वे जूपिटर-रूपमें द्यौ और 'मिथ्र' नामसे सूर्यकी उपासना करते थे। कोई कोई कार्त्तिककी पूजा भी करता था। मिथ्र (वैदिक मित्र) देव ही इस सम्प्रदायके कुलदेवता हैं। जरथुस्त्र या जोरो-अष्टरने इस मित्र-पूजाकी अधिकांश रीति-नीतिको वदल कर अग्निपूजाका प्रचार किया। इस पर आदि मित्रपूजकोंके साथ उनका विवाद खड़ा हुआ। किन्तु आखिर जरथुस्त्रकी ही जय हुई थी, वहुत थोड़े मनुष्य आदि मित्रपूजाके पक्षपाती थे, वे भी अन्तमें जन्मभूमि परित्याग करनेको वाध्य हुए। भोजकब्राह्मण देखो।

जव वाविलनके सिंहासन पर मिदीयवंश बैठा, उस समय प्रायः ई० सन्‌से २२३४ वर्ष पहले काल्दीयामें अग्निपूजक मगी लोगोंका मत प्रवर्त्तित हुआ था, जिसे वहुतसे जरथुस्त्र-मतका ही संस्कार समझते थे। इस मतमें पञ्चभूतकी उपासना ही प्रधान थी तथा अग्निदेव ही उपासनाके मूल थे।

इस देशमें जिस प्रकार याजनक्रियामें ब्राह्मणको छोड़ कर और किसी जातिको याजन-क्रिया करानेका अधिकार नहीं है, अग्निपूजक मगी लोगोंका अधिकार भी उसी प्रकार था। कोई भी भक्त वा उपासक इन मग-पुरोहितोंकी सहायताके विना कोई देवकार्य्य नहीं कर सकता था। वलि, होम, मन्त्रपाठ आदि सभी अनुष्ठान एकमात्र पुरोहित ही करते थे। राजासे ले कर प्रजा तक सभी द्रव्यादिको वहां पहुंचाते और दर्शक रूपमें उनका क्रियाकाण्ड देखते थे। पारस्यपति दरायुस्‌ने इन अग्निपूजकोंको वहुत सताया था। अर्तक्षत्र (Artaxerxes Longomanus)-के समय इन्होंने अधिपतियोंको अपने मतमें दीक्षित किया था। प्रसिद्ध

ऐतिहासिक राव्लिनसन अध्यापक वेष्टरगाडं मगोधर्मकी उत्पत्ति जरथुस्त्र मतसे बिल्कुल विभिन्न बतलाते हैं।

नारस्व और भोजकब्राह्मण देखो।

मगु (सं० पु०) शाकद्वीपवासी ब्राह्मण। मग देखो।

मगुन्दी (सं० स्त्री०) मगुन्दी नामक पिशाचीविशेष। (अथर्व ८।१४।१२)

मगोर (हिं० स्त्री०) सांगीकी तरहकी एक प्रकारकी मछली, यह बिना छिलकेकी और कुछ लम्बी लिये काले रंगकी होती है। यह डंक मारती है।

मगोरी—बम्बईप्रदेशके महिकान्था विभागके अन्तर्गत एक छोटा सामन्त-राज्य। यहांके सामन्त राठोर-वंशीय राजपूत हैं। ये ईडरके राजाको वार्षिक ६०) रु० कर देते हैं।

मग्ज (अं० पु०) १ मस्तिष्क, दिमाग। २ किसी फल-के बीजकी गरी, गूदा।

मग्जरोशन (फा० स्त्री०) नास, सुंघना।

मग्न (सं० त्रि०) मस्ज्-क्त (ओदितश्च । पा ८।२।४५) इति निष्ठा तकारस्य नत्वं (स्कोःसंयोगाद्योरन्ते च । पा ८।२।२९) इति सलोपः, चोः कुत्वञ्च। १ स्नात, डुबा हुआ। २ तन्मय, लीन। ३ प्रसन्न हर्षित। ४ मदमस्त, नशे आदिमें चूर। ५ नीचेकी ओर गिरा या ढलका हुआ, जो उन्नत न हो। (पु०) ६ एक पर्वतका नाम।

मघ (सं० पु०) मघि-अच्, पृषोदरादित्वात् साधुः। १ द्वीपविशेष, पुराणानुसार एक द्वीपका नाम जिसमें म्लेच्छ रहते हैं। २ देशविशेष, मघ नामक म्लेच्छोंका स्थान। (क्ली०) ३ पुष्पविशेष, एक प्रकारका फूल। ४ धन, सम्पत्ति। ५ पुरस्कार, इनाम। ६ मगब्राह्मण।

शाकद्वीप और भोजकब्राह्मण देखो।

मघई (हिं० वि०) मगही देखो।

मघर—युक्तप्रदेशके बस्ती जिलान्तर्गत एक बड़ा ग्राम। यह अक्षा० २६° ४५´ उ० तथा देशा० ८३° ८´ पू० गोरख-पुरसे फैजाबाद जानेके रास्ते पर अवस्थित है। जन-संख्या तीन हजारके लगभग है। यहां अनेक प्राचीनतत्त्व-के निदर्शन पाये जाते हैं। किंवदन्ती है कि, कपिलवस्तु महानगरीके ध्वंस होनेके बाद, बौद्धयतिगण इस नगरमें आ कर बसे थे।

आमी नदीके दाहिने किनारे नगरके पूर्व भागमें प्रसिद्ध हिन्दू और मुसलमान पूजित धर्म-प्रवर्त्तक कबीर का समाधिस्तम्भ विद्यमाम है। १४५० ई०में बिजली खान्‌ने इस रौजाको बनवाया था। पीछे १५६७ ई०में नवाब फिदाई खांने इसका संस्कार कराया। इसके कुछ दक्षिण कबीरके उद्देशसे स्थापित एक हिन्दू-तीर्थ और मसजिद है। दूर दूर स्थानके हिन्दू इस कबीर तीर्थमें आते हैं।

नगरके मध्यभागमें १७वीं सदीके मुसलमान शासन-कर्त्ता काजी खलील-उर-रहमानका समाधि-मन्दिर विद्यमान है। इसके ठीक पश्चिममें एक दुर्गका ध्वंसाव-शेष नजर आता है, जो मघर-राजवंशकी कीर्त्ति समझा जाता है। एतद्भिन्न इस दुर्गके चारों ओर तथा वहांसे ले कर कबीर-रौजाके समीप तकके विस्तृत स्थानमें बहुतसे इष्टक-स्तूप विस्तृत हैं।

मघरसे एक कोस दक्षिण-पश्चिममें शीषरताल नामक दिघीके पूर्वी किनारे पर महास्थान डिही नामक विस्तृत ध्वंसावशेष पड़ा है। उस ध्वंसराशिके ऊपर शीर्षाराव ग्राम बसा हुआ है। इस ग्रामसे चार सौ फुट पूर्व एक इष्टक-निर्मित स्तूप देखा जाता है। कहते हैं, कि बुद्ध-देवने यहां पर मस्तक मुण्डन कराया था। उस महा-स्मृतिकी रक्षाके लिये पीछे वहां पर एक स्तूप बनाया गया है। उक्त स्तूपसे ३ सौ फुट उत्तर-पूर्वमें ५० फुट परिधिका एक दूसरा बड़ा स्तूप खड़ा है, जहां पर बुद्धदेवने छन्दकसे विदाई ली थी। वहां पर सम्राट् अशोकने एक स्तूप बनवा दिया है। इस ध्वंस स्तूपसे ३७० फुट उत्तरमें एक और भी इष्टक-स्तूप नजर आता है। इस स्थान पर शाक्यबुद्धने राज-परिच्छदका त्याग किया था। उस घटनाको चिरस्मरणीय करनेके लिये वहां जो स्तूप बनाया, वही वर्त्तमान स्तूपमें प्रदर्शित होता है। इस स्तूपसे भी ५५० फुट दक्षिण-पूर्वमें पैठान डिहि नामक विस्तीर्ण स्तूप दण्डायमान है, जो बौद्ध-विहार माना जाता है। मघर नगरसे ३ कोस उत्तरमें कोप नामक ग्राममें कोपेश्वर शिवमन्दिर और कुछ ध्वंसावशेष विद्यमान है।

मघवत् (सं० पु०) मघवत् (मघवा बहुल। पा ६।४।१२८)

इति पक्षे तु आदेशः, ऋ इत्। १ इन्द्र। २ दनुके एक पुत्रका नाम।

मघवती (सं० स्त्री०) इन्द्राणी।

मघवन् (सं० पु०) मह्यते पूज्यते इति मह पूजायां (श्वन्नुक्षन् पूषन् प्लीहन्निति। उण् २।१५८) निपातनात् हस्य घ, अवुगागमश्च। १ इन्द्र। २ जैनोंके बारह चक्रवर्त्तियोंमेंसे एक। ३ पुराणानुसार सातवें द्वापरके व्यासका नाम। ४ पुराणानुसार एक राक्षसका नाम।

मघवा (सं० पु०) मघवान देखो।

मघवाजित् (सं० पु०) रावणका बड़ा लड़का इन्द्रजित्। इसने इन्द्रको जीत लिया था। इसका दूसरा नाम मेघनाद भी है।

मघवान् (हिं० पु०) इन्द्र।

मघवाप्रस्थ (सं० पु०) इन्द्रप्रस्थ नामक प्राचीन नगर।

मघवारिपु (हिं० पु०) इन्द्रका शत्रु, मेघनाद।

मघा (सं० स्त्री०) मह-घ, हस्य घत्वं। औषधविशेष एक प्रकारकी दवा। २ अश्विनी आदि सत्ताईस नक्षत्रोंमेंसे दसवां नक्षत्र। इस नक्षत्रके अधिपति पितृगण हैं। यह नक्षत्र अधोमुखगण है।

> "मूलाश्लेषा कृत्तिका च विशाखा भरणी तथा।
> मघा पूर्वात्रयञ्चैव अधोमुखगणाः स्मृतः॥"
> (जातकाभरण)

मघानक्षत्रमें जन्म होनेसे देवारिगण होता है। शतपद चक्रानुसार नामकरण करनेमें प्रथमादि पादमें म, मि, मु, मे, ये चार अक्षर आदिमें होंगे। अर्थात् प्रथम पादमें म, द्वितीयमें मि, तृतीयमें मु और चतुर्थपादमें मे इस प्रकार आद्यक्षर होगा।

मघानक्षत्रमें जन्म होनेसे सिंहराशि होती है। इस नक्षत्रका प्रथम तीन दण्ड गण्ड है। इस दण्डमें यदि कोई जन्म ले, तो उसका परित्याग करना विधेय है।

> "सर्वेषां गण्डजातानां परित्यागो विधीयते।" (कोष्ठीप्र०)

मघानक्षत्रमें जन्म लेनेसे जातबालक विवादशील, सिंहविक्रम, सुन्दरलोचन-सम्पन्न, प्रतापशील, अल्पसन्ततियुक्त, वनिता-विरोधी, अल्पधन और विद्यासम्पन्न तथा राजसेवक होता है।

मघानक्षत्र मूसकजातीय है। इसकी आकृति हलके सदृश तथा पञ्चतारकायुक्त है।

अष्टोत्तरीके मतसे—मघा पूर्वफल्गुनी और उत्तरफल्गुनी नक्षत्रमें जन्म लेनेसे मङ्गलकी दशा जाननी होगी। इस दशाका परिमाण ८ वर्ष है, प्रति नक्षत्रमें २ वर्ष और ८ मास है। प्रति नक्षत्रके बाद ८ मास तथा प्रतिदण्डमें १६ दिन और प्रतिदण्डमें १६ पल होता है।

विंशोत्तरीके मतसे—मघानक्षत्रमें जन्म होनेसे केतुकी दशामें जन्म होता है। इस दशाका भोगकाल ७ वर्ष है।

मघानक्षत्रमें यात्रा नहीं करनी चाहिये, करनेसे मृत्यु होती है। यदि इस नक्षत्रमें व्याधि हो, तो रोगीकी मृत्यु अवश्यम्भावी है, ऐसा जानना चाहिये।

> "मघाभरणीहस्तेषु मूले वा ज्वरितोऽपि वै।
> मृत्युमाप्नुते सोऽपि नात्र कार्या विचारणा।"
> (हारीत २ स्था० ४ अ०)

यह शब्द बहुवचनान्त भी देखनेमें आता है।

> "कृष्णपक्षे त्रयोदश्यां मघास्विन्दोः करे रविः।
> यदा तदा गजच्छाया श्राद्धे पुण्यैरवाप्यते।" (तिथितत्त्व)

मघात्रयोदशी (सं० स्त्री०) मघादशम नक्षत्र मघायुक्ता त्रयोदशी मध्यपदलोपि कर्मधा०। मघानक्षत्रयुक्त, भाद्रमासकी कृष्णत्रयोदशी। इस त्रयोदशीमें पितरोंके उद्देशसे श्राद्ध अवश्य कर्त्तव्य है। यह श्राद्ध मधु और पायस द्वारा करना होता है।

> "प्रोष्ठपद्यामतीतायां मघायुक्तां त्रयोदशीं।
> प्राप्य श्राद्धं हि कर्त्तव्यं मधुना पायसेन च॥
> यत् किञ्चिन्मधुना मिश्रं प्रदद्यात्तु त्रयोदशीम्।
> तदप्यक्षयमेव स्याद्वर्षासु च मघासु च"॥ (तिथितत्त्व)

मधुपायस द्वारा करनेमें असमर्थ हो, तो मधुयुक्त जिस किसी विहित द्रव्य द्वारा श्राद्ध करे।

यह श्राद्ध सबोंको करना चाहिये। इस श्राद्धमें शूद्रका भी अधिकार है।

> "मघायुक्ता च तत्रापि शस्ता राजंस्त्रयोदशी।
> तत्राक्षयं भवेत् श्राद्धं मधुना पायसेन च॥"
> अत्र यत् श्राद्धं तन्मधुयोगेन वा अक्षयं भवेत्, अतएव मनुवचनं यत्किञ्चिन्मधुना मिश्रमित्यनेन मधुमात्रमुक्तं अतोऽत्र सुतरां शूद्रस्याकारः।" (तिथितत्त्व)

मधु और पायस द्वारा श्राद्ध करनेसे वह अक्षय

होना है। पुत्रवान् व्यक्ति इस त्रयोदशीमें जो श्राद्ध करें, उसमें पिण्ड न दें, श्राद्धके नियमानुसार श्राद्ध करें।

"भौमर्क्षी तिथिमासाद्य यावच्चन्द्रार्कसङ्गमम्।
तथा दिमहर्ना पूजा कर्त्तव्या पितृदैवते।
कृत्ते पिण्डप्रदानन्तु ज्येष्ठपुत्री विवर्ज्जयेत्।"
पितृदैवते कृत्ते मघायाः—
"पिण्डनिर्वापरहितं यक्तु श्राद्धं विधीयते।
स्वधावाचनलोपाऽत्र विकिरस्तु न लुप्यते।
अक्षयं दक्षिणास्त्वस्ति सौमनस्य यथास्त्विति॥" (तिथितत्त्व)

मघाना (हिं० पु०) एक प्रकारकी बरसाती घास।
मकड़ा देखो।

मघाभाव (सं० पु०) मघायां भवः। १ शुक्रग्रह। (त्रि०) २ मघानक्षत्रमें जातमात्र।

मघाभू (सं० पु०) मघायां मघासमीपस्थ-पूर्वफल्गुन्यां भवतीति भू-क्विप्। शुक्राचार्य।

मघारना (हिं० क्रि०) आगामी वर्षाऋतुमें धान बोनेके लिये माघके महीनेमें हल चलाना।

मघियाना—पञ्जावप्रदेशके झङ्ग जिलान्तर्गत एक नगर और विचार सदर। यह अक्षा० ३१° १६′ ४०″ उ० तथा देशा० ७२° २०′ ५५″ पू०के मध्य अवस्थित है। पार्श्ववर्त्ती झङ्ग नगरमें जाने आनेके लिये एक पक्की सड़क गई है। दोनों ही नगर एक म्युनिसपलिटीके अधीन है।

इस नगरसे प्रायः १॥ कोसकी दूरी पर चन्द्रभागा नदी बहती है। ग्रीष्म-ऋतुमें इस नदीकी खरोरा शाखा जलसे परिपूर्ण हो कर नगरके पार्श्व हो कर प्रवाहित होती है। इस समय नदी-तीरवर्त्ती घाट और वृक्षकी शोभा देखते ही बन आती है।

चन्द्रभागा नदीके बालुकामय उपत्यका-देशका परित्याग कर एक अधित्यका भूमिके प्रान्तदेशमें मघियाना नगर स्थापित है। यहां जबसे विचार सदर प्रतिष्ठित हुआ है, तभीसे झङ्ग नगरकी पूर्वसमृद्धिका बहुत कुछ ह्रास हो गया है। अभी कन्धार आदि अफगान नगरका सभी काम काज इसी नगरमें होता है। साबुन, अभ्रसज्जा और पीतलके बरतनके लिये यह स्थान बहुत मशहूर है।

मघेरा—युक्तप्रदेशके मथुरा जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २७° ३४′ ३० तथा देशा० ७७° ३७′ पू०के मध्य अवस्थित है।

मघी (सं० स्त्री०) मघा तदाख्यनक्षत्रं उत्पत्तिकारणतयाऽस्त्यस्या इति मघा-अर्श-आदित्वादच्, गौरादित्वात् ङीष्। धान्यभेद, आउस नामका धान।

मघोनी (सं० स्त्री०) मघोनः पत्नीति मघवन् स्त्रियां ङीप्। वकारस्य च सम्प्रसारणम्। इन्द्राणी।

मङ्कलक (सं० पु०) १ ऋषिभेद। २ यज्ञभेद।

मङ्कसर—सिलेबिस् द्वीपवासी जातिविशेष। यूरोपीयोंके निकट इस जातिके लोग मकसर (Macassar) कहलाते हैं। उक्त द्वीपके दक्षिण-पश्चिम उपद्वीपभागमें इनका वास है। १५२५ ई०में जब पुर्त्तगीजोंने पहले पहल इस द्वीपमें पदार्पण किया, तब उन्होंने इस जातिको लिखित और कथित भाषामें उन्नत देखा था। उस समय इनकी भाषानुयायी वर्णमाला भी प्रचलित थी। इन्होंने बुगी जातिको परास्त कर द्वीपपुञ्जवासी जनसाधारणके नयन आकृष्ट किये थे।

द्वीपवासियोंमेंसे ये लोग ही पहले पहल इस्लामधर्ममें दीक्षित हुए। पुर्त्तगीजोंके आगमनकालमें भी ये इस्लाम धर्म-सेवी थे। किन्तु उसके ८० वर्ष पीछे अर्थात् १६०६ ई०के मध्य यव और मलयवासी मिशनरियोंकी सहायतासे ये लोग ईसलाम धर्ममें दीक्षित हुए। ओलन्दाजोंके साथ विवादमें लिप्त होनेके बाद इन्होंने १६६९ ई०में पराजित हो कर ओलन्दाजोंकी वश्यता स्वीकार की।

मङ्कसर जातिकी वास-भूमि कभी कभी मङ्कसरद्वीप कहलाती है। जहां ओलन्दाजोंने रटार्डम नगर और दुर्ग स्थापन किया, वह भी मङ्कसर कहलाता है।

मङ्कसर नगर एक प्रसिद्ध बन्दरगाह गिना जाता है। ओलन्दाज नाविकोंके शुभागमनसे ही यहांके वाणिज्यकी वृद्धि हुई। स्थानीय द्वीपपुञ्ज, न्युगिनी, अष्ट्रेलिया, चीन और सुमात्रा आदि स्थानोंके साथ यहांका वाणिज्य चलता है। १७४७ ई०में ओलन्दाज गवर्मेण्टके महसूल उठा देने पर वहांके वाणिज्यकी उन्नति हुई है।

मङ्कि (सं० पु०) मकि-इन्। धनेच्छु वणिक्भेद।

मङ्किल (सं० पु०) दावाग्नि ।

मङ्कु (सं० पु०) मकि-उन् । सञ्चलद्गतिक, चलद्गतिविशिष्ट ।

मङ्कुर (सं० पु०) मङ्कयति भूषयतीति मकि वाहुलकादुरच् । मुकुर, दर्पण ।

मङ्कन (सं० क्ली०) मङ्क-ल्युट् । जङ्घात्राण ।

मङ्क्षु (सं० अव्य०) मखि-उन्, पृषोदरादित्वात् खस्य क्षत्वं । १ भृशार्थं । २ शैघ्र्यं ।

मङ्क्तृ (सं० त्रि०) मज्जति स्नाति इति मस्ज-तृच् (मस्जिनशोर्झलि । पा ७।१।६०) इति-नुम् । स्नानकर्त्ता ।

मङ्ग—पार्वतीय जातिविशेष । इस जातिके लोग किरात जातिके अन्तर्भुक्त हैं । किरात देखो ।

मङ्ग (सं० पु०) मङ्गति सर्पतीति मगि-अच् । नौकाका शिरोभाग नावका अगला हिस्सा ।

मङ्गमपेट्ट—दाक्षिणात्यके निजामराज्यके अन्तर्गत एक नगर । यह अक्षा० १८° १३´ उ० तथा देशा० ८०° ३५´ पू०के मध्य गोदावरी नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है । नगरके चारों ओर पत्थरके स्तम्भ सुशोभित है । वहुतसे लोग इन स्तम्भोंको देखने यहां आते हैं । अलावा इसके एक मट्टीका किला इसके प्राचीनत्वका परिचय देता है ।

मङ्गराज—निघण्टुके प्रणेता ।

मङ्गरुल—वरारराज्यके वासिम जिलान्तर्गत एक तालुक । यह अक्षा० २०°४´ से २०°८०´ उ० तथा देशा० ७७° ६´ से ७७°४२´ पू०के मध्य अवस्थित है । भूपरिमाण ६३० वर्गमील और जनसंख्या ६० हजारसे ऊपर है । इसमें मङ्गरूल नामक एक शहर और २०२ ग्राम लगते है ।

मङ्गरूल—वरारराज्यके अमरावती जिलान्तर्गत एक नगर । यहां हिन्दूकी संख्या अधिक है । यह अक्षा० २०° ३६´ उ० तथा देशा० ७७° ५२´ पू०के मध्य विस्तृत है । जनसंख्या ६५८८ है ।

मङ्गरूलपीर—वरारराज्यके वासिम जिलान्तर्गत एक नगर और मङ्गरूल तालुकका सदर । यह अक्षा० २०° १६´ उ० तथा देशा० ७७° २४´ २०´´ पू०के मध्य अवस्थित है । जनसंख्या ५७६३ है । यहां वादर उद्दीन साहव और सुनाम साहव नामक दो मुसलमान पीरके समाधिमन्दिर रहनेके कारण शहरका 'मङ्गरूल पीर' नाम पड़ा है । अलावा इसके यहां और भी कितने ही दरगाह तथा मसजिद हैं ।

मङ्गरोता—पञ्जाब प्रदेशके डेरागाजी खां जिलेके अन्तर्गत सानगढ़ तहसीलका एक नगर । यह सानगढ़ गिरिसङ्कटके मुख पर प्रवाहित सानगढ़ स्रोतस्विनीके किनारे अवस्थित है । यहां अश्वारोही और पदातिक सेना-रक्षाके लिये एक दुर्ग है ।

मङ्गरोल—वम्वईप्रदेशके सौराष्ट्रप्रान्त वा काठियावाड़ विभागके अन्तर्गत जूनागढ़ सामान्तराज्यका एक नगर और समुद्रतीरवर्त्ती वन्दर । यह अक्षा० २१° ८´ उ० तथा देशा० ७०° १४´ पू०के मध्य अवस्थित है । जनसंख्या प्रायः १५,०१६ है ।

वहुत प्राचीनकालसे ही इस नगरका वाणिज्य-व्यवसाय जोरों चला आ रहा था । भौगोलिक टलेमी Monoglossum शब्दमें इस वन्दरका उल्लेख कर गये हैं । यहांकी मसजिद काठियावाड़ विभागके मध्य सर्वोत्कृष्ट है । मसजिदगात्रमें उत्कीर्ण शिलाफलकसे इसका निर्माणकाल १३८३ ई० माना जाता है ।

यह नगर किसी मुसलमान-सरदारकी सम्पत्ति है । सरदार जनसाधारणमें मङ्गरोलके शेख नामसे प्रसिद्ध है । ये जूनागढ़के नवावको वार्षिक ११५००) रु० कर देते हैं । यहां हस्तिदन्त और चन्दनकाष्ठका कारुकार्ययुक्त वकस तैयार होता है । यहां पर स्थानीय लोगोंका निर्मित एक ६० फुट ऊँचा आलोक-भवन है । यह भवन वन्दरगाहसे प्रायः ४ सौ गज दूर पड़ता है । प्रायः ८ मील दूरवर्त्ती समुद्रवक्षसे उसकी आलोकरश्मि नजर आती है ।

मङ्गरोल—राजपूतानेके कोटाराज्यके अन्तर्गत एक नगर । यह अक्षा० २५° २०´ उ० तथा देशा० ७०° ३१´ पू० वानगङ्गाके दाहिने किनारे अवस्थित है । १८२१ ई०की पहली अक्तूवरको कोटाराज महाराव किशोरसिंहके साथ राजमन्त्री जालिमसिंहका युद्ध छिड़ा । इस युद्धमें अंगरेजोंने जालिमसिंहकी सहायता की थी । युद्धमें राजभ्राता पृथ्वीसिंह और अंगरेजोंकी ओरसे कई सेनापति

आहत हुए। यहां नगरी उनके रणरङ्गकी अभिनयभूमि थी। अंगरेज-सेनापतियोंके स्मरणार्थ यहां स्मृतिस्तम्भ बनाया गया है।

मङ्गल—पञ्जावके अन्तर्गत एक सामन्तराज्य। यह अक्षा० ३१° १८´ से ३१° २२´ उ० तथा देशा० ७६° ५५´ से ७७° १´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण १२ वर्गमील और जनसंख्या डेढ़ हजारके करीब है। पहले यह राज्य कहलूरके सरदारके अधीन था। पीछे १८१५ ई०में गुरखाओंको राज्यसे निकाल भगाने पर यह स्वाधीन राज्यरूपमें गिना जाने लगा। यहांके राणा अत्रिवंशीय राजपूत हैं। इस वंशने पहले मारवाड़ प्रदेशसे यहां पर आ कर राज्य स्थापन किया। ब्रिटिश सरकारको वार्षिक ७०) रु० कर देते हैं।

मङ्गल—चित्तोराधिप खूमानके पुत्र। कहते हैं कि वृद्ध पिताको मार कर ये राजगद्दी पर बैठे थे, इसीलिये राज्य-सुखका भोग अधिक दिन तक न कर सके। इस अन्याय-आचरणसे विरक्त हो कर सभी सामन्तोंने मिल कर इन्हें राज्यसे मार भगाया। निरुपाय मङ्गलदेश-वहिष्कृत हो उत्तरमरु प्रदेशमें चले गये और वहीं एक राज्य वसाया। उनके वंशधरगण 'माङ्गलीय गिह्लाट' कहलाते थे।

मङ्गल—एक प्राचीन कवि। जन साधारणमें ये साधु विल्वमङ्गल नामसे प्रसिद्ध थे। विल्वमंगल देखो।

मङ्गल (सं० क्ली०) मङ्गति हितार्थं सर्पति मङ्गति दुरदृष्टमनेनास्मा द्वेति मगि (मङ्गेरलच्। उण् ५।३०) १ अभिप्रेतार्थसिद्धि। अभीष्ट विषयकी सिद्धिका नाम मंगल है। (त्रि०) २ मंगलविशिष्ट। पर्याय—भावुक, भव्य, भविक, कल्याण, शुभ, क्षेम, प्रशस्त, भद्र, स्वश्रेयस, शिव, अरिष्ट, कुशल, विष्ठ, भद्र, शस्त। (शब्दरत्नावली) ३ सर्वार्थ रक्षण। (मेदिनी)

मङ्गलके लक्षण;—

"प्रशस्ताचरणं नित्यमप्रशस्तविवर्जनम्।
एतद्धि मंगलं प्रोक्तं ऋषिभिस्तत्त्वदर्शिभिः॥"

(एकादशीत०)

प्रतिदिन प्रशस्त कर्मोंका आचरण तथा अप्रशस्त कार्य्योंका त्याग ही मंगलपद वाचक है।

मंगलसूचक वस्तुएं—ब्रह्मवैवर्त्त-पुराणमें लिखा है,—"जलसे भरा घड़ा, ब्राह्मण, वेश्या, सूखा अन्न, ऐनक, दही, घी, मधु, लावा, फूल, दूव, गर्म चावल, शर्करा, वैल, हाथी, घोड़ा, जलती हुई अग्नि, सोना, फूंस (पर्ण), तरह तरहके पके फल, पतिपुत्रवती स्त्री, प्रदीप, उत्तम मणि, मुक्ता, पुष्पमाला, सद्योमांस और चन्दन ये ही सब वस्तुएं मंगल-सूचक है।

वायें सियार, नेवला, शवदेह, और दक्षिणमें राजहंस, मयूर (मोर), खञ्जन (खड़लिच), कोयल, कबूतर, शङ्खचिल, चक्रवाक (चकई चकवा), कृष्णसार, चमरी, श्वेतचामर (सफेद चंवर), सवत्सा धेनु (बछड़े-वाली गाय) और ध्वजापताका, तरह तरहके बाजे, मङ्गलध्वनि हरिसङ्कीर्त्तन, घण्टे और शङ्खका शब्द, इत्यादि भी मंगल शब्द हैं। इन्हीं सब वस्तुओंको देख या इनका स्मरण कर मनुष्योंको यात्रा करनी चाहिए यह सब वस्तुएं यात्राके लिये मंगलकारक हैं।

और भी लिखा है कि, वायें शव, शिव, भरा घड़ा, नेवला पतिपुत्रवती शृंगार-की हुई स्त्री, साध्वी और सती स्त्री, सादे फूल, माला, अन्न, खञ्जन, और दाहनी ओर जलती हुई अग्नि, विप्र, वैल या सांढ़, हाथी, बछड़े वाली गाय, सफेद घोड़ा, राजहंस, वेश्या, फूलकी माला, पताका, दही, दूध, मणि, सोना, चांदी, मुक्ता, माणिक्य सद्योमांस या ताजा मांस, चन्दन, मधु, घृत, कृष्णसार, फल, लावा, स्निग्धान्न (चिकने अन्न), दर्पण, सादा कमल, कमलवन, शङ्खचिल, कोरक, खट्वास (मार्ज्जार) या विल्ली, पहाड़, मेघ, मयूर (मोर), शुक (तोता), सारस, शङ्ख, कोयल और बाजा, ये अब देख कर यात्रा करनेसे मनुष्यको चारों ओर मङ्गल ही मङ्गल दिखाई देता है।

(ब्रह्मवैवर्त्त पुराण श्रीकृष्णजन्म ७० अ०)

"लोकेऽस्मिन् मंगलान्यष्टौ ब्राह्मणो गौर्हुताशनः।
हिरण्यं सर्पिरादित्य आपो राजा तथाष्टमः॥
एतानि सततं पश्येन्न मस्येदर्च्चयेत्ततः।
प्रदक्षिणन्तु कुर्वीत तथा चायुर्न हीयते॥"

(मत्स्यसूक्त महातन्त्र ४३ पटल)

ब्राह्मण, गौ, आग, सोना, सूर्य, जल और राजा ये ही आठ वस्तुएं इस संसारमें मङ्गल कही जाती हैं

इन्हीं सब वस्तुओंकी पूजा अर्चा करनेसे आयु बढ़ती तथा कई तरहके मङ्गल होते हैं।

जातिभेदसे कुशल-मङ्गल इस तरह पूछना चाहिये,—

"ब्राह्मणान् कुशलं पृच्छेत् क्षत्रबन्धुमनामयम् ।
वैश्यं क्षेमं समागम्य शूद्रमारोग्यमेव च ॥"

(कूर्मपुराण उपवि० ११ अ०)

ब्राह्मणसे मङ्गल पूछने पर कुशल, क्षत्रिय और मित्रसे अनामाय, वैश्यसे क्षेम और शूद्रसे आरोग्यताकी बात पूछनी चाहिये।

(पु०) ३ ग्रहविशेष, मङ्गलग्रह। पर्याय—अङ्गारक, भौम, कुज, वक्र, महीसुत, वर्द्धार्चि, लोहिताङ्ग, खोन्मुख, ऋणान्तक, और क्रूरदिक्, आवनेय आदि।

। (ज्योतिस्तत्व)

इसका रक्त-गौरमिश्रित रंग है और दक्षिण दिशा है। यह ग्रह पुरुष, क्षत्रियजाति, सामवेदी, तमोगुणी, तिक्तरसका चखनेवाला है। इसकी राशि मेष है। यह प्रवाल और अवन्तिदेशका राजा है। इसका वाहन भेड़ा है, चार अंगुलका शरीर, लाल माला और कपड़ा पहनता है। यह भरद्वाज मुनिका पुत्र है। इसकी चार भुजायें हैं, माला, बर्छा, वर, अभय, और जटाधारी। सूर्यके सामने हो रहता है, इसके इष्टदेवके कार्त्तिकेय और प्रत्यधिदेवता पृथ्वी है। यह ग्रह पित्तप्रकृतिका है। युवा, क्रूर स्वभावका, वनचारी, मध्याह्नकालमें प्रबल हो जाता है, गैरिक धातुओंका स्वामी, भूमिचारी, किञ्चित् अङ्गहीन, कटुरसप्रिय, ताम्रवर्ण तथा लाल वस्तुओंका स्वामी है। (ग्रहयोगतत्त्व और लघुजात०)

इसके जन्मका विवरण ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें जो लिखा है, वह इस तरह है;—

एक बार सबसहा वसुमती भगवान् विष्णुके प्रकाशित रूपको देख कर काम पीड़ित हुई। इसके बाद वह एक युवतीका रूप धारण कर विष्णुके शय्याकी ओर अग्रसर हुई। विष्णुने उनकी इच्छा जान कर उनका तरह तरहका शृङ्गार किया। इसके बाद ही पृथ्वी मूर्च्छित हो गई। विष्णु, भगवान्‌ने ऐसी दशामें पृथ्वीसे सहवास कर गर्भाधान किया और वहांसे चले गये। ठीक इसी समय उर्वशी नामकी एक अप्सरा उधरसे ही जा रही थी। उर्वशीने पृथ्वीको जगा कर उनसे मूर्च्छा आनेका कारण पूछा। पृथ्वीने उनसे सब वृत्तान्त कहा। उन्होंने यह भी कहा कि, विष्णु भगवानके वीर्य्यक्षेप करनेसे मेरी यह अवस्था हुई है। विष्णुने मूंगाके आकारका पृथ्वीमें वीर्य वपन किया था। इससे शीघ्र ही प्रवाल या मूंगेकी तरह एक पुत्ररत्न उत्पन्न हुआ। यह पुत्र तेजमें सूर्य्यके समान दीप्तिमान् हुआ। फिर समय पा कर यही मङ्गलके नामसे विख्यात हुआ।

(ब्रह्मवैवर्त्तपुराण ९ अ०)

पद्मपुराणमें लिखा है—"पूर्व समयमें विष्णु भगवान् एक बार पृथ्वी पर घूम रहे थे, ऐसे समय उनके शरीरसे पसीनेका एक बूंद पृथ्वी पर गिर पड़ा। इस बूंदसे लोहितवर्णका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। पृथ्वीने इस पुत्रका स्नेहपूर्वक लालन पालन किया। पीछे यहां ब्रह्माके उद्देश्यसे कठोर तपस्या कर ग्रहोंमें स्थान पाया। (पद्मपुराण स्वर्गख० ११ अ०)

मत्स्यपुराणमें लिखा है, पूर्व समयमें दक्षके यज्ञको ध्वंस करनेके लिये क्रोधित शङ्करके ललाटसे एक श्वेदविन्दु पृथ्वी पर गिरा। इसी विन्दुसे वह्नि चक्राकार और अनेक नेत्रोंवाला, भयङ्कर एक मनुष्य पैदा हुआ। यह मनुष्य वीरभद्रके नामसे प्रसिद्ध हुआ। इन्हीं वीरभद्र द्वारा दक्षके यज्ञका विध्वंस होनेके बाद महादेवने उनसे कहा, तुमने अद्भुतकार्य्य किया है। अब मनुष्योंके ध्वंस करनेकी आवश्यकता नहीं है। तुम्हारा नाम अङ्गारक रखा गया। तुम ग्रहोंमें अग्रगामी होगे। जो मनुष्य चौथके दिन तुम्हारी पूजा करेगा, उनको आरोग्यता, कान्ति और ऐश्वर्य्य प्राप्त होगा।

(मत्स्यपु० अङ्गारकव्रत ६८ अ०)

काशीखण्डमें मङ्गलकी उत्पत्ति दूसरी ही तरहसे लिखी हुई है:—प्राचीनकालमें दाक्षायणीके वियोगमें अत्यन्त दुःखी हो महादेवने उग्र तपस्याका अवलम्बन किया। उस समयमें उनके ललाटसे एक श्वेदविन्दु जमीन पर गिरा। उसीसे शीघ्र ही एक लोहिताङ्ग पुत्र उत्पन्न हुआ। पृथ्वीने धात्रीरूपसे इसका लालन पालन किया। इसीलिये इनका नाम महीसुत हुआ। इसके बाद यही महीसुत श्रीकाशीधाममें अङ्गार-

केश्वर नामक महादेवजीका एक लिङ्ग स्थापित कर धीरे धीरे तपस्यामें प्रवृत्त हुए। वह अङ्गारकेश्वर लिङ्ग कम्बलाश्वतर नामक दो नागोंके उत्तरभागमें अवस्थित है।

जितने दिनोंतक उनकी देहसे जलते हुए अङ्गारेके समान तेज प्रगट नहीं हुआ, तब तक वह महात्मा तपस्यामें निरत रहे। तपस्या करते समय ही उनके देहसे अंगारे के सदृश्य तेज प्रकट हुआ था। इसीसे इनका नाम अंगारक पड़ा। महादेव भगवान्‌ने उनकी इस कठोर तपस्याको देख अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने सन्तुष्ट हो कर उनको महत्‌ग्रहका पद दिया। यही मङ्गललोक है।

मंगलवार, चौथको उत्तरवाहिनी गंगामें स्नान कर भक्तिके साथ अङ्गारकेश्वरको प्रणाम करनेसे ग्रह-शान्ति होती है। इस दिनको ग्रहणका योग होता है। गणेशका जन्म दिन होनेसे यह पर्वका दिन माना जाता है। इस दिन गणनाथको पूजा करनेसे विघ्नोंका नाश होता है। काशीके अंगारकेश्वरके भक्त मृत्युपरान्त अंगारक लोकको भेजे जाते हैं। (काशीखण्ड १७।४-२१)

वामनपुराणमें लिखा है,—पहले जमानेमें जब महादेवने अन्धकासुरका विनाश किया था, तब उसके मुंहसे श्वेतविन्दु जमीन पर गिर पड़ा। इसी श्वेतविन्दुसे ही अग्निपुञ्जप्रभ एक बालक उत्पन्न हुआ। इस बालकने उत्पन्न होते ही अत्यन्त पिपासित हो अन्धकासुरके रक्तको पान कर लिया। इसके पीछे महादेवने उसे ग्रहोंमें उच्चस्थान तथा संसारके शुभाशुभका भार अर्पण किया। इसीका नाम मङ्गल हुआ।

(वामनपुराण ६७ अ०)

नवग्रहस्तोत्रमें इसका स्तव इस तरह लिखा हुआ है—

"धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्पुञ्जसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिहस्तञ्चलोहिताङ्गं नमाम्यहम्॥"

(नवग्रहस्तोत्र)

मंगलग्रहके अवस्थानके अनुसार मानव ऋण ग्रस्त तथा मानवका ऋण चुका करता है। मङ्गल ही एकमात्र मुक्त करनेवाला है। ऋणग्रस्त मनुष्योंको मङ्गलका स्तव भक्तिपूर्वक करना चाहिये। स्तव इस तरह है,—

"मंगलो भूमिपुत्रश्च ऋणहन्ता धनप्रदः।
स्थिरासनो महाकायः सर्वकर्मविरोधकः॥
रोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः।
धरात्मजः कुजो भौमा भूमिजो भूमिनन्दनः॥
अंगारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः।
वृष्टिकर्त्ता च हर्त्ता च सर्वकामफलप्रदः॥
एतानि कुजनामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत्।
ऋणं न जायते तस्य धनमाप्नोति पुष्कलम्॥
रक्तपुष्पैश्च गन्धैश्च धूपदीपादिभिस्तथा।
मंगलं पूजयेद्भक्त्या मंगलेऽहनि सर्वदा॥
ऋणरेखाः प्रकर्त्तव्या अंगारेण सदा बुधैः।
प्रोञ्छयेद्वामपादेन लृणं तस्य विनश्यति॥
मंगलाय नमस्तुभ्यं नमस्ते ऋणहारिणे।
पुत्रपौत्रप्रदाते च मंगलाय नमोनमः॥
ऋणार्थे त्वत्प्रपन्नोऽहम ऋणं कुरु मे विभो।
एतत् कृत्वा न सन्देहो ऋणं हत्वा धनी भवेत्॥"

(स्कन्दपुराण)

तनु आदि द्वादशभावोंमें यदिमङ्गलग्रह हो, तो निम्नलिखित फल होता है,—

जन्मलग्नमें मङ्गल रहनेसे कुब्जादि रोगग्रस्त होता है। उसकी नाभि उच्च और उसके शरीरका कोई बीचला भाग विकृत होगा। यह मनुष्य निन्दनीय है।

दूसरे लोगोंका मत है—लग्नका मङ्गल मनुष्यको बाल्य अवस्थामें दांत और उदर रोगसे पिड़ित करता है और वह मनुष्य कृशाङ्ग, काला रूप, खल और सदा श्लेष्मयुक्त होगा। उसका मन सदा चञ्चल रहेगा। यह नीचोंकी सेवा तथा फटा और मैला कुचैला कपड़ा पहननेवाला और सभी सुखोंसे वञ्चित रहेगा।

धनस्थानमें मङ्गल हो तो वह कृषिजीवी, व्यापारी और प्रवासी होता है। दूसरा मत है,—जन्मके समय यदि मङ्गल धन स्थानमें हो, तो धातु द्रव्यके विषयमें निपुण, विवाद-परायण, प्रवास करनेवाला, अल्प धनी, भग्नपित्त, जुआड़ी, सहनशील, खेतीबारी करनेवाला, खरीदने बेचनेवाला, लोभी, सदा अल्प सुख भोगनेवाला होगा।

यदि मङ्गल सहोदरके स्थानमें रहे, तो उस आमोद-के भ्राताका विनाश होता है या यों कहिये कि उसके भाईको मार डालता है, किन्तु यही मङ्गल ऊँचे घरमें बैठे हों तो वही मनुष्य दीर्घजीवी और राजा होता है। भूमि-सम्बन्धीय चीजोंके द्वारा धन-दौलत प्राप्त होती और यही मङ्गल यदि नीच घरमें बैठा हो तो निर्धन तथा असुखी बना देता है।

मङ्गल यदि मित्रके स्थानमें बैठा हो तो वह मनुष्य सदा मिट्टीके कामोंसे अपनी जीविका चलाता है और विदेश, मिट्टीके घरमें, पङ्कमय घरमें ही वास करता है।

दूसरा मत—बालकके जन्मकालमें यदि मङ्गल मित्रस्थानमें बैठा हो तो उस मनुष्यकी बुद्धि, जड़, और धनहीन, कुटिल, पतला-दुबला, श्लेष्मयुक्त, काला, चंचल, नीचोंकी सेवा करनेवाला, मैला-कुचैला, फटे वस्त्र पहननेवाला और सदा पापकर्ममें लिप्त रहनेवाला होता है। जन्मके समय यदि मङ्गल पुत्रके स्थानमें रहता है तो पुत्रहीन, धनहीन और दुःखभोगी बना देता है। यही पुत्रस्थान मङ्गलका अपना घर हो या तुङ्गस्थान हो, तो निन्दित पुत्र जीवित रहेगा।

जन्मकालमें मङ्गल शत्रुगृहमें बैठा हो, या अपनी नीच राशिमें रहे, शत्रुस्थानमें रहे तो उस लड़कीकी मृत्यु हो जाती है। यदि किसी राजाका ऐसा पुत्र हो, तो वह तत्काल ही राज्य-भ्रष्ट करता है। नीच या शत्रुराशिगत नहीं रहनेसे केवल छठवें स्थानमें रहनेसे उस बालकको राजा बनाता है।

शयनभावमें मङ्गल रहनेसे वह मनुष्य लम्पट, कृपण, अत्यन्त क्रोधी, अत्यन्त निपुण और पण्डित हुआ करता है। यदि शयनभावका मङ्गल पञ्चम स्थानमें रहे तो प्रथम सन्तानका नाश करनेवाला होता है और सातवें स्थानमें रहनेवाला मङ्गल पहली स्त्री धर्मपत्नीका वियोग करता है। यही मङ्गल यदि शत्रुक्षेत्रमें रह कर शत्रु द्वारा देखा जाता हो तो उसका हाथ या कान कट जाता है। किन्तु यही मङ्गल यदि शनि राहुके साथ हो, तो उसका मस्तक कट जाता है। शयनभावमें बैठा मङ्गल लग्नमें रहने पर मानवको नाना प्रकारके रोगोंसे पीड़ित करता है और अन्तमें कोढ़ी हो कर मरता है।

यदि मङ्गल उपवेशन भावमें हो तो मानव अधम, धनवान्, क्रूरकर्म करनेवाला, निष्ठुर, जातिविहीन, पापपरायण, महारोगी, दरिद्र और किसीके वशमें न रहेगा। यदि उपवेशन भावमें मङ्गल लग्नमें हो तो यह सब काम जरूर होंगे। यह उपवेशन भावमें नवें और दशवें स्थानमें रहनेसे धन, पुत्र, स्त्री, सभीका विनाश होता है। फिर, कई मित्र और शुभ ग्रहके साथ मिल कर रहे तो, उन सबोंके बलके अनुसार इसका विपरीत फल भी होता है।

नेत्रपाणि-भावमें रहनेवाला मङ्गल यदि लग्नमें बैठा हो, तो वह मनुष्यको नेत्रविहीन, स्त्रीपुत्रधन रहित दरिद्र बनाता है। यही भाव मङ्गललग्नके सिवा अन्य स्थानोंमें हो तो वह सर्व सुख और पुत्र स्त्री और धनलाभ करनेवाला होता है। किन्तु गांठोंमें दर्द जरूर रहेगा और बाघ, सांप और अग्नि जलका सदा भय रहता है। दूसरे और सातवें स्थानमें रहे तो वह मनुष्यको भूमिजीवी, धनहीन और पत्नीका नाश करनेवाला होता है।

प्रकाशन भावमें मङ्गलके रहने पर धनवान्, क्षणिक सुख-युक्त, बाईं आँखमें फूली और वह ऊँचे स्थानसे गिरनेवाला होगा, इसमें जरा भी संशय नहीं। इसी भावका मङ्गल सर्व पुत्रोंका नाश करनेवाला होता है। यही सातवें स्थानमें रहने पर स्त्रीका नाश कर देता है और पापग्रहोंके साथ रहने पर जिस स्थानमें रहेगा वह जातियुक्त हो कर रहेगा।

मङ्गल यदि गमनेच्छा भावमें रहे तो मनुष्य प्रकाश करनेवाला, गुह्यरोगयुक्त, निर्धनी और बुरे काम करनेवाला होता है। मङ्गल गमनभावमें रहनेसे विदेशमें रहनेवाला, सदा दुःखी, दाद या कोढ़से पीड़ित रहनेवाला होता है। पित्तशूलसे पीड़ित, अत्यन्त तेजस्वी, गाठोंमें दर्द, जल्दबाज, धीर, स्त्रैण, बकवादी, नेत्रहीन, शिर और दांतका रोगी होता है। किञ्चित त्वगदोषका दोषी भी होता है।

गमन भावका मङ्गल यदि लग्नमें रहे तो यह सब फल होगा, किन्तु अन्य भावमें रहेगा तो यह सब फल नहीं होगा, वरं हर तरहके धनसे धनवान् महादक्ष और

राजपुत्र होगा, किन्तु उसकी देह सदा जड़ीभूत रहेगी और बहुत सुखका भोग करनेवाला होता है।

मङ्गल यदि समास्थितभावमें रहे तो वह मनुष्य धार्मिक, बहुत धनवान्, गुणवान, बहुत दानी और शिरका रोगी होता है। यहीं मङ्गल यदि नवें और पांचवेंमें हो, तो धर्महीन, इसके धर्ममें पद पद पर विघ्न हुआ करता है। पांचवें और बारहवेंमें रहने पर पुत्रोंका नाश करता है।

मङ्गल आगमनभावमें रहे तो कर्णरोग, पित्तशूल तथा नोचप्रकृति और धनवान् होता है। इसी तरह भोजनभावमें रहनेसे मांसलोभी, क्षुद्राकृति, अतिक्रोधी, उत्साही और धनी; नृत्यलिप्साभावमें रहनेसे धनवान्, दाता, भोक्ता और सर्वदा सुखी, कौतुकभावमें रहनेसे सन्तान-पण्डित, नाना धनयुक्त, द्विपत्नीक और बहुकन्यायुक्त, निद्राभावमें रहनेसे मूर्ख, धनहीन अतिक्रोधी और नराधम होता है। (सङ्केतकौमुदी)

इसी तरह शयनादि द्वादश भावोंका फल निकाल लेना चाहिये। इसके सिवा लज्जादि षड्भाव, और दीप्तादि दश भावोंको देखना चाहिए। अष्टोत्तरीके मतसे मघा, पूर्वफल्गुनी और उत्तरफल्गुनी नक्षत्रमें जन्म होनेसे मङ्गलकी दशा होती है। इस दशाका परिमाण ८ वर्ष है। इसके प्रति नक्षत्रमें २ वर्ष ८ मास, प्रति नक्षत्रके पादमें ८ मास और प्रति दण्डमें १६ दिन तथा प्रति पलमें १६ दण्ड होंगे। इस दशामें मित्रके साथ कलह, अग्निदाह और शारीरिक पीड़ा आदि अनेक अमङ्गल होते हैं।

विंशोत्तरीके मतसे मृगशिरा, चित्रा और धनिष्ठा नक्षत्रमें मंगलकी दशा होती है। इस दशाका भोगकाल ७ वर्ष है। विशेष विवरण 'दशा' शब्दमें देखो।

ज्योतिषमें गोचरफल इस प्रकार लिखा है—मङ्गल जन्मराशिस्थ होने पर शत्रुभय, द्वितीयमें धनक्षय, तृतीयमें कार्यसिद्धि चतुर्थमें भूमिलाभ, पञ्चममें शत्रुवृद्धि, षष्ठमें धन-लाभ, सप्तममें शोक, अष्टममें अस्त्राघात वा रक्तमोक्षण, नवममें कार्यहानि, दशममें सुख्याति, एकादशमें सर्व प्रकार सुख और क्लेश होता है।

मङ्गलग्रहअशुभ हो तो प्रवाल, गेहूं, मसूर, उड़द, अरुणवर्ण वृक्ष, गुड़, स्वर्ण, लाल वस्त्र, करवी पुष्प और ताम्र ग्रहाचार्यको दान देना चाहिए।

अब यूरोपीय ज्योतिर्विदोंके स्थिर किये हुए मतानुसार मङ्गलग्रहका विषय लिखते हैं:—

मङ्गलग्रहका मध्यकर्ण (Mean distance from the sun) = १·५२३६९१, मान्यकर्ण = १·३८१६०२५, दीर्घकर्ण = १·६६५७७९५ है। उत्केन्द्रत्व (Eccentricity) = ·९३२५२८, नाक्षत्रिक परिभ्रमण दिन = ६८६·९७९४५६१, क्रान्तिवृत्तके पूर्णावर्त्तन दिन (Synodical Revolution in days) = ७७९·८३६ है। भौमग्रहके वार्षिक नीचोच्चका खेट = ३३३·६′३८′४″, उसका वार्षिक विवर्त्तन = +१५·४६″ है। क्षेपपातका द्राघिमांश = ४८°१६′१८″, उसका वार्षिक विवर्त्तन = २५′२२″, कक्षावृत्तका वक्रता = १°५१′५·७″, वार्षिक विवर्त्तन = ·०१ है। दैनिक मध्यगति (Mean daily motion) = ३१′२६·७″, संकोचन = १ का ५० दैनिक आवर्त्तन २४ घण्टा ३७ मिनट २२ सेकेण्ड। व्यास = ४०७० मील जड़मान = ·१३२४, घनत्व = ·९७२, मध्याकर्षण = ·४९ है। आकर्षण-जन्य १ सेकेण्डमें आनुमानिक पतनशक्ति = ७०९ है। नीचोच्चका आलोकपात = ·५२४, मन्दोच्चका आलोकपात = ३६० है।

इसके अनुसार ६८६·९७९ दिनमें मङ्गलकी वार्षिक गति निर्णीत होती है। पृथिवीकी तरह मङ्गलके भी विषुवरेखाके कक्षावृत्तमें १८°४२′ अपवलयित (Obligue to the plain of its axis) है। उस अपवलन या चक्रविन्यासके कारण मङ्गलमें भी भूपृष्ठकी तरह विभिन्न समयोंमें विभिन्न ऋतुओंका आविर्भाव होता रहता है। खोजसे मालूम हुआ है कि पृथिवी और मङ्गलग्रहके बीचका आकाश बहुत थोड़ा ही है। पृथिवी और मङ्गलग्रह प्रायः समगुण-विशिष्ट है।

मनुष्यकी दृष्टिमें मङ्गलग्रह मटमैला लाल नक्षत्रकी भांति दीखता है। परन्तु वास्तवमें उस गोल पिण्डको पृथ्वीकी तरह धनधान्य-पूर्ण एक महीमण्डल कहा जा सकता है। उसमें भी मनुष्यादिका वास है। उसके अन्तर्गत सरल खातोंको देख कर ज्योतिर्विद्गण अनुमान करते हैं कि, वहां स्वभाववक्र नदियोंकी संख्या

बहुत कम है, वहांके अधिवासियोंके सुभीतेके लिए सीधी जल-नालियां कटी हुई हैं। इसके सिवा उन्होंने और भी अनेकानेक आलौकिक घटनाओंका आविष्कार किया है। ज्योतिर्विद्‌गण मङ्गललोक-वासियों के क्रियाकलापोंका निरीक्षण कर बड़े आश्चर्यमें पड़ गये हैं।

मङ्गलकोट—बंगालके वर्द्धमान जिलान्तर्गत एक गण्ड-ग्राम। यह अक्षा० २३° ३१´ ३० तथा देशा० ८७° ३६´ ३०″ पू०के मध्य अवस्थित है। इस ग्रामकी प्रसिद्धिका विषय वृहन्नीलतन्त्रमें आया है।

मङ्गलगिरि—मन्द्राजप्रदेशके कृष्णा जिलान्तर्गत गण्टूर तालुकका एक नगर। यह अक्षा० १६° २६´ ३० तथा देशा० ८०° ३४´ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या आठ हजारके लगभग है। यहां नरसिंहस्वामी (विष्णु मूर्त्ति)-के पर्वतगात्र-खोदित दो प्राचीन मन्दिर विद्यमानहैं, जो दक्षिण भारतमें तीर्थक्षेत्र समझे जाते हैं। मन्दिरगात्रमें बहुत सी शिलालिपियां उत्कीर्ण देखी जाती हैं। पहला दो खनवाला मन्दिर बहुत प्राचीन है। दूसरा अपेक्षाकृत आधुनिक है। उसके सामनेवाले गोपुरका कारुकार्य अतीव मनोहर है। १८३२ ई०के दुर्भिक्षके समय यहां एक बहुत लम्बा चौड़ा चहबचा बनाया गया था। मंगलगिरि माहात्म्यमें इस तीर्थका विषय लिखा है।

मङ्गलचण्डिका (सं० स्त्री०) मंगला मंगलदायिका चासौ चण्डिका चेति, वा सृष्टौ मंगला, प्रलये चण्डिका अथवा मङ्गले चण्डिका दक्षाः। मंगलचण्डी, दुर्गा।

कालिकापुराणमें लिखा है,—ललितकान्तादेवी ही मंगलचण्डी हैं। इनके दो हाथ हैं, एक हाथमें वर और दूसरेमें अभय है। वर्ण इनका गौर है, रक्तपद्म पर बैठी हुई हैं, कानमें रक्तकुण्डल है, सर्वदा हास्य-मुखा हैं, रक्तकौषेय वस्त्र पहने हुई हैं और नव-यौवनसम्पन्ना हैं। अष्टमी और नवमी तिथिमें तथा मंगलवारमें मङ्गलकी कामनासे पट, प्रतिमा या घटकी स्थापना करके इनकी पूजा करनी होती है। इस नियमसे पूजा करनेसे लाभ होता है। शनि और मंगलवारमें यदि कृष्णाष्टमी वा अभीष्ट कृष्णचतुर्दशी पड़ें, तो वह दिन अतिशय पुण्यतर है : इस दिन मंगलचण्डीकी पूजा विशेष कल्याणकर मानी गई है। मंगलवारमें शुक्ला चतुर्थी होनेसे वह अक्षया तिथि होती है। इस-दिन पूजा करनेसे अक्षयफल होता है। (तिथितत्त्व)

इनकी नाम-निरुक्ति, यथा—

"सृष्टौ मंगलरूपा च संहारे कोपनिरूपिणी।
तेन मंगलचण्डी सा पण्डितैः परिकीर्त्तिता॥"

(भागवत)

यह देवी सृष्टिकालमें मंगलरूप और संहारकालमें भयङ्कर रूप धारण करती हैं. इसीसे इनका नाम मंगलचण्डी पड़ा है।

ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इस देवीकी पूजादिका विषय लिखा है। ये ही मूल-प्रकृति और ईश्वरी हैं। त्रिपुर वधके लिये महादेवने ही पहले पहल इन्हींकी पूजा की थी, पीछे मर्त्यलोकमें भी इस पूजाका प्रचार हुआ। ये सर्वदा मंगलविधान करती हैं, इसीसे इनका नाम मंगलचण्डी है।

"दक्षायां वर्त्तते चण्डी कल्याणेषु च मंगलम्।
मंगलेषु च या दक्षा सा च मंगलचण्डिका॥
पूज्यायां वर्त्तते चण्डी मंगलेऽपि महीसुतः।
मंगलाभीष्टदेवी या सा वा मंगलचण्डिका॥"

(ब्रह्मवैवर्त्त पु० प्रकृतिखं० ४१ अ०)

पूजाका मन्त्र—

'ओं, ह्रीं, श्रीं, क्लीं, सर्वपूज्ये देवि मंगलचण्डिके हुं हुं फट् स्वहा' इस मन्त्रसे पूजा करनी होती है।

निम्नोक्त ध्यान-मन्त्रसे मंगलचण्डीकी पूजा करनी चाहिये। यथा—

"देवीं षोड़शवर्षीयां शश्वत् सुस्थिरयौवनाम्।
सर्वरूपगुणाढ्याञ्च कोमलांगी मनोहराम्॥
श्वेतचम्पकवर्णाभां चन्द्रकोटिसमप्रभाम्।
वह्निशुद्धांशुकाधानां रत्नभूषणभूषिताम्॥
बिम्बोष्ठी सुदतीं शुद्धां शश्वत् पद्मनिभाननाम्।
ईषद्धास्यप्रसन्नास्यां सुनीलोत्पललोचनाम्॥
जगद्धात्रीञ्च दात्रीञ्च सर्वेभ्यः सर्वसम्पदाम्।
संसारसागरे घोरे पोतरूपांवरां भजे॥"

ध्यानके अन्तमें पूजाके विधानानुसार पूजा करके

निम्नोक्त स्तव पाठ करना होता है। इस पूजामें छागादि वलि और नानाविध उपचार देना आवश्यक है। स्तव यथा—

श्रीशङ्कर उवाच ।
"रक्ष रक्ष जगन्मातर्देवि मंगलचण्डिके ।
हारिकेविपदां राशिं हर्षमंगलदायिके ॥
हर्षमंगलदक्षे च हर्षमंगलचण्डिके ।
शुभे मंगलदक्षे च शुभे मंगलचण्डिके ॥
मंगले मंगलार्थे च सर्वमंगलमंगले ।
सतां मंगलदे देवि सर्वेषां मंगलालये ॥
पूज्ये मंगलवारे च मंगलाभीष्टदेवते ।
पूज्ये मंगलभूपस्य मनुवंशस्य सन्ततम् ॥
मंगलाधिष्ठातृदेवि मंगलानाञ्च मंगले ।
संसारमंगलाधारे मोक्षमंगलदायिनि ॥
सारे च मंगलाधारे पारे च सर्वकर्मणाम् ।
प्रति मंगलवारे च पूज्ये च मंगलप्रदे ॥
स्तोत्रेणानेन शम्भुश्चस्तुत्वा मंगलचण्डिकाम् ।
प्रतिमंगलवारे च पूजां कृत्वा गतः शिवः ॥
देव्याश्च मंगलं स्तोत्रं यः शृणोति समाहितः ।
तन्मंगलं भवेत् शश्वन्न भवेत्तदमंगलम् ॥"

इस मङ्गलचण्डीकी पूजा पहले शिवने, पीछे मंगलग्रहने, उनके वाद वंशीय मङ्गलराजाने और सवसे पीछे देववालाओंने की थी। अनन्तर वह मंगलाकांक्षी मनुष्यसमाजमें प्रचारित हुई है। मंगल लाभ करनेमें यह व्रत सर्वोत्तम है। ब्रह्मवैवर्त्तपुराण प्रकृतिखण्ड मंगलचण्डिकोपाख्यानके ४१वें अध्यायमें इस पूजाका विस्तृत विवरण लिखा है, विस्तार होनेके भयसे यहां पर कुल नहीं लिखा गया।

२ विष्णु। ३ एक वार, मंगलवार। ४ प्रशस्त।

मङ्गलच्छाय (सं० पु०) मंगला प्रशस्ता छाया यस्य। वटवृक्ष, वड़का पेड़।

मङ्गलतुर्य (सं० क्ली०) मंगलार्थं तूर्यं। मंगलकार्यके लिये तूर्यध्वनि, शुभकामके लिये नगाड़े आदि वजाना।

मङ्गलदै—आसामप्रदेशके दरंग जिलेका एक उपविभाग। यह अक्षा० २६° १२′ से २६° ५०′ उ० तथा देशा० ९१° ४२′ से ९२° २७′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण १२४५ वर्गमील और जनसंख्या दो लाखके करीब है। इसमें मंगलदै नामक एक शहर और ७८३ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त जिलेका एक सदर। यह अक्षा० २६° २७′ उ० तथा देशा० ९२° २′ पू०के मध्य ब्रह्मपुत्र नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है। अभी यह नगर उन्नत दशामें है। यहांसे ४॥ कोस दूर रङ्गाभट्टी घाटमें ष्टीमर लगता है। शहरमें वाणिज्य-व्यवसाय अच्छा चलता है।

मङ्गलध्वनि (सं० पु०) मंगल शब्द, विवाहकालका मंगलजनक शब्द।

मङ्गलनीराजन (सं० क्ली०) मंगलं मंगलकरं मंगलाय वा नीराजनं। ब्राह्ममुहूर्त्तमें कर्त्तव्य भगवदारात्रिक। ब्राह्ममुहूर्त्तमें नारायणकी जो आरती की जाती है उसे मंगल-आरती वा मंगलनीराजन कहते हैं। यह आरती अति शुभकर और पापनाशक है।

"पठित्वाथ प्रियान् श्लोकान् महावादित्रनिःस्वनैः।
प्रभोर्नीराजनं कुर्यान्मंगलाख्यं जगद्धितम् ॥"
(हरिभक्तिवि० ३ अ०)

मङ्गलपत्र (सं० क्ली०) मांगलिक पत्र, कवचादि।

मङ्गल पाण्डे—एक सिपाही सैनिक। १८५७ ई०के गदरमें यह अंगरेजी ३४ संख्यक देशीय पदातिदलमें प्राइभेटका काम करता था। जव कारतूस आदिकी वात छिड़ी, तव इस उद्धत सिपाहीने वारकपुरमें रह कर अंगरेज सेनापति वाफ (Lieutenant Bough) और एक सर्जन मेजरको गोलीसे उड़ा दिया। पीछे इसने स्वजाति सिपाहियोंको अंगरेजोंके विरुद्ध तलवार उठानेके लिये उभाड़ा। अंगरेजी सेनानिवासके मध्य रह कर तथा जातीयताको रक्षाके लिये मंगलपाण्डे अपने जीवनको हथेली पर रखता हुआ अंगरेजोंके विरुद्ध खड़ा हो गया था। पीछे विद्रोह शान्त होने पर इसे फांसीकी सजा हुई।

मङ्गलपाठक (सं० पु०) पठतीति पठ-ण्वुल्, मंगलस्य पाठकः। बन्दीजनकी वह श्रेणी जो राजाओंकी स्तुति आदि करता हो।

मङ्गलपात्र (सं० क्ली०) माङ्गलिक द्रव्य-पूर्ण पात्र।

मङ्गलपुर (सं० क्ली०) नगरभेद।

मङ्गलपुष्प (स ं० क्ली०) मङ्गलकार्यमें व्यवहृत पुष्प, वह पुष्पमाला जो शुभकार्यमें काम लाई जाती है।

मङ्गलप्रतिसर (सं० पु०) मङ्गलसूत्र, वह सूत्र जिससे कवच बांधा जाता है।

मङ्गलप्रद (सं० त्रि०) मङ्गलं प्रददातीति प्र-दा (आतश्चोपसर्गे। पा ३।१।१३६) इति क। १ मङ्गलदाता, मङ्गल करनेवाला।

मङ्गलप्रदा (स ं० स्त्री०) १ हरिद्रा, हल्दी। २ शमीवृक्ष।

मङ्गलप्रस्थ (स ं० पु०) भारतवर्षीय एक पर्वत।

(भागवत ५।१६।१६)

मङ्गलवचस् (स ं० क्ली०) मङ्गलजनक वाक्य, माङ्गलिक वाक्य।

मङ्गलवत् (सं० त्रि०) म ंगलमत्स्य मतुप्, मस्य व। मङ्गलयुक्त, म ंगलविशिष्ट।

मङ्गलवाद (स ं० पु०) आशीर्वाद, आशीष।

मङ्गलवादिन् (सं० त्रि०) म ंगल वदति वद णिनि। १ मंगल विषय बोलनेवाला। २ म ंगलवादयुक्त।

मङ्गलवाद्य (सं० क्ली०) म ंगलार्थं वाद्यः। मागलसूचक वाद्य, वह बाजा जो शुभ अवसर पर बजाया जाता है।

मङ्गलवार (सं० पु०) म ंगलस्य म ंगलग्रहस्य वारः। रवि आदि सात वारोंमें तीसरा वार जो सोमवारके उपरान्त और बुधवारके पहले पड़ता है। यह वार अशुभवार है। इस वारमें कोई शुभकर्म नहीं करना चाहिये। इस वारमें जन्म होनेसे उग्र, प्रतापशाली, राजमन्त्री, युद्धप्रिय, क्रूरभाषी, क्रुद्ध, सत्त्वगुणविशिष्ट और वीरोंका नेता होता है।

> "उग्रः प्रतापो क्षितिपालमन्त्री रणप्रियो वक्रवचः सरागं।
> सत्त्वान्वितः शूरगणप्रेता कुजस्यवारे प्रभवो मनुष्य ॥"

(कोष्ठीप्रदीप)

मङ्गलवृषभ (स ं० पु०) लक्षणकान्त वृषभ। अच्छे लक्षणोंका बैल जिसे घर पर रखनेसे श्रीवृद्धि होती है।

मङ्गलराज—दाक्षिणात्यके चालुक्य-राजवंशीय एक हिन्दू-राजा।

मङ्गलशब्द (स ं० पु०) म ंगलजनक शब्द, म ंगलध्वनि।

मङ्गलशंसन (सं० क्ली०) शुभसंसूचन।

मङ्गलशंसिन् (स ं० त्रि०) शुभवादी, शुभसूचक।

मङ्गलसिंह—युक्तप्रदेशके फैजाबाद जिलान्तर्गत एक नगर। यह फैजाबाद नगरसे ४॥० कोस बाएं किनारे अवस्थित है। नगरमें कोई प्रत्नतत्त्वका निदर्शन नहीं रहने पर भी पार्श्ववर्त्ती सिरहिर, पर्णानन्दपति, उफेंद्रा, कवरीशरेपाल, सगैया, नवियावान, इथोना, चांदपुर, कादिपुर, गोड़ा और तोलापति उर्फ जैनपु, आदि ग्रामोंमें बहुत-से इष्टकस्तूप पड़े हैं। वे सब स्तम्भ भरराजाओंकी प्राचीन कीर्त्ति समझे जाते हैं।

धौरहरा ग्रामके बहिर्भागमें लखनऊके नवाब आसफउद्दौलाका बनाया हुआ एक सुन्दर द्वारपथ तथा एक प्राचीन शिवमन्दिरका ध्वंसावशेष दृष्टिगोचर होता है। अलावा इसके हाजीपुर ग्राममें पीर खाजा हसनकी मसजिद, सोनाहाग्राममें सैयद सलारमसाउदका समाधि-मन्दिर, रोनाही ग्राममें औलिया साहिद और मकनसाहिद नामक साधुका समाधिस्तम्भ तथा मसजिद, पीरनगर ग्राममें एक मसजिद, कोट सरावग ग्राममें पांचभैया मसजिद और गञ्ज-इ-सहियान, मुमताज नगरमें १०२५ हिजरीकी मुमताज खां द्वारा निर्मित कङ्कर-मसजिद, ताजपुरमें जमाल खांका मकबाड़ा और भग्न-दुर्ग तथा भावनगर और धौली-अङ्कुरान नामक ग्रामका ध्वंसावशिष्ट दुर्गादि उल्लेख योग्य है।

मङ्गलसमान् (स ं० क्ली०) सामभेद।

मङ्गलसूत्र (स ं० क्ली०) मंगलमयसूत्र, वह तागा जो किसी देवताके प्रसाद रूपमें किसी शुभ अवसर पर कलाईमें बाँधा जाता है।

मङ्गलस्नान (सं० क्ली०) म ंगलार्थ स्नानं। वह स्नान जो मंगलकी कामनासे अथवा किसी शुभ अवसर पर किया जाता है। संक्रान्तिमें सर्वौषधि आदि द्वारा जो स्नान किया जाता है उसे मंगलस्नान करते हैं।

मङ्गला (सं० स्त्री०) मंगलमस्या अस्तीति मंगल अर्श अद्यच, टाप्। १ पार्वती। २ शुक्लदूर्वा, सफेद दूब। ३ पतिव्रता स्त्री। ४ एक प्रकारका करंज। ५ हरिद्रा, हल्दी। ६ नीली दूब।

मङ्गला—गुजरातप्रदेशमें प्रवाहित नदी।

मङ्गलागुरु (स ं० क्ली०) म ंगलञ्च तत् अगुरु चेति नित्यकर्मधारयः। चार प्रकारके अगुरुमेंसे एक।

मङ्गलाचरण (सं० क्ली०) मङ्गलस्य आचरणं। मङ्गलजनक कार्यका आचरण। शुभकार्यके पहले मंगला चरण करना आवश्यक है। पहले मंगला चरण करके कार्यमें लग जानेसे उसका अमंगल दूर होता है और बहुत जल्द कार्यको सिद्धि होती है। यही कारण है, कि ग्रन्थके प्रारम्भमें सभी कवि देवोद्देशसे मंगलचरण कहते हैं।

सांख्यदर्शनमें लिखा है—

"मंगलाचरणं शिष्टाचारात् फलदर्शनात् श्रुतितश्चेति ॥"

(सांख्यद० ५।१)

शिष्टाचार, फल दर्शन और श्रुति इन तीनोंसे प्रमाणित होता है, कि ग्रन्थारम्भमें मंगलाचरण करना अवश्य कर्त्तव्य है। नव्य नैयायिकोंका कहना है, कि कोई अवश्यकता नहीं। कादम्बी आदि ग्रन्थोंमें मंगलाचरण रहने पर भी उस ग्रन्थकी परिसमाप्ति नहीं हुई तथा बहुतसे ग्रन्थ ऐसे हैं जिनमें मंगलाचरण नहीं रहने पर भी वे निर्विघ्नपूर्वक समाप्त हो गये हैं। अतएव मंगलाचरणकी कोई आवश्यकता नहीं देखी जाती। प्राचीन नैयायिक लोग इसके उत्तरमें कहते है, कि ग्रन्थ समाप्तिके प्रति मंगलाचरण ही जो एकमात्र कारण है, सो नहीं पर हां, इतना तो अवश्य कहा जा सकता है, कि मंगलाचरणके फलसे अनिष्ट ध्वंस हो कर शुभ होता है किन्तु बलवत् प्रतिबन्धक रहनेसे कार्यमें विघ्न होता है। इसी कारण जो नव्य नैयायिकगण मंगलाचरणकी आवश्यकता नहीं समझते, यह कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता अतएव मंगलाचरण अवश्य कर्त्तव्य है।

सांख्य दर्शनमें जो लिखा है, वह बिलकुल ठीक है, कारण श्रुतिमें मंगलाचरणका उपदेश है, साधुगण उसे करते हैं और फल भी अवश्य पाते हैं। अतएव मंगलाचरण करना अवश्य कर्त्तव्य है, इसमें जरा भी संदेह नहीं।

मङ्गचार (सं० पु०) मङ्गलाथ आचारः। वह आचरण जो मंगलके लिये किया जाता है, मंगलाचरण।

मङ्गलातोद्य (सं० क्ली०) मंगालतूर्य, मंगलावाद्य।

मङ्गलादेशवृत्त (सं० पु०) वह जो मंगलादिका उपदेश करके जीविका-निर्वाह करता हो, ज्योतिषी। ये लोग निन्दित बतलाये गये हैं।

"उत्कोचकाश्चौपधिका वञ्चकाः कितवास्तथा।
मंगलादेशवृत्ताश्च भद्राश्चेक्षणिकैः सह ॥"

(मनु ९।२५८)

मङ्गलापत्व—मल्लभूमिके अन्तर्गत एक एक छोटा जनपद। यह वकद्वीपसे ४ कोस पूर्वमें अवस्थित है। यहां राजा विनायक राज्य करते थे।

मङ्गलामुखी (हिं० स्त्री०) वेश्या, रंडी।

मङ्गलायन (सं० त्रि०) मंगलं अयनं गतिर्यस्यं। १ मंगलगतियुक्त। (क्ली०) २ मंगलगति।

मङ्गलारम्भ (सं० पु०) मंगलस्य आरम्भः ६-तत्। मंगलजनक कार्यका आरम्भ, गणेश।

मङ्गलार्जुन—एक प्राचीन कवि।

मङ्गलालम्भन (सं० क्ली०) मंगलजनक द्रव्यविशेषका स्पर्श।

मङ्गलालय (सं० पु०) मंगलस्य आलयः। १ मंगलावास। २ नारायण।

मङ्गलावट (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

मङ्गलाव्रत (सं० क्ली०) १ व्रतभेद, उमाव्रत। (पु०) २ शिव।

मङ्गलाह्निक (सं० त्रि०) मंगलके लिये प्रात्यहिक अनुष्ठेय कार्य।

मङ्गलीय (सं० त्रि०) मंगल-छ। मंगलसम्बन्धीय।

मङ्गलीश—चालुक्यवंशीय एक राजा। ये मंगलराज वा मंगलीश्वर नामसे प्रसिद्ध थे।

मङ्गलूर—१ मन्द्राजके कनाड़ा जिलेके अन्तर्गत एक प्रधान नगर। यह अक्षा० १२° ४८′ से १३° १३′ उ० तथा देशा० ७° ४७′ से ७५° १७′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ६८० वर्गमील और जनसंख्या साढ़े तीन लाखके करीब है। इसमें एक शहर और २४३ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त तालुकका प्रधान शहर। यह अक्षा० १२° ५२′ उ० तथा देशा० ७४° ५१′ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या प्रायः ४५ हजार है जिनमेंसे हिन्दूकी ही संख्या अधिक है।

१६वीं शताब्दीमें यह नगर पुर्त्तगीजोंके द्वारा तीन बार लूटा गया था। पीछे १६४० ई०में वेदनूर राजाओंने यहां दुर्गादि बनवा कर राज्यशासन किया। १७६३ ई०में वेदनूरराजवंश हैदरअलीसे परास्त हुए। तभीसे

शहरमें हैदरकी नौ सेनाका अड्डा बनाया गया। १७६८ ई०में अङ्गरेजी सेनाने इस पर दखल जमाया। १७८३ ई०में यहां पर अङ्गरेजोंके साथ टीपूकी सेनाका घमसान युद्ध हुआ। १७८४ ई०में टीपू सुलतानने फिरसे इसको अपने कब्जेमें कर लिया। १७९९ ई०में यह फिर अङ्गरेजोंके हाथ लगा। तभीसे उन्हींके दखलमें चला आ रहा है। १८३७ ई०में कुर्गविद्रोहके समय गौड़ जातिने इस नगरको जला कर तहस-नहस कर डाला।

यह नगर मनोहर दृश्योंसे परिपूर्ण है, सर्वत्र परिस्कार परिच्छन्न है तथा वाणिज्य-समृद्धिसे विशेष उन्नत दशामें है। मालाबार उपकूलके प्रसिद्ध नारिकेल-निकुञ्जके मध्य यह नगर नेत्रावती और गुर्पूर-प्रवाहित-नदीके मुहाने पर अवस्थित है। इस बन्दर वा नगरमें जहाज प्रवेश नहीं कर सकता। पर अरवदेशीय वगाला नामक जहाज सहजमें पण्यद्रव्य ले कर आ जा सकता है। नदीके मुहानेसे तीन पाव दूर एक आलोक-भवन है जो केवल बन्दर दिखलानेके लिये बनाया गया है।

यहां मंगलादेवीका प्राचीन मन्दिर अवस्थित है। इसी देवीके नामानुसार इस स्थानका नामकरण हुआ है। एतद्भिन्न यहां गणेश और हनुमानके प्राचीन मन्दिर देखे जाते हैं। स्थलपुराणमें उक्त तीनों ही मन्दिरका माहात्म्य गाया गया है। मंगलूरसे १॥ कोस उत्तर गुर्पूर नदीके किनारे एक दुर्ग अवस्थित है, जो 'सुलतानका किला' नामसे मशहूर है। टीपू सुलतानने इस दुर्गको बनवाया था।

यहां ईसा-धर्म प्रचारके लिये विभिन्न ईसाइयोंका गिरजा है। १८८० ई०में सेण्ट अलोसियस कालेज जेसुरमिशन द्वारा स्थापित हुआ है। उक्त कालेजके अलावा एक सरकारी कालेज, दो म्युनिसिपल अस्पताल और दो प्राइभेट कुष्ठाश्रम है।

मङ्गलेश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद। इस तीर्थमें स्नान करनेसे सभी पाप जाते रहते हैं।

मङ्गलौर—युक्तप्रदेशके सहारनपुर जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २९° ४८´ उ० और देशा० ७७° ५३´ पू०के मध्य रूरकीसे ६ मील दक्षिणमें अवस्थित है। प्रवाद है कि राजा मंगलसेन नामक महाराज विक्रमादित्यके किसी राजपूत सामन्तने इस नगरको बसाया था। ६८३ हिजरीमें सुलतान गयासुद्दीन बल्बनकी बनाई हुई शाह विलायतकी मसजिद यहाँकी सर्वप्राचीन कीर्त्ति है। इसके अलावा मंगलराज द्वारा निर्मित एक भग्न-दुर्गका भी निदर्शन पाया जाता है।

मङ्गल्य (सं० त्रि०) मंगलाय साधु, मंगल-यत्। १ शिवकर, मंगलजनक। २ रुचिर, सुन्दर। ३ साधु। (पु०) ४ त्रायमाणलता। ५ अश्वत्थ, पीपल। ६ विल्व, बेल। ७ मसूरक, मसूर। ८ जीवक। ९ नारिकेल, नारियल। १० कपित्थ, कैथ। ११ रीठाकरञ्ज। १२ जीव नामक शाक। १३ दधि, दही। १४ चन्दन। १५ मंगलागुरु। १६ स्वर्ण, सोना। १७ सिन्दूर।

मङ्गल्यक (सं० पु०) मंगल्य-संज्ञायां कन्, यद्वा मंगलस्य मंगलग्रहस्य प्रिय इति यत्, ततः स्वार्थे कन्। बड़ी मसूर।

मङ्गल्यकुसुमा (सं० स्त्री०) मंगल्यानि कुसुमानि यस्याः। शङ्खपुष्पी।

मङ्गल्यदन्त (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

मङ्गल्यनामधेया (सं० स्त्री०) मंगलं मंगलजनकं नामधेयं यस्याः। जीवन्ती।

मङ्गल्यवस्तु (सं० क्ली०) मंगल्यं वस्तु। दर्पणादि मंगलजनक पदार्थ।

मङ्गल्या (सं० स्त्री०) मंगलाय साधुरिति यत् टाप्। १ मल्लिका गन्धयुक्त गुरु, एक प्रकारका अगुरु जिसमें चमेलीकी-सी गन्ध होती है। २ शमी। ३ अधःपुष्पी। ४ मिसी, जटामांसी। ५ शुक्लवचा, सफेद वच। ६ रोचना। ७ प्रियंगु। ८ शङ्खपुष्पी। ९ माषपर्णी। १० जीवन्ती। ११ ऋद्धि। १२ वचा। १३ हरिद्रा, हलदी। १४ चीता नामक गन्ध-द्रव्य। १५ दूर्वा, दूब। १६ दुर्गा।

मङ्गाई—नदीभेद।

मङ्गापुर—मन्द्राज प्रदेशके उत्तर आर्कट जिलान्तर्गत चन्द्रगिरि तालुकका एक नगर। कल्याण वेङ्कटेश्वर स्वामीके प्राचीन मन्दिरके लिये यह स्थान प्रसिद्ध है। मन्दिरका गोपुर नानाशिल्पोंसे परिपूर्ण है।

मङ्गिनी (सं० स्त्री०) मंगो नौशिरस्तदस्या अस्तीति इनि ङीप् च। नौका, नाव।

मङ्गु खान—एक मुगल-सरदार। इन्होंने दिल्लीश्वरके सुल-

तान अलाउद्दीनके शासनकालमें सिन्धुप्रदेश पर आक्रमण कर उक्त दुर्गको अधिकार किया था।

मङ्गुण्डी—वम्बई प्रदेशके धारवाड़ जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यहां सिद्धलिंग और कलमेश्वरके काले पत्थरके बने हुए दो प्राचीन मन्दिर विद्यमान हैं। प्रत्येक मन्दिरमें एक एक शिलालिपि देखी जाती है।

मङ्गुप (सं० पु०) नृपभेद। तस्यापत्यं कुर्वादित्वात् ण्य। मंगुप्य, मंगुपका अपत्य।

मङ्गोड़—मध्यभारतके ग्वालियर राज्यके अन्तर्गत एक दुर्ग सुरक्षित नगर। यह अक्षा० २° ६६′ उ० तथा देशा० ७८° ६′ पू०में पर्वतके नीचे अवस्थित है। यहां १८४३ ई०की २९वीं दिसम्बरको अंगरेजी सेनाके साथ मरहठोंका गहरी मुठभेड़ हुई थी। युद्धमें मरहठा-सेना हार खा कर नौ दो ग्यारह हो गई।

मङ्गोल—मध्य-एशिया और उसके पूर्वकी वसनेवाली एक जाति। इनका रंग पीला, नाक चिपटी और चेहरा चौड़ा होता है। संसारके मनुष्योंके जो प्रधान चार वर्ग किये गये हैं, उनमें एक मंगोल भी है। इसके अन्तर्गत नेपाल, तिब्वत, चीन, जपान आदिके निवासी माने जाते हैं। आजसे छः सात सौ वर्ष पहले इस जातिके लोगोंने एशियाके वहुत वड़े और यूरोपके कुछ भाग पर अधिकार कर लिया था।

मङ्क्षण (सं० क्ली०) मंक्षत्यनेनेति मंक्ष-ल्युट्। जङ्घात्राण।

मङ्क्षु (सं० अव्य०) मज्जतीति मस्ज वहुलवचनात् सुः (पा ७।१।३९) १ द्रुत, तेजीसे। २ अत्यन्त, वहुत।

मङ्क्षण (सं० क्ली०) मंक्षण पृषोदरादित्वात् साधुः। जङ्घात्राण।

मचक (हिं० स्त्री०) दवाव, वोझ।

मचकचातनी (सं० स्त्री०) गुल्मभेद।

मचकना (हिं० क्रि०) किसी पदार्थको, विशेषतः लकड़ी आदिके वने पदार्थको, इस प्रकार जोरसे दवाना कि उससे मच-मच शब्द निकले।

मचका (हिं० पु०) १ झोंका, धक्का। २ झूलेकी पेंग।

मचना (हिं० क्रि०) १ किसी ऐसे कार्यका प्रचलित होना जिसमें कुछ शोर-गुल हो। २ फैलना, छा जाना।

मचरंग (हिं० पु०) किलकिला पक्षी।

मचक्रुक (सं० पु०) १ महाभारतके अनुसार एक यक्षका नाम। २ कुरुक्षेत्रके पासका एक पवित्र स्थान जिसकी रक्षा उक्त यक्ष करता है।

मर्चचिका (सं० स्त्री०) मं शम्भुं चर्च्चतीर्चति चर्च्चा-ण्वुल्, टाप् अत इत्वं। १ प्रशस्त, उत्तमता। (त्रि०) २ सर्वश्रेष्ठ, जो सबसे उत्तम हो।

मचल (हिं० स्त्री०) मचलनेकी क्रिया या भाव।

मचलना (हिं० क्रि०) किसी चीजको लेने अथवा न देनेके लिये जिद करना, हठ करना।

मचला (हिं० वि०) अनजान वननेवाला, जो वोलनेके अवसर पर जान बूझ कर चुप रहे।

मचलाना (हिं० क्रि०) १ कै मालूम होना, ओकाई आना। २ किसीको मचलनेमें प्रवृत्त करना।

मचवरम्—मन्द्राज प्रदेशके गोदावरी जिलान्तर्गत अमलापुर तालुकका एक प्राचीन नगर। यहां वाणिज्यकी उतनी उन्नति नहीं देखी जाती।

मचवा (हिं० पु०) १ खाट, पलंग। २ खटिया या चौकीका पावा। ३ नाव, किश्ती।

मचान (हिं० स्त्री०) १ चार खम्भों पर वांसका टट्टर वांध कर वनाया हुआ स्थान। इस स्थान पर वैठ कर शिकार खेलते वा खेतकी रखवाली करते हैं। ३ दीया रखनेकी टिकठी, दीवट।

मचाना (हिं० क्रि०) ऐसा कार्य आरम्भ करना जिसमें हुल्लड़ हो।

मचामच (हिं० स्त्री०) किसी पदार्थको दवानेसे होनेवाला मचमच शब्द, दुमचनेका शब्द।

मचारि (माचाड़ि)—राजपुतानेके अलवर-राज्यके अन्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा० २७° १५′ उ० तथा देशा० ७६° ४०′ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां सम्राट् शेरशाहके प्रसिद्ध वजीर हीमूका प्रासाद था। मुगल-सम्राट् अकवरशाहके सेनादलके वहुत चेष्टा करने पर यह स्थान उनके अन्तर्भुक्त हुआ। १६६१ ई० तक यहां अलवर-राजवंशधर राव कल्याणसिंहके पुत्र राव आनन्दसिंहने अपना शासन विस्तार किया था। इसी नगरमें ही उनकी राजधानी थी। १७७५ ई०में अलवर-

दुर्ग अंगरेजोंके दखलमें आने पर यह स्थान श्रीभ्रष्ट हो गया है।

मर्चादा—बम्बई प्रदेशके काठियावाड़ विभागके दलासा पर्वतप्रान्तस्थित एक गण्डग्राम। यहां १८६१ ई०के दिसम्बर मासमें बघेल-विद्रोही सरदार मणिक और अंगरेजी सेनाके साथ घोरतर युद्ध हुआ था, जिसमें कप्तान हेवर्ट और ला-टुच मृत्युके करालमुखमें पतित हुए थे। उक्त दोनों सेनानीकी कब्र पर स्मृतिस्तम्भ रक्षित है। उसके वीस कोस दक्षिण-पश्चिम राजकोट-गिर्जामें इस युद्धके सम्बन्धमें एक शिलाफलक मौजूद है।

मचिया (हिं० स्त्री०) ऊंचे पायोंकी एक आदमीके बैठनेयोग्य छोटी चारपाई।

मचीदा—१ मध्यप्रदेशके सम्बलपुर जिलान्तर्गत एक सामन्त-राज्य। भूपरिमाण १० वर्गमील है।

२ उक्त सामन्त-राज्यका प्रधान नगर। यह अक्षा० २१° ४६' उ० तथा देशा० ८३° ३८' पू०के मध्य अवस्थित है। यहांके सर्दार-उपाधिधारी जमींदार गौंड़वंशीय हैं। पहले वे लोग बड़ा अत्याचार करते थे, पर आजकल शान्त हैं।

मचीवारा—पञ्जाब प्रदेशके लुधियाना जिलान्तर्गत एक नगर तथा सिमराला तहसीलका सदर। यह अक्षा० ३०° ५५' उ० तथा देशा० ७६° १२' पू०के मध्य शतद्रु-नदीके किनारे अवस्थित है। महाभारतमें इस प्राचीन नगर-समृद्धिका उल्लेख पाया जाता है, किन्तु आज कल इसकी बाणिज्य-समृद्धिका बहुत कुछ ह्रास हो गया है। यहां दो प्राचीन मसजिदें और बहुतसे हिन्दू तीर्थ तथा सिखोंका परम पवित्र एक 'गुरुवाड़ा' विद्यमान है।

मचेरी (हिं० स्त्री०) वह लकड़ी जो बैलोंके जुएके नीचे रहती है।

मचोला (हिं० पु०) एक प्रकारका पौधा जो बंगालकी खाड़ी दलदलोंमें होता है। इससे सुहागा बनता है।

मच्छ (सं० पु०) १ बड़ी मछली। २ दोहेके सोलहवें भेदका नाम। इसमें ७ गुरु और ३४ लघु मात्राएं होती हैं।

मच्छअसवारी (हिं० पु०) कामदेव, मदन।

मच्छघातिनी (हिं० स्त्री०) मछली फँसानेका लम्बा, कांटा।

मच्छड़ (हिं० पु०) एक प्रसिद्ध छोटा पतिंगा। यह वर्षा और ग्रीष्म-ऋतुमें गरम देशोंमें तथा केवल ग्रीष्म ऋतुमें कुछ ठंढे देशोंमें पाया जाता है।

विशेष विवरण मशक शब्दमें देखो।

मच्छर (हिं० पु०) १ मच्छड़ देखो। २ क्रोध, गुस्सा।

मच्छरिया (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी बुलबुल। २ २ मछली देखो।

मच्छसीमा (हिं० स्त्री०) भूमि सम्बन्धी, झगड़ोंका वह निबटारा जो किसी नदी आदिकी सीमा मान कर किया जाता है।

मच्छी (हिं० स्त्री०) मछली देखो।

मच्छीकांटा (हिं० पु०) एक प्रकारकी सिलाई। इसमें सीए जानेवाले टुकड़ोंके बीचमें एक प्रकारकी पतली जाली-सी बन जाती है। २ कालीनमें एक प्रकारकी जालीदार बेल।

मच्छीमार (हिं० पु०) मल्लाह, धीवर।

मच्छेन्द्र—नेपालस्थित बौद्ध और हिन्दूपूजित देवताविशेष।

नेपाल और मत्स्येन्द्रनाथ देखो।

मच्छेन्द्रगढ़—बम्बई प्रदेशके सतारा जिलान्तर्गत एक गिरिदुर्ग। १६७६ ई०में महाराष्ट्र-केशरी शिवाजीने यह दुर्ग बनवाया था। यहां मत्स्येन्द्रनाथका एक प्राचीन मन्दिर देखा जाता है। पासके ग्रामवासी एक भक्त इस देवताकी पूजाके लिये यहां उपस्थित हुए थे। उनके वंशधरगण अब तक भी इस देव-मन्दिरकी सेवा करते हैं। प्रति वर्ष यहां एक मेला लगता है।

प्रतिनिधिवंशने १८१० ई० तक इस दुर्गको अपने अधिकारमें किया था। बाद उसके बापू गोखलेने इस दुर्गको जीता और पेशवाको इसका शासन करने दिया। १८१८ ई०के बाद यह अङ्गरेजोंके हाथ आया।

मच्छेन्द्रयात्रा—नेपालराज्यमें मच्छेन्द्रनाथ देवके पूजोपलक्षमें अनुष्ठित उत्सवभेद। नेपाल देखो।

मछलन्दपुर (मसलन्दपुर)—बङ्गालके चौबीस परगनाके अन्तर्गत एक गण्डग्राम। यहां आस-पासके गावोंके खरीदने बेचनेके लिये एक हाट लगती है।

रेलवे स्टेशन रहनेके कारण यहांके वाणिज्यमें विशेष सुविधा होती है। यहांसे वसीरहाट जाने आनेकी सुविधा है।

मछलागांव--अयोध्या प्रदेशके गोंडा जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। करुयानाथ महादेवका मन्दिर रहनेके कारण यह स्थान विख्यात है। यहां शिवरात्रिके उपलक्षमें बहुत मनुष्योंका समागम होता है।

मछली (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारका जीव जो सदा जलमें रहता है। विशेष विवरण मत्स्य शब्दमें देखो। २ मछलीके आकारका कोई पदार्थ। ३ मछलीके आकारका बना हुआ सोने, चांदी आदिका लटकन जो प्रायः कुछ गहनोंमें लगाया जाता है।

मछलीगोता (हिं० पु०) कुश्तीका एक पेंच।

मछलीडंड (हिं० पु०) एक प्रकारका डंड। इसमें दोनों हाथ जमीन पर पास पास रख कर छाती और कोहनीको जमीनसे ऊपर करते हुए मछलीके समान उछलते हैं। इसमें पंजोंको नीचे जमीन पर पटकनेसे आवाज होती है।

मछलीदार (हिं० पु०) दरीकी एक प्रकारकी बुनावट।

मछलीपत्तन—मद्रासप्रदेशके अन्तर्गत भारतोपकूलवर्त्ती एक प्रधान नगर और वन्दर। यह अक्षा० १६° ११' उ० तथा देशा० ८१° ८' पू०के मध्य अवस्थित है। इस नगरकी पूर्वतन वाणिज्य-समृद्धि बहुत दूर यूरोप तक फैली हुई थी। ग्रीक-भौगोलिकोंने इस वन्दरको Masolia शब्दसे उल्लेख किया है। अलावा इसके बहुतोंका अनुमान है, कि इस वन्दरमें पहले समुद्रज मत्स्य (मछली)-का कारवार था, इसी कारण इस स्थानका 'मछलीपत्तन' नाम पड़ा।

करमण्डल उपकूलमें इस नगरकी रक्षाके लिये जो दुर्ग है, उससे डेढ़ कोस पर समुद्रके किनारे मछलीवन्दर नामकी देशीय लोगोंकी एक वस्ती है। इसीके नामसे समूचे वन्दरका नाम 'वन्दर' हुआ है। १८६५ ई० में इस दुर्गसे सेनादल इधर उधर चला गया है, इसलिये यह दुर्ग अभी टूटे फूटे खंडहरोंमें पड़ा है। इसके पास ही प्रोटेस्टेन्ट और रोमन कैथलिक खृष्टानका एक गिर्जा है। उत्तर-पश्चिमकी ओर ऊंचे स्थान पर यूरोपियोंका एक मकान देखा जाता है। यहां अभी भी एक फरासीसियोंकी कोठी है। वर्षाकालमें और सव स्थान जलमग्न हो जाता है। १८६४ ई०में भीषण भूकम्प होनेसे यहांका वहुत-सा स्थान टूट गया था।

दाक्षिणात्यके मध्य यह सवसे श्रेष्ठ वन्दर है। कोकनद (काकनाडा) और वैजवाड़ासे नाव द्वारा वाणिज्यकी आमदनी रफतनी होनेसे यहांका प्रभाव वहुत कुछ खर्व हो गया है।

इस स्थानमें हिन्दूशासनके प्राधान्यका कोई भी निदर्शन नहीं देखा जाता। १४०० ई०में सिंहलस्थ अरवी वणिकोंने दाक्षिणात्य आक्रमणके समय इस स्थानमें वाणिज्यकी उपयोगिता देख कर यहां वाणिज्य-वन्दर स्थापन किया था। १४२५ ई०में कर्णाटक-राजने दाक्षिणात्यके वाह्मणी-राजाओंके साथ युद्धमें मुसलमानी सेनाकी सहायता मिलनेसे उन लोगोंकी उपासनाके लिये यहां एक मसजिद् वनानेकी आज्ञा दी। १४७६ ई०में वाह्मणी-राज २य महम्मद मछलीपत्तनके अधिकारी हुए। वाद उसके उड़िष्याराजवंशके अभ्युत्थानमें वाह्मणी-राजवंश हीनवल हो गया और यह वन्दर उन लोगोंके अधिकारभुक्त हुआ। क्रमशः जव गजपतिवंशका प्रभाव दव गया तव गोलकुंडा-पति सुलतान कुतव शाहने यहांका आधिपत्य पाया। इस समयसे प्रायः ५० वर्ष तक यह गोलकुंडा-राजके अधिकारमें रहा। तभीसे यहांकी वाणिज्यसमृद्धिकी दिन प्रतिदिन उन्नति होती गई। गोलकुंडा-राजवंशके राजत्वकालमें अंगरेज आदि यूरोपीय वणिकोंने यहां प्रवेश किया और वाणिज्यकी उन्नति और विस्तारमें विशेष मनोयोग दिया।

यथार्थमें करमण्डल-कूलस्थ मछलीपत्तन ही अंगरेजोंका प्रथम उपनिवेश कहा जाता है। जव पुलिकटमें वाणिज्य-कोठी वनानेमें व्यर्थमनोरथ हुए, तव अंगरेजोंने 'ग्लोव' पोतके अध्यक्ष कैप्टेन हिपानकी सहायतासे यहां १६११ ई०में एजेन्सी खोली। यही अंगरेज इष्ट इण्डिया कम्पनीकी '७म भारतयात्रा' नामसे प्रसिद्ध है। इसके वाद १६२२ ई०में अंगरेज-वणिकगण ओलन्दाज वणिकों द्वारा स्पाइस आइलेण्ड और पुलिकटसे विताड़ित हो कर मछलीपत्तन आये और यहीं उन्होंने कोठी वनाई।

१६२८ ई०में वे सव इस स्थानसे विताड़ित हुए। इसके चार वर्ष वाद गोलकुण्डा-राजके फरमानमें उन्होंने फिर इस वन्दरमें प्रवेश किया। उसे अंगरेजी इतिहासमें 'गोल्डन-फरमान' कहा गया है।

ओलन्दाजके वाद अंगरेज वणिकगण इस स्थानमें वाणिज्यकार्यकी परिचालना करने लगे। उसके वाद १६६८ ई०में फारसी वणिक् वाणिज्यमें हिस्सा लेनेके लिये यहां तक आये। १६८६ ई०में गोलकुण्डा-राजके साथ मनमुटाव हुआ और अंगरेजोंको वाणिज्य-रहित करनेकी आज्ञा दी तथा ओलन्दाजोंने नगरमें अपना स्वत्त्व जमा कर अंगरेज-वणिकोंको वहांसे विताड़ित किया। किन्तु उनका यह मनोरथ सुसिद्ध नहीं होने पाया। उसके तीन वर्ष वाद सम्राट् औरङ्गजेवके सेनापति जुलफिकार खांने यहां आकर यहांकी कोठी लूटी। १६८० ई०में अंगरेजगण मुगल-सम्राट्के फरमानके अनुसार मछलीपत्तनके पूर्ण अधिकारी हुए। इसके वाद कर्णाटक युद्ध तक यहां किसी तरहका गोलमाल नहीं हुआ।

१७५० ई०में निजामने यह नगर और आस-पासके स्थान फरासीसियोंको अर्पण किये। १७५६ ई०से लेकर १७५९ ई० तकके लिए अंगरेजोंको इस वन्दरसे अधिकार-च्युत किया गया। शेषोक्त वर्षमें अंगरेज-सेनापति फर्डने जबरदस्ती यह दुर्ग अपने अधिकारमें कर लिया। १७६६ ई०में सारा उत्तर-सरकार अंगरेजोंके हाथ लगा।

भारतीय सूती कपड़ोंकी उत्कृष्टता पर मुग्ध हो कर अंगरेज-वणिकोंने लाभकी आशासे पहले यहां आ कर कोठी खोली। वहुत पहलेसे ही स्थानीय छींटकी प्रसिद्धि वहुत दूर तक फैली हुई थी। उसकी उत्कृष्टता पर मुग्ध होकर सुदूर यूरोप, पारस्य, अफ्रिका, व्रह्म और भारतीय द्वीपपुञ्ज-वासियोंका मन आकृष्ट हुआ था। वे लोग आदर और आग्रहसे वह छींट लेने लगे। अभी भी यहांके जुलाहों द्वारा प्रस्तुत प्रसिद्ध 'माटापोलम' वस्त्र तथा तौलिया, टेवल-क्लाथ आदि उत्कृष्ट सूती कपड़ोंकी विदेशमें रफ्तनी होती है।

यह स्थान तेलगू राज्यमें खृष्टधर्म प्रचारका केन्द्र-स्थल माना गया है। खृष्टधर्मके प्रभावसे यहां शिक्षाकी विशेष उन्नति हुई है तथा वहुतसे लोग अंगरेजों द्वारा पालित होते हैं। १६४ ई०के भीषण भूकम्प और वाढ़ * से यह नगर सम्पूर्णरूपसे ध्वंस हो गया था, उसी समयसे यहांकी वाणिज्य-समृद्धिका भी ह्रास हो गया है। एतद्भिन्न मद्रासमें रेलपथ विस्तार होने तथा सिकेन्द्रावाद-से रंगून शहरमें सेना नहीं जाने आनेसे १८६५ ई०में यहांका दुर्ग छोड़ दिया गया।

मछलीवन्दर—मद्रास प्रदेशके कृष्णा जिलाके अन्तर्गत एक तहसील। मछलीपत्तन देखो।

मछलीमार (हिं० पु०) मछली मारनेवाला, धीवर।

मछलीशहर—१ युक्तप्रदेशके जौनपुर जिलान्तर्गत एक तहसील। यह अक्षा० २५° ३०′ से ले कर २५ ५५′ उ० तथा देशा० ८२° ७′ से लेकर ८२° २८′ पू०में गोमती नदीके किनार अवस्थित है। घिसवा, मुङ्गरा, वादशाहपुर और गरवारा परगना इसी तहसीलमें है।

२ उक्त जिलाका एक नगर और उसी नामके तहसीलका विचार-सदर। यह अक्षा० २५° ४०′ उ० तथा देशा ८२° २५′ पू०के मध्य अवस्थित है। इस नगरका प्राचीन नाम घिसवा है। प्रवाद है कि, एक भर-सर्दार यहां राजत्व करता था। वह अपने ही नाम पर यह स्थान स्थापित कर गया। नगरका भाग दलदलसे आच्छन्न है। वर्षा ऋतुमें वाढ़से सव स्थान जलमग्न हो जाता है और मछलियां खूब हो जाती हैं, इसीलिये इस स्थानका नाम 'मछलीशहर' पड़ा है। राजपूतोंने पहले भर जातिको यहांसे भगा दिया, वाद वे भी मुसलमानों द्वारा विताड़ित हुए।

मछवा (हिं० पु०) १ वह नाव जिस पर बैठ कर मछलीका अधिकार किया जाता है। २ मल्लाह, धीवर।

मछुआ (हिं० पु०) मछली मारनेवाला, धीवर।

मछुवा (हिं० पु०) मछुआ देखो।

मछेह (हिं० पु०) शहदका छत्ता।

मछोतर (हिं० पु०) मछलीके आकारका, मछलीका वह

---

* इस भूकम्पमें मछलीपत्तनके सब गृहादि उड़ गये तथा असंख्य मनुष्य वाढ़में वह गये। मछलीपत्तनकी इस दुर्दशाके वारेमें मि० गर्डन मेकेञ्जी विशदरूपसे लिख गये हैं।

टुकड़ा जिसकी सहायतासे हरिसमें हल जुड़ा रहता है।

मछरेता—१ अयोध्याप्रदेशके सीतापुर जिलेका मिश्रिख तहसीलके अन्तर्गत एक परगना। राजा टोडरमल इस स्थानको एक स्वतन्त्र परगनामें निर्दिष्ट कर गये हैं। उस समय केशरीसिंह नामक एक अहवल राज यहांके अधीश्वर थे। इस सामान्त-राजके विना अपराधके अपने कायस्थ-कुलोद्भव दीवानकी हत्या करनेसे सम्राट् अकबर शाह दीवानके दो लड़कोंको इसकी क्षतिपूर्ण करनेके लिये यह सम्पत्ति उनके हवाले की। उन लोगोंकी मृत्युके वाद यह सम्पत्ति कई एक छोटी छोटी जमींदारियोंमें वट गई। अभी ६६ गांव राजपूत, १० कायस्थ, २ ब्राह्मण, ६॥ वैरागीके तथा ७॥ गांव मुसलमान जमींदारोंके अधिकारमें हैं।

२ उक्त तहसीलके अन्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २७° २५′ उ० तथा देशा० ८०° ४१′ पू०के मध्य गोमती नदीके किनारे अवस्थित है। यहां एक प्राचीन दुर्ग और हरिद्वारतीर्थ नामक पुण्यसलिला एक दीर्घिका विद्यमान है।

मजकूर (फा० वि०) जिसका उल्लेख या चर्चा पहले हो चुकी हो, जिक्र किया हुआ।

मजकूर-ए-वाला (फा० वि०) पूर्वोक्त, ऊपर कहा हुआ।

मजकूरात (फा० पु०) शामिलात देहात अराजीका लगान जो गांवके खर्चमें आता है।

मजकूरी (फा० पु०) १ ताल्लुकेदार। २ वह जमीन जिसका वटवारा न हो सके और जो सर्वसाधारणके लिये छोड़ दी गई हो। ३ चपरासी। ४ बिना वेतनका चपरासी। ५ वह मनुष्य जिसे चपरासी अपनी ओरसे अपने सम्मन आदिको तामीलके लिये रख लेते हैं।

मजकुरीतालुक—मुसलमान नवाबोंके समय छोटे छोटे परगने या भूसम्पत्तिका स्वतन्त्र वन्दोवस्त विशेष। इस मजकूरी या मतफरोका तालुकमें भिरोल, मण्डलघाट, चूनाखाली, आसदनगर (मुर्शिदावाद), जहांगीरपुर, कागमारी, शिलवाड़ी, ताहिरपुर, चांदलाइ, संतोष, सातसइका, महम्मदअमीनपुर, पुखुरिया आदि प्रधान है। इसके अलावा ६८ हुजूरी तालुकदार (जो खालसा सिरिस्तामें राज-कर दाखिल करते थे), अन्य छोटे महल और राजमहल आदि सायरात इसीमें हैं।

मजदूरी (फा० स्त्री०) १ मजदूरका काम। २ जीविकानिर्वाहके लिये किया जानेवाला कोई मोटा और परिश्रमका कामका। ३ पारिश्रमिक, वह धन जो किसीको कोई नियत कार्य करने पर मिले। ४ वोझ ढोने या और कोई छोटा-मोटा काम करनेका पुरस्कार।

मजःफरहुसेन—'जाम-इ-जहान्-नामा' नामक ग्रन्थके प्रणेता एक मुसलमान पंडित। ये हकीम गुलाम महम्मद्के पुत्र तथा हकीम महम्मद कासिमके पौत्र थे। इनके पूर्वपुरुष बड़े प्रसिद्ध थे। गुलाम महम्मद्ने सम्राट् फर्रुखसियरको शिक्षा देनेके कारण प्रभूत सम्पत्ति उपार्जन की थी।

ये यूसुफी उर्फमें महावत खां नामसे भी जनसाधारणमें परिचित थे। इनका जन्म १७०६ ई०में औरङ्गावादमें हुआ था। अत्यन्त शैशवास्थामें ही इन्होंने अपनी प्रतिभाका परिचय दिया था। सातवें वर्षमें ही ये कुरान समाप्त कर फारसी भाषा पढ़ने लगे। इसके वाद पन्द्रह वर्षकी अवस्थामें व्याकरण, न्याय, अलंकार विज्ञान और आयुर्वेदशास्त्र अध्ययनमें सफलीभूत हुए। विज्ञानशास्त्रमें इन्होंने विशेष व्युत्पत्ति प्राप्त की थी। आयुर्वेदशास्त्रमें इनका ऐसा ज्ञान था कि इनके शिक्षक भी समय समय पर चमत्कृत हो जाते थे। कुछ दिन वाद ही ये दिल्लीश्वरके यहां चिकित्सकके पद पर नियुक्त हुए। इनकी रची बहुत-सी पुस्तकें मिलती हैं। इन्होंने पूर्वतन महापुरुषोंकी जीवनियां और अलौकिक घटनासमूह तथा प्राचीन कवियोंकी जीवनी और उनके रचित काव्यादि संग्रह किये। यह महाग्रन्थ १७६६ से ६७ ई० तक पांच भागोंमें समाप्त हुआ।

मजनूं (अ० पु०) १ पागल, दीवाना। २ आशिक, प्रेमी। अति दुर्बल मनुष्य, बहुत दुवला पतला आदमी। ४ एक प्रकारका वृक्ष। इसकी शाखाएं झुकी हुई होती हैं। इसे 'वेद मजनूं' भी कहते हैं।

मजनूं—प्रसिद्ध लैला-मजनू नामक फारसीकाव्यके नायक। इनका प्रकृत नाम था कायस। सामन्त-कन्या लैलाके प्रेममें फंस ये एकप्रकारसे पागल ही हो गये थे। जब

इन्हें यह खवर लगी कि लैला किसी दूसरेके साथ व्याही जायगी तव ये हताश हो गये और घर छोड़ दिया। इसीलिये ये 'मजनूँ' (उन्माद) के नामसे प्रसिद्ध हैं। आजकल यह 'लैला-मजनू' नाटक रंगमंच पर खेला जाता है।

मजनू खाँ—सम्राट् अकवर शाहका एक सेनापति। इसने १५०७ ई०में कालञ्जर-दुर्ग अधिकार किया था।

मजवूत (अ० वि०) १ पुष्ट, दृढ़। २ अटल, अचल। ३ वलवान्, सवल।

मजवूती (हिं० स्त्री०) १ दृढ़ता, मजवूतका भाव। २ वल, ताकत। ३ साहस, हिम्मत।

मजवूर (अ० वि०) विवश, लाचार।

मजवूरन (फा० क्रि-वि०) विवश हो कर, लाचारीसे।

मजवूरी (अ० स्त्री०) असमर्थता, लाचारी।

मजमा (अ० पु०) वहुतसे लोगोंका एक स्थानमें जमाव, जमघट।

मजमुआ (अ० वि०) १ संगृहीत, इकट्ठा किया हुआ। (पु०) २ एक ही प्रकारकी वहुतसी चीजोंका समूह, खजाना। ३ एक प्रकारका इत्र। यह कई इत्रोंको एकमें मिला कर वनता है। यह प्रायः जमा हुआ होता है।

मज़मून (अ० पु०) १ विषय, जिस पर कुछ कहा या लिखा जाय। २ लेख।

मजरिया (फा० वि०) प्रवर्त्तित, जो जारी हो।

मजरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका झाड़। इसके डंठलोंसे टोकरे वनाये जाते हैं। यह सिंध और पंजावमें अधिकता से होता है।

मजरूआ (फा० वि०) जोता और वोआ हुआ।

मजरूह (अ० वि०) घायल, जखमी।

मजल (फा० स्त्री०) मंजिल, पड़ाव।

मजलिस (अ० स्त्री०) १ वहुतसे लोगोंकी वैठनेकी जगह, वह स्थान जहां वहुतसे मनुष्य एकत्र हों। २ सभा, समाज। ३ नाच-रंगका स्थान, महफिल।

मजलिसी (अ० पु०) १ निमन्त्रित व्यक्ति, नेवता दे कर मजलिसमें बुलाया हुआ मनुष्य। (वि०) २ मजलिस सम्वन्धी, मजलिसका। ३ सवको प्रसन्न करनेवाला, जो मजलिसमें रहने योग्य हो।

मज़लूम (अ० वि०) अत्याचार पीड़ित, जिस पर जुल्म हुआ हो।

मज़हव (अ० पु०) धार्मिक सम्प्रदाय, मत।

मजहवी (अ० वि०) १ किसी धार्मिक मत या संप्रदायसे सम्वन्ध रखनेवाला। (पु०) २ भंगी-सिक्ख, मेहतर-सिक्ख।

मजा (फा० पु०) १ स्वाद, लज्जत। २ आनन्द, सुख। ३ दिल्लगी, मज़ाक।

मज़ाक (अ० पु०) १ हँसी, ठट्ठा। २ प्रवृत्ति, रुचि।

मजाकन (अ० क्रि-वि०) हँसी-दिल्लगीके तौर पर, मजाकसे।

मज़ाकिया (हिं० क्रि-वि०) मजाकन देखो।

मजाज (फा० पु०) १ गर्व, अभिमान। २ मिजाज देखो।

मजाज़ (अ० वि०) १ कृत्रिम, वनावटी। २ कल्पित, माना हुआ।

मज़ार (अ० पु०) २ समाधि, मकवरा। २ कव्र।

मजाल (अ० स्त्री०) सामर्थ्य, शक्ति।

मजिथिया—पञ्जाव प्रदेशके अमृतसर जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० ३१°५'३०" उ० तथा देश० ७५°१' पू०में अमृतसर नगरसे ५ कोस पर अवस्थित है। मधुजाट नामक एक जाट-सर्दारने इस नगरकी प्रतिष्ठा की थी। उनके वंशधर मजिथिया सर्दारोंका महाराज रणजितसिंहके समय खूव खातिर थी। दोनों नगरमें ही सरदारोंकी वासभूमि है।

मजिद खाँ—दाक्षिणात्यके सावनूर दुर्गके एक पठान शासनकर्त्ता। ये १७२१ ई०में पिता अवदुल गफूर खाँकी मृत्युके वाद पितृ-सम्पत्तिके अधिकारी हुए। राज्याभिषेकके समय ये दाक्षिणात्यके तत्कालीन मुगल-शासनकर्त्ता निजामकी आज्ञाकी अवहेला करनेके कारण मुगलके शत्रु हो गये। वादमें जव मुगल सेनाने सावनूर दुर्ग पर चढ़ाई की, तव ये डर कर निजामके शरणापन्न हुए। १७२०-३० ई०की कोल्हापुर-सताराकी लड़ाईमें इनके कोल्हापुर-राजके पक्षावलम्वन करने पर पुरष्कार-स्वरूप बेलगांवके पूर्व और दक्षिणका कुछ अंश इन्हें

मिला। १७३० ई०में निज़ामने इन्हें दाक्षिणात्यका सहकारी शासनकर्त्ता चुन कर वेलगांव-दुर्गका आधिपत्य प्रदान किया। उसके वाद ये सुन्दा, कनाड़ा और वदनूर प्रदेश अधिकार कर उन्हें इन्होंने अपने राज्यमें मिला लिया।

इस प्रकार जयोल्लाससे गर्वित हो कर १७४६ ई०में इन्होंने कृष्णा और तुङ्गभद्रा नदीके मध्यवर्त्ती स्थान भी महाराष्ट्रोंसे ले लिया।

इस पर पेशवा वाजीरावने क्रुद्ध हो कर उनके विरुद्ध सेना भेजी। १७४७ ई०की सन्धिके अनुसार मजिद खाँको प्रायः ३६ जिले छोड़ देने पड़े। सिर्फ वांकापुर, तोरगल और आजमनगर-दुर्ग तथा हुवली, हांगल आदि १२ जिले इनके पास वचे।

१७४८ ई०में निज़ाम-उल्-मुल्कका देहान्त होने पर हैदरावादके सिंहासनके लिये उनके पुत्र नासिरजंग और पौत्र मुज़ःफरजंगमें विवाद खड़ा हुआ। इस विवादमें फरासीसी-सेनाने मुज़ःफरजंगको तथा अङ्गरेजों और मजिद-परिचालित सेनाने नासिरको सहायता दी, किन्तु नासिरके आचरणसे विरक्त हो कर उन्होंने मुगलोंका साथ छोड़ दिया।

मजिद खां बुद्धिमान, साहसी और वीरचेता थे। लड़ाईमें इनका हृदय ज़रा भी विचलित नहीं होता था। दाक्षिणात्यमें अङ्गरेज, फरासीसी और महाराष्ट्र-विप्लवके समय इन्होंने अदम्य साहसके साथ राजकार्य्य किया था। आज भी दाक्षिणात्यमें जनसाधारणके मुखसे इनकी वीरता और बुद्धिमत्ताका परिचय मिलता है। इन्होंने नई-हुविली नगरीकी स्थापना की थी।

मजिष्ठर (सं० पु०) मजिस्ट्रेट देखो।

मजिस्ट्रेट (अं० पु०) फौजदारी अदालतके अपसर। ये वृटिश भारतके प्रायः जिलेके माल-विभागके प्रधान अधिकारी भी होते हैं।

मजिस्ट्रेटी (अं० स्त्री०) १ मजिस्ट्रेटका कार्य्य या पद। २ मजिस्ट्रेटकी अदालत।

मजीठ (हिं० स्त्री०) समस्त भारतवर्षके पहाड़ी देशोंमें मिलनेवाली एक प्रकारकी लता। इसकी सूखी जड़ और डंठलोंको पानीमें उबाल कर एक प्रकारका उत्कृष्ट लाल या गुलनार रंग तैयार किया जाता है। इस रंगसे सूती और रेशमी कपड़े रंगे जाते हैं।

विशेष विवरण मञ्जिष्ठा शब्दमें देखो।

मजीठी (हिं० स्त्री०) १ वह रस्सी जो जुआठेमें बंधी रहती है, जोत। २ रुई ओटनेकी चर्खीमें लगी हुई बीचबीचकी लकड़ी। यह हमेशा घूमती है जिससे रुईमेंसे बिनौले अलग होते हैं।

मजीरा (हिं० पु०) कांसेकी बनी हुई छोटी छोटी कटोरियोंकी जोड़ी। इन कटोरियोंके बीचमें छेद होता है। छेदोंमें डोरा पिरो कर उसीकी सहायतासे एक कटोरीसे दूसरी पर चोट दे कर संगीतके साथ ताल देते हैं।

मजूमदार—बादशाही अमलमें जो व्यक्ति राजस्व-सम्बन्धीय कागजात रखते थे वे मजूमदार कहलाते थे।

मजूर (हिं० वि०) मजदूर देखो।

मजूरा (हिं० पु०) मजदूर देखो।

मजूरी (हिं० स्त्री०) मजदूरी देखो।

मजेठी (हिं० स्त्री०) सूत कातनेके चर्खेकी एक लकड़ी। यह नीचेसे उन दोनों डंडोंको जोड़े रहती है जिनमें पहिया या चक्कर लगा होता है।

मजेदार (फा० वि०) १ स्वादिष्ट, जायकेदार। २ अच्छा, बढ़िया। ३ जिससे आनन्द आता हो।

मजेदारी (फा० स्त्री०) १ स्वाद। २ आनन्द, मजा।

मज्जकृत् (सं० क्ली०) मज्जानं करोतीति कृ क्विप् तुगागमश्च। अस्थि, हड्डी।

मज्जगतज्वर (सं० पु०) एक प्रकारका ज्वर।

मज्जदमनी (सं० स्त्री०) वन्ध्या कर्कोटकी, बांझ ककोड़ी।

मज्जन् (सं० पु०) मज्जति जस्थिश्वति (मसूज श्वन उक्षन् पूषन् प्लीहन् क्लेदन स्थेहन् मूर्द्धन मजन्नित्यादिन। उण् १।१५८) इति कनिन् निपात्यते च। १ वृक्षादिका उत्तम सारभाग। २ अस्थिमध्यस्थित स्नेहविशेष, हड्डीमेंकी मज्जा। पर्याय—शुक्रकर, अस्थिस्नेह, अस्थिसम्भव, अस्थिसार, भेजस्, वोज,अस्थिज, जोवन, देहसार। सुश्रुतमें लिखा है कि, बड़ी हड्डीके भीतरका मेद ही मज्जा कहलाता है। यदि यह मोटी हड्डीके भीतर हो, तो भी उसे मज्जा ही कहेंगे।

सभी प्राणियोंके हृदयमें जो पतली हड्डी है, उसीमें मेद रहता है।

"स्थूलास्थिषु विशेषेण मज्जा त्वभ्यन्तरे स्थितः।"

(भावप्र०)

इसका गुण बल, शुक्र, रस, श्लेष्म, मेद और मज्जावर्द्धक है। हमलोग जो कुछ खाते हैं, उसका सारांश परिणत हो कर रसरूपमें उत्पन्न होता है तथा असारांश मल और मूत्ररूपमें बाहर निकलता है। पीछे उस रससे शोणित, शोणितसे मांस, मांससे अस्थि और अस्थिसे मज्जाकी उत्पत्ति होती है।

मज्जन (सं० क्ली०) मस्ज ल्युट्। १ स्नान, नहाना। २ मज्जा।

मज्जन (सं० पु०) स्कन्दानुचर मातृभेद।

मज्जफल (सं० क्ली०) माजूफल, सागरगोटा।

मज्जयितृ (सं० त्रि०) मस्ज-णिच्, तृच्। मज्जनकारी।

मज्जर (सं० पु०) तृणविशेष, एक प्रकारकी घास।

मज्जस् (सं० क्ली०) मज्जा।

मज्जसमुद्भव (सं० क्ली०) मज्जा समुद्भव उत्पत्तिस्थानं यस्य। शुक्र। मज्जासे शुक्रकी उत्पत्ति होती है।

मज्जा (सं० स्त्री०) मज्जतीति मस्ज अच्, अजादित्वात् टाप्। अस्थिसार, नलीकी हड्डीके भीतरका गूदा। यह बहुत कोमल और चिकना होता है। इसका गुण—वातनाशक, बल, पित्त और कफप्रद, मांस-सा गन्धयुक्त, बृंहण और बलकर माना गया है।

मज्जाज (सं० पु०) मज्जाया जायते इति जन-ड। भूमिज गुग्गुल।

मज्जामेह (सं० पु०) प्रमेहभेद, मज्जागत प्रमेह।

मज्जारजस् (सं० पु०) गुग्गुल।

मज्जारस (सं० पु०) मज्जया रसः। १ शुक्र, वीर्य। २ सप्तला, सातला।

मज्जावहस्रोत (सं० पु०) मज्जा धातुवाहक नाड़ी।

मज्जासार (सं० क्ली०) मज्जायां सारो यस्य। जातीफल।

मज्जिका (सं० स्त्री०) १ लक्ष्मणाकन्द। २ बक-स्त्री, मादा बगला।

मज्जूक (सं० त्रि०) १ मज्जनशील। (पु०) २ मंडूक, मेढ़क।

मज्जू खाँ—एक विद्रोही-दलपति। १८५८ ई०के गदरमें इसने अपनेको मुरादाबादका नवाब बनवा कर विघोषित कर दिया था और कुछ समय तक शासनकार्य भी चलाया था। सिंहासन पर बैठ कर अंगरेजोंके धन लूटने और उन्हें मार डालनेके लिये जनसाधारणको उभाड़ा था। उसी सालकी १०वीं अप्रिलको जेनरल जोन्सने दलबलके साथ मुरादाबाद आ कर इसे पुत्र सहित पकड़ा और मार डाला।

मज्जूषा (सं० स्त्री०) मज्जन्ति द्रव्याण्यत्र मस्ज उषन् टाप्, निपातनात् साधुः। मंजूषा, छोटा पिटारा।

मज्मन् (सं० क्ली०) मस्ज मनिन पृषोदरादित्वात् साधुः। बल, ताकत।

मझगाँव—युक्तप्रदेशके सीतापुर जिलान्तर्गत एक बड़ा ग्राम। यह नैमिषारण्यसे ८ कोस उत्तर-पश्चिममें अवस्थित है। यहां धनुर्द्धारीनाथके मर्मरपत्थर-निर्मित एक प्रतिमूर्त्ति है। इसे बहुतेरे तिब्बतीय बौद्ध-मूर्त्ति समझते हैं।

मझगांव—युक्तप्रदेशके बांदा जिलान्तर्गत माऊ तहसीलका एक नगर। यह राजापुर नामसे भी मशहूर है और यमुना नदीके दाहिने किनारे बसा हुआ है। यहां रामायणप्रणेता साधक कवि तुलसीदासका वासभवन था। सम्राट् अकबर शाहके समयके अनेक प्राचीन हिन्दू-मन्दिर इस स्थानकी प्राचीन समृद्धि सूचित करते हैं। उन सब मन्दिरोंमें सोमेश्वरका मन्दिर ही सबसे प्रधान है।

राजापुर देखो।

मझधार (हि० स्त्री०) १ नदीकी मध्य धारा, बीच धारा। २ किसी कामका मध्य।

मझरासिंगड़ी (हिं० स्त्री०) बैलोंकी एक जाति।

मझला (हिं० वि०) मध्यका, बीचका।

मझवार—युक्तप्रदेशमें रहनेवाली एक आदिम जाति। मिर्जापुरके दक्षिणस्थ पर्वतोंके आस पास इस जातिका अधिक वास देखा जाता है। पर्वत परके जंगलोंको जला कर कृषिकार्य द्वारा अपना निर्वाह करना इनकी प्रधान जीविका है।

जातितत्त्वविद्गण इनको पार्वतीय गोंड़ जातिकी अन्यतम शाखा बतलाते हैं। यह मजबूत और बलवान् होते हैं। इनका मुख चिपटा, कपाल धंसा हुआ, नाक छोटी,

नाकके छेद वड़े, होठ मोटे और लम्बे तथा घूटने निग्रो जातिके जैसे और उन्हींके जैसे काले होते है। ये नंगे ही रहते हैं, कुछ लोग लज्जा-निवारणके लिये कौपीनकी तरह कटिमें वस्त्र लपेट लेते हैं। जिन्होंने नगरके पास रह कर सभ्यता सीखी है केवल वे ही निम्नश्रेणीके मनुष्यके जैसे कपड़े पहनते है।

मिर्जापुरः मझवार या मांझियोंके मध्य पोइया, तेकना, मराई, वड़का और ओलकू ये पांच स्वतन्त्र थोक हैं। कहते हैं, कि ये लोग जव्वलपुरके पश्चिमदिग्वर्त्ती पर्वतमाला तथा नर्मदा और सोनकी उत्पत्ति भूमिसे आ कर यहां वस गये हैं। ये पश्चिम-विन्ध्य और कैमूर गिरिमालाके पांचों गढ़ोंको अपनी आदिम वासभूमि वतलाते हैं और साथ साथ यह भी कहते हैं कि, उक्त पांच श्रेणीके पूर्वपुरुष पांच भाई थे और भिन्न भिन्न गिरिदुर्गमें राजत्व करते थे। इस प्रकार मराइ मण्डलगढ़, मर्पच्ची सम्बलपुरके अन्तर्गत सारणगढ़, नेताम सोणागढ़, सरोता गाढ़ागढ़, कोरचो फुलझरगढ़, उररे झंचनगढ़, ओमा मरुयागढ़, पोरत रायगढ़, पोइया पाटनगढ़, करियाम खैरागढ़, पोसाम उज्जयिनीगढ़, तेकाम लाञ्जिगढ़ और अरमू चांदगढ़से आये हैं। पूर्वोक्त दुर्गमें इन लोगोंका वास हो सकता है, लेकिन कोरामोंका वास-स्थान विलारीगढ़, मारकामका दन्तगढ़, कुशरोका मोहरगढ़, अरमोरका चिनविलगढ़ तथा अरपत्तियोंका सैदागढ़ आदि स्थान निर्णय करना कठिन है।

प्रायः दश पीढ़ीसे ये लोग आदि वासभूमिका परित्याग कर मिर्जापुरके दुधि और सिरौली परगनेमें तथा सरगुजा सामन्तराज्यमें आ कर वस गये हैं। इन लोगोंका कहना है, कि अयोध्याधिपति रामचन्द्रने जब जनकराजभवनमें महादेवका धनुष तोड़ा तव वह धनुष चार खण्डोंमें विभक्त हुआ। उनमेंसे एक खण्ड नर्मदानदीके किनारे गिरा था इसलिये यह स्थान इनका तीर्थस्थान माना जाता है। अब भी समय समय पर ये लोग इस तीर्थमें जाते हैं।

ये अपने थोकमें विवाह नहीं करते, लेकिन ममेरा, चचेरा, फुफेरा और मौसेरा आदि विवाहमें निषेध नहीं मानते हैं। वहुतोंमें गोंड़-प्रथाके जैसा भाईके लड़के और लड़कीमें विवाह होता है। सरोताओंको निकृष्ट समझ कर पोइयागण उन लोगोंके साथ विवाहादि सम्बन्ध नहीं करते।

दूरदेशवासी होने पर भी सधर्माचारी माझिगण परस्परमें पुत्र-कन्या प्रदानमें कुण्ठित नहीं होते है। साधारणतः ये लोग एक ही शादी करते हैं, किन्तु स्त्री यदि वन्ध्यादि दोषयुक्त हो जाय तो ये दूसरी शादी भी कर सकते हैं। उच्चश्रेणी अथवा धनशाली माझिगण बहुपत्नी रखनेमें अपना गौरव समझते हैं।

स्वामी अपनी स्त्रीको अपने ही साथ रखते हैं। स्त्रियोंके मध्य ज्येष्ठा सर्वापेक्षा माननीया और गृहकर्त्रीरूपमें विवेचित होती हैं। यहां तक, कि जातीय सभामें भी वे सम्मान पाती हैं। विवाहके पहले वालिकाओंकी स्वाधीनता कुछ अधिक होती है। वे गीत गाती तथा गांव गांवमें भ्रमण कर अपने जातिवर्गोंमें अपना परिचय देती हैं। इस तरह स्वेच्छाविहारिणी हो कर यदि वे किसी पुरुषके प्रेममें आसक्त हो जांय, तो उन्हें जातीय सभासे किसी विशेष प्रकारकी सजा नहीं मिलती हैं। कन्याकी इस निन्दनीय आसक्तिके लिये उनके पिता अथवा समय समय पर उनके उपपतिको समाजको मनस्तुष्टिके लिये भोज देना पड़ता है और तब विवाह होता है। किन्तु यदि युवती कन्या किसी अन्य जातिके पुरुषसे फंस जाय, तो वह जातिसे निकाल वाहर कर दी जाती है तथा उस उपपतिके सहवासमें रह कर अपना गुजारा करती है।

इन लोगोंमें वाल्यविवाह प्रचलित है। किन्तु वालक और वालिकाका यथाक्रम सोलह और वारह वर्षमें ही विवाह दिया जाता है। गोंड़ जातिसे इनकी विवाह-प्रथा एकदम स्वतन्त्र है। विवाहकी वात पक्की करनेके लिये पूर्णिमाकी रात्रि ही प्रशस्त है।

विवाहके समय ये लोग कन्याके मामाकी स्त्रीको वस्त्रादि उपढौकन देते हैं तथा वरका मामा अपने भागिनेयको यौतुक-स्वरूप रुपये देता है। विवाह हो जाने पर वरकर्त्ता अपने सालेको गाय या भैंस उपहारमें देता है। इसको ये लोग मामाकी 'विदाई' कहते हैं।

इन लोगोंमें व्यवस्था देनेकी भी प्रथा है। वर-वधूको जब लाने जाते हैं तो पहले उजला वस्त्र पहनते हैं, रंगा हुआ वस्त्र पहनना ऐसे शुभकार्यमें निषेध है। यात्राके पहले माता पुत्रको वरण करती है जो 'परछन' कहलाता है। ये लोग पालकी आदि पर चढ़ कर कन्याके घर नहीं जाते, ऐसा करनेसे जातिच्युति होती है। ये विवाहमें कन्याको हँसुली और बाजू देते हैं।

भूत भगानेके लिये इनकी विशेष ख्याति है। अपेक्षाकृत उच्च मफ्फवारोंके मध्य ब्राह्मण ही इनके शुभलग्नका विचार करते हैं किन्तु किसी काममें ब्राह्मण पौरोहित्य नहीं करते।

विवाहमें सिन्दूर-दानके बाद सब काम समाप्त होने पर वर और कन्या भीतर घरमें लिवाई जाती हैं जिसको 'कोहवर' या 'बासर घर' कहते हैं। इसमें केवल वर और कन्या रहती हैं, दूसरा कोई इस घरमें नहीं जा सकता। कन्याका भाई घरके द्वारको बन्द किये रहता है। जिनको नव दम्पति देखनेकी अभिलाषा होती है वे वर और कन्या-यात्रिगणको कुछ दे कर ही देखने पाते हैं।

द्विरागमनके बाद इनका 'पाकस्पर्श' होता है। नवविवाहिता कुलवधू अपने हाथसे रसोई बना कर स्वजातिवर्गको खिलाती है।

एतद्भिन्न दरिद्रके लिये 'वीणा' विवाह और विधवाके लिये 'सगाई' विवाह भी चलता है। वीणा-विवाह-प्रथा बहुत कुछ अहमद-देशीय 'घर-जमाई' प्रथासे मिलता जुलता है, किन्तु इस विवाहमें जामाताको कुछ दिन तक अपने भावी ससुरालमें काम करना पड़ता है।

सगाई-विवाहमें देवरको ही विवाह करना सर्ववादिसम्मत है ; किन्तु यदि देवरको भौजाईसे विवाह करना नापसन्द हो, तो वह रमणी दूसरेसे विवाह कर सकती है।

विवाहके पश्चात् यदि स्वामी उन्माद, ध्वजभङ्ग या निरुद्देश हो जाय, तो रमणी दूसरेको अपना पति बना सकती है, किन्तु इस अवस्थामें भी देवरको विवाह करना ही नियम है।

सगाईके समय विधवा रमणीके पूर्व विवाह-प्रदत्त कन्यापण नये स्वामीको लौटा देना पड़ता है। औरसजात पुत्र पितृधनका अधिकारी होता है। जबलों पिता जीवित रहते हैं तबलों कोई भी सम्पत्तिको बांट नहीं सकता। पिताकी मृत्यु होनेके बाद वह अपना अपना हिस्सा ले कर स्वतन्त्र स्थानमें रहता है। विवाहिता पत्नीके गर्भजात और रक्षिता रमणीके गर्भजात सन्तान पितृजातिको प्राप्त होती हैं, किन्तु अवैध जात सन्तान अपनी श्रेणीमें एक साथ भोजन नहीं कर सकती।

जातपुत्री कोई विधवा रमणी यदि स्वजातिमें विवाह करे, तो उसका पुत्र पितृबन्धुओंके साथ एकत्र वास कर सकता है और पितृ-सम्पत्तिका अधिकारी होता है ; किंतु यदि वह रमणी स्ववंश-बहिर्भूत किसी दूसरे व्यक्तिसे विवाह करे, तो उसका पूर्वस्वामिके धन पर भी अधिकार नहीं रहता, वरन् वह पुत्र अपने पूर्वपिताके धनका अधिकारी होता है। किन्तु कहीं कहीं यही पुत्र दोनों पिताके ही धनका अधिकारी होते देखा जाता है। विधवा रमणी स्वामीकी सम्पत्तिको बरबाद नहीं कर सकती, लेकिन वे अपने भरण-पोषणका दावा कर सकती हैं।

विधवाके लिये दोनों स्वामिजात सन्तान हीसे मान है। उनमें भी कोई तारतम्य नहीं दिखाई पड़ता। पिताके धनके एकमात्र पुत्रगण ही उत्तराधिकारी होते हैं। सिर्फ ज्येष्ठ पुत्र ही सम्पत्तिके समान भागका दशांश अधिक पाता है। पुत्र नहीं होने पर परिवारके भ्राता या भ्रातृपुत्रगण और बड़े या छोटे चचा सम्पत्तिके अधिकारी होते हैं, किंतु इन सबोंको मृत व्यक्तिकी विधवा पत्नीका भरण-पोषण करना ही होगा। उसका चालचलन खराब होने पर वह घरसे निकाल दी जाती है। कन्या विवाह पर्यन्त बपौती धनकी अंशभागिनी होती है। उसको तब तक जीवन-यात्रा और विवाह-व्यय पितृसम्पत्तिसे निर्वाह करना होता है। पिताके मर जानेके बाद जातपुत्र बपौती धनका हकदार नहीं हो सकता, तब यदि पिता मृत्युके समय अपनी पत्नीके गर्भजातको लिख जाय, तो उसको सम्पत्ति-लाभकी आशा रहती है। गृहत्यागी व्यक्तिको धनमें कुछ भी इख्तियार नहीं रहता।

पुत्रहीन व्यक्ति दत्तक ले सकता है लेकिन दौहित्रके जीवित रहने पर किसीको दत्तक लेनेकी क्षमता नहीं है। इस दत्तक ग्रहणके सम्बन्धमें इनमें बहुत-से नियम हैं जिनमें निम्नलिखित ही प्रधान हैं,—

१। प्रथम दत्तक जीवित रहनेसे द्वितीय दत्तक नहीं ले सकते।

२। अविवाहिता, अन्ध, लंगड़ा, अपत्नीक और संन्यासी दत्तक ग्रहण नहीं कर सकते।

३। पुत्रहीन विधवा स्त्रीको दत्तक लेनेका अधिकार नहीं। वह अपनी सम्पत्ति किसी निकट आत्मीयको दे सकती है। किन्तु उत्तराधिकारियोंकी रायसे विधवा रमणी दत्तक ले सकती है।

४। ज्येष्ठ पुत्रको दत्तक देनेका नियम नहीं है। अविवाहित पुत्रमात्रको ही दत्तक दिया जा सकता है लेकिन कन्याको नहीं। भ्रातृ सम्पर्कीय किसी निकटात्मीयके पुत्रको दत्तक लेना चाहिये। गृहीता और दत्तक दोनों ही एक श्रेणी या थोकभुक्त होगा।

यदि किसी व्यक्तिके दत्तक लेनेके वाद पुत्र उत्पन्न हो, तो उसके दोनों ही पुत्रको पितृसम्पत्तिका समान अंश मिलेगा। घोणा-विवाहमें जिस लड़केको घर-जमाई रखा जाता है वह भी एक प्रकारका दत्तक-सा है। प्रायः तीन वर्ष तक वह भावी स्वसुरके यहां रह कर पुत्रके ऐसा सब काम करता है। वाद उसके कन्याके पिता अपनी लड़कीसे उसका विवाह करा देते हैं। इस विवाहका कुल खर्च कन्याके पिताको ही देना पड़ता है। विवाहके वाद इस लड़केसे कोई काम नही करा सकते और न उसको स्वसुरकी सम्पत्ति पर कुछ अधिकार ही रहता है।

प्रसूतिके गर्भावस्थामें कोई संस्कार नहीं रहता। पूर्वमुखी हो कर रमणीको सन्तान प्रसव करना होता है। चमारी आती है और जातवालकको नाभी काट कर वाहर मैदानमें गाड़ देती है। छः दिनमें छठि (षष्ठी) पूजा होती है। इस दिन प्रसूति और जातवालकको स्नान करा कर शुद्ध कराया जाता है।

वरही अर्थात् वारह दिनमें जातवालकका मुण्डन होता है। वालककी पीसी या ज्येष्ठ वहनको ही प्रसूतिकागृह साफ करना होता है।

शवदेहको खुले मैदानमें ले जाते हैं और मृतके मुखमें पिण्ड देकर जलाते हैं और कोई गाड़ भी देते हैं। दाहके वाद ये मृतकी अस्थि ले कर गंगामें फेंक देते हैं। तीसरे दिन गृहस्थ पुरुष वाल कटाते और चौथे दिन श्राद्धका भोज होता है। दशवें दिन अशौचान्त होने पर जातिवर्ग एकत्रित हो कर सिरके वाल, दाढ़ी और मूँछ कटवाते हैं।

शवदाहके वाद घर लौटते हैं और उसी रातको खानेकी चीज रास्तेमें फेक देते हैं। कारण, इनका विश्वास है, कि प्रेतात्मा उसी रास्तेमें विचरण करती है। पुत्र उत्पन्न होने पर पातारि आ कर कहता है, कि इस पुत्ररूपमें तुम्हारे पूर्वपुरुषके अमुक व्यक्तिने जन्म लिया है, तब वे उसी मृत व्यक्तिके नामानुसार जातपुत्रका नामकरण करते हैं। गौके वछड़ा देने पर जव वह दूध नहीं पीता, तो उसके प्रतिकारके लिये ओझा बुलवाया जाता है। ओझा आ कर कहता है, कि इस वछड़ेके रूपमें तुम्हारे पिताने जन्मग्रहण किया है। यह सुन कर ये लोग वछड़ेको वड़े यत्नसे रखते हैं, और कभी भी उसे हलमें नहीं जोतते।

मृत व्यक्तिकी यादगारीमें ये कभी भी स्मृतिस्तम्भ नहीं रखते। आजकल वहुतसे उन्नत माझी हिन्दूके आचार-व्यवहारका अनुकरण करते हैं।

इनके 'पातारिगण' वहुत कुछ गोंड़ जातिके 'प्रधान'-के समतुल्य हैं। वे एकत्र हो ब्राह्मण और महाब्राह्मणका काम करते हैं। मझवारगण महादेव, बुड़ा, देवी, लिंगो और दिह नामक देव तथा देवी और देवहारिणी आदि देवमूर्त्तिकी उपासना करते हैं। अलावा इसके ये लोग भूत, नाग और मुसलमान फकीर आदिकी भी पूजा करते हैं।

'करम्' नृत्य ही इनमें परम पवित्र है। स्त्री-पुरुष सभी अपने अपने आंगनमें एकत्र हो कर एक करम वृक्षकी शाखाके चारों ओर नाचते हैं। एक तरफ पुरुष ढोल वजाते और स्त्रियां तान भरती हैं। इस करम-नृत्यमें सभी शराव पीते हैं।

धनी माझिगण वाराणसी, प्रयाग, विन्ध्याचल, अमरकंटक आदि स्थानोंमें तीर्थ करनेके लिये जाते हैं। काशीमें गंगास्नान तथा सोननदीमें स्नान ये बड़ा ही पुण्यजनक मानते हैं। ग्रहण आदिमें स्नान और पौष संक्रान्तिका खिचड़ी पार्वण इनका प्रधान त्योहार है। गो, ब्राह्मण और गंगाजलमें इनको विशेष भक्ति है। जब कभी कसम खानी पड़ती है, तब ब्राह्मणके पैर, गोपुच्छ अथवा गंगाजल स्पर्शसे ही शपथका निवटेरा होता है। कभी कभी अग्निमें कूद अथवा गंगामें जा कर ये लोग अपने दिव्यकी सार्थकता दिखाते हैं। इसके सिवा अन्यान्य अशिक्षित असभ्य जातिकी नाईं डाइन, भूतावेश, स्वप्नफल तथा कृषिकार्यमें दैव या भौतिक शक्तिसञ्चार होनेसे इनकी अवस्था विलक्षण हो जाती है। तनिक भी शंका होने पर किसी एक छोटे काममें भी उपदेवतादिकी शान्तिके विना ये छुटकारा नहीं पाते।

स्त्रियां आभूषण पहनना खूब पसन्द करती हैं। चोली नहीं पननेसे शरीरकी शोभा नहीं होती। उनका विश्वास है, कि जो चोली नहीं पहनती उनको ईश्वर स्वर्गमें स्थान नहीं देते हैं। वहुत सी स्त्रियां गलेमें शीतलादेवीके मूर्त्ति-अंकित पदक पहनती हैं।

मझावन—वाराणसी विभागके वस्ती जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह मोक्षवन नामसे प्रसिद्ध है। यहां बौद्धप्रधानताके समय विहारादि प्रतिष्ठित हुए थे।

मझिया (हिं० स्त्री०) लकड़ीकी वह पट्टियां जो गाड़ीके पेंदेमें लगी रहती हैं।

मझियाना (हिं० क्रि०) मध्यमें हो कर आना, वीचसे हो कर निकलना।

मझुआ (हिं० पु०) हाथमें पहननेकी एक प्रकारकी चूड़ी जो पछेलाके वाद होती है।

मझेरा—युक्तप्रदेशके मुजफ्फर नगर जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यहां मुसलमानोंकी अनेक कब्र विद्यमान हैं। इसमेंसे सैयद महम्मद खाँ द्वारा ६७२ हिजरीमें निर्मित सैयद शाह और उनकी माका समाधि-मन्दिर प्रधान है। यह कब्र सबसे सुन्दर है। पहले सैयद महम्मदने अपनी कब्रके लिये यह मकबारा वनवाया था, पर दुर्भाग्यवशतः उनके जीते-जी प्रियतमा पत्नीका प्राण-वियोग हो जानेसे उन्हें इस समाधि-मन्दिरमें स्थान दिया गया। (२) सैयद महम्मद खांका श्वेतमर्मर निर्मित समाधिमन्दिर। यह ६८२ हिजरीमें वनवाया गया था। (३) मराण सैयद हुसेनका १००० हि०का वना हुआ समाधि-मन्दिर। (४) सैयद उमार नुरका समाधिमन्दिर और (५) अष्टकोण प्रस्तरस्तूप उल्लेखयोग्य हैं। शेषोक्त स्तूप सैयद महम्मद खाँके पिताका वनाया हुआ है।

मझिरू (हिं० पु०) जुलाहोंके ऊड़ी नामक औजारके वीचकी लकड़ी।

मझेला (हिं० पु०) १ चमारोंका एक विलश्त लम्बा एक प्रकारका औजार। इससे जूतेका तला सिया जाता है। २ लोहेका एक औजार। इसमें लकड़ीका दस्ता लगा रहता है। यह चमड़े परका खुरखुरापन दूर करनेके काममें आता है।

मझोला (हिं० वि०) १ मझला, वीचका। २ मध्यम आकारका, जो आकारके विचारसे न वहुत वड़ा हो और न वहुत छोटा।

मझोली (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी वैलगाड़ी। २ टेकुरीकी तरहका एक औजार। इससे जूतेकी नोक सी जाती है।

मझौरा—युक्तप्रदेशके फैजावाद जिलान्तर्गत अकवरपुर तहसीलका एक परगना। यहां पर वैजपुर नामके समीप मधा और विश्वी नामक दो छोटी नदियोंका संगम हुआ है। यह स्थान महापुण्यजनक है। प्रतिवर्ष यहां एक वड़ा मेला लगता है। इस समय उक्त संगममें स्नान करनेके लिये अनेक तीर्थयात्री जुटते हैं। संगमके बाद उक्त दोनों नदियां तोस नामसे वहती हैं। यहां अनेक प्राचीन कीर्त्ति नजर आती हैं।

मझौली-सालिमपुर—युक्तप्रदेशके गोरखपुर जिलान्तर्गत देवरिया तहसीलके दो वड़े वड़े ग्राम। यह छोटी गण्डकके दोनों किनारे अवस्थित हैं। मझौलीमें हिन्दू और सालिमपुरमें मुसलमान रहते हैं। गण्डकतीरवर्त्ती मझौली राजाओंका प्रासाद अवस्थित है। इस समृद्ध वंशने वहुकालकी शासन-विश्रृङ्खलामें प्रचुर सम्पत्ति खो दी है। अभी वृटिश सरकारकी कृपासे सालिमपुर दिन-पर-दिन उन्नति कर रहा है। राजप्रासाद और

दुर्गको छोड़ कर मभौलीमें चार प्राचीन शिव-मन्दिर हैं। यहांसे एक कोस दक्षिण-पूर्व कुण्डिलपुर ग्राममें एक प्राचीनदुर्गका ध्वंसावशेष नजर आता है।

मञ्च (सं० पु०) मञ्चति उच्चासवर्तानि मचि घञ्। १ खट्वा, खाट। २ खाटकी बुनी हुई बैठनेको छोटी पीढ़ी, मँचिया। ३ ऊंचा बना हुआ मंडल। इस पर बैठ कर सर्वसाधारणके सामने किसी प्रकारका कार्य किया जाता है।

मञ्चक (सं० पु०) मञ्च-स्वार्थे कन्। १ खट्वा, खटिया। २ इन्द्रकोष, मचान। ३ उच्च मण्डप।

मञ्चकपर्णी (सं० स्त्री०) सुरपर्णीलता।

मञ्चकाश्रय (सं० पु०) मञ्चकः खट्वादिराश्रयो यस्य। मत्कुण, खटमल।

मञ्चकासुर (सं० पु०) असुरभेद।

मञ्चनआचार्य—आश्वलायनश्रौत सूत्र-प्रयोग - दीपिकाके प्रणेता।

मञ्चमण्डप (सं० पु०) मञ्चो मण्डप इव। शस्यरक्षार्थ कुटीर, खेतोंमें बनी हुई वह मचान जिस पर खेतिहर लोग बैठ कर पशुओं आदिसे खेतोंकी रक्षा करते हैं।

मञ्चल—मन्द्राज प्रदेशके बेल्लरी जिलान्तर्गत एक गण्ड-ग्राम। यह अदोनीसे १० कोस उत्तर अवस्थित है। यहांका रामलिङ्गस्वामी और मन्ताल चेलुम मन्दिर सबसे प्राचीन है। राघवेन्द्राचारीके मन्दिरमें एक शिलाफलक नजर आता है, उपरोक्त दोनों मन्दिरका माहात्म्य स्थलपुराणमें कीर्त्तित हुआ है। प्रायः ३ सौ वर्षका प्राचीन एक संन्यासीका समाधि मन्दिर जनसाधारणके निकट पवित्र समझा जाता है। बहुतों तीर्थयात्री इसके दर्शनमें आते हैं।

मञ्झड़—बम्बई प्रदेशके कराची जिलान्तर्गत शेहरान उपविभागका एक ह्रद। यह अक्षा० २६°२२ से २६°२८´ उ० तथा देशा० ६७°३७´से ६७°४७´ पूर्वके मध्य अवस्थित है। आरल और नारा नामकी दो नदी इसमें गिरती हैं जिससे इसकी शोभा देखते बनती है। वर्षाके समय इसका प्रसार २० मील लम्बा और १० मील चौड़ा होता है। वर्षाके बाद पानीके हट जानेसे वहां अच्छी फसल लगती है। ह्रदका बिचला भाग बहुत गहरा है। उसमें तरह तरहकी मछली रहती है। शीतकालमें प्रस्फुटित पद्मशोभित ह्रदकी शोभा अतीव मनोहर है।

मञ्चदिकरा—मन्द्राजप्रदेशके त्रिवांकुड़ राज्यके अन्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० ९°२६´ उ० तथा देशा० ७६°३५´ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां स्थानीय जातद्रव्यका विस्तृत वाणिज्य होता है।

मञ्जर (सं० क्ली०) मञ्जयति दीप्यते इति मन्ज-अर्। १ मुक्ता, मोती। २ तिलकवृक्ष, तिलका पौधा। ३ वल्ली, नागवल्ली।

मञ्जराबाद—महिसुर राज्यके हुसेन जिलान्तर्गत एक तालुक। यह अक्षा० १२°४०´ से १३°३´ उ० तथा देशा० ७५°३३´से ७५°५७´पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४३८ वर्गमील और जनसंख्या ६० हजारके करीब है इसमें सकलेशपुर नामक एक शहर और २७७ ग्राम लगते हैं।

पश्चिमघाट पर्वतमालाका वनविभाग ले कर यह सम्पत्ति संगठित है। इसका प्राचीन नाम बलम है। १४वीं शताब्दीमें विजयनगरके राजाओंने नगरकी आबादी बढ़ाई। उन्होंने पाटेल सरदारोंके हाथ इस स्थानका शासनभार सौंपा। १९वीं शताब्दीके प्रारम्भ तक उन्होंने यहांका शासन किया था। १७९९ ई०में अंगरेजोंसे श्रीरङ्गपत्तन जीते जानेके बाद उस वंशके शेष राजा वेङ्कटाद्रिनायकने अपनी राज्यसीमा बढ़ानेकी चेष्टा की। इसके दो वर्ष बाद वे अंगरेजोंसे पकड़े और मारे गये। यहांके प्रायः सभी अधिवासिगण वीरचेता हैं। सभी बन्दूक और तलवारका व्यवहार करते हैं। मञ्जराबाद पर्वतमालाका प्राकृतिक दृश्य अतीव मनोहर है।

मञ्जरि (सं० स्त्री०) १ छोटे पौधे या लता आदिका नया निकला हुआ कल्ला, कोंपल। २ कुछ विशेष वृक्षों या पौधोंमें फूलों या फलोंके स्थानमें एक सीकेमें लगे हुए बहुतसे दानोंका समूह।

मञ्जरिका (सं० स्त्री०) मंजरी।

मञ्जरित (सं० त्रि०) मञ्जर-तारकादित्वादितच्। १ अंकुरित। २ मुकुलित।

मञ्जरी (सं० स्त्री०) मञ्जरि-कृदिकारादिति पक्षे ङीष्। १ मुक्ता, मोती। २ तिलवृक्ष, तिलका पेड़। ३ लता। ४ मञ्जरि। मञ्जरि देखो। ५ तुलसी। ६ छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति पादमें १४ अक्षर करके रहते हैं।

मञ्जरीक (सं॰ पु॰) १ गन्ध-तुलसी। २ मुक्ता, मोती। ३ तिलकवृक्ष, तिलका पौधा। ४ तुलसी। ५ वेतसलता, बेंत। ६ अशोकका वृक्ष।

मञ्जरीनम्र (सं॰ पु॰) मञ्जर्यां मञ्जर्यवस्थायामपि नम्रः। वेतसवृक्ष, बेंत।

मञ्जा (सं॰ स्त्री॰) मजि पचाद्यच्, टाप्। १ छागी, बकरी। २ मंजरी।

मञ्जि (सं॰ पु॰) मंजि-इन्। मञ्जरी देखो।

मञ्जिका (सं॰ स्त्री॰) मञ्जयतीति मञ्ज-ण्वुल्, टाप् अत इत्वञ्च। वेश्या, रंडी।

मञ्जिफला (सं॰ स्त्री॰) मञ्जिमञ्जरी फलेऽस्याः। कदली, केला।

मञ्जिरा—बरार प्रदेशके इलिचपुर जिलेके अन्तर्गत मेघ्रघाट विभागका एक प्राचीन ग्राम। इसके सामनेमें जो पर्वत है उसमें गुहामन्दिर और बौद्ध-सङ्घारामादि देखे जाते हैं। अलावा इसके यहां स्तम्भादि अनेक प्राचीन कीर्त्तियां दिखाई देती हैं। सन्निकटवर्त्ती अधित्यकामें एक प्रस्रवण है।

मञ्जिष्ठा (सं॰ स्त्री॰) अतिशयेनेयं मञ्जिमती, मंजिमती-इष्ठ-मतुप्। स्वनामख्यात रक्तवर्ण लताविशेष, मजीठ। यह समस्त भारतके पहाड़ी प्रदेशोंमें पाई जाती है। हिमालय पहाड़के ८ हजार फुट ऊँचे स्थानमें तथा यवद्वीप, जापान और अफ्रिका तकके विस्तृत स्थानमें यह लता देखी जाती है। इसके रेशेमें नाना भेषज गुण हैं। इसका सूखा जड़ और डंठलोंको पानीमें उबाल कर एक प्रकारकाबढ़िया लाल या गुलनार रंग तैयार किया जाता है जो सूती और रेशमी कपड़े रंगनेके काममें आता है।

इसका संस्कृत पर्याय—विकसा, जिङ्गी, समङ्गा, कालमेषिका, मण्डूकपर्णी, भण्डीरी, भण्डी, योजनवल्ली, कालमेषी, काला, जिङ्गि, भण्डिरी, भण्डिका, भण्डि, हरिणी, रक्ता, गौरी, योजनवल्लिका, वप्रा, रोहिणी, चित्रलता, चित्रा, चित्रांगी, जननी, विजया, मञ्जुषा, रक्तयष्टिका, क्षत्रिणी, रागाढ्या, काल भाण्डिका, अरुणा, ज्वरहन्त्री, छत्रा, नागकुमारिका, भण्डीरलतिका, रागाङ्गी वस्त्रभूषणा।

पहले ही कहा जा चुका है, कि इसकी जड़ और डंठलसे रंग बनता है। पहले जड़ और डंठलको अच्छी तरह सुखा कर चूर्ण कर ले, पीछे उस चूर्णको जलमें दे कर कड़ी आंचमें उबाले। जल जब लाल हो जाय, तब उसे पक्का रंग करनेके लिये उसमें फिटकरी डाल दे।

हकीमी चिकित्साशास्त्र और वैद्यक ग्रन्थमें इसकी गुणावली लिखी है। पक्षाघात, कमला, मूत्रकृच्छ्र, रजःकृच्छ्र और क्षतरोगमें यह विशेष उपकारी है। मंजिष्ठा, यष्टिमधुकी जड़ और आमानी इन्हें एक साथ पीस कर टूटी हुई हड्डी पर लगानेसे सूजन दब जाती है। इसका भिगोया हुआ जल वा क्वाथ जरायुस्राव, मस्तिष्क विकृति आदि रोगोंमें विशेष फलप्रद है।

इसका गुण—मधुर, कषाय, उष्ण, गुरु, व्रण, मेह, ज्वर, श्लेष्म, विष और नेत्ररोगनाशक है। यह मञ्जिष्ठा चार प्रकारकी है,—चोल, योजनी, कौन्ती और सिहली। (राजनि॰) : कुष्ठ, स्वरभंग और शोथनाशक तथा वर्णाग्निकारक (राजव॰)

मञ्जिष्ठामेह (सं॰ पु॰) पित्तज प्रमेहभेद, सुश्रुतके अनुसार एक प्रकारका प्रमेह। इसमें मजीठके पानीके समान मूत्र होता है।

मञ्जिष्ठाद्यघृत (सं॰ क्ली॰) शारीरव्रणाधिकारोक्त घृतौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली,—मञ्जिष्ठ, चन्दन और मूर्वा-इन सब द्रव्योंको पीस कर घृतके साथ पाक करनेसे यह प्रस्तुत होता है। यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकारकी अग्निसे जल गया हो, तो इस घृतका प्रलेप होनेसे बहुत जल्द आराम हो जाता है।

मञ्जिष्ठाद्यतैल (सं॰ क्ली॰) तैलौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—तैल ४ सेर, कल्कार्थ मञ्जिष्ठा, रक्तचन्दन, मुगरामूल कुल मिला कर १ सेर, पाकार्थ जल १६ सेर, इस तैलका लेप देनेसे अग्निदग्ध क्षत बहुत जल्द प्रशमित होता है। (भैषज्यरत्ना॰ सद्योव्रणा॰)

२ क्षुद्ररोगाधिकारोक्त तैलौषधविशेष। इसकी प्रस्तुत प्रणाली—तिलतैल, आध शराव, कल्कार्थ मंजिष्ठा, मधुकपुष्प, लाक्षा, मातुलंगमूल, यष्टिमधु २ तोला और बकरीका दूध १ शराब। तैलपाकके नियमानुसार इस तैलका पाक करना होगा। यह तेल लगानेसे नीलिका और पीड़का आदि रोग जाते रहते हैं।

मञ्जिष्ठाराग (सं० पु०) मञ्जिष्ठेव रागः। साहित्यदर्पणोक्त पूर्वरागभेद। नीली, कुसुम्भ और मञ्जिष्ठा नामक तीन प्रकारका पूर्वराग है। इनमें जो अनुराग नष्ट नहीं होता तथा अत्यन्त शोभित होता है उसे मञ्जिष्ठाराग कहते हैं।

मञ्जी (सं० स्त्री०) मञ्जयति दीप्यते इति मंजि-इन, कृदिकारादिति ङीष्। मञ्जरी।

मञ्जीर (सं० पु० क्ली०) मंजति मधुरं शब्दायते इति मन्ज-ध्वनौ वाहुलकात् ईरन्। १ नूपुर, घुंघरू। २ मन्थानदण्डरज्जुवन्धनार्थ स्तम्भ, वह स्तम्भ जिसमें मथानीका डंडा बंधा रहता है। पर्याय—विष्कम्भ, कुटर। ३ एक प्राचीन कवि। २ पश्चिम वंगवासी पार्वतीय जातिविशेष। ३ एक प्रकारका छन्द। इसके प्रति चरणमें १३ अक्षर करके रहते हैं।

मञ्जीरक (सं० पु०) मंजीर इव कायति शब्दायते कै-क। नूपुरध्वनितुल्य ध्वनियुक्त, घुंघरूके समान जिसमें शब्द हो।

मञ्जीरा (सं० स्त्री०) नदीभेद।

मञ्जु (सं० त्रि०) मंजतीति मञ्ज-ध्वनौ सौत्रधातुः (मृगय्वादयश्च। उण् १।३८) इति कु। मनोज्ञ, सुन्दर।

मञ्जुकुल (सं० पु०) एक वौद्धयति।

मञ्जुकेशी (सं० पु०) मंजवो मनोहराः केशाः सन्त्यस्य इति। १ श्रीकृष्ण। (त्रि०) २ सुन्दरकेशविशिष्ट।

मञ्जुगमन (सं० त्रि०) मञ्जु मनोहरं गमनं यस्य। सुन्दर गामी, जिसकी अच्छी चाल हो।

मञ्जुगमना (सं० स्त्री०) हंसी।

मञ्जुगर्त्त (सं० पु०) नेपाल राज्यका प्राचीन नाम।

मञ्जुगीति (सं० स्त्री०) सुमधुर गीत, वढ़िया गान।

मञ्जुघोष (सं० पु०) मंजुर्मनोहरो घोषः शब्दः यस्य। १ पूर्वजिनभेद। २ तान्त्रिकोंके एक उपास्य देवताका नाम। कहते हैं, कि इनका पूजन करनेसे मूर्खता दूर होती है। तन्त्रसारमें पूजाका विस्तृत विवरण लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ नहीं दिया गया।

इसका ध्यान—

"शशधरमिव शुभ्रं खड्गपुस्तांग पाणिं
सुरुचिरमतिशान्तं पंचचूडः कुमारम्।
पृथुतरवरमुख्यं पद्मपत्रायताक्षं
कुमतिदहनदक्षं मंजुघोषं नमामि (तन्त्रसार)

मञ्जुघोष—एक वौद्धाचार्य। आप वौद्धधर्मका प्रचार करनेके लिये चीन देश गये थे। प्रवाद है, कि इन महात्माने चीन राज्यसे नेपालमें चीनदेशवासी वौद्धों को ले जा कर उपनिवेश वसाया था। इन्होंने ही नेपाल-उपत्यका-गह्वरको भेद कर सञ्चित जलराशिको वाहर निकाला और उस देशको वासोपयोगी वना दिया था। नेपालमें ज्योतीरूप आदि वुद्धमन्दिरका स्थापन और धर्माकरको नेपाल राजसिंहासन पर स्थापन, ये दोनों इन्हींकी कीर्त्ति है। नेपालमें आज महायान मतावलम्बिगण बड़े सम्मानके साथ इनका पूजन करते हैं। वज्रसूची ग्रन्थके प्रारम्भमें 'ओं नमो मञ्जुनाथाय, जगद्गुरुं मञ्जुघोषं नत्वा वाक्काय चेतसा, इत्यादि लिखा हुआ देखा जाता है। नेपाल देखो।

मञ्जुघोषा (सं० स्त्री०) एक अप्सराका नाम।

मञ्जुदेव—चीनदेशस्थ मंजुश्री पर्वतके एक राजा। स्वयम्भूपुराणमें लिखा है,—वे वरदा और मोक्षदा नामक अपनी दो पत्नियोंके साथ स्वयम्भूक्षेत्रके दर्शनको गये। राजाने नेपालके ह्रदको कुम्भीरोंसे भरा देख अपने अस्त्रसे उपत्यका भूमि भेद डाली। यथाक्रम कपोतल, गन्धवती, मृगस्थली, गोकर्ण, वरय और इन्द्रावती आदि उपत्यकाका दक्षिण देश उत्खात हो गया था। पीछे उन्होंने पद्मगिरिके ऊपरवाले ह्रदको काट डाला जो परम पवित्र उपच्छन्द पीठ कहलाता है। यहां खगानना देवीका मन्दिर अवस्थित है।

मञ्जुदेव (सं० पु०) मञ्जुघोष, मंजुश्री।

मञ्जुनन्दी—एक प्राचीन कवि, जीवनागके पुत्र।

---

* इस पर्वतका प्राचीन नाम है पञ्चशीर्षशैल। उसका एक एक शृङ्ग यथाक्रम हीरक, इन्द्रनील, मरकत, माणिक्य और वैदुर्यमणिमण्डित है। बहुतेरे इस पर्वतको आसामके अन्तर्गत मानते हैं।

मञ्जुनाथ—नेपालप्रसिद्ध बौद्धाचार्यभेद। ये मञ्जुघोष और मंजुश्री नामसे भी प्रसिद्ध थे

मञ्जुनाशी (सं० त्रि०) १ वह सुन्दरी रमणी जिसके रूपसे दूसरी रमणीका रूप फीका पड़ जाय। २ दुर्गाका एक नाम। ३ इन्द्राणीका एक नाम।

मञ्जुनेत्र (सं० त्रि०) १ सुन्दर चक्षुविशिष्ट, सुन्दर आंखवाला। (पु०) २ सुन्दर नेत्र।

मञ्जुपत्तन (सं० क्ली०) मञ्जुश्री-प्रतिष्ठित नगरभेद।

मञ्जुपाठक (सं० पु०) मञ्जु मनोहरं पठतीति पठ-ण्वुल्। १ शुकपक्षी, तोता। (त्रि०) २ सुन्दर पाठकर्त्ता, अच्छी तरह पढ़नेवाला।

मञ्जुप्राण (सं० पु०) मञ्जवः प्राणाः यस्य, सर्वव्यापकतया महाप्राणत्वादस्य तथात्वं। ब्रह्मा।

मञ्जुभट्ट—अमरकोषटीकाके प्रणेता।

मञ्जुभद्र (सं० पु०) मञ्जु मनोहरं भद्रं मङ्गलं यस्य। जिनविशेष। पर्याय—मञ्जुश्री, ज्ञानदर्पण, मञ्जुघोष, कुमार, अष्टार चक्रवान्, स्थिरचक्र, वज्रधर, प्रज्ञाकाय, वादिवाट्, नीलोत्पली, महाराज, नील, शार्दूल वाहन, धियाम्पति, पूर्वजिन, खड्गी, दन्ती, विभूषण, बालव्रत, पञ्चचीर, सिंहकेलि, शिखाधर, वागीश्वर। (त्रिका०)

मञ्जुभाषिन् (सं० पु०) मञ्जु भाषते भाष-णिनि। १ सुन्दरभाषी, वह जो अच्छी तरह बोलते हों। २ छन्दोभेद। इस छन्दके प्रतिचरणमे १३ अक्षर रहते हैं।

मञ्जुल (सं० क्ली०) मञ्जु-मञ्जुत्वमस्त्यस्येति (सिध्मादिभ्यश्च। पा ५।२।९७) इति लच्। १ जलाञ्चल, नदी या तालाबका किनारा। २ निकुञ्ज। ३ जलरङ्क-पक्षी। ४ शवल, चीता। ५ हरिणभेद। ६ अञ्जोर-वृक्ष। (त्रि०) ७ सुन्दर, मनोहर।

मञ्जुला (सं० स्त्री०) एक नदीका नाम।

मञ्जुवज्र—बौद्धदेवताभेद।

मञ्जुवादिन् (सं० स्त्री०) मञ्जु मनोहरं वदति वद-णिनि। मनोहर वाक्ययुक्त, मीठा वचन बोलनेवाला।

मञ्जुश्री (सं० पु०) मञ्जुर्मनोहराः श्रीः शोभा यस्य। मञ्जुघोष।

मञ्जुश्री—१ स्वयम्भु-पुराण-वर्णित चीनदेशान्तर्गत एक पर्वत। २ प्रसिद्ध बौद्धाचार्य मञ्जुघोष। ये भारतवर्षसे बौद्धधर्म प्रचारके लिये चीनराज्य तक गये थे। वहांसे लौट कर वे अपने शिष्योंके साथ नेपाल उपत्यकामे बस गये। नेपाल, मञ्जुघोष और मञ्जुदेव देखो।

आर्यगण्डव्यूह, परमार्थनामसङ्गीत, सद्धर्मपुण्डरीक, सुगतावदान, सुप्रभात स्तव आदि ग्रन्थोंमें इनका माहात्म्य, स्तव और पूजाविधि वर्णित है।

प्रत्नतत्त्वविदोंका अनुमान है, कि शिष्यमण्डलसे परिवृत हो बौद्धाचार्य मञ्जुश्रीने आसाम प्रदेशके अन्तर्गत पञ्चशीर्ष-पर्वतसे नेपालराज्यमें जा कर उपनिवेश बसाया था।

मञ्जुश्रीकीर्त्ति—भोटदेशीय एक बौद्ध लामा।

मञ्जुश्रीप्रतिष्ठा—बौद्धोंकी धारणीविशेष।

मञ्जुहासिन् (सं० त्रि०) मञ्जु-मनोहरं हसति हस-णिनि। मधुर हास्ययुक्त।

मञ्जुहासिनी (सं० स्त्री०) छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति चरणमें १३ अक्षर करके रहते हैं।

मञ्जुषा (सं० स्त्री०) मञ्जुषा पृषोदरादित्वात् साधुः। मञ्जुषा, पिटारी।

मञ्जुसौरभ (सं० क्ली०) छन्दोभेद।

मञ्जुस्वर (सं० पु०) मञ्जुघोष, मञ्जुश्री।

मञ्जूषा (सं० स्त्री०) मज्जति द्रव्यमस्मिन्, (मसजे नुमूच। उण् ४।७७) इति मस्ज ऊषन्, नुमूच सच अचोऽन्त्यात् परः, ततो जशत्वश्चुत्वे मध्य-मस्य लोपात् साधुः। १ पिटक, पिटारी। २ पाषाण, पत्थर। ३ मञ्जिष्ठा, मजीठ।

मञ्जेरी—मन्द्राजप्रदेशके मालाबार जिलान्तर्गत एरणाड़ उपविभागका एक नगर। यह अक्षा० ११° ७′ उ० तथा देशा० ७६° ७′ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या ४००० है। यहां १८४९ ई०में मोप्पिलाओंका जो विद्रोह हुआ था उसमें उन्होंने विशेष निष्ठुरताका परिचय दिया था। उन्होंने उद्धत हो कर अंगरेज-सेनापतिके साथ देशीय सेनादलको भी मार डाला। पीछे बहुत-सी यूरोपीय सेनाकी सहायतासे उनका अच्छी तरह दमन किया गया था। यहां प्राचीनतत्त्वके अनेक निदर्शन पाये जाते हैं। इनमेंसे कई एक गुहामन्दिर और मूककुन्न मन्दिरमें खोदी हुई १६५१ ई०की शिलालिपि उल्लेखयोग्य है।

मञ्छनपुर—युक्तप्रदेशके इलाहाबाद जिलान्तर्गत एक

तहसील। यह यमुनाके किनारे अक्षा० २५° १७′ से २५° ३२′ उ० तथा देशा० ८०° ६′ से ८१° ३२′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण २७२ वर्गमील और जनसंख्या डेढ़ लाखके करीब है। इसमें मञ्झनपुर नामक एक शहर और २६६ ग्राम लगते हैं।

मञ्झनपुरपट्टा—इलाहाबाद जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २५° ३१′ १२″ उ० तथा देशा० ८१° २५′ १२″ पू०-के मध्य अवस्थित है। यहां मुसलमानोंकी ज्यादा संख्या है। प्रति सोमवार और शुक्रवारको यहां हाट लगती है।

मट (हि० पु०) मट्टीका बड़ा पात्र। इसमें दूध दही रहता है।

मटक (हि० स्त्री०) १ गति, चाल। २ मटकनेकी क्रिया या भाव।

मटकना (हि० क्रि०) १ अंग हिलाते हुए चलना, लचक कर नखरेसे चलना। २ लौटना, फिरना। ३ अंगों अर्थात् नेत्र, भृकुटी, उंगली आदिका इस प्रकार संचालन होना जिसमें कुछ लचक या नखरा जान पड़े।

मटका (हि० पु०) मट्टीका बना हुआ एक प्रकारका बड़ा घड़ा। इसमें अन्न, पानी इत्यादि रखा जाता है।

मटकाना (हि० क्रि०) १ नखरेके साथ अंगोंका संचालन करना, चमकाना। २ दूसरेको मटकनेमें प्रवृत्त करना।

मटकी (हि० स्त्री०) १ छोटा मटका, कमोरी। २ मटकाने-का भाव, मटक।

मटकाला (हि० वि०) मटकनेवाला, नखरेमें हिलने डोलने वाला।

मटकौअल (हि० स्त्री०) मटकानेकी क्रिया या भाव, मटक।

मटखौरा (हि० पु०) एक प्रकारका ऐबी हाथी।

मटची (सं० स्त्री०) मटनं मटःमट-अवसादे भावे अप्, मटः चीयते प्राचीयते एभिरिति मट-चि, वाहुलकात् ति, मटचि, ततः कृदिकारादिति पक्षे ङीष्। सर्वेषामवसादकत्वाद-स्यास्तथात्वं। १ रक्तवर्ण क्षुद्रपक्षिविशेष, लालरंगकी एक छोटी चिड़िया। २ पाषाणवृष्टि, ओला।

मटना (हि० पु०) कानपुर और बरेलीके जिलोंमें पैदा होनेवाला एक प्रकारकी ईख।

मटमंगरा (हि० पु०) विवाहके पहलेकी एक रीति। इसमें किसी शुभ दिन वर या वधूके घरकी स्त्रियां गाती बजाती हुई गांवके बाहर मिट्टी लेने जाती हैं और उस मिट्टीसे कुछ विशिष्ट अवसरोंके लिये गोलियां आदि बनाती हैं।

मटमैला (हि० वि०) मट्टीके रंगका, धूलिया।

मटर (हि० पु०) एक प्रकारका मोटा अन्न। यह वर्षा या शरद् ऋतुमें भारतके प्रायः सभी भागोंमें बोया जाता है। इसके लिये अच्छी जोताई और खादकी आवश्य-कता होती है। इसमें एक प्रकारकी लम्बी फलियाँ लगती हैं जिन्हें छीमी कहते हैं। इसमें छीमियोंके अन्दर गोल दाने रहते हैं जिन्हें मटर कहते हैं। शुरूमें ये दाने बहुत ही मीठे और स्वादिष्ट होते हैं और प्रायः तरकारी आदि-के काममें आते हैं। जब फलियां पक जाती हैं, तब उनके दानोंसे दाल बनाई जाती है। कहीं कहीं रोटीके लिये इसका आटा भी पीसते हैं तथा इसका सत्तू भी खाते हैं। इसकी पत्तियां और डंठल पशुओंके चारेके लिये बहुत उपयोगी होते हैं। इसके दो भेद हैं, एक दुबिया और दूसरा काबुली मटर। इसका गुण मधुर, स्वादिष्ट, शीतल, पित्तनाशक, रुचिकारक, वातकारक, पुष्टिजनक, मलको निकालनेवाला और रक्तावकारको दूर करनेवाला माना गया है।

मटरगश्त (हि० स्त्री० पु०) १ धीरे धीरे घूमना, टहलना। २ सैरसपाटा।

मटरबोर (हि० पु०) मटरके बराबर घुंघरू जो पाजेब आदिमें लगते हैं।

मटराला (हि० पु०) जौके साथ मिला हुआ मटर।

मटलनी (हि० स्त्री०) मिट्टीका कच्चा बरतन।

मटस्फटि (सं० पु०) मटं अवसादं स्फटति निराकरोति स्फट-इ। दर्पारम्भ, अभिमानका शुरू होना।

मटा (हि० पु०) एक प्रकारका लाल च्यूंटा। इसके झुण्ड आमके पेड़ों पर रहा करते हैं।

मटिआना (हि० क्रि०) १ अशुद्ध बरतन आदिमें मट्टी मल कर उसे साफ करना। २ मट्टीसे ढांकना। ३ टालनेके हेतु किसी बातको सुन कर भी उसका कुछ जवाब न देना, सुनी अनसुनी करना।

मटिया (हिं० स्त्री०) १ मट्टी। २ मृतशरीर, लाश। (वि०) ३ मिट्टीका-सा, मटमैला। (पु०) ४ एक प्रकारका लटोरा पक्षी। इसका दूसरा नाम कजला भी है।

मटियामसान (हिं० वि०) नष्टप्राय, गया बीता।

मटियामेट (हिं० वि०) मलियामेट देखो।

मटियार (हिं० पु०) वह क्षेत्र जिसमें चिकनी मट्टी अधिक हो।

मटियाला (हिं० वि०) मटमैला देखो।

मटीला (हिं० वि०) मटमैला देखो।

मटुका (हिं० पु०) मटका देखो।

मटुकिया (हिं० स्त्री०) मटकी देखो।

मट्ट (सं० क्ली०) मठति वसत्यत्रेति मठ-अप्, पृषोदरादित्वात्टागमें साधुः। गृहका शिरोभाग, छत।

मट्टक (सं० पु०) मत्स्यविशेष, एक प्रकारकी मछली।

मट्टी (हिं० स्त्री०) मिट्टी देखो।

मट्ठा (हिं० पु०) तक्र, छाछ।

मठ (सं० पु०) मठन्ति वसन्ति छात्रादयोऽत्र मठ-अल्। १ छात्रादि निलय, वह स्थान जहां विद्या पढ़नेके लिये छात्र आदि रहते हों। २ वह मकान जिसमें एक महन्तकी अधीनतामें वहुतसे साधु आदि रहते हों। ३ देवगृह, मन्दिर। जो मठकी प्रतिष्ठा करते हैं, अन्तकालमें उन्हें स्वर्गकी प्राप्ति होती है। मठप्रतिष्ठा शुभ दिनमें करनी चाहिये, अकाल वा निन्दित दिनमें नहीं। जिस दिन मठकी प्रतिष्ठा करनी होगी, उस दिन पहले वृद्धिश्राद्ध करके पीछे प्रतिष्ठाकार्य करना होगा। प्रतिष्ठाकार्यका संकल्प इस प्रकार है :—

"ओं अद्यामुके मासि अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकगोत्रः श्रीअमुकदेवशर्मा एतत्तृणकाष्ठादिमयवेश्मपरमाणुसमसंख्यवर्षसहस्रावच्छिन्नस्वर्गलोकमहितत्वकामः श्रीविष्णुप्रीतिकामः विष्णुलोक प्राप्तिकामो वा मठप्रतिष्ठामहं करिष्ये।"

इस प्रकार संकल्प करके प्रतिष्ठाके नियमानुसार प्रतिष्ठा करे। इस प्रतिष्ठाका विस्तृत विवरण अष्टाविंशतितत्त्व स्मृतिके मतप्रतिष्ठातत्त्वमें लिखा है, विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ उद्धृत नहीं किया गया।

मठ—धर्माचारी संसारत्यागी, संन्यासियोंका आवासस्थान। संसारलिप्सासे विच्छिन्न हो कर मनुष्य जिस स्थान पर आ ब्रह्मचर्यावलम्बन करते हुए शास्त्राध्ययन करते हैं उसे मठ (Monastery) और मठावासको ब्रह्मचर्य (Monastic life) कहते हैं। बौद्धसम्प्रदायका मठ विहार वा सङ्घाराम कहलाता है। साधारणतः मठमें छात्र वा ब्रह्मचारी संन्यासियोंके रहने योग्य कितने घर, तद्धर्मावलम्बियोंके इष्टदेवमन्दिर, तन्मत-प्रवर्त्तककी समाधि वा तन्मावलम्बी किसी आचार्यकी गद्दी तथा धर्मशाला और अभ्यागत पथिक वा संन्यासियोंके रहने योग्य कितने घर रहते हैं। अतिथियोंको मठके खर्चसे भोजन दिया जाता है। प्रत्येक मठके खर्चा-वर्चाके लिये कुछ निष्कर जमीन दी हुई रहती है। अलावा इसके भक्तमण्डलीसे प्रतिदिन जो जो उपहार दिया जाता है, उसीसे मठ-वासियोंका खर्चा पुसा जाता है। मठके अध्यक्षको महन्त कहते हैं।

हिन्दुओंके वैष्णव, शाक्त, शैव आदि विभिन्न सम्प्रदायके विभिन्न मठ हैं। श्रीक्षेत्रमें ऐसे आठ विभिन्न मठ स्थापित हैं। भारतका ज्योषी मठ और ब्रह्मराज्यका क्यौङ्गमठ प्राचीन वैष्णव और बौद्धमठका निदर्शन स्वरूप है।

पहले इजिप्तवासी ईसाइयोंके मध्य मठावास कल्पित हुआ था। पीछे महात्मा एन्थनि और पालने लोहित सागरके किनारे मठकी स्थापना की। इसके बाद यूरोपके प्रायः प्रत्येक देशमें ही मठ स्थापित हुआ है। मठवासी ब्रह्मचारी विवाह नहीं कर सकते। किसी किसी सम्प्रदायमें विवाह किया भी जाता है।

२ पक्वखाद्यवस्तुविशेष, एक प्रकारका व्यञ्जन। प्रस्तुत प्रणाली—गेहूंके चूरको अच्छी तरह जलमें पीस कर वटिकाकार प्रस्तुत करे। पीछे उसमें इलायची, लवङ्ग, और कर्पूरादि मिला कर घीमें भन ले और तब ऊपरसे चीनीका रस डाल दे। इस प्रकार जो व्यञ्जन वनता है उसीका नाम मठ है। इसका गुण—वृंहण, वृष्य, वलकर, सुमधुर, गुरु, पित्त और वायुनाशक तथा रुचिकर माना गया है। (भावप्रकाश)

मठग्राम—सह्याद्रिके समीपमें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। (सह्याद्रि ३१।२८)

मठधारी (हिं० पु०) वह साधु या महन्त जिसके अधिकारमें कई मठ हों।

मठपति—बम्बईप्रदेशके धारवाड़ जिलावासी जातिविशेष। ये लोग स्वभावतः अपरिष्कार हैं। अपरिच्छिन्न स्थानमें रहते हुए भी स्वास्थ्यरक्षाकी ओर इनका विशेष ध्यान रहता है। सभी वलिष्ठ और दृढ़गठनके हैं। कृषिकार्य और गो-महिषादि पालन इनकी प्रधान उपजीविका है। ये लोग लिङ्गायत हैं, कोई भी मद्य मांस नहीं खाता।

वासभवनके चारों ओर कदर्य्य होने पर भी ये लोग अपना अपना अङ्गसौष्ठव करना चाहते हैं। दूसरी निकृष्ट जातिकी तरह ये अपना शरीर और कपड़ा कभी मैला नहीं रखते। स्त्री-पुरुष दोनों ही अलङ्कारप्रिय हैं। ये वलिष्ठ, कर्मपटु, सवल और विनयी होते हैं। लिङ्गायतोंकी परिचर्या इनके जीवनका एक प्रधान कर्म है।

लिङ्गायतोंके विवाहमें ये लोग निमन्त्रितोंका आदर-सत्कार करते हैं। लिङ्गायतकी मृत्यु पर ये शवका समस्त अङ्ग जलसे धो कर मुखमें विभूति लगा देते हैं। पीछे कब्रिस्तान जा कर फिरसे शवका मुख धो डालते और तब दफनाते हैं। वहांका कार्य शेष हो जाने पर ये पुरोहितके पैर धो कर घर लौटते हैं।

वाल्य-विवाह, विधवा-विवाह और वहु-विवाह इनमें प्रचलित देखा जाता है। ये लोग सभी हिन्दू पर्वको मानते हैं। तोतड़स्वामी इनके मन्त्रदाता गुरु हैं।

मठर (सं० पु०) मन्यते मनुतेऽवबुध्यते मन (वचिमनिभ्यां चिच्च। उण् ५।३०) इति अरश्चित् ठश्चान्तादेशः। १ मुनिविशेष। २ शौण्ड, वह जो मद्य पी कर मतवाला हुआ हो।

मठरना (हिं० पु०) सोनारों तथा कसगरोंका एक औजार। यह छोटे हथौड़ेकी तरहका होता है। इसका व्यवहार उस समय होता है जिस समय हलकी चोट देनेका काम पड़ता है।

मठरी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारकी मिठाई। इसका दूसरा नाम टिकिया भी है। २ मट्ठी देखो।

मठवार—मध्यभारतके भूपावर एजेन्सीके अन्तर्गत एक सामन्त-राज्य। भूपरिमाण १४० वर्गमील है। यह राज्य पर्वत और जङ्गलसे परिपूर्ण है। यहां भीलसा और भील जातिके लोग रहते हैं।

मठाधिपति (सं० पु०) मठस्य अधिपतिः। मठका अध्यक्ष।

मठाधीश (सं० पु०) १ मठका प्रधान कार्यकर्त्ता। २ मठमें रहनेवाला प्रधान साधु या महन्त।

मठान (हिं० पु०) मठरना देखो।

मठापतन (सं० क्ली०) मठ, संघाराम।

मठिया (हिं० स्त्री०) १ छोटा कुटी या मठ। २ फूलधातुकी वनी हुई चूड़ियाँ। नीच जातिकी स्त्रियां ऐसी चूड़ियोंको पहनती हैं। ये एक एक वाँहमें २०-२५ तक होती हैं और कोहनीसे कलाई तक पहनी जाती हैं। कोहनीके पास जो चूड़ी रहती है वह सबसे वड़ी होती है और उसके उपरान्तकी चूड़ियां क्रमशः छोटी होती जाती हैं।

मठी (हिं० स्त्री०) १ छोटा मठ। २ मठका अधिकारी, मठका महन्त।

मठुलिया (हिं० स्त्री०) १ टिकिया या मठरी नामकी मिठाई। २ मट्ठी देखो।

मठोर (हिं० स्त्री०) १ दही मथने या मट्ठा रखनेकी मटकी। यह साधारण मटकियोंसे कुछ बड़ी होती है। २ नील वनानेकी नांद, नीलका माट।

मठोरना (हिं० स्त्री०) १ किसी लकड़ीको खरादनेके लिये रंदा लगा कर ठीक करना। २ मठरना नामक हथौड़ेसे धीरे धीरे चोट लगा कर गहने आदि ठीक करना।

मठोरा (हिं० पु०) एक प्रकारका रंदा। इससे लकड़ी रंद कर खरादने आदिके योग्य करते हैं।

मड़ई (हिं० वि०) १ छोटा मण्डप। २ पर्णशाला, कुटिया।

मड़क (सं० पु०) मण्डयति भूषयति क्षेत्रमिति मडि। (क्वुन् शिल्पिसंज्ञयोरपूर्वस्यापि। उण् २।३२) इति क्वुन्, पृषोदरादित्वात् न लोपः। शस्यभेद, मड़ुआ।

मड़कशिरा—मन्द्राज प्रदेशके अनन्तपुर जिलान्तर्गत एक नगर। यहां मड़कशिरा तालुकको सदर कचहरी है। प्रवाद है, कि रत्नगिरि सरजिप्प रायप्पराज नामक किसी

सामन्तने १५२० ई०में वनको काट कर यह नगर वसाया। उनका वनवाया हुआ यहां एक आञ्जनेयका मन्दिर है। १७२८ ई०में मरहठोंने इस स्थानको दखल किया तथा मुरारीरावने एक दुर्ग और राजप्रासाद वनवा कर नगरकी शोभा वढ़ाई। १७६२ ई०में मुसलमानोंने इसे आक्रमण कर जीत लिया ; किन्तु दो ही वर्षके अन्दर मरहठोंने उन्हें फिरसे मार भगाया। १७७४ ई०से लगा कर १७६६ ई० तक यह स्थान टीपू सुलतानके अधिकारमें रहा। पीछे टीपू सुलतानकी पराजयके वाद यह अंगरेजोंके हाथ लगा। यहांके चोलराज-मन्दिरमें ३ शिलालिपि देखी जाती हैं।

मड़मड़ाना (हिं० क्रि०) मरमराना देखो।

मड़राना (हिं० क्रि०) मँड़राना देखो।

मड़ला (हिं० पु०) अनाज रखनेकी छोटी कोठरी।

मड़वा (हिं० पु०) मण्डप देखो।

मड़वारविलाक्कम्—मन्द्राज प्रदेशके श्रीविल्लिपुत्तर तालुकका एक गण्ड ग्राम। यहांका सुवृहत् और सुप्राचीन शिवमन्दिर वहुत मशहूर है। गोपुरका कारुकार्य मनको मोहता है। मन्दिरगात्रमें वहुत-सी शिलालिपियां नजर आती हैं। स्थलपुराणमें इस देवतीर्थका माहात्म्य गाया गया है।

मड़वारी (हिं० पु०) मारवाड़ी देखो।

मड़हा (हिं० वि०) १ मांड़ खानेवाला। (पु०) २ मट्टी या घास फूस आदिका बना हुआ छोटा घर। ३ भुना हुआ चना।

मड़ाड़ (हिं० पु०) छोटा कच्चा तालाव या गड्ढा।

मड़ियार (हिं० पु०) मारवाड़में रहनेवाली क्षत्रियोंकी एक जाति।

मड़ुआ (हिं० पु०) १ वाजरेकी जातिका एक प्रकारका कदन्न। यह वहु प्राचीनकालसे भारतमें वोया जाता है और अब तक वहुतसे स्थानोंमें जंगली दशामें भी मिलता है। यह वर्षाऋतुमें खाद दी हुई भूमिमें कभी ज्वारके साथ और कभी कभी अकेला वोया जाता है। अधिक वर्षासे इसकी फसलको हानी पहुंचती है। यदि इसकी फसल तैयार होने पर भी खेतोंमें रहने दो जाय तो विशेष हानि नहीं होती। फसल काटनेके वाद इसके दाने वर्षों तक रखे जा सकते हैं और इसी कारण दुर्भिक्ष कालमें गरीवोंके लिये इसका वहुत अधिक उपयोग होता है। इसे पीस कर आटा भी वनाते हैं। चावलों आदिके साथ इसे उवाल कर खाते भी हैं। इससे एक प्रकारकी शराव वनती है। यह कसैला, कड़ुआ, हलका, तृप्तिकारक, वलवर्द्धक, त्रिदोषनाशक और रक्तदोषको दूर करनेवाला माना गया है। २ एक प्रकारका पक्षी।

मड़ैया (हिं० स्त्री०) १ छोटा मण्डप। २ पर्णशाला, कुटी। ३ मिट्टीका वनाया हुआ छोटा घर।

मड़ोड़ (हिं० स्त्री०) मरोड़ देखो।

मड़ोड़ी (हिं० स्त्री०) लोहेकी छोटी पेंचदार कंटिया।

मढ़ (हिं० पु०) १ मठ देखो। (वि०) २ जो जल्दी हटानेसे भी न हटे, अड़ कर वैठनेवाला।

मढ़ना (हिं० क्रि०) १ आवेष्टित करना, चारों ओरसे घेर लेना। २ वाजेके मुंह पर वजानेके लिये चमड़ा लगाना। ३ वलपूर्वक किसी पर आरोपित करना, किसीके गले लगाना।

मढ़रोपुल शकसेन—दाक्षिणात्यके एक राजा।

शक और सातवाहन-राजवंश देखो।

मढ़वाना (हिं० क्रि०) मढ़नेका काम दूसरेसे कराना, दूसरेको मढ़नेमें प्रवृत्त करना।

मढ़ा—युक्तप्रदेशके देहरादून जिलान्तर्गत एक नगर। यह यमुना-तीरवर्त्ती कलसी नगरसे १२॥ कोस दूर पड़ता है। यहांके प्राचीन मन्दिरादि और ध्वंसावशेष समूह प्रत्नतत्त्वविदोंकी विशेष आदरकी सामग्री है। मन्दिरोंमेंसे लक्षा मन्दिर ही सवसे प्राचीन है। आलोचना करनेसे मालूम हुआ है, कि इस मन्दिरके उपकरण किसी सुप्राचीन ध्वंसावशेषसे लिये गये हैं। उसमें जो एक शिलालिपि है उससे जाना जाता है, कि जालन्धर-राज चन्द्रगुप्तकी पत्नी ईश्वरा मन्दिरका निर्माण कर गई हैं। राजकुमारी ईश्वरा सिंहपुरराज भास्करकी कन्या और कपिलवर्द्धन-राजकन्या जयावलीकी गर्भसम्भूता थीं। उस शिलालेखमें सिंहपुर-राजवंशके ग्यारह राजाओंके नाम लिखे हुए हैं। सिंहपुर देखो।

मढ़ा (हिं० पु०) मिट्टीका वना हुआ छोटा घर।

मढ़ी—बम्बईप्रदेशके अहमदनगर जिलान्तर्गत एक गण्ड ग्राम। यहां हिन्दू मुसलमान-पूजित शाहरमजान, महिसवार वा कानहोवाकी दरगाह प्रतिष्ठित रहनेसे यह एक पवित्र तीर्थरूपमें गिना जाता है। नाना स्थानोंसे हिन्दू और मुसलमान इस तीर्थमें आते हैं।

इस दरगाहके तथा आस पासके कुछ मन्दिरोंको छोड़ कर पर्वतके ऊपर कई हिन्दू-राजाओं और सामन्तोंका वास-भवन देखा जाता है। दरगाहके भीतरकी रमजानकी कब्र एक बड़ी अट्टालिका है। यहांसे कुछ नीचे जाने पर रमजानका साधनगृह पड़ता है। १७३० ई०में पिलाजी गायकवाड़ द्वारा निर्मित वर्त्तमान इनामदार और मुजावरके पूर्वपुरुषका समाधि-मन्दिर देखा जाता है। उक्त समाधि-मन्दिरमे पिलाजी गायकवाड़ और महामान्य चिमनाजी सामन्तकी नामयुक्त एक शिलालिपि है। दक्षिण-पूर्वमें शिवाजीके पौत्र शाहराज-निर्मित (१७३१ ई०) वारद्वारी है। कहते हैं, कि माता येशुबाईके साथ जब वे मुगलशिविरमें बन्दी हुए, तब उनकी माताने पुत्रके निरापद लौटनेको कामना कर वारद्वारी बनानेकी मनशा की थी। शाहुके प्रासादके समीप और दरगाह-प्रवेशके सामने नगरखाना अवस्थित है। उसकी छत परसे पैठान नगर तक दृष्टिगोचर होता है। वासिमके विख्यात जमींदार कान्हूजी नायकने १७८० ई०में यह नगरखाना बनवाया था। महाराष्ट्र-सरदार मोरे दरगाहके चारों ओर प्राचीर और दो प्रवेशद्वार तथा अहमदनगरके विख्यात खोजा वणिक् ख्वाजा सरीफा एक दूसरा गेट बनवा गये हैं। बीजापुरके राजाने इसके चारों पार्श्वको फर्श पक्की बनवा दी थी। कोलावरके भाऊ साहब अंग्रियाने यहां चांदी और पीतलका घोटक प्रदान किया है।

हिन्दुओंके मध्य प्रवाद है, कि रमजानका पूर्व नाम कनहोवा था। वे १३५० ई०में पैठान नगर पधारे। यहां सादत् अली नामक किसी मुसलमानने इन्हें इसलामधर्ममें दीक्षित किया। दीक्षाके बाद उनका नाम शाह रमजान पड़ा। एक दिन वे 'महिसवार' मत्स्य पर चढ़ कर गोदावरी पार कर गये थे। तभीसे मुसलमान-समाजमें ये पीरशाह रमजान महिसवार नामसे प्रसिद्ध हुए।

प्रति वर्ष फाल्गुनी कृष्णा पञ्चमी तिथिको इनके उद्देशसे एक मेला लगता है। कहते हैं, कि समाधिक्षेत्रके समीप एक निर्दिष्ट स्थान पर चढ़ कर बहुतसे भक्त पर्वत परसे कूद पड़े थे. पर पीरकी कृपासे उन्हें जरा भी चोट न आई। दरगाहके खर्च वर्चके लिये सम्राट् शाह आलम ७५० बीघा निष्कर जमीन और महाराष्ट्रराज शाहु मढ़िग्राम दान कर गये थे। किन्तु दुःखका विषय है, कि उक्त ग्रामके चतुर्थांशको छोड़ कर एक कौड़ी भी दरगाहके खर्च वर्चके लिये अभी निर्दिष्ट नहीं है।

मढ़ी (हिं० स्त्री०) १ छोटा मठ। २ छोटा देवालय। ३ पर्णशाला, झोंपड़ी। ४ छोटा घर। ५ छोटा मण्डप।

मढ़ैया (हिं० स्त्री०) १ मढ़ी देखा। (पु०) २ मढ़नेवाला।

मणि (सं० पु० स्त्री०) मण (सर्वधातुभ्य इन्। उण् ४।११७) इति इन्। १ अश्मजाति, प्रस्तरभेद। २ बहुमूल्य रत्न, जवाहिर। जैसे,—हीरा, पन्ना, मोती, माणिक आदि। यह चक्षुका हितकर, शीतल, लेखन, विषदूषक, पवित्ताकारक, पापनाशक और श्रीवर्द्धक माना गया है। मणिके मध्य कौस्तुभ ही श्रेष्ठ है।

भूगर्भनिहित बहुमूल्य प्रस्तर ही मणि कहलाता है। इसकी गिनती रत्नविशेषमें की जाती है। साधारणतः इन सब पत्थरोंमें वज्र वा हीरक, मरकत वा पन्ना, पद्मराग वा चूनी, मौक्तिक वा मुक्ता, इन्द्रनील वा नीलम, वैदुर्य वा लशुनिया, गोमोक, विद्रुम वा प्रवाल और पुष्पराग वा पोखराग नामक नौ रत्न ही प्रधान हैं। एतद्भिन्न अग्निपुराणके २४वें अध्यायमें महानील, गन्धशस्य, चन्द्रकान्त सूर्यकान्त, स्फटिक, पुलक, कर्केतन, ज्योतीरस, राजपट्ट, राजमय, सौगन्धिक, गञ्ज, शङ्ख, गोमेद, रुधिराख्य, भल्लातक, धूली, तुत्थक, सीस, पीलु, गिरिव्रज, भुजङ्गमणि, वज्रमणि, टिट्टिभ, पिण्ड, भ्रामर, उत्पल, भीष्म आदि अनेक प्रकारके रत्नोंका उल्लेख है। राजाको चाहिये कि वे जयकार्यमें ये सब मणि धारण करें। जाति और गुणकी परीक्षा करके विशुद्ध गुणयुक्त मणि धारण करना अथवा धनागारमें रखना उचित है। विशुद्ध रत्न मानवके शरीरमें अशेष सुख प्रदान करता है।

यहां तक कि कोई कोई रत्न धारण करनेसे रोगनाश और अदृष्ट लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

जो मणि कुदिन और कुलग्नमें उत्पन्न होती है वे ही दोषान्वित समझो जाती हैं। वे दोषपूर्ण रत्न धारण करनेसे शरीरमें व्याधिरूप नाना अमङ्गल होता है। इसी कारण रत्न-परीक्षक द्वारा पहले रत्नकी आकृति, वर्ण और दोषगुणादिको परीक्षा करा लेनी चाहिये। अलावा इसके प्रत्येक मणिके ही तारतम्यानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र जातित्व कल्पित होता है। इन सबको पुनः श्वेत, रक्त, पीत और कृष्णवर्ण छाया विभेद से हो परीक्षा होती है।

भारत-भूमि मणिका आकर कह कर चिरप्रसिद्ध है। पृथ्वी पर ऐसा दुर्मूल्य कोई भी रत्न नहीं जो एक न एक दिन भारतमें संगृहीत हुआ हो। भारतेश्वरी महारानी विक्टोरियाके मुकुटका प्रसिद्ध 'कोहिनूर' हीरा, पारस्यशाहके छः लाख रुपयेकी तथा मक्कटके इमामकी ३ लाख रुपये मोलकी मुक्ता और टावर्नियर-वर्णित विजापुरराजका ५० रत्ती परिमिति माणिक सभी भारतीय रत्न हैं। प्राचीन वेदशास्त्र, रामायण और महाभारत तथा नाटकादिमें मणिका उल्लेख मिलता है। स्वयं नारायण कौस्तुभ मणि धारण करते हैं। श्रीकृष्ण कर्त्तृक जाम्बवान् पराजय और स्यमन्तक अपहरण पुराणमें लिपिबद्ध है। स्यमन्तक-मणिहरणके आन्दोलनमें श्रीकृष्णके प्रति वृथा कलङ्कारोप किया गया था। पीछे श्रीकृष्णने उसका अपनोदन किया। आज भी हम लोगोंके देशमें जो भाद्रमासके नष्ट चन्द्रमाको देखते हैं वे अपनेको वृथा कलङ्कभागी होनेके भयसे स्यमन्तकहरणकी कथाका उल्लेख करते हुए शान्तिजल धारण करते हैं। उसका मन्त्र इस प्रकार है—

> "सिंहः प्रसेनमवधीत् सिंहो जाम्बवता हतः।
> सुकुमारक मारोदीस्तव ह्येष स्यमन्तकः॥"

फारसमें बहुकालसे मणिका आदर था। फिनिकीय वणिक्गण ग्रीस और मिश्रराज्यमें मणि ले जाया करते थे। इजिप्तके धनी लोग पहले मस्तक पर मणिका मुकुट और हाथमें उसकी अंगूठी पहनते थे। ईसा जन्मके पांच सदी पहले हेलेनिक-मठके प्रतिष्ठाता ओनोमाक्रिटस तथा हेरोदोतस, प्लेटो, अरिष्टटल आदि मरकतादि मणिगुणका उल्लेख कर गये हैं। आलेकसन्दर मणिमय अलङ्कार पहनते थे।

इजिप्त और ग्रीस-राज्य रोम-साम्राज्यभुक्त होनेके बाद लूटके मालसे रोम-राजभण्डार मणिपूर्ण हो गया था सीजर और क्लियोपेट्रा मणि धारण करते थे। ईसाइयोंके बारह धर्ममतके वक्ता (Twelve Apostles) बारह रत्नरूपमें कहे जाते हैं।

१। पिटार—जास्पर।
२। एण्ड्रु—सेफायर—नीला।
३। जन—एमाराल्ड—पन्ना।
४। जेमस्—केलसोडोनो—पुलक।
५। फिलिप—सार्डोनिक—बैंगनो स्फटिक।
६। बार्थोलोमियो—कर्णेलियन—रुधिराख्य।
७। मथियस—खृसोलाइट—उज्ज्वल कर्केतन।
८। टामस—बेरिल—कर्कतन।
९। जेम्स दि इयङ्गर—टोपज—पोखराज।
१०। थद्देउस्—खृसोफ्रेज—सब्ज स्फटिक।
११। मेथिओ—एमेथिष्ट।
१२। सिमेउन—हायासिन्थ—गोमेद।

६३० ई०में सेभिलके धर्मयाजक सिभोरसने मणिके सम्बन्धमें लिखा है, कि इससे स्वास्थ्य, धन, कान्ति, मान्य, शुभादृष्ट और शक्ति (क्षमता) प्राप्त होती है। वर्षके किस मासमें कौन मणि धारण करनेसे कैसा शुभफल होता है नीचे उसकी एक तालिका दी जाती है।

जनवरी—जासिन्थ वा गार्णेट—गोमेद वा पुलक।
फरवरी—एमेथिष्ट।
मार्च—ब्लड्ष्टोन वा जासपर।
अप्रिल—सेफायर—नीला।
मई—एगेट—अकीक।
जून—एमारेल्ड—पन्ना।
जुलाई—ओनिक्स—लाल दागवाला हेर्कीक।
अगस्त—कर्णेलियन—रुधिराख्य।
सितम्बर—खृसोलाइट—कर्कैतन मणि।
अक्तूबर—बेरिल वा एक्वोयामेरिन।

नवम्बर—टोपज—पुष्पराज।

दिसम्बर—रुवि—माणिक।

वहुतेरे मणिका अलौकिक गुण स्मरण करके उसे धारण करना नहीं चाहते। फ्रान्सकी सम्राज्ञी इयुजिन्ने कभी भी मूल्यवान् पत्थर धारण नहीं किया। पर भारत-सम्राज्ञी विक्टोरिया मणि-धारण करना वहुत पसन्द् करती थीं। उन्होंने अपनी कन्याओंके विवाहकालमें ओपल और हीरकमण्डित अलङ्कार यौतुकमें दिये थे।

अभी यूरोपके राजन्य और धनवान व्यक्तियोंमें विवाहके समय अपनी प्रणयिनीको स्वनामाङ्कित मणिमण्डित अंगूठो देनेकी प्रथा प्रचलित देखी जाती है। अङ्गरेजी वर्णमालाके क्रमानुसार कितने स्वच्छ और अस्वच्छ प्रस्तर मणिके नाम हैं। अंगूठीके ऊपर किसीका भी नाम सन्निवेशित करनेमें मणियोंका आदि-अक्षर ले कर नाम संगठन करना होता है। हम लोगोंके भूतपूर्व भारत सम्राट् एडवर्डका नाम था 'Bertie'। उन्होंने विवाहकालमें अपनी प्रणयिनी राजकुमारी अलेकजन्द्राको Beryl, *E*merald, Ruby, Turquoise, Jacinth और *E*merald एक दूसरेके वाद वैठा कर नामका परिचय दिया था।

जिस प्रकार गज, सर्प, शम्बूक आदि जीवदेहसे मुक्ता उत्पन्न होती है, उसी प्रकार स्थानविशेषमें शङ्ख, शुक्ति, भेक और सर्पके मस्तकसे भी मणिकी उत्पत्ति कथा सुनी जाती है। अरव देशके जंगली जन्तुविशेष (Cervicebra)की देहमें वेजोअर (Bezoar) नामक पत्थर पाया जाता है। वहुतसे प्राचीन ग्रन्थोंमें तथा टिम्वर-लेक, कप्तान सर एडवर्ड, वेलकर आदिके भ्रमणवृत्तान्तसे इस वातकी सार्थकता मालूम होती है। किन्तु यह कहां तक सत्य है, उसका कोई सिद्धान्त नहीं किया जाता।

पहले ही कहा जा चुका है, कि हीरकादि मणि पृथ्वीसे निकलती है। जिस प्रकार युगान्तर प्रोथित वनराजि किसी अभावनीय कारणसे कोयलेमें रूपान्तरित होती है अथवा मृत्तिका-राशि जलवायुके गुणसे पर्वतमें परिणत होती है उसी प्रकार किसी अनैसर्गिक हेतु वशतः भूगर्भस्थ पदार्थ मणिमें परिणत होते हैं। मिट्टी और वेणु (वांस) नामक उद्भिद् पदार्थमें पत्थर पाया जाता है। इन सव पत्थरोंमें जो उत्कृष्ट है वही रत्न है और अवशिष्ट सामान्य पत्थर मात्र है। स्फटिक (Quartz) और भीष्मरत्नकी (Rock crystals) मणिमें गिनती होने पर भी कम मोल होनेके कारण उपरत्नमें उसकी गणना की गई है। स्फटिकके वर्ण-विभेदानुसार अङ्गरेजीमें विभिन्न नाम हैं।

सिंहल, भारत, ब्रेजिल, अष्ट्रेलिया, कालिफोनिया, साइविरिया और दक्षिण अफ्रिकाको मणि और मुक्ताका आकर कहनेमें कोई अत्युक्त नहीं। समुद्रगर्भमें मुक्ता और भूगर्भमें मणि पाई जाती है, यही प्रसिद्धि है।

विस्तृत विवरण हीरकादि शब्दमें देखो।

ऊपर जिन सव प्रस्तरादिका उल्लेख किया गया उनकी भाषा और नामसे वर्त्तमान मणिकार (जौहरी) अवगत नहीं हैं। उन्होंने प्रचलित मूल्यवान् प्रस्तरादिका जो नाम वतलाया है वह इस प्रकार है—

१ हीरा कमान्, हीरा ओलन्दाजी, हीरा परव। २ चूनी कड़ा, चूनी नरम, श्यामखेत् (श्यामदेशजात), चूनी माणिक। ३ पन्ना पुरातन और दूतन खान। ४ पोकराज। ५ तुरमुनि। ६ नीला। ७ लेशुनिया। ८ सोनेला। ९ गोमेदक। १० ओपेल। ११ संशेडाण। १२ शंगेशन। १३ हकिक। १४ नीरेष्टोन। १५ जवरजत्। १६ सुलेमानी १७ गोरी। १८ पीटोनिया। १९ दाने चीनी। २० धनेला। २१ पीरोजा। २२ गोदन्ता। २३ एमनी। २४ करकेतक्। २५ लाजवरन्। २६ मूगा। २७ कृस्तल इत्यादि।

३ अजाका कण्ठस्थित स्तन, वकरीके गलेकी थैली। ४ लिङ्गाग्र, पुरुपेन्द्रियका अगला भाग। ५ योनिका अगला भाग। ६ नागविशेष, एक नागका नाम। ७ अलिञ्जर, घड़ा। ८ मणिवन्ध। ९ मुनिभेद।

मणिक (सं० क्ली०) मणिरेवेति मणि (यावादिभ्यः कन्। पा ५।४।२९) इति स्वार्थे कन्। अलिञ्जर, मिट्टीका घड़ा।

मणिकण्ठ (सं० पु०) चासपक्षी।

मणिकण्ठ—एक प्राचीन वैयाकरण। आप कारकखण्डन,

कारकखण्डनमण्डन, कारकविचार और न्यायरत्न नामक ग्रन्थ लिख गये हैं।

मणिकर्ण (सं० पु०) कामरूपस्थित शिवलिङ्गभेद। भस्मकूटके ईसानकोणमें मणिकूट नामक एक महागिरि है। इस गिरि पर स्वयं महादेव मणिकर्ण नामक लिङ्गरूपमें अवस्थान करते हैं।

"भस्मकूटस्य चेशान्यां मणिकूटो महागिरिः।
मणिकर्णो नाम हरस्तत्र तिष्ठति लिङ्गकः॥
स सद्योजातरूपस्तु मणिकर्ण इतीरितः।
सद्योजातस्य मन्त्रेण पूजितव्यः सदा शिवः॥"

(कालिकापु० ८१ अ०)

मणिकर्णिका (सं० स्त्री०) कर्णे भवा इति कर्ण (कर्ण ललाटात् कनलङ्कारे। पा ४।३।६५) इति कन्, टाप्। काशीस्थित तीर्थविशेष। इसका उत्पत्ति-विवरण काशीखण्डमें इस प्रकार लिखा है—

"त्वदीयास्यास्य तपसो महोपचयदर्शनात्।
यन्मयान्दोलितो मौलिरहि श्रवणभूषणः॥
तदान्दोलनतः कर्णात् पपात मणिकर्णिका।
मणिभिः खचिता रम्या ततोऽस्तु मणिकर्णिका॥"

(काशीखण्ड २६ अ०)

महादेवने विष्णुसे कहा था, "हे विष्णो! तुम्हारा घोर तपस्या देख कर मैं बहुत घबड़ा गया। इस कारण मैंने अपना सिर डुलाया जिससे मेरे कर्णसे विचित्र मणिसमूहखचित मणिकर्णिका नामक कर्णभूषण यहां पर गिर पड़ा। इसी कारण इसका नाम मणिकर्णिका पड़ा है। हे विष्णो! तुमने अपने चक्र द्वारा खनन किया है; इसीसे इसका नाम चक्रपुष्करिणी हुआ है। किन्तु आज मेरी मणिकर्णिकाके गिरनेसे यह स्थान आजसे मणिकर्णिका नामसे विख्यात होगा।"

मणिकर्णिकामें स्नान करनेसे अनन्त पुण्यलाभ होता है। समस्त तीर्थोंमें स्नान करनेसे जो पुण्यलाभ होता है मणिकर्णिकामें सिर्फ एक बार मज्जन-स्नान करनेसे वही पुण्य प्राप्त होता है। जो व्यक्ति मृत्तिका, गोमय और कुशादि तथा स्वशाखोक्त वारुण-मन्त्र, दूर्वा और अपामार्ग इत्यादि पदार्थ द्वारा श्रद्धापूर्वक इस मणिकर्णिकामें स्नान करते हैं, उन्हें सब तीर्थ-स्नान तथा सब प्रकारके दान करनेका पुण्य प्राप्त होता है। यदि कोई अश्रद्धापूर्वक भी यथाविधान मणिकर्णिकामें स्नान करे, तो भी उसे स्वर्गकी प्राप्ति होती है।

मणिकर्णिकामें श्रद्धापूर्वक यथोक्तविधानसे स्नान करके तिल, कुश और यव आदि द्वारा देव और पितृ-तर्पण करनेसे सब प्रकारके यज्ञका फललाभ होता है। श्रद्धापूर्वक मणिकर्णिकामें स्नान और तर्पण करके अभीष्ट मन्त्रका जप करनेसे सभी मन्त्रजपका फल प्राप्त होता है। मणिकर्णिकामें स्नान कर विश्वेश्वरके दर्शन करनेसे सभी यज्ञादिका फल होता है। (काशीख० २६ अ०)

विशेष विवरण काशी शब्दमें देखो।

२ मणिमय कर्णभूषण।

मणिकर्णेश्वर (सं० पु०) मणिकर्ण्या मणिकर्ण्यां वा ईश्वरः। काशीस्थित शिवलिङ्गविशेष।

काशीमें लिखा है—काशीयात्रीगण मत्स्योदरीमें स्नानादि करके पहले ओङ्कारेश्वरका दर्शन करें। पीछे त्रिविष्टप, महादेव, कृत्तिवास, रत्नेश्वर, चन्द्रेश्वर, केदारेश्वर, धर्मेश्वर, वीरेश्वर, कामेश्वर, विश्वकर्मेश्वर और मणिकर्णेश्वरकी पूजा करना विधेय है। इस प्रकार पर्यायक्रमसे दर्शनादि करना ही उचित है। इच्छानुसार एकके बाद दूसरा नियमभङ्ग करके दर्शनादि करनेसे फलकी हानि होती है।

मणिकर्णेश्वर (सं० पु०) मणिकर्णस्तदाख्य ईश्वरः। कामरूपस्थित शिवलिङ्गविशेष।

'सर्वतीर्थजले स्नात्वा स्पृष्ट्वा चन्द्रं सवाससं।
मणिकर्णेश्वरं दृष्ट्वा मुक्तिर्मस्माचलं गते॥"

(कालिकापु० ८१ अ०)

मणिकाच (सं० पु०) काचविशेष।

मणिकानन (सं० क्ली०) मणीनां काननमिव बहुमणिधारणादस्य तथात्वं। १ कण्ठ, गला। २ रत्नवन।

मणिकार (सं० पु०) मणि करोतीति कृ-अण्। १ मणिनिर्मित अलङ्कारादि कर्त्ता, जौहरी। पर्याय—वैकटिक। २ न्यायचिन्तामणिकर्त्ता।

मणिकुट्टिका (सं० स्त्री०) कुमारानुचर मातृभेद।

मणिकुण्ड—प्राचीन तीर्थभेद। (नृसिंहपुराण)

मणिकुसुम (सं० पु०) जिनभेद ।

मणिकूट (सं० पु०) मणयः मणिमयानि कूटानि शिखराणि यस्य । कामरूपस्थित एक पर्वत । भस्मकूटके ईशान कोनमें मणिकूट नामक एक महागिरि है । मणिकूट और गन्धमादन पर्वतके मध्य लोहित्य नदी बहती है । इस मणिकूट पर्वत पर स्वयं विष्णु हयग्रीवमूर्त्ति धारण कर अवस्थान करते हैं तथा महादेव भी मणिकर्ण नामसे लिङ्गरूपमें विद्यमान हैं ।

"भस्मकूटस्य चैशान्यां मणिकूटो महागिरिः ।
मणिकर्णो नाम हरस्तत्र तिष्ठति लिङ्गकः ॥"
(कालिकापु० ८१ अ०)

"मणिकूटस्याथ गिरेर्गन्धमादनकस्य च ।
मध्ये स्रवति लोहित्यो ब्रह्मपुत्रः समास्थितः ॥
मणिकूटाचले विष्णुर्हयग्रीव स्वरूपधृक् ।
स च व्याम प्रमाणेन विस्तारेणैव संस्थितः ॥"
(कालिकापु० ८० अ०)

मणिकृत (सं० पु०) मणि मणिनिर्मितमलङ्कारं करोतीति कृ क्विप् तुक् च । मणिकार, जौहरी ।

मणिकेतु (सं० पु०) केतुभेद, वृहत्संहिताके अनुसार एक बहुत छोटा पुच्छल तारा । इसकी पूंछ दूध-सी सफेद मानी गई है । यह केतु पश्चिममें उगता है और केवल एक पहर दिखाई देता है ।

मणिखनि (सं० पु०) मणीनां खनिः । मणिका आकर, मणिकी खान ।

मणिगुण (सं० पु०) एक वर्णिक वृत्त । इसके प्रत्येक चरणमें चार नगण और एक सगण होता है । इसका दूसरा नाम 'शशिकला' और 'शरभ' भी है ।

मणिगुणनिकर (सं० पु०) छन्दोभेद । इस छन्दके प्रति चरणमें १५ अक्षर करके रहते हैं । एकसे ले कर चौदह अक्षर गुरु और शेष सभी लघु होते हैं । दो, छः, आठ और सात पर यति है ।

मणिग्राम—विन्ध्यागिरिपार्श्ववर्त्ती पर्णाशा नदीके किनारे अवस्थित एक प्राचीन ग्राम ।

मणिग्रीव (सं० पु०) मणयो ग्रीवायां कन्धरायां यस्य । १ कुवेरके एक पुत्रका नाम । (त्रि०) २ रत्नकन्धर ।

मणिचूड (सं० पु०) १ एक विद्याधर । २ साकेतनगरीके एक राजा ।

मणिचूड़ावदनमें लिखा है—साकेतराज ब्रह्मदत्तके एक पुत्र उत्पन्न हुआ । उस वालकके शिर पर सूर्यके समान ज्योतिः सम्पन्न एक मुकुटको देख कर राजाने पुत्रका नाम मणिचूड़ वा रत्नचूड़ रखा । राजा मणिचूड़ने पितृ-सिंहासन पर बैठ कर अपनी न्यायपरता और प्रजावत्सलताका परिचय दिया था । उस समय हिमालयकी किसी गुहामें एक साधु रहते थे । एक दिन वे विचरणकालमें पद्मदलके ऊपर स्थापित एक असामान्य रूपलावण्यवती कुमारीको देख कर उसे अपने वासगृहमें ले आये । योगिवरने उस कन्याका नाम पद्मावती रखा । वह कन्या मुनिके आश्रममें रह कर दिन-दिन शशिकला की तरह वढ़ने लगी । पीछे मुनिश्रेष्ठने उसे मणिचूड़ राजाके हाथ सौंपा । पद्मावतीके गर्भसे राजाके पद्मोत्तर नामक एक उत्पन्न हुआ ।

पुत्रके साथ सुखपूर्वक राज्यशासन करते हुए राजाने एक महायज्ञका अनुष्ठान किया । यज्ञकालमें उन्होंने राजकोष खोल दिया था । राजाकी दानशीलताको परीक्षा करनेके लिये देवराज इन्द्र राक्षसरूपमें राजाके समीप उपस्थित हुए और नररक्तपानकी इच्छा प्रगट की । प्रार्थीकी आकांक्षा पूर्ण करनेमें पुण्यानुष्ठानके समय नरहत्यारूप पापपङ्कमें निमज्जित होना पड़ेगा, यह सोच कर राजाने अपने गलेको काट राक्षससे कहा, 'मेरे गलेसे निकले हुए रक्तको पी कर अपनी प्यास बुझाओ ।' इसके बाद उस राक्षसके पुनः रक्तपानकी इच्छा प्रगट करने पर राजाने अपनी देहको उन्हें समर्पण किया । राजाके ऐसे दान पर प्रसन्न हो कर देवराजने अपनी मूर्त्ति धारण की और राजाको सम्बोधन कर कहा, 'हे राजन् ! मैं तुम्हारे आचरणसे चमत्कृत हो गया, तुम दीर्घजीवन लाभ करके ससागरा धरणीश्वर हो जा । अभी तुम और क्या चाहते हो, कहो, तुम्हारा अभीष्ट पूर्ण करता हूं ।' यह सुन कर राजाने बुद्ध होनेके लिये प्रार्थना की, क्योंकि वह मनुष्यका मुक्तिसाधक हो सकता है ।' वर पा कर सार्थक जीवन हो महाराज मणिचूड़ने अपना धनरत्नादि ब्राह्मणोंको दान कर दिया । यहां तक कि उन्होंने इस समय अपनी स्त्री और पुत्रका भी त्याग कर दिया था ।

राजाके दान पर प्रलुब्ध हो कर दुष्प्रसव नामक एक राजाने उनसे मस्तककी मणि मांगनेके लिये पांच ब्राह्मण को भेजा। राजाने प्रसन्न वदनसे अपने मस्तकसे उस मणिको उखाड़ कर दे दिया। किन्तु दैव-प्रसादसे उसके मस्तकमें फिरसे मणि उत्पन्न हो गई। उक्त ग्रन्थमें लिखा है—बुद्धदेवने कहा है, कि पूर्व जन्ममें वे मणिचूड़ थे। इस मणि प्राप्तिका कारण यों है,—

यह मणिचूड़ राजा अरुणके पुत्र थे। राजा अरुणने शिखबुद्धकी समाधिके ऊपर हीरक-खचित स्तूप बनवा दिया था। उनके पुत्रने उस स्तूपके शिखर पर निज मुकुट और मणि-मण्डित एक स्वर्णच्छत्र प्रदान किया। इसी कार्यके लिये वे दूसरे जन्ममें मणिचूड़ हुए थे।

मणिच्छिद्रा (सं० स्त्री०) मणेरिवच्छिद्रमस्यां। १ मेधानामक औषध। २ ऋषभाख्य औषध। ३ महामेदा।

मणिजला (सं० स्त्री०) मणिप्रचूरं जलमस्यां। नदीभेद।

मणित (सं० क्ली०) मण् भावे क्त। मैथुनकालीन वाक्य, वह वार्त्तालाप जो स्त्री-प्रसंगके समय किया जाय। पर्य्याय—रतकुजित।

मणितारक (सं० पु०) मणेरिव दीप्तिमती तारका यस्य। सारस पक्षी।

मणित्थ (सं० पु०) एक प्राचीन ज्योतिर्विद्। वराहमिहिर और केशवार्कने इनका नामोल्लेख किया है। ताजकमणित्थ, ताजिकग्रन्थ और सारावली नामक कई ग्रन्थ इनके बनाये हुए मिलते हैं। इनका ग्रीक नाम Manetho है।

मणिदर (सं० पु०) एक यक्षपति।

मणिदर्पण (सं० क्ली०) मणिविमण्डित दर्पण।

(राजत ४।५६४)

मणिदोष (सं० पु०) रत्नादिका दोष। परीक्षकगण रत्न-परीक्षा द्वारा उस दोषका निर्णय करते हैं।

मणिद्वीप (सं० पु०) पुराणानुसार रत्नोंका बना हुआ एक द्वीप। यह क्षीरसागरमें है और त्रिपुरसुन्दरीदेवीका निवासस्थान माना जाता है।

मणिधनु (सं० पु०) १ मणिखचित धनु। २ राजपुत्रभेद।

मणिधनुस् (सं० क्ली०) रामधनु।

मणिधर (सं० पु०) सर्प, सांप।

मणिनन्दपण्डित—व्यवहार-महोदय नामक ज्योतिःशास्त्रके रचयिता।

मणिनाग (सं० पु०) नागभेद।

मणिपद्म (सं० पु०) बोधिसत्त्वभेद।

मणिपर्वत (सं० पु०) मणीनां पर्वतः। गिरिविशेष।

मणिपालिन् (सं० त्रि०) मणिं पालयति पालि-इनि। मणिपालक।

मणिपुच्छी (सं० स्त्री०) मणि-रिव पुच्छं यस्याः ङीष्। मणितुल्यपुच्छयुता स्त्री।

मणिपुर (सं० क्ली०) तन्त्रके अनुसार छः चक्रोंमेंसे तीसरा चक्र। यह पद्म नाभिदेशमें अवस्थित है। यह तेजोमय, विद्युतके समान आभायुक्त, नीले रङ्गका, दश दलोंवाला और शिवका निवासस्थान माना जाता है। कहते हैं, कि यदि इस पर ध्यान लगाया जा सके, तो सब विषयोंका ज्ञान हो जाता है। यह भी कहते हैं, कि इस पर "ड"से "फ" तक अक्षर लिखे हैं।

इस पद्मके ऊपर सुदुर्लभ महापद्म अवस्थित है।

"एतत् पद्मस्योर्द्ध्वदेशे महापद्मं सुदुर्लभम्।
दश पत्रं नीलवर्णं सजलं घोररूपकम्॥"

(निर्वाणतन्त्र ६ प०)

इस पद्ममें देवतीर्थ और पञ्चकुण्ड सरोवर है। मुक्तिकामी व्यक्ति इस तीर्थमें स्नान करते हैं।

"मणिपुरे देवतीर्थं पञ्चकुण्डं सरोवरम्।
तत्र श्रीकामनातीर्थे स्नाति यो मुक्तिमिच्छति"।

(रुद्रयामल)

२ स्वनामख्यात पुरभेद।

(भारत १।११८।२३) कलिङ्ग देखो।

मणिपुर—उत्तर-पूर्व भारतसीमा पर अवस्थित एक देशीय राज्य। यह अक्षा० २३° ५०′ से २५° ४१′ उ० तथा देशा० ९३° २′ से ९४° ४७′ पू०के मध्य विस्तृत है। भू-परिमाण ८४५६ वर्गमील है।

इसके उत्तरमें नागापहाड़ और नागजातिका निवास पार्वत्य वनविभाग; पश्चिममें कछाड़ जिला; पूर्व-उत्तरमें

ब्रह्म और दक्षिणमें लुसाई, कुकी और सूर्ती नामक वन्य जातिकी निवास-भूमि है।

जो दुर्गम पार्वत्यप्रदेश आसाम, कछाड़, ब्रह्म और चट्टग्राम तक विस्तृत है, उसी पार्वत्य भूभागकी उपत्यकाके ऊपर मणिपुर राज्य बसा हुआ है।

मणिपुरमें गिरिमाला उत्तर और दक्षिणकी ओर फैली हुई है। उत्तरांशकी ऊँचाई अधिक है। यहां तक कि मणिपुरकी उपत्यकासे चार दिनका रास्ता तै करने पर समुद्रपृष्ठसे प्रायः ८००० फुट ऊँची गिरिमाला देखी जाती है। गिरिमाला प्रायः सर्वत्र असमतल और कोणाकार शृङ्गयुक्त होने पर भी उपत्यकाके समीप बहुत कुछ समतल और चौरस देखी जाती है।

उपत्यकाके ऊपर लोगताक् ह्रद सम्मुख और दक्षिण-भागमें फैला हुआ है। इस ह्रदके दक्षिण पहाड़के किनारे तक सभी भूभाग अकर्षित और तृणजङ्गलसे परिपूर्ण है। उत्तर और पूर्वांशमें कुछ ग्राम देखे जाते हैं। उससे भी उत्तर मणिपुर-राजधानी अवस्थित है। उत्तर और पश्चिमसे अनेक नदियाँ आ कर लोगताक्-ह्रदमें गिरी हैं। इनमेंसे एक नदी मणिपुरकी राजधानीके भीतर हो कर बह गई है।

मणिपुरकी ओर जो पत्थर पाया जाता है वह बालू पत्थर और स्लेटका ही एक भेद है। कूबो उपत्यकाकी ओर हरणब्लेण्ड और लौहप्रस्तर यथेष्ट पाया जाता है। मणिपुरके उत्तरांशमें जो पत्थर मिलता है, वह खूब कठिन और ठोस है। इसमें दानेदार (Granite) पत्थर भी देखा जाता है। मणिपुरके उत्तर-पूर्व कोयले पाये जाते हैं, पर वे उतने अच्छे नहीं होते। राजधानीसे प्रायः ७ कोस उत्तर-पूर्व उपत्यकाके ऊपर लवणकूप है। उस लवणसे ही मणिपुर-वासियोंका अभाव दूर होता है।

मणिपुरराज्यमें लोग्ताक ह्रद ही प्रधान जलाशय है। इसका आकार बहुत बड़ा होने पर भी प्रति वर्ष इसका आयतन घटता जाता है। भूतत्त्वविदोंका विश्वास है, कि पूर्वकालमें मणिपुर एक वृहत् ह्रदाकारमें परिणत था। धीरे धीरे वह जलराशि घटती घटती वर्त्तमान लोग्ताक-ह्रदमें परिणत हो गई है। जलराशिका दूसरा अंश उपत्यकाके नाना स्थानोंमें आज भी विकीर्ण है।

यहांकी उपत्यका पर उतनी नदियां नहीं हैं। मणिपुर और कछाड़के पहाड़के मध्य जो सब नदियां बहती हैं उनमें जीरो, मुकरू, बराक, परूङ्ग, लेङ्गरा और लेइमिताक प्रधान हैं। जीरी नदी ही अंगरेजी राज्य-सीमासे मणिपुरको पृथक् करती है। इसका जल बहुत स्वच्छ है। बराक नदी ही सबसे बड़ी है। इसमें मुकरू, परूङ्ग और तिपाई नदी आ कर मिलती है। ग्रीष्मकालमें सभी नदीयोंका जल सूख जाता है।

मणिपुर पहाड़ पर नागेश्वर, जारूल, तुन, देवदारु और सुन्दरीवृक्ष पाया जाता है। इन वृक्षोंकी लकड़ी बहुतसे कामोंमें आती है। उत्तरांशमें यथेष्ट बांस देखा जाता है।

यहांकी अधित्यकामें तरह-तरहके अनाज और तरकारी पाई जाती है। धान ही यहांका प्रधान अनाज है और मणिपुर-वासियोंका प्रधान खाद्य है।

उपत्यका पर जंगलीपशु उतने नहीं देखे जाते, किन्तु पहाड़के अञ्चलमें बहुसंख्यक दलबद्ध हाथी, बाघ, चीता, बनबिलाव और भालू देखे जाते हैं। यहां नाना जातिके हरिण मिलते हैं जिनमेंसे शाम्बर हरिण विशेष प्रसिद्ध है। दक्षिण और पूर्वांशमें पहाड़ पर ही केवल गैंड़े, जंगली भैंस और जंगली गाय देखी जाती है। जंगली सूअर, खरगोस, उल्लू और लांगूर नामक एक श्रेणीका बन्दर नाना स्थानोंमें विचरण करता है। साधारण पक्षीयोंका अभाव नहीं है। पर्वतके उच्च शृङ्ग पर एक प्रकारका बड़ा काला बाज पक्षी देखा जाता है।

मणिपुरमें वैसा विषधर सर्प नहीं है, पर दक्षिणाञ्चल जंगलमें वृहदाकार पहाड़ी बोड़ा देखा जाता है। अन्यान्य स्थानोंमें भी नाना जातिके छोटे बड़े सर्प हैं, किन्तु वे विशेष अनिष्टकर नहीं हैं। परन्तु तङ्गलेई नामक सर्पसे मणिपुरवासी बहुत डरते हैं।

इतिहास।—किसी किसीका विश्वास है, कि महाभारतमें जिस मणिपुरका उल्लेख है, जहां अर्जुनके साथ उनके पुत्र बभ्रुवाहनने युद्ध किया था, यह वही मणिपुर है। किन्तु इस भ्रान्तविश्वासके मूलमें जरा भी सत्यता

नहीं है। वास्तविक महाभारतीय मणिपुरका वर्त्तमान अवस्थान निर्णय करनेमें वहुतेरे भूलमें पड़ गये हैं। प्रसिद्ध प्रत्नतत्त्वविद् कनिंहम साहवने मध्यप्रदेशके अन्तर्गत रतनपुरके उत्तर अवस्थित मणिपुरको ही चेदि-राज्यकी प्राचीन राजधानी और महाभारतीय मणिपुर बतलाया है। फिर कोई कोई मन्द्राजके निकटवर्त्ती माहलापुरको प्राचीन मणिपुर कहते हैं। डाकृर अपार्टने दाक्षिणात्यके मदुरासे ७॥ मील पूर्वमें अवस्थित वर्त्तमान मणलूर ग्रामको महाभारतीय मणिपुर स्थिर किया है। फिर अयोध्या प्रदेशके सीतापुर जिलेमें प्रवाद है, कि सीतापुरसे १३ कोस दक्षिण मनुआ नामक एक बड़ा ग्राम है। यही ग्राम प्राचीन मणिपुर है। यहां अर्जुनके साथ वभ्रुवाहनका युद्ध हुआ था।

उपरोक्त कोई भी मणिपुर महाभारतके समय नहीं था। आधुनिक अलीक प्रवादसे नाना मतकी सृष्टि हुई है।

महाभारतसे जाना जाता है, कि मणिपुरमें कलिङ्गाधिप चित्राङ्गदाके पिताकी राजधानी थी और वह समुद्रके किनारे अवस्थित था। (भारत १।२१६ अ०)

किन्तु ऊपर जिन सब मणिपुरका उल्लेख किया गया है उनमें कोई भी कभी कलिङ्गराज्यके अन्तर्गत नहीं था। हमने कलिङ्ग शब्दमें यह दिखलाया है, कि वर्त्तमान गञ्जाम् जिलेके चिकाकोलके निकट जो मनकुर वन्दर है वही कलिङ्गराजधानी महाभारतीय मणिपुर है।

कलिङ्ग देखो।

वर्त्तमान मणिपुर राज्य कुछ दिन पहले मणिपुर नामसे प्रसिद्ध नहीं था। ब्रह्मोंके इतिहाससे जाना जाता है, कि यह स्थान पहले काशी वा काठि नामसे बजता था। आज भी ब्रह्मवासिगण कसेस वा कठे नामसे ही इस स्थानका उल्लेख करते हैं। पामहेबा नामक एक नागाराज १७१४ ई०में यहांके राजा हुए और हिन्दूधर्म ग्रहण करके उन्होंने अपनी राजधानीका नाम मणिपुर रखा।

वास्तविक मणिपुर और मणिपुरियोंका प्राचीन इतिहास नितान्त अस्पष्ट है। मणिपुरियोंका चेहरा देखनेसे ही वे मोङ्गलीयसे मालूम होते हैं, उसके साथ साथ जो आर्यरक्त मिश्रित हुआ है, उसमें भी सन्देह नहीं। पोङ्गके सानराजके सामन्तरूपमें पहले इसी राज्यका उल्लेख मिलता है। पोंगाधिप कोम्वाने यहांके मणिपुरी सरदारको अपने प्रिय सामन्तरूपमें प्रथम राजटीका प्रदान की थी। इसके बाद इतिहासमें इस भूभागका कोई उल्लेख नहीं है। १७१४ ई०में नागा सरदार पामहेवा यहांके राजा हुए। उनके हिन्दू-धर्म ग्रहण करनेके साथ उनका नाम हुआ गरीव नवाज। उनकी प्रजाने भी हिन्दूधर्म ग्रहण किया था।

गरीव नवाजने कई बार ब्रह्मराज्य पर आक्रमण किया था। उनकी मृत्युके बाद ब्रह्मसेना मणिपुर पर चढ़ आई। मणिपुरपति जयसिंहने वृटिश गवर्मेण्टको सहायता पहुंचाई थी। इस उपलक्षमें १७६२ ई०को मणिपुर-पतिके साथ अंगरेज-राजकी एक सन्धि स्थापित हुई। मणिपुरकी सहायताके लिये सेना भेजी गई थी सही, पर वे पीछे लौटा ली गई। १८२४ ई०में अंगरेजोंके साथ जब ब्रह्मराजका युद्ध छिड़ा तब ब्रह्मसेनाने कछाड़, आसाम और मणिपुर पर चढ़ाई कर दी। उस समय मणिपुरपति गम्भीरसिंहने वृटिश गवर्मेण्टसे सहायता मांगी। इस बार वृटिश गवर्मेण्टने मणिपुरपतिकी सहायतार्थ एक दल सिपाही और कुछ गोलन्दाज सेना कछाड़में भेजी तथा अंगरेज-सेनानायकके अधीन शिक्षित मणिपुरी सेनादल संगठित हुआ। ब्रह्मसेना मणिपुरसे निकाली गई और उसके साथ साथ कुवो उपत्यकासे ले कर निंथि नदी तीर तक मणिपुर राज्यकी पूर्वी सीमामें मिला लिया गया। यहां सान जाति आ कर बस गई। १८२६ ई०में ब्रह्मराजके साथ अंगरेज गवर्मेण्टको सन्धि स्थापित हुई। इस समय मणिपुर स्वाधीन राज्य समझा जाने लगा। १८३४ ई०में गम्भीरसिंहकी मृत्यु हुई। उनके मृत्युकाल तक मणिपुर शान्तिमय और समृद्धिशाली था।

गम्भीरसिंहके मृत्युकालमें उनके पुत्र चन्द्रकीर्त्तिकी अवस्था सिर्फ एक वर्षकी थी। उनके चचा (गरीव नवाजके प्रपौत्र) नरसिंह राज्यके अभिभावक नियुक्त हुए। १८३४ ई०में वृटिश गवर्मेण्टने ब्रह्मराजको कुवो उपत्यका छोड़ दी। इसके बदलेमें मणिपुरराज वार्षिक

६३३०) रु० देनेका सहमत हुए। इस समय मणिपुरराज्यकी नूतन सीमा कायम की गई। १८३५ ई०में मणिपुरराज्यका परस्पर संस्रव जाननेके लिये एक पालिटिकल एजेण्ट नियुक्त हुए। १८४४ ई०में नरसिंहके प्राणसंहारका षड़यन्त्र प्रगट हो गया। राजमाता उस षड़यन्त्रमें शामिल थीं, इस कारण वह पुत्रको ले कर कछाड़ भाग आईं। अभी नरसिंह ही प्रकृत राजा हुए। १८५० ई० (अपने मृत्युकाल) तक वे राजा रहे।

नरसिंहकी मृत्युके वाद उनके भाई देवेन्द्रसिंह वृटिश गवर्मेण्टसे मणिपुरके अधिपति वनाये गये। किन्तु तीन मास गुजरते न गुजरते प्रकृत उत्तराधिकारी चन्द्रकीर्त्ति दलवलके साथ मणिपुर आ धमके। देवेन्द्रसिंह कछाड़ भाग गये। अव चन्द्रकीर्त्ति ही राजा हुए। १८५१ ई०में अंगरेज गवर्मेण्टने उन्हें भी मणिपुरका राजा स्वीकार किया।

चन्द्रकीर्त्ति निश्चिन्त हो कर राज्यभोग नहीं कर सके, वैमात्रोंके साथ गृहविवादमें वे हमेशा उलझे रहते थे। किन्तु वहु षड़यन्त्र और नाना कौशलका अवलम्वन करने पर भी कोई भी चन्द्रकीर्त्तिको सिंहासनच्युत न कर सके। १८७६ ई०में नागा-युद्धकालमें चंद्रकीर्त्तिने अंगरेजोंकी यथेष्ट सहायता की थी। नागोंने जव अंगरेजोंके कोहिमादुर्ग पर आक्रमण किया उस समय चन्द्रकीर्त्तिने सेना भेज कर अंगरेजोंका बड़ा उपकार किया था। इसी कारण वृटिश गवर्मेण्टने उन्हें के. सी. एस. आई, की उपाधिसे भूषित किया।

१८८६ ई०में चन्द्रकीर्त्तिकी मृत्यु हुई। उनके दो स्त्री थीं जिनके गर्भसे ९ पुत्र उत्पन्न हुए, एक पक्षमें शूरचन्द्र आदि पांच और दूसरेमें कुलचन्द्र, टीकेन्द्रजित् आदि चार। शूरचन्द्र ही पहले पैतृक सिंहासन पर वैठे थे, किन्तु १८९० ई०में वैमात्रोंके डरसे वे राज्य छोड़ कर अङ्गरेजोंके आश्रयमें कलकत्ता आये। उधर कुलचन्द्र नाममात्रको राजा और टीकेन्द्रजित सेनापति हुए, किन्तु यथार्थमें टीकेंद्रजित् राज्यके सर्वमयकर्त्ता थे। कुलचंद्रको भी वृटिश गवर्मेण्टने राजा स्वीकार किया।

इधर शूरचंद्रने कलकत्तेमें वड़े लाटके निकट पुनः राज्य पानेकी आशासे दरखास्त पेश की। वड़े लाटने उन्हें कोई आशा दी या नहीं, कह नहीं सकते। किंतु आसामके चीफ कमिश्नर किंवनटन साहव वड़े लाटके साथ परामर्श करनेके लिये कलकत्ते आये थे। उन्होंने कलकत्तेसे लौट कर एक दल गुरखा-सेनादलके साथ मणिपुरकी यात्रा कर दी।

किंवनटनने पालिटिकल एजेण्टके प्रासादमें एक दरवार वैठाया। वड़े लाटने सेनापति टीकेंद्रजित्को वंदी करनेका हुक्म दिया है, यह वात मणिपुरमें तमाम फैल गई। पीछे वे भी वन्दी न हो जांय इस भयसे कुलचंद्र दरवारमें उपस्थित नहीं हुए। क्विन्‌एटनने टीकेंद्रजित्को वन्दी कर भेज देनेके लिये कुलचंद्रको कहला भेजा। इस समय टीकेंद्रजित्का यथेष्ट प्रभाव था, उनसे कुलचंद्र डरा करते थे। अतः वे चीफ कमिश्नरका आदेश पालन न कर सके।

क्विन्‌एटनके आदेशसे कर्नल स्कीन्‌ने गुरखा सेना ले कर राजभवन पर चढ़ाई कर दी। मणिपुरी सेना पहलेसे ही तयार थी। वहु संख्यक मणिपुरीके निकट अल्प संख्यक अङ्गरेजी सेना सहजमें परास्त हुई। पालिटिकल एजेण्टका भी प्रासाद लूटा गया और अङ्गरेज-राजपुरुषगण वन्दी हुए।

यह संवाद शीघ्र ही कलकत्ता पहुंचा। तीन ओरसे वृटिशसेनाने प्रवल वेगसे मणिपुरको जा घेरा। वह भीमवेग मणिपुरी न सह सके। कुलचन्द्र और टीकेंद्रजित् वन्दी हुए। अंगरेजराजने मणिपुर राजवंशीय एक वालकको सिंहासन पर विठाया। वे अभी नाममात्रको राजा हैं और भूतपूर्व राजमहिलागण पथकी भिखारिणी।

पथघाट।—कछाड़से मणिपुर पर्यंत एक प्रशस्त पथ है। १८४२ ई०में ब्रह्म-समर शेष होनेके बाद अंगरेज गवर्मेण्टने भविष्यत् सेनाचालना और यातायातकी सुविधाके लिये इस पथको वनवाया था। १८६५ ई० तक वह पथ अंगरेजोंकी देखरेखमें रहा, पीछे मणिपुरराजके हाथ दे दिया गया।

व्यवसाय बाणिज्य।—मणिपुरका वहिर्वाणिज्य अधिक नहीं है। जलपथ नहीं रहनेके कारण वाणिज्यद्रव्यकी

विदेशमें रफ्तनी नहीं होती। वहिर्वाणिज्य सुचारुरूपसे चल सके ऐसा स्थलपथ भी नहीं है। अन्तर्वाणिज्य जितना चलना चाहिये था, उतना नहीं है। यहांसे टट्टूघोड़ा, कपड़ा, रेशम, बेंत, मोम, चायका वीज, हाथीका दांत और रवर दूर दूर देशोंमें भेजा जाता है।

जाति और धर्म।—मणिपुर अभी हिन्दूका राज्य है। हिन्दूके मध्य जातिभेद है। सुनते हैं, कि मणिपुरी हिंदू ८ जातिमें विभक्त हैं, किंतु क्षत्रियोंकी ही संख्या और सम्मान अधिक है। यहांके नागा आदि पहाड़ी लोगोंका पहाड़ी धर्म है, किन्तु वे भी अनेकांशमें हिन्दू हैं, सभी देवदेवीकी पूजा करते हैं।

आचार-व्यवहार।—सम्भ्रान्त हिन्दू सम्प्रदायका आचार-व्यवहार हिन्दूके जैसा विशुद्ध है। मणिपुरमें स्त्री-स्वाधीनता है। किन्तु यह स्वाधीनता अपेक्षाकृत नीच सम्प्रदायमें ही अधिक देखी जाती है।

राजस्व।—मणिपुरराज्यका राजस्व ज्यादा नहीं है। भारत और ब्रह्मकी रौप्यमुद्रा भी मणिपुरमें चलती है। धान चावलमें ही बहुतेरे राजस्व चुकाते हैं, किन्तु आजकल मुद्राका भी प्रचार हो गया है।

अदालत।—मणिपुरमें दो बड़ी अदालत हैं, एक साधारण, दूसरी सामरिक। साधारण विचारालयमें साधारण प्रजाका मामला मुकदमा होता है। इसका नाम चिरप है। चिरप वा साधारण विचारालयमें १३ प्रवीण विचारपति रहते हैं, सभी राजाके नियोजित हैं।

सामरिक विचारालयमें ८ प्रवीण विचारपति बैठते हैं, सभी उच्चपदस्थ सेनापति हैं। इस अदालतमें शुद्ध सैनिकोंका ही विचार होता है।

सैन्य-सामन्त।—मणिपुर छोटा राज्य है। निज मणिपुर उपत्यकामें १ लाख ३६ हजारसे अधिक लोगोंका बास नहीं है। पहाड़ी जंगली आदि मिला कर ढाई लाखके करीब होगा। मणिपुर चारों ओर पर्वत प्राचीरसे घिरा है; पथघाट अधिक नहीं है। यहां कुल मिला कर ५।६ हजार पदाति सेना, ५०० गोलन्दाज वा कमानीसेना और ५०० करीब सौअर सेना है। अलावा इसके ७००के करीब कुकिपलटन भी है।

मणिपुष्पक (सं० पु०) सहदेवके शंखका नाम।

मणिप्रदीप (सं० पु०) मणिमयः प्रदीपः। मणिमयप्रदीप। (भागवत ४।६।६२)

मणिप्रभा (सं० स्त्री०) छन्दोभेद।

मणिवन्ध (सं० पु०) मणिर्वध्यते यत्र, अधिकरणे घञ्। १ प्रकोष्ठ और पाणिका सन्धिस्थान, कलाई। पर्याय—मणि, करग्रन्थि, करग्रन्थिक। २ सैन्धव लवणाकार पर्वतभेद। ३ एक नवाक्षरीवृत्त। इसके प्रति चरणमें भगण, मगण और सगण होते हैं।

मणिवन्धन (सं० क्ली०) करग्रन्थि, कलाई।

मणिवीज (सं० पु०) मणिरिव दर्शनीयं वीजं यस्य। दाड़िम्बवृक्ष, अनार।

मणिबेगम—वङ्गालके नवाव मीरजाफरकी प्रधाना महिषी। सिराज-उद्दौलाके विवाहके समय वड़ा धूमधाम हुआ था, उसी समय वहुत-सी नर्त्तकी पश्चिमसे मुर्शिदाबाद आई थीं जिनमेंसे मणिबेगम और बब्बुबेगम यही दो रूप और गुणमें श्रेष्ठ थीं। मीरजाफरने इन दोनोंको अपने अन्तःपुरमें रखा था। मणिबेगमके रूप-सौन्दर्य और बुद्धिमत्ता पर मीरजाफर आसक्त हो गये। उनके वङ्गालके नवाव होने पर यही मणिबेगम उनकी प्रधाना बेगम हुई।

इस मणिबेगमके गर्भसे मीरजाफरके कई एक पुत्र थे। उनमेंसे नजम-उद्दौला और सहफ-उद्दौला कुछ दिनके लिये नवाब हुए थे।

नजम-उद्दौलाकी मृत्यु होनेके बाद उनका सोलह वर्षका भाई तख्त पर बैठा और उनकी माता मणिबेगमके हाथ ही राज्यका कुल भार रहा। नवाव मीरजाफरका गुप्त धन उनके हाथ लगा इसलिये उनका प्रताप भी बढ़ गया। १७७० ई०में चेचकसे सहफ-उद्दौलाकी मृत्यु होने पर बब्बुबेगमका गर्भजात (मीरजाफरका चतुर्थ पुत्र) मुबारक-उद्दौला बारह वर्षकी उम्रमें नवाब हुआ। उसकी विमाता मणिबेगम ही एकमात्र उसकी अभिभाविका हुई। इसी समय नन्दकुमारके पुत्र गुरुदास 'राजा गौड़पत'की उपाधि धारण कर नवाबके दीवान हुए। बाद उसके नन्दकुमारकी फांसी एवं मणिबेगम और राजागुरुदास अपने अपने पदसे च्युत हुए। एक एक कर

अङ्गरेज-कम्पनीने नवावोंका सब अधिकार हड़प किया। मणिवेगमने भी अङ्गरेज-कम्पनीसे वार वार लाञ्छित हो कर अन्तमें सुरधामको सिधारी।

मणिभद्र (सं० पु०) मणिषु भद्रः, यद्वा मणिभिर्भद्रमस्य, मणिमुक्तादि धनाधिक्यादस्य तथात्वं। १ जिनोंके मध्य पूर्व यक्षविशेष। पर्याय—जम्भल, पूर्वयक्ष, जलेन्द्र। २ शिवजीके एक प्रधान गणका नाम। ३ एक प्राचीन कवि। शुभाषितावली ग्रन्थमें इनकी कविता उद्धृत हुई है।

मणिभद्रक (सं० पु०) १ जातिविशेष। २ नागभेद।

मणिभव (सं० पु०) ध्यानी बुद्धभेद।

मणिभावर (सं० पु०) सारस पक्षी।

मणिभित्ति (सं० स्त्री०) १ रत्नादिके ऊपर निर्मित भित्ति। २ अनन्त नागका घर।

मणिभू (सं० स्त्री०) मणीनां भूः, भूमिः आकरः। मणिभूमि, वह खान जिसमेंसे रत्न आदि निकलते हों।

मणिभूमि (सं० स्त्री०) मणीनां भूमिः आकरः मणिमयी भूमिरिति वा। १ रत्नकी खान। २ पुराणानुसार हिमालयके एक तीर्थका नाम। स्कन्दपुराणके हिमवत्खण्डमें इसका माहात्म्य वर्णित है। (हिमवत् ८।१०१)

मणिभूमिका (सं० स्त्री०) कृत्रिम पुत्तिका, बनावटी कन्या।

मणिमङ्गल—मन्द्राजप्रदेशके चेङ्गलपट जिलान्तर्गत एक अति प्राचीन ग्राम और प्रत्नतत्त्वानुसन्धायीका द्रष्टव्य स्थान। यहां गोपुरयुक्त एक सुन्दर और प्राचीन मन्दिर है। उसकी आकृति बहुत कुछ महावलिपुरके सहदेव-रथसे मिलती जुलती है। इसी ढंग पर बौद्ध-चैत्यगुहा बनाई गई है।

मणिमञ्जरी (सं० स्त्री०) छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति चरणमें १६ अक्षर करके रहते हैं।

मणिमण्डन—दाक्षिणात्यके एक राजा, गोपतिके पुत्र।

मणिमण्डप (सं० पु०) मणिमयः मण्डपः। रत्नमय गृह।

मणिमत् (सं० त्रि०) मणिरस्तीति मतुप्। मणिविशिष्ट, रत्नभूषित। (पु०) २ नागविशेष। ३ राक्षसविशेष, कुबेरका सखा। ४ पश्चिमस्थित देशभेद। स्त्रियां ङीष्। ५ पुरभेद। (भारत ३।९६।४)

मणिमध्य (सं० क्ली०) छन्दोभेद। इस छन्दके प्रति चरणमें ६ अक्षर करके रहते हैं।

मणिमन्थ (सं० क्ली०) मणिरिव मथ्यते इति मणि-मन्थ-कर्मणि, घञ्। १ सैन्धव लवण। २ पर्वतविशेष।

मणिमय (सं० त्रि०) मणि स्वरूपे मयट्। मणि स्वरूप।

मणिमहेश (सं० पु०) तीर्थक्षेत्रभेद।

मणिमाजरा—पञ्जावप्रदेशके अम्वाला जिलेका एक नगर। यह अम्वाला शहरसे २३ मील उत्तर पर्वतके पाददेशके निकट अवस्थित है।

सिख अभ्युदयके पहलेका इस नगरका कोई उल्लेख नहीं मिलता। मुगल-साम्राज्यके अधःपतनके समय १७६२ ई०में गरीवदास नामक एक सिख-सरदारने ८४ ग्राम दखल कर मणिमाजरामें प्रधान अड्डा किया। उनके पिता मुसलमानोंके अधीन उक्त ८४ ग्रामोंके तहसीलदार थे। गरीवदासने पीछे पिञ्जौर दुर्ग जीत कर अपना अधिकार बढ़ाया। पतियालाके राजाने थोड़े दिनोंके अन्दर उक्त दुर्ग उनसे छीन लिया। गरीवके बड़े लड़के गोपालसिंहने १८०६ और पीछे १८१४ ई०में गुर्खा-युद्धके समय वृटिश गवर्मेण्टको खासी मदद पहुंचाई थी। इस प्रत्युपकारमें उन्हें राजाकी उपाधि मिली थी। १८१६ ई०में उनकी मृत्यु हुई। इस वंशके शेष राजा भगवानदास वार्षिक प्रायः तीस हजार रुपये जागीरका भोग किया करते थे। उनकी मृत्युके बाद सारी सम्पत्ति वृटिश सरकारने जप्त कर ली।

मणिमाजराके समीप मनसादेवीका एक प्रसिद्ध मन्दिर है। देवीके सामने प्रतिवर्ष एक बड़ा मेला लगता है जिससे यहांके राजाको यथेष्ट आय होती है।

मणिमाला (सं० स्त्री०) मणि-निर्मिता माला शाकपार्थिवादिवत्समासः। १ हार, मणियोंकी माला। २ दीप्ति, चमक। ३ लक्ष्मी। ४ दन्तक्षतविशेष। ५ छन्दोभेद, बारह अक्षरोंका एक वृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें तगण, यगण, तगण, यगण होते हैं।

मणिमिश्र—१ एक संस्कृत ग्रन्थकार। इन्होंने न्यायरत्नकी रचना की। २ वृत्तदर्पणके प्रणेता।

मणिमुक्ता (सं० स्त्री०) नदीभेद।

मणिमेखल (सं० त्रि०) रत्नहारविमण्डित, मणिमुक्तासे सजा हुआ ।

मणिमेघ (सं० पु०) १ पर्वतभेद । २ भारतके दक्षिण-भागमें अवस्थित जनपदभेद । (मार्कण्डेयपु० ५८ अ०)

मणियार—युक्तप्रदेशके बलिया जिलान्तर्गत बांसडीह तहसीलका एक शहर । यह अक्षा० २५° १६′ उ० तथा देशा० ८४° ११′ पू० गोगरा नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है । जनसंख्या साढ़े नौ हजारके करीब है । पहले वहाँ जमींदारोंके बड़े बड़े मकान थे जो अभी तहस नहस हो गये हैं । जिले भरमें यही स्थान शस्य-विक्रयको प्रधान हाट है । चीनी और कपड़ेका साधारण व्यवसाय चलता है ।

मणयारी—मध्यप्रदेशके बिलासपुर जिलेमें प्रवाहित एक नदी । यह लोरमी पहाड़से निकल कर ७० मील रास्ता तै कर शिवनाथमें गिरती है ।

मणिरङ्ग—काश्मीरराज्यका एक गिरिसङ्कट । यह अक्षा० ३१° ५६′ उ० तथा देशा० ७८° २४′ पू०के मध्य अवस्थित है । कुनावरसे चिरतुषारावृत दारवङ्ग नदीके उत्पत्ति-स्थान तक यह गिरिसङ्कट समुद्रपृष्ठसे प्रायः १५ हजार फुट ऊँचा होगा । वर्षभरमें चार मास यह रास्ता बंद रहता है ।

मणिरत (सं० पु०) बौद्धाचार्यभेद ।

मणिरत्न (सं० क्लो०) हीरा, जवाहिर ।

मणिरत्नमय (सं० त्रि०) नाना रत्नयुक्त ।

मणिरत्नवत् सं० त्रि०) मणिरत्न सदृश ।

मणिरथ (सं० पु०) १ मणिमय रथ । २ बोधिसत्त्वभेद ।

मणिराग (सं० क्लो०) मणेरिव रागः वर्णौज्ज्वल्यमस्य । १ हिंगुल, शिंगरफ । २ मणिका वर्ण ।

मणिराज (सं० पु०) मणीनां राजा, राजाऽसखिभ्यष्टच् इति टच् । मणीन्द्र, श्रेष्ठमणि ।

मणिराम—इस नामके अनेक संस्कृत ग्रन्थकारोंके नाम मिलते हैं जिनमेंसे निम्नलिखित उल्लेखयोग्य हैं । १ गुणरत्नमाला नामक वैद्यक ग्रन्थकार । २ भक्तिलहरीके प्रणेता । ३ वृत्त रत्नावलीके रचयिता । ४ श्लोक संग्रहकार । ५ नीलकण्ठके पुत्र । इन्होंने १७५८ ई०में ऋतुसंहारचन्द्रिका लिखी । ६ एक प्रसिद्ध टीकाकार, रामचन्द्रके पुत्र और जयरामके पौत्र । आप कादम्बर्यर्थसार और भामिनीविलासटीका लिख गये हैं ।

मणिरामदीक्षित—एक विख्यात स्मार्त्त पण्डित, गङ्गारामके पुत्र और शिवदत्त शर्माके पौत्र । इन्होंने राजा अनूपसिंहके कहनेसे अनूपविलास वा धर्माम्बुधि नामक धर्मशास्त्र, अनूप व्यवहारसागर नामक ज्योतिःशास्त्र तथा आचाररत्न, समयरत्न और कृतिवत्सर नामक कई ग्रन्थ लिखे हैं ।

मणिरामपुर—हुगली जिलेका एक नगर । यह बारकपुरके निकट अवस्थित है । यहां अङ्गरेजी विद्यालय है ।

मणिरोग (सं० पु०) पुरुषेन्द्रियका एक रोग । इसमें लिङ्गके अग्रभागका चमड़ा उसके मस्तक पर चिपक जाता है और मूत्रमार्ग कुछ चौड़ा हो कर उसमेंसे मूत्रकी महीन धारा गिरती है ।

मणिरोहिनी—नेपालके स्वयम्भुक्षेत्रके अन्तर्गत एक तीर्थ ।

मणिल (सं० त्रि०) मणि-सिध्मादित्वादस्त्यर्थे लच् । मणियुक्त ।

मणिलिङ्गेश्वर—स्वयम्भुक्षेत्रमें अष्ट बीतराग लोगोंको सुख-समृद्धिके वर्द्धनार्थ जो अवस्थान करते हैं उनमेंसे यह मणिलिङ्गेश्वर एक है ।

मणिव (सं० पु०) मणि-अस्त्यर्थे व । नागभेद ।

मणिवणिक—नवद्वीप कृष्णनगर आदि स्थानवासी जातिविशेष । पहले यह जाति अनेक स्थानोंमें 'मणिवणिक' नामसे परिचित थी और जहौरीका काम करती थी । धीरे धीरे इन लोगोंने दूसरा व्यवसाय पकड़ लिया । ये लोग हिन्दू हैं, आचार-व्यवहार नवशाखोंके जैसा है । नवशाखके साथ इनका हुक्का पानी चलता है ।

अभी इस जातिके लोग अपना पूर्व व्यवसाय छोड़ कर लाखका व्यवसाय करने लग गये हैं । लाखसे ये दो भिन्न भिन्न पदार्थ निकालते हैं, एक लाक्षारस और दूसरा जतु । लाक्षारस गाढ़ा लोहितवर्ण है । स्त्रियां लाखकी चूड़ियां बनाती हैं । इस व्यवसायमें थोड़ी पूंजीकी जरूरत पड़ती है पर अधिक मुनाफा देख कर और और लोग भी इस व्यवसायको करने लग गये हैं ।

ये लोग होली दुर्गोत्सवादि हिन्दू पर्वोंका यथारीति पालन करते हैं। नवशाखयाजक ब्राह्मण इनके पुरोहित होते हैं।

शान्तिपुर, वागनापाड़ा आदि ग्रामोंके गोस्वामिगण ही इस जातिके दीक्षागुरु हैं। यह जाति प्रधानतः वैष्णव और शाक्त सम्प्रदाय-अवलम्बी है। दोनों ही सम्प्रदाय पूजा, आह्निक, मालासेवा आदि हिन्दूधर्माचरित क्रियाकलापका अनुष्ठान करते हैं।

मणिवाल (सं० पु०) मणिरिव शुद्धत्वात् वालः केशोऽस्य। अश्विदैवत्य पशुभेद।

मणिवाहन (सं० पु०) नृपभेद। (भारत १।६३ अ०)

मणिवीज (सं० पु०) दाड़िमवृक्ष, अनारका पेड़।

मणिशृङ्ग (सं० पु०) मणिमयः शृङ्गः। मणिमय शृङ्ग।

मणिशैल (सं० पु०) पुराणानुसार एक पर्वतका नाम जो मन्दराचलके पूर्वमें है।

मणिश्याम (सं० पु०) इन्द्रनीलमणि, नीलम।

मणिसर (सं० पु०) मणिभिः स्रियते गम्यते ग्रथ्यते इति भावः, सृ-कर्मणि अप्। मुक्ताहार, मोतियोंकी माला।

मणिसूत्र (सं० क्ली०) मुक्तामाला।

मणिसोपान (सं० क्ली०) मणिमय सोपान, रत्नकी सीढ़ी।

मणिस्कन्ध (सं० पु०) नागभेद। (भारत १।५७ अ०)

मणिस्तम्भ (सं० पु०) मणिमयः स्तम्भः। मणिमय स्तम्भ, मणिका बना हुआ खंम्भा।

मणिस्रज् (सं० स्त्री०) मणिमाला।

मणिहर्म्य (सं० क्ली०) मणिमय हर्म्य, मणिका घर।

मणिहार—युक्तप्रदेशकी जातिविशेष। टीन आदि बरतनमें कांच बैठा कर अलङ्कारादि प्रस्तुत करना ही उनका जातीय व्यवसाय है। ये लोग मणिकार अर्थात् हीरकादि मूल्यवान् पत्थरको जड़ कर जो अलङ्कारादि प्रस्तुत करते हैं उनके अनुकरणजीवी होनेके कारण इस नामको प्राप्त हुए हैं। ये लोग चूड़ीहारसे बिलकुल विभिन्न हैं, किन्तु इनमें कोई कोई चूड़ी भी बना कर अपना गुजारा चलाता है। मुसलमान और हिन्दूके भेदसे यह जाति दो सम्प्रदायमें विभक्त है। मुसलमान लोग सभी सुन्नी हैं, गाजीमीयां और पांचपीरको अपना उपास्य मानते हैं। ज्यैष्ठमासके प्रथम रविवार और सबे बरातके दिन ये लोग उक्त दोनों पीरोंकी पूजा बड़े ठाटबाटसे करते हैं। मुसलमान मणिहार १३० थोकोंमें विभक्त हैं।

हिन्दू सम्प्रदायके मणिहार हिन्दू देवदेवियोंकी पूजा करते हैं। इनमें अयोध्यावासी, अङ्गरखा, वैसवार, वस्करवार, बड़गुजर, चौहान, हाड़िया, जगरहार, जुरिया, खाट्वास, लोखेरी, मणिहार, मथुरिया, रामानन्दी, रेवगा, सागर, सनावर, शीसगढ़ और तन्वर नामक १६ थोक प्रचलित हैं।

मणिहारी—विहार और उड़िसाके पूर्णिया जिलान्तर्गत एक ग्राम। यह अक्षा० २५° २० उ० तथा देशा० ८७° ३७´ पू० गङ्गाके उत्तरी किनारे अवस्थित है। जनसंख्या चार हजारके करीब है।

मणी (सं० स्त्री०) मणी-कृदिकारादिति पक्षे ङीष्। मणि।

मणीचक (सं० क्ली०) मणीं चकते प्रतिहन्ति दीप्त्या इति चक अच्। १ चक्रकान्त नामक मणि। २ पुराणानुसार शाकद्वीपके एक वर्षका नाम। ३ एक प्रकारका पक्षी।

मणीवक (सं० क्ली०) मणीव संज्ञायां कन्, वा मणीव कायति कै-क। पुष्प, फूल।

मणीवती (सं० स्त्री०) मणि अस्त्यर्थे मतुप्, मस्य वः मणेरिकारस्य दीर्घः ततो ङीप्। मणियुक्त नदीभेद।

मणीश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

मण्टपी (सं० स्त्री०) मण्टं उन्मादं पाति रक्षतीति मण्ठपाक-जातौ संज्ञायां वा ङीप्। क्षुद्रोपादक।

मण्टि (सं० पु०) गोत्रप्रवर्त्तक ऋषिभेद।

मण्डूर (सं० क्ली०) माण्डूर, लोहकीट।

मण्ठ (सं० पु०) मण्ठते इति मठि-अच्। वटकविशेष, प्राचीन कालका एक प्रकारका मैदेका बना हुआ पकवान।

प्रस्तुत प्रणाली—पहले मैदेको घीसे मल कर पीछे अल्प जल द्वारा फिरसे अच्छी तरह गूंधे। बादमें वटक प्रस्तुत करे और विना जलके घीमें पकावे। अनन्तर इलायची, लवङ्ग, कपूर और मरिचादि द्वारा सुगंधित करके शीरेमें डुवो दे। पांच मिनटके बाद उसे बाहर

निकाल ले। इसीका नाम मण्ड है। इसका गुण शरीरका उपचयकारक, शुक्रवर्द्धक, वलकर, सुमिष्ट, गुरु, पित्तघ्न, वायुनाशक, रुचिजनक और प्रवलाग्नि व्यक्तिके पक्षमें अत्यन्त उपकारक माना गया है। मैदे, चीनी और घीसे इस प्रकार जो कोई भी खाद्य वनाया जाता है वह भी मण्डकी तरह उपकारक है।

मण्ड (सं० पु० क्ली०) मन्यते ज्ञायतेऽनेन अन्नादिकमिति मन-(क्रमन्तात् डः। उण् १।११३) इति ड। १ अन्न और और दधि आदिका अग्ररस। २ सार। ३ पिच्छ। (पु०) मण्डयति क्षेत्रं भूषयति मड़ि अच्। ४ एरण्ड-वृक्ष, अण्डो। ५ शाकभेद, एक प्रकारका साग। ६ मस्तु, दहीका पानी। ७ भूषा, सजावट। ८ दर्दुर, मेढ़क। ९ भक्तादि-भव रस, मांड़। इसका लक्षण—

"तण्डुलानां सुसिद्धानां चतुर्दशगुणे जले।
रसः सिक्थैर्विरहितो मण्ड इत्यभिधीयते॥" (भावप्र०)

चौदह गुण जलमें चावलको सुसिद्ध करना होगा। जब अच्छी तरह सिद्ध हो जाय, तव अन्नको छान कर रसको वाहर निकाल दे। इसी रसका नाम मांड़ है। यह अतिशय लघुपाक है। इसमें सोंठ और सैन्धव डाल कर सेवन करना होता है। इसका गुण ग्राही, लघु, शीतल, दीपन, धातुसाम्यकृत, ज्वरनाशक, वलकर, पित्त, श्लेष्म और श्रमनाशक माना गया है।

"मण्डः ग्राही लघुः शीतो दीपनो धातुसाम्यकृत्।
ज्वरघ्नस्तर्पणो वल्यः पित्तश्लेष्म श्रमापहः॥" (भावप्र०)

राजवल्लभके-मतसे मण्डगुण—क्षुधावृद्धिकर, वस्ति-शोधक, प्राणप्रद, शोणितवर्द्धक, ज्वर, कफ, पित्त और वायुनाशक।

मण्डमें लाजमण्ड (खलीका मांड़) सवसे लघु है। इसका गुण—अग्निजनक, दाह, तृष्णा और ज्वरातीसार-नाशक, अशेष दोष और आमपाचक।

भृष्टयवका मण्डगुण—हृद्य, पित्तश्लेष्म और वायु-नाशक, अग्निवृद्धिकर, शूल और आनाहरोगमें विशेष उपकारक, अग्निवर्द्धक और परिपाचक। (राजव०)

हारीतसंहिताके मण्डवर्गमें मण्ड-गुणका विषय इस प्रकार लिखा है।

धान्य-मण्डगुण—पित्त और श्रमनाशक, वायुवर्द्धक, रक्तशोधक, ग्राही, सन्दीपन और अश्मरीरोगनाशक। युगन्ध। (यावनाल या जुआर) मण्डगुण—श्लेष्म और वायुवर्द्धक, पित्तनाशक, मूत्रवर्द्धक और ग्राहक। रक्त-शालि-मण्डगुण—मधुर, ग्राही, शीतल, प्रमेह और अश्मरी-रोगनाशक, वायु और पित्तवर्द्धक। श्वेत तण्डुल-मण्ड-गुण—मधुर, शीतल, कुछ श्लेष्मकर, शोषनाशक, अश्मरी और मेहरोगमें विशेष उपकारक और वायुवर्द्धक। यव-मण्डगुण—कषाय, ग्राही और विपाकी। गोधूम-मण्डगुण—कषाय, ग्राहक और पाचक, मधुर और पित्त-नाशक। कोद्रव-मण्डगुण—ग्लानि और मूर्च्छाकर तथा लघु। क्षुद्रधान्यमण्डगुण—वायुवर्द्धक, पित्तकारक, श्लीपद, गुल्म और प्रतिश्याय आदि रोगजनक, ग्लानि, मूर्च्छाकर और लघु।

(हारीत १म स्थान ९० अध्याय मण्डवर्ग)

ज्वरादि रोगमें रोगीके वहुत दुर्वल होने पर पहले मांड देना उचित है। सभी प्रकारके मांडोंमें लाज (खील)-का मांड़ ही विशेष उपकारी वतलाया गया है। केवल शूलरोगमें जौका मांड़ फायदामंद है।

मण्डक (सं० पु०) मण्डेन कृतः इति मण्ड संज्ञायां कन्। १ पिष्टकविशेष, मैदेकी एक प्रकारकी रोटी, मांड़ा। इसकी प्रस्तुत प्रणाली—पहले सफेद गेहूंको कूट कर सुखा ले। पीछे उसे जांतेमें पीस कर छान ले। इसका नाम समेत या मैदा है। अव उस मैदेको जलमें गूंध कर करीव आध आध पावको लोई वनावे। अनन्तर लोई-को वेल कर धीमी आंचमें पकावे। इसीका नाम मांड़ा है। यह मांडा दूध, घी, गुड़ या सुसिद्ध मांस आदिके साथ खानेमें वड़ी रुचि होती है। इसका गुण शरीरका उपचयकारक, शुक्रवर्द्धक, वलकारक, रुचिकर, मधुर, त्रिपाक, हृदय-ग्राही और त्रिदोषनाशक माना गया है।

२ माधवीलता। ३ गीताङ्गविशेष, गीतका एक अङ्ग। इसके भी फिर छः भेद हैं, यथा—जलप्रिय, कलाप कमल, सुन्दर, मङ्गल और वल्लभ।

मण्डन (सं० क्ली०) मण्ड्यतेऽनेन इति मड़ि भूषे करणे ल्युट्। १ भूषण, गहना। २ शृङ्गार करना, सजाना। ३ प्रसिद्ध मीमांसकभेद, मण्डनमिश्र। ४ युक्ति आदि दे कर किसी कथन या सिद्धान्तका पुष्टीकरण, प्रमाण आदि द्वारा कोई मत सिद्ध करना।

मण्डनकवि—उपसर्गमण्डन, कविकल्पद्रुमस्कन्ध, सारस्वतमण्डन आदि व्याकरण सम्बन्धीय संस्कृत ग्रन्थकार।

मण्डनगढ़—बम्बई प्रदेशके रत्नगिरिजिलेके अन्तर्गत एक गिरिदुर्ग। यह वाणकोट समुद्रखाड़ीसे ६ कोस देशाभ्यन्तरमें मण्डनगढ़गिरीके ऊपर अवस्थित है। इस गिरिदुर्गके अलावा मण्डनगढ़पर्वत पर पारकोट और जाम्ब नामक और भी दो दुर्ग हैं। कहते हैं, कि उक्त तीनों दुर्गमें मण्डनगढ़ महाराष्ट्रकेशरी शिवाजी द्वारा, पारकोट हवसी द्वारा और जाम्ब अङ्ग्रिया द्वारा स्थापित हुआ था। किन्तु उनके गठनकार्यकी पर्यालोचना करनेसे वे और भी बहुत पुराने मालूम होते हैं।

मण्डनमिश्र—शङ्कराचार्यके समसामयिक एक सुप्रसिद्ध दार्शनिक। ये अनेक शिष्योंको ले कर गृहस्थ धर्ममें अनुरक्त थे। शङ्करविजयमें लिखा है, कि शङ्कराचार्य इन्हें परास्त करनेके लिये एक दिन इनके दरवाजेके सामने जा खड़े हो गये।

वहां कुछ दासियां खड़ी थीं। शङ्कराचार्यने उनसे पूछा 'क्या बतला सकती हो, मण्डनमिश्रका मकान कौन है?' उत्तरमें उन लोगोंने कहा, "जीवेश्वरका ऐक्य और भेदाभेद, शब्दान्तसत्प्रत्ययपधातुपद, स्नानादि विप्रोचित कर्त्तव्य धर्म, मन्वादि राजविधान, जैनोक्ति, कापालिक, भैरव, शैव, गणेश, विष्णु, सूर्य आदि विभिन्न मतवादीकी उक्ति, आकर्षण उच्चाटनादि सिद्ध मन्त्र तथा जिसके द्वारपरकी सूखी पत्तियां स्पष्ट बोल सकती हैं, वही मण्डनमिश्रका मकान है।" शङ्कराचार्यको पता लग गया, कि यही मण्डनमिश्रका मकान है। बाद वे दरवाजे पर गये, पर दरवाजा बंद था। उन्होंने प्राणायामके प्रभावसे शून्यमार्ग हो कर मण्डनके गृहमें प्रवेश किया। उस समय मण्डनमिश्र शालग्राम और विश्वदेवोंका सङ्कल्प करके स्वागत वाक्यसे दर्भाक्षतप्रोक्षण कर रहे थे। शङ्कराचार्यके दोनों पैरों पर उनकी दृष्टि पड़ गई। पीछे उनका सर्वाङ्ग शरीर देख कर वे आग बबूले हो गये और दो चार कटु वचन बोले। उस समय एक व्यास उसी जगह खड़े थे, उन्होंने मण्डनमिश्रसे कहा, 'ये सामान्य व्यक्ति नहीं हैं, पाद्य द्वारा इनकी पूजा करो।' मण्डनने भी वैसा ही किया। 'तुम्हारे साथ शास्त्रीय तर्क करने आया हूं,' कह कर शङ्करने अपना अभिप्राय प्रकट किया। यथाविधि पितृकर्म समाप्त और भोजन करनेके बाद मण्डन शास्त्रालाप करनेके लिये शङ्करके सामने खड़े हो गये। शर्त्त यह ठहरी, कि यदि तर्कमें मण्डन परास्त हों, तो वे संन्यास हो जांय और यदि शङ्कर परास्त हों, तो वे संन्यासधर्मका परित्याग कर गृही बन जांय। मण्डनमिश्रकी पत्नी साक्षात् सरस्वती स्वरूपा सरसवाणी मध्यस्था हुईं। घोरतर तर्क चलने लगा। आखिर सरलवाणीने सतिसे कहा,' 'नाथ' आपकी ही हार हुई अब आप अपनी प्रतिज्ञाका पालन कीजिये।" उसी समय मण्डनमिश्रने शङ्करके चरणोंकी वन्दना कर उनका शिष्यत्व स्वीकार किया और उनके उपदेशसे वे संन्यासधर्म ग्रहण कर उत्तरकी ओर चल दिये। (शङ्करविजय ५६) संन्यास ग्रहणके बाद मण्डनमिश्र विश्वरूप और सुरेश्वराचार्य नामसे प्रसिद्ध हुए।

संन्यासग्रहणके पहले इन्होंने आपस्तम्बीय मण्डनकारिका, भावनाविवेक और काशीमोक्षनिर्णयकी रचना की। संन्यासग्रहणके बाद ये तैत्तिरीयश्रुतिवार्त्तिक, नैष्कर्म्मसिद्धि, पञ्चीकरणवार्त्तिक, बृहदारण्यकोपनिषद्वार्त्तिक ब्रह्मसिद्धि, ब्रह्मसूत्रभाष्यवार्त्तिक, मानसोल्लास वा दक्षिणा मूर्त्तिस्तोत्रवार्त्तिक, लघुवार्त्तिक, वार्त्तिकसार और वार्त्तिकसारसंग्रह आदि ग्रंथ लिख कर दार्शनिक जगतमें प्रसिद्धि लाभ कर गये हैं।

मण्डनमिश्रसाहित्यरसपोषिन्—एक विख्यात शाब्दिक। आप नानार्थशब्दानुशासन नामसे संकृत अभिधान रच गये हैं।

मण्डनसूत्रधार—एक प्रसिद्ध वास्तुशास्त्रवित्। इनके पिताका नाम श्रीक्षेत्र था। ये मेवाड़पति राणाकुम्भके आश्रयमें रहते थे। उन्हींके उत्साहसे इन्होंने राजवल्लभमण्डन नामसे एक बृहत् संस्कृत वास्तुशास्त्र, देवतामूर्त्तिप्रकरण, प्रासादमण्डन और रूपमण्डन नामक वास्तुशास्त्र सम्बन्धीय कई छोटे छोटे ग्रंथ लिखे हैं।

मण्डप (सं० पु० क्ली०) मडि-भावे घञ्, मण्ड, मण्डं पाति पा-क्। १ जनविश्राम स्थान, ऐसा स्थान जहां बहुतसे लोग धूप, वर्षा आदिसे बचते हुए बैठ सकें। २ बहुतसे आदमियोंके बैठनेयोग्य चारों ओरसे खुला

पर ऊपरसे छाया हुआ स्थान । ३ किसी उत्सव या समारोहके लिये वांस, फूस आदिसे छा कर वनाया हुआ स्थान । जैसे,—यज्ञ-मण्डप, विवाह-मण्डप। ४ देवमन्दिरके ऊपरका गोल या गावदुम हिस्सा। ५ शामियाना, चँदोवा । ६ देवादि-दत्त वेश्म । जैसे, चण्डी-मण्डप, दुर्गा-मण्डप आदि । मण्डपशब्दका साधारण अर्थ है गृह । देवताके उद्देश्यसे जो घर वनाया जाता है, उसे देवगृह वा देव-मण्डप कहते हैं ।

मठ, सङ्घाराम, मन्दिरादिके सामने उच्च वेदीकी तरह जो चतुष्कोण भूमिभाग रहता है, वही मण्डप कहलाता है। ऐसा स्थान प्रायः पटे हुए चबूतरेके रूपमें होता जिसके ऊपर खम्भों पर टिकी छत या छाजन होती है। किसी किसी देवमन्दिरके मण्डपका कार्य ऐसा शिल्प-चातुर्यमय रहता है, कि उसे लिख कर व्यक्त नहीं कर सकते ।

मण्डपमें एकमात्र पवित्र वस्तु ही रखनी चाहिये। हिन्दू देवमन्दिरादिके सम्मुखस्थ मण्डपमें साधुगण वैठ कर पूजा-होमादि करते हैं तथा कभी कभी देवोपभोग्य द्रव्यादि वहां रख कर देवताके उद्देशसे चढ़ाये जाते हैं।

बौद्धमठ वा विहार-संलग्न मण्डपमें केवलमात्र यतियोंके पाठयोग्य पवित्र शास्त्रग्रन्थ रखे रहते हैं। श्रमण वा बौद्ध भिक्षुगण मण्डपमें वैठ कर सबके सामने शास्त्रग्रन्थका पाठ करते हैं। सिंहल, ब्रह्म आदि देशोंमें यह मण्डप प्रायः पागोडाके आकारमें वना होता है। उसकी छतके ऊपरी तल पर कुछ छोटे छोटे घर रहते हैं। प्रत्येक तलका घर क्रमशः निम्न तलके घरसे छोटा होता है। इसीसे चूड़ादेश सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर हो कर उच्चचूड़ पागोडा मन्दिरमें परिणत होता है। इस मण्डपगृहके प्रथम तलके मध्यभागमें जो उच्च स्थान होता है, वही प्रकृत मण्डप वा वेदी है। उस वेदीके ऊपर बैठ कर पुरोहित शास्त्रालाप करते हैं तथा धर्मतत्त्वानुसन्धित्सु व्यक्तिगण चारों ओर चटाई पर बैठ कर धर्मविषयक वक्तृता सुनते हैं। सिंहलदेशमें पूर्णिमाकी रातको मण्डपमें वैठ कर शास्त्रपाठ करना एक उत्सव समझा जाता है।

शास्त्रालोचनाके अलावा मण्डपमें एक और भी नये ढंगकी क्रीड़ा होती है। सिंहलमें कभी कभी नारियलके पत्तों आदिसे एक गोलक धंधाकी तरह निकुञ्ज वनाया जाता है। प्रवेशपथसे निकुञ्जके भीतर आनेमें अनेक जटिलपथ अतिक्रम कर आने होते हैं। कभी कभी उस पथमें जगह जगह दाग काट कर अपदेवताओंका वासस्थान निर्देश कर देते हैं। सबसे आखिरवाले घरमें बुद्धका वासभवन वा अवस्थान-मण्डप निरूपित होता है। बौद्धगण सभी विघ्न वाधाओंको अतिक्रम कर उस बुद्धमण्डपमें आनेमें विशेष आग्रह और उत्साह दिखलाते हैं तथा एक एक अपग्रहको अधिकार-सीमाको पार कर वे धीरे धीरे बुद्धमण्डपमें अग्रसर होते हैं। मण्डपकी सीमा उल्लङ्घन करके ही वे मूर्च्छा वा दशाको प्राप्त होते हैं। ऐसा करनेका उद्देश्य यह है, कि बुद्धको प्राप्त करनेमें अनेक विघ्न-वाधाओंको अतिक्रम और कष्ट स्वीकार करना आवश्यक है।

अपराजिता-पृच्छा नामक वास्तुशास्त्रके पचीसवें सूत्रमें मण्डपके लक्षण-सम्बन्धमें जो लिखा है संक्षेपमें उसका वर्णन नीचे दिया जाता है। प्रासाद निर्माणके विषयमें जो प्रमाण उल्लिखित हुआ है, साधारणतः मण्डप भी उसीके अनुसार वनवाना चाहिये। यदि उससे भी बड़ा वनवाना हो, तो प्रासादप्रमाणके एक पादसे आरम्भ कर द्विगुण पर्यन्त अधिक किया जा सकता है, किन्तु इससे बड़ा करना निषिद्ध है।

वासुदेव-प्रमुख पण्डितोंने मण्डपके पांच सात प्रकारके प्रमाण-सूत्र उल्लेख किये हैं। किन्तु अन्यान्य वास्तुवेदियोंके मतसे मण्डपको प्रासादके समान अथवा उससे एक पाद अधिक वनवाना उचित है। इसका उच्छ्रय पांच हाथसे अधिक यथासम्भव करना होगा। स्थानान्तरमें नौ, दश, ग्यारह, बारह और तेरह हाथ इसका उच्छ्रय निर्दिष्ट हुआ है। मण्डपमें एक घंटा लटका देनेका नियम है। प्रासादकी तरह मण्डप भी अपने अपने वासभवनके सामने ज्येष्ठ, मध्यम और कनिष्ठभावमें वनवाना उचित है।

एतद्भिन्न अपराजिता-पृच्छाके २६वें सूत्रमें भगवान् उशना कर्तृक वर्द्धमान, स्वस्तिक, गरुड़, सुरनन्दक, सर्वतोभद्र, कैलास, इन्द्रनील और रत्नोद्भव नामक आठ

प्रकारके मण्डपका विषय उल्लिखित हुआ है। विस्तार हो जानेके भयसे उसके भेदादिका वर्णन यहां पर नहीं किया गया।

मण्ड' पिवति पा-क। (त्रि०) ३ मण्डपायी, जो माँड़ पीता हो।

मण्डपक्षेत्र (सं० क्ली०) पवित्र स्थान।

मण्डपपुर—माण्डुका प्राचीन नाम। माण्डु देखो।

मण्डपा (सं० स्त्री०) मण्डप-टाप्। निष्पापी, वोड़ा।

मण्डपारोह (सं० पु०) मुखालि, एक प्रकारका मीठा कंद।

मण्डपिका (सं० स्त्री०) छोटा मण्डप।

मण्डपी (सं० स्त्री०) छोटा मण्डप, मढ़ी।

मण्डपूल (सं० क्ली०) घुटने तकका बूट जूता।

मण्डमय (सं० त्रि०) मण्डस्वरूपे मयट्। मण्डस्वरूप।

मण्डयन्त (सं० पु०) मण्डयति भूषयतीति मड़ि (तॄभू-वहिवसि भासिसाधिगड़िमण्डिजिनन्दिभ्यश्च। उण् ३।१२८) इति झच्, स च कित्। १ अन्न, अनाज। २ वधूसङ्घ। ३ नट। ४ अलङ्कार।

मण्डयन्ती (सं० स्त्री०) मण्डयतीति मड़ि-झच्, स्त्रियां ङीप्। योषित्, नारी।

मण्डर (सं० त्रि०) मड़ि-अरन्। भूषण।

मण्डरी (सं० स्त्री०) मण्डयति भूषयति मड़ि-अरन्, स्त्रियां ङीष्। घुघुरी।

मण्डल (सं० क्ली०) मण्डयति भूषयतीति मड़ि (कल-स्तृपश्च। उण् १।१०६) इति कल। १ चन्द्र और सूर्यका वहिर्वेष्टन, चन्द्रमा वा सूर्यके चारों ओर पड़नेवाला घेरा जिसे सूर्यमण्डल कहते हैं। २ चन्द्र और सूर्यका उत्पातज रश्मिमण्डल। पर्याय—परिवेश, परिधि, उपसूर्यक। ३ चक्रवाल, चक्रके आकारका घेरा। ४ मण्डलाकार दिक्समूह, चारों दिशाओंका घेरा जो गोल दिखाई देता है। ५ वृत्ताकार या अण्डाकार विस्तार, गोला। ६ एक प्रकारका कुष्ठ रोग। इसमें शरीरमें चकतेसे पड़ जाते हैं। ७ द्वादश राजमण्डल, वारह राज्योंका समूह। ८ चालीस योजन लंबा और वीस योजन चौड़ा भूमिखण्ड। ९ किसी वस्तुका वह गोल भाग जो अपनी दृष्टिके सम्मुख हो। १० समाज, समूह। ११ एक प्रकारका व्यूह, सेनाकी वृत्ताकार स्थिति। १२ एक प्रकार का सर्प। १३ एक प्रकारका गन्धद्रव्य, व्याघ्रनखी। १४ शरीरकी आठ संधियोंमेंसे एक। १५ कुक्कुर, कुत्ता। १६ ग्रहके घूमनेकी कक्षा। १७ गेंद। १८ कोई गोल दाग, चिह्न। १९ ऋग्वेदका एक खण्ड। २० चक्र, पहिया। २१ नखाखात। २२ धन्वीके स्थानपञ्चकके अन्तर्गत स्थिति-विशेष। २३ विम्व, छाया। २४ रेशमके ऊपर जरीका काम किया हुआ एक प्रकारका कपड़ा। गुजराती इसका पगड़ीमें व्यवहार करते हैं। २४ वह घेरा जो खानेके समय भोजनपात्रके चारों तरफ किया जाता है। भोजनके समय भोजनपात्रके नीचे मण्डल वनाना उचित है। जो विना मण्डल वनाये भोजन करते हैं, उनका अन्न राक्षसादि नष्ट कर डालता है।

> "यातुधानाः पिशाचाश्च असुरा राक्षसास्तथा।
> घ्नन्ति केवलमन्नस्य मण्डलस्य विवर्ज्जनात्॥
> आदित्या वसवो रुद्रा ब्रह्मा चैव पितामहः।
> मण्डलान्युपजीवन्ति तस्मात् कुर्वन्ति मण्डलम्"॥
>
> (अग्निपु० आह्निकतपोनामाध्याय)

यह मण्डल ब्राह्मण चतुष्कोणमें, क्षत्रिय त्रिकोणमें, वैश्य द्विकोणमें और शूद्र वर्त्तुलाकारमें वनावे।

विशेष विवरण भोजन शब्दमें देखो।

कृत्रिम मण्डलका विधान देवीपुराणमें इस प्रकार लिखा है,—चार हाथसे आरम्भ करके सौ हाथ तक मण्डल होगा, इससे अधिक नहीं। यह मण्डल १२ प्रकारका है। यथा—विमल, विजय, रुद्र, विमान, शुभद, शिव, वर्द्धमान, दैव, लताक्ष, कामदायक, रुचक और स्वस्तिकाख्य। ये सब मण्डल पांच वर्णके चूरसे वनावे। शुक्लसे ले कर हरित पर्यन्त सभी चूरसे सुशोभन करना कर्त्तव्य है। शालि, यष्टिक, कुसुम्भ, हरिद्रा और हरित्पत्र ये सब चूर होने चाहिये।

मण्डलस्थान सम, गोमयोपलिप्त, चन्दन, अगुरु, कर्पूरचूर्ण और धूप द्वारा अधिवासित करना होगा। मण्डलभूभाग पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण ओर समान रहे। सूत्रपातमें स्वस्तिक और मत्स्यादि रेखा हो, वीचमें अष्टदल पद्म रहे। उसके सभी द्वार

समसूत्र हों, पद्मकर्णिका और केशर द्वारा उज्ज्वल रहे। अवशिष्ट भागमें स्वस्तिक चिह्न और कह्लार नामक जलज पुष्पविशेषका चित्र हो। दाहिने हाथकी मध्यमा, अनामिका और अंगुष्ठांगुलीके योगसे इच्छानुसार पञ्चवर्णविन्यास करना होगा। चूर्णविन्यासके समय उँगलियोंका अग्रभाग नीचेकी ओर रहे। इसमें सभी रेखाएँ समान और अविच्छिन्न रहनी चाहिये। अंगुष्ठ-पर्वकी अपेक्षा रेखाको स्थूल न बनावे। परस्पर मिलित, विषम, अधिक स्थूल, विच्छिन्न, कृपरावृत्त, प्रान्तविसर्पी वा ह्रस्व मण्डल कदापि न बनावे।

संसक्तरेखमण्डलमें कलह, वक्ररेखमण्डलमें युद्ध, अति स्थूलरेखमण्डलमें व्याधि, मिश्रित रेखामें पीड़ा, विन्दुयुक्त रेखामें शत्रु-भीति, कृशरेखामें अर्थहानि, विच्छिन्न रेखामें मृत्यु और नानाविध अशुभ होता है। जो व्यक्ति मण्डलका विषय जाने विना मण्डल तैयार करते हैं, उन्हें पूर्वोक्त सभी प्रकारके दोष होते हैं। चतुष्कोण और चतुर्द्वार मण्डल बनावें। मण्डलके प्रमाणानुसार द्वार और पद्म बनाना होगा। हाथसे कम और चार हाथसे अधिक परिमाणका मण्डल न बनावे। मण्डल पूर्वद्वारी होनेसे प्रताप, आयुर्वृद्धि, श्री और धर्मादि शुभ होता है। उत्तरद्वारी मण्डल भी शुभकर है। स्वयं शिवजीने पहले पहल यह मण्डल प्रस्तुत किया था। इस मण्डलमें सभी देवता अवस्थान करते हैं। यही कारण है, कि मण्डल प्रस्तुत करके उसके ऊपर घटस्थापन पूर्वक पूजा की जाती है। मण्डलमें पूजा करनेसे सभी देवता पूजित होते हैं।

प्रथम मण्डलमें विघ्नेश्वरयुक्त शिव और द्वितीय मण्डलमें गणेशयुक्त शिवादिकी पूजा करनी होती है।

देवीपुराणमें इसका विस्तृत विवरण लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां कुल उद्धृत नहीं किया गया। तन्त्रसार और अन्यान्य तन्त्रमें सर्वतोभद्रमण्डल आदि करके बहुतों मण्डलका उल्लेख है। पूजादि देवकार्यमें ही मण्डल बनानेकी व्यवस्था देखी जाती है। अरब, मिश्र आदि देशोंमें भी दैवज्ञगण शुभाशुभ जाननेके लिये इस प्रकारका मण्डप बनाया करते थे। मुसलमानोंका कहना है, कि ओसमान इस मण्डलविद्यामें विशेष पारदर्शी थे। लेन साहबने यह विद्या यूरोपमें प्रचार करनेकी चेष्टा की थी, पर उपयुक्त गुणी न मिलने पर वे कृतकार्य न हो सके। यही कारण है, कि यूरोपमें इसका आदर नहीं है। प्रधानको वङ्गालमें २५ ग्रामके (Headman) मण्डल कहते हैं। दाक्षिणात्यमें पाटेलका और पश्चिममें मकद्दमका जैसा अधिकार है वङ्गालमें मण्डलोंका भी एक समय वैसा ही अधिकार था। उनके अधीन बहुतसे कर्मचारी रहते थे जिनमेंसे पटोआर वा तहसीलदार और चौकीदार प्रधान था।

मण्डलक (सं० क्ली०) मण्डल-स्वार्थे कन्। १ विम्व, छाया। २ कुष्ठभेद, एक प्रकारका कोढ़ रोग। ३ दर्पण। ४ मण्डलाकार व्यूह। (पु०) ५ कुक्कुर, कुत्ता।

मण्डलकराजन् (सं० पु०) मण्डलाधीश्वर।

मण्डलकार्मुक (सं० त्रि०) मण्डलाकार धनुःशाली।

मण्डलघाट—हवड़ाके दक्षिणमें अवस्थित एक प्रधान परगना। यह रूपनारायण और दामोदर नदीके मध्य अवस्थित है।

मण्डलचिह्न (सं० क्ली०) मण्डलाकार चिह्न।

मण्डलनृत्य (सं० क्ली०) मण्डलेन मण्डलाकारेण प्रवर्त्तित नृत्यमिति नित्यसमासः। मंडलाकार नृत्य, वृत्तकी परिधिके रूपमें घूमते हुए नाचना।

मण्डलपत्रिका (सं० स्त्री०) मण्डलं मण्डलाकारं पत्रं यस्यां कन् टाप्, अत इत्वं। रक्त पुनर्णवा, लाल गदहपूरना।

मण्डलपुच्छक (सं० पु०) कीटभेद। सुश्रुतमें लिखा है, कि यह कीट प्राणनाशक है। इसके काटनेसे सांपका-सा विष चढ़ता है। क्षार वा अग्नि द्वारा दग्ध स्थान जैसा हो जाता है काटा हुआ स्थान भी वैसा ही देखनेमें लगता है। इसमें रक्त, पीत, कृष्ण और अरुण वर्णकी आभा देखी जाती है। ज्वर, अङ्गमर्द, रोमाञ्च, वेदना, वमन, अतीसार, तृष्णा, दाह, मोह, कम्प और हिक्का आदि उपद्रव होते हैं। इसके काटनेसे यथाविधान प्रतीकार करना आवश्यक है

(सुश्रुत कीटकल्प ८ अ०)

मण्डलपुर—युक्तप्रदेशके सहारानपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। इसके पास ही 'सुघ' नामक एक प्राचीन

ग्रामका भग्नावशेष देखा जाता है। उक्त दोनों ग्राम ले कर प्राचीन श्रुघ्न नगर संगठित था। फिरोजशाह तुगलक के समय इसकी प्राचीन कीर्त्ति और समृद्धि विलकुल विलुप्त हो गई।

मण्डलपुरन्दर—एक विख्यात जैन-साधु। ये १६वीं शताब्दीमें विजयनगराधिप कृष्णरायके समयमें विद्यमान थे। इन्होंने अमरकोषके आदर्श पर 'सौदामिनीनिघण्ट' नामक एक देशीय अभिधान पद्यमें प्रकाशित किया।

मण्डला—मध्यप्रदेशके जव्वलपुर विभागके अन्तर्गत एक जिला। यह अक्षा० २२° १२' से २३° २३' उ० तथा देशा० ७९° ५८' से ८१° ५४' पू०के मध्य अवस्थित है। यह चीफ कमिश्नर द्वारा परिचालित होता है। भूपरिमाण ५०५४ वर्गमील है। मण्डलानगरमें इसका विचार-सदर है।

प्राकृतिक सौन्दर्यसे विभूषित होने पर भी इस स्थानका विजन वनप्रदेश जनसाधारणके भीतिप्रद है। वनमाला-से समाच्छन्न अधित्यकाभूमि और निर्झरिणी परिप्लावित उपत्यकामें दुर्द्धर्ष गोंड़ जातिका वास है और साथ साथ वाघ, भालू आदि भयावह हिंस्रजन्तुसे परिपूर्ण इस स्थानकी भीषणता दुगुनी वढ़ गई है। इस निर्जन स्थानमें प्रवासी पथिक जिधर नजर उठाते हैं उधर ही जनशून्य और वनपूर्ण अधित्यकाभूमि दिखाई पड़ती है। कहीं कहीं झरने आदिके वहनेसे उपत्यका और भी शोभामयी हो गई है तथा सुदूरविस्तृत दीर्घ तृणविराजित प्रांतर प्रदेशमें वायुसे आन्दोलित तृणवल्ली दूरसे हरिद्वर्ण ऊर्मिमालाशोभी समुद्रके जैसी मालूम पड़ती हैं। इसके वीच वीचमें खण्ड खण्ड वनसमूह सागरवक्षमें वहता हुआ पोतसदृश मालूम होता है।

कहीं नदीको सैकतभूमिमें श्यामल शस्यमण्डित उर्वरक्षेत्र विराजमान है जिसके मध्यस्थलमें उपवनसमूह जनसाधारणकी वासभूमिका परिचय देता है। दक्षिण भागका पार्वत्य प्रदेश स्फटिकाकार, दानेदार ग्रेनाइट और पथलचूनसे पूर्ण है। अलावा इसके कहीं कहीं कपास होनेवाली काली मिट्टीसे पूर्ण जमीन और सहार नामक वालुकामय मरूभूमि विस्तीर्ण है। यहां बहुत-सी छोटी छोटी नदियां मेकल पर्वतसे निकल कर नर्मदामें मिल गई हैं जिससे नर्मदा नदी वड़े वेगसे वह चली है। इस पर्वतसे और भी पश्चिममें वञ्जार और हालोन आदि असंख्य जलधारा नदीमें गिरती है।

नदियोंके पार्वतीय गड्ढे गहरे होनेके कारण उनके जलसे खेतीवारीमें कुछ विशेष सुविधा नहीं है। केवल मण्डला नगरके दक्षिण और पूर्व नर्मदासे भैंसाघाट तक विस्तृत 'हरवेली' भूमि कुछ उर्वरा है। यहां नर्मदाकी खंजर और वेणगङ्गाकी थानवर शाखा वहती है। इन दो नदियोंके वीचकी अधित्यकामें बहुत-सी समृद्धिशाली गोंड़ जातिकी वस्ती है। प्रत्येक वस्तीमें छोटा छोटा जंगल है। नगरके पश्चिम एक वड़ा वन है, जिसमें वाघ आदि हिंस्रजन्तु रहते हैं। इस कारण यह स्थान वड़ा ही खौफनाक है। वर्षाकालमें जब संचित जलकी धारा वड़े वेगसे पर्वतोंको छेदती हुई नर्मदामें गिरती है तब उसका दृश्य अतीव मनोरम लगता है।

पूर्वोक्त मेकल पर्वतका चौरिया दादरशृङ्ग ३४०० फीट ऊंचा है। शृङ्गके सामने ६ मील चौड़ी एक अधित्यकाभूमि है। इस स्थानकी आवहवा वड़ी अच्छी है। स्थानीय सभी पर्वतशृङ्ग महादेव द्वारा रक्षित हैं, ऐसा प्रवाद है।

रामनगर-मन्दिरके शिलालेखोंसे इस स्थानके प्राचीन राजवंशका परिचय इस प्रकार मिलता है। यादवराय नामक एक राजपूतने स्वप्न देख कर सर्वी पाठक नामक एक साधुचेता ब्राह्मणका परामर्श ग्रहण किया। उक्त ब्राह्मण के आदेशसे यादवरायने गोंड़राज-नागदेवके यहां नौकरीके लिये प्रार्थना की। राजाने युवक यादवरायके मनोहर रूप और वीरवपु देख कर उन्हें सेनाविभागमें नियुक्त किया। क्रमशः उनके वीर्यवलने राजा नागदेवकी आंखों पर एकाएक आधिपत्य जमा लिया। किसी कारणसे युवक यादव पर खुश हो कर राजाने अपनी कन्याका उनके साथ विवाह कर दिया। राज्यमें उनकी प्रतिपत्ति दिन पर दिन वढ़ती ही गई। राजा नागदेव मरनेके समय अपने जामाता यादवरायको ही उत्तराधिकारी वना गये थे।

नागदेवकी मृत्युके वाद जब यादवराय राजसिंहासन पर बैठे तब उन्होंने उस विज्ञ विप्रवरको अपना

मन्त्री वनाया। मन्त्रीकी तीक्ष्णवुद्धि और उनकी तेजस्वितासे मण्डलाराज्य समृद्धिशाली हो गया था। यथार्थमें एकमात्र यादवरायसे ही मण्डलामें गोंड़ राज्यकी राजधानी स्थापित हुई। उक्त यादवरायके ज्येष्ठपुत्रके वंशधरोंने यहां ३५८ ई० से ले कर १७८१ ई० महाराष्ट्र-युद्ध तक राज्यशासन किया था। द्वितीय पुत्रके वंशधरगण इतने दिनों तक मन्त्रित्व और राजकार्यादि देखते थे। ६३८ ई०से उक्त वंशके दशवें राजा गोपाल शाह कर्तृक मण्डला राज्य (गोंड़वन) गोण्डवाना राज्यके अन्तर्भुक्त हुआ। गोपाल शाहकी मृत्युके वाद समस्त राज्य गढ़ामण्डला या गढ़मण्डल नामसे विख्यात हुआ।

गोपाल शाहके वाद ३८वीं पीढ़ीमें राजा संग्राम शाह हुए। इन्हीं विख्यात पुरुषने गढ़मण्डलराज्यको उस समय विशेष शक्ति और समृद्धिशाली वनाया था। १५३० ई०में मृत्युके पहले उन्होंने ५२ गढ़ या प्रदेश अधिकार किये। वर्त्तमान मण्डला, जव्वलपुर, दामो, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी, हुसङ्गावाद और समग्र भूपालराज्य उन्हींके कब्जेमें था।

१५६४ ई०में मुगलसम्राट् अकवर शाहके प्रतिनिधि आसफ खांने गङ्गातीरवर्त्ती काड़ा-माणिकपुरमें रह कर वहुत-सी सेनाके साथ गोण्डवानाराज्य पर चढ़ाई कर दी। इस समय दरिद्र जननी दलपत शाहकी विधवा पत्नी रानी दुर्गावती नावालिगीमें राज्यशासन करती थी। मुगलोंकी चढ़ाईसे वह जरा भी न डरी और वीर की पोशाक पहनी। गोण्डवाना-सेनादलने वीर-रमणी-दुर्गावतीकी अधिनायकता स्वीकार की। धीरे धीरे रमणी-वाहिनी मुगलोंके सामने जा धमकी। जव्वलपुर जिलेके सिंगौड़के पास गोंड़ सेनाने हार खाई और रानी-कोई उपाय न देख गढ़की ओर लौटी। यहां भी जव मुगलसेनाने आक्रमण करना न छोड़ा तव इन्होंने मंडलामें आश्रय लिया। मण्डलाका दुर्गम गिरिसङ्कट अतिक्रम कर मुगलसेना नगरमें न घुस सके, इस आशंकासे रानी स्वयं सेनादल ले कर गिरिपथकी रक्षामें लग गई। पहले दिनकी लड़ाईमें रानी दुर्गावतीने वहुत-सी मुगलसेनाको विपर्य्यस्त किया। आसफ खां परास्त होने पर भी भग्न मनोरथ न हुए। दूसरे दिन उन्होंने कमानवाही सेनाओंको ले कर रानी दुर्गावती पर आक्रमण कर दिया। युद्धमें रानी आहत तो हुईं पर उनकी वीरत्ववह्नि उस समय भी निर्वापित न हुई। वे आघातकी उपेक्षा कर हिन्दू-गौरवकी रक्षाके लिये प्रचण्ड विक्रमसे रणक्षेत्रमें अवतीर्ण हुईं। इस समय सहसा उनके सेनादलके पीछे नदी जलसे उमड़ आई जो पहले एकदम सूखी थी। गोंड़ सेना मुगलयुद्धमें असमर्थ हो कर इसी नदीसे भाग जायगी यह सोच मुगलयोद्धा फूले न समाये, किन्तु वे नदीको स्फीत होते देख चुप हो वैठे, प्राणकी आशा सवोंकी जाती रही। सामने मुगलसेना मूषलधारसे गोलावर्षण कर रही है, पीछेसे कलकल नादसे नदीका जल वढ़ कर सेना पर चढ़ाई कर रहा है, इस प्रकार दोनों संकटमें पड़ कर गोंड़सेना छत्रभंग हो गई। रानी दुर्गावती किसी तौरसे सेनाको वशमें न ला सकी। इधर मुगलवाहिनी छत्रभंग सेनादल पर टूट पड़ते देख वह डर गईं तथा वादमें मुगलोंके हाथ वन्दी और लाञ्छित न होना पड़े, ऐसा सोच उन्होंने तुरत अपने पीलवानकी कमरसे छुरी ले ली और क्षण भरमें अपने कोमलहृदयमें घुसेड़ दी। उनकी यह वीरोचित मृत्यु इतिहासमें ज्वलन्त अक्षरोंमें वर्णित है। इस प्रकार वे अपने कर्ममय जीवनको वीरत्व मुकुटमें शोभित कर गई हैं।

युद्धमें जयी हो मुगल सेनापति आसफ खांके वहुत धनरत्न तथा हजारसे अधिक हाथी हाथ लगे। उनके लौट जानेके वाद राजा चन्द्र शाहके अभिषेकके लिये सम्राट् अकवरशाहका आज्ञापत्र लाना पड़ा जिसमें उन्हें नजराना-स्वरूप दश प्रदेश देने पड़े। उसी समय यह भूपालराज्यमें परिणत हुआ।

राजा चन्द्र शाहके समयसे गढ़मण्डलाके सामन्तोंने दिल्लीश्वरकी अधीनता स्वीकार की। उनकी दो पीढ़ीके वाद वुन्देला-आक्रमण और युद्ध तथा राजवंशधरोंमें सिंहासन-अधिकारके लिये परस्परमें विवाद खड़ा हुआ और भिन्न देशीय राजाओंको सहायता लेनेसे क्रमशः गोण्डवानाराज्य क्षय होने लगा। सुतरां १७३१ ई०में महाराज शाहके सिंहासन पर वैठनेके समय राज्यह्रास

हो कर सिर्फ २६ प्रदेश बच रहे। इसी समयसे मण्डलाके कृषिकार्योंकी उन्नतिका सूत्रपात हुआ। राजा हृदय शाहके समय बहुतसे लोदी यहां आ कर बस गये तथा उन्हींकी चेष्टासे अनेक स्थान हराभरा दिखाई पड़ने लगा।

१७४२ ई०में पेशवाने गोण्डवाना पर आक्रमण किया। युद्धमें महाराज शाह पराजित और निहत हुए। उनके बाद पेशवाने उनके नाबालिग पुत्र शिवराज शाहको सिंहासन पर बिठाया। बात यह ठहरी, कि शिवराज शाह महाराष्ट्र-सरकारको प्रतिवर्ष चार लाख रुपये देंगे। इस युद्धमें जब्बलपुरके पूर्ववर्त्ती सभी स्थान ध्वंस हो गया, मण्डलाकी वह क्षति आज भी पूरी न होने पाई है। अनन्तर नागपुरराज और पेशवाने गोण्डवानाराजके बहुतसे प्रदेश अपने अपने अधिकारमें कर लिये। शक्तिहीन होने पर भी गोंडराज सागरके महाराष्ट्र-सरदारके करतलगत न हुआ। सागर-सरदार पेशवाके प्रतिनिधि रूपमें कार्य करते थे। अन्तमें १७८१ ई०में उस सुप्राचीन राजवंशके शेष राजा महाराष्ट्रके कोपसे राज्यच्युत हुए तथा उनका अधिकृतप्रदेश सागरराज्यके अन्तर्भुक्त हुआ।

प्रायः १८ वर्ष तक सागरके सामन्तोंने यहां शासन किया। उनमेंसे एकमात्र सरदार वासुदेव पण्डित ही मण्डलामें स्मृतिचिह्न रख गये हैं। इस महापुरुषने आर्थिक और कायिक परिश्रमसे मण्डलाकी बहुत-सी नष्ट कीर्त्तिका उद्धार किया, किन्तु बहुत दिनों तक घरके झगड़े और पिण्डारी दस्युदलके विप्लवसे यह पुनः पूर्वावस्थाको प्राप्त हुआ।

१८६६ ई०में यह स्थान नागपुरके भोंसलेवंशके अधिकारमें था। पिण्डारी दस्यु-दलके हाथसे परित्राण पानेके लिये नागपुरराजाओंने मंडला दुर्गको सुरक्षित किया। पिंडारियोंने स्वच्छन्द भावसे मंडलाके पार्श्ववर्त्ती स्थानको लूटा था; किंतु वे कभी भी मंडलामें प्रवेश न कर सके।

१८१८ ई०में अन्तिम महाराष्ट्र-युद्धके बाद मंडला अङ्गरेजोंके हाथ सौंपा गया, किंतु दुर्गाभ्यन्तरस्थ मराठी सेनाने अङ्गरेजोंके हाथ आत्मसमर्पण नहीं किया। अन्तमें अङ्गरेज-सेनापतिने मार्शल (General Marshall) १८१८ ई०की २४वीं मार्चको बलपूर्वक दुर्ग पर अधिकार किया। दूसरे वर्ष भयानक दुर्भिक्ष और चेचकसे यहांके बहुसंख्यक मनुष्योंकी अकाल मृत्यु हुई। १८५७ ई०के सिपाहीविद्रोहके समय रामगढ़-शाहपुर और सोहागपुरके सरदारगण अङ्गरेजोंके विरुद्ध उठ खड़े हुए। विद्रोह दमनके बाद राज्यमें शान्ति छा जाने पर रामगढ़ और शाहपुरराज्य अङ्गरेजोंके खास तहसीलभुक्त हुआ तथा सोहागपुर रेवाराजको दिया गया। दूसरे वर्ष पुनः विद्रोहकी सूचना हुई किन्तु थोड़े ही समयमें मेल हो गया। उस समयसे अङ्गरेजोंके अधिकारमें आज तक कोई विभ्राट घटना नहीं घटी है।

यहांके अधिवासिगण प्रायः गोंड और कोल जातीय हैं। इनमें अनेक उन्नत व्यक्ति देखे जाते हैं। इन लोगोंका व्यवसाय वाणिज्य और कृषि तथा प्रधान कार्य्य शिल्प और युद्धविद्या है। यहां रुई बहुतायतसे उपजती है; किन्तु स्थानीय मनुष्य उत्तमरूपसे कपड़ा बीनना नहीं जानते; अधिवासियोंके पहिननेके लिये यहां एक प्रकारका मोटा कपड़ा तयार हो कर बिक्री होता है। अलावा इसके मोराई विभागके खनिज लोहेसे ये लोग कुठार आदि बनाते हैं।

गोंड़ और कोल आदि शब्द देखो।

२ उक्त जिलेका दक्षिणपश्चिम उपविभाग। भू-परिमाण २०४२ वर्गमील है।

३ उक्त जिलेका विचारसदर और प्रधान नगर। यह अक्षा० २२° ३५' ६" उ० तथा देशा० ८०°२४' पू०के मध्य समुद्रपृष्ठसे १७७० फुट ऊंचा नर्मदा नदीके किनारे अवस्थित है। नगरके चारों ओर नर्मदा नदी बहती है। नदीको बलुई जमीनकी अपूर्व शोभा देख कर गढ़मण्डलके ५७वें राजा नरेन्द्रशाहने यहां राज्य स्थापन किया। उन्हींकी कोशिशसे नदीके किनारे एक दुर्ग और उसके बीचमें राजप्रासाद बनवाया गया था। १७३९ ई०में पेशवा बालाजी बाजीरावने जब्बलपुरसे आ कर इस दुर्ग पर अपनी गोटी जमाई। उसी समयसे दुर्गके जब्बलपुर द्वारका 'फते दरवाजा' नाम पड़ा है। महाराष्ट्रोंने दुर्गका अरक्षित पार्श्व दृढ़प्राचीर, परिखा, बुर्ज और द्वार-पथादि

द्वारा शोभित कर एक प्रकार दुर्भेद्य कर दिया था। १८१८ ई०में अंगरेज-सेनापतिने मार्शल गोलावर्षण कर दुर्गको अधिकार किया। यहां नदीके किनारे १६८०से १८५८ ई०के मध्य निर्मित ३७ देवमन्दिर नजर आते हैं। मन्दिरमेंकी शिलालिपियां उन उन मन्दिरोंका निर्माणकाल बताती हैं।

मण्डलाकार (सं० वि०) गोल।

मण्डलाग्र (सं० पु०) मण्डलं गोलाकारं अग्रं यस्य। सुश्रुतोक्त बीस प्रकारके शस्त्रोंमेंसे एक शस्त्र। यह चीर-फाड़के काममें आता है।

मण्डलाई—मध्य प्रदेशके सिवनी जिलान्तर्गत एक गण्ड-शैल। वह सिवनी नगरसे १० कोस उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। इसकी ऊँचाई प्रायः २५०० फुट है।

मण्डलाधिप (सं० पु०) मण्डलस्य अधिपः। मण्डलेश्वर, नृपभेद। जिसके चार योजन तक भूमिभाग है, उन्हें राजा और जिन्हें इससे सौ गुणा अधिक भूसम्पत्ति है, उन्हें मण्डलाधिप कहते हैं।

"चतुर्योजनपर्यन्तो ह्यधिकारो नृपस्य च।
यो राजा तच्छतगुणः स एव मण्डलेश्वरः॥"

(ब्रह्मवैवर्त्त पु० जन्मख० ८६ अ०)

मण्डलाना—पञ्जाब प्रदेशके रोहतक जिलेके गोहना तहसीलके अन्तर्गत एक नगर। यह गोहना नगरसे छः मील दूर पानीपत जानेके रास्ते पर अवस्थित है। यहां निकटवर्त्ती ग्रामोंके उत्पन्न द्रव्य बिकने आते हैं।

मण्डलायित (सं० क्ली०) मण्डलवत्चरितमिति मण्डल-क्यङ्, दीर्घ, मण्डलाय नामधातु क्त। वर्त्तुल, गोलाकार।

मण्डलाधीश (सं० पु०) मण्डलस्य अधीशः। मण्डलेश्वर। पर्याय—मध्यम।

मण्डलिक—गिरनर या जूनागढ़के चूड़ासमा राजवंशीयगण रावमण्डलिक कहलाते हैं। यह मण्डलिकवंश बहु प्राचीन है। इस वंशकी प्रतिष्ठाके सम्बन्धमें एक किम्वदन्ती इस प्रकार प्रचलित है—

प्राचीनकालमें सौराष्ट्रके राजवंश वनस्थलीमें रहते थे। यहांसे वर्त्तमान जूनागढ़ पांच कोसके फासले पर है। पहले यह विस्तीर्ण स्थान जंगलसे परिपूर्ण था। एक दिन एक लकड़हारा लकड़ीकी तलाशमें जंगल आया और एक योगीको ध्यानमग्न देखा। वहां पत्थरकी बनी हुई एक प्राचीन अट्टालिका देख उस लकड़हारेने योगिवरसे पूछा, 'प्रभो! इस अट्टालिकाके बनानेवाले कौन हैं तथा इस स्थानका क्या नाम है?' उत्तरमें योगीके जूना नाम बतलाने पर लकड़हारा घर लौटा और सौराष्ट्रराजसे कुल बातें कह सुनाईं। इस पर राजाने जंगलको काट डालनेका हुकुम दे दिया। वनभूमिके परिष्कृत होने पर दुर्ग दिखाई देने लगा। दुर्गके प्रतिष्ठाताका नाम मालूम न होनेके कारण ऋषिके कथनानुसार राजाने उस दुर्गका जूनागढ़ नाम रखा और उसका जीर्णसंस्कार करनेका संकल्प किया। परवर्त्ती राजाओंमेंसे एकका नाम मण्डलिक था। तदनुसार तत्परवर्त्ती राजन्यगण 'रावमण्डलिक' उपाधिसे भूषित हुए।*

राजवंशावलीमें लिखा है, कि मण्डलिक-राजोंने १६ वीं सदी तक यहां वंशानुक्रमसे राज्य किया था। किंतु किसी भी इतिहासमें इस बातका उल्लेख नहीं है। शिलालिपि आदिकी सहायतासे इस राजवंशकी जो तालिका पाई गई है वह इस प्रकार है—

राय चूड़ाचांदके पौत्र राय गारियोके प्रपौत्र राय दयाससे जूनागढ़में चूड़ासमावंशकी ख्याति फैली है। राजा दयास पत्तनराजके साथ युद्धमें ८७४ सम्वत्को मारे गये। उनके लड़के नवघन किसी अहीरसे पाले-पोसे गये थे। इन्होंने सिन्धुप्रदेश पर आक्रमण कर सुम्रराज हम्बीरको परास्त किया। उनके लड़के राजा खङ्गारने वनथलीके अहीर-सरदारको युद्धमें हराया और आप ६४१ ई०में अनहिलवाड़राजसे कासराड़-युद्धमें मारे गये। पीछे उनके लड़के मूलराजने अनहिलवाड़में शासन किया था। मूलराजके लड़के २य नवघनके

---

[*] जूनागढ़के ईसाजन्मके पहले प्रसिद्धि लाभ करने पर भी यहांके राजवंशकी उतनी ख्याति नहीं थी। मण्डलिक राजाओंके परवर्त्तीकालमें स्वाधीन होने पर भी वे पूर्ववर्त्ती किसी समय किसी राजचक्रवर्त्तीके अधीन सामन्तराज रूपमें राज्यशासन करते थे। बहुतेरे मण्डलाधिप-अर्थसे 'मण्डलिक' वंशोपाधिकी कल्पना करते हैं। तारीख-ई-अलफी आदि मुसलमानी इतिहासमें इस राजवंशका प्राचीनत्व स्वीकृत है, पर बीच बीचमें यहां मुसलमान-राजाओंने शासन किया था।

राज्यशासन करनेके बाद उनके लड़के मण्डलिक राजगद्दी पर बैठे। इन्होंने गुजरात-पति भीमदेवके साथ मिल कर १०८० संवत्‌में गजनीपति महमूदके विरुद्ध युद्ध किया। मण्डलिकके बाद पुत्र परम्परासे हमीरदेव, विजयपाल और ३य नवघनने राज्य किया। राजा ३य नवघन उमेताराजको अपने काबूमें लाये थे।

अनन्तर राजा २य खङ्गार राजसिंहासन बैठे। ये अनहिलवाड़पति-जयसिंह सिद्धराजके युद्धमें मारे गये। इसके बाद २य मण्डलिकने ११ वर्ष, आलनसिंहने १४ वर्ष, गणेशने ५ वर्ष, ४र्थ नवघनने ६ वर्ष, ३य खङ्गारने ४६ वर्ष, मण्डलिकने २२ वर्ष और ५म नवघनने राज्य किया था। नवघनके बाद राजा महीपालदेवने ३४ वर्ष शासन किया। आप सोमनाथपत्तनमें एक मन्दिर बनवा गये हैं। १२७८ ई०में ४र्थ खङ्गार सिंहासन पर बैठे। सोमनाथ-मन्दिरका संस्कार और दिउ-अधिकार उनके जीवनकी प्रधान घटना है। इन्हींके राजत्वकालमें मुसलमान सेनापति शामस खांने जूनागढ़ पर अधिकार जमाया। कुछ वर्ष मुसलमानी आधिपत्यकाके बाद १३३३ ई०में जूनागढ़ पुनः मण्डलिक-राजवंशके हाथ लगा। उसी साल ४र्थ खङ्गारके पुत्र जयसिंहदेव राजसिंहासन पर अधिरूढ़ हुए। पीछे यथाक्रम मोकलसिंह (१३४४ ई०) मुगलदेव (१३५६ ई०) महीपालदेव (१३७१ ई०), ४र्थ मण्डलिक (१३७६ ई०) और २य जयसिंहदेव (१३६३ ई०) राजा हुए। १४११ ई०में गुर्जरपति मुजफ्फर खांने इन्हें परास्त किया।

१४१२ ई०में ५म खङ्गार सिंहासन पर बैठे। अहमदशाहके साथ इनका संग्राम हुआ। १४३२ ई०में राव ५म मण्डलिक जूनागढ़के तख्त पर आसीन हुए। इन्होंने १४७१ ई०में महमूद बिगाड़ाकी अधीनता स्वीकार कर अपनी जानकी रिहाई पाई।

अहमदाबाद-राजाओंसे पराजित हो कर चूड़ासमा राजाओंने एक सदी तक जागीरदार सामन्तरूपमें राज्यशासन किया था। उन राजकुमारोंके नाम नीचे दिये जाते हैं,—

१४७२ ई०में ५म मण्डलिक भ्राता भापत् प्रथम जागीरदार ठहराये गये। उनके पुत्र छठे खङ्गार १५०३ ई०में और खङ्गारके पुत्र ६ठे नवघन १५२४ ई०में पितृसिंहासन पर बैठे। १५५१ ई०में श्रीसिंह जागीरदार हुए। इस समय सम्राट् अकबरशाहने गुजरात पर आक्रमण किया। अनन्तर १५८५—१६७६ ई० तक ७म खङ्गारने जागीरदारीका भोग किया था।

मण्डलित (सं० त्रि०) मण्डलान्वित, गोल किया हुआ।

मण्डलिन् (सं० पु०) मण्डलं कुण्डलं कुण्डलाकारेण शरीरवेष्टनमस्यास्तीति मण्डल-इनि। १ सर्पभेद, एक प्रकारका सांप सुश्रुतमें लिखा है, कि सर्प पांच श्रेणियोंमें विभक्त हैं। इनमेंसे मण्डली द्वितीय श्रेणीका है। जो सब सर्प विविध प्रकारके मण्डलाकारसे चित्रित, स्थूल और मन्दगामी तथा दीप्तसूर्यकी तरह आभाविशिष्ट हैं, उन्हें मण्डली सर्प कहते हैं। इस जातिके सर्प ये सब हैं—

आदर्शमण्डल, श्वेतमण्डल, रक्तमण्डल, चित्रमण्डल, पृषत, रोध्रपुष्प, मिलिन्दक, गोनस, वृद्धगोनस, पनस, महापनस, वेणुपत्रक, शिशुक, मदन, पालिहिर, पिंगल, तन्तुक, पुष्प, पाण्डु, षड्गो, अग्निक, बभ्रु, कषाय, कलुष, पारावत, हस्ताभरण, चित्रक और एणीपद।

सभी प्रकारके सर्पविषका वेग सात प्रकारका है। रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र ये सात धातु हैं। विष शरीरमें प्रवेश करके पहले रसधातुको दूषित करता है। इस धातुके दूषित होनेसे रक्तधातु दूषित होता है, इस प्रकार धीरे धीरे सातों धातु दूषित हो जाते हैं। इस प्रकार एक एक धातु दूषित करनेको विषका एक एक वेग कहते हैं।

मण्डलीके विषके प्रथम वेगमें शोणित दूषित हो कर अत्यन्त शीतल हो जाता है। सारे शरीरमें जलन होती है और शरीर पीला पड़ जाता है। द्वितीय वेगमें मांस दूषित हो कर शरीर अत्यन्त पीतवर्ण हो जाता है, जलन देती है और काटा हुआ स्थान सूज जाता है। तृतीय वेगमें मेद दूषित होता है तथा तत्प्रयुक्त दृष्टिस्थिर, तृष्णा दृष्टस्थानमें क्लेद और घर्म आदि उपद्रव होते हैं। चतुर्थवेगमें विष कोष्ठदेशमें प्रवेश कर ज्वर उत्पन्न करता है। पञ्चम वेगमें सारे शरीरमें जलन होती है।

षष्ठ वेग मज्जामें प्रवेश और ग्रहणीको दूषित करता है। इससे शरीरके गौरव, अतिसार और हृदयकी पीड़ा और मूर्च्छा आदि उपद्रव होते हैं। सप्तम वेग शुक्रके मध्य प्रवेश कर व्यान वायुको अत्यन्त कुपित करता है तथा लोमकूप आदि सूक्ष्म द्वारसे कफ निकलता, पृष्ठभङ्ग होता, सभी इन्द्रियोंका कार्य्य शिथिल हो जाता, राल और स्वेद बहुत निकलता तथा श्वासरोध होता है। (सुश्रुत कल्प स्था० ४ अ०) विशेष विवरण सर्प शब्दमें देखो।

२ विड़ाल, बिल्ली। ३ नेवलेका जातिका बिल्लीकी तरहका एक जन्तु। इसे बंगालमें खटाश और युक्तप्रान्तमें कहीं कहीं सेंधुवार कहते हैं। ४ वटवृक्ष। ५ गोनश सर्प। ६ सूर्य।

मण्डली (सं० स्त्री०) मण्डलमस्त्यस्या इति अर्श आदित्वादच्, गौरादित्वात् ङीष्। १ दूर्वा, दूब। २ गुड़ूची। ३ गोष्ठी, समूह।

मण्डलीक (सं० पु०) एक मण्डल या बारह राजाओंका अधिपति।

मण्डलेश (सं० पु०) मण्डलस्य ईशः। एक मंडल या १२ राजाओंका अधिपति।

मण्डलेश्वर (सं० पु०) मण्डलेश देखो।

मण्डलेश्वर—मध्यभारतके इन्दोर राज्यान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २२° ११´ उ० तथा देशा० ७५° ४२´ पू० नर्मदाके दाहिने किनारे अवस्थित है। जनसंख्या तीन हजारके करीब है। माऊसे अशीरगढ़ आनेमें इसी स्थान हो कर जाना पड़ता है। नगर और उसके चारों ओरकी जमीन समुद्रपृष्ठसे ६५० फुट ऊंची है। यहां पर नर्मदाका व्यास प्रायः ५ सौ गज होगा। वसन्तकाल छोड़ कर अन्य किसी भी समय यहांसे नाव द्वारा नदी पार नहीं कर सकते। नगर चारों ओर मट्टीकी दीवारसे घिरा है। उसके मध्यभागमें एक किला है। एक समय उस किलेमें अङ्गरेजी सेना रहती थी। इन्दोरके अंगरेज रेसिडेण्टके राजकीय सहकारी (Political Assistant) इस दुर्गमें रह कर अङ्गरेजाधिकृत निमारप्रदेश तथा अङ्गरेजोंके हाथ समर्पित होलकर राजके कुछ प्रदेशोंका शासन करते थे। १८६७ ई०में अङ्गरेजराजने होलकरराजके दाक्षिणात्य विभागके कुछ छोटे राज्योंके बदलेमें उन्हें मण्डलेश्वर छोड़ दिया। अभी इस नगरसे होलकरका अधिकृत निमारप्रदेश शासित होता है। उक्तदुर्ग अभी कारागारमें रूपान्तरित हुआ है। कर्णल किटिङ्ग इस नगरकी बहुत कुछ उन्नति कर गये हैं।

मण्डहारक (सं० पु०) मण्डं हरति आहरति गृह्णातीति हृ (ण्वुल्-तृचौ। पा ३।१।१३३) सुरासम्पादनार्थं मंडग्रहणादस्य तथात्वं। शौण्डिक, कलवार।

मण्डा (सं० स्त्री०) मंडः कारणत्वेनास्ति अस्या इति अर्श आदिभ्योऽच्। १ सुरा। २ आमलकी।

मण्डिक (सं० पु०) भारतका पूर्वांशवर्त्ती जनपदभेद।
(महाभारत वन० २५३ अ०)

मण्डित (सं० त्रि०) मडि-कर्मणि-क्त। १ भूषित, सजाया हुआ। २ आच्छादित, छाया हुआ। ३ पूरित भरा हुआ। (पु०) ४ बौद्धगणाधिपविशेष।

मण्डी—पञ्जाबप्रदेशके अन्तगत एक सामान्तराज्य। यह अक्षा० ३१° २३´ से ३२° २४´ उ० तथा देशा० ७६° ४०´ से ७७° २२´ पू०के मध्य अवस्थित है। इसके उत्तरमें छोटा बाङ्गाहल, पूर्वमें नागू पहाड़, दक्षिणमें सुकेत और पश्चिममें काङ्गड़ा जिला है। यह राज्य ५४ मील लंबा और ३३ मील चौड़ा है। भू-परिमाण १२०० वर्गमील है।

यह राज्य पर्वतकी अधित्यकाभूमिमें अवस्थित है। इसके दोनों ही पार्श्व में उच्च गिरिश्रेणी हैं। उसका गोघरका धार नामक शृङ्ग ७००० फुट और सिकेन्दरकाधार ६३५० फुट ऊँचा है। किन्तु और सभी जगह उसकी ऊंचाई ५ हजार फुटसे अधिक नहीं होगी। यह स्थान समधिक उर्वरा है। वन्यविभागमें शिकारोपयोगी नाना जन्तु और पक्षी हैं। अधिवासिगण स्वभावतः ही बलिष्ठ हैं।

यहांके सामन्तगण बङ्गालके सेनराजवंशीय हैं, किन्तु अभी वे अपनेको चन्द्रवंशीय राजपूत बतलाते हैं। सुकेतराज्यके किसी राजवंशधरने मण्डीमें आ कर राज्य स्थापन किया। तभीसे वे मण्डियाल कहलाने लगे। राजाकी उपाधि सेन है और उनके स्वसम्पर्कीय अपरापर राज-पुरुषोंकी उपाधि सिंह।

राजा बाहुसेन नामक एक सुकेत राजभ्राताने अपने

बड़े भाईके साथ कलह करके भ्रातृराज्यका परित्याग किया और १२वीं सदीके शेष भागमें अपने अदृष्टकी परीक्षाके लिये घरसे निकल पड़े। वे पहले कुलूराज्यमें और पीछे मङ्गलोरमें जा ठहरे। यहां एक समय उनके ११वीं पीढ़ीके पूर्वजोंका वास था। उक्त वंशके राजा बाणो * सकोराधिपतिको मार कर सकोर-सिंहासन पर बैठे। वहांसे बाणो वितस्ता-तीरवर्त्ती भीन् नगरमें अपना प्रासाद और राजधानी उठा ले गये। यह भीननगर वर्त्तमान मण्डीनगरसे ४ मील उत्तरमें अवस्थित है। अन्तमें बाहुसेनसे १६वीं पीढ़ी नीचे राजा अजवर सेनने १५२७ ई०में मण्डीनगरको बसाया। इन्हींसे मण्डीमें प्रकृत सामन्तराज्य प्रतिष्ठित हुआ। इसके बाद सुकेत और मण्डीवंशमें लगातार युद्धविग्रहादि होने लगा।

१७वीं शताब्दीके शेष भागमें १०म सिख गुरु गोविन्दसिंह मण्डीको देखने आये। उनकी आगमन-वार्त्ता सिख-इतिहासमें अलौकिक बतलाई गई है। प्रवाद है, कि गुरुगोविन्द सिंह कुलूराजसे लौह-पिञ्जरमें आबद्ध हुए। वे अपने योगबलसे उस लौह-पिञ्जरको मण्डीमें उड़ा लाये। राजा ईश्वरीसिंहके राज्यकालमें (१७७९-१८२६) मण्डीराज्य यथाक्रम कटोचराज, गुरखा और लाहोरपति रणजितसिंहके अधीन रहा। १८४० ई० तक मण्डीराजने लाहोर-दरबारमें कर दिया था। पीछे सेनापति भेनचुराने महाराज खड्गसिंहके लिये मण्डी अधिकार किया। इस युद्धमें कमालगढ़ दुर्ग जीतनेमें सिख सेनाको बहुत कष्ट उठाना पड़ा था। आखिरमें राजाने कोई उपाय न देख लाहोरराजके निकट आत्मसमर्पण किया। किन्तु लाहोरराजकी अर्थलोभी दुराकाङ्क्षा देख कर उन्होंने अङ्गरेजोंकी शरण ली। सोब्राउन युद्धके बाद अङ्गरेजोंके साथ उनका अच्छा सद्भाव हो गया। १८४६ ई०में लाहोरकी सन्धिके बाद यह राज्य वृटिश सरकारके हाथ लगा। वृटिशराजने पुनः यह राज्य वर्त्तमान राजाके पिताको समर्पण किया। शर्त्त यह ठहरी, कि राजा अपने खर्चसे स्वराज्यमें पथ विस्तार करेंगे तथा वाणिज्यकी आमदनी रफ्तनीका कोई शुल्क ग्रहण न कर सकेंगे। १८५१ ई०में बलवीरकी मृत्युके बाद उनके लड़के विजयसेन जिनकी उमर सिर्फ चार वर्ष की थी, राज्याधिकारी हुए। उनकी नाबालिगी तक वजीरने राजकार्य अच्छी तरह चलाया। १८६६ ई०में बालिग हो कर वे इस धराधामको छोड़ परलोकको सिधारे। पीछे उनके जारज पुत्र भवानीसेन उत्तराधिकारी बनाये गये। ये ही वर्त्तमान राजा हैं। वृटिश सरकारसे इन्हें ११ तोपोंकी सलामी मिलती है।

इस राज्यमें मंडी नामक १ शहर और ३४६ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या दो लाखके करीब है। राज्यकी आय चार लाखसे ऊपर है। एक लाख रुपये वृटिश सरकारको करमें देने पड़ते हैं। विद्याशिक्षामें यह राज्य बहुत पीछा पड़ा हुआ है। अभी कुल मिला कर बारह स्कूल हैं। स्कूलके अलावा King *E*dward vii नामक एक अस्पताल भी है।

२ उक्त राज्यकी राजधानी। यह अक्षा० ३१° ४३´ उ० तथा देशा० ७६° ५८´ पू० पठानकोटसे १३ मील और सिमलासे ८८ मील दूर पड़ता है। जनसंख्या आठ हजारसे ऊपर है। १५२७ ई०में मंडीके राजा अजबरसेनने इसे बसाया। शहरमें सुन्दर कारुकार्यविशिष्ट देवालय तथा अन्यान्य भवन है। यहांकी नदीके ऊपर 'एम्प्रेस' नामक एक पुल है। शहरमें एङ्गलो-वर्नाक्युलर मिडिल स्कूल और एक अस्पताल है।

मण्डीयान—अयोध्याप्रदेशके लखनऊ जिलान्तर्गत एक नगर। यहां पहले लखनऊके नवाबकी सेना रहती थी। अयोध्याके छठे नवाब सादत अली खाँने इस नगरको बसाया। सिपाहीविद्रोहके समय यहां कम्पनीकी सेना रखी गई थी। अभी वह मकान टूट फूट गया है, केवल दो एक प्रवेशद्वार और उसके भीतरमेंके धर्ममन्दिरका अंश दृष्टिगोचर होता है। अभी इसके चारों ओर धानकी खेती होती है।

---

* प्रवाद है, कि बाणवृक्षके नीचे जन्म होनेके कारण ये जनसाधारणमें बाणो नामसे प्रसिद्ध हुए। उनकी माता जब पूर्णगर्भा थीं, तब पार्श्ववर्त्ती किसी राजाके अत्याचारसे रानीमाताको राज्य छोड़ कर भागना पड़ा था। राहमें ही बाणोका जन्म हुआ था।

अभी इस नगरकी पूर्वश्री जाति रही। यह अभी गण्डग्राममें परिणत हो गया है। कहते हैं, कि पहले यहां बहुत विस्तृत जंगल था। उस जंगलमें मण्डल नामक एक ऋषि रहते थे। उन्हांके नामानुसार नगरका नामकरण हुआ था।

पहले यहां भर जातिका वास था। पीछे सैयद सलार सेनापति मालिक आदमने उन्हें मार भगाया। तभीसे यह नगर शखोंके दखलमें रहा। उन्होंने यहां प्रायः १५० वर्ष राज्य किया था। अनन्तर मौलीके रक्षेला-चौहान वंशोय राजा राजसिंहने शेखवंशका मूलोच्छेद करके यह स्थान अपने ब्राह्मण और कायस्थ कर्मचारियों-को ब्रह्मोत्तर और महायाणमें दान कर दिया। आज भी शेखोंके स्मृतिस्वरूप यहां प्रतिवर्ष सैयद सलारके उद्देश-से एक मेला लगता है।

मण्डीलक (सं० क्ली०) गोधूमचूर्णसे प्रस्तुत पिष्टक-भेद।

मण्डु (सं० पु०) ऋषिभेद।

मण्डूक (सं० पु०) मण्डयति भूषयति जलाशयमिति मडि-(शलिमण्डिभ्यामूकण्। उण् ४।४२) इति ऊकण्। १ भेक, मेढ़क। भेक देखो। २ शोणक, सोनापाठा। ३ मुनिविशेष। ४ प्राचीनकालका एक बाजा। ५ एक प्रकारका नृत्य। ६ घोड़ेकी एक जाति। ७ दोहा छन्द-का पांचवां भेद। इसमें १८ गुरु और १२ लघु अक्षर होते हैं। ८ रुद्रतालके ग्यारह भेदोंमेंसे एक।

मण्डूकपर्ण (सं० पु०) मण्डूकाकृति पर्णमस्य। श्योणाक वृक्ष।

मण्डूकपर्णी (सं० स्त्री०) मण्डूकपर्ण, गौरादित्वात् ङीष्। १ मञ्जिष्ठा, मजीठ। २ ब्राह्मी, ब्राह्मी बूटी। ३ आदित्यभक्ता। ४ ओषधिविशेष। पर्याय—भेकी, मण्डूकी, मूलपर्णी, मण्डूकपर्णिका। गुण—लघु, स्वादु-पाक, शीतल। ५ महौषधि।

मण्डूकमातृ (सं० स्त्री०) मण्डूकस्य मातेव, मण्डूक-पोषकत्वादस्यास्तथात्वं। १ ब्राह्मी बूटी। २ भेकमाता, मेढ़ककी मां।

मण्डूकसरस (सं० क्ली०) मण्डूक प्रचुरं सरः जातौ अच् समासान्तः। सरोवरभेद।

मण्डूका (सं० स्त्री०) मण्डूक-स्त्रियां टाप्। मञ्जिष्ठा, मजीठ।

मण्डूकालुक—ब्रह्मखण्डवर्णित स्वर्गदेशके अन्तर्गत एक प्रसिद्ध ग्राम। (भ० ब्रह्मखण्ड ५७ अ०)

मण्डूकी (सं० स्त्री०) मण्डूक-स्त्रियां ङीप्। १ आदित्य-भक्ता। २ ब्राह्मी। ३ क्षुपविशेष। ४ धृष्टयोषित, निर्लज्ज औरत।

मण्डूकेश—फल्गुके किनारे अवस्थित शिवलिङ्गभेद। शिवपुराणके मतमें इस लिङ्गके दर्शन करनेसे सर्वसिद्धि लाभ होती है। (शिवपु० ज्ञानस० ३८ अ०)

मण्डूर (सं० पु० क्ली०) मडि ऊरच्। १ लौहमल, गलाए हुए लोहेकी मल। पर्याय—शिङ्घाण, सिंहान, सिंहाण। (अमर और भरत)

मण्डूरको शोध कर व्यवहार किया जाता है। बिना शोधा हुआ मण्डूर बहुत हानिकारक है। भावप्रकाशमें लिखा है, कि गलाए हुए लोहेके मलका नाम मण्डूर है। पर्याय—लौह, सिंहाणिका, किट्ट और सिंहाण। इसमें लोहेका ही गुण माना है।

रसेन्द्रसारसंग्रहमें इसके शोधनका विषय इस प्रकार लिखा है,—लोहेमें जो सब गुण हैं वही सब गुणलौह मण्डूरमें भी है। सौ वर्षसे ऊपरका मण्डूर उत्तम, ८० वर्षका मध्यम और ६० वर्षसे ऊपरका मण्डूर अधम माना गया है। ये तीन प्रकारके मण्डूर औषधके काममें लाये जा सकते हैं। इससे कमका मण्डूर विषसदृश है। वहेड़ेकी लकड़ीमें जला कर सात बार गोमूत्रमें डालनेसे मंडूर शुद्ध हो जाता है। इसके सेवनसे ज्वर, प्लीहा, कमला आदि रोग जाते रहते हैं। मण्डूरसे मुण्ड-लौह दशगुण, मुण्डसे तीक्ष्ण लौह भी दश गुण, मुण्डसे कान्तलौह लक्षगुण फलप्रद है। (रसेन्द्रसार०)

विशेष विवरण लौह शब्दमें देखो।

मण्डूरवज्रवटक (सं० पु०) औषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली-पीपल, उसका मूल, चई, चितामूल, सोंठ, मिर्च, देवदारु, हरीतकी, आमलकी, वहेड़ा, विड़ङ्ग और मोथा प्रत्येक २४ तोला, कुल मिला कर जितना हो उससे दो गुणा मण्डूर मिला कर अष्टगुण गोमूत्रमें पाक करे। गाढ़ा होने पर दो तोले भरकी गोली बनावे। अनुपान

मट्ठा है। इसके सेवनसे पाण्डु, मन्दाग्नि, अरुचि, अर्श, ग्रहणी दोष, ऊरुस्तम्भ, कृमि, प्लीहा, आनाह और गलरोग आराम होता है। (रसेन्द्रसारसंग्रह पाण्डुरोगाधिकार)

मण्डोद (सं० पु०) सह्याद्रिखंड वर्णित सप्तसागरमेंसे एक। (सह्या० २।४१)

मण्डोदक (सं० क्ली०) मण्ड इव उदकमस्य, मण्डमिश्रितमुदकमत्रेति वा। १ चित्रराग। २ विचित्रवर्ण। ३ आतर्पण।

मन् (सं० अव्य०) अनहमहं मद्भवतीति, अस्मच्छब्दात् च्वि प्रत्यये कृते तल्लुकि अस्मद् शब्दस्य मदादेशः। पहले जो आमित्व नहीं था, पीछे वहीं आमित्वभाव, पहले मैं जो नहीं था, वही मैं।

मतंगा (हि० पु०) बङ्गाल और बरमामें मिलनेवाला एक प्रकारका बांस। इसके पोर लंबे और सुदृढ़ होते हैं। इसको दीमक नहीं खाती।

मतंगी (हि० पु०) हाथीका सवार।

मत (सं० क्ली०) मन्-भावे क्त। १ सम्मत, राय। पर्याय—छन्द, अभिप्राय, आकुत, भाव, आशय। २ धर्म, पन्थ। ३ भाव, आशय। ४ ज्ञान। ५ पूजा। (त्रि०) ६ पूजित, जिसकी पूजा की गई हो। ७ कुत्सित, खराब। (क्रि० वि०) ८ निषेधवाचक शब्द, नहीं।

मतक (सं० त्रि०) मतः समीकृतः तत्समीप इत्यर्थे चतुरर्थ्यादित्वात् क। १ जहां पर भूमि समीकृतकी गई है उसके समीप। २ मत देखा।

मतक—आसामप्रदेशके लखिमपुर जिलेका एक जनपद। यह ब्रह्मपुत्रके दाहिने और बाएं किनारे अवस्थित है। इसकी पूरबी सीमा पर सिपो पहाड़ और दक्षिणमें बूढ़ीदहिङ्ग नदी है। आहम राजाओंके समय यह स्थान बहुत उन्नत दशामें था। उस समय यहां पर आहम जातिकी ही मतक वा मोयामरिया नामक एक श्रेणीका वास था और वे सभी वैष्णवधर्मावलम्बी थे। आहमराजोंने उन्हें दुर्गापूजामें दीक्षित करनेकी अनेक बार चेष्टा की थी जिससे वे सबके सब बागी हो गये थे। राजा गौरीनाथके समय वे लोग निम्न आसाम तक चढ़ आये थे। आखिर वृटिश सेनाकी सहायतासे गौरीनाथने उन्हें मार भगाया था। दुर्द्धर्ष मतकोंने फिर दूसरी बार स्वाधीनता अवलम्बन की और अपनेमेंसे किसी एकको सरदार बना कर 'बड़े सेनापति' उसकी उपाधि दी। १८१५ ई०में ब्रह्मसेनाके आसामसे विताड़ित होने पर वृटिश गवर्मेएटने मतक-सरदारको एक सामन्त बनाया था। किन्तु १८३९ ई०में उनकी मृत्यु होने पर उनके उत्तराधिकारीके साथ वृटिशगवर्मेंटका सद्भाव नहीं रहा। इस कारण कुल स्थान वृटिशसरकारके हाथ लगा। अभी मतकराज्य नहीं है, केवल कुछ मौजा उनके अधीन रह गया है।

मतङ्ग (सं० पु०) माद्यति माद्यत्यनेन वेति मद् अङ्गच्, दस्य त। १ मेघ, बादल। २ मुनिभेद। ३ दानवभेद। ४ राजर्षिभेद, एक ऋषिका नाम जो शबरीके गुरु थे। अनुशासन पर्वमें लिखा है, कि ये एक नापितके वीर्यसे एक ब्राह्मणीके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। किसी समय युधिष्ठिरने पितामह भीष्मसे पूछा था, 'क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र किस कार्य द्वारा ब्राह्मणत्व लाभ कर सकता है? तपस्या, सत्कार्य और शास्त्रज्ञान इनमेंसे कौन क्षत्रियादि तीनों वर्णके लिये ब्राह्मणत्वलाभमें उपयोगी है? कृपा कर सविस्तार कह सुनाइये।'

उत्तरमें भीष्मने कहा, धर्मराज! क्षत्रिय आदि तीनों वर्णोंको ब्राह्मणत्वलाभ होना बहुत कठिन है। ब्राह्मणत्व सबसे श्रेष्ठ है। उसके लिये लाखों वर्ष तक अनेक जन्म धारण करके तपस्या करनी पड़ती है। तुम्हें एक पुराना इतिहास कहता हूं, ध्यान दे कर सुनो, सब संशय दूर हो जायगा।

"पूर्वकालमें एक ब्राह्मण-स्त्रीके गर्भ और शूद्रके वीर्यसे एक बालक उत्पन्न हुआ। पुत्रका नाम था मतङ्ग। मतङ्ग सर्वगुणसम्पन्न थे। ब्राह्मणने मतङ्गको अपना ही औरसजात समझ कर उसके जातकर्मादि सभी संस्कार्य किये। एक दिन ब्राह्मणने मतङ्गसे कहा, 'मैं एक यज्ञका अनुष्ठान करूंगा, तुम यज्ञीय सभी द्रव्य ले आवो। मतङ्ग एक तेज गधेके रथ पर सवार हो पिताके लिये यज्ञकी सामग्री लाने चल दिये। किन्तु जिस राहसे उन्हें जाना था उस राहसे गधा न जा कर किसी दूसरे राहसे जाने लगा। इस पर क्रोधमें आ कर मतङ्गने उसकी नाक पर दो चार कोड़े जमाये। उस गधेकी माता गधी

पुत्रकी नाक पर सख्त चोट लगी है, देख कर करुण-भावसे बोली, 'वत्स ! दुःखित मत होना, वह चाण्डाल है, इस कारण निष्ठुर है, ब्राह्मण कभी भी निष्ठुर नहीं हो सकते। ब्राह्मण जगत्‌के मित्र हैं। वे सभी भूतोंके आहार्यदाता और शासनकर्त्ता हैं। यह निर्दय हृदय जैसे वीर्यसे उत्पन्न हुआ है, वैसा ही कार्य करता है।'

गर्धीका यह कर्कश वाक्य सुन कर मतङ्गने उससे पूछा, 'कल्याणि ! मेरी जननी किस प्रकार दूषिता हैं जिससे मैं चण्डाल हो गया हूं तथा जिस कारण मेरा ब्राह्मणत्व नष्ट हो गया है छल कपट छोड़ कर साफ साफ मुझसे कहो, डरो मत।' इस पर गर्धी बोली, 'तुम कामोन्मत्ता ब्राह्मणीके गर्भसे नापितके वीर्य्यसे उत्पन्न हुए हो, इसी कारण तुम्हारा ब्राह्मणत्व नष्ट हो गया है और तुम चण्डाल हो गये हो।

अनन्तर मतङ्गने घर आ कर पितासे सब समाचार कहे और ब्राह्मणत्व प्राप्त करनेके लिये घोर तपस्या करने लगे। इनकी तपस्यासे देवगण डर गये। इन्द्र बार बार आ कर इन्हें वरका प्रलोभन देने लगे, पर मतङ्ग ब्राह्मणत्वके सिवा और कोई वर लेनेको राजी न हुए। इस प्रकार बहुत दिन बीत गये। एक दिन इन्द्रने पुनः आ कर उनसे कहा, 'वत्स ! ब्राह्मण्य नितान्त दुर्लभ है। तुम कितनी ही चेष्टा क्यों न करो, ब्राह्मणत्व नहीं पा सकते हो। जीव तिर्यक योनिसे मनुष्यत्व लाभ करके पहले पुक्कश वा चण्डालयोनिमें उत्पन्न होता है, सहस्र वर्ष उस निकृष्ट योनिमें परिभ्रमण कर शूद्रत्व लाभ करता है। पीछे तीस हजार वर्ष बीत जाने पर वैश्यत्व, उसके बाद एक लाख अस्सी हजार वर्षके बाद क्षत्रियत्व और क्षत्रियत्वलाभके एक सौ अस्सी लाख वर्षके बाद पतित ब्राह्मणत्व लाभ होता है। अनन्तर उस पतित ब्राह्मणकुलमें दो सौ साठ करोड़ वर्ष परिभ्रमण कर अस्त्रजीवि-ब्राह्मणकुलमें जन्म होता है। इसके बाद विशुद्ध ब्राह्मणत्वकी प्राप्ति होती है। अतएव तुम ब्राह्मण भिन्न कोई और वर मांगो उसे मैं देता हूं। ब्राह्मण्य तुम्हारे लिये दुर्लभ है।

मतङ्गको जब ब्राह्मणत्वलाभकी आशा न रही तब उन्होंने हताश हो इन्द्रसे कहा, 'देवराज ! अब मुझे ऐसा पक्षी बना दीजिये, जिसको सभी वर्णाव[illegible]ज्ञा करें; मैं जहां चाहूं, वहां जा सकूं और मेरी की[illegible] अक्षय हो।' इन्द्रने उन्हें यही वर दिया और वे छन्द[illegible] के नामसे प्रसिद्ध हुए। कुछ दिनोंके उपरान्त उन्होंने शरीरत्याग कर उत्तम गति प्राप्त की।"

(भारत अनुशासनप० २९-३० अ०)

मतङ्गज (सं० पु०) मतङ्गः मेघ-इव जायते तदाख्य मुनेर्जातो वा जन-ड। हस्ती, हाथी।

मतङ्गतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद।

मतङ्गदेश—कामरूपके वह्निकोणमें अवस्थित जनपदभेद।

मतङ्गव्यापी (सं० स्त्री०) तीर्थभेद।

(भारत अनुशा० ३० अ०)

मतङ्गाश्रम—गया जिलेके फल्गुनदीके बाएं किनारे अवस्थित पुण्यस्थान। (महाभा० ३।३१।२) भविष्य [illegible]-खण्डके मतसे यही दण्डकारण्य है।

मतन (मर्त्तन वा मार्त्तण्ड)—काश्मीरराज्यके अन्तः एक प्राचीन भग्न देवालय। यह अक्षा० ३३° ४२´ उ० तथा देशा० ७५° २१´ पू०के [illegible] अवस्थित है। राजतरङ्गिणीमें यह रामपुर स्वामीके नामसे वर्णित है। इसीके समीप एक समय एक जनाकीर्ण बड़ा नगर था। यह मन्दिर मार्त्तण्ड वा सूर्यके उद्देश्यसे उत्सृष्ट है। प्रत्नतत्त्वविद् कनिहमके मतसे ३७० ई०में यह मन्दिर बनाया गया है, किन्तु गठन-प्रणाली देखनेसे उससे भी पुराना मालूम होता है। बहुतोंका विश्वास है, कि काश्मीरके मध्य अभी जो सब प्राचीन कीर्त्तियां वर्त्तमान हैं उनमेंसे यही सर्वप्राचीन है। केवल प्राचीन ही नहीं, वरन् शिल्पनैपुण्यमें भी यह काश्मीरमें बेजोड़का है। यहांका प्राकृतिक दृश्य ऐसा चमत्कार है, कि कोई कोई यूरोपीय भ्रमणकारी इस स्थानको देख कर मुक्तकण्ठसे कह गये हैं, कि ऐसी सुन्दर प्राकृतिक शोभा संसारमें और कहीं भी नहीं है।

यहांके लोगोंका विश्वास है, कि यह मन्दिर पाण्डुवंशकी कीर्त्ति है। मन्दिर खूब ऊंचा है। इसके दो पार्श्व मुखशाली और चार पार्श्व चतुरस्र स्तम्भसे मण्डित है। समस्त मन्दिर-भूमिकी लम्बाई २२० औ चौड़ाई १४२ फुट होगी। वर्त्तमान भग्न मन्दिरके मध

कसौटीकी बनी हुई बड़ी बड़ी देवमूर्त्तियां और विचित्र शिल्पखचित स्तम्भश्रेणी विराजित हैं। मन्दिरके पास ही एक प्रसिद्ध प्रस्रवण है।

मतलब (अ० पु०) १ तात्पर्य्य, अभिप्राय। २ अर्थ, मानी। ३ अपना हित, निजका लाभ। ४ सम्बन्ध, वास्ता। ५ उद्देश्य, विचार।

मतलबी (अ० वि०) स्वार्थी, खुदगरज।

मतल्लिका (सं० स्त्री०) मतं मतिमल्लति भूषयति ण्वुल् पृषोदरादित्वात् साधुः। १ प्रशस्त, उमदा। २ छन्दोभेद।

मतवाला (हिं० पु०) १ उन्मत्त, पागल। २ मदमस्त, नशे आदिके कारण मस्त। ३ जिसे अभिमान हो, व्यर्थ अहंकार करनेवाला। (पु०) ४ वह भारी पत्थर जो किले या पहाड़ परसे नीचेके शत्रुओंको मारनेके लिये लुढ़काया जाता है। ५ कागजका बना हुआ एक प्रकारका गावदुमा खिलौना। इसके नीचेका भाग मिट्टी आदि भरी होनेके कारण भारी होता है। जब यह फेंका जाता है, तब सदा खड़ा ही रहता है, जमीन पर लोटता नहीं।

मतानुज्ञा (सं० स्त्री०) न्यायदर्शनोक्त निग्रहस्थानभेद। न्याय दर्शनमें जो सोलह पदार्थ माने गये हैं, निग्रह उनमेंसे एक है। इस निग्रह स्थानके भी फिर २२ प्रकार हैं। इसमें अपने पक्षके दोष पर विचार न करके वार वार विपक्षीके पक्षके दोषका ही उल्लेख किया जाता है।

मतानुयायी (सं० पु०) किसीके मतके अनुसार आचरण करनेवाला, किसीके मतको माननेवाला।

मतारी—सिन्धुप्रदेशमें हैदराबाद जिलेके अन्तर्गत हाला उपविभागका एक नगर। यह अक्षा० २५° ३६´ उ० तथा देशा० ६८° २६´ पू० हाला शहरसे २० मील दक्षिणमें अवस्थित है। जनसंख्या ६६०८ है। यहां तप्पादारकी सदर कचहरी, धर्मशाला, सरकारी स्कूल और थाना है। नाना प्रकारके शस्य, तेलहन बीज, रूई, चीनी और कपड़ेका व्यवसाय होता है। प्रवाद है, १३२१ ई०में यह बसाया गया है। यहां सौ वर्षकी प्राचीन एक सुन्दर जुम्मा मसजिद और उसके पास दो साधुकी कब्र हैं। प्रतिवर्ष आश्विन-मासमें मसजिदके सामने मेला लगता है। इस मेलेमें दूर दूर देशके मुसलमान आते हैं।

मतावलम्बी (सं० पु०) किसी एक मत, सिद्धान्त या सम्प्रदाय आदिका अवलम्बन करनेवाला। जैसे—बौद्धमतावलम्बी।

मति (सं० स्त्री०) मन्यतेऽनयेति इति मन-क्तिन्। १ बुद्धि, समझ। शुभ अशुभके भेदसे बुद्धि दो प्रकारकी है। बुद्धि देखो। २ इच्छा, ख्वाहिश। ३ स्मृति। ४ आर्य। ५ शाकभेद। (त्रि०) ६ मेधावी, बुद्धिमान्।

गरुड़पुराणमें मतिकर औषधका विषय इस प्रकार लिखा है,—पाठा, दो प्रकारका जीरा, कुष्ठ, अश्वगन्धा, अजमोदा, वच, त्रिकटु और लवण इन सब द्रव्योंको अच्छी तरह पीस कर ब्राह्मीशाकके रसमें भावना दे। पीछे उस चूर्णका घृत और मधुके साथ सेवन करे, तो मति वा बुद्धि बढ़ती है।

> "पाठा द्वे जीरके कुष्ठमश्वगन्धाज मोदकम्।
> वचा त्रिकटुकञ्चैव लवणं चूर्णमुत्तमम्॥"

मतिकर्मन (सं० क्ली०) १ बुद्धिकार्य, समझका काम। २ मानसिक कार्य, दिमागका काम।

मतिगति (सं० स्त्री०) १ मनोभाव। २ चिन्ताका भाव।

मतिगर्भ (सं० त्रि०) बुद्धिमान्, चतुर।

मतिचित्र (सं० पु०) अश्वघोषका नामान्तर।

मतिच्छन्न (सं० क्ली०) भ्रष्टबुद्धि, कुमति।

मतिदर्शन (सं० क्ली०) वह शक्ति जिसके अनुसार दूसरेकी योग्यता या भावोंका पता लगता है।

मतिदा (सं० स्त्री०) मतिं ददातीति दा-क, स्त्रियां-टाप्। १ ज्योतिष्मती लता। २ शिमड़ी क्षुप, सेमल। (त्रि०) ३ मतिदाता, बुद्धिदाता।

मतिध्वज (सं० पु०) शाक्यपण्डितका भतीजा।

मतिनार (सं० पु०) नृपभेद।

मतिनिश्चय (सं० पु०) बुद्धिकी निश्चयता, मतिकी स्थिरता।

मतिपुर—चीनपरिव्राजक यूएनचुवंग वर्णित एक प्राचीन जनपद। बहुतसे पुराविदोंका कहना है, कि रोहिलखण्डमें बिजनोरके निकट जो मड़ावर नगर है, वही प्राचीन मतिपुरकी राजधानी है। शायद मेगास्थिनिज

यहांके अधिवासियोंका 'मखई' नामसे उल्लेख कर गये हैं।

यूएनचुवंगने लिखा है,—यहांके राजा शूद्र जातिके हैं, बौद्धधर्ममें उनका विश्वास नहीं है, उनके समयमें यहां २० सङ्घाराम थे जिनमें ८०० श्रमण रहते थे। वे सभी श्रमण सर्वास्तिवादी थे। सङ्घारामके अलावा यहां और भी ५० देव-मन्दिर थे।

मतिपुर राजधानीसे प्रायः आध कोस दक्षिण एक छोटा सङ्घाराम था जहां रह कर आचार्यने गुणप्रभतत्त्व-विभङ्गशास्त्र प्रणयन किया।

मतिपूर्व (सं० अव्य०) बुद्धिपूर्वक, सोच विचार कर।

मतिभेद (सं० पु०) मतेर्भेदः। बुद्धिकी भिन्नता।

मतिभ्रंश (सं० पु०) १ बुद्धिनाश। २ उन्मादरोग, पागलपन।

मतिभ्रम (सं० पु०) मतेर्बुद्धेर्भ्रमः। बुद्धिभ्रंश। पर्याय—भ्रम, मिथ्यामति, भ्रान्ति। अज्ञान ही एकमात्र मतिभ्रमका कारण है।

मतिभ्रान्ति (सं० स्त्री०) मतेर्बुद्धेर्भ्रान्तिः। बुद्धिभ्रंश, बुद्धिनाश।

मतिमत् (सं० त्रि०) मतिर्विद्यतेऽस्य मतुप्। १ बुद्धिमान्, विचारवान्। (पु०) २ शिव।

मतिमन्त (सं० त्रि०) मतिमत् देखो।

मतिमान (सं० त्रि०) बुद्धिमान्, विचारवान्।

मतिरत्नमुनि—एक विख्यात जैन पण्डित, क्षमामेरुके शिष्य और मतिसागरके प्रशिष्य। इन्होंने भुजनगरमें १५१७ ई०को कुमारसम्भवको एक अवचूरि प्रणयन की।

मतिराज—एक प्राचीन संस्कृत कवि। सदुक्तिकर्णामृतमें इनकी कविता उद्धृत हुई है।

मतिल (सं० पु०) राजभेद।

मतिवर्द्धन (सं० पु०) एक विख्यात टीकाकार। १७वीं शताब्दीमें ये जीवित थे।

मतिविद् (सं० त्रि०) मतिविद्-क्विप्। मतिमान्, बुद्धिमान्।

मतिविभ्रम (सं० पु०) मतेर्विभ्रमोऽत्र। १ उन्मादरोग, पागलपन। २ बुद्धिभ्रंश, बुद्धिनाश।

मतिशालिन् (सं० त्रि०) मत्या शालते णिनि। मेधावी, बुद्धिमान्।

मतिष्ठ (सं० त्रि०) अयमनयोरयमेषामतिशयेन, मतिमान् वेति मतिमन्-इष्ठन् मतुपो लोपः। अतिशय बुद्धिमान्

मतियस् (सं० त्रि०) अयमेषामतिशयेन मतिमान्। मति-ईयसुन्। मतुपो लोपः। अतिशय बुद्धिमान्।

मतीरा (सं० पु०) तरबूज, कलींदा।

मतीश्वर (सं० पु०) विश्वकर्माका एक नाम।

मतीरु (हिं० पु०) एक प्रकारका बाजा।

मतुथ (सं० त्रि०) १ मननाथक। (ऋक् ९।७१।५) २ मेधावी, बुद्धिमान्।

मतौन्ध—युक्तप्रदेशके बांदा जिलान्तर्गत एक नगर। यहां अङ्गरेजी स्कूल, थाना, डाकघर और बाजार हैं। प्रति सोम और बृहस्पतिको यहां हाट लगती है। प्रवाद है, कि यहां राजा छत्रशालके साथ बहुतसे जैनगुरुका युद्ध हुआ था। सिपाहीविद्रोहके समय यहांके जमींदार मुरली बाबूने कुछ अङ्गरेजोंको आश्रय दिया था, इसी प्रत्युपकारमें उन्हें यह भू-सम्पति मिली हैं।

मत्क (सं० पु०) माद्यतीति मद-क्विप्, ततः स्वार्थे कन्। १ मत्कुण, खटमल। (त्रि०) २ मत्संबंधी।

मत्कुण (सं० पु०) माद्यतीति मद-क्विप्, कुणति इति कुण-क, ततः मश्चासौ कुणश्चेति। १ कीटविशेष, खटमल। पर्याय—रक्तपायी, रक्ताक्त, मञ्चकाश्रय, उद्दंश। (राजनि०) २ निर्विषाण हस्ती, बिना दांतके हाथी। ३ निःश्मश्रु पुरुष, बिना मूंछके आदमी। ४ नारिकेल, नारियल।

मत्कुणा (सं० स्त्री०) अजातलोम भग।

मत्कुणारि (सं० पु०) मत्कुणस्य अरिः, मत्कुणनाशकत्वादस्य तथात्वं। १ इन्द्राशन, भंग। २ शनवृक्ष, पटसनका पौधा।

मत्कुणिका (सं० स्त्री०) कुमारानुचर मातृभेद।

मत्कृत (सं० त्रि०) मया कृतं ३ तत्पु०, अस्मत्‌शब्दस्य मदादेशः। मुझसे किया गया।

मत्त (सं० पु०) माद्यतीति मद-कर्त्तरि क्त। क्षरन् मत्त हस्ती, वह हाथी जिसके मस्तकसे मद बहता हो। पर्याय—प्रभिन्न, गर्जित, मतङ्ग, क्षरन्मद। २ धुस्तूर, धतूरा। ३ कोकिल, कोयल। ४ महिष, भैंस। (त्रि०) ५ मस्त। ६ मतवाला। ७ उन्मत्त, पागल। ८ प्रसन्न, खुश।

मत्तकाल (सं० पु०) लाटदेशका एक अधिपति।

मत्तकाशिनी (सं० स्त्री०) मत्त इव क्षीव इव कसति गच्छति मत्तकामिनी कस-गतौ ग्रहादित्वान् णिनि-ङीप्। उत्तमा नारी, अच्छी औरत।

मत्तकीश (सं० पु०) मत्तः सन् कीशो वानर इव। हस्ती, हाथी।

मत्तगयन्द (सं० पु०) सवैया छन्दका एक भेद। इसके प्रत्येक चरणमें ७ मगण और २ गुरु होते हैं। इसका दूसरा नाम मालती और इन्दव भी है।

मत्तगामिनी (सं० स्त्री०) मत्त इव गच्छति गम-णिनि-ङीप्। १ उत्तमा नारी अच्छी औरत। (त्रि०) २ उन्मत्तकी तरह [illegible] पागलकी तरह इधर उधर घूमना।

मत्तता (सं० स्त्री०) मत्त होनेका भाव, मतवालापन।

मत्तताई (हिं० स्त्री०) मस्ती मतवालापन।

मत्तनाग (सं० पु०) मत्तः नागः कर्मधा०। मदोन्मत्त हस्ती, मतवाला हाथी।

मत्तमयूर (सं० पु०) मत्तो मयूरो यस्मात्। १ मेघको देख कर उन्मत्त होनेवाला मयूर। २ मेघ, बादल। ३ छन्दोभेद, पन्द्रह अक्षरोंका एक वृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें मगण, तगण, यगण और मगण होते हैं।

मत्तमयूरक (सं० पु०) योद्धृजातिभेद, प्राचीनकालकी एक योद्धाजातिका नाम।

मत्तमयूरनाथ—एक प्रसिद्ध शैवाचार्य। इनका असल नाम पुरन्दर था। ये आमर्दक तीर्थके शिष्य थे। वर्त्तमान ग्वालियर राज्यके अन्तर्गत रणोद और उसके निकटवर्त्ती मत्तमयूर नामक एक प्राचीन स्थानमें १०वीं शताब्दीको अवन्तिवर्मा नामक एक राजा राज्य करते थे। रणोद और तेरहि नामक स्थानसे आविष्कृत शिलालिपिसे जाना जाता है, कि अवन्तिवर्माने आचार्यपुरन्दरकी असामान्य क्षमताका परिचय पा कर उपेन्द्रपुर नगरसे उन्हें निमन्त्रण किया और पीछे वे उनसे शैवधर्ममें दीक्षित हुए। पुरन्दने मत्तमयूर और रणिपद्र नामक स्थानमें दो शैवमठ स्थापन किये थे। मत्तमयूरमें वे मठाधिपति और प्रधान शैवाचार्य थे, इस कारण लोग इन्हें मत्तमयूरनाथ भी कहा करते थे।

मत्तमातङ्गलीलाकर (सं० पु०) एक दण्डक वृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें ९ रगण होते हैं। जिस दण्डकमें ९ से अधिक रगण होते हैं, वह भी इसी नामसे पुकारा जाता है। केशवदासने ८ ही रगणके छन्दका नाम मत्तमातङ्गलीलाकर लिखा है।

मत्तर (सं० पु०) अस्मत्शब्दाद् डतरप् प्रत्ययः, मदादेशश्च। मुझसे वा अपनेसे अधिक।

मत्तवारण (सं० क्ली०) मत्तं वारयतीति वृ-णिच्-ण्वुल्। १ प्रासादवीथिका वरण्ड, मकानके आगेका दालान वा बरामदा। २ प्राङ्गणवारण, आँगनके ऊपरकी छत। ३ पूगचूर्ण, सुपारीका चूर। ४ अपाश्रय, क्षेत्रसंन्यास। ५ मत्तहस्ती, मतवाला हाथी।

मत्तविलासिनी (सं० क्ली०) छन्दोभेद।

मत्तसमक (सं० पु०) चौपाई छन्दका एक भेद। इसमें नवीं मात्रा अवश्य लघु होती है।

मत्ता (सं० स्त्री०) माद्यति मादयतीति अन्तर्भूतण्यर्थान्मद-धातोः क्त, स्त्रियां टाप्। १ मदिरा, शराब। २ बारह अक्षरोंका एक वृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें मगण, भगण, सगण और एक गुरु होता है तथा ४, ६ पर यति होती है।

मत्ताक्रीड़ा (सं० स्त्री०) छन्दोभेद, तेईस अक्षरोंका एक छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें दो मगण, एक तगण, चार नगण और अन्तमें एक लघु और एक गुरु अक्षर होता है।

मत्तालम्ब (सं० पु०) आलम्ब्यते असावित्यालम्बः। आलम्ब-कर्मणि घञ्, मत्तस्यालम्बः आश्रयः। प्राङ्गणावरण, आँगनके ऊपरकी छत।

मत्तेभगमना (सं० स्त्री०) मत्तेभस्य गमनमिव गमनं यस्याः। स्त्रीविशेष, वह औरत जिसकी चाल मतवाले हाथीके समान हो।

मत्तेवविक्रीड़ित (सं० क्ली०) छन्दोभेद। इसके प्रत्येक चरणमें २१ अक्षर करके रहते हैं।

मत्था (हिं० पु०) १ ललाट, माथा। २ सिर, मूँड़। ३ किसी पदार्थका अगला या ऊपरी भाग।

मत् विन-लिन्—एक चीन देशीय प्रसिद्ध पण्डित और चीन-महाकोषके सम्पादक। उस महाग्रन्थमें 'वन-हिन-खुं-कौ' अर्थात् प्राचीन इतिहासकी गभीर आलोचना नामक

दुष्प्राप्य ग्रन्थका अनुवाद दिया गया है और भारतवर्षके अनेक ऐतिहासिक तत्त्व वर्णित हैं।

मत्य (सं० क्ली०) मतं ज्ञानं तस्य करणमिति मत (मतजनहलात्करणजल्पकर्षेषु। पा ४।४।९७) इति यत्। १ कृष्टक्षेत्रका समोकरणादि साधनफलक। २ दात्रादिको मुष्टि, बेंट, मूठ।

मत्स (सं० पु०) माद्यतीति मद्-बाहुलकात् सन्। मत्स्य, मछली।

मत्सगण्ड (सं० पु०) मत्सानां गण्डोऽत्र, पृषोदरादित्वात् साधुः,। व्यञ्जनविशेष, एक प्रकारकी पकी मछली। पर्याय—गलग्रह।

मत्सर (सं० पु०) माद्यते इति मद् (कृ-धूमादिभ्यः कित। उण् ३।७३) इति सरन्, सच कित्, यद्वा मदा सरतीति। १ किसीका सुख या विभव न देख सकना, डाह, जलन। २ क्रोध, गुस्सा। ३ आत्मधिक्कारविशेष, वह जो सबको अपनी निंदा करते देख कर अपने आपको धिक्कारता हो। (त्रि०) ४ कृपण, कंजूस। ५ मत्सरपूर्ण, डाह करनेवाला।

मत्सरता (सं० स्त्री०) मत्सरयुक्त होनेका भाव, डाह।

मत्सरवत् (सं० त्रि०) मत्सर-अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। मत्सरयुक्त, डाह करनेवाला।

मत्सरिन् (सं० त्रि०) मत्सरोऽन्यशुभद्वेषोऽस्त्यस्येति मत्सर-इनि। अन्य शुभद्वेष्टा, दूसरोंसे डाह रखनेवाला। पर्याय—कर्णजप, दुर्जन, पिशुन, सूचक, नीच, द्विजिह्व, खल। जो मनुष्य मत्सरपरायण हैं वे नरकभोगके बाद कीटयोनिको प्राप्त होते हैं।

"परिभोक्ता कृमिर्भवति कीटो भवति मत्सरी।" (मनु २।२०१)

मत्सह—राजमहलसे ५ कोस पूर्वमें अवस्थित एक प्राचीन ग्राम। इस ग्रामसे हो कर मानासह राजमहल गये थे।

मत्स्य (सं० पु० स्त्री०) माद्यति लोका अनेनेति मद (ऋतन्यञ्जीति। उण् ४।२) इति स्यन्। स्वनामख्यात जलजन्तु, मछली। पर्याय—पृथुरोमा, झष, मीन, वैसारिण, अण्डज, विसार, शल्कली, शकली, झस, आत्माशी संवर, मूक, जलेशय, कण्टकी, शल्की, मच्छ, अनिमिष, शृङ्गी। इसका गुण—बृंहण, गुरु, शुक्रवर्द्धक, बलकर, स्निग्ध, उष्ण, मधुर, कफपित्तकर, दीप्ताग्निके पक्षमें हितकर, वातरोगनाशक। बड़ी मछलीका गुण—गुरु, शुक्रल, मलवर्द्धक। छोटी मछली—लघु, ग्राही, ग्रहणीरोगमें हितकर। काली मछली—लघु, स्निग्ध, वातघ्न और अग्निदीपन। सड़ी मछली—दोषवर्द्धक ; सूखी मछली—विष्टम्भी ; नमकमें रखी हुई मछली—कफपित्तकर, सारक; सामुद्रिक मछली—लघु, वृष्य, मधुर और स्वल्पमलकारक। (राजनि०)

सुश्रुतमें लिखा है,—मछली दो प्रकारकी है, नादेय और सामुद्र अर्थात् नदीजात और समुद्रजात। रोहित, पाठीन, पाटला, राजीव, वर्मि, गोमत्स्य, कृष्णमत्स्य, वागुजार, मुरल, सहस्रदंष्ट्र आदि मछलियां नदीजात है। इनका गुण—मधुर, गुरुपाक और वायुनाशक, रक्त-पित्तकर, उष्ण, वृष्य, स्निग्ध और अल्प तेजस्कर माना गया है।

सरोवर और तड़ागकी मछली स्निग्धकर और मधुररसविशिष्ट होती हैं। महाह्रदकी मछली बलकारक है। थोड़े जलमें रहनेवाली मछली बलकर नहीं होती।

तिमि, तिमिङ्गिल, कुलिश, पाकमत्स्य, निरालक, नन्दिवारलक, मकर, गर्गरक, चन्द्रक, महामीन और राजीव आदि सामुद्र मत्स्य हैं। ये सब गुरुपाक, स्निग्ध, मधुर, अल्प पित्तवृद्धिकर, उष्ण, वायुनाशक, वृष्य, तेजस्कर और श्लेष्मवर्द्धक माने गये हैं। सामुद्रिक मछली मांस खाती है, इसीसे वे विशेष बलकर हैं।

पोखरे और कूपकी मछली वायुनाशक होनेके कारण सामुद्रिक मछलीसे अधिक गुणविशिष्ट है। तालावकी मछली स्निग्ध, लघुपाक और स्वादिष्ट होती है, इस कारण इनमें कूपकी मछलीसे ज्यादा गुण है। नदीकी मछली मुख और पुच्छको संचालन करती हुई पानीमें तैरती है, इस कारण उनका बिचला भाग गुरुपाक होता है। सरोवर और तड़ागकी मछलियोंका शिर बहु लघु होता है। सरोवरकी मछलीका निचला भाग गुरुपाक और ऊपरका भाग लघु जानना चाहिये।

इनमेंसे सूखी, सड़ी, रोगी, विषाक्त, सर्प द्वारा हत, विषलिप्त, अस्त्रादि द्वारा विद्ध, जीर्ण, कृष, बाल और अपनी अपनी प्रकृतिको विपरीताचारी मछली अभक्ष्य हैं। (सुश्रुत सूत्रस्था० ४५ अ०)

भावप्रकाशमें लिखा है, कि हेमन्तकालमें कूपकी मछली, शिशिरकालमें सरोवरकी मछली, वसन्तकालमें

नादकी मछली, ग्रीष्मकालमें छोटे जलाशयकी मछली, वर्षाकालमें तड़ागकी मछली खाना उचित नहीं है।

कूएँकी मछली—शुक्र, मूत्र, कुष्ठ और कफवर्द्धक ; सरोवरकी मछली—मधुररस, स्निग्ध, वलकारक तथा वायु और पित्तनाशक ; नादकी मछली—शरीरका अपचयकारक, गुरु और वायुनाशक, रक्तपित्तजनक, शुक्रवर्द्धक, स्निग्ध, उष्ण वीर्य और मलकी अल्पताकारक। छोटे जलाशयकी मछली—पित्तकारक, स्निग्ध, मधुररस, लघु और शीतवीर्य। तड़ागकी मछली—गुरु, शुक्रवर्द्धक, शीतवीर्य, वल और मूत्रजनक। निर्भरकी मछली—तड़ागकी मछलीके समान गुणकारक, अधिक वल, परमायु, वुद्धि और दृष्टिजनक।

छोटी मछलीका गुण—मधुररस, त्रिदोषनाशक, लघुपाक, रुचिकारक और वलजनक। ये सव मछलियां सव प्रकारसे हितकर हैं। वहुत छोटी मछलीका गुण—पुंस्त्वनाशक, रुचिजनक तथा कास और वायुनाशक। मछलीके अंडेका गुण—अत्यन्त शुक्रवर्द्धक, स्निग्ध, पुष्टिकारक, लघु, कफ, मेद, मल और ग्लानिजनक तथा प्रमेहजनक। सूखी मछलीका गुण—दुष्पाच्य, मलवर्द्धक और वलकररहित। भुनी मछली—श्रेष्ठ गुणदायक, पुष्टिकर और वलवर्द्धक। (भावप्र०)

मछलियोंमें रोहित और मद्गुर (मुंगरी) सवसे श्रेष्ठ हैं। "कफ पित्तकरा मत्स्या रोहितं मद्गुरं बिना।" (स्मृति) रोहित, मद्गुरको छोड़ कर शेष सभी मछली कफ और पित्तवर्द्धक है।

नरसिंहपुराणमें मछलीकी उत्पत्तिका कारण इस प्रकार लिखा है,—मित्र और वरुण ये दो देवता एक दिन यथेच्छ विचरण कर रहे थे। इसी समय सखियोंके साथ उर्वशी एक सरोवरमें जलक्रीड़ा कर रही थी। मित्रावरुण सखियोंके साथ उस वाराङ्गणाको देख कर अत्यन्त मोहित हो पड़े। उन सखियोंके सुन्दर गीत, हाव, भाव और कटाक्ष द्वारा दोनों देवता इतने पीड़ित हुए, कि उनका रेतःस्खलन हो गया। वह रेत कमल, स्थल और जल इन तीन स्थानोंमें जा गिरा। पद्म पर गिरे हुए रेतसे वशिष्ठ, स्थलसे अगस्त्य और जो रेत जलमें गिरा था उससे मछलीकी उत्पत्ति हुई।

(नरसिंहपु० ६ अ०)

मनुमें मछली खाना निषिद्ध वतलाया है,—

"यो यस्य मांसमश्नाति स तन्मांसाद उच्यते।
मत्स्यादः सर्वमांसादस्तस्मात मत्स्यान् विवर्ज्जयेत्॥"

(मनु ५।१५ अ०)

मछली खानेवाला मांस खानेवालेके समान है, इसलिये उसका परित्याग करे। मनुमें फिर दूसरी जगह लिखा है, कि दैव और पैत्र कर्म रोहित और पाठीनादि मत्स्य द्वारा करने होंगे। अर्थात् दैव और पैत्र कर्ममें देवता और पितरोंके उद्देशसे मत्स्य भोजन निषिद्ध नहीं है।

"पाठीनरोहितावाद्यौ नियुक्तौ हव्यकव्ययोः।
राजीवान् सिंहतुण्डांश्च सशल्कांश्चैव सर्वशः॥"

(मनु ५।१६)

इस श्लोकके भाष्यकार मेधातिथि और गोविन्दराजका मत है, कि केवल दैव और पैत्रकर्ममें रोहित और पाठीन मत्स्य भोजन करे, अन्य समयमें नहीं। किन्तु अन्य समयमें दैनन्दिन भोजनमें राजीव सिंहतुण्डादि मत्स्य भोजन निषिद्ध नहीं है। किन्तु मेधातिथि और गोविन्दराजका यह मत युक्तिसंगत नहीं है। कारण, केवल रोहित और पाठीन मत्स्यका हव्यकव्यमें प्रयोग करे, अन्य समयमें भोजन न करे, इसका कोई प्रमाण नहीं है। अन्य मुनियोंने पाठीन, रोहित और राजीव आदि मत्स्योंको एक-सा वतलाया है। अतः हव्यकव्य भिन्न अन्य समयमें भी उनके मतसे ये सव मत्स्यभोजन निषिद्ध नहीं है।

अतएव यह स्थिर हुआ, कि मत्स्यभोजन निषिद्ध नहीं है। इसका मतलव यह नहीं, कि सभी मत्स्य भोजनीय हैं। मन्वादिके मतसे—पाठीन, रोहित, राजीव, सिंहतुण्ड और सशल्क अर्थात् जिनके शल्क हैं, वही सव मत्स्य खाने लायक नहीं हैं। यथा—

"शृणु देवि प्रवक्ष्यामि मांसभेदान्निवोध मे।
नादेयं तिक्तकमठं पशुश्रृङ्गिणमेव च॥
गोमीनं चक्रशकुलं वड़ालं राघवं तथा।
वामीनं चलकर्पाञ्च सचक्रं चेङ्गमेव च॥
भुविलञ्चानिरुद्धञ्च गांगेयानि विवर्जयेत्॥"

(मत्स्यसूक्त महातन्त्र)

नादेय मत्स्य, तिक्त कमठ, पशुश्रृङ्गीन, गोमीन,

चक्रशकुंल, वंड़ालं, राघव, वामीन, चलकर्ण, सचक्र, चेङ्गभूविल, अनिरुद्ध और गाङ्गेय अर्थात् गङ्गाको मछली, ये सव मत्स्यभोजन निषिद्ध हैं।

रविवारको मछली नहीं खाना चाहिये, यदि कोई खाय, तो सप्तजन्म कोढ़ी और दरिद्र होता है। तिथितत्त्वमें लिखा है, कि रविवारमें मछली खानेसे सात जन्म अपुत्रक होता है। कहनेका तात्पर्य यह, कि रविवारको मत्स्यभोजन प्रत्यवायजनक है। इसलिये सभीको उस दिन मत्स्यका परित्याग करना उचित है। कार्त्तिकमासमें भी मत्स्यभोजन नहीं करना चाहिये, विशेषतः कार्त्तिक मासकी शुक्का एकादशीसे ले कर पूर्णिमा तक पांच दिन वकपञ्चक है, अर्थात् इन दिनों बक भी मछली नहीं खाता है। अतएव इन पांच दिनोंमें मत्स्यभोजन विशेष निषिद्ध है। कार्त्तिक मासमें भी यदि कोई मत्स्यभोजन करना चाहे, तो उन्हें भी उक्त पांच दिनोंका परित्याग करना आवश्यक है।

माघ और वैशाख मासमें हविष्य और ब्रह्मचर्यका विधान देखनेमें आता है। ब्रह्मचारीके लिये मत्स्यभोजन निषिद्ध है, सुतरां माघ और वैशाख इन दो महीनोंमें भी मछली खाना मना है। जन्मदिनमें मछली नहीं खानी चाहिये। जन्मदिनका अर्थ है, जन्मतिथि। कार्त्तिक मासमें जो मत्स्यभोजन निषिद्ध वतलाया गया है; उससे सौर और चान्द्र दोनों ही कार्त्तिक समझना चाहिये। कारण, एकादशीसे पूर्णिमा पर्यन्त चान्द्र कार्त्तिक है। ये पांच दिन विशेष निषिद्ध होनेके कारण सौर और चान्द्र दोनों ही समझने होंगे।

जो शैव हैं, उन्हें भी मत्स्यभोजन न करना चाहिये। शिवजी मत्स्य और मांसरत व्यक्तिसे दूर रहते हैं।

> "क्व मद्यं क्व शिवे भक्तिः क्व मांसं क्वशिवार्चनम्।
> मत्स्यमांसरतानां वै दूरे तिष्ठति शङ्करः॥"
>
> (काशीखण्ड)

विन्ध्यपर्वतके पश्चिम भागमें जो रहते हैं, वे मत्स्यभक्षण करनेसे पतित होते हैं।

> "विन्ध्यस्य पश्चिमे भागे मत्स्यभुक् पतितो नरः।"
>
> (स्मृति)

प्रायश्चित्तविवेकमें मत्स्यभोजनके प्रायश्चित्तका विषय इस प्रकार लिखा है—

यदि कोई इच्छापूर्वक मत्स्यभक्षण करे तो उसे तीन दिन उपवास करना चाहिये. इससे उसके पापकी शान्ति होती है। किन्तु अज्ञानपूर्वक भोजनमें उसका आधा अर्थात् एक दिवारात्र और एक दिवामात्र उपवास करना चाहिये।

> "कामतो मत्स्यभक्षणप्रायश्चित्तं—
> मत्स्यांस्तु कामतो जग्धा सोपवासस्त्र्यहं वसेत्।
> अज्ञानतस्तदर्द्धं॥" (प्रायश्चित्तवि०)

इस मत्स्यभक्षणका जो प्रायश्चित्त कहा गया है, उसे निषिद्ध मत्स्यभोजन-सम्बन्धमें जानना चाहिये। कारण मन्वादिमें मत्स्यभोजनकी व्यवस्था है, शास्त्रव्यवस्थापित विषयका प्रायश्चित्त विधान होनेसे शास्त्रमें विरोध होता है, अतएव यह व्यवस्था निषिद्ध मत्स्यविषयमें जाननी चाहिये।

मत्स्यादि जो कोई वस्तु खानी होगी, उसे पहले अभीष्ट देवताको चढ़ा कर खावे। कारण अनिवेदित कोई भी वस्तु न खानी चाहिये।

> "अनिवेद्य न भोक्तव्यं मत्स्यं मांसञ्च यद्भवेत्।
> अन्नं विष्ठा पयो मूत्रं यद्विष्णोरनिवेदितम्॥"
>
> (आह्निकतत्त्व)

प्रेतोद्देशसे जो सव श्राद्ध किये जाते हैं उनमें मत्स्य देना कर्त्तव्य है। आद्यश्राद्ध और मासिकश्राद्धको प्रेतश्राद्ध कहते है। सपिण्डीकरणके पहले प्रेतत्व दूर नहीं होता, अतः इस समय तक जो श्राद्ध किया जाता है वही प्रेतश्राद्ध है। यह आमिष द्वारा कर्त्तव्य है। सपिण्डीकरणके वाद फिर आमिष द्वारा श्राद्ध न करे।

> "प्रेतश्राद्धमें मत्स्यदानविधि—
> "सपिण्डीकरणं यावत् प्रेतश्राद्धन्तु षोड़शम्।
> पक्वान्नेनैव कर्त्तव्यं सामिषेण द्विजातिभिः॥"
>
> (श्राद्धतत्त्व)

विधवाकी मृत्यु होने पर प्रेतश्राद्धमें आमिष देना उचित है। इसका कोई विशेष शास्त्रीय प्रमाण नहीं मिलता, यह लोकाचारमात्र है।

मत्स्यतत्त्व शब्दमें मत्स्यजातिका विस्तृत विवरण देखो।

२ विराटदेश। देश विशेषमें यह शब्द बहु वचनान्त

है। विराट देखो। यह देश राजपूतानेमें अवस्थित है। दिनाजपुरमें एक जङ्गल है जिसे बहुतेरे मत्स्य देश बतलाते हैं। किन्तु यह स्थान प्राचीन विराटराज्य मत्स्य नहीं है। ३ नारायण। ४ द्वादश राशि, मीनराशि।

“मत्स्यौ घटी नृमिथुनं सगदं सवीणम्”

(जोतिस्तत्त्व)

५ अष्टादशपुराणके अन्तर्गत एक पुराण। यह पुराण महापुराण है। भगवान् विष्णुने मत्स्यरूपमें अवतार ले कर इस पुराणका उपदेश दिया था, इसीसे इसका मत्स्यपुराण नाम रखा गया है।

“पुण्यं पवित्रमायुष्यमिदानीं शृणुत द्विजाः।
मत्स्यं पुराणमखिलं यजगाद गदाधरः॥”

(मत्स्यपु० १ अ०) पुराण देखो।

६ भगवान् विष्णुके दश अवतारोंमेंसे पहला अवतार। भगवानविष्णु पहले पहल मत्स्यरूपमें अवतीर्ण हुए। शथपथब्राह्मणमें इसका आदि प्रसङ्ग देखा जाता है। मनु देखो।

महाभारतमें लिखा है,—

पुराकालमें विवस्वानके पुत्र प्रजापतिके समान मनु नामक एक महर्षि अति प्रतापशाली राजा थे। उन्होंने तपस्यादि द्वारा पितृ-पितामहको विशेषरूपसे अतिक्रम किया। उन्होंने विशाल बदरीमें एक पैर पर खड़े, हाथोंको ऊपर उठाये और औंधमुंह हो अनिमेषनेत्रसे अयुत वर्ष तक घोर तपस्या की। पीछे एक दिन वे चिरिणी नदीके किनारे जटाधारी हो आर्द्र वस्त्रसे तपस्या कर रहे थे, इसी समय एक मछलीने वहां आ कर उनसे कहा, ‘भगवन्! मैं छोटी मछली हूं, बड़ी मछलीसे डर गई हूं, अतएव आप मुझे उनसे बचाइये। विशेषतः मीनजातिमें बहुत दिनोंसे यह रीति चली आ रही है, कि बलवान् मत्स्य दुर्बल मत्स्यको सदा भक्षण करते हैं। अतः मैं संकटमें हूं, आप मुझे बचाइये। इस समय यदि आप मेरा उपकार करेंगे, तो मैं भी किसी समय इसका प्रत्युपकार करूंगी।’ वैवस्वत मनुने मछलीकी बात सुन कर उसे जलसे बाहर निकाला और एक घड़ेमें रख दिया। वह मनुके स्नेहसे दिनों दिन उसीमें बढ़ने लगी। वे उसे पुत्रके समान देखते थे। कुछ दिनके बाद वह मछली इतनी बढ़ गई कि उस घड़ेमें उसकी गुंजाइश न रही। अनन्तर उस मछलीने मनुको देख कर पुनः उनसे कहा, ‘भगवन्! आप मेरे लिये अभी कोई दूसरा उत्तम स्थान ढूंढ़िये।’ इस पर मनुने उसे घड़ेमेंसे निकाल कर एक तालावमें रख छोड़ा। उस तालावकी लम्बाई दो योजन और चौड़ाई एक योजन थी। धीरे धीरे वह मछली इतनी बढ़ी कि उसमें भी उसका अँटान न हुआ। अनन्तर मछलीने फिर मनुसे कहा, ‘पितः! आप मुझे गङ्गामें ले चलिये। मैं वहीं पर रहूंगी, इस तालावमें भी गुंजाइश नहीं है। आपने मेरे लिये बहुत कुछ किया, आपके ही स्नेहसे मैं इस प्रकार बढ़ी, अभी आप जो अच्छा समझें वही करें। मनुने मछलीकी बात सुन कर उसे वहांसे निकाल गङ्गामें फेंक दिया। वहां भी कुछ दिन रह कर उसने एक दिन मनुसे कहा, ‘प्रभो मेरा शरीर बहुत बढ़ गया, यहां तक कि अङ्गचालना भी नहीं कर सकती हूं। अतएव आप मुझ पर दया कीजिये और मुझे एक समुद्रमें उठा ले चलिये।’ पीछे मनुने उसे गङ्गामेंसे निकाल कर समुद्रमें छोड़ दिया। इस प्रकाण्ड मत्स्यको ढो कर ले जानेमें मनुको जरा भी क्लेश न हुआ। कारण, इसका भार अभिलाषानुरूप ही था तथा उसका स्पर्श और गन्ध सुखकर थी।

मछलीने समुद्रमें निक्षिप्त होते ही मुसकरा कर मनुसे कहा, ‘भगवन्! आपने मेरी बड़ी रक्षा की है, अतएव उपयुक्त समय आने पर आपको जो कुछ करना होगा उसे मैं कहती हूं, ध्यान दे कर सुनिये। प्रलयकाल निकटवर्त्ती है, इस पृथ्वीका स्थावर जङ्गम प्रभृति सभी पदार्थ बहुत जल्द प्रलयसलिलमें डूब जायँगे। क्या स्थावर, क्या जङ्गम, क्या चेतन सबोंका भीषण काल पहुंच गया है, अतएव आपके लिये जो विशेष हितकर है उसे मैं आपको कहे देती हूं। आप एक रस्सी लगी हुई एक मजबूत नाव बनवाइये। उस नाव पर आप सप्तर्षिके साथ बैठ जाइये। पहले द्विजोंने जिन सब बीजोंकी बात कही थी आप उन सब बीजोंको संग्रह कर उस नाव पर रख विभागक्रमसे रक्षा कीजिये। पीछे आप नाव पर बैठ कर मेरी प्रतीक्षा करेंगे। उस समय मैं शृङ्गयुक्त हो कर आऊंगा।

शृङ्ग देखते ही आप मुझे पहचान जायंगे। मैंने जैसा कहा वैसा ही करेंगे। क्योंकि, आप मेरे विना ऐसे अर्णवसे उत्तीर्ण नहीं हो सकेंगे। मेरी बात पर आप किसी प्रकार शंका नहीं करेंगे। पीछे मनु और मत्स्य परस्पर अनुज्ञात हो कर यथाभिलषित स्थानको चल दिये।

तदनन्तर मनुको मत्स्यने जैसा कहा था तदनुसार वे सब प्रकारके बीज ले कर नाव पर सवार हुए। बादमें वे मत्स्यकी चिन्तना करने लगे। इस समय मत्स्य उनकी चिन्तासे अवगत हो शृङ्गरूपमें उसी समय वहां पहुंच गया। मनुने पर्वतके समान ऊंचे मत्स्यके शृङ्गमें नावकी रस्सी बांध दी। नाव तरङ्गके बलसे हिलने डोलने लगी। रस्सीमें बंधा हुआ वह मत्स्य नाव पर बैठे हुए मनु आदिकी रक्षा करनेके लिये उस नावको लवणजलमें खींचने लगा। वह नाव ऐसे भवार्णवके मध्य प्रचण्ड वायुसे सञ्चालित हो मत्त चपला स्त्रीकी तरह घूमने लगी। उस समय भूमि या दिक्-विदिक् कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता था। अन्तरीक्ष और द्युलोक सभी जगमग्न हो गये थे। जगत्के इस प्रकार जलाकीर्ण होनेसे केवल मत्स्य, मनु और सप्तऋषि नजर आते थे। इस प्रकार उस मत्स्यने निरलस हो कई वर्षों तक उस नावको वैसे जलसमुद्रमें आकर्षण किया। अन्तमें हिमालय गिरिका जो श्रेष्ठ शृङ्ग है उसीके समीप नाव खींच कर ले गया। पीछे उस मत्स्यने कुछ मुसकरा कर ऋषियोंसे कहा, 'आप लोग इस हिमालय शृङ्गमें नावको बांध दीजिये, देरी मत कीजिये। ऋषियोंने तुरत मत्स्यके कथनानुसार हिमालय-शृङ्गमें नावको बांध दिया। आज भी हिमालयका वह शृङ्ग नौबन्धन नामसे प्रसिद्ध है।

अब मत्स्यने उन ऋषियोंसे कहा, 'मैं ही स्वयं प्रजापति ब्रह्मा हूं। मैंने मत्स्यरूप धारण कर इस महाभयसे तुम लोगोंकी रक्षा की। अभी मनु सुरासुर मानव प्रभृति सब प्रकारकी प्रजा क्या जड़, क्या चेतन सबोंकी सृष्टि करेंगे। इनके तीव्र तपोबलसे प्रजासृष्टि-विषयमें प्रतिभा होगी तथा मेरे प्रसादसे ये प्रजासृष्टिविषयमें मोहको प्राप्त नहीं होंगे। इतना कह कर वह मत्स्य अन्तर्द्धान हो गया।

अनन्तर वैवस्वत मनुने प्रजा सृष्टिकी मनशासे कठोर तपस्याका अनुष्ठान किया और उसीके प्रतिभाबलसे सबोंकी सृष्टि की। इसी प्रकार भगवान् विष्णु मत्स्यरूपमें अवतीर्ण हुए थे। (भारत वनप० १८७ अ०)

मत्स्यपुराणमें इस अवतारका विषय इस प्रकार लिखा है—पुराकालमें मनु नामक एक राजा अपने पुत्रको राज्य भार सौंप कठोर तपस्या करने चले गये। दश हजार वर्ष बीत जाने पर ब्रह्मा एक दिन वहां आये और उनसे वर मांगनेको कहा। इस पर उन्होंने वर मांगा कि, जब प्रलयकाल उपस्थित होगा, तब मैं ही एकमात्र चराचर जगतको रक्षाके लिये यानस्वरूप होऊं। ब्रह्मा 'तथास्तु' कह कर अन्तर्हित हो गये।

एक दिन मनु आश्रममें पितृतर्पण कर रहे थे। इसी समय एक मत्स्य उनके हाथके ऊपर कूद पड़ा। मनुने दयापरवश हो उसे एक जलपात्रमें रखा। धीरे धीरे वह मत्स्य बढ़ने लगा। मनुने भी उसे पूर्वोक्त क्रमसे समुद्रमें फेंक दिया। समुद्रमें निक्षिप्त होने पर मत्स्यने मनुसे कहा, 'प्रलय बीत जाने पर तुम चराचर जगत्की सृष्टि करोगे और प्रजापति नामसे प्रसिद्ध होगे। मैं ही भगवान् विष्णु हूं और मत्स्यरूपमें अवतीर्ण हो कर तुम्हारी रक्षा की।' (मत्स्यपु १ अ०)

भागवतमें लिखा है, एक दिन शुकदेवने राजा परीक्षितसे कहा था, 'राजन्! भगवान् विष्णु गो, विप्र, देवता साधु, धर्म और अर्थकी रक्षा करनेके लिये देह धारण करते हैं। वे वायुकी तरह सभी उत्कृष्ट भूतोंमें भ्रमण करते हैं, पर स्वयं वे निकृष्ट वा उत्कृष्ट नहीं होते, कारण वे गुणविशिष्ट नहीं हैं। राजन्! कल्पके अन्तमें जब ब्रह्मा निद्रावशीभूत हुए तब प्रलयकाल उपस्थित हुआ। उस प्रलयकालमें भूः आदि सभी लोक समुद्रजलमें मग्न हो गये। कालवशतः जब विधाता सो कर उठे तब सभी वेद उनके मुखसे निकल कर सामने गिर पड़े। हयग्रीव उन सब वेदोंको चुरा ले गया। भगवान् विष्णुको जब यह मालूम हुआ, तब उन्होंने उन वेदके उद्धारकेलिये मत्स्यरूप धारण किया।

इस समय सत्यव्रत नामक एक नारायणपरायण महर्षि जलमें बैठ कर तपस्या करते थे। यही सत्यव्रत

इस कल्पमें विवस्वानके पुत्र श्राद्धदेव नामसे विख्यात हो विष्णु कल्पके मनुके पद पर स्थापित हुए थे।

सत्यव्रत एक दिन कृतमाला नदीमें तर्पण कर रहे थे। उसी समय उनकी अञ्जलिमें एक मछली उछल कर आई। राजाने उसे नदीमें फेंक दिया, इस पर मछलीने बड़े दीनवाक्यमें राजासे कहा, 'हे दीनवत्सल! मैं दुर्बल हूं, अपने संहारक मकर-कुम्भीरादिसे मैं डर गई हूं, इस कारण आपका आश्रय लिया था। आपने मुझे नदीमें क्यों फेंक दिया? सत्यव्रतके प्रति अनुग्रह दिखलानेके लिये नारायणने मत्स्यरूप धारण किया था, किन्तु सत्यव्रतको यह कुछ भी मालूम नहीं। मछलीकी बात पर राजाके हृदयमें दया उपजी और वे उसे कलसीमें रख कर आश्रममें ले गये।

एक ही रातमें वह मत्स्य इतना बढ़ा कि कलसीमें उसे जगह न मिली। तब उसने राजासे कहा, 'कलसीमें मेरे रहनेको गुंजाइश नहीं, इसलिये आप मुझे ऐसे विस्तृत स्थानमें छोड़ आइये जहां मैं स्वच्छन्दतासे वास कर सकूं।' इस पर राजाने कलसीसे उसे निकाल कर मणिकच्छजलमें छोड़ दिया। मुहूर्त्त भरमें वह तीन हाथ बढ़ गया और राजासे कहा, 'राजन्! इस मणिकच्छजलमें भी मेरे रहने लायक जगह नहीं, सो किसी दूसरे विस्तृत स्थानमें दे आइये, क्योंकि मैंने आपकी शरण ली है।

राजा सत्यव्रतने मणिकच्छसे उस मत्स्यको निकाल कर एक सरोवरमें छोड़ दिया। सरोवरमें उसका आकार बहुत बड़ा हो गया और वहां भी रहनेका ठौर न मिला। तब उसने राजासे कहा, 'राजन्! मैं जलवासी हूं, किन्तु इस सरोवरका जल मुझे सुख नहीं पहुंचा सकता। आपने मेरी रक्षाका भार लिया है, सो मुझे एक वृहत् ह्रदमें स्थान दीजिये, जहां मैं सुखसे रह सकूं।' मत्स्यकी बात सुन कर राजाने उसे एक अक्षयजल जलाशयमें फेंक दिया। जब वहां भी उसे काफी स्थान न मिला, तब राजा समुद्रमें छोड़ आनेको उद्यत हुए। इस समय वह मत्स्य बोला, 'राजन्! समुद्रमें अधिक बलशाली मत्स्य रहते हैं, मुझे वे सब मार डालेंगे, अतः वहां मत छोड़िये।

उस बड़े मधुरभाषी मत्स्यके इस प्रकार अनुनय-वाक्य कहने पर सत्यव्रतने कहा, 'मत्स्यरूपमें आप हम लोगोंको मोहित करते हैं। बतलाइये आप कौन हैं? हम लोगोंने ऐसा वीर्यशाली जलचर न कहीं देखा है और न सुना ही है। आपने एक दिनमें शत योजन विस्तृत सरोवरको अतिक्रम किया, आप सचमुच साक्षात् भगवान् हरि हैं—भूतोंके कल्याणके लिये इस जलचर रूपको धारण किया है। हे पुरुषश्रेष्ठ! आपको प्रणाम करता हूं। विभो! आप सृष्टि, स्थिति और प्रलयके कर्त्ता हैं और मेरे जैसे विपद्ग्रस्त भक्तजनके मुख्य आत्मा और आश्रय हैं। आप लीलास्वरूप जो जो अवतार धारण करते हैं, वह सभी प्राणियोंकी समृद्धिका कारण है। आपने किस उद्देश्यसे इस मत्स्यरूपको धारण किया है, उसे मैं जानना चाहता हूं।' राजा सत्यव्रतके इस प्रकार विविध स्तुति करने पर मत्स्यरूपी विष्णु भगवान्‌ने कहा, 'हे अरिन्दम! आजसे ले कर सात दिनके भीतर त्रैलोक्य प्रलय-जलधिजलमें निमग्न होगा। त्रैलोक्य जब प्रलयजलमें निमग्न हो जायगा, उस समय मैं एक बड़ी नाव तुम्हारे निकट भेजूंगा। तुम सभी ओषधि, छोटे और बड़े बीज तथा सभी प्राणीको ले कर सप्तर्षियोंके साथ उस नाव पर चढ़ जाना। पीछे तुम ऋषियोंके ब्रह्म-तेजोबलसे आलोकहीन एकमात्र सागरमें सुस्थिर चित्तसे भ्रमण करोगे। जब प्रचण्ड वायु नावको आन्दोलित करने लगेगी, तब मैं स्वयं वहां पहुंच जाऊंगा। तुम महासर्प द्वारा उस नावको मेरे शृङ्गमें बांध देना। मैं ऋषियोंके तथा तुम्हारे साथ नावको खींच कर जब तक ब्रह्माकी नींद नहीं टूटेगी, तब तक समुद्रमें विचरण करूंगा और परब्रह्मविषयक तत्त्वोपदेश देता रहूंगा।' इतना कह कर मत्स्यरूपी विष्णु अन्तर्हित हो गये। विष्णु भगवान् जितने दिनोंके लिये कह गये राजा उतने दिन प्रतीक्षा करने लगे।

अनन्तर एक दिन राजा सत्यव्रतने देखा, कि चारों ओरसे घटा घिर आई, मूषलाधारमें वर्षा होने लगी और चारों ओरसे पृथ्वी प्लावित हो गई। भगवान्‌ने जैसा कहा था तदनुसार एक बड़ी नाव उनके सामने उपस्थित

हुई। राजा सभी वृक्षादि और प्राणियोंको ले कर ऋषियोंके साथ उस नाव पर चढ़ गये। मुनियोंने प्रसन्न हो कर कहा, 'इस समय एक मात्र भगवान् विष्णु ही बेड़ा पार लगायेंगे।'

अनन्तर राजा जब भगवान्की चिन्तना करने लगे, उस समय महासागरके मध्य एक शृङ्गधारी अयुत योजन विस्तृत स्वर्णमय मत्स्य दिखाई दिया। राजा संतुष्ट हो कर उस मत्स्यके शृङ्गमें सर्परज्जु द्वारा नाव बांध कर मधुसूदनका स्तव इस प्रकार करने लगे, "अविद्या द्वारा जिनका आत्मज्ञान आच्छन्न है। सुतरां अविद्यामूल संसाराश्रममें जो क्लेश पाते हैं वे इस संसारमें जिनके अनुग्रहसे पुनः अपने अपने कर्मबन्धनको मोचन कर जिनकी सेवा द्वारा सुखेच्छा परित्याग करनेमें समर्थ होते हैं, आप वही मुक्तिप्रद परमगुरु हो कर हम लोगोंकी हृदयग्रन्थिको छेदन कीजिये। जिस प्रकार चांदी अग्निस्पर्शसे निर्मल हो जाती है और तब अपने वर्णको लाभ करती है, उसी प्रकार पुरुष जिनकी सेवा करके मेरे मलस्वरूप अज्ञानको परित्याग और स्वरूपको उपार्जन करते हैं, वही ईश्वर आप मेरे गुरु होवें। मैंने ज्ञानलाभके लिये आपकी शरण ली है। भगवन्! परमार्थ प्रकाशक वाक्य द्वारा हृदयसम्भूत ग्रन्थिरूप अहङ्कारादिको छेदन कीजिये।

राजाके इस प्रकार स्तव करने पर भगवान्ने सागर-सलिलमें विहार करते हुए राजर्षि सत्यव्रतको तत्त्वोपदेश और सांख्ययोग क्रियासमन्वित दिव्य-पुराण तथा आत्मज्ञानका उपदेश दिया।

राजाने ऋषियोंके साथ नाव पर बैठ कर भगवान्के मुखसे संशयहीन आत्मतत्त्व और सनातन वेद श्रवण किया।

अनन्तर प्रलयकाल बीतने पर विष्णुने हयग्रीवका संहार कर ब्रह्माको वेद प्रत्यर्पण किया। ज्ञान विज्ञान सम्पन्न राजा सत्यव्रत विष्णुके प्रसादसे वैवस्वत मनु नामसे प्रसिद्ध हुए। इनकी पूजादिका विषय मेरुतन्त्रमें इस प्रकार लिखा है,—

यह अवतार सत्ययुगमें हुआ है। इनका रूप—नाभिका अधोदेश रोहितमत्स्यके सदृश तथा आकण्ठ मनुष्याकार, वर्ण घनश्याम। चारों हाथमें शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म। मस्तक शृङ्गि-मत्स्य तुल्य, वक्षःस्थल पर लक्ष्मीविराजित, सर्वाङ्गमें पद्मका चिह्न और सुन्दर लोचनयुक्त।

> "नाभ्यधोरोहितसम आकण्ठञ्च नराकृतिः।
> घनश्यामश्चतुर्बाहुः शङ्खचक्रगदाधरः॥
> शृंगिमत्स्यनिभो मूर्द्धा लक्ष्मीवक्षोविराजितः
> पद्मचिह्नितसर्वांगः सुन्दरश्चारु लोचनः॥"

(मेरुतन्त्र २६ अ०)

मत्स्यरूपी विष्णुका द्वादश अक्षर मन्त्र, 'ओं नमो भगवते मं मत्स्याय' इस मन्त्रसे मत्स्यदेवकी पूजा करनी होती है। वैशाख, कार्त्तिक, माघ और अग्रहायण मासमें इनकी पूजा करनेसे अभीष्ट सिद्ध होता है।

हयशीर्षपञ्चरात्रमें मत्स्यावतार मूर्त्तिका लक्षण इस प्रकार लिखा है,—मत्स्यमूर्त्ति छत्तीस उंगली लम्बी होनी चाहिये। इस पुच्छदेशका मान लम्बाईका अष्टमांश रहे। इसे कुछ वक्र भावमें बनवाना चाहिये। मूर्त्ति विवृतानन रोहिताकृतिकी होगी। इस प्रकार विधिके अनुसार निर्माणकार्य शेष हो जाने पर इसके आपाद-मस्तककी नारायणरूपमें कल्पना कर यदि कोई मनुष्य एक मत्स्य भी यथाविधि स्थापन करे, तो उसे सर्वज्ञत्वलाभ होता तथा उसकी सभी विपद् दूर होती हैं।

यदि कोई सुवर्णका मत्स्य बना कर श्रोत्रीय ब्राह्मणको दान करे, तो उसे पृथ्वीदानका फल होता है। मत्स्यपुराणमें इसको दानविधि लिखी है।

६ शिलाभेद। ब्रह्मपुराणके मतसे जो शिला तीन विन्दुयुक्त काञ्चनवर्ण और दीर्घाकार होती है, वही मत्स्याख्य शिला है। इस शिलाकी अर्चना करनेसे भुक्ति और मुक्ति लाभ होती है। कहीं कहीं काञ्चन-वर्णकी जगह कांस्यवर्णका भी उल्लेख है।

पद्मपुराणके मतसे मत्स्यादि तीनों शिला श्यामवर्ण, द्विचक्र और सुचिह्नित हैं। इन तीनों शिलाके दर्शन करनेसे सब प्रकारकी कामना पूरी होती है। इस पुराणमें मत्स्यमूर्त्ति शिलाको कांचवर्णका बतलाया है।

ब्रह्माण्डपुराणके मतसे—जो शिला दीर्घ, द्वार और चक्रमें चिह्नित होती है, जिसका एक चक्र पुच्छभागमें

दाहिनी ओर मकराकृति और बाईं ओर रेखा देखी जाती है, वही मत्स्यमूर्त्ति है। यह मूर्त्ति शुभप्रद है।

पुराणसंग्रहके मतसे—तीन बिन्दु और शङ्ख-चक्र पद्म चिह्नित दीर्घाकार दक्षिणास्य शिलाचक्र ही मत्स्यचक्र है।

मत्स्यसूक्तके मतसे—मत्स्याकृति दीर्घाकार और मस्तक पर चिह्नयुक्त चक्र ही मत्स्यचक्र वा मत्स्यमूर्त्ति शिला है।

तन्त्रके मतसे मत्स्य पञ्च मकारका तृतीय मकार है।

"प्रथमन्तु भवेन्मद्यं मांसञ्चैव द्वितीयकम्।
मत्स्यञ्चैव तृतीयं स्याद्मुद्रा चैव चतुर्थिका।
पञ्चमं मैथुनं विद्यात् पञ्चैते नामतः स्मृताः॥"
(प्राणतोषिणी)

कुलार्णवतन्त्रके पांचवें खण्डके १७वें पटलमें मत्स्य शब्दकी व्युत्पत्तिके सम्बन्धमें इस प्रकार लिखा है—माया, मल प्रभृतिका प्रशमन, मोक्षमार्गका निरूपण और आठ प्रकारके दुःखोंका नाश होता है, इसीसे इसका नाम मत्स्य हुआ है।

मत्स्यक (सं॰ पु॰) मत्स्य स्वल्पार्थे कन्। क्षुद्र मत्स्य, छोटी मछली।

मत्स्यकरण्डिका (सं॰ स्त्री॰) मत्स्यानाम्य करण्डिकेव। मत्स्यरक्षण पात्र, मछली रखनेका बरतन।

मत्स्यगन्धा (सं॰ स्त्री॰) मत्स्यस्येव गन्धो यस्याः, छान्दसादित्वादित्वाभावः। १ लाङ्गलीवृक्ष, जलपीपल। २ व्यास-माता सत्यवतीका एक नाम। महाभारतमें इसका विवरण इस प्रकार आया है,—

उपरिचर नामक एक धर्मिष्ठ राजा थे। उनका दूसरा नाम वसु था। राजाने बड़ी कठोर तपस्या की थी। इनकी उग्र तपस्यासे देवराज इन्द्र डर गये। इन्द्रके कहनेसे इन्होंने तपस्या करनी छोड़ दी। तदनन्तर इन्द्रने सन्तोष देनेके लिये इन्हें स्फटिकमय आकाशगामी रथ और वैजयन्तीकी माला दी। वसुके पांच पुत्र थे। उन्हीं पांच पुत्रोंके नाम पर इन्होंने देश और राजधानी बसाई थी।

महामति वसुराज जब इन्द्रके दिये हुए स्फटिकमय विमान पर चढ़ कर आकाशमार्गसे विचरण करते थे, उस समय अप्सराएं आ कर इनकी सेवा करती थीं। रथ पर बैठ कर आकाशमार्गसे विचरण करनेके कारण उनका नाम उपरिचर हुआ। उनकी राजधानीके समीप शुक्तिमती नामकी एक नदी बहती थी, कोलाहल नामक एक सचेतन पर्वतने कामोपहत हो कर उसकी गति रोक दी। इस पर राजा वसु बड़े बिगड़े और कोलाहल पर्वतको एक ऐसी लात जमाई कि उसमें छेद हो गया। पीछे उसी छेदमेंसे शुक्तिमति नदी निकल पड़ी। कोलाहल पर्वतके सङ्गमसे उस नदीके एक पुत्र और एक कन्या उत्पन्न हुई। नदीने राजाका बहुत उपकार माना और दोनों सन्तान उन्हें दे दीं। राजाने उस नदीपुत्रको सेनापति और गिरिका नामकी कन्याको रानी बनाया।

एक दिन गिरिका ऋतुस्नाता हो कर गर्भधारणकी कामनासे राजाके पास गई, पर उस दिन वसुके पितरोंने प्रसन्न हो कर उन्हें आखेट करनेका आदेश दिया था, राजाने उनका आदेश उल्लङ्घन करना अच्छा नहीं समझा और उसी समय वे आखेटको चल दिये, इस प्रकार गिरिकाको अभिलाषा पूरी न हुई। लेकिन वे सकाम चित्त थे, चलते चलते असामान्यरूप यौवनसम्पन्ना गिरिकाकी याद आ जाती थी। एक तो वसन्तकाल, दूसरे काननमें तरह तरहके पुष्प विकशित और कोकिलका कूजन, इससे वे मन्मथ वशवर्त्ती हो कर एक अशोक वृक्षके नीचे बैठ रहे। वहां पर उनका रेतःपात हो गया। राजा उस स्खलित रेतको एक वृक्षके पत्तेमें रख कर सोचने लगे, किस प्रकार यह रेत गिरिकाके पास भेजा जाय जिससे उसका ऋतु व्यर्थ न निकले, क्योंकि यह रेत अव्यर्थ है। बहुत देर तक सोचनेके बाद राजाने उस शुक्रका संस्कार करके समीपवर्त्ती शीघ्रगामी एक श्येनपक्षीसे कहा, 'सौम्य! तुम मेरा एक काम करो, वह यह कि इस शुक्रको ले कर मेरी स्त्री गिरिके पास अन्तःपुरमें पहुंचा दो। क्योंकि वह आज ऋतुस्नाता है।' इस पर वेगवान् श्येन उस शुक्रको अपनी चोंचमें ले कर आकाशमार्गसे उड़ा, पर मार्गमें किसी दूसरे पक्षीसे आक्रान्त होनेके कारण वह रेत यमुनाजलमें गिर पड़ा। अद्रिका नामकी एक अप्सरा

ब्रह्माके शापसे मत्सी हो कर जमुना जलमें रहती थी। रेतःके यमुनाजलमें गिरते ही उसने पी लिया। उस मत्सीके गर्भ रहा। पीछे दशवें महीनेमें मछुओंने उस मत्सीको पकड़ कर राजा वसुको अर्पण किया। उसके पेटमें एक पुत्र और एक कन्या पाई गई। राजाने उन दोनोंमेंसे बालकको ग्रहण किया। वही मत्स्यजात बालक पीछे मत्स्य नामसे प्रसिद्ध राजा हुए थे।

अप्सरा थोड़े ही समयके अन्दर शाप-विमुक्ता हुई। कारण, पहले जब वह शापभ्रष्टा हो मीनयोनिमें पतित हुई थी, तब भगवान्‌ने कहा था, 'दो मानव प्रसव करनेसे ही तुम्हारा शाप मोचन होगा।'

इधर राजा वसुने मत्स्यगन्धवती मत्स्यगर्भजात कन्याको धीवरके हाथ सौंप दिया और कहा, 'यह कन्या तुम्हारी दुहिता होगी।' कन्या धीवरके घरमें पाली पोसी गई थी और उसके शरीरमें मत्स्यकी गन्ध थी, इस कारण उसका नाम मत्स्यगन्धा पड़ा।

यह कन्या मछुएके घरमें पालित हो कर नाव खेनेका काम किया करती थी। एक दिन पराशर तीर्थयात्राके लिये अनेक देशोंमें घूमते फिरते यमुना नदीके तीर पर उपस्थित हुए। नदी पार करानेको पराशरने धीवरसे कहा। धीवरने अपनी कन्या मत्स्यगन्धाको इस कामके लिये नियुक्त किया। नदीके बीचमें नावके पहुंचने पर पराशर कामातुर हुए और उससे बोले 'कल्याणि! मेरा मनोरथ पूर्ण करो।' इस पर कन्याने कहा, 'भगवन्! देखिए, नदीके दोनों किनारे ऋषिगण हैं वे हम लोगोंको देख रहे हैं, अतएव अभी किस प्रकार हम लोगोंका सङ्गम हो सकता है। इस प्रकार मत्स्यगन्धाके आपत्ति करने पर महर्षिने तपोबलसे वहां कोहरा फैला दिया जिससे तमाम अन्धकार ही अन्धकार छा गया।

अनन्तर महर्षि द्वारा किये गये कोहरेको देख कर मत्स्यगन्धाने विस्मिता और लज्जाभिभूता हो ऋषिसे कहा, 'भगवन्! मैं पितृवशवर्त्तिनी कन्या हूं, मेरा विवाह नहीं हुआ है, आपके साथ सङ्गम करनेसे मेरा कन्याभाव दूषित होगा। कन्याभावके दूषित होनेसे किस प्रकार मैं घर जाऊंगी। अतएव आपसे निवेदन है, कि आप इसे भलीभांति सोचें और जो अच्छा हो वही करनेका मुझे आदेश करें।" मत्स्यगन्धाके इस प्रकार कहने पर ऋषि प्रसन्न हुए और बोले, 'मेरे सहयोगसे तुम्हारा कन्याभाव दूषित नहीं होगा। हे भीरु! अभी तुम अभिलषित वरके लिये प्रार्थना करो, मैं देनेको तैयार हूं।' इस पर मत्स्यगन्धाने पहले अपने शरीरमें उत्तम सौगन्ध्यके लिये प्रार्थना की। महर्षिने तथास्तु कह कर उसका मनोरथ पूर्ण किया। अनन्तर मत्स्यगन्धाने ऋषिके प्रभावसे ऋतुमती और प्रार्थित-वरलाभसे सन्तुष्ट हो कर अद्भुतकर्मा पराशर ऋषिके साथ विहार किया। इसी दिनसे मत्स्यगन्धाका दूसरा नाम गन्धवती पड़ा। मानवगण एक योजन दूरसे भी उसके शरीरकी गन्ध ग्रहण करते थे, इस कारण उसका दूसरा नाम योजनगन्धा भी था। पीछे गन्धवती सत्यवती नामसे प्रसिद्ध हुई।

मत्स्यगन्धा इस प्रकार उत्तम वर पा कर बड़ी प्रसन्न हुई और पराशरकी अभिलाषा पूरी की। इसी सङ्गमसे वेदव्यासकी उत्पत्ति हुई। इनका जन्म द्वीपमें हुआ था, इस कारण ये द्वैपायन नामसे भी प्रसिद्ध हैं। द्वैपायन जन्म लेते ही माताकी आज्ञासे तपस्याके लिये वनमें चले गये। वन जानेके समय द्वैपायन अपनी मातासे कहते गये कि जब कभी तुम मेरा स्मरण करोगी तभी मैं पहुंच जाऊंगा। विशेष विवरण वेदव्यास शब्दमें देखो।

भीष्मने पिताका प्रियकार्य्य करनेकी इच्छासे मत्स्यगन्धाका विवाह उनके साथ होने दिया। पीछे शान्तनुके औरस और मत्स्यगन्धाके गर्भसे चित्राङ्गद और विचित्रवीर्य नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए।

(भारत आदिपर्व ६३ अध्याय) शान्तनु और भीष्म देखो।

२ हवुषा, हौहवेर। ३ मत्स्याक्षी, सोमलता। ४ लाङ्गली वृक्ष, जलपीपल।

मत्स्यघण्ट (सं० पु०) मत्स्यानां घण्टः विमिश्रणं यत्र। स्वनामख्यात मत्स्यव्यञ्जन विशेष, मछलीका घंट।

मत्स्याघात (सं० पु०) मत्स्यस्य घातः हननं। मत्स्यहनन, मछली पकड़ना।

मत्स्यघातिन् (सं० त्रि०) मत्स्यं हन्तुं शीलमस्य हन

णिनि। मत्स्यजीवी, जो मछली पकड़ कर जीवन-धारण करता हो, मछुवा।

मत्स्यजाल (सं० क्लो०) मत्स्य-धारणार्थं जालं, शाकपार्थिववत् समासः। मछली पकड़नेका जाल।

मत्स्यजीवी (सं० पु०) मत्स्येन-मत्स्यविक्रयादिना जीवति जीव-णिनि। निषादजाति, मछुवा।

मत्स्यण्डिका (सं० स्त्री०) मदं मधुररसं स्यन्दते इति स्यन्द-ण्वुल्-टाप्, अत इत्वं, पृषोदरादित्वात् साधुः। शर्कराविशेष, मिसरी।

मत्स्यण्डी (सं० स्त्री०) खण्डविकार, मिसरी। यह वैद्यकमें स्निग्ध, धातुवर्द्धक, मुखप्रिय, वलकारक, दस्तावर, हलकी, तृप्तिकारी, सब प्रकारके रोगोंको शान्त-करनेवाली और रक्त पित्तको नष्ट करनेवाली मानी गई है।

मत्स्यतत्त्व—जलजप्राणिविशेष मत्स्य नामसे प्रसिद्ध हैं, जिसके द्वारा इन प्राणियोंका तत्त्व जाना जाता है, उसे मत्स्यतत्त्व कहते हैं। पाश्चात्य प्राणितत्त्वविदोंके मतसे मत्स्य Pisces श्रेणीके अन्तर्भुक्त है। बोलचालमें इसे मछली कहते हैं। मत्स्य ही जगत्का आदि जीव माना गया है। पुराणमें लिखा है, कि स्वयं भगवान् नारायण मीनरूपमें इस धराधाममें पहले पहल अवतीर्ण हुए थे। मीनरूपमें भगवान्ने पहले पहल अवतार लिया था, इस कारण मीनको जगत्का आदि जीव कहनेमें जरा भी संदेह नहीं होता। क्योंकि भूतत्त्वकी आलोचना द्वारा जाना गया है, कि पृथ्वीकी प्रथमावस्थामें मत्स्य एकमात्र जीव विद्यमान था। विज्ञानविद्गण उसीको मत्स्ययुग (Age of Fishes)की कल्पना कर गये हैं। सुतरां भगवान्के प्रथमावतारको मीन नामसे उल्लेख करना किसी प्रकार असङ्गत नहीं है। फिर भी विशेष बात यह है, कि उस समय जिन सब मत्स्यजातीय जीवने जन्मग्रहण किया था, वे निःसन्देह जलज अवतार माने जा सकते हैं। वह विराट देह और विशाल आयतन मत्स्य आज भी भूगर्भनिहित अस्थिपञ्जरसे प्रमाणित होता है।

पृथिवी शब्दमें 'इक्थिओसरस' 'प्लिओसेरस' आदि जिन सब वृहदाकार मत्स्यजातीय जीवोंका उल्लेख किया गया है, वह वर्त्तमान युगके वृहदाकार तिमि मत्स्य (Sperm whale वा Physeter Macrocephalus)-की अपेक्षा वहुत वड़ा था। पृथिवी देखो।

अभी कालमाहात्म्यसे मत्स्यजातिकी वहुत अवनति हुई है। पृथिवीके नाना स्थानोंमें अर्थात् लवणमय समुद्र तथा सुमिष्ट जलपूर्ण नदी, ह्रद, तड़ाग वा पुष्करिणी आदिमें विभिन्न आकृति और प्रकृतिके अनेक मत्स्य उत्पन्न हुए हैं। भारतवर्षमें जो सब मत्स्य अधिक संख्यामें पाये जाते हैं, साइबेरिया वा अमेरिकामें उस जातिके मत्स्यका विलकुल अभाव देखा जाता है। अमेरिकामें जो मत्स्य हैं, यूरोपके स्थानविशेषमें उनका चिह्नमात्र भी नहीं है। मत्स्यजातिका ऐसा स्थानविक्षेप (migration) सम्भवतः जलसंयोगवशतः अथवा मत्स्यप्रिय लोगोंके द्वारा ही हुआ होगा। मत्स्यका ऐसा स्वभाव है, कि वे ग्रीष्मकालमें दूसरी जगह जा कर रहना पसन्द करते हैं। फिर Seal, Salmon आदि मत्स्य शीतप्रधान देशमें ही उत्पन्न होते हैं। वे हिम-मण्डलजात जीव कहलाते हैं।

पहले कहा जा चुका है, कि मछलियोंके रहनेके लिये विशेष विशेष स्थान निर्दिष्ट हैं। कोई मछली तड़ागमें, कोई ह्रदमें, कोई नदीमें और कोई समुद्रमें उत्पन्न होती है। दक्षिण-अमेरिकाकी नदीविशेषमें ऐसा एक बाइन मत्स्य पाया जाता है, कि उसे स्पर्श करते ही घोड़ा तक कम्पितकलेवरसे प्राणत्याग करता है। उस स्थानको छोड़ कर पृथ्वीमें और कहीं भी वैसा मत्स्य नहीं देखा जाता। भूमध्यसागरमें चार प्रकारके मत्स्य हैं जिन्हें स्पर्श करते ही शरीर कांप उठता है, किन्तु उनसे प्राण जानेका भय नहीं रहता। हाङ्गर ग्रीष्ममण्डलमें वास करता है, सम वा हिममण्डलमें उसका बिलकुल प्रचार नहीं है। किन्तु सर्प, कुम्भीर आदि जीवोंके लिये स्वतंत्र नियम देखा जाता है। कोई कोई मत्स्य ऋतुभेदमें स्थान परिवर्त्तन करता है। इलिस (Hilsa) वा साड् (Shad) और तपस्वी (Mango-fish) मत्स्य भारत-समुद्रमें वास करता है। केवल अण्ड-प्रसवकालमें ही वे निर्मल सुमिष्टसलिला नदीमें प्रवेश करते हैं तथा अभिमत स्थानमें अंडे दे कर पूर्वतन वासभूमि समुद्रमें लौट आते हैं। उक्त दोनों प्रकारकी मछलियां जब

समुद्रको छोड़ कर अन्य नदीमें जाती हैं, उस समय उनका मांस वहुत स्वादिष्ट होता है। अन्यथा समुद्रके लवणजलमें उनके मांसमें कोई विशेष स्वाद नहीं रहता। इस प्रकार हिमसमुद्रवासी हेरिंग नामकी मछली प्रतिवर्ष एक वार दल बांध कर सममण्डलके समुद्रमें अंडे देने आती है। पीछे प्रसवकार्य शेष कर पुनः स्वस्थानको लौट जाती है। अपरापर बहुतसे मत्स्य इस प्रकार समय समय पर एक स्थानसे दूसरे स्थानको जाते हैं। इस श्रेणीके मत्स्योंका मत्स्यतत्त्वविदोंने Migratory Fish नाम रखा है। एतद्भिन्न एक देशस्थायी वा Non-Migratory नामक एक दूसरी श्रेणीकी मछली देखी जाती है। वे एकमात्र प्रसवकालमें ही सुविधाजनक किसी दूसरे स्थानमें जो वहांसे करीब ही रहता है जाती हैं। साधारणतः पहाड़ी मछलियोंमें यह नियम देखा जाता है। ये अंडे देनेके समय अपेक्षाकृत गहरे जलसे छिछले स्थानमें जाती हैं। अन्तमें वे उपयुक्त स्थानमें अंडे दे कर पुनः अपने पूर्व स्थान गभीर जलमें आती हैं। इस समय मत्स्यजीविगण उन्हें पकड़नेके लिये तेज धारकी ओर जाल फैला रखते हैं। मछलियां निम्नाभिमुखी प्रपातगतिसे आ कर उस जालमें फंस जाती हैं। अंडे देनेके वाद वे सब मछलियां खानेमें स्वादिष्ट नहीं होतीं। उनके मांसमें कोई स्वाद नहीं रहता और वे वहुत ही कृश दिखाई देती हैं।

मत्स्यजातिका वाह्य और आभ्यन्तरिक निदर्शनका लक्ष्य और आलोचना करके मत्स्यवित् पण्डितोंने जो स्थिर किया है, नीचे उसका संक्षिप्त विवरण देते हैं। उन्होंने इस जातिके जीवको जीवसङ्घके अन्तर्गत अस्थ्याधार देह (Vertibrata) जीवमें शामिल किया है। उक्त श्रेणीके मत्स्य (*Pisces*) अण्डज माने गये हैं।

मत्स्योंके मध्य फिर १० विशिष्ट विभाग देखे जाते हैं। यथा—१ निर्हृदयक (Leptocardia) अर्थात् जिनके हृदय नहीं है, वे शोणित और शिरा समूहके सङ्कोचनसे परिचालित होते हैं। इस श्रेणीमें एकमात्र आम्फियक्सस् लान्सिओलेटस जाति देखी जाती है। २ चक्रतुण्डो (Cyecostomata) अर्थात् जिनका मुख चक्रकी तरह मण्डलाकार है। लाम्प्रिजातीय मत्स्य इस श्रेणीमें गिना जा सकता है। ३ क्लोमतुण्डो (Physostomata) अर्थात् जिनका शरीरस्थित वायुक्लोम मुखके साथ संलग्न रहता है। इस जातिके मत्स्योंके डैनेमें अस्थि शलाका नहीं रहती अथवा पृष्ठके परके अग्रभागमें सिर्फ एक शलाका रहती है। ४ निःशलाक (Anacanthena) अर्थात् जिनके डैनेमें शलाका रहती ही नहीं तथा वायुक्लोम भी मुखके साथ संलग्न नहीं रहता, अपर गलेकी अस्थि पृथक् रहती है। ५ संकलसकण्ठास्थिक (Pharyngognatha) अर्थात् जिनके गलेकी हड्डियां एकत्र संलग्न हो कर एक खण्ड हो जाती हैं। ६ कण्टकपक्षक (Acanthoptera) अर्थात् जिनके डैनेके पुरोभागमें एक वा उससे अधिक अस्थिशलाका रहती है। इनके गलेकी हड्डियां अलग अलग रहती हैं कभी भी एकत्र संकलस नहीं होतीं एवं ऊपरके गलफड़े संचालित हो सकते हैं इस श्रेणीके सभी मत्स्योंके वायुक्लोम नहीं होते। किसी किसीमें वायुक्लोम देखा जाता है। ७ गुच्छित-कर्णकूपक (Lophobranchiata) अर्थात् जिनके कर्णकूपकी सभी शलाकाएं गुच्छेमें फैली रहती हैं। इनके कर्णकूपका आवरण बड़ा होता है, किन्तु वह चमड़ेसे इस प्रकार ढंका रहता है, कि उसमेंसे जल निकलनेके लिये सिर्फ एक छोटा छेद अवशिष्ट रहता है। ८ अचलोर्द्ध माड़िक (Plectognatha) अर्थात् जिनके ऊपरके गलफड़े मस्तकके साथ इस प्रकार संलग्न रहते, कि वे किसी तरह नहीं हिलते डोलते। इस श्रेणीके मत्स्यका मस्तक अस्थिमण्डित रहता है, किन्तु शरीरके अधिकांश स्थानोंमें उपास्थि (छोटी छोटी हड्डियां) हैं। ९ उपास्थि-वहुल (Selachia) अर्थात् जिनकी देहका अधिकांश उपास्थिमय है, वह अति सूक्ष्म शल्क वा केवल चमड़ेसे आवृत रहती है। १० चिक्कणशल्की (Ganoidae) और अस्थिमय है।

एतद्भिन्न मत्स्य नामसे प्रसिद्ध जीवोंके अन्तर्गत कितने जलज जीव मत्स्यजातिमें गिने जाते हैं। इसमेंसे झींगा मछली ही प्रधान है। समुद्रज कटलफिस (Cuttle fish) नामधारी मत्स्यजाति त्वगा-

धारदेह (Mollusca) जीव श्रेणीके अन्तर्गत हैं। ये सब शिरःपदी (Cephalopoda) अर्थात् मस्तक-संलग्न पद तथा एक कोष्ठोके हैं; इन सब जीवोंकी देह एक कोष्ठविशिष्ट चूर्णमय आधारसे परिपूर्ण है। ये जलमें रह कर मेघकी तरह धूम उगलती हैं और पीछे आप उसमें छिप रहती हैं। प्रशान्त महासागरमें इस जातिकी मछलियोंका वास है। ये कभी कभी समुद्रपृष्ठसे इतना ऊंचा ऊपर उठती हैं, कि जहाजके डेक पर आ गिरती हैं। इनके शरीरसे Sepia नामक एक प्रकारका रङ्ग निकलता है जो चित्रकर्म (Water-colour paintings) में व्यवहृत होता है।

अंशुशिराल्देह (Radiate) जीवोंके मध्य कण्टक-देही (Echinodermata) अर्थात् जिनके शरीर पर कांटे रहते हैं, ष्टार फिस (Star fish) मत्स्य जातिमें गिनी जाती है। इस तारक मत्स्यश्रेणीका Uraster violaceus देखनेमें बैंगनी रंगका होता है। एतद्भिन्न इस श्रेणीमें Goniaster equestris, Astropecten spinulosus और Astrophyton verrucosum आदि कई प्रकारके प्रभेद देखे जाते हैं। इनमेंसे प्रथमोक्त दो जाति पञ्चपलयुक्त तारकाकृति तथा शेषोक्त भी पञ्चपलयुक्त होती हैं। इनके शरीरके ऊपर कांटेकी तरह रोंगटे खड़े होते हैं जिन्हें एक बार काटने पर फिर निकल पड़ते हैं। कभी कभी कटा हुआ एक पल फिर बढ़ कर ऐसा लम्बा हो जाता है, कि वह एक धूमकेतुके जैसा दीखता है। क्योंकि उसका एक पल लम्बमान पुच्छाकारमें परिणत और दूसरा चार पल समभावमें रहता है। अंडेसे ही इनके बच्चे पैदा होते हैं। जाति भेदसे लाल वा जर्द अंडे देखे जाते हैं। गर्भिणी अपने शरीरके भीतर एक गड्ढेके मध्य अंडे देती हैं। जहां अंडे रहते हैं वह स्थान कुल गोलाकारमें शरीरसे उठा रहता है। सिर्फ ग्यारह दिन गर्भभार सह कर गर्भिणी अंडे देती हैं। बच्चे अण्डेको फोड़ कर जब बाहर निकलते हैं, तब उनकी आकृति विभिन्न रहती है। पीछे वे पितामाताकी आकृतिको प्राप्त होते हैं। इनका मांस विषाक्त होता है।

पहले ही कहा जा चुका है, कि मत्स्य अस्थ्याधारदेह जीवश्रेणीके अन्तर्भुक्त हैं। समस्त अस्थियोंके मध्य मत्स्यका मेरुदण्ड ही प्रधान है। वह मेरुदण्ड बहुत सी छोटी छोटी हड्डियोंका बना हुआ रहता है। मनुष्यके मेरुदण्डकी तरह यह भी Spinal chord द्वारा इस प्रकार दृढ़संबद्ध है, कि मत्स्यगण इच्छानुसार अपने शरीरको वक्र कर सकते हैं और उससे शरीरमें कोई हानि नहीं पहुंचती। इस दण्डके मध्य और पृष्ठमें मज्जा रहनेके कारण जीवदेहमें चेतनाशक्तिका संचार होता है। दण्डके एकाग्रमें करोटी संस्थापित है, वही ज्ञानेन्द्रिय मस्तिष्कका आधार है। वह मस्तिष्क मनुष्यके शरीरमें अपेक्षाकृत बहुत और मत्स्यादि जीवमें थोड़ा होता है। मस्तिष्कके परिमाणानुसार जीवदेहमें ज्ञानका वैषम्य हुआ करता है। मेरुदण्डका अपरांश क्रमशः सूक्ष्म हो कर लांगूलरूपमें परिणत होता है। मनुष्यदेहमें भी वह सूक्ष्माग्र है, किन्तु वह देहके मध्य ही आवृत है। किसी किसी जलज जीवकी पूंछ ही एकमात्र गातका उपाय है। पूंछके नहीं रहनेसे वे किसी प्रकार जीवननिर्वाह नहीं कर सकते थे। तिमि नामक समुद्रज मत्स्य ही उसका प्रकृष्ट निदर्शन है। अन्यान्य मत्स्योंके तैरने आदिके लिये पूंछके बदलेमें डैने होते हैं, किन्तु इस स्थूलदेही तिमि मत्स्यकी पूंछ ही एकमात्र जीवनाधार है।

अवस्थ्याधार-जीवदेहके साधारणतः मध्यभागमें अस्थि, अस्थिके ऊपर मांस, मांसके ऊपर त्वक् और त्वक्के ऊपर केश, लोम, शल्क वा पक्षावरण रहते हैं। मत्स्यजातिका शल्क ही प्रधान आवरण है; किन्तु किसी किसी मत्स्यमें उस नियमका भी व्यतिक्रम देखा जाता है। मछलीके दांत और दाढ़ होती हैं। किसी किसी निकृष्ट मछलीके दाढ़ नहीं होती, किन्तु दांत होते हैं।

मछलियां जलचर हैं। वे जलमें रह कर फुसफुस द्वारा श्वासकर्ममें अनायाससे निर्वाह नहीं कर सकती हैं, इस कारण विधाताने उन्हें फुसफुसके बदलेमें एक दूसरा यन्त्र दिया है। उस यन्त्रका नाम है कर्णकूपी। उस यन्त्रके द्वारा वे समुद्रमें भी आसानीसे श्वास आदि ले सकती हैं। इस कारण वे वायुपूर्ण जलको मुखमें ले कर कर्णकूपीके मध्य हो कर संचालित कर देती हैं

इसीसे उनका श्वासग्रहण कार्य सुसम्पन्न होता है। मछलियां वायुके आक्सिजन (Oxygen) द्वारा ही जीती हैं, यदि उन्हें आक्सिजन न मिले तो वे क्षण भर भी नहीं ठहर सकतीं। कोई मछली ऐसी भी है जो वायुमिश्रित जलका आक्सिजन ग्रहण करती है और कोई जलसे ऊपर उठ कर श्वास लेती है। इससे उनके शरीरमें जो आक्सिजन प्रविष्ट होता है, उससे ये स्वच्छन्दतापूर्वक प्राणधारण कर सकती हैं। एतद्भिन्न कोई कोई मछली जलके ऊपर बहती हुई आक्सिजन ग्रहण करती है। उनके पृष्ठ, शल्क और त्वक् जगत्कर्त्ता द्वारा इस प्रकार बनाये गये हैं, कि उन्हींसे वे यथेष्ट परिमाणमें आक्सिजन ग्रहण कर सकती हैं।

यथार्थमें मत्स्यजातिको जलग्राहक (Water breathers) कहते हैं। किन्तु उस जलमें ओतप्रोतभावसे आक्सिजन मिला रहता है। वे जलग्रहण कर जलसे आक्सिजनमात्र ग्रहण करती हैं, अवशिष्ट जल कान हो कर वह जाता है। ऐसा नहीं होनेसे Cyprininae और Siluridae श्रेणीकी मछली जो कभी भी गभीर जलको छोड़ कर ऊपरकी ओर नहीं उठती, प्राणधारण नहीं कर सकती थी। इस श्रेणीकी एक एक मछलीको कांचके गोल बरतनमें रख कर परीक्षा की गई है। मछली रखनेके बाद पात्रस्थ जलके ऊपरी तलसे कुछ नीचे एक सूक्ष्मपटहको (diaphram) दृढभावमें आबद्ध करने पर भी नीचेकी मछली वायुस्पृष्ट जलतलके आक्सिजनके बिना जीवनधारण कर सकती है, पर उनके गलफड़े (gills)-को यदि किसी तरह सूक्ष्म अथच दृढ़ रज्जु द्वाराबांध दिया जाय, तो वह क्षण भर भी श्वास नहीं ले सकती हैं और मर जाती हैं।

कुछ मछली ऐसी भी है जो जल सेवनकालमें वायुग्रहण करने पर भी कीचड़के जलसे उनके जीवनमें जरा भी हानि नहीं पहुंचती। मंगुरी, गरई, गैंची आदि मछलियां कीचड़में अच्छी तरह रह सकती हैं। ऐसा देखा गया है, कि पुष्करिणीका सभी जल धूपसे सूख कर कीचड़की परत पर पपड़ी पड़ गई है। किन्तु उस पपड़ीके निम्नस्थ कीचड़में गड्ढा बना कर शृङ्गी, मंगुरी आदि मछलियां अपने मुखमेंसे निकली हुई रालके मध्य सुखपूर्वक पड़ी हुई हैं। ये बिना आक्सिजनके बहुत दिन जीवित रह सकती हैं। उन्हें जलसे आक्सिजन लेनेकी जरूरत नहीं पड़ती, वे आवश्यकतानुसार शून्यसे वायुग्रहण करती हैं। एक कांचके बरतनमें वा छोटे चहवच्चेमें टेंगरा और मँगुरी मछलीको रख कर श्वासक्रियाकी पृथकताका जब लक्ष्य किया गया तब देखा गया, कि टेंगरा मछली अपने गलफड़ेसे जलगर्भस्थ वायु ग्रहण करती है और मँगुरी स्वेच्छावशतः निश्चेष्ट पड़ी हुई है। वह बीच बीचमें ऊपरकी ओर उठ कर बुद्बुदाकारमें अपने शरीरकी वाष्पको विकीर्ण कर पुनः शून्यदेशसे नूतन आक्सिजन वायु लेती हुई नीचेकी ओर जाती है।

साधारणतः मीठे जलमें जो मछली उत्पन्न होती है वही खाने लायक है। स्थानभेदसे मत्स्यादिकी आकृतिमें भी वैलक्षण्य देखा जाता है। सिंहल, दक्षिण-भारत और सिन्धुप्रदेशमें कहीं कहीं लोग मछली जलाशय आदिसे पकड़ लाते और तब खाते हैं, मरी हुई मछली नहीं खाते। इन सब मछलियोंमें रोहित, मँगुरी और शिंगी मछली उत्कृष्ट और बलकारक है। रोगीको पुष्टिके लिये इसके जूसका सेवन कराया जाता है। शृङ्गी मछली दीर्घजीवी है। कहते हैं, कि उसकी पूंछ काट डालने पर भी वह नहीं मरती।

समुद्रके लवणजलमें भी कुछ मछलियां पाई जाती हैं, पर उनका मांस उतना स्वादिष्ट नहीं होता। अलावा इसके समुद्रमें और भी अनेक प्रकारकी मछली रहती है जिनके विषयकी आलोचना करनेसे आश्चर्यान्वित होना पड़ता है। इनमेंसे लाल मछली, उड़नेवाली मछली ही उल्लेखयोग्य है।

समुद्रगर्भमें जो उड़नेवाली मछली है, उसे बहुतेरे जानते होंगे। वह मछली जलमें स्वच्छन्दपूर्वक तैर सकती है, किन्तु कभी कभी बलवान् जलज जीव कर्तृक आक्रान्त होने पर वह आततायीके हाथसे रक्षा पानेके लिये जलसे उछल कर शून्यमार्गमें पक्षी आदिकी तरह विचरण करती है। जब तक उसके डैने भिंगे रहते हैं तभी तक वह शून्यमार्गमें ठहर सकती है। धूप और वायुसे जब डैनेका जल सूख जाता है, तब डैनेमें उड़नेकी

शक्ति नहीं रहती और वह फिर जलमें गिर पड़ती है।

इस उड़नेवाली मत्स्य जातिको अंगरेजीमें Sea- [illegible] कहते हैं। इनके भी फिर तीन भिन्न भिन्न थोक हैं। Trigla gurnardus—इनका मुखविवर बाघके जैसा होता है। कंधेके दोनों पार्श्वमें स्पञ्जके समान तेज धारवाली छोटी छोटी हड्डियां लगी रहती हैं। इनके Pectoral और Ventral दोनों डैने उड़नेमें सहायता पहुंचाते हैं।

Trigla lucerna—इनके मुखमें एक प्रकारका ज्वलीय पदार्थ रहता है। रातको जब ये मुख खोले रहते हैं उस समय उस आलोकको देखते ही जलज कीटादि उस ओर आते और उनके मुंहमें फंस जाते हैं। रातको जलका परित्याग कर जब ये शून्य मार्गमें विचरण करते हैं, तब दूरसे वह मुखालोक उल्का (Shooting stars) की तरह मालूम होता है।

Pegasus volans—वा ड्रागणमुखी उड़नेवाली मछली। इनका प्रत्येक अङ्गप्रत्यङ्ग ग्रीक-पुराणोक्त ड्रागण (Dragon) नामक जीवके जैसा है। अंगरेजीमें इसे Flying-horse कहते हैं।

एतद्भिन्न स्थानविशेषमें और भी कई प्रकारकी अद्भुत मत्स्यजातिका निदर्शन पाया जाता है। उनके गठन और कार्यादि साधारण मत्स्यजातिसे बहुत विभिन्न हैं। ये सभी हिंस्र जन्तुकी तरह शिकार पकड़ कर अपना पेट भरते हैं। हा[illegible]दिकी तरह इनकी समुद्रज हिंस्र प्राणिमें गिनती है। नीचे दृष्टान्तस्वरूप थोड़े के नाम उद्धृत किये गये हैं :—

१। मध्य-अमेरिका जात 'हसर' (Doras costata) मत्स्य। जलाभाव होने पर यह उत्तप्त सूर्यरश्मिमें भी बहुत दिन जी सकता है। कभी कभी जलकी तलाशमें यह डैनेका सहायतासे जमीन पर घूमता है और निकटवर्त्ती किसी स्थानमें जल नहीं पानेसे गीली मट्टीमें गड्ढा बना कर रहता है।

२। रेमोरा वा Sucking fish—इसके शिरकी खोपड़ी पर एक थालके जैसा चिपटा चक्र रहता है। उस चक्रके मध्य एक मेरुदण्ड और कुछ पञ्जरवत् अस्थि देखी जाती हैं। वह चक्र ऐसे कौशलसे बना हुआ है, कि वह किसी जहाज वा वृहत् मत्स्यके तलदेशमें अटकाया जा सकता है। जब वे शिकारको निकलते हैं, तब उक्त प्रकारसे अपने शरीरको दूसरेके शरीरमें लगा कर निरापदसे चलते हैं। प्राचीन लोगोंका विश्वास है, कि यह रेमोरा मत्स्य पहले अपने मस्तक पर जहाजको अटकाये रखता था। प्लिनिका वृत्तान्त पढ़नेसे पता लगता है, कि एकटियमके युद्धमें आराटोनीके जंगी-जहाजको रेमोरा मत्स्यने रोक रखा था जिससे अगष्टसकी जीत हुई थी। उन्होंने और भी कहा है, कि समुद्रगर्भस्थ अत्याश्चर्य सभी विषयोंमें यही मत्स्य प्रधानतम है। यदि किसी तरह यह जहाजको अटका रखे, तो तूफान आदि उसका कुछ भी अनिष्ट नहीं कर सकता है।

३। रे (Ray) मत्स्य—यह शैवालके मध्य छिपा रहता है और शिकारको नजदीकमें पानेसे उस पर झटसे चढ़ बैठता और निगल जाता है।

४। एपिवुलस (Epibulus)—यह भी छिपे हुए स्थानमें रह कर शिकारकी वाट जोहता है। मछलीके छोटे बच्चे को देखते ही पकड़ कर खा जाता है।

५। एङ्गलर (Angler)—इनके ओष्ठाग्रमें कुछ कड़ी कड़ी मूंछें निकली रहती हैं। उन मूंछोंके अग्रभागमें बहुत छोटा मांसपिण्ड रहता है। यह भी छोटी छोटी मछलीको पकड़ कर खाता है।

६। स्कार्पिणा (Scorpaena)—यह बड़ा ही क्रूर होता है। यहां तक कि, अपनेसे २० गुणा बड़े मत्स्यको भी चीर डालता है।

७। चेलमन (Chelmons)—यह कीड़े मकोड़ेको खा कर अपना पेट भरता है। जलके ऊपर पत्र वा शाखाओं पर बैठे हुए पतंग आदिको देखनेसे ही वह अपनी नलाकार सूक्ष्म नाकको आगे बढ़ाता और उस पतंगको खींच लाता है।

८। आर्चरमत्स्य (Archer-Fish)—यह भी उसी प्रकार शिकारसे अपना जीवन धारण करता है। यवद्वीपके निकट साधारणतः इस जातिका मत्स्य देखनेमें आता है।

फिर भी कितने मत्स्य ऐसे हैं जो स्वभावतः निरीह

होते हैं। जगदीश्वरने उनकी रक्षाके लिये शरीरमें कांटे, खड्ग आदि यथास्थानमें सन्निवेशित किये हैं। कोई कोई मत्स्य ऐसा है जिसके सभी छिलकोंमें कांटे देखे जाते हैं। किसीके डैनेके कांटेका अग्रभाग इतना तेज होता है, कि असावधानवशतः उन्हें हाथसे पकड़नेसे हाथ घायल हो जाता है।

समुद्रज मत्स्यके मध्य हेरिं, सार्डिन, एङ्कभि, सामन और तुनी मत्स्य यूरोपवासी जनसाधारणके खाद्य हैं। फरासीराज १३वें लुई जब मार्सेल बन्दर देखने आये थे, तब उन्होंने तुनीका मांस बड़ी रुचिसे खाया था। एतद्भिन्न काड (Cod वा Morrhua vulgaris) नामक एक और प्रकारका सामुद्रिक मत्स्य है। इसके यकृतको पीसनेसे एक प्रकारका तेल निकलता है। चिकित्साविज्ञानमें इस तेलको विशेष उपकारी और पुष्टिप्रद बतलाया गया है। श्वास, कास और स्नायविक दुर्बलतामें Cod-liver oil विशेष फलदायक है। काडमत्स्यके यकृतको पीसनेसे पहले जो तेल निकलता है, वही औषधार्थमें व्यवहृत होता है। दूसरी बारका निकाला हुआ तेल काला होता और रोशनी जलानेके काममें आता है। यूरोपमें काडमत्स्य और हेरिंग-मत्स्य पकड़नेके लिये विस्तृत कारबार है। न्युफाउण्डलैण्डवासी काडमत्स्यको पकड़ कर पहले उसके पेटको फाड़ डालते है, पीछे यकृत् निकाल कर उसे एक बरतनमें रखते हैं। बादमें उसका मेरुदण्ड काट कर दोनों पार्श्वके मांसको बांसकी पट्टियों पर रख कर सुखाते हैं। अनन्तर उसे बाजारमें अधिक मोल पर बेचते हैं। हेरिं मत्स्यको भी उसी प्रकार जहाज पर रखनेके बाद चीर फाड़ डालते हैं। पीछे पित्तादि निकृष्ट अंशको अलग कर अवशिष्ट मत्स्यको लवणसे ढके रखते हैं। कभी कभी वह मत्स्य धूएंमें सिक्त कर (Smoked) रखा जाता है। हेरिं मत्स्यको सिद्ध कर जो तेल निकालते हैं, उसे परिष्कार करनेके बाद बाजारमें बेचते हैं। तेल निकालनेके बाद कड़ाहमें जो अवशिष्ट मांसपिण्ड (tangrum) रहता है, वह भूमिमें खाद देनेके लिये व्यवहृत होता है।

एतद्भिन्न बृहदाकार मत्स्यके मध्य डलफिन (Dolphin) जनसाधारणका आदरणीय है। इङ्गलैण्डराज ३य, ५म और ७म हेनरी तथा रानी एलिजावेथ इनके मांसको बहुत पसन्द करती थीं। उत्तर-महासागरमें नरहाल (Norwhal) नामक तिमिमत्स्यकी तरह एक प्रकारका मत्स्य है। इसके ऊपरवाले होठमें गैंड़ेकी तरह दो खड्ग देखे जाते हैं। वह कमसे कम ३० फुट लम्बा होता है। पहले हस्ति-दन्तके समान श्वेतवर्णके इस दन्तको unicorn नामक अद्भुत जीवके कपाल पर सजाते थे।

हिममण्डलके बरफावृत समुद्रजलमें सील (Seal) नामक एक प्रकारका जीव देखनेमें आता है जो बहुत कुछ चतुष्पद पशुके समान होता है। मत्स्य, कर्कट आदि जलज जीव इसके एकमात्र आहार्य हैं। ये बहुत देर तक जलमें रह कर और देर तक वायु सेवन करके दिन बिताते हैं। इसी कारण इनकी गिनती मत्स्य-श्रेणीमें की गई है। इनके चार डैने होते, शरीर कठिन और बहुत रोओंसे ढका रहता है। जनसाधारण इनका मांस खाते हैं और चमड़ेसे पहननेके कपड़े और जूते बनाते हैं। सीलके चमड़ेसे एक अंगरखा बनानेमें हजारसे ज्यादा रुपया लगता है। कारण अङ्गरखेके उपयोगी सीलमत्स्य प्रायः मिलता ही नहीं। धीवरगण इस सीलजातिको सामुद्रिक व्याघ्र वा गो-वत्स (Sea-Wolf वा Sea-calf) कहते हैं।

मत्स्यगण साधारणतः जलमेंके छोटे छोटे कीड़े मकोड़े, मत्स्य, शैवाल आदि खाकर जीविकानिर्वाह करते हैं। गर्भिणी अण्डे देनेके समय नर-मत्स्यके पीछे पीछे चलती है और ज्यों ही दो एक अंडे गर्भस्थानसे बाहर निकलते हैं त्यों ही नर-मत्स्य उन्हें निगल जाते हैं। इस कारण मादा स्वभावतः अंडे देनेके समय नर मत्स्यका साथ छोड़ कर वैसे जलाशयमें चली जाती हैं जहां बड़े बड़े मत्स्यका रहना सम्भव नहीं है। वहां अंडे दे कर वह फिर अपने पूर्वजलाशयको लौट आती है। अंडे धूप और वायुके तापसे धीरे धीरे अपने आकारमें पलट जाते हैं। उन अण्डोंके बच्चोंकी रक्षा करनेके लिये धीवर तथा चीन-देशवासी मत्स्य व्यवसायिगण विभिन्न उपायका अवलम्बन करते हैं।

बङ्गालके धीवरोंकी तरह चीनवासिगण नदीतीरसे अण्डोंको ला कर उसे फोड़नेकी कोशिश करते हैं। पीछे जब वे फूटने पर आते हैं तब उन्हें बाजारमें ले जा कर बेचते हैं । चीनदेशके धीवरोंमें भी मत्स्य-डिम्ब बेचनेका व्यवसाय चलता है। वे नदीके किनारे वा जल-के ऊपरी भागसे सद्यःप्रसूत गोंदके समान डिम्बको संग्रह कर नदी पार्श्ववर्त्ती किसी गड्ढेमें रख देते हैं। दूसरे मत्स्य आ कर उन्हें नष्ट न कर दे, इस भयसे गड्ढेका मुंह बंद कर देते हैं। चीन-वासियोंका डिम्ब-रक्षण वा पालन-प्रथा स्वतन्त्र है। वे हंस, मुर्गी आदि पक्षि-डिम्बको छेद कर उसके भीतरकी राल और कुसुमको निकाल कर फेंक डालते हैं। पीछे उसके मध्य सद्यःप्रसूत गोंदके समान मत्स्यडिम्ब भर कर छिद्र-पथको बंद कर देते हैं। अनन्तर उसे मुर्गी वा हंसके रहनेके स्थानमें सेवनेके लिये रख आते हैं। इस प्रकार अंडेमेंके डिम्ब कुछ दिन बाद उत्तप्त हो जाने पर वे उस अंडेको सूर्योत्तापित पात्रजलमें फोड़ देते हैं। ऐसा करनेसे बच्चे बाहर निकल पड़ते हैं। जब तक वे बच्चे जलाशयमें फेंकने लायक नहीं होते तब तक उसी पात्रमें रहने देते हैं।

हिन्दूलोग मत्स्यको एक पवित्र जीव मानते हैं। स्वयं भगवान्‌ने मत्स्यरूपमें अवतार लिया था। मत्स्या-वतारमें उन्होंने पृथ्वीका भार हरण करके मनुरूपी मनुष्यको महाप्रलयकालमें रक्षा की थी। बहुतोंका विश्वास है, कि भगवान्‌ने उस समय शृङ्गि-मत्स्यका रूप धारण किया था। इस प्रकार बहुतसे धर्मप्राण हिन्दू शृङ्गि-मत्स्य,नहीं खाते। श्राद्धादि प्रेतकर्ममें भी मत्स्यो-त्सर्गकी व्यवस्था देखी जाती है। एतद्भिन्न सभी प्रकार-को शक्तिपूजामें मत्स्यभोगका विधान है। कहीं कहीं देवोद्देशसे अथवा ब्राह्मणको मत्स्यपूर्ण पुष्करिणीदान प्रकल्पित हुआ है। कोटा-राज्यमें कन्हाई (श्रीकृष्ण)-के उद्देशसे प्रदत्त इस प्रकारकी कई पुष्करिणीकी कथा महात्मा टाडके उपाख्यानमें लिखी है। प्रायः सभी प्रकारके शुभ कर्मोंमें माङ्गलिक-निदर्शन-स्वरूप मत्स्य और दधि दिया जाता है। यात्राकालमें मत्स्यदर्शन शुभफल-प्रद माना गया है।

बहुतोंने मत्स्यवृष्टिका हाल सुना होगा। कई बार वृष्टिपतनकालमें इस प्रकारका मत्स्यपात हो गया है। १८२४ ई०में भारत-साम्राज्ञीके १४वें संख्यक सेना दलमें कूचके समय मत्स्यवृष्टि हुई थी। १८२६ ई०के जुलाई मासमे मुरादाबादमें भीषण तूफानके समय मत्स्य-पात हुआ था। १८३० ई०की १९वीं फरवरीको ढाका जिले-की नकुलहाटा कोठीमें सामान्य वृष्टिके साथ साथ मृत-मत्स्य गिरा था। १८५३ ई०की १६वीं और १७वीं मईको फतेपुर जिलेमें यमुनासे एक कोस दूर मत्स्यपात हुआ। इस समय डेढ़ सेर वजनका एक एक मत्स्य गिरा था। १८३५ ई०के मई मासमें इलाहाबाद नगरमें तथा १८३९ ई०के २०वीं सितम्बरको कलकत्तासे १० कोस दक्षिण सुन्दरवनमें मत्स्यवृष्टि हुई थी। १८५० ई०-की २५वीं जुलाईको काठियावाड़के अन्तर्गत राजकोट नगरमें भीषण तूफान और वृष्टिके समय तथा १८५२ ई०-की ३री अगस्तको पूना शहरके सेना-निवासमें मत्स्य-पात हुआ था। एतद्भिन्न ५० वर्ष पहले कलकत्तेके उत्तरवर्त्ती वराहनगर अञ्चलमें और सिंहलद्वीपके कलम्बो दुर्गके समीप मत्स्यवृष्टि हुई थी।*

वैदेशिक वाणिज्यके अलावा मछलीसे देशका एक और भी भारी उपकार होता है। इससे जमीनकी उत्तम खाद बनती है जिससे जमीन बहुत उपजाऊ होती है। झींगा मछलीके छिलके और मिट्टीको मिला कर गाड़ रखनेसे उत्तम खाद तैयार होती है। छोटी इलायची, लवङ्ग, दारचीनी आदि गरम मसालेकी खेतीमें मछलीकी खाद आवश्यक है। चीनवासिगण फूलके बगीचोंमें मछलीकी खादसे वृक्षोंको मजबूत और हरा भरा रखते हैं।

अतल समुद्रगर्भसे ले कर हिमालयके उच्च वृक्ष पर्य्यन्त पृथ्वीके सभी स्थानोंमें मछली पाई जाती है। तिब्बत देशके १४ हजार फुट ऊंचे परके ह्रदादिमें भी मछलीका अभाव नहीं है। यह सुदूर विस्तृत मत्स्यजाति भिन्न भिन्न स्थानमें भिन्न भिन्न नामसे पुकारी जाती है,—संस्कृत—मत्स्य, मीन; हिन्दी—मछली, बङ्गला—माछ; तलगू—छपु; तालिम—मीन; अंगरेजी—Fish

---

*Sir J. E. Tennant's Sketches, p. 942-4

दिनेमार और स्वीस--Fisk, जर्मन—*Fisch*, फरासी—*Poisson*; ओलन्दाज—Visschen, ग्रीक—Ichthus, हिब्रु—Dag; इटाली--*Pesce*; लाटिन—*Pisces*; पोलिश—Rybi; पुर्त्तगीज—*Piexes*, रूसिया—Rub; स्पेन--*Pescados*; अरव—समकत्, पारस्य--महि; ब्रह्म—अन्-ग्ना; मलय—इकन् इत्यादि।

मत्स्यद्वादशी (सं० स्त्री०) अगहनसुदी द्वादशी। इस दिन मछली खाना एकदम निषिद्ध है।

मत्स्यद्वीप (सं० पु०) मत्स्यप्रधानो द्वीपः शाकपार्थिवादित्वात् समासः। पुराणानुसार एक द्वीपका नाम।

मत्स्यधानी (सं० स्त्री०) मत्स्या धीयन्ते यत्रेति मत्स्य-धाञ्-ल्युट् ङीप्। मछली रखनेका बरतन।

मत्स्यनाथ (सं० पु०) मत्स्येन्द्रनाथ। मत्स्येन्द देखो।

मत्स्यनारी (सं० स्त्री०) १ सत्यवतीका एक नाम। २ आधी मछली और आधी आकृतिकी नारीमूर्त्ति।

मत्स्यनाशक (सं० पु०) १ कुरर पक्षी, करांकुल। (त्रि०) २ मछली पकड़नेवाला।

मत्स्यनाशन (सं० पु०) कुरर पक्षी, करांकुल।

मस्यनी (हिं० स्त्री०) पांच प्रकारकी सीमाओंमेंसे एक सीमा। यह नदी या जलाशय आदिके द्वारा निर्धारित होती है।

मत्स्यपित्त (सं० क्ली०) मत्स्यस्य पित्तम्। मछलीका पित्त।

मत्स्यपित्ता (सं० स्त्री०) कटुरोहिनी, कटकी।

मत्स्यपुटपाक (सं० पु०) पुट द्वारा मछली पकानेका एक भेद।

मत्स्यपुराण (सं० क्ली०) अठारह महापुराणोंमेंसे एक पुराण। विशेष विवरण पुराण शब्दमें देखो।

मत्स्यबन्ध (सं० पु०) मीनघातक, धीवर।

मत्स्यबन्धक (सं० त्रि०) मत्स्यान् बध्नाति बन्ध ण्वुल्। १ धीवर। (पु०) २ सङ्कर जातिभेद, धीवरकी जाति।

मत्स्यबन्धन (सं० पु०) मछली पकड़नेकी वंशी।

मत्स्यबन्धिन् (सं० पु०) मत्स्यान् बद्धुं धर्त्तुं शीलमस्य मत्स्यबन्ध इनि। धीवर-जाति, मछुआ।

मत्स्यबन्धिनी (सं० स्त्री०) मत्स्यबन्धिन् स्त्रियां ङीप्। १ मत्स्यधानी। २ धीवरकी स्त्री।

मत्स्यमुद्रा (सं० स्त्री०) सभी पूजाओंमें होनेवाली तान्त्रिकोंकी एक मुद्रा। इसमें दाहिने हाथके पिछले भाग पर बाएं हाथकी हथेली रख कर अंगूठा हिलाते हैं। यह मुद्रा अभीष्ट सिद्ध करनेवाली मानी जाती है। इसे कूर्म मुद्रा भी कहते हैं।

मत्स्यरङ्क (सं० पु०) मत्स्यरङ्ग पृषोदरादित्वात् साधुः। मत्स्य रंग पक्षी।

मत्स्यरङ्ग (सं० पु०) मत्स्यान रङ्गति भक्षणाथ तत् समीपं गच्छतीति मत्स्य-रगि अच्। एक प्रकारका पक्षी।

मत्स्यराज (सं० पु०) मत्स्येषु राजा श्रेष्ठः, समासान्तष्टच्। १ रोहित मत्स्य, रोहू मछली। २ विराटराज।

मत्स्यविट्ट (सं० त्रि०) १ कटकी। (पु०) २ मत्स्यतत्त्वविट्ट।

मत्स्यवेधन (सं० पु०) मत्स्यो विध्यतेऽनेनेति मत्स्य-विध करणे ल्युट्, मत्स्यानां वेधनमिति वा। मछली पकड़नेकी वंशी।

मत्स्यवेधनी (सं० स्त्री०) मत्स्यवेधन-ङीप्। २ मद्गुपक्षी। २ वड़िश, मछली फंसानेकी वंशी।

मत्स्यशकल (सं० क्ली०) मछलीका चमड़ा।

मत्स्यसंघात (सं० पु०) मछलीकी झांक।

मत्स्यसगन्धी (सं० त्रि०) मत्स्यगन्धयुक्त।

मत्स्यसन्तानिक (सं० पु०) मत्स्यानां सन्तानिकोऽत्र। मत्स्यव्यञ्जनविशेष। मछलीमें लवण, अदरखका रस और वेशन आदि मिला कर कड़ुए तेलके साथ आगमें पका कर यह बनाया जाता है।

मत्स्यसूक्त (सं० क्ली०) एक प्रसिद्ध तान्त्रिक ग्रन्थ। किसी किसीके मतसे यह ग्रन्थ हलायुधका रचा है किन्तु ग्रन्थमें उसका कुछ भी आभास नहीं मिलता।

मत्स्यहन (सं० पु०) मत्स्यं हन्ति हन-क्विप्। मत्स्यहन्ता, धीवर।

मत्स्या (सं० स्त्री०) कटुकी।

मत्स्याक्षक (सं० पु०) सोमलता।

मत्स्याक्षी (सं० स्त्री०) मत्स्यानां अक्षीणीव अक्षीणि पुष्परूपाणि चक्षूंषि यस्याः। मत्स्याक्षि (बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णोः

न्यायान् पच् । पा ४।४।३३ । इति पच् ङीप् च । १ ब्राह्मी बूटी । २ सोमलता । ३ गाडर दूब । ४ मत्स्यादनी, जलपीपल ।

मत्स्याङ्गी (सं० स्त्री०) मत्स्यानां अङ्गमिव अङ्गं यस्याः । हिलमोचिका ।

मत्स्याद (सं० पु०) मत्स्यं अत्ति अद्-घञ् । मत्स्य-भक्षक, मछली खानेवाला ।

मत्स्यादनी (सं० स्त्री०) मत्स्यैरद्यते इति मत्स्य-अद्-ल्युट्, गौरादित्वात् ङीप् । १ जलपिप्पली, जलपीपल । २ मत्स्याक्षी ।

मत्स्यावतार (सं० पु०) मत्स्यरूपी भगवान्‌का एक अवतार । मत्स्य शब्द देखो ।

मत्स्याशन (सं० पु०) मत्स्यान् अश्नातीति मत्स्य-अश ल्यु । १ मत्स्यरंग पक्षी । (त्रि०) २ मत्स्यभक्षक, मछली खानेवाला ।

मत्स्यासन (सं० क्ली०) तान्त्रिकोंके अनुसार योगका एक आसन । (रुद्रयामल)

मत्स्यासुर (सं० पु०) पुराणानुसार एक असुरका नाम ।

मत्स्यी (सं० स्त्री०) स्त्री-जातिकी मछली ।

मत्स्येन्द्रनाथ—एक विख्यात साधु और हठयोगी । ये गोरक्षनाथके गुरु थे । नेपालमें ये पद्म पाणि बोधि-सत्वके अवतार माने जाते हैं । प्रवाद है, कि ८वीं शताब्दीमें ये नेपाल पधारे थे ।

मत्स्येश्वरतीर्थ (सं० क्ली०) तीर्थभेद ।

मत्स्योदरिन् (सं० पु०) विराट, मत्स्यराज ।

मत्स्योदरी (सं० स्त्री०) मत्स्यस्य उदरं उत्पत्तिस्थानं यस्याः; मत्स्य गर्भे जातत्वादस्यास्तथात्वं । १ व्यास माता, सत्यवती, मत्स्यगन्धा । २ काशीस्थित तीर्थविशेष । इस तीर्थका विषय काशीखण्डमें इस प्रकार लिखा है,—गणाधिप और गणनिचयने कैलास-पर्वतसे काशी आ कर काशीके चारों ओर एक शैल-दुर्ग बनवाया । दुर्गके चारों ओर गहरी खाई खोदी गई और उसे मत्स्योदरीके जलसे भर दिया । यह मत्स्योदरी तीर्थ वहिः और अन्तश्चारित्वरूपमें दो भागोंमें बंट गया है । गङ्गाजलके साथ मिलनेके कारण यह तीर्थ पवित्र है । अन्तःसलिला हो कर गङ्गा जब इस तीर्थमें आ कर मिलती है उस समय यह मत्स्योदरी तीर्थ अति पवित्र हो जाता है । उस समय यहां सौ कोटि सूर्य और चन्द्रग्रहण-तुल्य पुण्यकाल उपस्थित होता है । गङ्गा और मत्स्योदरीके साथ स्थिति-निबन्धन समस्त लिङ्ग, समस्त पर्व और समस्त तीर्थ वहां उपस्थित रहते हैं । किसी भी समय इस तीर्थमें स्नान कर पितरोंके उद्देश्यसे पिण्डदान करनेसे सब पाप दूर होते हैं तथा उसे फिर जन्मग्रहण नहीं करना पड़ता । जब गङ्गाका जल चारों ओर फैल जाता है, उस समय यह अविमुक्त क्षेत्र मत्स्याकार धारण करता है । देवगण कहते हैं, कि अनेक तीर्थोंमें स्नान और विपुल तपस्या निरर्थक है । कारण, एक मत्स्योदरीमें स्नान करनेसे सभी फल लाभ होता है, यहां तक कि मुक्ति तक भी होती है ।

स्वर्ग, मर्त्य और रसातलमें अनेक तीर्थ हैं, पर वे मत्स्योदरी तीर्थके कोटि अंशके भी समान नहीं हैं । कैलासवासी गणपति स्वयं यहां आ कर इस महातीर्थका निर्माण कर गये हैं । गन्धमादन पर्वत भूर्भुवःसंज्ञक लिङ्ग यहां आ कर गणपतिके पूर्व ओर अवस्थान करते हैं । उनके दर्शन करनेसे पुण्यवान् मानवगण भूलोक आदिके ऊद्दुर्ध्वलोकमें दिव्यभोगभागी हो बहु काल वास करते हैं । भोगवतीके साथ भगवान् हाटकेश्वर सप्त पाताल भेद कर यहां आविर्भूत हुए हैं तथा शेष और वासुकि आदि नागोंने मणि, माणिक्य और रत्ननिचय द्वारा उनके वृहत् प्रासादको बनवा दिया है । यह लिङ्ग स्वर्णमय तथा रत्न द्वारा खचित है । (काशीख० ६९ अ०)

मत्स्योपजीवी (सं० पु०) मत्स्येन मत्स्यधारणविक्रयादिना उपजीवति उप-जीव-णिनि । धीवर, मल्लाह ।

मथन (सं० पु०) मथ्यते इति मथ-भावे ल्युट् । १ मथनेका भाव या क्रिया, बिलोना । २ गनियारी नामक वृक्ष । ३ एक अस्त्रका नाम । (त्रि०) मथनेवाला ।

मथना (हिं० क्रि०) १ किसी तरल पदार्थको लकड़ी आदिसे वेगपूर्वक हिलाना वा चलाना, रिड़कना । २ चला कर मिलाना । ३ नष्ट करना, ध्वस्त करना । ४ घूम घूम कर पता लगाना । ५ किसी कार्यको बार बार करना । (पु०) ६ मथानी, रई ।

मथनाचल (सं० पु०) पर्वतभेद, मन्दर पर्वत ।

मथनी (हिं० स्त्री०) १ वह मटका- जिसमें दही मथा जाता है । २ मथनेकी क्रिया । ३ मथानी देखो ।

मथवाह (हिं० पु०) पीलवान्, महावत ।

मथा (सं० स्त्री०) वैदिक निधन मन्त्रभेद ।

मथात (सं० क्ली०) सामभेद ।

मथानी (हिं० स्त्री०) काठका बना हुआ एक प्रकारका दंड । इससे दहीसे मथ कर मक्खन निकाला जाता है । यह दो भागोंमें विभक्त है—एक खोरिया वा सिरा और दूसरा डंडी । खोरिया प्रायः गोल, त्रिपटी और एक ओर सम तथा दूसरी ओर उन्नतोदर होती है । इसके किनारे पर कटाव होता है और जिस ओर समतल रहता है उधर बीचमें डेढ़ दो हाथ लम्बी डंडी जड़ी रहती है । मथते समय खुरिया दहीके भीतर डाल कर डंडी खंभेकी चूलमें लपेट कर रस्सीसे केवल हाथोंसे बट बट कर घुमाते हैं, इससे दही क्षुब्ध हो जाता है । थोड़ा-सा पानी डालने पर और मथनेसे नैनू वा मक्खन मट्ठेके ऊपर उतर आता है जिसे मथानीसे समेट कर अलग इकट्ठा करते हैं ।

मथित (सं० क्ली०) मथ-क्त । १ निर्जल मट्ठा । इसका गुण—कफ पित्तनाशक, रुचिकर, धातुपुष्टिदायक । (त्रि० २ आलोड़ित, घोल कर भलीभांति मिलाया हुआ । ३ मथा हुआ ।

मथी (सं० त्रि०) १ मथनेवाला । (पु०) २ मथानी ।

मथुरा (सं० स्त्री०) मथ्यते पापराशिर्यया इति मथ- (मन्दि वाशीत्यादि । उण् १।३९) इति उरच् । तीर्थभेद, स्वनामख्यात पुरी । पर्याय—मधुपघ्न, मधुपुरी मथुरा । (शब्दरत्ना०)

नामोत्पत्ति ।—सभी पुराणोंमें मथुराका उल्लेख है, किन्तु मथुराकी उत्पत्ति-कथा केवल रामायण और हरिवंशमें पाई जाती है । रामायणमें लिखा है, कि लोलाके बड़े लड़के मधुदैत्यने महादेवको प्रसन्न करके एक अपूर्व शूल प्राप्त किया । महादेवने उसे वर दिया था, कि शूल जब तक तुम्हारे पुत्रके हाथमें रहेगा, तब तक चराचरके मध्य कोई भी उसे वध नहीं कर सकेगा । इस अद्भुत वरको पा कर मधुने एक सुप्रभ पुरका निर्माण किया । यथासमय उसकी पत्नी कुम्भनसीके गर्भसे लवणदैत्य उत्पन्न हुआ । लवण नितान्त दुर्विनीत और अवाध्य निकला, इस कारण मधु उसे शिव-दत्त शूल अर्पण कर वरुणालयको चल दिया । क्रमशः लवणके दौरात्म्यसे तपोवनवासी ऋषिगण तंग तंग आ गये । उन्होंने श्रीरामचन्द्रजीके पास जा कर अपना दुखड़ा रोया । शत्रुघ्न रामका आदेश पा कर लवणका वध करने चले । शत्रुघ्नके वीरत्व और कौशलसे लवण मारा गया । देवगण बड़े प्रसन्न हुए और शत्रुघ्नको वर देनेके लिये उपस्थित हुए । शत्रुघ्नने वर मांगा, कि यह देवनिर्मित मधुपुरी मधुरा शीघ्र ही राजधानी होवे । देवताओंने प्रसन्न हो कर वहां वर दिया और कहा, कि यह पुरी शूरसेना नामसे प्रसिद्ध होगी । (उत्तरकाण्ड ८३ अ०) अब शत्रुघ्नने पौरजानपद स्थापन किया । बारह वर्षके भीतर यह स्थान शूरसेनोंका देश कहलाने लगा । यहांके सभी क्षेत्र हरे भरे हो गये । वासव (इन्द्र) यथासमय वारि वर्षण करने लगे । वीर पुरुषगण शत्रुघ्नके बाहुबलसे सुरक्षित हो रोगरहित हुए । अभी मधुपुर यमुनाके किनारे अर्द्धचन्द्रके समान शोभा पाने लगा । सुरम्य हर्म्यराजिसे उसकी सुन्दरता और भी खिल गई । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र धीरे धीरे बस गये । पहले लवण दैत्यने जो सब प्रासाद बनवाये थे, अभी शत्रुघ्नने उन्हें सुधाधवलित और चित्रकार्य द्वारा अलंकृत कर उनकी सुन्दरताको और भी बढ़ा दिया । वणिकोंने दूर दूर देशोंसे आ कर विविध वाणिज्य वस्तु क्रय-विक्रय द्वारा नगरके गौरवको बढ़ाया ।

रामायणके उक्त प्रमाणसे जाना जाता है, कि उत्तरकाण्डके रचनाकालमें भी यह स्थान मथुरा नामसे प्रसिद्ध नहीं था, उस समय यह मधुपुरी और मधुरा कहलाता था ।

महाभारत और प्रायः सभी पुराणोंमें मथुराका नाम आया है । अधिक सम्भव है, कि रामायणोक्त मधुपुरी वा मधुरा नगरी ही एक समय मथुरा कहलाती थी ।

वर्त्तमान प्रत्नतत्त्वविदोंका कहना है, कि मथुरा शहरसे दक्षिण-पश्चिममें 'महोली' नामका जो छोटा ग्राम है वही आदिम राजा मधुदैत्यका मधुपुरी नगर था । पीछे

आर्यराज शत्रुघ्नने जिस पुरीका निर्माण किया, वह वर्त्तमान भूतेश्वर-मन्दिर और तन्निकटवर्त्ती कटरा ग्राममें अवस्थित था। धीरे धीरे वह सभी ध्वंस हो गया, अन्तमें यमुना-दुर्ग-शोभित वर्त्तमान शहर ही मथुरा नामसे प्रसिद्ध हुआ। किन्तु उनका मत समीचीन प्रतीत नहीं होता। क्योंकि, उद्धृत रामायणके वचनोंसे स्पष्ट प्रमाणित होता है, कि जहां मधु दैत्यने पुरनिर्माण किया था तथा जहां उनके पुत्र लवणने वहुतसे भवन वनवाये थे वहीं पर रामानुज शत्रुघ्नने शूरसेनोंकी राजधानी मथुरा नगरी वसाई थी। वह नगरी यमुनातीर तक विस्तृत और विशेष समृद्धिशाली थी। इस प्रकार कटरा नायक स्थानके निकट जो प्रथम आर्य मथुरानगरी स्थापित हुई थी, वह असल मथुरा प्रतीत नहीं होती। शूरसेनोंकी उन्नतिके साथ साथ यादवोंने पूर्वस्थानसे कुछ ऊपर राजधानी वसाई थी, वही पुराण-इतिहासमें 'मथुरा' नामसे प्रसिद्ध है। इस मथुराकी समृद्धिके साथ साथ सुप्राचीन मधुपुरी वा मथुरा नगरीका परित्याग किया गया तथा वह स्थान 'मधुवन' नामसे विख्यात हुआ।

यादव-राजधानी मधुरापुरी यथासमय सुविस्तृत हो कर मथुरामण्डलमें परिणत हुई। मनुसंहिता और पाश्चात्य ऐतिहासिक प्लिनि आरियन आदिके ग्रन्थोंमें यह मथुरामण्डल शूरसेन नामसे वर्णित है तथा इसका अधिकांश वर्त्तमान मथुरा जिलेके अन्तर्गत है।

यह जिला युक्तप्रदेशके आगरा विभागके अन्तर्गत है और अक्षा० २७° १४' से २७° ५८' उ० तथा देशा० ६७° ७१' से ७८° १३' पू०के मध्य पड़ता है। भूपरिमाण १४४५ वर्गमील है। इसके उत्तर पञ्जाब जिला और अलीगढ़; पूर्वमें अलीगढ़ और खटा, दक्षिणमें आगरा और पश्चिममें भरतपुर राज्य है। यमुनाके दक्षिण कूलस्थ मथुरा नगरही इसका सदर है। १८०३ ई०में अङ्गरेजाधिकारके वादसे लगायत १८३२ ई० तक इस जिलेका शासनकार्य आगरा और सैदावादसे सम्पादित होता था। पीछे अरिं, महार, कोशी, सादावाद, जलेश्वर-माट, लोहझील और महावन नामक ८ तहसील ले कर मथुरा जिला संगठित हुआ। तभीसे जिलेका सभी राजकीय कार्य मथुरा सदरसे ही होता है।

यह स्थान वहु प्राचीन है। पुराण-प्रसङ्गमें इसी स्थानको कृष्ण-वलरामका लीलाक्षेत्र वतलाया है। ऐतिहासिक-जगत्‌में मथुराका माहात्म्य वहुत दूर तक फैला हुआ था। वौद्ध, हिन्दू और मुसलमानकी प्रधानताके समय यह स्थान विशेष समृद्धिशाली होनेके कारण लोगोंका इस ओर ध्यान दौड़ गया था। केवल श्रीकृष्णका लीलाक्षेत्र होनेके कारण ही जो यह पवित्र तीर्थरूपमें गिना गया है सो नहीं; २री या ३री शताब्दीमें यहां कितने वौद्ध-विहार और संघाराम प्रतिष्ठित होनेसे स्थानका माहात्म्य तात्कालीन वौद्ध-जगत्‌में फैल गया था। यही कारण है, कि हम लोग प्राचीन भौगोलिक टलेमीके "Modoura of the gods" तथा आरियन और प्लिनिके *Methora* शब्दमें मथुराका उल्लेख पाते हैं।

धीर-प्रवाहा यमुना नदी इस जिलेको दो भागोंमें वांटती है। यमुना छोड़ कर और दूसरी नदी जिले भरमें नहीं है। वर्षाके आरम्भमें ही यमुनाका ऐश्वर्य वढ़ जाता है। उस समय यह सूर्यकन्या यमुना प्रवल वेगसे कल कल शब्द करती हुई सब दिशाओंमें फैल जाती है। इस समय यमुनातीरवर्त्ती मथुरा और वृन्दावनतीर्थधामको शोभाका पारावार नहीं। सौन्दर्य प्रिय मानव यमुनाकी अतुल शोभा देखने तथा तीर्थ करनेकी मनशासे श्रीकृष्णकी लीलाभूमि वृन्दारण्यमें आते हैं। मेघमालाके सदृश घोर कृष्णवर्ण यमुनावक्ष वायु हिल्लोलसे आन्दोलित और उच्छलित हो कर जैसा सुहावना दीखता है वह जयदेव आदि भक्तकवियोंकी काव्यगीतिमें सुस्पष्ट और सरल भाषामें वर्णित है।

वृन्दावन देखो।

मथुरा नगरके पार्श्व हो कर जो यमुना वह गई है उसका भी दृश्य अतीव मनोरम है। उसके वहुतसे घाट श्रीकृष्णकी लीलाभूमि समझ कर एक एक तीर्थमें गिने गये हैं। आगे चल कर यमुना प्रवाहसे वहुतसे खात हृदाकारमें वन गये हैं। उन सब छोटे छोटे हृदोंमें प्रायः सभी समय जल रहता है। स्थानीय खेती वारीके लिये वह विशेष उपकारी है। वर्षाऋतुके वाद जब यमुना सूख कर एक छोटी स्रोतस्विनीका आकार धारण करती

है तब उसके दोनों किनारे विस्तृत वालुकामय चर पड़ जाता है। उन चरोंको पार कर खेतोंमें पानी लाना वहुत कठिन हो जाता है। शीतकालमें उस चर भूमिमें तरबूज आदिकी खेती होती है ।

जिलेका सर्वत्र प्रायः समतल है। केवल दक्षिण-पश्चिम कोणके भरतपुर-सीमान्तप्रदेशमें चून-पत्थरकी गण्डशैलश्रेणी देखी जाती है। वह शैलश्रेणी पार्श्ववर्त्ती समतलभूमिसे २५० फुट और समुद्रपृष्ठसे दक्षिण-पश्चिमकी ओर ५५६ फुटसे उत्तर-पश्चिममें ५२० फुट तक ऊंची चली गई है।

जिलेके पूर्वभागमें माट, महावन और सैदाबाद तहसील है। गङ्गा और यमुनाके अन्तर्वेदके मध्यमें अवस्थित होनेके कारण यह विभाग स्वभावतः ही वहुत उर्वरा है।

यमुनाके दूसरे किनारे पश्चिम भूभागमें जलके अभावसे काफी फसल नहीं लगती। यहांकी कोशी. छाता और मथुरा तहसील स्वभाव-सौन्दर्यसे पूर्ण नहीं होने पर भी पौराणिक देवमाहात्म्य तथा प्राचीन ध्वंसावशेष समूहमें इनका उल्लेख आया है। वे सब देवचरित्र और पूर्वतन कीर्त्ति देखने लायक हैं।

भगवानके अवतार श्रीकृष्ण और बलरामकी लीलाभूमि होने पर भी इस पवित्र क्षेत्रमें वैसा कोई अलौकिक कीर्त्ति नहीं देखी जाती। कहीं कहीं ऐसी कीर्त्ति है जो सिर्फ प्राचीन क्रियाकलापकी स्मृतिको घोषणा करती है। आज भी मथुराधाममें श्रीकृष्णका जन्मस्थान, वसुदेव और देवकीका कारागृह, कंसराजका दुर्ग प्रभृति स्थान दिखलाया जाता है।

पहले ही कहा जा चुका है, कि वर्षाके बाद मथुरा वा वृन्दावन-क्षेत्रकी शोभा उतनी नहीं रहती। प्रायः आठ मास तक यमुनाका कलेवर सूख कर एक स्रोतस्विनीके समान हो जाता है। किन्तु वर्षाके चार मास तक यमुनाका वक्ष जलसे प्लावित रहता है, तब स्थानीय सौन्दर्य सौ गुणा बढ़ जाता है। तीर्थयात्रिगण प्रायः वर्षा ऋतुमें ही यहां आते हैं। बहुतसे यात्री तीर्थकामनासे ८४ वनोंका परिभ्रमण करते हैं।

यमुनावक्ष जलप्लावित होनेके साथ ही साथ स्थानीय ह्रद और पार्वतीय स्रोतस्विनी पूर्ण कलेवरको धारण करती है तथा मरुप्राय गण्डशैल, वालुकामय प्रान्तर-समूह और हरिद्वर्णवृक्ष शस्यादि तथा फल पुष्पोंसे पूर्ण हो कर पृथ्वीको हरा भरा बना देते हैं।

कृषिजीवि अधिवासि-सम्प्रदाय छोटे छोटे ग्रामोंमें न बस कर अपेक्षाकृत सुरक्षित बड़े बड़े ग्रामोंमें वास करते हैं। इस प्रकार सैकड़ों मनुष्यके एक बड़े ग्राममें वास करनेके कई कारण हैं। प्रायः यमुना प्लावित समग्र भूमिभागका जल कुछ लवणाक्त हो जाता है। इस कारण सुमिष्ट जलके लोभसे वे एक साथ आ कर बस गये हैं अथवा उन सब स्थानोंको श्रीकृष्णकी लीलाभूमि समझ कर अधिकार कर बैठे हैं। प्रधान जाट और महाराष्ट्र-विप्लवसे आत्मरक्षा करना ही उनके एकत्र वासका कारण हो सकता है। मथुरा तहसील छोड़ कर पश्चिम विभागके सभी स्थानोंमें जलका अभाव है। आगरा नहर काटी जानेसे कृषिकार्यमें बहुत सुविधा हो गई है।

एकमात्र यमुना और आगरा नहरमें पण्यद्रव्यवाही नावें आ जा सकती हैं। किन्तु मथुरासे आचनरा और मथुरा-हातरस तक रेलपथ हो जानेसे यहांके वाणिज्य और तीर्थयात्रियोंके पक्षमें बहुत सुभीता हो गया है। जलपथसे वाणिज्यकी सुविधाके लिये मूल आगरा नहरसे एक ८ मील लम्बी नहर मथुरा नगर तक काट कर निकाली गई है। रुई, लवण, चावल, चीनी, तमाकू और मसाला यहांका प्रधान वाणिज्य द्रव्य है।

लोह-झिल नामक विस्तीर्ण जलराशि वर्षा कालमें ह्रदाकारमें परिणत हो कर दीर्घायतनको प्राप्त होती है। किन्तु शीत और ग्रीष्मऋतुमें उसका आयतन लम्बाईमें २॥ और चौड़ाईमें १॥ मील रहता है।

इस जिलेका अधिकांश स्थान वनमय और गोचारण-भूमि है। वन्य-विभागमें जलाने लायक लकडीके अलावा और कोई अच्छी लकड़ी नहीं मिलती। कहीं कहीं शस्य क्षेत्र और उपवन दृष्टिगोचर होता है। यहांके वृक्षादिका फल, छिलका और बीज औषध, रंग वा भोजन कार्यमें व्यवहृत होता है। जिलेके पश्चिम बासना और नन्दगांव नामक स्थानमें एक तरहका पत्थर और मथुरामें कंकड़ पाया जाता है। यहांके घर प्रायः पत्थरके बने हैं, कहीं कहीं मट्टीके भी घर देखे जाते हैं।

मथुराका पुरातत्त्व।

मथुराका आदि इतिहास नितान्त अस्पष्ट है। रामायणसे मालूम होता है, कि शत्रुघ्नने लवणदैत्यका वध कर मधुपुरमें शूरसेनोंको वसाया था. शूरसेनोंके वास होनेके कारण वह विस्तृत जनपद शूरसेन कहलाता था। मनुसंहितामें मधुपुर वा मथुराका कोई उल्लेख तो नहीं है, पर इस शूरसेन-जनपदको ब्रह्मर्षियोंके अन्तर्गत वतलाया गया है।

शत्रुघ्नके वंशधरोंने यहां कुछ समय राज्य किया था, किन्तु उनके वंशलोपके वाद शूरसेनोंने प्रवल हो कर राज्य पर अधिकार जमाया। भागवतादि पुराण पढ़नेसे मालूम होता है, कि यदुकुलतिलक श्रीकृष्णने इसी शूरसेनवंशमें जन्मग्रहण किया था। उनके पूर्वपुरुषगण यहांका शासन करते थे। पीछे कंसने कुछ समयके लिये इसे अपने दखलमें कर लिया और यमुनाके किनारे मथुरामें राजधानी वसाई। शायद उसी समय मथुरानगरीका नाम तमाम प्रसिद्ध रहा होगा। श्रीकृष्णने कंसको मार कर उनके पिता उग्रसेनको पुनः मथुरा-राज्यमें अभिषिक्त किया। पीछे जरासन्धके भयसे भी कृष्णने जव मथुराका त्याग कर द्वारकापुरीमें आश्रय लिया उस समय भी यह स्थान शूरसेनोंके हाथसे च्युत नहीं हुआ था। मेगास्थनिजका वर्णन देख कर आरियनने लिखा है, कि मेथोरा (Methora) और क्लिसोवोरा (Clisobora) शूरसेनोंकी इन दो प्रधान नगरी हो कर यमुना नदी वहती है। पाश्चात्य वर्णित 'मेथोरा' और 'क्लिसोवोरा' मथुरा और कृष्णपुरका वैदेशिक उच्चारण है। ४थी शताब्दीमें मथुरा और कृष्णपुर जगद्विख्यात था तथा यहां शूरसेनगण राज्य करते थे, उसका आभास मिलता है। फिर प्लिनिने लिखा है, कि वे दो प्रसिद्ध नगरी पालिवोथ्रा अर्थात् पाटलिपुत्र-राज्यके अन्तर्गत थीं। अधिक सम्भव है, कि मौर्यराज चन्द्रगुप्तके समयमें सुप्राचीन शूरसेन राज्य पाटलिपुत्रमें शामिल था। यथार्थमें मथुरामण्डल श्रीकृष्णकी लीलाभूमि होनेके कारण अतिपूर्वकालसे केवल हिन्दुओंका ही पुण्यक्षेत्र समझा जाता है सो नहीं, जैन और वौद्ध लोग भी इसे पुण्यभूमि समझ कर आदरकी दृष्टिसे देखते हैं। जैनोंके १९वें तीर्थङ्कर मल्लिनाथ और २१वें तीर्थङ्कर नमीनाथने मथुरामें जन्म और ज्ञानलाभ किया था। इस कारण धार्मिक जैनोंके निकट मथुराकी प्रत्येक धूलिकणा तक पवित्र समझी जाती है। प्रत्नतत्त्वविदोंके यत्नसे मथुराके अनेक स्थानोंको खोद कर जो सव प्राचीन कीर्त्तियां निकाली गई हैं उनका अधिकांश जैन है। उनमें जो शिलालिपि उत्कीर्ण है उससे मालूम होता है, कि नाना श्रेणीके जैन मथुरामें तीर्थ करने आते थे और वे नाना देवकीर्त्तिकी प्रतिष्ठा कर गये हैं। जैनरमणियोंके भी स्वार्थत्यागका परिचय पाया जाता है। मथुरामें १ली शताब्दीकी एक जैनलिपि पाई गई है। उसमें लिखा है, कि कुमारमित्रा नामक एक साध्वी पतिकी मृत्युके वाद प्रव्रज्या ग्रहण कर शिष्य कुमारभट्टिकी उपदेशदात्री हुई थीं। ऐसा प्रमाण दूसरी जगह नहीं मिलता, इस कारण यहां उसका उल्लेख किया गया।

जैनोंके साथ यहां वौद्धकीर्त्ति भी प्रतिष्ठित हुई थी। उपगुप्त सम्राट् अशोकके समसामयिक थे। मथुरामें बुद्धशिष्योंका अधिष्ठान होने पर भी इन उपगुप्तके समय ईसा-जन्मकी ४थी शताब्दीसे ही मथुरामें वौद्धधर्मने प्रवेश किया था। मथुरासे जो प्राचीनतम वौद्धलिपि आविष्कृत हुई है वह वहुत कुछ अशोकलिपिके समान है। इसके द्वारा उस समयके वौद्धधर्मप्रवेशका आभास पाया जाता है।

ईसा-जन्मके २री शताब्दीके शेष भागमें मथुरामें शकाधिपत्य फैला। मथुराके सभी शकक्षत्रपगण मित्रोपासक वा सौर थे। उनके समयमें मथुरामें सौरगणका प्रभाव और सूर्यपूजाका विशेष प्रचार हुआ। उस समयकी प्रतिष्ठित भग्न सूर्यमूर्त्ति मथुराकी पुराकीर्त्तिके ध्वंससे निकली है। परवर्त्तिकालमें इन शक राजाओंमें कोई शैव, कोई शाक्त और कोई वौद्ध हुए थे। मथुराके वौद्ध-शकाधिपोंके मध्य कनिष्कका नाम सर्वत्र प्रसिद्ध है।

भारतवर्ष देखो।

शकप्रभावके खर्व होने पर मथुरामण्डल ब्राह्मणभक्त गुप्तसम्राट्के अधिकारभुक्त हुआ। ६ठी शताब्दीमें गुप्तसाम्राज्य ध्वंस होने पर शूरसेनोंने फिरसे स्वाधीनता अवलम्बन कर अपनेमेंसे एकको राजपद पर अभिषिक्त

किया। ७वीं शताब्दीके प्रथम भागमें जब चीनपरिव्राजक यूएनचुवंग मथुरामें आये उस समय भी उन्होंने यहां स्थानीय स्वाधीन राजा देखा था।

महावनसे राजा अजयपालदेवकी १२०७ सम्वत् (११५० ई०)-में उत्कीर्ण शिलालिपिसे जाना जाता है, कि उस समय भी मथुरामण्डल यदुवंशीय शूरसेनराजके अधिकारमें था। वर्षों राज्यभोग करनेके बाद शूरसेनराजवंशधरोंने महम्मद घोरीके हाथ मथुराराज्य सुपुर्द किया। बीचमें एक बार हिन्दू-अधिकार स्थापित होने पर भी मथुरा नगरी अलाउद्दीन खिलजीके समयसे सदाके लिये हिन्दूके हाथसे जाती रही। पीछे वृटिश-अधिकारमें आनेके पहले तक यह मुसलमानोंके ही अधिकारमें रहा। इस प्रकार हिन्दू, जैन और बौद्ध आदि विभिन्न सम्प्रदायकी प्रधानताके लिये ही मथुरामें नाना साम्प्रदायिक-कीर्त्ति प्रतिष्ठित हुई थी।

पहले ही कहा जा चुका है, कि बौद्ध-प्रधानताके समय मथुरामण्डलमें बौद्धधर्मका प्रचार केन्द्र स्थापित हुआ था। उस समय इस पवित्रक्षेत्रमें असंख्य कीर्त्ति, धर्मपीठ और स्मृतिस्तूप (Relics) प्रतिष्ठित हुए। यहां बौद्धप्रभाव बहुत दिनोंसे अक्षुण्ण था। भारतीय तीर्थयात्रिगणोंको छोड़ कर सुदूर चीनदेशसे परिव्राजक फाहियन्ने ४०० ई०को भारतमें पदार्पण किया। तिब्बतसे काश्मीर, काबुल, कन्धार और पञ्जाब अतिक्रम कर बौद्धतत्त्वके लुप्त शास्त्रोंका उद्धार करनेकी मनशासे वे पहले पहल बौद्धोंके प्रधान अड्डा मध्यदेशान्तर्गत मथुराधामको ही गये। यहां वे एक मास ठहरे थे। उनका वृत्तान्त पढ़नेसे मालूम होता है, कि उस समय भी यहां संघाराम और बिहारादि प्रतिष्ठित थे। उनमेंसे उन्होंने बहुतोंके प्राचीनत्वका निदर्शन-स्वरूप दाताका निर्दिष्ट ताम्रफल देखा था। उन सब मठादिमें प्रायः ३ हजार बौद्धयति रह कर शास्त्रालोचना करते थे। एतद्भिन्न वे ६ स्मृतिस्तूपका उल्लेख कर गये हैं जिनमेंसे धर्माचार्य सारीपुत्र, मुद्गलपुत्र और आनन्दका नाम उल्लेखयोग्य है। इससे दो सदी बाद प्रसिद्ध चीनपरिव्राजक यूएनचुवङ्ग भारतवर्ष (५२६-६४५ ई०) आये। अपने भ्रमणवृत्तान्त मथुराप्रसङ्गमें उन्होंने लिखा है, कि उसकी परिधि प्रायः २० लीग होगी। उनके आगमनकालमें भी फाहियानवर्णित २० सङ्घाराम विद्यमान थे। दुःखका विषय है, कि बौद्धप्रधानताकी क्रमिक अवनति हो जानेसे बौद्धयतियोंकी संख्या भी घटती आ रही थी। उन्होंने यहां प्रायः २ हजार यतियोंको शास्त्रालोचना करते देखा था। अशोकनिर्मित ४ स्तूप पूर्ववर्त्ती ४ बुद्धोंके पदचिह्न और शाकमुनिशिष्य सारीपुत्र, मौद्गलायन, पूर्णमैत्रायणीपुत्र, उपालि, आनन्द, राहुल, मञ्जुश्री और अपरापर बोधिसत्त्वके स्मरणार्थ निर्मित कुछ स्तूपोंकी कथा उल्लेख कर गये हैं। उस समय बौद्धयतिगण प्रतिवर्ष १म, ५म, ६ष्ठ और ६म मासके उपवासकालमें उक्त स्तूपोंके समीप इकट्ठे हो कर अर्चनादि करते थे। नगरके पूर्व ५।६ लीगकी दूरी पर उपगुप्त-निर्मित एक संघाराम और तन्मध्यस्थ तथागतका नखस्तूप है। उसके उत्तर भागमें अवस्थित गण्डशैलके ऊपर एक गुहा बुद्धकी विचरणभूमि है। उससे दक्षिण चार बुद्ध और सारीपुत्र, मुद्गलपुत्र आदि बौद्धाचार्योंकी उपासनाभूमिका विषय उन्होंने लिखा है। अपने आगमनकालमें उन वनोंमें वे बौद्धाचार्योंके स्मरणार्थ प्रतिष्ठित स्तूपका निरीक्षण कर गये हैं। एतद्भिन्न उक्त परिव्राजकने मथुराधाममें ५ हिंदू मन्दिरका अवस्थान भी देखा था।

इससे साबित हुआ, कि बौद्धधर्मके अवसानकालमें यहां ब्राह्मणधर्मकी जड़ मजबूत हो रही थी। धर्मसम्प्रदायका परिवर्त्तन और दीर्घकाल अवस्थान-निवन्धन चीनपरिव्राजक-वर्णित बौद्ध-कीर्त्तिस्तम्भ कालक्रमसे भग्न, प्रोथित और हिन्दूके हृदयसे सदाके लिये अपनोदित हो गया था। पीछे प्रत्नतत्त्वविद् डा० कनिंहमके यत्नसे उसके एक एक निदर्शनसे बौद्धप्रधानताका यथेष्ट परिचय पाया गया है।

किन्तु कालकी विचित्र गति है। हजारों वर्ष बीत चले, जल और वायुके नितान्त दूषित होनेसे सभी लोग विनष्ट होने लगे; उसके ऊपर विधाताकी विडम्बना! कालकी क्षयशील गोदमें रक्षित हो कर भी जो स्मृतिचिह्नरूपमें जीता जागता था, दुर्द्धान्त गजनीपति महमूद, सिकन्दरलोदी, शाहजहान और औरङ्गजेब आदि विधर्मी मुसलमानोंके अत्याचारसे वह लूटा और

नहस नहस कर डाला गया। असल बात कहनेमें क्या! हिंदु धर्मद्वेषी मुसलमानोंने हिंदूकी कीर्त्तिको बिल्कुल लोप करनेकी इच्छासे पूर्वतन ध्वंसावशेषको तोड़ फोड़ डाला और धनलाभकी आशासे दीवार तकको भी खनन कर वरबाद कर दिया था। उन्होंने बौद्ध वा जैन प्रतिकृतिके मुख, नाक वा हस्तपदादिको छेदन कर डाला था। इस प्रकार एक स्थानके उपकरण अन्य स्थानमें अन्तरित हो जानेसे वे जनसाधारणके कामलायक न रह गये हैं। अर्थात् कहीं जैनमूर्त्तियां बौद्धमूर्त्तियोंके साथ और हिन्दू मूर्त्तियां बौद्धके साथ मिल गई हैं। अभी किसो किसी धनी व्यक्तिने देवोद्देशसे मन्दिर निर्माण करके दोनों प्रकारकी मूर्त्ति एकमें जोड़ दी है। ऐसा करनेसे प्रत्नतत्त्वविद् बड़े भ्रम मे पड़ गये हैं। किसी किसी पाश्चात्य-प्रत्नतत्त्वविद्ने पूर्वतन जैन और बौद्धप्रतिमूर्त्तिके प्रभेदका पता न लगा सकने पर उन्हें एक एक बौद्धप्रतिमूर्त्ति वतला कर घोषणा कर दी है। किंतु यथार्थमें अनेक जैनस्मृति देखनेमे आती हैं। केशो (केशव)-पुरके सेठों द्वारा प्रतिष्ठित मन्दिरके समीप जैनयुगका शिल्पकार्य सम्वलित एक छोटा प्रकोष्ठ जम्बुस्वामीका भजनागृह समझा जाता है। उनके स्मरणार्थ वेदीके नीचे एक शिलाफलकमें जम्बुस्वामीका नाम खोदित है। यही जंबुस्वामी जैनोंके शेष श्रुतिकेवली सुधर्मके शिष्य हैं। सुधर्म शेष तीर्थङ्कर महावीरके शिष्य थे। मणिरामने पूर्वोक्त मन्दिरका निर्माण कर उसमें २य तीर्थंकर चन्द्रप्रभुकी प्रतिमूर्त्ति स्थापन की। पीछे सेठ रघुनाथ दासने ग्वालियरके एक प्राचीन भग्न मन्दिरसे अजितनाथकी प्रस्तर प्रतिमूर्त्ति ला कर उसकी प्रतिष्ठा की थी। मथुरामण्डलके नाना प्राचीन स्थानोंकी मट्टी खोद कर बहुत नीचेसे नाना सम्प्रदायकी पुराकीर्त्ति वाहर निकाली जाती है। उससे स्पष्टतया प्रमाणित होता है कि मथुरा एक समय विशेष समृद्धिशाली था तथा वहां नाना सम्प्रदायोंके केन्द्र थे।

मथुराका इतिहास।

मथुरामें श्रीकृष्णका जन्म, गोकुलमें नन्दगृहमें अवस्थान, वृन्दारण्यमें गोपाङ्गनाके साथ केलिविहार, उनका मथुरामें आगमन, कंसनिधन और राजपाटग्रहण आदि प्राचीन स्मृतियां आज भी प्रत्येक हिन्दूके हृदयमें जागरूक हैं। अधिक क्या, आज भी प्रत्येक हिन्दूका प्राण मथुरा वृन्दावनके नाममात्रसे नाच उठता है। मथुरा आर्यसमाजका एक प्राचीन केन्द्रस्थान है। वृन्दारण्य उसके उपकण्ठस्थित एक गण्ड ग्राममात्र है। मथुरामें आज भी कंस-कारागार विश्रान्तिघाट आदि प्राचीन पीठ विद्यमान हैं। एतद्व्यतीत भिन्न भिन्न युगमें यहां जिन सम्प्रदाय विशेषका अधिष्ठान हुआ था उनके भी अनेक स्मृतिचिह्न आज मथुरावक्ष पर विराज करते हैं।

गोप-वालकरूपमें स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण और उनके अवतार बलदेव लीलाके साथी हो कर मथुराधाममें द्वापरीलीला शेष कर गये हैं। आज भी मथुरा, वृन्दावन, गोवर्द्धन, गोकुल और महावन आदि स्थानोंमें उसके असंख्य निदर्शन पड़े हैं। उन सब देवकीर्त्तियोंके दर्शन करनेसे मनमें आपे आप इस देवतीर्थकी पवित्रता उपलब्ध होती है। क्रमशः इस क्षेत्रका माहात्म्य जब चारों ओर फैल गया, तब दूर दूर देशके लोग यहां आने लगे। बौद्ध-प्रधानताके समय मथुरा नगर ही निर्वाण धर्मप्रचारका मुख्यकेन्द्र हुआ था। चीन-परिव्राजक फाहियान ४थी शताब्दीमें तथा युएनचुवंग ७वीं शताब्दीमें इस स्थानकी बौद्ध-प्रधानताका उल्लेख कर गये हैं। १०१७ ई०में गजनीपति महमूदके आक्रमण और लुण्ठनसे मथुरानगर बिलकुल श्रीहीन हो गया। उस महा-विप्लवमें मथुरनगराकी तथा उसके आसपासकी देवभूमिकी अनेक प्राचीन कीर्त्तियां ध्वंसमें परिणत हो गई थीं। उस समयसे ले कर मुगल-सम्राट् अकबरशाहके राज्य तक किसीने भी मथुराकी नष्टश्रीका उद्धार करनेकी चेष्टा नहीं की। महमूद और सुलतान सिकन्दर लोदी (१५० ई०) मथुराका जो सर्वनाश कर गये थे, सम्राट् अकबरशाहने उसीके जीर्णसंस्कारकी ओर ध्यान दिया था। परन्तु उन्होंके हीनचेता वंशधर शाहजहान् और औरङ्गजेव उसे बिलकुल उजाड़ गये हैं। मुगल-राजवंशके अवसान पर यहां भरतपुरके जाट-राजाओंने अपना आधिपत्य फैलाया।

मुगलोंकी अवनति देख कर जाटोंने सिर उठाया। उस अराजकता और शासन-विश्रृङ्खलताके समय जाटोंने

दस्युवृत्ति द्वारा नाना स्थान लूटा और विपुल अर्थ उपार्जन किया था। वदनसिंह नामक एक व्यक्तिके वलवीर्यसे वशीभूत हो कर जाटदलने उन्हींको अपना दलपति वनाया। १७१२ ई०में सरदार वदनसिंह शहरमें आ कर वस गये। यहां उन्होंने एक सुदृढ़ प्रासाद वनवाया था। बुढ़ापा आने पर वदनसिंहने अपने अधिकृतप्रदेश लड़कोंके वीच वांट दिये। वड़े लड़के सूर्यमलके भागमें मथुरा आदि अधिकांश राज्य और छोटे प्रतापके भागमें भरतपुरका दक्षिण-पश्चिमांश पड़ा। वदनसिंहकी मृत्युके वाद सूर्यमलने भरतपुर जा कर राजोपाधि ग्रहण की। १७८८ ई०में रोहिला-विद्रोह दमनके लिये मुगल सम्राट् अह्मद शाहने जाट सरदार सूर्यमलको वुलाया। जाट और होलकर सेनादलने वजीर सफदरजङ्गकी अधिनायकतामें युद्धयात्रा की थी। युद्धकालमें सेनापति सफदर वागी हो गये। इस समय जाट सरदारने दलवलके साथ वजीरका पक्षावलम्वन किया, किन्तु मुगल-सेनापति गाजिउद्दीनको महाराष्ट्र सेनासे सहायता मिली थी। दोनों दलमें घोर विवाद चलते देख वजीर सफदरजङ्ग अयोध्याकी ओर चल दिये। इधर गाजि-उद्दीनने भरतपुरमें डेरा डाला। महाराष्ट्र-सहयोगी सेना-दल पर उनका पूर्ण विश्वास न रहनेके कारण वे वहुत दिन तक अवरोधकी रक्षा न कर सके। उन्होंने दिल्ली नगर लौट कर अहमदशाहको सिंहासनच्युत और २य आलमगीरको राजमुकुट पहना कर अपनी जिघांसावृत्तिको चरितार्थ किया था।

१७५७ ई०में अह्मद शाह दुर्रानीने जब भारतवर्ष पर आक्रमण किया उस समय सरदार जहानखाँ मथुरावासीसे कर संग्रहकी चेष्टा करने लगे। किन्तु अधिवासियोंने विपद् समझ कर दुर्गमें आश्रय लिया। निरापद प्रजावृन्द पर कोई जुल्म न कर सकनेसे उनकी क्रोधवह्नि प्रज्ज्वलित हो उठी। उन्होंने नगर लूटनेका दृढ़ संकल्प किया। नगरमें जितना धनरत्न था सभी जहान खाँके हाथ लगा। जिन्होंने उन्हें लूटनेमें छेड़ छाड़ की थी, वे सभी मुसलमानोंकी तेज तलवारसे यमपुरको सिधारे।

इसके ठीक दो वर्ष वाद नवसम्राट् २य आलमगीर गुप्तचर द्वारा मारे गये। इस विश्रृङ्खलताके समय अफगान-राज अह्मदशाहने पुनः दिल्लीको चढ़ाई कर दी। विख्यात चको गाजि उद्दीन जान ले कर मथुरा भागे। यहां वे भरतपुरके जाट-सरदार और महाराष्ट्र-सेनादलको एकत्र कर १७६१ ई०में पानीपत रणक्षेत्रमें अग्रसर हुए। मिलित हिन्दूवाहिनी अह्मदशाहके साथ युद्धमें परास्त हुई, किन्तु महाराष्ट्र-सेनापतिके साथ इस घटनाके पहले ही विरोध पैदा हो जानेके कारण सूर्यमल्ल पानीपतकी लड़ाईमें नहीं उतरे। उन्होंने मौका देख कर आगरा नगरको महाराष्ट्रकवलसे विच्छिन्न कर अपने शासनाधीन कर लिया। सदाशिवभाव देखो।

अह्मदशाह दुर्भाग्य शाह आलमको दिल्ली-सिंहासन पर विठा कर स्वदेशको चल दिये। इस समय सुअवसर समझ कर सूर्यमलने रोहिला-वजीर नाजिर-उद्दौला पर चढ़ाई करना ही अच्छा समझा। वे दलवलके साथ दिल्लीसे ३ कोस दूर शाहदेरा नामक स्थानमें जा धमके। अकस्मात् राजकीय सेना-दलने उन्हें पकड़ लिया। म्लेच्छके हाथसे ही उनकी जीवलीला शेष हुई थी। उनकी मृत्युके वाद प्रथम दो पुत्रोंने इस अभियानकी अधिनायकता ग्रहण की, किन्तु वे भी मुगलोंके हाथ के शिकार वने। उनके तृतीय पुत्र जाबिताखांके विद्रोह के समय आगरा राज्य खो कर १७७६ ई०में इस लोकसे चल वसे। उनके चतुर्थ पुत्र समस्त राज्य चौपट कर आखिरमें भरतपुर सिंहासन पर अधिष्ठित हुए।

१७८८ ई०में सिन्दे-राजके साथ राजपूत राजाओंका जव विरोध खड़ा हुआ, उस समय जाटोंने सिन्देराजकी सहायता की थी। जाट-सेनाकी सहायतासे सिन्देराजने गुलाम कादेर कर्त्तृक अवरुद्ध आगरा नगरीका पुनरुद्धार किया था। इस समय मथुरा नगरीके साथ साथ आगरा फिरसे सिन्देराजके कवलमें आया। १८०३ ई०में भरतपुरके राजा रणजित्सिंहने ५ हजार जाट अश्वारोहीको ले कर सिन्देराजके विरुद्ध अंगरेज-सेनापति लार्ड लेकका साथ दिया था। इस युद्धमें महाराष्ट्र-सेना पराजित हुई, जाट-सरदारका पारितोषिक-स्वरूप वृटिश-सरकारसे कृष्णगढ़, रेवारी और मथुराका दक्षिण-पश्चिम भूभाग मिला। किन्तु दूसरे ही वर्ष

उन्होंने डिगकी लड़ाईमें पराजित होल्करराजको आश्रय दे कर अंगरेजोंसे संबंध तोड़ दिया। लार्ड लेक द्वारा परिचालित अंगरेजी-सेनाने भरतपुर-दुर्गमें घेरा डाला, किन्तु इस बार दुर्ग तो हाथ नहीं लगा, पर अंगरेजों द्वारा दिये गये प्रदेश और समग्र मथुरा जिलेको अंगरेजोंने अपने अधीन कर लिया।

अंगरेजी अधिकारमें आनेके बाद मथुरा अञ्चलमें और कोई उल्लेखयोग्य घटना न घटी। १८५७ ई०में मीरटके सिपाही-विद्रोहका संवाद जब मथुरा पहुंचा, तब यहां सिपाही-सैन्यका खासा प्रबन्ध किया गया। उसी सालकी १६वीं मईको भरतपुर-सैन्यके आने पर अंगरेज सेनापतिने उस मिलित सेनादलको दिल्लीको ओर परिचालित किया। १६वीं मईको उन्होंने होदल नामक स्थानमें छावनी डाली। ३०वीं मईको मथुरासे राजकोष आगरा स्थानान्तरित करते समय सहगामी सिपाहीदल बागी हो गया। अङ्गरेज कर्मचारिगण कोई उपाय न देख दो दलमें भाग आये। इधर भरतपुरसेनाको भी हठात् विद्रोही होते देख अङ्गरेज कर्मचारिगण वहांसे भी भाग जानेको बाध्य हुए। तत्कालीन अंगरेज-मजिष्ट्रेट सहायता पानेकी प्रत्याशासे आगराकी ओर बढ़े। किन्तु अपने मनोरथको व्यर्थ हुआ, देख वे पुनः मथुरानगरमें लौट आये। यहां सेठ उपाधिधारी धनियोंने १४वीं जूनको उन्हें इस विपद्में आश्रय दे कर विशेष बन्धुत्वका परिचय दिया था। अलीगढ़में ग्वालियर सेनादलकी विद्रोहिता प्रशमित होने पर निमारके सेनादलने मथुराकी ओर बढ़ कर अंगरेजोंको मार भगाया। इस समय अंगरेजोंने आगरा भाग कर अपनी जान बचाई। धीरे धीरे मथुराके पूर्वविभागमें विद्रोहवह्नि धधक उठी। ५वीं अक्तूबरको मजिष्ट्रेट एक दल सेना ले कर अग्रसर हुए। राहमें देवकर्ण नामक एक विद्रोही दलपतिके साथ उनका साक्षात् हुआ। दोनों पक्षमें युद्ध होनेके बाद देवकर्ण अंगरेजोंके हाथ बंदी हुए। इसी समय कर्नल काटननेससैन्य आगरासे कोशी और वहांसे मथुरा आ कर ग्रामवासी विद्रोहियोंका दमन किया। पीछे आप आगराकी ओर चल दिये। तबसे मथुरामें और कोई विपत्तिकी सूचना न देखी गई।

सिपाही-विद्रोहके समय हातरसके जाटोंने तथा मथुराके सेठ साहुकारोंने अंगरेजोंकी विशेष सहायता की थी। इसलिये उनमेंसे थोड़ेका परिचय नीचे दिया जाता है।

माखमसिंह नामक एक जाट राजपूतानेसे मुर्सान आ कर बस गया। उसका प्रपौत्र ठाकुर नन्दराम फौजदार था। १६९६ ई०में उसकी मृत्युके बाद उसके १४ पुत्रोंके मध्य जलकरणसिंह मुर्सानसम्पत्तिका अधिकारी हुआ और जयसिंह फौजदार बना। जयसिंहका प्रपौत्र बदनसिंह हातरस जा कर रहने लगा। जलकरणका प्रपौत्र राजा भगवन्तसिंह और जयसिंहका प्रपौत्र ठाकुर दयाराम बहुत ताकतवर था। इस समय मथुरा और अलीगढ़ जिलेके अधिक अंश उन दोनोंके दखलमें थे। उक्त दोनों सामन्तोंके स्वाधीनता अवलम्बन करने पर अंगरेज उनके विरुद्ध खड़े हो गये। मेजर जेनरल मार्सलने दलबलके साथ जा कर मुर्सानराजको परास्त किया। किन्तु हातरसके राजा अंगरेजोंके निकट आत्मसमर्पण करना बिलकुल ही नहीं चाहते थे। उनके अलीगढ़ दुर्गमें आश्रय लेने पर अंगरेजी सेनाने उस दुर्गको जा घेरा। १८१७ ई०की १ली मार्चको दोनों पक्षसे गोलावृष्टि होने लगी। उस दिन शामको बारूदखानामें आग लग जानेसे समूचा दुर्ग तहस नहस हो गया। सभी चीजोंको नष्ट होते देख दयाराम रातको ही भरतपुर भागा। किन्तु भरतपुर-राजने जब उसे आश्रय देना अङ्गीकार नहीं किया, तब वे वहांसे जयपुरको चल दिये। अंगरेजी सेनाने उसका दुर्ग तोड़ फोड़ डाला और सम्पत्ति जब्त कर ली। केवल उसके भरणपोषणके लिये वृटिश-सरकारने मासिक १ हजार रुपया स्थिर कर दिया।

१८४१ ई०में उसकी मृत्युके बाद उसका लड़का ठाकुर गोविंदसिंह तख्त पर बैठा। १८५७ ई०के गदरमें यह अंगरेजोंकी ओरसे विद्रोहानलमें कूद पड़ा था। उसकी वीरता और राजभक्ति देख कर अंगरेज चमत्कृत हो गये थे। इस समय अंगरेजोंका पक्ष लेनेके कारण विद्रोहियोंने उसका धन और वृन्दावन-प्रासाद लूट लिया। क्षतिपूरणस्वरूप उसको अंगरेजोंसे ५० हजार

रुपया और लार्ड कैनिंगकी हस्ताक्षर की हुई जमींदारी सनद मिली। उनके एक भी सन्तान न थी। उनकी विधवा पत्नी रानी साहवकुमारीने राजा हरिनारायण सिंहको गोद लिया।

सेठ लक्ष्मीचंदने सिपाही-विद्रोहकी सूचना देख कर कलक्टर थरणहिल साहवको उसकी खबर दी। आगरामें संवाद पहुंचनेके पहले ही विद्रोहियोंने अंगरेजोंके मकानमें आग लगा दी थी। मजिष्ट्रेट आदि अंगरेजोंने लक्ष्मीचन्दके यहां आश्रय ग्रहण किया।

ग्वालियरराजके धनाध्यक्ष गोकुलदास परिखजीके धनसे ही इस वणिक्‌वंशने सारे भारतवर्षमें सुख्याति पाई थी। गोकुलदास वल्लभाचार्य-सम्प्रदायभुक्त थे। १८२६ ई०में मृत्युकालमें वे अपने विषयकार्यके सहकारी मणिरामको ही अपनी प्रचुर सम्पत्तिके उत्तराधिकारी बना गये। १८३६ ई०में मणिरामकी मृत्युके वाद उनके वड़े लड़के लक्ष्मीचांद राजगद्दी पर बैठे। १८६६ ई०मेंलक्ष्मीचांदकी मृत्यु पर उनके लड़के रघुनाथ दास सम्पत्तिके अधिकारी हुए, किन्तु नावालिग पुत्रकी ओरसे राधाकृष्ण और गोविन्ददास राजकार्य चलाने लगे। हिमालयसे ले कर कुमारिका पर्यन्त समग्र भारतके प्रत्येक वाणिज्यप्रधान नगरमें मणिराम लक्ष्मीचाँदकी हुंडी चलती थी। रामानुज-मतावलम्बी स्वामी रङ्गाचार्यसे वे वैष्णवधर्ममें दीक्षित हुए थे। आज भी वृन्दावनस्थ रङ्गजीका मन्दिर उनकी कीर्त्तिकी घोषणा करता है। १८५६ ई०में राधाकृष्णकी मृत्यु हुई। पीछे गोविंददास एकक वाणिज्य चलाने लगे। उन्होंने कृतकार्यके पुरस्कारस्वरूप अंगरेजोंसे C. S. I. की उपाधि पाई। उनके तथा उनके तत्परवर्त्ती लक्ष्मीचांदके पुत्र रघुनाथ दासके यत्नसे मथुराधामकी बहुत उन्नति हुई थी।

एतद्भिन्न यहांके सैदावादवासी लालखानी नामक मुसलमान-नवाववंश उल्लेखयोग्य है। ये लोग राजौरके गूजर ठाकुर कुमार प्रतापसिंहसे ही अपनी वंशगाथाका कीर्त्तन करते हैं। प्रतापसिंह दिल्लीश्वर पृथ्वीराजके समसामयिक थे। इनके वंशधर लालसिंहने सम्राट् अकवरसे खाँकी उपाधि पाई थी। तभीसे यह वंश लालखानी कहलाने लगा। उनके पौत्र इतिमाद राय सम्राट् औरङ्गजेवसे इस्लामधर्ममें ही दीक्षित हुए थे। इतिमादसे ७ पीढ़ी नीचे नाहर अली खाँ और दुन्दे खांने बुलन्द शहरके कुमोना दुर्गमें रह कर अङ्गरेजोंके विरुद्ध हथियार उठाया। इस कारण उनकी सारी सम्पत्ति जब्त हो गई, किन्तु अङ्गरेजराजने दया दिखला कर छतारीवासी उस वंशके मर्दन अली खाँ नामक एक व्यक्तिको उक्त सम्पत्ति दे दी। मर्दन अली सैदावाद सम्पत्ति खरीद कर वंशकी सम्मान वृद्धि कर गये हैं। इस वंशमें नवाव सर फैज अली खाँने अङ्गरेजोंसे *C. S. I.* की उपाधि पाई थी।

हिन्दूसे वंशकी उत्पत्ति समझ कर वे आज भी अनेक विषयोंमें हिन्दुत्व-रक्षा करते आ रहे हैं। पुरुषगण कुमार और रमणीगण ठाकुरानी कहलाती हैं। विवाहादि सामाजिक क्रियाकलापमें भी प्राचीन हिन्दूप्रथाका प्रकरण देखा जाता है। वर्त्तमान वंशधर कट्टर मुसलमान हैं। इस वंशके प्रधान व्यक्ति छतारीके नवाव कहलाते हैं। ये ओहावी-मतावलम्बी हैं।

मथुरामण्डलस्थ तीर्थप्रसंग।

मथुरा श्रीकृष्णकी लीलाभूमि है,[*] इसीसे यह सप्त मोक्षदायिका पुरीके अन्तर्गत माना गया है। भागवत और हरिवंशादिके मतसे श्रीकृष्णने जो जो लीला की थी, उनके पादस्पर्शसे जो जो स्थान पवित्र हुए थे, अभी वही सव स्थान एक एक तीर्थ वा पुण्यक्षेत्र माने गये हैं। किन्तु मथुरामें ऐसे तीर्थोंकी संख्या ज्यादा है, यह ब्राह्मण्यधर्मके पुनरभ्युदयके वाद हुआ है, कारण महाभारतमें नाना तीर्थप्रसङ्ग रहने पर भी मथुराकी गिनती तीर्थमें नहीं की गई है। श्रीकृष्णके तिरोधानके वाद उनकी पवित्र स्मृति रखनेके लिये कृष्णपुर या केशवपुर स्थापित हुआ था। ईसा जन्मके ३री और ४थी शताब्दीमें भी वह कृष्ण वा केशवपुरकी ख्याति पाश्चात्य ऐतिहासिकगण कीर्त्तन कर गये हैं। यहां तक कि, जिस

---

[*] “अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची अवन्तिका।
पुरी द्वारवती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः॥
अयोध्या रामनगरी मथुरा कृष्णपालिता।
एतास्तु पृथ्वीमध्ये न गण्यते कदाचन॥” (भतशुद्धितन्त्र)

समय प्रचलित विष्णुपुराण सङ्कलित हुआ उस समय भी मथुरामें नाना तीर्थ और नाना वनका अस्तित्व ही नहीं था।

विष्णुपुराणमें लिखा है—जेठ मासकी शुक्ला द्वादशीको उपवास करके मथुरामें यमुनाजलमें स्नान और विष्णुकी अर्चना करनेसे अश्वमेध यज्ञका फल होता है। पितृदेवगण अन्यान्य उन्नतिशील पुरुषोंको सम्पद् देख कर कहते हैं, कि मथुराक्षेत्रमें ज्येष्ठमासकी शुक्ला द्वादशीको हमारे कुलमें ऐसा कोई व्यक्ति उत्पन्न हो जो मथुराक्षेत्रमें ज्येष्ठ मासकी शुक्ला द्वादशीको उपवास कर यमुना जलमें स्नान और विष्णुकी अर्चना करे। इससे हम लोग परम गतिको प्राप्त होंगे।' यह दिन अतिशय पुण्यप्रद है: यमुनामें स्नान, विष्णुपूजा, पितृपुरुषोंका श्राद्ध आदि जो तीर्थकर्त्तव्य है, उसका अनुष्ठान करनेसे इहलोकमें विविध भोग और परलोकमें मोक्षलाभ होता है। (विष्णुपुराण ६।८ अ०)

विष्णुपुराणके उक्त विवरणसे केवल इतना ही जाना जाता है, कि मथुरा नगरी-प्रवाहित यमुना नदी ही हिंदूके निकट पूर्वकालमें पुण्यतीर्थ समझी जाती थी।

यहां तक, कि ७वीं शताब्दीमें चीनपरिव्राजक यूएनचुवङ्ग जब मथुरा दर्शनको आये उस समय उन्होंने नाना सम्प्रदायके सिर्फ पांच हिन्दू देव मन्दिर देखे थे। सुतरां उस समय भी मथुरामें अनेक तीर्थस्थान, अनेक वन और अनेक देव कल्पित नहीं हुए थे।

७वीं शताब्दीके बादसे ही ब्रह्मण्यधर्माभ्युदयका सूत्रपात है। सम्राट् हर्षदेवकी मृत्युके साथ वर्द्धमान साम्राज्य लोप, मगधमें हिन्दूप्रवर गुप्त राजाओंका प्राधान्यलाभ और उसके बाद कन्नोजमें हिन्दूधर्मनिष्ठ यशोधर्म देवका अभ्युदय हुआ। प्रायः समस्त आर्यावर्त्तमें फिर कुछ दिनके लिये ब्राह्मणप्रभाव प्रवर्त्तित हुआ था।

अधिक सम्भव है, कि उस समय धर्मचेता वैष्णवों द्वारा वराह पुराणोक्त तीर्थ और वनसमूह प्रतिष्ठित तथा तत्तन्माहात्म्य कीर्त्तित हुआ था। उसके साथ साथ शैव, शाक्त और सौरगण भी अपने अपने इष्टदेवका माहात्म्य प्रचार करनेको अग्रसर हुए थे। वराहपुराणमें उसका यथेष्ट आभास मिलता है।

वराहपुराणमें मथुरा माहात्म्यप्रसङ्गमें इस प्रकार लिखा है।

"इन्द्रस्येव पुरी रम्या यथा नाकेऽमरावती।
जम्बूद्वीपे तथोत्कृष्टा मथुरा नाम वल्लभा॥
विंशतिर्योजनानां हि माथुरं मम मण्डलम्।
पदे पदेऽश्वमेधानां फलं नात्र विचारणा॥
न मया कथितं देवि ब्रह्मणश्च महात्मनः।
रुद्रस्य न मया पूर्वं कथितञ्च वसुन्धरे॥
मया सुगोपितं पूर्वं गुह्याद्गुह्यतरं परम्।
अत्र क्षेत्रे पुरी रम्या सर्वरत्नविभूषिता॥
तस्यां तिष्ठन्ति तीर्थानि तानि वक्ष्यामि तच्छृणु।
षष्टिकोटि सहस्राणि षष्टि कोटि शतानि च॥
तीर्थसंख्या च वसुधे मथुरायां मयोदिता।
गोवर्द्धनं तथा क्रूरं द्वे कोटी दक्षिणोत्तरे॥
प्रस्कन्दनञ्च भाण्डीरं कुरुक्षेत्र समानि षट्।
पुण्यात् पुण्यतरं श्रेष्ठमेतद् विश्रान्तिसंज्ञकम्॥
असिकुण्डं सवैकुण्ठं कोटितीर्थसमं स्मृतम्।
अविमुक्तं सोमतीर्थं यमनन्तिन्दुकं ततः॥
चक्रतीर्थं तथाक्रूरं द्वादशादित्यसंज्ञितम्।
एतत् पुण्यं पवित्रञ्च महापातकनाशनम्।
कुरुक्षेत्राच्छतगुणं मथुरायां न संशयः॥
ये पठन्ति महाभागाः शृण्वन्ति च समाहिताः।
मथुरायास्तु माहात्म्यं ते यान्ति परमं पदम्॥"

(वराह पु० १५८ अ०)

श्रीकृष्णने वसुधासे कहा था "प्रिये! समग्र जम्बूद्वीपके मध्य यह मथुरापुरी ही मुझे प्रिय है। यह इन्द्रकी अमरावतीके समान रमणीय है। इस मथुरामण्डलका विस्तार बीस योजन है। यहां प्रतिपदक्षेपमें अश्वमेध यज्ञका फललाभ होता है। मैंने इस पुरीका विवरण पहले ब्रह्मा वा रुद्र किसीसे भी नहीं कहा है। इस क्षेत्रमें एक सर्वरत्न भूषित रमणीय पुरी है। वहां बहुसंख्यक पवित्र तीर्थ विद्यमान हैं। मैंने मथुरामें साठ साठ कोटि सहस्र और साठ कोटि सौ तीर्थसंख्या निर्देश की है। एतद्भिन्न गोवर्द्धन और अक्रूर आदि

और भी दो कोटि तीर्थ दक्षिणोत्तरकी ओर विद्यमान है। प्रस्कन्दन और भाण्डीरादि छः तीर्थ कुरुक्षेत्रके समान हैं। ये सब तीर्थ अति पवित्र और सर्वश्रेष्ठ हैं। असिकुण्ड और वैकुण्ठ कोटितीर्थतुल्य तथा चक्रतीर्थ और अक्रूर, अविमुक्त, सोमतीर्थ, यमन, तिन्दुक और द्वादशादित्य तीर्थ हैं। ये तीर्थ अति पवित्र और महापातकहर हैं। मथुरामण्डलके तीर्थ कुरुक्षेत्रसे सात गुण अधिक पुण्यप्रद हैं। इस मथुरामाहात्म्यका जो समाहित हो कर पाठ वा श्रवण करते हैं, वे परमपद लाभके अधिकारी होते हैं।"

ऊपर नाना तीर्थोंका उल्लेख रहने पर भी वराहपुराणमें द्वादशतीर्थ, द्वादश वन और पञ्च स्थलका विशेषरूपसे उल्लेख है।

वराहपुराणमें मथुरामण्डलके अन्तर्गत जिन वारह पवित्र वनोंका उल्लेख है, उनका विवरण इस प्रकार है। प्रथम मधुवन है, इस वनमें विष्णु भगवान् रहते हैं। इस वनका दर्शन करनेसे मानवोंके समस्त अभीष्ट सिद्ध होते हैं। द्वितीय तालवन है, भक्तिमान् व्यक्ति इस वनमें आ कर स्नान करनेसे कृतकृत्य लाभ कर सकते हैं। तृतीय कुमुद वन है इस बनमें जाते ही मानवके सर्वाभीष्ट लाभ होते हैं। विशेषतः भाद्रमासकी कृष्णएकादशीको यहां आ कर जो व्यक्ति स्नान करते हैं, उन्हें रुद्रलोककी प्राप्ति होती है। चतुर्थ काम्यकवन है, यहां आनेसे मनुष्य विष्णुलोकको जाते हैं। इस वनमें आ कर यदि किसीकी मृत्यु हो जाय, तो उसे अवश्य विष्णुलोक प्राप्त होता है। पञ्चम वकुलवन है, इस बनमें जानेसे अन्तमें अग्निलोकको प्राप्ति होती है। षष्ठ भद्रवन है, यह वन यमुनाके दूसरे किनारे अवस्थित है। यह देवताओंको भी दुर्लभ है। यहां आ कर मनुष्य यदि एकान्त मनसे विष्णुका ध्यान करे तो इस वन-महिमासे उसे नागलोक प्राप्त होता है। सप्तम खादिर वन है, इस प्रसिद्ध वनमें जा कर मनुष्य विष्णुलोकके अधिकारी होते हैं। अष्टम महावन है, यह वन विष्णुको बड़ा ही प्रिय है। यहां आ कर स्नान करनेसे इन्द्रलोककी गति होती है। नवम लोहजङ्घवन है, यह लोहजङ्घसे रक्षित है। इस वन-महिमासे सभी पाप विनष्ट होते हैं। दशम विल्ववन है, यह वन देवताओंका भी पूजनीय है। यहां आ कर मनुष्य ब्रह्मलोकके अधिकारी होते हैं। एकादश भाण्डीरवन है, यह वन योगियोंको भी प्रिय है। यहां आ कर वासुदेवके दर्शन करनेसे उसे जन्म मरणका क्लेश नहीं रहता। द्वादश वृन्दावन है, यहां आ कर वृन्दावनचन्द्र श्रीगोविन्दके पदारविन्दका दर्शन करनेसे सब पाप दूर होते हैं और यमका भय जाता रहता है*।

द्वादशतीर्थ—१ अविमुक्ततीर्थ, २ विश्रान्तितीर्थ, ३ प्रयागतीर्थ, ४ कनखलतीर्थ, ५ तिन्दुकतीर्थ, ६ सूर्यतीर्थ, ७ ध्रुवतीर्थ, ८ तीर्थराज, ९ ऋषितीर्थ, १० मोक्षतीर्थ, ११ कोटितीर्थ और १२ वायुतीर्थ।

उक्त वारह तीर्थोंके मध्य अविमुक्ततीर्थमें स्नान करनेसे मुक्ति होती है। सभी तीर्थस्नानमें जो फल है एक विश्रान्तितीर्थमें देवमूर्त्तिके दर्शन करनेसे वही फल होता है तथा उसमें स्नान करनेसे विष्णुलोककी प्राप्ति होती है। प्रयागतीर्थमें स्नान करनेसे अग्निष्टोमका फल होता है और यहां यदि मृत्यु हो जाय, तो वैकुण्ठ लाभ होता है। कनखल अति गुह्यतीर्थ है, यहां स्नानमात्रसे स्वर्गलाभ होता है। तिन्दुकतीर्थमें भी स्नान करनेसे वैकुण्ठकी गति होती है। रविवार, संक्रान्तिके दिन और चन्द्रसूर्यग्रहणमें सूर्यतीर्थमें स्नान करनेसे राजसूययज्ञका फल होता है। ध्रुवतीर्थमें पितृपक्षको श्राद्ध करनेसे पितरोंकी मुक्ति होती है और स्नानकारी वैकुण्ठ लाभ करता है। ध्रुवतीर्थके दक्षिण तीर्थराज है, यहां स्नान करनेसे विष्णुलोककी प्राप्ति होती है और मृत्यु होनेसे वैकुण्ठलाभ होता है। ऋषितीर्थके दक्षिण मोक्षतीर्थ है, यहां स्नान करनेसे ही मोक्ष और कोटितीर्थमें स्नान करनेसे ब्रह्मलोकको प्राप्ति होती है। वायुतीर्थमें पिण्डदान करनेसे पितृगण तृप्त होते हैं, विशेषतः यहां ज्यैष्ठमासमें पिण्डदान करनेसे गया-पिण्डदानका फल

---

* "रम्यं मधुवनं नाम विष्णुस्थानमनुत्तमम्।
तं दृष्ट्वा मनुजो देवि कृतकृत्यो हि जायते ॥३०
एकादशी शुक्लपक्षे मासि भाद्रपदे तथा।
तस्यां स्नातो नरो देवि कृतकृत्यो हि जायते ॥"३१

[illegible] है। (वराहपु० १५६ अ०) वराहपुराणके मतसे [illegible] तीर्थ देवताओंके भी दुर्लभ हैं, यहां स्नान, [illegible] और होम करनेसे सहस्र गुण फल लाभ होता [illegible] यहां तक कि. इन सब तीर्थोंके नाम लेनेसे समस्त पाप दूर होते हैं।

पञ्चस्थल यथा —१म अर्कस्थल, २य वीरस्थल, ३य पुण्यस्थल, ४ महास्थल और ५ कुशस्थल।

वराहपुराणमें लिखा है,—अर्कस्थल यमुनाके दूसरे किनारे भाण्डहृदके निकट अवस्थित है। यहांके कुण्डमें स्नान करनेसे सब पापोंसे मुक्त हो कर सूर्यलोककी प्राप्ति होती है। अर्कास्थलके समीप सप्तसामुद्रक कूप है। यहां मृत्यु होनेसे मृत व्यक्ति विष्णुलोकको जाता है। वीरस्थल सलिल-सन्निकटवर्त्ती और पद्म-कुमुदभूषित है, यहां एक एक रात उपवास रह कर स्नान करनेसे वीरलोककी गति होती है। कुशस्थल भी मङ्गलप्रद और पापहर है। यहां स्नान करनेसे ब्रह्मलोक प्राप्त होता है। पुण्यस्थल श्रेष्ठ शिवक्षेत्र है, यहां आ कर स्नान करनेसे शिवलोककी प्राप्ति होती है।
(वराहपु० १५७ अ०)

उपरोक्त प्रधान वनों और तीर्थस्थलोंके अलावा वराहपुराणमें धारापतनक, गोकर्ण, ब्रह्म, शिव, सोम, सरस्वती-पतन, दशाश्वमेध, मानस, नागघण्टाभरण, अनन्त, अक्रूर, वत्सक्रीड़नक, भाण्डीर केशि, कालिकोद, यमलार्जुन, वकुल, गोपीश्वर वसुपत्र, फाल्गुनक, तृपभाञ्जनक, संपीठक, पिशाच, यमुना, कृष्ण-गङ्गा आदि तीर्थ भी मथुरामण्डलके अन्तर्गत वर्णित हुए हैं।

उपरोक्त द्वादश वन भिन्न शाम्ववन और बहुलवनका उल्लेख देखा जाता है। वराहपुराणमें लिखा है, कि शाम्ब जब सूर्यकी कृपासे कुष्ठरोग-विमुक्त हुए, तब उन्होंने मथुरा आ कर भविष्यत्पुराणकी विधिके अनुसार शाम्बवनमें सूर्यमूर्त्तिकी प्रतिष्ठा की थी।

मथुरा-परिक्रम।

वराहपुराणमें लिखा है,—कार्त्तिकमासको कृष्णाष्टमीके दिन मथुरा जा कर विश्रान्ति-तीर्थमें स्नान करना होता है। स्नानके बाद पितृ और देवार्चनापूर्वक दीर्घ-विष्णु, केशव और विश्रान्तिदर्शनके बाद प्रदक्षिण करके उस दिन उपवासी रहे अथवा यत्किञ्चित पवित्र वस्तु भक्षण करे। अनन्तर सायंकालमें आत्मशुद्धिके लिये एक दन्तकाष्ठका व्यवहार करे। इस दिनको रात्रि ब्रह्मचर्यसे बितानी होगी।

दूसरे दिन नवमी तिथि पड़ती है। इस दिन बहुत सवेरे उठ कर प्रातःकर्म समाप्त करना होता है। पीछे मौनालम्बन-पूर्वक धौतवस्त्रसे स्नानादि समाप्त कर तिल, अक्षत और कुशादि ले पितृ और देवपूजामें नियुक्त होवे। इस दिन विश्रान्तितीर्थमें रातको जगना होता है। रात्रिकालमें एक प्रज्वलित प्रदीप हाथमें ले कर यात्रिगण वन जावे और पहले ध्रुवादि ऋषियोंने जिस प्रकार अनुक्रमण किया था, उसी प्रकार वहां परिक्रमण करे। यहां पर भक्तियुक्त हो प्रदक्षिण करनेसे सब प्रकारकी कामना सिद्ध होती है, यहां तक कि अश्वमेध-फल तक भी प्राप्त होता है।

इसी भावमें रातको जागरण कर नवमी तिथि बितावे। अनन्तर दूसरे दिन ब्राह्ममुहूर्त्तमें उठ कर सूर्योदय न होने तक तीर्थस्नानार्थ यात्रा कर दे। इस तीर्थका नाम दक्षिण-कोटिक है। यहां आचमनादि शेष कर हनुमानको प्रसन्न करे।

वहां पद्मनाभ, दीर्घविष्णु, देवी वसुमती और दानव-दलिनी अपराजितादेवीके दर्शन और पीछे गृहदेवी तथा वास्तुदेवीके निकट प्रार्थना कर मौनी हो प्रस्थान करे। दक्षिण-कोटिमें आनेके बाद स्नान, पितृतर्पण और देवताओंको प्रणाम कर इक्षुवासादेवीके दर्शन करने जावे। इसके बाद श्रीकृष्णने गोपगणोंके साथ बालकरूपमें जो क्रीड़ा की थी, उस रूपधारी कृष्णके विभिन्न तीर्थका दर्शन करे। अनन्तर सर्वपापहर वत्सपुत्र, अर्चास्थल, वीरस्थल, कुशस्थल, पुण्यस्थल और महास्थल दर्शनको जावे। इनका दर्शन करनेसे ब्रह्मसङ्गलाभ होता है। यहां सिद्धमुख शिवका दर्शन कर हयमुक्तिमें गमन करे। वहां शिवकुण्डमें स्नान करनेसे महाफल-लाभ होता है। कृष्णकी मल्लिका दर्शन कर कदम्ब खण्डमें आवे, यहां आनेसे सिद्धि प्राप्त होती है। यहां दक्षिणकी ओर कृष्णके रक्षणार्थ योगिनीपरिवृता चर्चिका नाम्नी योगिनी

विद्यमान है। पीछे वर्णखात नामक कुण्डमें आ कर स्नान और पितृतर्पण करे। अनन्तर क्षेत्रपालको देख कर भूतेश्वर शिवका दर्शन करे। इस शिवका दर्शन नहीं करनेसे मथुरापरिक्रम सफल नहीं होता। जहां कृष्णक्रीड़ा सेतुबंध, बालहृद और कुक्कुटक्रोड़न नामक कृष्णकी क्रीड़ाभूमि है, उनका दर्शन करनेसे शरीरमें कोई पाप रहने नहीं पाता। यहां कृष्णपूजित सुगन्धिभूषित बहुत-से उच्च स्तम्भ हैं। प्रदक्षिण करनेके बाद इन स्तम्भोंकी पूजा करनेसे सभी पाप विनष्ट होते हैं। यहांसे मुक्तिप्रद नारायण-स्थानमें जावे। वसुदेव देवकीकी गर्भरक्षाके लिये यहां पर एकान्त शयन किया करते थे। इस स्थानका प्रदक्षिण कर, पीछे यथाक्रम विघ्नविनायक और कृष्णपालिता कुब्जिका तथा वामना नाम्नी ब्राह्मणीके दर्शन कर गर्त्तेश्वर शिव, महाविद्येश्वरीदेवी और प्रभामल्लीका दर्शन करे। उक्त शिवका दर्शन करनेसे तीर्थयात्रा-फल सिद्ध होगा। यहां पर कृष्ण-बलरामने गोपगणके साथ कंस-वधकी मन्त्रणा की थी, इसीसे यह स्थान सङ्केतक नामसे प्रसिद्ध है। यहां सिद्धेश्वरी नामक सङ्केतकेश्वरी और स्वच्छसलिल सङ्केतकुण्ड है। पीछे सर्वपापहर गोकर्णेश्वरका दर्शन करे। अनन्तर सरस्वती नदी देख कर विघ्नराज गणेश और गङ्गा देखनेको आवे। बादमें रुद्रमहालय और क्षेत्रप देख कर उत्तरकोटिकी ओर यात्रा करे। वहां गणेश्वर गोपोंके साथ कृष्णका द्यूतक्रीड़ास्थान और गोपाल कृष्णको देख आवे।

कृष्णने बाल्यकालमें जो जो खेल किया था वहां उसका रूप प्रतिष्ठित है। यहांसे यमुनाके जलमें जो महातीर्थ माना जाता है, जा कर स्नान और पितृतर्पण करे। पीछे गार्ग्यतीर्थ, भद्रेश्वर, महातीर्थ और सोमतीर्थमें स्नान कर सोमेश्वरको देखना होगा। अनन्तर सरस्वतीसङ्गम, घण्टाभरणक, गरुड़केशव, धारालोपनक, वैकुण्ठ, खण्डवेल, मन्दाकिनीसङ्गम, असिकुण्ड, गोपतीर्थ, मुक्तिकेश्वर, वैलक्षगरुड़ और विश्रान्तितीर्थमें देव और पितृतर्पण करके देवपूजा करे। पीछे सुमङ्गलादेवीके समीप जा उनकी अर्चनासे पिप्पलादेश्वरके दर्शन करने होंगे। अनन्तर कर्कोटकनाग और कृष्णस्थापिता सिद्धिजादेवीको देख आवे। यह देवी कंस-वधके लिये आविर्भूत हुई थीं। इसके बाद वज्रानन और शुक्ल नवमीको माथुरोंके कुलेश्वर सूर्यदेवका दर्शन और दानादि सम्पन्न कर मथुरायात्रा शेष करनी होती है।*

परिक्रमकालमें जहां जहां देवता मिलेंगे वहां उनकी पूजा कर मङ्गलके लिये प्रार्थना करे।

(वराहपु० १६० अ०)

वराहपुराणमें जिस प्रकार तीर्थपरिक्रमा वर्णित है उस प्रकार नहीं होती। अभी व्रजभक्तिविलासके अनुसार जिस प्रकार तीर्थपरिक्रमा होती है, उसे नीचे लिखते हैं,—

मथुरामण्डलके द्वादश-वन परिक्रमणकालमें तीर्थयात्रिगण मथुरानगरसे निकल कर पांच कोस दक्षिण-पश्चिम वर्त्तमान महोली ग्राममें स्थापित मधुवन जाते हैं। वहांसे दक्षिणाभिमुख हो तालवन जाना होता है। यहां पर बलरामने धेनुकासुरको मारा था। वर्त्तमान तार्सिग्राममें तालवन अवस्थित है। पीछे उञ्छगांवका कुमुदवन, वाथिग्रामका बहुलावन और कृष्णकुण्डका दर्शन करते हैं।

उक्तबहुलावन नामक पवित्र निकुञ्जका प्राचीन नाम बहुलावती था। सम्भवतः इसी स्थान पर एक समय बहुलावती नगरी स्थापित थी। कालक्रमसे अथवा साम्प्रदायिक विरोधसे यह जनस्थान अरण्यमें परिणत हो गया। किंतु श्रीकृष्णकी लीलाभूमि मथुरा और वृन्दावनके समीप होनेके कारण यात्रिगण उसे स्मृतिपथके बहिर्भूत नहीं कर सकते। प्रवाद है, यहां पर बहुला नामक एक पवित्रचेता तपस्विनी गौ रहती थी। एक दिन व्याघ्रसे आक्रान्त होने पर उसने शार्दूलराजके निकट क्षणकालके प्राणभिक्षा की। तदनन्तर वह पुनः अपने स्थानको लौटी और अपने बच्चेको दूध पिला कर

---

* “सूर्य्यं तं वरदं देवं मथुरायां कुलेश्वरम्।
दृष्ट्वा तत्रैव दानञ्च दत्त्वा यात्रां समापयेत्॥
एवं प्रदक्षिणं कृत्वा नवम्यां शुक्लकौमुदे।
सर्वं कुलं समादाय विष्णुलोके महीयते॥”

(वराहपुराण १६० अ०)

पुनः व्याघ्रके सामने जा खड़ी हुई। वह व्याघ्र और कोई भी नहीं था, स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण पयस्विनीकी साधुता जांचने आये थे। भक्तवत्सल भगवान्ने उस समय व्याघ्रका रूप छोड़ कर शङ्ख-चक्र-गदा पद्मधारी वङ्किम-मोहनधाममें वहुलांको दर्शन दिये। यहां कृष्णकुण्डके पार्श्वमें वहुलागायका पीठ अवस्थित होनेके कारण आज भी वह अतीत-स्मृतिकी घोषणा करता है।

वर्त्तमान वाथिग्रामके पार्श्वमें एक वृहत् पुष्करिणी-के दूसरे किनारे वहुलावन-तीर्थ है। यहां एक छोटे गह्वरके मध्य गो-मन्दिर विद्यमान है। मन्दिरके प्रकोष्ठ-मध्यस्थ एक प्रस्तरगात्रमें वहुला-गाय, उसका वछड़ा और जीवभयहारी श्रीमधुसूदनमूर्त्ति खोदित देखी जाती है। उक्त पुष्करिणीके दूसरे किनारे मुरलीमनोहरका प्राचीन मन्दिर और गो-मन्दिरके समीप राधाकृष्ण वा विहारीजीका मन्दिर अवस्थित है। मुरलीमनोहरका मन्दिर प्राचीन शिल्पनैपुण्यसे पूर्ण होने पर भी ध्वंसावस्थामें पड़ा है। किन्तु विहारीजीका मन्दिर उससे कुछ हालका वना हुआ है। वाथिग्रामके दुर्गके समीप भरतपुरराज सूर्यमल्लके गुरु महन्त रामकृष्णदास द्वारा सीतारामका मन्दिर प्रतिष्ठित हुआ है। पौराणिक जनश्रुतिका माहात्म्य और विगत शताब्दीकी समृद्धि इस स्थानका तीर्थत्व संस्थापनमें समर्थ है, किन्तु अफसोस! यह वहुलावती-वनमें ही पर्यवसित रहा। श्रीकृष्णकी विचरणभूमि समझ कर यह स्थान एक तीर्थमें गिना जाने लगा।

अनन्तर यथाक्रम तोस, यक्षिणग्राम और मुखराईको अतिक्रम कर राधाकुण्ड-श्यामकुण्डमें आना होता है। राधाकुण्ड और श्यामकुण्ड इन दो सरोवरोंके नामसे यह स्थान राधाकुण्ड ही कहलाता है। श्रीकृष्णने अरिष्ट नामक वृषकी हत्या कर इस सरोवरमें स्नान किया था, पीछे वे गो-हत्यापापसे मुक्त हुए थे। यह स्थान प्रसिद्ध गोवर्द्धन पर्वतके समीप ही अवस्थित है। यहां भी वृन्दावनके जैसे गोविन्दजी, गोपीनाथ और मदन-मोहनके मन्दिर हैं। गोविन्दजी मन्दिरके पार्श्वमें ही उक्त दोनों कुण्ड अवस्थित हैं। आश्चर्यका विषय है, कि उनमेंसे एकका जल कृष्णरूपवत् काला और दूसरेका श्रीराधिकाके तप्तकाञ्चनाङ्गके समान हरिद्रावर्णका है। किन्तु दोनों ही कुण्ड एक दूसरेसे संयोजित हैं। इन दोनों कुण्डोंमें स्नान करनेके वाद एक नारियल हाथमें ले कर मन्त्रपाठपूर्वक तीर्थस्नानका फललाभ करना होता है। पूर्वोक्त अरिष्ट वृषका उपाख्यान स्मरण कर अरिष्ट ग्राममें (मथुरा और गोवर्द्धनपर्वतके मध्य-वर्त्ती वर्त्तमान अरिङ्ग) उसका वास-स्थान कल्पित हुआ है।

उक्त दोनों कुण्डमें स्नानदानके वाद गोवर्द्धन पर्वत और तत्समीपवर्त्ती कल्लोलकुण्ड, माधुरीकुण्ड, मयूरवन, चन्द्र सरोवर, नारायण-सरोवर आदि तिर्थोंके दर्शन करने होते हैं। पूर्वोक्त अरिङ्ग-उपवनमें कल्लोल-कुण्ड अवस्थित है। गोवर्द्धन पर्वतके समीप वसाई ग्राममें कृष्ण और वलरामको साथ ले कर गोपराज नन्दने यशोमती और रोहिणीके साथ वास किया था, इसीसे इस स्थानका माहात्म्य कीर्त्तित हुआ है। चन्द्र सरोवर-में ब्रह्मा गोपियोंका नृत्य देख ऐसे पुलकित और वेसुध हो गये थे, कि उन्होंने उस आमोदका उपभोग करनेके लिये एक रात्रिको छः मास व्यापिनी कर लिया था। वर्त्तमान पार्शोली ग्राममें (मानचित्रका महम्मदपुर) वह पुण्यसलिला पुष्करिणी अवस्थित है। भरतपुरके राजा नाहरसिंहने इस सरोवरमें पत्थरकी सीढ़ी वनवा दी थी।

इसके वाद सभी यात्रिगण पैठा दर्शनको जाते हैं। प्रवाद है, कि श्रीकृष्णने जव गोवर्द्धन-पर्वत धारण किया था, उस समय व्रजवासियोंने पैठा प्रदर्शित गुहाके मध्य आश्रय ग्रहण कर इन्द्रकी कोपवह्निसे रक्षा पाई थी। यहां पहले चतुर्भुज-मन्दिर अवस्थित था। सम्राट् औरङ्गजेवके तोड़ फोड़ डालने पर उसीके ऊपर अभी एक दूसरा मन्दिर वनवा दिया गया है। अनन्तर गोवर्द्धन-पर्वतके ऊपरसे अन्योर ग्राममें आ कर दूसरे किनारे अवस्थित सुगन्धिशिला, सिन्दुरीशिला और सुन्दरशिला तथा गोवर्द्धन-नाथके दर्शन करते हुए गोपालपुर, विलछू और गांठोली ग्राममें आना होता है। प्रवाद है, कि गांठोली ग्राममें श्रीकृष्ण और राधिकाकी प्रेमगांठ जोड़ी गई थी।

अन्योरमें गोविन्ददेव और वलदेवके दो प्राचीन मन्दिर तथा गोविन्दकुण्ड नामक एक पुण्यतोया पुष्करिणी है। रानी पद्मावती उस पुष्करिणीकी प्रतिष्ठा कर गई हैं। सुना जाता है, कि उस कुण्डमें स्नान करनेसे कुष्ठ रोग आरोग्य होता है तथा इसके किनारे श्राद्धकालमें पिण्डदान करनेसे गयाक्षेत्रमें पिण्डदान करनेके समान फललाभ होता है।

यहांसे मथुरा-सीमान्त पार कर भरतपुर राज्यके अन्तर्गत कामवनमें जाना होता है। वह स्थान अभी एक तहसीलके सदररूपमें गिना जाता है तथा मथुरा नगरसे ३६ मील दूर पड़ता है। यहां पर यात्रिगण लुक्-लुक् गुहा और अघासुर-गुहाका परिदर्शन करते हैं। प्रवाद है, कि इस लुक्-लुक् गुहामें श्रीकृष्ण गोपवालकोंके साथ ले लुकाचोरी खेलते थे तथा उस अघासुर गुहामें उन्होंने असुरवरका संहार किया था। पीछे काम्बरगांव पार कर यात्रिगण पुनः उञ्छ-ग्रामके वलदेव मन्दिरका दर्शन करते हुए पर्वतके ऊपर वर्सनाग्राम जा लाड़ली-जी, दोहनीकुण्ड, प्रेमसरोवर, संकरीखोर और गह्वरवन देखने आते हैं।

जहां पर वृकभानु और उनकी पत्नीने श्याममनोमोहिनी श्रीराधाका लालन पालन किया था वहां लली वा लाड़ली जीका मन्दिर स्थापित है। मन्दिरपार्श्वस्थ एक स्थान आज भी राधाका पालन-गृह कहलाता है। चक्शौलीके निकट दोहनीकुण्ड अवस्थित है। यशोदाने अपना दुग्धपात्र धोते समय इसी जगह राधिका और श्रीकृणको विचरण करते देखा था। प्रेम सरोवरमें नवदम्पत्तिका प्रेमसागर उमड़ उठा। उसी प्रेमप्रवाहसे इस सरोवरकी उत्पत्ति हुई है। उसके पास ही दो गण्डशैलके मध्यवर्त्ती-पथ पर संकरी-घोर देखा जाता है। प्रवाद है, कि गह्वर वनसे जव गोप-ललनाएं दूधकी कलसी वगलमें दवाए आती थीं, तव उनका दूध लेनेके लिये श्रीकृष्ण यहां पर छिप कर रहते थे।

इसके वाद सङ्केत ग्राममें सङ्केत-स्थान है। यहां वांसुरीके सङ्केत (इशारे) से श्रीराधिका आदि कृष्णदर्शनको आती थीं। रिठोरामें चन्द्रावलीका कुञ्ज है, यहां पर राधाको धोखा दे कर भगवान्ने सखी चन्द्रावलीकी मनस्कामना पूरी की थी। नन्दग्राममें नन्दालय और पान-सरोवरका पर्यवेक्षण कर यात्रिगण 'करहेला' देखने आते हैं। नन्दालयमें आज भी श्रीकृष्णका वाल्य-लीलाक्षेत्र दिखलाया जाता है। भगवान् नन्दकी गायें जव शामको घर लौटती थीं, तव जिस सरोवरमें वे जल पीती थीं वही पान सरोवर नामसे कीर्त्तित हुआ है। जहां कदम्ब वृक्षकी शाखा पर हाथ झुला कर श्रीकृष्ण राशलीला करते थे वहीं करहेला कहलाता है। इसके वाद कामई है, यहां पर राधाकृष्णने युगल-मूर्त्तिमें दर्शन दे कर किसी सखीकी अभिलाषा पूरी की थी। इसके वाद अञ्जन-पुष्करिणी है—यहां पर श्रीकृष्णने राधिकाकी आंखोंमें अञ्जन लगाया था और जहांका जल ले कर राधाने श्रीकृष्णकी प्यास बुझाई थी उसका नाम पिपासा-तीर्थ है। इस तीर्थका दर्शन कर वे उत्तरकी ओर वढ़ते हुए खेराके अन्तर्गत खदिरवन, कुमारवन, जावकवन और कोकिलवनका दर्शन कर चरण पहाड़ पर पहुंचते हैं। यहां ऐरावतकी पीठ पर सवार हो देवराज इन्द्रने श्रीकृष्णकी चरण-वन्दना की थी। उक्त वनोंमें श्रीकृष्णका लीलाप्रसङ्ग है।

अनन्तर यात्रिगण दधिग्राम पार कर परिक्रमाकी उत्तरसीमा कोटवनमें आते हैं। स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण दधिग्राममें रह कर गोपियोंके साथ क्रीड़ा कौतुक करते थे तथा वलराम उन्हींके छल परामर्शसे वथान-ग्राममें गौ चराते थे। यहांसे घरकी ओर जानेमें शेषई ग्राम (वर्त्तमान हथान) जाना होता है। भगवान् श्रीकृष्ण और वलरामने यहां पर गोपाङ्गनाओंको नारायण और अनन्तरूपमें दर्शन दिये थे। अनन्तर यमुनाके किनारे पहुंच कर खेलवन (शेरगढ़में), विहारवन, चीरघाट, नन्दघाट, वकवन, आतस, नरि-सेमरी, छटिकरा, अक्रूर और भातरांधा पा कर वृन्दावन आना होता है।

खेलवनमें श्रीकृष्ण माला गूंथ कर गोपियोंके साथ रस-कौतुक करते थे। चीरघाटके कदम्ववृक्ष पर वे व्रज-वासिनी रमणियोंके स्नान करते समय चीर चुरा कर छिप रहे थे। वह 'वस्त्रहरण' घाट नामसे भी प्रसिद्ध है। श्रीकृष्णदर्शनकी प्रत्याशामें वरुणदेव एक

दिन स्नानके समय गोपराज नन्दको यमुना जलमें ले गये थे। यह खबर लगने ही सभी लोग व्याकुल हो गये। श्रीकृष्णने जलमें घुस कर नन्दका उद्धार किया। इस भयके लिये निकटवर्त्ती स्थान भयगांव नामसे प्रसिद्ध है। वकवनमें भगवान्ने वकासुरको मारा था, पार्श्ववर्त्ती बशाइ-ग्राममें भगवान् द्वारा गोपाङ्गनाओंका वशीकरण उल्लेखित हुआ। नरिसमरीमें प्रतिवर्ष चैत्र-मासको कृष्णाचतुर्दशीको नवदुर्गाका मेला लगता है। यहां श्यामलादेवी विद्यमान हैं। भातरांधाग्राममें एक ब्राह्मणीके यहां देवरूपी दोनों बालकोंने मथुरायात्राकालमें अन्नग्रहण किया था। यहां आज भी उस घटनाका स्मरण कर भातमेला नामक एक उत्सव मानाया जाता है।

यहां यमुना पार कर जहांगीरपुरमें बेलवन, माटनगरके समीप भद्रवन, भाण्डीरवन, डाङ्गोलि, मानसरोघर और पीछे पिपरौली ग्राममें पिप्पलकुञ्ज दर्शन कर लोहवन, रावल और बुड़ियाका-खेरा आना पड़ता है।

बेलवन श्रीदाम-सखाका आवासस्थान माना जाता है। भाण्डीरवनमें बलरामने प्रलम्वासुरको मारा था। डाङ्गोलीमें श्रीकृष्णने अपनी वंशी रख कर मानसरोवरके किनारे श्रीराधाका मानभञ्जन किया। लोहवनमें लोहासुरकी पराजय सूचित हुई। रावलमें श्रीराधाका ननिहाल था। यहां पिता स्वर्भानुके साथ वृकभानुकी पत्नी रहती थी। बूढ़ीका खेरामें किसी वृद्धाके पुत्रके साथ राधाकी सहचरी मानवीका विवाह हुआ। एक दिन लालसामुग्ध हो कर श्रीकृष्णने उसके स्वामीका रूप धारण कर मानवीके घरमें प्रवेश किया। मानवी आदर पूर्वक उन्हें अपने घर ले गई और जाते समय वह अपनी साससे कहती गई, कि यदि कोई उसके स्वामीके जैसा दरवाजे पर आवे, तो दरवाजा नहीं खोलना, वरं उसे ईंट पत्थर मार कर भगा देना। श्रीकृष्णके छल कपटसे उस बेचारेका मस्तक चूर चूर हो गया था।

इस स्थानका परित्याग कर तीर्थयात्रिगण बन्दी ग्राममें बन्दि और आनन्दि (यशोदाकी दो विश्वस्तदासी) का मन्दिर तथा बलदेव ग्राममें रेवतीमन्दिरका दर्शन करते हुए हथौराके समीप चिन्ताहरण और ब्रह्माण्डघाट पहुंचते हैं। यहां श्रीकृष्णने अपने मुखमें यशोदाको ब्रह्माण्ड दिखलाया था। एतद्भिन्न महावनके श्रीकृष्ण-सम्वलित नाना घटनास्थल और गोकुल नदीतीरवर्त्ती असंख्य देवमन्दिर दर्शन कर वे क्लान्त हो जाते हैं और मथुराके परम पवित्र तीर्थ विश्रान्तिघाट पर आ कर पुण्यकार्यको शेष करते हैं।

ऊपर श्रीकृष्णके लीलास्थलरूपमें जिस प्रकार बारह वनोंका उल्लेख किया गया है, उसी प्रकार श्रीराधाके भी लीलाभूमि २४ वन बतलाये गये हैं। एतद्भिन्न नारायण-भट्ट-कृत व्रजभक्तिविलासमें १३३ वनोंके परिक्रमणकी कथा लिखी है—

१। द्वादश वन—महावन, काम्यवन, कोकिलवन, तालवन, कुमुदवन भाण्डीरवन, छत्रवन (छातानगर), खदिरवन, लोहवन, भद्रवन, बहुलावन और विल्ववन वा बेलवन।

२। द्वादश उपवन—ब्रह्मवन, अप्सरावन, विह्वलवन, कदम्ववन, स्वर्णवन, प्रेमवन, सुरभिवन, मयूरवन, मननगीतिवन, शेषशायीवन, नारदवन, परमानन्दवन।

३। द्वादश प्रतिवन—रङ्कवन, वार्त्तावन; करहेला, काम्यवन, अञ्जनवन, कामवन, कृष्णक्षेपणक, नन्दप्रेक्षण, इन्द्रवन, शिक्षावन, चन्द्रावतीवन और लोह वा लोहजङ्घवन।

४। द्वादश अधिवन—मथुरा, राधाकुण्ड, नन्द्रग्राम, गतस्थान, ललिता ग्राम, वृषभानुपुर, गोकुल, बलदेव, गोवर्द्धन, जाववन, वृन्दावन और सङ्केत। एतद्भिन्न ५ सेव्यवन, १२ तपोवन, १२ मोक्षवन, १२ कामवन, १२ अर्थवन, १२ धर्मवन और १२ सिद्धिवन हैं। प्रत्येक वनमें देवलीलाघटित प्रसङ्ग और देवमूर्त्ति प्रतिष्ठित है।

वराहपुराण और व्रजभक्तिविलास इन दोनोंसे ही तीर्थ-परिक्रमा उद्धृत हुई। देखनेसे ही मालूम होता है, कि वराहपुराणमें उक्त विवरण सङ्कलित होनेके समय जैसा मथुराप्रदक्षिण होता था, अभी वैसा नहीं होता। बहुतोंको मालूम है, कि रूपसनातनने वृन्दावनका प्राचीन स्थान निरूपण करनेमें अपना जीवन बिता दिया था। १६वीं सदीमें उन्हींके शिष्य नारायण

भट्टने व्रजभक्तिविलासमें मथुरापरिक्रमा लिपिबद्ध की। रूपसनातनकी चेष्टासे श्रीकृष्णलीलाभूमिका जहां तक पता लगाया था तथा परिक्रमाके सम्बन्धमें जनताको जहां तक मालूम हुआ था वही व्रजभक्तिविलासमें वर्णित देखा जाता है तथा उसीके अनुसार धार्मिक हिंदूगण मथुराकी परिक्रमा करते हैं।

जनसाधारणको मालूम है, कि मथुरामण्डलका विल्लबन, भाण्डीरवन आदि स्थान यमुनाके किनारे वसे हुए हैं। यमुनाके पूर्वतन खाद देखनेसे भी यमुनाकी पूर्वतन गतिका बहुत कुछ ज्ञान हो सकता है तथा आज भी वह कालिन्दी कुलध्वंसिनी हो कर स्थानविशेषको बहा देती है। पहले जिस 'यमुनापुलिन' पर श्रीकृष्णने गोपाङ्गनाके साथ विहार किया था, अभी वह एक बालुकामय प्राङ्गणमें परिणत हो गया है।

तीर्थक्षेत्ररक्षाका और भी एक स्वतन्त्र नियम है, किसी प्राचीन देवमन्दिर वा देवतीर्थके नदीगर्भमें निमज्जित होनेसे पण्डा वा पुरोहितगण उसकी रक्षाके के लिये विशेष यत्न करते हैं। वे उसीके पार्श्ववर्त्ती भूमिभागमें किसी जगह उसी तीर्थस्थानकी घोषणा कर देते हैं। सभी जातिके मध्य यह प्रथा प्रचलित देखी जाती है। कौन कह सकता है, कि यह द्वापर युगकी कथा है, जहां भगवान् श्रीकृष्णने विहार किया था, वह आज भी विद्यमान है। युगविपर्य्ययसे एक नष्ट हो गया है और उसके बदलेमें एक दूसरा नया बनाया गया है। एतद्भिन्न सुप्राचीन मथुराधाममें साम्प्रदायिक विप्लवके कारण घोर अनर्थ भी हो गया है।

इस जिलेमें १४ शहर और ८३७ ग्राम लगते हैं। जनसंख्या ८ लाखके करीब है। जिनमेंसे सैकड़े पीछे ६६ हिन्दू और शेषमें मुसलमान हैं। हिन्दूमें जाट और चौबे ब्राह्मणकी संख्या ही ज्यादा है। चौबे साधारण अधिवासीकी अपेक्षा बलवान् होते हैं। वृन्दावनमें महोत्सव देनेमें मथुरावासी चौबे ब्राह्मणको मिठाई खिलानी पड़ती है। वृन्दावनतीर्थमें यह 'मच्छव' दान विशेष पुण्यजनक माना गया है।

यहांकी प्रधान उपज गेहूं, बाजरा, चना और जुआर है। साधारण अधिवासियोंके मध्य अधिकांश कृषिजीवी और भूम्याधिकारी हैं।

जलाभावके कारण यहांके अधिवासियोंको कभी कभी वहुत कष्ट भुगतना पड़ता है। उसके साथ साथ दुर्भिक्षरूप महामारी भी अपना दर्शन दे कर लोगोंको विपदसमुद्रमें विलोड़ित करती है। १८१३ ई०में सहार परगनेमें ऐसा विपदुपात हो गया है। यहां तक कि, अन्नाभावमें भिन्नश्रेणीके अधिवासियोंको मुट्ठी भर अनाजके लिये थोड़े मोलमें अपने स्त्री-पुत्रको भी बेचना पड़ा था। १८२५-२६ ई०में महावन और जलेश्वरके अधिवासियोंको अन्नका कष्ट हुआ था। १८३७-३८ ई०को मथुरा जिलेके अन्तर्वेदी प्रदेशमें और दक्षिण पश्चिम पार्वत्य विभागमें महा अन्नकष्ट उपस्थित हुआ था। १८६०-६१ ई०में जलाभावके कारण जिलेके अधिकांश स्थानमें फसल विलकुल नहीं हुई। पीछे आधा अधिवासी अपनी जन्मभूमिका परित्याग कर अन्यत्र जा वसे। इसके वाद पुनः १८७७-७८ ई०में अनावृष्टिके कारण अनाजका मूल्य दूना वढ़ गया। इस समय मथुरा और पार्श्ववर्त्ती लोगोंको महान कष्ट उठाना पड़ा था। कितने लोग शीतदेवीकी गोदमें सदाके लिये सुखसे सो रहे। गवर्मेण्ट १८७८ ई०के अगस्त मास तक प्रतिदिन २० हजार लोगोंको अन्न देती रही थी।

विद्याशिक्षामें यह जिला बढ़ा चढ़ा है। स्कूलके अलावा आठ अस्पताल भी हैं।

२ उक्त जिलेकी एक तहसील। यह अक्षा० २७° १४´ से २७° ३९´ उ० तथा देशा० ७७° २०´ से ७७° ५१´ पू०के मध्य विस्तृत है। भूपरिमाण ३९६ वर्गमील और जनसंख्या ढाई लाखके करीब है। यह पूर्वमें यमुना नदी और उत्तर-पश्चिममें भरतपुर एव तमालाके पाददेश तक विस्तृत है। गोवर्द्धनके निकटवर्त्ती गिरिराज नामक गण्डशैल ही उल्लेखयोग्य है। यह पर्वत पार्श्ववर्त्ती समतलक्षेत्रसे प्रायः १०० फुट ऊंचा और ५ मील विस्तृत है। श्रीकृष्णके पौराणिक लीलाप्रसङ्गमें इस स्थानका माहात्म्य गाया गया है। पर्वतके ऊपर श्रीकृष्णके उद्देशसे मन्दिर प्रतिष्ठित हुआ है। परिक्रमामें उसका कथञ्चित उल्लेख किया गया है। काशीधाममें जिस प्रकार शिवलिङ्गका बाहुल्य देखा जाता है, उसी प्रकार इस मथुरा मण्डलमें विष्णु-मूर्त्तिका भी

अभाव नहीं है। प्रायः प्रत्येक हिन्दूके घरमें भगवन्नारायण विराज करते हैं।

इस तहसीलके पूर्वभागमें एकमात्र यमुना नदी ही कृषिकार्यमें सहायता देती है। आगरा-नहर काटी जानेके बाद वहां जलकी बहुत सुविधा हो गई है। उत्पन्न द्रव्यमें तमाकू, ईख, चना, रूई, जौ, गेहूं, ज्वार और बाजरा प्रधान है।

मथुरानगरी—जिलेका प्रधान नगर और विचार-सदर। यह अक्षा० २६° ३०´ उ० तथा देशा० ७७° ४१´ पू० यमुनाके दाहिने किनारे अवस्थित है।

इस नगरकी गिनती पहले महासमृद्धिशाली राजधानीमें होती थी, रामायण, पुराण और बौद्धशास्त्र ललितविस्तरसे उसका पता चलता है। यह स्थान विशेष समृद्ध और कनोज आदि विभिन्न श्रीसम्पन्न राजधानीके पास अवस्थित था, इस कारण विभिन्न धर्मसम्प्रदाय अपने अपने धर्मप्रचारके लिये यहां आ कर बस गये थे। उन्हींमेंसे किसी किसीने एकके ध्वंसावशेषका परित्याग कर उस सुरम्य यमुनाके किनारे किसी दूसरे स्थान पर वास किया था; कालक्रमसे मथुरामें एकके अवसान होने पर दूसरेका प्रताप बढ़ गया। इसी प्रकार मथुरामण्डलमें ब्राह्मण्ययुगके बाद प्राचीन जैन और बौद्धयुगका प्रचार हो गया है। बाद उसके पुनः हिन्दूधर्मके अभ्युत्थानसे वैष्णवधर्म फैला। क्रमसे श्री, निम्बार्क, माध्व, विष्णु और वल्लभाचार्य आदि साम्प्रदायिकोंने मथुरामें प्रतिपत्ति जमाई और उन्होंने ही देवमन्दिरादिका निर्म्माण किया। एतद्भिन्न इतिहास वर्णित ग्रीक और मुसलमान-राजाओंने मथुराके प्राचीन मन्दिर आदि पर कब्जा किया था इसमें जरा भी सन्देह नहीं। शत्रुघ्न द्वारा प्रतिष्ठित मधुपुरी वा प्रकृत मथुरा किस जगह अवस्थित था बतलाना कठिन है। इसीलिये हिन्दू-शास्त्रमें मथुरामण्डल परिदर्शनकी व्यवस्था दी गई है। कारण, मथुरामण्डलके किसी न किसी स्थानमें प्राचीन मथुरातीर्थ अवस्थित है। अभी जो सब वन श्रीकृष्णका लीलाक्षेत्र बतलाया जाता है वह भी सम्भवतः उस पौराणिक युगमें गांव वा नगर था। भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र हमेशा उन सब स्थानोंमें घूमा करते थे। बिल्ववनमें श्रीदाम सखाका घर था, ऐसा कहा जाता है। कालक्रमसे ये सब स्थान अभी वनके आकारमें परिणत हो गये हैं। परिव्राजक फाहियान और यूएनचुवंग मथुरा परिदर्शन कर बहुतसे बौद्ध-संघाराम और हिन्दूमन्दिरका उल्लेख कर गये हैं।

इस प्राचीन कीर्त्तिसमूहको ले कर प्रत्नतत्त्वविदोंमें मतभेद है। वे प्राचीन स्तूप देख कर ही बौद्धकीर्त्तिका अनुमान कर लेते हैं, किन्तु अभी विशेष यत्न और अध्यवसायसे आलोचना करने पर उनमेंसे कितने जैन-कीर्त्तिके निदर्शन भी बाहर हुए हैं।

मथुरा जिलेका पुरातत्त्व देखो।

आजकल मथुराधाममें जो सब प्राचीन कीर्त्तियां देखी जाती हैं नीचे उनका एक संक्षिप्त विवरण दिया जाता है—

परिव्राजक यूएनचुवंग यहां २० सङ्घाराम और ५ मन्दिर देख गये हैं। किन्तु फा-हियानके ४०० ई०के वृत्तान्त के साथ ६३४ ई०में यूएनचुवंगकी विवरणीका मिलान करनेसे ईस्वीसन्की चौथी शताब्दीसे ही यहांके बौद्ध-प्राधान्यके अवसानकालकी कल्पना की जाती है। सुतरां ईस्वीसन्के पहले ४थी शताब्दीके उपगुप्तके समयसे ले कर ईस्वीसन् १ली और २री शताब्दी तक यहां बौद्धधर्मकी सविशेष विस्तृति कल्पित होती है। बौद्ध-समृद्धिके अवसानके साथ साथ मथुराकी समृद्धि भी अस्तमित हुई।

अभी मथुरा नगरके चारों ओर इधर उधर पड़े हुए ईंटे और पत्थरके टुकड़े मिलते हैं। इनसे यद्यपि प्राचीनत्वका कोई निदर्शन नहीं मिलता, पर वे एक एक प्राचीन कीर्त्तिके ध्वंसावशेष अनुमित होते हैं। किसी किसीने यमुनातीरवर्त्ती इन स्तूपोंको स्वभावजात बतलाया है। शीतलघाटके समीपमें इस प्रकार एक स्तूपके ऊपर मथुराका प्राचीन दुर्ग तथा कटवाके मध्यवर्त्ती स्तूपके ऊपर सम्राट् औरङ्गजेबने मसजिद् बनवाई थी। अलावा इसके आनन्दटीला और विनायकटीला खोद कर प्राचीन कीर्त्ति बाहर निकालने पर भी उनको नाम तथा यूएनचुवंगकी वर्णनाके अनुसार आनन्द और उपालिकी कथा याद आ जाती है।

जमालपुर और तन्निकटवर्त्ती कङ्काली वा जैनटीला और कटरास्तूपसे अनेक बौद्धनिदर्शन तथा शिलालिपि निकली हैं। कङ्कालीटीला कङ्कालीदेवीके अधिष्ठान-स्नानरूपमें जन साधारण द्वारा पूजित होने पर भी यहां बहुत से बौद्ध और जैनकीर्त्तिके निदर्शन तथा शकराज-कनिष्क, हुविष्क और वसुदेवके लिपियुक्त बारह दिगम्बर तीर्थङ्करोंकी मूर्त्ति और श्वेताम्बरोंके पद्मप्रभानाथकी मूर्त्ति एवं मौर्य-अक्षरमें लिखित कितने प्रस्तरफलक पाये गये हैं। कङ्कालीटीलाके अदूरस्थ कटवाके समीप भूतेश्वर-महादेव मन्दिरके पीछे एक गण्डशैलके ऊपर बहुतसे बौद्ध निदर्शन फैले हुए हैं। उक्त मन्दिरके पार्श्वदेशमें बलभद्रकुण्ड नामक पुण्य-सलिला पुष्करिणी विद्यमान है। यहां अनेक बौद्धकीर्त्तिके खंडहर रहने पर भी इस स्थानमें हिन्दूमाहात्म्य घोषित होता है। प्रतिवर्ष सलोनी पूर्णिमाके दिन बलभद्रकुण्डमें एक मेला लगता है। अलावा इसके १ मील दक्षिण पश्चिममें चौवाडा या चौरासी स्तूप अवस्थित है। उसके एक स्थानसे एक दन्तविमण्डित स्वर्णकौटा पाया गया है। दुःखका विषय है, कि अब भी मथुराका सभी स्थान अन्वेषित नहीं होता, नहीं तो मथुराधामके बहुतसे स्थानोंमें प्रतिमूर्त्ति और भग्न स्तम्भके सिवा और भी कितनी कीर्त्तियां बाहर होतीं। प्रसिद्ध चीन-परिव्राजक यूएनचुवंग जिन सब बौद्ध-संघारामोंका उल्लेख कर गये हैं, प्रत्नतत्वविद् डा० कनिहम्, फुरार, वार्गस आदिके यत्नसे स्तूप निहित शिलाफलकसे उनमेंसे यशोविहार, उपगुप्तविहार, संघमित्रसद्विहार, हुविष्कविहार और कुण्डशुकविहारके नाम मिले हैं।

१६६१ ई०में यहांका सुप्रसिद्ध केशवदेवका मन्दिर सम्राट् औरङ्गजेबने तहस नहस कर दिया। यह स्थान आज कटरा कहलाता है। सम्राट् औरङ्गजेबने केशव देवमन्दिरका ध्वंसावशेष ले कर उसके ऊपर एक मसजिद बनवाई। आज भी मसजिद-गात्रस्थ १७१३ और १७२० सम्बत्की नागरीलिपिसे उसका स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

१८८९ ई०में मथुरासे वृन्दावन रेलपथ ले जानेमें कटराकी जमीन खोदने पर बहुत-सी बौद्धमूर्त्ति और मौखरिराज महादित्यकी भग्न-शिलालिपि मिली थी। इस कटराके पश्चात्भागमें केशवदेवका वर्त्तमान मंदिर बनवाया गया है। उसके पास ही पोतरकुण्ड और कंसका कारा-गढ़ वा श्रीकृष्णकी जन्मभूमि हैं। इस पोतरकुण्डके पीछे धुलकोट (मथुरानगरका प्राचीन वप्र) परिवेष्टित स्थानमें एक बड़ा स्तूप देखा जाता है जो सम्भवतः किसी बौद्ध मठादिका निदर्शन होगा।

बलभद्रकुण्डके समीप भूतेश्वर-महादेव-मन्दिर और चारों ओर टूटे फूटे खंडहरोंको देखनेसे अनुमान होता है, कि ब्राह्मणके द्वारा कृष्णावतार-प्रसङ्ग उत्थापित होनेके पहले यहां शिवलिङ्गकी प्रतिष्ठा हुई थी। इस प्रकार यहां किसी एक समय काम्यकवनमें कामेश्वर, गोवर्द्धनमें चक्रेश्वर और वृन्दावनमें गोपेश्वरकी मूर्त्ति प्रतिष्ठित हुई।

भूतेश्वर-महादेवमंदिर-संलग्न काजीवाग नामक उद्यानमें एक छोटी मसजिद देखी जाती है। उसमें हिन्दूधर्मका कोई निदर्शन नहीं रहने पर भी उसका गठनकार्य देखनेसे अनुमान होता है, कि वह एक समय हिंदू द्वारा बनवाई गई थी। उसका गठनकार्य्य सम्पूर्णरूपसे हिन्दूभावमें पूर्ण है उसमें मुसलमान मसजिदका बिलकुल आभास नहीं है।

कटराका द्वारपथ तै कर दिल्ली जानेकी राह पर 'कुब्जा' घरका प्राचीर दृष्टिगोचर होता है। अम्वरीयशैलके समीप वृन्दावनद्वार और शाहगञ्ज सराय होते हुए सम्राट् अकबरशाहके शासनकर्त्ता अली खांकी छतरीके सामने पहुंचते हैं। इसके पास ही सरस्वती-सङ्गमकी धारा और दक्षिणमें महादेवका मंदिर है। निकटवर्त्ती कैलास पर्वत पर गोकर्णेश्वर तीर्थ तथा इस धाराके निम्नदेशमें गार्गी और शार्गी तीर्थ है। प्रवाद है, कि गोकर्ण अष्ट वीतरागमेंसे एक हैं। ये महादेवके अवतार हैं तथा उनकी गार्गी और शार्गी नामकी दो पत्नी गौरीके अंशावतारमात्र हैं। यहां बहुत-सी भैरवमूर्त्ति, शीतलादेवी, मशानी और मायादेवीकी मूर्त्ति स्थापित हैं। कैलासशैलके अपर पार्श्वस्थ सड़कके किनारे रामलीलाका मैदान है। उसके करीब ही सरस्वतीकुण्ड अवस्थित है।

यमुनाके किनारे जयपुरराज विहारीमल्लकी पत्नीके सतीत्वके निदर्शनस्वरूप १५७० ई०में उनके पुत्र राजा भगवान् दासने 'सतीबुरुज' बनवाया जो ५५ फुट ऊँचा और चार मंजिलका है। सम्राट् औरङ्गजेबने उसकी चोटी तोड़ डाली थी।

कङ्काली-टिलाके पास शिवताल नामक पवित्र पुष्करिणी है। वाराणसी-राज पटनीमल्लने १८०७ ई०में उसके चारों ओर उच्च प्राचीर बनवा दिया था। प्रतिवर्ष भादोंके महीनेमें कृष्णा-एकादशीके दिन यहां एक मेला लगता है। प्राचीरके बाहरमें शिल्प-कौशलसे पूर्ण अन्नलेश्वर महादेवका मंदिर है।

नगरके ठीक बीचमें जुमा-मसजिद है। यह सम्राट् औरङ्गजेबके समय १०७१ हिजरीमें अवदुन्नवी खांसे किसी हिन्दू कीर्त्तिके ध्वंसावशेष पर बनाआई गई थी। नगरोपकण्ठस्थ मनोहरपुरमें सम्राट् महम्मद शाहके राजत्वकालमें निर्मित एक और बहुत छोटी मसजिद देखनेमें आती है। यमुनाकी उत्तरीसीमामें एक प्राचीन दुर्गका ध्वंसावशेष पतित है जिसे लोग 'कंसका किला' कहते हैं। किन्तु अन्यत्र प्रवाद है. कि सम्राट् अकबर शाहके विख्यात सेनापति जयपुरके राजा मानसिंहने वह दुर्ग बनवाया था। कालवशसे वही टूट फूट गया है। यहां मानसिंहके वंशधर अम्बरेश्वर सबाई जयसिंहने स्वीय अभ्यस्त ज्योतिर्विद्याकी आलोचनाका एक मानमंदिर (Observatory) निर्माण कराया था। उक्त जयसिंह सम्राट् महम्मदशाह कर्त्तृक १७२१ ई०में इस प्रदेशके शासन कर्त्ता नियुक्त हुए थे। उसी समय यह मानमंदिर स्थापित हुआ, किन्तु सम्प्रति उस घरका चिह्नमात्र भी नहीं है।

मथुराके किलासे ले कर यमुना-बाग तक विस्तृत यमुनावक्षमें कुल २४ स्नानघाट हैं। इनमेंसे प्रत्येकका माहात्म्य किसी न किसी तीर्थमें गाया गया है। उत्तरमें गणेशघाट, मानसघाट, दशाश्वमेधघाट, चक्रतीर्थघाट, कृष्णगंगाघाट, कालिञ्जरेश्वरका महादेवमन्दिर, सोमतीर्थ वा वसुदेवघाट, ब्रह्मलोकघाट, घण्टाभरणघाट, धारापतनघाट, सङ्गमनतीर्थघाट वा बैकुण्ठघाट, नवतीर्थघाट और असिकुण्डघाट तथा दक्षिणभागमें अविमुक्तघाट, विश्रान्तिघाट, प्रयागघाट, कनखलघाट, तिन्दुकघाट, सूर्यघाट, चिन्तामणिघाट, ध्रुवघाट, ऋषिघाट, मोक्षघाट, कोटिघाट और बुद्धघाट है। कंसासुरको मार कर भगवान् श्रीकृष्णने विश्रान्तिघाटमें ही विश्राम किया था। यहां पितृपुरुषोंको पिण्डदान करनेसे यमुनामेंके कच्छप आ कर उसे भक्षण करते हैं। इस विश्रान्तिघाटके पास ही कंसखाँड़ी नामक एक गर्त्त है। प्रवाद है, कि कंसकी मृतदेह अन्त्येष्टि-क्रियाके लिये इसी हो कर यमुनाके किनारे लाई गई थी। योगघाटमें नन्दकन्या योगनिद्राको कंसने शिला पर पटक दिया था। योगघाट और प्रयागघाटके बीचमें वेणीमाधवतीर्थ और श्रृङ्गारघाट अवस्थित है। प्रयागघाटमें रामेश्वर महादेव एवं श्रृङ्गारघाटमें पिप्पलेश्वर महादेव और वटुकनाथ विद्यमान हैं। इसके सिवा प्रायः प्रत्येक घाटमें ही शैव या विष्णुमूर्त्ति स्थापित हैं। मथुराके घाटकी शोभा अतुलनीय है।

१८०३ ई०के भयानक भूमिकम्पसे मथुराकी बहुतसी प्राचीन कीर्त्तियां नष्टभ्रष्ट हो गईं। वर्त्तमान अट्टालिकामें यमुनाबागकी छतरी, मथुरा प्रवेशद्वार, जादूघर, असिकुण्डका द्वारकाधीश और विश्रान्तिघाट, गतश्रम-मन्दिर, ईसाइयोंका गिर्जा, 'हार्डिंजआर्च' या होलिदरवाजा, तेण्डाखेराका राधाकृष्ण-मन्दिर, सतघराका विजयगोविन्द-मन्दिर, कंसखेराका बलदेवमन्दिर, लोहारका भैरवनाथमन्दिर, स्वामिघाटका मदनमोहन-मन्दिर, सेठ कुशालका गोवर्द्धननाथ-मन्दिर, स्वामिघाटका विहारीजीका मन्दिर, निकार्चीका गोविन्ददेव-मन्दिर, स्वामिघाटका गोपीनाथमन्दिर, हार्डिंजआर्चके सन्निकटस्थ बलदेवमन्दिर, सतघराका मोहनजी, असिकुण्डका मदनमोहन, कंसखांड़का गोवर्द्धननाथ, दीर्घविष्णु-मन्दिर, सतीबुरुज, अवदुन-नवि और औरङ्गजेबकी मसजिद, लक्ष्मीचांदका वासभवन आदि उल्लेखयोग्य है।

मथुरादास—मध्यप्रदेशके सुवर्णशेखरवासी एक कायस्थ पण्डित। इन्होंने वृषभानुजा नामक संस्कृत-नाटिकाकी रचना की।

मथुरानाथ (सं० पु०) १ श्रीकृष्ण। २ एक प्रसिद्ध ज्योतिर्विद्। इन्होंने १६१० ई०में सूर्यसिद्धान्तमञ्जरी नामक एक सूर्यसिद्धान्तकी टीका लिखी।

मथुरानाथकवि—श्यामाकल्पलतिकाके प्रणेता। गुप्तिपाड़ामें

ये मथुरेशकवि नामसे ही प्रसिद्ध हैं। गुप्तिपाड़ाके प्राचीन लोगोंके मुखसे सुना जाता है, कि मथुरेश रामानन्द आश्रमके समसामयिक थे। उन्होंने प्रायः १६८५ ई०में श्यामाकल्पलतिकाकी रचना की। वे सिद्ध पुरुष भी थे। एक दिन वे एक घड़ा शराब लिये आ रहे थे, रास्तेमें सिद्ध रामानन्दसे उनकी भेंट हो गई। रामानन्द जानते थे कि घड़ेमें शराब है अथवा उन्होंने उनकी शक्तिकी परीक्षाके लिये उनसे पूछा, 'घड़ेमें क्या है?' उत्तरमें मथुरेशने कहा, 'इसमें गङ्गाजल है।' रामानन्दने थोड़ा गंगाजल मांगा। मथुरेशने भी घड़ेसे जल निकाल कर दे दिया। मथुरेशके सम्बन्धमें इस प्रकार अनेक किवदन्तियां प्रचलित हैं।

मथुरानाथ चक्रवर्त्ती—प्रश्नरत्नांकुर और शुद्धिरत्नांकुर नामक ज्योतिर्ग्रन्थके रचयिता।

मथुरानाथतर्कवागीश—नवद्वीपके एक प्रधान नैयायिक, रामतर्कवागीशके पुत्र, सुप्रसिद्ध रघुनाथ शिरोमणिके शिष्य और वासुदेव सार्वभौमके प्रशिष्य। इनके बनाये हुए मथुरानाथी वा माथुरी, गुणकिरणावली प्रकाशटीका, तत्त्वचिन्तामणिटीका, तत्त्वचिन्तामणि आलोकटीका, न्यायलीलावतीटीका, न्यायलीलावती-प्रकाशरहस्य और सिद्धान्तरहस्य आदि कुछ ग्रंथोंका नव्यनैयायिकसमाजमें विशेष आदर है। उक्त ग्रंथोंमें माथुरी ही मथुरानाथकी अपूर्वप्रतिभाका उज्ज्वल निदर्शन है। यह रघुनाथ-शिरोमणि-रचित तत्त्वचिन्तामणि और तत्त्वचिन्तामणिदीधितिकी टीका होने पर भी इसमें मथुरानाथने जिस विचार और तर्कशक्तिका परिचय दिया है, वह पढ़नेसे विस्मित होना पड़ता है।

उपरोक्त प्रधान ग्रन्थोंको छोड़ कर मथुरानाथ विरचित नव्य-न्यायशास्त्र-घटित अनेक पर्चे देखे जाते हैं। उनमेंसे कुछ उनके उक्त किसी ग्रन्थके अन्तर्गत है अथवा स्वतन्त्र ग्रन्थ हैं, ऐसा मालूम होता है। अनुसन्धान करने पर जहां तक पाया गया है उसे नीचे लिखते हैं—

अतएवचतुष्टयिरहस्य, अनूपसंहारि पूर्वपक्षरहस्य, अनूपसंहारिसिद्धान्तरहस्य, अनुमानप्रामाण्यवादरहस्य, अनुमितिपरामर्श, अनुमितिरहस्य, अपूर्ववादरहस्य, अभिधाविचाररहस्य, अर्थाध्याहार-पूर्वपक्षालोकरहस्य, अर्थापत्तिपूर्वपक्षरहस्य. अर्थापत्तिरहस्य. अर्थापत्तिसिद्धान्तरहस्य, अवच्छेदकत्व-लक्षणरहस्य, अवयवग्रन्थरहस्य, असाधारण-पूर्वपक्षरहस्य, असाधारणरहस्य, आकांक्षाग्रन्थरहस्य, .आकाङ्क्षा-पूर्व पक्षालोकरहस्य, आकाशखण्डन, आकाशवादार्थ, आख्यातवादरहस्य, आसत्तिग्रन्थरहस्य, उदाहरणलक्षणरहस्य, उपनयलक्षणरहस्य, उपाधिदूषकताबीजपूर्वपक्षरहस्य, उपाधिदूषकताबीजरहस्य. उपाधिपूर्वपक्षरहस्य, उपाधिवादरहस्य, उपाधिविभागरहस्य, उपाधिसामान्यलक्षणरहस्य, उपाधिसिद्धान्तग्रन्थरहस्य, उपाध्याभ्यासरहस्य, केवलव्यतिरेकिपूर्व पक्षरहस्य, केवलव्यतिरेकिसिद्धान्तरहस्य, केवलान्वयिग्रन्थरहस्य, केवलान्वयिपूर्व पक्षरहस्य, केवलान्वयिसिद्धान्तरहस्य, गुणदीधिति नामक गुणप्रकाशदीधितिटीका, जातिपक्षतावाद, जातिमाला, तर्कप्रतिबन्धकतारहस्य, तर्करहस्य; तात्पर्यग्रन्थरहस्य, द्वितीयचक्रवर्त्ति लक्षणरहस्य, द्वितीयस्वलक्षणरहस्य, न्यायमूलपरिभाषा, पक्षताग्रन्थरहस्य, पक्षताटीका, पक्षतापूर्वपक्षग्रन्थरहस्य, पक्षतारहस्य, पक्षतासिद्धान्तरहस्य, परामर्शपूर्व पक्षरहस्य, परामर्शसिद्धान्तरहस्य, प्रतिज्ञालक्षणरहस्य, प्रत्यक्षपरिच्छेदरहस्य, प्रत्यक्षालोकफक्किका प्रत्यक्षलोकरहस्य, प्रथमप्रगललक्षणरहस्य, प्रथमस्वलक्षणरहस्य, प्रामाण्यवादरहस्य, बाधग्रंथ रहस्य, बौद्धाधिकाररहस्य, भावप्रत्ययवादार्थ, योग्यताग्रन्थरहस्य योग्यतापूर्वपक्षरहस्य, लक्षणवादरहस्य, लिङ्गकारणतापूर्व पक्षरहस्य, लिङ्गकारणतासिद्धान्तरहस्य, लिङ्गोपस्थितलैङ्गिकभावनिवासरहस्य; लिङ्गोपद्धित लैङ्गिकभावविचार, विधिवाद, विधिवादटीका, विरुद्धग्रन्थपूर्वपक्षरहस्य, विरुद्धसिद्धान्तग्रन्थरहस्य, विशिष्टवैशिष्ट्यबोधविचार, विशेषव्याप्तिरहस्य, व्यतिरेकपूर्वपक्षरहस्य, व्यतिरेकिरहस्य, व्यधिकरणधर्मावच्छिन्नाभावखण्डन, व्यधिकरणधर्मावच्छिन्नाभावरहस्य, व्याप्तिग्रहोपायरहस्य, व्याप्तिरहस्य, व्याप्तिपूर्वपक्षरहस्य, व्याप्तिवाद, व्याप्तिवादरहस्य, व्याप्त्यनुपमरहस्य, शक्तिप्रकाशबोधिनी, शक्तिवादरहस्य, शब्दरहस्य, शब्दनित्यतारहस्य, शब्दामाण्यरहस्य, शब्दालोकरहस्य वा शब्दमणिपरिच्छेदालोकटीका, संशयकरणतार्थापतिपूर्व पक्ष-

रहस्य, संशयकारणतार्थापत्तिरहस्य, संशयपक्षताविचार, संशयवादार्थ, संशयानुमितिरहस्य, सङ्गत्यनुमितिवाद, सत्प्रतिपक्षग्रन्थरहस्य, सत्प्रतिपक्षपूर्वपक्षरहस्य, सत्प्रतिपक्षसिद्धान्तग्रंथरहस्य, सन्निकर्षवादार्थ, सव्यभिचाररहस्य, सव्यभिचारसिद्धान्तरहस्य, साधारणपूर्वपक्षरहस्य, साधारणरहस्य, सामान्यनिरुक्तिग्रंथरहस्य, सामान्यलक्षणरहस्य, सामान्यभावरहस्य, सिंहव्याघ्ररहस्य, सिद्धान्तलक्षणरहस्य, स्वप्रकाररहस्य, हेत्वाभासरहस्य।

उक्त न्याय ग्रंथोंके अतिरिक्त मथुरानाथ आयुर्दायटीका नामक एक ज्योतिर्ग्रन्थ लिख गये हैं।

मथुरानाथशुक्ल—काशीवासी एक महापण्डित। मालवके अन्तर्गत पाटलिपुत्र ग्राममें इनका जन्म हुआ था। ये १८वीं शताब्दीमें काशीधाममें विद्यमान थे। इन्होंने नाना शास्त्रीय अनेक ग्रन्थोंकी रचना की जिनमेंसे निम्नलिखित ग्रंथ मिलते हैं—

अघपञ्चविवेचन, अघपञ्चषष्टि, आचारार्क, आचारोल्लास, आत्मपुराणदीपिका, अशौचनिर्णयटीका, आश्वलायनसूत्रवृत्ति, कालमाधवचन्द्रिका, कालीतत्त्वटिप्पन, कुमारीतंत्रविवरण, कुवलयानन्दवृत्ति, कृत्यसार, क्रियाकौमदी, गणकभूषणटीका, गणेशस्तोत्र, गुरुसूयगोचरविचार, गोरक्षशतकटीका, छन्दःकल्पलता, जटापटलटिप्पन, जातककल्पलता, ज्योतिःसिद्धान्तसार, तिथिनिर्णय, दिलीपचरित, दिव्यतत्त्वलघुटीका, दुर्गार्च्चनामृतरहस्य, नैषधीयटीका, पञ्चमीसुधोदय, पाणिग्रहादिकृत्यनिर्णय, पिङ्गलवृत्ति, प्रबोधचन्द्रोदयवृत्ति, वृहत्संहिताटिप्पन, वृहदारण्यकोपनिषल्लघुवृत्ति, ब्रह्मसूत्रलघुवृत्ति, भगवद्गीताप्रकाश, भुवनेश्वरीवरिवस्यारहस्य, भैरवसपर्य्याविधि, भैरवार्च्चनकल्पलता, मन्त्ररत्नाकर, मलमासतत्त्वटीका, माण्डूक्योपनिषद्भाष्यटिप्पन, मिताक्षरा नामक प्रश्नमनोरमाटीका, मिताक्षरा नामक याज्ञवल्क्यकी आचाराध्यायटीका, यन्त्रराज, यन्त्रराजकल्प, यन्त्रराजटीका, यन्त्रराजपद्धति, युद्धजयोत्सवटिप्पनी, योगकल्पलता, योगवर्णन, वृत्तदर्पण, वृत्तसुधोदय, वैद्यामृतलहरी, शारदातिलकप्रकाश, शिवपूजाप्रकाश, षट्चक्रादिसंग्रह, सहमचन्द्रिका, साहित्यदर्पणटिप्पन, सिद्धान्तचन्द्रिका, सुभाषितमुक्तावली, सौभाग्योपनिषट्टिप्पन, हठयोगसंग्रह, हनूमन्तोद्धार और हारावलीकोषटिप्पनी।

मथुरापुर—१ बंगालके चौबीस परगना जिलेके डायमंड-हारबरके अन्तर्गत एक गण्ड ग्राम। यह देवयानकी हाट नामसे प्रसिद्ध है। यहां एक हाट लगती है जिसे वाणिज्य भाण्डार भी कह सकते हैं।

२ यशोहर जिलेके झिनाइदह महकुमेके अन्तर्गत एक ग्राम।

मथुरिया (हिं० वि०) मथुरासे सम्बन्ध रखनेवाला, मथुराका।

मथुरेश (सं० पु०) १ श्रीकृष्ण। २ मथुरानाथ कवि।

मथुरेशविद्यानिधि—ज्योतिःसागरसारके रचयिता।

मथुरेश विद्यालङ्कार—एक विख्यात पण्डित। इन्होंने १६६६ ई०में सार-सुन्दरी नामक अमरकोषटीका लिखी। अलावा इसके शब्द-रत्नावली नामक उनका बनाया हुआ एक और अभिधान पाया जाता है। उनके बनाये हुए ग्रन्थोंसे उनकी वंशावलीका हाल जाना जाता है, कि सर्वानन्दके पुत्र माधव, माधवके पुत्र काशीनाथ, काशीनाथके पुत्र चन्द्रवन्द्य, चन्द्रवन्द्यके पुत्र शिवराम और शिवरामके पुत्र प्रसिद्ध मथुरेश थे।

मथूरा (सं० स्त्री०) मथ-बाहुलकात् ऊरः टाप्। मथुरा।

मथौरा (हिं० पु०) एक प्रकारका भद्दा रंदा। इससे बढ़ई लकड़ीको खरादनेके पहिले छोल कर सीधा करते हैं।

मथौरी (हिं० स्त्री०) एक आभूषण। इसे स्त्रियां सिरमें पहनती हैं। यह अर्द्ध चन्द्राकार होता है जिसमें कई लटकन लगे रहते हैं। यह जंजीर वा धागेसे बांधा जाता है।

मथ्ण (सं० स्त्री०) आलोड़न।

मथ् (सं० त्रि०) मथनशील।

मथ्य (सं० त्रि०) मथनीय, मथनयोग्य।

मद (सं० पु०) १ हस्तिगण्डस्थल, वह गंधयुक्त द्राव जो मतवाले हाथियोंकी कनपटियोंसे बहता है। २ हर्ष, आनन्द। ३ रेतः, वीर्य। ४ कस्तूरी। ५ उन्मादरोग। ६ गर्व, अहंकार। ७ मद्य। ८ मत्तता, पागलपन। ९ कल्याणवस्तु। १० एक दानवका नाम। ११ कामदेव, मदन। १२ मतवालापन, नशा। (त्रि०) १३ मत्त। मैं एक महान् पुरुष और धनवान् हूं, मेरे जैसा कोई भी पृथ्वी पर नहीं है, इस प्रकार चित्तमें जो अभिमान होता है, उसे मद कहते हैं। अहङ्कारसे मदकी उत्पत्ति होती है।

मद (अ० स्त्री०) १ लम्बी लकीर जिसके नीचे लेखा लिखा जाता है, खाता। २ कार्य वा कार्यालयका विभाग, सरिश्ता। ३ शीर्षक, अधिकार। ४ ऊँची लहर, ज्वार।

मदक (हिं० स्त्री०) एक प्रकारका मादक पदार्थ। यह अफीमके सतमें वारीक कतरा हुआ पान पकानेसे वनता है। पीनेवाले इसकी छोटी छोटी गोलियोंको चिलम पर रख कर तमाकूको तरह पीते हैं।

मदकची (हिं० वि०) जो मादक पीता हो, मदक पीनेवाला।

मदकट (सं० पु०) मदं कटति प्रकटयतीति कट्-अच्। षण्ड, साँड़।

मदकद्रुम (सं० पु०) ताड़का पेड़।

मदकर (सं० पु०) १ धुस्तूर वृक्ष, धतूरेका पेड़। स्त्रियां ङीप्। २ धातकीवृक्ष। ३ सुरा, शराव। (त्रि०) ४ मत्तताजनक, जिससे मद उत्पन्न हो।

मदकरिन् (सं० पु०) मत्तहस्ती, पगला हाथी।

मदकल (सं० पु०) मदेन कलोऽव्यक्तमधुर ध्वनिर्यस्य। मत्तहस्ती। १ मत्त, मतवाला। २ अव्यक्त-प्रलापी। (त्रि०) ३ मदाव्यक्तवाची, वावला।

मदकसिरा—१ मन्द्राज प्रदेशके अनन्तपुर जिलेका एक तालुक। भूपरिमाण ४५१ वर्गमील है। यहांका दक्षिण भाग पर्वतमय है। पश्चिममें उर्वर समतल क्षेत्र है। जलकी प्रचुरताके कारण यहां धान बहुतायतसे उपजता है।

२ उक्त तालुकका प्रधान नगर। यह अक्षा० १३° ५६′ ३०″ उ० तथा देशा० ७७°१८′ ४०″ पू०के मध्य पड़ता है। पहले यहां विजयनगरराजके एक पलिगाके सामन्तकी राजधानी थी। नगरके उत्तर पर्वत पर परिखा और प्राचीर परिवेष्टित एक दुर्ग है। यहां सामन्तराज रहते थे। १७४१ ई०में मुरारीराव तथा १७६६ ई०में हैदरअलीने इस स्थान पर चढ़ाई की थी।

मदकारिन् (सं० त्रि०) मदं मत्ततां करोति कृ-णिनि। मत्तताजनक, जिससे मद उत्पन्न हो। जिससे बुद्धि नष्ट होती है उसीको मदकारी कहते हैं।

मदकी (हिं० वि०) मदक पीनेवाला, मदकची।

मदकृत (सं० त्रि०) मदं करोति कृ-क्विप् तुक् च मत्तता कारक, उन्मादजनक।

मदक्कुद्द्रुम (सं० पु०) तालवृक्ष, ताड़का पेड़।

मदकाहल (सं० पु०) वृषभ, सांड़।

मदखूला (अ० स्त्री०) वह स्त्री जिसे कोई विना विवाह किये ही रख ले वा घरमें डाल दे, रखेली।

मदगन्ध (सं० पु०) मदस्य दानवस्येव गन्धो यस्य। १ सप्तच्छद वृक्ष, छितवन। २ मद्य, शराव।

मदगन्धा (सं० स्त्री०) मदगन्ध-टाप्। १ मदिरा, शराव। २ अतसी, अलसी।

मदगमन (सं० पु०) महिष, भैंसा।

मदगल (हिं० स्त्री०) मत्त, मस्त।

मदघ्नी (सं० स्त्री०) मदं मत्ततां हन्तीति मद-हन-ढक ङीप्। पूतिका, पोय।

मदच्युत् (सं० त्रि०) गवहन्ता।

मदच्युत् (सं० त्रि०) मत्ततासे इधर उधर घूमना।

मदजल (सं० क्ली०) हस्ति दानवारि, मत्त हाथीके मस्तकका स्राव।

मदतूखान्—एक पठान-सरदार। इन्होंने सिन्धु-प्रदेशके हैदरावाद जिलेका प्राचीन वादिन-नगर ध्वंस किया था।

मदद (अ० स्त्री०) १ सहारा, सहायता। २ किसी कामके लिये नियुक्त मजदूर और राज आदि, साथ काम करवालोंका समूह।

मददखर्च (अ० स्त्री०) १ सहायतामें दिया जानेवाला धन। २ वह धन जो किसीको काम करनेके लिये अगाऊ दिया जाय, पेशगी।

मददगार (फा० वि०) सहायाक, मदद पहुंचानेवाला।

मदद्विप (सं० पु०) मत्तहस्ती, पगला हाथी।

मदधार (सं० पु०) मदप्रधाना धारा यत्र। पर्वतभेद, महाभारतके अनुसार एक पर्वतका नाम।

मदन (सं० पु०) मदयतीति मद-णिच्-ल्यु। कामदेव।

इनकी उत्पत्तिका विवरण कालिकापुराणमें इस

प्रकार लिखा है,—लोकपितामह ब्रह्माने जिस समय दक्ष आदि प्रजापतियोंकी सृष्टि कर मरीचि आदि मानस पुत्रोंकी सृष्टि की, उस समय उनके मनसे एक परम रूपवती कामिनी आविर्भूत हुई। उसका नाम संध्या रखा गया। इसी सन्ध्याकी सायंकालमें अर्चना की जाती है।

इस वरवर्णिनीको देख कर ब्रह्मा, दक्ष प्रजापति और मरीचि आदि उनके मानस पुत्रगण नितान्त उत्सुक हो सोचने लगे, यह स्त्री सृष्टिके मध्य क्या करेगी तथा यह होगी ही किसकी ? इसी समय ब्रह्माके मनसे काञ्चनचूर्णवत् पीतवर्ण एक मनोहर चञ्चल पुरुष उत्पन्न हुए। उनका वक्षःस्थल पीवर, नासिका सुचारु, ऊरु, कटि और जङ्घा सुवृत्त, कुन्तल, नील और कुञ्चित, भ्रूयुगल परस्पर संलग्न तथा मुखमण्डल पूर्णचन्द्र सदृश था। वे कम्बुग्रीव, मीनकेतु और मकरवाहनयुक्त थे। पुष्पमय पञ्च शर और कुसुमकार्मुकसे शोभित हो कर वह कमनीय पुरुष उस समय अपने दोनों नयनोंको घुमाते थे। दक्ष आदि इन्हें देख कर वड़े उत्कण्ठित हुए।

उस पुरुषने ब्रह्माको प्रणाम कर कहा, 'ब्रह्मन्! मैं कौन काम करूंगा, जव मैं पुरुष हूं, तव कोई न कोई काम करना मुझे उचित है। अतएव आप मुझे किसी प्रशस्त और न्याय कर्ममें नियुक्त कीजिए तथा मेरे अनुरूप नाम, धाम और पत्नी निर्देश कर दीजिये।' ब्रह्माने कुछ समय सोच कर उनसे कहा, 'तुम अपनी इस मनोमोहनमूर्त्ति और पुष्पमय पञ्च शरसे स्त्रियोंको मोहित कर चिर-स्थायिनी सृष्टिका प्रवर्त्तक बनो। देव, गन्धर्व, किन्नर, सर्प, मनुष्य, पशु, पक्षी, कीट, पतङ्ग आदि सभी तुम्हारी शरण लेंगे। अन्य प्राणीकी वात तो दूर रहे, मैं, विष्णु और महेश्वर ये त्रिदेव भी तुम्हारे वशवर्त्ती होंगे। तुम स्वयं प्रच्छन्नरूपसे प्राणियोंके हृदयमें प्रवेश कर सवोंको सुख देते हुए सनातन सृष्टिका प्रवर्त्तक वनो। सभी प्राणियोंका मन तुम्हारे पुष्पबाणका लक्ष्य होगा। तुम उन्हें सर्वदा मत्तता और आनन्द देते रहोगे। यही मैंने तुम्हारी वृत्ति निर्देश कर दी।

हे पुरुषश्रेष्ठ! तुम हम लोगोंके तथा विधाताके चित्तको मथन कर उत्पन्न हुए हो, इस कारण तुम जगतमें मन्मथ नामसे प्रसिद्ध होगे। जगत्में तुम असाधारण कामरूपी हो, तुम्हारे सदृश कोई भी नहीं है, इस कारण तुम्हारा नाम काम, लोगोंके मनको मथन करोगे, इस कारण मदन, महादेवका दर्प चूर्ण करोगे, इस कारण दर्पक और कन्दर्प नामसे प्रसिद्ध होगे। तुम्हारे पञ्चशरमें जैसा पराक्रम है, वैष्णवास्त्र और रौद्रास्त्र आदिमें भी वैसा विक्रम नहीं है। स्वर्ग, मर्त्य, पाताल और सनातन ब्रह्मलोक सभी स्थानोंमें तुम विराजोगे। क्योंकि तुम सर्वव्यापी हो, अधिक और क्या कहूं, तुम्हारे समान कोई भी नहीं है। ये प्रजापति दक्ष तुम्हें अभिलषिता पत्नी प्रदान करेंगे।'

अनन्तर मदन रमणी-भ्रू-सदृश कुसुमनिर्मित शरासन तथा हर्षण, रोचन, मोहन, शोषण और मारण नामसे प्रसिद्ध मुनियोंके भी ज्ञाननाशक पुष्पमय पञ्चशरको ग्रहण कर वहीं पर रहने लगे। वादमें वे सोचने लगे कि, ब्रह्माने जो मेरी वृत्ति निर्देश कर दी उसे इन मुनियोंके सामने ब्रह्माके ही ऊपर नियोग कर परीक्षा करनी चाहिये। ऐसा सोचते हुए मदनने सन्ध्याके सामने ब्रह्माके ऊपर ही शर फेंका। इससे ब्रह्माका मन ठिकाने न रहा। वे काममोहित हो टक लगा कर सन्ध्याको देखने लगे। इस समय उनके शरीरसे उनचास सात्त्विक भावोंका तथा कामशर-विद्धा संध्यासे विवोकादि सभी हाव और चौंसठ कलाओंका आविर्भाव हुआ।

ब्रह्माका इस प्रकार कामभाव देख कर महादेवने तिरस्कार करते हुए उनसे कहा, "ब्रह्मन्! अपनी कन्याको देख कर क्या तुम्हें कामभाव उपस्थित हुआ ? तुम वेदशास्त्रोंके नियामक हो, तुम्हारे लिये यह वेदविगर्हित कार्य नितान्त अयोग्य है। पुत्रवधू और कन्या मातृतुल्य है। इनके प्रति कामासक्त होना घोर पापका कार्य है, ऐसा वेदका सिद्धान्त है। तुम सामान्य कामके प्रभावसे इस प्रकार क्यों विस्मृत हो गये ?" शिवजीकी वात सुन कर ब्रह्माको वड़ी लज्जा आई और वे मदनके प्रति क्रोध करते हुए बोले, 'जव तुमने मुझे ऐसा लज्जित वनाया, तव तुम्हें श्राप देता हूं, कि तुम इस अपराधसे महादेवके नयनानल द्वारा दग्ध हो जावोगे।'

इस निदारुण अभिशापको सुन कर मदनने ब्रह्मासे

कहा, 'ब्रह्मन्! आपने जो कहा था, कि मैं, विष्णु और महेश्वर तीनों ही तुम्हारे वशवर्त्ती हैं, सो सिर्फ उसीकी परीक्षा करनेके लिये मैंने आप पर शरक्षेप किया था, मैं निरपराध हूं, अतएव मेरे इस शापको मोचन कीजिए।' तब ब्रह्माने स्थिर हो कर उससे कहा, 'तुम्हारा शाप जिस प्रकार मोचन होगा, उसका उपदेश देता हूं, सुनो! तुम महादेवके नयनानलसे भस्मीभूत तो जरूर होगे, पर उन्हींकी कृपासे फिर शरीर पा जाओगे। महादेव जब फिर विवाह करेंगे, तब वे ही स्वयं तुम्हें जिला देंगे।' इतना कह कर ब्रह्मा अन्तर्हित हो गये।

पीछे दक्षने मदनको पत्नी निर्देश कर उससे कहा, 'मदन! यह मेरी देहजात कन्या है, रति इसका नाम है। तुम इससे विवाह कर सुखसे रहो।'

एक दिन मदन देवताओंके उसकानेसे महादेवका ध्यानभङ्ग करने गये और वहीं पर उनके नयनानलसे भस्मीभूत हो गये। महादेवके साथ जब पार्वतीका विवाह हुआ, तब मदनने पुनः शापविमुक्त हो शरीर धारण किया। (कालिकापु० १७ अ०)

ब्रह्मवैवर्त्त पुराणमें श्रीकृष्ण जन्मखण्डके ३६वें अध्यायमें मदनका उत्पत्ति-विवरण लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर नहीं दिया गया।

२ योगाचार्यरूप शिवका अवतारविशेष। मदयति भक्तानां मन इति मद-ल्यु, मनसि आनन्दजनकत्वादस्य तथात्वं। ३ महादेव। (भारत १३।१७।६६) ४ मत्तता, वरारोहा कामिनियोंका भावविशेष। ५ वसन्त। ६ धुस्तूर, धतूरा। ७ मैनफल नामक वृक्ष और उसका फल। पर्याय—पिचुक, मुचुकुन्द, कण्टकी, पिण्डीतक, शल्य, कैटर्य, पिण्ड, धाराफल, तगर, करहाट, श्वसन, मरुवक। गुण—वमिकारक, तिक्त,उष्णवीर्य, लेखन, लघु, रुक्ष, कुष्ठ, कफ, आनाह, शोफ, गुल्म और व्रणनाशक। ८ भ्रमर, भौंरा। ९ माष, उड़द। १० खदिर वृक्ष, खैरका पेड़। ११ वकुल वृक्ष, मौलसिरि। १२ कामशास्त्रके अनुसार एक प्रकारका आलिङ्गन। इसमें नायक अपना एक हाथ नायिकाके गलेमें डाल कर और दूसरा मध्यप्रदेशमें लगा कर उसका आलिङ्गन करता है। १३ मोम। १४ अखरोटका वृक्ष। १५ सारिका, मैना। १६ ज्योतिषशास्त्रके अनुसार जन्मसे सप्तम गृहका नाम। १७ एक प्रकारका गीत। १८ प्रेम। १९ रूपमालाछन्दका दूसरा नाम। २० छप्पयके एक भेदका नाम। २१ खञ्जन पक्षी।

मदन—१ एक प्राचीन कवि। भोजप्रबन्धमें इनका उल्लेख है। २ बालसरस्वती नामक ग्रंथके रचयिता। उक्त ग्रंथके द्वारा वे बालसरस्वती नामसे परिचित हुए। अर्जुनवर्मदेवने अमरुशतक ग्रन्थमें इनका नामोल्लेख किया है। ३ श्रीकृष्ण-लीला-काव्यके प्रणेता।

मदन आचार्य—एक वैद्यक ग्रन्थकार।

मदनक (सं० पु० मदयतीति मद-णिच् ल्यु, स्वार्थे क। १ दमनक वृक्ष, दौना। २ सिक्थ, मोम। ३ खैर। ४ धतूरा। ५ मदनवृक्ष, मैनफल। ६ मौलसिरी।

मदनकण्टक (सं० पु०) मदननिमित्तः कण्टक इव। सात्त्विक रोमाञ्च।

मदनकाकुरव (सं० पु०) मदनेन हेतुना काकुः कामजन्यो विकृतो रवः अस्फुटध्वनिर्यस्य। पारावत, कबूतर।

मदनकीर्त्ति—एक प्राचीन कवि। राजशेखरकृत प्रबन्धचिन्तामणि ग्रन्थमें इनका नामोल्लेख है।

मदनगञ्ज—ढाका जिलेके मध्य एक नगर। यह लाखसिया (लाक्षा) नदीके किनारे नारायणगंजके उस पारमें अवस्थित है। यहां पाट और स्थानीय नाना द्रव्योंका कारोबार फैला हुआ है। नारायणगंज देखो।

मदनगृह (सं० क्ली०) मदनस्य गृहं। १ स्त्रीचिह्न, भग। २ ज्योतिषके अनुसार जन्मकुण्डलीमें सप्तम स्थान। ३ मदन हर छन्दका दूसरा नाम।

मदनगोपाल (सं० पु०) मदनश्चासौ गोपालश्चेति। भक्तचित्तोन्मादकत्वादस्य तथात्वं। श्रीकृष्ण।

मदनगोपाल—एक प्रसिद्ध योगी। इनका दूसरा नाम गोपालपुरि भी था। ये वैकुण्ठपुरीके गुरु थे तथा इन्होंने द्वादशमहावाक्य-विवरण लिखा।

मदनचतुर्दशी (सं० स्त्री०) मदनोत्सवात्मिका चतुर्दशी। चैत्रमासकी शुक्ला चतुर्दशी। इस दिन मदनदेवकी पूजा करनी होती है। पूजा करनेवाला परम गति पाता है तथा पुत्रपौत्र और सुखकी समृद्धि होती है।

रघुनन्दनने इसे ही 'मदनमहोत्सव' बतलाया है। किन्तु भविष्योत्तरपुराणमें 'मदनमहोत्सव'-विवरण पढ़नेसे ऐसा नहीं जाना जाता। भविष्यो-तरमें मदनद्वादशी, मदनचतुर्दशी ये सब पृथक् व्रत निर्दिष्ट हुए हैं।

मदनमहोत्सव देखो।

मदनचोर (सं० पु०) एक छोटी चिड़िया।

मदनताल (सं० पु०) एक प्रकारका ताल। इसमें पहले दो द्रुत और अंतमें दीर्घ मात्रा होती है।

मदनत्रयोदशी (सं० स्त्री०) मदनपूजायां त्रयोदशी। चैत्रमासकी शुक्ला त्रयोदशी। इस दिन मदनव्रत करना होता है। इस त्रयोदशी तिथिमें यथाविधि मदनकी पूजा करनेसे विपद् नष्ट होती है। * मदनका ध्यान निम्नलिखित मंत्रसे करना होता है। यथा—

"चापेषुधृक् कामदेवो रूपवान् विश्वमोहनः।"

स्तुति यथा—

"पुष्पधन्वन्! नमस्तेऽस्तु नमस्ते मीनकेतन।
मुनीनां लोकपालानां धैर्य्यच्युतिकृते नमः॥
माधवात्मज कन्दर्प सम्बरारे रतिप्रिय।
नमस्तुभ्यं जिताशेषभुवनाय मनोभुवे॥
आधयो मम नश्यन्तु व्याधयश्च शरीरजाः।
सम्पाद्यतामभीष्टं मे सम्पदः सन्तु मे स्थिराः॥
नमो माराय कामाय देवदेवस्य मूर्त्तये।
ब्रह्मविष्णुशिवेन्द्राणां मनःक्षोभकराय च॥"

(तिथितत्त्व)

मदनदमन (सं० पु०) शिव, महादेव।

मदनदहन (सं० पु०) मदनभस्मकारक शिव।

मदनदिवस (सं० पु०) मदनोत्सवका दिन।

मदनदेव—दाक्षिणात्यके गंजाम जिलेके किमेड़ी सामन्त-राज्यका एक राजा।

मदनदोला (सं० स्त्री०) इन्द्रतालके छः भेदोंमेंसे एक।

मदनद्वादशी (सं० स्त्री०) मदनपूजाविषयिणी द्वादशी, चैत्रमासकी शुक्लाद्वादशी। इस तिथिमें मदनव्रत करना चाहिये।

"श्रोतुमिच्छामहे सूत! मदनद्वादशीव्रतम्।
सुतानेकोनपञ्चाशत् येन लेभे दितिः पुनः॥"

(मत्स्यपु० ७ अ०)

वशिष्ठने दितिको इस व्रतका उपदेश दिया था जिससे दितिके उनचास पुत्र उत्पन्न हुए। इसी तरह क्रमशः यह व्रत प्रचार हो गया। जो विधिपूर्वक इस व्रतका अनुष्ठान करते हैं वे निखिलपापसे मुक्त होते तथा इहलोकमें अनेक प्रकारके सौभाग्य लाभ कर अन्तमें विष्णुलोक पाते हैं।

मत्स्यपुराणके ७वें अध्यायमें इस व्रतका विशेष विवरण लिखा है। स्थानाभावसे अधिक नहीं दिया गया।

मदननालिका (सं० स्त्री०) भ्रष्टा-स्त्री, दुश्चरित्रास्त्री।

मदननृप (सं० पु०) मदनपाल, मदनराज।

मदनपक्षिन् (सं० पु०) खञ्जनखग, खंजनपक्षी।

मदनपञ्चानन—प्रक्रियार्णव नामक व्याकरणके प्रणेता।

मदनपति (सं० पु०) १ इन्द्र। २ विष्णु।

मदनपल्ली—१ मद्रासप्रदेशके कड़ापा जिलेका एक तालुक। भू-परिमाण ५६३ वर्गमील है। इस तालुकमें तमाम पर्वत है केवल दक्षिण-पश्चिमका महिसुर-अधित्यका-संलग्न स्थान कुछ कुछ उपजाऊ है। १८७६से ले कर १८७८ ई० तकके दुर्भिक्षसे यहांके अधिवासियोंको बहुत कष्ट भुगतना पड़ा था।

२ उक्त कड़ापा जिलेका एक नगर। यह समुद्रपृष्ठसे २॥ हजार फुट ऊंचा एक मनोरम स्थान है और अक्षा० १३° ३३′ ३७″ उ० तथा देशा० ७८° ३२′ ४५″ पू०-के मध्य अवस्थित है। मदनपल्लिगिड्डु, मदनपल्ली और वटलनुत्तिगिड्डु नामको तीन छोटी छोटी पल्लियोंसे यह नगर गठित हुआ है। यहाँके वसनिकोण्डशैल पर एक पुराना देवमन्दिर देखा जाता है।

मदनपाठक (सं० पु०) मदनं तदुद्दीपकं पठतीति पठ-ण्वुल्, स्वरेण कामोद्दीपनात्तथात्वं। कोकिल, कोयल।

मदनपाल (सं० पु०) १ मदनराज। २ रतिपति मदन।

---

* "चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां मदनं दमनात्मकम्।
कृत्वा संपूज्य विधिवद् बीजवद् व्यजने न तु॥
तत्र सन्धुक्षितः कामः पुत्रपौत्र विवर्द्धनः।
कामदेवस्त्रयोदश्यां पूजनीयो यथाविधि।
रतिप्रीतिसमायुक्तो ह्यशोकमणिभूषितः॥" (तिथितत्त्व)

मदनपाल—पालवंशीश एक वङ्गेश्वर।

पालराजवंश देखो।

मदनपाल—बुदौनके राठोरवंशीय एक राजा। ये गोपालदेवके पुत्र थे। इनकी राजधानी गाधिपुरमें थी। शिलालिपिसे इनकी वीरताका परिचय मिलता है।

मदनपाल—कन्नोजके गहरवार (राठोर) वंशीय एक राजा, चन्द्रदेवके पुत्र। ये ११६१ संवत्‌में विद्यमान थे।

मदनपाल—टाकवंशीय एक हिन्दू-राजा। दिल्लीके उत्तर यमुनातीरवर्त्ती काष्ठा (काढ़ा) नगरमें ये राज्य करते थे। ये हरिश्चन्द्रके पुत्र, भरतपालके पौत्र और रत्नपालके प्रपौत्र थे। मदन पारिजातके प्रणेता विश्वेश्वरभट्ट उनके सभापण्डित थे। मदनविनोदनिघंटुसे उनका राज्यकाल १४३१ सम्वत् (१३७५ ईस्वी सन्)-से स्थिर हुआ है। इनके उत्साहसे आनन्दसञ्जीवन, तिथिनिर्णयसार, मदनपारिजात, मदनपालविनोद, चन्द्रप्रकाश, शूद्रधर्मबोधिनी, सिद्धान्तगर्भ और स्मृतिकौमुदी नामक ग्रन्थ इन्हींके नामसे प्रचारित हुए।

मदनपाल—बोदामयुताके राष्ट्रकूटवंशीय एक राजा।

मदनपालमहाराज—करौलीके एक हिन्दूराजा। इन्होंने अपने सद्‌गुणके लिये अंगरेज-सरकारसे G. C. S. I. की उपाधि पाई थी। १८५६ ई०में इनकी मृत्यु हुई। बादमें इनका भतीजा लक्ष्मणपाल तख्त पर बैठा।

मदनपुर—युक्तप्रदेशके ललितपुर जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यहां ६ प्राचीन मन्दिर भग्नावस्थामें पड़े हैं जिनमेंसे उत्तरकी ओर प्राचीन नगरके पास स्थापित तीन जैन-मन्दिर सर्वापेक्षा प्राचीन-से प्रतीत होते हैं। १२०६ सम्वत्‌में उत्कीर्ण शिलालेखसे इस स्थानका मदनपुर नाम पाया जाता है। एतद्भिन्न स्थानीय 'बारद्वारी' नामक छोटे घरके स्तम्भमें चौहानराज पृथ्वीराजके घटनासम्वलित दो शिलालेख हैं। उनमेंसे एकमें पृथ्वीराज कर्त्तृक परमर्द्दि (परमाल) देवकी पराजय और दूसरेमें १२३९ सम्वत्‌की जेजक भुक्तिराज्यका अधिकार-प्रसंग उल्लिखित है। एक और स्तम्भलिपिसे ज्ञात होता है, कि यह घर पहले स्थानीय एक शिवमन्दिरका दालान था। वर्त्तमान बड़ी और छोटी कचहरीके निकट जो तालाव उसके उत्तर-पश्चिममें दो और उत्तरपूर्वमें एक शिल्पचातुर्यसे युक्त शिवमन्दिर अवस्थित है।

मदनपुर—चन्देलाराज मदनवर्म (११२९–११५६)-द्वारा प्रतिष्ठित एक प्राचीन नगर। यह युक्तप्रदेशके हमीरपुर जिलेके कुलपहाड़ तहसीलके अन्तर्गत सेट महेट गांवके पास अवस्थित है। आज यह नगर सम्पूर्णरूपसे ध्वंसावस्थामें पड़ा हुआ है।

मदनपुर—नदिया जिलेका अन्तःपाती एक गण्डग्राम। यह कालीगंजसे बहुत करीब पड़ता है। यहां एक स्टेशन भी है।

मदनपुर—मध्यप्रदेशके विलासपुर जिलेके मुंगेली तहसीलके अन्तर्गत एक भू-सम्पत्ति। भू-परिमाण २५ वर्गमील है। यहांके जमींदार राजगोड़वंशीय हैं। धान, गेहूं और चना आदि यहांका प्रधान जातद्रव्य है।

मदनफल (सं० पु०) मैनफल, मयनी।

मदनवान (हिं० पु०) एक प्रकारका बेला। इसकी कलियां लम्बी तथा दल एकहरे और नुकीले होते हैं। यह वर्षाकालमें फूलता है और इसकी गंध बहुत अच्छी पर तीव्र होती है।

मदनभवन (सं० क्ली०) मदनस्य भवनं। १ मदनगृह, भग। २ जन्मलग्नावधि सप्तम स्थान, ज्योतिषके अनुसार जन्म-टिप्पणीमें जन्मसे सातवां स्थान।

मदनभावि (मदनभानवी)—वम्बईप्रदेशके धारवाड़ जिलेके अन्तर्गत एक गण्डग्राम। यहां रामलिंगदेव और कल्लपदेवके प्राचीन दो मन्दिर हैं। दोनों मन्दिरमें प्रतिष्ठाकालज्ञापक शिलालिपि देखी जाती है।

मदनमञ्चुका (सं० स्त्री०) मदनवेगके औरस और कलिङ्गसेनाके गर्भसे उत्पन्न एक कन्या। (कथासरित्सा०)

मदनमञ्जरी (सं० स्त्री०) १ वासवदत्तावर्णित नायिकाभेद। २ यक्षराज दुंदुभिकी कन्या। ३ काकभेद, एक प्रकारका कौवा।

मदनमनोरमा (सं० स्त्री०) केशवदासके मतानुसार सवैयाके एक भेदका नाम। इसे दुमिल भी कहते हैं।

मदनमनोहर—१ पलपीयूषलता और श्राद्धप्रदीपके

प्रणेता। ये मधुसूदन पण्डितराजके पुत्र थे। २ दंडकके एक भेदका नाम। इसे मनहर भी कहते हैं।

मदनमल्लिका (सं० स्त्री०) मल्लिकावृत्तिका एक नाम।

मदनमस्त (हिं० पु०) १ चंपेकी जातिका एक प्रकारका फूल। इसकी गंध कटहल-सी तथा बहुत उग्र और प्रिय होती है। २ जंगली सूरनका सुखाया हुआ टुकड़ा जिसका प्रयोग औषधमें होता है।

मदनमहोत्सव (सं० पु०) भविष्यपुराणमें श्रीकृष्ण और युधिष्ठिर-संवादमें एक मदन पूजा या मदनोत्सवका उल्लेख देखनेमें आता है। इस उत्सव-उल्लेखके उपक्रममें लिखा है,—भगवान् पशुपति शैलसुताके प्राणिपीड़नके पहले पाशुपतव्रतका अवलम्बन कर ध्यानमें निमग्न थे। महायोगीके योगमें विघ्न डालनेके लिये आप लोगोंको तथा भगवती गौरीका मनोरथ पूर्ण करनेके वास्ते ब्रह्मादि देवताओंने आपसमें मन्त्रणा कर विश्वजयी कामको वहां भेजा। अपने दलवलके साथ रतिपति पशुपतिके तपोवनमें पहुंचे। इस समय नितान्त सुहृत् वसन्तऋतुने आ कर उन्हें मदद पहुंचाई।

अब मृदङ्गके निनादसे, भृङ्गके गुञ्जनसे, वीणाके झङ्कारसे, सङ्गीतके विमोहन तानसे, कलकण्ठकुलके कलकलालापसे, मलयानिलके मृदु मन्द सञ्चरणसे, मन्द मन्द गन्धवहान्दोलित प्रसूनपुञ्जके परिमल हिल्लोलसे और विमोहनी कामिनीकुलके मोहन-कटाक्षसे जगत्को मत्त कर रतिकान्त गौरीकान्तके आश्रममें जा धमके, मानो महाराजाधिराजने दिग्विजयको निकल कर दलबलके साथ परराष्ट्र पर आक्रमण कर दिया हो।

इस समय विश्वविजयीने अपने पुष्पधनुषमें पुष्पशर चढ़ा कर उसे प्रफुल्ल मनसे अपने कर्ण तक खींचा। वह पुष्पशर उसी समय उस कठोर संयमी त्रिपुरहर हरके समाधिहरणके लिये छूटा। किन्तु हाय रे विधिकी विपरीत विधि! मन्मथकी मत्तता इस वार काममें न आई। अमोघ पुष्पशर व्यर्थ निकला। योगिवरका योगमग्न अटल मन जरा भी न डिगा। देखते देखते उस कोपकषायित भयङ्कर रुद्रमूर्त्तिके ललाटफलकमें जो तृतीय नेत्र था उससे निदारुण कोपवह्नि निकल कर अनङ्गके सर्वाङ्गमें जा गिरी। मुहूर्त्त भरमें मदनका मोहनवपु जल कर ढेर हो गया।

गौरी रतिपतिकी देहको दग्ध होते देख महादेवके चरणोंमें गिरी, और बहुत विलाप करने लगी। वादमें मदनको पुनरुज्जीवित करनेके लिये गौरीने उनसे अनुरोध किया। महादेवने उत्तर दिया, 'प्रिये! मेरे कोपसे जिसका शरीर दग्ध हो गया उसका फिर पुनर्जीवन नहीं हो सकता। जो कुछ हो, मैं वर्षके भीतर सिर्फ एक दिन नश्चित कर देता हूं, उसी दिन अनङ्ग शरीरके साथ आविर्भूत होगा। वह दिन,—वसन्तकालकी शुक्लात्रयोदशी है।'

भगवान् भवके कथनानुसार उसी दिन भुवनमें मनोभवका आविर्भाव हुआ। तभीसे शुक्लपक्षीय वासन्ती त्रयोदशीमें सभी मदनकी पूजा वा उत्सव करते आ रहे हैं। इस दिन प्रातःकालमें मनोरम मन्मथायतनमें जा कर वराङ्गनाओंके साथ सङ्गीत और बहुविध विलाससामग्री द्वारा विविध विनोद लीलामें केलि करनी होती है। पीछे मध्याह्नमें मदनकी पूजा कर्त्तव्य है। पूजामें भक्तिपूर्वक मन्त्रपाठ कर नाना प्रकारको प्रियवस्तु उपहारमें देनी होती है। (भविष्योत्तरपुराण)

पूजाका मन्त्र इस प्रकार है—

"नमो माराय कामाय देवदेवाय मूर्त्तये।
ब्रह्मविष्णुशिवेन्द्राणां मनःक्षोभ कराय वै॥"

पूजाके बाद मदनको मोदक देनेकी विधि है और मोदकके बाद दक्षिणा। दक्षिणासे ब्राह्मणको संतुष्ट कर हृष्टमनसे विदाई देनी होती है। अनन्तर व्रतनिष्ठा रमणीको स्वयं उस मन्मथायतनमें जा कर मन ही मन मदनकी अधिष्ठान-चिन्ता और पीछे उसका ध्यान तथा वसन-भूषण-माल्य-चन्दनादि द्वारा पूजा करनी होती है। पूजाके बाद रात्रिको पुनः उत्सवका आयोजन करना उचित है। इस महोत्सवमें रात भर जगना होता है। रात्रि जिससे सुखपूर्वक व्यतीत हो, इसके लिये कर्पूर, कुङ्कुम, गन्ध, ताम्बूल और मद्यादि विविध विलाससामग्री तथा मनोरम दीपमाला आदि दान करना कर्त्तव्य है।

प्रतिवर्ष इस प्रकार जो इस व्रतका अनुष्ठान करते हैं उनके रोगशोक कुछ भी रहने नहीं पाता। आयु, आरोग्य, सौभाग्य, कीर्त्ति और श्रीकी उत्तरोत्तर वृद्धि

होती है तथा देशमें सुभिक्ष आदि सब प्रकारके शुभ-लक्षण दिखाई देते हैं।

मदनोत्सव भारतवर्षका एक प्राचीन जातीय महोत्सव है। एक समय भारतवर्षके अधिकांश अधिवासी इस महोत्सवमें शामिल होते थे। राजा, प्रजा, धनी, दरिद्र, नागर, नागरो—इस महोत्सवके दिन सभी अशान्तिको भूल कर आमोद प्रमोद सागरमें बहते थे। एक ओर शास्त्रानुसाशन, दूसरी ओर प्रकृतिका नवीन भूषण, सुतरां धर्मप्राण मानवका मन इस महामोदसे सहजमें पिघल जाता था।

जब वसन्त ऋतुके आने पर भारतीय प्रकृति देवी अपने पुराने भूषणको फेंक कर नये साजवाजसे अपनेको सजाए बैठती थी, कुसुम सौरभमयी वासन्ती वनराजि जब धीरगति-मलयानिल-हिल्लोलके मृदुमन्द आन्दोलनसे नाच उठती थी, जब कोकिल पुलकित हो कर तान अलापती थी, जब मधुलोभी भौंरे अपने झङ्कारसे किशलय-दलको हिलाते हुए अन्धोंकी तरह चारों ओर छूटते थे, नागर-नागरी उसी समयसे बड़ी उत्सुकताके साथ इस उत्सवके दिनकी गणना करती थीं। उत्सवके दिन सङ्गीत, सुरा, अबीर, कुङ्कुम और अन्यान्य विलास सामग्रीके प्रभावसे,—सहृदय ऋतुराजके साथ रतिपति मानो सचमुच उज्जीवित हो उठे हैं, नागर-नागरियोंकी वसन्तविजय घोषणासे हर्षकोलाहल गगनप्राङ्गण गूंज उठता था।

आजकल यह उत्सव एक प्रकार उठ-सा गया है। इसके स्थान पर अभी वर्त्तमान प्रचलित होलीने अधिकार जमा लिया है। होली श्रीकृष्णके दोलोत्सवका अङ्ग है। यह दोलोत्सव कबसे मदनोत्सवके स्थानमें चला आ रहा है, वह ऐतिहासिक रहस्य जाननेका कोई उपाय नहीं है।

पहले यह मदनोत्सव एक प्रधान उत्सव समझा जाता था, प्राचीन पुराण, इतिहास, काव्य, नाटकादिमें उसका यथेष्ट प्रमाण मिलता है। पुराणमें मधुमासकी शुक्ला त्रयोदशीको जिस मदनव्रतका उल्लेख है, उसका नाम मदनोत्सव है। वसन्तऋतु आने पर इसका अनुष्ठान होता था, इस कारण इसका दूसरा नाम वसन्तोत्सव भी है। पुराणमें मदनव्रत वा मदनोत्सवका विस्तृत विवरण लिखा है, काव्य नाटकादिमें उसका लौकिक चित्र भी दिया गया है। अन्यान्य व्रतकी तरह इसमें भी कठोरता थी, त्याग स्वीकार था और दक्षिणा थी, आमोद-प्रमोदके साथ ब्राह्मण भोजनादि भी होते थे। इसका आभास रत्नावली-नाटिकामें राजा और विदूषककी कथामें स्पष्टरूपसे व्यक्त है।

राजाने कहा—'वह मनोभव नाममात्रको परितुष्टिका अनुभव करता है, यह उत्सव उसका नहीं है—यह हम लोगोंका महान् उत्सव है।' विदूषकने सहर्ष उत्तर दिया,—

"महाराज! यह उत्सव आप लोगोंका भी नहीं है और न कामदेवका ही है, यह सिर्फ इस ब्राह्मण बटुका उत्सव है।" व्रतके शेष होने पर राजाके पाद्य, अर्घ्य, माल्य-चन्दन और प्रणाममात्र लाभ करनेके समय विदूषक वसन्तठाकुरने रानीके निकट स्वस्ति-वाचनकी डाली दक्षिणामें पाई।

इस उत्सवमें राजा प्रजा सभी हिंडोले पर झूलते हुए वसंतोत्सवका माधुर्य-विस्तार करते थे। महाकवि कालिदासने इसका आभास कई जगह दिया है,—रघुवंशमें लिखा है, कि दशरथ कामिनीभुजलताश्लेष-कण्ठकितकण्ठसे हिंडोले पर झूलते थे। यथा,—

"अनुभवन्ननुवेलमृतूत्सवं
पटुरपि प्रियकण्ठजिघृक्षया।
अनयदासजरज्जुपरिग्रहे
भुजलतां जलतामबलाजनः॥ (रघु० ९।४६)

इस हिंडोलेकी कथा मालविकाग्निमित्रमें रानी इरावतीके मुखसे भी गाई गई है।

रत्नावलीमें लिखा है, कि रानी वासवदत्ता अशोकवृक्षके तले कामदेवकी पूजा करती थी। पूजाके बाद सौभाग्यवती सधवागण जो पतिपादपद्मकी पूजा करती थीं रानी वासवदत्ता वह भी दिखा गई है। अशोकवृक्ष ही मदनपूजाका प्रशस्त स्थान है। सिद्धदायक होनेके कारण अशोकको पञ्चवटीके अन्तर्गत माना गया है। भगवान् मन्मथके साथ इसका एक और घनिष्ठ सम्बन्ध है, वह यह

है, कि उनके सुविख्यात पुष्पमय वाणोंमेंसे अशोकपुष्प भी एक वाण है। वसन्तऋतु आने पर जव अशोकके फूल नहीं खिलते तव प्रमदागण उसका फूल खिलानेके लिये मंत्र तंत्रका आश्रय लेती थीं तथा अशोकवृक्षमें लात मारती थीं। अशोकको इस प्रकार दोहददान करना शास्त्रमें कविप्रसिद्धि वतलाया है। यथा—

पादाघातादशोकं विकशति वकुलं योषितामास्यमद्यैः।
(साहित्यद० ३य अ०)

शास्त्रकारोंने वसन्त-समागममें अशोकवृक्षके नीचे पूजा करना नरनारियोंके लिये स्वास्थ्यरक्षाका एक साधन वतलाया है। वैद्यकग्रन्थमें अशोकके अनेक गुण वतलाये गये है।

मदनपूजामें अशोकवृक्ष प्रशस्त होने पर भी अञ्जलिदानमें चूतमञ्जरीकी ही प्रधानता है। मदनोत्सव-उल्लेखके साथ इसका आभास हम शकुन्तलाके छठे अङ्कमें पाते हैं। पाश्चात्तापसे तप्त दुष्मन्तने मदनोत्सव को रोकनेके लिये चूतमञ्जरीचयन निषेध कर दिया था। किन्तु परभृतिका और मधुकारिकाने यह रहस्य न जान कर नवचूतांकुरोद्गमको देखते ही आनन्दित मनसे अञ्जलिवंधनपूर्वक मदनको चढ़ाया था।

अलावा इसके मालतीमाधव, वासवदत्ता, आदि ग्रन्थोंमें भी मदनोत्सवका उल्लेख देखनेमें आता है।

मदनोत्सवका वाह्याडम्वर वड़ा ही हृदयोन्मादक है, इसी कारण नरनारी सहज हीमें इस पर अनुरक्त हो जाती थीं। भारतवर्ष जैसे सुखसेव्य देशके लिये बसंत समागम स्वभावतः मनोरम है मालूम होता है ऋतुराजने आत्मप्रभावसे ही भारतीयोंको पहले वनजात लताकुसुम द्वारा सुशोभित कर उत्सवमग्न कर दिया था। क्रमशः वही जातीय महोत्सवमें परिणत हो गया। धीरे धीरे उसीके साथ नृत, गीत, अवीर, कुंकुम, हिंडोला और सुरा आदिसे सम्मिलित हो कर मधुमासको सचमुच मधुमय कर डाला था। मधुसमागमके समय प्रियजनोंके सामने मान-मर्यादाको भूल कर कितने सङ्गीतके वहाने मतवाले हो जाते थे।

इस मदनोत्सव उपलक्षमें नृत्यगीतादिकी तरह नाटकाभिनयका भी दृष्टान्त देखनेमें आता है। इसी मदनोत्सव उपलक्षमें श्रीहर्षकी सभामें रत्नावली-नाटिकाका प्रथम अभिनय खेला गया था। श्रीहर्षदेव सुप्रसिद्ध वर्द्धन-वंशीय थे, उनका दूसरा नाम शिलादित्य भी था। ६१० से ६५० ई० तक ये सिंहासन पर अधिष्ठित थे। प्रसिद्ध चीनपरिव्राजक यूएनचुवङ्ग उनसे भेंट की थी। इस समय श्रीहर्षदेव समग्र उत्तर-भारतके सार्वभौमिक सम्राट् थे। रत्नावलीकी प्रस्तावनामें लिखा है, कि इस मदनोत्सवमें शामिल होनेके लिये उनकी राजधानीमें वहुतसे सामन्तराज निमंत्रित हुए थे।

पहले ही कहा जा चुका है, कि भारतीय जातीय महोत्सव कबसे होलीमें परिणत है, उसका ठीक प्रमाण नहीं मिलता। पर हां, इतना अवश्य जाना जाता है; कि जब भारतवर्षके अतुल प्रतापसे समग्र एशिया-खण्डका जलस्थल समुज्ज्वल था; स्थलपथमें गान्धार, वाह्लीक, तिब्बत, तातार और महाचीन तथा जलपथमें लङ्का, सुमात्रा, यवद्वीप और जापान तक बौद्धप्रभाव दिखाई देता था, भारतीय वाणिज्यदक्ष वणिक् भारत और प्रशान्त-महासागरमें अर्णवपोत द्वारा द्वीपसे द्वीपांतरको जाते थे, नालंदाके सुप्रसिद्ध बौद्ध-विद्यालयमें नाना देशके नाना जातीय अध्ययनशील छात्र विविध-विद्याका अनुशीलन करते हुए भारत-गौरवको सर्वत्र घोषित करते थे, उस समय इस मदनोत्सवका अनुष्ठान अक्षुण्ण था। वहुतेरे ब्रह्मवैवर्त्त पुराणके—

"चन्दनागुरुकस्तूरी कुङ्कुमद्रव संयुतम्।
आवीरचूर्णं रुचिरं गृह्यतां परमेश्वरे ॥"

इस मन्त्रसे श्रीकृष्णको अबीर प्रदानकी कथा उल्लिखित देख कर होलीका सूत्र मान सकते हैं, पर श्रीकृष्ण स्वयं मदनोत्सवमें अबीर लगाते थे, यही उस समयका खेल था। अभी मदनोत्सवके परिवर्त्तनकी तरह अबीरका भी वर्ण विवर्ण हो गया है। विलायती रंगके प्रभावसे नागरिकोंके कपड़े नीले बैंगनी आदि रंगोंसे रंगते हैं। उस समय मदनोत्सवमें कपड़े कौसुम्भसे रंगाये जाते थे। अबीरमें लाल और कुकुंममें पीत वर्णकी प्रधानता थी। उस समय काश्मीर, वाह्लीक

और फारस देशसे उत्तम, मध्यम और अधमके भेदसे तीन प्रकारके कुंकुमकी आमदनी होती थी ।

मदनोत्सव अभी विख्यात होली-पर्वमें रूपान्तरित हो गया है। वृन्दावनमें भगवन्नारायणरूपमें श्रीकृष्ण और बलरामके उद्देशसे यह होली उत्सव मनाया जाता है। पुरीधाममें भी जगन्नाथकी पूजाके उपलक्षमें होलीका आयोजन होता है। उक्त दोनों ही क्षेत्रमें भगवान्‌के उद्देशसे फाल्गुन शुक्लपक्षकी प्रतिपद्‌से ले कर पूर्णिमा तक फल्गु-उत्सवका अनुष्ठान होता है।

केवल हम लोगोंके देश भारतवर्षमें ही नहीं, सुदूर इङ्गलैण्ड आदि अङ्गरेजी राज्योंमें भी इस वसंत-पूजाका विधान देखा जाता है। पूर्वतन अङ्गरेजोंके मई दिनमें (Merry-makings on May Day) आनन्दोत्सवका विधान था, आज भी बहुतसे अङ्गरेजोंमें "*May* fool" बना कर आमोद-प्रमोद करनेकी रीति है । मथुराके बाथेन ग्राममें जिस प्रकार बाजे गाजेके साथ होली-उत्सव मनाया जाता है, ठीक उसी प्रकार रोम-राजधानीमें फालिक-अरगी (*P*hallic orgies) मनाया जाता था । जुभिनेल (Juvenal) और कैटलस (*Catullus*)के बनाये हुए ग्रंथोंमें उसका यथेष्ट आभास मिलता है। ग्रीसराज्यके ड्युनिसियामें भी भारतीय होली-उत्सवका प्रतिरूप निदर्शन पाया जाता है। यहां भी शस्यश्यामला प्रकृतिकी प्रतिमूर्त्ति फेलस (*P*hallus)के उत्सवमें दोलयात्राकी तरह एक यात्रा और उत्सव मनाया जाता था तथा वर्त्तमान ब्रजवासियोंकी तरह ये लोग भी शराबमें चूर हो कर आनन्द लूटते थे। फेलसके उत्सवमें शराब नहीं पीना उत्सवकारीके लिये घृणाका विषय था ।

मदनमालिनी (सं० स्त्री) वासवदत्तामें वर्णित एक नायिका ।

मदनमोदक (सं० पु०) बाजीकरणाधिकारमें मोदक औषधविशेष। यह मोदक स्वल्प और वृहत्‌के भेदसे दो प्रकार है । प्रस्तुत प्रणाली—त्रिकटु, त्रिफला, कुट, कचूर, सैन्धवलवण, धनिया, कर्कटशृङ्गी, तालीशपत्र, कटफल, नागेश्वर, यमानी, यष्टिमधु, मेथी, जीरा, कृष्णजीरा, प्रत्येकका समान चूर्ण, कुछ भुना हुआ वीज सहित सिद्धिचूर्ण, यह सब चूर्ण मिला कर जितना हो, उतनी चीनी तथा उतना ही घृत और मधुके साथ मोदक बनानेके नियमानुसार यह मोदक बनावे । इस प्रकार प्रस्तुत मोदकको स्वल्प मदनमोदक कहते हैं ।

महामदनमोदककी प्रस्तुत प्रणाली—शतावरीचूर्ण, भूमिकुष्माण्डचूर्ण, विजबन्दका मूलचूर्ण और छालचूर्ण, गोक्षुरवीजचूर्ण और पिठवनका चूर्ण कुल मिला कर २ पल घीमें भुना हुआ वीज सहित सिद्धिचूर्ण ८ पल, शर्करा ३२ पल ; पाकार्थ शतमूलीका रस, भूमिकुष्माण्डरस और दुग्ध, प्रत्येक ८ पल (किसीके मतसे दूध १६ पल) इन्हें एकत्र कर यथानियम पाक करे। पीछे पाक सिद्ध हो जाने पर उसे उतार ले और ऊपरसे कृष्णतिलचूर्ण २ पल, त्रिकटु, दारचीनी, तेजपत्र, इलायची, सैन्धव, धनिया, जायफल, जयित्री, वाला, जीरा, कृष्णजीरा, कचूर, मोथा, सौंफ, मुरामांसी, जटामांसी, तालीशपत्र, तेजपत्र, वारेन्द्र (सड़ी पत्तियां), हरीतकी, सोया, चई, देवदारु, प्रियंगु, लवङ्ग, सरलकाष्ठ और शैलज इन सब द्रव्योंमें जो भुनने लायक हैं गन्धवृद्धिके लिये उन्हें भून कर चूर्ण बनावे और तब डाल दे। सैन्धव और त्रिकटु उसी हिसावसे देना चाहिये जिससे वह सुस्वादु हो। मोदक प्रस्तुत हो जाने पर उसे त्रिकटु और त्रिजातकचूर्णमें मिला कर मिट्टीके बरतनमें रख दे ।

यह मोदक बाजीकरणाधिकारमें प्रधान मोदक है। इसका सेवन करनेसे स्त्रीप्रसङ्गमें अधिक क्षमता उत्पन्न होती है।

मदनमोहनी (सं० स्त्री०) गणिकारिका, गनियारका पेड़।

मदनमोहन (सं० पु०) मदन उन्मादकश्चासौ मोहनश्चेति कर्मधा०, मुह-णिच्-ल्युट् । श्रीकृष्ण ।

मदनमोहन तर्कालङ्कार—एक विख्यात पण्डित । १७३४ शक (१८१५ ई०)-में नदिया जिलेके बिल्वग्राममें इनका जन्म हुआ था। इनके पिता रामधन चट्टोपाध्याय कलकत्ता-संस्कृत कालेजके एक पुस्तक लेखक थे । उनकी मृत्युके बाद उनके भाई रामरत्नने मदनमोहनको कलकत्तेके संस्कृत कालेजमें भर्त्ती करा दिया। पर यहां

उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था, इस कारण, देश लौट कर इन्होंने व्याकरण और साहित्य अध्ययन किया। पीछे ये फिरसे उक्त संस्कृत कालेजमें भर्त्ती हुए थे। इस वार इन्होंने १७६४ शक (१८४२ ई०) तक व्याकरण, साहित्य, अलङ्कार, ज्योतिष, दर्शन, स्मृति आदि शास्त्र धीरे धीरे पढ़ लिये। अङ्गरेजीमें भी इनकी अच्छी व्युत्पत्ति थी।

पाठ्यावस्थामें ईश्वरचन्द्रविद्यासागरके साथ इनका परिचय हुआ। दोनों ही संस्कृत कालेजके समुज्ज्वल रत्नस्वरूप थे। इस समय इन्होंने रसतरङ्गिणी और वासवदत्ता नामक दो पद्य ग्रन्थ लिखे। वाल्यकालसे ही इनकी असाधारण कवित्व-शक्ति देख कर कुछ विद्वानोंने इन्हें कवित्वके अनुरूप काव्यरत्नाकरकी उपाधि दी थी। पीछे अपने बन्धुओंसे तर्कालङ्कार उपाधि द्वारा भूषित हुए थे।

पाठ समाप्त करनेके वाद तर्कालङ्कार महाशय यथाक्रम कलकत्तेकी वङ्गला पाठशाला, वारासात-विद्यालय, कलकत्ता-फोर्ट-विलियम-कालेजमें अध्यापना कर १७६९ शक (१८४७ ई०)-में कलकत्ता संस्कृत-कालेजके साहित्याध्यापक-पद पर प्रतिष्ठित हुए। वे सिर्फ ३ वर्ष संस्कृत कालेजमें रहे। इसी थोड़े दिनके अन्दर वे देशहितकर अनेक कार्य कर गये। कलकत्ता महानगरीमें इन्होंने 'संस्कृत यंत्र' नामक एक मुद्रायंत्र स्थापन कर वहुतसे वङ्गला और संस्कृत ग्रंथ छपवाये। इस समय शिक्षा समाजके अध्यक्ष जे, ई, डी, बेथुन साहवने जब वङ्गालकी वालिकाओंकी विद्याशिक्षाके लिये कलकत्तेमें एक स्कूल खोलनेकी इच्छा प्रकट की, तव तर्कालङ्कार महाशयने उन्हें इस कार्यमें वड़ी मदद पहुंचाई।

इसी समय 'सर्वशुभकरी' नामक मासिक पत्रिका इन्होंके यत्नके निकलने लगी। १७७२ शक (१८५०)-में ये मुर्शिदाबादके जज हो कर कलकत्तासे विदा हुए। छः वर्ष तक उक्त कार्य करनेके वाद उन्होंने वहीं पर डिप्टी मजिष्ट्रेटका पद प्राप्त किया। बहरमपुरका त्याग कर आप उक्त जिलेके कान्दी नामक स्थानमें डिप्टी मजिष्ट्रेट वन कर गये। यहां विसूचिका रोगसे आक्रांत हो आपने १७७९ शक (१८५८ ई०)-में जीवन-लीला संवरण की। आपकी इस अकाल मृत्युसे समस्त वङ्गवासी तथा वङ्गला साहित्यकी महति क्षति हुई थी।

मदनराज (सं० पु०) मदनपाल, इन्द्र।

मदनरिपु (सं० पु०) मदनस्य रिपुः। १ शिव। महादेव। २ मदनफल, मैनफल।

मदनरेखा (सं० स्त्री०) विक्रमादित्यकी माताका नाम।

मदनललिता (सं० स्त्री०) छन्दोभेद, एक वर्णिक वृत्तिका नाम। इस वृत्तिके प्रति चरणमें सोलह वर्ण होते हैं। पहले मगण फिर भगण, नगण, मगण, नगण और अंतमें गुरु होता है।

मदनलेख (सं० पु०) मदन-ज्ञापनार्थं लेखः। अपना अनुराग जतानेके लिये नायक-नायिकाके पारस्परिक प्रेमपत्र।

मदनलेखा (सं० स्त्री०) वाराणसीराज प्रतापमुखकी कन्या। (कथासरित्सार)

मदनबनारस—युक्तप्रदेशके गोरक्षपुर जिलेका एक प्राचीन नगर। यहां मदन नामधारी एक राजाका प्रासाद और मदनेश्वर शिवमन्दिर प्रतिष्ठित था। आईन-इ-अकवरीमें इस स्थानका नामोल्लेख है। बाद उसके सम्राट् अकबर शाहके जौनपुरके शासनकर्त्ता खाँ जमान्‌ने १५६० ई०में इस प्राचीन नगरभागमें नये नगरकी प्रतिष्ठा की और उसका नाम जमानिया रखा।

मदनवर्मदेव—चंदेलवंशीय एक राजा। इनके पिताका नाम था पृथ्वीवर्मा। इन्होंने अपने बाहुबलसे चेदि और मालवाराज्यको जीता तथा काशीराजको स्वदेश लाया था। शिलालिपिसे मालूम होता है, कि ११२९ ई०में ये मौजूद थे।

मदनवेग (सं० पु०) विद्याधरोंका राजभेद।

मदनशलाका (सं० स्त्री०) मदनोद्दीपिका शलाकेव अस्याः कामोद्दीपकत्वात् तथात्वं। १ कामोद्दीपक औषध, कामको बढ़ानेवाली दवा। २ सारिकापक्षी, मैना। ३ कोकिला, कोयल।

मदनसदन (सं० क्ली०) १ स्त्रीचिह्नभेद, योनि। २ लग्नावधिक सप्तम स्थान, जन्म-कुण्डलीका सातवां स्थान।

मदनसारिका (सं० स्त्री०) मदनोद्दीपनाय सारिका। पक्षिभेद, मैना। पर्याय—शलाका, सारिका, चित्रलोचना, कुणपी।

मदनसिंह—१ योगशतक नामक आयुर्वेदशास्त्रके रचयिता। २ शक्तिसिंहके पुत्र। ये मदनरत्नप्रदीप नामक ग्रंथ बना गये हैं।

मदनसुन्दर भानुदेव—किमेड़ीके एक सामन्तराज।

मदनसेना (सं० स्त्री०) ताम्रलिप्तराज वीरभद्रकी कन्या।

मदनहर (सं० पु०) मदनहरा देखो।

मदनहरा (सं० स्त्री०) प्राकृत छन्दोभेद, चालीस मात्राओंके एक छंदका नाम। छन्द प्रभाकरमें इसे मनहर लिखा है और दस, आठ, चौदह और आठ पर यति तथा आदिको दो मात्राओंका लघु और अन्तकी मात्राका ह्रस्व होना लिखा है। इसे मदनगृह भी कहते हैं। कोई कोई कवि इसके यति और आदिकी लघु मात्राके नियमको नहीं मानते।

मदना (सं० पु०) स्वनामप्रसिद्ध एक प्रकारका पक्षी, सारिका। यह बहुत कुछ सुग्गेसे मिलता जुलता है। इसका केवल होठ और पीठ लाल होती है और समूचा हरा। यह पक्षी सुन्दर बोलीमें रामकहानी पढ़ता है।

मदनागढ़—मध्यप्रदेशके चान्दा जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। यह अक्षा० २०° ३५´ उ० तथा देशा० ७९° ३२´ पू० पोरजागढ़ शैलमालाके पश्चिम ढालू देशमें एक सुंदर बांधके समीप अवस्थित है। बांधकी शेष सीमा पर एक प्राचीन दुर्गका ध्वंसावशेष मिलता है। नगरभाग परित्यक्त होने पर भी उसके आसपास स्थानोंमें आज कल भी खेती-बारी होती है।

मदनाग्रक (सं० पु०) मदनं उन्मादकं अग्रं शिरोभागो यस्य। कोद्रव, कोदों।

मदनाङ्कुश (सं० पु०) मदनस्य अङ्कुश इव। १ पुरुषचिह्न, लिङ्ग। २ मैथुनकालमें नखाघात, नखक्षत।

मदनाचार्य (सं० पु०) आचार्यभेद।

मदनादित्य (सं० पु०) काश्मीरके एक राजा।

मदनान्तक (सं० पु०) मदनस्य अन्तकः। शिव, महादेव।

मदनान्ध (सं० त्रि०) कामान्ध।

मदनायुध (सं० पु०) मदनस्य आयुधः। १ भग, योनि। २ मदनका अस्त्र। ३ एक अस्त्रका नाम।

मदनायुष (सं० पु०) मदनस्य आयुर्जीवनं इव समासान्तोऽच् निपातनात् साधुः कामवर्द्धकत्वात्तथात्वं। कामवृद्धिक्षुप, कामक्रीड़ाकी दशा।

मदनारि (सं० पु०) शिव, महादेव।

मदनालय (सं० पु०) आलीयतेऽस्मिन्निति आ-ली-अधिकरणे अच्, मदनस्य आलयः। १ भग, स्त्रीचिह्न। २ लग्नावधि सप्तम स्थान, जायास्थान, फलितज्योतिषके अनुसार जन्मकुण्डलीमेंका सप्तम स्थान।

मदनावस्था (सं० स्त्री०) मदनस्यावस्था। १ कामावस्था; कामुकोंकी विरहावस्था। २ कामक्रीड़ाकी दशा।

मदनास्त्र (सं० पु०) १ मदनायुध, भग। २ एक अस्त्रका नाम।

मदनिका (सं० स्त्री०) मृच्छकटिक-वर्णित एक नायिका।

मदनी (सं० स्त्री०) माद्यति अनया इति मद-करणे ल्युट् स्त्रियां ङीप्। १ सुरा, वारुणी। २ कस्तूरी। ३ अतिमुक्तक, अतिपुष्प नामका फूल। ४ मेथिका, मेथी। ५ मद्य, शराब। ६ धातकीवृक्ष, धायका पेड़।

मदनीय (सं० स्त्री०) १ मद्य, शराब। २ मदनोद्दीपक वस्तु।

मदनीयहेतु (सं० पु०) धातकीवृक्ष, धायका पेड़।

मदनीया (सं० स्त्री०) मल्लिकावृक्ष, बेला।

मदनेच्छाफल (सं० पु०) मदनेच्छां फलति जनयतीति अच्। वद्धरसाल, कलमी आमका पेड़।

मदनोत्सव (सं० पु०) मदनाय उत्सवः। एक प्रकारका उत्सव। मदनमहोत्सव देखो।

मदनोत्सवा (सं० स्त्री०) मदनाय उत्सवो यस्याः। स्वर्गवेश्या, अप्सरा।

मदनोद्यान (सं० क्ली०) १ सुरम्य उद्यान, सुंदर बगीचा। २ मालतीमाधव वर्णित एक उद्यान।

मदपति (सं० पु०) १ सोमरसके कर्त्ता। २ इंद्र और विष्णुका नामांतर।

मदपोल्लम—मन्द्राजप्रदेशके गोदावरी जिलांतर्गत नर्शापुर नगरके उपकण्ठस्थित एक गण्ड ग्राम। यह अक्षा०

१६° २६´ उ० तथा देशा० ८१° ४४´ २०´´ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां माद्रापलम नामक उत्कृष्ट करघेका कारबार है। अङ्गरेज-वणिकोंकी मछलीपत्तनकी कोठीसे यहांका वस्त्रवाणिज्य चलता है।

मदप्रयोग (सं० पु०) मदस्य प्रयोगः। करियोंका मदोद्गम, हाथियोंका मद झड़ना।

मदभञ्जिनी (सं० स्त्री०) मदं उन्मत्ततां भनक्ति, दूरीकरोतीति मद-भनञ्ज (नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः। पा ३।१।१३४) इति णिनि, स्त्रियां ङीप्। शतमूली।

मदमत्त (सं० त्रि०) मदेन मत्तः। १ मद द्वारा उन्मत्त, नशेमें चूर। स्त्रियां टाप्। २ छन्दोभेद।

मदमुच् (सं० त्रि०) मद-मुच् क्विप्। मदस्रावी, जिससे मद झड़ता हो।

मदयन्तिका (सं० स्त्री०) मदयन्ती ततः कन् टाप्, पूर्वह्रस्वश्च। मल्लिका, बेला।

मदयन्ती (सं० स्त्री०) मद-ऋच्, ङीप्। वनमल्लिका, बेला।

मदयन्ती—सूर्यवंशीय कल्माषपादकी राजपत्नी। कल्माषपाद शब्द देखो। ब्राह्मणीके शापसे पुत्रोत्पादनमें अक्षम हो कर राजाने अपनी पत्नी मदयन्तीको वशिष्ठके हाथ सौंप दिया। वशिष्ठसे मदयन्ती गर्भवती हुई। सात वर्ष तक जब कोई संतान भूमिष्ठ न हुई, तब पत्थलसे उसका गर्भ विदीर्ण किया गया। इस प्रकार जो बालक उत्पन्न हुआ उसका नाम अश्मक पड़ा।

मदयितृ (सं० त्रि०) मद-णिच्-तृच्। मत्तताजनक, मतवाला करने वाला।

मदयित्नु (सं० क्ली०) मदयतीति मद-णिच् (स्तनिहृषिपुषिगदिमदिभ्यःणेरित्नुच्। उणा् ३।२९) इति मदि-इत्नुच्। १ मद्य, शराब। (पु०) २ कामदेव। ३ शौण्डिक, कलवार,। ४ मद्युक्त। ५ मेघ, बादल।

मदरसा (अ० पु०) विद्यालय, पाठशाला।

मदराग (सं० पु०) १ मदन। २ मत्तताजनित क्रोधयुक्त व्यक्ति, नशेमें चूर क्रोधी मनुष्य। ३ मत्त कुक्कुट, पागल मुर्गा।

मदरास—भारतवर्षके दक्षिणमें स्थित एक प्रांतका नाम। विशेष विवरण मान्द्राज शब्दमें देखो।

मदर्पितपुर (सं० पु०) काश्मीरका एक नगर।

मदलेखा (सं० स्त्री०) १ छन्दोभेद, एक वर्णिक वृत्तिका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें सात सात वर्ण होते हैं जिनमें पहले मगण फिर सगण और अंतमें गुरु होता है। २ मतवाले हाथीकी पंक्ति।

मदवरविलगम—मान्द्राजप्रदेशके तिन्नेवल्ली जिलांतर्गत एक नगर। यह अक्षा० ९° ३०´ उ० तथा देशा० ७७° ३८´ २०´ पू० श्रीविल्लिपत्तुर नगरके समीप अवस्थित है। यहां एक सुंदर मंदिर और शिवध्वज विद्यमान है।

मदवारि (सं० क्ली०) हाथीका मदजल।

मदविक्षिप्त (सं० पु०) मदेन विक्षिप्तश्चलितमनाः। मस्तहस्ती, मतवाला हाथी।

मदवृद्ध (सं० त्रि०) सोमपानमें हृष्ट।

मदवृन्द (सं० पु०) १ हस्ती, हाथी। २ मदसमूह, शराबका ढेर।

मदशाक (सं० पु०) मदकरः शाकोऽस्य। उपोदकी, पोई।

मदशौण्डक (सं० पु०) जायफल।

मदसार (सं० पु०) मदं सारयति दूरीकरोति इति मद-सृ-णिच्, अण्। तूलवृक्ष, शहतूतका पेड़।

मदस्थल (सं० क्ली०) मदस्य स्थलं। १ मदस्थान, शराब पीनेकी जगह। २ सुरापान।

मदस्थान (सं० क्ली०) मदस्य स्थानं। मद्यपानस्थान, शराबखाना।

मदहस्तिनी (सं० स्त्री०) मदेन हस्तिनीव। महाकरञ्ज, बड़ा करंज।

मदहि—आसाम-प्रदेशवासी पार्वतीय वन्यजातिविशेष। मणिपुर सीमांतमें इनकी बस्ती पाई जाती है।

मदहेतु (सं० पु०) मदस्य हेतुः। १ धातकी, धायका पेड़। २ मत्तताकारक।

मदाखिलत (अ० स्त्री०) १ बांध, रुकावट। २ प्रवेश, अधिकार।

मदाखिलतबेजा (अ० स्त्री०) १ बे-अधिकार जगहमें प्रवेश। २ अनुचित हस्तक्षेप, ऐसे कार्यमें हस्तक्षेप करना जिसमें वैसा करनेका अधिकार न हो।

मदाघ (सं० पु०) एक ऋषिका नाम।

मदाढ्य (सं० पु०) मदेन मदजनकरसेन ताड़ीति ख्यातेन

आच्यः युक्तः। १ तालवृक्ष, ताड़का पेड़। (त्रि०) २ मदयुक्त।

मदाढ्या (सं० स्त्री०) मदेन आढ्या। लोहितझिण्टी, लाल कटसरैया।

मदातङ्क (सं० पु०) मदजनितः आतङ्कः रोगः। मदात्यय रोग। मदात्यय देखो।

मदात्यय (सं० पु०) मदेन अत्ययो नाशोन्मुखता अत्र। मद्यपानजनितरोग, एक प्रकारका रोग जो शराब पीनेसे होता है। पर्याय—मदातङ्क, पानात्यय, मदव्याधि, मद। (राजनि०)

इस रोगका निदान—विषमें जिस प्रकार सन्निपात-प्रकोपणादि गुण हैं, मद्यमें भी वही सब गुण पाये जाते हैं। किन्तु विषमें वे सब गुण अधिक मात्रामें रहते हैं, इस कारण अनियमसे, अधिक मात्रामें वा अहितजनक द्रव्योंके साथ कुसमयमें मद्यपान करनेसे यह मदात्यय रोग उत्पन्न होता है। अवैध मद्यपान करनेसे नाना प्रकारके विकार उपस्थित होते हैं। आहारीय द्रव्योंका उल्लङ्घन कर अनवरत मद्यपान करनेसे अत्यन्त क्लेशकर मदात्ययादिरोग उत्पन्न होता है तथा उससे शरीर विनष्ट हो जाता है।

इस रोगकी उत्पत्तिका दूसरा कारण—क्रोधयुक्त, भीत, पिपासार्त्त, शोकाभिभूत, क्षुधित, व्यायामकारी, भारवाही और पर्यटनप्रयुक्त, क्षीण, मलमूत्रादिका वेगरोधकारी और अभिघातादि द्वारा आहत व्यक्ति यदि मद्यपान करे, तो उसे नाना प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं। अत्यंत जलपान करने अथवा रूखी वस्तु खानेसे पेट अफरने लगता है। इससे खाई वस्तु नहीं पचती और शरीर दुर्बल हो जाता है। ऐसी अवस्थामें मद्यपान करनेसे मदात्ययरोग उत्पन्न होता है।

इस रोगका सामान्य लक्षण—अत्यन्त शारीरिक क्लेश, मोह, हृदयमें वेदना, अरुचि, सर्वदा पिपासा, ज्वर, कभी शीत, कभी उष्ण, शिरःपीड़ा, पार्श्व और त्रिकस्थानमें वेदना, अस्थिसंधिमें वेदना, अतिशय जृम्भण, स्फूरण, कम्पन, श्रान्तिबोध, हृदयका अवरोध, कास, हिक्का, श्वास, निद्राक्षय, शरीरकम्प, कर्णरोग, नेत्ररोग, मुखरोग, वातजवमि, पित्तजमलभेद, कफज वमनोद्वेग, भ्रम, प्रलाप और असाधुताका लक्षण दिखाई देता है। रोगी चित्तभ्रंश हो तृण, भस्म, लता, पत्र और धूलिपूर्ण वा पक्षिगण कर्त्तृक आक्रान्त बोध करता है, तथा व्याकुलताके साथ अलीक स्वप्न देखता है।

यह मदात्यय रोग वातज, पित्तज, श्लेमज और त्रिदोषज है। वातज मदात्ययका निदान है—स्त्रीप्रसङ्ग, शोक, भय, भारवहन और पथपर्यटन द्वारा देहक्लेश। रूखी वस्तु वा अल्प और परिमित भोजन करनेवाला व्यक्ति यदि रूखी वा परिणत मद्य रातको जग कर अधिक मात्रामें सेवन करे, तो उसे शीघ्र ही यह वातजन्य मदात्ययरोग होता है। इस वातिक मदात्ययरोगमें हिक्का, श्वास, शिर घूमना, पार्श्वशूल, अनिद्रा तथा अत्यन्त प्रलाप उपस्थित होता है।

पित्तज मदात्ययका निदान है—अत्यन्त अम्ल, उष्ण और तीक्ष्ण द्रव्यका भोजन। क्रोधान्वित व्यक्ति यदि तीक्ष्ण, उष्ण और अम्ल मद्य अधिक मात्रामें सेवन करे, तो भी यह तीव्रतर पैत्तिक मदात्यय रोग उत्पन्न होता है। इस रोगमें पिपासा, दाह, ज्वर, घर्मोद्गम, मोह, अतीसार, विभ्रम और शरीर हरिद्वर्णका हो जाता है।

श्लैष्मिक मदात्ययका निदान—जो व्यक्तिकिसी प्रकारका परिश्रम नहीं करता अथच दिनको सोना, बेकाम बैठना बहुत पसन्द करता है तथा मधुर, स्निग्ध और गुरु द्रव्य खाता है, वह यदि अधिक मात्रामें मद्यपान करे, तो उसे शीघ्र ही श्लैष्मिक-मदात्ययरोग उत्पन्न होता है। इस रोगमें वमि, अरुचि, हल्लास और तन्द्रा होती और ऐसा मालूम होता है मानो शरीर आर्द्रवस्त्रसे अच्छादित हो।

त्रैदोषिक मदात्ययरोगमें उक्त सभी प्रकारके लक्षण दिखाई देते हैं तथा इसकी उत्पत्ति ऊपर कहे गये कारणोंसे होती है।

यह मदात्ययरोग पानात्यय, परमद, पानाजीर्ण और पानविभ्रमके भेदसे कई प्रकारका है। कफकी अधिकता, देहकी गुरुता, मुखकी विरसता, मलमूत्ररोध, तंद्रा, अरुचि, पिपासा, शिरःपीड़ा और गांठोंमें सूई चुभनेसी वेदना होनेसे परमद नामक मदात्यय जानना चाहिये। पानाजीर्णरोगमें उदराध्मान, उद्गार और दाह उपस्थित

होता है। पैत्तिक मदात्यय जिन सब कारणोंसे उत्पन्न होता है, यह पानाजीर्णरोग भी उन्हीं सब कारणोंसे हुआ करता है। पानविभ्रमरोगमें हृदय और शरीरमें वेदना, कफस्राव, कण्ठसे धूमवत् निर्गम, मूर्च्छा, वमि, मत्तता, शिरःपीड़ा और मुखका कफसे लिप्तप्राय मालूम होना तथा नाना प्रकारके मैरेय, सुरा, पिष्टक-लड्डुकादि सुराविकृति और अन्नविकृतिसे विक्षेप उत्पन्न होता है।

असाध्य मदात्ययरोगका लक्षण—जिस मदात्यय-रोगीके होंठ लम्बे हो कर नीचेकी ओर लटक गये हों, शरीरका वहिर्भाग अत्यन्त शीतल हो गया हो, भीतरसे जलन देती हो, मुख तैलाक्त, जिह्वा और दन्त कृष्ण वा नीलवर्ण हो गये हों, वैद्यको ऐसे रोगीका परित्याग करना चाहिये। हिक्का, ज्वर, कम्प, पार्श्वशूल, कास और भ्रमपरिपीड़ित पानाहत रोगीका भी परित्याग करना उचित है।

इस रोगकी चिकित्सा—जिस प्रकार अग्निदग्ध स्थानमें अग्नि द्वारा स्वेद देना हितकर है, उसी प्रकार मद्य पीनेसे उत्पन्न रोगमें मद्यपान बहुत लाभदायक वतलाया गया है। अनियम वा अतिमात्रामें मद्यपान द्वारा जो रोग उत्पन्न होता है, उसे रोकनेके लिये उपयुक्त अथच समपरिमाणमें मद्यपान करे।

खट्टा नीबू, थैकल, बेर, अनारके रस और घृतको एकत्र कर खूब जोरसे मसले, पीछे उसमें अजवायन, हबूषा, जीरा और सोंठका चूर्ण तथा सैंधव यथासम्भव डाल कर चटनी वनावे। अनन्तर उसके साथ मद्यपान करनेसे वहुत पुराना वात-पैत्तिक मदात्ययरोग दूर होता है। मद्य ४ पल, सौवर्चल २ माशा, त्रिकटुका चूर्ण ४ माशा और जल २ कर्ष एकत्र मिला कर पिलानेसे वातिक पानात्यय प्रशमित होता है। चई, सौवर्चल, हिंगु, विजौरा नीबूका छिलका, सोंठ और अजवायनका चूर्ण डाल कर मद्यपान करनेसे पानात्यय रोग आरोग्य होता है। लाव, तीतर और मोर ये सब पक्षी, मृग, मत्स्य और आनूप मांसका रस अन्नके साथ मुखप्रिय स्निग्ध उष्ण लवण अम्लद्रव्य तथा गेहूंके बने हुए स्निग्ध द्रव्यके साथ मद्यपान करनेसे वातिक मदात्यय नष्ट होता है। यौवनमदोन्मत्ता कामनियोंका गाढआलिङ्गन, सुखजनक उष्णशय्या, उष्ण आच्छादन आदिसे भी प्रवल वातिक मदात्यय दूर होता है। पैत्तिक मदात्यय रोगमें सब प्रकारकी शीतल क्रिया हितकर है तथा चीनी और मधु संयुक्त अर्द्ध जलमिश्रित मद्यसेवन उचित है। खजूर, दाख, फालसा और अनारके रस द्वारा शीतल मद्य अथवा चीनी मिश्रित माध्वीकमद्य अथवा अन्य कोई मद्य अधिक परिमाणमें जल मिला कर पीनेसे पैत्तिक मदात्यय अतिशीघ्र दूर हो जाता है।

शशक, कपिञ्जल, हिरण, असितपुच्छ लाव और बकरेके मांसका रस, अम्लरसयुक्त द्रव्य, परवलके पत्तोंका जूस, उड़द और मूंगका जूस तथा अनार और आंवलेके साथ धान वा साठी धानका चावल, अथवा दाख, आंवला, खजूर और फालसेका जूस और मांसरस नाना प्रकारका तर्पण प्रयोग, शीतल अन्न, पानीय, शीतल स्थानमें सोना और बैठना, शीतल वायु सेवन, शीतलजल संस्पर्शन, पट्टवस्त्र, पद्म, उत्पल, मणि, मुक्ता और चन्दनसिक्त शीतल जलस्पर्श तथा चन्द्रकिरणसेवन पैत्तिक मदात्यय रोगमें विशेष उपकारी है।

श्लैष्मिक मदात्यय रोगमें अजवायन और त्रिकटुके चूर्णको मिला कर रुक्षतर्पण तथा जौ और गेहूं जातिके अन्नको रुक्ष जूसके साथ भोजन करावे; अथवा अत्यधिक कटुद्रव्य-चूर्णके साथ जौकी बनी हुई चीज खानेको दे। बकरेके मांसका रस अथवा जंगली जानवरके मांसका रस, रुक्ष अथच अल्प अम्लमिश्रित कर पान करनेसे श्लैष्मिक मदात्यय रोग प्रशमित होता है। मट्टीके बरतनमें कटु, अम्ल और लवणमिश्रित नीरस मांस भून कर खिलानेसे भी श्लैष्मिक मदात्यय नष्ट होता है। इस रोगमें रोगीको वमनकारक द्रव्यसंयुक्त मद्यपान करा कर वमन और रोगीके बलानुसार उपवास करावे।

वातिक, पैत्तिक और श्लैष्मिक मदात्ययरोगमें जो सब क्रियाएं बतलाई गई हैं, सान्निपातिक मदात्ययरोगमें भी उन्हें मिश्रितभावमें प्रयोग करे।

कोंहड़ेके रसको गुड़के साथ सेवन करनेसे कोद्रव जन्य नशा अति शीघ्र दूर होती है। सुपारी खानेसे यदि नशा आ जाय, तो उसी समय पेट भर पानी

पीले। इससे वमि, मूर्च्छा और अतीसार संयुक्त मत्तता बहु जल्द दूर हो जाती है। मद्यपान करके यदि उसी समय घृतसंयुक्त चीनी चाटे, तो मत्तता जरा भी नहीं आती।

(भावप्र० मदात्ययरोगाधिका०)

मदान्ध (सं० त्रि०) मदेन अंधः। मदमत्त, नशेमें अंधा।

मदामद (सं० त्रि०) सदा मदोन्मत्त, हमेशा नशेमें चूर।

मदाम्नात (सं० पु०) मदाय मत्ततोद्रे काय आम्नोयते वाद्यते स्मेति आ-म्ना-कर्मणि क्त। गजढक्का, वह वड़ा ढोल जो हाथीकी पीठ पर वजाया जाता है।

मदाम्वर (सं० पु०) मदो दानवारिअम्वरमिवास्यच्छादकत्वात्। मत्त हस्ती, पागल हाथी।

मदार (सं० पु०) माद्यति मत्तो भवतीति मठ (अङ्गि-मदि मन्दिभ्य आरन्। उणा् ३।१३४) १ हस्ती, हाथी। २ धूर्त्त, चालवाज। ३ शूकर, सूअर। ४ कामुक, अशोक। ५ गन्धभेद, एक प्रकारका गंध द्रव्य। ६ मस्तहस्ती, पागल हाथी। ७ नृपभेद, एक राजाका नाम।

मदार (हि० पु०) १ अकवन, आंक। २ मदारी देखो।

मदारगदा (हि० पु०) धूपमें सुखाया हुआ मदारका दूध। यह प्रायः औषध आदिमें डाला जाता है।

मदारिया—मदारी देखो।

मदारी (अ० पु०) युक्तप्रदेशवासी मुसलमान फकीरसम्प्रदायविशेष। ये लोग शाह मदारके अनुयायी हैं। मकनपुरकी शाह मदार-मसजिदमें जो विवरण लिखा है, उससे मालूम होता है, कि शाह मदारका जन्म १०५० ई०में एक यहूदीके घर हुआ था और यह स्वयं इस्लाम धर्ममें दीक्षित हुए थे। ये फरुखावादमें रहते थे और सुलतान शरकीके समय कानपुर आये थे। उस समय कानपुरमें 'मकनदेव' नामक जिन्न रहता था। शाह मदार उस जिन्नको वहांसे निकाल कर वहां रहने लगे। इसीसे उस स्थानका नाम मकनपुर पड़ा। उनके वहुतसे शिष्य प्रशिष्य थे। ८३८ हिजरी (१४३३ ई०) में १७वीं जमादिउल अब्बलको उनकी मृत्यु हुई। सुलतान इब्राहिम द्वारा निर्मित उनकी एक समाधि मकनपुरमें विद्यमान है।

ये लोग हिंदूयोगी और संन्यासियोंकी तरह शरीरमें भस्म लगाते हैं, गले और मस्तकमें लौहश्रृङ्खल बांध कर तथा सिर पर टोपी और काला निशान धारण कर घूमने निकलते हैं। ये लोग कभी भी नमाज नहीं पढ़ते और न किसी त्योहारमें उपवास ही रहते हैं। प्रायः सभी भंगके नशेमें चूर रहते हैं।

ऐतिहासिक आलोचनासे मालूम होता है, कि शाह मदार जौनपुरराज इब्राहिमशाह शरकीके शासनकालमें मकनपुर आ कर वस गये थे। स्थानीय प्रवाद है, कि ये चौहानराज पृथ्वीराजके समसामयिक थे और ३८३ वर्ष तक जीवित थे। मृत्युकालमें श्वास रोक कर योगावलम्वन करनेसे उनकी मृत्यु नहीं हुई थी। दम रोक कर प्राणरक्षा की थी, इस कारण मृत्युके वाद 'दममदार' नामसे एक उत्सव मनाया जाता है। आज भी मुसलमानोंमें 'दममदारपर्व' देखा जाता है। ये लोग इन्हें जिन्दाशाह कहते हैं और अब तक जीवित मानते हैं। रमणी जातिके ऊपर ये वड़े विरक्त रहते थे। प्रवाद है, कि रमणियोंके उनके समाधिक्षेत्रमें पहुंचते ही वे हृदयमें दाह और वेदना अनुभव करती हैं।

कानून-इ-इस्लाम नामक ग्रन्थमें 'धम्माल कुद्ना' नामक इन लोगोंका एक उत्सव देखा जाता है। इस दिन ये लोग एक अग्निकुण्ड वना कर शाह मदार फकीरोंको इकट्ठे करते हैं। 'फतिहा' समाप्त करनेके बाद वे सब फकीर अग्निकुण्डमें चन्दनकाष्ठ फेंकते हैं। पीछे उनमें जो प्रधान फकीर रहता है वह सबसे पहले 'दम-मदार' शब्दका उच्चारण करते हुए अग्निमें कूद पड़ता है। बादमें और सभी फकीर उसके पीछे पीछे उक्त मन्त्र पढ़ते हुए चलते हैं। फकीरोंका अग्निविचरण शेष हो जाने पर वे लोग दूध और चन्दनसे उनके पैर धोते हैं। पीछे उन लोगोंके गलेमें माला डाल कर शरबत पान और भोजनादि कराया जाता है।

मदारियोंके मध्य दो श्रेणी हैं, तकादार और मदेङ्गगण। तकादार मदारी विवाहादि करके घरमें रहते हैं और मदेङ्गगण संन्यासीकी तरह इधर उधर विचरण कर दिन बिताते हैं।

२ वाजीगर, तमाशा करनेवाला। ३ बन्दर आदि नचानेवाला।

मदार्म्मद (सं० पु०) मदार्म्मं मदजन्यं अर्म्मं नेत्ररोगविशेष ददातीति दा-क। फलकमत्स्य, एक प्रकारकी चीतल नामकी मछली।

मदालस (सं० त्रि०) मदेन अलसः। मत्तता द्वारा आलसी।

मदालसा (सं० स्त्री०) गन्धर्वराज विश्वकेतुकी कन्या। इसका विषय मार्कण्डेयपुराणमें इस प्रकार लिखा है,—

राजा शत्रुजित्के पुत्र ऋतध्वज गालवकी तपोरक्षाके लिये उनके आश्रममें गये। एक दिन गालव सन्ध्यावन्दनादि कर रहे थे, इसी समय एक दानव शूकरका रूप धारण कर वहां पहुंचा। उसे देख कर सभी शिष्य चिल्ला उठे। राजकुमार ऋतध्वजने शरासन ले कर सूअरका पीछा किया। तीर लगते ही वह बहुत तेजीसे भागा। ऋतध्वजने भी गालवके दिये हुए कुवलय नामक घोड़े पर सवार हो उसका साथ नहीं छोड़ा। सूअर बड़े वेगसे सहस्र योजन रास्ता तै कर आखिर एक बिलमें घुस गया। साथ साथ राजकुमार भी भीतर गये। विलमें गहरा अन्धकार था, वह सूअर कहां गायब हो गया, राजकुमारको कुछ भी मालूम नहीं। पीछे वे पातालमें घुसे, पर वहां भी सूअर न मिला।

पातालमें उन्होंने इन्द्रपुरीकी तरह सैकड़ों प्रासाद-परिवेष्टित एक पुरको देखा। अनन्तर इधर उधर घूमते हुए उनकी दृष्टि एक क्षीणाङ्गी ललना पर पड़ी। राजकुमारने उससे पूछा, 'तुम कहां जा रही हो और क्यों?' ललनाने कुछ भी जवाब नहीं दिया और एक प्रासाद पर चढ़ गई। कुमारने भी उसी जगह घोड़ेको बांध कर उसका पीछा किया। प्रासादमें घुस कर कुमारने देखा कि परमसुन्दरी एक कुमारी कामसहचारिणी रतिकी तरह सुविस्तीर्ण पलंग पर बैठी हुई है। कामिनी राजकुमारको देख कर ज्यों ही पलंग परसे उठ कर भूमि पर बैठी त्यों ही वह मूर्च्छित हो गिर पड़ी।

राजकुमार ऋतुध्वज भी 'मत डरो' कह कर उसे आश्वासन देने लगे। जिस रमणीको इन्होंने पहले देखा था, वह अभी पंखा ले कर व्याकुल चित्तसे उस सुन्दरीको हवा देने लगी। पीछे जब वह होशमें आई, तब राजकुमारने उसका परिचय पूछा। इस पर उनकी सखीने कहा, 'देवलोकमें विश्वावसु नामक जो विख्यात गन्धर्वराज हैं, यह उन्हींकी कन्या है। मदालसा इनका नाम है। मैं इनकी सखी हूं। यह एक दिन उद्यानमें घूम रही थीं, इसी समय वज्रकेतु दानवका पुत्र दुरात्मा पातालकेतु तमोमयीमाया फैला कर इन्हें यहां हर लाया है और आगामी त्रयोदशीके दिन वह इनसे विवाह करेगा, ऐसा स्थिर हो चुका है। इसी कारण ये आत्महत्या करनेको उद्यत हैं, किन्तु सुरभीने मना किया है, और कहा है, 'दुरात्मा कभी भी तुम्हे नहीं पा सकता। दानवके मर्त्यलोकमें जाने पर जो शरप्रहारसे उसे विद्ध करेगा, वही तुम्हारा स्वामी होगा।' ये मेरी सखी हैं कुण्डला मेरा नाम है, मैं विन्ध्यावनकी कन्या और पुष्करमालीकी पत्नी हूं। शुम्भने मेरे स्वामीको मार डाला, तभीसे मैं व्रतधारण करती हुई यहां पर हूं। यह तो हुआ मेरे सखीका परिचय, अब आप अपना परिचय दे कर हम लोगोंका संदेह दूर कीजिये।' अनन्तर कुमारने कहा, 'मैं राजा शत्रुजितका पुत्र हूं, नाम मेरा ऋतुध्वज है। पिताने मुझे मुनियोंकी रक्षा करनेके लिये गालवके आश्रममें भेजा था। वहां आ कर मैं मुनियोंके रक्षाकार्यमें नियुक्त था, कि एक व्यक्ति शूकरका रूप धारण कर विघ्न डालनेके लिये वहां उपस्थित हुआ। अर्द्ध चन्द्राकृति शर-प्रहारसे मैंने उसे घायल किया और ज्यों ही वह भागा, त्यों ही मैंने घोड़े पर सवार हो उसका पीछा किया। अनन्तर एक बिलमें घुस कर मैं अकेला अन्धकारमें भटकने लगा। तदनन्तर रोशनी मिलने पर मैंने अपनेको देख पाया और वह दुष्ट दानव कहां चला गया मालूम नहीं। बस, यही मेरा यथार्थ परिचय है।'

अब कुण्डलाने अतिशय हर्षान्वित हो कुमारसे कहा, 'मेरी सखी आपको देख कर आसक्त हो गई हैं और आपने सचमुच उस दानवको विद्ध किया है, अतएव आप इस रमणी-ललामभूता-कामिनीको ग्रहण कीजिये।' इस पर राजकुमार बोले, 'मैं पराधीन हूं, बिना पिताके आदेशके किस प्रकार इनसे विवाह कर सकता।'

कुण्डलाने पुनः कहा, 'आप ऐसा न कहें, क्योंकि ये देव कन्या हैं, इनसे विवाह करनेमें कोई दोष नहीं होगा।' राजकुमारके सहमत होने पर उनके कुलगुरु तुम्बुरु वहां आये और वैवाहिक विधि यथारीति सम्पन्न की।

मदालसाको व्याह कर ऋतुध्वज आ रहे थे, कि मार्गमें दैत्योंने उन पर आक्रमण किया। युद्ध होने लगा। अकेले ऋतध्वजने समस्त दैत्यसेनाको उन्मत्त हस्तीके समान मथ डाला। वे जय प्राप्त कर निर्विघ्न स्त्रीके साथ पिताके राज्यमें उपस्थित हुए। यहां आ कर राजकुमारने आद्योपान्त कुल घटना पितासे कह सुनाई। पिता बड़े प्रसन्न हुए और पुत्रकी भूरि भूरि प्रशंसा करने लगे।

कुछ दिनोंके बाद राजाने पुनः पुत्रसे कहा, 'तुम इस बार ब्राह्मणोंके लिये पृथ्वी पर पर्यटन करो।' ऋतध्वज पिताकी आज्ञासे भूतल पर पर्यटन करते करते एक दिन यमुनाके किनारे पहुंचे। वहां पातालकेतु दानवका छोटा भाई तालकेतु मायाबलसे मुनिका रूप धारण कर एक आश्रममें रहता था। तालकेतुने अपने भ्रातृहन्ता ऋतध्वजको देखते ही पहचान लिया और उनसे बदला चुकानेके लिये अवसर ढूढ़ने लगा। उसने ऋतध्वजसे कहा, 'राजकुमार! आप ब्राह्मणोंकी रक्षाके लिये भ्रमण कर रहे हैं। मैं एक यज्ञ करना चाहता हूं, पर दक्षिणा देनेको शक्ति मुझमें नहीं है, अतएव मैं यज्ञ भी नहीं कर सकता हूं। यदि आप अपना यह मणिमय हार मुझे दे कर मेरे आश्रयकी रक्षा करें, तो मैं जलमें प्रवेश कर बरुणका स्तव कर आऊं।' यह सुन कर ऋतध्वजने अपना हार गलेसे निकाल कर उस ऋषि-रूपधारी दानवको दे दिया। जातेसमय वह दानव उनसे कह गया, कि जब तक मैं फिर कर न आऊं तब तक आप मेरे आश्रमकी रक्षा करना। राजपुत्रका हार ले कर तालकेतु राजा शत्रुजितकी सभामें आया और वही हार दिखला कर कहने लगा, 'वीर ऋतध्वज मेरे आश्रमके समीप तपस्वियोंके रक्षाकार्यमें नियुक्त थे। पीछे यज्ञद्वेषी दैत्योंके साथ उनका युद्ध हुआ और वे मारे गये। इस भयङ्कर संवादको सुन कर मदालसा स्थिर न रह सकी, मूर्च्छित हो कर जमीन पर गिर पड़ी और फिर न उठी।

इधर तालकेतु यमुना-तट पर लौट आया और युवराजसे बोला, 'हमारा यज्ञ समाप्त हो गया, अब आप जा सकते हैं। आपने मेरा बहुत दिनोंका मनोरथ पूर्ण किया, आपका मङ्गल हो। राजकुमारने उस कपटी ऋषिको प्रणाम कर पितृराजकी ओर प्रस्थान किया।

राजा और पुरवासिगण कुमारको देख कर नितान्त विस्मित हुए। कुमारने पिताकी चरणवन्दना करके पूछा, 'पिता! आप ऐसे क्यों उदास हैं? साफ साफ कहिये।' पिताने आद्योपान्त कुल घटना कह सुनाई। राजकुमार मदालसाको हृदयसे चाहते थे, अतः उसका मृत्युसंवाद सुन कर वे शोकसागरमें डूब गये। किन्तु पिता-माताके सामने शोकप्रकाश करनेमें वे लज्जा बोध करते थे, इस कारण मन ही मन इस प्रकार विलाप करने लगे,—हाय! उस साध्वीबालाने मेरा मृत्युसंवाद सुन कर ही प्राण छोड़ दिये और मैं उससे वियुक्त हो कर अभी तक जीता हूं! अतएव मेरे समान निर्दय और निष्ठुर व्यक्ति संसार भरमें नहीं होगा।

इस प्रकार राजकुमारने बहु विलाप करनेके बाद मतिको स्थिर कर पत्नीके उद्देशसे जलदान और अन्यान्य कर्त्तव्य कर्म तो किये, पर प्राणप्रतिमाके विरहमें जरा भी चैन नहीं मिलता, रात दिन गभीर चिन्तामें डूबे रहते थे। इस समय उनके पूर्व मित्र नागराज अश्वतरके दो पुत्रोंने ऋतध्वकी ऐसी अवस्था देख कर अपने पितासे जा कहा, 'पिताजी! हम लोगोंके प्रिय सखा ऋतध्वज अभी अपनी प्रियतमा मदालसाके बिरहमें समस्त सुखभोगोंका त्याग कर विषण्ण मनसे कालयापन करते हैं। मदालसा यदि उन्हें फिर मिल जाय, तो उनका सचमुच भारी उपकार किया जायगा, किन्तु यह किसका साध्य है, दूसरेकी बात तो दूर रहे स्वयं ईश्वर भी यह काम कर सकें, संदेह है।

नागराजने अपने पुत्रोंकी बात सुन कर उत्तर दिया, 'मनुष्य यदि असाध्य जान कर कोई काम काज न करे, तो उद्यमहानिवशतः विशेष अनिष्ट होता है। अतएव अपने पुरुषकारका परित्याग न कर कर्ममें प्रवृत्त हो जाना उचित है। दैव और पुरुषकार इन दोनोंके बलसे सभी

काम चलते हैं। अतएव मैं तपस्या करने जाता हूं और आशा है, कि इस असाध्य कार्यको कर दिखाऊंगा।' इतना कह कर नागराज हिमालयस्थित प्लक्षावतरणतीर्थमें गये और कठोर तपस्या करने लगे।

नागराजने अपनी तपस्यासे सरस्वती और महादेवको प्रसन्न कर यह वर मांगा कि, 'कुवलायश्वकी पत्नी मदालसा जिस अवस्थामें मरी है, उसी अवस्थामें वे मेरी दुहिता हो कर जन्मग्रहण करें। पहले उनकी जैसी कान्ति थी, ठीक वैसी ही कान्ति होवे। वे मानो जातिस्मरा तथा पहलेकी तरह योगिनी और योगमाता हो मेरे घर उत्पन्न हों।'

इस पर शिवजीने कहा, 'मेरे प्रसादसे वही होगा, इसमें जरा भी सन्देह नहीं। श्राद्ध उपस्थित होने पर तुम भी प्रयतचित्त हो मध्यम पिण्ड खाना। मध्यम पिण्ड खानेसे कल्याणी जिस अवस्थामें मरी है ठीक उसी अवस्थामें वह तुम्हारे कानसे उत्पन्न होगी।'

अनन्तर नागराजने यथाविधान श्राद्ध करके मध्यम पिण्ड भक्षण किया। पीछे ध्यान करते करते निश्वासका त्याग करते ही उसके मध्यम कर्णसे क्षीणाङ्गी मदालसा उत्पन्न हुईं। अपने घरमें नागराजने उस सुदतीको स्त्रियोंकी सहायतासे छिपा रखा।

एक दिन नागराजने अपने दोनों पुत्रोंसे कहा, 'तुम दोनों राजकुमार ऋतध्वजके पास जाओ और उन्हें निमंत्रण कर यहां बुला लाओ।' दोनों नागपुत्र पिताकी आज्ञासे राजकुमारके यहां गये और नागराजकी अनुमति कह सुनाई। ऋतध्वज बड़े प्रसन्न हुए और नागलोकको चल दिये। यहां नागराजने कुमारका अच्छा सत्कार किया और कहा, 'भद्र! मेरे घरमें तुम अभी अभ्यागत हो, अतएव निःशङ्कचित्तसे तुम्हारी जो प्रिय वस्तु हो, मांगो, मैं अवश्य दूंगा।' ऋतध्वजने उत्तर दिया, 'मुझे सोने, चांदी किसी वस्तुकी जरूरत नहीं।' इतना कह कर उन्होंने अपने दोनों मित्रोंको इशारा किया।

अनंतर दोनों नागपुत्रोंने पिताके चरणोंमें बन्दना कर कहा, 'पिताजी! इनकी पत्नीने किसी दुष्टात्मा दैत्यसे प्रतारित हो कर स्वामीके मृत्यु-संवाद पर प्राणत्याग किया है, मदालसा उनका नाम था, वे गंधर्वकन्या थीं। अभी उससे मिलनेके लिये इनका मन तड़फड़ा रहा है, आप यदि मिलन करा सकें तो सच कहते हैं, इनका भारी उपकार होगा।'

नागराजने कहा, कि पञ्चभूतसे एक वार वियोग होने पर फिर उनके साथ उसी प्रकार संयोग होना स्वप्न वा आसुरी मायाके सिवा और किसी उपायसे सम्भव नहीं है।

इस पर ऋतध्वजने प्रणाम कर लज्जापूर्वक उनसे कहा "तात! आप यदि इस समय मदालसाको माया करके भी दिखा सकें, तो मैं परम अनुगृहीत होऊंगा"

नागराज बोले, 'वत्स! यदि माया देखनेकी इच्छा है, तो ठहरो, दिखलाता हूं।' इतना कह कर नागराज घरके भीतर गये और मदालसाको बाहर लाये। पीछे उन लोगोंको भुलावेमें डालनेके लिये कुछ अस्फुट मन्त्र पढ़ते हुए राजपुत्रको मदालसा दिखला कर कहा, 'वत्स! देखो तो सही, यह तुम्हारी भार्या मदालसा है वा नहीं?' राजकुमार मदालसाको देखते ही शोकसे मूर्च्छित हो पड़े। मदालसा सोचने लगी कि मेरे प्रति कुमारका अनुराग पहले जैसा अविचलित है। अभी माया बतला कर मुझे दिखालाया गया है, सचमुच मैं मिथ्या हूं, मायास्वरूप हूं। वायु, आकाश, तेज, जल और पृथ्वीके योगसे जिसका जन्म है वह मायाके सिवा और क्या हो सकता है?'

अनन्तर नागराज अश्वतरने जिस प्रकार मृत मदालसाको पुनर्जीवित किया था, कह सुनाया। ऋतध्वज भार्याको पा कर फूले न समाये और उसी समय उन्होंने अपने घोड़ेका स्मरण किया। स्मरणमात्रसे घोड़ा उनके सामने खड़ा हो गया। अब वे नागराजको प्रणाम कर स्त्रीसमेत घोड़े पर सवार हुए और अपने घरको लौटे।

घर पहुंच कर राजकुमारने परलोकप्राप्त मदालसाको पुनः जिस प्रकार पाया, कुल हाल अपने पितासे कह सुनाया। मदालसाने भी श्वसुर और सासको प्रणाम कर स्वजनोंकी यथायोग्य वन्दनादि की। इस प्रकार बहुत दिन बित जाने पर राजा शत्रुजित् कालधर्मके वशवर्त्ती हुए। पौरोंने आ कर ऋतध्वजको राजपद पर अभिषिक्त किया। ऋतध्वज पुत्रके समान प्रजाका प्रतिपालन करते हुए राज्यशासन करने लगे।

इस समय मदालसाके प्रथम पुत्र उत्पन्न हुआ, पिताने उसका नाम विक्रान्त रखा। मदालसाने पुत्रका नाम सुन कर हास्य किया। एक दिन विक्रान्तको किसीने मारा, वह रोते रोते घर गया और अपनी मातासे रो कर कहने लगा, 'मुझे अमुक अमुकने मिल कर पीटा है! मैं राजपुत्र हूं। उन्होंने मेरी प्रतिष्ठा पर कुछ भी ध्यान न दे कर मुझको मारा है। आप इसका प्रतिविधान करें। उत्तरमें मदालसाने कहा, 'वत्स! तुम शुद्ध आत्मा हो, आत्माकी प्रकृति नामके द्वारा कलुषित नहीं हो सकती। राजपुत्र वा विक्रान्त तुम्हारी उपाधि है। अतएव अपनेको राजपुत्र समझ कर तुम्हें अभिमान नहीं करना चाहिये। तुम्हारा यह परिदृश्यमान शरीर पाञ्चभौतिक है। तुम्हारा यह शरीर नहीं है, फिर शरीर पर मार खानेसे रोते क्यों हो। तुम्हारे इन्द्रियनिचयमें भी विविध भौतिक गुण और अगुण कल्पित हुए हैं। सभी भूत जिस प्रकार भूतोंकी सहायतासे अन्न और जलदानादि द्वारा परिवर्द्धित होते हैं; तुम्हारी उस प्रकार वृद्धि नहीं है, क्षय भी नहीं है। तुम्हारा यह शरीर आवरणमात्र है। यह शीर्ण हो जायगा, अतः मोहका कभी आश्रय न लेना। शुभाशुभ कर्मवलसे ही तुम्हारे शरीरमें यह आवरण सन्निवद्ध हुआ है। पिता, माता और स्त्री तथा आत्मीय अनात्मीय कोई भी कुछ नहीं है, तुम उन पर अधिक स्नेह भी न करना। जो मोहाच्छन्न चित्तके हैं, वे ही दुःखको दुःखके उपशमका कारण और भोगको सुखलाभ का हेतु समझते हैं।' विक्रान्त माताके निकट इस प्रकार आत्मज्ञानकी शिक्षा पा कर ज्ञानी और वासनात्यागी हो गये।

द्वितीय पुत्र भूमिष्ठ होने पर पिताने उसका नाम सुवाहु रखा। इस पर भी मदालसाने हास्य किया और इस कुमारको भी पहलेके जैसा आत्मबोधकी शिक्षा दी। शिक्षाके फलसे यह पुत्र भी ज्ञानलाभ कर कामना और क्रियाविहीन हो गया।

इसके बाद तृतीय पुत्रके उत्पन्न होने पर राजाने उसका शत्रुमर्दन नाम रखा। इस बार भी मदालसाने हंसी उड़ाई। पीछे मातासे आत्मबोधकी शिक्षा पा कर यह पुत्र भी संसारविरागी संन्यासी हो गया।

अनन्तर चतुर्थ पुत्रके भूमिष्ठ होने पर राजाने मदालसासे कहा, तुम प्रतिवार हमारे नामकरण करनेके समय हास्य करती हो, इस वार तुम ही इस पुत्रका नाम रखो। मदालसाने इस पुत्रका नाम अलर्क (पागल कुत्ता) रखा। राजाने यह नाम सुन कर कहा, 'तुमने नितान्त असम्बन्धु नाम रखा।' मदालसा वोली, राजन्! लोकाचारसे एक नाम रखना होता है, इस कारण कोई एक नाम रख दिया। आपके रखे हुए नामोंमेंसे किसीका अर्थ नहीं है। प्राज्ञपुरुषगण आत्माको सर्वव्यापी बतलाते हैं। क्रान्ति शब्दसे, एक स्थानसे दूसरे स्थानमें गति, समझा जाता है। आत्मा सर्वज्ञ और सर्वव्यापी हैं तथा देहके ईश्वर हैं, तब फिर उनकी गति कहां? अतएव आपने विक्रांत नाम रखा है, उसका कोई अर्थ नहीं होता। आत्माको कोई मूर्त्ति नहीं है, इस कारण दूसरे पुत्रका नाम जो सुवाहु रखा गया है, वह भी सर्वथा अर्थशून्य है।

तृतीय पुत्रका नाम जो अरिमर्दन रखा गया है, वह भी नितांत असम्बन्ध है। इसका कारण यह है, कि एकाकी आत्मा समस्त शरीरमें विराजमान है, तब फिर उनके शत्रु तथा मित्र हो कहां? भूत द्वारा भूतोंका लय होता है। जिसकी मूर्त्ति नहीं, उसका लय किस प्रकार हो सकता? आत्मा क्रोधादि सर्वविध दोषवर्जित है, तो फिर वे किस प्रकार शत्रुमर्दन कर सकते? यदि केवल व्यवहारके लिये ऐसे निरर्थक नामकी कल्पना की जाती है, तो मैंने जो चौथे पुत्रका अलर्क नाम रखा वह क्यों निरर्थक होगा?

इस पर राजा बोले, 'तुमने जो कुछ कहा, वह ठीक है, किन्तु अभी तुमसे मेरा यही अनुरोध है, कि तीन पुत्रोंको उपदेश दे कर वनवासी कर चुकी हो अब इस छोटे पुत्र अलर्कको ऐसी शिक्षा दो जिससे वह अपने भाइयोंके मार्गका अनुसरण न करे। यदि वह भी संन्यासी हो जायगा, तो राज्यशासन कौन करेगा? मदालसाने उसे मंजूर कर लिया और अलर्कको राजनीतिकी शिक्षा देने लगी। उनके उपदेशसे अलर्क राजनीतिविद्यामें निपुण हो गया।

मदालसाने अपने पुत्रोंको जो उपदेश दिया था, वह

अमूल्य रत्नस्वरूप तथा वेदांत और नीतिशास्त्रका सारभूत था। इसका विशेष विवरण मार्कण्डेयपुराणके मदालसोपाख्यानमें लिखा है।

अलर्कके उपयुक्त होने पर राजा ऋतध्वजने उन्हें राजगद्दी दे स्त्री समेत प्रव्रज्या अवलम्बन की। मदालसा जाते समय अपने पुत्रसे कह गई, 'वत्स ! गृही स्वभावतः ममतापरायण होते हैं, इसीसे उन्हें हमेशा दुःख झेलना पड़ता है। अतएव गृह धर्मानुसार राज्य करते करते जब असह्य दुःख आ जावे, तब तुम मेरी दी हुई यह मणिमय अंगूठी हाथसे निकाल कर उसके मध्य जो पत्र पर सूक्ष्म अक्षरमें लिखे हुए शासन हैं उसका पाठ करना।' इतना कह कर मदालसाने अपनी राह ली।

पीछे अलर्कने अंगुरीय-लिखित शासनानुसार दत्तात्रेयके निकट योगशिक्षा प्राप्त की।

(मार्कण्डेयपु० २०—४० अ०)

मदालापिन् (सं० पु०) मदेन मत्ततया आलपतीति आलप्-णिनि। कोकिल, कोयल।

मदावर—युक्तप्रदेशके रोहिलखण्ड विभागान्तर्गत एक प्राचीन नगर। आजकल यह मन्दावर नामसे प्रसिद्ध है। चीन-परिव्राजक इसका मदिपुर नामसे उल्लेख कर गये हैं। १११४ ई०में यह नगर श्रीहीन हो गया। पृथ्वीराजके समय घोरीवंशीय अफगान सुलतानोंके जुलमसे यह स्थान नष्ट भ्रष्ट हो गया। बाद उसके टूटे फूटे खंडहरोंको ले कर जुमामसजिद, हिदायत शाह-मसजिद और फकीर-तकिया आदि बनवा गये। यूएनचुवंगने स्थानीय गुणप्रभ-संघाराम और संघभद्रविहारका उल्लेख किया है।

मदावस्था (सं० स्त्री०) १ उन्मत्तावस्था, पागलपनकी हालत। २ क्रोधावस्था, गुस्सेकी हालत।

मदाह्व (सं० पु०) मदो मृगमद-आह्वा आख्या यस्य-ह्रस्वः। कस्तूरी।

मदि (सं० स्त्री०) मृद्नाति कृष्टक्षेत्र-लोष्ट्रं मृद-इन् पृषोदरादित्वात् साधुः। कृषिसाधन कर्षणयंत्रभेद, पटेला। यह जोती हुई जमीन चौरस करनेके काममें आती है।

मदिन् (सं० त्रि०) मदयतीति मदि-णिनि। तर्पक, मतवाला करनेवाला।

मदिन्तम (सं० त्रि०) अतिशयेन मदी तमप्, वेदे नुमागमः। अतिशय तर्पक, बहुत, मतवाला करनेवाला।

मदिर (सं० पु०) मद किरच्। १ रक्तखदिर, लाल खैर। (त्रि०) २ मदकर, जिससे मद उत्पन्न हो।

मदिरा (सं० स्त्री०) माद्यतीति मद-किरच् अजादि त्वात् टाप्। १ मत्त खञ्जन। (शब्दरत्ना०)

माद्यत्यनयेति मद् (इषिमदीति। उण् १।५२) इति किरच्। २ मादक-द्रव्यविशेष, शराब। पर्याय—सुरा, हलिप्रिया, हाला, परिश्रुत, वरुणात्मजा, गन्धोत्तमा, प्रसन्ना, इरा, कादम्बरी, परिश्रुता, कश्य, मद्य, मालिका, कपिशी, गन्धमादनी, माधवी; कत्तोय, मदकापिशायन, वारुणी, मत्ता सीता, चपला, कामिनी, प्रिया मदगन्धा। माध्वीक, मधु, सन्धान, आसव, अमृता, वीरा, मेधावी, मदनी, सुप्रतिभा, मनोज्ञा, विधाता, मोदिनी, हली, गुणारिष्ट, सरक, मधुलिका, मदोत्कटा, महानन्दा, सीधु, मैरेय, बलवल्लभा, कारण, तत्त्व, कैवल्यतन्त्र, मदिष्ठा, परिप्लुता, कल्प, स्वादुरसा, शूण्डा, हारहूर, माध्वीक, मदना, देवसृष्टा, कापिश, अब्धिजा। (हेम)

माध्वीक, पानस, द्राक्ष, खर्जूर, ताल, ऐक्षव, मैरेय, माक्षिक, टाङ्क, मधूक, नारिकेलज और अन्नविकारज ये बारह प्रकारके मद्य हैं। इसका सामान्य गुण—सुमधुराम्ल, कफ और वायुनाशक, लघु, पुष्टिकर, हृद्य, सारक, मदवर्द्धक।

धातकी रस और गुड़से जो मदिरा बनाई जाती है, उसका नाम गौड़ी है। इसका गुण—तीक्ष्ण, उष्ण, मधुर, वातनाशक, पित्त और बलकारक, दीपन, पथ्य, कान्ति और तृप्तिकारक।

पुष्पप्रवादि मधुसारयुक्त मदिराका नाम माध्वी है। इसका गुण—मधुर, अल्प उष्ण, पित्त, वात, पाण्डु, कमला, गुल्म, अर्श और प्रमेहनाशक। जो मदिरा धानसे बनाई जाती है उसे पैष्टी कहते हैं। इसका गुण—कटु, अम्ल, तीक्ष्ण, वातहर, कफकर, कुछ पित्तकर, मोहन। ताड़के रसकी बनी हुई मदिरा सैन्धी और हाला कहलाती है। इसका गुण—शीतल, कषाय, अम्ल, पित्तहर, वातवर्द्धक। सब प्रकारकी घाससे

तैयार की हुई मदिराका गुण—शीतल, गुरु, मोहन, वलवर्द्धक, हृद्य, तृष्णा और संतापनाशक । कई द्रव्योंको मिला कर जो मदिरा तैयार की जाती है उसे कादम्बरी कहते हैं । इसका गुण—सुमधुर, पित्तश्रमनाशक, मदवर्द्धक । ऐक्षव-मदिराका गुण—शीतल और मदवर्द्धक । जौ और धानको मदिराका गुण—गुरु और विष्टम्भदायक । सक्कड़ और धातकीके पानीसे तैयार की हुई मदिराका गुण—शीतल और मनोहर । (राजनि०)

गौड़ीमद्य शिशरकालमें, पैष्टी मद्य हेमन्त और वर्षाकालमें तथा माध्वी मद्य शरत्, ग्रीष्म और वसन्तकालमें पीना चाहिये । सुश्रुतमें मदिराका विषय इस प्रकार लिखा है—

मद्य—उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, विशद, रुक्ष, आशुकारी, व्यवायी और विकाशी । उष्णताप्रयुक्त मद्य शैत्य, तथा तीक्ष्णताप्रयुक्त मनको गतिको नाश करता है, सूक्ष्मताप्रयुक्त मद्य सब अवयवोंमें घुस जाता है, विशदप्रयुक्त कफ और शुक्रका नाश करता है, रुक्ष होनेके कारण वह वायुको विगाड़ देता है, आशुकारिता होनेके कारण देहमें शीघ्र कार्य करता है । व्यवायी मद्य हर्षोत्पादन तथा विकाशित्वप्रयुक्त मद्य शरीरमें सञ्चरण करता है । यह अम्लरसविशिष्ट, लघु, रुचि और अग्नि-दीप्तिकर है । किसी किसीके मतसे लवण छोड़ कर और सभी रस मद्यमें हैं । स्निग्ध अन्न, मांस और अन्यान्य भक्ष्य-द्रव्योंके साथ मद्यपान करनेसे आयु और वलको वृद्धि होती है । विधिपूर्वक पान करनेसे कामना, मनका तुष्टि, तेजः धैर्य, और अतिविक्रम आदि गुण उत्पन्न होते हैं । यदि अज्ञ व्यक्ति विना भक्ष्य द्रव्यके अपरिमित मात्रामें मद्यपान करे, तो शरीरस्थित अग्निके साथ वह मिल कर मत्तता उत्पन्न करता है । मत्तता द्वारा इन्द्रिय भावके अन्यथा होनेसे अवश हो कर अप्रकाश्य निगूढ़ भावको प्रकाश करता है । मद्यसेवन करनेसे जब मत्तता आ जाती है, उस समय तीन प्रकारकी अवस्था देखनेमें आती है, यथा पूर्व, पश्चिम और मध्यम। मत्तताकी पूर्वावस्थामें वीर्य, प्रीति, रति, हर्ष और वाक्शक्तिकी वृद्धि होती है । मध्यम अवस्थामें हर्ष, प्रलाप तथा न्याय और अन्यान्य दोनों प्रकारको क्रिया संपादित होती है । पश्चिम अवस्थामें क्रियाशक्ति और चेतनाशक्ति जाती रहती है, उस समय वह अज्ञान हो कर सो रहता है । अपरिमित मद्य पान करनेसे तरह तरहकी पीड़ा उत्पन्न होती है । इसका विषय पानात्यय शब्दमें देखो ।

अम्लरसविशिष्ट सभी मद्य पित्तकर, अग्निकर, रुचिकर, भेदक, वातश्लेष्माका शान्तिकर, मुखप्रिय, वस्तिशोधक, लघुपाक, विदाही, उष्ण, तीक्ष्ण, उत्तेजक, प्रफुल्लकर और मलमूत्रवर्द्धक माना गया है ।

मार्द्वीक (दाख और अंगुरका) मद्य—अविदाही, मधुर, रुक्ष, पश्चात् कषाय, लघु, सारक, शोष और विषमज्वरनाशक । मधुर होनेके कारण रक्तपित्त रोगमें भी इसका व्यवहार किया जाता है । खजूर और दाखके मद्यमें बहुत थोड़ा प्रभेद है । खजूरका मद्य वायुप्रकोपकर, विशद, रुचिकर, कफघ्न, कृशकारी, लघु, कषाय, मधुर, मुखप्रिय, सुगन्धित और इन्द्रिय-उत्तेजक माना गया है ।

सुरा—सामान्यतः कास, अर्श, ग्रहणीदोष, मूत्राघात और वायु-शान्तिकर, स्तन्य, क्षय, पुष्टि तथा अग्निदीप्तिकारी । श्वेता अर्थात् शर्कराजात सुरा—कास, अर्श, ग्रहणी, श्वास, प्रतिश्याय, छर्दि, अरुचि, हृदय, पेटमें वेदना और शूलनाशक तथा मूत्र, कफजन्य रक्त और मांसवर्द्धक । जौके संयोगसे प्रस्तुत सुरा—दोषघ्न कफ, वात, अर्श और कोष्ठरोगका शान्तिकर, पित्त और अल्प कफकर तथा रुक्ष । मधुलिका अर्थात् सौंफका सुरा—मलमूत्ररोधक, गुरु और श्लेष्मावर्द्धक ।

आक्षिकी (तिनिशवृक्षजात)—रुक्ष, अल्पकफकर, तेजोवृद्धि और परिपाककारक ।

कोहल (तीक्ष्णमद्यविशेष)—वायु, पित्त और कफवृद्धिकर, भेदक, तेजस्कर और मुखप्रिय ।

जगल (द्राक्षापरिश्रुत मद्य)—मलमूत्ररोधक, उष्ण; परिपाककर, रुक्ष तथा तृष्णा, कफ और शोफका शान्तिकर ।

बक्कस (मद्यविशेष)—हर्षजनक, प्रवाहिका, आटोप, अश और वायुजन्य शोफका शांतिकर तथा सारक, शक्तिरोधकर, संग्राहक और वायुका प्रकोपकर, अग्निकर, मलमूत्रजनक, विशद, अल्पमादक और गुरुपाक ।

गौड़सीधु (गुड़जात तीक्ष्ण मद्य)—कषाय, मधुर, पाचक और अग्निकर।

शार्करशीधु (शर्कराजात तीक्ष्ण मद्य)—मधुर, रुचिकर, अग्निकर, वस्तिशोधनकर, वातघ्न, परिपाकमें मधुर, हृद्य और इंद्रियका उत्तेजक। पक्वरसजात शीधु (ईखके रस, गुड़, चीनी आदि किसी द्रव्यके रसको अग्निमें चुआ कर जो मादक रस निकलता है, उसे पक्वरसजात शीधु कहते हैं)—बलकारी, वर्णकर, सारक, शोफनाशक, अग्निकर, हृद्य, रुचिकर, श्लेष्मा तथा अर्शका हितकर।

माक्षिकशीधु—शरीरकृशकारी, शीतलरसविशिष्ट, शोथ और उदररोगनाशक, वर्णकर, स्वर और व्रणके पक्षमें हितकर, कोष्ठरोग और अर्शरोगका शांतिकर, पाण्डुरोगनाशक, मल और मूत्रका कठिनतासम्पादक, लघु, कषाय, मधुर, पित्तघ्न और रक्तप्रसादनकर।

जाम्बवशीधु (जामुनका मद्य)—मलमूत्ररोधक, कषाय और वायुप्रकोपकर। सुरासव (ताल खजूर आदिके रससे जो फेन ऊपर उठता है उसे सुरासव कहते हैं)—तीक्ष्ण, हृद्य, मूत्रवृद्धिकर, कफ और वायुका शान्तिकर, मुखप्रिय। स्थिरमद (बहुकालस्थायी मद्य)—मत्तताकर और वायुनाशक, मध्वासव (मधुजात आसव) लघु, छेदक, मेह, कुष्ठ और विषका शान्तिकर, तिक्त, कषाय, शोफघ्न, तीक्ष्ण, स्वादु अथच वायुनाशक।

मैरेय आसव (धातकीपुष्प, गुड़ और अजवायनके साथ जो मादक रस प्रस्तुत होता है उसे मैरेय आसव कहते हैं)—तीक्ष्ण, कषाय, मादक, अर्श, कफ और गुल्मनाशक, कृमि, मेद और वायुका शान्तिकर तथा गुरुपाक।

मृद्वीक इक्षुरसासव (अंगूर और ईखके रसका बनाया हुआ मद्य)—बलकर, पित्तनाशक और वर्णकर। मधुपुष्पजात शीधु—विदाही, अग्निकर, बलकर, रुक्ष, कषाय, कफनाशक और वातपित्तका प्रकोपकर।

अन्यान्य कन्दमूल और आसवका गुण उनके रस द्वारा निर्णय करना चाहिये। नूतन मद्य—चक्षुरोगकारी, गुरुपाक, वायु, पित्त और कफका प्रकोपकर, अनिष्टगन्धयुक्त, विरस और विदाही। पुरातन मद्य—सुगन्धित, अग्निकर, मुखप्रिय, रुचिकर, कृमिनाशक, नाड़ीपथका शोधनकर, लघु और वायुपित्तका शान्तिकर।

अरिष्ट द्रव्योंके साथ संस्कृत होने पर यह अधिक गुणकारी होता है। इस कारण यह अनेक दोषोंका नाशक, कफ-वातघ्न, सारक, पित्तविरोधकारी, शूल, आध्मान, उदररोग, प्लीहा, ज्वर, अजीर्ण और अर्शका हितकर माना गया है।

अरिष्ट, आसव और शीधु इनका द्रव्य गुण और क्रिया तथा प्रस्तुत करनेकी प्रणाली जान कर व्यवहार करना चाहिये। गाढ़ा होने पर यह विदाही, दुर्गन्धविशिष्ट, विरस, कृमिकर और गुरुपाक तथा तरुण होने पर अप्रिय, तीक्ष्ण और खराब बरतनमें रहनेसे उष्ण होता है। जो मद्य अल्प औषधिविशिष्ट, पर्युषित, निर्मल और पिच्छिल है तथा जो पात्रमें बद्ध रहता है उसे ग्रहण नहीं करना चाहिये। जिस मद्यके उपकरण-द्रव्य अल्प हैं तथा जो तरुण और पिच्छिल है वह मद्य गुरुपाक, कफप्रकोपकर और दुर्जर माना गया है। उपकरण द्रव्य अधिक पड़नेसे वह मद्य पित्त प्रकोपकर, तीक्ष्ण, उष्ण, विदाही, अप्रिय, फेनिल, दुर्गन्धविशिष्ट, कृमिकर, विरस और गुरुपाक होता है। पर्युषित मद्य वायुका प्रकोपकर और दोषजनक है।

रस और वीर्यके भेदसे मद्य नाना प्रकारका है। मद्यमें वीर्यकर, सूक्ष्म, उष्ण, तीक्ष्ण और प्रफुल्लकर गुण हैं इस कारण यह जठराग्निके साथ हृदयमेंकी धमनियोंमें प्रवेश कर ऊपरकी ओर जाता और मन तथा इन्द्रियोंको सञ्चालित तथा उन्मादित कर डालता है। मद्यपान करनेसे श्लेष्मा प्रकृतिके मनुष्य देरीसे, वायुप्रकृतिके मनुष्य कुछ जल्दीसे और पित्तप्रकृतिके मनुष्य बहुत जल्दीसे मत्त हो जाता है। मद्यपानसे मत्त होने पर सात्त्विक प्रकृतिवाले व्यक्तिके शौच, दाक्षिण्य, हर्ष, सौन्दर्याभिलाष, गीत, अध्ययन और सुरतक्रीड़ामें उत्साह तथा राजसिक प्रकृतिवाले व्यक्तिके दुःखशीलता साहसपूर्वक आत्मत्याग और कलहेच्छा तथा तामसिक प्रकृतिवाले व्यक्तिके अशौच, निद्रा, मात्सर्य, अगम्यागमनकी इच्छा होती है तथा वह बहुत असत्य बोलता है। किसी फल वा मूलको लवणयुक्त तेलमें डुबा कर

उसे सुखा ले। पीछे जलमें डाल कर जब फेन ऊपर उठता है तब वह शुक्त होता है। यह शुक्त मद्यके समान मादक है। इसका गुण—रक्तपित्तकर, छेदक, पाचक, स्वरका विकृतिकर, जारक, श्लेष्मा, पाण्डु और कृमिनाशक तथा लघुपाक माना गया है। इस शुक्तको चुआनेसे जो रस निकलता है वह तीक्ष्णोष्ण, मूत्रल, हृद्य, कफघ्न, कटुपाक और विशेषरूपसे रुचिकर है। गुड़रस अथवा मधुके साथ जो शुक्त प्रस्तुत होता है वह चक्षुरोगकर और लघु है। (सुश्रुत शारीरस्थान मद्यवर्ग ४५ अ० और उत्तरतन्त्र ४७ अ०)

भावप्रकाशमें लिखा है, कि मद्य, शीधु, मैरेय, मिरा, मदिरा, सुरा, कादम्बरी, वारुणी, हाला और बलवल्लभा ये सब मद्यके नाम हैं। सामान्यतः मादकके लिये लोग जिन सब वस्तुओंका व्यवहार करते हैं, उन्हींको मद्य कहते हैं। यह मद्य अरिष्ट, सुरा, शीधु और आसव आदिके भेदसे नाना प्रकारका है। सभी प्रकार का मद्य उष्णवीर्य, पित्तवर्द्धक, वायुनाशक, भेदक, रुक्ष, अतिशय कफकारक, अम्लरस, अग्निदीप्तिकारक, रुचिजनक, पाचक, आशुकारी, तीक्ष्ण, सूक्ष्ममार्गानुसारी तथा विशद माना गया है। औषध और जलको एकत्र सिद्ध कर उस क्वाथसे जो मद्य प्रस्तुत होता है उसे अरिष्ट कहते हैं। अरिष्टमें सब प्रकारके मद्यसे अधिक गुण है, विशेषतः लघुपाक है। अरिष्टोंका गुण उन उपादान-द्रव्यके गुणके समान जानना चाहिये।

धान और साठी धानकी पीठीसे जो मद्य बनता है उसे सुरा कहते हैं। सुरा गुरु, बलजनक, स्तन्यवर्द्धक, शरीरका पुष्टिसम्पादक, मेदोजनक, कफप्रदायक, धारक तथा शोथ, गुल्म, अर्श ग्रहणी और मूत्रकृच्छ्रनाशक है।

वारुणी सुराका प्रभेदमात्र है। पुनर्णवाको शिला पर घिस कर जो सुरा बनती है उसे वारुणी कहते हैं। ताड़ और खजूरके रसको मिला कर जो सुरा तैयार होती है उसका भी नाम वारुणी है। वारुणी सुराके समान गुणदायक है, विशेषतः इसमें लघु तथा पीनश, आध्मान और शूलनाशक गुण है।

ईखके रसको सिद्ध कर जो शीधु तैयार होता है उसे पक्वरसशीधु तथा अपक्व ईखके रससे तैयार किये हुए शीधुको शीतरसशीधु कहते हैं। पक्वरसशीधुमें श्रेष्ठ गुणदायक, स्वर और वर्णप्रसाधक, अग्निवर्द्धक, बलकारक, वायु और पित्तवर्द्धक, सद्यःस्निग्धकारक, रुचिजनक तथा मेद, शोष, अर्श, शोथ, उदर और कफरोगनाशक गुण माना गया है। शीतरसशीधु पक्वरसशीधुसे अल्पगुणदायक है।

अपक्व औषध और जल द्वारा जो मद्य प्रस्तुत होता है, उसे आसव कहते हैं। आसवका गुण उपादानसामग्रीके समान जानना चाहिये।

नूतन मद्य—अभिष्यन्दी, त्रिदोषजनक, सारक, अहृद्य, शरीरका उपचयकारक, दाहजनक, दुर्गन्धयुक्त, विशदगुणान्वित तथा गुरु। पुरातन मद्य—रुचिजनक, कृमिनाशक, कफघ्न, वातापहारक, हृदयग्राही, सुगन्धित, लघु और रेतःशोधक।

मद्यपानके विधानानुसार यथासमय उपयुक्तमात्रामें हितकर द्रव्यके साथ हृष्टचित्तसे जो व्यक्ति मद्यपान करता है उसका वह पीया हुआ मद्य अमृतके समान गुणकारी है। किन्तु मद्यको स्वभावतः अन्नके समान जानना होगा अर्थात् विधिपूर्वक सेवन करनेसे अन्नपानादि जिस प्रकार शरीरका हितकर तथा अविधिपूर्वक सेवन करनेसे अहितकर है, मद्यको भी उसी प्रकार जानना चाहिये। सुतरां यथानियम पान करनेसे अमृतके समान फल प्राप्त होता है और यदि अनियमित रूपसे पान किया जाय, तो वह रोगका कारण होता है।

मद्यपान कर मोथा, कुट, जीरा, धनिया और इलायचीको एकत्र चबानेसे मद्यजनित मुखकी दुर्गन्धि जाती रहती है। (भावप्र० मद्यवर्ग)

चरक आदि वैद्यक ग्रन्थोंमें मद्यका विषय इसी प्रकार लिखा है, विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुल नहीं दिया गया।

ब्राह्मणके लिये मद्यपान निषिद्ध है। मद्यपानसे संज्ञा विलुप्त होती है। महानुभव शुक्राचार्यने सुराके प्रति इस अभिशापवाक्यका प्रयोग किया था—

"यो ब्राह्मणोऽद्य प्रभृतीह कश्चित्
मोहात् सुरां पास्यति मन्दबुद्धिः।

अतःपरं यो ब्राह्मणोऽद्य सुरां पिबेत्
अपेतधर्मा ब्रह्महा चैव स स्या-
दस्मिंल्लोके गर्हितः स्यात् परे च ॥
मया चेमां विप्रधर्मोक्तसीमां
मर्यादां वै स्थापितां सर्वलोके ।
सन्तो विप्राः शुश्रुवांसो गुरूणां
देवा लोकाश्चोपशृण्वन्तु सर्वे ॥

(महाभारत १।३९ अ०)

आजसे जो ब्राह्मण मोहवशतः सुरापान करेगा वह मन्दबुद्धि धर्मच्युत, ब्रह्महत्यापातकमें लिप्त तथा इह और परलोक गर्हित होगा। मैंने ब्राह्मणके धर्मविषयमें इस सीमा और मर्यादाको जगत्‌में स्थापन किया। साधुगण, ब्राह्मणगण, देवगण आदि सभी इसको ध्यानसे श्रवण करें।

राजनिर्घण्टमें लिखा है, कि द्विज औषधार्थमें भी मद्यपान न करे। यहां पर द्विज शब्दसे केवल ब्राह्मण ही समझना चाहिये। इस श्रेष्ठ वर्णमें मद्यपान निषिद्ध है। मृत व्यक्तिको यदि मद्यपान करनेसे जीवन मिल जाय, तो भी ब्राह्मणको मद्यपान न करावे।

"मद्यप्रयोगं कुर्वन्ति शूद्रादिषु महार्त्तिषु ।
द्विजैस्त्रिभिस्तु न ग्राह्यं यद्यप्युज्जीवयेन्मृतम् ॥"

(राजनि०)

पुराणादिमें भी ब्राह्मणके लिये मद्यपान निषिद्ध बतलाया गया है।

द्विजातियोंके लिये मद्य अदेय, अपेय और अस्पृश्य है, अतएव भूल कर भी मद्यपान न करें। यदि श्रेष्ठ-ब्राह्मण मद्यपान करें, तो वे भी कर्मसे पतित होते हैं तथा उनके साथ बातचीत भी नहीं करनी चाहिये। (कूर्मपु० १६ अ०)

गरुडपुराणके २२वें अध्यायमें भी द्विजातिके लिये मद्यपान निषिद्ध बतलाया है। विस्तार हो जानेके भयसे उसके प्रमाणादि यहां पर नहीं दिये गये।

तन्त्र-मतमें भी मद्यपान निषिद्ध है—नारिकेल, खजूर, पानस, ऐक्षव, मधुक, टाङ्क, ताल, माक्षिक, द्राक्ष, गौड़, पैष्ट और मधुज ये बारह प्रकारके मद्य हैं। ये सभी मद्य ब्राह्मणके लिये अपेय हैं। इन सब मद्योंमें पैष्टमद्य सबसे निकृष्ट; मधुज और गौड़ मद्य मध्यम है तथा इसके अतिरिक्त और सभी प्रकारके मद्य उत्कृष्ट हैं। क्षत्रियादि पैष्ट मद्यको छोड़ कर शेष ग्यारह प्रकारके मद्य पान कर सकते हैं। अनुपनीत व्यक्ति यदि मद्यपान करे, तो उसे त्रैवार्षिक व्रत करना होगा।

"पैष्टीपाने ब्राह्मणस्य मरणान्तिकमुच्यते ।
माध्वी-गौड़ी-सुरापाने द्वादशाब्दं विधीयते ॥
इतरेषान्तु पानेन शुद्धिश्चान्द्रायणेन तु ।
राजन्यवैश्ययोश्चापि गौड़ी माध्वी न शस्यते ।
मोहात् क्षत्रश्च वैश्यश्च पीत्वा कृच्छ्रद्वयं चरेत् ॥
शूद्राऽपि गौड़ीं पैष्टीञ्च न पीबेद्धीनसंस्कृताम् ॥
कामात् पीत्वा सुरां विप्रो मरणान्तिकमाचरेत् ।
चरेच्चान्द्रायणं ज्ञानात् क्षत्रियो वैश्य एव च ॥
पैष्टीपाने तु शूद्रस्य प्राजापत्यं विनिर्दिशेत् ।
ज्ञानादभ्यासयोगे तु चान्द्रायणत्रयं स्मृतम् ॥"

(मत्स्यसूक्त महातन्त्र चतुर्विंशतिसाहस्रे ३६ पटल)

ब्राह्मण यदि पैष्टी मद्य पान करे, तो मरणान्त प्रायश्चित्त करना होगा। माध्वी और गौड़ी सुरापानमें द्वादश वार्षिक व्रत तथा अन्य मद्य सेवन करनेसे चान्द्रायण व्रत द्वारा शुद्धि होगी।

क्षत्रिय और वैश्य यदि गौड़ी और माध्वी मद्यपान करे तो कृच्छ्रव्रताचरणसे शुद्धि होगी।

मद्यपान शूद्रके लिये भी निषिद्ध है। शूद्रको पैष्टी मद्य पीनेसे प्राजापत्य व्रतका अनुष्ठान करना चाहिये। यह सब प्रायश्चित्त अज्ञानतः और एक वारके लिये जानना चाहिये। ज्ञानपूर्वक या अभ्यासवशतः मद्यपान करनेसे चान्द्रायणव्रतका अनुष्ठान करना होता है। उत्पत्तितन्त्रमें लिखा है—

"सिद्धमन्त्री भवेद्वीरो न वीरो मद्यपानतः ।
कलौ तु भारते वर्षे लोका भारतवासिनः ।
गृहे गृहे सुरां पीत्वा वर्णभ्रष्टा भवन्ति हि ॥"

(उत्पत्तितन्त्र ६४ पटल)

जिनका मंत्रसिद्ध हुआ है वे ही वीर हैं, केवल मद्यपानसे वीर नहीं होते। कलिकालमें मद्यपान करनेसे वर्णभ्रष्ट होना पड़ता है। महानिर्वाणतन्त्रमें लिखा है—

"दिव्यवीरमयो भावः कलौ नास्ति कदाचन ।
केवलं पशुभावेन मन्त्रसिद्धिर्भवेन्नृणाम् ॥"

(महानिर्वाणतन्त्र)

कलिकालमें दिव्य और वीरभाव निषिद्ध बतलाया गया है, केवल पशुभावसे ही मन्त्रकी सिद्धि होती है। भैरवतन्त्रमें लिखा है, कि ब्राह्मण महादेवीको मद्य न चढ़ावे और न स्वयं सेवन करे।

"न दद्याद् ब्राह्मणो मद्यं महादेव्यै कथञ्चन ।
क्षेमकामो ब्राह्मणो हि मद्यं मांसं न भक्षयेत् ॥"

(भैरवत०)

"नारिकेलोदकं कांस्ये ताम्रे गव्यं तथा मधु ।
राजन्यवैश्ययोर्देयं न द्विजस्य कदाचन ॥
एवं प्रदानमात्रेण हीनायुर्ब्राह्मणो भवेत् ॥"

(आगमतत्त्ववि०)

कांसेके वरतनमें नारियलका पानी, तांबेके वरतनमें गव्य और मधु ये सब क्षत्रिय और वैश्यके लिये देने योग्य हैं, ब्राह्मणके लिये नहीं।

स्मृति, तन्त्र आदि सभी शास्त्रोंमें मद्यपानको निषिद्ध बतलाया है। मनुमें लिखा है—

"सुरां पीत्वा द्विजो मोहादग्निवर्णां सुरां पिबेत् ।
तया स्वकाये निर्दग्धे मुच्यते किल्विषात् ततः ॥
सुरा वै मलमन्नानां पाप्मा च मलमुच्यते ।
तस्माद् ब्राह्मणराजन्यौ वैश्यश्च न सुरां पिबेत् ॥
गौड़ी पैष्टी च माध्वी च विज्ञेयास्त्रिविधाः सुराः ।
यथैवैका तथा सर्वा न पातव्या द्विजोत्तमैः ॥
यक्षरक्षःपिशाचान्नं मद्यं मांसं सुरासवम् ।
तद्ब्राह्मणेन नात्तव्यं देवानामश्नता हविः ॥"

(मनु ११ अ०)

ब्राह्मण यदि मोहवशतः सुरापान करे, तो अग्निवर्णकी सुरा पी कर देहत्याग करके पापमुक्त होवे। सुरा अन्नका मल है, इसी कारण ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों वर्णोंके लिये मद्य अपेय है। गौड़ी, पैष्टी और माध्वी यही तीन प्रकारकी सुरा हैं। इनमेंसे ब्राह्मणके लिये कोई भी सुरा पेय नहीं है।

"मद्यमदेयमपेयमग्राह्य" (उशनाः)

मद्य दान, पान और ग्रहण नहीं करना चाहिये।

कालिकापुराणमें लिखा है, कि ब्राह्मण यदि देवताको मद्य चढ़ावे तो वे ब्राह्मण्यसे हीन होंगे।

"स्वगात्ररुधिरं दत्त्वा आत्महत्यामवाप्नुयात् ।
मद्यं दत्त्वा ब्राह्मणस्तु ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥"

(कालिकापु०)

सभी शास्त्रोंमें मद्यपानको निषिद्ध बतलाया है। अतएव ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों वर्णोंके लिये मद्यपान विशेष निन्दित है।

मद्य बारह प्रकारका है, यह पहले ही लिखा जा चुका है। इनका सेवन करनेसे मत्तता आ जाती है, इसीसे सबोंका नाम मद्य रखा गया है। प्रायश्चित्तका विषय इस प्रकार लिखा है—

"गौड़ीं माध्वीं सुरां पैष्टीं पीत्वा विप्रः समाचरेत् ।
तप्तकृच्छ्रं पराकञ्च चान्द्रायणमनुक्रमात् ॥"

(प्रायश्चित्तवि०)

गौड़ी, माध्वी और पैष्टी मद्य पान करके ब्राह्मण तप्तकृच्छ्र, पराक और चान्द्रायणका अनुष्ठान करे। इनका सेवन करनेसे ब्राह्मण महापातकी होता है। किन्तु क्षत्रिय और वैश्य यदि गौड़ी और माध्वी मद्यपान करे, तो वह महापातकी नहीं होगा। किन्तु पैष्टी सुरा ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य तीनों वर्णके लिये निषिद्ध है।

"एका माध्वी च गौड़ी च पैष्टी च त्रिविधाः सुराः ।
द्विजातिभिर्न पातव्याः कदाचिदपि कर्हिचित् ॥"

इति यमवचने द्विजातिपदं ब्राह्मणपरमेव, अतएव द्विविध सुरापाने न क्षत्रियादीनां महापातकं। तावदस्तु दोषाभावमेवाह वृद्धयाज्ञवल्क्य :—

"कामादपि हि राजन्यो वैश्यो वापि कथञ्चन ।
मद्यमेव सुरां पीत्वा न दोषं प्रतिपद्यते ॥"

तदेवं पैष्टीनिषेधस्त्रैवर्णिकानां, गौड़ीमाध्वीनिषेधस्तु ब्राह्मणानामेव।" (प्रायश्चित्तविवेक)

इस वचनसे जाना जाता है, कि गौड़ी और माध्वी सुरा यदि क्षत्रिय और वैश्य पान करे, तो कोई दोष नहीं। किन्तु पैष्टीमद्यपानसे भारी पाप होगा। उक्त वचनमें "द्विजातिभिर्नपातव्या" ऐसा लिखा है उससे द्विजातिका अर्थ यहां पर ब्राह्मण जानना होगा। कारण, अन्यान्य वचनोंमें क्षत्रिय और वैश्यके लिये

मद्यपानकी व्यवस्था देखी जाती है। अतएव यहां पर द्विजातिका अर्थ ब्राह्मण जानना चाहिये।

ब्राह्मणोंकी स्त्रियां भी मद्यपान नहीं कर सकतीं, यदि करें तो उन्हें पतिलोक जानेका अधिकार नहीं रहता ।

"तज्जातेः स्त्रीणामपि सुरापाननिषेधः", यथा भविष्ये,—
"तस्मात् न पेयं विप्रेण सुरामद्यं कथञ्चन ।
ब्राह्मण्यापि न पेया वै सुरा पापभयावहा ॥"
"या ब्राह्मणी सुरापी स्यान्नतां देवाः पतिलोकं नयन्ति
(श्रुति)
न चैवं क्षत्रिय वैश्यस्त्रीणामनिषेधः ॥"
(प्रायश्चित्तवि०)

मनुमें जो ब्राह्मणके लिये मद्यपानका प्रायश्चित्त, अग्निवर्ण सुरापान द्वारा प्राणत्याग, लिखा है वह ज्ञानतः तथा अभ्यासवशतः है अर्थात् बार बार पान करनेसे वह प्रायश्चित्त करना होगा ।

"एतच्च मरणप्रायश्चित्तं कामकृते यथाह बृहस्पतिः—
सुरापाने कामकृते ज्वलन्तीं तां विनिः क्षिपेत् ।
मुखे स हि विनिर्दग्धो मृतः शुद्धिमवाप्नुयात् ॥"
(प्रायश्चित्तवि०)

जो सब प्रायश्चित्तके विधान लिखे गये उन्हें गौड़ी, माध्वी और पैष्टीके सम्बन्धमें जानना चाहिये ।

ब्राह्मण यदि पानस, द्राक्ष आदि मद्यपान करें, तो वैरात्रिक व्रताचरण द्वारा शुद्धि होती है।

बालक, वृद्ध और स्त्रीके लिये आधा प्रायश्चित्त बतलाया गया है। अन्यान्य विषय मद्य और सुरासार शब्दमें देखो।

तन्त्रमें कौलाचारियोंके मद्यपानका विषय इस प्रकार लिखा है—

"कुलाचाररतो वीरः कुलसङ्गी सदा भवेत् ।
सम्विदासेवनं कुर्यात् सोमपानं महेश्वरी ।
सुरापानरतो नित्यं बलिपूजापरायणः ।
नरश्छागमश्च महिषो मेषः शूकर एव च ॥
इत्यादेस्तु वलेर्दानैः पूजयेत् स्वेष्टदेवताम् ।
नित्यं नैमित्तिकं काम्यं प्रकुर्याच्च दिने दिने ॥
कुलवारे कुलर्क्षे च तिथौ च कुलके तथा ।
भैरव्याः कल्पितं चक्रं संस्थाप्य पूर्ववत प्रिये ॥
सुराणां शोधनं कुर्यात् यथावत् परमेश्वरि ।
प्रवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णा द्विजोत्तमाः ॥
निवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः पृथक् पृथक् ।
विजयाञ्चानुकल्पञ्च द्विजो दद्याद् युगे युगे ॥"
(उत्पत्तितन्त्र ६३ पटल)

कुलाचारिगण सर्वदा कुलसङ्गी हो कर सोमपान करे। शक्तिके उद्देशसे बलि और पूजा दे कर सर्वदा सुरापानमें रत रहे। कुलवार, कुलतिथि और कुलनक्षत्रमें नित्य, नैमित्तिक और काम्यकर्मका अनुष्ठान कर भैरवीचक्रकी कल्पना करे। भैरवीचक्र कल्पित होनेसे सुराशोधन करना होता है। इस चक्रमें सभी वर्ण द्विजोत्तम हैं अर्थात् श्रेष्ठ ब्राह्मण होते हैं। इसका अवसान होने पर पुनः जो जो वर्ण है वह उसी वर्णमें रहेगा। इसमें विजया (सिद्धि) और अनुकल्प-द्रव्य देना आवश्यक है। सुराके अभावमें गोक्षीर अनुकल्प हो सकता है।

"द्रव्याभावे च नुकल्पैः पूजयेत परदेवताम् ।
सुराभावे च गोक्षीरं द्विजो दद्याद् युगे युगे ॥"
(निरुत्तरतन्त्र ५ पटल)

तन्त्रमें लिखा है, कि जो ब्राह्मण विना शोधन किये सुरापान करता है वह ब्रह्मघाती और जो शोधित सुरापान करता है वह जलदग्निको तरह तेजस्वी होता है।

"असंस्कृतां सुरां पीत्वा ब्राह्मणो ब्रह्महा भवेत् ।
संस्कृतान्तु सुरां पीत्वा ब्राह्मणो ज्वलदग्निवत् ॥"
(उत्पत्तितन्त्र)

फिर मृतकाभेदतन्त्रमें लिखा है, कि ब्राह्मण यदि मद्यपान करें तो महामोक्ष तथा उसी समय शिवरूपत्वको प्राप्त होते हैं, इसमें जरा भी संदेह नहीं। क्षत्रियादि सायुज्य आदि महामोक्ष लाभ करते हैं। जिस प्रकार जलमें जल लीन होता है, उसी प्रकार ब्राह्मण मद्यपान द्वारा ब्रह्ममें लीन होते हैं। विना मद्यपानके तत्त्वज्ञान नहीं हो सकता। गायत्री जप करनेसे ही ब्राह्मण कहलाता है, सो नहीं, जब ब्रह्मज्ञान लाभ होता है, तभी ब्राह्मण है। ब्रह्मज्ञान शब्दका अर्थ इस प्रकार है,—देवताओंका अमृत ब्रह्म है, वही लौकिक सुरा है तथा यह सुरत्वभोगमात्र ही सुरा कहलाता है। ब्रह्मशापादि

मोचनरूप मन्त्रपाठ करनेसे सुरा ब्रह्ममयी होती है। मन्त्र द्वारा संस्कृत-सुरासे पाप दूर होता तथा मुक्ति प्राप्त होती है। इस प्रकार सुरा पान करनेसे ब्राह्मण, ब्राह्मण पद-वाच्य, वेदज्ञ, अग्निहोत्री और दीक्षावशिष्ट होते हैं

"ब्राह्मणस्य महामोक्षो मद्यपाने प्रियंवदे।
ब्राह्मणः परमेशानि यदि पानादिकं चरेत्॥
तत्क्षणात् शिवरूपोऽसौ सत्यं हि शैलजे॥
तोये तोयं यथा लीनं तैजसं तैजसे यथा।
घटे भग्ने यथाकाशं वायौ वायुर्यथा प्रिये॥
तथैव मद्यपानेन ब्राह्मणो ब्रह्मणि प्रिये।
लीयते नात्र संदेहः परमात्मनि शैलजे॥
सायुज्यादिमहामोक्षं नियुक्तं क्षत्रियादिषु।
मद्यपानं बिना देवि तत्त्वज्ञानं न लभ्यते॥
अतएव हि विप्रस्तु मद्यपानं समाचरेत्।
वेदमातृजपेनैव ब्राह्मणो न हि शैलजे॥
ब्रह्मज्ञानं यदा देवि! तदा ब्राह्मण उच्यते।
देवानाममृतं ब्रह्म तदेव लौकिकी सुरा॥
सुरत्वं भोगमात्रेण सुरा तेन प्रकीर्त्तिता।
मन्त्रत्रयं सदा पाठ्यं ब्रह्मशापादि मोचनम्॥
प्रकुर्य्यात्तु हि येनैव तदा ब्रह्ममयी सुरा।
हविरारोपमात्रेण वह्निदीप्ता यदा भवेत्॥
शापमोचनमात्रेण सुरा मुक्तिप्रदायिनी।
अतएव हि देवेशि! ब्राह्मणः पानमाचरेत्॥
स ब्राह्मणः स वेदज्ञः सोऽग्निहोत्री स दीक्षितः।
बहु किं कथ्यते देवि स एव निर्गुणात्मकः॥
मुक्तिमार्गमिदं देवि! गोप्तव्यं पशुसङ्कटे।
प्रकाशात् सिद्धिहानिः स्यात् निन्दनीयो न चान्यथा॥"

(मातृकाभेदतन्त्र ३ पटल)

सुराको शोधन करके पान करना चाहिये। सुरा-शोधनविधिका विषय तन्त्रमें इस प्रकार लिखा है,—

पद्मासन पर बैठ कर कृताञ्जलिपुटसे वाम भागमें गुरुगणको और दक्षिण भागमें गणपतिको प्रणाम करे। अनन्तर मध्यदेशमें देवीको प्रणाम कर तीन बार प्राणायाम करना होता है। इसके बाद समस्त शरीरमें मातृका वर्णन्यास करके ऋष्यादिन्यास और स्वकल्पविधानानुसार षडङ्गन्यास करना उचित है। पीछे भूमि पर त्रिकोण वा षट्कोण मण्डल बना कर उसके ऊपर मद्य पात्र रखना होता है। 'फट' इस मन्त्र द्वारा पात्रको प्रोक्षण करके मूल मन्त्र द्वारा उस घटमें मद्य भर दे। पीछे चतुर्दश स्वरान्वित शक्तिबीजको नादविन्दुके संयोगसे उसके ऊपर सौ बार जप करे। अनन्तर धेनु, योनि, गालिनी और मत्स्यमुद्रा दिखावे।

(कैवल्यतन्त्र २ पटल)

अनन्तर इस मद्यपूर्ण घटको पकड़ कर निम्नलिखित मन्त्रका पाठ करना होता है। मन्त्र यथा—

"ओं एकमेव परं ब्रह्म स्थूलसूक्ष्ममयं ध्रुवम्।
कचोद्भवां ब्रह्महत्यां तेन ते नाशयाम्यहम्॥
ओं सूर्यमण्डलसम्भूते वरुणालयसम्भवे।
अमाबीजमये देवि शुक्रशापाद्वि मुच्यताम्॥
ओं वेदानां प्रणवो बीजं ब्रहमानन्दमयं यदि।
तेन सत्येन ते देवि ब्रह्महत्यां व्यपोहतु॥"

इस मन्त्रका पाठ कर निम्नोक्त मन्त्रसे आनन्दभैरवका ध्यान करना होगा। ध्यान यथा,—

"रक्तवर्णं चतुर्बाहुं त्रिनेत्रं वरदं शिवम्।
जटाजूटधरं देवं वासुकिकण्ठ भूषितम्॥
डमरुञ्च कपालञ्च मुद्गरं पाशमुत्तमम्।
धारिणं तं यजेद्देवं व्याघ्रचर्माम्बरं शिवम्॥"

इस मन्त्रसे ध्यान कर पूजा करनी होती है। पीछे निम्नोक्त ध्यानसे आनन्द-भैरवीकी पूजा करनेकी विधि है। ध्यान यथा—

"आनन्दभैरवीं देवीं वराभयलसत्कराम्।
घोररूपां वरारोहां त्रिनेत्रां रक्तवाससम्॥
रक्तवर्णां महारौद्रीं सहस्र भैरवा न्विताम्।
ब्रह्मविष्णु महेशाद्यैः स्तूय मानां शिवां भजे॥"

पीछे आनन्दभैरव और आनन्दभैरवीकी ऐक्य-भावना करके सुधागायत्रीका स्मरण करे। गायत्री यथा—'ओं सुधादेव्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।'

इस गायत्रीका पाठ करनेसे मद्यशुद्धि होती है। यह मद्यपान करनेसे भुक्ति और मुक्ति दोनों होती है।

प्राणतोषिणी आदिमें भी मद्यशोधनका विषय लिखा है, विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुल नहीं दिया गया। सुरा देखो।

२ वासुदेव पत्नी। (भागवत ९।२४।४५) ३ छन्दोभेद, बाईस अक्षरोंके एक वर्णिक छन्दका नाम। इसके प्रत्येक चरणमे सात मगण और अंतमें एक गुरु होता है। इसका दूसरा नाम मालिनी, उमा और दिवा भी है।

मदिराक्ष (सं० त्रि०) मदिरे इव अक्षिणी यस्य इति (अक्ष्णोऽदर्शनात्। पा ५।४।७६) इति अच्। १ खञ्जनतुल्य नेत्र, जिसकी आंखें मद भरी हों। (पु०) २ विराटराजके भाई। (भारत ४।२०)

मदिराक्षी (सं० स्त्री०) मत्तलोचना, मस्त आखोंवाली।

मदिरागृह (सं० क्ली०) मदिराया गृहम्। मद्यसन्धानगृह, शराबखाना।

मदिराश्व (सं० पु०) १ विराटराजाके एक सेनापतिका नाम। (भारतउदयोगप०) २ हिरण्यहस्तके श्वसुर प्राचीन राजाका नाम। (भारत अनुशा० १४८ अ०)

मदिष्ठा (सं० स्त्री०) मदोऽस्या अस्तीति मद-इनि इयमतिशयेन मदिनीति इष्ठन्, इनो लोपः, टाप्। मदिरा, शराब।

मदिष्णु (सं० त्रि०) मत्ततायुक्त प्रफुल्ल, नशेमें आनन्द होनेवाला।

मदी (सं० स्त्री०) मृद्नाति चूर्णीकरोति कृष्टक्षेत्रलोष्टादिकमिति मृद इन, कृदिकारादिति पक्षे ङीष् पृषोदरादित्वात् साधुः। १ चषकवस्तु, शराब पोनेका बरतन। २ कृषक वस्तु, हलका फाल।

मदीना (अ० पु०) अरबके एक नगरका नाम। यहां मुसलमानी मतके प्रवर्त्तक मुहम्मदसाहब की समाधि है।

मदीय (सं० त्रि०) मम इद अस्मच्छब्दादीय। मत्सम्बन्धी, मेरा।

मदीयून (फा० पु०) कर्जदार, वह जो देनदार हो।

मदीला (हिं० वि०) नशीला, नशेसे भरा हुआ।

मदुकल (हिं० पु०) दोहेके एक भेदका नाम। इसमें तेरह गुरु और बाईस लघु मात्राएं होती हैं। इसे गयंद भी कहते है।

मदुरा—मद्रास प्रेसिडेन्सीका एक जिला। यह मद्राससे दक्षिण है। पहले हिन्दुओंके राजत्वकालमें इसका मधुरा या मधुरापुरी नाम था। अंग्रेजोंके शासनकालमें इसने जिलाका रूप धारण किया। इसका क्षेत्रफल ८७०१ वर्गमील है। यह अक्षा० ९° ६′ से १०° ४९′ ३० तथा देशा० ७७° ११′ से ७९° १९′ पू०के मध्य विद्यमान है। यह जिला छः परगनोंमें बंटा हुआ है। इनमें रामानन्द तथा शिवगङ्गा ही प्रधान है। मदुरा नगरमें जिलेका सदर विचारालय मौजूद है।

इस जिलेके पश्चिम तथा उत्तरकी ओर पश्चिमघाटकी पहाड़ियां घेरे हुई हैं। इसके दक्षिण और पश्चिम कोने पर स्थित त्रिवाङ्कुरका पहाड़ उसका एक अंश है। शेषोक्त पहाड़की पलनी शाखा इसी जिलेके अन्तर्गत है। वहांके रहनेवाले उसे बराह पर्वत कहते हैं। निकट ही इसके कई सर्वोच्चशिखर आठ हज़ार फीटसे भी अधिक ऊंचे हैं। इन शिखरोंके बीचमें कोई सात हज़ार फीटकी एक अधित्यका मौजूद जो प्रायः पचास कोस होगी। यहां अंग्रेजोंके उद्योगसे काफी बोई जाती और उत्पन्न की जाती है तथा इसकी उत्तरोत्तर उन्नति हो रही है। यहांके कोदैकाजल नामक स्थानमें अङ्गरेज लोग गर्मीके दिनोंमें हवा खाने जाते हैं। इसके पूर्वकी ओर नट्ट-ग्रामके समीप शिरुमलय, करुण्ठ मलय, नाट्टम् और अलगढ़गिरिश्रेणी है। इनका सर्वोच्च शिखर चार हजार चार सौ फीट है। इन सब पहाड़ोंमें पहले मनुष्य रहते थे। इस समय जलवायुके परिवर्त्तनसे यहांके स्वास्थ्यमें व्याघात उपस्थित हुआ है। इसलिये मनुष्य अब यहां नहीं रहते। सिवा इन पहाड़ोंके मदुरा नगरके आसपास और भी कई पहाड़ दिखाई देते हैं। उनमें गिरिदुर्ग शोभित दिण्डीगल तथा अनमलय या हस्ती पर्वत और मुसलमानोंके परम पवित्र स्कन्धमलय पहाड़ उल्लेखनीय हैं। स्कन्धाचलमें एक मुसलमानफकीरका समाधि-मन्दिर है।

दक्षिणसे पूर्व बहनेवाली वैगाई ही यहांकी प्रधान नदी है। इस नदी-तट पर मदुरानगर बसा हुआ है। सुरुली, बराह नदी और वट्टिल्लगुण्डु वैगाई नदीका कलेवर बढ़ाती रहती हैं। सिवा इसके गुण्डु और वर्षलाई नामक और भी दो नदियां बाढ़के पानीसे उमड़ आतीं और सागरकी ओर दौड़ती हैं। अन्यान्य समय इनमें कुछ ही धारा

बहती है । इसी समय इनका जल रोक कर खेत पटाया जाता है।

सारे जिलेमें १०६८ वर्गमील भूमि पहाड़ और वन है। इस वनका एक तृतीयांश अङ्गरेज़ोंके अधिकारमें है। पलनी पहाड पर शाल वृक्षके सिवा सुपारी, इलायची, दालचीनी और काली मिर्चके भी पेड़ दिखाई देते हैं । पहाड़ोंमें तरह तरहके पत्थरके टुकड़े भी पाये जाते है। इनमें तरह तरहके ओपाल, संगमरमर, कैलसिड़ोनी, जेस्पाड़ और गार्नेट प्रधान है। खनिज पदार्थोंमें सोरा, नमक, चूना और लोहेका कारोबार ही अधिक है। पलनी पहाड़को धोती हुई जो धारायें बहती हैं, उनमें सोना भी पाया जाता है।

मदुरा राज्यका प्राचीन इतिहास पाण्ड्य राज्यसे विजड़ित है । मधुरापुरमें पाण्डवराजकी राजधानी थी। यूनानी भौगोलिक टलेमो और परिप्लासके लिखे विवरणसे पाण्ड्य-राजवंशकी समृद्धि मालूम होती है। मधुरापुरीके स्थल-विवरणमें पाण्ड्य राजवंशका जिक्र दिखाई देता है। इसके अधिकांश स्थानोंमें पौराणिक उपाख्यानोंकी भरमार है, इसीसे इस पर साधारणको अविश्वास उत्पन्न हुआ है। किंतु इससे दाक्षिणात्यमें शैवधर्मका प्रचार तथा शिवलिङ्गकी प्रतिष्ठाका आभास मिलता है । पुरातत्व विभाग द्वारा प्राप्त शिलालेखों तथा ताम्रपत्रोंसे भी मदुराके पाण्ड्यराज्यका पूरा परिचय मिलता है । इससे मालूम होता है, कि ईसामसीहसे पांच सौ वर्ष पहलेसे ले कर ११वीं शताब्दी तक पाण्ड्यराजवंशका शासन था। दाक्षिणात्यमें राजा राजेन्द्रचोलके अभ्युदयसे पाण्ड्यराजका तेज धीमा पड़ गया। १३वीं शताब्दीमें इस राज्यवंशके अन्तिम राजा सुन्दर पाण्ड्य अपने पिताके सिंहासन पर बैठे। इनके ही राजत्वमें मालिक नायब काफूरने मदुरा पर अधिकार किया। इसके बाद मदुरा पर आठ मुसलमानोंका शासन कायम रहा । मुसलमानोंकी शक्तिके ह्रास होनेके समय १३७२ ई०में कम्पनउदैयाने बलपूर्वक मदुराका सिंहासन छीन लिया । १४०४ ई० तक यह नगर [इसी वंशके हाथमें रहा । १४०४—५१ ई० तक यहां दो नायक राज और १४५१से १४६६ ई० तक फिर एक वार पाण्ड्यराजवंशके चार राजाओंने राज्य किया। इसके वाद १४६६-१५५८ ई०में फिर नायकोंका राज्य हुआ। पाण्ड्य शब्द देखो।

चोल और पाण्ड्यवंशका पराभव तथा मुसलमानोंकी शक्तिहीनता देख कर विजयनगरके राजाने शिर उठाया । पीछे इस राज्यने दाक्षिणात्यमें एक विशाल हिंदू-साम्राज्य स्थापित कर लिया था। १६वीं शताब्दीके प्रारम्भमें विजयनगरके राजाने नायकवंशके प्रतिष्ठाता विश्वनाथ नायकको इस राज्यशासनमें नियुक्त किया था । विश्वनाथने अपने बल पौरुषसे केवल मदुराके सिंहासनको ही उज्ज्वल नहीं किया था, वरं अपने राज्यको उन्होंने ७२ सरदारोंमें विभाग कर ७२ बुर्जों द्वारा इस नगरकी रक्षा की थी। १५५६-६३ ई० तक विश्वनाथने मदुराके सिंहासन पर आरूढ़ रह कर जिस राज्यका विस्तार किया था, उसीको उनके वंशधरोंने वेरोक टोक भोग किया था। इस वंशके राजा तिरुमलने १६२३-५६ ई० तक अपने बाहुबलसे दाक्षिणात्यके तिन्नेवल्ली, त्रिवाकुंर, कोयम्बतुर, सलेम और त्रिचनापल्ली आदि राज्यों पर अधिकार कर अपना प्रभाव अक्षुण्ण रखा था। जेसुइट धर्मसम्प्रदाय इनके बलवीर्य्यकी बात भली भांति वर्णन कर गया है।

राजा तिरुमलने जिस छोटे साम्राज्यकी प्रतिष्ठा की थी, उसके राज-करसे उन्होंने सेना-विभागकी उन्नति कर अपने बलको बढ़ाया। इनके द्वारा मदुरा नगर नाना राजकीय चिह्नोंसे विभूषित हुआ था। उस समयकी अट्टालिकाओंके भग्नावशेष अब तक मौजूद हैं।

इसके वाद मदुराराजने विजयनगराधिपके हाथसे निकलना चाहा । इस सूत्रसे मुसलमानोंके साथ उनका एक खण्ड युद्ध हुआ । सुलतानसे पराजित हो कर उन्होंने राजकर दे छुटकारा पाया। राजा तिरुमलके ही अन्तिम समयमें मैसूरका एक प्रबल आक्रमण हुआ । इससे यह बहुत दुःखित हुए थे। भेदमन्त्रकुशल तिरुमलने अपने राज्यमें भेद-भावकी जैसी सृष्टि की थी, कि उसीके फल स्वरूप उनके मृत्योपरान्त दाक्षिणात्यके समूचे राज्य पर मुसलमानोंका राज्य हो गया।

तिरुमलकी मृत्युके वाद मदुरा राज्य छिन्न भिन्न हो गया। महाराष्ट्र केशरी शिवाजीके भाई एकोजीके तञ्जोर-आक्रमण, मैसूरमें उदैयाराजवंशके और मुसलमानराज हैदर अलीके आधिपत्य तथा कर्णाटकके नवावोंकी राज्य-लिप्सा ही मदुरा राज्यकी अवनतिका प्रधान कारण है। १७४० ई०में चांद साहवने मदुरा पर आक्रमण किया। तभीसे मदुरासे नायकवंशका अधिकार जाता रहा। इसके वाद २० वर्ष तक मुसलमान और मरहठोंके वार वार आक्रमणसे मदुराराज्य तहस नहस हो गया। १७६२ ई०में कर्णाटक राज वालाजाके प्रतिनिधिरूपमें अङ्गरेज-कम्पनीने इस जिलेका कुल भार अपने हाथ ले लिया। कर्णाटकके उक्त शेष स्वाधीन नवावने १८०१ ई०में उक्त प्रदेशका शासनभार सब तरहसे इष्ट इण्डिया कम्पनीके हाथ सुपुर्द किया। १७६० ई०में युद्धविग्रहके वाद दिण्डिगल तालुक महिसुर राजशासनसे अलग कर लिया गया।

रामनाद और शिवगङ्गा सामन्तराज्यका विस्तृत इतिहास इस प्रकार है—रामनादके सेतुपति-वंशीय सरदार रामेश्वर-मन्दिरके सेवाइत थे। इन लोगोंका कहना है, कि अयोध्यापति रामचन्द्रने उनके पूर्वपुरुषको इस मन्दिर-की अध्यक्षता प्रदान की थी। इतिहास पढ़नेसे मालूम होता है, कि सेतुपति राजाओंकी पाण्ड्य-राजवंशके साथ गाढ़ी मित्रता थी। नायकराजाओंके अधिकारकालमें ये सब सेतुपतिसरदार ७२ पलिगा सरदारके प्रधान समझे जाते थे। मरवर नामक रामनादके दुर्द्धर्ष अधिवासीकी सहायतासे नायकवंशने अपनी राजमर्यादाकी रक्षा करते हुए वर्षों राज्यशासन किया था।

१६५६ ई०में तिरुमल-राजकी मृत्यु होने पर राज्यमें तमाम अशान्ति फैल गई। इस राष्ट्रविप्लवके समय भी सेतुपति अपने वंशानुचरित सरल और सहृदय व्यवहार दिखला गये हैं। १८वीं शताब्दीके प्रारम्भमें कई वार दुर्भिक्ष पड़ा जिससे रामनाद उजाड़-सा हो गया। कृषि-कार्यके अभाव और राजनैतिक अन्तर्विप्लवसे रामनादका राजतन्त्र छिन्न भिन्न हो गया।

१७२६ ई०में राज्यका कुछ अंश प्रकृत उत्तराधिकारियोंके और कुछ एक विद्रोहिसामन्तके अधिकारभुक्त हो गया। इस सामन्तके वंशधरगण शिवगङ्गाके राजा कहलाने लगे।

अङ्गरेजी अधिकारके प्रारम्भमें इन दोनों सामन्त-वंशोंके बीच घोर विवाद चलता रहा। इससे दोनों पक्षकी महती क्षति हुई और राजकोष भी खाली हो गया। कोर्ट आव वार्डके अधीन रह कर रामनादकी अच्छी उन्नति हुई, किन्तु शिवगङ्गा-राजकार्य ढीला पड़ गया।

मदुरामें ईसाधर्मका प्रचार दाक्षिणात्यके इतिहासमें एक प्रधान घटना है। इस सुप्राचीन धर्मप्रचारकालके लिखित विवरणमें हम मदुराके प्रकृत इतिहासकी कुछ धारावाहिक घटनाओंका समावेश देखते हैं। १७वीं शताब्दीके प्रारम्भमें मदुरामें एक जेसुइट ईसा-सम्प्रदाय-का एक गिरजा प्रतिष्ठित हुआ। यहां एक पुर्त्तगीज-धर्मयाजक कुछ निम्नश्रेणीके मल्लाहोंको ईसाधर्ममें दीक्षित कर अपना जातीय कार्य चलाने लगा। १६०६ ई०में रावर्ट डि नोविलि मदुरापरिदर्शनमें आये। मदुरावासी जनसाधारणकी धर्मभक्ति देख कर इनने अपनेको हिन्दू-धर्मप्रचारक घोषित करना चाहा। इस उद्देशको सिद्ध करनेके लिये उनने क्रङ्गानूरके धर्माध्यक्ष (Archbishop of cranganore)-की सलाह ली और उन्हींकी सलाहके अनुसार संन्यासीका वेश धारण कर पूर्ण ब्रह्मचर्य अवलम्बन किया। इस समय वे केवल थोड़ा चावल, दूध और साग खा कर रहते तथा निर्जन स्थान-में रह कर योगसाधन किया करते थे। उनके इस योगावलम्बनका स्वतन्त्र उद्देश्य था। ऐसे निर्जन अन्त-रालमें रह कर उन्होंने तामिल भाषा सीख ली थी।

धीरे धीरे इस पवित्र भाषान्तरकी कथा चारों ओर फैल गई। झुण्डके झुण्ड लोग उनका धर्ममत जाननेके लिये आने लगे। उन्होंने अपनेको रोमका कुलीन ब्राह्मण-वंशीय वतला कर जनतामें परिचय दिया और यह भी कहा, कि जातिके फरासी होने पर भी वे ईश्वराराधनाके निमित्त गुरुरूपमें रोमसे भारतवर्ष भेजे गये हैं। भक्त हिन्दुगण उनके ब्रह्मचर्य, ज्ञानगभीरता, तामिलशास्त्रमें व्युत्पत्ति और बुद्धिवृत्तिकी परिस्फुटता देख कर मुग्ध हो गये। एतद्भिन्न अवधूतकी तरह उनकी वेशभूषा देख

कर भी उनके प्रति जनताकी विशेष भक्ति और विश्वास उत्पन्न हो गया था। ईसाधर्मके निदर्शनस्वरूप वे तीन सोनेके और दो चांदीके क्रोशचिह्न धारण करते थे।

उनके मोहनवाक्य पर मोहित हो कर उस देशके प्रायः अधिकांश लोग उनके चलाये हुए ईसाधर्ममें दीक्षित हुए थे। वह प्रपंची हिन्दुओंकी चिरप्रचलित क्रियापद्धतिके किसी भी विषयमें हस्तक्षेप नहीं करता था। इस प्रकार जनताको प्रसन्न करके उसने दाक्षिणात्यमें अच्छी प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली थी। स्वयं राजा तिरुमलने उसकी मनोहर वक्तृता पर मुग्ध हो कर उनके कार्यमें सहानुभूति दिखलाई थी। इस धर्मप्रचारके लिये जेसुइट प्रवरने 'कुन्दन' नामसे तामिल भाषामें एक ईसा-धर्म-ग्रन्थ प्रचार किया। यहां तक कि इसने 'बाइबिल' ग्रन्थका संस्कृतमें अनुवाद करा कर उसे यजुर्वेदका एक अंश साबित करनेकी चेष्टा की। प्रायः ४० वर्ष तक कठोर परिश्रम करनेके बाद उसने १६६० ई०में मन्द्राजके निकटवर्त्ती एक गण्डग्राममें जीवनलीला संवरण की। जीवनके शेष दिन तक उसने बहुत दीन भावसे ही कालयापन किया था। तामिल भाषामें बनाये हुए उनके कुछ धर्मग्रन्थ प्रचलित हैं।

उनकी मृत्युके बाद जान डि ब्रिटो नामक किसी पुर्त्तगीजने दाक्षिणात्यमें ईसा-धर्मका प्रचार किया। उन्होंने असभ्य मरावर जातिको सभ्य बनानेके लिये अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया था। साम्प्रदायिक द्वेषवशतः वे सेतुपतिराजके आदेशसे १६९३ ई०में मारे गये। इस जेसुइट सम्प्रदायके शेष धर्मयाजक बेसची (Beschi)-ने मदुरामें रह कर तामिल व्याकरण और कुछ साहित्य प्रणयन किये।

राजा तिरुमलके शासनकालमें कुछ पथ और छत्र बनाये गये। अपने राज्यकी उत्तरी सीमा उक्कातुरसे ले कर दक्षिणी सीमा सेतुपति तक एक बहुत लम्बी चौड़ी सड़क बनवा कर उन्होंने यात्रियोंकी सुविधाके लिये बीच बीचमें एक छत्र स्थापन किया। स्थानीय लोगोंकी सुविधाके लिये वे बहुत-सी पुष्करिणियोंका संस्कार और कूप खनन कर गये थे। एतद्भिन्न मधुराका राजभवन, वसन्तमण्डप, तेप्पाकुलम, पुष्करिणी, मीनाक्षीदेवीका मन्दिर और कुछ गोपुर उनकी कीर्त्तिके निदर्शन हैं।

मधुरापुरी सुन्दरलिङ्गके मन्दिर और तिरुमल नायकके प्रासादके लिये प्रसिद्ध है। सुन्दरलिङ्गके उत्पत्तिविषयमें स्थलपुराणमें जो विवरण दिया गया है वह इस प्रकार है—

त्रेतायुगमें एक दिन देवनर्त्तकियां इन्द्रालयमें नाच कर रही थीं, इन्द्र मन लगा कर उसे देख रहे थे। इसी समय देवगुरु वृहस्पति वहां पधारे, पर इन्द्रका मन नाच गानमें ऐसा आकृष्ट था, कि वे उनका कुछ भी सत्कार न कर सके। इस पर देवगुरु वृहस्पतिने अपना अपमान समझा और उसी समय गुरुत्वपदका त्याग कर तपस्याको चल दिये। इन्द्रने जब सारा वृतान्त ब्रह्मासे जा कहा, तब पितामहने उन्हें विश्वरूप नामक त्रिशिराको गुरु बनानेका आदेश किया। इधर वृहस्पतिकी खोजमें कुछ दूत छूटे। त्रिशिरा त्वष्टाके पुत्र थे, पर दौहित्र थे दैत्यकुलके। देवगुरुका पद पा कर वे यज्ञमें आहुति देनेके समय प्रकाश्यरूपमें देवताओंकी और अप्रकाश्यरूपमें अपने मातामहकुलकी मङ्गलकामना करते थे। देवराजको इस बातका पता लगने पर वे बड़े बिगड़े और उनका शिर काट डाला। त्रिशिरा ब्राह्मण थे, इस कारण इन्द्रको ब्रह्महत्याका पाप लगा। पीछे देवताओंकी सहायतासे उन्होंने उस पापको चार भागोंमें विभक्त कर उद्भिद, स्त्री, जल और पृथिवी पर फेंक दिया और इस प्रकार वे ब्रह्महत्यापापसे मुक्त हुए। उसी समयसे उद्भिदसे निर्यास, स्त्रीसे रज, जलसे फेन और पृथ्वीसे क्षारमृत्तिका (सज्जी मट्टी) उत्पन्न हुई। इन्द्र पापसे विमुक्त तो हो गये, पर एक दूसरी विपद्ने उन्हें आ घेरा। त्वष्टाने पुत्र-निधन पर दुःखित हो एक दूसरे बलिष्ठ पुत्रलाभके उद्देशसे पुत्रेष्टि यज्ञ ठान दिया। यज्ञके फलसे उनके एक असीम पराक्रमशाली पुत्र उत्पन्न हुआ। उसका नाम वृत्र रखा गया। वृत्रने धीरे धीरे इन्द्रको परास्त कर त्रिलोक पर अधिकार जमाया। इन्द्रने कोई उपाय न देख चतुराननके उपदेशसे विष्णुकी शरण ली। पद्मनाभने इन्द्रको दधीचि मुनिकी अस्थिसे वज्रायुध बना कर वृत्रके साथ युद्ध करनेका आदेश किया। इन्द्रने उसी उपायसे वृत्रका बध किया था। वृत्रमें ब्राह्मणत्व रहनेके

कारण इन्द्र इस बार भी ब्रह्महत्याके पापमें लिप्त हो कर महाकष्ट पाने लगे। अब निरुपाय इन्द्र स्वर्ग त्याग कर पृथिवी पर आये और पद्मकर्णिकामें छिप रहे। शासनकर्त्ताके अभावमें स्वर्गमें अराजकता देख देवताओंने बृहस्पतिकी शरण ली। बृहस्पति उनका पूर्व अपराध क्षमा कर इन्द्रके अन्वेषणमें निकले। जब पद्म-वनमें एक दूसरेसे भेंट हो गई, तब बृहस्पतिने पापक्षयके लिये उन्हें भूलोकमें तीर्थपर्यटन करनेका आदेश दिया। अनन्तर तीर्थ-पर्यटन, दर्शन और स्नान करते करते वे कल्याणपुरके निकट कदम्ब वनमें आये। यहाँ आते ही ब्रह्महत्या-पाप उनके शरीरसे जाता रहा। पाप-मुक्तिका कारण जाननेकी मनशासे इन्द्रने कदम्ब वनकी तलाश करते करते एक अनादिलिङ्गको देख पाया। बाद उन्होंने विश्वकर्माको बुला कर उक्त लिङ्गके ऊपर एक मन्दिर बनवा दिया। लिङ्गका नाम सुन्दर रख कर इन्द्रने बृहस्पति द्वारा वैदिक मतसे उनकी पूजा कराई।

उनकी पूजासे सन्तुष्ट हो कर सुन्दरलिङ्गने उन्हें दर्शन दिये। इन्द्रने भी साष्टाङ्ग प्रणिपात हो कर 'प्रतिदिन आपकी पूजा कर सकें' इस प्रकार प्रार्थना की। महादेवने आदेश किया कि, स्वर्गमें बहुत दिनोंसे अराजकता फैली हुई है, सिर्फ पूजा करनेके निमित्त राज्यका त्याग कर यहां रहनेकी जरूरत नहीं। वर्षमें एक बार वैशाखी पूर्णिमाको स्वर्गसे आ कर पूजा करनेसे वर्ष भरका पूजाफल लाभ होगा, अभी अपने राज्यको लौट जावो।

इस प्रकार आदेश दे कर शिवजी अन्तर्हित हो गये। पीछे इन्द्र भी स्वर्गको लौटे। तभीसे इन्द्र वर्षमें एक बार वैशाखीपूर्णिमाको कदम्ब वन आते और शिवकी पूजा कर वापस जाते थे। इस प्रकार बहुत दिन बीत गये। कुलशेखर पाण्ड्यराजके शासन-कालमें धनञ्जय नामका एक वणिक् रहता था। वह एक दिन कहींसे आ रहा था। कदम्ब वनके निकट कल्याणपुरमें राह भूल गया। इस प्रकार कुछ समय भटकते रहनेके बाद उसने शामको कदम्ब वनमें पूर्वोक्त मन्दिरका लिङ्ग देखा। रात वहीं पर बिता कर जब सबेरा हुआ, तब वह राजाके समीप आया और इसकी खबर दी। राजाने उस वनमें राजधानी बसाई और महालिङ्गकी पूजापद्धतिका मर्त्यलोकमें प्रचार किया। ऋषिके रूपमें महादेव उसी रातको राजाके समीप आये और मन्दिरका संस्कार करनेका आदेश किया। तदनुसार राजाने जंगल काट कर वहां राजधानी बसाई और देवालयका संस्कार किया। काशीसे ऋत्विक्‌को बुला कर महालिङ्गकी पूजाका नियम कराया गया। राजधानीका नाम क्या रखा जायगा, राजा इसकी चिन्ता करने लगे। इसी समय महादेवने प्रत्यक्ष हो कर नई पुरीमें अपने मस्तक परका अमृत छिड़क दिया। यह देख कर राजाने राजधानीका मधुरापुरी नाम रखा। इस प्रकार राजा कुलशेखर द्वारा सुन्दरलिङ्गकी पूजा मर्त्यलोकमें प्रचारित, मधुरापुरी निर्मित और वह पाण्ड्यराजाओंकी राजधानी-रूपमें परिणत हुआ। यह घटना कब घटी थी, मालूम नहीं।

स्थलपुराणके मतसे जब अयोध्यापति दाशरथि श्रीरामचन्द्र पिताकी आज्ञासे चौदह वर्षके लिये वनमें आये और जब लङ्काधिपति रावणने पञ्चवटी-वनमें सीताको हरण किया, तब रामचन्द्रने सुग्रीवके साथ मित्रता करके सीताकी तलाशमें लङ्काकी यात्रा कर दी। राहमें अगस्त्य मुनिके आदेशानुसार मधुरापुरीमें ठहर कर उन्होंने सुन्दरदेवकी पूजा और आराधना की थी।

इस समय राजा अनन्तगुणपाण्ड्य मधुरापुरीमें राज्य करते थे। ये कुलशेखरसे ११ पीढ़ी नीचे थे। अतएव स्थलपुराणके मतानुसार मधुरापुरी त्रेतायुगमें स्थापित हुई। पहले ही कहा जा चुका है, कि राजा कुलशेखरने पुरीका निर्माण कर काशीसे ब्राह्मणको बुलाया और सुन्दरदेवकी पूजाका प्रबन्ध कर दिया। इससे बहुतेरे अनुमान करते हैं, कि कुलशेखर पाण्ड्यराजके समय दक्षिणदेशमें वैदिक ब्राह्मण नहीं थे और उन्हींके समय आर्यावर्त्तसे ब्राह्मणने आ कर दक्षिणदेशमें उपनिवेश बसाया।

अति प्राचीनकालसे दक्षिणदेशमें शिवलिङ्गका जैसा बहुलप्रचार देखनेमें आता है उससे यह भी साबित हो सकता है, कि वह द्राविड़ अर्थात् तामिलोंका देवता था। आर्य ब्राह्मणोंने दक्षिणदेशमें आ कर उसका प्रचार

तमाम देखा और उसे अपना देवता वना लिया। चिदम्बर-माहात्म्यमें लिखा है, कि पञ्चम मनुके पुत्र जव श्वेतवर्ण चिदम्बरतीर्थमें स्नान करनेके वाद हिरण्यवर्णके हो गये तव उन्होंने काशीसे तीन हजार ब्राह्मण मंगाये थे; यह भी पूर्व अनुमानका पोषक-सा मालूम होता है।

इसमें ६ गोपुर हैं जिनमेंसे एक १५२ फुट ऊंचा है। इस देवालयका प्राकार पूर्व-पश्चिममें ७४४ फुट और उत्तर-दक्षिणमें ८३७ फुट है। कहते हैं, कि विल्ववनार्थीवंशीय राजाओंने वाहरके वड़े प्राकार और चार गोपुर वनवा दिये थे। जो सव नये मण्डप दिखाई देते हैं वे विश्वनाथ नायककी कीर्त्ति हैं। अरियनायक सहस्र स्तम्भमण्डप वनवा गये हैं। मृत्युञ्जय नामक ग्रन्थ पढ़नेसे मालूम होता है, कि तिरुमल नायकने गर्भगृहसे ले कर कपालीदेवीके मन्दिर तक कुल नया वनवा दिया था और उन्हींके समयमें यह देवालय उन्नतिकी चरम सीमा तक पहुंच गया था।

पहले शिवगङ्गातीर्थका जलस्पर्श करनेके वाद विश्वेश्वर सुन्दरलिङ्ग और मीनाक्षीदेवीके दर्शन तथा अर्चनादि करने होते हैं। इसके वाद यात्रिगण सहस्र स्तम्भमण्डप और वसन्तमण्डप देखने जाते हैं। इसे तिरुमल नायकने २० लाख रुपये खर्च कर वनवाया था। इसकी लम्बाई १०० गज और चौड़ाई २० गज है। इसकी छत १२० प्रस्तरखम्भों पर अटकी हुई है, प्रत्येक स्तम्भ २० फुट ऊंचा है।

इस मण्डपमें जल निकलनेकी नाली भी दौड़ गई है। यहां सुन्दरलिङ्गदेवका वसन्तक्रीड़ा-उत्सव मनाया जाता है। यह उत्सव वैशाखी शुक्लापञ्चमीसे ले कर पूर्णिमा तक दश दिन महासमारोहसे सम्पन्न होता है। उस समय उक्त नाली जलसे भरी रहती है, क्योंकि, इससे वहांकी गरम हवा जलके संयोगसे ठंढी होगी। इस वसन्त-उत्सव-मण्डपके स्तम्भमें दश प्रकारकी मूर्त्ति खोदित है जिनमें तिरुमल और उनसे पहले नौ पुरुषकी तथा उनकी धर्मपत्नियोंकी मूर्त्ति विद्यमान हैं। कहते हैं, कि उन सव मूर्त्तियोंका निर्माण-कार्य १६२४-२६ ई०से आरम्भ हो कर १६४६ ई०में शेष हुआ था।

देवालयके पात्र और अलङ्कारादि देखने लायक हैं। पात्रका मूल्य ५००००) हजार रु० और मणिमुक्तादिका करीव डेढ़ लाख रुपयेसे अधिक होगा। वहांसे तिरुमल नामका राजभवन देखा जाता है। राजभवनका अभी सिर्फ एक अंश विद्यमान है। दूसरे अंशको उनके पोते शोक्यनाथने तोड़ फोड़ कर उसके मसालेसे त्रिशिरापल्ली-दुर्गके मध्य राजभवन वनवाया था। पुराने राजभवनको अभी मरम्मत करा कर उसमें सेशन जजकी कचहरी लगती है। यह भवन दो अंशोंमें विभक्त तथा देखने लायक है।

इसके वाद वहांसे तेप्पनकुलम नामक वृहत् पुष्करिणी नजर आती है। यह पुष्करिणी राजभवनसे डेढ़ मील पूर्व-उत्तर पड़ती है। इसकी लम्बाई सव ओर १२०० गज करके है। चारों ओर उत्तम ग्रेनाइट प्रस्तरकी सीढ़ी और सवसे ऊपरमें एक ग्रेनाइट पत्थरका कलस है। वीच वीचमें देवघोटक, मयूर और अन्यान्य पशुमूर्त्ति सुशोभित हैं। कलसके चारों ओर घूमनेका एक चौड़ा रास्ता है। वहां शामको लोग हवा खाने जाते हैं। पुष्करिणीके मध्यस्थलमें एक उपद्वीप है जो चारों ओर पत्थरसे वंधा हुआ है। इसके ऊपर मध्यस्थलमें दो मंजिला देवालय और चारों कोनमें चार छोटे छोटे कारुकार्यविशिष्ट देवमन्दिर हैं। मध्यस्थलमें रास्ता है और रास्तेकी बगलमें तरह तरहकी गुल्मलताएं शोभा दे रही हैं।

उत्सवके समय एक दिन देवालय और पुष्करिणीके चारों ओर लाख वत्ती जलाई जाती है। उस दिन शामको सुन्दरलिङ्ग मीनाक्षीदेवीके साथ रथ पर चढ़ कर उपद्वीपके चारों ओर भ्रमण करते हैं।

वहांसे ५ मील दूर तिरुपरङ्कुन्द्रमसे कन्थमलके पार्श्वदेशमें एक शैवमन्दिर है। यह मन्दिर भी देखने लायक है।

मधुराका प्रधान उत्सव वैशाखी शुक्लपञ्चमीसे ले कर पूर्णिमा तक रहता है। पहले देवराज इन्द्र उक्त पौर्णमासीको ईश्वरकी पूजा करते थे, तदनुसार वारह दिन तक उत्सव मनाया जाता है। यहांके लोगोंकी धारणा है, कि उक्त पौर्णमासीको सुन्दर लिङ्गकी अर्चना करनेसे सम्वत्सर अर्चनाका फल लाभ होता है। यही कारण

है, कि उस दिन ३०।४० हजार मनुष्य जमा होते हैं।

इस जिलेमें २१ शहर और ४११३ ग्राम लगते हैं। जन-संख्या तीस लाखके करीब है। अधिवासियोंमें वेल्लालर, मरावर और कल्लरजाति ही प्रधान है। वेल्लालरगण साधारणतः कृषिजीवी हैं। प्रवाद है, कि पाण्ड्यराजाओं द्वारा ये लोग इस देशमें लाये गये हैं। सभी विशुद्ध तामिलभाषामें बोलचाल करते हैं। बहुतेरे इन्हें द्राविड़ीय जातिकी शाखा बतलाते हैं। मरावर और कल्लरगण अणिगयान नामसे प्रसिद्ध हैं। समुद्रोपकूलवर्त्ती रामनाद और शिवगङ्गाके मध्य मरावर जातिका वास देखा जाता है। इनके शारीरिक गठन और उपधर्म सेवित्वका लक्ष्य करनेसे मालूम होता है कि ये लोग ही यहांके आदिम अधिवासी हैं। ये लोग रामनाद और शिवगङ्गाके राजाओंको ही अपना सरदार मानते हैं। वृटिश-शासनके पहले इन्होंने युद्धकौशल द्वारा वीरताका परिचय दिया है। अन्यान्य द्राविड़ीय जातिकी तरह ये लोग शवको गाड़ते और विधवा-विवाह करते हैं।

कल्लरगण दस्युवृत्ति द्वारा जीविका चलाते हैं। पदुकोटा सामन्तराज्यमें इनका प्रधान अड्डा है। ये लोग ऐसे उद्धत और दुर्द्धर्ष हैं, कि कभी कभी अङ्गरेजोंके भी विरुद्ध खड़े हो जाते हैं। इस प्रकार अङ्गरेज-सेनापति पर आक्रमण कर ये कई बार वीरताका परिचय भी दे गये हैं। ये लोग किस जातिसे उत्पन्न हुए हैं उसका आज तक भी निर्णय नहीं हो सका है। पार्वतीव असभ्य जातिकी तरह भूतप्रेतादि उपदेवताको उपासना करना ही इनका धर्म है। एतद्भिन्न मुसलमानोंकी तरह सुन्नत कराते और स्त्रियां अनेक स्वामी बना सकती हैं।

विद्याशिक्षामें यह जिला मान्द्राजप्रांतके मध्य छठा है। प्राइमरी स्कूल और सेकेन्ड्रीके अलावा दो शिल्पकालेज भी हैं। लगभग चार लाख रुपये प्रतिवर्ष विद्याशिक्षामें खर्चा होते हैं। जिलेमें कुल मिला कर ५० अस्पताल हैं। मदुरा शहरमें जो अस्पताल है वही सबसे बड़ा है। नया जेलखाना, सिविल अस्पताल, जिला स्कूल और अमेरिकन प्रोटेष्टेण्टमिसनबोर्डिंग स्कूल देखने लायक है।

यहांका जलवायु शुष्क, उष्ण और सर्वदा परिवर्त्तनशील है। जाड़ा बहुत कम पड़ता और वर्षा ज्यादा होती है। बीच बीचमें अतिशय ज्वरका प्रादुर्भाव भी देखा जाता है। जब रामेश्वर जानेवाले यात्रियोंकी यहां भीड़ लगती है, तब विसूचिकाका प्रकोप देखा जाता है।

२ उक्त जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० ९° ४५′ से १०° १२′ उ० तथा देशा० ७७° ५१′ से ७८° १८′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ४४६ वर्गमील और जनसंख्या तीन लाखसे ऊपर है। इसमें मदुरा नामक एक शहर और २८३ ग्राम लगते हैं। बेगाई नामकी नदी तालुकके मध्य हो कर बह गई है।

३ उक्त जिलेका एक प्रधान नगर। यह अक्षा० ९° ५५′ उ० तथा देशा० ७८° ७′ पू० बेगाईनदीके बाएं किनारे अवस्थित है। जनसंख्या लाखसे ऊपर है। यहां ईसाजन्मके पहलेसे पाण्ड्यराजाओंकी राजधानी थी। उस समयसे यह नगर राजनैतिक उन्नति और धर्मविस्तारका केन्द्रस्थल हो गया था। राजा तिरुमलके अधिकारमें यहां नाना कारुकार्ययुक्त जो सौधमाला बनाई गई थी उसका शिल्पनैपुण्य देखनेयोग्य है।

मधुरा-स्थल पुराणमें इस स्थानका माहात्म्य गाया गया है। यह दाक्षिणात्यका मथुरा वा मधुरापुरी नामसे प्रसिद्ध है। प्रभेद इतना ही है, कि यह विष्णुक्षेत्र न कहला कर शैवक्षेत्र कहलाता है। यहांके रामेश्वर, सुन्दरेश्वर और मीनाक्षीदेवीका माहात्म्य ही पवित्र है। स्थलपुराणमें मधुरानगरकी प्रतिष्ठा और देवक्षेत्रकी पवित्रता कीर्त्तित हुई है।

१४वीं शताब्दीमें मदुरानगर पर मुसलमानोंने आक्रमण किया। उनके अत्याचारसे अधिवासियोंके नाकोंदम आ गया था। उन्होंने सुन्दरलिङ्ग-मन्दिरके बहिर्भागको ध्वंस कर अपनी देवद्वेषिता चरितार्थ की। अलावा इसके इस सुवृहत् मन्दिरके १४ शिखर, गोपुर तथा अन्यान्य मन्दिरादि भी तोड़ फोड़ डाले गये। किन्तु सौभाग्यक्रमसे सुन्दरेश्वर और मीनाक्षीदेवीके गर्भगृह पर उन आततायियोंकी दृष्टि न पड़ी।

मुसलमान लोग जब यहांसे बोरा-बधना ले कर भागे

तत्र मन्दिरके सेवाइत पूजकोंने देवोत्तर सम्पत्तिकी आयसे वर्त्तमान ४ गोपुर बनवाये थे। मन्दिरके ध्वंसावशेषकी आलोचना करके मि० फार्गुसन आदि प्रत्नतत्त्वगण चमत्कृत हो गये हैं। आज भी उत्तर-दक्षिणमें इसकी लम्बाई ८४७ फुट और चौड़ाई ७४४ फुट होगी। उसके चारों ओरके ९ गोपुरोंमेंसे एककी ऊंचाई १५२ फुट है। मदुराके नायकवंशके प्रतिष्ठाता विश्वनाथ नायकके सहकारी और सेनापति आर्यनायक वा नायक मुथली जो सहस्रस्तम्भमण्डप बनवा गये हैं उसका भास्करशिल्प और चित्रचातुर्य लिख कर प्रकाश नहीं किया जा सकता। जिन्होंने एक वार भी अपनी आंखोंसे उसे नहीं देखा है वे कुछ भी उपलब्ध न कर सकेंगे। अभी उस मण्डपमें ९९७ स्तम्भ विराजित हैं।

उक्त मन्दिरके अलावा राजा तिरुमलका प्रासाद, वसन्तमण्डप, तमकस् प्रासाद और तेप्पाकुलम् नामक दीर्घिका उल्लेखनीय है। सुन्दरेश्वरदेवको ग्रीष्मके समय स्थानान्तरित करनेके लिये वसन्तमण्डप बनाया गया था। तेप्पाकुलम् नामक ह्रदकी लम्बाई और चौड़ाई प्रायः २४०० हाथ है। वर्षमें एक वार इस पुष्करिणीके चारों ओर रोशनी जला कर सुन्दरेश्वर-मन्दिरको प्रतिमूर्त्तियोंको नाव पर जलविहार कराया जाता है।

अङ्गरेजोंके अधिकारमें आनेसे मदुरानगरकी वहुत श्रीवृद्धि हुई है। वृटिश-सरकारने अपने खर्चासे तिरुमलप्रासादका संस्कार करके उसमें राजकीय कचहरी आदि स्थापन की।

मदुरा—आसामप्रदेशके कछाड़ जिलेमें प्रवाहित एक नदी। यह वराकनदीकी दक्षिणवाहिनी एक शाखामात्र है। उत्तर कछाड़ पर्वतमालासे यह नदी बोङ्गपाई नामसे निकल कर पीछे मदुरा कहलाने लगी है।

इस नदीकी पुण्यसलिलाके सम्बन्धमें एक किंवदन्ती इस प्रकार प्रचलित है,—किसी समय कछाड़के कोई राजा अपने राज्यसे निकाल दिये गये। एक रातको उन्हें स्वप्न हुआ, 'कल सबेरे मदुरानदीमें स्नान करते समय जिस किसीको बहते देखोगे, उसको उठा लेना। उससे तुम्हारा कल्याण होगा।' सबेरे प्रातःकृत्यादि करके राजा मदुरानदीमें स्नान करने गये। स्नान कर चुकनेके बाद उन्होंने अपने सामने एक सांपको बहते देखा। राजाने स्वप्नानुसार उसकी पूंछका अगला भाग पकड़ा। देखते देखते वह सांप एक तेज तलवारमें परिणत हो गया। उस तलवारके प्रभावसे राजाने पुनः अपने खोये हुए राज्यका उद्धार किया। पीछे उस तलवारको एक मन्दिरमें रख कर वे रणचण्डी नामसे उसकी पूजा करने लगे। धीरे धीरे वह रणचण्डीदेवी समस्त कछाड़वासीकी कुलदेवी हो गई। वह देवीपीठ कछाड़ नगरमें स्थापित था। कछाड़-राज्यके वृटिश शासनभुक्त होने पर रानी उस तलवार और देवमूर्त्तिको वड़खोलामें उठा ले गईं। पीछे वह तलवार वहांसे चोरी हो गई। १८८२ ई०में कछाड़-विद्रोह इसी देवी अपहरणके लिये हुआ था।

मदुरा—यवद्वीपके पश्चिममें संलग्न एक छोटा द्वीप। दोनों द्वीपके बीच एक कोस तक एक नाली दौड़ गई है। भूतत्त्वकी आलोचना और यहांके प्राकृतिक अवस्थान द्वारा यह द्वीप यवद्वीपका एक अंश समझा जाता है। यहांके लोगोंका कहना है, कि भगवान्‌के अवतार श्रीकृष्ण और बलदेवकी जन्मभूमि मथुरानगरीके नामसे इस स्थानका मदुरा (मथुरा) नाम पड़ा है।

यव और बालिद्वीप देखो।

यहांके अधिवासी हर हालतमें यववासीके अनुरूप हैं। किन्तु उनकी भाषा यवभाषासे स्वतन्त्र है। इस द्वीपके पूर्वभागमें जो भाषा चलती है उसका नाम सुमनप है। उसमें वहुत कुछ स्पेनीय भाषा शामिल है। पश्चिमांश-वासीकी भाषा पुर्त्तगीजमिश्रित है जो मदुरा कहलाती है।

मदुरान्तकम्—१ मान्द्राजप्रदेशके चिङ्गलपट जिलेका एक तालुक। यह अक्षा० १२° १५′ से १२° ४६′ ३० तथा देशा० ७९° ३८′ से ८०° ९′ पू० वङ्गालकी खाड़ीके किनारे अवस्थित है। भूपरिमाण ५९६ वर्गमील और जनसंख्या तीन लाखके करीब है। इसमें ३ शहर और ५२४ ग्राम लगते हैं। पालार और किलियार नामकी नदी तालुकमें बहती है।

२ उक्त तालुकका एक शहर। यह अक्षा० १२° ३१′ ३० तथा देशा० ७९° ५३′ पू० मान्द्राज शहरसे ५० मील दक्षिण-पश्चिममें अवस्थित है।

मदोत्कट (सं० पु०) मदेन दानवारिणा उत्कटः। १ मत्त हस्ती, पागल हाथी। २ कपोत, कबूतर। (त्रि०) मदेन गर्वादिना उत्कटः। ३ मदोन्मत्त, नशेमें चूर। स्त्रियां टाप्। ४ मदोत्कटा, मदिरा। ५ अनसीक्षुप, तोसीका पौधा।

मदोदग्र (सं० पु०) मदेन हर्षेण दर्पेण, उदग्रः उग्रः। १ मत्त, मतवाला। स्त्रियां टाप्। २ नारी, स्त्री।

मदोद्धत (सं० त्रि०) मदेन मत्ततया उद्धतः। १ मत्त, नशेमें चूर। २ घमण्डी, अभिमानी।

मदोद्रेक (सं० पु०) वकायन, नीमकी जातिका एक पेड़।

मदोन्मत्त (सं० त्रि०) मदेन उन्मत्तः। १ मद द्वारा उन्मत्त, नशेसे पागल। (पु०) २ तन्त्रसारोक्त मन्त्रभेद।

मदोल्लापी (सं० पु०) कोकिल, कोयल।

मद्गु (सं० पु०) मज्जतीति मस्ज (भृ-मृ-शीतृ-चरिदिति। उणा् १।७) इति उ। १ पक्षिविशेष, एक प्रकारका जलपक्षी। यह भारतवर्षके प्रायः सभी भागोंमें विशेषकर पहाड़ी और जङ्गली प्रदेशमें होता है। इसकी लम्बाई पूंछसे चोंच तक ३२से ३४ इंच तक होती है। इसके डैने कुछ पीलापन लिए होते हैं। इसकी पूंछ काली, चोंच पीली और मुंह, कनपटी और गलेके नीचेका भाग सफेद तथा पैर काले होते हैं। इसे जलपाद और लमपुछार भी कहते हैं। इसके मांसका गुण वायुनाशक; स्निग्ध, भेदक; शुक्रकारक, शीतल और रक्तपित्तनाशक माना गया है। २ पर्णमृगभेद, पेड़ पर रहनेवाला एक प्रकारका जंतु। २ मद्गुरमत्स्य, मंगुरी मछली। ४ एक प्रकारका युद्धपोत, जंगी जहाज। ५ एक प्रकारका साँप। ६ एक वर्णसंकर जातिका नाम। मनुस्मृतिमें इनकी उत्पत्ति ब्राह्मण पिता और बंदी जातिकी मातासे है। ये वन्य पशुओंको मार कर अपनी जीविका चलाते हैं।

मद्गुमूषिक (सं० पु०) वृक्ष मर्कट, पेड़ पर रहनेवाला एक प्रकारका जंतु।

मद्गुर (सं० पु०) मादाति जलं प्राप्य हृष्यतीति मद् (मद्गुरो दयश्च। उणा् १।४२) इति उरच्, निपातनात् सिद्धः। १ मत्स्यविशेष, मंगुरी मछली। सब मछलियोंमेंसे मंगुरी मछली विशेष गुणकारी होती है। इसका गुण—मधुर, स्निग्ध, संग्राही, शुक्रवर्द्धक और गुरु। भावप्रकाशके मतसे—वातनाशक, बलकर, वृष्य, कफवर्द्धक और लघु। रेहू और मंगुरी मछलीको छोड़ कर सब प्रकारकी मछलियां कफकर होती हैं। २ वर्णसंकरजातिविशेष, एक वर्णसङ्करजाति। इस जातिके मनुष्य समुद्रमें डूब कर मोती निकालते हैं। ३ गोताखोर, पनडुव्वा।

मद्गुरक (सं० पु०) मद्गुरः स्वार्थे कन्। मद्गुर मत्स्य, मंगुरी मछली।

मद्गुरसी (सं० स्त्री०) मद्गौ पक्षिविशेषे रसो मत्स्यः ङीप्। श्रृङ्गिमत्स्य, सींगी मछली।

मद्दिखेरा—मान्द्राजप्रदेशके कर्नूल जिलेका एक नगर। यह अक्षा० १५° १५′ उ० तथा देशा० ७७° २७′ पू० हिन्द्री नदीके किनारे अवस्थित है।

मद्दूर – १ महिसुर राज्यके महिसुर जिलेका एक प्राचीन उपविभाग। १८७५ ई०में यह दो भागोंमें विभक्त हो कर मण्ड्य और मलवल्ली तालुकके अन्तर्भुक्त हुआ है।

२ उक्त विभागका एक शहर। यह अक्षा० १२° ३५′ उ० तथा देशा० ७७°३ पू० शिमशा नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है। जनसंख्या ढ़ाई हजारसे ऊपर है। पहले यह नगर वहुत समृद्धिशाली था। स्थानीय असंख्य प्राचीर मन्दिर और पुष्करिणी आदि उसका परिचय देती हैं। पाण्डय-राज अर्जुन अपने तीर्थपर्टनकालमें यहां आये थे और इसका अर्जुनपुर नाम रख गये। हयशाल बल्लालवंशीय किसी राजाने यह नगर एक ब्राह्मणको ब्रह्मोत्तरमें दिया था। १७९१ ई०में टीपूसुलतानके साथ लार्ड-कार्नवालिसका जो युद्ध हुआ था उसमें कार्नवालिसने दुर्ग और वहुत-सी कीर्त्तियां तोड़ फोड़ डाली तभीसे उनका संस्कार आज तक होने नहीं पाया है। १८७५ ई० तक यहां मद्दूर तालुकाका विचार सदर रहा। शिमशा नदीके ऊपर एक पुल है। उस पुल परसे वङ्गलूर-महिसुर-रेलवे लाइन गई है। मद्दूरमें एक रेलवे-स्टेशन भी है। १८८४ ई०में शहरमें म्युनिस्पलिटी स्थापित हुई है।

मद्दूसाही (हिं० पु०) एक प्रकारका पुराना पैसा । यह तांबेका चौकोर टुकड़ा होता है ।

मद्धिक (सं० पु०) वह मदिरा जो द्राक्षासे बनाई जाती है, द्राक्ष ।

मद्धिम (हिं० वि०) १ मंदा । २ मध्यम, अपेक्षाकृत कम ।

मद्धे (हिं० अव्य०) १ लेखेमें, बाबत । २ बीचमें, में । ३ सम्बन्धमें, विषयमें ।

मद्य (क्ली०) माद्यति जनोऽनेन मद (गद-मद-यमश्चानुपसर्गे । पा ३।१।१००) इति करणे । सुरा, शराब ।

> "भिक्षो ! मांसनिषेवणं प्रकुरुषे किं तेन मद्यं विना
> मद्यञ्चापि तव प्रियं प्रियमहो वाराङ्गनाभिः सह ।
> वेश्याप्यर्थरुचिः कुतस्तव धनं द्यूतेन चौर्य्येण वा
> एतावानपि संग्रहोऽस्ति भवतो नष्टस्य कान्या गतिः ॥"
>
> (साहित्यदर्पण)

भारतमें मद्य ।

मद्य क्या सभ्य क्या असभ्य सभी समाजमें विलासकी सामग्री माना गया है । प्रायः सभी सभ्य समाजोंके अनुभवी लोगोंने इसकी बुराईको देख इसके सेवनका निषेध किया है । किन्तु यह देख कर आश्चर्य होता है, कि इतना निषेध रहने पर भी सभ्य समाजसे इसका पूर्णतः बहिष्कार न हो सका । आजकल भारतमें मद्यका इस तरह प्रचार देख कुछ लोगोंकी धारणा है, कि वैदेशिक प्रभावसे ही मद्यका इतना प्रचार बढ़ा है । यद्यपि शराबकी भट्ठियां उठ गई हैं, तथापि ग्राम-ग्राममें इसकी दुकानोंका खोलना और मद्यका प्रचार करना विदेशी प्रभावका द्योतक ही है । कुछ लोगोंका यह भी कहना है, कि देशी भट्ठियोंका बन्द करना आधुनिक शासन-कलाका एक चातुर्य्य-पूर्ण कार्य है । यदि कोई यह कहे, कि इसके बन्द कर देनेसे मद्यका प्रचार बन्द-सा दिखाई देता है, तो यह कहना होगा, ऐसी बात नहीं । भट्ठियोंके बन्द कर देनेसे किसी तरह इसके प्रचारमें रुकावट न हुई । वरं यहांके भट्ठकड़ियोंको चार पैसेकी जगह चार रुपये खर्च करने पड़ते हैं । अतः आर्थिक और व्यवसायिक दृष्टिसे भट्ठियोंका बन्द होना भारतकी भलाई नहीं, वरं बुराई ही हुई है । देशी मद्योंका प्रचार रोक विदेशी मद्योंका प्रचार किया गया । इसको शासन और व्यवसायिक कलाका चातुर्य्य नहीं तो और क्या कहा जा सकता है ।

जैसे आजकल विलायती मद्योंका प्रचार सारे देशमें दिखाई देता है, भारतमें वैसे ही देशी मद्योंका प्रचार था । अब तो बहुतेरे इसको घृणाकी दृष्टिसे देखते और पीना तो दूर रहे स्पर्श तक भी नहीं करते हैं । किन्तु यहां एक दिन वह था, जब भारतका सभ्यसमाज इसको बे-रोक पीता था और इसे आमोदकी सामग्री समझता था । इस समय जिस तरह यूरोपीय सभ्य समाजके स्त्री-पुरुष एकत्र हो कर मद्यपान कर मस्त रहते हैं; उसी तरह भारतका भी सभ्य समाज इससे वञ्चित न था ।

हम वेद संहितासे ही भारतीय आर्यों में मद्यपानका आभास पाते हैं । ऋक्संहितामें (१।११६।७) बहुतों सुराकुम्भका उल्लेख है* । उस समयके कलवार अपने भट्ठीखानेमें दृति या चमड़ेकी बोतलमें मद्यको रखते थे और उस समयके साधारण लोगोंकी धारणा थी, कि इसको पान करनेसे अमृतकी तरह अमर हो कर रहेंगे ।† १।१९१।१०) वैदिक 'सौत्रामणि' और वाजपेय यागका मद्य एक प्रधान अङ्ग था । बिना मद्यके ये याग पूरे होते ही न थे । सिवा इसके वैदिक ऋषि सोमरसपानको जीवनका एक प्रधान कर्त्तव्य मानते थे । सोमरसके बनानेकी विधि, उसकी अवस्था, उसके सेवन करनेकी विधि और उसकी रक्षाप्रणालीकी आलोचना करने पर मालूम होता है, कि सोमरस भी एक तीव्र मादक द्रव्य ही है । देवता भी इस सोमरसको पान कर आनन्दमें मग्न रहते थे । सोमरसका पान करना बहुत अच्छा समझते थे । इसका ऋग्वेदसे पूरा प्रमाण मिलता है । सोम देखो ।

---

* "कारोतराच्छफादश्वस्य वृष्णः शतं कुम्भाँ असिञ्चतं सुरायाः ॥" (ऋक् १।११६।७)

† "सूर्ये विषमा सजामि दृतिं सुरावतो गृहे ।"

(१।१९१।१०)

वैदिकयुगमें आर्यगण शीतप्रधान स्थानमें वास करते थे। इसलिये सुरा या सोमरस उनके लिये जीवनी-शक्तिको बढ़ानेवाला माना जाता था। यही कारण है कि वेदमें सुरापानका निषेध या रुकावट नहीं है। क्रमशः जब आर्य ग्रीष्मप्रधान देशोंमें अपना विस्तार करने लगे, तब इस मद्यकी अपकारिता उन्हें समझ पड़ी। इसीलिये शास्त्रोंमें "मद्यमपेयमदेयमग्राह्यं" अर्थात् मद्य पीने योग्य नहीं, मद्य किसीको देने योग्य नहीं और मद्य किसीके ग्रहण करने योग्य नहीं, इसका प्रचार करने लगे। इस समय शास्त्रोंमें सुरापान महापातकमें गिना गया।

सुरापान क्यों रोका गया था? इस पर महाभारतके आदि पर्वमें एक आख्यान इस प्रकार लिखा है,—

"देवगुरु बृहस्पतिके पुत्र कचने मृत-सञ्जीवनी-विद्या अर्जन करनेके लिये शुक्राचार्यका शिष्यत्व स्वीकार किया। असुरोंने, कच इस विद्याको सीख कर कहीं देवताओंको भी न बता दे यह सोच कर उसे मार डाला। उसकी अस्थिको सुरामें डाल कर शुक्राचार्यको पिला दिया गया। शुक्र-कन्या देवयानि कच पर मोहित हो गयी थी। उसने पितासे जा कर कहा, 'कचके विना मैं जी नहीं सकती। निश्चय ही मेरे प्राण मेरे शरीरसे अलग हो जायंगे।' शुक्राचार्यने अपनी नवोढ़ा दुहिताके प्रेमीको जीवनदान देनेके लिये मृत-सञ्जीवनी मन्त्रका प्रयोग किया। कचने शुक्राचार्यके उदरमें ही जीवन लाभ किया और वहींसे गुरुको उत्तर दिया। शुक्राचार्य भारी चिन्तामें पड़ गये, कि यह उदरके बाहर कैसे निकल सकता है? मेरा उदर विदीर्ण कर निकलनेके सिवा और कोई चारा नहीं। तब उन्होंने कचको मृत-सञ्जीवनी विद्या सिखा दी और उससे कहा, कि तुम उदर विदीर्ण कर निकल आना और बाहर आ कर मुझे जीवित कर देना। कचने ऐसा ही किया, उदरसे निकल कर गुरुको जीवित कर दिया। अब शुक्राचार्यने देखा, कि असुरोंने मुझे सुराके द्वारा ही ब्राह्मण-शिष्यका रक्त पान कराया था; इससे सुरा-पानका निषेध करना उचित है। इसीसे सुरापानका निषेध किया गया। मदिरा देखो।

मनु और यागवल्थ दोनोंने ही घोषणा की है, कि सुरापायीके लिये कोई भी प्रायश्चित्त नहीं है। गर्म शरावका पानी, गर्म घृत या गर्म गोमूत्र पान द्वारा मरना ही एकमात्र प्रायश्चित्त है। अंगिरा, वशिष्ठ, पैठोनसी आदि कुछ शास्त्रकारोंने केवल गर्म सुरा-पानकी व्यवस्था दी है, किन्तु देवल इसमें भी सहमत नहीं। उन्होंने कहा है, कि रूपा, तांबा वा सीसा गला कर और उसे पान कर देह त्याग करना ही सुरापान करनेवालोंका उपयुक्त प्रायश्चित्त है।

और तो क्या, न जान सुन कर भी सुरापान करने पर द्विजातियोंको पुनः संस्कार करनेकी आवश्यकता है। भगवान् मनुने भी व्यवस्था दी है—"सुरा अन्नका मल है, मल ही पाप है अतएव ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य कोई भी सुरापान नहीं करेगा। गौड़ी, पैष्टी और माध्वी ये तीन तरहकी सुरा है पर एक भी ब्राह्मणोंके पीने योग्य नहीं। और तो क्या, जो ब्राह्मणी सुरापान करती है वह पतिलोक जा नहीं सकती और इस लोकमें कुत्ती, गृधिनी या शूकरी हो कर जन्मग्रहण करती है। शास्त्रोंमें इस तरहकी युक्ति भी देखी जाती है। मनुने स्पष्ट आज्ञा दी है कि राजा, गुरु-पत्नी-गमन करनेवाले पुरुषके ललाटमें भगका चिह्न, सुरापान करनेवाले मनुष्यको सुराध्वज, सुवर्ण चोरी करनेवाले मनुष्यको कुक्कुरका पद और ब्रह्महत्याकारीके ललाटमें कबंधका चिह्न अंकित कर छोड़ दे। उन लोगोंके साथ किसीको भी भोजन, यजन-याजन पठन-पाठन और विवाह सम्बन्ध स्थापित करना उचित नहीं। वे सब धर्मोंसे वहिष्कृत हो कर दीनभावसे पृथ्वीमें विचरण करेंगे। उनके ललाटका चिह्न देख कर उनके हित मित्र उनका परित्याग करेंगे, यही मनुका आदेश है।

धर्मशास्त्रके कठोर अनुशासनमें भी सर्वसाधारणका मत बदला था, ऐसा समझमें नहीं आता। मुनि, ऋषि, यति संन्यासी, तपस्वी अथवा ब्राह्मण-पण्डितगण अवश्य ही धर्मशास्त्रकी आज्ञा मान कर चलते थे। धार्मिक और सभ्य गृहस्थगण भी बहुत कुछ मनुकी उस आज्ञाका पालन करते थे, किन्तु भारतकी जनसंख्याको देखते हुए वे मुष्टिमेय ही हैं। यथार्थमें वेदस्मृतिको छोड़ प्राचीन साहित्यकी आलोचना करने पर हमें अनायास ही मालूम हो सकता है, कि भारतके राजाधिराजसे ले

कर दरिद्रोंकी पर्ण कुटी तक मद्का कितना प्रचार और समादर था।

मनुने मद्य-पानके सम्बन्धमें इस तरह कठोर अनुशासन देने पर भी जनसाधारणकी अवस्था देख कर मालूम कर लिया था कि ऊंचे दरजेके लोगोंमें हमारी आज्ञाका पालन होता है, किन्तु सर्वसाधारण इसे माननेको तैयार नहीं। इसीलिये उन्होंने यह भी व्यवस्था दी थी, कि मद्यपान, मांस भक्षण तथा मैथुनमें कुछ दोष नहीं। किन्तु इससे बचनेसे और भी महाफल होता है[*]। अन्तमें उन्होंने व्यवस्था दी है, कि ब्राह्मणोंको मद्यपान सर्वथा निषेध है। क्षत्रिय तथा वैश्योंके लिये केवल पैष्टी मद्य निषिद्ध है, किन्तु गौड़ी मद्य वे पी सकते हैं। शूद्र सब तरहके मद्य पीनेके अधिकारी हैं[†]।

मनु आदि प्राचीन धर्मशास्त्रोंमें ही नहीं किन्तु श्रौतसूत्रोंमें भी माध्वीक या महुएका मद्य, गौड़ी या रस ताड़ी आदि मद्यका उल्लेख पाया जाता है।

भारतके आदिकाव्य वाल्मीकीय रामायणमें सुरा और सुरापानकी बात विशेषरूपसे लिखी गई है। इसी रामायणमें एक जगह दिखाई देता है, कि विश्वामित्र वशिष्ठके आश्रममें जब पधारे तब वशिष्ठने मैरेय और उत्तम आसव द्वारा उनकी अभ्यर्थना की थी[¶]। फिर भरत जब श्रीरामचंद्रजीकी दर्शन-लालसासे तपोवनको गये थे, तब पथमें एक रात भरद्वाजका आतिथ्य स्वीकार किया था। भरद्वाजने सुन्दर सुरा तथा विविध मांसों द्वारा उनका आतिथ्य-सत्कार किया था[*]। यहां अयोध्याकाण्ड ध्यान दे कर पढ़नेसे मालूम होता है, कि सुरा या मद्य एक समय साधारणमें उत्कृष्ट तथा पीनेयोग्य समझा जाता था।

सती साध्वी सीतादेवी रामके साथ वन जाते समय गङ्गासे प्रार्थना कर कहती हैं:—

> "सा त्वां देवि नमस्यामि प्रार्थयामि च शोभने।
> प्राप्तराज्ये नरव्याघ्रे शिवेन पुनरागते॥
> गवां शतसहस्रञ्च वस्त्राण्यन्नञ्च पेशलम्।
> ब्राह्मणेभ्यः प्रदास्यामि तव प्रियचिकीर्षया॥
> सुराघटसहस्रेण मांसभूतोदनेन च।
> यक्ष्ये त्वां प्रीयतां देवि पुरीं पुनरुपागता॥"
>
> (रामायण २।५२।८९)

हे देवि! मैं तुमको नमस्कार करती हूं और तुम्हारी स्तुति करती हूं, कि जब नरव्याघ्र (राम) स्वस्थ शरीरसे पुनः लौट आवेंगे और राज्य प्राप्त करेंगे तब मैं तुम्हारे लिये ब्राह्मणोंको उत्तम एक लाख गायें, वस्त्र और अन्नदान करूंगी और घर लौट कर तुम्हारी सन्तुष्टिके लिये एक हजार घड़े मद्य और पशुओंकी महाबलि दे मांसोदन अर्पण करूंगी।

इसके बाद जब सीता यमुनाको पार करने लगीं, तब भी यमुनाके लिये पूर्ववत् मद्य प्रदानकी बात लिखी है[†]। केवल प्रार्थना ही नहीं; उत्तरकाण्डमें लिखा है—"अयोध्याके अशोकोद्यानमें सीताको गोदमें ले कर राजा रामचन्द्र, शचिपति इन्द्र जिस तरह शचिको अमृतपान कराते हैं, उसी तरह सीताको मैरेय मद्य पान करा रहे हैं। रामके व्यवहारके लिये किङ्कर तरह तरहके फल और मांसादिको जुटा रहे हैं। नाच गानेमें प्रवीण किन्नरियोंसे घिरी अप्सरायें तथा कुशल रूपवती

---

[*] "न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला॥"

[†] "त्रैवर्णिकानामुत्पत्ति प्रभृतिपैष्टीप्रतिषेधः। ब्राह्मणस्य तु मद्यमात्रप्रतिषेधोऽप्युत्पत्ति प्रभृत्येव। राजन्यवैश्ययोस्तु न कदाचिदपि गौड़्यादिमद्यनिषेधः। शूद्रस्य तु न सुराप्रतिषेधो नापि मद्यप्रतिषेधः।" (मिताक्षरा)

[¶] "इक्षून्मधूंस्तथा लाजान् मैरेयांश्च वरासवान्।
पानानि च महार्हाणि भक्षांश्चोच्चावचानपि॥"
(रामायण १।५३।२)

[*] सुरादीनि च पेयानि मांसानि विविधानि च।२१
सुरां सुरापाः पिबत पायसञ्च बुभुक्षिताः॥
मांसानि च सुमेध्यानि भक्ष्यन्तां यो यदिच्छति॥"५२
(रामायण अयोध्या० ९१ सर्ग)

[†] स्वस्ति देवि तरामि त्वां पारयेन्मे पतिव्रतम्।
यक्ष्ये त्वां गोसहस्रेण सुराघटशतेन च॥"

रमणियां मद्यपानमें विभोर हो कर रामचन्द्रके आगे नाच रही हैं।"†

यह तो हुई अयोध्याके राजा रामचन्द्रजीकी बात, अब उसी समयके राजा रावण तथा सुग्रीवकी बात लीजिये। इनके यहां भी सुराका यथेष्ट आदर दिखाई देता है। बाल्मीकिने किष्किन्धाके राजपथका वर्णन करते हुए लिखा है—

"चन्दनागुरुपद्मानां गन्धैः सुरभिगन्धिताम्।
मैरेयाणां मधुनाञ्च सम्मोदितमहापथाम्॥"

(रामा० ४) ३३।७

किष्किन्ध्याके राजपथ चन्दन, अगुरु और पद्मकी गन्धसे सुरभित तथा मैरेय मद्योंसे सम्यक् आमोदित हैं। इसीसे मालूम हो जाता है, कि मद्य पर बानरोंकी कैसी आसक्ति थी।

रावणके अन्तःपुर और पानभूमिका वर्णन जिन्होंने पाठ किया है, वे जानते हैं, कि रावणके घरमें स्त्री-पुरुष मद्यका किस तरहसे व्यवहार करते थे। इसके संबंधमें लिखा है,—

"मांसैः कुशलसंयुक्तैः पानभूमिगतैः पृथक्।
दिव्याः प्रसन्ना विविधाः सुराः कृतसुरा अपि॥
शर्करासवमाध्वीकाः पुष्पासवफलासवाः।
वासचूर्णैश्च विविधैर्मृष्टास्तैस्तैः पृथक् पृथक्॥"

(रामायण सुन्दरकाण्ड ११।२२-२३)

सुनिपुण पाचक द्वारा सुपक्क मांस, वृक्षसे स्वयं क्षरित तरह तरहके सुनिर्मल मद्य और कलालों द्वारा बनाई हुई बहुतेरी किस्मकी शराब सब स्थानोंमें सुसज्जित है। शर्करासव, माध्वीक यानी महुआसे प्रस्तुत, पुष्पासव और फलासव तरह तरहके गन्धद्रव्य सुवासित हो कर विविध स्थानोंमें पृथक् भावसे सुसज्जित हैं।

"हिरण्मयैश्च कलशैर्भाजनैः स्फाटिकैरपि॥
जाम्बूनदमयैश्चान्यैः करकैरभिसंवृता।
राजतेषु च कुम्भेषु जाम्बुनदमयेषु च॥
पानश्रेष्ठां तथा भूमिं कपिस्तत्र ददर्श ह।
सोऽपश्यच्छतकुम्भानि सीधोर्मणि मयानि च॥
तानि तानि च पूर्णानि भाजनानि महाकपिः।
क्वचिदर्द्धावशेषाणि क्वचित् पीतान्यशेषतः॥
क्वचिन्नैव प्रपीतानि पानानि स ददर्श ह।
क्वचिद्भक्ष्यांश्च विविधान् क्वचित् पानं विभागतः॥"

(रामायण ५।११।२८-२४)

सुवर्ण, रजत, जाम्बूनद आदि धातुओंके बने मद्यपूर्ण घड़े कमण्डलु द्वारा आच्छन्न उस पानभूमिकी अपूर्व शोभा हुई है। सुवर्ण, रजत और मणिमय पात्रोंमें मद्य भर कर पानगृहमें रखे हुए हैं। किसी जगह मद्यके पात्र आधे पीए हुए, कहीं केवल खाली पात्र ही रखे और कहींके मद्य पात्र बिना पीए ही पड़े हुए हैं। कहीं तरह तरहके भक्ष्य द्रव्य तथा पानीय मद्य पानभूमिमें स्थान-स्थान पर सजा-सजा कर रखे गये हैं।

रामायणमें जिस तरह प्रमाण मौजूद है महाभारतमें कहीं उससे भी अधिक दिखाई देता है। महाभारतके चरित्र नायक ही न्यूनाधिक मद्यसेवी थे। महाभारतके विविध पर्व्वोंमें इसका दृष्टान्त दिखाई देता है। यहां तक, कि उस समय प्रायः सभी उत्सवोंमें मद्यका व्यवहार होता था। श्रीकृष्ण यादवोंको मद्यपायी कह कर उनकी बड़ी निन्दा करते थे सही; किन्तु स्वयं भी आसव ग्रहण करनेमें जरा भी पीछे नहीं हटते थे। महाभारतमें मद्यपानके सम्बन्धमें स्पष्ट लिखा है,—

"भारतानां यादवानां मद्यपानन्तु वर्ण्यते।
उभौ मध्वासवक्षीबौ उभौ चन्दनचर्च्चितौ॥
उभौ पर्य्यङ्करथिनौ दृष्टौ मे केशवार्ज्जुनौ॥"

भारत और यादवोंके मद्यपानकी बात कहते हैं,—

---

† "कुशास्तरणसंस्तीर्णे रामः सन्निषसाद ह।
सीतामादाय हस्तेन मधु मैरेयकं शुचि॥
पाययामास काकुत्स्थः शचीमिव पुरन्दरः।
मांसानि च सुमृष्टानि फलानि विविधानि च॥
रामस्याभ्यवहारार्थं किङ्करास्तूर्णमाहरन्।
उपानृत्यंश्च राजानं नृत्यगीतविशारदाः॥
अप्सरोगणसङ्घाश्च किन्नरीपरिवारिताः।
दक्षिणा-रूपवत्यश्च स्त्रियः पानवशङ्गताः॥"

(रामायण उत्तर० ५२।१८।२१)

श्रीकृष्ण और अर्जुन दोनोंको ही मद्य और आसव पानसे लाल लाल नेत्र, चन्दनचर्चित और पर्यङ्क पर आरूढ़ देखा है। उस समय भद्र माहिलायें भी मद्यपानसे सुख अनुभव करती थीं। विराट्पर्वमें लिखा है, विराट्-राज-महिषी सुदेष्णा सैरिन्ध्रीको आज्ञा देती हैं:—

"पर्व्वणि त्वं समुद्दिश्य सुरामन्नं च कारय।
तत्रैनां प्रेषयिष्यामि सुराहारी तवान्तिकम्॥
उत्तिष्ठ गच्छ सैरिन्ध्रि कीचकस्य विवेशनम्।
पानमानय कल्याणि पिपासा मां प्रवाधते॥"

अर्थात् हे सैरिन्ध्री! मुझे पिपासा लगी है। कीचकके घर जा कर मेरे लिये सुरा ले आओ।

महाभारतके मौषलपर्वमें यादवोंके मद्यप्रियता और मद्यपानसे ही यदुवंशका ध्वंस हुआ, ऐसा लिखा है।

हरिवंशमें भी सुरापानका वर्णन आया है। अध्याय १४६ और १४७ से स्पष्ट है, कि क्षत्रिय समाजमें मद्यका समादर होता था। श्रीकृष्ण जिस समय बलदेव आदि यादवोंके साथ पिण्डारकतीर्थमें जलक्रीड़ामें उन्मत्त हो रहे थे, उस समयका विवरण पढ़नेसे मालूम होता है, कि स्वयं श्रीकृष्ण अपनी पत्नियोंके साथ, कादम्बरीप्रिय बलदेव रेवतीके साथ, अर्जुन सुभद्राके साथ और अन्यान्य यादव कुमार अपनी अपनी प्रेयसीके साथ मद्यपानमें विभोर हो उठते थे। उसी आमोदतरङ्गमें यादव रमणियोंकी अवस्थाका वर्णन करते समय हरिवंशके ग्रन्थकर्त्ताने लिखा है,—

"हस्त प्रमुक्तैर्जलयन्त्रकैश्च प्रहृष्टरूपाः सिषिचुस्तदानीं।
रागोद्धता वारुणिमण्डमत्ता सङ्कर्षणाधोक्षजदेवपत्न्यः॥
आरक्तनेत्रा जलमुक्तिसक्ताः स्त्रीणां समक्षं पुरुषायमाणां।
तेनोपरेमुः सुचिरञ्च भैमा मानं वहन्तो मदनं मदञ्च॥"

(हरिवंश १४८।५० ५१)

बलराम और श्रीकृष्णकी पत्नियां वारुणीसेवनसे मत्त हो कर अनुरागपूर्ण परस्पर पिचकारियों द्वारा जलसे भिगोने लगीं। इसी तरह आरक्त नेत्र, जलकेलिमें मदमत्त स्त्रियां पुरुषोंकी तरह मदनमदमें आसक्त हो उठीं।

पहले ही कहा जा चुका है, कि मद्य-सेवन दोषके कारण यदुवंशका ध्वंस हुआ था। भागवतकार इसके सम्बन्धमें क्या कहते हैं, सुनिये:—

"वारुणीं मदिरां पीत्वा मदोन्मथितचेतसां।
अजानतामिवान्योन्यं चतुःपञ्चावशेषिताः॥" (२।१५ अ०)

उनकी मनोवृत्ति वारुणी मद्य पान कर बेहोश हो कर आपसमें पहचान न सकनेसे द्वन्द्वयुद्धमें वे मृत्युको प्राप्त हुए। अब उनमें सिर्फ चार पांच ही शेष रह गये हैं।

देवी चण्डिका बहुत सुरापान करती थीं। मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है, कि कुबेर अपने ही चण्डीदेवीके लिये अक्षय सुरापरिपूर्ण पात्र देते थे। महिषासुरके साथ युद्ध होनेके समय भगवती कहती हैं,—रे मूढ़! तुम क्षण काल गर्जन करो जब तक मैं मधुपान न कर लूं।

अन्यान्य पुराणोंमें जैसे मद्यपानकी निषेध-विधि दिखाई देती है, वैसे ही मद्यपान करनेके दृष्टान्तकी कमी भी नहीं है।

मूल बात है, कि श्रुति, स्मृति, तन्त्र आदि ग्रन्थोंमें सर्वत्र ही मद्यपानकी निषेध-विधि दिखाई देती है।

मदिरा शब्द देखो।

बङ्गालमें चैतन्यदेवके अभ्युदयसे पहले शाक्त तान्त्रिकोंका पूर्ण प्रभाव था। उस समय उच्च श्रेणीके ब्राह्मणोंसे ले कर निम्नश्रेणीके लोगोंमें मद्य पीनेकी भयङ्कर आदत थी। इस आदतसे उस समय ऐसा ही कोई होगा जो बचा हो। इसी समयकी यह उक्ति है,—

"पीत्वा पीत्वा पुनः पीत्वा पपात धरणीतले।
उत्थाय च पुनः पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते॥"

(कालीविलासतन्त्र)

इत्यादि श्लोककी सृष्टि हुई। चैतन्य-महाप्रभु और उनके शिष्योंकी चेष्टासे मद्यपानका बहुत कुछ ह्रास होने पर भी वल शाक्ततन्त्र तथा शाक्तोंके अनुरागसे मद्यपान नहीं रुका। मद्यकी विषवत् अपकारिताका अवगुण देख लोगोंके हृदयमें इसके प्रति विद्वेष उत्पन्न हुआ। फल यह हुआ, कि सर्वसाधारणमें मद्य प्रचारकी बाढ़ रुक गई। अंग्रेज अमलदारीके शुरूमें

तथा विलायती मद्यकी शुरू शुरू आमदनीके समय इस देशमें मद्यपायियोंकी संख्या वहुत वढ़ गई थी। इससे प्रत्येक समाजकी जो गहरी हानि हुई थी उसकी सीमा नहीं। इसी सत्यानाशी मद्यके कारण वङ्गालमें घर घर क्रन्दनध्वनि तथा महा अनर्थ उठ खड़ा हुआ था। किन्तु ईश्वरकी कृपासे अव वह दिन चला गया। इस समय शिक्षाके प्रचारसे हो या घृणा विद्वेषसे ही हो 'सुरारोग' वहुत कुछ ह्रासको प्राप्त हुआ है।

वौद्धधर्मके अभ्युदयके समय सुरापान निवारणकी यथेष्ट चेष्टा की गई थी। किन्तु वौद्धभिक्षु इस कार्यमें सफल नहीं हुए। वौद्धजातक तथा अवदानोंमें सुरापानके अनेक दृष्टान्त दिखाई देते हैं। साञ्चिस्तूपसे जिन तीन प्रेमी-प्रेमिकाके चित्र निकाले हैं, उनमें भी देखा जाता है, कि उन प्रेम-प्रेमिकाओंके वदन पर सुराके पात्र रखे हुए हैं। नागानन्द नाटकमें मतवालोंका अच्छा चित्र खींचा गया है। कालिदासके प्रायः सभी नाटकोंमें उच्च क्षत्रिय कुलमें मद्यपानके दृष्टान्त मिलते हैं। शकुन्तला नाटकमें दिखाई देता है, कि मल्लाहके खोई हुई अंगुठीको खोज कर ला देनेके उपलक्षमें राजाका साला नगरपाल मद्यखानेमें ले जा कर उस मल्लाहको मद्यपानकी व्यवस्था करा रहा है। रघु दिग्विजय कर जव कलिङ्ग उड़ीसा)में पहुंचे, तव उनकी फौजोंने नारियलका आसव तय्यार कर उसका पान किया था। (रघु ४।४२) फिर जव रघु पारसदेशको जीत कर स्वदेश लौटे, तव उनकी सेनाने द्राक्षासव या सुरा पान किया था। (रघु ४।६५) महाराज अज इन्दुमतीके लिये विलाप कर रहे हैं,—हे मदिराक्षि ! तुम मेरे मुखार्पित सुराको रसके समान पीती थी। इस समय तुम परलोकके उद्देश्यसे दी हुई वाष्प-दूषित जलाञ्जलि कैसे पी सकोगी।*

अग्निवर्ण अपनी कुलस्त्रियोंके साथ मद्यपान करते थे, रघुवंशमें उसका प्रमाण मिलता है। (१६।१२) कुमार सम्भवमें लिखा है, कि शिव जव हिमालय-प्रासाद पर जाते थे उस समय जो सव कुलाङ्गनाएं झरोखेसे उन्हें देखती थीं, उनके मुखसे आसव गन्ध निकलती थी*।

वहुतसे तन्त्रोंमें भी संस्कृत मद्यपानका निषेध है। शाक्ततन्त्र ही वहुत कुछ मद्यके पक्षपाती हैं, किन्तु अपरापर तन्त्रमें वैसी व्यवस्था नहीं है।

कुल मिला कर मद्य वहुत तरहका है, यह पहले ही लिखा जा चुका है। मदिरा देखो।

इनमेंसे कौन मद्य किस उपायसे वनाया जाता था वह मत्स्यसूक्तमें इस प्रकार लिखा है—

पानस।—"अपक्कं पनसञ्चैव आम्रञ्च पदरं तथा।
स्थापयित्वा घटे नित्यं दद्यादामपयः फलम् ॥
त्रैलोक्यविजयाञ्चैव मातुलङ्गं तथैव च ।
समेहऽनि ततो दद्यात् सन्धानात् सत्त्वमीरितम् ॥"

कच्चा कटहल, आम और वेर इन्हें घड़ेमें रख कर प्रतिदिन उसमें कच्चा पानी डालते रहे। पीछे उसमें कुछ दिन तक गांजेकी पत्तियां और विजौरा नीवूका रस दिया करे। जव उससे फेन निकलने लगे तव जानना चाहिये, कि पानस-मद्य तैयार हो गया।

द्राक्ष।—"दधि मधु घृतञ्चापि मञ्जिष्ठं तिक्तकं तथा।
अनुपाने तु देवेशि द्राक्षमद्यं सुनिश्चितं ॥

दधि, मधु और घृतको अंगूरके रसमें मिलानेसे झाग उठने लगेगा। पीछे उसमें मंजिष्ठा और चिरायताका अनुपान दे। इस प्रकार प्रस्तुत मद्यका नाम द्राक्षा मद है।

माधुक।—"विड़ङ्गं शालवं मूलं—
मधुना सह संस्थाप्य शेषे पाकं समाचरेत्।
पिप्पली लवणं दत्त्वा मधुना मद्यमीरितं ॥"

मधुके साथ शालव मूल रख कर पाक करे। पीछे उसमें पीपर और नमक छोड़ दे।

खार्जूर।—"पानसं मक्क खर्जूरं आर्द्रं सोमलतारसम्।
एकोकृत्याग्निसन्धानात् खर्जूरं मद्यमीरितम् ॥"

पक्के खजूरके साथ कटहल, अदरक और सोम

---

* "मदिराक्षि मदाननार्पितं मधु पीत्वा रसवत् कथं नु मे।
अनुपास्यसि वाष्पदुषितं परलोकोपनतं जलाञ्जलिम् ॥"
(८।६८)

* "तासां मुखैरासवगन्धगर्भैर्व्याप्तान्तरासान्द्रकुतूहलानाम्।
विलोल नेत्र भ्रमरैर्गवाक्षाः सहस्रपत्राभरणा इवासन ॥"
(कुमार ७।७)

लताका रस मिला कर आंच पर चढ़ावे। इसीको खजूर मद्य कहते हैं।

ताल।—"पक्वतालं दन्तिशाकं ककुभञ्च तथैव च।
एतैरेव तु सन्धानात् तालमद्यं प्रकीर्त्तितम्॥"

पक्के ताड़के साथ दन्तिशाक और ककुभको पत्तियां रख देनेसे तालमद्य बनता है।

ऐक्षव।—"इक्षुदण्डं मरीचञ्च वदरञ्च तथा दधि।
शेषे तु लवणं दत्त्वा इक्षुमद्यं प्रकीर्त्तितम्॥"

माध्वीक।—"नवं मधु तथा विल्वं पक्वं शर्करया सह।
सन्धानाज्जायते मद्यं माध्वीकं शरतो रसम्॥"

नूतन मधु और पके बेलको सक्कड़के साथ मिलानेसे जो मद्य प्रस्तुत होता है उसका नाम माध्वीक है।

टङ्कमाध्वीक।—"शतावरी टङ्कमूलं लक्ष्मणं पद्ममेव च।
मधुना सह सन्धानात् टङ्कमाध्वीकमीरितम्॥"

शतावरी, टङ्कमूल, लक्षण और पद्म इन्हें मधुके साथ मिलानेसे टङ्कमाध्वीक बनता है।

मैरेय।—'मालूरमूलं वदरी शर्करा च तथैव च।
एषामेकत्र सन्धानात् मैरेयं मद्यमीरितं॥"

बेलकी जड़, बेर और सक्कड़ इन्हें एक साथ मिलानेसे मैरेयमद्य तैयार होता है।

गौड़ी।—"दधि त्रैलोक्यविजया तथैव च करीकणा।
गुड़ेन सह सन्धानात् गौड़ीमद्यं प्रकीर्त्तितम्॥"

दधि, त्रैलोक्यविजया (भंग) और करीकणा इन्हें गुड़के साथ मिला कर गौड़ीमद्य बनाना होता है।

नारिकेलज।—"इन्द्रजिह्वा पक्वधात्री नारिकेलजलं तथा।
कदलीफलसन्धानात् मद्यं तन्नारिकेलजम्॥"

इन्द्रजिह्वा, पक्वधात्री और नारियलका जल इन्हें केलेके साथ मिलानेसे नारिकेलज-मद्य होता है।

पैष्टी।—"शङ्कुलीमर्द्धसिद्धान्नमुष्णोदकसमन्वितम्।
वह्नौ सन्तापयेत् किञ्चित् स्थापयित्वा दिनद्वयम्।
शेषेऽहनि तु सम्प्राप्ते जीवनं तत्र निःक्षिपेत्।
शृङ्गवेरं मरीचञ्च मातुलङ्गं तथैव च।
एतेषामेव सन्धानात् पैष्टीमद्यं प्रकीर्त्तितम्॥"

गरम जलमें अर्द्धसिद्ध अन्न और शङ्कुलीको रख कर धीमी आंच दे, दो दिन तक इसी प्रकार रखनेके बाद उसमें जल डाल दे। अनन्तर उसमें शृङ्गवेर, मिर्च और बिजौरा नीबू मिलावे। इस प्रकार जो मद्य बनता है उसीका नाम पैष्टीमद्य है।

एतद्भिन्न शुक्राचार्यके निकाले हुए मृतसञ्जीवनी नामक एक प्रकारके स्वास्थ्यकर मद्यका उल्लेख देखनेमें आता है। उसकी प्रस्तुत प्रणाली इस प्रकार है—

नया गुड़ ऽ२॥० सेर, बावलेकी छाल, बैरकी छाल और सुपारी ऽ२ सेर, लोध्र ऽ॥० सेर, अदरक ऽ।० एक पाव, कुल मिला कर जितना हो उससे आठ गुणा जल। पहले गुड़को घोल कर पीछे उसमें यथाक्रम अदरक, बावलाकी छाल और बेरकी छाल डाले और अच्छी तरह मिलावे। अनन्तर सुपारी और लोध्रको डाल कर ढक्कनसे मुंहको ढंक दे और भली भांति बांध कर २० दिन उसी अवस्थामें रहने दे। पीछे मट्टीके मोछिका और मयूराक्षेपि यन्त्रमें धीमी आंचसे उत्तप्त करे। इसके बाद सुपारी, एलवालुका, देवदारु, लवङ्ग, पद्मकाष्ठ, खसखसकी जड़, रक्तचन्दन, सोया, अजवायन, मिर्च, जीरा, कृष्णजीरा, कपूर, जटामांसी, दारचीनी, इलायची, जायफल, मोथा, सोंठ, मेथी, मेषशृङ्गी और रक्तचन्दन प्रत्येक ४ तोला कूट कर उसमें डाल दे। अनन्तर यथाविधि चुआ कर सुरा उद्धृत कर ले। धातु अर्थात् वायु, पित्त वा कफ प्रधानका तथा उमरका विचार कर इसकी माला स्थिर करे।

वैदेशिक सुरा।

ईसा जन्मसे बहुत पहले सुसभ्य मिश्रवासियोंके मध्य धान और जौसे बनाये गये मद्यका व्यवहार था। हेरोदोतस (४५० खृ० पू०), प्लिनि और हेलेनिकस आदिके वर्णनसे इसका पता लगता है। ग्रीक लोगोंने मिश्रवासियोंसे उत्तेजक मद्य बनानेका तरीका सीखा था। विख्यात् कवि आर्किलोकस (Archilochus ७०० खृ० पू०), एस्काइलस (Æschylus ४७० खृ० पू०) सफोक्लिस और थियोफ्राष्टस (Theophrastus ३०० खृ० पू०) जौ आदिसे मदिरा बनानेका तरीका लिख गये हैं। मिश्रके धान्यमद्यके 'जिथम' नामसे ग्रीक लोगोंने स्वदेशजात मद्यका 'जिथो' नाम रखा। इस मद्यका वे लोग रोज रोज तथा उत्सवके समय व्यवहार करते थे। जेनोफन द्वारा ४०० ई० सन्के पहले रचित 'दश सहस्रकी पलायन-

विवृतिमें आर्मेनियावासीके मद्यपानका उल्लेख है। दियोदोरस सिकुलस गेलसियावासी (Galatians)के जिथो मद्य सेवनका विषय लिख गये हैं। १ली शताब्दीमें टासिटसने जर्मनवासीके सामाजिक आचार व्यवहार वर्णनाकालमें बियर (Beer) मद्यप्रचलनका उल्लेख किया है। प्लिनिके वर्णनानुसार जाना जाता है, कि स्पेनदेशका Ceria और प्राचीन गलराज्यका Gerversia नामक उत्तेजक मद्य धानसे बनाया जाता था। धान्यलक्ष्मी (Ceres) के नामसे उक्त दोनों प्रकारके मद्यका नाम रखा गया था। उक्त देवीके उत्सव-उपलक्षमें इस मद्यपानका बहुल प्रचार था। सुविख्यात रोमक-सम्राट् जुलियस सीजर अपनी सेनाओंको बियर मद्य पीने देते थे।

पहले प्राचीन ब्रिटेन राज्यमें गलाधिपत्य विस्तारित होने पर वहांके लोगोंने मद्य चुआनेकी प्रथा सीखी। पीछे रोमकोंके ब्रिटेन राज्यसे हट जाने पर साक्सनोंने ब्रिटेन जीता और वहांके अधिवासियोंसे मद्य बनानेका तरीका मालूम कर लिया।

दक्षिण अफ्रिकाकी काफरी जाति न्युबिया और आबिसिनियावासी असभ्यजातिके मध्य धान, जौ, जुन्हरी, राई आदि उद्भिज्जसे मद्य बनानेकी प्रथा बहुत दिनोंसे प्रचलित है। रूसियाका Quass नामक मद्य आबिसिनियाके तेजस्कर bunsa मद्यके जैसा होता है। चीनदेशका समशी मद्य चावलसे बनाया जाता है। तातारजाति घोड़ीके दूधसे कौमिश-सुरा तैयार करती है। जापान द्वीपका सके, अङ्गामी नागाओंका जू और समग्र भारतकी निकृष्ट जातिका पचाई मद्य एक सा होता है। कखियन लोगोंके धानसे प्रस्तुत शेरू मद्य, लेपचा, लुसाई, नाग ख्यान, करने और सिमला पहाड़के अधिवासियोंका मद्य धान गेहूं आदिसे प्रस्तुत देशी मद्यके समान है।

वर्त्तमान मद्य-प्रस्तुतप्रणाली।

वृटिश-सरकारकी भट्टी (Distillery)-में चावल चुआ कर शराब बनाई जाती है। गुड़, ईखके रस, मधु आदि मिष्ट पदार्थ तथा खजूरके रस और ताड़के रस (ताड़ी)-से भी मदिरा प्रस्तुत होती है। मादकप्रधान भांग, गांजा, धतूरेके बीज आदिसे अथवा उन्हें मिला कर अन्य पदाथसे मादक उत्पन्न करके मद्य चुआया जा सकता है। मद्य प्रस्तुत करनेमें पहले खूब बढ़िया रसपूर्ण धानके बीजोंको चुन कर किसी बरतनमें रख छोड़े। पीछे सड़ने पर उसके फेनको बाहर निकाले। अनन्तर नियमानुसार बकयन्त्रमें चुआ कर उस द्रव्यके सार पदार्थको ग्रहण करे। बिना सुरासार (Alcohol)-के मद्य नहीं बन सकता। मद्य बनाने योग्य पदार्थके शर्करा-गुणविशिष्ट अंशके चुआनेके समय अङ्गारादि पार्थिव-पदार्थके नाश होनेसे सुरासार उत्पन्न होता है। द्राक्षादिको सड़ा कर जब सुरामण्ड (Yeast) तैयार हो जाय तब झाग उठनेके समय दाखके शार्करपदार्थ सुरासार और अङ्गाराम्लमें रूपान्तरित हो जाते हैं।

$$C_{12}H_{12}O_{12} = 2C_{4}H_{6}O_{2} \times 4CO_{2}$$

द्राक्षशर्करा सुरासार अङ्गाराम्ल

प्रायः सभी प्रकारके मद्य वा अरिष्टादिमें यह सुरासार रहता है, किन्तु जल और अन्यान्य पदाथ मिलानेसे वह तेजोहीन हो जाता है। बार बार चुआनेसे भिन्न पदाथ वियोजित तो होता है, पर उसमें जलीय अंश रह ही जाता है। M. Soemmering गो-पटका (0x's bladder)-में मद्य भर कर ऊपरसे मछलीकी पटपटी (Isinglass) ढक दे। पीछे १०५° से १२०° तापमें सुखानेसे अथवा बड़े मुंहवाले बोतलमें सुरा भर कर उसका मुंह चमड़ेकी धज्जीसे बांध कर धूपमें सुखानेसे जलीय भाग उड़ जाता है। यही सुरासार मादकताका बीज है। इङ्गलैण्डसे जो परिष्कृत सुरासार (Rectified Spirits of wine) भेषजके लिये लाया जाता है उसका आपेक्षिक गुरुत्व (Specific gravity) ०-८३५ है। सरासार देखो।

सभी प्रकारके मद्यमें दाखसे बनाया हुआ मद्य ही (Vinum gallicii) प्रधान है। यह बलकारक, उत्तेजक और विरेचक है। इस कारण बहुत पहलेसे इसका व्यवहार चला आ रहा है।

इसी दाखके मद्यको प्राचीन ग्रन्थोंमें प्रकृत मद्य

(Wine) बतलाया है। क्या हिन्दूप्रधान भारतमें, क्या ईसाईप्रधान सुदूर यूरोपखण्डमें बहुत पूर्वतनयुगसे मद्यपानका प्रचार चला आ रहा है। प्राचीन हिन्दूशास्त्र और नाटकादिसे इसका प्रमाण पहले ही लिखा जा चुका है। ईसाधर्मग्रन्थ बाइबिलमें भी इसका यथेष्ट निदर्शन है। नोआकी मद्योन्मत्तता (Genesis IX 21), महात्मा पालकी पानानुज्ञा (Timothy *V*, 23 ; *J*udges IX 13) आदि पढ़नेसे इसका बहुत कुछ हाल मालूम होता है। स्वयं कवि होमर और मार्सेल मद्य की प्रफुल्लकारिता और बलोत्तेजकताका विषय उल्लेख कर गये हैं।

यूरोपमें जो सब उत्कृष्ट मद्य बनता है उसका अधिकांश सुपक्व दाखफलके निर्यासस्रे तैयार किया जाता है। पहले सुपक्व दाखोंको चहबच्चेमें रख कर मवेशी अथवा मनुष्यसे रौंदे जाने पर जो रस निकलता है उसे टटका सराब (Must) कहते हैं। पीछे काठके बने हुए एक बड़े हौदेमें उस टटके सिरप और दाखकी सीठी (Mare)-को डाल कर सड़ने दिया जाता है। थोड़ी ही देर बाद उसमेंसे झाग उठने लगेगा। उस समय रस भी कुछ गरम हो जाता तथा उससे अङ्गाराम्ल-वाष्प निकलने लगता है। अभी सीठी रसके ऊपर उठ आती है। झागके ऊपर उठने पर नीचेका मद्य नली द्वारा दूसरे बरतनमें खींच कर लाया जाता है तथा दाखकी सीठियां निचोड़ ली जाती हैं। यदि झाग उठनेके पहले मद्यको बोतलमें भर कर रखा जाय तो उस मद्यसे ग्लासमें ढालनेके समय अङ्गाराम्लके अलक्षित तौर पर निकलनेके कारण फेन बहुत निकलता है। स्याम्पेन (Champagne) आदि उत्कृष्ट मद्य इसी प्रकार पूर्वाह्नमें चुआया जाता है। सुरामण्डके रसको निकाल कर झाग उठनेके पहले यदि सीठियां उठा ली जांय, तो मद्य सफेद वर्णका हो जाता है। मद्यका रंग परिवर्त्तन करनेमें पहले लाकडाई (Lac-dye) और पीछे लाख (Sellac) का व्यवहार देखा जाता है।

वैज्ञानिक हम्बोल्ट (*M*r. *H*umbolt)-के मतसे वाणिज्य योग्य उत्कृष्ट मद्य बनानेमें ४७°से ६२° तक वायविक ताप पर्याप्त है। स्थानविशेषके शीतकालका ताप ३८° कम अथवा दारुण ग्रीष्मका उत्ताप ८८° डिग्रीसे अधिक न हो। कारण, ताप अधिक लगनेसे झाग उठने न उठने रस खट्टा हो जाता है। यही कारण है, कि भारतवर्षके समतलक्षेत्रमें कभी भी उत्कृष्ट मद्य प्रस्तुत नहीं होता। ग्रीष्मके बाद वर्षाऋतुका आगमन भी इसका एक दूसरा कारण है। अङ्गूर पकनेके बाद ही यदि पानी पड़ जाय, तो धूपमें सुखा कर किसमिस नहीं बनाया जा सकता। डा० रायिलका कहना है, कि दाक्षिणात्यकी कुनावर अधित्यकामें ९से १० हजार फुटकी ऊंचाई पर सुस्वादु अंगुर उत्पन्न होता है। उस स्थानका जलवायु मद्य बनाने लायक है। काश्मीर, कन्धार, काबुल और बोखारा 'आदि युक्तप्रदेशके जलवायुकी साम्यताके कारण दाखसे मद्य बनानेमें उतना कष्ट नहीं होता। पारस्यराज्यके खोल्लर जिलेमें प्रस्तुत सिराज नामक मद्य एशिया महादेशमें सर्वोत्कृष्ट समझा जाता है। यह साधारणतः लाल और सफेद होता है। लाल सिराजमें सैकड़े पीछे १५॥ भाग और सफेदमें २० भाग सुरासार मिश्रित है।

मूसा प्रवर्त्तित ईसाई-शास्त्रमें धर्मयाजकोंकी दीक्षाके समय, हैमन्तिक उत्सवमें और अन्यान्य महापर्वमें देवताके उद्देशसे मद्यदान वा पानकी व्यवस्था देखी जाती है। प्राचीन ग्रीक लोगोंके भव्य पूजापर्वमें भी द्राक्षामद्य छोड़ अन्य प्रकारके मादक द्रव्यका प्रचार था। वे लोग प्रत्येक देवताकी पूजामें अपरापर भोज्य और पुष्पादि उपहारोंके साथ देवताको मद्य चढ़ाते थे। उनकी धारणा थी, कि इससे देवता प्रसन्न होते हैं। देवपूजामें वे बलिके बकरेके सींगोंको मद्यसे धो देते थे। एतद्भिन्न देवताके उपभोगार्थ वेदीके ऊपर रखे हुए पिष्टकों पर मद्य ढालने की प्रथा थी। यहां तक कि प्रतिदिन वे जिस मद्यका व्यवहार करते थे उसे भी विना देवताओंको चढ़ाये नहीं पीते थे। ईसाई और यहूदियोंमें मद्यपान निषिद्ध नहीं है।

मादक-द्रव्यमात्रको ही मुसलमानधर्मशास्त्र कुरानमें निषिद्ध बतलाया है। इसी कारण कुरानमें मद्य 'खामार' नामसे प्रसिद्ध है। किन्तु वर्त्तमान इस्लामधर्मावलम्बी कुरानका वचन उल्लङ्घन कर रात दिन शराबमें मस्त रहते

हैं। काष्टिल-राजदूत Ruy Gonzolez de Clavijo १४०३ ई०में तुर्कराज तैमूरवेगकी सभामें पहुंचे। यहां हौंजादा पर्वमें नरनारी सभी मद्यपानसे उन्मत्त हो जाते थे। क्लाभिजो स्वयं इस उत्सवमें निमन्त्रित हुए। तैमूरकी पत्नी कानोबेगमने उनसे मद्यपान करनेका अनुरोध किया।

पारस्यके सियासम्प्रदायके लोग यद्यपि मद्यपानसे घृणा करते हैं, तो भी उनमेंसे वहुतेरे मद्यको प्रियवस्तु मान कर उसका सेवन करते हैं। कुछ अफीमसे तैयार किये हुए अरक पीते हैं। कहनेका तात्पर्य यह है, कि सभी पारस्यवासिगण मादकप्रिय हैं। वे लोग द्रव्य की उपकारिताके विषयमें विशेष लक्ष्य नहीं रखते। सर्वदा नशेमें चूर रहना ही मानों उनका प्रधान उद्देश्य है। इस कारण पारस्यमें एक प्रवाद-वाक्य प्रचलित है कि—'जो सुखसे जीवन व्यतीत करना चाहते वे सिराज-मद्य और वेगडेकादेकास्तकी रोटी तथा येस्तवासिनी गुलाव-कामिनीका पाणिग्रहण करें।'

सिराजका मद्य और द्राक्षाकानन इतिहासमें प्रसिद्ध है। शीतप्रधान जाग्रोस पर्वतके नीचे होनेके कारण इस द्राक्षाक्षेत्रमें प्रचुर सुमिष्ट फल उत्पन्न होते हैं। जलवायुके गुणसे ही यहां उत्कृष्ट मद्य तैयार होता है। किसी जर्मन मद्य-परीक्षकने सिराजमद्यके गुणकी परीक्षा कर उसे वार्गण्डी-मद्यके जैसा वतलाया है। सिराज-मद्यके वाद तेहरान, येजद, कशविन्, ताव्रीज इसपाहन-मद्यका आदर है। वर्त्तमान पारस्यवासिगण पारसी, यहूदी और जर्मनी मद्य व्यवसायियोंसे तेज-स्कर-मद्य खरीदते हैं। उक्त वणिक्-सम्प्रदाय अपना अपना वाणिज्योपयोगी मद्य वनानेके लिये दाखकी खेती तो करते हैं, पर लाभकी आशासे हो अथवा मादकता वृद्धिके लिये हो, वे उस मद्यमें देशी मद्य (Arrack) जाफरान अथवा सिद्धि, गांजा वा तमाकूका अरक मिला देते हैं। सियापोष नामक एक प्रकारका लाल मद्य है जो चमड़ेकी थैलीमें भर कर दूर दूर देशोंमें भेजा जाता है।

कावुलके प्रायः प्रत्येक अमीरके घरमें मद्य वनानेकी कल है। कावुली लोग पहले अंगूरोंको एक मट्टीके बड़े गमले अथवा चहवच्चेमें रौंद कर रस निकालते हैं। पीछे वह रस नलीके द्वारा किसी दूसरे वरतनमें लाया जाता है। अव उस रसपूर्ण वरतनके मुंहको वांध कर ४० दिन तक उसी अवस्थामें रहने देते हैं। जव रस अच्छी तरह पच जाता है तव उसे सुराहीकी तरह एक छेददार वरतनमें ढाल कर उसके मुंहको मैदेसे अच्छी तरह वन्द कर देते हैं। इससे वह रस पक जाता है। एतद्भिन्न अफगान-राज्यके विभिन्न स्थानमें तथा उत्तर पश्चिम भारतके विभिन्न प्रदेशमें किसमिस और अंगूरसे मद्य वनाया जाता है। यह मद्य दुर्वल शरीरके लिये विशेष उपकारी है।

चीनवासिगण धान, जुनार, जौ आदि अनाजोंसे मद्य बनाना जानते हैं। वह मद्य मादकगुणविशिष्ट होने पर भी उतना परिष्कार नहीं होता। केवल वक यन्त्र द्वारा चुआया जाता है। जाड़ेके समय वे बहुत कम मद्य पीते हैं। उनका विश्वास है, कि आग्नेय-गिरिप्रधान तरफान-राज्यसे दाखका मद्य चीनमें लाया जाता है। यह मद्य पीनेसे शरीरमें दाह और उष्णता होती है, इस कारण चीनवासिगण अधिक मात्रामें उसका सेवन करते। मुगल-राजवंशके अधिकार-कालमें उन्होंने अन्यान्य द्रव्योंको चुआ कर मद्य बनानेका तरीका सीखा था। पहले चीनवासी श्यामदेशोत्पन्न चन्दनी मत्स्यका बहुत आदर करते थे। अभी उन्होंने लाल, सफेद, हरिद्रा आदि वर्णोंके नाना प्रकारके मद्योंका आविष्कार किया है। उस मद्यको वे उत्तप्त कर पीते हैं। उनको मादकताशक्ति क्षणस्थायी है।

अभी भारतवर्षमें जो सब उत्कृष्ट मद्य बिकता है, वह यूरोपसे लाया जाता है। इनमें शेरी, शैम्पिन, ह्विस्की, क्लारेट और वर्गण्डी मद्य प्रधान है। बहुतेरे इटली, हङ्गेरा और ग्रीक मद्यको वहुत पसन्द करते हैं। रेनिश मद्यका व्यवहार सिर्फ धनी घरमें होता है।

मद्यकीट (सं० पु०) मद्यजातः कीटः। सुराजात कीट-भेद।

मद्यद्रुम (सं० पु०) मद्योत्पादको द्रुमः। माड़ नामक वृक्ष।

मद्यप (सं० त्रि०) मद्यं पिवति पा-क। १ मद्यपायी, मद पीनेवाला। (पु०) २ दानवभेद। (हरिवंश २४० अ०)

मद्यपङ्क (सं० पु०) मद्यानां पङ्क इव। सुराकल्क, खमीर जो मद्य खींचनेके लिये उठाया जाय।

मद्यपान (सं० क्ली०) मद्यस्य पानं। मद्य पीनेकी क्रिया, शराब पीना।

मद्यपाशन (सं० क्ली०) मद्यपैरश्यते भुज्यते इति अश्-कर्मणि ल्युट्। पानरुचक भक्ष्य, मद्यके साथ खाई जानेवाली चटपटी चीज। इसे गजक भी कहते हैं।

मद्यपीत (सं० त्रि०) पीतं मद्यं येन, आहितादित्वात् परनिपातः। सुरापानकर्त्ता, शराब पीनेवाला।

मद्यपुष्पा (सं० स्त्री०) मद्यानि मदसाधनानि पुष्पाण्यस्याः। धातकी, धौ।

मद्यवीज (सं० क्ली०) मदस्य वीजं। नानाद्रव्यकृत सुरावीज, शराबके लिये उठाया हुआ खमीर। पर्याय—किण्व, नग्नहू, नग्नहु। (हेम)

मद्यभाजन (सं० क्ली०) मदस्य भाजनं। मद्यभाण्ड, वह बरतन जिसमें शराब रखी जाती है।

मद्यमण्ड (सं० पु०) मदस्य मण्डः। मद्यफेन, वह फेन जो मद्यका खमीर उठने पर ऊपर आता है। पर्याय—कारोत्तम, कारोत्तर, सुरामण्ड। (अमर)

मद्यवासिनी (सं० स्त्री०) मद्यानामिव वासो गन्धोऽस्या अस्तीति इनि ङीप्। धातकीवृक्ष, धौंका पेड़।

मद्यसन्धान (सं० क्ली०) मद्यस्य सन्धानं उत्पादनार्थं आयोजनं। सुरासज्जीकरण, मद्य निकलनेका व्यापार।

मद्यामोद (सं० पु०) मद्यस्येवामोदो गन्धो यस्य। १ बकुलवृक्ष, मौलसिरी। २ मद्यकी गंध।

मद्र (सं० पु०) मन्दते इति मदि मोदादौ (स्फायितञ्चीति। उण् २१३) इति रक्। १ देशभेद, मद्रदेश। विराट और पाण्ड्य इन दो देशोंके बीच पूर्व और दक्षिण क्रमसे यह देश अवस्थित है। मद्रदेश देखो। २ हर्ष, आनन्द। (क्ली०) ३ मङ्गल, शुभ।

मद्र—१ प्राचीन जनपदभेद। यह वर्त्तमान रावी और झेलमनदीके बीच अवस्थित था। आर्यावर्त्त देखो।

२ उत्तर-मद्र नामक जनपद। ऐतरेय-ब्राह्मण आदि सुप्राचीन ग्रन्थमें इसका उल्लेख है। प्राचीन मिडिया (Media) राज्य उत्तर मद्र वा कुरु कहलाता है। मिडिया देखो।

मद्रक (सं० त्रि०) मद्रेषु जात इति मद्र (मद्रवृज्योः कन्। पा ४।२।१३१) इति कन्। १ मद्रदेशभव, मद्रदेशका। २ देशभेद, एक देशका नाम। ३ एक प्राचीन कवि।

मद्रकार (सं० त्रि०) मद्रं भद्रं करोतीति (क्षेमप्रियमद्रेऽण्च। पा ३।२।४४) इति पक्षे अण्। क्षेमङ्कर, मङ्गलकारक।

मद्रङ्कर (सं० त्रि०) मद्रं करोतीति कृ-खच्, मुमागमः। क्षेमङ्कर, मंगलकारक।

मद्रदेश—भारतवर्षीय प्राचीन जनपदोंमेंसे एक प्रसिद्ध जनपद। प्राचीन मद्रदेशके अवस्थानके विषयमें चार प्रकारका मत प्रचलित देखा जाता है। महाभारतमें सञ्जयकी उक्तिमें मद्रदेश उत्तरीय जनपदोंमें गिना गया है। ब्रह्माण्डपुराणमें मद्रक नामधेय और गरुड़पुराणमें मद्र नामक भारतके उत्तर प्रान्तमें स्थित प्रदेशका उल्लेख है। इन दोनों पुराणोंमें तथा मत्स्यपुराणके इस वचनके—“गान्धारा यवनाश्चैव सिन्धुसौवीरमद्रकाः” अनुसार मद्रदेश गान्धार आदि देशोंके पार्श्वमें स्थित समझा जाता है। इस मतके अनुसार पाश्चात्य पण्डितोंने इरावती और वितस्ता नदियोंके मध्यमें मद्रदेशकी स्थितिका अनुमान किया जाता है। प्रायः यही मत सर्वसाधारणका भी है। दूसरा मत यह है, कि विराट और पाण्ड्यराज्यके मध्य यह पूर्व दक्षिण तक फैला हुआ जनपद मद्रदेश कहलाता है। शक्तिसङ्गमतन्त्रमें मद्रदेशकी स्थितिमें इसी प्रकारका सिद्धान्त पाया जाता है। यथा—

‘‘वैराटपाण्ड्ययोर्मध्ये पूर्वदक्ष क्रमेण तु।
मद्रदेशः समाख्यातो माद्री ह्या तत्र तिष्ठति ॥”

तीसरे मतके अनुसार प्राचीन मिडिया-राज्य ही प्राचीनतर मद्रदेश है। चौथा मत यह है कि वर्त्तमान मान्द्राजप्रदेश ही मद्र शब्दके अपभ्रंशसे बना है। चाहे जो कुछ हो, पर इतना जरूर है, कि प्राचीन भारतमें मद्रदेश नामसे प्रसिद्ध कोई प्रान्त या राज्य था, परन्तु प्रमाणोंके द्वारा यह जाना जाता है, कि उत्तर-मद्र हिमालयकी तराईमें था और दक्षिण-मद्र दाक्षिणात्यमें है।

मद्रनगर (सं० क्ली०) मद्रस्य नगरं। मद्रदेश, उत्तरदेश।

मद्रनाभ (सं० पु०) निषादके औरससे उत्पन्न एक जाति।

मद्रप (सं० पु०) मद्रं मद्रदेशं पाति रक्षति पा क । मद्रपति, मद्रदेशके राजा ।

मद्रसुता (सं० स्त्री०) मद्रस्य सुता । मद्रराजकी कन्या माद्री, पाण्डुको द्वितीय स्त्री तथा नकुल-सहदेवकी माता ।

मद्रकस्थली (सं० स्त्री०) पाणिनिके अनुसार एक देशका नाम ।

मद्वन् (सं० पु०) माद्यतीति मद् (स्ना-मदि-पद्यर्त्ति-पृश-किभ्यो वनिप् । उण् ४।११२) इति वनिप् । १ शिव, महादेव । (त्रि०) २ मदनशील ।

मद्वर्गीण (सं० त्रि०) मद्वर्गस्यायमिति (अ-शब्दे यत्-खावन्यतरस्यां । पा ४।३।६४) इति क्रमेण खच्छयत्-प्रत्ययाः । मद्वर्गसम्बन्धी । पर्याय—मद्वर्गीय, मद्वर्ग्य ।

मद्विध (सं० त्रि०) मम इव विधा यस्य । मत्सदृश, मेरे जैसा ।

मधन (सं० स्त्री०) एक रागिनी । यह भैरवरागकी पुत्रवधू मानी जाती है ।

मधव्य (सं० त्रि०) १ सोमपानयोग्य । (क्लो०) २ सोमयुक्त, मिष्ट । (पु०) ३ मधुमास, चैत्रमास ।

मधु (सं० क्ली०) मन्यन्ते विशेषेण जानन्ति जना यस्मिन् मन् (फलिपाटिनमिमनिजनां गुक्पटि-नाकिधतश्च । उण् १।१८) इति उ, धश्चान्तादेशः । १ मद्य, शराब । २ क्षीर, दूध । ३ जल, पानी । ४ रसभेद, मधुररस । ५ पुष्परस, मकरंद । ६ मधुद्रुम, महुएका पेड़ । ७ वसन्त ऋतु । ८ दैत्यभेद । इसे विष्णुने मारा था और इससे उनका मधुसूदन नाम पड़ा । ९ चैत्रमास । १० अशोक-वृक्ष । ११ यष्टिमधु, मुलेठो । १२ मिसरी । १३ नवनीत, मक्खन । १४ घृत, घी । १५ शिव, महादेव । १६ अमृत, सुधा । १७ एक राग जो भैरवरागका पुत्र माना जाता है । १८ एक छन्द । इसके प्रत्येक चरणमें दो लघु अक्षर होते हैं । १९ शहद । इसे तामिलमें मध, तैलङ्गमें तेले कहते हैं । संस्कृत पर्याय—क्षौद्र, माक्षिक, कुसुमास्व, पुष्पासव, पवित्र, पित्र, पुष्परसाह्वर, माध्वीक, सारघ, मक्षिकावान्त, करटीवान्त, भृगु, वान्त, पुष्परसोद्भव ।

इसका गुण—शीतवीर्य, लघु, ईषत्, कषायसंयुक्त, मधुररस, रुक्ष, धारक, कृशताकारक, चक्षुका हितकारक, अग्निदीप्तिकारक, स्वरवर्द्धक, व्रणका शोधन और रोपणकारक, शरीरका कोमलतासंपादक, सूक्ष्ममार्गानुसारी, आह्लादजनक, अत्यन्त प्रसन्नताकारी वर्णप्रसादक, मेधा और शुक्रकारी, विशदगुणयुक्त, रुचिकारक, योगवाही, किञ्चित वायुवर्द्धक तथा कुष्ठ, अर्श, कास, रक्तपित्त, कफ, प्रमेह, क्लान्ति, मेद, पिपासा, वमि, श्वास, हिक्का, अतीसार, मलरुद्धता, दाह, क्षत और क्षयरोगनाशक ।

मक्षिकाके जातिभेदसे मधु ८ प्रकारका है । यथा—माक्षिक, भ्रामर, क्षौद्र, पौत्तिक, छात्र, आर्घ्य औद्दालक और दाल । पिङ्गलवर्ण बड़ी मधुमक्षिकाको माक्षिक कहते हैं । इस मक्षिकासे जो मधु बनता है उसका नाम माक्षिक-मधु है । इस मधुका वर्ण तेल सा होता है । यह मक्षिका मधु सब मधुसे श्रेष्ठ, लघु तथा नेत्ररोग, कमला, अर्श, क्षत, श्वास, कास और क्षयविनाशक है ।

भ्रामर-मधु—कुछ सूक्ष्म प्रसिद्ध छः पैरवाले भौंरेसे स्फटिकके समान जो मधु निकलता है उसका नाम भ्रामर मधु रक्त है । यह पित्तनाशक, मूत्ररोधक, गुरु, मधुर, विपाक, अभिष्यन्दी, अत्यन्त पिच्छिल और शीतवीर्य है ।

क्षौद्र-मधु—कपिलवर्ण सूक्ष्म मक्षिकाका नाम क्षुद्रा है और उससे जो मधु नता है उसे क्षौद्र कहते हैं । इस मधुका वर्ण कपिल है । इसमें पूर्वोक्त माक्षिक-मधुके सभी गुण पाये जाते हैं तथा यह प्रमेहनाशक है ।

पौत्तिक-मधु—कृष्णवर्ण मशकके समान छोटी और कष्टदायक एक प्रकारकी मधुमक्षिका है जिसका नाम पूत्तिका है । यह मक्षिका बड़े वृक्षके खोढ़रमें जो मधु सञ्चय करती है उसे पौत्तिक-मधु कहते हैं । इसका वर्ण घृतके समान है । इसमें रुक्ष, उष्णवीर्य, पित्तवर्द्धक, दाहजनक, रक्तदूषक, वातवर्द्धक प्रमेह और मूत्रकृच्छ्र-नाशक तथा ग्रन्थि आदि क्षतशोधक है ।

छात्र-मधु—कपिल और पीतवर्णकी एक प्रकारकी मक्खी है । ये प्रायः हिमालयप्रदेशके वनमें छत्ता बनाती है । उस छातसे उत्पन्न मधुको छात्र-मधु कहते हैं । यह कपिल और पीतवर्णका होता है । पिच्छिल, शीतवीर्य, गुरु, मधुर, विपाक, तृप्तिकारक, कृमि, श्वित्र, रक्तपित्त, प्रमेह, भ्रम, पिपासा, मोह और विषदोषनाशक गुण है ।

आर्घ्य-मधु—जगत्कारु मुनिके आश्रमजात मधुक-वृक्षके निर्यासको आर्घ्य-मधु कहते हैं। मालवदेशमें वह श्वेतक नामसे पुकारा जाता है। कोई कोई यह भी कहते हैं, कि तेज डंक और छः पैरवाली पीली एक प्रकारकी मक्खी है उसीको आर्घ्य कहते हैं और उसका बनाया मधु ही आर्घ्य कहलाता है। यह मधु अत्यन्त हितकर, कफ और पित्तविनाशक तथा बल और पुष्टि-वर्द्धक है।

औद्दालक-मधु—कपिलवर्ण एक प्रकारकी छोटी मक्खी है जो प्रायः वल्मीकमें ही रहती है। इस मक्खीसे कपिलवर्ण अथच अल्प परिमाणमें जो मधु प्रस्तुत होता उसे औद्दालक-मधु कहते हैं। इसमें रुचिकारक, स्वर-वर्द्धक, कुष्ठ और विषदोषनाशक, कषाय, अम्लरस, उष्णवीर्य, कटु, विपाक और पित्तवर्द्धक गुण है।

दाल-मधु—फूलसे जो मधु झर कर पत्तों पर गिरता है उसे दाल-मधु कहते हैं। यह मधु अम्ल कषायरस-विशिष्ट है, किन्तु कषायरस थोड़ा और मधुररस ज्यादा है। अलावा इसके लघुपाक, अग्निदीप्तिकारक, कफघ्न, रुक्ष, रुचिकर, वमि और प्रमेहनाशक, स्निग्ध तथा शरीर-का उपचयकारक गुण भी इसमें है।

नूतन और पुरातन मधुका गुण—नूतन मधु पुष्टि-कारक, सारक और उतना कफनाशक नहीं है। पुरातन मधु धारक, रुक्ष, मेदोनाशक तथा अत्यन्त कृशताकारक है। मधु, चीनी और गुड़ यह सब एक वर्ष बीतने पर पुराना होता है।

विषैली मक्खियां विषैले पुष्पसे आहरण कर मधु बनाती हैं। इस कारण शीतल मधु ही व्यवहार्य और गुणकारी है। विषाक्त प्रयुक्त उष्ण मधु अथवा उष्ण द्रव्यके साथ मधुका सेवन करना चाहिये। उष्णार्त्त व्यक्तिके लिये भी उष्णकालमें मधु सेवन निषिद्ध है। कारण, वह विषकी तरह नुकसान करता है।

(भावप्र० मधुवर्ग)

सुश्रुतमें इसके गुणादिका विषय इस प्रकार लिखा है। मधु—मधुर, पीछे कषाय, रुक्ष, शीतल, अग्नि, वर्ण, बल, लेखन और कान्तिकर, लघु, मुखप्रिय ; सन्धान, रोपण, शोधन और संसर्गशक्तिका वृद्धिकारक, संग्राही, दृष्टिका हितकर, सूक्ष्मपथगामी ; पित्त, श्लेष्मा, मेह, मेद, हिक्का, श्वास, अतीसार, छर्दि, तृष्णा, कृमि और विष-नाशक, प्रफुल्लताजनक तथा त्रिदोषशान्तिकर। सुश्रुतके मतमें भी उक्त आठ प्रकारके मधु हैं।

नूतन मधु पुष्टिकर और सारक तथा पुरातन मधु मेद स्थूलताहारी, संग्राही और लेखनकर है। पक्क मधु त्रिदोषको शान्त करता और अपक्क मधु त्रिदोषको बढ़ाता है। विविध प्रकारके द्रव्योंके साथ मिला हुआ मधु सब प्रकारके रोगको आरोग्य करता है।

मधुमें मक्खीका विष रहता है, इस कारण उसे गरम करके रोगीको नहीं खिलाना चाहिये; खिलानेसे उपकार-के बदले अपकार होता है। गरम किया हुआ मधु विषके समान है। वृष्टि जलके साथ जो मधु मिला कर सेवन किया जाता है वह भी भारी अनिष्ट करता है। उष्णद्रव्य-संयुक्त मधु वमनकार्यमें बहुत फायदामंद है। यह परि-पाक नहीं होता और न उदरमें ही रहने पाता है, इसी कारण चिकित्सक वमन-कार्यमें इसका व्यवहार करते हैं। अपक्वमधु बहुत कष्टदायक होता है।

(सुश्रुतसूत्रस्था० ४५ अ०)

मधुमक्षिका आदि पतङ्गजाति सन्तानोत्पादनके लिये जो घोंसला बनाती है, उसीको मधुचक्र वा छत्ता कहते हैं। यह प्रायः चक्राकार होता है और मक्खियां फूलों-से मधु ला कर उसमें रखती हैं इसी कारण उसका नाम मधुचक्र पड़ा है। फूलोंसे मधु ला कर जब वे अपने छत्तेमें रखती हैं उस समय वह मधु तरल रहता है। पीछे गाढ़ा हो कर मधुके आकारमें रूपान्तरित होता है। निम्नश्रेणीके मनुष्य भिन्न भिन्न उपायसे मधु सञ्चय करते हैं। शुक्ल अथवा कृष्णपक्षमें मक्खियां अपना छत्ता छोड़ कर अन्यत्र चली जाती है। उसी समय मधु आहरणकारी उनके छत्तेको उठा लाते और उसे निचोड़ कर मधु निकाल लेते है। इस प्रकार निचोड़ कर जो सीठी बच जाती है उसे मोम कहते हैं।

मधुमें पुष्परसके तारतम्यानुसार गुणागुण रहता है। कमलावनमें उत्पन्न छत्तेका मधु कमलामधु कह-लाता है। इसमें ठीक कमला-नीबू-सी गन्ध रहती है। औषधके साथ इसका सेवन करनेसे विशेष उपकार

होता है। पद्मवनसे लाये गये छत्तेका मधु सबसे अधिक गुणकारी है। चक्षुरोगमें यह बहुत लाभ पहुंचाता है। साधारण पुष्पसे जो मधु लाया जाता है उसका भी नाम मधु है। औषधके अनुपान और भस्मरूपमें इसका व्यवहार किया जाता है। मधुमें एक और गुण यह है, कि वह द्रव्यमात्रको ही सतेज अवस्थामें रखता है। आम्रादि फलोंको मधु-भाण्डमें रखनेसे वह कभी भी नष्ट नहीं होता और स्वाद पहले-सा बना रहता है। एतद्भिन्न विषाक्त पुष्पसे उत्पन्न मधुको विषमधु कहते हैं। उसका सेवन करनेसे दिमागमें गर्मी पहुंचती है। मक्खियां ऐसे वृक्षके पुष्प-मधुको पान कर मतवाली हो जाती हैं। जेनो-फन-कृत 'दश सहस्रका पलायन' विवृतिमें रोमक सेनाओंके विषमधुपानका विषय लिखा है।

भिन्न भिन्न देशमें मधुका भिन्न भिन्न नाम है। अरब—असल-उल-नहल, इंजुवीन ; ब्रह्म—प्य-य, चीन—फुङ्ग-मिच, ओलन्दाज—Honig, Honing मिश्र—दिवस-असल; फरासी और स्पेन; Miel, हिब्रू—देवस, इटली—Mele; Miele; लैटिन—Mel, मलय—मदु, आयेर-मद्दु, मनिसन, लावा, पारस्य- सहाद, रूष—Med; संस्कृत—मधु, बङ्गला—मधु, मऊ ; सिंहल—सिपन्नी, ग्रीस—Hauing; तामिल और तेलगु—तयन् त्येना।

मधु-आहरणकारी छत्तेसे मधु निकालनेके समय एक नलाकार पदार्थके मुखमें तुलसीपत्रका रस लगा कर उसे छत्तेमें घुसेड़ देते हैं। पीछे उस नल हो कर मधु नीचे रखे हुए बरतनमें टपकता है। कभी कभी वे सर्वाङ्गमें तुलसीपत्रका रस लगा कर वृक्ष आदि पर जहां छत्ता रहता है चढ़ जाते हैं और छत्ते को नीचे उतार लाते हैं। तुलसीपत्रके रसको तीव्र गन्धसे मक्खी उनके नजदीक आ नहीं सकतीं। छत्तेके नीचे धूआं करनेसे भी मक्खियां अपने स्थानसे भाग जाती हैं। (स्त्री०) २० जीवन्तीका पेड़। (त्रि०) २१ मीठा। स्वादिष्ट।

मधु—एक प्रसिद्ध कवि। ये धर्माधिकरणका कार्य करते थे, इसलिये 'धर्माधिकरण-मधु' नामसे विख्यात थे।

मधुक (सं० क्ली०) मधिवेति मधु (संज्ञायां च। पा ५।३।९१) इति कन् यद्वा मधु मधुरं कायतीति कै-क। १ यष्टि-मधु, जेठी मधु। २ त्रपु, सीसा। ३ वन्दिभेद। ४ पक्षिविशेष। ५ मधूकवृक्ष, महुएका पेड़। ६ मधूक-पुष्प, महुएका फूल। ७ न्यग्रोधवृक्ष। ८ जीवक।

मधुकण्ठ (सं० पु०) मधुर्मधुरः कण्ठः कण्ठस्वरो यस्य। कोकिल, कोयल।

मधुकण्ठ—एक प्राचीन कवि।

मधुकन्द (सं० पु०) आलूकन्द।

मधुकर (सं० पु०) करोति सञ्चिनोतीति कृ-अच्, मधुनः करः। १ भ्रमर, भौंरा। २ कामी पुरुष। ३ भृङ्गराजवृक्ष, भंगरा।

मधुकरगढ़—दाक्षिणात्यके अन्तर्गत एक गिरिदुर्ग। शिला-लिपिसे जाना जाता है, कि राजा उदयादित्यके बाद मालवके परमारराज नववर्मनने यहां अपना शासन फैलाया था।

मधुकरसाह—ओड़छा ग्रामनिवासी एक भक्त वैष्णव। वे सर्वदा विष्णुनाम कीर्त्तन वैष्णवचरणकी सेवा कर दिन विताते थे। एक दिन बहुतसे विष्णुद्वेषी पाषण्डियोंने गधेके गलेमें माला और नाकमें चन्दन लगा कर उसे वैष्णवके घरमें घुसा दिया। कृष्णभक्तिपरायण मधुकरने उसे किसी भक्तका वेश समझ कर उस गधेके चरणोंकी पूजा की थी। (भक्तमाल) उनके आश्रयमें बहुतसे वैष्णव कवि काव्य रचते थे।

मधुकरसाह (सं० पु०) राजा प्रतापरुद्रके पुत्र।

मधुकरसाही—मधुकरसाह-सम्बन्धीय।

मधुकरिन् (सं० पु०) मक्षिकाविशेष, एक प्रकारकी मक्खी।

मधुकरिका (सं० स्त्री०) मालविकाग्निमित्र-वर्णित एक सखीका नाम।

मधुकरी (सं० स्त्री०) १ भ्रमरी, भौंरी। २ गकरिया, भौंरिया। ३ पके अन्नकी भिक्षा, वह भिक्षा जिसमें केवल पका हुआ दाल, चावल, रोटी तरकारी आदि ली जाती हो।

मधुकर्कटिका (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरा कर्कटिकेव। मीठा नीबू। पर्याय—कुशा, बीजपुर, मधुर, मधुकर्कटी।

इसका गुण—स्वादु, रोचन, शीतल, गुरु, रक्तपित्त, क्षय, श्वास, कास, हिक्का और भ्रमनाशक। (भावप्र०)

मधुकर्क्कटी (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरा कर्क्कटी। मधुवीजपुर, अनार। (राजनि०)

मधुकलोचन (सं० पु०) शिव, महादेव।

(भारत १३।१७।७८)

मधुकसार (सं० पु०) गुड़पुष्पवृक्षका सार।

मधुका (सं० स्त्री०) १ यष्टिमधु। २ एक प्रकारकी लता, गुड़ूची। ३ मधुरनिम्बवृक्ष। ४ कृष्णकंगुनी, काली अनाजी घास।

मधुकाण्ड (सं० क्ली०) वृहदारण्यक उपनिषद्का प्रथमकाण्ड।

मधुकादि (सं० पु०) विषमज्वरमें कषायभेद। इसकी प्रस्तुत प्रणाली—यष्टिमधु, रक्तचन्दन, मोथा, आंवला, धनिया, खसखसकी जड़, गुलञ्च और पटोलपत्र इन्हें एकत्र कर ३२ तोला जलमें सिद्ध करे। जब ८ तोला जल बच रहे, तब उसे उतार ले। पीछे उसमें पीपरका चूर्ण २ माशा और उतना ही मधु डाले। इस कषायका सेवन करनेसे विषमज्वर जाता रहता है।

(भैषज्यरत्नाकर ज्वराधि०)

मधुकादिघृत (सं० क्ली०) घृतौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—विशुद्ध गव्यघृत ४ शराव ; काढ़े के लिये यष्टिमधु ८ पल, द्राक्षा १६ पल ; पाकार्थ जल १६ शराव, शेष ४ शराव। नियमानुसार पाक करनेके बाद उसमें ८ पल पीपर डाल दे। इस घृतका सेवन करनेसे कासरोग आरोग्य होता है।

मधुकाद्यलौह (सं० क्ली०) औषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—यष्टिमधु और त्रिफला प्रत्येक १ तोला, जारित लौह ४ तोला, इन्हें मिला कर प्रतिदिन सोनेके समय घृतऔर मधुके साथ सेवन करे। इसकी मात्रा २ माशा है। इससे नेत्ररोग प्रशमित होता है।

(भैषज्यरत्नाकर नेत्ररोगाधि०)

मधुकाद्यवलेह (सं० पु०) अवलेह औषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—चीनी ५२ तोला और शतमूलीका रस २ सेर, इन्हें एकत्र कर पाक करे। पाक घना होने पर यष्टिमधु, रक्तचन्दन, लाख, रक्तोत्पलमूल, रसाञ्जन, कुशमूल, खसकी जड़, विजबन्दकी जड़, अड़ूसकी जड़, बेरकी आंठीका गूदा, मोथा, बेलसोंठ, मोचरस, दारुहरिद्रा, धाईफूल, अशोककी छाल, दाख, जवाकुसुमकी कली, मुलायम जामुनका पत्ता, पद्म, शतमूली, भूमिकुष्माण्ड, रौप्य, लौह और अभ्र प्रत्येक दो तोला इन सब द्रव्योंको एकत्र चूर कर धीमी आंचमें पकावे। ठंढा होने पर एक पल मधु ऊपरसे डाल दे। इसका सेवन करनेसे योनिशूल, कुक्षिशूल, वस्तिशूल, और रक्तातिसार आदि पीड़ाकी शान्ति होती है।

मधुकार (सं० पु०) मधुकर, मधुमक्खी।

मधुकाश्रय (सं० पु०) मधूच्छिष्ट, मोम।

मधुकाष्ठ (सं० पु०) मधुकवृक्ष, महुएका पेड़।

मधुकुक्कुटिका (सं० स्त्री०) मधुः मधुरा कुक्कुटीव मधुकुक्कुट स्त्रियां ङीष्, स्वार्थे कन्, स्त्रियां टाप्। जम्बीरी नीबू। पर्याय—मातुलुङ्ग, सुगन्धा, सिरिजा, पूतिपुष्पिका, अत्यम्ला, देवदूती। गुण—शीतल, स्वादु, गुरु, स्निग्ध और वातपित्तनाशक।

मधुकुक्कुटी (सं० स्त्री०) मधुकुक्कुटिका देखो।

मधुकुम्भा (सं० स्त्री०) स्कन्दानुचर मातृभेद। कार्त्तिकेयकी अनुचरी एक मातृकाका नाम।

मधुकुल्या (सं० स्त्री०) १ मधु-स्रोतस्विनी। २ कुशद्वीपस्थ एक नदीका नाम।

मधुकूट—एक प्राचीन कवि।

मधुकृत् (सं० पु०) मधुकरोति सञ्चिनोतीति कृ-क्विप् तुगागमश्च। भ्रमर, भौंरा।

मधुकेशट (सं० पु०) मधुनः पुष्परसस्य के शिरसि अग्रभागे शटति अच्छतीति शट् कर्त्तरि-अच्। भ्रमर, भौंरा।

मधुकेश्वर—वनवासीके अन्तर्गत शिवलिङ्गभेद।

मधुकैटभ (सं० पु०) मधुश्च कैटभश्च, इतरेतरद्वन्द्वः। मधु और कैटभ नामक दो असुर।

दैनन्दिने तु प्रलये प्रसुप्ते गरुड़ध्वजे।
तस्य श्रवणविड्जातावसुरौ मधुकैटभौ॥" इत्यादि

(कालिकापु० ६१ अ०)

इनकी उत्पत्तिका विवरण कालिकापुराणमें इस प्रकार आया है—दैनन्दिन प्रलयकालमें भगवान् जब सो

रहे थे, उस समय एक दिन उनके दोनों कानसे मधु और कैटभ नामक दो असुर निकले। इस समय कूर्मपृष्ठ पर स्थित पृथिवी प्रलयजलमें निमग्न थी। पृथिवीके ऐसे परिवर्त्तनसे सृष्टिकालकी प्रजागण जिससे आनन्दपूर्वक उसके ऊपर वास कर सकें, इसका उपाय भगवती योगनिद्रा ढूढ़ने लगी। इसी उद्देशसे वे भगवान् विष्णुके निकट गईं। विष्णु उस समय निद्रावस्थामें थे, इस कारण कोई उपाय न देख योगमायाने अपने बाएँ हाथकी कनिष्ठांगुलिके अग्रभागको उनके कानमें घुसेड़ दिया और नखके अग्रभागसे उनका कर्णमल चूर कर दिया। उस वामकर्णके मलसे एक असुर उत्पन्न हुआ। इसके बाद देवीने दाहिने हाथकी कनिष्ठांगुलीको उनके दाहिने कानमें रखा। इस बार भी पहलेके जैसा कानके मलसे दूसरा असुर उत्पन्न हुआ। प्रथम असुरने उत्पन्न होते ही मधुपानके लिये उनसे प्रार्थना की, इस कारण महादेवीने उसका नाम मधु रखा। दूसरा असुर महामायाके हाथमें कीड़ेके जैसा दिखाई देता था इस कारण उसका नाम कैटभ रखा गया। अब महामायाने उन दोनों असुरोंसे कहा, 'तुम लोग विष्णुके साथ युद्ध ठान दो। युद्धकालमें जब तुम अपने ही मुखसे मृत्यु चाहोगे, तभी वे तुम्हें मार सकेंगे, अन्यथा उनमें भी ऐसी शक्ति नहीं कि तुम्हें मार सकें।'

इस प्रकार महामायासे मोहित हो कर वे दोनों असुर विष्णुके शरीर पर भ्रमण करने लगे। भ्रमण करते करते उन्होंने नाभिपद्मस्थित ब्रह्माको देख कर कहा, 'आज हम लोग तुम्हें इसी जगह मार डालेंगे। अतएव यदि तुम जीना चाहते हो, तो विष्णुकी निद्रा भङ्ग करो।' अनन्तर ब्रह्मा बहुत डर गये और उन्होंने बहुविध स्तव द्वारा योगनिद्रा जगत्प्रसू महामायाको प्रसन्न किया। योगमायाने स्तवसे तुष्ट हो ब्रह्मासे कहा, 'महाभाग! किस लिये तुमने मेरा स्तव किया? कहो, तुम्हारा मनोरथ पूर्ण करती हूं।' ब्रह्मा बोले, 'विष्णु भगवान् जब तक सो कर न उठें, तब तक आप मधु और कैटभ दोनों असुरोंको सम्मोहित रखें, नहीं तो वे मुझे मार डालेंगे।' अनन्तर महामायाने विष्णुको उठाया और मधुकैटभको मोहित किया।

विष्णु भगवान् जब सो कर उठे, तब उन्होंने ब्रह्माको भीत तथा घोररूप दोनों असुरोंको देखा। अब वे युद्ध करने लगे, किन्तु बहुत देर तक युद्ध करने पर भी उन्हें परास्त न कर सके। शेषनागमें भी ऐसी शक्ति न रह गई कि वे उन तीनों वीरोंका बोझ सहन कर सकें। अनन्तर ब्रह्माने अर्द्ध योजन विस्तृत और अर्द्ध योजन आयत एक शिलारूप स्थितिशक्तिको धारण किया। अब विष्णुने उस शिला पर खड़े हो कर उनके साथ युद्ध करते करते जलमें प्रवेश किया। उस शक्तिके जलमें मग्न होने पर भगवान् विष्णु पांच हजार वर्ष तक जलके भीतर रह उन दोनों असुरोंसे बाहुयुद्ध करते रहे। इस बार भी जब वे उनका वध न कर सके तब ब्रह्मा बहुत डर गये।

अब उन बलदर्पित दोनों असुरोंने बार बार महामायासे विमोहित हो कर विष्णुसे कहा, 'हे माधव! तुम्हारे युद्ध नैपुण्यसे हम दोनों बड़े प्रसन्न हुए, अब जो इच्छा हो वर मांगो।' विष्णुने कहा, 'हे महाबल! यदि तुम मुझे वर देना चाहते हो तो यही वर दो कि तुम दोनोंको मृत्यु हमारे हाथसे हो।' असुरोंने भी उसे स्वीकार कर लिया और कहा, 'तुम्हारे ही हाथसे हम दोनोंका वध शोभा पाता है। लेकिन जहां जल न हो वहीं पर तुम हमारा वध करो।' उनकी बात सुन कर विष्णुने ब्रह्मासे कहा, 'अपनी शक्तिरूपिणी शिलाको अति शीघ्र इस प्रकार धारण करो कि मैं उस पर ठहर कर मधुकैटभका वध कर सकूं।' ब्रह्माने शिलाको उठा कर ईशानकोणमें कूर्मपर्वतके रूपमें धारण किया। वायुकोणमें अनन्त और नैर्ऋतकोणमें जगदीश्वरी जगद्धात्री स्वयं शैलरूप धारण कर अवस्थान करने लगीं। अग्निकोणमें स्वयं विष्णुने उस ब्रह्मशक्तिशिलाको धारण किया। बीचमें ब्रह्मा और एक वराह बैठे। इस प्रकार सज धज कर विष्णुने चक्र द्वारा मधु और कैटभके मस्तक जांघ पर रख कर काट डाला। वह ब्रह्मशक्ति शिला इस प्रकार चारों ओरसे धृत होने पर भी नीचे बैठ गई। अनन्तर विष्णुने उसे यत्नपूर्वक उठा कर उस मृत् मधु और कैटभके शरीरमें स्थापित कर दिया। पृथिवी भी जब ऊपर उठी, तब दोनों असुरोंके मेदसे वह दृढ़ हो

गई। तभीसे पृथ्वीका दूसरा नाम मेदिनी पड़ा।
(कालिकापु० ६१ अध्याय)

मार्कण्डेय-पुराणान्तर्गत चण्डीमें मधुकैटभका विषय इस प्रकार लिखा है;—कल्पान्तमें समस्त जगत्‌को एकार्णवी करके भगवान् विष्णु अनन्तके फणके ऊपर सो गये। उस समय मधु और कैटभ नामक दो विख्यात अत्यन्त भयङ्कर प्रकृतिके असुर उनके कर्णमलसे निकले और ब्रह्माका वध करनेके लिये उद्यत हो गये। प्रजापति ब्रह्माने विष्णुके नाभिकमलका आश्रय लिया था। विष्णुका निद्राभङ्ग तथा असुरोंको मोहित करनेके लिये ब्रह्मा योगमायाका स्तव करने लगे।

ब्रह्माके स्तवसे प्रसन्न हो कर योगमायाने विष्णुको प्रबोधित किया और दोनों असुरोंका संहार करनेके लिये वे विष्णुके नेत्र, मुख, नासिका, बाहु, हृदय और वक्षस्थलसे निकल कर ब्रह्माके सामने खड़ी हो गई। नागशय्यासे उठ कर विष्णुने उन दुरात्मा दोनों असुरोंको देखा। वे असुर अतिवीर्यशाली और पराक्रमी थे। लाल लाल आँखें कर जब वे ब्रह्माका वध करनेको उद्यत हुए, तब विष्णु उनके साथ बाहुयुद्ध करने लगे। इस प्रकार युद्ध करते करते पांच हजार वर्ष बीत गया। वे दोनों महामायासे विमोहित और अति बलोन्माद्‌से अभिभूत हुए थे, इस कारण उन्होंने विष्णुसे वर मांगने कहा। भगवान् बोले, 'यदि तुम मुझ पर प्रसन्न हो, तो यही वर दो कि मैं तुम दोनोंका बध कर सकूं।'

मधुकैटभने उसे स्वीकार कर लिया और कहा, 'हम दोनों भी तुम्हारे ही हाथसे मरण चाहते हैं, लेकिन जहां जल नहीं हो, वहीं हमें बध करना।' तदनुसार विष्णु भगवान्‌ने उनके मस्तकको अपनी जांघ पर रख कर चक्र द्वारा काट डाला। (मार्कण्डेयचण्डी मधुकैटभवध १म अध्याय)

मधुकोदक (सं० क्ली०) जेठीमधुमें उबाला हुआ जल।

मधुकोष (सं० पु०) मध्वर्थं कृतः कोषः मध्वाधारः कोषो वा। मधुमक्षिकाकृत कोष, शहदकी मक्खीका छत्ता। पर्याय—मधुक्रम।

मधुक्रम (सं० पु०) मधुनः क्रमः पुनःपुनर्मधुपानक्रमः। मधुकोष, शहदकी मक्खीका छत्ता। पर्याय—मधुवार।

मधुक्रोड़ा (सं० स्त्री०) घी वा तेलमें भूना हुआ एक प्रकारका मधुर पीठा। यह गुरु और पुष्टिकर होता है।
(चरक सूत्रस्था० २७ अ०)

मधुक्षीर (सं० पु०) मधुवत् क्षीरं निर्यासोऽस्य। खर्जूर-वृक्ष, खजूरका पेड़।

मधुखर्ज्जूरिका (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरा खर्ज्जूरी, ततः कन् टाप्। बहुत मीठी खजूर। पर्याय—मधुकर्कटिका, कोलकर्कटिका, कण्टकिनी, मधुकलिका, माध्वी, मधुरा, मधुरखर्जूरी, मधुखर्जूरी। इसका गुण मधुर, वृष्य, सन्ताप और पित्तशान्तिकर, शीतल तथा वीर्यवर्द्धक माना गया है। (राजनि०)

मधुखर्जूरी (सं० स्त्री०) मधुखर्ज्जूरिका देखो।

मधुगङ्गा—एक नदीका नाम।

मधुगढ़—१ युक्तप्रदेशके जलौन जिलान्तर्गत एक तहसील। यह यमुना और पाहुज नदीके संगम पर स्थित है। भूपरिमाण २६२ वर्गमील है। यहांके रामपुर, जगमोहनपुर और गोपालपुरके जमींदार अंगरेज-सरकारको राजकर नहीं देते। इन सब सामान्तराज्योंका शासन और विचारभार राजाओंके अधीन रहने पर भी जिलेके डिपुटी कमिश्नरके मतानुसार उन्हें राजकार्यको परिचालना करनी होती है।

२ उक्त जिलेके अन्तर्गत एक नगर और उभी नामका विचारसदर। इस नगरका दूसरा नाम रानीज़ भी है।

मधुगन्ध (सं० पु०) १ बकुलवृक्ष, मौलसिरी। २ अर्ज्जुन वृक्ष। ३ मधुर गन्ध, मीठी महक।

मधुगन्धप्रसूनक (सं० पु०) अर्ज्जुन वृक्ष।

मधुगान्धिक (सं० त्रि०) मधुगन्धयुक्त। जिसमें मधुर गन्ध हो।

मधुगायन (सं० पु०) मधु गायतीति गै (ल्युट् च। पा ३।१।१४१) इति ल्युट्। कोकिल, कोयल। (राजनि०)

मधुगिरि—१ महिसुरराज्यके तूमकूड़ जिलेका एक तालुक। भू-परिमाण ४७१ वर्गमील है। यह स्थान बहुत उपजाऊ है। यहांका छिन्नद-शलाको नामक धानका चावल महिसुरवासी बहुत पसन्द करते हैं। पिनाकिनी, जयमंगली और कुमुद्वती नदियां इसी तालुक हो कर बहती हैं। मदगिरि नगरमें तालुकका विचारसदर है।

२ उक्त तूमकूड़ जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० १३´ ३६´ उ० तथा देशा० ७७´ १६´ पू० मदगिरिदुर्गकी उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। नगर चारों ओर पर्वतसे घिरा हुआ है। दुर्ग द्वारा सुरक्षित होनेके कारण यह महिसुर-पति हैदर अली और टीपूसुलतानके अधिकारकालमें बड़ा समृद्धिशाली हो उठा था। १७७४ और १७६१ ई०में मराठी सेनाने चढ़ाई कर इसे तहस-नहस कर डाला तभीसे यह नगर श्रीहीन अवस्थामें पड़ा हुआ है। यहांके वेंकटरमणस्वामी और मल्लेश्वरका मन्दिर जनताके देखने लायक है। लोहा, इस्पात, सूती कपड़ा, कम्बल तथा तांबे, पीतल और चांदीका बरतन तैयार हो कर बिक्री होता है। अलावा इसके यहां चावलका विस्तृत कारोबार है।

मधुगिरिदुर्ग—महिसुर राज्यके तुमकूड़ जिलान्तर्गत एक पर्वत। यह अक्षा० १३´ ३६´ ३०´´ उ० तथा देशा० ७७´ १४´ ४०´´ पू० समुद्रपृष्ठसे ३६३५ फुट पर अवस्थित है। मदगिरि नगरकी रक्षाके लिये शैलके ऊपर एक प्राचीन दुर्ग है। पर्वत पर बहुत-से प्रस्रवण हैं। उस पर्वत-गात्रमें खोदित शस्यभण्डार जनसाधारणके देखनेकी चीज है। पलिगाके सरदार द्वारा निर्मित मृत्प्राचीर-के बदलेमें हैदरअलीने पत्थरका-प्राचीर दे कर इस दुर्गका बहुत कुछ संस्कार किया था।

मधुगुञ्जन (सं० पु०) मधुरं-गुञ्जनमस्य। शोभाञ्जनवृक्ष, सहिंजनका पेड़।

मधुग्रह (सं० पु०) वाजपेय यज्ञमें मधुसे होनेवाला होम।

मधुघातक (सं० पु०) एक प्रकारका पक्षी।

मधुघोष (सं० पु०) मधुर्मधुरो घोषो यस्य। कोकिल, कोयल।

मधुचक्र (सं० क्ली०) मौचाक, शहदकी मक्खीका छत्ता।

मधुच्छदा (सं० स्त्री०) मधुः मधुरश्छदः पर्णमस्याः, मयूरशिखा, मोरशिखा नामकी बूटी। गुण—लघु, पित्त-श्लेष्मा और अतिसारनाशक। (भावप्रकाश)

मधुच्छन्दस् (सं० पु०) ऋग्वेदके मन्त्रद्रष्टा ऋषिभेद। ये मुनिश्रेष्ठ विश्वामित्रके पुत्र थे। इनके समय आर्यावर्त्तके ऋषि-समाजमें ज्योतिषादि विज्ञानकी बहुत कुछ उन्नति हुई थी। ऋग्वेदके नाना स्थानोंमें इसका प्रमाण मिलता है।

मधुच्युत् (सं० त्रि०) १ मधुक्षरित, जो मीठा न हो। (पु०) २ विश्वामित्रके पुत्र।

मधुज (सं० क्ली०) मधुनो जातं जन-ड। सिक्थ, मोम।

मधुजम्बीर (सं० पु०) मधुर्मधुरः जम्बीरः। मधुर जम्बीर-वृक्ष, मीठा नीबूका पेड़।

मधुजम्भ (सं० पु०) मधुरजम्बीर, नारंगी नीबू।

मधुजा (सं० स्त्री०) मधोः मधुदैत्यमेदसो जाता प्रादुर्भूता इति जन-ड, टाप्। १ पृथ्वी। मधु और कैटभदैत्यके मेदसे पृथ्वीको उत्पत्ति हुई है। मधुकैटभ देखो। मधुनो जायते स्म इति। २ सिता, शक्कर। पर्याय—महाश्वेता।

मधुजित् (सं० पु०) मधुं मधुनामानं दैत्यं जितवान् इति जि-क्विप् तुगागमश्च। विष्णु। (देवीभा० १।५।६२)

मधुजिह्व (सं० त्रि०) मधुरभाषिजिह्वोपेत, माधुर्यरसास्वादक जिह्वायुक्त।

मधुजीरक (सं० पु०) जीरकभेद, सौंफ। इसे बंगलामें मीठा जीरा, तैलङ्गमें पेद्दजिलकर, तामिलमें सोम्बू और बम्बेमें आनिसून कहते हैं।

मधुजीवन (सं० पु०) विभीतकवृक्ष, बहेड़ेका पेड़। (वैद्यकनि०)

मधुताल (सं० पु०) श्रीतालवृक्ष, ताड़का पेड़।

मधुतृण (सं० पु० क्ली०) मधुरं तृणं। इक्षु, ऊख।

मधुतैलवस्ति (सं० पु०) निरुहवस्तिभेद। अंडीका काढा ८ पल, मधु और तेल मिला कर ८ पल, सोयं आध पल तथा सैन्धव नमक आध पल, इन सब द्रव्योंको एकत्र कर एक लकड़ीके टुकड़ेसे मिला कर जो वस्ति तैयार की जाती है, उसे मधुतैलवस्ति कहते हैं। इस वस्तिसे मेद, गुल्म, कृमि, प्लीहा, मल और उदावर्त्त दूर होता तथा शरीरोपचय, बल, वर्ण, शुक्र और अग्निको वृद्धि होती है। (भावप्र०)

मधुत्रय (सं० क्ली०) मधूनां मधुरद्रव्याणां त्रयम्। मधुर-द्रव्यत्रय, मधु, घृत और चीनी इन तीनोंका समूह।

मधुत्व (सं० क्ली०) मधुनो भावः त्व। मधुरत्व, मीठापन।

मधुदला (सं० स्त्री०) मुर्गा।

मधुदीप (सं॰ पु॰) मधौ वसन्ते दीप्यते इति दीप-क। कामदेव ।

मधुदूत (सं॰ पु॰) मधोर्वसंतस्य दूत इव। आम्रवृक्ष, आमका पेड़ ।

मधुदूती (सं॰ स्त्री॰) मधोर्वसंतस्य दूतीव। पाटला वृक्ष, पाडरका पेड़ । (भावप्र॰)

मधुदोघ (सं॰ पु॰) उदकदोहक, वृष्टि करनेवाला।

मधुदोह (सं॰ पु॰) मधुदोहन, मधु निकालनेकी क्रिया या भाव ।

मधुद्र (सं॰ पु॰) मधुने द्राति पुष्पात् पुष्पं गच्छतीति द्रा-क। भ्रमर, भौंरा।

मधुद्रव (सं॰ पु॰) मधुर्मधुरो द्रवो निर्यासोऽस्य। रक्तशिग्रु वृक्ष, लाल सहिंजनका पेड़।

मधुद्रुम (सं॰ पु॰) मध्वर्थं मद्यार्थं मधूत्पादको वा द्रुमः तत्पुष्पेभ्यो मद्यसम्भवादस्य तथात्वं। मधूक वृक्ष, महुएका पेड़। पर्याय—मधूक, गुड़पुष्प।

मधुद्विष् (सं॰ पु॰) मधुं द्वेष्टि द्विष् क्विप्। विष्णु। (भाग॰ ३।७।१९)

मधुधा (सं॰ त्रि॰) स्तुतिलक्षण-वाक्यधारक। सोमधारक।

मधुधातु (सं॰ पु॰) मधुना तत्पर्याय नाम्ना प्रसिद्धो धातुः। माक्षिक, सोना मक्खी।

मधुधार (सं॰ पु॰) उदकधारायुक्त मेघ, वह मेघ जो जलसे भरा हो।

मधुधारा (सं॰ स्त्री॰) मधुनो धारा ६तत्। मधुवर्षण, मधुकी वृष्टि।

मधुधारी (सं॰ पु॰) सोना मक्खी ।

मधुधूलि (सं॰ स्त्री॰) मधुर्मधुरा धूलिरिव। खण्ड शक्कर ।

मधुधेनु (सं॰ स्त्री॰) मधुरचिता धेनुः। दानके लिये मध्वादि-निर्मित सवत्सा धेनु। इस धेनुदानका विषय वराहपुराणमें विस्तारपूर्वक लिखा है। स्थानाभावसे यहां पर संक्षिप्त विवरण दिया जाता है—

गोबरसे पोती हुई पृथ्वी पर मृगचर्मके ऊपर १६ कलसी मधुसे धेनु तथा इसके चतुर्थांश अर्थात् ४ कलसी मधुसे वत्स (बछड़े) की कल्पना करनी चाहिये। इस धेनुकी सुवर्णसे मुख, अगुरुचन्दनसे सींग, तांबेसे पीठ, पट्टसे गले, गुड़से मुंह, शक्करसे जीभ, फूलसे दोनों होंठ, फलसे दांत, कुशसे रोम, चांदीसे खुर तथा उत्तम पत्रसे कानकी कल्पना करनी होगी। इस प्रकार गाय और बछड़ेको बना कर इसके चारों ओर तिलपात्र रख देने चाहिये। बाद उसके उस गायको दो कपड़ेसे ढ़क देवे। दुहनेका बरतन जो कांसेका हो उसे रख कर यथानियम इस गायकी पूजा करनी चाहिये। संक्रान्ति, चन्द्र-सूर्यग्रहण आदि शुभ दिनमें उस ब्राह्मणको जो आर्यावर्त्तमें उत्पन्न और वेदवेदाङ्गपारग हों, यह धेनुदान करना होता है। जो व्यक्ति इस धेनुको दान करते हैं, उनकी गति वहीं होती है जहां नदी मधुवाहिनी, कर्द्दम पायसमय तथा जहां सिद्ध मुनि ऋषि आदि रहते हैं। अनेक प्रकारके सुखभोग कर वे अन्तमें ब्रह्मलोकको जाते हैं।

मधुनदी—भोजकटराज्यके अन्तर्गत एक नदी।

मधुनाड़ी (सं॰ स्त्री॰) १ मधुचक्रका गर्त्त। २ ऋग्वेदका एक मन्त्र।

मधुनापन्त—एक मराठी ब्राह्मण। ये हैदराबाद-राज अबुहुसैनके प्रधान मन्त्री थे। १६७६ ई॰में इनके आमन्त्रणसे महाराष्ट्र-केशरी शिवाजी ७० हजार सेनाको ले कर हैदराबाद नगरमें घुसे। गोलकुण्डामें उनकी अभ्यर्थना हुई। वे आबुहुसेनकी ओरसे विजापुरराजके साथ लड़े थे। मधुनापन्तने सुलतानको हराया था। राष्ट्रविप्लवमें इनकी मृत्यु हुई। हैदराबाद देखो।

मधुर्नापित—बङ्गालप्रदेशवासी मयरा वा मोदकजातिकी एक शाखा। मिठाई बना कर बेचना इनका जातीय व्यवसाय है। इस जातिकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें एक कहानी जो इस प्रकार है,—

महाप्रभु चैतन्यदेवके दो भृत्योंने उनका मस्तक मुण्डन किया था, इस कारण वे दोनों उच्चश्रेणीभुक्त हुए। एक दिन क्षौरकर्म करनेके बाद जब उन्होंने महाप्रभुको ऐसे कर्मके लिये जातिच्युतका भय कह सुनाया तब महाप्रभुने उन्हें मिठाई बेचनेकी आज्ञा दी। तभीसे यह वंश मयरा श्रेणीभुक्त हुआ है। दूसरी कहानीसे जाना जाता है, कि मधु नामक एक नाईने निमाइके संन्यासग्रहण करनेके

समय उनका सिर मुड़ा था। अनन्तर उसने महाप्रभुके पास जा कर प्रार्थना की, कि उसने महाप्रभुका सिर मुड़ा है अब वह किस प्रकार जनसाधारणके नख बाल काटेगा? महाप्रभुकी कृपासे उस मधुनापितका वंशधर मोदकका काम कर मधुनापित नामसे प्रसिद्ध हुआ।

इनमें विश्वासमोदक, जातिमोदक, मधुमोदक और रैलाती नामकी चार श्रेणी हैं तथा आलम्यान, भरद्वाज, काश्यप, मौद्गल्य, पराशर और शाण्डिल्य आदि गोत्र प्रचलित हैं।

ये लोग एक गोत्रमें विवाह नहीं करते। इनमें बालिका विवाह ही प्रशस्त और विधवाविवाह साधारणतः निषिद्ध है। ब्राह्मण इनके हाथका जल पीते हैं। इनमें सभी वैष्णव-धर्मावलम्बी हैं।

मधुनालिकेरक (सं० पु०) मधुर्मधुरो नारिकेलः स्वार्थे कन्, रलयोरैक्यात् रस्य लत्वं। मधु नारिकेल, मीठा नारियल। यह नारियल कोङ्कणमें प्रसिद्ध है। पर्याय—माध्वीक फल; मधुफल, असितज फल, माक्षिक फल, मृदुफल, बहुकूर्च्च, ह्रस्वफल। इसका गुण मधुर, शीतल, दाह, तृष्णा, पित्तनाशक, बल, पुष्टि, कान्ति और वीर्यवर्द्धक तथा रुचिकर माना गया है। (राजनि०)

मधुनिष्पाव (सं० पु०) मुकुटशिम्बी, सेम। इसका गुण—रुचिकर, मधुर, कुछ कषाय, शीतल, बलकर, आध्मानकर, गुरु और पुष्टिदायक। (राजनि०)

मधुनिसूदन (सं० पु०) विष्णु।

मधुनिहन्तृ (सं० पु०) विष्णु।

मधुनी (सं० स्त्री०) क्षुपविशेष, एक प्रकारका पौधा। पर्याय—घृतमण्डा, रायसोली, सुमङ्गला। (रत्नाव०)

मधुनेतृ (सं० पु०) मधु नयति पुष्पेभ्यः संगृह्णातीति नी-तृच्। भ्रमर, भौंरा।

मधुप (सं० पु०) मधु पिबतीति पा-क। १ भ्रमर, भौंरा। २ शहदकी मक्खी। मधु जलं पातीति पा-क (त्रि०) ३ वारिरक्षक। ४ मधुपानकर्त्ता, मधु पीनेवाला।

मधुप—सह्याद्रि-वर्णित एक राजा।

मधुपञ्जर (सं० पु०) वकुलवृक्ष, मौलसिरी।

मधुपटल (सं० पु०) मधुचक्र, शहदकी मक्खीका छत्ता।

मधुपति (सं० पु०) श्रीकृष्ण।

मधुपर्क (सं० पु०) मधुनो पर्कः सम्पर्को यस्य पृच-घञ्, मधुना संयोजनात् तथात्वं। पूजोपचारभेद, सोलह उपचारोंमेंसे छठा उपचार।

दधि, घृत, जल, मधु और चीनी इन पांच द्रव्योंके एकत्र मिलनेसे मधुपर्क होता है। इससे देवता बहुत संतुष्ट होते हैं। मधुपर्कमें बहुत कम जल दिया जाता है। चीनी, दधि और घृत समान मात्रामें तथा मधु अधिक मात्रामें देना उचित है। यह मधुपर्क ज्योतिष्टोम, अश्वमेध, पूर्त्त, इष्ट वा पूजामें कांसेके पात्रमें रख कर दान करना होता है। इससे अर्थ, धर्म काम और मोक्षकी वृद्धि होती है। (कालिकापु० ६७ अ०)

अनामिका और अंगुष्ठको मिला कर तथा शेष तीन अंगुलियोंको फैला कर मधुपर्क देना होता है। पारस्कर गृह्यसूत्रमें दधि, मधु और घृतको एकत्र कर कांस्यपात्रमें मधुपर्क देनेकी व्यवस्था है।

"मधुपर्कं दधिमधुघृतमपिहितं कांस्ये कांस्येन।"

(पारस्करगृह्यसूत्र १।१।५)

२ तन्त्रके अनुसार घृत, दधि और मधुका संयोग। इसका उपयोग तान्त्रिक पूजनमें होता है।

मधुपर्किक (सं० त्रि०) मधुपर्कदानके समय बन्दना करनेवाला, माङ्गल्योपस्थापक।

मधुपर्क्य (सं० त्रि०) मधुपर्कमर्हति (दण्डादिभ्यो यः। पा ५।१।६६) इति य। मधुपर्कार्ह, मधुपर्कके योग्य।

मधुपर्णिका (सं० स्त्री०) मध्विवहितं पर्णमस्याः ततः स्वार्थे कन् टाप् अत इत्वञ्च। १ गाम्भारी वृक्ष, गंभारी नामका पेड़। २ नीलीवृक्ष, नीली नामक पौधा। ३ वराहक्रान्ता, वाराही। ४ गुड़ूची, गुरुच। ५ सुदर्शना।

मधुपर्णी (सं० स्त्री०) मधु इव हितं पर्णं यस्याः गौरादित्वात् ङीष्। १ मधुवीजपुर, नारंगी नीबू। २ यष्टिमधु, जेठीमधु। ३ विकङ्कतवृक्ष, कंटकी। ४ मधुपर्णिका देखो।

मधुपाका (सं० स्त्री०) पाकेन मधुर्मधुरा, राजदन्तादित्वात् पूर्वनिपातः टाप्। षड्भुजा, खर्मूजा।

मधुपाणि (सं० त्रि०) १ जिसका हाथ मीठा हो। २ जिसके हाथमें मधु हो।

मधुपायिन् (सं० पु०) मधु पिवतीति पा-णिनि, ततः (आतोयुक् निच् कृतोः। पा ७।३।३३) इति युक्। १ भ्रमर, भौंरा। २ मधुपानकर्त्ता, मधु पीनेवाला।

मधुपाल (सं० पु०) मधुरक्षक, जो मधु रखता हो।

(रामायण ५।६०।१०)

मधुपालिका (सं० स्त्री०) मधु पालयतीति पालि-ण्वुल् टाप्, अत इत्वं। गंभारी नामक वृक्ष।

मधुपिङ्ग (सं० पु०) एक मुनिका नाम।

(लिङ्गपुराण ७।४८)

मधुपिङ्गाक्ष (सं० त्रि०) १ मधुरके जैसा पीतवर्ण नेत्रवाला। (पु०) २ मुनिभेद।

मधुपीलु (सं० पु०) मधुर्मधुरः पीलुः। महापीलू, अखरोट।

मधुपुर—विहार और उड़ीसाके भागलपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन नगर। यह अक्षा० २५° ५५′ ४०″ उ० तथा देशा० ८६° ४६′ ५१″ पू० पर्वाणनदीके दाहिने किनारे अवस्थित है। यह स्थान दुर्गादेवीके कृपापात्र लुरिकका लीलाक्षेत्र समझा जाता है। जमीनमें गड़ी हुई प्राचीन हिन्दू और मुसलमान राजाओंकी मुद्रा इस स्थानके प्राचीनत्वको घोषणा करती है।

मधुपुर—विहार और उड़ीसाके सन्थाल परगनेके अन्तर्गत एक शहर। यह अक्षा० २४° १५′ उ० तथा देशा० ८६° ३६′ पू० इष्ट-इण्डियन रेलवेकी कार्ड लाइन पर अवस्थित है। जनसंख्या सात हजारके करीब है। यह स्थान बहुत स्वास्थ्यप्रद है। स्थानीय पार्वतीय दृश्य बड़ा ही मनोहर है।

मधुपुर—पञ्जाबके गुरुदासपुर जिलेका एक नगर। यह अक्षा० ३२° २२′ उ० तथा देशा० ७५° ३६′ पू०के मध्य अवस्थित है। जनसंख्या डेढ़ हजारके करीब है।

मधुपुर—बङ्गालप्रदेशके ढाका जिलेके उत्तरसे लगायत मैमनसिंह जिलेके मध्य और ब्रह्मपुर नदी तक विस्तृत एक जङ्गल। यह 'गढ़गुजाली' नामसे भी प्रसिद्ध है। पार्श्ववर्त्ती समतल भूमिसे इसकी ऊंचाई ४० फुट है। बीच बीचमें १०० फुट उच्च कुछ गण्ड शैल भी देखे जाते हैं। अभी ढाकाके प्रसिद्ध जमींदारोंके यत्नसे इसका कुछ अंश आवाद हुआ है।

मधुपुर वा सवाई मधुपुर—राजपूतानेके जयपुर राज्यान्तर्गत एक नगर। यह जयपुर-राजधानीसे २१॥ कोस उत्तरमें अवस्थित है। यहां चैत्र और आश्विनमें मेला लगता है जिसमें बहुतसे लोग एकत्रित होते हैं।

मधुपुर—विहार और उड़ीसाके दरभङ्गा जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २६° १०′ २०″ उ० तथा देशा० ८६° २५′ १″ पू०के मध्य विस्तृत है। बरहमपुर, हरसिंहपुर, गोपालघाट और दरभङ्गा जानेके जो प्रधान पथ हैं वे इसी नगरमें मिले हैं, इस कारण यहांके वाणिज्यकी विशेष सुविधा हुई है। तिरहुत और पूर्णिया जिलेसे साथ वाणिज्य चलानेके लिये भी एक बहुत लम्बा चौड़ा पथ चला गया है। नवादाकी नीलकोठी इसके निकट ही अवस्थित है।

मधुपुर—बम्बईप्रदेशके काठियावाड़ विभागके अन्तगत पोरबन्दर राज्यका एक नगर। इस प्राचीन नगरमें श्रीकृष्णका एक मन्दिर विद्यमान है। प्रवाद है, कि श्रीकृष्णने रुक्मिणीदेवीको हर कर यहीं पर व्याहा था।

मधुपुर वा मधुपुरी—मथुराका एक नाम।

मथुरा देखो।

मधुपुरी (सं० स्त्री०) मधोस्तन्नाम्नो दैत्यस्य पुरी। मथुरा।

(भागवत ७।१४।२१)

मधुपुष्प (सं० पु०) मधु प्रचुराणि पुष्पाण्यस्य। १ मधुद्रुम, महुएका पेड़। २ शिरीषवृक्ष, सिरिसका पेड़। ३ अशोकवृक्ष। ४ बकुलवृक्ष, मौलसिरीका गाछ।

मधुपुष्पा (सं० स्त्री०) मधुपुष्प-स्त्रियां-टाप्। १ दन्तीवृक्ष, नागदंती। २ धातकीवृक्ष, धौका पेड़।

मधुपुष्पी (सं० स्त्री०) १ अवाकपुष्प, एक प्रकारका पौधा जिसके फूल अधोमुख होते हैं।

मधुपृक् (सं० त्रि०) कर्मफल द्वारा संयोजनकारी, कर्मफलसे इकट्ठा करनेवाला।

मधुपृष्ठ (सं० त्रि०) मधुर पृष्ठभाग, सुन्दर पीठवाला।

मधुपेय (सं० त्रि०) मधुवत् पातव्य, मधुके ऐसा पीने लायक।

मधुप्रतीक (सं० त्रि०) घृतप्रयुक्तावयव, घृत द्वारा अवयवयुक्त।

मधुप्रमेह (सं० पु०) एक प्रकारका रोग। इस रोगमें पेशाबमें शक्कर आती है। मधुमेह देखो।

मधुप्रिय (सं० पु०) मधु मद्यं प्रियमस्य। १ बलराम। २ भूमिजम्बु, भुंई-जामुन। (त्रि०) ३ मद्यप्रिय, शराबी।

मधुफल (सं० पु०) मधु मधुरं फलमस्य वा मधु मद्यं फलात् यस्य। १ मधुनारिकेल, मीठा नारियल। २ विकङ्कतवृक्ष। ३ दाख।

मधुफला (सं० स्त्री०) १ खजूर। २ दाख।

मधुफलिका (सं० स्त्री०) मधु मधुरं फलं यस्याः, मधुफलसंज्ञायां कन्-टाप् अत इत्वं। मधुखर्ज्जूरिका, मीठी खजूर। (राजनि०)

मधुबन (सं० पु०) १ व्रजभूमिके एक बनका नाम। २ सुग्रीबका बगीचा जिसमें अंगूरके फल बहुत होते थे।

मधुबहुल (सं० स्त्री०) मधुना मधौ वा बहुला। १ वासन्ती लता। २ शुक्लयूथिका, सफेद जूही।

मधुबिम्बी (सं० स्त्री०) कुन्दुरुलता, कुंदरू।
(वैद्यकनिघण्टु)

मधुबीज (सं० पु०) मधुमधुरं बीजं यस्य। दाड़िम, अनार।

मधुबीजपूर (सं० पु०) मधूनां मधुपूर्णानां बीजानां पूरः समूहो यत्र। मधुकर्क्कटिका, मीठा नीबू। पर्याय—मधुपर्णी, मधुरकर्क्कटी, मधुवल्ली; मधुकर्क्कटी, मधुरफला, महफला, वर्द्धमाना। इसका गुण—मधुर, शीतल, दाहनाशक, त्रिदोष-शान्तिकर, रुचिकर, पथ्य, गुरु और दुर्ज्जर। (राजनि०)

मधुभवा (सं० स्त्री०) शक्कर।

मधुभाग (सं० त्रि०) जिसके अंशमें मधु हो।

मधुभार (सं० पु०) एक मात्रिक छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें आठ मात्राएं होती हैं और अन्तमें जगण होता है।

मधुभाव (सं० पु०) प्राकृत छन्दोभेद।

मधुभिद् (सं० पु०) मधुं तन्नामानं दैत्यं भिनत्ति नाशयतीति भिद्-क्विप् तुगागमश्च। विष्णु।
(भागवत ४।२६।४०)

मधुभुज् (सं० त्रि०) मधु-भुज्-क्विप्। १ क्षुद्र सुखभोक्ता, थोड़े समय तक सुख-भोग करनेवाला। २ मधुभोजी।

मधुमक्खी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मक्खी। यह फूलोंका रस चूस कर शहद इकट्ठा करती है।
विशेष विवरण मक्षिका शब्दमें देखो।

मधुमक्ष (सं० पु०) मौमाछि, मुमाखी।

मधुमक्षिका (सं० स्त्री०) मधुसञ्चायिका मक्षिका। कीटविशेष, शहदकी मक्खी। पर्याय—सरघा। मौमाछि देखो।

मधुमज्जन् (सं० पु०) मधुर्मधुरो मज्जा यस्य। आखोटवृक्ष, अखरोटका पेड़।

मधुमत् (सं० त्रि०) मधुर्मधुररसोऽस्त्यस्य मतुप्। १ माधुर्य्ययुक्त, मधुररसविशिष्ट। २ काश्मीरवृक्ष, केसर।

मधुमत—काश्मीरके पास एक देशका नाम।
(भारत भीष्म० ९।५२)

मधुमतिगणेश—काव्यदर्शन नामक काव्यप्रकाश-टीकाके रचयिता।

मधुमती (सं० स्त्री०) मधुमत् स्त्रियां ङीप्। १ नदीविशेष। इस नदीका जल अग्निदीपक है। २ उपास्य नायिकाविशेष। इसकी उपासनासे सिद्धिलाभ होता है जिससे सैकड़ों देवदासियां वशीभूत हो जाती हैं। वे स्वर्ग मर्त्य वा पाताल जहां जाना चाहें वहां देवदासियां पहुंचा आती हैं। (कुकलाशदीपिका ३ पटल)

३ पातञ्जल-दर्शनोक्त समाधिसिद्धिभेद। जब अभ्यास और वैराग्य द्वारा रज और तमोमल दूर होता है, तब सत्त्वगुणके प्रकाश द्वारा ऋतम्भ वा प्रज्ञा होती है। ऐसी प्रज्ञाके उत्पन्न होनेसे मधुमती नामकी समाधिसिद्ध होती है। विशेष विवरण समाधि शब्दमें देखो।

४ गङ्गा। ५ इक्ष्वाकुके पुत्र हर्य्यश्वकी भार्या। यह मधु दैत्यकी कन्या थी। (हरिवंश ९३।१२-१३) ६ छन्दोभेद।

मधुमती—बङ्गालके फरीदपुर और यशोर जिलेके मध्य प्रवाहित एक नदी। यह पुण्यसलिला गङ्गानदीकी एक शाखा है। भिन्न भिन्न स्थानमें यह भिन्न भिन्न नामसे पुकारी जाती है। नदिया जिलेके कुष्टिया नगरके समीप मूलनदीसे निकल कर यह गड़ाई नामसे बहती हुई दक्षिणकी ओर चली गई है। वहां इसका नाम

मधुमती है। पीछे बाखरगञ्ज जिलेमें प्रवेश करते समय यह बलेश्वर नामसे पुकारी जाती है। बादमें सुन्दरवन होती हुई जहां पर बङ्गोपसागरमें गिरती है वहां इसका नाम हरिणघाटा रखा गया है। फरीदपुर जिलेकी बाराशिया और मधुमतीका सङ्गमस्थल कोत्तंनखोला नामसे प्रसिद्ध है।

२ योगिनीतन्त्रोक्त एक नदी। ३ नर्मदानदीकी एक शाखा।

मधुमती—प्रभासक्षेत्रके अन्तर्गत स्थानभेद।

मधुमत्त (सं० त्रि०) १ वह जो मधु पी कर मत्त हो। २ बसन्तऋतुमें प्रसन्न होनेवाला। ३ एक प्रकारका करंज।

मधुमथन (सं० पु०) मधुं तन्नामानं दैत्यं मथ्नातीति मन्थ-ल्यु। विष्णु। (भागवत ३।६।३६)

मधुमद (सं० पु०) मद्यकी मादकता शक्ति।

मधुमन्त (सं० क्ली०) नगरभेद।

मधुमन्थ (सं० पु०) मधुमिश्रणजात मद्यभेद।

मधुमय (सं० त्रि०) मधुस्वरूपे मयट्। मधु, मधुके जैसा।

मधुमर्कटी (सं० स्त्री०) मधुजाता मर्कटी, मध्यपदलोपिकर्मधा०। मधुजातखण्ड, शक्करका टुकड़ा।

मधुमल्ली (सं० स्त्री०) मधुप्रधाना मल्ली। मालती।

मधुमस्तक (सं० क्ली०) मधु मधुरसः मस्तके उपरिभागे यस्य। पिष्टकविशेष, एक प्रकारका पकवान। यह मैदेको घीमें भून कर और ऊपरसे शहदमें लपेट कर बनाया जाता है। यह बलकारक, गुरु और भारी होता है।

मधुमाखी (सं० स्त्री०) मधुमक्खी देखो।

मधुमात (सं० पु०) एक राग। यह भैरवरागका सहचर माना जाता है।

मधुमातसारंग (सं० पु०) सारंगरागका एक भेद। इसके गानेका समय दिनमें १७ दण्डसे २० दण्ड तक माना जाता है। यह सङ्कराग है और सारंग तथा मधुमातके योगसे बनता है।

मधुमाधव (सं० पु०) बसन्तकाल।

मधुमाधव—मधुमाधवी नामकी अमरकोष-टीकाके रचयिता। रायमुकुट, रामानन्द, भरतसेन आदिने इनका मत उद्धृत किया था।

मधुमाधवक (सं० पु०) पलाशका पेड़।

मधुमाधवसहाय—आनन्दतीर्थकृत तन्त्रसारकी टीकाके प्रणेता।

मधुमाधवी (सं० स्त्री०) मधुयुक्त माधवी। १ वासन्तीलता। २ एक प्रकारकी रागिनी। ३ मद्यविशेष। ४ छन्दोभेद।

मधुमाध्वीक (सं० क्ली०) मधुमाधुर्ययुक्तं माध्वीकं। मद्य, शराब।

मधुमान—सौराष्ट्र देशके अन्तर्गत एक प्राचीन नगर। यह सिमोदके पश्चिममें अवस्थित है। पाणिनिके कच्छादिगणमें इस नगरका उल्लेख है।

मधुमारक (सं० पु०) मधूना मारकः भक्षकत्वात् तथात्वमस्य। भ्रमर, भौंरा।

मधुमालती (सं० स्त्री०) मालती पुष्पवृक्ष।

मधुमालपत्रिका (सं० स्त्री०) चिविल्लका।

मधुमिश्र (सं० त्रि०) १ मधुयुक्त (पु०) २ एक ग्रन्थकार, भावचन्द्रके पुत्र।

मधुमुरनरकविनाशन (सं० पु०) विष्णु और कृष्ण। इन्होंने मधु, मुर तथा नरकासुरका विनाश किया था। (गीतगो० १।२०)

मधुमूल (सं० क्ली०) मधु मधुरं मूल। रक्तालुक, रतालु।

मधुमेह (सं० पु०) प्रमेहरोगविशेष।

> "सर्व एव प्रमेहास्तु कालेनाप्रतिकारिणः।
> मधुमेहत्वमायान्ति तदसाध्या भवन्ति हि॥"
>
> (चरकसूत्रस्था० १७ अ०)

उपयुक्त समयमें चिकित्सा नहीं करनेसे सभी प्रकारके प्रमेहरोग आगे चल कर मधुमेहरूपमें परिणत हो जाते हैं। भावप्रकाशमें इसका विषय यों लिखा है। मधुमेहरोग दुःसाध्य है। इस रोगमें मूत्र मधुके जैसा उतरता है। यह दो प्रकारसे उत्पन्न होता है। पहला धातुक्षयप्रयुक्त वायुके कुपित होनेसे, दूसरा अन्य दोषसे वायुके अवरुद्ध होनेसे। शेषोक्त रूपसे जो मधुमेह उत्पन्न होता है उसमें दोषोंके सभी लक्षण अकस्मात्

उपस्थित होते हैं तथा वह कभी पूर्ण अवस्थाको प्राप्त कर कष्टसाध्य हो जाता है। धातुक्षयके कारण कुपित वायुसे जो मधुमेह उत्पन्न होता है उसमें सिर्फ कुपित वायुका लक्षण दिखाई देता है। सभी प्रकारके मेहरोगमें मधुके समान मीठा पेशाव उतरता है, इस कारण सभी मेहरोगोंको मधुमेह कह सकते हैं।

(भावप्रकाश प्रमेहाधि०) प्रमेह देखो।

सुश्रुतमें लिखा है,—दिवास्वप्न, अपरिश्रम और शीतल, स्निग्ध तथा मधुर अन्नका सेवन करनेसे प्रमेह-रोग उत्पन्न होता है। इस प्रकार अहिताचारी पुरुषके वातपित्त श्लेष्मा विना परिपाक हुए ही मेद धातुके साथ मिल जाती और तब मूत्रवाहिनी नाड़ीके मध्य प्रवेश कर नीचेकी ओर गमन करती है। वहां वस्तिमुखका आश्रय लेनेसे सूई चुभोने-सी यन्त्रणा होती है। करतल और पदतलमें दाह, देह स्निग्ध, पिच्छिल और भार, मूत्र शुक्लवर्ण और मधुर, तन्द्रा, अवसाद, पिपासा, दुर्गन्ध, श्वास, तालु, गलदेश, जिह्वा और दन्तमें मलकी उत्पत्ति, केशका जटिलभाव तथा नखवृद्धि ये सब मधुमेहके पूर्व लक्षण हैं। कुछ दिन बीत जाने पर शरीरमें स्फोटक निकल आते हैं।

मधुमेह असाध्य रोग है। थोड़ी ही दूर चलने पर रोगी थक जाता और बैठनेकी इच्छा करता है। जब बैठ जाता तब बातकी बातमें नींद आ जाती है। सभी प्रकारका मेहरोग पुराना होने पर जब अप्रतिविधेय हो जाता है तब उसे मधुमेह कहते हैं। मधुमेह रोगीको यदि वैद्य त्याग कर दे, तो निम्नलिखित योग द्वारा चिकित्सा करना उचित है। ज्यैष्ठमासका सूर्यकिरणसे जब पार्वतीय शिला तप जाती है तब उससे लाखकी तरहका रस निकलता है। उस रसको शिलाजीत कहते हैं। यह व्याधिनाशक है। इसमें रांगे, लोहे आदि छः प्रकारकी धातुओंका सार भाग है। जतुकी तरह प्रभाविशिष्ट यह शिलाजतु लोहसे उत्पन्न होता है, इस कारण इसका रस और वीर्य लोहेके समान है। जो शिलाजतु तिक्त, कटु, कषाय, सारक, कटुपाक, उष्ण-वीर्य, शोषण और छेदनकर हैं उनमें कृष्णवर्ण, गुरु, स्निग्ध और शर्कराहीन शिलाजतु ही उत्कृष्ट हैं तथा जिस शिलाजतुसे गोमूत्र-सी गन्ध आती है, वह भी श्रेष्ठ है।

इस प्रकार शिलाजतुको प्रातःकालमें सारगण-द्वारा (आरग्वधादि, वरुणादि, वीरतर्कादि, सालसारादि और न्यग्रोधादिगणमें जिन सब वृक्षोंका उल्लेख है, उन्हींके सारको सारगण कहते हैं) भावित कर सारजलसे अच्छी तरह पीसे। बाद उपयुक्त मात्रामें सेवन करावे। इस अमृततुल्य गिरिजात औषधका सेवन करनेसे देहका वर्ण खुलता, नई ताकत आती, मधुमेह बिलकुल दूर हो जाता और सौ वर्षकी परमायु होती है।

गिरिजात अमृततुल्य माक्षिकधातुका भी इसी प्रणालीसे सेवन किया जाता है। माक्षिक दो प्रकारका है, स्वर्णप्रभा और रजतप्रभा। स्वर्णप्रभा मधुर और रजतप्रभा अम्ल होता है। माक्षिक सेवन करके कबूतरका मांस भक्षण और स्त्रीप्रसङ्ग नहीं करना चाहिये। रोगीके श्रद्धावान होने तथा आरोग्यविषयमें विशेष यत्न रखनेसे पितृदोषजात मधुमेह और कुष्ठादिरोग जाता रहता है।

पश्चिम समुद्रके किनारे जो सब अरहरके पौधे उत्पन्न होते हैं उनकी पत्तियां सागरकी तरङ्गसे और वायुके हिल्लोलसे सर्वदा हिलती रहती हैं। वर्षा आने पर उसी प्रकारकी अरहरकी छेमी संग्रह कर उनसे मज्जा निकाले। पीछे उस मज्जाको सुखा कर चूर्ण करे और चूर्णको तिलकी तरह द्रोणीमें पीस कर तेल निकाले। अनन्तर आग पर चढ़ा कर जब उसका पानी बिलकुल जल जाय, तब उतार ले और सूखे गोबरमें एक पक्ष तक रख छोड़े। बादमें शुक्लपक्षके शुभदिनमें इस तेलका यथासाध्य परिमाणमें निम्नोक्त मन्त्रपाठ करके पान करे। मन्त्र—

"मज्जसार महावीर्य सर्वान् धातून् विशोधय।
शङ्खचक्रगदापाणि स्त्वामाज्ञापयतेऽच्युतः॥"

इस तेलका सेवन करनेसे रोगीके अधः और ऊर्द्ध्व-दोष संशोधित होते हैं। प्रातःकाल इस तेलको पी कर अपराह्णमें स्नेह और लवणवर्जित शीतल यवागुका पान करे। इस प्रकार पांच दिन तैल पान करके पीछे मूंगका जूस और बारीक पुराने चावलका भात खा कर एक

पक्ष तक वितावे। इससे मधुमेह आरोग्य होता है।
(सुश्रुत मधुमेहचि०)

इस रोगमें पथ्यापथ्य—

दिनको वारीक पुराने चावलका भात, मूंग, मसूर, और चनेकी दालका जूस ; बकरे, हरिण और कबूतरका मांस; पटोल, डूमर, यज्ञडूमर और सोहिञ्जनकी तरकारी खाना उचित है। रातको गेहूं वा जौकी रोटी, ऊपर लिखी हुई तरकारी और मक्खन उठाया हुआ दूधका सेवन करे। आंवला, जामुन, पक्का केला, कागजी नीवू खाया जा सकता है। इस रोगमें रूक्षक्रिया, घोड़े और हाथी पर भ्रमण, पर्यटन और व्यायाम आदि विशेष उपकारक है। पीड़ाकी प्रवलावस्थामें दिनको भात न खा कर गेहूं वा जौकी रोटी अथवा केवल मक्खन निकाला हुआ दूध पीना आवश्यक है। गरम जलको ठंढा करके पीना और उसी जलसे स्नान करना उचित है।

निषेध कर्म—कफजनक और गुरुपाक द्रव्य, जलाभूमिजात मांस, दधि, अधिक दूध, मिष्ट द्रव्य, कुष्माण्ड, कद्दू, उड़दको दाल, लाल मिर्च और अधिक जलपान, सुरापान, दिवानिद्रा, रात्रि जागरण, अधिक निद्रा, मैथुन और आलस्य इस रोगमें विशेष अनिष्टकारक हैं।

मधुमेहिन् (सं० त्रि०) मधुमेहः अस्यास्तीति इनि। मधुमेहरोगयुक्त, जिसे मधुमेहरोग हो।

मधुयष्टि (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरो यष्टिः। इक्षु, ऊख।

मधुयष्टिका (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरो यष्टिः ततः कन् टाप्। यष्टिमधु, जेठी मद। पर्याय—मधुक, क्लीतक, यष्टिमधुका, मधुयष्टी। (भरत)

मधुयष्टी (सं० स्त्री०) मधुयष्टिकृदिकारादिति पक्षे ङीष्। मधुयष्टिका, मुलेठी।

मधुयोनि (सं० स्त्री०) दाख।

मधुर (सं० पु०) मधु माधुर्यं रातीति रा-क, यद्वा (मधुमाधुर्य्यमस्यास्तीति ऊषसुषिमुष्कमधा रः। पा ५।२।१०७) इति र। १ मिष्ट रस, मीठा रस। पर्याय—गौल्य, रसज्येष्ठ, गुल्य, स्वादु, मधूलक। गुण—प्रीणन, वलकर, वृंहण, वायुपित्तनाशक, रसायन, गुरु, स्निग्ध, चक्षुका हितकर और तर्पण। (राजव०)

भावप्रकाशके मतसे मधुररस शीतवीर्य, धातुपोषक, स्तन्यदुग्धवर्द्धक, वलकारक, प्रसन्नताकारक, वातघ्न, पित्तनाशक, स्थूलताकारक, मलवर्द्धक, कृमिजनक तथा वालक, वृद्ध, क्षत, क्षीण, वर्ण, केश, इन्द्रिय और ओजः धातुके लिये प्रशस्त, मांसवर्द्धक, टुट, भग्न और क्षतसन्धानकारक, विषदोषनाशक, पिच्छल, स्निग्ध, प्रीतिजनक और आयुका हितकर।

अतिरिक्त मधुर रस सेवन करनेसे ज्वर, श्वास, गलगण्ड, अर्बुद, कृमि, स्थूलता, अग्निमान्द्य, मेह, मेद और कफरोग उत्पन्न होता है। मधुर रस प्रायः कफकारक होता, सिर्फ पुराना चावल, जौ, मूंग, गेहूं, मधु, चीनी और जाङ्गलमांस कफकारक नहीं है।

२ जीवकवृक्ष। ३ रक्तसिग्रु, लाल सहिजन। ४ राजाम्र, एक प्रकारका वड़ा आम। ५ रक्तेक्षु, लाल ईख। ६ गुड़। ७ शालि, धान। ८ वीजपुरविशेष। ९ स्कन्दके एक सैनिकका नाम। १० वङ्ग, रांगा। ११ विष, जहर। १२ माधुर्यगुण। १३ मञ्जरतृण, एक प्रकारकी घास। १४ मातुलुङ्गवृक्ष, बिजौरा नीबूका पेड़। १५ वादामका पेड़। १६ काकोली। १७ वन्यवदर, जंगली वेर। १८ मधुक, महुएका पेड़। १९ काकोल्यादिगण। २० श्वेत निष्पाव, सफेद सेम। २१ राजमाष, मटर। २२ लौह, लोहा। (त्रि०) २३ जिसका स्वाद मधुके समान हो, मीठा। २४ जो सुननेमें भला जान पड़े। २५ मनोरञ्जक, सुन्दर। २६ दुरुस्त, मट्ठर। २७ मन्दगामी, धीरे धीरे चलनेवाला। २८ जो किसी प्रकार क्लेशप्रद न हो, हलका। २९ शान्त।

मधुरई (हिं० स्त्री०) १ सुकुमारता, कोमलता। २ मधुर होनेका भाव, मधुरता। ३ मिठास, मीठापन।

मधुरक (सं० पु०) मधुर-संज्ञायां कन्। १ [illegible] मधुर-स्वार्थे क। २ मधुर देखो।

मधुरकण्टक (सं० पु०) [illegible] विशेष, एक प्रकारका मछ [illegible]। पर्याय—[illegible] कज्जला, अनन्ता, माधवी। ([illegible])

मधुरकर्कटी (सं० स्त्री०) मधु[illegible], मीठा नीबू।

मधुरकुष्माण्ड (सं० क्ली०) कुष्माण्डभेद, कोंहड़ा।

मधुरखज्जूरी (सं० स्त्री०) मधु खज्जूरीवृक्ष, मीठी खजूरका पेड़।

मधुरगण (सं० पु०) काकोलीके अनुसार दश प्रकारका द्रव्य। यथा—काकोली, क्षीरकाकोली, जीवक, ऋषभक, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, मेद, महामेद, गुलञ्च और कर्कटशृङ्गी। (सुश्रुत)

मधुरजम्बीर (सं० पु०) मधुरो जम्बीरः नित्यकर्मधा०। जम्बीरविशेष, मीठा जमीरी नीबू। पर्याय—मधुजम्बीर, मधुजम्भ, मधुजम्भल, रसद्रावी, शर्करक, पित्तद्रावी। इसका गुण मधुर, शीतल, कफ, पित्त, शोफ और श्रमनाशक माना गया है। (राजनि०)

मधुरजम्भल (सं० पु०) मधुरजम्बीरवृक्ष, मीठे जमीरी नीबूका पेड़।

मधुरजीविकादि (सं० पु०) जीवन्ती और मधुकयुक्त जीवकादि गण। ये सब गण इस प्रकार हैं। यथा—जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, ऋद्धि, वृद्धि, काकोली, क्षीरकाकोली, शूर्पपर्णीद्वय। (राजनि०)

मधुरज्वर (सं० पु०) मन्थर नामक ज्वरविशेष। इसका लक्षण—

> "ज्वरो दाहो भ्रमो मोहो ह्यतीसारो वमिस्तथा।
> अनिद्रा च मुखं रक्तं तालुजिह्वा च शुष्यति॥
> ग्रीवायां परिदृश्यन्ते स्फोटकाः सर्षपोपमाः।
> घृताशनात् स्वेदरोधात् मधुरो जायते नृणाम्॥"
> (वैद्यकनि०)

अधिक घी आदि खाने अथवा पसीना रुकनेके कारण मधुर नामक ज्वर होता है। इससे दाह, भ्रम, मोह, अतीसार, वमि, तृष्णा, अनिद्रा, मुख रक्तवर्ण, तालू और जिह्वा शुष्क और गरदनमें फुनसियां आदि होती हैं।

मधुर आचार्य—पुष्पाञ्जलिटीका, भगवद्गुणदर्पण और सुन्दरमणिसन्दर्भ नामक ग्रन्थके प्रणेता।

मधुरता (सं० स्त्री०) मधुरस्य भावः तल्-टाप्। १ मधुरत्व, मधुर होनेका भाव। २ मिठास। ३ सौन्दर्य, सुन्दरता। ४ सुकुमारता, कोमलता।

मधुरत्रय (सं० क्ली०) मधुराणां त्रयम्। बराबर भागोंमें मिला हुआ मधु, घी और चीनी।

मधुरत्रिफला (सं० स्त्री०) मधुरा त्रिफला। बराबर भागोंमें मिला हुआ दाख, गंभारी और खजूर।

मधुरत्व (सं० क्ली०) मधुरस्य भावः त्व। माधुर्य। (मधुरता देखो।

मधुरत्वच (सं० पु०) मधुरा त्वचा यस्य। धववृक्ष, धौका पेड़।

मधुरनिस्वन (सं० त्रि०) मधुरो निस्वनो यस्य। १ मधुरस्वरयुक्त। स्त्रियां टाप्। २ मधुरस्वरयुक्ता नारी, वह स्त्री जिसका स्वर मीठा हो।

मधुरफल (सं० पु०) मधुरं फलमस्य। १ राजबदर, पेउंदी बैर। २ तरम्बूज, तरबूज।

मधुरफला (सं० स्त्री०) १ मधुरबीजपूरकवृक्ष, मीठा नीबूका पेड़। २ चिर्भटिका।

मधुरबिम्बी (सं० स्त्री०) कुंदरूकी लता।

मधुरलता (सं० स्त्री०) वल्लीयष्टिमधु, जेठी मद।

मधुरवर्ग सं० पु०) मधुराणां मधुरद्रव्याणां वर्गः समूहः। दुग्धादि कुष्माण्डान्त द्रव्यगण, काकोल्यादिगण, दुग्ध, घृत, चर्बी, मज्जा, शालिधान्य, षाट धान्य, यव, गोधूम, माषकलाय, पाणिफल, गोमुक, कर्कटी, अलाबू, तरबूज, कतकफल, गिलोड्य (जम्बीरविशेष), पियार, पद्मबीज, गम्भारीफल, मौल, द्राक्षा, खजूर, क्षीरई, ताल, नारिकेल, इक्षुविकार, पीत विजवन्द, श्वेत विजबंद, भूमिकुष्माण्ड, पयस्या, गोक्षुरी, मूर्वालता और कुष्माण्ड आदि संक्षेपतः मधुरवर्ग है। (सुश्रुत सूत्रस्था० ४२ अ०)

मधुरवल्ली (सं० स्त्री०) मधुरा वल्लीति नित्यकर्मधा०। मधुबीजपुर।

मधुरवाच् (सं० त्रि०) मधुरा वाक् यस्य। मिष्टभाषी, मीठा बोलनेवाला।

मधुरबीजपुर (सं० पु०) मिष्ट मातुलङ्ग वृक्ष, मीठा नीबूका पेड़।

मधुरशील—१ एक प्राचीन कवि। २ सह्याद्रिवर्णित एक राजा।

मधुररस (सं० पु०) मधुर्मधुरो रसो यस्य। १ इक्षु, ईख। २ ताल, ताड़।

मधुरसा (सं० स्त्री०) मधुर्मधुरो रसो यस्याः। १ मूर्वा। २ द्राक्षा, दाख। ३ गाम्भारी, गंभारी। (भावप्र०) ४ दुग्धिका, दुधिया। ५ प्रसारणी। ६ शतपुष्पी, सोयां।

मधुरसिक (सं० पु०) भ्रमर, भौंरा।

मधुरस्रवा (सं० स्त्री०) मधुरस्य मधुररसस्य स्रवो यस्याः। १ पिण्डखर्ज्जूरी, पिण्डखजूर। २ मूर्व्वा।

मधुरस्वर (सं० त्रि०) मधुरः स्वरो यस्य। गन्धर्व।

मधुरा (सं० स्त्री०) मधुर-टाप्। १ शतपुष्पी। २ मिश्रेया, सोयां। ३ मधुकर्कटी, मीठा नीबू। ४ मेदा। ५ मधुली, मुलेठी। ६ मधुरानगर। ७ मिधुयष्टिका। ८ काकोली। ९ शतावरी, शतावर। १० बृहज्जीवन्ती, बड़ी जीवंती। ११ पालङ्कशाक, पालकका साग। १२ महाशिम्बी, सेम। १३ कदलीवृक्ष, केलेका पेड़। १४ ऋषभक। १५ मसूर। १६ महामेदा। १७ मधु-खर्ज्जूरीवृक्ष, मीठी खजूरका पेड़। १८ यष्टिमधु, जेठी-मद। १९ मातुलङ्ग। २० मधुरिका, सौंफ। २१ काञ्जिक, जीवंती लता।

मधुराई (हिं० स्त्री०) १ मधुरता। २ मिठास, मीठापन। ३ सुन्दरता। ४ कोमलता।

मधुराकर (सं० पु०) इक्षु, ईख।

मधुराक्षर (सं० त्रि०) मधुराणि अक्षराणि यस्य। १ मधुर अक्षरयुक्त वाक्य, सुमधुर वाक्य। २ सुन्दर अक्षर।

मधुराज (सं० पु०) भ्रमर, भौंरा।

मधुराजालुक (सं० क्ली०) मिष्टरसालुकभेद। इसका गुण—शीतल, मधुर, वायुकारक, पाकमें कटु, रुचिकर, दाह और पित्तनाशक, शोष, तृष्णा और कफनाशक, अग्निमान्द्य, मल, स्तम्भ और कफकारक। (वैद्यकनि०)

मधुराना (हिं० क्रि०) १ किसी वस्तुमें मीठा रस आ जाना, मीठा होना। २ सुन्दरतासे भर जाना, सुन्दर हो जाना।

मधुरान्तक—चोलराजवंशके एक राजा। ये महाराज गण्डरादित्यके पुत्र थे। चोलराजवंश देखो।

मधुराम्रफल (सं० पु०) पियाल वृक्ष, चिरौंजीका पेड़।

मधुराम्लक (सं० पु०) मधुरश्चासौ अम्लश्चेति नित्यकमधा०, ततः स्वार्थे कन्। १ आम्रातक, अमड़ा। २ दाड़िमवृक्ष, अनारका पेड़।

मधुराम्लरस (सं० पु०) १ नागरङ्ग वृक्ष, नारंगीका पेड़। (वैद्यकनि०) २ मधुर और अम्लरसयुक्त।

मधुरालापा (सं० स्त्री०) मधुरः श्रुतिसुखकरः आलापः शब्दो यस्याः। १ सारिका, मैना पक्षी। (राजनि०) (त्रि०) २ मधुर आलापयुक्त, मधुर स्वरसे भरा हुआ।

मधुरालाबुनी (सं० स्त्री०) अलाबू बाहुलकात् नक्, पृषोदरादित्वात् ह्रस्वः ङीप् च, ततः मधुरा चासौ अलाबुनी चेति नित्यकर्मधा०। राजालाबु, मीठा कद्दू।

मधुरालिका (सं० स्त्री०) क्षुद्र मत्स्यविशेष, एक प्रकारकी छोटी मछली।

मधुरावट्ट (सं० पु०) राजतरंगिणी-वर्णित एक राजा। (राजत० ७।७६७)

मधुराष्टक (सं० क्ली०) वल्लभाचार्यकृत कृष्णाष्टकभेद।

मधुरासव (सं० पु०) आम्र, आम।

मधुरास्यता (सं० स्त्री०) मुखकी मिष्टता।

मधुरिका (सं० स्त्री०) मधुर-स्वार्थे कन्, स्त्रियां टाप् अत इत्वञ्च। क्षुपविशेष, सौंफ। पर्याय—शालेर, शीतशिव, छत्रा, मिशी, मिश्रेया, सालेय, मिसि, मिसी, मिशि, अवाक्पुष्पी, मंगल्या, मधुरा और मधुरी। इसका गुण रोचक, शुक्रकारक, दाह, रक्त और पित्तनाशक माना गया है। (राजव०)

मधुरित (सं० त्रि०) मधुयुक्त।

मधुरिपु (सं० पु०) मधोरसुरविशेषस्य रिपुनाशकत्वात्। विष्णु। (गीतगो० २।९)

मधुरिमन् (सं० पु०) अयमेषामतिशयेन मधुरः दृढ़ादित्वात् इमनिच्। १ अतिशय मधुर, बहुत मीठा। २ सौन्दर्य, सुन्दरता।

मधुरी (हिं० स्त्री०) १ सौन्दर्य, सुन्दरता। २ प्राचीन कालका एक बाजा। यह मुंहसे फूंक कर बजाया जाता था। ३ आम्रवृक्ष, आमका पेड़।

मधुरीछ (हिं० पु०) दक्षिणी अमेरिकाका एक जंगली जन्तु। यह ऊंचाईमें बिल्ली या कुत्तेके बराबर और रूपमे रीछके समान होता है। यह जन्तु शहदके छत्तोंसे शहद चुसनेका बड़ा प्रेमी होता है इसीसे लोग इसे मधुरीछ कहते हैं।

मधुरुह (सं० पु०) क्रौञ्चद्वीपाधिपति घृतपृष्ठके पुत्र। (भाग० ५।२०।२१)

मधुरेणु (सं० पु०) मधुर्मधुरो रेणुरस्य। १ कटभी वृक्ष। २ शुक्लपुष्पपाटला, सफेद पाडरका फूल।

मधुरोदक (सं० पु०) मधुराणि उदकानि यस्य। जलसमुद्र, पुराणानुसार सात समुद्रोंमेंसे अन्तिम समुद्र।

[illegible] जल मीठा और पुष्कर द्वीपके चारों ओर है।

(जटाधर)

[illegible] पुं० । मधुपान ।

[illegible] सं० क्ली०) मधु [illegible]आदिकं लाति स्वकारणत्वेन गृह्णातीति-ला-क। मद्य, शराव।

मधुल—प्राचीन विशालराज्यके अन्तर्गत एक स्थान।

मधुलग्न (सं० पुं०) मधुर्मधुरसो लग्नोऽत्र। रक्तशोभाञ्जन, लाल सोहिञ्जन।

मधुलता (सं० स्त्री०) मधुप्रधाना लतेति मध्यपदलोपि-कर्मधा०। शूली तृण।

मधुला (सं० स्त्री०) मधुविद्या।

मधुलिका (सं० स्त्री०) मधुल संज्ञायां कन् टाप् अत इत्वञ्च। १ राजिका, राई। २ स्कन्दानुचर मातृभेद। ३ एक प्रकारका शराव। यह मधुली नामक गेहूंसे बनाई जाती है। ४ कपिलद्राक्षा, भूरे रंगकी एक प्रकारकी दाख। ५ पुष्पपराग। ६ शमोधान्यभेद। मूंग, मसूर, उड़द आदिको शमोधान कहते हैं। (चरकसूत्र०)

मधुलिह (सं० पुं०) मधु लेढ़ि आस्वादयतीति लिह-क्विप्। भ्रमर, भौंरा।

मधुली—विन्ध्यपर्वतके समीप एक नगर।

(दिग्विजय ४८।५।१)

मधुलेहिन् (सं० पुं०) मधु लेढ़ीति मधु लिह-णिनि। भ्रमर, भौंरा।

मधुलोलुप (सं० पुं०) मधुनि लोलुपः। भ्रमर, भौंरा।

मधुवचस् (सं० त्रि०) मधुरभाषी, मीठा बोलनेवाला।

मधुवटी (सं० स्त्री०) महाभारतके अनुसार एक प्राचीन स्थानका नाम।

मधुवन (सं० क्ली०) मधुना तन्नाम्ना दैत्येन कृतं वनं, मध्यपदलोपि कर्मधा०। मथुरास्थ यमुना तीरवर्त्ती वन-विशेष। यहां शत्रुघ्नने लवण दैत्यको मार कर मधुपुरी बसाई थी।

"तत्तात गच्छ भद्रं ते यमुनायास्तटं शुचि।
पुण्यं मधुवनं यत्र सान्निध्यं नित्यदा हरेः॥"

(भागवत ४।८।४२) मथुरा देखो।

मधुप्रधानं वनं। २ किष्किन्ध्याके निकट सुग्रीवका एक वन। हनूमान आदि बन्दर जब लङ्कासे सीताका संवाद ले कर आये, तब उन्होंने इसी वनमें मधुपान करके आमोद किया था।

"वालिना रक्षितं यत्तत् स्फीतं मधुवनं महत्।
त्वया च प्लवगश्रेष्ठ तद्भुङ्क्ते पवनात्मजः॥"

(रामायण ३।२८।१२७)

मधौ वनति शब्दायते इति वन-अच्। ३ कोकिल, कोयल।

मधुवन—वाराणसी विभागके आजमगढ़ जिलान्तर्गत एक बड़ा ग्राम। ६३१ ई०में यह स्थान स्थाणीश्वरपति हर्षवर्द्धनके अधिकारमें था। मथुरा देखो।

मधुवन—आदिपुराणवर्णित स्थानभेद।

(आदिपुराण १ अ०)

मधुवन—एक बड़े प्रतिष्ठित विद्वान और राजमान्य सज्जन। इनका जन्मकाल विक्रम सं० १६००के पश्चात् और १७००के प्रारम्भका माना जाता है।

इनका जन्म पुष्करणा ब्राह्मण जातिकी एक शाखा व्यास जातिके अन्तर्गत तपोनिधि, धर्मिष्ठ नारायणदासजीके प्रपौत्र गोविन्दजीके औरससे जैसलमेर राजधानीमें हुआ था।

ये बाल्यकाल होमें अवप्लुत ब्रह्मचर्य धारण कर वाराणसी (काशी) में विद्याध्ययन करने चले गये थे। व्यास जातिमें सर्वतः प्रथम काशी-प्रस्थान इन्होंने ही किया था।

विक्रम सं० १७१७में जब जैसलमेरके राजसिंहासन पर वीर शिरोमणि भाटी वंशावतंश अमरसिंहजी बिराजे, उस समय "पाटव्यास"-के पद पर इनके पितृव्य (चाचा) हर्षचन्दजी व्यास नियुक्त थे। उनके और महाराजाजीके परस्परमें खटपट हो जानेके कारण वे उक्त पदका परित्याग कर सदाके लिये जैसलमेरसे सिन्ध चले गये। इस घटनासे भयभीत-धर्मभीरु नीतिज्ञ-गुणज्ञ महारावलने उक्त व्यासजीको बहुत कुछ कहला भेजा, परन्तु ब्रह्मदेवने त्याग किये हुए पदको पुनः ग्रहण करनेके लिये स्पष्ट इन्कार कर दिया जिससे महारावलके धार्मिक कृत्योंमें भारी धक्का पहुंचा।

तब महारावलने उक्त पद पर नियुक्त करनेके लिये काशीस्थ मधुवनजीके निकट दूत भेजा। उस समय

व्यास सुवन भी चतुर्वेद और षट्शास्त्रमें सम्पन्न हो चुके थे। राजदूतके मुखसे अमरसिंहजीका संदेश श्रवण कर गुरुदेवसे आज्ञा ले उन्होंने स्वदेशको प्रस्थान किया और जैसलमेरके निकटवर्त्ती उपवनमें आ कर ठहर गये। यह सम्पूर्ण सम्वाद दूतके मुखसे श्रवण कर राजाने विद्यावारिधि युवा व्यासजीको गजारूढ़ कर राजधानीमें प्रवेश कराया तथा सम्मानपूर्वक "पाटव्यास" पद दे कर प्रचुर द्रव्य, भूमि, अश्व आदि अर्पण किये और अपनी राजधानीके पश्चिमकी तरफ जियाई नाम पल्वलके निकट क्षेत्र भी दिया जो आज तक उन्हींके वंशधरोंके पास है।

व्यासजीकी विद्यासौरभ सारे भारतवर्षमें फैल गई जिसका प्रमाण स्वरूप एक कविका कहा हुआ दोहा अब तक भी प्रचलित है।

विद्या मधुवन व्यास की थिरराखी थिरदास :
आधी धूंधी सेउवां पूरी पोकर दास ॥ १ ॥

इन्होंने संस्कृत साहित्यके बहुतसे ग्रन्थ भी निर्माण किये थे। इन्हींकी सन्तानने सिन्ध और बलूचिस्तानमें सनातन-धर्मका प्रचार किया और अद्यावधि कर रहे हैं।

इन्हींसे ८वीं पीढ़ीमें विक्रम सं० १८५०के पौष कृष्णाष्टमी चन्द्रवारके दिन पं० जोधराजजीके औरससे महोपदेश नागरी-प्रचारक व्यास मोतीलाल शर्माका जन्म हुआ।

मधुवनी—१ दरभङ्गा जिलेका उत्तरीय उपविभाग। यह अक्षा० २६° २′ से २६° ४०′ उ० तथा देशा० ८५° ४५′ से ८६° ४४′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण १३४६ वर्गमील और जनसंख्या दश लाखसे ऊपर है। इसमें मधुवनी नामक एक शहर और १०८४ ग्राम लगते हैं। इस उपविभागके सौराठ नामक स्थानमें मैथिल ब्राह्मणोंका विवाह-सम्बन्धीय एक बड़ा भारी मेला लगता है जिसमें करीब लाख ब्राह्मण समागम होते हैं। इसमें आये हुए वरको कन्या-पक्षवाले पसन्द कर विवाह-सम्बन्ध स्थिर करते हैं।

२ उक्त उपविभागका एक शहर। यह अक्षा० २६° २१′ उ० तथा देशा० ८६° ५′ पू० दरभङ्गा शहरसे १६ मील उत्तर-पूर्वमें अवस्थित है। जनसंख्या बीस हजारके करीब है। यहां बी. एन. डबल् रेलवेका एक स्टेशन है। शहरमें एक हाई स्कूल, सरकारी अदालत और एक छोटा जेल है जिसमें सिर्फ १४ कैदी रखे जाते हैं।

मधुवर्ण (सं० त्रि०) १ मधुसदृशरूप, सुन्दर स्वरूपवाला। "घृतमुक्षना मधुवर्णमर्च्चते" (ऋक् १।८७।५) 'मधुवर्ण मधुसदृशवर्णं' (सायण) २ कार्त्तिकेयके एक अनुचरका नाम।

मधुवल (सं० पु०) कोकिल, कोयल।

मधुवल्ली (सं० स्त्री०) मधुप्रधाना वल्ली। १ यष्टिमधु, जेठी मद। २ क्लीतनक, करेला।

मधुवामन (सं० पु०) भ्रमर, भौंरा।

मधुवार (सं० पु०) मधुनो मद्यस्य वारः, समयः पर्यायो वा। १ मधुक्रम, मद्य पीनेकी रीति। २ मद्य पीनेका दिन। ३ मद्य, शराब।

मधुवासिनी (सं० स्त्री०) लघु धातकीवृक्ष, छोटे धौका पेड़।

मधुवाहन (सं० पु०) नानाविध स्वाद्वादि वहनमें युक्त।

मधुवाहिन् (सं० त्रि०) मधु वह-णिनि। १ मिष्टद्रव्यवाही व्यक्ति, मीठा ढोनेवाला। २ महाभारतके अनुसार एक नदका नाम।

मधुविद्या (सं० स्त्री०) गुप्तविद्याभेद।

मधुविद्विष् (सं० पु०) विष्णु।

मधुविला (सं० स्त्री०) नदीभेद।

मधुवीज (सं० पु०) दाड़िम, अनार।

मधुवीजपूर (सं० पु०) मधुकर्क्कटिका, मीठा नीबू।

मधुवृक्ष (सं० पु०) मधूकवृक्ष, महुएका पेड़।

मधुवृध (सं० त्रि०) मधु-वृध-क्विप्। मधुवर्द्धक।

मधुवृष (सं० त्रि०) मधुवर्षी।

मधुवेणी—प्राचीन नदीभेद। इस नदीके किनारे ९६० विक्रमसम्वत्में महासामन्ताधिपति गुणराजके साथ कन्नोजराज महेन्द्रपालके सामन्त उन्दभट्टका युद्ध हुआ था।

मधुव्रत (सं० पु०) मधु मधुसञ्चयो व्रतं व्रतमिव सततानुशीलनीयं यस्य, यद्वा मधुव्रत यति नियतं भुङ्क्ते इति व्रति अण्। भ्रमर, भौंरा। (त्रि०) मध्वर्थं व्रतं कर्म यस्य। २ उदकार्थकर्म, वह कर्म जिससे अपना पेट भरा जाय।

मधुव्रतवोधनिधि—परत्वरत्नाकर और रामरत्नाकर नामक दो ग्रन्थके रचयिता।

मधुशर्करा (सं० स्त्री०) मधुजाता शर्करा। १ मधुजातशर्करा, शक्कर। पर्याय—माध्वीसिता, मधुत्पन्ना, मधुजा, माध्वीकशर्करा, क्षौद्रजा, क्षौद्रशर्करा। यह भी मधुरके जैसा गुणकारी है। विशेष कर इसका गुण दुबले पतले मनुष्योंके लिये बल, वृष्य तथा तर्पणकर माना गया है। २ श्वेत-निष्पाव, सफेद सेम।

मधुशाक (सं० पु०) मधुमाधुर्ययुक्ता शाखा यस्य। १ मधुष्ठील, महुएका वृक्ष। (त्रि०) २ मधुरशाखा विशिष्ट।

मधुशिग्रु (सं० पु०) मधुप्रधानः शिग्रुः। १ रक्त शोभाञ्जन वृक्ष, लाल सहिंजनका पेड़। २ श्वेत शिग्रु सफेद सहिंजन।

मधुशिता (सं० स्त्री०) श्वेतनिष्पाव, सफेद सेम।

मधुशिष्ट (सं० क्ली०) मधुच्छिष्ट, मोम।

मधुशेष (सं० क्ली०) मधुनः शेषो यत्र। सिक्थ, मोम।

मधुश्चुत् (सं० त्रि०) मधुस्रावी।

मधुश्च्युत् (सं० त्रि०) मधुस्रावी।

मधुश्री (सं० स्त्री०) वासन्ती शोभा। (कुमार ३।३०)

मधुश्रेणी (सं० स्त्री०) मधूनां मधुररसानां श्रेणिर्यत्र। मूर्व्वा, मरोड़फली नामकी लता।

मधुश्वासा (सं० स्त्री०) जीवंती नामक वृक्ष।

मधुषुत् (सं० त्रि०) १ मिष्टस्वादी, मीठा खानेवाला। (क्ली०) २ सोमरस चुआना।

मधुष्ठील (सं० पु०) मधु मकरन्दं ष्ठीवति निःक्षिपतीति ष्ठीव इगुपधत्वात् क, पृषोदरादित्वात् वस्य लत्वं। मधुकवृक्ष, महुएका पेड़।

मधुसंकाश (सं० त्रि०) सुदर्शन, देखनेमें सुन्दर।

मधुसंक्रान्तिव्रत (सं० क्ली०) एक प्रकारका व्रत। यह व्रत महाविषुवसंक्रान्तिमें करना होता है।

मधुसख (सं० पु०) मधोर्वसन्तस्य सखा इति (राजाहःसखिभ्यष्टच्। पा ५।४।९१) इति टच्। कामदेव।

मधुसन्दृश (सं० त्रि०) देखनेमें सबोंके प्रीतिकर। (अथर्व १।३४।३)

मधुसन्धान (सं० क्ली०) मद्य, शराब।

मधुसम्भव (सं० क्ली०) १ सिक्थ, मोम। (राजनि०) स्त्रियां टाप्। २ कपिलद्राक्षा, दाख। (वैद्यनि०)

मधुसहाय (सं० पु०) कामदेव।

मधुसारथि (सं० पु०) मधुर्वसन्तः सारथिर्यस्य। कामदेव। (त्रिका०)

मधुसिक्थक (सं० पु०) सिञ्चतीति सिचेः थक्, स्वार्थे कन्, मधु मधुमयं सिक्थकं यस्य। १ स्थावर विषभेद, एक प्रकारका स्थावर विष। २ मधुच्छिष्ट, मोम। (भावप्रकाश)

मधुसुक्त (सं० क्ली०) पिप्पलीमूल और जम्बीररसकृत सन्धानविशेष। जंबीरी नीबूका रस और पिप्पलीमूलको एक साथ बरतनमें मिला कर तीन दिन तक धूपमें रखनेसे जो तैयार होता है उसीको मधुसुक्त कहते हैं।

मधुसुहृद (सं० पु०) मधोर्वसन्तस्य सुहृद्। कामदेव।

मधुसूक्त (सं० क्ली०) वैदिकसूक्तभेद। 'मधुवाता ऋतायते' इत्यादि वैदिक मन्त्रको मधुसूक्त कहते हैं।

मधुसूदन (सं० पु०) मधु पुष्परसं सूदयति भक्षयतीति-सूद-णिच्-ल्यु। १ भ्रमर, भौंरा। मधुं तन्नामानं असुरं सूदयति नाशयतीति। २ श्रीकृष्ण।

> "वनेषु कृत्वा सुरभिप्रचारं प्रकामोसुखो मधुवासरेषु।
> गायन् कलं क्रीड़ति पद्मिनीषु मधूनि पीत्वा मधुसूदनोऽसौ॥"
>
> (छन्दोम० १।३)

इस श्लोकमें मधुसूदन पद श्लिष्ट है, भ्रमर और श्रीकृष्ण दोनोंका ही बोध होता है।

मधुसूदन शब्दकी व्युत्पत्ति—

> "सूदनं मधुदैत्यस्य यस्यात् स मधुसूदनः।
> इति सन्तो वदन्तीशं वेदैर्भिन्नार्थमीप्सितम्॥
> मधुक्लीवञ्च माध्वीके कृतकर्म शुभाशुभे।
> भक्तानां कर्मणाञ्चैव सूदनं मधुसूदनः॥
> परिणामा शुभं कर्म भ्रान्तानां मधुरं मधु।
> करोति सूदनं यो हि स एक मधुसूदनः॥"
>
> (ब्रह्मवैवर्त्त पु० श्रीकृष्ण जन्मख० ११० अ०)

भगवान् विष्णुने मधुदैत्यका विनाश किया था इसीसे वे मधुसूदन कहलाये। जो भक्तोंके किये हुए शुभाशुभ कर्मका नाश करते हैं वही मधुसूदन हैं। भ्रान्तोंके परिणाममें जो अशुभ कर्म है उसका नाम मधु है,

इस अशुभकर्मरूप मधुको विनाश करते हैं, इस कारण उनका मधुसूदन नाम पड़ा है।

जो व्यक्ति महाविपद्‌में पड़ कर मधुसूदन नाम स्मरण करते हैं उनकी विपत्ति जाती रहती है और अन्तमें वे सुखी होते हैं—

"महाविपत्तौ संसारे यः स्मरन्मधुसूदनम् ।
विपत्तौ तस्य सम्पत्तिर्भवेदित्याह शङ्करः ॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ३४ अ०)

विपद् पड़ने पर सर्वोंको मधुसूदन नामका स्मरण करना उचित है, इससे विपत्ति दूर होती है।

मधुसूदन—कुछ प्राचीन ग्रन्थकार। १ उपसर्गविचार-टीका, चित्ररूपवादटीका, तर्कसूत्र भाष्यटीका, निग्रहस्थानसूत्रटीका और प्रतिज्ञासूत्रटीकाके प्रणेता। २ चन्द्रोन्मीलनतन्त्रके रचयिता। ३ ज्योतिःप्रदीपांकुरके प्रणेता। ४ नीतिसारसंग्रहके प्रणेता। ५ लघुग्रहमञ्जरीके सङ्कलयिता। ६ श्राद्धदर्पणके प्रणेता। ७ मंजुभाषिणी नामक विद्वद्भूषणटीकाके प्रणेता। ये वालकृष्णके छात्र गोकुलनिवासी नरसिंहके पौत्र और माधवके पुत्र थे। १६४४ ई०में इन्होंने अपने ग्रन्थकी रचना की थी।

मधुसूदन—ग्वालियरके एक राजा, भुवनपालके पुत्र। महिपालके वाद ये राजसिंहासन पर वैठे। ११६१ सम्वत्‌में उत्कीर्ण उनकी शिलालिपि पाई जाती है।

मधुसूदनगोस्वामी—एक विख्यात पण्डित, व्रजराज गोस्वामीके पुत्र। ये महाराज रणजित्‌सिंहके दानाध्यक्ष थे। राधाकृष्ण और देवीदत्त नामक उनके दो पुत्र थे। १८७७ ई०में देवीदत्तकी मृत्यु हुई। मधुसूदनने अपने जीवनकालमें निम्नलिखित ग्रन्थ रचे हैं, यथा—गोदानविधि-संग्रह, जीवत्पितृकविभागव्यवस्था, जीवत्पितृकविभागव्यवस्थासार, तड़ागादिप्रतिष्ठाविधि, निर्णयसंग्रह, पञ्चकशान्तिविधि, महाप्रभा नामक सिद्धान्तमुक्तावली-टीका, मिताक्षरासार, मूलशान्तिविधि, वृषोत्सर्गविधि, व्यवहारसारोद्धार, व्यवहारार्थसार और सप्रासादराधाकृष्णप्रतिष्ठाविधि।

मधुसूदनठाकुर—तत्त्वचिन्तामणि-आलोककण्टकोद्धार, द्वैतनिर्णय वा द्वैतनिर्णयप्रकाश और समयप्रदीपजीर्णोद्धार आदि ग्रन्थोंके रचयिता।

मधुसूदनदत्त—बङ्गालके एक प्रसिद्ध कवि।

माइकल मधुसूदन दत्त देखो।

मधुसूदनदीक्षित—स्मृतिरत्नावलीके प्रणेता। आप महेश्वर दीक्षितके पुत्र थे।

मधुसूदनदुजन्ती—अन्याप-देशशतकके प्रणेता।

मधुसूदननापित—नापित जातिके एक बङ्गाली कवि। 'नलदमयन्ती' लिख कर ये प्रसिद्ध हो गये हैं। इनके पितामह भी एक कवि थे।

मधुसूदनपण्डित—आर्याशतकके प्रणेता।

मधुसूदनवाचस्पति—अद्वैतमङ्गल, अशौचसंक्षेप और मधुमती नामक मुग्धवोधटीकाके रचयिता।

मधुसूदनसरस्वती—बङ्गदेशीय पाश्चात्य वैदिक श्रेणीके एक विख्यात पण्डित। ये सभी शास्त्रोंमें पारदर्शी थे। एक दिन ये अपने मध्यम भ्राता यादवके साथ वाकला गये। वहां वाकलाधिपतिने इनकी काव्यरचना देख कर बड़ी तारीफ की और कहा, 'मैं आप पर वहुत प्रसन्न हूं, स्वस्थान छोड़ कर आप जो चाहें मैं देनेको तयार हूं।'

मधुसूदनने राजासे इस प्रकार सत्कृत हो कर मन ही मन स्थिर किया, कि मनुष्यकी प्रशंसा निष्फल है, अतएव मैं भगवदाराधनामें जीवन व्यतीत करूंगा। इस प्रकार स्थिर कर उन्होंने शङ्करको प्रणाम किया और काशीकी यात्रा कर दी। राहमें उन्हें मधुमती नामकी एक नदी मिली। मधुसूदनने नदीके किनारे जा उसकी उपासना की। पीछे नदीमें मूर्त्तिमती हो मधुसूदनके सामने खड़ी हो गई और उन्हें मुंह मांगा वर दिया। कहते हैं, कि आज भी उनके भ्रातृवंशीयगण नदीमें निर्भीक चित्तसे जाते आते हैं।

मधुसूदन २० वर्षकी उमरमें वाराणसी गये और वहां विश्वेश्वर सरस्वती नामक एक दण्डीसे दण्डग्रहण किया। विश्वेश्वरके अतिरिक्त उन्होंने श्रीधरस्वामीसे भी शास्त्राध्ययन किया था। दण्डग्रहणके वाद श्रीक्षेत्रके समीप नदी-तटके किसी वनमें १७ वर्ष तक तपस्या करके सिद्धि प्राप्त की। जब ये श्रीक्षेत्रमें थे उस समय अनावृष्टिके कारण वहां घोर दुर्भिक्ष पड़ा था। उत्कल-पति मुकुन्ददेव शान्तिके लिये श्रीक्षेत्रमें आये। यहां मधुसूदनके साथ उनका साक्षात हुआ। राजाके स्तव और सत्कार

पर मुग्ध हो कर मधुसूदनने, राज्यकी वृद्धि होगी, कह कर राजाको आशीर्वाद किया। कहते हैं कि उनका आशीर्वाद खाली नहीं गया था।

दिल्लीश्वरने मधुसूदनका पाण्डित्य और प्रभावका परिचय पा कर उन्हें अपना सभामें बुलाया था। वीरसिंह नामक एक राजाके कोई सन्तान न थी। एक दिन उन्होंने स्वप्नमें देखा कि मधुसूदन नामक एक यति हैं जिनकी सेवा करनेसे निश्चय ही पुत्र होगा। तदनुसार राजा मधुसूदनकी तलाशमें घरसे निकले। उस समय मधुसूदन एक नदीके किनारे जमीनके नीचे ध्यानस्थ थे। राजा दलवल समेत उसी जगह पर पहुंचे। छावनी डालनेके समय जब मिट्टी खोदी जाने लगी, तब मधुसूदन दिखाई पड़े। राजाने निश्चय कर लिया, कि ये ही मधुसूदन हैं। तदनन्तर राजाने वहां मंदिर बनवाया और मधुसूदनकी सेवाके लिये कुछ लोग नियुक्त कर दिये। इस घटनाके तीसरे वर्षमें मधुसूदनने आंखें खोलीं। उनकी इस अलौकिक क्षमताको देख कर बहुतेरे विस्मित हो गये। अब मधुसूदन फिरसे राजभोग और राजदत्त मन्दिरका परित्याग कर तीर्थपर्यटनको निकले।

किसी समय परिव्राजक मधुसूदन दरभंगा-महाराजकी पण्डित-सभामें पधारे। मधुसूदनकी सर्वशास्त्रपारदर्शिताके सम्बन्धमें पण्डितोंके मध्य तर्क चलने लगा। इसमें महाराजने हस्तचालना द्वारा निम्नलिखित श्लोक पाया था। इस सम्बन्धमें पाश्चात्य वैदिकोंके मध्य सर्वत्र प्रवाद प्रचलित है,—

"मधुसूदनसरस्वत्याः पारं वेत्ति सरस्वती।
पारं वेत्ति सरस्वत्याः मधुसूदनसरस्वती॥"

परिव्राजक मधुसूदन बहुतसे ग्रन्थोंकी रचना कर अपनी सर्वशास्त्रपारदर्शिताका यथार्थ परिचय दे गये हैं। उनके विरचित निम्नलिखित ग्रन्थ पाये जाते हैं—

अद्वैतब्रह्मसिद्धि, अद्वैतरत्नलक्षण, आत्मबोधटीका, आनन्दमन्दाकिनी, ऋग्वेदजटाद्यष्टविकृतविवरण, कृष्णाकुतूहल नाटक, प्रस्थानभेद, भक्तिसामान्यनिरूपण, भगवद्गीतागूढ़ार्थदीपिका, भगवद्भक्तिरसायन, भागवतपुराणप्रथमश्लोकव्याख्या, महिम्नस्तोत्रटीका, यजुर्वेदभाष्य, राजप्रतिबोध, वेदस्तुतिटीका, संक्षेपशारीरकसारसंग्रह, सिद्धान्ततत्त्वविन्दु, हरिलीलाव्याख्या।

मधुसूदनी (सं० स्त्री०) मधु सूदयतीति मधु सूदणिच् ल्यु, स्त्रियां टाप्। पालङ्क्य शाक, पालकका साग।

मधुसेन (सं० पु०) मधुपुरके एक राजा।

मधुस्कन्द (सं० क्ली०) पुराणानुसार एक तीर्थका नाम।

मधुस्थान (सं० क्ली०) मधुचक्र, मधुमक्खीका छत्ता।

मधुस्नेह (सं० पु०) मधुच्छिष्ट, मोम।

मधुस्पन्दी (सं० पु०) प्राचीन कालका एक प्रकारका बाजा। इसमें तार लगा रहता था।

मधुस्यन्द (सं० पु०) १ विश्वामित्रके एक पुत्रका नाम। २ मधुक्षरण।

मधुस्रव (सं० पु०) मधूनां मकरन्दानां स्रवः क्षरणं यस्मादिति। १ मधुकवृक्ष, महुएका पेड़। २ मोरटलता, पुष्प नामकी लता। ३ पिंडखजूरका वृक्ष।

मधुस्रवस् (सं० पु०) मधूनि स्रवति निःक्षिपतीति स्रु कर्त्तरि असुन्। मधूक वृक्ष, महुएका पेड़।

मधुस्रवा (सं० स्त्री०) मधुस्रव टाप्। १ मधुयष्टिका, जेठा मद। २ जीवंती, संजीवनी बूटी। ३ रक्तलज्जालुका, लजालू नामका पौधा। ४ मूर्वा। ५ क्षीरमूर्वा। ६ हंसपदी नामकी लता।

मधुस्राव (सं० पु०) मोरटलता, कर्णपुष्प नामकी लता। २ मधूक वृक्ष, महुएका पेड़।

मधुस्वर (सं० पु०) मधुर्मनोहरः स्वरो यस्य। कोकिल, कोयल।

मधुहन् (सं० पु०) मधुं तन्नामानमसुरं हन्तीति हन-क्विप्। १ विष्णु। (त्रि०) २ मधुनाशक। ३ प्रसहजातीय पक्षिभेद। (चरकसूत्रस्था० २७ अ०)

मधुहेतु (सं० पु०) कामदेव।

मधुहन्तृ (सं० पु०) मधुदैत्यको मारनेवाले विष्णु।

मधूक (सं० पु०) महतीति मद (उलुकादयश्च। उण्

४।४१) इति ऊक-निपातितश्च वृक्षविशेष। १ महुएका पेड़। २ महुएका फूल। ३ मुलेठी। इसका पर्याय—गुड़-पुष्प, मधुद्रुम, वानप्रस्थ, मधुष्ठील, मधुक, मधु, मधुपुष्प, मधुस्रव, मधुवृक्ष, रोधपुष्प, माधव। इसका गुण—मधुर, शीतल, पित्तदाह तथा श्रमनाशक, वातवर्द्धक, वीर्य और पुष्टिवर्द्धक; इसके फूलका गुण मधुर, हृद्य, हिम, पित्तविदाहकारक और फलका गुण वातामय और पित्त-नाशक माना गया है। (राजनि॰)

विशेष विवरण महुआ शब्दमें देखो।

मधूकपर्णसाहस्री (सं॰ स्त्री॰) तुलसीवृक्ष।

मधूकपर्णा (सं॰ स्त्री॰) अम्बष्ठा, अमड़ा।

मधूकफाणित (सं॰ क्ली॰) मधूक पुष्पोत्थ शर्करा, महुएके फल या फूलसे निकाली हुई चीनी। इसका गुण—रुक्ष, वायु और पित्तवर्द्धक, कफनाशक और वस्तिदोष-कर। (सुश्रुत सूत्रस्था॰ ४५ अ॰)

मधूकरी (सं॰ स्त्री॰) मधुकरी देखो।

मधूकशर्करा (सं॰ स्त्री॰) मधूकस्य शर्करा। महुएके फल या फूलसे निकाली हुई चीनी।

मधूकसार (सं॰ पु॰) मधूकरस, महुएका सार दूध।

मधूख (सं॰ पु॰) मधूक देखो।

मधूच्छिष्ट (सं॰ क्ली॰) मधुनः उच्छिष्टमवशिष्टं। मधुका अवशिष्ट, मोम। पर्याय—सिक्थक, शिक्थक, शिक्थ। (शब्दरत्नाकर) गुण—क्षतरोगमें स्निग्ध और हितकर।

मधूत्थ (सं॰ क्ली॰) मधु-उत्-स्था-क। मधुच्छिष्ट, मोम।

मधूत्थित (सं॰ क्ली॰) मधुनः उत्थितं। सिक्थ, मोम।

मधूत्पन्ना (सं॰ स्त्री॰) मधुकृत शर्करा, शहदसे बनाई हुई चीनी।

मधूत्सव (सं॰ पु॰) मधोश्चैत्रस्य उत्सवो यत्र। १ चैत्रकी पूर्णिमा। २ वसन्तोत्सव।

मधूदक (सं॰ क्ली॰) मधुमिश्रितं उदकं। जलमें मिला हुआ मधु।

मधूद्यान (सं॰ क्ली॰) वासन्तिक उद्यान।

मधूपघ्न (सं॰ क्ली॰) मधोस्तन्नाम्नो दैत्यस्य उपघ्न आश्रयः अभिधानात् क्लीवत्वं। मथुरा।

मधूल (सं॰ पु॰) मधु-उरति प्राप्नोति मधु-उर-गतौ क, रस्य लत्वं। जलज और गिरिज मधूकवृक्ष, जल-महुआ।

मधूलक (सं॰ पु॰) मधूल-स्वार्थे कन्। १ जलज मधूक-वृक्ष, जल-महुआ। पर्याय—दीर्घपत्रक, गौरशाक, मधूल, स्वल्पपत्रक। (क्ली॰) २ मद्य, शराब।

मधूलिका (सं॰ स्त्री॰) मधुल-कन्, स्त्रियां टाप्, अत इत्वञ्च। १ मूर्वा। २ यष्टिमधु, मुलेठी। ३ जलयन्त्र। (भावप्रकाश) ४ कुधान्यभेद, एक प्रकारका मोटा धान। ५ स्वल्पगोधूम, छोटे दानेका गेहूं। ६ मध्यदेशज गोधूम, मध्यप्रदेशका गेहूं। ७ स्वल्प गोधूमोत्थसुरा, छोटे दानेके गेहूंसे बनी हुई शराब। ८ मक्षिकाविशेष, एक प्रकार-की मक्खी। इसके काटनेसे सूजन और जलन होती है। (सुश्रुत कल्पस्था॰ ८ अ॰) ९ मर्कटहस्तितृण, एक प्रकारकी घास।

मधूली (सं॰ स्त्री॰) मधुल-गौरादित्वात् ङीष्। १ क्लीतनक, एक प्रकारका कीड़ा। २ मधुकर्क्कटी, मीठा नीबू। ३ आम्र, आम। ४ जलज मधुयष्टि, जलमें उत्पन्न होनेवाली मुलेठी। ५ मध्यदेशज गोधुम, मध्यप्रदेशका गेहूं। ६ मधूकवृक्ष, महुएका पेड़। (भावप्रकाश)

मधूवक (सं॰ क्ली॰) मधूच्छिष्ट, मोम।

मधेपुरा—१ बिहार और उड़ीसाके भागलपुर जिलेका उत्तरीय उपविभाग। यह अक्षा॰ २५° २४′ से २६° ७′ उ॰ तथा देशा॰ ८६° १९′ से ८७° ८′ पू॰के मध्य विस्तृत है। भूपरिमाण ११७६ वर्गमील और जनसंख्या साढ़े पांच लाखके करीब है। इसके दक्षिणमें घुगरी नदी बहती है। इसमें मधेपुरा नामक छोटा शहर और ७५७ ग्राम लगते हैं। यहांकी आबहवा स्वास्थ्यकर नहीं है।

२ उक्त उपविभागका एक छोटा शहर। यह अक्षा॰ २५° ५६′ उ॰ तथा देशा॰ ८६° ४८′ पू॰ परवान नदीके दाहिने किनारे भागलपुर शहरसे ५२ मील दूर पड़ता है। जनसंख्या पांच हजारसे ऊपर है। यहां सरकारी अदालत और एक छोटा जेल है जिसमें सिर्फ १५ कैदी रखे जाते हैं।

मध्य (सं॰ क्ली॰) मन्यते इति-मन् (अघ्न्यादयश्च। उण् ४।१११) इति यक् प्रत्येन निपातितः। १ संख्या-विशेष, दश अरबकी संख्या। २ अवसान, विश्राम।

नृत्यमें वह गति जो न बहुत तेज और न वहुत मन्द हो। ४ लयविशेष। ५ मध्यमावृत्ति। ६ किसी पदार्थके वीचका भाग, दरमियानी हिस्सा। ७ कटि, कमर। ८ सङ्गीतमें एक समक। इसके स्वरोंका उच्चारण वक्षस्थलसे, कण्ठके अन्दर स्थानोंसे किया जाता है। यह साधारणतः वीचका समक माना जाता है ९ सुश्रुतके अनुसार १६ वर्षसे ७० वर्ष तक की अवस्था। ६ अन्तभेद १० पश्चिम दिशा। ११ ग्रहस्फुटसाधक अङ्कविशेष। ग्रहोंका स्फुट स्थिर करनेमें पहले शीघ्र और मध्य ला कर पीछे स्फुट निर्णय करना होता है। स्फुट देखो। (त्रि०) १२ उपयुक्त, ठीक। १३ अधम, नीच। ३ मध्यम, वीचका।

मध्यकुरु (सं० पु०) एक प्राचीन देश। यह उत्तर कुरु और दक्षिण कुरुके मध्यमें था।

मध्यक्षामा (सं० स्त्री०) १ क्षीणकटीतटशालिनी स्त्री, वह स्त्री जिसकी कमर पतली हो। २ छन्दोभेद।

मध्यखण्ड (सं० क्ली०) ज्योतिषके अनुसार पृथिवीका वह भाग जो उत्तरक्रान्ति और दक्षिणक्रान्तिके मध्यमें पड़ता है। सूर्य प्रतिवर्ष आषाढ़ मासके शेषमें गगनमण्डलके उत्तर जहां तक जाते हैं उस सीमाका नाम उत्तरक्रान्ति और उत्तरक्रांतिसे जहां तक दक्षिणकी ओर जाते हैं उसका नाम दक्षिणक्रांति है। इन दोनों गतिका दूसरा नाम दक्षिणायन और उत्तरायण है। इन दोनों सीमा वा रेखाके मध्य पृथिवीका जो अंश पड़ता है उसका नाम मध्यखण्ड है। इस मध्यखण्डमें १२ राशि और उसके अन्तर्गत १०१६ नक्षत्र देखनेमें आते हैं। गगनमण्डलमें मध्यखण्डके उत्तर जो अंश है उसे उत्तरखण्ड कहते हैं। यूरोपीय पण्डितोंके मतसे इसके मध्य ३५ राशि और तदन्तर्गत १४५६ नक्षत्र हैं तथा दक्षिणकी ओर जो खण्ड है उसका नाम उत्तरखण्ड है। इसके मध्य ४६ राशि और तदन्तर्गत ९६५ नक्षत्र अवस्थित हैं। प्राचीन ज्योतिर्विदोंने, उस मध्यखण्डमें अवस्थित जो सब अचल नक्षत्र हैं उनमेंसे वहुतोंकी एक एक आकृतिकी कल्पना करते हुए उन्हें वारह भागोंमें विभक्त कर राशिचक्रका नाम और सीमा निर्देश की है। उन वारह राशियोंके नाम ये हैं—मेष, वृष, मिथुन, कर्कट, सिंह, कन्या, तुला वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ और मीन। मेष राशिके प्रथमांशमें क्रान्तिपात होता है। जो दो दिन सूर्य उस रेखा पर रहते हैं, उन दो दिनोंमें दिन और रात वरावर होती है।

विषुवरेखाके उत्तर ६ राशि हैं अर्थात् मेष, वृष, मिथुन, कर्कट, सिंह और कन्या तथा दक्षिणकी ओर भी ६ हैं अर्थात् तुला, वृश्चिक, धनु, मकर कुम्भ और मीन। पृथिवी देखो।

मध्यगत (सं० त्रि०) मध्यं गतः। मध्यस्थित, मध्यम।

मध्यगन्ध (सं० पु०) मध्ये फलाभ्यन्तरे गन्धोऽस्य। आम्रवृक्ष, आमका पेड़।

मध्यचारिन् (सं० त्रि०) मध्य-चर-णिनि। मध्यस्थलमें विचरण करनेवाला।

मध्यजिह्व (सं० क्ली०) जिह्वाका मध्यस्थान।

मध्यज्या (सं० स्त्री०) विषुव रेखास्थ ज्याभेद।

मध्यतस् (सं० अव्य०) मध्य-तसिल्। मध्यसे अथवा मध्यमें।

मध्यता (सं० स्त्री०) मध्य-भावे-तल टाप्। मध्यत्व, मध्यका भाव या धर्म।

मध्यतापिनी (सं० स्त्री०) उपनिषद्भेद।

मध्यदिन (सं० क्ली०) मध्याह्न अर्थात् दो पहर।

मध्यदेश (सं० पु०) मध्यश्चासौ देशश्चेति। देशविशेष। पर्याय—मध्यम।

> "हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्यं यः प्राक् विनशनादपि।
> प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्त्तितः॥" (मनु २।२१)

यह प्रयागके पश्चिममें अवस्थित है। इसके उत्तरमें हिमालय, दक्षिणमें विन्ध्यपर्वत, पश्चिममें कुरुक्षेत्र और पूर्वमें प्रयाग है।

मध्यदेशभवा (सं० स्त्री०) रक्तकशालि, शालिधान्यविशेष।

मध्यदेश्य (सं० त्रि०) मध्यदेशे भवः यत् मध्यदेशोद्भव। मध्यदेशजात, मध्यदेशका।

मध्यदेह (सं० पु०) उदर, पेट।

मध्यनिहित (सं० त्रि०) मध्यस्थानमें स्थापित वा रक्षित।

मध्यन्दिन (सं० पु०) दिनस्य मध्यं राजदन्तादित्वात

मध्यशब्दस्य पूर्वनिपातः, पृषोद्रादित्वात् नकारागमः, मध्यन्दिनं पुष्पविकाशकत्वेनास्यास्तीति अच् । १ बन्धूकबृक्ष, दुपहरिया फूलका पौधा । (क्ली०) २ मध्याह्न ।

मध्यन्दिनीय (सं० त्रि०) मध्याह्न सम्बन्धीय ।

मध्यपञ्चमूलक (सं० क्ली०) मध्यं मध्यमं पञ्चमूलकम् । पञ्चमूल पाचनविशेष । अतिवला, पुनर्नवा, रेंड़ी, दोनों शूर्पपर्णी अर्थात् शालपर्णी और पृश्निपर्णी को मिलानेसे यह पाचन बनता है ।

मध्यपदलोपिन् (सं० पु०) मध्यपदस्य लोपोऽस्त्यस्य इनि । व्याकरणप्रसिद्ध शाकपार्थिवादिक मध्यपदलोपयुक्त समासभेद । समास वाक्यके मध्यस्थित पदका लोप होता है; इसलिये उसका नाम मध्यपदलोपी है । कर्मधारय और बहुब्रीहि समासमें मध्यपदका लोप होता है ।

मध्यपतित (सं० त्रि०) मध्यभागमें पतित, अवस्थित ।

मध्यपाक (सं० पु०) तैलादिका पाकविशेष ।

मध्यपात (सं० पु०) १ मध्यभागमें पतन । २ परिचय, जान-पहचान । ३ ज्योतिषमें एक प्रकारका पात ।

मध्यपुष्प (सं० पु०) जलवेतस, जल बेंत ।

मध्यप्रदेश—मध्यभारतके अन्तर्गत एक भूमिभाग । यह अक्षा० १७° ५०´ से २४° २७´ उ० तथा देशा० ७६° से ८५° १५´ पू०के मध्य अवस्थित है । यह एक चीफ-कमिश्नर द्वारा शासित होता है । यह प्रदेश प्राचीन गोण्डवाना राज्य तथा मालव और हिन्दुस्तानका कुछ अंश ले कर गठित है । इसके उत्तरमें मध्य-एशिया ; उत्तर पूर्वमें मध्य-एशिया और बङ्गाल ; दक्षिण-पूर्वमें बङ्गाल तथा मान्द्राज और दक्षिण पश्चिममें हैदराबाद है । भूपरिमाण १३०००० वर्गमील और जनसंख्या चौदह करोड़से कुछ अधिक है ।

इसका प्राकृतिक दृश्य सब जगह एक सा नहीं है । उत्तरमें विन्ध्य-अधित्यकासे निकली हुई धारा उत्तरकी ओर गंगाकी सीमा तक फैल गई हैं । सागर और दामो जिलेसे दक्षिण मण्डला, जब्बलपुर, नरसिंहपुर, हुसंगाबाद और निमारका कुछ भाग नर्मदाकी उपत्यकामें तथा निमारका शेष भाग ताप्ती-उपत्यकामें अवस्थित है । इन भागोंमें नरम मट्टीका और दक्षिणमें पुराने पहाड़के छोटे छोटे पत्थरके टुकड़े का स्तर देखा जाता है । उससे भी दक्षिण बेतुल, छिन्दवाड़ा, सेवनी और बालाघाट-अञ्चलमें सतपुराकी अधित्यकाकी जमीन दानेदार और बलुई पत्थरकी दीख पड़ती है । शेषोक्त जिलेको मध्य-अधित्यका प्रायः दो हजार फुट ऊंची होगी । उसके और दक्षिण वरधा और वेणगङ्गाकी उपत्यकामें अवस्थित नागपुरका समतल क्षेत्र है । इसके मध्य वरधा, भाण्डारा और चन्दा जिला अवस्थित है । घाटके नीचे छत्तीसगढ़का समतलक्षेत्र है । छत्तीसगढ़में रायपुर और विलासपुर जिला लगता है । इस विभागमें जङ्गल और सानुमय सम्बलपुर जिला भी है । सबसे दक्षिणमें चन्दा जिला संलग्न वनभूमि और असभ्य जातिका निवास अर्द्धस्वाधीन राज्यसमूह है ।

यहांकी सतपुरा शैलमालाका प्राकृतिक दृश्य अति सुन्दर और चित्ताकर्षक है । कहीं समुन्नत शैलमाला और कहीं सुजला सुफला नदीप्रवाहसंकुला उर्वराभूमि है । बोलमाला पत्थरकी अधित्यकामें भी ऊख और अफीमकी खेती देखनेमें आती है । समुच्च अमरकंटककी जलप्रपातमालासे नर्मदा निकल कर मरमर पत्थर हो कर बह चली है । वरधा, वेणगंगा और गोदावरी हमेशा मानो उत्तालतरङ्गसे नाच रही हैं ।

इस प्रदेशमें ह्रदका भी अभाव नहीं है । नवगांवका ह्रद ही सर्वापेक्षा बड़ा है । इसकी लम्बाई प्रायः १७ मील और कहीं कहीं ६० फुट तक गहरा है । भेराघाट और मुक्तगिरिकी स्वाभाविक शोभा देखनेसे मन प्रसन्न हो जाता है । यहां हिन्दूके तीर्थस्थान भी बहुत हैं ।

इस प्रदेशके तिहाई हिस्सेमें खेतीबारी होती है । वहां न तो उतना घना जंगल है और न जंगलमें उपयोगी मूल्यवान् काष्ठ ही पाया जाता है । पहले यहांकी असभ्य जाति 'दहिया' प्रणालीके अनुसार खेतीबारी करती थी और कभी कभी वन-जंगलको जला कर छारखार कर डालती थी । अतः मूल्यवान् काष्ठका वहां बिलकुल अभाव था । १८६० ई०में जब वनभाग-रक्षाका कानून जारी हुआ तब मूल्यवान् वृक्षोंका काटना बन्द हो गया । अभी बृटिश सरकारकी देखरेखमें २५७० वर्गमील स्थान घने जंगलोंसे परिपूर्ण है ।

यहां नाना स्थानोंमें निकृष्ट कोयला और खनिज लोहा पाया जाता है । वरोरामें कोयला निकालने तथा

चन्दामें लोहे बनानेका बड़ा कारखाना है। चन्दाके कारखानेमें काम चलनेसे प्रतिवर्ष प्रायः दो लाख साठ हजार टन लोहा वा इस्पात तैयार हो सकता है। १८८१-२ ई०में रिटारवन सोयर्ज नामक एक अष्ट्रियावासी लौहपरीक्षकने यहांके लोहेकी परीक्षा कर कहा है, कि यहांका लोहा इङ्गलैण्डके बाजारके लोहेकी बराबरी कर सकता है।

यह प्रदेश ४ विभाग, १८ जिले और १५ छोटे छोटे राज्योंमें विभक्त है।

नागपुर-विभागमें नागपुर, भण्डारा, चन्दा, वरधा और बालाघाट ये पांच जिले हैं तथा भूपरिमाण २४०४० वर्गमील है। जव्वलपुर-विभागमें जव्वलपुर, सागर, दामो, सेवनी और मण्डला ये पांच जिले हैं तथा भूपरिमाण १८६८८ वर्गमील है। नर्मदा-विभागमें हुसंगाबाद, नरसिंहपुर, बेतूल, छिन्दवाड़ा और नीमार ये पांच जिले हैं तथा भूपरिमाण १७५१३ वर्गमील है। छत्तीसगढ़ विभागमें रायपुर, विलासपुर और सम्बलपुर ये तीन जिले हैं तथा भूपरिमाण २४२०४ वर्गमील है।

इस प्रदेशके अन्तर्गत देशीय राज्योंके नाम और भूपरिमाण इस प्रकार हैं—

राज्योंके नाम।	वर्गमील।
कालाहन्दी	३१४५
रायगढ़	१४८६
सारंगढ़	५४०
पटना	२३९९
सोनपुर	९०६
राइराखोल	८३३
वामड़ा	१९८८
शक्ति	११५
कवर्द्धा	८८७
छुइकदान (कोन्दका)	१७४
काङ्केर	६३९
खैरागढ़	९४०
नन्दगांव	९०५
मकराइ	२१५
बस्तार	१३०६२
राज्योंका कुल भूपरिमाण	२८८३३

भिन्न भिन्न राजाओंके अधीन रहने पर भी ये पन्द्रह राज्य बृटिश-गवर्मेण्टके अधीनस्थ पांच जिलेके साथ संलिप्त हैं। उनमेंसे मकराई हुसंगाबादके साथ, बस्तार चन्दाके साथ, नंदगांव रायपुरके साथ, कवर्द्धा और शक्ति विलासपुरके साथ तथा कलाहन्दी, रायगढ़, सारंगगढ़, पटना, सोनपुर, राइराखोल और वामड़ाराज्य सम्बलपुर जिलेके साथ संयुक्त है।

यहां नाना जाति और नाना सम्प्रदायोंका वास है। असभ्य आदिम अधिवासियोंमेंसे गोण्ड, मारिया, भील, हलवा आदि रहते हैं। इनका रंग काला, नाक चिपटी और होंठ मोटे हैं इसलिये ये आर्यजातिके जैसा मालूम नहीं होते।

धर्मसम्प्रदायमें यहां सत्नामी, कवीरपन्थी, कुम्भपातिया, नानकपन्थी, सिहपन्थी और धामि आदि सम्प्रदायोंका वास है।

हिन्दुओंके बीच ब्राह्मण, राजपूत, चमार, कुर्मी और तेलीकी संख्या ८८ लाखसे अधिक होगी।

अलावा इसके यहां जैनोंकी संख्या पचास हजार है। ये लोग व्यवसायके लिये यहां आये हुए हैं। सर्वापेक्षा सागर जिलेमें ही इनकी संख्या अधिक है।

यहां ढाई लाखसे अधिक मुसलमान रहते हैं जिनमेंसे सुन्नियोंकी ही संख्या सैकड़े पीछे ९४ है। एतद्भिन्न, सीया, ओहवी और कुछ फराजी भी देखे जाते हैं। मिसनरियोंकी कोशिशसे यहां ईसाई भी हो गये हैं। ईसाइयोंके मध्य रोमन कैथलिककी संख्या ही बेशी है। कुल ईसाइयोंकी संख्या मिला कर १२ हजारसे अधिक नहीं होगी।

शहर।—इस प्रदेशमें ५२ शहर हैं। यथा—नागपुर, जव्वलपुर, कामती, सागर, बुर्हानपुर, रायपुर, चंदा, हुसंगाबाद, खण्डवा, उमरेर, सम्बलपुर, गड़ाकोटा, हर्दा, भण्डारा, नरसिंहपुर, सिवनी, पौनी, हिंगनघाट, दामो, मुर्चारा, खापा, छिन्दवाड़ा, गादरवाड़ा, अर्वी सोनपुर, रामतेक, विलासपुर, पान्धुर्णा, देवरी, तुनसर, नरखेर, सोहागपुर, धमतारी, हट्टो, नन्दगांव, वरधा, सेहोरी, कवर्द्धा, रतनपुर, अरमोरी, डुंगरपुर, मोहया, खुरई,

खलमेश्वर, अस्ति, रेहली, मोहगांव, मोहारी, देवली, सावनेर। इन नगरोंके मध्य नागपुर और जव्वलपुरमें ही जनसंख्या अधिक है।

कृषि।—यहां धान, जौ, गेहूं आदि सब प्रकारके शस्य, कपास और अनेक तरहके तेलहन उत्पन्न होते हैं। केवल रायपुरके अञ्चलमें तमाकूकी खेती होती है।

वाणिज्य।—यहां लोहेकी ढलाई आदिका काम होता है, और यही यहांका प्रधान काम समझा जाता है। बुरहानपुरमें जरीके कामका तथा नागपुर और भण्डारामें छींटदार पहननेके कपड़ेका भारत भरमें आदर है। यहां तरह तरहके कपड़े, लोहेकी वस्तु, नमक, नारियल, विलायती शराव, तमाकू आदिकी आमदनी तथा रुई, अनाज, घी, तेलहन बीज और देशीय द्रव्यजातकी रफ्तनी होती है। मध्यभारत, वम्बई और कलकत्तेके साथ यहांका वाणिज्य चलता है। अभी इस प्रदेश हो कर बेङ्गाल-नागपुर रेलवे लाइन दौड़ जानेसे आमदनी और रफ्तनीमें बहुत सुविधा हो गई है। वर्षाकालमें नदी द्वारा भी वाणिज्य चलता है।

जलवायु।—यह स्थान पार्वत्य है, जमीनके अन्दर बड़े बड़े पत्थर मिलते हैं, पानी पड़नेसे यह स्थान शीघ्र ही धुल जाता है और समुद्रसे दूर भी पड़ता है, आदि कारणोंसे यह स्थान स्वभावतः ही शुष्क और उष्ण है। आषाढ़से भाद्र तक यहां मौनसुन वायु चलती है जिससे पानी काफी पड़ता है। तौ भी नौ मास तक गर्मीका ज्यादा प्रकोप देखा जाता है। वैशाख और ज्यैष्ठमासमें यहां इस कदर गर्मी पड़ती है, कि वैसी और कहीं भी नहीं पड़ती। यहांका वार्षिक वृष्टिपात ४५ इञ्च है। इस प्रदेशमें किसी भी ऋतुमें दक्षिण-पूर्वकी वायु नहीं मिलती, शीतकालमें उत्तर पूर्व और पूर्वीय वायु बहती हैं। किन्तु फाल्गुन मास आते न आते वायु बंद हो जाती है।

इतिहास।—अति प्राचीनकालमें यहां मुनिऋषियोंका वास था; उनकी वासभूमिकी तीर्थोंमें गिनती की गई है। इस प्रदेशके नाना स्थानोंसे जो शिलालिपि आविष्कृत हुई हैं उनसे जाना जाता है, कि यहां एक समय हैहय वा चेदिराजवंश और शवरराजगण राज्य करते थे। अनन्तर सोमवंशी राजाओंकी चढ़ती हुई। चेदि हैहय और सोमवंशी देखो। १४वीं शताब्दी तक जव्वलपुर अञ्चलमें सोमवंशी राजाओंका अधिकार रहा। सतपुराके दक्षिण मालवके परमार राजागण राज्य करते थे। चांदाके गोंड वा गोंड़वंशने हैहयवंशसे ही अधिकार प्राप्त किया था। १०वीं और ११वीं शताब्दीमें उनका प्रभाव बहुत दूर तक फैल गया। सतपुरा अधित्यकामें निमार और सागर जिला प्रायः ७ सौ वर्ष तक जौली नामक भील सरदारोंके दखलमें रहा। आज भी इस अञ्चलमें जौलीगणोंके प्रभाव और कीर्त्तिकलापकी गाथा घर घर सुनी जाती है। १४वीं शताब्दीमें इस वंशके आशा नामक अहीरने खान्देशके पहाड़ी अंचल पर प्रवल प्रतापसे अपनी गोटी जमा ली थी। मुसलमान ऐतिहासिक फेरिस्ता उसके पराक्रमका उल्लेख कर गये हैं। उसके दश हजार गाय, बीस हजार भैंस और एक हजार घोड़ी थीं। उसीके नामानुसार आशीरगढ़का नाम पड़ा है।

फेरिस्तासे यह भी जाना जाता है, कि प्रायः १३९ ई०में भी खरेलामें स्वाधीन हिन्दू-राजा राज्य करते थे। १४६७ ई०में खरेलाके वाह्मनी-राजके दखलमें आनेसे यहांका स्वाधीन राजवंश लोप हो गया। मालवमें जब मुसलमान-शक्तिका ह्रास हुआ, तब गढ़मण्डलासे गोंड़राज संग्रामसाह आ कर ५२ गढ़ों पर अधिकार कर बैठा। मण्डला देखो।

१६वीं शताब्दीमें पुनः सुप्राचीन हैहयवंशका प्रभाव दिखाई दिया। गोंड़ोंके अभ्युदयसे ले कर मरहठोंके समागम तक यहांका गोण्डवाना प्रदेश सचमुच स्वाधीन था। गोंड़राजगण नाममात्रको दिल्लीश्वरकी अधीनता स्वीकार करते थे। यहां सभी जगह सामन्तशासन-प्रणाली प्रचलित थी। मरहठोंके आगमनसे गोण्डवानाकी सुखसम्पत्ति विलुप्त हो गई। १७४१से १७५१ ई०के मध्य भोंसलेवंशने देवगढ़, चान्दा और छत्तीसगढ़में अपना राज्य फैलाया। गढ़मण्डलाके राजवंश १७८१ ई०में मरहठोंके हाथ राज्य समर्पण करनेको बाध्य हुए।

महाराष्ट्र-शासननीतिमें दोष गुण दोनों ही थे। पहले तो देशवासिगण उतना कष्ट नहीं पाते थे, पर पीछे

१८वीं शताब्दीके शेष भागमें जब शासनकर्त्ताओंको नाना कारणोंसे रुपयेकी मांग होने लगी. तब वेचारे अधिवासियोंका ही गला घोंटा जाने लगा। कर इतना बढ़ा दिया गया, कि वे तंग तंग आ गये। जब उन्होंने कृषिकार्यमें हानि तथा मानसम्भ्रम नष्ट होनेके सिवा और कोई लाभ न देखा तब खेती वारी छोड़ छाड़ कर दस्युवृत्ति अवलम्बन कर ली। धीरे धीरे हजारों कृषकने मिल कर भीषणमूर्त्ति धारण की। उन लोगोंके साथ तंबू अथवा किसी प्रकारकी गठरी न थी, वे केवल अस्त्र और अग्निकी सहायतासे ग्राम तथा नगरवासियोंका सर्वनाश करने लगे। उनके भीषण अत्याचारसे देश जनशून्य हो गया, कोष खाली पड़ गया और तमाम भीषण हो भीषण दृश्य नजर आने लगा। इसी समय (१८१८ ई०में) वृटिश-गवर्मेण्टने अप्पा साहबको पदच्युत किया। पहले सागर और नर्मदाराज्य वृटिश शासनभुक्त हुआ तथा भोंसलेवंशके ३य रघुजी नावालिग थे इस कारण उनका भी राज्य वृटिश-सरकारकी देखरेखमें आया। रघुजीने १८३० ई०में वालिग हो कर राज्यभार ग्रहण किया, पर १८५३ ई०में अपुत्रक अवस्थामें उनकी मृत्यु हो जानेसे उनका राज्य वृटिश-साम्राज्यमें मिला लिया गया।

वृटिश-सरकारके अधीन आने पर कर बहुत कुछ घटा दिया गया जिससे प्रजा खेती-वारी करने लगी और जिन्होंने कृषिकार्यका परित्याग कर दस्युवृत्तिका अवलम्बन किया था अब वे भी शान्त हो कर कृषिकार्य करने लग गये हैं। कहनेका तात्पर्य यह है, कि अङ्गरेजी राज्यमें प्रजा हर हालतसे सुख पा रही है।

१८६० ई०मे निजामने गोदावरीके किनारे अवस्थित शिरोष्ण, नौगांव, अलवका, चेरला, भद्राचलन और रांकपल्ली ये छः तालुक वृटिश गवर्मेण्टको दे दिये। शेषोक्त दो तालुक १८७४ ई०में मान्द्राजप्रदेशमें शामिल किये गये और शेष चार आज भी मध्यप्रदेशके अन्तर्गत हैं। १८६१ ई०मे सागर, नागपुर और नर्मदा भूभाग ले कर मध्यप्रदेश संगठित हुआ।

शासन।—वर्त्तमानकालमें मध्यप्रदेश भारत-गवर्मेण्टकी खास देखरेखमें एक चीफ कमिश्नर द्वारा शासित होता है। उनकी सहायतामें एक सिक्रेटरी और एक जुनियर-सिक्रेटरी है। यहांकी दीवानी और फौजदारी अदालत भिन्न भावमें एक एक प्रधान विचारपतिके अधीन है। यह विचारपति 'जुडिसियल कमिश्नर' कहलाते हैं।

मध्यभक्त (सं० वि०) जिस खाद्य पदार्थका विचला भाग खाया गया हो।

मध्यभाव (सं० पु०) १ मध्यावस्था। २ जो न दूरमें हो और न निकटमें हो।

मध्यभारत—भारतका मध्यांश। अभी वृटिश गवर्मेण्टके शासनाधीन कुछ निर्दिष्ट भूभाग ले कर 'मध्यभारत' कल्पित होता है। यह विस्तृत भूभाग बड़े लाटके एजेण्टके अधीन है। इन्दोर, भील वा भूपावर, डिपटी भील, पश्चिम मालव, भूपाल, ग्वालियर, गुणा, बुन्देलखण्ड और बघेलखण्ड एजेन्सी ले कर मध्यभारत एजेंसी संगठित है। इसके उत्तर-पूर्वमें युक्तप्रदेश, उत्तर-पश्चिममें राजपूताना, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिममें खान्देश और रेवाकांता, दक्षिणमें मध्यप्रदेश तथा पूर्वमें छोटानागपुरके चङ्गबाखार नामक गढ़जात है। इसके एक ओर गाङ्गप्रदेश और दूसरी ओर चम्बल तथा चित्तोरकी गिरिमाला है। यह अक्षा० २१° २४' से २६° ५२' उ० तथा देशा० ७४° से ८३° पू०के मध्य विस्तृत है। भूपरिमाण ७५००० वर्गमील और जनसंख्या ९३ लाखके करीब है।

इस मध्यभारतके मध्य बहुतसे राज्य हैं जिनमेंसे इन्दोर, देवास, वागली और १५ ठाकुरात इन्दोर एजेंसीके; धारा झबुआ, अलीराजपुर, जोबट और १३ ठाकुरात भील वा भूपावर एजेन्सीके; परगना मानपुर, वरवानी और १० ठाकुरात डिपटी भील एजेन्सीके; जौरा, रतलाम, सीतामऊ, मैलाना, भूपाल, राजगढ़, नरसिंहगढ़, खिलजीपुर, कारवाई, मकसूदनगढ़, मुहम्मदगढ़, पथारी, वसोदा और १७ ठाकुरात एजेन्सीके अधीन है। ग्वालियर और उसके अधीन १५ सरदारोंके छोटे छोटे राज्य ग्वालियर एजेन्सीके और गुणा सब-एजेन्सीके अन्तर्गत है। ओड़छा वा तेहरी दतिया, समथर, पन्ना, चरखारी, अजयगढ़, विजावर, छत्रपुर, बौनी,

अलिपुरा, विरोन्दो, जसो, कालिञ्जर, गौरीहर, खनियाधाना और १७ क्षुद्र सामंतराज्य बुन्देलखण्ड एजेन्सीके तथा रेवा, नागोद, मैहर, सोहावल, कोती, सिदपुरा और रायगांववघेलखण्ड एजेन्सीके अंतर्गत है।

गवर्नर जनरलके यहांके एजेण्ट ही मध्यभारतके सर्वमय कर्त्ता हैं। वे इन्दोरमें रहते हैं तथा देशी सभी राजाओं और सामंतोंको परामर्श दिया करते हैं। उनकी मध्यस्थतामें मध्यभारतीय राजाओंके साथ वृटिश-गवर्मेण्टका कार्यनिर्वाह होता है।

मध्यम (सं० पु०) मध्ये भवः मध्य म। १ सप्तस्वरके मध्य पञ्चम स्वर और सङ्गीत शास्त्रके मतानुसार चतुर्थ स्वर। इसका मूल स्थान कण्ठ और शरीरमें उत्पत्तिस्थान वक्षस्थल माना जाता है। कहते हैं, कि यह मयूरका स्वर है, इसके अधिकारी देवता महादेव, आकृति विष्णुकी, संतान दीपकराग, वर्ण नील, जाति शूद्र, ऋतु ग्रीष्म, वार बुद्ध और छंद वृहती है। इसका अधिकार कुशद्वीपमें है। संक्षेपमें इसे 'म' कहते वा लिखते हैं।

इसके दो भेद हैं, साधारण और तीव्र। इसको स्वर बनानेसे सप्तक इस प्रकार होता है। यथा —

म = स, प = ऋ, ध = ग, नि = म, $\overset{\circ}{\text{स}}$ = प
$\overset{\circ}{\text{ऋ}}$ = ध, $\overset{\circ}{\text{ग}}$ = नि।

गान्धार और मध्यमके मध्य दो तथा पञ्चम और नवमके मध्य चार श्रुति हैं। गान्धार और मध्यमके बीचमें जो दो श्रुति हैं उनका नाम धीरौद्री और क्रोधी तथा मध्यम पञ्चमके मध्यस्थित चार श्रुतिके नाम वज्रिका, प्रसारिणी, प्रीति और मार्जनी है।

२ मध्यम नामक एक राग है। उसका नामांतर मध्यमा वा मध्यमादि है और यह भैरवरागकी स्त्री है।
(सङ्गीत-दामा०)

३ वह उपपति जो नायिकाके क्रोध दिखाने पर अपना अनुराग न प्रकट करे और उसकी चेष्टाओंसे उसके मनका भाव जाने। ४ साहित्यमें तीन प्रकारके नायकोंमेंसे एक। ५ मध्यदेश। ६ ग्रहोंकी सामयिक संज्ञाविशेष। ७ मृगभेद। ८ रागभेद।

मध्यमखण्ड (सं० क्ली०) १ बीजगणितके अनुसार एक प्रकारकी संज्ञा। २ मध्यभाग।

मध्यमजात (सं० त्रि०) मध्यम उत्पन्न, मझला।

मध्यमता (सं० स्त्री०) मध्यम होनेका भाव।

मध्यमन्दिर (सं० पु०) १ एक पण्डित। आप महाभारतका तात्पर्यनिर्णय लिख गये हैं। मध्याचार्य देखो। २ मध्यस्थित मन्दिर।

मध्यमदशमूलतैल (सं० क्ली०) तैलौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—कटुतैल ४ सेर, काढ़ेके लिये दशमूल, करञ्जबीज, सम्हालूका पत्र, जयन्तीपत्र प्रत्येक ६ पल, जल ६४ सेर। काढ़ेमें जो सब द्रव्य दिये गये हैं कल्कमें भी वही सब द्रव्य प्रत्येक ६ तोला करके। इन्हें तैलपाकके विधानानुसार यथानियम पाक करे। नियमपूर्वक इस तेलको शरीरमें लगानेसे शिरोरोग, वातश्लेष्मोद्भवकी पीड़ा, कास, शोथ, जीर्णज्वर, कर्ण और चक्षुरोग, मन्यास्तम्भ, अन्त्रवृद्धि, श्लीपद आदि रोग अति शीघ्र प्रशमित होते हैं। शिरोरोगाधिकारमें यह एक उमदा तेल है।
(भैषज्यरत्ना० शिरोरोगाधि०)

मध्यमनायिकाचूर्ण (सं० क्ली०) चूर्णौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—पञ्चलवण प्रत्येक ३ तोला, त्रिकटु प्रत्येक ४ तोला, गन्धक २ तोला, पारा १ तोला, सिद्धिपत्र १६ तोला इन्हें अच्छी तरह चूर्ण कर एकत्र मिलावे। इसी चूर्णका नाम मध्यमनायिकाचूर्ण है। इसकी मात्रा १ माशासे ले कर क्रमशः आध तोला तक बतलाई गई है।

इस औषधके अर्द्ध परिमाणमें स्वल्पनायिका चूर्ण होता है। यह अत्यन्त अग्निवृद्धिकर है। अलावा इसके कास, श्वास, शूल और ज्वर आदि रोगोंमें भी विशेष उपकारी है। (भैषज्य ग्रहणीरोगाधि०)

मध्यमनारायणतैल (सं० क्ली०) वातव्याधिरोगाधिकारमें तैलौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—क्वाथके लिये बेलकी छाल, अश्वगन्धा, वृहती, गोक्षुर, श्योणाक, श्वेत बला, पारिभद्र, कण्टकारी, पुनर्णवा, गोरक्ष, पिठवन, गनियारी, गन्धभादुली और पाटला प्रत्येकका मूल २० पल; पाकके लिये जल ५१२ सेर, शेष १२८ सेर, बकरी या गायका दूध ३२ सेर, शतमूलीका रस ३२ सेर, तिलतैल ३२ सेर। कल्कके लिये रास्ना, अश्वगन्धा, सौंफ, देवदारु, कुट, शालपर्णि, पिठवन, मूंग, उड़द, अगुरु, नागेश्वर, सैन्धव लवण, जटामांसी, हरिद्रा, दारुहरिद्रा,

शैलज, रक्तचन्दन, कुट, इलायची, मञ्जिष्ठा, यष्टिमधु, तगरपादुका, मोथा, तेजपत्र, भृङ्गराज, जीवक, ऋषभक, कंकोल, क्षीरकंकोल, ऋद्धि, वृद्धि, मेद, महामेद, अतिवला, वच, पलाशमूल और श्वेत पुनर्णवा। मेदा और महामेदाके अभावमें अश्वगंधा और अनन्तमूल, जीवक और ऋषभकके अभावमें गुलञ्च और वंशलोचन, ऋद्धि और वृद्धिके अभावमें विजवंद और गोखरू दिया जा सकता है। इस तेलका तैलपाकके विधानानुसार पाक करके ऊपरसे कपूर, केसर और मृगनाभि कुल मिला कर ३ पल डाल कर उतार ले।

यह तेल वातव्याधि रोगाधिकारमें वहुत उमदा तेल है। यथानियम इस तेलको शरीरमें लगानेसे वातव्याधि, पंगुता, शिरोरोग, मन्यास्तम्भ, हनुस्तम्भ, इन्द्रियदौर्वल्य, शुक्रह्रास, वधिरता, अन्त्रवृद्धि और नाना प्रकारके रोग अतिशीघ्र प्रशमित होते हैं।

(भैषज्यरत्ना० वातव्याधिरोगाधि०)

मध्यमपाण्डव (सं० पु०) मध्यमश्चासौ पाण्डवश्चेति तस्य पूर्वापरयोर्द्वयोर्द्वयोर्मध्यवर्त्तित्वात् तथात्वं। अर्जुन। (भारविटीका १।४६ मल्लिनाथ)

मध्यमपुरुष (सं० पु०) व्याकरणके अनुसार तीन पुरुषों मेंसे एक पुरुष जिससे वात की जाय, वह व्यक्ति जिसके प्रति कुछ कहा जाय।

मध्यमभृतक (सं० पु०) मध्यमश्चासौ भृतकश्चेति। कृषिवल भृतक, कृषक।

मध्यमयान (सं० क्ली०) वौद्धमतसिद्ध निर्वाणका मध्यवर्त्ती उपायभेद।

मध्यमराज—कलिङ्गदेशके एक राजा। कहते हैं, कि कलिङ्गदेशमें पुलिन्दसेन नामक एक विख्यात वीर थे। राज्यलाभके आकांक्षी नहीं होने पर भी वे राजपदोपयुक्त व्यक्तिको कामनासे ब्रह्माकी उपासनामें रत रहते थे। एक दिन ब्रह्माने प्रसन्न हो कर प्रस्तरखण्डसे शैलोद्भव नामक एक महापुरुषकी सृष्टि की। उन्हीं शैलोद्भवके अधस्तन छठी पीढ़ीमें मध्यमराज उड़ीसाके राजा हो गये हैं। इनके पिताका नाम २य यशोभीत और पितामहका २य सैन्यभीत था। सैन्यभीत माधवराज, माधववर्मा और माधवेन्द्र नामसे भी प्रसिद्ध थे। वे ६१६ ई०में वर्त्तमान थे। इस हिसावसे मध्यमराजका ७वीं शताब्दीके शेष अथवा ८वींके आरम्भमें होना सावित होता है। मध्यमराज बड़े सुरवीर और दानी थे। उड़ीसाविभागके अन्तर्गत परिकुड़ राज्यसे जो ताम्रशासन पाया गया है उसमें लिखा है, कि मध्यमराजने अपने शासनकालके २६वें वर्षमें गोत्रचरणभुक्त ब्राह्मणोंका कोङ्गोदमण्डल और कटकभुक्तिके मध्य वहुतसे ग्राम दान किये थे। उक्त ताम्रशासनके अलावा इस शैलोद्भववंशकी और भी तीन शासनलिपि आविष्कृत हुई हैं। १ली गञ्जामसे, २री मान्द्राजके वुगड़ाग्रामसे और ३री पुरीके खुरदाग्रामसे। पर इन तीनों लिपियोंमें विभिन्न मत देखा जाता है।

मध्यमरात्र (सं० पु०) मध्यरात्र, आधी रात।

मध्यमलोक (सं० पु०) मध्यमश्चासौ लोकश्चेति कर्मधा०। पृथ्वी। पृथ्वी स्वर्ग और पातालके वीच है इसीसे इसका नाम मध्यमलोक पड़ा है।

मध्यमवयस (सं० क्ली०) सोलह वर्षसे सत्तर वर्ष तक जीवित समय।

मध्यमवयस्क (सं० त्रि०) मध्यमं वयो यस्य कप्। मध्यवयसयुक्त, जिसकी जवानी ढल गई हो।

मध्यमवाह (सं० त्रि०) मन्दगमन द्वारा वाहक, धीरे धीरे ले जानेवाला।

मध्यमविष्णुतैल (सं० क्ली०) वातव्याधि-रोगाधिकारोक्त तैलौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—तिलतैल २४ सेर, क्वाथके लिये शतमूली, शालपर्णी, पिठवन, कचूर विजवंद, रेंड़ीका मूल, वृहती, कण्टकारी, गोखरूका मूल, झाटीका मूल प्रत्येक २ पल, जल ६४ सेर, शेष १६ सेर। कल्कके लिये पुनर्णवा, वच, देवदारु, सोंया, रक्तचन्दन, अगुरु, शैलज, तगरपादुका, कुट, इलायची, जटामांसी, शालपर्णी, विजवंद, अश्वगन्धा, सैन्धवलवण और रास्ना प्रत्येक ४ तोला, गव्यदुग्ध ८ सेर; शतमूलीका रस ४ सेर। तैलपाकके विधानानुसार इस तेलका पाक करना होगा। यथानियम इसकी मालिश करनेसे सब प्रकारके वात, इन्द्रियदौर्वल्य, अर्दित, गलगण्ड, वक्षःशूल, पार्श्वशूल, अन्त्रवृद्धि, रतिशक्तिहीनता, अर्द्धावभेदक, कमला, पाण्डु, अश्मरी आदि रोग अति शीघ्र

आरोग्य होते हैं। (भैषज्यरत्ना० वातव्याधि-रोगाधि०)

मध्यमशी (सं० पु०) १ मध्यम स्थानमें मौजूद। २ देहमध्यस्थित मर्मभागहिंसक अर्थात् त्रिशूलके मध्यभाग द्वारा हिंसाकारी।

मध्यमसंग्रह (सं० पु०) मध्यमश्चासौ संग्रहश्चेति। स्त्रीसंग्रहरूप विवादविशेष, मिताक्षराके अनुसार स्त्रीको अधिकारमें लानेका एक प्रकार। इसमें पुरुष स्त्रीको वस्त्र-आभूषण आदि भेज कर अपने पर अनुरक्त करता है।

मध्यमसाहस (सं० क्ली०) सहसा क्रियमाणं कृतं वा सहसा-अण्, मध्यमञ्च तत् साहसञ्चेति। १ वल-दर्पित-व्यक्तिके वस्त्र, पशु और अन्नपानादिका नाश, वह कर्म जो सहसा वल और मर्दनादिसे किया जाय। (पु०) २ दण्डविशेष, मनुके अनुसार पांच सौ पण तकका अर्थ-दण्ड या जुरमाना।

मध्यमस्थ (सं० त्रि०) मध्यमे मध्यमस्थाने तिष्ठतीति स्था क। मध्यस्थित, वीचका।

मध्यमस्थेय (सं० क्ली०) मध्यभागमें अवस्थान-शीलता।

मध्यमा (सं० स्त्री०) मध्यम-टाप्। १ अंगुलीभेद, पांच उंगलियोंमेंसे वीचकी उँगली। २ त्र्यक्षरच्छन्दः, तीन अक्षरका छन्द। २ दुष्टरजस्का नारी, रजस्वला स्त्री। ४ कर्णिका, कनियारी। ५ हृदयोत्थित बुद्धियुत नादरूप वर्ण। ६ स्वीयादिके अन्तर्गत नायिकाभेद, वह नायिका जो अपने प्रियतमके प्रेम वा दोषके अनुसार उसका आदर-मान वा अपमान करे। ७ क्षुद्र-जम्बुवृक्ष, छोटे जामुनका पेड़। ८ काकोली।

मध्यमागम (सं० पु०) वौद्धोंके चार प्रकारके आगमोंमेंसे एक प्रकारका आगम।

मध्यमाङ्गिरस (सं० पु०) ऋषिभेद।

मध्यमाग्नि (सं० पु०) अर्कार्थ अग्नितापविशेष। मुष्टि-मेय काष्ठके चार अंश द्वारा जो अग्नि होती हैं उसके द्विगुण अग्निका नाम मध्यमाग्नि है। (अर्कचि०)

मध्यमाङ्गुलि (सं० स्त्री०) मध्यमा अंगुलिः। अंगुलि-भेद, तर्जनी और अनामिकाके वीचकी उंगली।

मध्यमात्रेय (सं० पु०) एक प्राचीन ऋषिका नाम।

मध्यमादि (सं० पु०) सङ्गीतमें एक प्रकारका ताल। इसमें आठ ह्रस्व अथवा चार दीर्घ मात्राएं होती हैं और तीन आघात और एक खाली होता है।

मध्यमाहरण (सं० क्ली०) वीजगणित-प्रसिद्ध अव्यक्त-मानज्ञापक गणनाभेद। वीजगणितकी वह क्रिया जिसके अनुसार कोई अव्यक्त मान निकाला जाता है।

मध्यमिक (सं० पु०) मध्यम इकन्। मध्यम, वीचका।

मध्यमिका (सं० स्त्री०) मध्यमैव कन्, टाप् अत इत्वं। दुष्टरजस्का नारी, रजस्वला स्त्री।

मध्यमीय (सं० त्रि०) मध्यमे भवं मध्यमस्येदं वेति (गहादिभ्यश्छ। पा ४।२।१३८) इति छ। मध्यम।

मध्यम देखो।

मध्यमेश्वर (सं० पु०) मध्यमस्य स्थानस्य ईश्वरः। १ काशीस्थित शिवलिङ्गविशेष। गङ्गामें स्थान कर इस शिवलिङ्गका पूजन करनेसे इहलोकमें पुण्य और परलोकमें शिवलोककी प्राप्ति होती है।

"धन्यास्तु खलु ते विप्रा मन्दाकिन्यां कृतोदकाः।
अर्चयन्ति महादेवं मध्यमेश्वरमीश्वरम्॥"

(कूर्मपु० ३१ अ०)

२ कुमायूंके अन्तर्गत हिमालयस्थ एक पुण्यस्थान। शिव-उपपुराणमें और हिमवन्खण्डमें इसका माहात्म्य वर्णित है।

मध्ययव (सं० पु०) मध्यो मध्यमो यवः। षट्श्वेत-सर्षपपरिमाण, प्राचीन कालका एक परिमाण जो ६ पीली सरसोंके वरावर होता था।

मध्ययोगिन् (सं० त्रि०) मध्ययुज्-णिनि। मध्यवर्त्ती, वीचका।

मध्यरात्र (सं० पु०) मध्यं रात्रेः (पूर्वापराधरेति। पा २।२।१) इति समासः, ततः (अहस् सर्वैकेति। पा ५।४।८७) इति समासान्तोऽच्, पुंस्त्वञ्च। निशीथ, आधी रात।

मध्यरेखा (सं० स्त्री०) पृथ्वीके मध्यभागस्थित कल्पित रेखा। इसकी कल्पना देशान्तर निकालनेके लिये की जाती है। यह रेखा उत्तर दक्षिण मानी जाती है और उत्तरीय तथा दक्षिणी ध्रुवोंको काटती हुई एक वृत्त वनाती है।

मध्यलग्न (सं० क्ली०) ज्योतिषोक्त दशलग्न-साधन

प्रणालीविशेष। पहले प्राक्‌नाड़ीको स्थिर कर लङ्कोदयमें जो सब खण्ड लिखे हुए हैं उन्हें ले कर पूर्वोक्त नाड़ी द्वारा तात्कालिक रविका जो स्फुट होगा, उसमें ऋण और धन संयोग तथा वियोग करनेसे मध्यमलग्न स्थिर होगा। इसमें विशेषता यह है, कि पूर्व ओरका मध्यलग्न स्थिर करनेमें लङ्कोदय खण्ड योग तथा पश्चिम ओरमें विभाग करना होता है।

"प्राक् पश्चान्नतनाड़ीभिस्तस्माल्लङ्कोदयासुभिः।
भानौ क्षयधने कृत्वा मध्यलग्नं तदा भवेत्॥"

(सूर्यसि० ३।४८)

मध्यलोक (सं० पु०) मध्यश्चासौ लोकश्चेति। पृथ्वी।

मध्यलोकेश (सं० पु०) मध्यलोकानामीशः। राजा।

मध्यवयस् (सं० त्रि०) मध्यं वयः। जीवनका मध्यभाग, अधेड़।

मध्यवर्त्तिन् (सं० त्रि०) मध्ये वर्त्तते वृत-णिनि। मध्यस्थ, वोचका।

मध्यविदरण (सं० क्ली०) चन्द्र वा सूर्यग्रहणके बाद मोक्षविशेष, बृहत्संहिताके अनुसार सूर्य चन्द्रग्रहणके मोक्षका एक प्रकार। इसमें सूर्य या चन्द्रमाका मध्यभाग पहले प्रकाशित होता है। कहते है, कि इस प्रकारके मोक्षसे अन्न तो यथेष्ट होता है पर वृष्टि अधिक नहीं होती।

मध्यवृत्त (सं० क्ली०) नाभि।

मध्यशरीर (सं० त्रि०) मध्यं शरीरं। मध्यदेह, पेट।

मध्यशायिन् (सं० त्रि०) मध्ये शेते शी-णिनि। १ मध्यभागमें शयनकारी, मध्यभागमें सोनेवाला। २ मध्यवर्त्ती, बीचका।

मध्यश्रेणीकास्थ—मेदिनीपुर जिलावासी एक श्रेणीके कायस्थ। ये लोग आदि वङ्गज और दक्षिणराढ़ीय कायस्थोंकी सन्तान हैं। कहते हैं, कि राजा वल्लालसेनने जिस समय कुलवन्धन किया, उस समय कुछ ब्राह्मण और कुछ कायस्थ बल्लालकी कुलविधिको स्वीकार न कर वर्त्तमान मेदिनीपुर जिलेमें आ कर वस गये। यह जिला उस समय राजा वल्लालसेनके दखलमें न था, उड़ीसाके अन्तर्गत था। बङ्गाल और उड़ीसाके मध्यवर्त्तिस्थानमें वस जानेके कारण ब्राह्मण मध्यश्रेणी-ब्राह्मण और कायस्थ मध्यश्रेणी कायस्थ कहलाये। आज भी यही नाम चला आ रहा है। पीछे अन्यान्य वङ्गज और दक्षिणराढ़ीय कायस्थगण आ कर उक्त कायस्थोंके साथ मिल गये।

मध्यश्रेणी-कायस्थोंके कुलज्ञसे जाना जाता है, कि कोतरङ्गसे काश्यपगोत्नीय गुह, बालीसे कृष्णात्नेयगोत्नीय दत्तवंश; सांकराइलसे काश्यपगोत्नीय दासवंश, मुर्शिदावादसे विश्वामित्नगोत्नीय मित्नवंश, अलावा इसके सौकालीन गोत्नीय घोष, काश्यपगोत्नीय दे, शाण्डिल्यगोत्नीय दे और मौद्गल्यगोत्नीय दासवंश वङ्गालके नाना स्थानोंसे आ कर मेदिनीपुर जिलेमें वस गये।

मेदिनीपुर जिलेमें कास्थ नामक एक निम्न जातिका वास है। उनके साथ इस मध्यश्रेणी कायस्थोंका कोई सम्बन्ध नहीं है।

मध्यश्रेणी-ब्राह्मण—मेदिनीपुर-जिलावासी एक श्रेणीके ब्राह्मण। उत्कल और वङ्गके मध्यस्थलमें वास होनेके कारण ये मध्यश्रेणी कहलाये। कोई कोई अनुमान करते हैं, कि उत्कल (वैदिक) और राढ़ी श्रेणीके मेलसे इस श्रेणीकी उत्पत्ति है, इसीसे इनका नाम मध्यश्रेणी पड़ा है। मध्यश्रेणीके कुलज्ञ और पण्डितोंका कहना है, कि जिस समय गौड़ाधिप बल्लालसेनने कुलमर्यादाकी स्थापना की, उस समय लक्ष्मीपति आदि जिन सब ब्राह्मणोंने अशास्त्रीय बतला कर बल्लालको कुलमर्यादाको स्वीकार नहीं किया, उनमेंसे कोई कोई स्वयं अथवा उनके वंशधरगण बल्लालराज्य सीमाके वाहर मेदिनीपुरमें आ कर वस गये और उपरोक्त कारणसे मध्यश्रेणी कहलाने लगे।

मध्यश्रेणी नाम होनेके सम्बन्धमें इस श्रेणीके ब्राह्मण दो और कारण दिखलाते हैं, १ला देवीवरके साथ विवाद और २रा गङ्गाधरका उनकी अनेक स्त्रियोंके मध्य एकको भूलसे मातृसम्बोधन करना।

देवीवरके साथ क्यों विवाद हुआ, इस सम्बन्धमें एक प्रवाद इस प्रकार है,—

देवीवर समग्र राढ़-वङ्गके राढ़ीय कुलीन ब्राह्मणोंमें मेल करा कर वङ्गालकी प्रांतसीमा मेदिनीपुर आये।

यहां भामुआग्रामवासी राढ़ीय ब्राह्मणोंने आपसमें मेलकी आवश्यकता देख कर एक महासभा की। भामुआके निकटवर्त्ती पिण्डरुई ग्रामवासी भरद्वाजगोत्रके गङ्गाधरभट्ट सभापति हुए। कई एक कारणोंसे देवीवरके साथ उनका विवाद हो गया। फलतः देवीवर गुस्सा कर सभासे चल दिये। तभीसे मेदिनोपुर जिलेके राढ़ीय ब्राह्मण भिन्न श्रेणीभुक्त हो कर मध्यश्रेणी कहलाये।

मध्यसूत्र (सं० क्ली०) मध्यरेखा।

मध्यस्थ (सं० त्रि०) मध्ये वादि-प्रतिवादिनोरन्तरे तिष्ठतीति स्था-क। १ मध्यस्थायी, बीचमें पड़ कर विवाद मिटानेवाला। पर्याय—निसृष्ट। २ उभयपक्षहीन, जो दोनों पक्षोंमेंसे किसो पक्षमें न हो। ३ स्वार्थरक्षापूर्वक परार्थसाधक, वह जो अपनी हानि न करता हुआ दूसरोंका उपकार करता हो।

मध्यस्था (सं० स्त्री०) मध्यस्थस्य भावः तल-टाप्। मध्यस्थ होनेका भाव या धर्म।

मध्यस्थल (सं० क्ली०) मध्यं स्थलं, शरीरमध्यवर्त्तित्वात् तथात्वं। १ कटिदेश, कमर। २ बीचका।

मध्यस्थान (सं० क्ली०) मध्यं स्थानं। मध्यभाग, बीचका स्थान।

मध्यस्थित (सं० त्रि०) मध्ये स्थितः। मध्यस्थ, मध्यवर्त्ती।

मध्यस्वरित (सं० त्रि) शब्दके मध्यस्थित वर्णका स्वरितोच्चारणभेद।

मध्या (सं० स्त्री०) मध्य-टाप्। १ मध्यमांगुलि, बीचकी उंगलो। २ नायिकाविशेष, काव्यशास्त्रानुसार वह नायिका जिसमें लज्जा और काम समान हों। यह मध्यनायिका तीन प्रकारकी हैं, यथा—मध्याधीरा, मध्याअधीरा और मध्याधीराधीरा। ३ एक वर्णवृत्त। इसके प्रत्येक चरणमें तीन अक्षर होते हैं। इसके आठ भेद हैं।

मध्याङ्गुलि (सं० स्त्री०) मध्यमा अङ्गुलिः। तर्ज्जनी और अनामिकाके बीचकी उंगली।

मध्यान (सं० पु०) मध्याह्न देखो।

मध्यानयन (सं० क्ली०) ग्रहोंकी स्फुट गणना प्रणालीविशेष। रवि आदि ग्रहोंकी गणना करनेके लिये शीघ्र, मध्य, केन्द्र आदि स्थिर कर लेना होता है। इसके विना ग्रहोंकी स्फुटराशिका ज्ञान नहीं होता। सूर्य्य मेषमें हैं, मेषराशि ३०° डिग्री अर्थात् ३० अंश है। इन तीस अंशोंमें रवि कहां है, कितना अंश, कितना कला और विकला पर है इसका निर्द्धारण करनेको स्फुट कहते हैं। इसी स्फुटको स्थिर करने हुए मध्यानयन करना होता है। केवल केतुका मध्यानयनका नियम दिखाई नहीं देता, क्योंकि राहुग्रह जिस राशिके जितने अंश पर अवस्थित हैं, उसके सातवीं राशिके उतने ही अंश पर केतुग्रह रहेगा। अतएव राहुका मध्यानयन करनेसे केतुके फिर अध्यानयन करनेकी जरूरत नहीं रह जाती।

ज्योतिषशास्त्रमें मध्यानयनका नियम लिखा है। आज कलके सिद्धान्तरहस्यके समान ही प्रायः स्फुट गणना होती है। सूर्य्यसिद्धान्त आदि ग्रन्थोंके मतानुसार भी स्फुटगणना की जा सकती है।

रवि, बुध और शुक्रके मध्यानयनके नियम इस तरह हैं,—

पहले अब्दपिण्ड और दिनराशिको स्थिर करना चाहिये अब्दपिण्ड और दिनवृन्द निम्नोक्तरूपसे स्थिर करना होता है। पहले यह स्थिर कर लेना चाहिये, कि इस समय कितना शकाब्द चलता है। इसी शकाब्दके अङ्कसे १५१३ अङ्क घटा देनेसे अब्दपिण्ड होगा। इस अब्दपिण्डको दो जगह रख एकको ३६४से और दूसरेको ७से गुणा करना होगा। ये दो अङ्क पृथक् पृथक् रखने होंगे। इस सातसे गुणा किये हुए अङ्कको फिर एक स्थान पर रख कर १३५०से भाग देना होगा। इस भागफलका उस पृथक् रखे यानी ३६४से गुणा किये हुए अङ्कमें जोड़ देना चाहिये। फिर इस अब्दपिण्डको १०००से गुणा करो। इसके बाद इसमें १३३२ जोड़ दो। इसके बाद फिर सातसे गुणा किये हुए अब्दपिण्डमें इसको जोड़ कर ८००से भाग दो। भागफलको ३६४से गुणा करो। गुणफल अङ्कको अब्दपिण्डमें जोड़ दो। ऐसा करनेसे दिनवृन्द बन जायेगा।

विश्वेषु चन्द्रोन (१५१३) शकाब्द पिण्डः
कृताङ्गरामै (३६४) गुणिता नग-(७) घ्नात।

अब्दात् खबाणाग्निधरांश (१३५०) युक्तात्
सहस्र (१०००) निघ्नाब्द यमाग्निविश्वैः (१३३२) ॥
युक्तात् खखाष्टौ (८००) हृत युक् क्रियादि
गताहयुक्तः शशितो दिनौघः ॥" (सिद्धान्तरहस्य)

इसी तरह अब्दपिण्ड और दिनवृन्दको स्थिर करनेके बाद मध्य स्थिर करना होगा। दिनवृन्द दो जगहमें रह कर एकको ७०से भाग देना चाहिये। इस भागका जो लब्ध हो उसको दूसरे रखे हुए अङ्कमें घटा देना चाहिये। फिर दिनवृन्दको ०००से भाग दो। इस भागका जो लब्ध होगा, वही अंशादि होंगे। उसके बाद अब्दपिण्डको ८से गुणा करना, फिर १०२से भाग देनेसे फलादि निरूपित होता है। इस फलादिको अंशोंसे हीन करना होगा। इसके बाद इसमें देशान्तर कला हीन करनेसे शुद्ध दिनादि होगा। इस दिनको ३०से भाग देने पर जो शेष बचे उससे अंशादि संस्थापन करना। फिर इस लब्धाङ्कको १२से भाग दे कर लब्धाङ्क छोड़ देना। इसके शेष अङ्कसे राशिनिर्णय होता है। इसके बाद राशि आदिमें रविका क्षेपाङ्क जोड़ देनेसे रवि, बुध और शुक्रकी मध्यराश्यादि स्थिर होगी। रवि, बुध और शुक्र इन तीन ग्रहोंका पूर्वोक्तरूपसे मध्य स्थिर करना होता है।

चन्द्रग्रहकी मध्यानयन प्रणाली—

दिनराशिको तीनसे गुणा कर दो जगह रखो। उनमेंसे एकमें १७का भाग देनेसे जो फल होगा, उसे पूर्वोक्त त्रिगुणित दिन राशिमें जोड़ दो। पुनः उस दिनराशिको १०से गुणा कर योग करनेसे अंशादि होगा। अनन्तर उस दिनराशिमें पुनः १४०का भाग देनेसे कला आदि स्थिर करना होगा। पीछे उसे पूर्वास्थापित अंशादिमें वियोग करो। अब अब्दपिण्डको ८०से गुणा और ६१००से भाग देनेसे भागफल जो कलादि होगा उसे योग कर शुद्ध दिनादि निकलेगा। उस दिनको ३०से भाग देनेसे जो शेष रहेगा वह दिन और भागफलको १२से भाग देनेसे जो शेष रहेगा वह राशि होगा। उस राशि आदिमें देशान्तर कला ३३।४७।८ घटाने और उसमें चन्द्रका क्षेपाङ्क जोड़ देनेसे चन्द्रग्रहकी मध्यराशि आदि स्थिर होगी। (सिद्धान्तरहस्य,

मङ्गलग्रहकी मध्यानयन प्रणाली—

दिनराशिको दो और बीससे पृथक् पृथक् भाग दे कर भागफल जो होगा उसे एक साथ जोड़ दो। उस दिन राशिको पुनः १०२०से भाग दे कर भागफल जो होगा उसमेंसे पहली राशि घटाओ। घटावफल कुजांशादि होगा पीछे अब्दपिण्डको १०से गुणा और १६६२से भाग करके भागफल जो होगा उसे स्थापित कुजांशमें कलादि घटाओ। अब उस घटावफलमेंसे देशान्तर १।२१ कला निकाल लो। अनन्तर दिनराशिको ३०से भाग दे कर लब्धाङ्क बारहसे भागावशिष्ट राशिमें राश्यादि ७।१०।१३।८।५० जोड़ देनेसे मङ्गलग्रहकी मध्यराश्यादि स्थिर होगी।

(सिद्धान्तरहस्य)

वृहस्पतिके मध्यानयका नियम—

दिनराशिको दोसे गुणा कर गुणनफलमें ७०३का भाग देनेसे जो भागफल होगा उसे द्विपूरित दिनराशिमें घटाओ। अब घटावफलमें १२का भाग देनेसे जो भागफल आयेगा, वह वृहस्पतिका अंशादि है। अनन्तर अब्दपिण्डको ४से गुणा कर २०७०का भाग देना होगा। इससे फलादि लाभ होगा। इस कलाको पूर्वस्थापित अंशादिकी कलादिमें योग कर देशान्तर पल १३।० घटानेसे वृहस्पतिके शुद्ध अंशादि होते हैं। पीछे दिनराशिको ३०से भाग देनेसे जो शेष रहेगा वह अंश और भागफलको १२से भाग देनेसे भागशेष राशि होगा। इस प्रकार राश्यादि संस्थापन करके उसमें क्षेपाङ्क ६।२६।५०।४८।६ जोड़नेसे वृहस्पतिकी मध्यराशि आदि होगी।

शनिग्रहकी मध्यानयन प्रणाली—

दिनराशिको ३०से भाग दे कर भागफलको दो जगह रखो। पीछे उनमेंसे एकको ३१५से भाग देनेसे भागफल जो होगा उसे पूर्वस्थापित अङ्कमें जोड़ दो। योगफल जो होगा उसे शनिमध्यका अंशादि जानो। अनन्तर द्विगुणित अब्दपिण्डको ५६१से भाग दे कर भागफल जो फलादि होगा उसे उक्त राशिमें जोड़ो। पीछे देशान्तर पल घटा कर जो फल होगा उसे शुद्ध दिनादि जानो। अनन्तर पहलेकी तरह दिनादि ३० और १२से भाग तथा अन्तमें राश्यादि संस्थापन करके क्षेपाङ्क २।८।१।५।४५ जोड़नेसे शनिमध्यकी राश्यादि होगी।

दिनराशिको २०से भाग देनेसे भागफल जो होगा उसे एक जगह रख कर पुनः दिनराशिको ३ से गुणा करो । इसके बाद १००५से भाग दे कर भागफलको पूर्वस्थापित अङ्कमें जोड़ो । योगफल राहुमध्यका अंशादि होगा। अनन्तर अर्द्धपिण्डको ६से गुणा करके ४२१ का भाग देनेसे भागफल कलादि होगा। इसे पूर्वाङ्कमें जोड़ कर देशान्तर पल विपल घटानेसे राहुका शुद्धदिनादि स्थिर होगा । इसके बाद दिनराशिको ३०से भाग दे कर जो शेष रहेगा उसे अंश और भागफलको १२से भाग देनेसे जो शेष रहेगा, उसे राशि जानो। उसमें राहुका क्षेपाङ्क ८।२६।३०। ४१।१५ जोड़नेसे राहुग्रहकी मध्यराश्यादि स्थिर होगी।

इसी नियमसे रवि आदि ग्रहका मध्यानयन करना होगा ।

मध्यान्तिक (सं० पु०) तृतीय बौद्ध स्थविर।

मध्यान्ह (सं० पु०) मध्याह्न देखो।

मध्याम्लकेसर (सं० पु०) लिम्बूभेद, एक प्रकारका नीबू ।

मध्यायुस् (सं० क्ली०) मध्यं आयुः। मध्यमरूप आयुः। साधारणतः मनुष्यके तीन प्रकारकी आयु होती है—दीर्घायु, मध्यायु और अल्पायु। ३३से ६५ वर्ष तककी मध्यायु कहते हैं। ज्योतिष शास्त्र द्वारा यह आयु स्थिर की जाती है। ज्योतिषमें इसका विषय इस प्रकार लिखा है,—

"बलहीने विलग्नेशे जीवे केन्द्र त्रिकोणगे ।
षष्ठाष्टमव्यये पापेमध्यमायुरुदाहृतम् ॥
शुभे केन्द्र त्रिकोणस्थे शनौ बलसमन्विते ।
षष्ठे वाप्यष्टमे पापे मध्यमायु रुदाहृतम् ॥
लग्ने त्रिकोणे केन्द्रे वा मध्यमायुश्च मिश्रिते ॥"

(सर्वार्थचिन्तामणि)

लग्नाधिपति बलवान् वृहस्पतिके केन्द्र वा कोणस्थित (लग्न, चतुर्थ, सप्तम और दशमका नाम केन्द्र तथा नवम और पञ्चमका नाम कोण है) होनेसे तथा षष्ठ, अष्टम और द्वादशमें पापग्रह रहनेसे जातककी मध्यायु होती है। केन्द्र और कोणमें शुभग्रह शनि बलवान् तथा षष्ठाष्टममें पापग्रह होने पर भी मध्यायु समझी जाती है। इसके अतिरिक्त लग्न और केन्द्र कोणमें समान शुभाशुभका योग होनेसे भी मध्यायु होती है।

"जन्मलग्नेश्वरः खेटे भानोरपि सुहृत् सुहृद् ।
वा चेद्दीर्घायुरथवा समे मध्यायुरुच्यते ॥"

(सर्वार्थचिन्तामणि)

यदि रवि लग्नाधिपति हो और जन्मराशिके अधिपतिके साथ रविका समभाव हो, तो मध्यायु होती है। यदि रवि लग्न और राशि दोनोंके ही अधिपति हों, तो रवि जिस राशिमें रहते हैं उस राशिके अधिपतिके साथ समभावापन्न होने पर भी मध्यायु होती है।

आयुर्दाय और मृत्यु देखो।

मध्यारिक (सं० स्त्री०) एक प्रकारकी लता।

मध्यार्ज्जुन—१ कावेरी और कोलरुण नदीके मध्यस्थित पुण्यक्षेत्र । यहांके स्थलपुराणमें इसका माहात्म्य वर्णित है। २ वटारण्यसे दो योजन पश्चिममें अवस्थित एक क्षेत्र ।

मध्यावर्ष (सं० क्ली०) वर्षाका मध्यभाग ।

मध्यास्थि (सं० स्त्री०) एक प्रकारकी लता ।

मध्याहारिणीलिपि (सं० स्त्री०) ललित विस्तरके अनुसार ६४ प्रकारकी लिपियोंमेंसे एक प्रकारकी लिपि ।

मध्याह्न (सं० पु०) मध्यं अहः, समासान्तः टच्, (अह्नोऽह्न एतेभ्यः। पा ५।४।८८) इत्यह्नादेशः पुंस्त्वञ्च। १ दिनका अष्टमुहूर्त्तात्मक मध्यभाग, ठीक दोपहरका समय। इसका दूसरा नाम कुतप-काल है।

"अह्नो मुहूर्त्ता विख्याता दश पञ्च च सर्वदा ।
तत्राष्टमो मुहूर्त्तो यः सः कालः कुतपः स्मृतः ॥
मध्याह्ने सर्वदा यस्मान्मन्दी भवति भास्करः ।
तस्मादनन्त फलदस्तत्रारम्भो विशिष्यते ॥"

(मत्स्यपु० श्राद्धक० २२ अ०)

मध्याह्नकालमें पितरोंके उद्देशसे श्राद्ध करना होता है। इसकी साधारण विधि यह है, कि यदि कोई तिथि दोनों दिन ही मध्याह्नव्यापिनी हो, तो किस दिन श्राद्ध होगा इसकी मीमांसाके लिये कुतुव-रोहिण और सङ्गव आदि मध्याह्नका विभाग है।

इसका विशेष विवरण श्राद्ध शब्दमें देखो।

२ तीन भागोंमें विभक्त दिनका मध्यभाग, मध्याह्नका यही साधारण अर्थ है। दिवामान ३० दण्ड होनेसे पहले दश दण्ड वाद दे कर जो दश दण्ड रहेगा वही मध्याह्न है। दिनमानकी कमी वेशी होनेसे भाग दे कर मध्याह्नकाल निर्णय करना होता है। दिनमानके तोन भाग कल्पित हुए हैं यथा—पूर्वाह्न, मध्याह्न और अपराह्न। पूर्वाह्नकाल देव-पूजाके लिये, मध्याह्न पितृकृत्य अर्थात् श्राद्धादिके लिये तथा अपराह्नकाल केवल सपिण्डोकरण श्राद्धके लिये विहित हुआ है।

३ पांच भागोंमें विभक्त दिनका तोसरा भाग। दिवामानको पांचसे भाग दे कर पहिले दो भागोंको वाद दे कर जो तोसरा भाग रहता है उसोका नाम मध्याह्न है। यह काल १२ दण्डके बाद ६ दण्ड माना जाता है।

मध्याह्नोत्तर (सं० पु०) दिनका तोसरा पहर, दोपहरके वादका समय।

मध्ये (सं० त्रि० वावत, वारेमें।

मध्येगङ्ग (सं० अव्य०) गङ्गायाः मध्यं (पारे मध्ये षष्ठ्या वा। पा २।१।१८) इत्यव्ययीभावसमासः। गंगाके मध्य।

मध्येगुरु (सं० त्रि०) मध्ये गुरुः, (मध्याद्गुरौ। पा ६।३।११। इति सप्तम्या अलुक्। मध्यदेशमें गुरु शब्दयुक्त।

मध्येज्योतिस् (सं० स्त्री०) पांच पादका एक वैदिक छन्द। इसके पहले और दूसरे चरणमें आठ आठ वर्ण तथा तोसरेमें ग्यारह और पुनः चौथे और पांचवेमें आठ वर्ण होते हैं।

मध्येनगर (सं० अव्य०) नगरस्य मध्यं, नगरके वोचका भाग।

मध्येनदि (सं० अव्य०) नद्याः मध्यं। नदीका मध्यभाग।

मध्येपृष्ठ (सं० अव्य०) पृष्ठस्य मध्यं। पीठका मध्यभाग।

मध्येमार्ग (सं० अव्य०) मार्गस्य मध्यं। मार्गका मध्यभाग, रास्तेके बीच।

मध्येवारि (सं० अव्य०) वारिणो मध्यं। जलका मध्यभाग।

मध्येसभ (सं० अव्य०) सभाया मध्यः। सभाका मध्यभाग।

मध्योदात्त (सं० त्रि०) मध्यवर्णमें उदात्तयुक्त, मध्य स्वरसे उच्चारण किया हुआ।

मध्व (सं० पु०) १ मधु देखो। २ मध्वसम्प्रदायके प्रवर्त्तक। मध्वाचार्य देखो।

मध्वक (सं० पु०) शहदकी मक्खी।

मध्वक्ष (सं० त्रि०) मधुके जैसा अक्षियुक्त, जिसके नेत्र मधुके जैसे हों।

मध्वद् (सं० त्रि०) मधु-अद्-क्विप्। १ उदकपायी, जल पीनेवाला। २ मधुपानकारी, मधु पीनेवाला।

मध्वमुखभङ्ग (सं० पु०) अप्पयदीक्षित-रचित मध्वाचार्यका मतखण्डन विषयक ग्रन्थ।

मध्वमुखमर्द्दन (सं० क्ली०) मध्वमुखभङ्ग देखो।

मध्वर्णस् (सं० त्रि०) मधुरजलयुक्त।

मध्वरिष्ट (सं० क्ली०) वैद्यकके अनुसार एक प्रकारका अरिष्ट। यह संग्रहणी रोगमें उपकारो माना जाता है।

मध्वल (सं० पु०) मधु अलतीति अल् अण्, संख्यापूर्वकत्वात् वृद्ध्यभावः। मधुवार, वार बार और बहुत शराब पीनेकी परिपाटी।

मध्वष्ठीला (सं० स्त्री०) मधुगुच्छ।

मध्वाचारी—मध्वाचार्यके मतावलम्बि-सम्प्रदायभेद।

माध्व देखो।

मध्वाचार्य—माध्व वा मध्वाचारि-सम्प्रदायके प्रवर्त्तक एक महात्मा। ये दक्षिणात्यपथके अन्तर्गत तुलुवनिवासी मधिजीभट्टके पुत्र थे। पहले इनका नाम था वसुदेवाचार्य। नारायण-पण्डितरचित मध्वाचार्य-विजय आदि साम्प्रदायिक ग्रन्थमें लिखा है, कि स्वयं वायु नारायणके आदेशसे धर्मसंस्थापनके लिये आविर्भूत हो कर मध्वाचार्य नामसे प्रसिद्ध हुए। इनका आविर्भावकाल ११२१ तक है। बचपनमें ये अनन्तेश्वरके मठमें विद्याभ्यास करते थे। ६ वर्षको उमरमें इन्होंने सनककुलोद्भव अच्युतप्रेक्षाचार्य (दूसरा नाम शुद्धानन्द)से दोक्षा ग्रहण को। दीक्षाके बाद इनका गुरुदत्त पूर्णप्रज्ञ नाम पड़ा। दोक्षाके साथ ही साथ इन्हें वैराग्यका उदय हुआ था। संसारपरित्यागके बाद ये आनन्दतीर्थ, आनन्दज्ञान, ज्ञानानन्द, आनन्दगिरि आदि नामोंसे प्रसिद्ध हुए।

मध्वविजयमें लिखा है, कि वे गीताभाष्यका प्रणयन कर वदरिकाश्रम गये और वहां उन्होंने व्यासदेवको उक्त ग्रन्थ उपहारमें दिया था। व्यासदेवने भी प्रसन्न हो कर उन्हें तीन शालग्राम शिला दी थीं। वे तीनों शिलाएं मध्वाचार्यके यत्नसे सुब्रह्मण्य, उदिपि और मध्यतल इन तीन स्थानोंके मन्दिरमें प्रतिष्ठित हुई। उक्त शालग्रामके अलावा उन्होंने उदिपिमें एक कृष्णमूर्त्तिकी भी प्रतिष्ठा की थी। इस कृष्णमूर्त्ति-प्रतिष्ठाके सम्बन्धमें भी एक उपाख्यान इस प्रकार है,—

किसी वणिकका एक अर्णवपोत द्वारकासे मलवारको जा रहा था। तुलुवके निकट आ कर वह पोत डूब गया। उस पर एक कृष्णविग्रह गोपीचन्दन मिट्टीसे ढका था। मध्वाचार्यको दैवज्ञानवलसे मालूम हो गया, सो उन्होंने मूर्त्तिको पानीसे निकाल कर उदिपिमें उसकी प्रतिष्ठा की। तभीसे उदिपि मध्वाचारियोंका प्रधान तीर्थ समझा जाने लगा। मध्वाचार्यने उदिपिमें कुछ समय रह कर ३७ मूलग्रन्थ और कुछ भाष्य प्रणयन किये। ग्रन्थमालिकास्तोत्रमें उक्त ३७ ग्रन्थोंके नाम इस प्रकार हैं,—

१ ईशावास्योपनिषद्भाष्य, २ उपाधिखण्डन, ३ श्लोकमयऋग्वेदभाष्य, ४ ऐतरेयोपनिषद्भाष्य और उसकी टिपनी, ५ कथालक्षण, ६ कृष्णाकर्णामृत महार्णव, ७ कर्मनिर्णय, ८ काठकोपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, ९ केनोपनिद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, १० छान्दोग्योपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, ११ जयन्तीकल्प, १२ तत्त्वविवेक, १३ तत्त्वसंख्यान, १४ तत्त्वोद्द्योत, १५ तन्त्रसार, १६ तैत्तिरीयोपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, १७ द्वादशस्तोत्र, १८ नरसिंहनखस्तोत्र, १९ प्रपञ्च-मिथ्यात्वानुमानखण्डन, २० प्रमाणलक्षण, २१ प्रश्नोपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, २२ वृहदारण्यक भाष्य और उसकी टिप्पनी, २३ ब्रह्मसूत्रभाष्य और उसकी टीका, २४ ब्रह्मसूत्रानुभाष्य, २५ ब्रह्मसूत्रानुव्याख्यान (न्यायविवरण), २६ भगवद्गीतातात्पर्यनिर्णय, २७ भगवद्गीताभाष्य, २८ भागवतपुराणतात्पर्यनिर्णय, २९ महाभारततात्पर्यनिर्णय, ३० माण्डुक्योपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, ३१ मायावादखण्डन, ३२ मुण्डकोपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, ३३ यतिप्रणवकल्प, ३४ यमकभारत, ३५ विष्णुतत्त्वनिर्णय, ३६ सदाचारस्मृति, ३७ संन्यासपद्धति।

उपरोक्त ग्रन्थोंके अलावा आत्मज्ञानोपदेश टीका, आर्यास्तोत्र, उपदेशसाहस्री टीका, उपनिषत्प्रस्थान, कैवल्योपनिषद्भाष्य और उसकी टिप्पनी, कौषीतक्युपनिषद्भाष्य टिप्पनी, खपुष्पटीका, गुरुस्तुति, गोविन्दभाष्यपीठक, गोविन्दाष्टक टीका, गौड़पादीयभाष्य टीका, तैत्तिरीयश्रुतिवार्त्तिकटीका, त्रिपुटीप्रकरण टीका, नारायणोपनिषद्भाष्य टिप्पनी, न्यायविवरण, पञ्चीकरणप्रक्रियाविवरण, वृहज्जावालोपनिषद्भाष्य, वृहदारण्यकवार्त्तिक टीका, ब्रह्मसूत्रभाष्यनिर्णय, ब्रह्मानन्द, भक्तिरसायन, भगवद्गीताप्रस्थान, भगवद्गीताभाष्यविवेचन, मितभाषिणी, रामोत्तरतापनीयभाष्य, वाक्यवृत्तिविवरण, वाक्यसुधाटीका, विष्णुसहस्रनामभाष्य, वेदान्तवार्त्तिक, शतश्लोकी टीका, संहितोपनिषद्भाष्य टिप्पनी, सत्तत्व, सदाचार स्तुतिस्तोत्र, सूत्रप्रस्थान, स्मृतिविवरण, स्मृतिसारसमुच्चय, स्वरूपनिर्णय टीका, हरिमीड़ेस्तोत्र टीका इत्यादि ग्रन्थ इनके बनाये हुए मिलते हैं। उपरोक्त सभी ग्रन्थोंमें माध्वभाष्य अर्थात् द्वैतपक्षमें ब्रह्मसूत्रभाष्य ही सर्वप्रधान और मध्वाचार्यका यथेष्ट पाण्डित्यपरिचायक है।

कुछ दिन बाद मध्वाचार्य दिग्विजयमें निकले और दाक्षिणात्यके शङ्कराचार्य आदि आचार्योंको शास्त्रार्थमें परास्त कर वदरिकाश्रमको चल दिये। मध्वाचारियोंका विश्वास है, कि आज भी वे वहां पर अवस्थान करते हैं। ११२१ शक (११९९ ई०)में उनका तिरोधान हुआ।

मध्वाचार्यके पाण्डित्यगुण पर मुग्ध हो थोड़े ही दिनों के अन्दर उनके वहुतसे शिष्य हो गये थे। मध्वाचार्यने भी शिष्योंको सुविधाके लिये उदिपिके मन्दिरके अलावा और भी आठ मन्दिर स्थापन कर उनमें यथाक्रमसे रामसीता, लक्ष्मणसीता, द्विभुजकालीयदमन, चतुर्भुजकालीयदमन, सुविट्ठल इस प्रकार आठ मूर्त्तियोंकी प्रतिष्ठा की। अपने भाई और गोदावरी तीरस्थ ब्राह्मण कुलोद्भव आठ संन्यासीको उक्त मन्दिरोंका अध्यक्षपद प्रदान किया था। वे सब मन्दिर आज भी विद्यमान हैं और

शिष्य वंशानुक्रमसे अध्यक्षता करते आ रहे हैं। वे आठों मन्दिर तुलुवके अन्तर्गत हैं।

मध्वाचार्य मरते समय अपने प्रिय शिष्य पद्मनाभतीर्थको रामचन्द्रमूर्त्ति और व्यासकी दी हुई शालग्राम शिला प्रदान कर कह गये थे, कि 'मेरा मत प्रचार करना और उदिपिके मन्दिरके खर्चा वर्चाके लिये धनरत्न संग्रह करना।' गुरुके उपदेशानुसार पद्मनाभने चार मठ स्थापन किये। उनके परम्परागत शिष्य वहांकी अध्यक्षता करते हैं।

मध्वाचार्यका मत,—सबसे पहले एकमात्र अद्वितीय आनन्दस्वरूप भगवान् नारायण थे। उस समय ब्रह्मा. विष्णु कोई भी न थे।* उन विष्णुकी देहसे ही समस्त जगत् उत्पन्न हुआ है।¶ वे जीव और ईश्वरकी पृथक् सत्ताको स्वीकार करते थे, इस कारण उनका मत द्वैतावाद नामसे प्रसिद्ध हुआ। उनके मतमें एकमात्र भगवान् विष्णु हो अशेष सद्गुण सम्पन्न, निर्दोष और स्वतन्त्र हैं, एतद्भिन्न और सभी पदार्थ अस्वतन्त्र अर्थात् ईश्वरके अधीन हैं। महोपनिषद्की निम्नलिखित उक्तिसे मध्वाचार्यके मतका प्रकृत आभास मिलता है। यथा—

'यथा पक्षी च सूत्रञ्च नाना वृक्षरसा यथा।
यथा नद्यः समुद्राश्च शुद्धोपलवणौ यथा॥
चौरापहार्यौ च यथा यथा पुंविषयावपि।
तथा जीवेश्वरौ भिन्नौ सर्वदैव विलक्षणौ।"

पक्षी और सूत्रमें, वृक्ष और रसमें, नदी और समुद्रमें, शुद्धजल और लवणमें, चौर और अपहृत द्रव्यमें तथा पुरुष और इन्द्रियके विषयमें जैसी पृथकता है, ईश्वर और जीवमें भी वैसी ही भिन्नता और विलक्षणता है। जीवेश्वरके प्रभेदके अतिरिक्त मध्वाचार्य और भी पांच प्रकारके भेदज्ञान स्वीकार कर गये हैं। यथा—जीवेश्वरभेद, जड़ेश्वरभेद, जड़जीवभेद तथा जीव और जड़पदार्थका परस्परभेद। ये पांचों भेद मध्वाचार्य द्वारा 'प्रपञ्च' नामसे वर्णित हुए हैं*। उनके प्रपञ्चमिथ्यात्वानुमानखण्डनग्रन्थमें इस प्रपञ्चका विवरण दिया गया है।

ये परमात्मामें जीवका लय वा निर्वाणमुक्ति अथवा पाशुपतोंका योग और पञ्चरात्रोंका सायुज्य भी स्वीकार नहीं करते। वे कह गये हैं, कि नारायण वैकुण्ठधाममें लक्ष्मी, भूमि और नीलादेवी इन तीन पत्नियोंके साथ स्वर्गीय वेशभूषासे सुशोभित हो कर अनिर्वचनीय ऐश्वर्यका सुखभोग करते हैं। वे स्वरूपावस्थामें गुणातीत हैं, किन्तु जब मायाके साथ संयुक्त होते हैं, तब सत्त्व, रजः और तमः ये तीनों ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूपमें आविर्भूत हो कर जगत्को सृष्टि, स्थिति और प्रलय करते हैं। मायासे उनका उद्भव है और मायाके योगसे ही वे अपना अपना काल सम्पादन करते हैं। विश्वकारण विष्णुकी हृदय, ललाट और पार्श्वदेशसे तथा अन्यान्य अङ्गोंसे शिवब्रह्मादि देवताओंकी उत्पत्ति हुई है।

वे अपनी शिष्यमण्डलीको जो साधन प्रणालीका उपदेश दे गये हैं वह इस प्रकार है—

साधनाका अङ्ग प्रधानतः तीन है। पहला अङ्ग—अङ्कन वा विभिन्न अङ्गमें विष्णुका शङ्खचक्रादि चिह्नधारण, दूसरा—नामकरण अर्थात् विष्णुके नामानुसार पुत्रादिका नाम रखना, तीसरा—भजन, कायिक, वाचिक और मानसिक यह त्रिविध भजन। दान, परित्राण और परिरक्षण यह त्रिविध कायिक भजन है; सत्य, हित और प्रिय कथन तथा शास्त्रानुशीलन ये चार वाचिक भजन हैं; दया, स्पृहा और श्रद्धा ये तीन मानसिक भजन हैं। इनमेंसे एक एकका सम्पादन करके नारायणमें आत्मसमर्पण करनेको ही भजन कहते हैं। उनके मतमें विष्णुके प्रसादसे चरमसुखप्राप्ति हो मनुष्यको एकमात्र कामनाका विषय और साधनाका मुख्य प्रयोजन है। शिव, ब्रह्मादि सभी देवगण अनित्य और क्षरशब्दवाच्य हैं, केवल

---

* "एको नारायणा आसीत् न ब्रह्मा न च शङ्करः।
आनन्द एक एवाग्र आसीन्नारायणः प्रभुः॥"

¶ "विष्णोर्देहाज्जगत् सर्वमाविरासीत्॥"

* "जीवेश्वरभिदा चैव जड़ेश्वरभिदा तथा।
जीवभेदो मिथश्चैव जड़जीवभिदा तथा॥
मिथश्च जड़भेदो यः प्रपञ्चो भेदपंचकः।
सोऽयंसत्योहप्यनादिश्च सादिश्चेन्नाशमाप्न यात्॥"

(सर्वदर्शनधृत)

लक्ष्मी ही अक्षर हैं। विष्णु उस क्षराक्षरसे प्रधान और स्वतन्त्र हैं। विष्णुके गुणोत्कर्षका ज्ञान होनेसे ही उनका प्रसाद प्राप्त होता है सही, पर जीवेश्वरका अभेद माननेमें वे जो अनुकूल हैं, यह कभी भी सम्भवपर नहीं है। विष्णुके प्रति जिन्हें प्रीति उत्पन्न होती है उनका फिर जन्मान्तर नहीं होता। वे वैकुण्ठवासी हो कर सारूप्य, सालोक्य, सान्निध्य और साष्टि ये चार प्रकारकी मुक्ति लाभ करके अनिर्वचनीय सुखभोग करते हैं।

बहुतेरे ऐसा समझते हैं, कि मध्वाचार्य पहले शैव-ब्राह्मण थे, पीछे वैष्णवधर्ममें दीक्षित हुए। अनन्तर उन्होंने शैव और वैष्णवका परस्पर विवाद मिटानेकी चेष्टा की। किन्तु यह बात सत्य नहीं जंचती। मध्वाचार्यका आदि नाम 'वसुदेव' था, इसी नामसे वे आजन्म वैष्णव रहे, ऐसा मालूम होता है। वैष्णवगृहमें जन्म होने पर भी आदिवैष्णवोंकी तरह पाञ्चरात्र मतमें उनकी आस्था नहीं थी। पाञ्चरात्रोंके 'वासुदेव' ही उपास्य हैं, किन्तु उन्होंने वासुदेवकी जगह 'विष्णु' को स्थापन किया था। पुराविदोंकी धारणा है, कि उन्हींके वैष्णवधर्म-प्रचारके प्रभावसे सुप्राचीन पाञ्चरात्रधर्म लोगोंकी स्मृतिसे विलुप्त हो गया था।

भारततात्पर्यनिर्णयमें उन्होंने लिखा है, कि ऋगादि चतुर्वेद, पञ्चरात्र, भारत, रामायण, ब्रह्मसूत्र और वैष्णवपुराणोंसे उन्होंने अपना मत सङ्कलन किया है। विष्णुका प्राधान्यस्थापन ही उनका उद्देश्य है। उस उद्देश्यके परिपोषक ग्रन्थ ही उनके ग्राह्य हैं, शेष सभी अग्राह्य।

सच पूछिये तो उनके द्वैतवाद प्रचारसे अद्वैतवादियोंके हृदयमें भारी धक्का पहुंचा था। यहां तक कि, शङ्करमतावलम्बी कोई अद्वैतवादी आदित्यपुराणके मध्य मध्वाचार्यकी निन्दा करनेसे बाज नहीं आये हैं। जनसाधारणका कौतूहल दूर करनेके लिये यहां पर आदित्यपुराणका उपन्यास उद्धृत किया जाता है :—

'जब सर्वधर्म-विवर्जित घोर कलिकाल उपस्थित होगा, जब म्लेच्छगण ब्राह्मणधेनुका वध किया करेंगे, वेदपाठ उठ जायगा, जैन-बौद्धादिका यथेष्ट प्रादुर्भाव होगा, ब्राह्मण म्लेच्छाचारी और शूद्र ब्राह्मणघाती होंगे, उस समय ऋतुराज वसन्त ब्राह्मणके औरससे विधवा-रमणीके गर्भसे जन्म लेगा और उसका नाम मधु रहेगा। उससे कर्णाट तिलङ्गादिदेश दूषित हो जायगा। वह विधवा-पुत्र पद्मपादुके निकट शिष्यभावमें वेदान्त पढ़ेगा। सम्पूर्ण शास्त्र अध्ययन कर चुकने पर उसके मनमें बुरी बुरी भावनाओंका उदय होगा। इस पर गुरु बड़े विरक्त हो कर उसका प्रकृत परिचय पूछेंगे। अनन्तर जब गुरुको मालूम हो जायगा कि उसने कपटताका अवलम्बन कर शास्त्र सीख लिया है, तब वे मधुसे कहेंगे, 'तेरा कोई भी सिद्धान्त काममें नहीं आयेगा।' इस पर मधु गिड़गिड़ा कर कहेगा, 'आपके वचन अन्यथा होनेको नहीं, आपसे मेरा यही अनुरोध है, कि पूर्वपक्ष मेरे हृदयमें दृढ़ रहे।' गुरु जवाब देंगे, 'तुम्हें सिद्धान्तमें अन्धता और पूर्वपक्षमें पटुता तो होगी, पर तुम्हारे शिष्य पापिष्ठ होंगे। वे मोहवशसे सिद्धान्तज्ञानहीन, लोभवशसे राजसेवक, क्रोधवशसे परुषभाषी, दम्भप्रभावसे धार्मिक वेशधारी और हेतुवादवशतः सर्वशास्त्रतत्त्व समझनेमें अक्षम होंगे, थोड़े ही दिनोंके अन्दर वे सदाके लिये घोर नरकमें जायंगे। अभिशप्त होनेके बाद तुम वेदान्तसूत्रकी व्याख्या करोगे, इस कारण दाक्षिणात्यमें मध्वाचार्य नामसे प्रसिद्ध होंगे। कलियुगमें तुम्हारा प्रभाव भी यथेष्ट रहेगा। आर्यावर्त्त, उत्कल, गौड़, गङ्गातीर, गोदावरीतीर और अर्बुदारण्य छोड़ कर अन्य स्थानमें तुम्हारे शिष्य प्रशिष्य फैल जायंगे। महाराष्ट्रमें ही उनके मतका कम प्रचार होगा। वे हेतुवादी होंगे। वे यही हेतुवाद करेंगे, कि यह जगत् प्रपञ्च-मिथ्या और माया-कल्पित है, ऐसे मायावादी जो हैं वे वस्तुतः तत्त्ववादी हैं। वे मिथ्यावादी कर्म-कांड-प्रवर्त्तक जैमिनीकी मीमांसाको, ईश्वर प्रतिपादक गौतम-प्रणीत न्यायदर्शनको, पुरुषप्रकृतिके विवेकबोधक कपिल-प्रणीत सांख्यको, ईश्वर प्रतिपादक वैशेषिकदर्शन और योगशास्त्र पातञ्जल आदिको ही शैवशास्त्र मानेंगे। यहां तक कि, अद्वैतपोषक सर्वश्रेष्ठ वेदान्तशास्त्र, षड़ङ्ग-समन्वित वेद, पुराण, उपपुराण, इतिहास, स्मृति और उपस्मृति उनके मतसे शैवशास्त्र होंगे।' वे हेतुवादी कहेंगे, 'मनुष्य महेश्वरको परात्पर समझते हैं, किन्तु

वेदमार्ग-बहिष्कृत पापिष्ठ मध्वाचायको नहीं मानते। वस्तुतः वे उनको विधवा-पुत्र कहा करते हैं।' महादुष्ट मधु प्रच्छन्नचार्वाक है, कलिकालमें यही मधु शिवनिन्दा-प्रवर्त्तन करेगा।

सौरपुराणमें मध्वाचार्यको शैवद्वेषी तो बतलाया है, पर ऐसा अयथाआक्रमण न्यायसङ्गत प्रतीत नहीं होता। उनके अनन्तेश्वर नामक शिवमन्दिरमें दीक्षा, शङ्कराचार्य-प्रवर्त्तित तीर्थ उपाधिग्रहण, उनके तथा उनके मतावलम्बियों द्वारा प्रतिष्ठित मन्दिरादिमें विष्णुके साथ एकत्र शिवपार्वतीकी पूजा इत्यादिकी पर्यालोचना करनेसे उन्हें कभी भी शिवद्वेषी नहीं कह सकते। विशेषतः शाङ्कर और माध्व-गुरुओंके शिष्य एक दूसरेके गुरुको भी नमस्कार और श्रद्धा भक्ति करते हैं और तो क्या, शृङ्गेरिमठके शङ्कराचार्य उदिपिनगरके कृष्णमन्दिरमें पूजा करने आते हैं। इन सब दृष्टान्तोंकी आलोचना करनेसे मालूम होता है, कि मध्वाचार्य एक कट्टर वैष्णव थे। वैष्णव और शैवसम्प्रदायमें सद्भावस्थापनकी ओर उनका विशेष ध्यान रहता था। उन्होंने जिस दार्शनिक मतका प्रचार किया, वह पूर्णप्रज्ञदर्शन नामसे प्रसिद्ध है। पूर्णप्रज्ञदर्शन देखो। उनके मतानुवर्त्ती धर्मसम्प्रदाय मध्वाचारी वा माध्व कहलाते हैं। माध्व देखो।

मध्वाधार (सं० पु०) मधुनः आधारः। मधुक्रम, मधुमक्खीका छत्ता।

मध्वाम्र (सं० पु०) वद्ध रसाल, बंधी हुई ईख।

मध्वालु (सं० क्ली०) मधु मधुरं आलु, मधुवत् मिष्टत्व तथात्वं। मूल, एक प्रकारके पौधेकी जड़। यह खाई जाती है तथा इसका स्वाद बहुत मीठा होता है। गुण—रक्तपित्तनाशक, गुरु, स्वादु, शीतल, स्तन्य और शुक्रकर।

मध्वालुक (सं० क्ली०) कन्दविशेष।

मध्वावास (सं० पु०) आम्र वृक्ष, आमका पेड़।

मध्वाशिन् (सं० त्रि०) मद्यपानकारी, मद्य पीनेवाला।

मध्वासव (सं० पु०) मधु मधूकपुष्परसस्तेन कृत आसवः। १ मधूकपुष्पकृत मद्य, महुएके फूलकी शराब। पर्याय—माध्वक, मधु, माध्वीक।

मदिरा और मद्य शब्द देखो।

मध्वासवनिक (सं० पु०) मध्वासवनमुत्पाद्यत्वेनास्त्यस्येति मध्वा-सवन-ठन्। शौण्डिक, कलाल।

मध्वाहुति (सं० स्त्री०) मधु द्वारा आहुति, वह आहुति जो मधुसे होती है।

मध्विजा (सं० स्त्री०) मधु ईजते प्राप्नोति कारणत्वेनेति ईज-क, पृषोदरादित्वात् ह्रस्वः। मदिरा, शराब।

मध्वृच (सं० स्त्री०) वेदकी एक ऋचा।

मनः (सं० पु०) मन।

मन आप (सं० त्रि०) आप्नोतीति आप अच्, मनसो आपः। मनोज्ञ।

मनऋङ्ग (सं० त्रि०) मनः द्वारा प्रसाधन।

मनःक्षेप (सं० पु०) मनका उद्वेग।

मनःपति (सं० पु०) विष्णु।

मनःपर्याप्ति (सं० स्त्री०) मनसे संकल्प विकल्प वा बोधप्राप्त करनेकी शक्ति।

मनःपर्याय (सं० पु०) जैन शास्त्रानुसार एक अवस्था या ज्ञान। इससे चिंतन अर्थका साक्षात् होता है। यह ज्ञान, ईर्ष्या और अन्तराय नामक ज्ञानावरणोंके दूर होने पर निर्वाण या मुक्तिकी प्राप्तिके पूर्वकी अवस्थामें प्राप्त होता है। इसमें जीवोंको नरूपो द्रव्यके पर्यायोंका साक्षात् ज्ञान होता है। जैन देखो।

मनःप्रसाद (सं० पु०) चित्तप्रसाद, मनकी प्रसन्नता।

मनःप्रीति (सं० स्त्री०) मनकी प्रीति, मनकी प्रसन्नता।

मनःशास्त्र (सं० पु०) मनोविज्ञान, वह शास्त्र जिसमें मन और मनोविकारोंका वर्णन हो।

मनःशिल (सं० पु०) मनो मानसं शिलति आकर्षति स्वगन्धेनेति शिल्-क। मनःशिला, मैनसिल।

मनःशिला (सं० स्त्री०) मनःशिल स्त्रियां टाप्, यद्वा मनः प्रसादिका शिला धातुविशेषः। रक्तवर्ण धातुविशेष, मैनसिल। (Realgar)

पर्याय—कुनटी, मनोज्ञा, नागजिह्वा, नैपाली, शिला, मनोगुप्ता, कल्याणिका, रोगशिला, गोला, दिव्यौषधि। गुण—कटु, स्निग्ध, लेखन, विष, भूतावेश भय और उन्मादनाशक; वश्यकारक, तिक्त, कफनाशक, सारक, छर्दिकारक, कुष्ठ, ज्वर, पाण्डु, कास और श्वासनाशक तथा शुक्र और मङ्गलकारक। (राजनि०)

रसेन्द्रसारसंग्रहमें लिखा है, कि जिस मनःशिलाका वर्ण जवाकुसुमके जैसा होता है वही उत्कृष्ट है और

वही औषधमें व्यवहार्य है। मनःशिलाको शोध कर औषधमें व्यवहार करना चाहिये। बिना शोधी हुई मनःशिला बलह्रास, मलवद्ध, शर्करा, मूत्रकृच्छ्र, अश्मरी, हृद्रोग और अग्निमान्द्यकर तथा शोधित मनःशिला सर्वरोगनाशक मानी गई है।

मनःशिलाको शोधनप्रणाली—मनःशिलाको जयन्तीके पत्ते, भृङ्गराज और लाल वकपुष्पके रसमें भावना दे कर दोला यन्त्रमें एक दिन और छागमूत्रमें एक पहर तक पकावे, वाद कांजीसे धो डाले। इसी प्रणालीसे मनःशिला विशुद्ध होती है।

मतान्तर—बिजौरा नीबू, जयन्ती, वटपत्र और अदरकके रसमें बार बार भावना देनेसे मनःशिला विशुद्ध होती है। इसका गुण—कटु, स्निग्ध, तिक्त, कफघ्न, लेखन और सारक; भूतावेश, भय, कास और श्वासनिवारक। (रसेन्द्रसारसंग्रह)

भावप्रकाश-मतमें—बिना शोधी हुई मदिराका सेवन करनेसे बलकी हानि होती है तथा कृमि, मलमूत्ररोध और शर्कराके साथ मूत्रकृच्छ्र रोग उत्पन्न होते हैं।

शोधित मनःशिला—गुरु, वर्णकर, सारक, उष्णवीर्य, लेखनगुणयुक्त, कटु, तिक्तरस, स्निग्ध तथा विष, श्वास, कास, भूत, कफ और रक्तदोषनाशक मानी जाती है।

(भावप्रकाश)

यूनान, क्वेचाउ और कनसाट नामक स्थानमें मनःशिला आपे आप उत्पन्न होती है। कुमाउन, चित्रल और काश्मीरके उत्तर-पश्चिमांशमें हरितालके साथ और कहीं केवल मनःशिलाका खण्ड पाया जाता है।

किसी आवृत पात्रमें मनःशिलाको गरम करनेसे वह गल जाती है। अधिक गर्मी पानेसे इसका मौलिक अंश पृथक् नहीं होता वरन् वह इसकी सफेदीको बढ़ाता है। सफेद मनःशिला स्वभावतः ही कठिन, भङ्गप्रवण, स्वच्छ और नयनरञ्जन तथा रक्तवर्ण होता है। १९८ भाग एन् हाइड्राइड् (Arsenious an hydride) और ११२ भाग गन्धक एकत्र मिला कर उत्तप्त करनेसे कृत्रिम उपायसे मनःशिला प्रस्तुत हो सकती है।

औषधमें व्यवहार करनेके लिये नीबू अथवा अदरकका रस डाल कर मनःशिलाको विशुद्ध कर लेना होता है। ज्वरमें साधारणतः पारे और हरितालके साथ एकत्र व्यवहार होता है। सोनेका पानी देनेके समय मनःशिलाकी आवश्यकता होती है।

मनःसंयोग (सं० पु०) मनसः संयोगः। मनोयोग।

मनःस्थैर्य (सं० क्ली०) मनसः स्थैर्य्यः। मनकी स्थिरता।

मन (सं० पु०) मन्यते सुरभित्वादिगुणेन आद्रियते इति मन्-घ। १ अन्तःकरण, प्राणियोंमें वह शक्ति वा कारण जिससे उनमें वेदना, संकल्प, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, वोध और विचार आदि होते हैं। विशेष विवरण मनस् शब्दमें देखो। २ अन्तःकरणकी चार वृत्तियोंमेंसे एक। इससे संकल्प विकल्प होता है। ३ इच्छा, इरादा। ४ जटामांसी।

मन (हिं० पु०) १ चालीस सेरका एक मान या तौल। २ मणि, वहुमूल्य पत्थर।

मनकना (हिं० क्रि०) १ तर्क वितर्क करना, चिं चपड़ करना। २ हिलना डोलना, चेष्टा करना।

मनकरा (हिं० वि०) चमकदार, प्रकाशमान।

मनका (सं० पु०) १ पत्थर, लकड़ी आदिका बेधा हुआ गोल खण्ड वा दाना। इसे पिरो कर माला वा सुमिरनी आदि बनाई जाती है। इसे गुरिया भी कहते हैं। २ माला या सुमिरनी। ३ गरदनके पोछेकी हड्डी जो रीढ़के विलकुल ऊपर होती है।

मनकामना (हिं० स्त्री०) मनोरथ, अभिलाषा।

मनकूला (अ० वि०) स्थिर वा स्थावरका उलटा, चर।

मनकूहा (अ० वि०) विवाहिता, जिसके साथ निकाह हुआ हो।

मनगढ़ंत (हिं० वि०) कपोल-कल्पित जिसकी वास्तविक सत्ता न हो केवल कल्पना कर ली गई हो।

मनचला (हिं० वि०) १ साहसी, हिम्मतवाला। २ रसिक। ३ धीर, निडर।

मनचाहता (हिं० वि०) १ प्रिय, जिसे मन चाहे। २ मनके अनुकूल, यथेच्छ।

मनचाहा (हिं० वि०) इच्छित, अभिलषित।

मनचीता (हिं० वि०) मनचाहा, मनभाया ।

मनजात (हिं० पु०) कामदेव ।

मनतोरवा (हिं० पु०) एक प्रकारका पक्षी ।

मनन (सं० क्ली०) मन्यत इति मन-ल्युट् । १ अनवरत अनुचिन्तन, विचार । २ वेदान्त शास्त्रानुसार सुने हुए वाक्यों पर वार वार विचार करना और प्रश्नोत्तर वा शंका समाधान द्वारा उसका निश्चय करना । ३ भली भांति अध्ययन करना । ४ वोधन । ५ धारण । ६ वुद्धि । ७ अनुमान ।

मननशील (सं० वि०) विचारशील, किसी विषय पर अच्छी तरह विचार करनेवाला ।

मननाना (हिं० क्रि०) गुंजारना, गूँजना ।

मनपाड़—मान्द्राज प्रदेशके तिन्नेवल्ली जिलान्तर्गत एक अन्तरीप । यह अक्षा० ८° २३′ उ० तथा देशा० ६८° ३′ पू०के मध्य पड़ता है । समुद्रगर्भस्थ यह गिरिदेश वालुकामय चरसे परिपूर्ण है । निरन्तर समुद्रके कल्लोलसे प्रतिघात हो कर यह भिन्न भिन्न स्तरवद्ध हो गया है । इस शैल-शिखर पर एक छोटा गिर्जा सिर ऊंचा कर खृष्टधर्म-प्रचारकी कामना कर रहा है । परिच्छन्न आकाशमें प्रायः तेरह मीलकी दूरीसे इसकी चोटी देख पड़ती है । मनपाड़के उत्तरस्थ उपसागरकी ओर एक छोटी नदीके मुहाने पर वालुका प्रोथित एक वड़ा गिरजा है जो प्राचीन कुलशेखरपत्तन बन्दरका परिचय देता है ।

मनभाया (हिं० वि०) जो अच्छा लगे, जो मनको भावे ।

मनभावता (हिं० वि०) १ जो मनको अच्छा लगता हो । २ प्रिय, प्यारा ।

मनभावन (हिं० वि०) १ मनको अच्छा लगनेवाला । २ प्रिय, प्यारा ।

मनमति (हिं० वि०) स्वेच्छाचारी, अपने मनका काम करनेवाला ।

मनमथ (हिं० पु०) मन्मथ देखो ।

मनमाड़—नासिक जिलेके चादर महकूमेका एक नगर । यह अक्षा० २०° ४′ ५०″ उ० तथा देशा० ७४° २८′ ४०″ पू० नासिक शहरसे ४५ मील उत्तर-पूर्व ग्रेट इण्डियन पेनिनसुला रेलवेके जब्बलपुर लाईनके किनारे अवस्थित है । इसके नजदीकका चूड़ाकारगिरी और उसके पीछेके अंकाई तथा संकाई दो शृङ्ग देखने योग्य हैं । खानदेश और मालेगांवसे यहां रुईकी आमदनी होती है ।

मनमानता (हिं० वि०) मनोवांक्षित, मनमाना ।

मनमाना (हिं० वि०) १ जिसे मन चाहे, जो मनको अच्छा लगे । २ मनोमीत, मनके अनुकूल । ३ यथेच्छ, इच्छानुकूल ।

मनमुखी (हिं० वि०) स्वेच्छाचारी, मनमाना काम करनेवाला ।

मनमुटाव (हिं० स्त्री०) वैमनस्य होना, मनमें भेद पड़ना ।

मनमोदक (हिं० पु०) वह असंभव वा कल्पित वात जो अपनी प्रसन्नताके लिये वनाई गई हो ।

मनमोहन (हिं० वि०) १ चित्ताकर्षक, मनको लुभानेवाला । २ प्रिय, प्यारा । (पु०) ३ श्रीकृष्णका नामान्तर । ४ एक प्रकारका सदावहार वृक्ष । यह वरमा, जावा आदि देशोंमें पाया जाता है । यह सीधा और ऊंचा होता है । इसकी लकड़ी साफ होती है और इस पर रंग खूब खिलता है । इसके फूल बहुत सुगन्धित होते हैं जिससे इतर निकाला जाता है । इस इतरको इलंग कहते हैं और यूरोपमें इसकी बहुत खपत होती है । यह वीजोंसे उगता है । इसका प्रचार अब बंगालमें भी हो गया है । ५ एक मात्रिक छन्दोभेद । इसके प्रत्येक चरणमें चौदह मात्राएं होती हैं ।

मनमोहनी (हिं० स्त्री०) मनको लुभानेवाली ।

मनमौजी (हिं० वि०) मनमाना काम करनेवाला, मनकी मौजके अनुसार काम करनेवाला ।

मनरंज (हिं० वि०) मनोरंजक, मनोरंजन करनेवाला ।

मनरंजन (हिं० वि०) १ मनोरंजन करनेवाला, मनको प्रसन्न करनेवाला । (पु०) २ मनोरंजन देखो ।

मनवां (हिं० पु०) नरमा, रामकपास ।

मनवांक्षित (हिं० वि०) मनोवाञ्छित देखो ।

मनवान—१ अयोध्याप्रदेशके सीतापुर जिलेका एक परगना । इसके उत्तरमें रावी परगना, पूर्व और दक्षिणमें लखनऊ जिला तथा पश्चिममें गोमती और सरायन नदी है ।

भूपरिमाण ६६ वर्गमील है। इसके अधिकांश स्थानमें अभी खेती-बारी होती है। इस परगनेमें ६६ ग्राम हैं जिनमेंसे ३६ तालुकदारी और ३० जमींदारी हैं। वे सब ग्राम पनवार क्षत्रियोंके अधिकारभुक्त हैं। कहते हैं, कि अकबरबादशाहकी अमलदारीमें पनवार जातिके तीन भाईने ग्वालियरसे आ कर लखनऊ जिलेके इतौञ्जा और महना तथा सीतापुर जिलेके सरौरा नीलगांव पर आक्रमण किया और उन्हें जीत लिया। आज भी उनके वंशधरगण उक्त सम्पत्तिका भोग करते हैं। केवल महना अधिकारीकी सम्पत्ति जब्त कर ली गई, कारण १८५७ ई०के गदरमें वे बलवाइयोंमें शामिल थे।

२ उक्त मनवान परगनेके अन्तर्गत एक गण्ड ग्राम और परगनेका सदर। यह लखनऊ और सीतापुरसे १ मील पश्चिम तथा बारी शहरसे ४ मील दक्षिण सरायन नदीके किनारे अवस्थित है। प्रवाद है, कि सूर्यवंशीय राजा मान्धाताने यहां पर नगर बसाया था। उनकी मृत्युके बाद वह स्थान जङ्गलसे बिलकुल ढक गया। परवर्त्तिकालमें इसके पूर्वमें एक अहीर और पश्चिममें मुस्ताफा खां नामक एक मुसलमान आ कर बस गया। मुस्ताफाने उस प्राचीन नगरका पुनः निर्माण कया और अपने नाम पर इस स्थानका मानपुर-मुस्ताफाबाद नाम रखा। राजा मान्धाताके गढ़का ध्वंसावशेष आज भी विद्यमान है। उच्च भूमिके ऊपर नदीमुखी गढ़का सुवृहत् और सुदृढ़ गठन विस्मयोद्दीपक है। अभी ग्राम वासी उस ईंटोंको अपने घर बनानेके काममें लाते हैं।

मनवाना (हिं० क्रि०) माननेका प्रेरणार्थक रूप, किसी को माननेमें प्रवृत्त करना।

मनविक्रम—कालीकटके एक प्रसिद्ध राजा।

सामरी राजवंश शब्दमें विस्तृत विवरण देखा।

मनश्चित् (सं० त्रि०) मानसमें प्रतिफलित।

मनशा (अ० स्त्री०) १ इच्छा, इरादा। २ तात्पर्य, मतलब।

मनस् (सं० क्ली०) मन्यते बुध्यतेऽनेनेति मन् (सर्वधातुभ्योऽसुन्। उण् ४।१८८) इति असुन्। लिङ्ग शरीरावयवविशेष। सत्रह अवयवोंसे इस सूक्ष्म शरीरकी रचना हुई है, इसका दूसरा नाम लिङ्गशरीर है। पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय, पांच वायु, मन और बुद्धि यही सत्रह अवयव हैं। वेदान्तके मतसे यह संकल्प और विकल्पादिकी अन्तःकरण-वृत्ति-विशेष है और यह कर्मेन्द्रियोंसे मिल कर मनोमयकोश हो जाता है।

"मनो नाम संकल्पविकल्पात्मिका अन्तःकरणवृत्तिः, मनस्तु कर्मेन्द्रियैः सहितं सत् मनोमयकोशो भवति।" (वेदान्तसार)

गर्भस्थित बालकके सातवें महीनेमें मनकी सृष्टि होती है। (सुखबोध) सुश्रुतके मतसे पांच ही महीनेमें यह प्रतिबुद्ध होता है।

"पञ्चमे मनः प्रतिबुद्धतरं भवति"

(सुश्रुत शारीरस्था० ३ अ०)

पर्याय—चित्त, चेतस्, हृदय, स्वान्त, हृद्, मानस, अनङ्क, अङ्क। (शब्दरत्ना०) न्यायके अनुसार इसका गुण—परत्व, अपरत्व, संख्या, परिमिति, पृथक्त्व, संयोग विभाग, वेग। मनोग्राह्य सुख, दुःख इच्छा, द्वेष, मति और यत्न। यह परमाणु स्वरूप है। शिरोमणिके मतसे वायवीय परमाणु है।

"परापरत्वं संख्याद्याः पञ्चवेगश्च मानसे।
मनोग्राह्यं सुखं दुःखमिच्छाद्वेषो मतिः कृतिः॥
अयौगपद्याज ज्ञानानां तस्याणुत्वमिहेष्यते।"

(भाषापरिच्छेद)

सांख्यकारिकाके मतानुसार इसका लक्षण इस तरह है—

"उभयात्मकमत्र मनः संकल्पकमिन्द्रियञ्च साधर्म्यात्।
गुण परिणामविशेषान्नानात्वं वाह्यभेदाश्च॥"

(सांका० २७ अ०)

मनमें इन्द्रिय धर्म्म है। अतः यह उभयात्मक है यानी मनको ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय दो कहा जाता है। ज्ञानेन्द्रिय पर आरूढ़ हो कर यह काम करता है इसीसे ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियका अध्यक्ष है अतः यह कर्मेन्द्रिय कहलाता है। मन संकल्पात्मक है, संकल्प अर्थात् विवेचना करना मनका ही असाधारण धर्म है। नेत्र आदि इन्द्रियां वस्तुओंके सामान्य आकारमात्रको ग्रहण करती है। पीछे मन उसका विशेषाकार निर्द्धारित करता है। सत्त्वगुणके परिणाम कई तरहके हैं। सत्वगुणके किसी एक विशेष परिणामसे मनका जन्म है। "महदाख्यं

आद्यं कार्य्य तन्मनः।' (सांख्यसू० १।७१) प्रकृतिका जो प्राथमिक कार्य है, प्रथम विकाश अथवा प्रथम परिणाम है उसीको महत्तत्व कहते हैं। इसीका कार्य्य मन है अर्थात् महत्तत्वसे ही मनकी उत्पत्ति है। यह मननवृत्तिक है, अर्थात् इसका कार्य्य मनन होनेसे इसका नाम मन हुआ है। मनन शब्दका अर्थ निश्चय है। 'तदन्नमयत्व-श्रुतेश्च।" (सांख्यदर्शन ३।१५) लिङ्ग शरीरका एक अवयव मन है। यह अन्नमय, अर्थात् भक्ष्य पदार्थों के परिणामसे उत्पन्न हुआ है।

सांख्य दर्शनके मतानुसार मन जन्मप्रवण है। इसीलिये यह भाव वस्तुओंका विकारविशिष्ट है। भाव शब्दका अर्थ है जायमान वस्तु। जिन जिन वस्तुओंका जन्म होता है उन उन वस्तुओंकी वृद्धि, ह्रास, परिवर्त्तन और विनाश होता ही है। वस्तुके इस तरहके परिणामको दार्शनिक पण्डित भावविकारको संज्ञा देते हैं। आत्माके सिवाय संसारमें ऐसा कोई वस्तु नहीं जो भावविकारग्रस्त न हो।

प्रकृतिका कार्य नितान्त दुर्बोध्य है। केवल एक मन ही संसारके सभी पदार्थोंका परीक्षक है। किन्तु प्रश्न है, कि मनका परीक्षक कौन है? चिन्ता करने पर मोह उत्पन्न होता है। यदि यह कहा कि मन स्वयं ही अपना परीक्षक है, तो यह बात युक्तिसंगत नहीं जान पड़ती। क्योंकि, आप ही अपना प्रमाण और आप ही अपना परीक्षक बनना, आप ही अपने कंधे पर चढ़नेके समान है। मन क्या है? उसका रूप कैसा है? उसकी शक्ति तथा उसका संस्थान ही कैसा है? मन पर इन सब बातोंके निर्णयका भार अर्पण करनेमें अपने कन्धे पर आप चढ़नेका दोष मनके ऊपर डालना होगा। नेत्र आदि इन्द्रियविशिष्ट बुद्धि, किसका कैसा आकार है, किसका कैसा गुण है ठीक इसका सुस्पष्टज्ञान उत्पन्न नहीं करती, एकमात्र मन ही विशिष्ट बुद्धिजनक है। इस तरह यह बात स्थिर रहने पर मनका परीक्षक दुर्लभ होता है।

इस पर कपिल कहते हैंः—सामान्य प्रणिधान करने पर ही दिखाई देगा। जब आत्मा और मनके विषयकी चिन्ता की जाती है, तब मन और आत्माकी भिन्नता स्पष्ट दिखाई देती है। जो कहते हैं, कि मन और आत्मा एक ही वस्तु है, वे भी आत्मा और मनका विचार करते समय आत्माको भिन्न किये बिना विचारकी निष्पत्ति नहीं कर सकते। वे जब मनको खोजते हैं, तभी उनका मन उनकी आत्मासे पृथक् हो जाता है और पृथक् हो कर आत्माके रूपकी परीक्षा करता है। किन्तु विचारशक्तिका अभाव या भ्रमवशात् उसे वे देख नहीं सकते। इसीलिये मुखसे कहते हैं, कि मनका दूसरा नाम आत्मा है और आत्माका दूसरा नाम मन है।

कुछ लोगोंका कहना है, कि दीपकी तरह मनकी भी स्वरूप प्रकाशकत्व शक्ति है। दीप जैसे अपनेको या अपनी प्रकाश्य वस्तुको प्रकाशित करता है, उसी तरह मन भी अपनेको और अपने स्वरूप-सत्ताको अवधारण करता है।

मन क्या है? किस पदार्थका नाम मन है—इन प्रश्नोंके उत्तरमें कपिलका कहना है, मन देहको आश्रय लेनेवाली एक वस्तु है। मन देहाश्रित पदार्थ है सही; किन्तु वह अस्थि-मांसादिकी तरह नहीं है। मन 'अहं' द्रव्यके परिणाम-विशेषमें उत्पन्न होने पर भी क्षणध्वंसी नहीं। तत्वज्ञान होने तक इसका स्थायित्व रहता है, प्राणका संयोग विनष्ट होने पर जब स्थूल शरीर गिर जाता है, तब मन अस्थिमांसकी तरह उसमें नहीं रह जाता। शरीर विनाश हो जाता है; किन्तु मनका उस तरह शीघ्र नाश नहीं होता।

नैयायिकोंका कहना है, कि मन नित्य और अवयव रहित है। मनका अवयव नहीं, इसलिये उपाधि भी नहीं है। अवयव न रहनेसे मनका उपचय-अपचय भी नहीं है। किन्तु आहारादिके कारण मनकी जो ह्रासवृद्धि देखी जाती है उसे समझना होगा कि वह मनकी नहीं, वरं मनके रहनेवाले स्थान (गोलक) की है। इस स्थानका उपचय मन पर पड़ता है। बालकपनमें इन्द्रियकी अपुष्टताके कारण इन्द्रिय शक्तिकी अल्पता रहती है, यौवनमें उन स्थानोंकी पुष्टि होनेके साथ-साथ इन्द्रियशक्ति भी पूर्ण होती है, फिर वार्द्धक्य ह्रास प्राप्त होता है, यही पूर्वोक्त निरवयव या अवयवरहित शब्दका नमूना है। निरवयव या अवयवरहित पदार्थका विनाश कैसा?

अवयवका वट जाना ही उसका ध्वंस होना है। इसीलिये अवयवरहित मनका विनाश नहीं होता।

मन एक तरहसे अवयवरहित द्रव्य है। द्रव्य कहनेसे हमारे सरल ज्ञानमें जो इन्द्रियग्राह्य स्थूलभावका उदय होता है, द्रव्यका रूप ठीक वैसा नहीं है। जिसमें जिसका गुण और धर्म रहता है, वह द्रव्य है। यह लक्षण सावयव तथा अवयवविहीन दोनोंमें ही विद्यमान है।

मन सूक्ष्म है। और तो क्या, मन वायवीय परमाणुके समान है। ऐसा सूक्ष्म होनेसे एक समयमें दो या उससे अधिक वस्तुको ग्रहण नहीं कर सकता। यही कारण है, कि एक समयमें दो वस्तुका ज्ञान नहीं होता। 'अन्यत्रमना अभुवं नाश्रौषं' यानी मैं अन्यमनस्क था यही लिये सुन न सका। एक ओर मन रहने पर दूसरी ओरसे वह उदासीन रहता है इसका कारण मनकी यह परमाणु-तुल्यता है। मन जब एक इन्द्रियमें संलग्न रहता है, तब उसी इन्द्रियमें ही निमग्न रहता है। उस समय उसका ऐसा कोई क्षेत्र (अंश) नहीं रह जाता, जिसमें लिप्त हो कर उस विषयके भले बुरेका विचार कर सके। स्थूल या सावयव वस्तु ही दो या उससे अधिक वस्तुओंमें संयुक्त हो सकती है। क्योंकि उसके बहुत क्षेत्र या स्थान हैं। किन्तु मन ऐसा सूक्ष्म है, कि एक ही वस्तुमें संयुक्त होनेके समय उसीमें निमग्न हो जाता है। यही कारण है, कि दो मनुष्यको एक समयमें दो या उससे अधिक ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। फिर हम लोगोंका यह भ्रम है, कि भोजनके समय युगपात् स्पर्शन और रासन ज्ञान उत्पन्न होता है। यथार्थमें वह क्रमशः होता है, युगपत् नहीं होता। जैसे एक सौ पद्मपत्र एक छोटो सूई द्वारा एक बार छेदने पर उसके युगपत् छिद जानेका भ्रम होता है उसी तरहका यह भी भ्रम है।

यही नैयायिकोंका सिद्धान्त है। किन्तु सांख्यका मत कुछ और है। सांख्यका कहना है, कि मन अनित्य है। मन उत्पन्न वस्तु है इसीसे यह अनित्य है। अनित्य होनेसे मन घड़े आदिकी तरह क्षण विनाशी नहीं है। मन जीवके जीवत्व लोप यानी मुक्ति न होने तक जीवित रहता है।

मन सावयव है। मन यदि अवयव रहित होता तो किसीके साथ संयुक्त नहीं होता। मनकी वृद्धि या ह्रास नहीं होता। इसके आधारस्थानकी ह्रासवृद्धि हुआ करती है। वही ह्रास-वृद्धि मन पर आरोपित होती है। मन सूक्ष्म है सही, किन्तु परमाणु तुल्य नहीं। इसका कोई कारण नहीं, कि आंखोंसे दिखाई न देनेसे ही वह परमाणुकी तरह सूक्ष्म और अवयव रहित होगा। वायु भी तो आंखोंसे दिखाई नहीं देती तो क्या वायु भी अवयव रहित है? वायु भी सावयव है। यह भी अनेक परमाणुओंका प्रवाह है।

एक समय दो या अधिक ज्ञान नहीं होगा, ऐसा कोई नियम नहीं।

'क्रमशोऽक्रमशश्चेन्द्रियवृत्तिः' इन्द्रियवृत्ति यानी ऐन्द्रियिक ज्ञान स्थलविशेषमें क्रमशः होता है, स्थलविशेषमें एक समयमें ही होता है।

मन सावयव है या अवयवरहित? नश्वर है या अनश्वर? एक समयमें बहुत ज्ञान होता है या नहीं? इत्यादि प्रश्नों पर दर्शनशास्त्रमें बहुत वाद-विवाद है। यहां केवल उसका सिद्धान्तमात्र दिखाया गया। फिर भी यह नैयायिकोंकी युक्ति पर अधिक निर्भर है। किन्तु सांख्याचार्योंका 'निर्भर' आप्तवाक्य है, युक्ति उसकी केवल सहायकारिणी है। प्रधान आप्तवाक्य वेदने भी कहा है कि मन सावयव है इसीलिये बहुतेरे लोग मनका अवयवयुक्त होना स्वीकार करते हैं।

छान्दोग्योपनिषद्के ६ ठे अध्यायमें इसके सम्बन्धमें एक आख्यायिका है, वह इस तरह है,—उद्दालक श्वेतकेतुको ब्रह्मविद् बनानेकी इच्छासे प्रतिदिन उदाहरणके साथ प्रश्न पूछा करते थे। एक दिन उन्होंने कहा, "न नाद्य कश्चनामतमविज्ञातमुदाहरिष्यति" वत्स! हमारे वंशके किसी आदमीने अद्भुत और अविज्ञात पदार्थोंकी घोषणा नहीं की है। अर्थात् सभी सर्वज्ञ थे। इस पर श्वेतकेतुने कहा, कि यह कैसे सम्भव हो सकता है? श्वेतकेतुके इस प्रश्नके उत्तरमें उद्दालकने वाह्यभूतके रहस्यका उपदेश दे कर पीछे अध्यात्म भूतका तत्त्व समझाते समय कहा, "अन्नमयं हि सौम्य! मन आपोमयः प्राणः तेजोमयी वाक्" हे सौम्य! श्वेतकेतो! मन अन्नमय अर्थात् खाद्यद्रव्यका परिणामविशेष है। प्राण जलमय और वाक् तेजोमय है। श्वेतकेतुने इन बातोंका मर्म

न समझ सकने पर कहा, 'भूय एव मां भगवान् विज्ञापयतु' यानी फिर कहिये, मैं समझ नहीं सका। तब उद्दालक श्वेतकेतुको समझानेके लिये फिर कहने लगे, पृथ्वी धातु, अपधातु और तेजोधातु है। धातुका दूसरा नाम भूत और पृथ्वी धातुका दूसरा नाम अन्न है। आकाश, वायु और यह (पृथ्वी) तीनों भूत परस्पर ग्रन्थित हो सर्वत्र विराजमान हैं। पूर्वोक्त तीनों धातु या पांचों धातु आत्माके सिवा सारे पदार्थोंका उपादान और पोषक हैं। बाहरके अन्न आदि धातु आध्यात्मिक धातुमें संयुक्त या सम्मिलित हो कर उन सबोंकी स्थिति और पुष्टि कर रहा है। इसकी रीति इस तरह है,—

भोजन करनेवाले आदमीकी जठराग्निमें भोजन किया हुआ अन्न परिपाक होकर पहले तीन भागोंमें बट जाता है। जो स्थूलतम भाग (अन्नमल) है वह पुरीष है, जो मध्यम भाग है वह मांस है और जो सूक्ष्म है वह इन्द्रिय और मन है। जैसे दही मथनेके बाद उसमेंसे उसका सार या सूक्ष्म धातु मिश्रितभावमें उत्पन्न होता है, उसी तरह तेज, अप् और अन्न ये तीन प्रकारके खाद्य जठरानल और वायु द्वारा मथित हो कर उनका सारांश ऊपर उठता है। फिर वह नाड़ी मार्गसे शिराओं द्वारा परिचालित हो कर उन्हीं पदार्थोंकी उत्पत्ति, स्थिति और पुष्टि करता रहता है। उदानवायु सार है उद्गत, अपानवायु असार निःसारित और व्यान वायु समुत्थित सार समुदायको रस-रक्तादि आकारमें परिणत कर शरीरके सब स्थलोंमें ले जाती है। इसीलिये मैंने कहा है, कि मन अन्नमय है, प्राण जलमय है और वाक्य तेजोमय है। यदि तुम इसका प्रत्यक्ष करना चाहो तो अन्न, जल और तेज किसीका भी उपयोग न करना और आजके सोलहवें दिन तुम मेरे पास आना।

श्वेतकेतु गुरुकी आज्ञा मान पन्द्रह दिन तक अनाहार रह कर सोलहवें दिन गुरुके समीप गया। इसके बाद गुरुने कहा,—"ऋचः सौम्य! यंजूषि सामानि चाध्येसि।" हे सौम्य! तुम्हारा ऋक्, यजुः और सामका अध्ययन हो गया है। श्वेतकेतुने कहा,—'न चैमाः प्रतिभान्ति भोः।' हे पितः! आज मुझे कुछ भी स्मरण नहीं हो रहा है। तब ऋषिने कहा,—जैसे काष्ठके अभावमें महान् अग्निकुण्ड भी बुझ जाता है, फिर तनिक अङ्गार भी काष्ठके संयोगसे प्रज्वलित हो उठता है उसी तरह आहारके अभावमें तुम्हारा मन और इन्द्रियां क्षीण हो कर निर्वाण प्रायः हो चुकी हैं, तुम कुछ उपयोग करो, जिससे तुम्हारी जठराग्नि प्रज्वलित हो उठे। इसके बाद तुम देखना, कि तुम्हारे मस्तिष्कमें सभी विषयोंका उदय और तुम्हारा स्मरण-मार्ग ठीक हो जायगा। गुरु उद्दालकने अपने शिष्य श्वेतकेतुको आहारादिकी ह्रास-वृद्धिसे मनके ह्रास और वृद्धि होती है, इसको अच्छी तरह समझाया। सांख्य इसी मतका अनुगामी है। इसीलिये सांख्यके मतसे मन अवयवसंयुक्त तथा नश्वर है। नश्वर होने पर भी यह क्षणभङ्गुर नहीं। सांख्यका कहना है, कि मन साक्षात् मूल प्रकृतिसे उत्पन्न हो कर सब शरीरमें रहता है। वह हमारी आत्मामें और तुम्हारी या दूसरेकी आत्मामें विराज रहा है; मोक्ष तथा महाप्रलयके सिवा इसका विनाश नहीं होता।

कुछ लोगोंने मनको आत्मा कह डाला है। संक्षेपमें उनके मनकी आलोचना की गई है।

इसका प्रमाण क्या, कि मन आत्मा नहीं है? ज्ञान और इच्छा आदि चेतन है। गुण, सङ्कल्प, विकल्प, अवधारण आदि चेतनका कार्य है। ये सभी मन-विषयोंमें दिखाई देते हैं, दूसरी जगह नहीं। इन्द्रियके शिथिल होनेसे जब प्राण तुष्णीभाव धारण करता हो तो भी मन निवृत नहीं होता। यह स्वप्न, स्मृति और अनुध्यानादि कार्योंमें व्यापृत रहता है। मन यदि प्रसुप्त, विलीन और ध्वंस्त हो जाय, तो सारी बातें भी लुप्त हो जाती हैं। इस अन्वयके सिवा अन्य प्रमाणोंसे यही स्पष्ट मालूम होगा, कि मन ही आत्मा है। आत्मा उससे भिन्न नहीं। प्रकाश जैसे अपनी सत्तास्फूर्त्ति स्थिर रख दूसरेको सत्ता-स्फूर्त्तिको उपलब्ध कराता है वैसे ही मन भी अपनी सत्ता-स्फूर्त्तिको स्थिर रख इन्द्रियगोचर बाह्य पदार्थोंकी सत्तास्फूर्त्तिको धारण करता है। असंख्यशक्तिसम्पन्न मन विशेष विशेष शक्ति और गुणके अनुसार विशेष विशेष उपाधि धारण करता है। संकल्प-विकल्प शक्तिसे ही मन, कर्त्री और भोक्त्री शक्तिसे बुद्धि और अपनी सत्तास्फूर्त्ति शक्तिसे आत्मा

विद्यमान है। जिसके मस्तिष्क है, उसको मन और आत्मा रहेगी ही। जिसको मस्तिष्क नहीं है, उसको मन या आत्मा नहीं है। मनोगोलक (मनके रहनेका स्थान)-के न्यूनाधिक्यके कारण सबका मन एक समान क्षमताशील नहीं। पशु पक्षी आदिका मानसगोलक अपूर्ण रहता है, इसीलिये उनके आत्मा या मन अपूर्ण है। कीट पतङ्गोंके तो उसकी अपेक्षा और भी अपूर्ण है। अतएव आत्मा मन नामसे अवश्य ही दूसरी है; किन्तु वास्तवमें एक है। सब दर्शनशास्त्रोंमें ही एक स्वरसे ही इस मतका खण्डन दिखाई देता है। मन जड़ है, जड़ स्वयं प्रेरित नहीं हो सकता। इसके उत्तरमें कपिल कहते हैं—मनको आत्मा जान कर निश्चिन्त रहना मोक्षार्थियोंके लिये उचित नहीं। ऋषि अपनी धारणा, ध्यान, समाधि और प्रज्ञा द्वारा जान गये थे, कि आत्मा नित्य, शुद्धस्वभाव और चित्तस्वरूप है। मननशील ज्ञानी मनुष्योंने यह अनुभव कर लिया है, कि आत्मा, मन और बुद्धिसे बिलकुल स्वतन्त्र है। इस अनुभवकी प्रणाली इस तरह है,—

मन जब स्थिरभावसे अपनेको देखता है, तब उसको मालूम होता है, कि मैं आत्मा नहीं वरं मैं आत्माके अधीन हूं; मैं आत्माकी भोगसामग्री हूं, मैं सक्रिय और सविकार हूं और आत्मा निष्क्रिय और निर्विकार है। किसी भी समय आत्मामें विकार दिखाई नहीं देता। संशय, निश्चय, विपर्यय, सन्धान, निर्वाचन ये सब मनमें ही होते हैं। आत्मा इन सबको देखनेवाली अर्थात् साक्षी है।

मन जब अपने निर्णय वा निर्वाचनमें प्रवृत्त होता है तब वह पूर्वोक्त आत्मासे पृथक् हो जाता है। मन आत्मासे पृथक् न हो कर अपना निर्वाचन नहीं कर सकता। जरा ध्यान देनेसे स्पष्ट देखा जा सकता है, कि ज्ञान-व्यवहार कैसी प्रणाली द्वारा सम्पन्न होता है। 'मेरे मन'के सिवा "मैं मन" कोई भी यह बात नहीं कहता, वैसे ही ज्ञान भी नहीं होता है। "मेरा मन" इस अपने उत्पन्न ज्ञानकी व्यवहारपरम्परा देखनेसे आत्माके साथ मनका द्रष्टृदृश्यभावके सिवा ऐक्यका सम्बन्ध दिखाई नहीं देता। आत्मा द्रष्टा है और मन दृश्य। आत्माके साथ मनका यदि इस तरह दृढ़तर सम्बन्ध नहीं हो तो मनुष्य कभी न कभी अवश्य "मेरे मन" के बदले "मैं मन" कहता। किन्तु कोई यह भ्रमसे भी नहीं कहता इसीलिये विश्वास करना उचित है कि आत्मा मन नहीं।

और भी विचार कर देखनेसे "मेरा" इत्याकार साकांक्ष प्रत्यय मनुष्योंके मनमें बहुत दिनोंसे विद्यमान है और उसके सम्पूर्णके लिए कितने ही विशेषण या सम्बन्ध पूरकवस्तु उसके समीप दिखाई देती हैं। इसी कारणसे वह साकांक्षविज्ञान एक समय एक तरह नहीं रहता। भिन्न भिन्न समयोंमें भी एक समान नहीं रहता। भिन्न भिन्न समयमें भिन्न भिन्न आकार धारण करता है। कभी मेरा मन, कभी मेरा ज्ञान, मेरी बुद्धि, मेरा हाथ, मेरा पैर इत्यादि एक एक ज्ञान् या विशिष्ट ज्ञान प्रसव करता है। किन्तु जब "मैं ज्ञान" उत्पन्न होता है तब उसमें किसी प्रकारकी अकांक्षा नहीं रह जाती। इसी लिए मैं इस आत्मसत्ताबोधक ज्ञान निराकांक्षा है, और उसमें किसी विशेषण या सम्बन्ध पूरक वस्तुका अन्वय नहीं रहता। इसलिए "मैं" स्वयं स्वतःसिद्ध है। फिर भी "मैं" यह ज्ञान मनका स्वतःसिद्ध भावविशेष है। इसीलिए यह वृत्ति है।

आत्मा चैतन्य और मन जड़ है। चैतन्यका स्वभाव प्रकाश है और जड़का अन्धकार या अप्रकाश। मनका अप्रकाशस्वभाव अनुभव और युक्तिसे सिद्ध है। मन यदि आत्माकी तरह प्रकाश स्वभावका होता, तो मनुष्यकी सुषुप्ति, मूर्च्छा और मुग्ध आदि अवस्था नहीं होती। क्योंकि स्वभावकी कभी भी अन्यथा नहीं होती। ऐसा नहीं होता, कि जहां गरमी है वहां आग नहीं और जहां गरमी नहीं वहां आग है। अतः सुषुप्ति मूर्च्छा आदि मनकी अप्रकाश अवस्थाको देख कर मनका जड़त्व सहज ही निर्णीत हो सकता है।

इस पर यह आपत्ति हो सकती है, कि आत्माको प्रकाश रूपी करनेसे भी वही फल है। सुप्ति, मूर्च्छा आदि अप्रकाश अवस्था देख कर जैसे मनका अप्रकाशत्व मानते हो, वैसे ही आत्माका जड़त्व भी मान सकते हो।

इसके उत्तरमें कपिलका कहना है, कि यह बात ठीक नहीं। क्योंकि आत्माका प्रकाश-स्वभाव किसी भी समय नहीं हटता। विशेपता यह है, कि आत्माके साथ मिल कर मनका प्रकाश दूना हो जाता है। जैसे दिनमें भीत पर सूर्यका जो प्रकाश रहता है, सूर्यकी ओर एक कांचका टुकड़ा रखनेसे जो प्रकाश दीवार पर पड़ता है, वह पहले प्रकाशसे दुगुना हो जाता है। यह द्विगुणित प्रकाश नितान्त तीव्र तथा अत्यन्त उज्ज्वल है। इसी तरह आत्मा और मनके मिल जानेसे उनका प्रकाश द्विगुणित हो जाता है।

इस द्विगुणताके कारण जाग्रतकालका चैतन्य अधिक सुस्पष्ट अर्थात् जाज्वल्यमान होता है। जव कांच स्थानका मन तमोगुणोद्रेक वशात मलिन रहता है, तव आत्मप्रकाशका प्रतिविम्व ग्रहण करनेमें अक्षम रहता है। उस समय आत्मा प्रकाश विलुप्तप्रायः या कम हो जाता। इसीसे सुषुप्ति और मूर्च्छाके समय एक गुण ही प्रकाश रहता है। यानि जाग्रत समयका प्रकाश उस समय घट कर एक गुण ही रह जाता है। इसलिये हमलोग कहते हैं, कि मूर्च्छा और सुप्तिकालमें ज्ञान नहीं रहता, किन्तु उस समय भी आत्मा एकगुणितप्रकाशमें विराजित रहती है।

इस पर यदि कहा जाय, कि उस अवस्थामें भी आत्मा सचेत रहती है तो उसका प्रमाण क्या? प्रमाण यही है, कि सुप्तोत्थित और मूर्च्छित व्यक्तिके निद्रा और मूर्च्छा भङ्ग होनेके वाद ही उसे ऐसा मालूम होता है, कि मैं मूर्च्छित था, कुछ भी ज्ञान नहीं था। इस अनुभवके एक देशमें जो 'मैं' और 'था' अंश है, वही तात्कालिक आत्मसत्ता वा आत्मप्रकाश रहनेका अनुमानक है। उस समय यदि किसी प्रकारकी सत्तास्फूर्त्ति नहीं रहती तो कभी भी जीवको ऐसा स्मरणात्मक ज्ञान उपस्थित नहीं होता; पूर्वानुभवके लिये संस्कारके वलसे ही स्मरणात्मक ज्ञानका उदय होता है। यह नियम स्वीकार करनेसे यह भी अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा, कि उस समय मैं स्वाभाविक प्रकाशमें अवस्थित था।

विषयका अस्फुरण, मनका अप्रकाश और अज्ञान ये सभी एक हैं। मन जो उस समय आत्मप्रतिविम्ब ग्रहण करनेमें अक्षम था, विषयका ग्रहण करनेमे विरत था, उसे और किसीने नहीं देखा, केवल आत्माने ही देखा था। मन अभी तमसाच्छन्न है, आत्माने वैसे मनको अर्थात् तमसाच्छन्न मनको देखा था, इसी कारण निद्रा वा मूर्च्छाभङ्गके वाद आत्माको उसका स्मरण रहता है।

मन अपनी सत्तास्फूर्त्तिको स्थिर रख कर दूसरेको प्रकाश करता है, एकमात्र मनके वलसे ही जीव सव्यापार और मनके अभावमें निर्व्यापार है, सुतरां मन ही आत्मा है, ये वात नितान्त हेय हैं। आत्मा मनके द्वारा ही विषयको ग्रहण करती है इसीसे मनमें आत्माका भ्रम होता है। (सांख्यद०)

मन कहां अवस्थित है? मनके इस अवस्थितिस्थानको ले कर शास्त्रकारोंमें विभिन्न मत देखा जाता है। किसी किसी पुराण और तन्त्रका मत है, कि मनका स्थान दोनों भ्रूके वीचमें है। देहव्यापिनी इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना नामकी तीन प्रधान नाड़ी हैं। यह नाड़ी तीन नाभि है जो हृद्पिण्डसे उत्पन्न हो मूलाधारमें चली गई हैं। वहांसे फिर तीन धारामें निकल कर दोनों पार्श्व और मध्यास्थि वा मेरुदण्डका आश्रय करती हुई मस्तक तक फैल गई हैं। इन तीन प्रधान नाड़ीके अनेक शाखानाड़ी हैं। फिर उसके भी अनेक प्रशाखा हैं। कहनेका तात्पर्य यह कि समूचा शरीर शिरामय है। जिस प्रकार पीपलका पत्ता जीर्ण होने पर वह तन्तुमय दिखाई देता है, उसी प्रकार शरीर भी तन्तुमय अर्थात् शिरामय है।

उक्त तीनों नाड़ियोंमें मृणालतन्तुसे भी सूक्ष्म स्नेहमय तन्तु गुच्छाकारमें है। आश्रयीभूत शिराके साथ वे सव स्नेहतन्तु ब्रह्मरन्ध्रके नीचे जा कर शेष हो गये हैं। जिस स्थानमें स्नेहमय तन्तुगुच्छ शेष हुए हैं वह स्थान ग्रन्थिल अर्थात् गांठयुक्त है। इस तन्तुग्रन्थिका वृन्तभाग आज्ञाचक्र और ऊर्द्ध्वभाग सहस्रार चक्र है। मन इस आज्ञाचक्रमें अवस्थित है तथा यहां पर रह कर अपना कार्य करता है। मन जव चिन्ताकार्यमें प्रवृत्त रहता है, तव मस्तकका समस्त स्नायुमण्डल स्पन्दित होने लगता है तथा आँख, मुंह, भ्रू आदिके विशेष विशेष स्थान विकृत और कुञ्चित हो जाते हैं।

इस विषयमें भी मतभेद देखा जाता है। कोई कहते हैं, कि मनका स्थान मस्तक नहीं है, हृदय है। हृदयके भीतर जो अपूपाकार मांसखण्ड है अर्थात् जिसे हृदपद्म कहते हैं, उस मांसखण्डके उदराकाशमें ही मनकी वासभूमि है। उनका यह अनुभव है, कि मनुष्य जो ध्यान वा चिन्ता करते हैं वह हृदयमें रख कर ही करते हैं तथा उनकी ध्येयवस्तु हृदयाकाशमें प्रतिबिम्बित होती है। इस कारण मन मस्तकमें नहीं है, हृदयमें है। नैयायिकोंके मतमें मन द्रव्यपदार्थ है।

> "द्रव्यं गुणास्तथा कर्म सामान्यं सविशेषकम्।
> समावायस्तथा भावाः पदार्थाः सप्त कीर्त्तिताः॥
> क्षित्यप्तेजो मरुद्व्योम काला दिक् देहिनौ मनः।
> द्रव्याणि......॥" (भाषापरिच्छेद)

नव्य नैयायिकोंने पहले जागतिक पदार्थको द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव इन सात भागोंमें विभक्त किया है। उनके मध्य क्षिति, अप्, तेजः, मरुत्, व्योम, काल, दिक्, देह और मन ये नौ द्रव्य पदार्थ हैं।

सांख्य मतमें भी मन द्रव्यपदार्थ है। किसी किसीका कहना है, कि त्रिगुणात्मिका प्रकृतिसे मनकी उत्पत्ति है। सुतरां मन द्रव्यपदार्थ नहीं हो सकता। मन जब गुणोत्पन्न है तब वह द्रव्यपदार्थ नहीं है, गुणपदार्थ है। इसके उत्तरमें सांख्य कहते हैं, प्रकृति गुणपदार्थ नहीं है, द्रव्यपदार्थ है। प्रकृति पुरुषरूप पशुका बध करती है, इसीसे उसका गुण नाम रखा गया है। सच पूछिये तो वह गुण पदार्थ नहीं है, द्रव्यपदार्थ है, सुतरां प्रकृतिसे उत्पन्न मन भी गुणपदार्थ नहीं, द्रव्यपदार्थ है।

सांख्यदर्शन देखो।

आत्माके मनःसंयोगसे ही ज्ञान होता है। पहले ही कहा जा चुका है, कि शब्दस्पर्शादि जो कुछ अनुभव होता है, मन ही उसका प्रधान सहाय है। मनके संयोगसे निम्नोक्त प्रणाली द्वारा ज्ञान हुआ करता है। आत्माका मनके साथ, मनका इन्द्रियके साथ और इंद्रियका विषयके साथ सम्बन्ध होनेसे ज्ञान होता है।

> "त्वङ्मनःसंयोग एव ज्ञानसामान्ये कारणम्।"
>
> (मुक्तावली)

ज्ञानसामान्यके प्रति त्वक् तथा मनःसंयोग ही प्रधान कारण है। विषयके साथ इन्द्रियका, इन्द्रियके साथ मनका और अन्तमें मनके साथ आत्माका इतना द्रुत सम्बन्ध है, कि उसे लिख कर प्रकट नहीं कर सकते। बहुत-सो पत्तियोंमें एक साथ सूई द्वारा छेद करनेसे प्रत्येक पत्तीका छेद एकके बाद एक हो जाता है, किन्तु उसका कालकी सूक्ष्मताके कारण अनुभव करना मानवबुद्धिसे बाहर है।

मन बहुत सूक्ष्म है, इसीसे एक कालमें दो विषयका ज्ञान नहीं होता।

> "अयौगपद्याज् ज्ञानानां तस्याणुत्वमिहेष्यते।"
>
> (भाषापरिच्छेद)

मन अणु है अर्थात् सूक्ष्म है, इसीसे ज्ञानका अयौगपद्य है, एक कालमें कोई भी ज्ञान नहीं होता। चक्षुका संयोग होनेसे ही ज्ञान होता है सो नहीं। मान लो, मन किसी विषयकी चिन्तना कर रहा है, किन्तु दर्शनेन्द्रिय चक्षुने किसी एक पदार्थको देखा। क्या देखनेसे ही उसका ज्ञान हो जायगा? नहीं, कभी नहीं होगा। कारण, दर्शनेन्द्रियमें ऐसी शक्ति नहीं, कि वह पदार्थका ज्ञान पैदा कर सके। पर हां, इतना जरूर है, कि चक्षु और मन दोनोंका परस्पर सम्बन्ध हो कर आत्मासे ज्ञान होता है।

> "आत्मा मनसा युज्यते मन इन्द्रियेण इन्द्रियं विषयेण तस्मादभ्यक्तं इत्युक्त दिशा ज्ञानं जायते॥" (न्यायदर्शन)

मन इन्द्रियोंके साथ एक समय संयुक्त नहीं हो सकता। धीरे धीरे विभिन्न इंद्रियके साथ विभिन्नकालमें संयुक्त हो कर ज्ञान उत्पन्न कराता है। निखिल विषयके साथ एक समयमें इंद्रियका संन्निकर्ष नहीं होनेके कारण एक समयमें सभी ज्ञान नहीं होता।

मन आत्मगुण और ज्ञान सुखादि प्रत्यक्षकरण है अर्थात् मन द्वारा आत्माके ही ज्ञान सुखादिका प्रत्यक्ष होता है।

> "युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गं।"
>
> (गौतमसू० १।१।१६)

गौतमसूत्रके अनुसार एक कालीन ज्ञानकी अनुत्पत्ति ही मनका लक्षण है। मन एक कालीन बहुज्ञान

उत्पन्न नहीं कर सकता, सिर्फ एक विषयका ज्ञान उत्पन्न करता है।

न्यायवृत्तिकारका कहना है, 'सुखाद्युपलब्धिसाधन-मिन्द्रियं।' विना मनके सुखादिका ज्ञान नहीं होता, इसी कारण 'सुखाद्युपलब्धिसाधनं इन्द्रियं मनः' ऐसा लक्षण निर्दिष्ट हुआ है।

वात्स्यायणने कहा है—

'युगपच्च खलु घ्राणादीनां गन्धादीनाञ्च सन्निकर्षेसु सत्सु युगपज्ज्ञानानि नोत्पद्यते तेनानुमीयते अस्ति तत्तदिन्द्रिय संयोगि-सहकारिनिमित्तान्तरमव्यापि यस्यासन्निधेर्नोत्पद्यते ज्ञानं सन्निधेश्चोत्पद्यत इति मनः।

एककालमें घ्राणादि और गन्धादिके सन्निकर्षसे ज्ञान उत्पन्न नहीं होता। अतएव इससे अनुमान किया जाता है, कि जिस जिस इंद्रियका ज्ञान होगा, वही वही इंद्रिययुक्त सहकारि अव्यापि एक दूसरा कारण है उस उस कारणके असन्निधानसे ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है और सन्निधानसे होता। जिसकी सहायतासे ज्ञान होता है उसी इंद्रियका नाम मन है।

नैयायिकोंके मतसे मनके आठ गुण हैं, संख्यादि-पञ्चक, परत्व, अपरत्व और वेग। 'मनोविभ्वित्ति मीसांसकाः मनोनेन्द्रियमिति मायावादि-प्रभृतयो वदंति।'

मीमांसकोंका कहना है, कि मन विभु है। माया-वादी वैदान्तिकगण मनका इंद्रियत्व स्वीकार नहीं करते।

सांख्य और नैयायिक दोनोंने ही मनको इंद्रिय बतलाया है।

पातञ्जलदर्शनमें लिखा है, 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।' (पातञ्जल सू० १।२) चित्त अर्थात् मनोवृत्तिसमूहको रोकनेका नाम योग है। योगका साधन होनेसे वह निश्चय ही मनको वृत्तियोंको रोकता है। योग देखो।

यहां पर मनकी वृत्तिके विषय पर थोड़ा विचार करना आवश्यक है। मनोवृत्ति असंख्य है, एक एक करके उन्हें गिन नहीं सकते। मनस्तत्त्वविद् योगियोंका कहना है, कि मनोवृत्ति असंख्य होने पर भी उसका अवस्था-विभाग असंख्य नहीं है। मानवोंकी मानसिक अवस्था पांचसे ज्यादा नहीं है यथा—क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध।

मनकी क्षिप्तावस्था—क्षिप्तका अर्थ पागल नहीं है, मनकी अस्थिरता अर्थात् चञ्चलावस्थाका नाम क्षिप्तावस्था है। मन जो अस्थिर रहता, कभी यहां और कभी वहां दौड़ता रहता है, जोंककी तरह एकको छोड़ कर दूसरेको और फिर उसको भी छोड़ कर तीसरेको पकड़नेमें व्यतिव्यस्त रहता है, वही उसकी क्षिप्तावस्था है। स्थूल तात्पर्य यह है, कि वाह्य वस्तुकी आकांक्षामें अस्थिर रहना ही मनकी चित्तावस्था है।

मनकी मूढ़ावस्था—मन जब कर्त्तव्याकर्त्तव्यको अग्राह्य कर काम क्रोधादिके वशीभूत होता है तथा निद्रा-तन्द्रादिके अधीन होता है, आलस्यादि विविध तमोमय वा अज्ञानमय अवस्थामें निमग्न रहता है, तब उसे मूढ़ावस्था कहते हैं।

मनकी विक्षिप्तावस्था—विक्षिप्त अवस्था और पूर्वोक्त क्षिप्तावस्थामें बहुत थोड़ा फर्क है। वह यह है, कि चित्तके पूर्वोक्त प्रकारके चाञ्चल्यके मध्य क्षणिक स्थिरता है अर्थात् मनका चञ्चल भाव होने पर भी वह जो बीच बीचमें स्थिर हो जाता है, उसी स्थिर होनेका नाम विक्षिप्तावस्था है। मन जब दुःखजनक विषयका परित्याग कर सुखजनक वस्तुमें स्थिर होता है, चिराभ्यस्त चाञ्चल्यका परित्याग कर क्षणकालके लिये निरवलम्ब-तुल्य हो जाता है, अथवा केवलमात्र सुखास्वादमें निमग्न रहता है, तब उसे मनकी विक्षिप्तावस्था कहते हैं।

मनकी एकाग्र अवस्था—एकाग्र और एकतान ये दोनों शब्द एक ही अर्थमें प्रयुक्त होते हैं। मन जब किसी एक वाह्य वस्तु अथवा आभ्यन्तरीण वस्तुका अवलम्बन कर निर्वातस्थ निश्चल निष्कम्प दीपशिखाकी तरह स्थिर वा अविकम्पितभावमें वर्त्तमान रहता है, अथवा चित्तकी रजस्तमो-वृत्ति अभिभूत हो कर केवल सात्त्विक-वृत्तिका होता है, अर्थात् प्रकाशमय और सुखमय सात्त्विकवृत्ति-मात्र प्रवाहित रहती है, तब जानना चाहिये, कि मनकी एकाग्र अवस्था हुई है।

मनकी निरुद्धावस्था—पूर्वोक्त एकाग्र अवस्थाको अपेक्षा निरुद्धावस्थामें बहुत प्रभेद है,—एकाग्र अवस्थामें चित्तका कोई न कोई अवलम्बन रहता ही है, किन्तु

निरुद्धावस्थामें वह नहीं रहता। उस समय मन अपनी कारणीभूत प्रकृतिको प्राप्त कर कृतकृतार्थकी तरह निश्चेष्ट रहता है; दग्धसूत्रकी तरह केवलमात्र संस्कारभावापन्न हुआ करता है। अतएव उस समय उसका किसी भी प्रकार विसदृश परिमाण नहीं रहता। तभी जानना चाहिये, कि मनकी निरुद्धावस्था हुई है।

मनकी निरुद्धावस्था और मनका लय वा विनाश प्रायः समान है। निरुद्धावस्थामें मनका लय होनेसे कुछ भी नहीं रहता। इस पर कोई कोई कहते हैं, कि मनका लय और आत्माका अभाव प्रायः एक ही बात है। लेकिन पातञ्जल इसे नहीं मानते, दोनोंमें बहुत प्रभेद बतलाते हैं। अज्ञ मनुष्योंको ऐसा भ्रम तो होता है, पर मन और आत्मा जो पृथक् पदार्थ है वह योगियोंके समाधिकालमें ही प्रमाणित होता है। मन और आत्माके एक होनेसे समाधि अर्थात् मनोवृत्तिका लय होते ही देह पतन अवश्य होता। लेकिन जब वैसा नहीं होता है अर्थात् उनका शरीर ज्योंका त्यों बना रहता है तब फिर उस समय उनका मनोलय होनेके कारण आत्माका भी लय हुआ है, ऐसा नहीं कह सकते। वरन् उस समय उनकी आत्माका यथार्थरूप और पार्थक्य अनुभूत होता ऐसा कहना ही उचित है। अतएव मनोवृत्तिके निरोधकालमें ही पुरुष वा आत्मा अपने प्रकृतरूपमें प्रतिष्ठित रहती हैं, अन्य समयमें नहीं। अन्यान्य समयमें वे चित्तवृत्तिके साथ एकीभूत हो कर विविध भावमें दिखाई देती हैं।

मनकी वृत्ति भी प्रधानतः पांच प्रकारकी है। फिर उन पांचके भी दो भेद हैं, जिनमेंसे क्लेशदायक होनेके कारण एकका नाम क्लिष्ट और क्लेश (संसारदुःख) का नाशक होनेके कारण दूसरेका नाम अक्लिष्ट है। विषयके साथ सम्पर्क होते ही चित्त जो विषयाकारको प्राप्त होता है उसका वह विषयाकार प्राप्ति होनेका नाम वृत्ति अर्थात् देहस्थ इन्द्रिय और बहिस्थ विषय इन दोनोंका सम्बन्ध होनेसे मनकी विविध अवस्था वा परिणाम होता है। उस मनःपरिणामका नाम वृत्ति है, हम लोग उसे ज्ञान कहते हैं। विषय असंख्य है, सुतरां वृत्ति भी असंख्य है वृत्ति असंख्य होने पर भी श्रेणी वा प्रकारगत असंख्य नहीं है। प्रकारगत विभाग प्रधानतः पांच है तथा अन्य एक भावमें वह दो है। उन दोनोंके नाम हैं क्लिष्ट और अक्लिष्ट। राग, द्वेष, काम क्रोध आदि वृत्तियां क्लेश अर्थात् संसार-दुःखका कारण होनेसे क्लिष्ट तथा श्रद्धा, भक्ति, वैराग्य, मैत्री और करुणा आदि उसके विपरीत अर्थात् दुःख निवृत्तिरूप मोक्षका कारण होनेसे अक्लिष्ट हैं। मनकी ये क्लिष्ट वृत्तियां हेय और अक्लिष्ट वृत्तियां उपादेय हैं।

पांच प्रकारकी मनोवृत्तिके नाम ये हैं,—प्रमाणवृत्ति, विपर्ययवृत्ति, विकल्पवृत्ति, निद्रावृत्ति और स्मृतिवृत्ति। अति संक्षिप्त भावमें उनके लक्षणादि लिखे जाते हैं। मनोवृत्तियां जब अवलम्बित वस्तुके अविकल सादृश्यसे उत्पन्न होती हैं, तभी वे प्रमाण वा सत्यज्ञान कहलाती हैं। और विपरीत भावमें उत्पन्न होनेसे उन्हें विपर्यय भ्रम वा मिथ्याज्ञान कहते हैं। प्रमाणवृत्तियोंको तीन श्रेणीमें विभक्त कर सकते हैं, प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम। विशेष विवरण प्रमाण शब्दमें देखो।

जो ज्ञान मिथ्या है, जो अपने रूपमें स्थायी नहीं रहता, अर्थात् जो विषय दर्शनके बाद कुछ और तरहका हो जाता है उस ज्ञानका नाम विपर्यय है। इस विपर्ययको अच्छी तरह समझानेमें यह कहना पड़ेगा, कि वस्तु एक प्रकारकी है, किन्तु मनोवृत्ति कुछ और है, ऐसा होनेसे ही वह विपर्यय वा भ्रम होता है। इस विपर्यय नामक भ्रमके रज्जु सर्प, शुक्ति रजत और मरुमरीचिका आदि अनेक दृष्टान्त हैं।

मनकी विकल्प नामक वृत्ति,—वस्तु नहीं है, अथच शब्दसे एक प्रकारकी मनोवृत्ति उत्पन्न होती है, वैसी मनोवृत्तिका नाम विकल्प है। वस्तु नहीं है, अथच शब्दके प्रभावसे मनोवृत्ति उत्पन्न होती है, इसका दृष्टांत आकाश कुसुम है। यथार्थमें आकाशकुसुम नहीं है; फिर भी वह सुनते ही मनमें एक प्रकारकी वृत्तिका उदय हो आता है। पदार्थ दो है, किन्तु शब्दके प्रभावसे सिर्फ एक वृत्ति उत्पन्न होनेसे वह भी वृत्ति है।

मनकी निद्रा नामक वृत्ति है, मनोवृत्ति जिसमें सभी पदार्थ लीन होते हैं, उस अज्ञानको अवलम्बन कर जब मनोवृत्ति उदित रहती है, तब वह निद्रा वा सुषुप्ति कहलाती है। वस्तुतः निद्रा भी एक प्रकारकी मनोवृत्ति

है। प्रकाशस्वभाव सत्त्वगुणके आच्छादक तमोगुणकी उद्रेक अवस्थाको ही हम लोग निद्रा कहते हैं। तम वा अज्ञान पदार्थ ही निद्रावृत्तिका आलम्बन है। जब तमोमय अर्थात् अज्ञानमय निद्रावृत्तिका उदय होता है, तब सर्वप्रकाशक सत्त्व गुण अभिभूत रहता है। सुतरां उस समय किसो भो प्रकार प्रकाश्य वस्तुका प्रकाश नहीं रहता। इसीसे लोग कहते हैं, मैं निद्रित था, मुझे ज्ञान नहीं था। सचमुचमें उसे बिलकुल ज्ञान नहीं था सो नहीं, अज्ञान विषयका ज्ञान अवश्य था। यही कारण है, कि निद्राभङ्गके बाद वह उस समयकी अज्ञान वृत्तिका स्मरण किया करता है। निद्राकालमें अज्ञानमय वा तमोमय वृत्ति अनुभूत हुई थी, इसी कारण निद्राभङ्गके बाद उसे उसका स्मरण हो आता है तथा उसी स्मरणके द्वारा निद्राका वृत्तित्व निर्णय होता है।

मनकी स्मृति नामक वृत्ति,—वस्तु जब एक बार अनुभूत अर्थात् प्रमाण वृत्ति पर आरूढ़ हो जाती है, तब फिर वह नहीं खिसकती संस्काररूपमें प्रतिष्ठित रहती है। इस प्रकार उसके रहनेका नाम ही स्मृति है। तात्पर्य यह कि, जाग्रत् अवस्थामें जो देखा, सुना वा अनुभव किया जाता है चित्तमें उसका संस्कार आबद्ध हो जाता है। उद्बोधकके उपस्थित होनेसे ही वह संस्कार वा शक्ति विशेष प्रबल हो कर चित्तमें उस पूर्वानुभूत वस्तुका स्वरूप दिखला देती है। उन समुदित मनोवृत्तिका नाम स्मृति वा स्मरण है।

इन पांचोंके सिवा मनकी और कोई भी वृत्ति नहीं है। इन पांचों मनोवृत्तिको रोक सकनेसे ही सांसारिक दुःख जाता रहता है। अभ्यास और वैराग्य के सिवाय और किसोसे भी यह मनोवृत्ति काबूमें नहीं लाई जा सकती है। (पातञ्जलदर्शन)

वैद्यकशास्त्रमें मनकी उत्पत्ति और धर्मादिका विषय इस प्रकार लिखा है,—त्रिगुणात्मक महत्तत्त्वसे त्रिगुणान्वित अहङ्कार उत्पन्न होता है। इस अहङ्कारके भी तीन भेद हैं। सात्त्विक, राजसिक और तामसिक। राजस अहङ्कारके साथ सात्त्विक अहङ्कारसे सभी इन्द्रियां उत्पन्न होती हैं। यह इन्द्रियां ग्यारह हैं,—पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय और मन।

मनका आश्रय कर सभी इन्द्रियां अपने अपने कार्यमें प्रवर्त्तित होती हैं, इस कारण मनको बुद्धीन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय दोनों ही इन्द्रिय कह सकते हैं। मनका विषय ज्ञान है। मनका आश्रय किये बिना कोई भी इन्द्रिय अपना कार्य नहीं कर सकती। चक्षु कर्णादि जो कोई इन्द्रिय अपने कार्यमें प्रवृत्त होती हैं उसका प्रधान सहाय मन ही है।

त्रिगुणात्मिका प्रकृतिसे जब मन उत्पन्न होता है, तब सात्त्विक, राजसिक और तामसिक भेदसे मन भी तीन प्रकारका है। सात्त्विक मनका लक्षण—

"आस्तिक्यं प्रविभज्य भोजनमनुत्तापश्च तथ्यं वचो-
मेधाबुद्धिधृतिक्षमाश्च करुणा ज्ञानञ्च निर्दम्भता।
कर्मानिन्दितमस्पृहञ्च विनयोधर्मे सदैवादरा-
देते सत्त्वगुणान्वितस्य मनसो गीता गुणा ज्ञानिभिः॥"

(भावप्र० प्रथम ख०)

आस्तिक्य, मोक्ष और परलोकादिमें श्रद्धा, सदसद्विवेचना पूर्वक भोजन, अक्रोध, सत्यवाक्यप्रयोग, मेधा, बुद्धि, धृति, काम, क्रोध और लोभादिमें अप्रवृत्ति, क्षमा, करुणा, आत्मतत्वज्ञान, कपटाभाव, अनिन्दित कर्माचरण, अस्पृहा, विनय और यत्नपूर्वक धर्मानुष्ठान, ये सब सात्त्विक मनके कार्य हैं। जिनका मन सत्त्वगुणान्वित है उन्हें इन सब कर्मोंका अनुष्ठान करना चाहिये। राजसिक मनका लक्षण—

"क्रोधस्ताड़नशीलता च बहुलं दुःखसुखेच्छाधिका।
दम्भः कामुकताप्यलोकवचनं चाधीरता दुष्कृतिः॥
ऐश्वर्यादभिमानितातिशयितानन्दोऽधिकाश्चाटनम्।
प्रख्याता हि रजोगुणेन सहितस्यैते गुणाश्चेतसः॥"

(भावप्र० पूर्वख०)

क्रोध, ताड़नशीलता, अत्यन्त दुःख और सुखेच्छा, दम्भ, कपटता, कामुकता, मिथ्यावाक्यकथन, अधीरता, अहङ्कार, ऐश्वर्यमें अतिशय अभिमानता, अधिक आनन्द और परिभ्रमण ये सब राजसिक मनके लक्षण हैं। जिनका मन रजोगुणान्वित हैं वे इन सब कार्यमें प्रवृत्त होते हैं। तामसिक मनका लक्षण—

"नास्तिक्यं सुविषण्णतातिशयितालस्यञ्च दुष्टा मतिः।
प्रीतिर्निन्दित कर्मशर्मणि सदा निद्रालुताहर्निशम्।
अज्ञानं किल सर्वतोऽपि सततं क्रोधान्धता मूढ़ता।
प्रख्याता हि तमोगुणेन सहितस्यैते गुणाश्चेतसा॥"

(भावप्र० पूर्वख०)

नास्तिकता, अतिशय विषण्णभाव, अधिक आलस्य, दुष्टबुद्धि, सर्वदा निन्दितकर्मजनित सुखमें प्रीति, दिवानिशि निद्रालुता, सर्वथा अज्ञानता, सर्वदा क्रोध और मूर्खता ये सब तामसिक मनके लक्षण हैं। जिन सब व्यक्तियोंका मन तमोगुणान्वित है, वे ही इन सब कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं।

जीवात्मा मनोयुक्त हो कर ही पाप, पुण्य, सुख, दुःख आदिका अनुभव करता है। इच्छा, द्वेष, दुःख, सुख, विषयज्ञान, प्रयत्न, संकल्प, विचारणा, स्मृति, बुद्धि, कलाविज्ञता, प्राणवायुका ऊद्‌र्ध्व नयन, अपानवायुका अधःप्रेरण, नयनका उन्मीलन और निमीलन तथा कृत्य करणोत्साह ये सब गुण मनोयुक्त जीवमें पाये जाते हैं।

(भावप्र०)

अहङ्कारसे ग्यारह इन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। प्रत्येक इन्द्रियके एक एक अधिष्ठात्री देवता हैं। मनके अधिष्ठात्री देवता चंद्रमा है। (सुश्रुत शारीरस्था० १ अ०)

ज्योतिष मतमें भी चंद्रमा ही मन हैं। मनके शुभाशुभका विषय चंद्रसे ही स्थिर करना होता है।

"कालात्मा दिनकृन्मनस्तु हिमगुः सत्त्वं कुजो ज्ञो वचः।"

(वृहज्जा०)

आत्मा सूर्य है, मन चंद्रमा है, बल मङ्गल है। इत्यादि।

वैद्यकग्रंथमें मनकी उत्पत्ति आदिका विषय जैसा लिखा गया है, सांख्यशास्त्रमें भी वैसा ही है। गर्भस्थित भ्रूणके पञ्चम मासमें मन उत्पन्न होनेसे गर्भिणीकी देह अशुचि रहती है। इस कारण उस स्त्रीको धर्मकर्मका अधिकार नहीं है। मनके उत्पन्न होनेसे भ्रूण जीव कहलाता है। कारण, जीव मनकी सहायतासे ही सभी काम काज करता हैं। महाभारतमें लिखा है—

"धैर्योपपत्तिर्व्यक्तिश्च विसर्गः कल्पना क्षमा।
सदसच्चाशुता चैव मनसो नव वै गुणाः॥"

मनके नौ गुण हैं। यथा—धैर्य, उपपत्ति, स्मरण, भ्रान्ति, कल्पना, मनोरथवृत्ति, क्षमा, सत् अर्थात् वैराग्यादि, असत् अर्थात् रागद्वेषादि एवं स्थिरता। मन अध्यात्मतत्त्व है।

अध्यात्मं मन इत्याहुः पञ्चभूतात्मधारकम्।
अधिभूतञ्च सङ्कल्पश्चन्द्रमाश्चाधि दैवतम्॥"

(भारत अश्वमेधप० ४२ अ०)

इसका स्वरूप—

"अनिरूप्यमदृश्यञ्च ज्ञानभेदं मनः स्मृतम्।"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० २३ अ०)

अनिरूपणीय अदृश्य ज्ञानभेद ही मन कहलाता है। इसे देख वा निरूपण नहीं कर सकते, ज्ञान द्वारा ही इसका अनुमान किया जाता है।

मनसना (हिं० क्रि०) १ इरादा करना, इच्छा करना। २ संकल्प करना, दृढ़ निश्चय या विचार करना। ३ हाथमें जल ले कर संकल्पका मन्त्र पढ़ कर कोई चीज दान करना।

मनसब (अ० पु०) १ पद, स्थान। २ अधिकार। ३ वृत्ति। ४ कर्म, काम।

मनसबदार (फा० पु०) उच्चपदस्थ पुरुष, वह जो किसी मनसब धरका हो।

मनसा (सं० स्त्री०) मनः भक्ताभीष्ट पूरणाय मननं अस्त्यस्या इति मनस् अर्श आदित्वादच्, ततष्टाप्, यद्वा मननमहङ्कारमिति स्यति नाशयतीति सो-क। देवीविशेष। पर्याय—कद्रु, मनसादेवी, विषहरी। (जटाधर)

इस देवीका प्रभाव एक दिन वङ्गालमें सर्वत्र विदित था। चैतन्यदेवके आविर्भावसे पहले वङ्गाली महासमारोहसे इस देवीकी पूजा करते थे। इनके माहात्म्यका प्रचार करनेके लिये वङ्गभाषामें सैकड़ों मनसा-मङ्गल प्रचारित हुए थे। मनसा पूजाके लिये महासमारोह न होने पर भी आज भी ज्येष्ठ महीनेके गङ्गादशहराके दिन वङ्गालके प्रायः सभी घरोंमें मनसा देवीकी पूजा होती है। आज भी खोजने पर कई तरहके छन्दोंमें रचित ४० या ५० तरहके मनसा-मङ्गलके गानकी पुस्तकें मिल सकती हैं।

यह देवी जगत्कारु मुनिकी पत्नी है। यह आस्तिककी

माता और वासुकिकी वहिन है। इनके नामकी व्युत्पत्ति इस तरह है—

"श्रूयतां मनसाख्यानं यत् श्रुतं धर्मवक्त्रतः ।
कन्या सा च भगवती कश्यपस्य च मानसी ॥
तेनेयं मनसा देवी मनसा या च दीव्यति ।
मनसा ध्यायते या वा परमात्मानमीश्वरी ॥
तेन सा मनसा देवी योगेन तेन दीव्यति ।
आत्मारामा च सा देवी वैष्णवी सिद्धयोगिनी ॥"
(ब्रह्मवैवर्त्त पुराण प्रकृतिख० मनसापाख्यान ४५ अ०)

यह देवी काश्यप मुनिकी मानसा कन्या हैं। इसीलिये इनका नाम मनसा हुआ अथवा इन्होंने परमात्माका मनमें ही ध्यान करती थी इसीसे यह इसी नामसे पुकारी जाती हैं। यह देवी आत्मारामा, वैष्णवी और सिद्धयोगिनी हैं।

"भृशं जगत्सु गौरी सा सुन्दरी च मनोहरा ।
जगद्गौरीति विख्याता तेन सा पूजिता सती ॥
शिवशिष्या च सा देवी तेन शैवीति कीर्त्तिता ।
विष्णुभक्तातती शश्वद्वैष्णवी तेन नारद ॥
नागानां प्राणरक्षित्री यज्ञे जन्मेजयस्य च ।
नागेश्वरीति विख्याता सा नागभगिनीति च ॥
विषं संहर्त्तुमीशा सा तेन विषहरीति सा ।
सिद्धं योगं हरात् प्राप तेनातिसिद्ध योगिनी ।"
(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ४५ अ०)

यह देवी जगत्में अत्यन्त गौरवर्णा, सुन्दरी और मनोहरा थीं इसीलिये इनका नाम जगत्गौरी, शिवकी शिष्या होनेसे शैवी और विष्णुभक्त होनेसे वैष्णवी कहलाईं। इन्होंने जन्मेजयके यज्ञमें नागोंकी प्राण-रक्षा की थी, इसीसे नागेश्वरी, विषसंहारमें समर्थ होनेसे विषहरी और शिवके समीप सिद्धयोग प्राप्त किया था, इसीलिये इनका सिद्धयोगिनी नाम हुआ।

"जरत्कारुर्जगद्गौरी मनसा सिद्धयोगिनी ।
वैष्णवी नागभगिनी शैवी नागेश्वरी तथा ॥
जरत्कारुप्रियास्तिकमाता विषहरीति च ।
महाज्ञानयुता चैव सा देवी विश्वपूजिता ।
द्वादशैतानि नामानि पूजाकाले च यः पठेत् ।
तस्य नागभयं नास्ति तस्य वंशोद्भवस्य च ॥
(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ४५ अ०)

मनसा देवीके नाम वारह हैं;—जरत्कारु, जगत् गौरी, मनसा, सिद्धयोगिनी, वैष्णवी, नागभगिनी, शैवी, नागेश्वरी, जरतकारुप्रिया, आस्तिकमाता, विषहरी और महाज्ञानयुता। इन वारह नामोंका जो पूजाके समय पाठ करते हैं, उनको या उनके वंशजोंको नाग या सर्पका भय नहीं रहता। जिन्हें सर्पभय उत्पन्न होता है, उन्हें भी इन्हीं वारह नामोंका स्मरण करना चाहिये। इससे उनका सर्पभय दूर होता है।

मनसा देवीका उत्पत्ति-कारण—

"पुरा नागभयाक्रान्ता वभूवुर्मानवा भुवि ।
यान् यान् खादन्ति नागाश्च ते न जीवन्ति नारद ॥
मंत्रांश्च ससृजे भीतः कश्यपः ब्रह्मणार्थितः ।
वेदवीजानुसारेण चोपदेशेन ब्रह्मणः ॥
मंत्राधिष्ठातृदेवीन्तां मनसां ससृजे ततः ।
तपसा मनसी तेन वभूव मनसा च सा ॥"
(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिखं० ४६ अ०)

प्राचीन समयमें मनुष्य सर्पभयसे अत्यन्त पीड़ित हुए थे। नाग जिसको डंसता था, वह उसी समय मर जाता था। ब्रह्माने कश्यपसे यह वात कही। काश्यपने भयभीत हो कर ब्रह्माके उपदेश तथा वेदवीजके अनुसार वहुतेरे मन्त्रोंकी सृष्टि की थी। इन्हीं सव मंत्रोंकी अधिष्ठात्री रूपसे उन्होंने मनसाकी सृष्टि की। इनका तपोवल तथा मनसे सृष्टि हुई थी; इसीलिये इनका नाम मनसा हुआ।

देवी कुमारी अवस्थामें महादेवके आलय गईं। वहां वहुत समय तक तपस्या करके शिवको सन्तुष्ट किया था। महादेवने प्रसन्न हो कर इन्हें महाज्ञान दिया और सामवेद अध्ययन करनेके वाद कल्पतरुस्वरूप अष्टाक्षर कृष्ण-मंत्रकी दीक्षा, स्तव, पूजा, पुरश्चरण आदिकी शिक्षा दी। मनसा इस तरह ज्ञानलाभ कर महादेवके आज्ञानुसार पुष्करक्षेत्रमें तपस्या करने गईं। वहां त्रियुग पर्यन्त कृष्णके लिये तपस्या करने लगीं। दीर्घकाल तक तपस्याके वाद वे सिद्ध हुईं। भगवान् विष्णुने इनको तपसे क्षीण देख कर पहले उनकी पूजा की और यह वर प्रदान किया कि, "आजसे तुम पृथ्वी पर पूजित हो।" पीछे महादेवने भी इनकी पूजा की। इसके वाद कश्यप और देवताओंने

इसके वाद मनु, मुनि और नाग, क्रमसे मनुष्योंने इनकी पूजा की। इसी तरह स्वर्ग, मर्त्य और पातालमें मनसा देवीकी पूजाका प्रचार हुआ।

"कुमारी सा च सम्भूय जगाम् शंकरालयम्।
भक्त्या संपूज्य कैलासे तुष्टाव चन्द्रशेखरम्॥
दिव्यं वर्षसहस्रञ्च तं सिषेवे मुनेः सुता।
आशुतोषो महेशश्च ताञ्च तुष्टो वभूव ह॥
महाज्ञानं ददौ तस्यै पाठयामास साम च।
कृष्णमन्त्रं कल्पतरुं ददावष्टाक्षरं मुने॥
लक्ष्मीमायाकामवीजं ङेऽन्तं कृष्णपदन्तथा।
त्रैलोक्यमंगलं नाम कवचं पूजनक्रमम्॥
सर्वपूज्यञ्च स्तवनं ध्यानं भुवनपावनम्।
पुरश्चर्याक्रमञ्चापि वेदोक्तं सर्वसम्मतम्॥
प्राप्ता मृत्युञ्जयाज् ज्ञानं परं मृत्युञ्जयं सती।
जगाम तपसे साध्वी पुष्करं शंकराज्ञया॥
त्रियुगञ्च तपस्तप्त्वा कृष्णस्य परमात्मनः।
सिद्धा वभूव सा देवी ददर्श पुरतः प्रभुम्॥
दृष्ट्वा कृशांगीं वालाञ्च कृपया च कृपानिधिः।
पूजाञ्च कारयामास चकार च स्वयं हरिः॥
वरञ्च प्रददौ तस्यै पूजिता त्वं भवे भव।
वरं दत्त्वा च कल्याण्यै सद्यश्चान्तर्दधे विभुः॥
प्रथमे पूजिता सा च कृष्णेन परमात्मना।
द्वितीये शंकरेणैव कश्यपेन सुरेण च॥
मनुना मुनिना चैव नागेन मानवादिना।
बभूव पूजिता सा च त्रिषु लोकेषु सुव्रता॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ४६ अ०

कश्यपने जगत्कारु नामक एक महातपस्वीके साथ इनका विवाह कर दिया। एक समय पुष्करक्षेत्रमें जगत्कारु एक वटवृक्षके नीचे मनसा देवीकी जांघ पर सर रख सोये हुए थे। सूर्य डूव रहे थे। सन्ध्या उपस्थित हुई देख स्वामीके धर्मालोप हो जानेके भयसे मनसा वड़ी चिन्तित हुईं। उधर स्वामीकी निद्रा भी भङ्ग नहीं कर सकती थीं। इधर सन्ध्या वीत रही थी। मनसाने किंकर्त्तव्य विमूढ़ हो अंतमें धीरे धीरे स्वामीको जगा दिया।

निद्रा टूट जाने पर जगत्कारुने मनसा पर क्रोध प्रकट कर कहा, 'भद्रे! तुमने मेरी निद्रा भङ्ग कर दी। जो स्त्री स्वामीकी अप्रियकारिणी होती है, वह कुम्भीपाक नरकमें जाती है और परलोकमें उसकी दुर्गतिकी सीमा नहीं रहती।

उस समय मनसाने भयातुर हो कर स्वामीके चरणोंमें गिर कर कहा, 'भगवन्! मैं जानती हूं, कि जो व्यक्ति शृङ्गार, आहार और निद्राभङ्ग करता है, उसकी दुर्गतिकी सीमा नहीं रहती। फिर भी आपकी संध्याको लोप होते देख मैंने ऐसा किया है। क्योंकि मैं जानती हूं, कि जो ब्राह्मण सायंकाल उपस्थित होने पर संध्या उपासना नहीं करता है, उसको ब्रह्महत्याका पाप लगता है। आपके इस धर्मलोपके भयसे मैंने आपको जगाया है और इस अपराधको मोल लिया है। आप जो उचित दण्ड समझें मुझे दीजिये।

जगत्कारु मनसाकी वातें सुन कर सूर्यको शाप देनेके लिये उद्यत हुए। भगवान् सूर्य यह वात जान कर संध्याके साथ वहां आये और उनको सम्बोधन कर कहा,—आपकी निद्रा जव तक भङ्ग नहीं होती, तव तक मैं कभी भी अस्त नहीं होता। संध्या होती देख मनसाने आपकी निद्रा भङ्ग की है। इसमें मेरा क्या दोष? आपको मुझे शाप देना न चाहिये। 'हे ब्रह्मन्! आप मुझको क्षमा कीजिये। सूर्यकी इस वातसे जगत्कारु वहुत सन्तुष्ट हुए और उनको अभिशाप नहीं दिया। सूर्य प्रसन्न हो कर अपने स्थानको पधारे।

जगत्कारुने अपनी पूर्व-प्रतिज्ञाके अनुसार मनसाका त्याग किया। मनसा अपनी ऐसी अवस्था देख अपने इष्टगुरु महादेव और पिता कश्यपका स्मरण करने लगी। महादेव और कश्यपके यहां आने पर जगत्कारुने प्रणाम कर कहा,—आप लोग यहां किस लिये आये हैं? आप आज्ञा दें मुझे क्या करना होगा? मैं वैसा ही कार्य करूं।

ब्रह्माने कहा, यदि तुम मनसाको त्यागने लायक समझते हो तो तुमको चाहिये, मनसाके गर्भसे धर्मपालन करनेके लिये पुत्रोत्पादन करके त्याग करो। क्योंकि जो कोई ऐसा नहीं करता और धर्मपत्नीको छोड़

देता है, उसको तपस्याका फल नहीं मिलता। वरं तपका भङ्ग हो जाता है।

जगत्कारुने ब्रह्माकी यह वात सुन मन्त्र पाठ करते हुए मनसाकी नाभि छू कर कहा, 'मनसे! मेरे हाथके छू देनेसे ही तुम्हें गर्भका सञ्चार हुआ। इस गर्भमें धार्मिकप्रवर एक सन्तान जन्मग्रहण करेगी। यह पुत्र वैष्णवोंमें अग्रणी, तेजस्वी, तपस्वी और वहुतेरे गुणोंसे विभूषित होगा। पीछे जगत्कारु मनसाको विविध उपदेश-वाक्योंसे प्रवोधित कर आप तपस्या करनेके लिये चले गये।

इसके वाद यथासमय मनसा शिवालयमें गईं। वहां उनके पुत्ररत्न प्राप्त हुआ। महादेवने स्वयं इस पुत्रको वेद वेदान्तका अध्ययन कराया। इससे इसका नाम आस्तिक हुआ। 'अस्ति' अर्थात् ईश्वरमें विश्वास था इससे इसका नाम आस्तिक पड़ा था। इसके उपरांत मनसा गुरु महादेवको प्रणाम कर पिता काश्यपके आश्रममें चली आईं। (ब्रह्मवैवर्त्त पुराण प्रकृतिख० ४६ अ०)

महाभारतमें 'आस्तिक मुनिकी माता जरत्कारुकी पत्नी'का नाम आया है। किन्तु यह ठीक नहीं कहा जा सकता कि वह मनसा देवी हैं या नहीं। क्योंकि मनसा नामसे उनका कहीं उल्लेख नहीं है। मनसाके वारह नामोंमें भी एक जरत्कारुका नाम आया है। महाभारतमें भी जरत्कारुका नाम आया है। महाभारतकी कथा इस तरह है,—

वासुकिके जरत्कारु नामकी एक वहन थी। जरत्कारुने जव विवाहकी इच्छा प्रकट की, तव नागराज वासुकि अपनी अलंकृता वहनको साथ ले जङ्गलमें जरत्कारुमुनिके पास गये और उनसे कहा,—हे द्विजसत्तम! आपके नामकी तपस्विनी यह कन्या मेरी वहन है, इसे पत्नीरूपमें ग्रहण कीजिये। यथाशक्ति मैं इसका भरणपोषण करूंगा। मैंने आपके लिये इतने दिनोंसे इस कन्याको पाल रखा है। ऋषिने कहा, शर्त्त यह रहे, कि मैं इसका भरण-पोषण न करूंगा और यह कन्या मेरा कोई अप्रिय काम नहीं करेगी, यदि करेगी, तो मैं उसी समय इसका त्याग करूंगा। इसी शर्त्त पर जरत्कारुने जरुत्कारुका पाणिग्रहण किया।

कुछ दिनके वाद ऋतुवती होनेके वाद वासुकिकी वहन अपने स्वामी जरत्कारुके समीप गई और उनके औरससे उसने जाज्वल्यमान गर्भधारण किया। शुक्लपक्षके चन्द्रकी तरह यह गर्भ दिनों दिन वढ़ने लगा। एक दिन नागभगिनीकी गोदमें जरुत्कारु अपना सर रख सो गये। इधर सूर्य अस्ताचल जाने लगे। फिर भी उनका निद्राभङ्ग नहीं हुआ। स्वामीका धर्मलोप होता देख वह मनमें चिंता करने लगी, 'स्वामीको जगावें या नहीं। यदि जगावें तो धर्मशील स्वामीका मैं अपराधिनी होऊंगी और इधर ऐसा न करनेसे स्वामीके धर्मलोप होनेका अपराध हो जाता है।' अन्तमें स्थिर किया, कि मुझे वही करना चाहिये, जिससे स्वामीका धर्मलोप न हो। उन्होंने धीरे धीरे कहा,—प्रभो! उठिये संध्या समय उपस्थित है। संध्योपासना कीजिये।

जरुत्कारुने निद्रा त्याग कर सहधर्मिणीसे कहा,—हे भुजङ्गमे! तुमने मेरी अवज्ञा की है। अव मैं तुम्हारे पास नहीं रहूंगा। जहां इच्छा होगी मैं चला जाऊंगा। मेरी प्रतिज्ञा मिथ्या न होगी। तुम यदि मुझे न जगाती, तो सूर्य अस्त नहीं होता। इससे तुमने जगा कर भारी अपराध किया।

साध्वी जरुत्कारुने हाथ जोड़ रोती हुई कहा,—हे द्विजोत्तम! इस अपराधिनी पत्नीका त्याग करना आपको उचित नहीं। क्योंकि आप धर्मज्ञ हैं। सदा धर्मपथमें रह कर आपकी सेवा शूश्रूषा, हितानुष्ठान और प्रियकार्य्य करती हूं। क्योंकि मेरे भाईने आपके साथ हमारा विवाह कर दिया है। मैं ऐसी अभागिनी हूं कि वह सुख भी लाभ न कर सकी, अतएव भाई मुझको क्या कहेंगे? मेरी जातिके लोगोंने मातृशापसे अभिभूत हो प्रार्थना की है, कि आपके औरस और मेरे गर्भसे एक सन्तान उत्पन्न हो, वह भी अव तक नहीं। ऐसा होनेसे हमारी जातिका वड़ा मङ्गल होगा। हे भगवन्! मैं अपनी जातिका हितैषिणी हो आपसे प्रार्थना करती हूं, कि आप प्रसन्न हों। आप अपना सम्वन्ध मुझसे न तोड़ें। आप तपस्वी महात्मा हो कर इस अव्यक्त रूप गर्भाधान कर किस तरह निरपराधिनी भार्य्याको त्याग जाने पर उद्यत हुए हैं। यह सुन कर

जरुत्कारुने समयानुसार कहा,—हे सुभगे! वैश्वानर-तुल्य परम धार्मिक एक ऋषि तुम्हारे गर्भमें है। यह कह कर तपस्या करनेके उद्देश्यसे जरुत्कारुने वनको प्रस्थान किया।

स्वामीके चले जाने पर वासुकि-भगिनी भाईके घर चली गई और अपने भाईसे सब वृत्तांत कह सुनाया। वासुकिने यह अप्रिय बात सुन कर कहा,—भद्रे! तुमको जिस उद्देश्यकी पूर्त्तिके लिये मैंने उन मुनिसे तुम्हारा विवाह किया था, वह उद्देश्य सफल हुआ है, या नहीं अर्थात् तुम्हारे गर्भ और ऋषिके औरससे जातिके कल्याणके लिये एक सन्तानकी आवश्यकता थी। उस उद्देश्यकी पूर्त्ति हुई या नहीं। यह प्रश्न मेरे पूछने योग्य न होने पर भी अत्यंत आवश्यक समझ मैं पूछ रहा हूं। तुम्हारे पति महातेजस्वी और तपस्वी हैं, उनको लौटा लाना बड़ा कठिन काम है।

अपने भाईकी यह बात सुन कर नागभगिनीने कहा—मैंने स्वामीके वनगमनके समय यह विषय पूछा था। उन्होंने कहा है,—'अस्ति' यानी तुम्हारे मन अनुरूप ही सन्तान तुम्हारे गर्भमें है। मुझे स्मरण है, कि हंसीमें भी उन्होंने कभी असत्य भाषण नहीं किया है। उन्होंने कहा है, कि अग्नि और सूर्यतुल्य तेजस्वी तुम्हारे एक पुत्र होगा।

समय उपस्थित होने पर जरुत्कारुके गर्भसे देव-तुल्य एक पुत्र उत्पन्न हुआ। गर्भके समय पूछने पर स्वामीने 'अस्ति' शब्दका उच्चारण किया था। इसलिये पिताके वाक्य पर ही उसका नाम आस्तिक हुआ। आस्तिकने च्यवन ऋषिके आश्रममें जा कर साङ्गवेदका अध्ययन किया। इन्हीं आस्तिक मुनिने जन्मेजय-सर्पयज्ञके समय सर्पोंकी रक्षा की थी। (भारत १।३४-५० अ०)

जरत्कारु देखो।

महाभारतका विवरण ऐसा ही है। ब्रह्मवैवर्त्त-पुराणमें भी लिखा है,—आस्तिकने जन्मेजयके सर्पसत्रके समय सर्पोंकी रक्षा की। किन्तु महाभारतमें ऐसा कुछ लिखा दिखाई नहीं देता। ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इनकी पूजाका विस्तृत विवरण लिखा है। इस पुराणके अनुसार नारायण और महादेवने भी इनकी पूजा की थी तथा मर्त्यलोकमें भी यह पूजनीया हैं। इनकी पूजासे सर्पभय विदूरित होता है।

देवी भागवतके ९म स्कन्धमें भी आस्तिकमाता जरत्कारुका उपाख्यान दिखाई देता है। यह उपाख्यान भी महाभारतके उपाख्यानकी तरह है। इसमें भी मनसा नामका उल्लेख और पूजाविधान दिखाई नहीं देता। अतएव आस्तिक-माता जरत्कारु मनसा देवी हैं या नहीं यह बुद्धिमान ही विचार लें।

ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इनकी पूजाका विधान इस तरह लिखा है,—

"पूजा विधानं स्तोत्रं च श्रूयतां मुनि पुङ्गवः!
ध्यानञ्च सामवेदोक्तं देवीपूजा विधानकम्॥"

ध्यान,—

"श्वेत चंपक वर्णाभ्यां रत्नभूषणभूषिताम्।
वह्निशुद्धांसुकाधानां नागयज्ञोपवीतिनीम्॥
महाज्ञानयुताञ्चैव प्रवरां ज्ञानिनां सतीम्।
सिद्धाधिष्ठात्रीदेवीञ्च सिद्धां सिद्धिप्रदां भजे॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ४६ अ०)

इस ध्यानसे तरह तरहके उपचार द्वारा मनसा देवीकी पूजा करनी होती है। इस मनसा देवीका द्वादशाक्षर मन्त्र इस तरह है,—"ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं मनसादेव्यै स्वाहा।" यह द्वादशाक्षर मन्त्र कल्पतरु सदृश्य है। इस मन्त्रका पांच लाख जप करनेसे मनुष्यके मन्त्रकी सिद्धि होती है। जिनका मन्त्र सिद्ध हो जाता है वे सिद्ध कहलाते हैं। उनके लिये विष भी अमृत तुल्य है। आषाढ़ महीनेकी संक्रान्तिमें या पञ्चमीके दिन स्नूही (सीज) शाखामें इस देवीका आवाहन कर पूजन करना होता है। जो इस प्रकार इनकी पूजा करता है, वह धनवान्, पुत्रवान् और कीर्त्तिमान् होता है।

ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इन्द्र द्वारा मनसाकी पूजाकी जगह इनका दशाक्षर मन्त्र देखा जाता है।

"गणेशञ्च दिनेशञ्च वह्निं विष्णुं शिवं शिवाम्।
संपूज्यादौ देवषट्कं पूजयामास तां सतीम्॥
ओं ह्रीं श्रीं मनसा देव्यै स्वाहेत्येवञ्च मंत्रतः।
दशाक्षरेण मूलेन ददौ सर्वं यथोचितम्॥"

(ब्रह्मवैवर्त्तपु० प्रकृतिख० ४६ अ०)

पूजाके विधानानुसार पहले गणेश, सूर्य अग्नि, विष्णु, शिव और दुर्गा इनकी पूजा कर 'ओं ह्रीं श्रीं मनसादेव्यै स्वाहा।' इस दशाक्षर मन्त्रसे मनसादेवीकी पूजा करनी होगी। ब्रह्मवैवर्त्तपुराण-श्रीकृष्णके जन्म-खण्डमें ५१ अध्यायमें ध्यान और पूजादिका विषय इस प्रकार लिखा है।

मनसाका ध्यान—

"चारुचम्पकवर्णाभां सर्वाङ्गसुमनोहराम्।
ईषद्धास्यप्रसन्नास्यां शोभितां सूक्ष्मवाससा॥
कवरीभारशोभाढ्यां रत्नाभरण भूषिताम्।
सर्वाभयप्रदां देवीं भक्तानुग्रहकातराम्॥
सर्वविद्याप्रदां शान्तां सर्वविद्याविशारदाम्।
नागेन्द्रवाहिनीं देवीं भजे नागेश्वरीं पराम्॥"

इस ध्यानसे पूजाकी पद्धतिके अनुसार मनसा-पूजा करनी होती है। मनसाका स्तव—

"नमः सिद्धिस्वरूपायै सिद्धिदायै नमोनमः।
नमः कश्यपकन्यायै वरदायै नमोनमः॥
नमः शङ्करकन्यायै शङ्करायै नमोनमः।
नमस्ते नागवाहिन्यै नागेश्वर्यै नमोनमः॥
नमो नागभगिन्यै च योगिन्यै च नमोनमः।
नमोऽस्तिकजनन्यै च जनन्यै जगतां नमः॥
नमो जरत्कारुनाम्ने जरत्कारुस्त्रियै नमः।
नमश्चिरं तपस्विन्यै सुखदायै नमोनमः॥
नमस्तपः स्वरूपायै फलदायै नमोनमः।
सुशीलायै च साध्वै च शान्तायै च नमोनमः॥"
(ब्रह्मवैवर्त्तपु० श्रीकृष्ण जन्मख० ५१ अ०)

इस प्रकार मनसाको पूजा और स्तवादि करनेसे सभी अभीष्ट सिद्ध होते हैं।

रघुनन्दनने अष्टाविंशतितत्त्वमें मनसापूजाके जो विधानादि लिखे हैं, ब्रह्मवैवर्त्तपुराणोक्त पूजाके साथ उनका विलकुल मेल नहीं है। अभी जो मनसाकी पूजा होती है, रघुनन्दनके मतानुसार उसका संक्षिप्त विवरण नीचे देते हैं।

"सुप्तेजनार्दने कृष्णे पञ्चम्यां भवनाङ्गने।
पूजयेन्मनसादेवीं स्नूहीविटपसंस्थिताम्॥
पद्मनाभे गते गय्यां देवैः सर्वैरनन्तरम्।
पञ्चम्यामसिते पक्षे समुत्तिष्ठति पन्नगी॥
मनसां देवीं विषहरीं स्नुहो सिज वृक्षः-
देवीं संपूज्य नत्वा च न सर्पभयमाप्नुयात्।
पञ्चम्यां पूजयेन्नागान् अनन्ताद्यान्महोरगान्।
क्षीरं सर्पिस्तु नैवेद्यं देयं सर्पविषापहम्॥" (तिथितत्त्व)

आषाढ़ मासमें भगवान् विष्णुके सो जाने पर कृष्णपक्षकी पञ्चमी तिथिको अपने घरके आंगनमें सीज वृक्षमें मनसा देवीकी पूजा करनी चाहिये।

घरके आंगनमें सीजको गाड़ कर पूजाके विधानानुसार देवीकी पूजा करनी होती है। इस दिन पन्नगी जगी रहती हैं। यथाविधान मनसा देवीकी पूजा करनेसे सांपका भय नहीं रहता। पूजामें लाई और दूध नैवेद्य चढ़ाया जाता है। इस तिथिमें मनसा पूजाके बाद नागोंकी पूजा करना आवश्यक है, इसीसे उसको नागपंचमी भी कहते हैं।

मनसा ध्यान यथा—

"देवीमम्बा महीनां शशधरवदनां चारुकान्तिं वदान्यां
हंसारूढ़ामुदारामरुणितवसनां सर्वदां सर्वदैव।
स्मेरास्यां मण्डिताङ्गीं कनकमणिगणैर्नागरत्नैरनेकै-
र्वन्देऽहं साष्टनागामूरुकुच युगलां भोगिनीं कामरूपाम्॥"
(पद्मपुराण)

इसी ध्यानसे मनसाकी पूजा करनी होती है। पीछे अनन्त वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट और शङ्ख इन आठ नागोंकी पूजा करना उचित है।

२ कामरूपस्थित नदीविशेष।

"ततस्तु मनसा नाम नदी पुण्यतमापरा।
सरित् सा मनसाख्या नु तृणविन्द्ववतारिता।
वैशाखं सकलं मासं यस्यां स्नात्वा नरोत्तमः।
विष्णुलोकमवाप्यैव ततो मोक्षमवाप्नुयात्॥"
(कालिकापु० ७४ अ०)

संपूर्ण वैशाख मास इस नदीमें स्नान करनेसे विष्णुलोककी प्राप्ति और अन्तमें मोक्ष लाभ होता है।

मनसा (हिं० स्त्री०) १ कामना, इच्छा। २ अध्यवसाय, संकल्प। ३ अभिलाषा, मनोरथ। ४ मन। ५ बुद्धि। ६ अभिप्राय, तात्पर्य (वि०) ७ मनसे उत्पन्न। ८ मनका। (कि० वि०) ९ मनके द्वारा, मनसे।

मनसा—हिन्दीके एक कवि। ये कविता लालित्य और अनुप्रासोंके लिये प्रसिद्ध हैं। उदाहरणार्थ उनकी एक कविता नीचे देते हैं।

मलयज गारा करैं अंगन सिंगारा करैं,
गहि उर डारा करैं माल मुकतानकी।
आरती उतारा करैं पंखा चोर ढारा करैं,
छांहें बिसतारा करैं बिसद बितानकी॥
मुख सों निहारा करैं दुखको बिसारा करैं,
मनसा इसारा करैं सारा अंखियानकी।
मानिक प्रदीपन सों थारा साजि ताराजूकी,
आरती उतारा करैं दारा देवतान की॥

मनसादेवी (सं० स्त्री०) मनसा चासौ देवी चेति यद्वा मनसा दीव्यतीति दिव् अच्, ङीप् (मनसःसंज्ञायां पा ६।३।४) इति विभक्त्यलुक्। मनसा।

मनसाना (हिं० क्रि०) १ उमंगमें आना, तरंगमें आना। २ मनसनेका काम दूसरेसे कराना, संकल्प मन्त्र आदि पढ़ कर या पढ़ा कर दूसरेसे दान आदि कराना।

मनसापञ्चमी (सं० स्त्री०) नागपञ्चमी। आषाढ़की कृष्ण पञ्चमीमें मनसादेवीका उत्सव होता है।

मनसायन (हिं० वि०) १ मनोरम स्थान, गुलजार। २ वह स्थान जहां मन-बहलावके लिये कुछ लोग हों।

मनसाराम—हिन्दीके एक प्रसिद्ध कवि। उनका बनाया नायिका भेदका ग्रन्थ उत्तम है।

मनसिकार (सं० पु०) मनोयोग, ध्यान।

मनसिज (सं० पु०) मनसि जायते इति जन-ड। (हलदन्तात् सप्तम्याः संज्ञायां। पा ६।३।९) इति सप्तम्या अलुक्। १ कामदेव। (त्रि०) २ मनोजात मात्र।

मनसिन् (सं० त्रि०) मनयुक्त।

मनसिशय (सं० पु०) मनसि शेते इति शी (अधिकरणे शेते। पा ३।२।१५) इति अच्, ततः सप्तम्या अलुक्। कामदेव।

मनसूख (अ० वि०) १ जो अप्रामाणिक ठहरा दिया गया हो, अतिवर्तित। २ परित्यक्त, त्यागा हुआ।

मनसूखी (अ० स्त्री०) मनसूख होनेका भाव या क्रिया।

मनसूबा (अ० पु०) १ युक्ति, आयोजन। २ इरादा, विचार।

मनसूर (अ० पु०) एक प्रसिद्ध मुसलमान साधु। यह सूफी मतका आचार्य माना जाता है। इसका ९वीं शताब्दीमें बैजानगरमें हुसेन हल्लाजके घर जन्म हुआ था। यह 'अनलहक' अर्थात् 'अहं ब्रह्मास्मि' कहा करता था। बगदादके खलीफा मकतदिरने इसे इस्लाम धर्मका विरोधी समझ कर ९१९ ई०में सूली पर चढ़ा दिया और इसके शवको भस्म करा दिया था।

मनसेध् (सं० पु०) पुरुष, आदमी।

मनसेहरा—१ पञ्जावके हजारा जिलेकी तहसील। यह अक्षा० ३४° १४′ से ३५° १०′ उ० तथा देशा० ७२° ५५′ से ७४° ६′ पू० के मध्य अवस्थित है। भू परिमाण १४८६ वर्गमील और जनसंख्या दो लाखके करीब है। इसमें बक्का नामक एक शहर और २४४ ग्राम लगते हैं।

२ उक्त तहसीलका सदर। यह अक्षा० ३४° २०′ उ० तथा देशा० ७३° १३′ पू०के मध्य विस्तृत है। यह शहर अबटाबादके उत्तर शिरहन नदीके सङ्गम पर कालका-सरायसे काश्मीर जानेके रास्ते पर अवस्थित है। यहां तहसीलकी कचहरी, डाकघर और थाना है। अधिवासी खत्री वणिक शस्य और देशजात द्रव्योंका वाणिज्य करते हैं। जनसंख्या पांच हजारसे ज्यादा है। यहां एक ऐङ्गलो वर्णाक्यूलर मिडिल स्कूल और एक सरकारी अस्पताल है।

मनसूर इब्न जमहुर—खलीफा २य मर्वानके अधीनस्थ सिन्धुप्रदेशके एक शासनकर्त्ता। अल मसूदीके मतसे इन्होंने मनसूरियाकी प्रतिष्ठा की। किन्तु बलाजिर महम्मद-इब्न-कासिमको मनसूरियाके प्रतिष्ठाता बतलाते हैं। ८वीं शताब्दीके मध्यभागमें ये सिन्धुप्रदेशका शासन करते थे। खलीफा आबु मसलिमने इन पर अप्रसन्न हो कर अबदुर रहमानको सिन्धुप्रदेशका शासनकर्त्ता बना कर भेजा। किन्तु सिन्धुसीमान्त पर मनसूरने उसे मार डाला। पीछे काबुत तामिमी सिन्धुके शासनकर्त्ता हुए। उन्होंने मनसूरको परास्त और राजच्युत किया। अन्तमें इन्होंने मरुभूमिमें प्यासके मारे जीवनलीला संवरण की।

मनसूरकोट—गञ्जाम जिलेके बहरमपुर तालुकका एक ग्राम। यह अक्षा० १९° १७′ उ० तथा देशा० ८४° ५८′ पू०

गोपालपुरसे ३ मील पूर्वमें अवस्थित है। एक समय यहां मुसलमानोंका शासनकेन्द्र था।

मनसूरनगर—अयोध्याप्रदेशके हरदोई जिलान्तर्गत शाहाबाद तहसीलका एक परगना। इसके उत्तरमें आलमनगर और पिहानी, पूर्वमें गोपामू, दक्षिण और पश्चिममें सारा है। भूपरिमाण २६ वर्गमील है। यहांके जङ्गलमें सूअर, नीलगाय और जङ्गली भैंस मिलती हैं। ये सब कभी कभी फसलको भी नष्ट कर डालते हैं। यहांके जो सब ग्राम चौहानोंके अधिकारमें हैं वे बहुत उपजाऊ हैं। प्रधान उपज जौ, गेहूं, बाजरा, चना और उड़द है। नील, तमाकू, ईख और अफीमकी भी खेती होती है। १८०६ ई०में सारा और गोपामूसे कुछ ग्राम ले कर यह नया परगना संगठित हुआ।

मनस्क (सं० क्ली०) मनोयोग, मनका अल्पार्थक रूप। इसका प्रयोग समस्त पदोंमें देखा जाता है।

मनस्कान्त (सं० वि०) १ मनोमत, मनके अनुकूल। २ प्रिय, प्यारा। (पु०) ३ मनकी अभिलाषा।

मनस्काम (सं० पु०) मनसः कामः कामना। मनस्कामना, मनोरथ।

मनस्कार (सं० पु० मनसि मनसो वा कारो निश्चय इति, वा कृ भावे घञ्, मनसः कारो विकारः करणमिति वा। मनका सुखाभिलाष। पर्याय—चित्तभोग।

मनस्ताप (सं० पु०) मनसः तापः। १ मनःपीड़ा, आन्तरिक दुःख। २ अनुताप, पछतावा। ब्राह्मणसे यदि दैवात् यज्ञोपवीत छिन्न हो जाय तो मनस्ताप द्वारा उनकी शुद्धि होती है। (प्रायश्चित्ततत्त्व)

मनस्तापिन् (सं० त्रि०) मनस्तापयुक्त, मानसिक-क्लेश विशिष्ट।

मनस्ताल (सं० पु०) तल्यत इति तल प्रतिष्ठायां घञ्, मनसि तालः प्रतिष्ठा यस्य। १ दुर्गादेवीके सिंहका नाम। (क्ली०) २ हरिताल, हरताल।

मनस्तोका (सं० स्त्री०) दुर्गाका एक नाम।

मनस्थ (सं० त्रि०) मने मनसि वा तिष्ठतीति स्था-क। मनोऽवच्छिन्न, अन्तःकरणस्थित।

मनस्विन् (सं० पु०) प्रशस्तं मनोऽस्त्यस्येति मनस्विनि। १ शरभ। (त्रि०) २ प्रशस्त मनोयुक्त, उच्च विचारवाला। ३ स्वेच्छाचारी, मनमौजी।

मनस्विनी (सं० स्त्री०) मनस्विन्-ङीप्। १ प्रशस्तमनाः स्त्री, वह स्त्री जो श्रेष्ठ मनसे सम्पन्न हो। २ मृकण्डु ऋषिकी पत्नी। ३ प्रजापतिकी एक स्त्रीका नाम। इनसे सोमवसुकी उत्पत्ति हुई थी।

मनःसंकल्प (सं० पु०) मनसः संकल्पः। मनका संकल्प, इच्छा।

मनःसङ्ग (सं० पु०) मनोयोग।

मनःसद् (सं० त्रि०) मनमें अवस्थान करनेवाला।

मनःसन्ताप (सं० पु०) मनसः सन्तापः। मनःपीड़ा, मनस्ताप।

मनःसारमय (सं० त्रि०) हृदयकी सर्वश्रेष्ठ वस्तुका भावयुक्त।

मनःसिला (सं० स्त्री०) मनःशिला, मैनसिल।

मनःसुख (सं० क्ली०) मनसः सुखं। १ मनका सुख, मनका आनन्द। (त्रि०) मनसि सुखं यस्य। २ मनःसुखयुक्त, जिसके मनमें सुख हो।

मनःस्थ (सं० त्रि०) मनसि तिष्ठतीति स्था-क। अन्तःकरणस्थित, हृदयका।

मनःस्थिरीकरण (सं० क्ली०) मनसः स्थिरीकरणं। मनको स्थिर करना।

मनहंस (सं० पु०) छन्दोभेद। इसके प्रत्येक चरणमें सगण, फिर दो जगण, फिर भगण और अंतमें रगण होता है।

मनहर (हिं० वि०) १ मन हरनेवाला, मनोहर। (पु०) २ घनाक्षरी छन्दका एक नाम।

मनहरण (हिं० पु०) १ मन हरनेकी क्रिया या भाव। २ पंद्रह अक्षरोंका एक वर्णिक छन्द। इसके प्रत्येक चरणमें पांच सगण होते हैं। इसे नलिनी और भ्रमरावली भी कहते हैं।

मनहरन (हिं० वि०) मन हरनेवाला।

मनहार (हिं० वि०) मनोहारी देखो।

मनहारि (हिं० वि०) मनोहारी देखो।

मनहूस (अ० वि०) १ अशुभ, बुरा। २ अप्रिय दर्शन, जो देखनेमें बेरौनक जान पड़े।

मना (सं० स्त्री०) १ मनन, स्तोत्र। २ मन।

मना (अ० वि०) १ निषिद्ध, वर्जित। २ जो कुछ करनेसे रोका गया हो, वारण किया हुआ। इस अर्थमें इस शब्दका प्रयोग केवल विधेय रूपमें होता है। ३ अनुचित, नामुनासिव।

मनाई (हिं० स्त्री०) मनाही देखो।

मनाक् (सं० अव्य०) मन्यते इति मन-ज्ञाने वाहुलकात् आक् प्रत्ययः। १ अल्प, थोड़ा। २ मन्द, सुस्त।

मनाक (हिं० वि०) अल्प, थोड़ा।

मनाका (सं० स्त्री०) मनयते इति मन (बलाकादयश्च। उण् ४।१४) हस्तिनी, हथिनी।

मनाक्कर (सं० क्ली०) मनाक् यथा तथा करोतीति कृ-अच्। १ मङ्गल्या, एक प्रकारका अगुरु जिसमें चमेलीकी सी गंध होती है। (त्रि०) मनाक् अल्पस्य करः। २ ईषत्कारक, थोड़ा करनेवाला।

मनागोली—वम्बई प्रदेशके दिनाजपुर जिलेका एक नगर। यह अक्षा० १६° ४०′ उ० तथा देशा० ७५° ५४′ पू०के मध्य विस्तृत है।

मनाज (सं० क्ली०) सामभेद।

मनादी (हिं० स्त्री०) मुनादी देखो।

मनानक् (सं० अव्य०) अल्प, थोड़ा-सा।

मनाना (हिं० क्रि०) १ दूसरेको मानने पर उद्यत करना, स्वीकार कराना। २ जो अप्रसन्न हो, उससे सन्तुष्ट या अनुकूल करना। ३ प्रार्थना करना, स्तुति करना। ४ अप्रसन्नको प्रसन्न करनेके लिये अनुनय विनय करना। ५ देवता आदिसे किसी कामके होनेके लिए प्रार्थना करना।

मनायी (सं० स्त्री०) मनोः स्त्री मनु (मनोरौक। पा ४।१।३८) इति ङीप्, उदात्तौकारश्च। मनुकी पत्नी। (जटाधर)

मनायु (सं० त्रि०) मनः द्वारा युक्त, जो होश हवाशमें हो।

मनार (हिं० पु०) मीनार देखो।

मनाल (हिं० पु०) शिमलेकी ओर मिलानेवाला एक प्रकारका चकोर। इसके सुन्दर परोंके लिये इसका शिकार किया जाता है।

मनावन (हिं० पु०) १ मनानेकी क्रिया। २ अप्रसन्नको प्रसन्न करनेका काम। ३ मनानेका भाव।

मनावसु (सं० त्रि०) मना मननं स्तोत्रं वसु धनं यस्य। स्तव हो जिनका एकमात्र धनस्वरूप है।

मनावी (सं० स्त्री०) मनोः स्त्री मनु (मनोरौ-क। पा ४।१।३८) इति ङीप्, औकारश्यान्तादेशः। मनुपत्नी, मनुकी स्त्रीका नाम।

मनाही (हिं० स्त्री०) निषेध, रोक।

मनि (हिं० स्त्री०) मणि देखो।

मनिका (हिं० स्त्री०) मालामें पिरोया हुआ दाना, गुरिया।

मनिङ्गा (सं० स्त्री०) नदीभेद।

मनित (सं० त्रि०) मन-बोधे-क्त। ज्ञात, जाहिर।

मनिया (हिं० स्त्री०) १ मनिका, गुरिया। २ कण्ठी, गुरिया।

मनियार (हिं० वि०) १ देदिप्यमान, चमकीला। २ दर्शनीय, शोभायुक्त।

मनिहार (हिं० पु०) चूड़ी वनानेवाला, चुड़िहारा। मणिहार देखो।

मनीआर्डर (अं० पु०) रुपयेकी हुंडी जो किसीके रुपया चुकाने पर एक डाकखानेसे दूसरे डाकखानेमें इसलिये भेजी जाती है कि वह वहांके किसी मनुष्यको हुंडीमें लिखी रकम चुका दे। एक स्थानसे दूसरे स्थान पर रुपया प्रायः लोग इसी प्रकार डाकखानेकी मारफत भेजा करते हैं।

मनीक (सं० क्ली०) मन्यते शोभार्थमाद्रियते इति मन् (अलीकादयश्च। उण् ४।२४) इति कीकन् प्रत्ययेन निपातनात् साधुः। अञ्जन, आँजन।

मनीर (हिं० स्त्री०) मोरनी।

मनीषा (सं० स्त्री०) ईष-अ-टाप्, मनस ईषा गमनं (शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यं। पा १।१।६४) इत्यस्य वार्त्तिकोक्त्य साधुः। १ बुद्धि, अक्ल। २ स्तुति, प्रशंसा।

मनीषिका (सं० स्त्री०) मनीषा, बुद्धि।

मनीषित (सं० स्त्री०) मनीषा सञ्जातार्थे तारकादित्वात् इतच्, यद्वा मनस्-ईष-क्त। मनोऽभिलषित, वाञ्छित।

मनीषिता (सं० स्त्री०) मनीषिणो भावः, 'त्वतलौ भावे' इति तल् टाप्। बुद्धिमत्ता, बुद्धिमानी।

मनीषिन् (सं० पु०) मनीषाऽस्त्यस्येति व्रीह्यादित्वादिनि। १ पण्डित, ज्ञानी। (त्रि०) २ मेधावी, बुद्धिमान्, अक्रमन्द।

मनु (सं० स्त्री०) मन (शॄ स्वृस्नि हीति। उण् १।११) इति उ। १ पृक्का, असवरग नामक गन्धद्रव्य। २ मनुपत्नी, मनुकी एक स्त्रीका नाम।

दोके विकल्प होनेसे तीन पद होता है, इसीसे स्त्रीलिङ्गमें 'मनु' शब्दके उत्तर ङोप् न हो कर मनु ऐसा पद हुआ। (पु०) ३ मन्यते इति मन उ। ४ मनुष्य। ५ जिनभेद। ६ मन्त्र। ७ ब्रह्माके पुत्र, मानव जातिके आदि पुरुष। ये प्रजापति और धर्मशास्त्रवक्ता थे। प्रतिकल्पमें चौदह मनु होते हैं। उनके नाम ये हैं,—स्वायम्भुव, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष ये सब मनु बीत गये हैं, वर्त्तमान वैवस्वत मनु हैं; सावर्णि, दक्ष सावर्णि, ब्रह्मसावर्णि, धर्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, देवसावर्णि और इन्द्रसावर्णि ये सब मनु पीछे होंगे।

(भाग० ८।१ अ०)

मत्स्यपुराणमें लिखा है—स्वायम्भुव मनु ब्रह्मा और गायत्रीसे उत्पन्न हुए हैं इनके दश पुत्र हैं जिनके नाम हैं अग्नीध्र, अग्निबाहु, रिफक, सवल, ज्योतिष्मान्, द्युतिमान्, हव्य, मेधस्, मेधातिथि, वसु। स्वारोचिष मनु द्वितीय हैं। इनके चार पुत्र हैं—नभ, नभस्य, प्रसृति, भावन। औत्तमि मनु तृतीय हैं। इनके दश पुत्र हैं,—ईष, ऊर्ज, भूर्ज, शुचि, शुक्र, मधु, माधव, नभस्य, नभ और सह। चतुर्थ तामस मनुके दश पुत्र हैं—अकल्मष, तपोध्वन्वी, तपोमूल, तपोधन, तपोरति, तपस्य, तपोद्युति, परन्तप, तपोभोगी और तपोयोगी। पञ्चम रैवत मनुके दश पुत्र हैं, यथा—अरुण, तत्त्वदर्शी, वित्तवान्, हव्यप, कपि, मुक्त, निरुत्सुक, सत्त्व, निर्मोह, प्रकाशक। षष्ठ मनु चाक्षुष है। इनका जन्म ध्रुवके पौत्र रिपुञ्जयसे ब्रह्मदौहित्री वीरनकन्या वीरणके गर्भसे हुआ है। इनकी पत्नीका नाम नड्वला है। ऊरु, पुरु, शतद्युम्न, तपस्वी, सत्यवाक्, कवि, अग्निष्टुप्, अतिरात्र, स्वस्वच्छ और अभिमन्यु ये दश इनके पुत्र हैं।

सप्तम वैवस्वत मनु हैं—यह मनु सूर्य और संज्ञासे उत्पन्न हुए हैं। इनके भी दश पुत्र है—इल, इक्ष्वाकु, कुशनाभ, अरिष्ट, ग्ष्टि, नरिष्यन्त, करूष, शर्याति, पृषध्र और नाभाग।

अष्टम सावर्णि मनु हैं—ये सूर्यसे छायाके गर्भसे उत्पन्न हुए हैं। इनके भी दश पुत्र हैं,—धृति, रवीयान, यवस, सुवर्णवृष्टि, चरिष्णु, ईड्य, सुमति, वसु और शुभ्र। नवम मनुका नाम रौच्य है। रुचिप्रजापति इनके पिता हैं। दशम मनु भौत्य हैं। ये भूति मनु नामक प्रजापतिके पुत्र हैं। एकादश मनु मेरु सावर्णि हैं। ब्रह्मा इनके पिता हैं। द्वादश मनु ऋभु, त्रयोदश ऋतुधामा और चतुर्दश विष्वक्सेन हैं।

मत्स्यपुराणमें नवें अध्यायसे ले कर इक्कीसवें अध्याय तक इन सब मनुओंका विस्तृत विवरण लिखा है। मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है—

"स्वायम्भुवो मनुः पूर्वं मनुः स्वारोचिषस्तथा।
औत्तामस्तामसश्चैव रैवतश्चाक्षुषस्तथा॥
षड़ेते मनवोऽतीतास्तथा वैवस्वतोऽधुना।
सावर्णिः पञ्च रौच्याश्च भौत्याश्चागामिनस्त्वमी॥" इत्यादि

(मार्कण्डेयपु० ५३ अ०)

पहले स्वाम्भुव मनु, पीछे स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष ये छः मनु हो गये हैं। अभी वैवस्वत मनुका अधिकार है। इसके बाद पञ्चसावर्णि, रौच्य और भौत्य इन तीन मनुओंका यथाक्रम आविर्भाव होगा।

स्वायम्भुव मनुके दश पुत्र थे। वे सभी पिताके समान थे। सप्तद्वीप और पर्वतादि पर उनका अधिपत्य था। (मार्कण्डेयपुराण ५३ अ०)

भागवतमें लिखा है—

"अहो अद्भुतमेतन्मे व्यापृतस्यापि नित्यदा।
नह्येधन्ते प्रजा नूनं दैवमत्र विघातकम्॥
एवं युक्तकृतस्तस्य दैवञ्चावेक्षतस्तदा।
कस्य रूपमभूवद्द्वेधा यत्कायमभिचक्षते॥
ताभ्यां रूपविभागाभ्यां मिथुनं समपद्यत।
यस्तु तत्र पुमान् सोऽभून्मनुः स्वायम्भुवः स्वराट्।
स्त्री चासीच्छतरूपाख्या महिषस्य महात्मनः॥

तदा मिथुनधर्मेण प्रजा ह्येधांवभूविरे ।
स चापि शतरूपायां पञ्चापत्यान्यजीजनत् ॥”

(भागवत ३।१२।३३-३६)

स्वायम्भुव—१म मनु । पहले व्रह्माने जव देखा कि महावीर्य सप्तर्षि प्रभृति द्वारा सृष्टिका विस्तार नहीं हुआ, तव वे वड़े विस्मित हुए और चिन्ता करने लगे—क्या आश्चर्य है ! मैं सर्वत्र व्याप्त हूं, तिस पर भी मेरी प्रजाकी नित्य वृद्धि नहीं होती । इससे मालूम होता है, कि दैव ही इसका एकमात्र प्रतिकूल कारण है ! इस प्रकार जव वे चिन्तामग्न थे, तव उनकी वह मूर्त्ति आपे आप दो भागोंमें वट गई । इस कारण वह आज भी काय नामसे प्रसिद्ध है । उन दोनों अंशों द्वारा वे मिथुन अर्थात् स्त्रीपुरुष हुए । एक अंश जो पुरुष था उसका नाम स्वायम्भुव और दूसरे स्त्री अंशका नाम शतरूपा रखा गया । शतरूपा स्वायम्भुव मनुकी पत्नी हुई । इसी समयसे मिथुन धर्म द्वारा प्रजाकी वृद्धि होने लगी ।

स्वाम्भुव मनुके शतरूपा पत्नीसे पांच सन्तान हुई जिनमेंसे दो पुत्र और तीन कन्या थीं । पुत्रका नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद तथा कन्याका आकूति, देवहूति और प्रसूति था ।

मनुने आकूतिको रुचिके हाथ, देवहूतीको कर्दमके हाथ और छोटी प्रसूतिको दक्षके हाथ सौंपा । इनकी सन्तान-सन्ततिसे जगत् परिपूर्ण हो गया ।

(भागवत ३।१२ १३ अ०)

स्वारोचिष—द्वितीय मनु । अग्नि इनके पिता तथा सुषेण और रोचिष्मत् आदि इनके पुत्र थे । इस मन्वन्तरमें तुषितादि देवता तथा उनके इन्द्र, रोचन और ऊर्द्ध्व स्तम्भादि करके सप्तर्षि थे । इस समय वेदशिरा नामक ऋषिसे उनकी पत्नी तुषिताके गर्भसे विभु नामक एक विख्यात देवने जन्मग्रहण किया । वे कौमार व्रह्मचारी थे । अस्सी हजार मुनियोंने इनसे व्रतशिक्षा प्राप्त की थी ।

उत्तम—तृतीय मनु । ये प्रियव्रतके पुत्र थे । इनके पुत्रका नाम पवन, सृञ्जन तथा यज्ञहोत्रादि था । इन मनुके समय प्रमदादि सप्तर्षि हुए । वे सभी वशिष्ठके पुत्र थे । सत्य, वेदश्रुत, भद्र आदि देवता और सत्यजित् उनके इन्द्र थे । इस मन्वन्तरमें धर्मकी सूनृता नामक भार्यासे भगवान् पुरुषोत्तम सत्यव्रतोंके साथ उत्पन्न हुए । सत्यसेन उनका नाम रखा गया । सत्यसेन इन्द्रके सखा थे । इन्हींके हाथसे दुर्वृत्त यक्ष राक्षसादि भूतद्रोही भूतोंका विनाश हुआ ।

तामस—चतुर्थ मनु । ये तृतीय मनु उत्तमके भाई थे । पृथु, ख्याति, नर, केतु, आदि इनके दश पुत्र थे । इस मन्वन्तरमें सत्यक, हरि और वीर नामक देवगण, त्रिशिर नामक इन्द्र और ज्योतिर्धामादि सप्तर्षि थे । इस मन्वन्तरमें उल्लिखित सत्यकादिके अतिरिक्त विशिष्ट पराक्रमशाली वैधृतिगण भी देवता हुए थे । वैधृतिगण विधृतिके पुत्र थे । कालवशात् जव सभी वेद विनष्ट होनेको थे, तव उन देवताओंने अपने अपने तेजसे उन्हें नष्ट होनेसे वचाया था । इसी मनुके समय भगवान् विष्णु हरिणीके गर्भमें हरिमेधससे जन्मग्रहण कर हरि नामसे प्रसिद्ध हुए । भगवान् हरिने ग्राहके मुखसे गजेन्द्रको वचाया था । (भागवत ८।१ ५ अ०)

रैवत—पञ्चम मनु । ये चतुर्थ तामस मनुके सहोदर भाई थे । अर्जुन, वलि और विन्ध्यादि इनके पुत्र थे । इस मन्वन्तरमें विभु इन्द्र, भूतरयादि देवगण और हिरण्यरोमा, वेदशिरा, ऊर्द्ध्ववाहु आदि व्राह्मण थे ।

चाक्षुष—षष्ठ मनु । इनके पिताका नाम चक्षुष था । पूरु, पूरुष, सुद्युम्न आदि उनके पुत्र थे । इस मन्वन्तरमें मन्त्रद्रुम इन्द्र, आप्यादिगण देवता तथा हर्यस्मत और वीरकादि ऋषि थे । इसी मनुके समय वैराजके औरस और देवसम्भूतिके गर्भसे भगवान् विष्णु अपने अंशसे जन्म ले कर अजित नामसे प्रसिद्ध हुए ।

(भागवत ८।५ अ०)

वैवस्वत—सप्तम मनु । विवस्वानके पुत्र श्राद्धदेव सप्तम मनु नामसे विख्यात हुए । अभी इसी मनुका अधिकार चल रहा है । इक्ष्वाकु, नभाग, धृष्ट, शर्याति, नरिष्यन्त, नाभाग, दिष्ट, करूष, पृषध्र और वसुमान ये दश वैवस्वत मनुके पुत्र हैं । इस मन्वन्तरमें आदित्य, वसु, रुद्र, विश्वदेव, मरुद्गण, दो अश्विनीकुमार और ऋभुगण देवता हैं । पुरन्दर उक्त देवताके इन्द्र हैं । काश्यप अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गोतम, जमदग्नि और भरद्वाज

ये सात ऋषि हैं। इस मन्वन्तरमें भगवान् विष्णुने कश्यपकी पत्नी अदितिसे जन्मग्रहण किया है।

विवस्वानके दो पत्नी थीं। दोनों ही विश्वकर्माकी कन्या थीं। संज्ञा और छाया उनका नाम था। किसी किसी ऋषिके मतसे विवस्वानके वड़वा नामक एक और पत्नी थी। इन तीनों पत्नियोंमें संज्ञाके तीन सन्तान यम, यमी (यमुना) और श्राद्धदेव तथा छायाके एक पुत्र और एक कन्या थी। पुत्रका नाम सवर्ण और कन्याका तपती था। वह कन्या शम्वरणको ब्याही थी। वड़वाके गर्भसे दोनों अश्विनीकुमार उत्पन्न हुए।

सावर्णि—अष्टम मनु। निर्मोक और विरजस्क आदि इनके पुत्र होंगे। इस मनुके समय सुतपा, विरजा और आनृतप्रभा ये सव देवता तथा विरोचनात्मक वलि उन देवताओंके इन्द्र होंगे। गालव, दीप्तिमान्, परशुराम, अश्वत्थामा, कृप, ऋष्यशृङ्ग तथा वादरायणादि सप्तर्षि हैं। इस मन्वन्तरमें देवगुह्यकी पत्नी सरस्वतीके गर्भसे भगवान् अवतीर्ण हो कर सार्वभौम कहलायेंगे।

दक्ष सावर्णि—नवम मनु। वरुणसे इनका उद्भव है। भूतकेतु, दीप्तकेतु इत्यादि इनके पुत्र होंगे। मरीचिगर्भ प्रभृति देवता, अद्भुत इन्द्र तथा द्युतिमान् आदि सप्तर्षि होंगे। इस मन्वन्तरमें भगवान् विष्णु आयुष्मान्के औरससे अम्बुधाराके गर्भसे जन्म ले कर ऋषभ नामसे प्रसिद्ध होंगे।

ब्रह्मसावर्णि—दशम मनु। ये उपश्लोकके पुत्र हैं। भूरिषेण आदि इनकी सन्तान हैं। इस मन्वन्तरमें हविष्मान्, सुकृत, सत्य, जय, मूर्त्ति आदि सप्तर्षि तथा सुवासन और अविरुद्धादि देवता और शम्भु इन्द्र होंगे। इस समय भगवान् विष्णु विश्वसृक् ब्राह्मणके घरमें विसूचिके गर्भसे उत्पन्न हो कर विश्वक्सेन नामसे प्रख्यात होंगे। देवराज इन्द्रके साथ इनकी गाढ़ी मिलता होगा।

धर्मसावर्णि—एकादश मनु। इनके सत्यधर्मादि दश पुत्र होंगे। इस समय विहङ्गम, कालगम निर्वाण और रुचि आदि देवता, वैधृत इन्द्र तथा अरुणादि सप्तर्षि होंगे। भगवान् विष्णु आर्यककी पत्नी वैधृताके गर्भसे जन्म ले कर धर्मसेतु नामसे प्रसिद्ध होंगे।

रुद्र सावर्णि—द्वादश मनु। देवयान, उपदेव और श्रेष्ठादि इनके पुत्र होंगे। इस मन्वन्तरमें हरितादि देवता, गन्धधामा इन्द्र, तपोमूर्त्ति, तपस्वी और अग्नीध्र आदि सप्तर्षि होंगे। भगवान् विष्णु सत्यवहा ब्राह्मणीकी पत्नी सुनृताके गर्भसे उत्पन्न हो कर सुधामा कहलायेंगे।

देव सावर्णि—त्रयोदश मनु। चित्रसेन, विचित्र आदि इनके पुत्र होंगे। इस मन्वन्तरमें सुकर्मा, सुत्रामादि देवता, दिवस्पति इन्द्र तथा निर्मोक और तत्त्वदर्शादि सप्तर्षि होंगे। भगवान् विष्णु देवहोत्रसे वृहतोके गर्भसे अंशरूपमें जन्मग्रहण कर योगेश्वर कहलायेंगे।

इन्द्र सावर्णि—चतुर्दश मनु। ऊरु, गम्भीर, ब्रध्न आदि इनके पुत्र होंगे। इस मन्वन्तरमें चाक्षुष आदि देवता और शुचि उनके इन्द्र तथा अग्निवाहु, शुचि, शुद्ध और मागध आदि सप्तर्षि हैं। भगवान् विष्णु सत्रायणकी पत्नी विनताके गर्भमें जन्मग्रहण करेंगे। वृहद्भानु इनका नाम रहेगा।

इन चतुर्दश मनुका काल प्रमाण सहस्रयुग है।

(भाग० ८।१४)

ये समस्त मनु, मनुपुत्र, सप्तर्षि और इन्द्र प्रभृति परम पुरुष ईश्वरसे नियोजित होते हैं। अर्थात् उन सव मन्वंतरोंमें यज्ञ प्रभृति जिन पुरुष मूर्त्ति ईश्वरावतारकी कथा कही गई है, उन सब मूर्त्तियोंसे नियोजित हो कर ही सभी मनु जगत्का कार्यनिर्वाह करते हैं। चतुर्युगके अन्तमें समस्त श्रुतियां कालग्रस्त हुई थीं। इन मन्वंतरोंमें ऋषिगण अपने अपने तपोवलसे वे सब घटना देखते हैं। पीछे उन श्रुतियोंसे ही सनातनधर्मका फिरसे अभ्युदय होता है। अनंतर भगवान् हरिके आदेशसे मनुगण अपने अपने समयमें संयत हो कर पृथ्वी पर चतुष्पाद धर्मका प्रचार करते हैं। प्रजापाल वे सब मनुपुत्र अपने अपने मन्वंतरके अवसान तक पुत्र पौत्रादि क्रमसे धर्मका पालन करते हैं।

(भागवत ८।१५ अ०)

देवी भागवतमें लिखा है—

"स चतुर्मुख आसाद्य प्रादुर्भावं महमते !
मनुं स्वायम्भुवं नाम जनयामास मानसात् ॥

स मानसो मनुपुत्रः ब्रह्मणः परमेष्ठिनः ।
शतरूपाञ्च तत्पत्नीं जज्ञे धर्मस्वरूपिणीम् ॥" इत्यादि
(देवीभाग० १०।१।६-७)

भगवान् विष्णुके नाभिपद्मसे चतुर्मुख ब्रह्माने उत्पन्न हो कर निज अन्तःकरणसे स्वायम्भुव मनु और उनकी धर्मरूपिणी पत्नी शतरूपाको उत्पादन किया। इसीसे स्वायम्भुव मनु ब्रह्माके मानस पुत्र कहलाते हैं। स्वाम्भुव मनुके उत्पन्न होने पर ब्रह्माने उन्हें सृष्टि करनेका आदेश दिया।

ब्रह्मासे प्रजासृष्टिका भार पा कर स्वायम्भुव मनुने क्षीरसमुद्रके किनारे भगवतीकी मृणमयी मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा की और वहीं उनकी आराधना करने लगे। देवी भगवतीने तपस्यासे प्रसन्न हो कर उन्हें अभिलषित वर प्रदान किया जिससे वे प्रजासृष्टि करनेमें समर्थ हुए थे। (देवीभाग० १०।१-७)

अब स्वायम्भुव मनु पिताके आज्ञानुसार सृष्टिकार्य करने लगे। यथासमय उनके प्रियव्रत और उत्तानपाद नामक दो पुत्र तथा आकूति, देवहूति और प्रसूति नामक तीन कन्या उत्पन्न हुईं। मनुने आकूतिका महर्षि रुचिके साथ, देवहूतिका प्रजापति कर्दमके साथ और प्रसूतिका प्रजापति दक्षके साथ विवाह कर दिया। महर्षि रुचिके औरससे आकूतिके एक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम यज्ञ रखा गया। यह पुत्र भगवान् आदिपुरुष विष्णुका अंश था। कर्दमके औरससे देवहूतिके सांख्याचार्य कपिलदेव नामक पुत्र उत्पन्न हुए। प्रजापति दक्षके औरससे बहुत-सी कन्याएँ उत्पन्न हुईं। इसके अतिरिक्त देव, दानव, पशु और पक्षी आदि भी दक्षसे उत्पन्न हुए। यही सब प्रजा विश्वसृष्टिकी प्रवर्त्तक थीं। स्वायम्भुव मन्वंतरमें भगवान् यज्ञने याम नामक देवताओंसे परिवृत हो अपने मातामह मनुको राक्षससे बचाया था। कपिलने कुछ दिन आश्रममें रह कर निज गर्भधारिणी देवहूतिको तत्त्वज्ञानस्वरूप कापिल शास्त्र (सांख्यशास्त्र) ध्यानयोगादिका उपदेश दिया था। पीछे पुलहाश्रममें जा कर उन्होंने योगावलम्बन किया। मनुके सभी पुत्रोंने प्राणिजगत्के सुखादि और लोकव्यवहारकी प्रसिद्धिके लिये द्वीपवर्ष और समुद्रादिका प्रवन्ध कर दिया था।

स्वायम्भुव मनुके वड़े लड़के प्रियव्रतका विश्वकर्माकी लड़की वर्हिष्मतीके साथ विवाह हुआ। इनके पुत्र दश और कन्या एक थीं। कन्या ही सबसे छोटी थी। अग्नीध्र, इध्मजिह्व, यज्ञवाहु, महावीर, रुक्मशुक्र, घृतपृष्ठ, सवन, मेधातिथि, वीतिहोत्र और कवि यही उनके दश पुत्र थे। इनमेंसे कवि, सवन और महावीर इन तीनोंने संन्यासधर्म ग्रहण किया था।

प्रियव्रतकी दूसरी स्त्रीसे उत्तम, तामस और रैवत नामक तीन पुत्र हुए। ये सबके सब विश्वविख्यात हैं। तीनों ही पुत्र पराक्रमी थे और एक एक मन्वंतरके अधीश्वर हुए थे। प्रियव्रतने इन सब पुत्रोंके साथ ग्यारह अर्बुद वर्ष तक पृथिवीका भोग किया था। किन्तु आश्चर्यका विषय है, कि इतने दीर्घकालमें भी उनके ऐन्द्रियिक वा शारीरिक बलका जरा भी ह्रास नहीं हुआ।

एक दिन प्रियव्रतने जब देखा कि सूर्यके पृथिवीके एक भाग पर प्रकाशित होनेसे दूसरा भाग अन्धकार रहता है, तब वे भारी चिन्तामें पड़ गये और कहने लगे,--मेरे राज्य-शासनकालमें ऐसा व्यतिक्रम नहीं होना चाहिये। योगप्रभावसे मैं इसका जरूर निवारण करूंगा। इस प्रकार निश्चय करके वे जगत्को आलोकमय करनेके लिये एक सूर्यसदृश प्रकाशमान रथ पर सवार हुए और प्रतिदिन सात वार करके पृथिवीका प्रदक्षिण करने लगे। उनके पर्यटनसे चक्रनेमि द्वारा जो सब भूभाग धँस गया था उसीसे सप्त सागरकी उत्पत्ति हुई। सप्त सागरके मध्य जो सब भूभाग थे वे सप्तद्वीप कहलाये और सात सागर सप्तद्वीपके परिखास्वरूप हुए। प्रियव्रतके सात पुत्र जम्बु आदि सप्तद्वीपके अधिपति बने।

द्वितीय मनु—स्वारोचिष। यह प्रियव्रतके पुत्र थे। इन्होंने कालिन्दीतट पर देवी भगवतीकी मृणमयी मूर्त्ति बना कर बारह वर्ष तक कठोर तपस्या की। भगवतीने प्रसन्न हो उन्हें मन्वंतराधिपति बनाया। अपने अधिकारकाल तक यथाविधि धर्म संस्थापन करते हुए वे पुत्रोंके साथ राज्यभोग करके स्वर्गको सिधारे।

तृतीय मनु प्रियव्रतके उत्तम नामक पुत्र थे। राजर्षि

उत्तमने विजन गङ्गाके किनारे रह कर तीन वर्ष तक वाग्भवबीजका जप किया। उसी जपके फलसे वे देवीके अनुग्रहभाजन हुए। इन्होंने निष्कण्टक राज्य और अनवच्छिन्न सन्तति लाभ कर अन्तमें राजर्षियोंके प्राप्य उत्कृष्ट पदको पाया।

चतुर्थ मनु—तामस। ये प्रियव्रतके पुत्र थे। इन्होंने नर्मदाके दाहिने किनारे कामबीजका जप कर जगन्मयी माहेश्वरीकी आराधना की तथा शरत् और वसंतकालमें नवरात्र व्रतानुष्ठान किया। प्रसन्नरूपिणीदेवीके वरसे मनु निष्कण्टक राज्यभोग कर अन्तमें स्वर्गको चले गये।

पञ्चम मनु—तामसके छोटे भाई प्रियव्रतके पुत्र रैवत। राजर्षि रैवतने कालिन्दीके किनारे परमसिद्धिदायक कामबीजका जप कर देवीकी आराधना की। देवीके वरसे इन्होंने मन्वंतराधिपतिका पद प्राप्त किया। रैवत मनु व्यवस्थानुसार धर्मका विभाग कर अन्तमें सर्वोत्तम इन्द्रलोकको गये।

षष्ठ मनु—चाक्षुष। ये अङ्गराजके पुत्र थे। एक दिन इन्होंने पुलहाश्रममें जा कर उनसे कहा,—'मैं आपकी शरणमें पहुंचा हूं। आप मुझे कृपया वैसा उपदेश दीजिये जिससे मैं पृथिवीका एकाधिपत्य पा कर अपने वंशको चिरस्थायी बना सकूं और अन्तमें मुक्तिलाभ कर स्वर्गको सिधारूं।' पुलहने मनुकी प्रार्थना पर उन्हें देवीकी आराधना करनेका उपदेश दिया।

चाक्षुष मनु महर्षि पुलहके आदेशसे विरजा नदीके किनारे तपस्यार्थ उपस्थित हुए। यहां उन्होंने वाग्भव मन्त्रका जप कर देवी भगवतीकी उपासना की। देवीने तपस्यासे प्रसन्न हो कर उन्हें मन्वंतरीय निष्कण्टकराज्य, प्रभूत बलशाली कुछ पुत्र और विषयभोगके बाद अन्तमें मुक्तिलाभका वर दिया। चाक्षुषने भगवतीके वरसे मनुश्रेष्ठ हो निष्कण्टक सुख भोग किया था। उनके पुत्रगण भी प्रभूत बलशाली हो कर देवीके परमभक्त और सर्वत्र माननीय हुए। राज्यभोगके बाद चाक्षुष देवी पदमें लीन हो गये थे।

सप्तम मनु—वैवस्वत। इन्होंने भी देवी भगवतीकी तपस्या कर मन्वंतराधिपत्य प्राप्त किया।

अष्टम मनु—सूर्य-पुत्र सावर्णि। पूर्वजन्ममें ये देवीकी आराधना करके उन्हींके वरसे मनु हुए थे। स्वारोचिषमन्वन्तरमें ये चैत्रवंशोद्भव सुरथ नामक राजा थे। पीछे शत्रुसे पराजित हो कर जंगलमें जा छिपे। वहां मेधऋषिके साथ इनका साक्षात् हुआ और उन्हींके उपदेशसे ये देवी भगवतीकी मृण्मयी मूर्त्ति प्रतिष्ठा कर कठोर तपस्यामें प्रवृत्त हुए। देवी भगवतीने इनके प्रति संतुष्ट हो कर अभिलषित वर प्रदान किया। देवीके वरसे ये इस जन्ममें विविध सुख भोग कर दूसरे जन्ममें सावर्णि मनु हुए थे।

नवमादि चतुर्दश मनु—पूर्वकालमें वैवस्वत मनुके करूष, पृषध्र, नाभाग, दिष्ट, शर्याति और त्रिशंकु नामक महाबल पराक्रान्त छः पुत्र थे। प्रत्येक पुत्रने कालिन्दी नदीके किनारे भगवतीकी मृण्मयी मूर्त्ति स्थापित कर वहां चौदह वर्ष तक उनकी आराधना की। देवीने प्रसन्न हो कर उन्हें अभिलषित वर प्रदान किया।

महापराक्रमी राजपुत्रगण पृथिवी मण्डल पर साम्राज्य लाभ और विविध विषयका उपभोग कर परजन्ममें मन्वन्तराधिपति हुए थे। देवीके अनुग्रहसे उनमेंसे करूष दक्ष सावर्णि नामसे नवम मनु, द्वितीय पृषध्रराज मेरुसावर्णि नामसे दशम मनु, तृतीय नाभाग सूर्य सावर्णि नामसे एकादश मनु, चतुर्थ दिष्ट चन्द्र सावर्णि नामसे द्वादश मनु, पञ्चम शर्याति रुद्र सावर्णि नामसे त्रयोदश मनु तथा षष्ठ त्रिशंकु विष्णु सावर्णि नामसे चतुर्दश मनु हुए थे। भगवती भ्रामरी देवीके अनुग्रहसे ये चौदहों मनु त्रिभुवनमें महाप्रतापशाली, पराक्रान्त और सर्वलोकके पूज्य हुए। (देवीभाग० १०।१ १३ अ०)

विष्णुपुराणमें लिखा है—प्रथम स्वायम्भुव मनु, द्वितीय स्वारोचिष, तृतीय औत्तमि, चतुर्थ तामस, पञ्चम रैवत और षष्ठ चाक्षुष ये छः मनु हो गये हैं। अभी सूर्य-पुत्र वैवस्वत नामक सप्तम मनुका अधिकार है। स्वायम्भुव मनुका विषय पहले ही लिखा जा चुका है।

द्वितीय मनु स्वारोचिष है। इस मन्वन्तरमें पारावतगण और तुषितगण देवता, विपश्चित् उनके इन्द्र, ऊर्ज, स्तम्ब, प्राण, दत्तोलि, ऋषभ, निश्चर और उर्वीरवान् सप्तर्षि थे। चैत्र और किम्पुरुषादि स्वारोचिषके पुत्र

थे। तृतीय मनु औत्तमि,—इस मन्वन्तरमें इन्द्र, सुशान्ति तथा वशिष्ठके सात पुत्र सप्तर्षि ; अब्ज, परशु और दिव्य आदि औत्तमिके पुत्र थे। चतुर्थ मनु तामस,—सुरूपगण, हरिगण, सत्यगण और सुधीगण इस मन्वन्तरके देवता थे। प्रत्येककी संख्या सत्ताइस थी। राजा शिविने सौ यज्ञ करके इन्द्रत्व प्राप्त किया था। ज्योतिर्धामा, पृथु, काव्य, चैत्र, अग्नि, वनक और पीवर ये सब महर्षि थे। नर, ख्याति, शान्त, हय, जानुजंघ आदि तामसमनुके पुत्र थे।

पञ्चम मनु रैवत,—इस मन्वन्तरमें अमिताभ, भूतरजस् और सुमेधस्गण देवता तथा उनके इंद्र विभु थे। हिरण्यरोमा, देवश्री, ऊद्र्ध्वबाहु, वेदबाहु, सुधामा, पर्यन्य और महामुनि ये सब सप्तर्षि तथा बलबंधु, सुसम्भाव्य और सत्यक आदि रैवतमनुके पुत्र थे।

स्वारोचिष, औत्तमि, तामस और रैवत ये चारों मनु प्रियव्रतके वंशमें उत्पन्न हुए। राजर्षि प्रियव्रतने तपस्या द्वारा विष्णुकी आराधना की और उसी तपोबलसे उन्हें मन्वन्तराधिपतिका पद प्राप्त हुआ था।

चाक्षुष—षष्ठ मनु। इस मन्वन्तरमें आद्य, प्रसूत, भव्य, पृथुग और लेखगण देवता थे। प्रत्येककी संख्या आठ थी। मनोजव उन देवताके इंद्र थे। सुमेधा, विराज, हविष्मान, उत्तम, मधु, अतिनामा और सहिष्णु ये सप्तर्षि तथा उरु, पुरु, शतद्युम्न, प्रमुख, सुमहाबल आदि चाक्षुष मनुके पुत्र थे।

सूर्यके पुत्र श्राद्धदेव सप्तम मनु हैं। इस वैवस्वत मन्वन्तरमें आदित्य, वसु और रुद्रगण देवता और पुरन्दर उनके इंद्र हैं। वशिष्ठ, काश्यप, अत्रि, जमदग्नि, गौतम, विश्वामित्र और भरद्वाज ये सप्तर्षि हैं। इक्ष्वाकु, नाभाग, धृष्ट, शर्याति, नरिष्यन्त, नाभ, करूष, पृषध्र और वसुमान् ये नौ वैवस्वत मनुके पुत्र हैं।

प्रथम स्वायम्भुव मन्वन्तरकालमें आकूतिके गर्भसे भगवान् विष्णु मानसदेव यज्ञ नामसे उत्पन्न हुए। स्वारोचिष मनुके समय भगवान् विष्णुने अजितमानसदेव तुषितोंके साथ तुषिताके गर्भसे जन्मग्रहण किया। पीछे उत्तम मनुके समय वे तुषित सुरोत्तम सत्यगणोंके साथ सत्याके गर्भसे जन्म ले कर सत्य नामसे प्रसिद्ध हुए। तामस मनुके समय उन्होंने सत्य हरिगणोंके साथ हर्याके गर्भसे जन्म लिया और हरि उनका नाम पड़ा। रैवतमनुके समय हरि राजसोंके साथ सम्भूतिके गर्भसे उत्पन्न हो कर मानस कहलाये। चाक्षुष मनुके समय उन्होंने वैकुण्ठ नामक देवताओंके साथ वैकुण्ठाके गर्भसे जन्मग्रहण किया। वैवस्वत मनुके समय भगवान् विष्णुने कश्यपकी पत्नी अदितिके गर्भसे वामनरूपमें जन्मग्रहण किया है। पूर्वोक्त मनु, सप्तर्षि, देवता, देवराज और मनुपुत्र, ये सभी भगवान् विष्णुकी विभूति हैं।

शेष सात मनुका विवरण इस प्रकार है,—सावर्णि अष्टम मनु हैं। विश्वकर्माके संज्ञा नामक एक कन्या थी जिसका विवाह सूर्यसे हुआ था। संज्ञाके गर्भसे सूर्यके मनु, यम और यमी नामक तीन संतान उत्पन्न हुई। कुछ दिन बाद संज्ञा जब अपने स्वामीका तेज सहन न कर सकी, तब वे छाया नामक एक कन्याको स्वामीकी सेवामें नियुक्त कर आप तपस्या करने चली गई। छाया देखनेमें ठीक संज्ञाकी जैसी थी। दिवाकरने उसे संज्ञा समझ कर उसके साथ संभोग किया जिससे दो पुत्र और एक कन्या उत्पन्न हुई। प्रथम पुत्रका नाम शनैश्चर, द्वितीयका सावर्णि और कन्याका नाम तपती रखा गया। सावर्णि सूर्यके अनुरूप थे, इस कारण वे सावर्णि मनु नामसे प्रसिद्ध हुए। इस मन्वन्तरमें सुतप, अमिताभ और मुख्यगण देवता, तथा विरोचन बलि उनके इन्द्र थे। प्रत्येक देवताकी संख्या इक्कीस थी। गालव, राम, कृप, अश्वत्थामा, व्यास और ऋष्यशृङ्ग आदि सप्तर्षि तथा विरजा, आर्वरीवान् और निर्मोहादि इस मनुके पुत्र थे।

दक्षसावर्णि—नवम मनु। इस मन्वन्तरमें पार, मरीचि, गर्भ और सुधर्म ये तीन प्रकारके देवगण हैं। प्रत्येक गणमें बारह देवता हैं और अद्भुत उनके इन्द्र हैं। द्युतिमान्, भव्य, वसु, मेधा, धृति, ज्योतिष्मान और सत्य ये सप्तर्षि तथा धृतकेतु, दीप्तिकेतु, पञ्चहस्त, निरामय और पृथुश्रवा आदि मनुके पुत्र होंगे।

ब्रह्मसावर्णि—दशम मनु। इस मनुके समय सुधाम और विरुद्धगण देवता हैं। दोनों गणमें कुल मिला कर

दश भी देव होंगे, शांति उन देवताओंके इंद्र माने जायंगे। हविष्मान्, सुकृति, सत्य, अपाङ्मूर्त्ति, नाभाग, अप्रतिमौजा और सत्यकेतु ये सप्तर्षि तथा सुक्षेत्र, उत्तमौजा और हरिसेन आदि मनुके दश पुत्र होंगे। ये सभी पृथिवीका शासन करेंगे।

धर्मसावर्णि—एकादश मनु। इनके समयमें विहङ्गमगण, कामगमगण और निर्माणरतिगण देवता होंगे। प्रत्येक गणमें तीस देवता करके रहेंगे। वृष इनके इंद्र होंगे। निश्चर, अग्नितेजो, वपुष्मान्, विष्णु, आरुणि, हविष्मान् और अनघ ये सप्तर्षि तथा सर्वग, सर्वधर्मा और देवानीक आदि मनुके पुत्र होंगे।

रुद्रपुत्र सावर्णि—द्वादश मनु। इस मन्वन्तरमें हस्तिगण, लोहितगण, सुमनोगण, सुकर्मगण और तारगण देवता हैं। प्रत्येक गणमें दश देवता रहते हैं। ऋतधामा उनके इंद्र हैं। तपस्वी, सुतपा, तपोमूर्त्ति, तपोरति, तपोधृति, द्युति और तपोधन ये सप्तर्षि तथा देववान्, उपदेव और देवश्रेष्ठ आदि उक्त मनुके पुत्र हैं।

रौच्य—त्रयोदश मनु। इस मन्वन्तरमें सुत्रामगण, सुकर्मगण और सुधर्मगण देवता हैं। प्रत्येक गणमें ३३ देवता रहते हैं; दिवस्पति उनके इंद्र हैं। निर्मोह, तत्त्वदर्शी, निष्प्रकम्प, निरुत्सुक, धृतिमान, अव्यय और सुतपा ये सप्तर्षि तथा चित्रसेन और विचित्रादि उक्त मनुके पुत्र होंगे।

भौत्य—चतुर्दश मनु। इस मन्वन्तरमें चाक्षुषगण, पवित्रगण, कनिष्ठगण, भ्राजिरगण और वचोवृद्धगण देवता तथा शुचि इन देवताके इंद्र होंगे। अग्निवाहु, शुचि, मागध, अग्नीध्र, युक्त और अजितादि सप्तर्षि हैं तथा ऊरु, गभीर, व्रध्न आदि उक्त मनुके पुत्र। ये सभी मनुपुत्रगण पृथिवीपाल होंगे।

प्रति चार युग बीतने पर वेद-विप्लव होता है। इसीलिये सप्तर्षिगण भूतल पर अवतीर्ण हो कर वेदका उद्धार करते हैं। मनु प्रत्येक सत्ययुगमें धर्मशास्त्रके प्रणेता होते हैं। मनुके अधिकारकाल तक देवगण यज्ञभुक् होते हैं। मनुपुत्र और उनके वंशधरगण एक मन्वन्तर तक पृथिवीका पालन करते हैं। मनु, सप्तर्षि, देवराज इंद्र, देवगण और मनुपुत्र भूपालगण, ये लोग प्रतिमन्वंतरमें उत्पन्न होते है। इस प्रकार चतुर्दश मनु बीत जाने पर एक कल्प होता है। मनुगण, मनुपुत्रगण, भूपालगण, इंद्रगण, देव और सप्तर्षिगण ये सभी विष्णुके भुवनस्थितिकारक सात्त्विक अंश हैं।

(विष्णुपु० ३।१-३ अ०)

सभी पुराणोंमें मनु और मनुपुत्रोंका विषय लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर कुछ उल्लेख नहीं किया गया। मनुगण ही आदि राजा हैं। भगवान् मनुसे ही इस सृष्टिका पालन होता है।

हरिवंशमें इस मनुका विषय जो लिखा है, नीचे उसका संक्षिप्त विवरण देते हैं—

स्वायम्भुव, स्वारोचिष, औत्तमि, तामस, रैवत, चाक्षुस, वैवस्वत, सावर्णि, भौत्य, रौच्य, ब्रह्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, मेरुसावर्णि और दक्षसावर्णि यही चौदह मनु हैं।

ये चौदह मनु ही भूत, वर्त्तमान और भविष्यत् मनु नामसे कीर्त्तित होते हैं। आजकल वैवस्वत मनुका अधिकार चल रहा है। अतएव इनसे पहले छः मनु हो गये हैं और सावर्णि आदि सात मनु अवशिष्ट हैं। एक एक मनुका अधिकार शेष होने पर यथाक्रम सावर्णि आदि मनु आविर्भूत होंगे।

प्रथम स्वायम्भुव मनु हैं। इन मनुके समय मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलह, क्रतु, पुलस्त्य और वशिष्ठ, ब्रह्माके ये सात पुत्र सप्तर्षि तथा याम नामा देवगण थे। अग्नीध्र, अग्निवाहु, मेधा, मेधातिथि, वसु, ज्योतिष्मान्, द्युतिमान् और हव्य आदि मनुके दश पुत्र थे।

द्वितीय मनु स्वारोचिषके समय वशिष्ठपुत्र और्व, कश्यप, स्तम्ब, प्राण, वृहस्पति, दत्त और च्यवन ये सप्तर्षि तथा तुषित देवगण थे। हविध्र, सुकृति, ज्योतिः, आप, मूर्त्ति, अयस्मय, प्रथित, नभस्य, नभ और ऊर्ज ये सब मनुके पुत्र थे। तृतीय-औत्तमि मनु। इस मन्वंतरमें वशिष्ठके सात पुत्र और हिरण्यगर्भके ऊर्ज आदि पुत्र सप्तर्षि, भानुगण देवता तथा ईश, ऊर्ज, तनुर्ज, मधु, माधव, शुचि, शुक्र, सह, नभस्य और नभ मनुके पुत्र थे। चतुर्थ तामस मनुके समय काव्य, पृथु, अग्नि, जन्यु, धामा कपीवान् और अकपीवान् ये सप्तर्षि, सत्य-

गण देवता, द्युति तपस्य, सुतपा, तपोमूल, तपोशन, तपोरति, अकल्माष, तन्वी, धन्वी और परंतप ये सब उक्त मनुके पुत्र थे। पञ्चम रैवत मनुके समय वेदवाहु, वेदशिरा, हिरण्यरोमा, पर्जन्य, सोमतनय, ऊद्र्ध्ववाहु अत्रिनन्दन और सत्यनेत्र सप्तर्षि, अभूतरजस, प्रकृति, पारिप्लव और रैभ्य देवता तथा धृतिमान, अव्यय, युज्ज, तत्त्वदर्शी, निरुत्सुक, अरण्य, प्रकाश, निर्मोह, कृती और सत्यवान मनुके पुत्र थे।

चाक्षुष नामक षष्ठ मनुके समय—भृगु, नभ, विवस्वान्, सुधामा, विरजा, अतिनामा और सहिष्णु सप्तर्षि तथा आप्य, प्रभूत, ऋभु, त्रिदिववासी, पृथुक और लेखा ये पांच प्रकारके देवगण थे।

सप्तम वैवस्वत मनुके समय अत्रि, वशिष्ठ, कश्यप, गौतम, भरद्वाज, विश्वामित्र और ऋचीकपुत्र जमदग्नि ये सप्तर्षि; साध्यगण, रुद्रगण, वसुगण, मरुद्गण, आदित्य गण और अश्विनीकुमार देवता तथा इक्ष्वाकु आदि मनुके दश पुत्र थे।

सभी मनुओंके प्रारम्भमें ही मनुष्योंकी व्यवस्था और रक्षाके लिये सप्तर्षिगण आविर्भूत होते हैं। यह तो हुआ अतीत छः और वर्त्तमान मनुका विषय, अब भविष्य मनुका विषय लिखा जाता है। अनागत मनुकी संख्या छः है। भविष्यत् मन्वंतरमें सावर्णि नामक पांच मनु आविर्भूत होंगे। उनमेंसे एक सूर्यपुत्र होनेके कारण वैवस्वत सावर्णि कहलायंगे। शेष चार प्रजापति ब्रह्माके पुत्र हैं। इन्होंने सुमेरु पर्वत पर अति कठोर तपस्या की थी, इस कारण ये मेरुसावर्णि नामसे प्रसिद्ध होंगे। इनकी उत्पत्ति दक्षकी कन्या प्रियाके गर्भसे है। अतएव ये दक्षके दौहित्री हैं। रुचि नामक प्रजापतिके रौच्य और भौत्य नामक दो पुत्र थे, आगे चल कर दोनों ही मनु हुए। शेषोक्त मनु रुचिकी भार्या भूतिदेवीके गर्भसे जन्म लेनेके कारण भौत्य नामसे प्रसिद्ध हुए हैं।

सावर्णि मनुके समय राम, व्यास, दीप्तिमान्, भरद्वाज, अश्वत्थामा, गौतम, शरद्वान्, गालव और रुरु ये सप्तर्षि थे। वे सबके सब ब्रह्मविद् और भिन्न भिन्न गोत्रके प्रवर्त्तक थे। इन्होंने कृतादि चार युगोंमें ब्राह्मणादि चार वर्णों और गार्हस्थ्यादि आश्रमोंका विधान किया है। वरीयान, अवरीयान, संयत, धृतिमान, वसु, चरिष्णु, आर्य, विष्णु, राज और सुमति यही दश सावर्णि के पुत्र हैं। मन्वन्तर देखो।

चतुर्दश मनुका अधिकार शेष होनेसे ही एक कल्प पूरा होता है। मानवीय एक वर्षमें देवताओंका एक दिन होता है। उत्तरायण देवताओंका दिन और दक्षिणायन रात है। देवताओंके दश वर्षमें मनुका एक अहोरात्र, उससे दश गुणमें मनुका एक पक्ष, इससे भी दश गुणमें एक मास, इस प्रकार बारह माससे एक ऋतु, तीन ऋतुमें एक अयन और दो अयनमें एक वर्ष होता है। इस प्रकार चार हजार वर्ष सत्ययुगका, चार सौ वर्ष सन्ध्याका और चार सौ वर्ष संध्यांशका समय है। त्रेताका परिमाण हजार वर्ष, इसकी संध्या और संध्यांशका दो सौ वर्ष, कलियुगका हजार वर्ष तथा इसकी संध्या और संध्यांशका परिमाण सौ वर्ष है। इसी प्रकार एकहत्तर युग एक एक मनुका भोगकाल है। मनुका भोगकाल ही मन्वंतर कहलाता है। इस प्रकार एक मनुका समय बीतने पर दूसरे मनु आविर्भूत होते हैं। चौदह मनुका भोगकाल शेष होने पर ही एक कल्प पूरा होता है। (हरिवंश ७-९ अ०)

अन्यान्य विवरण मन्वन्तर शब्दमें देखो।

हिंदूशास्त्रमें मानवजातिके आदिपुरुष कुल चौदह मनुओंका उल्लेख आया है। एक एक मनुने एक एक मन्वंतर अर्थात् ४३२०००० तेंतालीस लाख बीस हजार वर्ष तक पृथिवीका शासन किया था। ऊपर स्वायम्भुवादि चौदह मनुओंका हाल लिखा जा चुका है। उनमेंसे सप्तम वैवस्वत मनुका वर्त्तमान अधिकार है। इन्होंने अपनी धार्मिकताके कारण प्राचीनकालमें ईश्वरका विशेष अनुग्रह लाभ किया था। उस समय सभी जगद्वासी अधर्माचरणमें लिप्त थे। शतपथ ब्राह्मणमें महाप्रलयका विस्तृत विवरण लिखा है। उसमें मनुका भी उपाख्यान कीर्त्तित हुआ है। प्रलयका विषय इन्हें मत्स्य द्वारा पहले हीसे मालूम था। मत्स्यरूपी भगवान्ने उन्हें एक जहाज बना कर आत्मरक्षा करने कह दिया था। जब प्रलयकाल उपस्थित हुआ, तब भगवान्के कथनानुसार एक मछली आई और उसीने जहाजको

खींच कर मनु आदिकी रक्षा की थी। आगे चल कर मनु द्वारा पुनः जगत्में मनुष्य जातिकी सृष्टि हुई।

मत्स्य (अवतार) देखो।

हिब्रु लोगोंके निकट यही मनु नोआ (Noah) नामसे प्रसिद्ध हैं।

वाइविलमें नोआका उपाख्यान इस प्रकार लिखा है, मानव-सृष्टि और उसकी रक्षाके लिये भगवान्ने कुछ पेट्रियार्क (प्रजापति) नियुक्त किये। नोआ उन्हींमेंसे एक थे। इनके पिताका नाम लामेक (Lamech) था। इनकी आयु ९५० वर्षमें शेष हुई थी।

जीवनकालके पांच सौ वर्ष वीतने पर नोआके श्याम, हाम और जाफेथ नामक तीन पुत्र उत्पन्न हुए। इस समय प्रजावृद्धिके कारण धरा भाराक्रान्त हो गई थी। नरनारियोंके प्रेमोन्माद, कामुकता, आपसमें ईर्षा और ईश्वरके प्रति अनुरक्ति प्रयुक्त समस्त धरावासीने आसुरिक-भाव धारण कर लिया था। जगदीश्वरने ऐसी विलक्षणता देख पापप्रवाहको दूर करनेके लिये जगत्का नाश करना चाहा। इसकी सूचना उन्होंने अपने प्रिय और भक्त नोआको पहले ही दे दी थी और यह भी कह दिया था कि जब जगद्विनाशका समय आ पहुंचे तव तुम एक जहाज (Ark) बना कर आत्मरक्षा करना। अनन्तर जब वह भीषण काल उपस्थित हुआ, तव नोआने भगवान्के आदेशानुसार जगत्के समस्त पदार्थोंको जहाज पर रखा और आप भी सपरिवार उस पर जा बैठे। क्रमशः प्रलय प्लावनसे धरा परिलुप्त होने लगी। नोआका जहाज ईश्वरकी कृपासे धीरे धीरे आराएट गिरिश्रृङ्गमें जा लगा। यहां वे सपरिवार जहाज परसे उतरे और ईश्वरकी तृप्तिके लिये यज्ञ करने लगे। जगदीश्वरने उनकी पूजासे संतुष्ट हो आश्वासवाक्यमें उन्हें अभयदान दिया। महाप्लावनके वाद नोआने प्रायः ३५० वर्ष जीवित रह कर धराधाममें प्रजाकी यथेष्ट वृद्धि की। (Genesis V-IX)

भिन्न भिन्न प्राचीन जातिके निकट नोआ भिन्न भिन्न नामसे प्रसिद्ध थे। इसका प्रमाण उन सव जातियोंका धर्मग्रन्थ ही है। वालवेकवासियोंके मतसे केराक (Kerak) ग्रामके दक्षिण वेकाया अथवा सिलोसिरियाके समतल क्षेत्र पर नोआका समाधि-मन्दिर विद्यमान है। वहां १० फुट लम्बा, ३ फुट चौड़ा और २ फुट ऊँचा एक पत्थरका स्तम्भ गड़ा हुआ है। उक्त समाधि-मन्दिर प्रायः ६० फुट ऊँचा है। इस सुवृहत् अट्टालिकाकी वनावट भी देखने लायक है। यह जनसाधारणके निकट एक तीर्थक्षेत्ररूपमें गिना जाता है। यहांसे चार मीलकी दूरी पर हार्मिस निका (Hermes Nicha)-का भग्न मन्दिर देखा जाता है। हार्मिस निकाको ग्रीक और रोमकगण जलदेवता (Mercury) मानते हैं। वाइविल ग्रन्थके नोआ मुसलमानोंके निकट नू' (Nuh) नामसे परिचित हैं। वाविलन वा कालदियाके अधिवासियोंके वेरोससवासी जिशुथ्रुस (Xisuthros) अथवा शिशुथ्रुस (Sisuthros)-के साथ वाइविलके नोआ हिंदूशास्त्रोक्त मनुकी बहुत कुछ सदृशता देखी जाती है। ये ही लिडियानके निकट मौस (Maus), फ्रिजियानद्के निकट 'नोए' (Noe) और ग्रीकके निकट देउकलियन (Deucalion) नामसे प्रसिद्ध हैं।

महाप्रलयके सम्बन्धमें कालदियन (Chaladaen) जातिका जो उपाख्यान लिपिबद्ध है वह हिब्रू वाइबिलके जेनेसिस ग्रन्थमें लिखित घटनाके साथ बहुत कुछ मिलता जुलता है। कालदियोंके शिशुथ्रुस और आकाडियावासी नोआने अपने असाधारण पवित्र चरित्र गुणसे महाप्लावनसे रक्षा पाई थी। किन्तु शेष सभी मनुष्य अपने पापके प्रायश्चित्तस्वरूप जलमें डूब कर प्राण खो बैठे। उक्त महाप्लावनके समय जिस निजिर (Land of Nizir) नामक स्थानमें शिशुथ्रुसका जहाज लगा था वह भी वाविलनके उत्तर पूर्वकोणमें पोर माम नामक पर्वतके मध्य अवस्थित था।

७ विष्णु। ८ मननप्रधान विद्वान्। ९ अन्तःकरण, मन। १० कुशाश्वके एक पुत्रका नाम। ११ अग्नि, आग। १२ एक रुद्रका नाम। १३ चौदहकी संख्या। १४ ब्रह्मा।

मनु (हिं० अव्य०) जैसे, मानो।

मनुआँ (हिं० पु०) १ मन। २ मनुष्य। ३ नरमा, देवकपास।

मनुकुलादित्य—एक राजाकी उपाधि। इनकी आज्ञानुसार सर्वज्ञात्माने संक्षेपशारीरककी रचना की।

मनुग (सं० पु०) मनुके पौत्र, प्रियव्रतके पुत्र द्युतिमान और द्युतिमानके पुत्र मनुग। (मार्क० ५३।३३)

मनुचेहर—फारसके पिसदादीय-वंशीय एक राजा। ये फराडुनके बाद राज-सिंहासन पर बैठे। ये सच्चरित्र और धार्मिक थे। इनके प्रधान मन्त्री शामके साहस और बुद्धिकौशलसे फारस राज्यको बहुत कुछ उन्नति हुई। एक सौ बीस वर्ष राज्य करने पर मनुचेहरकी मृत्यु हुई। इनके पुत्र नौजाके राजत्वकालमें तुराणराज पशदेने फारस पर चढ़ाई की।

मनुज—एक प्राचीन ग्रन्थकार। इन्होंने वैद्यसर्वस्व नामक एक पुस्तक लिखी।

मनुज (सं० पु०) मनोर्जात इति जन-ड। १ मनुष्य, आदमी। मनुसे उत्पत्ति हुई है इसलिये मनुज कहा जाता है।

मनुजपति (सं० पु०) मनुजानां पतिः। मनुष्योंके अधिपति, राजा।

मनुजलोक (सं० पु०) मनुष्यलोक।

मनुजात (सं० पु०) मनु वा मानवसे उत्पन्न।

मनुजात्मज (सं० पु०) १ मानव। स्त्रियां टाप्। २ नारी, स्त्री।

मनुजाद (सं० त्रि०) १ नर-भक्षक, मनुष्योंको खाने वाला। (पु०) २ राक्षस।

मनुजाधिप (सं० पु०) मनुजानां अधिपः ६-तत्। मनुष्योंके अधिपति, राजा।

मनुजी (सं० स्त्री०) मनुज गौरादित्वात् ङीष्। मानुषी, स्त्री।

मनुजेन्द्र (सं० पु०) मनुजानां इन्द्रः। मनुष्योंके राजा।

मनुज्येष्ठ (सं० पु०) १ असि, तलवार। २ वृद्ध, बूढ़ा। ३ दण्डभेद, लाठी।

मनुत्व (सं० पु०) मनोर्भावः त्व। मनुका भाव या धर्म।

मनुप्रीत (सं० पु०) मनु कर्त्तृक प्रीत, मनुष्यमें प्रीति या दोस्ती।

मनुभू (सं० पु०) मनोर्भवतीति भू-क्विप्, मनुर्भूरुत्पत्ति स्थानं यस्येति वा। मनुष्य, आदमी।

मनुयुग (सं० क्ली०) मन्वंतर, मनुपरिमित कालविशेष। मनु और मन्वन्तर देखो।

मनुराज (सं० पु०) मनु मानव इव राजते इति राज-क्विप्। कुबेर।

मनुर्हित (सं० त्रि०) मनुना हितं। १ मनु अर्थात् ब्रह्म द्वारा हित, ब्रह्ममें अवस्थापित। २ मनुष्योंके हित या दोस्त।

मनुवत् (सं० अव्य०) मनुरिव इवार्थे वति। मनुके जैसा।

मनुवृत (सं० त्रि०) मनुष्य कर्त्तृक निर्व्वाचित वा नियुक्त।

मनुश्रेष्ठ (सं० पु०) विष्णु।

मनुष (सं० पु०) १ मनुष्य, आदमी। २ पति। मनुष्य देखो।

मनुषी (सं० स्त्री०) मनुष्यस्य स्त्री, मनुष्य (हयगवयमुकयमनुष्यमत्स्या नाम प्रतिषेधः। पा ४।१।६३) इत्यस्य वार्त्तिकोक्त्या ङीष्, (हलस्तद्धितस्य। पा ६।४।१५०) इति यलोपः। मानुषी, स्त्री।

मनुषेन्द्र (सं० पु०) मनुजेंद्र, मनुष्योंके राजा।

मनुष्य (सं० पु०) मनोरपत्यमिति मनु (मनोर्जातावञ्यतौ युकच्। पा ४।१।१६१) इति यत् युगागमश्च। मनुका अपत्य। पर्याय—मर्त्य, मानुष, मनुज, मानव, नर, भूमिज, द्विपद, चेतन, भुस्थ, मनु, पञ्चजन, पुरुष, पूरुष, पुमान्, ना, मर्ण, विट्। (जटाधर) २ ब्रह्माकी नौ प्रकारकी सृष्टियोंमेंसे एक।

"अर्वाक्स्रोतस्तु नवमः क्षत्तरेकविधो नृणाम्।
रजोऽधिकाः कर्मपरा दुःखे च सुखमानिनः॥"
(भागवत ३।१०।२४)

सृष्टि चार तरहकी है, यथा—जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज। इनमेंसे मनुष्य जरायुजसृष्टिके हैं। मनुष्यजन्मके सिवा जीवकी मुक्ति नहीं हो सकती। जन्म होने पर मनुष्यको चाहिये, कि वे मुक्तिके

लिये कोशिश करें। पुराण आदिमें लिखा है, कि लाखों जन्मके बाद मनुष्यजन्म होता है। अग्निपुराणमें लिखा है,—

“चिन्तुक्तिहेतुकान्या तु नरयोनिः कृतात्मताम् ।
ना मुञ्चन्ति हि संसारे विभ्रान्तमनसो गताः ॥
जीवा मनुष्यतां मन्ये जन्म नामयुतैरपि ।
नरोहक् दुर्लभं प्राप्य मुक्तिद्वारं विचेतसः ॥ इत्यादि

(अग्निपु० सर्गकथन नामाध्याय)

पुण्यात्माओंके मुक्तिके लिये ही मनुष्यजन्म होता है। जो मनुष्यजन्म पा कर मुक्तिके लिये यत्न नहीं करते, महामायाभिभूत हो कर संसारमें विचरण करते हैं उनका जन्म ही निष्फल है। मनुष्योंके पिता, माता, भ्राता सभी भगवान् श्रीहरि हैं।

“मनुष्याणां पिता माता भ्राता च श्रीहरिर्यथा ।
विशेषता मनुष्याणां पिता माता जनार्द्दनः ॥
भ्राता च सर्व्वलोकानां वात्सल्यगुणसागरः ॥”

(पाद्मोत्तरख० ७८ अ०)

सात्त्विक, राजसिक और तामसिक भेदानुसार मनुष्य तीन प्रकारके हैं। जिस मनुष्यकी प्रकृति सत्त्वबहुला है वे सात्त्विक, रजगुणाधिक्य प्रकृतिवाले राजसिक और जिनकी प्रकृतिमें तमोगुण अधिक है वे तामसिक हैं। सत्त्व, रज और तम इन तीनोंके मिलनेसे ही काम काज चलता है। फिर भी जिनमें जिस गुणकी प्रबलता रहती है उनके अन्य दो गुण अप्रवल भावमें उस प्रबल गुणकी ही सहायता करते हैं।

जिस प्रकार वायु, पित्त और कफ ये तीनों ही शरीर धारणके उपयोगी हैं, फिर भी इनमें जब कोई एक प्रवल हो जाता है उस समय अन्य दो भी प्रवलको सहायता करते हैं, उसी प्रकार मनुष्यके सम्बन्धमें भी जानना चाहिये।

“ऊर्द्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥”

(गीता १४ अ०) मानव शब्द देखो।

(त्रि०) २ स्तुतिकारक, स्तुति करनेवाला। ३ मनुष्य सम्बन्धी। ४ मनुष्योंका हित या दोस्त।

मनुष्यकार (सं० पु०) मनुष्यकारः। पुरुषकार, पुरुषोंकी की हुई चेष्टा।

मनुष्यकिल्विष (सं०) मनुष्यस्य किल्विषं। मनुष्योंके पाप।

मनुष्यकृत (सं० त्रि०) मनुष्यैः कृतः। मनुष्य द्वारा किया हुआ अच्छा-खराब।

मनुष्यगति (सं० स्त्री०) जैन शास्त्रानुसार एक कर्म। इसके करनेसे मनुष्य बार बार मर कर मनुष्य होकर जन्म पाता है। ऐसे कर्म पर-स्त्रीगमन, मांसभक्षण, चोरी आदि बतलाए गए हैं।

मनुष्यगन्धर्व (सं० पु०) मानवरूपी गंधर्व।

मनुष्यचर (सं० त्रि०) मनुष्यके साथ व्यवहारशील।

मनुष्यच्छन्दस् (सं० क्ली०) मनुष्यछन्दभेद।

(तैत्तिसं ५।४।८।६।१)

मनुष्यज (सं० त्रि०) मनुष्यात् जायते जन ड। मनुष्यसे उत्पन्न।

मनुष्यता (सं० स्त्री०) मनुष्यस्य भावः तल्-टाप्। १ मनुष्यत्व, मनुष्यका भाव या धर्म। २ सभ्यता, आदमीयत। ३ दयाभाव; चित्तकी कोमलता।

मनुष्यत्रा (सं० अव्य०) मनुष्यके बीच।

मनुष्यत्व (सं० क्ली०) मनुष्यस्य भावः त्व। मनुष्यका भाव या धर्म।

मनुष्यदेव (सं० पु०) मनुष्येषु देव इव। नरदेव, राजा।

मनुष्यधर्मन् (सं० पु०) मनुष्येव धर्म आचारो यस्य (धर्मादनिच् केवलात्। पा ५।४।१२४) इति समासान्तो अनिच्। कुबेर।

मनुष्ययज्ञ (सं० पु० मनुष्येभ्यो मनुष्यार्थं यो यज्ञः। पांच महायज्ञोंमेंसे एक यज्ञ। अतिथिपूजन, नृयज्ञ। अतिथि-सत्कारको ही मनुष्ययज्ञ कहते हैं। गृहस्थको प्रतिदिन पञ्च महायज्ञका अनुष्ठान करना चाहिये। इसके करनेसे पञ्चसूनाकृत पाप दूर होते हैं।

पञ्चमहायज्ञ देखो।

मनुष्यरथ (सं० पु०) मनुष्यके व्यवहारोपयोगी रथविशेष, वह रथ जिसे मनुष्य खींचते हों।

मनुष्यराज (सं० पु०) मनुष्याणां राजा, 'राजाहः सखिभ्यष्टच्' इति टच्। मनुष्योंके राजा, मनुष्येन्द्र।

मनुष्यराशि (सं० स्त्री०) कन्याराशि।

मनुष्यलोक (सं० पु०) नृलोक, पृथिवी।

मनुष्यविश् (सं० स्त्री०) मनुष्यलोक, भूलोक।

मनुष्यसभा (सं० स्त्री०) मनुष्य समूह, जहां मनुष्योंका ढेर हो।

मनुष्यसव (सं० पु०) १ नरमेधयज्ञ। २ मनुष्यकृत-यज्ञ, मनुष्य द्वारा किया हुआ यज्ञ।

मनुष्येन्द्र (सं० पु०) मनुष्याणामिन्द्रः ६ तत्। मानवोंके इन्द्र, मनुष्योंके राजा।

मनुष्वत् (सं० अव्य०) मनुके यज्ञ सदृश।

मनुसंहिता—मानव-धर्मशास्त्र। स्मृतियोंमें सर्वप्रधान स्मृति मनुसंहिता ही है। मनुके साथ मनुष्योंके अनेक प्रकारके सम्बन्ध हैं। ब्रह्माके पुत्र मनु, मनुष्योंके आदि पुरुष मनु, स्वायम्भुव आदि चतुर्दश मनु, सूर्यपुत्र मनु, पृथिवीके प्रथम राजा मनु, धर्मसूत्रके प्रणेता मनु, इस प्रकार अनेक मनुओंके नाम पाये जाते हैं। परन्तु किस मनुने मनुसंहिताकी रचना की इसका निर्णय करना कठिन है। लिखा है, कि संसारी मनुष्योंके जानने तथा करनेयोग्य विषयोंका उपदेश मनुने अपने शिष्योंको दिया था। पीछेसे शिष्योंने उन्हीं उपदेशोंको लिपिवद्ध कर दिया।

मनुविरचित इस संहिताका काल निर्णय करनेमें प्रत्नतत्त्वविद् महाभ्रममें पड़े हुए हैं। डाः हण्टर आदिके मतसे यह संहिता ईसाजन्मसे पहले ५वीं शताब्दीमें रची गई। डाः काल्डवेल, एलफिन्स्टन आदि इसका रचना-काल ईसाजन्मसे पहले ६वीं शताब्दीके किसी समय वतलाते हैं। सर विलियम जोन्स और अध्यापक विलसनका कहना है, कि ईसाजन्मसे ८वीं शताब्दी पहले इसका कोई अंश संगृहीत हुआ था। वौद्धयुगके समसामयिक कालमें अथवा उसके परवर्त्ती समयमें भी कोई कोई अंश रचा गया। उक्त अध्यापकके मतसे ईसा जन्मसे पहले दूसरी शताब्दीसे मनुसंहिताने वर्त्तमान आकार धारण किया है। विलसन साहव यह भी कहते हैं, कि उक्त संहिता पढ़नेसे मालूम होता है, कि उसके स्मृतिनिवन्ध प्राचीन स्मृति पुस्तकके अं[illegible] हैं। महर्षि कपिल द्वारा प्रणीत सांख्यदर्शनके परवर्त्ती समयमें भी इसका कुछ अंश संयोजित हुआ। शिव और कृष्ण चरित्रका कोई उल्लेख न रहनेसे उसका कुछ अंश रामायण और महाभारतके पहलेका मालूम होता है। कारण, रामायण और महाभारतमें भी इसकी श्लोक-संख्या उद्धृत हुई है। फिर कहीं पर वैदिक युगकी उन्नतिके प्रकृष्ट निदर्शन भी दिखाई देते हैं। महर्षि भृगुने वर्त्तमान मनुसंहिताका प्रचार किया, इस कारण वह भृगुसंहिता नामसे भी प्रसिद्ध है। वहुतोंका विश्वास है, कि मानव गृह्यसूत्र और मानवधर्मसूत्रके आधार पर वर्त्तमान संहिता रची गई है। किन्तु आश्चर्यका विषय है, कि याज्ञवल्क्य संहिताके साथ मानवगृह्यसूत्रके अनेक विषयोंमें मेल रहने पर भी मनुसंहिताके साथ अनेक विषयोंमें मेल नहीं देखा जाता।

इस संहितामें जगतकी उत्पत्तिका विवरण, गुरुका अभिवादन और स्नानविधि, दाराधिगमन, विवाह और विवाह लक्षण, महायज्ञ विधान, सनातन श्राद्धविधान, ब्राह्मण आदि चतुर्वर्णोंकी जीविकाके लक्षण, गृहस्थका कर्त्तव्य, भक्ष्याभक्ष्यविचार, शौच, द्रव्य आदिकी शुद्धि, स्त्री-धर्म, यति-संन्यासी और राजाओंके धर्म, ऋणदान आदिका विचार निर्णय, साक्षियोंका प्रश्नविधान, स्त्री और पुरुषका धर्म, दायभाग, द्यूतक्रीड़ा तस्कर आदिको दण्डविधान, वैश्य और शूद्रका कर्त्तव्य विधान, सङ्कर जातियोंका उत्पत्ति विवरण, चतुर्वर्णोंका आपद्धर्म, प्रायश्चित्तविधि, कर्मजनित देहान्तर प्राप्तिरूप उत्तम मध्यम अधम त्रिविधि गति, मोक्षोपाय, कर्मोंका दोष और गुण, देशधर्म, जातिधर्म, कुलधर्म और और वेदविरोधी पाखण्डियोंके धर्म आदि विवेचित हुए हैं। मनुसंहिताके कर्त्ता महर्षि मनु हैं, ऐसा वहुतोंका विश्वास है। परंतु सच्ची वात यह नहीं है। मनुसंहितामें देखा जाता है, कि महर्षि मनुने अपने शिष्योंको जो शास्त्रतत्त्व वतलाये थ, कुछ दिनों तक ये उपदेश गुरु परम्परासे प्रचलित थे। अंतमें उन्हीं उपदेशोंको किसी शिष्यने लिपिवद्ध किया। आज कलकी प्रचलित मनुसंहिता मनु रचित नहीं है यह वात मनु[illegible]

प्रथम अध्यायके अंतिम श्लोकसे झलकती है। महर्षि मनुके किसी शिष्यने इस शास्त्रका जिस प्रकार वर्णन किया है उससे यह बात स्पष्ट ही मालूम होती है। मनुस्मृतिके प्रथम अध्यायका अंतिम श्लोक यह है—

"यथेदमुक्तवान् शास्त्रं पुरा पृष्टो मनुर्मया।
तथेदं यूयमप्यद्य मत्सकाशान्निबोधत॥"

अर्थात् प्राचीनकालमें भगवान् मनुने हमारे प्रश्नके उत्तरमें जो शास्त्र कहा है, वही मैं यथायथरूपसे कहता हूं। मनुसंहिताके अन्तिम श्लोकसे भी यही बात पाई जाती है। "इत्येतन्मानवं शास्त्रं भृगुप्रोक्तं पठन् द्विजः" अर्थात् मनुके शिष्य भृगुने जिस शास्त्रका प्रचार किया था उसीका नाम मनुसंहिता है। इससे यह बात भी समझी जाती है, कि मनुके बाद ये उपदेश लिपिबद्ध किये गये थे। वे उपदेश पहले सूत्ररूपमें 'मानव धर्मसूत्र' नामसे प्रसिद्ध थे। वे ही आगे चल कर संहिताके आकारमें ग्रथित हुए। यह मनुसंहिता वेदानुकूल है। यथा—

"वेदार्थोपनिबन्धत्वात्प्राधान्यं हि मनोः स्मृतेः।
मन्वर्थविपरीता च या स्मृतिः सा न शस्यते॥"

सुतरां इससे मनुस्मृतिकी प्रधानता प्रतिपन्न होती है। मनुसंहिता बारह अध्यायोंमें समाप्त है। कुल मिला कर २७०४ श्लोक हैं। इसके आरम्भमें सृष्टिका विवरण दिया गया है। यथा—

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम्।
अप्रत्यर्कमविज्ञेयंप्रसुप्तमिव सर्वतः॥" (मनु १।५)

मनुस् (सं० पु०) मन्यते जानातीति मन-ज्ञाने उसि-नित् च। मनु, प्रजापति।

मनुसव (सं० पु०) मनु वा मनुष्यकृत यज्ञ।

मनुसाई (हिं० स्त्री०) १ पुरुषार्थ, बहादुरी। २ मनुष्यता, आदमीयत।

मनुस्मृति (सं० स्त्री०) मनु-प्रणीत एक धर्म-ग्रन्थ। कहा जाता है, कि पहले मनुस्मृतिमें एक लाख श्लोक थे। फिर बारह हजार श्लोकोंमें उसका संक्षेप किया गया। आज कलकी मनुस्मृतिमें ढ़ाई हजारसे कुछ ही अधिक श्लोक मिलते हैं। यह भृगु-प्रोक्त कहलाती है और इसमें बारह अध्याय हैं। इसमें सृष्टिकी उत्पत्ति, संस्कार, नित्य और नैमित्तिक कर्म, आश्रम, धर्म, राजधर्म, वर्णधर्म, प्रायश्चित्त आदि विषयोंका वर्णन है। इसके अलावा एक नारद-प्रोक्त मनुसंहिताका पता चलता है पर वह पूरी नहीं मिलती।

विशेष विवरण मनु शब्दमें देखो।

मनुहार (हिं० स्त्री०) १ मनौआ, खुशामद, वह विनती जो किसीका मान छुड़ाने वा क्रोध शांत करके उसे प्रसन्न करनेके लिये की जाती है। २ सत्कार, आदर। ३ विनय, प्रार्थना।

मनुहारना (हिं० क्रि०) १ खुशामद करना, मनाना। २ सत्कार करना, आदर करना। ३ विनय करना।

मनूरी (अ० स्त्री०) एक प्रकारकी बुकनी। यह मुरादाबादी कलईके बरतनोंको उजला करनेके काममें आती है। यह धातुओंको गलानेके पुराने घरियोंको कूट कर बनाई जाती है।

मनेजर (अं० पु०) प्रबन्धकर्त्ता, किसी कार्यालय आदिका वह प्रधान अधिकारी जिसका काम सब प्रकारकी व्यवस्था और देख-रेख करना हो।

मनेय—हसनपुर परगनाके खुदियानाला नामक एक छोटी नदीके किनारे अवस्थित एक स्थान। आजकल इसे मिनिया कहते हैं। यह भुइलादीसे ३४ मील पूर्व दक्षिण-पूर्वमें अवस्थित है।

युवराज सिद्धार्थ (बुद्ध)-ने अपने अनुचर छन्दकके साथ मनेय नामक स्थानमें घोड़े पर चढ़ कर अवनी नदीको पार किया था। मनेयकोरा नदी वर्त्तमान रामग्रामसे तीन कोस पूर्वमें है। पुराना मनेय शहर वर्त्तमान मनेय नामक गांवसे प्रायः आध कोसकी दूरी पर था। यहां आजकल स्तूपाकार ध्वंसावशेष देखा जाता है जिसे वहांके लोग 'तमेश्वर दी' कहते हैं। क्योंकि इस ऊंचे स्थान पर तमेश्वरनाथ नामक शिवलिङ्ग स्थापित है। यहां 'तमेश्वर सागर' नामकी एक चतुष्कोण पुष्करिणी भी है। उक्त शिवलिङ्गका दूसरा नाम मन है, सम्भवतः उक्त मनेश्वर शिवलिङ्गके नाम पर ही मनेय नाम हुआ है।

मनोक—एक प्राचीन कवि।

मनोकामना (हिं० स्त्री०) इच्छा, अभिलाषा।

मनोगत (सं० त्रि०) मनो गतः। मनःस्थित, मनमें जो है।

मनोगति (सं० स्त्री०) मनसः गतिः ६-तत् । १ मनकी गति, चित्त वृत्ति । २ आन्तरिक अभीष्ट, ख्वाहिश ।

मनोगवी (सं० स्त्री०) इच्छा, अभिलाषा ।

मनोगुप्ता (सं० स्त्री०) मनसा मनः शब्देन गुप्तेव । मनःशिला, मैनसिल ।

मनोगुप्ति (सं० स्त्री०) जैन शास्त्रानुसार मनको अशुभ वृत्तिसे हटानेकी क्रिया या भाव ।

मनोग्रहण (सं० क्ली०) मनसः ग्रहणम् । १ मनका ग्रहण, मनको लेना । २ मन द्वारा ग्रहण, सुख दुःखका भागी ।

मनोग्राहिन् (सं० त्रि०) मनसा गृह्णातीति ग्रह-णिनि । मन द्वारा ग्रहणकारी, मनसे ग्रहण करनेवाला ।

मनोग्राह्य (सं० त्रि०) मनसा ग्राह्यः । सुख दुःखादि । सुख दुःख आदिका मनमें ही अनुभव होता है इसलिये यह मनोग्राह्य है ।

मनोज (सं० पु०) मनसि जातः जन-ड । मनसिज, कामदेव ।

मनोजन्मन् (सं० पु०) मनसो जन्म यस्य । कन्दर्प ।

मनोजव (सं० पु०) मनस इव जवोऽस्य, एकदैव सर्वगामित्वात् तथात्वं । १ विष्णु । मनसश्चित्तस्य जवः । २ मनका वेग । ३ अनिल वा वायुकी पत्नी शिवासे उत्पन्न एक पुत्रका नाम । ४ रुद्रके एक पुत्रका नाम । ५ तीर्थभेद । भागवतके अनुसार इस तीर्थमें स्नान करनेसे सहस्र गो-दानका फल होता है । ६ छठे मन्वन्तरमें होनेवाले इन्द्र । ७ मेधातिथिके एक पुत्रका नाम । मनो जवं वेगवद् यस्मिन्, यद्वा मनो जवति पितार्यामिति कृत्वा धावत्यस्मिन जु-सौत्रधातुः अच् । ८ पितृतुल्य । पर्याय—पितृ-सन्निभ । ९ अतिशय वेगवान् ।

मनोजवस् (सं० त्रि०) मनके समान वेगवान्, वेगशाली ।

मनोजवस (सं० त्रि०) मनोजवत्यस्मिन्, जु-वाहुलकात् असच् । पितृसन्निभ, पितृतुल्य ।

मनोजवा (सं० स्त्री०) मनो जवत्यत्रेति, जु-अच्, टाप् । १ अग्निजिह्वा वृक्ष, करियारीका पेड़ । २ वह्निजिह्वाविशेष, मार्कण्डेयपुराणानुसार अग्निकी जिह्वाका नाम । ३ स्कन्दकी माताका नाम । ४ क्रौञ्च द्वीपकी एक नदीका नाम । मन इव जवो यस्याः । ५ वेगविशिष्टा स्त्री ।

मनोजविन् (सं० त्रि०) मन इव जवोऽस्त्यस्येति इनि । मनोजव, मनके जैसा वेगयुक्त ।

मनोजवृद्धि (सं० स्त्री०) मनोजस्य कामस्य वृद्धिर्यस्मात् । १ कामवृद्धि नामक क्षुप । इसे कर्णाटमें कामज कहते हैं । मनोजस्य वृद्धिः । २ कामवृद्धि ।

मनोजात (सं० त्रि०) मनसि जातः । मनोत्पन्न, मनमें जो हो । दर्शन, श्रवणादि इच्छारूप । मनमें जो उत्पन्न हो उसीको मनोजात कहते हैं ।

मनोजिघ्र (सं० त्रि०) अनुमानलब्ध, जिसका अंदाजा लगाया गया हो ।

मनोजू (सं० त्रि०) मन इव जवने जु-क्विप् । मनके जैसा वेगवाला ।

मनोज्ञ (सं० क्ली०) मनो जानाति ज्ञापयति तोषयतीति अन्तर्भूतण्यर्थे ज्ञा क । १ सरलकाष्ठ, सीधी लकड़ी । (त्रि० मनसा जानातीति, यद्वा मनः ज्ञापयति तोषयतीति ज्ञा-क । २ मनोहर । पर्याय—सुन्दर, रुचिर, चारु, सुषम, साधु, शोभन, कांत, मनोरम, रुच्य, मञ्जु, वंधुर, बंधूर, पेशल, पेषल, सुमनस् वाम, अभिराम, नन्दित । (शब्दरत्ना०) ३ कुन्दपुष्प, कुंद नामक फूल ।

मनोज्ञता (सं० स्त्री०) मनोज्ञस्य भावः तल-टाप् । मनोज्ञका भाव या धर्म, खूबसूरती, सुन्दरता ।

मनोज्ञशब्दाभिवर्ज्जित (सं० पु०) कंसभेद ।

मनोज्ञस्वर (सं० पु०) गंधर्वभेद, सुन्दर स्वर ।

मनोज्ञा (सं० स्त्री०) मनोज्ञ-स्त्रियां टाप् । १ मनोहरा, सुन्दरी । २ मनःशिला, मैनसिल । ३ राजपुत्री । ४ वन्ध्या कर्कोटका, बांझ ककोड़ा । ५ आवर्त्तकी । ६ स्थूलजीरक, मंगरैला । ७ जातीपुष्प, जावित्रीका फूल । ८ मदिरा, शराब ।

मनोतृ (सं० त्रि०) १ प्रज्ञाता, अच्छी तरह जाननेवाला । २ मानयिता, माननेयोग्य । ३ दाता, देनेवाला ।

मनोदण्ड (सं० क्ली०) मानसिक वृत्तिनिरोधशक्ति, मनकी वृत्तियोंका निरोध, चित्तकी चंचलताको रोक कर एकाग्र करना ।

मनोदत्त (सं० त्रि०) चितामें अभिनिविष्ट, चितामें लिप्त ।

मनोदत्त—कलादीक्षा नामक ग्रंथके रचयिता ।

मनोदाहिन् (सं० त्रि०) मनस् दह-णिनि । मनःपीड़ादायक, मनको जलानेवाला ।

मनोदुष्ट (सं० त्रि०) मनसा दुष्टः । मनः द्वारा कलुषित, जिसका अंतःकरण कलुषित हो, दुष्ट या खराब हृदयवाला । मनुमें लिखा है,—

"मृत्तोयैः शुध्यते शोध्यं नदी वेगेन शुध्यति ।
रजसा स्त्रीमनोदुष्टा संन्यासेन द्विजोत्तमः ॥"

(मनु ५।१०८)

'मनोदुष्टा परपुरुषमैथुनसंकल्पादिदूषितमानसा ।'

(कुल्लूक)

मनोदेवता (सं० पु०) अंतरात्मा, विवेक ।

मनोऽधिनाथ (सं० पु०) प्राणपति, स्वामी ।

मनोधर—काव्यदर्पण नामक काव्यप्रकाश टीकाके प्रणेता ।

मनोधृत (सं० त्रि०) संयतमनस्क, जितेंद्रिय ।

मनोध्यान (सं० पु०) सम्पूर्ण जातिका एक राग । इसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं ।

मनोऽनवस्थान (सं० क्ली०) मनसः अनवस्थानं । चित्तकी अनवधानता ।

मनोनाश (सं० पु०) मनसा नाशः । मनका नाश, मनोलय । जब जीवकी मुक्ति होती है तब मन अहंकारमें लीन हो जाता है ।

मनोनिग्रह (सं० पु०) चित्तकी वृत्तियोंका निरोध, मनको वशमें रखना ।

मनोनीत (सं० त्रि०) १ पसंद, जो मनके अनुकूल हो । २ चुना हुआ ।

मनोऽनुग (सं० त्रि०) मनसा अनुगच्छति मनस् अनु-गम-ड । हृदयानुग, मनका अनुगामी ।

मनोऽपहारिन् (सं० त्रि०) मनः अपहरति हृ-णिनि । मनोहारी, मनको हरनेवाला ।

मनोभव (सं० पु०) मनसः मनसि वा भवतीति भू-अच्, मनसः भव, उत्पत्तिर्यस्येति वा । १ कन्दर्प । (त्रि०) २ मनमें उत्पन्न ।

मनोऽभिप्राय (सं० पु०) मनसः अभिप्रायः । मनका अभिप्राय, इच्छा ।

मनोऽभिराम (सं० पु०) मनसः अभिरामः । मनोज्ञ, सुन्दर ।

मनोभिराम—जन्मपद्धतिके प्रणेता ।

मनोभू (सं० पु०) मनसः मनसि वा भवतीति भू-क्विप् । कामदेव, मदन ।

मनोभृत (सं० त्रि०) मनका पोषणकारी, चन्द्रमा ।

मनोमथन (सं० पु०) मदन, कामदेव ।

मनोमय (सं० त्रि०) मनस्-स्वरूपार्थे मयट् । मनोरूप, मानसिक ।

मनोमयकोश (सं० पु०) वेदांत शास्त्रानुसार पांच कोशोंमेंसे तीसरा कोश । मन, अहंकार और कर्मेन्द्रियां इस कोशके अंतर्भूत मानी जाती हैं । इसे बौद्ध-दर्शनमें संज्ञास्कन्ध कहते हैं ।

मनोमुषि (सं० पु०) आध्यात्मिकादि तापक्लिष्ट मन, वह मन जो आध्यात्मिका तापसे संतप्त हो ।

मनोमुह (सं० त्रि०) उन्मादकारी, मनोमोहनकारी, मनको प्रसन्न करनेवाला ।

मनोयायिन् (सं० त्रि०) १ इच्छानुसार गमनकारी, स्वेच्छासे भ्रमण करनेवाला । २ शीघ्रगामी, तेज जानेवाला ।

मनोयुज् (सं० त्रि०) मनसा युज्यते युज्-क्विप् । मनसे युक्त ।

मनोयोग (सं० पु०) चित्तकी वृत्तिका निरोध करके एकाग्र करना और उसे एक पदार्थ पर लगाना, मनको एकाग्र करके किसी एक पदार्थ पर लगाना ।

मनोयोनि (सं० पु०) मन एव योनिरुत्पत्तिस्थानं यस्य । मनोभू, कन्दर्प ।

मनोरञ्जन (सं० क्ली०) मनसः रञ्जनं । १ मनका तुष्टिसम्पादन, मनको प्रसन्न करनेकी क्रिया या भाव । २ एक बंगला मिठाईका नाम ।

मनोरथ (सं० पु०) मनसः रथ इव, मन एव रथोऽत्रेति वा इच्छा । अभिलाषा, वांछा ।

मनोरथ—१ काश्मीरपति जयापीड़ द्वारा प्रतिपालित एक कवि । २ एक प्रसिद्ध बौद्धस्थविर ।

मनोरथ-तृतीया (सं० स्त्री०) १ एक व्रतका नाम जो चैत शुक्ल तृतीयाको होता है । यह व्रत करनेसे मनोरथ पूरा होता है । २ चैतमासकी शुक्ल-तृतीया ।

मनोरथदायक (सं० त्रि०) १ मनोभीष्ट सफलकारी, मनोवांछित फल देनेवाला । (पु०) २ कल्पवृक्ष ।

मनोरथ-द्वादशी (सं० स्त्री०) १ चैत्रशुक्ल द्वादशी । २ एक व्रतका नाम जो चैत्र शुक्लपक्षकी द्वादशीके दिन पड़ता है ।

मनोरथद्रुम (सं० पु०) कामदेव ।

मनोरथसिद्धि (सं० स्त्री०) मनोरथस्य सिद्धिः । मनोरथकी सिद्धि, अभिलाषपूरण ।

मनोरथसृष्टि (सं० स्त्री०) काल्पनिक सृष्टि, मनगढ़ा ।

मनोरन (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी कपास ।

मनोरम (सं० त्रि०) मनो रमयतीति रम-णिच्-अण् । १ मनोज्ञ, मनोहर । (पु०) २ सखी छन्दके एक भेदका नाम । इसके प्रत्येक चरणमें चौदह मात्राएं होती हैं तथा ४, ५ और ५ पर विराम होता है । इसका मात्राक्रम २+३+२+२+३+२ और तीसरी तथा दूसरी मात्रा सदा लघु होती है ।

मनोरमा (सं० स्त्री०) मनोरम-स्त्रियां टाप् । १ गोरोचना । २ बुद्धिशक्तिविशेष, बौद्धधर्मानुसार बुद्धकी एक शक्तिका नाम । पर्याय—तारा, महाश्री, ओङ्कारा, स्वाहा, श्री, तारिणी, जया, अनन्ता, शिवा, लोकेश्वरात्मजा, खदूरवासिनी, भद्रा, वैश्या, नीलसरस्वती, शङ्खिनी, महातारा, वसुधारा, धनन्ददा, त्रिलोचना, लोचना । (त्रिका०) ३ मार्कण्डेयपुराणके अनुसार इन्दी- : नामक विद्याधरकी कन्या और गन्धर्वकी स्त्री । ४ सात सरस्वतियोंमेंसे चौथीका नाम ।

> "सुप्रभा काञ्चनाक्षी च विशाला च मनोरमा ।
> सरस्वती चौघवती सुरेणुर्विमलोदका ॥"
>
> (भारत ९।३८।४)

प्राचीनकालमें मुनियोंने सरस्वतीकी पूजा मनसे की थी इसीसे यह मनोरमा कहलाई ।

> "उद्दालकेन यजता पूर्वं ध्यात्वा सरस्वती ।
> आजगाम सरित्श्रेष्ठा तं देशमृषिकारणात् ॥
> पूज्यमाना मुनिगणैर्वल्कलाजिनसंवृतैः ।
> मनोरमेति विख्याता सा हि तैर्मनसा कृता ॥"
>
> (भारत ९।३८।२४-२५)

५ छन्दोविशेष, छन्दोमञ्जरीके अनुसार एक छन्द । इसके प्रत्येक चरणमें दश वर्ण होते हैं जिनमें पहला, दूसरा, तीसरा, सातवां और नवां लघु और शेष गुरु होते हैं । ६ मनोहरा । ७ सूदनके मतानुसार दश अक्षरोंके एक वर्णिक वृत्तका नाम । इसके प्रत्येक चरणमें तीन नगण और एक गुरु होता है । ८ केशवके मतानुसार चौदह अक्षरोंका एक वर्णिक वृत्त इसके प्रत्येक पादमें चार सगण और अन्तमें दो लघु होते हैं । ९ दश अक्षरके एक वर्णिक वृत्तका नाम । इसके प्रत्येक चरणमें नगण, रगण और अन्तमें गुरु होता है । १० महाकवि चन्द्रशेखरके अनुसार आर्याके ५७ भेदोंमेंसे एक जिनमें १२ गुरु और ३३ लघु वर्ण होते हैं । ११ केशवके मतानुसार दोधक छन्दका एक नाम । इसके प्रत्येक चरणमें चार भगण और दो गुरु होते हैं ।

मनोरा—बम्बईप्रदेशके कराची जिलान्तर्गत एक अन्तरीप । यहां १२० फुट ऊंचे पर एक आलोक-गृह है जिसका आलोक प्रायः १७ मीलसे दिखाई देता है । यह अक्षा० २४° ४८´ उ० तथा देशा० ६६° ५९´ पू०के मध्य अवस्थित है । मनोरामें अङ्गरेज और फिरिङ्गियोंका एक बालिका-मिडिल स्कूल है । अलावा इसके यहां एक अस्पताल, गिर्जा, पुस्तकालय और विलियर्ड खेलनेका स्थान है । प्रति वर्ष किसी एक पीरके स्मरणार्थ यहां मेला लगता है । मनोरा पहाड़ अति स्वास्थ्यकर स्थान है । मनोरा बन्दरकी जटीसे प्रायः डेढ़ कोस दूर रेलपथके दक्षिण एक द्वीप है । वहां जलवायु निरूपक एक मानमन्दिर देखा जाता है ।

मनोरा (हिं० पु०) दीवार या गोबरसे बनाए हुए चित्र जो कार्त्तिकके महीनेमें दिवालीके पीछे बनाए जाते हैं । स्त्रियां और छोटी छोटी लड़कियां इन्हें रंगबिरंगके फूल पत्तोंसे सजा कर प्रति दिन शामको पूजती हैं और दीपक जला कर गीत गाती जाती हैं ।

मनोराज (हिं० पु०) मानसिक कल्पना, मनकी कल्पना ।

मनोरिया (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी सिकड़ीकी जंजीर । इसकी कड़ियों पर चिकनी चपटी दाल जड़ी रहती है और घुंघरुओंके गुच्छे लगातार वंदनवारकी तरह लटकते हैं । यह जंजीर स्त्रियोंकी साड़ी वा ओढ़नीके किनारे पर उस जगह टांकी जाती है जो ओढ़ते समय ठीक सिर पर पड़ता है । घूंघट काढ़ने पर यह जंजीर मुंह और सिरके चारों ओर आ जाती है ।

मनोरी—वम्बईप्रदेशके थाना जिलान्तर्गत एक वन्दर। यह अक्षा० १९° १२' ३" उ० तथा देशा० ७२° ५०' पू०के मध्य विस्तृत है। इस नगरमें पुर्त्तगीजोंका एक प्राचीन गिर्जा है। घोड़वन्दर वाणिज्यविभागके छः वन्दरोंमेंसे मनोरी एक है।

मनोलय (सं० पु०) मनसः लयः। मनका लय, मनका नाश। प्रकृति-पुरुषके मिलने पर मन अहङ्कारमें लीन हो जाता है।

मनोली—वम्बईप्रदेशके अन्तर्गत वेलगाम जिलेका एक नगर। यह अक्षा० १५° ५१' ३०" तथा देशा० ७५° ७' पू० वेलगाम शहरसे ४२ मील पूर्वमें अवस्थित है। जनसंख्या पांच हजारसे ऊपर है। यह स्थान पशमी सूतेके कारवारके लिये प्रसिद्ध है। यहीं पर वेलसली (पीछे ड्यूक)-ने मशहूर डकैत विन्ददेव वागको वहुत खोजके वाद पकड़ा था। इस नगरमें पञ्चलिङ्गदेवके आठ मन्दिर हैं।

मनोलौल्य (सं० क्ली०) खामख्याली।

मनोवती (सं० स्त्री०) १ अप्सराभेद। २ चित्राङ्गद विद्याधरकी कन्याका नाम। ३ असुरपति सुमायकी कन्याका नाम। ४ पुराणानुसार मेरुपर्वत परके एक नगरका नाम।

मनोवाञ्छा (सं० स्त्री०) अभिलाषा, इच्छा।

मनोवाञ्छित (सं० त्रि०) इच्छित, मनमांगा।

मनोवात (सं० त्रि०) मनका वेग, चित्तकी गति।

मनोविकार (सं० पु०) मनकी वह अवस्था जिसमें किसी प्रकारका सुखद या दुःखद भाव, विचार या विकार उत्पन्न होता है।

मनोविकारकी उत्पत्ति किसी प्रकारके भाव या विचारके कारण होती है और उसके साथ मनका लक्ष किसी पदार्थ या बातकी ओर होता है। जब कोई मनोविकार उत्पन्न होता है, उस समय कुछ शारीरिक विक्रियाएं भी होती हैं; जैसे रोमाञ्च, स्वेद, कम्प आदि। परंतु ये विक्रियाएं साधारणतः इतनी सूक्ष्म होती हैं, कि दूसरोंको दिखाई नहीं देतीं। पर हां, मनोविकार यदि वहुत तीव्ररूपमें हो, तो उसके कारण होनेवाली शारीरिक विक्रियाएं अवश्य ही वहुत स्पष्ट होती हैं और अकसर मनुष्यकी आकृतिसे ही उसके मनोविकारोंका स्वरूप प्रकट हो जाता है।

मनोविज्ञान (सं० पु०) शास्त्रविशेष। इसमें चित्तकी वृत्तियोंका विवेचन होता है।

मनोविद् (सं० पु०) मनोज्ञ, वह जो मनका भाव समझ सके।

मनोविनयन (सं० क्ली०) मनःशिला।

मनोविरुद्ध (सं० त्रि०) १ जो मनके प्रतिकूल हो। (पु०) दैवपुरुषगणभेद।

मनोवृत्ति (सं० स्त्री०) मनसः वृत्तिः। मनका व्यापार, मनका कार्य। मनोविकार देखो।

मनोवेग (सं० पु०) मनोविकार, मनका विकार।

मनोवेदशिरस् (सं० क्ली०) मन्त्रविशेष।

> "सुदेवा इति चैकेन देया गावश्च दक्षिणाः।
> जपेच्छाकुनसूक्तं वा मनोवेद शिरांसि च॥"
>
> (वृहत्स० ४८।७३)

मृग और पक्षियोंको यदि किसी प्रकारका कष्ट हो, तो 'शाकुनसूक्त' वा 'मनोवेद शिरांसि' मन्त्रका जप करना चाहिये।

मनोव्यापार (सं० पु०) मनकी क्रिया, विचार।

मनोसर (हिं० पु०) मनकी वृत्ति, मनोविकार।

मनोहत (सं० त्रि०) मनसा मनसि वा हतः। प्रतिहत, निराश।

मनोहन् (सं० पु०) १ अग्नि, आग। २ असुरभेद, एक दानवका नाम।

मनोहर (सं० त्रि०) हरतीति हृ-अच्, मनसो हरः। १ मनोज्ञ, सुन्दर। २ चित्ताकर्षक, मन हरनेवाला। (पु०) ३ कुन्दपुष्प। ४ सुवर्ण, सोना। ५ कर्ममासका तृतीय दिन। ६ छप्पय छन्दके एक भेदका नाम। इसमें १३ गुरु, १२६ लघु, १३९ वर्ण और १५२ मात्राएं अथवा १३ गुरु, १२२ लघु, १३५ वर्ण और १४८ मात्राएं होती हैं। ७ एक संकर रागका नाम। यह गौरी, मारवा और त्रिवणके मेलसे वना है।

मनोहर—१ पद्यावलीधृत एक कवि। २ ब्रह्मजीवनिर्णयके प्रणेता।

मनोहरकवि—१ इनका पूरा नाम राजा मनोहरदास

कछवाहा था। अकबर शाहके मुसाहबोंमेंसे ये एक थे। फारसी तथा संस्कृत भाषामें इनकी अच्छी व्युत्पत्ति थी। फारसी कवितामें ये अपना नाम तोसनी रखते थे।

२ इनका दूसरा नाम काशीराम रिसालदार था। ये भरतपुरके रहनेवाले थे। इन्होंने एक ग्रन्थ लिखा है जिसका नाम मनोहरशतक है। मनोहरशतककी मनोहरतामें किसीको सन्देह नहीं हो सकता। शिवसिंह-सरोजकारके समय ये जीवित थे।

मनोहरकृष्ण—पिङ्गलच्छन्दसूत्रके टीकाकार।

मनोहर खाँ—एक इतिहासके रचयिता।

मनोहरगढ़—बम्बईप्रदेशके खान्देश पालिटिकल एजेण्टके अधीन सावन्तवाड़ीराज्यके अन्तर्गत एक गिरिदुर्ग। यह अक्षा० १६°२´४५´´ उ० तथा देशा० ७४°१´ पू० सावन्तवाड़ीनगरसे १४ मील उत्तर पूर्व अवस्थित है। यह दुर्ग ठोस पत्थरोंका बना हुआ है और इसको ऊंचाई प्रायः २५०० फुट है। कहते हैं, कि पाण्डवोंके राज्यकालमें यह दुर्ग बनाया गया है। १८४४ ई०के विद्रोहकालमें इस दुर्गकी सेनाने कोलापुर-विद्रोहियोंका पक्ष लिया था। १८४५ ई०के आरम्भमें ही जेनरल डेलमाटोने इस दुर्ग पर अधिकार किया। विद्रोहदमन होने पर मनोहरगढ़ और इसका राजस्व सावन्तवाड़ी-राजके हाथ लगा।

मनोहरता (सं० स्त्री०) मनोहर होनेका भाव, सुन्दरता।

मनोहरदास—एक हिंदू राजा। इनका जीवन काल १६७८ ई० माना जाता है। ये दानमनोहरके प्रणेता सदाशिवके प्रतिपालक थे।

मनोहरदास—एक प्रसिद्ध बङ्गाली-वैष्णव। पदकर्त्ता ज्ञानदास इनके मित्र थे। चरितामृतमें नित्यानन्द शाखामें मनोहरदासका नामोल्लेख है। सारावलि ग्रन्थमें लिखा है, कि इनका दूसरा नाम चैतन्य भो था। लोग इन्हें औलिया कहा करते थे। ये दीर्घजीवी पुरुष थे। खेतरोके प्रसिद्ध महोत्सवमें ये उपस्थित हुए थे। कहते हैं, कि १६५७ शकको २६वीं पूसको हुगलीके वदनगञ्ज नामक स्थानमें इनकी मृत्यु हुई थी। इनको कविताका परिचय पदकल्पतरु आदिमें उद्धृत पदावलीसे मालूम होता है।

मनोहरदास—अनुरागवल्ली नामक एक वैष्णव-ग्रन्थके प्रणेता। उक्त ग्रन्थ बङ्गलापयारच्छन्दमें १६१८ शकको रचा गया।

मनोहरदास निरञ्जनी—हिन्दीके एक अच्छे लेखक। इन्होंने भाषामें ज्ञानचूर्णवचनिका नामक एक वेदान्तकी पुस्तक लिखी है।

मनोहरराय—यशोर जिलेके चांचड़ा ग्रामके उत्तरराढ़ीय कायस्थवंशीय जमींदारोंके पूर्वपुरुष।

मनोहरवीरेश्वर (सं० पु०) एक प्रसिद्ध आचार्य।

मनोहरशर्मा—एक सुप्रसिद्ध कवि और टीकाकार। आप राजा माणिक्यमल्लके आदेशसे सुबोधिनी नामक श्रुतबोध टीका और सुभाषिणी नामक किरातार्जुनीय टीका लिख गये हैं।

मनोहरशाही—मुर्शिदाबाद चकलेके अन्तर्गत एक परगना।

मनोहरसिंह—गौड़देशीय एक राजा। राजा हर्षदेवने जो ताम्रशासन दान किया था, उसमें इनका नाम देखा जाता है।

मनोहरा (सं० स्त्री०) मनोहर-टाप्। १ मनोहारिणी। २ जातीपुष्प। ३ स्वर्णयूथी, सोनजुही। ४ धर नामक वसुकी पत्नी और शिशिरकी माता। ५ एक अप्सराका नाम।

मनोहरी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी छोटी बाली जो कानमें पहनी जाती है।

मनोहर्तृ (सं० त्रि०) मनो हरतीति हृ-तृच्। मनोहरणकर्त्ता, मनको हरनेवाला।

मनोहारी (सं० त्रि०) मनो हरतीति हृ-तृच्। १ मनोहर चित्ताकर्षक। (स्त्री०) २ अविश्वासी नारी। ३ मनोहरकारिणी।

मनोह्लाद (सं० पु०) मनसः ह्लादः। मनका आमोद, चित्तकी प्रसन्नता।

मनोह्लादी (सं० त्रि०) १ सुन्दर, मनोहर। २ मनको प्रसन्न करनेवाला, दिल खुश करनेवाला।

मनोह्वा (सं० स्त्री०) मनःशिला, मैनसिल।

मनौती (हिं० स्त्री०) १ असन्तुष्टको संतुष्ट करना,

मनाना । २ किसी देवताकी विशेषरूपसे पूजा करनेकी प्रतिज्ञा वा सङ्कल्प ।

मन्तव्य (सं० त्रि०) मन्यते इति मन-तव्य । १ माननीय, मानने लायक । (पु०) २ मत, विचार ।

मन्ति (सं० स्त्री०) मन-क्तिच् (नक्तिचि दीर्घश्च । पा । ६।४।३९) इति विशेषसूत्रात् न अनुनासिकलोपः । मति ।

मन्तु (सं० पु०) मन्यते इति मन (कमि मनि जनि गाभायाहि-भ्यश्च । उण् १।७६) इति तुन् । १ अपराध । २ मनुष्य । ३ प्रजापति ।

आह्निकतत्त्वमें बत्तीस मंतु अर्थात् अपराधका विषय इस प्रकार लिखा है,—

भगवद्भक्तोंके लिये क्षत्रियके हाथका सिद्धान्न भोजन, अनिषिद्ध दिनमें बिना दतुवन किये अथवा मैथुनके बाद स्नान न कर विष्णुगृहमें गमन, शव स्पर्शके बाद बिना स्नान किये रजस्वला स्त्रीसंस्पर्श, स्नान न कर विष्णुगृहमें प्रवेश, शवस्पर्शके बाद बिना स्नान किये विष्णुके निकट अवस्थान, विष्णुको स्पर्श करके वातकर्म, विष्णुका कार्य करते करते पुरीषत्याग, वैष्णवशास्त्रकी निन्दा कर दूसरे शास्त्रकी प्रशंसा, अत्यन्त मलिन वस्त्र पहन कर विष्णुका कर्माचरण, अविधिपूर्वक आचमन कर विष्णु-मन्दिरमें गमन, पापाचरण कर विष्णुका उपसर्पण, क्रुद्धावस्थामें विष्णुस्पर्श, निषिद्धपुष्प द्वारा विष्णुकी पूजा, रक्तवस्त्र पहन कर विष्णुके निकट गमन; अन्धकार-में विष्णुस्पर्श, कृष्णवस्त्र पहन कर विष्णुका कर्माचरण, काकस्पृष्ट वस्त्र पहन कर विष्णुका कर्माचरण, विष्णुको कुक्कुरोच्छिष्ट दान, वराहमांस भोजन कर विष्णुका उप-सर्पण, जालपाद और शरीरिमांस भोजन कर विष्णुका उपसर्पण, प्रदीप स्पर्श करनेके बाद बिना हाथ धोये विष्णुस्पर्श और उनका कर्माचरण, श्मशान जानेके बाद बिना स्नान किये विष्णुका उपसर्पण, पिण्याक भोजन कर विष्णुकी सेवा, विष्णुको वराहमांस निवेदन, मद्य-स्पर्श वा पान कर विष्णुगृहमें प्रवेश, दूसरेका वस्त्र वा अशुचि वस्त्र पहन कर विष्णुका कर्माचरण, विष्णुको नवान्न निवेदन किये बिना नवान्नभोजन, विष्णुको गन्ध-पुष्प दिये बिना धूपदीपदान, जूता या खड़ाऊं पहन कर विष्णु-गृहमें प्रवेश, बिना भेरी शब्दके विष्णुका प्रबोधन, अजीर्णावस्थामें विष्णु गृहप्रवेश, यही बत्तीस मन्तु हैं ।

(आह्निकतत्त्व चतुर्थ यामार्द्ध कृत्य)

वराहपुराणमें भी बत्तीस मन्तुओंका विषय लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे उनका विवरण यहां पर नहीं किया गया ।

(त्रि०) ४ ज्ञाता, जाननेवाला । ५ मदनीय, मदन करने योग्य ।

मन्तुमत् (सं० त्रि०) ज्ञानयुक्त, ज्ञानी ।

मन्तृ (सं० त्रि०) मन्यते जानातीति मन (बहुलमन्यत्रापि । उण् २।९५) इति तृच् । १ विद्वान् । २ मननकर्त्ता ।

मन्त्र (सं० पु०) मन्त्र्यते गुप्तं परिभाष्यते इति मन्त्रि-गुप्तभाषणे घञ्, यद्वा मन्त्रयते गुप्तं भाषते अच् । १ वेदका वह भाग जिसमें मन्त्रोंका संग्रह है। वेद मन्त्र और ब्राह्मण इन दो भागोंमें विभक्त हैं ।

"प्रनूनं ब्रह्मणस्पतिर्मन्त्रं वदत्युक्थ्यं ।" (ऋक् १।४०।५)

२ तन्त्राद्युक्त मन्त्र, तन्त्रके अनुसार वे शब्द जिनका जप भिन्न भिन्न देवताओंकी प्रसन्नता वा भिन्न भिन्न काम-नाओंकी सिद्धिके लिये करनेका विधान है ।

'निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः ।
तस्य शास्त्रेऽधिकारोऽस्मिन् ज्ञेयो नान्यस्य कस्यचित् ॥"

(मनु २।१६)

३ गोप्य वा रहस्यपूर्ण बात, परामर्श, सलाह । जिन-का अङ्ग विकृत है, वैसे व्यक्तिसे किसी काममें सलाह नहीं लेनी चाहिये ।

"व्यङ्गाङ्गहीना बधिराः कुयोनिषु रताश्च ये ।
तेषां मन्त्रो न सुखदः प्रोक्तः कविभिरेव च ॥
कामुकानां जड़ानाञ्च स्त्रीजितानां तथैव च ।
श्वशुरस्य गृहे नित्यं जामाता कर्मकारकः ॥
तस्यापि न भवेन्मन्त्रः कार्यसिद्धौ कदाचन ॥"

(जैमिनिभारत अश्वमेध प०२ अ०)

विकृताङ्ग, अङ्गहीन, बधिर, कुयोनिमें रत, कामुक, जड़, स्त्रैण और श्वसुरके घरमें काम करनेवाला जमाई, इन लोगोंसे यदि मन्त्रणा ली जाय तो कोई काम सिद्ध नहीं होता । विशेष विवरण मन्त्रणा शब्दमें देखो ।

४ देवादिसाधन गायत्री आदि वैदिक वाक्य जिनके द्वारा यज्ञ आदि क्रिया करनेका विधान हो।

मीमांसादर्शन प्रतिपादित मन्त्रात्मक ही देवता है। देवता ही मन्त्रस्वरूप हैं। मीमांसामें लिखा है, कि देवगण शरीरी वा सचेतन नहीं हैं। जिस देवताका जो मन्त्र वेदमें निर्दिष्ट है, वह देवता उसी मन्त्रके स्वरूप हैं। मन्त्रातिरिक्त देवताकी सत्ताके सम्बन्धमें कोई प्रमाण नहीं है, वरन् उसके विरोधी प्रमाण ही बहुतसे मिलते हैं। यदि विना मन्त्रके एक शरीरी देवता रहे और उन देवताकी पूजाके समय यदि वे आवाहनादि द्वारा करुणापूर्वक घट अथवा प्रतिमादिमें अधिष्ठित हो कर पूजादि ग्रहण करे, तो उस मृण्मय प्रतिमादिमें उनका समावेश सम्भव नहीं है। कारण, इन्द्रकी पूजामें यदि उनका घट वा मृण्मय प्रतिमामें आवाहन किया जाय और यदि वे ऐरावतके साथ उसमें प्रवेश करें, तो वह घट वा मृत्प्रतिमा ऐरावतके साथ इन्द्रदेवका भार वहन न कर सकेगी और चूर चूर हो जायगी। फिर ऐसा कौनसा उपाय है, जिससे छोटे घड़ेमें वैसे बड़े ऐरावतके साथ इन्द्रदेवका समावेश हो सके? यही सब दोष मिटानेके लिये देवताको मन्त्रात्मक कहनेमें कोई आपत्ति नहीं रह जाती।

इसी कारण मीमांसादर्शनमें मन्त्रको ही देवता बतलाया है। जिस देवताकी पूजादि करनी हो, मन्त्र, पाठ द्वारा करनेसे ही वह पूजा सिद्ध होती है। विना मन्त्रके पूजादि नहीं होगी। देवताओंके स्तुतिवाचक शब्दका प्रयोग करनेसे ही मन्त्र होगा सो नहीं। कारण, वेदमें भिन्न भिन्न देवताका भिन्न भिन्न मंत्र बतलाया गया है। वही मंत्र उस देवताका स्वरूपबोधक है। उन्हीं सब निर्दिष्ट मन्त्रोंसे पूजादि करनी होगी। (मीमांसा देखो)

मंत्र शब्दकी व्युत्पत्ति—

'मननात् त्रायते यस्मात् तस्मान्मंत्रः प्रकीर्त्तितः।'

(आह्निकतत्त्व)

मननसे त्राण होता है, इसीसे मंत्र नाम हुआ है। जो मन्त्रदीक्षित नहीं हैं, शास्त्रमें उनकी निन्दा की गई है।

"अदीक्षितानां मर्त्यानां दोषं शृणु वरानने।
अन्नं विष्ठासमं तस्य जलं मूत्रसमं स्मृतम्।
तत्कृतं तस्य वा श्राद्धं सर्वं याति अधोगतिम्॥"

(मत्स्यसू०)

जो व्यक्ति मंत्रदीक्षित नहीं हैं, उनके हाथका अन्न विष्ठाके समान और जल मूत्रके समान है तथा वे जो कुछ करते हैं वह निष्फल होता है।

जीव जन्म ले कर सर्वदा संसारदुःखका भोग करते हैं। जन्मके बाद मृत्यु, मृत्युके बाद जन्म अवश्यम्भावी है। इसके हाथसे निष्कृति पानेका कोई उपाय नहीं। सूक्ष्मदर्शी ऋषियोंने जीवका यह भवदुःख दूर करनेके लिये भगवद्की उपासना-प्रणाली निकाली है। एकमात्र भगवदाराधना द्वारा ही जीवके समस्त प्रकारके दुःख जाते रहते हैं।

वेदान्तादि नाना शास्त्रोंमें इन सब उपासनाओंकी प्रणाली देखी जाती है। यह उपासना श्रवण, मनन और निदिध्यासनरूप है। किन्तु श्रवण-मननादि दुर्बल व्यक्तिके लिये बहुत दुःसाध्य है, इस कारण उन्हें सगुण-उपासना ही करनी चाहिये।

जो दुर्बल व्यक्ति हैं उनकी दुःख-निवृत्तिका उपाय सगुणोपासनाके सिवा और कुछ भी नहीं है। इसी कारण सगुणोपासनाकी शास्त्रोंमें प्रशंसा की गई है। यह सगुणोपासना मन्त्रसाध्य है अर्थात् मन्त्र द्वारा ही यह उपासना होती है। इसीलिये श्रुति, स्मृति, पुराण और तन्त्रादिमें सभी प्रकारके मन्त्र दिये गये हैं। उन सब मन्त्रोंसे यदि देवपूजा, जप आदिका अनुष्ठान किया जाय, तो जीवकी अवश्य चित्तशुद्धि होती है। चित्तशुद्धि होनेसे ही जीव भवसागरको पार कर सकता है।

अतएव मन्त्र ही एक ऐसा साधन है, जिससे मनुष्य परमगति लाभ कर सकते हैं। वैदिकोपासना अभी विलुप्तप्राय हो गई है। इस कारण वैदिक मन्त्रकी दुर्दशा भी तदनुरूप है। वैदिक मन्त्रोंका अर्थ समझना तो दूर रहे, उनका ठीक तौरसे उच्चारण ही नहीं होता।

अभी सर्वत्र तान्त्रिक और पौराणिक उपासना-प्रणालीका प्रचार है। इस कारण अभी यहां पर तन्त्रोक्त

मन्त्रादि पर ही विचार करना आवश्यक है। महानिर्वाणके द्वितीयोल्लासमें लिखा है—

"विना ह्यागममार्गेण कलौ नास्ति गतिः प्रिये ।
श्रुतिस्मृतिपुराणादौ मयैवोक्तं पुरा शिवे ॥
आगमोक्तेन विधिना कलौ देवान् यजेत् सुधीः ।
कलावागममुल्लंघ्य योऽन्य मार्गे प्रवर्त्तते ॥
न तस्य गतिरस्तीति सत्यं सत्यं न संशयः ।
कलौ तन्त्रोदिता मन्त्राः सिद्धास्तूर्णफलप्रदाः ॥
शस्ताः कर्मसु सर्वेषु जपयज्ञक्रियादिषु ॥
निर्वीर्य्याः श्रौतजातीया विषहीनोरगा इव ।
सत्यादौ सफला आसन् कलौ ते मृतका इव ॥
पाञ्चालिका यथा भित्तौ सर्वेन्द्रियसमन्विताः ।
अमूरशक्ताः कार्येषु वन्ध्यास्त्रीसङ्गमो यथा ॥
न तत्र फलसिद्धिः स्यात् श्रम एव हि केवलम् ।
कलावन्योदितैर्मार्गैः सिद्धिमिच्छति यो नरः ॥
तृषितो जाह्नवीतीरे कूपं खनति दुर्मतिः ।
नान्यः पन्था मुक्तिहेतुरिहामुत्र सुखाप्तये ।
यथा तन्त्रोदितो मार्गो मोक्षाय च सुखाय च ॥"

(हरतत्त्वदीधितिधृत महानिर्वाणतन्त्र)

श्रुति, स्मृति, पुराण, उपपुराण, संहिता आदिमें विविध उपासनापद्धति लिखी है। फिर भी एकमात्र आगमोक्त उपासना ही आशु फलदायक और सुगम है। इस कारण सभीको इस तन्त्रोक्तप्रणालीके अनुसार उपासना करना उचित है। विशेषतः कलिकालमें आगमोक्त विधानके अलावा और कोई भी विधान नहीं है। यदि कोई व्यक्ति आगमविहित मार्गका परित्याग कर अन्य मार्गसे चले, तो उसका कार्य सिद्ध नहीं होता। कलिमें तन्त्रोक्त मन्त्र ही सिद्ध और आशुफलप्रद है। वैदिक मन्त्र विषहीन सर्पको तरह निर्वीर्य हैं। सत्यादि युगमें ये सब वैदिक मन्त्र सफल थे, इसमें सन्देह नहीं, पर अभी मृत हो गये हैं। अतएव मृत मन्त्र द्वारा जो सब कार्यानुष्ठान किये जाते हैं वे फलीभूत नहीं होते। एकमात्र आगमोक्त मन्त्र ही इहलोक और परलोकमें सुखप्राप्ति और मोक्षका कारण है।

वैदिक मन्त्र निष्फल है वा तान्त्रिक मन्त्र, इस विषयको मीमांसा करना बहुत कठिन है। पर हां, इतना जरूर कह सकते हैं, कि वैदिकोपासना विशेष कष्टसाध्य है। तान्त्रिक उपासना सुखसाध्य है, यह पहले ही कहा जा चुका है। अधिकारिभेदसे ये सब उपासनाप्रणाली अनुष्ठित होती हैं। दुर्बल अधिकारीके लिये तान्त्रिक उपासना सुगम है। जिस प्रकार ब्राह्मणके यज्ञोपवीत नहीं होनेसे वे पूजादिके अधिकारी नहीं होते, उसी प्रकार उपयुक्त गुरुके निकट मन्त्र नहीं लेनेसे मानव तन्त्रोक्त कोई भी कार्य नहीं कर सकते। ब्राह्मणादि तीन वर्ण यज्ञोपवीत धारण कर सकते हैं, पर तन्त्रोक्त मन्त्र लेनेमें सबोंका समान अधिकार है।

उपयुक्त गुरुके निकट मन्त्र लेना ही श्रेय है। गुरुमें कौनसे गुण रहने चाहिए, इसका विषय नीचे लिखा जाता है :—

"चतुर्णां वर्णानां मन्त्रदाने ब्राह्मण एवाधिकारी, तदुक्तं विश्वसारतन्त्रे द्वितीय पटले—

जितेन्द्रियः सत्यवादी ब्राह्मणः शान्तमानसः ।
पितृमातृहिते युक्तः सर्वकर्मपरायणः ॥
आश्रमी देशस्थायी च गुरुरेव विधीयते ॥"

(हरतत्त्वदीधिति)

ब्राह्मण चारों वर्णोंको मन्त्र दे सकते हैं। जो ब्राह्मण जितेन्द्रिय, सत्यवादी, प्रशान्तचित्त और पितृमातृहितमें रत हैं, वे ही गुरु होनेके योग्य हैं।

तन्त्रसारमें लिखा है—

"शान्तो दान्तः कुलीनश्च विनीतः शुद्धवेशवान् ।
शुद्धाचारः सुप्रतिष्ठः शुचिर्दक्षः सुबुद्धिमान् ॥
आश्रमी ध्याननिष्ठश्च तन्त्रमन्त्रविशारदः ।
निग्रहानुग्रहे शक्तो गुरुरित्यभिधीयते ॥" (तन्त्रसार)

शान्त अर्थात् स्रकचन्दन-वनितादिरूप विषयमें उत्कट अनुरागरहित और शामादिगुणयुक्त, दान्त, कुलीन अर्थात् कौलाचाररत, विनयशील, अप्रमत्त, पवित्रवेशधारी, स्ववेदोक्त सन्ध्यावन्दनादि कार्यमें निरत, सुप्रतिष्ठ, आश्रमी अर्थात् गृहस्थादि-आश्रममें स्थित, ईश्वरकी आराधनामें तत्पर, तन्त्र और मन्त्र-विशारद, निग्रहानुग्रहमें शक्त, स्तुतिनिन्दामें समज्ञान इत्यादि गुणशाली व्यक्ति ही प्रकृत गुरुवाच्य हैं। फिर दूसरी जगह यह भी लिखा है, कि जो मन्त्र प्रदान कर उद्धार कर सकते हैं तथा

अभिशाप द्वारा विनाश करनेमें समर्थ हैं वे ही ब्राह्मण श्रेष्ठ, सत्यवादी गृहस्थ गुरुके योग्य हैं ।

जब किसीको अपना गुरु बनाना हो, तब उक्त गुण जिस ब्राह्मणमें देखें, उन्हींको गुरु बनावें । उक्त गुणहीन ब्राह्मणको गुरु बनानेसे कोई भी कार्य सिद्ध नहीं होता ।

जो व्यक्ति गुरुको मनुष्य, मन्त्रको अक्षर, देवप्रतिमाको शिला समझते हैं तथा गुरु प्रभृतिके साथ मनुष्यका-सा व्यवहार करते हैं उन्हें घोर नरक होता है। पिता और माता जन्मके कारण हैं, अतएव यत्नपूर्वक उनकी सेवा करना उचित है । किन्तु मन्त्रदाता गुरु धर्माधर्मपथप्रदर्शक हैं, अतएव देवता जान कर उनकी अर्चना करनी चाहिये । गुरु पिता-माता हैं, अभीष्ट देवतास्वरूप हैं तथा वे ही अन्तमें निस्तार-कर्त्ता हैं । जिसके प्रति महादेव रुष्ट होते हैं, उसकी रक्षा गुरुदेव कर सकते हैं, पर गुरुदेवके कुपित होनेसे उसका कोई निस्तार नहीं है । वाक्य, मन, शरीर और कार्य द्वारा गुरुका सर्वदा हितानुष्ठान करना चाहिये । पिता केवल शरीर उत्पादन करते हैं, पर ज्ञान देनेवाले गुरु ही हैं । अतएव दुःख-सागररूप इस भवसागरमें गुरुके सिवा और कोई भी परित्राता नहीं है । जिनके मुखसे वर्ण ब्रह्ममय शरीर निकलता है, वे अवश्य ही नरकार्णवसे उद्धार कर सकते हैं ।

गृहीत मन्त्रका परित्याग करनेसे मृत्यु, गुरुका परित्याग करनेसे दरिद्रता तथा गुरु और मन्त्र दोनोंका परित्याग करनेसे घोर नरक होता है । जो व्यक्ति गुरुके निकट अन्य देवताकी अर्चना करता है, वह अन्त कालमें नरक जाता और उसकी पूजादि निष्फल होती है* ।

निन्दित गुरुके लक्षण—

"श्वित्री चैव गलत् कुष्ठी नेत्ररोगी च वामनः ।
कुनखः श्यावदन्तश्च स्त्रीजितोऽधिकाङ्गकः ॥
हीनाङ्गः कपटी रोगी वह्वाशी बहुजल्पकः ।
एतैर्दोषै विमुक्तो यः स गुरुः शिष्यसम्मतः ॥
अभिशप्तमपुत्रञ्च कदर्यं कितवं तथा ।
क्रियाहीनं शठञ्चापि वामनं गुरुनिन्दकम् ॥
जलरक्तविकारञ्च वर्जयेन्मतिमान् सदा ।
सदा मत्सरसंयुक्तं गुरुं तन्त्रेषु वर्जयेत् ॥" (तन्त्रसार)

धवल और कुष्ठरोगी, वामन, कुनखी, श्यावदन्त, स्त्री-वशीभूत, अधिकाङ्ग, हीनाङ्ग, कपटाचारी, बहुजल्पक, अभिशापग्रस्त, पुत्रहीन, कुत्सिताकार, धूर्त्त, सन्ध्या-वन्दनादि नित्यकार्यरहित, शठ, गुरुनिन्दक, जलदोषी, रक्तविकारी और सदा गर्वित ऐसे दोषयुक्त गुरुके निकट मन्त्रग्रहण नहीं करना चाहिये ।

गुरुको चाहिये, कि वे पहले शिष्यकी परीक्षा कर पीछे उसे मन्त्र दें । शिष्यके गुरुके निकट उपस्थित होते ही उसे मन्त्रप्रदान करना गुरुको उचित नहीं है ।

शिष्यलक्षण—

"शान्तो विनीतः शुद्धात्मा श्रद्धावान् धारणक्षमः ।
समर्थश्च कुलीनश्च प्राज्ञः सच्चरितो यतिः ।
एवमादिगुणैर्युक्तः शिष्यो भवति नान्यथा ॥" इत्यादि
(तन्त्रसार)

---

* गुरौ मानुषबुद्धिस्तु मन्त्रे चाक्षरबुद्धिकम् ।
प्रतिमासु शिलाबुद्धिं कुर्वाणो नरकं व्रजेत् ॥
जन्महेतु हि पितरौ पूजनीयौ प्रयत्नतः ।
गुरुर्विशेषतः पूज्यो धर्माधर्मप्रदर्शकः ॥
गुरुः पिता गुरुर्माता गुरुर्देवो गुरुर्गतिः ।
शिवे रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन ॥
गुरोर्हितं प्रकर्त्तव्यं वाङ्मनःकायकर्म्मभिः ।
अहिताचरणाद्देवि विष्ठायां जायते कृमिः ॥
शरीरदः पिता देवि ज्ञानदो गुरुरेव च ।
गुरोर्गुरुतरो नास्ति संसारे दुःखसागरे ॥
यस्य वक्त्राद्विनिर्जातं वर्णब्रह्ममयं वपुः ।
तारयेन्नात्र सन्देहो नरकार्णवतो ध्रुवम् ॥
मन्त्रत्यागाद्भवेन्मृत्युर्गुरुत्यागाद्दरिद्रता ।
गुरुमन्त्रपरित्यागाद्रौरवं नरकं व्रजेत् ॥
गुरौ सन्निहिते यस्तु पूजयेदन्यदेवताः ।
स याति नरकं घोरं सा पूजा विफला भवेत् ॥
उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान् ब्रह्मदः पिता ।
तस्मान्मन्येत सततं पितुरप्यधिकं गुरुम् ॥
गुरुवद् गुरुपुत्रेषु गुरुवत् ततसुतादिषु ॥" इत्यादि ।
(तन्त्रसार)

शमादि-गुणयुक्त, विनयी, विशुद्धस्वभाव, श्रद्धावान्, धैर्यशील, सर्वकर्मसमर्थ, सद्वंशजन्मा, आभज्ञ, सच्चरित्र और जितेन्द्रिय ये सब गुणयुक्त व्यक्ति शिष्यके उपयुक्त हैं अर्थात् ऐसे गुणयुक्त व्यक्तिको ही गुरु मन्त्रप्रदान करें।

पापात्मा, क्रूरकर्मा, वञ्चक, कृपण, अतिदरिद्र, आचारभ्रष्ट, मन्त्रभ्रष्ट, मन्त्रद्वेषी, निन्दक, मूर्ख, तीर्थद्वेषी, गुरुभक्तिविहीन, अलस, मलिनवेशी, अतिशय कातर, दाम्भिक, दरिद्र, रोगी, सदा असन्तुष्ट चित्त, क्रोधी, लोभपरतन्त्र, हिंसा और मात्सर्ययुक्त, कर्कशभाषी, अन्याय उपार्जनसे धनवान्, परस्त्रीरत, पण्डितद्वेषी, पण्डिताभिमानी, सूचक, खल, बहुभोक्ता, दुश्चरित्र और निन्दित व्यक्तिको गुरु कभी भी मन्त्र न दें। ये सब दोषविशिष्ट व्यक्ति शिष्यके लिये अनुपयुक्त हैं।

गुरु जिसे मन्त्र दें, पहले उसे एक वर्ष तक अपने निकट रख कर उसका दोषगुण भलीभांति जांच लें। शिष्यके दोषगुणकी परीक्षा किये विना गुरु यदि उसे मंत्र दें तो शिष्यका किया हुआ पाप गुरुको ही होता है। शास्त्रमें लिखा है, कि मन्त्रीका पाप राजाको, स्त्रीकृत पाप अपने स्वामीको और शिष्यार्जित पाप गुरुको लगता है। अतएव गुरु शिष्यके स्वभावादिको जाने विना उसे मन्त्र न दें। गुरुके निकट गुणवान् ब्राह्मणको एक वर्ष, क्षत्रियको दो वर्ष, वैश्यको तीन वर्ष तथा शूद्रको चार वर्ष रहना चाहिये। इस प्रकार गुरुके निकट दीर्घकाल तक रहनेसे गुरु उनका दोषगुण भलीभांति जान जायँगे। पीछे उपयुक्त समय देख कर मन्त्र प्रदान करना उचित है।

"सद्गुरु स्वाश्रितं शिष्यं वर्षमेकं परीक्षयेत्।
राज्ञि चामात्यजो दोषः पत्नीपापं स्वभर्त्तरि॥
तथा शिष्यार्जितं पापं गुरुः प्राप्नोति निश्चितम्।
वर्षैकेन भवेद्योग्यो विप्रो गुणसमन्वितः।
वर्षद्वयेन राजन्यो वैश्यस्तु वत्सरैस्त्रिभिः॥
चतुर्भिर्वत्सरैः शूद्रः कथिता शिष्ययोग्यता॥"

(तन्त्रसार)

इसमें कुछ विशेषता है, वह यह है, कि स्वप्नलब्ध मन्त्रमें कोई नियम नहीं है। अर्थात् गुरु यदि शिष्यको स्वप्नलब्ध मन्त्र प्रदान करना चाहें तो पूर्वोक्त नियमानुसार पहले शिष्यकी भलीभांति परीक्षा कर लें।

"स्वप्ने तु न कालनियमः, स्वप्ने तु नियमो न हि॥"

(तन्त्रसार)

मन्त्र, देवता और गुरु इन तीनोंमें भेद नहीं समझना चाहिये। कलिकालमें तन्त्रोक्त विधानानुसार देवताकी आराधना करे। क्योंकि सत्ययुगमें वेदोक्त, त्रेतामें स्मृत्युक्त, द्वापरमें पुराणोक्त और कलिकालमें तन्त्रोक्त कार्य ही बतलाया गया है। कलियुगके ब्राह्मण अपवित्र और शूद्राचारतत्पर होते हैं, अतः विना तन्त्रके वेदादि कार्यमें उनकी सिद्धि नहीं होती इस कारण गुरुको चाहिये, कि वे तन्त्रोक्त मन्त्र शिष्योंको प्रदान करें।

"आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत् सुधीः।
न हि देवाः प्रसीदन्ति कलौ चान्यविधानतः॥
कृते श्रुत्युक्त मार्गः स्यात् त्रेतायां स्मृतिसम्भवः।
द्वापरे तु पुराणोक्तः कलावागमसम्मतः॥
अशुद्धाः शूद्रकर्माणः ब्राह्मणाः कलिसम्भवाः।
तेषामागममार्गेण सिद्धिर्न श्रौतवर्त्मना॥
मन्त्रार्थो देवता ज्ञेया देवता गुरुरूपिणी।
तेषां भिदा न कर्त्तव्या यदीच्छेच्छुभमात्मनः॥"

(तन्त्रसार)

मन्त्र लेनेमें विशेषता यह है, कि उदासीन व्यक्ति उदासीसे, वनस्थ वनवासीसे, यति यतिसे, गृहस्थ गृहस्थसे और वैष्णव वैष्णवसे मन्त्रग्रहण करें। गृहस्थ कभी भी उदासीन और संन्यासी आदिसे मन्त्र न लें। आजकल कोई कोई संन्यासीसे भी मन्त्र लेते हैं। परंतु इसमें विशेषता यह है, कि शाक्तसे शाक्त, वैष्णवसे वैष्णव और शैवसे शैव ये तीनों ही मन्त्र ले सकते हैं।

"उदासिनोऽप्युदासिनां वनस्थो वनवासिनः।
यतीनाञ्च यतिः प्रोक्ता गृहस्थानां गुरुर्गृही॥
वैष्णवे वैष्णवो ग्राह्यः शैवे शैवस्तथा पुनः।
शाक्ति के त्रितयं विद्याद्दीक्षास्वामी न संशयः॥
गुरुरपि गृहस्थ एव कुलार्णवे—
सर्वशास्त्रार्थवेत्ता च गृहस्थो गुरुरुच्यते।
कलत्रपुत्रवान् विप्रो दयालुः सर्वसम्मतः।
दैवे पित्र्येऽरिमित्रे च गृहस्थो देशिको भवेत्॥" (तन्त्रसार)

कल्पशास्त्रमें लिखा है, कि स्त्रीपुत्रवान्, दयालु और सर्वप्रिय, ज्ञानवान् ब्राह्मणको गुरु बना कर उन्हींसे मंत्र लेना चाहिये।

पित्रादिसे मन्त्रग्रहण करना निषेध है। योगिनीतन्त्रमें लिखा है,—पिता, मातामह, कनिष्ठ सहोदर और शत्रुपक्षाश्रित व्यक्तियोंसे मन्त्र न लेना चाहिये। क्योंकि गणेशविमर्षिणीतन्त्रके वचनानुसार यति, पिता, वनवासी और उदासीनके निकट मन्त्रग्रहण करनेसे उनका अनिष्ट होता है। रुद्रयामलमें लिखा है,—पति अपनी भार्याको, पिता पुत्र और कन्याको तथा भ्राता सहोदरको मन्त्र न दें। पति यदि सिद्धमन्त्र हों तभी वे पत्नीको मन्त्र दे सकते हैं। पित्रादिसे मन्त्र लेना जो निषेध किया गया है उसे सिद्धमन्त्र भिन्न अन्य स्थलमें समझना चाहिये। पित्रादि यदि सिद्धमन्त्र हों, तो उनसे मन्त्र लेनेमें कोई दोष नहीं। यति प्रभृतिके निकट यदि सिद्धमन्त्र मिले, तो उनसे भी मन्त्रग्रहण कर सकते हैं।

"पितुर्मन्त्रं न गृह्णीयात् तथा मातामहस्य च।
सोदरस्य कनिष्ठस्य वैरिपक्षाश्रितस्य च॥
तथाच गणेश विमर्षिण्यां—
यतेर्दीक्षा पितुर्दीक्षा दीक्षा च वनवासिनः।
विविक्ताश्रमिणो दीक्षा न सा कल्याणदायिका॥
रुद्रयामले—
न पत्नीं दीक्षयेद्भर्त्ता न पिता न दीक्षयेत् सुताम्।
न पुत्रञ्च तथा भ्राता भ्रातरं न च दीक्षयेत्॥
सिद्धमन्त्रो यदि पतिस्तदा पत्नीं स दीक्षयेत्।
इत्यादि निषेधवचनादेभ्यो मन्त्रं न गृह्णीयात्
इदन्तु सिद्धेतरविषयं, सिद्धमन्त्रो न दुष्यतीति वचनात्।
यतेरपि दीक्षोक्ता शक्तिजामले—
"तीर्थाचारयुतो मन्त्री ज्ञानवान् सुसमाहितः।
नित्यनिष्ठो यतिः ख्यातो गुरुः स्याद्भौतिकोऽपि च॥
यदि भाग्यवशेनैव सिद्धविद्यां लभेत् प्रिये।
तदैव तान्तु दीक्षेत् त्यक्त्वा गुरुविचारणम्॥"
(तन्त्रसार)

सिद्धमन्त्रके अतिरिक्त मन्त्र यदि पित्रादिसे लिया जाय, तो प्रायश्चित्त करके फिरसे मन्त्र ग्रहण करना होगा। प्रायश्चित्तका विधान दश हजार गायत्री जप बतलाया गया है।

मत्स्यसूक्तमें लिखा है,—पिताका मन्त्र निर्वीर्य है अर्थात् उनसे मन्त्र ले कर जपादि करनेसे कोई फल नहीं होता। फिर इसमें विशेषता यह है, कि शैव और शाक्त मन्त्रविषयमें कोई दोष नहीं। यह कौलदीक्षापर है अर्थात् कौलाचारविहित दीक्षामें पितासे भी मन्त्र लिया जा सकता है। गङ्गा, काशी आदि महातीर्थोंमें तथा चन्द्र-सूर्यग्रहणकालमें मन्त्र लेनेमें कोई दोषविचार नहीं है।

"निर्वीर्य्यञ्च पितुर्मन्त्रं शैवे शाक्ते न दुष्यति।"

इति वचनं कौलिकमन्त्रदीक्षापरा, अत्र हेतुः योगिनी तन्त्रे,—शक्त्यादिविद्यामधिकृत्य दीक्षानिषेधात्, यद्वा शाक्ते तारादिविद्यायां मत्स्यसूक्ते तथा प्रतिपादनात्, तथाच निजकुलतिलकाय ज्येष्ठ पुत्राय दद्यादित्यादि॥"

"मन्त्रोविमृष्य दातव्यो ज्येष्ठपुत्राय धीमते॥
महातीर्थे उपरागे सति सर्वत्र न दोषः।" (तन्त्रसार)

स्वप्नलब्ध और स्त्रीप्रदत्त मन्त्रका फिरसे संस्कार कर लेनेसे ही वह शुद्ध होता है। साध्वी, सदाचार-तत्परा, गुरुभक्ता, जितेन्द्रिया, सर्वमन्त्रार्थतत्त्वज्ञा और सुशीला, ऐसी गुणयुक्ता स्त्रीसे भी मन्त्र लिया जा सकता है। किन्तु विधवा स्त्रीमें वे सब गुण रहने पर भी उनसे कदापि मन्त्र ग्रहण न करे। स्त्री-गुरुके निकट मन्त्र लेनेसे शुभफल होता है, विशेषतः मातासे यदि मन्त्र लिया जाय, तो उससे अष्टगुण फल प्राप्त होता है। जहां पर स्त्रीगुरुको निषिद्ध बतलाया गया है, वहां उसका अर्थ विधवा समझना होगा। क्योंकि उक्त गुणयुक्ता स्त्रीसे मन्त्र लेना सभी शास्त्रोंने स्वीकार किया है।

"स्वप्नलब्धं स्त्रिया दत्तं संस्कारेणैव शुध्यति।
साध्वी चैव सदाचारा गुरुभक्ता जितेन्द्रिया।
सर्वमन्त्रार्थतत्त्वज्ञा सुशीला पूजने रता॥
गुरुयोग्या भवेत् सा हि विधवा परिवर्जिता।
स्त्रिया दीक्षा शुभा प्रोक्ता मातुश्चाष्टगुणाः स्मृताः।
वस्तुतस्तु स्त्रीपदं विधवापरं॥" (तन्त्रसार)

गुरुसे यत्नपूर्वक मन्त्र लेना चाहिये, नहीं लेनेसे उसकी सभी जपपूजादि निष्फल होती है। अतएव सबसे पहले दीक्षाग्रहण करे। इससे मनुष्यको दिव्यज्ञान होता है तथा उसके सभी पाप जाते रहते हैं। ब्रह्मचर्यादि सभी आश्रमोंमें दीक्षाकी आवश्यकता है। बिना

दीक्षाके जगका कोई भी कार्य होने नहीं पाता। जप, तपस्या आदि सभी कार्य दीक्षा पर निर्भर करता है। मन्त्रदीक्षित हो कर चाहे किसी भी आश्रममें क्यों न रहे उसका कार्य अवश्य ही सिद्ध होगा। अदीक्षित व्यक्ति मरनेके बाद घोर नरकमें जाता है। मन्त्रदीक्षाविहीन व्यक्तिका पिशाचत्व दूर नहीं होता।

यदि कोई गुरुसे मन्त्र न ले कर पुस्तकादि देख कर मन्त्र ले, तो उसे नरक होता है तथा सहस्र मन्वन्तरमें भी उसकी मुक्ति नहीं होती। अतएव सद्गुरुके निकट मन्त्रग्रहण करना ही अवश्य कर्त्तव्य है। पहले ही कहा जा चुका है, कि ब्राह्मण ब्राह्मणादि चारों वर्णोंको मन्त्र दे सकते हैं। द्विजातिको मन्त्र देनेसे ब्राह्मण सभी पापोंसे विमुक्त होते हैं।

"यो ददाति द्विजातिभ्यो महामन्त्रं महेश्वरि।
स मुक्तः सर्वपापेभ्यो मोदते ब्रह्मसन्निधौ॥" (रुद्रयामल)

क्षत्रियादि तीन वर्णोंको यदि उपयुक्त ब्राह्मण-गुरु न मिले, तो वे पूर्वोक्त गुणसम्पन्न क्षत्रिय-गुरुसे मन्त्र ले सकते हैं। वैश्य और शूद्र वैश्य सद्गुरुसे मन्त्रग्रहण कर सकते हैं। शूद्र यदि शूद्रको मन्त्र दे, तो दोनोंको ही नरक होता है। यह नियम कलिकाल भिन्न अन्य युगके लिये है। कलिमें एकमात्र ब्राह्मण ही चारों वर्णके मन्त्रदाता हैं; ब्राह्मण भिन्न और किसीको भी मन्त्र देनेका अधिकार नहीं है।

"चतुर्णां वर्णानां मन्त्रदाने ब्राह्मण एवाधिकारी।
आत्रनुलोम्येन क्षत्रियवैश्ययोरपि गुरुत्वं, तथाच
भुवनेश्वरीतन्त्रे प्रथमपटले—
ब्राह्मणः सर्वकालज्ञः कुर्यात् सर्वेष्वनुग्रहम्।
तदभावे द्विजश्रेष्ठः शान्तात्मा भगवन्मयः॥
क्षत्रविट्शूद्रजातीनां क्षत्रियोऽनुग्रहे क्षमः।
क्षत्रियस्यापि च गुरोरभावादीदृशो यदि।
वैश्यः स्यात्तेन कार्यश्च शूद्रे नित्यमनुग्रहः॥
शूद्रः शूद्रमुखात् श्रुत्वा विद्यां वा मन्त्रमुत्तमम्।
गृहीत्वा नरकं याति दुःखं प्राप्नोति नित्यशः॥"

कुलार्णवके मतानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रके भेदसे मन्त्र भी चार प्रकारका है। गुरु मन्त्र देनेके समय अनुलोमक्रमसे दें, कभी भी प्रतिलोमक्रमसे न दें। मायावीज मन्त्र ब्राह्मणजातिका, श्रीवीज क्षत्रियका, कामवीज वैश्यका और वाग्भववीज शूद्रजातिका है। यह चतुर्वीजशून्य जो मन्त्र है उसका नाम पौलस्त्य है। गुरु मन्त्र देनेके समय ब्राह्मणको चतुर्वीजयुक्त, क्षत्रियको त्रिवीज, वैश्यको द्विवीज और शूद्रको एक वीजयुक्त मन्त्र प्रदान करें।

"अथ मन्त्राणां ब्राह्मणक्षत्रियादिभेदः कुलार्णवे-
ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो भवति वै मनुः।
अनुलोमेन देयः स्यात् प्रतिलोमेन न क्वचित्।
मायावीजं ब्राह्मणः स्यात् श्रीवीजं क्षत्रियः स्मृतम्।
कामवीजं भवेद्वैश्या वाग्भवं शूद्र ईरितम्॥
चतुर्वीजपरित्यक्तो मन्त्रः पौलस्त्यसंज्ञकः।
चतुर्वीजं ब्राह्मणानां क्षत्रियाणां त्रिवीजकम्।
वीजद्वयन्तु वैश्यानां शूद्राणामेकवीजकम्॥"

शूद्रके लिये निषिद्ध मन्त्र—ब्राह्मण शूद्रोंको कभी भी प्रणव वा प्रणवघटित मन्त्रप्रदान न करें। यदि कोई ब्राह्मण शूद्रको आत्ममन्त्र, गुरुमन्त्र, अजपामन्त्र (हंस) स्वाहा और स्वाहाप्रणवयुक्त आदि मन्त्रप्रदान करें तो मन्त्रदाता और मन्त्रगृहीता दोनों ही नरकको जाते हैं। स्त्री अथवा शूद्रको सावित्री, प्रणव और लक्ष्मी वीज (श्रीं)-का उच्चारण नहीं करना चाहिये, करनेसे नरकको गति होती है। गोपाल, शिव, दुर्गा, सूर्य और गणेश इन्हींके मन्त्रोंके शूद्र अधिकारी हैं। अन्य देवताका मन्त्रग्रहण करनेसे वह पापभागी होता है।

"प्रणवाद्यं न दातव्यं मन्त्रं शूद्राय सर्वथा।
आत्ममन्त्रं गुरोर्मन्त्रं मन्त्रञ्चाजपसंज्ञकं॥
स्वाहाप्रणवसंयुक्तं शूद्रे मन्त्रं ददद्द्विजः।
शूद्रो निरयमाप्नोति ब्राह्मणो यान्त्यधोगतिम्॥
श्रुतिरपि, सावित्रीं प्रणवं यजुर्लक्ष्मीं स्त्रीशूद्रो यदि जानीयात् स मृतोऽधो गच्छति।
गोपालस्य मनुर्देयो महेशस्य च पादजे।
तत्पत्न्याश्चापि सूर्यस्य गणेशस्य मनुस्तथा।
एषां दीक्षाधिकारी स्यादन्यथा पापभाग् भवेत्॥"

(तन्त्रसार)

सबोंको अनुकूल मन्त्र ग्रहण करना उचित है। ताराचक्र और राशिचक्र आदि चक्रविचारमें जो मन्त्र अनुकूल होगा वही मन्त्र ग्रहण करना चाहिये।

सिद्धसारस्वत तन्त्रके मतानुसार नृसिंह, सूर्य और वराहमन्त्र, प्रासादबीज (हौं) प्रणव और कूटमन्त्र इनके सिद्धादि शोधनकी आवश्यकया नहीं।

ताराचक्र, १० राशिचक्र, और नामचक्र इन सब चक्रोंके विचारसे सगुण होने पर भी मन्त्रग्रहण किया जा सकता है। अन्य चक्रविचारकी आवश्यकता नहीं रहती। इसका तात्पय यह, कि ताराचक्र, राशिचक्र और नामचक्रका विचार अवश्य कर्त्तव्य है। अन्य ऋणिधनी आदि चक्र द्वारा विचार नहीं करना चाहिये, सो नहीं। क्योंकि इससे दूसरी जगह जो लिखा है, कि धनीको मन्त्र नहीं लेना चाहिये, इत्यादि वचन निष्फल होते हैं। इसमें ऐसी मीमांसा की जा सकती है, कि पूर्वोक्त वचन ताराचक्रादिके प्रशंसासूचक हैं। मन्त्रग्रहणमें सभी चक्रों द्वारा मन्त्रका उद्धार करके मन्त्र लेना होगा।

स्वप्नलब्ध, स्त्रीगुरुप्रदत्त, मालामन्त्र, त्र्यक्षरी मन्त्र और वेदोक्त मन्त्र ये सब मन्त्र लेनेमें भी सिद्धादि शोधनकी आवश्यकता नहीं है। बीस अक्षरसे अधिकका जो मन्त्र रहता है उसे मालामन्त्र कहते हैं। इस मालामन्त्रमें, नपुंसक मन्त्रमें, सूयके अष्टाक्षरी और पञ्चाक्षरी तथा सब प्रकारके वैदिक मन्त्रोंमें सिद्धादि शोधन नहीं करना होगा। जिस मन्त्रके अन्तमें 'हुं फट्' रहता है उसे पुंमन्त्र, जिसके अन्तमें स्वाहा है उसे स्त्रीमन्त्र और जिस मन्त्रके बाद नम रहता है उसे नपुंसक मन्त्र कहते हैं।

"ताराचक्रं राशिचक्रं नामचक्रं तथैव च।
अत्र चेत् सगुणो मन्त्रो नान्यचक्रं विचिन्तयेत् ॥"
इति तु प्रधानतया बोद्धव्यं—
तथाच 'धनिमन्त्रं न गृह्नीयाद कुलञ्च तथैव च।
इत्यादि तथा दर्शनात् तत्तचक्र विचारस्य आवश्यकत्वात् प्रथमं तन्निरूप्यते।
स्वप्नलब्धे स्त्रिया दत्ते मालामन्त्रे च त्र्यक्षरे।
वैदिकेषु च सर्वेषु सिद्धादीन्नैव शोधयेत् ॥
हंसस्याष्टाक्षरस्यापि तथा पञ्चाक्षरस्य च।
एकद्वित्र्यादिबीजस्य सिद्धयादीन्नैव शोधयेत् ॥" इत्यादि

काली, तारा, महादुर्गा, त्वरिता, छिन्नमस्ता, वाग्वादिनी, अन्नपूर्णा, प्रत्यङ्गिरा, कामाख्यावासिनी, बाला, मातङ्गी, शैलवासिनी तथा काली, तारा, षोड़शी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, धूमावती, वगला, मातङ्गी और कमला ये दश महाविद्या हैं। इस विद्याका मन्त्र लेनेमें सिद्धादि शोधन, नक्षत्रादिविचार, कालादि शुद्धि और अरिमित्रादिका विचार नहीं करना होता। ये सब देवता सिद्धविद्या हैं इसीसे किसी विचारकी जरूरत नहीं होती।

तन्त्रके पूर्वोक्त वचनसे जाना जाता है, कि काली तारादि महाविद्याका मन्त्र लेनेमें कोई विचार नहीं करना होगा। पर यह बात नहीं है, केवल उक्त वचनोंको उच्चस्थान दिया गया है। सभी प्रकारके मन्त्रग्रहण करनेमें विचारकी आवश्यकता है। क्योंकि कहीं पर लिखा है, कि स्वप्नमें भी वैरिमन्त्र लाभ होता है तथा उससे भी अनिष्ट होनेकी सम्भावना है। अतएव अच्छी तरह सोच विचार कर मन्त्र लेना चाहिये।

"काली तारा महादुर्गा त्वरिता छिन्नमस्तिका।
वाग्वादिनी चान्नपूर्णा तथा प्रत्यङ्गिरा पुनः ॥
कामाख्यावासिनी बाला मातङ्गी शैलवासिनी।
इत्याद्याः सकला देव्यः कलौ पूर्णफलप्रदा।
सिद्धमन्त्रतया नात्र युगसेवापरिश्रमः ॥
काली तारा महाविद्या षोड़शी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा।
बगला सिद्धविद्या च मातङ्गी कमलात्मिका ॥
एता दश महाविद्याः सिद्धविद्याः प्रकीर्त्तिताः।
नात्र सिद्धाद्यपेक्षास्ति नक्षत्रादिविचारणा ॥
कालादिशोधनं नास्ति नारिमित्रादि दूषणम्।
सिद्धविद्या तया नात्र युगसेवापरिश्रमः।
नास्ति किञ्चिन्महादेवि दुःखसाध्यं कदाचन ॥"

अतएव इन सब वचनों द्वारा यह स्थिर हुआ, कि सिद्धिविद्या वा महाविद्या, कोई भी मन्त्र क्यों न हो, उसका विचार करके ग्रहण करना चाहिए। पहले कुलाकुल चक्रका विचार करना होगा।

कुलाकुल चक्र।

वायु,	अग्नि,	भू,	जल,	आकाश,
अ आ	इ ई	उ ऊ	ऋ ॠ	ऌ ॡ
ए	ऐ	ओ	औ	अं
क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	व	भ	म
य	र	ल	व	श
ष	क्ष	ल	स	ह;

वायु, अग्नि, पृथिवी, जल और आकाश इन पञ्चभूतमय पचास वर्णोंको क्रमशः रख कर कुलाकुलका निर्णय करना होगा। मन्त्रगृहीताके नामका आदि अक्षर और जो मन्त्र लिया जायगा उसका भी आदि अक्षर, ये दोनों अक्षर यदि एक भूत वा एक दैवत हो, तो उस उस मन्त्रको स्वकुल अन्यथा अकुल जानना चाहिये। स्वकुल मंत्रग्रहण करना ही शास्त्रसङ्गत है।

इस कुलाकुल विचारकी सुविधाके लिये एक चक्र अङ्कित किया गया है। वह चक्र देखनेसे मंत्र सहजमें स्थिर किया जायगा। चक्र पांच कोष्ठामें वंटा हुआ है। उन सब कोष्ठाओंके ऊपरमें वायु, अग्नि, भू, जल और आकाश ये पांच नाम लिखे हुए हैं। नीचे एक कोष्ठामें जो जो वर्ण हैं वे एक भूत वा दैवत हैं। नामाद्यक्षर, मन्त्राद्यक्षर एक कोष्ठामें होनेसे मन्त्रग्रहणमें शुभ है और यदि साधक नामादि वर्ण तथा मन्त्रादि वर्ण एक भूत वा एक दैवत न हो, तो उक्त दोनों वर्णोंकी परस्पर मित्रता रहने पर भी मन्त्रग्रहण लिया जा सकता है। नामादि वर्णके साथ किस वर्णकी मित्रता वा शत्रुता है, वह इस तरहसे जाना जाता है। वारुणवर्ण भौमवर्णका और मारुत वर्ण आग्नेय वर्णका मित्र तथा मारुत्वर्ण पार्थिव वर्णका और आग्नेय वर्ण वारुणवर्ण एवं पार्थिव वर्णका शत्रु है। आकाश सभी वर्णोंका मित्र है। इस प्रकार वर्णोंकी शत्रुमित्रता स्थिर करके मित्र मन्त्र ग्रहण करे, शत्रुमन्त्र नहीं। कुलाकुल चक्रका विचार करनेके वाद राशिचक्र द्वारा विचार करना होता है।

राशिचक्र।



इस प्रकार राशिचक्र स्थिर करके पीछे विचार करना होगा। अपनी जन्मराशिसे मन्त्रराशि अर्थात् जिस राशिमें मन्त्रका आदिवर्ण देखा जायगा, उस राशि तक गणना करनेसे यदि वह मन्त्रराशिसे छठां, आठवां वा वारहवां हो, तो मन्त्रग्रहण नहीं करना चाहिये। यदि जन्मराशि मालूम न रहे, तो नामके आदि अक्षर सम्बन्धीय राशि ले कर गणना करे। इस गणणामें भी छठा, आठवां और नवां राशिस्थित मनका परित्याग करना होता है। पहला, पांचवां और नवां राशिगत मंत्र मित्रके समान हितकारी है। दूसरा, छठा और दशवां राशिस्थित मंत्रसिद्धि; तीसरा, ग्यारहवां और सातवां मंत्र पुष्टिकर; वारहवां, आठवां और चौथा मंत्र घातक है। इसमें विशेषता यह है, कि विष्णु मंत्रविषयमें चौथा मंत्र घातक है। द्वादश राशि लग्न, धन, भ्रातृ, बन्धु, पुत्र, शत्रु, कलत्र, मृत्यु, धर्म, कर्म, आय और व्यय इन वारह राशियोंकी वारह संज्ञा हैं। जन्मराशिगत मंत्र लेनेसे मनकी सिद्धि, धनस्थानस्थित मंत्रसे धनलाभ, भ्रातृस्थानमें भ्राताकी उन्नति, बन्धुप्रियता, पुत्रस्थानमें पुत्रलाभ, शत्रुस्थानमें शत्रुवृद्धि, कलत्र स्थानमें सामान्य फल, मृत्युस्थानमें मृत्यु, धर्मस्थानमें कार्यसिद्धि, आयस्थानमें धनसम्पत्ति और व्ययस्थानमें

सञ्चित धन व्यय होता है। राशिचक्रमें शुद्धाशुद्धिका विचार करके मन्त्रग्रहण करे।

अनन्तर नक्षत्रचक्र स्थिर करके मन्त्रविचार करना होता है। नक्षत्रचक्रकी गणना सहजमें बोधगम्य नहीं होती, इसलिये नीचे एक चक्र दिया गया है। वह चक्र देखनेसे ही मन्त्र सहजमें स्थिर कर सकेंगे। चक्र सत्ताईस घरोंमें विभक्त हैं। इसके एकसे ले कर सत्ताईस घरोंमें अश्विनी आदि सताईस नक्षत्रों और वचनोंके अनुसार जिस जिस घरका जो जो वर्ण और गण लिखा है उसीसे मन्त्र स्थिर करना होगा।

नक्षत्रानुसार गण स्थिर करके मन्त्रका विचार करे।

स्वजातिमें परम प्रीति, अन्य जातिमें मध्यम प्रीति, राक्षस और मनुष्यमें विनाश और देवगणमें शत्रुता जाननी होगी। जन्म नक्षत्र और मन्त्रका आदि अक्षर जिस घरमें पड़ेगा उस घरका नक्षत्र ले कर गणना करनी होगी। यदि मन्त्र और मन्त्र लेनेवालेका एक गण हो, तो वह मन्त्र शुभ माना गया है। फिर जिसका नरगण है वह देवगण-मन्त्र ग्रहण कर सकता है। मनुष्यगण और राक्षसगणमें मृत्यु तथा राक्षसगण और देवगणमें शत्रुता होती है, इसलिये वैसा मन्त्रग्रहण नहीं करना चाहिये।

नक्षत्रचक्र।

अश्विनी अ आ देव	भरणी इ मानुष	कृत्तिका ई उ ऊ राक्षस	रोहिणी ऋ ॠ ऌ ॡ नर	मृगशिरा ए देव	आर्द्रा ऐ नर	पुनर्वसु ओ औ देव	पुष्या क देव	अश्लेषा ख ग राक्षस
मघा घ ङ राक्षस	पूर्वफल्गुनी च नर	उत्तरफल्गुनी छ ज नर	हस्ता झ ञ देव	चित्रा ट ठ राक्षस	स्वाति ड देव	विशाखा ढ ण राक्षस	अनुराधा त थ द देव	ज्येष्ठा ध राक्षस
मूला न प फ राक्षस	पूर्वाषाढ़ा ब नर	उत्तराषाढ़ा भ नर	श्रवणा म देव	धनिष्ठा य र राक्षस	शतभिषा ल राक्षस	पूर्वभाद्रपद व श नर	उत्तरभाद्रपद ष स ह नर	रेवती ळ क्ष अं अः देव

जन्म, सम्पत्, विपद्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मित्र और परममित्र इस प्रकार जन्म नक्षत्रसे ले कर मन्त्र नक्षत्र तक पुनः पुनः गणना करें। यदि जन्म नक्षत्रसे मन्त्र नक्षत्र तृतीय, पञ्चम वा सप्तम हो, तो उस मन्त्रका परित्याग करे। छठा, आठवां, दूसरा, नवां अथवा चौथा मन्त्र शुभ तथा अन्य मन्त्र अशुभ होता है। इस मन्त्रकी अपने जन्मनक्षत्रसे गणना करनी होगी। जिसका जन्मनक्षत्र मालूम न रहे उसका स्वनामाद्यक्षर सम्बन्धि नक्षत्र ले कर गणना करे।

इस नक्षत्रके अनुसार मन्त्र स्थिर हो जाने पर अकथह, अकड़म और ऋणिधनि चक्रमें मन्त्रका विचार करें। अकथह, अकड़म और ऋणिधनि चक्रका विषय उन्हीं शब्दोंमें देखो।

गुरुको चाहिये, कि वे अच्छी तरह सोच विचार कर इन सब चक्रोंसे मन्त्र उद्धार कर शिष्यको प्रदान करें।

मन्त्रका कालनिर्णय।—चैत्र मासमें मन्त्र लेनेसे सब प्रकारके पुरुषार्थकी सिद्धि, वैशाखमें रत्नलाभ, ज्येष्ठमें मरण, आषाढ़में बन्धुनाश, श्रावणमें दीर्घायु, भाद्रमें संताननाश, आश्विनमें रत्नलाभ, कार्त्तिक और अग्रहायणमें मंत्रसिद्धि, पौषमें शत्रुवृद्धि और पीड़ा, माघमें मेधावृद्धि और फाल्गुनमें मन्त्र लेनेसे सब प्रकारके मनोरथ पूर्ण होते हैं।

इस प्रकार मासके गुणागुणका विचार कर मन्त्रग्रहण करे। किन्तु मन्त्र लेनेमें यदि विहित मास मलमास हो, तो उस मासमें मन्त्र न ले। क्योंकि मलमासमें सभी

कार्य निन्दित बतलाये गये हैं। चैत्रमासमें जो दीक्षा कही गई, वह गोपाल-विषयमें जानना चाहिये। कारण, दूसरे वचनमें लिखा है, कि चैत्रमासमें मन्त्र लेनेसे दुःख-भोग और मरण होता है। अतएव चैत्रमासमें गोपाल मन्त्र ही लिया जा सकता है। आषाढ़मासमें मन्त्र लेनेसे बन्धुनाश होता है, ऐसा जो लिखा है, वह सभी देवताके पक्षमें नहीं, केवल श्रीविद्या मन्त्र-विषयमें जानना चाहिये।

मन्त्रके सम्बन्धमें जो मासका विषय कहा गया वह सिर्फ सौरमास समझो। कारण, मन्त्रग्रहणमें चान्द्रमासकी कोई आवश्यकता नहीं। सौरमास ही प्रशस्त है।

मन्त्रग्रहणमें वार नियम।—रविवारको मन्त्र लेनेसे वित्तलाभ, सोमवारको शान्ति सौर मङ्गलवारको आयुक्षय होती है। अतएव इस दिन मन्त्रग्रहण न न करे। बुद्धवारको सौन्दर्य लाभ, वृहस्पतिवारको ज्ञानवृद्धि, शुक्रवारको सौभाग्य और शनिवारको यशकी हानि होती है। अतः रवि, सोम, बुध, वृहस्पति और शुक्र मन्त्र लेनेका प्रशस्त वार है। केवल शनि और मङ्गलवार प्रशस्त नहीं है। इन दो दिनोंमें मन्त्र नहीं लेना चाहिये।

मन्त्रग्रहणमें तिथि-नियम।—प्रतिपद तिथिमें मन्त्र लेनेसे ज्ञान-नाश, द्वितीयामें ज्ञान-वृद्धि, तृतीयामें शुचिता, चतुर्थीमें वित्तनाश, पञ्चमीमें बुद्धि, षष्ठीमें ज्ञान-क्षय, सप्तमीमें सुखलाभ, अष्टमीमें बुद्धिनाश, नवमीमें शरीर क्षय, दशमीमें राजसौभाग्य, एकादशीमें शुचिता, द्वादशीमें सर्वकार्यसिद्धि, त्रयोदशीमें दरिद्रता, चतुर्दशीमें तिर्यक् योनिमें जन्म, अमावस्यामें कार्यहानि और पूर्णिमामें धर्मवृद्धि होती है।

अस्वाध्याय अर्थात् जिस जिस दिन वेदपाठ निषिद्ध बतलाया गया है उस दिन मन्त्रग्रहण न करे। संध्यागर्जन, भूमिकम्प और उल्कोपातका दिन अस्वाध्याय है। अन्यान्य तन्त्रमें जो षष्ठी और त्रयोदशीका विधान देखा जाता है वह विष्णु विषयमें जानना चाहिये। पञ्चमी, सप्तमी, षष्ठी, द्वितीया, पूर्णिमा, त्रयोदशी और दशमी तिथि मन्त्रग्रहणमें प्रशस्त है। षष्ठी तिथिमें शिवमन्त्र लेनेमें कोई दोष नहीं।

मन्त्रग्रहणमें नक्षत्र।—अश्विनी नक्षत्रमें मन्त्र लेनेसे शुभ, भरणीमें मरण, कृत्तिकामें दुःख, रोहिणीमें ज्ञानलाभ, मृगशिरामें सुख, आर्द्रामें बन्धुनाश, पुनर्वसुमें धन, पुष्यामें शत्रुनाश, अश्लेषामें मृत्यु, मघामें दुःखमोचन, पूर्वफल्गुनीमें सौन्दर्य, उत्तरफल्गुनीमें ज्ञान, हस्तामें धन, चित्रामें ज्ञानवृद्धि, स्वातिमें शत्रुविनाश, विशाखामें दुःख, अनुराधामें बन्धुवृद्धि, ज्येष्ठामें सुतहानि, मूलामें कीर्त्तिवृद्धि, पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ामें यशोवृद्धि, श्रवणामें दुःख, धनिष्ठामें दारिद्र्य, शतभिषामें बुद्धिवृद्धि, पूर्वभाद्रपदमें सुख तथा रेवती नक्षत्रमें कीर्त्तिवृद्धि होती है।

आर्द्रा और कृत्तिका नक्षत्रका जो निषेध किया गया है वह शिवमन्त्र और वह्निविषयमें। ज्येष्ठा और भरणी नक्षत्रको राममन्त्र विषयमें जानना चाहिये।

मन्त्रग्रहणमें योग-नियम।—शुभ, सिद्ध, आयुष्मान्, ध्रुव, प्रीति, सौभाग्य, वृद्धि और हर्षण ये सब योग मन्त्रग्रहणमें प्रशस्त हैं। रत्नावलीतन्त्रमें लिखा है,—प्रीति, आयुष्मान्, सौभाग्य, शोभन, धृति, वृद्धि, ध्रुव, सुकर्मा, साध्य, शुक्र, हर्षण, वरीयान्, शिव, ब्रह्मा और इन्द्र ये सोलह योग मन्त्रग्रहणमें विशेष प्रशस्त हैं।

मन्त्रग्रहणमें करण-निर्णय—बव, वालव, कौलव, तैतिल और वणिज ये सब करणमन्त्र लेनेमें शुभ है।

मन्त्रग्रहणमें लग्न-निर्णय।—वृष, सिंह, कन्या, धनु और मीन इन सब लग्नोंमें तथा चन्द्र तारा शुद्धिमें मन्त्रग्रहण कर्त्तव्य है। विष्णुमन्त्र लेनेमें स्थिरलग्न अर्थात् वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ ये सब लग्न प्रशस्त हैं। शिवमन्त्र लेनेमें चरलग्न और शक्तिमन्त्र लेनेमें द्व्यात्मक लग्न शुभकर है। मन्त्र लेनेके समय तत्कालीन लग्नकी अपेक्षा तीसरे, छठे और ग्यारहवें स्थानमें यदि पापग्रह तथा लग्न और चौथे, सातवें, दशवें, नवें और पांचवें स्थानमें शुभग्रह रहे, तो मन्त्र ले सकते हैं। मन्त्र लेनेमें वक्रीग्रह अनिष्टकारी है।

मन्त्रग्रहणमें पक्ष निर्णय।—शुक्लपक्षमें मन्त्र लेनेसे शुभ फल होता है। कृष्णपक्षकी पञ्चमी तक मन्त्र लिया जा सकता है। अगस्त्यसंहिताके मतमें शुक्ल और कृष्ण दोनों ही पक्ष मन्त्रग्रहणमें प्रशस्त है। कालोत्तरमें लिखा है,—सम्पत्कामी व्यक्तिको शुक्लपक्षमें और मोक्षकामीको कृष्णपक्षमें मन्त्र लेना चाहिये।

निषिद्ध मासमें भी तिथिविशेषमें मन्त्रग्रहण किया जा सकता है। रत्नावलीमें लिखा है,—भाद्रमासकी षष्ठी, आश्विनमासकी कृष्ण चतुर्दशी, कार्त्तिकी शुक्ला नवमी, चैत्रको कामचतुर्दशी (किसीके मतसे त्रयोदशी), वैशाखकी अक्षयतृतीया, ज्येष्ठमासकी दशहरा, आषाढ़की शुक्लापञ्चमी और श्रावणकी कृष्णापञ्चमी इन सब दिनोंमें नक्षत्रादि निन्दित होने पर भी मन्त्रग्रहण किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त चैत्रकी शुक्ला त्रयोदशी, वैशाखकी शुक्ला एकादशी, ज्येष्ठकी कृष्ण चतुर्दशी, आषाढ़की नागपञ्चमी, श्रावणकी एकादशी, भाद्रकी जन्माष्टमी, आश्विनकी महाष्टमी, कार्त्तिककी शुक्ला नवमी, अग्रहायण की शुक्ला षष्ठी, पौषकी चतुर्दशी, माघकी शुक्ला एकादशी, फाल्गुनकी शुक्ला षष्ठी ये सब तिथि मन्त्रग्रहणमें प्रशस्त हैं।

उत्तरायण और दक्षिणायनादि संक्रान्ति-दिनमें, चन्द्रसूर्यग्रहणमें, युगाद्या तिथि और मन्वन्तरा तिथिमें मन्त्रग्रहण प्रशस्त है। मन्त्रग्रहणमें सूर्यग्रहणके जैसा और कोई शुभकाल नहीं है। सूर्य और चन्द्र दोनों ही ग्रहणकालमें मन्त्र लेना शुभ है।

कृष्णपक्षकी अष्टमी तिथिमें शुभ लग्नमें, पूर्वभाद्रपद नक्षत्रमें तथा मित्र-तारामें तारामन्त्र ग्रहण करे। तारा-मन्त्रकी दीक्षामें अनुराधा और रेवती नक्षत्र तथा आश्विन और कार्त्तिक मास प्रशस्त है।

सोमवारमें अमावस्या, मङ्गलवारमें चतुर्दशी; रविवारमें सप्तमीतिथि पड़नेसे वह सौ पर्वके समान होता है। इस पर्वमें मन्त्र लेनेसे विशेष शुभ होता है।

यामलमें लिखा है—गङ्गादि पुण्यक्षेत्रमें, कुरुक्षेत्रमें, प्रयागमें, काशीक्षेत्रमें अथवा किसी पीठस्थानमें कालाकाल शुद्धिका प्रयोजन नहीं। एतद्भिन्न अन्य स्थानमें मन्त्र लेनेसे ही विशुद्ध कालकी ओर अवश्य ध्यान रखना होगा।

विष्णुयामलमें लिखा है—देवीके बोधनसे महानवमी पर्यन्त जितनी तिथियां हैं, प्रत्येक तिथिमें मन्त्रग्रहण किया जा सकता है। दुर्गादेवीके बोधनमें, अशोकाष्टमीमें, रामनवमीमें तथा गुरु जब कहें उस समयमें मन्त्र लिया जा सकता है। इसमें कालाकालके विचारकी जरूरत नहीं।

गुरु कृपापूर्वक शिष्यको बुला कर यदि मन्त्र देना चाहें, तो लग्नादि विचार करनेका कोई प्रयोजन नहीं। कारण, इस समय समस्त वार, समस्त तिथि तथा समस्त नक्षत्र ही शुभप्रद है।

मन्त्रस्थाननिर्णय—गोशाला, गुरुगृह, देवालय, कानन, पुण्यक्षेत्र, उद्यान, नदीतीर, आमलकी वृक्षके समीप, पर्वताग्र, पर्वतगुहा और गङ्गातट इन सब स्थानोंमें दीक्षा-ग्रहण करनेसे कोटिगुण फल होता है।

मन्त्रग्रहणमें निन्दित स्थान।—गया, भास्करक्षेत्र, विरजातीर्थ, चन्द्रपर्वत, चट्टग्राम, मातङ्गदेश तथा कन्या-गृह इन सब स्थानोंमें मन्त्रग्रहण निषिद्ध है।*

यदि शुक्र अस्तगत अथवा वृद्धावस्थामें रहे अथवा गुरु और रवि एक घरमें हों, तो मेष, वृश्चिक और सिंहमें मन्त्र लेनेमें कोई दोष नहीं।

मन्त्रग्रहणके पूर्वदिन गुरु शिष्यको अपने घर पर बुला कर पवित्र कुशशय्या पर बिठावें और निद्रामन्त्रसे उसकी शिखा बांध दे। शिष्य शयनकालमें उस मन्त्रका तीन बार पाठ कर श्रीगुरुका पादपद्म ध्यान करते करते सो जावे।

निद्रामन्त्र—ओं हिलि हिलि शूलपाणये स्वाहा'

मतान्तर—

'नमो जय त्रिनेत्राय पिङ्गलाय महात्मने।
रामाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नमः॥
स्वप्ने कथय मे तथ्य सर्वकार्येष्वशेषतः।
क्रियासिद्धिं विधास्यामि त्वत् प्रसादान्महेश्वर।

दूसरे दिन सबेरे गुरु शिष्यसे स्वप्नका शुभाशुभ पूछें। शिष्य समस्त स्वप्नविवरण उन्हें कह सुनावें। कन्या, छत्र, रथ, प्रदीप, अट्टालिका, पद्म, नदी, हस्ती, वृष, माल्य, समुद्र, सर्प, वृष, पर्वत, घोटक, यज्ञिय मांस

---

* 'गयायां भास्करक्षेत्रे विरजे चन्द्रपर्वते।
चट्टले च मतङ्गे च तथा कन्याश्रमेषु च।
न गृह्णीयात् ततो दीक्षां तीर्थक्षेत्रेषु पार्वति॥"

(तन्त्रसार)

और मद्य ये सब स्वप्नमें देखनेसे मन्त्रकी सिद्धि होती है। (तन्त्रसार)

मन्त्रके आठ प्रकारके दोष हैं, यथा—अभक्ति, अक्षरभ्रान्ति, लुप्त, छिन्न, ह्रस्व, दीर्घ, कथन और स्वप्नमें कथन।

(१) मन्त्रको अक्षर समझनेका नाम अभक्ति है। मन्त्र ही देवता स्वरूप है, ऐसा जान कर मन्त्र द्वारा उपासना करनेसे देवता प्रसन्न हो कर अभिलषित फल प्रदान करते हैं। यह मन्त्र केवल अक्षरोंकी समष्टि है ऐसा जो समझते हैं उनका मन्त्र सिद्ध नहीं होता, वरं उन्हें नरककी प्राप्ति होती है। दूसरे मन्त्रकी प्रशंसा करके अपने मन्त्रको निष्फल समझना भी अभक्ति है। (२) अक्षरभ्रान्ति, गुरु वा शिष्यके भ्रमवशतः मन्त्रका वर्णवैपरीत्य अथवा वर्णाधिक्य। (३) लुप्तमन्त्रमें वर्णका न्यूनत्व। (४) छिन्न मन्त्रान्तर्गत युक्तवर्णका एकदेश न्यूनत्व। (५) ह्रस्व, मन्त्रका दीर्घवर्णस्थानमें ह्रस्व शब्द-प्रयोग। (६) दीर्घ, मन्त्रका ह्रस्वस्थानमें दीर्घ-प्रयोग। (७) कथन, दूसरेके निकट अपना मन्त्र-प्रकाश। (८) स्वप्नमें कथन, निद्राकालमें मन्त्र दूसरेसे कहना। मन्त्रके यही आठ प्रकारके दोष हैं। (हरतत्त्वदीधिति)

"अक्षरे भ्रान्तिः गुरोः शिष्यस्य वा भ्रान्त्या मन्त्रेषु वर्णवैपरीत्यं वर्णाधिक्यञ्च। लुप्तः, मन्त्रेषु वर्णन्यूनत्वं। छिन्नः, मन्त्रान्तर्गतयुक्तवर्णैकदेशन्यूनत्वं। ह्रस्वः, दीर्घस्थाने ह्रस्वप्रयोगः। यद्यप्येतद्दोषयोरक्षरभ्रान्त्यन्तर्भूतत्वेन पौनरुक्तं स्यात्, तथापि एतद्दोषयोः पृथक्प्रायश्चित्तस्य वक्ष्यमाणत्वात् अक्षरभ्रान्तिस्तदितरविषया, कथनमन्येषु स्वीयमन्त्रप्रकाश, स्वप्नेन्विति स्वप्ने ब्राह्मणरूपिदेवेन स्वीय मन्त्रस्य ग्रहणं तस्मिन् स्वीय मन्त्रप्रकाश इति यावत्।" (हरतत्त्वदीधिति)

मन्त्रके उक्त प्रकार दोषदुष्ट होनेसे उसका प्रायश्चित्त करना होगा। प्रायश्चित्त द्वारा वह मन्त्रशुभमय होता है, नहीं तो पद पदमें विघ्नकी सम्भावना है। जिससे मन्त्रमें इस प्रकारका दोष होने न पावे, शिष्य इसके विशेष सतर्क रहें।

मन्त्रमें अभक्ति दोष होनेसे बहुजप, होम और बहु-काय क्लेश द्वारा उसे दूर करना होगा। इस प्रकार अभक्ति दूर होनेके बाद यदि भक्तिका उदय हो, तो सिद्धि-लाभमें अधिक विलम्ब नहीं होगा।

"बहुजपात् तथा होमात् कायक्लेशादिविस्तरात्।
यदि भक्तिर्भवेत् देवि तस्य सिद्धिरदूरतः॥"
(हरतत्त्वदीधिति)

मन्त्रमें अक्षरभ्रान्तिका दोष होनेसे गुरु, गुरुके अभावमें उनके पुत्र, पुत्रके अभावमें गुरुलक्षणविशिष्ट किसी साधक द्वारा मन्त्रका दोष हटा कर उनसे दूसरी वार मन्त्रग्रहण करे।

"गुरुणा तत्सुतेनैव साधकेन परानने।
अक्षरे दूषणं हित्वा पुनर्मन्त्रं प्रकाशयेत्॥"
(हरतत्त्वदी०)

मन्त्रमें लुप्तदोष होनेसे गुरु, गुरुके अभावमें गुरुपुत्र वा कोई साधक समाहित चित्तसे लुप्तवर्ण निर्णय करके शिष्यको मन्त्र दें।

मन्त्रमें छिन्नदोष होनेसे गुरु आदि वह दोष दूर कर शिष्यको मन्त्रप्रदान करें तथा उसके प्रायश्चित्त स्वरूप लाख बार जप करें। इत्यादि।

सभी प्रकारके दोषोंको गुरु स्थिरचित्तसे निराकरण करें। मन्त्रके दश प्रकारके संस्कार—

"जननं जीवनं पश्चात् ताड़नं बोधनं तथा।
अथाभिषेको विमलीकरणाप्यायने पुनः॥
तर्पणं दीपनं गुप्तिर्दशैता मन्त्रसंस्क्रिया॥" (तन्त्रसार)

जनन, जीवन, ताड़न, बोधन, अभिषेक, विमलीकरण, आप्यायन, तर्पण, दीपन और गुप्ति यही दश मंत्रके संस्कार हैं। संस्कार करनेके बाद ही मंत्र लेना उचित है।

निम्नोक्त प्रणालीके अनुसार मन्त्रके दश प्रकारके संस्कार करने होते हैं। कुंकुम, रक्तचन्दन अथवा भस्म द्वारा सुवर्णादि-पात्रमें मातृका यंत्र अङ्कित करना होगा। पीछे शक्तिमंत्रसे रक्तचन्दन और शिवमंत्रसे भस्म द्वारा मातृका यंत्र लिख कर मंत्रका संस्कार करना होगा। मातृका यंत्रके सिवा अन्य मंत्रका संस्कार नहीं होता। निम्नोक्त प्रणालीके अनुसार मातृका यंत्र प्रस्तुत करना होता है। मातृकायन्त्र देखो।

'हेसौ' इस मंत्रको कर्णिका करके दो दो स्वर द्वारा केशर अङ्कित करे। पीछे अष्ट दलपद्म अङ्कित करके उन पर अष्टवर्ग लिखे। पद्मके वहिर्भागमें चार द्वार और चतुष्कोण अङ्कित करके पद्मसे घेर दे। यंत्रके चारों ओर 'वं' और चारों कोणमें 'ठं' लिखे तथा ककारादि म पर्यन्त पञ्चवर्ग, य से व पयत, श से ह पर्यंत और ल क्ष इन्हें पूर्व ओरसे आरम्भ करके ईशान कोण तक अष्टदल पर लिखना होगा। इसके वाद चतुरस्र और चतुर्द्वार वना कर चतुर्द्वार पर 'वं' और चतुष्कोणमें 'ठं' लिख कर यंत्र अङ्कित करे।

मंत्रका जननसंस्कार।—मातृका यंत्रसे जो मंत्रवर्णोंका उद्धार किया जाता है उसे जनन-संस्कार कहते हैं।

जीवन उद्धृत वर्णोंके पंक्तिक्रमसे प्रत्येक वण को प्रणव द्वारा पुटित करे। पीछे एक एक वर्णका सौ सौ बार जप करना होगा। इसीको मंत्रका जीवन कहते हैं। किसी किसीने दश बार भी मन्त्र जपनेकी व्यवस्था दी है।

ताड़न।—मंत्रके सभी वर्णोंको पृथक् पृथक् लिख कर 'वं' इस मंत्रसे चन्दनोदक द्वारा ताडन करे, इस प्रकार सौ बार करते रहे। किसी किसीके मतमें दश बार भी करनेसे काम चल सकता है।

बोधन—मंत्रके सभी वर्णोंको पृथक् पृथक् रूपमें लिख कर मंत्रवर्णके जितने अङ्क हों, उतने ही रक्त करवीरपुष्प द्वारा 'रं' इस मंत्रसे मंत्रवर्णोंका हनन करे। इसीका नाम मंत्रबोधन है।

अभिषेक—मंत्रके सभी वर्णोंको लिख कर मंत्राक्षरसंख्यक रक्त करवीर पुष्प द्वारा 'रं' इस मंत्रसे एक एक बार सभी वर्णोंको अभिमंत्रित करे। पीछे मंत्रोक्त विधानसे अश्वत्थ पल्लव द्वारा मन्त्रकी वर्ण-संख्याके अनुसार अभिसिञ्चन करना होता है।

विमलीकरण—सुषुम्नाके मूल और मध्यभागमें देनेयोग्य मंत्रकी चिंतना कर ज्योतिर्मय अर्थात् ओं हौं इस मन्त्रसे मलत्रय दग्ध करे। इसीका नाम मंत्रका विमलीकरण है। आनव्य, मायिक और कार्मण यही तीन प्रकारके मल हैं। योषा अर्थात् स्त्रीसे जो मल उत्पन्न होता है उसे मायिक मल, पुरुषसे उत्पन्न मलको कार्मण मल और दोनों प्रकारके मलको आनव्य मल कहते हैं। ये तीनो प्रकारके मल सवशास्त्रनिन्दित हैं। मन्त्रका विमलीकरण करनेसे यह त्रिविध मल नष्ट होता है।

आप्यायन—स्वर्ण और कुश अथवा पुष्पोदक द्वारा पूर्वलिखित ज्योतिर्मय मन्त्रका आप्यायन करे।

तर्पण—पूर्वोक्त ज्योतिर्मंत्रमें देय मंत्रकी वर्णसंख्याके अनुसार जल द्वारा तर्पण करना होगा। इसमें विशेषता यह है, कि शक्तिमंत्र-विषयमें मधु द्वारा, विष्णुमंत्रमें कर्पूरमिश्रित जल द्वारा तथा शिवमंत्रमें दुग्ध द्वारा तर्पण करना होगा। अभिषेक भी इसी प्रणालीसे करना होता है।

दीपन—"ओं ह्रीं श्रीं" इस मंत्रसे मन्त्रका दीप्तिसाधन करना होगा।

गुप्ति—जिस मन्त्रका जप करे, उसे प्रकाश न करे। उसे हमेशा गोपन भावमें रखना होगा। इस प्रकार मन्त्रकी प्रणालीसे मन्त्रका संस्कार करके यदि मन्त्र लिया जाय, तो साधक अभीष्ट लाभ करता है।

(तन्त्रसार)

मंत्रग्रहणके पूर्वदिन गुरु और शिष्य दोनों ही संयत हो कर रहें। बादमें मन्त्र लेनेके दिन गुरुदीक्षा पद्धतिके अनुसार शिष्यको मन्त्र दें।

वंशपरम्परामें एक एक देवताका उपासक देखनेमें आता है अर्थात् कोई कालीमन्त्रका उपासक, कोई तारामंत्रका इत्यादि रूपसे विभिन्न वंशमें महाविद्यादि विभिन्न देवताकी उपासनाप्रणाली प्रचलित है। मालूम होता है, उस वंशके किसी महापुरुषने उस देवताकी उपासनासे सिद्धि लाभ की थी। तभीसे उनके वंशपराम्पराक्रमसे उस देवताकी उपासना चली आ रही है। एक एक देवताके बहुतसे बीजमन्त्र हैं। गुरु पूर्वोक्त प्रणालीके अनुसार बीजमन्त्रोंमेंसे कोई बीजमंत्र जो उसके अनुकूल हो, चुन कर शिष्यको प्रदान करे। किन्तु कुलदेवता ठीक रखना होगा। कुलदेवताका परित्याग कर अन्य देवताका मन्त्र लेनेसे सिद्धि नहीं होती। इस कारण कुलदेवताके प्रति लक्ष्य रखना नितान्त आवश्यक है।

मन्त्र लेनेमें शैव, वैष्णव, शाक्त आदिमें विभेद समझना उचित नहीं। इनमेंसे जिस किसी देवताका मन्त्र क्यों न लेना हो, भक्तिपूर्वक उनकी उपासना करनेसे ही मन्त्रसिद्धि होगी। काली तारादि नाममें विभेद तो देखा जाता है, पर यथार्थमें वह विभेद नहीं है, एक है। केवल साधकोंके हितके लिये महामायाने नाना रूप धारण किया है।

"ध्यायन्ति तं वैष्णवाश्च कृष्णं श्यामलसुन्दरम्।
केचिच्चतुर्भुजं शान्तं लक्ष्मीकान्तं मनोहरम्॥
त्रिशूलधारिणं केचित् पञ्चवक्त्रं दिगम्बरम्।
नानारूपञ्च पश्यन्ति ध्यानानुसारतश्च याम्॥
सा देवी प्रकृतिर्ब्रह्मा तेजोमण्डलवासिनी।
केवलं प्रकृतिश्चैका दृश्यते भक्तियोग्यतः॥
भिद्यते सा कतिविधा सूर्ये दर्पणसन्निधौ।
आकाशो भिद्यते यादृक् घटस्थादिस्तथा च सा॥
एकैव सा महाविद्या नाममात्रं पृथक् पृथक्।
चितिरूपा महामाया परब्रह्मस्वरूपिणी॥
सेवकानुग्रहार्थाय नानारूपं दधार सा।" इत्यादि।

(हरतत्त्वदीधितिधृत तन्त्रवचन)

अमुक व्यक्तिने कालीमन्त्र ग्रहण करके सिद्धिलाभ किया है, मैं भी अगर वह मन्त्र ग्रहण करता, तो सिद्धिलाभ कर सकता था, ऐसा साधकोंको कभी भी सोचना नहीं चाहिये। जिसके जो कुलदेवता हैं उनका मन्त्र लेना ही उसके पक्षमें शुभकर है।

साधक यदि दैववशतः बहुतसे मन्त्रलाभ करे, तो उसे उन्हीं सब देवताओंकी पूजादि करनी होगी तथा उन सब देवताओंमें जिस देवताके प्रति उसका भय होगा उसीके मन्त्रादिका जप करना उचित है।

"अथ दैवात् गृहीतबहुमन्त्रसाधकस्य इति कर्त्तव्यतामाह, समयाचारतन्त्रे अष्टमपटले—

बहुमन्त्री यदा देवि साधको दैवयोगतः।
तस्य कस्य जपं कुर्यात् पूजनादिकमेव च॥
सर्वदेवनमस्कारं नित्यं कुर्यात् प्रयत्नतः।
जपादिकन्तु तस्यैव यत्र शङ्का प्रजायते॥"

(हरतत्त्वदीधिति)

गुरु शिष्यको मन्त्र दे कर यदि देशान्तर चले जाँय, या उनकी मृत्यु हो जाय तथा शिष्य यदि दुरदृष्टवशतः अपना मन्त्र भूल जावे, तो शिष्यको उचित है कि वह पहले गुरुपुत्रको बुला कर उन्हें कुल हाल कह सुनावे। पीछे गुरुपुत्र भी उस देवताके समस्त मंत्र उच्चारण करे; मंत्र सुन कर यदि शिष्यको वह मंत्र स्मरण हो जाय, तो शिष्य उसी मंत्रकी उपासना करे। यदि गुरुपुत्र भी न रहे, तो उस वंशमें जो कोई मंत्राभिज्ञ रहेंगे उन्हींसे मंत्रग्रहण करना चाहिये। यदि गुरुवंशमें कोई भी न रहे, तो मंत्राभिज्ञ किसी ब्राह्मणसे पूर्वोक्त नियमानुसार मंत्र लेना उचित है। शिष्य यदि अतिशय दुरदृष्टवशतः कुलदेवता भी भूल जावे, तो पूर्व नियमानुसार गुरुपुत्रसे वह मालूम कर ले। यदि देवताका नाम किसी तरह याद न आवे तथा दूसरी तरहसे जाननेका उपाय भी न रहे तो, शिष्यके जिस देवताके प्रति अधिक भक्ति रहेगी, वही देवता उसके कुलदेवता होंगे।

अथ दुरदृष्टवशात् मन्त्रविस्मृतौ गुरौ देशान्तरगते मृते वा उपायमाह कालीविलासतन्त्रे तृतीयपटले—

"दत्त्वा मन्त्रं तथा विद्यां गुरुर्देशान्तरं गतः।
शिष्यैर्गुरुमुखाच्छ्रुत्वा मन्त्रो विद्या च विस्मृता।
किं कर्त्तव्यं तदा देवि शिष्येण वद साम्प्रतम्॥
श्रुत्वा चान्यतरस्यास्यात्तान्त्रिकस्य सुरार्च्चिते।
पूर्वविद्यां तथा श्रुत्वा ज्ञात्वा सिद्धीश्वरो भवेत्॥"

तथा गुरुपुत्रादिना तदभावे तद्वंशजाते नान्येनाखिलेषु मन्त्रजाते सच्चरितेषु स्वमंत्रस्य श्रवणादवश्यं स्मृतिर्जायते, प्रचुरदुरदृष्टवशेन तत्राप्यानिश्चये तद्देवतामंत्रान्तरं गृह्णीयात् तत्राप्यतिदुरदृष्टवशात् देवताविस्मृतौ बहुषु देवेषु उच्चरितेषु यदि स्मृतिर्जायते, तदा तन्मन्त्रं गृह्णीयात्। तत्रापि देवतास्मृतेरभावे यत्र प्रचुरतरभक्तिः सैवोपास्या।

"स्वान्तःकरणवृत्त्यैव यत्र श्रद्धा गरीयसी।
सैवोपास्या प्रयत्नेन विचारस्तत्र निष्फलः॥"

(हरतत्त्वदीधिति)

पहले ही कहा जा चुका है, कि गुरु अथवा गुरुदत्त मंत्रका त्याग नहीं करना चाहिये। किन्तु गुरु यदि महापातकी वा देवनिन्दक आदि दोषोंसे युक्त हों, तो

उनका त्याग कर अन्य गुरुसे मंत्र ले सकते हैं। इसी प्रकार मंत्र भी यदि अनुच्चार्य, शत्रुगृहगत अथवा असंस्कृत और अवैधभावमें लिया जाय, तो उसका परित्याग किया जा सकता है, इसमें दोष नहीं।

"गृहीतमन्त्रस्त्यक्तव्यो गुरुश्चेद्दोषसंयुतः।
महापातकयुक्तो वा गुरुश्चेद्देव निन्दकः॥
अनुच्चार्यश्च यो मन्त्रः शत्रुगेह गतस्तथा।
असंस्कृतगृहीतश्चाविधिदीक्षा पुरःसरः॥
त्यक्त्वा सर्वप्रयत्नेन पुनर्ग्राह्यं यथाविधि।
इति वचनाद्गुर्वन्तरं गृह्णीयात्॥" (हरतत्त्वदीधिति)

बिना कारणके गुरु और मंत्रका त्याग करनेसे पूर्वोक्त फल होता है। मंत्रदाता गुरुकी मृत्यु पर शिष्यको तीन दिन अशौच होता है।

"गृहीतो देवतामन्त्रं सावित्रीग्रहणं कृतम्।
यस्मात्तस्य त्रिरात्रस्तु रक्षोद्विद्याग्रहो यतः॥"
(हरतत्त्वदीधिति)

शिष्य गुरुसे मंत्रग्रहण कर जिससे मंत्रकी सिद्धि हो, उसीके प्रति लक्ष्य रखना चाहिये।

मन्त्रसिद्धिका उपाय—

"सम्यगनुष्ठितो मन्त्रो यदि सिद्धिर्न जायते।
पुनस्तेनैव कर्त्तव्यं ततः सिद्धो भवेद्ध्रुवम्॥
पुनरनुष्ठितो मन्त्रो यदि सिद्धिर्न जायते।
पुनस्तनैव कर्त्तव्यं ततः सिद्धो न संशयः॥
पुनः सोऽनुष्ठितो मन्त्रो यदि सिद्धो न जायते।
उपायास्तत्र कर्त्तव्याः सप्त शङ्करभाषिताः॥
भ्रामणं रोधनं वश्यं पीड़नं शोष पोषणे।
दहनान्तं क्रमात् कुर्यात् ततः सिद्धोभवेन्मनुः॥"
इत्यादि। (तन्त्रसार)

यथाविधि पुरश्चरणादिका अनुष्ठान करनेसे मन्त्रकी सिद्धि होती है। सम्यक्‌रूपसे पुरश्चरणादिका अनुष्ठान करने पर भी यदि मंत्र सिद्ध न हो, तो पहलेकी तरह फिरसे पुरश्चरणादि करने होंगे। इस पर भी यदि मंत्रकी सिद्धि न हो, तो पुनर्वार पुरश्चरणादिका अनुष्ठान करना होगा। इस प्रकार तीन वार यथोक्त विधानसे कार्यानुष्ठान करने पर भी यदि कोई फल न हो तो शङ्करोक्त सात प्रकारका उपाय अवलम्बन करना उचित है। भ्रमण, रोधन, वशीकरण, पीड़न, शोषण और दाहन ये सात प्रकारके उपाय अवलम्बन करनेसे निश्चय ही मन्त्रकी सिद्धि होती है।

मंत्रका भ्रमण—यं इस वायुवीज द्वारा समस्त मंत्रवर्णोंका ग्रन्थन करे अर्थात् मंत्रके अंतर्गत जितने वर्ण हैं, उन्हें पृथक् पृथक् करके एक वायुवीज तथा एक मंत्राक्षर यंत्रमें लिखे। वादमें शिलारस, कर्पूर, कुंकुम, उशीर और चन्दन इन्हें एकत्र कर उससे यंत्रके ऊपर कुल मंत्र लिख डाले। अनन्तर उस लिखित मंत्रको दुग्ध, घृत, मधु और जलमें छोड़ दे। यथाविधान पूजा, जप और होम करे। इसीको मंत्रका भ्रमण कहते हैं। इस प्रकार अनुष्ठान करनेसे अति शीघ्र मंत्र सिद्ध होता है। इस पर भी यदि सिद्ध न हो, तो मंत्रका रोधन करे। मंत्रका रोधन—ऐं इस वीज द्वारा मंत्रको पुटित करके यथासाध्य जप करे। यदि रोधनक्रियासे भी मंत्रकी सिद्धि न हो, तो मंत्रका वशीकरण करना होगा। मंत्रका वशीकरण—अलक्तक, रक्तचन्दन, कुट, धतूरेका वीज और मनःशिला इन सब द्रव्योंसे भोजपत्र पर मंत्र लिख कर गलेमें धारण करे। इसीको मंत्रका वशीकरण कहते हैं। इस प्रकार वशीकरण करने पर भी यदि मन्त्रसिद्धि न हो तो मन्त्रका पीड़न करना होगा। मन्त्रका पीड़न,—अधरोत्तर योगसे मन्त्र जप कर अधरोत्तररूपिणी देवताकी पूजा करे। अनंतर अकवनके दूधसे मंत्र लिख कर पद द्वारा आक्रमण करते हुए प्रतिदिन होम करे। इसीका नाम मंत्रका पीड़न है। इससे भी यदि मंत्र सिद्ध न हो, तो मंत्रका पोषण करना होगा। मंत्रका पोषण,—मूल मंत्रके आदि और अन्तमें त्रिविध वालावीज योगका जप करे तथा गोदुग्ध द्वारा मंत्र लिख कर हाथमें पहने। इस पर भी यदि मंत्रसिद्धि न देखें, तो मंत्रशोषण करनेको कहा गया है। मंत्रका शोषण,—यं इस वायुवीज द्वारा मंत्रको पुटित कर जप करे तथा उस मंत्रको यज्ञीय भस्म द्वारा भोजपत्र पर लिख कर गलेमें पहने। उक्त प्रकारसे भी मंत्रसिद्धि नहीं होने पर मंत्रका दाहन करना होता है। मंत्रका दाहन,—मंत्रके एक एक अक्षरके आदि, मध्य और अंतमें रं इस अग्निवीजको योग कर जप करे तथा पलाशवीजके तेल द्वारा वह मंत्र लिख कर कंधे पर धारण करे।

इन सब प्रक्रियाओंमेंसे एक एक प्रक्रिया करनेसे मंत्रसिद्धि होती है, बहु प्रक्रिया अनावश्यक है। एक प्रक्रिया द्वारा यदि मंत्र सिद्ध न हो, तभी परवर्त्ती प्रक्रियाकी जरूरत होती है।

मंत्रसिद्धिका दूसरा उपाय—अनुलोम और विलोमसे मातृका वर्ण द्वारा पुटित करके सौ बार मंत्रका जप करे, पीछे केवल मंत्र जप करना होगा। इस प्रणालीसे जप करते करते जब लाख जप पूरे हो जांय, तब निश्चय जानना कि मंत्र सिद्ध होगा।

मंत्र सिद्ध हुआ वा नहीं, यह निम्नोक्त लक्षणसे जाना जाता है।

मन्त्रसिद्धिका लक्षण—मनोरथसिद्धि ही मन्त्रसिद्धिका प्रधान लक्षण है। साधक जब जिस वस्तुकी अभिलाषा करते है, तभी वह अभिलाषा पूरी होती है। मृत्युहरण, देवतादर्शन आदि भी मन्त्रसिद्धिका लक्षण है। जिसके तपोयोगादि द्वारा मन्त्र सिद्ध होंगे, वह देवताको देख पायेगा, मृत्युनिवारण कर सकेगा, दूसरेका मनोगतभाव जान लेगा तथा उसके अदृष्टवशतः परपुरमें प्रवेश, शून्यमार्गमें विचरण तथा सर्वत्र भ्रमणकी शक्ति आ जायेगी। एतद्भिन्न खेचरी देवताओंके साथ मिल कर वह उनकी बात सुन सकेगा। वह भूच्छिद्रदर्शन, पार्थिवतत्वज्ञान, दिगन्तव्यापिनी कीर्त्ति, वाहन भूषणादि द्रव्यलाभ तथा दीर्घजीवन प्राप्त करेगा। मन्त्रसिद्धि व्यक्ति राजा वा राजपरिवारवर्गको वश कर लेता तथा सर्वत्र चमत्कारजनक कार्य दिखलाते हुए अपना समय व्यतीत करता है। उस व्यक्तिके देखते ही रोगीका रोग तथा सब प्रकारका विष जाता रहता है। वह व्यक्ति सब जगह पाण्डित्यलाभ करता है। वह सर्वत्र विषयभोगमें वैराग्य, मुक्तिकामना, सर्वपरित्यागशक्ति, सर्ववशीकरणक्षमता, अष्टाङ्गयोगका अभ्यास, सर्वभूतोंके प्रति दया तथा सर्वज्ञता-गुणका अधिकारी होता है। इस प्रकारके गुण मध्यविध सिद्धिके लक्षण हैं।

कीर्त्ति और वाहनभूषणादिका लाभ, दीर्घजीवन, राजप्रियता, राजपरिवारादि सर्वजनवात्सल्य, लोकवशीकरण, विपुल ऐश्वर्य, अतुल धनसम्पत्ति, पुत्रदारादि सम्पद्, ये सब गुण अधम मंत्रसिद्धिके लक्षण हैं। मंत्रसिद्धिकी प्रथम अवस्थामें ये सब लक्षण होते हैं। सचमुचमें जिस व्यक्तिका मंत्र सिद्ध हो गया है, वह शिवतुल्य है।

मंत्रका दोष।—पूर्वकालमें देवराज इन्द्रने सिद्धिके लिये भुवनेश्वरीके एकाक्षर मंत्रकी आराधना आरम्भ कर दी। बहुत दिन इस प्रकार करते रहने पर भी वे कृतकार्य न हो सके। इस पर उन्होंने मंत्रके प्रति अभिशाप दिया, जिससे वह मंत्र तेजहीन हो गया। यही कारण है, कि भुवनेश्वरीके एकाक्षर मंत्रकी आराधना करनेसे मन्त्र सिद्ध नहीं होता। अनन्तर भुवनेश्वरीने उस शापसे उद्धार पाया। उस मन्त्रको वाग्वीज द्वारा अभिमन्त्रित कर आराधना करनेसे वह दोष जाता रहता है। इस प्रकार भुवनेश्वरीके कामराजाख्य अभिमन्त्रित मंत्रको कामबीज द्वारा पुटित करनेसे भी उसका दोष नष्ट होता है।

ताराविद्याके मंत्रमें सकारका योग देनेसे शापदोष जाता रहता है। भैरवी आदि विद्याका मंत्र सुषुप्तादि दोषयुक्त होनेसे जप नहीं करना चाहिये। सुप्त, दग्ध और कीलित मंत्रका जप करनेसे मृत्यु होती है। मदोन्मत्त, मूर्च्छित, वीर्यहीन, स्तम्भित, छिन्न, वृद्ध और निर्वीर्य मंत्र जपनेसे कोई फल नहीं।

विश्वसार तंत्रमें लिखा है,—छिन्न, वृद्ध, शक्तिहीन, पराङ्मुख, वधिर, नेत्रहीन, कीलित, स्तम्भित, दग्ध, त्रस्त, भीत, मलिन, तिरस्कृत, भेदित, सुषुप्त, मदोन्मत्त, मूर्च्छित, हतवीर्य, हीन, प्रध्वस्त, बालक, कुमार, युवा, प्रौढ़, वृद्ध, निस्त्रिंशक, निर्वीर्य, सिद्धिहीन, मंद, कूट, निरंशक, सत्वहीन, केकर, जीवहीन, धूमित, आलिङ्गित, मोहित, क्षुधार्त्त, अतिदृप्त, अङ्गहीन, अति क्रूर, सव्रीड़, शान्तमानस, स्थानभ्रष्ट, विकल, निःस्नेह, अतिवृद्ध और पीड़ित ये सब मंत्र दूषित हैं।

छिन्न प्रभृतिके लक्षण तंत्रशास्त्रमें इस प्रकार निर्दिष्ट हैं—जिस मंत्रके आदि, मध्य और अंतमें वायुवीज (यं) वा वरुणवीज (वं) संयुक्त रहे अथवा जो त्रिधा, चतुर्धा वा पञ्चधा स्वरविशिष्ट हो, उसे छिन्नमन्त्र कहते हैं।

जिस मन्त्रके आदि, मध्य अथवा अंतमें दो पृथ्वी-

वीज (लं) युक्त हो, उसका नाम रुद्धमंत्र है। यह मंत्र भुक्ति और मुक्ति देनेमें अयोग्य है। जिस मंत्रके मध्यमें कामवीज (क्लीं) नहीं हो तथा आदिमें मायावीज (ह्रीं) और अंकुशवीज (क्रों) हो उसे पराङ्मुख मंत्र कहते हैं। जिस मंत्रके आदि, मध्य और अन्तमें हं अथवा सं यह वीज देखा जाय, उसका नाम वधिर है। जो मंत्र पञ्चाक्षर एवं र, श और स वर्जित हो, वह मंत्र नेत्रहीन कहलाता है। इस मंत्रको आराधना करनेसे दुःख, शोक और रोग होता है। जिस मंत्रके आदि, मध्य और अंतमें 'हंसः' 'हौं, ऐं, हं, फट्, क्रों, ह्रीं, और नमामि' ये सब वीज रहे उसे कीलित मंत्र कहते हैं। इस मंत्रको आराधना करनेसे किसी प्रकारकी सिद्धि नहीं होती। जिस मंत्रके मध्यमें लं और फट् इसका कोई एक वीज तथा अंतमें दो वीज न रहे, वह मंत्र स्तम्भित कहलाता है। उक्त मंत्रसे भी किसी प्रकारकी सिद्धिकी सम्भावना नहीं। जो सप्ताक्षर मंत्र र और य दोनों वर्णोंसे युक्त हो, उसे दग्ध मंत्र; जो द्व्यक्षर, त्र्यक्षर, षड़क्षर अथवा अष्टाक्षर और फट वीज संयुक्त हो उसे त्रस्त कहते हैं। ये सब मंत्र भी सर्वसिद्धिदायक नहीं हैं। जिस मंत्रके आदिमें ह्रीं वा ओं, दोनों वीजोंमेंसे एक भी नहीं है उसका नाम भीत मंत्र है। जिस मंत्रके आदि, मध्य और अन्तमें चार चार वर्ण रहते हैं वह मलिन मंत्र कहलाता है। इस मंत्रकी आराधना करनेसे सब प्रकारके विघ्न उपस्थित होते हैं। जिस मंत्रके मध्यमें दकार, आदिमें हुं, और अंतमें फट्, ये त्रिविध वीज हों उसका नाम तिरस्कृत मंत्र है। जिस मंत्रके हृदयमें हकारद्वय, शीर्षमें वषट् और मध्यमें वौषट देखा जाता है वह भेदित मंत्र है। इस मंत्रकी उपासना करना मना है। 'हंसः' इस वीजविहीन अक्षर मंत्रको सुषुप्त मन्त्र कहते हैं। विद्या अथवा मंत्र अर्थात् स्त्रीदैवत वा पुंदैवत मन्त्र यदि सप्तदशाक्षर और फट्कार पञ्चकादि युक्त हो, वह मदोन्मत्त मंत्र कहलाता है। जिस सप्तदशाक्षर मंत्रके मध्य फट्कार रहे, वह मंत्र मूर्च्छित है। इस मंत्रकी उपासनासे किसी प्रकारकी सिद्धि नहीं होती। जिस मंत्रके अंतमें पञ्च फट्कार रहता है उसे हतवीर्य मंत्र कहते हैं। जिस मंत्रके आदि, मध्य और अंतमें फट्कार चतुष्टय विद्यमान हो तथा वह मंत्र यदि अठारह अक्षरोंका हो, तो वह हीन मंत्र है। जो इक्कीस अक्षरवाला 'ओं ह्रीं क्रों' इन वीजोंसे संयुक्त है उसे प्रध्वस्त मंत्र कहते हैं; सप्ताक्षर मंत्र बालक, अष्टाक्षर कुमार और षोड़शाक्षर मंत्र युवा कहलाता है। इन सब मंत्रोंको उपासना करनेसे कोई फल प्राप्त नहीं होता। जिस मंत्रमें चौबीस अक्षर रहते हैं, उसे प्रौढ़ और जिसमें तीस, चौसठ, सौ अथवा एक सौ चार अक्षर रहते हैं उसे वृद्धमंत्र कहते हैं। नौ अक्षरके मंत्रका नाम निस्त्रिश है। जिसके अन्तमें 'नमः' और बीचमें 'स्वाहा' शब्द रहता है तथा वषट् और हुं ये दो शब्द विद्यमान नहीं हैं, वौषट एवं फट्कारयुक्त है अथच शिवशक्तिवर्ण विहीन है वह मंत्र निर्वीर्य है। जिस मंत्रके आदि और मध्यमें षट् प्रकारका फट्कार रहता है वह मंत्र सिद्धिहीन है। जिस मंत्रमें पंक्त्यक्षर वर्त्तमान है उस मंत्रका नाम मंद है। एकाक्षर मंत्रको कुण्ठ, दो अक्षरको निरंशक, छः अक्षरको केकर और साढ़े बाईस अक्षरवाले मंत्रको धूमित कहते हैं। ये सभी मंत्र निन्दित हैं। सार्द्ध वीज द्वययुक्त एकविंशाक्षर अथवा त्रिंशाक्षर मंत्रको आलिङ्गित, द्वाविंशाक्षर युक्त मंत्रको मोहित; चतुर्विंशति अथवा सप्तविंशति वर्णको क्षुधार्त्त; द्वाविंशति, एकादशाक्षर; पञ्चविंशति वर्ण वा त्रयोविंशति वर्णको अतिद्रुत; षड्विंशति, षट्त्रिंशाक्षर वा एकोनत्रिंशदक्षर मन्त्रको अङ्गहीन; अष्टाविंशाक्षर अथवा एकविंशति वर्णयुक्त मन्त्रको अतिक्रुद्ध कहते हैं। ये मंत्र निन्दनीय बतलाये गये हैं। बीस अथवा तीस अक्षरवाले मंत्रका नाम अतिक्रूर; चालीससे तिरसठ अक्षर तकका नाम सव्रीड़, पैंसठ अक्षरयुक्त मंत्रका नाम शान्तमानस, पैंसठसे निन्नावे अक्षरवाले मंत्रका नाम स्थानभ्रष्ट है। जिस मंत्रमें तेरह वा पचीस अक्षर रहते हैं उसे विकल, जिसमें सौ, डेढ़ सौ, दो सौ, एकानवे अथवा बरानवे अक्षर रहते हैं उसे निःस्नेह कहते हैं। चार सौ से ले कर हजार अक्षरवाले मंत्रका नाम अतिवृद्ध है। यह मंत्र शास्त्रोंमें निन्दित है। जिस मन्त्रमें हजारसे अधिक वर्ण हते हैं वह पीड़ित और जिसमें दो हजारसे अधिक

वर्ण हैं वह स्तोत्र मंत्र कहलाता है। यह स्तोत्र रूप मंत्र होनेसे उसे सात भागोंमें विभक्त करके उपासना करनी होगी।

मंत्र अथवा विद्याकी आराधना करनेमें उक्त दोषोंका विचार करना नितान्त आवश्यक है। जो व्यक्ति ऊपर बतलाये दोषोंका विचार किये विना मंत्रग्रहण और जपादि करता है, सौ कोटि कल्पमें भी उसको मंत्रसिद्धि नहीं होती। अतएव साधकको चाहिये, कि वे अच्छी तरह मंत्रदोष पर विचार और विधानक्रमसे शान्ति करके उसका ग्रहण जपादि करें। मंत्रकी दोषशांति—

"तत्रैव छिन्नादिदुष्टा मन्त्रास्तन्त्रे निरूपिताः।
ते सर्वे सिद्धिमायान्ति मातृकावर्ण प्रभावतः॥
मातृकार्णैः पुटीकृत्य मन्त्रं विद्यां विशेषतः।
शतमष्टोत्तरं पूर्वं प्रजपेत् फलसिद्धये॥
तदा मन्त्रो महाविद्या यथोक्तफलदो भवेत्।
मातृकापुटितं कृत्वा मध्ये वर्णं विधाय च॥
मन्त्रवर्णास्ततः कुर्यात् शोधनं तन्त्रवेदिभिः।
बद्ध्वा तु योनिमुद्राः तां सङ्कोच्याधारपङ्कजम्॥
तदुत्पन्नान् मन्त्रवर्णान् कुर्वतश्च गतागतान्।
ब्रह्मरन्ध्रावधि ध्यात्वा वायुमापूर्य कुम्भयेत्॥
सहस्रं प्रजपेत् मन्त्री मन्त्रदोषप्रशान्तये।
एषु दोषेषु प्राप्तेषु माया काममथापि वा॥
क्षिप्त्वा चादौ श्रियञ्चैव तद्दूषण विमुक्तये।
तारसंपुटितो वापि दुष्टमन्त्रोऽपि सिध्यति॥
यस्य यत्र भवेद्भक्तिः सोऽपि मन्त्रः प्रसिध्यति।
प्रणवो मातृकादेवी हल्लेखेत्यमृतत्रयम्॥
अमृतत्रयसंयोगाद् दुष्टमन्त्रोऽपि सिध्यति॥"

(तन्त्रसार)

मंत्रके छिन्नादि दोषोंका जो विषय कहा गया है, निम्नोक्त प्रणालीसे उसकी शांति होती है। मातृकावर्ण द्वारा मंत्र वा विद्याको पुटित कर अर्थात् मन्त्रके पूर्वमें अकारादि क्षकारांत वर्णके एक एक वर्णको पीछे योग कर एक सौ आठ वार जप करे। ऐसा करनेसे मन्त्रके पूर्वोक्त छिन्नादि दोषोंकी शांति होती है तथा वह मंत्र यथोक्त रूप फलप्रदान करता है।

मातृकावर्णद्वारा मंत्रके प्रत्येक वर्णको पुटित कर अर्थात् मंत्रमें जो जो वर्ण हैं उनमेंसे प्रत्येक वर्णके पूर्वमें अकारादि क्षकारांत मातृका वर्णोंके एक एक वर्णको पहले और एक एक वर्णको पीछे योग कर जप करे। अनन्तर योनिमुद्रा बन्धनपूर्वक आधारपद्मको सङ्कोचित करके मूलाधारसे उत्पन्न वर्णोंको ब्रह्मरन्ध्र पर्यंत गतागतरूपसे चिंतना करे। तदनंतर वायु पूरण करके कुम्भक और सहस्र वार जप करनेसे मंत्रदोषकी शांति होती है।

अन्य प्रकारके मंत्र यदि पूर्वोक्त छिन्नादिदोषग्रस्त हों तो मंत्रके आदिमें ह्रीं क्लीं श्रीं यह तीनों वीज युक्त कर जप करे। तंत्रमें यह भी लिखा है, कि ओं वीज द्वारा मन्त्रको पुटित कर जप करनेसे दुष्ट मंत्र सिद्ध होता है। मंत्रशुद्धिकी नाना प्रकारकी प्रणाली कही गई है उनमेंसे जिस प्रणाली पर विश्वास हो उसी प्रणालीके अनुसार मंत्रशोधन करना चाहिये।

तंत्रसे यह भी जाना जाता है, कि प्रणव, मातृकावर्ण और मायावीज ये तीनों अमृत स्वरूप हैं। इन्हें युक्त कर मंत्र जपनेसे सब प्रकारके मंत्रदोषकी शांति होती है। मंत्रके पहले और पीछे ओं यह मातृका वर्ण तथा ह्रीं आदि तीन वीजमंत्र युक्त कर जप करनेसे मंत्रका दोष विनष्ट होता है। (तन्त्रसार)

शैव, शाक्त और वैष्णवको अपने अपने कुलदेवताके अनुसार शुभजनक मंत्र लेना चाहिये।

तंत्रशास्त्रमें वैष्णवमंत्रका भी यथायथ विधान है। अभी बहुतोंकी यह धारणा है, कि तंत्रमें केवल शैव और शाक्तमंत्र ही दिया गया है, पर यथार्थमें सो नहीं है। तंत्रमें शैव, शाक्त, वैष्णव, सौर, गाणपत्य आदि सभी मंत्रोंका विधान देखनेमें आता है तथा दीक्षाग्रहणकालमें उसीके अनुसार मंत्र लिया जाता है। किंतु जहां गोस्वामी मंत्रप्रदान करते हैं केवल वहीं पर इस नियमका व्यतिक्रम देखा जाता है। वे लोग हरिभक्तिविलास आदिके मतसे मंत्र देते हैं।

उपयुक्त गुरुसे मंत्र ले कर यदि उनकी सम्यक्रूपसे उपासना की जाय, तो उसके तीनों ताप दूर होते हैं और अन्तमें वह परमपदको पाता है। मंत्रसिद्धि होनेसे परमपुरुषार्थ लाभ होता है।

मंत्र ग्रहण कर यदि योगावलम्बन किया जायरओ

उससे जो ज्ञान प्राप्त होता है वह तत्वज्ञानका कारण है। बिना योगके मंत्र द्वारा अथवा बिना मंत्रके केवल योग द्वारा कुछ फल नहीं होता। मंत्र और योग दोनोंका साधन करनेसे ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है। अंधेरी कोठरीमें जिस प्रकार दीपकी सहायतासे घर दिखाई देता है, उसी प्रकार मायासमावृत आत्मा योगसहकृत मंत्रबलसे ही दिखाई देती है। जो विषयासक्त हैं उनके लिये आत्मसाक्षात्कार दुर्लभ है। जो निर्लिप्तभावसे मंत्रयोगका अनुष्ठान करते हैं उन्हींके पक्षमें यह आत्मदर्शन सुलभ है।

"मन्त्राभ्यासेन योगेन ज्ञानं ज्ञानाय कल्प्यते।
न योगेन विना मन्त्रो न मन्त्रेण विना हि सः॥
द्वयोरभ्याससंयोगो ब्रह्मसंसिद्धिकारणम्।
तमःपरिवृते गेहे घटो दीपेन दृश्यते॥
एवं मायावृतो ह्यात्मा मनुना गोचरीकृतः।
एवं ते कथितं ब्रह्मन् मन्त्रयोग मनुत्तमम्॥
दुर्लभं विषयासक्तैः सुलभं तादृशामपि॥"

(तन्त्रसार)

मंत्रयोगका अभ्यास कर साधक किस प्रकार मुक्तिलाभ कर सकते हैं उसका विषय तंत्रमें इस प्रकार लिखा है।

"इदानीं कथये तेऽहं मन्त्रयोगमनुत्तमम्।
विश्वं शरीरमित्युक्तं पञ्चभूतात्मकं मुने॥
चन्द्रसूर्याग्नितेजोभिर्जीवब्रह्मैक्यरूपकम्।
तिस्रः कोट्यस्तदर्द्धेन शरीरे नाड्यो मताः॥"

(तन्त्रसार)

यह पञ्चभूतमय शरीर ब्रह्माण्ड कहलाता है। इसमें चंद्र, सूर्य और अग्निके तेजसे जीव और ब्रह्मकी एकता सम्पादित होती है। इस शरीरमें साढ़े तीन करोड़ नाड़ी हैं जिनमेंसे दश नाड़ी प्रधान हैं। फिर इन दशोंमें भी तीन नाड़ी सबसे प्रधान हैं। चंद्र, सूर्य और अग्निरूपमें ये तीनों नाड़ियां मेरुदण्डमें रहती हैं। जो नाड़ी वाम भागमें है वह चंद्ररूपिणी, शुक्लवर्णा, शक्तिरूपा और अमृतमयी है। इड़ा उसका नाम है। दक्षिणभागमें अवस्थित सूर्यरूपिणी, दाड़िम्ब कुसुमवर्णा, पुरुषरूप और विषमय नाड़ीका नाम पिङ्गला है। जो नाड़ी मूलाधारसे ले कर मेरुदण्डके मध्य होती हुई ब्रह्मरंध्र तक चली गई है, उसे सुषुम्ना नाड़ी कहते हैं। यह नाड़ी सर्वतेजोरूपिणी और बहुरूपिणी है। इस सुषुम्ना नाड़ीके मध्य विचित्रा नामका एक और नाड़ी है जो अमृतस्राविणी और सर्वदेवमयी है। यह विचित्रा नाड़ी विसर्गस्थानसे ले कर विन्दुस्थान तक फैली हुई है। मूलाधारपद्ममें एक त्रिकोण है। उस त्रिकोणके तीन ओर इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति है। इस त्रिकोणके मध्यस्थलमें एक करोड़ सूर्यसदृश स्वयम्भूलिङ्ग विद्यमान हैं तथा ऊपरमें क्लीं यह कामबीज लिखा है। स्वयम्भूलिङ्गके ऊपर अग्निशिखाकार, ब्रह्मरूपिणी कुण्डलिनी शक्ति अवस्थान करती है। बाहर चतुर्दल पर व, श, ष, स, ये चारवर्ण अङ्कित हैं। मूलचक्रके ऊपर अग्निकी तरह तेजोमय और हीरककी तरह निर्मल षड्दल पद्म है। इस पद्मका नाम अधिष्ठानचक्र है। ब, भ, म, य, व, ल ये ६ वर्ण षड्दल पर लिखे हैं।

चतुर्दलपद्म आधार-पद्मका मूल है, इस कारण उसे मूलाधार कहते हैं। चक्रका नाम स्वाधिष्ठान चक्र है, क्योंकि वह मूलाधारके ऊपर अवस्थित है। इसके नाभिदेशमें मणिपुर है जहां अतीव प्रभासम्पन्न दशदल पद्म हैं। इनका वर्ण मेघकी तरह और तेजोमय है। उन दश दलों पर ड, ढ, ण, त, थ, द ध, न, प, फ ये दश अक्षर लिखे हैं। यह पद्म शिवका अधिष्ठान है, इस कारण विश्वका कारण है। इस मणिपुरके ऊपर हृदयके मध्य उद्यत्प्रभाकर सदृश अनाहत पद्म विद्यमान है। उस पद्मके बारह दलों पर क से लगायत ठ तक बारह अक्षर विराजित हैं। उस पद्ममें दश हजार दिवाकर सदृश तेजपुञ्ज वाणलिङ्ग अवस्थान करते हैं। यह वाणलिङ्ग शब्द ब्रह्ममय है। यहां पर अनाहत शब्द प्रत्यक्ष होता है, इसीसे मुनियोंने इसका अनाहत पद्म नाम रखा है। यह पद्म परम पुरुष कर्त्तृक अधिष्ठित और आनन्दधाम है। इसके ऊपर विशुद्ध चक्र नामक सोलह पद्म हैं। इन सोलह पद्मों पर धूम्रवर्णके सोलह स्वरवर्ण विद्यमान हैं। यह पद्म महाप्रभासे सर्वदा समुज्ज्वल रहता है। यह पद्म जीवके हं सः मन्त्र जपको विशुद्ध कर देता है अर्थात् हंसः से सोऽहं;

सोऽहंसे ओं, इस प्रकार परिणत कर देता है। इसी कारण इसका नाम विशुद्ध पद्म पड़ा है। इसे आकाशचक्र भी कहते हैं। इसके ऊपर दोनों भ्रूके बीचमें आत्मा द्वारा अधिष्ठित आज्ञाचक्र है। यहां पर गुरुकी आज्ञा संक्रामित होती है, इस कारण इसे आज्ञाचक्र कहते हैं। इसके भी ऊपर कैलासपुरी और बोधनी चक्र विद्यमान है।

पहले मन्त्रके पूरक द्वारा मूलाधारमें मनको संस्थापित करना होगा। गुह्यदेश और मेढ़देशके बीच मूलाधारमें जो कुण्डलिनी शक्ति है उसे जागरित करना होता है। पीछे ब्रह्मग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि और रुद्रग्रंथिके भेदसे स्वयम्भूलिङ्ग, वाणलिङ्ग और अन्यान्य लिङ्गोंको भेद करते हुए उस कुण्डलिनी देवीको विन्दुचक्रमें ले जाना होगा। अनंतर वहांसे लाक्षारस सदृश जो अमृत निकलेगा, उससे कृष्णा नाम्नी योगसिद्धिदायिनी देवीका तर्पण कर ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव, परशिव, सावित्री, महालक्ष्मी, भद्रकाली, भुवनेश्वरी, डाकिनी, राकिणी, लाकिनी, काकिनी, हाकिनी आदि षट्चक्रस्थित देवताओंका तर्पण करना होगा। अनन्तर मंत्रसाधक उस सुषुम्नापथ द्वारा कुलकुण्डलिनीको पुनर्वार मूलाधारमें लावे। इस प्रकार प्रतिदिन मंत्रयोगसाधनका अभ्यास करनेसे जरामरण आदि किसीका भी भय नहीं रहता। इस प्रकार उपयुक्त गुरुके निकट मंत्रयोगका अभ्यास करनेसे दूषित सभी मंत्र सिद्ध होते हैं, इसमें संदेह नहीं। यही मंत्रयोग है। इस प्रकार मंत्रयोग सिद्ध होनेसे साधक महादेवके सदृश गुणसम्पन्न हो जाते हैं।

इस मंत्रयोगका अवलम्बन कर निम्नोक्त प्रकारसे धारणा करनी होगी। जो जिस देवताके मंत्रकी साधना करेंगे वे दिक्कालादिके अनवच्छिन्न उसी देवमें चित्तको समर्पण करते हुए जीवब्रह्म ऐक्य करके उसी समय तन्मय हो जावें। यदि साधकका चित्त निर्मल न रहे, तो मंत्रसिद्ध होनेकी सम्भावना नहीं। इस प्रकार मंत्रयोगीको अवयवयोग द्वारा अर्थात् जिस किसी अवयवमें हो चित्तसमाधान द्वारा योगअभ्यास करना चाहिये। साधकको उचित है, कि वे अपने अपने इष्टदेवतामें मन लगा कर धारणाका अभ्यास करें। मंत्रयोगी जिस किसी मंत्रका अवलम्बन कर जप, होम, आदिका अनुष्ठान करेगा, वही उसका कर्त्तव्य कर्म होगा। जिस समय साधक परमतत्त्व जान जायंगे, उस समय उनके लिये कोई भी विधिनिषेध नहीं रहेगा।

मंत्रयोगके प्रकारान्तर शारदातिलकमें लिखा है,—

"षपथावत्यंगुलायामं शरीरं उभयात्मकम् ।
गुदध्वजान्तरे कन्दमुत्सेधाद्द्व्यांगुलं विदुः ॥"

(तन्त्रसार)

शिव और शक्ति यह उभयात्मक शरीर छः अंगुल लंबा है। गुह्यदेश और ध्वजके मध्यस्थलमें दो अंगुल उन्नत एक पथ है। इसका विस्तार उससे दूना है। यह पथ गोलाकार है। इसके मूलाधारसे जो सब नाड़ियां निकली हैं उनमें तीन ही प्रधान हैं। इन तीनोंमें बाईं तरफकी नाड़ीका नाम इड़ा, दाहिनी तरफका पिङ्गला और बीचकी नाड़ीका नाम सुषुम्ना है। सुषुम्ना नाड़ी मेरुदण्डमें रहती हैं। यह शिखा द्वारा दोनों पादांगुष्ठमें तथा शिरा द्वारा ऊर्द्ध्व ब्रह्मस्थान तक चली गई है। यह नाड़ी चन्द्र, सूर्य और अग्निस्वरूप है। इस सुषुम्ना नाड़ीमें चित्रा नामकी एक और नाड़ी है जिसके मध्य पद्मसूत्रसदृश ब्रह्मरन्ध्र है। इस नाड़ीमें सभी आधार विद्यमान हैं। यही दिव्यमार्ग है। इससे अमृतानन्द भोग किया जाता है।

आधारपद्मके मध्यस्थलमें एक अति सुन्दर त्रिकोण मण्डल है। यह त्रिकोणमण्डल दिव्य और ज्योतिर्मय है। उसमें सबोंकी आत्मस्वरूपा विद्युल्लता-सदृशी परम देवी कुण्डलिनी अवस्थान करती हैं। उनका आकार निद्रित सर्पवत् है। यह कुण्डलिनी शक्ति हंसःका आश्रय कर जीवात्माको धारण किये हुए है। हंसःने प्राणका आश्रय लिया हैं। पूर्वोक्त नाड़ीपथ भी प्राणवायुका आश्रय है। सभी व्यक्तियोंके मूलाधारसे यथाविधान वायु निकल कर नाड़ीपथ होती हुई शरीरसे बाहर चली गई है। इस प्राणवायुका परिमाण बारह अंगुल मात्र है।

साधक सुरम्य आसन पर बैठ कर मन्त्रयोगका अभ्यास करें। आरम्भके समय वे प्राणवायु द्वारा देहमें

भूतोदयको जान लेवें। पीछे दृढ़ताके लिये देहमें उन सब भूतोंकी अर्चना करें।

मन्त्रयोगाभ्यासके समय समाहितचित्तसे अंगुलि द्वारा सभी इंद्रियोंको दृढ़रूपसे रुद्ध करना चाहिये। अंगुष्ठ द्वारा दोनों कान, दोनों तर्जनी द्वारा दोनों आंख, दोनों मध्यमा द्वारा नासारन्ध्र और अवशिष्ट अंगुलि द्वारा शरीरको दृढ़रूपसे रुद्ध कर वायुधारण करना होगा। इसका अभ्यास करते करते तरह तरहके शब्द सुननेमें आयेंगे। पहले मत्त भृङ्गीनाद, पीछे वीणाध्वनि, वंशीध्वनि आदि सुनाई देगी। इस प्रकार अभ्यास करनेसे संसारका अज्ञानान्धकार दूर तथा 'हंसः' लक्षण अव्यय ज्ञान उदय होता है। विन्दु और विसर्ग पुरुष और प्रकृत-स्वरूप हैं। इसी पुरुषप्रकृतिसे 'हंसः' उत्पन्न हुआ है। 'हं' यह वर्ण पुरुष और 'सः' वर्ण प्रकृति है। 'हंसः' इसका नाम अजपा है। बीजमंत्रादि द्वारा उसकी सर्वदा अर्चना करनी चाहिये। जिस समय साधक प्रकृतिपुरुषको अपने नित्य आश्रय मनमें करके एकीभावापन्न होते हैं, उस समय वह 'हंसः' 'सोऽहं' रूपमें परिणत हो जाता है। पीछे मूर्त्ति स्वरूप सकार और हकारका लोप कर पूर्ववत् सन्धि करनेसे 'ओं' यह पद बनता है। इस समय साधक परमानन्दमय, नित्यचैतन्य स्वरूप उस प्रणवको आत्मासे पृथक् न समझें। इस समय योगिगण आत्मनिष्ठ हो कर आम्नायवाक्यके अगोचर, आद्य, आत्मस्वरूप और आनन्दरससागर प्रणवको स्पष्टरूपसे देखते हैं। इस समय उनके आकार, उकार, मकार, नाद और विन्दुसे पञ्चरश्मिसमन्वित, सम्बिन्मय, अच्युत, मन्त्रसुधासागर स्वरूप परम पुरुष प्रत्यक्षीभूत होते हैं। यही मन्त्र योगीका चरम लक्षण है।

पूर्वोक्त रूपसे मंत्रयोगका अवलम्बन करनेसे ही साधक सिद्ध हो सकते हैं। केवल मन्त्र लेनेसे ही सिद्धि प्राप्त होगी, सो नहीं। मन्त्रग्रहण कर यथाविधान पूर्वोक्त रूपसे मंत्रयोगका अनुष्ठान भी करना होगा।

तंत्रमतसे मंत्रसिद्धि एकमात्र सद्गुरुकी कृपासे ही हो सकती है, दूसरेसे नहीं।

तंत्रमें उच्चाटन; वशीकरण, शान्ति आदिके मंत्र भी कहे गये हैं।

पुराणादिमें भिन्न भिन्न देवताकी पूजाका भिन्न भिन्न मंत्र लिखा है। उसी मन्त्रसे उनकी पूजा करनी होगी।

हारीतके चिकित्सित स्थानमें जो ज्वरनाशक मंत्र लिखा है, वह इस प्रकार है—

"ओं ह्रां ह्रीं श्रीं सुग्रीवाय महाबलपराक्रमाय सूर्यपुत्राय अमिततेजसे ऐकाहिकद्व्याहिकत्र्याहिकचातुर्थिकमहा-ज्वर-भूतज्वर भयज्वर शोकज्वर क्रोधज्वर-वेलाज्वर प्रभृति ज्वराणां दह दह हन हन पच पच अवतर अवतर, किलि किलि वानरराजज्वराणां बन्ध बन्ध ह्रां ह्रीं हुं फट् स्वाहा।" (हारीत चिकित्सितस्था० २ अ०)

तिब्बत, चीन और जापानमें बौद्धसम्प्रदायमें भी मंत्रका प्रचार है। ईश्वरकी उपासनाका मूल मंत्रोच्चारण है। वहां भी सभी मंत्र संस्कृत भाषामें लिखे हुए हैं। आराध्य देवताका नाम उल्लेख कर मंत्र पाठ किया जाता है। उपासक अनेक समय मंत्रका अर्थ नहीं समझ सकते। विभिन्न देवताकी आराधनाके लिये विभिन्न मंत्र व्यवहृत होता है। ईसाजन्मसे १५० वर्ष पहले पतञ्जलिने हिंदूधर्ममें "जीवका ईश्वरमें लय" नामक तत्त्व प्रकाशित किया। गांधार देशके किसी संन्यासी असङ्गने पहले पहल इस मतका प्रचार किया। पीछे ७०० ई०में योगाचार्यके साथ यह मन्त्र मिला दिया गया और तबसे दोनोंका नाम मंत्रयान पड़ा।

मंत्रके तीन प्रधान विषय :—

१। आराध्य देवताका नाम।

२। उच्चारणीय मन्त्र।

३। मन्त्रकी उच्चारणसंख्या निरूपण करनेकी माला।

मंत्रकी क्षमता असाधारण है। मंत्रपाठकालमें प्रायः गीतके साथ उच्चारित होता है और अंगुलिकी मुद्रा की जाती है।

४ जिसमें परामर्श देनेकी योग्यता हो, जो अच्छा परामर्श देना जानता हो। ५ भेद जाननेवाला।

मन्त्रकार (सं० पु०) मन्त्रं करोति कृ-(न शब्दश्लोककलह-गाथावैरचाटुसूत्रमन्त्रपदेषु। पा ३।२।२३) इति अण्। मंत्र-कृत, मंत्र रचनेवाला ऋषि।

मन्त्रकुशल (सं० त्रि०) मंत्राय कुशलः। १ मंत्रणाविषयमें दक्ष, मंत्र जाननेवाला। २ मंत्रज्ञ, तंत्रमंत्रमें पारदर्शी।

मन्त्रकृत (सं० पु०) मन्त्रं कृतवान् मन्त्र-कृ-क्विप्, तुगागमश्च। १ मंत्री, परामर्श देनेवाला। २ दौत्यकारी।

"यद्वा अयं मन्त्रकृद्वो भगवानखिलेश्वरः।
पौरवेन्द्रगृहं गत्वा प्रविवेशात्मसात्कृतम्॥"

(भागवत ३।१।२)

(त्रि०) ३ मन्त्र प्रयोगकारी या मंत्रद्रष्टा, मंत्रकार।

"तव मन्त्रकृतो मन्त्रैर्दूरात् प्रशमितारिभिः।
प्रत्यादिश्यन्त इव मे दृष्टलक्ष्यभिदः शराः॥"

(रघुवंश १।६१)

'मन्त्रकृतः मन्त्रयाणां स्रष्टुः प्रयोक्तुर्वा' (मल्लिनाथ)

ऋग्वेदानुक्रमणिकामें मन्त्रकृत् ऋषियोंके जो नाम मिले है, अकारादि क्रमसे वे नीचे लिखे जाते हैं,—

अंहोमुग् वामदेव्य, अक्षमौजवान्, अगस्त्य, अग्नि, अग्नियुत, स्थौर, अग्नियूपस्थौर, अघमर्षण माधुच्छन्दस, अङ्ग औरव, अङ्गिरा, अजमीढ़ सौहात्र, अत्रि भौम, अत्रि सांख्य, अनामतपारुच्छेपि, अनिल वातायन, अन्धीगुश्याविश्व, अप्रतिरथ ऐन्द्र, अभितपा सौर्य, अभिवर्त्त आङ्गिरस, अमहीयु आङ्गिरस, अम्बरीष वार्षागिर, अयास्य आङ्गिरस, अरिष्टनेमि तार्क्ष्य, अरुण वैतहव्य, अर्चन् हिरण्यस्तूप, अर्च्चानाना आत्रेय, अर्बुद काद्रवेय, अवत्सार काश्यप, अवस्यु आत्रेय, अश्वमेध भारत, अश्वसूक्तिकाण्वायन, अष्टकवैश्वामित्र, अष्ट्रादंष्ट्र वैरूप, असित काश्यप, आयुःकाण्व, आसङ्गप्लायोगि, इटतार्गव, इध्मवाह, इंद्र, इंद्रमुष्कवान्, इंद्रवैकुण्ठ, इंद्रप्रमतिवासिष्ठ, हरिम्बिठकाण्व, इष आत्रेय, उचथ्य आङ्गिरस, उत्कीलकात्य, उपमन्यु वासिष्ठ, उपस्तुतवार्ष्टिहव्य, ऊरुक्षय, आमहीयव, ऊरुचक्रि आत्रेय, उलवातायन, उशनाकाव्य, ऊरु आङ्गिरस, ऊर्द्ध्वकृशन यामायन, ऊर्द्ध्वग्रावा, आर्बुदि, ऊर्द्ध्वनाभा ब्राह्म, ऊर्द्ध्वसद्मा आङ्गिरस, ऋजिश्वा भारद्वाज, ऋज्राश्व वार्षागिर, ऋणञ्चय, ऋषभवैराज, (शाक्कर) ऋषभ वैश्वामित्र, ऋष्यशृङ्ग वातरशन, एकद्यु नौधस, एतशवातरशन, एवयामरुद् आत्रेय, कक्षिवान् दैर्घ्यतमस (औशिज), कण्वघौर, कत विश्वामित्र, कपोतनैर्ऋत, करिक्रतवातरशन, कर्णशुद्वासिष्ठ, कलिप्रगाथ, कवषऐलुष, कविभार्गव, कश्यपमारीच, कुत्स आङ्गिरस, कुमार आग्नेय, कुमार आत्रेय, कुमार यामायन, कुरुसुति काण्व, कुल्मलवर्हिष शैलुषि, कुशिकऐशोरथि, कुशिकसौभर, कुसीदी काण्व, कूर्म गार्त्समद, कृतयशा आङ्गिरस, कृत्नुभार्गव, कृशकाण्व, कृष्ण आङ्गिरस, केतु आग्नेय, गय आत्रेय, गयप्लात, गर्ग भारद्वाज, गविष्ठिर आत्रेय, गाथीकौशिक, गृत्समद आङ्गिरस शौनहोत्र, गृत्समदभार्गव शौनक, गोतमरहुगण, गोधा, गोपवन आत्रेय, गोषूक्ती काण्वायन, गौरिवीति शाक्त्य, घर्म सौर्य, घर्म तापस, घोर आङ्गिरस, चक्षुर्म्मानव, चक्षुःसौर्य, चित्रमहावासिष्ठ, च्यवनभार्गव, जमदग्निभार्गव, जय ऐन्द्र, "जरत्कर्णसर्प ऐरावत, जरिताशार्ङ्ग, जूतिवातरसन, जेता माधुच्छन्दस, तपुर्मूर्धा वार्हस्पत्य, तान्व पार्थ्य, तिरश्ची आङ्गिरस, त्रसदस्यु पौरुकुत्स्य, त्रित आप्त्य, त्रिशिरा त्वाष्ट्र, त्रिशोक काण्व, त्र्यरुण त्रैवृष्ण, त्वष्टा गर्भकर्त्ता, दमन यामायन, दिव्य आङ्गिरस, दीर्घतमा औचथ्य, दुर्मित्र कौत्स, दुवस्यु वान्दन, दृढ़च्युत आगस्त्य, देवमुनि ऐरम्मद, देवरात वैश्वामित्र देवलकाश्यप, देववात भारत देवश्रवा भारत, देवश्रवा यामायन, देवातिथि काण्व, देवापि आर्ष्टिषेण, द्युतान मारुति, द्युम्न विश्वचर्षणि, आत्रेय, द्युम्निकवासिष्ठ, द्रोणशार्ङ्ग, द्वित आप्त्य, धरुण आङ्गिरस, ध्रुव आङ्गिरस, नभः प्रभेदन वैरूप, नर भारद्वाज, नहुषमानव, नाभाककाण्व, नाभा नेदिष्ठ मानव, नारदकाण्व, निध्रुवि काश्यप, निपातिथिकाण्व, नृमेध आङ्गिरस, नेमभार्गव, नोधा गौतम, पतङ्गप्राजापत्य, पराशरशाक्त्य, पुरुच्छेपदैवदासि, पर्वतकाण्व, पवित्र आङ्गिरस, पायु भारद्वाज, पुनर्वत्सकाण्व, पुरुमीढ़ सौहोत्र पुरुमेध आंगिरस, पुरुहन्मा आंगिरस, पुरुरवा ऐल, पुष्टिगु काण्व, पूतदक्ष आंगिरस, पूरण वैश्वामित्र, पूरुआत्रेय, पृथुवैण्य, पृषध्रकाण्व, पौर आत्रेय प्रगाथकाण्व, प्रचेता आङ्गिरस, प्रजापति परमेष्ठी, प्रजापति वाच्य, प्रजापति वैश्वामित्र, प्रजावान् प्राजापत्य, प्रतर्द्दन काशीराज दैवदासि, प्रतिक्षत्र आत्रेय, प्रतिप्रभ आत्रेय, प्रतिभानु आत्रेय, प्रतिरथ आत्रेय, प्रथ

वाशिष्ठ, प्रभूवसु आङ्गिरस, प्रयस्वान् आत्रेय, प्रयोगभार्गव, प्रस्कण्वकाण्व, प्रियमेध आङ्गिरस, वन्धु गौपायन, वभ्रु आत्रेय, वाहुवृक्तआत्रेय, वुध आत्रेय, वुधसौम्य, वृहदुक्थ वामदेव्य, वृहद्दिव आथर्वण, वृहन्मति आङ्गिरस; वृहस्पति लौक्य, ब्रह्मातिथि काण्व, भयमान् वार्षागिर, भरद्वाजवार्हस्पत्य, भर्गप्रागाथ, भावयव्य, भिक्षु आङ्गिरस, भिषग् आथर्वण, भुवन आप्त्य, भूतांश काश्यप, भृगु वारुणि, मत्स्य साम्मद, मथित यामायन, मधुच्छन्दा वैश्वामित्र; मनु आप्सव, मनु वैवस्वत, मनु साम्वरण, मन्युतापस, मन्युवासिष्ठ, मरुत, मातरिश्वा काण्व, मान्धाता यौवनाश्व, मान्य मैत्रावरुणि, मुद्गलभार्म्यश्व, मूर्धण्वान् आङ्गिरस (वामदेव्य), मृक्तवाहा द्वित आत्रेय, मृळीकवासिष्ठ, मेधातिथिकाण्व, मेध्यकाण्व, मेध्यातिथि काण्व, यक्ष्मनाशन प्राजापत्य, यजत आत्रेय, यज्ञ प्राजापत्य, यमवैवस्वत, ययाति नाहुष, रक्षोहा ब्राह्म, रहूगण आङ्गिरस, रातहव्य आत्रेय, रामजामदग्न्य, रेणुवैश्वामित्र, रेत काश्यप, लवऐंद्र, लुशधानाक, वत्स आग्नेय, वत्सकाण्व, वत्सप्रि भालन्दन, वम्र वैखानस, वरु आङ्गिरस, वरुण, वव्रिआत्रेय, वश अश्व्य, वसिष्ठ मैत्रावरुणि, वसु भारद्वाज, वसुकर्ण वासुक्र, वसुकृद् वासुक्र, वसुक्र ऐंद्र, वसुक्र वासिष्ठ, वसुमना, रौहिदश्व, वसुरोचिष आङ्गिरस, वसुश्रुत आत्रेय, वसूयव आत्रेय, वाग् आम्भृणी, वातजूतिवातरसन, वामदेवगौतम, विन्दू-आङ्गिरस, विप्रजूति वातरशन, विप्रवंधु-गौपायन, विभ्राट् सौर्य्य, विमद ऐंद्र, विरूपआङ्गिरस, विवस्वान् आदित्य, विवृहाकाश्यप, विश्वककार्ष्णि, विश्वकर्मा भौवन, विश्वमना वैयश्व, विश्वसामा आत्रेय, विश्वामित्र गाथिन, विश्वावसु देवगंधर्व, विष्णु प्राजापत्य, विहव्य आङ्गिरस, वीतहव्य आङ्गिरस, वृशजार, वृषगण वासिष्ठ, वृषाकपि, ऐंद्र, वृषाणक, वातरशन, वेणभार्गव, व्यश्व आङ्गिरस, व्याघ्रपाद्-वासिष्ठ, शंय्युवार्हस्पत्य, शकपूत नार्मेध, शक्तिवासिष्ठ, शङ्ख यामायन, शतप्रभेदनवैरूप, शवरकाक्षीवत, शशकर्ण काण्व, शार्यात मानव, शास भारद्वाज, शिखण्डी काश्यप, शिवी औशीनर, शिरिम्बिठ भारद्वाज, शिशु आङ्गिरस, शुनःशेप आजिगर्त्ति, शुनहोत्र भारद्वाज, श्यावाश्व आत्रेय, श्येन आग्नेय, श्रुतकक्ष आङ्गिरस, श्रुतबन्धु गौपायन, श्रुतविद् आत्रेय, श्रुष्टिगु काण्व, सम्वनन आङ्गिरस, सम्वरण प्राजापत्य, संवर्त्त आङ्गिरस, संकुसुक यामायन, सत्यधृति वारुणि, सत्यश्रवा आत्रेय, सदापृण आत्रेय, सध्रिवैरूप, सध्वंसकाण्व, सप्तर्षि, सप्तगु आङ्गिरस, सप्तवध्रि आत्रेय, समिवाजम्भर, सप्रथ भारद्वाज, सर्वहरि ऐन्द्र, सव्य आङ्गिरस, सस आत्रेय, सहदेव वार्षागिर, साधनभौवन, सारिसृक्कशार्ङ्ग, सिन्धुक्षित् प्रैयमेध, सिंधुद्वीप आम्बरीष, सुकक्ष आङ्गिरस, सुकीर्त्तिकाक्षीवत, सुतम्भर आत्रेय, सुदा पैजवन, सुदीति आङ्गिरस, सुपर्णकाण्व, सुपर्ण ताक्ष्यपुत्र, सुवंधु गौपायन, सुमित्र कौत्स, सुमित्र वाध्र्यश्व, सुराधा वार्षागिर, सुवेदा शैरिषि, सुहस्त्य घौषेय, सुहोत्रभारद्वाज, सोभरि काण्व, सोम, सोमाहुति भार्गव, स्तम्बमित्र शार्ङ्ग, स्यूमरश्मि भार्गव, स्वस्त्यात्रेय, हरिमन्त आङ्गिरस, हर्यत प्रागाथ, हविर्धान आङ्गिरस, हिरण्यगर्भ प्राजापत्य और हिरण्यस्तूप आङ्गिरस।

इन्हीं मंत्रकृत ऋषियोंके नामसे ब्राह्मणोंके गोत्र प्रचलित हुए हैं। इसके अलावा मत्स्यपुराणमें ९२ मनुकृत ऋषियोंके नाम मिलते हैं;—भृगु, काश्यप, प्रचेता, दधीच, आत्मवान् और्व्व, जमदग्नि, वेद, सारस्वत, आर्ष्टिषेण, च्यवन, वीतहव्य, सुवेधस, वैण्य, पृथु, दिवोदास, ब्रह्मवान, गृत्स, शौनक, अङ्गिरा, त्रित भरद्वाज, लक्ष्मण, कृतवाच, गर्ग, सिति, सांकृति, गौरवीति, मान्धाता, अम्बरीष, युवनाश्व, पुरुकुत्स, सुमद, सदस्यवान्, अजमीढ़, अश्वहार्य, उत्कल, कवि, पृषदश्व, विरूप, काव्य, मुद्गल, उतथ्य, शरद्वान्, वाजश्रवा, आयास्य, सुचित्ति, वामदेव, उशिज, वृहदुक्थ, दीर्घतमा, काक्षीवान्, कश्यप, सह, आवत्सार, निध्रुव, विद्य, असित, देवल, अत्रि, अर्चनाना, श्यावाश्व, गविष्ठिर, कर्णश्रुत, पूर्वातिथि, वशिष्ठ, शक्ति, पराशर, इन्द्रप्रमति, भवद्वसु, मित्रावरुण, कुण्डिन, विश्वामित्र, गाधेय, देवरात, मधुच्छन्दा, अघमर्षण, अष्टक, लोहित, भृतकील, मारुति, देवश्रवा, देवरात, पुराण, धनञ्जय, शिशिर, शालङ्कायन, अगस्त्य, दृढ़द्युम्न, इध्मवाह, अगस्ति, भलन्दन, वत्स और सङ्कोल।

मत्स्यपुराणके अनुसार इन मंत्रकृत ऋषियोंके मध्य ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य यही तीन वर्ण थे।

मन्त्रगण्डक (सं० पु०) मंत्रप्रधानो गण्डकः, मध्यपद-लोपिकर्मधा०। विद्या।

मन्त्रगुप्त (सं० पु०) दशकुमारचरितोंके एक कुमार।

मन्त्रगुप्ति (सं० स्त्री०) मंत्रणागोपन।

मन्त्रगूढ़ (सं० पु०) मंत्रे मंत्रणाविषये गूढ़ः। गुप्तचर।

मन्त्रगृह (सं० क्ली०) मन्त्रस्य मन्त्रणाया गृहम्। मंत्रणागार, वह स्थान जहां मंत्र वा सलाह की जाती हो।

"सुसंवृत्तं मन्त्रगृहं स्थलं चारुह्य मन्त्रयेत्।
अरण्ये निःशलाके वा न च रात्रौ कथञ्चन॥"

(भागवत १५।५।२२)

मन्त्रजल (सं० क्ली०) मन्त्रपूतं जलम्। मंत्रोदक, मंत्र द्वारा प्रभावित किया हुआ जल।

मन्त्रजा (सं० स्त्री०) मन्त्रात् जायते इति मन्त्र जन ड, टाप्। मंत्रशक्ति।

मन्त्रजिह्व (सं० पु०) मंत्र एव जिह्वा यस्य। अग्नि।

"अमृतं नाम यत्संतो मन्त्रजिह्वेषु जुह्वति।
शोभैव मन्दरक्षुब्धक्षुभिताम्भोधिवर्णना॥"

(माघ २।१०७)

मन्त्रज्ञ (सं० पु०) मन्त्रं जानातीति ज्ञा-क। १ गुप्तचर। (त्रि०) २ मन्त्रज्ञाता, मंत्र जाननेवाला। ३ जिसमें परामर्श देनेकी योग्यता हो। ४ भेद जाननेवाला।

"व्यवहारान् दिदृक्षुस्तु ब्राह्मणैः सह पार्थिवः।
मन्त्रज्ञैर्मन्त्रिभिश्चैव विनीतः प्रविशेत् सभाम्॥"

(मनु ८।४)

मन्त्रण (सं० क्ली०) मन्त्र-ल्युट्। मंत्रणा, सलाह।

मन्त्रणा (सं० स्त्री०) मन्त्र-भावे युच्, टाप्। १ निर्जनमें कर्त्तव्यावधारण, परामर्श, सलाह।

कविकल्पलतामें लिखा है, कि काव्यादिमें मंत्रणा विषयका वर्णन करते समय निम्नोक्त विषयका वर्णन करना आवश्यक है।

पञ्चाङ्ग, शक्ति, षाड़्गुण्य, उपाय, सिद्धि, उदय और स्थैर्योन्नति आदिकी मंत्रणा-विषयमें आलोचना करनी होती है।

"मन्त्रे पञ्चाङ्गताशक्तिषाड़्गुण्योपायसिद्धयः।
उदयाश्चिन्तनीयाश्च स्थैर्योन्नत्यादिसूक्तयः॥"

(कविकल्पलता)

तीन आदमीके साथ मंत्रणा करनेसे वह निश्चय ही प्रकाश हो जाती है, अतएव दो आदमीके साथ मिल कर मंत्रणा करनी चाहिये।

"षट्कर्णो भिद्यते मन्त्रश्चतुष्कर्णश्च धार्यते।
द्विकर्णस्य तु मन्त्रस्य ब्रह्माप्यन्तो न बुध्यते॥"

(गरुड़पु० ११४ अ०)

कालिकापुराणमें लिखा है, कि राजा बहुविद्या विशारद, विनीत, सत्कुलोद्भव, धर्मार्थकुशल और सरलचित्त ब्राह्मणोंको मंत्रि-पद पर नियुक्त करें। मंत्रणाका उपयुक्त समय जान कर उनमेंसे किसी एकके साथ मंत्रणा करे। बहुतोंके साथ तथा सर्वदा मंत्रणा करना निषिद्ध है। विशेष आवश्यक होने पर एक बार एकके साथ और दूसरी बार दूसरेके साथ इस प्रकार सभी मंत्रियोंके साथ मंत्रणा करे। अत्यंत गोपनीय और सुरक्षित गृहमें अथवा उपद्रवशून्य निर्जन अरण्यमें जा कर मंत्रणा करना उचित है। रातको मंत्रणा नहीं करनी चाहिये। मंत्रणास्थलमें बालक, वानर, नपुंसक, शुक, सारिका तथा अंगभंग मनुष्योंको आने नहीं देना चाहिये। राजाओंकी गूढ़ मंत्रणा यदि प्रकाश हो जाय, तो भारी अनर्थ होता है। पीछेसे सैकड़ों सुदक्ष राजा भी उसका प्रतीकार नहीं कर सकते। महाभारतके शान्तिपर्व और राजधर्मानुशासनपर्वमें मंत्रि-मंत्रणाका विषय इस प्रकार लिखा है,—

राज्यका मूल मंत्रणा है। इस कारण राजाको चाहिये, कि वे उपयुक्त मंत्रीके साथ मंत्रणा करके राज कार्य चलावें। राजा सुपरीक्षित, सत्कुलसम्भूत, उत्कोच ग्रहणमें विरत, व्यभिचारदोषविहीन, सुविश्वस्त वेदज्ञ, अहङ्कारशून्य, विनयबुद्धिसम्पन्न, सत्स्वभावान्वित, तेजस्वी, धीर, क्षमावान्, शुचि, अनुरक्त, कार्यदक्ष, गम्भीर, अकपट, मितभाषी, कर्त्तव्याकर्त्तव्यविवेक-विशारद, इङ्गितज्ञ, दयाशील, देशकालज्ञ और प्रभुकार्य परायण इन सब गुणोंसे युक्त व्यक्तिको मंत्रि-पद पर नियुक्त

करें। तेजोहीन, बंधुबांधवपरित्यक्त व्यक्तिको मंत्रि बनानेसे सभी कार्य नष्ट होनेकी सम्भावना रहती है। जिस प्रकार अल्पज्ञान सम्पन्न मंत्रि सत्कुलोद्भव और धर्मार्थकामयुक्त होने पर भी मंत्रकी परीक्षा नहीं कर सकते, उसी प्रकार असत्कुलोद्भव व्यक्ति विलक्षण ज्ञान सम्पन्न होने पर भी नायकविहीन सेनाकी तरह सूक्ष्म-कार्य पर विचार करनेमें असमर्थ हैं। अस्थिरसङ्कल्प व्यक्ति बुद्धिमान्, विद्वान् और उपायज्ञ होने पर भी सम्यक् प्रकारसे कार्य नहीं चला सकते। दुर्मति मूर्ख व्यक्ति कार्य तो कर सकता है, पर किस कार्यका क्या फल होगा, सो वह नहीं जान सकता। अनुरागविहीन मन्त्री कभी भी विश्वासका पात्र नहीं होता। अतएव उसके निकट मंत्रणा प्रकाश करना राजाको उचित नहीं। अग्नि जिस प्रकार वायुकी सहायतासे बड़े बड़े वृक्षोंको भस्मसात् कर डालती है, उसी प्रकार अनुरक्त मन्त्री भी अन्यान्य मन्त्रियोंके साथ षड़यन्त्र करके राजाको उत्सन्न कर सकता है। मालिक गुस्सेमें आ कर नौकरको कभी पदच्युत कर देते, कभी तिरस्कार करते और कभी उसके प्रति प्रसन्न भी होते हैं। नौकर भी मालिकके ऐसे व्यवहारको सहता हो जाता है। मन्त्रिगण भी अनेक समय राजा पर बहुत गुस्सा करते हैं, किन्तु जो मन्त्री राजाकी भलाई चाहता हुआ गुस्सेको रोक सके। बुद्धिमान् राजा सुख दुःख, लाभालाभ, जय पराजयको समान जान कर उसीके साथ सभी विषयोंमें मंत्रणा करें। कुटिल व्यक्ति विविधगुणसम्पन्न और अनुरक्त भी क्यों न हो, तो भी उसके निकट मंत्रणा प्रकाश करना उचित नहीं। जो व्यक्ति शत्रुओंका साथ देता है और पुरवासियोंका सम्मान नहीं करता; वह शत्रुके समान है। उसके निकट मंत्रणा प्रकाश करना मानो अपने हाथसे अपने पैरमें कुठाराघात करना है। अशुचि, अहङ्कारी आत्मश्लाघी, असुहृद्, क्रोधपरतंत्र और लुब्ध व्यक्ति मंत्रणा सुननेके योग्य नहीं हैं।

आगन्तुक व्यक्ति यदि ज्ञानसम्पन्न और प्रभुभक्त भी क्यों न हो, पहले जिसका पिता अन्यायरूपसे परित्यक्त हुआ है पीछे उसने यदि पितृपद पा कर विधिपूर्वक सत्कार भी क्यों न पाया हो तथा किसी कारणवश कोई व्यक्ति निर्धन बना दिया गया है और पीछे असाधारण गुणसम्पन्न हो गया हो, तो भी बुद्धिमान् व्यक्ति पूर्वोक्त व्यक्तियोंके निकट मंत्रणा प्रकाश न करे। जो प्रज्ञावान्, मेधावी, विशुद्धस्वभावयुक्त, शास्त्रज्ञ, ज्ञानसम्पन्न, आत्मतुल्य, प्रियसुहृद्, सत्यवादी, सच्चरित, गम्भीरस्वभावयुक्त, लज्जाशील, मृदु, पापद्वेषी, प्रगल्भ, संतोषपरायण, मंत्रज्ञ, कालदर्शी, शौर्यसम्पन्न, युद्धनिपुण और नीतिविशारद हैं तथा जो सान्त्वनावाक्य द्वारा लोगोंको वशीभूत कर सकते हैं, पुरग्रामवासी धार्मिक व्यक्ति जिस पर विश्वास करते हैं और जो अपने तथा शत्रु आदिके विषयसे जानकार है वे ही मन्त्रणा श्रवणके उपयुक्त हैं। उक्त गुणसम्पन्न और सत्कृत मन्त्री निश्चय ही राजाके कल्याणके लिये हमेशा प्रयत्न करता है।

अपने मालिक, प्रजागण और शत्रुपक्षके छिद्रान्वेषणमें सचेष्ट होना मन्त्रीका अवश्य कर्त्तव्य है। मन्त्रियोंके मन्त्रणाबलसे ही राजाका राज्य बढ़ता है। विज्ञ मंत्रियोंको उचित है, कि वे शत्रुका दोष पाते ही उस पर चढ़ाई कर दें और ऐसी सावधानीसे चलें जिससे शत्रुपक्ष उनकी कार्यगतिका पता न लगा सके। कूर्म जिस प्रकार अपने अङ्गप्रत्यङ्गको छिपाये रखता है, उसी प्रकार मन्त्री भी सभी मंत्रणाको छिपाये रखें।

मंत्रणा और चर राज्यरक्षाका मूल कारण हैं। मंत्री वृत्ति पानेकी आशासे राजाका अनुसरण करता है। राजा और मंत्री दोनों ही अहङ्कार, क्रोध, अभिमान और ईर्षाका परित्याग कर दें। राजा अकपट मंत्रियोंके साथ मन्त्रणा करें। कमसे कम तीन मन्त्री नियुक्त करना राजाको उचित है। उन्हीं तीन मंत्रियोंकी सलाह ले कर पहले राजा धर्मार्थकामज्ञ गुरुके पास जांय और उनसे अपना अभिप्राय कह सुनावें। गुरु उन चारोंकी सलाह सुन कर उस विषयमें एक सिद्धांत कर दें। वह सिद्धांत यदि जनसाधारणके मुआफिक हुआ तो उसीके अनुसार कार्य करना राजाको उचित है।

यदि उत्तमरूपसे मंत्रणा की जाय, तो प्रजा आसानीसे वशीभूत हो जाती है। राजा जहां पर मन्त्रणा करें

वहां वामन, कुब्ज, कृश, खञ्ज, अन्ध, जड़, नपुंसक वा तिर्यक्योनि घुसने न पावे। नाव पर या कुशाकाशविहीन, अनावृत जनशून्य स्थानमें बैठ कर वाक्यदोष और अन्नदोषका त्याग करते हुए मन्त्रणा करे।

फिर कहीं पर यह भी लिखा है, कि चार पवित्र ब्राह्मण, आठ अस्त्रधारी महाबलपराक्रांत क्षत्रिय, अतुल ऐश्वर्यसम्पन्न इक्कीस वैश्य, विनीत स्वभावसम्पन्न अति पवित्र तीन शूद्र और एक शुश्रूषादि अष्टगुणसम्पन्न पुराणवेत्ता सूतको अमात्यपद पर नियुक्त करना राजाका कर्त्तव्य है। सभी आमात्य पचास वर्षके, विनीत, बुद्धिवान्, अपक्षपाती, विचारक्षम, लोभविहीन और मृगयादि सात प्रकारके दोषोंसे वर्जित होवें।

इन अमात्योंमेंसे चार ब्राह्मण, तीन क्षत्रिय और एक सूत इन आठोंको मन्त्रिपद पर नियुक्त करें और राजाको उचित है, कि वे उन आठोंसे सलाह लें।

(भारत शान्तिपर्व, राजधर्मानुशासनपर्व ८४, ८५ अ०)

युक्तिकल्पतरुमें लिखा है, कि राज्यका मूल मन्त्रणा है। इसलिये जब तक अभीष्ट फल प्राप्त न हो जाय तब तक मन्त्रणा करना न छोड़ें। अर्थ और अनर्थ इन दोनोंका संशय जिससे परीक्षित हो उसे मंत्र कहते हैं। यह मन्त्रणा छिपा कर करनी चाहिये। मंत्रणाकालमें जड़, मूक, वधिर, तिर्यक्योनि, स्त्री, म्लेच्छ, व्याधिग्रस्त, विकृताङ्ग आदिकी उपस्थिति वर्जनीय है। विष अथवा शस्त्रसे एक हीके प्राण जाते हैं, पर मंत्रविप्लवसे सभी राष्ट्रसम्पद् विनष्ट होती है। इसी कारण गुप्तस्थानमें मन्त्रणा करना उचित है।

२ कई आदमियोंकी सलाहसे स्थिर किया हुआ मत, मंतव्य।

मन्त्रतस् (सं० अव्य०) मंत्रादिति मंत्र (पञ्चम्यास्तसिल्। पा ५।३।२।७) इति पञ्चमी स्थाने तसिल्। मंत्रसे।

मन्त्रतोय (सं० क्लो०) मन्त्रपूतं तोयं। मंत्रजल, मंत्र पढ़ कर जो जल दिया जाय।

मन्त्रद (सं० पु०) मंत्रं ददातीति मंत्रदा-क। शिष्योंके कुलदेवतानुसार शिष्यके कानमें इष्टमंत्रदाता, मंत्रदाता गुरु।

"परापरगुरूणाञ्च निर्णयं शृणु पार्वति।
आदौ सर्वत्र देवशि मन्त्रदः परमो गुरुः॥
परापरगुरुस्त्वं हि परमेष्ठी त्वहं गुरुः॥"

(वृहन्नीलतन्त्र २ पटल)

मन्मदाता गुरु साक्षात् ब्रह्मस्वरूप, मंत्रदाता गुरुके पिता परम गुरु तथा विष्णुस्वरूप और उनके भी पिता परापर गुरु तथा साक्षात् महेश्वर तुल्य हैं।

"मानवस्य महेशानि संक्षेपान्निगदामि ते।
गुरुः परमगुरुश्च परापरगुरुस्तथा।
स्वगुरुः परमेशानि साक्षाद् ब्रह्म न संशयः॥
तत्पिता परमगुरुः स्वयं विष्णुः क्षितौ सदा।
तत्पिता परापरगुरुर्महेश्वरसमः सदा॥"

(शाक्तानन्दतरङ्गिणीधृत महिषमर्द्दिनीतन्त्र)

मन्त्रदर्शन (सं० त्रि०) मन्त्र-दृश-णिन्। १ वेदवित्, वेदज्ञ।

"अग्न्यभावे तु विप्रस्य पाणावेवोपपादयेत्।
यो ह्यग्निः स द्विजा विप्रैर्मन्त्रदर्शिभिरुच्यते॥"

(मनु ३।२१२)

२ मंत्रदर्शनकारिमात्र, मन्त्र देनेवाला।

मन्त्रदातृ (सं० त्रि०) मन्त्रं ददातीति मन्त्रदा-तृच्। मन्त्रदानकर्त्ता, गुरु, मन्त्र देनेवाला। मन्त्रदाता गुरु सर्वापेक्षा श्रेष्ठ हैं। गुरुओंके मध्य पहले जन्मदाता पिता, उनसे सौ गुना माता और उनसे अधिक विद्यादाता तथा इन सबोंमें मन्त्रदाता गुरु ही अधिक पूजनीय और श्रेष्ठ हैं। गुरुसे मन्त्रलाभ कर भवसागरसे पार हो जाते हैं इसीलिये वे सर्वापेक्षा पूजनीय हैं। माता, पिता आदि गुरुजनोंमेंसे कोई भी संसार-समुद्रको पार करनेमें समर्थ नहीं हैं। केवल एक गुरु ही ऐसा कर सकते हैं। अतः सत्य, तपस्या और पुण्य आदि सभी गुरु ही हैं। शिष्य मन्त्रदाता गुरुसे इष्टमन्त्र लाभ कर उसी मन्त्रके प्रभावसे अनायास ही भवदुःखका मोचन कर सकते हैं।*

गुरु और मन्त्र देखो।

---

* "सर्वेषाञ्च गुरूणाञ्च जन्मदाता परो गुरुः।
पितुः शतगुणैर्माता पूज्या वन्द्या गरीयसी॥

मन्त्रदीधिति (सं० पु०) मंत्रेण दीधितिर्दीप्तिर्यस्य। अग्नि।

मन्त्रदृश् (सं० पु०) मन्त्रदृश्-क्विप्। मन्त्रद्रष्टा ऋषि, मन्त्रकृत ऋषि।

मन्त्रदेवता (सं० स्त्री०) मन्त्राधिष्ठात्री देवता, मन्त्रका देवता।

मन्त्रद्रुम (सं० पु०) चाक्षुष मन्वन्तरके इंद्रका नाम।

मन्त्रधर (सं० पु०) १ मन्त्री। २ मन्त्रणाकुशल, जो मन्त्र अच्छी तरह जानता हो।

मन्त्रधारिन् (सं० पु०) १ सचिव। २ मन्त्रणाभिज्ञ, जो मन्त्र जानता हो।

विद्यादाता मन्त्रदाता ज्ञानदो हरिभक्तिदः।
पूज्यो वन्द्यश्च सर्वश्च मातुः शतगुणैर्गुरुः॥
मन्त्रमुद्गीरणेनैव गुरुरित्युच्यते बुधैः।
अन्यो वन्द्यो गुरुरयमन्यश्चारोपितो गुरुः॥
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥
अदीक्षितस्य मूर्खस्य निष्कृतिर्नास्ति निश्चितम्।
सर्वकर्मस्वनर्हस्य नरके तत्पशोः स्थितिः॥
जन्मदातान्नदाता वा मातान्मे गुरुवस्तथा।
पारं कर्त्तुं न शक्तास्ते घोरे संसारसागरे॥
विद्यामन्त्रज्ञानदाता निपुणः पारकर्मणि।
न शक्तः शिष्यमुद्धर्त्तमीश्वरश्चेश्वरोऽपरः॥
गुरुर्विष्णुर्गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्धर्म्मो गुरुः शेषः सर्वात्मा निर्गुणो गुरुः॥
सर्वतीर्थाश्रमश्चैव सर्वदेवाश्रयो गुरुः।
सर्ववेदस्वरूपश्च सर्वरूपी हरिः स्वयम्॥
अभीष्टदेवे रुष्टे च गुरुः शक्तो हि रक्षितुम्।
गुरौ रुष्टेऽभीष्टदेवी न हि शक्तो हि रक्षितुम्॥
सर्वे ग्रहाश्च यं रुष्टा दृष्टा यं देवब्राह्मणाः।
तमेव रुष्टो भवति गुरुरेव हि दैवतः॥
न गुरोश्च प्रियश्चात्मा न गुरोश्च प्रियः सुतः।
धनं प्रियो न च गुरोर्न च भार्या प्रिया तथा॥”
(ब्रह्मवैवर्त्त पु० श्रीकृष्णजन्मख० ५९ अ०)

मन्त्रपति (सं० पु०) मन्त्राधिष्ठित देवताविशेष, मन्त्रका देवता।

मन्त्रपत्र (सं० क्ली०) मन्त्रलिखित पत्र, वह पत्र जिसमें मंत्रणाविषय लिखा हो।

मन्त्रपूत (सं० त्रि०) मन्त्रेण पूतः। मन्त्र द्वारा पवित्रीकृत, मन्त्रसे पवित्र किया हुआ।

मन्त्रपूतात्मन् (सं० पु०) मंत्रेण पूतः आत्मा यस्य। गरुड़।

मन्त्रप्रयोग (सं० पु०) मन्त्रस्य प्रयोगः। मन्त्रका प्रयोग।

मन्त्रफल (सं० क्ली०) मन्त्रणायाः फलं। मन्त्रका उद्देश्य।

मन्त्रबीज (सं० क्ली०) मूलमन्त्र।

मन्त्रभेद (सं० पु०) मन्त्रणा-व्यर्थकरण।

मन्त्रमय (सं० त्रि०) मन्त्र स्वरूपार्थे मयट्। मन्त्रात्मक, मन्त्रस्वरूप।

मन्त्रमूर्त्ति (सं० पु०) शिवका एक नाम।

मन्त्रमूल (सं० त्रि०) मन्त्र एव मूलं यस्य। राज्य, राज्यरक्षाका मन्त्रणा ही मूल है। मन्त्रणा ही जिसका प्रधान कारण है वही मन्त्र मूल है।

मन्त्रयान—बौद्धधर्मकी एक शाखा। इसका प्रचार तिब्बत, नेपाल, भूटान आदिमें ईस्वीसन् ७वीं शताब्दीसे है। युएनचुवङ्गकी भारत-वर्णनासे जाना जाता है, कि बौद्धधर्ममें नाना प्रकारकी काल्पनिक गल्प और उत्सव प्रविष्ट हुए थे। इसी प्रकारका बौद्धधर्म ६४० ई०में तिब्बत देशमें प्रचलित हुआ। अनन्तर और भी ३री, ४थी शताब्दी तक बौद्धधर्मकी अधिक अवनति देखी जाती है। इस समय उक्त धर्मका रहस्य केवलमात्र कितनी ही अर्थहीन भाषामें समाविष्ट हो कर मंत्रयान कहलाया। नागार्जुन इस मतके प्रवर्त्तक थे इसलिये सर्वसाधारणके निकट मंत्रयानका विशेष आदर था।

१०वीं शताब्दीमें उत्तर-भारतमें अर्थात् काश्मीर तथा नेपालमें तांत्रिक धर्म प्रचलित हुआ। यह तांत्रिक धर्म कालचक्र नामसे विख्यात है। इस श्रेणीके बौद्धगण मंत्रयानप्रथाका अवलम्बन करते हैं। इस मन्त्रयानका दूसरा नाम वज्रयान भी है। उक्त सम्प्रदायके मनुष्य वज्राचार्य कहलाते थे।

मन्त्रयुक्ति (सं० स्त्री०) मन्त्रका प्रयोग ।

मन्त्रयोग (सं० पु०) मन्त्रस्य योगः । मन्त्रप्रयोग, मन्त्र पढ़ना ।

> "स्तोतव्या मन्त्रयोगेन सत्या देवी सरस्वती ।
> दर्शयिष्यसि यत् सत्यं सत्ये सत्यव्रता ह्यसि ॥"
>
> (वृहत्सं० २६।२)

मन्त्रला कनामा—मान्द्राजप्रदेशके कारनुल जिलांतर्गत नल्लमलय पहाड़का गिरिपथविशेष । यह अक्षा० १५° ५४′ उ० तथा देशा० ७८° ५८′ पू०के मध्य विस्तृत है ।

मन्त्रवत् (सं० अव्य०) मन्त्र इवार्थे वतु । १ मन्त्रसदृश, मंत्रके जैसा । (त्रि०) मंत्र-अस्त्यर्थे मतुप् । २ मंत्र-युक्त ।

मन्त्रवर्ण (सं० पु०) १ मन्त्रोल्लिखित विषय । २ मन्त्रका एक एक अक्षर ।

मन्त्रवाड़ी—बम्बईप्रदेशमें एक छोटा गांव । यह शिगगांवसे ४ मील पूर्वमें अवस्थित है । यहां तीन शिलालिपियां हैं जिनमेंसे एक हनुमान-मन्दिरके सामने, दूसरी गांवके पूर्व-फाटकके समीप और तीसरी वामन भादुड़ीको राजसभामें स्थापित हैं ।

मन्त्रवादी (सं० त्रि०) १ मन्त्रज्ञ, मन्त्र जाननेवाला । २ जो मन्त्र उच्चारण करे ।

मन्त्रविद् (सं० पु०) मन्त्रं पञ्चाङ्गमन्त्रान् वेत्तीति विद्-क्विप् । १ चर । (त्रि०) २ मन्त्रदाता । मन्त्रं वेदार्थं वेत्तीति विद्-क्विप् । ३ वेदार्थविद्, वेदका अर्थ जाननेवाला ।

> "सहस्रं हि सहस्राणामनृचां यत्र भुञ्जते ।
> एकस्तान् मन्त्रविद् भीतः सर्वानर्हसि धर्मतः ॥"
>
> (मनु ३।१३१)

मन्त्रविद्या (सं० स्त्री०) तन्त्रविद्या, भोजविद्या, मन्त्रशास्त्र, तन्त्र ।

मन्त्रश्रुति (सं० स्त्री०) गुप्तमंत्र श्रवण ।

मन्त्रश्रुत्य (सं० क्ली०) मन्त्र द्वारा स्मरणीय ।

मन्त्रसंस्कार (सं० पु०) मन्त्रस्य संस्कारः । मन्त्रका दशविध संस्कार । मन्त्रके दश संस्कार हैं । जिस प्रकार जीव गर्भाधानादि दशविध संस्कार द्वारा विशुद्ध होता है उसी प्रकार मंत्र भी इन सब संस्कारोंसे विशुद्ध होते हैं । एकमात्र गुरु ही मन्त्रके संस्कारकर्त्ता हैं । वे मंत्र संस्कार कर शिष्यको देंगे । असंस्कृत मन्त्र निःफल है । मन्त्र देखो । २ विवाह ।

> "अनृतावृतुकाले च मन्त्रसंस्कारकृत पतिः ।
> सुखस्य नित्यं दातेह परलोके च योषितः ॥"
>
> (मनु ५।१५३)

कुल्लूक और मेधातिथि दोनोंने ही मन्त्रसंस्कारका अथ विवाहविधि लगाया है ।

मन्त्रसंस्कारकृत् (सं० पु०) संस्कारं करोति कृ-क्विप् । पति, स्वामी ।

मन्त्रसंस्क्रिया (सं० स्त्री०) मन्त्रस्य संस्क्रिया । मन्त्रका दशविध संस्कार ।

मन्त्रसंहिता (सं० स्त्री०) वैदिक मन्त्रसंग्रह, वेदोंका वह अंश जिसमें मन्त्रका संग्रह हो ।

मन्त्रसाधन (सं० क्ली०) मन्त्रस्य साधनं । मन्त्रणाका साधन, मंत्रका साधन, अभिलषित विषयकी सिद्धि ।

मत्रन्साध्य (सं० त्रि०) मन्त्रेण साध्यः । जो मन्त्रद्वारा साधन किया जाय ।

मन्त्रसिद्ध (सं० त्रि०) मन्त्रेण सिद्धः । मन्त्र द्वारा सिद्ध, जिसे मंत्र सिद्ध हो, जिसका प्रयोग किया हुआ कोई मन्त्र निष्फल न जाता हो ।

मन्त्रसिद्धि (सं० स्त्री०) मन्त्रस्य सिद्धिः । मन्त्रकी सफलता, मंत्रमें प्रभाव आना ।

मन्त्रसूत्र (सं० क्ली०) सूत्रग्रथित मन्त्र, वह रेशम या सूतका तागा जो मन्त्र पढ़ कर बनाया गया हो । इसे गण्डा भी कहते हैं ।

मन्त्रस्पृश (सं० त्रि०) मन्त्रेण स्पृशतीति (स्पृशोऽनुदके क्विन् । पा ३।२।५८) इति क्विन् । मन्त्रकरणक स्पर्शकर्त्ता, मन्त्र द्वारा स्पर्शकारी ।

मन्त्राराधन (सं० क्ली०) मन्त्रस्य आराधनं । मन्त्रकी आराधना ।

मन्त्रार्षाध्याय (सं० पु०) यजुर्वेदोक्त काठकोपनिषद्का ऋषि-अनुक्रमणि नामक अध्याय ।

मन्त्रावली (सं० स्त्री०) मन्त्रणासमूह ।

मन्त्रिक (सं० पु०) मन्त्रिन् स्वार्थे कन् । मन्त्री ।

मन्त्रिका (सं० स्त्री०) उपनिषद्भेद, मन्त्रिकोपनिषद् ।

मन्त्रित (सं० त्रि०) मन्त्रोऽस्य जातः, इतच् वा मन्त्रक । मन्त्र द्वारा संस्कृत, अभिमन्त्रित ।

मन्त्रिता (सं० स्त्री०) मन्त्रिणो भावः तल-टाप्। १ मन्त्रित्व मन्त्रका भाव या धर्म। २ मन्त्रीकी क्रिया, मन्त्रीका काम।

मन्त्रित्व (सं० पु०) मन्त्रीका कार्य्य या पद, मन्त्रि-पन, मन्त्रिता।

मन्त्रिन् (सं० पु०) मन्त्रो गुप्तभाषणमस्यास्तीति मन्त्र-इनि, यद्वा मन्त्रयते इति मन्त्र (नन्दिग्रहीति। पा ३।१।१४४) इति णिनि। १ कर्त्तव्यनिश्चयकर्त्ता, वह पुरुष जिसके परामर्शसे राज्यके काम काज होते हों। पर्याय—धीसचिव, अमात्य, सचिव, धीसख, सामवायिक। इसका लक्षण—

> "मन्त्री भक्तः शुचिः शूरोऽनुकूतो बुद्धिमान् क्षमी।
> आयवीक्षिक्यादिकुशलः परिच्छेदी सुदेशजः॥"
>
> (कविकल्पलता)

शुचि, वीर, अनुकृत, बुद्धिमान्, क्षमाशील, न्यायशास्त्रमें विशेष पारदर्शी, परिच्छेदयुक्त और सुदेशोत्पन्न व्यक्ति मन्त्री होनेके योग्य हैं। मत्स्यपुराणमें लिखा है—

> "बहुभिर्मन्त्रयेत् कामं राजा मन्त्रं पृथक् पृथक्।
> मन्त्रिणामपि नो कुर्यात् मन्त्री मन्त्रप्रकाशनम्॥
> न क्वचित् कस्य विश्वासो भवतीह सदा नृणाम्।
> निश्चयश्च सदा मन्त्रे कार्य्य एकेन सूरिणा॥"
>
> (मत्स्यपु० १९६ अ०)

राजाको चाहिये, कि वे प्रत्येक मन्त्रीके साथ भिन्न भिन्न समयमें मन्त्रणा करें। मन्त्रीको भी दूसरे मन्त्रीके निकट मन्त्रणा न प्रकाश करनी चाहिये, करनेसे भारी अनर्थ होता है। मन्त्रणा देखो।

२ परामर्शदाता, सलाह देनेवाला।

मन्त्रिपति (सं० पु०) मन्त्रिवर, प्रधान अमात्य।

मन्त्रिप्रधान (सं० पु०) मन्त्रिणां प्रधानः। मन्त्रिश्रेष्ठ, प्रधान मन्त्री।

मन्त्रिमुख्य (सं० पु०) प्रधान मन्त्री।

मन्त्रिवंश—नारोराम रङ्गराव मन्त्रिवंशके आदिपुरुष थे। इनका रतनगिरिके कोचरे नामक स्थानमें जन्म हुआ था। १६९१ ई०में इन्होंने मरहठा-सेनापति धनाजीराव यादवका मन्त्रित्व ग्रहण किया।

जब महाराष्ट्र-राज शाहु सतारा लौट रहे थे, उस समय ताराबाईने उन्हें रोकनेका हुकुम दिया। तदनुसार धनाजीने उनका मार्ग रोका था। इसी विद्रोहके समयसे नारोराम राजाके विश्वासभाजन बने थे। राजाने उन्हें 'राजाज्ञ' की उपाधि और पारितोषिक स्वरूप ४०००) रु० दिये। चार वर्ष बाद अर्थात् १७५१ ई०में उन्होंने 'मन्त्रि'-का खिताब पाया।

ये अत्यन्त धार्मिक थे। १७६१ ई०में इनके यत्नसे सिद्धपुर और आशनग्राममें एक धर्मशाला खोली गई। इन्होंने अपने ग्राममें भी बहुतसे मन्दिरादि बनवाये थे तथा ब्राह्मणोंको यथेष्ट भूसम्पत्ति दान की थी।

१७४७ ई०में नारोरामके परलोक सिधारने पर उनके लड़के घनश्यामने 'मन्त्री' का पद प्राप्त किया। घनश्यामको जो ग्राम इनाममें मिले थे, पेशवा बालाजीबाजीरावने उनकी सनद दी थी।

१७७१ ई०में घनश्यामने मिलाड़ी (ताजगांव)-में एक मन्दिर बनवाया। अलावा इसके उन्होंने काशीक्षेत्रमें जा कर अनेक सत्कार्य और दानध्यानादि किये थे। यहां पर वे कुछ मन्दिर और विश्रामागार बनवा गये हैं। इसके बाद संन्यासधर्मका अवलम्बन कर वे जीवनके शेषकाल तक काशीमें ही रहे। १७८० ई०में वहीं पर उनकी मृत्यु हुई।

मृत्युके बाद घनश्यामके पुत्र रघुनाथ राव सिंहासन पर बैठे। १७४३ ई०में उनका जन्म हुआ था। रघुनाथ राव अनेक सत्कार्य करके १५८१ ई०में परलोकको सिधारे।

अनन्तर उनके लड़के जयवन्तरावने मंत्रि-पद प्राप्त किया। १८३२ ई०में उनकी मृत्यु हुई। अन्तिम पेशवा बाजीरावने अन्यायपूर्वक उनके अधिकृत स्थान छीन लिये।

रघुनाथराव जयवन्तका १८०६ ई०में जन्म हुआ। १८३२ ई०में महाराजा प्रतापसिंह द्वारा ये मंत्रि-पद पर बिठाये गये। इन्होंने अधिकृत स्थानोंमेंसे तीनके सिवा और सभी अपने दखलमें कर लिये। ये न्यायपरायणता और साहसिकताके लिये विशेष प्रसिद्ध थे। मन्त्री हो कर इन्होंने सुचारुरूपसे राज्य शासन किया था। १८७४ ई०में इस्सलामपुरमें इनकी मृत्यु हुई।

इसके बाद मन्त्रिवंशके प्रतिनिधि उनके लड़के आनन्द्राव रघुनाथने मन्त्रि-पद प्राप्त किया। १८७४ ई०में वे एक द्वितीय श्रेणीके सरदार हुए। इनकी वार्षिक आय प्रायः १८१००० रु० की थी।

मन्त्रिवर (सं० पु०) मन्त्रिणां वरः। मंत्रिश्रेष्ठ।

मन्त्रिषिक (सं० पु०) विन्ध्यपर्वतका पार्श्ववर्ती देशभेद।

मन्त्री (सं० पु०) १ मन्त्रिन देखो। २ शतरंजकी एक गोटी का नाम। यह राजासे छोटी मानी जाती है और पक्षकी शेष सब गोटियोंसे श्रेष्ठ होती है। यह टेढ़ी सीधी सब प्रकारकी चालें चलती है। इसे वजीर या रानी भी कहते हैं।

मन्त्रेश्वर—वर्द्धमान जिलान्तर्गत एक गांवका नाम। यह अक्षा० २३' २५´ ३०´´ उ० तथा देशा० ८८° ६´ पू०के मध्य अवस्थित है। यहां एक थाना है।

मन्त्रोदक (सं० क्ली०) मन्त्रपूतं उदकं। मन्त्रपूत जल, मंत्र पढ़ा हुआ पानी।

मन्थ (सं० पु०) मथ्यतेऽनेन मन्थ करणे घञ्। १ मंथदण्डक, मथानी। २ दूध वा जलमें मिला कर मथा हुआ सत्तू। भावप्रकाशमें लिखा है, कि चार पल शीतल जलमें एक पल चूर्ण द्रव्य डाल कर मट्टीके बरतनमें अच्छी तरह मथनेसे मन्थ तैयार होता है। इस मन्थपानकी मात्रा दो पल है।

वैद्यकशास्त्रमें अनेक प्रकारके मन्थोंका उल्लेख है। घी, सत्तू, अनार और गुड़से एक प्रकारका मन्थ बनता है। घी, सत्तू, और जलसे दूसरे प्रकारका तथा दाख, शक्कड़, और ईखके रससे तीसरे प्रकारका मन्थ प्रस्तुत होता है। इसका गुण सद्योबलकर, पिपासा और श्रमनाशक माना गया है।

३ फाण्टभेद, औषधको पानीमें औटानेका एक प्रकार। प्रस्तुत प्रणाली—एक पल द्रव्यको चूर कर एक कुड़व अर्थात् आध सेर जलमें डाल दे। पीछे मट्टीके बरतनमें रख कर उसे अच्छी तरह मथ कर कपड़ेमें छान ले। इसको सेवनमात्रा दो पल है।

४ एक प्रकारका ज्वर जो बालरोगके अन्तर्गत माना जाता है। वैद्यकके अनुसार यह रोग ज्वरमें घी खाने और पसीना रोकनेसे होता है। इसमें रोगीको दाह, भ्रम, मोह और मतली होती है, प्यास अधिक लगती है, नींद नहीं आती, मुंह लाल हो आता है और गलेके नीचे छोटे छोटे दाने निकल आते हैं।

५ मथना, बिलोना। ६ क्षुब्ध करना, हिलाना। ७ मर्दन करना, मलना। ८ ध्वस्त करना, मारना। ९ मृगकी एक जातिका नाम। १० सूर्यकी किरण। ११ आंखका रोग। इसमें आंखोंसे पानी या कीचड़ बहता है।

मन्थक (सं० पु०) १ एक गोत्रकार मुनिका नाम। २ मन्थक मुनिके वंशमें उत्पन्न पुरुष। (त्रि०) ३ मन्थनकारी, मथनेवाला।

मन्थज (सं० क्ली०) मन्थेन मन्थनेन जायते इति जन-ड। नवनीत, मक्खन।

मन्थदण्डक (सं० पु०) मन्थाय मन्थनाय यो दण्डः, ततः स्वार्थे कन्। मन्थानदण्ड, मथानी। पर्याय—वैशाख, मन्थ, मन्थान, मन्था, करहर्षक, मन्थन, भक्काट, तक्राट।

मन्थन (सं० क्ली०) मन्थ-ल्युट्। १ विलोड़न, मथना। २ अवगाहन, डूब डूब कर तत्वोंका पता लगाना। (पु०) मथ्नात्यनेनेति मन्थ करणे-ल्युट्। ३ मन्थानदण्ड, मथानी। ४ कुंथन, कूंथना। ५ अग्निमन्थवृक्ष।

मन्थनघटी (सं० स्त्री०) अल्पो घटः अल्पार्थे ङीष, मन्थनार्थं मन्थनस्य वा। घटी, दही मथनेका बरतन।

मन्थनपर्वत (सं० पु०) मन्थशैल, मन्दर पर्वत। मन्दरगिरि देखो।

मन्थनोद्भव (सं० क्ली०) नवनीत, मक्खन, नैनूं।

मन्थर (सं० क्ली०) क्लिशयतीति मन्थ-बाहुलकात् अरन्। १ कुसुम्भी, लाल रंग। (पु०) २ कोष, खजाना। ३ फल। ४ बाध, बाधा। ५ मन्थानदण्ड, मथानी। ६ सूचक, गुप्तचर। ७ मन्दगामी योद्धा। ८ कोप, गुस्सा। ९ वैशाखका महीना। १० दुर्ग। ११ भंवर। १२ हिरण। १३ एक प्रकारका ज्वर, मन्थज्वर। १४ मक्खन। १५ फल। (त्रि०) १६ मन्द, सुस्त। १७ पृथु, भारी। १८ वक्र, टेढ़ा, झुका हुआ। १९ निश्चल। २० जड़, मन्द बुद्धि। २१ नीच, अधम।

मन्थरज्वर (सं० पु०) ज्वरविशेष । मन्थ देखो ।

मन्थरा (सं० स्त्री०) मन्थर-स्त्रियां टाप् । कैकयीकी दासी । रामके राज्याभिषेकका हाल सुन कर मंथराने रामको वनवास देनेके लिये कैकेयीको उभाड़ा। कैकेयीने मंथराके बहकाने पर राजा दशरथसे पूर्व-प्रतिज्ञानुसार दो वर मांगे, एक रामचन्द्रको बारह वर्ष वनवास और दूसरा भरतको राजगद्दी । मंथरा कैकेयोके साथ मायकेसे आई थी । (रामायण)

"रामाभिषेके विघ्नार्थं यतस्व ब्रह्मवाक्यतः ।
मन्थरां प्रविशस्वादौ कैकेयीञ्च ततः परम् ॥"

(अध्यात्मरामा० अयोध्याका० २ अ०)

मन्थराधि (सं० पु०) मध्यकाय, मँझोला आकार ।

मन्थरु (सं० पु०) मन्थ बाहुलकात् अरु । चामरवात, चंवरकी वायु ।

मन्थशैल (सं० पु०) मंथाचल, मन्दर पर्वत । मंदरगिरि देखो ।

मन्थसार (सं० पु०) नवनीत, मक्खन ।

मन्था (सं० स्त्री०) १ मथनहेतु । २ मेथिका, मेथी ।

मन्थाचल (सं० पु०) मन्थाद्रि, मन्दरपर्वत ।

मन्थान (सं० पु०) मथ्यतेऽनयेति मन्थ-बाहुलकात् आनच् । १ मंथदण्डक, मथानो । २ आरग्वध, अमलतास । ३ मन्दर पर्वत । समुद्र मथनेके समय यह पर्वत मंथन्-दण्ड बनाया गया था, इसोसे इसका नाम मंथान हुआ है। ४ महादेव, शिव । ५ एक वर्णिक छन्द । इसके प्रत्येक चरणमें दो तगण होते हैं । ६ भैरवका एक भेद ।

मन्थानक (सं० पु०) मन्थान इवेति (इवेप्रतिकृतौ । पा ५।३।९६) इति कन् । तृणभेद, एक प्रकारकी घास । पर्याय—हरित, दृढ़मूल, तृणाङ्घ्रिप । गुण—स्निग्ध, प्रिय और मधुर ।

मन्थानभैरव (सं० पु०) अम्लपित्त रोगाधिकारमें रसौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—शोधित पारा, तांवा, हिंगु, पुष्करमूल, सैन्धव, गन्धक, हरिताल और कटुकी इनका समान भाग ले कर चूर्ण बनावे। पीछे उस चूर्णको पुनर्णवा, देवदारु, निर्गुण्ठो, तण्डुलीयक और तिक्त कोशातकीके रसमें एक दिन मर्दन करे। इसीका नाम मन्थानभैरव है। इसका परिमाण एक माशा माना गया है। इस औषधको मधुके साथ चाटनेसे अम्लपित्तरोग आरोग्य होता है। (रसचिकित्सा ९ अ०)

२ एक प्रसिद्ध हठयोगी, हठयोग दीपिकामें इनका उल्लेख आया है।

मन्थावल (सं० पु०) वेदवर्णित सर्पभेद । यह वृक्ष पर औंधे मुंह लटक रहता है। (ऐतरेयब्रा० ३।२६)

मन्थितृ (सं० पु०) मथनकारी, मथनेवाला ।

मन्थिन् (सं० त्रि०) मन्थ-अस्त्यर्थे इनि । १ पीड़ाकारक । २ मंथनयुक्त । ३ मथनेवाला । (क्ली०) ४ मथा हुआ सोमरस ।

मन्थिनी (सं० स्त्री०) मन्थो मन्थनं अस्त्यस्यां मन्थ-इनि ङीप् । दधिमंथनपात्र, दही मथनेका वरतन, मटका । पर्याय—गगरी, कलसी ।

मन्थिप (सं० त्रि०) मथित सोमपानकारी, मथा हुआ सोमरस पीनेवाला ।

मन्थिवत् (सं० त्रि०) मथित सोमयुक्त, जिसमें मथा हुआ सोमरस हो ।

मन्थिशोचिस् (सं० त्रि०) मथित सोमदीप्तिशील ।

मन्थी (सं० त्रि०) मन्थिन् देखो ।

मन्थु (सं० पु०) वीरव्रतके एक पुत्रका नाम ।

मन्थोदक (सं० पु०) दुग्धसमुद्र, मण्डोदक ।

मन्थोदधि (सं० पु०) मथ्यतेऽसौ मन्थ-कर्मणि घञ्, मन्थश्चासौ उदधिश्चेति, मन्थाय उदधिरिति वा । क्षीरसागर ।

मन्द (सं० पु०) मन्दते इति मदि अच् । १ शनि । २ हस्तिजातिविशेष, एक प्रकारका हाथी । इसकी छाती और मध्य भागकी बलि ढीली; पेट लम्बा, चमड़ा मोटा, गला, कोख और पूंछकी चंवरी मोटी होती है। दृष्टि इसकी सिंहके समान देखनेमें लगती है। ३ यम । ४ जठरानलविशेष । वायु और श्लेष्माकी मात्रा अधिक रहने पर अग्नि धीमी हो जाती है। ५ अभाग्य । ६ प्रलय । ७ रोगी । (त्रि०) ८ धीमा, सुस्त । ९ शिथिल, ढीला । १० आलसी । ११ कुबुद्धि, मूर्ख । १२ खल, दुष्ट ।

मन्दक (सं० त्रि०) १ निर्बोध, मूर्ख । २ मन्दकारी, मूढ़ । ३ बुद्धिशून्य, सरल । (पु०) महाभारतोक्त जातिविशेष (महा० भीष्मप०)

मन्दकर्णि (सं० पु०) एक ऋषिका नाम।

मन्दकर्म (सं० क्ली०) १ ग्रहगणकी मंद स्पष्टगतिका फल निकालनेकी एक क्रिया। (त्रि०) २ निश्चेष्ट, कार्यहीन।

मन्दकारिन् (सं० त्रि०) मन्दं करोति कृ-णिनि। अपकारकारक, नुकसान करनेवाला।

मन्दग (सं० त्रि०) मन्दं अल्पं गच्छतीति गम ड। १ मृदुगामी, धीमा चलनेवाला। (पु०) २ महाभारतके अनुसार शाकद्वीपके अन्तर्गत चार जनपदोंमेंसे एक।

मन्दगति (सं० स्त्री०) ग्रहोंकी गतिकी वह अवस्था जब वे अपनी कक्षामें घूमते हुए सूर्यसे दूर निकल जाते हैं। (त्रि०) २ मंद गतिविशिष्ट, धीमी चालवाला।

मन्दगामिन् (सं० त्रि०) मन्दं गच्छतीति गम्-णिनि। मृदुगमनशील, धीमा चलनेवाला। पर्याय—मन्थर, स्वैरगामी, मन्द।

मन्दचेतस् (सं० त्रि०) मन्दं चेतो यस्य। दुरात्मा, पापाशय।

मन्दजननी (सं० स्त्री०) मन्दस्य शनैश्चरस्य जननी। शनैश्चरकी माता, सूर्यपत्नी।

मन्दजरस् (सं० त्रि०) जो धीरे धीरे बुढापेमें पहुंच रहा हो।

मन्दजात (सं० त्रि०) धीरे धीरे उत्पन्न।

मन्दट (सं० पु०) मन्दमटतीति अट्-अच्, शकन्ध्वादित्वात् साधुः। पारिभद्रवृक्ष, देवदार।

मन्दता (सं० स्त्री०) मन्दस्य भावः तल-टाप्। १ आलस्य। २ मन्दत्व, धीमापन। ३ क्षीणता।

मन्दधी (सं० त्रि०) मन्दा धीर्यस्य। अल्पबुद्धि, कम अक्लवाला।

मन्दधूप (सं० पु०) काला धूप, काला डामर।

मन्दन (सं० क्ली०) मन्दते स्तौति अनेन मन्द-(कृपृवृजिमन्दिनिधाञः क्युः। उण् २।८१) इति करणे क्यु। स्तोत्र।

मन्दनाग (सं० पु०) प्राचीन जनभेद। इनका दूसरा नाम मल्लनाग भी था। मल्लनाग देखो।

मन्दपरिधि (सं० पु०) मन्दोच्च वृत्ति।

(सूर्यसि० २।३४ टीका)

मन्दपाल—धार्मिक तपस्वी और वेदपारग महर्षि। इन्होंने बहुत दिनों तक तपस्या की। अन्तिम श्रेणीमें उत्तीर्ण हो कर ये पितृलोकको गये थे। सन्तान उत्पादन न करनेके कारण इन्हें अभिलषित लोकको प्राप्ति नहीं हुई। इन्हें अपने कर्मफलोंके भोगसे वञ्चित होना पड़ा। अतएव थोड़े समयमें अनेक पुत्र उत्पादन करनेकी इच्छासे महर्षि विहङ्गम मण्डलमें गये। यहां शार्ङ्गकका रूप धारण कर इन्होंने जरिता नामकी एक शार्ङ्गिकाके गर्भसे ४ पुत्र उत्पन्न किये। खाण्डव वनदाहके समय उन चारोंकी दग्ध होनेकी नौबत आ गई थी। अतएव मन्दपालने अग्निकी स्तुति की। इस स्तुतिसे प्रसन्न हो कर अग्निने मन्दपालके चारों पुत्रोंकी रक्षा की।

(महाभारत)

मन्दप्रज्ञ (सं० त्रि०) मन्दा प्रज्ञा यस्य। अल्प ज्ञान।

मन्दफल (सं० क्ली०) गणित ज्योतिषमें ग्रहगतिका एक भेद।

मन्दबुद्धि (सं० त्रि०) मन्दा बुद्धिर्यस्य। १ मूढ़बुद्धि। (स्त्री०) २ मंदा बुद्धि, अल्प बुद्धि, कम अक्ल।

मन्दभागी (सं० त्रि०) मन्दभाग्य-स्त्रियां ङीप्। हतभागिनी, अभागा।

मन्दभाग्य (सं० त्रि०) मन्दं भाग्यं यस्य। हतभाग्य, दुर्भाग्य।

मन्दभाज् (सं० त्रि०) मन्द-भज ण्वि। मन्दभाग्य, अभाग्य।

मन्दभाषिणी (सं० स्त्री०) मृदुभाषिणी, मञ्जुवादिनी।

मन्दमति (सं० त्रि०) मन्दा मतिर्यस्य। मूढ़ बुद्धि, बेवकूफ।

मन्दमेधस् (सं० त्रि०) मन्दा मेधा यस्य। मंदबुद्धि।

मन्दमन्द (सं० अव्य०) धीरे धीरे।

मन्दयत्सख (सं० पु०) यजमानोंके प्रीतिविधायक इन्द्रसखा सोम।

मन्दयन्ती (सं० स्त्री०) दुर्गा।

मन्दयु (सं० त्रि०) स्तुतियुक्त।

मन्दर (सं० पु०) मन्द बाहुलकात् अरः। १ मन्थशैल। पुराणानुसार एक पर्वत जिससे देवताओंने समुद्रको मथा था।

"मन्थानं मंदरं कृत्वा तथा नेत्रञ्च वासुकिम् ॥"

(भारत १।१८।१३)

महाभारतमें लिखा है, कि यह पर्वत ग्यारह हजार योजन नीचे गड़ा हुआ था। सभी देवताओंने मिल कर इसे उठानेकी कोशिश की, पर वे कृतकार्य न हो सके। अनन्तर ब्रह्माने विष्णुसे यह हाल जा कहा। विष्णुने वासुकिको पर्वत उखाडनेका हुकुम दिया। तदनुसार वासुकि वलपूर्वक इसे उखाड़ कर समुद्रके किनारे ले गये। पीछे देवासुरोंने इसे मन्थानदण्ड वना कर समुद्र मथा। समुद्रमन्थन शब्द देखो। (भारत १।१७, १८ अ०) २ मन्दार, आक। ३ स्वर्ग। ४ मुकुर, आईना। ५ मोतीका वह हार जिसमें आठ वा सोलह लड़ियां हों। ६ वृहत्संहिताके अनुसार प्रासादोंके बीस भेदोंमेंसे दूसरा। यह छकोना और तीस हाथ लंबा होता है। इसमें दश भूमिकाएं और अनेक कँगूरे होते हैं। ७ कुशद्वीपके एक पर्वका नाम। ८ एक वर्णवृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें एक भगण होता है। (त्रि०) ९ मन्द, धीमा। १० मठा।

मन्दरगिरि—विहार और उड़ीसाके भागलपुर जिलान्तर्गत बांका सब-डिविजनमें एक प्रसिद्ध पर्वत। यह अक्षा० २४° ५०´ २८´´ ३० तथा देशा० ८७° ४´ ४१´´ पू०के मध्य विस्तृत है। यह पहाड़ सात सौ फुटसे से भी अधिक ऊँचा है। हिन्दुओंमें यह मन्दरगिरि बड़ा ही पवित्र माना जाता है। इस पहाड़ पर वृक्ष वा तृण आदि नहीं है। कहीं कहीं छोटे छोटे सरोवर इसके चारों ओर एक सर्पाकार मूर्त्ति वेष्टित देखी जाती है। पुराणोंमें कहा गया है कि विष्णुके कानसे एक प्रकाण्ड दैत्य उत्पन्न हुआ। इस दैत्यने ब्रह्मा, विष्णु और शिवको संहार करना चाहा। भगवान् विष्णुने इसके साथ दश वर्ष तक युद्ध कर इसका शिर काट लिया। इस पर भी वह पहलेकी तरह ही युद्ध करने लगा। यह देख विष्णुने इसी मन्दरगिरि पर उसे पटक दिया और घुटनेसे दवा रखा। लोगोंकी धारणा तथा पुराणोंका मत है, कि तबसे विष्णु सदाके लिये इसी पहाड़ पर वास करते हैं। मधु और कैटभ नामक दैत्यके मारनेसे भगवान् विष्णु यहां मधुसूदन नामसे विख्यात हैं। यथा—

"मन्दरे मधुसूदनः।" (पुराण।

कुछ लोग यह भी कहते हैं, कि सुरासुरोंने मिल कर जो समुद्र मन्थन किया था, वह इसी मन्दरगिरि पर्वतसे ही किया गया था। किसी मुनिने लक्ष्मीको शाप दे दिया, कि तुम समुद्रगर्भमें प्रवेश करो। फलतः ऐसा ही हुआ। इन्हीं लक्ष्मीको उद्धार करने तथा अमृत पानेकी आशासे समुद्रका मन्थन किया गया था। उस समय यह पर्वत मथानी और सहस्र फणाधारी वासुकी नाग रस्सी वना था। विहारके भागलपुरका यही मन्दरगिरि पुराणोक्त मन्दर पहाड़ है। इसमें वहांके अनेक शिक्षित हिन्दुओंको भले ही सन्देह हो सकता है ; किंतु वहांके और लोगोंको जरा भी सन्देह नहीं है।

इसके अलावा इस पहाड़ पर अनेक प्राकृतिक और मानव निर्मित कौतुहलोत्पादक पुराकीर्त्तिके भग्नावशेष मौजूद हैं। इसके निम्न तलमें दो मीलके भीतर कितने ही छोटे छोटे तालाव हैं। सिवा इन सबके मकान तथा पत्थरकी कितनी ही मूर्त्तियां दिखाई देती हैं। इन सब चीजोंको देख कर अनुमान होता है, कि वहुत दिन पहले यहां कोई एक नगर था। यहां इस तरहकी एक जनश्रुति भी है, कि इस नगरमें ५३ गली और ५२ वाजार थे। इसके सिवा इस पहाड़ पर ८८ छोटे छोटे तालाव थे। मन्दरगिरिके पादमूलमें एक मन्दिर है, जो खण्डहरमें पड़ा है। इस मन्दिरके निकट असंख्य छोटे छोटे चौकोन गड्ढे हैं। कहते हैं, कि दीपावलीके समय प्रत्येक गृहस्थ यहां आ कर दीप दान किया करते थे। इसके कुछ ही दूर पर एक टूटी फूटी इमारत है। कुछ लोगोंका कहना है, कि यह चोलराजका राज-प्रासाद है।

इस अट्टालिकासे कुछ ही दूर पर एक बरामदा है जो पत्थरका वना हुआ है। इस पर संस्कृत भाषामें लिखा एक शिलालेख भी दिखाई देता है। इस शिलालेखसे मालूम होता है, कि अबसे ३०० वर्ष पहले इस नगरका सौभाग्य कायम रहा। इस समय पौष संक्रांतिके दिन मधुसूदनकी प्रतिमूर्त्ति नगरसे इस पहाड़ पर लोग ले जाते हैं। इस समय वहां दूर दूरसे आ कर ३० ४० हजार आदमी सम्मिलित होते हैं। इसके उपलक्षमें

वहां १५ दिनों तक मेला लगा रहता है। काञ्चीपुरके चोलराजने व्याधि ग्रस्त हो कर सब तीर्थोंका पर्यटन किया था. किन्तु वे कहीं नीरोग नहीं हो सके। अन्तमें इस पहाड़के समीपकी एक पोखरीमें स्नान कर रोगमुक्त हुए थे। इसीलिये इसका पापहारिणी नाम हुआ। लोगोंका कहना है, कि यहां ब्रह्माने लाखों वर्ष तक भगवान्‌को तपस्या की थी। इन्होंने तपस्याके अन्तमें एक सुपारी और अन्यान्य पदार्थ यज्ञकुण्डमें डाला था। यह सुपारी पीछे इसी पोखरीमें गिर पड़ी थी इससे इसका जल पुण्यतोया हुआ। इसमें स्नानमात्रसे ही राजाको व्याधि दूर हुई थी। निकटवर्त्ती ग्रामके अधिवासी मृत्-देहको ला कर इस पुण्यतोया पुष्करिणीमें फेंकते हैं।

मन्दर शृङ्ग पर एक बौद्ध मन्दिर है। जैन इस मन्दिरको वहुत पवित्र समझते हैं। यहां सीताकुण्ड नामका एक तालाव है जिसकी लम्बाई १०० फुट और चौड़ाई ५० फुट है। जनरव है, कि सीता और राम वन-गमनके समय यहां कुछ दिनों तक रहे थे। सीताजी इसीमें स्नान किया करती थीं इसीसे यह वर्त्तमान सीताकुण्ड नामसे विख्यात हुआ।

वहुतेरे पण्डितोंका कहना है, कि कालापहाड़ सब देवदेवीकी मूर्त्तियोंको ध्वंस करता हुआ यहां आ पहुंचा। उसके यहां पहुंचनेसे पहले ही यहांके अधिष्ठाता मधुसूदनने इसी सीताकुण्डमें प्रवेश किया था और मिट्टीके भीतर ही भीतर आप भागलपुरके निकट काजरानी नामक जलाशय या झीलमें पहुंचे। अन्तमें एक पण्डाको उन्होंने स्वप्न दिया। इस पण्डाने मधुसूदनको ला कर मन्दारगिरि पर पुनः स्थापन किया।

सीताकुण्डसे कई फीटकी दूरी पर ऊपरमें एक शङ्खकुण्ड मौजूद है। शङ्ख नामका एक राक्षस इस जलाशयमें रहा करता था। इसीसे इसका शङ्खकुण्ड नाम हुआ। इस कुण्डकी लम्बाई तीन फीट और चौड़ाई १ फुट है। महाभारतमें लिखा है, कि इसी शङ्खासुरके शरीरसे पञ्चजन्य शङ्ख बना था। इसके सिवा आकाश-गङ्गा नामका एक और भी प्रस्रवण है। मन्दरगिरिके गह्वरोंमें पत्थरकी वहुतेरी मूर्त्तियां हैं जिनमें नरसिंहरूपकी विष्णु मूर्त्ति उत्तम है।

वराहपुराणसे मालूम होता है, कि भगवान् विष्णुने शिवके पुत्र स्कन्धसे कहा था, कि मन्दर सब तीर्थोंसे श्रेष्ठ है। यहां लक्ष्मीके साथ विष्णु सदा बास करते हैं। योगी जनका तो बास है ही। अभी यहां स्थानीय जैनी एक वृहत् जैनमन्दिर बनवा रहे हैं।

मन्दरहरिण (सं० पु०) जम्बूद्वीपके आठ उपद्वीपोंमेंसे एक।

मन्दराय—मुगल-रणतरीका एक अध्यक्ष। १६०२ ई०में वङ्गालके अन्तर्गत शणद्वीपको ले कर पुर्त्तगीजोंके साथ मुगलोंका जो युद्ध हुआ उसीमें ये मारे गये।

मन्दविष (सं० त्रि०) १ विषहीन। २ अति अल्प विष-विशिष्ट।

मन्दविसर्पिन् (सं० त्रि०) मंद मंद गमनशील, धीरे धीरे जानेवाला।

मन्दशोर—मध्यभारतके ग्वालियर राज्यका एक नगर। यह चम्बल नदीकी एक शाखा पर अवस्थित है और उज्जयिनीसे उत्तर-पश्चिम प्रायः ८० मील दूर है। पिण्डारी युद्धके बाद मंदशोरमें ही होलकर और अंगरेजोंके बीच संधि (१८१८ ई०में) हुई थी। यहां एक रेलवे स्टेशन और मुसलमान-राजाओंके समयका एक पत्थरका दुर्भेद्य दुर्ग है। यहांके अधिवासी मंदशोरको दशोर कहते हैं। यही रन्तिदेवकी राजधानी सुप्राचीन दशपुर है।

इस नगरमें कुमारगुप्त और बन्धुवर्माकी एक शिलालिपि है। उस लिपिमें कुमारगुप्तके राज्यशासनका उल्लेख है। उनके अधीन विश्ववर्माके पुत्र बन्धुवर्मा दशपुरके शासनकर्त्ता थे।

मन्दसान (सं० पु०) मन्दते स्तुत्यादिकं प्राप्नोतीति मन्द-(ऋजिवृधिमन्दिसहिभ्यः कित्। उणा् २।८७) इति सानच्। १ अग्नि। २ प्राण। ३ निद्रा। (त्रि०) ४ मोदमान, प्रसन्न करनेवाला।

मन्दसानु (सं० पु०) मन्दं मन्दतां सनोति ददातीति मन्द-सन् वाहुलकात् उन्। १ स्वप्न। २ जीव।

मन्दहार—राजपूतोंका एक सम्प्रदाय। मुजफ्फर नगर तथा सहरानपुर जिलेमें इस सम्प्रदायके अनेक राजपूत देखे जाते हैं। पञ्जावके निकटवर्ती स्थानोंमें भी बहुतसे मन्दहार रहते हैं। कहते हैं, कि ये अयोध्यासे आ कर

चन्देल तथा वर राजपूतोंको भगा कर छिन्दमें बस गये। बाद उसके इन्होंने पतियालामें कलायेत राजधानी बसाई। अभी ये यमुना नदीके किनारे चौहानके दक्षिणमें सर्वत्न फैले हुए हैं। फिरोजशाहने पतियालाके अन्तर्वर्त्ती समान नामक स्थानमें इन्हें खूब सताया था। मन्दहार, कन्दहार, वरगुजार, शंखराल तथा पणिहार राजपूतोंके मतसे ये रामचन्द्रके पुत्र लवसे उत्पन्न हैं। इसलिये ये अपनेको सूर्यवंशीय राजपूत वतलानेमें गौरव समझते हैं। कर्नालमें जो मन्दहार हैं वे आपसमें आदन प्रदान नहीं करते।

मन्दा (सं० स्त्री०) मन्द-स्त्रियां टाप्। संक्रान्तिविशेष। सूर्यको वह संक्रान्ति जो उत्तरफल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभाद्रपद और रोहिणी नक्षत्नमें पड़े। ऐसी संक्रान्तिमें संक्रमणन्तर तीन दंड तक पुण्यकाल होता है।

"मन्दा मन्दाकिनी ध्माङ्क्षी घोरा चैव महोदरी।
राक्षसी मिश्रिता प्रोक्ता संक्रांतिः सप्तधा नृप॥
मन्दा ध्रुवेषु विज्ञेया मृदौ मन्दाकिनी तथा।
क्षिप्रे ध्माङ्क्षा विजानीयादुग्रे घोरा प्रकीर्त्तिता॥"

(तिथितत्त्व)

२ वल्लीकरञ्ज, लताकरञ्ज। (त्रि०) मंद, धीमा। ४ शिथिल, ढीला। ५ खराब, निकृष्ट। ६ बिगड़ा हुआ, नष्ट भ्रष्ट। ७ सस्ता, सामान्य मूल्यसे कम मूल्य पर बिकनेवाला, जो महँगा न हो।

मन्दाक (सं० क्ली०) मन्यते स्तूयते इति मन्द बाहुलकात् आक। १ स्तवन, स्तुति। २ स्रोत।

मन्दाकिनी (सं० स्त्री०) मन्दाकानि स्रोतांसि सन्त्यस्याः इति मन्दाकणिनि, यद्वा मन्दमकितुं शीलमस्याः णिनि, मन्दनाम्नः सरसः अकति गच्छतीति। १ स्वर्गगङ्गा। पर्य्याय—वियद्गंगा, स्वर्णदी, सुरदीर्घिका, स्वर्गङ्गा, देवभूति, स्वर्णपद्मा, सुरेश्वरी। ब्रह्मवैवर्त्तके मतसे,—

"प्रधानधारा या स्वर्गे सा च मन्दाकिनी स्मृता।
योजनायुतविस्तीर्णा प्रस्थेन योजना स्मृता।
क्षीरतुल्यजला शश्वदत्युतुङ्गतरङ्गिणी।
वैकुण्ठाद् ब्रह्मलोकञ्च ततः स्वर्गे समागताः॥"

(ब्रह्मवै० पु० जन्मख० ३४ अ०)

गंगाकी जो प्रधान धारा स्वर्गको चली गई है उसका नाम मन्दाकिनी है। इसकी लम्बाई अयुत योजन और चौड़ाई एक योजन है। इसका जल दूधके जैसा शुभ्रवर्ण तथा अत्युत्ताल तरङ्गयुक्त है। यह धारा वैकुण्ठसे ब्रह्मलोक होती हुई स्वर्गको चली आई है।

वर्त्तमान वदरिकाश्रमके उत्तर गङ्गाकी जो एक शाखा बह गई है उसका भी नाम मंदाकिनी है। स्कन्दपुराणके हिमवत्खण्डमें इसका माहात्म्य वर्णित है।

२ संक्रान्तिविशेष। मृदुगणके नक्षत्नमें पड़नेसे यह संक्रान्ति होती है। ३ चित्रकूटमें स्थित एक नदी। यह नदी चित्रकूट पर्वतसे निकली है। यह सर्वपापनाशिनी है। ४ द्वारकास्थित नदीविशेष। ५ आकाश गंगा। ६ बारह अक्षरोंकी एक वर्णवृत्ति। इसके प्रत्येक चरणमें दो नगण और दो रगण होते हैं।

मन्दाक्रान्ता (सं० स्त्री०) १ सत्रह अक्षरोंके एक वर्णवृत्तका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें मगण, भगण, नगण और तगण तथा अन्तमें दो गुरु होते हैं अर्थात् ५, ६, ७, ८ और ९ तथा १२ और १३ अक्षर लघु और शेष गुरु होते हैं। २ अल्प आक्रान्त, थोड़ा पराजित।

मन्दाक्ष (सं० क्ली०) मन्दे संकुचिते अक्षिणी नेत्रे यस्मात्। (अक्ष्णोऽदर्शनात्। पा ४।४७६) इति समासान्तः अच्। लज्जा।

मन्दाग्नि (सं० पु०) मन्दः पाचनासमर्थश्चासावग्निश्चेति। १ अग्निमान्द्य रोग कफसे मन्द पड़ा हुआ जठरानल। माधव-निदानमें लिखा है,—

मन्द, तीक्ष्ण (तेज), विषम और सम—ये चार तरहका जठरानल है। इस जठरानलमें कफकी अधिकतासे जठराग्नि, पित्तकी अधिकतासे तीक्ष्णाग्नि, वाताधिक्यसे विषमाग्नि और समता होनेसे समाग्नि हुआ करती है। विषमाग्नि वातजरोग यानी पेटमें वायुकी गड़बड़ी हो जाना, तीक्ष्णाग्निमें पित्तकी अधिकता, मन्दाग्नि कफका रोग और समाग्नि निर्दिष्ट किये हुए भोजनको पचाती है। देहकी मन्दाग्निमें तो कभी कभी हलका भोजन पचता भी है, किन्तु विषमाग्निमें कभी कुछ पचता और कभी बिलकुल ही नहीं पचता। भावप्रकाशमें लिखा है,—

"स्वल्यापि नव मन्दाग्नेर्मात्रा भुक्तापि पच्यते ।
छर्द्दिः सादः प्रसेकः स्याच्छिरोजठरगौरवम् ॥"

मन्दाग्निमें अल्पमात्रा भी भोजन सामग्री पचानेको शक्ति नहीं रह जाती । भोजन किया हुआ अन्न न पचनेके कारण जठर उसको भीतर रखनेसे इन्कार करता है और कै हो जाता या शरीर अवसन्न रहता है। इससे मस्तक और पेटमें भारीपन हुआ रहता है ।

हारीतके मतानुसार वात, पित्त और कफको समता होनेसे जठराग्नि भी समताप्राप्त होती है । इन तीनोंके न्यूनाधिक होनेसे विषमाग्नि उत्पन्न होती है । पित्ताधिक्यमें जठराग्नि तेज और वातश्लेष्माधिक्यमें मन्द पड़ जाती है । (हारीत चिकित्सक ६ अ०)

चिकित्सा—गरुड़पुराणमें लिखा है—चित्रक ८ भाग, शूरण (ओल) १६ भाग, सोंठ ४ भाग, पीपल २ भाग, पिपरामूल और विड़ङ्ग ४ भाग, मूसली ८ भाग, त्रिफला ४ भाग—इन सब चीजोंका दूना गुड़ मिला कर मोदक तैयार करे । इसी मोदकसे मन्दाग्नि आदि रोग विदूरित होंगे । पाचनशक्ति ठीक हो जायेगी ।

वैद्यक हारीतके मतानुसार गरम अन्नमण्डका हींग और सौवर्चलके साथ सेवन करनेसे विषमाग्नि भी समता प्राप्त होती है । मन्द भी अग्नदीपक हो जाता है। भावप्रकाशमें लिखा है,—"हारीतकी और सोंठ, गुड़ अथवा नमकके साथ सर्वदा आहार करनेसे सदा अग्निकी वृद्धि हुआ करती है । गुड़के साथ सोंठ या काला जीरा, हरीतकी या अनार नित्य खानेकी भी व्यवस्था है । भावप्रकाशके मतानुसार गुड़ाष्टक, हिङ्गाष्टक, वृहद्ग्निमुख चूर्ण, वैश्वानरक्षार, भास्कररलवण, शमशकरचूर्ण, वड़वानलचूर्ण आदि औषधियोंके सेवनसे मन्दाग्नि दूर होती है । अग्निमान्द्य देखो ।

मन्दः अग्निर्यस्य । २ अल्पाग्नियुक्त ।

"सोऽजीर्णव्याधिदुखार्त्तो मन्दाग्निः संप्रजायते ।"
(मार्कण्डेयपुराण १५।३९)

मन्दात्मन् (सं० त्रि०) मन्द आत्मा यस्य । मूढ़, निर्वोध ।

मन्दादर (सं० पु०) १ थोड़ा आदर, उपयुक्त आदर वा यत्न नहीं करना । (त्रि०) २ अल्प सम्मानयुक्त, जो उचित सम्मान वा आदर न पाता हो ।

मन्दान (हिं० पु०) जहाजका अगला भाग ।

मन्दानल (सं० पु०) मन्दाग्नि । मन्दाग्नि देखो ।

मन्दानिल (सं० पु०) मन्द मन्द वायु, मलय पर्व्वतकी मृदु मन्द वायु ।

मन्दायुस् (सं० त्रि०) मन्दमायुर्यस्य । अल्पायु, थोड़ी उम्रवाला ।

मन्दार (सं० पु० क्ली०) मन्यते स्तूयते प्रशस्यते वेति । मदि-आरन् (अङ्गिमदिमन्दिभ्य आरन् । उण् ३।१३४) १ स्वर्गीय पञ्चवृक्षान्तर्गत देववृक्षविशेष (*Erythrina Indica*), पारिभद्र ।

मन्दार, पारिजात, सन्तान, कल्पवृक्ष और हरिचन्दन ये पांचों देववृक्ष हैं । इनमें मन्दार ही पहला है ।

यह वृक्ष थोड़े ही दिनोंमें बहुत बढ़ जाता है । किन्तु इसका आकार बहुत बड़ा नहीं होता—मध्यम आकारका होता है । इसका तना सीधा तथा पहली अवस्थामें इसमें कांटे रहते हैं । किन्तु बड़े होने पर इसके कांटे झड़ जाते हैं । हिमालयके नीचेके देशोंसे लगायत कुमारिका तक सारे भारतमें तथा ब्रह्मदेशमें यह वृक्ष मिलता है । इस वृक्षसे गाढ़ा धूसर एक तरहका लासा तैयार होता है । इसके लाल पुष्प देखनेमें बड़े मनोहर होते हैं । इन पुष्पोंको पानीमें उबाल कर लाल रंग भी तैयार किया जाता है । सुना जाता है, कि इसके छिलकेसे भी रंग तैयार किया जाता है ।

रेभरेण्ड ए कैम्बेल साहबने लिखा है, कि इसके छिलकेसे रस्सी बनानेके लिये सूता भी तैयार होता है । इसके मुलायम पत्तेको मसाले दे कर तेलमें भुन कर एक प्रकारकी तरकारी भी बनाई जाती है । इसका काठ बहुत हलका होता है, इसलिये इसके चीरने फाड़नेमें बड़ी सरलता होती है । धूप लगनेसे यह फटता नहीं है । इस पर पालिस कर देनेसे यह बड़ा शोभायमान हो जाता है । अतः इससे खिलौना और बक्स भी तैयार किया जाता है ।

बङ्गाल तथा दक्षिण-भारतमें पानकी लता तथा मिर्चवृक्षके चारों ओर घेरनेका काम इससे लिया जाता है ।

गुण—इसका छिलका बहुतेरी औषधियोंमें व्यवहार

होता है। यह पित्तनाशक है। आंख आने पर इसका काजल बना कर लगानेसे बड़ा फायदा होता है। इसका रस कृमिनाशक तथा रेचक है। इसका ताजा रस कानके दर्दमें या दांतोंके मसूड़ोंके दर्दमें बड़ा फायदा पहुंचाता है। सिवा इनके यह अन्यान्य कितने ही रोगोंमें व्यवहृत होते देखा जाता है।

२ हस्त, हाथ। ३ अर्क-वृक्ष, आकन्द। ४ धुस्तूर, धतूरावृक्ष। ५ हस्ती, हाथी। ६ स्वर्ग। ७ हिरण्यकशिपुके एक पुत्रका नाम। ८ एक विद्याधर। ९ मन्दाराचलपर्वत। १० फरहदका पेड़, नहसुत। ११ विन्ध्यपर्वतका पुण्यक्षेत्र। यहां ग्यारह कुण्ड हैं। वराहपुराणमें इस पुण्याश्रमका माहात्म्य विस्तृतरूपसे वर्णित है। यहां संक्षेपमें वर्णित करते हैं।

विन्ध्यपर्वत पर मंदारका फूल खिलनेसे भगवान् आ कर खेलवाड़ करते थे। इनके प्रभावसे गिरिके अगल बगलमें ग्यारह कुण्ड बन गये थे। यहां आप पहाड़ पर मन्दारवृक्षके नीचे रह कर भक्तों पर दया दिखाते थे। वहां अब भी देख सकेंगे, कि एकादशी, द्वादशी और चतुर्दशीके दिन मध्याह्न समयमें मंदारका फूल अवश्य खिला रहेगा। सिवा इस तिथिके और दिन मंदारमें फूल नहीं खिलता। यहां मंदारकुण्ड भी है। इस कुण्डमें स्नान कर एक शाम भोजन करनेसे परमागति प्राप्त होती है। मनुष्य यहां यदि मर जांय, तो वह विष्णुलोकमें ही जाता है। इस कुण्डके उत्तर ओर प्रापण नामक गिरि है। इस गिरिसे दक्षिणकी ओर तीन धारायें निकली हैं। इनमें जो धारा दक्षिणसे निकल कर उत्तरको ओर प्रवाहित होती है, उसका नाम स्नानकुण्ड है। इसके दक्षिण ओर समस्रोतकी एक बड़ी झील है। मंदारके पूर्व ओर एक गुह्यकोटर मौजूद है। इससे मूषल-धारा प्रवाहित होती है। उसके दक्षिण ऊंचे पर्वतसे पांच धारायें निकली हैं। उसकी पश्चिम बगलमें चक्रावर्त्त नामकी एक झील है। उसके वायव्यकोणमें फिर तीन धारायें निकली हैं। इसके दक्षिण तीन कोसमें 'गंभीरक' नामकी एक बड़ी झील मौजूद है। पश्चिम ओर भी एक जगहसे सप्तधारायें निकली हैं। इसने एक झीलका आकार धारण किया है। ऊपर जिन धाराओंका यहां उल्लेख किया गया, उन प्रत्येकमें स्नान करनेसे महापुण्य होता है। स्वयं भगवान्ने कहा है, कि सारे विन्ध्यशैलमें मंदार ही मेरा 'स्यमन्तपञ्चक' है। यहां ही मैं रहा करता हूं। इसके दक्षिण ओर मेरा चक्र रहता है। बाईं ओर मेरी गदा रहती है और सामनेकी ओर यथाक्रमसे हल, मूसल और शङ्ख मौजूद हैं।*

मन्दारपुष्प (सं० क्ली०) मन्दार या आकका फूल।

मन्दारमाला (सं० स्त्री०) १ मन्दार फूलकी माला। २ वसुकी कन्या एक विद्याधर-भार्या। ३ बाईस अक्षरोंकी एक वर्णवृत्तिका नाम। इसके प्रत्येक चरणमें सात तगण और अन्तमें एक गुरु होता है।

मन्दारषष्ठी (सं० स्त्री०) एक व्रत जो माघ शुक्ल षष्ठीके दिन पड़ता है।

मन्दारसप्तमी (सं० स्त्री० माघ मासकी शुक्ला सप्तमी। इस दिन मन्दारसप्तमी व्रत करना होता है। इसका वर्णन भविष्योत्तरपुराणमें आया है।

मन्दारिता (सं० स्त्री०) १ मन्दके प्रति घृणा। २ मन्दार वृक्षशालिता।

मन्दारिन् (सं० त्रि०) मन्दार वृक्षयुक्त, जहां बहुतसे आकके पेड़ हों।

मन्दारिन—चीनदेशीय कर्मचारियोंकी उपाधि। मन्दारिन शब्दकी उत्पत्ति पुर्त्तगीज भाषाके 'मन्दर' (Mandar) शब्दसे है। मन्दर शब्दका अर्थ है शासन करना। यथार्थमें मन्दारिन् शब्द संस्कृत मन्त्रिन शब्दका अपभ्रंशमात्र है। मालयमें मन्दारिन् शब्दसे उच्च श्रेणीका कर्मचारी समझा जाता है।

ब्रह्मदेशके प्रत्येक नगरमें एक एक डिपटी रहते हैं जिसे मन्दारिन् कहते हैं।

---

* "स्यमन्तपञ्चकञ्चैव मन्दारस्य गिरौ मम।
तत्र तिष्ठामि सुश्रोणि! विन्ध्यस्य गिरिमुर्द्धनि॥
मन्दारे परमं गुह्यं तस्मिन् गुह्यशिलोच्चये।
दक्षिणे संस्थितं चक्रं वामे स्थाने च वै गदा॥
लाङ्गलं मूसलश्चैव शङ्खं तिष्ठति चाग्रतः॥"
(वराहपुराण)

'मन्दारिन्' भाषा चीनदेशमें प्रचलित है। चीनदेशके विद्वान् तथा उच्चपदस्थ कर्मचारी इसी भाषामें बोलचाल करते हैं। वहां यह भाषा कुयान-हुवा (Kuan hua) कहलाती है। अन्यान्य भाषाओंकी अपेक्षा इसके अक्षर बहुत थोड़े हैं।

मन्दारी (सं० स्त्री०) रक्त अर्क, लाल अकवन।

मन्दारु (सं० पु०) १ मन्दार, अकवन। २ धौका पेड़।

मन्दार्कीय—अयोध्याका एक राजपूत सम्प्रदाय। किसीके मतसे इनके आदिपुरुष कृष्णसिंहके अधिकृत मण्डलग्रामके नाम पर तथा किसीके मतसे आदिपुरुषके मध्य मन्दर शाह नामक किसी व्यक्तिके नामानुसार मन्दार्कीय नाम पड़ा है। इनमेंसे कुछ हिन्दू हैं और कुछ शेरशाहके समय मुसलमानधर्ममें दीक्षित हुए हैं।

मन्दालक (सं० क्ली०) खड़ी।

मन्दालसा (सं० स्त्री०) मदालसा देखो।

मन्दास्य (सं० क्ली०) मन्दमास्यम् यस्मात्। लज्जा।

मन्दिकुकुर (सं० पु०) मत्स्यविशेष, एक प्रकारकी मछली।

मन्दिन् (सं० त्रि०) १ मदकर, जिससे मद उत्पन्न हो। २ हर्षयुक्त, प्रसन्न।

मन्दिनिस्पृश् (सं० त्रि०) हर्षजनक सोमस्पर्शकारी।

मन्दिर (सं० क्ली०) मन्द्यते सुप्यते वा स्तूयतेऽत्र मदिङ् स्वपने स्तुतौ इति मदिङ्-किरच् (इषिम मुदीति। उणा् १।५२) १ गृह, घर। कुछ लोगोंने स्वप्न, जाड्य, मद, स्तुति, गति या नामके अर्थमें मदिङ्के उत्तर इर प्रत्यय कर मन्दिर शब्दकी साधन-प्रणाली निरूपण की है। अमरटीकामें भरतने उल्लेख किया है, कि अरुणके मतसे नगर, पुर और मन्दिर ये तीनों शब्द पुंलिङ्ग और क्लीवलिङ्गमें गिने जाते हैं। मन्दिर शब्दका स्त्रीलिङ्ग शब्द मन्दिरा हो सकता है। जैसे,—

"मन्दिरायास्त्वरानितिमधुमुकुटादयः।"

मन्दिर शब्दसे साधारणतः किसी देव या देवीका आलय या आयतन समझ पड़ता है। प्राचीन पुराण तथा धर्मशास्त्र ग्रन्थोंमें इस देवमन्दिरके निर्माण, प्रतिष्ठा और उसके लिये अशेष फलका विषय लिखा हुआ है। भगवान्के मन्दिर बनवानेमें कितना पुण्य होता है, उसका वर्णन प्रायः सभी पुराण ग्रंथोंमें पाया जाता है। बामनपुराणमें सभी लिखा है,—"जो विष्णुका मंदिर बनवाते हैं, पवित्र नित्यलोक, उनके हाथमें ही रहते हैं, वे इच्छानुसार विविध सुखका उपभोग किया करते हैं। इस सत्कीर्त्तिसे वे अपने सात पीढ़ीका उद्धार करते हैं। पितृगण अपने मनमें सदा चिन्ता किया करते हैं, कि हाय! मेरे कुलमें ऐसा कोई व्यक्ति होगा, जो विष्णुका भक्त हो और विष्णुका मन्दिर बनवा दे।

"यः कारयेन्मंदिरं केशवस्य
पुण्यान् लोकान् स जयेच्छाश्वतान् वै।
दत्वावासान् पुष्पफलाभिपन्नान्
भोगान् भुङ्क्ते कामतःश्लाघनीयां॥
आसप्तमं पितृकुलं तथा मातृकुलं नरं।
तारयेदात्मना सार्द्धं विष्णुमंदिरकारकः॥
इमाश्च पितरो दैन्य-गाथा गायंति योगिनः।
पुरतो यदुसिंहस्य ह्यनघस्य तपस्विनः॥
अपि नः स्वकुले कश्चिद्विष्णुभक्तो भविष्यति।
हरिमंदिरकर्त्ता यो भविष्यति शुचिव्रतः॥"

अग्निपुराणमें लिखा है,—"जो लोग अपने मनमें मन्दिर निर्माणकी कल्पना सदा किया करते हैं, वे अपने पूर्वजन्मके सैकड़ों शरीरसे किये हुए पापसे मुक्त होते हैं। जो मंदिर बनवा देते हैं, उनके विषयमें तो कहना ही क्या है। वे भूत और भविष्यत्के भी हजारों कुलको विष्णुलोक भेजते हैं।

इसी तरह विष्णुधर्मोत्तरके तीसरे काण्डमें भी मंदिरके बनवानेवालेको राजसूययज्ञ तथा अश्वमेधयज्ञके बराबर फल होता है, ऐसा लिखा हुआ है। साथ ही यह भी लिखा है; कि किस तरहका मंदिर बनवानेसे कैसा पुण्य होता है। मंदिर—मिट्टी, काठ, पत्थर, लोहा, तांवा; चांदी, सोना तथा मणि-मुक्ता द्वारा निर्माण किया जाता है। मट्टीके मंदिर बनवानेको अपेक्षा काठका मंदिर बनवानेमें सौ गुणा फल अधिक होता है। इसी तरह पत्थर लोहा आदि चीजोंसे जो मंदिर बनवाता है, वह एककी अपेक्षा सौ गुना अधिक फल पाता है।

मंदिर बनानेका समय।

देवमंदिर बनानेके समय शास्त्रनिर्दिष्ट शुभाशुभका

विचार कर हाथ डालना चाहिये। ऐसे कामोंमें शुभाशुभका विचार न कर यदि मंदिर बनवाया जाय, तो अनेक स्थलमें विघ्न भी उपस्थित हो जाता है या देरी हो जाती है। बहुत स्थलमें उद्देश्यकी बिलकुल पूर्त्ति ही नहीं हो पाती।

महीना—मत्स्यपुराणके मतानुसार वैशाख, आषाढ़, श्रावण, कार्त्तिक, अगहन, माघ और फाल्गुन—यही कई महीने मंदिर बनवानेके लिये उपयुक्त हैं। इन महीनोंमेंसे किसी महीनेमें मंदिर बनवानेवाला कोई न कोई फल अवश्य पाता है।

वैशाखमें धनरत्न, आषाढ़में भृत्यरत्नादि (सुन्दर और कार्यशील नौकर), श्रावणमें मित्र, कार्त्तिकमें धनधान्य, फाल्गुनमें पुत्र और रत्नादि तथा माघमें मंदिर बनवानेवालेको अधिक लाभकी सम्भावना है, किन्तु इसमें अग्निकाण्डकी आशङ्का रहती है; सिवा इनके और महीनोंमें मंदिर बनवानेसे अधिकांश स्थलोंमें विघ्न ही हुआ करता है।

नक्षत्र—महीनेकी तरह नक्षत्र तिथि और दिनके शुभ-अशुभका भी विचार कर लेना चाहिये। नक्षत्रोंमें अश्विनी, रोहिणी, मूला, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, हस्ता और अनुराधा—ये ही नक्षत्र मंदिर बनवानेके लिये उपयुक्त हैं।

वार—रविवार और मङ्गलवारके सिवा और सभी दिन मंदिर बनवानेके लिये उपयुक्त फलदायक हैं।

योग—वज्र, व्याघात, शूल, व्यतीपात, अतिगण्ड, विष्कुम्भ, गण्ड और परिघ योगको छोड़ कर अन्य सभी शुभ योगोंमें मंदिर बनवानेका कार्य आरम्भ करना बहुत ही फलप्रद है।

सिवा इनके शुभ तिथि और करण एवं श्वेत, मैत्र, माहेन्द्र और गान्धर्व आदि शुभमुहूर्त्त सोच कर मंदिरकी नींव डालनी चाहिये। हयशीर्ष ग्रंथमें इसका विस्तृत विवरण दिखाई देता है।

हयशीर्षके मतानुसार वर्षाके समय किसी तरहका वास्तुकार्य करना मना है। इसमें चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी तिथि, मङ्गलवार, विष्टिकरण और अशुभ नक्षत्र छोड़ कर अपने चन्द्र तारा शुद्ध और सौम्यग्रहके केन्द्रस्थिति आदिका अच्छी तरह विचार कर इस कार्यमें हाथ डालना चाहिये।

मंदिरका स्थान-निर्णय।

साधारणतः उत्तम परिष्कृत स्थानमें ही मंदिर बनवाना चाहिये। कौन स्थान अच्छा और कौन बुरा है, इसकी पहले जांच कर लेना उचित है। जगहकी जांच विना कराये जहां तहां मंदिर बनवा लेने पर उसकी प्रतिष्ठा करनेमें विपरीत फल होता है। कैसे स्थानमें मंदिर बनवानेसे मंदिर बनवानेवालेको शुभ फल मिलता है, उसके सम्बन्धमें देवीपुराणमें यों लिखा है,—"जिस जगहकी मिट्टी गन्ध, स्वाद, वर्ण और गड्ढोंसे उत्तम जान पड़ती है, उसी जगह मंदिर बनवा कर देवमूर्त्ति स्थापित करनी चाहिये। इसके विपरीतमें भयकी अधिक सम्भावना रहती है।

"देवोविष्णुस्तथा रुद्रो ब्रह्माद्याः सुरसत्तमाः।
प्रतिष्ठाप्याः शुभे स्थाने अन्यथा ते भयावहाः॥
गर्त्तादिलक्षणा धात्री गन्धस्वादेन या भवेत्।
वर्णेन च सुरश्रेष्ठ सा मही सर्वकामदा॥" (देवीपुराण)

मत्स्यपुराणमें स्थान परीक्षाकी एक दूसरी प्रणाली दिखाई देती है। इसके अनुसार भी मंदिर बनवानेमें पहले ही स्थानकी परीक्षा करा लेनी चाहिये। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णोंके लिये चार रंगकी भूमि या स्थान बतलाया गया है। जैसे—ब्राह्मणोंके लिये श्वेत यानी स्वच्छ, क्षत्रियके लिये रक्त, वैश्योंके लिये पीला और शूद्रोंके लिये काले रंगकी मिट्टीवाला स्थान उपयुक्त होता है। जिस तरह मिट्टीके रंगका भेद है उसी तरह उस स्थानकी मिट्टीके स्वादमें भी मधुर, कषाय, कटु आदि स्वादकी परीक्षा करनी होती है। शास्त्रोंमें ब्राह्मण आदिको जिस जगहकी जैसी स्वादयुक्त भूमि पर मंदिर बनवाना लिखा है, उसी तरह उनको कार्य भी करना उचित है।

"पूर्वं भूमिं परिक्षेत पश्चात् वास्तुं प्रकल्पयेत्।
श्वेता रक्ता तथा पीता कृष्णा चैवानुपूर्वशः॥
विप्रादेः शस्यते भूमिरतःकार्यं परीक्षणम्।
विप्राणां मधुरास्वादा कषाया क्षत्रियस्य च।
कषाये कटुता तद्वद्वैश्यशूद्रेषु शस्यते॥" (मत्स्यपुराण)

मन्दिर बनवानेके समय स्थान पसंद कर लेने पर उसकी एक और भी परीक्षा कर लेनी चाहिये । वह परीक्षा यह है,—"मनोनीत स्थानमें अरत्नि आकारका छोटा-सा गड्ढा खुदवा देना चाहिये । इसके चारों ओर लीप-पोत कर बीचमें एक कच्ची मिट्टीके ढकनेमें घी डाल कर चारों ओर चार बत्ती लगा देनी चाहिये । जब चारों ओरकी बत्तियां जल उठें और उनकी शिखा पूर्वादिक्को समभावसे प्रकाशित करने लगे, तब उस स्थानको उत्तम समझना चाहिये । शास्त्रोंमें इस तरहकी परीक्षित वास्तु समूहिक नामसे प्रसिद्ध है । यह समूहक वास्तु ही गृह, प्रासाद आदि बनानेमें ब्राह्मण आदि सब वर्णोंके लिये मङ्गलमय हैं ।

इस परीक्षाके बाद गड्ढेको भरवा देना चाहिये । इस समय भी एक परीक्षा है—गड्ढेकी निकाली हुई मिट्टीसे गड्ढा यदि भर जाये और कुछ मट्टी बच जाये, तो उत्तम और इसके विपरीत अर्थात् कम हो जाये यानी गड्ढे भरनेमें कुछ मट्टीकी कमी हो जाये, तो उसे निकृष्ट समझना चाहिये । जब पूरा पूरा भर जाय, न कमी हो और न अधिक, तो उससे समताका ज्ञान करना चाहिये ।

उपर्युक्त तीन अवस्थाओंका फल इस तरह है,—प्रथम अवस्था (गड्ढेको भर कर मट्टी बच जाना) मङ्गल प्राप्ति, दूसरी अवस्था (गड्ढेके भरनेमें मट्टी कम हो जाना) क्षति और तीसरी अवस्था (मट्टीका सम होना) लाभ क्षतिशून्य फलकी द्योतिका है* ।

मन्दिर-भूमिकी जांचके सम्बन्धमें और भी एक नियमका उल्लेख है । पूर्वोक्त प्रणालीका अनुसरण न कर सकने पर स्थानकी उत्कृष्टता तथा अपकृष्टताकी परीक्षा इस नियमसे भी कर सकते हैं । वह परीक्षा इस तरह है,—कोई स्थान मनोनीत कर लेने पर उसे हलसे जोत देना चाहिये । इस जोते हुए स्थानमें कई बीज वपन करना चाहिये । यह बीज यदि तीन, पांच और सात दिनमें अंकुरित हो, तो उससे क्रमशः उत्तम, मध्यम और निकृष्ट समझ लेना चाहिये । जहां यह गुण नहीं है, वहां मन्दिर कदापि न बनवाना चाहिये । यह स्थान बिलकुल त्यज्य है ।

हयशीर्षके मतसे जिस स्थानमें बछड़े सहित गायें सांढके साथ स्वच्छन्दासे विचरण करती हों, जिस स्थानमें स्त्रियां पुरुषोंके साथ केलिक्रीड़ामें रत हों, जहां पहले राजाओंका वास था या अग्निकी आधार-भूमि थी, या याज्ञिकोंका पवित्र स्थान था और जिस स्थानकी गन्ध काश्मीर, चन्दन, कर्पूर, अगुरु, कमल, उत्पल, जाती (जूही), चम्पा, पाटल, मल्लिका, नागकेशर, दधि, दूध, घी, मदिरा, आसव और व्रीहिकी तरह प्रतीत हो और जिस स्थान पर माङ्गलिक द्रव्यकी ध्वनि होती हो, वह स्थान सभी वर्णोंके लिये मन्दिर बनवानेमें सर्वथा उपयुक्त है । इसके अलावा जिस स्थानसे दुर्गन्धि आती हो, बुरे शब्द होते हों और जो स्थान तरह तरहके रंगका हो, टेढ़ा टाढ़ा हो, सूईके मुखसा पतला हो, शूर्पाकार हो, गोमुख तथा त्रिकोणाकृति हो, हाथीकी पीठके समान हो ऐसे दुर्लक्षण समन्वित स्थान सर्वथा परित्याज्य हैं ।

हयशीर्ष-पञ्चरात्रमें सुपद्मा, भद्रिका, पूर्णा और धूम्रा नामक चार तरहकी भूमिका उल्लेख दिखाई देता है । इन चार तरहकी भूमियोंमें-से ऊपरकी तीन तरहकी भूमिमें मन्दिर बनवानेका कार्य किया जा सकता है । शेषोक्त स्थान सर्वथा परित्याज्य है । जो स्थान तिलक, नारियल, कुशा, काश, पद्म तथा इन्दिवर द्वारा सुशोभित है,

---

* "अरत्निमात्रे वै गर्त्ते स्वनुलिप्ते च सर्वतः ।
घृतमामशरावस्थं कृत्वा वर्त्तिचतुष्टयम् ॥
ज्वालयेद्भूपरीक्षार्थं पूर्णं तत्सर्वदिङ्मुखं ।
दीप्त्या पूर्वादि गृह्णीयाद् वर्णानामनुपूर्वशः ।
वास्तुः समूहिको नाम दीप्यते सर्वतस्तु यः ॥
शुभदः सर्ववर्णानां प्रासादेषु गृहेषु च ।
अरत्निमात्रकं गर्त्तं परीक्ष्य खातपूरणे ॥
अधिके श्रियमाप्नोति न्यूने हानिं समे समम् ।
फालकृष्टेऽथवा देशे सर्वबीजानि रोपयेत ॥
द्विपञ्चसप्तरात्रेण यत्र रोहन्ति तास्वपि ।
ज्येष्ठा मध्या कनिष्ठा भूर्वर्ज्जनीयेतरा सदा ॥"

(मत्स्यपुराण)

उसका नाम सुपद्मा है। नदी, समुद्र, तीर्थसान्निध्य, पुष्पवृक्ष, क्षीरवृक्ष, वन, उद्यान, लता, गुल्म तथा दूसरे यज्ञीय वृक्षों द्वारा जो स्थान परिशोभित है, उस पवित्र क्षेत्रको भद्रा कहते हैं। वकुल, अशोक, प्लक्ष, आम, लोहतिक, माधवी, मुद्ग, शूक धान्य, पुन्नाग, अदूरवर्त्ती पर्वत और अन्य जलादि द्वारा जो स्थान उपलक्षित हो, उसका नाम पूर्णा होना चाहिये। इसके अलावा जो स्थान बेल, आक और शालवनसे आवृत हो और जहां गृध्र, गोमायु, कौए और वेश्यायें रहती हों, जहांकी मट्टी कठिन तथा कंकड़ोंसे युक्त है और जहां नाना प्रकारके कांटेदार वृक्ष दिखाई देते हैं उस स्थानको धूम्रा कहते हैं। यह धूम्रा भूमि ही सर्वथा मंदिर वनवानेके लिये अनुपयुक्त है।

इसके वाद मंदिर बनवानेके लिये स्थान मनोनीत हो जाने पर मंदिरकी भीतके लिये कैसी भूमिका परिग्रह करना कर्त्तव्य है, या परिगृह्यादि भूमिकी किस तरह परीक्षा की जाये इन सब वातोंका यथायथ विवरण मत्स्यपुराण और हयशीर्षमें दिया गया है। विषयके बढ़ जानेके कारण यहां उसका पुरा पूरा उल्लेख नहीं हो सका।

मंदिर-निर्माण करनेसे पहले चारों ओर एक एक चौकोर ईंट तथा पत्थर गाड़ कर मंदिरका सूत्र तय्यार करना चाहिये। इसी सूत्रसे मंदिरका स्थान चिह्नित कर पीछे उस स्थानमें ब्राह्मण खिलाना चाहिये। सिवा इसके वारह वैष्णवोंको भी वहां भोजन कराना होगा।

"चतुरस्रां शिलां गृह्य इष्टकां वा सुशोभनाम्।
चतुर्दिक्षु निवेश्याथ सूत्रचिह्नन्तु कारयेत्॥
एवं कृत्वा सूत्रचिह्नं ब्राह्मणांस्तत्र भोजयेत्।
वैष्णवान् पायसेनाग्र्यान् द्वादशैव समाहिताः॥"

(मत्स्यपुराण)

जो व्यक्ति मंदिरका कार्य आरम्भ कर चुका है, पीछेसे उसको यदि अपने शरीरमें खुजली आदिका रोग हो जाय, तो समझना होगा, कि जिस स्थानमें मंदिर तय्यार हो रहा है वहां एक शल्य (हड्डी) गड़ा हुआ है। उन्हें इस शल्यको निकलवा कर फेंकवा देना चाहिये। बादमें मंदिर बनवानेका कार्य चला देंगे। क्योंकि सशल्य स्थान भयप्रद तथा शल्यशून्य स्थान मङ्गलप्रद है।

"गृहारम्भेऽतिकण्डूतिः स्वाम्यङ्गे यत्र जायते।
शल्यन्त्वपनयेत्तत्र प्रासादे भवनेऽथवा॥
सशल्यं भयदं यस्मादशून्यं भवनाशनम्॥"

(मत्स्यपुराण)

हयशीर्ष-पञ्चरात्रमें लिखा है, कि गृहकर्त्ताको अपने किसी अङ्गको विकृता देख कर समझना होगा, कि वास्तुमें शल्य है। इसके सिवा यदि कोई दुर्लक्षण समन्वित शकुन दिखाई दे या उसका शब्द सुन पड़ें तो उस कुलक्षण शब्दमें जिसका नाम सुनाई देगा, उस वास्तुमें उसी आदमीकी हड्डी होगी।

"आदिशेद्वास्तुनः शल्यं गृहिणोऽङ्गविकारतः।
शकुनो दृश्यते वापि यस्य वा श्रूयते ध्वनिः।
कीर्त्यते यस्य वै नाम शल्यं तस्य विनिर्दिशेत्॥"

(हयशीर्ष)

इसके बाद विधानानुसार वास्तु मण्डल ठीक कर वहां देवताओंकी पूजा करनी चाहिये। इन पूजार्ह व्यक्तियोंकी संख्या वाहुल्यताके भयसे नहीं दी गयी।

इसके सम्बन्धमें वास्तु विवरण, वास्तु पूजनविधि, किस देवताको कैसे भूत-बलिप्रदान, बुनियाद खोदनेके समय तथा कुम्भ स्थापनकी पूजा-प्रणाली हयशीर्ष तथा मत्स्यपुराणमें विस्तृत रूपसे लिखी हुई है।

मत्स्यपुराणमें यह भी लिखा है, कि मंदिर यदि शिला तथा पत्थरका बनवाना हो, तो किस तरहकी शिला और पत्थरोंसे बनवाना चाहिये। ईंट तथा पत्थर जो भी हो चारों ओरसे समतल तथा चिकना होना चाहिये। ऐसे ही पत्थरके टुकड़े मङ्गलप्रद हैं। उन शिलाखण्डोंमें कुश, दूब, ध्वज, छत्र, चामर, अंकुश, तोरण, कूर्म, मत्स्य, माङ्गलिक मृग, पक्षी, हाथी, वज्र, बैल या अन्य कोई अच्छी चीजोंका चिह्न अङ्कित रहे तो मंदिर बनवानेवालेके लिये मङ्गलप्रद है। इसके सिवा जो शिला शुक्लवर्ण, जिसका शरीर गो और घोड़ेके मुंहका चिह्न, पद्मादि लक्षण तथा स्वस्तिक, वेदिक और नन्द्यावर्त्तक चिह्नोंसे चिह्नित है, वह भी मङ्गलजनक है। ऐसे शिलाओंसे मंदिर निर्माण करानेवाले व्यक्तिको बहुत धन-धान्यकी वृद्धि होती है।

शिलाखण्डोंकी तरह ईंटोंके दुर्लक्षणोंकी ओर भी दृष्टिपात करना होगा। मत्स्यपुराणके अनुसार मंदिर

तथा गृह निर्माणके लिये जिन ईंटोंकी जरूरत होगी वे सब एक ही तरहकी हों। खूब पकी हुई, देखनेमें सुन्दर और चौकोन होनी चाहिये। इसके विपरीत काली काली, छोटी बड़ी, टेढ़ो टाढ़ा, टूटी फूटी हों, उन ईंटोंको कदापि लगाना नहीं चाहिये।

ईंटके लक्षणोंके सम्बन्धमें हयशीर्ष पञ्चरात्रमें लिखा है,—मंदिर और गृह-निर्माणके लिये जिन ईंटोंका प्रयोग हो, उन्हें सभी सुन्दर परिपाटीसे तयार करना चाहिये। सभी ईंट बारह अंगलकी होगीं। ये सभी एक रंग, लाल पकी, देखनेमें सुन्दर और साफ हों। इसके विपरीत पूर्वोक्त ईंट या पत्थरसे मकान या मंदिर न बनवाना चाहिये।

पत्थर या ईंट जिससे गृह तथा मंदिर बनवानेकी इच्छा हो, उसको यथाभावसे लगाना चाहिये। मंदिर या प्रासाद यदि ईंटसे बनाया जाता हो, तो उसमें पत्थर या शिलाखण्ड न जोड़ना चाहिये। उसे केवल ईंटोंसे ही खतम करना चाहिये। इसी तरह शिलाखण्डसे बनाये जाने पर ईंटोंका उसमें घुसेड़ना कदापि युक्तिसंगत नहीं। मूल बात यह है, कि ईंट और पत्थर दोनोंके संयोगसे मंदिर बनवाना उचित नहीं। यही हयशीर्ष और मत्स्यपुराणका मत है।

मत्स्यपुराणमें यह भी लिखा है,—"पहले पूर्वोक्त रूपसे वास्तु बलि दे कर मंदिर निर्माणकी नियत भूमि १६ भागोंमें बाटी जानी चाहिये। इन सोलहों भागोंमें चार भाग मंदिरकी गर्भभूमि, बांकी बारह भाग उसकी भीतके लिये होने चाहिये। चार भागके परिमाणसे भीतकी ऊंचाई ठीक करनी चाहिये। भीतकी ऊंचाई जितनी होगी, उसके शिखरकी ऊंचाई उससे दूनी बनानी चाहिये। मंदिरका प्रदक्षिण करनेके लिये उसके चारों ओर सङ्कीर्ण मार्ग रहे। उस मार्गका परिमाण शिखर-परिमाणके चौथाई भागके समान हो। गर्भभूमिका परिमाण जितना होगा, मंदिर वा मण्डपका विस्तार उससे दूना होवे। इस प्रकार गर्भपरिमित स्थानको पांच भागोंमें बांट कर उसके एक भागसे मंदिर वा प्रासादकी पूर्वग्रीवा निरूपण करे तथा गर्भसूत्रके समान उसका मुखमण्डप बनावे। (मत्स्यपु०)

हयशीर्ष पञ्चरात्रके मतमें भी चतुष्कोण क्षेत्रभूमिको सोलह भागोंमें विभक्त कर उसके चार भागमें मध्य, बाकी बारह भागमें भीत तैयार करे। इस प्रकार उसके चौथाई भागमें भीतकी ऊंचाई, उससे दूनी मञ्जरी, मञ्जरीके चौथाई भागमें प्रदक्षिणा और प्रदक्षिणाके परिमाणानुसार दोनों बगल निर्गम मार्ग बनावे। पीछे मध्य भागमें बहुतसे खंभे गाड़ने चाहिये और गर्भभूमिके परिमाणानुसार मुखमण्डप स्थिर कर लेना चाहिये। सभी शास्त्रोंमें वास्तु पूजा करनेके बाद मंदिर निर्माणकार्यमें हाथ डालनेको कहा गया है।

उक्त लक्षणके अतिरिक्त हयशीर्ष और मात्स्यमें मंदिर मण्डपादिके और भी कितने लक्षण दिये गये हैं। विस्तार हो जानेके भयसे इनका उल्लेख यहां पर नहीं किया गया। प्रासाद और मण्डप देखो।

मत्स्यपुराणमें एक जगह लिखा है,—निर्माण प्रणालीके पार्थक्यानुसार प्रासादादिके अनेक नाम रखे गये हैं। जिस प्रासादमें चार द्वार, एक सौ शृङ्ग, ऊपरमें सोलह घर तथा जिसके शिखर रंग विरंगसे चित्रित हैं उसका नाम मेरु-प्रासाद है। इस प्रकार द्वादशभूमिक प्रासादको मंदार और दशभूमिकको कैलास कहते हैं। अलावा इसके मंदिरकी बनावटके अनुसार इसके कुण्ड, सिंह, मृग, विमान, छन्दक, श्रीवृक्ष, मृगाधिप, बलभित्, छांदक, सर्वभद्रक, गज, नन्दन, नन्दिवर्द्धन, हंस, वृष, सुपर्ण, पद्मक और समुद्रक आदि नाम रखे गये हैं।

इस प्रकार मंदिरका निर्माणकार्य शेष हो जाने पर उसके चारों ओर दीवार बनवा देनी चाहिये। हयशीर्षके मतसे दीवारकी ऊंचाई प्रासादकी ऊंचाईका चौथाई भाग होनी चाहिये।

मत्स्यपुराणमें लिखा है, कि मन्दिरादि बना कर उसके समीप ही कुछ वृक्ष लगाना और जलाशयादि खोदवाना उचित है। पूर्व दिशामें फलवान् वृक्ष, दक्षिणमें क्षीरवृक्ष, पश्चिममें कमल-कुमुदादि-परिशोभित जलाशय और उत्तरमें ताल नल आदि वृक्ष तथा सुरम्य पुष्पवाटिका होनी चाहिये। सभी दिशाओंमें स्थिर वा अस्थिरभावमें जल रखना उचित है। दक्षिणमें तपोवन स्थान, उत्तरमें मातृकागृह, अग्निकोणमें अग्नि

स्थान, नैऋ⁽तमें विनायक, वारुणमें श्रीनिवास, वायव्यमें ग्रहमालिका और उत्तरमें यज्ञशाला तथा निर्माल्य स्थान अवश्य रहने चाहिये। एतद्भिन्न वारुणमें वलि-निर्वपणस्थान तथा सामनेमें गरुड़स्थान होना चाहिये। इस प्रकार अन्यान्य आवश्यकीय स्थान भी यथायथ भावमें निर्दश कर शुभ मण्डपसंलग्न देवायतन बनाना उचित है।

जीर्णोद्धार।

विष्णुधर्मोत्तरमें लिखा है, कि राज्यमें यदि कहीं पर देवालय टूट फूट गया हो उसका जीर्ण संस्कार कर देना उचित है, नहीं तो राज्य भरमें अशांति फैल जायगी। देवीपुराणमें लिखा है, कि मूल देवगृह बनवानेमें जितना फल है उससे-सौ गुना अधिक फल जीर्णोद्धार करनेमें है। हयशीर्ष पञ्चरात्रमें भी यह मत समर्थन किया गया है।

हरिभक्तिविलासके मतसे देव वा देवालयकी प्रतिष्ठा हयशीर्ष पञ्चरात्रके विधानुसार ही करनी चाहिये।

(पु० क्ली०) मन्दन्ते मोदन्ते लोका यत्र। २ नगर। ३ शिविर। ४ वासस्थान। ५ गृह, घर। ६ शालिहोत्रके अनुसार घोड़ेकी जांघका पिछला भाग। ७ समुद्र। ८ एक गन्धर्वका नाम।

मन्दिरपशु (सं० पु०) मन्दिरचरः मन्दिरपालितो वा पशुः, मध्यपदलो०। विड़ाल, बिल्ली।

मन्दिरमणि (सं० पु०) शिव, महादेव।

मन्दिरा (सं० स्त्री०) मन्दिर-टाप्। १ मन्दुरा, अश्वशाला, घुड़साल। २ मन्दिर। ३ वाद्यविशेष, मजीरा नामक बाजा।

मन्दिल (हिं० पु०) १ घर। २ देवालय। ३ प्रत्येक रुपये या थान आदिके पीछे दाममेंसे काटा जानेवाला वह अल्प धन जो किसी मन्दिर या धार्मिक कृत्यके लिये दूकानदार दाम देते समय काटते हैं। (क्रि०) ४ कटना, काटना।

मन्दिष्ठ (सं० लि०) अतिशय मोहनकर, मन प्रसन्न करनेवाला।

मन्दी (हिं० स्त्री०) भावका उतरना, महंगीका उलटा, सस्ती। मंदी देखो।

मन्दीर (सं० पु०) १ एक ऋषिका नाम। (क्ली०) २ मंजीर।

मन्दील (हिं० पु०) एक प्रकारका सिरबन्द जिस पर काम बना रहता है।

मन्दु (मान्दुगढ़)—मालवकी प्राचीन राजधानी। घोरीवंशके होसङ्गने यहां पर बहुतसे कारुकार्य-सम्पन्न प्रासाद बनवाये थे। उनके राजत्व कालमें यह स्थान उन्नतिकी चरम सीमा तक पहुंच गया था। यहां एक पुराने जमानेकी बहुत बढ़िया मसजिद है किन्तु वह राज-प्रासादकी मुकावला नहीं कर सकती। इन सब प्रासादोंमें जो सर्वोत्कृष्ट प्रासाद है उसका नाम जहाजमहल है। जहाज जिस प्रकार जलके ऊपर चलता है, उसी प्रकार यह प्रासाद भी दो विशाल सरोवरके मध्य अवस्थित है। मालवके एक दूसरे राजा वाजवहादुरका प्रासाद भी देखने लायक है।

अभी यह मध्यभारतके धारराज्यका एक परित्यक्त शहर गिना जाता है। यह नर्मदाके दाहिने किनारे अक्षा० २२° २१´ उ० तथा देशा० ७५° २६´ पू०के मध्य अवस्थित है। ३१३ ई०में मन्दोगढ़ स्थापित हुआ था।

१५वीं शताब्दीमें होसङ्ग घोरीने मन्दोगढ़ बनवाया। १५२६ ई०में गुजरातके शासनकर्त्ता बहादुर शाहने इस गढ़को जीत कर अपने राज्यमें मिला लिया। आखिर १५७० ई०में यह स्थान अकबर बादशाहके हाथ लगा।

मन्दुमहल शिरगिरा—मध्यप्रदेशके अन्तर्गत सम्बलपुर जिलेकी एक छोटी जमींदारी। यह सम्बलपुर नगरसे ४२ मील दक्षिण पश्चिममें अवस्थित है। यहां धानकी अच्छी फसल लगती है। मन्दुमहलके राजाने १८५८के गदरमें विद्रोहियोंका साथ दिया था। उनकी जमींदारी छीन जाने पर भी १८६२ ई०में लौटा दी गई। यहांके जमींदार शिरगिरा ग्राममें रहते हैं, जो उताली नदीके किनारे अवस्थित है।

मन्दुर (सं० लि०) मन्दि-उन्। मादकर, आमोद जनक।

मन्दुरा (सं० स्त्री०) मन्दन्ते स्वपन्ति मोदन्ते वा अश्वा यत्र। मन्द उरच् (मन्दिवाशिमथीति। उण् १।३९) ततष्टाप्। १ वाजिशाला, अस्तबल, घुड़साल। २ बिछानेकी चटाई।

मन्दुरिक (स ं० पु०) साईस ।

मन्देह (स ं० पु०) १ राक्षसभेद । २ कुशद्वीप वासी शूद्र जाति ।

मन्दोच्च (स ं० पु०) ग्रहोंकी गतिभेद । (Apsis) सूर्य-सिद्धान्तमें लिखा है—

"अदृश्यरूपाः कालस्य मूर्त्तयो भगणाश्रिताः ।
शीघ्रमन्दोचपाताख्या ग्रहाणां गतिहेतवः ॥" (२।१)

कालक्रमसे ग्रहोंकी गतिकरण अदृश्यरूप और भगणाश्रित शीघ्रोच्च, मन्दोच्च तथा पातनामा मूर्त्ति हुआ करती है ।

"वक्रानुवक्रा कुठिला मन्दा मन्दतरा समा ।
तथा शीघ्रतरा शीघ्रा ग्रहाणामष्टधा गतिः ॥" (२।१२)

वक्र, अनुवक्र, कुटिल, मंद, मंदतर सम, शीघ्रतर और शीघ्र ग्रहोंकी यही आठ प्रकारकी गति हैं ।

"ग्रहं संशोध्य मन्दोच्चात्" मंदोच्चभोगसे राश्यादिका संशोधन किया जाता है ।

मथुरानाथ दैवज्ञने जो ग्रहार्णव रचा है उसमें ग्रहोंका मंदोच्च इस प्रकार है,—

"रवेमंदोच्चकं नेत्रं मैघमद्रिर्गजार्णवौ ।
कुजस्य श्रतयो नन्दा नगेषु रसवह्नयः ॥
बुधस्य सप्त कुकुभो नयेन्दुद्वादश क्रमात् ।
गुरोर्वाणाश्चन्द्रयमौ खं खं राश्यादिकं क्रमात् ॥
भृगोर्यमौ नवेन्दुश्च गोऽग्नीखं मन्दतुङ्गकम् ।
शनेः शैलारसयमौ रसाग्नी रसवह्नयः ॥
द्वापरान्ते गुरोर्वारे निशीथे च गता इमे ॥"

२ राशि, १७ अ ंश, ७ कला और ८ विकला रविका मन्दोच्च ; ४ राशि ९ अ ंश, ५७ कला और ३६ विकला मङ्गलका; ७ राशि, १० अ ंश, १९ कला और १२ विकला बुधका; ५ राशि और २१ अ ंश वृहस्पतिका ; ४ राशि, १९ अ ंश और ३९ कला शुक्रका तथा ७ राशि, २६ अ ंश, ३६ कला और ३६ विकला शनिका मंदोच्च माना गया है ।

कल्याब्दपिण्डको ३८७से गुणा कर दो लाखसे भाग दे । भागफल जो होगा वही कलादि है । पहले जो २ राशि, १७ अ ंश, ७ कला और ४ विकला रविका मंदोच्च बतलाया गया है उसके कलादिके साथ उक्त भागफल कलादिको जोड़ देनेसे रविका मंदोच्च निकलेगा । इसी प्रकार कल्यब्दपिण्डको २०४से गुणा कर यदि दो लाखसे भाग दिया जाय तो भागफल जो आवेगा वह कलादि होगा । उस कलादिको पूर्वकथित मङ्गलके मंदोच्चके साथ जोड़नेसे मङ्गलका मंदोच्च निकलेगा । फिर ३६८से कल्यब्दको गुणा कर दो लाखसे भाग दे । भागफल जो कलादि होगा, उसे पूर्वोक्त बुधके मंदोच्चमें जोड़े । इससे बुधका मंदोच्च स्थिर होगा । कल्यब्दको ९००से गुणा कर गुणनफलमें दो लाखका भाग देनेसे जो कलादि होगा उसे पूर्वोक्त वृहस्पतिके मंदोच्चमें जोड़े । योगफल वृहस्पतिका मंदोच्च मालूम होगा । कल्यब्दपिण्डको ५३५से गुणा कर दो लाखसे भाग दे । भागफल कलादि होगा । अब इस कलादिको शुक्रके पूर्वोलिखित मंदोच्चमें जोड़नेसे शुक्रका मंदोच्च निर्णीत होगा । इसी प्रकार ३९से कल्यब्दपिण्डको गुणा कर यदि गुणनफलमें दो लाखसे भाग दिया जाय तो, भागफल जो कलादि होगा उसे पूर्वकथित शनिके मंदोच्चमें जोड़नेसे शनिका मन्दोच्च निर्द्धारित होगा ।

रवि आदि ग्रहोंका मंदोच्च स्फुटके लिये निकालना चाहिये । मङ्गल, बुध, वृहस्पति, शुक्र और शनि इन पांच ग्रहोंके मंदोच्चमें यदि २४ अ ंश जोड़ दिया जाय, तो वह सिद्धान्तरहस्यके मंदोच्चके समान होता है । चन्द्रकेन्द्रसे पांच कला निकाल लेने पर सिद्धान्तरहस्यके चन्द्रकेन्द्रके समान होगा । ऐसा होनेसे ही समस्त ग्रहोंके मध्य, शीघ्र और मन्दोच्च इत्यादि सिद्धान्तरहस्यके समान कर लिये जाते हैं । यही दोनों मत आज कल प्रचलित हैं ।

मन्दोदरी (सं० स्त्री०) १ लङ्केश्वर रावणकी पटरानी । यह मय नामक दानवके औरस और हेमा नामकी अप्सराके गर्भसे उत्पन्न हुई थी । रावणका प्रसिद्ध पराक्रमी पुत्र मेघनाद इसीके गर्भसे उत्पन्न हुआ था ।

यह पञ्चकन्याओंमें है । रावणके मरने पर इसका विभीषणसे व्याह हुआ था ।

विशेष विवरण रावण शब्दमें देखो ।

२ कुमारानुचर मातृभेद ।

मन्दोदरीश (स ं० पु०) रावण ।

मन्दोदरीसुत (स ं० पु०) इन्द्रजित, मेघनाद ।

मन्दोर—राजपूतानेके मध्य योधपुर राज्यका एक विध्वस्त नगर। यह अक्षा० २६° २१' उ० तथा देशा० ७३° ५' पू०के मध्य अवस्थित है।

१३८१ ई०में चण्ड नामक किसो राठोर राजपूतने परिहार राजसे यह स्थान पाया था। १४५९ ई० तक यहां राठोर राज्यकी राजधानी रही। नगर चारों ओर दुर्भेद्य प्राचीरसे घिरा है। यह इतने ऊंचे पर बना हुआ है कि यहांसे निकटवर्त्ती सभी स्थान दृष्टिगोचर होते हैं। भग्नावशेषमेंसे देवदेवोकी मूर्त्ति और भारतवर्षके प्राचीन वीरपुरुषोंकी मूर्त्ति विशेष चित्ताकर्षक है। एतद्भिन्न हिन्दू और वौद्धोंकी अनेक कीर्त्तियां भी देखी जाती हैं। यहां अजित्‌सिंहका एक परित्यक्त राजप्रासाद और परलोकगत अन्यान्य वहुतसे राजाओंके स्मरणार्थ मन्दिर विद्यमान हैं।

मन्दोरमें एक समय जूनागढ़ नामक एक दुर्ग था। यहां पञ्चकुण्ड नामक एक तीर्थस्थान है। पञ्चधारामें जलस्रोत आ कर एक साथ मिल गया है, इसोसे पञ्चकुण्ड नाम पड़ा है। रायगङ्गाके कीर्त्तिस्तम्भके समीप एक छोटा मंदिर है। उस मंदिरमें पहले दो शिलालिपि थीं। अभी और भी कितनी शिलालिपियां पाई गई हैं।

यहांकी दो मसजिदोंमेंसे एक मसजिद मिट्टीमें मिल गई है। अधिवासियोंमें मालीकी संख्या ही अधिक है। बगीचोंमें काम करना ही इनकी उपजीविका है। इसीसे मालूम होता है, कि यहां वहुतसे बगीचे लगाये गये है। यहां जितने बगीचे हैं उनमें 'लालसागर' और 'वजीर'का वाग ही प्रधान है।

मन्दोष्ण (सं० क्ली०) १ ईषदुष्ण, कुछ गरम। (त्रि०) २ ईषदुष्णवान्, जो कुछ गरम हो।

मन्द्र (सं० पु०) मन्द्यते वुध्यते अनेन, मदि-रक् (स्फायितञ्चीति। उण् २।१३) १ गम्भोर ध्वनि। २ वाद्यविशेष, मृदंग। ३ हाथीको एक जातिका नाम। (त्रि०) ४ हृष्ट, प्रसन्न। ५ मादनशोल, सुन्दर, मनोहर। ६ गभीर। ७ धीमा। (क्ली०) ध्वनिभेद, संगोतमें स्वरोंके तीन भेदोंमेंसे एक। इस जातिके स्वर मध्यसे अवरोहित होते हैं। इसे उदारा वा उतार भो कहते हैं।

मन्द्रजिह्व (सं० त्रि०) मादकजिह्वायुक्त।

मन्द्रयु (सं० त्रि०) मदकर शब्दकामनाकारी, मदकर शब्दकी इच्छा करनेवाला।

मन्द्राज (सं० पु०) दक्षिणका एक प्रधान नगर।

मान्द्राज देखो।

मन्द्राजनी (सं० स्त्री०) मन्द्र-अज्-ल्युट-ङीप। मदकर रसकी प्रेरयित्री।

'उपा मतिः पृच्यते सिच्यते मधु।
मन्द्राजनो चोदते अन्तरामनि।" (ऋक् ९।६९।२)

मन्द्राजी (हिं० वि०) १ मन्द्राजमें उत्पन्न वा मन्द्राजका रहनेवाला। २ मन्द्राज सम्बन्धो। ३ मन्द्राजका वना हुआ।

मन्द्रापुष्प (सं० पु०) जवावृक्ष, अड़हुल।

मन्ध (सं० पु०) मन्थ, मथन।

मन्धातृ (सं० पु०) १ मेधावी। २ युवनाश्वके पुत्र, मन्धाता।

मन्नत (हिं० स्त्री०) किसी देवताकी पूजा करनेकी वह प्रतिज्ञा जो किसी कामना विशेषकी पूर्त्तिके लिये की जाती है, मानता, मनौती।

मन्ना (हिं० पु०) शहदकी तरहका एक प्रकारका मीठा निर्यास। यह वांस आदि कुछ विशेष वृक्षोंमेंसे निकलता है और इसका व्यवहार ओषधिके रूपमें होता है।

मन्नारगुड़ि—१ मान्द्राज प्रदेशके अन्तर्गत एक उपविभाग। इसमें मन्नारगुड़ि और तिरुत्तुरैपपुण्डी नामक दो तालुक लगते हैं।

२ उक्त उपविभागका एक तालुक। यह अक्षा० १०° २६' से १०° ४८' उ० तथा देशा० ७९° १९' से ७९° ३८' पू०के मध्य विस्तृत है। भूपरिमाण ३०१ वर्गमील और जनसंख्या दो लाखके करीव है। इसमें मन्नारगुड़ि नामक एक शहर और १९३ ग्राम लगते हैं। तालुकके दक्षिण-पश्चिम भागमें खेतोबारी नहीं होती है।

३ मन्नारगुड़ि तालुकका शहर। यह अक्षा० १०° ४०' उ० तथा देशा० ७९° २७' पू० यामनियार नदीके किनारे अवस्थित है। नोदामङ्गलम नामक रेलवे ष्टेशनसे ६ मील दक्षिण पड़ता है। जनसंख्या बीस हजारसे ऊपर है जिनमेंसे हिंदूकी संख्या ज्यादा है। यह स्थान

देशी कपड़े और बरतनके कारबारके लिये बहुत मशहूर हैं। नगरमें ६६ पुराने जमानेके मंदिर हैं जिनमेंसे ४ विष्णु-मंदिर और ६५ शिवमंदिर हैं। सबसे प्राचीन विष्णु-मंदिर विजयराघव नायकने बनवाया था। मंदिरमें जो शिलालिपियां हैं वे तामिल भाषामें लिखी हुई हैं। हिन्दू मंदिरके अलावा एक पुराना जैन-मंदिर भी नजर आता है। शहरमें एक कालेज और हाई-स्कूल है, जो मान्द्राज विद्यालयसे सम्पर्क रखता है।

मन्नुराम—अथर्ववत्सूत्रवादके रचयिता।

मन्नूलाल—एक ऐतिहासिक। ये बहादुर सिंह मुन्शीके पुत्र थे। इन्होंने तारीख-इ शाहआलम' नामक दिल्लीश्वर शाहआलमके विस्तृत इतिहासकी रचना की।

मन्मथ (सं० पु०) मंथ पचाद्यच्, पृषोदरादित्वात्। १ कामदेव। ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें लिखा है,—

> "मनो मथ्नाति सर्वेषां पञ्चवाणेन कामिनाम्।
> तन्नाम मन्मथस्तेन प्रवदन्ति मनीषिणः॥"

पञ्चवाण कामियोंका मन मथन करता है इसीसे मनीषियोंने उसका मन्मथ नाम रखा है। नैषधचरितमें लिखा है—"न मन्मथस्त्वं स हि नास्ति मूर्त्तिः" (८।२९) अर्थात् तुम मन्मथ नहीं हो। क्योंकि तुम्हारी मूर्त्ति ही तो नहीं है। कामदेव और मदनमहोत्सव शब्दमें विस्तृत विवरण देखो।

२ कपित्थ वृक्ष, कैथका पेड़। ३ कामचिन्ता। ४ साठ संवत्सरोंमेंसे उनतीसवें संवत्सरका नाम। ५ आमका पेड़।

मन्मथकर (सं० पु०) कुमारके एक अनुचरका नाम।

मन्मथलेख (सं० पु०) प्रेमपत्र।

मन्मथशठी (सं० स्त्री०) कर्पूरशठी।

मन्मथा (सं० स्त्री०) मन्मथ-टाप्। हेमकूटकी दाक्षायणी

मन्मथानन्द (सं० पु०) मन्मथं आनंदयतीति आ-नंद-णिच् पचाद्यच्। एक प्रकारका आम जिसे महाराजचूत भी कहते हैं।

मन्मथालय (सं० पु०) १ आमका पेड़। २ कामियोंके मनोरथ पूर्ण होनेकी जगह, विहारस्थल, प्रेमी और प्रेमिकाके मिलनेका स्थान।

मन्मथावास (सं० पु०) महराज आम।

मन्मथिन (सं० त्रि०) कामी, कामुक।

मन्मन (सं० क्ली०) १ मननीय धन। २ अभिमत काम। ३ मननीय स्तोत्र।

मन्मन (सं० पु०) १ गद्गद् आलाप। २ दम्पतीका कथनविशेष, कानमें गुप्त बात कहना।

मन्मय (सं० त्रि०) मुझमें अवस्थित।

मन्मशस् (सं० अव्य०) मन्मनस्तोत्र द्वारा।

मन्मसाधन (सं० त्रि०) अभीष्टपूरणकारी, मनोरथ पूरा करनेवाला।

मन्मोक—एक प्राचीन कवि। सदुक्तिकर्णामृतमें इनकी कविता लिखी है।

मन्य (सं० त्रि०) न-यत्। मननीय, माननेयोग्य। यह दूसरे शब्दके साथ व्यवहार किया जाता है। जैसे—पण्डितमन्य, श्रीमन्मन्य इत्यादि।

मन्यका (सं० स्त्री०) मन्या, गले परकी एक शिरा या नस जो पीछेकी ओर होती है।

मन्यन्तो (सं० स्त्री०) अग्निमञ्जुकी कन्या।

(महाभा० वनपर्व)

मन्या (सं० स्त्री०) मन्यते ज्ञायते स्तम्भदुःखादिकमनया, मन्-करणे क्यप् स्त्रियां टाप्। ग्रीवाके पश्चाद्भागकी शिरा, गले परकी नस।

मन्याचाली (सं० स्त्री०) घोड़ेका एक रोग।

मन्यार—निम्नश्रेणीकी जातिविशेष। यह कसेरी जातिसे उत्पन्न हुई है। अहमदनगर, धारवाड़ और बेलगांव आदि स्थानोंमें इस जातिका वास देखा जाता है। औरङ्गजेबके समय इस जातिके लोग मुसलमान-धर्ममें दीक्षित हुए। अहमदनगरमें जो मन्यार हैं उनमेंसे कुछ औरङ्गावादसे आये थे और बाकीकी उत्पत्ति कसेरी जातिसे हुई है। इनमें प्रचलित भाषा दाक्षिणी हिन्दुस्तानी और विशुद्ध कनाड़ी अथवा मिश्रित-मराठी है। इनके शरीरका गठन मध्यमाकार तथा वर्ण काला और धूसर है। ये लोग सिरको मुड़वा देते, पर दाढ़ी रखते हैं। सिर पर मराठी पगड़ी और शरीरमें अंगरखा पहनते हैं। स्त्रियां हिंदुओंकी तरह श्रृङ्गार करती हैं। वे किसीके भी सामने घूंघट नहीं काढतीं और पुरुषके कार्यमें सहायता करती हैं। स्त्री-पुरुष दोनों ही अति परिष्कार परिच्छिन्न हैं।

कांचकी चूड़ी, लाहकी चूड़ी और लोहेका बरतन बनाना इनका जातीय व्यवसाय है। अलावा इसके सूई, पिन, ताला, चाबी और अन्यान्य चीजोंकी भी विक्री करते है। किसीके तो स्थायी दूकान है, कोई फेरी करके इधर उधर बेचता है। आपसका विवाद पंचायतसे निबटेरा होता है। कोई धनी आदमी मुखिया बनता है। उसे अर्थदण्ड देनेका अधिकार है। ये लोग सुन्नी सम्प्रदायभुक्त होने पर भी प्रधानतः दो श्रेणियोंमें विभक्त हैं,—

१। बङ्गरहार अर्थात् चूड़ी—व्यवसायी और दूसरा मन्यार अर्थात् चूड़ी और बासन-व्यवसायी। इन दोनों श्रेणियोंमें सामाजिक पृथकता कुछ भी नहीं है। आपसमें आदान प्रदान चलता है। निम्नश्रेणीके मुसलमानोंमें भी इनका विवाह होता है।

मन्यास्तम्भ (सं० पु०) १ वातव्याधिविशेष। माधवके निदानमें लिखा है—

"दिवास्वप्नाशनस्नान-विकृतोर्द्ध निरीक्षणैः।
मन्यास्तम्भं प्रकुरुते स एव श्लेष्मणा युतः॥"

यह दिवानिद्रा, आहार और स्नानकी विकृतिसे होता है। श्लेष्मा इसकी उत्पत्तिका कारण है।

दशमूली क्वाथ, पञ्चमूली, रुक्ष स्वेद और नस्य इस रोगमें विशेष उपकारी है। २ घोड़ेका एक रोग।

वातव्याधि देखो।

मन्यु (सं० पु० स्त्री०) मन्-युच् (यजिमनिशुन्धिदसिजनिभ्यो युच्। उण् ३।२०) १ स्तोत्र। २ कर्म, काम। ३ शोक, दुःख। ४ याग, यज्ञ। ५ क्रोध, गुस्सा। ६ दैन्य, दीनता। ७ शिव, महादेव। ८ अहंकार, घमंड। ९ अग्नि, आग। १० राजा वितथके एक पुत्रका नाम।

मन्युदेव (सं० पु०) १ क्रोधाभिमानी देवता। (मनु ८।३५१) २ ऋषिभेद।

मन्युदेव—एकप्रसिद्ध वैयाकरण, कृष्णदेवके अनुज और शम्भुदेवके पुत्र। इन्होंने परिभाषेन्दुशेखरोद्धार नामक परिभाषेन्दुशेखरकी टीका, वैयाकरणसिद्धान्तभूषणसारकी टीका, शब्देन्दुशेखर और लघु शब्देन्दुशेखरकी टीका लिखी है।

मन्युमणीं (सं० स्त्री०) भेकपर्णी।

मन्युमत् (सं० त्रि०) मन्यु-मतुप्। १ क्रोधयुक्त, गुस्सावर। (पु०) २ अग्निका एक नाम।

मन्युमय (सं० त्रि०) १ क्रोधमय, गुस्सावर। २ अति दारुण, बहुत भयङ्कर।

मन्युमी (सं० त्रि०) मन्युं मिनातीति, 'मिञ् हिंसायां क्विप्' १ कोपकारी, गुस्सा करनेवाला। २ अभिमानी शत्रुका संहार करनेवाला।

मन्युशमन (सं० क्ली०) क्रोधनिवारणका उपाय।

मन्युषाविन् (सं० त्रि०) क्रोध-पूर्वक सोम सेवनकारी।

मन्युसूक्त (सं० क्ली०) ऋग्वेदके १०म मण्डलका ८३वां और ८४वां सूक्त।

मनूरो (सर हेकृर मनरो)—एक अंगरेजी सेनापति। मेजर-कारनककी मृत्युके बाद मेजर हेकृर मनूरो उनके पद पर अधिरूढ़ हुए। सिपाही-विद्रोहके समय इन्होंने असीम साहस और अदम्य उत्साहसे काम किया था। इसी समय बक्सर-युद्धमें विशेष रण-कौशल दिखा कर विजय-पताका फहराई थी। १७६४ ई०की २री अक्तूबरको कुल ७०७२ सेना लेकर ये बक्सरमें जा धमके। वहां वज़ीर सुजा उद्दौला और मीर कासीम ४० हज़ारके करीब सेनाके साथ छावनी डाले हुए थे। उनके बाईं तरफसे जो गङ्गा नदी बहती थी, उससे उन्हें पूरा गुमान था, कि कोई भी गङ्गा पार कर शिविरमें घुस न सकेगा। पर मनूरो एक वीर पुरुष थे, सेना समेत गंगा पार कर छावनी पर चढ़ आये। सिर्फ तीन घंटे तक युद्ध हुआ। वज़ीरकी सेना हार खा कर भागी।

१७७८ ई०में फरासीके साथ अंगरेजोंका युद्ध छिड़ा। यह संवाद जब भारतवर्ष पहुचा तब यहां उनके अधिकृत छोटे छोटे स्थान अङ्गरेजीसेना हड़प करने लगी। इसी समय जेनरल सर हेकृर मनरो मान्द्राज-सैन्यदलके अभिनेता बन कर पांडीचेरी दखल करनेके लिये आगे बढ़े। सर एडवर्ड भारनन भी अंगरेजोंकी ओरसे कुछ जंगी जहाजके साथ वहां उतरे। फरासी सेनापति मि० लॉजलि तीन युद्धजहाज ले कर उनकी बाट जोह रहे थे। अब दोनों पक्षमें युद्ध छिड़ गया। फरासी सेना हार खा कर नौ दो ग्यारह हो गई।

१७८० ई०में हैदरअलीने जब नवो बन्दर आदि

स्थानोंमें लूटपाट मचाना आरम्भ कर दिया तब मन्रो उनका दमन करनेको आगे बढ़े, पर अकृतकार्य हो काञ्चीपुरको लौट गये।

१७८१ ई०में मन्रोने नागपत्तनमें घेरा डाला और विशेष कौशल तथा साहसके साथ सफलता प्राप्त की। इस समय मन्रोके पास चार हजार और शत्रु पक्षमें आठ हजारसे भी अधिक सेना थी। इतनी मुट्ठी भर सेनासे उन्होंने नगरको जीत कर अच्छा नाम कमा लिया था।

१८१८ ई०में इन्होंने जेनरल प्रिजलर (*Pritzler*)के साथ शोलापुरमें पेशवाकी सेना पर चढ़ाई कर दी। युद्धमें अंगरेजोंकी कुल ९७ सेना हत और आहत हुई। किन्तु पेशवाकी ८००से भी अधिक सेना निहत हुई थी।

मन्रो (सर टामस)—एक अङ्गरेज-सेनापति। ये ग्लासगोके रहनेवाले वणिक-पुत्र थे। १७७९ ई०में मान्द्राज-पदातिक सैन्य दलमें ये भर्त्ती हुए। महिसुर तथा अन्यान्य युद्धोंमें विशेष रणकौशल दिखा कर इन्होंने सेनापतिका पद प्राप्त किया था। १८१७ ई०में कर्णाटक-प्रदेशमें शान्तिस्थापन करनेके लिये मान्द्राजसे वहां आये थे। १८२७ ई०में इनका देहान्त हुआ।

मन्वन्तर (सं० क्ली०) मनोरन्तरमस्मिन् अथवा मनोरन्तर-मवकाशोऽवधिर्वास्मिनिति। दिव्ययुगका इकहत्तर युग।

'मन्वन्तरन्तु दिव्यानां युगानामेकसप्ततिः" अमर)

इकहत्तर दिव्य-युगका नाम मन्वन्तर है। यह इकहत्तर युग सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि इन चारों युगोंका साधक है और मन्वन्तर कहलाता है।

"एवं चतुर्युगाख्यानां साधिका ह्येकसप्ततिः।
कृतत्रेतादियुक्तानां मनोरन्तरमुच्यते॥" (लिङ्गपु०)

'मनूनां स्वायम्भुवादीनामन्तरमवकाशोऽबधिर्वा मन्वतरम्'

मन्वन्तर शब्दकी ऐसी भी व्युत्पत्ति देखी जाती है।

सर्वज्ञ नारायणके मतसे दैवयुगका सहस्र युग ब्रह्माका एक दिन होता है। इसी एक दिनमानका नाम मन्वन्तर है। यह चौदह भागोंमें विभक्त है।

"दैविकानां युगानान्तु सहस्रं ब्रह्मणो दिनं।
मन्वन्तरं तथैवैकं तस्य भागास्ततुर्दश॥"

एक एक मन्वन्तर कितने वर्ष तक रहता है, लिङ्गपुराणमें उसकी संख्या निर्दिष्ट हुई है। इसका मानुष मान,—३०६७२०००० है। इस प्रकार चौदह मन्वन्तर ब्रह्माका एक दिन निरूपित हुआ है।*

युग चार है,—सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि। इन चारों युगोंका एकत्र मान बराबर है दैव-परिमाण बारह हजार वर्षके। प्रथम युगका नाम सत्ययुग है। इसका मान ४००० वर्ष तथा सन्ध्या और संध्यांश प्रत्येकका मान ४०० वर्ष है, अतः सत्ययुगका मान कुल मिला कर ४००० हजार ८ सौ वर्ष है। दूसरा त्रेतायुग है। इसका मान २००० हजार ६ सौ वर्ष हैं। तीसरे द्वापर युगका मान २४०० वर्ष है। चौथा युग कलियुग है। इसका मान १००० हजार २ सौ वर्ष है। इन चारों युगोंका जो मान बतलाया गया उसे दिव्य मान जानना होगा। ज्योतिष-वचनमें सत्यत्रेता आदिका मान इस प्रकार निरूपित हुआ है,—

"वस्वश्विमैत्रा ऋतुरंग्रमासा।
वेदा रसाष्टौ भुजवह्निवेदाः।
एतानि शून्यत्रयताड़ितानि
युगाब्दसंख्याः परिकीर्त्तितानि॥" (ज्योतिःशास्त्र)

अर्थात् मानुष मानसे सत्यका मान १७२८००० वर्ष, त्रेताका १२९६००० वर्ष, द्वापरका ८६४००० वर्ष और कलिका मान ४३२०००० वर्ष है। कुल मिला कर ४३२०००० वर्ष होता है, किंतु अग्निपुराणमें जो संख्या बतलाई गई है उससे मेल नहीं खाता।

अग्निपुराणके मतसे,—कलियुगका मान ४ लाख २२ हजार, द्वापरका ८ लाख ६४ हजार, त्रेताका १२ लाख ९६ हजार और सत्ययुगका मान १७ लाख २८ हजार वष है। इस प्रकार चारों युगोंका मानुषमान मिला कर ४३ लाख २० हजार वर्ष होता है। इन चारों युगोंके एकहत्तर बार आवर्त्तनका नाम एक मन्वन्तर है। इस हिसाबसे एक मन्वन्तरका मान हुआ ३० करोड़

---

* "त्रिंशत् कोट्यस्तु वर्षाणां मानुषेण द्विजोत्तमाः।
सप्तषष्टिस्तथान्यानि नियुतान्यधिकानि तु॥
विंशतिश्च सहस्राणि कालो यः साधिकां विना।
मन्वन्तरस्य संख्यैषा लिंगेऽस्मिन् कथिता द्विजाः॥"
(लिङ्गपु०)

६७ लाख २० हजार वर्ष। ऐसे चौदह मन्वन्तरका एक कल्प होता है[†]।

कालिकापुराणके मतसे मन्वन्तरका अर्थ है मनुका काल अर्थात् मनु जव तक प्रजा-पालन करते हैं। एक मन्वन्तरके अवस्थितिकालको ही मन्वंतर कहते हैं। इस मन्वंतरका दैवमानसे जो इकहत्तर युग है, वही एक मन्वंतरका परिमाणकाल माना गया है। इस प्रकार चौदह मन्वंतरका एक कल्प और वह कल्प ब्रह्माका सिर्फ एक दिन होता है।

“मन्वन्तरं मनोः कालो यावत् पालयते प्रजाः।
एको मनुः स कालस्तु मनुवन्तरमिति श्रुतम्॥
तदेकसप्ततियुगैर्देवानामिह जायते।
तैश्चतुर्दशभिः कल्पो दिनमेकन्तु वेधसः॥”
(कालिकापुराण २७ अ०।

एक कल्पकाल ब्रह्माका एक दिन होता है। इसी दिनमानके मध्य चौदहों मनुका क्रमशः अधिकार-काल शेष होने पर दूसरे मनुका उदय होता है। इस प्रकार चौदहों मनु एक एक करके पृथ्वीके राजा हो कर अपने अपने भोग्यकाल तक राज्य करते हैं। एक एक मनुके राजत्व वा अधिकार-कालका नाम ही मन्वंतर है। मनुओंके नामानुसार हो चौदह मन्वंतरके चौदह भिन्न नाम पड़े हैं।

भागवतमें लिखा है,—ब्रह्माका एक दिन चतुर्दश मनुका अधिकारकाल है। एक एक मनुके अधिकार-कालको मन्वंतर कहते हैं। मनुओंके नाम तथा किस किस मनुके वाद कौन कौन मनु राज्यशासन करते हैं, उसके विषयमें इस प्रकार लिखा है,—प्रथम स्वायम्भुव मनु, द्वितीय स्वारोचिष मनु, तृतीय उत्तम, चतुर्थ तामस, पञ्चम रैवत, षष्ठ चाक्षुष और सप्तम वैवस्वत मनु हैं। वर्त्तमानकालमें वैवस्वत मनुका अधिकार चलता है। इसके वाद अष्टम मनु सावर्णि, नवम दक्ष सावर्णि, दशम ब्रह्मसावर्णि, एकादश धर्मसावर्णि, द्वादश रुद्रसावर्णि, त्रयोदश देवसावर्णि और चतुर्दश इन्द्रसावर्णि हैं।

प्रत्येक मन्वंतरमें भगवान भिन्न भिन्न अवतार लेते हैं। एक एक इंद्र और पृथक् पृथक् भावमें देवगण, सप्तर्षि, मनु और मनुपुत्रगण आविर्भूत होते हैं। एक एक मन्वंतरमें एक एक मनु पृथिवी पर राजा हो कर प्रजाका और एक एक इंद्र स्वर्गमें रह कर देवताओंका शासन करते हैं। देवताओं पर आधिपत्य करनेके सिवाय यथाकालमें वारिवर्षण करना भी उन्हींका काम है। इंद्रके जल देनेसे प्रजा सुखसे रहती है। देवगण प्रजा द्वारा किये गये यज्ञादि कर्मोंसे परितुष्ट हो कर उन्हें उन सव कर्मोंका उपयुक्त फल देते हैं। सप्तर्षिगण धर्मशास्त्रको प्रकाश करते हैं। मन्वंतरभेदसे भगवान् विभिन्नरूपमें अवतार ले कर उन्हें अपने अपने कार्यमें नियुक्त करते हैं। उन्हींके हाथसे धर्मद्रोही दैत्य राक्षसों आदिका संहार होता है जिससे तमाम शांति विराजती है। पहले पृथिवीके राजा मनु होते हैं। वाद उनके पुत्र-पौत्रादिगण मन्वंतरकालके शेष समय तक एक एक करके राज्यशासन करते हैं। जो मनु राजा होते हैं, उन्हींके समयमें यह सुदीर्घ मन्वंतरकाल शेष होता है, सो नहीं। उनके अभावमें उनके वंशधरोंका राजत्व व्यापार भी मन्वंतरके शेष समय तक चलता है। इस प्रकार जव जव मन्वंतरका नियमित समय बीतता है, तभी अन्य इंद्र मनु तथा देव ऋषि आदि सभी अन्य रूपमें आविर्भूत हो कर अपने अपने निर्दिष्ट कार्यमें लग जाते हैं।

किस मनुके अधिकारकालमें भगवान्का कौन अवतार

[†] “वर्षलक्षाणि चत्वारि भवेत् कलियुगं क्रमे।
द्वात्रिंशत्या सहस्रैश्च सहितान्यपि संख्यया॥
चतुःषष्टिसहस्राणि लक्षाण्यष्टौ च संख्यया।
[illegible]र्षाणां द्वापरं प्रोक्तं युगं पूर्वनिदर्शनात्॥
त्रेता द्वादशलक्षाणि वर्षाणां परिकीर्त्तिताः।
षण्णवत्या सहस्रैश्च संयुक्तानि भवन्ति हि॥
दश सप्त च लक्षाणां वर्षाणान्तु कृतं युगम्।
सहस्रैरष्टविंशत्या संयुतान्यपि संख्यया॥
त्रिचत्वारिंशल्लक्षाणि सहस्राणि च विंशतिः।
मानुषेण प्रमाणेन भवेत् चतुर्युगं क्रमात्॥
सप्तषष्टिश्च लक्षाणि त्रिंशत् कोट्यस्तथैव च।
विंशतिश्च सहस्राणि मन्वन्तरमिहोच्यते।
चतुर्युगैकसप्तत्या मनवंतरमिति श्रुतिः।
कल्पो मनवंतरैरेभिश्चतुर्दशभिरुच्यते॥” (अग्निपु०)

होता है. कौन इन्द्र, कौन देवगण और कौन सप्तर्षि होते हे तथा मनुके पुत्र-पौत्रादि हो कौन है, इसका विस्तृत विवरण मनु शब्दमें लिखा जा चुका है। मनु देखो।

मार्कण्डेयपुराणके मन्वन्तरानुवर्णन-अध्याय ध्यानपूर्वक सुननेसे मानव विविध फललाभके अधिकारी हो सकते हैं। स्वारोचिष मन्वन्तरका विवरण सुननेसे मानवके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं तथा औत्तमि मनुका उपाख्यान सुननेसे धनकी प्राप्ति होती है। इसी प्रकार तामससे ज्ञान, रैवतसे बुद्धि और सुन्दर स्त्री; चाक्षुषसे आरोग्य, वैवस्वतसे बल, सूर्यसावर्णिकसे गुणवान् पौत्र, ब्रह्मसावर्णिसे माहात्म्य, धर्मसावर्णिसे शुभ मति, रुद्र सावर्णिसे जय, दक्षसावर्णिसे श्रेष्ठजाति और सद्गुण, रौच्यसे शत्रुनाशक्षमता, भौत्यसे देवप्रसाद, अग्निसे तेजस्वी और गुणवान् बहुपुत्र लाभ होते हैं। प्रत्येक मन्वन्तरके देव, ऋषि और इन्द्र आदिका नाम सुननेसे मानवके सब पाप जाते रहते हैं। देवर्षिगण भी प्रसन्न होते और उन्हें शुभमति देते हैं। शुभमति पा कर ही मानव सुपथसे चल कर शुभ कर्म करने लगते हैं। शुभ कर्मसे ही उनका विशेष मंगल होता है। विस्तृत विवरण विष्णु पुराणके ३।१ २ अध्यायमें देखो।

पुराणादि ग्रंथोंमें मन्वन्तरका उल्लेख रहने पर भी आश्चर्य इस बातका है, कि सुप्राचीन वैदिक ग्रन्थमें मन्वंतरका नाम तक भी नहीं आया है।

२ दुर्भिक्ष, अकाल।

मन्वन्तरा (सं० स्त्री०) प्राचीनकालका एक प्रकारका उत्सव। यह उत्सव आषाढ़ शुक्ल दशमी, श्रावण कृष्ण अष्टमी और भाद्र शुक्ल तृतीयाको होता था।

मन्वाद्य (सं० पु०) धान्य, धान।

मन्वीश (सं० पु०) ज्ञानेश।

मपष्ट (सं० पु०) मकुष्ट, वनमूंग।

मपुष्टक (सं० पु०) मपष्ट देखो।

मफिर (सं० क्ली०) जनपदभेद।

मम (सं० पु०) मेरा वा मेरी।

ममक (सं० त्रि०) मदीय, मेरा।

ममकार (सं० पु०) १ किसीकी निजी संपत्ति, अपनी कमाई हुई संपत्ति। (क्ली०) २ हितकर।

ममकृत्य (सं० पु०) ममकार देखो।

ममता (सं० स्त्री०) मम भावे तल्-टाप्। १ 'यह मेरा है' इस प्रकारका भाव, अपनापन। २ मोह, लोभ। ३ अभिमान, गर्व। ४ स्नेह, प्रेम। ५ वह स्नेह जो माताका पुत्रके साथ होता है। ६ उतथ्यकी पत्नी, ऋषि दीर्घतमाकी माता। यह ब्रह्मवादिनी मानी जाती थीं।

ममतायुक्त (सं० त्रि०) ममतया युक्तः। १ कृपण, कंजूस। २ अभिमानी, दिमागी। ३ जिसमें ममता हो।

ममत्व (सं० क्ली०) मम भावे त्व। १ ममता, अपनापन। २ स्नेह। ३ गर्व, अभिमान।

ममरी (हिं० स्त्री०) वनतुलसी, बबई।

ममसत्य (सं० क्ली०) संग्राम, स्वामित्वके लाभके लिये युद्ध।

ममाथ (सं० क्ली०) नामभेद।

ममापताल (सं० पु०) मव्यबन्धने आल (मव्यतेर्यलोपो मश्चापतुट् चालः। उण् ५।५०) इति धातुर्यलोपः मकारश्चान्तस्य आपतुडागमश्च। विषय।

ममिया (हिं० वि०) जो संबंधमें मामाके स्थान पर पड़ता हो, मामाके स्थानका। जैसे—ममिया ससुर, ममिया सास।

ममियाउर (हिं० पु०) ममियौरा देखो।

ममियौरा (हिं० पु० मामाका घर, ममाना।

ममीरा (अ० पु०) आसामके पूर्व पहाड़ी देशोंमें मिलनेवाली हल्दीको जातिके पौधेकी जड़। इसके कई भेद होते हैं। यह आंखके रोगोंको अपूर्व औषध मानी जाती है। कुछ दूसरे पौधोंकी जड़ें भी जो इससे मिलती जुलती होती हैं, ममीरेके नामसे बिकती हैं और उन्हें नकली ममीरा कहते हैं।

मम्मट—संस्कृत अलङ्कारशास्त्रके प्रधान पुस्तक काव्यप्रकाशके कर्त्ता। कोई कोई काव्य-प्रकाशका रचनाकाल १३३५के पूर्व ही बतलाते हैं, क्योंकि १३वीं शताब्दीके माधवाचार्यने सर्वदर्शनसंग्रहमें काव्यप्रकाशका उल्लेख किया है।

परन्तु मम्मटका समय ११वीं शताब्दीका अन्तिम भाग मानना ही उत्तम है। कारण, ये मालवाधीश सिन्धुराजके पुत्र भोजराजसे नवीन और काव्य-

प्रकाशके टीकाकार माणिक्यचन्द्रसे प्राचीन हैं। भोजराजका समय ९वीं शताब्दीका अन्त और १०वींका प्रारम्भ माना गया है। मम्मटने काव्यप्रकाशके दशम उल्लासमें उदात्तालङ्कारके उदाहरणमें—भोजनृपतेस्तत्त्यागलीलायितम्' यह पद उद्धृत किया है जिससे भोजराजसे मम्मट अर्वाचीन सिद्ध होते हैं। माणिक्यचन्द्रसे मम्मटकी प्राचीनताके विषयमें कुछ कहनेकी जरूरत ही नहीं है। क्योंकि इन्होंने काव्यप्रकाशकी सङ्केता नामकी टीका लिखी है। ११६० ई०में माणिक्यचन्द्रने काव्यप्रकाशकी टीका सङ्केता बनाई जिसमें उन्होंने लिखा है—

> "रसवक्त्रग्रहाधीशवत्सरे (१२१६) याति माधवे।
> काव्ये काव्यप्रकाशस्य सङ्केतोऽयं समर्थितः॥"

माणिक्यचन्द्रने अपना समय १२१६ विक्रमी संवत् बतलाया है। इसके अनुसार उनका समय ११६० ई०-सन् होता है।

काव्यप्रकाशकार मम्मटका कुछ विशेष वृत्तान्त नहीं मालूम पड़ता। काव्यप्रकाशकी निदर्शन नामक टीकासे इतना मालूम पड़ता है, कि ये शैवागमानुयायी शैव थे और 'शब्दव्यापार-विचार' नामक ग्रन्थ इन्होंने बनाया है।

मम्मटका जन्म काश्मीरमें हुआ था। जैयट कैयट आदि काश्मीरियोंके नामके सदृश इनका भी नाम मम्मट है। मम्मटने परिकरालङ्कार पर्यन्त काव्यप्रकाश बनाया था। आगेका अंश अल्लटसूरिने पूरा किया।

मम्मभट्ट—सूर्यसिद्धान्त टीकाके प्रणेता।

मम्मी—मिश्रदेश-प्रसिद्ध रक्षित मृत-मनुष्य (Mummy)।

मयंदी (हिं० स्त्री०) लोहेकी छोटी सामी जो गाड़ीमें चक्केकी नाभिके दोनों ओर उस छेदके मुंह पर खोद कर बैठाई जाती है जिसमें धुरेका सिरा रहता है।

मय (सं० पु०) मयते द्रुतं गच्छतीति मय-पचाद्यच्। १ उष्ट्र, ऊंट। २ अश्वतर, खच्चर। ३ अश्व, घोड़ा। ४ चिकित्सक, वैद्य। ५ सुख, आनन्द। ६ देशभेद, एक देशका नाम। ७ एक प्रसिद्ध दानव। जिस प्रकार देवताओंके शिल्पी विश्वकर्मा थे, उसी प्रकार मय दानवोंके मध्य अद्वितीय थे। रामायणके उत्तरकाण्डमें (१२ सर्गमें) लिखा है, कि मय दितिके पुत्र थे। उन्होंने हेमा नामक अप्सराके रूप पर मुग्ध हो कर उससे विवाह किया था। हेमा रूपमें गुणमें शचीके समान थी। उसके गर्भसे मायावी और दुन्दुभि नामक दो पुत्र और मन्दोदरी नामक एक कन्या उत्पन्न हुई। हेमा देवकार्यमें तेरह वर्षके लिये स्वर्ग चली गई थी। इससे मयको भारी विरह दुःख हुआ था। इस दुःखका निवारण करनेके लिये उन्होंने विचित्र निर्माणशक्तिके प्रभावसे हीरक-वैदुर्य-इन्द्रनील-खचित एक स्वर्णमय पुर बनाया और वहीं कुछ काल तक वास किया। कुछ दिन बाद वे उस पुरीसे निकल कर अपनी कन्या मन्दोदरीके साथ जङ्गलको चले गये। वहां रावणके साथ उनकी भेंट हुई। बातचीतमें दोनोंका परिचय खुल गया। मयदानव कन्याका पात्र ढूढ़ते ही थे, अभी रावणको देख कर बड़े प्रसन्न हुए। रावणको ऋषिकुलोत्पन्न जान कर उन्होंने मन्दोदरीको उनके साथ व्याहना चाहा। रावणने यह बात मंजूर कर ली और बनमें अग्निको साक्षी रख कर मन्दोदरीका पाणिग्रहण किया। इस समय यौतुकमें मयने तपोबललब्ध एक अमोघशक्ति रावणको दी थी। इसी शक्तिके आघातसे लक्ष्मण बेहोश हुए थे।

किष्किन्ध्याकाण्ड (५०।५१ सर्ग)-में लिखा है, कि वानरगण जब सीताजीकी खोजमें चारों ओर घूम रहे थे, उस समय उन्होंने दक्षिण दिशामें मयदानव-रक्षित ऋक्ष बिल नामक एक दुर्गम बिल देखा था। इस अपरिचित स्थानमें आ कर वे सबके सब राह भूल गये थे। इस ऋक्षबिलके मध्य मयदानवका शिल्प-निदर्शन स्वर्णरौप्य वैदुर्यादि-निर्मित स्वर्णमय गवाक्ष-शोभित सप्ततल गृह, स्वर्णमय वृक्ष और स्वर्णमय पद्ममत्स्यादि शोभित अपूर्व उपवन था। हेमाकी सहचरी और मेरुसावर्णिकी कन्या स्वयंप्रभा नामक एक तापसी गृहरक्षामें नियुक्त थी। हनूमान जब उस तापसीके पास गये, तब उन्हें मालूम हुआ, कि ये सब मयदानवकी कीर्त्ति है। वे हेमाके साथ यहां पर रहते हैं। हेमाके प्रेममें ही आखिर इन्द्रके वज्राघातसे उनका प्राण-वियोग हुआ।

रामायण, महाभारत और नाना पुराणोंमें मयदानवके असाधारण शिल्प नैपुण्यका हाल दिया है। किष्किन्ध्या

काण्डके ४३वें सर्गमें लिखा है, कि मयदानवने मैनाकगिरिके ऊपर एक अपूर्व नाना मणिरत्न खचित प्रासाद बनाया था। वहां अश्वमुख नारियां रहती थीं।

मयदानवने ही युधिष्ठिरके राजसूय यज्ञकी सभा बनाई थी, जिसे देख कर बड़ों बड़ों की बुद्धि चकरा गई थी, दुर्योधनका क्या कहना, वे तो जल मरे थे।

मयदानवने शिल्पशास्त्र भी प्रकाश किया था। मयशिल्प नामक एक छोटा संस्कृत शिल्प ग्रन्थ मिलता है। बहुतोंका विश्वास है, कि वह मयदानवका ही रचा हुआ है।

(त्रि०) ८ गन्ता, जानेवाला।

मय—१ सूर्यसिद्धान्त-वर्णित एक प्राचीन ज्योतिर्विद। सूर्यसिद्धान्तके मतसे इन्होंने सूर्यसे ज्योतिर्विद्या सीखी थी। कोई कोई इन्हें मिश्रदेशीय प्राचीन ज्योतिर्विद् तलेमी (तुरमय) समझते हैं। किन्तु यह कहां तक विश्वास-योग्य है उसका कोई प्रमाण नहीं मिलता।

२ अमेरिका देशके मेक्सिको नामक देशके प्राचीन अधिवासी। ये किसी समयमें बहुत अधिक उन्नत और सभ्य थे। इनकी सभ्यता भारतवासियोंकी सभ्यतासे बहुत कुछ मिलती जुलती है।

मय (हिं० अव्य०) तद्धितका एक प्रत्यय जो तद्रूप, विकार और प्राचुर्य अर्थमें शब्दोंके साथ लगाया जाता है। जैसे, आनन्दमय।

मयक्षेत्र—दक्षिणापथके अन्तर्गत एक पुण्यस्थान।

मयगल (हिं० पु०) मत्त हाथी, मदमस्त हाथी।

मयग्राम—काश्मीरके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। (राज० ८३ अ०)

मयङ्क (सं० पु०) चन्द्रमा।

मयट (सं० पु०) मय-अटन् (शकादिभ्योऽटन् उण् ४।८१) १ तृणयुक्त हर्म्य, प्रासाद। २ पर्णकुटीर, पर्णशाला।

मयन (सं० पु०) १ मदनवृक्ष, मैनका पेड़। (क्ली०) २ मधुमक्खीका छत्ता।

मयना (हिं० स्त्री०) मैना देखो।

मयमंत (हिं० वि०) मदमत्त, मस्त।

मयमत्त (हिं० वि०) मयमंत देखो।

मयष्टक (सं० पु०) मधुष्टकं पृषोदरादित्वात् साधुः। वनमुद्ग, वनमूंग।

मयस् (सं० क्ली०) सुख, आनन्द।

मयसरस् (सं० क्ली०) मय दानवका बनाया हुआ एक सरोवर।

मयस्कर (सं० त्रि०) मयस्करोतीति कृ-ट। मोक्षसुखकारक।

मयस्सर (अ० वि०) उपलब्ध, प्राप्त।

मया (सं० स्त्री०) मयते गच्छति रोगोऽनया मय-क, स्त्रियां टाप्। १ चिकित्सा। (त्रि०) २ अस्मद् शब्दकी तृतीयाके एक वचनमें मया होता है। इसका अर्थ है मुझसे।

मया (हिं० स्त्री०) १ भ्रमजाल, माया। २ जगत, संसार। ३ जीव और शरीरका सम्बन्ध, जीवन। ४ प्रेम-पाश, प्रेम बंधन। ५ दया, अनुकम्पा।

मयार (हिं० वि०) कृपालु, दयालु।

मयाराम मिश्र—व्यवहारनिर्णयके प्रणेता।

मयारी (हिं० स्त्री०) १ वह डंडा वा धरन जिस पर हिंडोलेकी रस्सी लटकाई जाती है। २ छाजनकी वह धरन जिस पर बहुआके आधार पर बंडेर रहती है।

मयालगुण्डिका—आसामके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम।

मयिवसु (सं० क्ली०) मन्त्रभेद।

मयी (सं० स्त्री०) मय (पुंयोगादिति। पा ४।१।४८) इति ङीष्। मयस्त्री जाति, ऊंटनी।

मयु (सं० पु०) मयङ् गतौ न्यङ्क्वादित्वात्, कु, यद्वा मिनोति सुशब्दं करोतीति मि (भृ-मृशीतृचरित्सरितनिधनिमिमस्जिभ्य उः। उण् १।१७) इति उ। १ किन्नर। २ मृग।

मयुराज (सं० पु०) मयूनां किन्नराणां राजा (राजाहःसखिभ्यष्टच्। पा ५।४।९१) इति टच्। कुवेर।

मयुष्टक (सं० पु०) मयून् मृगान् स्तकति प्रीणयतीति-स्तक-अच षत्वं। वनमुद्ग, वनमूंग।

मयुष्ठ (सं० पु०) मयुष्टक देखो।

मयूक (सं० पु०) मयूर, मोर।

मयूख (सं० पु०) मापयन् गगनं प्रमाणयन् ओखयि गच्छतीति पृषोदरादित्वात् साधुः इत्यमरटीकायां रघुनाथ, यद्वा याति परिमातीव मा (माङ् ऊखो मय च। उण् ५।२५) इति ऊखः मयादेशश्च। १ किरण, रश्मि। २ ज्वाला। ३ दीप्ति, प्रकाश। ४ कलि। ५ पर्वत।

मयूखमाला (सं॰ स्त्री॰) मयूखानां माला । किरणमाला ।

मयूखवत् (सं॰ त्रि॰) मयूख अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः । किरणयुक्त, रश्मिविशिष्ट ।

मयूखादित्य (सं॰ पु॰) आदित्यभेद, सूर्यके एक भेदका नाम ।

मयूखिन् (सं॰ त्रि॰) मयूख अस्त्यर्थे इनि । मयूखविशिष्ट ।

मयूखी (सं॰ स्त्री॰) भारतीय प्राचीन आर्योंके एक अस्त्रका नाम । वैशम्पायनोक्त धनुर्वेद ग्रन्थमें इसकी आकृति और कार्यका विषय लिखा है ।

मयूनगरी—जौनपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन गण्डग्राम ।

मयूर (सं॰ पु॰) मयूरिव रौति शब्दायते इति रा-क, पृषोदरादित्वात् साधुः, अथवा मीनाति हन्ति सर्पानिति मीऊरन् (मीनातेरूरन् । उण् १।६८) १ मोर । पर्याय—वर्हिण, वर्हिन्, नोलकण्ठ, भुजङ्गभुज्, शिखावल, शिखिन्, केकिन्, मेघनादानुलासिन्, प्रचलकिन्, चन्द्रकिन्, सितापाङ्ग, ध्वजिन्, मेघानन्दिन्, कलापिन, शिखण्डिन्, चित्रपिच्छक, भुजङ्गभोगिन्, मेघनादानुलासक ।

"यदा तु जानकीपतिर्भुजेन खण्डित धनु-
स्तदा नगाः प्रकम्पिताः सुमेरु मन्दरादयः ।
भयाद्भवात्मजोऽभवद्भवाङ्कयुक् सवाहन-
स्तदा मयूरमस्तके जगर्ज्ज पन्नगः स्वयम् ॥" (उद्भट)

मयूर सब पक्षियोंमें सुन्दर पक्षी है । यह प्रायः चार फुट लम्बा होता है । इसकी लम्बी गरदन और छातीका रंग बहुत हो गहरा और चमकीला नीला होता है । नरके सिर पर बहुत ही सुन्दर कलगी या चोटी होती है । पंख छोटे, पूंछ लम्बी और बहुत सुन्दर होती है । नर जिस समय प्रसन्न होता है, उस समय अपनी पूंछके पर खड़े करके मंडलाकार फैला देता है, जिससे यह बहुत ही सुन्दर जान पड़ता है । इसका स्वभाव है, कि बादलोंकी गरज सुन कर यह बहुत प्रसन्न होता और कूकता है । पूंछके परों पर बहुत सुन्दर गोल दाग या चित्तियां होती हैं, जिनका रंग नोला होता है और जिन पर सुन्दर सुनहरा मंडल होता है । इन्हें चन्द्रिका कहते हैं । अनेक चटकीले रंगका जैसा सुन्दर मेल इसमें होता है, वैसा और किसी पक्षीमें नहीं होता ।

मयूरके पंख वा पर कब और क्यों इस प्रकार रंगविरंगके रंगोंसे रंगे गये, इसका हाल वाल्मीकि रामायणके उत्तरकाण्डमें इस प्रकार लिखा है,—

दुर्द्दान्त रावण ब्रह्मासे वर पा कर पृथ्वी परके सभी व्यक्तियोंको तृणके समान समझने लगा । धीरे धीरे उसने अपमान, तिरस्कार, लाञ्छना, यहां तक कि उनका ध्वंस करना भी शुरू कर दिया । देवगण डरके मारे सदैव सशङ्कित रहने लगे । इसी समय राजा मरुत्तका यज्ञ आरम्भ हुआ । यज्ञमें सभी देवताओंको निमन्त्रण गया था । यथासमय वे हृष्टचित्तसे अपना अपना यज्ञभाग लेनेके लिये वहां उपस्थित हुए । बृहस्पतिके भाई ब्रह्मर्षि सम्वर्त्त यज्ञके होता बने । महाधूमधामसे यज्ञ आरम्भ हुआ ; इसी समय रावण पुष्पकविमान पर आता दिखाई दिया । हर्ष गया—विषाद आया । देवता लोग डर गये । उन्होंने रावणके हाथसे वचनेके लिये तिर्य्यग् देशमें प्रवेश किया ।

जिन्होंने तिर्य्यग्देह धारण की थी उनमेंसे इन्द्र मयूर, धर्मराज वायस, कुवेर कृकलाश और वरुण हंस हुए थे । इस प्रकार सबोंने देहपरिवर्त्तन करके रावणके हाथसे रक्षा पाई थी । रावणके चले जाने पर देवगण पुनः अपने अपने स्वरूपमें आ गये । अनन्तर जिन्होंने जिस पक्षीका शरीर धारण किया था उन्होंने उसके प्रति प्रसन्न हो कर एक एक वर प्रदान किया । इन वरदाताओंमेंसे इन्द्रने मयूरको वर दिया था । इन्द्रके वरसे मयूरके शरीरमें हजारों चित्रित नेत्र हो गये । सांपका भय बिलकुल जाता रहा । इन्द्रसे वारिबुंद पा कर वे प्रसन्न चित्तसे कूकने लगे । उनका गला पहलेसे ही नील वर्णोंमें रंगा था । अभी इन्द्रके वरसे और भी गहरे रंगविरंगके रंगोंमें रंग गया जिससे शोभा पहलेसे कहां बढ़ चढ़ गई ।*

"दृष्टा देवास्तु तद्रक्षो वरदानेन दुर्ज्जयम् ।
तिर्य्यग्योनिं समाविष्टास्तस्य धर्षणभीरवः ॥
इन्द्रो मयूरः सम्वृत्तो धर्मराजस्तु वायसः ।
कृकलासो धनाध्यक्षो हंसश्च वरुणोऽभवत् ॥
हर्षात्तदाब्रवीदिन्द्रो मयूरं नीलवर्हिणम् ।
प्रीतोऽस्मि तव धर्म्मज्ञ भुजगाद्धि न ते भयम् ॥
इदं नेत्रसहस्रन्तु यत्ताद्वर्हे भविष्यति ।
वर्षमाणे मयि मुदं प्राप्स्यसे प्रीतिलक्षणां ॥"
(रामायण उ॰ १८ स॰)

प्राणितत्त्वविदोंने मयूरको पावोनिनी (Pavoninae) नामक पक्षीकी श्रेणीमें शामिल किया है। उक्त श्रेणीके पक्षियोंकी चोंच बहुत कड़ी और उसका अगला भाग टेढ़ा होता है। गण्डस्थलमें अन्यान्य अवयवोंकी अपेक्षा कम पर होते हैं, मस्तक परोंसे ढका रहता है। पंखमें जितने पर हैं उनमेंसे केवल छः ही बड़े हैं। पूँछमें १८ पर हैं जो सबसे लम्बे और बड़े बड़े हैं। मादाकी अपेक्षा नरकी पूँछ लंबी होती है।

उल्लिखित पक्षिश्रेणीके मध्य केवल दो प्रकारके मयूर वर्णन करने योग्य हैं, पहला साधारण मयूर और दूसरा जापानी मयूर।

पहली जातिके मयूरके मस्तक पर २४ पर रहते हैं। पूँछके पर सभी समान नहीं होते, ऊपरवाले सबसे छोटे होते हैं। मयूर इच्छापूर्वक अपनी पूँछको चक्राकार बना सकता है। इस समय सूर्यकी किरण उस पर पड़नेसे शोभा ऐसी अपूर्व हो जाती है, कि वर्णन नहीं कर सकते। नरकी पूँछ उतनी चमकीली और लंबी नहीं होती।

भारतके उत्तरांशमें असंख्य मयूर देखनेमें आते हैं। ये सभी आसानीसे पोस मानते हैं। बहुत-से देवालयमें पालित मयूर देखनेमें आते हैं।

वाफुनसाहब तथा अन्यान्य पण्डितोंके मतसे आलेकसन्दरके समय मयूर भारतवर्षसे ग्रीस राज्यमें लाया गया। पीछे वहांसे यूरोपमें इसका प्रचार हुआ। किसी किसी ऐतिहासिक पण्डितने विश्वस्त प्रमाणको दिखलाते हुए यह स्थिर किया है, कि पेरिक्लिससे पहले ग्रीसमें मयूर लाया गया था।

दूसरी श्रेणीका मयूर (*P.* Japonensis) नीलापन लिये सब्ज होता है। शरीर पर सूर्यकी किरण पड़नेसे वह रंग खूब गहरा दिखाई देता है, तथा किरणके तारतम्यानुसार एक रंग दूसरे रंगमें परिवर्त्तित होते देखा जाता है।

इन दोनों जातिके मयूरोंका आकार और गठन एक-सा होता है। किन्तु दूसरी श्रेणीके मयूरकी चोटी पहलीसे दूनी लंबी होती है तथा चोटीके पर तमाम एक-से रहते हैं। गण्डदेशमें आंखें और कानके समीप पर नहीं होते। गले और वक्षःस्थलके पर छोटे और गोल हैं। इसके परोंका रंग गहरा नीला होता है। पूँछके पर साधारणतः धूसर वर्ण हैं, किन्तु सूर्यकी किरण पड़नेसे सब्ज हो जाते हैं। पूँछका अगला भाग बहुत लंबा और रेशमकी तरह चिकना होता है। उसके ऊपर सुन्दर आंख हैं। इनकी चोंच चमकीली सफेद तथा साधारण मयूरकी चोंचसे लंबी और पतली होती है।

अलावा इसके और भी कितने प्रकारके मयूर देखनेमें आते हैं। 'जावामयूर' नामक एक प्रकारका मयूर है जो मयल-उपद्वीपमें पाया जाता है। ये देखनेमें बड़े सुन्दर जान पड़ते हैं। इनका वर्ण साधारण मयूरके वर्णसे पृथक् है तथा शिखरमें भी बहुत अन्तर है।

'आसामी मयूर' (P. Assamicus) आसाम, मलका, ब्रह्मदेश और भारतीय अन्तरीपोंमें पाये जाते हैं। इनका रंग साधारण मयूरके रंगसे बहुत सब्ज और सुनहरा होता है, किन्तु नीला कुछ कम है।

'जापानी मयूर' नामक एक और प्रकारका मयूर है जिसका गला काला होता है। जापानी मयूर इसका नाम होने पर भी यह जापानमें नहीं मिलता। कोचीन चीनके जंगलोंमें अधिक संख्यामें देखा जाता है।

राजपूत-राजाओंमें मयूराकृति कौलीन्यपदसूचक चिह्न अनेक समय व्यवहृत होता है। मयूर हिन्दू देवता कार्त्तिकका वाहन है, इसीसे इसको पवित्र पक्षी मानते हैं। केवल इसी देशमें नहीं, यूरोपमें भी मयूरका आदर है।

राजपूत लोग अपनी पगड़ीमें चन्द्रिकाको खोंस कर उसकी शोभा बढ़ाते हैं। विलायतमें धर्मयोद्धा भी अपनी टोपीके ऊपर मयूरका पर धारण करते हैं। भारतवासी अशिक्षित लोगोंका विश्वास है, कि मयूरकी पूँछमें ऐन्द्रजालिक क्षमता है, इसी कारण जादूगर अनेक समय एक गुच्छा मयूरकी पूँछ हाथमें ले कर घूमते हैं। विशेषतः जैन-संन्यासिगण मयूरके परको अक्सर काममें लाते हैं।

पुराणमें कई जगह मयूरके सम्बन्धमें उपाख्यान देखनेमें आते हैं। कहते हैं, कि एक दिन शिव अपनी

सहधर्मिणी भगवतीको खुश करनेके लिये सुन्दर नाच करते थे। नन्दी जो उनका भृत्य था, मृदङ्ग बजाता था। गजानन और कार्त्तिकेय मयूर पर बैठे तमाशा देखते थे। विषधर सर्प शिवके गलेमें लिपट कर मस्तक पर शोभता था। उसी समय घन घटा घिर आई। मयूर मेघको देख कर बहुत प्रसन्न हुआ और मृदङ्गकी ध्वनिको मेघकी गरज समझ कर जोरसे कूकने लगा। वह शब्द सुन कर मयूरका चिर-शत्रु शिवके गलेका सांप बहुत डर गया और भागनेकी कोशिश करने लगा। निकटमें गणेशकी सूंड़ देख कर वह डरके मारे उसीमें घुस गया। हाथीके ललाट पर बैठी हुई मदगन्धाकृष्ट मधुमक्षिका भी डरसे उड़ गई।

दिल्लीके सम्राट् शाहजहान्‌का मयूरासन इतिहासमें बहुत प्रसिद्ध है। वह मयूराकृति-आसन इस प्रकार बना था, कि कोई भी उसे देख कर कृत्रिम मयूर नहीं कह सकता था। माणिक्य जो पूंछ पर शोभता था उससे तो वह हूबहू स्वभाविक मयूर-सा जान पड़ता था। टावरनियर नामक किसी जौहरीने लिखा है, कि उक्त मयूरासन बनानेमें ६ करोड़ रुपये खर्च हुए थे। किन्तु नादिरनामाके ग्रन्थकर्त्ता दो करोड़ और स्काटसाहब एक करोड़ रुपये बतलाते हैं।

मयूरका मांस खानेसे दैहिक बहुत उपकार होता है। इसमें श्रोत्र, नेत्र, अग्नि, मेधा, वर्ण, स्वर और स्नायुका हितकर, बलकर, उष्ण, वातघ्न तथा शुक्र और मांसवर्द्धक माना गया है। हेमन्त, शिशिर अथवा वसन्तमें इसका मांस खानेसे बहुत फायदा है। वर्षा, शरत् अथवा ग्रीष्ममें मयूरमांस नहीं खाना चाहिये। क्योंकि, इस समय मयूर विष खाता है, इस कारण मांस गरम रहता है, खानेसे भारी अनिष्ट होता है।

"मयूरः श्रोत्रनेत्राग्निमेधावर्णस्वरायुषाम्।
हिते वल्यो गुरुश्चोष्णो वातघ्नः शुक्रमांसदः॥
हेमन्तकाले शिशिरे वसन्ते सेव्यं हि मायूरमुशन्ति मांसम्।
उष्णो हि वर्हीं विषभोजनैश्च
वर्षाशरद्ग्रीष्ममुखेष्व पथ्यः।" (राजनिघण्ट)

राजवल्लभमें लिखा है, कि मयूरके मांसको यदि रेंड़ीके तेलमें भून कर खाया जाय, तो वह विषके समान काम करता है।

२ मयूरशिखा नामक क्षुप। पर्याय खराश्वा, कारवी, दीप, लोचमस्तक, अपामार्ग। ३ एक असुरका नाम।

"मयूर इति विख्यातः श्रीमान् यस्तु महासुरः।"
(महाभारत)

४ मार्कण्डेयपुराणानुसार सुमेरु पर्वतके उत्तर एक पर्वतका नाम।

मयूर—एक प्रसिद्ध कवि। ये मयूरभट्ट नामसे प्रसिद्ध थे। मानतुङ्गाचार्य-प्रणीत भक्तामराख्य टीका और मेरुतुङ्ग-प्रणीत प्रबन्धचिन्तामणि ग्रन्थ पढ़नेसे मालूम होता है, कि ये प्रसिद्ध कवि वाणभट्टके श्वशुर और उज्जयिनीपति वृद्ध भोजराजके सभासद् थे। प्रबन्धचिन्तामणिमें इन्हें वाणभट्टका साला बतलाया है। वाणभट्ट और मयूरभट्ट दोनों ही समसामयिक कवि थे, शार्ङ्गधरपद्धति और प्रसिद्ध कविराजशेखर पढ़नेसे यह मालूम होता है। लिखा भी है—

"अहो प्रभावो वाग्देव्या यन्मातङ्गदिवाकरः।
श्रीहर्षस्याभवत् सभ्यः समो वाणमयूरयोः॥"

प्रवाद है, कि मयूरभट्टने कुष्ठरोगग्रस्त हो कर सूर्यकी आराधनाके लिये सूर्यशतक नामक स्तोत्र ग्रन्थ लिखा। पीछे सूर्यकी कृपासे वे रोगमुक्त हुए। मयूरभट्ट-प्रणीत सूर्यशतकका अन्तिम श्लोक यह है:—

"श्लोकाः श्लोकस्य भूत्यै शतमिति रचिताः श्रीमयूरेणभक्त्या।
युक्तश्चेतान् पठेद् यः सकृदपि पुरुषः सर्व्वपापैर्विमुक्तः॥
आरोग्यं सत्कवित्वं मतिमतुलवलं कान्तिमायुः प्रकर्षं।
विद्यामैश्वर्यमर्थं सुखमपि लभते सोऽत्र सूर्यप्रसादात्॥"

२ पदचन्द्रिका नामक अभिधानके प्रणेता।

मयूरक (सं॰ क्ली॰) मयूर ग्रीवेव प्रतिकृतिरिति मयूर (इवे प्रतिकृतौ। पा ५।३।९६) इति कन् अस्य मयूरकण्ठ-कान्ति तुल्यद्युतित्वात् तथात्वं। १ अञ्जनविशेष, तूतिया। पर्याय—तुत्थाञ्जन, शिखिग्रीव, वितुन्नक। २ अपामार्ग, चिचड़ा। ३ मयूर, मोर। ४ मयूरशिखा नामक क्षुप। ५ गन्धक। ६ विषभेद।

मयूरकाष्ठ (सं॰ स्त्री॰) अम्बष्ठा, पाढ़ा।

मयूरकेतु (सं॰ पु॰) स्कन्दगुप्त।

मयूरगति (सं॰ स्त्री॰) छन्दोभेद। इसके प्रत्येक चरणमें

२४ अक्षर रहते हैं। इनमेंसे १, ४, ७, १०, १३, १६, २३, २३ और २४वां वर्ण लघु तथा शेष वर्ण गुरु होते हैं।

मयूरग्रीवक (सं० क्ली०) मयूरस्य ग्रीवायाः कन्धरस्य वर्ण इव वर्णो यस्य, वहुव्रीहौ कन्, ह्रस्वश्च। तुत्थ, तूतिया।

मयूरचटक (सं० पु०) मयूर इव चटकः। गृहकुक्कुट, मुर्गा।

मयूरचूड़ (सं० क्ली०) मयूरस्यैव चूड़ा अग्रभागो यस्य। स्थौणेयक नामक गन्धद्रव्य, थुनेर।

मयूरचूड़ा (सं० क्ली०) मयूरस्य चूड़ेव चूड़ा शिखा यस्याः। मयूरशिखा नामक क्षुप।

मयूरजङ्घ (सं० पु०) मयूरस्य जङ्घेव जङ्घ यस्य। श्योनाक, सोनापाठा।

मयूरतुत्थ (सं० क्ली०) मयूर इव तुत्थं, मयूरवर्णत्वादस्य तथात्वं। तुत्थ, तूतिया।

मयूरध्वज—पुराणवर्णित एक प्राचीन हिन्दू-राजा। रत्नपुरमें इनकी राजधानी थी। एक समय इन्होंने नर्मदाके किनारे एक महायज्ञका अनुष्ठान किया। ये जितक्रोधी जितकाम, असूयाविहीन और शूर थे। देवद्विजमें इनकी प्रगाढ़ भक्ति थी। यज्ञमें दीक्षित हो कर इन्होंने अपने पुत्र ताम्रध्वजको अश्वरक्षामें नियुक्त किया।

इधर हस्तिनापुरमें राजा युधिष्ठिरने अश्वमेधका आयोजन करके अपने यज्ञिय घोड़ेको छोड़ा। महावीर अर्जुन श्रीकृष्णकी सहायता पा कर घोड़ेके पीछे पीछे चले। मयूरभञ्जके लड़के ताम्रध्वजने उस घोड़ेको रोक रक्खा। अब दोनों दलमें घमसान युद्ध चलने लगा। युद्धमें पाण्डव-सेनाको हार हुई। ताम्रध्वज नारायणको मूर्च्छित देख कर दोनों घोड़ोंको यज्ञमण्डपमें ले गये। पुत्रके मुखसे युद्धसंवाद सुन कर मयूरध्वजने श्रीकृष्ण द्वेषी पुत्रका यथेष्ट तिरस्कार किया।

चतुरचूड़ामणि श्रीकृष्णने धनञ्जयके कार्योद्धारके लिये स्वयं वृद्ध ब्राह्मणका रूप धारण किया और पार्थको बालक-शिष्यरूपमें अपने साथ लिये यज्ञ दीक्षित राजा और रानीके सामने उपस्थित हो उन्हें आशीर्वाद दिया। राजा मयूरध्वज प्रणाम करनेसे पहले ब्राह्मणका स्वस्तिवाचन सुन कर कुछ क्षुब्ध हो रहे। पीछे उनके चरणोंमें गिर कर आनेका कारण पूछा।

ब्राह्मणने कहा, "एक कालरूपी सिंह मेरे पुत्रको ले भागा है। यदि आप उसे अपना आधा शरीर न्योछावर कर दें, तो वह मेरे पुत्रको छोड़ सकता है।" यह सुन कर राजा अपना आधा शरीर काट डालनेको तैयार हो गये। राजाकी आज्ञासे रानी कुमुद्वती और पुत्र ताम्रध्वज भी करपत्र ले कर राजाका शिर काटनेको प्रस्तुत हुए। इसी समय राजाके वाम नेत्रसे आंसू टपक पड़ा। यह देख कर ब्राह्मणरूपी श्रीकृष्णने उनका मनःक्लेशप्रदत्त शरीर लेना नहीं चाहा और रोनेका कारण पूछा। उत्तरमें राजाने कहा, 'ब्रह्मन्! मैं द्विखण्ड होनेकी यन्त्रणासे नहीं रोता हूं। मेरा दाहिना अङ्ग तो ब्राह्मणकार्यमें जा रहा है, केवल वायां अङ्ग रह जाता है जिससे उस अङ्गको भारी दुःख है। इसीसे केवल बाएं नेत्रसे ही आंसू टपक रहा है।' राजाके ऐसे वचनको सुन कर भगवान् वासुदेव बड़े प्रसन्न हुए और अपना रूप दिखा कर राजाका आलिङ्गन किया। पीछे उन्होंने स्त्री-पुत्रके साथ यज्ञ करनेका हुकुम दिया और कहा, 'तुम राजा युधिष्ठिरके इस घोड़ेको भी रखो और यथासमय दोनों घोड़ोंकी आहुति दे कर चिरस्थायिना कीर्त्ति स्थापन करो।

भगवान्को अपने सामने देख कर राजा मयूरध्वज भक्तिपूर्वक उनकी स्तुति करने लगे। भक्तकी आराधनासे तुष्ट हो भगवान्ने राजाके प्रार्थनानुसार उन्हींके यज्ञमें उपस्थित रह कर यज्ञ सम्पन्न कराया। अनन्तर अर्जुन तीन रात राजाके यहां ठहरे। पीछे राजा मयूरध्वज अर्जुनको आलिङ्गन कर उनके अश्वपालनमें नियुक्त हुए।

मयूरध्वज—युक्तप्रदेशके बिजनौर जिलान्तर्गत दुर्गरक्षित एक प्राचीन नगर। अभी यह मुनावर जुर वा मोरध्वज नामसे मशहूर है। प्रवाद है, कि पाण्डवोंके समसामयिक रतनपुरराज मयूरध्वजने ही इस नगरको बसाया। फिर बहुतोंका यह भी अनुमान है, कि सैयद सलार मसाउद गाजीके जैन-शत्रु मयूरध्वज ही इस दुर्गके प्रतिष्ठाता थे। यदि यह ठीक हो तो दुर्गका निर्माणकाल १०वीं शताब्दीका प्रारम्भ हो लिया जा सकता है। अभी

दुर्गकी अवस्था बड़ी ही शोचनीय है। अधिकांश स्थान टूट फूट गया है। पूर्वभागके ठीक बीचमें 'शेरगढ़ वा सिंहगढ़'का जो ध्वंसावशेष है वह एक प्राचीन बौद्ध-स्तूप सरीखा मालूम होता है। इस स्थानकी प्रतिमूर्त्ति और शिल्पकार्य्ययुक्त प्रस्तरावली ले कर नजीवाबाद और पथरगढ़के देवमन्दिरादि बनाये गये हैं।

मयूरनृत्य (सं० पु०) एक प्रकारका नाच जिसमें थिरकन अधिक होती है।

मयूरपदक (सं० क्ली०) मयूरस्येव पदकं स्थानं। नखाघात, नखक्षत।

मयूरपन्त—केकावलीके प्रणेता एक महाराष्ट्र कवि।

मयूरपुच्छ (सं० पु०) १ मयूरकी पूँछ, चन्द्रिका। २ माहेश्वर धूप।

मयूरपुर—मदुराके समीप एक शैल। यहां कार्त्तिकेयने एक दानवको मार कर उसे मयूर बना दिया था। वही मयूर पीछे उनका वाहन हुआ। यहां कार्त्तिकेयका पवित्र तीर्थ अवस्थित है। मयूरपुरमाहात्म्यमें इस देवतीर्थका विशेष विवरण आया है। (शिवपुराण)

मयूरभञ्ज—उड़िष्याके अन्तर्गत एक देशीय सामन्त राज्य। यह अक्षा० २१° १७′ से २२° ३४′ उ० तथा देशा० ८५° ४०′ से ८७° १०′ पू०के मध्य विस्तृत है। उड़िष्या भरमें यह सबसे बड़ा राज्य है। भूपरिमाण ४२४३ वर्गमील है। इसके उत्तरमें सिंहभूम, मानभूम और मेदनीपुर जिला; पूर्वमें मिदनापुर और बालेश्वर जिला; दक्षिणमें पुरी जिला और नीलगिरि सामन्तराज्य तथा पश्चिममें केउञ्झर सामन्त राज्य हैं।

यहां प्राकृतिक सौन्दर्यका अभाव नहीं है। कहीं तो शस्यपूर्ण श्यामल धरित्री, कहीं नीलिममयी विस्तीर्ण बनराजि, कहीं जलमय सुन्दर उपत्यकाप्रदेश, कहीं हरिद्वर्ण तृणक्षेत्र विराजित हैं। एतद्भिन्न दक्षिणमें मेघाशिनी पर्वतमाला अपना सर उठाये प्राकृतिक दृश्योंका चरमोत्कर्ष दिखला रही है। इन सब निविड़ बनमाला और पर्वतवक्ष पर मदमत्त हाथी स्वेच्छासे विचरण करते हैं। उन सब हाथियोंका शिकार किया जाता है।

मयूरभञ्ज समान्तराज्य प्रधानतः तीन भागोंमें विभक्त है,—१ असल मयूरभञ्ज, २ उपेर बाघ और ३ बामनघाटी। शेषोक्त दो स्थान पहले बृटिशसरकारकी देखरेखमें थे, किन्तु अभी सामन्तराजके दखलमें आ गये हैं। बारिपदा और दासपुर नामक ग्राम इसके प्रधान सदर हैं।

इस राजवंशका प्राचीन इतिहास नहीं मिलता। किस समय मयूरभञ्ज-राजने यहां आ कर राजपाट बसाया, ठीक ठीक मालूम नहीं। पहले छोटानागपुर, उड़िष्याका करद महल और मध्यप्रदेशका कुछ अंश जंगलसे आवृत था और तो क्या, इस मयूरभञ्ज राज्यका भी अधिकांश स्थान वन्यजातिके निभृत निकेतनोंसे पर्यवसित था। उस समय भी यहां सभ्यताका आलोक विकशित नहीं हुआ था। मुसलमान राजाओंकी अमलदारीमें मयूरभञ्ज और उसके आसपासका जङ्गलभाग 'झारखण्ड' और मयूरभञ्जके राजा 'झारखण्ड-के-वत्स' कहलाते थे।

यहां पहले भञ्ज, पुराण, बाथुरी, भूंइया और जुअङ्ग, आदि जातिका वास था। प्रवाद है, कि एक समय उन असभ्य जातियोंके किसी सरदारने इस वन्यभूमिमें अपना आधिपत्य फैलाया था।

भाटके मुखसे (किसीके मतसे २ हजार और किसीके मतसे १३ सौ वर्ष पहले) सुना जाता है, कि राजपूतानेके जयपुर-राजसम्पर्कीय जयसिंह नामक एक केचुआवंशीय राजपूत तीर्थयात्राकी मनशासे पुरीधाम आये। स्वराज्य लौटते समय वे मयूरभञ्ज और केउञ्झरमें सामन्तराज्य स्थापन कर गये। उनके आदिसिंह और ज्योतिःसिंह नामक दो पुत्र थे। दोनों युवराज उक्त दोनों राज्योंके अधिपति-पद पर अभिषिक्त हुए। वैतरनी नदीके दोनों किनारे आदिपुर और ज्योतिपुरमें उनका राजपाट स्थापित हुआ। आज भी वे दोनों नगर विद्यमान हैं। आदिपुरके चारों बगल आज भी सैकड़ों ध्वंसावशिष्ट देवमन्दिर, नाना कारुकार्य युक्त प्रतिमूर्त्ति, प्रस्तरखण्ड और ताला आदि पूर्ववर्त्ती राजाओंकी कीर्त्ति घोषणा करता है। स्थानीय राजकुलदेवी कीचकेश्वरीका भग्नमन्दिर आज भी विद्यमान है। कहते हैं, कि यह महाभारतोक्त कीचककी इष्टदेवी थी।

जनसाधारणका विश्वास है, कि जब हिन्दूधर्मद्वेषी

कालापहाड़ उड़ीसामें घुसा, तब उसने आदिपुरकी प्राचीन कीर्त्तियोंको तहस नहस कर डाला था।

स्थानीय आदिम अधिवासियोंकी मनस्तृप्तिके लिये इस राजवंशकी स्वतन्त्र उत्पत्ति कथा कल्पित हुई है। प्रवाद है, कि यह राजवंश मयूरका अंडा फोड़ कर (भञ्जनकर) उसके कुसुमसे उत्पन्न हुआ था, इस कारण इस वंशका मयूरभञ्ज नाम पड़ा। मयूर इस राजवंशका कुल चिह्न है। पहले यहां कोई भी मयूर हत्या नहीं करने पाता था। यदि कोई मयूरभञ्जराज्यमें मयूरका वध करता, तो उसे उचित दण्ड मिलता था। बहुतेरे इसी किंवदन्ती पर विश्वास करके मयूरभञ्ज नामकी कल्पना करते हैं। फिर किसी किसीका कहना है, कि आदिम भञ्जजातिका वास होनेके कारण यह स्थान पहले, 'भञ्ज भूमि' कहलाता था। अनार्य भञ्जसरदारोंका प्रभाव खर्व (भञ्ज) कर जब आर्यजातिने यहां अपनी गोटी जमाई, तब विजेता सुसभ्य आर्योंने इस स्थानका मयूरभञ्ज नाम रखा। फिर किसीका यह भी कहना है, कि मयूरभञ्ज नामक किसी भञ्जसरदारकी पराजय होनेसे यह स्थान मयूरभञ्ज कहलाया।

वर्त्तमान मयूरभञ्ज-राजवंश भञ्जजातिके गोष्ठीपति हैं। केउञ्झर, बोदा, दशपल्ला, कणिका और घूमसर आदि सामन्तराजवंश अपनेको इसी मयूरभञ्जराजवंशसे उत्पन्न बतलाते हैं। मयूरभञ्जराजवंशकी प्राचीन कीर्त्तिका उल्लेख नहीं मिलता। पूर्वतनराजाओंका कीर्त्तिकलाप चाहे कराल कालके कवलमें पतित हुआ है चाहे वह संस्कारसम्पन्न हो कर किसी दूसरेके नामसे विघोषित होता है। राजकीय इतिहासका नहीं रहना ही इसका एकमात्र कारण है। १५७२ ई०में महाराज वैद्यनाथभञ्जदेवने वारिपदामें जगन्नाथका मन्दिर बनवाया था। मुसलमानोंने जब उड़ीसा पर चढ़ाई की, उस समय मयूरभञ्ज राजाने राजघाटमें रह कर उनका मुकाबला किया तथा उनका एक भी मनोरथ पूरा नहीं होने दिया। यहां तक कि, एक भी मुसलमान सुवर्णरेखा पार कर कटक नगरीमें घुसने नहीं पाया था। मुसलमानोंको विमुख और छत्रभङ्ग हुए देख वे लौटे। इसी समय मुसलमानोंने पीछेसे उन पर चढ़ाई कर दी और राज्य लूट लिया। यहां तक कि मुसलमानोंके अत्याचारसे आत्मरक्षा करनेके लिये उन्हें नाना स्थानोंमें छिप कर रहना पड़ा था।

मरहठोंके आक्रमणकालमें भी मयूरभञ्जराजको बड़ी मुसीबतें झेलनी पड़ी थी। लुण्ठनप्रिय महाराष्ट्र-जातिसे उत्पीड़ित हो राजा दामोदरभञ्जदेव और उनके पितृ-पितामहगण हरिहरपुरको छोड़ भागे थे। उन्होंने विभिन्न गिरिदुर्गोंमें जा कर आत्मरक्षा की थी। अन्तमें १८०३ ई०को महाराष्ट्र-सरदारके साथ भञ्जराजका मेल हो गया। तभीसे ले कर बृटिश-अधिकार पर्यन्त वे मरहठोंके अधीन रहे थे। १८२९ ई०में राजा यदुनाथभञ्जके साथ बृटिश-सरकारकी सन्धि स्थापित हुई। तदनुसार राजा अङ्गरेजोंको यथायोग्य राजभक्ति दिखलाते हुए उनकी अधीनता स्वीकार करनेको बाध्य हुए। १८६३ ई०में यदुनाथकी मृत्युके बाद राजा श्रीनाथभञ्जदेवने १८६८ ई० तक राज्यशासन किया। पीछे राजा कृष्णचन्द्र भञ्जदेवके १८८२ ई०में परलोक सिधारने पर उनके बारह वर्षके लड़के श्रीरामचन्द्र भञ्जदेव मयूरभञ्जके राजसिंहासन पर बैठे। राजा कृष्णचन्द्र भञ्जने अपनी वदान्यता और उच्च अन्तःकरणके लिये अङ्गरेजोंसे 'महाराजा' की उपाधि पाई थी।

राजा श्रीरामचन्द्रका वारिपदामें जन्म हुआ था। कटकके राभेनसा विद्यालयमें उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर १८९२ ई०में कोर्ट आव वार्डसे राज्यभार अपने हाथ लिया। बृटिश-सरकारके अनुकरण पर वे एक व्यवस्थापक सभा ले कर राजकार्य चलाते थे। राज्यकी अभी जो उन्नति देखी जाती है, वह उन्होंके परिश्रमका फल है। उन्होंने प्रसिद्ध भूतत्त्वविद् डा. पि. एन. वसुको मयूरभञ्जका तथा प्राच्यविद्या महार्णव नगेन्द्रनाथ वसुको स्थानीय प्रत्नतत्त्वका उद्धार करनेमें नियुक्त किया था। डा. पि. एन. वसुकी गवेषणासे मयूरभञ्जके गुरुमैशनी पहाड़ पर एक बड़ी लोहेकी खान आविष्कृत हुई है। उसी लोहेकी खान ले कर सुप्रसिद्ध ताता कम्पनी जमशेदपुरका विशाल लोहेका कारखाना चलता है। प्राच्यविद्या महार्णवके अनुसन्धान फलसे आज मयूरभञ्जकी अद्वितीय

कीर्त्तिका समस्त सभ्य जगत्‌के प्रत्येक पुराविद्‌के निकट आदर है।* महाराज श्रीरामचन्द्रभञ्ज जैसे विद्वान, बुद्धिमान्, स्वदेशानुरागी और नाना शास्त्रविद् केवल मयूरभञ्जमें ही नहीं, सारे उत्कल प्रदेशमें भी कोई नजर नहीं आते। प्रायः वारह वर्ष हुए जब वे शिकार खेलने जंगल गये थे, वहीं पर किसी आत्मीयने इन्हें गोलीसे घायल किया जिससे कुछ मासके बाद वे पञ्चत्वको प्राप्त हुए। आप उत्कलके सामन्त राजाओंमें सर्वप्रधान थे।

श्रीरामचन्द्रभञ्जकी मृत्युके बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्णचन्द्रभञ्ज राजसिंहासन पर अभिषिक्त हुए। वे भी पिता सरीखे विनयी, राज्यके उन्नतिकामी और सरल प्रकृतिके थे। १९२८ ई०के मई मासमें बम्बई शहरमें जो देशीय राजाओंका सम्मेलन हुआ था उसमें आप भी शामिल थे। यहीं पर तीन दिनके भीतर आपकी अकस्मात् मृत्यु हो गई। पीछे उनके छोटे भाई मयूरभञ्जके सिंहासन पर सुशोभित हुए। अभी ये ही वर्त्तमान सामन्त हैं। राज्यकी आय दश लाख रुपयेके लगभग है जिनमेंसे १०६७ रु० १० आ० ६ पा० वृटिश सरकारको करमें देने पड़ते हैं।

१९०३ ई०की १ली और २री जनवरीको भारत प्रतिनिधि लार्ड कर्जन द्वारा दिल्लीमें सम्राट् ७म एडवर्डकी राजगद्दीके उपलक्षमें जो दरवार लगा था, उसमें मयूरभञ्जराज वङ्गीय सामन्तराजाओंके मध्य विशेष रूपसे सम्मानित और महाराजोपाधिसे भूषित हुए हैं।

मयूरभञ्जके राजवंश।

१	महाराज	जयसिंह		
२		आदिभञ्जदेव		
३	महाराज	नीलाम्बर	भञ्जदेव	
४	„	लक्ष्णाग्रज	„	
५	„	विश्वेश्वर	„	
६	„	भरत	„	
७	„	दिलीपेश्वर	„	
८	„	वामदेव	„	
९	महाराज	वसुदेव	भञ्जदेव	
१०	„	किशोरि	„	
११	„	नारायण	„	
१२	„	नीलकण्ठ	„	
१३	„	वीरकेशरी	„	
१४	„	कपिलेश्वर	„	
१५	„	त्रिलोचन	„	
१६	„	दाशरथि	„	
१७	„	श्रीकृष्ण	„	
१८	„	गदाधर	„	
१९	„	अरण्येश्वर	„	
२०	„	गोपीनाथ	„	
२१	„	राधाकृष्ण	„	
२२	„	पृथ्वीनाथ	„	
२३	„	वैकुण्ठनाथ	„	
२४	„	वीरेश्वर	„	
२५	„	रामचन्द्र	„	
२६	„	वलभद्र	„	१४२३-६४
२७	„	हरिकृष्ण	„	१४६४-९१
२८	„	नीलकान्त	„	१४९२-१५२०
२९	„	शान्ति	„	१५२०-५९
३०	„	वैद्यनाथ	„	१५५९-१६००
३१	„	जगन्नाथ	„	१६००-४३
३२	„	हरिहर	„	१६४३-८८
३३	„	सर्वेश्वर	„	१६८८-१७११
३४	„	विक्रमादित्य	„	१७११-२८
३५	„	रघुनाथ	„	१७२८-५०
३६	„	चक्रधर	„	१७५०-६१
३७	„	दामोदर	„	१७६१-९५
३८	„	सुमित्रदेव	„	१७९६-१८१०
३९	„	यमुनादेव	„	१८१०-१३
४०	„	त्रिविक्रम	„	१८१३-२८
४१	„	यदुनाथ	„	१८२८-६३
४२	„	श्रीनाथ	„	१८६३-६८
४३	„	कृष्णचन्द्र	„	१८६८-८२
४४	„	श्रीरामचन्द्र	„	१८८२-१९१२
४५	महाराज	पूर्णचन्द्र	भञ्जदेव	१९१२-१९२८

---

* *Vide Mayura bhange Archaeological survey* Reports, Vol. 1 by N. N. *Vasu.*

मयूरभञ्जकी उत्पत्ति कथा और राजवंशकी तालिका मयूरभञ्जराजसे जैसी पाई गई है, ठीक वैसी ही यहां पर उद्धृत की गईः किन्तु भञ्जराजाओंके जो चार प्राचीन ताम्रशासन मिले हैं, उनमें मयूरभञ्जकी उत्पत्ति-कथा और राजवंशकी तालिका कुछ और तरहसे लिखी है। १२वीं सदीमें उत्कीर्ण राजा रणभञ्जदेव और उनके लड़के राजभञ्जदेवके ताम्रशासनमें लिखा है।

“आसीत कोट्टाश्रममहातपोवनाधिष्ठाने मायुराण्डं भित्वा शूलदण्डवीरभद्राख्यः प्रतिपक्षनिधनदक्षो वशिष्ठमुनिपालितो नृपति।”

अर्थात् कोटि-आश्रम नामक श्रेष्ठ तपोवन-प्रदेशमें शूलधारी, शत्रुसंहारमें दक्ष, विशिष्ठमुनिपालित राजा वीरभद्र मयूरके अंडेको छेद कर निकले थे।

उक्त विवरणसे मालूम होता है, कि वीरभद्र ही भञ्जवंशके आदि राजा हैं। मयूरके अंडेको भञ्जन करनेके कारण वीरभद्रका राज्य मयूरभञ्ज कहलाया। वीरभद्र कोट्याश्रममें राजा हुए, इसलिये उनके वंशधर कोट्यभञ्ज नामसे प्रसिद्ध हुए थे। कोट्यभञ्जके पुत्र दिग्भञ्ज, दिगभञ्जके रणभञ्जदेव और रणभञ्जदेवके पुत्र राजभञ्जदेव थे। इस वंशके नेत्रभञ्जदेवके ताम्रशासनसे ज्ञात होता है, कि उनके पिताका नाम रणभञ्ज देव था। इसके अतिरिक्त भञ्जवंशीय राजा विद्याधरभञ्जके ताम्रशासनमें शिलोभञ्जदेवको उनका पिता, दिवभञ्जको पितामह और रणभञ्जदेवको प्रपितामह बतलाया है। ये सभी प्रसिद्ध राजा थें और बहुतों शासन दान कर गये हैं। आश्चर्यका विषय है, कि इन सब राजाओंमेंसे किसीका भी नाम तालिकामें नहीं मिलता।

मयूररथ (सं० पु०) कार्त्तिकेय, स्कन्द।

मयूररोमन् (सं० त्रि०) मयूरस्य रोम इव रोमो यस्य। मयूरके रोम सदृश रोमसदृश रोमयुक्त।

मयूरवर्मन्—१ कादम्बवंशीय एक राजा। कनाड़ा उपकूलवर्त्ती जयन्ती वा वनवासी नगरीमें इनकी राजधानी थी। कदम्ब वृक्ष पर देवादिदेव महादेवके शरीरसे जो पसीना टपका था उसीसे राजाका जन्म हुआ। इसी जनरवका अनुसरण कर उनके वंशधरगण कादम्ब कहलाये।

२ उक्त वंशीय राजा चन्द्रवर्माके पुत्र। बलभीपुरमें इनका जन्म हुआ था। इन्होंने उत्तरभारतके पञ्चगौड़से कुछ ब्राह्मणोंको ला कर दाक्षिणात्यमें बसा दिया था। इन्हींके यत्नसे वासरगोदि, वकुर, मद्दलूर और कड़व नगर स्थापित हुए। इन्होंने प्रत्येक नगरमें एक एक ब्राह्मणको ग्रामपति बनाया था। कादम्बवंश देखो।

मयूरवाहन (सं० पु०) १ कार्त्तिकेय। २ कल्पकारिकासारक प्रणेता।

मयूरविदला (सं० स्त्री०) अम्बष्ठा, मोइया।

मयूरव्यंसक (सं० पु०) १ धूर्त्त मयूर। मयूरो व्यसकः इति निपातनात् समासः। २ पाणिनीय समास प्रकरणोक्त निपातनिष्पन्न शब्दभेद।

मयूरशर्मन् (सं० पु०) कविभेद। बहुतेरे इन्हें मयूरभट्ट समझते हैं।

मयूरशिखा (सं० स्त्री०) मयूरस्य शिखेव शिखा अग्रं यस्याः। स्वनामख्यात क्षुपविशेष। संस्कृत पर्याय—बर्हिचूड़ा, शिखिनी, शिखालू, सुशिखा, शिखा, शिखावला, कोकशिखा। गुण—स्वादु, मूत्रकृच्छ्र और बालग्रहादिदोषनाशक तथा वशीकरणमें प्रशस्त।

मयूरशेप्य (सं० पु०) मयूरवर्ण शेपयुक्त, इन्द्रके दो घोड़े।

मयूरसारिणी (सं० स्त्री०) तेरह अक्षरोंके एक छन्दका नाम। इसके प्रत्येक पदमें रगण, जगण फिर रगण और अन्तमें गुरु होता है।

मयूरसारी (सं० त्रि०) १ मयूरके समान जो अपनी पूँछ फैलाता है। २ गर्वित, अहंकारी।

मयूरस्थल (सं० पु०) ब्रह्माण्ड पुराणानुसार एक तीर्थका नाम।

मयूरा (सं० स्त्री०) १ कृष्ण तुलसी। २ अजमोदा।

मयूराक्षक—राजा विश्ववर्माके मन्त्री। यह अनेक देवमन्दिर बनवा गये हैं।

मयूराक्षी—बिहार और उड़ीसाके वीरभूम जिलान्तर्गत सिउढ़ी नगरसे उत्तरमें प्रवाहित एक नदी। यह वैद्यनाथतीर्थके पूर्ववर्त्ती सन्थाल परगनेके तिउर नामक

पर्वतसे निकल कर इरिपुरके समीप वीरभूम जिलेमें प्रवेश करती है। यहां यह नदी मयूर वा काना नामसे भी प्रसिद्ध है।

मयूराद्यघृत (सं• क्लो०) घृतौषधविशेष। प्रस्तुत प्रणाली—घृत ४ सेर, काढ़ेके लिये दशमूल प्रत्येक ३ पल तथा विजबंद, रास्ना, यष्टिमधु और तरुण मयूर-मांस ३ पल (किसी किसीके मतसे एक तरुण मयूरका कुल मांस)। मयूरके पंख, पित्त, आंत, विकृत, पैर और मुंह इनको छोड़ कर बांकी सब मांस लेना चाहिये। पाकार्थ जल ६४ सेर, शेष १६ सेर, दूध ४ सेर। कल्कार्थ जोवल, ऋषभक, मेद, महामेद, कंकोल, क्षीर कंकोल, जोवन्ती, यष्टिमधु, मूंग, कलाय और जीवनीय-गणोक्त दश प्रकारका द्रव्य प्रत्येक दो तोला। अनन्तर घृतपाकके विधानानुसार इस घृतका पाक करना होगा। इसके सेवनसे शिरोरोग और अर्दित आदि व्याधि दूर होती है।

दूसरा प्रकार—घृत १६ सेर, क्वाथके लिये तरुण मयूर-मांस १२॥ सेर, जल ६४ सेर, शेष १६ सेर, विजबंद १२॥ सेर, जल ६४ सेर, शेष १६ सेर, दूध २४ सेर। कल्कार्थ प्रपौण्डरीक, जोवक, ऋषभक, मेद, महामेद, कंकोल, क्षीरकंकोल, जोवन्ती, यष्टिमधु, मूंग, कलाय कुल मिला कर ४ सेर। घृत-पाकके विधानुसार इस घृतका पाक करना होगा। इसका सेवन करनेसे शिरोरोग, नेत्ररोग, अपस्मार, विषदोष, श्वास, कास और विषमज्वर आदि विनष्ट होते हैं। सिरके दर्दमें तो यह राम-वाण हैं। (भैषज्यरत्ना० शिरोरोगाधि०)

मयूरारि (सं० पु०) ज्येष्ठी, छिपकली।

मयूरालासक (सं० पु०) प्रावृत्काल, वर्षाऋतु।

मयूरासन (सं० पु०) १ आसनभेद। २ मुगल बादशाह शाहजहान्‌का बनाया हुआ प्रसिद्ध मयूराकार सिंहासन। वह हीरे, मणि-मुक्ता और सोनेसे जड़ा हुआ था। संसारमें वैसा सिंहासन आज तक न किसीने देखा है और न सुना है। अङ्गरेजी-इतिहासमें वह "*Peacock* Throne" नामसे मशहूर है। पारस्यराज नादिरशाह जब दिल्लीको लूटने आये तब अन्यान्य रत्नादिके साथ इसे भी साथ ले गये। इसका मूल्य लगभग ६ करोड़ रुपया था।

मयूरिका (सं० स्त्री०) मयूरवद् वर्णोऽस्त्यस्याः मयूर-ठन्-टाप्। १ अम्बष्ठा, मोइया। २ विषाक्त कीटभेद, एक प्रकारका विषैला कीड़ा।

मयूरिकाबन्ध (सं० पु०) रतिबंधभेद।

मयूरी (सं० स्त्री०) मयूर-स्त्रियां ङोष्। १ मयूर-स्त्रोजाति। २ अजमोदा।

मयूरेश (सं० पु०) कार्त्तिकेय। गणेशपुराणमें मयुरेशका विवरण आया है।

मयूरेश्वर—वीरभूम जिलान्तर्गत एक गण्डग्राम। यह अक्षा० २३°५६′५″ उ० तथा देशा० ८७° ४८′ २०″ पू०के मध्य मुर्शिदाबादसे सिउढ़ी आनेके रास्ते पर अवस्थित है। यहां रेशमके सूतोंका बड़ा कारखाना है।

मयूरेश्वर (सं० क्लो०) लिङ्गभेद।

मयेश्वर (सं० पु०) मयदानवका एक नाम।

मयोभय (सं० पु०) शिव।

मयोभव (सं० त्रि०) संसारसुखप्रद।

मयोभू (सं० त्रि०) यज्ञके फलसे उत्पन्न।

मरंद (हि० पु०) मकरन्द।

मरदकोश (हि० पु०) १ मकरन्द कोश, फूलका वह भाग जिसमें 'सुधा' वा रस रहता है। २ मधुमक्खियोंका छत्ता।

मर (सं० पु०) १ मृत्यु, मरण। २ जगत्, संसार। ३ पृथिवी। ४ विष।

मरक (सं० पु०) म्रियन्ते जना यस्मात् मृ अपादाने अप् ततः स्वार्थे संज्ञायां वा कन् यद्वा मृ भावे अप्, मरो मरणमिति शब्देन कायति शब्दायते इति कै-क। १ वह रोग जिसमें थोड़े ही कालमें अनेक मनुष्य ग्रस्त हो कर मरते हैं, महामारी, हैजा। पर्याय—मारी, मारक। (जटाधर) २ मृत्यु, मरण। ३ मार्कण्डेयपुराणानुसार एक जातिका नाम। ४ दैवव्यसन। ज्योतिस्तत्त्वमें लिखा है—

"यावन्मार्त्तण्डसूनुर्गवि धनुषि झसे मन्मथे वास्तिनाय्यां।
तावद् भित्तपीड़ा भवति च मरकं संशयं यान्ति लोकाः॥
हाहाकार तथोर्वी मनुजभयकरी फेरुरावैश्च भीमैः।
शून्यग्रामा भवेयुर्नरपतिरहिता भूरिकङ्कालमाला॥

वक्रं करोति रविजो धरणीसुतो वा मूलत्रिहस्तमघरेवतिमैत्रभेषु ।
छत्रोपभङ्गपतनानि च सैनिकानां सर्वत्र लोकमरणं जलधौतदेशः ॥
मांसास्थीनि समादाय श्मशानाद् गृध्रवायसः ।
श्वा शृगालोऽथवा मध्ये पुरस्य प्रविशन्ति चेत् ॥
विकरन्ति गृहादौ च श्मशानं सा मही भवेत् ।
चौरैर्वा हन्यते लोकः परचक्रसमागतः ॥" (ज्योतिस्तत्त्व)

जिस समय सूर्यपुत्र वृष, धनु, मीन और मिथुन राशिमें रहते हैं, उस समय दुर्भिक्ष और मरक होता है। पृथिवीके चारों ओर हाहाकार मच जाता है, शृगाल भयानक शब्द करते हैं, नगर और ग्राम उजाड़-सा दीखत है, राजाकी मृत्यु होती है और चारों ओर केवल कङ्काल माला दिखाई देती है। रविपुत्र वा मङ्गल यदि मूला, हस्ता, मघा, रेवती और मैत्रगणोक्त नक्षत्रमें वक्री हों, तो मरक होता है। गीध, कौवे, गीदड़ और कुत्ते श्मशानसे मांस वा हड्डी ले कर नगरमें घूसते हों, तो जानना चाहिये, कि वहां अवश्य मरक अर्थात् महामारी-का प्रकोप होगा।

भगवती दुर्गादेवी जिस वर्ष दोला पर आती हैं उस वर्षमें मरक होता है।

"नौकायां शस्यवृद्धिः स्यात् दोलायां मरकं भवेत् ।"
(ज्योतिस्तत्त्व)

जहां मरक उपस्थित होता है उस स्थानका अवश्य त्याग करना चाहिये। जिससे मरकका भय न रहे उसके लिये शान्ति करना आवश्यक है। देवीमहात्म्यपाठ, वटुकभैरवस्तवपाठ, तुलसी द्वारा विष्णुपूजन आदिसे इसकी शान्ति होती है*। इसके अतिरिक्त महामारी उपस्थित होने पर रक्षाकालीपूजा, नगरकीर्त्तन आदिका अनुष्ठान भी देखा जाता है। मारी और महामारी देखो।

५ प्राचीन जातिविशेष।

"दार्वादा मरकाश्चैव कुरटाश्चान्नदारकाः ।
एकपादाः खशा घोषाः स्वर्गभौमानवद्यकाः ॥"
(मार्कण्डेयपु० ५८।५१)

मरक (हिं० स्त्री०) १ दबा कर संकेत करना, इशारा २ मड़क देखो।

मरकट (हिं० पु०) मर्कट देखो।

मरकत् (सं० क्ली०) मरकात् मारिभयात् तरन्त्यनेन तन्त, यद्वा मरकं मरणं तणोतीति लोभान्मरणमनादृत्य तस्मिन् रत्ने प्रवर्त्तते इति मरकतं, अमरटीकायां भरतः। हरिद्वर्ण मणिविशेष, पन्ना (Emerald)। संस्कृत पर्याय—गारुत्मत, अश्मगर्भ, हरिन्मणि, मरक्त, राजनील, गरुड़ाङ्कित, रौहिणेय, सौपर्ण, गरुडोद्गीर्ण, बुधरत्न, अश्मगर्भज, गरलारि, वापवोल, गारुड़। गुण—विषघ्न, अशीतल, रसमें मधुर, आम और पित्तनाशक, रुचिकर, पुष्टिप्रद, भूतनाशक।

"स्वच्छञ्च गुरु स्वच्छायं स्निग्धं गात्रञ्च मार्दवसमेतम् ।
अव्यङ्गं बहुरङ्गं शृङ्गरीमरकतं शुभं विभृयात् ॥
शर्करिलकपिलरुक्षं मलिनं लघु हीनकान्तिकल्मषं ।
त्रासयुतं विकृताङ्गं मरकतममरोऽपि नापभुञ्जीत ॥" (राजनि०)

जो मरतक स्वच्छ अर्थात् सुनिर्मल, वजनमें भारी, छायायुक्त, स्निग्धगात्र, अतीक्ष्णकान्ति, अव्यङ्ग, अङ्गहीन नहीं फिर भी सुगठन और शृङ्गारगुणवर्द्धक है उसका धारण करनेसे शुभ होता है। शर्करिल अर्थात् कंकरीला, कलिल अर्थात् मिश्रित, रुक्ष, अस्निग्ध, मलिन, वजनमें हलका, हीनकान्ति, कल्माषवर्ण, त्रास दोषयुक्त, विकृताङ्ग आदि लक्षणयुक्त मरकत अशुभ है। देवताओंको भी ऐसा मरकत नहीं धारण करना चाहिये। इस मणिके अधिष्ठात्री देवता बुध हैं। बुधग्रह यदि विरूप हो, तो इस रत्नका धारण करनेसे शुभ होता है। इसका लक्षण—

"शुकपक्षनिभः स्निग्धः कान्तिमान् विमलस्तथा ।
स्वर्णचूर्णनिभैः सूक्ष्मैर्मरक्तश्चैव विन्दुभिः ॥"
(अग्निपु०)

मरक्त अर्थात् मरकत मणिका वर्ण सुग्गेके पंखके जैसा, स्निग्ध, लावण्ययुक्त और सुनिर्मल होता है। इसके भीतर ऐसा जान पड़ता है मानो बहुत बारीक सोनेकी चूर्ण भरा हो।

"इन्द्रायुधःसगर्भेन हरितेन समप्रभम् ।
कीरपक्षसमच्छायं गरुड़ोरः समुद्भवम् ॥
श्लक्ष्णं मकरतं कान्तं नालिकाग्रदलप्रभम् ॥" (मानसोल्लास)

---

* "उपसर्गानशेषांस्तु महामारीसमुद्भवान् ।
तथा त्रिविधमुत्पातं माहात्मं शमयेन्मम ॥" (चण्डी)

इन्द्रधनुके गर्भस्थ हरिद्वर्णके जैसा वर्ण, नीलकण्ठ वा मयूर पक्षीकी तरह कान्तिविशिष्ट, मनोहर और कमनीय कान्ति, इस प्रकारकी मणि गरुड़के वक्षसे निकली थी। यह मणि नलिका नामक तृणके अग्रभागके समान सूक्ष्म और चमकीली होती है। गरुड़पुराणके ७१वें अध्यायमें इस मणिकी उत्पत्ति, आकार, छाया, दोष, परीक्षा और मूल्यादिका विषय लिखा है।

विस्तृत विवरण पन्ना शब्दमें देखो।

मरकतपत्री (सं० स्त्री०) मरकतमिव पत्रं यस्याः ङीष्, तद्वर्णसादृश्यादेवास्यास्तथात्वं। पाची नामक पत्रशाक। (राजनि०)

मरकतमय (सं० वि०) जिसमें पन्ना हो।

मरकताल (हिं० पु०) समुद्रको तरंगोंकी उतारकी सबसे अन्तिम अवस्था। यह अमावास्या और पूर्णिमासे दो चार दिन पहले होती हैं।

मरकना (हिं० क्रि०) १ दब कर मरमराना, दबावके नीचे पड़ कर टूटना। २ मुड़कना देखो।

मरकहा (हिं० वि०) सींगसे मारनेवाला, जो पशु सींगसे बहुत मारता हो।

मरकाना (हिं० क्रि० १ दबा कर चूर करना, इतना दबाना कि मरमराहटका शब्द उत्पन्न हो। २ मुड़काना देखो।

मरकान्तार—एक प्राचीन नगर। (अयोध्या माहात्म्य)

मरकूम (अ० वि०) लिखित, लिखा हुआ।

मरकोटी (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी मिठाई।

मरक्त (सं० क्लो०) मरकत पृषोदरादित्वात् साधुः। मरकतमणि।

मरखन्ना (हिं० वि०) सींगसे मारनेवाला, मरकहा।

मरखम (हिं० पु०) वह खूंटा जो कातरिमें गाड़ा रहता है।

मरखोरा—युक्तप्रदेशके ललितपुर जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। यह यामिनी नदीके किनारे अवस्थित है।

मरगी (हिं० स्त्री०) फैलनेवाला रोग, मरक।

मरगोल (अ० पु०) स्वरः कंपन, गानेमें ली जानेवाली गिटकिरी।

मरग्राम—वीरभूम जिलेके रामपुरहाटके अन्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २४° ८' ४५'' उ० तथा देशा० ८७° ५३' ३०'' पू०के मध्य अवस्थित है। नगर हो कर द्वारका नदी वहती है। यहां रेशम काफी उपजता है और रेशमकी धोती तथा साड़ी प्रस्तुत हो कर मुर्शिदावाद भेजी जाती है।

मरघट (हिं० पु०) १ श्मशानघाट, मुर्दोंके जलानेकी जगह। (वि०) २ जो सदा उदास रहता हो, मनहूस। ३ वहुत ही कुरूप और विकराल आकृतिका, चेष्टाहीन।

मरङ्गवरु—हजारीवाग जिलेका एक पहाड़। यह अक्षा० २३° ३२' ४५'' उ० तथा देशा० ८५° २६' २५'' पू० हजारीवाग और लोहरडंगा जिलेके सीमान्तदेशमें अवस्थित है। यह पर्वत दामोदर नदीकी उपत्यकासे २४०० फुट और समुद्रपृष्ठसे ३४४५ फुट ऊंचा है।

मरचोवा (हिं० पु०) एक प्रकारकी तरकारी। इस तरकारीका व्यवहार यूरोपमें अधिकतासे होता है।

मरज़ (अ० पु०) १ बीमारी, रोग। २ खराव आदत, बुरी लत।

मरजाद (हिं० स्त्री०) १ सीमा, हद। २ रीति, परिपाटी। ३ प्रतिष्ठा, आदर।

मरजादा (हिं० स्त्री०) मर्यादा देखो।

मरजिया (हिं० वि०) १ मर कर जीनेवाला, जो मरनेसे बचा हो। २ अधमरा। ३ मृतप्राय ४ जो प्राण देने पर उतारू हो, मरनेवाला।

मरजी (अ० स्त्री०) १ इच्छा, कामना. २ आज्ञा, स्वीकृति। ३ प्रसन्नता, खुशी।

मरजीवा (हिं० पु०) मरजिया देखो।

मरण (सं० क्लो०) म्रियतेऽनेनेति मृ-करणे ल्युट्। १ वत्सनाभ नामक विष। (राजनि०) भावे ल्युट्। २ विजातीय आत्ममनका संयोगध्वंस, मृत्यु, मौत। पर्याय—पञ्चत्व, कालधर्म, दृष्टान्त, प्रलय, अत्यय, अन्त, नाश, मृत्यु, निधन, भूमिलाभ, निपात, आत्यीयिक, मृति, कीर्त्तिशेष, महानिद्रा, महापथगम, संस्थान। (जटाधर)

मरणका विषय दर्शनशास्त्रमें इस तरह लिखा है,—आत्मा अजर और अमर है, शास्त्रसिद्धान्त-वाक्यसे किसीका मत पार्थक्य नहीं। यह यदि ठीक है, तो प्रश्न होता है कि तब मरता कौन है? इस प्रश्नका हल हो जानेसे जन्म, जीवन और मरण—इन तीनोंकी मीमांसा

हो जाती है। शास्त्रका कहना है, कि 'नायं हन्ति न हन्यते' आत्मा किसीको भी नहीं मारती और स्वयं भी नहीं मरती। क्योंकि मरण नामसे कोई पदार्थ नहीं है। जिस घटनाको हम लोग मृत्यु और मरणके नामसे पुकारते हैं उसके प्रति जरा गौर कर विचारनेसे सहज ही समझमें आ जायगा, कि मरण क्या है? कितने ही खरपात, लकड़ी, रस्सी आदि अवयवोंसे एक 'घर' तथा जल, वायु और मिट्टीसे एक दूसरा अवयवी 'घट' बनाया गया। अब क्षिति, जल और बीजके एकत्र होनेसे अंकुर निकला। इससे जन्मकी सूचना की गई। क्योंकि घरका जन्म पहले नहीं था। खरपात, लकड़ी, रस्सी आदिके मेलसे उसकी उत्पत्ति या विकाश हुआ, ऐसा कह सकते हैं। अब मरण क्या है? इसके उत्तरमें इतना ही कहना पर्याप्त होगा, कि उन सब पदार्थोंका जब स्वजातीय संयोगके बाद विजातीय ध्वंस आ जाता है, तब उसीको मरण कहते हैं। हम लोग खरपात, लकड़ी आदिसे घर तथा जल, वायु और मिट्टीसे घड़ा बनाते हैं। क्षिति, जल और बीज जब इकट्ठा होता है तब बीज अंकुरता है, उससे शाखा पल्लवादि निकलते है। अब हम लोग कहते हैं, कि वृक्ष उत्पन्न हुआ है। कुछ दिन बाद जब उन सब अवयवोंका जिनसे उक्त अवयवी बने हैं, संयोग ध्वंस हो जाता है, तब क्या हम लोग यह नहीं कहते, कि घर गिर गया है, वृक्ष मर गया है, इत्यादि? अब सोचो, कैसी घटना पर तुमने भग्न, ध्वंस और मरण शब्दका व्यवहार किया है। इस मरणादि शब्दका प्रयोग किया गया है, सिर्फ अवयवकी शिथिलता, विकार अथवा संयोगध्वंस पर। अब इस विषयको यदि निर्जीव पदार्थसे उठा कर सजीव पदार्थमें ला कर विचार करें, तो जीवन्तपदार्थका मरण क्या है, सो मालूम हो जायगा। जन्म, मरण और कुछ भी नहीं है, सिवाय इसके कि अपूर्व संयोगभाव जन्म तथा उसका वियोगभाव मरण है। 'मृत्युरत्यन्तविस्मृतिः' मरण और आत्यन्तिक विस्मरण दोनों एक हैं। जिस कारणकूटने जीवको देहपिञ्जरमें आवद्ध रखा था उस कारणकूट वा संयोगविशेषके विनष्ट होनेसे अत्यन्त विस्मरण वा महाविस्मरण नामक मरण होता है।

मरण होने पर देहादिमें अन्य प्रकारका विकार उपस्थित होता है। अतएव अवयवोंके अपूर्व संयोगका नाम जन्म और उनके वियोगका नाम मरण है। इसीसे सांख्याचार्योंने भी कहा है "अपूर्वदेहेन्द्रियादिसंघातविशेषेण संयोगश्च वियोगश्च" अर्थात् मरण सावयव वस्तुका ही होता है, निरवयवका नहीं। निरवयवके अवयव नहीं है; इसलिये मरण भी नहीं है। आत्मा निरवयव है, इस कारण आत्माका मरण नहीं है। जो इन्द्रिय नितान्त सूक्ष्म और निरवयव है उसका भी मरण नहीं है।

आत्मा मरती नहीं, इन्द्रिय भी नहीं मरती, यह सिद्धान्त यदि सत्य हो, तो अमुक व्यक्ति मरा है, मैं मरूंगा, मैं मरा, ऐसा न कह कर देह मरी है देह मरेगी, ऐसा कहना ही तो उचित था! तब फिर लोग ऐसा क्यों नहीं कहते? इसका कारण यह है, कि मनुष्य इस दृश्यमान संघातके अर्थात् देह, इन्द्रिय, प्राण, मन इन सबके सम्मिलन भावका विनाश देख कर ही मरण शब्दका प्रयोग करते हैं। किन्तु प्राणसंयोगका ध्वंस ही उक्त शब्दका प्रधान लक्ष्य है। प्राणव्यापारके निवृत्त हुए बिना दूसरोंका सम्बन्ध निवृत्त नहीं होता। 'जीवन' 'मरण' इन दोनोंका धातव अर्थ लगानेसे भी कथित अर्थ प्रतीत होता है। जीवधातुसे जीवन और मृ धातुसे मरणका बोध होता है। जीव धातुका अर्थ प्राणधारण और मृ धातुका अर्थ प्राणपरित्याग है। इससे यह जाना गया, कि प्राण जब तक देहेन्द्रियादिसंघातमें सम्मिलित रहता है तब ही तक उसका जीवन और विच्छेद होनेसे ही मरण है। अतएव यह कहना होगा कि मरणमें आत्माका विनाश नहीं होता, केवल देहके साथ उसका विच्छेद होता है। जन्ममें भी नूतन आत्माका प्रवेश नहीं होता, सिर्फ नूतन शरीर उत्पन्न होता है। मैं मरा वा वह मरा इन सब शब्दोंका अर्थ औपचारिक है। आत्माका अध्यास रहनेसे ही देहादिसंघात अहंप्रत्ययगम्य होता है। यही कारण है, कि उस प्रकारके औपचारिक शब्दका प्रयोग किया जाता है। किन्तु प्राणसंयोगका ध्वंस यथार्थ मरण है।

जीव जन्म ले कर नाना प्रकारके कार्योंमें लिप्त रहता है, उसके मनमें तरह तरहकी भावनायें रहती हैं। उन सबोंका संस्कार सूक्ष्मशरीरमें धीरे धीरे उत्पन्न

होता है। जरा अवस्था पहुंच गई, यानी फटे पुराने कपड़े या सांपके केंचुल त्यागनेकी तरह जराजीर्णदेहका परिवर्त्तन आवश्यक है। आयु नहीं है, मरणकाल आ पहुंचे, यानी जो वाह्य वायु अब तक शारीरवायुको बचाये हुए थी, जो वाह्य तेज दैहिक तापको समान रखता आ रहा था, वह वायु और वह तेज अभी शारीरवायु और शारीरतेजके प्रतिकूल है। इसी कारण अभी खाये हुए पदार्थका यथायथ पाक और रसरक्तादिको उत्पत्ति और सञ्चरण रुक गया है। ऐसी अवस्था देख कर हम लोग कहते हैं, मुमूर्षु काल पहुंच गया। शारीर और वाह्यतेज दोनोंका सम्पर्क ज्यों ही विच्छिन्न हुआ, त्योंही अङ्ग प्रत्यङ्ग शिथिल पड़ गया। इस समय मुख्य प्राण अपनी वृत्तिको समेट लेते और बलवत् वेग धारण करते हैं। श्वास जोरसे चलने लगता और आंख कान आदि इन्द्रियां अपने अपने स्थानको छोड़ कर प्राणमें मिलती हैं। अब मुख्य प्राण इन्द्रियमय सूक्ष्म शरीरको सिकुड़ा लेते और अपने स्थान नाभिका त्याग कर कण्ठमें आ जाते है। इस स्थानमें रह कर वे चित्तको खींचते हैं। चित्त भी स्थानच्युत हो कर प्राणमें मिलता है। इसी समय मुख्य प्राण अपनी उद्गमनवृत्तिका अवलम्बन कर चैतन्याधिष्ठित सूक्ष्म शरीरके साथ बाहर निकल जाते हैं और षाट्कौशिक वा स्थूल शरीर पड़ा रहता है। इसीका नाम मरण वा मृत्यु है।

आंख, कान, नाक, मुंह, नाभि, मलद्वार, पेशावका द्वार, पैरकी वृद्धांगुलि, यही सब स्थान प्राण निकलनेके द्वार हैं। जिस अंग हो कर प्राण निकलता है, वह अंग कुछ और किस्मका हो जाता है। आंख हो कर निकलनेसे आंख शिथिल पड़ जाती, मुंह हो कर निकलनेसे मुंह खुला रहता, लिङ्ग हो कर निकलनेसे लिङ्गका छेद बड़ा हो जाता है। यदि प्राणवायु ऊपरवाले छेदसे निकले तो उत्तम जन्म और यदि नीचेवाले छेदसे निकले, तो भविष्यमें अधम जन्म होगा, ऐसा जानना चाहिये। ऊपरके छेदोंमें ब्रह्मरन्ध्र श्रेष्ठ और नीचेके छेदोंमें पादांगुलि सबसे अधम है। ब्रह्मरन्ध्र हो कर प्राण निकलनेसे ब्रह्मलोककी और पादांगुलि हो कर निकलनेसे नरककी प्राप्ति होती है। शिरश्छेद और वज्रपतनादि द्वारा हठात् मृत्यु होनेसे भी ऊपर कहे गये नियमोंका प्रतिपालन होता है।

मरणकालमें स्थूलदेह पड़ी रहती है, किन्तु उस देहका अर्जित संस्कार सूक्ष्मशरीरके अवलम्बन पर रह जाता है, व्यर्थ नष्ट नहीं होता। यही कारण है, कि मृत्युके बाद उस देहके अर्जित ज्ञानकर्म अर्थात् धर्माधर्मादि उसकी अभिनव अवस्थाको उत्थापित किये रहते हैं। मृत्युयन्त्रणा उस देहकी परिचित सभी वस्तुओंको भुला देती है तथा भविष्यद्देह और भविष्यद् देहके भोग्य तथा भोगसम्बन्धी भावनाको ज्ञानमें पर्यवसित करती है। जितने प्रकारकी यन्त्रणा हैं उनमें मरण यन्त्रणा सबसे भयानक है। जिस प्रकार किसी उत्कट रोग अथवा मूर्च्छादि दुरन्त अवस्थाका भोग होनेसे पूर्वसञ्चित ज्ञान रहने नहीं पाता तथा पूर्वाभ्यस्तविषय भूला जाता है उसी प्रकार मृत्यु-यन्त्रणा भी मुमूर्षुके विद्यमान सभी भावोंको विस्मृतिसागरमें डुबो कर नई नई भावनाओंको उत्पादन करता है।

जीवने जीवन पर्यन्त जो सब काम किये हैं, जैसा ध्यान किया है, जिस भावमें रह कर समय बिताया है, मृत्युके समय उसीके समान एक नया परिवर्त्तन, एक नई भावना उपस्थित होती है। इसका नाम भावनामय शरीर है। मृत्युसे कुछ पहले जिसे जैसा शरीर है, ठीक वैसा ही उसका भावनामय शरीर होगा। यह भावनामय शरीर स्वाप्न-शरीरके अनुरूप है। कारण, भावनामय शरीरमें जीव जब आश्रय लेता है, तब यह स्थूलदेह पड़ी रहती है। ऐसी ही अवस्थाका नाम मरण है।

इस भावनामय देहको कोई कोई आतिवाहिक देह कहते हैं। यह आतिवाहिक देह बहुत अल्पकालस्थायी है। मरणकालीन दुःखका विषय विष्णुपुराणमें इस प्रकार लिखा है—

"मरणे यानि दुःखानि प्राप्नोति शृणु तान्यपि ।
श्लथग्रीवाङ्घ्रिहस्तोऽथ व्याप्तो वेपथुना नरः ॥
मुहुर्ग्लानिपरवशो मुहुर्ज्ञानबलान्वितः ।
हिरण्यधान्यतनयभार्याभृत्यगृहादिषु ॥

एते कथं भविष्यन्तीत्यतीव ममताकुलः ।
मर्मभिद्भिर्महारोगैः क्रकचैरिव दारुणैः ॥
शरैरिवान्तकस्योग्रैश्छिद्यमानास्थिबन्धनः ।
विवर्त्तमानताराक्षिहस्तपादं मुहुः क्षिपन् ॥
संशुष्यमाणताल्वोष्ठपुटो घुरघुरायते ।
निरुद्धकण्ठो दोषौघैरुदानश्वासपीड़ितः ॥
तापेन महता व्याप्तस्तृषाचार्त्तस्तथा क्षुधा ।
क्लेशादुत्क्रान्तिमाप्नोति याम्यकिङ्करपीड़ितः ॥
ततश्च यातनादेहं क्लेशेन प्रतिपद्यते ।
एतान्यन्यानि चोग्राणि दुःखानि मरणे नृणाम् ॥"
(विष्णुपुराण ६।५ अ०)

जीव मृत्युकालमें निम्नोक्त प्रकारका दुःख अनुभव करता है। गला, घुटना और हाथ टूट जाता, शरीर कांपने लगता, बार बार मूर्च्छा आती तथा कभी कभी अल्प ज्ञानका भी संचार होता है। इस समय मेरा यह ऐश्वर्य, धनधान्य, पुत्रभार्या, भृत्य, गृह आदि मेरे अभावमें किस प्रकार रहेंगे, ऐसी ममतासे जीव आकुल हो उठता है। कठोर कराततुल्य मर्मभेदी महारोगरूप यमके निदारुण शरोंसे देहके सभी अस्थिबंधन विच्छिन्न हो जाते तथा दोनों नेत्र चकराने लगते हैं। तालु, कण्ठ-ओष्ठ सूख जाते हैं। इस समय जीव यातनाके मारे हाथ पैर फेंकता है। इन सब दोषोंसे ऊर्द्ध्वश्वास चलने लगता है। अलावा इसके और भी कितने दुःख जीव मरणकालमें भोगता है।

पुण्यवानोंकी मृत्यु सुखसे और पापियोंकी कष्टसे होती है। पद्म-पुराणके भूमिखण्डमें जहां सुमनोपाख्यान आया है वहां पुण्यात्मा और पापियोंके मृत्यु विषयमें विस्तृत विवरण लिखा है। विस्तार हो जानेके भयसे यहां पर उद्धृत नहीं किया गया।

३ मरणजनक वस्तु, वह पदार्थ जिससे मृत्यु हो।

"अग्निरापः स्त्रियो मूर्खः सर्पा राजकुलानि च ।
नित्यं परोपसेव्यानि सद्यः प्राणहराणि षट् ॥"
(गरुड़पु० ११४ अ०)

अग्नि, जल, स्त्री, मूर्ख, सर्प और राजकुल ये सब सतत परोसेव्य होनेसे मरणके कारण होते हैं।

"अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानन्तु कर्षति ।
शङ्खिनी तु यदा भिन्नं मरणं ध्रुवम् ॥" (वैद्यकनि०)

अपानवायु प्राणवायुको और प्राणवायु अपानवायुको कर्षण करता है। इस प्रकार दोनोंके कर्षणसे जब शङ्खिनी भिन्न हो जाती है, उसी समय मरण होता है।

मरणधर्मा (सं० त्रि०) मरणं धर्मं यस्य। मरणशील, जो मरता है।

मरणान्त (सं० त्रि०) मरणं अन्तो यस्य। मरण पर्यन्त, मृत्यु तक।

मरणोत्तर (सं० त्रि०) मरणादुत्तर, मृत्युके बाद।

मरत (सं० पु०) मृ गतौ (भृ-मृदृशियजीति। उण् ३।११०) इति अतच्। मरण, मृत्यु।

मरतबा (अ० पु०) १ पद, पदवी। २ बार, दफा।

मरतबान (हिं० पु०) अमृतबान देखो।

मरद (हिं० पु०) मर्द देखो।

मरदन (हिं० पु०) मर्दन देखो।

मरदना (हिं० क्रि०) १ मर्दन करना, मसलना। २ ध्वंस करना। ३ गूंधना, मांड़ना।

मरदनिया (हिं० पु०) वह भृत्य जो बड़े आदमियोंके अङ्गमें तेल आदि मला करता है।

मरदानगी (फा० स्त्री०) १ वीरता, शूरता। २ साहस, उत्साह।

मरदाना (फा० वि०) १ पुरुष संबंधी, पुरुषोंका। २ वीरोचित। ३ पुरुषोंका काम।

मरदूद (अ० वि०) १ तिरस्कृत। २ नीच, लुच्चा।

मरन (हिं० पु०) मरण देखो।

मरना (हिं० क्रि०) १ मृत्युको प्राप्त होना। २ बहुत दुःख सहना। ३ मुरझाना, कुम्हलाना। ४ किसी पदार्थका किसी विकारके कारण कामका न रह जाना। ५ मृतकके समान हो जाना, लज्जा, संकोच या घृणा आदिके कारण सिर न उठा सकना। ६ किसीके वेगका शान्त होना, दबना। ७ खेलमें किसी गोटी या लड़केका खेलके नियमानुसार किसी कारणसे खेलसे अलग किया जाना। ८ पश्चात्ताप करना, रोना। ९ वशीभूत होना, हारना। १० डाह करना, जलना।

मरनी (हिं० स्त्री०) १ मृत्यु, मौत। २ दुःख, कष्ट। ३ वह शोक जो किसीके मरने पर उसके संबंधियोंको

होता है। ४ वह कृत्य जो किसीके मरने पर उसके संबंधी करते हैं।

मरन्द (सं० पु०) मरं मरणं द्यति खण्डयति भ्रमराणां जीव हेतुत्वात्, दो-क, यद्वा मकरन्द पृषोदरादित्वात् साधुः। मकरन्द।

मरन्दक (सं० पु०) मरन्द-स्वार्थे कन्। मकरन्द।

मरन्दौकस् (सं० क्ली०) मकरन्द स्थान, मधुमक्खीका छत्ता।

मरबुली (हिं० स्त्री०) पहाड़ीप्रदेशोंमें उत्पन्न होनेवाला एक प्रकारका कंद। इसके टुकड़े गज गज भरके गड्ढे खोद कर बोए जाते हैं। बोवाई सदा हो सकती है, पर गर्मीके दिनोंमें पानी देनेकी आवश्यकता होती है। इसके दो भेद हैं। दोनोंसे तोखुर बनाया जाता है। इसकी जड़को आलू वा कंद भी कहते हैं। कन्दको धो कर उसके लच्छे बनाते हैं। फिर लच्छेको दबा कर वा कुचल कर रस निकालते हैं जिसे सुखा कर सत्त बनता है। यही सत्त तोखुर कहलाता है। रस निकले हुए खोइयेको सुखा और पीस कर कोकाके नामसे बाजारमें बेचते हैं। इसकी खेती पहाड़ोंमें अधिकतासे होती है।

मरभुक्खा (हिं० वि०) १ भूखका मारा, भुक्खड़। २ कङ्गाल, दरिद्र।

मरम (हिं० पु०) मर्म देखो।

मरमती (हिं० स्त्री०) भारतवर्षके प्रायः सभी स्थानोंमें मिलनेवाला एक प्रकारका वृक्ष। इसकी लकड़ी कड़ी और बहुत टिकाऊ होती है। इससे खेतीके औजार और घरके अच्छे अच्छे संगहे आदि बनाये जाते हैं। यह पेड़ बीजोंसे उत्पन्न होता है और आकारमें बहुत छोटा है।

मरमर (यू० पु०) एक प्रकारका दानेदार चिकना पत्थर (marble)। इस पर घोटनेसे अच्छी चमक आती है। इसमें चूनेका भाग ज्यादा रहता है और इसे जलानेसे अच्छी कली निकलती है। यद्यपि संसारके भिन्न भिन्न प्रदेशोंमें अनेक रंगोंके मरमर मिलते हैं, पर सफेद रंगके मरमर हीको लोग विशेषतः मरमर या संग मरमर कहते हैं। काले मरमरका नाम मूसा है। मरमर पत्थरकी मूर्त्तियां, खिलौने, बरतन आदि बनाए जाते हैं। उत्कृष्ट मरमर इटलीसे आता है, पर भारतवर्षमें भी यह जोधपुर, जयपुर. कृष्णगढ़ और जब्बल आदि स्थानोंमें मिलता है। विशेष विवरण मर्मरप्रस्तरमें देखो।

मरमरा (हिं० पु०) १ वह पानी जो थोड़ा खारा हो। २ एक पक्षीका नाम। (वि०) ३ जो सहजमें टूट जाय, जरा सा दबाने पर मरमर शब्द करके टूट जानेवाला।

मरमराना (हिं० क्रि०) १ मरमर शब्द करना। २ अधिक दबाव पा कर पेड़की शाखा वा लकड़ी आदिका मरमर शब्द करके दबना।

मरम्मत (अ० स्त्री०) किसी वस्तुके टूटे फूटे अंगोंको ठीक करनेकी क्रिया वा भाव।

मरल (हिं० पु०) दो हाथ लंबी एक प्रकारकी मछली। यह दलदलों या ऐसे तालावोंमें पाई जाती है जिनमें घास फूस अधिक उगता है।

मरवट (हिं० स्त्री०) १ वह माफी जमीन जो किसीके मारे जाने पर उसके लड़के-वालोंको दी जाती है। २ पटुएकी कच्ची छाल जो निकाल कर सुखाई गई हो, सनका उलटा। ३ वह लकीरें जो रामलीला आदिके पात्रोंके गालों पर चन्दन वा रंग आदिसे बनाई जाती हैं।

मरवा (हिं० पु०) मरुआ देखो।

मरवाना (हिं० स्त्री०) १ मारनेका प्रेरणार्थक रूप, मारनेके लिये प्रेरणा करना। २ बध कराना। ३ मराना देखो।

मरवार—भारतवर्षको प्राचीन अनार्य जातिविशेष।

मरसा (हिं० पु०) एक प्रकारका साग। इसकी पत्तियां गोल, झुर्रोंदार और कोमल होती हैं। इसके पेड़ तीन चार हाथ तक ऊंचे होते हैं। डंठलों और पत्तियोंका साग पका कर लोग खाते हैं। इसके दो भेद हैं, लाल और सफेद। लाल मरसा खानेमें अधिक स्वादिष्ट होता है। मरसा वर्षाऋतुमें बोया जाता है और भादों कुआंर तक इसका साग खानेयोग्य होता है। पूरी बाढ़के पहुंचने पर इसके सिरे पर एक मंजरी निकलती है जो एक बालिश्तसे एक हाथ तक लम्बी होती है। उस समय इसके डंठल और पत्तियां भी कड़ी हो जाती हैं तथा देर तक पकाई जाने पर कठिनाईसे जलती हैं। मंजरीमें सफेद फूल लगते हैं और फूलोंके मुरझा जाने पर बीज पड़ते हैं। बीज छोटे, गोल, चिपटे और चमकीले काले

रंगके होते हैं। यह बीज ओषधिमें काम आते हैं।
मारिष देखो।

मरसिया (अ० पु०) १ शोकसूचक कविता जो किसीके मृत्यु-सम्बन्धमें लिखी जाती है। इसमें किसीके मरनेकी घटना और उसके गुणोंका ऐसे प्रभावोत्पादक शब्दोंमें वर्णन किया जाता है जिससे सुननेवालोंमें शोक उत्पन्न हो। ऐसी कविता प्रायः मुहर्रमके दिनों पर पढ़ी जाती है। २ मरण-शोक, रोना-पीटना।

मरहट (हिं० पु०) श्मशान, मरघट।

मरहटा (हिं० पु०) १ महाराष्ट्र देशका रहनेवाला। महाराष्ट्र देखो। २ उनतीस मात्राओंके एक मात्रिकछन्दका नाम। इसमें १०, ८ और १२ पर विश्राम तथा अन्तमें एक गुरु और लघु होता है।

मरहठा (हिं० पु०) महाराष्ट्र देशका रहनेवाला।
मराठा और महाराष्ट्र देखो।

मरहठी (हिं० वि०) १ महाराष्ट्र या मरहठोंसे सम्बन्ध रखनेवाला, मरहठोंका। (स्त्री०) २ वह भाषा जो महाराष्ट्रदेशमें बोली जाती है, मरहठोंकी बोली।

मरहम (अ० पु०) ओषधियोंका वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव पर उसे भरनेके लिये अथवा पीड़ित स्थानों पर लगाया जाता है।

मरहरा—युक्तप्रदेशके एटा जिलान्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० २७° ४४′ उ० तथा देशा० ७८° ३५′ पू०के मध्य विस्तृत है। जनसंख्या नौ हजारके करीब है। मुसलमानोंकी संख्या सबसे ज्यादा है। नगरमें उन्हींकी विशेष प्रतिपत्ति देखी जाती है। नगरके बीच हो कर एक चौड़ी सड़क उत्तर-दक्षिणको चली गई है। शहरके समीप सैयदोंकी बासभूमि 'मियां-की-बस्ती' है। इसके चारों ओर ऊंची दीवार दौड़ गई है और बीचमें फाटक शोभा देता है। अभी सैयद शाह बरकत् उल्लाकी सन्तान-सन्तति उसका भोग करती है। उल्लिखित सैयद शाहका समाधि-मन्दिर नगरकी शोभाको बढ़ाता है। रुई और नीलके कारोबारके लिये यह नगर मशहूर है। यहां चार स्कूल और एक अस्पताल भी है।

मरहला (अ० पु०) १ वह स्थान जहां यात्री रातके समय ठहर जाते हैं, टिकान। २ झोंपड़ी। ३ दर्जा, मरतिब।

मरहून (अ० वि०) जो रेहन किया गया हो, गिरों रखा हुआ।

मरहूना (फा० वि०) जो रेहन किया गया हो, जो गिरों रखा गया हो।

मरहूम (अ० वि०) स्वर्गवासी, मृत्। इस शब्दका प्रयोग किसी आदरणीय मृत व्यक्तिकी चर्चा करते हुए उसके नामके अन्तमें किया जाता है।

मराकाली (सं० स्त्री०) मरं मरणदुःखं अकति प्राप्नोत्वनेनेति पक् करणे घङ् स इव अलति प्राप्नोतीति अल् अच् गौरादित्वात् ङीष्। वृश्चिककाली, बिच्छू नामकी लता।

मराठा—बम्बईप्रदेशके अन्तर्गत धारवाड़ जिलेकी कृषिजीवि जातिविशेष। महाराष्ट्रकेशरी प्रबलप्रतापान्वित शिवाजी और अन्यान्य महाराष्ट्रीय राजाओंके समय जब महाराष्ट्र-विजय-पताका फहराती थी उस समय हजारों मराठा और ब्राह्मण धारवाड़में आ कर बस गये थे। धारवाड़में अभी जो मराठा जाति है वह राज-अनुचरोंकी सन्तानसंतति है।

इन लोगोंकी मातृभाषा मराठी है। किन्तु देशी लोगोंके साथ कनाड़ी भाषामें बोलचाल करते हैं। पुरुषके नामके अन्तमें 'जो' और 'राय' शब्दका तथा स्त्रियोंके नाममें 'बाई' शब्दका व्यवहार देखा जाता है। अलावा इसके भोंसले, चवान, दाफले आदि भी इनकी उपाधि है। जेजुरीके खण्डोवा, पण्ढरपुरका विठोवा आदि इनके प्रधान आराध्य देवता हैं।

मराठाजाति अत्यन्त साहसी, बलवान्, श्रमशील, सच्चरित्र और बुद्धिमान् देखी जाती है। इनके शरीरका रंग गहरा काला है। इन लोगोंमें मादकद्रव्यपान प्रचलित है।

इनका पहनावा उतना अच्छा नहीं होता। मर्द घुटने तक पाजामा, देहमें अंगरखा और चादर तथा सिर पर पगड़ी पहनता है। स्त्रियां चोली पहनती हैं सही, पर पुरुषकी तरह काछ लगाती हैं। स्त्री-पुरुष सभी परिष्कार परिच्छन्न रहते हैं। तरह तरहका रंगीन कपड़ा पहनना ये लोग बहुत पसन्द करते हैं। धनी घरकी स्त्रियां कभी भी बाहर नहीं निकलतीं, यदि निकलती भी हैं, तो हाथ मुंहको अच्छी तरह ढंक कर।

मराठा स्त्रियां पुरुषके साथ इधर उधर घूमनेमें जरा भी नहीं शरमातीं।

ये लोग खेतीवारी और मजदूरी करके अपना गुजारा चलाते हैं। कोई व्यवसाय वाणिज्यमें और कोई गवर्मेण्टके अधीन उच्च पद पर अधिष्ठित हो कर राजकार्य चलाते हैं।

इनका सांसारिक खर्च उतना ज्यादा नहीं है। सौ रुपया विवाहमें खर्च होता है। यह जाति अत्यन्त धर्मशील है। ब्राह्मणके प्रति इनकी विशेष भक्ति रहती है। हिन्दू त्योहारोंका प्रतिपालन करना ये अपना कर्त्तव्य समझते हैं। ये लोग शङ्कराचार्यके शिष्य हैं। मन्त्रतन्त्रमें इनका पूरा विश्वास है। सोलहों संस्कारोंका ये अनुष्ठान नहीं करते। केवल विवाह उपनयन, श्राद्ध, महालयापार्वण आदि क्रिया प्रचलित देखी जाती है। बाल्यविवाह विधवा-विवाह बे-रोकटोक चलता है। जातीय एकता इन लोगोंके मध्य अच्छी तरह देखी जाती है। सामाजिक लड़ाई झगड़ेका निबटेरा पञ्चायतसे होता है।

मराठानाला—वर्गी नामक महाराष्ट्र डकैतोंका उपद्रव रोकनेके लिये कलकत्तेके दक्षिण और पूर्वी सीमामें जो खाल काटी गई थी उसीका नाम मराठानाला है। अंगरेजी-इतिहासमें इसे मराठा-डिच (Maratta-Ditch) कहते हैं। अलीपुर-जेलके सामने आदिगङ्गामें मराठा नालेका मुहाना तथा सँकरीपाड़ा आदि भवानीपुरके ग्रामविशेषमें आज भी गड्ढा देखा जाता है। १७०७ ई०में इष्ट इण्डिया कम्पनीने कलकत्तेको एक पृथक् प्रेसिडेन्सी कायम किया। कम्पनीके कर्मचारी कलकत्तेमें रहना बहुत पसन्द करते थे। किसी दूसरे प्रकारसे कलकत्तेके शासनकर्त्ता होने पर भी लण्डनके कोर्ट आव डाइरेकृरके निकट वे अपने अपने कामोंका हिसाब देनेको बाध्य थे। १७१५ ई०में बङ्गदेशके मुसलमान शासनकर्त्ता द्वारा सताये जाने पर कलकत्तेकी कौंसिलने दिल्लीके सम्राट्से उनके अधिकार और क्षमताको फिरसे बद्धमूल कर लिया। एतद्भिन्न हुगली नदीके दोनों किनारे ३८ ग्राम खरीद करनेकी अनुमति भी उन्हें मिली थी। इस समय मराठागण दक्षिणवङ्गमें ऐसा अत्याचार और उत्पात मचाते थे, कि अधिवासियोंका वहां रहना मुश्किल हो गया। इस कारण स्थानीय लोगोंने अश्वारोही महाराष्ट्रीय सेनाके हाथसे रक्षा पानेके लिये कम्पनीकी सीमाके चारों वगल अपने अपने खर्चसे एक एक खाल खोदनेकी अनुमती पाई थी। यह खाल अर्द्ध-चन्द्राकारमें सुतानटीसे दक्षिण गोविन्दपुर तक ७ मील फैली हुई थी। कहते हैं, कि ३ मील तक नाला काटनेमें प्रायः ६ मास लग गये। इस बीचमें मरहठोंका भय भी बहुत कुछ जाता रहा जिससे नालेका काटना बंद हो गया। पीछे उसको जरूरत न देख कर आगे काटा भी नहीं गया और अधूरा ही रह गया। आज भी वह उसी अवस्थामें पड़ा है।

मरातिव (अ० पु०) १ पद, दरजा। २ उत्तरोत्तर आनेवाली अवस्थाएं। ३ ध्वजा, झंडा। ४ पृष्ठ, तह। ५ मकानका खण्ड, तल्ला।

मराना (हिं० क्रि०) १ मारनेके लिये प्रेरणा करना, मरवाना। २ किसीको अपने ऊपर आघात करनेके लिये प्रेरणा करना। ३ बाजारू बोलीमें गुदा भंजन कराना।

मरामरनाई—आसाममें प्रवाहित एक नदी। मरामरनाई शब्दका अर्थ है मरा अर्थात् सूखी नदी। यह दाफला पहाड़से निकल कर ब्रह्मपुत्र नदीको लोहित शाखाकी उपनदी पिचोलामें मिलती है। यह नदी दरङ्ग और लक्ष्मीपुर जिलेकी सीमा निर्देश करता है।

मराय (सं० पु०) १ एकाह यागभेद। २ एक प्रकारका साम।

मरायिन् (सं० त्रि०) शत्रुओंका संहार करनेवाला।

मरायु (सं० त्रि०) मरणशील, मरनेवाला।

मरार (सं० पु०) मरं मरणमलति निवारयतीति अल्-अण्, लस्य रत्वं। शस्यरक्षण स्थान, खलिहान।

मराराम (सं० पु०) दैत्यभेद।

मराल (सं० पु०) मृ-आलच्। १ राजहंस। २ कज्जल, काजल। ३ कारण्डव नामक पक्षी। ४ वारिवाह, बादल। ५ तुरङ्गम, घोड़ा। ६ एक प्रकारका बत्तख जो हलकी ललाई लिये सफेद रंगका होता है। ७ हस्ति, हाथी। ८ दाड़िमोविपिन, अनारकी वाटिका। ९ खल, दुष्ट। १० मत्स्यविशेष, एक प्रकारकी मछली। (त्रि०) ११ मसृण, चिकना।

मरालक (सं० पु०) मराल इव प्रतिकृतिरिति मरालकन्। कलहंस।

मरालिका (सं० स्त्री०) समला, सींज।

मरावर (मरव)—भारतवर्षकी दक्षिणप्रान्तवासी आदिम जातिविशेष। मदुरा, तिन्नेवेली, रामनाद और शिवगङ्गा जिलेमें इन लोगोंका वास है। निकटवर्त्ती अन्यान्य जातिके साथ इनके आचार-व्यवहार अथवा आकृतिप्रकृतिमें कुछ भी सदृशता नहीं देखी जाती। ये लोग बहुत मजबूत, तगड़े, साहसी और परिश्रमी होते हैं। शरीरका रंग घोर काला है। इनकी आँखें बड़ी बड़ी और भीतर धंसी होती हैं। स्त्रियोंकी तरह ये लोग बड़े बड़े केश रखते हैं। रामनाद और शिवगङ्गा जिलेकी स्त्रियां २५-३० हाथ लंबी साड़ी पहनती हैं।

कौवेको छोड़ कर ये लोग सभी जन्तुका मांस खाते हैं। इनकी विवाह-प्रथा विस्मयजनक है। अकसर बालविवाह हो चलता है। विवाहके समय वरकी सम्मति अथवा उपस्थितिकी जरूरत नहीं होती। प्रतिनिधिस्वरूप एक काठका आसन बना कर विवाह-कार्य सम्पन्न करते हैं।

ये लोग स्थानीय देव-देवीकी पूजामें शराब, मांस और फल मूलादि नैवेद्य चढ़ाते हैं। एतद्भिन्न भूतप्रेतादिकी पूजामें बकरेकी बलि दी जाती है। हैजा, प्लेग आदिके समय ये लोग इकट्ठे हो कर नाच गान करते हैं।

इनमेंसे अनेक चौकीदारीका काम करते हैं। अपने मालिकके प्रति इनकी विशेष श्रद्धा भक्ति रहती है। कोई कोई चोरी डकैती करके भी अपना गुजारा चलाता है। 'मरव' शब्दका प्रकृत अर्थ है वीर। रामनाद और तिन्नेवलीके मरावरोंमें 'देवर' और 'ठवन' उपाधि देखी जाती है। इन शब्दोंका अर्थ ये लोग ईश्वर लगाते हैं। १८वीं सदीके फरासी युद्धमें मरावरोंने अङ्गरेज अथवा फरासीकी ओरसे लड़ कर विशेष विश्वस्तताका परिचय दिया था।

किसी किसी पाश्चात्य विद्वानका अनुमान है, कि 'मरावर' सिंहलद्वीपके सन्निहित महादेशवासी मरुली जाति है। ये लोग पहले शंख बनाते थे। इनका विस्तृत इतिहास नहीं मिलता। ईसा जन्मसे २०० वर्ष पहले इन लोगोंका राजा किरात पाण्ड्यराजके साथ युद्ध करके उन्हें नाको दम लाया था।

रामायणमें दण्डकारण्यवासी आदिम असभ्य जातिको ही राक्षस बतलाया गया है। टेलर साहबका कहना है, कि भारतवर्षकी दक्षिण प्राच्यवासी असभ्य जाति ही वाल्मीकिके मतानुसार राक्षस और बानर हैं। मरावरोंकी आकृति प्रकृति और खान-पानके ऊपर लक्ष्य रखनेसे मालूम होता है, कि वाल्मीकोक्त राक्षससे इनमें विशेष पृथक्ता नहीं है। किन्तु टेलर साहबका मत समीचीन प्रतीत नहीं होता। क्योंकि महाभारतमें मरावरगण 'दाशेरक' नामसे प्रसिद्ध हैं।

मरि—पञ्जाबके रावलपिण्डी जिलेकी उत्तरी तहसील। यह अक्षा० ३३° ४१′ ३०″ से ३४° ५′ १५″ उ० तथा देशा० ७३° १५′ से ७३° ३८′ पू०के मध्य विस्तृत है। यहां जङ्गलसे ढके हुए शैलशिखर पर मरिका स्वास्थ्य-निवास अवस्थित है।

मरि पहाड़के चारों ओरका दृश्य बड़ा ही मनोरम है। ऊपरमें शाल, देवदार आदि वृक्ष सुशोभित हैं और नीचे शस्य पूर्ण तथा तुषारावृत काश्मीरकी पर्वतमाला दृष्टिगोचर होती है। दक्षिण ओरके पहाड़ उतने ऊंचे और श्रृङ्खलाबद्ध नहीं हैं, किन्तु उनके ऊपर जो वृक्ष लगे हैं, वे बड़े ही सुन्दर जान पड़ते हैं।

मार्गला नामक गिरिसङ्कटमें एक मनोहर स्तम्भ और झरना है। दिल्ली जीतनेके समय सेनापति जान निकलसनकी मृत्यु हुई थी। उन्हींके स्मरणार्थ उक्त स्तम्भ गाड़ा गया है। उक्त झरनेका जल प्यासे पथिकोंकी तृष्णा दूर करता है। मार्गलाके समीप मरि पहाड़ चित्रा पहाड़के साथ आ कर मिल गया है।

इस तहसीलका भूपरिमाण २१० वर्गमील है। इसमें कुल ६४ नगर और ग्राम लगते हैं। गेहूं और धान यहांकी प्रधान उपज है।

तहसीलका राजस्व ७६६० रु० है। एक तहसीलदार शासन कार्य चलाते हैं। यहां २ दीवानी और २ फौजदारी अदालत तथा २ थाने हैं।

मरिखम (हिं० पु०) मलखंभ देखो।

मरिच (सं० क्ली०) म्रियते नश्यति श्लेष्मादिक्रमनेनेति मृ-बाहुलकात् इच्। स्वनामख्यात वर्त्तुलाकार कटु द्रव्यविशेष, गोल मिर्च। इसे तैलङ्गमें मिरियलु, तामिलमें मिलगू, महाराष्ट्रमें मरिच, कलिङ्गमें मेनसू कहते हैं। संस्कृत पर्याय—पवित, श्याम, कोल, वल्लीज, ऊषण, यवनेष्ट, वृत्तफल, शाकाङ्ग, धर्मपत्तन, कटुक, शिरोवृत्त, वीर, कफविरोधि, मृष, सर्वहित, कृष्ण, वेल्लज, कोलक, वरिष्ठ। इसका गुण—कटु, तिक्त, उष्ण, लघु, श्लेष्मानाशक, वात, कृमि और हृद्रोगनाशक, अग्निवर्द्धक, रुक्ष और शुक्रनाशक।

मरिच झाल-मसालेमें गिना जाता है। अंगरेजीमें इसे Pepper कहते हैं। इसका साधारण गुण है कटु, उग्र, उष्ण, शुष्क और वायुनाशक। कविराजी मतसे मरिच सविराम ज्वरमें; अजीर्णरोगमें और अर्श रोगमें बहुत उपकारी है। पीपर और अदरकके साथ मिलनेसे यह त्रिकटु नामसे व्यवहृत होता है केशहीनता और चर्मरोगमें मरिच-चूर्णकी मालिश करनेसे बहुत फायदा दिखाई देता है। हकीमी मतसे मरिच बलकारक औषध है। कुष्ठरोगमें इसका बाहरी प्रयोग किया जा सकता है। दन्तरोगमें मरिचचूर्णसे यदि दतुवन किया जाय, तो बहुत उपकार होता है। कहते हैं, कि सांपके कांटे हुए स्थानमें इसका लेप देनेसे विष ऊपर चढ़ने नहीं पाता, बल्कि नीचे उतर आता है। ज्वरजनित दुर्बलतामें तथा सिर-दर्दमें यह उत्तेजक माना गया है। गलेके भीतर फोड़ा होनेसे इसका बाहरी प्रयोग किया जाता है। विस्फोटकमें मरिचको घिस कर लगानेसे फायदा देखा गया है।

रासायनिक विश्लेषण—मरिचमें रजन, चरबी और तैल ये तीन पदार्थ हैं। इनमेंसे जो रजन पदार्थ है, उसीका स्वाद उग्र या झाल है।

यूरोपमें अति प्राचीनकालसे मरिचका मसाले और औषधमें व्यवहार चला आ रहा है। केवल यूरोपमें ही नहीं, पृथिवीके प्रायः सभी स्थानोंमें वह मसालेरूपमें व्यवहृत होता है। अतएव इसके व्यवहारके सम्बन्धमें और कुछ लिखना अनावश्यक है।

मरिचकी खेती।—मरिचकी लता होती है। अनेक समय यह लता जंगलमें आपे आप उगती है। गञ्जाम और मान्द्राज प्रदेशमें बिना खेतीके काफी मरिच उत्पन्न होता है। आसाम और मलबारके जंगलोंमें भी मरिचकी लता मिलती है। एतद्भिन्न दक्षिण भारतके उष्णप्रधान जलसिक्त स्थानमें इसकी खेती होती है। अति प्राचीनकालसे यूरोपके साथ भारतका मरिचका व्यवसाय चला आ रहा है। इस वाणिज्य-विस्तारके लिये दक्षिणभारतके दक्षिणांश तकमें यह उपजाया जाता है। सुमात्रा, श्याम और मलय-उपद्वीप आदिमें मरिचकी खेती होती है; किन्तु मलबारका मरिच सबसे उमदा होता है।

जेठके महीनेमें जब वर्षा शुरू होती है, उससे कुछ पहले मरिचकी लताको काट कर या कलम तैयार कर रोपते हैं। जिन सब वृक्षोंकी छाल असमान अथवा कांटोंसे भरी है उन्हींके नीचे इसकी लता रोपी जाती है। क्योंकि इससे लता बहुत मजबूत हो कर वृक्ष पर चढ़ती है। लता बीससे तीस हाथ लंबी देखी जाती है; किन्तु काटने छांटनेसे इतनी लंबी नहीं हो सकती। तीन वर्षके बाद उसमें मरिच निकलना शुरू होता है। एक एक लतामें मरिचके प्रायः २०से ५० गुच्छे तक लगते हैं। ३ वर्ष तक लता बढ़ती है, बादमें नहीं बढ़ती, एक-सी रहती है। चार पांच वर्षके बाद लता मरने लगती है। इसके बाद पुरानी लताको काट कर नई लगाते हैं। सब्ज वर्णसे जब मरिच लाल होने लगता है, तब गुच्छोंको तोड़ कर छेमीसे दाने निकाल लेते हैं। अनन्तर सूर्यकी किरणमें अथवा धीमी आंचमें उन्हें सुखाते हैं। सुपक्व मरिचको जलमें धो कर उसकी भूसी अलग कर देनेसे सफेद मरिच तैयार होता है। कभी कभी यह क्लोरिन गैससे भी परिष्कार किया जाता है।

१८वीं सदीके अन्तमें डाक्टर रोक्सबर्ग (Roxburgh) समूलकोटासे उत्तर पहाड़ीप्रदेशमें जंगली मरिचकी लता देख कर वहां इसकी खेती करने लगे। १७८६ ई०में उन्होंने एक लंबा चौड़ा मरिचका बगीचा लगा कर कमसे कम पचास हजार किस्मके चारे कलम तैयार किये थे।

मरिचमें दो तरहके फूल लगते हैं, एक स्त्री-जातीय और दूसरा पुरुष जातीय। स्त्रीजातिके फूलसे जो मरिच निकलता है वह उतना झाल नहीं होता।

बम्बईप्रदेशके केवल कनाड़ा जिलेमें मरिचकी खेती होती है। वहां सुपारीके बगीचेमें एक पेड़के नीचे चार चार मरिचकी कलम गाड़ते हैं। कलमकी जड़ मट्टीसे ढक दी जाती है। सिर्फ अगला भाग खुला रहता है। पीछे एक वर्षके भीतर सिर्फ एक बार उसकी डालको बांध देते हैं।

अकसर तीन प्रकारके मरिच देखे जाते हैं, कलिमलीसरु, शाम्बर और आश्विन-मर्त्तिग। इन तीनों प्रकारके मरिचके गुणमें कुछ भी पृथकता नहीं देखी जाती, किन्तु प्रकारभेदसे कोई कम और कोई अधिक उपजता है। पहले प्रकारका मरिच अधिक परिमाणमें उत्पन्न होता है, किन्तु इसको उपजाना बहुत दुःसाध्य है। खेतमें अच्छी तरह जोताई नहीं होने अथवा बढ़िया खाद नहीं देनेसे फसल नहीं लगती। खाद अथवा जोताईके अनुसार मरिचके गुणमें भी तारतम्य देखा जाता है।

बहुत प्राचीनकालसे यूरोपके साथ पूर्वदेशके मरिचका वाणिज्य चला आ रहा है। बीच बीचमें इसकी बहुत उन्नति हुई थी। फलकिजर और हनबुरी-भैषज्यतत्त्व नामक ग्रन्थमें लिखा है, कि ईसाजन्मके ४ सौ वर्ष पहलेसे लोग मरिचका व्यवहार करते आ रहे हैं। इसके व्यवसायके सम्बन्धमें कौतुहलजनक विवरण भी देखनेमें आता है। एरियनके बनाये हुए पेरिप्लुस ग्रन्थमें लिखा है, कि नीलकुण्डा (वर्त्तमान मलवारका अन्तरीप)-से मरिचकी रफ्तनी होती थी। जो कुछ हो; मध्यकालमें मरिचका व्यवसाय अन्यान्य मसालोंकी अपेक्षा अधिक लाभजनक था, इसमें बिन्दुमात्र भी संदेह नहीं।

प्राचीनकालमें रोम और इङ्गलैण्डमें मरिच पर महसूल लगाया जाता था। २य हेनरीके समयमें मरिचके व्यवसायियोंकी एक समिति स्थापित हुई। पीछेसे उस समितिका नाम 'ग्रोसरस कम्पनी' रखा गया है। मध्यकालमें मरिचकी दर बहुत चढ़ गई थी। क्योंकि उस समय इजिप्त हो कर मरिच लाया जाता था जिससे व्यवसायियोंको ज्यादा महसूल और खरचा पड़ता था। इङ्गलैण्डमें १ पौंड मरिचका दाम १ शिलिङ्ग था। इसी कारण पुर्त्तगीज लोग भारतवर्ष आनेके लिये अन्य पथका आविष्कार करनेकी धुनमें लगे। १४९८ ई०में उनका उद्देश्य फलीभूत हुआ और तभीसे मरिचकी दर बहुत घट गई। अनन्तर मलयद्वीपपुंजमें इसकी खेती भी होने लगी। इस समय मरिचका व्यवसाय पुर्त्तगीजोंका खास हो गया था। लिंसोटनका वर्णन पढ़नेसे मालूम होता है; कि इस समय पुर्त्तगीज-राज मलवार-उपकूलस्थित प्रत्येक दुर्गके लोगोंके साथ निर्दिष्ट नियमानुसार मरिचका कारवार करते थे। किसीको भी स्वतन्त्र खेती करनेका अधिकार नहीं था, करनेसे उसे प्राणदण्ड मिलता था।

वर्त्तमानकालमें मलवारका खास व्यवसाय उठ-सा गया है। मलयद्वीपपुंज और इसके पूर्ववर्त्ती स्थानोंमें इसकी खेती भी होने लगी है। भारतवर्षसे बहुत अधिक मात्रामें इसकी रपतनी होती है।

२ कक्कोल, कंकोल। ३ कतकफल, निर्मली। ४ कुमरिच, लाल मिर्च। ५ मरुवक वृक्ष, गन्ध तुलसी।

मरिचपत्रक (सं० पु०) मरिचस्य पत्राणीव पत्राणि यस्येति बहुव्रीहौ क। १ सरलवृक्ष। २ देवदारु।

मरिचसदृश (सं० पु०) कक्कोलवृक्ष, कंकोल।

मरिचा (हिं० पु०) बड़ी लाल मिरिच। मिरिच देखो।

मरिचाद्यचूर्ण (सं० क्ली०) चूर्णौषधभेद। प्रस्तुत प्रणाली—मरिचचूर्ण २ तोला, पिपराचूर्ण १ तोला, दाड़िम्बबीजचूर्ण ८ तोला, पुराना गुड़ १६ तोला और यवक्षार १ तोला इन्हें अच्छी तरह मर्दन कर उपयुक्त मात्रामें प्रयोग करनेसे कठिनसे कठिन खांसी जाती रहती है। (भैषज्यरत्ना० कासाधिकार)

मरिचाद्यतैल (सं० क्ली०) तैलौषधविशेष। यह तेल स्वल्प और वृहत्के भेदसे दो प्रकारका है। प्रस्तुत प्रणाली—स्वल्प मरिचाद्य तैलमें कटुतैल ४ सेर, गोमूत्र १६ सेर, कल्कार्थ मरिच, हरिताल, मनछाल, मोथा, अकवनका दूध, करवीका मूल, निसोथका मूल, गोबरका रस, ग्वालककड़ीका मूल, कुट, हरिद्रा, दारुहरिद्रा, देवदारु, रक्तचन्दन प्रत्येक ४ तोला और विष ८ तोला। तैलपाकके विधानानुसार इस तेलको पकाना होता है। इसका व्यवहार करनेसे दाह, सफेद कोढ़ आदि रोग नष्ट होते हैं।

वृहन्मरिचाद्यतैल—कटु तैल १६ सेर, गोमूत्र ६४ सेर, कल्कार्थ मरिच, निसोथका मूल, दन्तिमूल, अकवनका दूध, गोबरका रस, देवदारु, दरिद्रा, दारुदरिद्रा, जटामांसी कुट, रक्तचन्दन, गोपाल ककटोका मूल, करवोका मूल, हरताल, मनछाल, चितामूल, ईशलाङ्गलामूल, विड़ङ्ग, चाकुन्दका बीज, शिरोषकी छाल, नोमकी छाल, मोथा, खैरका सार, पीपर, वच, ज्योतिष्मती, सीजका दूध, गुलञ्च, अमलतासका पत्र, उदरकरञ्जका वीज, प्रत्येक द्रव्य एक एक पल, विष २ पल, मट्टी वा लोहेके बरतनमें तैलपाकके नियमानुसार पाक करे। इस तेलकी मालिश करनेसे कोढ़ आदि रोग प्रशमित होते हैं तथा देहकी कमनीयता बढ़ती है। कुष्ठाधिकारमें यह सबसे उमदा तेल है। इस तेलसे गो अश्वादिका भी वातरोग नष्ट होता है। (•भैषज्यरत्ना० कुष्ठरोगाधि०)

मरिमन् (सं० पु०) म्रियते इति मृ-(जनिमृङ् म्यामिमनिन्। उणा् ४।१४८) इति इमनिन्। मृत्यु, मरण।

रिया—आसामवासी मुसलमान जातिको एक शाखा।

मरिया (हिं० स्त्री०) १ वह रस्सी जो खाटमें पायतानेकी ओर उंचन लगा कर ऊपरसे एक पट्टीसे दूसरी पट्टी तक बानेकी तरह बांधी जाती है। २ नावमें वह तख्ता जो उसके पेंदेमें गूढ़े के नीचे बेड़े बलमें लगा रहता है। ३ लोहेकी एक छोटी हथौड़ी। इससे धातुओं पर खुदाईका काम करनेवाले कलमको ठोंकते हैं।

मरियाडोह—मध्यप्रदेशके दामोदर जिलान्तर्गत हट्टा तहसीलका एक बड़ा ग्राम। यह अक्षा० २४° १६′ उ० तथा देशा० ७८°४२′ पू०के मध्य अवस्थित है। यह हट्टा नगरसे १० मील उत्तर योगिदार-नालेके किनारे बसा है। यहां बारद्वारी नामक एक प्रासाद और दुर्ग है। चक्रहारीके बुन्देलाराज जब मरियाडोह देखने आये, तब यहां पर एक दुर्ग बना कर स्वयं रहने लगे। [illegible] ग्रामके समीप उनका एक रङ्गालय था। १८६० ई०में हमीरपुर जिलेके मध्यवर्त्ती कुछ अंशोंको ले कर उन्होंने यह ग्राम अंगरेजोंको समर्पण किया था। यह स्थान देशी मोटे कपडे-के लिये प्रसिद्ध है। एतद्भिन्न यहां एक थाना और विद्यालय है।

मरियाम् उज् जमानी—मुगल-बादशाह अकबरशाहकी प्रधान महिषी और जहांगीरके माता। यह कच्छवह सरदारके राजा विहारीमल्लकी कन्या थी, इसके रूपलावण्य पर मुग्ध हो कर सम्राट्ने इससे विवाह किया था। जहांगीरके राज्यकालमें १६२३ ई०को आगरा-नगरमें उसकी मृत्यु हुई। जहांगिरने अपने पिताके विख्यात सिकेन्दरा-समाधिमन्दिरकी बगलमें अपनी पुण्यवती माताका समाधि-मन्दिर बनवा दिया है। कोई कोई कहते हैं, कि अकवरशाहने ही प्राणप्रिय सहधर्मिणीका मकबरा उसके कहनेके अनुसार अपने समाधि-मन्दिरकी बगलमें बनवाया था। यह मकबरा 'रौज़ा मरियाम्' नामसे मशहूर है। कोई कोई इस 'रौज़ा मरियाम्'-को अकवर शाहकी Maria or Mary नामक खृष्टान् महिषीकी कब्र बतलाते हैं।

मरियाम् मकानी—सम्राट् अकबरशाहकी माता, हुमायूंकी पत्नी और सेख अह्मद जामकी प्रपौत्री। इसका असल नाम हमीदाबानो बेगम था। मृत्युके बाद मरियाम-मकानी नाम पड़ा। १५४१ ई०में हुमायूंके साथ इसका विवाह हुआ था। अकबरके जन्मके बाद यह मक्का तीर्थयात्राको गई और वहांसे ३ सौ बलवान् अरबी खोजाके साथ दिल्ली राजधानी लौटी। उन लोगोंके रहनेके लिये मरियाम्ने प्राचीन दिल्ली नगरमें हुमायूं-मसजिदको बगलमें १५६० ई०को अरब-सराय बनवा दी थी। १०६३ ई०को ७८ वर्षकी उमरमें इसका देहान्त हुआ। हुमायूं-मसजिदमें इसका मकबरा आज भी देखा जाता है।

मरियाहु—१ युक्तप्रदेशके जौनपुर जिलान्तर्गत एक तहसील। यह अक्षा० २५°२४′ से २५° ४४′ तथा देशा० ८२° २४′ से ८२° ४४′ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ३२१ वर्गमील और जनसंख्या प्रायः २५३४०२ है। इसमें मरियाहु नामक एक शहर और ६७८ ग्राम लगते हैं। तहसीलका विस्तार मरियाहु परगनेके समान है। इसके प्रायः सभी स्थान समतल हैं, बीच बीचमें कुछ सामान्य जलयुक्त छोटे छोटे ह्रद हैं। उत्तर-पश्चिम कोनसे दक्षिण-पूर्वकी ओर विशाही नदी बह गई है। यह नदी तहसीलको दो समान भागोंमें बांटती है। इसके उत्तर-पूर्वमें शाई नदी दौड़ गई है। जौनपुरसे मिर्जापुर तककी पक्की सड़क तहसीलके उत्तर-दक्षिण हो कर चली गई है।

यहाँसे काशी और प्रतापगढ़ जानेके लिये दो कच्ची सड़कें गई हैं।

२ उक्त तहसीलका एक प्रधान सदर। यह अक्षा० २५° ३६′ ८″ उ० तथा देशा० ८२° ३८′ ४०″ पू०के मध्य विस्तृत है। जौनपुर शहरसे यह १२ मील दक्षिण-पश्चिम पड़ता है। शहरमें सिर्फ एक बड़ी सड़क है। पहले यह स्थान जुलाहोंके रहनेके लिये विशेष प्रसिद्ध था, किन्तु आजकल वे दूसरी जगह चले गये हैं। नगरमें एक तहसील-कचहरी, दीवानी अदालत, अङ्गरेजी स्कूल, डाकघर, थाना और सेनाओंके रहनेका स्टेशन है। प्रति मङ्गलवार और शुक्रवारको यहां हाट लगती है।

मरी (हिं० स्त्री०) १ एक प्रकारका दोष। यह स्पर्शदोषसे फैलता है और एक साथ बहुतसे लोग मरते हैं, महामारी। २ एक प्रकारका भूत। लोगोंका विश्वास है, कि यह किसी ऐसी दुष्ट स्वभाववाली स्त्रीकी प्रेतात्मा होती है जो किसी रोग, आघात अथवा किसी अन्य कारणवश पूर्णायुको न पहुंच कर अल्पायुमें मरी हो। ३ भारतवर्षमें तथा लङ्का, सिंगापुर आदि द्वीपोंमें मिलनेवाला देशी सागूदानेका पेड़। यह पेड़ देखनेमें बड़ा मनोरम होता है। इससे ताड़ी निकाली जाती है। ताड़ी लोग पीते हैं और उससे गुड़ भी बनाते हैं। इसकी कोमल बालों या मंजरीकी तरकारी बनाई जाती है। इसके पुराने स्कन्धमेंके गूदेसे सागूदाना निकलता है। यह दाना पानीमें पका कर खाया जाता है वा पीस कर उसकी रोटी बनाई जाती है। रेशे कूंची, ब्रुश, रस्सी और जाल बनानेके काममें आते हैं। लकड़ी इसकी मजबूत और टिकाऊ होती है। इस पेड़का दूसरा नाम भेरवा भी है।

मरीच (सं० क्ली०) मृ बाहुलकात् ईचः। स्वनामख्यात कटुद्रव्यविशेष, गोलमिर्च। मरिच देखो।

मरीचि (सं० पु०) म्रियते पापराशिर्यस्मिन्निति मृ (मृकणिभ्यामीचिः। उण् ४।२०) इति ईचि, तपःप्रभावादस्य तथात्वं। १ मुनिविशेष। पुराणोंमें इन्हें ब्रह्माका मानसिक पुत्र लिखा है, एक प्रजापति माना है और सप्तर्षियोंमें गिनाया गया है। किसी किसी पुराणमें इनकी स्त्रीका नाम 'कला' और किसी किसीमें 'संभूति' लिखा है। इनके कश्यप और पूर्णिमास नामक दो पुत्र थे। प्रतिदिन इनके उद्देशसे तर्पण करना होता है। सप्तर्षियोंमें ये प्रधान हैं।

२ दनुके एक पुत्रका नाम (हरिवंश ३।८२) ३ एक मरुत्का नाम जो भृगुके पुत्र और कश्यपके पिता थे। ४ महर्षिभेद। ५ प्रियव्रत-वंशी एक राजाका नाम। ६ एक प्राचीन मान जो छः त्रसरेणुके बराबर होता है। ७ एक दैत्यका नाम।

(स्त्री०) म्रियन्ते इव देवा यद्दर्शनादिति मृ-ईचि। ८ अप्सरोविशेष, एक अप्सराका नाम। ९ किरण। १० कान्ति, ज्योति। मियते वारिभ्रमेण जीवा यस्याः मृ-अपादने ईचि। ११ मरीचिका, मृगतृष्णा।

मरीचि—१ शङ्कराचार्यके शिष्य। २ एक विख्यात ज्योतिर्विद। नारदीयसंहितामें इनका उल्लेख है। ३ जैन-पुराणोक्त प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेवके पौत्र। ४ पुराणोक्त मुनि विशेष। इनके औरस और सम्भूतिके गर्भसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ था। ५ एक संहिताकार। ६ उपपुराणभेद।

मरीचिका (सं० स्त्री०) मरीचिरेव स्वार्थे कन् टाप्। १ मृगतृष्णा, सिरोह। गरमीके दिनोंमें जब वायुकी तहोंका घनत्व उष्णताके कारण असमान होता है, तब पृथ्वीके निकट ही वायु अधिक उष्ण हो कर ऊपरको उठना चाहती है। परन्तु ऊपरकी तहें उसे उठने नहीं देती; इससे उस वायुकी लहरें पृथ्वीके समानान्तर बहने लगती हैं। यही लहरें दूरसे जलकी धारा-सी दिखाई देती हैं। मृग इससे प्रायः धोखा खाते हैं इससे इसका दूसरा नाम मृगतृष्णा भी है। मृगतृष्णा देखो।

२ बौद्धमतानुसार जगदन्तरभेद। ३ किरण।

मरीचिगर्भ (सं० पु०) मरीचि आलोककणा गर्भे यस्य। १ सूर्य। २ दक्षसावर्णि मन्वन्तरमें होनेवाले एक प्रकारके देवताओंका गण। ३ जगद्भेद।

मरीचिजल (सं० पु०) मृगतृष्णा।

मरीचितोय (सं० क्ली०) मरीचिका, मृगतृष्णा।

मरीचिन् (सं० त्रि०) मरीचि अस्त्यर्थे इनि। १ किरणयुक्त, जिसमें किरण हो। (पु०) २ सूर्य और चन्द्रमा।

मरीचिप (सं० त्रि०) १ सूर्यरश्मिपानमें देहधारी। २ मरीचिपालक देवता। ३ ऋषिकुलविशेष।

मरीचिपत्तन (सं० क्ली०) नगरभेद।

मरीचिमत् (सं० त्रि०) मरीचि अस्त्यर्थे मतुप् । मरीचियुक्त, जिसमें किरण हो ।

मरीचिमाली (सं० पु०) मरीचिमाला अस्यास्तीति इनि । १ मरीचि-मालायुक्त, चन्द्र और सूर्य । (त्रि०) २ किरणमालाविशिष्ट ।

मरीज (अ० वि०) रोगग्रस्त, रोगी ।

मरीना (हिं० पु०) एक प्रकारका बहुत मुलायम ऊनी पतला कपड़ा जो मेरीनो नामक भेड़के ऊनसे बनता है ।

मरीमृज (सं० क्ली०) पुनः पुनः मार्जन द्वारा परिष्कार करना, वार बार मल कर साफ करना ।

मरीमृश (सं० क्ली०) अनुभव करना ।

मरीयमि (सं० स्त्री०) अंगरेजी *Mary* शब्दका अपभ्रंश । रोमकसिद्धान्तमें जिस मरीयमिपुत्रका उल्लेख है, वह मेरिपुत्र ईसाका नामान्तर समझा जाता है ।

मरु (सं० पु०) म्रियते ऽस्मिन्निति मृ (भृमृशीति । उण् १।७) इति उ । १ निर्जलदेश, मरुभूमि, रेगिस्तान ।

"अदृश्या गच्छ भीरु त्वं सरस्वती मरून् प्रति ॥"

(भारत १३, १५४।२७)

२ वह पहाड़ जिसमें जलका अभाव हो । ३ मारवाड़ और उसके आसपासके देशका नाम । ४ मरुवक वृक्ष, मरुआ नामका पौधा । ५ नरकासुरके सहचर एक असुरका नाम । ६ सूर्यवंशीय भावीराजविशेष । भगवान्‌ने कल्कि अवतार ले कर म्लेच्छोंका निधन और मरुको अयोध्याराज्यमें अभिषिक्त किया । पीछे विशाखयूप राजाकी कन्यासे इनका विवाह हुआ ।

(कल्किपु० १८ अ०)

७ वसुओंमेंसे एक । कल्कि देखो । ८ शीघ्रराजके एक पुत्रका नाम । ९ निमिवंशके राजा हर्यश्वके एक पुत्रका नाम ।

मरुआ (हिं० पु०) १ वनतुलसी वा ववरीकी जातिके एक पौधेका नाम । यह पौधा बागोंमें लगाया जाता है । इसके पत्ते ववरीके पत्तोंसे कुछ बड़े, नुकीले, मोटे, नरम और चिकने होते हैं । इनसे उग्र गंध आती है । इसके दल देवताओं पर चढ़ाये जाते हैं । इसका पेड़ डेढ़ दो हाथ ऊंचा होता है और इसकी फुनगी पर कार्त्तिक अगहनमें तुलसीकी तरह मंजरी निकलती है । इन मंजरियोंमें सफेद फूल लगते हैं । जब फूल झड़ जाते हैं तब बीजोंसे भरे हुए छोटे छोटे बीजकोश निकल आते हैं । बीजकोशके पकने पर उनमेंसे बहुत बीज निकलते हैं । इन बीजोंको यदि पानीमें डाल दे, तो वे ईशबगोलकी तरह फूल जाते हैं । यह पौधा बीजोंसे उगता है; पर यदि इसकी कोमल टहनी या फुनगी लगाई जाय, तो वह भी लग जाती है । रंगके प्रभेदसे मरुआ दो प्रकारका होता है, काला और सफेद । काले मरुएका प्रयोग ओषधिरूपमें नहीं होता और फूल आदिके साथ देवताओं पर चढ़ानेके काम आता है । सफेद मरुआ ओषधियोंमें काम आता है । इसका गुण चरपरा, कड़ुआ, रूखा और रुचिकर तथा तीखा, गरम, हलका, पित्तवर्द्धक, कफ और वातनाशक, विष, कृमि और कुष्ठनाशक माना गया है । मरुवक देखो ।

२ हिंडोलेमें वह ऊपरकी लकड़ी जिसमें हिंडोला लटकाया जाता है वा हिंडोलेको लटकानेकी लकड़ी जड़ी वा लटकाई जाती है । ३ मांड़ ।

मरुक (सं० पु०) १ मयूरभेद, एक प्रकारका मोर । २ मृगविशेष, एक प्रकारका हरिन ।

मरुकच्छ (सं० पु०) देशविशेष । यह दक्षिण दिशामें है और हस्त, चित्रा और स्वाती नक्षत्रोंके अधिकारमें माना गया है ।

मरुकान्तर (सं० पु०) बालू या रेतका मैदान, रेगिस्तान ।

मरुकुच्च (सं० पु०) देशविशेष । मरुकुत्स देखो ।

मरुकुत्स (सं० पु०) बाराहीसंहिताके अनुसार एक देशका नाम । यह कूर्मविभागके अनुसार पश्चिमोत्तर दिशामें है और उत्तराषाढ़ा, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्रोंके अधिकारमें माना गया है ।

मरुकेश्वर (सं० पु०) शिवलिङ्गभेद ।

(स्कन्दपु० नागर० १०२।१३)

मरुकोट (सं० पु०) देशभेद ।

मरुचीपट्टन (सं० क्ली०) वृहत्संहिताके अनुसार एक देशका नाम । यह दक्षिण दिशामें है और हस्त, चित्रा और स्वाती नक्षत्रोंके अधिकारमें माना गया है ।

मरुज (सं० पु०) मरौ निर्जलदेशे जायते इति जन-ड ।

१ नखी नामक गन्धद्रव्य । (क्ली०) २ वंशांकुर, वांसका कल्ला । ३ विटखदिर । (त्रि०) ४ मरुदेश जात, रेगिस्तानमें होनेवाला ।

मरुजा (सं० स्त्री०) मरुज-स्त्रियां टाप् । मृगेर्व्वारु, मरुस्थलमें होनेवाली इन्द्रायणकी जातिकी एक लता ।

मरुजाता (सं० पु०) कपिकच्छुलता, केवांच, कौंछ ।

मरुटा (सं० स्त्री०) उच्च-ललाटयुक्त स्त्री, वह स्त्री जिसका ललाट ऊंचा हो ।

मरुण्डा (सं० स्त्री०) मरुटा देखो ।

मरुत (सं० पु०) म्रियते प्राणिनो यदभावादिति मृ-बाहुलकात् उत . १ वायु, हवा । २ देव । ३ घंटापारुलिवृक्ष । ४ यदुवंशीय एक राजाका नाम । ये प्रसिद्ध राजर्षि थे । इनके पिताका नाम सितेयु और पितामहका उशना था। इनके एक पुत्र थे जिनका नाम कम्बलवर्हि था ।

(लिङ्गपुराण)

मरुत् (सं० पु०) म्रियते प्राणी यस्याभावादिति मृ (मृग्रोरुति । उण् १।९४) इति उत् । १ वायु, हवा । २ एक देवगणका नाम । वेदोंमें इन्हें रुद्र और वृश्निका पुत्र लिखा है और इनको संख्या ६०की तिगुनी मानी गई है । पुराणोंमें इन्हें कश्यप और दितिका पुत्र बतलाया है । मरुत्के वैमात्रेय भाई इन्द्रने दितिका गर्भ काट कर एकसे उनचास टुकड़े कर डाले थे । अनन्तर उन्होंने 'मा रोदोह' अर्थात् 'मत रोवो' कह कर दितिको अश्वासन दिया, इसीलिये जात बालकका नाम मरुत हुआ । उनके उनचास टुकडे किये गये थे इस कारण उनचास मरुत् हुए । वेदोंमें मरुद्गणका स्थान अन्तरिक्ष लिखा है; उनके घोडेका नाम पृशित बतलाया है तथा उन्हें इन्द्रका सखा लिखा है । पुराणोंमें इन्हें वायुकोणका दिकपाल माना गया है । पवन देखो ।

३ मरुवक वृक्ष, मरुआ । ४ देव । ५ साध्यविशेष । ६ भ्रातृवत्सल देवताविशेष । ७ हिरण्य, सोना । ८ ऋत्विक् । ९ ग्रन्थिपूर्णवृक्ष, गठिवन । (स्त्री०) १० पृक्का, असबर्ग ।

मरुत्—मुसलमानोंके स्वर्गीय दूतभेद । कुरानमें लिखा है,—आदमके पुत्रोंने पृथ्वी पर घोर उपद्रव मचाना शुरू कर दिया । यह अत्याचार देख कर स्वर्गीय दूत स्तम्भित और विस्मित हो गये । पीछे उन्होंने जगत्-नियन्ता परमेश्वरके समीप जा कर कुल वृतान्त कह सुनाया । तद्नुसार जगत्-पिताने मरुत् और हारुत् नामक दो देवदूतोंको पृथ्वी पर भेजा । पृथ्वी पर उतर कर वे दोनों बड़ी कुशलतासे अपना अपना कर्त्तव्य करने लगे । अनन्तर जोब्रा (शुक्रग्रह) स्त्रीका रुप धारण कर पृथ्वी पर आया । दोनों देव-दूत उसके रुपलावण्यको देख कर मुग्ध और प्रेम-पीड़ित हो पड़े । इसके बाद उक्त रमणीके स्वर्ग जाने पर मरुत् और हारुत्ने उसका पीछा किया । किन्तु स्वर्गरक्षक रिदवानने उन्हें घुसने नहीं दिया । पापके प्रायश्चित्त स्वरूप वे दोनों जब तक इसका विचार शेष नहीं हुआ, तब तक बाविलनमें बंद रखे गये ।

मरुत्कर (सं० पु०) करोतीति कृ-अच्, मरुतो अपानवायोः करः । १ राजमाष, उड़द । (त्रि०) २ मरुत्कारी ।

मरुत्कर्म (सं० पु०) १ उदराध्मान, पेटका फूलना । २ वायुनिःसरण, हवाका निकलना । ३ शब्दकल्पद्रुम ।

मरुत्क्रिया (सं० स्त्री०) मरुतः क्रिया । अपानोत्सर्ग, पादना ।

मरुत्त (सं० पु०) मरुदस्त्यस्येति मरुत-(तप्पर्व्वमरुद्भ्यां । पा ५।२।१२२) इत्यत्र काशिकोक्त्या तप् । एक चन्द्रवंशीय राजा । इनके पिताका नाम अवीक्षित था । ये चक्रवर्त्ती राजा थे । मार्कण्डेयपुराणमें लिखा है :—चन्द्रवंशीय राज्यश्रेष्ठ करन्धमके अवीक्षित नामक एक पुत्र थे । अवीक्षित वीर पुरुषोंमें श्रेष्ठ थे । विदिशाधिपति विशालकी कन्याको वे स्वयम्बर सभासे हर लाये थे । इस कारण उपस्थित राजाओंने युद्धस्थलमें उन्हें बांध रखा । अवीक्षितके पिताको जब इसकी खबर लगी, तब उन्होंने आ कर राजाओंको युद्धमें हराया और पुत्रको बंधन-मुक्त किया ।

अनन्तर विदिशाधिपति विशालने अपनी कन्याको अवीक्षितसे ही व्याहना चाहा ; परन्तु पराजित अवीक्षित दुःखी थे इसीलिये विवाह करनेसे इन्कार चले गये । इधर युवती कन्या भी अवीक्षितके सिवाय दूसरेके साथ व्याह करना नहीं चाहती थी । पिताने जब उसे दूसरा पति चुनने कहा, तब वह बोली,

"हे पिता ! यदि पूर्व निश्चित स्वामी मेरा पाणिग्रहण न करें तो मुझे तपस्या करनेकी आज्ञा दीजिये, तपस्या भिन्न इस जन्ममें मेरा पति और कोई हो ही नहीं सकता।" राजा विशाल किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो कुछ स्थिर न कर सके। कन्या तपस्या करने जङ्गल चली गई। घोर तपस्यासे जब उसका शरीर क्षीण होने लगा और प्राण निकलनेकी नौबत आन पड़ी तब देवताओंने उसके पास एक देवदूत भेजा। उस दूतने कहा "मैं देवदूत हूं, देवताओंने मुझे तुम्हारे पास भेजा है। सुनो ! यह शरीर दुर्लभ है तुम उसे मत त्यागो। तुम्हें एक चक्रवर्त्ती पुत्र होगा जो शत्रुओंका संहार कर सातों द्वीपका अधिकारी बनेगा।" कन्या बोली, 'हे दूत ! बिना स्वामीके मुझे किस प्रकार वैसा पुत्र मिल सकता? मैंने तो संकल्प कर लिया है, कि अवीक्षितको छोड़ कर और कोई भी इस जन्ममें मेरे पति नहीं हो सकते। मेरे पिता और अवीक्षितके पिता करन्धमने उन्हें मुझसे विवाह करनेके लिये बार बार समझाया, मैंने भी कई बार अनुनय विनय किया, पर उन्होंने एक भी न मानी।

इस पर देवदूतने कहा, 'अधिक कहनेकी जरूरत नहीं। तुम्हारे निश्चय ही एक पुत्र होगा। अतएव अधर्म द्वारा प्राणत्याग न करना, इसी काननमें रह कर इस क्षीण शरीरको पालना।'

उधर अवीक्षितकी माता वीराने पुत्रसे कहा, 'मैं किमिच्छिकव्रत करना चाहती हूं तुम मेरी सहायता करना।' अवीक्षितने उत्तर दिया, 'धन मेरे पिताका है, उसमें मेरा कुछ भी अधिकार नहीं है। पर हां, मैं प्रतिज्ञा करता हूं, जहां तक हो सकेगा, मैं अपने शरीरसे जरूर मदद पहुंचाऊंगा।'

अवीक्षितके इस प्रकार प्रतिज्ञा करने पर राजा करन्धम उनके समीप गये और बोले, 'वत्स ! मैं तुमसे एक वस्तु मांगना चाहता हूं, कबूल करो, तो कहूं।' अवीक्षितने हाथ जोड़ कर कहा, 'तात ! आप जरा भी न सकुचें, कह डालें, वह कौन-सी वस्तु है जो आप चाहते हैं। चाहे वह साध्य हो वा असाध्य, मैं उसे अवश्य कर डालूंगा।' राजाने उत्तर दिया, 'मैं अपनी गोदमें पौत्र-मुख देखना चाहता हूं, सो मेरा मनोरथ पूरा करो।' अवीक्षित बोले, 'राजन् ! मैं आपका एकमात्र पुत्र हूं, फिर भी मैं ब्रह्मचारी हूं। मेरे स्त्रीपुत्र कुछ भी नहीं है। ऐसी हालतमें किस प्रकार आप पौत्रका मुख देख सकते?' राजाने कहा, 'तुमने अन्याय ब्रह्मचर्यका अवलम्बन किया है। अभी अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहो और विवाह करो, यही मेरा अनुरोध है।' अवीक्षित इस पर राजी हो गये।

अनन्तर एक दिन राजपुत्र अवीक्षित आखेटको निकले। वहां उन्होंने किसी स्त्रीका रोना सुना। शब्दका अनुसरण करते करते वे उसके पास गये और बोले, 'तुम कौन हो और क्यों रोती हो?' स्त्रीने जवाब दिया, 'मैं राजा करन्धमके पुत्र पृथ्वीश्वर श्रीमान् अवीक्षितकी भार्या हूं। दुरात्मा असुर मुझे यहां हर लाया है, इसीलिये मैं रोती हूं।' यह सुन कर अवीक्षित सोचने लगे, 'क्या सचमुच यह मेरी भार्या है अथवा कानन वासी दुष्ट-प्रकृति मायावी राक्षसोंकी माया है? जो कुछ हो, मैं जब यहां पहुंच गया, तब इसका यथार्थ तत्त्व मालूम कर जरूर इसका प्रतिकार करूंगा।' पीछे जब उन्हें मालूम हुआ, कि दनुके पुत्र दृढ़केशने उस सर्वालङ्कारभूषिता कन्याको यहां हर लाया है, तब उन्होंने उसे युद्धमें बुलाया और मार डाला।

दुरात्मा दानवके मारे जाने पर देवगण वहां पहुंच गये और उन्होंने अवीक्षितसे अभिलषित वर मांगनेको कहा। इस पर राजपुत्रने पिताकी कामना पूरी करनेके हेतु एक महावीर्य पुत्रके लिये प्रार्थना की। देवताओंने कहा, 'तुमने इस कन्याका संकट दूर किया है, इस कारण इसीके गर्भसे तुम्हें एक महाबलिष्ठ चक्रवर्त्ती पुत्र होगा।'

इस समय तुलय नामक गन्धर्व अन्यान्य सहचरोंके साथ वहां पहुंचे और कहने लगे, 'यह मालिनी मेरी ही नन्दिनी है, भामिनी इसका नाम है। अगस्त्यके शापसे विशालकी कन्या हो गई है। तुम इसका पाणि ग्रहण करो, इसके गर्भसे तुम्हें चक्रवर्त्ती पुत्र होगा।' राजपुत्र अवीक्षितने इस बात पर सहमत हो कर उससे विवाह कर लिया।

कुछ दिनके बाद उनके एक पुत्र उत्पन्न हुआ।

तुम्बुरु जातबालकका जातकर्मादि शेष करके स्तुति करने लगे—"मरुत् तुम्हारा कल्याण करें, पूर्व-मरुत् तुम्हारे कल्याणके लिये मन्द गतिसे प्रवाहित होवें, उसके साथ नाममात्र भी धूल न रहे, दक्षिण-मरुत् अक्षीण और निर्मल हो कर तुम्हारे अनुकूल रहें, पश्चिम-मरुत् तुम्हें उत्कृष्ट वीर्य और उत्तर-मरुत् विशिष्ट रूपसे बल प्रदान करें।" स्वस्तिवाचन शेष होने पर आकाशवाणी हुई, 'तुम्हारे गुरुने बार बार तुम्हारे उद्देशसे मरुत् शब्दका प्रयोग किया है, इसलिये यह बालक मरुत् नामसे पृथिवी पर प्रसिद्ध होगा। पृथिवी परके सभी राजा इसकी आज्ञाके वशीभूत होंगे।

अनन्तर राजपुत्र अवीक्षित अपने पुत्र मरुत्त और स्त्रीके साथ घर लौटे। राजा पौत्रका मुख देख कर फूले न समाये। इस प्रकार कुछ दिन बीत गये। एक दिन राजाने अवीक्षितसे कहा, मैं वृद्ध हो गया हूं, अब राजकाज तुम चलाओ, मैं वन जाऊंगा।

अवीक्षित भी तपस्याके लिये वन जाना चाहते थे, सो उन्होंने पितासे कहा, 'पिता! मैं राजा होना नहीं चाहता, मेरे मनसे आज तक भी लज्जा दूर नहीं हुई है, अतएव आप किसी दूसरेको राज्यमें नियुक्त कर जायें। आप अच्छी तरह जानते हैं, मैं बन्दी हुआ था, आपने ही मेरा उद्धार किया। अतएव मुझमें पौरुष रहा कहां, जो राज्यशासन करूं! बिना पौरुषके राज्यशासन करना उचित नहीं।'

पिताने कहा, 'पिता जिस प्रकार पुत्रसे भिन्न नहीं है, पुत्र भी उसी प्रकार पितासे अभिन्न हैं। तुम्हारा और किसीने बन्धनमोचन नहीं किया, स्वयं पिताने ही मोचन किया। इस पर पुत्र बोले, 'मैं अब मनकी गतिको पलटा नहीं सकता। दूसरेकी सहायतासे मुक्त हो कर मैं बड़ा लज्जित हो गया हूं। अधिक क्या, वयः प्राप्त हो कर जो पुत्र पिताके उपार्जित अर्थका भोग करता है अथवा पिताकी चेष्टासे पाप या कष्टसे उत्तीर्ण होता उसको जैसी गति होती है, मैं भी उसी गतिको प्राप्त हुआ हूं।

पिताके लाख समझाने पर भी अवीक्षितने नहीं माना और राजपाट अपने पुत्र मरुत्त पर सौंप आप जंगलको चल दिये।

मरुत्त भी पिताके आज्ञानुसार पितामहसे राज्य पा कर पुत्रवत् प्रजापालन करने लगे। वे बड़े धार्मिक थे, सर्वदा यज्ञानुष्ठानमें ही लगे रहे थे। पृथ्वी देवी महात्मा मरुत्तसे परिपालित हो कर देवसमाजमें उनका सर्वदा गुणानुकीर्त्तन किया करती थीं। राजा मरुत्तने यज्ञ करके केवल राजाओंको ही नहीं, देवराजको भी परास्त किया था। अङ्गिरा-पुत्र सम्बर्त्त इनके यज्ञमें ऋत्विक् होते थे। राजा मरुत्त सुरगण-सेवित सुवर्णमय मुञ्जवान् पर्वतशृङ्गको यज्ञमें लाते थे। इनके यज्ञीय सभी प्रासाद सोनेके बने थे।

इस प्रकार राजा मरुत्तके राज्यशासन करते करते बहुत दिन बीत गये। एक दिन कोई तपस्वी उनके निकट आये और बोले, 'राजन्! मदोन्मत्त सर्पगण तापसमण्डलीको बहुत सता रहे हैं, उनके विषसे सभी त्राहि त्राहि कर रहे हैं, यह देख आपकी पितामहोने कहला भेजा है,—"आपके पितामह सम्यक्रूपसे राज्यशासन कर गये हैं। अभी वे और्व आश्रममें ठहर कर तपस्या कर रहे हैं। तुम राज्यशासनके योग्य नहीं हो, क्योंकि तुम्हारे पितामह और पूर्व पुरुषोंके अधिकारमें जो कभी नहीं हुआ, वह तुम्हारे राज्यशासनमें हो रहा है। तुम सचमुच विषयवासनामें लिप्त हो कर इन्द्रियके वशीभूत हो गये हो। तुम प्रजाका दुःख सुख नहीं सुनते। उन्मत्त भुजङ्गोंने पातालसे आ कर सात ऋषिकुमारोंको डँस लिया है तथा जलाशयादिमें स्वेद, मूत्र और पुरीष त्याग कर जलको दूषित कर डाला है। उनके दौरात्म्यसे अनलमें दिये गये घृत समिधादि भी यों हो नष्ट हो गये हैं। ऋषिगण बिना प्रयासके सर्पकुलको भस्म कर सकते हैं, पर इस विषयमें उनको अधिकार नहीं; तुम ही एकमात्र अधिकारी हो।"

राजा मरुत्त तापसकी यह बात सुन कर शरासन लिये बड़े वेगसे और्वके आश्रममें चल दिये। वहां उन्होंने सचमुच सांपसे काटे गये सात ऋषिकुमारोंको देखा पीछे मुनियोंके समीप जा अपनेको धिक्कारते हुए कहा, 'हे दुष्ट भुजङ्ग! तुमने मेरी अवहेला करके ब्राह्मणोंसे शत्रुता ठान दी है। आज मैं तुम लोगोंको ऐसा दण्ड दूंगा, कि सदाके लिये याद रहेगा।

इतना कह कर मरुत्तने पाताल और भूतल परके सभी नागोंका विनाश करनेके लिये सम्बर्त्तक अस्त्रको छोड़ा। अस्त्रके तेजसे समस्त नागलोक दग्ध होने लगा। नागोंने कोई उपाय न देख मरुत्तको माता भामिनीकी शरण ली। भामिनीने अपने स्वामी अवीक्षितसे नागोंकी रक्षाके लिये अनुरोध किया। इस पर अवीक्षित बोले, 'नागोंने भारी अपराध किया है, इसी कारण मरुत्त क्रोधमें आ कर ऐसे काममें प्रवृत्त हुआ है। उसका यह क्रोध सहजमें शान्त होगा, सो मुझे विश्वास नहीं होता।' अनन्तर नागगण अवीक्षितकी शरणमें पहुंचे। अवीक्षितने शरणार्थी नागों तथा निज पत्नी भामिनीके अनुरोध पर कहा, 'भद्रे! मैं अति शीघ्र मरुत्तके पास जा रहा हूं और उसको इस कामसे रोकता हूं। क्षत्रियको ऐसा कदापि उचित नहीं, कि वे शरणागतको विमुख लौटा दे। यदि मरुत्त मेरी बातको न मानेगा, तो निश्चय जानना कि मैं अपने अस्त्रसे उसके अस्त्रका प्रतिरोध करूंगा।

इस प्रकार नागोंको सान्त्वना दे कर अवीक्षित पुत्रके पास गये और बोले, 'मरुत्त! अस्त्रको रोको, क्रोधके वशीभूत मत होवो।' मरुत्त पिताकी आज्ञा सुन कर एक टकसे उन्हें देखने लगे और प्रणाम करते हुए बोले, 'तात! इन दुष्ट सर्पोंने गुरुतर अपराध किया है। मैं पृथ्वीका शासनकर्त्ता हूं, मेरे शासनकी अवज्ञा कर इन्होंने आश्रयवासी निरपराध सात ऋषिकुमारोंको डंस लिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने यज्ञीय घृत और जलको भी दूषित कर दिया है। इसी कारण मैं इन सबोंका बध करनेको उद्यत हुआ हूं। मेरा अनुरोध है, आप मुझे इस कामसे न रोकें।

पुत्रकी बात सुन कर अवीक्षितने कहा, 'सच है भुजङ्गोंने भारीसे भारी अपराध किया है, पर इस समय मेरा अनुरोध तुम्हें अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा। नागगण अपने अपराधका दण्ड अच्छी तरह पा चुके, अब अपना अस्त्र रोको।' इस पर मरुत्तने कहा, 'यदि मैं इन पापियोंको अच्छी तरह शास्ति न दूं, तो मुझे नरक जाना पड़ेगा। अतएव आप मुझे इस कामसे न रोकें। अवीक्षित बोले, 'इन पन्नगोंने मेरी शरण ली हैं, शरणागतको आश्रय देना क्षत्रियका एकान्त धर्म है। अतएव मेरे प्रति दया करो और अब अस्त्र चलाना छोड़ दो।' मरुत्तने जवाब दिया, 'ये दुष्ट और अपराधी हैं, इन्हें कदापि क्षमा नहीं कर सकता। मैं अपने धर्मका उल्लङ्घन करते हुए किस प्रकार आपके वचनकी रक्षा करूंगा। दुष्टोंका दमन और शिष्टोंका पालन करना ही राजाका कर्त्तव्य है। ऐसा नहीं करनेसे नरककी गति होती है।

इस प्रकार पिताके बार बार अनुरोध करने पर भी जब पुत्रने अस्त्र चलाना नहीं छोड़ा, तब एक बार और अवीक्षितने कहा, 'ये सभी पन्नग डर गये और मेरी शरणमें पहुंचे हैं। इसके लिये मैंने तुमसे कई बार अनुरोध किया, फिर भी तुमने अस्त्र चलाना छोड़ा नहीं। अब निश्चय जानो, मैं स्वयं अस्त्र धारण करूंगा। केवल तुम ही अस्त्रविद् नहीं हो, मैं भी अस्त्र चलाना जानता हूं। मेरे सामने तुम ठहर नहीं सकते! पिताका कहना नहीं मानते, इसलिये तुम अति दुर्वृत्त हो।'

अनन्तर राजा अवीक्षितने कालास्त्र ग्रहण कर पुत्रके उद्देशसे प्रयोग किया। तब मरुत्तने चिल्ला कर कहा, मैंने सिर्फ दुष्टोंका शासन करनेके लिये ही इस संवर्त्तक अस्त्रकी योजना की है, आपका वध करनेके लिये नहीं। मैं आपका पुत्र हूं, फिर भी सुपथसे चल कर आपकी आज्ञाका पालन करता आया हूं, प्रजाका परिपालन ही मेरा कार्य है, तब ऐसा अन्याय क्यों हो रहा है।'

अवीक्षितने उत्तर दिया, 'मैंने भी तो शरणागतकी रक्षा करूंगा, ऐसी प्रतिज्ञा की है, तो फिर तुम क्यों बाधा डालते हो। निश्चय जानो, जब तक दम है, तब तक तुम मुझसे पार नहीं पा सकते। चाहे तुम अस्त्रसे मेरा बध कर इन दुष्ट सर्पोंको संहार करो चाहे मैं अस्त्र बलसे तुम्हें मार कर इनकी रक्षा करूं। शरणागत चाहे शत्रु भी क्यों न हो जो उन पर दया नहीं दरसाते उनका जीवन धिक् है। मैं क्षत्रिय हूं, ये सब भयभीत हो कर मेरी शरणमें पहुंचे हैं, किन्तु तुम इनका अनिष्ट कर रहे हो, तो फिर बताओ मैं तुम्हारा क्यों नहीं बध करूं?'

इस पर मरुत्तने उत्तर दिया, 'मित्र, बान्धव, पिता वा गुरु चाहे कोई भी क्यों न हो प्रजापालनमें विघ्न

डालनेसे राजा उसका अवश्य वध करेगा। अतएव मैं आपको प्रहार करूंगा। इसमें यदि आप कोप करें, तो अनुचित है।

पिता और पुत्र दोनों आपसमें मर मिटनेको तैयार हो गये। जब यह खबर भार्गवादि मुनियोंको लगी, तब वे वहां आये और मरुत्तसे बोले, 'पिता पर अस्त्र छोड़ना उचित नहीं।' पीछे वे लोग अवीक्षितको भी समझा कर कहने लगे, 'तुम्हारा यह पुत्र विख्यात-विक्रम है, इसका संहार तुम्हें हरगिज नहीं करना चाहिये।' उत्तरमें मरुत्तने कहा, 'मैं राजा हूं, दुष्टोंका दमन और शिष्टोंका पालन हमारा कर्त्तव्य कर्म है। भुजङ्गोंने भारी अपराध किया है, इसीसे मैं उन्हें दण्ड देता हूं।' अवीक्षित बोले, 'शरणागतको रक्षा करना मेरा एकमात्र कार्य है। मेरा यह पुत्र शरणागतके संहारमें प्रवृत्त हुआ है अतएव यह सर्वदा अपराधी है।'

इस पर ऋषियोंने फिर कहा, 'भुजङ्गोंने जिन ब्राह्मण-कुमारोंको डंसा है उन्हें वे ही जिला देंगे। अतएव पितापुत्रमें विवाद करनेकी जरूरत नहीं। तुम दोनों ही राजश्रेष्ठ हो।' इसी समय अवीक्षितकी माता वीरा वहां पहुंची और पुत्रसे कहने लगी, 'तुम्हारा पुत्र मरुत्त मेरे ही कहने पर इन पन्नगोंका संहार करनेको उद्यत हुआ है। अतएव मेरा यही कहना है, यदि मृतब्राह्मण-कुमार जीवन पा जांय तो तुम्हारे शरणागत सर्पगण भी रक्षा पावेंगे।'

तदनन्तर भुजङ्गोंने सभी ब्राह्मण-कुमारोंको दिव्य ओषधि द्वारा जिला दिया। अब मरुत्त पिताके चरणोंमें गिर कर वन्दना करने लगे। अवीक्षितने भी प्रेमपूर्वक आलिङ्गन कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

राजाधिराज मरुत्त षड़रिपुओंको जय कर धर्मतः पृथिवीका पालन करते हुए सभी भोगोंका संभोग करने लगे। विदर्भकी कन्या प्रभावती, सुवीरकी कन्या सौवीरा, मगधपति केतुकी कन्या प्रभावती, सुवीरकी कन्या सौवीरा, केकयकी कन्या सैरिन्ध्री, सिन्धुकी कन्या वसुमती और चेदितकी कन्या सुशोभना यही सात मरुत्तकी पत्नी थीं। इन सातोंके गर्भसे अठारह पुत्र उत्पन्न हुए। सभी पुत्रोंमें नरिष्यन्त श्रेष्ठ था।

जो व्यक्ति इस मरुत्त-उपाख्यानको ध्यानपूर्वक सुनता है, उनके सभी पाप नष्ट होते हैं तथा अन्तमें वह शुभ गतिको प्राप्त होता है। (मार्कण्डेय पु० १२८-१३२)

२ यदुवंशीय करन्धमके एक पुत्रका नाम (भाग० ६।२३।१७) ३ राजा शिलेयुके एक पुत्रका नाम।

(हरिवंश ३६।७)

मरुत्तक (सं० पु०) मरुदिव तकति हसतीति तक-हासे अच्। १ श्वेत मरुवकवृक्ष, सफेद मरुआ। २ देवदारुवृक्ष।

मरुत्तम (सं० त्रि०) मरुत्तुल्य वेगगामी, हवाके समान चलनेवाला।

मरुत्पति (सं० पु०) मरुतां पतिः ६ तत्। इन्द्र।

मरुत्पथ (सं० पु०) मरुतां पन्था (ऋक्पूरब्धुःपथामानक्षे। पा ५।४।७४) इति असमासान्तः। आकाश।

मरुत्पाल (सं० पु०) मरुतो देवान् पालयतीति पालि-अच्, देवराजत्वादस्य तथात्वं। इन्द्र।

मरुत्पुत्र (सं० पु०) मरुतो वायोः पुत्रः। भीमसेन।

मरुत्प्लव (सं० पु०) मरुदिव प्लवते द्रुतं गच्छतीति प्लु-अच्। सिंह, शेर।

मरुत्फल (सं० क्ली०) मरुतां वायूनां फलमिव। घनोपल, ओला।

मरुत्वत् (सं० पु०) मरुतो देवाः पालनीयत्वेन सन्त्यस्य इति मरुत् (मध्वादिभ्यश्च। पा ४।२।८६) इति मतुप् मस्य व, संज्ञायां प्रत्ययवकारे परे न तस्य द। १ इन्द्र। २ महाभारतके अनुसार देवताओंके एक गणका नाम जो धर्मके पुत्र माने जाते हैं। ३ हनूमान। (त्रि०) ४ वायु विशिष्ट।

"वभौ मरुत्वान् विकृतः समुद्रो वभौ मरुत्वान् विकृतः समुद्रः।
वभौ मरुत्वान् विकृतः समुद्रो वभौ मरुत्वान् विकृतः समुद्रः॥"

(भट्टि १०।२६)

भट्टिके इसी एक श्लोकमें सभी अर्थोंका उदाहरण है।

मरुत्वती (सं० स्त्री०) धर्मकी पत्नीका नाम। यह प्रजापतिकी कन्या थी।

मरुत्वतीय (सं० त्रि०) मरुत्वत् इन्द्रसम्बन्धीय माध्यन्दिन यागभेद।

मरुत्सख (सं० पु०) मरुतां देवानां सखा (राजाहःसखिभ्यष्टच्। पा ५।४।९१) इति टच्। १ इन्द्र। मरुतो वायोः सखा। २ अग्नि।

मरुत्सखि (सं० स्त्री०) १ सरस्वती। २ इन्द्र।

मरुत्सहाय (सं० पु०) मरुत सहायो यस्य। अग्नि।

मरुत्सुत (सं० पु०) १ वायुपुत्र, हनूमान। २ भीम।

मरुत्स्तोत्र (सं० पु०) मरुतोंके साथ स्तुत।

मरुत्स्तोम (सं० पु०) १ मरुत्सम्बन्धीय स्तोम। २ एकाहयागभेद, एक प्रकारका एकाह यज्ञ।

मरुथल (सं० पु०) मरुस्थल देखो।

मरुदान्दोल (सं० पु०) मरुत् वायुरान्दोल्यतेऽनेनेति आन्दोलि करणे घञ्। १ धवित्र, धौंकनी। २ प्राचीन कालकी एक प्रकारकी धौंकनी जो हरिन वा भैंसके चमड़ेसे वनती थी।

मरुदिष्ट (सं० पु०) मरुतां देवानामिष्टः। गुग्गुलु, गूगुल।

मरुदेव (सं० पु०) इक्ष्वाकुवंशीय राजभेद। ऋषभदेवके पिताका नाम।

मरुदेवी (सं० स्त्री० ऋषभदेवकी माता।

मरुदेश (सं० पु० १ मरुभूमि। २ मारवाड़का जनपद।

मरुद्गण (सं० पु०) मरुत्समूह।

मरुद्ध्वज (सं० क्ली०) मरुत्सु वायुषु ध्वजः पताकेव, नभसि वायुवशाच्चलितत्वादस्य तथात्वं। वाततूल, गुड्डीका तागा।

मरुद्बद्ध (सं० पु०) १ यज्ञीय पात्रविशेष। २ समावेदकी एक शाखा। ३ विष्णु।

मरुद्भव (सं० पु०) १ वनकपास। २ शुकशिम्बी, कपिकच्छु। ३ इन्द्र और वरुण। ४ ह्रस्वखदिर, छोटा खैर।

मरुद्भवा (सं० स्त्री०) मरुत् वायुर्भव उत्पत्तिकारणं यस्याः। ताम्रमूलाक्षप, कपिकच्छु।

मरुद्रथ (सं० पु०) मरुत् वायुरथो यानमिवास्य, ऊर्ध्वां स्तोकं वियति बहुतरं गच्छतीति तथात्वं। १ अश्व, घोड़ा। २ देवरथ।

मरुद्रुम (सं० पु०) मरोर्निर्ज्जलदेशस्य द्रुमः, मरुजातो द्रुमो वा। १ विट्खदिर। २ बबूल।

मरुत्वर्त्म (सं० क्ली०) मरुतो वायूनां देवानां वा वर्त्म पन्थाः। आकाश।

मरुद्वाह (सं० पु०) मरुता वायुना उह्यतेऽसौ इति कर्मणि घञ्, यद्वा मरुद्वायुर्वाह इव यस्य। १ धूम, धूआं। २ अग्नि, आग।

मरुद्विधा (सं० स्त्री०) नदीभेद, मरुद्वृधा।

मरुद्विप (सं० पु०) मरौ निर्ज्जलदेशे द्विपो हस्तीव। उष्ट्र, ऊँट।

मरुद्वीप (सं० पु०) वह उपजाऊ और सजल हरा भरा स्थान जो मरुस्थलमें हो, ओसिज। इसे अंग्रेजीमें Oasis कहते हैं।

मरुद्वृता (सं० स्त्री०) नदीभेद, कावेरी नदी।

मरुद्वृध (सं० त्रि०) मरुत् कर्त्तृक वर्द्धमान।

मरुद्वृधा (सं० स्त्री०) १ पुण्या-नदीभेद। २ पञ्जाबकी एक नदीका वैदिक नाम। ३ नदीमात्र।

मरुद्वेग (सं० पु०) मरुतो वेगः। १ वायु वेग। २ एक दैत्यका नाम।

मरुधन्वा (सं० पु०) १ निरुदकदेश, मरुभूमि। २ इन्दीवर नामक विद्याधरके पुत्रका नाम।

मरुधर (सं० पु०) मारवाड़ देश।

मरुन्ध (सं० क्ली०) नगरभेद।

मरुन्नाम (सं० पु०) मरुतोंके नाम।

मरुन्माला (सं० स्त्री०) मरुद्भिर्माल्यते धार्यते इति मल-धारणे कर्मणि घञ्, टाप्। पृक्का नामकी लता, असवर्ग।

मरुपथ (सं० पु०) एक देशका नाम।

मरुपुष्प (सं० स्त्री०) हेमपुष्प।

मरुप्रिय (सं० पु०) मरुनिर्ज्जलदेशः प्रियोऽस्य। उष्ट्र, ऊँट।

मरुफगञ्ज—विहार और उड़ीसाके पटना जिलान्तर्गत एक गंज। पटना शहरकी इस हाटमें विस्तृत कारबार है। यहां देशदेशान्तरसे आये हुए जहाज द्वारा बहुपण्यद्रव्यकी आमदनी और रफ्तनी होती है। आमदनीमें लवण, चावल, रुई, काठ और चीनी तथा रफ्तनीमें गेहूं, बार्ली, सरसों, घी और लोहा आदि प्रधान हैं।

मरुभव (सं० पु०) एक देशका नाम।

मरुभू (सं० स्त्री०) मरु निर्ज्जला भू-र्भूमिः। १ दासेरक देश, मारवाड़। २ वह देश और उस देशका रहने वाला। ३ निर्ज्जलभूमि, मरुभूमि।

मरुभूति (सं० स्त्री०) यौगन्धरायणके पुत्र।

मरुभूमि (सं० स्त्री०) वृक्ष, लता, गुल्मरहित बालुकामय विस्तृत भूमिखण्डको ही मरुभूमि कहते हैं। जिस भूमिकी उर्वराशक्ति जलाभावसे नष्ट हो चुकी है, उस भूमिको भी मरुभूमि कहते हैं। किन्तु विस्तृत बालुकामय मरुभूमिमें भी सम्पूर्णतः जलाभाव नहीं; कहीं कहीं छोटे छोटे जलाशय भी दिखाई देते हैं। ऐसे स्थान 'ओसिस' कहे जाते हैं। सिवा इसके जनशून्य तृणाच्छादित उजाड़ वनभूमिको भी मरुभूमि कहते हैं। रूसिया और अमेरिकामें ऐसे भूमिखण्ड अधिक दिखाई देते हैं। संसारके बालुकामय प्रान्तरोंमें अरबकी बृहत् मरुभूमि और अफ्रिकाका 'सहारा' नामकी मरुभूमि सबसे बड़ी और विख्यात है। किन्तु इन दोनों भूमिखण्डोंके पूर्वांश उपजाऊ हैं। अफ्रिकाका लिबिया मरुभूमिखण्ड विशेषरूपसे विख्यात है। तेगाजाके निकट मरुदेशमें इधर उधर सेंधा नमकके स्तूप दिखाई देते हैं। नान अन्तरीपसे नीलनद तक एक विस्तृत भूभाग लवणमिश्रित तथा जलशून्य होनेसे वहांकी मिट्टीकी उर्वराशक्ति नष्ट हो चुकी है। केवल बीच बीचमें कहीं कहीं जल दिखाई देता है। ऐसे ही जलाशयों पर वणिक्-पथिक अपनी थकावटको दूर करनेके लिये आश्रय ग्रहण करते हैं। केवल ऊंट पर चढ़ कर ही मरुभूमिको पार किया जाता है। मरुभूमिके मध्यस्थित ऐसे उर्वरा खण्डको मरुद्वीप (Oasis) कहते हैं।

ऊंटोंके सिवा दूसरी किसी सवारी पर चढ़ कर मरुभूमिको पार करना या इधर उधर घूमना फिरना असम्भव है। क्योंकि ऊंट ही ऐसा जानवर है, जो सूर्यके प्रखर उत्तापमें बालुकामय भूमिमें बिना जलकी सहायताके चल फिर सकता है। दूसरा कोई जानवर ऐसा कर नहीं सकता। सिवा इसके कभी कभी मरुभूमिमें एक तरहकी प्राणनाशक दूषित वायु बहा करती है। ऊंट इस हवाको सूंघ कर जान लेते हैं और इससे बचनेके लिये जमीन पर पेट सटा कर सो जाते हैं। वहांके व्यवसायी भी यह बात जानते हैं। इस कारण वे ऊंटोंसे सट कर उसी पर सर रख कर सो जाते हैं। दूषित वायुके निकल जाने पर ऊंट आप ही आप उठ जाता है। उठते ही उसकी पीठ पर पड़े बालू दूर हो जाते हैं। उस हवासे ऊंटकी पीठ पर बालूकी एक मोटी तह जम जाती है। इसीसे ऊंट बालुकामय समुद्रका जहाज कहलाता है।

पुराने लोगोंका विश्वास था, कि मरुभूमिमें भूतप्रेत या अपदेवताओंका वास रहता है। पाश्चात्य पण्डित प्लिनीने लिखा है, कि अफ्रिकाकी मरुभूमिमें भूतप्रेत मनुष्यका रूप धारण कर पथिकोंके सामने खड़े हो जाते हैं और शीघ्र ही वायुमें मिल कर अन्तर्द्धान हो जाते हैं। मध्य एशियाके लोगोंमें भी यह विश्वास अत्यधिक जमा हुआ है। उनका कहना है, कि कभी कभी तो यह भूत पथिकोंको ऊंट या घोड़ोंसे उठा कर आकाशमें ले जाते हैं।

अफगानियोंका विश्वास है, कि पर्वत परके जनशून्य स्थानोंमें भूतोंका आवास है। अफगानी भाषामें इन्हें "घोल-ऐ-बिवर्ण" कहते हैं। यह और भी कहते हैं, कि भूतप्रेत या दानवगण सजीव मनुष्योंको पकड़ कर भक्षण कर जाते हैं।

मरुभूमि कहनेसे हम लोगोंको मानवहीन बालुकापूर्ण स्थानका ही ख्याल होता है, किन्तु मरु शब्दका यथार्थ अर्थ है उजाड़, शस्यहीन और परती जमीन। उत्तर अमेरिकामें ऐसे जलपूर्ण तथा बिना जोती हुई जमीनको प्रेरिज (Prairies) और रूसी इसको स्टेपिज (Steppes) कहते हैं। भारतमें भी मरुभूमि है। यह सिन्धु नदसे पूर्व राजपूतानेके बीच तक फैली हुई है। यह जमीन बालुकामय होने पर भी कहीं कहीं छोटी छोटी झाड़ी, जङ्गल तथा वृक्षादि दिखाई देते हैं। सिवा इसके कहीं कहीं छोटे छोटे गांव भी नजर आते हैं। वहांके लोग बैल, घोड़े, बकरी, ऊंट, गाय, भैंसे पालते हैं। नदी न होनेसे या विस्तृत कोई भी जलाशयके अभावसे कभी कभी फसल नहीं होती। क्योंकि वृष्टिका जल ही इनका प्रधान अवलम्बन है। फसल अच्छी न होने पर ग्रामवासी केवल दूध ही पी कर रहते हैं। नियमितरूपसे वृष्टि होनेसे यहां बाजरा तथा साक सब्जी पैदा होती है।

प्राचीन संस्कृतग्रन्थोंमें राजपूतानेको मरुस्थली लिखा है। इस समय यह राजपूतानेकी मरुभूमि भी कही जाती है। इसका क्षेत्रफल ६०० वर्गमील है।

सारा बीकानेर राज्य बालुकापूर्ण है। यहांके

अधिकांश अधिवासी नीच जातिके हैं। जाटोंके यहां आने तथा उपनिवेश स्थापन करनेसे पहले परमारवंशी राजा इस मरुप्रदेशका शासन करते थे। ये शान्तप्रिय और श्रमजीवी थे।

एक ही अक्ष पर स्थापित भारतवर्ष और अफ्रिका की मरुभूमियोंमें ऐसा पार्थक्य देख भूतत्त्वविद् आश्चर्य प्रकट करते हैं। आज भी इसके तत्त्वका अनुसन्धान करनेमें कोई प्रयासी नहीं हुआ है। स्थान स्थानकी मिट्टी खोद कर जो परीक्षा करते हैं; उनको मालूम हुआ है, कि मौरयाक मरुभूमिमें बीस फीटके नीचे जल मिल सकता है। किन्तु भारतवर्षके मरुमें ऐसी बात सुनी नहीं जाती। डेस्मथ नामक स्थानमें देखा गया है, कि दो तीन सौ फीट न खोदनेसे जल दिखाई नहीं देता। अन्ततः ६० फीटके इधर पीनेयोग्य जल मिलता ही नहीं।

स्वच्छ शैलमालाके (Crystalline rocks) फैले हुए अंशोंके अग्निप्रस्तर सम्बन्धीय वालुकण (Siliceous Sand)-से ही मरुभूमिकी उत्पत्ति माननी पड़ेगी। सिवा इसके यह भी हो सकता है, कि चकमक पत्थर ही कालके वशीभूत हो वालुकामें परिणत हो गये हों और उससे ही इस विस्तृत मरुभूमियोंकी सृष्टि हुई हो। क्योंकि इस जगत्में सभी पदार्थोंका परिवर्त्तन हुआ करता है। पदार्थमात्र कालक्रमसे सदा रूपान्तर हुआ करते हैं। प्रकृतिके इस असह्य नियमके अनुसार चकमक पत्थरके टुकड़ोंका करणके रूपमें हो जाना कोई असम्भव वात नहीं। फिर यही वालुकाकरण पृथ्वीके उत्तापसे उत्तप्त हो कर स्फटिकमणि शैल (quartz) का रूप ग्रहण करता है। फिर समय पा कर यही स्फटिकचूर्ण विचूर्ण हो कर वालूकणमें परिणत होता है। इस तरहके वालुकणोंसे परिपूर्ण भूमिखण्डको मरुभूमि कहते हैं। जिन स्थानोंमें उपर्युक्त शैलश्रेणी विद्यमान थी वही देश कालवश मरुभूमि हो गया है।

सिवा इसके मरुभूमिकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें एक कारणका और भी उल्लेख किया जा सकता है। समुद्रांश कई बार पृथ्वीके वक्ष पर उपसागरके रूपमें या बड़ी बड़ी झीलोंके रूपमें आ जाता है। यही जलराशि पीछे सूख कर उर्वर वालुकणाका रूप धारण कर लेती है। यही काल पा कर वृक्षलतादि परिशून्य मरुभूमि वन जाती है। इसके वालुकण कभी सूर्यके तीक्ष्ण उत्तापसे विषाक्त हो जाते हैं। वहुत पुराने समयमें पृथ्वीवक्षमें वहुतेरे इस तरहके समुद्र थे और इस समय भी मौजूद हैं। कौन कह सकता है, कि किसी न किसी अभावनीय कारणसे पृथ्वीके सागर काल पा कर सूख कर वालुकामय तृणरहित क्षेत्रमें परिणत न होंगे। यही क्षेत्र मरुभूमि कहलाते हैं।

पृथ्वीके वहुतेरे स्थलोंमें वहुत दूर तक फैली हुई मरुभूमि दिखाई देती है। ऐसा वड़ा वालुकापूर्ण भूखण्ड देख कर हम लोग स्वभावतः क्रोधित हो उठते हैं। इसका कारण यह है, कि हम लोग यह ख्याल करते हैं, कि यदि यह वालुकापूर्ण न हो कर उर्वरा भूमिखण्ड होता तो, इसमें शस्य उत्पन्न होता और जगत्का उपकार होता। किन्तु यह ध्यान मस्तिष्कमें लानेसे पूर्व हमको यह सोच लेना चाहिये था, कि यह विशाल ब्रह्माण्ड अपनी इच्छासे परिचालित नहीं होता। उन्हीं मङ्गलमय सर्वनियन्ता विश्वपिताकी इच्छाके अनुसार इस जगत्का परिचालन होता है। पिता जगत्के अमङ्गलके लिये कोई काम नहीं करते। भूपृष्ठ अनवरत रूपान्तर हो रहा है। इसी कारण पृथ्वीका ऊपरी भाग कालके वशीभूत हो नानारूप धारण करता है। भूतत्त्वको पढ़ कर जाना जा सकता है, कि 'मरुभूमि' इन सब रूपान्तरोंमें एक रूप है अथात् भूतत्त्व देशके इस तरह मरुभूमिके रूपमें परिणत न होनेसे जगदीश्वरके नियमसे अपूर्णता रह जाती; इसीसे जगत्के सृष्टिवैचित्र्यकी रक्षाके लिये विधाताका आदेश प्रतिपालित हुआ है।

अकसर देखा जाता है, कि मरुभूमिका वालुकण सूर्यके उत्तापसे उत्तप्त हो असहनीय हो उठता है। इसका क्या कारण है? इसके सम्बन्धमें वैज्ञानिकोंने अनुसन्धान कर जो निश्चित्त किया है, उसी पर अब आगे प्रकाश डालेंगे। प्रोफेसर चिण्डालने प्रमाणित कर दिया है, कि वालुकाकी तापसञ्चालन-शक्ति अन्य धातुसे भी अत्यधिक है। इसका प्रमाण देते हुए आप

कहते हैं :—काठमें तापसञ्चालन-शक्ति १२ं है, किन्तु बालूको यही शक्ति ६०ं डिग्री है। इससे हम भी अनुभव करते हैं, कि सूर्यका उत्ताप वृक्षलतादिको उतना जल्द उत्तप्त नहीं कर सकता जितना जल्द बालुकणको उत्तप्त कर देता है। इसी तरह ठंढा होनेमें भी देखा जाता है, कि जितना जल्द उत्तप्त बालू ठण्ढा हो सकता है उतना जल्द अन्य पदार्थ वृक्षादि नहीं होते। वे धीरे धीरे ठण्ढे होते हैं।

सहारा मरुभूमि—इस मरुभूमिमें जगह जगह बालुका राशिका स्तूप पड़ा है। ये सब बालुकास्तूप स्थितिशील नहीं। ये सदा हवाके रंगसे एक जगहसे दूसरी जगह सञ्चालित हुआ करते हैं। इनके बीच बीचमें दो एक पहाड़ भी दिखाई देते हैं। सिवा इसके कहीं कहीं जलसे परिपूर्ण गड्ढे और छोटे छोटे जलाशय भी नजर आते हैं। ऐसी जलामय भूमि पर वृक्षलतादि भी उगती हैं।

अनेक समय यहांकी जलीय-वाष्पहीन उत्तप्त वायु लोहित वर्ण वाष्पके समान दिखाई देती है। जब इसकी लाल आभा दिग्वलय पर पड़ती है, तब ऐसा मालूम पड़ता है मानो असंख्य आग्नेय पर्वतसे अग्निशिखा निकल रही हो। सहारा मरुभूमिमें दो एक खजूर और अन्यान्य वृक्ष दिखाई देते हैं। बानर और मृगगण कभी कभी इन सब फलोंको ले कर आपसमें लड़ते झगड़ते हैं। यहां बहुतसे उष्ट्रपक्षी (Ost. ch) भी विचरण करते देखे जाते हैं। ये सब छिपकली और शम्बूकादि खा कर अपना पेट भरते हैं। इस मरुस्थलमें कोई निर्दिष्टपथ नहीं है। इस कारण पथिकोंको ध्रुवतारेके सहारे ही अपने गंतव्य स्थानमें जाना होता है। यहांकी 'सामुन' नामक अग्निवत् उत्तप्त वायु ऐसी भयङ्कर होती है, कि ऊंट पर रखा हुआ जल थोड़े ही समयके भीतर सूख जाता है। कहते हैं, कि १८०५ ई०में दो हजार यात्री और १८०० ऊंट प्याससे मर गये थे। इस सहारा-मरुभूमिमें पथिकगण मरीचिकामें पड़ कर अपने प्राण गंवाते हैं।

अफ्रिकाके उत्तर-पूर्व तथा पूर्व दिशामें जो मरुविभाग है उसके पूर्व और दक्षिणांशमें तिब्बू नामक वर्वर जाति रहती है। उत्तर-पूर्वका 'वार्का' मरुभाग (प्राचीन सिरेनाइका) भूमध्य सागर तक विस्तृत है। दोनोंके ही साथ 'लिबिया' नामक मरुभाग संयुक्त है। लिबिया-मरु मिश्र राज्यके पश्चिममें अवस्थित है। यह दक्षिणमें न्युबिया और आबिसिनियाके अनुर्वरक्षेत्र तक फैला हुआ है। इसके बाद यह नीलनदको पार कर पुनः लोहित-सागरके उपकूल होता हुआ स्वेजयोजक तक चला गया है। पीछे स्वेजयोजकको पार कर अरबदेशमें पालेस्तिन तक आया है।

अरबदेशके मरुविभागके मध्यवर्त्ती स्थलमें प्रसिद्ध सिनाई पहाड़ है। उस पहाड़के पाददेशमें जो उर्वरा उपत्यका है वहां अंगूर आदि खाने लायक फल उत्पन्न होते हैं।

मिसोपोटेमियाका मरु युफ्रेटिस और टाइग्रीस नदीके बीचमें अवस्थित है। ग्रीकभाषामें मिसोपोटेमियाका अर्थ है दो नदियोंके बीचका स्थान। इस कारण उक्त मरुस्थलका नाम मिसोपोटेमिया हुआ है। अफ्रिका और अरबके मरुक्षेत्रकी अपेक्षा यह स्थान बहुत भयङ्कर है। यहांका जल लवणाक्त तथा गन्धकपूर्ण है।

पारस्यराज्यमें कुल ८ मरु हैं। समग्र राज्यके दश भागोंमेंसे तीन भागमें मरुभूमि है। जो सबसे प्रधान मरुस्थल है वह खोरासन और इराक-अजेमीके बीचमें अवस्थित है। इसके दक्षिणमें कारमानिया मरु है। शेष तीन मरुस्थलका नाम कियार, मेकरान और करकौमा है।

तातारदेशकी मरुभूमिका परिमाण प्रायः ५४० हजार वर्गमील है। इसके आधेमें बालू ही बालू है। यह बालुकापूर्णक्षेत्र कास्पियन ह्रदके उत्तरसे होता हुआ डाननदी तक चला गया है और युराल नदीके पूर्व इसिमके जंगल (Steppe of *I*sim)-से जा मिला है। आर्लह्रदके दक्षिण जो खाराजेम् प्रदेश है उसकी मरुभूमिमें एक उर्वराक्षेत्र देखा जाता है। यह क्षेत्र खिवाप्रदेशका एक छोटा जिला माना गया है। यह जिला इतना छोटा है, कि घोड़े पर चढ़ कर तीन दिनके भीतर ही तमाम घूम कर लौट सकते हैं।

अफगानराज्यका अधिकांश स्थान मरुभूमिसे पूर्ण है। जिधर देखिये, उधर ही मरुभूमि नजर आती है। केवल पूर्व और उत्तरमें कुछ पर्वत हैं। वहां लोरा और हेलमन्द नदीके किनारे खेती होती है।

ऊपर जिन मरुक्षेत्रोंका उल्लेख किया गया वे प्रायः समसूत्रपातमें पृथ्वीपृष्ठके एक देश तक फैले हुए हैं। पर हां, कहीं कहीं वक्ररेखापात करनेसे भी उन्हें एक श्रेणीमें ग्रथित कह सकते हैं। अफ्रिका महादेशमें जो सहारा मरुक्षेत्र है उसके पश्चिमदेशवर्त्ती अटलाण्टिक महासागरके बोजाडर अन्तरीपसे क्रमशः पूर्वदिशामें सहारा, मिश्र, अरब, तातार, पारस्य अफगानिस्तान और भारतवर्षके सिन्धुप्रदेशस्थ मरुक्षेत्र एक सूत्रमें ग्रथित मालूम होते हैं। बीचमें यदि सिन्धु नदी नहीं बहती, तो राजपूतानेकी अनुर्वर मरुस्थलीको भी हमलोग इसी विस्तीर्ण मरुराज्यमें शामिल कर सकते थे। इस विशाल मरुभूमिमें कहीं कहीं उर्वरक्षेत्र हैं और कहीं कहीं ग्राम भी देखे जाते हैं। पश्चिम-अफ्रिकासे लगायत पश्चिम-भारत तक इस विस्तीर्ण मरुराज्यका विस्तार प्रायः १४ सौ भौगोलिक मील है। हम्बोल्ट साहबके मतसे यह २७ लाख वर्गमील स्थानको अधिकार किये हुए है।

यह विस्तीर्ण मरुराज्य मालूम होता है किसी अभावनीय कारणसे जगदीश्वर द्वारा अभिशप्त हुआ है। शस्य शून्य इस मरुराज्यके अन्तरालमें और भी कितनी मरुभूमि देखी जाती हैं। उक्त मरु-साम्राज्यके एशिया विभागके उत्तर मध्य-एशियाकी अधित्यकाभूमिका विस्तीर्ण मरुक्षेत्र नजर आता है।

एशियाकी मध्य मालभूमिके मरुक्षेत्रके पूर्व जो छोटा बुकारिया नामक क्षेत्र है वह यद्यपि मरुभूमिमें गिना जाता है, पर मरुभूमि है नहीं। वहां काफी फसल लगती है। इसके उत्तरमें पर्वतश्रेणीसे बहुसंख्यक नदियां निकल कर इसको उर्वरा बनाये हुई है। साङ्गरियासे लगायत मङ्गोलिया तक एक और मरुक्षेत्र है। यह क्षेत्र चीनदेशके विख्यात चहारदिवारी तक फैला हुआ है। चीनराज्यमें इसे शामो कहते हैं। इसकी लम्बाई करीब १५०० मील है।

तापकी अत्यन्त प्रखरताके कारण अष्ट्रेलियाकी मरुभूमिमें कुछ विशेषता देखी जाती है। अफ्रिकाकी सहारा मरुभूमिको छोड़ कर ऐसी विशेषता और कहीं भी नजर नहीं आती। यहां कभी कभी मरीचिकाका अद्भुत दृश्य दिखाई देता है। इसका कारण यह है, कि वर्ष भरमें ६ मास तक सूर्यदेव अष्ट्रेलियामें बहुत नजदीक रहते हैं। इस समय पृथिवी तेजसे चलती है और सूर्यके निकट रहनेसे अधिक ताप खींचती है। इस कारण मरीचिकामें कुछ विशेषता दिखाई देती है।

उत्तरायणकालमें सूर्य विषुवसंक्रान्ति-विन्दुमें आते हैं, इसीलिये इनकी दूरी पृथ्वीसे पहलेकी अपेक्षा कम रहती है। इस समय भूमण्डल पर सूर्यकी किरण अधिक मात्रामें पड़ती है। इस कारण ग्रीष्म ऋतुके मध्यभागमें दक्षिण गोलार्द्ध पर रविका उत्ताप अत्यन्त प्रखर हो जाता है। तापकी प्रखरताके कारण अष्ट्रेलियाका मरुक्षेत्र साधारणतः भट्ठे-सा दीखता है।

दक्षिण-अफ्रिकाके नमकोयलैण्ड नामक भूमि पर इसी प्रकार ताप और उत्तापके तारतम्यानुसार उपरोक्त घटना घटती है। सहारा आदि मरुभूमिमें पथिकगण अनेक समय मायावी मरीचिकाके जालमें फंस कर प्राण गवांते हैं। यह मरीचिका एक दृष्टिभ्रममात्र है। गरमीके दिनोंमें जब वायुकी तहोंका घनत्व उष्णताके कारण असमान होता है, तब पृथिवीके निकट ही वायु अधिक उष्ण हो कर ऊपरको उठना चाहती है। परन्तु ऊपरकी तहें उसे उठने नहीं देती। इससे उस वायुकी लहरें पृथ्वीके समानान्तर बहने लगती हैं। यही लहरें दूरसे जलकी धारा सी दिखाई देती हैं और प्यासे पथिक बड़ी तेजीसे उस ओर कदम बढ़ाते हैं। किन्तु जब वहां पहुंच जाते हैं, तब उनकी आशा उत्तप्त वायुपूर्ण बालुकामय स्थान देख कर बिलकुल भग्न हो जाती है। इस प्रकार श्रान्त क्लान्त अवस्थामें भग्नाश हो कर पथिक प्याससे प्राण गंवाते हैं। किस प्रकार इस मरीचिकाकी उत्पत्ति होती है, इसका संक्षिप्त विवरण ऊपर दिया जा चुका है।



मरुभूमि पर-की वायु-तहोंके चापवैलक्षण्यके कारण जो अत्याश्चर्य मरीचिकाका नैसर्गिक चित्र दिग्वलयमें दिखाई देता है, उसका विशेष कारण ऊपर दिये गये चित्रसे स्पष्ट हो जायगा। चित्रका क एक वृक्ष है। ख भूपृष्ठकी समतल भूमि है और ग एक दर्शक है। अलावा इसके क, ख और ग के बीचमें जो सरलरेखाएं हैं वे विभिन्न वायुस्तर हैं।

अभी मरुभूमिके क चिह्नितवृक्षका किरणपुञ्जजनित छायापात यथाक्रम विभिन्न घनत्व विशिष्ट वायुस्तर हो कर 'ख'-में पहुंचता है। क से ख में आनेके समय आलोकरश्मि एक स्तरसे दूसरे स्तरमें प्रवेश कर क्रमशः वक्रभाग धारण करता है। इस प्रकार अन्तमें वह ऐसे स्तरमें पहुंचती है, कि जहांसे आलोकरश्मि टेढी न पड़ कर सीधी प्रतिविम्बित होती है। अतएव ख स्तरमें प्रतिविम्बित चित्र आलोकरश्मि द्वारा पुनः धीरे धीरे विभिन्न स्तर होता हुआ वक्रगतिमें ग तक पहुंचता है। ख-से ग-में जानेके समय किरणपुञ्जकी वक्रगति क-से ख तक विपरीत दिशामें होगी। इसका कारण यह है, कि अभी आलोकमाला हल्के वायुस्तरसे क्रमशः घने वायुस्तरमें प्रवेश करती है। अतएव ग-स्थित दर्शकको ऐसा मालूम होता है, कि क-स्थित वृक्षरश्मि वालुकापूर्ण क्षेत्रके नीचे क ग पथसे न आ कर ख ग पथसे आ रही हो।

इस कारण वृक्षकी प्रतिकूल-प्रतिकृति साधारणतः पथिकके नयन पर पड़ती है। उस समय ऐसा ज्ञान पड़ता है मानो ख स्थानमें जल रहनेके कारण वायु-मध्यस्थ क वृक्ष ख जलमें प्रवेश कर रहा हो। अतएव मरुभूमि पर विचरण करनेवाले तृष्णातुर पथिकको वह जलाशय-सा दीखेगा, इसमें आश्चर्य ही क्या! ताप और तृष्णाक्लिष्ट पथिक दूरसे जलाशय जान कर अपनी प्यास बुझाने दौड़ते हैं। अन्तमें जल न पा कर तृष्णासे शुष्क-कण्ठ और हताश्वास हो प्राण खो बैठते हैं। दृष्टिविभ्रमसे यह घटना होनेके कारण इसका मरीचिका वा मृग-तृष्णा नाम रखा गया है।

अमेरिका महादेशमें और भी एक प्रकारका समतल मरुक्षेत्र है। परन्तु वह वालुकामय मरुके जैसा नहीं है। उस पर जङ्गलादि देखे जाते है। वह समतलक्षेत्र पम्पस, साभेनस आदि नामोंसे प्रसिद्ध है।

मरुभूरुह (सं० पु०) मरुभुवि रोहति जायते इति रुह (इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः। पा ३।१।१३५) इति क। १ करीर-वृक्ष, करीलका पेड़। (त्रि०) २ मरुभूमिजात, मरुभूमि-से उत्पन्न होनेवाला।

मरुमही (सं० स्त्री०) मरुभूमि।

मरुव (हिं० पु०) गोरचकरा।

मरुल (सं० पु०) म्रियते अलं विनेति मृ-उल। १ कारण्डव पक्षी। २ जंगली वत्तकका एक जातिका नाम।

मरुव (सं० पु०) मरुं निर्ज्जलदेशं वाति प्राप्नोतीति वा-क। १ मरुआ। संस्कृत पर्याय—खरपत्र, गन्धपत्र, फणिज्झक, वहुवीर्य, शीतलक, सुराह्व, समीरण, जम्बीर, प्रस्थ-कुसुम, मरुवक, आजन्म-सुरभिपत्र, मरिच। गुण—कटु, तिक्त, उष्ण, कृमि, कुष्ठ, विड़्वन्ध, आध्मान, शूल और त्वग्दोषनाशक। (राजनि०) भावप्रकाशके मतसे इसका पर्याय—मरुत्तक, मरुवक, मरुत्, मरु, फणि फणिज्झक, प्रस्थपुष्प, समीरण। इसका गुण—अग्निप्रद, हृद्य, तिक्त, उष्ण, पित्तवर्द्धक, लघु, वृश्चिकादिका विषहर, श्लेष्म, वात, कुष्ठ तथा क्रिमिदोषनाशक, कटुपाक, रुचिकर, रुक्ष और सुगन्धयुक्त।

मरुवक (सं० पु०) मरुव स्वार्थे इवार्थे वा कन्। १ एक कंटीले पेड़का नाम जिसे मैनी कहते हैं। पर्याय—पिण्डीतक, श्वसन, करहाटक, शल्य, मदन। २ स्वल्पपत्र तुलसी, तुलसीका छोटा पत्ता। पर्याय—समीरण, प्रस्थपुच्छ, फणिज्झक, जम्बीर। ३ जम्बीरभेद, एक प्रकारका नीबू। ४ पुष्पवृक्षविशेष, मरुएका फूल। पर्याय—शुक्लपुष्प, तिलक, कुलक। विशेष विवरण मरुआ शब्दमें देखो। ५ क्षुपविशेष नागदौना। पर्याय—खरपत्र, गन्धपत्र। ६ तिलका पौधा। ७ व्याघ्र, बाघ। ८ राहु। (त्रि०) ६ भयानक, खौफनाक।

मरुवा ((हिं० पु०) मरुआ देखो।

मरुवत्तुर—मान्द्राजप्रदेशके तंजोर जिलान्तर्गत एक प्राचीन ग्राम।

मरुसम्भव (सं० क्ली०) मरुः सम्भव उत्पत्तिस्थानमस्य। चाणक्यमूलक, एक प्रकारकी छोटी मूली।

मरुसम्भवा (सं० स्त्री०) मरौ सम्भवो यस्याः टाप्। १ महेन्द्रवारुणी। २ क्षुद्र दुरालभा, छोटा धमास। ३ ह्रस्व खदिर, एक प्रकारका खैर जिसका पेड़ बहुत छोटा होता है। ४ कर्पास, कपास। ५ एक प्रकारका कनेर

मरुसा (हिं० पु०) मरसा देखो।

मरुस्थल (सं० क्ली०) मरुभूमि, बालूका मैदान जिसमें निर्जल होनेसे कोई वृक्ष वा वनस्पति न उगती हो।

मरुस्थली—राजपूतानेके अन्तर्गत वर्त्तमान मारवाड़-प्रदेशका प्राचीन संस्कृत नाम।

मरुस्था (सं० स्त्री०) मरौ तिष्ठतीति स्था-क स्त्रियां टाप्। १ छुद्र दुरालभा, छोटा धमास। २ महेन्द्रवारुणी।

मरूक (सं० पु०) म्रियते इवेति मृ (मृकणिभ्यामूकोकणौ। उण् ४।३६) इति ऊक, भयशीलत्वादस्य तथात्वं। १ मृगविशेष, एक प्रकारका मृग। २ मयूर, मोर। ३ शठी, कचूर।

मरूद्भवा (सं० स्त्री०) मरौ धन्वप्रदेशे उद्भवतीति उत्-भू-अच्, स्त्रियां टाप्। १ कार्पासी, कपास। २ जवास। ३ ह्रस्व खदिर, छोटा खैर। ४ दुरालभा, धमास।

मरूभू (सं० स्त्री०) मरुभूमि, रेगिस्तान।

मरूर (सं० पु०) गोरचकरा।

मरूल (सं० पु०) मरूर देखो।

मरोड़ (हिं० पु०) १ मरोड़नेका भाव या क्रिया। २ क्षोम, उद्वेग आदिके कारण उत्पन्न पीड़ा। ३ ऐंठन, मरोड़नेसे पड़ा हुआ घुमाव। ४ पेटमें ऐंठन और पीड़ा होना, पेट ऐंठना। ५ गर्व, घमंड। ६ क्रोध, गुस्सा।

मरोड़ना (हिं० क्रि०) १ एक ओर घुमा कर दूसरी ओर फेरना, बल डालना। २ ऐंठ कर नष्ट करना वा मार डालना। ३ वेदना उत्पन्न करना, पीड़ा देना। ४ मलना, मसलना।

मरोड़फली (हिं० स्त्री०) एक प्रकारकी फली। यह प्रायः पेटके मरोड़के लिये गुणकारी होती है। इसे मुर्रा वा अवतरनी भी कहते हैं।

मरोड़ा (हिं० पु०) १ ऐंठन, उमेठ। २ पेटकी पीड़ा। इसमें अन्दरकी ओर कुछ ऐंठन-सी जान पड़ती है। इस रोगमें मलोत्सर्गके समय पेटमें ऐंठन सी होती है और प्रायः कोष्ठबद्ध रहता है। कभी कभी आंवके साथ भी मरोड़ होता है।

मरोड़ी (हिं० स्त्री०) १ ऐंठन, घुमाव। २ वह वत्ती जो आटेमें सने हुए हाथोंसे मलने पर छूट कर निकलती है। ३ गांठ, गुत्थी।

मरोलि (सं० पु०) मकरकी जातिका एक बड़ा सामुद्रिक जन्तु।

मरोलिक (सं० पु०) मरोलि स्वार्थे कन्। मरोलि देखो।

मरोलिन् (सं० पु०) मरौ निर्ज्जलदेशे लीयते म्रियते मरूली-इन् पृषोदरादित्वात् साधुः। मकर।

मरोली—वम्बईप्रदेशके थाना जिलेका एक वन्दर। यह अक्षा० २०°१८′ उ० तथा देशा० ७२°४६′ पू०में पड़ता है।

मरौरी—युक्तप्रदेशके पिलिभित जिलान्तर्गत एक प्राचीन गण्ड ग्राम। यह बिलासपुर शहरसे चार कोस पूर्वमें अवस्थित है। यहां खनाउत नदीके दक्षिण किनारे पर एक समृद्धिशाली नगरका खण्डहर पड़ा हुआ है।

मर्क (सं० पु०) मर्च्चति चेष्टते इति मर्च्च (इन-भी-का-पा शल्यति मर्चिभ्यः कन्। उण् ३।४३) इति कन यद्वा मर्कति सर्पतीति अच्। १ देह, शरीर। २ वायु, हवा। ३ शुक्राचार्यके एक पुत्रका नाम। ४ वानर, वन्दर। (त्रि०) ५ मार्जयिता, मार्जन करनेयोग्य।

मर्कक (स ० पु० । मर्क इवार्थे संज्ञायां वा कन्। १ गलगण्डपक्षी, हरगीला नामक चिड़िया। २ ऊर्णनाभ, मकड़ा।

मर्कट (सं० पु०) मर्कति गच्छतीति मर्क (शकादिभ्योऽटन्। उण् ४।८१) इति अटन्। १ वानर, वन्दर। २ ऊर्णनाभ, मकड़ा। ३ स्थावर-विषभेद। ४ गलगण्डपक्षी, हरगीला नामक पक्षी। ५ अजमोदा। ६ शस्यविशेष। ७ एक प्रकारकी मछली। ८ दोहेके एक भेदका नाम। इसमें सत्रह गुरु और चौदह लघु मात्राएं होती हैं। ९ छप्पयका आठवां भेद। इसमें ६३ गुरु, २६ लघु कुल ८९ वर्ण या १५२ मात्राएं वा ६३ गुरु, २२ लघु ८५ वर्ण या १४८ मात्राएं होती हैं।

मर्कटक (सं० पु०) मर्कट स्वार्थे संज्ञायां वा कन्। १ लूता, मकड़ा। २ एक दैत्यका नाम। ३ मडुआ। ४ मकरा नामक घास। मर्कट देखो।

मर्कटतिन्दुक (सं० पु०) मर्कटप्रियस्तिन्दुकः, मध्यपद-लोपि कर्मधा०। कुपीलु, एक प्रकारका अवनूस।

मर्कटपाल (सं० पु०) वन्दरोंका राजा, सुग्रीव।

मर्कटपिप्पली (सं० स्त्री०) मर्कटस्य पिप्पलीव। अपामार्ग, चिचड़ा।

मर्कटप्रिय (सं० पु०) मर्कटस्य प्रियः। क्षीरवृक्ष, खिरनीका पेड़।

मर्कटवास (सं० पु०) मर्कट ऊर्णनाभस्तस्य वासः आवासस्थानं। १ लूतातन्तु, मकड़ीका जाला। पर्याय—आशावन्ध।

मर्कटशीर्ष (सं० क्ली०) मर्कटस्य शीर्षमिव तद्वर्णत्वादेवास्य तथात्वं। हिंगुल।

मर्कटह्रद (सं० क्ली०) वैशालीके अन्तर्गत ह्रदभेद।

मर्कटाख्य (सं० क्ली०) १ कपिकच्छुवीज, केवांच। २ गुडूची आदि मोदक।

मर्कटाम्र (सं० पु०) राजाम्र, अमड़ा।

मर्कटास्य (सं० क्ली०) मर्कटस्य आस्यमिव तद्वर्णत्वादेवास्य तथात्वं। १ वानमुख, बन्दरका मुंह। २ ताम्र, तांवा। मर्कटस्य आस्यमिव आस्यं यस्य। (त्रि०) ३ वानरमुख, वंदरके जैसा मुंहवाला।

मर्कटिकाफल (सं० क्ली०) केवांच।

मर्कटी (सं० स्त्री०) मर्कति वायुवेगेन इतस्ततो गच्छतीति मर्क-अटन्, स्त्रियां ङीप्। १ कपिकच्छु, भूरी केवांच। २ अपामार्ग। ३ अजमोदा। ४ करञ्जभेद, एक प्रकारका करंज। ५ वानरी, वंदरी। ६ मकड़ी। ७ भीमरुद्ररस। ८ छंदके नौ प्रत्ययोंमेंसे अन्तिम प्रत्यय। इसके द्वारा मात्राके प्रस्तारमें छन्दके लघु, गुरु, कला और वर्णोंकी संख्याका परिज्ञान होता है।

मर्कटीव्रत (सं० क्ली०) व्रतविशेष।

मर्कटेन्दु (सं० पु०) मर्कटे खगविशेषे इन्दुविर। काक-तिन्दुक वृक्ष, कुचिला।

मर्कत (सं० पु०) मरकत देखो।

मर्कर (सं० पु०) मर्कति गच्छतीति मर्क-बाहुलकात् अर्। भृङ्गराज, भंगरैया।

मर्करा (सं० स्त्री०) मर्कर स्त्रियां टाप्। १ दरी, तहखाना। २ भाण्ड, बर्तन। ३ सुरंग। ४ निष्फला-स्त्री, बांझ स्त्री।

मर्खामाऊ—युक्तप्रदेशके इलाहाबाद जिलेके सोरावन उप-विभागके अन्तर्गत एक प्राचीन ग्राम। नगरके चारों बगल पत्थरकी प्रतिमूर्त्तियां और बड़े बड़े स्तूप देखनेसे मालूम होता है, कि एक समय इस नगरमें हिन्दूकी प्रधानता अक्षुण्ण थी। पीछे मुसलमानोंने उन सब प्राचीन कीर्त्तियोंको तोड़ फोड़ कर उनके माल मसालेसे मसजिद बनवाई।

मर्गाव—पुर्त्तगीज-अधिकृत गोआराज्यके सालसेट (गाढ़ापुरी) जिलेके अन्तर्गत एक नगर। यह अक्षा० १५° १८´ उ० तथा देशा० ७४° १´ पू०के मध्य विस्तृत है। पञ्जीमसे १६ मील दक्षिण-पूर्व शालनदीके किनारे उक्त जिलेके ठीक मध्यस्थलमें मनोहर समतलक्षेत्र पर अवस्थित है। प्रत्नतत्त्वविदोंके मतसे इस नगरमें बहुत प्राचीनकालसे आर्यजातिका उपनिवेश चला आ रहा था तथा यहां पर उनका एक मठ वा धर्ममन्दिर भी स्थापित हुआ था। उस मठसे इसका नाम मठग्राम हुआ। वर्त्तमानकालमें मठग्रामके अपभ्रंशसे मर्गाव कहलाने लगा है। मराठी और मुसलमानी सेनाने भी इस शहरमें लूटपाट मचाया था। यहां बहुत सी सुन्दर सुन्दर अट्टालिकाएं हैं। १५६० ई०को शहरमें ईसाधर्मका प्रचार हुआ और १५६५ ई०में एक गिर्जा बनाया गया। शहरमें टाउनहाल, सरकारी स्कूल,

थियेटर और दरिद्राश्रम हैं। १८११ ई०में सेनाओंके रहनेके लिये एक वृहत् मकान निर्मित हुआ और एक दल सेना भी रहने लगी। अभी उस मकानमें थोड़ी-सी सेना तथा पुलिस-कर्मचारी रहते हैं।

मर्चौं (हिं० स्त्री०) मिर्च देखो।

मर्ज (सं० स्त्री०) मृज्यते इति मृज् शुद्धौ (मृजेर्गुणश्च। उण् १।८१) इति ऊ, गुणश्च। १ शुद्धि। २ रजक, धोबी। ३ पोठमर्द।

मर्जा—पञ्जाबप्रदेशके बशहर राज्यके अन्तर्गत एक पहाड़ी रास्ता। यह अक्षा० ३१° १६´ उ० तथा देशा० ७८° २७´ पू०के मध्य विस्तृत है। इसकी ऊंचाई १६०००से १७००० फुट है। केवल जेठसे सावन मास तक इस रास्तेसे लोग आते जाते हैं। पीछे वर्षा पड़ने पर रास्ता बंद हो जाता है।

मर्जात—बङ्गदेशके खुलना जिलेमें प्रवाहित एक नदी। जहां पर यह समुद्रसे मिली है वह स्थान भी मर्जात कहलाता है। यह अक्षा० २१° ४४´ उ० तथा देशा० ८९° ३२´ पू०के मध्य विस्तृत है। पाटनी द्वीपसे यह ८।९ मील दूर पड़ती है। इसका मुख बहुत चौड़ा है। नदीके मुहानेसे प्रायः ४।५ मीलके फासले पर पारभङ्गा नामक दो द्वीप हैं।

मर्जादपट्टी—युक्तप्रदेशके वाराणसी विभागके मिर्जापुर जिलेका एक गण्ड ग्राम। यहां सैयद सलार गाजीकी जो दरगाह है वह बहुत प्राचीन है। प्रतिवर्ष यहां एक मेला लगता है।

मर्जी (हिं० स्त्री०) मरजी देखो।

मर्तबा (अ० पु०) १ पद, पदवी। २ बार, दफा।

मर्तबान (हिं० पु०) रोगनी बर्तन जिसमें अचार, मुरब्बा, घी आदि रखा जाता है। इसका दूसरा नाम अमृतवान भी है।

मर्त्त (सं० पु०) म्रियतेऽसौ इति मृ (हसिमृग्रिण्विति। उण् ३।८६) इति तन्। १ मनुष्य।

"पौर्णमास्याममावस्यां पर्व्वस्वन्येषु प्रस्तरः।
ममैष संश्रुतो मर्त्त्यैर्भविता पापनाशनः॥"
(मार्कण्डेयपुराण १००।१८)

२ माणवक। म्रियतेऽलेति। ३ भूलोक।

मर्त्तवान—अंगरेजाधिकृत ब्रह्म-तेनासेरिम प्रदेशके आमहार्ष्ट जिलेके अन्तर्गत एक विभाग। इसके दक्षिण-पूर्वसे उत्तर-पश्चिम तक एक विस्तृत शैलश्रेणी है। इस शैल श्रेणीके पूर्ववर्त्ती स्थान जङ्गलसे आवृत हैं। इस कारण यहां खेतीबारी नहीं होती। पश्चिमभागमें बहुत लम्बा चौड़ा उर्वरक्षेत्र है। यहां छोटी छोटी नदियां और खाल होनेके कारण वाणिज्य-व्यवसायमें बड़ी सुविधा है। बाढ़के समय समुद्रका जल नदीमें प्रवेश करता और पश्चिम कुलजात शस्यादिको नष्ट कर डालता है। दक्षिणांशमें बांध है इससे समुद्रका जल आगे बढ़ने नहीं पाता और इस कारण फसल भी नष्ट नहीं होती।

यहांके अधिवासिगण तलैङ्ग है। उनकी भाषा भी तलैङ्ग कहलाती है और उत्तरब्रह्मकी भाषासे कुछ भी नहीं मिलती जुलती।

२ उक्त स्थानका प्रधान नगर। यह अक्षा० १६° ३२´ उ० तथा देशा० ९७° ३८´ पू०के मध्य शालुयन नदीके दाहिने किनारे अवस्थित है। शालुयन नदीके किनारे एक देवालय देखा जाता है।

कहते हैं, कि पेगूके प्रधान राजा थ-म लने ५७६ ई०में इस नगरको बसाया। इसके बाद १३वीं सदीमें ब्रह्मराजके समय इसकी बहुत उन्नति हुई। पहले इसी शहरमें राजधानी थी; पीछे १३२३ ई०में पेगू शहरमें उठा कर लाई गई। पेगू और श्यामके साथ जब ब्रह्मदेशवासियोंकी लड़ाई छिड़ी थी उस समय यह नगर कई बार अवरुद्ध और लूटा गया था। १६वीं सदीके अन्तमें श्यामके राजाने मर्त्तवानको जीत कर वहां एक शासनकर्त्ता नियुक्त कर दिया। इसके बादका कोई इतिहास नहीं मिलता। १७वीं और १८वीं सदीमें ब्रह्मदेशके राजा द्वारा नियुक्त किये गये शासनकर्त्ता इसी नगरमें रहते थे। १८२४ ई०के प्रथम ब्रह्मयुद्धमें अंगरेजोंने इस नगरमें घेरा डाला और इसे जीत लिया। १८५२ ई०के द्वितीय युद्धमें ब्रह्मवासियोंने पुनः इसे उद्धारकी चेष्टा की, पर कोई फल न निकला।

मर्त्तोली—युक्तप्रदेशके कुमायूं जिलान्तर्गत एक ग्राम। यह अक्षा० ३०° २१´ उ० तथा देशा० ८०° १३´ पू०के मध्य विस्तृत है। जुहारीघाटीसे जो रास्ता हूणदेश (चीना-

धिकृत तिब्बत)-को गया है उसीके ऊपर यह ग्राम बसा हुआ है। इसके उत्तरांशमें वहुत ठंढ पड़ती है, इस कारण अधिवासिगण शीतकालमें पहाड़ परसे उतर कर नीचे उपत्यकामें रहते हैं। यह ग्राम समुद्रपृष्ठसे ११३५२ फुट ऊँचा है।

मर्त्य (सं० पु०) म्रियतेऽत्रेति मर्त्तो भूलोकस्तत्र भवः मर्त्त-यत्, यद्वा मर्त्त एव यत्। १ मनुष्य। २ मध्यमलोक। ३ शरीर।

"तस्यास्तद्योगविधुतमार्त्यं मर्त्यमभूत् सरित्।"
(भागवत ३।३३।३२)

मर्त्यकदली (सं० स्त्री०) कदलीविशेष एक प्रकारका केला।

मर्त्यकृत (सं० त्रि०) मनुष्य द्वारा अनुष्ठित।

मर्त्यता (सं० स्त्री०) मर्त्यस्य भावः तल्-टाप्। मनुष्यका भाव वा धर्म, मर्त्यत्व।

मर्त्यत्रा (सं० अव्य०) मर्त्योंकी पालयत्री।

मर्त्यत्व (सं० क्ली०) मर्त्य भावे त्व। मनुष्यका भाव या धर्म, आदमीपन।

मर्त्यत्वन (सं० क्ली०) मनुष्य अवलम्बनीय पन्था, मनुष्यके एकमात्र गुजर करनेका उपाय।

मर्त्यधर्म (सं० पु०) मनुष्यका धर्म।

मर्त्यधर्मन् (सं० पु०) मनुष्य-धर्मयुक्त, वह मनुष्य जो धर्ममें लीन हो।

मर्त्यभाव (सं० पु०) मर्त्यस्य भावः। मनुष्यस्वभाव, मनुष्यत्व।

मर्त्यभुवन (सं० क्ली०) मर्त्यलोक, मनुष्यलोक।

मर्त्यमहित (सं० त्रि०) मर्त्यैः महितः। १ मनुष्य द्वारा पूजित। (पु०) २ देवता।

मर्त्यमुख (सं० पु०) १ मनुष्यके जैसा मुख। २ किन्नर, यक्षादि।

मर्त्यलोक (सं० पु०) मनुष्य-लोक, पृथिवी।

मर्त्येन्द्रमाता (सं० स्त्री०) अग्निदमनीक्षुप, अग्निदमनी नामक पौधा।

मर्त्येषित (सं० त्रि०) मारक वा अन्य द्वारा प्रेरित।

मर्द (सं० पु०) मृद-घञ्। १ मर्द्दन, कुचलना। २ मर्द्दनशील, वह जो कुचला जाय।

मर्द (फा० पु०) १ मनुष्य, पुरुष। २ साहसी पुरुष पुरुषार्थी मनुष्य। ३ वीर, योद्धा। ४ पति, भर्ता। ५ पुरुष, नर।

मर्दना (हिं० क्रि०) १ मालिश करना, अंग आदि पर जोरसे हाथ फेरना। २ रौंदना, कुचलना, मसक कर विकृत करना। ३ उबटन तेल आदिको अंगों पर चुपड़ कर बलपूर्वक चुपड़े हुए स्थान पर बार बार हाथ फेरना जिससे अंगमें उसका सार वा स्निग्ध अंश घुस जाय। ४ चूर्णित करना, तोड़ फोड़ डालना।

मर्दानगी (हिं० स्त्री०) मरदानगी देखो।

मर्दाना (फा० वि०) १ पुरुष-सम्बन्धी। २ पुरुषका-सा, पुरुषवत्। ३ वीर, साहसी। ४ मनुष्योचित। ५ वीरोचित।

मर्दित (सं० क्रि०) मर्द्दित देखो।

मर्दी (फा० स्त्री०) मरदानगी, वहादुरी।

मर्दुम (फा० पु०) मनुष्य।

मर्दुमशुमारी (फा० स्त्री०) १ किसी देशमें रहनेवाले मनुष्योंकी गणना, मनुष्य-गणना। यह प्रथा यद्यपि भारतवर्षके मदरास और पञ्जाब प्रान्तोंमें समय समय पर वहांके रहनेवालोंकी गिनतीके लिये बहुत पूर्वसे चली आती थी पर पाश्चात्य देशोंमें नवीन प्रणालीकी मनुष्य-गणनाकी प्रथा रोमसे आरम्भ हुई है जहां स्वतन्त्र मनुष्योंके कुटुम्ब, सम्पत्ति, दास और मुखियाकी परिस्थिति आदिका विवरण यथासमय लिख कर मनुष्योंकी वर्णना की जाती थी। इंगलैण्डमें सबसे पहले मनुष्य-गणना सन् १८०१ ई०में प्रारंभ हुई और १८११में आयरलैंडमें गणनाकी चेष्टा हुई। पर १८५१ ई० तककी मनुष्य-गणना परिपूर्ण नहीं कही जा सकती। सन् १८६१ ई०में नियमित रूपसे इंगलैंड, स्काटलैण्ड और आयरलैण्डमें मनुष्यकी गणना शुरू हुई जिसमें प्रत्येक गांव और नगरके मनुष्योंकी आयु, वैवाहिक सम्बन्ध, पेशे, जन्मस्थान आदिका सविस्तर विवरण लिखा गया और १८७१में व्यवस्थित रूपसे राजकीय वा इम्पीरियल मनुष्य-गणना हुई। ठीक इसी समय अर्थात् सन् १८६७ और १८७२ ई०में भारतवर्षमें

मनुष्य गणना प्रारम्भ हुई। पर उस समय काश्मीर, हैदराबाद, राजपूताने और मध्यभारतके देशी राज्योंमें मनुष्य गणना नहीं हुई और गणनाका प्रवन्ध भी समुचित नहीं था। भारतवर्षको ठीक ठीक मनुष्य-गणनाका आरम्भ १८८१ ई०से माना जा सकता है। यह मनुष्य-गणना १७ फरवरीको हुई थी। तवसे प्रति दशवें वर्ष प्रत्येक ग्राम और नगरमें रहनेवालोंके नाम, आयु, धर्म, जाति, शिक्षा, भाषा, व्यापार आदिका विवरण लिखा जाता है।

२ आवादी, किसी स्थानमें रहनेवाले मनुष्योंकी संख्या।

मर्दुमी (फा० स्त्री०) १ मरदानगी, पौरुष। २ पुंसत्व।

मर्दूद (फा० वि०) मरदूद देखो।

मर्द्दक (सं० पु०) १ मर्द्दनकारक, मर्दन करनेवाला। २ तिरोभावक, दवानेवाला। ३ कासमर्द, कसौंदा। ४ चक्रमर्द, चकवंड़।

मर्द्दन (सं० क्ली०) मृद भावे ल्युट्। १ अङ्गमर्द्दन दूसरेके अंगों पर अपने हाथोंसे वलपूर्वक रगड़ना। पर्याय—संवाहन, सम्वल। इसका गुण श्रमहर, निद्रा, शुक्र और सुखप्रद, मांस, रक्त और त्वक्प्रसन्नकारक, वायु और कफनाशक माना गया है। २ चूर्णन, ध्वंस। ३ कुचलना, रौंदना। ४ तेल, उवटन आदि शरीरमें लगाना, मलना। ५ कदन, द्वन्द्व-युद्धमें एक मल्लका दूसरे मल्लकी गर्दन आदि पर हाथोंसे घस्सा लगाना। ६ रसेश्वर दर्शनके अनुसार अठारह प्रकारके रस-संस्कारोंमें दूसरा संस्कार। इसमें पारे आदिको ओषधियोंके साथ खरल करते या घोटते हैं। ७ घोटना, पीसना। (त्रि०) ८ मर्द्दनकारक, विनाशक,।

मर्द्दनक (सं० क्ली०) तैल, तेल।

मर्दनसिह—मध्यप्रदेशके भानपुरके एक हिन्दू राजा। १८५७ ई०के गदरमें शाहगढ़के राजा जव विद्रोही हुए, तव इन्होंने सुअवसर देख कर कुबाई महकूमा जीत लिया। अनन्तर इन्होंने शाहगढ़के राजा और गड़-अमापानीके नवाव आदिल महम्मदके साथ मिल कर अंगरेजाधिकृत सागर जिले पर चढ़ाई कर दी और उसे जीत कर आपसमें बांट लिया। ८ मास तक इसी प्रकार चलता रहा था। सागर और दुर्ग अंगरेजोंके शासनाधीन रहने पर भी आस पासके सभी स्थान विद्रोहियोंके हाथ लग चुके थे। १८५८ ई०में सर ह्यूग रोजने पहले आदिलशाहको ह याा पीछे मर्दनसिहको हरा कर सागर जिला विद्रोहियोंके हाथसे छीन लिया।

मर्द्दल (सं० पु०) मर्दमर्द्दन लातीति ला-क। वाद्यविशेष, प्राचीन कालका मृदंगकी तरहका एक प्रकारका बाजा। इस वाजेका उल्लेख महाभारतमें है। आजकल इस वाजेका प्रचार वङ्गालमें पाया जाता है और विशेष कर मृतकोंकी अर्थीके साथ अथवा हरिकीर्त्तन आदिके समय वजाया जाता है।

मर्दान—१ पञ्जावप्रदेशके पेशावर जिलान्तर्गत एक तहसील। यह अक्षा० ३४° ५´से ३४° ३२´ उ० तथा देशा० ७१° ४६´ से ७२° २४´ पू०के मध्य अवस्थित है। भूपरिमाण ६१० वर्गमील और जनसंख्या डेढ़ लाखके करीव है। इसमें मर्दान नामक एक शहर और १३० ग्राम लगते हैं। तहसीलकी प्रधान उपज गेहूं, जौ, रुई, ईख और जुन्हरी है। यहां एक असिष्टाण्ट कमिश्नर और एक तहसीलदार रहते हैं।

२ उक्त तहसीलका प्रधान शहर। यह अक्षा० ३४° १२´ उ० तथा देशा० ७२° २´ पू०के मध्य कालपानी नदीके वाएं किनारे अवस्थित है। शहरमें १८५४ ई०का वना हुआ एक किला है। यहां सरकारी अदालत, डाकघर, अस्पताल और एक एङ्गलो वर्नाक्युलर मिडिल स्कूल है।

मर्द्दित (सं० त्रि०) मृद-कर्मणि क्त। १ नष्ट किया हुआ। २ चूर्णित, टुकड़े टुकड़े किया हुआ। ३ जो मर्द्दन किया गया हो, मला या मसला हुआ।

मर्फा—उत्तर-पश्चिम प्रदेशके वान्दा जिलेका एक प्राचीन नगर। यहांका ध्वंसप्राय दुर्ग उस पूर्वसमृद्धिका परिचय देता है। यहां पान्ना-राजवंशीय एक बघेल राजाकी राजधानी थी। इस वंशके अन्तिम राजा चाचरीयाकी लड़ाईमें १७८० ई०को मारे गये थे। उसी समयसे यह दुर्ग टूटी फूटी अवस्थामें पड़ा है। इस दुर्गमें चार फाटक हैं जिनमें कई एक शिलालिपि उत्कीर्ण देखी जाती है।

मर्म (सं० क्ली०) मृ (सर्वधातुभ्यो मनिन्। उण् ४।१४४) इति मणिन्। १ स्वरूप। २ तत्त्व, रहस्य।

> "मृगया न विगीयते नृपैरपि धर्मागममर्म पारगैः।
> स्मरसुन्दर ! मां यदत्यजस्त्वधर्म्मः सदया दयोज्वलः॥"
>
> (नैषध० २।९)

३ सन्धिस्थान। ४ जीवस्थान।

> "सन्निपातः शिरास्नायुसन्धिमांसस्थिसम्भवः।
> मर्म्माणि तेषु तिष्ठन्ति प्राणाः खलु विशेषतः॥"
>
> (भावप्रकाश)

शिरा, स्नायु, सन्धि, मांस और अस्थि—इन सब एकत्रित अवयवोंको मर्म कहते हैं। मर्मस्थानमें प्राण विशेषरूपसे रहता है। सुश्रुतमें लिखा है,—कि मर्मके १०७ स्थान हैं। ये स्थान पांच भागोंमें बंटे हुए हैं:—मांसमर्म, शिरामर्म, स्नायुमर्म, सन्धिमर्म और अस्थिमर्म। इनमें भी फिर मांसमर्म ११, शिरामर्म ४१, स्नायुमर्म २७ ८। इनमेंसे प्रत्येक पद और हाथमें ११, उदरमें और वक्षःस्थलमें १२, पीठमें १४, गरदनमें और उसके ऊपरीभागमें ३७ मर्मस्थान हैं। क्षिप्र, तलहृदय, कुर्च, कूर्चाशिर, गुल्फ, जानु, इन्द्र, वस्ति, ऊरु, आणि, लोहिताक्ष और विटप—ये ग्यारह तरहके मर्म प्रत्येक पादमें मौजूद हैं।

उदर और वक्षस्थलके मर्म—"गुद, वस्ति, नाभि, हृदय, स्तनमूल, स्तनरोहित, अपलाप, अवस्तम्भ हैं। पीठके मर्म इस तरह हैं,—कटीकतरुण, कुकुन्दर, नितम्ब, पार्श्वसन्धि, वृहती, अंशफलक और अंशद्वय। बाहुके मर्मोंका नाम,—क्षिप्र, तलहृदय, कूर्च, कूर्चाशिर, मणिवन्ध, इन्द्रवस्ति, कूर्पर, आणि, उर्वी, लोहिताक्ष और कक्षधर।

स्कन्धसन्धिके मर्म,—धमनी ४, मातृका ८, ककाटिका २, विधुर २, फण २, अपाङ्ग २, आवर्त्त २, उत्क्षेप २, शङ्ख २, स्थपनी १, सीमन्त ५, शृङ्गाटक ४ और अधिपति नामक एक। ये ३७ मर्मस्थान स्कन्धसन्धिके ऊपर मौजूद हैं।

इन सब मर्मोंमें तलहृदय, इन्द्रवस्ति, गुह्यमण्डल और स्तनरोहित आदि मर्म मांसमर्म हैं। नीला, धमनी, मातृका, शृङ्गाटक, अपाङ्ग, स्थपनी, फण, स्तनमूल, अपलाप, अपस्तम्भ, हृदयनाभि, पार्श्वसन्धि, वृहती, लोहिताक्ष और उर्वी—ये सब शिरामर्म हैं। आणि, विटप, कक्षधर, कूर्च, कूर्चाशिर, वस्ति, क्षिप्र, अंश, विधुर और उत्क्षेप—ये सब स्नायुमर्म हैं; कटीकतरुण, नितम्ब, अंशफलक और शङ्ख—ये सब अस्थिमर्म हैं। जानु, कूर्पर, सीमन्त, अधिपति, गुल्फ, मणिवन्ध, कुकुन्दा, आवर्त्त और कृकाटिका—ये सब सन्धिमर्म हैं। इन सब मर्मोंके पांच तरहके कार्य हैं,—सद्यःप्राणनाशक, कालान्तरमें प्राणनाशक, विशल्यघ्न, (जिस जगहके कांटेको निकालनेसे मृत्यु होती है) वैकल्यकर, (जिससे अङ्गप्रत्यङ्गकी विकृति हो) और पीड़ाकर। १९ मर्म सद्यः प्राणनाशक हैं. ३७ कालान्तरमें प्राणनाशक करनेवाले हैं, ३ विशल्यघ्न, ४४ वैकल्यकर और ८ पीड़ाकर हैं।

हृदय, वस्ति, नाभि, शृङ्गाटक, अधिपति, शङ्ख, शिर और गुद—इन सब स्थानोंमें चोट लगनेसे सद्यः प्राणनाश होता है। वक्षःमर्म, सीमन्त, तल, क्षिप्र, इन्द्रवस्ति, कटीकतरुण, पार्श्वसन्धि, वृहती और नितम्ब,—इन सब मर्मोंको चोट पहुंचने पर कालान्तरमें प्राणनाश होता है। उत्क्षेप और स्थपनी,—ये दोनों मर्म विशल्यघ्न कहे जाते हैं। लोहिताक्ष, जानु, ऊर्वी, कूर्च, विटप, कूर्पर, कुकुन्दरद्वय, कक्षधरद्वय, विधुरद्वय, कृकाटीकद्वय, अंश, अंशफलक, अपाङ्ग, नीलाद्वय, मन्याद्वय, फणद्वय और आवर्त्तद्वय,—इन सब मर्मोंमें चोट लगनेसे अङ्गवैकल्य प्राप्त होता है। दो गुल्फ, दो मणिबन्ध और कूर्चाशिर-चार—ये आठ मर्मविद्ध होनेसे यातना होती है। क्षिप्र-मर्मविद्ध होते ही या कुछ देरके बाद प्राण विनष्ट होता है।

इन सब मर्मोंमें सद्यःप्राणनाशक मर्म आग्नेगुणसे गुणवान् है। इस अग्निगुणका ह्रास होनेसे भी मृत्यु हो जाती है। जिन मर्मोंसे कालान्तरमें प्राण नाश होता है, वे सौम्य और अग्नि-गुणसम्पन्न होते हैं। जो सब मर्म विशल्य प्राणनाशक हैं, उनमें वायुका अंश बहुत है। जितने समय तक शल्यका मुंह बन्द रहता है, उतने समय तक वायु भीतर रहती है। शल्य निकालने ही पर

वायु निकल जाती हैं। अतएव जब तक शल्य रहता है तब तक मनुष्य जीवित रहता है। शल्य निकालनेसे ही मृत्यु हो जाती है। जिन मर्मोंका नाम वैकल्य है, वह सौम्य है। इसी सौम्यता तथा शीतलताके कारण ही इनमें प्राणवायु वास करती है। जो सब मर्म पीड़ा देनेवाले हैं, वे अग्नि और वायु दोनों गुणसम्पन्न हैं। क्योंकि वायु और अग्नि दोनों ही यन्त्रणादायक हैं। लोगोंका कहना है, कि पीड़ाकर मर्म केवल अग्नि और वायुगुणविशिष्ट नहीं, वे पाञ्चभौतिक हैं।

कुछ लोगोंके मतसे मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और वीर्य—ये पांच पदार्थ ही जो मर्ममें मिलते और बढ़ते हैं, वही सद्यःप्राणनाशक हो जाता है। उक्त धातुओं का संयोग रहनेसे ही इस मर्ममें चोट करनेसे सद्यःप्राणनाश होता है। जिस मर्ममें पूर्वोक्त धातुओंमें चार धातुओंका संयोग रहता है, उस मर्ममें आघात लगनेसे कालान्तरमें मृत्यु हो जाती है। जिस मर्ममें तीन धातुओंका संयोग रहता है, उस मर्मसे शल्य निकालते ही मृत्यु होती है। जिस मर्ममें दो धातुओंका संयोग रहता है, उसके आहत होने पर अङ्गकी विकलता होती है और जिस मर्ममें केवल एक ही धातु होती है, उसमें चोट लगनेसे केवल खून निकलता है।

शरीरमें मुख्यतः चार प्रकारकी शिरायें हैं वे सभी मर्मस्थानसे जुड़ी हैं। ये स्नायु, अस्थि, मांस और जोड़ोंको पोषण कर शरीरको पुष्ट करता है। मर्मस्थानमें फोड़ा होने पर वायुवृद्धिके लिये शिरायें आहत स्थानके चारों ओर फैल जाती हैं और इससे शरीरमे पीड़ा अधिक होती है। इस पीड़ासे मनुष्य-शरीर-जर्जर हो नाशको प्राप्त होता है या संज्ञाहीन हो जाता है। अतएव जिनको शल्य बाहर करना हो, उन्हें मर्मस्थानकी अच्छी तरहसे परीक्षा कर शल्य बाहर करना चाहिये।

जो मर्म सद्यःप्राण हरनेवाले हैं, वे अन्तर्भाग विद्ध होने पर कालान्तरमें प्राणनाशक हैं। अन्तर्भागमें आहत होनेसे शरीरमें विकलता उत्पन्न होती है। जो मर्म विशल्य प्राणहर है, वह अन्तर्भागमें विद्ध हो कर पीड़ा उत्पन्न करता है। सद्यःप्राणहरमें चोट लगनेसे सात दिनमें मृत्यु होती है। जो मर्म कालान्तरमें प्राण हरण करनेवाले हैं, इनमें यदि चोट लगे तो उससे एक पक्षमें या एक मासमें मृत्यु हो जाती है। क्षिप्र नामक मर्ममें चोट लगनेसे कभी कभी अल्प समयमें ही मृत्यु हो जाती है। जो सब मर्म विशल्य प्राणहर या अङ्ग वैकल्यकर हैं, उनके विशेषरूपसे आहत होने पर मृत्यु होती है।

पैरके अंगूठे और उंगलियोंके बीच क्षिप्र नामक मर्मके आहत होने पर उसी समय मृत्यु हो जाती है। मध्यमा उंगलीके सामने पाद तलके बीचमें तलहृदय मर्ममें चोट लगनेसे अत्यन्त कष्टसे मृत्यु होती है। क्षिप्र मर्मके ऊपरके भागको दोनों बगलमें कूर्च नामक दो मर्मोंका वास है। इसके आहत होने पर चलते समय पैर कांपता रहता है। गुल्फसन्धिके निम्न भागके दो कूर्च शिरा नामक मर्ममें चोट लगनेसे दर्द होता है और सूजन पैदा हो जाती है। पैर और जङ्घेके जोड़में गुल्फ नामक मर्मके आहत होनेसे स्तब्ध और 'खञ्ज' होता है। जङ्घाके मध्यस्थानमें पीछेकी ओर इन्द्रवस्ति नामक मर्म आहत होने पर खून गिर कर मृत्यु हो जाती है। जङ्घा और ऊरुस्थानके जानु नामक मर्म आहत होने पर 'खञ्ज' होता है। जानुके तीन अंगुल ऊपर दोनों बगल आणि नामक दो मर्म हैं, इनके आहत होने पर पैर अत्यन्त फूल जाता और उसकी गति-विधि बन्द हो जाती है। उसके मध्यमें ऊर्वी नामक मर्म आहत होने पर रक्तस्राव होता और पैर सूख जाता है। ऊरुमूलस्थित लोहिताक्ष मर्म आहत होने पर पक्षाघात रोग हो जाता है। वंक्षण और दोनों मुष्कके बीच विटप नामक मर्म आहत होने पर वीर्यकी कमी हो जाती है। दोनों पैर और दोनों हाथोंमें यही ग्यारह मर्म मौजूद हैं। इनमें विशेषता यह है, कि पैरोंके गुल्फ, जानु और विटप नामक मर्म हाथोंके मणिबन्ध, कूर्पर और कक्षधर नामक तीन मर्मोंके केवल नामान्तर हैं। वङ्क्षण और मुष्कद्वयके बीचके विटप नामक मर्म वक्षः और कक्षाके मध्यस्थित कक्षधर मर्मके समान हैं। यह विद्ध होने पर एक ही तरहका उपद्रव होता है। मणिबन्ध नामक मर्मके आहत होने पर उंगलियां सिकुड़ जाती हैं।

मोटी अंतड़ीसे संलग्न वायु और मल निकलनेवाले पथको गुदमर्म कहते हैं। इसके आहत होने पर अति शीघ्र मृत्यु होती है। कमरमें अत्यल्प रक्तमांससंयुक्त मूत्राशय है इसीको वस्तिमर्म कहते हैं। पथरी (अश्मरी रोग)-की बीमारीके सिवा इसकी दो बगल छेदनेसे जीवन संकटापन्न हो जाता है और मूत्रस्रावी व्रण या फोड़ा हो जानेकी सम्भावना है। यत्नपूर्वक चिकित्सा करने पर यह फोड़ा आराम हो जाता है। पक्वाशय और आमाशयके बीच नाभी नामक मर्म रहता है। यही शिराओंकी उत्पत्तिका स्थान है। यहां भी आघात लगनेसे शीघ्र ही मृत्यु हो जाती है। दोनों स्तनोंके बीचमें आमाशयका द्वार 'वक्ष' है। यही हृदय नामक मर्म है। यही रज और तमका आश्रयस्थान है। इस जगह भी आघात लगनेसे शीघ्र ही मृत्यु होती है। दोनों स्तनोंके निम्नस्थलमें प्रत्येक ओर दो उंगली परिमाणमें स्तनमूल नामक दो मर्म है। वह मर्म कफसे भरे हुए हैं। इससे यहां चोट लगने पर खांसी और दमेकी बीमारी हो कर मृत्यु हो जाती है। दोनों स्तनोंके अग्रभागके ऊपर प्रत्येक ओर दो उंगलीके स्तनरोहित नामक दो मर्म हैं। यह रक्तसे भरे हुए हैं। इसीलिये यहां चोट लगने पर रक्तस्राव होने लगता और खांसी हो जाती और साथ ही मृत्यु भी हो जाती है। अंशकूटके निम्न भागमें दोनों ओर अपलाप नामक दो मर्म हैं। यहां चोट लगने पर क्षतस्थानसे रक्तस्राव होने लगता है। पीछे यह रक्त जब पीबमें परिणत हो जाता है, तब मृत्यु हो जाती है।

वक्षस्थलके दोनों ओर वायुप्रवाहिनी दो नाड़ियां हैं। अपस्तम्भ नामक दो मर्म इसी नाड़ीमें रहते हैं। यह सदा वायुसे परिपूर्ण हैं, इससे आहत होने पर खांसी पैदा हो जाती है और दमेकी बीमारीसे मृत्यु हो जाती है।

पीठ—मेरुदण्डके दोनों ओर श्रोणिस्थानमें जो कटीकतरुण नामक दो मर्म हैं, उन पर आघात लगनेसे रक्तक्षय हो कर पाण्डु, विवर्ण और रूपकी विकृति हो कर मृत्यु होती है। दोनों जांघके बाहरी पार्श्वमें पीठकी रीढ़से थोड़ा नीचे दोनों ओर कुकुन्द नामके दो मर्म हैं। इसके आहत होने पर शरीरके नीचेके भागमें स्पर्शज्ञान नहीं रहता। इस तरह दोनों जांघ क्रियाहीन हो जाती हैं। श्रोणिमध्यस्थित दोनों अस्थिकाण्डोंके ऊपरी भागमें जो स्थान आशयके आच्छादन तथा अधोभागसे संलग्न है, शरीरके दोनों ओर नितम्ब नामके दोनों मर्मोंमें चोट लगनेसे शरीरका निम्नभाग सूख कर दुर्बल हो जाता है और मृत्यु भी हो जाती है। दोनों जंघोंसे जरा ऊपर तिरछी और दोनों जङ्घ और दोनों बगलके बीचमें, निम्नभागके दोनों ओरसे सटा 'पार्श्वसन्धि' नामक रक्तपूर्ण मर्म विद्ध होने पर मृत्यु हो जाती है। स्तनमूलके ठीक सीधमें पीठ पर बृहती नामक दो मर्म हैं। इनके आहत होने पर अत्यधिक रक्तप्रवाहके कारण मृत्यु हो जाती है। इस जोड़ पर अंशफलक नामके दो मर्म हैं, इनको आघात लगनेसे दोनों बाहु सूख कर क्रियाहीन हो जाते हैं। दोनों बाहुओंके ऊपरी भागमें गरदनके बीचमें कन्धेके जोड़ पर जो पित्तअंश नामक दो मर्म है उनके आहत होने पर बाहुकी गतिविधि रुक जाती है।

कन्धेके जोड़के मर्म कण्ठनालीके दोनों ओरकी चार धमनियों, दो नीला, दो मन्यामें बंधे हुए हैं। इनके आहत होनेसे मूकता, शरीरकी विकृति और रसज्ञानका पूर्णतः अभाव हो जाता है। गर्दनके दोनों ओर शिरामातृका नामक मर्मके आहत होने पर उसी समय मृत्यु हो जाती है। मस्तक और गरदनके सन्धिस्थान पर कृकाटिका नामक दो मर्म हैं। इनके आहत होने पर चलमूर्द्धता शिरोरोग होता है। दोनों कानके पार्श्वके नीचेकी ओर विधुर नामके दोनों मर्ममें चोट लगने पर अघ्राणशक्तिका ह्रास होता है। दोनों भौंके भीतर आंखोंके बाहर नीचेकी ओर अपाङ्ग नामके दो मर्म हैं उनके चुटीला होने पर मनुष्य अन्धा हो जाता तथा दृष्टिदोष उत्पन्न होता है। भौंहेंके अन्तिम भागके नीचे आवर्त्त नामक मर्मके विद्ध होने पर भी अन्धा और दृष्टिहीनता उत्पन्न होती है। भौंहेंके अन्तके भीतरी भागके ऊपर कान और ललाटके भीतर शङ्ख नामक दो मर्म हैं। इनके आहत होने पर

तत्काल मृत्यु हो जाती है। शङ्खके ऊपरी भागमें केश-मूलोंके अन्त तक उत्क्षेप नामक दोनों मर्म मौजूद हैं। यह जिस पदार्थके द्वारा आहत होते हैं, वह पदार्थ उसके साथ जितनी देर तक बन्द रहेगा, सटा रहेगा तब तक अथवा पक कर उसके आपे आप गिरनेसे रोगी रोगमुक्त हो जाता है। शल्य निकाल लेने पर उसकी मृत्यु हो जाती है। भौंहोंकेबीचमें स्थपनी नामक मर्म मौजूद हैं। इसके बिद्ध होनेका फल पूर्वोक्त मर्मविद्धकी तरह फल होता है। मस्तककी अस्थिके पांच सन्धिस्थान सीमन्त नामसे प्रसिद्ध हैं। यह स्थान विद्ध होने पर उन्माद, भय और चित्तनाश हो जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है।

आंख, कान, नाक और जीभ—ये चार इन्द्रियां जिन शिराओं द्वारा जुड़ी हुई हैं अर्थात् गन्धवाही, शब्द-वाही, रसवाही और रूपवाही जितनी शिरायें हैं, उन सबके जोड़को शृङ्गाटक मर्म कहते हैं। शृङ्गाटक चार हैं, इसके छिद जाने पर शीघ्र मृत्यु हो जाती है। मस्तकके अभ्यन्तर भीतरी भागमें शिराओंकी जोड़वाली जगहसे बाहर रोमका आवर्त्त है। वहांका अधिपति नामक मर्म आहत हो, तो शीघ्र ही मृत्यु हो जाती है।

ऊर्वीद्वय, सब शिरायें, विटप, कक्षपार्श्व और दोनों स्तनोंके ऊपर ओरके मूल आदि स्थानोंमें चीर-फाड़ करते समय चतुर डाकृरको सदा सावधान रह कर काम करना चाहिये। मर्मरक्षाके लिये एक उंगलीका अन्तर दे कर शस्त्रका प्रयोग करना चाहिये। मणिवन्ध और गुल्फस्थानमें दो उंगली और घुटने तथा पूठों पर तीन उंगलीका अन्तर देना उचित है। हृदय, वस्ति, कुर्च्च, स्तन, नाभि और मूर्द्धा—इन सब स्थानोंमें चार उंगली-का अन्तर, गलेमें और कण्ठनालीके दोनों ओर शस्त्रपात करनेमें पांच उंगलीका अन्तर दे कर शस्त्र प्रयोग करना चाहिये।

बाकी मर्मस्थानोंकी रक्षाके लिये आध उंगलीका अन्तर दे कर चीर-फाड़ करना उचित है। मर्मज्ञ व्यक्तियोंने परीक्षा द्वारा स्थिर किया है, कि शस्त्रक्रियामें मर्मोंकी रक्षाके लिये उक्त परिणामसे जगह छोड़नी चाहिये। मर्मके निकटका स्थान भी छिद जानेसे मर्म नाश होता है। अतएव शस्त्रप्रयोग करते समय मर्मस्थानकी रक्षा करना उचित है। हाथ, पैर और शिराओंके कट जाने पर वे छोटे हो जाते हैं। उस स्थानसे रक्तस्राव होता रहता है। इससे डाल पत्तियोंके विना जीवित मनुष्य ठूंठ वृक्षकी तरह जीवन धारण करता है, मर नहीं जाता। क्षिप्र और तल नामक मर्म आहत होने पर अत्यन्त रक्तस्राव होता और वायुनिवृत्तिवशात् पेटमें पीड़ा उत्पन्न होती है।

मर्मस्थानके छिद जाने पर यद्यपि मनुष्य चिकित्सा-बलसे जीवित रह सकता है, किन्तु उसके अङ्गकी पीड़ा दूर नहीं होती।

मर्मस्थानमें सोम, वायु, तेज, सत्त्व, रजः, तमः और भूतात्म सभी वास करते हैं। इसीलिये मर्म छिद जाने पर मनुष्य जीवित नहीं रह सकता। जो सब मर्म तुरन्त प्राण नाश करनेवाले हैं उनके आहत होने पर इन्द्रियज्ञान, मनोबुद्धिकी विपरीतता और कई तरहकी तीव्रतर वेदना उपस्थित होती है। जो सब मर्म काला-न्तरमें प्राणहर्त्ता हैं, उन सबोंके छिद जाने पर क्रमशः धातुक्षय होता रहता है और इससे तरह तरहकी वेदना उपस्थित होती और प्राणनाश हो जाता है। जिन मर्मोंके आहत होने पर शारीरिक विकलता उत्पन्न होती है, सुनिपुण वैद्यों द्वारा उसकी यथावत् चिकित्सा होने पर केवल अङ्गहीन हो कर रोगी जी जाता है। जिन सब मर्मस्थानोंसे शल्य निकालनेसे मृत्यु हो जाती है, यदि किसी बुरे वैद्यका पाला पड़ गया तो अत्यन्त पीड़ा भोग कर विकलाङ्गसे जीवन-धारण करना पड़ता है। छिद जाना, भेद होना, चोट लग जाना, जल जाना या चीर देना चाहे जिस तरह ही क्यों न हो मर्म-आघात सभी समान है।

अधिक हो या कम ही हो, मर्म आहत होने पर कई तरहके दर्द पैदा हो जाते हैं, प्रायः अङ्गकी विकलता तथा मृत्यु उपस्थित हो जाती है। मर्म आहत होने पर शरीरमें जो सब विकार उत्पन्न होते हैं, वे प्रायः कभी कष्टसाध्य हैं। अत्यन्त यत्नके साथ चिकित्सा करने पर मनुष्य आरोग्य होता है।

(सुश्रुत शारीरस्थान ६ अ०)

इन सब मर्मोंका परिचय सरलतापूर्वक बता देनेके

लिये नीचे एक फिहरिस्त दी गई है। इसमें मर्मका नाम, ठहरनेका स्थान, आहत होने पर कैसा फल होता है। यह सहज ही समझमें आ जायेगा।

मर्मस्थानकी फिहरिस्त।

मर्मका नाम	ठहरनेका स्थान	आहतका फल
१। क्षिप्र स्नायुमर्म,	वृद्धांगुलि और तर्जनीके बीच	आक्षेपक-उपद्रवसे मृत्यु होती है।
२। तलहृदय मांसमर्म,	मध्यमा उंगलीके मूलसे सीधा पाद तलेका मध्यस्थल,	पैरके रोगसे मृत्यु।
३। कूर्च स्नायुमर्म,	क्षिप्रके ऊपरी भागके दोनों पार्श्वों में,	चलते समय पैर कांपता है।
४। कूर्चशिरस्नायुमर्म,	गुल्फसन्धिके निम्नभागके दोनों ओर,	रोग होता और फूल जाता है।
५। गुल्फसन्धिमर्म,	पैर और जंघेका जोड़,	पद स्तब्ध तथा अकर्मण्य होता है।
६। इन्द्रवस्ति सन्धिमर्म,	प्रत्येक पार्श्व और जङ्घाका जोड़	रक्तप्रवाहसे ही मृत्यु हो जाती है।
७। घुटनेका जोड़ सन्धिमर्म,	जङ्घा और ऊरुका सन्धिस्थान,	अकर्मण्य।
८। आणिस्नायुमर्म,	घुटनेके ऊपर दोनों ओर तीन उंगल प्रमाण,	फूल जाता और चलनेकी शक्ति नहीं रहती।
९। ऊर्व्वी शिरामर्म,	ऊरुदेशका मध्यस्थल,	रक्त गिर कर पैर पतला हो जाता है।
१०। लोहिताक्ष शिरामर्म;	उर्वीके ऊपर वैजाके नीचे ऊपरके मूलमें,	शोणित क्षय हो कर लकवा, (पक्षाघात) हो जाता है।
११। विटप शिरामर्म,	वैजा और अण्डकोषके बीचमें,	वीर्यकी कमी होती है।
१२। गुदमांसमर्म,	मोटी अंतड़ीसे सटी वायु और मल त्याग करनेका मार्ग,	तुरत मृत्यु होती है।
१३। वस्ति स्नायुमर्म,	कमरके भीतर अल्पमांस तथा रक्त-परिपूरित मूत्राशय, या वस्ति,	पथरी रोगके सिवा चीर-फाड़ करने पर मनुष्य बच नहीं सकता, एक ओर यदि भेद किया जाय तो मूत्रस्रावी फोड़ा उत्पन्न होता है।
१४। नाभि शिरामर्म,	पक्काशय और आमाशयके बीचवाले सिराका मूल,	तुरत मृत्यु।
१५। हृदय शिरामर्म,	स्तनोंके बीचमें आमाशयका द्वार,	तुरत मृत्यु।
१६। स्तनमूल शिरामर्म,	प्रत्येक स्तनके अधोभागके दोनों पार्श्वमें,	कफ सञ्चित होनेकी वजह खांसी और दमेसे मृत्यु।
१७। स्तनरोहित मांसमर्म,	स्तनके अग्रभागके दोनों ओर,	रक्तसञ्चयसे खांसी और दमेसे मृत्यु।
१८। अपलाप शिरामर्म,	अंसकूटके नीचे और बगलके ऊपरी भागमें,	रक्त पीव अवस्थाको प्राप्त हो कर मृत्यु होती है।

	मर्मका नाम	ठहरनेका स्थान	आहतका फल
१९।	अपस्तम्भ शिरामर्म,	वक्षःस्थलके दोनों ओर वायु प्रवाहिनी नाड़ी,	वायुके कारण खांसी और दमेसे मृत्यु।
२०।	कटीकतरुण अस्थिमर्म,	दोनों ओरके श्रोणिस्थानके दोनों अस्थियोंका सटा हुआ स्थान,	पाण्डु और विरूप हो कर मृत्यु।
२१।	कुकुन्दर सन्धिमर्म,	मेरुदण्डके दोनों ओर जंघाकी बगल और बाहरी भागसे थोड़ा नीचे,	शरीरका निम्नांश क्रियाहीन होता।
२२।	नितम्ब (चूतड़) अस्थिमर्म,	श्रोणिकाण्डके ऊपर पार्श्वद्वयका ऊपर आवरणसे सटा हुआ स्थान,	शरीरका निम्न भाग सूख जाता और दुर्बलतासे मृत्यु।
२३।	पार्श्वसन्धि शिरामर्म,	निम्नभागमें बगलके भीतर संलग्न जंघा और बगलके बीच जंघासे तिरछे ऊपरको ओर,	रक्तपूर्ण हो कर मृत्यु होती है।
२४।	वृहतो शिरामर्म,	रीढ़के दोनों ओरके स्तन मूलकी सीध पर,	अत्यन्त रक्तप्रवाहके कारण मृत्यु होती है।
२५।	अंशफलक शिरामर्म,	पीठकी रीढ़के दोनों ओर पृष्ठके ऊपर भागमें त्रिकस्थानसे सटा हुआ स्थान,	दोनों बाहु अकर्मण्य और क्रियाहीन हो जाती और सूख जाती है।
२६।	अंश, स्नायुमर्म,	दोनों बाहुओंके ऊपर गरदनके दोनों ओर कंधेसे सटा हुआ स्थान,	दोनों बाहु क्रियाहीन हो जाती है।
२७।	नीला और मन्या,	कण्ठनालीके दोनों बगलमें चार धमनीकी दो नीला और दो मन्या,	मूकता, स्वरकी विकृति और रस ग्रहण करनेमें प्रवीणता।
२८।	शिरा मातृका,	गरदनके दोनों ओर दो दो चार शिरायें,	तुरत मृत्यु होती है।
२९।	कृकाटिका,	मस्तक और गरदनके सन्धिस्थलमें दोनों ओर,	मस्तक हिलता है।
३०।	विधुर,	कानके पीछे नीचे भागमें,	बहरापन।
३१।	फणा,	नाकके गह्वरमें सटा हुआ स्थान,	आघ्राण-शक्ति नष्ट होती है।
३२।	अपाङ्गद्वय,	भौंहेंके नीचे नेत्रसे बाहर,	अन्धा होता या दृष्टिदोष हो जाता है।
३३।	दोनों आवर्त्त,	दोनों भौंहेंके ऊपर और नीचे,	अन्धा होता या दृष्टिदोष हो जाता है।
३४।	दोनों शङ्ख,	भौंहेंके ऊपरी भागमें कर्ण और ललाटके बीच,	तुरत मृत्यु।
३५।	दोनों उत्क्षेप,	दोनों शङ्खके ऊपरी केशके प्रान्त भागमें,	छिदे हुए शल्य (कांटे)-के निकलनेसे मृत्यु हो जाती है, किन्तु वही स्थान पक जाय और पीबके साथ निकल आय तो मनुष्य नहीं मरता।

	मर्मका नाम	ठहरनेका स्थान	आहतका फल
३६।	दोनों स्थपनी,	दोनों भौंहके बीचमें,	ऊपर जैसा फल होता है।
३७।	पांचों सीमन्त,	मस्तक विभाजिनी ५ सन्धि स्थान,	उन्माद, भय या चित्तनाश द्वारा मृत्यु।
३८।	चार शृङ्गाटक,	नेत्र, कर्ण, नाक और सन्तपर्णी शिराओंका संगम-स्थान,	तुरत मृत्यु।
३९।	अधिपति,	मस्तकके भीतर ऊपरकी शिरा सम्मिलित स्थान या बाहरके रोमावर्त्त स्थानमें।	तुरत मृत्यु।

आज कल तत्त्वविदोंकी इन सब मर्मोंमें एक तरहकी राय नहीं है। कहीं सम्पूर्ण रूपसे और कहीं कुछ सामान्यता हो जाती है। किन्तु शिरामर्म प्रायः ही समान है।

भावप्रकाश तथा चरकमें भी मर्मका विशेष विवरण लिखा है। वे इसी बातसे मिलती जुलती हैं, इसीसे इसका पुनरुल्लेख करना वृथा है। मर्मका स्पर्श नहीं करना चाहिये। -

> "परक्षेत्रे गां चरन्तीं न चाचक्षीत कस्यचित्।
> न संवत्सेत् सूतके च न कं वै मर्माणि स्पृशेत्॥"
> (कूर्मपुराण उप० १५ अ०)

मर्मकील (सं० पु०) मर्म कीलति विध्यतीति कील-क यद्वा मर्मणि गूढ़ विषये कीलशंकुरिव। भर्त्ता, स्वामी।

मर्मग (सं० त्रि०) मर्म तत्त्वं गच्छतीति मर्म ड। मर्मज्ञ।

मर्मघ्न (सं० त्रि०) मर्म हन्ति हन टक। मर्मघातक।

मर्मचर (सं० पु०) हृदय।

मर्मच्छिद् (सं० त्रि०) मर्म छिनत्ति छिद् क्विप्। मर्मच्छेदकारक, मर्म भेदनेवाला।

मर्मच्छेदक (सं० त्रि०) मर्मभेदक, मर्म भेदनेवाला।

मर्मच्छेदन (सं० पु०) १ प्राणघातन, जान लेना। २ अधिक कष्ट देना, बहुत सताना।

मर्मज्ञ (सं० त्रि०) मर्म तत्त्वं जानातीति ज्ञा-क। १ मर्मविद्, किसी बातका मर्म या गूढ़ रहस्य जाननेवाला। २ तत्त्वज्ञ, भेदकी बात जाननेवाला।

> "तेषामापततां वीर शीघ्रं पूर्वमथो दृढ़म्।
> त्रिप्राक्षो न्यवधीद् व्रातान्मर्म्मज्ञो मर्म्मवेदिभिः॥"
> (भारत ७।३५।२०)

मर्मत्र (सं० क्ली०) हृदयाच्छादक वर्मविशेष, पित्तपापड़ा।

मर्मधाम (सं० क्ली०) मर्मस्थान।

मर्मन (सं० क्ली०) मर्म देखो।

मर्मपारग (सं० पु०) मर्मपारं गच्छतीति गम-ड। मर्म्म या तत्त्व जाननेवाला, मर्मज्ञ।

मर्मपीड़ा (सं० स्त्री०) मर्मणः पीड़ा। मनःपीड़ा, मनको पहुंचानेवाला क्लेश।

मर्मप्रहार (सं० पु०) मर्मस्थान पर होनेवाला आघात, मर्मस्थानकी चोट। वैद्यकमें इसे व्रणका एक भेद माना है। इसमें रोगी गिरता पड़ता, अटपट बकता, घबराता और मूर्च्छित होता है। उसके शरीरमें गरमी छटकती है और इन्द्रियां ढीली पड़ जाती हैं।

मर्मभिद् (सं० त्रि०) मर्म्मच्छिद, मर्मभेदी।

मर्मभेद (सं० पु०) मर्म्मणः भेदः। मर्मच्छेद, मर्म।

मर्मभेदक (सं० त्रि०) १ मर्म छेदनेवाला। २ हृदयविदारक, बहुत अधिक हार्दिक कष्ट पहुंचानेवाला।

मर्मभेदन (सं० पु०) १ मर्मभेदक अस्त्र, मर्मको भेदनेवाला अस्त्र। (त्रि०) २ मर्मभेदकारी, मर्मको भेद करनेवाला।

मर्मभेदिन् (सं० त्रि०) मर्म भिनत्ति भिद् णिनि। मर्मभेदकारी, हृदय पर आघात पहुंचानेवाला।

मर्मभेदी (हिं० वि०) मर्मभेदिन् देखो।

मर्ममय (सं० त्रि०) मर्म स्वरूपे मयट्। १ मर्मस्वरूप, मर्मके जैसा। २ गुप्त विषय सम्बन्धीय, रहस्यपूर्ण।

मर्मर (सं० पु०) १ मरमर देखो। २ कपड़े या पत्रकी अव्यक्त ध्वनि। (त्रि०) ३ मर्मरध्वनि करनेवाला।

मर्मर पर्वत—मध्यप्रदेशके जब्बलपुर जिलेमें विन्ध्यगिरिकी एक शाखा। यह जब्बलपुरसे ६ कोस दक्षिण-पश्चिम और मीरगञ्ज रेलवे ष्टेशनसे ३ मील पर नर्मदा नदीके किनारे अवस्थित है। मर्मरपर्वत मेगनेसिया नामक खनिज पदार्थयुक्त चूनेके पत्थरसे भरा हुआ है। यह बीस फुट ऊंचा है। इसका प्राकृतिक दृश्य बड़ा ही मनोरम है।

शुक्लपक्षकी रात्रिको चांदनी इस पर्वतके श्वेत शरीर पर पड़ कर इसकी शोभाको और भी बढ़ाती है। उस तुषार-वृत्त धवलवक्ष, उस नीलिममयी वनमाला, उस प्रशान्त-वाहिनी नर्मदाकी रजत-धारा पर चन्द्रकी चन्द्रिकाके पतित होनेसे एक अपूर्व मनोमुग्धकर सौन्दर्य दिखाई देता है। प्रकृतिकी गोद पर इस शान्तिमयी तथा नयनाभिराम शोभाको देखनेके लिये बहुतेरे मनुष्य जब्बलपुर जाते हैं। अनार्यजातिकी रङ्गभूमि इस भारत भूमिमें जितनी तरहकी कृत्रिम या अकृत्रिम शोभनीय कीर्त्ति स्थापित हैं, उनमें नर्मदातीरवर्त्ती इस मर्मर पर्वतका स्वाभाविक सौन्दर्य श्रेष्ठतम है।

कहा गया है, कि देवराज इन्द्रने अपने वज्र द्वारा इस मर्मरपर्वतको विदीर्ण कर स्रोतस्विनी नर्मदा नदीकी रुद्ध-गतिको मुक्त किया है। आज भी ऐरावतका पदचिह्न वहांके लोगोंको दिखाई देता है। बहुतेरे लोग उस स्थानको इन्द्रकी विचरण-भूमि समझ उनकी पूजा करते हैं। उक्त पहाड़की चोटी पर एक शिव-भगवान्का मन्दिर है। इस मन्दिरमें अनेक देवदेवीकी प्रतिमूर्त्ति थी, सुना जाता है, कि कितने ही मुसलमानोंने उन्हें नष्ट कर दिया है। कहते हैं, कि औरङ्गजेबके संग्रामपुर रहते समय उसकी पिशाचिनीने ही इसे नष्ट भ्रष्ट किया था।

मर्मर-प्रस्तर—स्वनामख्यात मर्मर पत्थर (Marble)। पदार्थविद् पण्डितोंने इसे एक तरहके दानेदार चूनेका पत्थर बतलाया है। कालक्रमानुसार और जलवायुके गुणसे मर्मर पत्थर अति कठिन तथा दृढ़ होता है। फिर भी शीघ्र ही इस पर पालिश की जा सकती है। एक मर्मर गाढ़े काले रंगका और दूसरा तुषारकी तरह सादा होता है। सिवा इनके सब्जा (हरा), धूसर, लाल, नीला और पीला मर्मर भी दिखाई देता है।

चीन, भारतवर्ष और ब्रह्मदेश आदि देशोंमें मर्मर पत्थर मिलता है। चीनदेशका एक फुट काला चौकोन मर्मर पत्थर भारत, अमेरिका आदि देशोंमें भेजा जाता है। इसके द्वारा लोग अपने घरोंको सजाया करते हैं। केण्टन-नगरमें लाल रङ्गका मर्मर पत्थर मिलता है। इससे टेबिल और टूल तय्यार होता है। मद्रास प्रेसिडेन्सीका मर्मर पत्थर बहुत उत्तम तथा दुष्प्राप्य है। सन् १८५१ ई०में एक प्रदर्शिनी हुई थी, उसमें यह मर्मर पत्थर नमूनाके लिये भेजा गया था। उस नमूनेको देखनेसे यह मालूम होता है, कि इससे मूल्यवान् मूर्त्ति भी बनाई जा सकती है। जब्बलपुरमें सादा मर्मर पत्थर बहुतायतसे मिलता है, वहां इसका चूना बनाया जाता तथा मकानोंमें लगानेके काममें आता है। मरमर देखो।

मर्मरी (सं० स्त्री०) मर्मर गौरादित्वात् ङीप्। १ पीतदारु, दारुहरिद्रा। २ सरलकाष्ठ, चीड़ी लकड़ी। ३ कर्णस्थित शिराविशेष, कानमेंकी रक्तकी छोटी नाड़ी।

मर्मरीक (सं० पु०) म्रियत इवासाविति (फर्फरीकादयश्च। उण् ४।२०) इति ईकन् प्रत्ययेन निपातनात् साधुः। दीन, दुखिया।

मर्मवचन (सं० पु०) मर्मभेदी बात, वह बात जिससे सुननेवालेको आन्तरिक कष्ट पहुंचे।

मर्मवाक्य (सं० पु०) रहस्यकी बात, भेदकी या गूढ़ बात।

मर्मविद् (सं० त्रि०) मर्म वेत्तीति विद्-क्विप्। मर्मज्ञ, मर्मको जाननेवाला। पर्याय—कार्पटिक, मर्मिक मर्मवेदी।

"वक्रनासस्ततोऽवादीद्रक्त्योऽयं परमर्म्मवित्।"

(कथास० सा० ६२।६०)

मर्मविदारण (सं० पु०) १ मर्मच्छेद। (त्रि०) मर्मच्छेदकारक।

मर्मविभेदिन् (सं० त्रि०) मर्म वि-भिद्-णिनि। मर्मभेदकारक।

मर्मवेदिन् (सं० पु०) मर्म वेत्तीति विद् णिनि। मर्मविद्, मर्मज्ञ।

मर्मवेधिन् (सं० त्रि०) मर्म विध्यति विध-णिनि। मर्मवेधकारक, मर्मवेधक।

मर्मवेदी (सं० त्रि०) मर्मवेदिन् देखो।

मर्मवेधी (सं० त्रि०) मर्मवेधिन् देखो।

मर्मसंरोध (सं० पु०) मर्मव्यथा।

मर्मस्थल (सं० पु०) मर्मस्थान। मर्म देखो।

मर्मस्थान (सं० पु०) मर्मस्थल। मर्म देखो।

मर्मस्पृश् (सं० त्रि०) मर्म स्पर्शतीति स्पृश् (स्पृशोऽनुदके क्विन्। पा ३।२।५८) इति क्विन्। १ मर्मपीड़क। पर्याय—

अरुन्तुद, व्यथक। २ हृदयको स्पर्श करनेवाला, हृदय पर प्रभाव डालनेवाला।

मर्मातिग (सं० त्रि०) मर्म अति-गम-ड। मर्मभेदी, हृदय पर आघात पहुंचानेवाला।

मर्मान्तिक (सं० पु०) १ मर्म पर्यन्त। २ मर्मस्पृशी क्लेश, मनमें चुभनेवाला दुःख।

मर्मान्वेषण (सं० क्ली०) तत्त्वानुसन्धान, किसी बातका तत्त्व या गूढ़ रहस्य जानना।

मर्मान्वेषिन् (सं० त्रि०) तत्त्वानुसन्धानकारी, किसी बातका तत्त्व या गूढ़ रहस्य जाननेवाला।

मर्मावरण (सं० क्ली०) वर्म-चर्म।

मर्माविध् (सं० त्रि०) मर्म विध्यतीति मर्म-व्यध् क्विप्। मर्मज्ञ, सन्धिस्थान वेध-कर्त्ता।

मर्माविधद् (सं० त्रि०) मर्माविध् देखो।

मर्मिक (सं० त्रि०) मर्म वेत्तीति मर्म-ठक्। मर्मविद्, मर्मज्ञ।

मर्मी (सं० त्रि०) रहस्य जाननेवाला, तत्त्वज्ञ।

मर्मृजेन्य (सं० त्रि०) सब मनुष्योंसे परिचरणीय।

मर्य्य (सं० पु०) मृ-यत्। मनुष्य।

"के मे मर्यकं वि यवन्त" (ऋक् ५।२।५)

'मर्यकं मर्त्यसङ्घं राष्ट्रं' (सायण)

मर्य्यक (सं० पु०) मर्त्यसङ्घ, मर्त्यसमूह, जहां अनेक मनुष्य इकट्ठे हों।

मर्य्याश्री (सं० त्रि०) मनुष्य कर्त्तृक भजनीय, मनुष्य द्वारा भजनेयोग्य।

मर्य्या (सं० स्त्री०) म्रियतेऽवशिष्यतेऽत्र मृ-यत्, टाप्। सीमा।

मर्य्याद (हिं० स्त्री०) १ मर्य्यादा देखो। २ रीति, प्रथा। ३ चाल। ४ विवाहमें दिया जानेवाला एक भोज। कन्या पक्षवाले वर पक्षवालोंको यह भोज देते हैं। इसको बड़हार वा बढ़ार भी कहते हैं।

मर्य्यादक (सं० त्रि०) मर्य्यादा-कर्त्ता, माननीय।

मर्य्यादा (सं० स्त्री०) मर्य्या-दा-अङ्। १ न्यायपथस्थिति, धारणा।

"मर्य्यादायां स्थितो धर्म्मो शमश्चैवास्य लक्षणम्।"

(भारत १५।२२।२५)

पर्याय—संस्था, धारणा, स्थिति।

२ सीमा, हद। ३ कूल, नदीका किनारा। ४ देवातिथिके पुत्र। (भारत १।९५।२३) ५ नियम। ६ सदाचार। ७ मान, सम्भ्रम, गौरव, सम्मान। ८ करार, दो वा दोसे अधिक मनुष्योंके बीचकी प्रतिज्ञा। ९ धर्म।

मर्य्यादागिरि (सं० पु०) मर्य्यादा सीमा तज्ज्ञापको गिरिः। कुलाचल, वर्षसीमा पर्वत। 'उत्तरोत्तरेण इलावृतं नीलः श्वेतः शृङ्गवानिति त्रयो रम्यकहिरण्मयकुरूणां वर्षाणां मर्य्यादागिरयः प्रागायाताः' (भागवत ५।१६ अ०)

इलावृतवर्षके उत्तरी भागमें उत्तरादि दिक्क्रमसे नीलगिरि, श्वेतगिरि और शृङ्गवान्गिरि, यह तीन पर्वत यथाक्रम रम्यकवर्ष, हिरण्यमय वर्ष और कुरुवर्षके सीमापर्वतस्वरूप दण्डायमान हैं। उक्त तीनों पर्वत पूर्वकी ओर विस्तृत हैं। हरएककी ऊंचाई दश हजार योजन है।

मर्य्यादाचल (सं० पु०) मर्य्यादा-पर्वत, सीमा-पर्वत।

मर्य्यादान्वित सं० त्रि०) मर्य्यादायुक्त, सम्भ्रान्त।

मर्य्यादावत् (सं० त्रि०) मर्य्यादा अस्त्यर्थे मतुप् मस्य व। मर्य्यादान्वित, माननीय।

मर्य्यादाबन्ध (सं० पु०) १ अधिकारकी रक्षा। २ सम्मानके साथ आवद्ध करना। ३ नजरबंदी।

षोड़श भाग सम्पूर्ण